

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

हिन्दी शब्द सागर

भाग -०८

सम्पादक
श्याम सुन्दर दास

प्रकाशक
नागरी प्रचारिणी सभा
वाराणसी (उत्तरप्रदेश)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)




परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

हिंदी शब्दसागर

आठवाँ भाग

['मनः' से 'ल्हीक' तक, शब्दसख्या–२०,०००]

मूल संपादक

श्यामसुंदरदास

मूल सहायक संपादक

बालकृष्ण भट्ट रामचद्र शुक्ल
अमीरसिंह जगन्मोहन वर्मा
भगवानदीन रामचंद्र वर्मा



संपादकमंडल

कमलापति त्रिपाठी

धीरेद्र वर्मा हरवंशलाल शर्मा
नगेद्र शिवनंदनलाल दर
रामधन शर्मा सुधाकर पांडेय

करुणापति त्रिपाठी (सयोजक संपादक)

सहायक संपादक

विश्वनाथ त्रिपाठी

हिंदी शब्दसागर के सशोधन सपादन का सपूर्ण तथा प्रथम एव द्वितीय भाग के प्रकाशन का साठ प्रतिशत व्ययभार भारत सरकार के शिक्षामत्रालय ने वहन किया ।

परिवर्धित, संशोधित, नवीन संस्करण

शकाब्द १८९३ स० २०२८ वि० १९७१ ई०

नागरीप्रचारिणी सभा
वाराणसी
मूल्य 24.01

शभुनाथ वाजपेयी
द्वारा
नागरी मुद्रण, वाराणसी
में मुद्रित

प्रकाशिका

'हिंदी शब्दसागर' अपने प्रकाशनकाल से ही कोश के क्षेत्र मे भारतीय भाषाओ के दिशानिर्देशक के रूप में प्रतिष्ठित है। तीन दशक तक हिंदी की मूर्धन्य प्रतिभाओ ने अपनी सतत तपस्या से इसे सन् १९२८ ई० में मूर्त रूप दिया था। तब से निरतर यह ग्रथ इस क्षेत्र मे गभीर कार्य करनेवाले विद्वत्समाज में प्रकाशस्तभ के रूप में मर्यादित हो हिंदी की गौरवगरिमा का आख्यान करता रहा है। अपने प्रकाशन के कुछ समय बाद ही इसके खड एक एक कर अनुपलब्ध होते गए और अप्राप्य ग्रथ के रूप में इसका मूल्य लोगो को सहस्र मुद्राओ से भी अधिक देना पडा। ऐसी परिस्थिति में अभाव की स्थिति का लाभ उठाने की दृष्टि से अनेक कोशों का प्रकाशन हिंदी-जगत् में हुआ, पर वे सारे प्रयत्न इसकी छाया के ही बल जीवित थे। इसलिये निरतर इसकी पुन अवतारणा का गभीर अनुभव हिंदी-जगत् और इसकी जननी नागरीप्रचारिणी सभा करती रही, किंतु साधन के अभाव मे अपने इस कर्तव्य के प्रति सजग रहती हुई भी वह अपने इस उत्तरदायित्व का निर्वाह न कर सकने के कारण मर्मांतक पीडा का अनुभव कर रही थी। दिनोत्तर उसपर उत्तर-दायित्व का ऋण चक्रवृद्धि सूद की दर से इसलिये और भी बढता गया कि इस कोश के निर्माण के बाद हिंदी की श्री का विकास बडे व्यापक पैमाने पर हुआ। साथ ही, हिंदी के राष्ट्रभाषा पद पर प्रतिष्ठित होने पर उसकी शब्दसपदा का कोश भी दिनोत्तर गतिपूर्वक बढते जाने के कारण सभा का यह दायित्व निरतर गहन होता गया।

सभा की हीरक जयती के अवसर पर, २२ फाल्गुन, २०१० वि० को, उसके स्वागताध्यक्ष के रूप मे डा० सपूर्णानद जी ने राष्ट्रपति राजेंद्रप्रसाद जी एव हिंदीजगत् का ध्यान निम्नांकित शब्दो मे इस ओर आकृष्ट किया—'हिंदी के राष्ट्रभाषा घोषित हो जाने से सभा का दायित्व बहुत बढ गया है। हिंदी मे एक अच्छे कोश और व्याकरण की कमी खटकती है। सभा ने आज से कई वर्ष पहले जो हिंदी शब्दसागर प्रकाशित किया था उसका वृहत् सस्करण निकालने की आवश्यकता है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि इस काम के लिये पर्याप्त धन व्यय किया जाय और केंद्रीय तथा प्रादेशिक सरकारो का सहारा मिलता रहे।'

उसी अवसर पर सभा के विभिन्न कार्यों की प्रशसा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा—'वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दकोश सभा का महत्वपूर्ण प्रकाशन है। दूसरा प्रकाशन हिंदी शब्दसागर है जिसके निर्माण में सभा ने लगभग एक लाख रुपया व्यय किया है। आपने शब्दसागर का नया सस्करण निकालने का निश्चय किया है। जब से पहला सस्करण छपा, हिंदी में बहुत बातो में और हिंदी के अलावा ससार मे बहुत बातो में बडी प्रगति हुई है। हिंदी भाषा भी इस प्रगति से अपने को वचित नही रख सकती। इसलिये शब्दसागर का रूप भी ऐसा होना चाहिए जो यह प्रगति प्रतिबिंबित कर सके और वैज्ञानिक युग के विद्यार्थियो के लिये भी साधारणत पर्याप्त हो। मैं आपके निश्चयो का स्वागत करता हूँ। भारत सरकार की ओर से शब्दसागर का नया सस्करण तैयार करने के सहायतार्थ एक लाख रुपए, जो पाँच वर्षों मे बीस बीस हजार करके दिए जाएँगे, देने का निश्चय हुआ है। मैं आशा करता हूँ कि इस निश्चय से आपका काम कुछ सुगम हो जाएगा और आप इस काम मे अग्रसर होगे।'

राष्ट्रपति डा० राजेंद्रप्रसाद जी की इस घोषणा ने शब्दसागर के पुन सपादन के लिये नवीन उत्साह तथा प्रेरणा दी। सभा द्वारा प्रेषित योजना पर केंद्रीय सरकार के शिक्षामत्रालय ने अपने पत्र स एफ।४—३।५४ एच० दिनाक ११।५।५४ द्वारा एक लाख रुपया पाँच वर्षों मे, प्रति वर्ष बीस हजार रुपए करके, देने की स्वीकृति दी।

इस कार्य की गरिमा को देखते हुए एक परामर्शमडल का गठन किया गया, इस सबध में देश के विभिन्न क्षेत्रो के अधिकारी विद्वानो की भी राय ली गई, किंतु परामर्शमडल के अनेक सदस्यो का योगदान सभा को प्राप्त न हो सका और जिस विस्तृत पैमाने पर सभा विद्वानो की राय के अनुसार इस कार्य का सयोजन करना चाहती थी, वह भी नही उपलब्ध हुआ। फिर भी, देश के अनेक निष्णात अनुभवसिद्ध विद्वानो तथा परामर्शमडल के सदस्यो ने गभीरतापूर्वक सभा के अनुरोध पर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। सभा ने उन सबको मनोयोगपूर्वक मथकर शब्दसागर के सपादन हेतु सिद्धात स्थिर किए जिनसे भारत सरकार का शिक्षामत्रालय भी सहमत हुआ।

उपर्युक्त एक लाख रुपए का अनुदान बीस बीस हजार रुपए प्रति वर्ष की दर से निरतर पाँच वर्षों तक केंद्रीय शिक्षा मत्रालय देता रहा और कोश के सशोधन, सवर्धन और पुन सपादन का कार्य लगातार होता रहा, परतु इस अवधि मे सारा कार्य निपटाया नही जा सका। मत्रालय के प्रतिनिधि श्री डा० रामधन जी शर्मा ने बडे मनोयोगपूर्वक यहाँ हुए कार्यों का निरीक्षण परीक्षण करके इसे पूरा करने के लिये आगे और ६५०००) अनुदान प्रदान करने की सस्तुति की जिसे सरकार ने कृपापूर्वक स्वीकार करके पुन उक्त ६५०००) का अनुदान दिया। इस प्रकार सपूर्ण कोश का सशोधन सपादन दिसबर, १९६५ मे पूरा हो गया।

इस ग्रथ के सपादन का सपूर्ण व्यय ही नही, इसके प्रकाशन के व्ययभार का ६० प्रतिशत बोझ भी दो खडो तक भारत सरकार ने वहन किया है, इसी लिये यह ग्रथ इतना सस्ता निकालना सभव हो सका है। उसके लिये शिक्षामत्रालय के अधिकारियो का प्रशसनीय सहयोग हमे प्राप्त है और तदर्थ हम उनके अतिशय आभारी

जिस रूप मे यह ग्रथ हिंदीजगत् के समुख उपस्थि
है, उसमे अद्यतन विकसित कोशशिल्प का यथासा

प्रयोग किया गया है, किंतु हिंदी की और हमारी सीमा है। यद्यपि हम अर्थ और व्युत्पत्ति का ऐतिहासिक क्रमविकास भी प्रस्तुत करना चाहते थे, तथापि साधन की कमी तथा हिंदी ग्रथो के कालक्रम के प्रामाणिक निर्धारण के अभाव मे वैसा कर सकना सभव नही हुआ। फिर भी यह कहने मे हमे सकोच नही कि अद्यतन प्रकाशित कोशो मे शब्दसागर की गरिमा आधुनिक भारतीय भाषाओ के कोशो मे अतुलनीय है, और इस क्षेत्र मे काम करनेवाले प्राय सभी क्षेत्रीय भाषाओ के विद्वान् इससे आधार ग्रहण करते रहेंगे। इस अवसर पर हम हिंदीजगत् को यह भी नम्रतापूर्वक सूचित करना चाहते हैं कि सभा ने शब्दसागर के लिये एक स्थायी विभाग का सकल्प किया है जो बराबर इसके प्रवधन और सशोधन के लिये कोशशिल्प सबधी अद्यतन विधि से यत्नशील रहेगा।

शब्दसागर के इस सशोधित प्रवर्धित रूप मे शब्दो की सख्या मूल शब्दसागर की अपेक्षा दुगुनी से भी अधिक हो गई है। नए शब्द हिंदी साहित्य के आदिकाल, सत एव सूफी साहित्य (पूर्व मध्यकाल), आधुनिक काल, काव्य, नाटक, आलोचना, उपन्यास आदि के ग्रथ, इतिहास, राजनीति, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, वाणिज्य आदि और अभिनदन एव पुरस्कृत ग्रथ, विज्ञान के सामान्य प्रचलित शब्द और राजस्थानी तथा डिंगल, दक्खिनी हिंदी और प्रचलित उर्दू शैली आदि से सकलित किए गए हैं। परिशिष्ट खड मे प्राविधिक एव वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दो की व्यवस्था की गई है।

हिंदी शब्दसागर का यह सशोधित परिवर्धित सस्करण कुल दस खडों में पूरा होगा। इसका पहला खड पौष, सवत् २०२२ वि० मे छपकर तैयार हो गया था। इसके उद्घाटन का समारोह भारत गणतत्र के प्रधान मत्री स्वर्गीय माननीय श्री लालबहादुर जी शास्त्री द्वारा प्रयाग मे ३ पौष, सं० २०२२ वि० (१८ दिसबर, १९६५) को भव्य रूप से सजे हुए पडाल में काशी, प्रयाग एव अन्यान्य स्थानो के वरिष्ठ और सुप्रसिद्ध साहित्यसेवियों, पत्रकारो तथा गण्यमान्य नागरिको की उपस्थिति मे सपन्न हुआ। समारोह मे उपस्थित महानुभावो मे विशेष उल्लेख्य माननीय श्री प० कमलापति जी त्रिपाठी, हिंदी विश्वकोश के प्रधान सपादक श्री डा० रामप्रसाद जी त्रिपाठी, पद्मभूषण कविवर श्री प० सुमित्रानदन जी पत, श्रीमती महादेवी जी वर्मा आदि हैं। इस सशोधित सवर्धित सस्करण की सफल पूर्ति के उपलक्ष्य मे इसके समस्त संपादको को एक एक फाउंटेन पेन, ताम्रपत्र और ग्रथ की एक एक प्रति माननीय श्री शास्त्री जी के करकमलो द्वारा भेंट की गई। उन्होंने अपने सक्षिप्त सारगर्भित भाषण मे इस सभा की विभिन्न प्रवृत्तियो की चर्चा की और कहा 'सार्वजनिक क्षेत्र मे कार्य करनेवाली यह सभा अपने ढग की अकेली सस्था है। हिंदी भाषा और साहित्य की जैसी सेवा नागरीप्रचारिणी सभा ने की है वैसी सेवा अन्य किसी सस्था ने नही की। भिन्न भिन्न विषयों पर जो पुस्तकें इस सस्था ने प्रकाशित की है वे अपने ढग के अनूठे ग्रथ है और उनसे हमारी भाषा और साहित्य का मान अत्यधिक बढा है। सभा ने समय की गति को देखकर तात्कालिक उपादेयता के वे सब कार्य हाथ मे लिए हैं जिनकी इस समय नितात आवश्यकता है। इस प्रकार यह निस्सकोच कहा जा सकता है कि भाषा और साहित्य के क्षेत्र मे यह सभा अप्रतिम है'।

प्रस्तुत आठवें खड मे 'मन' से लेकर 'ल्हीक' तक के शब्दो का सचयन है। नए नए शब्द, उदाहरण, यौगिक शब्द, मुहावरे, पर्यायवाची शब्द और महत्वपूर्ण ज्ञातव्य सामग्री 'विशेष' से सवलित इस भाग की शब्दसख्या लगभग २०,००० है। अपने मूल रूप मे यह अश कुल ४२८ पृष्ठो मे था जो अपने विस्तार के साथ इस परिवर्धित सशोधित सस्करण मे लगभग ५६४ पृष्ठो मे आ पाया है।

सपादकमडल के प्रत्येक सदस्य ने यथासामर्थ्य निष्ठापूर्वक इसके निर्माण मे योग दिया है। स्व० श्री कृष्णदेवप्रसाद गौड नियमित रूप से नित्य सभा मे पधारकर इसकी प्रगति को विशेष गभीरतापूर्वक गति देते थे और प० करुणापति त्रिपाठी ने इसके सपादन और सयोजन मे प्रगाढ निष्ठा के साथ घर पर, यहाँ तक कि या[illegible] पर रहने पर भी, पूरा कार्य किया है। यदि ऐसा न होता तो यह कार्य सपन्न होना सभव न था। हम अपनी सीमा जानते हैं। सभव है, हम सबके प्रयत्न मे त्रुटियाँ हो, पर सदा हमारा परिनिष्ठित यत्न यह रहेगा कि हम इसको और अधिक पूर्ण करते रहे क्योकि ऐसे ग्रथ का कार्य अस्थायी नही, सनातन है।

अत मे शब्दसागर के मूल सपादक तथा सभा के सस्थापक स्व० डा० श्यामसुदरदास जी को अपना प्रणाम निवेदित करते हुए, यह सकल्प हम पुन दुहराते हैं कि जब तक हिंदी रहेगी तब तक सभा रहेगी और उसका यह शब्दसागर अपने गौरव से कभी न गिरेगा। इस क्षेत्र मे यह नित नूतन प्रेरणादायक रहकर हिंदी का मानवर्धन करता रहेगा और उसका प्रत्येक नया सस्करण और भी अधिक प्रभोज्वल होता रहेगा।

ना० प्र० सभा, काशी
मेष संक्रांति, २०२८ वि०

सुधाकर पाडेय
प्रधान मत्री

संकेतिका

[उद्धरणों में प्रयुक्त संदर्भग्रंथों के इस विवरण में क्रमशः ग्रंथ का संकेताक्षर, ग्रंथनाम, लेखक या संपादक का नाम और प्रकाशन के विवरण दिए गए हैं।]

अँधेरे०	अँधेरे की भूख, डा० रागेय राघव, किताब महल, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण
अकबरी०	अकबरी दरबार के हिंदी कवि, डा० सरजूप्रसाद अग्रवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, सं० २००७
अखिलेश (शब्द०)	अखिलेश कवि
अग्नि०	अग्निशस्य, नरेंद्र शर्मा, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
अजात०	अजातशत्रु, जयशकर प्रसाद, १६वाँ सं०
अणिमा	अणिमा, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', युग मदिर, उन्नाव
अतिमा	अतिमा, सुमित्रानदन पत, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
अधखिला (शब्द०)	अधखिला फूल (उपन्यास), अयोध्यासिह उपाध्याय
अनामिका	अनामिका, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', प्र० स०
अनुराग०	अनुरागसागर, सपा० स्वामी युगलानद विहारी, वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, प्र० स०
अनुराग बाग (शब्द०)	अनुराग बाग
अनेक (शब्द०)	अनेकार्थ नाममाला (शब्दसागर)
अनेकार्थ०	अनेकार्थमजरी और नाममाला, सपा० बलभद्रप्रसाद मिश्र, युनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद स्टडीज, प्र० स०
अपरा	अपरा, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग
अपलक	अपलक, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', राजकमल प्रकाशन, प्र० सं०, १९५३ ई०
अभिशप्त	अभिशप्त, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४४ ई०
अमिट०	अमिट स्मृति, महावीरप्रसाद द्विवेदी, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, १९३० ई०
अमृतसागर (शब्द०)	अमृतसागर
अयोध्या (शब्द०)	अयोध्यासिह उपाध्याय 'हरिऔध'
अरस्तू०	अरस्तू का काव्यशास्त्र, डा० नगेंद्र, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० सं०, २०१४ वि०
अर्चना	अर्चना, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', कला-मदिर, इलाहाबाद
अर्थ०	अर्थशास्त्र, कौटिल्य, (५ खड) सपा० आर० शामशास्त्री, गवर्नमेंट ब्राच प्रेस, मैसूर, प्र० स०, १९१९ ई०
अर्ध०	अर्धकथानक, सपा० नाथूराम प्रेमी, हिंदी ग्र थ रत्नाकर कार्यालय, बबई, प्र० स०
अष्टांग (शब्द०)	अष्टागयोग सहिता
अष्टाग०	अष्टागयोग सहिता
आँधी	आँधी, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, पचम स०
आकाश०	आकाशदीप, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, पचम स०
आचार्य०	आचार्य रामचद्र शुक्ल, चद्रशेखर शुक्ल, वाणी वितान, वाराणसी, प्र० स०
आत्रेय अनुक्रमणिका (शब्द०)	आत्रेय अनुक्रमणिका
आदि०	आदिभारत, अर्जुन चौबे काश्यप, वाणी विहार, बनारस, प्र० स०, १९५३ ई०
आधुनिक०	आधुनिक कविता की भाषा
आनदघन (शब्द०)	कवि आनदघन
आराधना	आराधना, सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', साहित्यकार ससद, इलाहाबाद, प्र० स०
आर्द्रा	आर्द्रा, सियारामशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०, १९८४ वि०
आर्य भा०	आर्यकालीन भारत
आर्यों०	आर्यों का आदिदेश, सपूर्णानद, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, १९९७ वि०, प्र० स०
इद्र०	इद्रजाल, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
इंद्रा०	इद्रावती, सपा० श्यामसुंदरदास, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
इंशा०	इशा, उनका काव्य तथा रानी केतकी की कहानी, सपा०, ब्रजरत्नदास, कमलमणि ग्र थमाला, बुलानाला, काशी, प्र० स०
इति०	इतिहास और आलोचना, नामवर सिंह, प्र० स०

इतिहास	हिंदी साहित्य का इतिहास, प० रामचंद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, वाराणसी, नवाँ स०
इत्यलम्	इत्यलम्, 'अज्ञेय,' प्रतीक प्रकाशन केंद्र, दिल्ली
इनशा (शब्द०)	इनशा अल्ला खाँ
इरा०	इरावती, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, चतुथ स०
उत्तर०	उत्तररामचरित नाटक, अनु०प० सत्यनारायण कविरत्न, रत्नाश्रम, आगरा, पचम स०
एकात०	एकातवासी योगी, अनु० श्रीधर पाठक, इडियन प्रेस, प्रयाग, प्र० स०, १९८६ वि०
ककाल	ककाल, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, सप्तम स०
कठ० उप० (शब्द०)	कठवल्ली उपनिषद्
कठो०	कठी मे कोयला, पाडेय बेचन शर्मा 'उग्र', गऊघाट, मिर्जापुर, प्र० स०
कबीर ग्र०	कबीर ग्रथावली, सपा० श्यामसुदरदास, ना० प्र० सभा, काशी
कबीर० बानी	कबीर साहब की बानी
कबीर बीजक	कबीर बीजक, कबीर ग्रथ प्रकाशन समिति, वाराबकी, २००७ वि०
कबीर बी०	कबीर बीजक, सपा० हसदास, कबीर ग्रथ प्रकाशन समिति, वाराबकी, २००७ वि०
कबीर म०	कबीर मसूर (२ भाग), वेंकटेश्वर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, बबई, सन् १९०३ ई०
कबीर० रे०	कबीर साहब की ज्ञानगुदडी व रेख्ते, बेलवेडियर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, इलाहाबाद
कबीर० श०	कबीर साहब की शब्दावली (४ भाग) बेलवेडियर स्टीम प्रिंटिंग वर्क्स, इलाहाबाद, सन् १९०८
कबीर(शब्द०)	कबीरदास
कबीर सा०	कबीर सागर (४ भा०) सपा० स्वा० श्री युगलानद बिहारी, वेंकटेश्वर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, बबई
कबीर सा० सं०	कबीर साखी सग्रह, बेलवेडियर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, इलाहाबाद, १९११ ई०
कमलापति (शब्द०)	कवि कमलापति
करुणा०	करुणालय, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, तृ० स०
कर्ण०	सेनापति कर्ण, लक्ष्मीनारायण मिश्र, किताब महल, इलाहाबाद, प्र० स०
कर्पूर मजरी (शब्द०)	कर्पूरमंजरी नाटक, भारतेंदु लिखित
कविद (शब्द०)	कविद कवि
कविता कौ०	कविता कौमुदी (१–४ भा०), सपा० रामनरेश त्रिपाठी, हिंदी मदिर, प्रयाग, तृ० स०
कवित्त०	कवित्तरत्नाकर, सपा० उमाशकर शुक्ल, हिंदी परिषद्, विश्वविद्यालय, प्रयाग
कादंबरी (शब्द०)	कादंबरी ग्रंथ
कानन०	काननकुसुम, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पचम स०
कामायनी	कामायनी, जयशकर प्रसाद, नवम स०
काया०	कायाकल्प, प्रेमचद, सरस्वती प्रेस, बनारस, ९वाँ स०
काले०	काले कारनामे, 'निराला,' कल्याण साहित्य मदिर, प्रयाग, २००७ वि०
काव्य०	काव्यशास्त्र
काव्य० निबध	काव्य और कला तथा अन्य निबध, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद चतुर्थ स०
काव्य० य० प्र०	काव्य यथार्थ और प्रगति, डा० रागेय राघव, विनोद पुस्तक मदिर, आगरा, प्र० स०, २०१२ वि०
काशीराम (शब्द०)	काशीराम कवि
काश्मीर०	काश्मीर सुषमा, श्रीधर पाठक, इडियन प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
काष्ठजिह्वा (शब्द०)	काष्ठजिह्वा स्वामी
कासीराम (शब्द०)	कासीराम कवि
किन्नर०	किन्नर देश में, राहुल साकृत्यायन, इडिया पब्लिशर्स, प्रयाग, प्र० स०
किशोर (शब्द०)	किशोर कवि
कीर्ति०	कीर्तिलता, स० वासूराम सक्सेना, ना० प्र० सभा, वाराणसी, तृ० स०
कुकुर०	कुकुरमुत्ता, 'निराला', युगमदिर, उन्नाव
कुणाल	कुणाल, सोहनलाल द्विवेदी
कृषि०	कृषिशास्त्र
केशव (शब्द०)	केशवदास
केशव ग्र०	केशव ग्रथावली, सपा० प० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०
केशव० अमी०	केशवदास की अमीघूँट
कोई कवि (शब्द०)	अज्ञातनाम कोई कवि
कुलार्णव तत्र (शब्द०)	कुलार्णव तत्र
कौटिल्य अ०	कौटिल्य का अर्थशास्त्र
क्वासि	क्वासि, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', राजकमल प्रकाशन, बबई, १९५३ ई०
खानखाना (शब्द०)	अब्दुर्रहीम खानखाना
खालिक०	खालिकबारी, सपा० श्रीराम शर्मा, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०, २०२१ वि०
खिलौना	खिलौना (मासिक)
खुदाराम	खुदाराम और चद हसीनो के खतूत, पाडेय बेचन शर्मा 'उग्र', गऊघाट, मिर्जापुर, आठवाँ स०
खुसरो (शब्द०)	अमीर खुसरो
खेती की पहली पुस्तक (शब्द०)	खेती की पहली पुस्तक

गंग ग्रं०	गंग कवित्त (ग्रथावली), संपा० बटेकृष्ण ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
गदाधर०	श्रीगदाधर भट्ट जी की बानी
गदाधर सिंह (शब्द०)	गदाधर सिंह
गबन	गबन, प्रेमचद, हंस प्रकाशन, इलाहाबाद, २६वाँ स०
गर्ग संहिता (शब्द०)	गर्ग संहिता
गालिब०	गालिब की कविता, स० कृष्णदेवप्रसाद गौड, वाराणसी, प्र० स०
गि० दा०, गि० दास गिरिधरदास (शब्द०)	गिरिधरदास (बा० गोपालचद्र)
गिरिधर (शब्द०)	गिरिधर राय (कुडलियावाले)
गीतिका	गीतिका, सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० सं०
गुजन	गुजन, सुमित्रानदन पत, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० सं०
गुघर (शब्द०)	गुघर कवि
गुमान (शब्द०)	गुमान मिश्र
गुलाब (शब्द०)	कवि गुलाब
गुलाल०	गुलाल बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १६१० ई०
गोकुल (शब्द०)	कवि गोकुल
गोदान	गोदान, प्रेमचद, सरस्वती प्रेस, बनारस, प्र० स०
गोपाल उपासनी (शब्द०)	गोपाल उपासनी
गोपाल० (शब्द०)	गिरिधर दास (गोपालचद्र)
गोपालभट्ट (शब्द०)	गोपालभट्ट, वाल्मीकि रामायण के अनुवादक
गोरख०	गोरखबानी, सं० डा० पीताबरदत्त बडथ्वाल, हिंदी साहित्य समेलन, प्रयाग, द्वि० स०
ग्राम०	ग्राम साहित्य, संपा० रामनरेश त्रिपाठी, हिंदी मदिर, प्रयाग, प्र० स०
ग्राम्या	ग्राम्या, सुमित्रानदन पत, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
घट०	घट रामायण (२ भाग), सतगुरु तुलसी साहिब, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, तृ० सं०
घनानंद	घनानद, संपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, प्रसाद परिषद्, वाणीवितान, ब्रह्मनाल, वाराणसी
घाघ०	घाघ और भड्डरी, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद
घासीराम (शब्द०)	घासीराम कवि
चद०	चद हसीनों के खतूत, 'उग्र', हिंदी पुस्तक एजेंसी, कलकत्ता, प्र० स०
चंद्र०	चद्रगुप्त, जयशंकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, नवाँ स०
चक्र०	चक्रवाल, रामधारी सिंह 'दिनकर', उदयाचल, पटना, प्र० स०
चरण (शब्द०)	चरणदास
चरणचद्रिका (शब्द०)	चरणचद्रिका
चरण० बानी	चरणदास की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
चाँदनी०	चाँदनी रात और अजगर, उपेंद्रनाथ 'अश्क', नीलाभ प्रकाशन गृह, प्रयाग, प्र० स०
चाणक्य नीति (शब्द०)	चाणक्य नीति
चाणक्य (शब्द०)	चाणक्य नीति दर्पण
चिंता	चिंत अज्ञेय सरस्वती प्रेस, प्र० स०, सन् १६४० ई०
चिंतामणि	चिंतामणि (२ भाग), रामचद्र शुक्ल, इडियन प्रेस, लि०, प्रयाग
चिंतामणि (शब्द०)	कवि चिंतामणि त्रिपाठी
चित्रा०	चित्रावली, स० जगन्मोहन वर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
चुभते०	चुभते चौपदे, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध,' खड्गविलास प्रेस, पटना, प्र० स०
चोखे०	चोखे चौपदे, ,, ,, ,,
चोटी०	चोटी की पकड, 'निराला,' किताब महल, इलाहाबाद, प्र० स०
छद०	छद प्रभाकर, भानु कवि, भारतजीवन प्रेस, काशी, प्र० स०
छत्र०	छत्रप्रकाश, स० विलियम प्राइस, एजुकेशन प्रेस, कलकत्ता, १८२६ ई०
छिताई०	छिताई वार्ता, सपा० माताप्रसाद गुप्त, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
छीत०	छीत स्वामी, सपा० ब्रजभूषण शर्मा, विद्या विभाग, अष्टछाप स्मारक समिति, काँकरोली, प्र० स०, सवत् २०१२
जतुप्रबध (शब्द०)	जतुप्रबध ग्रथ
जग० बानी	जगजीवन साहब की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १६०६, प्र० स०
जग० श०	जगजीवन साहब की शब्दावली
जगन्नाथ (शब्द०)	जगन्नाथप्रसाद 'भानु'
जनमेजय०	जनमेजय का नागयज्ञ, जयशकर 'प्रसाद' भारती भंडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, पचम स०
जनानी०	जनानी ड्योढ़ी, अनु० यशपाल, अशोक प्रकाशन, लखनऊ

जमाना (शब्द०)	जमाना अखबार (शब्द०)।
जय० प्र०	जयशकर प्रसाद, नददुलारे वाजपेयी, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०, १९९५ वि०
जर्यासिह (शब्द०)	जर्यासिह कवि
जरासधवध (शब्द०)	जरासधवध नाम का काव्य
जायसी ग्र०	जायसी ग्र थावली, सपा० रामचद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, द्वि० स०
जायसी ग्र० (गुप्त)	जायसी ग्र थावली, सपा० माताप्रसाद गुप्त, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५१ ई०
जायसी (शब्द०)	मलिक मुहम्मद जायसी
जिप्सी	जिप्सी, इलाचद्र जोशी, सेंट्रल बुक डिपो, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५२ ई०
जुगलेश (शब्द०)	जुगलेश कवि
ज्ञानदान	ज्ञानदान, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ १९४२ ई०
ज्ञानरत्न	ज्ञानरत्न, दरिया साहब, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
झरना	झरना, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, सातवाँ स०
झाँसी०	झाँसी की रानी, वृदावनलाल वर्मा, मयूर प्रकाशन, झाँसी, द्वि० स०
टैगोर०	टैगोर का साहित्यदर्शन, अनु० राधेश्याम पुरोहित, साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, प्र० स०
ठडा०	ठडा लोहा, धर्मवीर भारती, साहित्य भवन लि०, प्रयाग, प्र० स०, १९५२ ई०
ठाकुर०	ठाकुर शतक, सपा० काशीप्रसाद, भारत-जीवन प्रेस, काशी, प्र० स०, सवत् १९६१
ठेठ०	ठेठ हिंदी का ठाठ, अयोध्यासिह उपाध्याय, खड्गविलास प्रेस, पटना, द्र० स०
ढोला०	ढोला मारू रा दूहा, सपा० रामसिह ना० प्र० सभा, काशी, द्वि० स०
तितली	तितली, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, सातवाँ स०
तिथितत्व (शब्द०)	तिथितत्व निर्णय
तुलसी	तुलसीदास, 'निराला', भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, चतुर्थ स०
तुलसी ग्र०	तुलसी ग्र थावली, सपा० रामचद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, काशी, तृतीय स०
तुलसी सुधाकर (शब्द०)	तुलसी सुधाकर
तुरसी श०, तुलसी श०	तुलसी साहब (हाथरसवाले) की शब्दावली, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०९,१९११
तेग अली (शब्द०)	बदमाश दर्पण के रचयिता तेग अली
तेग०, तेगबहादुर (शब्द०)	गुरु तेगबहादुर
तेज०	तेजविदूषनिषद्
तोप (शब्द०)	कवि तोप
त्याग०	त्यागपत्र, जैनेंद्रकुमार, हिंदी ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय, बबई, प्र० स०
द० सागर	दरिया सागर, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९१० ई०
दक्खिनी०	दक्खिनी का गद्य और पद्य, सपा० श्रीराम शर्मा, हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद, प्र० स०
दयानिधि (शब्द०)	दयानिधि कवि
दरिया० बानी	दरिया साहब की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, द्वि० स०
दश०	दशरूपक, सपा० डा० भोलाशकर व्यास, चौखभा विद्याभवन, वाराणसी, प्र० सं०
दशम० (शब्द०)	भाषा दशम स्कध भागवत
दहकते०	दहकते अगारे, नरोत्तमप्रसाद नागर, अभ्युदय कार्यालय, इलाहाबाद
दादू०	श्री दादूदयाल की बानी, सपा० सुधाकर द्विवेदी, ना० प्र० सभा, वाराणसी
दादूदयाल ग्रं०	दादूदयाल ग्र थावली
दादू० (शब्द०)	दादूदयाल
दिनेश (शब्द०)	कवि दिनेश
दास (शब्द०)	कवि भिखारीदास
दिल्ली	दिल्ली, रामधारी सिह 'दिनकर,' उदयाचल, पटना, प्र० स०
दिव्या	दिव्या, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४५ ई०
दीन० ग्र०	दीनदयाल गिरि ग्रथावली, सपा० श्याम-सु दरदास, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
दीनदयाल (शब्द०)	कवि दीनदयाल गिरि
दीप०	दीपशिखा, महादेवी वर्मा, किताबिस्तान, इलाहाबाद, प्र० स०, १९४२ ई०
दी० ज०, दीप ज०	दीप जलेगा, उपेंद्रनाथ 'अश्क,' नीलाभ प्रकाशन गृह, प्रयाग
दुर्गाप्रसाद मिश्र (शब्द०)	दुर्गाप्रसाद मिश्र
दुर्गाप्रसाद (शब्द०)	दुर्गाप्रसाद कवि
दुर्गेशनदिनी (शब्द०)	दुर्गेशनदिनी, उपन्यास, मूल लेखक बकिमचद्र चटर्जी (अनुवाद)
दूलह (शब्द०)	कवि दूलह
देवकीनदन (शब्द०)	देवकीनदन खत्री
देव० ग्र०	देव ग्र थावली, ना० प्र० सभा, काशी, प्र०सं०
देव (शब्द०)	देव कवि

देव (शब्द०)	देव कवि (मैनपुरीवाले)
देवदत्त (शब्द०)	देवदत्त कवि
देवीप्रसाद (शब्द०)	मुंशी देवीप्रसाद ।
देशी०	देशी नाममाला
दैनिकी	दैनिकी, सियारामशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०, १९९९ वि०
दो सौ बावन०	दो सौ बावन वैष्णवों की वार्ता (दो भाग), शुद्धाद्वैत एकेडमी, काँकरोली, प्रथम स०
द्वद्व०	द्वद्वगीत, रामधारी सिंह 'दिनकर,' पुस्तक भंडार, लहेरियासराय, पटना, प्र० स०
द्वि० अभि० ग्रं०	द्विवेदी अभिनंदन ग्रंथ, ना० प्र० सभा, वाराणसी
द्विज (शब्द०)	द्विज कवि
द्विजदेव (शब्द०)	अयोध्यानरेश महाराजा मानसिंह 'द्विजदेव'
द्विवेदी (शब्द०)	आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी
धरनी० बानी	धरनी साहब की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९११ ई०
धरम० शब्दा०, धरम०	धरमदास की शब्दावली
धीर (शब्द०)	'धीर' कवि
धूप०	धूप और धूआँ, रामधारीसिंह 'दिनकर,' अजंता प्रेस, लि०, पटना ४
ध्रुव०	ध्रुवस्वामिनी, प्रसाद, भारती भंडार
नद० ग्रं०, नददास ग्रं०	नददास ग्रंथावली, सपा० ब्रजरत्नदास, ना०प्र० सभा, काशी, प्र० स०
नई०	नई पौध, नागार्जुन, किताब महल, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५३
नट०	नटनागर विनोद, सपा० कृष्णबिहारी मिश्र, इंडियन प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
नदी०	नदी के द्वीप, 'अज्ञेय,' प्रगति प्रकाशन, दिल्ली, प्र० स०, १९५१ ई०
नया०	नया साहित्य नए प्रश्न, नंददुलारे वाजपेयी, विद्यामंदिर, वाराणसी, २०११ वि०
नरेश (शब्द०)	'नरेश' कवि
नागयज्ञ	जनमेजय का नागयज्ञ, जयशंकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, सप्तम स०
नागरी (शब्द०)	नागरीदास कवि
नाथ (शब्द०)	नाथ कवि
नाथसिद्ध०	नाथसिद्धों की बानियाँ, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
नानक (शब्द०)	संत नानक गुरु
नाभादास (शब्द०)	नाभादास संत
नारायणदास (शब्द०)	नारायणदास
निबंधमालादर्श (शब्द०)	निबंधमालादर्श (म० प्र० द्विवेदी), निबंधसंग्रह
निश्चलदास (शब्द०)	संत निश्चलदास जी
नील०	नीलकुसुम, रामधारीसिंह 'दिनकर', उदयाचल, पटना, प्र० स०
निहाल (शब्द०)	निहाल कवि
नूतनामृतसागर (शब्द०)	नूतनामृतसागर नाम का ग्रंथ
नूर (शब्द०)	'नूर' उपनाम के कवि
नृपशंभु (शब्द०)	शिवाजी के पुत्र महाराज शंभाजी
नेपाल०	नेपाल का इतिहास, प० बलदेवप्रसाद, वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, १९६१ वि०
पंचवटी	पंचवटी, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०
पजनेस०	पजनेस प्रकाश, सपा० रामकृष्ण वर्मा, भारत जीवन यंत्रालय, काशी, प्र० स०
पदमावत	पदमावत, सं० वासुदेवशरण अग्रवाल, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०
पदु०, पदुमा०	पदुमावती, सपा० सूर्यकांत शास्त्री, पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर, १९३४ ई०
पद्माकर ग्रं०	पद्माकर ग्रंथावली, सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
पद्माकर (शब्द०)	पद्माकर भट्ट
प० रा०, प० रासो	परमाल रासो, सपा० श्यामसुंदरदास, ना०प्र० सभा, काशी, प्र० स०
परमानंद०	परमानंदसागर
परमेश (शब्द०)	परमेश कवि
परिमल	परिमल, 'निराला', गंगा ग्रंथागार, लखनऊ, प्र० स०
पर्दे०	पर्दे की रानी, इलाचंद्र जोशी, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०, १९९९ वि०
पलटू०	पलटू साहब की बानी (१-३ भाग), बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०७ ई०
पल्लव	पल्लव, सुमित्रानंदन पंत, इंडियन प्रेस लि०, प्रयाग, प्र० स०
पाणिनि०	पाणिनिकालीन भारतवर्ष, वासुदेवशरण अग्रवाल, मोतीलाल बनारसीदास, प्र० स०
पारिजात०	पारिजातहरण
पार्वती	पार्वती, रामानंद तिवारी शास्त्री, भारतीनंदन, मंगलभवन, नयापुरा, कोटा (राजस्थान), प्र० स०, १९५५ ई०
पा० सा० सि०	पाश्चात्य साहित्यालोचन के सिद्धांत, लीलाधर गुप्त, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५२ ई०

पिंजरे०	पिंजरे की उड़ान, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४६ ई०
पूर्ण (शब्द०)	पूर्ण कवि
पू० म० भा०	पूर्वमध्यकालीन भारत, वासुदेव उपाध्याय भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० सं०, २००९ वि०
पृ० रा०	पृथ्वीराज रासो (५ खंड), सपा० मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, श्यामसुंदर दास, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
पृ० रा० (उ०)	पृथ्वीराज रासो [४ खंड], सं० कविराज मोहनसिंह, साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर, प्र० सं०
पोद्दार अभि० ग्र०	पोद्दार अभिनंदन ग्र०, सपा० वासुदेवशरण अग्रवाल, अखिल भारतीय ब्रज साहित्यमंडल, मथुरा, सं० २०१० वि०
प्र० सा०	प्रगतिशील (वादी) साहित्य
प्रताप ग्र०	प्रतापनारायण मिश्र ग्रंथावली सपा० विजयशंकर मल्ल, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
प्रताप (शब्द०)	व्यंग्यार्थ कौमुदी के रचयिता प्रताप कवि
प्रताप सिंह (शब्द०)	प्रताप सिंह
प्रबंध०	प्रबंधपद्म, 'निराला', गंगा पुस्तकमाला, लखनऊ, प्र० सं०
प्रभावती	प्रभावती, 'निराला,' सरस्वती भंडार, लखनऊ, प्र० सं०
प्राण०	प्राणसंगली, सपा० संत संपूरणसिंह, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० सं०
प्रा० भा० प०	प्राचीन भारतीय परंपरा और इतिहास डा० रांगेय राघव, आत्माराम ऐंड संस, दिल्ली, प्र० सं०, १९५३ ई०
प्रिय०	प्रियप्रवास, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', हिंदी साहित्य कुटीर, बनारस, षष्ठ सं०
प्रिया० (शब्द०)	प्रियादास
प्रेम०	प्रेमपथिक, जयशंकर प्रसाद, भारती भंडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, तृ० सं०
प्रेम० और गोर्की	प्रेमचंद और गोर्की, सपा० शचीरानी गुर्टू, राजकमल प्रकाशन लि०, बंबई, १९५५ ई०
प्रेमघन०	प्रेमघन सर्वस्व, हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग, प्र० सं०, १९९६ वि०
प्रे० सा० (शब्द०)	प्रेमसागर
प्रेमांजलि	प्रेमांजलि, ठा० गोपालशरण सिंह, इंडियन प्रेस लि०, प्रयाग, १९५३ ई०
फिसाना०	फिसाना ए आजाद (चार भाग), पं० रतननाथ 'सरशार,' नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, चतुर्थ सं०
फूलों०	फूलों का कुर्ता, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, प्र० सं०
बंगाल०	बंगाल का काल, हरिवंश राय 'बच्चन,' भारती भंडार, इलाहाबाद, प्र० सं०, १९४६ ई०
बंदन०	बंदनवार, देवेंद्र सत्यार्थी, प्रगति प्रकाशन, दिल्ली, १९४९ ई०
बद०	बदमाश दर्पण, तेगअली, भारतजीवन प्रेस, बनारस, प्र० सं०
बलवीर (शब्द०)	बलवीर कवि
बलभद्र (शब्द०)	बलभद्र कवि
बाँकी० ग्र०, बाँकीदास ग्र०	बाँकीदास ग्रंथावली (तीन भाग), सपा० रामनारायण दूगड़, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
बागेश्री	बागेश्री
बापू	बापू, कवितासंग्रह, सियारामशरण गुप्त, प्र० सं०
बालकृष्ण (शब्द०)	बालकृष्ण
बालमुकुंद (शब्द०)	बालमुकुंद गुप्त
बिरहा (शब्द०)	प्रचलित बिरहा गीत
बिल्वे०	बिल्वेश्वर एकविंशा निराला, युगमंदिर, उन्नाव प्र० सं०
बिसराम (शब्द०)	बिसराम कवि
बिहारी र०	बिहारी रत्नाकर, संपा० जगन्नाथदास 'रत्नाकर', गंगा ग्रंथागार, लखनऊ, प्र० सं०
बिहारी (शब्द०)	कवि बिहारी
बी० रासो	बीसलदेव रासो, सपा० सत्यजीवन वर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
बीसल० रास	बीसलदेव रास, सपा० माताप्रसाद गुप्त, प्र० सं०
बी० श० महा०	बीसवीं शताब्दी के महाकाव्य, डा० प्रतिपालसिंह, ओरिएंटल बुकडिपो, देहली, प्र० सं०
बुद्ध च०	बुद्धचरित, रामचंद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
बृहत्०	बृहत्संहिता
बृहत्संहिता (शब्द०)	बृहत्संहिता
बेनी (शब्द०)	कवि बेनी प्रवीन
बेला	बेला, निराला,' हिंदुस्तानी पब्लिकेशंस, इलाहाबाद, प्र० सं०
बेलि०	बेलि किसन रुकिमणी री, सपा० ठाकुर रामसिंह, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० सं०, १९३१ ई०
बैताल (शब्द०)	बैताल कवि
बोधा (शब्द०)	कवि बोधा
ब्रज०	ब्रजविलास, सपा० श्रीकृष्णदास, लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, तृ० सं०
ब्रज० ग्रं०	ब्रजनिधि ग्रंथावली, सपा० पुरोहित हरिनारायण शर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०

ब्रजमाधुरी०	ब्रजमाधुरी सार, सपा० वियोगी हरि, हिंदी साहित्य समेलन, प्रयाग, तृ० स०
ब्रह्म (शब्द०)	ब्रह्म कवि (बीरबल)
भक्तमाल (प्रि०)	भक्तमाल, टीका० प्रियादास, वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, १९५३ वि०
भक्तमाल (श्री०)	भक्तमाल, श्रीभक्तिसुधाविंदु स्वाद, टीका० सीतारामशरण, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, द्वि० स०, १९८३ वि०
भक्ति०	भक्तिसागरादि, स्वामी चरणदास, वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, सवत् १९६० वि०
भक्ति प०	भक्ति पदार्थ वर्णन, स्वामी चरणदास, वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, सवत् १९६०
भगवतरसिक (शब्द०)	भगवत रसिक
भजन (शब्द०)	भजन
भट्ट (शब्द०)	बालकृष्ण भट्ट
भस्मावृत०	भस्मावृत चिनगारी, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४६ ई०
भा० इ० रू०	भारतीय इतिहास की रूपरेखा, जयचद्र विद्यालकार, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०, १९३३ वि०
भा० प्रा० लि०	भारतीय प्राचीन लिपिमाला, गौरीशकर हीराचद ओझा, इतिहास कार्यालय, राजमेवाड, प्र० स०, १९५१ वि०
भारत०	भारतभारती, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्यसदन, चिरगाँव, झाँसी, नवम स०
भा० भू०, भारत० नि०	भारत भूमि और उसके निवासी, जयचद्र विद्यालकार, रत्नाश्रम, आगरा, द्वि० स०, १९८७ वि०
भारतीय०	भारतीय राज्य और शासनविधान
भारतेंदु ग्र०	भारतेंदु ग्रथावली (४ भाग), सपा० ब्रजरत्नदास, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
भा० शिक्षा	भारतीय शिक्षा, राजेंद्रप्रसाद, आत्माराम ऐंड सस, दिल्ली, १९५३ ई०
भाषा शि०	भाषाशिक्षण, प० सीताराम चतुर्वेदी
भिखारी ग्र०	भिखारीदास ग्रथावली (दो भाग), सपा० प० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, ना० प्र० सभा, काशी
भीखा भा०,	भीखा शब्दावली प्र० स०
भुवनेश (शब्द०)	भुवनेश कवि
भूधर (शब्द०)	भूधर कवि
भूपति (शब्द०)	भूपति कवि
भूषण ग्र०	भूषण ग्रथावली, सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, साहित्य सेवक कार्यालय, काशी, प्र० सं०
भूषण (शब्द०)	कवि भूषण त्रिपाठी
भोज० भा० सा०	भोजपुरी भाषा और साहित्य, डा० उदयनारायण तिवारी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, प्र०स०
मति० ग्रं०	मतिराम ग्रथावली, सपा० कृष्णबिहारी मिश्र, गगा पुस्तकमाला, लखनऊ, द्वि० स०
मतिराम (शब्द०)	कवि मतिराम त्रिपाठी
मधु०	मधुकलश, हरिवशराय 'बच्चन,' सुषमा निकुज, इलाहाबाद, द्वि० स०, १९३९ ई०
मधुज्वाल	मधुज्वाल, सुमित्रानदन पंत, भारती भडार, इलाहाबाद, द्वि० स०, १९३९ ई०
मधु मा०	मधुमालती वार्ता, सपा० माताप्रसाद गुप्त, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
मधुशाला	मधुशाला, हरिवश राय 'बच्चन,' सुषमा निकुज, इलाहाबाद, प्र० स०
मधुसूदन (शब्द०)	मधुसूदन कवि ।
मनविरक्त०	मनविरक्तकरन गुटका सार (चरणदास)
मनु०	मनुस्मृति
मन्न'लाल (शब्द०)	कवि मन्नालाल
मलूक० बानी	मलूकदास की बानी, बेलवेडियर प्रेस, प्रयाग
मलूक० (शब्द०)	मलूकदास
महा०	महाराणा का महत्व, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, चतुर्थ स०
महावीरप्रसाद (शब्द०)	पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी
महाभारत (शब्द०)	महाभारत
महाराणा प्रताप (शब्द०)	महाराणा प्रताप ग्रथ
माधव०	माधवनिदान, लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, चतुर्थ स०
माधवानल०	माधवानल कामकदला, बोधा कवि, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, प्र० स०, १८९१ ई०
मान०	मानसरोवर, प्रेमचद, हस प्रकाशन, इलाहाबाद
मानव	मानव, कवितासकलन, भगवतीचरण वर्मा
मानव०	मानवसमाज, राहुल साकृत्यायन, किताब महल, इलाहाबाद, द्वि० स०
मानस	रामचरितमानस, सपा० शभुनारायण चौबे, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
मिट्टी०	मिट्टी और फूल, नरेंद्र शर्मा, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०, १९९९ वि०
मिलन०	मिलनयामिनी, हरिवश राय 'बच्चन,' भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, प्र० स०, १९५० ई०
मीरा (शब्द०)	भक्त मीरा बाई
मीर हसन (शब्द०)	मीर हसन
मुंशी अभि० ग्र०	मुशी अभिनदन ग्रथ, सपा० डा० विश्वनाथप्रसाद, हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा

मुकुंदलाल (शब्द०)	मुकुंदलाल कवि
मुबारक (शब्द०)	मुबारक कवि
मुरारिदान (शब्द०)	कवि मुरारिदान
मृग०	मृगनयनी, वृंदावनलाल वर्मा, मयूर प्रकाशन, झाँसी
मैला०	मैला आँचल, फणीश्वरनाथ 'रेणु,' समता प्रकाशन, पटना–४, प्र० स०
मोहन०	मोहनविनोद, सं० कृष्णबिहारी मिश्र, इलाहाबाद लॉ जर्नल प्रेस, प्र० सं०
यशो०	यशोधरा, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० सं०
यामा	यामा, महादेवी वर्मा, किताबिस्तान, प्रयाग प्र० सं०
युग०	युगवाणी, सुमित्रानंदन पंत, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्र० सं०
युगपथ	युगपथ ,, ,, ,,
युगेश (शब्द०)	कवि युगेश
युगांत	युगांत, सुमित्रानंदन पंत, इंद्र प्रिंटिंग प्रेस, अल्मोड़ा, प्र० सं०
योग०	योगवाशिष्ठ (वैराग्य मुमुक्षु प्रकरण), गंगा-विष्णु श्रीकृष्णदास, लक्ष्मी वेंकटेश्वर छापा-खाना, कल्याण, बंबई, सं० १९६७ वि०
रंगभूमि	रंगभूमि, प्रेमचंद, गंगा ग्रंथागार, लखनऊ, प्र० सं०, १९८१ वि०
रघु० रू०	रघुनाथ रूपक गीतावली, संपा० महताबचंद्र खारैड, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
रघु० दा०, रघुनाथदास (शब्द०)	रघुनाथदास
रघुनाथ (शब्द०)	रघुनाथ
रघुराज, रघुराज सिंह (शब्द०)	रीवाँनरेश महाराज रघुराजसिंह, सं० १८८०-१९३६ वि०
रजत०	रजतशिखर, सुमित्रानंदन पंत, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, २००८ वि०
रज्जब०	रज्जब जी की बानी, ज्ञानसागर प्रेस, बंबई, १९७५ वि०
रतन०	रतनहजारा, संपा० श्री जगन्नाथप्रसाद श्रीवास्तव, भारतजीवन प्रेस, काशी, प्र० सं०, १९८२ ई०
रति०	रतिनाथ की चाची, नागार्जुन, किताब महल, इलाहाबाद, द्वि० सं०, १९५३ ई०
रत्न० (शब्द०)	रत्नसार
रत्नपरीक्षा (शब्द०)	रत्नपरीक्षा
रत्नाकर	रत्नाकर [दो भाग], ना० प्र० सभा, काशी, चतुर्थ, द्वि० और प्रथम सं० १९८०
रत्नावली (शब्द०)	रत्नावली नाटिका
रश्मि०	रश्मिबंध, सुमित्रानंदन पंत राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
रस०	रसमीमांसा, संपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, ना० प्र० सभा, काशी, द्वि० सं०
रस क०	रसकलश, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध,' हिंदी साहित्य कुटीर, बनारस, तृतीय सं०
रसखान०	रसखान और घनानंद, संपा० अमीर सिंह, ना० प्र० सभा, द्वि० सं०
रसखान (शब्द०)	सैयद इब्राहिम रसखान
रस र०, रसरतन	रसरतन, संपा० शिवप्रसाद सिंह, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
रसनिधि (शब्द०)	राजा पृथ्वीसिंह
रसिया (शब्द०)	रसिया कवि ? रसिया गीत ?
रहिमन (शब्द०)	रहीम कवि
रहीम (शब्द०)	अब्दुरहीम खानखाना
रहीम०	रहीम रत्नावली
राज० इति०	राजपूताने का इतिहास, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, अजमेर, १९९७ वि०, प्र० सं०
राज०	राजतरंगिणी
रा० रू०	राजरूपक, संपा० प० रामकर्ण, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
रा० वि०	राजविलास, संपा० मोतीलाल मेनारिया, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
राजनीतिक०	राजनीतिक विचारधाराएँ
राज्यश्री	राज्यश्री, जयशंकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, सातवाँ सं०
राम०	रामचरितमानस, संपा० विजयानंद त्रिपाठी, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्र० सं० १९७३ वि०
राम, रामकवि (शब्द०)	राम कवि
रामकृष्ण (शब्द०)	रामकृष्ण
राम० च०	संक्षिप्त रामचंद्रिका, संपा० लाला भगवानदीन, ना० प्र० सभा, वाराणसी, षष्ठ सं०
राम० धर्म०	रामस्नेही धर्मप्रकाश, संपा० मालचंद्र जी शर्मा, चौकसराम जी (सिंहथल), बड़ा रामद्वारा, बीकानेर ।
राम० धर्म० सं०	रामस्नेही धर्मसंग्रह, संपा० मालचंद्र जी शर्मा, चौकसराम जी (सिंहथल), बड़ा रामद्वारा, बीकानेर ।
रामरसिका०	रामरसिकावली (भक्तमाल)
रामसहाय (शब्द०)	रामसहाय कवि कृत सतसई

रामानंद०	रामानंद की हिंदी रचनाएँ, संपा० पीतावर-दत्त बहथ्वाल, ना० प्र० सभा, प्र० स०
रामाश्व०	रामाश्वमेध, ग्रथकार, मन्नालाल द्विज, त्रिपुरा भैरवी, वाराणसी, १९३९ वि०
रिखिनाथ (शब्द०)	कवि रिखिनाथ
रेणुका	रेणुका, रामधारी सिंह 'दिनकर,' पुस्तक भडार, लहेरियासराय, पटना, प्र० स०
रै० बानी	रैदास बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
लक्ष्मणसिंह (शब्द०)	राजा लक्ष्मणसिंह
लल्लू, लल्लूलाल (शब्द०)	लल्लूलाल
लवकुश चरित्र (शब्द०)	लवकुश चरित्र
लहर	लहर, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, पचम स०
लाल (शब्द०)	लाल कवि (छत्रप्रकाशवाले)
वर्ण०, वर्णरत्नाकर	वर्णरत्नाकर
वाल्मीकीय० (शब्द०)	वाल्मीकीय रामायण
विद्यापति	विद्यापति, सपा० खगेंद्रनाथ मिश्र, यूनाइटेड प्रेस, लि०, पटना
विनय०	विनयपत्रिका, टीका० प० रामेश्वर भट्ट, इडियन प्रेस लि०, प्रयाग, तृ० स०
विशाख	विशाख, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, तृ० स०
विश्राम (शब्द०)	विश्रामसागर
विश्वनाथ सिंह (शब्द०)	रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथ सिंह जी (स० १८४६-१९११ वि०)
विश्वास (शब्द०)	विश्वास ?
वीणा	वीणा, सुमित्रानदन पत, इडियन प्रेस, लि० प्रयाग, द्वि० सं०
वेणी (शब्द०)	वेणी (या बेनी) कवि
वेनिस (शब्द०)	वेनिस का बाँका
वैशाली०, वै० न०	वैशाली की नगरवधू, चतुरसेन शास्त्री, गौतम बुकडिपो, दिल्ली, प्र० स०
वो दुनिया	वो दुनिया, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४१ ई०
व्यग्यार्थ	व्यग्यार्थ कौमुदी प्रताप कवि कृत, बाबू रामकृष्ण वर्मा, भारत जीवन प्रेस, काशी, प्र० स०, सवत् १९५७
व्यग्यार्थ (शब्द०)	व्यग्यार्थ कौमुदी
व्यास (शब्द०)	अबिकादत्त व्यास
ब्रज (शब्द०)	ब्रज विलास
श० दि० (शब्द०)	शकरदिग्विजय
शरक (शब्द०)	शकर कवि
शकर०	शकरसर्वस्व, संपा० हरिशंकर शर्मा, गयाप्रसाद एंड सस, आगरा, प्र० स०
शभु (शब्द०)	शभु कवि, शिवाजी के पुत्र सभ जी
शकु०	शकुतला, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी
शकुतला	शकुतला नाटक, अनु० राजा लक्ष्मणसिंह, हिंदी साहित्य समेलन, प्रयाग, चतु० सं०
शाहजहाँनामा (शब्द०)	शाहजहाँनामा
शार्ङ्गधर स०	शार्ङ्गधर सहिता, टी० सीताराम शास्त्री, मुबई वैभव मुद्रणालय, सवत् १९७१
शिखर०	शिखर वशोत्पत्ति, सपा० पुरोहित हरिनारायण शर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०, १९८५
शिरमौर (शब्द०)	कवि शिरमौर
शिवप्रसाद (शब्द०)	राजा शिवप्रसाद सितारेहिंद
शिवराम (शब्द०)	शिवराम कवि
शुक्ल० अभि० ग्र०	शुक्ल अभिनदन ग्रथ, मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य समेलन
शृ० सत० (शब्द०)	शृगार सतसई
शृगार सुधाकर (शब्द०)	शृगार सुधाकर
शेखर (शब्द०)	शेखर कवि
शेर०	शेर ओ सुखन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, प्र सं.
शैली	शैली, प० करुणापति त्रिपाठी, प्र० स०
श्यामबिहारी (शब्द०)	श्यामबिहारी कवि
श्यामा०	श्यामास्वप्न, सपा० डा० कृष्णलाल, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
श्रद्धानद (शब्द०)	स्वामी श्रद्धानद
श्रद्धाराम (शब्द०)	श्रद्धाराम फुल्लौरी
श्रीकृष्णसदेश (शब्द०)	श्रीकृष्णसदेश
श्रीधर (शब्द०)	श्रीधर कवि
श्रीधर पाठक (शब्द०)	श्रीधर पाठक
श्रीनिवास ग्र०	श्रीनिवास ग्रथावली, सपा० डा० कृष्णलाल, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
श्रीपति (शब्द०)	श्रीपति कवि
सतति०	चद्रकाता सतति, देवकीनदन खत्री, वाराणसी
सचिता	सचिता (कवितासग्रह)
सत तुरसी०	सत तुरसीदास की शब्दावली, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद ।
स० दरिया, सत० दरिया	सत कवि दरिया, सं० धर्मेंद्र ब्रह्मचारी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, प्र० स०
स० दा० (शब्द०)	सगीत दामोदर
सं० शा० (शब्द०)	सगीत शाकुतल
सत र०	सत रविदास और उनका काव्य, स्वामी

	रामानंद शास्त्री, भारतीय रविदास सेवासघ, हरिद्वार, प्र० स०
संतवाणी०, सत०सार०	सतवाणी सार सग्रह (२ भाग), बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
सन्यासी	सन्यासी, इलाचद्र जोशी, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
सपूर्णा० अभि० ग्र०	सपूर्णानद अभिनदन ग्रथ, सपा० आचार्य नरेंद्रदेव, ना० प्र० सभा, वाराणसी
स० दर्शन	समीक्षादर्शन, रामलाल सिंह, इडियन प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
सत्य०	कविरत्न सत्यनारायण जी की जीवनी, श्री बनारसीदास चतुर्वेदी, हिंदी साहित्य समेलन, प्रयाग, द्वि० स०
सत्यार्थप्रकाश (शब्द०)	सत्यार्थप्रकाश, स्वामी दयानद
सबल (शब्द०)	सबलसिंह चौहान (महाभारत)
सभा० वि० (शब्द०)	सभाविलास
सरस्वती (शब्द०)	सरस्वती मासिक पत्रिका
सर्पाघातचिकित्सा(शब्द०)	सर्पाघात चिकित्सा
स० शास्त्र	समीक्षाशास्त्र, प० सीताराम चतुर्वेदी, अखिल भारतीय विक्रम परिषद्, काशी, प्र० स०
स० सप्तक	सतसई सप्तक, सपा० श्यामसुदरदास, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग, प्र० स०
सरलाबाई (शब्द०)	सरलाबाई, कवयित्री।
सहजो०	सहजो बाई की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०८ वि०
साकेत	साकेत, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्यसदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०
सागरिका	सागरिका, ठा० गोपालशरण सिंह, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
साम०	सामधेनी, रामधारी सिंह 'दिनकर,' उदयाचल, पटना, द्वि० स०
सा० दर्पण	साहित्यदर्पण, सपा० शालिग्राम शास्त्री, श्री मृत्युंजय औषधालय, लखनऊ, प्र० स०
सा० लहरी	साहित्यलहरी, सपा० रामलोचनशरण बिहारी, पुस्तक भडार, लहेरियासराय, पटना
सा० समीक्षा	साहित्य समीक्षा, कालिदास कपूर, इडियन प्रेस, प्रयाग
साहित्य०	साहित्यालोचन, श्री श्यामसुदर दास, इडियन प्रेस, इलाहाबाद
सिद्धांतसग्रह (शब्द०)	सिद्धातसग्रह
सीतल (शब्द०)	कवि सीतल
सीताराम (शब्द०)	सीताराम कवि
सुदर० ग्र०	सुदरदास ग्रथावली (दो भाग), सपा० हरिनारायण शर्मा, राजस्थान रिसर्च सोसायटी, कलकत्ता
सुदरीसिंदूर (शब्द०)	सुदरी सिंदूर, कवितासग्रह
सुकवि (शब्द०)	सुकवि उपनाम नाम के कवि
सुखदा	सुखदा, जैनेंद्रकुमार, पूर्वोदय प्रकाशन, दिल्ली, प्र० स०
सुखदेव (शब्द०)	कवि 'सुखदेव'
सुधाकर (शब्द०)	महा महोपाध्याय प० सुधाकर द्विवेदी
सुजान०	सुजानचरित (नूदनकृत), सपा० राधाकृष्ण, नागरीप्रचारिणी सभा, काशी, प्र० स०
सुधानिधि	कवि तोष और सुधानिधि, स० नृपेंद्र माथुर, ना० प्र० स० काशी, प्र० स०
सुनीता	सुनीता, जैनेंद्रकुमार, साहित्यमडल, बाजार सीताराम, दिल्ली, प्र० स०
सुदर (शब्द०)	सुदर कवि, सुदरदास जी
सूत०	सूत की माला, पत और बच्चन, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
सूदन (शब्द०)	सूदन कवि (भरतपुरवाले)
सूर०	सूरसागर (दो भाग), ना०प्र० सभा, द्वितीय स०
सूर० (शब्द०)	सूरदास
सूर० (राधा०)	सूरसागर, सपा० राधाकृष्णदास, वेंकटेश्वर प्रेस, प्र० स०
सेवक (शब्द०)	'सेवक' कवि
सेवक श्याम (शब्द०)	सेवक श्याम कवि
सेवासदन	सेवासदन, प्रेमचद, हिंदी पुस्तक एजेंसी, कलकत्ता, द्वि० स०
सैर कु०	सैर कुहसार, प० रतननाथ 'सरशार,' नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, च० स०, १९३४ ई०
सौ अजान० (शब्द०)	सौ अजान और एक सुजान, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
स्कद०	स्कदगुप्त, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
स्वर्ण०	स्वर्णकिरण, सुमित्रानदन पत, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
स्वाधीनता (शब्द०)	स्वाधीनता
स्वामी रा० (शब्द०)	स्वामी रामकृष्ण
स्वामी हरिदास(शब्द०)	स्वामी हरिदास
हस०	हसमाला, नरेंद्र शर्मा, भारती भंडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
हसराज (शब्द०)	हसराज
हकायके०	हकायके हिंदी, ले० मीर अब्दुल वाहिद, प्र० सपा० 'रुद्र' काशिकेय, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०

हनुमन्नाटक (शब्द०)	हनुमन्नाटक
हनुमान, हनुमान कवि (शब्द०)	हनुमान कवि
हम्मीर०	हम्मीरहठ, सपा० जगन्नाथदास 'रत्नाकर,' इडियन प्रेस लि०, प्रयाग
ह० रासो०	हम्मीर रासो, सपा० डा० श्यामसुदरदास, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
हरिजन (शब्द०)	कवि हरिजन
हरिदास (शब्द०)	स्वामी हरिदास
हरिश्चद्र (शब्द०)	भारतेंदु हरिश्चद्र
हरिसेवक (शब्द०)	हरिसेवक कवि
हरी घास०	हरी घास पर क्षण भर, अज्ञेय, प्रगति प्रकाशन, नई दिल्ली, १९४९ ई०
हर्ष०	हर्षचरित एक सास्कृतिक अध्ययन, वासुदेवशरण अग्रवाल, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, प्र० स०, १९५३ ई०
हालाहल	हालाहल, हरिवशराय बच्चन, भारती भडार, प्रयाग, १९४६ ई०
हिंदी आ०	हिंदी आलोचना
हिंदी का०	हिंदी काव्य की अंतश्चेतना
हिं० का० प्र०	हिंदी काव्य पर आंग्ल प्रभाव, रवींद्रसहाय वर्मा, पद्मजा प्रकाशन, कानपुर, प्र० सं०
हिं० क० का०	हिंदी कवि और काव्य, गणेशप्रसाद द्विवेदी हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०
हिं० ना०	हिंदी के नाटक
हिंदी प्रदीप (शब्द०)	हिंदी प्रदीप
हिंदी प्रेमगाथा०	हिंदी प्रेमगाथा काव्यसग्रह, गणेशप्रसाद द्विवेदी, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, १९३९ ई०
हिंदी प्रेमा०	हिंदी प्रेमाख्यानक काव्य, डा० कमल कुलश्रेष्ठ, चौधरी भानसिंह प्रकाशन, कचहरी रोड
हिं० प्र० चि०	हिंदी काव्य मे प्रकृतिचित्रण, किरणकुमारी गुप्त, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
हिं० सा० भू०	हिंदी साहित्य की भूमिका, हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिंदी ग्र थ रत्नाकर कार्यालय, बबई, तृ० सं०, १९४८
हिंदु० सभ्यता	हिंदुस्तान की पुरानी सभ्यता, बेनीप्रसाद, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग, प्र० स०
हित हरिवश (शब्द०)	वैष्णव सत हित हरिवश
हिम कि०	हिमकिरीटिनी, माखनलाल चतुर्वेदी, सरस्वती प्रकाशन मदिर, इलाहाबाद, तृ० सं०
हिम त०	हिमतरगिणी, माखनलाल चतुर्वेदी, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
हिम्मत०	हिम्मतबहादुर विरुदावली, लाला भगवानदीन, ना० प्र० सभा, काशी, द्वि० स०
हिल्लोल	हिल्लोल, शिवमगल सिंह 'सुमन', सरस्वती प्रेस, बनारस, द्वि० स०
हुमायूँ०	हुमायूँनामा, अनु० ब्रजरत्नदास, ना० प्र० सभा, वाराणसी, द्वि० स०
हृदय०	हृदयतरग, सत्यनारायण कविरत्न
हृदयराम (शब्द०)	कवि हृदयराम

[व्याकरण, व्युत्पत्ति आदि के संकेताक्षरों का विवरण]

अ०	अग्रेजी
अ०	अरबी
अक० रूप	अकर्मक रूप
अनु०	अनुकरण शब्द
अनुध्व०	अनुध्वन्यात्मक
अनु० मू०	अनुकरणार्थमूलक
अनुर०	अनुरणनात्मक रूप
अप०	अपभ्र श
अर्ध मा०	अर्धमागधी
अल्पा०	अल्पार्थक
अव०	अवधी
अव्य०	अव्यय
इता०	इतालवी
इव०	इवरानी
उ०	उदाहरण
उच्चा०	उच्चारण सुविधार्थ
उडि०	उडिया
उप०	उपसर्ग
उभय०	उभयलिंग
एकव०	एकवचन
कनाडी	कन्नड भाषा
कहावत	कहावत
काव्यशास्त्र	काव्यशास्त्र
[को०], (को०)	अन्य कोश
*	सभाव्य व्युत्पत्ति
?	अनिश्चित व्युत्पत्ति

कोंक०	कोंकणी
क्रि०	क्रिया
क्रि० अ०	क्रिया अकर्मक
क्रि० प्र०	क्रिया प्रयोग
क्रि० वि०	क्रिया विशेषण
क्रि० स०	क्रिया सकर्मक
क्व०	क्वचित्
गीत	लोकगीत
गुज०	गुजराती
चो०	चीनी भाषा
छ०	छंद
जापा०	जापानी
जावा०	जावा द्वीप की भाषा
जी०, जीवन०	जीवनचरित
ज्या०	ज्यामिति
ज्यो०	ज्योतिष
डि०	डिंगल
त०	तमिल
तर्क०	तर्कशास्त्र
ति०	तिब्बती भाषा
तु०	तुर्की
दू०	दूहा या दूहला
तुल०	तुलनीय
दे०	देखिए
देश०	देशज
देशी	देशी
धर्म०	धर्मशास्त्र
नाम०	नामधातु
ना० धा०	नामधातुज क्रिया
नामिक धातु	नामिक धातु
ने०	नेपाली
न्याय०	न्याय या तर्कशास्त्र
प०	पंजाबी
परि०	परिशिष्ट
पा०	पाली
पुं०	पुलिंग
पुर्त०	पुर्तगाली
पु० हिं०	पुरानी हिंदी
पू० हिं०	पूर्वी हिंदी
पृ०	पृष्ठ
प्र०	प्रकाशकीय या प्रस्तावना
प्रत्य०	प्रत्यय
प्रा०	प्राकृत
प्रे०	प्रेरणार्थक रूप
फ०	फ्रांसीसी भाषा
फकीर०	फकीरों की बोली
फा०	फारसी
बँग०	बँगला भाषा
बरमी०	बरमी भाषा
बहुव०	बहुवचन
बु० ख०	बुंदेलखंड की बोली
बुंदेल०	" "
बोल०	बोलचाल
भाव०	भाववाचक संज्ञा
भू०	भूमिका
भू० कृ०	भूत कृदंत
मरा०	मराठी
मल०	मलयालम या मलयानम भाषा
मला०	मलाया की भाषा
मि०	मिलाइए
मुसल०	मुसलमानों द्वारा प्रयुक्त
मुहा०	मुहावरा
यू०	यूनानी
यौ०	यौगिक
राज०	राजस्थानी
लश०	लशकरी
ला०	लाक्षणिक
लै०	लैटिन
व० कृ०	वर्तमान कृदंत
वर्ण वि०	वर्णविपर्यय
वि०	विशेषण
वि० द्वि० मू०	विषमद्विरुक्तिमूलक
वै०	वैदिक
व्या०	व्याकरण
व्यंग्य (शब्द०)	व्यंग्यार्थ में प्रयुक्त हिंदी शब्दसागर प्र० सं०
स०	संस्कृत
सयो०	संयोजक अव्यय
सयो० क्रि०	संयोजक क्रिया
स०	सकर्मक
सक० रूप	सकर्मक रूप
सधु०	सधुक्कड़ी भाषा
सर्व०	सर्वनाम
सिंहली	सिंहली भाषा
स्पे०	स्पेनी भाषा
स्त्रि०	स्त्रियों द्वारा प्रयुक्त
स्त्री०	स्त्रीलिंग
हि०	हिंदी
ⓟ	काव्यप्रयोग, पुरानी हिंदी
>	व्युत्पन्न
†	प्रांतीय प्रयोग
‡	ग्राम्य प्रयोग
√	धातुचिह्न

हिंदी शब्दसागर

मन.—सज्ञा पुं० [सं० **मनस्**] मन ।

मन कल्पित—वि० [स०] मन द्वारा कल्पित । मनगढत [को०] ।

मन कांत—वि० सज्ञा पुं० [सं० **मन कान्त**] स० 'मनस्कांत' ।

मन काम—सज्ञा पु० [स०] मनोरथ । मनस्काम [को०] ।

मन कार—सज्ञा पु० [स०] मन का एकाग्र करना । सुख दु ख आदि का पूर्ण ज्ञान वा जानकारी ।

मन क्षेप—सज्ञा पु० [सं०] मन का उद्वेग ।

मन पति—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु ।

मन पर्याप्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] मन मे सकल्प विकल्प वा बोध प्राप्त करने की शक्ति ।

मन पर्याय—सज्ञा पु० [स०] जैन शास्त्रानुसार वह ज्ञान जिसमे चिंतित अर्थ का साक्षात् होता है । यह ज्ञान ईर्ष्या और अतराय नामक ज्ञानावरणो के दूर होने पर निर्वाण या मुक्ति की प्राप्ति के पूर्व की अवस्था मे प्राप्त होता है । इसमे जीवो को मनरूपी द्रव्य के पर्यायो का साक्षात् ज्ञान होता है ।

मन पाप—सज्ञा पुं० [स०] मानसिक पाप । मन का पाप [को०] ।

मन पीडा—सज्ञा पुं० [स०] मानसिक सताप या क्लेश [को०] ।

मन पूत—वि० [स०] जिसे मन पवित्र मानता है । जिसे अतरात्मा अगीकार करती हो [को०] ।

मन प्रणीत—वि० [स०] १ मन कल्पित । मनगढत । २ रुचिकर या मन को सुख देनेवाला [को०] ।

मन प्रसाद—सज्ञा पु० [स०] मन की प्रसन्नता । उ०—मन प्रसाद चाहिए केवल क्या कुटीर फिर क्या प्रासाद ?—पचवटी, पृ० १० ।

मन प्रसूत—वि० [स०] मन से उत्पन्न । मन से कल्पित [को०] ।

मन प्रिय—वि० [स०] जो मन को प्रिय हो या अच्छा लगे [को०] ।

मन प्रीति—सज्ञा स्त्री० [सं०] मन को प्रसन्नता ।

मन शक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] मन की शक्ति । मनोबल [को०] ।

मन शास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] वह शास्त्र जिसमे मन और मनोविकारो का वर्णन हो । मनोविज्ञान । उ०—मन शास्त्र कुछ और बताता है, पर जो हो ।—रजत०, पृ० १७ ।

मन शिल—सज्ञा पुं० [पु०] मैनसिल ।

मन शिला—सज्ञा स्त्री० [सं०] मैनसिल ।

मन शीघ्र—वि० [सं०] मन की तरह तीव्र [को०] ।

मन सकल्प—सज्ञा पु० [स० **मन सङ्कल्प**] मन की इच्छा । हृदय की चाहना [को०] ।

मन सग—सज्ञा पु० [स० **मन सङ्ग**] मन की किसी विषय मे आसक्ति [को०] ।

मन संताप—सज्ञा पुं० [स० **मन सन्ताप**] मानसिक पीडा या मन का क्लेश [को०] ।

मन सुख[1]—वि० [स०] जो मन को रुचे । रुचिकर ।

मन सुख[2]—सज्ञा पु० मन का सुख [को०] ।

मन स्थैर्य—सज्ञा पु० [स०] मन की दृढता । चित्त की स्थिरता [को०] ।

मन[3]—सज्ञा पुं० [स० **मनस्**] १ प्राणियो मे वह शक्ति या कारण जिसमे उनमे वेदना, सकल्प, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, बोध और विचार आदि होते हैं । अत करण । चित्त ।

विशेष—वैशेषिक दर्शन मे मन एक अप्रत्यक्ष द्रव्य माना गया है । सख्या परिमाण, पृथक्त्व, सयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, और सस्कार इसके गुण बतलाए गए हैं और इसे अणुरूप माना गया है । इसका धर्म सकल्प विकल्प करना बतलाया गया है तथा इसे उभयात्मक लिखा है, अर्थात् उसमे ज्ञानेंद्रिय और कर्मेंद्रिय दोनो के धर्म है । (एकादश मनो विद्धि स्वगुणे-नोभयात्मकम् ।—गीता) । योगशास्त्र मे इसे चित्त कहा है । बौद्ध आदि इसे छठी इंद्रिय मानते हैं । विशेष दे० 'चित्त' ।

२ अत करण की चार वृत्तियो में से एक जिससे सकल्प विकल्प होता है ।

मुहा०—**किसी से मन अटकना या उलझना** = प्रीति होना । प्रेम होना । **मन आना या मन में आना** = समझ पडना । जँचना । उ०—(क) मगल मूरति कचन पत्र की मैन रचो मन भावत नीठि है ।—दास (शब्द०) । (ख) और दीन बहु रतन पखाना । सोन रूप जो मनहि न आना ।—जायसी (शब्द०) । **मन का खराब होना** = (१) मन फिरना । (२) नाराज होना । अप्रसन्न होना । (२) रागी होना । बीमार होना । **अपने मन का होना** = (१) अपनी इच्छा या रुचि आदि के अनुकूल होना । उ०—यही कारण था कि लोग अपने मन के नही हो सकते । —प्रेमघन०, भा० २, पृ० २७६ । (२) किसी की सलाह या बात पर ध्यान न देना । स्वतत्र, स्वच्छद एव जैसा जी मे आवे वैसा करना । **मन टूटना** = साहस छूटना । हताश होना । उ०—फूटो निज कर्म नहिं लूटो सुख जानकी को टूटो न धनुष टूट गए मन सबके ।—हनुमन्नाटक (शब्द०) । **मन का दाग** = मन का मैल । पापवृत्ति । दुष्प्रवृत्ति । उ०—साखी शब्द बहुत सुना, मिटा न मन का दाग । सगति से सुधरा नही, ता का बडा अभाग ।—कबीर सा० सं०, पृ० ५६ । **मन की दौड** = मन की गति । मन का पहुँच । उ०—है जहाँ पर न दौड मन की भी, वाँ विचारी निगाह क्या दौडे ।—चोखे०, पृ० २ । **मन बिगडना** = (१) मन का हट जाना । मन का उदासीन

हो जाना। (२) मतली आना। कै मालूम होना। (३) उन्मत्त होना। पागल होना। **मन बढना**=साहस बढना। उत्साह बढना। प्रोत्साहित होना। उ०—(क) सुनि मन धीरज भयल हो रमैया राम। मन बढि रहल लजाय हो रमैया राम।—कबीर (शब्द०)। (ख) आपस के नित के बैर से शत्रुओं का मन बढा।—शिवप्रसाद (शब्द०)। **किसी का मन बूझना**=किसी के मन की थाह लेना। उ०—तुम्हारा मन बूझने के लिये ही मैंने यह बातें कहीं।—हरिऔध (शब्द०)। **मन का बूझना या मानना**=मन मे शांति होना। मन मे धैर्य आना। **मन मन**=मन ही मन। मन में। उ०—पिय सँग सोवत सोय न जाई। मन मन इमि सोचै सुख दाई।—नंद० ग्र०, पृ० १४६। **मन मानना**=मन मे शांति होना। संतोष होना। जैसे,—हमारा मन नहीं मानता, हम उन्हें देखने अवश्य जायँगे। **मन का भेद पाना**=हृदय की गूढ बात समझना। मन का रहस्य जानना। उ०—मन का भेद न पावै कोई।—जग० श०, पृ० ५४। **मन का मारा**=खिन्नहृदय। दुखी चित्तवाला। **मन का मैला**=मन का खोटा। कपटी। घाती। **मन की मनै रहना**=दे० 'मन की मन मे रहना'। उ०—मन की मनै रही मन माया। ज्यों तरंग जल जलै समाया।—पृ० रा०, २६।८६। **मन को जाना**=विस्मयान्वित होना। चकित होना। उ०—पै यह सगुन सरूप तुम्हारो। ह्यां मन खोयो बात हमारो।—नंद० ग्र०, पृ० २६६। **मन छूना**=(१) मन को आह्लादित करना। मन का प्रसन्न करना। मन को प्रभावित करना। (२) आंतरिक बात समझना। हृदय की बात जानना। (३) पूर्ण प्राप्ति न कराना। पूरी तरह से किसी वस्तु को न देना। नाम करना। उ०—मन छूना, शोभा बरसना, दिन ढलना या डूबना उदासी टपकना, इत्यादि ऐसी ही कविसमयसिद्ध उक्तियाँ हैं जो बोलचाल मे रूढि होकर आ गई हैं।—रस० पृ० ४१। **मन ठिकाने रहना**=चित्त स्थिर रहना। मन शांत रहना। उ०—चर्चा वार्ता बिना मन ठिकाने रहत नाही।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ११७। **मन धरना**=(१) दे० 'मन छूना'। (२) मन मे धारण करना। उ०—कसौ कसौटी तासु का, जो कसनी ठहराइ। खोटे खरे जु मन धरे, त्यागैं बिरद लजाइ।—ब्रज० ग्र०, पृ० १०। **मन हरा होना**=मन प्रसन्न होना। चित्त प्रसन्न रहना। **मन की मन में रहना**=इच्छा पूरी न होना। जैसे,—मन की मन मे ही रह गई, और वे चले गए। **मन के लड्डू खाना**=ऐसी बात को सोचकर प्रसन्न होना, जिसका होना असंभव या दुःसाध्य हो। व्यर्थ की आशा पर प्रसन्न होना। उ०—विरह से पागल प्रेमी लोग मन के लड्डू से भूख बुझा लेते हैं।—हरिश्चंद्र (शब्द०)। **मन खोलना**=दुराव छोडना। निष्कपट होना। शुद्ध हृदय होना। **मन चलना**=इच्छा होना। प्रवृत्ति होना। जैसे,—बीमारी मे किसी चीज पर मन नहीं चलता। **किसी का मन टटोलना या मन को टटोलना**=किसी के मन की थाह लेना। किसी की इच्छा को जानना। जैसे,—आओ, कुछ आमोद प्रमोद की बातें कर उसका मन टटोलें। **मन डोलना**=(१) मन का चंचलायमान होना। मन का चंचल होना। (२) लालच उत्पन्न होना। लोभ आना। **मन डोलाना**=(१) मन मे चंचलता उत्पन्न करना। मन चंचलायमान करना। उ०—भोजन करत गाल कर रसनिन सोई देहु जो मन न डोलावै। सूरदास प्रभु जब सिधिदाता जापर कृपा सोई जन पावै।—सूर (शब्द०)। (२) लालच उत्पन्न करना। लोभ दिलाना। **अपना मन डोलना**=लालच करना। **मन देना**=(१) जी लगाना। मन लगाना। उ०—(क) एक बार जो मन देइ सेवा। सेवहि फल प्रसन्न होइ देवा।—जायसी (शब्द०)। (ख) रघुपतिपुरी जनमु तब भयऊ। पुनि तै मन सेवा मम दयऊ।—तुलसी (शब्द०)। (२) ध्यान देना। **किसी को मन देना**=किसी पर आसक्त होना। मोहित होना। **किसी पर मन धरना**=ध्यान देना। मन लगाना। उ०—(क) आगम भयो अपराध आपु जानि अस्तुति करत सबै। सूरदास स्वामी मनमोहन तासों मन न धरै।—सूर (शब्द०)। (ख) जोई भक्ति भाजन मन धरै। सोई हरि सो मिलि अनुसरै।—जंबू (शब्द०)। **मन तोडना या हारना**=भग्नोत्साह होना। साहस छोडना। उ०—आस बिनु है सबै नहीं एको फबै सुनत दच्छ नयन तूर पय भेद गुनि मनहि तोर।—सूर (शब्द०)। (किसी से) **मन फट जाना या फिर जाना**=घृणा होना। नफरत होना। उ०—जाण अनै अमरस रै, वले प्रगट्यो वेध। मन फाटो खाटां चिती, रूंटि ढाव न सेध।—रा० रू०, पृ० ३४५। **मन फिराना**=दे० 'मन फेरना'। **मन फेरना**=चित्त को हटाना। मन को किसी ओर से अलग करना। प्रवृत्ति बदलना। उ०—फिरि फिरि कैसे दीन्हे फेरी। मैं हरी को मन फेर फिरौं पुनि पुनि भाग की सकली घेरी।—केशव (शब्द०)। **मन बढाना**=साहस दिलाना। उत्साह बढाना। प्रोत्साहित करना। उ०—दियो सिरपाय नृपनाइ ने महर को आप पहरावनी सब दिवाए। आनंदहि पुत्र पाइ कै लियो सिर नाइ कै हरषि नंदराय के मन बढाए।—सूर (शब्द०)। **मन बढना या चढ पडना**=चित्त का किसी ओर ढल जाना। मन का बेचैन किसी ओर चले जाना। उ०—ज्या जागो जन मन बाहि पै। बहुरि जाग बल निर्मल कर।—नंद० ग्र०, पृ० २६१। **मन मे बसना**=मन मे सुभना। पसंद आना। अच्छा लगना। रुचना। भाना। जैसे,—उनकी सूरत तो मेरे मन मे बस गई है। उ०—गुरु के चेला जिव डरे काया छीजनहार। सुमति कमाई मन बसे लागु जुवा की लार।—कबीर (शब्द०)। **मन बहलाना**=खिन्न या दुःखी चित्त को किसी काम मे लगाकर आनंदित करना। दुःख छोडकर आनंद मे समय काटना। चित्त प्रसन्न करना। जी बहलाना। उ०—ना किसान अब समाचार लहैं आप सुनैहैं। ना नाऊ की बातें सबको मन बहलैहैं।—श्रीधर पाठक (शब्द०)। **मन भरना**=(१) प्रतीति होना। निश्चय या विश्वास होना। (२) संतोष होना। तुष्टि होना। तृप्ति होना। उ०—यह बीसों फूलों पर गया, पर इसका मन न भरा।—अयोध्या (शब्द०)। **मन भर जाना**=(१) अघा जाना। तृप्ति

होना। (२) अधिक प्रवृत्ति न रह जाना। **मन भाना**= भला लगना। पसद होना। रुचना। उ० (क) बामिनि को बामदेव कामिनि को कामदेव रण जयथभ रामदेव मनये जू।—केशव (शब्द०)। (ख) भाँति अनेक विहगम सु दर फूलै फलै तरु ने मन भावै। प्रताप (शब्द०)। (ग) हरिहर ब्रह्मा के मन भाई। विधि अक्षर लै युगुति बनाई।—कबीर (शब्द०)। (घ) कहेहु नीक मोरेहु मन भावा। यह अनुचित नहिं नेवत पठावा।- तुलसी (शब्द०)। (ड) बाला वेसँधि मैं छवि पावै। मन भावै मुँह कहत न आवै।-नद० ग्र०, पृ० १२१। **मन भारी करना**=दु खी होना। उदास होना। **मन मरना**=इच्छा समाप्त होना। किसी प्रकार की रुचि न होना। उ०—मन मरना, मन छूना शोभा बरसना, उदासी टपकना इत्यादि ऐसी ही कविसमयसिद्ध उक्तियाँ हैं जो बोलचाल मे रूढि होकर आ गई हैं। —रस०, पृ० २१। **मन मरा होना**=बिलकुल उदास या निष्क्रिय होना। उ०—चोट पर है चोट चित को लग रही। आज उनका मन बहुत ही है मरा।—चुभते०, पृ० २८। **मन मानना**=(१) सतोष होना। तसल्ली होना। उ०—(क) मधुकर कहि कम मन मान। जिनके एक अनन्य व्रत सूझै क्यो दूजो उर आनै—सूर (शब्द०)। (ख) राजा भा निश्चै मन माना। बाँधा रतन छोडि कै आना।—जायसी (शब्द०)। (२) निश्चय होना। प्रतीति होना। उ०—(क) कै बिनु सपथ न अम मन माना। सपथ बोलु बाचा परमाना।—जायसी (शब्द०)। (३) अच्छा लगना। रुचना। पसद आना। भाना। उ०—सप्त प्रबध सुभग सोपाना। ज्ञान नयन निरखत मन माना।- तुलसी (शब्द०)। (४) स्नेह होना अनुराग होना। उ०—सखी री श्याम सो मन मान्यो। नीके करि चित कमल नैन सों घालि एक ठो मान्यो।—सूर (शब्द०)। **मन मारना**=इच्छा नष्ट करना। इच्छा को दबाना। उ०—दिन गए सिध मार लेने के। है भला कौन मार मन पाता।—चुभते०, पृ० ७१। **किसी से मन मिलना**= (१) प्रेम होना। अनुराग होना। (२) मित्रता होना। दोस्ती होना। उ०—ए जेते दिन मन मिल गए तिय पिय बिन मीको, खेते दिन मेरे आन लेखे।—अकबरी०, पृ० २९। **मन में आना**=(१) मन मे किसी भाव का उत्पन्न होना। उ०—तासों उन कछु बचन सुनाए। पै ताके मन कछू न आए।-सूर (शब्द०)। (२) समझ पडना। ध्यान मे आना। उ०—यह तनु क्या ही दियो न आवे। और देत कछु मन नहिं आवे।—सूर (शब्द०)। (३) अच्छा जान पडना। भला लगना। **मन में आनना**=दे० 'मने मे लाना'। **मन में जमना या बैठना**= (१) ठीक जँचना। उचित या युक्तियुक्त प्रतीत होना। (२) विचार मे आना। ध्यान मे आना। **मन में ठानना**=निश्चय करना। दृढ सकल्प करना। **मन में धरना**=दे० 'मन में रखना'। **मन में भरना**=हृदयगम करना। मन में जमाना। **मन में रखना**=(१) गुप्त रखना। प्रकट न करना। जैसे,—अभी यह बात मन मे ही रखना, किसी से कहना मत। (२) स्मरण रखना। जैसे,—हमारी सब बातें मन मे रखना, भूल न जाना। **मन में होरी लगना**=विरह व्यथा से पीडित होना। उ०-होरी नाहक खेलूँ मैं बन मे, पिया बिनु होरी लगी मेरे मन मे।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३८४। **मन में लाना**=विचार करना। सोचना। ध्यान देना। उ०—कहै पदमाकर झकोर झिल्ली शोरन को मोरन को महत न कोऊ मन ल्यावतो।—पद्माकर (शब्द०)। **मन मोहना या मन को मोहना**=किसी के मन को अपनी ओर आकृष्ट करना। लुभाना। अनुरक्त करना। उ०—जग जदपि दिगबर पुष्पवती नर निरखि निरखि मन मोहै। केशव (शब्द०)। **मन मिलना**=दो मनुष्यो की प्रकृति या प्रवृत्तियो का अनुकूल अथवा एक समान होना। जैसे,—मन मिले का मेला। नही तो सबसे भला अकेला। (शब्द०)। **मन मारना**=(१) खिन्न चित्त होना। उदास होना। उ०—(क) भूमुत शत्रु थान किन हेरत लखत मोहिं मन मारै। मुनि रिपु पुत्रबधू किन वैरिन मोको देत सवारै।—सूर (शब्द०)। (ख) मौन गहौं मन मारे रहौं निज पीतम की कहौं कौन कहानी।—प्रताप (शब्द०)। (२) इच्छा को दबाना। मन को वश मे करना। उ०—मन नहिं मार मना करी सका न पाँच प्रहारि। सील साँच सरधा नही अजहूँ इद्रि उघारि।—कबीर (शब्द०)। **मन मारे हुए या मन मारे**=दु खी। उदास। खिन्नचित्त। उ०—(क) कहँ लगि सहिय रहिय मन मारे। नाथ साथ बनु हाथ हमारे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) प्रिया वियोग फिरत मन मारे परे सिंधु तट आनि। ता सु दरि हित मोहिं पठायो सकौं न हौं पहिचानि।—सूर (शब्द०)। (ग) भवन ही मन मारि बैठी सहज सखि इक आई। देखि तनु अति विरह व्याकुल कहति बचन बनाई।—सूर (शब्द०)। (घ) उर धरि धीरज गउए दुआरे। पूछहिं सकल देखि मन मारे।-तुलसी (शब्द०)। **मन मैला करना**=मन मे खिन्न होना। अप्रसन्न या असतुष्ट होना। उ०—माइ मिले मन का करिहौ मुह ही के मिले ते किए मन मैले।—केशव (शब्द०)। **किसी से मन मोटा होना**=किसी से अनबन होना। **किसी का मन मोटा होना**=विराग होना। उदासीन होना। **मन मोड़ना**=प्रवृत्ति या विचार को दूसरी ओर लगाना। उ०—विधाता ने हमारा तुम्हारा वियोग कर दिया, मुझे अब मन मोड लेना पडा। —तोताराम (शब्द०)। **किसी का मन रखना**=किसी की इच्छा पूर्ण करना। किसी के मन मे आई हुई बात पूरी करना। जैसे—यहाँ के राजाओ से सारे बादशाह दबते थे और इनका वे लोग सब तरह मन रखते थे। उ०—पत रखे जो पत रखाना हो हमे। चूक है मन रख न जो हम मन रखें। —चोखे०, पृ० ३८। **मन लगना**=(१) जी लगना। तबीयत लगना। (२) चित्त विनोद होना। उ०—विरहागि ह्वै दुगुनी जगै। मन बाग देखत ना लगै।—गुमान (शब्द०)। **मन लगाना**=(१) चित्त लगाना। मनोयोग देना। (२) चित्त विनोद करना। मन की उदासी मिटाना। (३) प्रेम करना। अनुराग करना। **मन लाना**=मन लगाना। जी लगाना।

उ०—(क) गगन मँडल माँ भा उजियारा उलटा फेर लगाया। कहै कबीर जन भए विवेकी जिन मन्नी मन लाया। कबीर (शब्द०)। (ख) छमिहहिं सज्जन मोर ढिठाई। सुनिहहिं बाल बचन मन लाई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) किए जो परम तत्व मन लावा। घूमि मात सुनि और न भावा। —जायसी (शब्द०)। (२) प्रेम करना। आसक्त होना। उ०—पवन माँस तोसो मन लाई। जोवै मारग दृष्टि बिछाई। —जायसी (शब्द०)। **मन से उतरना**=(१) मन मे आदर भाव न रह जाना। तिरस्कृत होना। घृणित ठहरना। (२) याद न रहना। विस्मृत होना। **मन से उतारना**=(१) मन मे पहले का सा आदर भाव न रखना। तिरस्कार करना। घृणा करना। (२) चित्त से उतारना। विस्मृत करना। भुलाना। **मन हरना**=मुग्ध करना। मोहित करना। मोह लेना। अपने ऊपर अनुरक्त करना। उ०—(क) चेटक लाइ हरहि मन जब लागे हो गरि फेंट। साठ नाट उठि भागहिं ना पहिचान न भेंट।—जायसी (शब्द)। (ख) वह देखो युवति वृंद मे ठाढी नील बसन तनु गोरी। सूरदास मेरो मन वाकी चितवन देखि हरेउ री।—सूर (शब्द०)। (ग) कानन लसत बिजुरिया मन हरि लीन। तिन पर परैं बिजुरिया जिन रचि दीन।—रहीम (शब्द०)। (घ) स्वप्न रूप भाषण सुधि करि करि। गयो दुहुन के यहि विधि मन हरि।—श० वि० (शब्द०)। **मन ही मन रिंधना**=जलना। मन ही मन दुखी होना। मन ही मन ईर्ष्या करना। उ०—जब तक ख्याल आ जाता और वह मन ही मन रिंधने लगता।—अभिशप्त, पृ० १०। **किसी का मन हाथ में लेना या करना**=वशीभूत करना। अपने वश मे करना। **मन ही मन**=हृदय मे। चुपचाप बिना कुछ कहे हुए। भीतर ही भीतर। उ०—(क) ललिता मुख चितवत मुसुकाने। आप हँसी पिय मुख अवलोकत दुहुनि मनहि मन जाने।—सूर (शब्द०) (ख) प्रथम केलि तिय कलह की, कथा न कछु कहि जाय। अतनु ताप तनुही सहै, मन ही मन अकुलाय।—पद्माकर (शब्द०)।

३ इच्छा। इरादा। विचार।

मुहा०—**मन करना**=इच्छा करना। चाहना। उ०—मन न मनावन को करै देत रुठाय रुठाय। कौतुक लाग्यो पिय प्रिया खिजहु रिझावति जाय।—बिहारी (शब्द०)। **मनमाना**=अपने मन के अनुसार। यथेच्छ मन चाहा। उ०—दुहूँ ओर की सहचरी करत दुहुन की भीर। मन मान्यो मौसर मिल्यो मिटी मदन की पीर।—ब्रज० ग्र०, पृ० ६५। **मन होना**=इच्छा होना। उ०—उमगत अनुराग सभा के सराहे भाग देखि दमा जनक की कहिबे को मनु भयो।—तुलसी (शब्द०)। **मनमाना घर जाना**=मनमानी। स्वेच्छाचारिता।

मन[2]—संज्ञा पुं० [सं० मणि] मणि। बहुमूल्य पत्थर।

मन[3]—संज्ञा पुं० [?] चालीस सेर का एक मान या तौल।

मनई[1]—संज्ञा पुं० [सं० मानव] मनुष्य। आदमी। उ०—बरसे नीर झराझर मनई उबर न पाए।—गि० दा० (शब्द०)।

मनकना—क्रि० अ० [अनु०] १ हिलना। डोलना। चेष्टा करना। हाथ पैर चलाना। उ०—आए दरबार बिलखान छरीदार देखि जापता करनहारे नेकहु न मनके।—भूषण (शब्द०)। २ तर्क वितर्क करना। बहस करना।

मनकरा[1]—वि० [हिं० मणि+कर (प्रत्य०)] चमकदार। प्रकाशमान। उ०—दुइज लिलाट अधिक मनकरा। शकर देखि माथ भुइँ धरा।—जायसी (शब्द०)।

मनकर्षन—वि० [सं० मन+कर्षण] आकर्षक। उ०—याको नाम मन मकर्षन। जन दर्पन मल्के मनकर्षन।—नद० ग्र०, पृ० २४४।

मनका[1]—संज्ञा पुं० [सं० मणिक या मणिका] १ पत्थर लकड़ी आदि का बेधा हुआ गोल गुड या दाना जिसे पिरोकर माला या सुमिरनी आदि बनाई जाती है। गुरिया। उ०—माला फेरत जग मुआ गया न मन का फेर। कर का मनका छाँडि के मन का मनका फेर।—कबीर (शब्द०)। २ माला या सुमिरनी। (क्व०)।

मनका[2]—संज्ञा पुं० [सं० मन्यका (=गले की नस)] गरदन के पीछे की हड्डी जो रीढ के बिलकुल ऊपर होती है।

मुहा०—**मनका ढलना या ढलकना**=मरने के समय गरदन टेढी हो जाना। मृत्यु के समय गरदन का एक ओर झुक जाना।

विशेष—यह अवस्था ठीक मरने के समय होती है, और इसके उपरांत मनुष्य नहीं बचता।

मनकामना—संज्ञा स्त्री० [हिं० मन+कामना] मनोरथ। अभिलाषा इच्छा। उ०—सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजहि मनकामना तुम्हारी।—तुलसी (शब्द०)।

मनकूला—वि० स्त्री० [अ०] स्थिर या स्थावर का उलटा। चर।

यौ०—**जायदाद मनकूला**=चर संपत्ति। **गैर मनकूला**=स्थिर। स्थायी। स्थावर।

मनकूहा—वि० स्त्री० [अ० मनकूहह्] जिसके साथ निकाह हुआ हो। विवाहिता। पाणिगृहीता। जैसे, मनकूहा औरत।

मनक्कना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मनकना'। उ०—किरव्वान कुतु झरै बैसु कक्की। मनो बीजलट्टी कुलट्टा मनक्की।—पृ० रा०, २४।१५७।

मनखा[1]—संज्ञा पुं० [सं० मनुष्य] दे० 'मनुष्य'। उ०—मनखा जनम पदारथ पायो ऐसो बहुर न आती।—मतवाणी०, पृ० ६८।

मनगढंत[1]—वि० [हिं० मन+गढ़ना] जिसकी वास्तविक सत्ता न हो, केवल कल्पना कर ली गई हो। कपोलकल्पित। जैसे,—आपकी सब बातें मनगढंत ही हुआ करती हैं।

मनगढंत[2]—संज्ञा स्त्री० कोरी कल्पना। कपोलकल्पना। जैसे,—यह सब आपकी मनगढ़त है।

मनगमता‡—वि० [हिं० मन+गम, गुज० गमवु (=अच्छा लगना, भाना)] मनोभीष्ट। मन को रुचनेवाला। उ०—मनगमता पाम्या नहीं ऊँटकटाला खाइ।—ढोला०, दू० ४२७।

मनचला—वि० [हिं० मन+चलना] १ धीर। निडर। जैसे, मनचला सिपाही। २ साहसी। हिम्मतवाला। ३ रसिक।

मनचाहना—वि० [हिं० मन + चाहना] [स्त्री० मनचाहनी, मनचाहती] १ जिसे मन चाहे। प्रिय। २ मन के अनुकूल। यथेच्छ। उ०—मसिए साहिब आविया, मनचाहदी मोइ। वाडी हुआ वधामणा, सज्जण मिलिया मोइ।—ढोला०, दू० ५३२।

मनचाहा—वि० [हिं० मन + चाहना] [वि० स्त्री० मनचाही] इच्छित। अभिलषित।

मनचीत, मनचीता—वि० [हिं० मन + चेतना] [वि० स्त्री० मनचीती] मनचाहा। मनभाया। मन मे सोचा हुआ। उ०—(क) घर घर मिगरेउ बधेउ उछाह। मनचीते हरि पायो नाह।—सूर (शब्द०)। (ख) मेरे मन को दुख परिहरो। मनचीतो कारज सब करो।—लल्लू (शब्द०)। (ग) पूरो जदपि भयो नही मनचीत्यो रति नाह।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)। (घ) क्या लाए थे निपट पराजय तुम अपने मनचीत, सखे ?—अपनक, पृ० ७०।

मनछा†—संज्ञा स्त्री० [सं० मत्स्य] मछली। मत्स्य। उ०—पछी जन सो घर करै, मनछा चटे अकास।—रामानंद०, पृ० ३२।

मनजम—वि० [अ० मनजम] छंदोबद्ध किया।

मनजात—संज्ञा पुं० [हिं० मन + सं० जात] कामदेव। उ०—मनजात किरात निपात किए। मृग लोग कुभोग सरे न हिए।—तुलसी (शब्द०)।

मनडा—संज्ञा पुं० [हिं० मन + डा (स्वा० प्रत्य०)] दे० 'मन'। उ०—चेतरे अर्जुं मनडा चतुर, रट रट श्री सीतारमण।—रघु० रू०, पृ० ४३।

मनतोरवा—संज्ञा पुं० [ ] एक प्रकार का पक्षी।

मनन—संज्ञा पुं० [सं०] १ विचार। चिंतन। सोचना। २ भलीभाँति अध्ययन करना। ३. वेदांत शास्त्रादिकों सुने हुए वाक्यों पर बार बार विचार करना और प्रश्नोत्तर या शंका-समाधान द्वारा उसका निश्चय करना।

मननशील—वि० [सं० मनन + शील] जो किसी विषय पर बहुत अच्छी तरह विचार करता हो। विचारशील। विचारवान्।

मननाना—क्रि० अ० [अनु० मन् मन् से अनु०] गुंजारना। गूँजना। उ०—मननात भौर भूषण अमोल झननात झरा झूलनि गरमे।—गुमान (शब्द०)।

मननीय—वि० [सं०] मनन करने योग्य। विचारणीय [को०]।

मनफल—संज्ञा पुं० [हिं० मन + सं० फल] मन मे इच्छित फल या परिणाम। मनोरथ। उ०—मनफल पायें तोरि जारी गुनपाज है।—ब्रज० ग्रं० पृ० २३।

मनवछित—वि० [हिं० मन + सं० वाञ्छित] दे० 'मनवांछित'। उ०—हित नितनति मद्रा मनवछित को फल निमा पाइ गए।—पलटू, पृ० ४८२।

मनवांछित—वि० [हिं० सं० मनोवाञ्छित] दे० 'मनोवांछित'। उ०—जागी महरि पुत मुख चाउ आनद पूर बधाई। कचन थाल हेम दिज पूजा सकल भवन निपाई। दिन दिन दूनो बरसे कुसुमनि फूलनि गोकुल ठाई। यह फल दुर्लभ सब पूरो मनवाछित फल पाई।—सूर (शब्द०)।

मनभग—संज्ञा पुं० [सं० मन + भङ्ग] बदरिकाश्रम के एक पर्वत का नाम।

मनभाया—वि० [हिं० मन + भाना] [वि० स्त्री० मनभाई] जो मन को भावे। जो अच्छा लगे। मनोनुकूल। उ०—(क) पूरन प्रभु रसिक शिरोमनि त्रियो काहू मनभाया।—सूर (शब्द०)। (ख) स्याम मनभाय कहे तोरे गोपाल मेरे आए अति आतम हरेऊ बड तरके।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) करत सुहाय सुभाय मनभाय बर पाय नर नारि चतुराई आधिकाय अधिकाने हैं।—प्रताप (शब्द०)। (घ) आतुर ह्वै पिय कलि करी सुभरी निज भाव करी मन भाए।—(शब्द०)।

मनभाँवरो—वि० [हिं० मन + भाना] १ मन को अच्छा लगने वाला। २ मन का भ्रमर। उ०—जमुना तट बट विमुल वदन दुख फदन मनभाँवरो।—नद० ग्र०, पृ० ३५१।

मनभावत—वि० [हिं० मन + भाना] दे० 'मनभावना'। उ०—रूपवत जन दरपन धन तू जाकर कत। चाहो जग मनोहर मिला सो मनभावन।—जायसी (शब्द०)।

मनभावता—वि० [हिं० मन + भाना] [वि० स्त्री० मनभावती] १. जो मन को भला लगता हो। २ प्रिय। प्यारा। उ०—(क) कहि पठई मनभावती पिय आवन की बात। पूनो आँगन मे फिरै आँग न अग समात।—बिहारी (शब्द०)। (ख) मोहि तुम्हैं न उन्हैं न इन्हैं, मनभावती सो न मनावन एहैं।—पद्माकर (शब्द०)।

मनभावन—वि० [हिं० मन + भाना] [वि० स्त्री० मनभावनी] १ मन को अच्छा लगनेवाला। उ०—चरण धोइ चरणोदक लीनो माँगि देऊँ मनभावन। लीन पैठ बसुधा ते नाहीं परणकुटी का छावन।—सूर (शब्द०)। २. प्रिय। प्यारा। उ०—(क) भल सुदिन भए पूत अमर अजरावन रे। जुग जुग जीवहु कान्ह सबहि मनभावन रे।—सूर (शब्द०)। (ख) कनकदास सुदर अवन ब्रजसुदरी के माना मनभावन के आवो आवन है।—केशव (शब्द०)। (ग) अब भरि निसान बाजहि नवा सुद्ध सुहावनी। भाट बाँचे बिरद नागी बचन कहे मनभावनी।—सूर (शब्द०)।

मनमत—वि० [सं० मदमत्त] दे० 'मदमत्त'। उ०—[illegible] सिर छत्र साहि सुजान। गा सोभ्रत मनमंत।—पृ० रा०, २४।२५२।

मनमत—वि० [सं० मदमत्त] दे० 'मदमत्त'।

मनमत—संज्ञा पुं० [सं० मन्मथ] दे० 'मन्मथ'। उ०—[illegible] कामिनि मे भो करनमा। उपज्यो मनमत भाव करमा।—दरिया० बानी०, पृ० ६४।

मनमति—वि० [हिं० मन + मति] अपने मन का काम करनेवाला। स्वेच्छाचारी। उ०—भाई, ते मनमति लेखा कछू न देही, किसी पै बात मान नी लेही।—पलटू, पृ० [illegible]।

मनमत्थⓅ—सज्ञा पुं० [स० **मन्मथ**] दे० मन्मथ'। उ०—उपासग तूनीर पुनि इषधी तून निपग। भाथ मनो मनमत्थ की पिडुरी भरी सुरग।—अनेकार्थ०, पृ० ३६।

मनमथ—सज्ञा पुं० [स० **मन्मथ**] दे० 'मन्मथ'।

यौ०—**मनमथपिता** = हृदय। उ०—स्वातहृदय मनमथपिता आतम मानस नाँउ।—नद० ग्र०, पृ० ३०।

मनमथन—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव (को०)।

मनमथीⓅ—वि० [हिं० मन्मथ + ई (प्रत्य०)] मन्मथ सबधी। उ०—करि रस अनग क्रीडा बढिय सुबेन सुमन मनमथी।—पृ० रा०, २४।४६०।

मनमानता—वि० [हिं० मन + **मानना** [वि० स्त्री० **मनमानती**] मनमाना। मनचाहा। मनावाछित। उ०—सब ग्वालन ने प्रसन्न हो निधडक फूल तोड मनमानती भेलिया भर ली। —लल्लू (शब्द०)।

मनमाना—वि० [हिं० मन + **मानना**] [वि० स्त्री० **मनमानी**] १ जिसे मन चाहे। जो मन को अच्छा लगे। उ०—तुलसी विदेह की सनेह की दसा सुमिरि, मेरे मनमाने राउ निपट सयाने हैं।—तुलसी (शब्द०)। २ मन के अनुकूल। मनोनीत। पसद। उ०—पालने आन्यो, सबहि अति मनमान्यो नीको सो दिन धराइ, सखिन मगल गवाइ, रगमहल मे पढ्यौ है कन्हैया।—सूर (शब्द०)। ३ यथेच्छ। इच्छानुकूल। मनचाहा। जैसे,—आप किसी की बात तो मानते ही नही। हमेशा मनमाना करते हैं।

मनमानिवⓅ†—वि० [हिं० मन + **मानना**] मनमाना। यथेष्ट। अत्यधिक। प्रचुर। उ०—जिते यज्ञ के योग्य तिते द्रव सब मनमानिव।—ह० रासो, पृ० १०।

मनमानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मनमाना**] इच्छानुकूल काम करने की प्रवृत्ति। स्वेच्छाचारिता।

मनमुखⓅ†—वि० [हिं० **मन** × **मुखी**] दे० 'मनमुखी'। उ०—इन चारो प्रकार के लोगो मे कोई गुरुमुख नही है सब मनमुख है। —कबीर म०, पृ० ३६२।

मनमुखी†—वि० [हिं० मन + स० **मुख्य**] मनमाना काम करनेवाला। स्वेच्छाचारी। उ०—गुरु द्रोही औ मनमुखी नारी पुरुष विचार। ते नर चौरासी भ्रमहि जब लगि शशि दिनकार। —कबीर (शब्द०)।

मनमुटाव—सज्ञा स्त्री० [हिं० मन + **मोटा**] मन म भेद पडना। मन मोटा होना। वैमनस्य होना।

क्रि० प्र० **पड़ना**।—**होना**।

मनमेलूⓅ—वि० [हिं० मन + **मिलाना**] मन मिलानेवाला। हितू। उ०—मो सी मनमेलू सो रूखी परति अचगरी निपट पुढाई ही की।—घनानद, पृ० ५४१।

मनमोद†—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का डिंगल गीत। इसमें पहले दोहा और फिर कहखा रहता है। उ०—गुण दोहै सी भाल गत, ऊपर कडपो आण। हुवै गीत मनमोद हद वद रघुपत बाखाण। —रघु० रू०, पृ० १७३।

मनमोदक—सज्ञा पुं० [हिं० मन + **मोदक**] अपनी प्रसन्नता के लिये बनाई हुई असभव या कल्पित बात। मन का लड्डू। उ०—वृथा मरहु जनि गाल बजाई। मन मोदकन्हि कि भूख बुताई।—तुलसी (शब्द०)।

मनमोहन'—वि० [हिं० मन + **मोहन**] [वि० स्त्री० **मनमोहनी**] १ मन को मोहनेवाला। मन को लुभानेवाला। चित्ताकर्षक। मुग्धकारक। उ०—(क) रूप जगत मनमोहन जेहि पद्मावति नाउँ। कोटि दरब तुहि देहौं आनि करेनि इक ठाउँ।—जायसी (शब्द०)। (ख) पटुली कनक की तिही बानक को बनी मनमोहनी।—नद० ग्र०, पृ० ३७५। २ प्रिय। प्यारा।

मनमोहन'—सज्ञा पु० १ श्रीकृष्णचद्र का एक नाम। उ०—मनमोहन खेलत चौगान। द्वारावती कोट कचन मे रच्यो रुचिर मैदान। —सूर (शब्द०)। २ एक मात्रिक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे चौदह मात्राएँ होती है, जिनमे से अतिम मात्राओ का लघु होना आवश्यक है। जैसे—तुमहि निहोरे खुले करम तुमही भजे पावही धरम। ३ एक प्रकार का सदाबहार वृक्ष।

विशेष—यह वृक्ष बरमा, जावा आदि देशो मे होता है। यह सीधा और ऊँचा होता है। इसकी लकडी साफ होती है और इसपर रग खूब खिलता है। इसके फूल बहुत सुगधित होते हैं जिनसे अतर निकाला जाता है। इस इतर को 'इलग' कहते हैं और यूरोप मे इसकी बहुत खपत होती है। इसे अब लोग बगाल मे भी बागो मे लगाते हैं। यह बीजो से उगता है।

मनमौजी—वि० [हिं० **मन** + **मौज**] मन की मौज के अनुसार काम करनेवाला।

मनरजⓅ—वि० [हिं० मन + **रजना**] मनोरजन करनेवाला। मनोरजक। उ०—तुमसो कौजै मान क्यो बहु नाहक मनरज। बात कहत यो बाल के भरि आए दृग कज।—मतिराम (शब्द०)।

मनरजन'—वि० [हिं० **मन** + **रजना**] मनोरजन करनेवाला। मन को प्रसन्न करनेवाला। मनोरजक। उ०—(क) भृगी री भज चरण कमल पद जहँ नहिं निशि को आम। जहँ विधु भान समान प्रभा नख सो वारज सुखराम। जिहि किजल्क भक्ति नव लक्षण काम ज्ञान रस एक। निगम सनक शुक नारद शारद मुनिजन भृग अनेक। शिव विरचि खजन मनरजन छिन छिन करत प्रवेश। अखिल कोश तहँ बसत सुकृत जन परगट श्याम दिनेश। सुनि मधुकरी भरम तजि निर्भय राजिव वर की आस। सूरज प्रेम सिधु मे प्रफुलित तहँ चलि करे निवास।—सूर (शब्द०)। (ख) थिरकत सहज सुभाव सौं चलत चपल गत सैन। मनरजन रिझवार के खजन तेरे नैन। —रसनिधि (शब्द०)।

मनरजन'—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मनोरजन'।

मनरति(पु)—वि० [हिं० मन + स० -ति] मन मे रमण करनेवाली। मन को अच्छी लगनेवाली। उ०—देवराज रावत सुता देवत्तनि जहीं। गौरि नाम सारग वर मनरति मूरति जौन।—पृ० रा०, १।३६२।

मनरोचन—वि० [स० **मन + रोचन**] मन को मुग्ध करनेवाला या रुचनेवाला सुंदर। उ०—तापर भौंर भलो मनरोचन लोक विलोचन को सथिरी है।—केशव (शब्द०)।

मनरौन(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० **मन + स० रमण** > हिं० **रौन**] मन-रमण। प्रियतम। उ०—सहज सुभावनि सौं भौंहनि के भावनि सौं, हरति है मन 'मतिराम' मनरौन को।—मति० ग्रं० पृ० ३४५।

मनलाडू(पु)—सज्ञा पु० [हिं० **मन + लड्डू**] दे० 'मनमोदक'। उ०—धर्म अर्थ कामना सुनाव त सब सुख मुक्ति समेत। काकी भूख गई मनलाडू सो देखहु चित चेत।—सूर (शब्द०)।

मनवछित(पु)—वि० [स० **मनोवाञ्छित**] दे० 'मनोवाछित'। उ०—मेल्ही चाँवर बइसणइँ, मनवछित भोजन अर चीर।—वी० रासो, पृ० ६२।

मनवाँ[१]—सज्ञा पुं० [देश०] नरमा। देवकपास। रामकपास। उ०—चहुँ कित चितवै चित चकित सजल किए चल नैन। लखि सनवा मनवाँ परै मन वाके नहि चैन।—स० सप्तक, पृ० २६२।

मनवाँ(पु)[२]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मनुआँ'। उ०—मोरा मनवाँ है तुमी मन लागीलो।—घनानद, पृ० ३६२।

मनवाना[१]—क्रि० स० [हिं० **मानना का प्रे० रूप**] मानने का प्रेरणार्थक रूप। मानने के लिये प्रेरणा करना। किसी को मानने मे प्रवृत्त करना। उ०—भावत ही की सखी सो भट्ट मनभावते भावती को मनवायो।—रघुनाथ (शब्द०)।

मनवाना[२]—क्रि० स० [हिं० **मनाना**] मनाने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को मनाने मे प्रवृत्त करना।

मनवार(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० **मन या मनुहार**] निहोरा। खातिरी। उ०—गाल लुगायाँ गावही, नर मुख उचत म गाल। अमल गाल मनवार कर, का सुभ वचन उगाल।—बाँकी ग्र०, भा० ३, पृ० ७८।

मनशा—सज्ञा स्त्री० [अ० **मन्शह्**] १ इच्छा। विचार। इरादा। २ तात्पर्य। मतलब। अर्थ। ३ उद्देश्य। कारण। सबब (को०)। ४ मनोकामना। मनोरथ (को०)।

मनश्चक्षु—सज्ञा पुं० [सं०] मन की आँख। अतश्चक्षु। अतर्दृष्टि। उ०—देख रहे मानव भविष्य तुम मनश्चक्षु बन अपलक, धन्य, तुम्हारे श्री चरणो से धरा आज चिर पावन।—ग्राम्या, पृ० ५३।

मनसना(पु)—क्रि० स० [हिं० **मानस**, स० **मनस्यन्**] १ इच्छा करना। विचार करना। इरादा करना। उ०—(क) भँवर जो मनसा मानसर लीन्ह कमल रस आय। घुन हियाव ना कै सका भूर काठ तस खाय।—जायसी (शब्द०)। (ख) पवन बाँध अपसरहिं अकामा। मनसहिं जहाँ जाहिं तहँ वामा।—जायसी (शब्द०)। (ग) याही ते शूल रही शिशुपालहि। सुमिरि सुमिरि पछितति सदा वह मान भग के कालहि। दुलहिनि कहति दौरि दीजहु द्विज पाती नँद के लालहि। वर मुबरात बुलाइ बडे हित मनसि मनोहर बालहि।—सूर (शब्द०)। २ सकल्प करना। दृढ निश्चय या विचार करना। उ०—जोई चाहै सोई लेइ मने नहिं कोजै यह शिव के चढाइबे को मनस्यो कमल है।—रघुनाथ (शब्द०)। ३ हाथ मे जल लेकर संकल्प का मत्र पढकर कोई चीज दान करना।

मनसफ(पु)†—सज्ञा पु० [अ० **मनसब**] दे० 'मनसब-३'। उ०—मनोदास कह बकसी कीन्हा। मनसफ है कागद लिखि दीन्हाँ।—संत० दरिया, पृ० ५।

मनसब—सज्ञा पु० [अ०] १ पद। स्थान। उ०—पक्का मतो करि मलिच्छ मनसब छोडि मक्का के मिसि उतरत दरियाव हैं।—भूषण (शब्द०)।

यौ०—**मनसबदार**।

२ कर्म। काम। ३ अधिकार। ४ वृत्ति।

मनसबदार—सज्ञा पु० [फा०] वह जो किसी मनसब पर हो। उच्चपदस्थ पुरुष। ओहदेदार। उ०—मसन की कहा है मतगनि के माँगिबे को मनसबदारनि के मन ललकत हैं।—मतिराम (शब्द०)।

मनसा[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] एक देवी का नाम।

विशेष—पुराणानुसार यह जरत्कारु मुनि की पत्नी और आस्तीक की माता थी तथा कश्यप की पुत्री और वासुकि नाग की बहिन थी।

मनसा[२]—सज्ञा स्त्री० [स० **मानस** या अ० **मनशह्**] १ कामना। इच्छा। उ०—(क) तन सराय मन पाहरू मनसा उतरी आय। कोउ काहू को है नहीं सब देखे ठोक बजाय।—कबीर (शब्द०)। (ख) छिन न रहै नँदलाल इहाँ बिनु जो कोउ कोटि सिखावै। सूरदास ज्यो मन ते मनसा अनत कहूँ नहिं जावै।—सूर (शब्द०)। २ सकल्प। अध्यवसाय। इरादा। उ०—(क) देव नदी कहँ जोजन जानि किए मनसा कुल कोटि उधारे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) मानहुँ मदन दुदुभी दीन्ही। मनसा विश्व विजय कहँ कीन्ही।—तुलसी (शब्द०)। ३. अभिलाषा। मनोरथ। उ०—(क) मनसा को दाता कहै श्रुति प्रभु प्रवीन को।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कहा कमी जाको राम धनी। मनसा नाथ मनोरथ पूरण सुखनिधान जाको मौज धनी।—तुलसी (शब्द०)। ४ मन। उ०—विफल होहिं सब उद्यम ताके। जिमि परद्रोह निरत मनसा के।—तुलसी (शब्द०)। ५ बुद्धि। उ०—युगल कमल सो मिलन कमल युग युगल कमल ले सग। पाँच कमल मधि युगल कमल लखि मनसा भई अपग।—सूर (शब्द०)। ६ अभिप्राय। तात्पर्य। प्रयोजन। उ०—प्रभु मनसहि लवलीन मनु चलत बाजि छवि पाव। भूषित उडगन तडित घन जनु वर बरहिं नचाव।—तुलसी (शब्द०)।

मनसा[1]—वि० १ मन से उत्पन्न। २ मन का। उ०—धर्म विचारत मन में होई। मनसा पाप न लागत काई।—सू० (शब्द०)।

मनसा[2]—क्रि० वि० मन से। मन के द्वारा। उ०—मनसा वाचा कर्मणा हम सो छाडहु नेहु। राजा को विपदा परी तुम तिनको सुधि लेहु।—केशव (शब्द०)।

मनसा[3]—संज्ञा पुं० दे० 'मनसी'।

मनसा[4]—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की घास जो बहुत शीघ्रता से बढ़ती और पशुओं के लिये बहुत पुष्टिकारक समझी जाती है। मकड़ा। मधाना। खमकरा। विशेष दे० 'मकड़ा'।

मनसाकर(पु)—वि० [हिं० **मनसा** + सं० **कर** (प्रत्य०)] मनोवांछित फल देनेवाला। मनोकामना पूर्ण करनेवाला। उ०—वह शुभ मनसाकर करुणामय अरु शुभ तरंगिनी शोभ मनी।—केशव (शब्द०)।

मनसादेवी—संज्ञा स्त्री० [हिं० **मनसा** + **देवी**] एक देवी जो साँपों के कुल की अधिष्ठात्री मानी जाती है। प्राय लोग साँप के काटने पर इनकी मिन्नत करते हैं।

मनसाना†[1]—क्रि० अ० [हिं० **मनसा**] उमंग में आना। तरंग में आना। उ०—पाई भेद गरुड़ मनसाना।—कबीर सा०, पृ० ५८७।

मनसाना[2]—क्रि० स० [हिं० **मनसा** का प्रे० रूप] मनसने का काम दूसरे से कराना। सकल्प का मत्र आदि पढ़कर या पढ़ाकर दूसरे से दान आदि कराना।

मनसाना[3]†—क्रि० अ० [हिं० **मानुस** + **आना**] मनुष्यता आना। पुरुषत्व जगना। मनुसाई आना।

मनसापचमी—संज्ञा स्त्री० [स० **मनसापञ्चमी**] आषाढ़ की कृष्णा पचमी। इस दिन मनसा देवी का उत्सव होता है।

मनसायन†—वि० [हिं० **मानुस** (= मनुष्य) + **आयन** (प्रत्य०)] १ १ वह स्थान जहाँ मनबहलाव के लिये कुछ लोग हों।

मुहा०—**मनसायन करना या रखना** = बातचीत आदि के द्वारा इस प्रकार किसी का मन बहलाना जिसमें उसे अकेले होने का कष्ट न जान पड़े।

२ मनोरम स्थान। गुलजार जगह।

मनसिकार—संज्ञा पुं० [स०] हृदय में धारण कर लेना। मन में ग्रहण कर लेना [को०]।

मनसिज—संज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव। २ वासना। काम (को०)।

मनसिमद—वि० [सं० **मनसिमन्द**] प्रेम में शिथिल या निश्चेष्ट [को०]।

मनसिशय—संज्ञा पुं० [सं०] १ कामदेव। २ चद्रमा [को०]।

मनसूख—वि० [अ० **मन्सूख**] १ जो अप्रामाणिक ठहरा दिया गया हो। अतिवर्तित। जैसे,—डिगरी मनसूख कराना। २ परित्यक्त। त्यागा हुआ। जैसे,—हमने वहाँ जाने का इरादा मनसूख कर दिया।

मनसूखी—संज्ञा स्त्री० [अ० **मनसूखी**] मनसूख होने का भाव या क्रिया।

मनसूब—वि० [अ० **मसूब**] १ सबधित। २ सगेतर। ३ मनोवाछित। इच्छानुकूल। उ०—भूलै जो सुखद हिंडोलना मनसूब सुवा पाय।—गुलाल०, पृ० ८०।

मनसूबा—संज्ञा पुं० [अ० **मनसूबह्**] १ युक्ति। आयोजन। ढग। उ०—(क) अब कीजै वैसा मनसूबा। हैं हैरान सीगरे सूबा।—लाल (शब्द०)। (ख) लक की विशालता लै उरज उतग भए रग कवि दूनह है तेरे मनसूबे को।—दूलह (शब्द०)।

क्रि० प्र०—**करना**।—**ठानना**।—**होना**।

मुहा०—**मनसूबा बाँधना** = युक्ति निकालना। ढग सोचना। उ०—उसने पक्का मनसूबा बाँधा था कि यदि लड़ाई हो तो आप धनुष बान लेके हाथी पर फौज के साथ जावे।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

२ इरादा। विचार। उ०—शकटार अपने मनसूबे का ऐसा पक्का था कि शत्रु से बदला लेने की इच्छा से अपने प्राण नहीं त्याग किए।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

मनसूर—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रसिद्ध मुसलमान साधु जो सूफी मत का आचार्य माना जाता है। उ०—रोशन दिलों के बीच भक्ति ज्यों झटा पठा। माखन लिया मनसूर दूर काढ़ दे मठा।—तुलसी० श०, पृ० १४१।

विशेष—यह नवीं शताब्दी में बैजानगर में हुसेन हल्लाज के घर उत्पन्न हुआ था। यह 'अनहलक' अर्थात् 'अहं ब्रह्मास्मि' कहा करता था। बगदाद के खलीफा मकतदिर ने इसे इस्लाम का विरोधी समझकर सन् ९१९ ईस्वी में सूली पर चढ़ा दिया और इसके शव को भस्म करा दिया था।

मनसेधू†—संज्ञा पुं० [स० **मनुष्य**] पुरुष। आदमी।

मनस्क—संज्ञा पुं० [स०] मन का अल्पार्थक रूप। (इसका प्रयोग समस्त पदों में देखा जाता है)। जैसे, अन्यमनस्क।

मनस्कात[1]—वि० [स० **मनस्कान्त**] १ मनोनीत। मन के अनुकूल। २ प्रिय। प्यारा।

मनस्कात[2]—संज्ञा पुं० मन की अभिलाषा। मनोरथ।

मनस्काम—संज्ञा पुं० [स०] मन की अभिलाषा। मनोरथ।

मनस्कार—संज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्ण ज्ञान। पूर्ण चेतना। २ (सुख दुःख का) पूर्ण ज्ञान। ३ ध्यान। ४ निश्चय [को०]।

मनस्तत्व—संज्ञा पुं० [स० **मनस्** + **तत्व**] मन संबधी बात। मन के विषय में कोई गूढ़ ज्ञातव्य तथ्य। उ०—मनस्तत्व के किसी सिद्धांत का आविष्कार करनेवाले हो क्या?—ज्ञानदान, पृ० ४३।

मनस्तात्विक—संज्ञा पुं० [स० **मनस्** + **तात्त्विक**] मनोवेत्ता। मनोवैज्ञानिक। उ०—फ्रायड, अडलर, युग आदि मनस्तात्विकों ने यह सिद्ध कर दिखाया है।—सा० समीक्षा, पृ० १५१।

मनस्ताप—संज्ञा पुं० [सं०] १ मन पीड़ा। आतरिक दुःख। उ०—मुझ पथिकिनि को भी आश्रय दो, मनस्ताप मेरा हर के।—वीणा, पृ० ११। २ अनुताप। पश्चात्ताप। पछतावा।

मनस्ताल—सज्ञा पुं० [सं०] १ हरताल। २ दुर्गा देवी के वाहन सिंह का नाम।

मनस्तुष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] मनस्तोष। मन का सतोष [को०]।

मनस्तृप्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] मन की तृप्ति। मनस्तुष्टि [को०]।

मनस्तोका—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा जी का एक नाम।

मनस्विता—सज्ञा स्त्री० [स०] मनस्वी होने का भाव। दृढ निश्चय या स्थिरचित्त होना। विचार की स्थिरता। उ०—नहीं तो आज इतनी भी तो स्वतत्रता, निश्चितता, मनस्विता और उत्साह चित्त मे न होता।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४५।

मनस्विनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मृकंडु ऋषि की पत्नी का नाम। २ प्रजापति की एक स्त्री का नाम जिससे सोम की उत्पत्ति हुई थी। ३ दुर्गा का एक नाम (को०)। ४ उच्च विचारवाली स्त्री। सती स्त्री। उ०—साध्वी सती मनस्विनी सुचरित्रा सुचि होय। अनेकार्थ०, पृ० ५२।

मनस्वी[1]—वि० [स० **मनस्विन्**] [स्त्री० **मनस्विनी**] १ श्रेष्ठ मन से सपन्न। बुद्धिमान्। उच्च विचारवाला। २ स्थिर चित्तवाला। दृढनिश्चयी। ३ मनमौजी। स्वेच्छाचारी।

मनस्वी[2]—सज्ञा पु० शरभ।

मनहंस—सज्ञा पु० [हिं० **मन+हंस**] पद्रह अक्षरो के एक वर्णिक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे सगण, फिर दो जगण, फिर भगण और अत मे रगण होता है (स ज ज भ र)। इसे मानमहंस भी कहते हैं। जैसे,—बिरहीन को पलखात हौ यहि नाम सो। यहि ते पलाश प्रसिद्ध हो गति वाम सो। कछु फूल लागत लाल हैं तेहि हेतु सों। इमि देखि के पुहुमी पुरदर चेत सो।

मनहर[1]—वि० [हिं० **मन+हरना** वा सं० **मनोहर**] मन को हरनेवाला। मनोहर।

मनहर[2]—सज्ञा पु० घनाक्षरी छद का एक नाम। दे० 'घनाक्षरी'।

मनहरण[1]—सज्ञा पु० [हिं० **मन+हरण**] १ मन हरने की क्रिया या भाव। २ पद्रह अक्षरो का एक वर्णिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे पाँच सगण होते हैं। इसे नलिनी और भ्रमरावली भी कहते है। जैसे,—दुर्जन की हानि विरधापनोई करै पर गुण लोप होत इक मोतिन को हार ही। (शब्द)।

मनहरण[2]—वि० मनोहर। सुदर।

मनहरनⓊ[1]—सज्ञा पु० [सं० **मनहरण**] दे० 'मनहरण'।

मनहरन[2]—वि० [स्त्री० **मनहरनी**] मन हरनेवाला। उ०—(क) जदपि पुराने वक तऊ सरवर निपट कुचाल। नए भए तु कहा भए ये मनहरन मराल।—बिहारी (शब्द०)। (ख) कलिमल हरनी मगलकरनी। मनहरनी श्रीमुक मुनि वरनी।—नद० ग्र०, पृ० १९०।

मनहार—वि० [हिं०] दे० 'मनोहारी'।

मनहारिⓊ—वि० [हिं०] दे० 'मनोहारी'।

मनहुँⓊ—अव्य० [हिं० **मानना** या **मानो**] मानो। जैसे। यथा। उ०—(क) चाहहु सुनइ राम गुन गूढा। कीन्हहुँ प्रश्न मनहुँ अति मूढा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पडित अति सिगरी पुरी मनहुँ गिरा गति मूढ। सिंहिनि युत जनु चडिका मोहत मूढ अमूढ।—केशव (शब्द०)।

मनहूस—वि० [अ०] १ अशुभ। बुरा जैसे,—उँगलियाँ तोडना बहुत मनहूस है। २ अप्रियदर्शन। जो देखने मे बेरौनक जान पडे जैसे,—वाह क्या मनहूस सूरत है। ३ सुस्त। आलसी। निकम्मा।

मनहूसियत—सज्ञा स्त्री० [अ० **मनहूस**] दे० 'मनहूसी'।

मनहूसी—सज्ञा स्त्री० [अ० **मनहूस+ई**] उदासी। उदासीनता। विराग [को०]।

मना[1]—वि० [अ० **मन्अ**] १ जिसके सबध मे निषेध हो। निषिद्ध। वर्जित। जैसे—मनु जी के धर्मशास्त्र मे पासा खेलना मना है। २ जो कुछ करने से रोका गया हो। वारण किया हुआ।

विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द का प्रयोग केवल विधेय रूप मे होता है। जैसे,—'यह काम मना है'। यह नही कहते 'मना काम न करना चाहिए।'

३ अनुचित। नामुनासिब।

मना[2]—सज्ञा पु० रोक। निषेध। वारण।

मनाई[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० **मनाही**] दे० 'मनाही'।

मनाक्—वि० [स०] १ अल्प। थोडा। २ मद।

यौ०—**मनाक्कर**। **मनाक्प्रिय**।

मनाकⓊ—वि० [स० **मनाक्**] अल्प। थोडा। जरा सा। उ०—(क) टूटत पिनाक के मनाक वाम राम मे ते नाक बिनु भए भृगुनायक पलक मे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) दाहिनो दियो पिनाकु महमि भयो मनाकु महाव्याल विकल बिलोकि जनु जरी है।—तुलसी (शब्द०)।

मनाका—सज्ञा स्त्री० [स०] हथिनी।

मनाक्कर—वि० [स०] कुछ भी काम न करनेवाला। मट्ठर। सुस्त। काहिल [को०]।

मनाक्प्रिय—वि० [स०] बहुत कम प्रिय। अल्पप्रिय [को०]।

मनाग—वि० [स० **मनाग्**] दे० 'मनाक'। उ०—अस्थिमात्र होइ रहे सरीरा। तदपि मनाग मनहिं नहिं पीरा।—तुलसी (शब्द०)।

मनादी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुनादी'।

मनाना—क्रि० स० [हिं० **मानना** का प्रे० रूप] १ दूसरे को मानने पर उद्यत करना। यह कहलवाना कि हाँ कोई बात ऐसी ही है। स्वीकार कराना। मकरवाना। २ जो अप्रसन्न हो, उसे सतुष्ट या अनुकूल करना। रूठे हुए को प्रसन्न करना। राजी करना। जैसे,—वह रूठा था, हमने मना लिया। उ०—(क) सो सुकृती सुचि मत सुमत सुसील सयान सिरोमनि स्वै।

सुर तीरथ ताहि मनावन आवत पावन होत है तात न छ्वै ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) मोहि तुम्हैं न उन्हैं न इन्हें मनभावती सो न मनावन आइहै ।—पद्माकर (शब्द०) । ३ अप्रसन्न को प्रसन्न करने के लिये अनुनय विनय करना । रूठे हुए को प्रसन्न क ने के लिये मीठी मीठी बातें करना । मनुहार करना । उ०—(क) जैसे आव तैसे साधि सौंहनि मनाइ लाई तुम इक मेरी बात एती बिसरैयो ना ।—पद्माकर (शब्द०) । (ख) केतो मनावैं पाउँ परि केतो मनावैं रोइ । हिंदू पूजै देवता तुरुक न काहुक होइ ।—कबीर (शब्द०) । (ग) लाज कियो जो पिय नहि पाऊँ । तजो लाज कर जोरि मनाऊँ —जायसी (शब्द०) । ४ देवता आदि से किसी काम के होने के लिये प्रार्थना करना । उ० (क) यह कहि कहि देवता मनावति । भोग समग्री धरति उठावति ।—सूर (शब्द०) । (ख) सुकृति सुमिरि मनाइ पितर सुर सीस ईस पद नाइ कै । रघुवर कर धनुभग चहत सब आपनो सो हित चित लाइ कै ।—तुलसी (शब्द०) । ५ प्रार्थना करना । स्तुति करना । (क) तुम सब सिद्ध मनावहु, होइ गणेश सिध लेहु । चेला को न चलावै मिलै गुरू जेहि भेउ ।—जायसी (शब्द०) । (ख) ताके युग पद कमल मनाऊँ । जासु कृपा निरमल मति पाऊँ ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) करी प्रतिज्ञा कहेउ भीष्म मुख पुनि पुनि देव मनाऊँ ।—सूर (शब्द०) ।

मनायी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मनावी' [को०] ।

मनार—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'मीनार' ।

मनारा—सज्ञा पुं० [अ० **मनारह्**] दे० 'मनार' [को०] ।

मनाल[1]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का चकोर जो शिमले की ओर होता है । इसके सुदर परों के लिये इसका शिकार किया जाता है ।

मनाल[2]—सज्ञा पुं० [अ०] धन सपत्ति । रकम । जायदाद [को०] ।

मनावछतⓊ†—वि० [स० **मनोवाछित**] दे० 'मनोवाछित' । उ०—विकट पूरूँ मनावछत गहर गुण गाजँ ।—रघु० रू०, पृ० १५० ।

मनावन†—सज्ञा पुं० [हिं० **मनाना**] १ मनाने की क्रिया । उ०—फूलनि माल बनावन लाल पहिरि पहिरावन । सुभग सरोज सुधावन जोत मनोज मनावन ।—नद० ग्र०, पृ० २८ । २ रूठे हुए को प्रसन्न करने का काम । ३ मनाने का भाव ।

मनावी—सज्ञा स्त्री० [सं०] मनु की स्त्री का नाम ।

मनाही—सज्ञा स्त्री० [अ० **मन्ही का बहु व०, अथवा** हिं० **मना**] न करने की आज्ञा । रोक । अवरोध । निषेध । उ०—मुकर्रर तादाद से जियादा जमीन, गाय, बैल, बकरी रखने की मनाही थी ।—शिवप्रसाद (शब्द०) ।

मनि—सज्ञा स्त्री० [सं० **मणि**] दे० मणि । उ०—बिच बिच छहरति मनो बूँद मुक्ता मनि पोहति ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८२ ।

मनिका†—सज्ञा स्त्री० [सं० **मणि**] माला में पिरोया हुआ दाना । गुरिया । दाना । उ०—माला फेरत युग गया गया न मन का फेर । करका मनिका छोडिकै मन का मनिका फेर ।—कबीर (शब्द०) ।

मनिखⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मानुख' । उ०—मनमुखि मनिख भूत पशु गुरुमुख्य ज्ञाता देव । रज्जब०, पृ० ८ ।

मनित—वि० [सं०] ज्ञात । जाना हुआ ।

मनिधरⓊ—सज्ञा पु० [सं० **मणिधर**] दे० 'मणिधर' ।

मनियर†—सज्ञा पुं० [सं० **मणिधर, प्रा० मणिय**र] १ दे० 'मणिधर' । २ वह जो मणि के समान दीप्तोज्ज्वल हो ।

मनिया—सज्ञा स्त्री० [सं० **माणिक्य, हिं० मनिका**] १ गुरिया । मनिका । दाना जो माला मे पिरोया हो । २ कठा । गुरिया । माला । उ०—हौं करि रही कठ मे मनियाँ निर्गुन कहा रमहि ते काज । सूरदास सरगुन मिलि मोहन रोम रोम मुख साज । सूर (शब्द०) ।

मनियारⓊ†—वि० [हिं० **मणि + आर** (प्रत्य०)] १ देदीप्यमान । उज्वल । चमकीला । उ०—प्रथमहि दीप अमर मनियारा । तहवाँ सूल मुरति बैठारा ।—कबीर सा०, पृ० ९३९ । २ दर्शनीय । शोभायुक्त । स्वच्छ । रौनकदार । सुहावना । उ०—वन कुसुमित गिर गन मनियारा । स्त्रवहि सकल सरितामृत धारा ।—तुलसी (शब्द०) ।

मनिषⓊ—सज्ञा पुं० [स० **मनुष्य**] दे० 'मनुष्य' । उ०—जिन रथी मद्धि उठे असुर धपै ज्वाल तिन मुप विपय । नर भपय जहाँ लसकर सहर मिलै मनिप तेते भपय ।—पृ० रा०, १।५११ ।

मनिसारⓊ—वि० [स० **मणि + हिं० सार** (प्रत्य०)] मणि के समान । देदीप्यमान । मनियार । उ०—पुरुप अमान अजर मनिसारा । —कबीर सा०, पृ० ६२ ।

मनिहार[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **मणिकार, प्रा० मनियार**] [स्त्री० **मनिहारिन**] चूडी बनानेवाला चुडिहारा जो स्त्रियो को चूडियाँ पहनाता है ।

मनिहारⓊ[2]—वि० [हिं० **मणि + हार** (प्रत्य०)] देदीप्यमान । दर्शनीय । मनियार । मनोहर । उ०—नेत्र रसाल वदन मनिहारा ।—कबीर सा०, पृ० १६०४ ।

मनिहारिन—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मनिहार**] चूडी बनाने, बेचने और पहनानेवाली स्त्री । चुडिहारिन ।

यौ०—**मनिहारिन लीला** = श्रीकृष्ण की एक लीला जिसमे वे मनिहारिन का वेश बनाकर राधा को चूडी पहनाने जाया करते थे ।

मनीⓊ[1]—सज्ञा स्त्री० [फा० । तुल० हिं० **मान** (= अभिमान)] अहकार । उ०—(क) होये भनो ऐसे ही अजहुँ गए राम सरन परिहरि मनी । भुजा उठाइ साखि सकर करि कसम खाइ तुलसी भनी ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) मति समान जाके मनी नैक न आवत पास । रसनिधि भावक करत है ताही मन मे वास । —रसनिधि (शब्द०) ।

मनी[2]—वि० घमडी । अभिमानी । उ०—मनी मारे गर्व गाफिल बेमेहर बेपीर वे ।—रै० बानी, पृ० ३२ ।

मनी[3]—सज्ञा स्त्री० [अ०] धातु । शुक्र । वीर्य ।

मनीⓤ[४] सज्ञा स्त्री० [स० मणि] दे० 'मणि'। दे० 'मणि'

मनी —सज्ञा पु० [अ०] रुपया पैसा। सिक्का।

मनीआर्डर—सज्ञा पु० [अ०] रुपए की हुडी जो किसी के रुपया चुकाने पर एक डाकखाने से दूसरे डाकखाने मे इसलिये भेजी जाती है कि वह वहाँ के किसी मनुष्य को हुडी मे लिखी रकम चुका दे। एक स्थान से दूसरे स्थान पर रुपया प्राय लोग इसी प्रकार डाकखाने की मारफत भेजा करते है।

क्रि० प्र०—आना।—करना।—जाना। भेजना।—लगाना।

मनीक—सज्ञा पु० [स०] आँजन।

मनीजर—सज्ञा पु० [अ० मैनेजर] व्यवस्थापक। प्रबधक। उ०—कोऊ मनीजर सरकारी रखि काम चलावत।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १४।

मनीबैग—सज्ञा पुं० [अ०] चमडे आदि का बना हुआ एक प्रकार का छोटा बटुआ जिसके अदर कई खाने होते हैं जिनमे रुपए, रेजगी आदि रखते है।

मनीमन†—क्रि० वि० [हिं० मन + ही + मन] मन ही मन। मन मे। बिना बोले। उ०—मनीमन मे ईश्वर को धन्यवाद देता। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४६।

मनीर†—सज्ञा स्त्री० [देश०] मोरनी।

मनीषा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बुद्धि। अकल। २. स्तुति। प्रशसा। ३ आकाक्षा। इच्छा (को०)।

मनीषिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बुद्धि। मनीषा। २ इच्छा (को०)।

मनीषित—वि० [स०] मनोभिलषित। वाछित।

मनीषिता—सज्ञा स्त्री० [स०] बुद्धिमत्ता। बुद्धिमानी।

मनीषी[१]—वि० [स० **मनीषिन्**] १ पडित। ज्ञानी। विद्वान्। २ बुद्धिमान्। मेधावी। अकलमद। चतुर। ३ स्तुति करनेवाला (को०)।

मनीषी[२]—सज्ञा पुं० १ विद्वान् व्यक्ति। पडित। ज्ञानी पुरुष। २ वह जो स्तुति या स्तवन करता हो (को०)।

मनु[१]—सज्ञा पु० [स०] १ ब्रह्मा के पुत्र जो मनुष्यो के मूल पुरुष माने जाते हैं।

विशेष वेदो मे मनु को यज्ञो का आदिप्रवर्तक लिखा है। ऋग्वेद मे कण्व और अत्रि को यज्ञप्रवर्तन मे मनु का सहायक लिखा है। शतपथ ब्राह्मण मे लिखा है कि मनु एक बार जलाशय मे हाथ धोते थे, उसी समय उनके हाथ मे एक छोटी सी मछली आई। उसने मनु से अपनी रक्षा की प्रार्थना की और कहा कि आप मेरी रक्षा कीजिए, मैं आपकी भी रक्षा करूँगी। उसने मनु से एक आनेवाली बाढ की बात कही और उन्हे एक नाव बनाने के लिये कहा। मनु ने उस मछली की रक्षा की, पर वह मछली थोड़े ही दिनो मे बहुत बडी हो गई। जब बाढ आई, मनु अपनी नाव पर बैठकर पानी पर चले और अपनी नाव उस मछली की आड़ मे बाँध दी। मछली उत्तर को चली और हिमालय पर्वत की चोटी पर उनकी नाव उसने पहुँचा दी। वहाँ मनु ने अपनी नाव बाँध दी। उस बड़े ओघ से अकेले मनु ही बचे थे। उन्ही से फिर मनुष्य जाति की वृद्धि हुई। ऐतरेय ब्राह्मण मे मनु के अपने पुत्रो में अपनी सपत्ति का विभाग करने का वर्णन मिलता है। उसमे यह भी लिखा है कि उन्होने नाभानेदिष्ठ को अपनी सपत्ति का भागी नही बनाया था। निघटु मे 'मनु' शब्द का पाठ द्युस्थान देवगणो मे है और वाजसनेय सहिता मे मनु को प्रजापति लिखा है। पुराणो और सूर्यसिद्धात आदि ज्योतिष के ग्रथो के अनुसार एक कल्प मे चौदह मनुओं का अधिकार होता है और उनके उस अधिकारकाल को मन्वतर कहते हैं। चौदह मनुओ के नाम ये हैं—(१) स्वायम्। (२) स्वारोचिष्। (३) उत्तम। (४) तामस। (५) रवत। (६) चाक्षुप। (७) वैवस्वत। (८) सावर्ण। (९) दक्षसावर्णि। (१०) ब्रह्मसावर्णि। (११) धमसावर्णि। (१२) रुद्रसावर्णि। (१३) देवसावर्णि और (१४) इद्रसावर्ण। वतमान मन्वतर वैवस्वत मनु का है। मनुस्मृति मे मनु को विराट् का पुत्र लिखा है और मनु स दस प्रजापतियों का उत्पन्न लिखा है।

२ विष्णु। ३ व्रत करण। मन। ४ जैनियो के अनुसार एक जिन का नाम। ५ कृष्णाश्व क एक पुत्र का नाम। ६ मत्र। ७ वैवस्वत मनु। ८ अग्न। ९ एक रुद्र का नाम। १०. १४ की सख्या। ११. ब्रह्मा।

मनु —सज्ञा स्त्री० १. मनु की स्त्री। मनावी। २ बनमेथी का साग। पुक्का।

मनु[२]—अव्य० [हिं० **मानना**] मानो। जैसे। उ०—(क) रतन जडित ककण बाजूबंद नगन मुद्रिका सोहै। डार डार मनु मदन विटप तरु विकच देखि मन मोहै।—सूर (सन्द०)। (ख) मोर मुकुट की चद्रिकन यो राजत नंदनद। मनु ससि सेखर की अकस किए सिखर सत चद।—बिहारी (शब्द०)।

मनुआँ[१]—सज्ञा पुं० [हिं० **मन**] मन। उ०—(क) मनुआ चाह देख औ भोगू। पथ भुलाइ बिनासै जोगू।—जायसी (शब्द०)। (ख) चचल मनुआ दुहूंदसि धावत अचल जाहि ठहराना। कहु नानक यहि बिधि का जो नर मुक्ति ताहि तुम माना।—तेगबहादुर (शब्द०)।

मनुआँ[२]—सज्ञा पुं० [हिं० **मानव**] मनुष्य। उ०—खाय पकाय लुटाय ले ऐ मनुआँ मजबान। लना होय सो लेइ ले यही गोइ मैदान।—कबीर (शब्द०)।

मनुआँ[३]—सज्ञा पुं० [देश०] देव कपास। नरमा मनवाँ।

मनुक्खⓤ†—सज्ञा पुं० [स० **मनुष्य**] मनुष्य। मानव। मनुज। चारहु लाख मनुक्खा देही। लख चौरासी यह सुनि लेही।—सहजो०, पृ० ३६।

मनुखⓤ—सज्ञा पुं० [सं० **मनुष्य**] मनुज। मानव। मानुख। उ०—लख चौरासी भरमि, मनुख तन पाइल हो।—धरम०, पृ० ६४।

मनुग—सज्ञा पुं० [सं०] प्रियव्रत के पौत्र और द्युतिमान् के पुत्र का नाम।

मनुछथⓊ—सज्ञा पु० [स० मनुष्य] दे० 'मनुष्य'। उ०—चित्रनहारे चित्रि तू रे चतुरगी नाह। का .चहुआन सु कित्ति कवि मन मनुछथ हरि नाह।—पृ० रा०, १। ७६६।

मनुज—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० मनुजा, मनुजी] मनुष्य। आदमी।

मनुजता—सज्ञा स्त्री० [स० मनुज+ता (प्रत्य०)] मनुष्यता। मानवता।

मनुजत्व—सज्ञा पु० [स० मनुज+त्व (प्रत्य०)] मनुष्यत्व। मानवता।

मनुजा—सज्ञा स्त्री० [स०] मानवी। स्त्री [को०]।

मनुजात'—वि० [स०] मनु से उत्पन्न।

मनुजात'—सज्ञा पु० मनुष्य। आदमी।

मनुजाद'—वि० [स०] नरभक्षक। मनुष्यो को खानेवाला।

मनुजाद'—सज्ञा पु० [स०] राक्षस। उ०—(क) चित्त बैताल, मनुजाद मन, प्रेतगन रोग भोगौघ वृश्चिक विकारम्।—तुलसी ग्र०, पृ० ४८९। (ख) मान ह अपमान को मनुजाद तू जब तक न कर।—बेला, पृ० ६८।

मनुजाधिप—सज्ञा पु० [स०] राजा। मनुष्यो का अधिप। उ०—याहि न मारि दखि इदमि मेरी। हौं अनुजा मनुजाधिप तेरी।—नद० ग्र०, पृ० २३१।

मनुजेंद्र—सज्ञा पु० [सं० मनुजेन्द्र] राजा [को०]।

मनुजेश्वर—सज्ञा पु० [स०] राजा [को०]।

मनुजोत्तम—सज्ञा पुं० [स०] श्रेष्ठ मनुष्य। उत्तम पुरुष।

मनुज्येष्ठ—सज्ञा पुं० [स०] १ तलवार। २ लाठी।

मनुयुग—सज्ञा पुं० [सं०] मन्वतर।

मनुवाँⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० मन] मन। उ०—मनुवाँ चहै दरव औ भोगू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २२२।

मनुश्रेष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

मनुष—सज्ञा पु० [स० मनुष्य] १ मनुष्य। आदमी। उ०—कह्यौ तिन तुम्हे हम मनुष जानत नही जगतपितु जगतहित देह धारयो करोगे काज जो कियो ना कोउ नृपति किए जस जाय हम दोप मारो।—सूर (शब्द०)। २ पति। खाविद। उ०—माप मोर मनुष है अति सुजान। धवा कूटि कूटि करै विहान।—कबीर (शब्द०)।

मनुषी—सज्ञा स्त्री० [स०] स्त्री।

मनुष्य—सज्ञा पुं० [स०] जरायुज जाति का एक स्तनपायी प्राणी जो अपने मस्तिष्क या बुद्धिबल की अधिकता के कारण सब प्राणियो मे श्रेष्ठ है। आदमी। नर।

विशेष—मनुष्य महाभूत कहा गया है। प्राचीन ग्रथों मे सृष्टि के आदि मे प्राय सब जीव जंतुओं की उत्पत्ति एक साथ बताई गई है। पर आधुनिक प्राणिविज्ञान के अनुसार मूल अणुजीवो से क्रमश उन्नति प्राप्त करते हुए एक के पीछे दूसरे उन्नत जीव होते गए हैं। जैसे बिना रीढवाले जीवो से रीढवाले अब्ज जीव हुए। फिर उन्ही से जरायुज हुए। जरायुजों मे सबके पीछे शिपुष्प वर्ग के बदर या वनमानुष हुए। वनमानुषों से होते होते अत मे मनुष्य हुए। वैज्ञानिकों ने मनुष्य को पाच प्रधान जातियों मे बाँटा है (१) काकेशी, जिसके अतर्गत आर्य और असुर (सामी) हैं। (२) मगोल, चीन, जापान आदि के पीले लोग। (३) हब्शी। (४) अमेरिकन। और (५) मलाया।

पर्या०—मानुष। मनुज। मानव। नर। द्विपद। पुमान्। पचजन। पुरुष। पूरुष।

मनुष्यकार—सज्ञा पु० [स०] पुरुषकार उद्योग। प्रयत्न।

मनुष्यकृत—वि० [स०] मनुष्य द्वारा बनाया हुआ। मानवकृत। २ कृत्रिम। जो प्राकृतिक न हो [को०]।

मनुष्यगणना—सज्ञा पु० [स० मनुष्य+गणना] दे० 'मर्दुमशुमारी'।

मनुष्यगति—सज्ञा स्त्री० [सं०] जैन शास्त्रानुसार वह कर्म जिसके करने से मनुष्य बार बार मरकर मनुष्य का ही जन्म पाता है। ऐसे कर्म परस्त्रीगमन, मासभक्षण, चोरी आदि बतलाए गए हैं।

मनुष्यजाति—सज्ञा स्त्री० [स०] मानव जाति। मानव समुदाय [को०]।

मनुष्यता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मनुष्य का भाव। आदमीपन। २ दया भाव। चित्त की कोमलता। शील। ३ सभ्यता। शिष्टता। व्यवहार ज्ञान। तमीज। आदमीयत।

मनुष्यत्व—सज्ञा पु० [स०] मनुष्यता। आदमीयत। उ०—मनुष्यत्व का सत्व तत्व यो किसने समझा बूझा है।—साकेत, पृ० ३७१।

मनुष्यधर्मा—सज्ञा पुं० [सं० मनुष्यधर्मन्] कुबेर।

मनुष्ययज्ञ—सज्ञा पु० [स०] अतिथि अभ्यागत का आदर सम्मान। अतिथियज्ञ। नृयज्ञ।

मनुष्ययान—सज्ञा पुं० [सं०] पालकी [को०]।

मनुष्यरथ—सज्ञा पु० [स०] वह रथ जिसे मनुष्य खीचते हैं। नररथ।

मनुष्यराशि—सज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या राशि।

मनुष्यलोक—सज्ञा पुं० [स०] मर्त्यलोक। भूलोक।

मनुष्यहार—सज्ञा पुं० [स०] मनुष्य का अपहरण या चोरी [को०]।

मनुष्यहारी—वि० [स० मनुष्यहारिन्] मनुष्य को चुरानेवाला [को०]।

मनुष्येतर—वि० [सं०] मनुष्य से भिन्न। मानव से भिन्न। उ०—मनुष्येतर बाह्य प्रकृति का आलबन के रूप मे ग्रहण पाया जाता है।—रस०, पृ० ६।

मनुसहिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मनुस्मृति'।

मनुसाईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० मनुष्य+आई] १ पुरुषार्थ। पराक्रम। बहादुरी। उ०—(क) साखामृग के बड मनुसाई। साखा तें साखा पर जाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जो अस करउँ न तदपि बडाई। मुयेहि बधे कछु नहिं मनुसाई।—तुलसी (शब्द०)। २ मनुष्यता। आदमीयत।

मनुसाना—क्रि० अ० [स० मनुष्य+हिं० आना (प्रत्य०)] मनुष्य का भाव जगना। मनुष्य होने का भाव उत्पन्न होना।

मनुस्मृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्मशास्त्र के एक प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम जो मनुप्रणीत है। मनुसंहिता। मानव धर्मशास्त्र।

विशेष कहा जाता है, पहले मनुस्मृति में एक लाख श्लोक थे। फिर उसका संक्षेप १२ हजार श्लोकों में किया गया और अंत में उसका संक्षेप चार हजार श्लोकों में किया गया। आजकल की मनुस्मृति में ढाई हजार से कुछ ही अधिक श्लोक मिलते हैं। यह भृगुप्रोक्त कहलाती है और इसमें बारह अध्याय हैं। इसमें सृष्टि की उत्पत्ति, संस्कार, नित्य और नैमित्तिक कर्म, आश्रमधर्म, राजधर्म, वर्णधर्म, प्रायश्चित्त आदि विषयों का वर्णन है। इसके अतिरिक्त एक नारदप्रोक्त मनुसंहिता का भी पता चलता है, पर वह पूरी नहीं मिलती।

मनुहर(पु)—वि० [सं० **मनोहर**] दे० 'मनोहर'। उ—मनुहरि कटि-थल मेखला, पग झाँझर झणकार।—ढोला०, दू० ४८१।

मनुहार'—संज्ञा स्त्री० [हिं० **मान+हरना**] १ वह विनती जो किसी का मान छुड़ाने या क्रोध शांत करने के लिये की जाती है। मनौअल। खुशामद। उ०—मारौ मनुहारन भरी गारिउ भरी मिठाहिं। वाको अति अनखाहटौ मुसुकाहट बिनु नाहिं।—बिहारी (शब्द०)।

मुहा०—**किसी को मनुहार कराना**=विनती करना। खुशामद करना। मनाना। उ०—(क) तुम्हरे हेतु हरि लियो अवतार। अब तुम जाइ करो मनुहार।—सूर (शब्द०)। (ख) दुसह रोष मूरति भृगुपति अति नृपति निकर पयकारी। क्यों सौंपेउ सारंग हारि हिय करिहैं बहु मनुहारी।—तुलसी (शब्द०)। (ग) कहत रुद्र मन माहिं विचारि। अब हरि की कीजै मनुहारि।—लल्लू (शब्द०)। (घ) जो मेरो कृत मानहु मोहन करि लाओ मनुहारि। सूर रसिक तबही पै बदिहौं मुरली मकी न सँभारि।—सूर (शब्द०)। २ विनय। प्रार्थना। उ०—(क) तापसी करि कहा पठवति नृपनि को मनुहारि। बहुरि तेहि विधि आइ कहिहै साधु कोउ हितकारि।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सबै करति मनुहारि ऊधो कहियो हो जैसे गोकुल आवैं।—सूर (शब्द०)। ३ सत्कार। आदर। उ०—सौंहें किए हू न सौ हैं करे मनुहार करेहू न सूध निहारे।—केशव (शब्द०)।

मनुहार'—संज्ञा स्त्री० [हिं० **मन+हरना**] शांति। तृप्ति। उ०—कुरला काम केरि मनुहारी। कुरला जेहि नहिं सो न सुनारी।—जायसी ग्र०, पृ० १४०।

मनुहारना(पु)—क्रि० स० [हिं० **मान+हारना**] १ मनाना। खुशामद करना। उ०—(क) पूजा करेउ बहुत मनुहारी। बोले मीठे वचन बिचारी।—सबलसिंह (शब्द०)। (ख) कै पटुता परवीन तिया मनुहारि सुबाल कहै मन माने।—प्रताप (शब्द०)। २ विनय करना। प्रार्थना करना। उ०—निग्रहा-नुग्रह जो करे अरु देइ आशिष गारि। सो सबै सिर मान लीजै सर्वथा मनुहारि।—केशव (शब्द०)। ३. सत्कार करना। आदर करना। उ०—सुरभी ऐन कुंभ सम धारैं। नंदिनि धेनु सरिस मनुहारैं।—मन्नालाल (शब्द०)। ४. खुशामद करना।

मनुहारि(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मनुहार'। उ०—करत लाल मनुहारि, पै तू न लखति इहि ओर।—मति० ग्र०, पृ० ४०८।

मनुहारी(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं० **मनुहार**] दे० 'मनुहार'। उ०—तुम न बिहारी नेकु मानो मनुहारी हम पायँ परि हारो अरु करि हारी नहिं्यो।—तोष (शब्द०)।

मनूँ(पु)—अव्य० [हिं०] दे० 'मानो'। उ०—चढ तेज मनूँ ऊगत सूर।—ह० रासो०, पृ० ६१।

मनूरी—संज्ञा स्त्री० [अं० **मुनोवर**] एक प्रकार की बुकनी जो मुरादाबादी कलई के बर्तनों को उजला करने में काम आती है। यह धातुओं को गलाने की पुरानी घरियों को कूटकर बनाई जाती है।

मनें†—वि० [अं० **मनअ्**, हिं० **मना**] दे० 'मना'। उ—(क) जानि नाम अजान लीन्हे नरक जमपुर मनें।—तुलसी (शब्द०)। (ख) शिव सुपूजन माँह मनें कर। मनहु मों अपकीरति मों भरें।—गुमान (शब्द०)।

मनेजर—संज्ञा पुं० [अं० **मैनेजर**] किसी कार्यालय आदि का वह प्रधान अधिकारी जिसका काम सब प्रकार की व्यवस्था और देख रेख करना हो। प्रबंधकर्ता।

मनों†—अव्य [हिं० **मानना**] मानो। जैसे। उ०—(क) मनों सर्व स्त्रीन में कामवामा। हनूमान ऐसी लखी रामरामा।—केशव (शब्द०)। (ख) मकराकृत गोपाल के कुंडल सोहत कान। बस्यो मनो हिय घर समर ड्योढी लसत निसान।—बिहारी (शब्द०)।

मनोकामना—संज्ञा स्त्री० [हिं० **मन+कामना**] इच्छा। अभिलाषा।

मनोगत'—वि० [सं०] १ जो मन में हो। मन में आया हुआ। दिली। २ इच्छित।

मनोगत'—संज्ञा पुं० [सं०] १ कामदेव। २ आकांक्षा। इच्छा (को०)। ३ विचार (को०)।

मनोगति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मन की गति। चित्तवृत्ति। उ०—तीखे तुरग मनोगति चंचल पौन के गौन हुँ ते बढि जाते।—तुलसी ग्र०, पृ० २०७। २ इच्छा। आंतरिक अभीष्ट। ख्वाहिश। उ०—किंतु विधिना की यही मनोगति थी।—दुर्गेशनंदिनी (शब्द०)।

मनोगवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] इच्छा। अभिलाषा।

मनोगुप्त—वि० [सं०] मन में छिपाया हुआ। अव्यक्त (विचार आदि)।

मनोगुप्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मैनसिल।

मनोगृहीत—वि० [सं० **मन+गृहीत**] मन में गृहीत या ग्रहण किया हुआ।

मनोगुप्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] जैन शास्त्रानुसार मन को अशुभ प्रवृत्ति से हटाने की क्रिया या भाव।

मनोग्राही—वि० [सं० **मन+ग्राहिन्**] मन को ग्रहण करनेवाला। मन को अपनी ओर खींचनेवाला। आकर्षक।

मनोग्राह्य—वि० [सं०] जो मन या चित्त द्वारा ग्रहण हो सके। मन द्वारा ग्रहण के योग्य [को०]।

मनोज—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव। मदन। उ०—जय सच्चिदानद जगपावन। अस कहि चलेउ मनोज नसावन। —तुलसी (शब्द०)।

यौ०—**मनोज पचमी** = माघ शुक्ल पचमी। वसत पचमी। उ०—आजु मनोज पचमी सुभ दिन रग बढ़ैए हिलमिलि आनदघन बरसैए।—घनानद, पृ० ३६२।

मनोजन्मा—सज्ञा पु० [सं० **मनोजन्मन्**] दे० 'मनोज' [को०]।

मनोजव[1]—वि० [स० **मनोजवस्**] [वि० स्त्री० **मनोजवा**] १ मन के समान वेगवान्। अत्यत वगवान्। २ पितृतुल्य।

मनोजव[2]—सज्ञा पुं० १ विष्णु। २ अनिल या वायु के एक पुत्र का नाम जो उसकी शिवा नाम की पत्नी से उत्पन्न हुआ था। ३ रुद्र के एक पुत्र का नाम। ४ एक तीर्थ का नाम। ५ छठे मन्वतर में होनेवाले इद्र का नाम।

मनोजवस—वि० [स०] दे० 'मनोजव'[1] [को०]।

मनोजवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कलिहारी। करियारी। २ मार्कंडेय पुराणानुसार अग्नि की एक जिह्वा का नाम। ३ स्कद की माता का नाम। ४ क्रौंच द्वीप की एक नदी का नाम।

मनोजवी—वि० [स० **मनोजविन्**] मनोजव। अति वगवान्। बहुत तेज चलनेवाला।

मनोजवृद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] कामवृद्धि नामक क्षुप। इसे कर्णाट में कामज कहते हैं।

मनोजीवी—वि० [स० **मनस्**+**जीवी**] बुद्धिजीवी। उ०—वनजीवी, पशुजीवी मनुज, मनोजीवी तब नहीं बना था।—युगपथ, पृ० १२४।

मनोज्ञ[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **मनोज्ञा**] मनोहर। सुदर।

मनोज्ञ[2]—सज्ञा पु० १ कुद नामक फूल। २ एक गधर्व का नाम (को०)। ३ सरल का वृक्ष (को०)।

मनोज्ञता—सज्ञा स्त्री० [स०] सुदरता। मनोहरता। खूबसूरती।

मनोज्ञा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कलौंजी। मँगरैला। २ जावित्री। ३ मदिरा। शराब। ४ वाँझ ककोडा। आवर्तकी। ५ मन शिला। मैनसिल (को०)। ६ राजपुत्री। राजकुमारी (को०)।

मनोदड—सज्ञा पु० [स० **मनोदण्ड**] मन की वृत्तियो का निरोध। चित्त को चचलता से रोककर एकाग्र करना। मन का निग्रह।

मनोदत्त—वि० [सं०] १ मन द्वारा दिया हुआ वा सकल्पित। २ दत्तचित्त। विचारमग्न (को०)।

मनोदाह—सज्ञा पु० [स०] मनस्ताप। मानसिक जलन। आतरिक कष्ट। उ०—जीवन तृष्णा, प्राण क्षुधा औ मनोदाह से क्षुब्ध, दग्ध, जर्जर जनगण चीत्कार कर रहे। —युगपथ, पृ० १२०।

मनोदाही—वि० [स० **मनोदाहिन्**] [वि० स्त्री० **मनोदाहिनी**] मन को जलानेवाली। हृदयदाही।

मनोदुष्ट—वि० [सं०] जिसका मन दूषित हो। जो मन ही मे पापी हो। जिसका अतकरण कलुषित हो। दुष्ट या खराब हृदयवाला।

मनोदृष्टि—सज्ञा स्त्री० [स० **मन**+**दृष्टि**] आतरिक दृष्टि। मानसिक दृष्टि। उ०—सौदर्य उसकी मनोदृष्टि का एक व्यापार मात्र है।—स० दर्शन, पृ० ६६।

मनोदेवता—सज्ञा पुं० [सं०] अतरात्मा। विवेक।

मनोध्यान—सज्ञा पुं० [सं०] सपूर्ण जाति का एक राग जिसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

मनोनयन—सज्ञा पुं० [सं०] चुनाव। चुनना। पसद करना।

मनोनिग्रह—सज्ञा पुं० [स०] चित्त की वृत्तियो का निरोध। मन का निग्रह। मन का वश मे रखना। मनोगुप्ति।

मनोनियोग—सज्ञा पु० [स० **मनस्**+**नियोग**] एकाग्रता। उ०—हम दोनो एक दूसरे के आखेट हैं और अनिवार्य, अटल मनोनियोग से एक दूसरे का पीछा कर रहे है।—चिता, पृ० ५६।

मनोनिवेश—सज्ञा पुं० [सं० **मन**+**निवेश**] एकाग्रता। मनोयोग। उ०—उसने देखा कि महामत्री बडे कुतूहल और मनोनिवेश से कुलपुत्रो का परिचय सुन रहा है।—इद्र०, पृ० १३१।

मनोनीत—वि० [स०] १ जो मन के अनुकूल हो। पसद। २ चुना हुआ।

मनोबल—सज्ञा पुं० [स० **मन**+**बल**] आत्मिक शक्ति। मानसिक शक्ति या बल। उ०—लिच्छिवी कुमारी में इतना मनोबल कहाँ कि वह यो अड जाती।—अजात०, पृ० ३३।

मनोभग—सज्ञा पुं० [स० **मनोभङ्ग**] १ नैराश्य। २ उदासी।

मनोभव—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव। उ०—जागै मनोभव मुएहुँ मन बन सुभगता न परै कही।—मानस, १।८६।

मनोभाव—सज्ञा पुं० [सं०] १ मन की स्थिति। मनोवृत्ति। २ मन का भाव। हार्दिक अभिप्राय। उ०—जोगी मनोरमा के मनोभावो को जानती थी। उसने सोचा इस अबला को कितना दु ख है।—काया०, पृ० २५६।

मनोभावना—सज्ञा पुं० [स० **मनो**+**भावना**] दे० 'मनोभाव'। उ०—उनके नाटको मे घटनाओ के आकर्षण की अपेक्षा चरित्रो की विविधता और उनकी मनोभावनाओ का उन्मेष और प्रदर्शन अधिक है।—नया०, पृ० १५७।

मनोभिराम—वि० [स०] मनोज्ञ। सुदर।

मनोभिलाष—सज्ञा पुं० [स०] मन की इच्छा। मनोकामना [को०]।

मनोभू—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव। मदन।

मनोभूत—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा। उ०—मनोभूत कोटिप्रभा श्री शरीरम्।—तुलसी (शब्द०)।

मनोमथन—सज्ञा स्त्री० [सं०] कामदेव।

मनोमय—वि० [स०] मनोरूप। मानसिक।

मनोमय कोश—सज्ञा पु० [स०] वेदात शास्त्रानुसार पाँच कोशो

मे मे तीसरा कोश। मन, अहकार और कर्मेंद्रियाँ इस कोश के अतर्गत मानी जाती हैं। इसे बौद्ध दर्शन मे 'सज्ञा स्कध' कहते कहते हैं। उ०—मनोमय कोश पच कर्म इद्रिय प्रसिधि पच ज्ञान इद्रिय विज्ञान कोश जानिए।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ५६८।

मनोमालिन्य—सज्ञा पु० [स०] मन मे मैल उत्पन्न होना। मनमुटाव। उ०—केदार बाबू तो बहुत सच्चरित जान पडते हैं फिर स्त्री पुरुष मे इतना मनोमालिन्य क्यो हो गया?—मान०, भा० १, पृ० ६८।

मनोमुखी—वि० [स० **मनस्+मुख+ई** (प्रत्य०)] अतर्मुखी। आभ्यतर जगत् मे विचरण करनेवाला। उ०—मनोमुखी है काया। शुभे! आज शुभ दिन ही आया।—कुणाल०, पृ० ४६।

मनोमोहिनी—वि० [सं० **मनस्+मोहिनी**] मन को मोहित करनेवाली। उ०—तुम शुद्ध सच्चिदानद ब्रह्म, मैं मनोमोहिनी माया।—अपरा, पृ० ७१।

मनोयायी—वि० [स० **मनोयायिन्**] १ अपनी इच्छा या मौज से जानेवाला। २ मन की तरह तेज [को०]।

मनोयोग—सज्ञा पुं० [स०] मन को एकाग्र करके किसी एक पदार्थ पर लगाना। चित्त की वृत्ति का निरोध करके एकाग्र करना और उसे एक पदार्थ पर लगाना। उ०—विजय की सामग्री बडे मनोयोग से हैंडबेग मे सजा रही थी।—ककाल, पृ० ६२।

मनोयोनि—सज्ञा पु० [स०] कामदेव।

मनोरजक—वि० [स० **मनोरञ्जक**] मन को प्रसन्न या आह्लादित करनेवाला [को०]।

मनोरजन[1]—सज्ञा पु० [सं० **मनोरञ्जन**] [वि० **मनोरजक, मनोरजनीय**] १ मन को प्रसन्न करने की क्रिया या भाव। मन का सप्रसादन। मनोविनोद। दिल बहलाव। उ०—मनोरजन वह शक्ति है जिससे कविता अपना प्रभाव जमाने के लिये मनुष्य की चित्तवृत्ति को स्थिर किए रहती है, उसे इधर उधर जाने नहीं देती।—रस०, पृ० २६। २ एक बगला मिठाई का नाम।

मनोरजन[2]—वि० [वि० स्त्री० **मनोरजिनी**] द० 'मनोरजक'। उ०—तुम मृदु मानस के भाव और मैं मनोरजिनी भाषा।—अपरा पृ० ७०।

मनोरथ—सज्ञा पु० [स०] अभिलाषा। वाछा। इच्छा। उ०—(क) करत मनोरथ जस जिय जाके। जाहिं सनेह सुरा सब छाके।—मानस, २। २२५। (ख) बस मनोरथ पिय मिले घट भया उजारा।—कबीर श०, भा० १, पृ० ७२।

मनोरथतृतीया—सज्ञा स्त्री० [स०] एक व्रत का नाम जो चैत्र शुक्ल तृतीया को होता है।

मनोरथदायक[1]—वि० [सं०] इच्छा पूरी करनेवाला [को०]।

मनोरथदायक[2]—सज्ञा पुं० कल्पतरु का नाम।

मनोरथद्वादशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक व्रत का नाम जो चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वादशी के दिन पडता है।

मनोरथसिद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] इच्छा पूरी होना। इच्छा की पूर्ति होना [को०]।

मनोरनी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की कपास।

मनोरम[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० **मनोरमा**] मनोज्ञ। मनोहर। सुदर।

मनोरम—सज्ञा पु० सखी छद के एक भेद का नाम। इसके प्रत्येक चरण मे चौदह मात्राएँ होती हैं और ५, ४ और ५ पर विराम होता है। इसका मात्राक्रम २+३+२+२+३+२ है और तीसरी तथा दूसरी मात्रा सदा लघु होती है। जैसे,—जानकी नाथ, भजो रे। और सब धधा तजो रे। सार है जग मे जू येही। को प्रभु सो जन सनेही।

मनोरमण—वि० [स० **मनस्+रमण**] जिसमे मन रमण करे। जो मन मे रमे। उ०—देखा है, प्रात किरण फूटी है मनोरमण।—अर्चना, पृ० ६।

मनोरमा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गोरोचन। २ सात सरस्वतियो मे से चौथी का नाम। ३ बौद्ध धर्मानुसार बुद्ध की एक शक्ति का नाम। ४ छदोमजरी के अनुसार एक छद जिसके प्रत्येक चरण मे दस वर्ण होते हैं जिनमे पहला, दूसरा, तीसरा, सातवाँ और नवाँ वर्ण लघु और शेष गुरु होते हैं। ५ महाकवि चद्रशेखर के अनुसार आर्या के ५७ भेदो मे एक जिसमे १२ गुरु और ३३ लघु वर्ण होते हैं। ६ दस अक्षर के एक वर्णिक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे नगण, रगण और अत मे गुरु होता है। जैसे,—लहत मुक्ति पाप हो क्षमा। ७ केशव के मतानुसार चौदह अक्षरो का एक वर्णिक वृत्त जिसके प्रत्येक पाद मे ४ सगण और अत मे दो लघु होते हैं। जैसे,—यह शासन पठए नृप कानन। ८ केशव के मतानुसार दोधक छद का एक नाम जिसके प्रत्येक चरण मे ४ भगण और दो गुरु होते हैं। ९ सूदन के मतानुसार दस अक्षरो के एक वर्णिक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे तीन तगण और एक गुरु होता है। जैसे,—बीते कुछ घास ही मे जहाँ। १० मार्कंडेय पुराणानुसार इदीवर नामक एक गधर्व की कन्या का नाम।

मनोरवा[1] (यू)—सज्ञा पु० [स० **मनोरम**] १ मनोरम। सुदर। मधुर। २ दे० 'मनोरा'। उ०—ऊठत नाम मनोरवा हो हो सतन कै यह ज्ञान। याहि सुफल जिन्ह जान्यो बाजत अभय निसान।—गुलाल०, पृ० २८।

मनोरा—सज्ञा पुं० [स० **मनोहर** या **मनोरमा**] दीवार पर गोबर से बनाए हुए चित्र जो कार्तिक के महीने म द्वीवालो के पीछे बनाए जाते हैं। स्त्रियाँ और लडकिया इन्हे रग विरग के फूल पत्तो से सजाती है, प्रतिदिन सायकाल को पूजती हैं और दीपक जलाकर गीत गाती जाती है। झिझिया। लोढिया। उ०—जेहि घर पिय सो मनोरा पूजा। मोकहँ विरह, सवति दुख दूजा।—जायसी (शब्द०)।

यौ०—**मनोरा झूमक** = एक प्रकार का गीत जिसे स्त्रियाँ फागुन में गाती हैं और जिसके अंत में यह पद (मनोरा झूमक) आता है। उ०—(क) कहूँ मनोरा झूमक होई। कर औ फूल लिए सब कोई। जायसी (शब्द०)। (ख) गोकुल सकल ग्वालिनी हो घर खेलैं फाग, मनोरा झूमक रे।—सूर (शब्द०)।

मनोराग - संज्ञा पुं० [सं०] मन का राग। अनुराग। प्रेम। उ०—तीव्र मनोराग उत्पन्न करने की शक्ति कामायनी में ही है। - बी० श० महा०, पृ० ३१५।

मनोराज - संज्ञा पुं० [सं० **मनोराज्य**] मानसिक कल्पना। मन की कल्पना। उ०—राग को न गाज न विराग जोग जाग जिय, काया नहिं छोडे देत ठाठिबो कुठाट को। मनोराज करत अकाज भयो आजु लागि, चाहै चारु चीर पै लहै न टूक टाट को।—तुलसी (शब्द०)।

मनोराज्य—संज्ञा पुं० [सं०] कल्पनालोक। हवाई किला। ख्याली पुलाव [को०]।

मनोरिया संज्ञा स्त्री० [हिं० **मनोहर या** देश०] एक प्रकार की सिकड़ी की जजीर जिसकी कड़ियों पर चिकनी चपटी ढाल जड़ी रहती है और जिसमें घुँघुरुओं के गुच्छे लगातार बदनवार की तरह लटकते हैं।

विशेष—यह जजीर स्त्रियों की साड़ी या ओढनी के किनारे पर उस जगह टाकी जाती जो ओढ़ते समय ठीक सिर पर पड़ता है। घूँघट काढने पर यह जजीर मुँह और सिर के चारों ओर आ जाती है।

मनोरुक्—संज्ञा पुं० [सं० **मनोरुज्**] हृदय की पीड़ा। मनोव्यथा [को०]।

मनोर्थ†—संज्ञा पुं० [सं० **मनोरथ**] दे० 'मनोरथ'। उ०—सबको मनोर्थ पूर्ण कियौ।—ह० रासो, पृ० ३३।

मनोलय—संज्ञा पुं० [सं०] चेतना का लय या समाप्ति होना। चेतना-शून्यता [को०]।

मनोलौल्य—संज्ञा पुं० [सं०] मन का लोलुपता। चित्त की चचलता। सनक [को०]।

मनोल्लास—संज्ञा पुं० [सं० **मनस्** + **उल्लास**] मन की खुशी। प्रसन्नता। उ०—सारा मनोल्लास आँसुओं के प्रवाह में बह गया, विलीन हो गया।—मान०, भा० १, पृ० ३६।

मनोवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पुराणानुसार मेरु पर्वत पर के एक नगर का नाम। २ चित्रांगद विद्याधर की कन्या का नाम।

मनोवर्गणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] जैनों के अनुसार वे सूक्ष्म तत्व जिनसे मन की रचना हुई है।

मनोवल्लभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रेयसी। प्रियतमा [को०]।

मनोवाछा—संज्ञा स्त्री० [सं० **मनोवाञ्छा**] इच्छा। अभिलाषा। आकाक्षा। ख्वाहिश।

मनोवाछित'—वि० [सं० **मनोवाञ्छित**] इच्छित। मनमाँगा। यथेच्छ। जैसे,—इससे आपको मनोवाछित फल मिलेगा।

मनोवाछित'—संज्ञा पुं० दे० 'मनोवाछा'।

मनोविकार—संज्ञा पुं० [सं०] मन की वह अवस्था जिसमें किसी प्रकार का सुखद या दुःखद भाव, विचार या विकार उत्पन्न होता है। जैसे, राग, द्वेष, क्रोध, दया आदि चित्तवृत्तियाँ। चित्त का विकार।

विशेष—मनोविकार किसी प्रकार के भाव या विचार के कारण होता है और उसके साथ मन का लक्ष्य किसी पदार्थ या बात की ओर होता है। जैसे, किसी को दुःखी देखकर दया अथवा अत्याचारी का अत्याचार देखकर क्रोध का उत्पन्न होना। जिस समय कोई मनोविकार उत्पन्न होता है, उस समय कुछ शारीरिक विक्रियाएँ भी होती हैं, रोमांच, स्वेद, कंप आदि। पर ये विक्रियाएँ साधारणतः इतनी सूक्ष्म होती हैं कि दूसरों को दिखाई नहीं देतीं। हाँ, यदि मनोविकार बहुत तीव्र रूप में हो, तो उसके कारण होनेवाली शारीरिक विक्रियाएँ अवश्य ही बहुत स्पष्ट होती हैं और बहुधा मनुष्य की आकृति में ही उसके मनोविकारों का स्वरूप प्रकट हो आता है।

क्रि० प्र०—उठना।—होना।

मनोविकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मनोविकार' [को०]।

मनोविज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह शास्त्र जिसमें चित्त की वृत्तियों का विवेचन होता है। वह विज्ञान जिसके द्वारा यह जाना जाता है कि मनुष्य के चित्त में कौन सी वृत्ति कब, क्यों और किस प्रकार उत्पन्न होती है। चित्त की वृत्तियों की मीमासा करनेवाला शास्त्र।

यौ०—**मनोविज्ञानवेत्ता** = दे० 'मनोवैज्ञानिक'।

मनोविज्ञानी—संज्ञा पुं० [सं० **मनोविज्ञान** + **ई** (प्रत्य०)] दे० 'मनोवैज्ञानिक'। उ०—इनमें से (६ भावों में से) हास, उत्साह और निर्वेद को छोड़ शेष सब भाव वे ही हैं जिन्हें आधुनिक मनोविज्ञानियों ने मूल भाव कहा है।—रस०, पृ० १७३।

मनोविनोद—संज्ञा पुं० [सं०] आनंद। मनोरंजन [को०]।

मनोविश्लेषण—संज्ञा पुं० [सं० **मन विश्लेषण**] १ मन में उठनेवाले विचारों का विश्लेषण। मन को समझना। २ मनोविज्ञान के अनुसार मन में प्रवर्तमान विचारों का सूक्ष्म निरीक्षण और उनसे उत्पन्न कारणों को समझना जो मानसिक रोगों को जन्म देते हैं। यह मनोविज्ञान की एक विशेष धारा है।

मनोविश्लेषणवादी—वि० [सं० **मनोविश्लेषण** + **वादिन्**] मनोविज्ञान की मनोविश्लेषण धारा का अनुयायी। मनोविश्लेषण को माननेवाला। उ०—उन्होंने जहाँ इस यथार्थवाद की महिमा स्वीकार की वहाँ मनोविश्लेषणवादी लेखकों की भर्त्सना की।—इति०, पृ० १२२।

मनोवृत्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] चित्त की वृत्ति। मनोविकार। विशेष—दे० 'मनोविकार'।

मनोवृत्यात्मक—वि० [सं० **मनोवृत्ति** + **आत्मक**] मनोवृत्ति से संबंधित। प्रवृत्तिविषयक। उ०—छायावाद की मनोवृत्यात्मक

मश्लिष्टता मे व्यक्तित्व की स्थापना है ।—आचार्य०, पृ० २१६ ।

मनोवेग—सज्ञा पु० [स०] मन का विकार । मनोविकार ।

यौ०—**मनोवेगमूलक** = मनोवेग मे सबधित । जिसके मूल मे मनोवेग हो । उ०—कोई कविता का स्वरूप उसका आनद-दायक होना, कोई मनोवेगमूलक होना मानते है ।—बी० श० महा०, पृ० ८ ।

मनोवैज्ञानिक'—सज्ञा पु० [स०] मनोविज्ञान का ज्ञाता ।

मनोवैज्ञानिक[२]—वि० मनोविज्ञान सबधी । मनोविज्ञान का ।

मनोव्यथा—सज्ञा पुं० [स०] मनस्ताप । मानसिक पीडा [को०] ।

मनोव्याधि—सज्ञा स्त्री० [स०] मानसिक रोग या वेदना [को० ।

मनोव्यापार सज्ञा पु० [स०] मन की क्रिया । मन का व्यापार । सकल्प विकल्प । विचार ।

मनोसरⓊ—सज्ञा पु० [स० मन ?] मन की वृत्ति । मनोविकार । उ०—सर्व मनोसर जाय मरि जो देखै तम चार । पहले सो दु ख वरनि कै वरनौ वहक मिगार ।—(शब्द०) ।

मनोहत—वि० [स०] निराश । हताश [को०] ।

मनोहर'—वि० [स०] [सज्ञा **मनोहरता**] १ मन हरनेवाला । चित्त को आकर्षित करनेवाला । २ सुदर । मनोज्ञ । उ०—इस प्रकार से घूमते छोट काम सब ओर । देखी नृप ने निज प्रिया एक मनोहर ठौर ।—शकु०, पृ० ११ ।

मनोहर[२]—सज्ञा पुं० १ छप्पय छद के एक भेद का नाम, जिसमे १३ गुरु, १२६ लघु, १४६ वर्ण और १५२ मात्राएँ अथवा १३ गुरु, १२२ लघु, १३५ वर्ण और १४८ मात्राएँ होती हैं । २ एक सकर राग का नाम जो गौरी, मालवा और त्रिवणा के मिलने से बना है । ३ कुद पुष्प । ४ सुवर्ण । सोना ।

मनोहरता—सज्ञा स्त्री० [स०] मनोहर होने का भाव । सुदरता । उ०—राजकुअर तेहि अवसर आए । मनहु मनोहरता तन छाए ।—मानस, १।२४० ।

मनोहरताईⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **मनोहरता**] सुदरता । मनोहरता । उ०—(क) मगल सगुन मनोहरताई । रिधि सिधि सुख सपदा सुहाई ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) किलकनि नटनि चलनि चितवनि भजि मिलनि मनोहरतैया । मनि खभनि प्रतिबिंब झलक छवि छलकिहै भरि अँगनैया ।—तुलसी (शब्द०) ।

मनोहरपन—सज्ञा पुं० [स० **मनोहर** + हिं० **पन** (प्रत्य०)] मनोहरता । सुदरता । उ०—ऐसे कवियो के बनाए नाटक कि जो मनोहर-पन मे पूर्ण हैं ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २६ ।

मनोहरा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जाती पुष्प । २ स्वर्णजुही । सोनजुही । ३ त्रिशिर का माता का नाम । ४ एक अप्सरा का नाम ।

मनोहरी—सज्ञा पु० [हिं० **मनोहर** + ई (प्रत्य०)] कान मे पहनने की एक प्रकार की छोटी बाली ।

मनोहर्ता—सज्ञा पु० [स० **मनोहर्तृ**] दे० 'मनोहारी' [को०] ।

मनोहारिता—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मनोहारित्व' ।

मनोहारित्व—सज्ञा पु० [स०] मनोहरता । सुदरता । उ०—ऐसे वैज्ञानिक हुए हैं जिन्होने अपनी कृतियो को साहित्यिक को मनोहारित्व प्रदान किया है । पा० सा० सि०, पृ० ८ ।

मनोहारी—वि० [स० **मनोहारिन्**] [वि० स्त्री० **मनोहारिणी**] १ मनोहर । चित्ताकर्षक । सुदर । २ हृदय चुरानेवाला ।

मनोह्लाद—सज्ञा पु० [स०] मन की प्रसन्नता [को०] ।

मनोह्लादी वि० [स० **मनोह्लादिन्**] [वि० स्त्री० **मनोह्लादिनी**] १ मन को प्रसन्न करनेवाला । दिल खुश करनेवाला । २ मनोहर । सुदर ।

मनोह्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] मन शिला । मैनसिल ।

मनौⓊ†—अव्य० [हिं०] दे० 'मानो' । उ०—कनक दड जुग जघ तुव लखियत आभा ऐन । धर जोबन खरसान पर मनौ खरादे मैन ।—स० सप्तक, पृ० ३४७ ।

मनोजⓊ†—सज्ञा पुं० [स० **मनोज्ञ**] दे० 'मनोज' । उ०—ताकि ताकि चोटै करत उद्भट सुभट मनोज ।—ब्रज० ग्र०, पृ० २० ।

मनौतीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मानना** + **औती** (प्रत्य०)] १ असतुष्ट को सतुष्ट करना । मनाना । मनुहार । उ०—कभी गालियाँ देता था कभी धमकाता था, कभी इनाम का लालच दिखलाता था, कभी मनौती करता था, पर कोठरी का दरवाजा किसी ने न खोला ।—शिवप्रसाद (शब्द०) । २. किसी देवता की विशेष रूप से पूजा करने की प्रतिज्ञा या सकल्प । मानता । मन्नत ।

क्रि० प्र०—**उतारना** ।—**करना** ।—**चढ़ाना** ।—**मानना** ।

मनौरथⓊ—सज्ञा पु० [स० **मनोरथ**] दे० 'मनोरथ' । उ०—जौन मनौरथ रथ तहँ होई । क्यो पहुँचै पिय पै तिय सोई ।—नद० ग्र०, पृ० १५७ ।

मन्नⓊ'—सज्ञा पुं० [हिं० **मन**] १ मन । चालीस सेर वजन का एक परिमाण । उ०—दस लक्ख कोटि दस सहस मन्न ।—ह० रासो, पृ० ६० ।

मन्नⓊ[२]—सज्ञा पुं० [स० **मनस्**] मन । चित्त ।

मन्नत—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मानना**] किसी देवता की पूजा करने की वह प्रतिज्ञा जो किसी कामनाविशेष की पूर्ति के लिये की जाती है । मानता । मनौती । उ०—(बाबर ने) मन्नत मानी कि अगर साँगा पर फतह पाऊँ, फिर कभी शराब न पीऊँ और दाढी बढने दूँ ।—शिवप्रसाद (शब्द०) ।

मुहा०—**मन्नत उतारना या बढ़ाना** = पूजा की प्रतिज्ञा पूरी करना । **मन्नत मानना** = यह प्रतिज्ञा करना कि अमुक कार्य के हो जाने पर अमुक पूजा की जाएगी ।

मन्ना—सज्ञा पु० [देश०] शहद की तरह का एक प्रकार का मीठा निर्यास जो बाँस आदि कुछ विशेष वृक्षो मे से निकलता है और जिसका व्यवहार ओषधि के रूप मे होता है ।

मन्मथ—सज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव। २ कपित्थ। कथ। ३ कामचिंता। ४ साठ सवत्सरो मे से उनतीसवें सवत्सर का नाम।

यौ०—**मन्मथमन्मथ**=कामदेव के मन को मथनेवाला, अत्यत आकर्षक वा सौदर्यशील।

मन्मथकर[1]—सज्ञा पुं० [स०] कुमार के एक अनुचर का नाम।

मन्मथकर[2]—वि० कामोद्दीपक। कामचितावर्धक [को०]।

मन्मथजलⓊ—सज्ञा पुं० [स० **मन्मथ**+**जल**] स्त्रीशुक्र। रज। उ०—पातुर लोभी अधिक ढिठाई। मन्मथजल बिरगिध बसाई।—चित्रा०, पृ० २१४।

मन्मथप्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] कामदेव की प्रिया। रति [को०]।

मन्मथबधु—सज्ञा पु० [स० **मन्मथबन्धु**] चद्रमा [को०]।

मन्मथयुद्ध—सज्ञा पु० [स०] कामवासना की तुष्टि। स्त्रीसभोग। मैथुन [को०]।

मन्मथलेख—सज्ञा पुं० [स०] प्रेमपत्र।

मन्मथसख—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव का मित्र, वसत [को०]।

मन्मथा—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा। दाक्षायणी [को०]।

मन्मथानद—सज्ञा पुं० [स० **मन्मथानन्द**] १ एक प्रकार का आम जिसे महाराज भूत भी कहते हैं। २ विषयानद। विषयजन्य सुख या आनद।

मन्मथानल—सज्ञा पु० [स०] कामाग्नि [को०]।

मन्मथालय—सज्ञा पुं० [स० [१ आम का पेड। २ कामियो के मनोरथ पूर्ण होने की जगह। प्रेमी और प्रेमिका के मिलने का स्थान। विहारस्थल। २ योनि। भग (को०)।

मन्मथाविष्ट—वि० [स०] कामोद्दीप्त [को०]।

मन्मथी—वि० [स० **मन्मथिन्**] कामी। कामुक।

मन्मथोद्दीपन[1]—सज्ञा पुं० [स०] कामोत्तेजन होना।

मन्मथोद्दीपन[2]—वि० कामोत्तेजक [को०]।

मन्मन—सज्ञा पुं० [स०] १ दपति की गोपनीय एव मदस्वर मे की जानेवाली बातचीत। २ गोपनीय कानाफूसी। ३. मदन। कामदेव [को०]।

मन्मनत्व—सज्ञा पुं० [स०] बोलने मे जीभ का हकलाना जो एक दोष है [को०]।

मन्मय—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **मन्मयी**] तन्मय का विलोम। मुझमें लीन। मुझमे अनुरक्त। उ०—अकस्मात नि शब्द आए जयी, मनोवृत्ति थी नाथ की मन्मयी।—साकेत, पृ० ३०५।

मन्य[1]—वि० [स०] अपने को समझनेवाला। अपने को अमुक जैसा माननेवाला (समासात मे प्रयुक्त) जैसे पडितमन्य [को०]।

मन्यⓊ[2]—सज्ञा पुं० [सं० **मान या प्रा० मण्णण**] मान। इज्जत। उ०—धन रगा तोर त्तिय धव्य। जिन रस्यो जीवत नृप मन्य।—पृ० रा०, ७।१८२।

मन्यका—सज्ञा स्त्री० [सं०] गले पर की एक शिरा या नस जो पीछे की ओर होती है। मन्या।

मन्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ गले की एक शिरा या नस। मन्यका। २ ज्ञान। समझ (को०)।

मन्याका—सज्ञा स्त्री० [स०] द० 'मन्यका' [को०]।

मन्यास्तभ—सज्ञा पुं० [स० **मन्यास्तम्भ**] एक रोग का नाम जिसमे गले पर की मन्या शिरा कठी हो जाती है और गरदन इधर उधर नहीं घूम सकती।

मन्यु—सज्ञा पुं० [स०] १ स्तोत्र। २. कर्म। ३ शोक। ४ याग। ५ कोप। क्रोध। उ०—कोप क्राध आगर्ष रुठ रोष मन्यु तम मोह।—अनेकार्थ०, पृ० २५। ६ दीनता। ७ अहकार। ८ शिव। ९ अग्नि। १० भागवत के अनुसार वितथ राजा के पुत्र का नाम। ११ साहस। उत्साह (को०)।

मन्युदेव—सज्ञा पु० [स०] १ क्रोध का अधिमानी देवता। २. एक ऋषि का नाम।

मन्युपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] भेकपर्णी। मडूकपर्णी।

मन्युमान[1]—वि० [सं० **मन्युमत**] शोक, क्रोध, दीनता या अहकार से युक्त।

मन्युमान[2]—सज्ञा पुं० अग्नि [को०]।

मन्युसूक्त—सज्ञा पुं० [स०] ऋग्वेद के दशम मडल का एक सूक्त जो मन्युदेव के प्रति है [को०]।

मन्वतर—सज्ञा पुं० [सं० **मन्वन्तर**] १ इकहत्तर चतुर्युगी का काल। ब्रह्मा के एक दिन का चादहवाँ भाग। विशेष—द० 'मनु'। उ०—समीचीन धर्म की प्रवृत्ति। सो कहिए मन्वतर वृत्ति।—नद० ग्र०, पृ० २१७। २ दुर्भिक्ष। अकाल। कहत।

मन्वतरा—सज्ञा स्त्री० [सं० **मन्वन्तरा**] प्राचीन काल का एक प्रकार का उत्सव जो आषाढ शुक्ल दशमी, श्रावण कृष्ण अष्टमी और भाद्र शुक्ल तृतीया को होता था।

मन्वाद्य—सज्ञा पु० [स०] धान्य।

मन्होल†—सज्ञा पुं० [देश०] तमाल।

मप्पनाⓊ—क्रि० स० [स० **मापन या देशी मप्प** (=माप)] द० 'मापना'। उ०—वचि उचारि सुमत तिहि मरमय मप्पिय बाँह।—पृ० रा०, २४। ३७६।

मफर—सज्ञा पुं० [अ० **मफ़र**] १ भागकर छिपने का स्थान। २. रक्षा। बचाव। ३ उपाय। तरीका [को०]।

मफरूर—वि० [अ० **मफ़्रूर**] १ भगोडा। भागा हुआ। २ फरार। उ०—वह दूसरे मामले मे मफरूर था।—फूलो०, पृ० ६४।

मबादा—अव्य० [फा०] ऐसा न हो। उ०—छुपा राख तूँ आज ते राज यो। मबादा सुन कोई आवाज यो।—दक्खिनी०, पृ० ८६।

मम—सर्व० [सं० अह् <अस्मद् शब्द का पष्ठी एकवचन रूप] मेरा

या मेरी। उ०—(क) साई यो मति जानियो प्रीति घटै मम चित्त। मरूँ ता तुम सुमिरत मरू जीवन सुमिरूँ नित्त।—कबीर (शब्द०)। (ख) नील सरोरुह श्याम, तरुन अरुन वारिज नयन। करहु सो मम उर धाम, सदा क्षीरसागर सयन।—तुलसी (शब्द०)। (ग) महाराज तुम तौ हौ साध। मम कन्या ते भयो अपराध।—सूर (शब्द०)।

ममकारⓅ†—सज्ञा पु० [सं०] ममत्व। ममता। अहकार। उ०—रोम ररकार का गम्म कंस लह शब्द क सग ममकार होई।—राम० धर्म, पृ० १३६। २ वयक्तिक वा निजी सपत्ति।

ममकृत्य—सज्ञा पु० [स०] दे० 'ममकार' [को०]।

ममतⓅ—सज्ञा पु० [स० **ममत्व**] दे० 'ममत्व', 'ममता'। उ०—गुरु पग परसें बधन छूटै। मोह ममत का फाँसा टूट।—सहजो०, पृ० ६।

ममता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ 'यह मेरा है' इस प्रकार का भाव। किसी पदार्थ को अपना समझने का भाव। ममत्व। अपनापन। उ०—सुमति न जान नाम न जानै मैं ममता मार।—जग० श०, पृ० ११४। २ स्नेह। प्रेम। ३ वह स्नेह जो माता पिता का अपनी सतानो के साथ होता है। ४ मोह। लोभ। ५ गर्व। अभिमान।

यौ०—**ममतायुक्त। ममताशून्य** = ममत्व या ममता से रहित।

ममताईⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० **ममता** + हिं० **ई** (प्रत्य०)] ममता। मोह। उ०—गर्व गुमान त्यागि ममताई। ह्वै सताल कार रहि दिनताई।—जग० श०, पृ० ११८।

ममतायुक्त—वि० [स०] १ अभिमानी। गर्वी। २ कृपण। ३ जिसमे ममता हो।

ममत्व—सज्ञा पुं० [स०] १ ममता। अपनापन।

यौ०—**ममत्वयुक्त। ममत्वशून्य। ममत्वहीन** = ममता वा स्नेह से रहित। उ०—पक्षी का सा जीवन, हंसमुख किंतु ममत्वहीन निर्दय वालो के लिये। अपरा, पृ० १३९।

ममनाईⓅ†—सज्ञा स्त्री० [स० **मम**] १ शासन। राज्य। २ मनमाने कार्य। उ०—तहँवा हस करत ममनाई।—कबीर सा०, पृ० १४।

ममनून—वि० [अ०] आभारी। अनुगृहीत। कृतज्ञ। उ०—मैं बहुत ममनून हूँगा। अगर आप इसपर अपनी राय फरमावें।—प्रेम० और गोर्की, पृ० ५३।

ममरखी†—सज्ञा स्त्री० [देश० **या अ० मुबारक**] बधावा।

ममरी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **बरबरी**] बनतुलसी। बबई।

ममरीⓅ†[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मम** + **री** (प्रत्य०)] माता। उ०—ऐसे हमकूँ राम पियारे। ज्यो बालक कू ममरी।—चरण० बानी, पृ० ६०।

ममाखी—सज्ञा स्त्री० [व० मौमाछी] शहद की मक्खी। मधुमक्खी। उ०—उत्तमता इसका निजस्व है, अबुजवाले सर सा देखो। जीवन मधु एकत्र कर रही उन ममाखियो सा बस लेखो।—कामायनी, पृ० २७१।

ममान, ममाना†—सज्ञा पुं० [हिं० मामा + **आना** (प्रत्य०)] मामा का घर। ममियौरा।

ममारख†—वि० [अ० **मुबारक**] शुभ। कल्याणप्रद। सौभाग्यशाली।

ममारखीⓅ—सज्ञा स्त्री० [अ० **मुबारकी** ?] बधाई। मुबारिकी। उ०—देति ममारखो बारहि बार करैं सिगरी सब ओर सलामैं।—हम्मीर०, पृ० ६।

ममासाⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **मवास**] किला। गढ। उ०—तेही आस चढ तोरैं ममासा।—कबीर सा०, पृ० ८६।

ममिताⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० **ममता**] दे० 'ममता'। उ०—धोखा देइ जीव सब राखा ममिता अदल चलाई।—सत० दरिया, पृ० १३५।

मामया—वि० [हिं० मामा + इया (प्रत्य०)] जो सबध मे मामा के स्थान पर पडता हो। मामा के स्थान का। जैसे, ममिया ससुर, ममिया सास।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग सबधसूचक शब्दो के साथ होता है।

यौ०—**ममिया ससुर** = पति वा पत्नी का मामा। **ममिया सास** = पति अथवा पत्नी की मामी। **ममिया बहिन** = मामा की कन्या।

ममियाउर†—सज्ञा पु० [हिं० **ममिया** + **पुर**] दे० 'ममियौरा'।

ममियौरा†—सज्ञा पु० [हिं० **ममिया** + **औरा** (प्रत्य०)] मामा का घर। ममाना।

ममी—सज्ञा स्त्री० [मम्मी] वह शव जो रासायनिक पदार्थ या मसाला आदि लगाकर नष्ट होने से बचाकर रखा जाता है। सुगधित द्रव्यादि के लेप द्वारा सुरक्षित शव।

विशेष—मिस्र के पिरामिडो मे ऐसे शव प्राप्त होते हैं, जो तीस हजार वर्षों से भी अधिक पहले के है।

ममीरा—सज्ञा पु० [अ० **मामीरान**] हलदी की जाति के एक पौधे की जड।

विशेष—इस पौधे को कई जातियाँ होती हैं। यह आँख के रोगो को अपूर्व औषधि मानी जाती है। यह पौधा सम शीतोष्ण प्रदेशो मे होता है। आसाम के पूर्व के देशो के पहाडी स्थानो मे भी यह बहुत होता है। कुछ दूसरे पौधो की जड़ें भी, जो इससे मिलती जुलती होती हैं, ममीरे के नाम से बिकती है और उन्हे नकली ममीरा कहते है।

ममोला—सज्ञा पु० [देश०] १ धोबिन नाम का छोटा पक्षी जिसके पेट पर काली धारियाँ होती है। उ०—मैलो मेरी गेंद ममोला, दिल मेरा बाई लिया माँ।—दक्खिनी०, पृ० ३६०। २ वीर बहूटी। ३ छोटा और प्यारा बच्चा। †४ एक प्रकार का घोडा। उ०—अमोला ममोला लिए मोल लच्छो।—प० रासो पृ० १६७।

ममोलियाⓅ—सज्ञा स्त्री० [देश०] वीर बहूटी। ममोला। उ०—लूँवां झड नदियां लहर बक पगत भर बाथ। मोरा सोर ममोलिया, सावण लायो साथ।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ७।

मयोभय—सज्ञा पुं० [स०] शिव ।

मयोभू—वि०] स०] यज्ञ के फल से उत्पन्न ।

मरद—सज्ञा पु० [स० **मरन्द, मकरन्द**, प्रा० **मरद**] मकरद । उ०—जानै नहि तव माधुरी मद मरद मुगध ।—दीन० ग्र०, पृ० ६२ ।

मरदकोश—सज्ञा पुं० [सं० **मरन्द+कोश**] १ फूल का वह भाग जिसमे 'सुधा' या रस रहता है। मकरदकोश। २ मधु-मक्खियो का छत्ता ।

मर[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मृत्यु । २ ससार । जगत् । ३ प्राणी । मरणधर्मा । जीव । उ०—मर क्या, अमर अधीन हमारे कर्मों के हैं ।—साकेत, पृ० ४१६ । ४ पृथ्वी ।

मर[2]—सज्ञा स्त्री० [स० **मुरा**] दे० 'मुरा' ।

मरक[1]—सज्ञा पु० [स०] १ मृत्यु । मरण । २ वह रोग जिसमे थोडे ही काल मे अनेक मनुष्य ग्रस्त होकर मरते है । वह भीषण सक्रामक रोग जिसमे बहुत से लोग मरें । मरी । ३ मार्कंडेय पुराणानुसार एक जाति का नाम ।

मरक[2]—सज्ञा स्त्री० [हि० **मरकना** (=दबाना)] १ दबाकर सकेत करना । सकेत । इशारा । उ०—अर ते टरत न वर परै दई मरक यनु मैन । होडाहोडी बढि चले चित चतुराई नैन ।—बिहारी (शब्द०) । २ हौसला । उ०—मन की मरक काढि सब दिन की निधरक ह्वै रस झेलिऐ ।—घनानद, पृ० ४०३ । ३ खिचाव । उ०—एक गाँव बसि बैरी ऐसी राखिऐ मरक ।—घनानद०, पृ० १३५ । ४ बदला । उ०—मदन मरक कबहूँ कि काढिहै भौरो पुहप लाग बरन बरन महकन ।—घनानद, पृ० ३६० । ५ दे० 'मडक' ।

मरकज—सज्ञा पु० [अ० **मरकज़**] १ वृत्त का मध्य बिदु । २ प्रधान या मध्य स्थान । केंद्र ।

मरकजी—वि० [अ० **मरकज**] केंद्रीय । मुख्य ।

मरकट[1]—सज्ञा पुं० [स० **मकट**] दे० 'मर्कट' ।

मरकट—वि० [सं० **मृतकवत्**] १ दुर्बल । दुबला पतला । कम-जोर । २ अशुभ । मनहूस (लाक्ष०) । उ०—सुबह सुबह नशा के शबाब मे, भया नही बाबू नही, चाँदी नही सोना नही—यह साला मरकट सामने आ फटा ।—शराबी, पृ० ६० ।

विशेष—प्रात बदर का मुँह देखना अशुभ माना जाता है अत यह अर्थ बोलचाल में प्रचलित है ।

मरकत—सज्ञा पु० [स०] पन्ना ।

यौ०—मरकत पत्ती=एक लता । पाची । **मरकतमदर**=पन्ना का पहाड । **मरकतमणि**=पन्ना । **मरकतशिला**=पन्ना की चट्टान या सिल्ली । **मरकतश्याम**=पन्ना के समान गहरा हरा या काला ।

मरकताल—सज्ञा पुं० [देश०] समुद्र की तरगो की उतार की सब मे अतिम अवस्था । भाटा की चरम अवस्था जो प्राय अमावास्या और पूर्णिमा से दो चार दिन पहले होती है ।

मरकद—सज्ञा पुं० [अ० **मर्क़द**] कब्र । समाधि । उ०—रसा हाजत नही कुछ रौशनी की कुंजे मर्कद मे ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ८४८ ।

मरकना—क्रि० अ० [अनु०] १ दबकर मरमराना । दबाव के नीचे पडकर टूटना । दबना । उ०—सुनत ही सौतिन करेजा करकन लाग्यो मरकन लाग्यो मान भवन मन हारघा सा ।—देव (शब्द०) । २ दे० 'मुरकना' । उ०—कँटवासी बसवारिन को रकवा जहँ मरकत । बीच बीच कटकित वृन्त जाके बढि लरकत ।—प्रेमघन० भा० १, पृ० ६ ।

मरकहा—वि० [हिं० **मारना**=हा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० **मरकही**] सीग से मारनेवाला । जो सीग से बहुत मारता हो (पशु) । उ०—मरकहा बैल रात दिन फूँ फूँ किया करता है ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५५६ । २ किसी को मारने पीटने-वाला (क्व०) ।

मरकाना—क्रि० स० [हिं० **मरकना**] १ दबाकर चूर करना । इतना दबाना कि मरमराहट का शब्द उत्पन्न हो । तोडना । उ०—यो राहत कूँ दुनियाँ के मरकान कर, ल्या राखे पग तले आनकर ।—दखिनी०, पृ० १४६ । २ दे० 'मुडकाना' ।

मरकूम—वि० [अ० **मरकूम**] [वि०स्त्री० **मरकूमा**] लिखित । लिखा हुआ । उ०—जो कुछ कि कजा काजी मे मरकूम हुआ है ।—कबीर म०, पृ० १४१ ।

मरकोटी—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की मिठाई ।

मरकतⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **मरकत**] दे० 'मरकत' । उ०—मानो मरकत सैल विसाल म फैलि चली बर बीर बहूटी ।—तुलसी ग्र०, पृ० १६५ ।

मरखडा‡—वि० [हिं० **मारना**] दे० 'मरखन्ना' ।

मरखन्ना†—वि० [हिं० **मारना+न्ना** (प्रत्य०)] [वि०स्त्री० **मरखन्नी**] सीग से मारनेवाला । मरकहा (पशु) ।

मरखम—सज्ञा पु० [हिं० **मलखभ**] वह खूँटा जो कातर मे गाडा रहता है ।

मरगजाⓅ†—वि० [हिं० **मलना+गींजना**] [वि० स्त्री० **मरगजी**] मला दला । मसला हुआ । गींजा हुआ । मलित दलित । उ०—(क) सब अरगज मरगज भा लोचन पीत सरोज । सत्य कहहु पद्मावत सखी परी सब खोज ।—जायसी (शब्द०) । (ख) धर पठई प्यारी अक भरि । कर अपने मुख परसि त्रिया के प्रेम सहित दाऊ भुज धरि धरि । सँग सुख लूटि हरष भई हिरदय चली भवन भामिनि गजगति ढरि । अँग मरगजी पटोरी राजति छबि निरखत ठाढे ठाढे हरि ।—सूर (शब्द०) । (ग) तुम सौतिन देखत दई अपने हिय ते लाल । फिरत सबन मे डहडही डहै मरगजी भाल ।—बिहारी (शब्द०) । (घ) अटपटे भूषन मरगजी सारी, वदन परस्यो भाल सो ।—छीत०, पृ० ७१ ।

मरगजा[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलगजा[2]' ।

मरगी‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मरना**, मि० फ़ा० **मर्ग**] फैलनेवाला रोग । मरक । मरी ।

मरगोल—सज्ञा पु० [अ० मरग़ोल] गाने मे ली जानेवाली गिटकिरी। स्वर कपन। (सगीत)।

क्रि० प्र०—भरना।—लेना।

मरगोलनाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० मरगोल] सुदर स्वर मे बोलना। गिटकिरी लेते हुए बोलना। उ०—सुआ देखा एकस के हाथ मे। जो मरगोलता है वो हर बात मे।—दक्खिनी०, पृ० ७८।

मरगोला—सज्ञा पुं० [अ० मरगोला] दे० 'मरगोल'।

मरघट[1]—सज्ञा पु० [हिं० मर (=मृत्यु)+घाट] वह घाट या स्थान जहाँ मुर्दे फूँके जाते हैं। मुर्दों को जलाने की जगह। स्मशान घाट। मसान। उ०—(क) जा घर साधु न सेवइ पारब्रह्म पात नाहिं। ते घर मरघट सारिखा भूत बसे ता माहिं।—कबीर (शब्द०)। (ख) हरिश्चद्र का पुत्र राहित मर गया। उस मृतक का ले रानी मरघट गई।—लल्लू (शब्द०)।

मुहा०—**मरघट का भुतना**=प्रेत।

मरघट[2]—वि० १ बहुत ही कुरूप और विकराल आकृति का। कुरूप। २. जो सदा उदास रहता हो। मनहूस। रोना। ३ चेष्टाहीन। निष्क्रिय।

मरचा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मिरचा'।

मरचूवा—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'मरचोवा'। उ०—मरचूवा मितवर से नवबर तक बोते हैं।—कृषि०, पृ० २३६।

मरचोवा—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की तरकारी जिसका व्यवहार योरप मे अधिकता से होता है।

मरज—सज्ञा पु० [अ० मर्ज़] १ रोग। बीमारी। उ०—(क) आली कछू को कछू उपचार करै पै न पाइ सकै मरज री। —पद्माकर (शब्द०)। (ख) नेह तरजनि बिरहागि सरजनि सुनि मान मरजनि गरजनि बदरान की।—श्रीपति (शब्द०)। २ बुरी लत। खराब आदत। कुटेव। जैसे,—आपको तो बकने का मरज है। (इस अर्थ मे इसका प्रयोग अनुचित बातो के लिये होता है।)

मरजादⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० मर्य्यादा] १ सीमा। हद। उ०—गुरु नाम है गम्य का शिष्य सीख ले सोय। बिनु पद ई मरजाद बिनु गुरू शिष्य नहिं होय।—कबीर (शब्द०)। (ख) सुदरता मरजाद भवानी। जाड न कोटिन बदन बखानी।—तुलसी (शब्द०)। २ प्रतिष्ठा। आदर। इज्जत। महत्व। उ०—(क) गुरू मरजाद न भक्तिपन नहिं पिय का अधिकार। कहै कबीर व्यभिचारिणी आठ पहर भरतार।—कबीर (शब्द०) (ख) यह जो अघ बीस हू लोचन छल बल करत आनि मुख हेरी। आइ शृगाल सिंह बलि मागत यह मरजाद जात प्रभु तेरी। —सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—खोना।—जाना।—रखना।

३ रीति। परिपाटी। नियम। विधि। उ०—मत मभु श्रीपति अपबादा। सुनिय जहाँ तहँ अस मरजादा।—तुलसी (शब्द०)।

यौ०—**मरजादवाला**=समानित व्यक्ति। महान् पुरुष। उ०—लाज जो बतारता है मरजादवालो की।—अपरा, पृ० ८५।

मरजादा—सज्ञा स्त्री० [सं० मर्यादा] दे० 'मरजाद'। उ०—करति न लाज हाट घर वर की कुछ मरजादा जाति डगी सी। भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४६२।

मरजादिⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मरजादा] दे० 'मर्यादा'। उ०—होइ सुधाता सब्द सम, समझौ कवि मरजादि।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ५३१।

मरजिया[1]—वि० [हिं० मरना+जीना] १ मरकर जीनेवाला। जो मरने से बचा हो। उ०—(क) तस राजै रानी कँठ लाई। पिय मरजिया नारि जनु पाई।—जायसी (शब्द०)। २ मृतप्राय। जो मरने के समीप हो। मरणासन्न। उ०—पद्मावति जो पावा पीऊ। जनु मरजिये परा तनु जीऊ।—जायसी (शब्द०)। ३ जो प्राण देने पर उतारू हो। मरनेवाला। उ०—अब यह कौन पानि मैं पीया। भै तन पाँख पतँग मरजीया।—जायसी (शब्द०)। ४. बेधमरा। उ०—जहँ अस परी सबुँद नग दीया। तेहि किम जिया चहैं मरजीया। —जायसी (शब्द०)।

मरजिया[2]—सज्ञा पु० जो पानी मे डूबकर उसके भीतर से चीजो को निकालता है। समुद्र मे डूबकर उसके भीतर से मोती आदि निकालनेवाला। जिवकिया उ०—(क) जस मरजिया समुँद धँसि मारे हाथ आव तब सीप। ढूँढि लेहु जो स्वर्ग दुआरे चढे सो सिंहल दीप।—जायसी (शब्द०)। (ख) कविता चेला विधि गुरू सीप सेवाती बुद, तेहि मानुष का आस का जो मरजिया समुद।—जायसी (शब्द०)। (ग) तन समुद्र मन मरजिया एक बार धँसि लेइ। की लाल लै नीकसे की लालच जिउ देइ।—कबीर (शब्द०)।

मरजी—सज्ञा स्त्री० [अ० मर्ज़ी] १ इच्छा। कामना। चाह। उ०—(क) बरजी हमैं और सुनाइबे को कहि तोप लख्यो सिगरी मरजी।—तोप (शब्द०)। (ख) दरजी किते तिते धन गरजी। व्योतहि पटु पट जिमि नृप मरजी।—गोपाल (शब्द०)। २ प्रसन्नता। खुशी। ३ आज्ञा। स्वीकृति। उ०—(क) वा विधि साँवरे रावरे की न मिली मरजी न मजा न मजाकै।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) इनकी सबकी मरजी करिकै अपने मन को समुझावने है।—ठाकुर (शब्द०)। (ग) मरजी जो उठी पिय की सुधि लै चपला चमकै न रहैं बरजी। —(शब्द०)।

मरजीवा—सज्ञा पुं० [हिं० मरना+जीना] दे० 'मरजिया'[2]। उ०—मोती उपजे सीप मे सीप समुदर माहिं। कोइ मरजिवा काढेसो जीवन की गम नाहिं।—कबीर (शब्द०)।

मरज्यादⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मर्य्याद] दे० 'मरजाद'। उ०—मिले राज मभ मरज्याद छुट्टी। उमा सत्त सामत की मत्ति पुट्टी।—पृ० रा०, १२ २७८।

मरटⓊ†—सज्ञा पु० [स० मरत (=मृत्यु)] मौत। मृत्यु। उ०—धार मुरै मुख ना मुरै मरट मुच्छ क्रत जोह।—पृ० रा०, २५।४४३।

मरण—सज्ञा पुं० [सं०] १, मरने का भाव। मृत्यु। मौत। २,

वत्सनाभ। वछनाग। ३ कुडली मे आठवाँ स्थान (को०)। ४ बद होना। रुक जाना। समाप्त होना। जैसे वर्षा का।

मरणधर्मा—वि० [स० **मरणधर्मन्**] मरणशील। मरणस्वभाव। जो मरता हो।

मरणशील—वि० [स०] दे० मरणधर्मा'।

मरणशीलता—सज्ञा स्त्री० [स०] मरणधर्मिता। मरने का भाव।

मरणात मरणातक—वि० [स० **मरणान्त, मरणान्तक**] जिसकी समाप्ति मृत्यु हो। अत मे जिससे मृत्यु प्राप्त हो [को०]।

मरणाशंसा—सज्ञा स्त्री० [स०] शीघ्र मरने की इच्छा। जल्दी मरने की कामना। (जैन)।

मरणाशौच—सज्ञा पु० [स०] शुद्धक। किसी की मृत्यु होने पर परिवार तथा जातिबधु को लगनेवाला अशौच।

मरणीय—वि० [स०] मरणशील। मरणधर्मा [को०]।

मरणोन्मुख—वि० [स०] जो मृत्यु के निकट हो। जिसकी मृत्यु आ गई हो [को०]।

मरत(पु)—सज्ञा पु० [सं० ?] मरण। मृत्यु। मौत।

मरतबा—सज्ञा पु० [अ० **मरतबह्**] १ पद। पदवी। ओहदा।

क्रि० प्र०—पाना। बढना।—बढाना।—मिलना।

२ बार। दफा। जैसे,—मैं आपके घर कई मरतबा गया था।

मरतबान—सज्ञा पु० [स० **मृद्भाण्ड**] दे० 'अमृतबान'।

मरद(पु)—सज्ञा पुं० [फा० **मर्द**] दे० 'मर्द'। उ०—अर्थ धर्म काम मोक्ष बसत विलोकनि मे कामी करामात जोगी जागता मरद की।—तुलसी (शब्द०)।

मरदई+—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मर्द+ई** (प्रत्य०)] १ मनुष्यत्व। आदमीयत। २ साहस। ३ वीरता। बहादुरी।

क्रि० प्र० करना।—दिखाना।

मरदन(पु)—सज्ञा पुं० [सं० **मर्दन**] दे० 'मर्दन'।

मरदना(पु)—क्रि० स० [स० **मर्दन**] १ मसलना। मर्दन करना। मलना। उ०—(क) अति करहि उपद्रव नाथा। मरदहि मोहि जानि अनाथा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पदन मरदि मद मदन शत्रु पुर लोक पठावत।—गोपाल (शब्द०)। २. ध्वस करना। चूर्ण करना। उ०—अमल कमल कुल कलित ललित गति बेनि मा वलित मधु माधवी को पानिए। मृगमद मरदि कपूर धूरि चूरि पग केसरि को केशव विलास पहिचानिए।—केशव (शब्द०)। ३ माटना। गूँधना। जैसे, आटा मरदना।

मरदनिया—सज्ञा पुं० [हिं० **मर्दाना**] वह पुष्टतनु भृत्य जो बडे आदमियो के अग मे तेल आदि मला करता है। शरीर मे तेल मलनेवाला सेवक। उ०—लिए तेल मरदनिया आए। उबटि सुगध चुपरि अन्हवाए।—लल्लू (शब्द०)।

मरदाँन(पु)—वि० [फा० **मर्दानह्**] दे० 'मरदाना'। उ०—जहँ मगद मरदान कन्ह तहँ जानि नाग भुअ। मिले तक्कि तरवार झारि उम्मारि सीस दुअ।—पृ० रा०, ८।५८।

मरदानगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. वीरता। शूरता। शौर्य। उ०—काम इहै मरदानगी को आन परै सु लिए बहने है।—ठाकुर०, पृ० ३१। २ साहस।

क्रि० प्र०—दिखाना।

मरदाना[१]—वि० [फा० **मरदानह्**] [वि० स्त्री० **मरदानी**] १ पुरुष सबधी। पुरुषो का। जैसे, मरदानी बैठक। २ पुरुषो का सा। जैसे, मरदाना भेस,। ३ वीरोचित। जैसे, मरदाना काम। ४ बहादुर। जवाँमर्द।

मरदाना[२]+—क्रि० अ० [हिं० **मरद**] साहस करना। वीरता दिखाना।

मरदुआँ—सज्ञा पुं० [फा० **मर्द**] १ मर्द बननेवाला। झूठा या दिखावटी मर्द। तुच्छ आदमी। कायर। उ०—वाहर वाहरे मरदुए, कुरबान जाऊँ तेरे ईमान पर।—रगभूमि, भा० २, पृ० ६९२। २ अपरिचित व्यक्ति। गैर आदमी। ३. खाविद। पति। (स्त्रि०)।

मरदूद—वि० [अ०] १ तिरस्कृत। २ लुच्चा। नीच। उ०—मरदूद तुझे मरना सही। काइम अकल करके कही।—तुरसी श०, पृ० २४।

मरद्द(पु)—सज्ञा पु० [फा० **मर्द**] दे० 'मर्द'। उ०—सजे सँग चद पुंडरी मरद्द।—प० रासो०, पृ० ७५।

मरन—सज्ञा पुं० [सं० **मरण**] दे० 'मरण'। उ०—(क) अब भा मरन सत्य हम जाना।—मानस, ४।२७। (ख) मरन भएउ कछु ससय नाही।—मानस, ४।२६।

यौ०—**मरनपुर**=मृत्युलोक। मर्त्यलोक। उ०—हौं तो अहा अमरपुर जहाँ। इहाँ मरनपुर आएउँ कहाँ।—जायसी ग्र०, (गुप्त), पृ० २०१।

मरना—क्रि० अ० [स० **मरण**] १ प्राणियो या वनस्पतियो के शरीर मे ऐसा विकार होना जिससे उनकी सब शारीरिक क्रियाए बद हो जायँ। मृत्यु को प्राप्त होना। उ०—(क) माई यों मत जानियो प्रीति घट मम चित्त। मरूँ तो तुम सुमिरत मरूँ जीवत सुमिरो नित्त।—कबीर (शब्द०)। (ख) कर गहि खग तोर बध करिहौ सुनि मारिच डर मान्यो। रामचद्र के हाथ मरूँगो परम पुरुष फल जान्यो।—सूर (शब्द०)। (ग) लघु आनन उत्तर देत बडे लरिहैं मरिहै करिहैं कछु साके।—तुलसी (शब्द०)। (घ) मरिबे को साहस कियो बढो विरह की पीर। दौरति ह्वै समुहै ससी सरसिज सुरभि समीर।—बिहारी (शब्द०)। (ङ) मरल गो कई वार जियाया।—कबीर सा०, पृ० १५११।

मुहा०—**मरना जीना**=शादी गमी। शुभाशुभ अवसर। सुख दु ख। **मरने की छुट्टी न होना या न मिलना**=बिलकुल छुट्टी न मिलना। अवकाश का अभाव होना। दिन रात कार्य मे फँसा होना। **मरता क्या न करता**=जीवन से निराश व्यक्ति का सब कुछ करने को तैयार हो जाना। पराजय या असफलता को जान लेनेवाले व्यक्ति का सब कुछ करने को तैयार होना। **मरते गिरते**=किसी तरह। गिरते पडते। **मरते जीते**=दे० 'मरते गिरते'। **मरते दम तक**=दे० 'मरते मरते'। **मरते मरते**=आखिरी दम तक। अतिम समय तक। **मरा सा**=अत्यत दुर्बल। क्षीणकाय। **मरे या मरते को मारना**=पीडित

को और पीडा पहुँचाना। उ०—मरे को मारे शाह मदार (बोल०)।

२. बहुत अधिक कष्ट उठाना। बहुत दु ख सहना। पचना। उ०—(क) एक बार मरि मिलै जो आए। दूसरा बार मरै कित जाए।—जायसी (शब्द०)। (ख) तुलसी भरोसो न भवेस भोरानाथ को तो कोटिक कलेस करो मरो छार छानि सो।—तुलसी (शब्द०)। (ग) तुलसी तेहि सेवत कौन मरै, रज ते लघु को करै मेरु से भारै।—तुलसी (शब्द०) (घ) कठिन दुहूँ विधि दीप को सुन हो मीत सुजान। सब निसि बिनु देखे जरै मरै लखै मुख भान।—रसनिधि (शब्द०)।

मुहा०—**किसी के लिये मरना** = हैरान होना। कष्ट सहना। **किसी पर मरना** = लुब्ध होना। आसक्त होना। **मर पचना** = अत्यत कष्ट सहना। **मर मरकर** = बहुत अधिक कष्ट उठाकर। उ०—२३ मील पहाडी यात्रा थी, किंतु कल तो मर मरकर मैं पैदल ही २१ मील चला आया था।—किन्नर०, पृ० ३४। **किसी की बात पर मरना या किसी बात के लिये मरना** = दु ख सहना। **मर मिटना** = श्रम करते करते विनष्ट हो जाना। उ०—सबने मर मिटने की ठान ली थी।—इन्शा (शब्द०)। **मरा जाना** = (१) व्याकुल होना। व्यग्र होना। जैसे,—सूद देते देते किसान मरे जाते हैं। (२) उत्सुक होना। उतावली करना।

३ मुरझाना। कुम्हलाना। सूखना। जैसे, पान का मरना, फल का मरना। ४ मृतक के समान हो जाना। लज्जा, सकोच या घृणा आदि के कारण सिर न उठा सकना। उ०—(क) यहि लाज मरियत ताहि तुम सो भयो नातो नाथ जू। अब और मुख निरखै न ज्यो त्यो राखिए रघुनाथ जू।—केशव (शब्द०)। (ख) तब सुधि पदुमावति मन भई। सँवरि बिछोह मुरछि मरि गई।—जायसी (शब्द०)। ५ किसी पदार्थ का किसी विकार के कारण काम का न रह जाना। जैसे, आग का मरना, चूने का मरना, सुहागा मरना, धूल मरना।

मुहा०—**पानी मरना** = (१) पानी का दीवार या दीवार की नीव मे धँसना। (२) किसी के सिर कोई कलक आना। उ०—पुनि पुनि पानि वही ठाँ मरै। फेर न निकसे जो तहँ परै।—जायसी (शब्द०)।

६ खेल मे किसी गोटी या लडके का खेल के नियमानुसार किसी कारण से खेल से अलग किया जाना। जैसे, गोटी का मरना, गोइयाँ का मरना, इत्यादि। ७ किसी वेग का शात होना। दबना। जैसे, भूख का मरना, प्यास का मरना, चुल्ल का मरना, पित्त का मरना इत्यादि। उ०—मुँह मोरे मोरे ना मरति रिमि केशवदास मारहु धौ कहे कमल सनाल सो।—केशव (शब्द०)। ८ डाह करना। जलना। ९ झखना। झनखना। पछताना। रोना। १० हारना। वशीभूत होना। पराजित होना। उ०—तू मन नाथ मार के स्वाँसा। जो पै मरहि आप कर नासा। चारिहु लोक चार कह बाता। गुप्त लाव मन जो सो राता।—जायसी (शब्द०)। ११ भस्म होना। कुश्ता होना। जैसे, धातु आदि का मरना। १२ डूब जाना। प्राप्ति या वसूली की आशा न रह जाना। जैसे, बकाया या पावना आदि।

मरनि⑤—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मरनी'।

मरनी⑤—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मरना**] १ मृत्यु। मौत। २ दु ख। कष्ट। हैरानी। उ०—सुनि योगी की अम्मर करनी। न्योरी विरह विथा की मरनी।—जायसी (शब्द०)। ३ वह शोक जो किसी के मरने पर उसके सबधियो को होता है। ४ वह कृत्य जो किसी के मरने पर उसके सबधी लोग करते हैं।

यौ०—**मरनी करनी** = मृत्यु और मृतक की अत्येष्टि क्रिया।

मरवुली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का कद जो पहाडी प्रदेशो मे उत्पन्न होता है।

विशेष—इसके टुकडे गज गज भर के गड्ढे खोदकर बोए जाते हैं। बोवाई सदा हो सकती है, पर गर्मी के दिनो मे इसमे पानी देने की आवश्यकता होती है। यह दो प्रकार की होती है—मीठी और तीक्ष्ण या गला काटनेवाली। दोनो से तीखुर बनाया जाता है। इसकी जड को आलू या कद भी कहते हैं। कद को धोकर उसके लच्छे बनाते हैं। फिर लच्छे को दबाकर या कुचलकर रस निकालते हैं जिसे सुखाकर सत्त बनता है जो तीखुर कहलाता है। रस निकले हुए खोइए को भी सुखा और पीसकर कोका के नाम से बेचते हैं। इसकी खेती पहाडो मे अधिकता से होती है।

मरभख—सज्ञा पु० [देश०] वह जो सदैव खाने के लिये लालायित रहता है।

मरभुक्खा—वि० [हिं० **मरना** + **भूखा**] १ भूख का मारा हुआ। भुक्खड। २ कगाल। द्ररिद्र।

मरभूखा—सज्ञा पु० [हिं० **मरना** + **भूख**] भुक्खड। भुखमरा। उ०—न जाने कहाँ के मरभूखे जमा हो गए हैं।—रगभूमि, भा० २, पृ० ४९८।

मरमँनि‡—वि० [स० मर्म] मर्मवाली। दुखियारी। उ०—मरमँनि, सोइ रे चादर ताँनि, माइलि बोले बोलने भावज बोले बोलने।—पोद्दार अभि०, ग्र०, पृ०, ९२७।

मरम—सज्ञा पुं० [स० मर्म] दे० 'मर्म'। उ०—जिय को मरम तुम साफ कहत किन काहे फिरत मँडराए हो।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५४५।

मरमती—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष।

विशेष—इस वृक्ष की लकडी कडी और बहुत टिकाऊ होती है तथा खेती के औजार और घर के सँगहे आदि बनाने के काम आती है। यह पेड छोटा होता है और भारतवर्ष के प्राय सभी भागो मे मिलता है। यह बीजो से उत्पन्न होता है।

मरमर—संज्ञा पुं० [यू०] एक प्रकार का दानेदार चिकना पत्थर जिसपर घोटने से अच्छी चमक आती है।

विशेष—इसमें चूने का अंश अधिक होता है और इसे जलाने से अच्छी कली निकलती है। यद्यपि संसार के भिन्न भिन्न प्रदेशों में अनेक रंगों के मरमर मिलते हैं, पर सफेद रंग के मरमर ही को लोग विशेषकर मरमर या 'संग मरमर' कहते हैं। जो मरमर काला होता है, उसे 'संग मूसा' कहते हैं। मरमर पत्थर की मूर्तियाँ, खिलौने, बरतन आदि बनाए जाते हैं और उसकी पटिया और टोके मकान बनाने में भी काम आते हैं। अच्छा मरमर इटली से आता है, पर भारतवर्ष में भी यह जोधपुर, जयपुर, कृष्णगढ और जबलपुर आदि स्थानों में मिलता है।

मरमरा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० मल या अनु०] वह पानी जो थोडा खारा हो।

मरमरा[2]—संज्ञा पुं० [अनु०] एक पक्षी का नाम।

मरमरा[3]—वि० जो सहज में टूट जाय। जरा सा दबाने पर मर मर शब्द करके टूट जानेवाला।

मरमराना—क्रि० अ० [अनु०, तुल० सं० मडमडायिता] १ मरमर शब्द करना। २ अधिक दबाव पाकर पेड की शाखा या लकडी आदि का मरमर शब्द करके दबना। उ०—भयो भूरि भार धरा दलत धरा कुमार करत चिकार चार दिग्गज सहित सोग। गिरिधरदास भूमि मडल मरमरात अति घबरात से परात हैं दितन लोग। परम बितेस भार सहि ना सकत सेस एक तिर नव्व अड सहस धरन जोग। लटकि लटकि सीस झटकि झटकि चित्त अटकि अटकि डारैं पटकि पटकि भोग। —गोपाल (शब्द०)।

मरमराहट—संज्ञा स्त्री० [हिं० मरमराना] १ किसी लकडी या शाखा के टूटने का शब्द। चरमराहट। २ धीमी धीमी आवाज। सूखे पत्ते आदि के पैरों से दबने की ध्वनि। ३ असंतोष प्रकट करने की क्रिया। भुनभुनाहट।

मरमाⓊ—संज्ञा पुं० [सं० मर्म] दे० 'मर्म'। उ०—घायल भए नाद के लागे मरमा हैं सबद कटारी हो।—पलटू०, भा० ३, पृ० ८४।

मरमिनⓊ—वि० स्त्री० [सं० मर्म] मरमवाली। दुखियारी। दे० 'मर्मी'। उ०—एक नारि दूजे मरमिन ह्वै कित दुख मैं झोकै री। 'हरीचद' कहवाइ सुघर क्यो बढवति सोकै री।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३८२।

मरमीⓊ—वि० [सं० मर्मिन्] रहस्य जाननेवाला। उ०—सब्बी मरमी प्रभु सठ धनी। बेद बदि कवि भानस गुनी।—मानस, ३।२०।

मरम्मⓊ—संज्ञा पुं० [सं० मर्म] दे० 'मर्म'। उ०—मरम्मय मुद्धय विद्धय मेल।—पृ० रासो, पृ० ४२।

मरम्मत—संज्ञा स्त्री० [अ०] किसी वस्तु के टूटे फूटे अंगों को ठीक करने की क्रिया या भाव। दुरुस्ती। जीर्णोद्धार। जैसे, मकान की मरम्मत, घडी की मरम्मत।

मुहा०—मरम्मत करना=(१) टूटे फूटे अंशों को दुरुस्त करना या सँवारना। (२) पीटना। ठोकना। मारना।

मरयादⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० मर्य्यादा] दे० 'मर्यादा'। उ०—रहो मरयाद बोले तुम हमेशा, करेगा फज्ल सूँ ई बात आगाह। —दक्खिनी०, पृ० ११६।

मरल[1]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की मछली। यह दो हाथ तक लंबी होती है और दलदलों या ऐसे तालाबों में पाई जाती है जिसमें घास फूस अधिक उगता है।

मरलⓊ[2]—वि० [हिं० मरना का भोजपुरी रूप 'मृत'] मृत। मरा हुआ। उ०—मरल गौ कई बार जियाया। बहुतक अचरज तिन दिखलाया।—कबीर सा०, पृ० १५११।

मरवट[1]†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मरना] वह माफी जमीन जो किसी के मारे जाने पर उसके लडके वालों को दी जाती है।

मरवट[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] पटुए की कच्ची छाल जो निकालकर सुखाई गई हो। सन का उलटा।

मरवट[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मलपट] वे लकीरें जो रामलीला आदि के पात्रों के गालों पर चंदन या रंग आदि से बनाई जाती हैं। उ०—घँघरी लाल जरकसी सारी सोथे भीनी चोली जू, मरवट मुख पै सिर पै मौरी मेरी दुलहिया भोली जू।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४४६।

मरवा—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मरुआ'।

मरवाना—क्रि० स० [हिं० मारना का प्रे० रूप] १ मारने का प्रेरणार्थक रूप। मारने के लिये प्रेरणा करना। २ वध कराना।

संयो० क्रि०—डालना।

३ दे० 'मराना'।

मरसा—संज्ञा पुं० [सं० मार्षप] एक प्रकार का साग जिसकी पत्तियाँ गोल झुर्रीदार और कोमल होती हैं। उ०—मरसा (लाल साग) के बडे बडे पत्तों को देखकर मुह से लार टपकती है।—किन्नर०, पृ० ७०।

विशेष—इसके पेड तीन चार हाथ तक ऊँचे होते हैं। इसके डठलों और पत्तियों का साग पकाकर लोग खाते हैं। मरसा दो प्रकार का होता है। एक लाल और दूसरा सफेद। लाल मरसा खाने में अधिक स्वादिष्ट होता है। मरसा बरसात के दिनों में बोया जाता है और भादों कुआर तक इसका साग खाने योग्य होता है। पूरी बाढ के पहुँचने पर इसके सिरे पर एक मंजरी निकलती है जो एक बालिश्त से एक हाथ तक लंबी होती है। उस समय इसके डठल और पत्तियाँ भी कडी हो जाती हैं और देर तक पकाई जाने पर कठिनाई से गलती हैं। मंजरी में सफेद सफेद छोटे फूल लगते हैं और फूलों के मुरझा जाने पर बीज पडते हैं। बीज छोटे, गोल, चिपटे और चमकीले काले रंग के होते हैं। यह बीज औषधि में काम आते हैं। वैद्यक में इसके स्वाद को मधुर, इसकी प्रकृति शीतल और गुण रक्तपित्तनाशक,

वातकफवर्धक और विष्टभकारक लिखा है, और लाल मरसे को हल्का, चरपरा और सारक बताया गया है।

मरसिया—सज्ञा पु० [अ०] १ शोकसूचक कविता जो किसी की मृत्यु के सबध मे बनाई जाती है। यह उर्दू भाषा मे अनेक छदो मे लिखी जाती है। इसमे किसी के मरने की घटना और उसके गुणो का ऐस प्रभावोत्पादक शब्दो मे वर्णन किया जाता है जिससे सुननेवालो मे शोक उत्पन्न हो। ऐसी कविता प्राय मुहर्रम के दिनो मे पढी जाती है। उ०—इसे कजली क्यों, मरसिया कहना चाहिए।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३६२।

क्रि० प्र०—पढ़ना।—लिखना।—सुनाना।

२ सियापा। मरणशोक। रोना पीटना।

क्रि० प्र०—पढ़ना।

यौ०—**मरसियाख्वाँ**=मरसिया पढनेवाला। **मरसियाख्वानी**=मरसिया पढने का कार्य। मरसिया पढना।

मरहटⓤ†'—सज्ञा पु० [हिं० मरघट] मसान। मरघट। उ०—कबिरा मदिर आपने नित उठि करता आलि। मरहट देखी डरपता चोडे दीया जालि।—कबीर (शब्द०)।

मरहटⓤ†—सज्ञा स्त्री० [देश०] मोठ। उ०—मूँग माख मरहट की पहिती चनक कनक सम दारी जी।—रघुनाथ (शब्द०)।

मरहटा—सज्ञा पु० [स० महाराष्ट्र] १ महाराष्ट्र देश का रहनेवाला। मरहठा। २ उनतीस मात्राओ के एक मात्रिक छद का नाम जिसमे १०, ८ और १२ पर विश्राम होता है तथा अत मे एक गुरु और लघु होता है। उ०—अति उच्च अगारनि बनी पगारनि जनु चितामणि नारि। बहुसत मख धूपनि धूपित अगनि हरि की सी अनुहारि। चित्री बहु चित्रान परम विचित्रिनि केशवदास निहारि। जनु विश्वरूप को विमल आरसी रची विरचि विचारि।—केशव (शब्द०)।

मरहटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० महाराष्ट्री, प्रा० मरहट्टी, मरहठी] मराराष्ट्र की भाषा। मराठी। मरहट्टा। उ०—हिंदुस्तान मे हिंदी, उर्दू, व्रज, मारवाडी, मरहटा, गुजराती आदि अनेक भाषा बोली जाती हैं।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ६।

मरहठⓤ†'—सज्ञा पु० [स० महाराष्ट्र, प्रा० मरहट्ट, मरहठ] मरहठा। महाराष्ट्रीय। उ०—नाहन उघर गूढ न एसे। मरहठ देस वधू कुच जैसे।—नद० ग्र०, पृ० ११८।

मरहठ†'—सज्ञा पु० [हिं० मरघट] [वि० मरहठी] मरघट। श्मशान। उ०—फाका फरी ज्ञान का गदका बाँधो मरहठ बाना।—कबीर श०, भा० १, पृ० ३८।

मरहठा—सज्ञा पु० [स० महाराष्ट्र, प्रा० मरहट्ठ] [स्त्री० मरहठिन] महाराष्ट्र देश का रहनेवाला। महाराष्ट्र। विशेष दे० 'महाराष्ट्र'।

मरहठी'—वि० [हिं० मरहठा] महाराष्ट्र या मरहठो से सबध रखनेवाला। मरहठो का। जैसे, मरहठी कपडा, मरहठी चाल।

मरहठी'—सज्ञा स्त्री० वह भाषा जो महाराष्ट्र देश मे बोली जाती है। मरहठो की बोली। मराठी।

मरहबा—सज्ञा स्त्री० [अ० मर्हबह्] धन्य। बहुत खूब। साधु। शाबाश [को०]।

मरहम—सज्ञा पु० [अ०] औषधियो का वह गाढा और चिकना लेप जो घाव पर उसे भरने के लिये अथवा पीडित स्थानो पर लगाया जाता है। उ०—मसजिद लखि विसुनाथ ढिग परे हिये जो घाव। ता कहँ मरहम सरिस यह तुव दरसन नरराव।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ६९९।

क्रि० प्र०—लगाना।

यौ०—**मरहम पट्टी**=(१) आघात की चिकित्सा। घाव पर मरहम और पट्टी लगाना। (२) किसी जीर्ण पदार्थ की थोडी बहुत मरम्मत।

मरहमत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ अनुग्रह। दया। कृपा। २ नजर। उपहार। भेंट [को०]।

मरहला—सज्ञा पु० [अ० मरहलह्] १ वह स्थान जहाँ यात्री रात के समय ठहर जाते हैं। टिकान। मजिल। पडाव। २ दिन भर की या १२ मील की यात्रा। लबी यात्रा। ३ किले के चारो ओर के गुबद या ऊँचा स्थान जहाँ से निगरानी और सघर्ष किया जाय (को०)। ४ झमेला। कठिन या मुश्किल काम। ५ झोपडी। ६. दर्जा। मरातिब।

मुहा०—**मरहला तय करना**=झमेला निबटाना। कठिन काम पूरा करना। **मरहला पड़ना या मचना**=झमेला पडना। कठिनता उपस्थित होना। **मरहला डालना**=झगडा खडा करना।

यौ०—**मरहलेदार**=यात्रामार्ग की देखरेख करनेवाला।

मरहून—वि० [अ०] जो रेहन किया हो। गिरो रखा हुआ। (कच०)। उ०—कहे तू झूठ क्यूँ बोला है सपना। पिदर कूँ तूँ कर्या मरहून अपना।—दक्खिनी०, पृ० ३३६।

मरहूना—वि० [फा०] जो रेहन किया गया हो। जो गिरो रखा गया हो। जप्त, जायदाद मरहूना। (कच०)।

मरहूम—वि० [अ०] [वि० स्त्री० मरहूमा] १ स्वर्गवासी। मृत।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग किसी आदरणीय मृत व्यक्ति की चर्चा करते हुए उसके नाम के अत मे किया जाता है।

२ क्षमा किया हुआ (को०)।

मराठा—सज्ञा पुं० [स० महाराष्ट्र, प्रा० मरहट्ठ] महाराष्ट्र देश का निवासी। महाराष्ट्रीय।

मराठी'—सज्ञा स्त्री० [स० महाराष्ट्र] महाराष्ट्र की भाषा। महाराष्ट्री। मरहठी भाषा।

मराठी'—वि० महाराष्ट्र से सबधित। महाराष्ट्रीय।

मरातिब—सज्ञा पुं० [अ०] १ दरजा। पद। २ उत्तरोत्तर आनेवाली अवस्थाए।

मुहा०—**मरातिब तै करना**=किसी विषय के सारे झगडो का निबटेरा करना।

३. पृष्ठ। तह। ४. मकान का खड। तल्ला। उ०—प्रति उतग

सुदर शशिशाला मात मरातिववारे ।—रघुनाथ (शब्द०) । ५ ध्वजा । झडा । उ०—जामवत हनुमत नल नील मरातिव साथ । छरी छबीली शोभिजै दिक्पालन के हाथ ।—केशव (शब्द०) ।

यौ०—माही मरातिव=एक प्रकार की ध्वजा जो मुसलमान राजाओं की सवारी के आगे हाथियो पर चलती है । ये ध्वजाएँ सख्या या प्रकार मे सात होती है, जिनपर क्रमश सूर्य, पजा, तुला, नाग, मछली, गोल तथा सूर्यमुखी के चिह्न होते हैं ।

मराना—क्रि० स० [हिं० **मारना का प्रे०रूप**] १ मारने के लिये प्रेरणा करना । मरवाना । उ०—(क) पिता तुम्हार राज कर भोगी । पूजै विप्र मरावै जोगी ।—जायसी (शब्द०) । (ख) पच कहै सिव सती विवाही । पुनि अवडेरि मराएन्हि ताही ।—तुलसी (शब्द०) । २ किसी को अपने ऊपर आघात करने के लिये प्रेरणा करना या करने देना । ३ गुदाभजन कराना । (बाजारू) ।

मराय—सज्ञा पु० [स०] १ एकाह यज्ञ । २ एक प्रकार का साम ।

मरायलⓊ†—वि० [हिं० **मारना+आयल** (प्रत्य०)] १ जो किसी से कई बार मार खा चुका हो । पीटा हुआ । उ०—सठहु सदा तुम्ह मोर मरायल । कहि अस कोपि गगन पथ धायल । —तुलसी (शब्द०) । २ नि सत्व । सत्वहीन । जैसे, मरायल अन्न, मरायल पौधा । ३ मरियल । निर्बल । निर्जीव । ४. घाटा । टोटा ।

क्रि० प्र०—आना ।—पडना ।

मरार[1]—सज्ञा पुं० [सं०] खलिहान ।

मरार[2]†—सज्ञा पुं० [देश०] कोयरी । काछी ।

मराल[1]—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० **मराली**] १ एक प्रकार की बत्तख जो हलकी ललाई लिए सफेद रग की होती है । २ घोडा । ३ हाथी । ४ कारडव नामक पक्षी । ५ हस । उ०—सेवक मन मानस मराल से । पावन गग तरग माल से । —तुलसी (शब्द०) । ६ अनार की वाटिका । ७ काजल । ८ बादल । ९ दुष्ट । खल ।

मराल[2]—वि० मृदु । कोमल । मुलायम [को०] ।

मरालक—सज्ञा पुं० [स०] हस पक्षी [को०] ।

मरालिका—सज्ञा पुं० [स०] शिकाकाई का पौधा या उसकी फली [को०] ।

मरालीⓊ—वि० [सं० **मराल+हिं० ई** (प्रत्य०)] हस का । हस सबधी । विवेक और ज्ञान का । उ०—मैं पामर गुणहीन कुचाली । तुम्ह दीन्हेउ मोहि पथ मराली ।—कबीर सा० पृ० ४३८ ।

मरिंदⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] १ दे० 'मलिंद', 'मिलिंद' । २ दे० 'मरद' ।

मरिखम—सज्ञा पुं० [स० मल्ल+स्तम्भ, हिं० **मलखभ**] दे० 'मलखभ' ।

मरिच—सज्ञा पुं० [स०] मिरिच । काली मिरिच । उ०—नीपर मरिच मगलिय आनहु । शुठी हरर बहेर बखानहु ।—प० रासो०, पृ० १७ ।

मरिचा—सज्ञा पुं० [स० **मरिच**] बडी लाल मिरिच । विशेष—दे० 'मिरिच' ।

मरिजीवाⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मरजीवा' । उ०—मुदर बैठि सकै नहि जीवत दै डुबकी मरिजीवहि जाही ।—मुदर० ग्र०, भा० १, पृ० ७ ।

मरियम—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ वह बालिका जिसका विवाह न हुआ हो । कुमारी । कन्या । २ पतिव्रता और साध्वी स्त्री । ३ ईसा मसीह की माता का नाम ।

विशेष—कहते हैं, इन्हे कौमार अवस्था मे ही बिना किसी पुरुष के सयोग के, ईश्वरी माया से, गर्भ रह गया था जिससे महात्मा मसीह का जन्म हुआ था ।

मरियम का पजा—सज्ञा पु० [अ० **मरियम+हिं० पजा**] एक प्रकार की सुगधित वनस्पति जिसका आकार हाथ के पजे का सा होता है ।

विशेष—ऐसा प्रसिद्ध है, कि ईसा मसीह की माता मरियम ने प्रसव के समय इस वनस्पति पर हाथ रखा था, जिससे इसका आकार पजे का सा हो गया । इसी कारण इसके सबध मे यह भी प्रसिद्ध हो गया है कि प्रसव पीडा के समय गर्भवती स्त्री के सामने इसे रख देने से पीडा शात हो जाती है और सहज मे तथा शीघ्र प्रसव हो जाता है ।

मरियल—वि० [हिं० **मरना+इयल** (प्रत्य०)] बहुत दुर्बल । दुबला और कमजोर ।

यौ०—**मरियल टट्टू**=बहुत सुस्त या कमजोर आदमी ।

मरिया[1]†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मढना**] १ वह रस्सी जो खाट मे पायताने की ओर उचन लगाकर ऊपर से एक पट्टी से दूसरी पट्टी तक बाने की तरह बाँधी जाती है । २ नाव में वह तख्ता जो उसके पेंदे मे गूढे के नीचे वेढे बल में लगा रहता है । मढिया ।

मरिया[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मारना**] लोहे की एक छोटी हथौडी जिससे धातुओं पर खुदाई का काम करनेवाले कलम को ठोकते हैं ।

मरी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **मारी**] वह रोग जो स्पर्शदोष से फैलता है और जिसमे एक साथ बहुत से लोग मरते हैं । मारी । उ०—इस ही बीच ईति विस्तरी । परी आगरे पहिली मरी ।—अर्ध०, पृ० ५२ ।

मरी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मारना**] एक प्रकार का भूत । मरही ।

विशेष—लोगों का विश्वास है कि यह किसी ऐसी दुष्ट स्वभाववाली स्त्री की प्रेतात्मा होती है जो किसी रोग, आघात अथवा किसी अन्य कारणवश पूर्णायु को न पहुँचकर अल्पायु मे मरी हो ।

मरी[3]—सज्ञा स्त्री० [देश०] देशी साबूदाने का पेड ।

विशेष—यह भारतवर्ष तथा लका सिंगापुर आदि द्वीपों मे उत्पन्न होता है । यह पेड देखने मे बहुत सुदर मालूम होता है ।

इससे ताडी निकाली जाती है जिसे लोग पीते हैं और जिससे गुड भी बनाते हैं। इसकी कोमल बालो या मजरी की तरकारी बनाई जाती है। इसके पुराने स्कध मे के गूदे से सागूदाना निकलता है जो पानी मे पकाकर खाया जाता है या पीसकर जिसकी रोटियाँ बनाई जाती है, और रेशे से कूँची, ब्रुश, रस्सी और जाल बनाए जाते हैं। इसकी लकडी मजबूत और टिकाऊ होती है। इसे भेरवा भी कहते है।

मरीच[1]—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मरिच', 'मिरिच' [को०]।

मरीच(यु)[1]—सज्ञा पु० [सं० मारीच] दे० 'मारीच'। उ०—कचन मृग रूप मरीच कियो, सीता मुख आगल नीसरियो।—रघु० रू०, पृ० १३३।

मरीचि[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ एक ऋषि का नाम।

विशेष—पुराणो मे इन्हे ब्रह्मा का मानसिक पुत्र लिखा है, एक प्रजापति माना है और सप्तर्षियो मे गिनाया गया है। किसी किसी पुराण में इनकी स्त्री का नाम 'कला' और किसी किसी मे 'सभूति' लिखा है।

२ एक मरुत् का नाम। ३ एक ऋषि का नाम जो भृगु के पुत्र और कश्यप के पिता थे। ४ दनु के एक पुत्र का नाम। ५ प्रियव्रतवशी एक राजा का नाम। ६ एक प्राचीन मान जो छह त्रसरेणु के बराबर होता है। ७ एक दैत्य का नाम। ८. कृष्ण का एक नाम (को०)। ९ एक पुरातन स्मृतिकार का नाम (को०)। १० कृपण। कदर्य (को०)।

मरीचि[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ किरण। उ०—(क) अति सुकुमारी वृषभान की दुलारी सो कैसे सहै प्यारी मरीचै मारतड की।—सरलाबाई (शब्द०)। (ख) कित्ति सुधा दिग भित्त पखारत चद मरीचिन को करि कूचो।—मतिराम (शब्द०)। (ग) रघुनाथ पिय बस करिबे को चली बाल मुख को मरीचि जल दिसि मढि कै लई।—रघुनाथ (शब्द०)। २ प्रभा। काति। ज्योति। उ०—कीधौ मृगलोचन मरीचिका मरीचि किधौं रूप की रुचिर रुचि शुचि सो दुराई है।—केशव (शब्द०)। ३ मरीचिका। मृगतृष्णा। उ०—बीच मरीचिनु के मृग लौं अब धावै न रे सुन काहू नरिंद के।—देव (शब्द०)।

मरीचिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मृगतृष्णा। सिरोह। २ किरण। उ०—वारिज वरत बिन वारे वारि बारु बीच बीच बीच बीचिका मरीचिका सी छहरी।—देव (शब्द०)। (ख) चहचही सेज चहूँ चहक चमेलिन सो, बेलिन सो मजु मजु गुजन मलिद जाल। तैसेई मरीचिका दरीचिन के दीवे ही में, छपा की छबीली छबि छहरत तत्काल।—देव (शब्द०)।

मरीचिगर्भ[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. सूर्य। २ दक्षसावर्णि मन्वतर मे होनेवाले एक प्रकार के देवताओ का गण।

मरीचिगर्भ[2]—वि० प्रकाशकणो से युक्त [को०]।

मरीचिजल—सज्ञा पुं० [सं०] मृगतृष्णा।

मरीचितोय—सज्ञा पुं० [स०] मृगतृष्णा।

मरीचिप—वि० [स०] प्रकाश कणो का पान करनेवाले (वालखिल्य ऋषि)।

मरीचिमान—वि०, सज्ञा पु० [स० मरीचिमत्] दे० 'मरीचिमाली'।

मरीचिमाली[1]—वि० [स० मरीचिमालिन्] [वि० स्त्री० मरीचिमालिनी] किरणयुक्त। ज्योतिर्मय। चमकता हुआ [को०]।

मरीचिमाली[2]—सज्ञा पु० सूर्य।

मरीची[1]—वि० [स० मरीचिन्] [वि० स्त्री० मरीचिनी] किरण युक्त। जिसमे किरणें हो।

मरीची[2]—सज्ञा पुं० १ सूर्य। २ चद्रमा।

मरीज—वि० [अ० मरीज़] रोगी। रोगग्रस्त। बीमार।

मरीजा—सज्ञा स्त्री० [अ० मरीजह्] बीमार स्त्री। रोगिणी [को०]।

मरीना—सज्ञा पुं० [स्पेनी० मेरिनो] एक प्रकार का बहुत मुलायम ऊनी पतला कपडा जो मेरीनो नामक भेड के ऊन से बनता है।

मरुंडा—सज्ञा स्त्री० [स० मरुण्डा] उच्च ललाटवाली स्त्री [को०]।

मरु[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. वह भूमि जहाँ जल न हो और केवल बलुआ मैदान हो। मरुस्थल। निर्जल स्थान। रेगिस्तान। मरुभूमि। २ वह पर्वत जिसमे जल का अभाव हो। ३ मारवाड और उसके आसपास के देश का नाम। ४ मरुआ नामक पौधा। ५ एक सूर्यवशी राजा का नाम। ६ नरकासुर के एक सहचर असुर का नाम। ७ कुरवक नामक पौधा।

मरु(यु)[2]—वि० [स० मेर या हिं० मरना] कठिन। दुरूह। दे० 'मरू'। उ०—कल्प समान रैन तेहि बाढी। तिल तिल मरु जुग जुग पर गाढी।—जायसी (शब्द०)।

मरुअटि‡—सज्ञा स्त्री० [देश०] वे रोली के टीके जो हल्दी चढ़ जाने के बाद मुँह पर लगाए जाते हैं। उ०—भूआ भेना करे आरती, माथे मरुअटि लगवामे, ऊपर चामर चुपटामे।—पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० ६३५।

मरुआ[1]—सज्ञा पुं० [स० मरुव] बनतुलसी या बबरी की जाति के एक पौधे का नाम। नागबेल। नादबोई। उ०—अति व्याकुल भइ गोपिका ढूँढत गिरिधारी। बूझति है बनबेलि सो देखे बनवारी। बूझा मरुआ कुद सौ कहे गोद पसारी। बकुल बहुल बट कदम पै ठाढी ब्रजनारी।—सूर (शब्द०)।

विशेष—यह पौधा बागो मे लगाया जाता है। इसकी पत्तिया बबरी की पत्तियो से कुछ बडी, नुकीली, मोटी, नरम और चिकनी होती हैं जिनमे से उग्र गध आती है। इसके दल देवताओ पर चढाए जाते है। इसका पेड डढ दो हाथ ऊचा होता है और इसकी फुनगी पर कार्तिक अगहन मे तुलसी की भाँति मजरी निकलती है जिसमे नन्ह नन्ह सफेद फूल लगते हैं। फूलो के झड जाने पर बीजो से भरे हुए छोटे छोटे बाजकोश निकल आते हैं जिनमे से पकने पर बहुत बीज निकलते हैं। ये बीज पानी मे पडने पर ईसबगोल की तरह फूल जाते हैं। यह पौधा बीजो से उगता है, पर यदि इसकी कोमल टहनी या फुनगी लगाई जाय तो वह भी लग जाती है। रग के भेद

म मरुआ दो प्रकार का होता है, काला और सफेद। काले मरुए का प्रयोग ओषधि रूप मे नही होता और केवल फूल आदि के साथ देवताओ पर चढाने के काम आता है। सफेद मरुआ ओषधियो मे काम आता है। वैद्यक मे यह चरपरा, कडुआ, रूखा और रुचिकर तथा तीखा, गरम, हलका, पित्तवर्धक, कफ और वात का नाशक, विष, कृमि और कुष्ठ रोग नाशक माना गया है।

पर्या०—मरुवक। मरुत्तक। फणिज्जक। प्रस्थपुष्प। समीरण। कुलसौरभ। गधपत्र। खटपत्र।

मरुआ[२]—सज्ञा पुं० [सं० मचड या मेरु या अनु०] १ मकान की छाजन में सब से ऊपर की बल्ली जिसपर छाजन का ऊपरी सिरा रहता है। बँडेर। २ जुलाहो के करघे मे लकडी का वह टुकडा जो डेढ बालिश्त लबा और आठ अगुल मोटा होता है और छत की कडी मे जडा होता है। ३ हिंडोले मे वह ऊपर की लकडी जिसमे हिंडोला लटकाया जाता है या हिंडोले का लटकाने की लकडी जडी या लगाई जाती है। उ०—कचन के खभ मयारि मरुआ डाँडी खचित हीरा बीच लाल प्रवाल। रेसम बुनाई नवरतन लाई पालनो लटकन बहुत पिरोजा लाल।—सूर (शब्द०)।

मरुआ[३]—सज्ञा पुं० [हिं० माँड़] माँड।

मरुक—सज्ञा पु० [स०] १ मोर। २ एक प्रकार का मृग।

मरुकच्छ—सज्ञा पुं० [स०] बृहत्सहिता के अनुसार एक प्रदेश का नाम।

विशेष—यह दक्षिण दिशा मे है और हस्त, चित्रा और स्वाती नक्षत्रो के अधिकार मे माना गया है।

मरुकातार—सज्ञा पु० [स० मरुकान्तार] बालू या रेत का मैदान। रेगिस्तान। मरुभूमि।

मरुकुच्च—सज्ञा पुं० [स० मरुकुत्स, प्रा० मरुकुच्च] दे० 'मरुकुत्स'।

मरुकुत्स—सज्ञा पुं० [सं०] वाराही सहिता के अनुसार एक देश का नाम जो कूर्म विभाग के अनुसार पश्चिमोत्तर दिशा मे है और जो उत्तराषाढ, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्रो के अधिकार में है।

मरुचीपट्टन—सज्ञा पु० [स०] बृहत्सहिता के अनुसार दक्षिण दिशा के एक देश का नाम जो हस्त, चित्रा और स्वाती के अधिकार मे है।

मरुज—सज्ञा पुं० [सं०] १ नख नामक सुगधित द्रव्य। २ बाँस का कल्ला।

मरुजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] इद्रायण की जाति की एक लता जो मरुस्थल मे होती है।

मरुजाता—सज्ञा स्त्री० [स०] कपिकच्छु। केवाँच। कौंछ।

मरुटा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्त्री जिसका ललाट ऊँचा हो।

मरुत्—सज्ञा पु० [सं०] १ एक देवगण का नाम।

विशेष—वेदों मे इन्हे रुद्र और वृश्नि का पुत्र लिखा है और इनकी सख्या ६० की तिगुनी मानी गई है, पर पुराणो मे इन्हें कश्यप और दिति का पुत्र लिखा गया है जिसे उसके वैमात्रिक भाई इद्र ने गर्भ काटकर एक से उनचास टुकडे कर डाले थे, जो उनचास मरुद् हुए। वेदो मे मरुद्गण का स्थान अतरिक्ष लिखा है, उनके घोडे का नाम 'पृशित' बतलाया है तथा उन्हें इद्र का सखा लिखा है। पुराणो मे इन्हे वायुकोण का दिक्पाल माना गया है।

२ वायु। वात। हवा। ३ प्राण। ४ हिरण्य। सोना। ५ एक साध्य का नाम। ६ सौंदर्य। ७ बृहद्रथ राजा का एक नाम। ८ मरुआ। ९ ऋत्विक्। १० गठवन। ११ अगवर्ग। १२ दे० 'मरुत्त'।

मरुतजण(ण)—सज्ञा पुं० [स० मरुत्+जन] राक्षस। उ०—कत कमला कलह रटक पाणा करे, घाव वाणा कर कटक घाया, मरुतजण मोह सू।—रघु० रू०, पृ० १३१।

मरुतवान(ण)—सज्ञा पुं० [स० मरुत्वत्] दे० 'मरुत्वान्'।

मरुत्कर—सज्ञा पुं० [सं०] राजमाष। उडद।

मरुत्त—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक चक्रवर्ती राजा जो च द्रवशी महाराज करधर के पुत्र अवीक्षित का पुत्र था।

विशेष—इसने अनेक बार बडे बडे यज्ञ किए थे जिनमे समस्त यज्ञपात्र सोने के बनवाए थे। इसके प्रभावती, सौवीरा, सुकेशी, केकयी, मैरध्री, वसुमती और सुशोभना नाम की सात रानियाँ थी, जिनसे अठारह लडके उत्पन्न हुए थे। भागवत मे इसे यदुवशी और करधर का पुत्र लिखा है।

मरुत्तक—सज्ञा पुं० [सं०] मरुआ नामक पौधा।

मरुत्तनय—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनूमान्। २ भीमसेन [को०]।

मरुत्पट—सज्ञा पुं० [सं०] पान [को०]।

मरुत्पति—सज्ञा पु० [स०] इद्र।

मरुत्पथ—सज्ञा पु० [सं०] आकाश।

मरुत्पाल—सज्ञा पु० [स०] इद्र।

मरुत्प्लव—सज्ञा पुं० [स०] सिंह। शेर।

मरुत्फल—सज्ञा पु० [सं०] ओला।

मरुत्वती—सज्ञा स्त्री० [सं० मरुत्वती] धर्म की पत्नी का नाम। यह प्रजापति की कन्या थी।

मरुत्वर्त्म—सज्ञा पुं० [सं० मरुत्वर्त्मन्] आकाश [को०]।

मरुत्वान्—सज्ञा पुं० [सं० मरुत्वत्] १ इद्र। २ महाभारत के अनुसार देवताओ के एक गण का नाम जो धर्म के पुत्र माने जाते हैं। २ हनूमान्।

मरुत्सख—सज्ञा पु० [स०] १ इद्र। २ अग्नि।

मरुत्सहाय—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि।

मरुत्सुत—सज्ञा पुं० [स०] १ हनुमान। २ भीम।

मरुत्सूनु—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान। २ भीम [को०]।

मरुत्स्तोम—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का एकाह यज्ञ।

मरुथल—सज्ञा पुं० [सं० मरुस्थल] दे० 'मरुस्थल'। उ०—सूख गए

सर, सरित, क्षार निस्सीम जलधि का जल है। ज्ञानघूर्णि पर चढा मनुज को मार रहा मरुथल है।—नील०, पृ० ८४।

मरुद्—सज्ञा पुं० [स०] 'मरुत्' का समासगत रूप [को०]।

मरुदादोल—सज्ञा पुं० [स०] १ धौंकनी। २ प्राचीन काल की एक प्रकार की धौंकनी जो हरिन या भैंस के चमडे से बनती थी।

मरुदिष्ट—सज्ञा पु० [स०] गुग्गुल। गूगुल।

मरुदेव—सज्ञा पुं० [स०] ऋषभदेव के पिता का नाम।

मरुद्गण—सज्ञा पुं० [स०] देवगण जो पुराणो मे ४९ माने जाते हैं। विशेष दे० 'मरुत्-१'।

मरुद्रथ—सज्ञा पु० [स०] १ घोडा। २ वह यान जिसमे दव-मूर्तियाँ रखकर घुमाई जाती हैं। देवयान [को०]।

मरुद्वर्त्म—सज्ञा पुं० [स०] आकाश।

मरुद्वधा—सज्ञा स्त्री० [स०] पजाब की एक नदी का वैदिक नाम।

मरुद्वाह—सज्ञा पुं० [सं०] १ घूँआ। २. आग।

मरुद्विप—सज्ञा पुं० [स०] ऊँट।

मरुद्वीप—सज्ञा पुं० [सं०] वह उपजाऊ और सजल हरा भरा स्थान जो मरुस्थल में हो। ओसिस।

मरुद्वेग—सज्ञा पु० [स०] एक दैत्य का नाम।

मरुधन्वा—सज्ञा पु० [स० मरुधन्वन्] १ मरुस्थल। निर्जल प्रदेश। २ इदीवर नामक विद्याधर के पुत्र का नाम।

मरुधर—सज्ञा पुं० [सं०] १ मारवाड देश। उ०—प्यासे दुपहर जेठ के थके सबै जल सोधि। मरुधर पाय मतीरहू मारू कहत पयोधि।—विहारी (शब्द०)। २ मरुभूमि। मरुस्थल।

मरुन्माला—सज्ञा पु० [स०] पृक्का नाम की लता। अमरकोश।

मरुभूमि[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] बालू का निर्जल मैदान जहाँ कोई वृक्ष या वनस्पति आदि न उगती हो। रेगिस्तान।

मरुभूमि[2]—सज्ञा पुं० [स०] करील का पेड।

मरुमरीचिका—सज्ञा स्त्री० [सं० मरु+मरीचिका] दे० 'मृगतृष्णा'। उ०—भारी मरुमरीचिका की सी ताक रही उदास आकाश। —अपरा, पृ० १०८।

मरुर—सज्ञा पु० [स० मूर्वा] गोरचकरा।

मरुरनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० मरोरना] 'मरोरना' का अकर्मक रूप। ऐंठना। बल खाना। उ०—(क) तीखी दीठ तूख सी पतूख सी अहरि अग ऊख सी मरुरि मुख लागति महूख सी।—देव (शब्द०)। (ख) मरुरत अगन अमर रतरग केश मरुरत नाथ देव जीति कै जगत है।—देव (शब्द०)।

मरुल—सज्ञा पु० [स०] जगली बत्तक की एक जाति का नाम। कारडव।

मरुव—सज्ञा पु० [स०] १ मरुआ। २ राहु (को०)।

मरुवक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक कंटीले पेड का नाम जिसे मैनी कहते हैं। २ मरुआ। नागदौना। ३ तिल का पौधा। ४ व्याघ्र। बाघ। ५ राहु।

मरुवटⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मरवट'। उ०—मौर बंध्यो सिर कानन कुडल मरुवट मुखहि सुभाएँ।—नद० ग्र०, पृ० ३४६।

मरुवा—सज्ञा पुं० [स० मरुवक] दे० 'मरुआ'। उ०—सुभग सेज पटुली सुख बाढ्यो मरुवा बेलिन प्राची कोरैं। नद० ग्र०, पृ० ३७९।

मरुसभव—सज्ञा पु० [स० मरुसम्भव] एक प्रकार की छोटी मूली।

मरुसभवा—सज्ञा स्त्री० [स० मरुसम्भवा] १ महेंद्रवारुणी। २ एक प्रकार का खैर जिसका पेड बहुत छोटा होता है। ३. छोटा बमास। क्षुद्र जवास। ४ एक प्रकार का कनेर।

मरुसा†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मरसा'।

मरुस्थल—सज्ञा पुं० [स०] बालू का मैदान जिसमे निर्जल होने के कारण कोई वृक्ष या वनस्पति न उगती हो। मरुभूमि। रेगिस्तान। उ०—नवकोटि मरुस्थल वीर बर। दश अठ सुअर्बुद राज धर।—पृ० रा०, १२।४३।

मरुस्था—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटा बमास।

मरूⓊ—वि० [स० मेरु या हिं० मरना] कठिन। दुरूह।

मुहा०—**मरू करि के या मरू करि**Ⓤ = कठिनाई से। ज्यो त्यो करके। बहुत मुश्किल से। उ०—(क) ता कहँ तौ अब लो बहराइ कै राखी बसाई मरू करि मै है।—केशव (शब्द०)। (ख) देह में नेक सँभार रह्यो न यहाँ लगि भाजि मरू करि आई।—मति० ग्र०, पृ० २८६। (ग) अँसुआ ठहरात गरो घहरात मरू करि आधिक बात कही।—देव (शब्द०)। (घ) द्यौस तो बीत्यो मरू करिके अब आई है राति सो कैसे धौ बीतिहै।—(शब्द०)।

मरूक—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का मृग। २ मयूर। मोर। ३ मेढक (को०)।

मरूद्भवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. जवास। २ कपास। ३ एक प्रकार का खैर।

मरूर[1]—सज्ञा पु० [सं०] गोरचकरा।

मरूरⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मरोड़] पीडा। उ०—भरति मरूरनि बिसूरनि उदेग बढि चित चरपटी मति चिंता पागिए रहै।—घनानद, पृ० ५८७। २ दे० 'मरूरा'।

मरूर[3]—वि० ऐंठवाला। बली। उ०—जुरे रजपुत्त मरद्द मरूर। —प० रासो, पृ० ४१।

मरूराⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० मरोड़] ऐंठन। बल। मरोड।

मुहा०—**मरूरा देना** = बल देना। मरोडना। उमेठना। उ०—मुख के पवन परस्पर सुखवत गहे पानि पिय जूरो। बूझति जानि मन्मथ चिनगी फिर मानो दिया मरूरो।—सूर (शब्द०)।

मरूल—सज्ञा पु० [स० मूर्वा] गोरचकरा। मरूर।

मरेठी'—सज्ञा स्त्री० [हिं० मलना+ऐंठना] वह रस्सी जिससे हेगा

या पटेला बाँधकर खेत मे खींचा या चलाया जाता है। वरहा। वेड। गुरिया। वखर।

मरेठी[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुलेठी, तुल० स० मधुयष्टि] दे० 'मुलेठी'।

मरेरना—क्रि० स० [हिं० मरोरना] पीडित करना। व्यथा पहुँचाना। उ०—कवि ठाकुर वे पिय दूर बसै तन मैन मरोर मरेरती सी। —ठाकुर०, पृ० ७८१।

मरोड—सज्ञा स्त्री० [हिं० मरोड़ना] १ मरोडने का भाव या क्रिया। उ०—मानत लाज लगाम नहिं नेकु न गहत मरोर। होत तोहि लखि वाल के दृग तुरग मुँह जोर।—मतिराम (शब्द०)।

मुहा०—**मरोड़ खाना**=चक्कर खाना। उ०—हाय वसन पहिरन लगी वस न चल्यो चित चोर। खाय मरोड खडे गिरयो गडे कडे कुच कोर।—राममहाय (शब्द०)। **मन में मरोड़ करना**=मन मे दुराव या कपट रखना। कपट करना। उ०—साधू आवत देखि के मन मे करत मरोर। सो होवगा चूहडा वसे गाँव की ओर।—कबीर (शब्द०)। **मरोड़ की बात**=पेंचदार बात। घुमाव की बात।

२ मरोडने से पडा हुआ घुमाव। ऐंठन। बल। ३ उद्वेग आदि के कारण उत्पन्न पीडा। व्यथा। क्षोभ। उ० (क) घिरि आए चहु ओर घन तेहि तकि मारेसि सार। मोर सोर सुनि होत री तन मे अधिक मरोर।—राममहाय (शब्द०)। (ख) झिलत झकोर रहै जावन को जोर रहै समद मरोर रहै शार रहे तब सो। —पद्माकर (शब्द०)। (ग) इक ता मार मरोर ते मरति मरति है साँस। दूजे जारत मास री यह सुचि लौं सुचि मास।—राममहाय (शब्द०)।

मुहा०—**मरोड़ खाना**=उलझन मे पडना। उ०—गुनफनि लो ज्यो त्यो गयो करि करि साहस जोर। फिर न फिरयो मुरवान चपि चित अति खात मरोर।—राममहाय (शब्द०)।

४ पेट मे ऐंठन और पीडा होना। पेट ऐंठना। ५ घमड। गर्व। उ०—आए आप भली कही मेटन मान मरोर। दूर करो यह देखिहै छला छिगुनिया छोर।—विहारी (शब्द०)। ६ क्रोध। गुस्सा।

मुहा०—**मरोड़ गहना**=क्रोध करना। उ०—रह्यो मोह मिलना रह्यो यो कहि गहैं मरोर। उत दै नखिहि उराहनो इत चितई मो ओर।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—पुरानी कविताओ मे प्राय 'मरोड' के स्थान मे 'मरोर' ही पाया जाता है।

मरोडना[१]—क्रि० स० [हिं० मोड़ना] १ एक ओर से घुमाकर दूसरी ओर फेरना। बल डालना। ऐंठना। उ०—(क) बाँह मरोरे जात हौ मोहि सोवत लियो जगाय। कहै कबीर पुकारि कै यहि पैडे ह्वै कै जाय। कबीर (शब्द०)। (ख) गोड चाप लै जीभ मरोरी। दधि ढरकायो भाजन फोरी।—सूर (शब्द०) (ग) कोपि कूदि दोउ धरेसि बहोरी। महि पटकत भजे भुजा मरोरी। —तुलसी (शब्द०)। (घ) मोहि झकझोरि डारी कुच को मरोर डारी तोरि डारी कमनि निचोरि डारी वेनी त्यो।—पद्माकर (शब्द०)।

क्रि० प्र० देना।—डालना।—पड़ना।

मुहा०—**अग मरोड़ना**=अँगडाई लेना। उ०—सब अग मरोरि मुरो मन मैं झरि पूरि रही रग मैं न भई। गुमान (शब्द०)। **भौंह मरोड़ना या दृग (आदि) मरोडना**=(१) भ्रूभग करना। आँख से इशारा करना या कनखी मारना। उ०—(क) अतर मे पति की मुरति गहि गहि गहकि गुनाह। दृग मरोरि मुख मोरि तिय छुवन देत नहिं छाह।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) पान दियो हसि प्यार सो प्यारी बहू लखि त्यो हँसि भौंह मरोरी।—देव (शब्द०)। (२) नाक भौंह चढाना। भौंह सिकोडना। उ०—(क) हौ हूँ गही पदुमाकर दौरि सो भौंह मरोरत मेज ज्यो आई।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) सुनि सौतिन के गुन की चरचा द्विज जू तिय भौंह मरावन लागी।—द्विजदेव (शब्द०)।

२ ऐंठकर नष्ट करना या मार डालना। उ०—(क) महावीर बाकुरे बराकी बाँह पीर क्यों न तकिनी ज्यों लात घात ही मरोर मारियो। तुलसी (शब्द०)। (ख) मांटि मारयो कलह वियोग मारयो बोरि कै मरोरि मारयो अभिमान भरयो भय मान्यो है।—केशव (शब्द०)। (ग) कपि पुनि उपवन वारिहि तोरी। पच सेनपति सेन मरोरी।—पद्माकर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।

३ पीडा देना। दु ख देना। वेदना उत्पन्न करना। उ० (क) बार बधू पिय पथ लखि अँगरानी अग मोरि। पौढि रही परयक मनु डारी मदन मरोरि।—मतिराम (शब्द०)। (ख) एक आनी गई कहि कान मे आइ परी जहाँ मैन मरोरी गई। —वेणी (शब्द०)। ४ मलना। मीजना। ममलना।

मुहा०—**हाथ मरोड़ना**[१]=हाथ मलना। पछताना। उ०—(क) अब पछतावे दरब जन जोरी। करहु स्वर्ग पर हाथ मरोरी।—जायसी (शब्द०)। (ख) पुरुष पुरातन छाडि कर चली आन के साथ। लोभी भगत बीछुडी खडी मरोरइ हाथ। —दादू (शब्द०)।

विशेष—पुरानी कविताओ मे 'मरोडना' का रूप प्राय 'मरोरना' ही पाया जाता है।

मरोडना[२]—क्रि० अ० पेट ऐंठना। पेट मे ऐंठन उत्पन्न होना।

मरोडफली—सज्ञा स्त्री० [हिं० मरोड़+फली] एक प्रकार की फली जो प्राय पेट के मरोड के लिये गुणकारी होती है। मुर्रा। अवतरनी।

मरोडा—सज्ञा स्त्री० [हिं० मरोडना] १ ऐंठन। मरोड। उमेठ। बल। २ पेट की वह पीडा जिसमें अदर की ओर कुछ ऐंठन सी जान पडती हो।

विशेष—यह एक रोग है जिसमे मलोत्सर्ग के समय पेट में ऐंठन सी होती है और प्राय कोष्ठबद्ध रहता है। कभी कभी आँव के साथ भी मरोड होता है।

क्रि० प्र०—उठना।—पड़ना।

मरोड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मरोड़ना**] १. ऐंठन । घुमाव । बल ।
मुहा०—**मरोड़ी करना** = खीचातानी करना । इधर उधर करना ।
२ वह बत्ती जो आटे आदि मे सने हुए हाथो से मलने पर छूटकर निकलती है । ३ गुत्थी । गाँठ ।

मरोर—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मरोड' ।

मरोरना[1]—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मरोडना' ।

मरोरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मरोडना**] दे० 'मरोडी' ।
मुहा०—**मरोरी करना** = इधर उधर करना । खीचातानी करना । उ०—नख सिख लौं चित चोर सकल अंग चीन्हे पर कत करत मरोरी । एक सुनि सूर हहरधो मेरो सरवस अरु उलटी डोलो संग डोरी ।—सूर (शब्द०) ।

मरोलि—सज्ञा पुं० [स०] मकर की जाति का एक बडा सामुद्रिक जतु ।

मरोहूⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० **मरोर**] मरोर । मसोस । उ०—सपन जान चित उठा मरोहू । औटि करेज पानि या लोहू ।—चित्रा०, पृ० ३६ ।

मरौरⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मरोड' । उ०—उतही ते मोरति दृगन आवत अलि जिहि ओर । सीखति है मुग्धा मनो भयमिस भृकुटि मरौर ।—शकुतला, पृ० १७ ।

मर्क—सज्ञा पुं० [सं०] १ देह । शरीर । २ वायु । हवा । ३. शुक्राचार्य के एक पुत्र का नाम । ४ बदर ।

मर्कक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मकडा । २ हरगीला नामक पक्षी ।

मर्कट—सज्ञा पु० [स०] १ बदर । बानर । उ०—मर्कट मूठि स्वाद नहिं बहुरै घर घर रटत फिरौ ।—कबीर ग्र०, भा० २, पृ० १४० । २ मकडा । ३ हरगीला नामक पक्षी । ४ एक प्रकार का विष । ५ दोहे के एक भेद का नाम जिसमें सत्रह गुरु और चौदह लघु मात्राएँ होती हैं । जैसे,—व्रज में गोपन सग में राधा देखे श्याम । ६ छप्पय का आठवाँ भेद जिसमे ६३ गुरु, २६ लघु कुल ८९ वर्ण या १५२ मात्राएँ या ६३ गुरु, २२ लघु कुल ८५ वर्ण या १४८ मात्राएँ होती है ।

मर्कटक—सज्ञा पुं० [स०] १ वानर । बदर । २ मकडी । ३. एक प्रकार की मछली । ४ मडुआ नामक अन्न । ५ मकरा नामक घास । ६ एक दैत्य का नाम ।

मर्कटतिंदुक—सज्ञा पुं० [स० **मर्कटतिन्दुक**] कुपीलु ।

मर्कटपाल—सज्ञा पु० [स०] बदरो का राजा, सुग्रीव ।

मर्कटपिप्पली—सज्ञा स्त्री० [सं०] अपामार्ग । चिचडा ।

मर्कटप्रिय—सज्ञा पु० [सं०] खिरनी का पेड ।

मर्कटबास—सज्ञा पु० [सं०] मकडी का जाला ।

मर्कटशीर्ष—सज्ञा पुं० [सं०] हिंगुल ।

मर्कटी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. बानरी । बँदरी । २ मकडी । ३ भूरी केवाँच । कौंछ । ४. अपामार्ग । ५ अजमोदा । ६ एक प्रकार का करज । ७ छद के ९ प्रत्ययो मे से अंतिम प्रत्यय ।
विशेष—इसके द्वारा मात्रा के प्रस्तार मे छद के लघु, गुरु, कला और वर्णों की सख्या का परिज्ञान होता है ।

मर्कटेंदु—सज्ञा पुं० [स० **मर्कटेन्दु**] कुचिला ।

मर्कतⓊ—सज्ञा पु० [सं० **मरकत**] दे० 'मरकत' ।

मर्कब—सज्ञा पुं० [अ०] १ सवारी । वाहन । २ घोडा । अश्व । उ०—खाक बाद अब आतरस लाया । सिकम माए कं मर्कब बनाया ।—सत० दरिया, पृ० १३ ।

मर्कर—सज्ञा पुं० [स०] भृगराज । भंगरा । भँगरैया ।

मर्करा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मुरग । २ तहखाना । ३. भाँडा । बर्तन । ४ बाँझ स्त्री ।

मर्ग—सज्ञा पु० [फा०] मौत । उ०—नालए रश्क न हो वायसे दरदे सरे मर्ग । गैर के सर पै लगाता है वह मदल घिस्के ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ८६ ।

मर्घटीⓊ—वि० [हिं० **मरघट**] मरघट का । श्मशान सबधी । मसान का । उ०—हाड की कठ मैं चार माला धरे । मर्घटी खोपडी मे अहारैं करे ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५९ ।

मर्चा—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिर्च' ।

मर्चेंट—सज्ञा पुं० [अ०] व्यापार वाणिज्य करनेवाला । व्यापारी । सौदागर ।

मर्ज—सज्ञा पु० [अ० **मर्ज**] १ रोग । व्याधि । बीमारी । २. आदत । लत । व्यसन । ३ दु ख । कष्ट [को०] ।

मर्जबान—सज्ञा पुं० [फा० **मर्जबान**] किसान । कृषक । काश्तकार । उ०—यह मुगल सल्तनत का मर्जबान था और उसका सरबराकार विनायक था ।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० ६७ ।

मर्जादा—सज्ञा स्त्री० [सं० **मर्य्यादा**] दे० 'मर्यादा' । उ०—आज समुद्र ने अपनी मर्जादा छोड दी ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ७३ ।

मर्जी—सज्ञा स्त्री० [अ० **मर्जी**] दे० 'मरजी' ।

मर्जू[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ धोबी । २ गुदाभजन करानेवाला । लौंडा [को०] ।

मर्जू[2]—सज्ञा स्त्री० धोना । साफ करना [को०] ।

मर्त—सज्ञा पुं० [सं०] १ मनुष्य । २. भूलोक ।

मर्तबा—सज्ञा पुं० [अ० **मर्तबह्**] १ पद । पदवी । जैसे,—आज कल वे अच्छे मर्तबे पर हैं । (शब्द०) ।
क्रि० प्र०—चढना ।—देना ।—पाना ।—बढना ।—मिलना ।
२ बार । बेर । दफा । जैसे,—मैं आपके मकान पर कई मर्तबा गया था, पर आप नही मिले ।

मर्तबान[1]—सज्ञा पु० [स० मृद्भाण्ड, हिं० **अमृतबान**] रोगनी बर्तन जिसमे अचार, मुरब्बा, घी आदि रखा जाता है । अमृतबान ।

मर्तबान[2]—सज्ञा पुं० [देश० वा **बरमी**] भारत की पूर्वी सीमा मे सटे हुए बर्मा राज्य के पेगू प्रदेश का एक नगर और समुद्र की खाडी । रगून, मोलमिन बदरगाह इसी खाडी मे है ।

मर्त्य[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ मनुष्य । २ भूलोक । ३ शरीर ।

मर्त्य[2]—वि० मरणशील । नश्वर [को०] ।

मर्त्यधर्मा—वि० [सं० **मर्त्यधर्मन्**] मरणशील । नश्वर [को०] ।

मर्त्यभाव—सज्ञा पुं० [सं०] मानव स्वभाव । मानवीय प्रकृति [को०] ।

मर्त्यमुख—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **मर्त्यमुखी**] किन्नर ।

मर्त्यलोक—सज्ञा पुं० [स०] पृथ्वी । मनुष्यलोक ।

मर्द[1]—सज्ञा पुं० [फा०, तुल० सं० **मर्त्त** और **मर्त्य**] १ मनुष्य । पुरुष । आदमी । २ साहसी पुरुष । पुरुषार्थी मनुष्य । उ०—मर्द शीश पर नवे मर्द बोली पहिचाने । मर्द खिलावे खाय मर्द चिंता नहिं आने । मर्द देय औ लेय मर्द को मर्द बचावे । गहिरे सँकरे काम मर्द के मर्द आवै । पुनि मर्द उन्ही को जानिए दुख सुख साथी कर्म के । बैताल कहै सुन विक्रम, तू ये लक्षण मर्द के ।—(शब्द०) ।

महा०—**मर्द आदमी** = (१) भला आदमी । सभ्य पुरुष । (२) वीर । बहादुर । **मर्द बच्चा** = वीर बालक । **मर्द की दुम** = अपने को बहादुर लगानेवाला (व्यग्य) । उ०—बडे मर्द की दुम हो गोली चलाओ न जब जानें ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ६० ।

३ वीर पुरुष । योद्धा । जवान । उ०—चलेउ भूप गोनर्द वर्द वाहन समान बल । सग लिए बहु मर्द गर्द लखि होत अपर-दल ।—गिरधरदास (शब्द०) । ४ पुरुष । नर । जैसे—मर्द और औरतें । ५ पति । भर्ता ।

मर्द[2]—सज्ञा पुं० [स०] पीसना । मर्दन [को०] ।

मर्दक—वि० [सं०] दे० 'मर्दक' ।

मर्दन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मर्दन' । उ०—(क) तेरा नाम तभी है, जब तू इस रावण सरीखे शत्रु का मुकुट अपने चरणतल मे मर्दन करे ।—रावाकृष्ण (शब्द०) । (ख) मर्दनीक मर्दन करै बढै घात तन वेल ।—पृ० रा०, ६।१३० ।

मर्दनाⓊ—क्रि० स० [स० **मर्दन**] १ अग आदि पर जोर से हाथ फेरना । मालिश करना । उ०—तन मर्दति पिय के तिया, दरसावति झुट रोष ।—पद्माकर (शब्द०) । २ उबटन तेल आदि को अगो पर चुपडकर बलपूर्वक चुपडे हुए स्थान पर बार बार हाथ फेरना जिससे अग मे उसका सार या स्निग्ध अश घुस जाय । मलना । ३ चूर्णित करना । तोड फोड डालना । ४ मसककर विकृत करना । नाश करना । कुचलना । रौंदना । उ०—(क) कबहुँ बिटप भूधर उपारि पर सेन बरक्खे । कबहुँ बाजि सन बाजि मर्दि गजराज करक्खे ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) खाऐसि फल अरु बिटप उपारे । रच्छक मर्दि मर्दि महि डारे ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) जेहि शर मधु मद मर्दि महासुर मर्दन कीन्हो । मारयो कर्कश नरक शख हनि शख सुलीन्हो ।—केशव (शब्द०) ।

मर्दनीकⓊ—वि० [सं० मर्दन + हिं० ईक (प्रत्य०)] मर्दन करनेवाला । मालिश करनेवाला । उ०—करि पावन पवित्र वर मोहन सुरभि सुतेल । मर्दनीक मर्दन करै, बढै घात तन वेल ।—पृ० रा०, ६।१३० ।

मर्दल—सज्ञा पुं० [स०] पखावज के ढग का एक प्रकार का बाजा जिसका व्यवहार प्राय बगाल मे कीर्तन आदि के समय होता है । मादल । मर्दन ।

मर्दानगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दे० 'मरदानगी' ।

मर्दाना—वि० [फ़ा० **मर्दानह्**] १ पुरुष सबधी । २ मनुष्योचित । ३ वीरोचित । ४ वीर । साहसी । ५ पुरुष का सा । पुरुषवत् ।

यौ०—**मर्दानावार** = वीरोचित । मर्द का सा । मर्द की तरह ।

मर्दित—वि० [सं०] दे० 'मर्दित' ।

मर्दी—सज्ञा स्त्री० [फा०] मरदानगी । वीरता । बहादुरी ।

मर्दुआ—सज्ञा पुं० [फ़ा० **मर्द** + हिं० उआ (प्रत्य०)] १ नाम का मर्द । तुच्छ मनुष्य । २ पति । ३ पराया वा गैर आदमी (स्त्रियाँ) ।

मर्दुम—सज्ञा पुं० [फ़ा०] १ मनुष्य । आदमी । २ आँख की पुतली । कनीनिका (को०) ।

यौ०—**मर्दुमआजार** = अत्याचारी । **मर्दुमआजारी** = लोगों को सताना । अत्याचार । **मर्दुमआमेज** = लोगो में घुलमिलकर रहनेवाला । **मर्दुमगीर** । **मर्दुमशनास** = बुरे भले की परख करनेवाला । **मर्दुमशुमारी** ।

मर्दुमक—सज्ञा पुं० [फा०] कनीनिका । आँख की पुतली [को०] ।

मर्दुमखोर—वि० [फा० **मर्दुमखोर**] मनुष्य को खा जानेवाला । नरभक्षी । उ०—लगा काटनेवालों और रक्तपिपासु मर्दुमखोरो के बीच आ फँसा है ।—प्रेम० और गोर्की, पृ० ७ ।

मर्दुमशुमारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ किसी देश मे रहनेवाले मनुष्यों की गणना । मनुष्यगणना । जनगणना ।

विशेष—यद्यपि भारतवर्ष के मदरास और पजाब प्रातों मे समय समय पर वहा के रहनेवालों की गिननी करने की प्रथा बहुत पूर्व से चली आती थी, पर पाश्चात्य देशो मे नवीन प्रणाली की मनुष्यगणना की प्रथा रोम से आरभ हुई है, जहाँ स्वतत्र मनुष्यो के कुटुब, सपत्ति, दास और मुखिया की परिस्थिति आदि का विवरण यथासमय लिखकर मनुष्यों की गणना की जाती थी । इगलैंड मे सबसे पहले मनुष्यगणना सन् १८०१ मे प्रारभ हुई और १८११ मे आयरलैंड मे गणना की चेष्टा हुई पर सन् १८५१ तक की मनुष्यगणना परिपूर्ण नहीं कही जा सकती । सन् १८६१ मे नियमित रूप मे इगलैंड, स्काटलैंड और आयरलैंड मे मनुष्यगणना प्रारभ हुई, जिसमे प्रत्येक गाँव और नगर के मनुष्यो की आयु, वैवाहिक सबध, पेशे, जन्मस्थान आदि का सविस्तार विवरण लिखा गया, और सन् १८७१ मे व्यवस्थित रूप मे राजकोय या इपीरियल मनुष्यगणना हुई । ठीक इसी समय अर्थात् सन् १८६७ और १८७२ मे भारतवर्ष में भी मनुष्यगणना प्रारभ हुई । पर उस समय काश्मीर, हैदराबाद, राजपूताने और मध्यभारत के देशी राज्यो मे मनुष्य-गणना नही हुई और गणना का प्रबध भी समुचित नही था । भारतवर्ष की ठीक ठीक मनुष्यगणना का आरभ १८८१ से माना जा सकता है । यह मनुष्यगणना १७ फरवरी को हुई थी । तबसे प्रति दसवें वर्ष प्रत्येक गाँव और नगर मे रहने-

वालो का नाम, आयु, धर्म, जाति, शिक्षा, भाषा, व्यापार आदि का विवरण लिखा जाता है।

२. किसी स्थान मे रहनेवाले मनुष्यो की सख्या। जनसख्या। आबादी।

मर्दुमी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ मरदानगी। पौरुष। वीरता। २ पुसत्व।

क्रि० प्र०—दिखलाना।—रखना।

मर्दूद—वि० [फा०] दे० 'मरदूद'। उ०—कौन मर्दूद कह सकता है।—सैर कु०, पृ० १२।

मर्दे आदमी—सज्ञा पु० [फा०] शरीफ वा सज्जन व्यक्ति।

मर्देखुदा—सज्ञा पु० [फा० मर्देखुदा] पवित्रात्मा। भक्त। उ०—नाम अपना जब सुने मर्देखुदा। किए दिल मे यहाँ तो मैं रुसवा हुआ।—दक्खिनी०, पृ० २०३।

मर्देपीर—वि० [फा० मर्द+पीर] पवित्रात्मा। फकीर। उ०—राह मे एक बुजुर्ग मर्देपीर मियाँ साहब मिले।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २०३।

मर्द्—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मर्द'।

मर्दक—वि० [स०] १. मर्दन करनेवाला। मर्दनकारक। २ दबानेवाला। तिरोभावक।

मर्दन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० मर्दित] १. कुचलना। रौंदना। उ०—भगवान करै, इस दरबार मे तुझे वहा मिलै जो महादेव जी के सिर पर है और तुझे वह शास्त्र पढाया जाय जो काँटो को मर्दन करता है।—हरिश्चन्द्र (शब्द०)। २. दूसरे के अगो पर अपने हाथो से बलपूर्वक रगडना। मलना। जैसे,—तैल मर्दन करना। उ०—(क) तेल लगाइ किये रुचि मर्दन वस्त्रादिक रुचि रुचि धाए। तिलक बनाइ चले स्वामी ह्वै विषयनि के मुख जोए।—सूर (शब्द०)। (ख) हरि मिलन सुदामा आयो। विधि कीर अरघ पावड़े दीन्ह अतर प्रेम बढायो। आदर बहुत कियो यादवपति मर्दन करि अन्हवायो। चोवा चदन और कुमकुमा परिमल अग चढायो।—सूर (शब्द०)। (ग) पादपद्म नित मर्दन करई। तन छाया सम नित अनुसरई।—श० दि० (शब्द०)। ३. तेल, उबटन आदि शरीर मे लगाना। मलना। उ०—भाव दियो आवैंगे श्याम। अग अग आभूषण साजति राजति अपन धाम। राति रण जानि अनग नृपाल सो आप नृपति राजति बल जोरति। आत सुगध मर्दन अंग अंग ठनि बान बान भूषन भेषाति।—सूर (शब्द०)। ४ द्वद्व युद्ध म एक मल्ल का दूसरे मल्ल की गर्दन आदि पर हाथो से घस्सा लगाना। घस्सा। उ०—आकर्षण मर्दन भुजबधन। दाव करत भे कर धार कधन।—गोपाल (शब्द०)। ५. ध्वस। नाश। उ०—जेहि शर मधुमद मर्दि महासुर मर्दन कीन्हो। मारयो कर्कश नरक शख हान शख सुलान्हो।—केशव (शब्द०)। ६. रसेश्वरदर्शन के अनुसार अठारह प्रकार के ससस्कारो म दूसरा सस्कार। इसमे पारे आदि का आपसियो क साथ खरल करते या घोटते है। घोटना। ७. पाटना। रगडना।

मर्दन[2]—वि० [वि० स्त्री० मर्दनी] नाशक। विनाशक। महारथी। उ०—(क) कुद इंदु सम देह उमारमण करुना अयन। जाहि दीन पर नेह करहु कृपा मर्दन मयन।—तुलसी (शब्द०)। (ख) गजपति मर्दन प्रबल सिंह पीजरा दीन।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

मर्दल—सज्ञा पु० [सं०] प्राचीन काल का मृदग की तरह का एक प्रकार का बाजा।

विशेष—इस बाजे का उल्लेख महाभारत मे है और आजकल इसका प्रचार बगाल मे पाया जाता है, जहा यह विशेषकर मृतको की अर्थी के साथ अथवा हरिकीर्तन आदि के समय बजाया जाता है।

मर्दित—वि० [सं०] १ जो मर्दन किया गया हो। मला या मसला हुआ। २ टुकड टुकड किया हुआ। ३ नष्ट किया हुआ।

मर्म—सज्ञा पु० [स० मर्म्म या मर्मन्] १. स्वरूप। २ रहस्य। तत्व। भेद।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—लेना।

यौ०—मर्मज्ञ।

३. सविस्थान। '४ प्राणियो के शरीर मे वह स्थान जहाँ आघात पहुचने से अधिक वेदना होती है।

विशेष—वैद्यक मे मास, शिरा, स्नायु, अस्थि और सधि के सान्निपात स्थान को मर्म माना गया है और वहाँ प्राणो का निवासस्थान लिखा गया है। प्रकृति, स्थान और परिणाम भेद से मर्म पाच प्रकार के होते है और कुल मर्मों की सख्या १०७ मानी गई है। प्रकृति के विचार से मर्मों की सख्या इस प्रकार है—मास मर्म ११, अस्थि मर्म ८, सधि मर्म २०, स्नायु मर्म २७ और शिरा मर्म ४१। स्थान के विचार से मर्मो की सख्या इस प्रकार है—साकथ (सक्थि) या पैरो मे २२, भुजाओ म २२ उर और कुक्षि म १२, पृष्ठ म १४ तथा ग्रीवा और ऊर्ध्व भाग मे ३७। परिणाम के विचार से मर्मों की सख्या इस प्रकार है—सद्य. प्राणहर १६, कालातर मारक ३०, वैकल्यकारक ४४, रुजाकारक ८ और विशल्यघ्न ३।

यौ०—मर्मच्छेदन। मर्मप्रहार। मर्मभेदक। मर्मभेदी। मर्मवचन। मर्मस्पर्शी।

मर्मकील—सज्ञा पु० [स०] स्वामी। शौहर। पति [को०]।

ममग—वि० [स०] अत्यत तीक्ष्ण वा तीव्र। ममभेदी। अन्तुद।

ममघाती—वि० [स० मर्मघातिन्] मर्म पर चोट पहुचानेवाला। अत्यत पीडा देनेवाला [को०]।

मर्मघ्न—वि० [स०] अत्यधिक कष्टकर [को०]।

ममचर—सज्ञा पु० [सं०] हृदय।

ममच्छिद्—वि० [स०] दे० 'मर्मच्छेदी'।

ममच्छेदक—वि० [स०] ममभेदक। मर्म भेदनेवाला।

ममच्छेदन—सज्ञा पुं० [स०] १. प्राणघातन। जान लेना। २. अधिक कष्ट देना। बहुत सताना।

मर्मच्छेदी—वि० [स० ममच्छेदिन्] प्राणघातक। अत्यत कष्टकर [को०]।

मर्मछवि—सज्ञा स्त्री० [सं० मर्म+छवि] सुदर रूप। वह रूप या

छवि जो मन को आकर्षित करे। उ०—हमारी समझ मे यह प्रस्तुत अर्थ जीवन या जगत् की मर्मच्छवियो, वहाँ अनुस्यूत मूल्यो का ही पर्याय हो सकता है।—आचार्य०, पृ० १४५।

मर्मज्ञ—वि० [स०] १ जो किसी बात का मर्म या गूढ रहस्य जानता हो। तत्वज्ञ। २. भेद की बात जाननेवाला। रहस्य जाननेवाला।

मर्मपीडा—सज्ञा स्त्री० [स० मर्मपीडा] मन को पहुँचनेवाला क्लेश। आतरिक दु ख।

मर्मप्रहार—सज्ञा पुं० [सं०] वह आघात जो मर्मस्थान पर हो। मर्मस्थान की चोट।

विशेष—वैद्यक मे इसे व्रण का एक भेद माना है। इसमे रोगी गिरता पडता, अटपट बकता, घबराता और मूर्छित होता है। उसके शरीर मे गरमी छटकती है, गरमी का बहुत अधिक अनुभव होता है, और इद्रियाँ ढीली पड जाती हैं।

मर्मभिद्—वि० [स०] मर्मच्छिद्। मर्मभेदी। उ०—दुष्ट रावण कुभकरण पाकारिजित् मर्मभिद् कर्म परिपाकदाता।—तुलसी (शब्द०)।

मर्मभेद—सज्ञा पुं० [स०] १ रहस्योद्घाटन। महत्वपूर्ण बातो का प्रकट होना। २. हृदय वा मर्म का वेधन [को०]।

मर्मभेदक—वि० [सं०] १ मर्म छेदनेवाला। २ हृदयविदारक। बहुत अधिक हार्दिक कष्ट पहुँचानेवाला।

मर्मभेदन—सज्ञा पुं० [स०] बाण। तीर [को०]।

मर्मभेदी[1]—वि० [स० मर्मभेदिन्] हृदय पर आघात पहुँचानेवाला। आतरिक कष्ट देनेवाला। जैसे,—आपको इस प्रकार की मर्मभेदी बातें न कहनी चाहिए।

मर्मभेदी[2]—सज्ञा पुं० बाण। तीर [को०]।

मर्ममय—वि० [स०] रहस्यपूर्ण।

मर्मर[1]—सज्ञा पुं० [यू०] दे० 'मरमर'।

मर्मर[2]—सज्ञा पु० [स०] १ पत्तो के चरमराने या हवा वा अन्य किसी कारण से उनके हिलने मे होनेवाला शब्द। २. एक प्रकार का पहनावा [को०]।

मर्मरित—वि० [स०] मर्मर की ध्वनि से युक्त।

मर्मरी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक प्रकार का देवदार वृक्ष। २. हल्दी। ३ कान के बाह्य भाग की एक नस [को०]।

मर्मगीक—सज्ञा पुं० [स०] १ दरिद्र व्यक्ति। भिखारी। २ दुष्ट आदमी [को०]।

मर्मवचन—सज्ञा पुं० [हिं० मर्म + वचन] वह बात जिससे सुननेवाले को आतरिक कष्ट पहुँचे। मर्मभेदी बात। उ०—मर्मवचन सीता तब बोला। हरि प्रेरित लछिमन मन डोला।—तुलसी (शब्द०)।

मर्मवाक्य—सज्ञा पुं० [सं०] रहस्य की बात। भेद की या गूढ बात।

मर्मवाणी—सज्ञा स्त्री० [सं० मर्म + वाणी] भेदभरी वाणी। गूढ बात। मर्मवाक्य। उ०—श्रीमुख मे श्रीकृष्ण के सुना था जहा भारत ने गीतागीत सिंहनाद मर्मवाणी जीवन सग्राम का, सार्थक समन्वय ज्ञान कर्म भक्ति योग का।—अनामिका, पृ० ५८।

मर्मविद्—वि० [सं०] मर्म या तत्व जाननेवाला। मर्मज्ञ।

मर्मविदारण—सज्ञा पु० [सं०] मर्मच्छेदन। मर्मच्छेद।

मर्मवेदी—वि० [सं० मर्मवेदिन्] मर्मज्ञ।

मर्मवेधी—वि० [सं० मर्मवेधिन्] दे० 'मर्मभेदी'।

मर्मव्यथा—सज्ञा पुं० [सं०] मर्म पीडा। तीव्र वेदना [को०]।

मर्मशरीर—सज्ञा पुं० [सं० मर्म + शरीर] नित्यस्वरूप। मुख्य रूप। गूढ अग। अनिवार्य लक्षण। उ०—पर ज्या ज्या शास्त्रीय विचार गभीर और सूक्ष्म होता गया त्यो त्यो साध्य और साधनो को विविक्त करके काव्य के नित्यस्वरूप या मर्मशरीर का अलग निकालने का प्रयास बढ़ता गया।—रस०, पृ० ५०।

मर्मस्थल—सज्ञा पुं० [सं०] १ मर्मस्थान। विशेष दे० 'मर्म'। २ हृदय। मन। अतस्तल। उ०—कविता अपनी मनोरजन शक्ति द्वारा पढने या सुननेवाले का चित्त रमाए रहती है, जीवनपट पर उक्त कर्मो की सुदरता या विरूपता अकित करके हृदय के मर्मस्थलो का स्पर्श करती है।—रस०, पृ० २७।

मर्मस्थान—सज्ञा पुं० [सं०] मर्मस्थल। मर्म। विशेष दे० 'मर्म'।

मर्मस्पर्शिता—सज्ञा स्त्री० [सं० मर्मस्पृश्] मर्मस्पर्शी होने का भाव। मार्मिकता। उ०—रागात्मक गुण के अतर्गत मर्मस्पर्शिता एव सजीवता की इन लोगो ने गणना की है।—शैली, पृ० ८८।

मर्मस्पर्शी—वि० [सं० मर्मस्पर्शिन्] दे० 'मर्मस्पृश्'।

मर्मस्पृश्—वि० [सं०] हृदय को स्पर्श करनेवाला। हृदय पर प्रभाव डालनेवाला। मर्मस्पर्शी।

मर्मांतक—वि० [सं० मर्मान्तक] मन मे चुभनेवाला। मर्मभेदक। हृदयस्पर्शी। उ०—मानव दुर्गति की गाथा मे ओत प्रोत मर्मांतक।—ग्राम्या, पृ० १४।

मर्मांतिक—वि० [सं० मर्मान्तिक] दे० 'मर्मांतक'। उ०—फिर देता दृढ संदेश देश को मर्मांतिक, भाषा के बिना न रहती अन्य गद्य प्रातिक।—अनामिका, पृ० ८६।

मर्माघात—सज्ञा पुं० [सं०] मर्मस्थल पर आघात। मार्मिक पीडा [को०]।

मर्मांतिग—वि० [सं०] मर्मस्थल पर पहुँचनेवाला। मर्म को वेधनेवाला [को०]।

मर्मानुभूति—सज्ञा स्त्री० [सं० मर्म + अनुभूति] मार्मिक अनुभूति। मर्मस्पर्शी अनुभूति। उ०—शुद्ध मर्मानुभूति द्वारा प्रेरित कुशल कवि भी प्राचीन आख्यानों को बराबर लेते आए हैं, और अब भी लेते हैं।—रस०, पृ० ६४।

मर्मान्वेषण—सज्ञा पु० [सं०] किसी बात का तत्व या गूढ़ रहस्य जानना। तत्वानुसधान।

मर्माभास—सज्ञा पुं० [स० मर्म + आभास] रहस्यपूर्ण अनुभव।

भेदभरे तथ्य की झलक। उ०—योग भोग, जप तप, धन सचय गार्हस्थाश्रम, दृढ सन्यास। त्याग तपस्या, व्रत सब देखा पाया है जो मर्माभास।—अनामिका, पृ० १६६।

मर्माभिघातज—सज्ञा पुं० [सं० मर्म + अभिघातज] एक प्रकार का दाह। उ०—इसमे मर्मस्थान मे मर्माभिघातज दाह होय सो सातवाँ असाध्य है।—माधव०, पृ० १२०।

मर्माविद्—वि० [स०] मर्म भेदनेवाला। ममभेदी।

मर्माविध्—वि० [स० मर्म + आविध्] मर्म भेदनेवाला। मर्मभेदी।

मर्माहत—वि० [सं० मर्म + आहत] जिसके मर्म को बहुत अधिक चोट पहुँची हो। जिसके हृदय को बहुत अधिक पीडा मिली हो। उ०—मर्माहत स्वर भर।—अपरा, पृ० ६३।

मर्मिक—वि० [स०] मर्मविद्। ममज्ञ।

मर्मी—वि० [हिं० मर्म] रहस्य जाननेवाला। तत्वज्ञ। मर्मज्ञ। उ०—(क) ममा मूल गहल मन माना। मर्मी होय सो मर्महि जाना।—कबीर (शब्द०)। (ख) मर्मी सज्जन सुमति कुदारी। ज्ञान विराग नयन उरगारी।—तुलसी (शब्द०)।

मर्मोद्घाटन—सज्ञा पुं० [स०] रहस्योद्घाटन। रहस्य का प्रकट होना [को०]।

मर्मोपघाती—वि० [सं० मर्मोपघातिन्] दे० 'मर्माविध्' [को०]।

मर्य[1]—सज्ञा पु० [सं०] १. मनुष्य। २ युवक व्यक्ति (को०)। ३ नर। मादा का विलोम (को०)। ४ प्रेमी पुरुष (को०)। ५ उष्ट्र। ऊँट (को०)। ५ बीजाश्व। दे० 'साँड' (को०)।

मर्य[2]—वि० मरणशील। मर्त्य [को०]।

मर्यक—सज्ञा पु० [स०] १. छोटा या ठिगना व्यक्ति। २ नर। मादा का विलोम [को०]।

मर्या—सज्ञा पुं० [स०] सीमा [को०]।

मर्याद—सज्ञा स्त्री० [स० मर्य्यादा] दे० 'मर्य्याद'। उ०—रोक रहजन को प्रगति का, फेर से, बाधक जो हो। दर बदर भटका उसे, मर्याद तू जब तक न कर।—बेला, पृ० ६८।

मर्यादा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मर्य्यादा'।

मर्यादाधावन—सज्ञा पुं० [स०] सीमारेखा या चिह्न की ओर दौडना [को०]।

मर्यादाधुर्य—सज्ञा पुं० [सं० मर्यादा + धुर्य] दे० 'कोटपाल'। उ०—प्रतिहार साम्राज्य मे सीमा का रक्षक कोटपाल ही 'मर्यादा-धुर्य' कहा गया है।—पू० म० भा०, पृ० १०४।

मर्यादापर्वत—सज्ञा पु० [स०] दे० 'मर्य्यादागिरि'। उ०—पूरब और पच्छिम तरफ की जमीन का उठाव दीखता है, जो हिमालय के साथ के सीमात के पहाडो या मर्यादापर्वतो को सूचित करता है।—भारत० नि०, पृ० २५।

मर्यादापुरुषोत्तम—सज्ञा पुं० [स० मर्यादा + पुरुषोत्तम] भगवान् रामचद्र। उ०—मर्यादापुरुषोत्तम के सर्वोत्तम अनन्य, लीला सहचर, दिव्य भावधर इनपर प्रहार करने पर होगी देवि तुम्हारी विषम हार।—अपरा, पृ० ४३।

मर्यादामार्गी—वि० [सं० मर्यादा + मार्गिन्] मर्यादा का अनुगमन करनेवाला। मर्यादावादी। उ०—वहाँ कृष्णदास को एक मर्यादामार्गी वैष्णव की सग भयो।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २३४।

मर्यादावादी—वि० [स० मर्यादा + वादिन्] मर्यादा को माननेवाला। मर्यादानुयायी। उ०—पर शुक्ला जी, जैसा मैंने निवेदन किया, मर्यादावादी थे।—आचार्य०, पृ० १३६।

मर्यादाव्यतिक्रम—सज्ञा पु० [स०] सीमा पार करना। सीमोल्लघन करना [को०]।

मर्यादित—वि० [स०] सीमित। सीमाबद्ध। उ०—मर्यादित रहता है इनका जीवन पारावार। अपने छोटे मे जग मे है सीमित इनका प्यार।—प्रामिका, पृ० ८८।

मर्यादी[1]—वि० [स० मर्यादिन्] १ सीमा मे रहनेवाला। सीमोल्लघन न करनेवाला। २ मर्यादावादी। मर्यादा को माननेवाला। उ०—ताके पास तीन तूँबा, काँधे पर तो खासा की, पीछे कटि पर मर्यादी सेबकी की, आगे कटि पर बाहिर की, या भाँति सो रहै आवें।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ४३।

मर्यादी[2]—सज्ञा पु० पडोसी। सीमा के निकट रहनेवाला [को०]।

मर्य्या—सज्ञा स्त्री० [स०] सीमा।

मर्य्यादा[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मर्यादा] १ दे० 'मर्यादा'। उ०—भो मर्य्याद बहुत सुख लागा। यहि लेखे सब सशय भागा।—कबीर (शब्द०)। २ रीति। रसम। प्रथा। ३ चाल। ढग। ४ विवाह मे वर पक्षवालो का वह भोज जो उन्हे विवाह के तीसरे दिन कन्यापक्ष की ओर से दिया जाता है। बडहार। बढार।

मुहा०—**मर्य्यादा रहना** = बरात का विवाह के तीसरे दिन ठहरकर भोज मे सम्मिलित होना।

मर्य्यादा[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] १. सीमा। हद। २ कूल। नदी या समुद्र का किनारा। ३ दो या दो से अधिक मनुष्यो के बीच की प्रतिज्ञा। मुआहिदा। करार। ४ नियम। ५ सदाचार। ६ मान प्रतिष्ठा। गौरव।

क्रि० प्र०—रखना।

मुहा०—**मर्य्यादा जाना** = साख खत्म होना। विश्वास जाता रहना। **मर्य्यादा लेना** = लज्जा उतारना। लज्जित करना। ७ धर्म।

मर्य्यादागिरि—सज्ञा पु० [सं०] सीमा पर का पहाड। वह पहाड जो सीमा का निर्धारण करे [को०]।

मर्य्यादाबध—सज्ञा पुं० [सं० मर्य्यादाबन्ध] १ अधिकार की रक्षा। २ नजरबदी।

मर्य्यादी—वि० [स० मर्य्यादिन्] सीमावान। सीमायुक्त।

मर्रानाⓊ—क्रि० अ० [हिं० मरमराना अनु०] मर मर की ध्वनि करते गिरना। चरमराकर गिरना। उ०—पीना भा ससार जाहि ऊपर मर्रानी।—पलटू०, पृ० ५६।

मर्री—सज्ञा स्त्री० [हिं० मरना] वह भूमि जो कर्ज लेनेवाले ने सूद के बदले मे महाजन को दी है।

मर्श[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ गभीर विचार। २ राय। सम्मति। ३ नस्य। सुघनी [को०]।

मर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] १ रगडना। २ परीक्षा। जाँच। ३ विचार। ४ राय देना। ५ अलग करना। हटाना। ६ व्याख्या करना [को०]।

मर्ष—सज्ञा पु० [स०] क्षांति।

मर्षण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ क्षमा। माफी। २ घर्षण। रगड।

मर्षण[2]—वि० १ नाशक। ध्वसक। २ दूर करनेवाला। रोकने या हटानेवाला। उ०—लहरा भव पादप, मर्षण मन मोडेगी। अपरा, पृ० २०७।

मर्षणीय—वि० [स०] क्षमा करने के योग्य। क्षम्य।

मर्षित—वि० [स०] १ सहन किया हुआ। २ क्षमा किया हुआ [को०]।

मर्षी—वि० [स० मर्षिन्] सहन करनेवाला। क्षमाशील [को०]।

मर्सियाख्वाँ—सज्ञा पु० [अ० मरसिया + फा० ख्वाँ] दे० 'मरसियाख्वाँ'। उ०—कई मर्सियाख्वाँ और कई गजल सुनाते हैं —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८७।

मलग—सज्ञा पु० [फा० (मलग = आपसे बाहर)] १. एक प्रकार के मुसलमान साधु। ये मदारशाह के अनुयायी होते हैं तथा सिर के बाल बढाते और नगे सिर तथा नगे पैर अकेले भीख माँगते फिरते हैं। उ०—(क) कोडा आँसू बूँद, करि साँकर बरुनी सजल। कौने बदन न मूँद, दृग मलग डारे रहै। —बिहारी (शब्द०)। (ख) किधौं मैन मलग चढ्यो थल तुग अँजीर अरी न परै झटकी।—मुकुदलाल (शब्द०)। २ एक प्रकार का बडा बगुला जो स्वच्छ, सफेद रग का होता है। यह भारतवर्ष और बरमा में होता है, और प्राय एकात में और अकेला रहता है।

मलगा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलग'।

मल[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मैल। कीट। जैसे, धातुओ का मल। उ०—लीला सगुन जो कहहिं बखानी। सोई स्वच्छता करइ मल हानी।—तुलसी (शब्द०)। २. शरीर से निकलनेवाली मैल या विकार।

विशेष—ये मल बारह प्रकार के माने गए हैं।—(१) वसा, (२) शुक्र, (३) रक्त, (४) मज्जा, (५) मूत्र, (६) विष्ठा, (७) कर्णमल या खूँट, (८) नख, (९) श्लेष्मा या कफ, (१०) आँसू, (११) शरीर के ऊपर जमी हुई मैल और (१२) पसीना।

३ विष्ठा। पुरीष। ४ दूषण। विकार। ५ शुद्धतानाशक पदार्थ। ६ पाप। ७ दोष। बुराई। ऐब। ८ हीरे का एक दोष। ९ जैन शास्त्रानुसार आत्माश्रित दुष्ट भाव। यह पाँच प्रकार का माना गया है—(१) मिथ्या ज्ञान, (२) अधर्म, (३) अशक्ति, (४) हेतु और (५) च्युति। १० कपूर। ११ प्रक्षांतदोष। जैसे, वात, पित्त, कफ।

मल[2]—वि० १ गदा। अशुद्ध। २ नीच। दुष्ट। ३ नास्तिक [को०]।

मल[3]—[दे०] फीलवानो का एक सांकेतिक शब्द जो हाथियो को उठाने के लिये कहा जाता है।

मलऊन—वि० [अ० मलऊन] तिरस्कृत। दुष्ट। धिक्कृत। उ०—यह लश्कर लेकर वह मलऊन। मक्के की तरफ कीता है मुँह।—दक्खिनी०, पृ० २२१।

मलक[1]—सज्ञा पु० [अ०] देवता। फरिश्ता [को०]।

मलक[2]—सज्ञा पुं० [हिं० मलकाना] १. आँखों के खोलने बद करने की क्रिया। दृष्टि को स्थिर न रखना। २ हिलना डोलना। उ०—लागत पलक मलक नहिं लावै।—कबीर सा०, पृ० १५८९।

मलकना—क्रि० अ० [हिं० मलकना] १ हिलना डोलना। २ इतराना। इठलाना। उ०—झूमत चलि मद मत्त गयेंद ज्यों, मलकत बाँह दुराइ।—नद० ग्र०, पृ० ३८९।

मलकनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० मलकना] मलकने की क्रिया। हिलने डोलने या इठलाने की क्रिया। उ०—मोहन पिय की मलकनि ढलकनि मोर मुकुट की। सदा बसौ मन मेर फरकनि पियरे पट की।—नद० ग्र०, पृ० २२।

मलकरना—सज्ञा पु० [दे०] बरतन पर नकाशी करनेवालों का एक औजार जिससे खोदने पर दोहरी लकीर बनती है।

मलकर्षण—वि० [स०] साफ करनेवाला। गदगी दूर करनेवाला [को०]।

मलकलमौत—सज्ञा पुं० [अ० मलकुलमौत] दे० मलकुलमौत'। उ०—जेहि विधि पारा मरै न मारा। मलकलमौत सो करै विचारा।—सत० दरिया, पृ० २३।

मलका—सज्ञा स्त्री० [अ० मलिकह्] बादशाह या महाराज की पटरानी। महारानी। उ०—मेरी मलका। चुपन, कल जैसा दिन दुश्मन की किस्मत मे भी न आए।—पिजरे०, पृ० १२२।

मलकाछ—सज्ञा पुं० [हिं० मल्ल + काछ] ठाकुरो के शृगार के लिये एक प्रकार का कछनी जिसमें तीन झब्बे लगे होते है।

मलकाना[1]—क्रि० स० [अनु०] १ हिलाना। डोलाना। विचलित करना। जैसे, आख मलकाना।

मलकाना—क्रि० अ० बना बनाकर बातें करना।

मलकुलमौत—सज्ञा पुं० [अ०] मुसलमानो के अनुसार वह फरिश्ता जो अत समय य प्राण लेने के लिये आता है।

मलकूत[1]—वि० [अ०] पवित्र। फरिश्ते से सबधित। उ०—जिन ताकूँ नादार झकारे तो मजिल मलकूत तूज।—दक्खिनी०, पृ० ५६।

मलकूत[2]—सज्ञा पु० १ शासन। राज्य। २ स्वर्ग। देवलोक। ३ फरिश्ता। देवगण [को०]।

मलखभ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलखम'।

मलखम—सज्ञा पुं० [सं० मल्ल + हिं० खभा] १ लकडी का एक प्रकार का खभा जिसपर कसरत करनेवाले फुरती से चढ और उतरकर कसरत करते है। मालखम।

विशेष—मलखम तीन प्रकार के होते हैं—गडा मलखम, लटका

मलखम और बेत का मलखम। गडा मलखम एक लबा मोटा चार पाँच हाथ ऊँचा मुगदर के आकार का खभा होता है जो भूमि मे गडा रहता है। लटका हुआ या लटकौआँ मलखम छत्त या किसी और घरन के सहारे ऊपर से अधोमुख लटका रहता है। जब इस खभे की जगह घरन आदि मे बेंत लटकाया जाता है, तब इसे बेंत का मलखम कहते हैं इसपर कसरत करनेवाले बेत को हाथ मे पकडकर उसपर अनेक मुद्राओ से कसरत करते हैं। इसे बाँस, लग्गी या मलखानी भी कहते हैं। मलखम की कसरत भारतवर्ष की एक प्राचीन मल्ल नामक क्षत्रिय जाति की निकाली हुई है। इसी मल्ल जाति को आविष्कार की हुई कुश्ती को मल्लयुद्ध भी कहते हैं। मलखम पर चढने उतरने को 'पकड' कहते हैं। इस कसरत से मनुष्य मे फुरती आती है और नसें दृढ होती हैं।

२ वह कसरत जो मलखम पर या उसके सहारे से की जाय। ३. पत्थर या लकडी के पुरानी चाल के कोल्हू मे लकडी का एक खूँटा जो कातर या पाट मे कोल्हू से दूसरी छोर पर गाडा जाता है और जिसमे ढेंके की रस्सी बाँधी जाती है, अथवा जिसमे रस्सी लगाकर ढेंकी बाँधकर जाट के ऊपर लगाते हैं। इसे मरखम भी कहते हैं।

मलखाना[1]—वि० [हिं० **मल** + **खाना**] मल खानेवाला। उ०—कोउ न जग मे होत कुटिल जैसे मलखाने। उसर बैठि मरजाद भ्रष्ट आचार न जाने।—गिरिधरदास (शब्द०)।

मलखाना[2]—सज्ञा पु० [स० **मल्ल** + हिं० **खान**] १. महोबे के राजा परमाल के भतीजे मलखान का नाम। यह पृथ्वीराज चौहान का समकालीन था। २ पश्चिमी उत्तरप्रदेश मे बसनेवाले एक प्रकार के राजपूत जो मुसलमान बना लिए गए थे। इन लोगो का आचार विचार अब तक प्राय हिंदुओ का सा है।

मलखानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मलखम**] एक ऊचा गोल और सीधा पतला खभा जिसपर बेंत से मलखम की कसरत की जाती है। इसे बाँस और लग्गी भी कहते हैं। विशेष दे० 'मलखम'।

मलगजाⓊ[1]—वि० [हिं० **मलना** + **गींजना**] मला दला हुआ। गींजा हुआ। मरगजा।

मलगजा[2]—सज्ञा पुं० बेसन मे लपेटकर तेल या घी मे छाने हुए बैंगन, कुंहडा आदि के पतले टुकडे।

मलगिरी[1]—सज्ञा पु० [हिं० **मलयागिरि**] एक प्रकार का हल्का कत्थई रग।

विशेष—यह रग रँगने के लिये कपडा पहले हड के हलके काढे मे और फिर कसीस के पानी मे डुबोते है, और फिर उसे एक रग मे जिसमे कत्था, चूना, मेहदी की पत्ती और चदन का चूरा पीसकर घोला रहता है और छैलछबीला, नागरमोथा, कपूर-कचरी, नख, पाँजर, बिरमी, मुगधवाला, सुगध कोकल, बालछड, जराकुश, बुढना, सुगधमँत्री, लौग इलायची, केशर और कस्तूरी का चूर्ण मिला रहता है, डालकर पहर भर उबालते हैं और उतारने पर उसे दिन रात उसी मे पडा रहने देते हैं। दूसरे दिन कपडे को उसमे से निकालकर निचोड लेते हैं और बर्तन के रंग को छानकर उसमे हिना का इत्र मिलाकर उसमे फिर उस कपडे को डुबाकर सुखाते हैं। पर आजकल प्राय रँगरेज मलगिरि रग रँगने मे कपडे को कत्थे और चूने के रग मे रँगते हैं, फिर उसे कसीस के पानी मे डुबा देते हैं इसके बाद रँगे हुए कपडे को आहार देकर निचोडते और सुखाते हैं और अत में उसपर हिना का इत्र मल देते हैं।

मलगिरि[2]—वि० मलगिरि रग का।

मलघन—सज्ञा पुं० [स० **मलघ्न**] एक प्रकार की कचनार, जो लता रूप मे होती है।

विशेष—यह हिमालय की तराई, मध्य भारत और टेनासरम के जगलो मे पाई जाती है। इसकी छाल मलू कहलाती है जिसपर रग अच्छा चढता है और जो कूटने पर ऊन की तरह चमकदार हो जाती है। इस ऊन में मिलाकर तागा काता जाता है जिससे ऊनी कपडे बुने जाते हैं। यह छाल ऐसी साफ होती है कि ऊन में मिलाने पर इसकी मिलावट बहुत कम पहचानी जाती है।

मलघ्न—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **मलघ्नी**] मलनाशक।

मलघ्न—सज्ञा पु० १ शाल्मली कद। सेमल का मुसला। २ कचनार का एक भेद। 'मलघन'।

मलघ्नी—सज्ञा स्त्री०] सं०] नागदौना।

मलज—सज्ञा पुं० [सं०] पीब।

मलजुद्धⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **मल्लयुद्ध**] दे० 'मल्लयुद्ध'। उ०—मलजुद्ध समुद्ध सुवीर करै।—ह० रासो, पृ० १५७।

मलज्वर—सज्ञा पु० [स० **मल** + **ज्वर**] अमृतसागर के अनुसार एक प्रकार का ज्वर जो मल के रुकने के कारण होता है। इससे रोगी के पेट मे शूल और सिर मे पीडा होती है, मुँह सूखा रहता है, जलन होती है, भ्रम होता है और कभी कभी मूर्छा भी आती है।

मलझन—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की बेल जो बागो मे लगाई जाती है।

मलट—सज्ञा पुं० [अ० **मैलेट**] १ लकडी का हथौडा जिससे खूँटे आदि गाडे जाते हैं। २ काठ का वह हथौडा जिससे छापने के पहले सीसे के अक्षर ठोककर बैठाए और बराबर किए जाते हैं।

मलतन†—सज्ञा स्त्री० [स० **मल्लत्व**, प्रा० **मल्लत्तण** या हिं० **मल** (= **मल्ल**) + **तन** (प्रत्य०)] बहादुरी। शक्ति का अभिमान। उ०—सभ भागी सिद्धाँ की मलतन।—प्राण०, पृ० १२०।

मलता—वि० [हिं० **मलना**] मला या घिसा हुआ (सिक्का)। जैसे, मलता पैसा, मलती अठन्नी।

मलद—सज्ञा पुं० [स०] वाल्मीकीय रामायण के अनुसार एक प्रदेश का नाम।

विशेष—कहते हैं, ताडका यहीं रहती थी। इसे मल्लभूमि भी कहते थे।

मलदूषित—वि० [सं०] मलीन। मैला।

मलद्रावी—संज्ञा पुं० [सं० मलद्राविन्] जयपाल । जमालगोटा ।

मलद्वार—संज्ञा पुं० [सं०] १ शरीर की वे इंद्रियाँ जिनसे मल निकलते हैं । २ पाखाने का स्थान । गुदा ।

मलधात्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह धाय जो बच्चो का मलमूत्र धोने पर नियुक्त हो ।

मलधारी—संज्ञा पुं० [सं० मलधारिन्] एक प्रकार के जैन साधु जो शरीर मे मल लगाए रहते है और उसको धाने और शुद्ध नही करते ।

मलन[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मर्दन । २. पोतना । लेप करना । लगाना । ३ तंबू । शामियाना (को०) ।

मलन[२]—वि० मसलनेवाला । पीस डालनेवाला । मल देनेवाला । उ०—अफजल का मलन शिवराज आया मरजा ।—भूषण ग्र०, पृ० ११७ ।

मलन[३]—वि० [हिं०] दूषित । बुरा । दे० 'मलिन' । उ०—मलन काज मैं खलन की मति अति होति अनूप ।—दीन० ग्र०, पृ० ८१ ।

मलना—क्रि० स० [सं० मलन] १ हाथ अथवा किसी और पदार्थ से किसी तल पर उसे साफ, मुलायम या अच्छा करने के लिये रगडना । हाथ या किसी और चीज से दबाते हुए घिसना । मर्दन । मींजना । मसलना । जैसे, लोई मलना, घोडा मलना बरतन मलना । उ०—(क) यहि सर घडा न बूडता मगर मलि मलि न्हाय । देवल बूडा कलस लो पखि पियासा जाय । —कबीर (शब्द०) । (ख) चलि सखि तेहि सरोवर जाहिं । जेहि सरोवर कमल कमला रवि बिना बिकसाहिं । हस उज्वल पख निर्मल अग मलि मलि न्हाहिं । मुक्ति मुक्ता अबु के फल तिन्हैं चुनि चुनि खाहिं ।—सूर (शब्द०) ।

सयो० क्रि०—डालना ।—देना ।

मुहा०—दलना मलना = (१) चूर्ण करना । पीसकर टुकडे टुकडे करना । उ०—रन मत्त रावण सकल सुभट प्रचड भुजबल दलमले ।—तुलसी (शब्द०) । (२) मसलना । हाथो मे रगडना । घिसना । हाथ मलना = (१) पछताना । पश्चात्ताप करना । उ०—बार बार करतल कहँ मलि कै । निज कर पीठ रदन सो दलि कै ।—गोपाल (शब्द०) । (२) क्रोध प्रगट करना । उ०—चलो सुकर्मा बीर भलो अबर तन धारे । मलो करहि भरि क्रोध हलोरन नद बहुवारे ।—गोपाल (शब्द०) ।

२ किसी तरल पदार्थ या चूर्ण आदि को किसी तल पर रखकर हाथ से रगडना । मालिश करना । जैसे, तेल मलना, सुरती मलना । उ०—(क) मधु सो गीले हाथ ह्वै ऐंचो धनुष न जाइ । ते पराग मलि कुसुम शर बेधत मोहिं बनाइ ।—गुमान (शब्द०) । (ख) चलेउ भूप पुरमित्र मित्रहुति मगध मित्र मन । पट पवित्र मानि चित्र सहित मलि इत्र धरे तन ।—गोपाल (शब्द०) । ३ किसी पदार्थ को टुकडे टुकडे या चूर्ण करने के लिये हाथ से रगडना या दबाना । मसलना । मीजना । उ०—जो कहो तिहारो बल पायें आगे हाथ नाथ, आँगुरी सो मेरु मलि डारो यह छिन मैं ।—हनुमन्नाटक (शब्द०) । ४. मरोडना । ऐंठना । जैसे, मुँह मलना, नाक मलना, कान मलना ।

सयो० क्रि०—डालना ।—देना ।

५ हाथ से बार बार रगडना या दबाना । जैसे, छाती मलना, गाल मलना ।

मलनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मलना] आठ दस अगुल लबा, दो अगुल चौडा, सुडौल और चिकना कतजन के आकार का बाँस का एक टुकडा जिससे कुम्हार मलकर सुराहियाँ आदि चिकनी करते है ।

मलपकी—वि० [सं० मलपङ्किन्] १ मलीन । मैला । २ कीचड मे सना हुआ ।

मलपाक—संज्ञा पुं० [सं० मल + पाक] शरीर की वह स्थिति जिसमे दोषो की प्रकृति बदल जाती है, वे हलके हो जाते हैं, शरीर हलका हो जाता है और इंद्रियाँ निर्मल हो जाती हैं ।—माधव०, पृ० २८ ।

मलपात्र—संज्ञा पुं० [सं० मल + पात्र] वह पात्र जो शौच के उपयोग मे लाया जाता हो । कमोट ।

मलपू—संज्ञा पुं० [सं०] कठूमर ।

मलपृष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] पुस्तक का पहला या बाह्य पृष्ठ [को०] ।

मलप्पना—क्रि० अ० [प्रा० मल्लप्पण] १ पहलवानों के समान मस्ती भरी चाल चलना । क्रीडा में कुदान करना । उ०—करत केलि सारसी मलप्पते महा रसी । विरद्द नेक बोलते पलक्क चप्प खोलते ।—पृ० रा०, १७।६० ।

मलफ—संज्ञा स्त्री० [हिं० मलफना] कूद । कुदान । उ०—गोज मलफ एता गुणाँ, मोहाँ काज मरत ।—बाँकी०, ग्र० भा० १, पृ० १७ ।

मलफना—क्रि० अ० [हिं०] कूदना । कुदान भरना । उ०—तैं जेहा दीधा तुरी ,मृग जीपण मनफत । चढे जिकाँ अन पह चढै तारण वारण तत ।—बाँकी०, ग्र०, भा० ३, पृ० १० ।

मलफूफ—वि० [अ० मल्फूफ] १ जो लपेटा हुआ हो । जिसपर कागज या कपडा चढा हो । २ जो लिफाफे मे बद हो । उ०—प्रेम बत्तीसी हिस्सा दोयम का किस्सा 'खून अजमत' मलफूफ है —प्रेम० और गोर्की, पृ० ५४ ।

मलबा—संज्ञा पुं० [हिं० मलभार] १ कूडा कर्कट । कतवार । २ टूटी या गिराई हुई इमारत की ईंटें, पत्थर और चूना आदि । ३ एक प्रकार की उगाही या वेहरी जो गाँव मे पट्टीदारो से दौरे के हाकिमो आदि के खर्च के लिये वसूल की जाती है ।

मलभाड—संज्ञा पुं० [सं० मल + भाण्ड] दे० 'मलपात्र' ।

मलभुज्—संज्ञा पुं० [सं०] कौवा ।

मलभेदिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटकी ।

मलमई—वि० [सं० मल + हिं० मई (प्रत्य०)] मलयुक्त ।

लोक सृष्टि सिरजति यह माया। तुम तें दूरि मलमई काया। नद० ग्र०, पृ० ३१५।

मलमल—संज्ञा स्त्री० [सं० मलमल्लक] एक प्रकार का पतला कपडा जो बहुत बारीक सूत से बुना जाता है। उ०—(क) मलमल खासा पहनते खाते नागर पान। टेढा होकर चालते करते बहुत गुमान। —कबीर (शब्द०)। (ख) कमरी थोर दाम की आवै बहुतै काम। खासा मलमल बाफता उनकर राखै मान। —गिरधरराय (शब्द०)।

विशेष—प्राचीन काल मे यह कपडा भारतवर्ष मे विशेषकर बगाल और बिहार मे बुना जाता था और वहीं से भिन्न भिन्न देशो मे जाता था। अब तक ढाके और मुर्शिदाबाद में अच्छी मलमल बनती है।

मलमला—संज्ञा पुं० [देश०] कुलफे का साग।

मलमलाना[1]—क्रि० स० [हिं० मलना] १ बार बार स्पर्श कराना। लगातार छुलाना। २ बार बार खोलना और ढकना। जैसे, पलक मलमलाना। ३ पुन पुन आलिंगन करना। उ०—नवल सुनि नवल पिया नयो नयो दरस निचि तन मलमले प्रानपति पीय को अधर धरयो री। प्रीति की रीति प्रात्म चचल करत निरखि नागरी नैन चिबुक सो मोरी। तब कामकेलि कमनीय चदय चकोर चातक स्वाति बूंद परयो री। सुनि सूरदास रस रासि रस बरसि कै चली जनु हरति ले कुहू सु गोरी।—सूर (शब्द०)।

मलमलाना[2]—क्रि० अ० [अनु०] पश्चात्ताप करना। अफसोस करना। पछताना।

मलमलाहट—संज्ञा स्त्री० [अनु०] मलमलाने की क्रिया या भाव। पश्चात्ताप। अफसोस।

मलमल्लक—संज्ञा पु० [सं०] कोपीन।

मलमाँस(पु)—संज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मलमास'। उ०—अली शुभ तीरथ तीर लसै मलमाँस पवित्र नदी जुग सग।—श्यामा०, पृ० ३२६।

मलमा—संज्ञा पुं० [हिं० मलवा] दे० 'मलवा'।

मलमास—संज्ञा पुं० [सं०] वह अमात मास जिसमे सक्राति न पडती हो। इसे अधिक मास भी कहते हैं।

विशेष—यो तो साधारण रीति से बारह महीने का वर्ष माना जाता है, पर कभी कभी तेरह महीने का भी वर्ष होता है। पर यह बात केवल चाद्र मास मे ही होती है, और मास सदा वर्ष मे बारह ही होते है। चाद्र मास की वृद्धि का हेतु यह है कि दिन रात्रि का मान, जिसे दिनमान कहते है, ६० दड का माना जाता है। पर एक तिथि का मान ५८ दड का माना जाता है। इसलिये ३० दिन मे ३१ तिथियाँ पडती है। इस हिसाब से चाद्र वर्ष और सामान्य वर्ष मे प्रति वर्ष बारह दिन का अतर पडा करता है जो पाँच वर्ष मे पूरे दो महीने का अतर डाल देता है। ऐसे अधिक महीने को मलमास कहते है। वह चाद्र मास, जिसमे सूर्य की सक्राति पडती है, शुद्ध मास कहलाता है। पर सक्रातिवर्जित मास तीन प्रकार के माने गए है जिन्हे भानुलघित, क्षय और मलमास कहते है। भानुलघित और मलमास वे मास कहलाते है जिनमे सूर्य-सक्राति न पडे। पर यदि सूर्यसक्राति शुक्ल प्रतिपदा को पडी हो, तो उसे क्षय मास कहते है। बारह महीने दो अयनो मे बाँटे गए है एक वैशाख से कुआर तक, दूसरा कार्तिक से चैत तक। यह मलमास प्राय फागुन से अगहन तक इन ही महीनो मे पडता है। शेष दो महीनो मे से पूस मे तो कभी कभी मलमास पडता ही नही, और माघ मे बहुत ही कम पडा करता है। इसका नियम यह है कि यदि दक्षिणायन और उत्तरायण दोनो अयनो मे मलमासयुक्त मास पडें, तो दक्षिणायन का मास भानुलघित और उत्तरायण का मास मलमास कहलावेगा। पर यदि एक ही अयन मे दो मास मलमास-लक्षण युक्त हो, तो पहला मलमास और दूसरा भानुलघित कहलावेगा। पर ऐसा दो उसी वर्ष मे पडता है जिसमे क्षय मास भी पडता है। पर कार्तिक, अगहन और पूस के महीने मे क्षय मास नही होता। विवाहादि शुभ कृत्य जिस प्रकार मलमास मे वर्जित है, उसी प्रकार भानुलघित और क्षय मास मे भी वर्जित हैं।

पर्या०—अधिक मास। पुरुषोत्तम। मलिम्लुच। अधिमास। असक्रांत मास। नपुसक मास।

मलय—संज्ञा पुं० [सं० मलय (=पर्वत)] १ दक्षिण भारत के एक पर्वत का नाम।

विशेष—(१) यह पश्चिमी घाट का वह भाग है जो मैसूर राज्य के दक्षिण और ट्रावकोर के पूर्व मे है। यहाँ चदन बहुत उत्पन्न होता है। पुराणो मे इसे सात कुलपर्वतो मे गिनाया गया है।

(२) मलय शब्द पवन, समीर, वायु आदि शब्दो के आदि मे समस्त होकर (१) सुगधित और (२) दक्षिणी वायु का अर्थ देता है। जैसे, मलयसमीर, मलयपवन, आदि।

पर्या०—आषाढ। दक्षिणाचल। चदनाद्रि। मलयाचल।

२ मलयवार देश। ३ मलयवार देश के रहनेवाले मनुष्य। ४. एक उपद्वीप का नाम। ५ सफेद चदन। उ०—दास विचारु कि करउ कोउ बदिय मलय प्रसग।—मानस, १।१०। ६. गरुड के एक पुत्र का नाम। ७ नदन वन। ८ उद्यान। उपवन। बाग (को०)। ९ छप्पय के एक भेद का नाम। इसमे २५ गुरु, १०२ लघु, कुल १२७ वर्ण या १५२ मात्राएँ होती है। १० पहाड का एक प्रदेश। नैपाल। ११. ऋग्वेद के एक पुत्र का नाम।

मलयगिरि—संज्ञा पुं० [सं०] १ मलय नामक पर्वत जो भारतवर्ष के दक्षिण दिशा मे है।

विशेष—यहाँ चदन अधिक और उत्तम उत्पन्न होता है। यह पश्चिमी घाट का वह भाग है जो मैसूर के दक्षिण और

ट्रावकोर के मे वपू है। पुराणो मे इसे कुलपर्वतो मे गिनाया है।

२ मलयगिरि में उत्पन्न चदन। उ०—वेधी जानि मलयगिरि वासा। सीस चढी लोटहि चहुँ पासा।—जायसी (शब्द०)। ३ हिमालय पर्वत का वह देश जहाँ कामरूप और आसाम है। ४ दे० 'मलयगिरी'।

मलयगिरी—सज्ञा पुं० [हिं० **मलयगिरि**] दारचीनी की जाति का एक प्रकार का वडा और बहुत ऊँचा वृक्ष जो कामरूप, आसाम और दार्जिलिंग मे उत्पन्न होता है।

विशेष—इसकी छाल दो अगुल से चार पाँच अँगुल तक मोटी होती है और लकडी भारी, पीलापन लिए सफेद रग की होती है। इसकी छाल और लकडी दोनो सुगधित होती हैं। लकडी बहुत मजबूत होती है और साफ करने पर चमकदार निकलती है जिसमे दीमक आदि कीडे नहीं लगते। इससे मेज, कुरसी, सदूक आदि बनते हैं और इमारत आदि मे भी यह काम आती है। वसत ऋतु मे बीज बोने से यह वृक्ष उगता है।

मलयज[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ चदन। उ०—मलयज घसि घनसार मैं रोरि किए गयगौनि। सेत बसन सजि तजि गली चली चाँदनी रैनि।—स० सप्तक, पृ० २५०। २ राहु।

मलयज[2]—वि० मलय पर्वत से आनेवाली। मलय पर्वत की। उ०—सोता तारक किरन पुलक रोमावलि मलयज वात।—लहर, पृ० ५२।

यौ०—**मलयजरज** = चदन का चूर्ण। **मलयजवात** = दक्षिण की वायु। मलयानिल।

मलयद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] १ चदन। २ मदन। मैना या मैनी नामक पेड।

मलयपवन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मलयानिल'।

मलयभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं०] हिमालय के एक प्रदेश का नाम।

मलयवासिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

मलयसमीर—सज्ञा पुं० [स०] मलयानिल। मलय पवन। दक्षिणी वायु [को०]।

मलया[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ त्रिवृता। निसोथ। २ सोमराजी। बावची। वकुची।

मलया[2]—सज्ञा पुं० [सं० **मलय**] श्वेत चदन। मलयज। मलय। उ०—मलया के परसग से सीतल होअत साँप।—पलटू०, पृ० ३७।

मलयागिरि—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलयगिरि'। उ०—मलयागिरि कै पीठि सँवारी। वेनी नाग चढा जनु कारी।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १९६।

मलयाचल—सज्ञा पुं० [सं०] मलयगिरि। मलय पर्वत।

मलयाद्रि—सज्ञा पुं० [स०] मलयाचल। मलय पर्वत [को०]।

मलयानिल—सज्ञा पुं० [सं०] १ मलय पर्वत की ओर से आनेवाली वायु। दक्षिण की वायु। उ०—जा, मलयानिल, लौट जा, यहाँ अवधि का शाप। लगे न लू होकर कहीं तू अपने को आप।—साकेत, पृ० २९२। २ सुगधित वायु। ३. वसत काल की वायु।

मलयालम[1]—सज्ञा पुं० [स० मलय (= पर्वत) + अलम (= उपत्यका)] दक्षिण के एक पहाडी देश का नाम जो पश्चिमी घाट के किनारे किनारे फैला हुआ है। इसे केरल भी कहते हैं। यहाँ की भाषा मलयालम कहलाती है। यहाँ नायर नामक हिंदुओं और मोपला नामक मुसलमान जाति की आबादी है। केरल।

मलयालम[2]—सज्ञा स्त्री० केरल प्रदेश मे प्रचलित भाषा जो दक्षिण की चार प्रमुख भाषाओं मे से एक है।

मलयालि—सज्ञा पुं० [त० मलयालम] मलयालम मे बसनेवाली एक पहाडी जाति का नाम। इस जाति के लोग पशुपालन और खेती करते हैं और तमिल भाषा बोलते हैं।

मलयाली[1]—वि० [त० मलयालम] १ मलाबार देश का। मलाबार देश सबधी। २ मलाबार देश मे उत्पन्न।

मलयाली[2]—सज्ञा स्त्री० मलाबार देश की भाषा। केरल मे प्रचलित भाषा।

मलयुग—सज्ञा पुं० [स० मल (= पाप) + युग] दे० 'कलियुग'। उ०—नाम ओट अब लगि बच्यो मलजुग जग जेरो। अब गरीब जन पोपिए पायवो न हेरो।—तुलसी (शब्द०)।

मलयोद्भव—सज्ञा पुं० [स०] चदन।

मलरानाⓊ—क्रि० स० [स० **मल्ह**] दे० 'मल्हराना'।

मलरुचि—वि० [स०] दूषित रुचि का। पापी। उ०—सेइय सहित सनेह देह भरि कामधेनु कलि कासी। समनि सोक सताप पाप रुज सकल सुमगल रासी। दडपानि भैरव विपान मलरुचि खलगन भे दासी। लोल दिनेस त्रिलोचन लोचन करनघट घटा सी।—तुलसी (शब्द०)।

मलरोधक—वि० [स०] जो मल को रोके। जिसके खाने से कोष्ठ बद्ध हो। कब्जियत करनेवाला। कावज।

मलरोधन—सज्ञा पुं० [स०] विष्ठभ। कोष्ठबद्ध। कब्जियत।

मलवधा—वि० [?] स्वादरहित और अरुचि उत्पन्न करनेवाला। उ०—आकास का मलवधा स्वाद।—गोरख०, पृ० २२३।

मलवती—सज्ञा स्त्री० [स०] ऋतुमती स्त्री [को०]।

मलवा[1]—सज्ञा पुं० [बरमी] हावर की जाति का एक पेड जो बरमा मे होता है।

विशेष—यह बहुत अधिक उँचा नही होता। इसकी लकडी चिकनी और नारगी रग की होती है और मेज, आदि बनाने के काम में आती है।

मलवा[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलवा'।

मलवाना—क्रि० स० [हिं० **मलना का प्रे० रूप**] मलने के लिये प्रेरणा करना। मलने का काम दूसरे से कराना।

मलवासा—सज्ञा स्त्री० [सं०] ऋतुमती स्त्री। वह स्त्री जो अपने मासिक धर्म मे हो [को०]।

मलविनाशिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ शखपुष्पी। २ क्षार। ३ निर्मली।

मलविसर्जन—सज्ञा पुं० [स०] मलत्याग। शौच होना [को०]।

मलवेग—सज्ञा स्त्री० [सं०] अतीसार।

मलशुद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं०] पेट का साफ होना। कोष्ठबद्धता दूर होना [को०]।

मलसा—सज्ञा पुं० [स० मल्लक] घी रखने का कुप्पा।

मलसी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मलसा] मिट्टी का बर्तन जिसमे प्राय मुसलमान खाना पकाते है।

मलसूत—सज्ञा पु० [अ० मवसूत] भारी बोझ उठाकर गाडी या नाव आदि पर लादने का यत्र। गोर्द। दमकला।

मलहता—सज्ञा पु० [स० मलहन्तृ] सेमल का मूसल।

मलहम—सज्ञा पु० [अ० मरहम्] ओषधियो के योग से बना हुआ चिकना चमकीला लेप जो घाव, फोडे आदि पर लगाया जाता है। मरहम।

मलहर—सज्ञा पु० [स०] जमालगोटा। जयमाल।

मलहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] हरिवश के अनुसार राजा रौद्राश्व की कन्या का नाम।

मलहारक—सज्ञा पु० [स०] भगी। मेहतर।

मला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ चमडा। २ चमडे से बना हुआ पदार्थ। ३ कसकुट। ४. भुई आँवला। ५ बिच्छू का डक। ६ आँवा हलदी।

मलाई—सज्ञा स्त्री० [देश० या अ० माल (=सार तत्व)] दूध की साढी। उ०—छाछ को ललात जैसें राम नाम के प्रसाद खात खून मात सोंधे दूध की मलाई है।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—जब दूध हलकी आँच पर गरम किया जाता है, तब वह गाढा होता जाता है और उसके ऊपर सार भाग की एक हलकी तह जमती है। यही तह बार बार जमने से मोटी हो जाती है। इसी को मलाई कहते हैं। यह मुलायम और चिकनाई से भरी होती है तथा जमाए जाने पर इसी मलाई को मथकर मक्खन निकाला जाता है।

क्रि० प्र०—आना।—जमाना।—पडना।

२ सारतत्व। रस। उ०—भूरि दई विष भूरि भई। प्रहलाद सुधाई सुधा की मलाई।—(शब्द०)। ३ एक रग का नाम जो बहुत हलका बादामी होता है।

मलाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० मलना] १ मलने की क्रिया या भाव २ मलने की मजदूरी।

मलाकर्षी—सज्ञा पुं० [स० मलाकर्षिन्] [स्त्री० मलाकर्षिणी] मलहारक। भगी। मेहतर।

मलाका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कामिनी स्त्री। उ०—नद लला यहि मे न मलाकान कोने धो काम कला तुलकी।—अकबरी०, पृ० ३५१। २ वेश्या। ३ दूती। ४. हथिनी।

मलाट—सज्ञा पु० [देश० या अ० मौटिल्ड] एक प्रकार का मोटा घटिया कागज जो प्राय खाकी रग का होता है और कागजो के बडल बाँधने या इसी प्रकार के और कामो मे आता है।

मलान⑤—वि० [स० म्लान] दे० 'म्लान'। उ०—बरष चारि दस विपिन बास करि पितु बचन प्रमान। आइ पायँ पुनि देखिहउँ मन जनि करसि मलान।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सुनि सजनी सुर भान है अति मलान मति मद। पूनो रजनी मे जु गिलि देत उगिलि यह चद।—भृ० स० (शब्द०)।

मलानि⑤—सज्ञा स्त्री० [सं० म्लानि] दे० 'म्लानि'। उ०—जानि जिय अनुमानही सिय सहस विधि सनमानि। राम सदगुन धाम परमित भई कछुक मलानि।—तुलसी (शब्द०)

मलापहा—वि० [स०] [वि० स्त्री० मलापहा] १. मलनाशक। मल दूर करनेवाला। २ पापनाशक।

मलावार—सज्ञा पुं० [स० मलय + हिं० बार (=किनारा)] भारत के दक्षिणी प्रात का वह प्रदेश जो पश्चिमी किनारे पर है। यह प्रदेश पश्चिमी घाट के पश्चिमी समुद्र के तट पर है।

मलावारी—वि० [हिं० मलबार + ई (प्रत्य०)] मलावार का निवासी।

मलामत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १. लानत। फटकार। दुतकार। उ०—आया राज बयामत मलामत से पाक हुए, रहेगा सलामत खुदाई आप आप ते।—(शब्द०)।

यौ०—लानत मलामत।

२ किसी पदार्थ मे का निकृष्ट या खराब अश। गदगी।

क्रि० प्र०—निकलना।—निकालना।

मलामती—वि० [फा०] १. जो मलामत करने के योग्य हो। दुतकारने या फटकारने योग्य। २ घृणित। जघन्य।

मलायक—सज्ञा पुं० [अ० मलक का बहु० मलाइक] देववाण [को०]।

मलार—सज्ञा पुं० [स० मल्लार] सगीत शास्त्रानुसार एक राग का नाम। उ०—पूस मास सुनि सखिन पै साई चलत सवार। गहि कर बिन परवान तिय राग्यौ राग मलार।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—कुछ आचार्य इसे छह प्रधान रागो के अतर्भूत मानते हैं, पर दूसर इसके बदले हिंडोल या मेघराग को स्थान देत है। यह राग वर्षाऋतु मे गाया जाता है। बेलावली, पूरबी कान्हडा, माधवी, काडा और केदारिका ये छह इसकी रागिनियाँ है। यह सपूर्ण जाति का राग है और इसके गाने की ऋतु वर्षा और समय रात का दूसरा पहर है। सगीत-सार ने इस मेघ राग का छठाँ पुत्र माना है। इसका रग श्याम, आकृति भयानक, गले म साँप की माला पहने, फूलो के आभूषण धारण किए सस्त्रीक बतलाया गया है। इसका स्थान विंध्याचल, वस्त्र केले का पत्ता और मुकुट केले की कलिका कहा जाता है। इसका अस्त्र धनुष, कटारी और छुरा लिखा है।

मुहा०—मलार गाना = बहुत प्रसन्न होकर कुछ कहना, विशेषत गाना। जैसे,—आप तो दिन भर घर पर बैठे मलार गाया करते हैं।

मलारि—सज्ञा पुं० [सं०] क्षार।

मलारी—संज्ञा स्त्री० [सं० मल्लारी] वसंत राग की एक रागिनी का नाम।

मलाल—संज्ञा पुं० [अ०] १ दुख। रंज।

मुहा०—मलाल आना या मलाल पैदा होना = (१) रंज होना। मन मे दुख होना। (२) मन मे मैल उत्पन्न होना। मलाल निकलना = मन मे दबा हुआ दुख कुछ बक झककर दूर करना।

२ उदासीनता। उदासी।

मलावरोध—संज्ञा पुं० [सं०] मल का रुकना। कब्जियत [को०]।

मलावह—संज्ञा पुं० [सं०] मनु के अनुसार पापों की एक कोटि।

विशेष—इसमे कृमिकीटो और पक्षियो की हत्या, मद्य के साथ एक पात्र मे लाए हुए पदार्थों को खाना, फल, ईंधन और फूल की चोरी और अधैर्य सम्मिलित है।

मलाशय—संज्ञा पुं० [सं०] १ पेट। २ अँतड़ियाँ [को०]।

मलाह(पु)—संज्ञा पुं० [हिं० मल्लाह] दे० 'मल्लाह'। उ०—रूप कहर दरियाव मे तरिवो है न मलाह। नैनन समुझावत रहै निसि दिन ज्ञान मलाह।—रत्नावलि (शब्द०)।

मलाहत—संज्ञा स्त्री० [अ०] चेहरे पर का नमक। सौंदर्य। उ०—शोर दरिया तक मलाहत का तेरी पहुँचा है शोर। बेनमक आगे तेरे लब के नमकदाँ हो गया।—कविता० कौ०, भा० ४, पृ० ४०।

मलिंग—संज्ञा पुं० [फा० मलग] दे० 'मलग'।

मलिंद—संज्ञा पुं० [सं० मिलिन्द] भ्रमर। भौंरा। उ०—(क) मल्लिकान मजुल मलिंद मतवारे मिले, मद मद मारुत मुहीम मनसा की है।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) नेह सरीखी रज्जु नहिं, कविवर करैं विचार। वारिज बाँध्यो मलिंद लखि, दार बिदारन हार।—दीनदयाल (शब्द०)। (ग) मजुल मजरी पै हो मलिंद विचारि कै भार सम्हारि कै दीजियो। —व्यग्यार्थ (शब्द०)।

मलिक—संज्ञा पुं० [अ० । सं०] [स्त्री० मलिका] १ राजा। उ०—तब्बे चितइ मलिक असलान, सब्ब सेन मह पलइ पातिसाह। —कीर्ति०, पृ० ११०। २ अधीश्वर। ३ मुसलमानो की एक जाति का नाम जो प्राय कृषि कर्म करती है। ये लोग मध्यम श्रेणी के माने जाते हैं। ४ किन्नरो और कथको के एक वर्ग की उपाधि।

मलिकजादा—संज्ञा पुं० [अ० मलिक + फा० जादह्] बादशाह का लडका। शाहजादा [को०]।

मलिका[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० मलिकह्] १ रानी। २ अधीश्वरी।

मलिका[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मल्लिका'।

मलिच्छ—(पु) संज्ञा पुं० [सं० म्लेच्छ] दे० 'म्लेच्छ'। उ०—तबही विश्वामित्र तहँ विविध सुआयुध वाहि। व्याकुल कीन्ह मलिच्छ दल सब शक यवन विदाहि।—पद्माकर (शब्द०)।

मलिच्छ(पु)—संज्ञा पुं० [सं० म्लेच्छ] दे० 'म्लेच्छ'। उ०—तेज तम अंश पर, कान्ह जिमि कंस पर, त्यौं मलिच्छ बंस पर सेर सिवराज है।—भूषण ग्र०, पृ० ३७।

मलिच्छ[1]—वि० [सं० म्लेच्छ या मलिष्ट (= मलिन)] मैला। गंदा।

मलिछ(पु)—संज्ञा पुं० [सं० म्लेच्छ, हिं० मलिच्छ] दे० 'मलिच्छ'। उ०—अरे मलिछ विसवासी दगा। कल मैं आइ कीन्हि तोरि सेवा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २५६।

मलित—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का छोटी कूची जिससे सुनार नक्काशी के गहनो को साफ करते है।

मलिन[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मलिना, मलिनी] १ मलयुक्त। मैला। गंदला। स्वच्छ का उलटा। उ०—चाह न चकवनी की थली मलिनी नलिनी कि दिनान निवारै।—केशव (शब्द०)। २ दूषित। खराब। ३ जिसका रंग खराब हो। मटमैला। धूमिल। बदरंग। उ०—मलिन भए मल मास सरोवर मुनिजन मानस हंस। —सूर (शब्द०)। ४ पापात्मा। पापी। ५ धीमा। फीका। जैसे, ज्योति मलिन होना। ६. म्लान। विषण्ण। उदासीन। जैसे, मलिन-मन, मलिनमुख।

यौ०—मलिनप्रभ। मलिनमुख। मलिनाकाश = धूमिल आकाश। उ०—धूलि धूम भर मेघ करि दीन्ह मलिनाकाश।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७७८।

मलिन[2]—संज्ञा पुं० १ एक प्रकार के साधु जो मैला कुचैला कपडा पहनते है। पाशुपत। २ भट्ठा। ३. सोहागा। ४ काला अगर या अगर चदन। ५ गौ का ताजा दूध। ६ हंस। ७. दस्ता। मूठ। ८ दोष। ९ रत्नों की चमक और रंग का फीका और धुंधला होना। रत्नों के लिये यह एक दोष समझा जाता है।

मलिनता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मलिन होने का भाव। मैलापन।

मलिनत्व—संज्ञा पुं० [सं०] मलिन होने का भाव। मलिनता। मैलापन मालिन्य।

मलिनप्रभ—वि० [सं०] जिसकी कांति मलिन हो। धूलिधूसर। धुंधला [को०]।

मलिनमुख[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। आग। २ बन की पूछ। ३ प्रेत। ४ एक प्रकार का बंदर (को०)।

मलिनमुख[2]—वि० १ जिसका मुँह उदास हो। उदासीन वदन। २ क्रूर। ३. खल।

मलिनाधु—संज्ञा पुं० [सं० मलिनाम्बु] ममी। म्याही।

मलिना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रजस्वला स्त्री। २ साल साँट। ३ छोटी भटकटैया।

मलिनाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० मलिन + आई (प्रत्य०)] मैलापन। मलिनता। उ०—(क) मुखी भए सुरसत भूमिसुर खलगन मन मलिनाई। सबै सुमन विकसत रवि निकसत कुमुद विपिन बिलखाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय।—केशव (शब्द०)।

मलिनाना(पु)—क्रि० अ० [हिं० मलिन से नामिक धातु] मैला होना। उ०—भर नेह सोहैं खरे निपट रहे मलिनाय।—वृ० स० (शब्द०)।


मलिनियाⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० मालिन] दे० 'मालिनी'। उ०—वतिया सुघरि मलिनिया सुदर गातहि हो।—तुलसी ग्र०,पृ० ४।

मलिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] रजस्वला स्त्री।

मलिनीकरण—सज्ञा पु० [स०] पापो की एक कोटि का नाम। मलावह।

मलिम्लुच—सज्ञा पु० [स०] १ मलमास। २ अग्नि। ३ चोर। ४ वायु। ५ चित्रक वृक्ष (को०)। ६ पचयज्ञ न करनेवाला पुरुष।

मलिया—सज्ञा स्त्री० [स० मल्लक या मल्लिका, हिं० मरिया] १ मिट्टी के एक वर्तन का नाम जिसका मुँह तग होता है। इसमे घी, दूध, दही आदि पदार्थ रखे जाते हैं। २ गोटी के खेल मे वह त्रिकोण चक्र जो चौक के दोनो ओर बीच मे बना रहता है। इस खेल को अठारह गोटी कहते हैं।



विशेष—यह खेल दो आदमी खेलते हैं और प्रत्येक पक्ष मे अठारह गोटियाँ होती हैं जिनमे से छह गोटियाँ मलिया मे और शेष बारह ढाई पक्तियों मे रखी जाती हैं। केवल बीच का विंदु खाली रहता है। गोटियो की चाल एक विंदु से दूसरे विंदु तक लकीरो के मार्ग से होती है। जब एक गोटी किसी दूसरी गोटी का उल्लघन करती है, तब वह पहली गोटी मानों मर जाती है और खेल मे से निकालकर अलग कर दी जाती है। दोनो ओर की सब गोटियाँ जब मलिया से चौक में निकल आती है, तब यदि किसी पक्षवाला 'मलियामेट' शब्द कह दे तो दोनो ओर की मलिया मिटा दी जाती है और फिर गोटियाँ चौक मे ही रहती हैं। पर यदि कोई मलियामेट न कहे तो गोटियाँ बराबर मलिया मे आती जाती रहती हैं।

यौ०—मलियामेट।

३. घेरा। चक्कर। लपेट।

मुहा०—मलिया बाँधना = रस्सी को मोडकर बाँधना। (नश०)।

मलियाचलⓊ—सज्ञा पु० [स० मलयाचल] दे० 'मलयाचल'। उ०—विम्ब सुवासित होय जिके मुख वासहूँ। मलियाचल महकत वसत विलासहूँ।—बाँकी० ग्र०, भा० ३ पृ० ३६।

मलियामेट—सज्ञा पु० [हिं० मलिया + मिटाना] सत्यानाश। तहस नहस। जैसे,—उसने मारा घर मलियामेट कर दिया।

मलिष्ठ—वि० [सं०] १ अत्यत मलिन। बहुत अधिक मैला कुचैला। २ पापी (को०)।

मलिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] ऋतुमती स्त्री (को०)।

मलिस—सज्ञा स्त्री० [देश०] छेनी के आकार का सुनारो का एक औजार जिसमे हँसुली की गिरह या घुडियाँ उभारी जाती हैं।

मलीण‡—सज्ञा पुं० [?] स्त्रियो की तरह नखरा। जनखापन। उ०—मावडियो महिला तणी मारे रोज मलीण।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० १४।

मलीदा—सज्ञा पुं० [फा०] १ चूरमा। २ एक प्रकार का बहुत मुलायम ऊनी वस्त्र।

विशेष—यह वस्त्र बहुत मुलायम और गरम होता है। यह बुने जाने के बाद मलकर गफ और मुलायम बनाया जाता है। यह प्राय काश्मीर और पजाब मे आता है।

मलीन[1]—वि० [सं० मलिन] १ मैला। अस्वच्छ। उ०—(क) जिनके जस प्रताप के आगे। ससि मलीन रवि सीतल लाग।—तुलसी (शब्द०)। (ख) मन मलीन मुख सुदर कैसे। विष रस भरा कनक घट जैसे।—तुलसी (शब्द०)। २ उदास। उ०—अति मलीन वृषभानु कुमारी। हरिश्रम जल अतर तनु भीजे ता लालच न घुवावति सारी।—सूर (शब्द०)।

मलीनⓊ[2]—सज्ञा पु० पाप। उ०—अनै वृजिन दुवृत दुरित अघ मलीन मसि पक।—अनेकार्थ०, पृ० ५५।

मलीनता—सज्ञा स्त्री० [हिं० मलीन + ता (प्रत्य०)] दे० 'मलिनता'।

मलीनीⓊ—वि० [हिं० मलीन + ई (प्रत्य०)] मैला। अस्वच्छ। मलीन। उ०—तस हौं अहा मलीनी करा। मिलेउँ आइ तुम्ह भा निरभरा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३७३।

मलीमस[1]—सज्ञा पु० [स०] १ लोहा। २ पीले रग का कसीस। ३. पाप।

मलीमस[2]—वि० १ मलिन। मैला। २. काला। ३ पापी।

मलीयस्—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मलीयसी] अत्यत मलिन। बहुत अधिक मैला कुचैला।

मलुक—सज्ञा पु० [सं०] १ उदर। पेट। २ एक प्रकार का पशु।

मलुकानाⓊ†—क्रि० अ० [सं० आलोकन या हिं० मुलकाना] दिखाई देना। उ०—निर्मल जोति नही मलुकाई। नानक अनहदि शब्दि समाई।—प्राण०, पृ० १७१।

मलू—सज्ञा स्त्री० [स० मालु] १ मलधन नामक कचनार की छाल। यह बहुत दृढ होती है और रँगने पर कूटकर ऊन मे मिलाई जाती है। २. मलधन नामक वृक्ष।

मलूक'—सज्ञा पु० [सं०] १ एक प्रकार का कीडा। २ एक प्रकार का पक्षी। उ०—मैना मलूक कोइल कपोत। बगहस और कलहस गोत।—सूदन (शब्द०)। ३ बौद्ध शास्त्रानुसार एक सख्यास्थान। ४ दे० 'अमलूक'।

मलूक'—वि० [देश०] सुदर। मनोहर। उ०—प्यारी प्यारी वे मलूक हारयाला कुजे। शोभा छबि आनद भरी सब सुख की पुजे। —श्रीधर (शब्द०)।

मलूकदास—सज्ञा पु० [देश०] एक सत कवि। उ०—तेरोइ एक भरोस मलूक को तेरे समान न दूजो जसी है। एहो मुरार पुकार कहौ अब मरी हसी नाह तेरी हँसी है।—कावता कौ०, भा० १, पृ० १६७।

विशेष—ये इलाहाबाद के कडा गाँव के लाला सुदरदास कक्कड (खत्री) के पुत्र थे। इनका जन्म सवत् १६३१ वैशाख कृष्ण ५ को हुआ और १०८ वर्ष की अवस्था में सवत् १७३९ मे इन्होने अपना शरीर त्याग किया था।

मलून—सज्ञा पु० [स० मल] पक्वाशय मे विष्ठा से उत्पन्न एक प्रकार के कीडे। उ०—इन (कृमियो) के पांच नाम हैं—ककेरुक, मकेरुक, सौसुराद, मलून और लेलिह।—माधव०, पृ० ७१।

मलूल—वि० [अ०] दुखी। रजीदा। उदास। उ०—भला अपने दिल कू करो मत मलूल, रखो उस कतै खोल मानिद फूल। —दक्खनी०, पृ० २३६।

मलेच्छ—सज्ञा पु० [स० म्लेच्छ] दे० 'म्लेच्छ'।

मलेच्छ—सज्ञा पु० [स० म्लेच्छ] दे० 'म्लेच्छ'। उ०—पाछें एक मलेच्छ वा गाम ऊपर चढ़ि के (आयो), वो लराई मे कृष्णदास देह छोरी।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २३८।

मलेछⓊ†—सज्ञा पुं० [स० म्लेच्छ, हिं० मलेच्छ, मलेछ] दे० 'म्लेच्छ'। उ०—मलेछ सोई जा मल के खावे सो मल कबहि ना धोवै।—सत० दरिया, पृ० ९७।

मलेटरी†—सज्ञा स्त्री० [अ० मिलिटरी] सेना। फौज। उ०—मलेटरी ने बहुरा चेयरू का गिरफ्त कर लिया है।—मैला०, पृ० १।

मलेपज—सज्ञा पु० [देश०] अधिक अवस्था का घोडा। बुढा घोडा।

मलेयाⓊ†—सज्ञा पु० [स० मलय] मलयागिरि चदन। श्वेत उ०—पवन मछै सा हाए भुअगा। करहि जोग मलेया के सगा।—सत० दरिया, पृ० १४।

मलेरिया—सज्ञा पु० [अ०] एक प्रकार का ज्वर जो वर्षा ऋतु मे फैलता है।

विशेष—यह जाडा देकर आता है। पहले डाक्टरो का विश्वास था कि वस्तुओ के सडने या किसी अन्य कारण से, वायु मे विष फैलता है जिसमे सविराम, अर्थात् अंतरिया, तिजरा, चौथिया आदि ज्वर, जो मलेरिया के अतर्गत हैं, फैलते हैं। पर अब उन्होने यह निश्चय किया है कि मच्छडो के दश से मलेरिया का विष मनुष्यो के रक्त मे पहुँचता है जिससे सविराम ज्वर का रोग उत्पन्न होता है।

मलैगिरि—सज्ञा पु० [स० मलयगिरि] दे० 'मलयगिरि'। उ०—वेना नाग मलैगिरे पीठी। सास माथे होइ दुइजि बईठी। —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १५६।

मलैया‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० मलाई] एक प्रकार का दूध का झाग जो जाडे के दिनो मे रात भर दूध को ओस मे रखकर मथने से तैयार होता है।

मलोत्सर्ग—सज्ञा पुं० [स०] मलत्याग। शौच (को०)।

मलोल—सज्ञा पुं० [अ० मलूल] दे० 'मलाल'।

मलोलना—क्रि० अ० [अ० मलूल, हिं० मलोल] दुखी होना। पछताना।

मलोला—सज्ञा पुं० [अ० मलूल या बलबला] १ मानसिक व्यथा। दुख। रज। उ०—राध अहो हरि भावत का भरिक भुज भेटए मेटि मलोलै।—देव (शब्द०)।

मुहा०—**मलाला या मलोले आना** = दुख होना। पछतावा होना पश्चात्ताप होना। **मलोले खाना** = मानसिक व्यथा सहना। दुख उठना। उ०—उन्हाने ममोम के मलोले खा के कहा। —इशाअल्लाह (शब्द०)। **दिल के मलोले निकालना** = भडास निकालना। कुछ बक झककर मन का दुख दूर करना।

२ वह इच्छा जो उमड उमडकर मानसिक व्याकुलता उत्पन्न करे। अरमान। जैसे,—मेरे मन का मलाला कब होगा। (गीत)।

क्रि० प्र०—**आना**।—**उठना**।—**निकालना**।

मल्यागिरⓊ‡—सज्ञा पुं० [हिं० मलयागिर] दे० 'मलयगिरि' उ०—नाम अमर मल्यागिर भाई। पीवत विष अमृत हो जाई। —कबीर सा०, पृ० ८६२।

मल्ल—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्राचीन जाति का नाम।

विशेष—इस जाति के लोग द्वद्वयुद्ध मे बडे निपुण होते थे, इसीलिये द्वद्वयुद्ध का नाम मल्लयुद्ध और कुश्ती लडनेवाले का नाम मल्ल पड गया है। महाभारत मे मल्ल जाति, उनके राजा और उनके देश का उल्लेख है। भारतवर्ष के अनेक स्थान जैसे मुलतान (मल्लस्थान) मालव, मालभूमि आदि मे मल्ल शब्द विकृत रूप मे मिलता है। त्रिपिटक मे कुशीनगर मे मल्लो के राज्य का होना पाया जाता है। मनुस्मृति मे मल्लो को लिच्छिवी (लिच्छवि) आदि के साथ सस्कारच्युत या व्रात्य क्षत्रिय लिखा है। पर मल्ल आदि क्षत्रिय जातियाँ बौद्ध मतावलबी हो गई थीं। इसका उल्लेख स्थान स्थान पर त्रिपिटक मे मिलता है जिससे ब्राह्मणो के अधिकार से उनका निकल जाना और व्रात्य होना ठीक जान पडता है और कदाचित् इसीलिये स्मृतियो मे व्रात्य कहे गए हैं।

२ द्वद्वयुद्ध करनेवाला। पहलवान। पट्ठा। उ०—कै निसिपति मल्ल अनेक बोध उठ बठत कसरत करत।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४५६। ३ मनुस्मृति के अनुसार एक व्रात्य क्षत्रिय जाति का नाम। ४ ब्रह्मवैवर्त के अनुसार लट पिता तीवरी माता से उत्पन्न एक वर्णसकर जाति का नाम। ५ पराशर पद्धति के अनुसार कुदकार पिता और ततुवाय माता

से उत्पन्न एक वर्णसकर जाति। ६ पात्र। ७ कपोल। ८. एक प्रकार की मछली। ९ एक प्राचीन देश का नाम जो विराट देश के पास था। १०. दीप। उ०—दगदगाति जो मल्ल सी अग्नि रा शि की कांति। सोई मणि माणिक विषे, कांति रग की भाँति।—रत्नपरीक्षा (शब्द०)।

मल्लक—सज्ञा पु० [स०] १ दाँत। २ दीवट। चिरागदान। ३ दीप। दीया। ४ नारियल के छिलके का बना हुआ पात्र। ५ बर्तन। पात्र। ६ डब्बे या सपुट का पल्ला।

मल्लकाछ सज्ञा पु० [सं० मल्ल+हिं० काछ] दे० 'मलकाछ'। उ०—तब तो मोर मुकुट, काछनी, धोती, उपरेना, वागा, पाग, फेंटा, कुलही, टिपारो, मल्लकाछ, पिछोरा या प्रकार भाँति भाँति के सिगार करे।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ९३।

मल्लक्रीडा—सज्ञा पु० [सं० मल्लक्रीडा] मल्लयुद्ध। कुश्ती।

मल्लखंभ सज्ञा पुं० [स० मल्ल+हिं० खभ] दे० 'मलखम'।

मल्लज—सज्ञा पु० [स०] काली मिर्च।

मल्लतरु—सज्ञा पुं० [स०] पियाल या पियार का पेड। चिरौंजी।

मल्लताल—सज्ञा पुं० [स०] सगीत शास्त्रानुसार एक ताल का नाम जिसमें पहले चार लघु और फिर दो द्रुत मात्राएँ होती हैं। यह ताल के आठ मुख्य भेदो मे से एक माना जाता है।

मल्लतूर्य—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का नगाडा जो रस्साकसी के समय बजाया जाता था [को०]।

मल्लनाग—सज्ञा पु० [स०] काममूत्र के रचयिता वात्स्यायन का एक नाम।

मल्लपछार—वि० [सं० मल्ल+हिं० पछाड़ना] पहलवानो को पछाडनेवाला। उ०—मदहारी श्री मुकुटधर, मधुपुर मल्ल-पछार।—दरिया० बानी, पृ० १८।

मल्लभू—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मल्लभूमि' [को०]।

मल्लभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मलद नामक देश। २. कुश्ती लडने की जगह। अखाडा।

मल्लयुद्ध—सज्ञा पुं० [सं०] परस्पर द्वद्वयुद्ध जो विना शस्त्र के केवल हाथो से किया जाय। बाहुयुद्ध। कुश्ती।

पर्या०—नियुद्ध। बाहुयुद्ध।

विशेष—यह युद्ध प्राचीन मल्ल जाति के नाम से प्रख्यात है। इस जाति के लोग अखाडो मे व्यायाम और युद्ध किया करते थे। महाभारत काल मे इनकी युद्धप्रणाली को राजा लोग इतना पसद करते थे कि प्राय सभी राजाओ के दरबार मे मल्ल नियुक्त किए जाते थे और उन्हे अखाडो मे लडाया जाता था। कितने लोग मल्लो को रखकर उनसे स्वय शिक्षा प्राप्त करते थे और मल्लयुद्ध मे निपुणता बडे गौरव की बात मानी जाती थी। जरासध और भीम मल्लयुद्ध के बडे व्यसनी थे। जरासध के यहाँ मल्लो की एक सेना भी थी।

मल्लविद्या—सज्ञा स्त्री० [स०] कुश्ती की कला या विद्या। मल्लयुद्ध की विद्या।

मल्लशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] मल्लयुद्ध करने का स्थान। मल्लभूमि। अखाडा।

मल्ला[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ स्त्री। नारी। २ मल्लिका। चमेली। ३ एक लता का नाम। पत्रवल्ली।

मल्ला[2]—सज्ञा पु० [देश०] १. जुलाहो के हत्था नामक औजार का ऊपरी भाग जिसे पकडकर वह चलाया जाता है। २ एक प्रकार का लाल रग जो कपडे को लाल या गुलाबी रग के माठ मे बचे हुए रग मे डुबाने से आता है।

मल्लार—सज्ञा पु० [स०] मलार नामक राग। विशेष दे० 'मलार'।

मल्लारि[1]—सज्ञा पु० [स०] १ कृष्ण। २ शिव।

मल्लारि[2]—सज्ञा स्त्री० एक रागिनी। दे० 'मल्लारी'।

मल्लारी—सज्ञा स्त्री० [स०] वसत राग की एक रागिनी का नाम।

विशेष—हलायुध ने इसे मेघ राग की रागिनी और ओडव जाति की माना है और ध, नि, रि, ग, म, ध, इसका स्वरग्राम बतलाया है।

मल्लाह—सज्ञा पु० [अ०] [स्त्री० मल्लाहिन] एक अत्यज जाति जो नाव चलाकर और मछलियाँ मारकर अपना निर्वाह करती है। केवट। धीवर। माझी।

मल्लाही[1]—वि० [फा०] मल्लाह सबंधी। मल्लाह का।

मुहा०—**मल्लाही काँटा**=लोहे का एक काँटा जिसका सिर चिपटा करके मोडा या घुमाया होता है। ऐसा काँटा नाव की पटरियो के जडने मे काम आता है।

मल्लाही[2]—सज्ञा स्त्री० मल्लाह का काम, मजदूरी या पद।

मल्लि[1]—सज्ञा पुं० [स०] जैन शास्त्रानुसार चौबीस जिनो में उन्नीसवें जिन का नाम। इन्हे मल्लिनाथ कहते हैं।

मल्लि[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] मल्लिका।

मल्लिक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. एक प्रकार का हस जिसके पैर और चोच काली होती है। २ जोलाहो की ढरकी। ३. माघ का महीना।

मल्लिक[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलिक'।

मल्लिक[3]—सज्ञा पु० बगालियो की एक जाति और अल्ल या उपनाम।

मल्लिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक प्रकार का बेला जिसे मोतिया कहते हैं। उ०—दृगजल से सानद, खिलेगा कभी मल्लिकापुंज।—झरना, पृ० ९।

विशेष—वैद्यक में इसका स्वाद कडवा और चरपरा, प्रकृति गरम और गुण हलका, वीर्यवर्धक, वात-पित्त-नाशक, अरुचि और विष मे हितकर तथा व्रण और कोढ का नाशक लिखा है। इसका फूल सफेद और गोल तथा गध मनोरम होती है। कुछ लोग भ्रमवश इसे चमेली समझते हैं।

२ आठ अक्षरो का एक वर्णिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे रगण, जगण और अत मे एक गुरु और एक लघु होता है। जैसे—एक काल रामदेव। मोधु बधु करत सेव। शोभिजै सबै सो और। मत्रि मित्र ठौर ठौर। ३ सुमुखि वृत्ति का एक नाम।

४ एक वाद्य का नाम (को०)। ५ दीवट (को०) ६ एक प्रकार का मिट्टी का बर्तन (को०)।

मल्लिकाक्ष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का घोडा जिसकी आँख पर सफेद बब्बे होते हैं। २ घोडे की आँख पर के सफेद बब्बे। ३ एक प्रकार के हंस का नाम।

मल्लिकाक्ष[2]—वि० सफेद आँखवाला। कजा।

मल्लिकाक्षी—संज्ञा स्त्री० [सं०] आँख पर सफेद बब्बेवाली कुतिया [को०]।

मल्लिकाख्य—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मल्लिकाक्ष' [को०]।

मल्लिकाख्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] मल्लिकापुष्प [को०]।

मल्लिकामोद—संज्ञा पुं० [सं०] ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक भेद का नाम जिसमें चार विराम होते हैं।

मल्लिकाच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] दीपक का आच्छादन। (अं०) लैंप शेड [को०]।

मल्लिकापुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] १ मल्लिका का फूल। २ कुटजवृक्ष।

मल्लिकार्जुन—संज्ञा पुं० [सं०] एक शिवलिंग का नाम जो श्रीशैल पर है। यह द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक है।

मल्लिगंधि—संज्ञा पुं० [सं० मल्लिगन्धि] अगर।

मल्लिनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] १ जैनियों के उन्नीसवें तीर्थंकर का नाम। २ संस्कृत काव्यों (रघुवंश, कुमारसंभव, किरातार्जुनीय, शिशुपालवध, नैषधचरित, मेघदूत आदि) के प्रसिद्ध टीकाकार जिनका समय १४वीं १५वीं शताब्दी के लगभग है। इनका पूरा नाम मल्लिनाथ सूरि था।

मल्लिपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] छत्राक। कुकुरमुत्ता [को०]।

मल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मल्लिका। उ०—लपटत इव माधविका सुवास। फूली मल्ली मिलि करि उजास।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३११। २ सुंदरी वृत्ति का एक नाम।

मल्लु—संज्ञा पुं० [सं०] १ भालू। २ बंदर।

मल्लू—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मल्लु'।

मल्लूनो—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की नाव जिसका अगला भाग अधिक चौडा होता है।

मल्हपनाⓊ†—क्रि० अ० [प्रा० मल्ह] लीला करना। लीला के साथ धीरे धीरे चलना। उ०—सही समाँणी साथि करि, मंदिर कूँ मल्हपत।—ढोला०, दू० ६८।

मल्हम—संज्ञा पुं० [फ़ा० मरहम] दे० 'मलहम'। उ०—हाय हाय मुख तें कढै परे इस्क के घाव। मल्हम यहि महि जानियो मोहन दरस दिखाव।—ब्रज० ग्र०, पृ० ३५।

मल्हराना†—क्रि० स० [सं० मल्ह (= गोस्तन)] चुप करना। पुचकारना। मल्हाना। उ०—रुचिर सेज लै गई मोहन को भुजा उछंग सुवावति है। सूरदास प्रभु सोई कन्हैया हलरावति मल्हरावति है।—सूर (शब्द०)।

विशेष—गौओं को दुहते समय जब दुहनेवाला उनके स्तन से दूध निकालता है, तब नई गौएँ बहुत उछलती कूदती और लात चलाती हैं। इसके लिये दुहनेवाले उन्हें चुमकारते पुचकारते हैं जिससे वे शांत हों और दुहने दें। इसीलिये 'मल्ह' शब्द से, जिसका अर्थ गोस्तन है, मल्हराना, मल्हाना, मल्हारना आदि क्रियाएँ चुमकारने के अर्थ में बनी हैं।

मल्हाना†[1]—क्रि० स० [सं० मल्ह (= गोस्तन)] चुमकारना। पुचकारना। मल्हराना। उ०—(क) यशोदा हरि पालनहि झुलावै। हलरावै दुलराइ मल्हावै जोइ सोई कछु गावै।—सूर (शब्द०)। (ख) बछरू छबीले छौना छगन मगन मेरे कहति मल्हाइ मल्हाई। मानुज हिय हुलसति, तुलसी के प्रभु को ललित ललित नरिकाई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) कहति मल्हाइ मल्हाइ उर छिन छिन छगन छबीले छाटे छैया। मोद कंद कुल कुमुद चंद मेरे रामचंद्र रघुरैया।—तुलसी (शब्द०)।

मल्हानाⓊ[2]—क्रि० अ० [अप० मल्ह] पुचकारना। किसी का चरित्र-गान करना। रह रहकर गाना। उ०—कवण देस तइं आविया, किहा तुम्हारउ वास। कुण डोलउ, कुंण मारुवि, राति मल्हाया जास।—ढोला०, दू०, १६५।

मल्हावेल—संज्ञा स्त्री० [देश०] मौला नाम की बेल जो प्रायः वृक्षों पर चढ़कर उन्हें बहुत अधिक हानि पहुचाती है। विशेष दे० 'मौला'।

मल्हार—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मलार'।

मल्हारना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मल्हाना'।

मवक्किल—संज्ञा पुं० [अ० मुवक्किल] [स्त्री० मवक्किला (क्व०)] १ अपनी ओर से वकील या प्रतिनिधि नियत करनेवाला पुरुष। मुकदमे में अपनी ओर से कचहरी या न्यायालय में काम करने के लिये अधिकारी प्रतिनिधि नियत करनेवाला पुरुष। २ किसी को अपना काम सुपुर्द करनेवाला। असामी।

मवनⓊ[1]—वि० [सं० मौन] दे० 'मौन'। उ०—काउ ना मवन काऊ नगन विचार है।—भारा० श०, पृ० ५५।

मवनⓊ[2]—वि० [हिं० मापना] १ मापित। मापा या नापा हुआ। २ विचारित। उ०—मवन मत चुक्कौ न मोइ वर मत विचारौ।—पृ० रा०, २७। २३।

मवनीⓊ—वि० [सं० मौनी] दे० 'मौनी'। उ०—पेम पियाला पीवे मवनी।—कबीर रे०, पृ० २।

मवर—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध मतानुसार एक बहुत बडी संख्या।

मवर्रिखा—वि० [अ०] लिखित।

मवसर†—संज्ञा पुं० [अ० मुयस्सर] मौसर। दर्शन का अवसर। उ०—मवसर तिका कुसुम फल मजर। साख प्रसाख सरूप सुरतर।—रा० रू०, पृ० ३५३।

मवाजिब—संज्ञा पुं० [अ०] नियमित मात्रा में नियमित समय पर मिलनेवाला पदार्थ। भृति। जैसे, वेतन, महसूल आदि। उ०—फकीरों के मवाजिब बंद हो गए।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

मवाजी—वि० [अ० मवाज़ी] अनुमान किया हुआ। अनुमानित।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग रुपए और गाँव के अशो का द्योतन करने के लिये होता है। जैसे, मवाजी दस आना, मवाजी पाँच बीघा छह बिस्वा।

मवाद—सज्ञा पु० [अ०] १ सामग्री। सामान। मसाला। २ पीव। मवाद। ३ प्रमाण। सबूत (को०)।

मवाली—सज्ञा पुं० [अ०] १ यार दोस्त। सगी साथी। २ बदमाश। गुडा। ३ दक्षिण भारत की अर्धसभ्य और उच्छृखल एक जाति।

मवास—सज्ञा पुं० [सं०] १ रक्षा का स्थान। त्राणस्थल। आश्रय। शरण। उ०—(क) चलन न पावत निगम पथ जग उपजी अति त्रास। कुच उतग गिरिवर गह्यौ मीना मैन मवास।—बिहारी (शब्द०)। (ख) दैन लगैं मन मृगहि जब बिरह अहेरी त्रास। जाइ लेत हैं दौरि तब प्रीतम सुबन मवास।—रसनिधि (शब्द०)।

मुहा०—**मवास करना** = बसेरा करना। निवास करना। उ०—कहै पदमाकर कलिंदी के कदबन पै, मधुबन कीन्हो आइ महत मवासो है।—पद्माकर (शब्द०)।

२ किला। दुर्ग। गढ। उ०—(क) हठी मरहठी ता मे राख्यो न मवास कोऊ छीने हथियार डोलै बन बनजारे से।—भूषण (शब्द०)। (ख) रहि न सकी सब जगत मे सिसिर सीत के भास। गरमि भाज गढवै भई तिय कुच अचल मवास।—बिहारी (शब्द०)। (ग) सिधु तरे बडे बीर दले खल जोर हैं लक से बक मवासे।—तुलसी (शब्द०)। ३ वे पेड जो दुर्ग के प्राकार पर होते हैं। उ०—जहाँ तहाँ होरी जरै हरि होरी है। मनहुँ मवासे आगि अहो हरि होरी है।—सूर (शब्द०)।

मवासी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मवास**] छोटा गढ। गढी। उ०—(क) जम ने जाइ पुकारिया टडा दीया डारि। सत मवासी ह्वै रहा फाँमि न परै हमारि।—कबीर (शब्द०)। (ख) कोट किरीट किए मतिराम करैं चढि मोरपखानि मवासी।—मतिराम (शब्द०)।

मुहा०—**मवासी तोड़ना** = (१) गढ तोडना। (२) विजय करना। सग्राम जीतना। उ०—कब दत्तै मवासी तोरी। कब सुकदेव तोपची जोरी।—कबीर (शब्द०)।

मवासी[2]—सज्ञा पु० १ गढपति। किलेदार। उ०—(क) आइ मिले सब विकट मवासी। चुक्यौ अमल ज्यो रैयत खासी।—लाल (शब्द०)। (ख) हुते शत्रु जेते भए ते भिखारी। मवासे मवासीन की जोम झारी।—सूदन (शब्द०)। २ प्रधान। मुखिया। अधिनायक। उ०—(क) गोरस चुराइ खाइ बदन दुराइ राखै मन न धरत बृदावन को मवासी। सूर श्याम तोहि घर घर सब जानै इहाँ को है तिहारी दासी। —सूर (शब्द०)। (ख) बन मैं बसी बजावत डोलत घर मैं भए हौ मवासी।—घनानद, पृ० ४४४।

मवेशी—सज्ञा पु० [अ० **माशियह्** का बहु व० **मवाशी**] पशु। ढोर। डगर।

यौ०—**मवेशीखाना**।

मवेशीखाना—सज्ञा पुं० [फा० **मवेशीखानह्**] वह बाडा जिसमे मवेशी रखे जाते हैं।

विशेष—वर्तमान सरकारी राज्य मे स्थान स्थान पर ऐसे मवेशीखाने है जिनमे ऐसे मवेशी बद किए जाते हैं जिन्हे कृषक उनकी खेती को हानि पहुँचाने पर हाँककर ले जाते हैं। वे मवेशी तबतक उस मवेशीखाने मे बद रहते हैं जबतक कि उनका मालिक प्रति मवेशी कुछ दड और खूराक खर्च वहाँ के कर्मचारी को नही दे देता। मवेशीखाने का कर्मचारी 'मुहर्रिर मवेशी' कहलाता है।

मश—सज्ञा पुं० [स०] १ क्रोध। २ मच्छड।

मशक[1]—सज्ञा पु० [स०] १ मच्छड। २ गार्ग्य गोत्र मे उत्पन्न एक आचार्य का नाम जो एक कल्पसूत्र के रचयिता थे। ३ महाभारत के अनुसार शकद्वीप मे क्षत्रियो का एक निवास-स्थान। ४ मसा नामक चर्मरोग।

मशक[2]—सज्ञा स्त्री० [फा०] चमडे का बना हुआ थैला जिसमे पानी भरकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं।

मशककुटी—सज्ञा स्त्री० [सं०] मच्छड हाँकने की चौरी।

मशकबीन—सज्ञा पुं० [फा० **मशक** + हिं० **बीन**] एक प्रकार का मुँह से फूँककर बजाया जानेवाला बाजा जिसमे थैला सा बना रहता है और जिसमे एक नली फूँकने के लिये तथा अन्य स्वर सयोजनार्थ होती है। यह शब्द (अ० बैग पाइप का) हिंदी रूपातर है।

मशकहरी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मसहरी'।

मशकावती—सज्ञा स्त्री० [स०] एक नदी का नाम।

मशकी—सज्ञा पु० [सं० **मशकिन्**] उदुबर। गूलर का पेड जिसमे मशक रहते हैं [को०]।

मशकूर—वि० [अ०] कृतज्ञ [को०]।

मशक्कत—सज्ञा स्त्री० [अ० **मशक्कत**] १ मेहनत। श्रम। परिश्रम। २ वह परिश्रम जो जेलखाने के कैदियो को करना पडता है। जैसे, चक्की पीसना, कोल्हू पेरना, मिट्टी खोदना रस्सी बटना आदि। ३ कष्ट। दु ख। तकलीफ (को०)।

मशक्कती—वि० [अ० **मशक्कत**] मेहनत करनेवाला। मेहनती। परिश्रमी।

मशगला—सज्ञा पु० [अ० **मशगलह्**] १. उद्यम। व्यवसाय। २. व्यापार। शगल। ३ कार्य। काम [को०]।

मशगूल—वि० [अ० **मशगूल**] काम मे लगा हुआ। प्रवृत्त। लीन।

मशरब—सज्ञा पुं० [अ० **मशरब**] १. पानी पीने का स्थान। २ मत। अकीदा। विश्वास [को०]।

मशरिक—सज्ञा पुं० [अ० **मश्रिक**] सूर्य निकलने का स्थान। उदयाचल। २. पूर्व। पूरब। उ०—यो सुन्या हूँ शहर मशरिक

का नकल, बादशाह उस शहर स्याने था अकल ।—दक्खिनी०, पृ० ३६३ ।

मशरिकी—वि० [अ० मश्रिकी] १ पूर्वीय । पूरब का । २ जो पश्चिमी या यूरोप का न हो, एशिया का हो [को०] ।

मशरू—संज्ञा पुं० [अ० मशरूअ] एक प्रकार का धारीदार कपड़ा ।

विशेष—यह रेशम और सूत से बुना जाता है । मुसलमान स्त्री पुरुष इसका पायजामा बनाकर पहनते हैं । यह अधिकतर बनारस में बनता है ।

मशवरा—संज्ञा पुं० [अ० मश्वरह्] दे० 'मशविरा' ।

मशविरा—संज्ञा पुं० [अ० मश्वरह्] सलाह । परामर्श । मंत्रणा ।

यौ०—सलाह मशविरा = परामर्श । उ०—उन्होंने समझा कि मुद्दत पूर्व से भी एक प्रबल शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ और बड़े बड़े राजकीय मामलों में अब आगे उसमें भी सलाह मशविरा करने की जरूरत पड़ा करेगी ।—द्विवेदी (शब्द०) ।

मशहूर—वि० [अ०] प्रख्यात । प्रसिद्ध ।

मशाता—संज्ञा स्त्री० [अ० मशातह्] १ प्रसाधिका । २ कुटनी । दूती । उ०—छिपी थी सो एक माह मद की छबीली । मशाता हो ईदी निगारत दिखाया । - दक्खिनी०, पृ० ७३ ।

मशान—संज्ञा पुं० [सं० श्मशान] मरघट । उ०—बसे मशान भूत संग लिये । रक्त फूल की माला दिए ।—लल्लू (शब्द०) ।

मशायरा—संज्ञा पुं० [अ० मशायरह्] दे० 'मुशायरा' । उ०—आज इस महल्ले में एक जगह मशायरा होगा इस वास्ते दो घड़ी वहाँ जाने का इरादा है ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३६ ।

मशाल—संज्ञा पुं० [अ० मशअल, मिशअल] एक प्रकार की मोटी बत्ती जिसके नीचे पकड़ने के लिये काठ का एक दस्ता लगा रहता है और जो हाथ में लेकर प्रकाश के लिये जलाई जाती है ।

विशेष—यह कपड़े की बनाई जाती है और चार पाँच अंगुल के व्यास की तथा दो ढाई हाथ लंबी होती है । जलते रहने के लिये इसके मुँह पर बार बार तेल की धारा डाली जाती है ।

मुहा०—मशाल लेकर या जलाकर ढूँढ़ना = अच्छी तरह ढूँढ़ना । बहुत ढूँढ़ना । उ०—अगर मशाल लेकर भी ढूँढ़ोगी तो इतना बड़ा दुश्मन न मिलेगा ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ६१३ ।

मशालची—संज्ञा पुं० [फा०] [स्त्री० मशालचिन] मशाल दिखलानेवाला । मशाल जलाकर हाथ में लेकर दिखलानेवाला ।

मशी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मसि' [को०] ।

मशीखत—संज्ञा स्त्री० [अ० मशीखत] १ बड़प्पन । बुजुर्गी (को०) । २ शेखी । घमंड ।

मुहा०—मशीखत बघारना = बढ़ बढ़कर बातें करना । शेखी बघारना ।

मशीन—संज्ञा स्त्री० [अ०] किसी प्रकार का यंत्र जिसकी सहायता से कोई चीज तैयार की जाय । कल ।

यौ०—मशीनगन = एक प्रकार की बंदूक जिसमें बहुत तेजी से गोलियाँ छूटती हैं । मशीनमैन = मशीन चलानेवाला आदमी । प्रेस मैन ।

मशीनरी—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ किसी कारखाने के यंत्रों का समूह । २ कार्यप्रक्रिया । रचनापद्धति [को०] ।

मशीर—संज्ञा पुं० [अ०] मशविरा देनेवाला । सलाह देनेवाला । मंत्रणा देनेवाला । मंत्री ।

मशुन—संज्ञा पुं० [सं०] श्वान । कुत्ता [को०] ।

मश्क—संज्ञा पुं० [अ० मश्क] किसी काम को अच्छी तरह करने का अभ्यास । उ०—दिया सब्त मुश्किल मश्क दर्दिक । या पानी का वाँ इक चश्मा अमीक ।—दक्खिनी०, पृ० ३४५ ।

मश्करी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मसखरी] दे० 'मसखरी' । उ०—दुष्ट राणे ने मश्करी के साथ विष को चरणामृत कहलाकर भिजवाया ।—राम० धर्म०, पृ० २८२ ।

मश्कूक—वि० [अ०] १ जिसपर शक हो । संदिग्ध । २ जिसको शक हो । शकावान । शंकित [को०] ।

मश्कूर—वि० [अ०] दे० 'मशकूर' ।

मश्शाक—वि० [अ० मश्शाक] जिसे कोई काम करने का खूब अभ्यास हो । अभ्यस्त ।

मश्शाकी—संज्ञा स्त्री० [अ० मश्शाक] अभ्यस्त होना । निपुण होना । निपुणता [को०] ।

मश्शाता—संज्ञा स्त्री० [अ० मश्शातह्] प्रसाधिका । दे० 'मशाता' ।

मष—संज्ञा पुं० [सं० मक्ष] दे० 'मक्ष' । उ०—दक्ष लिए मुनि बोलि सब करन लगे बड़ जाग । नेवते सादर सकल सुर जे पावत मष भाग ।—मानस, १ । ६० ।

मषारⓤ—वि० [सं० अमर्ष] १ ईर्ष्यालु । द्वेषी । २ क्रोधी । ३ चिकना चुपड़ा । उ०—फदैत कुरंग ने दन मार । जर हेम पट्ट डोरी मषार ।—पृ० रा०, ५८ । २१ ।

मषि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ काजल । सुरमा । २ स्याही ।

मषिकूपी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दावात ।

मषिघटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दावात ।

मषिधान—संज्ञा पुं० [सं०] दावात ।

मषिपण्य—संज्ञा पुं० [सं०] लिखने का काम करनेवाला । वह जो लिखने का काम करता हो । लेखक ।

मषिप्रसू—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दावात । २ कलम ।

मषिमणि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दावात ।

मषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मषि' ।

मष्ट—वि० [सं० मष्ट, प्रा० मट्ठ = भट्ट] १ संस्कारशून्य । जो भूल गया हो । २ उदासीन । मौन । उ०—(क) सो अवगुन कित कीजिए जिव दीजै जेहि काज । अब कहनो है कछु नहीं मष्ट भलो पखिराज । — जायसी (शब्द०) मुनिहैं लोग मष्ट अबहुँ करि तुमहिं कहाँ की लाज । सूर स्याम मेरौ माखन भोगी तुम आवति बेकाज ।- सूर०, १० । ७७५ ।

मुहा० —मष्ट करना = चुप रहना। मुँह न खोलना। उ०—(क) बोलत लखनहि जनक डेराही। मष्ट करहु अनुचित भल नाही।—तुलसी (शब्द०)। (ख) बूझेसि सचिव उचित मत कहहू। ते सब हँसे मष्ट करि रहहू।—तुलसी (शब्द०)। (ग) स्याम तन देखि री आपु तन देखिए। भीति जौ होइ तौ चित्र अवरेखिए। कहाँ मेरे कान्ह की तनक सी आँगुरी बडे बडे नखनि के चिन्ह तेरैं। मष्ट करु हँसैंगे लोग, अकवार भरि भुजा पाई कहाँ श्याम मेरे।—सूर०, १०।३०७। मष्ट धारना = मौन धारण करना। चुप्पी साधना। उ० सुन्यो वसुदेव दोउ नदसुवन आए। त्रिया सौ कहत कछु सुनत है री नारि, रातिहू सपन कछु ऐसे पाए। गए अक्रूर तेाह नृपति माँगे बोलि, तुरत आए आइ कस मारे। कहा पिय कहत, सुनिहैं वात पौरिया, जाय कहिहै रहौ मष्ट धारे।—सूर०, १०।३०८६। मष्ट मारना = मौन धारण करना। चुपचाप रहना। उ०—एक दिन वह रात्रि समय स्त्री के पास सेज पर तन छीन मन मलीन मष्ट मारे बैठा मन ही मन कुछ विचार करता था।—लल्लू (शब्द०)।

मष्णार—सज्ञा पु० [स०] ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार एक प्राचीन स्थान का नाम।

मष्परीⓊ—वि० [स० मत्सर या अमर्ष, हिं० माखना] मत्सरवाला। क्रोधयुक्त। उ०—गजन पति ढुलि ढाल तत्त तोपार पष्परिय। जत्र गोर गहरान मिलत मेछान मष्परिय।—पृ० रा०, ३३। २६।

मसंदⓊ—सज्ञा स्त्री० [अ० मसनद, हिं० मसनद] दे० 'मसनद'। उ०—हम्मीर राव राजत मसद। दुहुँ ओर चौर ढोरैंअमद।—ह० रासो, पृ० १११।

मसⓊ†'—सज्ञा स्त्री० [सं० मसि] स्याही। रोशनाई। उ०—सात स्वर्ग को कागद करई। धरती समुद दुहूँ मस भरई।—जायसी (शब्द०)।

मस[1]—सज्ञा पुं० [सं० मशक] मच्छड। मशक। उ०—दादुर काकोदर दसन परे मसन मात ध्याउ।—दीन० ग्र०, पृ० २०६।

यौ० — मसहरी = दे० 'मशहरी'।

मस[2]—सज्ञा स्त्री० [स० श्मश्रु] मोछ निकलने से पहले उसके स्थान पर की रोमावली। उ०—उनके भी उगती मसो से रस का टपका पडना और अपनी परछाई से अकडना इत्यादि।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

मुहा० — मस भींजना = मूछो का निकलना आरभ होना। मूछो की रेखा दिखाई पडने लगना। उ०—उठत बैस मस भीजत सलोने सुठि सोभा देखवैया विनु वित्त ही विकैहैं।—(शब्द०)।

मस[4]—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मसा'।

मस[5]—सज्ञा पुं० [स०] माप। तौल [को०]।

मस[6]—सज्ञा पुं० [अ०] १ चूसना। चूषण। २. छूना। ३. पसद। रुचि [को०]।

मसक—सज्ञा पु० [सं० मशक] मसा। मच्छड। डाँस। उ०—मसक समान रूप कपि परी। लकहि चलेउ सुमिरि मन हरी।—तुलसी (शब्द०)।

मसक[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० मशक] दे० 'मशक'। उ०—छूछी मसक पवन पानी ज्या तैसेई जन्म बिकारी हो।—सूर (शब्द०)।

मसक[3]—सज्ञा स्त्री० [अनु०] मसकने की क्रिया या भाव।

मसक[4]—सज्ञा पु० [हिं० मसक] एक प्रकार का बाजा। मशकबीन। उ०—झाँझ मजीरे मसक समय अनुसार।—प्रेमघन०, भा० १, पृ०७८।

मसकची—सज्ञा पुं० [फा० मशक + तु० चा (प्रत्य०)] भिश्ती। मसकवाला। उ०—उस समय बादशाह का गुलाम एक मसकची था।—हुमायूँ०, पृ० ६६।

मसकतⓊ†—सज्ञा स्त्री० [अ० मशक्कत] दे० 'मशक्कत'। उ०—तुम कब मो सो पतित उधारयो। काहे को प्रभु बिरद बुलावत बिन मसकत को तारयो।—सूर (शब्द०)।

मसकन—सज्ञा पुं० [अ० मस्कन] निवासस्थान। घर। मकान। उ०—मुबारक शहर मगरिब ये मसकन। वलियाँ मे सब अर्थै अफजल हर यक मन।—दक्खिनी०, पृ० ११५।

मसकना[1]—क्रि० स० [अनु०] १ खिचाव या दबाव मे डालकर कपडे को इस प्रकार फाडना कि बुनावट के सब ततु टूटकर अलग हो जायँ। २ किसी चीज को इस प्रकार दबाना कि वह बीच मे से फट जाय या उसमे दरार पड जाय। उ०—महाबली बालि को दवतु दलकत भूमि तुलसी उछरि सिंधु मेरु ममकतु है।—तुलसी (शब्द०)। ३. जोर से दबाना। जोर से मलना। उ०—सो सुख भाषि सकै अब को रिस कै कसकै मसकै छतिया छिये। राति की जागी प्रभात उठी अँग-रात जम्हात लजात लगी हिये।—पद्माकर (ग्र०, पृ० १७१)। ‡४. बैलो को बलपूवक हाँकना। दौडाना। भगाना। उ०—गाटी वारे मसकि द बैल अबै पुरवैया के बादर ऊन आए।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० १५६।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

मसकना[2]—क्रि० अ० किसी पदार्थ का दबाव या खिचाव आदि के कारण बीच मे से फट जाना। जैसे,—कपडा मसक गया, दीवार मसक गई।

सयो० क्रि०—जाना।

२. (चित्त का) चिंतित होना। दु ख के कारण बैठना। उ०—राजकुमार धीरे से उसी स्थान पर बैठ गए। पूर्वकालीन बातें स्मरण होने लगी और कलेजा मसकने लगा।—गदाधरसिंह (शब्द०)।

मसकराⓊ—सज्ञा पु० [अ० मसखरा] दे० 'मसखरा'। उ०—(क) जूझैंगे तब कहैंगे अब क्या कहे बनाय। भीर परै मन मसकरा लहै किधौं भगि जाय।—कबीर (शब्द०)। (ख) दादू यहु मन मसकरा, जिनि काई पतियाइ।—दादू०, पृ० २०६।

मसकरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० मसखरी] दे० 'मसखरी'। उ०—

काँद न देइ मसकरी करई। कहु हुइ भाति कसे निस्तरई। —कबीर ग्रं० (शिशु०), पृ० २०६।

मसकला—संज्ञा पुं० [अ० **मसकलह्**] १ सिकलीगरो का एक औजार जो हँसिया के आकार का होता है और जिसमे काठ का एक दस्ता लगा रहता है। इससे रगडने से धातुओ पर चमक आ जाती है। प्राय तलवारें आदि भी इसी से साफ की जाती हैं। उ०—(क) गुरु सिकलीगर कीजिए, ज्ञान मसकला देइ। मन की मैल छुडाइ कै, सुचि दर्पण कर लेइ।—कबीर (शब्द०)। (ख) शिष्य खाँड गुरु मसकला, चढै शब्द खरसान। शब्द सहे सन्मुख रहे, निपजे शिष्य सुजान।—कबीर (शब्द०)। २ सैकल या सिकली करने की क्रिया।

मसकली—संज्ञा स्त्री० [हिं०] 'मसकना'।

मसका[1]—संज्ञा पुं० [अ० **मस्कह्**] १ नवनीत। मक्खन। नैनू २ ताजा निकाला हुआ घी।

मसका[2]—संज्ञा पुं० [देश०] १. दही का पानी। २. रासायनिक परिभाषा मे, बाँधा हुआ पारा। ३ चूने की बरी का वह चूर्ण जो उसपर पानी छिडकने से हो जाता है। ४. कायस्थ। (सुनार)।

मसकाⓊ[3]—संज्ञा पुं० [सं० **मशक**] दे० 'मसक'। उ०—**मसका** कहत मेरी सरभरि कौन उडै। मेरे आगे गरुड की कतीयक जर है।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ४९९।

मसकाना†[1]—क्रि० स०, अ० [अनु०] दे० 'मसकना'।

मसकानाⓊ[2]—क्रि० अ० [अनु०] खाना। भक्षण करना। उ०—आफू पाय भाँगि **मसकावै**। ता मैं अकलि कहा तै आवै। चढ़तौं पित्त उतरतौं बाई। तातै गोरख भाँगि न खाई। —गोरख०, पृ० ६९।

मसकालाⓊ†—संज्ञा पुं० [अ० **मसकलह्**] दे० 'मसकला'। उ०—कहाँ ग्यान कहाँ ग्यान का म्यौन कहाँ म्यौन का मसकाला। —रामानद०, पृ० १३।

मसकीनⓊ†—वि० [अ० **मिसकीन**] १ गरीब। दीन। बेचारा। उ०—ह्वै मसकीन कुलीन कहावौ तुम योगी सन्यासी। ज्ञानी गुणी शूर कवि दाता ई मति काहु न नासी।—कबीर (शब्द०)। २ साधु। सत। उ०—क्या मूडी भूमिहि शिर नाए क्या जल देह नहाए। खून करै मसकीन कहावै गुण को रहै छिपाए। —कबीर (शब्द०)। ३ दरिद्र। कगाल। ४ भोला भाला। ५ सुशील।

मसखरा—संज्ञा पुं० [अ० **मसखरह्**] १. बहुत हँसी मजाक करनेवाला। हँसोड। ठट्ठेबाज। उ०—कबिरा यह मन मसखरा कहूँ तो मानै रोस। जा मारग साहब मिलै तहाँ न चालै कोस।—कबीर (शब्द०)। २ विदूषक। नक्काल।

मसखरापन—संज्ञा पुं० [अ० **मसखरा**+हिं० **पन** (प्रत्य०)] दिल्लगी। ठठोली। हँसी। ठट्ठा। उ०—मुझको तो आपके मुसाहबो मे सिवाय मसखरापन के और कोई लियाकत नही मालूम होती।—श्रीनिवासदास (शब्द०)।

मसखरी—संज्ञा स्त्री० [फा० **मसखरा**+हिं० **ई** (प्रत्य०)] दिल्लगी। हँसी। मजाक। उ०—जो कह झूठ मसखरी जाना। कलियुग सोइ गुनवत बखाना।—तुलसी (शब्द०)।

मसखवा†—संज्ञा पुं० [हिं० **मास**+**खाना**] वह जो मास खाता हो। मासाहारी। उ०—बूडहि हस्ति घोर मानवा। बहु दिस आय जुरै मसखवा।—जायसी (शब्द०)।

मसजिद—संज्ञा स्त्री० [फा० **मस्जिद**] मिजदा करने का स्थान। मुसलमानो के एकत्र होकर नमाज पढने तथा ईश्वरवदना करने के लिये विशिष्ट रूप मे बना हुआ स्थान।

विशेष—मसजिद साधारणत चौकोर बनाई जाती है और उसमे आगे की ओर कुछ खुला हुआ स्थान तथा हाथ मुँह धोने के लिये पानी का हौज होता है। पीछे की ओर नमाज पढने के लिये दालान होता है जिसके ऊपर प्राय एक से चार तक ऊँची मीनारें भी होती है, जिनमे से किसी एक पर चढकर अजान या नमाज के समय की सूचना दी जाती है।

मसडी[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० **मिसरी**] कद। (डिं०)।

मसडी[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

मसतकⓊ—संज्ञा पुं० [सं० **मस्तक**] दे० 'मस्तक'। उ०—मा घण इणि परि राखिजई, जिम सिव मसतक गग।—ढोला०, दू० ४५३।

मसती—संज्ञा पुं० [हिं० **मस्त**] हाथी। (डिं०)।

मसनदⓊ—संज्ञा स्त्री० [अ० **मसनद**] दे० 'मसनद'। उ०—नर वर वर मसनद सीस उस्सीस धराइअ।—सुजान०, पृ० २३।

मसन[1]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का टकुआ जिसकी सहायता से ऊन के कई तागे एक साथ मिलाकर बटे जाते हैं।

मसन[2]—संज्ञा पुं० [स०] १ तौलना। मापना। २. एक प्रकार की जडी। ३ चोट। आघात। [को०]।

मसनद—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ बडा तकिया। गाव तकिया। २ तकिया लगाने की जगह। ३ अमीरो को बैठने की गद्दी। उ०—क्या मसनद तकिये मुल्क मकाँ, क्या चौकी कुरसी तख्त छतर।—नजीर (शब्द०)।

मसनदनशीन—संज्ञा पुं० [अ० **मसनद**+फा० **नशीन**] मसनद पर बैठनेवाला। बडा आदमी। अमीर।

मसनवी—संज्ञा स्त्री० [अ० **मस्नवी**] उर्दू काव्य का एक प्रकार जिसमे कोई कहानी या उपदेश एक ही वृत्ति मे होता है और जिसमे हर शेर के दोनो मिसरे सानुप्रास होते हैं पर हर शेर का तुक भिन्न होता है। उ०—जहि के मसनवी जगत महँ, अगम निगम अवगाह।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० २३२।

मसना—क्रि० स० [हिं० **मसलना**] १ मसलना। उ०—(क) स्वास को चारु प्रकास बयो न मद सुगध हियो ममतो है।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) आजु परयो जानि जब आपने मैं सुने कान वाको सवाधन मोसो कह्यो ही मसतु है।—रघुनाथ

(शब्द०)। २ गूँधना। जैसे—नेत्रो के आस पास उर्द के मसे हुए आटे की एक अगुल ऊँची दीवार सी बना दो।

मसनूई—वि० [अ० मस्नूई] १ बनावटी। कृत्रिम। २ झूठा। तथ्यरहित। ३ अस्वाभाविक। अप्राकृतिक (को०)।

मसपूरजⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०, अस्थि। हड्डी जिसके आधार पर मास स्थिर रहता है। उ०—नदी सहस नाडियाँ प्रगट परवत मसपूरज।—रघु० रू०, पृ० ४५।

मसमुदⓊ†—वि० [मस ?+मूँदना (=बद होना)] कशमकश। ठेलमठेल। धक्कमधक्का। उ०—तबहीं सूरज के सुभट निकट मचायो दुद। निकसि सकै नहिं एकहू कस्यो कटक मसमुद।—सूदन (शब्द०)।

मसयाराⓊ†—सज्ञा पु० [अ० मशअल] १ मशाल। उ०—(क) जानहुँ नखत करहिं उजियारा। छिप गए दीपक औ मसयारा।—जायसी (शब्द०)। (ख) बारह अभरन सोरह सिंगारा। तोहि मोहे पिय ससि मसयारा।—जायसी (शब्द०)। २ मशालची। मशाल दिखानेवाला। उ०—मूक मुनेटा सिम मसयारा। पवन करै नित बार बोहारा।—जायसी (शब्द०)।

मसरनाⓊ†—क्रि० स० [हिं० मसलना] दे० 'मसलना'। उ०—कुँवर कान्ह जमुना मैं न्हात। मसरत सुभग साँवरे गात।—घनानद, पृ० १८३।

मसरफ—सज्ञा पुं० [अ० मसरफ] १. व्यवहार मे आना। काम मे आना। उपयोग। २ व्यय करने की जगह, मौका वा अवसर (को०)। ३ प्रयोजन। हेतु (को०)।

क्रि० प्र०—में आना।—में लाना।

मसरा—सज्ञा स्त्री० [स०] मसूर (को०)।

मसरू—सज्ञा पु० [अ० मशरूअ] एक प्रकार का रेशमी कपडा। विशेष दे० 'मशरू'।

मसरूका—वि० [अ० मसरूकह्] चोरी किया हुआ। चुराया हुआ। जैसे, माल मसरूका। (कचहरी)।

मसरूफ—वि० [अ० मसरूफ़] काम मे लगा हुआ। काम करता हुआ।

मसल—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कहावत। कहनूत। लोकोक्ति। उ०—हिंदू हृदय जो आरति पावे। राम नाम कै मसल चलावे।—गुलाल०, पृ० १२५। २ समान। तुल्य। मिस्ल (को०)।

मसलति—सज्ञा स्त्री० [अ० मसलहत] दे० 'मसलहत'। उ०—बोलि खाँन मुलतान तब, मसलति करी जु माहि।—ह० रासो, पृ० ६३।

मसलन—वि० [अ०] मिसाल के तौर पर। उदाहरण के रूप मे। उदाहरणार्थ। जिस तरह। यथा। जैसे।

मसलन—सज्ञा स्त्री० [हिं० मसलना] १ मसलने का कार्य या स्थिति। रगडने का भाव। उ०—चचल किशोर सुदरता की, मैं करती रहती रखवाली। मैं वह हलकी सी मसलन हूँ, जो बनती कानो की लाली।—कामायनी, पृ० १०३। २ स्पर्श। छुअन।

मसलना—क्रि० स० [हिं० मलना] १ हाथ से दबाते हुए रगडना। मलना। २ जोर से दबाना। उ०—आज किसी के मसले तारो की वह दुरागत झकार। मुझे बुलाती है सहमी सी झझा के परदों के पार।—यामा, पृ० १४।

स यो० क्रि०—डालना। देना।

३ आटा गूँधना।

मसलहत—सज्ञा स्त्री० [अ०] ऐसी गुप्त युक्ति अथवा छिपी हुई भलाई जो सहसा ऊपर से देखने से जानी न जा सके। अप्रकट शुभ हेतु। जैसे—(क) इसमे एक मसलहत है जो अभी तक आपकी समझ मे नही आई। (ख) इस समय उसे यहाँ से उठा देने मे एक मसलहत थी। २. परामर्श। सलाह। उ०—घरे मसलहत करै बटुरिकै सौ सौ धावै।—पलटू०, पृ० ७०।

यौ०—मसलहतअदेश=समझकर कार्य करनेवाला। मसलहतपसद=(१) शुभकामी। खैरख्वाह। (२) दे० 'मसलहतअदेश'। मसलहतेवक्त=समय की पुकार।

मसलहतिकाⓊ—वि० [अ० मसलहत] परामर्श देनेवाला। सलाह देनेवाला। उ०—काम औ क्रोध मसलहतिका वे दोऊ।—पलटू०, पृ० ४२।

मसला[1]—सज्ञा पुं० [अ० मसलह्] कहावत। कहनूत। लोकोक्ति। उ०—आप भलो तौ जग भलो यह मसलो जुग गोइ। जो हरि हित करि चित गहो कहो कहा दुख होइ।—स० सप्तक, पृ० २४६।

मसला[2]—सज्ञा पु० [अ०] १. समस्या। विषय। प्रश्न। सवाल (को०)।

मुहा०—मसला हल होना=समस्या हल होना।

मसवई—सज्ञा स्त्री० [मसोवा द्वीप] एक प्रकार का बबूल का गोद जो अदन से आता है। यह पहले मसोवा द्वीप से आता था, इसी से इसका यह नाम पडा।

मसवारा—सज्ञा पु० [हिं० मास+वारा (प्रत्य०)] प्रसूता का वह स्नान जो प्रसव के उपरात एक मास समाप्त होने पर होता है।

मसवासी—सज्ञा पु० [सं० मासवासी] १ एक स्थान पर केवल एक मास तक निवास करनेवाला विरक्त। वह साधु आदि जो एक मास से अधिक किसी स्थान मे न रहे। उ०—कोई मुरिखेमुर कोइ सनियासी। कोई सुरामजति कोई मसवासी।—जायसी (शब्द०)। २. एक महीने से अधिक किसी पुरुष के पास न रहनेवाला स्त्री। गणिका। उ०—तिरिया जो न होइ हरिदासी। जो दासी गणिका सम जानो दुष्ट राँड मसवासी।—रघुराज (शब्द०)।

मसविदा—सज्ञा पु० [अ० मुसविदा] १. वह लेख जो पहली बार काट छाँट के लिये तैयार किया गया हो और अभी साफ करने को बाकी हो। खर्रा। मसौदा। २. युक्ति। उपाय। तरकीब।

क्रि० प्र०—निकालना।

मुहा०—मसविदा बाँधना=युक्ति रचना। उपाय सोचना।

मसहरी—सज्ञा स्त्री० [स० **मशहरी**] १ पलंग के ऊपर और चारो ओर लटकाया जानेवाला वह जालीदार कपडा जिसका उपयोग मच्छडो आदि से बचने के लिये होता है। २ ऐसा पलग जिसके चारो पायो पर इस प्रकार का जालीदार कपडा लटकाने के लिये चार ऊँची लकडियाँ या छड लगे हो।

विशेष—ऊपर की ओर भी ये चारो लकडियाँ या छड लकडी की चार पट्टियो या छडो से प्राय जोडे रहते हैं।

मसहारⓊ—सज्ञा पुं० [स० **मासाहारिन्**] मासाहारी। मास खानेवाला। उ०—(क) घटे नहिं कोह भरे उर छोह। नटे मसहार धरे मन मोह।—सूदन (शब्द०)। (ख) ममहार छाए नभ धरनि धाए स्यार।—सूदन (शब्द०)।

मसहूर—वि० [अ० **मशहूर**] दे० 'मशहूर'।

मसाँनⓊ—सज्ञा पु० [हिं०] उ०—धमसान मसाँन मु ज्योति जगी। —ह० रासो, पृ० १५७।

मसा[1]—सज्ञा पुं० [सं० **मासकील**] १ शरीर पर कही कही काले रग का उभरा हुआ मास का छोटा दाना जो वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का चर्मरोग माना जाता है, और जो शरीर में अपने होने के स्थान के विचार से शुभ अथवा अशुभ माना जाता है। यह प्राय सरसो अथवा मूग के आकार से लेकर बेर तक के आकार का होता है। उ०—अदाज से जियादा निपट नाज सुख नही। जो खाल अपने हद से बढा सो मसा हुआ।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० १२। २ बवासीर रोग मे मास के दाने जो गुदा के मुँह पर या भीतर होते हैं। इनमे बहुत पीडा होती है और कभी कभी इनमे से खून भी बहता है।

मसा[2]—सज्ञा पुं० [स० **मशक**] मच्छड।

मसाइक—सज्ञा पुं० [अ० **मुशायख** (शेख का बहुवचन)] दे० 'शेख'। उ०—पीर पैगअर किया पयाना। सेख मसाइक सबै समाना। —दादू०, पृ० ५७३।

मसाणⓊ—सज्ञा पुं० [राज०] दे० 'मसान'। उ०—काहे रे नर करहु डफाण। अतिकालि घर गोर मसाण।—दादू०, पृ० ४८४।

मसान—सज्ञा पु० [स० **श्मशान**] १ वह स्थान जहाँ मुरदे जलाए जाते हो। मरघट। उ०—सब मसान पर हमरा राज। कफन माँगने का है काज।—भारतेंदु ग्र०,भा० १, पृ० २९२।

पर्या०—पितृवन। शतानक। रुद्राक्रीड। दाहसर। अतशय्या। पितृकानन।

मुहा०—**मसान जगाना** = तत्रशास्त्र के अनुसार स्मशान पर बैठकर शव की सिद्धि करना। मुरदा सिद्ध करना। उ०—कपट सयानि न कहति कछु जागति मनहु मसान।—तुलसी (शब्द०)। **मसान पढ़ना** = सन्नाटा हो जाना।

२. भूत पिशाच आदि।

यौ०—**मसान की बीमारी** = बच्चो को होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमे वे घुल घुलकर मर जाते हैं।

३. रणभूमि। रणक्षेत्र। उ०—तुलसी महेश विधि लोकपाल देवगन देखत विमान चढि कौतुक मसान के।—तुलसी (शब्द०)।

मसाना[1]—सज्ञा पु० [अ० **मसानह्**] पेट मे की वह थैली जिसमे पेशाब जमा रहता है। पेशाब की थैली। मूत्राशय। वस्ति।

मसानाⓊ[2]—सज्ञा पु० [स० **श्मशान**] दे० 'मसान'। उ०—लोथ पडी भहराय उठत हैं गिद्ध मसाना।—पलटू०, पृ० ७६।

मसानिया—सज्ञा पु० [हिं० **मसान** (**श्मशान**) + इया (प्रत्य०)] १ श्मशान पर रहनेवाला डोम। २ वह जो श्मशान पर रहकर किसी प्रकार की साधना करता हो। ३ वह जो झाड फूँककर भूत प्रेत आदि उतारता हो। सयाना। ओझा।

मसानी—सज्ञा स्त्री० [स० **श्मशानी**] स्मशान मे रहनेवाली पिशाचिनी, डाकिनी इत्यादि। उ०—माइ मसानी सेढि सीतला, भैरू भूत हनुमत। साहब से न्यारा रहै जो इनको पूजत।—कबीर (शब्द०)।

मसायख—सज्ञा पु० [अ० **शेख**] दे० 'मसाइक'। उ०—ना कोइ पीर मसायख काजी।—कबीर श०, भा० २, पृ० १५२।

मसार—सज्ञा पु० [सं०] इद्रनील मणि। नीलम।

मसाल—सज्ञा स्त्री० [अ० **मशाल**] दे० 'मशाल'। उ०—आनि इतै छन वारि दे छवि घनसार मसाल। कौन काज तहँ राज जहँ सुघन बदन दुतिजाल।—रामसहाय (शब्द०)।

मसालची—सज्ञा पुं० [फा० **मशालची**] दे० 'मशालची'।

मसालदुम्मा—सज्ञा पुं० [हिं० **मशाल** + **दुम**] एक प्रकार का पक्षी जिसकी दुम बिलकुल काली रहती है, बाकी सारा शरीर चाहे जिस रग का हो।

मसालहत—सज्ञा स्त्री० [अ० **मसलहत**] सुलह। मेल। सधि। समझौता [को०]।

मसाला—सज्ञा पुं० [फ़ा० **मसालह्**] १ किसी पदार्थ को प्रस्तुत करने के लिये आवश्यक सामग्री। वे चीजें जिनकी सहायता से कोई चीज तैयार होती है। जैसे, (क) मकान बनाने के लिये सुर्खी, चूना, ईटें, आदि। (ख) रसोई बनाने के लिये हलदी, धनिया मिर्च, जीरा, तेजपत्ता आदि। (ग) कपडा पर टाँकने के लिये गोटा, पट्टा, किनारी आदि। (घ) ग्रथ या लेख आदि लिखने के लिये दूसरे ग्रथ आदि।

यौ०—**गरम मसाला। मसालेदार। मसाले का तेल।**

२ ओषधियो अथवा रासायनिक द्रव्यो का योग या समूह। जैसे, पतील साफ करने का मसाला, पान का मसाला सिर मलने का मसाला, तेल मे सिलाने का मसाला। ३ साधन। जैसे,—अब तो आपको भी दिल्लगी का अच्छा मसाला मिल गया। ४ तेल। जैसे,—रोशनी बुझ रही है, मसाला लेते आना। ५ अतिशबाजी। जैसे,—उसकी बारात मे अच्छे अच्छे मसाले छूटे थे। ६ नवयौवना और सुदरी स्त्री (बाजारू)। ७. टार्च या चोरबत्ती मे लगनेवाला मसाला। बैटरी का सेल।

मसाली—सज्ञा स्त्री० [अ० मशाल ?] रस्सी। डोरी। (लश०)।

क्रि० प्र०—कसना। बाँधना।

मसाले का तेल—सज्ञा पु० [हिं० मसाला + तेल] एक प्रकार का सुगधित तेल जो साधारण तिल के तेल मे कचूर कचरी, बालछड आदि सुगधित द्रव्य मिलाकर बनाया जाता है।

मसालेदार—वि० [अ० मसालह् + फा० दार (प्रत्य०)] जिसमे किसी प्रकार का मसाला लगा या मिला हो।

विशेष—इसका प्रयोग प्राय खाद्य पदार्थों के लिये ही होता है।

मसाहत—सज्ञा स्त्री० [अ०] नापना। पैमाइश [को०]।

मसिंदर—सज्ञा पु० [अँ० मेसेंजर] जहाज मे का वह बहुत बडा रस्सा जो चरखी या दौड मे लपेटा रहता है और जिसकी सहायता से जहाज का गिराया हुआ लगर उठाया जाता है। (लश०)।

मसि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लिखने की स्याही। रोशनाई। उ०—तुम्हरे देश कागद मसि खूटो—सूर (शब्द०)। (ख) परम प्रेममय मृदु मसि कीन्ही। चारु चित्त भीती लिखि लीन्ही।—तुलसी (शब्द०)। २ निर्गुंडी का फल। ३ काजल। ४ कालिख। उ०—जनु मुँह लाई गेरु मसि भए खरनि असवार।—तुलसी (शब्द०)। ५ पाप। उ०—अँन वृजिन् दुकृत दुरित अघ मलीन मसि पक।—अनेकार्थ०, पृ० ५५। ६ नई उगती मूछो की रेख। मूँछ। उ०—उन्नत नासा अधर बिंब सुक की छवि छीनी। तिन बिच अद्भुत भाँति लसति कछुइक मसि भीनी।—नद० ग्र०, पृ० ३।

मसिआराⓊ—वि० [स० मसि + हिं० आरा (प्रत्य०)] १ कालिमायुक्त। २ कलकयुक्त। कलकी। उ०—सूक सोंहिया समि मसिआरा। पवन करै निति बार बुहारा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २९९।

मसिक—सज्ञा पु० [स०] साँप का बिल [को०]।

मसिका—सज्ञा स्त्री० [स०] शेफालिका। निर्गुंडी।

मसिकूपी—सज्ञा स्त्री० [स०] दावात।

मसिजल—सज्ञा पुं० [स०] लिखने की स्याही। रोशनाई।

मसिजीवी—वि० [स० मसि + जीविन्] लेखनकार्य करके आजीविका चलानेवाला।

मसित—वि० [स०] पीसा या चूर्ण किया हुआ [को०]।

मसिदानी—सज्ञा स्त्री० [स० मसि + फा० दानी] दावात। मसिपात्र।

मसिधान—सज्ञा पु० [सं०] दावात।

मसिधानी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दावात [को०]।

मसिपण्य—सज्ञा पु० [स०] लिखने का काम करनेवाला। लेखक।

मसिपथ—सज्ञा पुं० [स०] कलम।

मसिपात्र—सज्ञा पु० [स०] दावात।

मसिप्रसू—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कलम। २ दावात [को०]।

मसिबुदा—सज्ञा पुं० [स० मसिबिन्दु] दे० 'मसिबिंदु'। उ०—(क) मुनि मन हरत मजु मसिबुदा। ललित वदन बलि बालमुकुदा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) उर बघनहा कठ कँठुला झँहूले बार। वेनी लटकन मसिबु दा मुनिमनहार।—सूर (शब्द०)।

मसिभाण्ड—सज्ञा स्त्री० [स०] दावात।

मसिमुख—वि० [सं०] जिसके मुँह मे स्याही लगी हो। काले मुँहवाला। दुष्कर्म करनेवाला। उ०—जो भागै सत छाँडि कै मसिमुख चढै बरात।—(शब्द०)।

मसियरⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मशाल'। उ०—चहुँ दिसि मसियर नखत तहाईं। सूरुज चढा चाँद कै ताईं।—जायसी (शब्द०)।

मसियाना—क्रि० अ० [हिं० मस] भली भाँति भर जाना। पूरा हो जाना। उ०—नेगी गेज मिले अरकाना। पँवरथ बाजे घर मसियाना।—जायसी (शब्द०)।

मसियारⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मशाल'। (क) धरती सरग चहूँ दिसि पूरि रहे मसियार।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३१३। (ख) छपि गा दीपक औ मसियारा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३१३।

मसियाराⓊ—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मशालची'।

मसिवर्ण—वि० [स०] स्याही के रग का काला [को०]।

मसिविंदु—सज्ञा पु० [स० मसिविन्दु] काजल का बुदा जो नजर से बचने के बच्चों को लगाया जाता है। दिठौना। उ०—लोयन नील सरोज से भू पर मसिबिंदु विराज।—तुलसी (शब्द०)। (ख) ललित भाल मसिबिंदु विराजै। भृकुटी कुटिल श्रवण अति भ्राजै।—विश्राम (शब्द०)।

मसिल†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मैनसिल'।

मसिहानीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मसिधानी] दावात। उ०—मन मसिहानी साँच की स्याही।—धरनी० बानी, पृ० ३।

मसी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मसि'। उ०—दरसन ही ते लागै जममुख मसी है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८२।

मसीका—सज्ञा पुं० [हिं० माशा] १. आठ रत्ती का मान। माशा। २ चवन्नी। (दलाल)।

मसीतⓊ—सज्ञा स्त्री० [फा० मसजिद] मुसलमानो का वदना-स्थान। मसजिद। उ०—कबिरा काजी स्वाद बस जीव हते तब दोय। चढि मसीत एको कहै क्यो दरगह साँचा होय।—कबीर (शब्द०)।

मसीदⓊ—सज्ञा स्त्री० [अ० मस्जिद] दे० 'मसजिद'। उ०—माँगि कै खैबो मसीद को सोइबो लेनो है एक न देनो है दोऊ।—तुलसी (शब्द०)।

मसीना—सज्ञा पुं० [देश०, स० मस्यन्न (= कदन्न ?)] मोटा अन्न। कदन्न।

मसीह—सज्ञा पुं० [अ०] ईसाइयो के धर्मगुरु हजरत ईसा का नाम।

मसीहा—सज्ञा पुं० [फ़ा०] १ ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह। २ वह जो मृतको को जीवित करता हो। उ०—क्यो न दवा

मसृण—वि० [सं०] जो रूखा या कडा न हो। चिकना और मुलायम।

मसृणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] अलसी [को०]।

मसेवरा†—सज्ञा पु० [हिं० माम + वरा (प्रत्य०)] माम की बनी चीजें। जैसे, कोफता, कबाब आदि। उ०—कीन्ह मसेवरा सीझि रसोई। जो किछु सबै माँसु मौ होई।—जायसी (शब्द०)।

मसोढा[1]†—सज्ञा पुं० [देश०] सोना, चाँदी आदि गलाने की घरिया। (कुमाऊँ)।

मसोढा[2]—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मसूढा'।

मसोसⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० **मसूसन**] दे० 'मसूस'। उ०—हारे उपाय कहा करौं, हाय भरौ किहि भाय मसोस यौं मारै।—घनानद, पृ० १५६।

मसोसना क्रि० अ० [हिं० **मसोस** + **ना** (प्रत्य०)] दे० 'मसूसना'।

मसोसा—सज्ञा पु० [हिं० **मसोसना**] १ मानसिक दुःख। मन मे होनेवाला रज। २ पश्चात्ताप। पछतावा।

मसौदा—सज्ञा पु० [अ० **मसव्विदा**] १ काट छाँट करने दोहराने और साफ करने के उद्देश्य से पहली बार लिखा हुआ लेख। खर्रा। मसविदा। २ उपाय। युक्ति। तरकीब।

मुहा०—**मसौदा गाँठना या बाँधना** = कोई काम करने की युक्ति या उपाय सोचना। तरकीब सोचना।

यौ०—**मसौदानवीस** = मसौदा तैयार करनेवाला। **मसौदेबाज**।

मसौदेबाज—सज्ञा पु० [अ० **मसौदा** + फा० **बाज** (प्रत्य०)] १ वह जो अच्छा उपाय निकालता हो। अच्छी युक्ति सोचनेवाला। २ धूर्त चालाक।

मस्कत—सज्ञा पुं० [अ० **मस्कत**] १ अरब का एक राज्य और उसका प्रधान नगर। २ उक्त राज्य का अनार [को०]।

मस्कर—सज्ञा पु० [सं०] १ वश। बाँस। २ पोला बाँस। ३ गति। ४ ज्ञान।

मस्कराⓊ—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मसखरा'।

मस्करी[1]—सज्ञा पुं० [सं० **मस्करिन्**] १ वह जो चौथे आश्रम मे हो। सन्यासी २ भिक्षु। ३. चद्रमा।

मस्करी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मसखरी'।

मस्कलाⓊ—सज्ञा पु० [अ० **मसकला**] दे० 'मसकला'। उ०—शब्द मस्कला करै ज्ञान का कुर्रड चलावै।—पलटू०, पृ० २।

मस्का—सज्ञा पुं० [अ० फा० **मस्कह्**] १. मक्खन। नवनीत। २. दे० 'मसका'।

मस्कुर†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मसूढा'।

मस्खरा—सज्ञा पु० [अ० **मस्खरह्**, हिं० **मसखरा**] दे० 'मसखरा'।

मस्खरागी—सज्ञा पुं० [फा० **मस्खरगी**] दे० 'मसखरी'। उ०—बडी मस्त दिसने लगी ऐब ते। हुई मस्खरागी बडी गैब ते। —दक्खिनी०, पृ० ६०।

मस्जिद—सज्ञा स्त्री० [अ० **मसजिद, मस्जिद**] दे० 'मसजिद'। उ०—क्या भो वजू व मज्जन कीन्हे, क्या मस्जिद सिर नाए। हृदया कपट निमाज गुजारै कह भो मक्का जाए।—कबीर (शब्द०)।

मस्त[1] वि० [फा०। मि० सं० **मत्त**] १. जो नशे आदि के कारण मत्त हो। मतवाला। मदोन्मत्त। जैसे,—वह दिन रात शराब मे मस्त रहता है। २ जिसे किसी बात का पता न लगता हो। जिसे किसी की चिंता या परवाह न होती हो। सदा प्रसन्न और निश्चिंत रहनेवाला। ३ जो अपनी पूरी जवानी पर आने के कारण आपे मे बाहर हो रहा हो। यौवनमद से भरा हुआ। जैसे, मस्त हाथी, मस्त औरत। ४ जिसमे मद हो। मदपूर्ण। जैसे, मस्त आँखें। ५. परम प्रसन्न। मग्न। आनदित। जैसे,—वह अपने बालबच्चो मे ही मस्त रहता है। ६ अभिमानी। घमडी। जैसे,—आजकल के मजदूर मस्त हो रहे है। इनसे काम लेना कुछ सहज नही है।

मस्त[2]—वि० [सं०] उच्च। ऊँचा [को०]।

मस्त[3]—सज्ञा पु० [सं०] उत्तमाग। मस्तक। सिर [को०]।

यौ०—**मस्तदारु। मस्तमूलक**।

मस्तक—सज्ञा पुं० [सं०] सिर। उ०—मस्तक टीका काँध जनेऊ। कवि विश्राम पडित सहदेऊ।—जायसी (शब्द०)।

यौ०—**मस्तकज्वर** = शिरोव्यथा। **मस्तकमूलक** = दे० 'मस्तमूलक'। **मस्तकलुग** = मस्तिष्क के चारो ओर की छोटी छोटी शिराएँ। **मस्तकशूल** = दे० 'मस्तकज्वर'। **मस्तकस्नेह** = दिमाग।

मस्तकी—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'मस्तगी'।

मस्तगी—सज्ञा स्त्री० [अ० **मस्तकी**] दवा के काम आनेवाला एक प्रकार का बढिया पीला गोद जिसे रूमी मस्तगी भी कहते हैं।

विशेष—यह गोद भूमध्य सागर के आसपास के प्रदेशो मे होनेवाली एक प्रकार की सदाबहार झाडी के तनो को पाछकर निकाला जाता है, और जो अपने उत्पत्तिस्थान 'रूम' के कारण प्राय 'रूमी मस्तगी' कहलाता है। यह गोद वार्निश मे मिलाया जाता है और औषधि रूप मे भी काम आता है। दाँतो के अनेक रोगो मे यह बहुत उपकारी होता है। इससे दाँतो का हिलना, पीडा, दुर्गधि आदि दूर होती है। और भी कई रोगो मे इसका व्यवहार किया जाता है।

मस्तदारु—सज्ञा पुं० [सं०] देवदारु का वृक्ष [को०]।

मस्तमूलक—सज्ञा पु० [सं०] गरदन [को०]।

मस्तरी—सज्ञा स्त्री० [सं० **मस्त्रा**] १ धातु गलाने की भट्ठी। (शाहजहाँपुर)।

मस्तानⓊ—वि० [फा० **मस्तानह्**] दे० 'मस्ताना'। उ०—रमना रटि जेहि लागिगे चोख भयो मस्तान।—सतवानी०, भा० १, पृ० १३४।

मस्ताना[1]—वि० [फा० मस्तानह्] १ मस्तो का सा। मस्तो की तरह का। जैसे, मस्तानी चाल। २ मस्त। मत्त।

मस्ताना[2]—क्रि० अ० [फा० मस्त+हिं० आना (प्रत्य०)] मस्ती पर आना। मस्त होना। मत्त होना।

सयो० क्रि०—जाना।

मस्ताना[3]—क्रि० स० मस्ती पर लाना। मस्त करना। मत्त करना।

सयो० क्रि०—देना।

मस्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] माप। तौल [को०]।

मस्तिक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मस्तिष्क'। उ०—साहिब तवही छाया कीन्हा। मस्तिक हाथ आमनि के दीन्हा।—कबीर सा०, पृ० १०१५।

मस्तिकी—सज्ञा स्त्री० [अ० मस्तकी] दे० 'मस्तगी'।

मस्तिष्क—सज्ञा पु० [स०] १ मस्तक के अदर का गूदा। भेजा। मगज।

विशेष—कहा जाता है, भोजन का परिपाक होने पर जो रस बनता है, वह क्रमश मस्तक में पहुँचकर स्निग्ध रूप धारण करता है और उसी के द्वारा स्मृति और बुद्धि काम करती है। उसी को 'मस्तिष्क' कहते हैं।

२ बुद्धि के रहने का स्थान। दिमाग।

मस्ती—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ मस्त होने की क्रिया या भाव। मत्तता। मतवालापन।

क्रि० प्र०—आना।—उतरना।—चढ़ना।—दिखाना।

मुहा०—मस्ती झड़ना = मस्ती दूर होना। मस्ती झाड़ना = मस्ती दूर करना।

२ भोग की प्रबल कामना। प्रसग की उत्कट इच्छा।

क्रि० प्र०—आना।—उठना।—चढना।—झड़ना।—में आना।

मुहा०—मस्ती निकालना = प्रसग करके वीर्यपात करना। सभोग करके वीर्य स्खलित करना।

३ वह स्राव जो कुछ विशिष्ट पशुओ के मस्तक, कान, आँख, आदि के पास से कुछ विशिष्ट अवसरो पर, विशेषत उनके मस्त होने के समय होता है। मद। जैसे, हाथी की मस्ती, ऊँट की मस्ती।

क्रि० प्र०—टपकना।—बहना।

४ वह स्राव जो कुछ विशिष्ट वृक्षो अथवा पत्थरो आदि में से कुछ अवसरो पर होता है। जैसे, नीम की मस्ती, पहाड की मस्ती।

क्रि० प्र०—टपकना। बहना।

५ अभिमान। घमड। गर्व। गरूर। ६ युवावस्था का मद। जवानी का नशा।

मस्तु—सज्ञा पुं० [स०] १ दही का पानी। २ छेने का पानी।

मस्तुलुग—सज्ञा पुं० [सं० मस्तुलुङ्ग] मस्तिष्क। मगज।

मस्तूरी—सज्ञा स्त्री० [स०मस्रा] धातु गलाने की भट्ठी (फतहपुर)।

मस्तूल—सज्ञा पुं० [पुर्त०] बडी नावो आदि के बीच मे खडा गाडा जानेवाला वह बडा लट्ठा या शहतीर जिसमे पाल बाँधते हैं। उ०—उसका ऊँचा मस्तूल झुका हुआ ऐसा दिखाई देता है मानो वह अपने प्यारे जलयान को समाधि को गले लगाकर रो रहा है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५५२।

मस्सा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मसा'। उ०—तिल और मस्सा भी पूर्व कर्मानुसार ही प्रकट होते हैं।—कबीर सा०, पृ० ६८१।

मस्सीतⓊ—सज्ञा स्त्री० [अ० मस्जिद] दे० 'मसीत'। उ०—कौन मक्कान महजीत मस्सीत मे।—जमी असमान बिच कौन ठाईं।—तुरसी श०, पृ० १६।

महग†—सज्ञा पुं० [देशी] उष्ट्र। ऊँट [को०]।

महत[1]—सज्ञा पुं० [सं० महत् (=बडा)] १ साधुमडली या मठ का अधिष्ठाता। साधुओ का मुखिया। २ महात्मा। सज्जन। उ०—तडित दृगनि करि मेघ महत। देखे ताप तपै सब जत। नद० ग्र०, पृ० २८६।

महत[2]—वि० बडा। श्रेष्ठ। प्रधान। मुखिया। उ०—सखा प्रवीन हमारे तुम हौ तुम हौ नही महत।—(शब्द०)।

महताई†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'महतो'।

महताना†—सज्ञा पुं० [अ० मेहनत, हिं० मेहनताना] दे० 'मेहनताना'।

महती—सज्ञा स्त्री० [हिं० महत+ई (प्रत्य०)] १ महत का भाव। २ महत का पद।

क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।

महथⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० महान्त] दे० 'महत'। उ०—पलटू कीन्हो दडवत वे बोले कछु नाहि। भगत जो बनै महथ से नरक परै सो जाहि।—पलटू०, भा० ३, पृ० ११४।

महदस†—सज्ञा पुं० [अ० मुहद्दिस] हदीस अर्थात् पैगबर की कही हुई बातो का जाननेवाला विद्वान्। उ०—महदस के देह हात मे जाम शाह। कहा यो जबान खोल बहराम शाह।—दक्खिनी०, पृ० २६०।

महदी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेंहदी] दे० 'मेहदी'। उ० मुष नाग-वल्ली विरज्य वरग। महदी नष जावक रग पग।—पृ० रा०, ६७।८१२।

महँⓊ†—अव्य० [सं० मध्य] मे। उ०—एहि महँ रघुपति नाम उदारा। अति पावन पुरान श्रुतिसारा।—राम०, पृ० १०।

महँईⓊ†[1]—वि० [सं० महा अथवा स० महति, महाति या महत्, प्रा० महइ, महई] महान्। भारी। उ०—विदित पठान राज महँ रहई। रहे पठान प्रबल तहँ महई।—(शब्द०)।

महँई[2]—अव्य० [सं० मध्य] दे० 'महँ'।

महँक—सज्ञा स्त्री० [प्रा०] दे० 'महक'।

महँकना—क्रि० अ० [हिं० महँक+ना (प्रत्य०)] दे० 'महकना'।

महँग†—वि० [हि०] दे० 'महँगा'। उ०—पारस कै परसग मे लोहा महँग बिकान।—पलटू०, भा० १, पृ० ३७।

महँगा वि० [सं० महार्घ] जिसका मूल्य साधारण या उचित की अपेक्षा अधिक हो। अधिक मूल्य पर बिकनेवाला। जैसे,—आजकल कपडा और गल्ला दोनो महँग है। उ०—कारण अगर रहत है सगा। कारज अगर बिकत सो महँगा।—विश्राम (शब्द०)।

महँगाई†—सज्ञा स्त्री० [हि० महँगा+ई (प्रत्य०)] दे० 'महँगी'।

महँगापन—सज्ञा पुं० [हि० महँगा+पन (प्रत्य०)] महँगा होने का भाव। महँगी। उ०—कल्पनामय तब समझोगे इन प्राणो का महँगापन।—यामा, पृ० १६।

महँगी सज्ञा स्त्री० [हि० महँगा+ई (प्रत्य०)] १ महगे होने का भाव। महगापन। २ महँगे होने की अवस्था। ३ दुर्भिक्ष। अकाल। कहत।

क्रि० प्र०—पड़ना।

महँडा†—सज्ञा पु० [देश०] भुने हुए चने (बिहार)।

मह'—अव्य० [हि०] दे० 'मह'। उ०—एहि मह रघुपति नाम उदारा।—मानस, १।

मह'—वि० [स० महत] १ महा। अति। बहुत। उ०—पिय बिन तिय यह दुखिया जान। तब यो गौरी कियो बखान।—लल्लू (शब्द०)। २ महत्। श्रेष्ठ। बडा।

यौ०—महसुन=महाशून्य। उ०—मन पवनहि जीतो जबै महसुन माहि समाध।—गुलाल०, पृ० १४१।

मह'—सज्ञा पु० [सं०] १ उत्सव। २ यज्ञ। ३ दीप्ति। चमक। ४ महिष। भैसा [को०]।

महकदना†—क्रि० अ० [प० हि० महकना] दे० महकना। उ०—या देहो परिमल महकदा। ता मुख बिसरे परमानदा।—गोरखबाणी०, पृ० ७।

महक'—सज्ञा स्त्री० [हि० गमक, या, स० प्र+√सू, प्रा०धात्वा० मघमघ>महमह या स० महक्क (=फैलनेवाली खुशबू)] गध। बास। गमक। बू।

यौ०—महकदार। महकीला।

महक'—सज्ञा पु० [सं०] १. प्रतिष्ठित व्यक्ति। २ कच्छप। कछुआ। ३. विष्णु [को०]।

महकदार—वि० [हि० महक+फा० दार (प्रत्य०)] जिसमे महक हो। महकनेवाला। गध देनेवाला।

महकना—क्रि० अ० [हि० महक+ना (प्रत्य०)] गध देना। बास देना। उ०—महकत जेहि ठा सकल सुबासा।—माधवानल०, पृ० १६६।

महकमा—सज्ञा पु० [अ०] किसी विशिष्ट कार्य के लिये अलग किया हुआ विभाग। सीगा। शाखा। जैसे, पुलिस का महकमा, रजिस्ट्री का महकमा।

महकान—सज्ञा पु० [हि० महक] दे० 'महक'। उ०—कनक बरन जगमग तन मे अग चदन की महकान।—देवस्वामी (शब्द०)।

महकाली—सज्ञा स्त्री० [स० महाकाली] पार्वती। (डिं०)।

महकीला—वि० [हि० महक+ईला (प्रत्य०)] जिसमे अच्छी महक आती हो। सुगधित। महकदार। खुशबूदार।

महकूम—वि० [अ० महकूम] १ अधीन। वशभूत। आज्ञप्त। २ जिसे हुक्म दिया गया हो। उ०—जब सब हाकिम और हिंदू महकूम थे।—प्रेमघन०, भाग २, पृ० ८८।

महकूमी—सज्ञा स्त्री० [अ० महकूमी] पराधीनता। दासता। गुलामी [को०]।

महघ—वि० [स० महार्घ] दे० 'महगा'। उ०—जन परहार की छुन महघ सबै मिल एहि ठाम।—विद्यापति, पृ० ३९३।

महघा—वि० [स० महार्घ] दे० 'महगा'। उ०—गउ गमाई बावने परथो बेचने काल। महघा अन न पाइऊ भया जगत बेहाल।—अर्घ०, पृ० ११।

महचक्र—सज्ञा पु० [हि०] सूर्य।

महज—वि० [अ० महज] १. शुद्ध। खालिस। जैसे,—यह तो महज पानी है। २ केवल। मात्र। सिर्फ। जैसे,—महज आपकी खातिर से मैं यहा आ गया। ३ सरासर। एकदम।

महजनी—वि० [हि० महाजनी] महाजन का काम। उ०—मनुवा इमिल घुमल म अरझल छूटलि नाम महजनी।—भीखा श०, पृ० १०।

महजबीन—वि० [स० फा० महाज़बीं] जिसका भाल चाद जैसा उज्वल हो। उ०—दिलजा का गजबज क्या किया माशूक महजबान ने कम है।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १३४।

महजर—सज्ञा पुं० [अ० महजर] १ उपस्थित होने का जगह। २ वह सादा इजहार जिसपर मुहर लगा के हस्ताक्षर हो [को०]।

महजरनामा—सज्ञा पुं० [अ० महज़र (=खून)+फा० नामा] वह लेख जिसमे किसी की हत्या होने का प्रमाण हो। हत्या अथवा हत्यारे के सबध का साक्षीपत्र। हिंसा विषयक साक्षीपत्र।

महजित—सज्ञा स्त्री० [अ० मस्जिद] दे० 'मसजिद'।

महाजद—सज्ञा स्त्री० [अ० मस्जिद]+दे० 'मसजिद'। उ०—तन महजिद मन मुसला धर्म।—कबीर० रे०, पृ० ३८।

महजीत—सज्ञा स्त्री० [अ० मस्जिद] दे० 'मसजिद'। उ०—तन मन महजीत बाच बाग निवाजा। चूका हर दर जिव उठै अवाजा।—गुरसा० श०, पृ० ८६।

महजीद—सज्ञा० [अ० मस्जिद] दे० 'मसजिद'। उ०—ते पूजै ध्यवहरा, मुसलमान महजीद।—पलटू०, भा० ३, पृ० ११४।

महजूज—वि० [अ० महजूज] आलिंगित। आलग्न। युक्त। सयुक्त। उ०—रहत महजूज ये तो सादर ना जाने पर, दुनिया को तर्क मार दीन का सहारा है।—मलूक०, पृ० २३।

महजूम—सज्ञा पुं० [अ० मअ्जून] भाँग मिलाकर बनाई हुई एक प्रकार की मादक मिठाई। उ०—कहुँ कहीं उबलत मूखन महजूम बनत कहुँ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३४।

महज्जन—सज्ञा पु० [स०] दे० 'महाजन' [को०]।

महण[1]—सज्ञा पु० [डिं०] समुद्र। उ०—मुरझ थाँन मेवाड, राँण राजाँन सरीखा। महण देख अवध, करै कुण बध परीखा।—रा० रू०, पृ० २३।

महण[2]—सज्ञा पु० [सं० **मथन**, प्रा० महण] मथन। मथना।

यौ०—**महणारभ** = मथना। मथने की क्रिया। उ०—मन समुद्र गुरु कमठ ह्वै किया जू महणारभ।—रज्जब०, पृ० ४।

महत्[1]—वि० [स०] १ महान्। वृहत्। बडा। २ सबसे बढकर। सर्वश्रेष्ठ। ३ भारी। ४ ऊँचा। उच्च (को०)। ५ तीव्र (को०)। ६ प्रधान (को०)।

यौ०—**महत्कथ। महज्जन। महच्छक्ति** = महान् शक्ति। बडी शक्ति। उ०—मिल जाना उस महच्छक्ति से।—इत्यलम्, पृ० १०३। महत्तत्व।

महत्[2]—सज्ञा पुं० १ प्रकृति का पहला विकार महत्तत्व। २ ब्रह्म। ३ राज्य। ४ जल।

महतⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० **महत्व**] दे० 'महत्व'। उ०—कहै पद्माकर झकोर झिल्ली झोरन को मोरन को महत न कोऊ मन ल्यावती।—पद्माकर (शब्द०)।

महतⓊ[2]—वि० [स० **महत्**] अत्यधिक। उ०—मनुहि बहुत प्रससि कै कहत महत हरसाइ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४९३।

महतवान—सज्ञा पु० [देश०] करघे मे पीछे की ओर लगी हुई वह खूँटी जिसमे ताने को पीछे की ओर कसकर खीचे रहनेवाली डोरी लपेटकर बरतेले मे बाँधी जाती है। पिंडा। मुन्नी। हथेला।

महता[1]—सज्ञा पुं० [स० महत् (गुज० **महेता, मेहता**)] १ गाँव का मुखिया। सरदार। महतो। २ लेखक। मोहर्रिर। मुशी। ३ Ⓤ प्रमुख व्यक्ति। प्रधान। उ०—कवन काजो तहाँ कवन महता।—प्राण०, पृ० ८२।

महताⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० [स० **महत्ता**] अभिमान। घमड। उ०—महता जहाँ तहाँ प्रभु नाहीं सो द्वैता क्यो मानो।—(शब्द०)

महता[3]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. महत्तत्व। विज्ञान शक्ति। २ महाभारत के अनुसार एक नदी का नाम।

महताईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० महत्ता] मुखियागिरी। प्रधान बनने का कार्य। प्रधानता। उ०—धर्मदाम बहु किए महताई। सवा पाँच मुद्रा लेहु भाई।—कबीर सा०, पृ० ४३६।

महताब[1]—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० (तुल० स० **महत्** + **आभ** ?)] १ चाँदनी। चंद्रिका। उ०—मोद मदमाती मन मोहन मिलै के काज साजि मणि मदिर मनोज कैसी महताब।—पद्माकर (शब्द०)। २. एक प्रकार की आतिशबाजी। दे० 'महताबी'। उ—(क) जब चद नखावली देखि चप्यो तब जोति किनी महताब मे है।—कमलापति (शब्द०)। (ख) चाँदनी मैं कवि सभु मनो चहु ओर विराजि रही महताबै।—शभु (शब्द०)। ३ जहाज पर रात के समय सकेत के लिये होनेवाली एक प्रकार की नीली रोशनी जो काठ की एक नली मे कुछ मसाले भरकर जलाई जाती है। (लश०)।

महताब[2]—सज्ञा पु० [फा०] १ चाँद। चद्रमा। शशि। उ०—आई बारबधू छवि छाई ऐसी गाँउ बीच, जाके मुख आगे दबै जोति महताब की।—रघुनाथ (शब्द०)। २ एक प्रकार का जगली कौआ। मूतरी। महालत।

महताबी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ मोमबत्ती के आकार की बनी हुई एक प्रकार की आतिशबाजी जो मोट कागज में बारूद, गधक आदि मसाले लपेटकर बनाई जाती है और जिसके जलने मे बहुत तेज प्रकाश होता है। इसकी रोशनी सफेद, लाल, नीली, पीली आदि कई प्रकार की होती है। उ०—छाय रही सबि विरह सो वे आवी तन छाम। पी आए सबि बरि उठी महताबी सी बाम।—स० सप्तक, पृ० २२६। २ किसी बडे प्रासाद के आगे अथवा बाग के बीच मे बना हुआ गोल या चौकोर ऊँचा चबूतरा जिसपर लोग रात के समय बैठकर चाँदनी का आनद लेते हैं। †३. एक प्रकार का बडा नीबू। चकोतरा। (पूरब)।

महतारीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० **माता**] माँ। माता। जननी। उ०—(क) कौशल्या आदिक महतारी आरति करनि बनाइ।—सूर (शब्द०)। (ख) हरषित महतारी मुनि मनहारी अद्भुत रूप निहारी।—तुलसी (शब्द०)।

महतियाⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० महत्] सरदार। उ० पाँच के उपर पचीस महतिया, इन परपच पसारा।—धरम०, पृ० २४।

महती—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नारद की वीणा का नाम। २ बृहनी। कँटाई। बनभटा। ३ कुश द्वीप की एक नदी का नाम जो पारियात्र पर्वत से निकली है। ४ महिमा। महत्व। बडाई। उ० मातु पितु गुरु जाति जान्या भनी खोई महति।—सूर (शब्द०)। ५ योनि का फैल जाना जो एक रोग माना जाता है। ६. वह हिचकी जिससे गर्भस्थान पीडित हो और देह मे कप हो। ७. वैश्यो की एक जाति।

महती द्वादशी—सज्ञा स्त्री० [स०] भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की वह द्वादशी जो श्रवण नक्षत्र मे पडे। ऐसी द्वादशी को व्रत आदि करने का विधान है।

महतुⓊ†—सज्ञा पु० [स० **महत्व**] महिमा। बडाई। महत्व। उ०—वृदावन व्रज को महतु का पै बरन्यो जाय।—सूर (शब्द०)।

महतो—सज्ञा पुं० [हिं० महता] १ कुछ गयावाल पडो की एक उपाधि। २ कहार (पूरब के पटना आदि जिलो मे)। ३ जुलाहो का वह खूटा जो माँज के आगे गडा रहता है और जिसमे माँज की डोरी फँसाई रहती है। ४ गाँव का प्रमुख व्यक्ति। चौधरी।

महत्कथ—सज्ञा पु० [स०] वह जो मीठी मीठी बातें करके बड़े आदमियो को प्रसन्न करता हो। खुशामदी।

महत्तत्व—सज्ञा पु० [सं० **महत्तत्त्व**] १ साख्य के अनुसार पचीस तत्वो मे से तीसरा तत्व जो प्रकृति का पहला विकार है और जिसमे अहकार की उत्पत्ति होती है। प्रकृति का पहला कार्य या विकार। बुद्धितत्व। विशेष—दे० 'तत्व' और 'प्रकृति'। २ कुछ तात्रिको के अनुसार ससार के सात तत्वो मे से सबसे अधिक सूक्ष्म तत्व। ३ जीवात्मा।

महत्तम—वि० [स०] सबसे अधिक बडा या श्रेष्ठ।

यौ०—**महत्तम समापवर्तक**=गणित मे वह बडी सख्या जिसका भाग दो या अधिक सख्याओ मे पूरा पूरा किया जा सके।

महत्तर[1]—वि० [स०] दो पदार्थो मे से बडा या श्रेष्ठ। महत् स श्रेष्ठ। उ०—सिद्ध नही, तुम लोक सिद्ध के साधन बने महत्तर। —ग्राम्या, पृ० ५२।

महत्तर[2]—सज्ञा पुं० शूद्र।

महत्तरक—सज्ञा पु० [स०] दरबारी [को०]।

महत्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. बडाई। बडप्पन। २ उच्चता। श्रेष्ठता। गुरुता। ३ ऊँचा पद। ४ महत्व। महिमा। उ०—नही किसी की रही एक सी जग मे सत्ता। किंतु समय की क्षीण न होती कभी महत्ता।—प्रेमाजलि, पृ०, ४।

महत्पुरुष—सज्ञा पु० [स०] पुरुषोत्तम।

महत्व—सज्ञा पु० [स० महत्त्व] १. महत् का भाव। बडप्पन। बडाई। गुरुता। २ श्रेष्ठता। उत्तमता। ३ अधिक आवश्यक या परिणामजनक।

यौ०—**महत्वपूर्ण**=जिसका महत्व हो। महत्वशाली। **महत्वयुक्त**=महत्वपूर्ण। **महत्वशाली**=महत्वपूर्ण।

महत्वाकाक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०महत्त्व+आकाङ्क्षा] महत्व की इच्छा। श्रेष्ठता का कामना। महत्वशाली बनने की आकाक्षा।

महत्वाकाक्षी—वि० [स० **महत्त्वाकाङ्क्षिन्**] [वि० स्त्री० **महत्वाकाक्षिणी**] जिसकी बहुत बडी आकाक्षा हो। उच्चाभिलाषी। उ०—वहाँ पहुँचने को चिर व्यग्र, महत्वाकाक्षी।—रजत०, पृ० ७।

महत्वान्वित—वि० [स० महत्त्व+अन्वित] महत्व से युक्त—जिसे महत्ता वा श्रेष्ठता प्राप्त हो। महत्वपूर्ण। उ०—मुख्य विषय के विवरण एव उनकी व्याख्या के लिये योजित अप्रस्तुत वस्तु का स्थान गौण ही रहे, वह मुख्य से भी अधिक महत्वान्वित न हो जाय।—शैली, पृ० ८३।

महद्—वि० [स०] दे० 'महत्'। उ०—क्या जगाई है तुम्ही ने, सजन झिलमिल दीपमाला? इस महद् ब्रह्माड भर मे खूब फैला है उजाला।—क्वासि, पृ० ४१।

महदावास—सज्ञा पुं० [स०] विस्तृत भवन। विशाल लबा चौडा भवन [को०]।

महदाशय—वि० [स०] उच्च विचारवाला। ऊँचे मन का।

महदाशा—सज्ञा स्त्री० [स०] उच्चाशा। उच्च कामना। आशा [को०]।

महदाश्रय—सज्ञा पु० [स०] महान् से सरक्षण प्राप्त करना। श्रेष्ठ के आश्रय मे रहना [को०]।

महर्द—सज्ञ पु० [अ० महद्दी] १ धार्मिक नेता। हादी। २ रहनुमा। राह दिखानेवाला। ३ शीआ सप्रदाय के बारहवें इमाम जिनके विषय मे यह माना जाता है कि कयामत के समय वे फिर आसमान से आएँगे [को०]।

महर्द्द—वि० [अ०] जिसकी हद बँधी हो। घेरा हुआ। सीमाबद्ध। परिमित। निश्चित। नियत।

महदेवⓅ—सज्ञा [स० महादेव] शकर। शिव। दे० 'महादेव'। उ०—महदेव सेव तुम चरन रत, पति पवित्र मन माह धरि। —पृ० रा०, २४। ४५६।

महदश्वर—सज्ञा पु० [स०] मैसूर मे होनेवाली बैलो की एक जाति। इस जाति के बैल बहुत हृष्ट पुष्ट और बलवान् होते।

महद्गुण—वि० [स०] महान् पुरुष के गुणो से युक्त। श्रेष्ठ गुणो से युक्त [को०]।

महद्धिक—सज्ञा पुं० [स०] जैनियों के एक देवता का नाम।

महद्वारुणा—सज्ञा स्त्री० [स०] महेंद्रवारुणी नाम की लता।

महनⓅ†—सज्ञा पु० [स० **मथन, प्रा०** महण] दे० 'मथन'। उ०—मयन महन पुर दहन गहन जानि आनि कै सबै को सारु धनुष गढायो है।—तुलसी (शब्द०)।

महनाⓅ[1]—क्रि० स० [स० मथन, मन्थन] १ दही या मठा आदि मथना। महना। विलोना। २ किसी बात या विषय का आवश्यकता से अधिक विवेचन करना। बहुत पिष्टपेषण करना।

यौ०—**महनामथन**=व्यर्थ का बहुत अधिक वाद विवाद करना। **महनामथ**=हाय तोबा। चीख पुकार। उ०—बस इत्ता सुनता था कि जैसे हाथो के तोते उड गए, वह महनामथ मचाई कि तोबा ही भली।—सैर कु०, पृ० ७।

महना[2]—सज्ञा पु० मथानी। रई।

महनारभ—सज्ञा पुं० [हि० महना] मथने की क्रिया। उ०—नीर होइ तर ऊपर सोई। महनारभ समुँद जस होई।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २२५।

महनिⓅ—सज्ञा पु० [स० मन्थन] १ खलबली। हलचल। २ विलोडन। घर्षण। उ०—महनि मच्चि जब सुरनि जुद्ध असुरनि सुर जब्बह।—पृ० रा०, ६।६२।

महनिया†—सज्ञा पुं० [हि० महना (= मथना) + इया (प्रत्य०)] वह जो मथता हो। मथनेवाला।

महनीय—वि० [सं०] १. पूजन करने योग्य। पूजनीय। मान्य। २ गौरवपूर्ण। महिमायुक्त।

महनुⓅ—सज्ञा पु० [सं० **मथन**] मथन करनेवाला। विनाशक। उ०—नाम वामदेव दाहिना सदा असंग रग अर्ध अग अगना अनग को महनु है।—तुलसी (शब्द०)।

महनूर—वि० [फा० माह+नूर] चाँद जैसी चमकवाला। उ०—

रज मित्ति सु गत्ति अनत भती। महनूर अदब्ब न जाइ मती। —पृ० रा०, ६१। ६३७।

महन्ताना—संज्ञा पुं० [अ० **मेहनत**] दे० 'मेहनताना'। उ०—महरबानी करके मेरा पूरा महन्ताना मुझको दिला दो मैं इसी मे तुम्हारा बडी सहायता समझूंगा। —श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३५५।

महफिल—संज्ञा स्त्री० [अ० **महफ़िल**] १ मनुष्यो के एकत्र होने का स्थान। मजलिस। सभा। समाज। जलसा। २ नृत्य गीत होने का स्थान। नाच गान होने का स्थान।

क्रि० प्र०—जमना।—भरना।—लगना।

महफूज—वि० [अ० **महफूज**] जिसकी हिफाजत की गई हो। सुरक्षित। बचाया हुआ। रक्षा किया हुआ।

महव—वि० [अ० **महव**] पूर्ण रूप मे रत। लीन। उ०—जिस वक्त आदमी का दिल किसी बात के ख्याल मे महव हो।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३१।

महबूब—संज्ञा पु० [अ०] वह जिससे प्रेम किया जाय। जिससे दिल लगाया जाय। उ०—रसनिधि आवत देखके मनमोहन महबूब। उमडी डिठ वरुनीन की दृगन बधाई दूब।—रसनिधि (शब्द०)।

महबूबा—संज्ञा स्त्री० [अ०] वह स्त्री जिसमे प्रेम किया जाय। प्रेमिका। माशूका। उ०—आशिकहूँ पुनि आप तौ महबूबा पुनि आप। चाहनहारो आप त्यौ वैपरवाही आप।—रसनिधि (शब्द०)।

महमतⓊ—वि० [सं० **महा+मत्त**] मस्त। उन्मत्त। मदमत्त। उ०—काया कजरी बन अहै मन कुजर महमत। अकुश ज्ञान रतन है फेरै साधू सत।—कबीर (शब्द०)।

महमदⓊ—संज्ञा पु० [सं० **मृगमद**] दे० 'मृगमद'। उ०—साँझो समइ धन कियो सीणगार। सीरह महमद गलि मोती हार।—बी० रासो, पृ० ११४।

महम—संज्ञा पु० [अ०] चिंता। फिक्र। उ०—लागी महम गनीम पर काल कटक कटकन।—कबीर ग्र०, पृ० ५६०।

महमदⓊ—संज्ञा पु० [अ० **मुहम्मद**] दे० 'मुहम्मद'। उ०—परबल भजन गरुअ महमद मदगामी।—कीर्ति०, पृ० १००।

महमदीⓊ—वि० [अ० मुहम्मदी] मुहम्मद का मतानुयायी। मुसलमान।

महमह—क्रि० वि० [हिं० **महकना**] सुगधि के साथ। खुशबू के के साथ। उ०—(क) महमह महमह महकत धरती रोम रोम जनु पुलकि उठी।—देवस्वामी (शब्द०)। (ख) चारु चमेली बन रही महमह महकि सुवास।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

महमहण—संज्ञा पु० [स० **महि+मथन**] विष्णु (डिं०)।

महमहा—वि० [हिं० **महमह**] [वि०स्त्री० **महमही**] सुगधित। खुशबूदार। उ०—(क) महमही मद मद मारुत मिलनि, तैसी गहगही खिलनि गुलाब के कलीन की।—रसखनि (शब्द०)। (ख) महमहे लोक दस चारहू सुगधन तें उमहे महेश अज आदि सुर ठठ्ठ हैं।—(शब्द०)। (ग) सेत सारी सोहत उजारी मुख चद की सी महकनि मद मुसक्यान की महमही। —मति० ग्र०, पृ० ३०८।

महमहाना—क्रि० अ० [हिं० **महमह अथवा महकना**] गमकना। सुगधि देना। उ०—मल्ली द्रुम बलित ललित पारिजात पुज मजु वन वेलिन, चमेलिन महमहात।—रसकुसुमाकर (शब्द०)।

महमाⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० **महिमा**] दे० 'महिमा'।

महमाईⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० **महामाया**] दे० 'महामाय'। उ०—चारणु भाट जहँ महमाई। भोजक भाट तहाँ चलि आई। —कबीर सा०, पृ० ५४०।

महमान—संज्ञा पुं० [फा० **मेहमान**] दे० 'मेहमान'।

महमानियⓊ—वि० [सं० **महा+मान्य**] अत्यत समानित। महामान्य। उ०—कहिय वत्त भूपति महमानिय।—प० रासो, पृ० ५१।

महमानी—संज्ञा स्त्री० [फा० **मेहमानी**] दे० 'मेहमानी'।

महमिल—संज्ञा पुं० [अ०] ऊँट की पीठ पर कसा जानेवाला हौदा। पलान [को०]।

महमाय—संज्ञा स्त्री० [स० **महामाया**] पार्वती। (डिं०)। उ०—बाल वृद्ध भक्षन करौं, हम का दै महमाय।—पृ० रा०, २२।१०।

महमूदी[1]—संज्ञा स्त्री० [फा० **महमूद+ई** (प्रत्य०)] मलमल की तरह का एक प्रकार का मोटा देशी कपडा।

महमूदी[2]—संज्ञा पु० एक प्रकार का पुराना छोटा सिक्का।

महमेज—संज्ञा स्त्री० [फा० **महमेज**] एक प्रकार की लोहे की नाल।

विशेष—यह जूते मे पीछे की ओर एडी के पास लगाई जाती है और इसकी सहायता से घोडे का सवार उसे चलाने के लिये एड लगाते है। उसके पीछे एक छोटा घूमनेवाला काटेदार पहिया लगा होता है, जो घोड की पीठ पर लगता है और घूमता है।

महम्मद—संज्ञा पुं० [अ० **मुहम्मद**] दे० 'मुहम्मद'।

महम्मदी—संज्ञा पु० [अ०] दे० 'महमदी'।

महर[1]—संज्ञा पु० [सं० **महत्** या **महार्ह**, हिं० **महरा** (=बडा, श्रेष्ठ)] [स्त्री० **महरि**] १ व्रज मे बोला जानेवाला एक आदरसूचक शब्द जिसका व्यवहार विशेषत जमादारो और वैश्यो आदि के सबध मे होता है। (कभी कभी इस शब्द का व्यवहार केवल श्राकृष्ण के पालक और पिता नद के लिये भी बिना उनका नाम लिए ही होता है)। उ०—महर विनय दोऊ कर जोरे घृत मिष्टान पय बहुत मगायो।—सूर (शब्द०)। (ख) पूरि अभिलाषन को चाखन कै माखन लै दाखन मधुर भरे महर मँगाय रे।—दीन (शब्द०)। (ग) व्रज की बिरह अरु मग महर की कुवरिहु बरत न नेकु लजान। —तुलसी (शब्द०)। २ एक प्रकार का पक्षी। उ०—सारो सुवा महर कोकिला। रहसत आइ पपीहा मिला। —जायसी (शब्द०)। ३ दे० 'महरा'। उ०—नाऊ बारी महर सब, धाऊ धाय समेत।—रघुराज (शब्द०)।

महर[2]—वि० [फा० **मेहर** (=दया)] दयावान् । दयालु ।(डिं०) ।

महर[3]—सज्ञा पु० [अ०] १ मुसलमानो मे वह सपत्ति या धन जो विवाह के समय वर की ओर से कन्या को देना निश्चित होता है ।

मुहा०—**महर बख्शवाना** = महर के लिये निश्चित किए गए धन को पत्नी से कह सुनकर पति द्वारा माफ कराना । **महर बाँधना** = महर के लिये धन या सपत्ति नियत करना

महरⓊ†[4]—सज्ञा स्त्री० [फा० **मेहर**] दया । कृपा । उ०—किंकरि ऊपर महर कर, मकर मेट संदेह ।—रघु० रू०, पृ० ५६ ।

महर[5]—वि० [हिं० **महक**] महमहा । सुगधित । उ०—(क) महर महर घर बाहर गउर देह । लहर लहर छवि तम जिमि, ज्वलन मनेह । —रहिमन (शब्द०) । (ख) महर महर करैं फूल नोद नहि आइल हो । - धरम० श०, पृ० ६२ ।

महरईⓊ— सज्ञा स्त्री० [हिं० **महराई**] श्रेष्ठता । प्रधानता । उ०—जौ महाराज चाहौ महरईये, तौ नाथौ ए मन बौरा हो । —कबीर ग्र०, पृ० ११२ ।

महरबान—सज्ञा पु० [फा० **मेहरबान**] दे० 'मेहरबान' ।

महरम[1]—सज्ञा पु० [अ०] १. मुसलमानो मे किसी कन्या या स्त्री के लिये उसका कोई ऐसा बहुत पास का सबधी जिसके साथ उसका विवाह न हो सकता हो । जैसे, पिता, चाचा, नाना, भाई, मामा आदि । मुसलमानी धर्म के अनुसार स्त्रियो को केवल ऐसे ही पुरुषो के सामने बिना परदे या घूँघट के जाना चाहिए । २ मित्र । दोस्त (को०) । ३ भेद का जाननेवाला । रहस्य से परिचित । उ०—दिल का महरम कोई न मिलिया जो मिलिया सो गरजी । कह कबीर असमानै फाटा क्यो कर सीवै दरजी ।—कबीर (शब्द०) ।

महरम[2]—सज्ञा स्त्री० १ अँगिया का मुलफट । अँगिया को कटोरी । २ अगिया । उ०—गए जदपि मुनि सूर तन पत्थर घनै चलाय । व्यापै तन जे फूल वे महरम घाले आय । रसनिधि (शब्द०) ।

महरमदिली—सज्ञा स्त्री० [फा० **मेहर** + **दिली**] सदयता । मेहरबानी । दयालुता । उ०—मारो कि तारो तुम्हो अब है कछू न सारो । महरमदिली सो दिलवर टुक दीजिए सहारो ।—ब्रज० ग्र०, पृ० ४२ ।

महरमी—वि० [अ० **महरम**] जाननेवाला । जानकार । ज्ञाता । उ०- घाट औ बाट के भेद का महरमी । उसी की नाव पर पाँव दीजै ।—पलटू०, भा० २, पृ० १ ।

महरलोक सज्ञा पु० [सं० **महर्लोक**] दे० 'महर्लोक' । उ०—सत्यलोक जनलोक तप और महर निजलोक । सूर (शब्द०) ।

महरसीⓊ†—सज्ञा पु० [स० **महर्षि**] दे० 'महर्षि' । उ०- जान महरसी सत ताहि की निंदा करते ।—पलटू०, पृ० ८३ ।

महरा[1]—सज्ञा पुं० । हिं० **महता**] [स्त्री० **महरी** । १ कहार । उ०—सइयाँ, महरा मोर डोलिया फँदावै हो ।—धरम० श०, पृ० ७४ । २ नौकर । सेवक । उ०—महरा ने आकर कहा सरकार कोई स्त्री आपसे मिलने आई है ।— मान०, भा०, ५, पृ० २७४ । ३ श्वसुर के लिये आदरसूचक शब्द । (चमार) । ४ सरदार । नायक । उ०—दसवँ दाँव कै गा जा दसहरा । पलटा सोइ नाव लेइ महरा ।—जायसी (शब्द०) । ५. दे० 'मेहरा' ।

महरा[2]—वि० प्रधान । श्रेष्ठ । बडा ।

महराई†Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० **महर** + **आई** (प्रत्य०)] प्रधानता । श्रेष्ठता । उ०—कुडल श्रवनन देउँ गलाई । महरा की सौपौं महराई ।—जायसी (शब्द०) ।

महराज[1]— सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'महाराज' । उ०—चलेउ मद्र महराज सुभट सिरताज साज सजि ।—गोपाल (शब्द०) ।

महराज[2]— सज्ञा पु० [हिं०] [स्त्री० **महराजिन**] वह ब्राह्मण जो किसी के घर या मेस मे रसोई बनाता हो ।

महराजाⓊ†— सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'महाराज' ।

महराण—सज्ञा पुं० [स० **महार्णव**] समुद्र (डिं०) । उ०—मनरा महराण समापण मोजाँ, कायण दीना तरणा कुरंद ।—रघु० रू०, पृ० १६ ।

महराना[1]—सज्ञा पु० [डिं० **महर** + **आना** (प्रत्य०)] महरो के रहने का स्थान । महरो के रहने की जगह, महल्ला या गाँव । उ०—(क) तुमको लाज होत की हमको बात परै जो कहुँ महराने ।—सूर (शब्द०) । (ख) गोकुल मे आनद होत है मगल ध्वनि महराने ढोल । —सूर (शब्द०) ।

महराना[2]—सज्ञा पु० [हिं०] [स्त्री० **महरानी**] दे० 'महाराणा' ।

महरानी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **महारानी**] पटरानी । महारानी । उ० वृदावन राजै दुवौ साजै सुख के साज । महरानी राधा उतै महाराज ब्रजराज ।—स० सप्तक, पृ०, ३४३ ।

महराव—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मेहराब' । उ०—बाट बाट बहु द्वार विराजत चामीकर महरावै ।—रघुराज (शब्द०) ।

महरावⓊ—सज्ञा पुं० [स० **महाराज**, प्रा० **महाराव**] दे० 'महाराज' । उ०—राणी कहैं सुनो महराव ।—हा० रासो, पृ० ११८ ।

महरि—सज्ञा स्त्री० [हिं० **महर**] १ एक प्रकार का आदरसूचक शब्द जिसका व्यवहार ब्रज मे प्रतिष्ठित स्त्रियो के सबध मे होता है ।

विशेष— कभी कभी इस शब्द का व्यवहार केवल यशोदा के लिये भी बिना उनका नाम लिए ही होता है ।

२ गृहस्वामिनी । मालकिन । घरवाली । उ०— बाल बोलि डहिक बिरावत चरित लखि गोपीगन महरि मुदित पुलकित गात ।—तुलसी (शब्द०) । ३ ग्वालिन नामक पक्षी । दहिंगल । उ०—दही दही कर महरि पुकारा । हारिल बिनवइ आपु निहारा ।—जायसी (शब्द०) ।

महरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **महर**] ग्वालिन नामक पक्षी । दहिंगल । २ दे० 'महरि' । उ०—करे नद जसोदा महरी । पल भर कृष्ण राख ना बहरी ।—कबीर सा०, पृ० ४४ ।

महरुआ†—सज्ञा पु० [देश०] जस्ता । (सुनार) ।

महरू[१]—सज्ञा पुं० [देश०] १ चड़ू पीने की नली । २. एक प्रकार का वृक्ष ।

महरू[२]—वि० [फ़ा० माहरू] चद्रवदन । चद्रमुख । उ०—वह जुल्फ मेर महरू खमदार कहाँ है ।—कबीर म०, पृ० ३२४ ।

महरूम—वि० [अ०] १ जिसे प्राप्त न हो । जिसे न मिले । वचित । उ०—इन्सान खबर खैर से महरूम हुआ है । —कबीर म०, पृ० १४१ ।

क्रि० प्र०—करना ।—रखना ।—रहना ।

२ वर्जित । जो रोका गया हो (को०) । ३ निषिद्ध (को०) । ४ बेनसीब । अभागा (को०) । ५ जो किसी काम का न हो । नाकाम । बेकाम (को०) ।

महरेटा—सज्ञा पु० [हिं० महर+एटा (प्रत्य०)] १ महर का बेटा । महर का लडका । २ श्रीकृष्ण ।

महरेटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० महरेटा] वृषभानु महर की लडकी, श्रीराधिका । उ०—(क) नूपुर की धुनि सुनि रीझत है महरेटी खोलति न याते जब जब आपु गमि जात ।—रघुनाथ (शब्द०) । (ख) लागी महरेटी के अधर मरसान लागे अधरन बान लागे बतिया रसाल की ।—रघुराज (शब्द०) ।

महरो—वि० [देशी] असमर्थ । —देशी०, पृ० २५७ ।

महर्घता सज्ञा स्त्री० [स०] महँगी का भाव । महँगी ।

महर्बानी(पु)—सज्ञा स्त्री० [फा० महरबानी] द० 'मेहरबानी' । उ०—हमको तो आपकी महर्बानी चाहिए ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३७ ।

महर्लोक—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार भू, भुव आदि चौदह लोकों मे से एक ।

विशेष—१४ लोकों में से ७ ऊर्ध्वलोक और ७ अधोलोक हैं । महर्लोक इन ऊर्ध्वलोकों मे से चौथा है ।

महर्षभी—सज्ञा स्त्री० [सं०] कौंछ । केवाँच ।

महर्षि—सज्ञा पु० [स० महा+ऋषि] १ बहुत बडा और श्रेष्ठ ऋषि । ऋषीश्वर । जैसे, वेदव्यास, नारद, अगिरा इत्यादि । २ एक राग जो भैरवराग के आठ पुत्रों मे से एक माना जाता है । उ०—पचम ललित महर्षि बिलावल अरु वैशाख सुमाधव पिंगल । महित समृद्धि आठ मताना । भैरव के जानहु नर नाना । —गोपाल (शब्द०) ।

महर्षिका—सज्ञा स्त्री० [स०] सफेद कटकारी । भटकटैया ।

महल[१]—सज्ञा पु० [अ०] १ राजा या रईस आदि के रहने का बहुत बडा और बढिया मकान । प्रासाद । उ०—निसि गई पच पल एक जाम । राजन महल प्रवेस ताम ।—पृ० रा०, १।३६९ । २ राजप्रासाद का वह विभाग जिसमे रानियाँ आदि रहती हैं । रनिवास । अत पुर । उ०—कुज कुज नवपुज महल सुबस बसो यह गाव री ।—स्वामी हरिदास (शब्द०) । ३ बडा कमरा । ४ अवसर । मौका । वक्त । ५ पहाडी मधु-मक्खी । मारग । उगर । ६ पत्नी । बीवी (को०) । ७ मकान । घर (को०) । ८ जगह । स्थान (को०) ।

यौ० **महलदार**=वह व्यक्ति जो मकान की व्यवस्था और रक्षा करे । **महलसरा** । **महलखास**=पटरानी । बडी बेगम ।

महल(पु)[२]—सज्ञा स्त्री० [स० महिला] द० 'महिला' । उ०—जो माल बीजी महल आखइ झूठ एवाल ।—ढोला०, दू० ४४० ।

महलम—वि० [अ० महल्लन्] १ सर्वप्रधान । सर्वप्रमुख । २ गोचर । व्यक्त । ३ ईश-कृपा-प्राप्त । उ०—महलम जुगपति चिरजिवे जीवथु ग्यागदीन सुरतान ।—विद्यापति, पृ० २ ।

महलसरा सज्ञा स्त्री० [अ० महल+फा० सरा] महल का वह भाग जिसमे रानियाँ या बेगमें आदि रहती है । अत पुर । रनिवास । जैसे, शाही महलसरा ।

महलाठ—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी जिसकी दुम लबी, ठोर काली, छाती सुर्ख, पीठ खाकी रग की और पैर काले होते हैं ।

महलायत(पु)†—सज्ञा पुं० [अ० महल] महल । प्रासाद । उ०—देखा महलायत एक पलका के लगन मे ।—नट०, पृ० ११२ ।

महलिया(पु)—सज्ञा स्त्री० [अ० महल+हिं० इया (प्रत्य०)] छोटा महल । उ०—झरि लागै महलिया गगन घहराय ।—धरम० श०, पृ० ३३ ।

महली(पु)†—वि० [अ० महल+हिं० ई (प्रत्य०)] महल (शरीर) मे रहनेवाला (जीव) । उ०—गुरमुखि साचा जोग कमाउ । निज घरि महली पावहि थाउ । —प्राण०, पृ० १०६ ।

महली पटैला—सज्ञा पु० [हिं० महल+पटैला] एक प्रकार की बडी नाव जिसपर केवल लकडी या पत्थर आदि लादा जाता है ।

महल्ल[१]—सज्ञा पु०[सं०] राजा के अत पुर मे रहनेवाला । हिजडा [को०] ।

विशेष—सस्कृत मे यह शब्द अरबी से आगत माना गया है ।

महल्ल(पु)[२]—सज्ञा पु० [अ० महल्ल] द० 'महल' । उ०—चढे लोक चल्लै, मसीतां महल्लै । झरोखो सझायौ, उठो माह आयौ । —रा० रू०, पृ० ३२ ।

महल्लक[१]—वि० [स०] कमजोर । पुराना । जर्जर । क्षीण (को०) ।

महल्लक[२]—सज्ञा पु० १ द० 'महल्ल' । २. बडा मकान । प्रासाद (को०) ।

महल्ला—सज्ञा पुं० [अ० महल्लह्] शहर का कोई विभाग या टुकडा जिसमे बहुत से मकान आदि हों ।

यो०—**महल्लेदार**=महल्ले का चौधरी या प्रधान ।

महल्लिक—सज्ञा पुं० [स०] हिजडा । जनखा । पुरुषेंद्रियरहित स्त्रीस्वभाव का व्यक्ति [को०] ।

महवट(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० महावट] माघ की वर्षा । द० 'महावट' । उ०—नैन चुवहिं जस महवट नीरू । तोहि बिन अग लाग सर चीरू ।—जायसी ग्र०, पृ० १५५ ।

महशर—सज्ञा पु० [अ० **महशर**] १ महाप्रलय। २ कयामत का दिन। मुसलमानी धर्म के अनुसार वह अतिम दिन जब ईश्वर सब प्राणियो का न्याय करेगा। उ०—रखता हूँ क्यूँ जफा को तुझ पर रखा ऐ जालिम। महशर मे तुझसे आखिर मेरा हिसाब होगा।—क० को०, भा० ४, पृ० ८। ३ कयामत का मैदान। बहुत से लोगो के एकत्र होने का स्थान। ४ हगामा। उपद्रव।

मुहा०—**महशर बरपा होना** = भारी हगामा मचना।

महसिल—सज्ञा पु० [अ० **मुहस्सिल**] तहसील वसूल करनेवाला। महसूल आदि वसूल करनेवाला। उगाहनेवाला। उ०—मोत नैन महसिल नए बैठत नहिं हुई सीत। तन बोधा पै करत है ये मन की तहसील।—रसनिधि (शब्द०)।

महसीर—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली। विशेष द० 'महासीर'।

महसूद—वि० [अ० **महसूद**] जिससे ईर्ष्या की गई हो। ईर्षित [को०]।

महसूब—वि० [अ० **महसूब**] १ हिसाब मे जोडा या गिना हुआ। २ मुजरा किया हुआ [को०]।

महसूर—वि० [अ० **महसूर**] १ घेरे मे आया हुआ। घिरा हुआ। २ शत्रु के घेरे मे आया हुआ [को०]।

महसूल[1]—सज्ञा पु० [अ०] १. वह धन जो राजा या कोई अधिकारी किसी विशिष्ट कार्य के लिये ले। कर। २ भाडा। किराया। जैसे,—आजकल रेल का महसूल कुछ बढ गया है। ३. भूकर। मालगुजारी। लगान।

महसूल[2]—वि० प्राप्त किया हुआ। हासिल [को०]।

महसूली—वि० [अ०] १ जिसपर किसी प्रकार का कर या महसूल हो या लग सकता हो। महसूल के योग्य। २ जिसपर लगान या महसूल देना पडता हो।

महसूस—वि० [अ० **महसूस**] १ जिसका अनुभव किया जाय। अनुभूत। २. मालूम। ज्ञात। ३ प्रकट। स्पष्ट [को०]।

यौ०—**करना**। – **होना**।

महसूसात—सज्ञा पुं० [अ० **महसूस** का बहु व०] अनुभूति का समुच्चय। अनुभूतियाँ [को०]।

महस्वान—वि० [सं० **महस्वत्**] ज्योतिर्मय। तेजयुक्त। शानदार। २ महान्। शक्तिसपन्न [को०]।

महस्वी—वि० [स० **महस्विन्**] दे० 'महस्वान' [को०]।

महाग[1]—वि० [स० **महाङ्ग**] भारी भरकम। मोटा [को०]।

महाग[2]—सज्ञा पुं० १ ऊँट। २ एक प्रकार का चूहा। ३. शिव। ४. गोखरू। ५. रक्त चित्रक वृक्ष [को०]।

महाजन—सज्ञा पुं० [स० **महाञ्जन**] एक पर्वत का नाम [को०]।

महातक—सज्ञा पुं० [स० **महान्तक**] १ मृत्यु। मौत। २. शिव [को०]।

महाधकार—सज्ञा पुं० [स० **महान्धकार**] १ घोर अँधेरा। भयकर अधकार। २ आत्मा सबधी घोर अज्ञान [को०]।

महाबुक—सज्ञा पु० [सं० **महाम्बुक**] शिव [को०]।

महाबुज—सज्ञा पुं० [सं० **महाम्बुज**] १ दस अरब। २ दस अर्ब।

महाँ[1]—अव्य० [हिं० **महँ**] दे० 'मह्'। उ०—प्रभु नाथ करी प्रह्लाद गिरा प्रगटे नर केहरि सभ महाँ।—तुलसी (शब्द०)।

महाँ[2]—वि० [स० **महा**] दे० 'महा'।

महा[1]—वि० [सं०] १ अत्यत। बहुत। अधिक। उ०—महा अजय समार रिपु जीत सकइ सो वीर। जाके अस रथ होइ दृढ सुनहु सखा मतिधीर।—तुलसी (शब्द०)। २. सर्वश्रेष्ठ। सबसे बढकर। उ०—महा मत्र जोइ जपत महेसू। कासी मुकुति हेतु उपदेसू।—तुलसी (शब्द०)। ३ बहुत बडा। भारी। जैसे, महाबाहु, महासमुद्र। उ० -(क) बुद सोखि गो कहा महा समुद्र छीजई।—केशव (शब्द०)। (ख) कहै पद्माकर सुबास तें जवास तें सुफूलन को रास तें जगी है महा सास तै।—पद्माकर (शब्द०)।

विशेष—ब्राह्मण, पात्र, यात्रा, प्रस्थान, निद्रा, तैल और मास इन शब्दो मे 'महा' शब्द लगाने से इन शब्दो के अर्थ कुत्सित हो जाते हैं। जैसे,—महाब्राह्मण = कट्टर ब्राह्मण। महापात्र = कट्टर ब्राह्मण। महायात्रा = मृत्यु। महाप्रस्थान = मृत्यु। महानिद्रा = मृत्यु। महामास = मनुष्य का मांस।

यौ०—**महाबली** = अत्यत शक्तिवान्। बलवान। समर्थ। उ०—माचा समरथ गुरु मिल्या, तिन तत दिया बताइ। दादू मोटा महाबली घटि घृत मथि करि खाइ।—दादू०, पृ० ७। **महाबिरही** = अत्यत वियोगपीडित। उ०—मनहु महाबिरही अति कामी।—मानस, ३।२४। **महाबिरहिनी** = अति वियोगिनी। उ०—छिनक माझ बरनी तिहि बाला। महाबिरहिनी ह्वै तिहि काला।—नद० ग्र०, पृ० १६४। **महामनि** = मणि जिससे सर्पविष दूर होता है। उ०—मत्र महामनि विषय व्याल के।—मानस, १।३२।

महा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० **महना**] मट्ठा। छाछ। उ०—रीझि बूझो मत्र की प्रतीति प्रीति एही द्वार दूध को जर्यो पिवत फूँकि फूँकि महो ही।—तुलसी (शब्द०)।

महा[3]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गाय। २ गोपवल्ली [को०]।

महाअरभ—वि० [स० **महा** + **रभ** (= शोर, हलचल)] बहुत शोर। बहुत हलचल। उ०—नीर होइ तर, ऊपर मोटी महा-अरभ समुद जस होई। जायसी (शब्द०)।

महाअहि—सज्ञा पुं० [सं०] शेषनाग।

महाई[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मथन, हिं० **महना** + **आई** (प्रत्य०)] १. मथने का काम। २ नील की सफाई। नील के रंग को मथने का काम। ३ मथने का भाव। ४ मथने की मजदूरी।

महाईस—सज्ञा पु० [स० **महेश** < **महा** + **ईश**] महादेव। उ०—महाईस जगदीस जोगिमनि महादेव सिव सभु दयापर।—घनानद, पृ० ४८६।

महाउतⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'महावत'। उ०—हूलै इतै पर मैन महाउत लाज के आँदू परे गथि पायन।—पद्माकर (शब्द०)।

महाउर—सज्ञा पु० [हिं०] दे० महावर'। उ०—(क) प्यारो लगै यह जाकी सनेह महा उर बीच महाउर को रँग।—देव (शब्द०)। (ख) मोहि तौ साध महा उर है री महाउर नाइन तोसो दिवाऊँ।—दास (शब्द०)।

महाऔषधीⓊ—सज्ञा पुं० [पुं० महौषध] सोंठ। उ०—विस्वा नागर जगभिषक महाऔषधी नाउ।—अनेकार्थ०, पृ० १०४।

महाकंकर—सज्ञा पुं० [स० महाङ्कर] बौद्धों के अनुसार एक बहुत बड़ी सख्या।

महाकंद—सज्ञा पुं० [स० महाकन्द] १ लहसुन। २ प्याज। उ०—सवा मैं पान जीव प्रति लाओ। सवासेर महाकंद मँगाओ।—कबीर सा०, पृ० ५५५।

महाकंबु—सज्ञा पुं० [स० महाकम्बु] शिव।

महाकच्छ—सज्ञा पु० [सं०] १ समुद्र। २ वरुण देव। ३ पर्वत। पहाड़। ४ एक प्राचीन देश का नाम।

महाकन्य—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रवरकार ऋषि का नाम।

महाकपर्द—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की सीपी या शख [को०]।

महाकपाल—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक राक्षस का नाम। २ शिव के एक अनुचर का नाम।

महाकपि—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिव के एक अनुचर का नाम। २ एक बोधिसत्व का नाम।

महाकपित्थ—सज्ञा पुं० [सं०] १ बेल का वृक्ष। २ रक्त लशुन। लाल लहसुन [को०]।

महाकपोत—सज्ञा पु० [सं०] सुश्रुत के अनुसार २६ प्रकार के बहुत ही विषधर साँपो मे से एक प्रकार का साँप।

महाकपोल—सज्ञा पु० [स०] शिव के एक अनुचर का नाम।

महाकरज—सज्ञा पु० [सं० महाकरञ्ज] एक प्रकार का करज जो बड़ा होता है।

विशेष—इसका व्यवहार औषध रूप में होता है। वैद्यक मे इसे तीक्ष्ण, उष्ण, कटु तथा विष, कडु, कुष्ठ, व्रण और त्वचा के दोषो का नाशक माना है।

पर्या०—हस्तिचारिणी। विषघ्नी। काकघ्नी। मदहस्तिनी। मधुमती। रसायनी। हस्तिकरज। काकमाडी। मधुमत्ता।

महाकर[1]—सज्ञा पुं० [सं०] एक बोधिसत्व का नाम।

महाकर[2]—वि० १ लबे हाथवाला। महाबाहु। २ जिससे अच्छी आमदनी होती हो [को०]।

महाकर्ण—सज्ञा पु० [स०] १ शिव। २. एक नाग का नाम।

महाकर्णा—सज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम।

महाकर्णिकार—सज्ञा पुं० [स०] अमलतास।

महाकर्मा—सज्ञा पुं० [स० महाकर्मन्] शिव का एक नाम [को०]।

महाकला—सज्ञा स्त्री० [सं०] शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा की रात [को०]।

महाकल्प—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार उतना काल जितने मे एक ब्रह्मा की आयु पूरी होती है। ब्रह्मकल्प। विशेष दे० 'कल्प'।

यौ०—महाकल्पात = महाकल्प का अत समय। उ०—महाकल्पात ब्रह्मांड मंडल दहन भवन कैलाश आगीन कामी।—तुलसी (शब्द०)।

महाकवि—सज्ञा पु० [सं० महा + कवि] १. महान् कवि। गरसे बड़ा कवि। जैसे, कालिदास, भवभूति, बाण, माघ, भारवि, हर्ष आदि। उ०—उपाध्याय जी को एक मात्र महाकवि और प्रशस्त आचार्य कहने मे रचक भी नहीं हिचकिचाता।—रस क०, पृ० ३। २ शुक्राचार्य (को०)।

महाकषाय—सज्ञा पु० [सं०] कायफल [को०]।

महाकांत—सज्ञा पुं० [सं० महाकान्त] शिव।

महाकांता—सज्ञा स्त्री० [सं० महाकान्ता] पृथ्वी। धरा।

महाकांतार—सज्ञा पुं० [स० महाकान्तार] एक प्राचीन देश का नाम।

महाकाय[1]—सज्ञा पु० [स०] १ शिव जी का बड़ी नामक गण और द्वारपाल। २ शिव (को०)। ३ विष्णु (को०)। ४ मगल ग्रह (को०)। ५ हाथी।

महाकाय[2]—वि० विशालकाय। भारी भरकम शरीरवाला। [को०]।

महाकार्तिकी—सज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिक की वह पूर्णिमा जो रोहिणी नक्षत्र मे हो। यह बहुत बड़ी पुण्यतिथि मानी जाती है।

महाकाल—सज्ञा पुं० [सं०] १ सृष्टि और प्राणियों का अत करनेवाले, महादेव। शिव का एक स्वरूप। उ०—कराल महाकाल काल कृपाल।—तुलसी (शब्द०)। २ शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगो मे से एक जो उज्जैन (उज्जयिनी) में है। ३ विष्णु का एक नाम (को०)। ४ समय जो विष्णु के समान अखड और अनत है। ५ तुंबी लता। कटुतुंबी (को०)। ६ शिव के एक गण का नाम। ७. पुराणानुसार शिव के एक पुत्र का नाम।

विशेष—कालिका पुराण मे लिखा है कि एक बार देवताओं ने अग्नि से शिव का वीर्य धारण करने के लिये कहा था। जब वह वीर्य धारण करने लगा, तब उसमे से दो बूँदें अलग जा पड़ी जिनसे महाकाल और भृगी नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। एक बार इन दोनो पुत्रो ने भवानी को उस समय देख लिया था जिस समय वे शिव के साथ विहार करने के उपरांत बाहर निकल रही थीं। भवानी ने उन्हें शाप दिया जिससे ये दोनो वैताल और भैरव हुए।

महाकालपुर—सज्ञा पुं० [स०] उज्जैन [को०]।

महाकालफल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का फल जो लाल होता है और जिसका बीज काला होता है [को०]।

महाकाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ महाकाल स्वरूप शिव की पत्नी जिसके पाँच मुख और आठ भुजाएँ मानी जाती हैं। २ दुर्गा की एक मूर्ति। ३. शक्ति की एक अनुचरी का नाम। ४. जैनो

के अनुसार सोलह विद्या देवियो मे से एक जो अवसर्पिणी के पाँचवें अर्हत् की देवी है।

महाकालेय—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का साम।

महाकाव्य—सज्ञा पु० [स०] दे० 'काव्य'–१।

महाकाश[1] सज्ञा पुं० [स०] एक पर्वत का नाम।

महाकाश[2]—सज्ञा पु० [स० महा+आकाश] अनवच्छिन्न आकाश। पूर्ण आकाश। उ०-- महाकाश माँहि सब घट मठ देपियत, बाहिर भीतर एक गगन समायो है।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६०८।

महाकीर्तन—सज्ञा पुं० [स०] मकान। गृह [को०]।

महाकुड—सज्ञा पुं० [स० महाकुण्ड] शिव के एक अनुचर का नाम।

महाकुमार—सज्ञा पुं० [स०] राजा का सबसे बडा पुत्र। युवराज।

महाकुमुदा—सज्ञा स्त्री० [स०] गभारी।

महाकुल[1]—सज्ञा पु० [स०] १ उच्च कुल। श्रेष्ठ कुल। २ वह जो बहुत उत्तम कुल मे उत्पन्न हुआ हो। कुलीन।

महाकुल[2]—वि० उच्च कुल मे उत्पन्न। खानदानी [को०]।

महाकुलीन—वि० [सं०] दे० 'महाकुल' [को०]।

महाकुष्ट—सज्ञा पुं० [स०] कुष्ट के अठारह भेदो मे से वह जिसमे हाथ पैर की उँगलियाँ गलकर गिर जाती हैं। गलित कुष्ट।

महाकुट्ट—सज्ञा पु० [स०] एक परोपजीवी कीटभेद [को०]।

महाकूट—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक देश का नाम।

महाकृच्छ्र—सज्ञा पु० [स०] १. विष्णु का एक नाम। २ कठोर तपस्या। महान् तप।

महाकृष्ण—सज्ञा पु० [स०] १ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का बहुत जहरीला साँप। २ एक प्रकार का चूहा।

महाकेतु—सज्ञा पुं० [स०] शिव।

महाकेश—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'महाकोश' [को०]।

महाकोश—सज्ञा पु० [स०] १ शिव। २ बहुत बडा पिधान, आच्छादन या आधार (को०)।

महाकोशल—सज्ञा पुं० [स०] आधुनिक मध्य प्रदेश का एक भाग।

महाकोशा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक नदी का नाम।

महाकोशातकी—सज्ञा स्त्री० [स०] ननुआँ या घीया तरोई नाम की तरकारी।

महाक्रतु—सज्ञा पुं० [स०] महान् यज्ञ। बहुत बडा यज्ञ। जैसे राजसूय, अश्वमेध आदि।

महाक्रम—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु का एक नाम।

महाक्रोध—सज्ञा पुं० [सं०] शिव।

महाक्लीतन—सज्ञा पु० [स०] शालिपर्णी।

महाक्ष—सज्ञा पु० [स०] १. शिव। २ विष्णु।

महाक्षयव्यय निवेश—सज्ञा पुं० [सं०] वह उपनिवेश या भूमि जिसके रखने में बहुत खर्च हो।

विशेष—कौटिल्य का मत है कि ऐसे प्रदेश को या तो बेच देना चाहिए अथवा उसमे अपराधियो, राजद्रोहियो, प्रमादियो आदि को भेज देना चाहिए।

महाक्षीर—सज्ञा पुं० [स०] ईख। ऊख।

महाक्षीरा सज्ञा स्त्री० [स०] बहुत दूध देनेवाली भैंस। महिषी [को०]।

महाक्षेत्र - सज्ञा पु० [सं०] कालिका पुराण के अनुसार एक तीर्थ जो सुमदना नदी के पूर्व ब्रह्मक्षेत्र के पश्चिम मे है।

महाक्षौभ्य—सज्ञा पु० [स०] बौद्धो के अनुसार एक बहुत बडी सख्या।

महाखर्व—सज्ञा पुं० [स०] एक बहुत बडी सख्या जो सौ खर्व की होती है।

महागगा—सज्ञा स्त्री० [स० महागङ्गा] महाभारत के अनुसार एक नदी का नाम।

महागध[1]—सज्ञा पुं० [स० महागन्ध] १. कुटज। २ जलबेंत। ३ चदन। मलयज।

महागध[2]—वि० अत्यत सुगधित। तीव्र गधवाला [को०]।

महागधा—सज्ञा स्त्री० [स० महागन्धा] १. नागबाला। २ केवडा। केतकी। ३ चामुडा का एक नाम।

महागज—सज्ञा पु० [सं०] दिग्गज।

महागण—सज्ञा पु० [सं०] १ महासमुद्र। २ बहुत से लोगो का समूह। मजमा। भीड।

महागणपति—सज्ञा पु० [स०] १ शिव के एक अनुचर का नाम। २ गणपति। गणेश।

महागति—सज्ञा स्त्री० [स०] बौद्धो के अनुसार एक बडी सख्या।

महागद—सज्ञा पु० [स०] १. ज्वर। बुखार। २. वह रोग जो कठिनता से अच्छा हो। जैसे, प्रमेह, कोढ, भगदर, बवासीर आदि। ३ एक प्रकार की औषध जो सोठ, पीपल और गोल मिर्च आदि से बनती है।

महागत—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ शिव (को०)।

महागर्दभगधिका—सज्ञा स्त्री० [स० महागर्दभगन्धिका] भारगी नामक वनस्पति [को०]।

महागर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] १. विष्णु। २. शिव। ३. एकदानव का नाम।

महागल—वि० [सं०] जिसकी गर्दन लबी हो [को०]।

महागव—सज्ञा पु० [सं०] गवय। नील गाय [को०]।

महागिरि—सज्ञा पुं० [स०] १ बडा पहाड। २ कुबेर के आठ पुत्रो म से एक।

विशेष—पिता के शिवपूजन के लिये यह सूँघकर कमलपुष्प लाया था। इसी दोप पर कुबेर स शाप पाकर यह कस का भाई हुआ था और कृष्ण के हाथो मारा गया था।

महागीत—सज्ञा पु० [सं०] शिव।

महागुण— वि० [स०] अत्यत लाभदायक। जैसे, औपध।

महागुद—सज्ञा पुं० [सं०] महर्षि चरक के अनुसार एक प्रकार के काढ़े जो कफ से उत्पन्न होते है। (चरक)।

महागुनी—संज्ञा पुं० [अँ० महोगनी] दे० 'महोगनी'।

महागुरु—संज्ञा पु० [स०] अत्यत समानित या श्रद्धेय पुरुष।

विशेष—इनकी सख्या तीन कही गई है—माता, पिता और गुरु।

महागुल्मा—संज्ञा स्त्री० [स०] सोमलता।

महागृष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गौ जिसके ककुद् बडे हो [को०]।

महागोधूम—संज्ञा पुं० [सं०] बडे दाने का गेहूँ।

महागोपा—संज्ञा स्त्री० [स०] शारिवा। अनतमूल।

महागौरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. दुर्गा। २ पुराणानुसार एक नदी जो विध्य पर्वत से निकली है।

महाग्र्यौषक संज्ञा पु० [स० महाग्र्यौषिक] वह औषध जिसके सेवन से रोग निश्चित रूप से रुक जाय और बढने न पावे।

महाग्रह—संज्ञा पुं० [स०] राहु।

महाग्रीव—संज्ञा पु० [स०] १ शिव। २ शिव के एक अनुचर का नाम। ३ पुराणानुसार एक देश का नाम। ४ ऊँट।

महाग्रीवी—संज्ञा पु० [स० महाग्रीविन्] ऊँट। उष्ट्र [को०]।

महाघूर्णा—संज्ञा स्त्री० [स०] सुरा। शराब।

महाघृत—संज्ञा पु० [स०] १११ वर्ष का पुराना घी जो बहुत गुणकारी माना जाता है। वैद्यक मे इसे कफनाशक, बलकारक और मेधाजनक माना है।

महाघोष'—संज्ञा पु० [सं०] १ भारी शब्द। २ हाट। बाजार।

महाघोष'—वि० जोर की आवाजवाला [को०]।

महाघोषा—संज्ञा पुं० [स०] काकडासिंगी।

महाचचु—संज्ञा पु० [सं० महाचञ्चु] एक प्रकार का साग। चेंच।

महाचड'—संज्ञा पु० [सं० महाचण्ड] १ यम के दूत। २ शिव के अनुचर का नाम।

महाचड'—वि० प्रचड। भयानक।

महाचडा—संज्ञा स्त्री० [सं० महाचण्डा] चामुडा का एक नाम।

महाचक्र—संज्ञा पुं० [स०] एक दानव का नाम।

महाचक्रवर्ती—संज्ञा पु० [सं० महाचक्रवर्तिन्] बहुत बडा चक्रवर्ती राजा। सम्राट्।

महाचक्रजल—संज्ञा पुं० [स०] बौद्धो के अनुसार एक पर्वत का नाम।

महाचक्री—संज्ञा पुं० [स० महाचक्रिन्] १ विष्णु। २ वह जो षड्यत्र रचने मे बहुत प्रवीण हो।

महाचपला—संज्ञा स्त्री० [स०] वह आर्या छद जिसके दोनों दलो मे चपला छद के लक्षण हो।

महाचम—संज्ञा स्त्री० [स०] विशाल मैना [को०]।

महाचार्य—संज्ञा पुं० [स० महाचार्य] १ शिव। २ प्रधान आचार्य।

महाचित्ता—संज्ञा स्त्री० [स०] एक अप्सरा का नाम।

महाचूडा—संज्ञा स्त्री० [सं० महाचूडा] स्कद की एक मातृका का नाम।

महाच्छाय—संज्ञा पुं० [स०] वट वृक्ष। बड का पेड।

महाच्छिद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] महामेदा [को०]।

महाजघ—संज्ञा पुं० [स० महाजङ्घ] ऊँट [को०]।

महाजबीर—संज्ञा पुं० [सं० महाजम्बीर] कमला नीबू।

महाजबु—संज्ञा पुं० [सं० महाजम्बु] बडा जामुन।

महाजभ—संज्ञा पु० [सं० महाजम्भ] शिव के एक अनुचर का नाम।

महाजट—संज्ञा पुं० [स०] शिव का एक नाम [को०]।

महाजटा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ केशो की लबी जटा। २ शिव की अस्तव्यस्त केशराशि [को०]।

महाजतु—संज्ञा पुं० [सं०] शिव का एक नाम [को०]।

महाजन—संज्ञा पुं० [सं०] १ बडा या श्रेष्ठ पुरुष। उ०—महामल्ल मुखर मोहक मित्र महाजन मनस्वी पडित पाठक।—वर्ण०, पृ० १०। २. साधु। ३ धनी व्यक्ति। धनवान। दौलतमद। ४. रुपए पैसे का लेन देन करनेवाला व्यक्ति। कोठीवाल। उ०—महतो से मुगुल महाजन मे महाराज डाडि लीन्हें पकरि पठान पटवारी से।—भूषण (श-द०)। ६. प्रामाणिक आचरण-वाला व्यक्ति। भलामानुस। उ०—पथ सो जाइ महाजन थापै। —रघुनाथ (शब्द०)। ७. जनसमाज। जनसमूह।

महाजनपद—संज्ञा पुं० [स० महा + जनपद] महादेश। बडा देश। उ०—ईसा पूर्व ६०० मे भारतवर्ष मे सोलह राज्य फैले हुए थे जिन्हें सोलह महाजनपद कहा जाता है।—पू० म० भा०, पृ० ११।

महाजनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० महाजन + ई (प्रत्य०)] रुपए के लेन देन का व्यवसाय। हुंडी पुरजे का काम। कोठीवाली। २ एक प्रकार की लिपि जिसमें मात्राएँ आदि नही लगाई जाती। यह लिपि महाजनो के यहाँ बही खाता लिखने में काम आती है। मुडिया।

महाजय—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

महाजल—संज्ञा पु० [स०] समुद्र। उ०—मलय तनु मिलि लसति सोभा महाजल गभीर। निरखि लोचन भ्रमत पुनि पुनि धरत नहिं मन धीर।—सूर (शब्द०)।

महाजव—संज्ञा पुं० [सं०] कृष्णसार। मृग [को०]।

महाजवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कुमार की अनुचरी एक मातृका का नाम। २ एक नदी का नाम।

महाजनु—संज्ञा पुं० [स०] शिव के एक अनुचर का नाम।

महाजालि, महाजाली—संज्ञा पुं० [स०] एक पौधा। सोनामुखी [को०]।

महाजावालि—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद् का नाम।

महाजिह्व'—संज्ञा पुं० [स०] १ शिव। २ पुराणानुसार एक दैत्य का नाम।

महाजिह्व'—वि० जिसकी जीभ लबी हो। लबी जीभवाला [को०]।

महाज्ञानी—संज्ञा पुं० [सं० महाज्ञानिन्] १ वह जो बडा ज्ञानी हो। २. शिव।

महाज्योति—सज्ञा पुं० [सं० **महाज्योतिस्**] १ शिव । २ सूर्य [को०] ।

महाज्योतिष्मती सज्ञा स्त्री० [स०] बडी मालकँगनी ।

महाज्वाल[1] वि० अत्यधिक ज्योतिर्मय । बहुत अधिक दीप्त या चमकता हुआ [को०] ।

महाज्वाल[2]—सज्ञा पुं० [स०] १ हवन की अग्नि । २ पुराणानुसार एक नरक का नाम ।

विशेष—कहते हैं, जो लोग अपनी पुत्रवधू या कन्या के साथ गमन करते हैं, वे इस नरक मे जाते हैं ।

३ महादेव । शिव ।

महाज्वाला—सज्ञा स्त्री० [स०] जैनियो की एक विद्यादेवी का नाम ।

महाढ्य—वि० [स०] धन सपत्ति से भरापूरा । अत्यत धनी [को०] ।

महातत्वⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **महा**+**तत्त्व**] दे० 'महत्तत्व' । उ०—त्रिगुण तत्व ते महातत्व, महातत्व ते अहकार । मन इद्रिय शब्दादि पचो ताते किए विस्तार ।—सूर (शब्द०) । (ख) देव प्रकृति महातत्व सब्दादि गुण देवता व्योम मरुदग्नि अनिलाबु उर्वी ।—तुलसी (शब्द०) ।

महातपा[1]—वि० [स० **महातपस्**] कठिन तपस्या करनेवाला ।

महातपा[2]—सज्ञा पुं० १ महान् तपस्वी । २ विष्णु [को०] ।

महातप्तकृच्छ्र—सज्ञा पु० [स०] एक व्रत जिसमे तीन दिन तक गरम दूध, गरम घी या गरम जल पीकर चौथे दिन उपवास किया जाता है ।

महातमⓅ—सज्ञा पु० [हिं० **माहात्म्य**] दे० 'माहात्म्य' । उ०—(क) करि प्रणाम देखत बन बागा । कहत महातम अति अनुरागा ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) सब सुखनिधि हरि नाम महातम पायो है नाहिन पहिचानत ।—सूर (शब्द०) ।

महातल—सज्ञा पु० [स०] चौदह भुवनो मे से पृथ्वी के नीचे का पाँचवाँ भुवन या तल । उ०—अतल वितल अरु सुतल तलातल और महातल जान । पाताल और रसातल मिलि सातो भुवन प्रमान ।—सूर (शब्द०) ।

महातावⓅ—सज्ञा स्त्री० [अ० **महताब**] दे० 'महताब' । उ०—निशिचद को देखि लखै महाताव क्यों तारन देखि लखै जुगनू । —श्यामा०, पृ० १७३ ।

महातारा—सज्ञा स्त्री० [स०] बौद्धो की एक देवी का नाम ।

महातिक्त—सज्ञा पुं० [स०] १ महानिब । बकायन । २ चिरायता ।

महातीक्ष्ण[1]—वि० [स०] १ अत्यत तीक्ष्ण या तेज । २ बहुत कडवा या झालदार ।

महातीक्ष्ण[2]—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० **महातीक्ष्णा**] भिलावाँ ।

महातेजा[1]—सज्ञा पु० [स० **महातेजस्**] १ शिव । २ पारा । ३ कार्तिकेय [को०] । ४ वीर । योद्धा [को०] । ५ अग्नि [को०] ।

महातेजा[2]—वि० १ महान् तेजवाला । २ अत्यत शक्तिशाली [को०] ।

महात्मन्—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'महात्मा' (सवो०) । उ०—मुक्त हुए तुम मुक्त हुए जन, हे जगवद्य महात्मन् ।—ग्राम्या, पृ० ५३ ।

महात्मा सज्ञा पुं० [सं० **महात्मन्**] १ वह जिसकी आत्मा या आशय बहुत उच्च हो । वह जिसका स्वभाव, आचरण और विचार आदि बहुत उच्च हो । महानुभाव । २ बहुत बडा साधु, सन्यासी या विरक्त । ३ दुष्ट । पाजी । (व्यग्य) । ४ परमात्मा । ६ महादेव । शिव । ७ महत्तत्व ।

महात्म्य—सज्ञा पुं० [स० **माहात्म्य**] दे० 'माहात्म्य' । उ०—तथापि गीता ने ज्ञान का महात्म्य माना है क्योकि ज्ञानी परमेश्वर को समझता है ।—हिंदु० सभ्यता पृ० १८७ ।

महात्रिफला—सज्ञा स्त्री० [स०] बहेडा, आँवला और हड इन तीनो का समूह ।

महात्याग[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ दान । २ शिव (को०) ।

महात्याग[2]—वि० दे० 'महात्यागी' [को०] ।

महात्यागी[1]—सज्ञा पु० [सं० **महात्यागिन्**] शिव ।

महात्यागी[2]—वि० बहुत बडा त्यागी । अत्यत दयालु [को०] ।

महादड—सज्ञा पु० [सं० **महादण्ड**] १ यम के हाथ का दड । २ यम के दूत । ३ लबी भुजा (को०) । ४ कठोर दड (को०) ।

महादडधर—सज्ञा पुं० [सं० **महादण्डधर**] यमराज [को०] ।

महादडधारी—सज्ञा पु० [स० **महादण्डधारिन्**] यमराज । उ०—करै कोतवाली महादडधारी । सफा मेघमाला, शिखी पाककारी । —केशव (शब्द०) ।

महादत—सज्ञा पुं० [स० **महादन्त**] १ महादेव । २ हाथीदाँत । ३ बडे दाँतवाला हाथी (को०) ।

महादता—सज्ञा स्त्री० [सं० **महादन्ता**] नागवेल ।

महादष्ट्र—सज्ञा पु० [स०] १ महादेव । शकर । २ एक राक्षस का नाम । ३ विद्याधर ।

महादशा—सज्ञा स्त्री० [स०] फलित ज्योतिष के अनुसार मानव जीवन मे किसी एक ग्रह का निर्धारित भोग्य काल ।

विशेष—दे० 'दशा—४' ।

महादान—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार तुला पुरुष, सोने की गौ या घोडा आदि तथा पृथ्वी, हाथी, रथ, कन्या आदि पदार्थों का दान जिसमे स्वर्ग की प्राप्ति होती है । २ वह दान जो ग्रहण आदि के समय डोमो, चमारो आदि जातियो को दिया जाता है ।

महादानिⓅ—वि० [सं० **महा**+**दानि**] बहुत बडा दानी । उ०—मागहु बर जोइ भाव मन महादानि अनुमानि ।—मानस, १।१४८ ।

महादानी—वि० [स० **महादानिन्**] दे० 'महादानि' । उ०—दान समै गनै धन तृन सो कुबेर हू को तनक सुमेरु महादानी ऊँचे मन को ।—मति० ग्र०, पृ० ३६४ ।

महादारु—सज्ञा पुं० [स०] देवदारु ।

महादूत—सज्ञा पुं० [स०] यमदूत ।

महादूषक—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का धान ।

महादेइⓅ—सज्ञा स्त्री० [सं० **महादेवी**] महारानी ।

महादेव—सज्ञा पुं० [स०] शकर । शिव ।

महादेवी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दुर्गा । २ राजा की प्रधान पत्नी

या पटरानी की एक पदवी जो हिंदू काल मे भारत मे प्रचलित थी ।

महादेश—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'महाद्वीप' ।

महादैत्य—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार भौत्य मन्वतर के एक दैत्य का नाम ।

महाद्रावक—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का औषध जो सोनमक्खी, रसाजन, समुद्रफेन, मज्जी आदि से बनाया जाता है ।

महाद्रुम—सज्ञा पु० [स०] १ अश्वत्थ । पीपल । २ ताड । ३ महुआ । ४ पुराणानुसार एक वर्ष या देश का नाम ।

महाद्रोण—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिव । २ सुमेरु पर्वत ।

महाद्रोणा—सज्ञा स्त्री० [स०] द्रोणपुष्पी ।

महाद्वार—सज्ञा पुं० [सं०] १ विशाल दरवाजा । बडा फाटक । २. मदिर का प्रधान दरवाजा [को०] ।

महाद्वीप—सज्ञा पु० [स०] १ पुराणो के अनुसार पृथिवी के सात मुख्य विभाग । २ पृथ्वी का वह बडा भाग जो चारो ओर नैसर्गिक सीमाओ से घिरा हुआ हो, जिसमे अनेक देश हो और अनेक जातियाँ बसती हो । जैसे, एशिया, अफ्रीका आदि (आधुनिक भूगोल) ।

महाधन[1]—वि० [सं०] १ बहुमूल्य । अधिक मूल्य का । उ०—(क) बाहु विशाल ललित सायक धनु कर ककन केयूर महाधन ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) तहँ राजत निज बीर शेषनाग ताके तर कूरम बरात महाधन धीर ।—सूर (शब्द०) । बहुत धनी ।

महाधन[2]—सज्ञा पु० १. स्वर्ण । सोना । २. घूप । सुगध घूप । ३. कृषि । खेती । ४. बहुमूल्य वस्तु (को०) । ५. बहुत बडा युद्ध (को०) ।

महाधनुस्—सज्ञा पुं० [स० महाधनुष्] शिव [को०] ।

महाधर[1]—सज्ञा पु० [सं० महा+धर] महान् । श्रेष्ठ । महा धुरधर । सनक, सनदन, सनातन और सनत्कुमार । उ०—चारि महाधर बारह चेला येककारी हूवा ।—गोरख०, पृ० १३३ ।

महाधातु—सज्ञा पु० [सं०] १ सोना । २ शिव । ३. सुमेरु पर्वत [को०] ।

महाधिकृत—सज्ञा पु० [सं० महा+अधिकृत] सेनापति । सेनानायक । उ०—सेनापति शब्द के स्थान पर प्राचीन लेखो मे बलाधिकृत या महाधिकृत शब्द पाए जाते हैं । —पू० म० भा०, पृ० १०३ ।

महाधिपति—सज्ञा पुं० [सं०] तात्रिको के एक देवता का नाम ।

महाध्वनि—सज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार एक दानव का नाम ।

महाध्वनिक—सज्ञा पु० [स०] वह जो पुण्यकार्य के लिये हिमालय मे गया हो, और वहाँ मर गया हो ।

महानद—सज्ञा पुं० [स० महानन्द] १ मगध देश का एक प्रतापी राजा जिसके डर से सिकदर आगे न बढकर पजाब ही से अपने देश को लौट गया था । २ दस अगुल की मुरली । इस वाद्य के देवता ब्रह्मा माने गए हैं । ३ मुक्ति । मोक्ष । ४. आध्यात्मिक आनद की स्थिति । उ०—बिना रसना जहँ राग बतीसो हीन महानद पूरा । —कबीर ग०, भा० १, पृ० ८५ ।

महानदा—सज्ञा स्त्री० [सं० महानन्दा] १ सुरा । शराब । २. माघ शुक्ला नवमी । इस तिथि को दान, होम और व्रत आदि करने का विधान है । ३ बगाल की एक छोटी नदी का नाम जो हिमालय के अतगत दार्जिलिंग से निकली है ।

महान्—वि० [स० महत्] बहुत बडा । विशाल । जैसे,—देशसेवा का कार्य महान् है जो सब लोग नही कर सकते ।

महान—वि० [स० महान्] दे० 'महान्' ।

महानक—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसपर चमडा मढा होता था ।

महानगर—सज्ञा पु० [स० महा+नगर] बडा शहर । विशाल शहर ।

महानग्न—सज्ञा पुं० [स०] १. प्रेमी । प्रेम करनेवाला । २ स्त्री का यार । उपपति । जार । ३. प्राचीन काल का एक राजकर्मचारी जो बहुत ऊँचे पद पर होता था ।

महानट—सज्ञा पुं० [स०] शिव ।

महानता—सज्ञा स्त्री० [हिं० महान+ता (प्रत्य०)] दे० 'महत्ता' ।

महानद—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार एक नद का नाम । उ०—सानुज राम समर जसु पावन । मिलेउ महानद सोन सुहावन ।—मानस, १।४०। २ एक तीर्थ का नाम ।

महानदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ विशाल नदी । जैसे, गगा । २ एक नदी जो बगाल की खाडी मे गिरती है [को०] ।

महानरक—सज्ञा पुं० [सं०] २१ नरको मे से एक नरक का नाम [को०] ।

महानल—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का नरसल [को०] ।

महानवमी—सज्ञा स्त्री० [स०] आश्विन शुक्ल नवमी । आश्विन के नवरात्र की नवमी ।

महानस—सज्ञा पुं० [स०] पाकशाला । रसोईघर ।

महानसावलेही—सज्ञा पुं० [सं०] चौका खराब करनेवाला ।

विशेष—चद्रगुप्त मौर्य के समय मे जो लोग ब्राह्मण के चौके को छूकर अथवा और किसी प्रकार खराब कर देते थे, उनकी जीभ उखाड ली जाती थी ।

महानाटक—सज्ञा पुं० [स०] नाटक के लक्षणो से युक्त दस अकोवाला नाटक । विशेष—दे० 'नाटक' ।

महानाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ हाथी । २ ऊट । ३ सिंह । ४ मेघ । बादल । ५ शख । ६ बडा ढोल । ७ महादेव । शिव । ८. बहुत जोर की आवाज (को०) । ९ कान । श्रोत्र (को०) ।

महानाभ—सज्ञा पुं० [सं०] १. एक प्रकार का मंत्र जिससे शत्रु के फेके हुए शस्त्र व्यर्थ जाते हैं । उ०—पद्मनाभ अरु महानाभ दोउ

द्व दहु नाभ सुनाभा ।—रघुनाथ (शब्द०)। २ एक दानव का नाम। ३ पुराणानुसार हिरण्यकशिपु के एक पुत्र का नाम।

महानायक—सज्ञा पु० [स०] मोतियो की माला के बीच मे का बडा रत्न। २ सर्वोच्च या प्रधान नेता [को०]।

महानारायण—सज्ञा पु० [स०] विष्णु।

महानास—सज्ञा पुं० [स०] महादेव।

महानिंब—सज्ञा स्त्री० [स० **महानिम्ब**] बकायन।

महानिद्रा—सज्ञा पु० [स०] मृत्यु। मरण। मौत।

महानिधान—सज्ञा पुं० [स०] बुभुक्षित धातुभेदी पारा जिसे 'बावन तोला पाव रत्ती' भी कहते हैं। उ०—महाराज का कल्याण हो, आपकी कृपा से महानिधान सिद्ध हुआ। आपको बधाई है।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

महानियम—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

महानियुत—सज्ञा पुं० [स०] बौद्धो के अनुसार एक बहुत बडी सख्या का नाम।

महानिरय—सज्ञा पुं० [स०] एक नरक का नाम।

महानिर्वाण—सज्ञा पुं० [स०] परिनिर्वाण जिसके अधिकारी केवल अर्हत् या बुद्धगण माने जाते हैं। उ०—महानिर्वाण वह, नही रहते जब कर्म, करण या कारण कुछ।—अनामिका, पृ० १०१।

महानिशा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. रात्रि का मध्यभाग। रात्रि का दूसरा और तीसरा प्रहर। आधी रात। २. कल्पात या प्रलय की रात्रि। ३ दुर्गा (को०)।

महानिशीथ—सज्ञा पुं० [स०] जैनियो के एक सप्रदाय का नाम।

महानीच—सज्ञा पुं० [स०] धोबी।

महानीबू—सज्ञा पुं० [स० **महा** + **नीबू**] बिजौरा नीबू।

महानीम—सज्ञा स्त्री० [स० **महानिम्ब**] १. बकायन। २. तुन का पेड।

महानील[1]—सज्ञा पु० [स०] १ भृगराज पक्षी। २. एक प्रकार का नीलम जो सिंहल द्वीप मे होता है। ३. एक प्रकार का गुग्गुल। ४. एक पर्वत का नाम जो मेरु पर्वत के पास माना जाता है। ५ एक प्रकार का साप। एक नाग का नाम।

महानील[2]—वि० जो अत्यधिक नीला हो [को०]।

महानीली—सज्ञा स्त्री० [स०] नीली अपराजिता।

महानुभाव—सज्ञा पु० [स०] कोई बडा और आदरणीय व्यक्ति। महापुरुष। महाशय।

महानुभावता—सज्ञा स्त्री० [सं० **महानुभाव** + **ता** (प्रत्य०)] महानुभाव होने का भाव। बडप्पन। जैसे,—यह आपकी महानुभावता है कि आपने अपनी गलती मान ली।

महानृत्य—सज्ञा पु० [सं०] शिव।

महानेत्र—सज्ञा पु० [सं०] शिव। त्रिनेत्र।

महानेमि—सज्ञा पु० [स०] कौआ।

महापक—सज्ञा पुं० [सं० **महापङ्क**] महापाप। (बौद्ध)।

महापक्ति—सज्ञा स्त्री० [स० **महापङ्क्ति**] एक प्रकार का छद [को०]।

महापचमूल—सज्ञा पुं० [स० **महापञ्चमूल**] बेल, अरनी, सोनापाढा, काश्मरी और पाटला इन पाँचो वृक्षो की जडो का समूह जिसका व्यवहार वैद्यक मे होता है।

महापचविष—सज्ञा पुं० [सं० **महापञ्चविष**] शृगी, कालकूट मुस्तक, बच्छनाग और शखकर्णी इन पाँचो विषो का समूह।

महापचागुल सज्ञा पुं० [स० **महापञ्चाङ्गुल**] लाल अडी का वृक्ष।

महापक्ष[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. गरुड। २. उल्लू। ३. एक प्रकार का राजहस।

महापक्ष[2]—वि० १ बडे पखोवाला। २. बडे दल, समूह या परिवार-वाला [को०]।

महापक्षी—सज्ञा पुं० [स० **महापक्षिन्**] उलूक। उल्लू [को०]।

महापगा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. एक प्राचीन नदी का नाम। २. बडी नदी। महानदी।

महापट—सज्ञा पु० [स०] त्वक्। त्वचा [को०]।

महापथ—सज्ञा पु० [सं०] १ बहुत लबा और चौडा रास्ता। राजपथ। २. याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार २१ नरकों में से १६ वाँ नरक। ३. परलोक का मार्ग। मृत्यु। मौत। ४ सुषुम्ना नाडी। ५. हिमालय के एक तीर्थ का नाम। ६ वह मार्ग जिससे पाडव स्वर्ग गए थे (को०)। ७ क्षित्र।

महापथगमन—सज्ञा पु० [स०] मरण। देहात।

महापथिक—सज्ञा पु० [स०] वह जो मरने के उद्देश्य से हिमालय पर्वत पर जाय।

महापद्म—सज्ञा पुं० [स०] १. नौ निधियों मे से एक निधि। २ आठ दिग्गजो मे से एक दिग्गज जो दक्षिण दिशा मे स्थित है। ३. हाथी की एक जाति। ४ फनवाली जाति के अतर्गत एक प्रकार का साँप। ५ एक प्रकार का दैत्य। ६ सफेद कमल। ७ महाभारत काल के एक नगर का नाम जो गगा के किनारे पर था। ८ सौ पद्म की सख्या। ९. कुबेर के अनुचर एक किन्नर का नाम। १० नारद का एक नाम (को०)। ११ जैनो के अनुसार महाहिमवान् पर्वत पर के जलाशय का नाम। १२ नद नरेश का नाम (को०)।

महापद्य—सज्ञा पुं० [सं०] महाकाव्य।

महापनस—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का साँप।

महापर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का शाल वृक्ष।

महापविद्मत्र—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

महापातक—सज्ञा पुं० [सं०] मनु के अनुसार पाँच बहुत बडे पाप जो ये हैं—ब्रह्महत्या, मद्यपान, चोरी, गुरु की पत्नी के साथ व्यभिचार और ये सब पाप करनेवालों का साथ करना।

विशेष—कहते हैं, जो लोग ये महापातक करते हैं वे नरक भोगने के उपरांत भी सात जन्म तक घोर कष्ट भोगते हैं।

महापातकी—संज्ञा पुं० [सं० महापातकिन्] वह जिसने महापातक किया हो।

महापातरⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० महापात्र] दे० 'महापात्र'। उ०—नाँव महापातर मोहि तेहक भिखारी ढीठ।—जायसी ग्र०, पृ०, ३०२।

महापात्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ महाब्राह्मण या कट्टर ब्राह्मण जो मृतक कर्म का दान लेता है। २ महामंत्री। प्रधान मंत्री।

महापाद—संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

महापाप—संज्ञा पुं० [सं०] बहुत बड़ा पाप महापातक (को०)।

महापाप्मा—वि० [सं० महापाप्मन्] घोर पापी अथवा दुष्ट (को०)।

महापाय—संज्ञा पुं० [सं०] महापातक।

महापार्श्व—संज्ञा पुं० [सं०] एक दानव का नाम। २ एक राक्षस का नाम।

महापाश—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक प्रकार का यमदूत।

महापाशुपत—संज्ञा पुं० [सं०] १ बकुल। मौलसिरी। २ शैवों का एक प्राचीन संप्रदाय जिसमें पशुपति की उपासना होती थी।

महापासक—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध भिक्षु। श्रमण।

महापितृयज्ञ—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का श्राद्ध या पितृयज्ञ जो शाकमेध में दूसरे दिन होता था।

महापीठ—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पीठ'।

महापीलु—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पीलु वृक्ष।

महापीलुपति—संज्ञा पुं० [सं० महापीलु + पति] हाथी का निरीक्षक। हाथी की देखभाल करनेवाला।—उ०—सेन लेख में महापीलुपति तथा महाव्यूहपति शब्दों का प्रयोग मिलता है। पहले शब्द से हाथी के निरीक्षक का तात्पर्य माना गया है। पृ० सं० भा०, पृ० १०४।

महापुंडरीक—संज्ञा पुं० [सं० महापुण्डरीक] जैनों के अनुसार रुचिम पर्वत पर के बड़े जलाशय या झील का नाम।

महापुट—संज्ञा पुं० [सं०] भावप्रकाश के अनुसार रस आदि तैयार करने का एक प्रकार।

विशेष—इसमें दो हाथ लंबा, दो हाथ चौड़ा और दो हाथ गहरा एक गड्ढा खोदकर उसमें एक हजार उपले रखते हैं, और उन उपलों पर मिट्टी के बर्तन में ओषधि आदि डालकर उसका मुँह बंद करके रख देते हैं, और तब ऊपर से पाँच सौ उपले रखकर आग लगा देते हैं।

महापुण्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक बोधिसत्व का नाम। २ बहुत बड़ा पुण्य। महान् पुण्य (को०)।

महापुण्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी का नाम।

महापुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] लड़के का पुत्र। पोता। पौत्र।

महापुमान्—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक पर्वत का नाम।

महापुर—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह नगर जो दुर्ग आदि से भली भाँति रक्षित हो। २ महाभारत के अनुसार एक तीर्थ का नाम।

महापुराण—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'पुराण'। २ अपभ्रंश के कवि स्वयंभु कृत एक ग्रंथ का नाम।

महापुरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजधानी।

महापुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] १ नारायण। २ श्रेष्ठ पुरुष। महात्मा। ३ दुष्ट। पाजी। (व्यंग्य)।

महापुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] १ कुंद का वृक्ष। २ काला मूँग। ३ लाल कनेर। ४ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का कीड़ा।

महापुष्पा—संज्ञा पुं० [सं०] अपराजिता।

महापूजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा की वह पूजा जो आश्विन के नवरात्र में होती है।

महापृष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] १ ऋग्वेद के एक अनुवाक् का नाम जो अश्वमेध यज्ञ के संबंध में है। २ ऊँट।

महाप्रकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार दुर्गा का एक नाम जो सृष्टि का मूल कारण मानी जाती है।

महाप्रजापति—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

महाप्रतिहार—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन काल का एक उच्च कर्मचारी जो प्रतिहारों अथवा नगर या प्रासाद की रक्षा करनेवाले चौकीदारों का प्रधान होता था। २ नगर में शांति रखनेवाला अधिकारी। कोतवाल।

महाप्रधान—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'महामात्य'। उ०—परमार राजा यशोवर्मा के लेख में 'महाप्रधान' शब्द का प्रयोग मिलता है। गहड़वाल ताम्रपत्रों में महामात्य शब्द आता है।—पू० म० भा०, पृ० १०२।

महाप्रवीनⓊ—वि० [सं० महा + प्रवीण] अत्यंत चतुर। उ०—जसुमति महा प्रवीन, एकु द्विज नारि बुलाई।—नंद० ग्र०, पृ० १६४।

महाप्रभ—वि० [सं०] अत्यंत कांतियुक्त। अति दीप्तिमय (को०)।

महाप्रभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी का नाम।

महाप्रभु—संज्ञा पुं० [सं०] १ वल्लभाचार्य जी को एक आदरसूचक पदवी। २ बंगाल के प्रसिद्ध वैष्णव आचार्य चैतन्य को एक आदरसूचक पदवी। ३ ईश्वर। ४ शिव। ५ इंद्र। ६ विष्णु। ७ राजा। ८ संन्यासी या साधु।

महाप्रयाण—संज्ञा पुं० [सं० महा + प्रयाण] दे० 'महाप्रस्थान'।

महाप्रलय—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार वह काल जब संपूर्ण सृष्टि का विनाश हो जाता है और अनंत जल के अतिरिक्त कुछ भी बाकी नहीं रहता। ऐसा समय प्रत्येक कल्प अथवा ब्रह्मा के दिन के अंत में आता है। विशेष—दे० 'प्रलय'।

महाप्रलैⓊ—संज्ञा पुं० [सं० महाप्रलय] दे० 'महाप्रलय'। उ०—

महाप्रलै को जन बल लै गिरि पर बरस्यो हरि ।—नंद० ग्र०, पृ० ३८ ।

महाप्रसाद—संज्ञा पुं० [सं०] १ ईश्वर या देवताओं का प्रसाद । उ०—सो अब ताई महाप्रसाद लियो नाही है ।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ६५ । २ जगन्नाथ जी का चढा हुआ भात । ३ मांस (देवी का प्रसाद) (व्यंग्य) । ४ अखाद्य पदार्थ (व्यंग्य) ।

महाप्रसूत—संज्ञा पुं० [सं०] एक बहुत बडी संख्या का नाम ।

महाप्रस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] १. शरीर त्यागने की कामना से हिमालय की ओर जाना । मरण-दीक्षा-पूर्वक उत्तर की ओर अभिगमन । २ मरण । देहांत ।

महाप्राज्ञ—वि० [सं०] अत्यंत विद्वान् । महाज्ञानी ।

महाप्राण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] व्याकरण के अनुसार वह वर्ण जिसके उच्चारण मे प्राणवायु का विशेष व्यवहार करना पडता है ।

विशेष—वर्णमाला मे प्रत्येक वर्ग का दूसरा तथा चौथा अक्षर तथा हिंदी की कुछ अन्य ध्वनियाँ महाप्राण हैं । जैसे,—
कवर्ग का—ख, घ ।
चवर्ग का—छ, झ ।
टवर्ग का—ठ, ढ, ढ ।
तवर्ग का—थ, ध ।
पवर्ग का—फ, भ । तथा श, ष, स और ह तथा न्ह, म्ह ल्ह आदि ।

२ वह तीव्र या महाप्राण श्वास जो महाप्राण वर्णों के उच्चारण मे लेनी पडती है (को०) । ३ काला कौआ (को०) ।

महाप्राण[2]—वि० अत्यधिक सत्वयुक्त ।

महाफल[1]—वि० [सं०] १ बहुत अधिक फल देनेवाला । २ बहुत अधिक पुरस्कार देनेवाला (को०) ।

महाफल[2]—संज्ञा पुं० बेल का पेड (को०) ।

महाफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ तितलौकी । २ महाकोशातकी । ३ राज जंबू । ४ इंद्रवारुणी । ५ एक प्रकार का भाला (को०) ।

महाफा, महाफी—संज्ञा स्त्री० [अ० महफ्फह्, फा० मुहाफह्] बडी पर्देदार डोली । सवारी । पालकी । उ०—मेरी औरत महाफी मे बिठाकर, ले जाया कर जबर्दस्ती सरासर ।—दक्खिनी०, पृ० ३१५ ।

महाबन—संज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत घना और विशाल वन । उ०—फिरेउ महाबन परेउ भुलाई ।—मानस, १।१५७। २. वृंदावन के एक वन का नाम ।

महाबल[1]—वि० [सं०] अत्यंत बलवान् । बहुत बडा ताकतवर । उ०—(क) भीषम कहत मेरे अनुमान हनुमान सारिखो त्रिकाल न त्रिलोक महाबल भो ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) मत मति जय जय धारि विपृथु भट चल्यौ महाबल ।—गोपाल (शब्द०) । (ग) मेघनाथ से पुत्र महाबल कुंभकरण से भाई । —सूर (शब्द०) ।

महाबल[2]—संज्ञा पुं० १ पितरों के एक गण का नाम । २. बुद्ध । ३ तामस और रौच्य मन्वंतर के इंद्र का नाम । ४. वायु । ५. शिव के एक अनुचर का नाम । ६ एक नाग का नाम । ७. ठोस बाँस (को०) । ८. मकर । नक्र (को०) । ९ ताल वृक्ष (को०) । १०. सीसा ।

महाबला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सहदेवी नाम की जटी । पीली महदेइया । २ पिप्पली । पीपल । ३ जौ । ४ नील का पौधा । ५ कार्त्तिकेय की एक मातृका का नाम । ६ एक बहुत बडी संख्या का नाम ।

महाबलाधिकृत—संज्ञा पुं० [सं० महाबला + अधिकृत] सबसे बडा सेनाधिकारी । प्रधान सेनापति । उ०—क्या । महाबलाधिकृत अब नहीं हैं । शोक ।—स्कंद०, पृ० ४ ।

महाबलि—संज्ञा पुं० [सं०] १. आकाश । २ गुफा । ३ मन ।

महाबलेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] एक शिवलिंग जो उडीसा मे आधुनिक महाबलेश्वर के निकट है (को०] ।

महाबाहु[1]—वि० [सं०] १. लंबी भुजावाला । २ बली । बलवान् ।

महाबाहु[2]—संज्ञा पुं० १ धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम । २ एक राक्षस का नाम । ३ विष्णु का एक नाम ।

महाबुद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के बुद्ध जो साधारण बुद्धों से श्रेष्ठ माने जाते हैं ।

महाबुद्धि—वि० [सं०] १ बहुत बुद्धिमान् । २. धूर्त ।

महाबृहती—संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक छंद जो तीन पाद का होता है और जिसके प्रत्येक पाद मे १२ वर्ण होते हैं ।

महाबेधक[1]—संज्ञा पुं० [सं० महा + बेधक] महायुद्ध । उ०—बाजिया बेढक महाबेधक, मार सावल सोहडा ।—रा० रू०, पृ० २८० ।

महाबोधि—संज्ञा पुं० [सं०] १ बुद्धदेव । २ बौद्ध भिक्षु (को०) ।

महाब्राह्मण—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह ब्राह्मण जो मृतक कृत्य का दान लेता हो । कट्टहा । (साधारणतः लोक मे ऐसा ब्राह्मण निंदित माना जाता है) । २ निकृष्ट ब्राह्मण । ३ ज्ञानी, पंडित और विद्वान् विप्र (को०) ।

महाब्धि—संज्ञा पुं० [सं०] महासागर । उ०—घन के मान के बाँध को जर्जर कर, महाब्धि ज्ञान का बहा जो भर गर्जन साहित्यिक स्वर ।—अनामिका पृ० १८ ।

महाभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार एक पर्वत का नाम । २ पुराणानुसार मेरु पर्वत के उत्तर के एक सरोवर का नाम ।

महाभद्रा—संज्ञा पुं० [सं०] १ गंगा । २ काश्मरी ।

महाभय—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार धर्म के एक पुत्र का नाम जो निर्ऋति के गर्भ से उत्पन्न हुआ था ।

महाभया—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी का नाम ।

महाभर[1]—वि० [सं० महाभट] वीर योद्धा । उ०—स्वामि धर्म उर धरहु रहहु, मम सत्य महाभर ।—प० रासो, पृ० १६१ ।

महाभरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कुलंजन । पान की जड ।

महाभाग—वि० [सं०] १ भाग्यवान्। किस्मतवर। २ महान् विशिष्ट। ३ पवित्रात्मा।

महाभागवत—सज्ञा पुं० [स०] १ बारह महाभक्त अर्थात् मनु, सनकादि, भरत, जनक, कपिल, ब्रह्मा, बलि, भीष्म, प्रह्लाद, शुकदेव, धर्मराज और शभु। २ एक प्रकार के छद का नाम। २६ मात्राओ के छदो की सज्ञा। ३ परम वैष्णव। ४ दे० 'भागवत' (पुराण)।

महाभागा—सज्ञा स्त्री० [स०] दाक्षायिणी का एक नाम।

महाभागी—वि० [सं० महाभागिन्] अत्यत भाग्यवान् [को०]।

महाभारत—सज्ञा पु० [स०] १ एक परम प्रसिद्ध प्राचीन ऐतिहासिक महाकाव्य जिसमे कौरवों और पाडवों के युद्ध का वर्णन है।

विशेष—यह ग्रथ आदि, सभा, वन, विराट, उद्योग, भीष्म, द्रोण, कर्ण, शल्य, सौप्तिक, स्त्री, शाति, अनुशासन, अश्वमेध, आश्रमवासी, मौसल, महाप्रस्थान और स्वर्गारोहण इन अट्ठारह पर्वों में विभक्त है। कुछ लोग हरिवश पुराण को भी इसी के अतर्गत और इसका अतिम अश मानते हैं। इस ग्रथ मे लगभग ८०–९० हजार श्लोक हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक दोनों दृष्टियो से इस ग्रथ का महत्व बहुत अधिक है। यो तो महाभारत ग्रथ कौरव-पाडव-युद्ध का इतिहास ही है पर इसमे वैदिक काल की यज्ञों में कही जानेवाली अनेक गाथाओं और आख्यानों आदि के सग्रह के अतिरिक्त धर्म, तत्वज्ञान, व्यवहार, राजनीति आदि अनेक विषयों का भी बहुत अच्छा समावेश है। कहते हैं, कौरव-पाडव-युद्ध के उपरात व्यास जी ने 'जय' नामक ऐतिहासिक काव्य की रचना की थी। वैशपायन ने उसे और बढाकर उसका नाम 'भारत' रखा। सबके पीछे सौति ने उसमे और भी बहुत सी कथाओ आदि का समावेश करके उसे वर्तमान रूप देकर 'महाभारत' बना दिया। महाभारत मे जिन बातों का वर्णन है, उसके आधार पर एक ओर तो यह ग्रथ वैदिक साहित्य तक जा पहुँचता है और दूसरी ओर जैनो तथा बौद्धो के आरभिक काल के साहित्य से आ मिलता है। हिंदू इसे बहुत ही प्रामाणिक धर्मग्रथ मानते हैं।

२ कोई बहुत बडा ग्रंथ। ३. कौरवो और पाडवो का प्रसिद्ध युद्ध जिसका वर्णन उक्त महाकाव्य में है। ४ कोई बड़ा युद्ध या लडाई झगडा। जैसे, यूरोपीय महाभारत। उ०—अबकी बार प्रत्यक्ष महाभारत होइ गया।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३०७।

महाभाष्य—सज्ञा पुं० [स०] पाणिनि के व्याकरण पर पतजलि का लिखा हुआ प्रसिद्ध भाष्य।

महाभासुर—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु का एक नाम [को०]।

महाभिक्षु—सज्ञा पुं० [स०] भगवान् बुद्ध।

महाभिषव—सज्ञा पुं० [स०] सोम का रस [को०]।

महाभिनिष्क्रमण—सज्ञा पुं० [स० महा + अभिनिष्क्रमण] १ बाहर जाना। २ प्रव्रज्या के लिये बाहर जाना।

महाभीत—सज्ञा पु० [सं०] १ राजा शातनु का एक नाम। २ शिव के शृगी नामक द्वारपाल का एक नाम।

महाभीता—सज्ञा पुं० [स०] लजालू।

महाभीम[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ राजा शातनु का एक नाम। २ शिव के शृगी नामक द्वारपाल का एक नाम।

महाभीम[2]—वि० अत्यत भयानक। बहुत भयकर [को०]।

महाभीरु—सज्ञा पुं० [सं०] खजिन नाम का जन्तु। कीडा।

महाभीष्म—सज्ञा पुं० [स०] राजा शातनु का एक नाम।

महाभुज—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिसकी बाँह बहुत लबी हो। आजानुबाहु।

महाभूत—सज्ञा पुं० [सं०] पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पचतत्व। उ०—बालहू के काज महाभूतनि के महाभूत करम के करम निदान के निदान हौ।—तुलसी (शब्द०)। विशेष—दे० 'भूत'।

महाभृग—सज्ञा पुं० [स० महाभृङ्ग] नीले फूलवाला भँगरा।

महाभैरव—सज्ञा पु० [सं०] शिव।

महाभैरवी—सज्ञा स्त्री० [सं०] तात्रिकों के अनुसार एक विद्या का नाम।

महाभोग—सज्ञा पुं० [सं०] १ साँप। २ दे० 'महाप्रसाद'।

महाभोगा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

महाभोगी—सज्ञा पुं० [सं० महाभोगिन्] बडे फनवाला साँप।

महामडल—सज्ञा पुं० [सं० महा + मण्डल] १ बहुत बडा सघटन। बडा सघ। २ बहुत विशाल परिधि या घेरा।

महामडलिक—सज्ञा पुं० [सं० महा + माण्डलिक] प्राचीन राजाओ की एक उपाधि। उ०—प्रतिहार तथा पाल नरेशों के लेखो मे उनके लिये राजन, राजन्यक, राजनक, सामत अथवा महासामत शब्दों का प्रयोग मिलता है। कहीं कहीं वह महामडलिक के नाम से भी पुकारा जाता था।—पू० म० भा०, पृ० ९८।

महामत्र—सज्ञा पु० [स०] १ वेद का कोई मत्र। वेदमत्र। २ सबसे बडा मत्र। उत्कृष्ट मत्र। उ —महामत्र जोइ जपत महेसू। कासी मुकुति हेतु उपदेसू।—मानस, १।११९। ३ वह मंत्र या सलाह जिसकी सहायता से किसी काम का होना निश्चित हो। अच्छी और बढिया सलाह। उ०—राजा राज-पुरोहितादि सुहृदो मत्री महामंत्र दा।—केशव (शब्द०)।

महामत्री—सज्ञा पुं० [स० महामन्त्रिन्] राजा का प्रधान या सबसे बडा मत्री।

महामट्ट—सज्ञा पु० [स० महा + मट्टक] बडा मटका। नाँद, जिसमें रँगरेज कपडे रँगते हैं। उ०—फटै कुभ प्राहार सोन अजेज। महामट्ट फुट्या मनो रगरेज।—पृ० रा०, १२। ३७८।

महामणि—सज्ञा पुं० [सं०] १ मूल्यवान् रत्न। २ शिव [को०]।

महामति[1]—वि० [स०] १ जो बहुत बडा बुद्धिमान् हो। २ जो बहुत अधिक उदार विचार का हो [को०]।

महामति[2]—सज्ञा पुं० १ गणेश। २ एक यक्ष का नाम। ३ एक बोधिसत्व का नाम। ४ बृहस्पति (को०)।

महामत्स्य—सज्ञा पु० [स०] जैनो के एक अनुसार वह बहुत बडी मछली जो स्वयभूरमण सागर मे थी ।

महामद—सज्ञा पुं० [सं०] मस्त हाथी ।

महामना[1]—वि० [स० **महामनस्**] १ उदारचित्त । दयालु । २ उच्च विचारवाला । उच्चमना । जैसे, हिंदू विश्वविद्यालय के सस्थापक, हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान के अनन्य उपासक महामना मदनमोहन मालवीय । ३ समर्थ । साहूकार [को०] ।

महामना[2]—सज्ञा पु० आख्यान वर्णित एक जतु । शरभ [को०] ।

महामयूरी—सज्ञा स्त्री० [स०] बौद्धो की एक देवी का नाम ।

महामह—सज्ञा पुं० [स०] बहुत बडा उत्सव । महोत्सव ।

महामहिम—वि० [स० **महा+महिमा**] १ महान् महिमायुक्त । महिमान्वित । उ०—सत्ता का महामहिम रथ जब वैभव के पथ पर चलता है । करते हैं उसका विजयघोष अगणित अनुचर अगणित चारण । २ राजा, महाराजा, स्वतत्र भारत के राष्ट्रपति और राज्यपाल आदि के लिये आदरार्थ प्रयुक्त सबोधन । आदरयुक्त सबोधन ।

महामहोपाध्याय—सज्ञा पुं० [स०] १ गुरुओ का गुरु । बहुत बडा गुरु । २ सस्कृत के मूर्धन्य विद्वानो को शासन से मिलनेवाली एक प्रकार की उपाधि ।

विशेष—स्वतत्रताप्राप्ति के पूर्व भारत मे सस्कृत के विद्वानो को यह उपाधि ब्रिटिश सरकार की ओर से मिलती रही है । अब यह उपाधि उसी प्रकार विद्वानो को स्वतत्र भारत की सरकार द्वारा प्राप्त होती है ।

महामाडलिक—सज्ञा पु० [स० **महा+मण्डलिक**] मंडल या राष्ट्र का अधिपति ।

महामास—सज्ञा पु० [स०] १ गोमास । गौ का गोश्त । उ०—जिधर देखिए महामास से भरे टोकरे अधिकता से ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १६ । २ मनुष्य का मास ।

विशेष—कुछ लोग मनुष्य, गौ, हाथी, घोडे, भैंस, सूअर, ऊँट और साँप इन आठ जीवो के मास को महामास मानते हैं । महामास खाना परम निषिद्ध कहा गया है ।

महामाई[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **महा+हिं० माई**] १. दुर्गा । उ०—अये गवरि, ईस्वरि सब लायक । महामाइ वरदाइ सुभायक ।—नद० ग्र०, पृ० २६८ । २ काली ।

महामात्य—सज्ञा पुं० [स०] राजा का प्रधान या सबसे बडा अमात्य । महामत्री ।

महामात्र[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ महामात्य । २ महावत । ३. हाथियो का निरीक्षक ।

महामात्र[2]—वि० १ प्रधान । बडा । २ बहुत बढिया । ३. समृद्ध । सपन्न । ४. धनवान् । अमीर ।

महामात्री—सज्ञा स्त्री० [स०] १. महामात्य की पत्नी । २. आध्यात्मिक गुरु की स्त्री [को०] ।

महामानव—सज्ञा पु० [स० **महा+मानव**] अत्यत महान् पुरुष । दैवी पुरुष । ईश्वरीय अवतार ।

महामानसिका—सज्ञा स्त्री० [स०] जैनियो की एक देवी का नाम ।

महामानसी—सज्ञा स्त्री० [स०] जैनियो की एक देवी । महामानसिका ।

महामान्य—वि० [स० **महा+मान्य**] अत्यत सम्मानार्ह । परम प्रतिष्ठित ।

महामाय[1]—सज्ञा पु० [स०] १, शिव । २ विष्णु । ३ एक असुर का नाम । ४ एक विद्याधर का नाम ।

महामाय[2]—वि० मायावी ।

महामायज्यु[3]—सज्ञा स्त्री० [स० **महामायी**] दे० 'महामाई' । उ०—महामाय, वरदाय, सुमकर तुमरे नायक —नद० ग्र०, पृ० २०६ ।

महामाया[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रकृति । २ दुर्गा । ३ गगा । ४ शुद्धोदन की पत्नी और बुद्ध की माता का नाम । ५ आर्या छद का तेरहवाँ भेद जिसमे १५ गुरु और २७ लघु वर्ण होते है ।

महामायी—सज्ञा पु० [सं० **महामायिन्**] विष्णु [को०] ।

महामारी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. वह सक्रामक और भीषण रोग जिसमे एक साथ ही बहुत से लोग मरें । बबा । मरी । जैसे, हैजा, चेचक, प्लेग इत्यादि । २. महाकाली का एक नाम ।

महामाल—सज्ञा पु० [स०] शिव ।

महामालिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] नाराच छद का एक नाम ।

महामाष—सज्ञा पुं० [स०] राजमाष । बडा उडद ।

महामाषतैल—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का तेल जो साधारण तिल के तेल मे चने की दाल, दशमूल और बकरी का मास आदि मिलाकर पकाने से बनता है ।

महामुड—सज्ञा पु० [सं० **महामुण्ड**] बोल नामक गधद्रव्य ।

महामुडनिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **महामुण्डनिका**] गोरखमुडी ।

महामुडी—सज्ञा स्त्री० [स० **महामुण्डी**] गोरखमुडी [को०] ।

महामुख—सज्ञा पुं० [सं०] १ कुभीर नामक जलजतु । घडियाल । २ नदी का मुहाना । वह स्थान जहाँ नदी गिरती है । ३ महादेव ।

महामुद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ योग के अनुसार एक प्रकार की मुद्रा या अगो की स्थिति । २ एक बहुत बडी सख्या का नाम । ३ राजमुद्रा । राजमुहर ।

महामुद्राधिकृत—सज्ञा पु० [सं० **महा+मुद्रा+अधिकृत**] प्राचीन काल का एक राजकीय पद जिसका अधिकारी विदेशियो को देश मे आने का अनुमतिपत्र देता था । उ०—महामुद्राध्यक्ष का भी एक उपविभाग था जो राज्य मे प्रवेश के लिये विदेशियो को अनुमतिपत्र देता था । लक्ष्मणसेन के लेख म इस महामुद्राधिकृत कहा गया है । —पू० म० भा०, पृ० १०६ ।

महामुद्राध्यक्ष—सज्ञा पु० [स० **महा+मुद्रा+अध्यक्ष**] दे० 'महामुद्राधिकृत' । उ०—इस विभाग के अतर्गत महामुद्राध्यक्ष का

भी एक उपविभाग था जो राज्य मे प्रवेश के लिये विदेशियो को अनुमति पत्र देता था।—पू० म० भा०, पृ० १०६।

महामुनि—सज्ञा पुं० [सं०] १ मुनियो मे श्रेष्ठ। बहुत बडा मुनि। २ कपटी व्यक्ति। ठग। धोखेबाज (व्यग्य)। ३ अगस्त्य ऋषि। ४ बुद्ध। ५ कृपाचार्य। ६ काल। ७ व्यास। ८ एक जिन का नाम। ९ तुंबुरु का वृक्ष।

महामूर्त्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] विष्णु।

महामूल—सज्ञा पु० [स०] प्याज।

महामूल्य[1]—सज्ञा पु० [स०] माणिक।

महामूल्य[2]—वि० १. जिसका मूल्य बहुत अधिक हो। बहुमूल्य। २ महगा। महाघ।

महामृग—सज्ञा पुं० [स०] हाथी।

महामृत्यु जय—सज्ञा पुं० [स० **महामृत्युञ्जय**] १ शिव। २ शिव जी का एक मत्र। कहते हैं, इसके जप से अकालमृत्यु टल जाती और आयु बढती है।

महामेघ—सज्ञा पु० [स०] शिव।

महामेद—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'महामेदा'।

महामेदा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का कद जो मौरग देश मे पाया जाता है।

विशेष—यह देखने मे अदरक के समान होता है। इसकी लता चलती है। वैद्यक मे इसे शीतल, रुचिकर, कफ और शुक्र को बढानेवाली, दाह, रक्तपित्त, क्षय और वात को नाश करनेवाली माना है। यह जडी आजकल नही मिलती। इसके स्थान पर च्यवनप्राश आदि मे दूसरी ओषधि डालते हैं।

पर्या०—**देवमणि**। **वसुच्छिद्रा**। **देवेष्ट**। **सुरमेदा**। **दिव्या**। **त्रिदती**। **सोमा**।

महामोध—सज्ञा पुं० [सं०] शिव (को०)।

महामेधा—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा (को०)।

महामैत्र—सज्ञा पु० [सं०] एक बुद्ध का नाम।

महामोदकारी—सज्ञा पु० [स०] एक वर्णिक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे छह मगण होते हैं। इसका दूसरा नाम क्रीडाचक्र भी है।

महामोह—सज्ञा पुं० [स०] १ सासारिक सुखो के भोग की इच्छा जो अविद्या का रूपातर मानी गई है। उ०—जै जै कलयुग राज की, जै महामोह महराज की।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४८३। २ भारी मोह। तात्र आसक्ति (को०)।

महामोहा—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा।

महाय[उ] वि० [स० महा] महान्। बहुत। अधिक। ज्यादा। उ०—(क) तीसर अपनो रूप रचि व्यकट शैल बराय। कह्यो सकल शिष्यन करहु यामे प्रीति महाय।—रघुराज (शब्द०)। (ख) याके सनमुख हम दोऊ बैठी रूप बनाय। हमपै तनक तर्क नहीं अचरज लगत महाय।—रघुराज (शब्द०)।

महायक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ यक्षो का राजा। २ एक प्रकार के बौद्ध देवता।

महायज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] १ हिंदू धर्मशास्त्र के अनुसार नित्य किए जानेवाले कर्म जो मुख्यत पाँच हैं—(क) **ब्रह्मयज्ञ** = सध्योपासन, (२) **देवयज्ञ** = हवन, (३) **पितृयज्ञ** = तर्पण, (४) **भूतयज्ञ** = बलि और (५) **नृयज्ञ** = अतिथिसत्कार।

विशेष—इन पाँचो कर्मों के नित्य करने का विधान है। कहते हैं, मनुष्य नित्य जो पाप करता है, उनका नाश इन यज्ञो के अनुष्ठान से हो जाता है। २ महान् कार्य। ऐसा कार्य जिसका लक्ष्य अत्यत ऊँचा हो।

महायम—सज्ञा पुं० [स०] यमराज।

महायशा—सज्ञा पुं० [स० **महायशस्**] महायशस्वी। अत्यत प्रसिद्ध। ख्यात। समानित (को०)।

महायाग—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'महायज्ञ'। २ बहुत बडा यज्ञ। जैसे, अश्वमेध, राजसूय आदि। उ०—इसीलिये अब ये महायाग सिर्फ पुराने महोत्सवो की निर्जीव नकल तथा पुरोहितो की आमदनी का एक जरिया मात्र रह गया।—भा० इ० रू०, पृ० १५२।

महायात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] मृत्यु। मौत।

महायान—सज्ञा पुं० [स०] १ एक विद्याधर का नाम। २ बौद्धो के तीन मुख्य सप्रदायो मे से एक सप्रदाय।

विशेष—महात्मा बुद्धदेव के परिनिर्वाण के थोडे ही दिनो बाद उनके शिष्यों और अनुयायियो में मतभेद होने के कारण यह सप्रदाय चला था। इसका प्रचार नैपाल, तिब्बत, चीन, जापान आदि उत्तरीय देशो में है जहाँ इसमे तत्र भी बहुत कुछ मिला हुआ है। जिस प्रकार शिव की शक्तियाँ हैं, उसी प्रकार बुद्ध की कई शक्तियाँ या देवियाँ हैं जिनकी उपासना की जाती है।

३ चौडा मार्ग। प्रशस्त पथ। उ०—यह वह महायान या चौडा मार्ग था जिसपर सकीर्णता को दूर करके सबको चलने का निमत्रण दिया गया।—पोद्दार अभि० ग्र० पृ० ६५४।

महायाम—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम।

महायाम्य—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

महायुग—सज्ञा पु० [स०] सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि इन चारो युगो का समूह जो देवताओ का एक युग माना जाता है।

महायुत—सज्ञा पुं० [स०] एक बडी सख्या जो सौ अयुत की होती है।

महायुद्ध—सज्ञा पु० [स० **महा+युद्ध**] बहुत बडा युद्ध। ऐसा युद्ध जिसमे ससार के अनेक शक्तिशाली देश भाग लें।

विशेष—ईस्वी सन् की बीसवी शताब्दी के विगत काल में दो महायुद्ध हुए हैं एक सन् १९१४-१८ तक और दूसरा सन् १९३९-४५ तक।

महायुध—सज्ञा पुं० [सं०] शिव।

महायोगी—सज्ञा पुं० [सं० **महयोगिन्**] १ शिव। २. विष्णु। ३. मुर्गा (को०)।

महायोगेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] पितामह, पुलस्त्य, वसिष्ठ पुलह, अंगिरा, क्रतु और कश्यप जो बहुत बड़े ऋषि और योगी माने जाते हैं।

महायोगेश्वरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दुर्गा। २ नागदमनी।

महायोनि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक के अनुसार स्त्रियों का एक प्रकार का रोग जिसमें उनकी योनि बहुत बढ़ जाती है।

महायौगिक—संज्ञा पुं० [सं०] २९ मात्राओं के छंदों की संज्ञा।

महारंग—संज्ञा पुं० [सं० महारङ्ग] अभिनय करने का विशाल रंगमंच [को०]।

महारंभ[1]—वि० [सं० महारम्भ] जिसका आरंभ करने में बहुत अधिक यत्न करना पड़े। बहुत बड़ा। उ०—सच है छोटे जी के लोग थोड़े ही कामों में ऐसा घबरा जाते हैं मानो सारे संसार का बोझ इन्हीं पर है। पर जो बड़े लोग हैं, उनके सब काम महारंभ होते हैं, तब भी उनके मुख पर कहीं से व्याकुलता नहीं झलकती।—हरिश्चंद्र (शब्द०)।

महारंभ[2]—संज्ञा पुं० बड़ा काम [को०]

महारक्त—संज्ञा पुं० [सं०] मूँगा।

महारक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बौद्धों के अनुसार महाप्रतिसरा, महामयूरी, महासहस्रप्रमर्दिनी, महाशीतवती और महामंत्रानुसारिणी ये पाँच देवियाँ।

महारजत—संज्ञा पुं० [सं०] १ सोना। सुवर्ण। उ०—जातरूप कलधौत पुनि चामीकर तपनीय। रुक्म रुद्र रोदन कनक महारजत रमनीय।—अनेकार्थ०, पृ० १६। २ धतूरा।

महारजन—संज्ञा पुं० [सं०] १ कुसुम का फूल। २ सोना।

महारण्य—संज्ञा पुं० [सं०] घोर जंगल। घना जंगल [को०]।

महारत—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ अभ्यास। मश्क। २ योग्यता। कौशल (को०)। ३ ज्ञान। जानकारी (को०)।

महारत्न—संज्ञा पुं० [सं०] मोती, हीरा, वैदूर्य, पद्मराग, गोमेद, पुष्पराग (पुखराज), पन्ना, मूँगा और नीलम इन नौ रत्नों में से कोई रत्न।

महारत्नवर्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] तांत्रिकों की एक देवी का नाम।

महारथ—संज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत भारी योद्धा जो अकेला दस हजार योद्धाओं से लड़ सके। २ बहुत बड़ा रथ। विशाल रथ (को०)। ३ आकांक्षा। मनोरथ (को०)।

महारथी—संज्ञा पुं० [सं० महारथिन्] १ दे० 'महारथ'। उ०—पूरण प्रकृति सात वीर वीर है विख्यात रथी महारथी अतिरथी रण साज कै।—रघुराज (शब्द०)। २ किसी विषय का प्रकांड विद्वान् या जानकार व्यक्ति। जैसे, शास्त्रार्थमहारथी।

महारथ्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] चौड़ा रास्ता। सड़क।

महारम—संज्ञा पुं० [अ० महारिम] १ परिचित या जान पहचान का व्यक्ति। २ दोस्त। ३ भेद का जानकार। उ०—क्यों मिलेगा घर तुझे चुप शाह का। होयगा क्या महारम उस दरगाह का ?—दक्खिनी०, पृ० १७७।

महारस[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ काँजी। २ खजूर। ३ कसेरू। ४. ऊख। ५ पारा। ६ कातीसार लोहा। ७ ईंगुर। ८ सोनामक्खी। ९ रूपामक्खी। १० अभ्रक। ११ जामुन का वृक्ष।

महारस[2]—वि० जिसमें बहुत रस हो। अधिक रसवाला [को०]।

महारा(ऊ)—सर्व० [हिं० हमारा] दे० 'हमारा'। उ०—अंग अंग मदन उमंग बल धारे रे। जारे उर कठिन महारे यो महारे हार, प्यारे अब न्यारे ह्वै कै चित्त सो बिसारे रे।—नट०, पृ० ५२।

महाराज—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **महारानी**] १ राजाओं में श्रेष्ठ। बहुत बड़ा राजा। २ ब्राह्मण, गुरु, धर्माचार्य या और किसी पूज्य के लिये एक संबोधन। ३ एक उपाधि जो भारत में ब्रिटिश सरकार की ओर से राजाओं को दी जाती थी। ४ उँगलियों का नाखून (को०)।

महाराजचूत—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का आम [को०]।

महाराजाधिराज—संज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत बड़ा राजा। अनेक राजाओं महाराजाओं में श्रेष्ठ। सम्राट्। २ एक प्रकार की पदवी जो ब्रिटिश भारत में सरकार की ओर से बड़े बड़े राजाओं को मिलती थी।

महाराजिक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के देवता जिनकी संख्या कुछ लोगों के मत से २२६ और कुछ लोगों के मत से ४००० है।

महाराज्ञी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दुर्गा। २ महारानी।

महाराज्य—संज्ञा पुं० [सं०] बहुत बड़ा राज्य। साम्राज्य।

महाराणा—संज्ञा पुं० [सं० महा + हिं० राणा] मेवाड़, चित्तौर और उदयपुर के राजाओं की उपाधि।

महारात्र—संज्ञा पुं० [सं०] आधी रात [को०]।

महारात्रि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ महाप्रलयवाली रात, जब ब्रह्मा का लय हो जाता है और दूसरा महाकल्प होता है। २ तांत्रिकों के अनुसार ठीक आधी रात बीतने पर दो मुहूर्त का समय।

विशेष—यह काल बहुत ही पवित्र समझा जाता है। कहते हैं कि इस समय जो पुण्य कृत्य किया जाता है, उसका फल अक्षय होता है।

३ दुर्गा। ४ आश्विन शुक्ल पक्ष की अष्टमी की रात्रि जिस दिन निशीथ में भगवती का पूजन किया जाता है। ५. दे० 'शिवरात्रि'।

महारावण—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार वह रावण जिसके हजार मुख और दो हजार भुजाएँ थीं। अद्भुत रामायण के अनुसार इसे जानकी जी ने मारा था।

महारावल—संज्ञा पुं० [सं० महा + हिं० रावल] जैसेलमेर, डूँगरपुर आदि राज्यों के राजाओं की उपाधि।

महाराष्ट्र—संज्ञा पुं० [सं०] १. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध राज्य।

विशेष—यह राज्य अरब सागर के तट पर, गुजरात के दक्षिण, कर्णाट के उत्तर और तेलंग प्रदेश के पश्चिम में है। कोंकण

प्रदेश इसी का दक्षिणी भाग है। बहुत प्राचीन काल मे इस प्रदेश का उत्तरी भाग दडक वन कहलाता था। यहाँ सातवाहन, चालुक्य, कलचुरी और यादव आदि वशो का राज्य बहुत दिना तक था। मुसलमानो के राजत्व काल मे यहाँ बहमनी, निजामशाही और कुतुबशाही आदि वशो का राज्य था। पीछे सुप्रसिद्ध वीर महाराज शिवाजी ने इस देश मे अपना साम्राज्य स्थापित किया था। यह प्रदेश पहले आधुनिक बबई प्रात के लगभग रहा है और यहाँ के निवासी भी महाराष्ट्र कहलाते हैं।

२ इस राज्य के निवासी, विशेषत ब्राह्मण निवासी। ३ बहुत बडा राष्ट्र। जैसे, अमेरिकन महाराष्ट्र।

महाराष्ट्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार की प्राकृत भाषा जो प्राचीन काल मे महाराष्ट्र देश मे बोली जाती थी। उ०—वही अत को महाराष्ट्री प्राकृत भी कहलाई।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३७५। २ महाराष्ट्र की आधुनिक देशभाषा। ३ जलपीपल।

महारास—सज्ञा पुं० [स०] श्रीकृष्ण की वह लीला जो शरत्पूर्णिमा के दिन गोपियो के साथ रास नृत्य के रूप में हुई थी।

महारुद्र—सज्ञा पुं० [स०] शिव।

महारूप—सज्ञा पु० [स०] १ शिव। २ सर्ज रस। राल (को०)।

महारूपक—सज्ञा पुं० [स०] नाटक।

महारुरु—सज्ञा पुं० [स०] मृगो की एक जाति।

महारुख—सज्ञा पु० [स० **महावृक्ष**] १ थूहर। सेंहुड। स्नुही। २. एक जगली वृक्ष जो बहुत सुदर होता है।

विशेष—इस वृक्ष की लकडी से आरायशी सामान बनता है। इसकी छाल मे सुगधि होती है। मदरास और मध्यप्रदेश में यह अधिकता से पाया जाता है।

महारेता—सज्ञा पु० [स० **महारेतस्**] शिव (को०)।

महारोग—सज्ञा पुं० [स०] बहुत बडा रोग। जैसे, पागलपन, कोढ, तपेदिक, दमा, भगदर आदि।

विशेष—उन्माद, राजयक्ष्मा, श्वासरोग, त्वक्दोष अर्थात् कुष्ठ मधुमेह, अश्मरी, उदररोग (सभवत सग्रहणी) और भगदर, आयुर्वेद मे उक्त आठ रोग महारोग कहे गए हैं। कहते हैं, इस प्रकार के रोग पूर्वजन्म के पापो के परिणामस्वरूप होते हैं। वैद्य लोग ऐसे रोगो की चिकित्सा करने से पहले रोगी से प्रायश्चित्त आदि कराते हैं।

महारोगी—सज्ञा पुं० [स० **महारोगिन्**] जिसे कोई महारोग हो।

महारौद्र—सज्ञा पुं० [स०] शिव। २ एक प्रकार का छंद। २२ मात्राओ के छदो की सज्ञा।

महारौद्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

महारौरव—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार एक नरक का नाम।

विशेष—कहते हैं, जो लोग देवताओ का धन चुराते या गुरु की पत्नी के साथ गमन करते हैं, वे इस नरक मे भेजे जाते हैं।

२ एक प्रकार का साम।

महार्घ[1]—वि० [स०] १ बहुमूल्य। बडे मोल का। २ जिसका मूल्य ठीक से अधिक हो। महँगा।

महार्घ[2]—सज्ञा पुं० महासोमलता।

महार्घता—सज्ञा स्त्री० [स०] महार्घ होने का भाव। महँगी।

महार्घ्य—वि० [स०] दे० 'महार्घ'।

महार्णव—सज्ञा पुं० [स०] १ बहुत बडा समुद्र। महासागर। २ शिव। ३ पुराणानुसार एक दैत्य जिसे भगवान् ने कूर्म अवतार मे अपने दाहिने पैर से उत्पन्न किया था।

महार्थ[1]—सज्ञा पुं० [स०] एक दानव का नाम।

महार्थ[2]—वि० [स०] १ बडे या गभीर अर्थवाला। महत्वपूर्ण। २ अत्यधिक सपत्तिवाला। प्रचुर धनयुक्त (को०)।

महार्द्रक—सज्ञा पुं० [स०] १ जगली अदरक। २ सोठ।

महार्बुद—सज्ञा पुं० [स०] सौ करोड या दस अर्बुद की सख्या।

महार्हे[1]—सज्ञा पुं० [स०] सफेद चदन।

महार्हे[2]—वि० दे० 'महार्घ'। उ०—उसे राज्य मे भा महार्हे बन देता आकर कौन अहो।—साकेत, पृ० ३७१।

महाल—सज्ञा पुं० [अ० **महल** का बहु व०] १ वह स्थान जहाँ बहुत से बडे मकान हो। मुहल्ला। टोला। पुरा। पाडा। उ०—ऐहु जितेक महाल ते सब भानुजा मधि गग के।—सुजान०, पृ० ८६। २ बदोबस्त के काम के लिये किया हुआ जमीन का एक विभाग, जिसमे कई गाँव होते है। ३ भाग। पट्टी। हिस्सा। उ०—कैधौं रमाल के ताल फले कुच दोऊ महाल जगीर अनग के।—(शब्द०)

महालक्ष्मी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लक्ष्मी देवी की एक मूर्ति का नाम। २. पुराणानुसार नारायण की एक शक्ति का नाम। ३ एक वर्णिक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे तीन रगण होते हैं। जैसे—(क) राधि स्यामी रहै कामिनी। पीव की जो मनोगामिनी। भापती बोल बोलै अमी। जानिए सो महालक्ष्मी (ख) राधिका वल्लभै गाइ ले चित्रनी इद्र से पाइ ले।

महालय—सज्ञा पुं० [स०] १ कुआर का कृष्णपक्ष जिसमे पितरो के लिये तर्पण और श्राद्ध आदि किया जाता है। पितृपक्ष। २. तीर्थ। ३ पुराणानुसार एक तीर्थ का नाम। ४ नारायण, जिनमे महदादि तत्व का लय होता है। ५ सपूर्ण विश्व का लय। प्रलय।

महालया—सज्ञा स्त्री० [सं०] अश्विन कृष्ण अमावस्या जिस दिन पितृविसर्जन होता है। पितृपक्ष की अतिम तिथि।

महालिंग—सज्ञा पुं० [स० **महालिङ्ग**] महादेव।

महालीलⓢ—सज्ञा पुं० [स० **महा + लीला**] महान् लीला करनेवाले, श्रीकृष्ण। उ०—महालील मायी महा, महापुरुष मतिमान।—घनानद, पृ० २६८।

महालोक—सज्ञा पुं० [स० **महा + लोक**] दे० 'महर्लोक'।

महालोध्र—सज्ञा पुं० [स०] पठानी लोध।

महालोभ—सज्ञा पुं० [सं०] कौआ।

महालोल—सज्ञा पुं० [स०] कौआ ।

महालोह—सज्ञा पु० [स०] चुंबक [को०] ।

महावश—सज्ञा पुं० [स०] एक सुप्रसिद्ध बौद्ध ग्रथ का नाम जो पाली मे ५वी शताब्दी मे लिखा गया और जिसमे बौद्धधर्म और सिहल का इतिहास है [को०] ।

महावक्षा[1]—सज्ञा पुं० [स० महावक्षस्] महादेव ।

महावक्षा[2]—वि० विशाल वक्षवाला [को०] ।

महावट—सज्ञा स्त्री० [हिं० माह (=माघ) वट (प्रत्य०)] पूस माघ की वर्षा । वह वर्षा जो जाडे मे हो । जाडे की झडी । उ०—पैठी हो सरदी रग रग मे और बर्फ पिघलता हो पत्थर । झड बाँध महावट पडती हो और तिस पर लहरें ले लेकर । सन्नाटा बाव का चलता हो तब देख बहारें जाडे की ।—नजीर (शब्द०) ।

महावत—सज्ञा पु० [स० महामात्र] हाथी हाँकनेवाला । फीलवान । हाथीवान । उ०—(क) हूलै इत पर मैन महावत लाज के आदू परे जउ पाइन ।—पद्माकर (शब्द०) । (ख) द्वार कुवलया गज ठढियावा । अयुत नाग बल तासे पावा । कहेसि महावत ते गोहराई । प्रविशत तै डारे चपवाई ।—विश्राम (शब्द०) ।

महावतारी—सज्ञा पु० [स० महावतारिन्] २५ मात्राओं के छदो की सज्ञा ।

महावथⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० महावत] दे० 'महावत' । उ०—मत्त महावथ हत्थ महँ भल्लारी अति डील ।—प० रासो, पृ० ६१ ।

महावध—सज्ञा पु० [स०] वज्र ।

महावन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'महावन' [को०] ।

महावर[1]—सज्ञा पुं० [स० महावर्ण ?] लाख से बना हुआ एक प्रकार का लाल रग जिससे सौभाग्यवती स्त्रिया अपने पाँवो को चित्रित कराती हैं । यावक । जावक । उ०—(क) पलन पीक अजन अधर धरे महावर भाल । आज मिले सु भली करी भले बने हौ लाल ।—बिहारी (शब्द०) । (ख) आई हौ पार्थ दिवाय महावर कुजन ते करि कै सुख सेनी ।—मतिराम (शब्द०) । (ग) काहू दियो लाख रस सोई । जासो तुरत महावर होई ।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०) ।

महावरⓊ[2]—वि० [स० महाबल] दे० 'महाबल' । उ०—कुँअरप्पन प्रथिराज तपै तेजह सु महावर । सुकल बीजु दिन हुतें कला दिन चढत कलाकर ।—पृ० रा०, ५ । २ ।

महावरा—सज्ञा स्त्री० [स०] दूब ।

महावरा[2]—सज्ञा पुं० [अ० मुहावरा] दे० 'मुहावरा' ।

महावराह—सज्ञा पु० [सं०] भगवान् का वराह अवतार ।

महावरी—सज्ञा पुं० [हिं० महावर] महावर की बनी हुई गोली या टिकिया जिससे स्त्रियो के पैर चित्रित किए जाते हैं । उ०—(क) पायँ महावर देन को नाइन बैठी आय । फिरि फिरि जानि महावरी एँडी मीडति जाय ।—बिहारी (शब्द०) । (ख) छैल छबीली का छवा लहि महावरी सग । जानि परै नाइन लगै जबहिं निचोरन रग । —रामसहाय (शब्द०) ।

महावरेदार—वि० [हिं० महावरा] दे० 'मुहावरेदार' । उ०—कमिटी ने सिफारिश की कि नवर १ का तरजमा बहुत महावरेदार देशी भाषा मे किया जाय ।—सरस्वती (शब्द०) ।

महावरोह—सज्ञा पु० [स०] १ पलाश । २. बरगद [को०] ।

महावल्ली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ माधवी लता । २. बहुत बडी लता ।

महावस—सज्ञा पुं० [स०] मगर वा शिशुमार नामक जलजतु ।

महावसु—सज्ञा पुं० [स०] १ इद्रावरुण का एक नाम । २ रजत । चाँदी [को०] ।

महावाक्य—सज्ञा पु० [सं०] १ सोह शब्द । २ शकराचार्य जी के मतानुयायियो के मत से 'अह ब्रह्मास्मि', 'तत्त्वमसि', 'प्रज्ञान ब्रह्म' और 'अयमात्मा ब्रह्म' इत्यादि उपनिषद् के वाक्य । ३ दान आदि के समय पढा जानेवाला सकल्प ।

महावात—सज्ञा पु० [स०] जोर की हवा । आँधी तूफान ।

महावादी—वि० [स० महावादिन्] शास्त्रार्थ करने मे शक्तिशाली [को०] ।

महावामदेव्य—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का साम जो शाति कार्यों के समय पढा जाता है ।

महावायु—सज्ञा पु० स्त्री० [सं०] तूफान ।

महावारुणी—सज्ञा स्त्री० [स०] गगास्नान का एक योग ।

विशेष—यदि चैत्र कृष्ण त्रयोदशी को शतभिषा नक्षत्र हो तो उस दिन वारुणी योग होता है । यदि यह योग शनिवार को पडे तो महावारुणी कहलाता है । पुराणो के अनुसार इस योग मे गगास्नान का बहुत अधिक फल होता है ।

महावार्ताकिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] बनभटा । जगली बैंगन ।

महावार्तिक—सज्ञा पु० [स०] कात्यायन के वार्तिक का नाम जो पाणिनि के सूत्रो पर है ।

महावाहन—सज्ञा पु० [सं०] एक बहुत बडी सख्या का नाम [को०] ।

महाविक्रम—सज्ञा पुं० [स०] १ सिह । २ एक नाग का नाम ।

महाविड—सज्ञा पुं० [स०] बनाया हुआ नमक । कृत्रिम नमक [को०] ।

महाविदेहा—सज्ञा स्त्री० [स०] योगशास्त्र के अनुसार मन की एक बहिर्वृत्ति ।

महाविद्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ तत्र मे मानी हुई दस देवियाँ जिनके नाम इस प्रकार है—(१) काली, (२) तारा, (३) षोडशी, (४) भुवनेश्वरी, (५) भैरवी, (६) छिन्नमस्ता, (७) धूमावती, (८) बगलामुखी, (९) मातगी और (१०) कमलात्मिका । इन्हे सिद्ध विद्या भी कहते हैं । कुछ तात्रिको का यह मत है कि इन्ही दस महाविद्याओ ने दस अवतार धारण किए थे । २ दुर्गा देवी । ३ गगा ।

महाविद्यालय—सज्ञा पुं० [स० महा + विद्यालय] बडा विद्यालय । उच्च शिक्षा की सस्था । कालेज ।

महाविद्येश्वरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा की एक मूर्ति का नाम ।

महाविभूत—संज्ञा स्त्री० [सं० एक बहुत बड़ी संख्या का नाम ।

महाविभूति—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

महाविरति—संज्ञा पुं० [सं०] शिव (को०) ।

महाविल—संज्ञा पुं० [सं०] १ आकाश । २ व्रत करना ।

महाविष संज्ञा पुं० [सं०] १ वह साँप जिसके काटते ही तुरत मृत्यु हो जाय । २ दो मुँहवाला साँप (को०) ।

महाविषुव—संज्ञा पुं० [सं०] वह समय जब सूर्य मीन से मेष राशि मे जाता है और दिन रात दोनो समान होते है । इस दिन की गणना पुण्यतिथियो मे होती है । मेष संक्रांति । चैत की संक्राति ।

महावीचि—संज्ञा पुं० [सं०] मनु के अनुसार एक नरक का नाम ।

महावीत—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार पुष्कर द्वीप के एक पर्वत का नाम ।

महावीर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान जी । २. गौतम बुद्ध का एक नाम । ३ गरुड । ४ देवता । ५ सिंह । ६ मनु के पुत्र मरवानल का एक नाम । ७ वज्र । ८ सफेद घोड़ा । ९ बाज पक्षी । १० कोयल (को०) । ११ विष्णु का एक नाम (को०) । १२ यज्ञ की अग्नि (को०) । १३ यज्ञ मे प्रयुक्त पात्र (को०) । १४ जैनियों के चौबीसवें और अंतिम जिन या तीर्थंकर जो महापराक्रमी राजा सिद्धार्थ के वीर्य से उनकी रानी त्रिशला के गर्भ से उत्पन्न हुए थे ।

विशेष—कहते हैं, त्रिशला ने एक दिन सोलह शुभ स्वप्न देखे थे जिनके प्रभाव से वह गर्भवती हो गई थी । जब इनका जन्म हुआ तब इंद्र इन्हे ऐरावत पर बैठाकर मंदराचल पर ले गए थे और वहाँ इनका पूजन करके फिर इन्हें माता की गोद मे पहुँचा गए थे । इनका नाम वर्धमान पड़ा था । ये बहुत ही शुद्ध और शांत प्रकृति के थे और भोगविलास की ओर इनकी प्रवृत्ति नहीं होती थी । कहते है, तीस वर्ष की अवस्था मे कोई बुद्ध या अर्हत् आकर इनसे ज्ञान का संचार कर गए थे । मार्गशीर्ष कृष्ण दशमी को ये अपना राज्य और सारा वैभव छोड़कर वन मे चले गए और बारह वर्ष तक इन्होने वहाँ घोर तपस्या की । इसके उपरांत ये इधर से उधर घूमकर उपदेश देने लगे । एक बार इन्होने भोजन त्याग दिया, जिससे वैशाख कृष्ण दशमी को इन्हे केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था । इन्होने मौन धारण करके राजगृह मे रहना आरंभ किया । वहाँ देवताओं ने इनके लिये एक रत्नजटित प्रासाद बनाया था । वहाँ इंद्र के भेजे हुए बहुत से देवता आदि इनके पास आए, जिन्हे इन्होने अनेक उपदेश दिए और जैन धर्म का प्रचार आरंभ किया । कहते है कि इनके जीवनकाल मे ही सारे मगध देश मे जैन धर्म का प्रचार हो गया था । जैनियो के अनुसार ईसा से ५२७ वर्ष पूर्व महावीर ने निर्वाण प्राप्त किया था, और तभी से 'वीर संवत्' चला है ।

महावीर[2]—वि० बहुत बड़ा वीर । बहुत बड़ा बहादुर ।

महावीरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] क्षीरकाकोली ।

महावीर्य[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा । २ एक बुद्ध का नाम । ३ जैनो के एक अर्हत् का नाम । ४ तामस शौच्य मन्वंतर के एक इंद्र का नाम । ५ वराहीकंद ।

महावीर्य[2]—वि० अत्यंत वीर्यवान् (को०) ।

महावीर्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सूर्य की पत्नी संज्ञा का एक नाम । २ वनकपास । ३ महाशतावरी ।

महावृक्ष संज्ञा पुं० [सं०] १ सेहुड । थूहर । २ बहुत बड़ा पेड़ । ३ करंज । ४ ताड़ । ५ महापीलु ।

महावृष—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार एक तीर्थ जो सुरम्य पर्वत के पास है । २ बड़ा साँड़ (को०) ।

महावेग[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ शिव । २ गरुड । ३ तीव्र गति । तेज चाल (को०) । ४ कपि । मर्कट (को०) ।

महावेग[2]—वि० अत्यंत वेगवान् (को०) ।

महावेगा—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्कंद की अनुचरी एक मातृका का नाम ।

महावेल—वि० [सं०] तरंगयुक्त । लहरीला (को०) ।

महाव्याधि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'महारोग' ।

महाव्याहृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. पुराणानुसार ऊपरवाले सात लोकों मे से पहले तीन लोकों का समूह । भू भुव और स्व ये तीन लोक । २. सात महाव्याहृतियों मे प्रारंभ की तीन व्याहृतियाँ जिनका रूप प्रणव से युक्त कहा गया है ।—ॐ भू, ॐ भुव, ॐ स्व ।

महाव्यूह—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का समाधि ।

महाव्रण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'दुष्टव्रण' ।

महाव्रत[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वेद की एक ऋचा का नाम । २ वह व्रत जो बारह वर्षों तक चलता रहे । ३ आश्विन की दुर्गापूजा । ४ माघ मास मे अग्नोदय के समय स्नान करना (को०) । ५ बहुत कठिन व्रत ।

महाव्रत[2]—वि० महाव्रत करने या लेनेवाला (को०) ।

महाव्रती—संज्ञा पुं० [सं० महाव्रतिन्] १ वह जिसने कोई महाव्रत धारण किया हो । २ शिव ।

महाशंख—संज्ञा पुं० [सं० महाशङ्ख] १ ललाट । २ कनपटी की हड्डी । ३ मनुष्य की ठठरी । ४ नौ निधियो मे से एक । ५ बड़ा शंख । ६ एक प्रकार का सर्प । ७ एक बहुत बड़ी संख्या का नाम । ८ एक प्रकार का वृक्ष ।

महाशक्ति[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ कार्तिकेय । २ शिव । ३ पुराणानुसार कृष्ण के एक पुत्र का नाम ।

महाशक्ति[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा । उ०—उतरी पा महाशक्ति रावण से आमरण ।—अपरा, पृ० ४६ ।

महाशठ—संज्ञा पुं० [सं०] १ पीला धतूरा । राजधतूरा । २ अत्यंत शठ, मूर्ख वा छली व्यक्ति ।

महाशता—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाशतावरी । बड़ी शतावरी ।

महाशतावरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ी शतावरी । विशेष दे० 'सतावर' ।

महाशन—वि० [स०] अतिभोजी । पेटू । बहुत खानेवाला [को०] ।

महाशय[1]—संज्ञा पुं० [स०] १. उच्च आशयवाला व्यक्ति । महानुभाव । महात्मा । सज्जन । २ समुद्र ।

महाशय[2]—वि० उच्चात्मा । २ उदारमना ।

महाशय्या—संज्ञा स्त्री० [स०] राजाओं की शय्या या सिंहासन ।

महाशर—संज्ञा पु० [स०] दे० 'रामशर' ।

महाशल्क संज्ञा पु० [सं०] भिंगा मछली ।

महाशाखा—संज्ञा स्त्री० [स०] नागबला । गंगेरन ।

महाशाल—संज्ञा पु० [सं०] वह व्यक्ति जिसका निवास या गृह विशाल हो । महान् गृहस्थ [को०] ।

महाशालि—संज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का लंबा और खुशबूदार चावल [को०] ।

महाशासन[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ राजा की आज्ञा । २. राजा का वह मंत्री जो उसकी आज्ञाओं या दानपत्रों आदि का प्रचार करता हो । ३ उपनिषदों द्वारा व्याख्यात ब्रह्मज्ञान या परमार्थ बोध (को०) ।

महाशासन—वि० महान् या श्रेष्ठ शासनवाला [को०] ।

महाशिरा—संज्ञा पुं० [स० **महाशिरस्**] एक प्रकार का साँप [को०] ।

महाशिव—संज्ञा पु० [स०] महादेव ।

महाशिवरात्र—संज्ञा स्त्री० [स०] शिवचतुर्दशी । शिवरात्रि [को०] ।

महाशीतवती—संज्ञा स्त्री० [स०] बौद्धों की पाँच महादेवियों में से एक देवी का नाम ।

महाशीता—संज्ञा स्त्री० [स०] शतमूली ।

महाशीप—संज्ञा पुं० [सं०] शिव के एक अनुचर का नाम ।

महाशील—संज्ञा पुं० [सं०] जनमेजय के एक पुत्र का नाम ।

महाशुंडी—संज्ञा स्त्री० [स० **महाशुण्डी**] हाथीसूँड नामक क्षुप ।

महाशुक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] सीप । मोती की सीप ।

महाशुक्र—संज्ञा पुं० [स०] जैनों के अनुसार दसवें स्वर्ग का नाम ।

महाशुक्ला—संज्ञा स्त्री० [स०] सरस्वती ।

महाशुभ्र—संज्ञा पु० [स०] चाँदी ।

महाशूद्र[1]—संज्ञा पु० [स०] १ ऊँचे पदवाला शूद्र । उच्च पदस्थ शूद्र । २. ग्वाला । गोप [को०] ।

महाशूद्री—संज्ञा स्त्री० [स०] गोप की स्त्री । ग्वालिन [को०] ।

महाशून्य—संज्ञा पु० [सं०] आकाश ।

महाशोण—संज्ञा पु० [सं०] सोन नद ।

महाश्मशान—संज्ञा पु० [स०] काशी नगरी का एक नाम ।

महाश्मा—संज्ञा पुं० [सं० **महाश्मन्**] कीमती पत्थर [को०] ।

महाश्रमण—संज्ञा पुं० [स०] भगवान् बुद्ध का एक नाम ।

महाश्रावणिका—संज्ञा स्त्री० [स०] गोरखमुंडी ।

महाश्री—संज्ञा स्त्री० [स०] बुद्ध की एक शक्ति का नाम ।

महाश्रेष्ठी—संज्ञा पु० [सं० **महाश्रेष्ठिन्**] बहुत बड़ा सेठ । उ०—विशाखा का विवाह पुण्यवर्धन से हुआ था जो साकेत के महाश्रेष्ठी मिगार का पुत्र था ।—हिंदु० सभ्यता, पृ० २४४ ।

महाश्लक्ष्णा—संज्ञा स्त्री० [स०] मिश्री । बालुका । रेत [को०] ।

महाश्वास—संज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का श्वास रोग । २ वह अंतिम साँस जो मरने के समय चलती है । उ० महाश्वास जिस पुरुष को होय वह तत्काल मरण को प्राप्त होय ।—माधव०, पृ० ६५ ।

महाश्वेता—संज्ञा स्त्री० [स०] १ सरस्वती । २ दुर्गा । ३. सफेद अपराजिता । ४ चीनी । शर्करा ।

महाषष्ठी—संज्ञा स्त्री० [स०] १ दुर्गा । २ सरस्वती [को०] ।

महाष्टमी—संज्ञा स्त्री० [स०] आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी ।

महासंक्रांति—संज्ञा स्त्री० [स० **महासङ्क्रान्ति**] दे० 'संक्रांति' ।

महासंख[1]—संज्ञा पु० [स० **महाशङ्ख**] दे० 'महाशंख' । उ०—नामस्प शिवदेव महासंख धानारसी । दोऊ मिले अवेव साहिब सेवक एक से ।—अर्ध०, पृ० २२ ।

महासंधिविग्रह—संज्ञा पुं० [स० **महासन्धिविग्रह**] परराष्ट्रमंत्री का कार्यालय जहाँ से संधि और संघर्ष की समस्या हल की जाती है ।

महासंस्कार—संज्ञा पुं० [सं०] अंत्येष्टि । दाह संस्कार । उ०—आज नरपति का महासंस्कार । उमड़ने दो लोक पारावार ।—साकेत, पृ० १६५ ।

महासंस्कारी—संज्ञा पु० [स० **महासंस्कारिन्**] एक प्रकार का छंद । १७ मात्राओं के छंदों की संज्ञा ।

महासती—संज्ञा स्त्री० [स०] अत्यंत पतिव्रता एवं सच्चरित्र महिला । परम साध्वी स्त्री [को०] ।

महासत्ता—संज्ञा स्त्री० [स०] जैनों के अनुसार वह विश्वव्यापिनी सत्ता जिसमें विश्व के समस्त जीवों और पदार्थों की सत्ता अंतर्भुक्त है । सबसे बड़ी और प्रधान सत्ता जो सब प्रकार की सत्ताओं का मूल आधार है ।

महासत्ति[1]—संज्ञा स्त्री० [स० **महाशक्ति**] एक जंतु जो शृंगार में भिन्न होता है । उ०—डाँवी महासत्ति फैंकरइ ।—वी० रासो, पृ० ६१ ।

महासत्व—संज्ञा पुं० [स०] यमराज ।

महासत्य[1]—संज्ञा पु० [स० **महासत्त्व**] १ कुबेर । २ शाक्य मुनि । ३ एक बोधिसत्व का नाम । ४. विशालकाय पशु । बड़े शरीर का पशु (को०) ।

महासत्य[2]—वि० १ योग्य । महान् । २ अत्यधिक शक्तिशाली । ३ न्यायपूर्ण । न्यायोचित [को०] ।

महासन—संज्ञा पुं० [स०] सिंहासन ।

महासभा—संज्ञा पुं० [सं० **महा + सभा**] १ बहुत बड़ी सभा । विशाल समारोह । २. बहुत बड़ा संघटन । विशाल संघ । ३.

लोक निर्वाचित प्रतिनिधियो की सभा। उ०—इग्लैंड आदि देशों की पार्लियामेंट आदि महासभाओं में भी कई दल रहते हैं।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २६१।

महासमगा—सज्ञा स्त्री० [स० महासमङ्गा] कँगही या कघी नामक पौधा।

महासमर—सज्ञा पुं० [सं०] महान् युद्ध। विश्वयुद्ध।

महासमुद्र—सज्ञा पुं० [स०] बहुत बडा समुद्र। महासागर।

महासर्ग—सज्ञा पुं० [स०] जगत् की रचना जो महाप्रलय के उपरात फिर से होती है।

महासर्ज—सज्ञा पुं० [सं०] कटहल का वृक्ष।

महासह—सज्ञा पुं० [सं०] कुब्जक वृक्ष। कुरकट। वाणपुष्प [को०]।

महासहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मापपर्णी। २ अम्लान वा कुब्जक वृक्ष [को०]।

महासांतपन—सज्ञा पुं० [सं० महासान्तपन] एक व्रत जिनमें पांच दिन तक क्रम से पचगव्य, छठे दिन कुशजल पीकर सातवें दिन उपवास किया जाता है।

महासाधिविग्रहिक—सज्ञा पुं० [स० महासान्धिविग्रहिक] प्राचीन काल का वह राजकीय अधिकारी या मत्री जो अन्य देश से सधि और झगडे की समस्या सुलझाता था। उ०—महासाधिविग्रहिक। साधु। यह वशपरपरागत तुम्हारी ही विद्या है।—स्कद०, पृ० १३।

महासागर—सज्ञा पुं० [स०] विशाल समुद्र। जैसे, भारतीय महासागर, प्रशात महासागर, आदि।

महासार—सज्ञा पुं० [सं०] खदिर वृक्ष का एक भेद [को०]।

महासारथि—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'अरुण' [को०]।

महासाहस—सज्ञा पुं० [स०] अत्यधिक उग्रता, बलात्कारिता, धृष्टता और निर्लज्जतापूर्ण काम [को०]।

महासाहसिक—सज्ञा पुं० [सं०] १. चोर। डाकू। २ वह व्यक्ति जो अत्यत साहसी हो।

महासिंह—सज्ञा पुं० [स०] १ दुर्गादेवी का वाहन सिंह। २ शरभ (को०)।

महासि—सज्ञा स्त्री० [स०] बडी तलवार [को०]।

महासिद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] महान् सिद्धि। एक तात्रिक शक्ति। इनकी सख्या ८ कही गई है।

महासिधिⓅ—सज्ञा स्त्री० [सं० महासिद्धि] दे० 'महासिद्धि'। उ०—बगर बोहारति अष्ट महासिधि। द्वारे सथिया पूरति नौ निधि।—नंद० ग्र०, पृ० ३३१।

महासिल[1]—सज्ञा पुं० [अ०] १ आय। आमदनी। २. राजस्व। मालगुजारी। भूमिकर। लगान।

महासिलⓅ[2]—वि० लगान या कर आदि वसूल करनेवाला। उ०—काल महासिल साहु का सिर पर पहुँचा आय।—पलटू०, भा० १, पृ० २४।

महासीर—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की मछली जो पहाडी नदियो मे पाई जाती है और जिसका मास बहुत अच्छा माना जाता है।

महासुख—सज्ञा पुं० [स०] १ शृगार। सजावट। २ बुद्धदेव का एक नाम। ३ मैथुन। सभोग (को०)। ४. वज्रयानी बौद्धो के अनुसार निर्वाण के तीन अवयवों मे से एक। उ०—निर्वाण के तीन अवयव ठहराए गए, शून्य, विज्ञान और महासुख।—इतिहास, पृ० ११।

विशेष—प्रज्ञा और उपाय के योग से सुलभ सहवास का यह सुख निर्वाण के सुख के समान माना जाता है। इससे साधक इस प्रकार विलीन हो जाता है जिस प्रकार नमक पानी मे।

महासुन्नⓅ†—सज्ञा पुं० [स० महाशून्य] दे० महाशून्य'। उ०—पारब्रह्म महासुन्न मँझारा।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ७१।

महासुर—सज्ञा पुं० [सं०] एक दानव का नाम।

महासुरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

महासूक्ष्मा—सज्ञा स्त्री० [सं०] रेत। बालू [को०]।

महासूचि—सज्ञा स्त्री० [स०] युद्ध के समय की एक प्रकार की व्यूहरचना।

महासूत—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जो युद्धक्षेत्र मे बजाया जाता था।

महासेन—सज्ञा पुं० [स०] १ कार्तिकेय। स्वामिकार्तिक। २ शिव। ३ बहुत बडा या सबसे प्रधान सेनापति।

महासौपिर—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमे दाँतों के मसूढे सड जाते हैं और मुँह मे से बहुत दुर्गंध आती है।

विशेष—कहते हैं, जब यह रोग होता है, तब आदमी सात दिनो के अदर मर जाता है।

महास्कध—सज्ञा पुं० [सं० महास्कन्ध] ऊँट।

महास्कधा—सज्ञा स्त्री० [स० महास्कन्धा] जामुन का वृक्ष।

महास्थली—सज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी [को०]।

महास्नायु—सज्ञा पुं० [स०] वह प्रधान नाडी जिसमे से रक्त बहता है। इसे कडरा या अस्थिबधन नाडी कहते हैं।

महास्पद—वि० [स०] १ ऊँचे पद पर आसीन। उच्चपदस्थ। २ शक्तिशाली। बलवान [को०]।

महास्मृति—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा।

महास्वन—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का ढोल जिससे बहुत जोरों की आवाज निकलती हो [को०]।

महाहस—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का हस। २ विष्णु।

महाहनु—सज्ञा पुं० [स०] १ शिव। २ तक्षक की जाति का एक प्रकार का साँप। ३ एक दानव का नाम।

महाहविस्—सज्ञा पुं० [स० महाहविष्] घृत। घी [को०]।

महाहस्त—सज्ञा पुं० [स०] शिव।

महाहास—सज्ञा पु० [स०] जोर से ठठाकर हँसना। अट्टहास।

महाहि—सज्ञा सज्ञा [स०] वासुकि नाग।

महाहिक्का—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का हिचकी का रोग जिसमे हिचकी आने के समय सारा शरीर काँप उठता है और

मर्मस्थान में वेदना होती है। उ०—जो हिचकी मर्मस्थान में पीड़ा करती हुई और सर्वगात्र को कंपाती हुई सर्वकाल प्रवृत्त होय उसको महाहिक्का कहत हैं।—माधव०, पृ० ६३।

महाहिमवान्—संज्ञा पुं० [सं० महाहिमवत्] जैनों के अनुसार दूसरा पर्वत जो हैमवत और हरि नाम के दो खंडों में विभक्त है।

महाह्न—संज्ञा पु० [सं०] अपराह्न। दिन का तीसरा पहर [को०]।

महाहु(पु)†—वि० [सं० महार्घ] महत्त्वपूर्ण। महान्। मूल्यवान्। उ०—सबै रत्न महाहु।—प्राण०, पृ० १७।

महाह्लद—संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

महाह्लाद—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० महाह्लादा] कैंचाव। काछ।

महिं(पु)'—अव्य० [हिं०] दे० 'महँ'।

महिं'—सर्व० [हिं०] दे० 'माहिं'। उ०—ते काज राज सम्हैं सुगति लिषि कमंद महिं आपणी।—पृ० रा०, २६।११।

महिंजक—संज्ञा पुं० [सं० महिञ्जक] चूहा।

महिंधक—संज्ञा स्त्री० [सं० महिन्धक] १ चूहा। २. नेवला। ३ भार उठाने का छीका। सिकहर जिसे बहँगी के दोनों छोरों में बाँधकर कहार बोझ उठाते हैं।

महि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पृथ्वी। धरती। २ महिमा। ३ महत्ता। ४ महत्त्व।

महिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. पृथ्वी। धरती। २ हिम। बर्फ।

यौ०—महिकांशु = चंद्रमा। शीतांशु।

महिख(पु)'—संज्ञा पु० [सं० महिष] दे० 'महिष'। उ०—महाराज दल मेल, पौल जाधाण, पधारे। महिख पंच मंगत्त सगत पोखी सग धार।—रा० रू०, पृ० ३५१।

महिखरी—संज्ञा स्त्री० [?] अट्ठाईस मात्राओं के एक छंद का नाम जिसमें चौदह मात्राओं पर यति होती है।

महित'—संज्ञा पुं० [सं०] १. शिव का धनुष। पिनाक। २. त्रिशूल। ३. पूजित [को०]।

महित'—वि० पूजित। सम्मानित। आदृत [को०]।

महितारी(पु)†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'महतारी'। उ०—कवनि महितारी धवन पिता।—प्राण०, पृ० १२४।

महित्व—संज्ञा पुं० [सं०] शक्ति। प्रभुत्व। गौरव [को०]।

महिदास—संज्ञा पुं० [सं० महि + दास] दे० 'महीदास'।

महिदेव—संज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण। उ०—सुरेस महिप महिदेवन्ह दीन्ही।—मानस, १।३३१।

महिधर—संज्ञा पुं० [सं० महि + धर] १ दे० 'महिधर'। २ शेषनाग। उ०—जो सहस सीस महानु महिधर लखन सचराचर धनी।—मानस, २।२६।

महिन(पु)'—वि० [हिं०] दे० 'महीन'। उ०—बैठि चांदनी जल लहिर पैठ महीन पट धारा।—ब्रज ग्रं०, पृ० १०४।

महिन'—संज्ञा पुं० [सं०] प्रभुत्व। ईश्वरत्व [को०]।

महिना'†—संज्ञा पुं० [फा० माह] मासिक वृत्ति। दे० 'महीना-२'। उ०—जो वा म्लेच्छ ने गोपालदास जगाईदास। जो यों वा दरोगा म्लेच्छ को इन तीनों के माहना काटि लिए।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २४२।

महिप—संज्ञा पुं० [सं० महीप] राजा। नरेश। उ०—महिप मनि जहँ लगि प्रभुताई।—मानस, २।२५३।

महिपाल(पु)—संज्ञा पुं० [सं० महि + पाल] दे० 'महीपाल'। उ०—तहाँ राम रघुबंस मनि सुनिय महा महिपाल।—मानस, १।२६२।

महिफर†—संज्ञा पुं० [सं० मधुफल] मधु। शहद।

महिबाल(पु)—संज्ञा पुं० [सं० माह + बाल (= पुत्र)] भौम। मंगल। उ०—कुज अंगारक भौम पुनि नाहिनाम महिपाल।—अनेकार्थ०, पृ० ७२।

महिमंड(पु)—वि० [हिं० महि + मंडल] महिमंडलयुक्त। सारा संसार। उ०—चार चार कोऊ न सक्यो हू विश्वंभर हू आऊ, गाऊँ तिहारे चारन मुनीस महिमंड है।—घनानंद, पृ० १४२।

महिम(पु)—संज्ञा पुं० [सं० महिमा] महत्त्व। गौरव। उ०—सनाह महिम बरनी न जाइ।—पृ० रा०, ७।६१।

महिमा—संज्ञा स्त्री० [सं० महिमन्] महत्त्व। महात्म्य। बड़प्पन। गौरव। उ०—महहीं हना एक सराधा अब गुरु मानस को कौन उबेगा।—कबीर सा०, पृ० ६२४। २ प्रभाव। प्रताप। उ०—सुन अचरज करइ जनि काई। सतसंगति महिमा नहिं गोई।—तुलसी (शब्द०)। ३. आत्मा आदि आठ प्रकार की सिद्धियों या ऐश्वर्यों में से पाँचवीं जिससे सिद्ध योगी अपने आपको बहुत बड़ा बना लेता है।

यौ०—महिमाधर = महिमावान्। उ०—जासौं बिरुदावलि महिमाधर फिर देखा।—तुलसी०, पृ० १३। महिमान्वित = दे० 'महिमावान्'। महिमामंडित = गौरवयुक्त। महिमामय = दे० 'महिमावान्'। महिमामयी = महिमायुक्त।

महिमान(पु)—संज्ञा पुं० [फा० मेहमान + ई] दे० 'मेहमान'। उ०—रवि पंच दिन राज चंद भादर बहु आवौ। भोजन नीके मंगाय प्रीति महिमान सु किन्नौ।—पृ० रा०, ५८।१५३।

महिमानी(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं० महमान + ई] दे० 'मेहमानी'। उ०—महिमानी पठई नृपति सब मध्य के हेत।—दो सौ बावनो, पृ० ५३।

महिमावान्'—संज्ञा पुं० [सं० महिमावत्] मार्कंडेय पुराणानुसार एक प्रकार के पितृगण।

महिमावान्'—वि० महिमायुक्त। प्रतापी। गौरवपूर्ण। बड़ा।

महिरुह—संज्ञा पुं० [सं०] वृक्ष का एक प्रकार। [पुराणानुसार] इसकी उत्पत्ति अत्रि के नेत्र से हुई थी। शिव, विष्णु आदि देवताओं ने इसकी महिमा गाई।

महिय(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० महा] दे० 'मही'। उ०—[गोरक्ष] दत्त नवौ नाथ सहज पद लीन। [इन्हें] दीन्ह दत्त दिसा, पारसि सिमीर साहु पर।—पृ० रा०, १।

यौ०—महियमाल = पृथ्वी का मालिक, राजा। उ०—[राजा] भूपाल सुन्न भूपाल सह बोलाय।—पृ० रा०, १।

महियल(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० महीतल] दे० 'मही'। उ०—कहि महियल बल किनौ, एक दहु हरि धारिय। कहि वासिग बल कित्तौ सु फुनि करि नेत्र। मारिय।—पृ० रा०, १। ७८०।

महियाँ(पु)—अव्य० [सं० मध्य, प्रा० मज्झ (=महँ)] मे। उ०—(क) जेती लाज गोपालहि मेरी। तेती नाहि बधू हौ जाकी अवर हरत सबन तन हेरी। पति अति रोष करै मनौ महियाँ भीषम दई वेद विधि टेरी।—सूर (शब्द०)। (ख) सबै मिलि पूजा हरि की वाहया। जो नहि लेत उठाइ गोवधन को बाचत व्रज महियाँ। कोमल कर गिरि धरयो गोप पर शरद कमल की छहियाँ। सूरदास प्रभु तुमरे दरश आनद होत व्रज महियाँ।—सूर (शब्द०)।

महिया[1]—संज्ञा पु० [हिं० महना] ईख के रस का फेन जो उबाल खाने पर निकलता है।

महियाउर[1]—संज्ञा पुं० [हिं० मही (=मट्ठा)+चाउर (=चावल)] मठे मे पका हुआ चावल। उ०—माठा महि महियाउर नावा। भीज बरा नैनू जनु खावा।—जायसी (शब्द०)।

महिर—संज्ञा पु० [सं० मिहिर] १ सूर्य। २ मदार का पौधा (को०)।

महिरावण—संज्ञा पु० [सं० महि+रावण] एक राक्षस का नाम।

विशेष—कहते हैं, यह रावण का लटका था और पाताल मे रहता था। यह रामचद्र और लक्ष्मण को लका के शिविर से उठाकर पाताल ले गया था। रामचद्र और लक्ष्मण को ढूँढते हुए हनुमान जो पाताल गए थे और महिरावण को मारकर राम लक्ष्मण को ले आए थे। यह कथा वाल्मीकि रामायण और पुराणो मे नही पाई जाती।

महिल(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० महिला] दे० 'महिला'। उ०—(क) जमुन उतरि नावह निकट, मिलिय महिल इन रूप।—पृ० रा०, ६१। १४४। (ख) मिलि महिल मगुन सरूप। द्रग अप्प निरखत भूप।—पृ० रा०, ६१। १४६। (ग) को महिल को वर गेह।—पृ० रा०, ६१। १५४।

महिला[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्त्री। २ फूलप्रियगु की लता। ३. रेणुका नामक गधद्रव्य। ४ कामुक या मदोन्मत्त स्त्री (को०)।

महिला(पु)[2]—संज्ञा पुं० [अ० महल] महल। उच्च स्थान। परम पद। उ०—तौ यागी महिला देष महिला नाँही नहिला वो महिला।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० २३५।

महिष—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० महिषी] १ भैसा। २ वह राजा जिसका अभिषेक शास्त्रानुसार किया गया हो। ३ एक राक्षस का नाम जिसे पुराणानुसार दुर्गा देवी ने मारा था। ४ एक वर्णसकर जाति का नाम जो स्मृतियो मे क्षत्रिय पिता और तीवरी माता से उत्पन्न कही गई है। ५ एक साम का नाम। ६ पुराणानुसार कुश द्वीप के एक पर्वत का नाम। ७ कुश द्वीप के एक वर्ष का नाम। ८ भागवत के अनुसार अनुहाद के पुत्र का नाम। ९ निरुक्त के अनुसार देवगण का एक भेद (को०)। १० मत्स्यपुराणानुसार एक प्रकार की अग्नि (को०)।

महिषकद—संज्ञा पु० [सं० महिषकन्द] शुभ्रालु। भैसाकद।

महिषक—संज्ञा पुं० [सं०] एक वर्णसकर जाति का नाम।

महिषघ्नी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

महिषध्वज—संज्ञा पु० [सं०] १ यमराज। २ जैन शास्त्रानुसार एक अर्हत का नाम।

महिषपाल, महिषपालक—संज्ञा पु० [सं०] भैसा पालनेवाला (को०)।

महिषमत्स्य—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली जो काले रग की होती है। इसके नेत्र बडे बडे होते हैं। यह बल वीर्यकारी और दीपन गुणयुक्त मानी जाती है।

महिषमर्दिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा का एक नाम।

महिषमस्तक—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार जटहन धान।

महिषवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] छिरेटा।

महिषवहन, महिषवाहन—संज्ञा पु० [सं०] यमराज।

महिषाक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] भैसा गुग्गुल।

महिषाक्षक—संज्ञा पुं० [सं०] गुग्गुल (को०)।

महिषार्दन—संज्ञा पु० [सं०] स्कद का एक नाम।

महिषासुर—संज्ञा पु० [सं०] एक असुर का नाम जो रभ नामक दैत्य का पुत्र था।

विशेष—कहते हैं, इसकी आकृति भैसे की थी और इसे दुर्गाजी ने मारा था। मार्कडेय पुराण मे इसकी सविस्तर कथा लिखी है।

महिषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भैस। २ रानी, विशेषत पटरानी। ३. सैरिध्री। ४ व्यभिचारिणी स्त्री। ५ पत्नी के व्यभिचार से प्राप्त सपत्ति। महिषिक (को०)। ६ एक प्रकार की चिडिया। ७ एक औषधि का नाम।

यौ०—**महिषीकद। महिषीपाल**=भैस पालनेवाला। **महिषी-प्रिया। महिषीस्तभ।**

महिषीकद—संज्ञा पुं० [सं० महिषीकन्द] एक प्रकार का कद जिसे भैसा कद भी कहते हैं। शुभ्रालु।

महिषीप्रिया—संज्ञा पुं० [सं०] शूली नामक घास।

महिषेश—संज्ञा पुं० [सं०] १ महिषासुर। उ०—महामोह महिषेश विशाला। राम कथा कालिका कराला।—तुलसी (शब्द०)। २ यमराज। उ०—कह महिषेश बहाँ ले जाओ। चित्रगुपिहि वाहि देखाओ।—विश्राम (शब्द०)।

महिषोत्सर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ।

महिष्ठ—वि० [सं०] बहुत बड़ा।

महिसुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथ्वी की पुत्री, सीता (को०)।

महिष्ष(पु)—संज्ञा पुं० [सं० महिष] दे० 'महिष'।

महिसुर—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'महीसुर'। उ०—सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इनपर न सुराई।—मानस, १। १७३।

मही[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पृथ्वी। २ मिट्टी। ३ अवकाश-देश। स्थान। ४ नदी। ५ क्षेत्र का आधार। ६ सेना।

७. भुट्टा। समूह। ८ एक की संख्या। ९ गाय। १० दूरदूर। इत्यादि। ११ एक छंद का नाम (जिसके एक यति और एक गुरु मात्रा होती है। जैसे, मही, नगा, नदी इत्यादि। १२ भू संपत्ति। जमीन जायदाद (को०)। १३ बहुत बड़ी संख्या। विशाल संख्या (को०)।

मही²—संज्ञा स्त्री० [सं० मथित, हिं० महना] मट्ठा। छाछ। उ०—(क) तुलसी मुदित दूध भयो मानहुं अमिय लाभ मागत मही।—तुलसी (शब्द०)। (ख) छाँटि कपट माखन रस अमोलक बाँध को किरच गही। तेसी तू है चतुर विचारी पय तजि क्यों मही।—सूर (शब्द०)। (ग) दूध दही माखन मही बेचन नहीं ब्रज माँझ। तेसी चोरी करतु है फिरतु भार अरु लाज।—लल्लू (शब्द०)।

महीअलपु—संज्ञा पुं० [सं० महीतल] भूमि। पृथ्वी। उ०—कालु अहेरी जीअ न छोडइ जाल थान महीअल मारि।—प्राण०, पृ० १३८।

महीक्षित्—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

महीखडी—संज्ञा स्त्री० [देश०] सिक्लीगरों का एक औजार जिसकी धार कुंद होती है और जिससे बरतन का दस्ता लगा रहता है। इससे बर्तन आदि खुरचकर साफ किए जाते हैं और उनपर जिला की जाती है।

महीज—संज्ञा पुं० [सं०] १ अदरक। आदी। २ मंगल ग्रह। ३ नरकासुर (को०)।

महीजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] महीसुता। सीता (को०)।

महीतल—संज्ञा पुं० [सं०] पृथ्वी। संसार।

महीदास—संज्ञा पुं० [सं०] ऐतरेय ब्राह्मण के रचयिता एक ऋषि का नाम। यह इतरा नामक दासी के पुत्र थे।

महीदुर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] मिट्टी का किला (को०)।

महीदेव—संज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण।

महीधर—संज्ञा पुं० [सं०] १. पर्वत। २ बौद्धों के अनुसार एक दैवपुत्र का नाम। ३. शेषनाग। उ०—धर्म करत अति अर्थ बढ़ावत। संतति हित रवि रोविद गावत। संतति उपजत ही निधि वानर। गावत तन मन मुक्ति महीधर।—केशव (शब्द०)। ४. एक वर्णिक वृत्त का नाम जिसमें चौदह वार क्रम से लघु और गुरु आते हैं। यथा, सदा कुसम मारिये, नहीं कुसम मारिय, नगाम जिस सीस मानिये खरो। ५. विष्णु (को०)। ६ वेदभाष्य के एक रचयिता जिनका भाष्य महीधर भाष्य नाम से है।

महीध्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ महीधर। पर्वत। उ०—सब सब पटो समुपत महीध्र शृंग अवली के अंग में विराट, धरा प्रांत में।—पार्क, पृ० १४। २. विष्णु का नाम (को०)। ३ सात की संख्या का बोधक शब्द (को०)।

महीध्रक—संज्ञा पुं० [सं०] १. पर्वत। २. एक राजा का नाम।

महीन¹—वि० [सं० महा+क्षीण (सं० क्षीण)] १ जिसकी मोटाई का घेरा बहुत ही कम हो। 'मोटा' का उलटा। पतला। २ जो स्थूल रूप या ढंचा या तह का न हो। सूक्ष्म। बारीक। महीन।

विशेष—इस अर्थ में यह शब्द प्रायः सब प्रकार के पदार्थों के लिये आता है।

महीन²—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

महीना—संज्ञा पुं० [सं० मास या मास, मि० फ्रा० माह] १. वर्ष का एक चंद्रमास जो वर्ष के बारहवें अंश के बराबर होता है।

विशेष—यह साधारणतया तीस दिन का होता है। पर कोई कोई महीने इससे अधिक और न्यून भी होते हैं। आजकल भारतवर्ष में कई प्रकार के महीने प्रचलित हैं—देशी संस्कृत और अंग्रेजी। देशी या हिंदी महीने चार प्रकार के होते हैं—सौर मास, चांद्र मास, नक्षत्र मास और सावन मास (विस्तार के लिये देखो 'मास')। अंग्रेजी महीना एक प्रकार का चांद्र मास है जो मुख्य तिथियों से प्रारंभ होता है। अंगरेजी महीना और मास का एक भेद है जिसमें संक्रांति से संबंध नहीं रहता किंतु प्रत्येक मास के दिन नियत रहते हैं। जो काल प्रत्यक्ष या चांद्र वर्ष में, उसे सौर वर्ष के बराबर करने के लिये जोड़ा जाता है, उसे मल कहते हैं, और यह मल किस एक महीने का होता है, या उसे तीस का महीना या मलमास कहते हैं (दे० 'मलमास')। जिस वर्ष में प्रायः सावन वर्ष नक्षत्रमास होता है और उस समय वर्ष में बारह संक्रांतियाँ न होकर तेरह होती हैं। संस्कृत ज्योतिष में प्रति चौथे वर्ष चांद्र मास के दिन बराबर बढ़ाए जाते हैं पर अंगरेजी महीनों के क्रम में सौर वर्ष से कुछ भिन्नता है जिस कारण यह ठीक नहीं मिलता, इसलिये ४ वर्ष में एक वर्ष में लगभग एक दिन का अंतर पड़ जाता है। अंगरेजी महीनों के नाम इस प्रकार हैं—

संस्कृत	हिंदी
चैत्र	चैत
वैशाख	वैसाख
ज्येष्ठ	जेठ
आषाढ़	असाढ़
श्रावण	सावन
भाद्र या भाद्रपद	भादों

आश्विन	कुआर, आमोज या आसो
कार्तिक	कातिक
मार्गशीर्ष	अगहन या मंगसर
पौष	पूस
माघ	माघ या माह
फाल्गुन	फागुन

अरबी महीनो के नाम इस प्रकार हैं—मुहर्रम, सफर, रबी उल् अव्वल, जमादि उल् अव्वल, रबी उस् सानी, रज्जब, शाबान, रमजान, शौवाल, जीफाद, जिलहिज्ज। अँगरेजी महीनो के नाम इस प्रकार हैं—जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितबर, अक्टूबर, नवबर, दिसबर।

२ वह वेतन जो महीना भर काम करने के बदले मे काम करनेवाले को मिले। मासिक वेतन। दरमाहा। ३ स्त्रियो का रजोधर्म या मासिक धर्म।

मुहा०—महीने से होना = स्त्रियो का रजस्वला होना। रजोधर्म स होना।

महीनाथ—सज्ञा पु० [स०] नरेश। राजा [को०]।

महीप—सज्ञा पुं० [स०] राजा। उ०—महा महीप भए पसु आई। —मानस, १।२८३।

महीपति—सज्ञा पु० [स०] राजा। उ०—सुनहु महीपति मुकुट मनि तुम्ह सम धन्य न कोउ।—मानस, १।२६१।

महीपाल—सज्ञा पु० [स०] राजा।

महीपुत्र—सज्ञा पुं० [स०] मगलग्रह।

महीपुत्री—सज्ञा स्त्री० [स०] सीता [को०]।

महीप्रकप—सज्ञा पु० [स० **महीप्रकम्प**] भूडोल। भूकप [को०]।

महीप्ररोह—सज्ञा पु० [स०] वृक्ष।

महीप्राचीर—सज्ञा पुं० [स०] समुद्र।

महीप्रावर—सज्ञा पुं० [स०] समुद्र।

महीभर्ता—सज्ञा पु० [स० **महीभर्तृ**] [स्त्री० **महीभर्त्री**] महीप। राजा। महीपति।

महीभुक्—सज्ञा पुं० [स०] राजा।

महीभुज्—सज्ञा पुं० [स०] राजा।

महीभृत्—सज्ञा पुं० [स०] १ राजा। २ पर्वत।

महीमडल—सज्ञा पु० [स० **महीमण्डल**] पृथ्वी। भूमडल।

महीम—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गन्ना।

विशेष—यह पीलापन लिए हरे रग का होता है। इसे पूने का पौढा भी कहते हैं।

महीमय—वि० [स०] मृत्तिकानिर्मित। मृत्तिकामय [को०]।

महीमानⓤ—सज्ञा पु० [स० **महीयान्**] विशाल। दे० 'महीयान्'। उ०—प्रगटि पुरातन खडना, महीमान मुख मंडना।—दादू०, पृ० ५४५।

महीमृग—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का जंतु।

महीयस्—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **महीयसी**] बहुत बडा। महान्। २ बलवान् (को०)।

महीयान—वि० [स० **महीयस्** (= महीयान्)] १ अपेक्षाकृत बडा। बडा। विशाल। २ शक्तिशाली। बलवान। उ०—लोहित लोचन रावण मद मोचन महीयान।—अपरा, पृ० ३०।

महीर[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मही] १ वह तलछट जो मक्खन तपाने मे नीचे बैठ जाती है। उ०—ब्रह्म मैं जगत यह ऐसी विधि देखियत जैसी विधि देखियत फूलरी महीर में।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६५०। २ मट्ठे मे पकाया हुआ चावल। मट्ठे की बनी खीर।

महीरण—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार धर्म के एक पुत्र का नाम। यह विश्वेदेवा के अतर्भूत है।

महीरावण—सज्ञा पुं० [सं०] अद्भुत रामायण के अनुसार रावण के एक पुत्र का नाम। विशेष दे० 'महिरावण'।

महीरिपर्यⓤ—सज्ञा पुं० [स० **महर्षि**] महर्षि। महान् ऋषि। उ०—तिन पुच्छिय वत्त महीरिपय।—पृ० रा०, ५६।७८।

महीरुह—सज्ञा पुं० [स०] वृक्ष। पेड। उ०—विशीर्ण डालियाँ महीरुहो की टूटने लगी। शमा की झालरें व टक्करो से फूटने लगी।—सामवेनी, पृ० ७६।

महीलता—सज्ञा स्त्री० [सं०] केचुआ।

महीला—सज्ञा स्त्री० [सं०] औरत। नारी। महिला [को०]।

महीश—सज्ञा पु० [स०] राजा।

महीसⓤ—सज्ञा पुं० [स० **महीश**] दे० 'महीश'। उ०—जौ जगदीस तौ अति भलो, जौ महीस तौ भाग। तुलसी चाहत जनम भरि रामचरन अनुराग।—तुलसी ग्र०, पृ० ६३।

महीसुत—सज्ञा पु० [स०] १ मगल ग्रह। २ नरकासुर (को०)।

महीसुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सीता [को०]।

महीसुर—सज्ञा पुं० [स०] ब्राह्मण। उ०—तदपि महीसुर साप बस भार सकल अघ रूप।— मानस, १।१७६।

महीसूनु—सज्ञा पु० [सं०] १ मगलग्रह। २ दे० 'महीसुत'।

महुँⓤ—अव्य० [हिं०] दे० 'महँ'। उ०—मट महु प्रथम लीक जग जासू।—मानस, १।१८०।

महुⓤ—सज्ञा पुं० [सं० मधु, प्रा० महु] १ दे० 'मधु'। २ मधु का छत्ता (लाक्ष०)। उ०—महु ताज चलत मुहाल अन्य तरु साप लगन कहुँ।—पृ० रा०, ७।२३।

महुआर[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मधूक, प्रा० महूअ, हिं० महुआ] १ वह भेड जिसका ऊन कालापन लिए लाल रग का होता है। २. वह रोटी जो महुआ मिलाकर पकाई गई हो।

महुअर[2]—सज्ञा पु० [स० **मधुकर**, प्र० **महुअर**] १ एक प्रकार का बाजा जिसे तुमडी या तुबी भी कहते है।

विशेष—यह कडवी पतली तुबी का होता है जिसमे दोना और दो नालियाँ लगी होती हैं। एक ओर की नली को मुँह मे लगाकर और दूसरी ओर की नली की छेद पर उगलियाँ रखकर इसे

बजाते हैं। प्राय मदारी लोग साँपो को मस्त करने के लिये इसे बजाते हैं।

२. एक प्रकार का इद्रजाल का खेल जो महुअर बजाकर किया जाता है।

विशेष—इसमे दो प्रतिद्वद्वी खेलाडी होते हैं जिनमें से प्रत्येक महुअर बजाकर दूसरे को मूर्छित अथवा चलने फिरने मे असमर्थ करने का प्रयत्न करता है।

महुअरⓊ‡[1]—सज्ञा पुं० [स० मधुकर] [स्त्री० महुअरि, महुअरी] भ्रमर। दे० 'मधुकर'। उ०—मअरदपाण विमुद्ध महुअर सद्द मानस मोहिया।—कीर्ति०, पृ० २६।

महुअरि—सज्ञा स्त्री० [हिं० महुअर] दे० 'महुअर[2]'। उ०—और खेल खेलत छबि पावत। महुअरि वेनु बजावत गावत।—नद० ग्र०, पृ० २५६।

महुअरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० महुआ] वह रोटी जो आटे मे महुआ मिलाकर बनाई जाती है।

महुआ[1]—सज्ञा पुं० [स० मधूक, प्रा० महुअ] एक प्रकार का वृक्ष जो भारतवर्ष के सभी भागों मे होता है और पहाडो पर तीन हजार फुट की ऊँचाई तक पाया जाता है।

विशेष—इसकी पत्तियाँ पाँच सात अगुल चौडी, दस बारह अगुल लबी और दोनों ओर नुकीली होती हैं। पत्तियो का ऊपरी भाग हलके रग का और पीठ भूरे रग की होती है। हिमालय की तराई तथा पजाब के अतिरिक्त सारे उत्तरीय भारत तथा दक्षिण मे इसके जगल पाए जाते हैं जिनमे वह स्वच्छद रूप से उगता है। पर पजाब में यह सिवाय बागो के, जहाँ लोग इसे लगाते हैं, और कहीं नही पाया जाता। इसका पेड ऊँचा और छतनार होता है और डालियाँ चारो ओर फैलती हैं। यह पेड तीस चालीस हाथ ऊँचा होता है और सब प्रकार की भूमि पर होता है। इसके फूल, फल, बीज, लकडी सभी चीजें काम मे आती हैं। इसका पेड बीस पचीस वर्ष मे फूलने और फलने लगता और सैकडो वर्ष तक फूलता फलता है। इसकी पत्तियाँ फूलने के पहले फागुन चैत मे झड जाती हैं। पत्तियो के झडने पर इसकी डालियो के सिरो पर कलियो के गुच्छे निकलने लगते हैं जो कूँची के आकार के होते हैं। इसे महुए का कुचियाना कहते है। कलियाँ बढती जाती है और उनके खिलने पर कोश के आकार का सफेद फूल निकलता है जो गुदारा और दोनो ओर खुला हुआ होता है और जिसके भीतर जीरे होते हैं। यही फूल खाने के काम मे आता है और महुआ कहलाता है। महुए का फूल बीस बाइस दिन तक लगातार टपकता है। महुए के फूल मे चीनी का प्राय आधा अश होता है, इसी से पशु, पक्षी और मनुष्य सब इसे चाव से खाते है। इसके रस मे विशेषता यह होती है कि उसमे रोटियाँ पूरी की भाँति पकाई जा सकती हैं। इसका प्रयोग हरे और सूखे दोनो रूपो मे होता है। हरे महुए के फूल को कुचलकर रस निकालकर पूरियाँ पकाई जाती है और पीसकर उसे आटे मे मिलाकर रोटियाँ बनाते हैं जिन्हे 'महुअरी' कहते है। सूखे महुए को भूनकर उसमे पियार, पोस्ते के दाने आदि मिलाकर कूटते है। इस रूप मे इसे लाटा कहते हैं। इसे भिगोकर और पीसकर आटे मे मिलाकर 'महुअरी' बनाई जाती है। हरे और सूखे महुए लोग भूनकर भी खाते हैं। गरीबो के लिये यह बडा ही उपयोगी होता है। यह गौओ, भैंसो को भी खिलाया जाता है जिससे वे मोटी होती है और उनका दूध बढता है। इसमे शराब भी खीची जाती है। महुए की शराब को सस्कृत मे 'माध्वी' और आजकल के गँवार 'ठर्रा' कहते हैं। महुए का फूल बहुत दिनों तक रहता है और बिगडता नही। इसका फल परवल के आकार का होता है और कलेंदी कहलाता है। इसे छील उबालकर और बीज निकालकर तरकारी भी बनाई जाता है। इसके बीच मे एक बीज होता है जिससे तेल निकलता है। वैद्यक मे महुए के फूल को मधुर, शीतल, धातुवर्धक तथा दाह, पित्त और वात का नाशक, हृदय को हितकर और भारी लिखा है। इसके फल को शीतल, शुक्रजनक, धातु और बलवर्धक, वात, पित्त, तृषा, दाह, श्वास, क्षयी आदि को दूर करनेवाला माना है। छाल रक्तपित्तनाशक और व्रणशोधक मानी जाती है। इसके तेल को कफ, पित्त और दाहनाशक और सार को भूत-बाधा-निवारक लिखा है।

पर्या०—मधूक। मधुष्ठील। मधुस्रवा। मधुपुष्प। रोध्रपुष्प। माधव। वानप्रस्थ। मध्वग। तीक्ष्णसार। महाद्रुम।

महुआ[2]—सज्ञा स्त्री० महुए की बनी शराब। उ०—शोर, हँसी, हुल्लड, हुडदग, धमक रहा थाग्डाग मृदग। मार पीट बकवास, झडप मे, रग दिखाती महुआ भग। यह चमार चौदस का ढग। ग्राम्या, पृ० ४६।

महुआ दही—सज्ञा पुं० [हिं० महुना + दही] वह दही जिसमे से मथकर मक्खन निकाल लिया गया हो। मखनिया दही।

महुआरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० महुआ + बारी] महुए का जगल।

महुकमⓊ—वि० [अ० मुहकम] दे० 'मुहकम'। उ०—जग मरजादा मे रहे ते महुकम लूटे।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ८९६।

महुमासⓊ—सज्ञा पुं० [स० मधुमास] दे० 'मधुमास'। उ०—तम् महुमासहि पढम पक्ख पचमी कहिअजे।—कीर्ति०, पृ० १६।

महुरⓊ—सज्ञा पु० [अ० मुहर] दे० 'मोहर-३'। उ०—हरिसिद्ध जाइ कीनो प्रनाम। दुअ सहस महुर दुज दिन्न दाम।—पृ० रा०, ६१। ९८५।

महुरतⓊ—सज्ञा पुं० [स० मुहूर्त] दे० 'मुहूर्त'। उ०—ले मुहरत चाल्योऊ तिणि ठाई। चिहुँ पड जोवज्यो भूपति राय।—बी० रासो०, पृ० ७।

महुरिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० महुअरि] दे० 'महुअर'। उ०—तिन मैं परम सुहावनी हो महुरि, बाँसुरी चग।—नद० ग्र०, पृ० ३८३।

महुर्छा—सज्ञा पुं० [स० महोत्सव प्रा० महुस्सव, महूसव, महोच्छव, मि० प० महोछा] महोत्सव। उ०—कथा कीरतन मगन महुर्छा करि मतन धीर। कबहु न काज बिगरै नर तेरो सत सत कहै कबीर।—कबीर (शब्द०)।

महुल(पु)—संज्ञा पु० [अ० महल] दे० 'महल'। उ०—रचि महुल मधु-रिति मधुरय भ्रम छडि मडि मु पिथ्थय पृ० रा०,५६ । २२ ।

महुला†[1]—वि० [हिं० महुआ] [स्त्री० महुली] महुए के रग का।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्राय बैलो, गौओ आदि के सबध मे होता है।

महुला[2]—सज्ञा पु० वह बैल जिसके शरीर पर लाल और काले रग के बाल हो।

विशेष—ऐसा बैल निकम्मा समझा जाता है।

महुव(पु)—सज्ञा पु० [स० मधूक] दे० 'महुआ' उ०—कोइ अँबिलि कोइ महुव खजूरी—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २४७।

महुवरि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० महुअर] महुअर नाम का बाजा। तूँबडी। उ०—नैं कत तोरयो हार नौसर को। मोती बगरि रहे सब बन मे गयो कान की तरकी। ए अवगुन जो करत गोकुल मे तिनक दिए केसरि को। ढीट गुवाल दही मे माते ओढन हारि कमरि को। जाइ पुकारैं जसुमति आगे कहत जु मोहन लरिको। सुर श्याम जानी चतुराई जेहि अभ्याम महुवरि को।—सूर (शब्द०)

महुवा—सज्ञा पुं० [स० मधूक] दे० 'महुआ'।

महूख—सज्ञा पुं० [स० मधूक] १ महुआ। उ०—(क) छिनक छबीले लाल वह जौ लगि नहि वतराय। ऊख महूख पियूख कौं तौ लगि भूख न जाय।—बिहारी (शब्द०)। (ख) ऊख रस केतकु महूख रस मीठो है पियूखहु की पैनी धाहे जाको निथराइए।—(शब्द०) (ग) कहाँ ऊख महूख मे एती मिठास पियूख हूँ ना हरिऔध हहै। जितो चारुता कोमलता सुकुमारता माधुरता अवरा म अहै।—हरिऔध (शब्द०)। २ मधु। शहद। उ०—महुवा मिश्री दूध घृत अति सिंगार रस मिष्ट। ऊख, महूख, पियूख जानै केशव साचो इष्ट।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० १२५। ३ जठोमधु। मुलेठी।

महूम†—सज्ञा पु० [अ० मुहिम्म] युद्ध। चढाई। उ०—दिगविजय काज महूम को, अरि देस देवन धूम को।—पद्माकर ग्र०, पृ० ६।

महूमहू(पु)†—अव्य० [स० मुहु मुहु] बार बार। पुन पुन। मुहुर्मुहु। उ० प्यारे नटनागर के अतर समै को पाय मोहि का सतावत है विरहा महू महू।—नट०, पृ० ६२।

महूरत(पु)—सज्ञा पु० [स० मुहूर्त] १२ क्षण या २ दड का समय। दे० 'मुहुर्त'। उ०—लागो मिलतां खान मूं, एक महूरत वेर।—रा० रू०, पृ० ३२७।

महूरति(पु)—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मुहूर्त'। उ०—धरती अवर ना हता कौन था पडित पास। कौन महूरत थापिया चाँद सूर आकास।—कबीर (शब्द०)।

महेंद्र—सज्ञा पु० [सं० महेन्द्र] १ विष्णु। २ इद्र। ३ भारतवर्ष के एक पर्वत का नाम जो सात कुलपर्वतो मे गिना जाता है। महेंद्राचल।

यौ०—महेंद्रकदली = एक प्रकार का केला। महेंद्रनगरी, महेंद्रपुरी = अमरावती। इद्र की नगरी। महेंद्रमत्री = बृहस्पति का नाम। महेंद्रवारुणी। महेंद्रवाह = ऐरावत हाथी।

महेंद्रनगरी—सज्ञा स्त्री० [महेन्द्रनगरी] अमरावती।

महेंद्रव(पु)—सज्ञा पुं० [स० महेन्द्र] दे० 'महेंद्र'। उ०—तिन व उपमा कवि चद करी। मनौ मेघ महेंद्रव बीज झरी।—पृ० रा०, २५। ५३३।

महेंद्रवारुणी—सज्ञा स्त्री० [स० महेन्द्रवारुणी] बडी इद्रायण।

महेंद्राल—सज्ञा स्त्री० [हिं० महेन्द्र + अलि] गुजरात की महेंद्री नामक नदी का नाम।

महेंद्री—सज्ञा स्त्री० [स० महेन्द्री] एक नदी का नाम जो गुजरात मे बहती है। इसे महेंद्राल भी कहते हैं।

महेर†‡—सज्ञा पु० [हिं० मही + एर (प्रत्य०)] दे० 'महेरा'।

महेर[2]—सज्ञा पुं० [देश०] झगडा। बखेडा।

मुहा०—किसी बात या काम मे महेर डालना = (१) अडचन डालना। बखेडा खडा करना। (२) देर लगाना।

महेर[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'महेरी'।

महेरण—सज्ञा स्त्री० [सं०] शल्लकी का वृक्ष (को०)।

महेरा[1]—सज्ञा पु० [हिं० मही + एरा (प्रत्य०)] [स्त्री० महेर, महेरी, महेरी] एक प्रकार का व्यजन जो दही मे चावल पकाकर बनाया जाता है। महेला। महेरी। महेर।

विशेष—यह दो प्रकार का होता है—सलोना और मीठा। सलोने मे हल्दी, राई आदि मसाले डाले जाते हैं और मीठे मे गुड पडता है।

२ एक भोज्य पदार्थ जो खेसारी के आटे को दही मे उबालने से बनता है। ३ मही। मठा। उ०—जस घिउ होइ जराइ तस जिउ निरमल होइ। महै महेरा दूरि कर भोग करै सुख सोइ।—जायसी (शब्द०)।

महेरा[2]—सज्ञा पुं० [सं० माष + हिं० एरा] दे० 'महेला'।

महेरि—सज्ञा स्त्री० [हिं० महेर या मही] महेरा नामक खाद्य पदार्थ। उ०—भोजन भयो भावती मोहन। नातोइ जेईं जादु गो मोहन। खीर खाड खाँचरी मँवारी। मधुर महेरि सो गोप प्यारी।—सूर (शब्द०)।

महेरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० महेरा] १ उबाली हुई ज्वार जिसे लोग नमक मिर्च से खाते हैं। †२ मठे मे उबाली हुई ज्वार जो मीठी या नमकीन होती है।

महेरी[2]—वि० [हिं० महेर] अडचन डालनेवाला। बखेडा खडा करनेवाला।

महेरुह(पु)—सज्ञा पुं० [सं० महीरुह] दे० 'महीरुह'। उ०—गो खाइ दूर मैं परा। मुख आनद महेरुह हरा।—इद्रा०, पृ० ८५

महेला[1]—सज्ञा पुं० [स० माष] पशुओ को खिलाने का एक पदार्थ।

विशेष—यह चने, उर्द, मोठ आदि को उबालकर और उसमे गुड घी आदि डालकर बनाया जाता है। इसके खिलाने से घोडे बैल आदि पुष्ट होते हैं और गौएँ भैंसे आदि अधिक दूध देती है

महेला[२]—सज्ञा स्त्री० [स०] स्त्री। (को०]।

महेलिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'महेला'[२] (को०]।

महेश—सज्ञा पु० [सं०] १ महादेव। शिव। २ ईश्वर।

महेशबधु—सज्ञा पु० [सं० महेशबन्धु] बेल। विल्व।

महेशसखा—सज्ञा पु० [सं०] कुबेर का एक नाम (को०]।

महेशान—सज्ञा पु० [सं० महा+ईशान] [स्त्री० महेशानी] शिव।

महेशानी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

महेशीⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० महेश्वरी] महेश्वरी। पार्वती।

महेशुरⓅ—सज्ञा पु० [स० महेश्वर] दे० 'महेश्वर'। उ०—मैं तोहि कैसे बिसरुँ देवा ब्रह्मा विष्नु महेशुर ईशा ते भी बछै सेवा।—दरिया० बानी, पृ० ५०।

महेश्वर—सज्ञा पु० [स०] [स्त्री० महेश्वरी] १. महादेव। शकर। शिव। २ ईश्वर। परमेश्वर। ३ सफेद मदार। ४ सोना। स्वर्ण।

महेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] पार्वती।

महेष्वि—वि० [स०] बडा धनुर्धारी।

महेष्वास—वि० [स०] बडा धनुर्धारी। श्रेष्ठ योद्धा।

महेसⓅ—सज्ञा पु० [स० महेश] दे० 'महेश'। उ०—गई समीप महेस तब हँसि पूछी कुसलात।—मानस, १।५५।

महेसिया—सज्ञा पु० [हि० महेस] एक प्रकार का उत्तम अगहनी धान।

महेसीⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० महेस+हि० ई (प्रत्य०)] महेश्वरी। पार्वती। उ०—हिय महेस जौ कहैं महेसी। कित सिर नावहिं ए परदेसी।—जायसी (शब्द०)।

महेसुरⓅ—सज्ञा पुं० [स० महेश्वर] महेश्वर। शिव। २ माहेश्वर नामक शैव सप्रदाय। उ०—कोई सु महेसुर जगम जती। कोइ एक परखै देवी सती।—जायसी (शब्द०)।

महैⓅ—अव्य० [हि०] दे० 'महँ'। उ०—नजर महै सबकी पडै कोऊ देखै नाहि।—पलटू०, पृ० ४४।

महैकोद्दिष्ट—सज्ञा पु० [स०] वह श्राद्ध जो मरने के बाद पहले पहल अशौच के अत मे मृत प्राणी के उद्देश्य से किया जाता है।

महैतरेय—सज्ञा पु० [स०] ऐतरेय उपनिषद्।

महैरड—सज्ञा पु० [स० महा+एरण्ड] एक प्रकार का बडा रेंड जिसके बीज भी बडे होते हैं।

महैला—सज्ञा स्त्री० [स०] बडी इलायची।

महोंड़ा‡—सज्ञा पुं० [हि०] १ दे० 'मोहडा'। उ०—और महोंडे आगें अस्तो विस्त अभच्चाभच्च धरयो है।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ३३०। २ मुख। मुहँ। उ०—पाछें वा चुगली करनेवारे को महोटो स्याम होइ गयो।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १३१।

महोक—सज्ञा पुं० [स० मधूक, हि० महोख, महोखा] दे० 'महोखा'।

महोक्ष—सज्ञा पु० [सं०] बडा बैल।

महोख—सज्ञा पु० [स० मधूक] दे० 'महोखा'। उ०—(क) हारिल शब्द महोख सुहावा। काग कुगहर करहिं सोहावा।—जायसी (शब्द०)। (ख) कूजत पिक मानो गज माते। ढेंक महोख ऊँट बिसराते।—तुलसी (शब्द०)।

महोखा—सज्ञा पुं० [सं० मधूक, प्रा० महूक] एक प्रकार का पक्षी जो कौए के बराबर होता है और भारतवर्ष मे, विशेषकर उत्तरी भारत मे झाडियो और बँसवाडियो मे मिलता है।

विशेष—इसकी चोच, पैर और पूँछ काली, आँखें लाल और सिर, गला और डैने खैरे रग के या लाल होते हैं। यह झाडियो के आस पास रहता है और कीडे मकोडे खाता है। यह बहुत तेज दौड सकता है, पर बहुत दूर तक नही उड सकता। इसकी बोली बहुत तेज होती है और यह बहुत देर तक लगातार बोलता है।

महोगनी—सज्ञा पुं० [अ०] भारत, मध्य अमेरिका और मैक्सिको आदि मे होनेवाला एक प्रकार का बहुत बडा पेड जो सदा हरा रहता है।

विशेष—इसकी लकडी कुछ ललाई लिए भूरे रग की, बहुत ही दृढ और टिकाऊ होती है और उसपर बार्निश बहुत खिलती है। यह लकडी बहुत महँगी बिकती है और प्राय मेजें, कुर्सियाँ और सजावट के दूसरे सामान बनाने के काम मे आती है।

महोच्छवⓅ—सज्ञा पु० [स० महोत्सव, प्रा० महोच्छव] बडा उत्सव। महोत्सव। उ०—मरना भला विदेस का जहँ अपना नहिं कोय। जीव जतु भोजन करै सहज महोच्छव होय।—कबीर (शब्द०)।

महोच्छोⓅ—सज्ञा पु० [स० महोत्सव, प्रा० महोच्छव] दे० 'महोत्सव'। उ०—कियो सो महोच्छो, ज्ञाति विप्रन को न्योता दियो।—भक्तमाल (श्री०), पृ० ३९८।

महोछवⓅ—सज्ञा पु० [स० महोत्सव, प्रा० महोच्छव] दे० महोत्सव'। उ०—कथा कीरतन मंगल महोछव, कर साधन को भीर।—कबीर श०, भा० २, पृ० १०६।

महोछा—सज्ञा पुं० [स० महोत्सव] १ दे० 'महोच्छव'। २ ‡ खत्रियो मे होनेवाला उनके एक प्रसिद्ध महात्मा (बाबा लालू जसराय) का पूजन जो श्रावण मास के कृष्ण पक्ष मे होता है।

महोटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] बृहती। कटैया।

महोटी—सज्ञा स्त्री० [स०] बृहती। कटैया।

महोती—सज्ञा स्त्री० [हि० महुआ] महुए का फल। करोंदी। गुलेंदा। कोयंदा।

महोल्का—सज्ञा पु० [स०] महोल्का। बडी उल्का।

महोत्पल—सज्ञा पु० [सं०] १ बडे आकार का नील कमल। २. सारस पक्षी (को०]।

महोत्सग—सज्ञा पुं० [स० महोत्सङ्ग] सबसे बडी सख्या।

महोत्सव—सज्ञा पु० [सं०] १ बडा उत्सव। २, कामदेव (को०)।

महोत्साह—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो अत्यत शक्तिशाली वा शक्तिमत हो। २ असवाह्य गर्व। अत्यत गर्व [को०]।

महोदधि सज्ञा पुं० [सं०] १ समुद्र। सागर। २. इंद्र का एक नाम (को०)।

महोदय[१]—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० महोदया] १ आधिपत्य। २. स्वर्ग। ३ महाफूल। ४ स्वामी। ५ कान्यकुब्ज देश और उसकी राजधानी। ६ महापुरुष। महात्मा (को०)। ७ मधुमिश्रित खट्टा दूध या दधि (को०)। ८ बडो के लिये एक आदरसूचक शब्द। महाशय। महानुभाव।

महोदय[२]—वि० १ भाग्यवान्। गौरवशाली। २ अति समृद्ध। सपत्तिशाली। ३ महानुभाव [को०]।

महोदया—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नागबला। गँगेरन। गुलशकरी। २ बडी या समान्य महिलाओ के लिये एक आदरसूचक शब्द।

महोदर[१]—सज्ञा पुं० [स०] १. एक नाग का नाम। २. एक राक्षस का नाम। ३ धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। ४ शिव। ५ एक रोग। जलोदर।

महोदर[२]—वि० [वि० स्त्री० महोदर] जिसका पेट बडा हो।

महोदरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] भगवती दुर्गा का एक रूप [को०]।

महोदार—वि० [स०] १ अत्यंत उदार। २. शक्तिशाली। बलवान [को०]।

महोद्यम—वि० [स०] अत्यत उद्यमशील। महोत्साह [को०]।

महोद्रेक—सज्ञा पुं० [सं०] चार प्रस्थ का एक मान [को०]।

महोन्नत— वि० [सं०] अत्यत ऊँचा। अत्यत उन्नत।

महोन्नति—सज्ञा स्त्री० [सं०] अत्यत उच्चता वा श्रेष्ठता।

महोना—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह] पशुओ के एक रोग का नाम जिसमें उनके मुँह और पैर पक जाते हैं।

महोपाध्याय—सज्ञा पुं० [स०] बहुत बडा पडित। विद्वान् अध्यापक [को०]।

महोबा सज्ञा पु० [देश०] बुदेलखड का एक प्राचीन नगर। उ०—चहुआन महोबै जुद्ध हुअ गेहाँ गिद्ध उठाइयाँ।—पृ० रा०, ६१।१००७।

विशेष यह हमीरपुर जिले में है और इस नाम की तहसील और परगने का प्रधान नगर है। यहाँ बहुत काल तक चंदेल राजाओ की प्रधान राजधानी थी और इस वश के मूल पुरुष चद्रवर्मा की छतरी का चिह्न अब तक रामकुड के किनारे मिलता है। यहाँ प्राचीन दुर्ग अब तक वर्तमान है। पृथ्वीराज के समय मे यहाँ परमाल नामक चदेल राजा था जिनके यहाँ आल्हा और उदयन या ऊदल नामक दो प्रसिद्ध वीर योद्धा थे। कवि जगनिक के परमाल रासो मे चदेल राजाओ के वश का और पृथ्वीराज से परमाल के युद्ध का विस्तृत वर्णन है। लोकप्रचलित आल्हखड मे भी परमाल के सामत आल्हा ऊदल की युद्धगाथा का वर्णन है। यहाँ का पान बहुत अच्छा होता है।

महोबिया—वि० [हिं० महोबा + इया (प्रत्य०)] दे० 'महोबी'।

महोबिहा—वि० [हिं० महोबा + इहा (प्रत्य०) दे० 'महोबी'।

महोबी—वि० [हिं० महोबा + ई (प्रत्य०)] महोबे का।

महोरग—सज्ञा पुं० [सं०] १ बडा साँप। २ तगर का पेड। ३ जैनियो के एक प्रकार के देवताओ का नाम।

विशेष—यह व्यतर नामक देवगण के अतर्गत हैं।

महोरस्क[१]—वि० [सं०] जिसका वक्षस्थल विशाल हो।

महोरस्क[२]—सज्ञा पुं० शिव का एक नाम [को०]।

महोर्मि—सज्ञा पुं० [सं० महोर्मिन्] समुद्र [को०]।

महोला[१] †[१]—सज्ञा पुं० [अ० मुहैल] १ हीला। बहाना। उ०—बाहर क्या देखराइए अतर जपिए राम। कहा महोला खलक सो परेउ धनी से काम।—कबीर (शब्द०)। २ धोखा। चकमा। उ०—मती शूर तन ताइया तन मन कीया घान। दिया महोला पीव को तब मरघट करै बखान।—कबीर (शब्द०)।

महोला[२] †(पु)[२]—सज्ञा पु० [अ० महल्ला, हिं० मुहल्ला] समुदाय। सब। समूह। उ०—(क) सेन के प्रमाण कोन कहा साह बोले। सेनापति कोन मीर देखन महोले।—रा० रू०, पृ० ११०। (ख) सब कूँ बुलाय बैण अकबर साह बोले। मेरी निसाँखातरी है तुमारे महोले।—रा० रू० पृ० ११२।

महोविशीय—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का साम।

महौघ—सज्ञा पुं० [स०] १ समुद्र की बाढ। तूफान। २ वह जिसका प्रवाह प्रखर एव विशाल हो (को०)। ३ एक बहुत बडी सख्या (को०)।

महौजस्क—वि० [स०] अति तेजस्वी। बहुत तेजवान्।

महौजा[१]—वि० [सं० महौजस्] अति तेजस्वी।

महौजा[२]—सज्ञा पुं० काल के पुत्र एक असुर का नाम।

महौदवाहि—सज्ञा पुं० [स०] आश्वलायन गृह्यसूत्र के अनुसार एक आचार्य का नाम।

महौली—सज्ञा स्त्री० [देश०] पापडी नामक वृक्ष जिसकी लकडी बहुत मजबूत होती है और इमारत के काम मे आती है। विशेष दे० 'पापडा'।

महौषध—सज्ञा पुं० [स०] १ भूम्याहुच्य। भुजिन खर। २ सोठ। ३ लहसुन। ४ बाराहीकद। गेठी। ५ वत्सनाभ। बछनाग। ६ पीपल ७ अतीस।

महौषधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दूब। २ लजालू। ३ मजीवनी। ४ कुछ विशिष्ट ओषधियो का समूह जिनका चूर्ण महास्नान या अभिषेकादि के जल मे मिलाया जाता है।

महौषधी—सज्ञा स्त्री [स०] १ सफेद भटकटैया। श्वेत कटकारी। २ ब्राह्मी। ३ कुटकी। ४. अतिबला। ५ हिलमोचिका।

मह्यत्तर—सज्ञा पु० [सं०] महाभारत के अनुसार एक जाति का नाम।

मह्यो(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० महना] दे० 'मही'। उ०—कोऊ दह्यो कोऊ मह्यो, कोऊ माखन जोरि जोरि भली विधि सो आछो अछूनो लाई।—नद० ग्र०, पृ० ३६१।

मांगलगीत—सज्ञा पु० [स० माङ्गल्यगीत] वह शुभ गीत जो विवाह आदि मगल के अवसरो पर गाए जाते हो। मगलगीत।

मागलिक[१]—वि० [स० **माङ्गलिक**] [वि० स्त्री० **मांगलिकी**] मंगल प्रकट करनेवाला। शुभ।

मागलिक[२]—सज्ञा पु० नाटक का वह पात्र जो मंगलपाठ करता है।

मागलीक—वि० [स० **माङ्गलिक**] दे० 'मागलिक'।

मुहा०—**मागलीक उतारना** = बाहर से आए हुए व्यक्ति की मगल भाव से आरती उतारना। उ०—राई अगणी राजा पहुंतो जाई। मागलोक उतारै हो माई।—बी० रासो, पृ० ६६।

मागल्य[१]—वि० [स० **माङ्गल्य**] शुभ। मगलकारक।

मागल्य[२]—सज्ञा पु० १ मगल का भाव। मागलिकता। २ मगल द्रव्य (को०)।

मागल्यकाया—सज्ञा स्त्री० [सं० **माङ्गल्यकाया**] १ दूब। २. हलदी। ३ ऋद्धि। ४ गोरोचन। ५ हरें।

मागल्यकुसुमा—सज्ञा स्त्री० [स० **माङ्गल्यकुसुमा**] शखपुष्पी।

मागल्यप्रवरा—सज्ञा स्त्री० [स० **माङ्गल्यप्रवरा**] वच।

मागल्या—सज्ञा स्त्री० [स० **माङ्गल्या**] १ गोरोचन। २ शमी का वृक्ष। ३ जीवती।

मागल्यार्हा—सज्ञा स्त्री० [सं० **माङ्गल्यार्हा**] त्रायमाण लता (को०)।

माजिष्ठ[१]—वि० [स० **माञ्जिष्ठ**] [वि० स्त्री० **माजिष्ठी**] १ मजीठ का सा। मजीठ के समान। २ मजीठ के रग का।

माजिष्ठ[२]—सज्ञा पुं० १ लाल रग। मजीठ रग (को०)। २ एक प्रकार का मूत्ररोग या प्रमेह जिसमे मजीठ के रग का लाल पेशाव होता है।

माडप—वि० [स० **माण्डप**] मडप सबधी। मडप का (को०)।

माडलिक[१]—सज्ञा पु० [स० **माण्डलिक**] १ वह जो किसी मडल या प्रात की रक्षा अथवा शासन करता हो। २ शासनकार्य। ३ वह छोटा राजा जो किसी सार्वभौम या चक्रवर्ती राजा के अधीन हो और उसे कर देता हो। उ०—क्या कोई माडलिक हुआ सहसा विद्रोही।—साकेत, पृ० ४१२।

विशेष—शुक्र नीति के अनुसार माडलिक नरेश वे कहे जाते हैं जिनके राज्य की वार्षिक आय ४ लाख से १० लाख तक होती है।

माडलिक[२]—वि० [वि० स्त्री० **माडलिकी**] मडल सबधी। मडल के शासन से सबद्ध (को०)।

यौ०—**माडलिक नृपति** = मडल का वह राजा जो किसी बडे राजा के अधीन हो। सामत। उ०—इससे स्पष्ट है कि परमारवश का प्रतिष्ठापक उपेंद्र या कृष्णराज, आरभ मे प्रतीहारो या राष्ट्रकूटो का माडलिक नृपति (सामत) रहा होगा।—आदि०, पृ० ५३३।

माडवी—सज्ञा स्त्री० [स० **माण्डवी**] राजा जनक के भाई कुशध्वज की कन्या जो भरत को ब्याही थी। उ०—माडवी चित्तचातक नवाबुद बरन सरन तुलसीदास अभयदाता।—तुलसी (शब्द०)।

मांडव्य—सज्ञा पुं० [स० **माण्डव्य**] १. एक प्राचीन ऋषि। उ०—विदुर सु धर्मराइ अवतार। ज्यों भयो कहौं सुनो चितधार। माडव्य ऋषि जब शूली दयो। तब सो काठ हरयो ह्वै गयो। —सूर (शब्द०)।

विशेष—बाल्यावस्था के किए हुए पाप के अपराध के कारण यमराज ने इनको शूली पर चढवा दिया था। इसपर ऋषि ने यमराज को शाप दिया कि तुम शूद्र हो जाओ, जिससे यमराज दासी के गर्भ से पडु के यहाँ उत्पन्न हुए थे।

२. एक प्राचीन जाति का नाम। ३. एक प्राचीन नगर का नाम।

माडहा†Ⓤ—सज्ञा पुं० [स० **मण्डप**, हिं० **मँडवा**] दे० 'मडप–४'। उ०—ए च्यारइ वेद उचरइ चउरी दीसउ माडहा माँहि।—बी० रासो, पृ० २१।

मांडूक—सज्ञा पुं० [स० **माण्डूक**] प्राचीन काल के एक प्रकार के ब्राह्मण जो वैदिक मडूक शाखा के अतर्गत होते थे।

माडूकायनि—सज्ञा पु० [सं० **माण्डूकायनि**] एक वैदिक आचार्य का नाम।

मांडूक्य[१]—सज्ञा पुं० [स० **माण्डूक्य**] एक उपनिषद् का नाम।

माडूक्य[२]—वि० मडूक सबधी।

मात्र—वि० [सं० **मान्त्र**] १. वेदमत्र सबधी। वेदमत्र का। २. तत्र सबधी। तात्रिक (को०)।

मात्रिक[१]—वि० [सं० **मान्त्रिक**] मत्र सबधी। मात्र (को०)।

मात्रिक[२]—सज्ञा पुं० १. वह व्यक्ति जो तत्र मत्रादि का ज्ञाता हो। २. वह जो वेदमत्रो का ज्ञाता हो (को०)।

माथर्य—सज्ञा पुं० [स० **मान्थर्य**] १. मथरता। धीमापन। सुस्ती। २. कमजोरी। शैथिल्य (को०)।

माद—सज्ञा पुं० [सं० **मान्द**] १. तालाब का जल। २. ग्रहो की रवि या चद्र सबधी नीचोच्च या मदाच्च गति।

मादलु†—सज्ञा पुं० [स० **मद्दल**] दे० 'मादर'। उ०—कबीर सब जग हौं फिरया मादलु कध चढाइ।—कबीर ग्र०, पृ० २६०।

मादार[१]—वि० [स० **मान्दार**] मंदार सबंधी। मदार का।

मादार[२]—सज्ञा पुं० मदार का पेड (को०)।

मादार्य—सज्ञा पु० [स० **मान्दार्य**] वह जो विषयो या रागद्वेष आदि से परे हो गया हो। वीतराग।

माद्य—सज्ञा पुं० [सं० **मान्द्य**] १. कमी। न्यूनता। घटी। २ मद होने की क्रिया या भाव। जैसे, अग्निमाद्य। ३ रोग। बीमारी।

माधाता—सज्ञा पुं० [सं० **मान्धातृ**] एक प्राचीन सूर्यवशी राजा जो युवनाश्व का पुत्र था और जिसकी राजधानी अयोध्या मे थी। उ०—कह्यो माधाता सो जाइ। पुत्री एक देहु माहिं राइ।—सूर (शब्द०)।

विशेष—कहते है, राजा युवनाश्व कोई सतान न होने पर भी ससार त्याग करवन मे ऋषियो के साथ रहने लगा था। ऋषियो ने उसपर दया करके उसके घर सतान होने के लिये यज्ञ किया

आधी रात के समय जब यज्ञ समाप्त हो गया, तब ऋषियो ने एक घडे मे अभिमन्त्रित जल भरकर वेदी मे रख दिया और आप सो गए। रात क समय जब युवनाश्व को बहुत अधिक प्यास लगी, तब उसने उठकर वही जल पी लिया जिसके कारण उसे गर्भ रह गया। समय पाकर उस गर्भ से दाहिनी कोख फाडकर एक पुत्र उत्पन्न हुआ जो यही मान्धाता था। इद्र ने इसे अपना अँगूठा चुसाकर पाला था। आगे चलकर वह बडा प्रतापी और चक्रवर्ती राजा हुआ था और इसने शशविंदु की कन्या विंदुमती के साथ विवाह किया था, जिसके गर्भ से इस पुरुकुत्स, अबरीष और मुचुकुद नामक तीन पुत्र और पचास कन्याएँ उत्पन्न हुई थी।

मास'—सज्ञा पुं० [स०] १ मनुष्यो और पशुओ आदि के शरीर के अतगत वह प्रसिद्ध चिकना, मुलायम, लचीला, लाल रग का पदार्थ जो शरीर का मुख्य अवयव है और जो रेशेदार तथा चरबी मिला हुआ होता है। गोश्त।

विशेष—शरीर का यह अश हड्डी, चमडे, नाडी, नस और चरबी आदि से भिन्न है। इसका एक अश ककाल से लगा हुआ छोटे छोटे टुकडो मे बँटा रहता है और वह ऐच्छिक कहलाता है, अर्थात् इच्छानुसार उसका सचालन किया जा सकता है। ये टुकडे आपस मे सूत्रो के द्वारा जुडे रहते हैं और उन सूत्रो के हटाने पर सहज मे अलग हो सकते हैं। इन टुकडो को मासपेशी कहते हैं। ये मासपेशियाँ छोटी, बडी, पतली, मोटी आदि अनेक प्रकार की होती है। आशयों, नलियो, मार्गों और हृदय आदि अगो का मास पेशियो मे विभक्त नही होता। इन अगो मे मास की केवल पतली या मोटी तहें रहती हैं जो आपस मे एक दूसरी से बिलकुल मिली हुई होती है। ऐसा मास अनैच्छिक या स्वाधीन कहलाता है, अर्थात् इच्छानुसार उसका सचालन नहीं किया जा सकता। मास अथवा मासपेशी मुलायम होने के कारण चाकू आदि से सहज मे कट जाती है। शरीर मे सभी जगह थोडा बहुत मास रहता है और शरीर के भार मे उसका अश प्रति सैकडे ४२-४३ के लगभग होता है। शरीर की सब प्रकार की गतियाँ मास के ही द्वारा होती है। मास आवश्यकता पडने पर सिकुडकर छोटा और मोटा होता है और फिर अपनी पूर्व अवस्था मे आ जाता है। सुश्रुत के अनुसार मासपेशियों की सख्या ५०० तथा आधुनिक पाश्चात्य चिकित्सको के मत से ५१६ है। वैद्यक के अनुसार यह रक्त से उत्पन्न तीसरी धातु है। भावप्रकाश के अनुसार जब शरीर की अग्नि अथवा ताप के द्वारा रक्त का परिपाक होता है और वह वायु के सयोग से घनीभूत होता है, तब वह मास का रूप धारण करता है। वैद्यक के अनुसार साधारणत सभी प्रकार का मास वायुनाशक, उपचयकारक, बलवर्धक, पुष्टिकारक, गुरु, हृदयग्राही और मधुररस होता है।

पर्या०—**आमिष। पिशित। पलाल। क्रव्य। पल। आत्मज।**

यौ०— **मास का घी**=चरबी।

२ कुछ विशिष्ट पशुओ के शरीर का उक्त अश जो प्राय खाया जाता है। गोश्त।

विशेष—हमारे यहाँ यह मास दो प्रकार का माना गया है। जागल और आनूप। जघाल, विलस्थ, गुहाशय, पर्णमृग, विष्किर, प्रतुद, प्रसह और ग्राम्य इन आठ प्रकार के जगली जीवो का मास जागल कहलाता है, और वैद्यक के अनुसार मधुर, कषाय, रूक्ष, लघु, बलकारक, शुक्रवर्धक, अग्निदीपक, दोषघ्न और वर्धिरता, अरुचि, वमि, प्रमेह, मुखरोग, श्लीपद और गलगड आदि का नाशक माना जाता है। कुलेचर, प्लव, कोशस्थ, पादी और मत्स्य इन पाँच प्रकार के जीवो का मास आनूप कहलाता है और वैद्यक के अनुसार साधारणत मधुररस, स्निग्ध, गुरु, अग्नि का मद करनेवाला, कफकारक तथा मासपोषक होता है। पक्षियो मे से पुरुष जाति अथवा नर का और चौपायो मे स्त्री जाति अथवा मादा का मास अच्छा कहा गया है। इसके अतिरिक्त भिन्न भिन्न जीवो के मास के गुण भी भिन्न भिन्न होते है। साधारणत प्राय सभी देशो और सभी जातियो मे कुछ विशिष्ट पशुओ, पक्षियो और मछलियो आदि का मास बहुत अधिकता से खाया जाता है। पर भारत के कुछ धार्मिक सप्रदायो के अनुसार मास खाना बहुत ही निषिद्ध है। पुराणो मे इसका खाना पाप माना गया है। कुछ आधुनिक वैज्ञानिको और चिकित्सको आदि का मत है कि मास मनुष्य का स्वाभाविक भोजन नही है और उसके खाने से अनेक प्रकार के घातक तथा असाध्य रोग उत्पन्न होते है।

यौ०—**मासाहारी।**

३. मछली का मास (को०)। ४. फल का गूदावाला भाग (को०)। ५. कीडा। कीट (को०)। ६. मास बेचनेवाली एक सकर जाति (को०)। ७. काल। समय (को०)।

मासकदी—सज्ञा स्त्री० [स० **मासकन्दी**] मास की स्फीति। सूजन। शोथ (को०)।

मासकच्छप—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का रोग जो तालू मे होता है।

मासकारी—सज्ञा पु० [सं० **मासकारिन्**] रक्त। लहू।

मासकीलक—सज्ञा पुं० [सं०] बवासीर का मस्सा।

मासकेशी—सज्ञा पु० [सं० **मासकेशिन्**] वह घोडा जिसके पैरो मे मास के गुठले निकलते हो।

मासक्षय—सज्ञा पुं० [स०] शरीर (को०)।

मासखोर—सज्ञा पुं० [स० **मांस**+फा० **खोर**] मास खानेवाला। मासाहारी।

मासग्रथि—सज्ञा स्त्री० [स० **मांसग्रन्थि**] मास की गाँठ जो शरीर के भिन्न भिन्न अगो मे निकल आती है।

मासच्छदा—सज्ञा स्त्री० [स०] मासरोहिणी या मासी नाम की लता।

मासज—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो मास से उत्पन्न हो। २ मास से उत्पन्न शरीर मे की चर्बी।

मासतान—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का भीषण रोग ।

विशेष—वैद्यक के अनुसार इस रोग मे गले मे सूजन होकर चारो ओर फैल जाती है जिसमे बहुत अधिक पीडा होती है । इससे कभी कभी गले की नाडी घुटकर बद हो जाती है और रोगी मर जाता है ।

मासतेज—सज्ञा पुं० [सं० **मासतेजस्**] चर्बी ।

मासदलन—सज्ञा पु० [सं०] प्लीहघ्न वृक्ष [को०] ।

मासद्रावी—सज्ञा पु० [सं० **मासद्रावित्**] अम्लवेत ।

मासधरा—सज्ञा स्त्री० [स०] सुश्रुत के अनुसार शरीर के चमडे की सातवी तह जो स्थूलापर भी कहलाती है ।

मासनिर्यास—सज्ञा पुं० [स०] शरीर के बाल । रोम [को०] ।

मासप—सज्ञा पु० [स०] पिशाच या राक्षस [को०] ।

मासपचन—सज्ञा पु० [स०] मास पकाने का बरतन [को०] ।

मासपाक—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का लिंग का रोग जिसमे लिंग का मास फट जाता है और उसमे पीडा होती है ।

मासपिड—सज्ञा पु० [स० **मासपिण्ड**] १ शरीर । देह । २ मास का पिंड या लोदा (को०) ।

मासपिंडी—सज्ञा स्त्री० [स० **मासपिण्ड** हि० + ई] शरीर के अदर होनेवाली मास की गाँठ ।

विशेष—कहते हैं, पुरुषो के शरीर मे इस प्रकार की ५०० और स्त्रियो के शरीर मे ५२० गाँठें होती है ।

मासपिटक—सज्ञा पुं० [स०] १ मास की टोकरी । २ ढेर का मास [को०] ।

मासपित्त—सज्ञा पु० [स०] हड्डी ।

मासपुष्टिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का पौधा जिसमे सुदर फूल लगते हैं और जिसे 'भ्रमरारि' भी कहते है ।

मासपेशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ शरीर के अदर होनेवाला । मासपिड । विशेष दे० 'मास' । उ०—मासपेशी अर्थात् मासबोटी जो है सो बल करती है ।—शार्ङ्गधर०, पृ० ५१ । २ भावप्रकाश के अनुसार गर्भ की वह अवस्था जो गर्भधारण के सात दिनो के बाद होती है और प्राय एक सप्ताह तक रहती है ।

मासफल—सज्ञा पु० [स०] तरबूज ।

मासफला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भिंडी । २ भटे का पौधा (को०) ।

मासभक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १, वह जो मास खाता हो । मासाहारी । २ पुराणानुसार एक दानव का नाम ।

मासभक्षी—सज्ञा पुं० [स० **मांसभक्षिन्**] मास खानेवाला । मासाहारी । गोश्तखोर ।

मासभेत्ता—वि० [स० **मासभेतृ**] मास काटनेवाला [को०] ।

मासभेदी—वि० [स० **मांसभेदिन्**] मासभेत्ता ।

मासभोजी—सज्ञा पुं० [सं० **मासभोजिन्**] मास खानेवाला । मासाहारी ।

मासमड—सज्ञा पु० [स०] मास का झाल या रसा । शोरवा । यखनी ।

मासमासा—सज्ञा स्त्री० [स०] मापपर्णी ।

मासयोनि—सज्ञा पु० [स०] रक्त मास से उत्पन्न जीव ।

मासरक्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] मासरोहिणी । रोहिणी ।

मासरज्जु—सज्ञा स्त्री० [स०] सुश्रुत के अनुसार शरीर के अदर होनेवाले स्नायु जिनसे मास बँधा रहता है । २ मास का रसा । शोरवा ।

मासरस—सज्ञा पु० [स०] मास का रसा । यखनी । शोरवा ।

मासरुहा—सज्ञा स्त्री० [स०] मासरोहिणी ।

मासरोहिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का जगली वृक्ष ।

विशेष—इसकी प्रत्येक डाली मे खिरनी के पत्ता के आकार के सात सात पत्ते लगते हैं और इसके फल बहुत छोटे छोटे होते हैं । वैद्यक मे इसे उष्ण, त्रिदोषनाशक, वीर्यवर्धक, मारक और व्रण के लिये हितकारी माना है ।

पर्या०—**अतिरुहा । वृत्ता । चर्मकषा । वसा । प्रहारवल्ली । विकसा । वीरवती । अग्निरुहा । कशामासी । महामासी । मासरोहा । रसायनी । सुलोमा । लोमकर्णी । रोहिणी । चद्रवल्लभा ।**

मासल[1]—वि० [सं०] १. मास से भरा हुआ । मासपूर्ण (अग) । जैसे, चूतड, जाँघ आदि । उ०—गजहस्तप्राय जानुयुगल पीन मासल कूर्मपृष्ठाकार श्रोणी गभीर ।—वर्णा०, पृ० ४ । २ मोटा ताजा । पुष्ट । ३ भरा या गदराया हुआ । उ०—प्राणो की मर्मर से मुखरित जीवन की मासल हरियाली ।—युगात, पृ० २ । ४ बलवान् मजबूत । दृढ । ५ रक्ताभ । लाल । उ०—पत्रो में मासल रग खिला ।—युगात, पृ० ८ ।

मासल[2]—सज्ञा पु० १ काव्य मे गौडी रीति का एक गुण । २ उडद ।

मासलता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मासल होने का भाव । २ स्थूलता और पुष्टि । ३ वली । चर्मसकोच (को०) ।

मासलफला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भिंडी । २ तरबूज । ३ बैंगन । भटा (को०) ।

मासलिप्त—सज्ञा स्त्री० [स०] हड्डी ।

मासवारुणी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार की मदिरा जो हिरन आदि के मास मे बनाई जाती है ।

मासविक्रय—सज्ञा पु० [सं०] मास की बिक्री । मास बेचना [को०] ।

मासविक्रयी—सज्ञा पु० [स० **मासविक्रयिन्**] १ वह जो मास बेचता हो । कसाव । २ वह जो धन के लिये अपनी कन्या या पुत्र बेचता हो ।

मासवृद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] शरीर के किसी अग के मास का बढ जाना । जैसे, बेघा, फीलपाँव आदि ।

मासससवात—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमे तालू मे कुछ दूषित मास बढ जाता है । इसमे पीडा नही होती ।

मांससमुद्भवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] चर्बी ।

मांससार—संज्ञा पुं० [सं०] १ शरीर के अंतर्गत मेद नामक धातु । २ वह जो हृष्ट पुष्ट हो ।

मांसस्नेह—संज्ञा पुं० [सं०] चर्बी ।

मांसहासा—संज्ञा पुं० [सं०] चमडा ।

मांसाद—संज्ञा पु० [सं०] १ वह जो मांस खाता हो । २ राक्षस ।

मांसादी—संज्ञा पु० [सं० **मांसादिन्**] दे० 'मांसाद' ।

मांसारि—संज्ञा पु० [सं०] अम्लवेत ।

मांसार्गल—संज्ञा पु० [सं०] मुँह से लटकता हुआ मांस का टुकडा या लोथडा । ललरी [को०] ।

मांसार्बुद—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का रोग जिसमे लिंग के ऊपर कडी फुंसियाँ हो जाती है । २ शरीर मे मुक्के आदि के आघात से होनेवाला एक प्रकार की सूजन ।

विशेष—इसमे शरीर का वह स्थान जहाँ आघात हुआ रहता है, पत्थर के समान कडा हो जाता है और उसमे पीडा नही होती । ऐसी सूजन असाध्य समझी जाती है ।

मांसाशन—संज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मांसाशी' ।

मांसाशी—संज्ञा पु० [सं० **मांसाशिन्**] १ वह जो मांस खाता हो । मांसाहारी । २ राक्षस ।

मांसाष्टका—संज्ञा स्त्री० [सं०] माघ कृष्ण अष्टमी ।

विशेष—प्राचीन काल मे इस दिन मांस के बने हुए पदार्थों से श्राद्ध करने का विधान था ।

मांसाहारी—संज्ञा पु० [सं० **मांसाहारिन्**] मांसभक्षी । मांस भोजन करनेवाला ।

मांसिक—संज्ञा पु० [सं०] कसाई । मांसविक्रेता ।—संपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० २४६ ।

मांसिका, मांसिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] जटामांसी ।

मांसी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जटामांसी । २ काकोली । ३ मांसरोहिणी । ४ चंदन आदि का तेल । ५ इलायची ।

मांसेष्टा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बलगुला । चमगादड [को०] ।

मांसोदन—संज्ञा पु० [सं०] १ मांस का भोजन । २. मांस के साथ पकाया हुआ चावल [को०] ।

मांसोपजीवी—संज्ञा पु० [सं० **मांसोपजीविन्**] दे० 'मांसिक' ।

मांसौदनिक—वि० [सं०] मांसोदन खाने या प्राप्त करनेवाला । मांस और भात खानेवाले को मांसौदनिक कहते थे ।—संपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० २४६ ।

माँ¹—संज्ञा स्त्री० [सं० **मातृ** = माता या **अम्बा** या **मा** (= लक्ष्मी माता)] जन्म देनेवाली, माता । जननी । उ०—दोउ भया जेंवत माँ आगे पुनि लै लै दधि खात कन्हाई और जननि पै माँगे ।—सूर (शब्द०) ।

यौ०—**माँ जाई** = सगी बहिन । **माँ जाया** = सगा भाई । सहोदर । **माँ बाप** = (१) माता और पिता । (२) माता और पिता के समान अर्थात् रक्षण और पालन पोषण करनेवाला ।

माँ²—अव्य० [सं० मध्य] मे । उ०—(क) इन युग माँ को बड़ मुखरामी । बोले तब रघुनाथ उपासी ।—रघुनाथ (शब्द०) । (ख) कहु गुरु द्रोह केर फल का है । तेरी गति सब शास्त्रन माँ है ।—रघुराज (शब्द०) । (ग) लख चौरासी धार माँ तहाँ दीन जिउ बास । चौदह जम रखवारिया चारि वेद विश्वास । —कबीर (शब्द०) ।

माँई—अव्य० [हिं० **माँह**] दे० 'माह' । उ०—पट मास माँई मिले साँई अचल पाई धाम ए ।—राम० धर्म०, पृ० २५७ ।

माँकड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० **मकड़ी**] १. दे० 'मकड़ी' । २ कमखाब बुननेवालो का एक औजार ।

विशेष—इसमे डेढ डेढ बालिश्त की पाँच तीलियाँ होती है और नीचे तिरछे बल मे इतनी ही बडी एक और तीली होती है । यह ठाठ सवा गज लंबी एक लकडी पर चढा हुआ होता है जो करघे के लम्बे पर रखी जाती है । ३ पतवार के ऊपरी सिरे पर लगी हुई और दोनो ओर निकली हुई वह लकडी जिसके दोनो सिरो पर वे रस्सियाँ बधी होती है, जिनकी सहायता से पतवार घुमाते है । (लश०) । ४ जहाज मे रस्से बाँधने के खूँटे आदि का वह बनाया हुआ ऊपरी भाग जिसमे लकडी या लोहा दोनो ओर या चारो ओर इस अभिप्राय से निकला हुआ रहता है कि जिसमे उस खूँटे मे बाँधा हुआ रस्सा ऊपर न निकल आवे । (लश०) ।

माँखⓊ—संज्ञा पु० [सं० **मध्य**] मध्य । बीच । उ०—देखि देखि मारो इन माखे । खुली निगाह भई कै आखे ।—चित्रा०, पृ० २६ ।

माँखण—संज्ञा पुं० [डिं०] मक्खन । नवनीत ।

माँखनⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मक्खन' । उ०—होत परस्पर पार माखन के गेंदुक करे ।—नंद ग्र०, पृ० ३३४ ।

माँखना—क्रि० अ० [सं० **मक्ष**] क्रुद्ध होना । क्रोध करना । गुस्सा करना । दे० 'माखना' । उ०—ठावहि ठाँव कुँवर सब माखे । केइँ अब लहि जोगी जिउ राखे ।—पदमावत, पृ० ११२ ।

माँखी—संज्ञा स्त्री० [सं० **मक्षिका**, प्रा० **मक्खिआ**] दे० 'मक्खी' । उ०—(क) ल चले नागर नगवर नवल तिया को ऐसे । माँखिन धूर धूर मधुहा मधु जैसे ।—नंद ग्र०, पृ० २१० । (ख) यो ता श्रीनाथ जा के चरणस्पर्श माखी हू करत है ।—दो सौ बावन०, भाग १, पृ० ३१ ।

माँग¹—संज्ञा स्त्री० [हिं० **माँगना**] १ माँगने की क्रिया या भाव । २ बिक्री या खपत आदि के कारण किसी पदार्थ के लिये होनेवाली आवश्यकता या चाह । जैसे,—आजकल बाजार मे देशी कपडो की माँग बढ रही है ।

माँग²—संज्ञा स्त्री० [सं० **मार्ग**, प्रा० **मग्ग**] १ सिर के बालो के बीच की वह रेखा जो बालो को दो ओर विभक्त करके बनाई जाती है । सीमंत ।

विशेष—हिंदू सौभाग्यवती स्त्रियाँ माँग मे सिंदूर लगाती हैं और इसे सौभाग्य का चिह्न समझती हैं ।

यौ०—**माँग उजड़ना** = विधवा होना । **माँग चोटी** = स्त्रियों का केशविन्यास । **माँगजली** = विधवा । राँड ।

मुहा०—माँग कोख से सुखी रहना या जुड़ाना = स्त्रियो का सौभाग्यवती और सतानवती रहना। उ०—आनँद अवनि राजरानी सब माँगहु कोखु जुड़ानी।—तुलसी (शब्द०)। माँग पट्टी करना = केशविन्यास करना। बालो मे कघी करना। माँग पारना या फरना = केशो को दो ओर करके बीच मे माँग निकालना। माँग बाँधना = कघी चोटी करना। (क्व०)।

२ किसी पदार्थ का ऊपरी भाग। सिरा। (क्व०)। ३ सिल का वह ऊपरी भाग जो कुटा हुआ नहीं होता और जिसपर पीसी हुई चीज रखी जाती है। ४ नाव का गावदुमा सिरा। ५ दे० माँगी'।

माँगटीका—सज्ञा पुं० [हिं० **माँग + टीका**] स्त्रियो का एक गहना जो माँग पर पहना जाता है और जिसके बीच मे एक प्रकार का टिकडा होता है जो माथे पर लटका होने के कारण टीके के समान जान पडता है।

माँगरण—सज्ञा पुं० [डिं०] दे० 'माँगन'।

माँगरणगारⓊ—वि० [स० **मार्गण**, प्रा० **मग्गण**, हिं० **माँगना + कार०** **गार** (प्रत्य०)] माँगनेवाला। याचक। उ०—माँगणगारा रीझवइ, ल्यावइ माल्ह कुमार।—ढोला०, दू० १०२।

माँगणहारⓊ—सज्ञा पुं० [डिं० **मांगण + हिं० हार** (प्रत्य०)] माँगनेवाला। चारण। ढाढी। याचक। उ०—मेल्हि सखी तेडाविया मारू माँगणहार।—ढोला०, दू० १०६।

माँगनⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं० **माँगना**] १ माँगने की क्रिया या भाव। २ याचक। भिक्षुक। भिखमगा। मगन। उ०—(क) नृप करि विनय महाजन फेरे। सादर सकल माँगने टेरे।—तुलसी (शब्द)। (ख) रीति महाराज की निवाजिए जो माँगनो सो दोष दुख दारिद दरिद्र कै कै छोड़िए।—तुलसी (शब्द०)। (ग) रुचै माँगनेहि माँगिबो, तुलसी दानिहि दानु।—तुलसी ग्र०, पृ० १०६।

माँगनहारⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० **माँगना + हार** (प्रत्य०)] माँगनेवाला। याचक। उ०—गुरु बिन दाता कोइ नही जग माँगनहारा।—कबीर श०, भा० १, पृ० ७२।

माँगना—क्रि० स० [स० **मार्गण** (= याचना)] १ किसी से यह कहना कि तुम अमुक पदार्थ मुझे दो। कुछ पाने के लिये प्रार्थना करना या कहना। याचना करना। जैसे,—(क) मैंने उनसे १० रुपए माँगे थे। (ख) तुम अपनी पुस्तक उनसे माँग लो। उ०—(क) सो प्रभु सो सरिता तरिबे कहँ माँगत नाउ करारे ह्वै ठाढे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) माँगउँ दूसर वर कर जोरी।—तुलसी (शब्द०)। २ किसी से कोई आकाक्षा पूरी करने के लिये कहना। जैसे,—हम तो ईश्वर से दिन रात यही माँगते हैं कि आप निरोग हो। उ०—माँगत तुलसिदास कर जोरे। बसहिं रामसिय मानस मोरे।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—**माँग जाँचकर** = इधर उधर से माँगकर। लोगो से लेकर। **माँग तोंकर** = दे० 'माँग जाँचकर'। **माँग बुलाना** = किसी के द्वारा किसी को अपने पास बुलवाना।

माँगफूल—सज्ञा पुं० [हिं० **माँग + फूल**] दे० 'माँगटीका'।

माँगी—सज्ञा स्त्री० [स० **मार्ग** ? हिं० **माँग**] धुनियो की धुनकी मे की वह लकडी जो उसकी उस डाँडी के ऊपर लगी रहती है जिसपर ताँत चढाते हैं।

माँच—सज्ञा पुं० [दश०] १ पाल मे हवा लगने के लिये चलते हुए जहाज का रुख कुछ तिरछा करना। (लश०)। २ पाल के नीचेवाले कोने मे बँधा हुआ वह रस्सा जिसकी सहायता से पाल को आगे बढाकर या पीछे हटाकर हवा के रुख पर करते हैं। (लश०)।

माँचनाⓊ'—क्रि० अ० [हिं० **मचना**] १ आरभ होना। जारी होना। शुरू होना। उ०—देव गिरा सुनि सुदर साँची। प्रीति अलौकिक दुहुँ दिसि माँची।—तुलसी (शब्द०)। २ प्रसिद्ध होना। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्याम कुज बिहारी की अटल अटल प्रीति माँची।—काष्ठजिह्वा (शब्द०)।

माँचनाⓊ—क्रि० स० [हिं०] मानना। उ०—करैं प्रेम की टोक रोक एको नहिं माँचत।—नद० ग्र०, पृ० ३८७।

माँचा†—सज्ञा पुं० [स० **मञ्च**, हिं० **मचा**] [स्त्री० **अल्पा० माँची**] १ पलग। खाट। मचा। २ खाट की तरह की बुनी हुई छोटी पीढी जिसपर लोग बैठते हैं। ३ मचान।

माँची—सज्ञा स्त्री० [हिं० **माँचा**] बैलगाडियो आदि मे बैठने की जगह के आगे लगी हुई वह जालीदार झोली जिसमे माल असबाब रखते हैं।

माँछ†'—सज्ञा पुं० [स० **मत्स्य**, प्रा० **मच्छ**] मछली। उ०—आए सुगुन सुगुनअइ ताका। दहिउ माँछ रूपइ कर टाका।—जायसी (शब्द०)।

माँछ'—सज्ञा पुं० [दश०] दे० 'माँच'।

माँछना—क्रि० अ० [स० **मध्य** ?] घुसना। धँसना। पैठना। (लश०)।

माँछरी†—सज्ञा स्त्री० [स० **मत्स्य**] मछली।

माँछली†—सज्ञा स्त्री० [स० **मत्स्य**] मछली।

माँछी—सज्ञा स्त्री० [स० **मक्षिका**] दे० 'मक्खी'।

माँज—सज्ञा स्त्री० [दश०] १ दलदली भूमि। २ तराई। कछार। ३ वह भूमि जो किसी नदी के पीछे हट जाने के कारण निकल आती है। गगवरार।

माँजना'—क्रि० स० [स० **मञ्जन** या **मार्जन**] १ जोर से मलकर साफ करना। किसी वस्तु मे रगडकर मैल छुडाना। जैसे, बरतन माँजना। उ०—माँजत माँजत हार गया है, धागा नही निकलता है।—कबीर श०, भा० पृ० ८१। २ थपुवे के तवे पर पानी देकर उसे ठीक करने के लिये उसके किनारे झुकाना (कुम्हार)। ३ सरेस को पानी मे पकाकर उससे तानो के सूत रँगना। ४ सरेस और शीशे की बुकनी आदि लगाकर पतग की नख के डोर को दृढ करना। माँझा देना।

माँजना'—क्रि० अ० १ अभ्यास करना। मश्क करना। जैसे, हाथ माँजना। २ किसी गीत या छद को बार बार आवृत्ति करके पक्का करना।

माँजरⓊ'—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पजर** या **पाँजर**] हड्डियो की ठठरी।

पन । उ०—झुर झुर माँजर बन भई बिरह की लागी आग । —जायसी (शब्द०) ।

माँजर'—संज्ञा पु० [सं० मार्जार] दे० 'मार्जार' । उ० दादू मास अहारी ते नरा, ते नर सिंह सियाल, बग माँजर मूनहा सही, तेता पतव काल ।—दादू०, पृ० २५२ ।

माँजा—संज्ञा पु० [सं०] पहली वर्षा का फेन जो मछलियों के लिये मादक होता है । उ०—(क) नयन सजल तन थर थर काँपी । माजहि खाट मीन जनु माँपी ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) तलपत विषम मोह मन मापा । माँजा मनहुँ मीन कहुँ व्यापा । —तुलसी (शब्द०) ।

माँ जाया—संज्ञा पुं० [हिं० माँ + जाया(= जात)] [स्त्री० माँजाई] मा से उत्पन्न सगा भाई ।

माँजिराउ—संज्ञा पु० [सं० मञ्जन, प्रा० मञ्जण, मजण] दे० 'मज्जन' । उ०—साचिए ऊगट माँजिराउ खिजमति करइ अनन ।—ढोला०, पृ० ५३५ ।

माँझ'—अव्य० [सं० मध्य] मे । भीतर । बीच । अदर । उ०—(क) अनहि चली आई अब माँझ । सुरभी सबै लेहु आगे करि नहि होइ पुनि बनही माँझ ।—सूर (शब्द०) । (ख) तुम्हे कटक माझ सुनु अंगद । मो सन भिरहि कवन जोधा बद । —तुलसी (शब्द०) । (ग) आपुस माँझ महोदर साँचे । क्या तुम बीर विरोधिन राचे ।—केशव (शब्द०) । (घ) रेज करि नौतिन मंजन मो निकेत माँझ, पर पति हेत सेज साँझ ते सँवारती ।—प्रताप (शब्द०) ।

माँझ'—संज्ञा पु० । अतर । फरक ।

मुहा०—माँझ पड़ना या होना = बीच पडना । अतर पडना । उ०—द्वारिज प्रान माझ भयो तब ही पिता सेवा सावधान मन नीका कर मानिए ।—प्रियादास (शब्द०) ।

२ नदी के बीच मे पडी हुई रेतीली भूमि ।

माँझल—अव्य० [हिं० माँझ + ल (प्रत्य०)] दे० 'माँझ' । उ०—अरि देखै आवण मैं, तृण मुख माँझल त्यांह । —बाकी० ग्र०, भा० १, पृ० १ ।

माँझा'—संज्ञा पु० [मध्य] १ नदी के बीच की जमीन । नदी मे का टापू । २ एक प्रकार का आभूषण जो पगडी पर पहना जाता है । उ०—पैर मे लेहर पाग पर माँझा आदि यावत् प्रतिष्ठा बतलाता है ।—राधाकृष्णदास (शब्द०) । ३ एक प्रकार का ढाँचा जो पोटई के बीच मे रहता है और जो पाई को जमीन पर गिरने से रोकता (जुलाहे) । ४ वृक्ष का तना । ५ वे पीले कपडे जो कहीं कहीं वर और कन्या को विवाह से दो तीन दिन पहले हलदी चढने पर पहनाए जाते हैं ।

माँझा'—संज्ञा पुं० [हिं० माँजना] पतग या गुड्डी उडाने की डोर या सूत पर सरेस और शीशे के चूरे आदि से चढाया जानेवाला लेप जिससे धार या तेज मे मजबूती आती है । उ०—मिहीन सूत सत जन कातै माँझा प्रेम भगति का ।—कबीर ग्रं०, भा०, पृ० ८८ ।

क्रि० प्र०—चढाना ।—देना ।

माँझा'—संज्ञा पु० दे० 'मंझा' ।

माँझिन, माँझिम—वि० [सं० मध्यम, प्रा० मज्झिम, राज० मोझिम] दे० 'मध्यम' । उ०—(क) का हमि करि म्हाँ सीख दे खडिस्याँ माझिन रात ।—ढोला०, दू० २७८ । (ख) किणहीं अवगुण कूँझडी कुरली माँझिम रत्त । - ढोला०, दू० ५७ ।

माँझिला—वि० क्रि० वि० [सं० मध्यम] बीच का । मध्य का । बीचवाला । उ०—बोला माँझिन तलय तुरग तेंतीस जू । लावहु मम हित माँगि ग्राम गुरु बीस जू ।—विश्राम (शब्द०) ।

माँझी'—संज्ञा पुं० [सं० मध्य, हिं० माँझ या देश०] १ नाव खेनेवाला । केवट । मल्लाह । २ दो व्यक्तियो के बीच मे पडकर मामला तै करा देनेवाला । उ०—मँवारि रकत नैनन भरि चुवा । रोइ हँकारेसि माँझी सुवा ।—जायसी (शब्द०) । ३ जोरावर । बलवान् । (डिं०) ।

माँझी'—वि० मुख्य । अग्रणी । उ०—सुदर घर बाहर अजवमाह, एतला आद माँझी अथाह ।—रा० रू०, पृ० १८४ ।

माँट—संज्ञा पु० [सं० मट्टक] मिट्टी का बडा बरतन जिसमें अनाज या पानी आदि रखते हैं । मटका । कुडा । उ०—(क) पुनि कमडलु धरयो तहाँ सो बढि गयो कुभ धरि बहुरि पुनि माँट राख्यो ।—सूर (शब्द०) । (ख) मानो नील माँट महँ बोरे लै यमुना जु पखारे ।—सूर (शब्द०) । २ घर का ऊपरी भाग । अटारी ।

माँटी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मिट्टी] दे० 'माटी' । उ०—जौ नियान तन होइहि छारा । माटी पोखि मरै को भारा ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २०८ ।

माँठ—संज्ञा पुं० [सं० मट्टक] १ मटका । मिट्टी का बडा बरतन । २ नील घोलने का मिट्टी का बना बडा बरतन ।

माँठी—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ एक प्रकार की फूल धातु की ढली हुई चूडियाँ जो पूरब मे नीच जाति की स्त्रियाँ हाथ मे कलाई से लेकर कोहनी तक पहनती हैं । इसे 'मठिया' भी कहते हैं । २ मट्ठी या मठरी नामक पकवान जो मैदे का बना होता है ।

माँड़'—संज्ञा पुं० [सं० मण्ड] पकाए हुए चावलो मे से निकला हुआ लसदार पानी । भात का पसेव । पीच । पसाव । उ०—चावल रंग माँड मैदे भनसै ।—घट०, पृ० ८७ ।

माँड़'—संज्ञा स्त्री० [हिं० माँडना] १. माडने की क्रिया या भाव । २ सँवारी या बनावटी बात । झूठी बात । उ०—पाड्यो कहु कइ परतिप (इ) माँड । झूठ कथइ छइ बोलइ छइ माँड । —बी० रासो०, पृ० ४१ ।

माँड़'—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का राग ।

माँडना—क्रि० स० [सं० मण्डन] मर्दन करना । मलना । ममोरना । मीजना । माँनना । गूँधना । जैसे, आटा माँडना । उ० - तब पीसै जब पहिले धोए । कापरछान माँड भल होए ।—जायसी (शब्द०) । २ लगाना । पोतना । लेपन करना । जैसे, मुँह में केसर या गुलाब माँडना । उ०—वेद

मत्र पढि साधि करम विधि यज्ञ करत जेहि लागी जू। ताको मुख माँडत केशरि सो ब्रज युवती रमपागी जू।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३७८। ३ रचना। बनाना। सजाना। †४ लगाना। मारना। जमाना। जैसे, आसन माँडना। उ०—स्वामी जी बसत भवना जागन बैठे आसण माँड वाली।—रामानद०, पृ० १४। ५ किसी अन्न को बाल मे से दाने झाडना। उ०—साँचो सो लिखवार कहावै। माँडि माँडि खरिहान क्रोध को फोता भजन भरावै। —सूर (शब्द०)। ६ मचाना। ठानना। जैसे, युद्ध माँडना। और मत्र कुछ उर जनि आनो आजु सुकपि रन माँडहि।—सूर (शब्द०)। ६ धरना। लगाना। करना। उ०—साप काचली छाँडे बीस ही न छाँडे उदक मे बक ध्यान माडे।—दखिखनी०, पृ० ३५। ७ लेना। उठाना। उ०—जनम जनम अनते नहिं जाँचो फिर नहिं माँडो झोली जू। —नद० ग्र०, पृ० ३३७। ६ स्थिर करना। स्थिरतापूर्वक रखना। उ०—कायर मेरी ताकवै सूरा माँडै पाँव।—कबीर सा० स०, भा० १, पृ० २६।

माँडनी—सज्ञा स्त्री० [स० मण्डन] सजाफ। मर्ज्जी। गोट। हाशिया। किनारा। उ०—अँगया नील माँडनी रानी निरखत नैन चुराई। सूर (शब्द०)। (ख) नील कचुकी माँडनि लाल। भुजनि नवइ आभूषण माल।—सूर (शब्द०)।

माँडहा‡—सज्ञा पु० [सं० मण्डप, हिं० माँड़वा] विवाह का माँडव। विवाहमडप। उ०—ए च्यारइ वेद उचरइ, चउरी दीसउ माँडहा माँहि।—वी० रासो, पृ० २१।

माँडलीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० मडली] बैठक। उ०—खेलाँ मेल्हा माँडली। बइस माँहि मोहेउ छइ राइ।—वी० रासो, पृ० ३।

माँड़व—सज्ञा पु० [स० मण्डप] विवाह आदि अथवा दूसरे शुभ कृत्यो के लिये छाया हुआ मडप। उ० (क) आलेहि बाँस के माँडव मनिगन पूरन हो। मोतिन झालर लागि चहूँ दिसि झूलन हो।—तुलसी (शब्द०)। (ख) मुनिगन कहेउ नृप माँडव छावन गावहिं गीत सुआमिन बाज बधावन।—तुलसी (शब्द०)।

माँड़ा[1]—सज्ञा पुं० [स० मण्ड] आँख का एक रोग जिसमे उसके ऊपरी पर्दे के अदर महीन झिल्ली सी पड जाती है।

विशेष—इस झिल्ली का रग चावल के माड के समान होता है। यह औषधोपचार या शस्त्रक्रिया से निकाला भी जाता है।

माँडा[2]—सज्ञा पुं० [स० मण्डप] मटप। मंडवा।

माँडा[3]—सज्ञा पुं० [हिं० माँडना (=गूँधना)] १ एक प्रकार की बहुत पतली रोटी जो मैदे की होती है और घी मे पकती है। लुचई। उ०—(क) मुर्दा दोजख मे जाय या विहिश्त मे, हमे तो अपने हलुवे माँडे से काम है। (कहावत)। (ख) काकी भूख गई बयारि भख बिना दूध घृत माँडे।—सूर (शब्द०)। २ एक प्रकार की रोटी जो तवे पर थोडा घी लगाकर पकाई जाती है। पराँठा। उलटा।

माँडी—सज्ञा स्त्री० [स० मण्ड] १ भात का पसावन। पीच। माँड। २ कपडे या सूत के ऊपर चढाया जानेवाला कलफ जो भिन्न भिन्न कपडो के लिये भिन्न भिन्न प्रकार से तैयार किया जाता है। उ०—सुरति ताना करै, पवन भरनी भरै, माँडी प्रेम अँग अग भीनै।—पलटू०, पृ० २५।

विशेष—यह माँडी आटे, मैदे अनेक प्रकार के चावलो तथा कुछ बीजो से तैयार की जाती है और प्राय लेई के रूप मे होती है। कपडो मे इसकी सहायता से कडापन या करारापन लाया जाता है।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

माँडौⓊ—सज्ञा पुं० [स० माण्डप या मण्डप] विवाह का मडप। उ०—माँडौ गढो रगमदिर के आँगन वेद विधाना। ता ऊपर जरकसी रज्जु अरु मणिमय विशद विताना।—रघुराज (शब्द०)।

माँड्योⓊ—सज्ञा पुं० [स० माण्डप] १ आगतुक लोगो के ठहरने का स्थान। अतिथिशाला। २ विवाहादि के घर मे वह स्थान जहाँ सपूर्ण आहूत देवताओ का स्थापन किया जाता है। ३ विवाह का मडप। मँडवा। उ०—आए नाथ द्वारिका नीके रच्यो माँड्यो छाय। व्याह केलि विधि रची सकल सुख सौंज गनी नहिं जाय।—सूर (शब्द०)।

माँढा‡—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'माँडव'। उ०—नयरी नइ माँढे बीचइँ। हस्ती पायक अत न पार।—बी० रासो, पृ० १०।

माँण†Ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० मान] दे० 'मान'।

माँणसⓊ†—सज्ञा पु० [सं० मानुष, प्रा० मानुस] दे० 'मानुस'। उ०—दादू सतगुरु पसु मानस करै, माणस थै सिध सोइ।—दादू०, पृ० ३।

माँतⓊ[1]—वि० [स० मत्त] १ उन्मत्त। मस्त। मत्त। बेसुध। २. दीवाना। पागल।

माँत[2]—वि० [हिं० माता या स० मन्द] १ बेरौनक। उदास। बदरग। उ०—पडा मात गोरख कर चेला। जिय तन छाँडि स्वर्ग कहँ खेला।—जायसी (शब्द०)। २ हारा हुआ। पराजित। मात।

माँतनाⓊ†—क्रि० अ० [स० मत्त+हिं० ना (प्रत्य०)] मतवाला होना। उन्मत्त होना। पागल होना।

माँताⓊ†—वि० [सं० मत्त] [वि० स्त्री० माँती] मतवाला। उन्मत्त। उ०—(क) आठ पहर अमला रा माँता हेलौ देता डोलौ।—घनानद, पृ ४४५। (ख) औ कलवारि प्रेम मधु माँती।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २४६।

माँथ†—सज्ञा पुं० [सं० मस्तक] माथा। सिर। उ०—रावन चहा सौहँ होइ हेरा उतरि गए दस माँथ।—जायसी ग्र०, (गुप्त), पृ० २२६।

माँथबधन—सज्ञा पुं० [हिं० माँथ+बधन] १ सूत या ऊन की डोरी जिससे स्त्रियाँ सिर के बाल बाँधती है। परादा। चवकी। चँवरी। २ सिर पर लपेटने या बाँधने का कपडा। जैसे, पगडी, साफा आदि।

माँद[1]—वि० [सं० **मन्द**] बेरौनक। उदास। बदरंग। २ किसी के मुकाबले में फीका। खराब या हलका।

क्रि० प्र०—करना।—पड़ना।—होना।

३ पराजित। हारा हुआ। मात।

माँद[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ गोबर का वह ढेर जो पड़ा पड़ा सूख जाता है और जो प्राय जलाने के काम आता है। इसकी आँच उपलो की आँच के मुकाबले मे मद या धीमी होती है। २ हिंसक जतुओ के रहने का विवर। बिल। गुफा। चुर। खोह।

माँद[3]—संज्ञा स्त्री० [फा० **मांदगी**] बीमारी। रोग। उ०—माधडिया तन मैण रा मिटै कदे नह मांद। बाँकी ग्र०, भा० २, पृ० २१।

माँदगी—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ बीमारी। रोग। २ थकावट।

माँदर, माँदल—संज्ञा पुं० [हिं० **मर्दल**] मृदग का एक भेद जिसे मर्दल कहते हैं। उ०—(क) बाजहिं ढोल दुदु अरु भेरी। मांदर तूर झाँझ चहुँफेरी।—जायसी (शब्द०)। (ख) कबीर सब जग हौं फिरयो मांदलु कध चढाइ।—कबीर ग्र०, पृ० २६०।

माँदा[1]—वि० [फा० **माँदह्**] १ थका हुआ। श्रात। २ बचा हुआ। बाकी। अवशिष्ट।

माँदा[2]—संज्ञा पुं० [स्त्री० **माँदी**] रोगी। बीमार। उ०—अब मुझे डर लगता है। मैं माँदी हो जाऊँगी।—पिंजरे०, पृ० ६३।

माँदिनीⓊ—वि० स्त्री० [सं० **उन्मादिनी या मत्तिनी**] उन्मादिनी। मदविह्वल। उ०—फूले कँवल अनत चहूँ दिसि चाँदनी। सुदर विरहिनि देखि भई है माँदिनी।—सुदर० ग्र०, भा० १ पृ० ३६४।

माँदी†—संज्ञा स्त्री० [देश० **माँद** ?] १ विवर। बिल। २ कोष।, मियान। उ०—जब लगि मांदी महँ रहि गोई। तबही लहु निरमैं सब कोई।—चित्रा०, पृ० १४२।

माँनसⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० **मानुष**] दे० 'मानुस'। उ०—भला घरां रा माँनसां नैं काँनां लागि विगाड़ै है।—घनानद, पृ० ३३४।

माँनुछⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० मनुष्य] दे० 'मानुस'। उ०—माँनुछ न जानियतु देवगति।—पृ० रा०, १२।२६४।

माँनोⓊ†—अव्य० [हिं०] दे० 'मानो'। उ०—नददास पुहुपन मधि माँनो मधुप पुज सोवत कलमले।—नद० ग्र०, पृ० ३५३।

माँपना†Ⓤ[1]—क्रि० अ० [हिं० **माँतना**] नशे में चूर होना। उन्मत्त होना। उ०—नयन सजल तन थर थर काँपी। माँजहिं खाइ मीन जनु माँपी।—तुलसी (शब्द०)।

माँपना[2]—क्रि० स० [स० **मापन**] दे० 'मापना'।

माँभ†—वि० [हिं० मामला (=लडाई), डिं० ?] युद्ध करनेवाला। उ०—रूके आटा रक्खणा मोटा कामाँ माँभ।—रा० रू०, पृ० १३७।

माँमलाⓊ†—संज्ञा पुं० [फा० **मुआमलह्**, हिं० मामला] युद्ध। लड़ाई। उ०—मीसण पडिया माँमला।—रा० रू०, पृ० ४०।

माँय—अव्य० [सं० **मध्य**, हिं० माँझ] मे। बीच। मध्य। अदर। उ०—बरष एक के माँयँ, एकदशी चौबिस परैं। सुनौ सवन के माँयँ, फल समेत वर्णन कए।—विश्राम (शब्द०)।

माँस†[1]—संज्ञा पुं० [सं० **मास**] महीना। मास। उ०—ठारौ सौ रु पचोतरा पूस माँस मित पच्छ।—सुजान०, पृ० ३७।

माँसⓊ†[2]—संज्ञा पुं० [सं० **मास**] दे० 'मास'। उ०—अमिपत्र विपिन महँ चलहू। खायो माँस मोई फल लहहू।—कबीर सा०, पृ० ४६७।

माँसी[1]—वि० [सं० **मास**] उर्द के रग का।

माँसी[2]—संज्ञा पुं० उर्द के रग के समान एक प्रकार का हरा रग।

माँसी[3]—संज्ञा स्त्री० [टि० **मौसी**] दे० 'मासी' या 'मौसी'।

माँसु, माँसूⓊ—संज्ञा पुं० [सं० **मास**] दे० 'मास'। उ०—जेहि तन पेम कहाँ तेहि माँसू। कथा न रकत न नैनन आँसू।—जायसी (शब्द०)।

माँहⓊ—अव्य० [सं० **मध्य**] मे। बीच। अदर। भीतर।

माँहटⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० **महावट**] दे० 'महावट'। उ०—पिय बिनु हिय घन गहबर आवा। नैनन्ह मिलि माँहट बरिसावा।—चित्रा०, पृ० १७३।

माँहाⓊ—अव्य० [हिं०] दे० 'माँह'। उ०—भएउ हुलास नवल रितु माँहा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २४४।

माँहिंⓊ†—अव्य० [हिं०] दे० 'माँह'।

माँहिला†Ⓤ—अव्य० [हिं० **माँहि**] मध्य का। भीतरी। उ०—जिम दरिया सतगुर चवै, देख माँहिला भाव।—दरिया०, बानी, पृ० ५।

माँहीⓊ†—अव्य० [सं० मध्य] दे० 'माँह'।

माँहैं, माँहैंÛ—अव्य० [हिं०] 'माँह'। उ०—मायारा आडवर माँहैं बदा केम बँधाणो।—रघु० रू०, पृ० १६।

माँहोमाँहिⓊ—अव्य० [हिं० माँह] बीचोबीच। उ०—मिश्रत माँहो माँहि मिल, बाँधै उकत विशेष।—रघु० रू०, पृ० ४८।

मा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ लक्ष्मी। उ०—सिंधु सुता मा इदिरा विष्णुवल्लभा सोइ।—अनेकार्थ० (शब्द०)। २ माता। ३ ज्ञान। ४ दीप्ति। प्रकाश। ५ माप। (को०)।

मा[2]—सर्व० न। नहीं। मत।

यौ०—**मानाथ। माप। मापति**=दे० 'माप'। **मावर**=विष्णु।

माअनी—संज्ञा पुं० [अ०] तात्पर्य। मतलब। अर्थ। उ०—अब मैं कबीर के माअनी अरबी मे प्रगट करता हूँ।—कबीर म०, पृ० ४२०।

माइँ, माईँⓊ[1]—अव्य० [सं० **मध्य**, हिं० **मोयँ, मोहिं**] 'माँह'। उ०—(क) सो ब्रह्म बतायो गुरु आप माइँ।—रामानद०, पृ० ८ (ख) पावक देख डरे वह नाही हँसत बैठ सरा माईं।—कबीर श०, भा०, १ पृ० ३५। (ग) पट मास माईं मिले साईं अचल पाई धाम ए।—राम० धर्म० पृ० २५७।

माइँ, माईँ[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० **मातृ**] छोटा पूआ जिससे विवाह मे मातृपूजन किया जाता है।

मुहा०—**माइँन में थापना**=पितरो के समान आदर करना।

उ०—जौ लौ हौं जीवन मर जीवो सदा नाम तुव जपिहौं। दधि ओदन दोना करि दैहौं अरु माइँन मे थपिहौ।—सूर (शब्द०)।

माइँ, माई[३]—सज्ञा स्त्री० [अनु०] पुत्री। लडकी। कन्या।

माइँ, माई[४]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मामा**] मामा की स्त्री। मामी।

माइⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० **मातृ**] दे० 'माई'। उ०—(क) तव पूछियो रघुराइ। सुख है पिता तन माइ।—केशव (शब्द०)। (ख) मेरे गुरु को धनुष वह सीता मेरो माइ।—केशव (शब्द०)। २ सखी। उ०—भल भेल माइ हे कुदेवस मेला। चाँद कुमुद दुहु दरसन भेल।—विद्यापति, पृ० २८२।

माइक—सज्ञा पु० [अ०] ध्वनिविस्तारक यत्र। अँगरेजी के माइक्रोफोन शब्द का बोलचाल मे सक्षिप्त रूप।

माइका[१]—सज्ञा पु० [स० **मातृ+गृह**] स्त्री के लिये उसके माता पिता का घर। नैहर। उ०—(क) और ता माहि सबै सुख री दुख री यहै माइकै जान न देत ह। पद्माकर (शब्द०)। बैठी हुती तिय माइके मैं समुरारे को काहू सदस सुनायो।—मतिराम (शब्द०)।

माइका[२]—सज्ञा पुं० [अ०] अबरक। अभ्रक।

माइन—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ खान। २ बारूद की सुरग।

माइना‡—सज्ञा पु० [अ० **मानी**] अर्थ। आशय। उ०—दाय हरफ म माइना सबही वेद पुरान।—दरिया० बानी पृ० ४३।

माइनारिटी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १. अल्प सख्या। आध से कम सख्या। २ वह पार्टी या दल जिसके वोट कम हो।

माइलⓊ—वि० [अ०] आकर्षित। आसक्त। प्रवृत्त। उ०—मुरली वाले ने माइल काता दारू दरसन पावा।—घनानद पृ० ४३२।

माई[१]—सज्ञा स्त्री० [स० **मातृ**] १ माता। जननी। मा।

यौ०—**माई का लाल**=(१) उदार चित्तवाला व्यक्ति। उ०—क्या फिर कोइ देवनदन जैसा माई का लाल न जनमेगा।—अयोध्या (शब्द०)। (२) वीर। शूर। बली। शक्तिवान। उ०—(क) क्या ऐसा कोइ माइ का लाल नहीं है जो मुझको इनके हाथो से बचावे।—अयोध्या (शब्द०)। (ख) एक बार एक पजाबी हाजी को बदूदुआ ने घर लिया। उसने अपना कमर से रुपय निकालकर सामने रख दिए और ललकार कर कहा कि कोई माई का लाल हो, तो इसे मेरे सामने से ले जाय।—सरस्वती (शब्द०)।

२. बूढी या बडी स्त्री के लिये आदरसूचक शब्द। उ०—(क) सत्य कहौं मोहि जान दे माई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कहहिं झूठ फुरि बात बनाई। ते प्रिय तुमहि करुइ म माई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) सोय स्वयबरु माई दोऊ भाई आए देखन।—तुलसी (शब्द०)। ३ महामाया। भगवती। देवी। ४ शीतला। चेचक। माता। उ०—हेदुआ के चेहरे पर माई की गोटी के दाग थे।—नई०, पृ० ३४।

माई[२]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जिसका फल माजू से मिलता जुलता होता है और जिसका व्यवहार प्राय हकीम लोग औषधि के रूप मे करते हैं।

माई लार्ड—सज्ञा पुं० [अ०] लाटो तथा हाइकोर्ट के जजो को सबोधन करने का शब्द। जसे,—माई लार्ड, आपका इस बात का बडा अभिमान है कि अँगरेजो मे आपकी भाँति भारतवर्ष के विषय मे शासननीति समझनेवाला और शासन करनेवाला नही है।—बालमुकुद (शब्द०)।

माउट पुलिस—सज्ञा स्त्री० [अ० **माउटेड पुलिस**] घुडसवार पुलिस।

माउल्लहम—सज्ञा पु० [अ०] हिकमत मे मास का बना हुआ एक प्रकार का अरक जो बहुत अधिक पुष्टिकारक माना जाता है और जिसका व्यवहार प्राय. जाडे के दिनो म शरीर का बल बढाने के लिये होता है।

माकद—सज्ञा पु० [**माकन्द**] १ आम का वृक्ष। २ दे० 'मानकद'।

माकदा—सज्ञा स्त्री० [स० **माकन्दा**] १ आँवला। २ पाला चदन। ३ महाभारत काल के एक गाव का नाम।

विशेष—युधिष्ठिर ने दुर्योधन से जो पाच गाव माँगे थे, उनमे से एक यह भी था।

माकर—वि० [स०] [वि० स्त्री० **माकरी**] १ मकर से सबधित। २ मकर का।

यौ०—**माकराकर**=समुद्र। मकराकर। **माकरव्यूह**=सेना की मकर के रूप मे व्यूहबद्ध स्थिति। **मकरासन**=दे० 'मकरासन'।

माकरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मरुआ।

माकरी—सज्ञा स्त्री० [स०] माघ शुक्ला सप्तमी जो एक पुण्यतिथि मानी जाती है।

माकल—सज्ञा स्त्री० [देश०] इद्रायन नाम की लता।

माकाल—सज्ञा पु० [सं०] १ चद्रमा। २ इद्र के सारथी मातलि का एक नाम।

माकुली—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का साँप।

माकूल[१]—वि० [अ० **माकूल**] १. उचित। वाजिब। ठीक। २ लायक। योग्य। उ०—मुहर्रर भी आपका बहुत ही माकूल मिल गए है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ६४। ३ यथेष्ट। पूरा। ४ अच्छा। बाँधा। ५ जिसने वादविवाद म प्रतिपक्षी की बात मान ली हो। जो निरुत्तर हो गया हो। ६ सभ्य। शिष्ट (को०)। ७ शुद्ध (को०)।

माकूल—सज्ञा पु० तर्कशास्त्र। न्याय दर्शन [को०]।

माकूलियत—सज्ञा स्त्री० [अ० **माकूलियत माकूलायत**] १. औचित्य। माकूल होने का भाव। २ शिष्टता। सज्जनता। ३ उत्तमता। अच्छाई [को०]।

माकूली—वि० [अ० **माकूली**] नैयायिक। न्यायशास्त्र का ज्ञाता [को०]।

माकूस—वि० [अ०] १. उलटा। औधा। २ विपरीत [को०]।

माक्षिक[१]—सज्ञा पु० [सं०] १. शहद। मधु। २. सोनामक्खी। ३. रूपामक्खी।

माक्षिक[२]—वि०(मधु की) मक्खियो से सबधित या मक्खियो का।

माक्षिकज—सज्ञा पु० [स०] मोम।

माक्षिकधातु—सज्ञा पुं० [सं०] स्वर्णमाक्षिक। सोनामक्खी [को०]।

माक्षिकफल—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का नारियल [को०]।

माक्षिकशर्करा—सज्ञा स्त्री० [स०] मधु से निर्मित मिसरी [को०]।

माक्षिकात—सज्ञा पुं० [स० माक्षिकान्त] माधवी नामक मद्य। महुए की शराब।

माक्षिकाश्रय—सज्ञा पुं० [स०] मोम।

माक्षीक'—सज्ञा पु० [स०] १ मधु। शहद। २ सोनामक्खी। ३ रूपामक्खी।

माक्षीक—वि० दे० 'माक्षिक'।

माख'—वि० [स०] [वि० स्त्री० माखी] यज्ञ सबधी। यज्ञीय। यज्ञ या मख का [को०]।

माखⓊ[१]—सज्ञा पुं० [स० मक्ष] १ अप्रसन्नता। नाराजगी। नाखुशी। क्रोध। रिस। उ०—(क) देखेउँ आय जो कछु कपि भाखा। तुम्हरे लाज न रोस न माखा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) लीवे को लाख करैं अभिलाष करैं कहु माख परे कबहूँ हँसि।—बेनी (शब्द०)। २ अभिमान। घमड। ३ पछतावा। ४ अपने दोष को ढकना।

माखन—सज्ञा पु० [हिं०] 'मक्खन'। उ०—(क) माखन ते मन कोमल है यह बानि त जानति कौन कठोर है।—आनदघन (शब्द०)। (ख) ता खिन ते इन आँखिन ते न कढ़ो वह माखन चाखनहारो।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) माखन सो मेरे मोहन को मन काठ सी तेरी कठेठी ये बातैं।—केशव (शब्द०)।

यौ०—**माखनचोर** = श्रीकृष्ण।

माखनाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० माख से नामिक] अप्रसन्न होना। नाराज होना। क्रोध करना। उ०—(क) अब जनि कोउ माखइ भट मानी। वीरविहीन मही मैं जानी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) माख लखन कुटिल भईं भौंहैं। रदपुट फरकत नैन रिसौंहैं।—तुलसी (शब्द०)। (ग) पत्र सुनत रतनावती मुइन कीन्ही केश। सुनत माखि मारन चली रतनावतिहि नरेश।—रघुराज (शब्द०)। (घ) कछू न थिरता लहै छनक रीझै छन माखै।—व्यास (शब्द०)।

माखनी—वि० [हिं० माखन + ई] मक्खन के रग का। सफेद। उ०—बदन रोज बहु लाल, ताम्र माखनी रग के कोमल।—ग्राम्या, पृ० ७६।

माखाⓊ—सज्ञा पु० [हिं० माखी] मक्खी का पुलिंग। नर मक्खी। उ०—वा माखी के माखा नाही गरभ रहा बिन पानी।—पट०, ३५६।

माखीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० माक्षिक] १ मक्खी। उ०—(क) दूध की माख उजागर वीर सो हाथ मैं आँखिन देखत खाई।—ठाकुर (शब्द०)। (ख) चदन पास न बैठे माखी।—जायसी (शब्द०)। (ग) भामिनि भयउ दूध कर माखी।—तुलसी (शब्द०)। २ सोनामक्खी।

माखो'—सज्ञा स्त्री० [हिं० मक्खी] शहद की मक्खी। (पश्चिम)।

माखो[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुख ? या देश०] लोगो मे फैलनेवाली चर्चा। जनरव।

मागध—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्राचीन जाति जो मनु के अनुसार वैश्य के वीर्य से क्षत्रिय कन्या के गर्भ से उत्पन्न है। इस जाति के लोग वशक्रम से विरुदावली का वर्णन करते हैं और प्राय 'भाट' कहलाते हैं। उ०—(क) मागध बदी सूत गण विरद बदहिं मति धीर।—तुलसी (शब्द०)। (ख) मागध बशावली बखाना।—रघुराज (शब्द०)। २ जरासध का एक नाम जो मगध का नरेश था। उ०—मागध मगध दश ते आयो लीन्हे फौज अपार।—सूर (शब्द०)। ३ जीरा। ४ पिप्पलीमूल।

मागध[२]—वि० [स० मगध] मगध दश का।

मागधक—सज्ञा पुं० [स०] १ मागध। भाट। २ मगध देश का निवासी।

मागधपुर—सज्ञा पुं० [स०] मगध की पुरानी राजधानी, राजगृह।

मागधा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मगध की राजकुमारी। २ पिप्पली।

मागधिक—वि० [स०] मगध देश सबधी। मगध का।

मागधिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पिप्पली। पीपल। २ मगध की राजकुमारी।

मागधी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मगध देश की प्राचीन प्राकृत भाषा। २ जूही। यूथिका। ३ शक्कर। चीनी। ४ छोटी पीपल। पिप्पली। ६ सुफेद जीरा (को०)। ७ एक नदी का नाम। शोणा नदी (को०)। ८ मगध की राजकन्या (को०)। ९ मागध जाति की महिला (को०)।

मागरवाल†—वि० [हिं० माँगना + वाला (प्रत्य०)] माँगनेवाला। उ०—मागरवाल जू आविया देमे साल्ह सुजाँण। ढोला०, दू० १८४।

मागिⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० मार्ग, प्रा० मग्ग, माग] दे० 'मग'। उ०—उक्कवी मिर हथ्थडा, चाहती रस लुध्ध। ऊँची चढि चातृगि जिउँ, मागि निहालइ मुद्ध।—ढोला०, दू० १६।

माघ—सज्ञा पुं० [स०] १ ग्यारहवाँ चाद्र मास जो पूस के बाद और फागुन से पहले पडता है। उ०—माघ मकर गत रवि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।—तुलसी (शब्द०)। २ सस्कृत के एक प्रसिद्ध कवि का नाम। ३ उपर्युक्त कवि का बनाया हुआ एक प्रसिद्ध काव्यग्रथ जिसमे कृष्ण द्वारा शिशुपाल का वध वर्णन किया गया है।

माघ[२]—सज्ञा पु० [सं० मान्य] कुद का फूल। उ०—मुसुकान कढ़हिं रद माघ से फाल्गुन सो जोबा महत।—गोपाल (शब्द०)।

माघवती—सज्ञा स्त्री० [स०] पूर्व दिशा।

माघी'—सज्ञा स्त्री० [स० माघ + ई] माघ मास की पूर्णिमा जो मघा नक्षत्र से युक्त होती है। कहते हैं कि कलियुग का आरभ इसी तिथि को हुआ था।

माघी[३]—वि० माघ का। जैसे, माघी मिर्च।

माघोन—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **माघोनी**] पूर्व दिशा ।

माध्य—सज्ञा पुं० [स०] कुद का फूल ।

माचⓊ**'**—सज्ञा पु० [स० **मञ्च**] दे० 'मचान' । उ०—जब यदुपति कुल कमहि मारयो । तिहूँ भुवन भयो सोर पसारयो । तुरत माच तें धरनि गिरायो । ऐसेहि मारत बिलम न लायो ।—सूर (शब्द०) ।

माच[२]—सज्ञा पु० [स०] मार्ग । रास्ता ।

माचनाⓊ†—क्रि० स० [हि० **मचना**] दे० 'मचना' । उ०—(क) इमि मगर माचत भयो मधुवन के सब ओर ।—गोपाल (शब्द०) । (ख) द्वादस दिवस चहूँ दिसि माच्यो फागु सकल ब्रज माँझ ।—सूर (शब्द०) । (ग) बदौं कौसल्या दिसि प्राची । कीरति जासु सकल जग माची ।—तुलसी (शब्द०) । (घ) कहै पदमाकर त्यो तिनको अवाइन के, माचि रहे जार सुरलोकन मे सीर है ।—पद्माकर (शब्द०) ।

माचलⓊ**'**—वि० [हि० **मचलना**] १. मचलनेवाला । जिद्दी । हठी । उ०—महा माचल मारिवे की सकुच नाहिन माहि । परयो हौं प्रण किए द्वारे लाज प्रण की तोहि ।—सूर (शब्द०) । २ मचला ।

माचल—सज्ञा पु० [स०] १. ग्रह । २ राग । बीमारी । ३ बदी । कैदी । ४. ग्राह (को०) । ५ चार ।

माचा†—सज्ञा पुं० [स० **मञ्च**] बैठने की पीढी जो खाट की तरह बुनी होती हैं । बडी मचिया ।

माचिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मक्खी । २ अमडे का वृक्ष ।

माचिस—सज्ञा पु० [अ० **मैच**] दियासलाई । दियासलाई की तीली । उ०—इसी तरह सेमल की लकडी से माचिस बनाने व विभिन्न प्रकार के खिलौने तैयार करने, बाँस से टोकनियाँ व चटाइयाँ आदि बनाने के कुटीर उद्योग राज्य के हजारो विकेंद्रित ग्रामो मे पाए जाते है ।— शुक्ल० अभि० ग्र०, पृ० ७५ ।

माची†— सज्ञा स्त्री० [स० **मञ्च**] १. हल जोतने का जुआ । वह जुआ जो हल जोतते समय बैलो के कधे पर रखा जाता है । बैलगाडी मे वह स्थान जहाँ गाडीवान बैठता और अपना सामान रखता है । ३ बैठने की वह पीढी जो खाट की तरह बुनी हुई होती है ।

माचीक—सज्ञा पु० [सं०] देवदार ।

माचीपत्र—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का साग जिसे मुरपर्णी भी कहते है ।

माछ†—सज्ञा पु० [स० **मत्स्य०** प्रा० **मच्छ**] मछली । उ०—चारा मेलि धरा जस माछू ।—जायसी (शब्द०) ।

माछर†[१]—सज्ञा पु० [हि० **मच्छर**] दे० 'मच्छड' ।

माछर[२]—सज्ञा पुं० [स० **मत्स्य**] दे० 'मछली' । उ०—वह कैलाश इद्र कर वासू । जहाँ न अन्न न माछर माँसू ।—जायसी (शब्द०) ।

माछी†[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० **मक्षिका**] १. मक्खी । उ०—काँचो रोटी कुचकुची परती माछी वार । फूहर वही सराहिए परसत टपकै लार । गिरधर (शब्द०) । विशेष दे० 'मछिया' ।

माछी‡[२]—सज्ञा स्त्री० [स० **मत्स्य**] मछली । (क्व०) ।

माजरा—सज्ञा पुं० [अ०] १. हाल । वृत्तात । २ घटना ।

माजल—सज्ञा पुं० [स०] चाम पक्षी [को०] ।

माजी—वि० [अ० **माज़ी**] बीता हुआ काल । अतीत समय । भूतकाल । उ०— सुखन मूँ होवे बाज माजी व हाल । गुजिश्त्या का समाज मे आवे अहवाल ।—दक्खिनी०, पृ० २३६ ।

माजू—सज्ञा पु० [फ़ा०] एक प्रकार का झाडी जो यूनान और फारस आदि देशो मे बहुतायत से होती है ।

विशेष—इसको आकृति सरो की सी होती है । इसकी डालियो पर से एक प्रकार का गोद निकलता है जो 'माजूफल' कहलाता है और जिसका व्यवहार रग तथा ओषधि के लिये होता है ।

माजून—सज्ञा स्त्री० [अ०] १. औषध के रूप मे काम आनेवाला कोई मीठा अवलेह । २. वह बरफी या अवलेह जिसमे भाँग मिली हो ।

यौ०—माजूनकश = माजून निकालने की खुर्चनी आदि ।

माजूफल—सज्ञा पु० [फ़ा० माजू + हि० फल] माजू नामक झाडी का गोटा या गोद जो ओषध तथा रँगाई के काम मे आता है ।

पर्या०—मायाफला । **माईफल** । **सागरगोटा** ।

माजूर—वि० [अ० **माजूर**] १ जिसे किसी सेवा या परिश्रम का फल दिया गया हो । प्रतिफलित । २ असमर्थ । लाचार । विवश । उ०—बेचारी आँखो से माजूर हो गई थी । —रगभूमि, भा० २, पृ० ७०४ ।

माझ—वि० [सं० **मध्यस्थ ? या माध्यक ?**] १ मुखिया । मुख्य । उ०—(क) अरी ढाहि ढढौरि माझी कनक्के ।—पृ० रा०, ६१।२१७६ । (ख) माझी वर मरदान मान मरदा मिलि तोरन ।—पृ० रा०, ६१। २०७७ । (ग) माझी खिणक मिजाज, वे अदवी सातूं विसन ।—वाकी० ग्र०, भा० १, पृ० ६२ । २ मध्यस्थ । उ०—सँवरि रकत नैनिहि भरि चूआ । राइ हँकारेसि माझा सूआ ।—जायसी ग्र०, पृ० ९६ ।

माटक—सज्ञा पुं० [स० **माटङ्क**] नमक का बाजार । नमक की हाट [को०] ।

माट'—सज्ञा पु० [हिं० **मटका**] १ मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का बडा बरतन जिसमे रगरेज लोग रग बनाते हैं । इसे 'मठोर' भी कहते है । २. माठ । मिट्टी का बहुत बडा बर्तन, जिसमे किसान लोग अन्न भरते है ।

मुहा०—माट बिगड़ जाना = किसी के स्वभाव का ऐसा बिगड जाना कि उसका सुधार असभव हो ।

२ बडी मटकी जिसमें दही रखा जाता है । उ०—(क) सिर दधि माखन के माट गावत गीत नए । कर माँझ मृदग बजाइ सब नँद भवन गए ।—सूर (शब्द०) । (ख) एक भूमि ते भाजन बहु विधि कुडा करवा हडिया माट ।—सुदर ग्र०, भा० १, पृ० ७३ ।

माट[2]—संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार की वनस्पति जिसका व्यवहार तरकारी के रूप में होता है।

माटा—संज्ञा पुं० [हिं० मटा] लाल चूँटा जिसके झुंड के झुंड पत्ते के झाझ में आम के पेड़ों पर रहते हैं।

माटि—संज्ञा पुं० [सं०] कवच। तनुत्राण (को०)।

माटी(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० मृत्तिका, हिं० मिट्टी] १ दे० 'मिट्टी'। २ साल भर का जोताई या उसकी मेहनत। जैसे,—यह खेत चार माटी का चला है। ३ मृत शरीर। शव। लाश। उ०—(क) कहता सुनता देखता, लेता देता प्रान। दादू सो कतहूँ गया, माटी करी मसान।—दादू (शब्द०) (ख) मरनो भलो विदेस को जहाँ न अपना कोय। माटी तापै जानवर मारा मारहिं होय।—कबीर (शब्द०)। ४. शरीर। देह। उ०—राम आइ तिनसाँ माटा। उठि जिउ चला छाडि की माटी।—जायसी (शब्द०)। ५. पाँच तत्वों के अंतर्गत पृथ्वी नामक तत्व। उ०—पानी पवन आग अरु माटा। सब की पीठ लोर है माटी।—जायसी (शब्द०)। ६ धूल। रज। उ०—(क) गढ़ गिर फूट भए सब माटी। हस्ति हराल तहाँ का चाँटा।—जायसी (शब्द०)। (ख) महाँ माटी मलय की मृगमद लाव जू। तुलसी (शब्द०)। (मुहा० के लिये दे० 'मिट्टी')।

माठ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] मार्ग। पथ। सड़क (को०)।

माठ[2]—संज्ञा पुं० [हिं० मीठा] एक प्रकार की मिठाई। उ०—भइ जो मिठाई कही न जाई। मुख मेलत गल जाय बिलाई। मलगड छान और मरकोरी। माठ पिराक और बुँदोरी।—जायसी (शब्द०)।

विशेष—मैदे की एक मोटी और बड़ी पूरी पकाकर शक्कर के पाग में उसे पाग लेते हैं। इसी को माठ कहते हैं। यही मिठाई जब छोटे आकार में बनाई जाती है, तब उसे 'मठरी' या 'टिकिया' कहते हैं। मठरी नमकीन भी बनाई जाती है।

माठ[3]—संज्ञा पुं० [हिं० मटकी (सं० मात्त)] मिट्टी का पात्र जिसमें कोई तरल पदार्थ भरा जाय। मटकी। उ०—(क) मानो मजीठ की माठ ढरी इक ओर ते चाँदनी बारन आवत।—अंबु रसि (शब्द०)। (ख) धरत जहाँ ही जहाँ पग है गुप्यारी तहाँ, मजुल मजीठ ही की माठ सी धरत जात।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) स्वामिदसा लखि लखन सभा कपि पधिने हैं आँच माठ मानो घिय के।—तुलसी (शब्द०)। (घ) टूट कथ सिर परै निरारे। माठ मंजीठ जानु रण ढारे।—जायसी (शब्द०)।

विशेष—कविता में यह शब्द प्रायः स्त्रीलिंग ही मिलता है।

माठ[4]—वि० [सं० मष्ट, प्रा० मट्ठ] मौन। दे० 'मष्ट'। उ०—(क) रह रह, सुंदरि, माठ करि, हलफल लगी काइ।—ढोला०, दू० ३२१। (ख) काइ लवतउ माठि करि परदेशी प्रिय आणि।—ढोला०, दू० ३४।

मुहा० माठ करना = दे० 'मष्ट' शब्द का मुहावरा।

माठर—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूर्य के एक परिपार्श्वक जो यम माने जाते हैं। २ व्यासदेव का नाम। ३ ब्राह्मण। ४ कलाल। ५ एक गोत्र का नाम (को०)।

माठा[1]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मट्ठा' या 'मठा'।

माठा[2]—संज्ञा पुं० [देशज] अगस्त। कंजूस।

माठी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की कपास जो बंगाल, आसाम और उत्तर प्रदेश में अधिकता से होती है। आजकल यह कपास बहुत निम्न कोटि की मानी जाती है। उ०—सूर प्रभु को आवत अंतरी गई भरम री, बन चरि सरि सुहाग साढ़ि माठी सग वारा आहरी गाज।—सूर (शब्द०)।

माठी[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] कथा।

माठी[3]—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूजा में काम आनेवाली मिट्टी की बनी चूना। मटकी। यह प्रायः काले रंग की होती है और इसमें पानी भरा जाता है।

माठी[4]—संज्ञा स्त्री० [?] मार्ग।—पद्म० ख०, पृ० ४९।

माटू—संज्ञा पुं० [सं०] १ बंदर। मार्जार। २ मूषक। (डिंगल)।

माड[1]—संज्ञा पुं० [सं० माण्ड] १ सना हुआ आटा या पिट्ठी का एक पकवान। २ नाच।

माड[2]—संज्ञा पुं० [सं० मण्ड] दे० 'मांड'।

माडना(पु)[1]—क्रि० स० [सं० मण्डन] ठानना। मचाना। करना। उ०—(क) जिमि कपटी मुनिवर कर हृदय माह अति पाप। प्रगटत मायो मरम नहिं करत हिये अति ताप।—सूर (शब्द०)। (ख) अनुचरन्ह यह सुनि सबल दल सजि बाहिनी बिसाल। माडत भयो बिरुद्ध रण बाजे बिबिध कराल।—रघुराज (शब्द०)। (ग) लागे रुधिर पखारन पाँव। तुम्ह जिय कहा माडहु यह दाँव।—केशव (शब्द०)। (घ) तौ तुम्ह जाहि पुजावहु माथो। तासु बध्य का करै न हाथो।—केशव (शब्द०)। (ङ) माडब मरन माडयो नाभि कुंड में।—देव (शब्द०)।

माडना[2]—क्रि० स० [सं० मण्डन] १ मंडित करना। भूषित करना। २ धारण करना। पहनना। उ०—पट भूषन पहिरे भूषन माडा। नाना विधि विधि बनाव।—केशव (शब्द०)। ३ आदर करना। पूजना। उ०—गाढ़े मुकुतराज भरे पुर छाढ़ा। भूदेव मनाउपन के पर माढ़ी।—केशव (शब्द०)।

माडना[3]—क्रि० स० [सं० मर्दन] १ मर्दन करना। पैर या हाथ से मसलना। मलना। उ०—काउ काजर काउ बदन माडतो दृगहि करहि कजरारे।—सूर (शब्द०)। २ घूमना। फिरना। उ०—उठा बस्तु फिर ताहि न छाड़ै। मानो दीन्ह सब कर घर माड़ै।—विश्राम (शब्द०)।

माडनि(पु)—क्रि० स० [हिं० माडना] माँडने का भाव या क्रिया। उ०—इकौ माडनि मढ रही, चहुँ दिस रोकी बाट।—कबीर श०, भा० २, पृ० १२६।

माडल[1]—संज्ञा पुं० [अं० मोडल] १ आदर्श। प्रतिरूप। प्रतिमान। २ आकार। आकृति। नक्शा। ढाँचा। खाका। ३ अनुकरणीय व्यक्ति या वस्तु।

माडव[1]—संज्ञा पुं० [सं० मण्डप] दे० 'माँडो' या 'मंडप'।

माडव[2]—संज्ञा पुं० [सं० माडव] एक वर्णसंकर जाति जो पुराणानुसार जेट पिता और तीवर माता के गर्भ से उत्पन्न है।

माडा[1]—वि० [सं० मन्द] १ खराब। निकम्मा। २ दुबला। दुर्बल। (पश्चिम)। ३ बीमार। रोगी (पश्चिम)

माडि—सज्ञा पु० [स०] प्रासाद। महल [को०]।

माडुक, माडुकिक—सज्ञा पु० [स०] नगाडा बजानेवाला। ढोल बजानेवाला।

माडौ[1]—सज्ञा पुं० [स० मण्डप] १ विवाह का मँडवा। दे० 'मडप'। उ०—रचि रचि मानिक माडौ छावहिं।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३०७। २ धूप और हवा के तीखे झोके से बचाव के लिये पान के भीटे के ऊपर बाँस, फूस आदि का मडप। पान का बँगला। विशेष दे० 'पान'। उ०—पानवाडी की दीवारें जिनको टट्टी कहते हैं बहुत मोटी बनाई जाती ह ताकि अदर हवा न जा सके, लेकिन छत जिसे माडौ कहते है बहुत हलकी बनती है।—कृषि०, पृ० १८२।

माढ़ाⓅ[1]—सज्ञा पु० [सं० मण्डप] १ अटारी पर का वह चौबारा जिसकी छत गोल मडप के आकार की हो। २. अटारी पर का चौबारा (चाहे वह किसी बनावट का हो)। उ०—को पलग पौढै को माढे। सोवनहार परा बँद गाढे।—जायसी (शब्द०)।

माढाⓅ[2]—सज्ञा पु० [हिं० महना, मथना] दे० 'मठा'।

माढीⓅ[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मढी] दे० 'मढी'। उ०—शृंगिया बनी कुचन सो माढी।—सूर (शब्द०)। २ मच। मचिया।

माढी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० माढि, माढी] १ दाँतों का मूल। २ पखडी या पत्तें जो पूरी तरह फैले न हों (को०)। ३ विषाद। विषण्णता (को०)। ४ दरिद्रता। गरीबी। निर्धनता (को०)। ५ क्रोध। कोप। अमर्ष (को०)। ६ वस्त्र का किनारा वा अचल (को०)।

माढू[1]—सज्ञा पुं० [देश०] मनुष्य। उ०—माढू ज्याँरा मारजै, पौहरा जिकाँ पडत। बाँकी ग्र०, भा० १, पृ० २३।

माणक—सज्ञा पुं० [स०] मानकद।

माणतु डिक—सज्ञा पु० [स० माणतुण्डिक] एक प्रकार का जलचर पक्षी।

माणव—सज्ञा पु० [स०] १ मनुष्य। आदमी। २ बालक। बच्चा। ३ सोलह लडी का हार। ४ छोटा आदमी। क्षुद्र नर। छोकडा। (तिरस्कार सूचक)।

माणवक—सज्ञा पु० [सं०] १ सोलह वर्ष की अवस्थावाला युवक। २ बीस या सोलह लडी का हार। ३ विद्यार्थी। बटु। ४ निंदित या नीच आदमी। छोटा आदमी (उपेक्षासूचक)। ५ मूर्ख व्यक्ति। ६ एक छद। माणवक्रीडा।

माणवक्रीडा—सज्ञा पु० [स० माणवक्रीडा] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक पद मे आठ वर्ण (एक भगण, एक तगण और दो लघु) होते है।

माणवविद्या—सज्ञा स्त्री० [स०] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार जादू टोना। जय मत्र की विद्या।

माणविका—सज्ञा स्त्री० [स०] बाला। किशोरी। बालिका [को०]।

माणवीन—वि० [स०] माणव सबधी। बालको का। बच्चो की तरह।

माणव्य—सज्ञा पु० [स०] बालको का समूह। शिशुसमूह। बच्चो का झुड या गोल।

माणस[1]—सज्ञा पु० [स० मानुष, प्रा० माणुस, अप०, राज० माणस] मनुष्य। व्यक्ति। उ०—मालवणी का माणसाँ, आए मिल्या अजाँण।—ढोला०, दू० १८५।

माणिक[1]—सज्ञा पु० [स०] जौहरी। रत्नो का पारखी [को०]।

माणिक[2]—सज्ञा पु० [सं० माणिक्य] दे० 'माणिक्य'। उ०—परि-पूरण सिंदूर पूर कैधौं मगल घट। कैधौं शुक्र को छत्र मढ्यौ माणिक मयूख पट।—केशव (शब्द०)।

माणिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक तौल जो आठ पल की होती है।

माणिक्य[1]—सज्ञा पु० [स०] १ लाल रग का एक रत्न जो 'लाल' कहलाता है। पद्मराग। चुन्नी। विशेष—दे० 'लाल'। उ०—अनेक राजा गणो के मुकुट माणिक्य से सर्वदा जिनके पदतल लाल रहते हैं, उन महाराज चद्रगुप्त ने आपके चरणो मे दडवत करके निवेदन किया है।—मुद्राराक्षस (शब्द०)।

पर्या०—रविरत्नक। शृगारी। रागमाणिक्य। तरुण। रत्न-नायक। रत्न। सौगधिक। लोहितिक। कुरुविंद।

२ भावप्रकाश के अनुसार एक प्रकार का केला।

माणिक्य—वि० सर्वश्रेष्ठ। शिरोमणि। परम आदरणीय। उ०—नृप माणिक्य सुदेश, दक्षिण तिय जिय भावती। कटि तट सुपट सुदेश, कल काँची शुभ मडई।—केशव (शब्द०)।

माणिक्या—सज्ञा स्त्री० [स०] छिपकली।

माणिबध—सज्ञा पुं० [स० माणिबन्ध] मेंधा नमक।

माणिमथ—सज्ञा पु० [स० माणिमन्थ] मेंधा नमक।

मातग—सज्ञा पु० [स० मातङ्ग] १ हाथी। २ श्वपच। चाडाल। उ०—मदमत्त यदपि मातग सग। अति तदपि पतित पावन तरग।—केशव (शब्द०)।

विशेष—इस उदाहरण मे श्लेष से यह शब्द दोनो अर्थों मे प्रयुक्त है।

३ एक ऋषि का नाम।

विशेष—ये शिवरी के गुरु और मातगी देवी के उपासक थे। ये मौन रहा करते थे, इसीलिये जिस पर्वत पर ये रहते थे, उसका नाम ऋष्यमूक पड गया था।

४ अश्वत्थ। ५ सवर्तक मेघ का एक नाम। ६ पर्वतवासी किरात। ७ एक नाग का नाम।

मातगज—सज्ञा पुं० [स० मातङ्गज] हाथी। हस्ती [को०]।

मातगदिवाकर—सज्ञा पु० [स० मातङ्गदिवाकर] एक कवि का नाम।

मातगनक्र—सज्ञा पुं० [स० मातङ्गनक्र] एक प्रकार का बहुत बडा कुभीर (जलजतु)।

मातगमकर—सज्ञा पुं० [स० मातङ्गमकर] विशालकाय कुभीर। मातगनक्र।

मातगलीला—संज्ञा पुं० [सं० मातङ्गलीला] चिकित्सा संबंधी एक ग्रंथ [को०]।

मातगी—संज्ञा स्त्री० [उ०] १ कश्यप की एक कन्या।

विशेष—कहते हैं, हाथी इसी से उत्पन्न हुए थे।

२ तांत्रिकों के अनुसार दस महाविद्याओं में से नवीं महाविद्या। ३ वशिष्ठ ऋषि की पत्नी का एक नाम (को०)। ४ श्वपच-कन्या। चांडाल की कन्या (को०)।

मात¹—संज्ञा स्त्री० [सं० मातृ] १ जननी। माता। उ०—तात को न मात को न भ्रात को कहा कियो।—पद्माकर (शब्द०)। २ कोई पूज्य या आदरणीय बड़ी महिला। उ०—को जान मात विभीषन पीर। सौति को साल सालै सरीर।—तृ० रा०, १। ३७५।

मात²—संज्ञा स्त्री० [अ०] पराजय। हार। उ०—रविकुल रवि प्रताप के आगे रिपुकुल मानत मात।—राधाकृष्णदास (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना। देना।

मात³—वि० [अ०] पराजित। उ०—(क) तुव दृग मतरंज बाज सो मेरो बस न बसात। पातसाह मन को करै छबि मह देकर मात।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) देख्यौ बादशाह भाव, कूदे परे गहे पाव, देखि करामात मात भए सब लोक है।—विश्वनाथ सिंह (शब्द०)। (ग) जासो मातलि मात अरुण गति जाति सदा रुक।—गोपाल (शब्द०)।

मात④—वि० [सं० मत्त] मदमस्त। मतवाला। (क्व०)। उ०—बदन प्रभा मय चचल लोचन, आनंद उर न समात। मानहुं भोंह जुवा रथ जोते, ससि नचवत मृग मात।—सूर०, १०। १८०५।

मात⑤—संज्ञा स्त्री० [सं० मात्रा] मात्रा। परिमाण। उ०—आयौ खेजड लै असुर मेछ परक्खण मात।—रा० रू०, पृ० ३३०।

मातदिल—वि० [अ० मोऽतदिल] मध्यम प्रकृति का। जो गुण के विचार से न बहुत ठंढा हो और न बहुत गरम।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्रायः औषधियों या जलवायु आदि के संबंध में होता है।

मातना⑤—क्रि० अ० [सं० मत्त] मस्त होना। मदमस्त हो जाना। नशे में हो जाना। उ०—(क) जो अचवत मातहि नृप तेई। नाहिन साधु सभा जिन सेई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पियत जहाँ मधु रसना मातत नैन। झुकत अतनुगति अवरनि कहत बनै न।—रहीम (शब्द०)। (ग) साधू रहै लगाए छाता ताहि देखि नृप अमरप माता।—रघुराज (शब्द०)।

मातबर—वि० [अ० मातबर] विश्वास करने योग्य। विश्वसनीय। जैसे—इन्हें रुपए दे दीजिए, ये मातबर आदमी हैं।

मातबरी—संज्ञा स्त्री० [अ०] मातबर होने का भाव। विश्वसनीयता।

मातम—संज्ञा पुं० [अ०] १ मृतक का शोक। वह रोना पीटना आदि जो किसी के मरने पर होता है। उ०—जब बादशाह मर जाता है, तो सारे मुल्क के आदमी सौ दिन तक मातम रखते हैं और कोई काम खुशी का नहीं करते।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

यौ०—मातमपुर्सी।

२ किसी दुःखदायिनी घटना के कारण उत्पन्न शोक।

मातमखाना—संज्ञा पुं० [अ० मातम + फा० खाना] मातम का स्थान। वह घर जिसमें मृत्युशोक हो।

मातमपुरसी—संज्ञा स्त्री० [फा० मातमपुर्सी] दे० 'मातमपुर्सी'। उ०—मियाँ साहब ने सुनते ही सिर पीटा, रोए गाए, बिछौने से अलग बैठे, सोग माना, लोग भी मातमपुरसी को आए।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ०, ६७७।

मातमपुर्सी—संज्ञा स्त्री० [फा०] जिसके यहाँ कोई मर गया हो, उसके यहाँ जाकर उसे ढारस देने का काम। मृतक के संबंधियों को सांत्वना देना।

मातमी—वि० [फा०] १ मातम संबंधी। शोकसूचक। जैसे, मातमी पोशाक, मातमी सूरत, मातमी रंग। २ मनहूस। अप्रिय। बुरा। उ०—इसी एक बात से इनके मातमी मत की निःसारता झलक पड़ती।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २७५।

मातमी लिबास—संज्ञा पुं० [अ०] शोकसूचक पहनावा। काले रंग का कपड़ा।

मातमुख—वि० [डिं०] मूर्ख।

मातरिपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो केवल घर में अपनी माता आदि के सामने ही अपनी वीरता प्रकट करता हो, बाहर या औरों के सामने कुछ भी न कर सकता हो।

मातरिश्वा—संज्ञा पुं० [सं० मातरिश्वन्] १ अंतरिक्ष में चलनेवाला, पवन। वायु। हवा। २ एक प्रकार की अग्नि। अग्नि।

मातलि—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र के सारथी या रथ हाँकनेवाले का नाम। उ०—सुरपति निज रथ तुरत पठावा। हरष सहित मातलि लै आवा।—तुलसी (शब्द०)।

यौ०—मातलिसारथि = इंद्र। मातलिसूत।

मातलिसूत—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र। उ०—कौशिक वासव वृत्रहा मघवा मातलिसूत।—नददास (शब्द०)।

मातली—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के वैदिक देवता जो यम और पितरों के साथ उत्पन्न माने गए हैं।

मातहत—संज्ञा पुं० [अ०] किसी की अधीनता में काम करनेवाला। अधीनस्थ कर्मचारी।

मातहती—संज्ञा स्त्री० [अ० मातहत + ई (प्रत्य०)] मातहत या अधीनता में होने का काम या भाव।

माता¹—संज्ञा स्त्री० [सं० मातृ] १ जन्म देनेवाली स्त्री। जननी। उ०—जो बालक कह तोतरि बाता। सुनहिं मुदित मन पितु अरु माता।—तुलसी (शब्द०)। २ कोई पूज्य या आदरणीय बड़ी स्त्री। उ०—दै द्रव्य कह्यो माता सिधाव।—पृ० रा०, १।३७६। ३ गौ। ४ भूमि। ५ विभूति। ६ लक्ष्मी। ७ खेती। ८ इंद्रवारुणी। ९ जटामासी। १० शीतला। चेचक। ११ आखुकर्णी (को०)। १२ जौ (को०)। १३ आकाश (को०)। १४ दुर्गा (को०)। १५ शिव वा स्कंद की मातृकाएँ जिनकी संख्या कुछ लोगों के मतानुसार सात है, कुछ के अनुसार आठ और कुछ लोगों के मत में १६ कही गई है।

माता[२]—वि० १ नाप या माप करनेवाला। २ निर्माणकर्ता। बनानेवाला। ३ ठीक ठीक जानकारी रखनेवाला [को०]।

माता[३]—वि० [सं० मत्त] [स्त्री० **माती**] मदमस्त। मतवाला। उ०—(क) आठ गाँठ कोपीन के साधु न मानै शक। नाम अमल माता रहै गिनै इंद्र को रंक।—कबीर (शब्द०)। (ख) जोर जगी जमुना जलवार मे वाम धमी जल के न को माती।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) चला मानारि माहाग माहाता। औ कलवारि प्रेममद माती। जायसी (शब्द०)।

मातापिता—संज्ञा पु० [सं० मातृपितृ] मा बाप।

मातामह—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **मातामही**] माता का पिता। नाना।

मातामही—संज्ञा पु० [सं०] नानी।

मातु(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० मातृ] माता। माँ। जननी। उ०—(क) कबहूँ करताल बजाय कै नाचत मातु सब मन माद भरै।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तुलसी प्रभु भंजहि सभु धनु, भूरि भाग सिय मातु पितौ री।—तुलसी (शब्द०)।

मातुल—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० **मातुला, मातुलानी**] १ माता का भाई। मामा। उ० कह्यौ मत मातुल बिभीषण हू बार बार अचल पसारि पिय पाँय लै लै हौं परी।—तुलसी (शब्द०) (ख) भुनि मातुल मुहि तात कहि नित प्रेम बढत।—पृ० रा०, ६१।५८६। २ धतूरा उ०—ह्वै मृणाल मातुल उभै ह्वै कदाल खभ बिन पात।—सूर (शब्द०)। ३ एक प्रकार का धान। ४ एक प्रकार का साप। ५ मदन वृक्ष। ६ सौर वर्ष (को०)।

यौ०—**मातुलपुत्रक** = (१) ममेरा भाई। मामा का पुत्र। (२) धतूरे का फल।

मातुला, मातुलानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मामा की स्त्री। मामी। २ मन। ३ प्रियगु। ४ भाँग।

मातुलाहि—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का साप।

मातुली—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मामा की स्त्री। मामी। २ भाँग।

मातुलुग—संज्ञा पुं० [सं० मातुलुङ्ग] बिजौरा नीबू।

पर्या०—**मातुलिंग। बीजपूरक। मातुलुगक।**

मातुलेय—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० **मातुलेयी**] मामा का लडका। ममेरा भाई।

मातृ—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'माता'।

मातृक[१]—वि० [सं०] माता सबधी।

मातृक[२]—संज्ञा पुं० १ माता का भाई। मामा। २ मातृत्व। माता होने का भाव (को०)।

मातृकच्छिद—संज्ञा पुं० [सं०] परशुराम।

मातृका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दूध पिलानेवाली दाई। धाय। २ माता। जननी। ३ उपमाता। सौतेली माता। ४ तात्रिकों की सात देवियाँ—ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इद्राणी और चामुडा। ५ वर्णमाला की बारहखडी। ६ ठोढी पर की आठ विशिष्ट नसें। ८ पिता की माता। दादी। आजी (को०)।

मातृकाकुड—संज्ञा पुं० [सं० **मातृकाकुण्ड**] वधक के अनुसार गुदा का एक फोडा या व्रण जो बहुत छोटे बच्चों को होता है।

मातृकेशट—संज्ञा पुं० [सं०] मामा।

मातृगधिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० **मातृगन्धिनी**] १ विमाता। सौतेली माता। २ पिता की उपपत्नी।

मातृगण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मातृका—८'। इनकी सख्या मतातर से सात, आठ और १६ कही गई है।

मातृगामी—संज्ञा पुं० [सं० **मातृगामिन्**] वह व्यक्ति जो माता के साथ व्यभिचार या गमन करे।

मातृगोत्र—संज्ञा पु० [सं०] माता का गोत्र या कुल।

मातृघात, मातृघातक—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'मातृघाती'।

मातृघाती—संज्ञा पु० [सं० **मातृघातिन्**] [स्त्री० **मातृघातिनी**] मातृहत्या करनेवाला व्यक्ति। माता का हत्यारा [को०]।

मातृचक्र—संज्ञा पु० [सं०] मातृगण। मातृका समूह।

मातृतीर्थ—संज्ञा पु० [सं०] हथेली मे सबसे छोटी उगली के नीचे का स्थान।

मातृत्व—संज्ञा पु० [सं०] १ माता होने का भाव। सतानवती होना। २ माता का पद।

मातृदेव—संज्ञा पु० [सं०] वह जो माता को देवता के सदृश माने। माँ के प्रति देवता की भावना करनेवाला व्यक्ति।

मातृदेवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] तात्रिकों की एक देवी का नाम।

मातृदेश—संज्ञा [सं०] मातृभूमि। जन्मभूमि।

मातृदोष—संज्ञा पु० [सं०] माता में दोष या हीनता होना। माता का निम्नजातीय होना।

मातृनदन—संज्ञा पुं० [सं० **मातृनन्दन**] १ कार्तिकेय। २ महाकरज का पेड।

मातृनदा—संज्ञा स्त्री० [सं० **मातृनन्दा**] शाक्तों की एक देवी का नाम।

मातृपक्ष—संज्ञा पु० [सं०] माता का कुल, नाना, मामा आदि।

मातृपालित—संज्ञा पु० [सं०] एक दानव का नाम।

मातृपितृ—संज्ञा पुं० [सं०] माता और पिता। मावाप।

यौ०—**मातृपितृहीन** = जिसके माता पिता न हों। बिना माँ बाप का।

मातृपूजा—संज्ञा स्त्री० [सं० **मातृपूजन**] विवाह की एक रीति जिसमे विवाह के दिन से एक दो दिन पूर्व छोटे छोटे मीठे पूए बनाकर पितरों का पूजन किया जाता है। इसी को 'मातृपूजा' या 'मातृकापूजन' कहते हैं।

मातृबधु—संज्ञा पु० [सं० **मातृबन्धु**] माता के सबध का कोई आत्मीय।

विशेष—मिताक्षरा के अनुसार माता की फूआ, माता की मौसी और माता के मामा की सतान मातृबधु कही जाती है।

मातृबांधव - सज्ञा पुं० [सं० मातृबान्धव] दे० 'मातृबधु'।

मातृभक्त- वि० [सं०] माता का अनुगत। माता का भक्त [को०]।

मातृभाषा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह भाषा जो बालक माता की गोद मे रहते हुए बोलना सीखता है। माता पिता के बोलने की और सब से पहले सीखी जानेवाली भाषा।

मातृभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं०] मातारूपी धरती। स्वदेश। जन्मभूमि।

मातृमडल—सज्ञा पुं० [सं० मातृमण्डल] १ दोनो आँखो के बीच का स्थान। २ मातृकागण।

मातृमाता— सज्ञा स्त्री० [सं० मातृमातृ] १ माता की माता। नानी। २ दुर्गा।

मातृमुख वि० [सं०] अनाडी। मूर्ख। अज्ञ।

मातृयज्ञ सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ जो मातृकाओ के उद्देश्य से किया जाता है।

मातृरिष्ट— सज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार एक दोष जो सतान के ऐसे बुरे लग्न मे जन्म लेने से होता है जिसके कारण माता पर सकट आवे या उसके प्राण चले जायँ।

मातृवत्सल—सज्ञा पुं० [स०] कार्तिकेय।

मातृवध—सज्ञा पु० [सं०] माता की हत्या करना।

विशेष—यह बौद्धो के अनुसार पाँच महापापो मे है और अक्षम्य अपराध होने से इसका फल भोगना ही पडता है।

मातृवाहिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की चिडिया। बलगुला। चमगादड [को०]।

मातृवियोग—सज्ञा पु० [सं०] माता का बिछोह वा वियोग।

मातृशासित—वि० [सं०] मूर्ख। मातृमुख।

मातृष्वसा सज्ञा स्त्री० [सं० मातृष्वस्] माँ की बहन। मासी। मौसी।

मातृष्वसेय- सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० मातृष्वसेयी] माता की बहन का लडका। मौसेरा भाई।

मातृष्वसेयी—सज्ञा स्त्री० [स०] मौसेरी बहन। मौसी की लडकी।

मातृष्वस्रीय—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० मातृष्वस्रीया] मातृष्वसेय। मौसेरा भाई [को०]।

मातृसपत्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सौतेली माता। विमाता।

मातृस्तन्य—सज्ञा पुं० [स०] माता का दूध।

मातृहता—वि० सज्ञा पुं० [स० मातृहन्तृ] दे० 'मातृघाती'।

मातृहीन—वि० [स०] माता से रहित। जिसकी माँ गत हो गई हो। बिना माँ का।

मात्र—अव्य० [सं०] केवल। भर। सिर्फ। जैसे, नाममात्र, तिल मात्र। उ०—(क) रहे तुम सत्य कहावत मात्र। अबै सह सत्य करौं सब गात्र।—गोपाल (शब्द०)। (ख) केवल भक्त चारि युग केरे। तिनके जे है चरित घनेरे। सोई मात्र कथौं यहि माहीं। कछुक कथा उपयोगिन काही।—रघुराज (शब्द०)।

मात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ परिमाण। मिकदार। जैसे,—इसमें पानी की मात्रा अधिक है। २ एक बार खाने योग्य औषध। ३ उतना काल जितना एक ह्रस्व अक्षर का उच्चारण करने मे लगता है।

विशेष—छदशास्त्र मे इसे मत्त, मत्ता, कल या कला भी कहते हैं।

४ बारहखडी लिखाने समय वह स्वरसूचक रेखा जो अक्षर के ऊपर नीचे या आगे पीछे लगाई जाती है। ५ किसी चीज का कोई निश्चित छोटा भाग। ६ हाथी, घोडा आदि। परिच्छद। ७ कान मे पहनने का एक आभूषण। ८ इद्रिय जिसके द्वारा विषयो का अनुभव होता है। ९ शक्ति। १० इद्रियो की वृत्ति। इद्रियवृत्ति (को०)। ११ धन। द्रव्य (को०)। १२ शिलोच्चय। पर्वत (को०)। १४ अवयव। अग। १५ रूप। सूक्ष्म रूप। १६ सगीत मे गीत और वाद्य का समय निरूपित करने के लिये उतना काल जितना एक स्वर के उच्चारण मे लगता है।

विशेष—एक ह्रस्व स्वर के उच्चारण मे जितना समय लगता है उसे 'ह्रस्व मात्रा' कहते हैं, दो ह्रस्व स्वरो के उच्चारण में जितना समय लगता है, उसे 'दीर्घ मात्रा' कहते हैं, और तीन अथवा उससे अधिक स्वरो के उच्चारण मे जितना समय लगता है, उसे 'प्लुत मात्रा' कहते हैं।

मात्राच्युतक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की काव्यरचना जिसकी कोई मात्रा हटा देने से दूसरा अर्थ हो जाता है।

मात्राभस्त्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] धन या रुपए आदि रखने की थैली। मनीबेग।

मात्रालाभ—सज्ञा पुं० [स०] द्रव्य की प्राप्ति या उपलब्धि।

मात्रावस्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक की एक क्रिया जिसमे रोगी को दस्त कराने के लिये उसकी गुदा मे पिचकारी आदि से तेल आदि मिला हुआ कोई तरल पदार्थ भरते हैं।

मात्रावृत्त—सज्ञा पुं० [सं०] वह काव्य जिसमे मात्राओ की गणना की जाय। मात्रिक छद। जैसे, आर्या।

मात्रासमक—सज्ञा पुं० [सं०] एक छद जिसके प्रत्येक चरण मे १६ मात्राएँ और अत मे गुरु होता है।

विशेष—चौपाई नामक छद के मनगमक, वानवासिका, चित्रा और विश्लोक नामक चार भेद इसी के अतर्गत हैं।

मात्रास्पर्श—सज्ञा पु० [स०] अपने अपने विषय के साथ इद्रियो का सयोग। इद्रियवृत्ति [को०]।

मात्रिक - वि० [स०] १ मात्रा सबधी। मात्रा का। जैसे, एकमात्रिक। २ मात्राओ के हिसाववाला। जिसमे मात्राओ की गणना की जाय। जैसे, मात्रिक छद।

यौ० - मात्रिकछद = दे० 'मात्रावृत्त'।

मात्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मातृका-३, ४, ५'।

मात्सर—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मात्सरी] मत्सर युक्त।

मात्सरिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मात्सरिकी] दे० 'मात्सर' [को०]।

मात्सर्य—सज्ञा पु० [स०] मत्सर का भाव। किसी का सुख या उसकी सपदा न देख सकने का स्वभाव। किसी को अच्छी दशा मे देखकर जलना। ईर्ष्या। डाह।

मात्स्य[१]—वि० [सं०] मछली सबधी। मछली का।

यौ०—**मात्स्यन्याय**।

मात्स्य[२]—सज्ञा पु० एक ऋषि का नाम।

मात्स्य न्याय—सज्ञा पु० [स०] मछलियो का न्याय। एक दृष्टात-वाक्य। उ०—हाब्स की प्राकृतिक स्थिति मात्स्य न्याय की स्थिति थी।—राजनीतिक०, पृ० ८।

विशेष—जिस प्रकार समुद्र मे बडी मछली छोटी मछलियो को खा जाती है उसी प्रकार समाज मे जब कोई उच्चवर्गीय या शक्तिशाली जन अपने से निम्न एव अशक्त का शोषण करता है तब इस दृष्टातवाक्य का प्रयोग किया जाता है।

मात्स्यिक—सज्ञा पु० [स०] मछली मारनेवाला। मछुआ।

माथ[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ रास्ता। पथ। मार्ग। २ मथना। मथन। मथन। ३ विध्वस। नाश। विनाश [को०]।

माथⓊ†[२]—सज्ञा पु० [स० **मस्त**, (=शिर), प्रा० **मत्थ**] दे० 'माथा'। उ०—मागु माथ अबही देहु तोही।—मानस, २।

माथनाⓊ—क्रि० स० [स० **मन्थन**] दे० 'मथना'। उ०—नीर होइ तर ऊपर सोई। माथे रग समुद जस होई।—जायसी (शब्द०)।

माथा[१]—सज्ञा पु० [स० **मस्तक, प्रा० मत्थअ**] १ सिर का ऊपरी भाग। मस्तक।

मुहा०—**माथा कूटना**=दे० 'माथा पीटना'। **माथा घिसना**=नम्रता प्रकट करना। मिन्नत खुशामद करना। **माथा खपाना या खाली करना**=बहुत अधिक समझाना या सोचना। सिर खपाना। मगजपच्ची करना। (किसी के आगे) **माथा झुकाना या नवाना**=बहुत अधिक नम्रता या अधीनता प्रकट करना। **माथा टेकना**=सिर झुकाकर प्रणाम करना। **माथा ठनकना**=पहले से ही किसी दुर्घटना या विपरीत बात होने की आशका होना। उ०—दूसर पहर पर आए वहाँ भा सन्नाटा। माथा ठनका कि कुछ दाल म काला है।—फिसाना०, भा० ३, पृ० २२३। **माथा धुनना**=दे० 'माथा पीटना'। **माथापच्ची करना**=दे० 'माथा खपाना'। **माथा पीटना**=सिर पर हाथ मारकर बहुत अधिक दुख या शोक करना। **माथा मारना**=दे० 'माथा खपाना'। **माथा रगड़ना**=दे० 'माथा घिसना'। **माथे चढ़ाना या धरना**=शिरोधार्य करना। सादर स्वीकार करना। उ०—मम आयुस तुम माथे धरौ। छल बल कारे मम कारज करौ।—सूर (शब्द०)। **माथे टीका होना**=किसी प्रकार का विशेषता या अधिकता होना। जैसे,—क्या तुम्हारे माथ टीका है जो तुम्ही को सब चीजें दे दी जायँ? **माथे पड़ना**=उत्तरदायित्व आ पडना। ऊपर भार आ पडना। जैसे,—वह तो खिसक गए, अब सब काम हमारे माथे आ पडा। **माथे पर चढ़ना**=दे० 'सिर पर चढना'। **माथे पर बल पड़ना**=आकृति से क्रोध, दुख या असतोष आदि के चिह्न प्रकट होना। शक्ल से नाराजगी जाहिर होना। जैसे,—रुपए की बात सुनते ही उनके माथे पर बल पड गए। **माथे भाग होना**=भाग्यवान् होना। तकदीरवर होना। **माथे मढ़ना**=गले बाँधना। गले मढना। जबरदस्ती देना। **माथे मानना**=शिरोधार्य करना। सादर स्वीकार करना। उ०—(क) कह रावसुत मम कारज होई। माथे मानि करब हम सोई।—सबलसिह (शब्द०)। (ख) सूरदास प्रभु के जिय भावै आयुस माथे मान।—सूर (शब्द०)। **माथे मारना**=बहुत ही उपेक्षा या तिरस्कारपूर्वक किसी को कुछ देना। बहुत तुच्छ भाव से देना। जैसे,—वह रोज तगादा करता है, उसका किताब उसके माथे मारो। **माथे लगना**=माथे धरना या मानना। अगीकार करना। उ०—फगुआ कुँवरि कान्ह बहु दीनो। प्रेम प्रीति कर माथे लीनो।—नद० ग्र०, पृ० ३९३।

यौ०—**माथापच्ची या माथापिट्टन**=बहुत अधिक बकना या समझाना। सिर खपाना। मगजपच्ची करना।

२ वह चित्र आदि जिसमे मुख और मस्तक का आकृति बनी हो। (लश०)। ३ किसी पदार्थ का अगला या ऊपरी भाग। जैसे, नाव का माथा, आलमारी का माथा।

मुहा०—**माथा मारना**=जहाज का वायु के विपरीत इस प्रकार जोर मारकर चलना कि मस्तूल, पाल तथा ऊपरी भागो पर बहुत जोर पड़े।

४ यात्रा। सफर। ५ खेप। (लश०)।

माथा[१]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का रेशमी कपडा।

माथुर[१]—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **माथुरानी**] १ मथुरा का निवासी। वह जो मथुरा का रहनेवाला हो। २ ब्राह्मणो की एक जाति। चौबे। ३ कायस्थो की एक जाति। ४ वैश्यो की जाति। ५ माथुर प्रात।

माथुर[२]—वि० मथुरा सबधी। मथुरा का।

माथ—क्रि० वि० [हिं० **माथा**] १ माथे पर। मस्तक पर। सिर पर। उ०—नागर गूजर ठाँग लीनो मेरो लाल गोरोचन को तिलक माथ मोहना।—हरिदास (शब्द०)। २ भरोसे। सहारे पर। उ०—सो जनु हमरे माथे काढा। दिन चलि गयउ ब्याज बहु बाढा।—तुलसी (शब्द०)।

माथैⓊ—क्रि० वि० [हिं० **माथा**] दे० 'माथे'।

माद[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ अभिमान। शेखी। घमड। २ हर्ष। प्रसन्नता। ३. मत्तता। मस्ती।

माद[२]—सज्ञा पु० [देश०] छोटा रस्सा। (लश०)।

माद[३]—सज्ञा पुं० दे० 'मांद'—२'। उ०—आडग डग से भूमि जल नभ पर फिर जीवन नहीं। दुदशा को सिहनी की माद तू जबतक न कर।—बेला, पृ० ६८।

मादक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **मादिका**] नशा उत्पन्न करनेवाला। जिससे नशा हो। नशीला। २ आनदप्रद। आनददायक। हर्षप्रद।

मादक[३]—संज्ञा पुं० १ प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि उसके प्रयोग से शत्रु में प्रमाद उत्पन्न होता था। २ वह चीज जिसके खाने से नशा हो। नशा उत्पन्न करनेवाला पदार्थ। जैसे, अफीम, भांग, शराब आदि। ३ एक प्रकार का हिरन। ४ दात्यूह पक्षी (को०)।

मादकता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मादक होने का भाव। नशीलापन। उ० कनक कनक तें सौगुना मादकता अधिकाय। वह खाए बौरात है यह पाए बौराय।—बिहारी (शब्द०)।

मादगाव संज्ञा स्त्री० [फा० माद + गाव] गौ। गाय। उ०—नहम मादगाव एक लागर हकीर। जगत बीच पीती है बच्चे का शीर।—दाक्खिनी०, पृ० ३०२।

मादन[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ लाग। २ मदन वृक्ष। ३ कामदेव। ४ धतूरा। ५ मतवालापन। मत्तता (को०)।

मादन[२]—वि० दे० 'मादक'।

मादनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भांग।

मदनीय—वि० [सं०] मादकता या नशा उत्पन्न करनेवाला। मादक। नशीला।

मादर[१]—संज्ञा स्त्री० [फा०। मि० सं० मातृ > मातर, अ० मदर] माँ। माता। जननी।

यौ०—**मादरजन** = सास। श्वश्रू।

मादर[२]—संज्ञा पुं० [सं० मर्दल] दे० 'मादल'। उ०—तुम्ह पिउ मादल माहुम बाँधा मैं पिय माग मँजूर। दोउ सभारे होइ संग बाजै मादर तूर।—जायसी (शब्द०)।

मादरजाद—वि० [फा० मादरज़ाद] १ जन्म का। पैदाइशी। जैसे, मादरजाद अंधा। २ एक मा से उत्पन्न। सहोदर (भाई)। ३ जैसा मा के पेट से निकला था, वैसा ही। बिलकुल नंगा। दिगंबर।

यौ०—**मादरजाद नंगा** = एकदम नंगा। पूरी तौर से विवस्त्र।

मादरियाⓅ—संज्ञा स्त्री० [फा० मादर + हिं० इया (प्रत्य०)] दे० 'मादर'[२]। उ०—सासु ननदि मिलि अदल चलाई। मादरिया घर बेटी आई।—कबीर (शब्द०)।

मादरी—वि० [फा०] माता संबंधी। माता का।

यौ०—**मादरी जबान** = मातृभाषा।

मादल—संज्ञा पुं० [सं० मर्दल] पखावज के ढंग का एक प्रकार का बाजा जो प्रायः बंगाल में कीर्तन आदि के समय बजाया जाता है।

मादलियाⓅ†—संज्ञा स्त्री० [सं० या हिं० मादल + इया (प्रत्य०)] ताबीज। उ०—के नाउ के कनुए, बाँध्या जेगी बय। कामण रा रागै कनै, मादलिया मन मय।—बाकी० ग्र०, भा० २, पृ० १०।

मादा—संज्ञा स्त्री० [फा० मादह्] स्त्री जाति का प्राणी। नर का उलटा। जैसे,—(क) साँड की मादा गाय कहलाती है। (ख) इस कबूतर को मादा कहीं से ला गए हैं।

विशेष—इस शब्द का व्यवहार प्रायः जीव जंतुओं के लिये ही होता है। जैसे, मादा घोड़ा = घोड़ी। मादा आदमी = स्त्री। मादा सूअर = सूअरी। मादा गाय = गौ, आदि।

मादिकपि—वि० [सं० मादि + इक] दे० 'मादक'। उ०—मादिक रूप रसीले सुजान का पान किए छिनको न छकी को।—घनानंद, पृ० ४३।

मादिकता[१]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मादकता (प्रत्य०)] दे० 'मादकता'।

मादिन[१]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मादा + इन (प्रत्य०)] दे० 'मादा'।

मादी—संज्ञा स्त्री० [फा० मादान] दे० 'मादा'। उ०—नर ही नरि प्रान तेर। मा। मादी बोला और नहीं।—पलटू० पृ० २४१।

मादीन[१]—संज्ञा स्त्री० [फा०] दे० 'मादा'।

मादु—संज्ञा पुं० [सं०] भांग। भंग (को०)।

मादूम—वि० [अ० मा'दूम] जिसका अस्तित्व न रह गया हो। बरबाद। उ०—सुरपति पुरन पुरब मादूम हुआ है।—कबीर श०, पृ० १४१।

मादृक्ष, मादृश—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मादृक्षी, मादृशी] मेरे समान। मुझ जैसा। मेरे तुल्य (को०)।

माद्दा—संज्ञा पुं० [अ० माद्दह्] १ वह मूल तत्व जिससे कोई पदार्थ बना हो। २ शब्द का व्युत्पत्ति। शब्द का मूल। ३ योग्यता। पात्रता। जैसे,—आपमें यह काम समझने का माद्दा ही नहीं है। ४ विवेक। तमीज (को०)। ५ जड़। मूल। बुनियाद (को०)। ६ ज्ञान। ज्ञान। समझ (को०)। ७ मवाद। पीब।

माद्रवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ राजा परीक्षित की स्त्री का नाम। २ राजा पांडु की दूसरी पत्नी। माद्री (को०)।

माद्रिनंदन—संज्ञा पुं० [सं० माद्रिनन्दन] दे० 'माद्रिसुत' (को०)।

माद्रिसुत—संज्ञा पुं० [सं०] माद्री के पुत्र नकुल और सहदेव।

माद्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पांडु राजा की द्वितीय पत्नी और नकुल तथा सहदेव की माता जो मद्र के राजा की कन्या थी। राजा पांडु के मरने पर यह उनके साथ सती हुई थी। २ अतिविषा। अतीस।

माद्रीपति—संज्ञा पुं० [सं०] पांडु।

माद्रेय—संज्ञा पुं० [सं०] माद्री के पुत्र नकुल और सहदेव।

माधव[१]—वि० [सं०] १ मधु जैसा। शहद के समान। मीठा। २ मधुनिर्मित। ३ वसंत ऋतु संबंधी। वसंती (को०)।

माधव[२]—संज्ञा पुं० १ विष्णु भगवान्। नारायण। २ श्रीकृष्ण। ३ वैशाख मास। उ०—जिमि गमन जनु दिननाथ उत्तर मग मधु माधव लिए।—तुलसी ग्र०, पृ० ४८। ४ वसंत ऋतु। ५ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में आठ जगण होते हैं। इसी का दूसरा नाम 'मुक्तहरा' है। ६ एक राग जो भैरव राग के आठ पुत्रों में से एक माना जाता है। ७ एक प्रकार का संकर राग जो मल्लार, बिलावल और नट

नारायण को मिलाकर बनाया गया है। ८ मधूक वृक्ष। महुआ। ९ काला उर्द। १० रुद्र (को०)। ११ परशुराम (को०)। १२ यादव गण (को०)। १३. सायणाचार्य के भाई का नाम।

विशेष—ये १५वी शती मे थे। ऋग्वेद की टीका इन्होने और सायण ने सयुक्त रूप मे की थी। स्मृति के व्याख्याताओ मे इनका स्थान प्रमुख है। इनके पिता का नाम सायण था।

यौ०—माधवद्रुम = मधूक। माधवनिदान = आयुर्वेद का निदान-विषयक प्रसिद्ध ग्रथ। माधवबल्ली = माधवी। माधवश्री।

माधवक—सज्ञा पु० [स०] महुए या मधु की शराब।

माधवश्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] वासतिक या वसतकालीन शोभा।

माधविका—सज्ञा स्त्री० [स०] माधवी लता।

माधवी—सज्ञा पु० [स०] १ प्रसिद्ध लता जिसमे इसी नाम के प्रसिद्ध सुगधित फूल लगते हैं।

विशेष—यह चमेली का एक भेद है। वैद्यक के अनुसार यह कटु तिक्त, कषाय, मधुर, शीतल, लघु और पित्त, खाँसी, व्रण, दाह आदि की नाशक मानी जाती है।

२ ओडव जाति की एक रागिनी जिसमे गाधार और धैवत वर्जित हैं। ३ सवैया छद का एक भेद। ४ एक प्रकार की शराब। ५ तुलसी। ६. दुर्गा। ७ माधव की पत्नी। ८ कुटनी। ९ शहद की चीनी। १० मधु की मदिरा। मधुनिर्मित मद्य (को०)।

माधवीलता—सज्ञा स्त्री० [स०] माधवी नामक सुगधित फूलो की लता। विशेष—दे० 'माधवी—१'।

माधवेष्टा—सज्ञा स्त्री० [स०] वाराही कद।

माधवोचित—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का परिमल या इत्र। (कक्कोल)।

माधवोद्भव—सज्ञा पुं० [स०] खिरनी का पेड।

माधी—सज्ञा पु० [देश०] भैरव राग के एक पुत्र का नाम। (सदिग्ध)।

माधुक—सज्ञा पु० [स०] १ मैत्रेयक नाम की वर्णसकर जाति। २ महुए की शराब।

माधुकर—वि० [सं०] [वि० स्त्री० माधुकरी] भौंरे के समान। मधुकर जैसा। भ्रमर के समान। जैसे, माधुकरी वृत्ति।

माधुकरी—सज्ञा पु० [स०] १ भिक्षा का सकलन जो दरवाजे दरवाजे घूमकर किया जाय जैसे भ्रमर मकरद सचय करता है। २ पाँच विभिन्न स्थानो से माँगी हुई भिक्षा (को०)।

माधुपार्किक—सज्ञा पु० [स०] वह पदार्थ जो मधुपर्क देने के समय दिया जाता है।

माधुर—सज्ञा पुं० [सं०] मल्लिका। चमेली।

माधुरईⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० माधुरी] मधुरता। मिठास। उ०—ए अलि या बलि के अधरानि मे आनि मढी कछु माधुरई सी।—पद्माकर (शब्द०)।

माधुरताⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० मधुरता] मीठापन। मिठास। उ०—जिती चारुता कोमलता सुकुमारता माधुरता अधरा मैं अहै।—(शब्द०)।

माधुरियाⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० माधुर्य] 'माधुरी'। उ०—लक्ष्मण को बकमैं कछु चाखि सुभाखि कै माधुरिया अधिकाई।—रघुराज (शब्द०)।

माधुरी'—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मिठास। २ माधुर्य। शोभा। सुदरता। उ०—(क) भायप भलि चहुँ बधु की जल माधुरी सुबास।—तुलसी (शब्द०)। (ख) रामचद्र की देखि माधुरी दर्पण दग्ध दिखावै।—सूर (शब्द०)। ३ मद्य। शराब।

माधुरी'—सज्ञा पु० [स० मधुमास] माधव मास। वैशाख। उ०—गज ओन चल्लै रज आम पास। मना माधुरी मास फूले पलास।—पृ० रा०, १।४५८।

माधुर्य—सज्ञा पु० [स०] १ मधुर होने का भाव। मधुरता। २ सुदरता। लावण्य। ३ मिठाई। मिठास। मीठापन। ४ पाचाली रीति के अतर्गत काव्य का एक गुण।

विशेष—इसके द्वारा चित्त बहुत ही प्रसन्न होता है। यह शृगार, करुण और शात रस मे ही अधिक होता है। ऐसी रचना मे प्राय ट, ठ, ड, ढ और ण नही रहते, क्योकि इनसे माधुर्य का नाश होना माना जाता है। 'उपनागरिका' वृत्ति मे यह अधिकता से होता है।

५ सात्त्विक नायक का एक गुण। बिना किसी प्रकार के शृगार आदि के ही नायक का सुदर जान पडना। ६. वाक्य मे एक से अधिक अर्थों का होना। वाक्य का श्लेष। ७ श्रीकृष्ण के प्रति कांता भाव। मधुरा या रागानुगा भक्ति।

माधुर्यप्रधान—सज्ञा पु० [स०] १. वह काव्य जिसमे माधुर्य गुण की प्रधानता हो। २ गाने का एक प्रकार। वह गाना जिसमे माधुर्य का अधिक ध्यान रखा जाय और उसके शुद्ध रूप के बिगडने की परवा न की जाय।

माधूक'—सज्ञा पु० [स०] मनु के अनुसार एक वर्णसकर जाति का नाम।

विशेष—इस जाति के लोग मधुर शब्दो मे लोगो की प्रशसा करते हैं, इसीलिये ये 'माधूक' कहलाते हैं। कुछ लोग 'बदी' को ही 'माधूक' मानते हैं।

माधूक'—वि० मिष्टभाषी। मिठबोला। मृदुभाषी।

माधैयाⓅ—सज्ञा पु० [सं० माधव + हिं० ऐया] दे० 'माधव'। उ०—हार हित मरा माधैया। देहरी चढत परत गिर गिर, करपल्लव जो गहत हरी मैया।—सूर (शब्द०)।

माधो—सज्ञा पुं० [सं० माधव] १ श्रीकृष्ण। उ०—(क) जब माधो होइ जात सकल तनु राधा विरह दहे।—सूर (शब्द०)। (ख) शीश नाइ कर जोरि कह्यो तब नारद सभा सहेस। तत्क्षण भीम धनजय माधो धन्य द्विजन को भेस।—सूर (शब्द०)। २. श्रीरामचद्र। उ०—आधा पल माधा जू के दरस बिन जाई जानि सीता का बदन बहु होत दुखदाई है।—नाभ (शब्द०)।

माधौ—सज्ञा पु० [स० माधव] दे० 'माधव'।

माध्यदिन'—सज्ञा पु० [स० माध्यन्दिन] १ दिन का मध्य भाग। मध्याह्न। दोपहर। २ दे० 'माध्यदिनी'।

माध्यंदिन[2]—वि० १ मध्य का। बिचला। मध्यम। २ दिन के मध्य का [को०]।

माध्यंदिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० माध्यन्दिनी] शुक्ल यजुर्वेद की एक शाखा का नाम।

माध्यंदिनीय—संज्ञा पुं० [सं० माध्यन्दिनीय] नारायण। परमेश्वर।

माध्य—वि० [सं०] मध्य का। बीच का।

माध्यम[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० माध्यमी] मध्य का। जो मध्य में हो। बीचवाला।

माध्यम[2]—संज्ञा पुं० वह जिसके द्वारा कोई कार्य संपन्न हो। कार्यसिद्धि का आधार, उपाय या साधन। उ०—यह वह समय है जब संसार की सभी जातियों में आदान प्रदान चल रहा है, मेल मिलाप हो रहा है। साहित्य इसका माध्यम है।—गीतिका (भू०), पृ० ५।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग बहुत हाल में होने लगा है।

माध्यमक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० माध्यमिका] मध्यवर्ती। बीच का [को०]।

माध्यमिक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ बौद्धों का एक भेद।

विशेष—इस वर्ग के बौद्धों का सिद्धांत है कि सब पदार्थ शून्य से उत्पन्न होते हैं और अंत में शून्य हो जाते हैं। बीच में जो कुछ प्रतीत होता है, वह केवल उसी समय तक रहता है, पश्चात् सब शून्य हो जाता है। जैसे, 'घट' उत्पत्ति के पूर्व न तो था और न टूटने के पश्चात् ही रहता है। बीच में जो ज्ञान होता है, वह चित्त के पदार्थांतर में जाने से नष्ट हो जाता है। अतः एक शून्य ही तत्व है। इनके मत से सब पदार्थ क्षणिक हैं और समस्त संसार स्वप्न के समान है। जिन लोगों ने निर्वाण प्राप्त कर लिया है और जिन्होंने नहीं प्राप्त किया है, उन दोनों को ये लोग समान ही मानते हैं।

२ मध्य देश। ३ मध्य देश का निवासी।

माध्यमिक[2]—वि० [वि० स्त्री० माध्यमिकी] दे० 'माध्यमक'। मध्यवर्ती। जैसे, माध्यमिक विद्यालय। माध्यमिक शिक्षा।

माध्यस्थ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो दो मनुष्यों या पक्षों के बीच में पड़कर किसी वाद विवाद आदि का निपटारा करे। पंच। बिचवई। मध्यस्थ। २ दलाल। ३ कुटना। ४ ब्याह करानेवाला ब्राह्मण। बरेखी।

माध्यस्थ[2]—वि० मध्यस्थ। तटस्थ।

माध्यस्थ्य—संज्ञा पुं० [सं०] मध्यस्थ होने का भाव। मध्यस्थता।

माध्याकर्षण—संज्ञा पुं० [सं०] पृथ्वी के मध्य भाग का वह आकर्षण जो सदा सब पदार्थों को अपनी ओर खींचता रहता है और जिसके कारण सब पदार्थ गिरकर जमीन पर आ पड़ते हैं।

विशेष—इंगलैंड के प्रसिद्ध तत्ववेत्ता न्यूटन ने वृक्ष से एक सेब को जमीन पर गिरते हुए देखकर यह सिद्धांत स्थिर किया था कि पृथ्वी के मध्य भाग में एक ऐसी आकर्षण शक्ति है, जिसके द्वारा सब पदार्थ, यदि बीच में कोई चीज बाधक न हो तो, उसकी ओर खिंच आते हैं।

माध्यात्मिक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] वह कार्य जो ठीक मध्याह्न के समय किया जाता हो। ठीक दोपहर के समय किया जानेवाला कार्य, विशेषतः धार्मिक कृत्य।

माध्यात्मिक[2]—वि० [वि० स्त्री० माध्यात्मिकी] दिन के मध्य का। दोपहर या मध्याह्न का [को०]।

माध्व[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वैष्णवों के चार मुख्य संप्रदायों में से एक जो मध्वाचार्य का चलाया हुआ है। इस मत के माननेवाले प्रायः तिलक लगाते हैं और पंचसंस्कार होते रहते हैं। २ मद्य। शराब। ३ मधुरसयुक्त आम का पेड़।

माध्व[2]—वि० [वि० स्त्री० माध्वी] मीठा। मधुर [को०]।

माध्वक—संज्ञा पुं० [सं०] मद्य या मधु का शराब।

माध्विक—संज्ञा पुं० [सं०] अच्छा शराब बनानेवाला।

माध्वी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मदिरा। शराब। २ वह शराब जो मधु या मद्य से बनाई जाती है। ३ मधुरसयुक्त आम की मंजरी। ४ पुराणानुसार एक नदी का नाम। ५ एक प्रकार का खजूर। मधुखजूर (को०)। ६ लताओं का नाम। उ०—माध्वी कुंदलता मालती पलाश परास बहु भाँति।—अर्चनार्य०, पृ० २०।

माध्वीक—संज्ञा पुं० [सं०] १ महुआ का पेड़। २ मधु। शहद। ३ द्राक्षा का शराब। ४ जल।

माध्वीका—संज्ञा स्त्री० [सं०] जल।

माध्वीमधुरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मीठा खजूर।

मान—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी पदार्थ का भार, तौल या नाप आदि। परिमाण। २ वह साधन जिसके द्वारा कोई चीज नापी या तौली जाय। पैमाना। जैसे, गज, ग्राम, सेर आदि। ३ किसी विषय में यह समझना कि हमारे समान कोई नहीं है। आत्मसम्मान। अहंकार। गर्व। शेखी।

विरोध—न्याय दर्शन के अनुसार जो गुण अपने में न हो, उसे भ्रम से अपने में समझकर उसके कारण दूसरों से अपने आपको श्रेष्ठ समझना मान कहलाता है।

मुहा० मान मथना=मान भंग करना। गर्व चूर्ण करना। शेखी तोड़ना। उ०—इन जरासंध मरदन नर मान मथि बाँध बिनु काज बल इंद्र आन।—सूर (शब्द०)।

४ प्रतिष्ठा। इज्जत। सम्मान। उ०—भोजन करत तुष्ट घर उनके राज मान भंग टारत।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—मान रखना=इज्जत रखना। प्रतिष्ठा करना। उ०—कमरी थार गाढ़े की आदर बहुत काम। खासा मलमल वाफता उनकर राखे मान।—गिरधर (शब्द०)।

यौ०—मान महत=आदर सत्कार। प्रतिष्ठा।

५ साहित्य के अनुसार मन में होनेवाला वह विकार जो अपने प्रिय व्यक्ति का कोई दोष या अपराध करते देखकर होता है। रूठना। उ०—विधि विष के विकर टरैं, नहीं परेहू पान। चितै कितै तै लै धर्यो इतो इतै तन मान।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—मान बहुधा स्त्रियाँ ही करती हैं। अपने प्रेमी को किसी दूसरी स्त्री की ओर देखते अथवा उससे बातचीत करते देखकर, कोई अभिलषित पदार्थ न मिलने पर अथवा कोई कार्य इच्छानुसार न होने पर ही प्राय मान किया जाता है। यह लघु, मध्यम और गुरु तीन प्रकार का कहा गया है।

मुहा०—मान मनाना=दूसरे का मान दूर करना। रूठे हुए को मनाना। उ०—घरी चारि परम सुजान पिय प्यारी रीझि, मान न मनाओ मानिनी को मान देख रह्यो।—रघुनाथ (शब्द०)। **मान मोरना**=मान का त्याग करना। मान छोड देना। उ०—मुख को निहारो जो न मान्यो सो भली करी न केशौराय की सौं तोहि जो तू मान मोरिहै।—केशव (शब्द०)

६ पुराणानुसार पुष्कर द्वीप के एक पर्वत का नाम। ७ सामर्थ्य। शक्ति। ८ उत्तर दिशा के एक देश का नाम। ९ ग्रह। १० मत्र। ११ आत्मसम्मान। आत्मगौरव (को०)। १२ प्रमाण। सबूत (को०)। १३ मानक। मानदड। उ०—उलझन प्राणो की धागो की सुलझन का समझूँ मान तुम्हे।—कामायनी, पृ० ६६। १४ सगीत शास्त्र के अनुसार ताल मे का विराम जो सम, विषम, अतीत और अनागत चार प्रकार का होता है।

मानकंद—सज्ञा पुं० [स० **माणक**] १ एक प्रकार का मीठा कद।

विशेष—यह कंद बगाल मे बहुत अधिक होता है और प्राय तरकारी के रूप मे या दूसरे अनाजो के साथ खाया जाता है। यह बहुत जल्दी पचता है। इसलिये दुर्बल रोगियो आदि के लिये बहुत लाभदायक होता है। कही कही आरारोट या सागूदाने की तरह भी इसका व्यवहार होता है। यह मृदु, विरेचक, मूत्रकारक और बवासीर तथा कब्जियत के लिये बहुत उपयोगी माना जाता है।

२ एक प्रकार की मिस्री जो सालिब मिस्री के नाम से बाजारो मे मिलती है।

मानक[१]—सज्ञा पुं० [स०] मानकच्चू। मानकद।

मानक[२]—सज्ञा पुं० [सं० **माणिक्य**] दे० 'माणिक्य'। उ०—अमर बरषै धरती निपजै अद्रि बरषदाई। गुरु हमारा बानी बरष चुनि चुनि मानक लेई।—रामानद०, पृ० १३।

मानक[३]—सज्ञा पुं० वह जिसके आधार पर किसी वस्तु के ठीक बेठीक होने का निर्णय किया जाय। आदर्श, जिसके नमूने पर कोई चीज तैयार की जाय।

मानकच्चू—सज्ञा पु० [देश०] दे० 'मानकद'।

मानकलह—सज्ञा पु० [स०] १ ईर्ष्या। डाह। मानजनित कलह। २ प्रतिद्वद्विता। चढा ऊपरी।

मानक्रीड़ा—सज्ञा स्त्री० [स० **मानक्रीडा**] सूदन के अनुसार एक प्रकार का छद। जैसे,—बदन मुत चाइकै। भरतपुर जाइकै। थपितु सिरदार कौं। जतत पितरार कौं।—सूदन (शब्द०)।

मानगृह—सज्ञा पुं० [स०] रूठकर बैठने का स्थान। कोपभवन। उ०—बैठी जाय एकात भवन मे जहाँ मानगृह चार।—सूर (शब्द०)।

मानग्रथि—सज्ञा स्त्री० [सं० **मानग्रन्थि**] १ ईर्ष्या से उत्पन्न कोप। २ अपराध। जुर्म।

मानचित्र—सज्ञा पुं० [स०] किसी स्थान का बना हुआ नक्शा। जैसे, एशिया का मानचित्र।

मानज[१]—सज्ञा पु० [स०] क्रोध।

मानज[२]—वि० मान से उत्पन्न।

मानतरु—सज्ञा पुं० [स०] खेतपापडा।

मानता—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मानना**+**ता** (प्रत्य०)] मनौती। मन्नत।

क्रि० प्र०—उतारना।—चढ़ाना।—मानना।

मानदड—सज्ञा पुं० [सं० **मानदण्ड**] वह डडा या लकडी जिससे कोई चीज नापी जाय। पैमाना।

मानद—सज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु। २ वह व्यक्ति जो समान वा आदर दे। प्रतिष्ठा देनेवाला। प्रियतम। उ०—मान मनावत हू करै, मानद को अपमान। दूनो दुख तिन विनु लहै अभिसधिता बखान।—केशव० ग्र०, पृ० ४१। ३ 'आ' अक्षर। (तात्रिक)।

मानदा—सज्ञा स्त्री० [स०] चद्रमा की दूसरी कला या लेखा [को०]।

मानद्रुम—सज्ञा पु० [सं०] सेमल का पेड।

मानधन—सज्ञा पु० [स०] वह जिसका धन मान वा प्रतिष्ठा हो। वह जो बहुत बडा अभिमानी हो।

मानधाता—सज्ञा पुं० [स० **मान्धाता**] दे० 'माधाता'।

मानधानिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] ककडी।

मानन—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **मानना**] आदर करना। मान करना। समान [को०]।

मानना[१]—क्रि० अ० [स०] १ अगीकार करना। स्वीकार करना। मजूर करना। जैसे,—(क) हम मानते है कि आप उनकी बुराई नही कर रहे हैं। (ख) मान न मान, मैं तेरा मेहमान। (कहा०)। २ कल्पना करना। फर्ज करना। समझना। जैसे,—मान लीजिए कि हम लोग वहाँ न जा सके, तो फिर क्या होगा? ३ ध्यान मे लाना। समझना। जैसे, बुरा मानना, भला मानना।

सयो० क्रि०—जाना।—लेना।

४ ठीक मार्ग पर आना। अनुकूल होना। जैसे,—यह लडका सीधी तरह से नही मानेगा।

सयो० क्रि०—जाना।

मानना[२]—क्रि० स० १ कोई बात स्वीकार करना। कुछ मजूर करना। जैसे,—आप किसी का कहना नही मानते। २ किसी को पूज्य, आदरणीय या योग्य समझना। किसी के बडप्पन या लियाकत का कायल होना। आदर करना। जैसे,—(क) उन महात्मा को यहाँ के बहुत लोग मानते हैं। (ख) लडाई झगडा लगाने मे मैं तुम्हे मानता हूँ।

विशेष—कभी कभी कर्ता को छोडकर उसके गुण या कार्य के

संबंध में भी इस शब्द का इस अर्थ में प्रयोग होता है। जैसे,—उनका गाना बजाना अच्छे अच्छे उस्ताद मानते थे। ३ दक्ष समझना। पारंगत समझना। उस्ताद समझना। ४ धार्मिक दृष्टि से श्रद्धा या विश्वास करना। जैसे,—शिव को माननेवाले शैव कहलाते हैं। ५ देवता आदि की भेंट करने का प्रण करना। चढावा चढाने आदि का दृढ संकल्प करना। मन्नत करना। जैसे,—१।) के लड्डू गणेश जी को मानो तो इम्तहान में पास हो जाओगे। ६ ध्यान में लाना। समझना। जैसे,—यह तो किसी को कुछ भी नहीं मानता। ७ स्वीकृत करके अनुकूल कार्य करना। जैसे,—शिवरात्रि किसी ने आज माना है और किसी ने कल। ८ किसी पर बहुत अनुरक्त होना। किसी के साथ बहुत प्रेम करना (बाजारू)।

माननि, माननी - ⓤसंज्ञा स्त्री० [सं० मानिनी] दे० 'मानिनी'। उ०—(क) नददास प्रभु कहाँ लौं वरनू वेदहु आपुन मुख कह्या यह मानति बड भाग।—नंद० ग्र०, पृ० ३६७। (ख) मान मति करै माननी पिय संग करहु विलास।—ब्रज० ग्र०, पृ० ६।

माननीय—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **माननीया**] जो मान करने योग्य हो। पूजनीय। आदरणीय। मान्य।

मानपत्र—संज्ञा पुं० [सं० मान+पत्र] दे० 'अभिनंदनपत्र'।

मानपरिखंडन—संज्ञा पुं० [सं० **मानपरिखण्डन**] १ अपमान। तिरस्कार। २ दे० 'मानभंग'।

मानपरेखाⓤ—संज्ञा पुं० [सं० मान+परीक्षा] आशा। विश्वास। भरोसा।

मानपात—संज्ञा पुं० [हिं० मान+पात] दे० 'मानकंद'।

मानभंग—संज्ञा पुं० [सं०] मानहानि। (नायिका के) मान का टूटना।

मानभरीⓤ—वि० स्त्री० [मान+भरना] मान से भरी हुई। गुमान से ऐंठी हुई।

मानभाव—संज्ञा पुं० [सं०] चोचला। नखरा।

मानभृत्—वि० [सं०] मानवाला। अभिमानी। गर्वयुक्त (को०)।

मानमंदिर—संज्ञा पुं० [सं० मान+मन्दिर] १ स्त्रियों के रूठकर बैठने का एकांत स्थान। २ वह स्थान जिसमें ग्रहों आदि के वेध करने का यंत्र तथा सामग्री हो। वेधशाला।

मानमनौती—संज्ञा स्त्री० [हिं० मान+मनौती] १ मानना। मन्नत। मनौती। २ पारस्परिक प्रेम। ३ रूठने और मानने की क्रिया उ०—उसे खिलाने के लिये लोगों को मान मनौती करने की आवश्यकता है।

मानमनौवल—संज्ञा पुं० [हिं० मान+मनावना] मनौती। रूठने और मनाने की क्रिया। उ०—रामेश्वर के परिवार का स्नेह, उनके मधुर झगडे, मानमनौवल, समझौता और अभाव में संतोष, कितना सुंदर। मैं कल्पना करने लगा।—आँधी, पृ० ७।

मानमरोर—संज्ञा स्त्री० [हिं० मान+मरोर] मन मुटाव। रंजिश। उ०—राधे सुजान इतै चित दै हित मे कत कीजतु मानमरोर है।—घनानंद (शब्द०)।

मानमान्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] इज्जत। प्रतिष्ठा।

मानमोचन—संज्ञा पुं० [सं०] साहित्य के अनुसार रूठे हुए प्रिय को मनाना जो नीचे लिखे छह उपायों के द्वारा बतलाया गया है,—(१) साम, (२) दाम, (३) भेद, (४) प्रणति, (५) उपेक्षा, और (६) प्रसंगविच्छेद।

मानयोग—संज्ञा पुं० [सं०] नाप और तौल की ठीक ठीक विधि या रीति (को०)।

मानरंध्रा—संज्ञा स्त्री० [सं० **मानरन्ध्रा**] जलघडी जिसका व्यवहार प्राचीन काल में समय जानने के लिये होता था।

विशेष - इसमें एक छोटा कटोरा होता था जिसके पेंदे में एक छोटा सा छेद होता था। वह कटोरा किसी बडे जलपात्र में छोड़ दिया जाता था और उस छेद के द्वारा धीरे धीरे कटोरे में पानी भरने लगता था। वह कटोरा ठीक एक दंड या घटी में भर जाता था और पानी में डूब जाता था। फिर उसे निकालकर खाली करके उसी प्रकार पानी में छोड देते थे और इस प्रकार समय का निरूपण करते थे।

मानरंध्री—संज्ञा स्त्री० [सं० मानरन्ध्री] दे० 'मानरंध्रा'।

मानर†—संज्ञा पुं० [सं० मर्दल, हिं० मादल] मादल बाजा। उ०—मानर की मद आवाज रिंग रिंग ता धिन ता।—मैला०, पृ० १२६।

मानव[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मनु से उत्पन्न, मनुष्य। आदमी। मनुज। २ बालक। बच्चा (को०)। ३ एक प्रकार के छंद का नाम। १४ मात्राओं के छंदों की संज्ञा। इनके ६१० भेद हैं। ४ मनुकथित एक उपपुराण (को०)। ५ मनुष्य की माप (लंबाई)।

मानव[2]—वि० [वि० स्त्री० **मानवी**] १ मनु का। मनु से संबद्ध। २ मनुष्योचित। मानवोचित।

मानवक—संज्ञा पुं० [सं० **मानव**] १ छोटे कद का आदमी। वामन। बौना। २ तुच्छ आदमी।

मानवत्—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० **मानवती**] वह जो मान करता हो। रूठा हुआ।

मानवता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मानव होने का भाव। मनुष्यता। मानुषता।

मानवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह नायिका जो अपने पति या प्रेमी से मान करती हो। मानिनी। उ०—करै ईरषा सो जू तिय मनभावन सों मान। मानवती तासों कहत, कवि मतिराम सुजान।—मतिराम (शब्द०)।

मानवदेव—संज्ञा पुं० [सं०] राजा। उ०—बलि मिस देखे दवता कर मिस मानवदेव। मुए मार सुविचार हत स्वारथ साधन एव।—तुलसी (शब्द०)।

मानवधर्मशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] मनुस्मृति (को०)।

मानवपति—संज्ञा पुं० [सं०] राजा। नरेंद्र।

मानवपन—संज्ञा पुं० [सं० मानव+हिं० पन (प्रत्य०)] दे० 'मानवता'। उ०—पावक पग धर आवे नूतन। हो पल्लवित नवल मानवपन।—युगांत, पृ० ३।

मानवर्जित—वि० [स०] निरभिमान। गर्व या मानहीन। नीच। अप्रतिष्ठित।

मानवर्तिक—संज्ञा पुं० [स० मानवर्त्तिक] पुराणानुसार एक प्राचीन देश का नाम जो पूर्व दिशा में था। जैनों के हरिवंश के अनुसार यह देश वर्तमान मानभूमि है।

मानवशास्त्र—संज्ञा पु० [स०] वह शास्त्र जिसमें मानव जाति की उत्पत्ति और विकास आदि का विवेचन होता है।

विशेष—इस शास्त्र से यह भी जाना जाता है कि संसार के भिन्न भिन्न भागों में मनुष्यों की कितनी जातियाँ हैं, सृष्टि के अन्यान्य जीवों में मनुष्य का क्या स्थान है, मनुष्यों की सृष्टि कब और कैसे हुई, उसकी सभ्यता का कैसे विकास हुआ, इत्यादि इत्यादि।

मानवाⓊ—संज्ञा पु० [स० मानवा'] मानव। मनुष्य। उ०—सपने सोया मानवा, खोल देखि जो नैन। जीवपरा बहु लूट में, ना कछु लेन न देन।—कबीर सा० सं०, पृ० ६५।

मानवाचल—संज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम।

मानवास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र।

मानवी[१]—संज्ञा स्त्री० [स०] १ स्त्री। नारी। औरत। २ पुराणानुसार स्वायंभुव मनु की कन्या का नाम।

मानवी[२]—वि० [सं० मानवीय] मानव संबंधी। मनुष्य का।

मानवीकरण—वि० [सं० मानवी + करण] किसी सूक्ष्म वस्तु में मानवता के गुणधर्म या मानवता का आरोप या स्थापन करना। उ०—'हरिऔध' जी ने पवन द्वारा राधा का संदेश भिजवाने के लिये मानवीकरण का ही प्रयोग किया है।—हिंदी प्रेमा०, पृ० ६४।

मानवीय—वि० [स०] मानव संबंधी। मानव का।

मानवीयता—संज्ञा स्त्री० [सं० मानवीय + हिं० ता] दे० 'मानवता'। उ०—फलतः यह कि मानवीयता की व्यापक भूमि पर ही कोई अनुभूति ठहरी ही सकती है।—इति०, पृ० ९।

मानवेंद्र—संज्ञा पुं० [स० मानवेन्द्र] राजा।

मानवेश—संज्ञा पुं० [स०] मानवेंद्र।

मानव्य—संज्ञा पु० [स०] दे० 'मानव'।

मानस[१]—संज्ञा पुं० [स०] १ मन। हृदय। उ०—मांगत तुलसिदास कर जोरे। बसहिं राम सिय मानस मोरे।—तुलसी (शब्द०)। २ मानसरोवर। उ०—रोष महामारी परतोष महतारी दुनी दरिए दुखारी मुनि मानस मरालिके—तुलसी (शब्द०)। ३ कामदेव। ४ संकल्प विकल्प। ५ एक नाग का नाम। ६ शाल्मली द्वीप के एक वर्ष का नाम। ७ पुष्कर द्वीप के एक पवन का नाम। ८ दूत। चर। उ०—(क) मानस पठाए मुधि को लाए साच आंच लागे करौ साष्टांग बात मानी भाग फले हैं।—प्रियादास (शब्द०)। (ख) देखे बहु भांति मैं पठाए मग मानस हू आवो पहुँचाइ तब तुम पर रीझिए।—प्रियादास (शब्द०)। ९ गोस्वामी तुलसीदास कृत रामायण। रामचरित-मानस। १० विष्णु का एक रूप (को०)। ११ एक प्रकार का नमक (को०)।

मानस[२]—वि० १ मन में उत्पन्न। मनोभव। २ मन का विचारा हुआ। उ०—कलि कर एक पुनीत प्रतापा। मानस पुन्य होहिं नहिं पापा।—तुलसी (शब्द०)।

मानस[३]—क्रि० वि० मन के द्वारा। उ०—रहै गडकी मुत मुख बीचा। पूज्यो मानस शिर करि नीचा।—विश्राम (शब्द०)।

मानसⓊ[४]—संज्ञा पुं० [सं० मानुष] मनुष्य। आदमी। उ०—कोमल मृणालिका सी मल्लिका की मालिका सी बालिका जु डारी भाउ मानस के पशु है।—केशव (शब्द०)।

यौ०—मानसदेव।

मानसकोश—संज्ञा पु० [सं०] मन रूपी कोश या समझ। उ०—मेरे मानसकोश में दोनों (प्रेमभाव या लोभ) का अर्थ प्रायः एक ही निकलता है।—रस०, पृ० ११३।

मानसचारी—संज्ञा पुं० [सं० मानसचारिन्] एक प्रकार का हंस जो मानसरोवर में होता है।

मानसजन्मा—संज्ञा पुं० [सं० मानसजन्मन्] १ मनोभव। कामदेव। २ हंस।

मानसजप—संज्ञा पुं० [सं०] जप का एक प्रकार। वह जप जो मन ही मन किया जाय।

मानसतीर्थ—संज्ञा पु० [सं०] वह मन जो राग द्वेष आदि से नितांत रहित हो गया हो।

मानसदेवⓊ—संज्ञा पु० [सं० मानुष + देव] राजा। नरेश।

मानसपुत्र—संज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार वह पुत्र या संतान जिसकी उत्पत्ति इच्छामात्र से ही हुई हो। जैसे,—सनक, सनंदन आदि ब्रह्मा के मानसपुत्र हैं।

मानसपूजा—संज्ञा स्त्री० [स०] पूजा के दो प्रकारों में से एक। वह पूजा जो मन ही मन की जाय और जिसमें अर्घ्य, पाद्य आदि बाह्य उपकरणों की आवश्यकता न रहे।

मानसरⓊ—संज्ञा पुं० [सं० मानससर] दे० 'मानसरोवर'। उ०—दुरे हंस मानसर ताहि मैं कैलासधर, सुधा सरवर छोड़ि छोटि गयो दुनिय।—भूषण ग्र०, पृ० ३२।

मानसरोदकⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० मानसर + उदधि] मानसरोवर के समान सुंदर सरोवर। उ०—मानसरोदक बरनौं काहा।—जायसी ग्र०, पृ० १२।

मानसरोवर—संज्ञा पुं० [स० मानस + सरोवर] हिमालय के उत्तर की एक प्रसिद्ध बड़ी झील।

विशेष—इस झील के विषय में यह प्रसिद्ध है कि ब्रह्मा ने अपनी इच्छा मात्र से ही इसका निर्माण किया था। इस सरोवर का

जल बहुत ही सुदर, स्वच्छ और गुणकारी है तथा इसके चारो ओर की प्राकृतिक शोभा बहुत ही अद्भुत है। हमारे यहाँ के प्राचीन ऋषियो ने इसके आस पास की भूमि को स्वर्ग कहा है।

मानसव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य आदि का पालन या व्रत।

मानसशास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह शास्त्र जिसमें इस बात का विवेचन होता है कि मन किस प्रकार कार्य करता है और उसकी वृत्तियाँ किस प्रकार उत्पन्न होती हैं। मनोविज्ञान।

मानसशास्त्री—सज्ञा पुं० [सं०] मानसशास्त्र का पडित। मनोवैज्ञानिक।

मानससन्यासी—सज्ञा पुं० [स० दसनामी सन्यासियो के अतर्गत एक प्रकार के सन्यासी।

विशेष—ऐसे सन्यासी मन मे सच्चा वैराग्य उत्पन्न होने पर गृहस्थाश्रम का त्याग करके जगल मे जा रहते हैं और वहीं तपस्या करते हैं। ये लोग गैरिक वस्त्र आदि नहीं धारण करते।

मानससर—सज्ञा पुं० [सं०] मानसरोवर। मानस सरोवर।

मानसहस—सज्ञा पुं० [स०] एक वृत्त का नाम। इसके प्रत्येक चरण में 'स ज ज भ र' होता है। इसका दूसरा नाम 'मानहस' या 'रणहस' है।

मानसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी का नाम।

विशेष—कहते हैं, तृणबिंदु नामक एक ऋषि इसे मानसरोवर से लाए थे।

मानसालय—सज्ञा पुं० [सं०] हस।

मानसिक[१]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **मानसिकी**] १ मन की कल्पना से उत्पन्न। २ मन सबधी। मन का। जैसे, मानसिक कष्ट, मानसिक चिंता।

मानसिक[२]—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

मानसी[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मानस पूजा। वह पूजा जो मन ही मन की जाय। उ०—आभरण नाम हरि साधु सेवा कर्ण फूल मानसी सुनथ सग अजन बनाइए।—प्रियादास (शब्द०)। २ पुराणानुसार एक विद्या देवी का नाम।

मानसी[२]—वि० मन का। मन से उत्पन्न। उ०—मानसी स्वरूप मे अग्रदास जबै करत बयार नाभा मधुर सँभार सो। प्रियादास (शब्द०)।

मानसीगगा—सज्ञा स्त्री० [स० **मानसीगङ्गा**] गोवर्धन पर्वत के पास के एक सरोवर का नाम। उ०—सो एक समै देसाधिपति के डेरा गोवर्द्धन मे मानसी गगा पर भए।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १४२।

मानसीपूजा—सज्ञा पुं० [सं० मानसी + पूजा] दे० 'मानसपूजा'। सोलह घडी तथा तीस पल अक्षर चार और मानसी पूजा सोहम् भाव से पूजना।—कबीर म०, पृ० ३१६।

मानसूत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ करधनी। २. नापने का फीता।

मानसून सज्ञा पुं० [अ० मि० अ० मौसिम] १ एक प्रकार की वायु जो भारतीय महासागर मे अप्रैल से अक्टूबर मास तक बराबर दक्षिणपश्चिम के कोण से चलती है और अक्तूबर से अप्रैल तक उत्तरपूर्व के कोण से चलती है। अप्रैल से अक्टूबर तक जो हवा चलती है, प्राय उसी के द्वारा भारत मे वर्षा भी हुआ करती है।

क्रि० प्र०—आना।—उठना।—दबना।

२ वह वायु जो महादेशो और महाद्वीपो तथा अनेक आस पास के समुद्रो मे पडनेवाले वातावरण सबधी पारस्परिक अतर के कारण उत्पन्न होती है और जो प्राय छह् मास तक एक निश्चित दिशा मे और छह् मास तक उसकी विपरीत दिशा मे बहती है।

मानसौका—सज्ञा पुं० [सं० **मानसौकस्**] हस। मानसचारी। मनोनिवासी।

मानहस—सज्ञा पुं० [स०] एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे स ज ज भ र होते हैं। इसके अन्य नाम 'रणहस' और 'मानसहस' भी हैं।

मानहानि—सज्ञा स्त्री० [सं०] अप्रतिष्ठा। अनादर। अपमान। बेइज्जती। हतक इज्जत।

मानहुँⓤ—अव्य [हिं०] दे० 'मानो'।

माना[१]—सज्ञा पुं० [इदरानी] एक प्रकार का मीठा निर्यास।

विशेष—यह निर्यास इटली और एशिया माइनर आदि देशो के कुछ विशिष्ट वृक्षो मे से छेद लगाकर निकाला जाता है, अथवा कभी कभी उन वृक्षो पर कुछ कीडो आदि की कई क्रियाओ से उत्पन्न होता है और जो पीछे से कई रासायनिक क्रियाओ मे शुद्ध करके ओषधि के रूप मे काम मे लाया जाता है। भारत के कई प्रकार के बाँसो तथा दूसरे अनेक वृक्षो पर भी यह कभी कभी पाया जाता है। यह रेचक होता है और इसके व्यवहार के उपरात मनुष्य विशेष निर्बल नहीं होता। देखने मे यह पीले रग का, पारदर्शी और हलका होता है और प्राय बहुत महँगा मिलता है।

माना†[२]—सज्ञा पुं० [सं० मान] अन्नादि नापने का एक पात्र।

विशेष—इसमें पाव भर अन्न आता है। यह लकडी, मिट्टी या धातु का बना होता है। इससे तरल पदार्थ भी नाप जाते हैं।

माना†[३]—क्रि० स० [सं० मान अथवा हिं० मापना] १. नापना। तौलना। उ०—देखि विवरु सुधि पाय गीध मे सबनि अपनो बलु भाखो।—तुलसी (शब्द०)। २ जाँचना। परीक्षा करना।

मानाⓤ[४]—क्रि० अ० दे० 'समाना' या 'अमाना'। उ०—(क) इतनो बचन श्रवण सुनि हरष्यो फूल्यो अग न मात। लै लै चरन रेनु निज प्रभु की रिपु के शोणित न्हात।—सूर (शब्द०)। (ख) माई कहाँ यह माइगी दीपति जो दिन दो यहि भाँति बढेगी।—केशव (शब्द०)।

मानाथ—सज्ञा पुं० [सं०] लक्ष्मी के पति, विष्णु। उ०—मदन

मर्दन मयातीत माया रहित मंजु मानाय पायोज पानी। — तुलसी (शब्द०)।

मानिद — वि० [फ़ा०] समान। तुल्य। सदृश। जैसे, — वे भी आपके ही मानिद शरीफ हैं। उ०—क्यो न हम शर्म को मानिद जलें दूर खडे। जब उदू वायसे गरमी हो तेरी मजलिस के।— श्रीनिवास ग्र०, पृ० ८६।

मानिⓤ†—सज्ञा पुं० [स० **मान**] समान। दे० 'मान–३'। उ०— मानि महातम कछू न चाहै, एक दसा सदा निरवाहै।— रामानद० पृ० ५३।

मानिक[1]—सज्ञा पु० [स० **माणिक्य**] एक मणि का नाम।

विशेष—यह लाल रग का होता है और हीरे को छोडकर सबसे कडा पत्थर है। रासायनिक विश्लेषण द्वारा मानिक में दो भाग अल्यूमिनम और तीन भाग आक्सिजन का पाया जाता है, जिससे रसायनशास्त्रियो के मत से यह कुरड की जाति का पत्थर प्रतीत होता है। इसमे एक और विशेषता यह भी है कि बहुत अधिक ताप से सुहागे के योग से यह काँच की भाँति गल जाता है और गलने पर इसमे कोई रग नही रह जाता। आजकल के रासायनिको ने काँच से नकली मानिक बनाया है जो असली मानिक से बहुत कुछ मिलता जुलता होता है। मानिक पत्थर गहरे लाल रग से लेकर गुलाबी रग और नारगी से लेकर बैगनी रग तक के मिलते हैं। मानिक की दो प्रधान जातियाँ हैं—नरम चुन्नी और मानिक। नरम चुन्नी का विश्लेषण करने से मैग्नेशियम, अल्यूमिनम और आक्सिजन मिलते हैं। उसपर यदि मानिक से रगडा जाय, तो लकीर पड जाती है।

अगस्त जी के मत से मानिक के तीन प्रधान भेद हैं—पद्मराग, कुरुविंद और सौगधिक। कमल पुष्प के समान रगवाला **पद्मराग** गाढ रक्तवर्ण सा ईषत् नील वर्ण **सौगधिक** और टेसू के फूल के रग का **कुरुविंद** कहलाता है। इनमे सिंहल मे पद्मराग, कालपुर और आध्र मे कुरुविंद और तुकर मे सौगधिक उत्पन्न होता है। मतातर से **नालगधिक** नामक एक और जाति का मानिक होता है जो नीलापन लिए रक्तवर्ण या लाखी रग का माना गया है। इसकी खानें बरमा, स्याम, लका, मध्य एशिया यूरोप आस्ट्रेलिया आदि अनेक भूभागो में पाई जाती हैं। जिस मानिक मे चिह्न नही होते और चमक अधिक होती है, वह उत्तम माना जाता है और अधिक मूल्यवान् होता है। वैद्यक मे मानिक को मधुर, स्निग्ध और वात-पित्त-नाशक लिखा है।

पर्या०—**पद्मराग। कुरुविद। शोणरत्न। सौगधिक। लौहितक। तरुण। शृगारी। रविरत्नक।**

मानिक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] आठ पल का एक मान।

मानिकखभ—सज्ञा पुं० [हिं० मानिक + खभा] १. वह खूँटा जो कातर के किनारे गडा रहता है और जिसमे घुसे को रस्सी से बाँधकर जाठ के सिरे पर अटकाते हैं। मरखम। २. वह खभा जो विवाह मे मडप के बीच मे गाडा जाता है। ३. मालखभ। मलखम।

मानिकचदी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मानिकचंद] साधारण छोटी सुपारी।

मानिकजोड़—सज्ञा पुं० [हिं० मानिक + जोड़] एक प्रकार का बडा बगुला जिसकी चोच और टाँगे लबी होती हैं।

मानिकजोर- सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मानिकजोड'।

मानिकदीप — सज्ञा पुं० [सं० माणिक्य + दीप] एक प्रकार का दीपक। पूजन, मगल कार्य, विवाह आदि पर आटे या पिसान का सादे ढग का बना हुआ दीपक जिसमे चार बत्तियाँ रहती हैं जिन्हे प्रज्वलित कर आरती की जाती है। उ०—मानिक दीप बराय बैठि तेहि आसन हो।—तुलसी ग्र०, पृ० ३।

मानिकरेत—सज्ञा स्त्री० [हिं० मानिक + रेत] मानिक का चूरा जिससे गहने आदि साफ किए जाते हैं और उनपर चमक लाई जाती है।

मानिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मद्य। २ आठ पल या साठ तोले का एक मान।

मानिटर—सज्ञा पुं० [अ०] पाठशाला की कक्षा मे वह प्रधान छात्र जो अन्य छात्रो पर कुछ विशिष्ट अधिकार रखता हो।

मानित—वि० [स०] समानित। प्रतिष्ठित। आदृत।

मानिता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मानित्व। समान। आदर। २ गौरव। ३ अहकार। गर्व।

मानित्व—पज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मानिता'।

मानिनी[1]—वि० स्त्री० [सं०] १ मानवती। गर्ववती। अभिमान युक्त। २. मान करनेवाली। रूठा।

मानिनी[2]—सज्ञा स्त्री० साहित्य मे वह नायिका जो नायक के दोष को देखकर उससे रूठ गई हो। उ०—मान करत बरजत न हौं उलटे दिवावत सौंह। करी रिसौंही जायँगी सहज हँसौंही भौंह।—बिहारी (शब्द०)।

मानी[1]—वि० [सं० मानिन्] [वि० स्त्री० मानिनी] १ अहकारी। घमडी। २ समानित। गौरवान्वित। ३ मनायागी। ४ मान करनेवाला (को०)। ५ माननेवाला। समझनेवाला। जैसे, पाडतमानी, भटमानी। उ०—अब जानें कोउ भाखै भटमानी। —मानस, १।२५२।

मानी[2]—सज्ञा पु० १ सिंह। २ साहित्य मे वह नायक जो नायिका से अपमानित होकर रूठ गया हो।

माना[3]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कुभ। घडा। २ प्राचीन काल का एक प्रकार का मानपात्र जिसमे दो अजुली या आठ पल आता था। ३ चक्की के ऊपर के पाट मे लगी हुई वह लकड़ी जिसके छेद मे काली रहती है। जूआ न होने पर यह लकडी ऊपर के पाट के छेद मे जडी रहती है। ४ कुदाल, बसूले आदि का वह छेद जिसमे बेंट लगाई जाती है। ५ किसी चीज मे बनाया हुआ छेद जिसमे कुछ जडा जाय। ६ अन्न का एक मान जो सोलह सेर का होता है। ७ साधारण छेद।

मानी[4]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ अर्थ। मतलब। तात्पर्य। २ तत्व। रहस्य। ३ प्रयोजन। ४. हेतु। कारण।

मानुⓤ—सज्ञा पुं० [स० मान] दे० 'मान'। उ०—मानु जनावति

सवनि कौं, मन न मान को ठाट। बाल मनावन कौ लखै लाल तिहारी बाट।—मति० ग्र०, पृ० ३५१।

मानुखⓤ—संज्ञा पुं० [सं० मानुष] मनुष्य। उ०—मानुख जनम अमोल, अपन सो खोइल हो।—धरम०, पृ० ६४।

मानुछ्छⓤ†—वि० [स० मानुष्य, प्रा० माणुस्स] दे० 'मानुष्य'। उ०—मानुछ्छ मद मति मद तन, पुव्व भाव चहुआन सिर। —पृ० रा०, २।५८६।

मानुष[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० मानुषी] मनुष्य संबंधी। मनुष्य का।

मानुष[2]—संज्ञा पुं० १ मनुष्य। २ याज्ञवल्क्यस्मृति के अनुसार प्रमाण के दो भेदों में से एक। इसके तीन उपभेद हैं—लिखित, भुक्ति और साक्षी।

मानुषक—वि० [सं०] मनुष्य संबंधी। मनुष्य का।

मानुषता—संज्ञा स्त्री० [स०] मनुष्य का भाव या धर्म। मनुष्यता। आदमीयत।

मानुषत्व—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'मानुषता'।

मानुषिक—वि० [स०] मनुष्य संबंधी। मनुष्य का।

मानुषिद्ध—संज्ञा पुं० [स०] मनुष्य शरीरधारी बुद्ध। जैसे, गौतम बुद्ध आदि।

विशेष—ये ध्यानी बुद्ध से पृथक् होते हैं।

मानुषी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्त्री। औरत। २ तीन प्रकार की चिकित्साओं में से एक। मनुष्यों के उपयुक्त चिकित्सा।

विशेष—शेष दो चिकित्साएँ आसुरी और दैवी कहलाती हैं।

मानुषी[2]—वि० मनुष्य संबंधी। मनुष्य का। जैसे, मानुषी वाक्, मानुषी तनु। उ०—दूरि जब लौं जरा रोगरु चलत इद्री भाई आपनो कल्याण करि ले मानुषी तनु पाई।—सूर (शब्द०)।

मानुषीय—वि० [सं०] मनुष्य संबंधी। मनुष्य का।

मानुषोत्तर—संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के अनुसार एक पर्वत का नाम जो पुष्कर द्वीप को दो समान भागों में विभक्त करता है।

मानुष्य[1]—वि० [स०] मनुष्य संबंधी। मनुष्य का।

मानुष्य[2]—संज्ञा पुं० १ मानवता। मनुष्यता। २ मानव शरीर। ३ मानव समूह। ४ मनुष्यलोक। मर्त्यलोक [को०]।

मानुष्यक[1]—वि० [स०] मनुष्य संबंधी। मनुष्य का।

मानुष्यक[2]—संज्ञा पुं० दे० 'मानुष्य'।

मानुस—संज्ञा पुं० [सं० मानुष] मनुष्य। आदमी। उ०—का निचिंत रे मानुस अपनी चिंता आछ। लेहु सजग होइ अगमन पुनि पछतासि न पाछ।—जायसी (शब्द०)।

यौ०—भलामानुस। मानुसहरा=मनुष्य को हरनेवाला या मानवशून्य। उ०—दीप गभस्थल आरन परा। दीप मनुस्थल मानुसहरा।—पदमावत, पृ० १०।

माने—संज्ञा पुं० [अ० मानी] अर्थ। मतलब। आशय।

मानों—अव्य० [हिं० मानना] जैसे। गोया। उ०—(क) मयनमहीं पुरदहन गहन जानि आनि कै नवै को सारु अनुप गढ़ायो है। जनक सदनि जहाँ भले भले भूमिपाल कियो बलहीन बल आपनो बढ़ायो है। कुलिस कठोर कूर्म पीठ तें कठिन अति हठि न पिनाक काहू चपरि चढ़ायो है। तुलसी सो राम के समाज पानि परसत टूट्यौ मानो बार ते पुरारि ही पढ़ायो है।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तिलक भाल पर परम मनोहर गोरोचन को दीन्हो। मानो तीन लोक की शोभा अधिक उदय सो कीन्हो।—सूर (शब्द०)। (ग) प्रिय पठयो मानो सखि सुजान। जगभूषण को भूषण निधान। निज आई हम को सीख देन। यह किधौं हमारो भरम लेन।—केशव (शब्द०)।

मानोज्ञक—संज्ञा पुं० [स०] मनोज्ञता। मनोहरता [को०]।

मानोखी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मिठाई।

मानोⓤ—अव्य० [हिं० मानना] दे० 'मानों'।

मान्य[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० मान्या] १. मानने योग्य। मानने योग्य। २ आदर के योग्य। सम्मान के योग्य। पूजनीय। पूज्य। ३. प्रार्थनीय।

मान्य[2]—संज्ञा पुं० १. विष्णु। २. शिव। महादेव। ३. मित्रावरुण।

मान्य[3]—संज्ञा पुं० दे० 'मान'।

मान्यकⓤ†—संज्ञा पुं० [स० माणिक्य] दे० 'मानिक'। उ०—हार गुह्यौ मेरा राम तागु, बिच बिच मान्यक एक लागु।—कबीर ग्र०, पृ० २१३।

मान्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मानने का भाव। मान्य होने का भाव। मान्य होना। उ०—आप की मान्यताएँ इतनी रोमांटिक होंगी ऐसा नहीं समझती थी।—नदी०, पृ० ३०। २. स्वीकृति या प्रामाणिकता। जैसे,—सम्पूर्ण विद्यार्थियों को भी प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने की मान्यता प्राप्त हो गई है।

मान्यस्थान—संज्ञा पुं० [स०] आदर या मान का कारण।

विशेष—मनु जी ने पाँच मान्यस्थान लिखे हैं—वित्त, बंधु, वय, कर्म और विद्या। अर्थात् धन संपत्ति, संबंध, अवस्था, कार्य और योग्यता इन पाँच कारणों से मनुष्य का आदर किया जाता है।

माप[1]—संज्ञा पुं० [स०] विष्णु [को०]।

माप[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मापना] १. मापने की क्रिया या भाव। नाप।

यौ०—मापतौल=जाँच।

२. वह मान जिससे कोई पदार्थ मापा जाय। अहँडा। मान। ३ परिमाण।

मापक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मान। माप। अहँडा। पैमाना। २ वह जिससे कुछ मापा जाय। मापने की चीज। ३. वह जो मापता हो।

मापक[2]—संज्ञा पुं० [स०] अन्न मापने का काम करनेवाला। बया।

विशेष—प्राचीन काल मे भारत मे अन्न तुला से नही तौला जाता था। भिन्न भिन्न तौलो के बरतन होते थे, उन्ही मे अनाज भर भरकर बेचा जाता था। कौटिल्य ने लिखा है कि माप मे भेद पाने पर २०० पण जुरमाना किया जाता था।

मापत्य—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव [को०]।

मापन—सज्ञा पु० [स०] १ नपना। तराजू।

मापना[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मापन' [को०]।

मापना[2]—क्रि० स० [स० मापन] १ किसी पदार्थ के विस्तार, आयत वा वर्गत्व और घनत्व का किसी नियत मान से परिमाण करना। नापना। जैसे,—अगुल के मान से किसी पटरी की लबाई और चौडाई का मान निकालना कि इसकी लबाई इतने अगुल वा चौडाई इतने अगुल है। किसी कोठरी के वर्गत्व का मान करना कि वह इतने वर्ग गज की है। उ०—(क) कहि धौं शुक्र कहा धौं कीजै आपुन भए भिखारा। जै जैकार भयो भुव मापत तीन पैड भइ सारी।—सूर (शब्द०)। (ख) बावन को पद लोकन मापि ज्यो बावन के वपु माँह सिधायो।—केशव (शब्द०)। (ग) हँसन लगी महचरि सबै देखहिं नयन दुराइ। मानो मापति लोयननि कर परसनि फैलाइ।—गुमान (शब्द०)। २ किसी मान वा पैमाने मे भरकर द्रव वा चूर्ण वा अन्नादि पदार्थों का नापना। जैसे, दूध मापना, चूना मापना। ३. पदार्थ के परिमाण को जानने के लिये कोई क्रिया करना। नापना।

मापना[3]—क्रि० अ० [स० मत्त] मतवाला होना। उ०—नयन सजल तन थर थर काँपी। माँजहि खाइ मीन जनु मापी।—तुलसी (शब्द०)।

माफ—वि० [अ० मुआफ] जो क्षमा कर दिया गया हो। क्षमित।

मुहा०—माफ करना = क्षमा करना। उ०—(क) प्रभु जू मैं ऐसी अमल कमायो। सावित जमा हुती जो जोरी मीजा कुल तल लायो। बडो तुम्हार बरामद हू को लिखि कीन्हों है साफ। सूरदास को वह मुहासिबा दस्तक कीजो माफ।—सूर (शब्द०)। (ख) खलनि को योग जहाँ नाज ही मे देखियतु माफ करिबेही माहँ होत कर नाशु है।—गुमान (शब्द०)।

माफकत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआफिक्त] १ अनुकूल होने का भाव। अनुकूलता। २ मेल। मैत्री।

यौ०—मेल माफकत।

माफल—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का खट्टा नीबू।

माफिक[1]—वि० [अ० मुआफिक] १ अनुकूल। अनुसार।

क्रि० प्र०—आना।—पड़ना।—होना।

२ योग्य। मुनासिब।

माफिकत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआफिकत] दे० 'माफकत'।

माफी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआफी] १ क्षमा।

मुहा०—माफी चाहना वा माँगना = क्षमा माँगना। माफ किए जाने के लिये प्रार्थना करना।

२. वह भूमि जिसका कर सरकार से माफ हो। बाध।

यौ०—माफीदार = माफी की भूमि का मालिक। जिसकी भूमि की मालगुजारी सरकार ने माफ की हो।

३ वह भूमि जो किसी को बिना कर के दी गई हो।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

माबूत—सज्ञा पुं० [अ० मअबूद] ईश्वर। परमात्मा। वह जिसकी उपासना की जाय।—दादू०, पृ० १०८।

माम(पु)[1]—सज्ञा पु० [सं० मामक] १ ममता। अहकार। उ०—रहहु सँभारे राम बिचारे कहत अहौं जो पुकारे हो। मूँड मुडाय फूलि कै बैठे मुद्रा पहिर मजूसा हो। ता ह उपर कछु छार लपेटे भितर भितर घर मूसा हो। गाउ बसत है गर्व भारती माम काम हकारा हो। मोहनि जहाँ तहाँ लै जैहै नाही रहे तुम्हारा हो।—कबीर (शब्द०)। २ शक्ति। अधिकार। इख्तियार। उ०—भगी साह सेना तज अब्र माम।—पृ० रा०, ५७।२०८। ३. प्रिय मित्र वा दोस्त (को०)। ४ चाचा। ताऊ। (सबोधन मे प्रयुक्त)।

मामक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मेरा। हमारा या अपना की बुद्धि। स्व की बुद्धि। २ मातुल। मामा। ३ कृपण। कजूस [को०]।

मामक[2]—वि० [वि० स्त्री० मामिका] १ मेरा। स्वय का। २ लालची। स्वार्थी। ३ ममतायुक्त [को०]।

मामकीन—वि० [स०] मेरा। स्वय का [को०]।

मामता—सज्ञा स्त्री० [स० ममता] १ अपनापन। आत्मीयता। २ प्रेम। मुहब्बत। अनुराग।

मामरी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पेड।

विशेष—यह हिमालय की तराई मे रावी नदी से पूर्व की ओर तथा मद्रास और मध्य भारत मे होता है। इसकी लकडी बहुत मजबूत और चिकनी होती है, जिसपर रोगन करने से बहुत अच्छी चमक आती है। इसकी लकडी से मेज, कुरसी आलमारी आदि आरायशी चीजें बनाई जाती हैं। इसकी छाल ओषधि के काम मे आती है और जड साँप के काटने की ओषधि है। यह बीजो से उगता है। इसे 'चौरी' और 'रुही' भी कहते हैं।

मामलत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआमिलत्] दे० 'मालति'।

मामलति(पु)—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआमिलत्] १ मामिला। व्यवहार की बात। २ विवादास्पद विषय। उ०—वही जो मामलति पहले चुकाई। करौ सो जाइ तेरे हाथ भाई।—सूदन (शब्द०)।

मामला—सज्ञा पुं० [अ० मुआमिलह्] १. व्यापार। काम धधा। उद्यम।

मुहा०—मामला बनाना = काम साधना।

२ पारस्परिक व्यवहार। जैसे, लेन देन, क्रय विक्रय इत्यादि।

३ व्यावहारिक, व्यापारिक या विवादास्पद विषय।

मुहा०—मामला करना = (१) बातचीत करना। बात पक्की करना। (२) पारस्परिक वैषम्य दूर करके निश्चयपूर्वक कुछ निर्धारण करना। फैसला करना। मामला बनाना = काम ठीक करना। बात पक्की करना।

४ पक्की या तै की हुई बात। कौल करार। ५ झगड़ा। विवाद। मुकदमा।

मुहा०—दे० 'मुकदमा' के मुहा०।

६ बात। घटना। उ०—कुँअर को देखने ही बधाई का चारो ओर से शोर मच गया। कुँअर बहुत चकपकाया कि यह मामला क्या है।—भारतेंदु ग्र०, भा०, ३, पृ० ८०८। ७ प्रधान विषय। मुख्य बात। ८ सुदर स्त्री। युवती। (बाजारू)। ९ सभोग। स्त्रीप्रसग।

मुहा०—मामला बनाना = संभोग करना। प्रसग करना।

मामा[1]—सज्ञा पु० [अनु० मि० स० मातुल] [स्त्री० मामी] माता का भाई। मा का भाई।

मामा[2]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ माता। माँ। उ०—आदम आदि सिद्धि नहि पावा। मामा हौवा कहँ ते आवा।—कबीर (शब्द०)। २ रोटी पकानेवाली स्त्री।

यौ०—मामागीरी = दूसरो की रोटी पकाने का काम।

३ बुड्ढी स्त्री। बुढिया। ४ नौकरानी। दाई। दासी। लौंडी।

मामिला—सज्ञा पु० [अ० मुआमिला] दे० 'मामला'।

मामी—सज्ञा स्त्री० [सं० मा (= निषेधार्थक)] आरोप को ध्यान मे न लाना। अपने दोष पर ध्यान न देना।

मुहा०—मामी पीना = दोषारोपण को ध्यान मे न लाना। मुकर जाना। अपने दोष पर ध्यान न देना। उ०—(क) ऊधो हरि काहे के अतर्यामी। अजहु न आइ मिले यहि औसर अवधि बतावत लामी। कोन्ही प्रीति पुहुप सङा की अपने काज के कामी। तिनको कौन परेखा कीजै जे हैं गरुड के गामी। आई उछरि प्रीति कलई सी जैसे खाटी आमी। सूर इते पर खुनसनि मरियत ऊधो पीवत मामी।—सूर (शब्द०)। (ख) लाज कि और कहा कहि केशव जे सुनिए गुण ते सब ठाए। मामो पिए इनको मेरी माइ को हे हरि आठहू गाँठ अठाए।—केशव (शब्द०)।

मामी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मामा] मातुलानी। मामा की स्त्री।

मामी[3]—वि० [सं०] हामी। स्वीकृति। उ०—आँनदघन अघओघ बहावन सुदृस्टि जियावन वेद भरत है मामी।—घनानद, पृ० ४१८।

मामू—सज्ञा स्त्री० [अनु० मि० स० मातुल] [स्त्री० ममानी] माता का भाई। (मुसलमान)।

मामूर—वि० [अ०] आवाद। भरा हुआ। समृद्ध। उ०—हो मुक्ति से मामूर सारी जमीन।—कबीर म०, पृ० १३१।

मामूल[1]—सज्ञा पुं० [अ०] टेव। लत। उ०—इनका दीवानखाने म बैठकर खाना खाने का मामूल है।—प्रेमघन०, भा०२,, पृ० ८५। २ रीति। रिवाज। परिपाटी। ३. वह धन जो किसी को रवाज आदि के कारण मिलता हो। ४ समोहित या वशीकृत व्यक्ति। वह व्यक्ति जिसके ऊपर समोहन किया गया हो (को०)।

मामूल[2]—वि० जिसपर अमल किया जाय। अमल किया हुआ।

मामूली—वि० [अ० मामूल + ई] १ नियमित। नियत। २. सामान्य। साधारण।

मायँ—अव्य० [वि० मध्य, प्रा० मज्झ] दे० 'माहिं'।

माय†[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मातृ] १ माता। माँ। जननी। उ०—जसुमति माय लाल अपने को शुभ दिन डोल झुलायो।—सूर (शब्द०)। २ किसी बडी वा आदरणीय स्त्री के लिये सबोधन का शब्द। उ०—नव जानकी सासु पग लागो। सुनिय माय मैं परम अभागी।—तुलसी (शब्द०)।

माय[2]—सज्ञा स्त्री० [स० माया] दे० 'माया'। उ०—(क) ईश माय विलोके कै उपजाइयो मन पूत।—केशव (शब्द०)। (ख) मुनि वेष किए किधौं ब्रह्म जीव माय हैं।—तुलसी (शब्द०)।

माय[3]—अव्य० [सं० मध्य] दे० 'माहिं'। उ०—पाछे लोक पाल सब जीते सुरपति दियो उठाय। वरुण कुबेर अग्नि यम मारुत स्ववस किए क्षण माय।—सूर (शब्द०)।

माय[4]—सज्ञा पुं० [सं०] १. पीतावर। २ असुर।

माय[5]—वि० [सं०] मायावी। माया करनेवाला [को०]।

मायक[1]—वि०, सज्ञा पुं० [सं०] माया करनेवाला। मायावी। उ०—(क) सायक सम मायक नयन रँगे त्रिविध रँग गात। झरनो लखि दुरि जाति जल लखि जलजात लजात।—बिहारी (शब्द०)। (ख) हस गति नायक कि गूढ़ गुण गायक कि श्रवण सुहायक कि मायक ह मय के।—केशव (शब्द०)।

मायक†[2]—सज्ञा पुं० [स० मातृ + क] दे० 'मायका'।

मायका—सज्ञा पु० [सं० मातृ + का (प्रत्य०)] नैहर। पीहर। उ०—(क) पठई समुझाय सहेलिन या कोऊ मायके मे मिलती न कहा।—दूलह (शब्द०)। (ख) सो जा सखी भरमै मति री यह खाजा हमार ही मायक वारो।—दूलह (शब्द०)। (ग) मायके मे मन भावन को रति कीरति शभु गरा हू न गावति।—शभु (शब्द०)।

मायण—सज्ञा पुं० [सं०] वेद का भाष्य करनेवाले सायण और माधव के पिता का नाम। इन्हे मायन भी कहते थे।

मायन†[1]—सज्ञा पुं० [सं० मातृका + आनयन] १ वह दिन वा तिथि जिसमे विवाह मे मातृकापूजन और पितृनिमत्रण होता है। उ०—बनि बनि आवत नारि जानि गृह मायन हो।—तुलसी (शब्द०)। २ उपर्युक्त दिन का कृत्य। मातृकापूजन या पितृनिमत्रण आदि कार्य। उ०—अभ्युदयिक करवाय श्राद्ध विधि सब विवाह के चारा। कृत्य तेल मायन करवैहैं व्याह विधान अपारा।—रघुराज (शब्द०)।

मायनी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० मायन्] दे० 'मायाविनी'। उ०—प्रचड कोप ताडका अखड ओज मायनी। गिरी धरा धडाक दै सुरेश शाक दायनी।—रघुराज (शब्द०)।

मायनी[2]—सज्ञा स्त्री० [अ० मानी] अर्थ। मतलब। आशय।

मायल—वि० [अ० माइल, फ़ा०] १ झुका हुआ। ऋजु। प्रवृत्त।

उ०—इक तो हायल रहत हौं मायल ह्वै वा चाय। तापर घायल कै गई पायल वाल वजाय।—रामसहाय (शब्द०)। २ मिश्रित। मिला हुआ। जैसे,—सब्जी मायल सफेद रग का पत्ती देखने मे वहुत सुदर लगता है।

मायव—सज्ञा पुं० [सं०] मायु के गोत्र के लोग।

माया[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. लक्ष्मी। २ द्रव्य। धन। सपत्ति। दौलत। उ०—(क) माया त्यागे क्या भया मान तजा नहिं जाय।—कवीर (शब्द०)। (ख) वड माया को दोष यह जो कवहूँ घटि जाय। तौ रहीम मरिवो भलो दुख सहि जियै वलाय।—रहीम (शब्द०)। (ग) जो चाहै माया वहु जोरी करै अनर्थ सो लाख करोरी।—निश्चल (शब्द०)। ३ अविद्या। अज्ञानता। भ्रम। ४ छल। कपट। धोखा। चालवाजी। उ०—(क) सुर माया वस केकई कुसमय कीन्ह कुचाल।—तुलसी (शब्द०)। (ख) घरि कै कपट भेप भिक्षुक को दसकधर तहँ आयो। हरि लीन्हो छिन मे माया करि अपने रथ वैठायो।—सूर (शब्द०)। (ग) तव रावण मन मे कहै करौं एक अव काम। माया को परपच कै रचौ सु लछमन राम।—हनुमन्नाटक (शब्द०)। (घ) साहस अनृत चपलता माया।—तुलसी (शब्द०)। ५ सृष्टि की उत्पत्ति का मूल्य कारण। प्रकृति। उ०—(क) माया, ब्रह्म जीव जगदीसा। लच्छि अलच्छि रक अवनीसा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) माया माहि नित्य लै पावै। माया हरि पद माहि समावै।—सूर (शब्द०)। (ग) माया जीव काल के करम के सुभाव के करैया राम वेद कहै ऐसी मन गुनिए।—तुलसी (शब्द०)। ६ ईश्वर की वह कल्पित शक्ति जो उसकी आज्ञा से सव काम करती हुई मानी गई है। उ०—तहँ लखि माया की प्रभुताई। मणि मदिर सुच सेज सुहाई।—(शब्द०)। ७ इद्रजाल। जादू। छलमय रचना। उ०—जीति को सकै अजय रघुराई। माया ते अस रची न जाई।—तुलसी (शब्द०)। ८ इंद्रवज्रा नामक वर्णवृत्त का एक उपभेद। यह वर्णवृत्त इद्रवज्रा और उपेंद्रवज्रा के मेल से वनता है। इसके दूसरे तथा तीसरे चरण का प्रथम वर्ण लघु होता है। जैसे,—राधा रमा गौरि गिरा सु सीता। इन्है विचारे नित नित्य गीता। कटै अपारे अघ ओघ मीता। ह्वै है सदा तोर भला सुवीता। ९ एक वर्णवृत्त जिसमे क्रमश मगण तगण, यगण, सगण और एक गुरु होता है। जैसे,—लीला ही सो वासव जी मे अनुरागौ। तीनौ लैकै पालत नीके सुख पागौ। जो जो चाहो सो तुम वासो सव लीजौ। कीजै मेरी ओर कृपा सो सर भीजौ।—गुमान (शब्द०)। १० मय दानव की कन्या जो विश्रवा को व्याही थी और जिससे खर, दूषण, त्रिशिरा और सूर्पनखा पैदा हुए। उ०—माया सुत जन में करि लेखा। खर, दूषण, त्रिशिरा सुपनेखा।—विश्राम (शब्द०)। ११. देवताओ मे से किसी की कोई लीला, शक्ति, इच्छा वा प्रेरणा। अ०—(क) रामजी की माया, कही धूप कही छाया। (कहावत)। (ख) अति प्रचड रघुपति कै माया। जेहि न मोह अस को जग जाया।—तुलसी (शब्द०)। (ग) तेहि आश्रमहिं मदन जव गयऊ। निज माया वसत निरयमऊ।—तुलसी (शब्द०)। (घ) वोले विहँसि महेश हरि माया वल जानि जिय।—तुलसी (शब्द०)। १२ कोई आदरणीय स्त्री। १३ प्रज्ञा। बुद्धि। अक्ल। १४ शाठ्य। शठता (को०)। १५ दभ। गर्व (को०)। १६. दुर्गा का एक नाम। १७ बुद्धदेव (गौतम) की माता का नाम।

यौ०—**मायाकार। मायाजीवी।**

मायाⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० माता] माता। माँ। जननी। उ०—बिनवै रतनसेन की माया। माथे छात पाट नित पाया।—जायसी (शब्द०)।

मायाⓊ[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० ममता] १ किसी को अपना समझने का भाव। उ०—उमपर तुम्हे न हो, पर उसको तुमपर ममता माया है।—साकेत, पृ० ३७०। २ कृपा। दया। अनुग्रह। उ०—(क) भलेहिं आय अव माया कीजै। पहुँनाई कहँ आयसु दीजै।—जायसी (शब्द०)। (ख) साँचेहु उनके मोह न माया। उदासीन धन धाम न जाया।—तुलसी (शब्द०)। (ग) डड एक माया कर मोरे। जोगिनि होउँ चलौं सँग तोरे।—जायसी (शब्द०)।

माया[4]—सज्ञा पु० [फा० मायह्] उपकरण। सामान। २ योग्यता। काबिल होना। ३ पूँजी। धन। दौलत [को०]।

यौ०—**मायादार**=धनी। पूँजीवाला। मालदार।

मायाकार—सज्ञा पुं० [स०] जादूगर। ऐंद्रजालिक।

मायाकृत्—सज्ञा पु० [स०] दे० 'मायाकार' [को०]।

मायाकृत—वि० [स०] माया द्वारा किया हुआ। मायारचित। उ०—सुनहु तात मायाकृत गुन अरु दोष अनेक।—मानस, ७।४१।

मायाक्षेत्र—सज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण के एक तीर्थ का नाम।

मायाचार—सज्ञा पुं० [स०] मायावी [को०]।

मायाजाल—सज्ञा पुं० [सं०] सासारिक मोह, माया, घर, गृहस्थी आदि का जजाल।

मायाजीवी—सज्ञा पु० [स० मायाजीविन्] जादूगरी मे जीविका निर्वाह करनेवाला। जादूगर।

मायातत्र—सज्ञा पु० [स० मायातन्त्र] एक प्रकार का तत्र।

मायाति—सज्ञा पुं० [स०] तात्रिको की वह नरवलि जो अष्टमी या नवमी को दुर्गा के सामने दी जाती है।

मायाद—सज्ञा पुं० [सं०] कुभीर। मगर।

मायादेवी—सज्ञा स्त्री० [सं०] बुद्ध की माता का नाम।

मायाधर—सज्ञा पु० [सं०] मायावी। मायापटु।

मायापटु—संज्ञा पुं० [स०] मायावी।

मायापति—सज्ञा पुं० [स०] ईश्वर। परमेश्वर। उ०—मायापति सेवक सन माया। करइ त उलटि परइ सुरराया।—मानस, २।२१७।

मायापात्र—सज्ञा पुं० [स० माया (=धन)+पात्र] वह जिसके पास वहुत धन हो। धनवान। अमीर।

मायापाश—संज्ञा पुं० [सं०] मायाजाल । माया का फंदा ।

मायापुरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन नगरी का नाम ।

माय प्रयोग—संज्ञा पुं० [सं०] १ छल का प्रयोग । धूर्तता । २ इंद्रजाल करना । जादू का प्रयोग करना (को०) ।

मायाफल—संज्ञा पुं० [सं०] माजूफल ।

मायामय वि० [सं०] मायायुक्त । उ०—मायामय तेहि कीन्हि रसोई । बिंजन बहु गनि सकै न कोई ।—मानस, १।१७३ ।

मायामृग—संज्ञा पुं० [सं०] माया का हिरन । सीता को छलने के लिये मारीच राक्षस का स्वर्णमृग रूप । कपट मृग । उ०—मायामृग पाछे सोइ धावा ।—मानस, ३।२१ ।

मायामोह—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार विष्णु के शरीर से निकला हुआ एक कल्पित पुरुष जिसकी सृष्टि असुरों का दमन करने के लिये हुई थी ।

मायायंत्र—संज्ञा पुं० [सं० मायायन्त्र] किसी को मोहने की विद्या । सम्मोहन ।

मायायुद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] माया की लड़ाई । माया के बल अथवा छल से किया जानेवाला युद्ध (को०) ।

मायारवि—संज्ञा पुं० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं ।

मायावचन—संज्ञा पुं० [सं०] कपटपूर्ण कथन । झूठा वचन । छल से भरी बात (को०) ।

मायावत्—संज्ञा पुं० [सं०] १ मायावी । २ राक्षस । असुर । ३ वंश का एक नाम ।

मायावती—संज्ञा स्त्री० [सं०] कामदेव की स्त्री रति का एक नाम ।

मायावाद—संज्ञा पुं० [सं०] ईश्वर के अतिरिक्त सृष्टि की समस्त वस्तुओं का अनित्य और असत्य मानने का सिद्धांत जिसके अनुसार यह सारी सृष्टि केवल माया या मिथ्या समझी जाती है । उ०—मेघ मायावाद सिंह वादी अतुल धर्म वृष जयति गुणरासि वल्लभ सुअन ।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ८२७ ।

मायावादी—संज्ञा पुं० [सं० मायावादिन्] ईश्वर के सिवा प्रत्येक वस्तु को अनित्य माननेवाला । वह जो मायावाद के अनुसार सारी सृष्टि को माया या भ्रम समझता हो ।

मायावान—संज्ञा पुं० [सं० मायावत्] दे० 'मायावत्' ।

मायाविनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] छल वा कपट करनेवाली स्त्री । ठगिनी ।

मायावी[1]—संज्ञा पुं० [सं० मायाविन्] [स्त्री० मायाविनी] १ बहुत बड़ा चालाक । छलिया । धोखेबाज । फरेबी । २ एक दानव का नाम जो मय का पुत्र था और बालि से लड़ने के लिये किष्किंधा में आया था । वाल्मीकि के अनुसार यह दुंदुभी नामक दैत्य का पुत्र था । उ०—मयसुत मायावी तेहि नाऊँ । आवा सो प्रभु हमरे गाऊँ ।—तुलसी (शब्द०) । ३ परमात्मा । ४ माजूफल (को०) । ५ बिल्ली ।

मायावी[2]—वि० १ छलिया । फरेबी । २ माया या जादू करनेवाला (को०) ।

मायाबीज—संज्ञा पुं० [सं०] 'ह्रीं' नामक तांत्रिक मंत्र ।

मायासीता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार वह कल्पित सीता जिसकी सृष्टि सीताहरण के समय अग्नि के योग से हुई थी । माया द्वारा निर्मित सीता । उ०—पुनि मायासीता कर हरना । श्री रघुबीर बिरह कछु बरना ।—मानस ७।६६ ।

विशेष—कुछ पुराणों तथा रामायणों में यह कथा है कि सीताहरण के समय अग्नि ने वास्तविक सीता को हटाकर उनके स्थान पर माया से एक दूसरी सीता खड़ी कर दी थी ।

मायासुत—संज्ञा पुं० [सं०] माया देवी के पुत्र, बुद्ध ।

मायासृष्टि—संज्ञा पुं० [सं०] मायावादियों के अनुसार दृश्यमान भ्रमात्मक जगत् जो 'नाशमान' है । उ०—यह मायासृष्टि सदैव वचन में रहती है ।—कबीर म०, पृ० ३६ ।

मायास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कल्पित अस्त्र जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि इसका प्रयोग विश्वामित्र ने श्रीरामचंद्र जी को सिखाया था ।

मायिक[1] संज्ञा पुं० [सं०] माजूफल ।

मायिक[2]—वि० [सं०] १. माया से बना हुआ । जो वास्तविक न हो बनावटी । जाली । उ०—कहि जग गति मायिक मुनिनाथा । कहे कछुक परमारथ गाथा ।—तुलसी (शब्द०) । २ मायावी । माया करनेवाला ।

मायी[1]—संज्ञा पुं० [सं० मायिन्] १ माया का अधिष्ठाता, परब्रह्म । ईश्वर । २ माया करनेवाला व्यक्ति । ३ जादूगर । ४ अग्नि (को०) । ५ शिव (को०) । ६ कामदेव (को०) ।

मायी[2]—वि० दे० 'मायिक' ।

मायी[3]—संज्ञा स्त्री० [सं० मातृ प्रा० माइ] दे० 'माई' ।

मायु—संज्ञा पुं० [सं०] १ पित्त । २ शब्द । ३ वाक्य । ४ सूर्य ।

मायुक—वि० [सं०] शब्द करनेवाला ।

मायुराज—संज्ञा पुं० [सं०] कुबेर के एक पुत्र का नाम ।

मायूर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह रथ जो मयूरों से चलता हो । २ मयूर । मोर ।

मायूर[2]—वि० १ मयूर संबंधी । मोर का । २ मयूरप्रिय । मोर को प्रिय (को०) । ३ मयूरपंख का । मोर के पंख से बना हुआ (को०) ।

मायूरक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो जंगली मोरों को पकड़ता हो ।

मायूरा संज्ञा स्त्री० [सं०] कठूमर ।

मायूरिक—संज्ञा पुं० [सं०] मायूरक । मोर पकड़नेवाला (को०) ।

मायूरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] अजमोदा ।

मायूस—वि० [फा०] निराश । नाउम्मेद । उ०—मायूस नजर से कब किसने दुनिया की सच्चाई देखी ।—मिलन०, पृ० ६६ ।

मायूसी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० मायूस + ई (प्रत्य०)] निराशा । नाउम्मेदी ।

मायोभव—संज्ञा पुं० [सं०] १ शुभ । अच्छा । २ सौभाग्य ।

मार[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव । उ०—(क) क्रीडत गिलोल जब लाल कर तब मार जानि चापक सुमन ।—पृ० रा०, १।७२७ । (ख) ऐसौ और न जानिबी जग अनीति कर नार । जामैं उपज्यौ सरन मौ ताकौ वेधत मार ।—स० सप्तक, पृ० ३६५ । २ विघ्न । ३ विष । जहर । ४ धतूरा । ५. मारण । मार डालना । वध (को०) । ६ मृत्यु । मौत । मरण (को०) ।

मार[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मारना] १ मारने की क्रिया या भाव । २ आघात । चोट । ३ जिस वस्तु पर मार पडे । निशाना । ४ मार पीट । ५ कष्ट । पीडा । क्लेश । ६ युद्ध । लडाई ।

यौ०—**मारकाट** । **मारधाड = मारपीट** । **मारपछाड** = लडाई झगडा या मार पेच । **मारपेच** ।

मार[3] अव्य० [हिं० मारना] १ अत्यत । बहुत । उ०—(क) सुनत द्वारावती मार उतसौ भयो ।—सूर (शब्द०) । (ख) सोने की अटारी चित्रसारी मार जारी जैसे घास की अटारी जर गई फिरे बाँस ते ।—राम (शब्द०) ।

मार[4]—सज्ञा स्त्री० [हिं० माला] माल । उ०—अमल कपोलै आरसी बाहू चपक मार ।—केशव (शब्द०) ।

मार सज्ञा स्त्री० [देश०] काला मिट्टी की जमीन । करैल मिट्टी की भूमि । मरवा भूमि ।

मार—सज्ञा पुं० [फा०] सर्प । साँप । उ०—कँई मार हुआ है कँई नेवल कई प्यासा भूका कँई जल ।—दक्खिनी पृ० ३२४ ।

मार्कंड—सज्ञा पु० [स० मार्कण्ड] दे० 'मारकडेय' [को०] ।

मारकडेय—सज्ञा पु० [स० मार्कण्डेय] पुराणानुसार एक ऋषि का नाम । मार्कडेय ।

विशेष—ये अष्ट चिरजीवियो मे से एक माने जाते हैं इनके पिता का नाम मृकड था । इनके विषय मे यह प्रसिद्ध है कि ये सदा जीवित रहते हैं और रहेगे ।

मुहा०—**मारकडेय की आयु होना** = दीर्घजीवी होना । चिरायु होना । (आशीर्वाद) ।

मारक[1]—वि० [स०] १ मार डालनेवाला । मृत्युकारक । संहारक । उ०—(क) लै उतारि यातैं नृपति भलो चढायो बान । निरदोषिन मारक नही यह तारक दुखियान ।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०) । (ख) सुकवि मिलन की आस एक अवलब उबारक । नहिं तो कैसे बचती माख्यौ मार सुमारक ।—व्यास (शब्द०) । २. किसी के प्रभाव आदि को नष्ट करनेवाला । घात पर प्रतिघात करनेवाला । जैसे,—यह औषध अनेक प्रकार के विषो का मारक है ।

मारक[2]—सज्ञा पुं० १ वध करनेवाला । जल्लाद । २. कामदेव का एक नाम । ३ श्येन पक्षी । बाज । ४ महामारी ५ प्रलयकालीन प्राणिनाश । ६ सिंदूर [को०] ।

यौ०—**मारकस्थान** = कुडली मे वे स्थान जिनमें क्रूर ग्रहो की स्थिति से कष्ट एव मृत्यु होती है ।

मारका[1]—सज्ञा पुं० [अ० मार्क] १ चिह्न । निशान । २. किसी प्रकार का चिह्न जिससे कोई विशेषता सूचित हो ।

मारका[2]—सज्ञा पुं० [अ०] १ युद्ध । लडाई । २ युद्धस्थल । लडाई का मैदान (को०) । ३ लड़ाई झगडा । हगामा (को०) । ४ बहुत बडी या महत्वपूर्ण घटना ।

महा०—**मारके की बात या काम** = कोई महत्वपूर्ण या बडी बात या काम । मारका जीतना या सर करना = मैदान फतह करना । महत्व का काम अपने अनुकूल कर लेना ।

मारकाट—सज्ञा स्त्री० [हिं० मारना + काटना] १ युद्ध । लडाई । जग । २. मारने काटने का काम । ३. मारने काटने का भाव ।

मारकायिक—सज्ञा पुं० [स०] बौद्धो के अनुसार मार के अनुचर ।

मारकीन—सज्ञा स्त्री० [अ० मैनकिन्] एक प्रकार का मोटा कोरा कपडा जो प्राय गरीबो को पहनने के काम मे आता है । उ०—मारकीन मलमल बिना चलत कछू नहिं काम । परदेसी जुलहान कै मानहु भए गुलाम ।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ७३५ ।

मारकेश—सज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार जन्म कुडली मे पडनेवाले कुछ विशिष्ट ग्रहो का योग जिसके परिणामस्वरूप उस व्यक्ति को मृत्यु हो जाती है अथवा वह मरणासन्न हो जाता है ।

मारखोर—सज्ञा पु० [फा० **मारखोर**] एक प्रकार की बकरी वा भेड जो काश्मीर और अफगानिस्तान मे होती है ।

विशेष—यह प्राय. दो तीन हाथ ऊँची होती है और ऋतु के अनुसार रग बदलती है । इसके सींग जड मे प्राय सटे रहते हैं और इसकी दाढी बहुत लंबी और घनी होती है ।

मारग—सज्ञा पुं० [सं० मार्ग] राह । रास्ता । मार्ग । उ०—(क) मारग हुत जो अँधेर असूझा । भा उजेर सब जाना बूझा ।—जायसी (शब्द०) । (ख) मारग चलहिं पयादेहि पाएँ । कोतल सग जाहिं डोरियाएँ ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) सबहिं भाँति पिय सेवा करिहौं । मारग जनित सकल श्रम हरिहौं ।—तुलसी (शब्द०) ।

मुहा०—**मारगचीन्हना** = मार्ग पहचानना । उद्देश्यसिद्धि के लिये रास्ता जान लेना । उ०—दीपक लेसि जगत कहँ दीन्हा । भा निरमल जग मारग चीन्हा ।—जायसी (शब्द०) । **मारग मारना** = रास्ते मे पथिक को लूट लेना । उ०—मारग मारि महीसुर मारि कुमारग कोटिक कै धन लीयो ।—तुलसी (शब्द०) । **मारग लगना** = रास्ते लगना । रास्ता लेना । चला जाना । उ०—(क) जोगी होहु तो जुक्ति सो माँगहु । भुगुति लेहु लै मारग लागहु ।—जायसी (शब्द०) । (ख) यह सुनि मुनि मारग लगे सुख पायो नरदेव ।—केशव (शब्द०) । **मारग लेना** = दे० 'मारग लगना' ।

मारगन—सज्ञा पुं० [स० मार्गण] १ बाण । तीर । उ०—तानेउ चाँप स्रवन लगि छाँडे बिसिख कराल । राम मारगन

गन चले लहलहात जनु व्याल।—तुलसी (शब्द०)। २ भिक्षुक। याचक। भिखमगा।

मारगीर—संज्ञा पुं० [फा०] मदारी। सँपेरा [को०]।

मारजन—संज्ञा पुं० [सं० मार्जन] दे० 'मार्जन'।

मारजनी—संज्ञा स्त्री० [सं० मार्जनी] दे० 'मार्जनी'।

मारजार—संज्ञा पुं० [सं० मार्जार] दे० 'मार्जार'।

मारजित—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जिसने कामदेव को जीत लिया हो। २ शिव [को०]। ३ बुद्ध।

मारण—संज्ञा पुं० [सं०] १ मार डालना। प्राण लेना। हत्या करना। २ एक कल्पित तांत्रिक प्रयोग जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि जिस मनुष्य के मारने के लिये यह प्रयोग किया जाता है, वह मर जाता है। उ०—(क) मारण मोहन वसिकरण उच्चाटन अरु थभ। आकर्षण बहु भाँति के पढै सदा करि दभ।—रघुनाथदास (शब्द०)। (ख) सीखौ सबै मिलि धातु कर्मनि द्रव्य बाढत जाइ। आकर्षणादि उचाट मारण वशीकरण उपाइ।—केशव (शब्द०)।

मारतडण्ड—संज्ञा पुं० [सं० मार्तण्ड] दे० 'मार्तंड'। उ०—मारतंड परचड महँ फरकत जुग भुजदड। रघुनदन दसकध लखि टकोरयो कोदड।—सं० सप्तक, पृ० ३६७।

मारतडमडल—संज्ञा पुं० [सं० मार्तण्डमण्डल] दे० 'मार्तंडमडल'।

मारतडसुत—संज्ञा पुं० [सं० मार्तण्डसुत] दे० 'मार्तंडसुत'।

मारतौल—संज्ञा पुं० [पुर्त० मार्टेलो] एक प्रकार का बडा हथौडा। उ०—जब मैं परेग को मारतौल से मारता हूँ।—वेलेन्टाइन (शब्द०)।

मारनण्ड—संज्ञा पुं० [सं० मारण] १ मार डालना। उ०—घाय सुवा लै मारन गई। समुझि ज्ञान हिये महँ भई।—जायसी (शब्द०)। २ दे० 'मरण'। उ०—सतगुरु शब्द सहाई। मारन मोहन उचाटन वसिकरन मनहिं माहिं पाछिताई।—कबीर श०, भा० २, पृ० २८।

मारना—क्रि० स० [सं० मारण] १ वध करना। हनन करना। घात करना। प्राण लेना। उ०—(क) जिन वेधत मुख लक्ष लक्ष नृप कुँवर कुँवरमनि। तिन वानन वाराह वाघ मारत नहिं मिहनि।—केशव (शब्द०)। (ख) सुआ सो राजा कर बिसरामी। मारि न जाय चहै जेहि स्वामी।—जायसी (शब्द०)। २ दड देने के लिये किसी को किसी वस्तु से पीटना या आघात पहुँचाना। जैसे, लात, थप्पड, मुक्का, लाठी, जूता, तलवार आदि मारना। उ०—(क) एक ठौर देखत भयो वृषभ एक एक गाय। भय वस भागे जात दोउ एक नर मारत जाय।—विश्राम (शब्द०)। (ख) जो न मुदित मन आज्ञा देही। लाग्यो मारन तुरतै तेही।—विश्राम (शब्द०)। ३ जरब लगाना। ठोकना। उ०—जब मैं परेग को मारतौल से मारता हूँ, तो यह परेग इस लकडी मे घुस जाती है।—वेलेन्टाइन (शब्द०)। ४ दुःख देना। सताना। जैसे,—मुझे तुम्हारी चिंता मार रही है। उ०—देखो राम दुखित महतारी। जनु सुवेलि अवली हिम मारी।—तुलसी (शब्द०)। ५ कुश्ती या मल्लयुद्ध मे विपक्षी को पछाड देना। जैसे,—इस पहलवान को मेरे पहलवान ने दो बार मारा है। ६ वध कर देना। जैसे, किवाड़ा मारना। ७ शस्त्र आदि चलाना। फेंकना। जैसे,—उसने कई तीर मारे। उ०—पारथ बाण चहूँ दिशि मारैं। यूथ यूथ छत्री सहारैं।—सबल सिंह (शब्द०)।

मुहा०—गोली मारना = (१) किसी को बंदूक की गोली से मार देना। किसी पर बदूक चलाना या छोडना। (२) जाने देना। त्याग देना। ध्यान न देना। तुच्छ वा अनावश्यक समझना। जैसे,—मारो गोली इस बात में धरा ही क्या है। बंदूक मारना = किसी पर बदूक की गोली छोडना। बदूक दागना। फैर करना। उ०—दुश्मनो ने भी हर तरफ से वहाँ आकर मुकाबिले के वास्ते दीवारें और बुरजें बनाईं जिनमे बदूको के मारने के वास्ते जगह रखी।—देवीप्रसाद (शब्द०)।

८ किसी शारीरिक आवेग या मनोविकार आदि को रोकना। ९ नष्ट कर देना। अत कर देना। न रहने देना। जैसे,—(क) पाले ने फसल मार दी। (ख) तुमने उनका रोजगार मार दिया। (ग) उसने बार बार उपवास करके अपनी भूख मार ली है। (घ) भूख मारने से अरुचि, तंद्रा, दाह और बल का नाश होता है। (ङ) उसने बहुतेरे घर मारे हैं। १० शिकार करना। अहेर करना। आखेट करना। जैसे, मछली मारना, हिरन मारना। ११ किसी वस्तु को इस प्रकार फेंकना कि वह किसी दूसरी वस्तु से जोर से टकरा जाय। उ०—उसने ढोंके को ऊँचा करके जोर से उस खभे पर मारा जिससे खभा हिल उठा। देवकीनदन (शब्द०)।

मुहा०—दे मारना = (१) पटकना। (२) पछाडना। वह मारा = बस अब कार्य सिद्ध हो गया। विजय प्राप्त हुई। जो चाहते थे सो हो गया। उ०—यह आपकी मेहरबानी है, मैं किस काबिल हूँ। (मन मे) वह मारा, अब कहाँ जाती है। आज का शिकार तो बहुत हो नफीस है।—राधाकृष्ण दास (शब्द०)।

१२ गुप्त रखना। छिपाना। दबाना। उ०—(क) रिस उर मारि रंक जिमि राजा। विपिन बसै तापस के साजा। तुलसी (शब्द०)। (ख) खोज मारि रथ हाँकहु ताता। अान उपाय बनहिं नहि बाता।—तुलसी (शब्द०)। १३ चलाना। सचालित करना।

मुहा०—गाल मारना = पीटना। बढ बढकर बातें करना। उ०—(क) मूढ मृषा जनि मारेसि गाला। राम बैर होइहि अस हाला।—तुलसी (शब्द०)। (ख) काहू को सर सूधो न परै मारत गाल गली गली हाट।—हरिदास (शब्द०)। (ग) मारत गाल कहा इतनो मन मोहन जू अपने मन ऊटे।—रघुनाथ (शब्द०)। कुछ पढ़कर मारना = मत्र से फूँककर कोई चीज किसी पर फेंकना। जैसे, मूँग मारना। साप पर सरसों मारना। जादू मारना = किसी पर जादू का प्रयोग करना। किसी पर मत्र या तत्र करना। डींग मारना = शेखी बघारना। बडी

बड़ी बातें करना जिनका होना असंभव हो। उ०—वाह ऐसा ही था तो चूड़ी पहिर लेते, जवाँमर्दी की डींग क्यो मारते हैं।—देवकीनदन (शब्द०)। **मंत्र मारना**=जादू करना। मंत्र पढ़कर फूँकना। उ०—गट्ठी को एक दिवाल पर फेंक देना और ऐसा मंत्र मारना कि पाहचाना हुआ ही ताश उसमे चिपक जाय, बाकी सब गिर पड़ें।—रामकृष्ण (शब्द०)। १४ धातु आदि को जलाकर उसका भस्म तैयार करना। जैसे, पारा मारना, सोना मारना। १५ अनुचित रूप से, बिना परिश्रम के अथवा बहुत अधिक प्राप्त करना। (इस अर्थ मे इसका प्रयोग प्राय माल या रकम आदि शब्दो के ही साथ होता है।) जसे, माल मारना, किसी का हक मारना। १६ करना। लगाना। जैस, गोता मारना, चक्कर मारना। १७ विजय प्राप्त करना। जीतना। जैस, मैदान मारना। १८. ताश या शतरज आदि खेलो म विपक्षी के पत्ते या गोट आदि को जीतना। १९ जो कुछ देना वाजिब हो, वह न देना। अनुचित रूप से रख लेना। जैसे,—हमारे १००) उसने मार लिए। २० बल या प्रभाव कम करना। मारक होना। जैसे,—जहर को जहर मारता है। २१ किसी योग्य न रहने देना। निर्जीव सा कर देना। जैस,—इन्हे तो फजूलखर्ची ने मारा है। २२ डसना। काटना। डक मारना। जैस, बिच्छी मारना। २३ लगाना। देना। जैसे, टाका मारना। २४. गुदाभजन करना। पुरुष का पुरुष के साथ सभोग करना। २५ सभोग करना। स्त्रीप्रसग करना।

विशेष—(क) यह शब्द भिन्न भिन्न सज्ञाओ तथा कुछ विशिष्ट क्रियाओ के साथ मुहावरे के रूप म अनेक प्रकार के अर्थ देता है। जैसे, दम मारना, लकीर मारना, कोर मारना, धार मारना, पीस मारना, सत्ता मारना, आदि। (ख) इसके साथ प्राय 'डालना' और 'देना' आदि सयोज्य क्रियाएँ आती हैं।

मारपीट—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मारना**+**पीटना**] मारने और पीटने की क्रिया। ऐसा लड़ाई जिसमे आघात किया जाय।

मारपेच—सज्ञा पु० [हिं० **मारना**+**पेच**] वह युक्ति जो किसी को धोखे मे रखकर उसकी हानि करके या उसे नीचा दिखाने के लिये की जाय। धूर्तता। चालबाजी।

मारफत[1]—अव्य० [अ० **मारफत**] द्वारा। वसीले से। जरिए से। उ०—(क) सुध मागध मारफत यह काज अम विनु आसु।—गोपाल (शब्द०)। (ख) नपाल म एक अगरेजी दूत रहता है। उसे रजीडेंट कहते है। उसी की मारफत नेपाल राज्य और हिंदुस्तान की गवर्नमेंट से आवश्यकतानुसार लिखा पढ़ी होती है।—द्विवेदी (शब्द०)।

मारफत[2]—सज्ञा स्त्री० आध्यात्मिक बुद्धि या ज्ञान अथवा आध्यात्मिक रचना। ईश्वरीय ज्ञान।—दादू०, पृ० ११०।

मारव—सज्ञा पुं० [स०] १ मरु देवता। २. मरुभूमि। जागल प्रदेश (को०)। ३. राजतरगिणी के अनुसार एक प्राचीन देश। उ०—मरु मारव माहदेव जवासा।—मानस, १।६।

मारवा—सज्ञा पुं० [देश०] १. एक सकर राग जो परज, विभास और गौरी को मिलाकर बनाया जाता है। कुछ लोग इसे भ्रम से श्री राग का पुत्र मानते है। २ एक प्रकार का खयाल जो तिलवाडा ताल पर बजाया जाता है।

मारवाड—सज्ञा पुं० [हिं० **मेवाड**] १ मेवाड राज्य। दे० 'मेवाड'। २ राजपूताने का एक प्रात जहाँ अब बीकानेर और जोधपुर के राज्य हैं। मेवाड के आस पास का प्रात।

मारवाड़ी[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **मारवाड़**+**ई**] [स्त्री० **मारवाड़िन**] १ मारवाड देश का निवासी। २. मारवाड देश की भाषा।

मारवाड़ी[2]—वि० [हिं० **मारवाड**] मारवाड देश का। मारवाड देश सबधी।

मारवीज—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का मत्र।

मारा(यु)—वि० [हिं० **मारना**] जो मार डाला गया हो। मारा हुआ। निहत। उ०—परखेसु मोहि एक पखवारा। नहिं आवहुँ तो जानेसु मारा।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—मारा फिरना, मारा मारा फिरना=व्यर्थ घूमना फिरना। बुरी दशा मे इधर उधर घूमना। उ०—दुख हिम हवा की छोड़ मियाँ मत देश विदेश फिरे मारा।—नजीर (शब्द०)।

मारात्मक—वि० [सं०] १. हिंसक। २ दुष्ट। ३. प्राणनाशक। सांघातिक। उ०—वह भारत मे मजहब के मारात्मक नशे की व्यापकता हो समझता था।—पिंजरे०, पृ० १५३।

मारारि—सज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध देव।

मारामार[1]—क्रि० वि० [हिं० **मारना**] अत्यत शीघ्रता से। बहुत जल्दी। उ०—मैं अयोध्या के राजा का सारथी हूँ। दमयती का स्वयवर आज ही सुनके मारामार घोडा को यहा लाया हूँ।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

मारामार[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'मारपीट'।

मारि[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. मार डालना। वध करना। २ एक व्याधि। मरी (रोग)।

मारि[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मार**] १ लड़ाई। युद्ध। २ मारपीट।

मारिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मरी (रोग)। महामारी [को०]।

मारिच(यु)[1]—स्त्री० पुं० [सं० **मारीच**] दे० 'मारीच'।

मारिच[2]—सज्ञा पुं० [अ० **मार्च**] दे० 'मार्च'।

मारिच[3]—वि० [स०] [वि० स्त्री० **मारिची**] काली मिर्च मिश्रित। काली मिर्च द्वारा निर्मित [को०]।

मारिचिक—वि० [स०] जिसमे मिर्च मिला हो। मिर्च का। मिर्च-युक्त [को०]।

मारित(यु)—वि० [सं०] १ जो मार डाला गया हो। निहत। २ जो भस्म कर दिया गया हो। (वैद्यक)।

मारिष—सज्ञा पुं० [स०] १ नाटक का सूत्रधार। २ नाटक मे किसी मान्य या प्रतिष्ठित व्यक्ति के लिये सबोधन। ३ भरसा नामक साग।

मारिषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दक्ष की माता का नाम।

मारी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मारना**] कोई ऐसा संक्रामक रोग जिसके कारण बहुत से लोग एक साथ मरें। मरी। जैसे, हैजा, प्लेग, चेचक इत्यादि। दे० 'मरी'। उ०—ईति भीति ग्रह प्रेत चौरानल व्याधि बाधा सम्न घोर मारी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सब जदपि अमारी घर तदपि मारी सम परदल धँसत।—गोपाल (शब्द०)।

मारी[2]—सज्ञा पुं० [स० **मारिन्**] हत्या करनेवाला। घातक।

मारी[3]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ चडी। २ माहेश्वरी शक्ति। ३ मरी। (रोग)।

मारीच[1]—सज्ञा पु० [स०] १ रामायण के अनुसार वह राक्षस जिसने सोने का हिरन बनकर रामचद्र को धोखा दिया था। २ मिर्च के पौधे। मिर्च की झाडी (को०)। ३ बडा हाथी। विशाल गज (को०)। ४ ककोल (को०)।

मारीच[2]—वि० मरीचि सबंधी। मरीचि ऋषि निर्मित (को०)।

मारीचपत्रक—सज्ञा पुं० [सं०] सरल वृक्ष।

मारीचवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] मिर्च का पेड।

मारीची[1]—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार के देवता।

मारीची[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ शाक्य मुनि की माता। माया देवी। २ बुद्ध की देवियाँ। ३ एक अप्सरा का नाम (को०)।

मारीच्य—सज्ञा पुं० [सं०] अग्निश्वाता।

मारीष—सज्ञा पु० [स०] मरसा साग।

मारुग—सज्ञा पु० [स० **मारुङ्ग**] कोमलता। मृदुता। मार्दव (को०)।

मारुड—सज्ञा पु० [स० **मारुण्ड**] १ साँप का अडा। २ गोमय। गोबर (को०)। ३ गोबर से भरा हुआ रास्ता (को०)। ४ रास्ता। मार्ग। पथ (को०)।

मारुⓈ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मार'।

मारुअ‡—सज्ञा पुं० [सं०] मरु देश। मारु नाम का देश। मरू वग देश। उ०—कालि कहल पिआए साझे हिर जाएब मोये मारुअ देस।—विद्यापति, पृ० ११७।

मारुका—सज्ञा स्त्री० [स० **मारी**] तात्रिको की एक देवी। मरी। चडी मारी।

मारुत—सज्ञा पु० [सं०] १ वायु। पवन। हवा। २ वायु का अधिपति देवता।

यौ०—**मारुतनदन=मारुतसुत। वायुपुत्र। मारुततनय**=हनुमान। ३ विष्णु (को०)। ४ हस्ति शुड (को०)। ५ स्वाती नक्षत्र (को०)।

मारुतसुत—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान। उ०—मारुतसुत में कपि हनुमाना।—मानस, ७।५। २. भीम।

मारुतात्मज—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मारुतसुत'।

मारुतापह—सज्ञा पुं० [स०] वरुण वृक्ष।

मारुतायन—सज्ञा पुं० [सं०] गवाक्ष। वातायन। खिडकी (को०)।

मारुताशन—सज्ञा पुं० [स०] १ कार्तिकेय। २ साँप। सर्प।

मारुति—सज्ञा पुं० [स०] १ हनुमान। २ भीम।

मारुती—सज्ञा स्त्री० [सं०] पश्चिमोत्तर दिशा। वायव्य दिशा (को०)।

मारुदेव—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन पर्वत का नाम।

मारुध—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन देश का नाम।

मारू[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **मारना**] १. राग जो युद्ध के समय बजाया और गाया जाता है। उ०—(क) भेरि नफीरि बाज सहनाई। मारू राग सुभट सुखदाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सैयद समर्थ भूप अली अकबर दल चलत बजाय मारू दुदुभी धुकान की।—गुमान (शब्द०)। (ग) मारवणी भगताविया मारू राग निपाइ। दूहा सदेशा तणाँ दीया तियाँ सिखाइ।—ढोला०, दू० १०६। (घ) रण की टकार गाजे दुंदुभी मे मारू बाजे तेरे जीय ऐसो रुद्र मेरी ओर लरैगो।—हनुमान (शब्द०)। २ बहुत बडा डका या नगाडा। जगी घौंसा। उ०—उस काल मारू जो बजाता था, सो तो मेघ सा गाजता था।—लल्लू (शब्द०)।

विशेष—इसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं। यह श्री राग का पुत्र माना जाता है। इसे 'माँड' और 'मांण' भी कहते हैं। वीर रस का व्यजक यह राग शृगार रस का भी प्रवाही है। मारवाड मे यह राग विशेष लोकप्रिय है।

मारू[2]—सज्ञा पुं० [सं० **मरुभूमि**] १ मरुदेश के निवासी। मारवाड के रहनेवाले। उ०—प्यासे दुपहर जेठ के थके सबै जल सोधि। मरु धर पाय मतीरहू मारू कहत पयोधि।—बिहारी (शब्द०) २ मरु देश। मारवाड। उ०—(क) मारू देस उपन्नियाँ सर ज्यउँ पघरियाह।—ढोला०, दू० ६६७। (ख) मारू काँमिणि दिखणी धर हरि दीयइ तउ होइ।—ढोला०, दू० ६६८।

मारू[3]—वि० [हिं० **मारना**] १ मारनेवाला। २ हृदयवेधक। कटीला। उ०—काजल लगे हुए मारू नयनो के कटाक्ष अपने सामने तरुणियो को क्या समझते थे।—गदाधरसिंह (शब्द०)।

मारू[4]—सज्ञा पुं० [देश०] १ एक प्रकार का शाहबलूत।

विशेष—यह शिमले और नैनीताल मे अधिकता से पाया जाता है। इसकी लकडी केवल जलाने और कोयला बनाने के काम मे आती है। इसके पत्ते और गोद चमडा रँगने मे काम आते है। २ काकरेजी रग।

मारूजा—सज्ञा पु० [अ० **मारूजह**] १. प्रार्थना। निवेदन। २ प्रार्थनापत्र। अर्जी (को०)।

मारूत[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मारना** ?] घोडो के पिछले पैरो की एक भौंरी जो मनहूस समझी जाती है।

मारूत[2]—सज्ञा पु० [सं० **मारुति**] हनुमान (डिं०)।

मारूफ—वि० [अ० **मारूफ**] १. प्रसिद्ध। विश्रुत। ख्यात। उ०—जो कि एक मशहूर और मारूफ खानदानी है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ६०। २ जिसका कर्ता मालूम हो (क्रिया)।

मारे—अव्य० [हिं० **मरना**] वजह से। कारण से। उ०—(क) नैन गए फिर, फेन वहै मुख, चैन रह्यो नहिं मैन के मारे। पद्माकर (शब्द०)। (ख) परतु आश्रम को छोडते हुए दु ख के मारे पाँव आगे नही पडते।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)। (ग) मेरे नाम से चूल्हे की राख भी रखी रहे, तौ भी लोगो के मारे बचने नहीं पाती।—दुर्गाप्रसाद मिश्र (शब्द०)। (घ) कुँवर कह्यो वे वृद्ध विचारे। छाँड़िन धर्म प्यास के मारे।—रघुनाथ-

दाम (शब्द०)। (ङ) तिस समय एक बडी आँधी चली कि जिसके मारे पृथ्वी डोलने लगी।—लल्लूलाल (शब्द०)।

मार्कंड—संज्ञा पुं० [सं० **मार्कण्ड**] दे० 'मार्कंडेय'।

मार्कंडिका—संज्ञा स्त्री० [सं० **मार्कण्डिका**] परवल के आकार का एक छोटा फल जिसकी तरकारी बनती है। ककोडा। विशेष दे० 'खेकसा'।

मार्कंडेय—संज्ञा पुं० [सं० **मार्कण्डेय**] मृकंड ऋषि के पुत्र जिनके विषय मे यह प्रसिद्ध है कि वे अपने तपोबल से सदा जीवित रहते हैं और रहेंगे।

मार्कंडेय पुराण—संज्ञा पुं० [सं० **मार्कण्डेय पुराण**] अठारह मुख्य पुराणो मे से एक।

विशेष—इसमे नव सहस्र श्लोक है। जैमिनी ऋषि के समक्ष शकुनि को संबोधित कर मार्कंडेय ऋषि ने इसे कहा है। इस प्रकार यह पक्षी और मार्कंडेय ऋषि के संवाद रूप मे है। प्रसिद्ध दुर्गा सप्तशती इसी का एक अंश है।

मार्क[1]—संज्ञा पुं० [अं०] १ दे० 'मार्का'। २. जर्मनी मे चलनेवाला चाँदी का एक सिक्का।

विशेष—यह प्राय एक शिलिंग या बारह आने मूल्य के बराबर होता है।

मार्क[2]—संज्ञा पुं० [सं०] भृंगराज। भँगरैया।

मार्कट—वि० [सं०] मर्कट संबंधी। वानरी।

यौ०—**मार्कट पिपीलिका**=छोटा और काला एक प्रकार की चिउँटा।

मार्कर, मार्कव—संज्ञा पुं० [सं०] भृंगराज। भँगरैया।

मार्का—संज्ञा पुं० [अं०] कोई अंक वा चिह्न जो किसी विशेष बात का सूचक हो। चिह्न। संकेत। छाप।

मार्केट—संज्ञा पुं० [अं०] बाजार। हाट।

मार्क्विस—संज्ञा पुं० [अं०] [स्त्री० **मार्शोनेस**] इंगलैंड के सामंतो और बडे बडे भूम्यधिकारियो को वंशपरंपरा के लिये दी जानेवाली एक प्रतिष्ठासूचक उपाधि जिसका दर्जा ड्यूक के बाद है। विशेष दे० 'ड्यूक'।

मार्ग[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ रास्ता। पथ। २ गुदा। ३. कस्तूरी। ४ अगहन का महीना। उ०—हिम ऋतु मार्ग मास सुखमूला। ग्रह तिथि नखत योग अनुकूला।—रघुनाथदास (शब्द०)। ५ मृगशिरा नक्षत्र। ६ विष्णु। ७ लाल अपामार्ग।

मार्ग[2]—वि० [सं०] मृग संबंधी।

मार्गक—संज्ञा स्त्री० [सं०] अगहन का महीना।

मार्गण—संज्ञा पुं० [सं०] १. अन्वेषण। ढूँढना। २ प्रेम। ३ याचक। भिखमगा। ४ याचना। निवेदन (को०)। ५. बाण। तीर (को०)। ६. एक संख्या। पाँच की संख्या (को०)।

मार्गणक—संज्ञा पुं० [सं०] १ याचक। भिक्षुक। २ निवेदक। निवेदन करनेवाला (को०)।

मार्गतोरण—संज्ञा पुं० [सं०] स्वागत, अभिनंदन आदि के निमित्त मार्ग मे बनाया हुआ तोरण।

मार्गद—संज्ञा पुं० [सं०] केवट।

मार्गदर्शक—वि० पुं० [सं०] [वि० स्त्री० **मार्गदर्शिका**] पथ-प्रदर्शक। रास्ता दिखानेवाला।

मार्गद्रंग—संज्ञा पुं० [सं० **मार्गद्रङ्ग**] रास्ते पर बसा हुआ ग्राम, शहर, कसबा आदि।

मार्गधेनु—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक योजन का परिमाण। चार कोस।

मार्गधेनुक—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मार्गधेनु'।

मार्गन(५)—संज्ञा पुं० [सं० **मार्गण**] बाण। तीर।

मार्गनिरोधक—संज्ञा पुं० [सं०] चलते रास्ते को खराब करना या रोकना।

विशेष—कौटिल्य के समय म इसके लिये भिन्न भिन्न दंड नियत थे।

मार्गप—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मार्गपति'।

मार्गपति—संज्ञा पुं० [सं०] राज्य का वह कर्मचारी जो मार्गो का निरीक्षण करता हो।

मार्गपरिणायक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मार्गदर्शक' (को०)।

मार्गपाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] राह का रक्षक स्तंभ जिसकी स्थापना और पूजा एक देवी के रूप मे की जाती थी (को०)।

मार्गप्रवर्तक—संज्ञा पुं० [सं०] नया मार्ग या पथ चलानेवाला। धर्म या आचार का नया ढंग सिखानेवाला। उ०—गोरक्ष सिद्धांत संग्रह मे मार्गप्रवर्तको के ये नाम गिनाए गए हैं।—इतिहास, पृ० १५।

मार्गबंध—संज्ञा पुं० [सं०] रास्ता रोकने के लिये निर्मित प्राचीर या पत्थर, बल्ले आदि का अवरोध।

मार्गरक्षक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मार्गपति' (को०)

मार्गव—संज्ञा पुं० [सं०] एक संकर जाति जिसकी उत्पत्ति निषाद पिता और आयोगवी माता से मानी जाती है।

मार्गवटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मार्गवती' (को०)।

मार्गवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह देवी जो मार्ग चलनेवालो की रक्षा करनेवाली मानी जाती है।

मार्गवेद—संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक ऋषिकुमार का नाम।

मार्गशिर—संज्ञा पुं० [सं०] अगहन का महीना। मार्गशीर्ष।

मार्गशिरस्—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मार्गशीर्ष'।

मार्गशीर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] अगहन का महीना।

मार्गशोधक—संज्ञा पुं० [पुं०] १ काटविक। २ रास्ता खोजने या समझानेवाला। प्रगणी (को०)।

मार्गसंस्करण—संज्ञा पुं० [सं०] राह का संस्कार। रास्ते की सफाई।

विशेष—शुक्रनीति के अनुसार रास्ते का संस्कार या सफाई प्रतिदिन होनी चाहिए।

मार्गस्थ—वि० [सं०] रास्ता चलता हुआ (को०)।

मार्गहर्म्य—संज्ञा पुं० [सं०] राजमार्ग पर बना हुआ प्रासाद।

मार्गिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पथिक। यात्री। २ मृगो को मारनेवाला, व्याध।

मार्गित—वि० [सं०] खोजा हुआ। अन्वेषित [को०]।

मार्गी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] संगीत में एक मूर्छना जिसका स्वरग्राम इस प्रकार है,—नि, स, रे, ग, म, प, ध। म, प, ध, नि, म, रे, ग, म, प, ध, नि स।

मार्गी[2]—संज्ञा पुं० [सं० मार्गिन] १ मार्ग पर चलनेवाला व्यक्ति। रास्ता चलनेवाला। बटोही। २ पथप्रदर्शक। अगुआ।

मार्गीयव—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का सामगान।

मार्ग्य—वि० [सं०] १ मार्जनीय। मार्जन के योग्य। २ अन्वेषण योग्य। अन्वेषणीय [को०]।

मार्च—संज्ञा पु० [अं०] १ अँगरेजी तीसरा मास जो प्राय फागुन मे पडता है। फरवरी के बाद और अप्रैल के पहले पडनेवाला अँगरेजी महीना। २ गमन। गति। ३ सेना का कूच। सेना का प्रस्थान।

मार्ज—संज्ञा पु० [सं०] १ मार्जन। २ विष्णु। ३ धोबी।

मार्जक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मार्जिका] मार्जन या सफाई करनेवाला [को०]।

मार्जन—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ साफ करने का भाव। निर्मल करना। स्वच्छ करना। २ मत्रो द्वारा शरीर पर जल छिडकना जो कुशा द्वारा किया जाता है। उ०—फिर इस जल से मैं मार्जन करूगा।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २७१। २ सफाई। ३ लोध का वृक्ष। ४ लोध। श्वेत और रक्त लोध्र। ५ आतुरो के लिये विहित एक प्रकार का स्नान जिसमें शिर नही भिगाते थे अथवा गीले वस्त्र से शरीर पोछते थे (को०)। ७ नहाना। स्नान करना।

मार्जना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सफाई। मार्जन। २ क्षमा। माफी। ३ मृदगध्वनि।

मार्जनी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ झाडू। समार्जनी। बुहारी। उ०—उडती अलकें जटा बनी, बनने को प्रिय पाद मार्जनी।—साकेत, पृ० ३२२। २ संगीत मे मध्यम स्वर की चार श्रुतियो मे से आतम श्रुति। ३ रजकी। धोबिन (को०)।

मार्जनी[2]—संज्ञा पु० [सं० मार्जनिन्] अग्नि। अनल [को०]।

मार्जनीय[1]—संज्ञा पु० [सं०] अग्नि।

मार्जनीय[2]—वि० मार्जन करने योग्य।

मार्जार—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० मार्जारी] १ बिलार। बिल्ली। २ लाल चीता (वृक्ष)। ३ पूतिमारसा।

मार्जारकठ संज्ञा पुं० [सं० मार्जारकण्ठ] मोर।

मार्जारक—संज्ञा पुं० [सं०] १. मोर। २ बिल्ली।

मार्जारकरण—संज्ञा पुं० [सं०] रति की एक मुद्रा। एक प्रकार का रतिबध [को०]।

मार्जारकर्णिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] चामुडा का एक नाम।

मार्जारकर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] चामुडा [को०]।

मार्जारगधा—संज्ञा पु० [सं० मार्जारगन्धा] मुद्गपर्णी।

मार्जारपाद—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का घोडा जो बुरे लक्षण-वाला होता है।

मार्जारलिंगी—संज्ञा पुं० [सं० मार्जारलिङ्गिन्] वह जो बिल्ली के स्वभाववाला हो [को०]।

मार्जाराक्षक—संज्ञा पु० [सं०] कौटिलीय अर्थशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का रत्न।

मार्जारी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कस्तूरी। २ गध नाकुली। ३ बिल्ली। मादा बिल्ली।

मार्जारी टोडी—संज्ञा स्त्री० [सं० मार्जारी + हिं० टोडी] सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमें सब कोमल स्वर लगते हैं।

मार्जारीय—संज्ञा पुं० [सं०] १ बिल्ली। २ शूद्र। ३ वह जो अपना मार्जन करता हो। कार्यशोधन (को०)।

मार्जाल—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मार्जार'।

मार्जालीय—संज्ञा पु० [सं०] १ बिल्ली। २ शूद्र। ३ शिव। ४ एक ऋषि का नाम। ५ दे० 'मार्जारीय'।

मार्जित[1]—वि० [सं०] स्वच्छ किया हुआ। साफ किया हुआ।

मार्जित[2]—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० मार्जिता] एक प्रकार का प्राचीन खाद्य पदार्थ।

विशेष—यह दही, चीनी, शहद, घृत और मिर्च आदि को मिलाकर और उसमे कपूर डालकर बनाया जाता था। इसको 'रसाला' भी कहते हैं।

मार्तंड—संज्ञा पुं० [सं० मार्त्तण्ड] १ सूर्य। २ आक या मदार का वृक्ष। ३ सूअर। ४ सोनामक्खी। ५ एक सख्या। १२ की सख्या क्योकि सूर्य १२ कहे गए हैं (को०)।

मार्तंडवल्लभा—संज्ञा स्त्री० [सं० मार्त्तण्डवल्लभा] सूर्य की पत्नी। छाया।

मार्तिक—वि० [सं०] मृत्तिकानिर्मित। मिट्टी से बना हुआ [को०]।

यौ०—मार्तिकशकल = मिट्टी का टुकडा। मृत्तिका पिंड।

मार्तिक[1]—संज्ञा पुं० १ कसोरा। पुरवा। २ शराब।

मार्त्तिकावत—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार चेदि नामक राज्य का एक प्राचीन नगर। २ उस देश का निवासी।

मार्त्य[1]—वि० [सं०] नश्वर। मरणशील।

मार्त्य[2]—संज्ञा पुं० [सं०] नश्वरता। अनित्यता। मरणशीलता।

मार्दंग—संज्ञा पुं० [सं० मादङ्ग] वह व्यक्ति जो मृदग बजाता हो। मृदग बजानेवाला। २ नगर। शहर [को०]।

मार्दंगिक—वि० [मादङ्गिक] मृदगवादक। मृदग बजानेवाला।

मार्दव—संज्ञा पुं० [सं०] १ अहंकार का त्याग। अभिमान रहित होना। २. दूसरे को दु खी देखकर दु खी होना। ३ सरलता। ४ एक प्राचीन सकर जाति। इस जाति के लोग बहुत मृदु स्वभाव के होते थे। ५ मृदुता। कोमलता (को०)।

मार्दीक—संज्ञा पुं० [सं०] अगूर की शराब।

मार्फत—अव्य० [अ० माफ़त] द्वारा। जरिए से। जैसे,—आपकी मार्फत सब काम हो जायगा।

मार्बल—सज्ञा पुं० [अं०] संगमरमर ।

मार्मिक—वि० [सं०] १ मर्म को जाननेवाला । मर्मज्ञ । २ मर्म-स्थान पर प्रभाव डालनेवाला । जिसका प्रभाव मर्म पर पड़े । विशेष प्रभावशाली । जैसे, मार्मिक व्याख्यान । मार्मिक कवित्त । उ०—किसी अर्थपिशाच कृपण को देखिए जिसने केवल अर्थ-लोभ के वशीभूत होकर क्रोध, दया, श्रद्धा, भक्ति, आत्माभिमान आदि भावो को एकदम दबा दिया है और ससार के मार्मिक पक्ष से मुँह मोड लिया है ।—रस०, पृ० २४ ।

मार्मिकता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मार्मिक होने का भाव । २ किसी वस्तु के मर्म तक पहुँचने का भाव । पूर्ण अभिज्ञता । जैसे,—सगीत के सबध मे आपकी मार्मिकता प्रसिद्ध है ।

मार्मिकपक्ष—सज्ञा पुं० [स०] मर्मस्पर्शी अश । हृदय को प्रभावित करनेवाला भाग । मन को द्रवित करनेवाला अग । उ०—और ससार के मार्मिक पक्ष से मुँह मोड लिया है ।—रस०, पृ० २४ ।

मार्शल—सज्ञा पु० [अं०] सेना का एक बहुत बडा अफसर जो प्रधान सेनापति या समरसचिव के अधीन होता है ।

मार्शल ला—सज्ञा पुं० [अ०] सैनिक व्यवस्था या शासन । फौजी कानून या हुकूमत ।

विशेष—समर, विद्रोह या इसी प्रकार के आपत्काल मे साधारण कानून या दडविधान से काम चलता न देखकर देश का शासन-सूत्र सैनिक अधिकारियो के हाथ मे दे दिया जाता है और इसकी घोषणा कर दी जाती है । सैनिक अधिकारी इस सकट काल मे, विद्रोह आदि दमन करने मे, कठोर से कठोर उपायो का अवलबन करते हैं ।

मार्ष—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मारिष' ।

मार्षिक—सज्ञा पुं० [सं०] मरसा का साग । मारिष शाक [को०] ।

मार्ष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मार्जन । शोधन । २ शरीर मे तैल लगाना [को०] ।

माल१—सज्ञा पु० [स०] १ क्षेत्र । ऊँचा क्षेत्र । ऊँचा भूखड । २ कपट । ३ वन । जगल । उ०—चकित चहूँ दिसि चहति, विधुर जनु मृगी माल तैं ।—नद० ग्र०, पृ० २७० । ४ हरताल । ५ विष्णु । ६ एक प्राचीन अनार्य जाति । भागवत मे इसे म्लेच्छ लिखा है । ७ एक देश का नाम जो बगाल के पश्चिम वा दक्षिणपश्चिम की ओर है । इसे मेदिनी-पुर कहते हैं ।

माल२—सज्ञा पु० [स० मल्ल] कुश्ती लडनेवाला । दे० 'मल्ल' । उ०—(क) कहूँ माल देह विसाल सैल समान अति बल गर्जही ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) योगी धर मेले सब पाछे । उतरे माल आए रन काछे ।—जायसी (शब्द०) । ‡२ राजपथ या सडक के आस पास की वह भूमि जो कच्चा हो ।

माल३—सज्ञा स्त्री० [सं० माला] १ माला । हार । उ०—(क) विनय प्रेम वस भई भवानी । खसी माल मूरति मुसुकानी ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) पहिर लियो छन माँझ असुर बल औरउ नखन विदारी । रुधिर पान करि आँत माल धरि जय जय शब्द पुकारी ।—सूर (शब्द०) । (ग) चदन चित्रित रग, सिंधु राज यह जानिए । बहुत बाहिनी सग मुकुता माल विसाल उर ।—केशव (शब्द०) । (घ) कितने काज चलाइयतु चतुराई की चाल कहे देत गुन रावरे सब गुन निर्गुन माल ।—बिहारी (शब्द०) । २ वह रस्सी वा सूत की डोरी जो चरखे मे मूडी वा बेलन पर से होकर जाती है और टेकुए को घुमाती है । †२ चौडा मार्ग । चौडी सडक । ४ पक्ति । पाँती । उ०—(क) सेवक मन मानस मराल से । पावन गग तरग माल से ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) बालधी बिसाल बिकराल ज्वाल माल मानौ लक लीलिबे को काल रसना पसारी है ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) धाम धामनि आगि की बहु ज्वाल माल बिराजही । पवन के झकझोर ते झँझरी झरोखे बाजही ।—केशव (शब्द०) । (घ) गीधन की माल कहुँ जबुक कराल कहुँ नाचत बैताल लै कपाल जाल जात से ।—हनुमन्नाटक (शब्द०) ।

माल४—सज्ञा पुं० [अ०] १ सपत्ति । धन । उ०—(क) भली करी उन श्याम बँधाएँ । बरज्यो नहीं कह्यो उन मेरी अति आतुर उठि धाए । अल्प चोर बहु माल लुभाने सगी सबन बराए । निदरि गए तैसो फल पायो अब वे भए पराए ।—सूर (शब्द०) । (ख) धाम औ धरा को माल बाल अबला को असि तजत परान राह चहत परान की ।—गुमान (शब्द०) । (ग) माखन चोरी सो धरी परकि रहेउ नँदलाल । चोरन लागै अब लखौ नेहिन को मन माल ।—रसनिधि (शब्द०) ।

यौ०—**मालखाना । मालगाडी । मालगोदाम । मालजामिन, माल मनकूला । माल गैरमनकूला । मालदार** आदि ।

मुहा०—**माल उडाना** = (१) बहुत रुपया खर्च करना । धन का अपव्यय करना । (२) किसी की सपत्ति को हडप लेना । दूसरे का माल अनुचित रूप से ले लेना । **माल काटना** = किसी के धन को अनुचित रूप से अधिकार मे लाना । माल उडाना । **माल चीरना** = पराया धन हडपना । माल उडाना । माल मारना । **माल मारना** = अनुचित रूप से पराए धन पर अधिकार करना । पराया धन हडपना । दूसरे की सपत्ति दबा बैठना ।

२ सामग्री । सामान । असबाब । उ०—(क) कहो तुमहि हम को का बूझति । लै लै नाम सुनावहु तुम ही मो सो कहा अरूझति । तुम जानति मैं हौं कछु जानत जा जो माल तुम्हारे । डारे देहु जा पर जो लागै मारग चलौ हमारे ।—सूर (शब्द०) (ख) मिली ज्वार भाटा हू की शीघ्र ही निकारैं । लोग कहत हैं भर माल कू कूति हु डारैं ।—श्रीधर (शब्द०) ।

मुहा०—**माल काटना** = चलती रेल गाडी मे से या मालगुदाम आदि मे से माल चुराना । **माल टाल** = धन सपत्ति । माल असबाब **माल मता** = माल असबाब । **माल मस्ती** = धन का मद । माल की मस्ती । **माल महकमा** = माल का महकमा या विभाग । राजस्व सबधी विभाग ।

३ क्रय विक्रय का पदार्थ । ४ वह धन जो कर मे मिलता है । ५ फसल की उपज । ६. उत्तम और सुस्वादु भोजन ।

मुहा०—माल उडाना = सुस्वादु और बहुमूल्य भोजन करना।

७ गणित मे वर्ग का घात। वर्ग अक। ८ किसी वस्तु का सार द्रव्य। वह द्रव्य जिसमे कोई चीज बनी हो। जैसे,—(क) इस अंगूठी का माल अच्छा है। (ख) इस कडे का माल खोटा है। (ग) एक बीघे पोस्त से दो सेर अच्छा माल निकलता है। ९ सुदर स्त्री। युवती। (बाजारू)।

माल[2]—प्रत्य० [फा०] मला दला। मर्दित। जैसे, पामाल = पैरो से मर्दित या मला दला।

मालकँगनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० माल + कँगनी] औषध के काम आनेवाली एक लता का नाम।

विशेष—यह लता हिमालय पर्वत पर झेलम नदी से आसाम तक ४००० फुट की ऊँचाई तक, तथा उत्तरीय भारत, बर्मा और लका मे पाई जाती है। इसकी पत्तियाँ गोल और कुछ कुछ नुकीली होती ह। यह लता पेडो पर फैलती है और उन्हें आच्छादित कर लेती है। चैत के महीने मे इसमे घौद के घौद फूल लगते ह और सारी लता फूलो से लदी हुई दिखाई पडती है। फूलो के झड जाने पर इसमे नीले नीले फल लगते हैं जो पकने पर पीले रग के और मटर के बराबर होते हैं और जिनके भीतर से लाल लाल दाने निकलते हैं। इन दानो मे तेल का अश अधिक होता है जिससे इन्हे पेरकर तेल निकाला जाता है। मद्रास मे उत्तरीय अरकाट तथा विशाखापटम, दक्षौरा आदि स्थानो में इसका तेल बहुत अधिक तैयार होता है। यह तेल नारगी रग का होता है और औषध मे काम आता है। वैद्यक के अनुसार इसका स्वाद चरपरापन लिए कटुवा, इसकी प्रकृति रुक्ष और गर्म तथा इसका गुण अग्नि, मेधा स्मृतिवर्धक और वात, कफ तथा दाह का नाशक बतलाया गया है।

पर्या०—महाज्योतिष्मती। तीक्ष्णा। तेजोवती। कनकप्रभा। सुरलता। अग्निफला। मेधावती। पीता, इत्यादि।

माल अदालत—सज्ञा स्त्री० [अ० माल + अदालत] वह अदालत जिसमे लगान, मालगुजारी आदि के मुकदमे दायर किए जाते हैं।

मालकँगुनी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मालकँगनी'।

मालक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्थल पद्म। २ नीम। ३ गाँव के समीप का वन (को०)। ४ नारियल का बना पात्र (को०)। ५ पर्णशाला। निकुज। लतामडप (को०)। ६ माला। माल्य (को०)।

मालक[2]—सज्ञा पु० [अ० मालिक] दे० 'मालिक'।

मालकगुनी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मालकँगनी'।

मालका—सज्ञा स्त्री० [स०] माला।

मालकुडा—सज्ञा पु० [हिं० माल + कुडा] वह कुडा जिसमे नील कटाहे म डाले जाने मे पहले रखा जाता है।

मालकोश—सज्ञा पुं० [स०] एक राग का नाम जिसे कौशिक राग भी कहते हैं। हनुमत ने इसे छह मुख्य रागो के अतर्गत माना हैं। उ०—भैरव मालकोश हिंदोल दीपक श्रीराग मेघ सुरहि ले आऊँ।—अकबरी०, पृ० १०५।

विशेष—यह सपूर्ण जाति का राग है। इसका स्वरूप वीररस-युक्त, रक्त वर्ण, वीर पुरुषो से आवेष्टित, हाथ मे रक्त वर्ण का दड लिए और गले मे मुडमाला धारण किए लिखा गया है। कोई कोई इसे नील वस्त्रधारी, श्वेत दड लिए और गले मे मोतियो की माला धारण किए हुए मानते हैं। इसकी ऋतु शरद् और काल रात का पिछला पहर है। कोई कोई शिशिर और वसत ऋतु को भी इसकी ऋतु बतलाते हैं। हनुमत् के मत से कौशिकी, देवगिरी, दरबारी, लोहनी और नीलावरी ये पाँच इसकी प्रियाएँ और वागेश्वरी, ककुभा, पर्यका, शोभनी और खभाती ये पाँच भार्याएँ तथा माधव, शोभन, सिधु, मारू, मेवाड, कुतल, केलिंग, सोम, बिहार और नीलरग ये दस पुत्र हैं। परतु अन्यत्र वागेश्वरी, बहार, शहाना, अताना, छाया और कुमारी नाम की इसकी रागिनियाँ, शकरी और जयजयवती सहचरियाँ, केदारा, हम्मीर नट, कामोद, खम्माच और बहार नामक पुत्र और भूपाली, कामिनी, झिझोटी, कामोदी और विजया नाम की पुत्रबधुएँ मानी गई हैं। कुछ लोग इसे सकर राग मानते हैं और इसकी उत्पत्ति पटसारग, हिंडोल, बसत, जयजयवती और पचम के योग से बतलाते हैं। राग-माला मे इसे पाटल वर्ण, नीलपरिच्छद, यौवनमदमत्त, यष्टि-धारी और स्त्री गण से परिवेष्टित, गले मे शत्रुओ के मुड की माला पहने, हास्य मे निरत लिखा है, और चौडी, गौरी, गुणकरी, खभाती और ककुभा नाम की पाँच स्त्रियाँ, मारू, मेवाड, वडहस, प्रबल, चद्रक, नद, भ्रमर और खुखर नामक आठ पुत्र बतलाए हैं, और भरत ने गौरी, दयावती, देवदाली, खभावती और कोकमा नाम की पाँच भार्याएँ और गाधार, शुद्ध, मकर, त्रिजन, सहान, भक्तवल्लभ, मालीगौर और कामदेव नामक आठ पुत्र और धनाश्री, मालश्री, जयश्री, सुधारायो, दुर्गा, गाधारी भीमपलाशी और कामोदी नाम की उनकी भार्याएँ लिखी हैं।

मालकोस—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मालकोश'।

मालकौश—सज्ञा पुं० [स०] एक राग। दे० 'मालकोश'। उ०—ज्यो मालकौश नव वीणा पर। —अपरा, पृ० १७६।

मालखाना—सज्ञा पु० [फा० मालखानह्] वह स्थान जहाँ पर माल असबाब जमा होता हो वा रखा जाता हो। भडार।

मालगाडी—सज्ञा पुं० [हिं० माल + गाडी] रेल मे वह गाडी जिसमे केवल माल असबाब भरकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुचाया जाता है। ऐसी गाडियो मे यात्री नही जाने पाते।

मालगुजार—सज्ञा पु० [फा० माल + फा० गुजार] १ मालगुजारी देनेवाला पुरुष। २ मध्यप्रदेश मे एक प्रकार के जमीदार जो किसानो से वसूल करके मालगुजारी सरकार को देते थे।

मालगुजारी—सज्ञा स्त्री० [फा० मालगुज़ार + ई (प्रत्य०)] १ वह भूमिकर जो जमीदार से सरकार लेती है। २ लगान।

मालगुर्जरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमे

सब शुद्ध स्वर लगते है। कुछ लोग इसे गौरी और गौरव से बनी हुई मकर रागिनी मानते है।

मालगोदाम—संज्ञा पुं० [हिं० माल+अं० गोडाउन>हिं० गादाम] १ वह स्थान जहाँपर व्यापार का माल रखा जाता है या जमा रहता है। २ रेल के स्टेशनो पर वह स्थान जहा मालगाडी मे भेजा जानेवाला अथवा आया हुआ माल रहता है।

मालचक्क—संज्ञा पुं० [सं०] पुट्ठे पर का वह जोड जो कमर के नीचे जाघ की हड्डी और कूल्हे मे होता है। कूल्हा। चाकी।

मालचीⓤ—संज्ञा स्त्री० [सं० **मालती**] दे० 'मालती'। उ०—(क) कहुँ नागवेली निवेली निवेस। कहूँ मालची घेरि भौर सुवेस। (ख) कहूँ दाडिमी पिंड पज्जर झुल्ली। कहूँ मालची मल्ल भर भार भल्ली।—पृ० रा०, २।४७१।

मालजातक—संज्ञा पुं० [सं०] गधविडाल। गधमार्जार।

मालजादा—संज्ञा पुं० [फा० **मालजादह्**] रडी का लडका। वेश्या का पुत्र।

मालजादी—संज्ञा स्त्री० [फा० मालज़ादा] १ वेश्यापुत्री। २ व्यभिचारिणी औरत। ३ एक गाली [को०]।

मालजामिन—संज्ञा पुं० [फा० मालज़ामिन] नकद जमानत देने या करनेवाला।

मालटा—संज्ञा स्त्री० [अं० मालूटा] एक प्रकार की लाल रग की नारगी।

विशेष—देखने मे यह बहुत सुदर और खाने मे बहुत स्वादिष्ट होती है। गुजराँवाला और लखनऊ मे यह बहुतायत मे होती है।

मालतⓤ—संज्ञा स्त्री० [सं० मालति] दे० 'मालती'। उ०—है इद्रावति आप अकेली। कमल चमेली मालत बेली।—इद्रा०, २७।

मालतिⓤ—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मालती'। उ०—(क) मत्त राति मालति मधुप फूलि रही बन बास। दीपक माला काम की हरि भय मुक्तिय आस।—पृ० रा०, २।३६०। (ख) कुसुम मालति अलि मालति पाई।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३३५।

मालतिमालⓤ—संज्ञा स्त्री० [सं० **मालतिमाला**] मालती के फूलो की माला। उ०—अच्युतचरन तरगिनी सिव सिर मालतिमाल। हरि न बनायो सुरसरी कीनो इदव भाल।

मालतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम।

मालती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार की लता का नाम जिसके फूलो मे भीनी मधुर सुगध होती है। उ०—(क) सोनजर्द बहु फूली सेवती। रूपमजरी और मालती।—जायसी (शब्द०)। (ख) देखहु पौ प्रागपति निकल अली की गति, मालती सो मिल्यो चाहे लीने साथ आलिनी।—केशव (शब्द०)। (ग) घाम घरीक निवारिए कलित ललित अलि पुज। जमुना तीर तमाल तरु मिलित मालती कुज। बिहारी (शब्द०)।

विशेष—यह लता हिमालय और विध्य पर्वत के जगलो मे अधिकता से होती है। इसकी पत्तियाँ लबोतरी और नुकीली, डाँठें तीन अगुल चौडी और चार पाँच अगुल लबा होती है। यह युग्मपत्रक लता है और बडे से बडे वृक्ष पर भी लपटकर फैलती है। इसमे फूलो के गुच्छे लगते है। बरसात के प्रारभ मे फूलती है। फूल सफेद होता है जिसमे पखुडियाँ नही होती, जिसके नीचे दो अगुल का लबा डठल होता है। इस फूल मे बडी मधुर सुगध होती है। फूल खिलने पर कुछ के नीचे फूलो का बिछौना सा बिछ जाता है। जब यह लता फूलती है, तब भौरे और मधुमक्खियाँ प्रात काल उसके चारो ओर गुंजारती फिरती है। यह उद्यानो मे भी लगाई जाती है, पर इसके फैलने के लिये बडे वृक्ष या मंडप आदि की आवश्यकता होती है। यह कवियो की बडी पुरानी परिचित पुष्पलता है। कालिदास से लेकर आज तक प्राय सभी कवियो ने अपनी कविता मे इसका वर्णन अवश्य किया है। किसी किसी ने भ्रमवश इसे चमेली भी लिखा है।

२ छह अक्षरो की एक वर्णवृत्ति का नाम। इसके प्रत्येक चरण मे दो जगण होते है। उ०—जो पय सिय जोर। तजो मय शोर। सरासन तोरे। वही पुर फेरि। केशव (शब्द०)। ३ बारह अक्षरो की एक वर्णिक वृत्ति का नाम। इसके प्रत्येक चरण मे नगण, दो जगण और अत मे रगण होता है। उ०—विपिन विराध बलिष्ठ देखिए। नृपतनया भयभीत लेखिए। तब रघुनाथ बाण कै हयो। निज निर्मया पथ को ठयो।—केशव (शब्द०)। ४ सवैया के मत्तगयद नामक भेद का दूसरा नाम। ५ युवती। ६ चादनी। ज्योत्स्ना। ७ रात्रि। रात। ८ पाठा। पाढा। ९ जायफल का पेड। जावी।

मालतीचारक—संज्ञा पुं० [सं०] सोहागा।

मालतीजात—संज्ञा पुं० [सं०] सोहागा।

मालती टोडी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मालती+टोडी] सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमे सब शुद्ध स्वर लगते है।

मालतीतीरज—संज्ञा पुं० [सं०] सोहागा।

मालतीपत्रिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] जातीपत्री। जावित्री।

मालतीफल—संज्ञा पुं० [सं०] जायफल।

मालतीमाधव—संज्ञा पुं० [सं०] सस्कृत के प्रसिद्ध नाटककार भवभूति का एक प्रसिद्ध नाटक।

मालतीमाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मालतीपुष्प की माला। मालती के फूलो का हार। २ एक प्रकार का छद।

मालद—संज्ञा पुं० [सं०] १ मार्कडेय पुराण के अनुसार एक प्रदेश का नाम जिसे राजा ने दुर्गा को दिया था। २ मार्कडेय पुराण के अनुसार एक म्लेच्छ जाति का नाम।

मालद—संज्ञा पुं० [सं०] १ मालदह नामक स्थान के एक प्रकार के आम जो बहुत बडे होते है। २ दूध बहुत अधिक होनेवाला एक प्रकार का बडा आम जो प्राय बेचने के लिये

मालदहा—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'मालदह'। उ०—तव तक कहीं मालदहा (लँगडा) का भी समय न चला जाए।—किन्नर० पृ० ८२।

मालदही—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मालदह**] १ एक प्रकार की नाव जिसमे माझी छप्पर के नीचे बैठकर खेते हैं। २ एक प्रकार का रेशमी डोरिया (कपडा) जो पहले मालदह में बनता था और जिसके लहँगे बनाए जाते थे।

मालदा—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'मालदह'।

मालदार—वि० [फा०] धनवान। धनी। सपन्न।

मालद्वीप—सज्ञा पुं० [सं० **मलयद्वीप**] भारतीय महासागर में भारतवर्ष के पश्चिम ओर के एक द्वीपपुज का नाम। इस द्वीपपुज में चार छोटे छोटे द्वीप हैं।

मालधनी—सज्ञा पुं० [अ० माल + सं० धनिन्] माल का मालिक। धन का धनी या स्वामी। उ०—पाप पुन्य मिलि करहिं दिवानी, नगरी अदल न होई। दिवस चोर घर मूसन लागे मालधनी गा सोई।—पलटू०, भा० ३, पृ० ६८।

मालन—सज्ञा स्त्री० [सं० **मालिन्**] दे० 'मालिन'।

मालपुआ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मालपूआ'।

मालपूआ—सज्ञा पुं० [हिं० **माल** + सं० **पूप**] एक पकवान का नाम।

विशेष—गेहूँ के आटे वा सूजी को शक्कर के रस से गीला घोलते हैं। फिर उसमे चिरौंजी, पिस्ता आदि मिलाकर धीमी आँच पर घी में थोडा थोडा डालकर सिझाकर छान लेते हैं। कभी कभी पानी की जगह घोलते समय इसमें दूध वा दही भी मिलाते हैं।

मालपूवा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मालपूआ'।

मालबरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मालावार**] एक प्रकार की ईख जो सूरत मे होती है।

मालभजिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **मालभञ्जिका**] प्राचीन काल के एक प्रकार के खेल का नाम। प्राचीन काल की एक क्रीडा।

मालभडारी—सज्ञा पुं० [हिं० **माल** + **भडारी**] जहाज पर का वह कर्मचारी जिसके अधिकार मे लदे हुए माल रहते हैं। (लश०)।

मालभूमि—सज्ञा स्त्री० [स० **मलभूमि**] एक प्रदेश का नाम जो नैपाल के पूर्व मे है।

मालमत्री—सज्ञा पुं० [अ० **माल** + सं० सं० **मत्री**] राजस्व विभाग का मत्री।

मालय[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ चदन। २ गरुड के पुत्र का नाम। ३ व्यापारियो का झुड। ४ पथिको, यात्रियो के ठहरने की जगह (को०)। ५ चदन निर्मित अभ्यजन वा अनुलेप (को०)।

मालय[2]—वि० मलय सवधी। मलय गिरि सवधी।

मालव[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मालवा देश।

यौ०—**मालव गौड**। **मालवदेश** = मालवा। **मालवनृपति**। **मालवविषय** = मालव देश। **मालवाधीश, मालवेंद्र** = मालव देश का नृपति।

२ एक राग का नाम, जिसे भैरव राग भी कहते हैं।

विशेष—सगीतदामोदर में इसका रूप माला पहने, हरित वस्त्रधारी, कानो मे कुडल धारण किए, सगीतशाला मे स्त्रियो के साथ बैठा हुआ लिखा है। इसकी धनाश्री, मालश्री, रामकीरी, सिंधुडा, आसावरी और भैरवी नाम की छह रागिनियाँ हैं। कोई कोई इसे पाडव जाति का और कोई सपूर्ण जाति का राग मानते हैं। पाडव माननेवाले इसमे 'मध्यम' स्वर वर्जित मानते हैं। यह रात को १६ दड से २० दड तक गाया जाता है।

३ मालव देशवासी वा मालव देश मे उत्पन्न पुरुष। ४ सफेद लोध।

मालव[2]—वि० मालव देश सबधी। मालवे का।

मालवक[1]—वि० [स०] मालवा देश सबधी। मालवे का।

मालवक[2]—सज्ञा पुं० मालव देश का निवासी।

मालवगौड—सज्ञा पुं० [स०] पाडव जाति का एक सकर राग जिसमे पचम स्वर नहीं लगता।

विशेष—इसका स्वरग्राम म, ध, नि, स, रि, ग, म, है। इसका उपयोग वीर रस में किया जाता है। कुछ लोग इसे सपूर्ण जाति का मानते हैं और इसके गाने का समय सायकाल बतलाते हैं।

मालवर—वि० [अ० माल + फा० वर (प्रत्य०)] माल वा धन सपत्ति रखनेवाला। मालदार। मालवाला। उ०—यहाँ के लोग तो बडे मालवर दिखाई पडते हैं।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६६०।

मालवर्त्ति—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन जाति का नाम।

मालवश्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] श्री राग की एक रागिनी का नाम।

विशेष—यह सपूर्ण जाति की रागिनी है और इसके गाने का समय सायकाल है। नारद इसे मालव की रागिनी मानते हैं और हनुमत् इसे हिंडोल राग की रागिनी लिखते हैं। हनुमत् इसे ओडव जाति की मानते हैं और इसके गाने मे धैवत और गाधार को वर्जित लिखते हैं। इसे मालश्री और मालसी भी कहते हैं।

मालवा[1]—सज्ञा पुं० [सं० **मालव**] एक प्राचीन देश का नाम जो अब मध्य भारत मे है।

विशेष—इसकी प्रधान नगरी अवती है जो सप्तमोक्षदायिनी पुरियो मे गिनी गई है और जिसे आजकल उज्जैन कहते हैं। इदौर, भूपाल, धार, रतलाम, जावरा, राजगढ, नृसिंहगढ और ग्वालियर का राज्य नीमच तक इसी मालवा राज्य की सीमा के अतर्गत है। यह बहुत प्राचीन देश है और अथर्व वेद की सहिता तक मे इसका नाम मिलता है।

२ एक राग का नाम। विशेष दे० 'मालव-२'।

मालवा[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन नदी का नाम।

मालविका—सज्ञा स्त्री० [स०] निसोथ।

मालविटपी सज्ञा स्त्री० [सं०] कुभीवृक्ष।

मालविभाग—सज्ञा पुं० [अ० माल + स० विभाग] राजस्व विभाग।

उ०—यूसुफ आदिल शाह के शासन काल में भी माल विभाग मे अनेक हिंदू अधिकारी रखे गए थे।—अकबरी०, पृ० २३।

मालवी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ श्री राग की एक रागिनी का नाम।

विशेष—यह ओडव जाति की है और हनुमत् के मत से इसका स्वरग्राम नि, सा, ग, म, ध, नि, है। इसमे ऋषभ और पचम स्वर वर्जित हैं। कोई कोई इसे हिंडोल राग की रागिनी मानते हैं।

२. पाढा नाम की एक लता। विशेष दे० 'पाढा'।

मालवी[2]—संज्ञा स्त्री० [स० मालव+हिं० ई (प्रत्य०) मालव देश की भाषा। उ०—विभिन्न राजस्थानी बोलियाँ तथा मालवी, कोशली या पूर्वी हिंदी, भोजपुरी, इत्यादि।—पोद्दार अभि० ग्रं० पृ० ७५।

मालवी[3]—वि० दे० 'मालवीय'।

मालवीय—वि० [सं०] मालव देश सबधी। मालवे का। २ मालव देश का निवासी। मालवे का रहनेवाला।

मालश्री—संज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मालवश्री'।

मालसी—संज्ञा स्त्री० [स०] १ दे० 'मालवश्री'। २ एक वृक्ष का नाम। दुर्गपुष्पी (को०)।

मालहायन—संज्ञा पुं० [स०] एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम।

मालाक—संज्ञा पुं० [स० मालाङ्क] भूस्तृण।

माला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. पक्ति। अवली। जैसे, पर्वतमाला। २. फूलो का हार। गजरा।

विशेष—मालाएँ प्राय फूलो, मोतियो, काठ या पत्थर के मनको, कुछ वृक्षो के बीजो अथवा सोने, चाँदी आदि धातुओ से बने हुए दानो से बनाई जाती हैं। फूल या मनके आदि धागे मे गुँथे होते है और धागे के दोनो छोर एक साथ किसी बडे फूल या उसके गुच्छे या दाने मे पिरोकर बाँध दिए जाते है। मालाएँ प्राय शोभा के लिये धारण की जाती है। भिन्न भिन्न सप्रदायो की मालाएँ भिन्न भिन्न आकार और प्रकार की होती है और उनका उपयोग भी भिन्न होता है। हिंदुओ का जप करने की मालाएँ १०८ दानो या मनको की अथवा इसके आधे, चौथाई या छठे भाग की होती है। भिन्न भिन्न संप्रदायो के लोग भिन्न भिन्न पदार्थों की मालाएँ धारण करते हैं। जैसे, वैष्णव तुलसी की, शैव रुद्राक्ष की, शक्ति रक्त चदन, स्फटिक या रुद्राक्ष की तथा अन्य सप्रदाय के लोग अन्य पदार्थों की मालाएँ धारण करते है। वह माला जिसमें अठारह या नौ दाने होते हैं, सुमिरनी कहलाती है।

पर्या०—माल्य। स्रक्। मालिका। गुणिका। गुणतिका।

मुहा०—माला फेरना = जपना। जप करना। भजन करना।

३. समूह। झुंड। जैसे, मेघमाला। ४. एक नदी का नाम। ५. दूर्वा। दूब। ६. भुई आँवला। ७. कतार। श्रेणी। लर (को०)। ८. उपजाति छद के एक भेद का नाम। इसके प्रथम और द्वितीय चरण मे जगण, तगण, जगण और अत मे दो गुरु तथा तीसरे और चौथे चरण मे दो तगण, फिर जगण और अत मे दो गुरु होते हैं। ‡९. काठ की लबी डोकिया जिसम बच्चा के लगाने का उबटन और तेल आदि रखा जाता है।

मालाकट—संज्ञा पुं० [स० मालाकण्ट] १. अपामार्ग। २ एक गुल्म का नाम।

मालाकद—संज्ञा पुं० [स० मालकन्द] एक प्रकार का कद।

विशेष—वैद्यक मे इसे तीक्ष्ण, दीपन, गुल्म और गडमाला रोग का हरनेवाला तथा वात और कफ का नाशक लिखा है।

पर्या०—मालकद। यवकद। पक्ति कद। त्रिशिखदला। अग्नि दला। कदलता।

मालाकर—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'मालाकार'।

मालाका—संज्ञा संज्ञा [स०] माला। हार (को०)।

मालाकार—संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० मालाकारी] १. पुराणानुसार एक वर्णसकर जाति का नाम।

विशेष—ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार यह जाति विश्वकर्मा और शूद्रा से उत्पन्न है, पर पराशर पद्धति के अनुसार यह जाति तेलिन और कर्मकार से उत्पन्न कही गई है।

२. माली। उ०—जैस जल लै बाग का सिचत मालाकार।—दीन० ग्र०, पृ० ८९।

मालागिरी[1]—संज्ञा पुं० [हिं० मलयागिरि] एक रग का नाम।

विशेष—यह रग टेसू और नासफल से बनाया जाता है। सेर भर टेसू का फूल पानी मे आठ दिन तक भिगोया जाया है जिसे दिन मे दो बार चलाया जाता है। इसी प्रकार आध सेर नासफल की बुकनी पानी मे भिगोई जाती और प्रतिदिन दो बार चलाई जाता है। फिर आठ दिन बाद दोना क रग अलग अलग छान लिए जात और फिर मिला लिए जात है। फिर इसम डेढ़ माश हरा रग मिला दिया जाता है और तब उसमे दो बार कपडा रंगा जाता है। सुगध क लिये इसमे कपूर-कचरी का जड़ भी पासकर मिलाई जाती है।

मालागिरी[2]—वि० मालागिरी रग मे रंगा हुआ।

मालागुण—संज्ञा पुं० [सं०] गले का हार।

मालागुणा—संज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का असाध्य रोग जिसे 'लूता' कहते है।

मालाग्रथि—संज्ञा स्त्री० [सं० मालाग्रन्थि] दे० 'मालादूर्वा' (को०)।

मालातृण—संज्ञा पुं० [स०] भूस्तृण।

मालादीपक—संज्ञा पुं० [सं०] एक अलकार का नाम।

विशेष—इसमे एक धर्म के साथ उत्तरोत्तर धर्मियों का नबध वर्णित होता है या पूर्वकथित वस्तु को उत्तरोत्तर वस्तु के उत्कर्ष का हेतु बतलाया जाता है। इस अलकार को कविराज मुरारिदान ने सबर अलकार माना है और इसे दीपक तथा शृखलालकार का समुच्चय कहा है। जैसे,—रस ना काव्य मर

काव्य मो मोहत वचन महान। वाणी ही सो रसिक जन तिन मो सभा सुजान।

मालादूर्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की दूब जिसमे बहुत सी गाँठें होती हैं।

विशेष—इसे गडदूर्वा, ग्रथिदूर्वा, मालाग्रथि भी कहते हैं। वैद्यक मे इसका स्वाद मधुर, तिक्त और गुण पित्त तथा कफनाशक माना गया है।

मालाधर[१]—सज्ञा पु० [स०] सत्रह अक्षरो के एक वर्णिक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे नगण, सगण, जगण फिर सगण और यगण और अत मे एक लघु और फिर गुरु होता है। जैसे,—फिरत हम साथ बधु तुम्हरीहि चिंता भरे।

मालाधर[२]—वि० जिसने माला धारण की हो। जो माला पहने हुए हो [को०]।

मालाधार—सज्ञा पुं० [सं०] दिव्यावदान के अनुसार बौद्धो के एक देवता का नाम।

मालाप्रस्थ—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन नगरी का नाम।

मालाफल—सज्ञा पुं० [सं०] रुद्राक्ष।

मालामत्र—सज्ञा पुं० [सं० मालमन्त्र] एक प्रकार का मत्र।

मालामणि—सज्ञा पु० [स०] रुद्राक्ष।

मालामनु—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'मालामत्र'।

मालामाल—वि० [फा०] धनधान्य से पूर्ण। सपन्न।

मालारिष्टा, मालारिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] पाची या पाटी नाम की लता जिसके पत्तो की गणना सुगधि द्रव्य मे होती है।

मालालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पृक्का। असवरग।

मालाली—सज्ञा स्त्री० [स०] पृक्का। असवरग।

मालावती—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक सकर रागिनी का नाम जो पचम, हम्मीर, नट और कामोद के सयोग से बनती है। कुछ लोग इसे मेघ राग की पुत्रवधू भी मानते हैं।

मालिंद्य—सज्ञा पुं० [सं० मालिन्द्य] एक प्राचीन पर्वत का नाम।

मालिक[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ माली। २ एक प्रकार की चिडिया। ३ रजक। धोबी। ४ रँगरेज (को०)।

मालिक[२]—पु० [अ०] [स्त्री० मालिका] १ ईश्वर। अधिपति। उ०—माया जीव ब्रह्म अनुमाना। मानत ही मालिक बौराना।—कबीर (शब्द०)। २ स्वामी। ३ पति। शौहर।

मालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पक्ति। २. माला। ३. गले में पहनने के एक आभूषण का नाम। ४. पक्के मकान के ऊपर का खड। रावटी। ५ द्राक्षामद्य। अगूर की शराब। ६ मद्य। ७ पुत्री। ८ चमेली। चद्रमल्लिका। ९ अलसी। १० मालिन। ११ मुरा। १२ राजभवन। प्रासाद (को०)। १३. सफला। मातला।

मालिकाना[१]—सज्ञा पु० [फा० मालिकानह्] १ वह कर, दस्तूरी या हक जो मालिक अदना या कब्जेदार मालिक ताल्लुकेदार को देता है। २ स्वामी का अधिकार या स्वत्व। मिलकियत। स्वामित्व।

मालिकाना[२]—क्रि० वि० मालिक की भाँति। मालिक की तरह। जैसे, मालिकाना तौर पर।

मालिकी—सज्ञा स्त्री० [फा० मालिक + ई (प्रत्य०)] १ मालिक होने का भाव। २ मालिक का स्वत्व।

मालित—वि० [सं०] १ जिसे माला या हार पहनाया गया हो। २ जो किसी के द्वारा घिरा वा घेरा गया हो [को०]।

मालिन—सज्ञा स्त्री० [सं० मालिन्] १ माली की स्त्री। २ माली का काम करनेवाली स्त्री।

मालिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० मालिन + ई (प्रत्य०)] १ मालिन। २ चपा नगरी का एक नाम। ३ स्कंद की सात माताओं मे से (जिन्हे मातृकाएँ कहते हैं) एक माता का नाम। ४ गौरी। ५ एक नदी का नाम जो हिमालय पर्वत मे है।

विशेष—पुराणानुसार इसी के तट पर मनका के गर्भ मे शकुतला का जन्म हुआ था।

६ मदाकिनी। गगा। ७ कलियारी। करियारी। ८ दुगलभा। जवासा। ९ एक वर्णिक वृत्त का नाम।

विशेष—इसके प्रत्येक पद मे १५ अक्षर होते हैं जिनमे पहले छह वर्ण, दसवाँ और तेरहवाँ अक्षर लघु और शेष गुरु होते हैं (न न भ य य)। जैसे,—'अतुलित बलधाम स्वर्णशैलाभदेह' या 'दसरथ सुत द्वैपी रुद्र ब्रह्मा न भासैं'। इसे कोई कोई मात्रिक भी मानते हैं।

१० मदिरा नाम की एक वृत्ति का नाम। ११ महाभारत के अनुसार एक राक्षसी का नाम। १२. मार्कंडेय पुराण के अनुसार रौच्य मनु की माता का नाम। १३ विराट के महल मे गुप्त वास करते समय द्रौपदी का नाम। १४ विभीषण की माता का नाम। उ०—उनमे पुण्पोत्कटा मे रावण, कुभकर्ण, मालिनी से विभीषण तथा राका से खर और शूर्पणखा हुए।—प्रा० भा० प०, पृ० ८९।

मालिन्य—सज्ञा पु० [सं०] १ मलीनता। मैलापन। १ अपवित्रता। २ अधकार। अँधेरा।

मालिमडन—सज्ञा पुं० [स० मालिमण्डन] पुराणानुसार एक राजा का नाम।

मालियत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कीमत। मूल्य। २ सपत्ति। धन। ३. मूल्यवान् पदार्थ। कीमती चीज।

मालिया[१]—सज्ञा पुं० [देश०] मोटे रस्सो मे दी जानेवाली एक प्रकार की गाँठ जिसका व्यवहार जहाज के पाल बाँधने मे होता है। (लश०)।

मालिया[२]—सज्ञा पुं० [अ० मालियह्] राजस्व। मालगुजारी। लगान [को०]।

मालियाना—अव्य० [अ० मालियानह्] राजस्व। लगान।

मालिवानⓈ—सज्ञा पुं० [सं० माल्यवान्] दे० 'माल्यवान्'।

मालिश—संज्ञा स्त्री० [फा०] मलने का भाव या क्रिया। मलाई। मर्दन।

माली[1]—संज्ञा पुं० [सं० मालिन्, प्रा० मालिय] [स्त्री० मालिनि, मालिन, मालन, मालिनी] १ बाग को सींचने और पौधों को ठीक स्थान पर लगानेवाला पुरुष। वह जो पौधों को लगाने और उनकी रक्षा करने की विद्या जानता और उसी का व्यवसाय करता हो। उ०—पुलक वाटिका बाग बन सुख सुबिहंग बिहार। माली सुमन सनेह जल सींचत लोचन चारु।—तुलसी (शब्द०)।

२ एक छोटी जाति का नाम। इस जाति के लोग बागों में फूल फल के वृक्ष लगाते, उनकी कलमें काटते, फूलों को चुनते और उनकी मालाएँ बनाते और फूल तथा माला बेचते हैं। इस जाति के लोग शूद्र वर्ण के अंतर्गत माने जाते हैं। इनके हाथ का छूआ जल ब्राह्मण क्षत्रियादि पीते हैं।

माली[2]—वि० [सं० मालिन्] [स्त्री० मालिनी] १ जो माला धारण किए हो। माला पहने हुए। २ युक्त। परिवृत। मालित (को०)।

माली[3]—संज्ञा पुं० १. वाल्मीकीय रामायण के अनुसार सुकेश राक्षस का पुत्र जो माल्यवान् और सुमाली का भाई था। २ राजी-वगण नामक छंद का दूसरा नाम।

माली[4]—वि० [फा०, अ० माल] माल से संबंध रखनेवाला। आर्थिक। धनसंबंधी। जैसे—आजकल उसकी माली हालत खराब है।

मालीखूलिया—संज्ञा पुं० [यू० मेलागखोलिया अ० मालन्खूलिया, मालीखूलिया, मि० अ० मेलांकोली] एक प्रकार का मानसिक रोग। खब्त। मस्तिष्कविकृति। चित्त का मशक रहना।

विशेष—इस प्रकार के रोगी प्रायः एकांत में ही रहना चाहते हैं और किसी से अधिक बातचीत नहीं करते।

मालीगौंड—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मालव गौड'।

मालीद—संज्ञा पुं० [अ० मालिबडेना ?] एक धातु का नाम जो चाँदी की भाँति उज्वल और चमकदार होती है।

विशेष—यह चाँदी से अधिक कड़ी होती है और बहुत ही तेज आँच में गलती है। इसका अटवी भार ९६ होता है। इसका क्रोमियम, टंग्स्टेन और यूरेनियम से रासायनिक संबंध है और उनके सदृश ही इसमें अम्लजित् बनता और क्षार के गुणों को धारण करता है। यह सल्फेट के रूप में मिलता है।

मालीदा—संज्ञा पुं० [फा० मालीदह्] १ मलीदा। चूरमा। २. एक प्रकार का ऊनी कपड़ा जो बहुत कोमल और गरम होता है।

विशेष—यह कपड़ा काश्मीर और अमृतसर आदि स्थानों में बनता है। ऊनी चादर को लेकर गरम पानी में खूब मलते हैं जिससे उसके रोएँ बहुत गाढ़े और मुलायम हो जाते हैं। मालीदा की सिलवटें ऊनी कपड़ा में होती हैं।

मालु[1]—संज्ञा पुं० [सं०] एक संकर जाति। दे० 'माल्ल—१' (को०)।

मालु[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक लता का नाम जो पेड़ों में लिपटती है। २ नारी। स्त्री। औरत।

मालुक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के मटमैले रंग का साँप।

मालुकाच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] अश्मंतक। बरेंडा।

मालुद—संज्ञा पुं० [सं०] कौसलाधिपति एक राजा जो अयोध्या का नाम।

मालुधान—संज्ञा पुं० [सं०] १. एक प्रकार का साँप। २. आठ नागों में से एक नाग का नाम। ३. महादेव।

मालुधानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक लता का नाम।

मालुम—वि० [अ० मालूम] ज्ञात। मालूम। उ०—जिमि जारि उधार कियो, मठ केवट गीत पुरानि सुनीनि बखी। सिज लोर दियो सेवरी मग को कपि धापा सो मालुम सबरी।—तुलसी (शब्द०)।

मालू—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की बेल जो बागों में शोभा के लिये लगाई जाती है।

विशेष—प्रायः सारे भारत में यह बेल जंगली दशा में पाई जाती है। माल के जंगलों में यह बहुत अधिकता से होती है। यदि इसे छाँटा या रोका न जाय तो यह बहुत जल्दी बढ़ जाती है और वृक्षों को बहुत अधिक हानि पहुँचाती है। इसकी शाखाएँ सैकड़ों फुट तक पहुँचती हैं। इसकी छाल से रस्सा निकाला जाता है और उससे रस्सी आदि बनाए जाते हैं। इसकी पत्तियाँ और बीज औषध में काम आते हैं और बीज भूनकर खाए भी जाते हैं। इसकी पत्तियों के छाते भी बनाए जाते हैं।

मालूक—संज्ञा पुं० [सं०] काली तुलसी। कृष्णा तुलसी।

मालूधानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की लता।

मालूम[1]—वि० [अ०] १. जाना हुआ। ज्ञात। उ०—मेरे नाम का किसी को पता नहीं मालूम। खुदा का नाम खुदा, जिसका नहीं मालूम।—रत्नावली पृ०, भा० ४, पृ० ३००। २ प्रकट। प्रसिद्ध। ख्यात।

मालूम[2]—संज्ञा पुं० [अ०] जहाज का अफसर (लश०)।

मालूर—संज्ञा पुं० [सं०] १ बेल का फल। २ बेल का पेड़। उ०—मालूर पत्र सी खट भूप।—पृ० रा०, ६०।७६। ३ कपित्थ। कैथ।

मालेय—संज्ञा पुं० [सं०] मालाकार। माली (को०)।

मालेया—संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ी इलायची।

मालोपमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का उपमालंकार जिसमें एक उपमेय के अनेक उपमान क्रमशः कहे जाते हैं और प्रत्येक उपमान के भिन्न भिन्न धर्म होते हैं। जैसे—पद्माकर। पुनि पूषा में माल, पन प्रजापति में और बखान। पर है एकहि किरनि को धारै दुहूँ ओर एक ने दया पै का। भनक दुहार मद अलक उदार दानी दीनी पर ऐसो पद गरुवर देत को। अधर समंद सो है दरद पद सहे गुरुजना सुरिद सोहै मंद मुसकात को।—पद्माभरण (शब्द०)।

माल्य—सज्ञा पु० [स०] १ फूल। २ माला। ३ वह माला जो सिर पर धारण की जाय।

माल्यक—सज्ञा पु० [स०] १ दमनक दौना। २ माला।

माल्यजीवक—सज्ञा पुं० [स०] मालाकार। माला बनानेवाला। माली।

माल्यपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] मन का पेड। मनई।

माल्यवत—सज्ञा पु० [सं० **माल्यवत्**>माल्यवान्] एक राक्षस। दे० 'माल्यवान्'। उ०—माल्यवत अति सचिव सयाना। —मानस, ६।४०।

माल्यवत्[1]—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'माल्यवान्'।

माल्यवत्—वि० [स्त्री० **माल्यवती**] जो माला पहने हो।

माल्यवती[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार एक प्राचीन नदी का नाम।

माल्यवती[2]—वि० स्त्री० जो माला पहने हो।

माल्यवान्[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पुराणानुसार एक पर्वत का नाम।

विशेष—सिद्धातशिरोमणि मे इसे केतुमाल और इलावृत वर्ष के बीच का सीमापर्वत लिखा है और नील पर्वत से निषध पर्वत तक इसका विस्तार कहा है।

२ एक राक्षस जो सुकेश का पुत्र था।

विशेष—यह गधर्व की कन्या देववती से उत्पन्न हुआ था। इसके भाई का नाम सुमाली था जिसकी कन्या कैकसी से रावण की उत्पत्ति हुई थी।

३ बबई प्रात मे रत्नगिरि जिले के अतर्गत एक परगने का नाम।

माल्यवान्[2]—वि० [स० **माल्यवत्**] [वि० स्त्री० **माल्यवती**] जो माला पहने हो।

माल्यवृत्ति—सज्ञा पुं० [सं०] मालाकार। माली।

माल्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की घास।

माल्ल—सज्ञा पु० [स०] एक वर्णसकर जाति जो ब्रह्मवैवर्त मे लेट पिता और वीवरी माता से उत्पन्न कही गई है। २ दे० 'मल्ल'।

माल्लवी—सज्ञा स्त्री० [स०] मल्लो की विद्या या कला।

माल्ह[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'माल'।

माल्ह[2]—सज्ञा पुं० [स० **मल्ल**, हिं० **माल**] दे० 'मल्ल'।

मावडियाⓊ—सज्ञा पुं० [?] जनखा। भोगा। स्त्रियों के सपर्क में अधिक रहनेवाला। स्त्री स्वभाववाला। उ०—मेछा हदा मुलक मे जो मावडियो जाय। महबूबाँ री मिसल में किल सरदार कहाय।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० १३।

मावतⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'महावत'। उ०—दियो पठाय श्याम निज पुर को मावत सह गजराज। आगे चले सभा में पहुचे जहँ नृप सकल समाज।—सूर (शब्द०)।

मावली[1]—सज्ञा पुं० [देश०] दक्षिण भारत की एक पहाडी वीर जाति का नाम। इस जाति के लोग शिवाजी की सेना मे अधिकता से थे। उ०—सावन भादों की भारी कुट्ट की अँध्यारी चढि दुग पर जात मावली दल सचेत हैं।—भूषण (शब्द०)।

मावली[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मयार, मयालु**] प्रेमल। स्नेहपूर्ण। उ०—सो दिदा हुई एक दाई भली, मेहरवान होर गुन भरी मावली। —दक्खिनी०, पृ० १६१।

मावसⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **अमावस्या**] दे० 'अमावस'। उ०—दुसह दुराज प्रजानु कौं क्यो न बढै दुख ददु। अधिक अँधेरो जग करत मिलि मावस रवि चदु।—बिहारी र०, दो० ३५७।

माव'—सज्ञा पुं० [स० **मण्ड**, हिं० **माँड**] १ माँड। पीच। २. सत्त। निष्कर्ष।

मुहा०—माचा निकालना = खूब पीटना। कचूमर निकालना।

३ वह दूध जो गेहूँ आदि को भिगोकर वा कच्चा मलकर निचोडने से निकलता है। ४ प्रकृति। ५ खोया। ६. अडे के भीतर का पीला रस। जर्दी। ७ चदन का इत्र जिसे आधार बनाकर फूलो और गधद्रव्यो का इत्र उतारा जाता है। जमीन। ८ वह गाढा लसदार सुगधित द्रव्य जिसे तमाकू में डालकर उसे सुगधित करते हैं। खमीर। ९ मसाला। सामान। १० हीरे की बुकनी जिससे मलकर सोने चाँदी को चमकाते हैं या उनपर कुदन या जिला करते हैं।

माव‡[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **मातृ**] माता। माँ।

माव‡[2]—सज्ञा पु० [अ०] रक्षास्थल। आश्रय स्थान। [को०]।

मावासी‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मवास**] दे० 'मवासी'।

माश—सज्ञा पुं० [फा० मि० स० **माष**] दे० 'माष'।

माशा'—सज्ञा पुं० [स० **माष**, जद० **मष माह**, फा० **माशह्**] आठ रत्ती का एक प्रकार का बाट या मान।

विशेष—इसका व्यवहार सोने, चाँदी, रत्नो और ओषधियो के तौलने मे होता है। यह आठ रत्ती के बराबर होता है और एक तोले का बारहवाँ भाग होता है।

माशा[2]—सज्ञा पुं० [सं० **महाशय**, बँग० **मोशाय**] १ भला आदमी। सज्जन। शरीफ। (बंगाली)। २ बग देश का निवासी। बगाली।

माशाअल्लाह्—पद [अ०] एक प्रशसासूचक पद। बहुत अच्छा है। क्या कहना है।

विशेष—इस पद का प्रयोग दो प्रकार से होता है। एक तो किसी अच्छी चीज को देखकर उसकी प्रशसा के लिये, और दूसरे किसी अच्छी चीज का जिक्र करते हुए यह भाव प्रकट करने के लिये कि ईश्वर करे, इसे नजर न लगे।

माशी'—सज्ञा पुं० [हिं० **माष** (= उड़द)] १ एक रग जो कालापन लिए हरा होता है।

विशेष—कपडे पर यह रग कई पदार्थों मे रँगने से आता है जिनमे हड का पानी कसीस, हलदी और अनार की छाल प्रधान है। इनमे रँगे जाने के बाद कपड़े को फिटकरी के पानी मे डुबाना पडता है।

२ जमीन की एक नाप जो २४० वर्ग गज की होती है।

माशी[२]—वि० उडद के रग का। कालापन लिए हरा रग का। माशी रग का।

माशूक—सज्ञा पु० [अ०] [स्त्री० माशूका] वह जिसके साथ प्रेम किया जाय। प्रियतम। प्रेमपात्र।

यौ०—माशूके हकीकी = परमात्मा। ईश्वर।

माशूका—सज्ञा स्त्री० [अ० माशूकह्] प्रेमास्पदा। प्रेयसी। प्रेमिका।

माशूकाना वि० [फा०] नाज नखरे से भरा हुआ। माशूको जैसा।

माशूकी—सज्ञा स्त्री० [फा० माशूकी] माशूक होने का भाव। प्रेम-पात्रता। हाव भाव।

यौ०—आशिकी माशूकी।

माष[१]—सज्ञा पु० [स०] १ उडद। २ आठ रत्ती के बराबर का बाट या मान। माशा। ३ शरीर के ऊपर काले रग का उभरा हुआ दाग या दाना। मसा।

माष[२]—वि० मूर्ख।

माष(पु)[३]—सज्ञा स्त्री० दे० [हिं०] माख'।

माषक—सज्ञा पुं० [स०] १ माशा। (तौल)। २ उडद।

माषकलाय—सज्ञा पु० [सं०] उरद।

माषतैल—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का तेल जो अर्धांग, कप आदि रोगो मे उपयोगी माना जाता है।

माषना(पु)—क्रि० स० [हिं० माख] दे० 'माखना'।

माषपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मापपर्णी'।

माषपर्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वनमाप। जंगली उडद।

विशेष—वैद्यक मे इसको वृष्य, बलकारक, शीतल और पुष्टिवर्धक माना है।

पर्या०—सिंहपुच्छी। ऋषिप्रोक्ता। कृष्णवृंता। पांडु। लोमपर्णी।

माषवटी—सज्ञा स्त्री० [स०] उडद की बनी हुई बडी। दे० 'बडी'।

माषभक्तबलि—सज्ञा स्त्री० [स०] तांत्रिको के अनुसार एक प्रकार की बलि जो दुर्गा, काली आदि को चढाई जाती है। इसमे उडद, भात, दही आदि कई पदार्थ होते हैं।

मापयोनि—सज्ञा स्त्री० [सं०] पापड।

मापरा—सज्ञा स्त्री० [स०] माँड। पीच।

मापराक्षि—सज्ञा पुं० [स०] लाट्यायन सूत्रानुसार एक ऋषि का नाम। ये मापराक्षिन् ऋषि के गोत्र मे थे

मापवर्द्धक सज्ञा पु० [स०] स्वर्णकार। सुनार।

मापाज्य—सज्ञा पुं० [स०] घृत के योग से पकाई हुई उरद। एक विशिष्ट भोज्य वस्तु [को०]।

मापाद—सज्ञा पुं० [स०] कछुआ।

मापाश—सज्ञा पु० [स०] अश्व। घोडा।

मापाशी—सज्ञा पु० [सं० मापाशिन्] [स्त्री० मापाशिनी] घोडा।

मापीण—सज्ञा पुं० [स०] उडद का खेत। माप का खेत।

माष्य—सज्ञा पुं० [स०] माप बोने योग्य खेत। मशार।

मास—सज्ञा पु० [सं०] १ चद्रमा। २ महीना। मास।

मास[१]—सज्ञा पुं० [सं०] काल के एक विभाग का नाम जो वर्ष के बारहवें भाग के बराबर होता है। महीना।

विशेष—मास (क) सौर, (ख) चाद्र, (ग) नाक्षत्र या बार्हस्पत्य और (घ) सावन भेद से चार प्रकार का होता है। (क) सौर मास उतने काल को कहते हैं जितने काल तक सूर्य का उदय किसी एक राशि मे हो, अर्थात् सूर्य की एक सक्राति से दूसरी सक्राति तक का समय सौर मास कहलाता है। यह मास प्राय तीस, इकतीस और कभी कभी उनतीस और बत्तीस दिन का भी होता है। (ख) चाद्र मास चद्रमा की कला की वृद्धि और ह्रासवाले दो पक्षो का होता है जिन्हे शुक्ल और कृष्ण कहते हैं। यह मास दो प्रकार का होता है—एक मुख्य और दूसरा गौण। जो मास शुक्ल प्रतिपदा से आरभ होकर अमावस्या को समाप्त होता है, उसे मुख्य चाद्र मास कहते हैं। इसका दूसरा नाम अमात भी है। गौण चाद्र मास कृष्ण प्रतिपदा से आरभ होता है और पूर्णिमा को समाप्त होता है इसे पूर्णिमात भी कहते हैं। दोनो प्रकार के मास अट्ठाइस दिन के और कभी कभी घट बढकर उन्तीस, तीस और सत्ताइस दिन के भी होते है। (ग) नाक्षत्र मास उतना काल है जितने मे चद्रमा सत्ताइस नक्षत्रो मे भ्रमण करता है। यह मास लगभग २७ दिन का होता है और उस दिन से प्रारभ होता है जिस दिन चद्रमा अश्विनी नक्षत्र मे प्रवेश करता है, और उस दिन समाप्त होता है, जिस दिन वह रेवती नक्षत्र से निकलता है। (घ) सावन मास का व्यवहार व्यापार आदि व्यावहारिक कामो मे होता है और यह तीस दिन का होता है। यह किसी दिन से प्रारभ होकर तीसवें दिन समाप्त होता है। सौर और चाद्र भेद से इसके भी दो भेद हैं। सौर सावन मास सौर मास की किसी तिथि से और चाद्र सावन मास चाद्र मास की किसी तिथि या दिन से प्रारभ होकर उसके तीसवें दिन समाप्त होता है। प्रत्येक संवत्सर मे बारह सौर और बारह ही चाद्र मास होते हैं, पर सौर वर्ष ३६५ दिनो का और चाद्र वर्ष ३५५ दिनो का होता है, जिससे दोनो मे प्रतिवर्ष १० दिन का अतर पडता है। इस वैषम्य को दूर करने के लिये प्रति तीसरे वर्ष बारह के स्थान मे तेरह चाद्र मास होते हैं। ऐसे बढे हुए मास को अधिमास या मलमास कहते हैं। विशेष दे० 'अधिमास' और 'मलमास'।

वैदिक काल मे मास शब्द का व्यवहार चाद्र मास के लिये ही होता था। इसी से सहिताओ और ब्राह्मण मे कही बारह महीने का सवत्सर और कही तेरह महीने का सवत्सर मिलता है।

२ चद्रमा (को०)। ३ एक सख्या। १२ की सख्या।

मास(पु)[२]—सज्ञा पुं० [स० मास] दे० 'मास'। उ०—बहुक न यहि बहनापरे जब तब बीर बिनास। बचै न बडी सबीहहू चोन्ह घोंसुआ मास।—बिहारी (शब्द०)।

मासक—सज्ञा पुं० [स०] महीना। मास। उ०—भेद की बात सुने

एल-एल० एम० । मास्टर आव् साइन्स = विज्ञान की एक डिग्री । एम० एस-सी० । मास्टर की = एक विशिष्ट ताली जिससे विभिन्न कुजियो से खुलनेवाले बहुत से ताले खुल जायँ । मास्टर-पीस = अत्यत उत्कृष्ट वा कलामय । मास्टरशिप = प्रभुत्व । प्रधानता ।

मास्टरी—सज्ञा स्त्री० [अ० मास्टर + ई (प्रत्य०)] १ मास्टर का काम । अध्यापकी । २ मास्टर का भाव ।

मास्य—वि० [स०] महीने भर का । जो एक महीने का हो । मासीन ।

माहँⓤ—अव्य० [स० मध्य, प्रा० मज्झ] बीच मे । उ०—यह शिशुपाल भजैत श्री दीनबधु व्रजनाथ कबै मुख देखिहौं । कहि रुक्मिणि मन माहँ सबै सुख लेखिहौं ।—सूर (शब्द०) ।

माह[1]—सज्ञा पु० [फा०] १ मास । महीना । उ० सखि हे हामारि दुखेर नाहि ओर । ए भर बादर माह भादर, शून्य मदिर मोर । —विद्यापति, पृ० ४७३ । २ चद्रमा । चाँद । उ०—छिपी थी सो एक माह मद की छबीली । मशाता हो ईदी निगारत दिखाया ।—दक्खिनी०, पृ० ७३ ।

माह[2]—सज्ञा पु० [सं० माष, प्रा० माह] माष । उडद ।

माह†[3]—सज्ञा पु० [स० माघ, प्रा० माह] माघ नाम का महीना । उ०—(क) गहली गरब न कीजिए समै सुहागहि पाय । जिय की जीवनि जेठ सो माह न छाहँ सुहाय ।—बिहारी (शब्द०) । (ख) नाचैगी निकसि शशिबदनी बिहँसि तहाँ को हमैं गनत मही माह मे मचति सी ।—देव (शब्द०) ।

माहⓤ[4]—अव्य० [स० मध्य] दे० 'माहँ' । उ० सोहत अलक कपोल पर बढ छवि सिंधु अथाह । मनौ पारसी हरफ इक लसत आरसी माह ।—प० सप्तक, पृ० ३४६ ।

माह[5]—सज्ञा पु० [देशी] कुद का फूल [को०] ।

माहकस्थलक—वि० [स०] १. माहकस्थली मे रहनेवाला । २ माहकस्थली मे उत्पन्न । ३ माहकस्थली सबधी । माहकस्थली का ।

माहकस्थली—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन जनपद का नाम ।

माहकि—सज्ञा पुं० [स०] महक नामक ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष । २ एक आचार्य का नाम ।

माहजबीं—वि० [फा०] प्रशस्त ललाटयुक्त । चाँद जैसा उज्वल । चाँद सा सुदर । उ०—किसी माहजबी माशूक की फुर्कत मे बेकरार है ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ९२ ।

माहतⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० महत्ता] महत्व । महत्ता । बडाई ।

माहताब—सज्ञा पुं० [फा०] १ चद्रमा । २ दे० 'महताबी' । ३ चाँदनी । चद्रिका । उ०—बगल मे माहताब हो या आफताब, या साकी हो या शराब ।—भारतेंदु ग्रं०, भा० १, पृ० ३६७ ।

माहताबी—सज्ञा पु० [फा०] १. दे० 'महताबी' । २ एक प्रकार का कपडा जिसपर सूर्य, चद्रादि की सुनहरी या रुपहली आकृतियाँ बनी रहती है । ३. आँगन मे ऊँचा खुला हुआ चबूतरा जिसपर लोग चाँदनी मे बैठते है । ४ तरबूज । ५. चकोतरा नीबू ।

माहन—सज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण जो अवध्य होता है ।

माहनाⓤ - क्रि० अ० [हिं०] दे० 'उमाहना' ।

माहनामा—सज्ञा पु० [फा० माहनामह्] मासिक पत्र ।

माहनीय—सज्ञा पुं० [स०] ब्राह्मण ।

माहर[1]—सज्ञा पुं० [स० माहिर (= इद्र)] इद्रायन । इनारू ।

मुहा०—माहर का फल = जो देखने मे सुदर हो, पर दुर्गुणो से भरा हो ।

माहर[2]—वि० [अ० माहिर] दे० 'माहिर' ।

माहरुख वि० [फा०] चाँद की तरह मुखवाला । चद्रानन [को०] ।

माहरू—वि० [फा०] दे० 'माहरुख' ।

माहली सज्ञा पुं० [हिं० महल] १ वह पुरुष जो अत पुर मे आता जाता हो । महली । खोजा । २ सेवक । दास । उ०—तुलसी सुभाइ कहै नहीं किए पच्छपात कौन ईस कियो, कीस भालु खास माहली ।—तुलसी (शब्द०) ।

माहवार[1] क्रि० वि० [फा०] प्रतिमास । महीने महीने ।

माहवार[2]—वि० हर महीने का । मासिक ।

माहवार[3]—सज्ञा पुं० महीने का वेतन ।

माहवारी—वि० [फा०] हर महीने का । मासिक ।

माहवाहⓤ†—वि० [स० मह + बाहु] बडे हाथोवाला । उ०—धूप दान क्रीत राम माहवाह मोटा धरणी ।—रघु० रू०, पृ० २४७ ।

माहवो, माहवौ—अव्य० [सं० मध्य] बीच बीच मे । उ०—माहवौ माहवौ मोह्यो आइ ।—दादू०, पृ० ६०१ ।

माहसोⓤ†—वि० [सं० महत्] महान् । बडा । उ०—परस, कदमा चली जुगत भवभूम पर, माहसो नदी भव भुगत मेनैं ।—रघु० रू०, पृ० २६० ।

माहाँⓤ†—अव्य [हिं०] दे० 'महँ' । उ०—दीन्हेसि कठ बोल जेहि माहाँ ।—जायसी ग्र०, पृ० ४ ।

माहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] गाय [को०] ।

माहाकुल—वि० [स०] [वि० स्त्री० माहाकुली] उच्च कुलोत्पन्न ऊँचे कुल मे उत्पन्न [को०] ।

माहाकुलीन—वि० [स०] [वि० स्त्री० माहाकुलीनी] श्रेष्ठ कुल वा वश का । माहाकुल [को०] ।

माहाजनिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० माहाजनिकी] १. महाजनो अर्थात् व्यापारियो के लिये उचित । २ महान् व्यक्तियो के लिये उचित । महाजनोचित [को०] ।

महाजनीन—वि० [स०] [वि० स्त्री० माहाजनीनी] दे० 'माहाजनिक' ।

माहिर[1]—वि० [अ०] १ ज्ञाता। जानकार। तत्वज्ञ। उ०—सूधी सुधा सी सुभाय भरी पै, खरी रति केलि कलान मे माहिर। —जवाहिर (शब्द०)। २ कुशल। निपुण। चतुर (को०)।

माहिर[2]—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

माहिला(पु)—संज्ञा पुं० [अ० मल्लाह] मांझी। मल्लाह। उ०—कबिरा मन का माहिला अजना बहै असोस। देखत ही दह में पड़ै देइ किसी को दोस।—कबीर (शब्द०)।

माहिष[1]—वि० [सं०] [वि०स्त्री० माहिषी] १ भैंस का (दूध आदि)। २ भैंस संबंधी।

माहिष[2]—संज्ञा पुं० [सं०] अंतःपुर। जनानखाना। रनिवास (को०)।

माहिषक—संज्ञा पुं० [सं०] १. एक प्राचीन देश का नाम। २ इस देश मे रहनेवाली एक जाति का नाम। ३ भैंस आदि का पालक (को०)।

माहिषवल्लरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] काला विधारा। कृष्ण वृद्धदारक।

माहिषवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] छिरहटी।

माहिषस्थली—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन जनपद का नाम।

माहिषाक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] भैंसा गुग्गुल।

माहिषिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ व्यभिचारिणी स्त्री का पति। २. भैंस से जीविका निर्वाह करनेवाला व्यक्ति। ३. वह व्यक्ति जो पत्नी के व्यभिचार द्वारा उपार्जित धन से जीविका निर्वाह करता हो (को०)।

माहिषिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक नदी का नाम।

माहिषेय—संज्ञा पुं० [सं०] पट्टाभिषिक्त रानी या पटरानी का पुत्र। युवराज (को०)।

माहिष्मती—संज्ञा स्त्री० [सं०] दक्षिण देश के एक प्रसिद्ध प्राचीन नगर का नाम।

विशेष—इसका उल्लेख पुराणों, महाभारत और बौद्ध ग्रंथों में आया है। यह माहिष्मत नामक जनपद की राजधानी थी। पुराणों मे इसे नर्मदा नदी के किनारे लिखा है। सहस्रार्जुन यहीं का रहनेवाला था। महाभारत मे माहिष्मती और त्रिपुर का नाम साथ आया है। त्रिपुर को आजकल त्रिपुरी कहते हैं, पर माहिष्मती का अबतक ठीक पता नहीं है। पुरातत्ववित् कनिंघम साहब ने 'माहिष्मंडल' के 'मंडल' शब्द को लेकर 'मंडला' नगर को माहिष्मती लिखा है।

माहिष्य—संज्ञा पुं० [सं०] स्मृतियों के अनुसार एक संकर जाति।

विशेष—याज्ञवल्क्य इसे क्षत्रिय पिता और वैश्या माता की संतान मानते हैं। आश्वलायन इसे सुवर्ण नामक जाति मे वर्ण जाति की माता से उत्पन्न मानते हैं। शंखस्मृति में इसको यज्ञोपवीत आदि संस्कारों का वैश्यों के समान अधिकारी कहा है, पर आश्वलायन इसे यज्ञ करने का निषेध करते हैं। इस जाति के लोग अपने को वाजिप से मिलते हैं और अपने को माहिष्य क्षत्रिय कहते हैं। संभवतः ये लोग किसी समय माहिष्मंडल देश के रहनेवाले होंगे।

माहीं(पु)—अव्य० [हिं०] दे० 'माहि' । मे । पर । उ०—धनचर देह धरी छिति माही । अतुलित बल प्रताप तिन्ह पाही ।—तुलसी (शब्द०) ।

माही'—संज्ञा स्त्री० [फा०] मछली । उ०—माही जल मृग के सु तृन सज्जन हित कर जीव लुब्धक धीवर दुष्ट नर बिन कारन दुख दीव ।—ब्रज० ग्रं०, पृ० ७५ ।

यौ०—माहीगीर । माहीपुश्त । माहीमरातिब ।

माही'—संज्ञा स्त्री० [सं० माहेय] दक्षिण देश की एक नदी का नाम जो रेवाखंड की खाडी मे गिरती है ।

माहीगीर—संज्ञा पुं० [फा०] मछली पकडनेवाला । मछुवा ।

माहीपुश्त'—वि० [फा०] जो मछली की पीठ की तरह बीच मे उभरा हुआ और किनारे किनारे ढालुआँ हो ।

माहीपुश्त'—संज्ञा पुं० एक प्रकार का कारचोबी का काम जो बीच मे उभरा हुआ और इधर उधर ढालुआ होता है ।

माहीमरातिब—संज्ञा पुं० [फा०] राजाओं के आगे हाथी पर चलनेवाले सात झंडे जिनपर अलग अलग मछली, सात ग्रहों आदि की आकृतियाँ कारचोबी की बनी होती है ।

विशेष—इस प्रकार के झंडो का आरंभ मुगलमानो के राजत्व काल मे हुआ था । (१) सूर्य, (२) पंजा, (३) तुला, (४) अजगर, (५) सूर्यमुखी, (६) मछली और (७) गोल, ये सात शकलें झंडो पर होती है ।

माहीयत—संज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'माहियत' [को०] ।

माहीला(पु)—वि० [सं० मध्य] बिचला । मध्य का । बीच का । उ०—माहीले कीये जीमणी अषी काली तिल भमर जीसो ।—बी० रासो, पृ० ७७ ।

माहुट(पु)—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० महावट' । उ०—नैन चुवहिं जस माहुट नीरू ।—जायसी ग्रं० (गुप्त), पृ० ३५६ ।

माहुर—संज्ञा पुं० [सं० मधुर, प्रा० माहुर (= विष)] विष । जहर । उ०—(क) साप बीछ को मंत्र है, माहुर झार जाय । विकट नारि के पाले परा काट करेजा खाय ।—कबीर (शब्द०) । (ख) दानव देव ऊच अरु नीचू । अमिय सजीवन माहुर मीचू ।—तुलसी (शब्द०) ।

मुहा०—माहुर की गोठ = (१) भारी विषैली वस्तु । (२) अत्यंत दुष्ट या कुटिल मनुष्य ।

माहुल—संज्ञा पुं० [सं०] महुल के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष ।

माहूँ—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटा गोडा जो सरसो, राई आदि की फसल पर लगता है ।

विशेष—यह कीडा राई, सरसो, मूली आदि की फसल मे उनके डठलो पर फूलने के समय या उसके पहले अडे दे देता है, जिससे फसल नितांत हीन होकर नष्ट हो जाती है । यह काले रंग का परदार घुन के आकार का कीडा होता है और जाडे के दिनो मे फसल पर लगता है । यदि पानी बरस जाय तो ये कीडे नष्ट हो जाते है । प्रायः अधिक बदली के दिनो मे, जब पानी नहीं बरसता, ये कीडे अडे देते है और फसल के डठलो पर फूलो के आसपास उत्पन्न हो जाते हैं । इसे माहूँ, माहो आदि भी कहते है ।

मुहा०—माहूँ लगना = माहूँ का फसल के डठलो पर अडे देना ।

माहू—संज्ञा पुं० [देश०] कनसलाई नाम का बरसाती कीडा जो प्रायः कान मे घुस जाता है । गिजाई ।

माहूद(पु)—वि० [अ०] जो दिन मे नमाज न पढे । उ०—यह माहूद ठीका जो पूरा हुआ ।—कबीर ग्रं०, पृ० १३४ ।

माहेंद्र'—वि० [सं० माहेन्द्र] [वि० स्त्री० माहेंद्री] १ इंद्र संबंधी । इंद्र देवता महेंद्र हो । २. महेंद्र पर्वत का । इंद्र पर्वत का ।

माहेंद्र'—संज्ञा पुं० [सं०] १ जैनियो के एक देवता जो कल्पवासी नामक वैमानिक देवगण मे है । २ एक अस्त्र का नाम । ३ वार के अनुसार भिन्न भिन्न देवताओं के पूजन का एक योग जिसमे यात्रा करने का विधान है ।

विशेष—यह योग प्रति वार का अलग अलग पहर का होता है । प्रतिदिन के दंडो मे ये चार चार योग अलग अलग क्रम से आते रहते है—माहेंद्र, वरुण, वायु और यम । ये चारो योग सप्ताह के प्रतिदिन इस प्रकार आया करते है—

दिन	प्रथम दंड	द्वितीय दंड	तृतीय दंड	चतुर्थ दंड
रवि	वायु	वरुण	यम	माहेंद्र
चंद्र	माहेंद्र	वायु	वरुण	यम
भौम	वरुण	यम	माहेंद्र	वायु
बुध	माहेंद्र	वायु	वरुण	यम
गुरु	वायु	वरुण	यम	माहेंद्र
शुक्र	माहेंद्र	वायु	यम	वरुण
शनि	यम	माहेंद्र	वायु	वरुण

इन चारो योगो मे माहेंद्र योग विजयकारक, वरुण योगकर, वायु नित्य फिरनेवाला और यम मृत्युसूचक कहा जाता है ।

४ सुश्रुत के अनुसार एक देवग्रह जिसके आक्रमण करने से मनुष्य पुरुष मे माहात्म्य, शौर्य, शास्त्रबुद्धिता, भूतस्मरण आदि गुण एकाएक आ जाते है । ५ जैनो के अनुसार तीसरा स्वर्ग का नाम ।

माहेंद्रवाणी—संज्ञा स्त्री० [सं० माहेन्द्रवाणी] महाभारत के अनुसार एक नदी का नाम ।

माहेंद्री—संज्ञा स्त्री० [सं० माहेन्द्री] १. इंद्राणी । २ पार्वती । ३. इंद्रायन । ४. सात मातृकाओं मे से एक । यह स्कंद की अनुचरी है । ५. दुर्गा का नाम । ६ दुर्गा पूजा (को०) ।

माहेंद्रोवा—संज्ञा पुं० [सं०] चित्रमूल ।

माहेय'—वि० [सं०] [वि० स्त्री० माहेयी] महीं का । महीं से उत्पन्न ।

माहेय'—संज्ञा पुं० १. मूँगा । मंगू । २. कार्तिकेय का एक (को०) । ३. कृष्ण का पुत्र । सांबपुत्र (को०) ।

माहेया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ गोमेद । २. मूँगा ।

माहेल—संज्ञा पुं० [सं०] एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम ।

माहेश—वि० [सं०] महेश संबंधी । महेश का ।

माहेश्वरी—[illegible] [सं०] दुर्गा।

माहेश्वर'—वि० [सं०] महेश्वर संबंधी। महेश्वर का।

माहेश्वर'—[illegible] पुं० १ एक प्रकार का नाम। २ एक उपपुराण का नाम। ३ पाणिनि के १४ सूत्र जिनमें स्वर और व्यंजन वर्णों का क्रम प्रत्याहारार्थ दिया गया है।

विशेष—इस विषय के लोगों का विश्वास है कि ये सूत्र शिव जी के आनंदमग्न हो नृत्य करने के समय डमरू में निकले थे। सूत्र ये हैं—अइउण्। ऋऌक्। एओङ्। ऐऔच्। हयवरट्। लण्। ञमङणनम्। झभञ्। घढधष्। जबगडदश्। खफछठथचटतव्। कपय्। शषसर्। हल्।

४. जैन संप्रदाय का एक भेद। ५ एक अस्त्र का नाम। माहेश्वरास्त्र।

माहेश्वरी—[illegible] स्त्री० [सं०] १ दुर्गा। २ एक मातृका का नाम। ३ एक पीठ का नाम। ४ यवतिक्ता। जमिनी लता (हि०)। ५ एक नदी का नाम। ६ वैश्यों की एक जाति।

माहेंदिर—[illegible] पुं० [फा० माह ए नि] १ भारतीय चंद्रमा। भारतेंदु। हिंदुस्तान का चाँद। २ एक समानपत्र खिताब जो हरिश्चंद्र को दिया गया था। उ०—यथार्थ खिताब 'माहेंदिर' अर्थात् भारतेंदु पद प्रदान किया।—प्रेमघन०, भा० २, ६३।

माहीं।—[illegible] स्त्री० [हिं०] दे० 'माहँ'।

मिगनी—[illegible] स्त्री० [हिं०] दे० 'मँगनी'।

मिगी—[illegible] स्त्री० [हिं०] दे० 'मीगी'। उ०—मिगी की मिगी करि डारी पारासर के उदर विदार।—कबीर श०, भा० ४, पृ० २२।

मिजारी—[illegible] स्त्री० [सं० मार्जारी] बिल्ली। उ०—सूमैं मिजारी गहि लीन्ह। नागर सुर मिलि उनटी चीनी।—प्राण०, पृ० १३६।

मिट'—[illegible] पुं० [अ०] १ वह स्थान जहाँ मिट्टी ढलते हों। टकसाल। २ एक प्रकार का बढ़िया सोना। टकसाली सोना।

मिट'—[illegible] [अं० मिनट] दे० 'मिनट'।

मिटचारी—[illegible] स्त्री० [हिं० मेंड़] दे० 'मेंड़'। उ०—इंद्र ने बरषा जल भरि भारी। टूटि फूटि गए सब मिटवारी।—नंद० ग्र०, पृ० २६०।

मिठाई—[illegible] स्त्री० [हिं० मीठना] १ मीठने या मीजने की क्रिया या भाव। २ मीठने की मजदूरी। ३ देशी छींट की छपाई में वह क्रिया जो कपड़े पर छापने के उपरांत और धोने से पहले होती है।

विशेष—इसके लिए पानी में कुछ लेई या लस और दवाएँ, जो पक्के रंगों को एक ओर मसाले डाले जाते हैं, और उसमें छपा हुआ कपड़ा तीन चार दिन तक भिगोया जाता है। साधारण। पक्के रंग पर यह क्रिया दो तीन बार भी की जाती है। तीन में से निकालकर कपड़ा धोबी के यहाँ भेजा जाता है। इस प्रकार कपड़ा धोया और मसाला दूर हो जाता है। [illegible]

मित@—[illegible] पुं० [सं० मित्र] दे० 'मित्र'। उ०—(क) आली और मित को मेरो मिट्यो मिलाप।—मतिराम (शब्द०)। (ख) तू हेरे भीतर मीं मिता। सोई करै जेहि नहीं न चिता। —जायसी (शब्द०)।

मिंदर@—[illegible] पुं० [सं० मन्दिर] दे० 'मंदिर'। उ०—चुगुटी मिंदर बैठा माधा वहाँ जाय दरसन कीजै।—रामानंद०, पृ० २८।

मिंवर—[illegible] पुं० [अ० मेंबर] दे० 'मेंबर'। उ०—राजा करो, राय बहादुर करो, कौंसिल का मिंबर करो हम तुमको प्रणाम करते हैं।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ८५७।

मिंमिण—[illegible] पुं० [सं० मिण्मिण] एक प्रकार का रोग। नकिया-कर बोलना। उ०—मिंमिण कहिए गिनगिनाय कर नाक से बोले। यह भी रोग है। —माधव०, पृ० १४४।

मिंहदी—[illegible] स्त्री० [सं० मेन्धिका] दे० 'मेंहदी'।

मिआद—[illegible] स्त्री० [अ० मीआद] दे० 'मीआद'।

मिआदी—[illegible] वि० [हिं०] दे० 'मीआदी'।

मिआन'—[illegible] वि० [हिं० मियाना] दे० 'मियाना'।

मिआन'—[illegible] संज्ञा पुं० दे० 'मियाना'।

मिकद—[illegible] संज्ञा स्त्री० [फा० मिकअद] मलद्वार। गुदा।

मिकदार—[illegible] संज्ञा स्त्री० [अ० मिकदार] परिमाण। मात्रा। मान। जैसे,—यह दवा ज्यादा मिकदार में नहीं खानी चाहिए।

मिकनातीस—[illegible] संज्ञा पुं० [फा०] चुंबक पत्थर।

मिकराज—[illegible] संज्ञा स्त्री० [अ० मिक़राज़, मिक्राज] कर्तनी। कतरनी। कैंची (को०)।

मिकराजा—[illegible] संज्ञा पुं० [अ० मिकराज़ह्] १ वह तीर जिसके फल में दो गाँसे हों। २ एक प्रकार की मिठाई। ३ कुश्ती का एक दाँव। कैंचा।

मिकाडो—[illegible] संज्ञा पुं० [जा०] जापान के सम्राट् की उपाधि।

मिक्सचर—[illegible] संज्ञा पुं० [अं०] ऐसी तरल औषध जिसमें कई औषधियाँ मिली हों। मिश्रित औषध। जैसे, क्विनाइन मिक्सचर।

मिग@—[illegible] संज्ञा पुं० [सं० मृग, प्रा० मिग] मृग। हिरन।

मिगसर@—[illegible] संज्ञा पुं० [सं० मृगशीर्ष] दे० 'मार्गशीर्ष'। उ०—मास मिगसर द्वादशी, उत्तर पुंड पख अँधियार।—रा० रू०, पृ० २२८।

मिचकना'—[illegible] क्रि० अ० [हिं० मिचना] १ (आँखों का) बार बार खुलना और बंद होना। २. (पलकों का) झपकना या बंद होना।

मिचकाना'—[illegible] क्रि० स० [हिं० मिचना] १ बार बार (आँखें) खोलना और बंद करना। २ (पलक) झपकाना या बंद करके दबाना। जैसे, आँखें मिचकाना।

संयो० क्रि०—देना। लेना।

मिचकी@—[illegible] संज्ञा स्त्री० [हिं० मिचना] पलकों की झपकी। पलकों का मिचना। उ०—रघुर मिगमिगी सो मिचकी दै, जाहि हितावन।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ८६५।

मिचना—क्रि० अ० [हिं० **मीचना** का अक० रूप] (आँखो का) बद होना । जैसे,—मारे नींद के आँखें मिची जाती हैं ।

मिचराना'—क्रि० अ० [**मिचर**, चाबने के शब्द से अनु०] बिना भूख के खाना । इच्छा न होने पर भी भोजन करना ।

विशेष—बहुत धीरे धीरे खाने पर विशेषत बालको के सबध मे बोलते हैं ।

मिचराना†'—क्रि० अ० [हिं० **मिचलाना**, दे० 'मिचलाना' । उ०—जाइ मो मैं डारत ही मो चिपचिपावे लगो और जी मिचराइ कै उल्टी आइ गई ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ४२ ।

मिचलाना—क्रि० अ० [हिं० **मथना, मतलाना**] कै आने को होना । उबकाई आना । मतली आना ।

मिचली—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिचलाना**] जी मिचलाने की क्रिया या भाव । कै होने की इच्छा ।

मिचवाना—क्रि० स० [हिं० **मीचना** का प्रे० रूप] मीचने का काम दूसरे से कराना । दूसरे को मीचने मे प्रवृत्त करना । दूसरे से आँखे बद कराना ।

मिचिता—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन नदी का नाम ।

मिचु†—सज्ञा स्त्री० [स० **मृत्यु**, प्रा० **मिच्चु**] मृत्यु । मौत ।

मिचौनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मीचना**] १ (आँख) १. मीचने की क्रिया । २ दे० 'आँखमिचौली' । उ०—हुई बहुत दिन खेल मिचौनी ।—निशा०, पृ० ६६ ।

मिचौलना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मीचना' ।

मिचौली—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मीचना**] दे० 'आँखमिचौली' ।

मिचौहाँⓊ—वि० [हिं० **मीचना**] आधा मुँदा हुआ । अधमुँदा । उ०—झपकौहे पल देखियतु कहत हँसौहैं बैन । अतमौंहैं गो गात कत करत मिचौहैं नैन ।—स० सप्तक, पृ० ३८७ ।

मिच्छक—सज्ञा पुं० [स०] एक बौद्ध स्थविर का नाम ।

मिछⓊ—सज्ञा पु० [स० **म्लेच्छ**] दे० 'म्लेच्छ' । उ०—कहै दूत प्रथिराज सम मिछ सेना बरजोर । महर निकसि बाहर भए बव बज्जि घनघोर ।—पृ० रा०, १३।२६ ।

मिछाⓊ†—वि० [स० **मृषा**] दे० 'मिथ्या' ।

मिजमानीⓊ—सज्ञा स्त्री० [फा० **मेज़बान**] महमानदारी । मेजबानी । उ०—रानिय आई मल्हन दे, बहु मिजमानिय कीन ।—प० रासो, पृ० ६८ ।

मिजराब—सज्ञा स्त्री० [अ० **मिज़राब**] तार का बना हुआ एक प्रकार का छल्ला जिसमे मुडे तार की एक नोक आगे निकली रहती है और जिससे सितार आदि के तार पर आघात करके बजाते है । डका । कोण । नाखुना ।

मिजवानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मेजवानी**] दे० 'मेजवानी' ।

मिजाज—सज्ञा पुं० [अ० **मिज़ाज**] १. किसी पदार्थ का वह मूल गुण जो सदा बना रहे । तासीर । २ प्राणी की प्रधान प्रवृत्ति । स्वभाव । प्रकृति । जैसे,—उनका मिजाज बहुत सख्त है, वे बात बात पर बिगड जाते हैं । ३. शरीर या मन की दशा । तबीयत । दिल ।

यौ०—**मिजाज आली** । **मिजाज शरीर** । **मिजाज पुरसी** ।

मुहा०—**मिजाज खराब होना** = (१) मन मे किसी प्रकार की अप्रसन्नता आदि उत्पन्न होना । ग्लानि आदि होना । (२) अस्वस्थता होना । **मिजाज बिगड़ना** = दे० 'मिजाज खराब होना' । **मिजाज बिगाड़ना** = किसी के मन मे क्रोध, अभिमान आदि मनोविकार उत्पन्न करना । **मिजाज पाना** = (१) किसी के स्वभाव से परिचित होना । (२) किसी को अनुकूल या प्रसन्न देखना । **मिजाज पूछना** = (१) तबीयत का हाल पूछना । यह पूछना कि आपका शरीर तो अच्छा है । (२) अच्छी तरह खबर लेना । दड देना । **मिजाज में आना** = ध्यान मे आना । समझ मे आना । जैसे,—अगर आपके मिजाज मे आवे तो आप भी वहाँ चलिए । **मिजाज सीधा होना** = अनुकूल या प्रसन्न होना । तबीयत ठिकाने होना ।

४. अभिमान । घमड । शेखी ।

मुहा०—**मिजाज आना** = अभिमान करना । घमड होना । **मिजाज में आना** = अभिमान करना । घमड करना । जैसे,—इस वक्त कुछ न पूछो, आप मिजाज मे आ गए हैं । **मिजाज मिलना** = घमंड दूर होना । वशवर्ती होना । उ०—चगुल तर चिचियँहो हो, तब मिलिहैं मिजाज ।—पलटू०, भा० ३, पृ० १६ । **मिजाज न मिलना** = अभिमान के कारण किसी का अलग रहना । घमड के कारण बात न करना । जैसे,—आजकल तो आपके मिजाज नहीं मिलते । (विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द का प्रयोग बहुधा बहुवचन मे होता है ।) **मिजाज सातवें आसमान पर होना** = घमड का बहुत अधिक बढ जाना । **मिजाज होना** = घमड मे होना । घमड मे आना ।

यौ०—**मिजाजदाँ** । **मिजाजदार** । **मिजाजवाला** = मिजाजदार । **मिजाजशनास** = मिजाजदाँ । **मिजाजशनासी** = स्वभाव जानना ।

मिजाज आली?—[अ० **मिज़ाज आली**] एक वाक्यांश जिसका व्यवहार किसी का शारीरिक कुशल मगल पूछने के समय होता है । आप अच्छे तो हैं ?

मिजाजदाँ—वि० [अ० **मिजाज** + फा० **दा** (प्रत्य०)] मिजाज पहचाननेवाला । स्वभाव से परिचित [को०] ।

मिजाजदार—वि० [अ० **मिज़ाज** + फा० **दार** (प्रत्य०)] जिसे बहुत अभिमान हो । घमडी ।

मिजाजपीटा—वि० [अ० **मिज़ाज** + हिं० **पीटना**] [वि० स्त्री० **मिजाजपीटी**] जिसे बहुत अधिक घमड हो । अभिमानी । घमडी । (स्त्री०) ।

मिजाजपुरसी—सज्ञा स्त्री० [अ० **मिज़ाज** + फा० **पुरसी**] किसी से यह पूछना कि आपका मिजाज तो अच्छा है । तबीयत का हाल पूछना । शारीरिक कुशल मगल पूछना ।

मिजाज शरीफ?—[अ० **मिज़ाज शरीफ**] एक वाक्यांश जिसका

व्यवहार किसी का शारीरिक कुशल मगल पूछने के लिये होता है। आप अच्छे तो है ? आप सकुशल तो हैं ?

मिजाजी—वि० [अ० मिजाज + ई (प्रत्य०)] बहुत अधिक मिजाज करने या रखनेवाला। अभिमानी। घमडी।

मिजाजी†—वि० स्त्री० [अ० मिजाज + ओ (प्रत्य०)] घमडी। अभिमाना।

मिजालू(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० मज्जा] मज्जा। चर्बी। उ० चाम ही चाम घसता गुरदेव दिन दिन छीज काया। होठ कठ तालुका सोपी काढि मिजालू खाया।—गोरख०, पृ० १४५।

मिझमाण(पु)†—सज्ञा पु० [हिं० मेहमान] दे० 'मेहमान'। उ०—माहन उदमाद्या जी म्हारे आया छै मिझमान।—ब्रज० ग्र०, पृ० १६५।

मिझमानी(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेहमानी] दे० 'मेहमानी'। उ०—ठानी मिझमानी जब दुर्योधन माधव को, बाजी गजराज निजराने का पने रहे।—राम० धर्म०, पृ० २७१।

मिझोना†—सज्ञा पु० [स० मध्य, पु० हिं० माँझ] वह खूँटी जो हल मे बेडे हल मे लगी हुई लकडी के बीच मे रहती है। (बुदेल०)।

मिटका—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मटका'।

मिटना—क्रि० अ० [स० मृष्ट, प्रा० मिट्ठ] १ किसी अकित चिह्न आदि का न रह जाना। जैसे,—इस पत्र के कई अक्षर मिट गए हैं। २ नष्ट हो जाना। न रह जाना। ३ खराब होना। बरबाद होना। जैसे, घर मिटना। ४ रद्द होना। जैसे, विधाता का लेख मिटना।

सयो० क्रि०—जाना।

मिटाना—क्रि० स० [हिं० मिटना का सक० रूप] १ रेखा, दाग, चिह्न आदि का दूर करना। उ०—कर्म रेख नहि मिटे मिटाई।—कबीर सा०, पृ० ६६०। २ नष्ट करना। न रहने देना। दूर करना। उ०—ताकर तोहि भेद समझाऊँ मनोकामना सकल मिटाऊँ।—कबीर सा०, पृ० १००६। ३ खराब करना। चौपट करना। बरबाद करना। ४ रद्द करना।

सयो० क्रि०—जाना।—देना।

मिटिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेटा + इया (प्रत्य०)] मिट्टी का छोटा बरतन जिसमे प्राय दूध आदि रखा जाता है। मटकी।

मिटिया²—वि० [हिं० मिट्टी + इया (प्रत्य०)] मिट्टी का।

मिटियाना—क्रि० स० [हिं० मिट्टी + आना (प्रत्य०)] मिट्टी लगाकर साफ करना, रगडना या चिकना करना। जैसे, लोटा मिटियाना।

मिटियाफूस—वि० [हिं० मिटिया + फूस] जो कुछ भी दृढ न हो। बहुत ही कमजोर।

मिटियामहल—सज्ञा पु० [हिं० मिटिया + फा० महल] मिट्टी का मकान। झोपडी। (व्यग्य)।

मिटियासाँप—सज्ञा पुं० [हिं० मिटिया + साँप] मटमैले रग का एक प्रकार का साँप जिसके ऊपर काले रग की चित्तियाँ होती हैं।

मिटिहा(पु)—वि० [हिं० मिट्टी + हा (प्रत्य०)] मिट्टी का। मिट्टी-वाला। उ०—कच्ची दिवाल मिटिहा मदिर कचन कलई लागा। खोदत खाक जाक सब भूलेव पाक भया नहिं कागा।—सत० दरिया, पृ० १२३।

मिट्टना(पु)—क्रि० अ०, स० [हिं० मिटना] दे० 'मिटना'। उ०—(क) यह कह करि द्विजराज चलि फेरि रोकि कहि नारि। म्हाँ कलक को मिट्टइय उडराते कहहु विचारि।—प० रासो, पृ० १०। २ दे० 'मिटना'। उ० तिहि परसे ताप मिट्टत सरार। ह० रासो, पृ० १६।

मिट्टी—सज्ञा स्त्री० [स० मृत्तिका, प्रा० मिट्टिआ] १ पृथ्वी। भूमि। जमान। जैसे,—जो चीज मिट्टी से बनती है, वह मिट्टी मे ही मिल जाती है।

मुहा०—**मिट्टी पकडना** = जमीन पर दृढतापूर्वक जम जाना।

२ वह भुरभुरा पदार्थ जो पृथ्वी के ठोस विभाग अथवा स्थल मे साधारणत सब जगह पाया जाता है और जो ऊपरी तल की प्रधान वस्तु है। खाक। धूल।

मुहा०—**मिट्टी करना** = नष्ट करना। खराब करना। चौपट करना। जन, रुपया मिट्टी करना, इज्जत मिट्टी करना, शरीर मिट्टी करना, कपडे मिट्टी करना। **मिट्टी के मोल** = बहुत सस्ता। बहुत ही थोडे मूल्य पर। जैसे—वह मकान तो मिट्टी के मोल बिक रहा है। **मिट्टी डालना** = (१) किसी बात को जाने देना। छोड देना। (२) किसी के दोष छिपाना। परदा डालना। (३) एक प्रकार का प्रयोग जिसमे किसी की कोई छोटी मोटी चीज, विशेषत गहना आदि, खो जाने पर सब लोग एक स्थान पर जाकर थोडी थोडी मिट्टी डाल आते है। इस प्रकार कभी कभी चुरानेवाला भी भयवश अथवा और किसी कारण से चुराई हुई चीज उसी मिट्टी के साथ वहा रख आता है, जिससे मालिक को चीज तो मिल जाती है और यह नही प्रकट होने पाता कि कौन चोर है। **मिट्टी डलवाना** = चोरी गई हुई चीज का पता लगाने के लिये लोगो मे किसी स्थान पर मिट्टी डालने के लिये कहना। विशेष दे० 'मिट्टी डालना'। **मिट्टी देना** = (१) मुसलमानो मे किसी के मरने पर सब लोगो का उसकी कब्र मे तीन तीन मुट्ठी मिट्टी डालना जो पुण्य कार्य समझा जाता है। (२) कब्र मे गाडना। (मुसल०)। **मिट्टी पकडे या छूए सोना होना** = भाग्य का प्रबल होना। सितारा चमकना। साधारण काम मे भी विशेष लाभ होना। **मिट्टी में मिलना** = (१) नष्ट होना। चौपट होना। खराब होना। (२) मरना। **मिट्टी में मिलाना** = नष्ट करना। चौपट करना। बरबाद करना **मिट्टी होना** = (१) नष्ट होना। खराब होना। (२) गदा या मैला कुचैला होना।

यौ०—**मिट्टी का पुतला** = मानव शरीर। **मिट्टी की सूरत** = मानव शरीर। **मिट्टी के माधव** = मूर्ख बेवकूफ। भादू। **मिट्टी खराबी** = (१) दुर्दशा। (२) बरबादी। नाश।

३ किसी चीज को जलाकर तैयार की हुई राख। भस्म। जैसे, पारे की मिट्टी। सोने की मिट्टी। ४, कुछ विशेष प्रकार की

अथवा साफ की हुई मिट्टी जो भिन्न भिन्न कामो मे आती है। जैसे, मुलतानी मिट्टी, पीली मिट्टी। ५ शरीर। जिस्म। बदन।

मुहा०—किसी की मिट्टी पलीद या बरबाद करना = दुर्दशा करना। खराबी करना। (इस अर्थ मे मुहावरा अर्थ स० ६ के साथ भी लगता है। मिट्टी खराब करना = बर्बाद करना। रूप बिगाडना। उ० लोग कजली की मिट्टी खराब कर रहे है। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३४४।

६ शव। लाश।

मुहा० मिट्टी उठना = शव को अत्येष्टि के लिये ले जाना। जनाजा उठना। मिट्टी ठिकाने लगना = शव की उचित अत्येष्टि क्रिया होना। मिट्टी ठिकाने लगाना = शव की उचित अत्येष्टि क्रिया करना।

७ खाने का गोश्त। मास। कलिया। (क्व०)। ८ शारीरिक गठन। बदन की बनावट। जैसे,—उसकी मिट्टी बहुत अच्छी है, साठ वर्ष का होने पर भी जवान जान पडता है।

मुहा०—मिट्टी ढह जाना = शरीर मे बुढापे के चिह्न दिखाई देना।

९ चदन की जमीन जो इत्र मे दी जाती है।

मिट्टी का तेल—सज्ञा पुं० [हि० मिट्टी + का + तेल] एक प्रसिद्ध ज्वलनशील, खनिज, तरल पदार्थ जिसका व्यवहार प्राय सारे ससार मे दीपक आदि जलाने और प्रकाश करने के लिये होता है।

विशेष—यह ससार के भिन्न भिन्न भागो मे जमीन के अदर पाया जाता है। कभी कभी तो जमीन मे आपसे आप दरारें पड जाती हैं जिनमें से यह तेल निकलने लगता है, और इस प्रकार वहाँ इसके चश्मे बन जाते है। पर प्राय यह जमीन मे बडे बडे सूराख या छिद्र करके पिचकारी की तरह बडे बडे यत्रो की सहायता से ही निकाला जाता है। कभी कभी यह जमीन के अदर गैसो के जोर करने के कारण भी अपने आप फूट पडता है। कुछ लोग कहते हैं, जमीन के अदर जो लौह मिश्रित बहुत गरम कारबाइड होता है, उसपर जल पडने से यह तैयार होता है, और कुछ लोगो का मत है कि जमीन के अदर अनेक प्रकार के जीवो के मृतक शरीरो के सडने से यह तैयार होता है। एक मत यह भी है कि इसकी उत्पत्ति का सबंध नमक की उत्पत्ति से है क्योकि अनेक स्थानो मे यह नमक की खान के पास ही पाया जाता है। इसी प्रकार इसकी उत्पत्ति के सबध मे और भी अनेक मत हैं। अमेरिका के सयुक्त राज्यो तथा रूस मे इसकी खानें बहुत अधिक है और इन्ही दोनो देशो मे सबसे अधिक मिट्टी का तेल निकलता है। भारत मे इसकी खानें या तो पजाब और बलोचिस्तान की ओर हैं या आसाम और बरमा की ओर। परतु पश्चिमी प्रातो से अभी तक बहुत थोडा तेल निकाला जाता है और पूर्वी प्रातो से अपेक्षाकृत अधिक। इधर गुजरात तथा कच्छ आदि मे भी इसकी प्राप्ति हो रही है। अरब देशो में यह रेगिस्तान के नीचे मिला है और समुद्र तल के नीचे भी यह प्राप्त हुआ है। बहुत बढिया तेल का रग सफेद और स्वच्छ जल के समान होता है, पर साधारण तेल का रग कुछ लाली या नीलापन लिए और घटिया तेल का रग प्राय काला होता है। बढिया साफ किया हुआ तेल पतला और घटिया तेल गाढा होता है। प्रकाश करने के अतिरिक्त इसका उपयोग छोटे इजन चलाने, गैस तैयार करने, अनेक प्रकार के तेलो और वारनिशो आदि को गलाने और मोमबत्तियाँ आदि बनाने में होता है। इसमें एक प्रकार की उग्र और अप्रिय गध होती है। थोडी मात्रा मे जबान पर लगने या गले के नीचे उतरने पर यह कै लाता है, और अधिक मात्रा मे भीषण विष का काम करता है। मोटरो आदि मे जो पेट्रोलियम जलाया जाता है, वह भी इसी का एक भेद है।

मिट्टी का फूल—सज्ञा पुं० [हि० मिट्टी + फूल] मिट्टी या जमीन के ऊपर जम आनेवाला एक प्रकार का छार जिसका व्यवहार कपडा धोने और शीशा बनाने मे होता है। रेह।

मिट्टी खरिया—सज्ञा स्त्री० [हि० मिट्टी + खडिया] दे० 'खडिया'।

मिट्ठा[1]—वि०, सज्ञा पुं० [स० मिष्ट] दे० 'मीठा'। उ०—देखिल बचना सब जन मिट्ठा। तजि तमन जपओ अवहट्ठा।—कीर्ति०, पृ० ६।

मिट्ठी—सज्ञा स्त्री० [हि० मीठा] चुबन। चूमा। (इस शब्द का व्यवहार स्त्रियाँ प्राय छोटे बालको के साथ करती हैं)।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

मिट्ठू[2]—सज्ञा पुं० [हि० मीठा + ऊ (प्रत्य०)] १ मधुरभाषी। मीठा बोलनेवाला। २ तोता।

मुहा०—अपने मुँह आप मियाँ मिट्ठू बनना = अपनी प्रशसा आप करना। अपने मुँह से अपनी बडाई करना।

मिट्ठू[3]—वि० १ चुप रहनेवाला। न बोलनेवाला। २ प्रिय बोलनेवाला। मधुरभाषी।

मिट्ठू[4]—सज्ञा स्त्री० [हि०] दे० 'मिट्टी'।

मिट्ठा—सज्ञा स्त्री० [हि०] दे० 'मिट्टी'।

मिठ—वि० [हि० मीठा] मीठा का सक्षिप्त रूप जिसका व्यवहार प्राय यौगिक बनाने के लिये होता है और जो किसी शब्द के पहले जोडा जाता है। जैसे, मिठलोना, मिठबोला।

मिठबोलना—सज्ञा पुं० [हि० मीठा + बोलना] दे० 'मिठबोला'।

मिठबोला—सज्ञा पुं० [हि० मीठा + बोलना] १. वह जो मीठी मीठी बातें करता हो। मधुरभाषी। उ०—रामेसरी का घरवाला अच्छा पडित था, नेकनीयत और मिठबोला।—नई०, पृ० २३ २ वह जो मन मे कपट रखकर मीठी मीठी बातें करता हो।

मिठरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हि०] दे० 'मठरी'।

मिठलोना—सज्ञा पुं० [हि० मीठा (= कम) + लोन (= नोन)] वह जिसमे बहुत ही कम नमक हो। थोडे नमकवाला।

मिठहा—वि० [हि० मीठा + हा (प्रत्य०)] अधिक मीठा खानेवाला।

मिठाई—सज्ञा स्त्री० [हि० मीठा + आई (प्रत्य०)] १. मीठा होने का

भाव। मिठास। माधुरी। २ कोई खाने की मीठी चीज। जैसे लड्डू, पेड़ा, बरफी, जलेबी आदि।

मुहा०—मिठाई चढ़ना = मनोवाछित कार्य पूरा होने पर पहले से सकल्पित मिठाई किसी देवता को अर्पित करना। मिठाई बाँटना = मनोवाछित कार्य पूरा होने पर प्रसन्नतास्वरूप मिठाई बाटना। अधिक मिठाई में कीड़े पड़ते हैं = आवश्यकता से अधिक प्रेम होने पर उस प्रेम मे बाधाएँ आती हैं। जो प्रेम आवश्यकता से अधिक होता है, वही खराब होता है। गई नारि जो खाई मिठाई = यदि स्त्री मिठबोली और उदार स्वभाव की है, तो उसके सतीत्व खो बैठने या हानि उठाने की सभावना रहती है। (लोकोक्ति)।

३ कोई अच्छा पदार्थ या बात।

मिठाना—क्रि० अ० [हिं० मीठा + आना (प्रत्य०)] मीठा होना। मधुर होना। उ०—मारचौ मनुहारिन भरी, गारचौ खरी मिठाहि। वाकौ अति अनखाहटौ, मुसकाहट बिनु नाहि। —बिहारी (शब्द०)।

मिठास—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठा + आस (प्रत्य०)] मीठा होने का भाव। मीठापन। माधुर्य। जैसे,—इसकी मिठास तो बिलकुल मिसरी के समान है।

मिठौरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठा + बरी] पीसे हुए उडद या चने की बनी हुई बरी।

मिड़नाⓊ—क्रि० अ० [हिं० मींड़ना] १ मला जाना। मसला जाना। उ०—सुमन सेज तें लगि रहे सुदरि तेरे गात। सुरभित हू मिड़ि के भए मृदुनलाल जलजात।—शकुतला, पृ० ५४। २ चिपकना। लग जाना। उ०—घनआनंद एड़िनि आनि मिड़ै तरवानि तरे तें भरै न डगै।—घनानद, पृ० १४।

मिडाई—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिंडाई'।

मिडिल[1]—वि० [अ०] किसी पदार्थ का मध्य। बीच।

मिडिल[2]—सज्ञा पुं० शिक्षाक्रम मे एक छोटी कक्षा या दरजा जो स्कूल के अतिम दर्जे (ट्रेंस) से छोटा होता था।

विशेष—अब यह नाम प्रचलित नहीं है। मिडिल स्कूलों को अब जूनियर हाई स्कूलों मे बदल दिया गया है।

मिडिलची—सज्ञा पुं० [हिं० मिडिल + ची (प्रत्य०)] वह जो मिडिल परीक्षा मे उत्तीर्ण हुआ हो। मिडिल पास (उपेक्षा०)।

मिडिल स्कूल—सज्ञा पुं० [अ०] वह स्कूल या विद्यालय जिसमे केवल मिडिल तक की पढ़ाई होती हो।

मिड़ुलिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० मड़ी] मड़ी। कुटी। मढ़िया।

मिणⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मणि'। उ०—सिर राखै मिण, नामक्रम, रीझै सिंधू राग।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ७।

यौ०—मिणधारी = मणि को धारण करनेवाला। मुख्य। उ०—मागलियो मुदर मिणधारी।—रा० रू०, पृ० १४०। मिणियद = मनियर। मणिवाला। प्रधान। मुख्य। उ०—मिणियद दल लेछे धर मगल—रा० रू०, पृ० ३१४।

मितगⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मितङ्गम] हाथी।

मितगम[1]—वि० धीरे धीरे चलनेवाला। मदगामी।

मितगम[2]—सज्ञा पुं० हाथी [को०]।

मितपच—वि० [सं० मितम्पच] १ नपा तुला पकानेवाला। थोडी मात्रा मे अन्न पकानेवाला। २ लघु या छोटे आकार का (बर्तन)। ३ मितव्ययी। अल्प व्यय करनेवाला [को०]।

मित[1]—वि० [सं०] १ जो सीमा के अदर हो। नपातुला। परिमित। २ थोडा। कम। जैसे,—मितव्ययी, मितभाषी। ३ फेंका हुआ। क्षिप्त।

मितⓊ—सज्ञा स्त्री० परिमाण। सीमा।

मितऊⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मित्र] मीत। साजन। प्रियतम। उ०—मितऊ मड़ैया सूनी करि गैलो।—धरम० श०, पृ० १२।

मितद्र—सज्ञा पुं० [सं०] समुद्र। सागर।

मितन्नी—सज्ञा स्त्री० [?] प्रागैतिहासिक आर्य जाति जो मध्य एशिया मे थी। उ०—हाल मे ही पच्छिम एशिया के बोगजकवाई नामक स्थान पर मितन्नी लेख मिले हैं जो ई० पू० १४०० के हैं और जिनमे वैदिक देवताओ का उल्लेख है।—हिंदु० सभ्यता, पृ० २७।

मितपनⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० मीत + पन (प्रत्य०)] मित्रता। स्नेह। प्रेम। उ०—मोहन लाल कहत राधा सो मेरें तो तुम ही सो मितपन।—छीत०, पृ० ६२।

मितभाषिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सयमित होकर बोलना। समझ बूझ के साथ थोडा बोलने की क्रिया। उ०—शिष्टता, नम्रता, सरलता, मितभाषिता, अतिथिप्रियता आदि उसके गुणो की ख्याति भारत मे ही नहीं, प्रत्युत इग्लिस्तान आदि सुदूरवर्ती देशो तक फैली हुई है।—राज० इति०, पृ० ११७०।

मितभाषीⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मितभाषिन्] [स्त्री० मितभाषिणी] १ वह जो बहुत कम बोलता हो। थोडा बोलनेवाला। २ समझ बूझकर बात कहनेवाला।

मितभुक्त—वि० [सं०] दे० 'मितभोजी'।

मितभोजी—वि० [सं० मितभोजिन्] कम खानेवाला। अल्प आहार करनेवाला [को०]।

मितमतिⓊ—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिसमे बहुत कम बुद्धि हो। थोडी बुद्धिवाला।

मितराईⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० मित्र + हिं० आई (प्रत्य०)] मित्रता। मिताई। उ०—झूठी बात करे लबराई। तासो हेतु करै मितराई। कबीर सा०, पृ० ५४३।

मितविक्रय—सज्ञा पुं० [सं०] कौटिलीय अर्थशास्त्र के अनुसार माप कर पदार्थ बेचना।

मितली—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिचली'। उ०—उसके मन मे मितली भी होने लगी।—सुनीता, पृ० ६३।

मितव्यय—सज्ञा पुं० [सं०] कम खर्च करना। किफायत।

मितव्ययिता—सज्ञा स्त्री० [स०] कम खर्च करने का भाव। उ०—रूप चयन, अवयव सयोजन, शक्ति व्यजना इगित, सूक्ष्म मितव्ययिता करते अद्भुत प्रभाव सवर्धन।—अतिमा, पृ० १०३।

मितव्ययी—सज्ञा पुं० [स० मितव्ययिन्] वह जो कम खर्च करता हो। किफायत करनेवाला।

मिताइया†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिताई'। उ०—पाहन ह्वै ह्वै सब गए, विनि भितियन के चित्र। जासो कियो मिताइया, सो घन भया न हित्र।—कबीर बी० (शिशु०), पृ० २१५।

मिताईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० मित्र, हिं० मीत+आई (प्रत्य०)] मित्रता। दोस्ती। उ०—मन मतग मारि दे तै, तोरि दे मिताई। - जग० श०, पृ० १२२।

मिताक्षरा—सज्ञा स्त्री० [स०] याज्ञवल्क्य स्मृति की विज्ञानेश्वर कृत टीका।

मितार्थ[1]—सज्ञा पुं० [स०] साहित्य मे तीन प्रकार के दूतो मे से एक प्रकार का दूत। वह दूत जो बुद्धिमत्तापूर्वक थोडी बातें कहकर अपना काम पूरा करे।

मितार्थ[2]—वि० नपे तुले अर्थवाला। परिमित अर्थवाला [को०]।

मितार्थक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मितार्थ' [को०]।

मिताशन—सज्ञा पु० [स०] कम भोजन करना। थोडा खाना।

मिताशी—सज्ञा पुं० [स० मिताशिन्] [स्त्री० मिताशिनी] वह जो बहुत थोडा खाता हो। कम भोजन करनेवाला।

मिताहार—वि० [सं०] परिमित आहार करनेवाला। कम खानेवाला। मितभोजी।

मिताहार[2]—सज्ञा पु० स्वल्पाहार। कम खाना। अल्पाहार [को०]।

मिताहारी—वि० [स० मिताहार+ई (प्रत्य०)] दे० 'मिताहार'। उ०—हम ऐसे फलाहारी और मिताहारी नही है।—सुनीता, पृ० ८६।

मिति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मान। परिमाण। उ०—गारुडिय ग्रह्यो अमृत मितिय विषम विष्प मल उत्तरै।—पृ० रा०, ६१। १५५८। २ सीमा। हद। मान माननिति। उ०—रामकथा कै मिति जग नाही। असि प्रतीति तिन्हके मन माही।—मानस, १।३३। ३ काल की अवधि। दिया हुआ वक्त।

मुहा०—**मिति पूजना**=आयु के दिन पूरा होना। दे० 'मिती'।

मिती—सज्ञा स्त्री० [स० मिति] १ देशी महीने की तिथि या तारीख। जैसे,—मिती आषाढ सुदी ४ स० १९८१ की चिट्ठी मिली।

मुहा०—**मिती चढ़ाना**=तिथि लिखना। तिथि डालना। **मिती उगना या पूजना**=हुडी का नियत समय पूरा होना। हुडी के भुगतान का दिन आना। जैसे,—इस हुडी की मिती पूजे दो दिन हो गए, पर रुपया नही आया।

२ दिन। दिवस। जैसे - उसके यहाँ अभी तीन मिती का व्याज और बाकी है। ३ वह तिथि जब तक का व्याज देना हो। जैसे,—इस हुडी की मिती मे अभी चार दिन बाकी है। (महाजन)।

मुहा०—**मिती काटना**=सूद काटना।

मितीकाटा—सज्ञा पुं० [हिं० मिती+काटना] १ वह हिसाब जिसके अनुसार सर्राफ लोग हुडी की मुद्दत तथा व्याज लेते है। २ सूद लगाने का वह ढग जिसमे प्रत्येक रकम का सूद उसकी अलग अलग मिती से जोडा जाता है।

मित्तⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मित्र, प्रा० मित्त] दे० 'मित्र'। उ०—पत्र परन औ पत्र सर, बाहन पत्र सुचित्त। पत्र पख विधि ना दिए, जिन उडि मिलते मित्त।—नद० ग्र०, पृ० ५०।

मित्तर†—सज्ञा पुं० [स० मित्र] १ वह लडका जो किसी खेल मे और सब लड़को का प्रधान या अगुआ होता है। २ मित्र। दोस्त।

मित्तीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मिति] मान। मिति। उ०—कलिकाल कित्ति मित्तिय इतिय।—पृ० रा०, १२।६।

मित्र—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो सब बातो मे अपना साथी, सहायक, समर्थक और शुभचिंतक हो। सब प्रकार से अपने अनुरूप रहनेवाला और अपना हित चाहनेवाला। शत्रु या विरोधी का उलटा। बधु। सखा। सुहृद। दोस्त। २ अतिविषा नाम की लता। अतीस। ३ सूर्य का एक नाम। उ०—अधकार मे मलिन मित्र की धुंधली आभा लीन हुई।—कामायनी, पृ० १४। ४ बारह आदित्यो मे से पहले आदित्य का नाम। ५ पुराणानुसार मरुद्गण में से पहले मरुत् का नाम। ६ वशिष्ठ के एक पुत्र का नाम जो ऊर्जा के गर्भ से उत्पन्न हुआ था। ७ आर्यों के एक प्राचीन देवता का नाम।

विशेष—ऋक्सहिता में लिखा है कि मनु से अदिति को जो आठ पुत्र हुए थे, उनमें से सात को अपने साथ लेकर आदिति देवलोक को चली गई थी, केवल मार्तंड नामक पुत्र को फेंक दिया था। ये आठ पुत्र मित्र, वरुण, धाता, अर्यमा, अश, भग, विवस्वान् और आदित्य या मार्तड थे। इनमें से पहले सातो को गिनती आदित्यो में होती है परतु महाभारत और पुराणो मे द्वादश आदित्य का वर्णन है, जिनमे से एक मित्र भी हैं, वेदो में मित्र ही सर्वप्रधान आदित्य माने गए हैं, परतु पुराणो आदि मे उनका स्थान गौण है। वेदो मे मित्र और वरुण की बहुत अधिक स्तुति की गई है, जिससे जान पडता है कि ये दोनो वैदिक ऋषियो के प्रधान दवता थे। वेदो मे यह भी लिखा है कि मित्र के द्वारा दिन और वरुण के द्वारा रात होती है। यद्यपि पीछे से मित्र का महत्व घटने लगा था, तथापि पहले किसी समय सभी आर्य मित्र की पूजा करते थे। पारसियो मे इनकी पूजा 'मिथ्र' के नाम से होती थी। मित्र की पत्नी 'मित्रा' भी उनकी पूजनीय थी और अग्नि की अधिष्ठात्री देवी माना जाती थी। कदाचित् असीरियावालो की 'माइलेत्ता' तथा

अरबवालो की 'आलिता देवी' भी यही मित्रा थी।

८ भारतवर्ष मे एक प्रसिद्ध प्राचीन राजवश का नाम जिसका राज्य उदुबर और पांचाल आदि स्थानो मे था।

विशेष—कुछ लोग इसे शुग वश की एक शाखा बतलाते हैं, तथा कुछ लोग इस वशवालो को शाकद्वीपी ब्राह्मण और कुछ शक क्षत्रिय मानते है। ईसवी पहली और दूसरी शताब्दी मे इसका बहुत जोर था। भानुमित्र, सूर्यमित्र अग्निमित्र, जयमित्र, इद्रमित्र, आदि इस वश के प्रधान राजा थे। इनके जो सिक्के पाए गए हैं उनमे से कुछ मे शैवो के, कुछ मे वैष्णवो के और कुछ मे सौरो के चिह्न पाए जाते हैं।

मित्रकर्म—सज्ञा पुं० [सं० मित्रकर्मन्] मित्रोचित काम। मित्र के योग्य कार्य [को०]।

मित्रकृत्—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम।

मित्रकृत्य—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मित्रकर्म'।

मित्रघ्न—सज्ञा पु [सं०] वह जो मित्र की हत्या करनेवाला हो। २. विश्वासघातक। ३ एक राक्षस का नाम।

मित्रघ्ना—सज्ञा स्त्री० [स०] एक नदी का नाम।

मित्रज्ञ सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो मित्र को जानता हो। अपने दोस्त मित्र को जानने पहचानने और उचित समादर करनेवाला व्यक्ति। २ एक राक्षस का नाम जो यज्ञ की सामग्री आदि छीन ले जाया करता था।

मित्रता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मित्र होने का धर्म या भाव। २. मित्र का धर्म।

मित्रत्व—सज्ञा पुं० [सं०] १. मित्र होने का धर्म या भाव। २ दोस्ती। मित्रता।

मित्रदेव सज्ञा पुं० [सं०] १ बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम। २ महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम। ३ मित्र नाम के आदित्य। विशेष दे० 'मित्र'।

मित्रद्रोह—सज्ञा पुं० [सं०] मित्र का अनिष्ट करना।

मित्रद्रोही—वि० [सं० मित्रद्रोहिन्] मित्र का द्रोह करनेवाला। मित्र को धोखा देनेवाला। मित्र का अहित करनेवाला।

मित्रपचक—सज्ञा पुं० [सं० मित्रपञ्चक] वैद्यक के अनुसार घी, शहद, गुजा, सुहागा और गुग्गुल इन पाँचो का समूह।

मित्रपद—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

मित्रप्रकृति—सज्ञा पुं० [सं०] विजेता के चारो ओर रहनेवाले मित्र-राष्ट्र या राजा।

मित्रप्रवर—सज्ञा पुं० [सं० मित्र+प्रवर] मित्रो मे श्रेष्ठ मित्र। आदरणीय मित्र। उ०—विश्राम के लिये मित्र प्रवर, बैठे थे ज्यो, बैठे पथ पर।—तुलसी०, पृ० २४।

मित्रबाहु—सज्ञा पुं० [सं०] १ बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम। २ श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

मित्रभ—सज्ञा पुं० [स०] अनुराधा नक्षत्र का नाम [को०]।

मित्रभानु—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक राजकुमार का नाम।

मित्रभाव सज्ञा पुं० [स०] मित्रता। दोस्ती [को०]।

मित्रभेद—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो दो मित्रो मे लड़ाई कराता हो। मित्रो मे झगड़ा करानेवाला। २ मित्रता मे बाधा पैदा होना। मित्रता भग होना। ३ यंत्र तत्र का एक तत्र।

मित्रयु—सज्ञा पुं० [स०] १ मित्र। दोस्त। २ वह व्यक्ति जो लोगों को अपना मित्र बना ले [को०]।

मित्रयुद्ध—सज्ञा पुं० [स०] मित्रो मे झगड़ा हो जाना [को०]।

मित्रलाभ—सज्ञा पुं० [सं०] १ मित्रो को प्राप्त करना। मित्रप्राप्ति। २ हितोपदेश के पहले अध्याय का नाम।

मित्रवती—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार श्रीकृष्ण की एक कन्या का नाम।

मित्रवत्सल—वि० [सं०] मित्रो के प्रति उदार। अपने मित्रो को चाहनेवाला [को०]।

मित्रवन—सज्ञा पुं० [स०] पजाब के मुलतान नामक नगर का एक प्राचीन नाम।

मित्रवर्द्धन—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम।

मित्रवान्[1]—वि० [सं० मित्रवत्] [वि० स्त्री० मित्रवती] जिसे मित्र हो। मित्रोवाला।

मित्रवान्[2]—सज्ञा पुं० १ एक असुर का नाम। २ बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम। ३ पुराणानुसार श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

मित्रवाह—सज्ञा पुं० [सं०] बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम।

मित्रविंद—सज्ञा पुं० [सं० मित्रविन्द] १ अग्नि। २ बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम। ३. पुराणानुसार श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

मित्रविंदा—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार श्रीकृष्ण की एक पत्नी का नाम।

मित्रविक्षिप्त—वि० [स०] मित्र के देश मे पड़ी हुई (सेना)।

मित्रविद्—सज्ञा पुं० [स०] गुप्तचर। जासूस।

मित्रविषय—सज्ञा पुं० [स०] दोस्ती। मित्रता [को०]।

मित्रवैर—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो मित्र से वैर या द्वेष करता हो।

मित्रसप्तमी—सज्ञा स्त्री० [स०] मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी।

विशेष—कहते हैं, इसी दिन कश्यप के वीर्य मे अदिति के गर्भ से मित्र नामक दिवाकर की उत्पत्ति हुई थी, इसी से इसका यह नाम पड़ा।

मित्रसह—सज्ञा पुं० [सं०] कल्माषपाद राजा का एक नाम।

मित्रसाह्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] महाभारत के अनुसार स्वर्ग मे रहनेवाली एक देवी का नाम।

मित्रसेन—सज्ञा पुं० [सं०] १ बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम। २. श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम। ३. एक बुद्ध का नाम।

मित्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मित्र नामक देवता की स्त्री का नाम। विशेष दे० 'मित्र–७'। २ शत्रुघ्न की माता। सुमित्रा। ३. महाभारत के अनुसार एक अप्सरा का नाम। ४. पराशर के शिष्य मैत्रेयी की माता का नाम।

मित्राईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० मित्र + हिं० आई (प्रत्य०)] मित्रता। दोस्ती।

मित्राक्षर—सज्ञा पु० [स०] छद के रूप में बना हुआ तुकात पद। अमित्राक्षर का उलटा।

मित्रायु—सज्ञा पुं० [स०] राजा दिवोदास के एक पुत्र का नाम।

मित्रावरुण—सज्ञा पुं० [स०] मित्र और वरुण नामक देवता।

मित्रावसु—सज्ञा पु० [स०] विश्वावसु के एक पुत्र का नाम।

मित्रो[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] दशरथ की पत्नी सुमित्रा जो लक्ष्मण और शत्रुघ्न की माता थीं। सुमित्रा।

मित्रीⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० मित्र] दे० 'मित्र'। उ०—मात पिता बधू तिय पुत्र सुवेष।—नट०, पृ० ११७।

मित्रेयु—सज्ञा पु० [सं०] राजा दिवोदास के पुत्र का नाम।

मिथ—अव्य [स० मिथस्] परस्पर। आपस मे। अन्योन्य [को०]।

मिथ—सज्ञा पुं० [अ०] पुराणकथा। पुरावृत्त। पौराणिक आख्यान।

मिथनⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मिथुन'—२। उ०—गृह कुटब महि पलचिआ मोह मिथन दुर्गध।—प्राण०, पृ० २४३।

मिथनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मेथी।

मिथाⓊ†—वि० [स० मिथ्या] दे० 'मिथ्या'। उ०—मिथा बूज कर चुप यह झूठा जमाना। अरे मन नको रे नको हा दिवाना।—दक्खिनी०, पृ० २५४।

मिथि—सज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार राजा निमि के पुत्र जनक का एक नाम।

विशेष—कहते हैं, राजा निमि को कोई पुत्र नही था। मुनियो को यह भय हुआ कि निमि के मरने के उपरात कही अराजकता न उत्पन्न हो, इसलिये उन लोगो ने निमि के शरीर को अरणी से मथा जिससे जनक की उत्पत्ति हुई। ये मथन से उत्पन्न हुए थे, इसलिये इनका एक नाम मिथि भी था। इन्हें उदावसु नामक एक पुत्र हुआ था।

मिथिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मेथी।

मिथिल—सज्ञा पु० [सं०] राजा जनक का एक नाम।

मिथिला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वर्तमान तिरहुत का प्राचीन नाम। राजा जनक इसी प्रदेश के राजा थे। उ०—मिथिला नगरी रहत हैं, रच्यो स्वयवर राय।—कबीर सा०, पृ० ३६। २. इस प्रात की प्राचीन राजधानी।

यौ०—**मिथिलापति** = राजा जनक।

मिथु[1]—सज्ञा पु० [सं०] असत्य। मिथ्या। झूठ।

मिथु[2]—अव्य० १. झूठमूठ। २ यथाक्रम। ३ साथ साथ [को०]।

मिथुन—सज्ञा पुं० [स०] १. स्त्री और पुरुष का युग्म। मर्द और औरत का जोडा। २ संयोग। समागम। ३. मेष आदि राशियो मे से तीसरी राशि।

विशेष—इस राशि मे मृगशिरा नक्षत्र के अतिम दो पाद, पूरा आर्द्रा और पुनर्वसु के आरभिक तीन पाद हैं। इसके अधिष्ठाता देवता गदाधारी पुरुष और वीणाधारिणी स्त्री मानी गई है। इसका दूसरा नाम जितुम है।

४ ज्योतिष मे मेष आदि लग्नो में से तीसरा लग्न।

विशेष—कहते हैं, इस लग्न मे जन्म लेनेवाला प्रियभाषी, द्विमार्त्रिक, शत्रुओ का नाश करनेवाला, गुणी, धार्मिक, कार्यकुशल और प्राय रोगी रहनेवाला होता है, और उसकी मृत्यु मनुष्य, साँप, जहर या पानी आदि के द्वारा होती है।

यौ०—**मिथुनभाव** = (१) जोडा बनाना। जोडा बनाने का भाव। (२) मैथुन। **मिथुनयमक** = यमक अलकार का एक भेद। **मिथुनविवाह** = प्रचलित विवाह प्रथा। वह विवाह प्रथा जो आजकल चल रही है। **मिथुनव्रती** = सयोगरत। सयोगस्थ।

मिथुनत्व—सज्ञा पुं० [स०] मिथुन का भाव या धर्म।

मिथुनी—सज्ञा पुं० [स० मिथुनिन्] खजन पक्षी [को०]।

मिथुनीकरण—सज्ञा पुं० [सं०] जोडा बनाना। नर मादा को परस्पर मिलाना [को०]।

मिथुनीभाव—सज्ञा पुं० [स०] सभोग। मैथुन [को०]।

मिथुनेचर—सज्ञा पुं० [स०] चक्रवाक [को०]।

मिथ्या—वि० [सं०] १. असत्य। झूठ। २. बेकार। व्यर्थ।

यौ०—**मिथ्याकोप** = बनावटी क्रोध। **मिथ्याग्रह** = निरर्थक हठ। दुराग्रह। **मिथ्याचर्या**। **मिथ्याजल्पित** = झूठा कथन। असत्य भाषण। **मिथ्याज्ञान** = भूल। गलती। भ्रम। **मिथ्यादृष्टि**। **मिथ्यापडित**। **मिथ्याभाषी** = असत्यवक्ता। झूठ बोलनेवाला। **मिथ्यावचन** = असत्य कथन। झूठी बात। **मिथ्यावाद**। **मिथ्यासाक्षी**।

मिथ्याचर्या—सज्ञा स्त्री० [स०] झूठा या कपटपूर्ण व्यवहार।

मिथ्याचार—सज्ञा पुं० [सं०] १ कपटपूर्ण आचरण। २ वह जो कपटपूर्ण आचरण करता हो।

मिथ्यातⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मिथ्यात्व] झूठापन। असत्यता। उ०—मिथ्यात ममता कुमति कुदया चारि डाँडी आहि।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६१६।

मिथ्यात्व—सज्ञा पुं० [सं०] १ मिथ्या होने का भाव। २. माया। ३ जैनो के अनुसार अठारह दोषो मे से एक।

मिथ्यादृष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] नास्तिकता।

मिथ्याध्यवसिति—सज्ञा स्त्री० [स०] एक अर्थालकार जिसमे कोई एक असभव या मिथ्या बात निश्चित करके तब कोई दूसरी बात कही जाती है, और इस प्रकार वह दूसरी बात भी मिथ्या ही होती है। जैसे,—जो आँजै नभ कुसुम रस, लखै सो अहि कें कान।

मिथ्यानिरसन—संज्ञा पु० [सं०] शपथपूर्वक किसी सच्ची बात का अस्वीकार करना।

मिथ्यापंडित संज्ञा पु० [सं० मिथ्यापण्डित] वह जो कुछ न जानता हो और झूठमूठ पंडित बनता हो।

मिथ्यापन—संज्ञा पु० [सं० मिथ्या + हिं० पन (प्रत्य०)] असत्यता। मिथ्यात्व। उ०—मिथ्या ही बतला देती, मिथ्या का रे मिथ्यापन।—गुंजन, पृ० १६।

मिथ्यापर—वि० [सं० मिथ्या + पर (प्रत्य०)] मिथ्यापरायण। असत्य का अनुयायी। उ०—मधु मुख, गरलहृदय, निजतारत मिथ्यापर देगा संसार जगह तुम्हें तब।—अनामिका, पृ० १६६।

मिथ्यापवाद—संज्ञा पु० [सं०] झूठा अभियोग। झूठा दोष। कलंक।

मिथ्यापुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'छायापुरुष'।

मिथ्याप्रतिज्ञ—वि० [सं०] झूठी प्रतिज्ञा करनेवाला। वचन का पालन न करनेवाला [को०]।

मिथ्याभियोग—संज्ञा पु० [सं०] किसी पर झूठमूठ अभियोग लगाना। अभ्याख्यान।

मिथ्याभिशंसन—संज्ञा पु० [सं०] किसी पर झूठमूठ कलंक लगाना।

मिथ्यामति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भ्रांति। धोखा २ भूल। गलती।

मिथ्यायोग—संज्ञा पुं० [सं०] चरक के अनुसार वह कार्य जो रूप, रस या प्रकृति आदि के विरुद्ध हो। जैसे, मल मूत्र आदि का वेग रोकना शरीर का मिथ्यायोग है, कठोर वचन आदि कहना वाणी का मिथ्यायोग है, तीव्र गंध आदि का सूँघना और भीषण शब्द आदि सुनना घ्राण और श्रवण का मिथ्यायोग है। उ०—पुरुष का इष्ट नाशादि सुनना मिथ्यायोग है।—माधव०, पृ० १२६।

मिथ्यावाद—संज्ञा पुं० [सं०] मिथ्या वचन। झूठी बात। झूठ [को०]।

मिथ्यावादी—संज्ञा पु० [सं० मिथ्यावादिन्] [वि० स्त्री० मिथ्यावादिनी] वह जो झूठ बोलता हो। असत्यवादी। झूठा।

मिथ्याविहार—संज्ञा पुं० [सं०] देह पुरुषार्थ से विशेष कामना करना। शरीर की शक्ति से अधिक कार्य करना।

मिथ्याव्यय—संज्ञा पुं० [सं० मिथ्या + व्यय] अपव्यय। दिखावे के लिये या अनुचित ढंग से खर्च करना। उ०—बारात बुलाकर मिथ्या-व्यय मैं करूँ, नहीं ऐसा मुसमय।—अनामिका, पृ० १३१।

मिथ्याव्यवहार—संज्ञा पु० [सं०] किसी विषय को न जानते हुए भी उसमें दखल देना। अनधिकार चर्चा।

मिथ्यासाक्षी—संज्ञा पु० [सं० मिथ्यासाक्षिन्] वह जो झूठी गवाही देता हो। झूठा गवाह।

मिथ्याहार—संज्ञा पु० [सं०] अनुचित या प्रकृति के विरुद्ध भोजन करना। जैसे, मछली के साथ दूध।

मिथ्योत्तर—संज्ञा पु० [सं०] याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार व्यवहार में चार प्रकार के उत्तरों में से एक प्रकार का उत्तर। अभियुक्त का अपना अपराध छिपाने के लिये झूठ बोलना।

मिथ्योपचार—संज्ञा पु० [सं०] १ झूठी दया या सेवा। २ दिखावे की प्रशंसा। खुशामद। ३ असत्य चिकित्सा। झूठा इलाज [को०]।

मिधिⓊ—अव्य० [सं० मध्य] दे० 'मध्य'। उ०—बस गुन ही गुन निरखत तिहिं मिधि सरल प्रकृति को प्रेरौ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ८९३।

मिनⓊ—संज्ञा पुं० [सं० मीन] मछली। मीन। उ०—मलेछ सोई मिन मास जो खावै। मलेछ साई जेहि ज्ञान न भावै।—संत० दरिया, पृ० ६।

मिनकना—क्रि० अ० [अनु०] १. धीरे से बोलना। कुछ कहना। २ हूँ हाँ करना। भुनभुनाना। उ०—दरजी खर्राटें ले रहा था मिनका तक नहीं।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ८८। ३ भय के साथ बोलना।

मिनकार†—संज्ञा पुं० [अनु० ?] जिससे मिन् मिन् किया जाय अर्थात् मुख या चोंच। उ०—अधिक तेज काँटे से की सस्त बोल। लग्या बोलन ताई मिनकार खोल।—दक्खिनी०, पृ० ६०।

मिनकीⓊ—संज्ञा स्त्री० [देश०] बिल्ली। उ०—मूसा इत उत फिरै ताकि रही मिनकी।—सुंदर० ग्र०, भा० २, पृ० ३६८।

मिनखाⓊ†—संज्ञा पु० [सं० मनुष्य] दे० 'मानुष'। उ०—यो मिनखा तन पाइकै भज्यो नहीं भगवान। जन हरिया तब मानखो मिलै नहीं आसान—राम० धर्म०, पृ० ६६।

मिनखीⓊ†—संज्ञा स्त्री० [देश०] बिल्ली। मिनकी। उ०—मावडियो वन माँझली सो नहँ जाय सिकार। डोला मिनखी सूँ डरै मूसा ज्यो मुरदार।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० १६।

मिनट—संज्ञा पुं० [अ०] एक घंटे का साठवाँ भाग। साठ सेकेंड का समय।

मुहा०- **मिनटों में** = बात की बात में। जैसे—वह यह काम मिनटों में कर डालेगा। **मिनट भर** = अत्यल्प समय। बहुत थोड़ा समय। जैसे,—वे मिनट भर पहले गए हैं।

मिनती[1]†—संज्ञा स्त्री० [सं० विनति] प्रार्थना। विनती।

मिनती[2]—संज्ञा पु० [अनु० मक्खी के शब्द से] मक्खी की बोली के समान, धीमा, कुछ नाक से निकला स्वर।

मिनमिन[1]—क्रि० वि० [सं०] मक्खी की भनभनाहट के रूप में। धीमे दबे हुए स्वर में। कुछ नाक से निकले धीमे स्वर में। जैसे,—वह मिनमिन बोलता है, इसी से उसे सीधा समझते हो।

मिनमिन[2]—वि० नकियाकर बोलनेवाला। मिनमिन बोलनेवाला।

मिनमिन—संज्ञा स्त्री० मिनमिन की आवाज। अस्पष्ट ध्वनि।

मिनमिना—वि० [हिं० मिनमिन] १. मिनमिन शब्द करनेवाला। नाक से स्वर निकालकर धीमे बोलनेवाला। २ थोड़ी सी बात पर कुढ़नेवाला। ३ सुस्त। मट्ठर।

मिनमिनाना—क्रि० अ० [हिं० मिनमिन] १ मिन् मिन् शब्द करना। नाक से बोलना। नकियाना। २ कोई काम बहुत धीरे धीरे करना। बहुत सुस्ती से काम करना।

मिनमिनाहट—सज्ञा स्त्री० [अनु०] मिन्मिन् की ध्वनि या आवाज ।

मिनवाल—सज्ञा पु० [अ०] करघे में का वह वेलन जिसपर बुना हुआ कपडा लपेटा जाता है और जो बुननेवाजे के ठीक आगे रहता है ।

मिनहा—वि० [अ०] जो काट या घटा लिया गया हो । मुजरा किया हुआ । जैसे, अभी इसमे दो तीन रकमे मिनहा होने को हैं ।

मिनहाई†—सज्ञा स्त्री० [अ० **मिनहा**] कटौती ।

मिनाकⓊ—सज्ञा पुं० [स० **मैनाक**] दे० 'मैनाक' । उ०—पूजा पाइ मिनाक पहि, मुरसा कपि सवादु । मारग अगम सहाय सुभ, होइहि राम प्रसादु ।—तुलसी ग्र०, पृ० ८६ ।

मिनारा†—सज्ञा पु० [अ० **मनार**] दे० 'मीनार' ।

मिनिट—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'मिनट' ।

मिनिटबुक—सज्ञा स्त्री० [अ०] वह वही या किताव जिसमे किसी सभा, समिति के अधिवेशनो मे सपन्न हुए कार्यों का विस्तृत विवरण लिखा जाता है ।

मिनिस्टर—सज्ञा पु० [अ०] १ मत्री । सचिव । दीवान । वजीर । २ राजदूत । एलची । ३ धर्मोपदेष्टा । धर्माचार्य । पादरी । (ईसाई) ।

मिनिस्ट्री—सज्ञा स्त्री० [अ०] १. मत्रिमंडल । शासन । हुकूमत । ३. मत्रित्व । मत्रिपद । उ०— आज काउमिल की मिनिस्ट्री पाकर भी शायद उतना आनद न होता ।—मान०, भा० ५, पृ० ११० ।

मिन्—प्रत्य० [अ०] से ।

मिन्जानिब—क्रि० वि० [अ०] ओर से । तरफ से । (कचहरी०) ।

मिन्जुमला—क्रि० वि० [अ०] सब मे से । कुल मे से ।

मिन्नत—सज्ञा स्त्री० [अ०, मि० स० **विनति**, हिं० **मिनती**] १. प्रार्थना । निवेदन । २. दीनता । दैन्य ।

यौ०—**मिन्नत खुशामद** = दीनतापूर्वक की हुई प्रार्थना । **मिन्नत समाजत** = विनय । प्रार्थना । उ०—यो तो मैं विनय की मिन्नत समाजत करूँ, तो वह रियासत से चले जाने पर राजी हो जायँगे ।—रगभूमि, भा० २, पृ० ४७८ ।

३ एहसान । कृतज्ञता । (क्व०) ।

क्रि० प्र०—**उठाना** ।—**करना** ।

मिन्मिन, मिन्मिल[१]—वि० [स०] नाक के स्वर मे बोलनेवाला । नकियाकर बोलनेवाला ।

मिन्मिन, मिन्मिल[२]—सज्ञा पु० नकियाकर बोलना जो एक रोग है [को०] ।

मिमत—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन ऋषि का नाम ।

मिमासाⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **मीमासा**] दे० 'मीमासा' । उ०—करम ईसर मिमासा मे वरन ब्राह्मन सुनाते हैं ।—तुरसी० श०, पृ० ३४ ।

मिमियाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिमियाना** + ई (प्रत्य०)] वकरी ।

मिमियाना—क्रि० अ० [मिन् मिन् से अनु०] वकरी या भेंड का 'मि मि' शब्द करना । भेंड या बकरी का बोलना ।

मियाँ—सज्ञा पु० [फ़ा०] १ स्वामी । मालिक । २ पति । खसम । जैसे,—मियाँ के मियाँ गए, बुरे बुरे सपने आए ।

यौ०—**मियाँ बीवी** ।

३ बडो के लिये एक प्रकार का सबोधन । महाशय । (मुसल०) । ४. बच्चो के लिये एक प्रकार का सबोधन । ५. शिक्षक । उस्ताद ।

यौ०—**मियाँगरी, मियाँगीरी** = शिक्षक का कार्य । अध्यापन । **मियाँ जी** = शिक्षक ।

६ पहाडी राजपूतो की एक उपाधि । जैसे, मिया रामसिह । ७ मुसलमान । जैसे,—वे सब मियाँ ठहरे, एक ही मे खा पका लेंगे । ८ चर । कासिद । दूत (को०) । ९ कुटना । चुगलखोर (को०) । †१०. गायक । पक्की चीजें गानेवाला । उस्ताद ।

मियाँ ठाकुर†—सज्ञा पु० [फा० **मियाँ** + हिं० **ठाकुर**] एक जाति जो अपने को न हिंदू मानती है और न मुसलमान, वरन् उभय मानती है । उ०—ये 'मियाँ ठाकुर' कहलाना पसद करते है । ये मानते हैं कि ये न तो हिंदू है और न मुसलमान, बल्कि उभय हैं ।—पत० दरिया पृ० ११ ।

मियाँ मिट्ठू—सज्ञा पु० [हिं० **मियाँ मिट्ठू**] १ मीठी बोली बोलनेवाला । मधुरभाषी ।

मुहा०—**अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना** = अपने मुँह से अपनी प्रशसा करना । बिना कुछ समझाए याद कराना ।

२ तोता ।

मुहा०—**मियाँ मिट्ठू बनाना** = तोते की तरह रटाना । बिना समझाए पढ़ाना ।

३ मूर्ख । बेवकूफ ।

मुहा०—**मियाँ की जूती मियाँ का सिर** = जिसकी चीज हो, उसका उसी के विरुद्ध व्यवहार करना । बेवकूफ बनाना ।

मियान[१]—सज्ञा स्त्री० [फा० **म्यान**] दे० 'म्यान' ।

मियान[२]—सज्ञा पु० [फा०] मध्य भाग । बीच का हिस्सा ।

यौ०—**दरमियान** = मध्य मे । बीच मे ।

मियानतह—सज्ञा स्त्री० [फा० **मियान** (= मध्य) + हिं० **तह**] वह साधारण कपडा जो किसी अच्छे कपडे के नीचे उसकी रक्षा आदि के लिये दिया जाता है । जैसे, रजाई की मियानतह ।

मियानतही—सज्ञा स्त्री० [फा० **मियानतही**] १ वह बिस्तर जिसके दोनो पल्लो के बीच रुई न हो । २ दे० 'मियानतह' ।

मियानवाला—वि० [फा०] सामान्य कद का । साधारण आकार का । न ठिगना, न लबा [को०] ।

मियाना[१]—वि० [फा० **मियानह**] न बहुत बडा और न बहुत छोटा । मध्यम आकार का ।

मियाना[२]—सज्ञा पु० १ वे खेत जो किसी गाँव के बीच मे हो । २. एक प्रकार की पालकी । ३. गाडी मे आगे की ओर बीच मे

लगा हुआ वह बाँस जिसके दोनो ओर घोडे जोते जाते हैं। बम। वल्ली। ४ वह घोडा जो मझोले कद का हो (को०)। ५ वह बडा मोती जो हार को लडी के बीच मे हो (को०)।

यौ०—मियाना कद = मझोले आकार का। न लवा न ठिगना। मियाना रवी = मध्यम मार्ग। सरलाचार। मियाना रौ = मध्यममार्गी। सरलाचारी।

मियानी—सज्ञा स्त्री० [फा० मियान + ई (प्रत्य०)] पायजामे मे वह कपडा जो दोनो पायँचो के बीच मे पडता है

विशेष—इसे कही कही रूमाल भी कहते हैं।

मियार†—सज्ञा पुं० [हिं० मँझार ?] वह लकडी जो कूएँ के ऊपर दो खभो पर लगी होती है और जिसमें गराडी पड़ी रहती है।

मियाल†—सज्ञा पु० [हिं० मँझार ?] दे० 'मियार'।

मियेध—सज्ञा पु० [सं०] १. पशु। २ यज्ञ।

मिरगा—सज्ञा पु० [फा०] प्रवाल। मूँगा।

मिरकी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] चौपायो को होनेवाली मुँह की एक बीमारी। (अवध)।

मिरखभ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मिरखम'।

मिरखम—सज्ञा पु० [स० मेरुस्तम्भ, प्रा० मेरखभ] कोल्हू मे वह लकडी जो बैठकर हाँकने की जगह खडे बल में लगी रहती है।

मिरगⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० मृग] मृग। हरिन।

मिरगचिडा—सज्ञा पुं० [हिं० मिरग + चिड़ा] एक प्रकार का छोटा पक्षी।

मिरगछाला‡—सज्ञा स्त्री० [सं० मृग + हिं० छाल] दे० 'मृगछाला'।

मिरगनीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिरग] दे० 'मृगी'। उ०—पाँच मिरग पच्चीस मिरगनी तिन मे तीन चितारे।—कबीर श०, भा० २, पृ० ३५।

मिरगमदⓊ—सज्ञा पु० [स० मृगमद] दे० 'मृगमद'। उ०—गोलोचन गोसीस मिरगमद नाभि तें जानौं। भिन्न भिन्न गुन होय नीर एक हि पहिचानौ।—पलटू०, पृ० ६६।

मिरगलाⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० मिरग + ला (प्रत्य०)] दे० 'मृग'। उ०—यहु वन हरिया देखि करि, फूल्यौ फिरै गँवार। दादू यहु मम (?) मिरगला, काल अहेडी लार।—सतवाणी०, पृ० ८०।

मिरगा†—सज्ञा पुं० [हिं० मृगा] दे० 'मृग'। उ०—जैसे मिरगा शब्द सनेही शब्द सुनन को जाई।—कबीर श०, भा० १, पृ० ३५।

मिरगानीⓊ—सज्ञा पु० [स० मृग] मृगचर्म की आसनी। मृगछाला। उ०—कवनु मुद्रा कवनु मिरगानी।—प्राण०, पृ० ७६।

मिरगारनⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृगारण्य] जगली जानवरो का वन। मृगारण्य।

मिरगिया—सज्ञा पु० [सं० मिरगी + इया (प्रत्य०)] वह जिसे मिरगी का रोग हो।

मिरगिसिराⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृगशिरस्] दे० 'मृगशिरा'। उ०—तपनि मिरगिसिरा जे सहहिं अद्रा ते पलुहत।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३५४।

मिरगी—सज्ञा स्त्री० [सं० मृगी] एक प्रसिद्ध मानसिक रोग। अपस्मार।

विशेष—इस रोग का बीच बीच मे दौरा हुआ करता है और इसमे रोगी प्राय मूर्छित होकर गिर पडता है, उसके हाथ पैर ऐंठने लगते है और उसके मुँह से झाग निकलने लगता है। कभी कभी रोगी के केवल हाथ पैर ही ऐंठते है और उसे मूर्छा नही आती। यह रोग वातज, पित्तज, कफज और सन्निपातज भेद से चार प्रकार का कहा गया है। विशेष दे० 'अपस्मार'।

क्रि० प्र०—आना।—होना।

मिरगुⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० मृग] दे० 'मृग'।

मिरघ—सज्ञा पु० [स०] बौद्धो के अनुसार एक बहुत बडी सख्या।

मिरचा—सज्ञा पुं० [स० मरिच] लाल मिर्च।

मिरचाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिरचा + ई (प्रत्य०)] १ दे० 'मिर्च'। २ दे० 'काला दाना'।

मिरचियागध—सज्ञा पुं० [हिं० मिर्च + गध] रूसा घास।

मिरची—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिर्च] छोटी, पर बहुत तेज लाल मिर्च।

मिरजई—सज्ञा स्त्री० [फा० मिरजा] एक प्रकार का बददार अगा जो कमर तक और प्राय पूरी बाँह का होता है।

मिरजा[1]—सज्ञा पुं० [फा० मिरजा, मीरजा] १. मीर या अमीर का लडका। मीरजादा। अमीरजादा। २ राजकुमार। कुँवर। ३ मुगलो की एक उपाधि। ४ तैमूर वश के शाहजादो की उपाधि।

मिरजा[2]—वि० कोमल। नाजुक। (व्यक्ति)।

मिरजाई—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ मिरजा का भाव या पद। २. सरदारी। नेतृत्व। ३ अभिमान। घमड। ४ दे० 'मिरजई'।

मिरजान—सज्ञा पुं० [फा०] प्रवाल। मूँगा।

मिरजानी—वि० [फा०] मूँगे का [को०]।

मिरजा मिजाज—वि० [फा० मिरजा + मिजाज] नाजुक दिमाग का।

मिरत‡—सज्ञा स्त्री० [सं० मृत्यु] दे० 'मृत्यु'।

यौ०—मिरतलोक Ⓤ = दे० 'मृत्युलोक'। उ०—मिरतलोक से हमा आए, पुहप दीप चल जाई।—कबीर श०, भा० १, पृ० ६३।

मिरतक†—सज्ञा पुं० [सं० मृतक] दे० 'मृतक'। उ०—मिरतक बाँधि कूप मे डारे, भाभी सोच मरे।—घट०, पृ० २६५।

मिरथाⓊ†—वि० [स० वृथा (= व्यर्थ)] निरर्थक। बेकार। उ०—बिनु गुरु ज्ञान नाम ना पैहो, मिरथा जनम गँवाई हो।—कबीर श०, भा० ३, पृ० २४।

मिरदग—सज्ञा पुं० [स० मृदङ्ग] दे० 'मृदग'।

मिरदगी—सज्ञा पुं० [हिं० मिरदग + ई (प्रत्य०)] वह जो मृदग बजाता हो। पखावजी। उ०—बीली नाचे मुस मिरदगी खरहा ताल बजावै।—सत० दरिया, पृ० १२६।

मिरनालⓊ—सज्ञा पुं० [स० मृणाल] दे० 'मृणाल'। उ०—शोभित कर मिरनाल सरोजा।—कबीर सा०, पृ०९९।

मिरवनाⓊ†—क्रि० स० [हिं० मिलाना] दे० 'मिलाना'।

मिरा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मूर्वा। २. मदिरा। शराब।

मिरास—सज्ञा पु० [अ० मीरास] दे० 'मीराम'। उ० इन सबो के लिये हिंदी अपने पितृपुरुषो से प्राप्त मिरास या रिक्थ है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ७५।

मिरासी सज्ञा पु० [अ० मीरासी] दे० 'मीरासी'।

मिरिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की लता।

मिरिगⓊ—सज्ञा पु० [स० मृग] दे० 'मृग'। उ०—नैन कँवल जानहुँ घनि फूले। चितवनि मिरिग सोवत जमु भूले।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३३९।

मिरिगारनⓊ—सज्ञा पु० [स० मृगारण्य] जगल जिनमे पशु रहते हैं। मिरगारन। उ०—मिरिगारन महँ भएउ बसेरा।—जायसी ग्रं०, पृ० ५८।

मिरिच—सज्ञा स्त्री० [स० मरिच] दे० 'मिर्च'।

मिरिचियाकदक—सज्ञा पु० [हिं० मिरिच + गध] रोहिस घास।

मिरियास, मिरियासिⓊ†—सज्ञा स्त्री० [अ० मीरास] किसी के मरने पर उसके उत्तराधिकारी को मिलनेवाली संपत्ति। मीरास। उ०—नाही मानस हस यह नहिं मोतिन की रासि। ये तो मबुक मलिन सर करटन की मिरियासि।—दीन० ग्र०, पृ० १०१।

मिरोरनाⓊ—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मरोडना'। उ०—ताकै नैन मिरोरि नही चित अतै टारै।—पलटू०, पृ० ५१।

मिर्गⓊ—सज्ञा पु० [सं० मृग] दे० 'मृग'। उ०—मिर्ग की नाभ कस्तूरी।—तुरसी० श०, पृ० ३१।

मिर्गी—सज्ञा स्त्री० [स० मृगी] दे० 'मिरगी'।

मिर्च—सज्ञा स्त्री० [स० मरिच] १ कुछ प्रसिद्ध तिक्त फलो और फलियो का एक वर्ग जिसके अतर्गत काली मिर्च, लाल मिर्च और उनकी कई जातियाँ हैं। २ इस वर्ग की एक प्रसिद्ध तिक्त फली जिसका व्यवहार प्राय सारे ससार मे व्यजनो मे मसाले के रूप मे होता है और जिसे प्राय लाल मिर्च और कही कही मिरचा, मरिचा या मिरचाई भी कहते हैं।

विशेष—इस फली का चुप मकोय के चुप के समान, पर देखने मे उससे अधिक झाडदार होता है, और प्राय. सारे भारत मे इसी फली के लिये उसकी खेती की जाती है। इसके पत्ते पीछे की ओर चौडे और आगे की ओर अनीदार होते हैं। इसके लिये काली चिकनी मिट्टी की अथवा बाँगर मिट्टी की जमीन अच्छी होती है। दुम्मट जमीन मे भी यह चुप होता है, पर कडी और अधिक बालूवाली मिट्टी इसके लिये उपयुक्त नही होती। इसकी बोआई असाढ से कार्तिक तक होती है। जाडे मे इसमे पहले सफेद रग के फूल आते हैं तब फलियाँ लगती हैं। ये फलियाँ आकार मे छोटी, बडी, लबी, गोल अनेक प्रकार की होती हैं। कही कही इनका आकार नारगी के समान गोल और कही कही गाजर के समान भी होता है पर साधारणतः यह उगली के बराबर लबी और उतनी ही मोटी होती है। इन फलियो का रग हरा, पीला, काला, नारगी या लाल होता है और ये कई महीनो तक लगातार फलती रहती हैं। प्राय. कच्ची दशा मे इनका रग हरा और पकने पर लाल हो जाता है। मसाले मे कच्ची फलियाँ भी काम आती है और पकी तथा सुखाई हुई फलियाँ भी। कुछ जाति की फलियाँ बहुत अधिक तिक्त तथा कुछ बहुत कम तिक्त होती हैं। अचार आदि मे तो ये फलियाँ और मसालो के साथ डाली ही जाती हैं, पर स्वय इन फलियो का भी अचार पडता है। इसके पत्तो की तरकारी भी बनाई जाती है। इसका स्वाद तिक्त होने के कारण तथा इसके गरम होने के कारण कुछ लोग इसका बहुत कम व्यवहार करते हैं अथवा बिलकुल ही नही करते। वैद्यक मे यह तिक्त, अग्निदीपक, दाहजनक तथा कफ, अरुचि, विशूचिका, व्रण, आर्द्रता, तद्रा, मोह, प्रलाप और स्वरभेद आदि को दूर करनेवाली मानी गई है। त्वचा पर इसका रस लगने से जलन होती है, और यदि इसका लेप किया जाय तो तुरत छाले पड जाते हैं। इसके सेवन से हृदय, त्वचा, वृक्क और जननेंद्रिय मे अधिक उत्तेजना होती है। पर यदि इसका बहुत अधिक सेवन किया जाय तो बल और वीर्य की हानि होती है। वैद्यक, हिकमत और डाक्टरी सभी मे इसका व्यवहार ओषधि रूप मे होता है।

पर्या०—**कटुवीरा। रक्त मरिच। कुमारिच। तीक्ष्ण। उज्वला। तीव्रशक्ति। अजडा।**

मुहा०—**मिर्चा लगना**=असह्य होना। उत्तर मे कही गई बात बहुत बुरी लगना।

२ एक प्रकार का प्रसिद्ध काला छोटा दाना जिसे काली मिर्च या गोल मिर्च भी कहते हैं और जिसका व्यवहार व्यजनो मे मसाले के रूप में होता है।

विशेष—यह दाना एक लता का फल होता है। इस लता की खेती पूर्वभारत में आसाम मे, तथा दक्षिणभारत में मलावार कोचीन, ट्रावनकोर आदि प्रदेशो मे अधिकता मे होती है। देहरादून और सहारनपुर आदि कुछ स्थानो मे भी इसकी बहुत खेती होती है। यह लता प्राय दूसरे वृक्षो पर चढती और उन्ही के सहारे फैलती है। यह लता बहुत दृढ होती है और इसके पत्ते पीपल के पत्तो के समान और ५-७ इच लबे तथा ३-४ इच चौडे होते हैं। इसकी लबी लबी डालियो में गुच्छो मे फूल और फल लगते हैं। प्राय वर्षा ऋतु मे पान की बेल की तरह इस लता के भी छोटे छोटे टुकडे करके बडे बडे वृक्षो की जडो के पास गाड दिए जाते हैं जो थोडे दिनो मे लता के रूप मे बढकर उन वृक्षो पर फैलने लगते है। नारियल, कटहल और आम के वृक्षो पर यह लता बहुत अच्छी तरह फैलती है। तीसरे या चौथे वर्ष इन लताओ मे फल लगते हैं और प्राय बीस वर्ष तक लगते

रहते हैं। कच्ची दशा मे ये फल लाल रग के होते हैं, पर पकने और सूखने पर काले रग के हो जाते हैं, और प्राय इसी रूप मे बाजारो मे मिलते हैं। कभी कभी इन सूखे फलो को पानी मे भिगोकर उनका ऊपरी छिलका अलग कर लिया जाता है जिसमे अदर से सफेद या मटमैले रग के फल निकल आते ह और जो बाजारो मे 'सफेद मिर्च' के नाम से बिकते हैं। इस दशा मे उनका तीतापन भी कुछ कम हो जाता है।

भारतवर्ष मे इसका व्यवहार और उपज बहुत प्राचीन काल से होती आई है और यहाँ से बहुत अधिक मात्रा मे यह विदेश भेजी जाती रही है। वैद्यक मे यह कडवी, चरपरी, हलकी, गरम, रूखा, तीक्ष्ण, अवृष्य, छेदक, शोपक, पित्तकारी, अग्नि-प्रदीपक, रुचिकारी, तथा कफ, वात, श्वास, शूल, कृमि, खाँसी, हृदयरोग और प्रमेह तथा ववासीर का नाश करनेवाली मानी गई है। साधारणत इसका व्यवहार मसाले के रूप मे ही होता है, पर हिकमत और डाक्टरी मे यह ओपधि के रूप मे भी काम आती है। जिन लोगो को लाल मिर्च अप्रिय या हानिकारक होती है वे प्राय इसी का व्यवहार करते हैं, क्योकि यह उसमे कम तिक्त भी होती है और उत्तेजक तथा दाहजनक भी कम होती है।

पर्या०—मरिच। वेणुज। यनवप्रिय। वल्लीज। कोल। कृष्ण। शुद्ध। कोलक। धमपत्तन। ऊषण। वरिष्ट। कटुक। वेणुक। शिरोवृत्त। वार आदि।

मिर्च[2]—वि० जिसका स्वभाव बहुत ही उग्र, तीव्र या कटु हो। (क्व०)।

मिर्चन†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिर्च+न (प्रत्य०)] झडवेरी के फलो का चूर्ण जो नमक मिर्च मिलाकर चाट के रूप मे वेचा जाता है।

मिर्चिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिर्च] रोहिस घास।

मिर्तⓊ†—सज्ञा पु० [स० मर्त्य वा मृत्यु] मृत्युलोक। नरलोक। उ०—सुर्ग मिर्त पाताल कहा, कहा तीन लोक विस्तार।—दरिया० वानी, पृ० ५।

मिर्तकⓊ—सज्ञा पुं० [स० मृतक] दे० 'मृतक'। उ०—(क) मिर्तक परा वैद कह करई।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० २१८। (ख) तुम तन मिर्तक देखि कै कियो वैद कर वेस।—हिं० क० का०, पृ० २१६।

मिल—सज्ञा स्त्री० [अ० मिल्स] १ कपडा बुनने का कारखाना। पुतलीघर। उ०—मिल बनती या भाड मे जाती।—रगभूमि, भा०२, पृ० ६२६। २ आटा आदि पीसने, लकडी काटने या चीरने तथा चीनी आदि बनाने का कल या कारखाना।

यौ०—मिल मजदूर=मिल मे काम करनेवाला मजूरा। मिल मालिक=मिल या कारखाने का मालिक।

मिलक†—सज्ञा स्त्री० [अ० मिल्क] १ जमीन जायदाद। जमीदारी। मिलकियत। २ जागीर। उ०—ब्रज की भूमि इद्र ते मानो मदन मिलक करि पाई।—सूर (शब्द०)।

मिलकना†—क्रि० अ० [देश०] दीप का जलना या प्रकाशित होना।

मिलकाना[1]†—क्रि० स० [हिं० मिलकना] दीया जलाना या वालना। दीप जलाना।

मिलकाना[2]—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मलकाना' वा 'मुलकाना'। जैसे, आँखें मिलकाना।

मिलकी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिलक+ई (प्रत्य०)] १. वह जिसके पास जमीन जायदाद हो। जमीदार। २ वह जिसके पास धन सपत्ति हो। दौलतमद। अमीर।

मिलन—सज्ञा पुं० [सं०] मिलने की क्रिया या भाव। मिलाप। भेंट। समागम। योग। २ मिश्रण। मिलावट। ३. एकत्र होना। इकट्ठा होना।

मिलनसार वि० [हिं० मिलन+सार (प्रत्य०)] जो सबसे प्रेम-पूर्वक मिलता हो। सबसे हेलमेल रखनेवाला। सुशील और सद्व्यवहार रखनेवाला।

मिलनसारी सज्ञा स्त्री० [हिं० मिलनसार+ई (प्रत्य०)] सबसे प्रेमपूर्वक मिलने का गुण। सबसे हेलमेल रखना। सद्व्यवहार और सुशीलता।

मिलना[1] क्रि० अ० [स० मिलन] १ एक पदार्थ का दूसरे मे पडना। समिलित होना। मिश्रित होना। जैसे, दाल मे नमक मिलना। २ दो भिन्न भिन्न पदार्थों का एक होना। बीच मे का अतर मिटना। जैसे,—अब ये दोनो मकान मिलकर एक हो गए हैं। ३ समिलित होना। समूह या समुदाय के भीतर होना। जैसे,—(क) हमारी किताबें भी इन्ही में मिल गई ह। (ख) अब वह भी जात मे मिल गए हैं।

यौ०—मिलाजुला=(१) समिलित। (२) मिश्रित।

मुह०—मिलीमार=ऊपर से मिला रहना और भीतर से हानि पहुँचाने की कोशिश करना। उ०—मानो मार की मिली मार कर कुतूहल दिखला रही है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १२५।

४ सटना। जुडना। चिपकना। ५ आकृति, गुण आदि मे समान होना, बिलकुल या बहुत कुछ बराबर होना। जैसे,—(क) इन दोनो पुस्तको का विषय बहुत कुछ मिलता है। (ख) इन दोनो का स्वभाव बहुत कुछ मिलता है।

यौ०—मिलता जुलता=एक सा। समान। तुल्य।

६ भेंट होना। मुलाकात होना। देखादेखी होना। जैसे,—वह मुझसे रोज मिलते हैं।

यौ०—मिलनातुर=मिलने के लिये व्यग्र।

७ विरोध या द्वेष दूर होना। मेल मिलाप होना। ८ सभोग करना। मैथुन करना। ९ किसी के पक्ष मे हो जाना। जैसे,—अब तो आप भी उधर ही जा मिले। १० लाभ होना। नफा होना। फायदा होना। जैसे,—इस सौदे में आपको भी कुछ मिलकर ही रहेगा। ११ प्रत्यक्ष होना। सामने आना। पता लगना। जैसे, रास्ता मिलना।

सयो० क्रि०—जाना।

१२ बजने से पहले बाजो का सुर या आवाज ठीक होना। जैसे, तबला मिलना, सारगी मिलना। १३ प्राप्त होना। उपलब्ध होना। जैसे,—यह पुस्तक बाजार मे मिलती है। १४. मूल्य पर प्राप्त होना। जैसे,—गेहूँ एक रुपए का सवा सेर मिलता है। १५ मुलाकात करना। भेंटना। १६ आलिंगन करना। छाती से लगाना। गले लगाना। भेंटना। जैसे, राम और भरत का मिलना।

मुहा०—**मिल जुलकर**=एक होकर। सघटित होकर। **मिलना जुलना**=अन्य लोगो से भेंट मुलाकात करना। परस्पर सबध रखना। **मिल बाँटकर खाना**=समान भाव से किसी वस्तु का उपयोग करना। बराबर हिस्सा लगाकर किसी वस्तु को लेना।

मिलना(पु)[१]—क्रि० स० [?] गौ आदि का दूध दुहना।

मिलनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिलना**] दे० 'मिलन'। उ०—(क) मिलनि बिलोकि भरत रघुबर को।—मानस, २।२४०। (ख) घुमडनि मिलनि देखि डर आवै।—नद० ग्र०, पृ० १३२।

मिलनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिलना**+ई (प्रत्य०) १ विवाह की एक रस्म जो कही तो कन्यादान हो चुकने के उपरात और कही उससे पहले होती है। इसमे कन्यापक्ष के लोग वरपक्ष के लोगो से गले मिलते और उन्हे कुछ नकद देते हैं। कही कही यह रस्म स्त्रियो में भी होती है। २ दे० 'मिलन'।

मिलपत्र—सज्ञा पु० [स० [अश्मतक वृक्ष। बहेडे का पेड।

मिलवन(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिलावना**] मिलाने पहुँचाने या झुड मे करने की क्रिया या भाव। उ०—गैया मिलवन मिस उठि भोर। गहगोरी गवनी उहि वोर।—नद० ग्र०, पृ० १७२।

मिलवना(पु)[१]—क्रि० स० [हिं० **मिलाना**] दे० 'मिलाना'। उ०—उन हटकी हँसि कै इतै इन सौंपी मुसकाइ। नैन मिले मन मिलि गए दोऊ मिलवत गाइ।—बिहारी (शब्द०)।

मिलवाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिलवाना**+ई (प्रत्य०)] १ मिलवाने की क्रिया या भाव। २ वह धन या पुरस्कार जो मिलवाने के बदले मे दिया जाय।

मिलवाना—क्रि० स० [हिं० **मिलाना** का प्रे० रूप] १. मिलने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को मिलन मे प्रवृत्त करना। २ भेंट या परिचय कराना। ३ मेल कराना। ४ सभोग कराना।

मिलॉण(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० **मिलान**] डेरा। शिविर। उ०—अमली ममली आरती। जाई बगैरह दियो मिलान।—वी० रासो, पृ० १२।

मिलाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिलाना**+ई (प्रत्य०) १. मिलाने की क्रिया या भाव। २ मिलाने की मजदूरी। ३ विवाह की मिलनी नामक रस्म। विशेष दे० 'मिलनी'। ४ जाति से निकाले हुए आदमी को फिर से जाति मे मिलाने का काम।

मिलान—सज्ञा पु० [हिं० **मिलाना**] १ मिलाने की क्रिया या भाव। २ तुलना। मुकाबला। ३ ठीक होने की जाँच। ४ मेल। भेंट। ५ मिलने का स्थान। डेरा। शिविर। पडाव। उ० समाचार वसुदेव जु पाए। सखहि मिलान मिलानहिं आए।—नद० ग्र०, पृ० २३५।

क्रि० प्र०—**करना**—मिलना।—होना।

मिलाना—क्रि० स० [स० **मिलन**, हिं० **मिलना का सक० रूप**] १ एक पदार्थ मे दूसरा पदार्थ डालना। मिश्रण करना। जैसे, दूध मे पानी मिलाना। २ दो भिन्न भिन्न पदार्थों को एक करना। बीच मे अतर न रहने देना। जैसे,—दोनो दीवारें मिला दी गईं। ३ समिलित करना। एक करना। जैसे,—यह रकम भी उसी मे मिला दी गई है।

सयो० क्रि०—**डालना**।—**देना**।

४ सटाना जोडना। चिपकाना। ५ दो पदार्थों की तुलना करना। मुकाबिला करना। जैसे,—दोनो कपडे मिलाकर देख लीजिए। ६ यह देखना कि प्रतिलिपि आदि मूल के अनुसार है या नहीं। ठीक होने की जाँच करना। जैसे,—नकल तो पूरी हो चुकी है पर मिलाना अभी बाकी है।

सयो० क्रि०—**लेना**।

७ भेंट या परिचय कराना। ८ दो व्यक्तियो का विरोध या द्वेष दूर करके उनमे मेल कराना। सुलह या सधि कराना। ९. स्त्री और पुरुष का सयोग कराना। सभोग या सबध कराना।

सयो० क्रि०—**देना**।

१० किसी को अपने पक्ष मे करना। अपना भेदिया या साथी बनाना। साँटना। जैसे,—हम उन्हें अपनी ओर मिला लेंगे।

सयो० क्रि०—**लेना**।

यौ०—**मिलाना जुलाना**।

११ बजाने से पहले बाजो का सुर या आवाज ठीक करना। जैसे, पखावज मिलाना, सारगी मिलाना।

मिलाप—सज्ञा पु० [हिं० **मिलना**+**आप** (प्रत्य०)] १ मिलने की क्रिया या भाव। २ मेल या सद्भाव होना। मित्रता।

यौ०—मेल मिलाप।

३ भेंट। मुलाकात। ४ एक साथ बजनेवाले बाजो का एक सुर मे होना। ५ सभोग। सयोग। ६ दे० 'मिलाई'।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग अधिकतर मनुष्यो या प्राणियो के सबध मे होता है, वस्तुओ के मिश्रण के लिये नही।

मुहा०—**मिलाप का पुतला**=मेल मिलाप का प्रेमी या समर्थक। उ०—आइए ऐ मिलाप के पुतले। हम पलक पाँवडे बिछा देंगे।—चुभते०, पृ० ६।

मिलाव—सज्ञा पुं० [हिं० **मिलाना**+**आव** (प्रत्य०)] १ मिलाने की क्रिया या भाव। मिलावट। २ दे० 'मिलाप'।

मिलावट—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिलाना**+**आवट** (प्रत्य०)] १.

मिलाए जाने का भाव। किसी अच्छी या बढिया चीज में किसी घटिया चीज का मेल। खोट। जैसे,—यह सोना ठीक नही है, इसमे कुछ मिलावट है।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग केवल वस्तुओ के मिश्रण के लिये होता है प्राणियो के सयोग के लिये नही।

मिलावनोⓤ—सज्ञा पु० [हिं० मिलाना] मिलाने का कार्य। ताल। थपक। उ०—थोद थलकि वर चाल, मनो मृदग मिलावनो।—नद० ग्र०, पृ० ३३४।

मलिंदⓤ—सज्ञा पुं० [सं० मिलिन्द] भौंरा। भ्रमर। उ० मदरस मत्त मिलिंद गन, गान मुदित गननाथ।—मतिराम (शब्द०)।

मिलिदक—सज्ञा पुं० [सं० मिलिन्दक] एक प्रकार का साँप।

मिलिकⓤ†—सज्ञा स्त्री० [अ० मिल्क] १ जमीदारी। मिल्कियत। २ जागीर। उ —ब्रज की भूमि इंद्र तें मानो मदन मिलिक करि पाई।—सूर (शब्द०)।

मिलिटरी[1]—वि० [अ०] १ सेना या सैनिक सबंधी। फौजी। जैसे,—मिलिटरी डिपार्टमेंट। २ युद्ध सबधी। सामरिक। जगी। ३ लडाका। योद्धा। जैसे,—यह मिलिटरी आदमी है।

मिलिटरी[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] सैन्य दल। पलटन। फौज। जैसे, दगे के दिनो में नगर में मिलिटरी का पहरा था।

मिलित—वि० [स०] मिला हुआ। सगमित। युक्त।

मिलिशा—सज्ञा स्त्री० [अ०] ऐसे जवानो का दल जिन्हें किसी सीमा या स्थान की रक्षा के लिये शिक्षा दी गई हो और जिनसे समय समय पर रक्षा का काम लिया जाता हो। खडी पल्टन। इसका सघटन स्थायी नहीं होता। जैसे, वजीरिस्तान मिलिशा।

मिलिशिया सज्ञा स्त्री० [अ० मिलिशा] दे० 'मिलिशा'।

मिलेठी†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुलेठी'।

मिलोना†[1]—क्रि० स० [हिं० √मिल+ओना (प्रत्य०)] १ दे० 'मिलाना'। २ गौ का दूध दूहना।

मिलोना[2]—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की बढिया जमीन जिसमे कुछ बालू भी मिली होती है।

मिलौअल—सज्ञा स्त्री० [हिं० √मिल+औअल (प्रत्य०)] १ परस्पर मिलने की क्रिया या भाव। २ भेंटना। गले लगाना। उ०—किसी से गले मिलौअल, किसी से झुक झुककर आदाब।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४६।

मिलौनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिलना+औनी (प्रत्य०)] १ मुसलमानो मे विवाह की एक रस्म जिसमे बरातियों आदि को कुछ नकद या वस्तुएँ भेंट की जाती हैं। मिलाई। दे० 'मिलनी'। २ किसी अच्छी चीज मे कोई खराब चीज मिलाना। ३ दे० 'मिलाई'। ४ मिलने की क्रिया या भाव। मिलावट। ५ मिलाने के बदले मे मिला हुआ धन।

मिल्क—सज्ञा पु० [अ०] १ जमींदारी। २ जागीर। मुआफी। ३. जमीन की एक प्रकार की मिलकियत या मालिकाना। हक।

विशेष—यह हक जिसे प्राप्त होता है, वह जमींदार को किसी प्रकार का लगान आदि नही देता। इस प्रकार की मिलकियत जमीदारी और काश्तकारी के बीच की होती है और मुरादाबाद आदि कुछ पश्चिमी जिलो मे ही पाई जाती है।

४ धन। सपत्ति। उ०—काम ना आता दिसे ये मुल्को माल, देव मुझे या रब तूँ मिल्के बेजवाल।—दक्खिनी०, पृ० १८५। ५ अधिकार। मिल्कियत।

मिल्कियत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ जमीदारी। २ जागीर। माफी। ३ धनसपत्ति। जायदाद। ४ वह पदार्थ या धनसपत्ति जिसपर नियमानुसार अपना स्वामित्व हो सकता हो या अधिकार पहुंच सकता हो। जिसपर मालिको का सा हक हो। जैसे,—वह सब तो हमारी मिल्कियत ठहरी, हम छोड कैसे सकते हैं।

मिल्की—सज्ञा पुं० [अ०] १ मिल्क का स्वामी या अधिकारी। जमीदार। २ जागीरदार। माफीदार।

मिल्कीयत—सज्ञा स्त्री० [अ० मिल्कियत] दे० 'मिल्कियत'।

मिल्लत[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मिलन+त (प्रत्य०)] १ मेल जोल। घनिष्ठता। मिलाप। जैसे,—उनमे मिल्लत बहुत है।

मुहा०—मिल्लत का=जिसमे मिलनसारी हो। मिलनसार। जैसे,—वह बहुत मिल्लत का आदमी है।

३ समूह। मडली। जत्था। (क्व०)।

मिल्लत[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] मजहब। सप्रदाय। पथ। मत। जैसे,—हर मिल्लत के आदमी से वह अच्छा व्यवहार करता है। उ०—जर मजहबो मिल्लत मेरा, बदी हूँ मैं जर की। जर ही मेरा अल्लाह है जर राम है मेरा।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७६१।

मिशन—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह व्यक्ति या व्यक्तियो का समूह जो किसी विशेष कार्य या उद्देश्य से कही भेजा जाय। विशिष्ट कार्य के लिये भेजे हुए आदमी या मडल। २ उद्देश्य। महान् लक्ष्य। ३ वह सस्था, विशेषत ईसाइयो की सस्था, जो सघटित रूप से ईसाई धर्म के प्रचार का उद्योग और लोगो को ईसाई धर्म मे दीक्षित करती है। ४ ऐसी सस्था का केंद्र या कार्यालय आदि। ५ राजनीतिक उद्देश्य से भेजा हुआ दूत-मडल।

मिशनरी—सज्ञा पुं० [अ०] वह ईसाई पादरी जो किसी मिशन का सदस्य होता है और अनेक स्थानो मे ईसाई धर्म का प्रचार करने के लिये जाता है। २ ईसाइयो का कोई धर्मपुरोहित। पादरी।

मिशि—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मिशी'।

मिशी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जटामासी। २ मधुरिका। सोआ। ३ सौंफ। ४ मेथी। ५ दाभ। बडी डाभी।

मिश्की—वि० [फा० मिश्कीं] १ कस्तूरी की सुगध से पूरित। जैसे, मिश्की काकुलें। २ कस्तूरी की तरह काला या स्याह। उ०—अब वह मिश्की जुल्फो की बनावट।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २५८।

मिश्र[1]—वि० [सं०] १. मिला या मिलाया हुआ। मिश्रित। सयुक्त। जैसे, मिश्र धातु। २. श्रेष्ठ। बडा। ३ जिसमे कई भिन्न भिन्न प्रकार की रकमो (जैसे, रुपया, आना, पाई, मन, सेर छटाँक) की सख्या हो। जैसे, मिश्र भाग, मिश्र गुणा (गणित)।

मिश्र[2]—सज्ञा पु० [स०] १ हाथियो की चार जातियो मे से एक जाति। २. सानपात। ३ रक्त। लहू। ४ मूली। ५. ज्योतिष के अनुसार उग्र आदि सात प्रकार के गणो मे से अतिम या सातवाँ गण जो कृत्तिका और विशाखा नक्षत्र के योग मे होता है। ६. सरयूपारीण, कान्यकुब्ज, सारस्वत, मैथिल और शाकद्वीपीय, ब्राह्मणो के एक वर्ग का उपाधि। ७. श्रेष्ठ व्यक्ति। समानित जन। जैसे, आर्य मिश्र (को०)। ८ ताल (सगीत मे) ९. मूल और ब्याज (धन के साथ प्रयुक्त)।

मिश्रक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. खारी नमक। २. वैद्यक मे एक प्रकार का वग या राँगा जिसे खुरा रागा भी कहते हैं। ३ देवताओ का उद्यान। नदन वन। ४ एक तीर्थ का नाम। ५. जस्ता। ६. मूली।

मिश्रक[2]—वि० १. मिलानेवाला। मिश्रण करनेवाला। २. मूलक।

मिश्रकस्नेह—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार की औषध जो त्रिफला, दशमूल और दती का जड आदि से बनाई जाती है और जिसका व्यवहार गुल्म आदि रोगो मे होता है।

मिश्रकावण—सज्ञा पु० [सं०] देवताओ का उद्यान। नदन। इद्रवन।

मिश्रकेशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक अप्सरा का नाम जो मेनका की सखी थी।

मिश्रज—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो दो भिन्न जातियो के मिश्रण से बना या उत्पन्न हुआ हो। खच्चर।

मिश्रजाति—वि० [स०] जो दो जातियो के मिश्रण से उत्पन्न हुआ हो। वर्णसकर। दोगला।

मिश्रण—सज्ञा पु० [स०] [स० मिश्रणीय, मिश्रित] १. दो या अधिक पदार्थो को एक मे मिलाने की क्रिया। मेल। मिलावट। २ जोड लगाने की क्रिया। जोडना (गणित)।

मिश्रणीय—वि० [स०] जो मिश्रण करने योग्य हो। मिलाने योग्य।

मिश्रता—सज्ञा स्त्री० [सं०] मिश्रित होने का भाव। मिलने या मिलाने का भाव।

मिश्रधान्य—सज्ञा पु० [स०] एक मे मिलाए हुए कई प्रकार के धान्य।

मिश्रपुष्पा—सज्ञा स्त्री० [स०] मेथी।

मिश्रवन—सज्ञा पुं० [स०] भटा।

मिश्रवर्ण[1]—सज्ञा पु० [स०] १. काला अगरु। २. गन्ना। पौंढा।

मिश्रवर्ण[2]—वि० मिले जुले रगो का। अनेक रगो का (को०)।

मिश्रवर्णफला—सज्ञा स्त्री० [स०] भटा (को०)।

मिश्रव्यवहार—सज्ञा पुं० [सं०] गणित की एक क्रिया।

मिश्रशब्द—सज्ञा पु० [सं०] खच्चर।

मिश्रि[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिश्री'। उ०—ताके लिये मेवा मिश्रि डारि कै लड्डुआ किए।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २८७।

मिश्रित—वि० [सं०] १. एक मे मिलाया हुआ। मिश्रण किया हुआ। २ मिला हुआ।

मिश्रिता—सज्ञा स्त्री० [स०] मदा आदि सप्त प्रकार की सक्रातियो मे से एक प्रकार की सक्राति। वह सूर्यसक्रमण जो कृत्तिका और विशाखा नक्षत्र के समय हो।

मिश्री[1]—सज्ञा पुं० [स० मिश्रिन्] १. मिलानेवाला। मिश्रण करनेवाला। २ एक नाग का नाम।

मिश्री[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिसरी'।

मिश्रीकरण—सज्ञा पुं० [स०] मिलाने की क्रिया। मिश्रण करना।

मिश्रोतुत्थ—सज्ञा पु० [सं०] खपरिया। खर्पर। सग बसरी।

मिश्रेया—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मधुरिका। मोरी। २ एक प्रकार का साग। ३ शतपुष्पा। तालपर्णी।

मिश्रोदन—सज्ञा पु० [सं०] खिचडी।

मिष—सज्ञा पु० [स०] १ छल। कपट। २ बहाना। हीला। मिस। उ०—सीखने सी वह लगी भय मिष भृकुटि सचार।—शकु०, पृ० ८। ३ ईर्ष्या। डाह। ४ स्पर्धा। होड। ५ दर्शन। ६ सेचन। सीचना।

मिषि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. जटामासी। २ सोआ। ३ सौंफ। ४. अजमोदा। ५. खस। उशीर।

मिषिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १. सोआ। २. सौंफ। ३. जटामासी। बालछड।

मिषी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मिषि'।

मिष्ट[1]—सज्ञा पु० [स०] १. मीठा रस। २ मिष्टान्न। मिठाई (को०)। ३. स्वादिष्ट भोजन (को०)।

मिष्ट[2]—वि० १. मीठा। मधुर। २. सिक्त। तर (को०)। ३ सेंका, भूना या पकाया हुआ।

मिष्टकर्ता—सज्ञा पु० [स० मिष्टकर्तृ] मिष्टान्न तैयार करनेवाला, हलवाई (को०)।

मिष्टत(५)—वि० [स० मिष्ट हिं० + त (प्रत्य० स्वार्थि०)] मीठा। मधुर। उ०—चाढ कदम्म बुल्ले सुप्रभु मधुरित मिष्टत बानि।—पृ० रा०, २। ३७९।

मिष्टनिंब—सज्ञा पुं० [सं० मिष्टनिम्ब] मीठा नीम।

मिष्टनिंबु—सज्ञा पुं० [सं० मिष्टनिम्बु] मीठा नीबू। जमीरी नीबू।

मिष्टपाक—सज्ञा पु० [स०] मुरब्बा।

मिष्टपाचक—सज्ञा पु० [सं०] वह जो बहुत अच्छा भोजन बनाता हो। जिसका बनाया भोजन बहुत स्वादिष्ट होता हो।

मिष्टभाषी—सज्ञा पुं० [सं० मिष्टभाषिन्] वह जो मीठा बोलता हो। मधुरभाषी।

मिष्टबादाम—सज्ञा पु० [सं०] मीठा बादाम।

मिष्टाइ(५)—सज्ञा स्त्री० [सं० मिष्ट] दे० 'मिठाई'। उ०—मिष्टाइ बिबह बिचित्र। मिष्टाइ रूप पवित्र।—पृ० रा०, ६१।७५९।

मिष्टानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **मिष्टान्न**] दे० 'मिष्टान्न'। उ०—दस महस्र सँग हेमरा मिष्टान महारे।—प० रासो, पृ० १७६।

मिष्टान्न—सज्ञा पुं० [स०] मिठाई।

मिस[1]—सज्ञा पुं० [स० मिष] १ बहाना। हीला। जैसे,—उन्होने उपदेश के मिस ही उन्हे बहुत कुछ खरी खोटी कह सुनाई। २ नकल। पाखड। उ० – भाँड पुकारै पीर बस, मिस ममुझै सब कोय।—बृद (शब्द०)।

मिस[2]—सज्ञा पुं० [फा०] ताँबा।

यौ०—**मिसगर** = तावे का काम करनेवाला। तमेरा।

मिस[3]—सज्ञा स्त्री० [अ०] कुँआरी लडकी। कुमारी।

मिसⓊ[4]—सज्ञा स्त्री० [स० श्मश्रु] दे० 'मस'। उ० मिस भीने मुखयक मुख निपट विराजत नूर। मनौ वीर उर काम के उगे आनि अकूर।—पृ० रा०, १।७५५।

मिसकाली—सज्ञा पुं० [अ० **मिस्काल** (= **चार माशे की तौल** ?] एक प्रकार का पुराना सिक्का। उ०—बादशाह ने उस बाग के स्वामियो को जो उसके सबधी थे एक महस्र सिक्का मिसकाली दिया।—हुमायूँ०, पृ० ६।

मिसकीन—वि० [अ० **मिस्कीन**] १ जिसमे कुछ भी सामर्थ्य या बल न हो। बेचारा। दीन। २ नम्र। विनम्र। खाकसार। उ०—शाह सिकदर देखकर, बहुत गए मिसकीन।—कबीर म०, पृ० ११४। ३ गरीब। निर्धन। ४ सीधा सादा।

मिसकीनताⓊ—सज्ञा स्त्री० [अ० **मिसकीन** + हिं० **ता** (प्रत्य०)] १ दीनता। गरीबी। २ नम्रता। उ०—एही दरबार है गरब तें गरब हानि, लाभ जोग छेम को गरीबी मिसकीनता।—तुलसी (शब्द०)।

मिसकीनी—सज्ञा स्त्री० [अ०] मिसकीन होने का भाव। दीन या दरिद्र होने का भाव।

मिसकौट—सज्ञा पुं० [हिं० **मिस्कोट**] गुप्त मत्रणा। दे० 'मिस्कोट'। उ०—इधर तो यह मिसकौट हो रही थी।—रगभूमि, भा०२, पृ० ५८६।

मिसटाँन, मिसटाँणⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **मिष्टान्न**] दे० 'मिष्टान्न'। उ०—(क) माँपहि पैपान मिसटाँन महा अमृत कै, उगलत कालकूट ह्वै मैं अभिमान कै।—सुदर० ग्र० (जी०), पृ० १०४। (ख) अदताराँ घर ऊखरस, नँह कारण मिसठाण। मन कारण मिसठाँणरो, जठै भूख रस जाण।—दाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ८१।

मिसन—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिसना** (= मिलना)] ऐसी भूमि जिसकी मिट्टी मे बालू भी मिली हो। बालू मिली हुई मिट्टी की जमीन।

मिसनाⓊ[1]—क्रि० अ० [स० **मिश्रण**] मिश्रित होना। मिलना।

मिसना[2]—क्रि० अ० [हिं० **'मीसना' का अक० रूप**] मीजा या मला जाना। मीसा जाना।

मिसमार—वि० [अ० **मिस्मार**] नष्ट। समाप्त। ध्वस्त। उ०—एक साल और निकला था, शहर भर के मकानो को मिसमार कर दिया।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ५०८।

मिसमुपीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **मसि** + हिं० **मुख** + ई (प्रत्य०)] मसिमुखी। लेखनी। उ० – लेखन रदनी मिसमुपी कठी कलम कहायो —अनेकार्थ०, पृ० ११२।

मिसर[1]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मिस्र'।

मिसर[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] श्रेष्ठ व्यक्ति। विद्वान्। पडित। दे० 'मिश्र'। उ०—वेद पढता ब्राह्मण मारा सेवा करताँ स्वामी। अरथ करता मिसर पछाड्या, तूर फिरै मैंमती।—कबीर ग्र०, पृ० १५१।

मिसरा—सज्ञा पुं० [अ० **मिसरअ**] कविता, विशेषत उर्दू या फारसी आदि की कविता का एक चरण। पद।

मुहा०—**मिसरा लगाना** = किसी एक मिसरे मे अपनी ओर से रचना करके दूसरा मिसरा जोडना।

यौ०—**मिसरा तर** = सुदर और उपयुक्त मिसरा। **मिसरा तरह**। **मिसरये सानी** = दूसरा मिसरा।

मिसरातरह—सज्ञा पु० [अ० **मिसरा** + फा० **तरह**] वह दिया हुआ मिसरा जिसके आधार पर उसी तरह की गजल कही जाती है। पूर्ति के लिये दी हुई (उर्दू या फारसी कविता की) समस्या।

मिसरी[1]—सज्ञा पुं० [अ० **मिस्री**] १ मिश्र देश का निवासी। मिश्र नामक राष्ट्र का नागरिक।

मिसरी[2]—सज्ञा स्त्री० १ मिस्र मे बोली जानेवाली भाषा। मिस्र देश की भाषा। २ दोबारा बहुत साफ करके कूजे या थाल मे जमाई हुई दानेदार या रवेदार चीनी। उ०—कहँ मिसरी कँह ऊँख रस नही पियूस समान। कलाकद कतरा कहा तुव अधरा रस पान।—स० सप्तक, पृ० ३४६।

विशेष – प्राय यह कूजे या कतरे के रूप मे बाजारो मे बिकती है। यह वैद्यक में स्निग्ध, धातुवर्धक, मुखप्रिय, बलकारक, दस्तावर, हलकी, तृप्तिकारी, सब प्रकार के रोगो को शात करनेवाली और रक्तपित्त को दूर करनेवाली मानी गई है।

मुहा०—**मिसरी की डली** = बहुत ही मीठा या मधुर पदार्थ।

मिसरी[3]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की शहद की मक्खी।

मिसरोटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मिस्सा** + **रोटी**] १ मिस्से आटे की बनी हुई रोटी। विशेष दे० 'मिस्सा'। २ कडे आदि पर सेंककर बनाई हुई बाटी। अगाकडी।।

मिसल—सज्ञा स्त्री० [अ० **मिसिल**] १ सिक्खो के वे अनेक समूह जो अलग अलग नायको की अधीनता मे स्वतत्र हो गए थे।

विशेष—गुरु नानक के बदा नामक शिष्य की देखादेखी और भी अनेक सिख सरदारो ने अपने अपने समूह स्थापित कर लिए थे, जिन्हें वे मिसल कहते थे। जैसे, भगियो की मिसल, रामगढिया मिसल, अहलूवालिया मिसल आदि।

२ समूह । झुंड । पंक्ति । श्रेणी । दल । उ०—देखि कुसग पाँव नहिं दीजै जहाँ न हरि की गल रे । जो ना मोक्ष मुक्ति कूँ चाहै सता बैसि मिसल रे ।—राम० धर्म० पृ० १४५ । ज — गेर मिसल ठाढो किया, अतरजामी नाम ।—शिखर, पृ०, ३१० ।

मुहा०—**मिसल बिगाड़ना** = मुकदमे के सिलसिलेवार कागजात इधर उधर कर देना । उ०—क्रोध कोतवाल लोभ नाजर की मिसलत ज्ञान मुद्दई की जिन मिसल बिगारी है ।—राम० धर्म०, पृ० ५७ । **मिसल बैठाना** = सिलसिला या क्रम ठीक करना । उ०—इस पेचदार बात की मिसल बैठाने के वास्ते मैं अपनी प्यारी मनमोहनी को बुलाता हूँ ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३४ ।

मिसलत, मिसलतिⓅ—सज्ञा स्त्री० [अ० **मसलहत**] दे० 'मसलहत' । उ०—(क) क्रोध कोतवाल लोभ नाजर का मिसलत ज्ञान मुद्दई की जिन मिसल बिगारी है ।—राम० धर्म०, पृ० ५७ (ख) करि मिसलति कौं सलि जुरी, सब भर सरस मुदेस । —ह० रासो, पृ० ५० ।

मिसहा—वि० [हिं० **मिस** (= बहाना) + **हा** (प्रत्य०)] बहाना करनेवाला । छल करनेवाला । उ०—मैं मिसहा सोयौ समुझि, मुँह चूम्यौ ढिग जाइ । हँस्यौ खिसानी गल गह्यौ रही गरैं लपटाइ ।—बिहारी (शब्द०) ।

मिसानाⓅ—क्रि० स० [हिं० **मीसना का प्रे० रूप**] मीसने के लिये दूसरे को प्रेरित करना । मिसवाना । २ हटाना । दूर कराना । उ०—मन का मैल लेइ मिसाय । तब तिरवेनी घाट नहाय ।—जग० बानी, पृ० ११८ ।

मिसाल—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ उपमा । सादृश्य, जैसे,—लोग आँखो की मिसाल बादाम से देते हैं । २ उदाहरण । नमूना । नजीर । जैसे,—यो ही कहने से काम न चलेगा, कोई मिसाल भी दीजिए ।

क्रि० प्र०—देना ।

३ कहावत । लोकोक्ति । मसल । ४ चित्र । तसवीर (को०) । ५ परवाना । आदेशपत्र (को०) । ६ स्वप्नलोक जो स्थूल जगत् का ही एक रूप है ।

मिसालन—अव्य० [अ०] मिसाल के तौर पर । उदाहरण-स्वरूप [को०] ।

मिसाली—वि० [अ०] उदाहरणरूप । मिसाल रूप मे । नमूने का [को०] ।

मिसि[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. जटामासी । बालछड । २ सौंफ । ३ सोआ । ४ अजमोदा । ५ खस ।

मिसिⓅ[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मिस' । उ०—सजोगी साधन मिसि अति सचु पायौ ।—नद० ग्र०, पृ० ३७३ ।

मिसिमिलⓅ—सज्ञा पु० [अ० **बिसमिल्लाह**] दे० 'बिसमिल्लाह' । उ०—कतहु बाँग कतहु वेद, कतहु मिसिमिल कतहु छेद । कीर्ति०, पृ० ४२ ।

मिसिरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मिसरी' ।

मिसिल[1]—वि० [अ०] समान । तुल्य । बराबर । दे० 'मिस्ल' ।

मिसिल[2]—सज्ञा स्त्री० १ किसी एक मुकदमे या विषय से सबध रखने-वाले कुल कागज पत्रो आदि का समूह । २ किसी पुस्तक के अलग अलग छपे फार्म जो सिलाई आदि के काम के लिये क्रम से लगाकर रखे जाते है । ३ दे० 'मिसल' ।

मुहा०—**मिसिल उठाना** = पुस्तक के अलग अलग फार्मों को सीने के लिये पहले एक क्रम से लगाना । (दफ्तरी) ।

मिसिली—वि० [हिं० **मिसिल** + **ई** (प्रत्य०)] १ जिसके सबध मे अदालत म कोई मिसल बन चुकी हो । २ जिसे न्यायालय से दड मिल चुका हो । सजायाफ्ता ।

मुहा०—**मिसिलचोर या बदमाश** = बहुत बडा चोर या बदमाश जिसके अपराध अदालत की मिसिलो तक से प्रमाणित होते हो ।

मिसी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० **मिसि, मिषि, मिशी**] १ दे० 'मिशी' । २. दे० 'मिसि[1]' ।

मिसी[2]—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] स्त्रियो का एक दतमजन । दे० 'मिस्सी' [को०] ।

मिसीन‡—सज्ञा स्त्री० [अ० **मशीन**] दे० 'मशीन' ।

मिसुⓅ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मिस' । उ०—हाइहि एहि मिसु दिस्टि मेरावा ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २३० ।

मिस्कला—सज्ञा पुं० [अ० **मिस्कलह्**] सिकली करनेवालो का वह औजार जिसकी सहायता से वे सिकली करते है ।

मिस्काल—सज्ञा पु० [अ० **मिस्क़ाल**] साढे चार मासे की या चार मासे और साढे तीन रत्ती की एक तौल । उ०—दूसरी मूर्ति मे एक माणिक था जो पानो से भी ज्यादा साफ था और शीशे से भी ज्यादा चमकदार था, तौल मे ४५० मिस्काल था ।—हिं० पु० रा०, पृ० ५५० ।

मिस्कीन—सज्ञा पु० [अ०] १. दीन । बेचारा । उ०—कोई भी मिस्कीन मुसाफिर या मुहताज ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८५ । २ दरिद्र । गरीब । ३ भूखा नगा । कगाल । ४ सीधा सादा । सुशील ।

यौ०—**मिस्कीनसूरत** ।

मिस्कीनसूरत—वि० [अ० **मिस्कीन** + फा० **सूरत**] जो देखने मे सीधा सादा या दीन, पर वास्तव में दुष्ट या पाजी हो ।

मिस्कीनी—सज्ञा स्त्री० [अ० **मिस्कीन** + **ई** (प्रत्य०)] १ दीनता । २ गरीबी । ३ सुशीलता ।

मिस्कीट—सज्ञा पु० [अ० **मेस** (= भोज)] १ भोजन । खाना । २ एक साथ बैठकर खाने पीने वालो का समूह । ३ गुप्त परामर्श ।

मिस्टर—सज्ञा पुं० [अ०] महाशय । महोदय ।

विशेष—इस शब्द का व्यवहार प्राय अँगरेजो मे अथवा अँगरेजी ढग से रहनेवाले लोगो के नाम के साथ होता है । जैसे, मिस्टर जॉन, मिस्टर गुप्त ।

मिस्तर[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **मिस्तरी** ?] १. काठ का वह औजार

जिससे राज लोग छत या पलस्तर आदि पीटते हैं। पिटना। २ वह कल जिसमे नोल की टिकियाँ बनाई जाती हैं।

मिस्तर[३]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मेहतर'।

मिस्तरी—सज्ञा पुं० [अ० **मास्टर** (=उस्ताद)] वह जो हाथ का बहुत अच्छा कारीगर हो। चतुर शिल्पकार।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग बहुधा लोहारो, बढइयो, राजगीरों और कल पेंच आदि का काम करनेवालो के लिये ही होता है।

मिस्तरीखाना—सज्ञा पुं० [हिं० **मिस्तरी** + फा० **खाना**] वह स्थान जहाँ लोहार, बढई या कल पेंच आदि का काम जाननेवाले बैठकर काम करते हैं।

मिस्ता†—सज्ञा पुं० [?] १ वह मैदान जिसमे किसी प्रकार की हरियाली न हो। बजर। २ अनाज दाँने के लिये तैयार की हुई सम भूमि।

मिस्त्री—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मिस्तरी'। उ०—आप अपने मिस्त्री-खाने जाकर मिस्त्री को समझा रहे है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४२।

यौ०—**मिस्त्रीखाना**=दे० 'मिस्तरीखाना'।

मिस्मार—वि० [अ०] ध्वस्त। नष्ट। उ०—बहिर घाव दीखै नही भीतर भया मिस्मार।—दरिया०, पृ० १०।

मिस्र—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रसिद्ध देश जो अफ्रिका के उत्तर पूर्वी भाग मे समुद्र के तट पर है और जो बहुत प्राचीन काल मे अपनी सभ्यता और उन्नति के लिये बहुत विख्यात था।

विशेष—इसके उत्तर मे भूमध्यसागर, पूर्व मे स्वेज की खाडी और पश्चिम मे सहारा का रेगिस्तान है। दक्षिण मे यह नील नदी के उद्गम तक चला गया है। नील नदी मे प्रतिवर्ष बहुत बडी बाढ़ आती है जिसके कारण उसके आस पास का प्रदेश बहुत अधिक उपजाऊ है। इसके अतगत चौदह प्रात हैं। इसकी राजधानी वा राजधानी काहिरा है और इसका सबसे बडा बदरगाह अस्कदरिया है। इधर बहुत दिनो से यह देश तुर्की के अधीन था और वही का राजप्रतिनिधि इसका शासन करता था, पर अब इसे अँगरेजो ने अपने सरक्षण मे ले लिया। इस देश के विशुद्ध प्राचीन निवासी अब यहा नहीं रह गए हैं और उनकी वर्णसकर सतान बचा हैं, जिसका धर्म प्राय इस्लाम और भाषा अरबी से उत्पन्न है। किसी समय मे इस देश के निवासी उन्नति और सभ्यता की चरम सीमा पर पहुँच गए थे, और यह देश रोम, भारत, चीन आदि का समकक्ष माना जाता था, पर अब इसका पतन हो गया है। कहते हैं कि नूह के पुत्र मिस्र ने अपने नाम पर एक नगर बसाया था, जिसके नाम पर इस देश का नाम पडा। बडे बडे भवनो और इमारतो के जितने प्राचीन खँडहर इस देश मे मिलते हैं उतने और कही नही पाए जाते। पिरामिडो के लिये भी यह देश अत्यत प्रसिद्ध है अँग्रेजो का सरक्षण और उनकी इजारेदारी कर्नल नासिर के नेतृत्व मे समाप्त करने के बाद अब मिस्र एक स्वतत्र देश है।

मिस्रा—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'मिसरा'।

मिस्री—सज्ञा स्त्री० [हिं०] १ दे० 'मिसरी'।

मिस्ल—वि० [अ०] समान। तुल्य। बराबर। जैसे,—यह घोडा मिस्ल तीर के जाता है।

मिस्सरⓟ—सज्ञा पुं० [स० **मिश्र**] पूज्य। आदरणीय। उ०—पाँचे मिस्सर अधुले, काजी मुल्लाँ कोइ। तिनाँ पास न भिटीयै जो सबदे दे चोइ।—सतवाणी०, पृ० ७०।

मिस्सा—सज्ञा पुं० [स० **मिश्रण**, हिं० **मिसना** (=मिलना) या **मीसना** (=मलना)] १. मूँग, मोठ आदि का भूसा जो भेडो और ऊँटो के लिये बहुत अच्छा समझा जाता है। २ कई तरह की दालो आदि को पीसकर तैयार किया हुआ आटा जिसकी रोटी गरीब लोग बनाकर खाया करते है। ३ किसी प्रकार की दाल को पीसकर तैयार किया हुआ मोटा आटा जिसकी रोटी बनाकर गरीब लोग खाते है।

यौ०—**मिस्सा कुस्सा**=(१) बहुत ही मोटा अनाज या उसका बना खाद्यपदार्थ। (२) मोटा अन्न। कदन्न।

मिस्सी—सज्ञा स्त्री० [फा० **मिसी** (=ताँबे का)] १ एक प्रकार का प्रसिद्ध मजन जो माजूफल, लोहचून और तूतिए आदि से तैयार किया जाता है और जिसे सधवा स्त्रियाँ दाँतो मे लगाती हैं। इससे दाँत काले हो जाते और सुंदर जान पडते है। उ०—पान भी खाया है मिस्सी भी जमाई हैगी।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७६०।

क्रि० प्र०—**मलना**।—**लगाना**।

मुहा०—**मिस्सी काजल करना**=स्त्रियो का बनाव सिंगार करना। मिस्सी और काजल आदि लगाना।

यौ०—**मिस्सीदान या मिस्सीदानी**=मिस्सी रखने का पात्र या डिबिया।

२ किसी वेश्या का पहले पहल किसी पुरुष से समागम होना, जिसके उपलक्ष मे प्राय कुछ गाना बजाना और जलसा भी होता है। सिर ढकाई (मुसलमान वेश्या)।

मिहताना†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मेहनताना'। उ०—बहुत अधिक मिहताना लेकर।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ७५।

मिहँदीⓟ—सज्ञा स्त्री० [सं० **मेन्धिका**] दे० 'मेहँदी'। उ०—बिरी अधर, अजन नयन, मिहँदी पग अरु पानि।—मति० ग्र०, पृ० ३४६।

मिह—सज्ञा पुं० [स०] बरसता हुआ बादल। मेह।

मिहचना†—क्रि स० [हिं० **मीचना**] दे० 'मीचना'। उ०—प्रीतम दृग मिहचत प्रिया पानि परस सुखु पाइ। जानि पिछानि अजान लौं नैकुँ न होति जनाइ।—बिहारी (शब्द०)।

मिहतर—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मेहतर'।

मिहदार—सज्ञा पुं० [फा० मिह(=मिहनत)+दार (प्रत्य०)] वह मजदूर जिसे नकद मजदूरी दी जाती हो, अन्न आदि के रूप मे न दी जाती हो। (रुहेल०)।

मिहदीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० मेन्धिका] दे० 'मेहँदी'। उ०—वदन पर अकसर गहने, भौं मिहदी से रँगते है।—भारतेंदु ग्रं०, भा० १, पृ० २४।

मिहनत—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'मेहनत'।

मिहनताना—सज्ञा पुं० [अ० मिहनत] दे० 'मेहनताना'।

मिहनती—वि० [हिं० मिहनत+ई] दे० 'मेहनती'।

मिहना—सज्ञा स्त्री० [स० मेहना] दे० 'मेहना'।

मिहमान—सज्ञा पु० [फा० मेहमान] दे० 'मेहमान'।

मिहमानदारी सज्ञा स्त्री० [फा० मेहमानदारी] दे० 'मेहमानदारी'।

मिहमानी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मेहमानी'।

मिहरⓊ[1]—सज्ञा पु० [सं० मिहिर] सूर्य।

मिहर[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० मेहर] दे० 'मेहर'। उ०—करहा मुणि सुदर कहइ मिहर करउ मो आज।—ढोला०, दू० ३५५।

यौ०—मिहरनजर=कृपादृष्टि। उ०—कहर नजर कूँ छाँडि के मिहर नजर कूँ कीजै। सत कोटि गोपियो का उत्ता सवाब लीजै।—व्रज० ग्र०, पृ० ४१।

मिहरवान—सज्ञा पुं० [फा० मेहरवाँ] दे० 'मेहरवान'।

मिहरवानी—सज्ञा स्त्री० [फा० मेहरवानी] दे० 'मेहरवानी'।

मिहरा—सज्ञा पु० [हिं०] १ दे० 'मेहरा'। २ दे० 'महरा'।

मिहराना†—क्रि० अ० [हिं० मेह या मेहरा] कुछ कुछ आर्द्र या नम होना।

मिहराव—सज्ञा स्त्री० [अ० मिहराब, मेहराब] दे० 'मेहराब'। उ०—कुदरती कावे की तू मिहराव मे सुन गौर से। आ रही धुर से सदा तेरे बुलाने के लिये।—सत तुरसी, पृ० ५।

मिहरारू†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मेहरारू'।

मिहलⓊ—सज्ञा पु० [अ० महल] दे० 'महल'। उ०—पाच पचीसो तीन गुण, एक मिहल मे राख।—कबीर सा०, पृ० ८७१।

मिहानी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० महना] दे० 'मथानी'।

मिहिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ आसमान से पडनेवाली बरफ। पाला। २ ओस। ३ कपूर।

मिहिर[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्य। उ०—करना होगा यह तिमिर पार। देखना सत्य का मिहिर द्वार।—तुलसी०, पृ० २०। २ आक का पौधा। ३ ताँबा। ४ बादल। ५ हवा। ६ चद्रमा। ७ राजा। ८ दे० 'वराहमिहिर'।

मिहिर[2]—वि० वृद्ध। बुड्ढा।

मिहिरकुल—सज्ञा पुं० [फा० मिहरगुल का स० रूप] शाकल प्रदेश के प्रसिद्ध हूण राजा तोरमाण (तुरमान शाह) के पुत्र का नाम।

विशेष—इसने गुप्त सम्राटो पर विजय प्राप्त करके मध्य भारत पर अधिकार जमाया था। यह बौद्धो का बहुत बडा शत्रु था। एक बार मगध के राजा बालादित्य ने इसे पकड लिया था, पर फिर अपनी माता के कहने से छोड दिया था। इसने कुछ दिनो तक काश्मीर पर भी शासन किया था। यह ईसवी छठी शताब्दी के मध्य मे हुआ था।

मिहिराण—सज्ञा पुं० [स०] शिव।

मिहींⓊ—वि० [हिं०] दे० 'महीन'। उ०—जैसे मिही पट मैं चटकीलो, चढै रँग तीसरी वार के वोरैं।—मैतिराम शब्द०)।

मिही[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ मध्य प्रदेश मे होनेवाली एक प्रकार की अरहर जिसके दाने कुछ बडे होते हैं, और जो कुछ देर मे तैयार होती है। २ गडक नदी का एक प्राचीन नाम। उ०—आजकल जिसे गडक कहते हैं, उन दोनो उसका नाम मिही था। —वैशाली०, पृ० १।

मिहीⓊ[2]—वि० [हिं० महीन] १ झीना। महीन। दे० 'मिही'। २ आर्द्र। तर। गीला। उ०—मिही अगौंछनि पोछ लै फैल्यो काजर नैन। सरद चद अति मंद यह चाहत समता ऐन।—स० सप्तक, पृ० ३४८।

मिहीन†—वि० [हिं०] दे० 'महीन'। उ० कबहु बादले रग रग के कतरि मिहीन उडावै।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४१०।

मींगनी—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'मेगनी'।

मींगी—सज्ञा स्त्री० [स० मुद्गा (=दाल)] बीज के अदर का गूदा। गिरी।

मींचना क्रि० स० [स० मिष (=झपकना) या अभ्यजन] दे० 'मीचना'। उ०—छिपने पर स्वय मृदुल कर से, क्यो मेरी आँखें मीच रही।—कामायनी, पृ० ६७।

मींजना†[1]—क्रि० स० [हिं० मींडना] १ हाथो से मलना। मसलना। जैसे, छाती मीजना, हाथ मीजना। २ मर्दन करना। दलना। रगडना।

मींजना[2]†—क्रि० स० [हिं० मीचना] मूँदना। बद करना। (आँखो के लिये)। उ०—दूध माझ जस घीउ है समुद माँह जस मोति। नैन मीजि जो देखहु चमक उठै तस जोति।—जायसी (शब्द०)।

मींटनाⓊ†—क्रि० स० [हिं० मीचना, मीटना] दे० 'मीचना'। उ०—समाधि लगाइ करि आँखि मीटियतु है।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६५७।

मींड—सज्ञा स्त्री० [स० मीढम्] सगीत मे एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाते समय मध्य का अश इस सुदरता से कहना जिसमे दोनो स्वरो के बीच का सबध स्पष्ट हो जाय, और यह न जान पडे कि गानेवाला एक स्वर से कूदकर दूसरे स्वर पर चला आया है। जैसे, 'सा' का उच्चारण करने के उपरात 'रि' का उच्चारण करते समय पहले कोमल रिषभ का उच्चारण करना। गमक।

विशेष—मीड की आवश्यकता कभी स्वर से केवल उसके दूसरे परवर्ती स्वर पर ही जाने मे नही पडती बल्कि किसी एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाने अथवा उतरने मे भी पडती है। अर्थात् आरोहण और अवरोहण दोनो मे उसके लिये स्थान है।

जैसे, 'मा' के उपरात 'म' का अथवा नि' के उपरात 'ग' का उच्चारण करने मे भी मीड का प्रयोग हो सकता और होता है। स्वरो की मूर्छनाओ का उच्चारण भी की सहायता से ही होना है। देशी बाजो मे से बीन, रबाब, सरोद, सितार, सारगी आदि मे मीड बहुत अच्छी तरह निकाली जाती है, पर पियानो और हारमोनियम आदि अगरेजी ढग के बाजो मे यह किसी प्रकार निकल ही नही सकती। विद्वानो का यह भी मत है कि मीड निकालने के लिये स्त्रियो के कठ की अपेक्षा पुरुषो का कठ बहुत अधिक उपयुक्त होता है, और इसका कारण यह है कि पुरुषो की स्वरनालिका स्त्रियो की स्वरनालिका की अपेक्षा अधिक लबी होती है।

मींडकⓊ – सज्ञा पुं० [हिं० मेंढक] दे० 'मेढक'। उ०—(क) मन मीडक मूँ मारिये सका सरन निवारि।—दादू०, पृ० १५१। (ख) मान कियोडी महल ज्यूँ बुगला ज्यूँ कम बोल। मावडियो घर मीडको पुरुखपणारी पोल।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० २३।

मींडना†'—क्रि० स० [हिं० मींड़ना] १ हाथो से मलना। ममलना। जैसे, आटा मीडना। २ (आँखें) मलना। बार बार (आँखें) दबाना। उ—सो वह आँख मीडि मीडि के फिर फिरि के देखन लाग्यो, जो मोको यह भ्रम तो नहो भयो।—दो सौ बावन०, भा०२, पृ० ६।

मीडासीगी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मेंढासीगी'।

मीतⓊ—वि० [स० भक्त] दे० 'भक्त'। उ०—मनो मतवार लरै रस मीत।—पृ० रा०, ६१। ६४०।

मीयाँ†—सज्ञा पुं० [फा० मियाँ] दे० 'मियाँ'। उ०—मीयाँ मैंढा आव घरि, वाढी वत्ता लोइ।—दादू० पृ० ६३।

मीआद—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ किसी कार्य की समाप्ति आदि के लिये नियत समय। अवधि।

क्रि० प्र० – गुजरना।—बढ़ना।—बढ़ाना।—बीतना।

२ कारागार के दड का काल। कैद की अवधि।

मुहा०—मीआद काटना = कारागार का दड भोगना। सजा भुगतना। मीआद बोलना = कारावास का दड देना। कैद की सजा देना।

मीआदी—वि० [हिं० मीआद + ई (प्रत्य०)] १ जिसके लिये कोई समय या अवधि निश्चित हो जैसे, मीआदी हुडी।

यौ०—मीआदी बुखार = एक प्रकार का ज्वर जो दो सप्ताह से लेकर छह सप्ताह तक चलता है।

२ जो कारागार मे रह चुका हो। जो जेलखाने मे रहकर सजा भुगत चुका हो। जैसे, मीआदी चोर।

मीआदी हुडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीआदी + हुँडी] वह हुडी जिसका रुपया तुरत न देना पडे, बल्कि एक नियत समय या अवधि पर देना पडे। वह हुडी जो मिति पूजने पर भुगताई जाय।

मीचⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मृत्यु, प्रा० मिच्चु] मृत्यु। मौत। उ०—मीच गई जर बीच ही विरहानल की झार।—मतिराम (शब्द०)।

मीचना – क्रि० स० [स० मिष (= झपकना) या मिच्छ (= रोकना)] (आँखें) बद करना। मूँदना।

मीचुⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० मृत्यु, प्रा० मिच्चु] मृत्यु। मौत।

मीजना—क्रि० स० [सं० मर्दन] दे० 'मीजना'।

मीजा†—सज्ञा स्त्री० [अ० मिजाज] १ अनुकूलना। २ स्वभाव।

मुहा०—मीजा पटना या मिलना = दो व्यक्तियो का परस्पर मेल जोल होना। स्वभाव मिलने के कारण मेल होना।

३ समति। राय।

क्रि० प्र०—लेना।

मीजान—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ तुला। तराजू। २ तुला राशि। ३ कुल सख्याओ का योग। जोड। (गणित)।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

यौ०—मीजान मिलना = जमा खर्च का जोड बराबर होना।

४ दे० 'मीजा'।

मीटना†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मीचना'।

मीटर—सज्ञा पुं० [अ०] वह यत्र या मशीन जो व्यय किए गए पानी या बिजली आदि की मात्रा बतलाती है।

मीटिंग—सज्ञा स्त्री० [अ०] परामर्श आदि के लिये एक स्थान पर बहुत से लोगों का जमावडा। अधिवेशन। सभा।

मीठⓊ – वि० [स० मिष्ट, प्रा० मिट्ठ] प्रिय। रुचिकर। मधुर। दे० 'मीठा-१'। उ०—मीठ बहुत सतनाम है पियत निकारै जान।—पलटू०, भा० १, पृ० ६।

मीठमⓊ—वि० [सं० मिष्ट + तम (प्रत्य०)] दे० 'मीठा-१'। उ०—ऊख गिरी धर ऊपरै, पल खाँडाँमय आव। तूवा मीठम होय तो, सूवा, होय सवाव।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ८१।

मीठा'—वि० [स० मिष्ट, प्रा० मिट्ठ] [वि० स्त्री० मीठी] १ जो स्वाद मे मधुर और प्रिय हो। चीनी या शहद आदि के स्वाद-वाला। 'खट्टा' या 'नमकीन' का उलटा। मधुर। जैसे,—(क) जितना गुड डालोगे उतना, मीठा होगा। (ख) यह आम बहुत मीठा है।

मुहा०—मीठा और कठौता भर = अच्छा भी और अधिक भी। जो चीज अच्छी होती है वह अधिक मात्रा मे नही मिलती। उ०—मीठो अरु कठवति भरो रोटाई अरु खेम।—तुलसी ग्र०, पृ० ८८। मीठा होना = किसी प्रकार के लाभ या आनद आदि की प्राप्ति होना। अपने पक्ष मे कुछ भलाई होना। जैसे,—हमें ऐसा क्या मीठा है, जो हम नित्य दौड दौडकर तुम्हारे पास आया करें।

२ जिसका स्वाद बहुत अच्छा हो। स्वादिष्ट। जायकेदार। जैसे, मीठा मीठा हप, कड़ुआ कड़ुआ थू। ३ धीमा। सुस्त। जैसे,—यह घोडा कुछ मीठा चलता है। ४ जो बहुत अच्छा

न हो। साधारण या मध्यम श्रेणी का। मामूली। ५. जो तीव्र या अधिक न हो। हलका। मद्धिम। मद। जैसे,—आज सवेरे से पेट मे मीठा मीठा दर्द हो रहा है।

यौ०—मीठा मीठा = हलका हलका। मद। जैसे, दर्द।

६ जिसमे पुरुषत्व न हो, या कम हो। नामर्द। नपुसक। ७ जो गुदाभजन कराता हो। औंघा। ८ जो बहुत अधिक सुशील हो। किसी का कुछ भी अनिष्ट न करनेवाला। बहुत अधिक सीधा। जैसे,—इतने मीठे न बनो कि कोई चट कर जाय। ९ प्रिय। रुचिकर। जैसे, मीठे वचन, मीठी बात। उ०—वह चाहता है कि हम सबसे मीठे बने रहे।

मीठा[2]—सज्ञा पुं० १ मीठा खाद्यपदार्थ। मिठाई। २. गुड। ३ हलुआ। ४ एक प्रकार का कपडा जो प्राय मुसलमान लोग पहनते है और जिसे शीरीबाफ भी कहते है। ५ मीठा तेलिया। बछनाग नामक विष। ६ मीठा नीबू।

मीठा अमृतफल—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + अमृतफल] मीठा चकोतरा।

मीठा आलू—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + आलू] शकरकद।

मीठा इद्रजौ—सज्ञा पु० [हिं० मीठा + इद्रजौ] कृष्ण कुटज। काली कुडा।

मीठा कद्दू—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + कद्दू] कुम्हडा।

मीठा गोखरू—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + गोखरू] छोटा गोखरू।

मीठा चावल—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + चावल] वह चावल जो चीनी या गुड के शरबत में पकाया गया हो।

मीठा जहर—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + अ० जहर] वत्सनाभ। बछनाग विष।

मीठा जीरा—सज्ञा पु० [हिं० मीठा + जीरा] १. काला जीरा। २. सौंफ।

मीठा ठग—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + ठग] झूठा और कपटी मित्र। जो ऊपर से मिला रहे, पर धोखा दे।

मीठा तवाकू—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + तवाकू] तवाकू जो कडी न हो। तीखापन दूर करने के लिये जूसी मिली तवाकू।

मीठा तेल—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + तेल] १ तिल का तेल। २ पोस्ते के दाने या खसखस का तेल।

मीठा तेलिया—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + तेलिया] बछनाग। वत्सनाभ विष।

मीठा नीबू—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + नीबू] जमीरी नीबू। चकोतरा।

मीठा नीम—सज्ञा पुं० [हिं० मीठा + नीम] एक प्रकार का छोटा वृक्ष जो प्राय सारे भारत मे पाया और कही कही लगाया जाता है।

विशेष—इसमे एक प्रकार की मीठी गध निकलती है। इसकी छाल पतली और खाकी रग की होती है और पत्ते बकायन या नीम के पत्तो के समान होते हैं। इसके फल भी नीम के फल के ही समान होते हैं जो कच्चे रहने पर हरे, और पकने पर काले हो जाते हैं। इनमे दो बीज रहते है। चैत बैसाख मे इसके गुच्छो मे छोटे छोटे फूल लगते है। इसकी जड, छाल और पत्तियाँ औषध के रूप मे काम आती है। वैद्यक मे इसे चरपरा, कडुआ, कसैला और दाहु, बवासीर, गुल्म आदि का नाशक माना गया है।

मीठा पानी—सज्ञा पु० [हिं० मीठा + पानी] नीबू का बगरेजी मत मिला हुआ पानी जो बाजारो मे बोतलो मे मिलता है। लेमनेड।

मीठा पोइया—सज्ञा पु० [हिं० मीठा + पोइया] घोडे की वह चाल जो न बहुत तेज हो और न बहुत धीमी।

मीठा प्रेमह—सज्ञा पुं० [हिं० मीठ + स० प्रमेह] मधुमेह।

मीठा बरस—सज्ञा पु० [हिं० मीठा + बरस] स्त्रियो की अवस्था का अठारहवाँ और कुछ लोगो के विचार से तेरहवाँ वर्ष जो उनके लिये कठिन समझा जाता है। मीठा वर्ष।

मीठा भात—सज्ञा पु० [हिं० मीठ + भात] दे० 'मीठा चावल'।

मीठा विष—सज्ञा पु० [हिं० मीठ + स० विष] वत्सनाभ। बछनाग।

मीठा साल—सज्ञा पु० [हिं० मीठा + स० साल] दे० 'मीठा बरस'।

मीठी—वि० स्त्री० [हिं०] दे० 'मीठा'।

मुहा०—मीठी को खट्टी मान लेना = अन्यथा बुद्धि होना। और का और समझ लेना। कुछ का कुछ समझ लेना। उ०—जाति को है यगर जिला रखना। तीन मीठी को मान ले खट्टी।—चुभते०, पृ० ५६।

मीठी खरखोडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + खरखोडी] पीली जीवती। स्वर्ण जीवती।

मीठी गाली—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + गाली] मधुर गाली। वह गाली जो अप्रिय न लगे। जैसे, विवाहादि के अवसर पर गाई हुई गाली।

मीठी छुरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठ + छुरी] १. वह जो देखने मे मित्र, पर वास्तव मे शत्रु हो। विश्वासघातक। २ वह जो देखने मे सीधा पर वास्तव मे दुष्ट हो। कपटी। कुटिल।

मुहा०—मीठी छुरी चलाना = विश्वासघात करना। कपट करना। उ०—हमारे हित के मूल मे कौन मीठी छुरी चलाने है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २१२।

मीठी छूँबी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + छूँबी] दे० 'छूँबी'।

मीठी दिचार—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + दिचार] दे० 'मीठी छुरी'।

मीठी नजर—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + स० नजर] प्रेम की निगाह। प्रेमभरी नजर।

मीठी नींद—सज्ञा स्त्री० [हिं० मीठ + नींद] सुख की नींद। आराम और निश्चिन्तता की नींद। उ०—[illegible] और

बहुत जल्द ऐसी मीठी नींद सोएँगे कि हश्र (हश्र) तक न जागेंगे ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ८७ ।

मीठी मार—संज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + मार] ऐसी मार जिसकी चोट अंदर हो और जिसका ऊपर से कोई चिह्न न दिखाई दे। भीतरी मार ।

मीठी लकड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मीठी + लकड़ी] मुलेठी ।

मीड—संज्ञा स्त्री० [हिं० मींड] दे० 'मींड' । उ०—भावती मीड मरोर दिए घन आनँद सौगुने रंग सो गाजैं ।—घनानंद, पृ० ४४ ।

मीडक†—संज्ञा पुं० [हिं० मेंढक] [स्त्री० मीडकी] मंडूक । मेढक ।

मीडना(पु)—क्रि० स० [हिं० माँहना (= मींजना) सं० मर्दन] मलना । दे० 'मीडना'' । उ०—गजराज इंद्र दिप्पै न तथ्थ । मीडत मष्पिका जेम हथ्थ ।—पृ० रा०, २।३६७ ।

मीढ़—वि० [सं०] १ पेशाब किया हुआ । मूत्र के मार्ग से निकला या निकाला हुआ । २ मूत्र के समान । मूत्र का सा ।

मीढुष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र के एक पुत्र का नाम ।

मीढुष[2]—वि० दयार्द्र । रहमदिल ।

मीढुष्टम—संज्ञा पुं० [स०] १ शिव । महादेव । २ सूर्य । ३ चोर ।

मीढ्वा—संज्ञा पुं० [सं० मीढ्वस्] दे० 'मीढुष्टम' [को०] ।

मीत—संज्ञा पुं० [सं० मित्र, प्रा० मित्त] मित्र । दोस्त । उ०—(क) मीत भँ माँगा वेगि विवानू । चला सूर संवरा अस्थानू । —जायसी (शब्द०) । (ख) हम हीं नर के मीत सदा सचि हितकारी । इक हमहीं संग जात तजत जब पितु सुत नारी । —भारतेंदु (शब्द०) ।

मीन—संज्ञा पुं० [सं०] १ मछली । उ०—(क) कहि न सकत कछु चितवत ठाढे । मीन दीन जनु जल ते काढे ।—मानस, २।७०। (ख) विरंच महादेव से मीन बहुतै जहाँ होय परगट कभी जोत मारा ।—चरण० बानी, पृ० १३० । २. मेष आदि राशियों में से अंतिम या बारहवीं राशि ।

विशेष—इस राशि में पूर्वभाद्रपद नक्षत्र का अंतिम पद और उत्तर भाद्रपद तथा रेवती नक्षत्र हैं । इस राशि की अधिष्ठात्री देवियाँ दो मछलियाँ हैं और यह चरणरहित, कफ-प्रकृति, जलचारी, निःशब्द, पिंगलवर्ण, स्निग्ध, बहुत संतानवाली और ब्राह्मण वर्ण की मानी गई है । कहते हैं, इस राशि में जो जन्म लेता है, वह क्रोधी, तेज चलनेवाला, अपवित्र और अनेक विवाह करनेवाला होता है ।

पर्या०—कीट । जलज । सौम्य । अंगन । युग्म । सय । भक्ष्य । गुरुक्षेत्र । दीनात्मक ।

२ मेष आदि बारह लग्नों में से अंतिम लग्न ।

विशेष—फलित ज्योतिष के अनुसार इस लग्न में जन्म लेनेवाला कार्यदक्ष, अल्पभोजी, स्त्री का बहुत कम साथ करनेवाला, चंचल, अनेक प्रकार की बातें करनेवाला, धूर्त, तेजस्वी, बलवान्, विद्वान्, धनवान्, चर्मरोगी, विकृतमुख, पराक्रमी, पवित्रतापूर्वक और शास्त्रानुकूल आचार आदि से रहनेवाला, विनीत, संगीतप्रेमी, कन्या संततिवाला, कीर्तिशाली, विश्वासी और धीर होता है और इसकी मृत्यु मूत्रकृच्छ्र, गुह्य रोग या उपवास आदि से होती है ।

मीनक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नयनांजन । एक तरह का सुरमा ।

मीनकांक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] सफेद कनेर ।

मीनकेत—संज्ञा पुं० [सं० मीनकेतु] दे० 'मीनकेतन' । उ०—तेरी ये बंसी लगै मीनकेत की बान ।—सं० सप्तक, पृ० १८७ ।

मीनकेतन[1]—वि० [सं०] जिसकी पताका में मीन का चिह्न हो। उ०—हुआ होगा बनना सफल जिसे देखकर मंजु मीनकेतन अनंग का ।—लहर, पृ० ८३ ।

मीनकेतन[2]—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव ।

मीनकेतु—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव [को०] ।

मीनगंधा—संज्ञा स्त्री० [सं० मीनगन्धा] मत्स्यगंधा या सत्यवती का एक नाम ।

मीनगंधिका—संज्ञा स्त्री० [सं० मीनगन्धिका] दे० 'मीनगोधिका' । [को०] ।

मीनगोधिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] जलाशय, तालाब या झील आदि ।

मीनघाती[1]—संज्ञा पुं० [स० मीनघातिन्] बगला ।

मीनघाती[2]—वि० मछली मारनेवाला ।

मीनति(पु)†—संज्ञा स्त्री० [सं० विनती] दे० 'विनती' । उ०—पुन सराहिय सुंदरि मीनति जाहीरे ।—विद्यापति, पृ० २२० ।

मीनध्वज—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव [को०] ।

मीननाथ—संज्ञा पुं० [सं०] गोरखनाथ के गुरु मत्स्येंद्रनाथ का एक नाम । मछंदरनाथ ।

मीननेत्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गाडर दूब ।

मीनपित्त—संज्ञा पुं० [सं०] कुटकी नामक ओषधि ।

मीनमेख—संज्ञा पुं० [स० मीन + मेष] सोच विचार । आगा-पीछा । असमंजस । उ०—(क) मीनमेख भा नारि के लेखे । कस पिउ पीठि दीन्हि मोहि देखे ।—जायसी (शब्द०) । (ख) मीनमेख बिनु बात करत तुम कहूँ मिथुन ललचाने ।—भारतेंदु० ग्र०, भा० २, पृ० ४५६ ।

मुहा०—मीनमेख निकालना = (१) गुणदोष निकालना । गुणदोष देखना । उ०—तुम उसमें ख्वामख्वाह मीनमेख निकालने लगते हो ।—रंगभूमि, भा० २, पृ० ६३३ । (२) सोचविचार या आगापीछा ।

मीनरंक—संज्ञा पुं० [स० मीनरङ्क] जलकौवा । मुरगाबी । मीनरंग ।

मीनरंग—संज्ञा पुं० [सं० मीनरङ्ग] १ मछरंग नामक पक्षी जो मछली खाता है । २ जलकौआ ।

मीनर—संज्ञा पुं० [स०] शाखोट वृक्ष । सहोरा । २ मकर । घड़ियाल (को०) ।

मीनहा(पु)—संज्ञा पुं० [स० मीन + हा (प्रत्य०)] बंशी जिससे मछली पकड़ी जाती है । उ०—बड़िस कुबेनी मीनहा मत्स्यावानी नाम ।—अनेकार्थ०, पृ० ६२ ।

मीनांडी—सज्ञा स्त्री० [स० मीनाण्डी] एक प्रकार की शक्कर।

मीना[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] ऊषा की कन्या का नाम जिसका विवाह कश्यप से हुआ था।

मीना[2]—सज्ञा पु० [देश०] राजपूताने की एक प्रसिद्ध योद्धा जाति। उ०—च्यारि सहस मीना प्रबल बैठे आइ बलाइ।—पृ० रा०, ७। ७८।

विशेष—इस जाति के लोग बहुत वीर होते हैं और युद्ध मे इनकी प्रवृत्ति बहुत होती है। किसी समय ये बहुत बलशाली थे और प्राय लूटमार करके अपना निर्वाह करते थे। महाराणा प्रताप को अपने युद्धो मे इनसे बहुत सहायता मिली थी।

मीना[3]—सज्ञा पु० [फा०] १ रग बिरगा शीशा। २ एक प्रकार का नीले रग का कीमती पत्थर। ३ कीमिया। ४ सोने, चाँदी आदि पर किया जानेवाला रग बिरग का काम।

यौ०—**मीनाकारी**।

५ शराब रखने का कटर या सुराही। उ०—मीना की ग्रीवा से झर झर गाती हो मदिरा स्वर्णिम स्वर।—मधु०, पृ०६४।

मीनाकार—सज्ञा पुं० [फा०] वह जो चाँदी या सोने आदि पर रगीन काम बनाता हो। मीना करनेवाला।

मीनाकारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ सोने या चाँदी पर होनेवाला रगीन काम। २ किसी काम मे निकाली या की हुई बहुत बडी बारीकी।

मुहा०—**मीनाकारी छाँटना**=व्यर्थ का छिद्रान्वेषण करना। निरर्थक दोष निकालना। बाल की खाल निकालना।

मीनाक्ष[1]—वि० [स०] मछली के समान सुदर आँखोवाला।

मीनाक्ष—सज्ञा पु० एक राक्षस का नाम।

मीनाक्षी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. भगवती दुर्गा का एक नाम। एक एक देवी जिनका मूर्ति मदुराइ (तामलनाडु) म है। २. कुबेर की कन्या का नाम। ३ गाडर दूब। ४ ब्राह्मी बूटी। ५ शक्कर। चीनी।

मीनाबाजार—सज्ञा पु० [फा० मीनाबाजार] १ बाजार जिसम हीरा मोती जैसी कीमती वस्तुए बिकती हो। २ वह बाजार जिसमे स्त्रिया के उपयोग की ही सारी चीज हो और जिन्हे वे ही खरीदती बेचती हो। उ०—इस उत्सव म मीनाबाजार भी लगाया जाता था, जहाँ सब अमीर उमरावो की स्त्रियाँ आकर दुकानें लगाती थी और सौदा भी प्राय. जनाना रखा जाता था।—राज० इति०, पृ० ७६६।

विशेष—अकबर ने एक ऐसे ही बाजार का सचालन किया था।

मीनाश्रोण—सज्ञा पु० [स०] खजरीट पक्षी। ममोला। खजन।

मीनार—सज्ञा स्त्री० [अ० मनार] १ ईंट, पत्थर आदि की वह चुनाई जो प्राय गोलाकार चलती है। यह प्राय किसी प्रकार की स्मृति के रूप मे तैयार की जाती है। स्तभ। लाठ। २. मसजिदो आदि के कोनो पर बहुत ऊँची उठी हुई इसी प्रकार की गोल इमारत जो खभे के रूप म होती है। ३. वह ऊँचा स्थान जहाँ रोशनी की जाती है।

मीनारा—सज्ञा पुं० [अ० मनारह्, हिं० मीनार] दे० 'मीनार'।

मीनालय—सज्ञा पुं० [सं०] समुद्र।

मीनी—सज्ञा स्त्री० [सं० मीन] दे० 'मीन'। उ०—बग मीनी का ध्यान धरि, पसू बिचारे खाइ।—दादू०, पृ० २०७।

मीमासक—सज्ञा पुं० [स०] १. वह जो किसी बात की मीमासा करता हो। मीमासा या व्याख्या करनेवाला। आलोचक। समीक्षक। उ०—श्रव्य काव्य के मीमासक वाणी के वैचित्र्य का काव्य का लक्षण मानते थे और दृश्य काव्य के विवेचक रस का।—रस०, पृ० १। २. वह जो मीमासा शास्त्र का ज्ञाता हो। मीमासा का पडित। ३ पूर्व मीमासा के सूत्रकार जैमिनि ऋषि। ४ कुमारिल भट्ट का एक नाम। ५. भाष्यकार शबरस्वामी का एक नाम। ६ रामानुज का एक नाम। ७ माधवाचार्य का एक नाम।

मीमासन—सज्ञा पु० [सं०] [वि० **मीमासित**] किसी प्रश्न की मीमासा या निर्णय करने का काम।

मीमासा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. किसी तत्व का विचार, निर्णय या विवेचन। अनुमान, तर्क आदि द्वारा यह स्थिर करना कि कोई बात कैसी है। उ०—अश्लीलता का मीमासा के समय अपने पक्ष को न देखकर दूसरे पक्ष को भी देखना चाहिए।—रस क०, पृ० ४। २. हिंदुओ के छह् दर्शनो मे से दो दर्शन जो पूर्व मीमासा और उत्तर मीमासा कहलाते हैं।

विशेष—साधारणत. मीमासा शब्द से पूर्व मीमासा का ही ग्रहण होता है, उत्तर मीमासा 'वेदात' के नाम से ही अधिक प्रसिद्ध है।

३ जैमिनि कृत दर्शन जिसे पूर्व मीमासा कहते है और जिसमे वेद के यज्ञपरक वचनो की व्याख्या बड़े विचार के साथ की गई है।

विशेष—इसके सूत्र जैमिनि के हैं और भाष्य शबर स्वामी का है। मीमासा पर कुमारिल भट्ट के 'तात्रवार्तिक और श्लोकवार्तिक' भी प्रसिद्ध हैं। माधवाचार्य ने भी 'जैमिनीय न्यायमाला विस्तार' नामक एक भाष्य रचा है। मीमासा शास्त्र मे यज्ञो का विस्तृत विवेचन है, इससे इसे 'यज्ञविद्या' भी कहते हैं। बारह अध्यायो मे विभक्त होने के कारण यह मीमासा 'द्वादशलक्षणी' भी कहलाती है।

'न्यायमाला विस्तार' मे माधवाचार्य ने मीमासासूत्रो के विषय मे सक्षेप म इस प्रकार बताया है—पहले अध्याय म विधि, अर्थवाद, मत्र, स्मृति और नामधेय की प्रामाणिकता का विचार है। दूसरे मे अपूर्व कर्म और उसके फल का प्रतिपादन तथा विधि और निषेध का प्रक्रिया है, तीसरे म श्रुतिलिंग वाक्यादि की प्रमाणता और अप्रमाणता कही गई है, चौथे म नित्य और नैमित्तिक यज्ञो का विचार है, पाँचवें म यज्ञो और श्रुतिवाक्यो के पूर्वापर सबध पर विचार किया गया है, छठे म यज्ञ के करने और करानेवाले के अधिकार का निर्णय है, सातवें और आठवें म एक यज्ञ की विधि को दूसरे यज्ञ मे करने का वर्णन है, नवें म मत्रो के प्रयोग का विचार है, दसवें म यज्ञो मे कुछ कर्मो के

मीरकारवाँ—'मीरकाफिला'।

मीरजा—संज्ञा पुं० [फा० मीरज़ा] १ अमीर या सरदार का लड़का अमीरजादा। २ मुगल शाहजादों का एक उपाधि। ३ सैयद मुसलमानों की एक उपाधि। उ०—'यकरंग' ने तलाश किया है बहुत वले। मजहर सा इस जहा मे कोई मीरजा नहीं। विशेष—दे० 'मिरजा'।

मीरजाई—संज्ञा स्त्री० [फा० मीरज़ाई] १ मीरजा होने का भाव। २ मीरजा का पद या उपाधि। ३ सरदारी। अमीरी। ४ अमीरों या शाहजादों का सा ऊँचा दिमाग होना। ५ अभिमान घमंड। शेखी। ६ दे० 'मिरजई'।

मीरफर्श—संज्ञा पु० [फा० मीरफर्श] वे गोल, ऊँचे और भारी पत्थर जो बड़े बड़े फर्शों या चाँदनियों आदि के कोनों पर इसलिये रखे जाते हैं जिसमें वे हवा मे उड़ न जायँ।

मीरबख्शी—संज्ञा पु० [फा० मीरबख्शी] मुसलमानी राजत्व काल का एक प्रधान कर्मचारी जिसका काम वेतन बाँटना होता था।

मीरबहर—संज्ञा पुं० [फा० मीरबह्र] दे० 'मीरबहरी'।

मीरबहरी—संज्ञा पुं० [फा०] १ मुसलमानी राजत्वकाल मे जल-सेना का प्रधान अधिकारी। २ वह प्रधान कर्मचारी जो बंदरगाहों आदि का निरीक्षण करता था।

मीरबार—संज्ञा पुं० [फा०] पुराने मुसलमानी समय का वह अधिकारी जो लोगों को किसी सरदार या बादशाह के सामने उपस्थित होने से पहले उन्हें देखता और तब उपस्थित होने की आज्ञा देता था।

मीरभुचड़ी—संज्ञा पुं० [फा० मीर+देश० भुचडी] एक कल्पित पीर जिसे हिजड़े अपना आदि पुरुष और आचार्य मानते हैं और जिसके वश मे वे अपने आप को समझते हैं।

विशेष—कहते हैं कि ये स्त्रियों के वेश मे रहते, चरखा कातकर अपना निर्वाह करते और छह् महीने स्त्री तथा छह् महीने पुरुष रहा करते थे। जब हीजड़ों मे कोई नया हीजड़ा आकर सम्मिलित होता है, तब वे उसी के नाम की कड़ाही तलते और उसे पकवान खिलाते हैं। कहते हैं, जो कोई यह पकवान खा लेता है, वह भी हीजड़ों की तरह हाथ पैर मटकाने लगता है।

मीरमंजिल—संज्ञा पुं० [फा० मीर+अ० मंज़िल] वह कर्मचारी जो बादशाहों या लश्कर आदि के पहुँचने से पहले ही मंजिल या पड़ाव पर पहुँचकर वहाँ सब प्रकार की व्यवस्था करे।

मीरमजलिस—संज्ञा पुं० [फा०] सभा या अधिवेशन का प्रधान अधिकारी। सभापति।

मीरमहल्ला—संज्ञा पुं० [फा० मीर+अ० महल्ला] किसी महल्ले का प्रधान या सरदार।

मीरमुंशी—संज्ञा पुं० [फा० मीर+अ० मुंशी] मुंशियों मे प्रधान या सरदार। सबसे बड़ा मुंशी।

मीरशिकार—संज्ञा पुं० [फा०] वह प्रधान कर्मचारी जो अमीरों या बादशाहों के शिकार की व्यवस्था करता है।

मीरसामान—संज्ञा पुं० [फा०] वह प्रधान कर्मचारी जो अमीरों या बादशाहों की पाकशाला की व्यवस्था करता है।

मीरहाज—संज्ञा पुं० [फा० मीर अ० + हज्ज] हाजियों का सरदार या हाजियों के समूह का प्रधान।

मीरास—संज्ञा स्त्री० [अ०] वह धन संपत्ति जो किसी के मरने पर उसके उत्तराधिकारी को मिले। तरका। जयदाद।

मीरासी—संज्ञा पुं० [अ० मीरास] [स्त्री० मीरासिन] एक प्रकार के मुसलमान जो पश्चिम मे पाए जाते हैं।

विशेष—ये प्रायः गाने बजाने का काम करते हैं और भाँड़ों की तरह मसखरापन करके लोगों को प्रसन्न करते हैं।

मीरी—संज्ञा स्त्री० [फा० मीर+ई (प्रत्य०)] १ मीर होने का भाव। २. खेल मे किसी लड़के का सर्वप्रथम होना। ३ खेल मे लड़कों का अपना दाँव खेलकर खेल से अलग हो जाना।

मील[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वन। जंगल। २. निमेष (वि०)।

मील[2]—संज्ञा पुं० [अ०] दूरी की एक नाप जो १७६० गज की होती है। इसे साधारण काम का आधा मानते हैं।

यौ०—मील के पत्थर = प्रगति का प्रतीक। यात्रा का एक मंजिल का सूचक।

मीलक—संज्ञा पुं० [सं०] रोहित मछली। रोहू।

मीलन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० मीलनीय, मीलित] १. बंद करना। जैसे, नेत्रमीलन। २ संकुचित करना। सिकोड़ना।

मीलित[1]—वि० [सं०] १ बंद किया हुआ। २. सिकोड़ा हुआ।

मीलित[2]—संज्ञा पु० एक अलंकार जिसमें यह कहा जाता है कि एक होने के कारण दो वस्तुओं (उपमेय और उपमान) मे भेद नहीं जान पड़ता, वे एक मे मिली जान पड़ती हैं। जैसे,—पंखुरी लगी गुलाब की गात न जानी जाय।

मीवग—संज्ञा पु० [सं०] एक बहुत बड़ी संख्या का नाम। (बौद्ध)।

मीवर[1]—वि० [सं०] १ हिंसक। २ पूज्य।

मीवर[2]—संज्ञा पुं० सभापति।

मीवा—संज्ञा पुं० [सं० मीवन्] १ पेट मे का कीड़ा। २ वायु। हवा। ३ सार। तत्व।

मीशान—संज्ञा पुं० [सं०] महारम्बध वृक्ष। अमलतास।

मुंगा—संज्ञा स्त्री० [सं० मुञ्जा] पुराणानुसार एक ऋषी का नाम।

मुंचनⓈ—संज्ञा पु० [सं० मुञ्चन्] दे० 'मोचन'।

मुंचनाⓈ—क्रि० स० [सं० मुञ्च्] मोचना। त्यागना। छोड़ना। मुक्त करना। उ०—तब पुनि मुनि अभिराम। अमिय बचन जहँ सुंदर स्याम।—सूर० ग्र०, पृ० १५४।

मुंछार[1]—वि० [सं० मूंछ+आर (प्रत्य०)] मूँछवाला। मूँछ।

मुंछार[2]—वि० [हिं० मूँछ+आर (प्रत्य०)] १ मूँछवाला। मूँछ का गौरव रखनेवाला। २ जिसे मूँछ हो। जैसे, सिं०।

मुंछाला—वि० [हिं० मूँछ+आल (प्रत्य०)] दे० 'मुंछार'।

मुंज—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्ज] १ मूँज नाम की घास। २ घास की रस्सी जो भोंड़ या मूँज से बनाई जाती है। ३ एक प्राचीन राजा।

मुंजक—संज्ञा पु० [सं० मुञ्जक] पौधों की आम का एक रोग जो

कीडो के कारण नेत्रपटल पर होता है। जब यह बढ़ जाता है, तब 'मुंजजालक' कहलाता है।

मुंजकेतु—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जकेतु] महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम।

मुंजकेश—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जकेश] १ शिव। २ विष्णु। ३ महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम।

मुंजकेशी—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जकेशिन्] विष्णु।

मुंजग्राम—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जग्राम] महाभारत के अनुसार एक प्राचीन नगर का नाम।

मुंजजालक—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जजालक] घोडो की आँख के मुंजक रोग का उस समय का नाम जब वह बहुत बढ जाता है।

मुंजपृष्ठ—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जपृष्ठ] महाभारत के अनुसार एक प्राचीन प्रदेश का नाम जो हिमालय पर्वत मे था।

मुंजमणि—संज्ञा स्त्री० [सं० मुञ्जमणि] पुष्पराग मणि। पुखराज।

मुंजमेखला—संज्ञा स्त्री० [सं० मुञ्जमेखला] मूंज की बनी हुई वह मेखला जो यज्ञोपवीत के समय पहनी जाती है।

मुंजमेखली—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जमेखलिन्] १ विष्णु। २ शिव।

मुंजर—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जर] १ कमल की जड। २ कमल की नाल। मृणाल।

मुंजलीⓊ—वि० [हिं० मुंज+ली (प्रत्य०)] मूंज संबंधी। मूंज की।

मुंजवट—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जवट] महाभारत के अनुसार एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

मुंजवान्—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जवत्] १ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार की सोमलता। २ महाभारत के अनुसार कैलाश पर्वत के पास के एक पर्वत का नाम।

मुंजाट, मुंजाटक—पुं० [सं० मुञ्जाट मुञ्जटक] एक पौधे का नाम [को०]।

मुंजातक—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जातक] १ मूंज। २ मुंजरा कंद।

मुंजाद्रि—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जाद्रि] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम।

मुंजानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गल्था प्रदेश (कंबोज) की एक भाषा। का नाम।

मुंजारन—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्जारण्य] मूंज वन। उ०—अब सुनि उनइसवाँ अध्याइ। स्याम राम मुंजारन जाइ।—नंद० ग्र०, पृ० २८६।

मुंजारा—संज्ञा स्त्री० [सं० मुञ्जारा] एक प्रकार का कंद। मुंजरा कंद।

मुंठिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० मुष्टि, प्रा० मुट्ठि] १ मुष्टि। मुट्ठी। मूठी। उ०—मुट्ठुट्ठिय घाव करैं दिठ मुंठि।—पृ० रा०, ६१।६३६।

मुंड'—संज्ञा पुं० [सं० मुण्ड] १ गरदन के ऊपर का अंग जिसमे केश, मस्तक, आँख, मुंह आदि होते हैं। सिर। २ पुराणानुसार राजा बलि के सेनापति एक दैत्य का नाम। ३ शुंभ के सेनापति एक दैत्य का नाम।

विशेष—यह शुंभ की आज्ञा से भगवती के साथ लडा था और उन्हीं के हाथो मारा गया था। इसका भाई चंड था। चंड और मुंड का वध करने के कारण ही भगवती का नाम चामुंडा पडा था।

४. साधु संत। ५ मुंडन करनेवाला, हज्जाम। ६. वृक्ष का ठूंठ। ७ कटा हुआ सिर। ८ सोंठ नामक गंध द्रव्य। ९ एक उपनिषद् का नाम। १०. मुंडित सिर (को०)। ११. एक प्रकार का लोहा। मंडूर। १२ गाय का समूह या मंडल।

मुंड'—वि० १ मुंडा हुआ। मुंडा। बिना बाल का। २ अधम। नीच।

मुंडक—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डक] १ मस्तक। सिर। २. मूंडनेवाला, हज्जाम। ३. एक उपनिषद् का नाम।

मुंडकर—संज्ञा पुं० [हिं० मुंड+कर, अं० पोल टैक्स] प्रत्येक नागरिक पर लगाया हुआ कर। उ०—फ्रंच भारत के गवर्नर का फ्रांस के उपनिवेश मंत्रि का तार मिला है जिसमे उन्हे हिदायत की गई है कि नया टैक्स मिलने तक प्रस्तावित मुंडकर का लगाना रोक रखें।—आज (१।१।३६), पृ० ४।

मुंडकरी।—संज्ञा स्त्री० [मूँड+करी (प्रत्य०)] दे० 'मुंडकरी'।

मुंडकिट्ट—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डकिट्ट] मंडूर।

मुंडचणक—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डचणक] १. चना। २. कसाय (को०)।

मुंडधान्य—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डधान्य] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का शालिधान्य जो मुंडशालि भी कहलाता है। बारा धान।

मुंडन—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डन] १. सिर को उस्तरे से मूंडने की क्रिया। २. द्विजातियो के १६ संस्कारो मे से एक जो बाल्यावस्था मे यज्ञोपवीत के पहले होता है जिसमे बालक का सिर मूंडा जाता है।

मुंडनक—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डनक] १. मुंडशालि नामक धान्य। बारी धान। २. वट का वृक्ष।

मुंडनिका—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डनिका] मुंडशालि। बारी धान।

मुंडपृष्ठ—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डपृष्ठ] एक प्राचीन जनपद का नाम।

मुंडफल—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डफल] नारियल।

मुंडमंडली—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डमण्डली] अशिक्षित सेना। बिना सीखी हुई फौज।

मुंडमाल—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डमाल] दे० 'मुंडमाला'।

मुंडमाला—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डमाला] १. कटे हुए सिरो या खोपडियो की माला जो शिव या काली देवी के गले मे होती है। २. बंगाल की एक नदी का नाम।

मुंडमाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] गले मे खोपडियो की माला पहननेवाली, काली।

मुंडमालिनी—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डमालिन्] मुंड की माला धारण करनेवाले, शिव।

मुंडली—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्ड (साफ करना)+हिं० ली (प्रत्य०)] दे० 'मुंडी'। काटना। उ०—अधली आखिन काजल किया, मुंडली माग सवारी।—सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ८७३।

मुंडलोह—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डलोह] मंडूर।

मुंडवेदांग—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डवेदाङ्ग] महाभारत के अनुसार एक नागासुर का नाम।

मुंडशालि—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डशालि] बोरो धान ।

मुंडा[1]—संज्ञा पुं० [सं० मुण्ड] [स्त्री० मुंडी] १ वह जिसके सिर के बाल न हो या मूँड़े हुए हो । २. वह जो सिर मुंडाकर किसी साधू या जोगी आदि का शिष्य हो गया हो । ३ वह पशु जिसके सींग होने चाहिए, पर न हो । जैसे, मुंडा बैल, मुंडा बकरा । ४ वह जिसके ऊपरी अथवा इधर उधर फैलनेवाले अंग न हो । जैसे, मुंडा पेड़ । ५ एक प्रकार की लिपि जिसमे मात्राएँ आदि नही होती और जिसका व्यवहार प्राय कोठीवाल करते हैं । कोठीवाली । ६ एक प्रकार का जूता जिसमे नोक नही होती और जो प्राय सिपाही लोग पहना करते हैं ।

मुंडा[2]—वि० १ मुंडित । २ गंजा । खल्वाट । ३ शृंगहीन । बिना सींग का । ४ जिसमे नोक न हो । बिना नोक का ।

मुंडा[3]—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डा] १ गोरखमुंडी । २ वह स्त्री जिसका सिर मुंडित हो ।

मुंडा[4]—संज्ञा [देश०] छोटा नागपुर मे रहनेवाली एक असभ्य जंगली जाति ।

मुंडा[5]—संज्ञा पुं० मुंडा जाति की भाषा ।

मुंडाख्या—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डाख्या] गोरखमुंडी ।

मुंडायस—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डायस] एक प्रकार का लोहा । मंडूर ।

मुंडासन—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डासन] योग के अनुसार एक प्रकार का आसन ।

मुंडासा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० मुंड (=सिर)+आसा (प्रत्य०)] सिर पर बाँधने का साफा ।

क्रि० प्र०—कसना ।—बाँधना ।

मुंडा हिरन—संज्ञा पुं० [हिं० मुंडा+हिरन] पाठी मृग ।

मुंडिक—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डिक] प्रत्येक यात्री से लिया जानेवाला कर । मुंडकर । उ०—जिसमे आबू पर जानेवाले यात्रियो आदि से जो 'दाण' (राहदारी, जगात), 'मुंडक' (प्रति यात्री से लिया जानेवाला कर), 'वलावी' (मार्गरक्षा का कर) तथा घोड़े बैल आदि से जो कर लिए जाते थे, उनको माफ करने का उल्लेख है —राज० इति०, पृ० ६३० ।

मुंडित[1]—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डित] लोहा ।

मुंडित[2]—वि० मुंडा हुआ । उ०—(क) मुंडित सिर खंडित भुज बीसा । —मानस, ५।११ । (ख) बहुतक मुंडित पूजा राखि ।—चरण० बानी०, पृ० ७७ ।

मुंडितिका—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डितिका] गोरखमुंडी ।

मुंडिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डिनी] कस्तूरी मृग ।

मुंडिभ—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन ऋषि जो वाजसनेय संहिता के कई मंत्रो के द्रष्टा या कर्ता कहे जाते हैं ।

मुंडी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूँड़ना+ई (प्रत्य०)] १ वह स्त्री जिसका सिर मुंडा हो । २. विधवा । रांड । (गाली) । ३ एक प्रकार की बिना नोकवाली जूती ।

मुंडी[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डी] गोरखमुंडी ।

मुंडी[3]—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डिन] १ वह जिसका मुंडन हुआ हो । मुंडा हुआ । २ नापित । हज्जाम । ३ सन्यासी । मुंडिया । ४ शिव ।

मुंडी[4]—वि० १ जिसके सिर के बाल मूँड दिए गए हो । २ बिना सींग का । सींगरहित ।

मुंडीर—संज्ञा पुं० [सं० मुण्डीर] सूर्य [को०] ।

मुंडीरिका—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डीरिका] गोरखमुंडी ।

मुंडीरी—संज्ञा स्त्री० [सं० मुण्डीरी] गोरखमुंडी ।

मुंडो—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुँडना+ओ (प्रत्य०)] १ वह स्त्री जिसका सिर मूँडा गया हो । २ स्त्रियों की एक प्रकार की गाली जिससे प्राय विधवा का बोध होता है । रांड । उ०—वा मुंडो का मूंड मुंडाऊँ जो सरवर करै हमारी ।—कबीर० श०, भा० ३, पृ० २६ ।

मुहा०—मुंडो का=(१) एक प्रकार की बाजारी गाली जिसका अर्थ हरामी या वर्णसंकर आदि होता है । (२) विधवा स्त्री के गर्भ से उसके वैधव्य काल में उत्पन्न पुरुष ।

मुंतकिल—वि० [अ० मुंतकिल] १ एक स्थान से दूसरे स्थान पर गया हुआ या जानेवाला । २ एक जगह से दूसरी जगह पर हटनेवाला या हटाया हुआ ।

मुंहा०—मुंतकिल करना=एक के नाम से हटाकर दूसरे के नाम करना । दूसरे को देना । जैसे, जायदाद मुंतकिल करना ।

मुंतखब—वि० [अ० मुंतखब] १ इंतखाब किया हुआ । २ छाँटा या चुना हुआ ।

मुंतजिम—संज्ञा पुं० [अ० मुंतजिम] वह जो इंतजाम करता हो । प्रबंध करनेवाला । व्यवस्था करनेवाला ।

मुंतजिर—वि० [अ० मुंतजिर] इंतजार करनेवाला । प्रतीक्षा करनेवाला । राह देखनेवाला ।

क्रि० प्र०—रखना —।—रहना ।—होना ।

मुंतफी—वि० [अ० मुंतफी] नष्ट होने या बुझनेवाला [को०] ।

मुंतशिर—वि० [अ०] १ अस्त व्यस्त । तितर बितर । बिखरा हुआ । २ चिंतित । उद्विग्न । परेशान ।

मुंतहा—वि० [अ०] पराकाष्ठा को प्राप्त । पारगत [को०] ।

मुंतही—वि० [अ०] १. पराकाष्ठा या हद को पहुँचनेवाला । २. विद्याओ मे पारगामी । विद्वान् [को०] ।

मुंद(ऊ)—वि० [सं० मुग्ध, अप० मुंध] दे० 'मुग्ध' ।

मुंदड़ी—संज्ञा पुं० [सं० मुद्रा] मुंदरी । मुद्रिका । उ०—देइम हाथ कउ मुंदडउ, सोवन सिंगी नई कपिला गाई ।—बी० रासो०, २।२५ ।

मुंदरा—संज्ञा पुं० [सं० मुद्रा] दे० 'मुद्रा' या 'मुंदरा' । उ०—है हुजूरि कति दूरि बतावहु । सुंदर बाघहु मुंदर पावहु ।—कबीर ग्र०, पृ० ३२६ ।

मुंदा—संज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रा] दे० 'मुद्रा' या 'मुंदरा' । उ०—सुरति सिमृति दुइ कन्नी मुंदा परिमिति बाहर खिंथा ।—कबीर ग्र०, पृ० २२८ ।

मुदित(पु) वि० [सं० मुद्रित, प्रा० मुद्द (=बंद करना)] मुँदा हुआ। बंद। उ०—अब मुदित नैनन रहे पारै। मृगछौनहि मनो आँध सी आवै। नंद० ग्र० पृ० १४६।

मुद्रा†—संज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रा] दे० 'मुँदरी'। उ०—मुद्रा स्रवन कंठ जप माला। जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २०५।

मुधा†—वि० [सं० मुग्ध, पा०, मुध्ध, अप० मुद्ध] आसक्त। मोहित। लुभाया हुआ। मुग्ध। उ०—दिसि चाहती सज्जणा नेहालदी मुध। —ढोला०, दू० २०४।

मुशियाना—वि० [अ० मुंशी+हिं० इयाना (प्रत्य०) या फा० मुंशियानह्] मुंशियों का सा। मुंशियों की तरह का।

मुंशी—संज्ञा पुं० [अ०] १ लेख या निबंध आदि लिखनेवाला। लेखक। लिखापढ़ी का काम या प्रतिलिपि आदि करनेवाला। मुहर्रिर। लेखक। २ वह जो बहुत सुंदर अक्षर, विशेषतः फारसी आदि के अक्षर, लिखता हो।

मुंशीखाना—संज्ञा पुं० [अ० मुंशी+फा० खाना] वह स्थान जहाँ मुंशी या मुहर्रिर आदि बैठकर काम करते हों। दफ्तर।

मुंशीगिरी—संज्ञा स्त्री० [अ० मुंशी+फा० गिरी (प्रत्य०)] मुंशी का काम या पद।

मुंसरिम—संज्ञा पुं० [अ०] १ प्रबंध या व्यवस्था करनेवाला। इंतजाम करनेवाला। २ कचहरी का वह कर्मचारी जो दफ्तर का प्रधान होता है और जिसके सुपुर्द मिसलें आदि ठीक करना और ठिकाने से रखना होता है।

मुंसरिमी—संज्ञा स्त्री० [अ० मुंसरिम+ई (प्रत्य०)] मुंसरिम का काम या पद।

मुंसलिक—वि० [अ०] साथ में बाँधा या नत्थी किया हुआ। (कच०)।

मुंसिफ—संज्ञा पुं० [अ० मुंसिफ] १ वह जो न्याय करता हो। इंसाफ करनेवाला। २ दीवानी विभाग का एक न्यायाधीश जो छोटे छोटे मुकदमों का निर्णय करता है और जो सब जज से छोटा होता है।

यौ०—मुंसिफमिजाज=जिसके स्वभाव में न्यायशीलता हो। न्यायनिष्ठ। इंसाफपसंद।

मुंसिफाना—वि० [फा० मुंसिफानह्] मुंसिफों जैसा। न्यायपूर्ण। न्यायोचित [को०]।

मुंसिफी—संज्ञा स्त्री० [अ० मुंसिफ+ई (प्रत्य०)] १ न्याय करने का काम। २ मुंसिफ का काम या पद। ३ मुंसिफ की अदालत। मुंसिफ की कचहरी।

मुँगना†—संज्ञा पुं० [हिं० मुनगा] सहिजन। मुनगा।

मुँगरा¹—संज्ञा पुं० [सं० मुद्गर, प्रा० मुग्गर, मोग्गर] [स्त्री० मुँगरी] हथौड़े के आकार का काठ का बना हुआ वह औजार जो किसी प्रकार का आघात करने या किसी चीज के पीटने ठोकने आदि के काम आता है। जैसे, खूँटा गाड़ने का मुँगरा, घंटा बजाने की मुँगरी, रँगरेजों की मुँगरी आदि। उ०—कहै कबीर नर अजहुँ न जागा। जम को मुँगरा बरसन लागा।—कबीर० श०, भा० २, पृ० ४३।

मुँगरा²—संज्ञा पुं० [हिं० मोगरा] मोकीन कुदियाँ।

मुँगवन†—संज्ञा पुं० [सं० मुद्ग] मोठ या बनमूँग नाम का कदन्न।

मुँगिया—संज्ञा पुं० [हिं० मूँग+इया (प्रत्य०)] एक प्रकार का धारीदार या चारखानेदार कपड़ा। वि० दे० 'मूँगिया'।

मुँगौछी(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० मुद्गपर्ण्या, प्रा० मुग्गपच्छा>हिं० मुँगौछी, अथवा हिं० मूँग+औछी (प्रत्य०)] मूँग की बनी हुई बरी। मुँगौरी। उ०—भई मुँगौछी मिरचै परी।—जायसी (शब्द०)।

मुँगौरा—संज्ञा पुं० [हिं० मूँग+बरा] मूँग के बने हुए बड़े। मूँग का बरा। उ० कीन्ह मुँगौरा औ बहु बरी।—जायसी (शब्द०)।

मुँगौरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूँग+बरी] मूँग की बनी हुई बरी।

मुँडकरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूँड+करी (प्रत्य०)] घुटनों में सिर देकर बैठना या सोना, जो प्रायः बहुत दुःख के समय होता है।

मुहा०—मुँडकरी मारना=घुटनों में सिर देकर, बहुत दुःखी होकर बैठना।

मुँडचिरा—संज्ञा पुं० [हिं० मूँड+चीरना?] एक प्रकार के फकीर।

विशेष—ये फकीर प्रायः अपना सिर आँख या नाक आदि छुरे या नुकीले हथियार से घायल करके भिक्षा माँगते हैं और भिक्षा न मिलने पर अटककर बैठ जाते हैं और अपने अंगों को और भी अधिक घायल करते हैं। ऐसे फकीर प्रायः मुसलमान ही होते हैं।

२ वह जो लेन देन में बहुत हुज्जत और हठ करे।

मुँडचिरापन—संज्ञा पुं० [हिं० मुँडचिरा+पन (प्रत्य०)] लेनदेन आदि में बहुत हुज्जत और हठ।

मुँडना—क्रि० स० [सं० मुण्डन] १. मूँड़ा जाना। सिर के बालों की सफाई होना। २ लूटा जाना। लुटना। ३ ठगा जाना। धोखे में आना। ४ हानि उठाना।

संयो० क्रि०—जाना।

मुँडला—संज्ञा पुं० [हिं० मूँड] चरखे का वह भाग जिसपर माल रहती है।

मुँड़वाना†—क्रि० स० [हिं० मूँड] दे० 'मुड़ाना'।

मुँडाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुँडना+आई (प्रत्य०)] १ मूँडने या मुँडाने की क्रिया अथवा भाव। २ मूँडने या मुँडाने के बदले में मिला हुआ धन।

मुँड़ाना—क्रि० स० [सं० मुण्डन] दे० 'मुड़ाना'।

मुँडावलि(पु)—वि० [सं० मुण्ड+आवलि] मुंडमाल। मुंडों की माला। उ०—झरत कुसुम गयनग, धरन गर ईन मुँडावलि।—पृ० रा०, ६१।१६००।

मुँडासा—संज्ञा पुं० [हिं० मुण्ड (=सिर)+आसा (प्रत्य०)] सिर पर बाँधने का साफा। उ०—बैठे हरा मुँडासा बाँधे पाँत बाँधकर पर्वत।—हंस०, पृ० ६२।

क्रि० प्र०—कसना।—बाँधना।

मुँडासाबद—संज्ञा पुं० [हिं० मुँडासा+बद (प्रत्य०)] वह जो कपड़े से पगड़ी बनाने का काम करता हो। दस्तारबद।

मुँडिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूँड (=सिर) का स्त्री०] मूँड। सिर।

मुँडिया—संज्ञा पुं० [हिं० मूँडना+इया (प्रत्य०)] वह जो सिर मुँड़ाकर साधु या जोगी आदि का शिष्य हो गया हो। सन्यासी। उ०—जिनके जोग जोग यह ऊधो, ते मुँडिया बसे कासी।—सूर (शब्द०)।

मुंडेर—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुँड़ेरा] १. मुँडेरा। २ खेत के चारो ओर सीमा पर अथवा क्यारियों में का उभरा हुआ अंश। मेड़। डोला।

क्रि० प्र०—बँधना।—बाँधना।

मुँडेरा—संज्ञा पुं० [हिं० मूँड (=सिर, +एरा (प्रत्य०)] १ दीवार का वह ऊपरी भाग जो सबसे ऊपर की छत के चारो ओर कुछ कुछ उठा हुआ होता है। २ किसी प्रकार का बाँधा हुआ पुश्ता।

क्रि० प्र०—बँधना।—बाँधना।

मुँडेरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] छोटी मुँडेरी। दे० 'मुँडेर'।

मुँढिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोढ़ा+इया (प्रत्य०)] बैठने का छोटा मोढ़ा।

मुँदना—क्रि० अ० [सं० मुद्रण] १ खुली हुई वस्तु का ढक जाना। बंद होना। जैसे, आँख मुँदना। उ०—भोर भए जैसे कुमोदनी मुँदति कस भय मोहे।—नंद० ग्र०, पृ० ३३१। २ लुप्त होना। छिपना। जैसे, दिन मुँदना, सूर्य मुँदना। ३ छिद्र आदि का पूर्ण होना। छेद, बिल आदि का बंद होना।

संयो० क्रि०—जाना।

मुँदरा—संज्ञा पुं० [हिं० मुँदरी] १ एक प्रकार का कुंडल जो जोगी लोग कान में पहनते हैं। २. एक प्रकार का आभूषण जो कान में पहना जाता है।

मुँदरी—संज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रा] १ उँगली में पहनने का गहना छल्ला। उ०—नाथ हाथ गाथे धरेउ प्रभु मुँदरी मुँह मेलि।—तुलसी० ग्र०, ३१२। २ अंगूठा। अंगुष्ठ।

मुँह—संज्ञा पुं० [सं० मुख] १ प्राणी का वह अंग जिसमें वह बोलता और भोजन करता है। मुखविवर। उ०—रतनोर दैत्य मारि मुँह मेलत लंगी उगलि पैन कूटा।—विद्यापति, पृ० ७३२।

विशेष—प्रायः सभी प्राणियों का मुँह सिर में होता है और उससे वे खाने का काम लेते हैं। शब्द निकालने-वाले प्राणी उसमें बोलने का भी काम लेते हैं। अधिकांश जीवों के मुँह में जीभ, दाँत और जबड़े होते हैं, और उन्हें खोलने या बंद करने के लिये आगे की ओर खाड़ होती है। पक्षियों तथा कुछ और जीवों के मुँह में दाँत नहीं होते। कुछ छोटे छोटे जीव ऐसे भी होते हैं जिनका मुँह पेट या शरीर के किसी और भाग में होता है।

२. मनुष्य का मुखविवर।

मुहा०—मुँह आना=मुँह के अंदर छाले पड़ना और जलन मालूम होना।

विशेष—प्रायः गरमी आदि के रोग में पारा आदि कुछ विशिष्ट औषध खाने से ऐसा होता है।

मुँह का कच्चा=(१) (घोड़ा) जो लगाम का झटका न सह सके (२) जिसको बात का कोई विश्वास न हो। झूठा। (३) जो किसी बात को गुप्त न रख सकता हो। हर एक बात सबसे कह देनेवाला। मुँह का कड़ा=(१) (घोड़ा) जो लगानेवाले के इशारों पर न चले। लगाम के संकेत को कुछ न समझने-वाला। (२) झूठा। तेज। (३) उद्दंडतापूर्वक बातें करनेवाला। मुँह फिरना=मुँह का सीधा या बंद किया जाना। मुँह की बात छीनना=जो बात कोई दूसरा कहना चाहता हो, वही कह देना। मुँह की मक्खी न उड़ा सकना=बहुत अधिक दुर्बल होना। मुँह कीलना=जोतने में रोकना। चुप करना। मुँह खराब करना=(१) जबान का स्वाद बिगड़ना। (२) जबान से गंदी बातें कहना। मुँह खुलना=उद्दंडतापूर्वक बातें करने की आदत पड़ना। जैसे,—आजकल तुम्हारा मुँह बहुत खुल गया है, किसी दिन थोड़ा खाओगे। मुँह खुलवाना=किसी को उद्दंडतापूर्वक बातें करने के लिये बाध्य करना। मुँह खुरक होना=दे० 'मुँह सूखना'। मुँह खोलकर रह जाना=कुछ कहते कहते लज्जा या संकोच के कारण चुप हो जाना। सहम-कर रह जाना। मुँह खोलना=(१) कहना। बोलना। उ०—आप तुमार बाप देत हैं और हमने न कोन मुँह पाया।—कबीर०, पृ० ७३। (२) गालियाँ देना। खराब बातें कहना। (किसी को) मुँह चढ़ाना=(१) किसी को बहुत उद्दंड बनाना। बातें करने में धृष्ट करना। जोश करना। जैसे,—आपने इस नौकर को बहुत मुँह चढ़ा रखा है। (२) अपना। पार्श्ववर्ती और प्रिय बनाना। मुँह चढ़ना=(१) भोजन होना। खाया जाना। (२) मुँह में व्रण की बातें या दुर्बचन निकलना। उ०—जब बनाए न बात बल बाढ़। तब भला किस तरह न मुँह चढ़ता।—कुमा०, पृ० १८। मुँह चलाना=(१) खाना। भोजन करना। (२) बकना। बकना। (३) गालियाँ देना। दुर्बचन कहना। (४) दाँत से काटना, जिस तरह घोड़े या साँड़ आदि काटते हैं। मुँह छिपाना=किसी को किसी के लिये उसकी आकृति, व्यवहार या कर्म को बहुत घिनौना समझ बचना। मुँह घुमकर छोड़ देना=चलता करके छोड़ देना। निराश करके छोड़ देना। मुँह छुड़ाना=[सं० मुँहछुड़ाई] =(१) साथ लगे रहने से किसी को छुड़ाना। पीछा न करने देना। पीछा न छोड़ना। जैसे,—मुफ्तखोरों से किसी के मुँह भी छिपाए नहीं छिपते। (२) जिम्मेदारी से बचना करना। मुँह जहर होना=कड़ुआ पदार्थ खाने के कारण मुँह में बहुत अधिक कड़ुआहट होना। मुँह जुठारना या जूठा करना=थोड़ा सा खाने के लिये कुछ लेना। मुँह जोड़ना=पास पास आकर या धीरे धीरे बात करना।

कानाफूसी करना। **मुँह जोहना** = आसरा ताकना। भरोसा देखना। **मुँह डालना** = (१) किसी पशु आदि का खाद्य पदार्थ पर मुँह चलाना। (२) मुरगो का लडना या आक्रमण करना। (मुर्गबाज)। **मुँह तक आना** = जबान पर आना। कहा जाना। **मुँह थकना** = बहुत अधिक बोलने के कारण शिथिलता आना। **मुँह थकाना** = बहुत अधिक बोलकर अपने आपको शिथिल करना। **मुँह देना** = किसी पशु आदि का किसी बरतन या खाद्य पदार्थ मे मुँह डालना। जैसे,– इस दूध मे बिल्ली मुँह दे गई है। **मुँह पकडना** = बोलने से रोकना। बोलने न देना। जैसे,—कहो न, कोई तुम्हारा मुँह पकडता है। **मुँह पर न रखना** = तनिक भी स्वाद न लेना। जरा भी न खाना। जैसे,—लडके ने कल से एक दाना भी मुँह पर नही रखा। **मुँह पर बात आना** = (१) कुछ कहने को जी चाहना। (२) कुछ कहना। **मुँह पर मोहर करना** = बोलने से रोकना। कहने न देना। चुप कराना। **मुँह पर लाना** = मुँह से कहना। वर्णन करना। जैसे,—अपनी की हुई नेकी मुँह पर नही लानी चाहिए। **मुँह पर हाथ रखना** = बोलने से जबरदस्ती रोकना या मना करना। **मुँह पसारकर दौडना** = कुछ पाने के लालच मे बहुत उत्सुक होकर आगे बढना। **मुँह पसारकर रह जाना** = (१) परम चकित हो जाना। हक्का बक्का हो जाना। (२) लज्जित होकर रह जाना। शरमाकर रह जाना। **मुँह पेट चलना** = कै दस्त होना। हैजा होना। **मुँह फटना** = चूना आदि लगने के कारण मुँह मे छोटे छोटे घाव हो जाना। **मुँह फाडकर कहना** = बेहया बनकर जबान पर लाना। निर्लज्ज होकर कहना। जैसे,—हमने उनसे मुँह फाडकर कहा भी, पर उन्होंने कुछ ध्यान ही न दिया। **मुँह फैलाना** = (१) दे० 'मुँह बाना'। (२) अधिक लेने की इच्छा या हठ करना। जैसे,—कचहरीवाले तो जरा जरा सी बात पर मुँह फैलाते हैं। **मुँह फोडकर कहना** = दे० 'मुँह फाडकर कहना'। **मुँह बद करना** = चुप कराना। बोलने से रोकना। **मुँह बद कर लेना** = बिलकुल चुप हो जाना। कुछ न बोलना। **मुँह बंद होना** = चुप होना। जैसे तुम्हारा मुँह कभी बद नहीं होता। **मुँह बाँधकर बैठना** = चुपचाप बैठना। कुछ न बोलना। **मुँह बाँधना या बाँध देना** = चुप करा देना। बोलने न देना। **मुँह बाना** = (१) मुँह फाडना या खोलना। (२) जँभाई लेना। (३) अपनी हीनता सिद्ध होने पर भी हँस पडना। (४) बुरी तरह से हँसना। बेहूदेपन से हँसना। **मुँह बिगडना** = (१) मुँह का स्वाद खराब होना। जैसे,– तुमने कैसा आम खिला दिया, बिलकुल मुँह बिगड गया। (२) किसी बात या काम पर नाराजी व्यक्त करना। (३) उपेक्षा व्यक्त करना। **मुँह बिगाडना** = मुँह का स्वाद खराब करना। **मुँह भर आना** = (१) मुँह मे पानी भर आना। किसी चीज को लेने के लिये बहुत लालच होना। (२) मितली आना। जी मिचलाना। कै करने को जी चाहना। **मुँह भरके** = (१) मुँह तक। लबालब। (२) जहाँ तक इच्छा हो। जितना जी चाहे। जैसे—(क) जो कुछ माँगना हो, मुँह भरके माँग लो। (ख) उन्होंने मुझे मुँह भरके गालियाँ दी। (३) पूरी तरह से। भली भाँति। **मुँह भर बोलना** = अच्छी तरह बोलना। जैसे,—वहाँ मुझसे कोई मुँह भर बोला तक नही। **मुँह भरना** = (१) रिश्वत देना। घूस देना। (२) खिलाना। भोजन कराना। (३) मुँह बद करना। बोलने से रोकना। **मुँह मारना** = (१) खाने की चीज मे मुँह लगाना। (२) दाँत लगाना। काटना। (३) जल्दी जल्दी भोजन करना। (किसी का) **मुँह मारना** = (१) किसी को बोलने से रोकना। चुप करना। (२) रिश्वत देना। (३) कान काटना। बढकर होना। जैसे,– यह कपडा रेशम का मुँह मारता है। **मुँह मीठा करना** = (१) मिठाई खिलाना। (२) देकर प्रसन्न करना। **मुँह मीठा होना** = (१) खाने को मिठाई मिलना। (२) प्राप्ति होना। लाभ होना। (३) मँगनी होना। (बात) **मुँह में आना** = कहने को जी चाहना। कहने की प्रवृत्ति होना। जैसे,—जो कुछ मुँह मे आता है, कह चलते हो। **मुँह मे खून या लहू लगना** = चसका पडना। चाट पडना। जैसे —एक दिन मे तुम्हें रुपए क्या मिल गए, तुम्हारे मुँह मे खून लग गया। **मुँह में जबान होना** = कहने की सामर्थ्य होना। बोलने की ताकत होना। **मुँह में तिनका लेना** = बहुत अधिक दीनता या अधीनता प्रकट करना। **मुँह मे पडना** = खाया जाना। खाने के काम आना। (बात का) **मुँह में पडना** = बात का मुँह से निकलना या कहा जाना। जैसे,—जो बात तुम्हारे मुँह मे पडी, वह सारे शहर मे फैल जायगी। **मुँह में पानी भर आना** = (१) कोई पदार्थ प्राप्त करने के लिये बहुत लालायित होना। जैसे,—सेव का नाम सुनते ही तुम्हारे मुँह मे पानी भर आता है। (२) ईर्ष्या होना। **मुँह में बोलना या बात करना** = इतने धीरे धीरे बोलना कि जल्दी औरो को सुनाई न दे। **मुँह में लगाम देना** = समझ-बूझकर बातें करना। कम और ठीक तरह से बोलना। **मुँह में लगाम न होना** = बोलने के समय सचेत न रहना। जो मुँह मे आवे, सो कह देना। **मुँह लगाना** = खाना। चखना। **मुँह सँभालना** = व्यर्थ बकने या गालीगलौज से जबान को रोकना। जबान मे लगाम देना। **अपना मुँह सीना** = बोलने से रुकना। मुँह से बात न निकालना। बिलकुल चुप रहना। **मुह सूखना** = प्यास या रोग आदि के कारण गला खुश्क होना। गले और जबान मे काँटे पडना। **मुँह से दूध की बू आना** = दे० 'मुँह से दूध टपकना'। **मुँह से दूध टपकना** = बहुत ही अनजान या बालक होना। (परिहास)। जैसे,—आप इन बातो को क्यो जानने लगे, आपके मुँह से तो अभी दूध टपक रहा है। **मुँह से निकालना** = कहना। उच्चारण करना। जैसे,—ऐसी बात मुँह से मत निकाला करो जिससे किसी को दुख हो। **मुँह से फूटना** = कहना। बोलना। (उपेक्षा या व्यग)। जैसे,—आखिर तुम भी तो कुछ मुँह से फूटो। **मुँह से फूल झडना** = मुँह से बहुत ही सुदर और प्रिय बातें निकलना। उ०—रगतें

हित की न जब उनमे रही। फूल मुँह से तब झडे तो क्या झडे।—चोखे०, पृ० २६। मुँह से बात छीनना, या उचकना = किसी के कहते कहते उसकी बात कह देना। किसी के कहने से पहले ही उसका विचार या भाव प्रकट करना। किसी के मन की बात कह देना। मुँह से बात न निकलना = क्रोध या भय के मारे कुछ बोला न जाना। मुँह से शब्द न निकलना। मुँह से भाप न निकलना = भय आदि के कारण सन्न हो जाना। चूँ तक न करना। मुँह से लार गिरना = दे० 'मुँह से लार टपकना'। मुँह से लार टपकना = कोई चीज प्राप्त करने के लिये अत्यत लालच होना। पाने के लिये परम उत्सुकता होना। जैसे,—जहाँ तुमने कोई अच्छी पुस्तक देखी, वहाँ तुम्हारे मुँह से लार टपकने लगी। मुँह से लाल उगलना = दे० 'मुँह से फूल झडना'।

३ मनुष्य अथवा किसी और जीव के सिर का अगला भाग जिसमे माथा, आँखें, नाक, मुँह, कान, ठोढी और गाल आदि अग होते हैं। चेहरा।

मुहा०—अपना सा मुँह लेकर रह जाना = लज्जित होकर रह जाना। काम न होने कारण शर्मिंदा होना। इतना सा मुँह निकल आना = दे० 'मुँह उतरना'। मुँह अधेरे = प्रभात के समय। तडके। (किसी के) मुँह आना = किसी के सामने होकर कोई कठोर वचन कहना। किसी से हुज्जत करना। उ० - जो आता है खोजी को देखकर कहकहा लगाता है। कोई मुसकराता है कोई मुँह आता है।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १८२। मुँह उजला होना = प्रतिष्ठा रह जाना। बात रह जाना। इज्जत न जाना। मुँह उजाले या मुह उठे = प्रभात के समय। तडके। बहुत सवेरे। मुंह उठना = किसी ओर चलने की प्रवृत्ति होना। जैसे,—हमारा क्या, जिधर मुँह उठा, उधर ही चल देंगे। मुँह उठाए चले जाना = बेधडक चले जाना। बिना रुके हुए चले जाना। मुँह उठाकर कहना = बिना सोचे समझे कहना। जो मुँह मे आवे सो कहना। मुँह उठाकर चलना = नीचे की ओर बिना देखे हुए, केवल ऊपर की ओर मुँह करके चलना। अधाधुध चलना। मुँह उतरना = (१) दुर्बलता के कारण सुस्त होना। चेहरे पर रौनक न रह जाना। (२) विफलता, हानि या दु ख आदि के कारण उदास होना। विवर्णता होना। चेहरे का तेज जाता रहना। (अपना) मुँह काला करना = (१) व्यभिचार करना। अनुचित सभोग करना। (२) अपनी बदनामी करना। (दूसरे का) मुँह काला करना = उपेक्षा से हटाना। त्यागना। जैसे,—मुह काला करो, क्यो इसे अपने पास रखे हो? मुँह की खाना = (१) थप्पड खाना। तमाचा खाना। (२) बेइज्जत होना। दुर्दशा कराना। (३) मुँहतोड उत्तर सुनना। (४) लज्जित होना। शर्मिंदा होना। (५) धोखा खाना। चूक जाना। (६) बुरी तरह परास्त होना। उ०—कयामत की सफाई थी। मुँह चढा मुँह की खाई सामने गया और शामत आई।—फिसाना०, भा० १, पृ० ७। मुँह के बल गिरना = (१) ठोकर खाना। धोखा खाना। उ०—इतना भारी भरकम आदमी और जरी से इशारे मे तड से मुँह के बल गिर गए।—फिसाना०, भा० ३, पृ० २२। (२) बिना सोचे समझे किसी ओर प्रवृत्त होना। कोई वस्तु प्राप्त करने के लिये लपकना। मुँह खोलना = चेहरे पर से घूँघट आदि हटाना। चेहरे के आगे का परदा हटाना। मुँह चढ़ाना = दे० 'मुँह फुलाना'। मुँह चाटना = खुशामद करना। ठकुरसुहाती कहना। लल्लोपत्तो करना। मुँह छिपाना = लज्जा के मारे सामने न होना। मुँह झटक जाना = रोग या दुर्बलता आदि के कारण चेहरा उतर जाना। मुँह झुलसाना = (१) मुँह मे आग लगाना। मुँह फूँकना। (स्त्रि० गाली)। २ दाह कर्म करना। मुरदे को जलाना। (उपेक्षा०)। (३) कुछ ले देकर दूर करना। (अपना) मुँह टेढ़ा करना = मुँह फुलाना। अप्रसन्नता या असतोष प्रकट करना। (दूसरे का) मुँह टेढ़ा करना = दे० 'मुँह तोडना'। मुँह ढाँकना = किसी के मरने पर उसके लिये शोक करना या रोना। (मुसल०)। (किसी का) मुँह ताकना = (१) किसी का मुखापेक्षी होना। किसी के मुँह की ओर, कुछ पाने आदि की आशा से देखना। उ०—जो रहे ताकते हमारा मुँह हम उन्ही की न ताक मे बैठे।—चोखे०, पृ० २७। (२) टक लगाकर देखना। (३) विवश होकर देखना। (४) चकित होकर देखना। आश्चर्य से देखना। मुँह ताकना = अकर्मण्य होकर चुपचाप बैठे रहना। जैसे,—सब लोग अपने अपने रुपए ले आए, और आप मुँह ताकते रहे। मुँह तोड या तोडकर जवाब देना = पूरा पूरा जवाब देना। ऐसा जवाब देना कि कोई बोल ही न सके। मुँह थामना = बोलने से रोकना। बोलने न देना। चुप करना या रखना। उ०—पर यदि कोई कहे कि यह सब कुछ नही, यह एक साप्रदायिक सिद्धात का काव्य के ढग पर स्वीकार मात्र है, तो हम उसका मुँह नही थाम सकते।—चिंता०, भा० २, पृ० ६६। मुँह थुथाना = मुँह को थूथुन की तरह बनाना। मुँह फुलाना। क्रोध या अप्रसन्नता प्रकट करना। मुँह दिखाना = सामने आना। उ०—इमाम जामिन को दोहाई जिस तरह पीठ दिखाते हो उसी तरह मुँह भी दिखाओ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० २७०। मुँह देखकर उठना = प्रात काल सोकर उठने के समय किसी को सामने पाना। जैसे,—आज न जाने किसका मुँह देखकर उठे थे कि दिन भर भोजन ही न मिला।

विशेष—प्राय. लोग मानते हैं कि प्रात काल सोकर उठने के समय शुभ या अशुभ आदमी का मुँह देखने का फल दिन भर मिला करता है।

मुँह देखकर बात करना = खुशामद करना। मुँह देखकर जीना = (किसी के) भरोसे पर जीना। (किसी का) आसरा ताकना। उ०—जो हमारा मुँह देखकर जीते हैं, हम उन्ही को निगल रहे है।—चुभते० (दो दो०), पृ० ४। (किसी का) मुँह देखना = (१) सामना करना। किसी के सामने जाना। किसी के साथ देखादेखी या साक्षात्कार करना। (२) चकित होकर देखना। (अपना) मुँह देखना = दर्पण मे अपने मुँह

का प्रतिबिंब देखना। (किसी का) मुँह देखकर = (१) किसी के प्रेम मे लगकर। किसी के प्रेम के आसरे। जैसे,—पति मर गया, पर बच्चो का मुँह देखकर धीरज धरो। (२) किसी को सतुष्ट या प्रसन्न करने के विचार से। जैसे,- तुम तो उनका मुँह देखकर बात करते हो। मुँह धो रखना = किसी पदार्थ की प्राप्ति मे निराश हो जाना। आशा न रखना। (व्यग्य)। जैसे,—आपको यह पुस्तक मिल चुकी, मुँह धो रखिए। मुँह न देखना = किसी से बहुत घृणा करना। किसी से देखा-देखी तक न करना। न मिलना जुलना। जैसे,—मैं तो उस दिन से उनका मुँह नही देखता। मुँह न फेरना या मोडना = (१) दृढतापूर्वक समुख ठहरे रहना। पीछे न हटना। (२) विमुख न होना। अस्वीकार न करना। मुँह निकल आना = रोग या दुर्बलता आदि के कारण चेहरे का तेज जाता रहना। चेहरा उतर जाना। मुँह पर = सामने। प्रत्यक्ष। रूबरू। जैसे,—(क) तुम तो मुँह पर झूठ बोलते हो। (ख) वह मुँह पर खुशामद करता है और पीठ पीछे गालियाँ देता है। मुँह पर कहना = आमने सामने कहना। उ०—बात लगती बेकहो को बेधडक, हम कहेगे औ न क्यो मुँह पर कहे।—चुभते०, पृ० १७। मुँह पर चढना = लडने या प्रतियोगिता करने के लिये सामने आना। मुकाबला करना। मुँह पर थूकना = बहुत अधिक अप्रतिष्ठित और लज्जित करना। मुँह पर नाक न होना = शरम न होना। लज्जा न होना। निर्लज्ज होना। जैसे,—तुम्हारे मुँह पर नाक तो है ही नही, तुमसे कोई क्या बात करे। मुँह पर पानी फिर जाना = चेहरे पर तेज आना। प्रसन्नवदन होना। मुँह पर फेंकना या फेंक मारना = बहुत अप्रसन्न होकर किसी को कोई चीज देना। मुँह पर या मुँह से बरसना = आकृति से प्रकट होना। चेहरे से जाहिर होना। जैसे,—पाजीपन तो तुम्हारे मुँह पर बरस रहा है। मुँह पर बसत फूलना या खिलना = (१) चेहरा पीला पड जाना। (२) उदास या भयभीत हो जाना। मुँह पर मारना = दे० 'मुँह पर फेंकना'। मुँह दर मुँह कहना = मुँह पर कहना। सामने कहना। मुँह पर मुरदनी फिरना या छाना = (१) मृत्यु के चिह्न प्रकट होना। अतिम समय समीप आना। (२) चेहरा पीला पडना। (३) भयभीत, लज्जित या उदास होना। मुँह पर रखना = किसी के सामने ही कोई बात कह देना। पूरा पूरा उत्तर देना। मुँह पर हवाई उडना या छूटना = भय या लज्जा आदि के कारण चेहरा पीला पड जाना। जैसे,—मुझे देखते ही उनके मुँह पर हवाई उडने लगी। (किसी का) मुँह पाना = प्रवृत्ति को अपने अनुकूल देखना। रुख पाना। मुँह पीट लेना = बहुत अधिक क्रोध या दुःख की अवस्था मे दोनो हाथो से अपने मुँह पर आघात करना। मुँह फक होना = चेहरे का रग उड जाना। विवर्णता होना। भय या आशका से चेहरा पीला पड जाना। मुँह फिरना या फिर जाना = (१) मुँह का टेढा, कुरूप या खराब हो जाना। जैसे,—एक थप्पड दूँगा, मुँह फिर जायगा। (२) लकवे का रोग हो जाना। (३) सामना करने के योग्य न रह जाना। सामने से हट या भाग जाना। जैसे,—घंटे भर की लडाई मे ही शत्रु का मुँह फिर गया। मुँह फुलाना या फुलाकर बैठना = आकृति से असतोष या अप्रसन्नता प्रकट करना। जैसे,—तुम तो जरा सी बात पर मुँह फुलाकर बैठ जाते हो। मुँह फूँकना = (१) मुँह मे आग लगाना। मुँह झुलसाना। (स्त्रि० गाली) जैसे,—ऐसे नौकर का तो मुँह फूँक देना चाहिए। (२) दाहकर्म करना। मुरदे को जलाना। (उपेक्षा०)। (३) कुछ दे लेकर दूर करना। हटाना। मुँह फूलना = अप्रसन्नता या असताप होना। नाराजगी होना। जैसे,—मैं कुछ कहूँगा, तो अभी तुम्हारा मुँह फूल जायगा। (किसी का) मुँह फेरना = (१) परास्त करना। दबा लेना। (अपना) मुँह फेरना = (१) किसी की ओर पीठ करना। (२) उपेक्षा प्रकट करना। (३) किसी ओर से अपना मन हटा लेना। मुँह बद कर देना = कहने पर प्रतिबध लगा देना। उ०—बंद होगा न देखना सुनना। आप मुँह क्यो न बद कर देंगे।—चुभते०, पृ० १८। मुँह बनाना या बन जाना = ऐसी आकृति होना जिसमे असतोष या अप्रसन्नता प्रकट हो। जैसे,—मेरी बात सुनते ही उनका मुँह बन गया। मुँह बनवाना = किसी कार्य अथवा प्राप्ति के योग्य अपनी आकृति बनवाना। (व्यग्य), जैसे,—पहले आप अपना मुँह बनवा लाजिए, तब यह कोट माँगिएगा। मुँह बनाना = ऐसी आकृति बनाना जिससे असंतोष या अप्रसन्नता प्रकट हो।

विशेष—इसके साथ सयो० क्रि० लेना या बैठना आदि का भी प्रयोग होता है।

मुँह बिगडना = चेहरे की आकृति खराब होना। मुँह बिगाडना = चेहरा खराब करना। उ०—हो गए पर बिगाड बिगडे का। मुँह बिगडना बिगाडना देखा।—चोखे० पृ० ५५। (दूसरे का) मुँह बिगाडना = असतोष या अप्रसन्नता प्रकट करना। मुँह बुरा बनाना = असतोष या अप्रसन्नता प्रकट करना। मुँह भर बोलना = स्नेह से बोलना। उ०—आपका मुँह ताकते ही रह गए। आप तो मुँह भर कभी बोले नही।—चोखे०, पृ० ५४। मुँह में कालिख पुतना या लगना = बहुत अधिक बदनाम होना। कलक लगना। मुँह माँगी मुराद पाना = इच्छित वस्तु प्राप्त करना। उ०—हुमायूँ बागबाँ दिल ही दिल मे हँस रहे थे कि मुँहमाँगी मुराद पाई।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १११। मुँह म छाती देना = स्तन से दूध पिलाना। उ०—मोह मे माती हुई मा के सिवा, कौन मुँह मे दे कभी छाती सकी।—चोखे०, पृ० ६। (अपना) मुह मोडना = किसी ओर से प्रवृत्ति हटा लेना। ध्यान न देना। दे० 'अपना मुँह फेरना'। उ०—सच्चा हितैषी उनसे मुँह मोड गया।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ६१। (३) इनकार करना। अस्वीकृत करना। जैसे,—हम कभी किसी बात से मुँह नही मोडते। दूसरे का मुँह मोडना = परास्त करना। हराना। जैसे,—थोडी ही देर मे सैनिकों ने डाकुओ का मुँह मोड दिया। (किसी के) मुँह लगना = (१) किसी के सिर चढना। किसी के सामने बढ़ बढ़-

कर बातें करना। उद्दंड बनना। (२) बातें करना। जवाब सवाल करना। जैसे,—सबके मुँह लगना ठीक नहीं। **मुँह लगाना** = सिर चढाना। उद्दंड बनाना जैसे,—तुमने भी लडकों को मुँह लगा रखा है। **मुँह लपेटकर पडना** = (१) बहुत ही दुखी होकर पडा रहना। उ०—क्यों दुखा की लपेट मे आवे। क्यो पडे मुँह लपेटकर कोई। —चोखे०, पृ०३०। (२) निरुद्यम होना। आलसी होना। अलसाना। **मुँह लाल करना** = (१) मुँह पर थप्पड आदि मारकर उसे सुजा देना। (२) पान तबाकू से आदर सत्कार करना। **मुँह लाल होना** = मारे क्रोध के चेहरा तमतमाना। आकृति से बहुत अधिक क्रोध प्रकट होना। **मुँह सँभालना** = बातचीत में मर्यादा और शिष्टता का ध्यान रखना। उ०—पाँव तो देख भालकर डाले। मुँह सँभाले सँभालकर बोले।—चोखे०, पृ० ३०। **मुँह सफेद होना** = भय या लज्जा से चेहरे का रग उड जाना। उदासी छा जाना। **मुँह सिकोड़ना** = आकृति से अप्रसन्नता या असतोष प्रकट करना। नाक भौं चढाना। (अपना) **मुँह सुजाना** = आकृति से असतोष या अप्रसन्नता प्रकट करना। नाराजी जाहिर करना। (किसी का) **मुँह सुजाना** = थप्पड मार मारकर मुँह लाल करना। **मुँह सुर्ख होना** = क्रोध के मारे चेहरा तमतमाना। गुस्से से चेहरा लाल होना। **मुँह सूखना** = भय या लज्जा आदि से चेहरे का तेज जाता रहना।

४. किसी पदार्थ के ऊपरी भाग का विवर जो आकार आदि मे मुँह से मिलता जुलता हो। जैसे,—इस बरतन का मुँह बाँधकर रख दो। ५. सूराख। छेद। छिद्र। जैसे,—दो दिन मे इस फोडे मे मुँह हो जायगा। ६. मुलाहजा। मुरव्वत। लिहाज। जैसे,—हमें तो खाली तुम्हारा मुँह है, उसमें तो हम कभी बात ही नहीं करते।

यौ०—मुँह मुलाहजा।

मुहा०—**मुँह करना** = मुलाहजा करना। ख्याल करना। जैसे,—धनवानों का तो सभी लोग मुँह करते हैं, पर गरीबों को कोई नहीं पूछता। **मुँह देखे का** = जो हार्दिक न हो, केवल ऊपरी या दिखौआ हो। जो केवल सामना होने पर हो। मुलाहजे का। मुरव्वत का। जैसे,—(क) आपका प्रेम तो मुँह देखे का है। (ख) ये सारी बातें मुँह देखे की हैं। **मुँह पर जाना** = किसी का ध्यान करना। लिहाज करना। जैसे,—मैं तुम्हारे मुँह पर जाता हूँ, नहीं तो अभी इसकी गत बनाकर रख देता। **मुँह मुलाहजे का** = जान पहचान का। परिचित। **मुँह रखना** = किसी का लिहाज रखना। ध्यान रखना। जैसे,—आप इतनी दूर से चलकर आए हैं, आपका मुँह रखो।

७. योग्यता। सामर्थ्य। शक्ति। जैसे,—तुम्हारा मुँह नहीं है कि तुम उसके सामने जाओ।

मुहा०—(अपना) **मुँह तो देखो** = पहले यह तो देखो कि इस योग्य हो या नहीं। (व्यग्य)। **मुँह देखकर बात करना** = किसी के साथ उसकी योग्यता के अनुसार बात करना।

८. साहस। हिम्मत।

मुहा०—**मुँह पडना** = साहस होना। हिम्मत होना। जैसे,—उनके सामने कुछ कहने का भी तो मुँह नहीं पडता।

९ ऊपरी भाग। उपर की सतह या किनारा।

मुहा०—**मुँह तक आना या भरना** = पूरी तरह से भर जाना। लबालब होना। जैसे—तालाब मे पानी मुँह तक आ गया है।

मुँहअँधेरे—क्रि० वि० [हिं०] बहुत सवेरे। तडके।

मुँहअखरीⓊ†—वि० [हिं० मुँह+अक्षर] जो केवल मुँह से कहा जाय, लिखा न जाय। जबानी। शाब्दिक।

मुँहउजाले—क्रि० वि० [हिं०] पौ फटते। बहुत सवेरे।

मुँहकाला—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+काला] १ अप्रतिष्ठा। बेइज्जती। २ बदनामी। ३ एक प्रकार की गाली। जैसे,—जा तेरा मुँहकाला हो।

मुँहचग—सज्ञा पुं० [हिं०] एक बाजा। दे० 'मुरचग'।

मुँहचटौवल—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+चाटना+औवल (प्रत्य०)] १ चुबन। चूमाचाटी। २ बकबक। बकवाद।

मुँहचोर—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+चोर] वह जो दूसरो के सामने जाने से मुँह छिपाता हो। लोगो के सामने जाने मे सकोच करनेवाला।

मुँहचोरई†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] मुँह चुराने की क्रिया या भाव। मुँहचोर का क्रिया या स्थिति।

मुँहचोरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] मुँहचोर होना।

मुँहछुआई—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+छूना+आई (प्रत्य०)] केवल मुँह से छूने के लिये, ऊपरी मन से कुछ कहना।

मुँहछुट—वि० [हिं० मुँह+छूटना] जिसका मुँह ओछी या कटु बातें कहने के लिये खुला रहे। मुँहफट।

मुँहजली—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुह+जली] [पु० मुँहजला] स्त्रियों की गाली। जले मुँहवाली। मुँहझौंसी। उ०—यही तुम्हारा दर्शन है। यहाँ इस मुँहजली को लेकर पडे हो।—आकाश०, पृ० ६८।

मुँहजोर—वि० [हिं० मुँह+जोर] १ वह जो बहुत अधिक बोलता हो। बकवादी। २ दे० 'मुँहफट'। ३ जो जल्दी किसी के वश मे न आता हो। तेज। उद्दंड। जैसे, मुहजोर घोडा।

मुँहजोरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँहजोर+ई (प्रत्य०)] १. मुँहजोर होने की क्रिया या भाव। २. तेजी। उद्दंडता।

मुँहझौंसा, मुँहझौंसा—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+झौंसना] [स्त्री० मुँहझौंसी, मुँहझौंसी] स्त्रियो की गाली। मुँहजला। उ०—परतु यदि उस मुँहझौसे रोज को पा गई तो ताप, बदूक या तलवार से सच्चा नाम बतलाए बिना न मानूँगी।—झाँसी०, पृ० ३५०।

मुँहडी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह] दे० 'मोहरी'। उ०—यह लबी मुँहडी का पायजामा?—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८७।

मुँहदिखरावनीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+दिखराना] दे० 'मुँह-दिखाई'।

मुँहदिखलाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+दिखलाना] दे० 'मुँह दिखाई'।

मुँहदिखाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+दिखाई] १ नई वधू का मुँह देखने की रस्म। मुँहदेखनी। २ वह धन जो मुँह देखने पर वधू को दिया जाय।

मुँहदेखनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुँहदिखाई'।

मुँहदेखा—वि० [हिं० मुँह+देखा] [स्त्री० मुँहदेखी] १ केवल सामना होने पर होनेवाला (काम या व्यवहार)। जो हार्दिक या आतरिक न हो। जो किसी को केवल सतुष्ट या प्रसन्न करने के लिये हो। जैसे, मुँहदेखी बात। २ सदा आज्ञा की प्रतीक्षा मे रहनेवाला। सदा मुँह ताकता रहनेवाला।

मुँहनाल—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+नाल(=नली)] १ धातु की बनी हुई वह नली जो हुक्के की सटक या नैचा आदि के अगले भाग मे लगा देते हैं और जिसे मुँह मे लगाकर धूआँ खींचते हैं। २ धातु का वह टुकडा जो म्यान के सिरे पर लगा होता है।

मुँहपटा†—सज्ञा पु० [हिं० मुँह+स०पट्टा] घोडे के मुँह पर लगाया जानेवाला एक साज जिस सिरबद भी कहते हैं।

मुँहपड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+पडना] वह जो सब लोगो के मुँह पर हो। प्रसिद्ध। मशहूर। (क्व०)।

मुँहपातरⓊ†—वि० [हिं० मुँह+पातर (=पतला)] मुँह का हलका। किसी सुनी हुई गोप्य बात को दूसरे से कह देनेवाला।

मुँहफट—वि० [हिं० मुह+फटना] जो अपनी जबान को वश में न रख सके और जो कुछ मुँह मे आवे कह दे। ओछी या कटु बात कहने मे सकोच न करनेवाला। जिसकी वाणी सयत न हो। बोलने मे इस बात का विचार न करनेवाला कि कोई बात किसी को बुरी लगेगी या भली। बदजबान।

मुँहबद—वि० [हिं० मुँह+बद] १ जिसका मुँह बद हो, खुला न हो। जैसे, मुँहबद बोतल। २. अविकसित। जो खिला न हो ३ कुँआरी। अक्षतयोनि। (बाजारू)।

मुँहबँधा—सज्ञा पु० [हिं० मुँह+बँधना] एक प्रकार के जैन साधु जो प्राय मुँह पर कपडा बाँधे रहते हैं।

मुँहबोला—वि० [हिं० मुँह+बोलना] (सबधी) जो वास्तविक न हो, केवल मुँह से कहकर बनाया गया हो। वचन द्वारा निरूपित। जैसे, मुँहबोला भाई, मुँहबोली बेटी।

मुँहभर—क्रि० वि० [हिं०] अच्छी तरह। ठीक ढग से। जैसे, मुँहभर बोलना या बात करना।

मुँहभराई—सज्ञा स्त्री० [मुँह+भरना+आई (प्रत्य०)] १ मुँह भरने की क्रिया या भाव। २. वह धन आदि जो किसी का मुँह बद करने के लिये, उसे कुछ कहने या करने से रोकने के लिये, दिया जाय। रिश्वत। घूस।

मुँहलगा—वि० [मुँह+लगना] सिरचढा। शोख। ढीठ।

क्रि० प्र०—लेना।—देना।

मुँहमाँगा—वि० [हिं० मुँह+माँगना] अपनी इच्छा के अनुसार। अपने माँगने के अनुसार। इच्छानुकूल। जैसे, मुँहमाँगा वर पाना, मुँहमाँगी मुराद पाना, मुँहमाँगा दाम पाना। उ०—(क) मुँहमाँगी मौत नहीं मिलती। (कहा०)। (ख) शुभे, और क्या कहूँ, मिले मुँहमाँगा तुझको।—साकेत, पृ० ४०६।

मुँहाचहीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+चाहना] परस्पर की प्रेम-पूर्ण बात। प्रेमी प्रेमिका का एक दूसरे से बालचाल करना। उ०—मुँहाचही जुवतिन तब कीनी।—सूर० (राधा०), पद १२६७।

मुँहाचुहीⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं०] मुँह देखे की बात। चुभने या लगनेवाली बात। उ०—नृपति वचन यह सबनि सुनायो। मुँहाचुही सेनापति कीन्ही सकटै गर्व बढायो।—सूर०, १०।६१।

मुँहामुँह—क्रि० वि० [हिं० मुँह+मुँह] मुँह तक। अदर से बिलकुल ऊपर तक। लबालब। भरपूर। जैसे,—(क) गगरा मुँहामुह तो भरा है, और पानी क्यो डालते हो ? (ख) अब की एक ही वर्षा मे तालाब मुँहामुह भर गया।

मुँहासा—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+आसा (प्रत्य०)] मुँह पर के वे दाने या फुसियाँ जो युवावस्था मे निकलता है और यौवन का चिह्न मानी जाता है। जैसे,—बूढे मुँह मुँहासे, लोग देखें तमासे। (कहा०)।

विशेष—मुँहासो के निकलने से चेहरा कुछ भद्दा हो जाता है। इन्हे 'ढाडसा' भी कहते है। ये केवल युवावस्था म ही २० से २५ वर्ष तक प्रकट होते हैं, इसके पूर्व या पर बहुत कम रहते है।

मु -सज्ञा पुं० [स०] १ महेश। २ बधन। ३ और्ध्वदैहिक चिता। ४. लालिमायुक्त भूरा वा पिगल रग। ५. मुक्ति। मोक्ष (को०)।

मुअज्जन—सज्ञा पु० [अ० मुअज्ज़िन] वह जो मसजिद मे नमाज के समय अजान देता है। नमाज के लिये सब लोगो को पुकारनेवाला।

मुअज्जम—वि० [अ० मुअज्जम] [वि० स्त्री० मुअज्जमा] पूज्य। बुर्जुग। महान्। श्रेष्ठ। उ०—मुअज्जम इसमे अँगाली हमेहा। वलियाँ सब मिल किये हैं दर बजीफा।—दक्खिनी०, पृ० ११४।

मुअज्जिज—वि० [अ० मुअज्जिज] प्रतिष्ठित। इज्जतदार।

मुअज्जिन—सज्ञा पु० [अ० मुअज्जिन] दे० 'मुअज्जन'। उ०—बजी न मदिर मे घडियानी, चढी न प्रतिमा पर माला, बैठा अपने भवन मुअज्जिन देकर मस्जिद में ताला।—मधुशाला, पृ० २०।

मुअत्तल—वि० [अ०] १ जिसके पास काम न हो। खाली। २ जो काम से कुछ समय क लिये, दडस्वरूप, अलग कर दिया गया हो।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुअत्तली—सज्ञा स्त्री० [अ० मुअत्तल+ई (प्रत्य०)] १ मुअत्तल

होने का भाव। बेकारी। २ काम से कुछ दिन के लिये अलग कर दिया जाना।

मुअद्दद—वि० [अ०] गणित। गिना या शुमार किया हुआ।

मुअद्दब—वि० [अ०] शिष्ट। अदबवाला। सभ्य [को०]।

मुअद्दा—वि० [अ०] अदा किया हुआ। शोधित [को०]।

मुअन्नस—सज्ञा स्त्री० [अ०] (व्याकरण मे) स्त्रीलिंग।

मुअम्मर—वि० [अ०] वयोवृद्ध। बडी आयुवाला। बूढा।

मुअम्मा—सज्ञा पु० [अ०] १ रहस्य। भेद।

मुहा०—**मुअम्मा खुलना या हल होना**=रहस्य खुलना। भेद प्रकट होना।

२. पहेली। उ०—ख्याल के बाहर की बातें भला कोई क्यो कर तोले। ताकत क्या है, मुअम्मा तेरा कोई हल कर जो ले। —भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० १६४। ३ घुमाव फिराव की बात। ऐसी बात जो जल्दी समझ मे न आवे।

मुअल्लक—वि० [अ० मुअल्लक] अधर मे लटका हुआ। उ०—उठा उठाकर ले को यूसुफ मुअल्लक। अपम के हात के ऊपर इमलक। —दक्खिनी०, पृ० ३४२।

मुअल्ला—वि० [अ०] १ उत्तुग। श्रेष्ठ। ऊँचा। आला। २ उच्च-पदस्थ। ऊँचे मरतबेवाला।

मुअल्लिम—सज्ञा पु० [अ० मुअ्ल्लिम] [स्त्री० मुअल्लिमा] अध्यापक। शिक्षा देनेवाला। शिक्षक।

मुआ—वि० [सं० मृतक, प्रा० मुअअ] [वि० स्त्री० मुई] १ मृत। मरा हुआ। गतप्राण। उ०—मुए जिआए भालुकपि, अवध विप्र को पूत। सुमिरहु तुलसी ताहि तू जाको मारुति दूत।—तुलसी ग्र०, पृ० १७६। २ निगोडा। क्षुद्र। (वस्तु वा व्यक्ति के लिये स्त्रियो द्वारा प्रयुक्त)। उ०—(क) और मुए पहाड पर रखा ही क्या है आखिर ?—सैर० पृ० १५। (ख) खुदा जाने मुइयाँ मर्दों पर क्या जादू कर देती है कि बिलकुल उनके बस मे हो जाते हैं।—सैर०, पृ० १४।

मुआइना—सज्ञा पु० [अ० मुआइनह्] दे० 'मुआयना'।

मुआफ—वि० [अ० मुआफ] दे० 'माफ'। उ०—जब सरकार आपको मुआफ कर देगी तो मुकदमा कैसे चलाएगी। —गबन, पृ० २८६।

मुआफकत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआफक़त] १. मुआफिक या अनुकूल होने का भाव। २ साथ। दोस्ती। मेल जोल। हेल मेल।

यौ०—मेल मुआफकत।

मुआफिक—वि० [अ० मुआफ़िक] १ जो विरुद्ध न हो। अनुकूल। २ सदृश। समान। ३ ठीक ठीक। न अधिक, न कम। बराबर। ४ मनोनुकूल। इच्छानुसार।

मुआफिकत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआफ़िकत] १ अनुरूपता। २ अनुकूलता। ३ मित्रता। दोस्ती।

यौ०—मेल मुआफिकत।

क्रि० प्र०—करना। रखना।

मुआफी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुआफी] दे० 'माफी'।

मुआफीनामा—सज्ञा पुं० [अ० मुआफीनामह्] माफीनामा। क्षमा-पत्र। उ०—जब सरकार आपको मुआफ कर देगी तो मुकदमा कैसे चलाएगी। आपको तहरीरी मुआफीनामा दिया जायगा।—गबन, पृ० २८६।

मुआमला—सज्ञा पुं० [अ० मुआमला] दे० 'मामला'।

यौ०—**मुआमलादाँ**=मुआमले को समझनेवाला। दूरदर्शी। **मुआमला ना दाँ**=जो मामला न समझे। बेवकूफ। **मुआमला-फहम, मुआमलागनास, मुआमलासाज**=दे० 'मुआमला दाँ'।

मुआयना—सज्ञा पुं० [अ० मुआयना] देखभाल। पर्यवेक्षण। जाँच पडताल। निरीक्षण।

मुआलिज—सज्ञा पुं० [अ० मुआलिज] इलाज करनेवाला। चिकित्सक।

मुआलिजा—सज्ञा पुं० [अ० मुआलिजह्] इलाज। चिकित्सा।

यौ०—इलाज मुआलिजा।

मुआवजा—सज्ञा पुं० [अ० मुआवजह्] १ बदला। पलटा। २ वह धन जो किसी कार्य अथवा हानि के बदले मे मिले। ३ वह रकम जो जमीदार को उस जमीन के बदले मे मिलती है, जो किसी सार्वजनिक काम के लिये कानून की सहायता से ले ली जाती है।

क्रि० प्र०—दिलाना।—देना।—पाना।—मिलना।

मुआहिदा—सज्ञा पुं० [अ० मुआहिदा] पक्की बातचीत। दृढ निश्चय। कौल करार।

मुऐयन—[वि० अ०] नियत। मुकर्रर। निश्चित। उ०—कोई उम्मीद बर नही आती। कोई सूरत नजर नही आती। मौत का एक दिन मुऐयन है। नीद क्यो रात भर नही आती।—कविता० कौ०, भा० ४, पृ० ४७२।

मुकद—सज्ञा पुं० [स० मुक्न्द] १ कुंदरू। २ प्याज। ३ साठी धान।

मुकदक—सज्ञा पुं० [सं० मुकुन्दक] प्याज। २ एक प्रकार का साठी धान।

मुक—सज्ञा पु० [सं०] गोमय की गध [को०]।

मुकट—सज्ञा पु० [सं० मुकुट] दे० 'मुकुट'। उ०—कुडल मडित गड सुदेश। मनिमय मुकट सु घूँघर केश।—नद० ग्र०, पृ० २६७।

मुकटा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की रेशमी धोती जो प्राय. पूजन या भोजन आदि के समय पहनी जाती है।

मुकट्टⓅ—सज्ञा पुं० [सं० मुकुट] दे० 'मुकुट'। उ०—मुकुट्टय मयूर चद्र सीसय सुलप्पय।—पृ० रा०, २।३२८।

मुकतⓅ—सज्ञा स्त्री० [सं० मुक्ता] दे० 'मुक्ता'। उ०—कचन माल, मुकत की माल। झिलमिलात छवि छूटी विसाल।—नद० ग्र०, पृ० २२२।

यौ०—मुकतफल = मुक्ताफल । मोती । उ०—फवँ सवामण मुकत-फल मैंगल कुभ मझार ।—वाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० २४ ।

मुकतई(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० मुक्ति] मुक्ति । छुटकारा । उ०—तूँ मति मानै मुकतई किएँ कपट चित कोट । जौ गुनही तौ राखिऐ आँखिनु माँझ अगोटि ।—विहारी (शब्द०) ।

मुकता[1]—सज्ञा पुं० [सं० मुक्ता] दे० मुक्ता[1] । उ०—कलँगी सडक सेत गजगाहैं । मालनि जटित मजु मुकता हैं ।—हम्मीर०, पृ० ३ ।

मुकता[2]—वि० [हिं० अ (प्रत्य०) + मुकना (= समाप्त होना)] [वि० स्त्री० मुकती] जो जल्दी समाप्त न हो । बहुत अधिक । यथेष्ट । जैसे,—उनके पास मुकते कपडे हैं, कहाँ तक पहनेंगे ।

मुकतालि—सज्ञा स्त्री० [सं० मुक्तावली] मोतियो की लडी । मुक्ता-वलि । उ०—ह्वै कपूर मनिमय रही मिलि तन दुति मुकतालि । छिन छिन खरी विचिच्छिनौ लखति छाइ तिनु आलि ।—विहारी (शब्द०) ।

मुकति[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० मुक्तिका] १ मोती । उ०—अधरन पर वेसर सरस लुरकत लुरक बिसाल । राखन हेत मराल जनु मुकति चुगावति बाल ।—स० सप्तक, पृ० ३८६ ।

मुकति[2]—सज्ञा स्त्री० [स० मुक्ति] छुटकारा । मोक्ष । मुक्ति । उ०—सु आधीन उपराति मुकति नाहीं ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४८० ।

मुकत्तर—वि० [अ० मुकत्तर] १ निथारा या साफ किया हुआ । २ बूँद बूँद करके टपकाया हुआ [को०] ।

मुकत्ता—वि० [अ० मुकत्तअ] १ काट छाँटकर दुरुस्त किया हुआ । ठीक तरह से बनाया हुआ । जैसे, मुकत्ता दाढ़ी । २ सभ्य । शिष्ट । जैसे, मुकत्ता सूरत ।

मुकदमा—सज्ञा पुं० [अ० मुक़द्दमह्] १. दो पक्षो के बीच का धन, अधिकार आदि से सबध रखनेवाला कोई झगडा अथवा किसी अपराध (जुर्म) का मामला जो निबटारे या विचार के लिये न्यायालय मे जाय । व्यवहार या अभियोग । जैसे,—वह वकील जो मुकदमा हाथ मे लेता है, वही जीतता है ।

क्रि० प्र०—उठाना ।—खड़ा करना ।—चलना । चलाना ।—जीतना । हारना ।

मुहा० = मुकदमा लडना = मुकदमे मे अपने पक्ष मे प्रयत्न करना ।

२ धन का अधिकार आदि पाने के लिये अथवा किए हुए अपराध पर दड दिलाने के लिये किसी के विरुद्ध न्यायालय मे कार्रवाई । दावा । नालिश ।

क्रि० प्र०—दायर करना ।

यौ०— मुकदमेबाजी ।

३ किसी पुस्तक की प्रस्तावना । भूमिका । प्राक्कथन (को०) ४ काम । कार्य (को०) ।

मुकदमेबाज—सज्ञा पुं० [अ० मुक़दमा + फ़ा० बाज (प्रत्य०)] वह जो प्रायः मुकदमें लडा करता हो ।

मुकदमेबाजी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुकदमा + फा० बाजी] मुकदमा लडने का काम ।

मुकद्दम[1]—वि० [अ० मुकद्दम] १ प्राचीन । पुराना । २ सर्वश्रेष्ठ । ३ जरूरी । आवश्यक ।

क्रि० प्र०—जानना ।—समझना ।

मुकद्दम[2]—सज्ञा पुं० १ मुखिया । नेता । उ०—राजा एक पचीस तिलगा, पाँच मुकद्दम सो पचरगा ।—कबीर० ग्र०, भा० १, पृ० ३२ । २ रात का ऊपरी भाग जो कूल्हे से जुडा होता है । (कसाई) ।

मुकद्दमा—सज्ञा पुं० [अ० मुकद्दमह्] दे० 'मुदकमा' ।

मुकद्दर—सज्ञा पुं० [अ० मुक़द्दर] प्रारब्ध । भाग्य । तकदीर ।

मुहा०—मुकद्दर आजमाना = भाग्य की परीक्षा करना । मुकद्दर चमकना = भाग्योदय होना ।

मुकद्दस—[अ० मुक़द्दस] पवित्र । शुचि । पाक ।

यौ० मुकद्दस किताब = ऐसी धर्मपुस्तक जो अपौरुषेय मानी जाती हो । उ०—मुकद्दस कुरान वेद बानी बयान । जो देखे पढे उनको हो मत गयान—कबीर म०, पृ० ३८६ । मुकद्दस हस्ती = पुनीतात्मा । महात्मा । सत पुरुष ।

मुकना[1]—सज्ञा पुं० [स० मनाक, हिं० मुकना] दे० 'मकुना' ।

मुकना(पु)[2]—क्रि० अ० [सं० मुक्त] १ मुक्त होना । छूटना । २ खतम होना । चुकना ।

मुकफ्फल—वि० [अ० मुकफ्फल] यत्रित । बद किया हुआ । जैसे, मुकफ्फल दरवाजा, मुकफ्फल सदूक [को०] ।

मुकम्मल—वि० [अ०] १ पूरा किया हुआ । जिसमे कुछ भी करने को बाकी न हो । सब तरह से तैयार । २ पूर्ण । समग्र । पूरा [को०] ।

मुकम्मिल—वि० [अ०] पूर्ण करनेवाला । पूरा करनेवाला । उ०—मोहिउद्दीन है पीर मुकम्मिल अव्वल ।—दक्खिनी०, पृ० ११४ ।

मुकर—सज्ञा पुं० [सं० मुकुर ?] कली । मुकुर । मुकुल । उ०—नरियल ऐनक मुकर लगाई । मन मोडै पुनि वास उडाई ।—घट०, पृ० २१८ ।

मुकरना[1]—क्रि० अ० [स० मुक्त (= नहीं) + करना] कोई बात कह-कर उसमे फिर जाना । कही हुई बात से या किए हुए काम से इनकार करना । नटना । जैसे—उनका तो यही काम है, सदा कहकर मुकर जाते हैं ।

सयो० क्रि०—जाना । पडना ।

मुकरना[2]—सज्ञा पुं० कहकर मुकर जानेवाला । वह व्यक्ति जो कहे और फिर मुकर जाय ।

मुकरना[3]—क्रि० अ० [सं० मुक्त] मुक्त होना । छूटना ।

मुकरनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुकरना] मुकरी या कह मुकरी नामक कविता । विशेष दे० 'मुकरी' ।

मुकरवा—संज्ञा पुं० [अ० मुकर्रर] बहुत बड़ी मसजिद या मुकबरे का वह स्थान जहाँ नमाज में तकबीर कहनेवाला खड़ा होता है। उ०—मुनि बोल माहि रहो न जाई। देखि मुकरवा रहा भुलाई। कबीर बी० (शिशु०), पृ० १८२।

मुकराना'—क्रि० स० [हिं० मुकरना का सक० रूप] १ दूसरे को मुकरने में प्रवृत्त करना। २ दूसरों को झूठा बनाना। (बच)।

मुकराना(पु)'—क्रि० स० [सं० मुक्त] मुक्त कराना। छुड़ाना। उ०—पिय जेहि बांदि जोगिनि होई धावा। हौ बाँद लेउँ पियहि मुकरावौं।—जायसी (शब्द०)।

मुकरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुकरना + ई (प्रत्य०)] एक प्रकार की कविता। कह मुकरी। वह कविता जिसमें प्रारंभिक चरणों में कही हुई बात से मुकरकर उसके अंत में भिन्न अभिप्राय व्यक्त किया जाय। उ०—(क) वा बिन मोको चैन न आवे। वह मेरी तिस प्रान बुझावे। है घर गज गुन बारह बानी। ऐ सखि साजन ? ना सखि पानी। (ख) अंग हिल औ मोहि हिलावे। बाका हिलना मोको भावे। हिल हिल के वह हुआ निसखा। ऐ सखि साजन ? ना सखि पंखा। (ग) रात समय मेरे पर आवे। भोर भए वह घर उठ जावे। यह अचरज है सब से न्यारा। ऐ सखि साजन ? ना सखि तारा। (घ) सारि रैन वह मो संग जागा। भोर भई तब बिछुरन लागा। वाके बिछुरत फाटे हिया। ऐ सखि साजन ? ना सखि दिया।

विशेष—यह कविता प्रायः चार चरणों की होती है इसके पहले तीन चरण ऐसे होते हैं, जिनका आशय दो जगह घट सकता है। इनसे प्रत्यक्ष रूप में जिस पदार्थ का आशय निकलता है, चौथे चरण में किसी और पदार्थ का नाम लेकर, उसमें इनकार कर दिया जाता है। इस प्रकार मानो कही हुई बात से मुकरते हुए कुछ और ही अभिप्राय प्रकट किया जाता है। अमीर खुसरो ने इस प्रकार की बहुत सी मुकरियाँ कही हैं। इसके अंत में प्रायः 'सखी' या 'सखिया' भी कहते हैं।

मुकर्रम—वि० [अ०] पूज्य। प्रतिष्ठित। सम्मानित [को०]।

मुकर्रर'—क्रि० वि० [अ०] दोबारा। फिर से। दूसरी बार।

मुहा०—मुकर्रर सिकर्रर = दूसरी और तीसरी बार फिर। कई बार।

मुकर्रर'—वि० [अ० मुकर्रर] जिसका इकरार किया गया हो। जो ठहराया गया हो। तय किया हुआ। निश्चित। जैसे,—इस काम का उनसे सौ रुपया मुकर्रर हुआ है। २. जो तैनात किया गया हो। नियुक्त। जैसे,—किसी आदमी को इस काम पर मुकर्रर कर दो।

मुकर्रर'—क्रि० वि० अवश्य ही। निश्चय।

मुकर्रर्री—संज्ञा स्त्री० [अ० मुकर्रर] १ मुकर्रर होने की क्रिया या भाव। नियुक्ति। २ नियत तनख्वाह। मालगुजारी। ३. निश्चय बात या चुक्ति आदि।

मुकर्रिर—वि० [अ०] भाषण करनेवाला। वक्ता [को०]।

मुकल—संज्ञा पुं० [सं०] १ आरंभ। प्रस्तावना। २ कुमुद।

मुकलना(पु)—क्रि० स० [सं० मुच्च, प्रा० मुक्क] छोड़ना। मुक्त करना। प्रेषित करना। भेजना। उ०—मुकलै पंथ प्रिथिराज नव्य। सेवा नु पाइ उप्पर जू हव्य।—पृ० रा०, १।५६७।

मुकलाई'—संज्ञा स्त्री० [प्रा० मुक्कल] मुक्ति। छुटकारा। उ०—अब की करिहौं बंदगी गुरु के मत औरं, जो पहरी सो मुकलाई।—धरनी०, पृ० ४।

मुकलाना(पु)—क्रि० स० [सं० मुक्त या मुक्तिन] मुक्त करना। खोलना। छोड़ना। निकालना। उ०—पखर तीर पहिली आई। सोवा छोरि के लेत मुकलाई।—जायसी (शब्द०)।

मुकलावा—संज्ञा पुं० [देश०] गौना। द्विरागमन। उ०—पर दिवस वह पपना मुकलावा (गौना) लेने को गया।—कबीर, म०, पृ० १०३।

मुकव्वी—वि० [अ० मुकव्वी] ताकत बढ़ानेवाला। बलवर्धक। पुष्टिकारक।

मुकाबला—संज्ञा पुं० [अ० मुकाबलह्] १ आमना सामना। २ मुठभेड़। ३ बराबरी। समानता। ४ तुलना। ५ मिलान। ६ प्रतियोगिता। प्रतिद्वंद्विता (को०)। ७ विरोध। लड़ाई।

मुहा०—मुकाबले पर आना = विरोध या प्रतिद्वंद्विता करना अथवा लड़ने के लिये सामने आना।

मुकाबिल'—क्रि० वि० [अ० मुकाबिल] सामने। आमने सामने। उ०—लखना न मुकाबिल कभी जिनहार सवरदार।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४२२।

मुकाबिल'—वि० १ सामनेवाला। २ समान। बराबर का। बराबरी करनेवाला।

मुकाबिल'—संज्ञा पुं० १ प्रतिद्वंद्वी। २ शत्रु। दुश्मन।

मुकाम—संज्ञा पुं० [अ० मुकाम] १ ठहरने का स्थान। शिविर। पड़ाव। २ ठहरने की क्रिया। सफर का उलटा। विराम।

मुहा०—मुकाम बोलना = अधिकारी का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों या सैनिकों को ठहरने की आज्ञा देना। मुकाम लेना = किसी के घर जाने पर उसके घर आतिथ्यपूर्वी ठहर जाना।

३ रहने का स्थान। घर। ४ अवसर। मौका। ५ सवाद या कोई चरचा (संगीत)। ६ मुकी जाना में मात्रा की गणनाक्रम का विराम या स्थान। ठहराव। मात्रिक या मात्रासमूह। उ०—इस मात्रा में कई पदांश हैं, दूसरा और तीसरा, इसमें पहला मुकाम है 'सोवा'।—रस०, पृ० (भू०) पृ० १४६।

यौ०—मुकामे मकसूद = लक्ष्य स्थान। इष्ट स्थान। उ०—अब फिर मुकाम मकसूद को सिधारा।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४६।

मुकियल—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जंगली पेड़ जिसकी लकड़ी मजबूत होती है।

मुकियाना—क्रि० स० [हिं० मुकरी + प्रत्य० (याना)] १. किसी

के शरीर पर मुक्कियो से वार वार आघात करना जिसमे उसके अगो की शिथिलता दूर हो। २ आटा गूँधने के उपरात उसे नरम करने के लिये मुक्कियो से वार वार दबाना। ३. मुक्का लगाना या मारना। घूँसे लगाना।

मुकिर—वि० [अ० मुक़िर, मुक़िर्र] १ इकरार करनेवाला। प्रतिज्ञा करनेवाला। २ किसी दस्तावेज या अरजीदावे आदि का लिखानेवाला, जिसके हस्ताक्षर से वह प्रस्तुत हो। (कच०)।

मुकीम—वि० [अ० मुकीम] १ कुछ दिनो के लिये कही ठहरा हुआ। २ निवासी। रहनेवाला [को०]।

मुकुटी—सज्ञा स्त्री० [स० मुकुन्टी] प्राचीन काल का एक अस्त्र।

मुकुंद—सज्ञा पु० [सं० मुकुन्द] १ मुक्ति देनेवाले, विष्णु। २ पुराणानुसार एक प्रकार की निधि। ३ एक प्रकार का रत्न। ४ कुँदरू। ५ पारा। ६ सफेद कनेर। ७ गभारी नामक वृक्ष। ८ पोई का साग। ९ एक प्रकार का वाद्य। पटह। दुदुभि (को०)। १० साठी धान (को०)। ११ सगीत मे ताल का एक प्रकार (को०)।

मुकुंदक—सज्ञा पुं० [स० मुकुन्दक] १ प्याज। २ साठी धान।

मुकुंदा—सज्ञा स्त्री० [स० मुकुन्दा] भेरी। दुदुभी [को०]।

मुकुंदु—सज्ञा पुं० [सं० मुकुन्दु] १ कुँदरू। २ सफेद कनेर। ३ पारा। ४ गभारी। ५ पोई का साग।

मुकु—सज्ञा पुं० [सं०] १ मुक्ति। मोक्ष। २. छुटकारा। रिहाई।

मुकुट'—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्राचीन काल का एक प्रकार का प्रसिद्ध शिरोभूषण जो प्राय राजा आदि धारण किया करते थे।

विशेष—यह प्राय बीच में ऊँचा और कँगूरेदार होता था और सारे मस्तक के ऊपर एक कान के पास से दूसरे कान के पास तक होता था। यह सोने, चाँदी आदि बहुमूल्य धातुओ का और कभी कभी रत्नजटित भी होता था। यह माथे पर आगे की ओर रखकर पीछे से बाँध लिया जाता था। इसमे कभी कभी किरीट भी खोंसा जाता था।

पर्या०—मौलि। कोटीर। शेखर। अवतस। उत्तस।

२ पुराणानुसार एक देश का नाम।

मुकुट'—सज्ञा स्त्री० एक मातृगण।

मुकुटी'—सज्ञा पुं० [स० मुकुटिन्] वह जिसने मुकुट धारण किया हो।

मुकुटी'—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटिका। चुटकी [को०]।

मुकुटेकार्षापण—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का राजकर जो राजा का मुकुट बनवाने के लिये लिया जाता था।

मुकुटेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक शिवलिंग का नाम। २ एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

मुकुट्ट—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन जाति का नाम जिसका उल्लेख महाभारत मे है।

मुकुत(पु)'—वि० [सं० मुक्त] दे० 'मुक्त'। उ०—(क) मुकुत न भए हते भगवाना। तीनि जनम द्विज बचन प्रमाना।—मानस, १।१२३। (ख) जाति हीन, अघ जनम महि, मुकुत कीनि असि नारि।—मानस, २।१५६।

मुकुत'—सज्ञा पुं० [सं० मुक्तक] मुक्ता। मोती।

मुकुता(पु)—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मुक्ता'। उ०—मनि मानिक मुकुता छवि जैसी। अहि गिरि गज सिर सोह न तैसी।—मानस, १।११।

यौ०—मुकुतामाल=मोतियो की माला। उ०—बहुत बाहिनी सग मुकुतामाल बिसाल कर। केसव (शब्द०)। मुकुताहल=दे० 'मुक्ताफल'। उ०—मुकुताहल गुनगन चुनइ राम बसहु मन तासु।—मानस, २।१२८।

मुकुति(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० मुक्ति] दे० 'मुक्ति'। उ०—जमगन मुह मसि जग जमुना सी। जीवन मुकुति हेतु जनु कासी।—मानस, १।३१।

मुकुर—सज्ञा पुं० [स०] १ मुख देखने का शीशा। आईना। दर्पण। उ०—तब हरगन बोले मुसुकाई। निज मुख मुकुर बिलोकहु जाई।—मानस, १।१३५। २ बकुल का वृक्ष। मौलसिरी। ३ कुम्हार का वह डडा जिसमे वह चाक चलाता है। ४ मल्लिका। मोतिया। ५ कली। मुकुल। ६ बेर का पेड।

मुकुल'—सज्ञा पु० [स०] १ कली। २ शरीर। ३ आत्मा। ४ प्राचीन काल का एक प्रकार का राजकर्मचारी। ५ एक प्रकार का छद। ६ जमालगोटा। ७ भूमि। पृथ्वी।

मुकुल'—सज्ञा पु० दे० 'गुग्गुल'।

मुकुलक—सज्ञा पुं० [स०] दती वृक्ष।

मुकुलाग्र—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र जो कली की आकृति का होता था।

मुकुलायित—वि० [सं०] दे० 'मुकुलित'।

मुकुलित—वि० [स०] १ जिसमे कलियाँ आई हो। २ कुछ खिली हुई। (कली)। ३ आधा खुला, आधा बद। कुछ कुछ खुला ४. झाँकता हुआ। (नेत्र)।

मुकुली—सज्ञा पुं० [स० मुकुलिन्] वह जिसमे कलियाँ आई हो।

मुकुष्ठ—सज्ञा पुं० [स०] मोठ।

मुकुष्ठक—सज्ञा पु० [स०] मोठ।

मुकूलक—सज्ञा पुं० [स०] दती वृक्ष। अडी की जाति का एक वृक्ष। विशेष दे० 'दती'।

मुकेस(पु)—सज्ञा पुं० [फा० मुक्कैश] दे० 'मुक्कैश'। उ०—सतगन नग पर बसन मुकेस राजै, एक सी प्रकासी गति दोनो चितचोर की।—पजनेस०, पृ० १।

मुक्का—सज्ञा पुं० [सं० मुष्टिका] [स्त्री० अल्पा० मुक्की] हाथ का वह रूप जो उँगलियो और अँगूठे को बद कर लेने पर होता है और जिससे प्राय आघात किया जाता है। बँधी मुट्ठी जो मारने के लिये उठाई जाय।

मुहा०—मुक्का चलाना या मारना=मुक्के से आघात करना। मुक्का सा लगना=हार्दिक कष्ट पहुँचना।

यौ०—मुक्केबाजी।

मुक्काना—क्रि० स० [सं० मुञ्च, प्रा० मुक्क] मुक्त करना। भेजना। छोडना। उ०—मुक्काए मतिवतिनी, नृप कग्गद दै हथ्थ। पूजा मिमि वाला सुमर सुभुयान मिलि तथ्थ।—पृ० रा०, २५।२६६।

मुक्काम—सज्ञा पुं० [अ० मुकाम] दे० 'मुकाम'। उ०—दस कोस जाय मुक्काम कीन। बिच गाम नगर पुर लूट लीन।—पृ० रा०, १।४३७।

मुक्की—सज्ञा पुं० [हिं० मुक्का + ई (प्रत्य०)] १. मुक्का। घूँसा। २ वह लडाई जिसमे मुक्को की मार हो। उ०—मुक्की सु किज्जे मार, तहवीर टुट्टहि झार।—पृ० रासो, पृ० १५२। ३ आटा गूँधने के उपरात उसे मुट्ठियो से बार बार दबाना जिससे आटा नरम हो जाता है।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

४ हाथ पैर आदि दबाने की क्रिया। मुट्ठियाँ बाँधकर उससे किसी के शरीर पर धीरे धीरे आघात करना, जिससे शरीर की शिथिलता और पीडा दूर होती है।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

मुक्केबाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुक्का + बाजी (प्रत्य०)] मुक्को की लडाई। घूसेबाजी। घूँसमघूसा।

मुक्कैश—सज्ञा पुं० [अ० मुक्कैश] १ चाँदी या सोने का एक विशिष्ट रूप मे काटा हुआ तार जिसे बादला कहते हैं। २. सुनहले या रुपहले तारो का बना हुआ कपडा। ताश। तमामी। जरबफ्त।

मुक्कैशी—वि० [अ० मुक्कैश + ई (प्रत्य०)] १ बादला का बना हुआ। २ जरी या ताश का बना हुआ।

मुक्कैशी गोखरू—सज्ञा पुं० [हिं० मुक्कैशी + गोखरू] एक प्रकार का महीन गोखरू जो तारो को मोडकर बनाया जाता है।

मुक्ख—वि० [सं० मुख] दे० 'मुख'। उ०—तजी बाल क्रीडा जल त्यागि भग्गी। जही ओर दौरी भयो मुक्ख अग्गी।—ह० रासो०, पृ० ३८।

मुक्खी—सज्ञा पु० [हिं० मुख + ई (प्रत्य०)] गोले कबूतर से मिलता जुलता एक प्रकार का कबूतर जो प्रायः उन्ही के साथ मिलकर उडता है और अपनी गरदन जरा कसे रहता है। २ वह कबूतर जिसका सारा शरीर तो काला, हरा या लाल हो, पर जिसके सिर और डैनो पर एक या दो सफेद पर हो।

मुक्त[1]—वि० [स०] १. जिसे मोक्ष प्राप्त हो गया हो। जिसे मुक्ति मिल गई हो। जैसे,—काशी मे मरने से मनुष्य मुक्त हो जाता है। २ जो बधन से छूट गया हो। जिसका छुटकारा हो गया हो। जैसे,—वह कारागार से मुक्त हो गया है। ३ जो पकड या दबाव से इस प्रकार अलग हुआ हो कि दूर जा पडे। चलने के लिये छूटा हुआ। फेंका हुआ। क्षिप्त। जैसे, बाण का मुक्त होना। ४ बधन से रहित। बधन से छूटा हुआ। खुला हुआ।

मुक्त[2]—सज्ञा पुं० १ पुराणानुसार एक प्राचीन ऋषि का नाम। २ वह जिसने मुक्ति प्राप्त कर ली हो [को०]।

मुक्त[3]—सज्ञा पु० [स० मुक्ता] दे० 'मुक्ता'। उ०—हेम हीर हार मुक्त चीर चारु साजि के।—केशव (शब्द०)।

मुक्तकचुक—सज्ञा पु० [सं० मुक्तकञ्चुक] वह साँप जिसने अभी हाल मे केंचुली छोडी हो।

मुक्तकंठ—वि० [स० मुक्तकण्ठ] १. जो जोर से बोलता हो। चिल्लाकर बोलनेवाला। २ जो बोलने मे बेधडक हो। जिससे कहने मे आगा पीछा न हो। जैसे,—मुक्तकठ होकर कोई बात स्वीकार करना।

मुक्तक—सज्ञा म०] स०] १. प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र जो फेंककर मारा जाता था। २ एक प्रकार का काव्य जो एक ही खड या पद्य मे पूरा होता है। वह कविता जिसमे कोई एक कथा या प्रसग कुछ दूर तक न चले। फुटकर कविता। 'प्रबंध' का उलटा जिसे 'उद्‌गट' भी कहते हैं। उ०—मुक्तक या उद्‌भट मे जो रस की रस्म अदा की जाती है उसमे ग्रीष्म दशा का समावेश नही होता।—रस०, पृ० १८६।

मुक्तक ऋण—सज्ञा पुं० [स०] वह ऋण जिसकी लिखा पढी न हुई हो। जबानी बातचीत पर दिया हुआ ऋण।

मुक्तकच्छ[1]—सज्ञा पुं० [सं०] एक बौद्ध का नाम।

मुक्तकच्छ[2]—वि० जिसकी लाँग या काछ खुली हो [को०]।

मुक्तकुतला—सज्ञा स्त्री० [सं० मुक्तकुन्तला] बिखरे बालोवाली। जिसके बाल इधर उधर बिखरे हो। उ०—धुलि धूसरित, मुक्त-कुतला किसके चरणों की दासी ?—वीणा, पृ० ११।

मुक्तकेश—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मुक्तकेशी] जिसके बाल बँधे या गुँथे न हो [को०]।

मुक्तकेशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] काली देवी का एक नाम।

मुक्तचदन—सज्ञा पुं० [सं० मुक्तचन्दन] लाल चदन।

मुक्तचदा—सज्ञा स्त्री० [स० मुक्तचन्दा] चिचा नामक साग। चचु।

मुक्तचचु—सज्ञा पु० [स० मुक्तचञ्चुस्] सिह। शेर।

मुक्तचेता—सज्ञा पुं० [सं० मुक्तचेतस्] वह जिसमे मोक्ष प्राप्त करने की बुद्धि आ गई हो।

मुक्तछद—सज्ञा पु० [स० मुक्त + छन्द] छद शास्त्र के नियमो के विपरीत छद। अतुकात छद। उ०—तब भी मैं इसी तरह समस्त, कवि जीवन मे व्यर्थ भी व्यस्त लिखता अबाध गति मुक्त छद।—अनामिका, पृ० १२२।

मुक्तता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मुक्त होने का भाव। मुक्ति। मोक्ष। २ छुटकारा।

मुक्तत्व—सज्ञा पु० [स०] दे० 'मुक्तता' [को०]।

मुक्तद्वार—वि० [सं०] १. जिसका द्वार खुला हो। २. निर्बाध।

मुक्तनिर्मोक—सज्ञा पुं० [स०] वह साँप जिसने अभी हाल मे केचुली छोडी हो।

मुक्तपत्राढ्य—सज्ञा पुं० [स०] तालीश।

मुक्तपुरुष—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिसकी आत्मा मुक्त हो। वह जिसका मोक्ष हो गया हो।

मुक्तफलाⓊ—सज्ञा स्त्री० [देश० ?] मालवी। उ०—बासती पुनि पुडका, मुक्तफला अरु नाऊँ।—नद ग्र०, पृ० १०६।

मुक्तबधन—वि० [स० **मुक्तबन्धन**] प्रतिबंध या बधन से मुक्त [को०]।

मुक्तबधना—सज्ञा स्त्री० [सं० **मुक्तबन्धना**] १ एक प्रकार का मोतिया। २ बेला।

मुक्तबुद्धि—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिसमे मुक्ति प्राप्त करने के योग्य बुद्धि आ गई हो। मुक्तचेता।

मुक्तमाता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सीप। शुक्ति।

मुक्तमालⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **मुक्ता**+माल] मुक्ता की माला। मोतियो की माला। उ०—लिए सु दोय वज्र लाल एक मुक्तमालयं।—ह० रासो, पृ० ५१।

मुक्तरसा—सज्ञा स्त्री० [स०] रासना।

मुक्तलज्ज—वि० [सं०] १ जिसने लज्जा का परित्याग कर दिया हो। २ निर्लज्ज। बेहया।

मुक्तवर्च्चा—सज्ञा स्त्री० [सं०] अदितमजरी। रुद्रा।

मुक्तवर्पीय—सज्ञा पुं० [सं०] कुप्पा।

मुक्तवसन—सज्ञा पुं० [स०] १. वह जिसके शरीर पर कोई वस्त्र न हो। २ वह जिसने वस्त्र पहनकर छोड दिया हो। नगा रहनेवाला। ३ जैन यतियो या सन्यासियो का एक भेद।

मुक्तवास—सज्ञा पुं० [स०] सीप। शुक्ति।

मुक्तवेणी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ द्रौपदी का एक नाम। २ प्रयाग का त्रिवेणी सगम।

मुक्तवेणी[2]—वि० स्त्री० जिसकी वेणी बँधी न हो [को०]।

मुक्तव्यापार—सज्ञा पु० [स०] वह जिसका ससार के कार्यों या व्यापारो स कोई सबध न रह गया हो। ससारत्यागी।

मुक्तशैशव—वि० [स०] युवक। युवा। जो शिशुता की अवस्था को पार कर गया हो [को०]।

मुक्तशृ ग—सज्ञा पुं० [स० **मुक्तशृङ्ग**] रोहू मछली।

मुक्तसग—सज्ञा पुं० [स० **मुक्तसङ्ग**] १ वह जो विषय वासना से रहित हो गया हो। २ परिव्राजक।

मुक्तसार—सज्ञा पुं० [स०] केले का पेड।

मुक्तहस्त—वि० [सं०] [सज्ञा **मुक्तहस्तता**] जो खुले हाथो दान करता हो। बहुत बडा दानी।

मुक्तहृदय—वि० [स०] राग द्वेष के बधन से छूटा हुआ। स्थितप्रज्ञ। सत्वस्थ। उ०—जब कभी वह अपनी पृथक् सत्ता की धारणा से छूटकर अपने आपको बिलकुल भूलकर विशुद्ध अनुभूति मात्र रह जाता है तब वह मुक्तहृदय हो जाता है।—रस०, पृ० ५।

मुक्ताबर—सज्ञा पुं० [सं० **मुक्ताम्बर**] दे० 'मुक्तवसन' [को०]।

मुक्ता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मोती। २ रासना। ३ वेश्या (को०)।

मुक्ताकलाप—सज्ञा पु० [स०] मोतियो का हार। मुक्ताहार [को०]।

मुक्ताकेशी—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बहुत बढिया बैंगन।

मुक्तागार—सज्ञा पुं० [सं०] सीप। शुक्ति।

मुक्तागुण—सज्ञा पुं० [स०] मोतियो की लडी या माला।

मुक्तागृह—सज्ञा पुं० [स०] सीप। शुक्ति।

मुक्तात्मा—वि० [सं० **मुक्तात्मन्**] वह जिसकी आत्मा मुक्त हो। मोक्षप्राप्त। बधनमुक्त। निरासक्त।

मुक्तानाⓊ†—क्रि० स० [सं० **मुक्त**+हिं० आना (प्रत्य०)] बधन से छुडाना। मुक्त करना। मुक्ति दिलाना। उ०—गुरु है आप करम के माईं। चेला को कैसे मुक्ताई।—घट०, पृ० २५२।

मुक्तापात—सज्ञा पुं० [स० **मुक्ता**+हिं० पात (=पत्ता)] एक प्रकार की झाडी जिसके डठलो से सीतलपाटी नामक चटाई बनाई जाती है।

विशेष—यह झाडी पूर्व बगाल, आसाम और बरमा की नीची तर भूमि मे अधिकता से होती है और प्राय इसकी पनीरी लगाई जाती है।

मुक्तापुष्प—सज्ञा पुं० [स०] कुद का पौधा या फूल।

मुक्ताप्रसू—सज्ञा पुं० [सं०] सीप। शुक्ति।

मुक्ताप्रालब—सज्ञा पुं० [स० **मुक्ताप्रालम्ब**] मोतियो का हार।

मुक्ताफल—सज्ञा पु० [स०] १ मोती। २ कपूर। ३ हरफा-रेवरी। लवनी फल। लवली फल। ४. एक प्रकार का छोटा लिसोडा।

मुक्ताभ—वि० [स०] मोतियो की तरह चमकदार।

मुक्ताभा—सज्ञा स्त्री० [स०] त्रिपुरमल्लिका। त्रिपुरमाली।

मुक्तामणि—सज्ञा पु० [सं०] मोती।

यौ०—**मुक्तामणिसर** = मोतियो का हार।

मुक्तामय—वि० [सं०] मोतियो से युक्त। मोती का। उ०—तुम्हारा मुक्तामय उपहार, हो रहा अश्रुकणो का हार।—झरना, पृ० २२।

मुक्तामाता—सज्ञा स्त्री० [स० **मुक्तामातृ**] सीप। शुक्ति।

मुक्तामोदक—सज्ञा पुं० [स०] मोतीचूर का लड्डू।

मुक्तालता—सज्ञा स्त्री० [स०] मोतियो का कठा।

मुक्तावली—सज्ञा स्त्री० [सं०] मोतियो की लडी। मुक्तामाल [को०]।

मुक्तावास—सज्ञा पुं० [सं०] सीप। शुक्ति।

मुक्ताशुक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] वह सीपी या शुक्ति जिसमे मुक्ता होती है।

मुक्तासन—वि० [स०] वह जो अपने आसन से उठ खडा हो। २. योग प्रक्रिया का एक आसन।

मुक्तास्फोट—सज्ञा पुं० [सं०] सीप। शुक्ति।

मुक्ताहलⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **मुक्ताफल**] मुक्ताफल। मोती। उ०—सहजहि जानहु मेहदी रची। मुक्ताहल लीन्हें जनु घुँघची।—जायसी (शब्द०)।

मुक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ छुटकारा। २ आजादी। स्वतत्रता।

३ मोक्ष । ब्रह्मस्वरूप की प्राप्ति । उ०—अन्य रूप की त्यागन जुक्ति । निज स्वरूप की प्रापति मुक्ति ।—नद० ग्र०, २१७ ।

मुक्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद् का नाम जिसमें मुक्ति के सबध मे मीमासा की गई है ।

मुक्तिक्षेत्र—सज्ञा पु० [स०] १ वाराणसी । काशी । २ कावेरी नदी के पास का एक प्राचीन तीर्थ जिसका दूसरा नाम वकुलारण्य भी था ।

मुक्तितीर्थ—सज्ञा पु० [स०] १ मुक्ति देनेवाले, विष्णु । २ दे० 'मुक्तिधाम' ।

मुक्तिधाम—सज्ञा पु० [स० मुक्तिधामन्] तीर्थ जहाँ मुक्ति प्राप्त हो । मुक्तिदेनेवाला स्थान ।

मुक्तिपत्र—सज्ञा पुं० [सं०] मुक्त करने का आदेश । छुटकारे का परवाना ।

मुक्तिप्रद[1]—सज्ञा पुं० [स०] हरा मूँग ।

मुक्तिप्रद[2]—वि० मुक्ति देनेवाला ।

मुक्तिफौज—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुक्ति + फौज] ईसाइयो का एक सेवा और धर्म प्रचार-कार्य करनेवाला सघटन (सालवेशन आर्मी) ।

मुक्तिमडप—सज्ञा पुं० [स०] विभिन्न देवस्थानो मे स्थित मडपाकार स्थानविशेष ।

मुक्तिमती सज्ञा स्त्री० [स०] महाभारत के अनुसार एक नदी का नाम ।

मुक्तिमार्ग—सज्ञा पु० [स०] मुक्ति पाने का मार्ग या साधन ।

मुक्तिमुक्त—सज्ञा पु० [स०] शिलारस । सिल्हक ।

मुक्तिलाभ—सज्ञा पु० [स०] मुक्ति । छुटकारा मिलना ।

मुक्तिसाधन—सज्ञा पु० [स०] मुक्ति प्राप्त करने की कामना से ईश्वर और आत्मा के स्वरूप का चिंतन करना ।

मुक्तिस्नान—सज्ञा पु० [स०] ग्रहण की समाप्ति, मोक्ष के बाद किया जानेवाला स्नान ।

मुक्ती†—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मुक्ति । उ०—ब्राह्मण पूजे, होय न मुक्ती ।—कबीर सा०, पृ० ८१६ ।

मुक्तेश्वर—सज्ञा पु० [स०] एक शिवलिंग का नाम ।

मुखडा—सज्ञा पु० [हिं० मुख + अडा (प्रत्य०)] झारी आदि टोंटीदार बरतनो मे किया हुआ वह छेद जिसमें टोंटी जडी जाती है ।

मुखपच—सज्ञा पु० [स० मुखम्पच] भिक्षुक । याचक । फकीर ।

मुख[1]—सज्ञा पु० [स०] १ मुँह । आनन । २ घर का द्वार । दरवाजा । ३ नाटक मे एक प्रकार की सधि । ४ नाटक का पहला शब्द । ५. किसी पदार्थ का अगला या ऊपरी खुला भाग । ५ शब्द । ७. नाटक । ८. वेद । ९. पक्षी का चोच । १०. जीरा । ११. आदि । आरभ । १२. बडहर । १३ मुरगाबी । १४. किसी वस्तु से पहले पडनेवाली वस्तु । आगे या पहले आनेवाली वस्तु । जैसे, रजनीमुख = सध्या काल ।

मुख[2]—वि० प्रधान । मुख्य ।

मुहा० - **मुख देखकर जीना** = (किसी के) सहारे वा भरोसे जीना । (किसी के) आसरे जीना । उ०—सब दिनो मुख देख जीवट का जिए । लात अब कायरपने की क्यो सहे । —चुभते०, पृ० १३ । **मुख पर ताला रहना** = मुँह बद रहना । कुछ न बोलना । उ०—चित फाटो देखे चिरत, सुनियो अपजस मोर । रसिया मुख तालो रहै जाइ वाक्तो जोर ।—बाँकी०, ग्र०, भा० २, पृ० ११ । **मुख सूखना** = मुरझा जाना । निराश हो जाना । उ०—वे भला आप सूख जाते क्या । मुख न सूखा जवाब सूखा सुन ।—चुभते०, पृ० १३ ।

मुखकमल—सज्ञा पु० [स०] कमल के समान मुख [को०] ।

मुखकाति—सज्ञा स्त्री० [स० मुखकान्ति] मुख का सौदर्य । मुख की शोभा [को०] ।

मुखक्षुर—सज्ञा पु० [स०] दाँत ।

मुखखुर—सज्ञा पु० [सं०] दात [को०] ।

मुखगधक—सज्ञा पु० [स० मुखगन्धक] प्याज ।

मुखग्र—सज्ञा पुं० [स० मुखाग्र] दे० 'मुखाग्र' । उ०—हजार कोटी जु होइ रसना एक एक मुखग्र । इडा अरब्बिन जो वर्स रसनानि मडि समग्र ।—भिखारी० ग्र०, भा० १, पृ० २० ।

मुखग्रहण—सज्ञा पुं० [स०] मुखचुबन [को०] ।

मुखचपल—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो बहुत अधिक या बढ बढकर बोलता हो । २. वह जो कटु वचन कहता हो ।

मुखचपलता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बहुत अधिक या बढ बढकर बोलना । २ कटु भाषण ।

मुखचपला—सज्ञा स्त्री० [स०] आर्या छद का एक भेद ।

मुखचपेटिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कान के अदर का एक अवयव । २. चाँटा । झापड (को०) ।

मुखचालि—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रारभिक या परिचयात्मक नृत्य [को०] ।

मुखचित्र—सज्ञा पुं० [सं० मुख + चित्र] किसी पुस्तक के मुखपृष्ठ पर या आरभ का चित्र ।

मुखचीरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ जीभ । जिह्वा । २ फौज ।

मुखचूर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] चेहरे पर लगाने का सुगधित चूर्ण वा बुकनी । मुँह पर लगाने का पाउडर [को०] ।

मुखज[1]—वि० [सं०] मुँह से उत्पन्न ।

मुखज[2]—सज्ञा पुं० १ ब्राह्मण (जो भगवान् के मुख से उत्पन्न माने गए हैं) । २ दाँत (को०) ।

मुखजबॉजीⓊ†—वि० [स० मुख + फा० जबानी] मुँह जबानी । उ०—जिण विध मुखजबाँजी भूपत सुते सगली भाँत ।—रघु० रू०, पृ० ८१ ।

मुखड़ा—सज्ञा पुं० [स० मुख + हिं० ड़ा (प्रत्य०)] मुख । चेहरा । आनन ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्राय बहुत ही सुदर मुख के लिये होता है । जैसे, चाँद सा मुखडा ।

मुखतार—सज्ञा पुं० [अ० मुख्तार] १ जिसे किसी ने अपना प्रतिनिधि बनाकर कोई काम करने का अधिकार दिया हो।

यौ० मुखतार आम। मुख्तार खास।

२ एक प्रकार के कानूनी सलाहकार और काम करनेवाले जो वकील से छोटे होते हैं और प्राय छोटी अदालतो मे फौजदारी या माल के मुकदमे लडते हैं।

मुखतारआम—सज्ञा पुं० [अ० मुखतार + आम] वह गुमाश्ता या प्रतिनिधि जिसे सब प्रकार के काम करने, विशेषत मुकदमे आदि लडने का अधिकार दिया गया हो।

मुखतारकार—सज्ञा पुं० [अ० मुखतार + फा० कार] वह जो किसी काम की देखरेख के लिये नियुक्त किया गया हो।

मुखतारकारी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुखतार + फा० कार + ई (प्रत्य०)] १ मुखतारकार का काम या पद। २ दे० 'मुखतारी'।

मुखतारखास—सज्ञा पु० [अ० मुखतार + खास] वह जो किसी विशिष्ट कार्य या मुकदमे के लिये प्रतिनिधि बनाया गया हो।

मुखतारनामा—सज्ञा पुं० [अ० मुखतार + फा० नामह्] १ वह अधिकारपत्र जिसके द्वारा कोई व्यक्ति किसी की ओर से अदालती कार्रवाई करने के लिये मुखतार बनाया जाय। यह दो प्रकार का होता है—मुखतारनामा खास और मुखतारनामा आम। २ वह अधिकारपत्र जिसके अनुसार कोई पेशेवर मुखतार कोई मुकदमा लडने के लिये नियुक्त किया जाय।

मुखतारनामा आम—सज्ञा पुं० [अ० मुखतार + फा० नामह् + अ० आम] वह अधिकार पत्र जिसके द्वारा कोई मुखतार आम नियुक्त किया जाय।

मुखतारनामा खास—सज्ञा पु० [अ० मुखतार + फा० नामह् + अ० खास] वह अधिकारपत्र जिसके द्वारा कोई मुखतारखास नियुक्त किया जाय।

मुखतारी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुखतार + फा० ई (प्रत्य०)] १ मुखतार होकर दूसरे के मुकदमे लडने का काम। २ मुख्तार का पेशा। प्रतिनिधित्व।

मुखताल—सज्ञा पुं० [हिं० मुख + ताल] किसी गीत का पहला पद। टेक। ध्रुव।

मुखदूषण—सज्ञा पु० [सं०] प्याज।

मुखदूषिका—सज्ञा स्त्री० [स०] मुँह का एक प्रकार का क्षुद्र रोग जिसमे चेहरे पर छोटी छोटी फुसियाँ निकल आती हैं। मुँहासा।

मुखदूषी—सज्ञा पु० [स० मुखदूषिन्] लहसुन।

मुखदोष—सज्ञा पु० [स०] जिह्वा का दोष। लोलुपता [को०]।

मुखधौता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. भारगी। भार्गी। २ ब्राह्मणयष्टिका।

मुखनिरीक्षक—सज्ञा पु० [स०] आलसी आदमी। सुस्त व्यक्ति। काहिल [को०]।

मुखनिवासिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सरस्वती।

मुखनपुंसक—वि० [अ० मुखन्नस] १. नपुसक। पुस्त्वविहीन। २ व्याकरण मे नपुसक लिंग।

मुखपट—सज्ञा पु० [स०] १ मुँह ढकने का वस्त्र। नकाब। २ घूँघट।

मुखपाक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रोग जो मनुष्यो और घोडो को होता है और जिसमे उनके मुँह मे छोटे छोटे घाव हो जाते हैं।

मुखपान—सज्ञा पुं० [हिं० मुख + पान] पान के आकार का पीतल या किसी और धातु का कटा हुआ वह टुकडा जो सदूक या आलमारी आदि मे ताली लगाने के स्थान मे सुदरता के लिये जडा जाता है और जिसके बीच मे ताली लगाने के लिये छेद होता है।

मुखपिंड—सज्ञा पुं० [सं० मुखपिण्ड] १ वह पिंड जो मृत व्यक्ति के उद्देश्य से उसकी अत्येष्टि क्रिया से पहले दिया जाता है। २ ग्रास। कवल। भोजन (को०)।

मुखपिंडिका—सज्ञा स्त्री० [सं० मुखपिण्डिका] मुँहासा।

मुखपुष्पक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का आभूषण [को०]।

मुखपूरण—सज्ञा पु० [सं०] १. मुँह मे पानी भरकर फेंकना। कुल्ला। २. मुँह मे कुल्ली के लिये लिया हुआ पानी।

मुखपृष्ठ—सज्ञा पु० [स०] किसी पुस्तक, पत्रपत्रिका का आदि वह पृष्ठ जो सबसे पहले रहता है। आवरण पृष्ठ।

मुखप्रक्षालन—सज्ञा पुं० [स०] मुख का प्रक्षालन करना या धोना। मुँह साफ करना।

मुखप्रसाद—सज्ञा पुं० [सं०] मुख पर झलकनेवाली प्रसन्नता। प्रसन्न मुद्रा [को०]।

मुखप्रसाधन—सज्ञा पु० [स०] १ वे द्रव्य जिनसे मुख का प्रसाधन किया जाय। जैसे, पाउडर तथा अन्य शृगारप्रसाधन। २ मुख को प्रसाधित या अलकृत करना [को०]।

मुखप्रसेक—सज्ञा पु० [स०] भावप्रकाश के अनुसार मुँह का एक रोग जो श्लेष्मा के विकार से होता है।

मुखप्रिय—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो खाने मे अच्छा लगे। स्वादिष्ट वस्तु। २ नारगी। ३ ककडी।

मुखफफफ[1]—वि [अ० मुखफ्फफ़] जो खफीफ या हलका किया गया हो। जो घटाकर कम किया गया हो।

मुखफफफ[2]—सज्ञा पुं० किसी पदार्थ या शब्द आदि का सक्षिप्त रूप। जैसे,—'मीठा' का मुखफफफ 'मिठ' या 'घाडा' का मुखफफफ 'घुड' होता है।

मुखबद—सज्ञा पुं० [सं० मुख + हिं० बद] घोडो का एक रोग जिसमे उनका मुँह बद हो जाता है और जल्दी नही खुलता इसमे उसके मुँह से लार भी बहती है।

मुखबध—सज्ञा पुं० [सं० मुखबन्ध] किसी ग्रथ की प्रस्तावना या भूमिका।

मुखबंधन—सज्ञा पुं० [स० मुखबन्धन] १ मुखबध । प्रस्तावना । २. आच्छादन । पिधान (को०) ।

मुखबिर—सज्ञा पुं० [अ० मुखबिर] १ खबर देनेवाला । जासूस । गोइदा । २. वह अपराधी जो अपराध को स्वीकार कर सबूत का या सरकारी गवाह बन जाय और जिसे माफी दे दी जाय ।

मुखबिरी सज्ञा स्त्री० [हिं० मुखबिर + ई (प्रत्य०)] १ खबर देने का काम । मुखबिर का काम । २ मुखबिर का पद ।

मुखभग—सज्ञा पु० [सं० मुखभङ्ग] १ मुख पर का आघात या प्रहार । २ मुख की वक्रता । चेहरा टेढा या तिरछा होना । ३ खिलना । विकास । प्रस्फुटन (को०) ।

मुखभगा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्त्री जो अपने मुख का योनि जैसा व्यवहार करे । मुख के प्रति योनि जैसा व्यवहार चाहनेवाली औरत (को०) ।

मुखभूषण—सज्ञा पु० [स०] तावूल । पान ।

मुखभेड(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुठभेड' ।

मुखभेद—सज्ञा पु० [स०] मुँह का विकृत या टेढा होना (को०) ।

मुखमडनक—संज्ञा पुं० [स० मुखमण्डनक] १ तिल का पौधा । २ तिलक का वृक्ष (को०) । ३. मुख का प्रसाधन या भूषण । मुख की शोभा बढानेवाली वस्तु ।

मुखमडल—सज्ञा पुं० [स० मुखमण्डल] चेहरा ।

मुखमडिका—सज्ञा स्त्री० [सं० मुखमण्डिका] १. वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का रोग । २ इस रोग की अधिष्ठात्री देवी ।

मुखमडितिका—सज्ञा स्त्री० [स० मुखमण्डितिका] बालको का एक प्रकार का रोग ।

मुखमधु—वि० [स०] मधु सदृश मीठे अर्थात् सुदर मुँह का । सलोनी सूरत का । मीठे अधरवाला ।

मुखमसा—सज्ञा पु० [अ० मुखमसा (=विकलता या कठिनता)] झगडा । झमेला । झझट । बखेडा ।

क्रि० प्र०—में पडना ।

मुखमाधुर्य—सज्ञा पुं० [स०] भावप्रकाश के अनुसार श्लेष्मा के विकार से होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमे मुँह मीठा सा बना रहता है ।

मुखमारुत—सज्ञा पु० [स०] साँस । श्वास (को०) ।

मुखमार्जन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मुखप्रक्षालन' ।

मुखमोट—सज्ञा पु० [स०] १ सलई का वृक्ष । शल्लकी । २ काला सहिंजन ।

मुखम्मस[1]—वि० [अ० मुखम्मस] जिसमें पाँच कोने या अग आदि हो ।

मुखम्मस[2]—सज्ञा पुं० उर्दू या फारसी की एक प्रकार की कविता जिसमे एक साथ पाँच चरण या पद होते हैं । उदा०—मुखम्मस को पँचकडी समझिए ।—कविता कौ० (भू०), भा० ४, पृ० २७ ।

मुखयंत्रण—सज्ञा पु० [स० मुखयन्त्रण] बल्गा । लगाम (को०) ।

मुखर[1]—वि० [स०] १ जो अप्रिय बोलता हो । कटुभाषी । २. बहुत बोलनेवाला । बकवादी । ३ प्रधान । अगगण्य ।

मुखर[2]—सज्ञा पु० १. कौआ । २ शख ।

मुखरज्जु—सज्ञा स्त्री० [स०] अश्ववल्गा । लगाम (को०) ।

मुखरता—सज्ञा स्त्री० [स०] मुखर वा वाचाल होने का भाव । वाचालता (को०) ।

मुखरस—सज्ञा पुं० [स०] बातचीत वार्तालाप (को०) ।

मुखरा(पु)—सज्ञा पु० [हिं० मुख + रा (प्रत्य०)] दे० 'मुखडा' । उ०—मुहि चाव सो बारहि बार लख्यो मुख मोरि मनो मुखरा पिय को ।—शकुतला, पृ० ४६ ।

मुखराग सज्ञा पुं० [स०] १ मुख का वर्ण । चेहरे का रग । २. चेहरे का आकार प्रकार ।

मुखराना(पु)†—क्रि० अ० [स० मुखर से नामिक०] मुखर होना । मुख से बोलना । कहना । उ०—एक एक कै बरनहु, वह मालति की बात । सुनउ जीउ सरवन दै, हो पडित मुखरात ।—इद्रा०, पृ० १०३ ।

मुखरिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] लगाम । मुखरी (को०) ।

मुखरित—वि० [स०] गुजरित । ध्वनित । रवयुक्त । शब्दायमान । उ०—अधकार के अट्टहास सी, मुखरित सतत चिरतन सत्य ।—कामायनी, पृ० १६ ।

मुखरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] लगाम । मोहरी । मुँहडी (को०) ।

मुखरुचि—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुखकाति । उ०—नैनन तें नीर, धीर छूटचो एक सग छूटचो सुखरुचि मुखरुचि त्योंही विन रग ही ।—भूषण ग्र०, पृ० १०८ ।

मुखरोग—सज्ञा पु० [सं०] ओठ, मसूडे, दाँत, जीभ, तालु या गले आदि मे होनेवाले रोग ।

विशेष—वैद्यक के अनुसार इस प्रकार के रोग सब मिलाकर ६७ प्रकार के माने गए हैं । इनसे ओठो मे होनेवाले ८ प्रकार के, मसूडो मे होनेवाले १६ प्रकार के, दाँतो मे होनेवाले ८ प्रकार के जीभ मे होनेवाले ५ प्रकार के, तालु मे होनेवाले ९ प्रकार के, कठ मे होनेवाले १८ प्रकार के और सारे मुख मे होनेवाले ३ प्रकार के हैं ।

मुखलागल—सज्ञा पुं० [स० मुखलाङ्गल] सूअर ।

मुखलिसी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुखलिसी] छुटकारा । रिहाई ।

क्रि० प्र०—करना ।—देना ।—पाना ।—मिलना ।—होना ।

मुखलूक—सज्ञा पुं० [अ० मुखलूक] जगत् । दुनियाँ । ससार । खुदाई । उ०—पुरुष ने इसे पहले ज्ञानी कहा । व मुखलूक पर हुक्मोरानी कहा ।—कबीर म०, पृ० ३८६ ।

मुखलेप—सज्ञा पु० [सं०] १ एक प्रकार का मुखरोग । मुँह का चट चट करना । २ वह लेप जो मुँह पर शोभा या सुगध या विशिष्टता के लिये लगाया जाय ।

मुखवल्लभ—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो खाने मे अच्छा लगे। स्वादिष्ट। २ अनार का पेड।

मुखवस्मिका—सज्ञा स्त्री० [स०] मुखावरण। कपडे का एक टुकडा जो मुँह पर रखा जाता है। बुरका।

मुखवाचिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] ब्राह्मणी या पाढा नाम की लता। अवष्ठा।

मुखवाद्य—सज्ञा पु० [सं०] १ मुँह से बम् बम् शब्द करना। (शिवपूजन मे)। २ मुँह से फूँककर बजाया जानेवाला बाजा। जैसे, शख, शहनाई आदि।

मुखवास—सज्ञा पुं० [स०] १ गधतृण। २ तरबूज की लता। ३. एला, लौंग आदि मुँह की वायु को सुगधित करनेवाली चीजें। मुखवासन। ४ श्वास। उ०—जिसकी मुदर छवि ऊषा है, मलयानिल मुखवास, जलधिमन, उस स्वरूप को तू भी अपनी मृदुबाहो मे लिपटा ले रमा अग मे प्रेम पराग।—वीणा, पृ०, १२।

मुखवासन—सज्ञा पुं० [स०] अनेक प्रकार की सुगधित ओषधियो आदि को मिलाकर बनाया हुआ वह चूर्ण जिसमे मुँह की दुर्गध दूर होती है और उसमे सुवास आती है।

मुखवासिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] सरस्वती।

मुखविपुला—सज्ञा स्त्री० [स०] आर्या छद का एक भेद।

मुखविलुठिका—सज्ञा स्त्री० [स० मुखविलुण्ठिका] बकरी [को०]।

मुखविष्ठा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तेलचट या सनकिरवा नाम का कीडा।

मुखवैदल—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का कीडा जिसके काटने से वायुजन्य पीडा होती है।

मुखवैरस्य—सज्ञा पुं० [सं०] मुहँ की विरसता। मुख की कडवाहट। मुँह मे कडवापन या कटु स्वाद होना [को०]।

मुखव्यंग—सज्ञा पु० [स० मुखव्यङ्ग] मुँह पर पडनेवाले छोटे छोटे दाग।

विशेष—वैद्यक के अनुसार अधिक क्रोध या परिश्रम करने के कारण वायु और पित्त के मिल जाने से ये दाग होते हैं। इनसे कोई कष्ट तो नही होता, पर मुख की शोभा बिगड जाती है।

मुखव्यादान—सज्ञा पुं० [स०] मुँह का बाना। जँभाई। जृभा [को०]।

मुखशफ—सज्ञा पुं० [स०] वह जो कटु वचन कहता हो। मुखर।

मुखशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] अलिद। ड्योढी। देहली। द्वार-प्रकोष्ठ [को०]।

मुखशुद्धि—सज्ञा पुं० [स०] १ मजन या दातून आदि की सहायता से मुँह साफ करना। २ भोजन के उपरात पान, सुपारी आदि खाकर मुहँ शुद्ध करना। ३ वस्तु जिससे मुखशुद्धि की जाय। मुखशुद्धि के उपयोग में आनेवाला द्रव्य (को०)।

मुखश्रृग—सज्ञा पु० [स० मुखशृङ्ग] गैंडा। खड्ग। गडक [को०]।

मुखशेष—सज्ञा पुं० [स०] राहु का एक नाम [को०]।

मुखशोथ—सज्ञा पुं० [स०] मुँह की सूजन।

मुखशोधन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह पदार्थ जिसके खाने से मुह शुद्ध होता है। २. दालचीनी। ३ तज।

मुखशोधन[2]—वि० चरपरा।

मुखशोधी—सज्ञा पुं० [सं० मुखशोधिन्] १ मुँह को शुद्ध करनेवाला पदार्थ। जँबीरी नीबू।

मुखशोष—सज्ञा पु० [स०] १ तृषा। प्यास। २ प्यास व गरमी से मुँह सूखना।

मुखश्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुख की शोभा। मुखछवि। मुख की काति [को०]।

मुखसदस—सज्ञा पुं० [स० मुखसन्दस] सँडसी। जँबूरी [को०]।

मुखसभव—सज्ञा पु० [स० मुखसम्भव] १ भगवान् के मुख से उत्पन्न, ब्राह्मण। २ पुष्करमूल। पुष्करमूल।

मुखसिंचन मत्र—सज्ञा पुं० [स० मुखसिञ्चन मन्त्र] एक प्रकार का मत्र जिससे जल फूँककर उस आदमी के मुहँ पर छींटे दिए जाते हैं जिसके पेट मे किसी प्रकार का विष उतर जाता है।

मुखसुख—सज्ञा पु० [स०] शब्द के उच्चारण का सौंदर्य। उच्चारण सौंदर्य। उच्चारण की सरलता [को०]।

मुखसुर—सज्ञा पुं० [स०] १ ताडी। २ अधरामृत (को०)।

मुखसूची—सज्ञा स्त्री० [स०] अमडे का वृक्ष। आम्रातक।

मुखस्थ वि० [सं०] मुख मे स्थित। जो जबानी याद हो। कठस्थ। बरजबान। उ० मुखस्थ याद करते तथा पढते पढाते चले आए।—कबीर म०, पृ० २२।

मुखस्राव—सज्ञा पु० [स०] १ थूक। लार। २ बालको का एक रोग जिसमे उनके मुँह से बहुत अधिक लार बहती है। कहते हैं, कफ से दूषित स्तन पीने से यह रोग होता है।

मुखहास—सज्ञा पुं० [स०] मुखशोभा। मुखविकास। प्रसन्न मुखाकृति।

मुखाकृति—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुख का आकार। चेहरा [को०]।

मुखागर(पु)—वि० [स० मुखाग्र] दे० 'मुखाग्र'। उ०—कहेहु मुखागर मूढ मन मम सदेस उदार।—मानस, ५।५२।

मुखाग्नि—सज्ञा स्त्री० [स०] १. जगल की आग। दावानल। २ सस्कृत एव प्रतिष्ठापित अग्नि। यज्ञाग्नि। हवनाग्नि (को०)। ३. ब्राह्मण (को०)। ४ एक प्रकार के वैताल जो मुँह से अग्नि फेकते हैं (को०)। ५ मृत व्यक्ति को चिता पर रखकर पहले उसके मुँह मे आग लगाने की क्रिया।

मुखाग्र[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ ओठ। २. किसी पदार्थ का अगला भाग।

मुखाग्र[2]—वि० जो जबानी याद हो। कठस्थ। बरजबान। जैसे,—उसे सारी गीता मुखाग्र है।

मुखातव—वि० [अ० मुखातब] मुखातिब।

मुखातिब वि० [फा० मुखातिब] १ जिससे बात की जाय। जिससे कुछ कहा जाय। संबोधित। २ बात करनेवाला। सबोधन करनेवाला।

मुहा०—(किसी की तरफ) मुखातिब होना = (१) किसी की ओर घूमकर उससे बातें करना। (२) किसी की बात सुनने के लिये उसकी ओर प्रवृत्त होना।

मुखानिल—सज्ञा पुं० [स०] साँस। श्वास [को०]।

मुखापेक्षक—सज्ञा पुं० [स०] दूसरो का मुँह ताकनेवाला। दूसरो के सहारे रहनेवाला। दूसरो की कृपा पर रहनेवाला।

मुखापेक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] दूसरो का मुँह ताकना। दूसरो के आश्रित रहना।

मुखापेक्षी—सज्ञा पुं० [स० मुखापेक्षिन्] वह जो दूसरो का मुँह ताकता हो। दूसरो के सहारे रहनेवाला। दूसरो की कृपादृष्टि के भरोसे रहनेवाला। आश्रित।

मुखामय—सज्ञा पुं० [स०] मुँह मे होनेवाला रोग। मुखरोग।

मुखामुख Ⓤ—क्रि० वि० [हिं० मुख] आमने सामने। उ०—चव मेछ मुखामुख जोम चढै।—रा० रू०, पृ० ८०।

मुखारी†—सज्ञा स्त्री० [स० मुखाकृति या हिं० मुख+आरी (प्रत्य०)] १ किसी से मिलती जुलती आकृति। २ सादृश्य। अनुरूपता। ३. मुख का कार्य। मुखशोधन। दतून कुल्ला करने का कार्य। ४ प्रात कुछ खाना। खराई मारना।

मुखार्जक—सज्ञा पुं० [स०] वनतुलसी का पौधा। बबरी तुलसी।

मुखालिफ—वि० [अ० मुखालिफ] १. जो खिलाफ हो। विरुद्ध पक्ष का। विरोधी। २ शत्रु। दुश्मन। ३ प्रतिद्वद्वी।

मुखालिफत—वि० [अ० मुखालिफ़त] १ विरोध। २. शत्रुता। दुश्मनी।

मुखालु—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का बडा मीठा कद जिसे स्थूलकद, महाकद या दीर्घकद भी कहते हैं।

विशेष—वैद्यक मे यह मधुर, शीतल, रुचिकारी, वातवर्धक तथा पित्त, शोष, दाह और प्यास को दूर करनेवाला माना गया है।

मुखासव—सज्ञा पु० [स०] १ थूक। २ लार।

मुखास्त्र—सज्ञा पु० [स०] केकडा।

मुखास्वाद—सज्ञा पुं० [स०] मुँह का चुबन।

मुखास्राव—सज्ञा पुं० [सं०] मुँह से बहनेवाली थूक या लार।

मुखिक—सज्ञा पुं० [सं०] मोखा नामक वृक्ष।

मुखिया—सज्ञा पुं० [सं० मुख्य+हिं० इया (प्रत्य०)] १ नेता। प्रधान। सरदार। जैसे,—वे अपने गाँव के मुखिया हैं। २ वह जो किसी काम में सब से आगे हो। किसी काम को सब से पहले करनेवाला। अगुआ। ३ वल्लभ सप्रदाय के मदिरो का वह कर्मचारी जो मूर्ति का पूजन करता और भोग आदि लगाता है। ऐसा कर्मचारी प्राय पाकविद्या मे निपुण हुआ करता है।

मुखिल—वि० [अ० मुखिल] बाधक। हस्तक्षेप करनेवाला। खलल डालनेवाला [को०]।

मुखीय—सज्ञा [स०] १. मुख सबधी। २ मुख्य।

मुखुडी—सज्ञा पु० [सं० मुखुण्डी] एक प्रकार का शस्त्र [को०]।

मुखुली—सज्ञा स्त्री० [सं०] बौद्धो की एक देवी का नाम।

मुखेंदु—सज्ञा पु० [सं० मुखेन्दु] चद्रमा की तरह सुदर मुँह। चाँद सा मुखडा। सुदर मुँह [को०]।

मुखोल्का—वि० [सं०] दावाग्नि।

मुख्तलिफ—वि० [अ० मुख्तलिफ़] १ भिन्न। अलग। पृथक्। २ अनेक प्रकार का। तरह तरह का।

मुख्तसर—वि० [अ० मुख्तासर] १. जो थोडे मे हो। सक्षिप्त। २ छोटा। ३. अल्प। थोडा।

मुख्तार—सज्ञा पुं० [अ० मुख्तार] दे० 'मुखतार'।

विशेष—इसके यौगिक शब्दो के लिये दे० 'मुखतार' के यौगिक।

मुख्य'—वि० [स०] १ मुखसबधी। २ सब मे बडा। ऊपर या आगे रहनेवाला। ३ प्रधान। श्रेष्ठ।

मुख्य'—सज्ञा पु० १ यज्ञ का पहला कल्प। २. वेद का अध्ययन और अध्यापन। ३ अमात मास। ४ वह जो मुख्य या प्रधान हो। नेता। अगुआ [को०]।

मुख्यकर्म—सज्ञा पु० [स०] पहला काम। प्रधान कार्य।

मुख्यचाद्र—सज्ञा पुं० [सं० मुख्यचान्द्र] चाद्र मास के दो विभागो मे से एक। शुक्ल प्रतिपदा से लेकर अमावास्या तक का काल जो 'अमात चाद्र मास' भी कहलाता है। विशेष—दे० 'मास'।

मुख्यत—क्रि० वि० [सं० मुख्यतस्] मुख्य रूप से। खास तौर से। प्रधानत। उ०—बाकी सब छोटी छोटी बातें और कथानक मुख्यत कवियो की करामात हैं।—हिंदु० सभ्यता, पृ० १५५।

मुख्यता—सज्ञा स्त्री० [स०] मुख्य होने का भाव। प्रधानता। श्रेष्ठता।

मुख्यनृप—सज्ञा पुं० [सं०] मुख्यनृपति। सर्वसत्तासपन्न राजा [को०]।

मुख्यमत्री—सज्ञा पुं० [स० मुख्य मन्त्रिन्] १. प्रधान मत्री। २ किसी प्रदेश या प्रात का विधानसभा मे वह मत्री, जो मत्रिमडल का प्रधान होता है।

विशेष—स्वतत्र भारत के आधुनिक सविधान द्वारा समग्र राष्ट्र मे प्रधान मत्री एक रखा गया है। विभिन्न प्रदेशो के मत्रिमडल के प्रधान को मुख्य मत्री कहा जाता है। ये दोनो शब्द क्रमश अग्रेजी के प्राइम मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर के अनुवाद हैं। सस्कृत मे मुख्य मत्री का अर्थ मत्रियो मे प्रधान अर्थात् प्रधान मत्री ही है। पृथ्वीराज रासो मे यह शब्द इसी अर्थ म प्रयुक्त हुआ है।

मुख्यसर्ग—सज्ञा पु० [स०] स्थावर सृष्टि।

मुख्यार्थ—सज्ञा पुं० [स०] शब्द का प्रधान अर्थ। अभिधाजन्य अर्थ [को०]।

मुगट Ⓤ—सज्ञा पु० [स० मुकुट] दे० 'मुकुट'। उ०—मोरपप जट मुगट सिंगि सग्राम सुधारै। मोह देह सब रहित मरन दिन अत विचारै।—पृ० रा०, ६१।१८२६।

मुगत Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [स० मुक्ता] मोती। मुक्ता। उ०—वैजंती

बल मुगत विसाला, प्रगट हियै माला भरपूर ।—रघु० रू०, पृ० २५३ ।

मुगतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मुक्ति] दे० 'मुक्ति' । उ०—सुक्रम सुमन फुल्लयो मुगति पक्वी द्रव मगति ।—पृ० रा०, १।४ ।

मुगदर- सज्ञा पुं० [सं० मुद्गर] लकडी की एक प्रकार की गावदुमी, लबी और भारी मुगरी जिसका प्राय जोडा होता है और जिसका उपयोग व्यायाम के लिये किया जाता है । जोडी ।

विशेष इसमे ऊपर की ओर पकडने के लिये पतली मुठिया होती है और नीचे का भाग बहुत मोटा होता है । दोनो हाथो में एक एक मुगदर लिया जाता है और बारी बारी से हर एक मुगदर पीठ के पीछे से घुमाकर सामने लाते और उलटे बल मे ऊपर की ओर खडा करते हैं । इससे बाहुओ मे बहुत बल आता है ।

क्रि० प्र०— फेरना । हिलाना ।

मुगधⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० मुग्धा] दे० 'मुग्धा' । उ०—राति दिवस एक सी काम कामना सु बहिय । प्रौढ मुगध वयवृद्ध सबै थरहरि त्रिय गहिय ।—पृ० रा०, १।४११ ।

मुगधारीⓊ†—वि० [सं० मुग्ध हिं० ई (स्वा० प्रत्य०)] मूढ । मूर्ख । अज्ञानी । उ०— मूरख ते पडित करिबो पडित ते मुगधारी । —कबीर ग्र०, पृ० ३२० ।

मुगना—सज्ञा पुं० [हिं० मुनगा] सहिजन । मुनगा ।

मुगन्नी—सज्ञा पुं० [अ० मुगन्नी] [स्त्री० मुगन्निया] गवैया । कलावत । गायक [को०] ।

मुगरा—सज्ञा पुं० [हिं०] १ दे० 'मोगरा' । २ [स्त्री० मुगरी] दे० 'मोगरा' या 'मुँगरा' ।

मुगरैला†—सज्ञा पुं० [हिं० मुँगरैला] कलौंजी या मँगरैला नामक दाना, जिसका व्यवहार मसाले मे होता है ।

मुगल—सज्ञा पुं० [फा मुग़ल] [स्त्री० मुगलानी] १ मगोल देश का निवासी । २ तुर्को का एक श्रेष्ठ वर्ग जो तातार देश का निवासी था ।

विशेष—इस वर्ग के लोगो ने इधर कुछ दिनो तक भारत मे आकर अपना साम्राज्य स्थापित करके चलाया था । इस वर्ग का पहला सम्राट् बाबर था जिसने सन् १५२६ ई० मे भारत पर विजय प्राप्त की थी । अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ और औरगजेब इसी जाति के और बाबर के वशज थे । इन लोगो के शासन-काल मे साम्राज्य बहुत विस्तृत हो गया था परतु औरगजेब की मृत्यु (सन् १७०७ ई०) के उपरात इस साम्राज्य का पतन होने लगा और सन् १८५७ में उसका अत हो गया ।

३. मुसलमानो के चार वर्गों मे से एक वर्ग जो शेखो और सैयदो से छोटा तथा पठानो से बडा और श्रेष्ठ समझा जाता है ।

मुगलई—वि० [फ़ा० मुग़ल + ई (प्रत्य०)] मुगलो का सा । मुगलो की तरह का । जैसे, मुगलई पाजामा, मुगलई टोपी, मुगलई कुरता, मुगलई हट्टी ।

मुगलपठान—सज्ञा पुं० [फा० मुगल + पठान] एक प्रकार का खेल जो जमीन पर खाने खीचकर सोलह ककडियो से खेला जाता है । गोटी ।

मुगलाई[1]—वि० [फा० मुगलाई] दे० 'मुगलई' ।

मुगलाई[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० मुगल + आई (प्रत्य०)] मुगल होने का भाव । मुगलपन ।

मुगलानी—सज्ञा स्त्री० [फा० मुगल + आनी (प्रत्य०)] १. मुगल जाति की स्त्री । २ कपडा सीनेवाली स्त्री । ३ दासी । मजदूरनी (मुसल०) ।

मुगलिआ वि० [फ़ा० मुगल हिं० + हिं० इया (प्रत्य०)] मुगलो का । जैसे, मुगलिया खानदान, मुगलिया सल्तनत । उ०—मराठे शिवाजी के नेतृत्व मे सगठित हो मुगलिया राज्य को खुले-आम चुनौती सी देने लगे ।—हिं० का० प्र०, पृ० ७ ।

मुगली—सज्ञा स्त्री० [फा० मुग़ल + ई (प्रत्य०)] बच्चो को होनेवाला पसली का रोग जिसमे उनके हाथ पैर ऐंठ जाते है और वे बेहोश हो जाते हैं ।

मुगवन—सज्ञा पुं० [स० वनमुद्ग] बनमूँग । मोठ ।

मुगवा—सज्ञा स्त्री० [स०] अतिरुवा । मयूरवल्ली ।

मुगालता—सज्ञा पुं० [अ० मुगालतह्] धोखा । छल । झाँसा । भ्रम ।

क्रि प्र०—खाना ।—देना ।—में डालना ।

मुगुध, मुगुधाⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मुग्धा] दे० 'मुग्धा' ।

मुगूह—सज्ञा पुं० [सं०] १ पपीहा । २ एक प्रकार का हिरन ।

मुग्गलⓊ—सज्ञा पुं० [फा० मुग़ल] दे० 'मुगल' ।

मुग्धम[1]—वि० [देश०] (बात) जो बहुत खोलकर या स्पष्ट करके न कही जाय । सकेत रूप मे कही हुई (बात) ।

मुहा०- **मुग्धम रहना** = (१) चुप रहना । कुछ न बोलना (व्यक्ति के सबध मे) । (२) किसी का रहस्य प्रकट न होना । भेद न खुलना । परदा ढका रह जाना ।

मुग्धम[2]—सज्ञा पुं० दाँव मे वह अवस्था जिसमे न हार हो और न जीत । (जुआरी) ।

क्रि० प्र०—रहना ।

मुग्ध[1]—वि० [सं०] १. मोह या भ्रम मे पडा हुआ । मूढ । २ सुदर । खूबसूरत । ३ नया जीवन । ४ आसक्त । मोहित । लुभाया हुआ । उ०—वाल्मीकि रामायण मे यद्यपि बीच बीच मे ऐसे विशद वर्णन बहुत कुछ मिलते हैं जिनमे कवि की मुग्ध दृष्टि प्रधानत मनुष्येतर बाह्य प्रकृति के रूपजाल मे फँसी पाई जाती है पर उसका प्रधान विषय लोकचरित्र ही है ।—रस०, पृ० ६ ।

मुग्धकर—वि० [सं०] [वि० स्त्री० मुग्धकारी] मोहित करनेवाला ।

मुग्धता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मुग्ध का भाव । मूढता । २ सुदरता । खूबसूरती । ३ मोहित या आसक्त होने का भाव ।

मुग्धत्व—सज्ञा पु० [स०] दे० 'मुग्धता' [को०] ।

मुग्धबुद्धि—वि० [स०] जिसकी बुद्धि भ्रात हो । बेवकूफ ।

मुग्धबोध—संज्ञा पुं० [सं०] बोपदेव कृत संस्कृत का व्याकरण [को०]।

मुग्धभाव—संज्ञा पुं० [सं०] १ मूर्खता। बुद्धिहीनता। २ भोलापन।

मुग्धा—संज्ञा स्त्री० [सं०] साहित्य मे वह नायिका जो यौवन को तो प्राप्त हो चुकी हो, पर जिसमे कामचेष्टा न हो।

विशेष इसके दो भेद होते हैं—अज्ञातयौवना और ज्ञातयौवना। इसकी क्रियाएँ और चेष्टाएँ बहुत ही मनोहारिणी होती हैं। इसका कोप बहुत ही मृदु होता है और इसे साज सिंगार का बहुत चाव रहता है।

मुचगड़—वि० [हिं० मुच्चा+अगड़ (प्रत्य०)] मोटा और भद्दा। जैसे, मुचगड राट।

मुचक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] लाख। लाह।

मुचका[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मोच'।

मुचकध(पु)—संज्ञा पुं० [सं० मुचकुन्द] मांधाता का एक पुत्र। उ०—बंर दोप श्रीराम बंर दोपई दुर्योध। बंर दोप नघुराइ बंर दोपह मुचकध।—पृ० रा०, ७।१७।

मुचकुद—संज्ञा पुं० [सं० मुचकुन्द, मुचुकुन्द] १ एक बडा पेड जिसके फूल और छाल दवा के काम आते हैं। हरिवल्लभ। दीर्घपुष्प।

विशेष—इसके पत्ते फालसे के पत्तो के आकार के और बडे बडे होते हैं। पत्तो मे महीन महीन रोईं होती हैं जिससे वे छूने म खुरदरे लगते हैं। फूल मे पाँच छह अगुल लबे और एक अगुल के लगभग चौड़े सफेद दल होते हैं। दला के मध्य से सूत के समान कई केसर निकले होते हैं। दला के नीचे का कोश भी बहुत लबा होता है। फूल का सुगध बहुत ही मीठी और मनोहर होती है। ये फूल सिर के दद मे बहुत लाभकारी होते हैं। इसके फल कटहल के प्रारभिक फला के समान लबे लबे और पत्थर की तरह कडे होते ह। इसके फूल और छाल औषध के काम मे आती है। वद्यक मे यह चरपरा, गरम, कटुवा, स्वर को मधुर करनेवाला तथा कफ, खासी, त्वचा के विकार, सूजन, सिर का दर्द, त्रिदोष, रक्तपित्त और रुधिर विकार को दूर करनेवाला माना गया ह।

पर्या०—छत्रवृक्ष। चित्र। प्रतिविष्णुक। दीर्घपुष्प। बहुपत्र। सुदल। सुपुष्प। हरिवल्लभ। रक्तप्रसव।

२ मांधाता नरेश का एक पुत्र। दे० 'मुचुकुद'।

यौ०—मुचकुद प्रसादक=श्रीकृष्ण।

मुचलका—संज्ञा पुं० [स० तु०] वह प्रतिज्ञापत्र जिसके द्वारा भविष्य मे कोई काम, विशेषत अनुचित काम, न करने अथवा किसी नियत समय पर अदालत मे उपस्थित होने की प्रतिज्ञा की जाती है, और कहा जाता है कि यदि मुझसे अमुक अनुचित काम हो जायगा, अथवा मैं अमुक समय पर अमुक अदालत मे उपस्थित न होऊँगा, तो मैं इतना आर्थिक दड दूँगा।

क्रि प्र०—लिखना।—लिखाना।—लेना।

मुचाना(पु)—क्रि० स० [सं० मुच] छोडाना। मुक्त कराना। चलाना। गतिशील करना। उ०—जु दिपै बर भाइ दुलोचन कोर। मुचावत काम कमान के जोर।—पृ० रा०, २१।७५।

मुचिर[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ दाता। दानशील। उदार।

मुचिर[2] संज्ञा पुं० १ धर्म। २ वायु। ३. देवता।

मुचिलिग—संज्ञा पु० [सं० मुचिलिङ्ग] १ मुचकुद वृक्ष। २ तिलक का पौधा। तिलपुष्पी। ३ एक नाग का नाम। ४ एक पर्वत का नाम।

मुचिलिंद—संज्ञा पुं० [स० मुचिलिन्द] १ मुचकुद। २ तिलक। तिलपुष्प।

मुचुकं[1]—संज्ञा पु० [स०] मैनफल।

मुचुकां[2]—संज्ञा स्त्री० दे० 'मोच'।

मुचुकुद—संज्ञा पु० [स० मुचुकुन्द] १ मुचकुद वृक्ष। २ भागवत के अनुसार मांधाता के एक पुत्र का नाम।

मुचुटी—संज्ञा स्त्री० [स०] १ उँगली मटकाना। २ मुट्ठी। ३ सँडसी।

मुच्चा—संज्ञा पुं० [स०] १ मास का बडा टुकडा। गोश्त का तावडा।

मुच्छ—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूँछ] दे० 'मूँछ'। उ०—(क) मुह मुरह मुच्छ कर कन्ह तुअ चमर छन पहु पग लिय।—पृ० रा०, ६१।२२७४। (ख) धरधौ परतापमि मुच्छन पाँन।—पृ० रा०, ५।३६। (ग) धर मुच्छ पर हाथ वहुरि निरखै समसेरं।—हम्मीर०, पृ० २२।

मुच्छा(पु)[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूँछ] दे० 'मूँछ'। उ०—मुच्छा उमैठन उमंड ऐंठत कठिनकर कुहेंचान के।—हिम्मत० पृ ११३।

मुच्छा(पु)[2]—संज्ञा स्त्री० [स० मूर्च्छा] दे० 'मूर्च्छा'। उ०—सो पर्यो धान मुच्छा सु खाय।—पृ० रा०, १।२७२।

मुछदर—संज्ञा पुं० [हिं० मुछ+दर (सं० धर)] १ जिसके मूँछें बडी बडी हो। उ०—व मोटे तन व थुदला घुंदला मु व कुच्ची आँख। व माटे आठ मुछदर की आदम आदम ह।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७८६। २ कुरूप और मूर्ख। भद्दा और बेवकूफ। उ०—दौडे बदर बने मुछदर कूदें चढे अगासी।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३३३। ३. चूहा। (क्व०)।

मुछ(पु)—संज्ञा स्त्री० [स० श्मश्रु, हिं० मूँछ] दे० 'मूछ'। उ०—तिनै मुछ राजत ह मुह पान।—पृ० रा०, ५।३४।

मुछाडया।—वि० [हिं० मुछ+आड्या (प्रत्य०)] दे० 'मुछियल'।

मुछियल—वि० [हिं० मूँछ+इयल (प्रत्य०)] जिसकी मूछें बडी बडी हो।

मुछैला—वि० [हिं० मूँछ+ऐल (प्रत्य०)] दे० 'मुछियल'।

मुज(पु)[1]—सर्व० [स० मय्यम् अं०हिं० मुझ, मुज] मैं शब्द का कर्ता और सबध कारक के अलावा विभक्ति लगने के पूर्व का रूप। दे० 'मुझ'। उ०—मैं इश्क का गनी में घायल पडा था

तिसपर। जीवन का माता आकार मुज को खेंचन गया है।—कविता कौ० (भू०), भा० ४ पृ० १५।

मुज[५][२]—संज्ञा स्त्री० [सं० मुञ्ज (=एक घास) हिं० मूँज] दे० 'मूँज'। उ० मुज को आडबद बजर कोपीन।—रामानद०, पृ० ४६।

मुजक्कर—वि० [अ० मुज़क्कर] १ नर। पुरुष। २ (व्याकरण मे) पुलिंग।

मुजक्का—वि० [अ० मुज़क्का] पवित्र। शुद्ध [को०]।

मुजम्मा संज्ञा पु० [अ० मुजम्मह्] चमडे या रस्सी का वह फेरा जो घोडे को आगे बढने से रोकने के लिये उसकी गामची या दुमची मे पिछाडी की रस्सी के साथ लगा रहता है।

क्रि प्र० बाँधना।—लगाना।

मुहा०—मुजम्मा लगाना = ऐसा काम करना जिसमे कोई बात या काम रुक जाय। रोक या आड़ लगाना। मुजम्मा लेना—आडे हाथो लेना। खबर लेना। ठीक करना।

मुजरा—संज्ञा पुं० [अ०] १ वह जो जारी किया गया हो। २ वह रकम जो किसी रकम मे से काट ली गई हो। जैसे, - १०) हमारे निकलते थे, वह हमने उसमे से मुजरा कर लिए।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—पाना।—लेना।

३ किसी बडे या धनवान आदि के सामने जाकर उसे सलाम करना। अभिवादन। ४ वेश्या का वह गाना जो बैठकर हो और जिसमे उसका नाच न हो।

क्रि० प्र०—करना।—सुनना।—सुनाना।—होना।

मुजराई—संज्ञा पुं० [हिं० मुजरा + ई (प्रत्य०)] १ वह जो मुजरा या सलाम करता हो। २ वह व्यक्ति जो केवल सलाम करने के लिये वेतन पाता हो। ३ वह जो मरसिया पढता हो। ४ काटने या घटाने की क्रिया। ५ काटी या मुजरा की हुई रकम।

मुजराकद—संज्ञा पु० [स० मुञ्जर] एक प्रकार का कद मुजात।

विशेष—यह कद उत्तर भारत मे होता है और इसे 'मुजात' भी कहते हैं। वैद्यक मे यह अत्यत स्वादिष्ट, वीर्यवर्धक तथा वात पित्त नाशक माना गया है।

मुजरागाह—संज्ञा पु० [अ० मुज़रा गाह] दरबार मे वह स्थान जहाँ खडे होकर लोग सलाम या मुजरा करें।

मुजरिम—संज्ञा पुं० [अ०] वह जिसपर कोई जुर्म या अपराध लगाया गया हो। अभियुक्त।

मुजर्रत—संज्ञा स्त्री० [अ० मुज़र्रत] १ नुकसान। हानि। २ कष्ट। तकलीफ [को०]।

मुजर्रद—वि० [अ० मुज़र्रद] १ जिसके साथ और कोई न हो। अकेला। २. जिसका विवाह न हुआ हो। बिन ब्याहा। ३ जिसने ससार का त्याग कर दिया हो।

मुजर्रब—वि० [अ० मुजर्रब] तजरुबा किया हुआ। आजमाया हुआ। परीक्षित। जैसे, मुजर्रब दवा, मुजर्रब नुसखा।

मुजल्लद—वि० [अ० मुजल्लद] जिसकी जिल्द बँधी हो। जिल्ददार।

मुजस्सम—वि० [अ० मुजस्सम] दे० 'मुजस्सिम'।

मुजस्समा—संज्ञा पु० [अ० मुजस्समह्] प्रतिमा। मूर्ति। रूपाकृति [को०]।

मुजस्सिम—वि० [अ० मुजस्सिम] शरीरी। प्रत्यक्ष। जैसे,—लीजिए आपके सामने मुजस्सिम खडे हैं।

मुजादला—संज्ञा पुं० [अ० मुजादलह्] १ लडाई। युद्ध। २ मुबाहसा। वाद विवाद [को०]।

मुजाविर—संज्ञा पु० [अ० मुजाविर] १ पडोसी। प्रतिवेशी। २ दे० 'मुजावर'।

मुजारिया—वि० [अ०] जो जारी किया या कराया गया हो। (कच०)।

मुजावर—संज्ञा पुं० [अ० मुजावर] १ वह मुसलमान जो किसी पीर आदि की दरगाह या रौजे पर रहकर वहाँ की सेवा का कार्य करता हो और चढावा आदि लेता हो। उ०—मुजावर हो या बैस चालीस दिन। किसी रात दिन कूँ ना करले नगन।—दक्खिनी०, पृ० ८६।

मुजाहद—वि० [अ० मुजाहिद] १ कोशिश करनेवाला। प्रयत्नशील। २ विधर्मियो से युद्ध करनेवाला। जिहाद करनेवाला।

मुजाहिम—वि० [अ० मुज़ाहिम] रोक टोक करनेवाला। हस्तक्षेप करनेवाला। उ०—पर आश्चर्य यह कि कोई इन धर्म के लुटेरो से मुजाहिम न हुआ।—गोदान, पृ० २२६।

मुजिर—वि० [अ० मुज़िर] नुकसान पहुचानेवाला। हानिकारक।

मुजे—सर्व० [प्रा० मुज्झ, हिं० मुझे] दे० 'मुझे'। उ०—वम्मन कहे नामदेव मुझे पूजना भूदेव, इती बात मुजे देव वहा देव गगा मो।—दक्खिनी०, पृ० ४५।

मुझ—सर्व० [प्रा० मुज्झ] मैं का वह रूप जो उस कर्ता और सबंध कारक को छोडकर शेष कारको मे, विभक्ति लगने से पहले प्राप्त होता है। जैसे, मुझको, मुझमे, मुझसे।

मुझे—सर्व [स० मह्यम्, प्रा० मज्झम] एक पुरुषवाचक सर्वनाम जो उत्तम पुरुष, एकवचन और उभयलिंग है तथा वक्ता या उसके नाम की ओर सकेत करता है। यह 'मैं' का वह रूप है जो उसे कर्म और सप्रदान कारक मे प्राप्त होता है। इसमे लगा हुई एकार की मात्रा विभक्ति का चिह्न है, इसलिये इसके आगे कारक चिह्न नही लगता। मुझको। जैसे,—(क) (क) मुझे वहा गए कई दिन हो गए। (ख) मुझे आज कई पत्र लिखने है।

मुझौंसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह + झौंसना + ई (प्रत्य०)] दे० 'मुँहझौंसी'। उ०—उसकी माँ सुने मे समझाती—अरी मुझौंसी, लडकपन छोड।—शराबी, पृ० १२।

मुटकना—वि० [हिं० मोटा + कना (प्रत्य०)] आकार मे छोटा या साधारण, पर सुदर। जैसे, मुटकना सा बाग।

मुटका—संज्ञा पुं० [देश ?] एक प्रकार का रेशमी वस्त्र जो

अधिकतर बंगाल में बनता है और धोती के स्थान में पहनने के काम में आता है।

मुटकी—संज्ञा स्त्री० [?] कुलथी नामक अन्न। गुरथी।

मुटमरदी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोटा + अ० मर्द + हिं० ई (प्रत्य०)] हरामखोरी। आलसीपन। निष्क्रियता। उ०—यह मुटमरदी है कि अधा मागे, और आलसीवाले मुसटे बैठे खाएँ। —रंगभूमि, भा० २, पृ० ५६६।

मुटमुरी—संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का भदद्दा धान।

मुटरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोट (=गठरी)] दे० 'गठरी'।

मुटाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोटा + ई (प्रत्य०)] १ मोटापन। स्थूलता। २ पुष्टि। ३. अहंकार। घमंड। शेखी। ४ वह बेपरवाही या अभिमान जो भरपूर भोजन मिलने या कुछ धन हो जाने से हो जाय।

मुहा०—मुटाई चढ़ना = बहुत अधिक अभिमान होना। शेखी होना। मुटाई झड़ना = अभिमान चूर्ण होना। शेखी टूटना।

मुटाना—क्रि० अ० [हिं० मोटा + आना (प्रत्य०)] १ मोटा हो जाना। स्थूलांग हो जाना। उ०—प्रभु मैं सेवक नमक हराम। खाइ खाइ के महा मुटाहीं करिहा कछू न काम।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ५४२। २. शेखीबाज हो जाना। अहंकारी हो जाना। अहमन्य हो जाना। उ०- हमर आवत रिस करत अस तुम गए मुटाय।—विश्राम (शब्द०)।

मुटासा—वि० [हिं० मोटा + आसा (प्रत्य०)] वह जो मान पीने से मजे में हो जाने या कुछ धन कमा लेने से बेपरवा और घमंडी हो गया हो।

मुटिया—संज्ञा पुं० [हिं० माट (=गठरी) + इया (प्रत्य०)] बोझ ढोनेवाला। मजदूर।

मुट्ठ⑤—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मुट्ठी'। उ० दूजे मुट्ठ जमदाढ़ गहि पान पैनी।—पृ० रासो, पृ० १७७।

मुट्ठा संज्ञा पुं० [हिं० मूठ] १. घास, फूस, तृण या उसी का उतना पूला जितना हाथ की मुट्ठी में आ सके। २. चमुच भर वस्तु। जितनी एक मुट्ठी में आ सके उतनी वस्तु। जैसे, एक मुट्ठा आटा। ३. समेटा या बंधा हुआ समूह जो मुट्ठी में आ सके। पुलिंदा। जैसे, कागज का मुट्ठा, तार का मुट्ठा। ४. शस्त्र या यंत्र आदि का वह अंश जो उसके प्रयोग के समय मुट्ठी में पकड़ा जाय। बेंट। दस्ता। ५. धुनिया का धनुष के आकार का वह औजार जिससे रूई धुनते समय तांत पर आघात किया जाता है। ६. कपड़े का गद्दा जो प्रायः पहलवान भारोत्तोलन पर मोटाई दिखलाने या सुंदरता बढ़ाने के लिये बाँधते हैं।

मुट्ठागुहेर—संज्ञा स्त्री० [?] युवती स्त्री। (कहार)।

मुट्ठी—संज्ञा स्त्री० [सं० मुष्टिका, प्रा० मुट्ठिआ] १. हाथ की वह मुद्रा जो उँगलियों को मोड़कर हथेली पर दबा लेने से बनती है। बँधी हुई हथेली। २. उतनी वस्तु जितनी उक्त मुद्रा के समय हथेली में आती है। जैसे, एक मुट्ठी आटा। ३. पाद।

मुट्ठा०—मुट्ठी में = कब्जे में। अधिकार में। वश में। मुट्ठी गरम करना = रिश्वत देना। घूस देना। मुट्ठी में देखी होना = पूरा भेद किसी का मालूम न होना। रहस्य प्रकट न होना। मुट्ठी भर = थोड़ा। कम मात्रा या अल्प संख्या में। उ०—अंग्रेजों के १५० वर्षों के शासनकाल में शिक्षा की नीति के कारण शिक्षित मुट्ठी भर लोग ही लाभान्वित हुए हैं।—भारत और हि० स० (आ०) पृ० ८०। मुट्ठी में रखा होना = बहुत समीप होना। पास होना। जैसे,—कपड़े क्या वहाँ मुट्ठी में रखे हैं जो तुम्हें दे दिए जाँय।

४ उपर्युक्त मुद्रा के समय बाँधे हुए पंजे की गोलाई का मान। बँधी हथेली के बराबर का विस्तार। जैसे,—इसका विस्तार मुट्ठी भर ऊँचा होना चाहिए। ५ हाथ से किसी के अंगों को विशेषतः हाथ पैर को पकड़ पकड़कर दबाने की क्रिया जिससे शरीर की थकावट दूर होती है। चंपी।

क्रि० प्र०—भरना।

६ एक प्रकार की छोटी पोली लकड़ी जिसके दोनों सिरे कुछ मोटे और गोल होते हैं और जो छोटे बच्चों को खेलने के लिये दी जाती है। इसे उलटकर प्रायः चूरा करते हैं। घुनकी। ७ घोड़े के मुँह और दमन के बीच का भाग। ८ बच्चों का एक खिलौना। दे० 'घुनकी'।

मुठभेड़—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूठ + भिड़ना] १. टक्कर। भिड़ंत। लड़ाई। २. भेंट। सामना।

मुठिका⑤—संज्ञा स्त्री० [सं० मुष्टिका] १. मुट्ठी। उ०—रावरे सो भट भया मुठिका के घाय का।—तुलसी (शब्द०)। २ घूँसा। मुक्का। उ०—मुठिका एक ताहि कपि मारी। गिरि उरसी धरनी ढनमनी।—तुलसी (शब्द०)।

मुठिया—संज्ञा स्त्री० [सं० मुष्टिका] १ छुरी, हँसिया आदि औजारों का वह भाग जो मुट्ठी में पकड़ा जाय। दस्ता। बेंट। २ नाव में रखी या की जानेवाली वस्तुओं का वह भाग जो मुट्ठी में पकड़ा जाता है। जैसे, खेवा की मुठिया, रस्से का मुठिया। ३. धुनियों का वह औजार जिससे वे धुनकी का तार पर आघात करते हैं।

मुठी⑤।—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुट्ठी'। उ०—मार्‌यो हुतो दिढ़ा करवा सखी दूजा कह उप मीतु मुठी मे।—रघुराज (शब्द०)।

मुठेठा।—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूठ] लाठी का ऊपरी मुड़ा भाग। वह गाँठ जिसमें दोनों सिरे पर गोलाई लाई जाती है और जो मोटे में पकड़ने की मूठ होती है। मोड़कर बनाए जाते हैं जिनके कारण ये भाग मोटे हो जाते हैं। मूठ। उ०—... घुमरी घुमाइ घुमाई ... घाय घाय।—रघुराज (शब्द०)।

मुठेरा—... [हिं० मूठना] दे० 'कुम्हार'।

मुठेरा—... [हिं० मूठना] दे० 'कुम्हार'।

मुठना'—क्रि० अ० [सं० मुष्टि (=मुट्ठी करना, बाँधना)] ... की तरह मुट्ठी में ... ...

और फिरना। दबाव या आघात से चलना या झुक जाना। घुमाव लेना।—जैसे,—(क) छड़ पर दाब पड़ी, इससे वह मुड़ गई। (ख) यह तार तो मुड़ता ही नहीं है, इसे कैसे लपेटें। २. किसी धारदार किनारे या नोक का इस प्रकार झुक जाना कि वह आगे की ओर न रह जाय। जैसे, छुरी की धार या सुई का नोक मुड़ना। ३ लकीर की तरह सीधे न जाकर घूमकर किसी ओर झुकना। वक्र होकर भिन्न दिशा में प्रवृत्त होना। जैसे,—आगे चलकर यह नदी (या सड़क) दाहिने की ओर मुड़ गई है। ४ चलते चलते सामने से किसी दूसरी ओर फिर जाना। दाएँ अथवा बाएँ घूम जाना। जैसे,—कुछ दूर जाकर दाहिनी ओर मुड़ जाना, तो उनका घर मिल जायगा। ५ घूमकर फिर से पीछे की ओर चल पड़ना। लौटना।

संयो० क्रि०—जाना।

मुड़ना[2]—क्रि० अ० [हिं० मूड़ना] दे० 'मुँड़ना'।

मुड़ला[1]†—वि० [स० मुण्ड] [वि स्त्री० मुड़ली] जिसके सिर पर बाल न हों। बिना बालवाला। मुंडा। उ०—कच-खुविआ धर काजर कानी नकटी पहरै वेसरि। मुड़ली पटिया पारि सँवारै कोढ़ी लावै केसरि।—सूर (शब्द०)।

मुड़वरिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुड़वार+इया (प्रत्य०)] दे० 'मुड़वारी'।

मुड़वाना[1]—क्रि० स० [हिं० मूँड़ना का प्रे० रूप] १ किसी का मूड़ने में प्रवृत्त करना। उस्तरे से बाल या रोएँ दूर कराना। २ मुँड़वाना[2]।

मुड़वाना[2]—क्रि० स० [हिं० मूँड़ना का प्रे० रूप] मुड़ने या घूमने में प्रवृत्त करना।

मुड़वारी—संज्ञा स्त्री० [स० मुण्ड+हिं० वारी (प्रत्य०)] १. अटारी की दीवार का सिरा। मुँड़ेरा। उ०—मुड़वारी रविमणिनि सँवारी। अनल झार छूटो छविवारी।—पुमान (शब्द०)। २ लेटे हुए मनुष्य का वह पार्श्व जिधर सिर हो। सिरहाना। ३ वह पार्श्व जिधर किसी पदार्थ का सिरा अथवा ऊपरी भाग हो।

मुड़हर—संज्ञा पुं० [हिं० मूँड़+हर (प्रत्य०)] १. स्त्रियों की साड़ी वा चादर का वह भाग जो ठीक सिर पर रहता है। उ० —मुख पखारि मुड़हर भिजै सीस सजल कर छुवाइ। —बिहारी (शब्द०)। २. सिर का अगला भाग।

मुड़ाना—क्रि० स० [सं० मुण्डन] सिर के सब बाल बनवाना। मुंडन कराना। मुंडाना।

मुड़िया[1]†—संज्ञा पुं० [हिं० मूड़ना+इया (प्रत्य०)] वह जिसका सिर मुँड़ा हुआ हो। (विशेषतः कोई सन्यासी, साधु या वैरागी आदि)। उ०—यह निर्गुण लै तिनहि सुनावहु जे मुड़िया बसैं काशी।—सूर (शब्द०)। विशेष दे० 'मुंडिया'।

मुड़िया[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली।

मुडेरा—संज्ञा पुं० [हिं० मूड+एरा (प्रत्य०)] दे० 'मुँडेरा'।

मुतगा[1]—संज्ञा पुं० [अ०] १ मूँज की मोटी रस्सी, जिसे साधु लोग पहिनते हैं। मुंजगा। उ०—मेहर की बकरी औ कुत्ता भी मेहर का, मेहर का मुतगा उन्हें गले में लगाइए।—मसनवी, पृ० ३०। २ जंगोटी। कौपीन।

मुतजन—संज्ञा पुं० [फ़ा०] माथा पुराव, जिसमें सलाई भी पड़ती है।

मुतअद्दी—वि० [अ०] १. सीमा का अतिक्रमण करनेवाला। २ गड़बड़ करनेवाला।

मुतअल्लिक[1]—वि० [अ० मुतअल्लिक़] १ सम्बन्ध रखनेवाला। लगाव रखनेवाला। सम्बद्ध। २ मिला हुआ। सम्मिलित।

मुतअल्लिक[2]—क्रि० वि० सम्बन्ध में। विषय में। जैसे,—उसके मुतअल्लिक मुझे कुछ नहीं कहना है।

मुतअल्लिम—संज्ञा पुं० [अ०] दूसरों को सीखनेवाला। शिष्य (को०)।

मुतअस्सिब—वि० [अ०] पक्षपात करनेवाला। धर्म, जाति का पक्षपात करनेवाला। कट्टर। उ०—आप बड़े ही पाक दिल और मुतअस्सिब मुसलमान थे।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ६०।

मुतक्का—संज्ञा पुं० [हिं० मूँड़+टेक] १ काठ के छज्जे या चौड़े के ऊपर पाटन के किनारे लगी हुई पटिया या नीचा दीवार जो गिरने से रोकने के लिये हो। २ जीना। ३ कगार। तट।

मुतगैयर—वि० [अ० मुतग़य्यिर] परिवर्तित। बदला हुआ। उ०—हुआ बदहाल मुतगैयर हमारा खबर लेने का शाह शाह करतार।—कबीर म०, पृ० ४८।

मुतदायरा—वि० [अ०] (मुकदमा) जो दायर किया गया हो (क्व०)।

मुतफन्नी—वि० [अ० मुतफन्नी] धूर्त। धोखेबाज। चालाक।

मुतनफ्फिर—वि० [अ० मुतनफ्फिर] घृणा करनेवाला। भागने वाला। अलग रहनेवाला। उ०—चुनाचे मैं खुद गौर करता हूँ तो मुझे रणधीर सिंह का तबियत नासाज और रडो से निहायत मुतनफ्फिर मालूम देती है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३२।

मुतफरकात—संज्ञा स्त्री० [अ० मुतफर्रिकात] १ भिन्न भिन्न पदार्थ। फुटकर चीजें। २ फुटकर व्यय की मद। ३. जमीन के वे अलग अलग टुकड़े जो किसी एक ही गाँव के अंतर्गत हों।

मुतफर्रिक—वि० [अ० मुतफ़र्रिक़] १ भिन्न भिन्न। अलग अलग। २. विविध। कई प्रकार का।

मुतबन्ना—संज्ञा पुं० [अ०] गोद लिया हुआ पुत्र। २. दत्तक पुत्र।

मुतमादी—वि० [अ०] जिसका नियत समय बीत चुका हो (को०)।

मुतमौवल—वि० [अ०] धनवान्। संपत्तिशाली। अमीर। धनाभिमानी।

मुतरज्जिम—संज्ञा पुं० [अ०] जो अनुवाद करे। तरजुमा करनेवाला। अनुवादक।

मुतलक[1]—क्रि० वि० [अ० मुतलक] जरा भी। तनिक भी। रत्ती भर भी। उ०—जिनका नित नीत खात मुतलक भी ना डरात। अच्छा वजूद पाय औरत में हारा है।—मलूक० बानी, पृ० २६।

मुतलक[2]—वि० बिलकुल। निरा। निपट।

मुतवज्जह—वि० [अ०] जिसने किसी ओर तवज्जह की हो। जिसने ध्यान दिया हो। प्रवृत्त।

मुतवफ्फा—वि० [अ० मुतवफ्फा] परलोकवासी। मृत। स्वर्गीय। (कच०)।

मुतवल्ली—संज्ञा पु० [अ०] किसी नाबालिग और उसकी संपत्ति का रक्षक। किसी बड़ी संपत्ति और उसके अल्पवयस्क अधिकारी का कानूनी संरक्षक। वली।

मुतवस्सित—वि० [अ०] न अधिक न कम। दरमियानी। बीच का। उ०—मुहम्मद मुतवस्सित दरयाव, तीन लोक है उनकी नाव।—दक्खिनी०, पृ० ३०३।

मुतवातिर—क्रि० वि० [अ०] लगातार। निरंतर।

मुतसद्दी—संज्ञा पु० [अ०] १. लेखक। मुंशी। २. पेशकार। दीवान। ३. जिम्मेदार। उत्तरदायी। ४. इंतजाम करनेवाला। प्रबंधकर्ता। ५. हिसाब रखनेवाला। जमा खर्च लिखनेवाला। ६ मुनीम। गुमाश्ता।

मुतसिरी(पु)†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोती + सं० श्री > हिं० सिरी] कंठ में पहनने की मोतियों की कंठी। उ०—ग्रीव मुतसिरी तोरि क अँचरा सो बाँध्यो।—सूर (शब्द०)।

मुतहम्मिल—वि० [अ०] बरदाश्त करनेवाला। सहिष्णु। सहनशील।

मुतहैय्यर—वि० [अ० मुतहय्यिर] हैरत में पड़ा हुआ। स्तब्ध। चकित। उ०—ललाइन साहब की आजादी देखते ही साहो जी साहब मुतहैय्यर हो घबड़ाकर यों रेंके।—भारतेंदु ग्रं०, भा० ३, पृ० ८६३।

मुताबिक[1]—क्रि० वि० [अ० मुताबिक] अनुसार। बमूजिब।

मुताबिक[2]—वि० अनुकूल।

मुतालबा—संज्ञा पुं० [अ० मुतालबह्] उतना धन जितना पाना वाजिब हो। प्राप्तव्य धन। बाकी रुपया।

मुताला—संज्ञा पु० [अ० मुतालअह्] १ किसी चीज की पूरी जानकारी के लिये गौर से देखना। समीक्षण। निरीक्षण। २. पाठ को शुरू करने के पूर्व स्वयं पढ़ना ताकि शुद्ध पढ़ा जा सके। पटना। उ०—देखना हर मुबह तुझ रुखसार का। है मुताला मतलए अनवार का।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० ३।

मुतासं†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूतना + आस (प्रत्य०)] मूतने की इच्छा। पेशाब करने की ख्वाहिश।

मुताह—संज्ञा पुं० [अ० मुतअ] मुसलमानों में एक प्रकार का अस्थायी विवाह जो 'निकाह' से निकृष्ट समझा जाता है। इस प्रकार का विवाह प्रायः शीया लोगों में होता है।

मुताही—वि० [हिं० मुताह + ई (प्रत्य०)] १ वह जिसके साथ मुताह किया गया हो। २. रखैली। (स्त्री)।

मुति(पु)[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० मुक्ति] दे० 'मुक्ति'। उ०—जोग मग लब्भिय न परग मग्गह मुति पाइय।—पृ० रा०, १२।५३।

मुति(पु)[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० मुक्ता] मौक्तिक। मोती। उ०—मुख भुवि चंद्र निलाट अमित वर मान माल मुति।—पृ० रा०, २।४२४।

मुति(पु)[3]—संज्ञा स्त्री० [सं० मुर्ति, प्रा० मुत्ति] दे० 'मूर्ति'। उ०—सुंदरि कनक केया मुति गोरी। दिने दिने चांद कला सओ बाढलि जउवन शोभा तोरी।—विद्यापति, पृ० १७।

मुतिया†—संज्ञा पु० [हिं० मोती + या] दे० 'मोती'। उ०—मनु नव नीत कमल दल तें भल मुतिया झरही।—नंद० ग्रं०, पृ० २०१।

मुतिलाडू(पु)—संज्ञा पुं० [हिं० मोती + लड्डू] मोतीचूर का लड्डू। उ०—मुतिलाडू हैं अति मीठे। वै खात न कबहूँ उबीठे।—सूर (शब्द०)।

मुतेहर(पु)†—संज्ञा पु० [हिं० मोती + हार] कवच की आकृति का एक प्रकार का आभूषण जो स्त्रियाँ कलाई पर पहनती हैं।

मुत्तफिक—वि० [अ० मुत्तफिक] राय से इत्तफाक करनेवाला। सहमत।

मुत्तला—वि० [अ०] जिसे इत्तिला दी गई हो। सूचित [को०]।

मुत्तसिल[1]—वि० [अ०] निकट। नजदीक। समीप। पास। लगा हुआ।

मुत्तसिल[2]—क्रि० वि० लगातार। निरंतर।

मुत्ती(पु)[1]—संज्ञा पुं० [सं० मौक्तिक, प्रा० मोत्तिय] दे० 'मोती' या 'मौक्तिक'। उ०—मुत्ती माल सुरंग घन।—पृ० रा०, १।६७०।

मुत्ती†[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० मूत्र] मूत्र। पेशाब।

मुत्य—संज्ञा पुं० [सं०] मौक्तिक। मोती [को०]।

मुथराई(पु)†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोथराना] धार आदि का भोथरा होना। उ०—पैने कटाछनि ओज मनोज के बानन बीच बिधी मुथराई।—घनानंद, पृ० ११०।

मुथशील—संज्ञा पु० [सं०] ज्योतिष में इत्थशाल नामक योग [को०]।

मुद—संज्ञा पु० [सं०] हर्ष। आनंद। प्रसन्नता। उ०—मुद मंगल मय संत समाजू।—तुलसी (शब्द०)।

यौ०—मुदकद = आनंदकंद भगवान् विष्णु। उ०—लंबोदर मुदकंद देव दामोदर बंदौ।—दीन० ग्रं०, पृ० १६३।

मुदगर—संज्ञा पु० [सं० मुद्गर] १ दे० 'मुद्गर'। २ दे० 'मुदार'।

मुदब्बिर—वि० [अ०] १ प्रबंधकुशल। व्यवस्था करने में निपुण। दूरदर्शी। ३ बुद्धिमान्। ४ राजनीतिनिपुण। नीतिज्ञ [को०]।

मुदमा(पु)†—क्रि० वि० [अ० मुदाम] दे० 'मुदाम'। उ०—मतगुर मेरे सिर पर ठाटा मुदमा आगै चेला।—रामानद०, पृ० २८।

मुदरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का मादक पेय पदार्थ जो अफीम, भाँग, शराब और धतूरे के योग से बनता है और जिसका व्यवहार पश्चिमी पजाब तथा बलोचिस्तान मे होता है।

मुदरी—सज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रिका] दे० 'मुंदरी'। उ०—हे मुदरी तेरो सुकृत मेरो ही मौ हीन। फल सो जान्यो जात है मैं निरनै करि लीन।—शकुतला, पृ० ११४।

मुदर्रिस—सज्ञा पु० [अ०] पाठशाला का शिक्षक। अध्यापक।

मुदर्रिसी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ मुदर्रिस का काम। पढाने का काम। अध्यापन। २ मुदर्रिस का पद। जैसे,—बडी कठिनता से उन्हें म्युनिसिपल स्कूल मे मुदर्रिसी मिली है।

मुदव्वर—वि० [अ०] दे० 'मुदोवर' [को०]।

मुदा[1]†—अव्य० [अ० मुद्दआ (= अभिप्राय)] १ तात्पर्य यह कि। २ मगर। लेकिन।

मुदा[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] हर्ष। आनद। प्रसन्नता।

मुदाना†—क्रि० स० [हिं० मूँदना का प्रे० रूप] बद कराना। मुंदवाना। उ०—ले अनाज कोठी बहरावै। खरच लेइ पुन फेरि मुदावै।—कबीर सा०, पृ० २५।

मुदाम—क्रि० वि० [फा०] १ सदा। हमेशा। सदैव। उ०—(क) राम लखन सीता की छवि को सीयराम अभिरामै। उभय दृगचल भए अचचल प्रीति पुनीत मुदामै।—रघुराज (शब्द०)। (ख) अहैं हम सत्य धरा सरनाम। करैं रन मे पर सत्य मुदाम।—गोपाल (शब्द०)। २ निरंतर। लगातार। अनवरत। †३ ठीक ठीक। हूबहू। (क०)।

मुदामी—वि० [फा०] जो सदा होता रहे। सार्वकालिक। उ०—दगी मुकामी फेरी सलामी। बँधी पचदस जौन मुदामी।—रघुराज (शब्द०)।

मुदावसु—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार प्रजापति के एक पुत्र का नाम।

मुदित[1]—वि० [सं०] हर्षित। आनदित। प्रसन्न। खुश।

मुदित[2]—सज्ञा पुं० कामशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का आलिगन। नायिका का नायक की बाईं ओर लेटकर उसको दोनो जाँघो के बीच मे अपना बायाँ पैर रखना।

मुदिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ परकीया के अतर्गत एक प्रकार की नायिका जो परपुरुष प्रीति सबंधी कामना की आकस्मिक प्राप्ति से प्रसन्न होती है। उ०—परखि प्रेमवश परपुरुष हरषि रही मन मैन। तब लगि झुकि आई घटा अधिक अँधेरी रैन।—पद्माकर (शब्द०)। २ हर्ष। आनद। ३ योगशास्त्र मे समाधि योग्य सस्कार उत्पन्न करनेवाला एक परिकर्म जिसका अभिप्राय है—पुण्यात्माओ को देखकर हर्ष उत्पन्न करना।

विशेष—ये परिकर्म चार कहे गए हैं—मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा।

मुदिर—सज्ञा पुं० [सं०] १ बादल। मेघ। उ०—(क) धाराधर जलधर जलद जग जीवन जीमूत। मुदिर बलाहक तडितपति परजन जज्ञ सुपूत।—नददास (शब्द०)। (ख) कहै मतिराम दीने दीरघ दुरदवृ द मुदिर मे मेदुर मुदित मतवारे हैं।—मतिराम (शब्द०)। २ वह जिसे कामवासना बहुत अधिक हो। कामुक। ३ मेढक।

मुदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योत्सना। चाँदनी। चद्रिका [को०]।

मुदौंवर—वि० [अ० मुदव्वर] गोल। गोलाकार। वृत्ताकार। मंडलाकार।

मुद्ग—सज्ञा पुं० [स०] १ मूँग नामक अन्न जिससे दाल बनाई जाती है। विशेष दे० 'मूँग'। २ आवरण। ढकन। आच्छादन (को०)। ३ एक शस्त्र। दे० 'मुद्गर' (को०)। ४ एक पक्षी। जलवायस। विशेष दे० जलकौआ' (को०)।

मुद्गगिरि—सज्ञा पुं० [स०] मुगेर और उसके आसपास के प्रांत का प्राचीन नाम।

मुद्गदला—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुद्गपर्णी। वनमूँग।

मुद्गपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] वनमूँग। मुगवन।

मुद्गभुक्—सज्ञा पुं० [सं० मुद्गभुज्] अश्व। घोडा [को०]।

मुद्गभोजी—सज्ञा पु० [स० मुद्गभोजिन्] घोडा।

मुद्गर—सज्ञा पुं० [स०] १ काठ का बना हुआ एक प्रकार का गावदुमा दड। मुगदर। जोडी।

विशेष—यह मूठ की ओर पतला और आगे की ओर बहुत भारी होता है। इसे हाथ में लेकर हिलाते हुए पहलवान लोग कई तरह की कसरतें करते हैं। इससे कलाइयो और बाँहो मे बल आता है। इसे जोडी भी कहते हैं क्योकि इसकी प्राय जोडी होती है जो दोनो हाथो में लेकर बारी बारी से पीठ के पीछे से घुमाते हुए सामने लाकर तानी जाती है।

क्रि० प्र०—फेरना।—हिलाना।

२ प्राचीन काल का एक अस्त्र जो दंड के आकार का होता था और जिसके सिरे पर बडा भारी गोल पत्थर लगा होता था। ३ एक प्रकार की चमेली। मोगरा। ४ एक प्रकार की मछली। ५ कोरक। कली (को०)। ६ हथौडा या मुगरा। जैसे, मोहमुद्गर (को०)।

मुद्गरक—सज्ञा पुं० [सं०] मुँगरा। हथौडा [को०]।

मुद्गराक—सज्ञा पुं० [सं० मुद्गराङ्क] मुद्गर (मुँगरे) का चिह्न जो धोबियो के वस्त्र पर पहचान के लिये चद्रगुप्त के समय मे रहता था।

विशेष—यदि धोबी इस प्रकार के चिह्न से रहित वस्त्र पहनकर निकलते थे तो उनपर तीन पण जुर्माना होता था।

मुद्गल—सज्ञा पुं० [सं०] १ रोहिष नामक तृण। २ एक गोत्रकार मुनि का नाम, जिनकी स्त्री इद्रसेना थी। ३ एक उपनिषद् का नाम।

मुद्गष्ट—पज्ञा पुं० [सं०] मुगवन। वनमूँग।

मुद्दआ—सज्ञा पुं० [अ०] अभिप्राय। तात्पर्य। मतलब।

मुद्दई—सज्ञा पुं० [अ०] [स्त्री० मुद्दइया] १ दावा करनेवाला। दावादार। वादी। २ (पु) दुश्मन। वैरी। शत्रु। उ०—मोहन मीत समीत गो लखि तेरो सनमान। अब सु दगा दै तू चल्यो अरे मुद्दई मान।—पद्माकर (शब्द०)।

मुद्दत—संज्ञा स्त्री० [अ०] १. अवधि। जैसे,—इस हुंडी की मुद्दत पूरी हो गई है।

मुहा०—मुद्दत काटना = थोड़ा माल का मूल्य अवधि से पहले देने पर अवधि के बाकी दिनों का सूद काटना (कोठीवाल)।

२. बहुत दिन। अरसा। जैसे,—बाद मुद्दत के आज आपकी शक्ल दिखाई दी है।

यौ०—मुद्दत दराज = बहुत समय। बहुत दिन। मुद्दतेहयात = जीवनकाल।

मुद्दती—वि० [अ० मुद्दत + ई (प्रत्य०)] वह जिसके साथ कोई मुद्दत लगी हो। वह जिसमें कोई अवधि हो। जैसे, मुद्दती हुंडी।

यौ०—मुद्दती हुंडी = वह हुंडी जिसका रुपया कुछ निश्चित समय पर देना पड़े।

मुद्दा—संज्ञा पुं० [अ० मुद्दआ] गरज। अभिप्राय। उद्देश्य। मंशा। उ०—पलटू मेरी बन पड़ी मुद्दा हुआ तमाम।—पलटू०, पृ० १३।

मुद्दाअलेह—संज्ञा पु० [अ०] वह जिसके ऊपर कोई दावा किया जाय। वह जिसपर कोई मुकदमा चलाया गया हो। प्रतिवादी।

मुद्दालेह—संज्ञा पुं० [अ० मुद्दाअलेह] दे० 'मुद्दाअलेह'।

मुद्ध(पु)†—वि० [सं० मुग्ध, प्रा० मुद्ध, मुध्ध] दे० 'मुग्ध'।

मुद्धा†—संज्ञा पुं० [?] गुल्फ। मोजा। टखना।

मुद्धी—संज्ञा स्त्री० [देश०] रस्सी आदि की खिसकनेवाली गाँठ।

मुद्र—वि० [सं०] आनददायक। प्रसन्न करनेवाला [को०]।

मुद्रक—संज्ञा पुं० [स०] वह जो किसी छापेखाने में रहकर छापने का काम करता या देखता हो और छपनेवाली चीजों की छपाई का जिम्मेदार हो। छापनेवाला। मुद्रणकर्ता। जैसे,—'चंद्रोदय' के संपादक और मुद्रक राजविद्रोहात्मक लेख लिखने और छापने के अभियोग पर भारतीय दंडविधान की १२४ 'ए' धारा के अनुसार गिरफ्तार किए गए हैं।

मुद्रकी(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रिका] दे० 'मुद्रिका'। उ०—इक इक बटुआ मालति इक इक। मुद्रकी इक इन पहुंचि किक।—पृ० रा०, १४।१२५।

मुद्रण—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी चीज पर अक्षर आदि अंकित करना। छपाई। २ ठप्पे आदि की सहायता से अंकित करके मुद्रा तैयार करना। ३ ठीक तरह से काम चलाने के लिये नियम आदि बनाना और लगाना। ४ बंद करना। मूँदना।

मुद्रणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] अंगूठी।

मुद्रणालय—संज्ञा पु० [सं०] १ वह स्थान जहाँ किसी प्रकार का मुद्रण होता हो। २ छापाखाना। प्रेस।

मुद्रण पत्र—संज्ञा पु० [सं०] किसी छपनेवाली चीज का नमूना। प्रूफ [को०]।

मुद्राक—संज्ञा पुं० [सं० मुद्राङ्क] मुद्रा पर का चिह्न।

मुद्राकन—संज्ञा पुं० [सं० मुद्राङ्कन] [वि० मुद्राकित] १ किसी प्रकार की मुद्रा की सहायता से अंकित करने का काम। २. छापने का काम। छपाई।

मुद्राकित—वि० [सं० मुद्राङ्कित] १. मोहर किया हुआ। जिसपर मुहर लगी हो।

यौ०—मुद्राकित पत्र = मुहर की हुई चिट्ठी।

२ जिसके शरीर पर विष्णु के आयुध के चिह्न गरम लोहे से दागकर बनाए गए हों। (वैष्णव)।

मुद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी के नाम की छाप। मोहर। उ०—मुद्रित समुद्र सात मुद्रा निज मुद्रित कै, आई दिसि दसो जीति सेना रघुनाथ की।—केशव (शब्द०)। २ रुपया, अशरफी आदि। सिक्का। ३ अँगूठी। छाप। छल्ला। उ०—बनचर कौन देश तें आयो। कहँ वे राम कहा वे लछिमन क्यों करि मुद्रा पायो।—सूर (शब्द०)। ४ टाइप के छपे हुए अक्षर। ५. गोरखपंथी साधुओं के पहनने का एक कर्णभूषण जो प्रायः काँच वा स्फटिक का होता है। यह कान की लौ के बीच में एक बड़ा छेद करके पहना जाता है। उ०—(क) शृंगी मुद्रा कनक खपर लै करिहौं जोगिन भेस।—सूर (शब्द०)। (ख) भसम लगाऊँ गात, चंदन उतारो तात, कुंडल उतारो मुद्रा कान पहिराय द्यौं।—हनुमान (शब्द०)। ६ हाथ, पाँव, आँख, मुँह, गर्दन आदि की कोई स्थिति। ७ बैठने, लेटने या खड़े होने का कोई ढंग। अंगों की कोई स्थिति। ८ चेहरे का ढंग। मुख की आकृति। मुख की चेष्टा। उ०—मायावती अकेले उस बाग में टहल रही थी और एक ऐसी मुद्रा बनाए हुए थी, जिससे मालूम होता था कि यह किसी बड़े गंभीर विचार में मग्न है। बालकृष्ण (शब्द०)। ९. विष्णु के आयुधों के चिह्न जो प्रायः भक्त लोग अपने शरीर पर तिलक आदि के रूप में अंकित करते हैं या गरम लोहे से दगाते हैं। जैसे, शंख, चक्र, गदा आदि के चिह्न)। छाप। १० नायिकाओं के प्रकार कोई भूना हुआ अन्न। ११ तंत्र में उँगलियों आदि की अनेक रूपों की स्थिति जो किसी देवता के पूजन में बनाई जाती है। जैसे, धेनुमुद्रा, योनिमुद्रा। १२ हठ योग में विशेष अंग-विन्यास। ये मुद्राएँ पाँच होती हैं। जैसे,—खेचरी, भूचरी, चाचरी, गोचरी और उनमुनी। १३ अगस्त्य ऋषि की स्त्री, लोपामुद्रा। १४ वह अलंकार जिसमें प्रकृत या प्रस्तुत अर्थ के अतिरिक्त रचना में कुछ और भी साभिप्राय नाम निकलते हैं। जैसे,—कत लपटैयत मो गरे मोल छुही तिमि नैन। कोऊ चपकवरनी किए गुल अनार रँग नैन।—बिहारी (शब्द०)। इस पद्य में प्रकृत अर्थ के अतिरिक्त 'मोगरा', 'मोलश्री', 'चंपक' इत्यादि फूलों के नाम भी निकलते हैं। १५ कहीं जाने का आज्ञापत्र या परवाना। परवाना राहदारी।

मुद्राकर—संज्ञा पुं० [सं०] १ राज्य का वह प्रधान अधिकारी जिसके अधिकार में राजा की मोहर रहती है। २ वह जो किसी

प्रकार की मुद्रा तैयार करता हो। ३ वह जो किसी प्रकार के मुद्रण का काम करता हो।

मुद्राकान्हड़ा—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का राग जिसमे सब कोमल स्वर लगते हैं।

मुद्राकार- सज्ञा पुं० [सं०] वह जो मोहर बनाता हो। मुहर बनानेवाला।

मुद्राक्षर—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह अक्षर जिसका उपयोग किसी प्रकार के मुद्रण के लिये होता हो। २ सीसे के ढले हुए अक्षर जो छापने के काम में आते हैं। टाइप।

मुद्राटोरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की रागिनी जिसके गाने मे सब कोमल स्वर लगते हैं।

मुद्रातत्व—सज्ञा पुं० [स०] वह शास्त्र जिसके अनुसार किसी देश के पुराने सिक्कों आदि की सहायता से उस देश की ऐतिहासिक बातें जानी जाती है।

पर्या०—मुद्राविज्ञान। मुद्राशास्त्र।

मुद्राधिप—सज्ञा पुं० [सं०] १ मुहर रखनेवाला। २ किले का प्रधान अधिकारी [को०]।

मुद्राध्यक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार वह अधिकारी जो कहीं जाने का परवाना देता है। कहीं वा अन्य राज्य में जाने का परवाना देनेवाला अधिकारी।

मुद्रावल—सज्ञा पुं० [सं०] बौद्धों के अनुसार एक बहुत बडी सख्या का नाम।

मुद्रामार्ग—सज्ञा पुं० [सं०] मस्तक के भीतर का वह स्थान जहाँ प्राणवायु चढ़ती है। ब्रह्मरध्र।

मुद्रायन्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] छापने या मुद्रण करने का यन्त्र। छापे आदि की कल।

मुद्रारक्षक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मुद्राधिप' [को०]।

मुद्राराक्षस—सज्ञा पुं० [सं०] विशाखदत्तरचित सस्कृत का एक प्रसिद्ध नाटक।

मुद्रालिपि—सज्ञा स्त्री० [सं०] पाँच प्रकार की लिपियो में एक। छापे के अक्षर [को०]।

मुद्रावलि—सज्ञा स्त्री० [स०] योगियो की मुद्रा। उ०—श्रुति ताटक मेलि मुद्रावलि, अवधि अधार अधारी।—सूर०, १०।३६९३।

मुद्रासकोच—सज्ञा पुं० [स० मुद्रा + सङ्कोच] सिक्को की कमी। मुद्रा की पूर्ति उसकी वास्तविक माँग से कम होना। उ०— जान बूझकर मुद्रासंकोच न भी किया जाय तब भी।—अर्थ (वे०), पृ० ३३८।

मुद्रास्थान—सज्ञा पु० [स०] अँगुली का वह स्थान जहाँ अँगूठी या छल्ला आदि धारण किया जाता है।

मुद्रास्फीति—सज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रा + स्फीति] वास्तविक माँग या जरूरत से अधिक मात्रा मे मुद्रा या सिक्का का प्रचलन। उ०— युद्धकाल मे मुद्रास्फीति होती है।—अर्थ० (वे०), पृ० ३७३।

मुद्रिकⓢ—सज्ञा स्त्री० [सं० मुद्रिका] दे० 'मुद्रिका'। उ०—कर ककण केयूर मनोहर दोत मोद मुद्रिक न्यारी।—तुलसी (शब्द०)।

मुद्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ छोटी मुहर। २ अँगूठी। उ०—ठौर पाइ पौन पुत्र डारि मुद्रिका दई।—केशव (शब्द०)। २ कुश की बनी हुई अँगूठी जो देव पितृ कार्य मे अनामिका मे पहनी जाती है। पवित्री। पैती। उ०—पहिरि दर्भमुद्रिका सुभूरी। समिध अनेक लीन्ह कर रूरी।—मधुसूदन (शब्द०)। ३ मुद्रा। सिक्का। रुपया। उ०—नरमी पै जब सत सब कहे सकोपित बैन। ठग ठगि लीन्ही मुद्रिका चल्यो मारि तेहि लैन —रघुराज (शब्द०)।

मुद्रित—वि० [सं०] १ मुद्रण किया हुआ। मुहर किया हुआ। २ अकित किया हुआ। छपा हुआ। ३ मुँदा हुआ। बद। उ०—(क) नासिका अग्र की ओर दिए अध मुद्रित लोचन कोर समाधित।—देव (शब्द०)। (ख) राजिव दल इदीवर सतदल कमल कुसेसै जाति। निशि मुद्रित प्रातहि वे विगसत वे विगसत दिन राति।—सूर (शब्द०)। (ग) नील कज मुद्रित निहार विद्यमान भानु सिधु मकरदहि अनिद पान करिगो।—(शब्द०)। ३ त्यागा हुआ। छोडा हुआ।

मुधरा†—वि० [सं० मधुर, वर्ण्यव्य० मुधर] दे० 'मधुर'। उ०—नाच गान कर निलजता, रच वप भूषण राम। मार निजारा मोहियो, हजो मुधरे हास।—बाँकी०, ग्र० भा० २, पृ० ६।

मुधा[1]—क्रि० वि० [स०] व्यर्थ। वृथा। बेफायदा। उ०—(क) यह सब जाग्यवल्क कहि राखा। देवि न होई मुधा मुनि भाषा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तेहि कहँ पिय पुनि पुनि नर कहहू। मुधा मान ममता पद वहहू।—तुलसी (शब्द०)।

मुधा[2]—वि० व्यर्थ का। निष्प्रयोजन। २ असत्। मिथ्या। झूठ। उ०—मुधा भेद जद्यपि कृत माया।—तुलसी (शब्द०)।

मुधा[3]—सज्ञा पुं० असत्य। मिथ्या। उ०—भूतल माहिं बली शिवराज भो भूपन भाषत शत्रु मुधा को।—भूषण (शब्द०)।

मुनक्का—सज्ञा पुं० [अ०, मि० सं० मृद्वीका] एक प्रकार की बडी किशमिश या सूखा हुआ अगूर जो रेचक होता और प्राय दवा के काम मे आता है। विशेष दे० 'अगूर'।

मुनगा†—सज्ञा पुं० [स० मधुगृञ्जन वा देश०] सहिजन।

मुनब्बतकारी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुनब्बत + फा० कारी] पत्थरो पर उभरे हुए वेलबूटो का काम।

मुनमुना'—सज्ञा पुं० [देश०] १ मैदे का बना हुआ एक प्रकार का पकवान जो रस्सी की तरह बटकर छाना जाता है। २ खसखस की तरह का पर उससे बडा एक प्रकार का काला दाना। प्याजी।

विशेष—यह दाना गेहूँ के खेत मे उत्पन्न होता है और प्राय उसके दानो के साथ मिला रहता है। इसके मिले रहने के कारण आटे का रग कुछ काला पड जाता है और स्वाद कुछ कडवा हो जाता है।

मुनमुना[१]—वि० बहुत छोटा या थोडा ।

मुनारा†—सज्ञा पुं० [सं० **मुद्रा**] कान मे पहनने का एक प्रकार का गहना जो कुमायूँ आदि पहाडो जिलो के निवासी पहनते हैं। यह अधिकतर लोहे का बनता है ।

मुनरी‡—सज्ञा स्त्री० [स० मुद्रिका] दे० 'मुँदरी' ।

मुनहसर—वि० [अ० **मुनहसिर**] निर्भर । आश्रित । अवलबित ।

मुनाजात—सज्ञा स्त्री० [अ०] ईशप्रार्थना । खुदा की इबादत । उ०—कहाँ इतना सुन के हक सूँ मुनाजात ।—दक्खिनी०, पृ० ३१२ ।

मुनाजिर—वि० [अ० **मुनाजिर**] शास्त्रार्थ करनेवाला [को०] ।

मुनादी—सज्ञा स्त्री० [अ०] किसी बात की वह घोषणा जो कोई मनुष्य ढुग्गी या ढोल आदि पीटता हुआ सारे शहर मे करता फिरे । ढिंढोरा । डुग्गी ।

क्रि० प्र०—**करना**।—**पिटना**।—**फिरना**।—**फेरना**।—**होना**।

मुनाफा—सज्ञा पु० [अ० **मुनाफा, मुनाफअह्**] किसी व्यापार आदि मे प्राप्त वह धन जो मूल धन के अतिरिक्त होता है । लाभ । नफा । फायदा ।

क्रि० प्र०—**उठाना**।—**करना**।—**निकलना**।—**होना**।

मुनारा†—सज्ञा पु० [अ० **मनारह्**] दे० 'मीनार' । उ०—भनै रघुराज नव पल्लवित मल्लिका के अमल अगारा हैं मुनारा है दुआरा हैं ।—रघुराज (शब्द०) ।

मुनाल—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बहुत सुदर पहाडी पक्षी जिसको हरी गरदन पर सुदर कठा सा दिखाई देता है और जिसके सिर पर कलँगी होती है । इसके पर बहुत अधिक मूल्य पर बिकते हैं ।

मुनासिब—वि० [अ०] उचित । योग्य । वाजिब । ठीक । उ०—बिना बुलाए जाना तो किसी तरह मुनासिब नही ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ७६ ।

मुनि[१]—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो मनन करे । ईश्वर, धर्म और सत्यासत्य आदि का सूक्ष्म विचार करनेवाला व्यक्ति । मननशील महात्मा । जैसे, अगिरा, पुलस्त्य, भृगु, कर्दम, पचशिख आदि । २ तपस्वी । त्यागी ।

यौ०—**मुनिचीर, मुनिपट** = वल्कल । **मुनिव्रत** = तपस्या ।

३ सात की सख्या । उ०—तब प्रभु मुनि शर मारि गिरावा ।—(शब्द०) । ४ जिन या बुद्ध । ५ पियाल या पयार का वृक्ष । ६ पलास का वृक्ष । ७ आठ वसुओ के अतर्गत आप नामक वसु के पुत्र का नाम । ८ क्रौंच द्वीप के एक देश का नाम । ९. द्युतिमान् के सबसे बडे पुत्र का नाम । १० कुरु के एक पुत्र का नाम । ११ अगस्त्य ऋषि (को०) । १२ व्यास जी का नाम (को०) । १३ महर्षि पाणिनि (को०) । १४. आम्र वृक्ष (को०) । १५ दौना । दमनक ।

मुनि[२]—सज्ञा स्त्री० दक्ष की एक कन्या जो कश्यप को सबसे बडी स्त्री थी ।

मुनिकन्यका, मुनिकन्या—सज्ञा स्त्री० [स०] मुनि की पुत्री ।

मुनिका—सज्ञा स्त्री० [स०] ब्राह्मी का क्षुप ।

मुनिकुमार—सज्ञा पुं० [स०] मुनि का पुत्र । अल्पावस्था का मुनि [को०] ।

मुनिखर्जूरिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की खर्जूरिका [को०] ।

मुनिच्छद—सज्ञा पु० [सं०] मेथी ।

मुनितरु—सज्ञा पुं० [स०] वक्कम । पतग ।

मुनिता—सज्ञा स्त्री० [स०] मुनिधर्म । मुनिव्रत । उ०—प्रभु को निज चाप दे गए, मुनिता ही मुनि आप ले गए ।—साकेत, पृ० ३५८ ।

मुनित्रय—सज्ञा पुं० [स०] पाणिनि, कात्यायन और पतजलि [को०] ।

मुनित्व—सज्ञा पु० [स०] दे० 'मुनिता' ।

मुनिद्रुम—सज्ञा पुं० [सं०] १ भयानक वृक्ष । २ वक्कम । पतग ।

मुनिधान्य—सज्ञा पुं० [सं०] तिन्नी का चावल । तिनी ।

मुनिपत्र—सज्ञा पुं० [स०] दौना । दमनक ।

मुनिपादप—सज्ञा पुं० [स०] वक्कम । पतग ।

मुनिपित्तल—सज्ञा पुं० [स०] ताँबा ।

मुनिपुगव—सज्ञा पु० [स० **मुनिपुङ्गव**] मुनियो मे श्रेष्ठ [को०] ।

मुनिपुत्र—सज्ञा पुं० [सं०] दमनक । दौना ।

मुनिपुत्रक—सज्ञा पु० [स०] १. मुनिपुत्र । दौना । २. खजन पक्षी ।

मुनिपुष्प—सज्ञा पु० [स०] विजयसार का फूल ।

मुनिप्रिय—सज्ञा पुं० [स०] १. एक प्रकार का धान्य जिसे पक्षिराज भी कहते हैं । २ पिंड खजूर । ३. विरोजे का पेड । ४. पियार ।

मुनिवर—सज्ञा पुं० [सं० **मुनिवर**] मुनिपुगव । श्रेष्ठ मुनि ।

मुनिभक्त—सज्ञा पु० [स०] तिन्नी का चावल । तिनी ।

मुनिभेषज—सज्ञा पु० [सं०] १. अगस्त का फूल । २. हड़ । हर्रे । ३. लघन । उपवास ।

मुनिभोजन—सज्ञा पुं० [सं०] तिन्नी का चावल । तिनी ।

मुनियरⓊ—सज्ञा पुं० [स० **मुनिवर**] १ मुनि लोग । २ मुनियो मे श्रेष्ठ जन । उ०—तुम्ह बिन राखै कौण विधाता मुनियर साखी आणै रे ।—दादू० बानी०, पृ० ६२३ ।

मुनियाँ[१]—सज्ञा स्त्री० [देश०] लाल नामक पक्षी की मादा । उ०—भुड तें झपटि गहि आनी प्रम पीजरा मे, लाल मुनियाँ ज्यौं गुण लाल गहि तागी है ।—देव (शब्द०) ।

मुनियाँ[२]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो अगहन मे तैयार होता है ।

मुनिवर—सज्ञा पु० [स०] १. पुडरीक वृक्ष । पुडरिया । २. दौना । ३ मुनियो मे श्रेष्ठ ।

मुनिवजⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **मुनिवर्य**] मुनिश्रेष्ठ । मुनियो मे प्रधान या श्रेष्ठ । उ०—रामकथा मुनिवर्ज बखानी । सुनी महेस परम सुखु मानी ।—मानस, १।४८ ।

मुनिवल्लभ—सज्ञा पु० [स०] विजयसार । पियासाल ।

मुनिवीर्य—सज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ग के विश्वेदेवा आदि देवताओ के अतगर्त एक देवता ।

मुनिवृक्ष—सज्ञा पुं० [स०] वक्रम । पतग ।

मुनिवृत्ति—वि० [सं०] मुनिवत् जीवन व्यतीत करनेवाला [को०] ।

मुनिव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] तप । तपस्या [को०] ।

मुनिशन्न—सज्ञा पु० [सं०] सफेद कुश । सफेद दाभ ।

मुनिसत्र—सज्ञा पुं० [स०] एक यज्ञ का नाम ।

मुनिसुत—सज्ञा पु० [सं०] दौना । दमनक ।

मुनिसुव्रत—सज्ञा पु० [सं०] जैनियो के एक तीर्थंकर का नाम ।

मुनिहत—सज्ञा पु० [सं०] राजा पुष्यमित्र की एक उपाधि ।

मुनींद्र—सज्ञा पु० [स० मुनीन्द्र] १ वह जो मुनियो मे इद्र हो । महान् वा श्रेष्ठ मुनि । २ शिव का एक नाम (को०) । ३ भरत मुनि (को०) । ४. बुद्धदेव का एक नाम । ५ पुराणानुसार एक दानव का नाम ।

मुना'—सज्ञा पु० [स० मुनि] दे० 'मुनि' ।

मुनी(यु)[२]—सज्ञा स्त्री० [हि० मुनिया] रायमुनी । रैमुनिया । लाल पक्षी की मादा । उ०—नवल वधू गोकुल की मुनी । परखै लाल खिलारी गुनी ।—घनानद, पृ० २६२ ।

मुनीब—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मुनीम' ।

मुनीम—सज्ञा पु० [अ० मुनीब (=नायब रखनेवाला)] १. नायब । मददगार । सहायक । २. साहूकारो का हिसाब किताब लिखनेवाला ।

यौ०—**मुनीमखाना**=वह स्थान जहाँ किसी कोठी के हिसाब किताब लिखनेवाले मुनीम बैठकर काम करें ।

मुनीर—वि० [अ०] दीप्त । प्रकाशमान । चमकदार । उ०—वदर ए मुनीर वेनजीर सीरी खुसरू में ।—नट०, पृ० ७८ ।

मुनीश, मुनीश्वर—सज्ञा पु० [सं०] १ मुनियो मे श्रेष्ठ । २ बुद्धदेव का एक नाम । ३. विष्णु ।

मुनुप(यु)[२]—सज्ञा पु० [स० मनुष्य] मानव । मनुष्य । उ०—मुनुप देह उत्तम करी (सु) हरि बोलौ हरि बोल ।—सुदर ग्र०, भा० १, पृ० ३१५ ।

मुनौवर—वि० [अ० मुनव्वर] उज्वल । प्रकाशमान । दीप्त ।

मुन्ना—सज्ञा पु० [दश०] १. छोटो के लिये प्रेमसूचक शब्द । प्रिय । प्यारा । उ० - मुन्ना । मैंने तो यह कहा था कि इस मिट्टी के मोर को देख ।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०) । २. तारकशी के कारखाने के वे दोनो खूटे जिनमे जता लगा रहता है ।

मुन्नू—सज्ञा पु० [दश०] दे० 'मुन्ना' ।

मुन्यन्न सज्ञा पुं० [स०] मुनियो के खाने का अन्न । जैसे तिन्नी का चावल आदि ।

मुन्ययन—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ ।

मुन्यालय—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन तीर्थ का नाम ।

मुफरद—वि० [अ० मुफरद] किसी से विना मिला हुआ । अकेला । तनहा [को०] ।

मुफलिस—वि० [अ० मुफ्लिस] धनहीन । निर्धन । दरिद्र । गरीब ।

मुफलिसी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुफलिसी] गरीबी । निर्धनता । दरिद्रता । उ०—मुफलिसी और मिजाज ऐ हातिम । क्या कयामत करे जो दौलत हो ।—कविता को०, भा० ४, पृ० ४४ ।

मुफसिद—सज्ञा पु० [अ० मुफसिद] वह जो फसाद खडा करे । झगडा या फसाद करनेवाला आदमी ।

मुफस्सल[१]—वि० [अ० मुफस्सल] वह जिसकी तफसील की गई हो । ब्योरेवार । विस्तृत ।

मुफस्सल[२]—सज्ञा पु० किसी केंद्रस्थ नगर के चारो ओर के कुछ दूर के स्थान । जैसे,—मुफस्सल से कई तरह की खबरें आ रही हैं ।

मुफस्सिल—वि० [अ० मुफस्सल] सव्याख्या । सविवरण । मुफस्सल । उ०—कहूँगा मैं किस्सा सुनो सब इता । कहूँगा मुफस्सिल कहानी जिता ।—दक्खिनी०, पृ० १६८ ।

मुफीद—वि० [अ० मुफीद] फायदेमद । लाभकारी । लाभदायक । उ०—मगर ये बात हमारे वास्ते मुफीद है ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० १२४ ।

मुफ्त—वि० [अ० मुफ्त] जिसमे कुछ मूल्य न लगे । विना दाम का । सेंत का ।

यौ०—**मुफ्तखोर**=वह व्यक्ति जो दूसरो के धन पर सुखभोग करे । मुफ्त का माल खानेवाला ।

मुहा०—**मुफ्त में**=(१) विना दाम के । विना मूल्य दिए या लिए । जैसे,—यह घडी मुझे मुफ्त मे मिली । (२) व्यर्थ । बेफायदा । निष्प्रयोजन । जैसे,—(क) मुफ्त मे उसको जान गई । (ख) मुफ्त मे क्यो हैरान होते हो ।

मुफ्तखोरी—सज्ञा स्त्री० [फा० मुफ्तखोरी] विना मेहनत किए, दूसरे की कमाई खाना । दूसरो के सिर रहना ।

मुफ्तरी—वि० [अ० मुफ्तरी] धूर्त । मक्कार । शरीर । २ झूठा आरोप करनेवाला । असत्य इल्जाम लगानेवाला [को०] ।

मुफ्ती[१]—सज्ञा सं० [अ० मुफ्ती] धर्मशास्त्री । फतवा देनेवाला । धर्माचार्य । मुसलमानो का वह धर्मशास्त्रवेत्ता मौलवी जो धार्मिक समस्याओ का समाधान प्रश्नोत्तर रूप मे पूछने पर करता है ।

मुफ्ती[२]—वि० [अ० मुफ्त + ई (प्रत्य०)] जो बिना दाम दिए मिला हो । मुफ्त का ।

मुबतिला—वि० [अ० मुब्तिला] पकडा हुआ । फसा हुआ । ग्रस्त । गृहीत । उ०—आकबत होवेगा क्या मालुम नही । दिल हुआ है मुब्तिला दीदार का ।—कविता को०, भा० ४, पृ० ६ ।

विशेष—इस शब्द का व्यवहार प्राय रोग, विपत्ति आदि के सबध मे ही होता है । जैसे,—(क) वे कई दिनो से बुखार मे मुबतिला है । (ख) मैं भी आजकल एक आफत मे मुबतिला हो गया हूँ ।

मुबर्रा—वि० [अ० मुबर्रा] १ बरी किया हुआ । मुक्त । २ पवित्र । ३. पृथक् । अलग । ४ निःसग । विरक्त [को०] ।

मुबलग—वि० [अ० मुब्लग] १ भेजा हुआ। प्रेषित। २ खरा। जो खोटा न हो [को०]।

मुबलिग[1]—सज्ञा पुं० [अ०] १ धन की सख्या। रकम। २ मात्रा।

मुबलिग[2]—वि० दे० भेजनेवाला। २ दे० 'मुबलग'।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्राय. रुपए के साथ किया जाता है। जैसे, मुबलिग दस रुपए, जिसका अर्थ होता है भेजनेवाला खरे रुपए भेज रहा है।

मुबादिला†—सज्ञा पुं० [सं० मुबादलह्, मुबादिलह्] बदला। पलटा। एवज। अदल बदल। आदान प्रदान।

मुबारक—वि० [अ०] १ जिसके कारण बरकत हो। २ शुभ। मगलप्रद। मगलमय। नेक। अच्छा। उ०—आज यह फत्ह का दरबार मुबारक होए।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५४२। ३ भाग्यशील। खुशकिस्मत (को०)।

मुबारकबाद—सज्ञा पुं० [अ० मुबारक + फा० बाद] कोई शुभ बात होने पर कहना कि 'मुबारक हो'। बधाइ।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

मुबारकबादी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुबारक + फा० बादी] १. 'मुबारक' कहने की क्रिया। बधाई। २ वे गीत आदि जो शुभ अवसरो पर बधाई देने के लिये गाए जाँय।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

मुबारकी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुबारक + ई] दे० 'मुबारकबादी'।

मुबालिगा—सज्ञा पुं० [अ० मुबालिगह्] बहुत बढ़ाकर कही हुई बात। लबी चौडी बात। अत्युक्ति।

मुबाशरत—सज्ञा स्त्री० [अ०] सहवास। सभोग। रतिक्रीडा [को०]।

मुबाह—वि० [अ०] विहित। जायज [को०]।

मुबाहिसा—सज्ञा पुं० [अ० मुबाहसह्, मुबाहिसह्] किसी विषय के निर्णय के लिये होनेवाला विवाद। बहस।

मुब्तला—वि० [अ० मुब्तलह्] १ ग्रस्त। पकडा हुआ। २. फँसा हुआ। ३ मुग्ध। आसक्त [को०]।

मुब्तिला—वि० [अ० मुब्तिलह्] मुसीबत या सकट आदि मे फँसा हुआ।

मुब्वी(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० उर्वी] पृथ्वी। धरित्री। उ०—नथ्थह मुब्वी बीर वर, बल बकम घट घाइ।—पृ० रा०, २५।६०७।

मुमकिन—वि० [अ०] जो हो सकता हो। सभव।

मुमतहिन—सज्ञा पुं० [अ०] इम्तहान लेनेवाला। परीक्षा लेनेवाला। परीक्षक।

मुमानिअत, मुमानियत—सज्ञा स्त्री० [अ०] निषेध। प्रतिषेध। मनाही। रोक।

मुमुक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुक्ति की इच्छा। मोक्ष की अभिलाषा।

मुमुक्षु[1]—वि० [सं०] मुक्ति पाने का इच्छुक। मोक्ष का अभिलाषी। जो मुक्ति की कामना करता हो।

मुमुक्षु[2] सज्ञा पुं० सन्यासी।

मुमुक्षुता—सज्ञा स्त्री० [स०] मुमुक्षु का भाव या धर्म।

मुमुख(पु)†—वि० [स० मुमुक्षु] दे० 'मुमुक्षु'। उ०—जैसे आदि पुरुष वह कोई। मुमुखन भजत मुन्यौ हम सोई। नद० ग्र० पृ० ३२०।

मुमुचान—सज्ञा पु० [सं०] १. वह जो मुक्त हो गया हो। वह जिसका मोक्ष हो गया हो। २. मेघ। बादल।

मुमुषिपु—सज्ञा पु० [स०] मूसनेवाला। चोर। तस्कर [को०]।

मुमूर्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मृत्यु की अभिलाषा मरने की इच्छा।

मुमूर्षु—वि० [स०] जो मरने के समीप हो। जो मर रहा हो, आसन्नमृत्यु। उ०—आकर काल रूप रावण ने उन मुमूर्ष के निकट कहा।—साकेत, पृ० ३८८।

मुयस्सर—वि० [अ०] दे० 'मयस्सर'।

मुरगिका—सज्ञा स्त्री० [स० मुरङ्गिका] मूर्वा।

मुरडा[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मुण्डा] भारत के पश्चिमोत्तर दिशा की एक नगरी [को०]।

मुरडा[2]—सज्ञा पुं० [देश०] १. भूने हुए गरमागरम गेहूँ मे गुड मिलाकर बनाया हुआ लड्डू। गुडधानी। उ०—पुनि मगाने आए बसाँधे। दूध दही के मुरडा बाँधे।—जायसी ग्र०, पृ० १२४। २. पानी निकालकर पिंडाकार बँधा दही या छेना का मीठा और नमकीन खाद्यपदार्थ। उ०—अउर दही कै मुरंडा बाँधे। औ सँधान बहु भाँतिन साधे।—जायसी (शब्द०)।

मुहा०—मुरडा करना = (१) गठरी सा बना देना। समेटकर लड्डू सा कर देना। (२) भून डालना। (३) बहुत मारना पीटना। (४) मोह लेना। मुग्ध कर लेना। आशिक बना लेना। मुरडा बाँधना = दही या छेने को पानी निथारने के लिये कपडे मे बाँधकर लटकाना या दबाना।

मुरडा—वि० सूखा हुआ। शुष्क।

मुहा०—मुरडा होना = (१) सूखकर काँटा हो जाना। जैसे,—चार दिन की मेहनत मे मुरडा हो गए। (२) मुग्ध होना। मोहित होना।

मुरदला—सज्ञा स्त्री० [स० मुरन्दला] नर्मदा नदी का एक नाम।

मुरदा—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'मुरडा'।

मुरँड़ा—सज्ञा पु० [देश०] दे० 'मुरडा'।

मुर—सज्ञा पुं० [सं०] १. वेष्टन। वेठन। २. एक दैत्य जिसे विष्णु ने मारा था और जिसे मारने के कारण उनका नाम 'मुरारि' पडा। उ०—मधु कैटभ मथन, मुर भौम केशी भिदन, कस कुल काल अनुसान हारी।—सूर (शब्द०)।

मुर[2]—अव्य० फिर। दोबारा।

मुरई†—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'मूली'।

मुरक—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुरकना] मुरकने की क्रिया या भाव।

मुरकना—क्रि० अ० [हिं० मुड़ना] १. लचककर किसी ओर झुकना। २. फिरना। घूमना। ३. लौटना। वापस होना। फिर जाना। ४. किसी अग का झटके आदि के कारण किसी

ओर तन जाना। किसी अंग का किसी ओर इस प्रकार मुड जाना कि जल्दी सीधा न हो। मोच खाना। जैसे, बाँह मुरकना, कलाई मुरकना। ५ हिचकना। रुकना। उ०—लोचन भरि भरि दोउ माता के कनछेदन देखत जिय मुरकी।—सूर (शब्द०)। ६ विनष्ट होना। चौपट होना। उ०—साहि सुव महाबाहु सिवाजी सलाह बिन कोन पातसाह को न पातसाही मुरकी।—भूषण (शब्द०)।

मुरका†—संज्ञा पुं० [देश०] १ बहुत ऊँचा और बडे बडे दाँतोवाला सुदर हाथी। २ गडरियो का भाज जो वे अपनी बिरादरी का देते हैं।

मुरकाना—क्रि० स० [हिं० मुरकना का स० रूप] १ फेरना। घुमाना। २ लौटाना। घुमाना। वापस करना। ३ किसी अंग मे मोच लाना। ४ नष्ट करना। चौपट करना।

मुरकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुरकना (=घूमना)] कान मे पहनने की छोटी बाली। उ०—बदन फेरि हँसि हेरि इत करि ललचौंहैं नैन। उर उरकी दुरकी लुरक जुर मुरका कर सैन।—स० सप्तक, पृ० ३९६। २ संगीत मे आगे पीछे के स्वरो पर होते समय झटके से किसी स्वर पर जाना।

मुरकुल—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की लता जो हिमालय मे होती है और सिक्किम तक पाई जाती है। इसकी शाखाओ मे से एक प्रकार का रेशा निकलता है जिससे रस्सियाँ आदि बनाई जाती है। इसे 'बेरी' भी कहते हैं।

मुरखाईⓊ†—संज्ञा स्त्री० [सं० मुर्ख+हिं० आई (प्रत्य०)] मूर्खता। बेवकूफी। अज्ञता। उ०—तपु करति हर हित सुनि बिहँसि बटु कहत मुरखाई महा।—तुलसी (शब्द०)।

मुरगा'—संज्ञा पुं० [फा० मुर्ग] [स्त्री० मुरगी] १ एक प्रसिद्ध पालतू पक्षी। कुक्कुट। उ०—ह्वै है नही मुरगा जिहि गाँव भट्ट तिहि गाव का भार ना ह्वै है।—ठाकुर०, पृ० ३०।

विशेष—यह पक्षी सफेद, पीले और लाल आदि कई रगो का और खडा होने पर प्राय एक हाथ से कुछ कम ऊँचा होता है। इसके नर के सिर पर एक कलगी होती है। यह अपनी शानदार चाल और प्रभात के समय 'कुकड़ूँ कूँ' बोलने के लिये प्रसिद्ध है। यह प्राय घरो मे पाला जाता है। लोग इसे लडाते और इसका मास भी खाते है। इसके बच्चे को चूजा कहते हैं।

२ पक्षी। चिडिया।

मुहा०—मुरगा बनाना=एक प्रकार की यत्रणा। अपराधी को उकड़ूँ बैठाकर घुटनो के बीच से निकले दोनो हाथो से कान पकडवाना।

मुरगा†[२]—संज्ञा स्त्री० [स० मुर्वा] दे० 'मूर्वा'।

मुरगाबी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० मुरग़ाबी] मुरगे की जाति का एक पक्षी। जलकुक्कुट। जलमुरगा।

विशेष—यह जल मे तैरता और मछलियाँ पकडकर खाता है। यह पानी के भीतर बहुत देर तक गोता मारकर रह सकता है। इसके पर कोमल होते है और नर मादा दोनों प्राय एक से ही होते हैं।

मुरगाली—संज्ञा स्त्री० [सं० मुरङ्गिका] मूर्वा।

मुरचग—संज्ञा पुं० [हिं० मुँहचग] लोहे का बना हुआ मुँह से बजाने का एक प्रकार का बाजा जिससे ताल देते हैं। मुँहचग।

मुहा०—मुरचग झाड़ना=आनद करना। चैन करना। (व्यग)।

मुरचा—संज्ञा पुं० [फा० मोरचह्] दे० 'मोरचा'। उ०—कहैं कबीर काया का मुरचा सिकल किए बनि आवै।—कबीर श०, भा० ३, पृ० २६।

मुरची—संज्ञा पुं० [स०] पश्चिम दिशा के एक देश का नाम।

मुरछानाⓊ—क्रि० अ० [स० मुर्च्छन] १ शिथिल होना। २ अचेत होना। बेसुध होना। बेहोश होना। उ०—अधर दसनन भरे कठिन कुच उर लरे परे सुख सेज मन मुरछि दोऊ।—सूर (शब्द०)।

मुरछल—संज्ञा पुं० [हिं० मोर+छल] दे० 'मोरछल'।

मुरछा—संज्ञा स्त्री० [स० मुर्च्छा] दे० 'मूर्च्छा'। उ०—सुनत ही हरिदास को मुरछा आइ।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १८३।

मुरछानाⓊ†—क्रि० अ० [स० मुर्च्छा] अचेत होना। मूर्च्छित होना। बेहोश होना। उ०—तात मरन सुनि श्रवण कृपानिधि धरणि परे मुरछाई। मोह मगन लोचन चल धारा विपति हृदय न समाई।—सूर (शब्द०)।

मुरछावतⓊ—वि० [सं० मुर्च्छा+वत (प्रत्य०)] मूर्छित। बेहोश। अचेत। उ०—धरम धुरधर श्री रघुराई। मुरछावत भए मुनिराई।—मधुसूदन (शब्द०)।

मुरछितⓊ—वि० [स० मूर्च्छित] दे० 'मूर्च्छित'। उ०—जोगी अकटक भए पतिगति सुनत रति मुरछित भई।—तुलसी (शब्द०)।

मुरज—संज्ञा पुं० [स०] १ मृदग। पखावज। उ०—(क) कोउ मजु मुरज अमोल ढोलन तबल अमल अपार हैं।—रघुराज (शब्द०)। (ख) रुज मुरज डफ ताल बाँसुरी झालर को झकार।—सूर (शब्द०)। २ एक प्रकार का चित्रकाव्य जिसमे पद्य के अक्षरो को इस प्रकार रखते हैं कि वे मृदग की आकृति के बन जायँ। पद्य के अनेक बधो मे से एक का नाम। उ०—खग कमल ककन डमरु चद्र चक्र धनु हार। मुरज, छत्रजुत बध बहु पर्वत वृक्ष केवार।—भिखारी० ग्रं०, भा० २, पृ० २०३।

मुरजफल—संज्ञा पुं० [स०] कटहल का वृक्ष।

मुरजित्—संज्ञा पुं० [सं०] मुर नामक राक्षस को जीतनेवाले, श्रीकृष्ण। मुरारि।

मुरजीवा†—संज्ञा पुं० [हिं० मरना+जीना] गोताखोर। दे० 'मरजिया'। उ०—उतने ही मुरजीवा की तरह रत्न और मोती लेकर आवेंग। सुदर ग्र०, भा० १, पृ० २०५।

मुरझनाⓊ—क्रि० अ० [सं० मूर्च्छन] १. मूर्छित होना। उ०—गडन सो मिलि ललित गडमडल मडित छवि। कुडल सो कच

उरझे मुरझे जहँ बड्डे कवि ।—नंद० ग्रं०, पृ० ३४। २ कुम्हला जाना।

मुरझाना—क्रि० अ० [सं० मूर्च्छन] १ फूल या पत्ती आदि का कुम्हलाना। सूखने पर होना। २. सुस्त हो जाना। उदास होना। उ०—(क) गिरि मुरझाइ दया आइ कछू भाय भरे ढरे प्रभु ओर मति आनंद सो भीनी है।—प्रियादास (शब्द०)। (ख) सखी कुरंगिके, यह हिम उपचार तो मुझ कमल का लता को और भी मुरझा देगा।—हरिश्चद्र (शब्द०)। (ग) देव मुरझाइ उरमाल कह्यो दीजै सुरझाइ बात पूछी है छेम की। —देव (शब्द०)।

सयो० क्रि०—जाना।

मुरड़†—सज्ञा पु० [दि०] गर्व। अभिमान। दर्प। अहकार।

मुरडफी†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मरोड'।

मुरतगा—सज्ञा पुं० [देश०] भारत के पूर्वी क्षेत्र मे होनवाला एक प्रकार का ऊँचा पेड।

विशेष—इस पेड के हीर की लकड़ी लाल और कडी होती है और इसमे सजावट के सामने बनाए जाते हैं। यह पेड आसाम, बगाल और चटगाँव मे अधिकता से पाया जाता है।

मुरतⓤ†—सज्ञा स्त्री० [सं० मूर्ति] दे० 'मूर्ति'।

मुरतहिन—सज्ञा पुं० [अ०] वह जिसके पास कोई वस्तु रेहन या गिरो रखी जाय। जिसके पास बधक रखा जाय। रेहनदार।

मुरता—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जगली झाड जो पूर्वी बगाल और आसाम मे होता है। इससे प्राय चटाई वा सीतल-पाटी बनाई जाती है।

मुरतिⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० मूर्ति] दे० 'मूर्ति'। उ०—नद महर के आँगन मोहन मुरति बिना देखहुँ न परे कल भूलि काम धाम आछो बदन निहार।—नद, ग्र० पृ० ३५४।

मुरती†—सज्ञा पुं० [सं० मूर्ति] शरीर। रूपाकार। आदमी। मूर्ति। उ०—मुजफ्फरपुर जिला का एक 'मुरती' आया है। —मैला०, पृ० ७२।

मुरदं†—सज्ञा पुं० [फ़ा०, स० मृतक] दे० 'मुरदा'।—दादू०, पृ० ५०७।

मुरदरⓤ—सज्ञा पु० [सं०] मुरारि। श्रीकृष्ण। उ०—जिमि मुरदर तकि अचुर कच धरि धुनकर सरछुर।—गोपाल (शब्द०)।

मुरदा[१]—सज्ञा पु० [फ़ा० मुरदह् मुर्दह्, मि० सं० मृतक] १ वह जो मर गया हो। मरा हुआ प्राणी। मृतक। २. ताजिया। ३ मजार। कब्र। उ०—पाथर पूजत हिंदु भुलाना। मुरदा पूज भूले तुरकाना।—कबीर सा०, पृ० ८२०।

मुहा०—**मुरदा उठना** = मर जाना। (गाली)। जैसे,—उसका मुरदा उठे। **मुरदा उठाना** = मृतक को उठाकर जलाने या गाडने आदि के लिये ले जाना। अत्येष्टि क्रिया के लिये ले जाना। **मुरदे से शर्त बाँधकर सोना** = बहुत अधिक सोना। **मुरदे का माल** = वह माल जिसका कोई वारिस न हो। **मुरदे की नींद सोना** = बेखबर होकर सोना। खुर्राटे भरना।

मुरदा[२]—वि० १ मरा हुआ। मृत्यु को प्राप्त। मृत। २ जो बहुत ही दुर्बल हो। जिसमे कुछ भी दम न हो। ३ मुरझाया हुआ। कुम्हलाया हुआ। जैसे, मुरदा पान।

यौ०—**मुरदाखोर** = मुरदा खानेवाला। **मुरदादिल** = जिसका मन बहुत ही उचाट और नीरस हो। **मुरदासग** = दे० 'मुरदासख'। **मुरदासन**। **मुरदासिंघी**।

मुरदादिली—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० मुरदह् दिली] मन का खिन्न होना। उचाट [को०]।

मुरदार[१]—वि० [फ़ा०] १ अपनी मौत से मरा हुआ। मृत। २. अपवित्र। ३ बेदम। बेजान। जैसे,—हाथ का चमडा मुरदार हो गया है। ४ दुबला, कमजोर।

मुरदार[२]—सज्ञा पुं० [फा०] वह जानवर जो अपनी मौत से मरा हो और जिसका मास खाया न जा सकता हो।

मुरदारी—सज्ञा पु० [फा० मुरदार + ई (प्रत्य०)] अपनी मौत से मरे हुए जानवर का चमडा।

मुरदासख—सज्ञा पुं० [फा० मुरदार सग, मुरदह् सग] एक प्रकार का औषध जो फूँके हुए सीसे और सिंदूर से बनता है।

मुरदासनⓤ—सज्ञा पु० [हिं० मुरदासख] दे० 'मुरदासख'। उ०—मिरिच मोचरस मैदा लकरी। मुरदासन मनुसिल मिसमकरी। —सूदन (शब्द०)।

मुरदासिंघी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुरदासख'।

मुरदेस, मुरधर—सज्ञा पु० [स० मुरुधरा] मारवाड देश का प्राचीन नाम। मुरदेश। मुरधरा। मुरभूमि। उ०—(क) मुरधर देश मे बिलौदा नाम ग्राम एक, तहाँ के निवासी सत दूसरे मुरारिदास। —रघुराज (शब्द०)। (ख) मुरधर खड भूप सब आज्ञाकरी। राम नाम विस्वास भक्तपद राज बतवारी। —प्रियदास (शब्द०)।

मुरनाⓤ—क्रि० अ० [हिं० मुडना] दे० 'मुडना'। उ०—(क) एकते एक रणवीर जोधा प्रबल मुरत नहिं नेक अति सबल जी के।—सूर (शब्द०)। (ख) तुरत सुरत कसें दुरत मुरत नैन जुरि नीठ। डौंडी दै गुन रावरे कहै कनौड़ी दीठ।—बिहारी (शब्द०)।

मुरपरैना†—सज्ञा पु० [हिं० धूँड (=सिर) + पारना (रखना)] फेरी करके सौदा बेचनेवालो का बुकचा। सिर पर रखकर बेचने की वस्तुओ का बोझ। उ०—ऊधो बेगि मधुबन जाहु। हम बिरहिनी नारि हरि बिन कौन करै निबाहु। तही दीजै मुरपरैना नफो तुम कछु खाहु। जो नहीं ब्रज मे बिकानो नगर नारी साहु। सूर वै सब सुनत लैहैं जिय कहा पछिताहु।—सूर (शब्द०)।

मुरब्बा[१]—सज्ञा पु० [अ० मुरब्बह्] चीनी या मिसरी आदि की चाशनी मे रक्षित किया हुआ फलो या मेवो आदि का पाक जो उत्तम खाद्य पदार्थों मे माना जाता है।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।—बनाना।

मुरब्बा[२]—सज्ञा पुं० [अ० मुरब्बअ] १. ऐसा चतुष्कोण जिसके चारो

भुज बराबर हो। २ किसी अंक को उसी अंक से गुणन करने से प्राप्त फल। वर्ग।

मुरव्वा—वि० उसी अंक से गुणन द्वारा प्राप्त। वर्गीकृत। जैसे, मुरव्वा गज।

मुरव्वी—संज्ञा पु० [अ०] १. पालन करनेवाला। २ रक्षक। आश्रयदाता। ३ सहायक। मददगार।

मुरमर्दन—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु या श्रीकृष्ण। मुरारि।

मुरमुरा—संज्ञा पु० [अनु०] १ भुने मक्के या ज्वार की ठुर्री। एक प्रकार का भुना हुआ चावल जो अंदर से पोला होता है। फरवी। लाई।

मुरमुराना—क्रि० अ० [मुरमुर से अनु०] १. ऐंठन खाकर टूट जाना। चूर चूर हो जाना। चुरमुर हो जाना। २ कडी या खरी चीज का टूटने पर शब्द करना।

मुररिपु—संज्ञा पु० [सं०] मुर नामक दैत्य को मारनेवाले, विष्णु। मुरारि। उ०—सूर मुररिपु रंग रंगे सखि सहित गोपाल। —सूर (शब्द०)।

मुररिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुड़ना, मुरना या मरोडना] दे० 'मुर्री'। उ०—त्रिभुवननाथ जो भजन लागे श्याम मुररिया दीना। चाँद सूर्य दुइ गोडा कीन्हो माँझ दीप किय तीना।—कबीर (शब्द०)।

मुरल—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसपर चमडा मढा होता था। २ एक प्रकार की मछली।

मुरला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ नर्मदा नदी। २ केरल देश की काली नाम की नदी।

मुरलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] मुरली। वंसी। बाँसुरी। उ०—(क) अँखियनि की सुधि भूलि गई। श्याम अधर मृदु सुनत मुरलिका चकृत नारि भई। सूर (शब्द०)। (ख) उर पर पदिक कुसुम वनमाला अंग धुकधुकी विराजै। चित्रित बाहु पौंचिआँ पौचैं हाथ मुरलिका छाजै।—सूर (शब्द०)। (ग) वन वन गाय चरावत डोलत काँध कमरिया राजै। लकुटी हाथ गरे गुंजमाला अधर मुरलिका बाजै।—सूर (शब्द०)।

मुरलिया†—संज्ञा स्त्री० [सं० मुरलिका] मुरली। वंशी। उ०—खडी एक पग तप कियो सहि बहु भाँति दवागि। ताही पुन्यन मुरलिया रहत स्याम मुख लागि।—मुकवि (शब्द)।

विशेष—हिंदी मे शब्द के अंत मे जोडे हुए आ, वा, या आदि अक्षर कुछ विशिष्टता सूचित करते हैं, जैसे, 'हरवा' का अर्थ होगा—'हारविशेष' इसी प्रकार मुरलिया का अर्थ भी 'मुरली-विशेष' होगा।

मुरली—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बाँसुरी नाम का प्रसिद्ध बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता है। वंशी।

विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द के साथ 'वाला' या उसका कोई पर्याय लगाने से 'श्रीकृष्ण' का अर्थ निकलता है।

२ एक प्रकार का चावल जो आगहन मे होता है।

मुरलीधर—संज्ञा पुं० [सं०] मुरली धारण करनेवाले, श्रीकृष्ण। उ०—गिरिधर ब्रजवर मुरलीधर धरनीधर पीतांबरधर मुकुटधर गोपवर उर्गधर शखधर शारगधर चक्रधर गदाधर रस धरैं अधर सुधाधर।—सूर (शब्द०)।

मुरलीमनोहर—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण का एक नाम।

मुरलीवाला—संज्ञा पुं० [सं० मुरली+हिं० वाला (प्रत्य०)] १ श्रीकृष्ण। २ वह जिसके पास मुरली हो।

मुरवा[1]—संज्ञा पुं० [देश०] १ एडी के ऊपर की हड्डी के चारो ओर का घेरा। पैर का गिट्टा। उ०—(क) एडिन चढि गुलुफन चढो मुरवन बचो दवाइ। सो चित चिकने जघन चढि तितहिं परो बिछिलाइ।—रामसहाय (शब्द०)। (ख) लखि प्रभु पाछे पाउँ पसारा। परसि वही मुरवन तक धारा।—विश्राम (शब्द०)। (ग) रह्यो ढोठ ढारस गहै समहर गयो न सूर। मुरचो न मन मुरवान चुभि भो चूरन चपि चूर।—बिहारी (शब्द०)। २ एक प्रकार की कपास जो ३ ४ वर्ष तक फलती है।

मुरवा†[2]—संज्ञा पुं० [सं० मयूर] दे० 'मोर'।

मुरवीⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० मौर्वी] धनुष की डोरी। प्रत्यंचा। चिल्ला। उ०—बान चढावन का कहा करि मुरवी टकार। हरत दूर ही ते विधन मनहु चाप हुंकार।—शकुतला, पृ० ४१।

मुरवैरी—संज्ञा पु० [सं० मुरवैरिन्] श्रीकृष्ण। मुरारी।

मुरव्वत—संज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'मुरौवत'।

मुर्शिद—संज्ञा पुं० [अ०] १ गुरु। पथप्रदर्शक। २ पूज्य। ३ धूर्त। चालाक। वंचक। उस्ताद। (व्यंग्य)।

मुरपडⓊ—संज्ञा पुं० [सं० मुरखण्डन] मुर दानव का खंडन करने वाले- विष्णु।

मुरसिद—संज्ञा पुं० [अ० मुर्शिद] दे० 'मुरशिद'। उ०—फल में फूल फूल मे फल है, रोसन नबी का नूरा है। पलटूदास नजर नजराना, पाया मुरसिद पूरा है।—पलटू०, भा० ३, पृ० ८०।

मुरसुत—संज्ञा पुं० [सं०] मुर दैत्य का पुत्र वत्सासुर। उ०—मुरसुत हो प्रमोल सो जाई। गृह वसिष्ठ के देख्या गाई।—गोपाल (शब्द०)।

मुरस्सा—वि० [अ० मुरस्सह्] जडा हुआ। जडाऊ। जटित। उ०—मुरस्सा के खुश एक पिंजरे मे छोड। रख्या त्या के सूआ के नजदीक जोड।—दक्खिनी०, पृ० ८०।

मुरस्साकार—संज्ञा पुं० [अ० मुरस्सह्+फा० कार] गहनो में नग या मणि जडनेवाला। जडिया।

मुरस्साकारी—संज्ञा स्त्री० [अ० मुरस्सह्+फा० कारी] गहनो मे नग आदि जडने का काम।

मुरस्सानिगार—संज्ञा पुं० [अ० मुरस्सह्+फा० निगार] खुशखत। सुदर अक्षर लिखनेवाला।

मुरहाँ—संज्ञा पुं० [हिं० मूँड+हाँ (प्रत्य०)] मस्तक। सिर।

मुरहा[1]—सज्ञा पुं० [स०] मुर को मारनेवाले, विष्णु या श्रीकृष्ण ।

मुरहा†[2]—वि० [स० मूल (नक्षत्र) + हा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० मुरही] १ (बालक) जो मूल नक्षत्र मे उत्पन्न हुआ हो, (ऐसा बालक माता पिता के लिये दोषी माना जाता है) । २ जिसके माता पिता मर गए हो । अनाथ । यतीम । ३. नटखट । उपद्रवी । शरारती ।

मुरहा†[3]—सज्ञा पुं० [हिं० मुराना] वह जो चलते हुए कोल्हू मे गँडेरियाँ डालता है ।

मुरहारी—सज्ञा पुं० [स०] मुर दैत्य को मारनेवाले विष्णु या श्रीकृष्ण । उ०—थके जगत समुझाय सब, निपट पुराण पुकारि । मरे मन वे चुभि रहे, मधुमर्दन मुरहारि ।—केशव (शब्द०) ।

मुरा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक प्रसिद्ध गधद्रव्य जिसे 'एकागी' या 'मुरामासी' भी कहते हैं । दे० 'एकागी-३' । २ कथा-सरित्सागर के अनुसार उस नाइन का नाम जिसके गर्भ से महानद का पुत्र चद्रगुप्त उत्पन्न हुआ था ।

मुराकबाⓊ—सज्ञा पु० [अ० मुराकबह्] समाधि । योग । धारणा । उ०—गूमठ मे जब जाय लगा मुराकबे नजरि मे आवता है । —पलटू०, पृ० ५१ ।

मुराड़ा—सज्ञा पुं० [देश०] जलती हुई लकडी । लुआठा । उ०—हम घर जारा आपना लिया मुराड़ा हाथ । अब घर जारौं तासु का जो चलै हमारे साथ ।—कबीर (शब्द०) ।

मुराद—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ अभिलाषा । इच्छा । लालसा । कामना उ०—सब की मिलै मुराद गँव की नौबत बाजी । इक दुनियाँ इक दीन दोऊ को रास्वै राजी ।—पलटू०, पृ० ६३ ।

क्रि० प्र०—पूरी करना या होना । —हासिल होना, आदि ।

मुहा०—**मुराद आना** = अभिलाषा पूरी होना । **मुराद पाना** = मनोरथ पूर्ण होना । **मुराद बर आना** = मुराद पाना । **मुराद माँगना** = मनोरथ पूरा होने की प्रार्थना करना । **मुराद मानना** = मन्नत मानना । मनौती करना । **मुरादों के दिन** = युवावस्था । जवानी ।

२ अभिप्राय । आशय । मतलब ।

क्रि० प्र०—रखना ।—लेना ।

यौ०—**मुराद दावा** = नालिश करने का अभिप्राय । दावा करने का मतलब या उद्देश्य ।

मुरादी—सज्ञा पु० [फा०] वह जो कोई कामना रखता हो । अभिलाषी । आकाक्षी ।

मुरानाⓊ[1]—क्रि० स० [अनु० **मुरमुर** (= चबाने का शब्द)] मुँह मे कोई चीज डालकर उसे मुलायम करना । चुभलाना । उ०—सोइ बीरी मुख मेलियो लगे मुरावन सोय । सोइ बीरी को राग मुख प्रगट लख्यो सब कोय ।—रघुराज (शब्द०) ।

मुराना[2]—क्रि० स० [हिं० **मोड़ना**] दे० 'मोड़ना' ।

मुराफा—सज्ञा पुं० [अ० **मुराफअ**] छोटी अदालत मे हार जाने पर बडी अदालत मे फिर से दावा पेश करना । अपील ।

मुरायठ†—सज्ञा पुं० [हिं० **मुरेठा**] दे० 'मुरेठा' ।

मुरार[1]—सज्ञा पु० [स० मृणाल] कमल की जड । कमलनाल । उ०—छीनी तार मुरार सी तिहिं दीनी समुझाय । चोखी चितवनि यार की कटि न कहू कटि जाय ।—स० सप्तक, पृ० २४४ ।

मुरारⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० **मुरारि**] दे० 'मुरारि' ।

मुरारि—सज्ञा पुं० [स०] १ मुर दैत्य के शत्रु, विष्णु या श्रीकृष्ण । २ डगण के तीसरे भेद (।ऽ।) की सज्ञा । (पिंगल) ।

मुरारी—सज्ञा पु० [सं० **मुरारि**] दे० 'मुरारि' ।

मुरारे—सज्ञा पुं० [सं०] मुरारि का सबोधन । उ० - बालसखा की विपत विहडन सकट हरन मुरारे ।—सूर (शब्द०) ।

मुरासा†[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **मुरना, मुरका**] तरकी । कर्णफूल । उ० - लसै मुरासा तिय स्रवन यौं मुकुतनि दुति पाइ । मानो परस कपोल के रहे स्वेद कन छाइ ।—बिहारी (शब्द०) ।

मुरासा†[2]—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'मुँडासा' ।

मुरिझानाⓊ†—क्रि० अ० [स० मूर्च्छन] दे० 'मुरझाना' । उ०—मन हरि लीनो स्याम, परी राधे मुरिझाई ।—नद० ग्र०, पृ० १९६ ।

मुरिताⓊ—वि० [हिं० **मुड़ना** ?] विलासयुक्त । चचल । उ०—जु चलै मुरि मारुत झकुरिता । सु मनो मुरवेस मुरी मुरिता । —पृ० रा०, २५।९३।

मुरीद—सज्ञा पुं० [अ०] १. शिष्य । चेला । २ वह जो किसी का अनुकरण करता या उसके आज्ञानुसार चलता हो । अनुगामी । अनुयायी । उ०—मम्मा मन मुरीद होइ नही आपुवै पीर कहावै । —पलटू०, पृ० ७६ ।

मुरुⓊ—सज्ञा पुं० [स० **मुर**] दे० 'मुर' ।

मुरुआ†—सज्ञा पु० [देश०] एड़ी के ऊपर का घेरा । पैर का गट्टा । मुरवा । उ०—जो पाँव के मुरुओ मे होता है ।—नूतना-मृतसागर (शब्द०) ।

मुरुकुटिया†—वि० [हिं० **मरकट** + इया (प्रत्य०)] दे० 'मरकट' ।

मुरुखⓊ†—वि० [स० मूर्ख] दे० 'मूर्ख' । उ०—दिसिटिवत कहँ नीअरे अध मुरुख कहँ दूरि ।—जायसी (शब्द०) ।

मुरुखाईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मुरुख** + **आई** (प्रत्य०)] मूर्खता । मौर्ख्य ।

मुरुछनाⓊ[1]—क्रि० अ० [स० मूर्च्छन] दे० 'मुरछना' । उ०—परेउ मुरुछि महि लागत सायक —मानस, ६।५८ ।

मुरुछना[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० **मूर्च्छना**] दे० 'मूर्च्छना' ।

मुरुछा—सज्ञा पुं० [स० मूर्च्छा] दे० 'मूर्च्छा' । उ०—गइ मुरुछा रामहि सुमिरि नृप फिरि करवट लीन्ह । मानस, २।४३ ।

मुरुझनाⓊ†—क्रि० अ० [स० मूर्च्छन, हिं० **मुरझाना**] मूर्च्छित होना । दे० 'मुरझाना' । उ०—साँस भरै उर आतें सताप । अरुझे मुरुझे करै प्रलाप ।—नद ग्र०, पृ० १५१ ।

मुरेठा सज्ञा पु० [हिं० मूड (= सिर) + एठा (प्रत्य०)] १ पगडी। मुरायठ। माफा।

क्रि० प्र०—बाँधना।

२ दे० 'मुरैठा'।

मुरेर—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुडना] दे० 'मरोड'।

मुरेरना†—क्रि० स० [हिं० मरोरना] दे० 'मरोडना'।

मुरेरा†—सज्ञा पु० [हिं०] १ दे० 'मुडेरा' २ दे० 'मरोड'।

मुरैठा†—सज्ञा पुं० [हिं० मुरेठा] १ दे० 'मुरेठा'। २ नाव की लवाई मे चारो ओर घूमी हुई गोट जो तीन चार इच मोटे तख्तो से बनाई जाती है और 'गूढा' के ऊपर रहती है।

मुरौअत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुरुव्वत, मुरुव्वत] दे० 'मुरौवत'। उ०—बेतरह जो मुँह मुरौवत कामले। दे गिरा जो मेल मुँह के बल हमे।—चुभते०, पृ० ६६।

मुरौवत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुरुव्वत, मुरुव्वत] १. शील। सकोच। लिहाज।

मुहा०—**मुरौवत तोड़ना** = रुखाई का व्यवहार करना। शील के विरुद्ध आचरण करना।

२ भलमनसी। आदमीयत।

क्रि० प्र०—करना।—बरतना।

मुरौवती—वि० [हिं० मुरौवत + ई (प्रत्य०)] सकोची। मुरौवतवाला।

मुर्ग—सज्ञा पुं० [फा० मुर्ग] दे० 'मुरगा'।

मुर्गकेश—सज्ञा पुं० [फा० मुर्ग + केश (= चोटी)] मरसे की जाति का एक पौधा जिसमें मुरगे की चोटी के से गहरे लाल रंग के चौडे चौड़े फूल लगते हैं। इसे 'जटाधारी' भी कहते हैं।

मुर्गखाना—सज्ञा पु० [फा० मुर्गखानह्] मुरगों के रहने के लिये बनाया हुआ स्थान।

मुर्गबाज—सज्ञा पुं० [फा० मुर्गबाज़] वह जो मुरगे लडाता हो। मुरगो का खेलाडी।

मुर्गबाजी—सज्ञा स्त्री० [फा० मुर्गबाज़ी] मुरगे लडाने का काम या भाव।

मुर्गमुसल्लम—सज्ञा पु० [फा० मुर्ग + अ० मुसल्लम] समूचा पकाया हुआ मुरगा। उ०—मुझे तो आप मुर्गमुसल्लम न खिलाइएगा तो मैं भाग खडा होऊँगा।—शराबी, पृ० १२।

मुर्गाबी—सज्ञा पुं० [फा० मुर्ग + आबी] दे० 'मुरगाबी'।

मुर्चा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मोरचा'।

मुर्तकिब—वि० [अ०] अपराध करनेवाला। अपराधी। कसूरवार। मुजरिम।

मुर्दनी—सज्ञा स्त्री० [फा० मुर्दन (= मरना) + ई (प्रत्य०)] १ आकृति का वह विकार जो मरने के समय अथवा मृत्यु के कारण होता है। मुख पर प्रकट होनेवाले मृत्यु के चिह्न।

मुहा०—**चेहरे पर मुर्दनी छाना या फिरना** = (१) मुख पर मृत्यु के चिह्न प्रकट होना। (२) बहुत अधिक निराश या उदास होना।

२. शव के साथ उसकी अत्येष्टि क्रिया के लिये जाना। मुर्दे के साथ उसे गाडने या जलाने के स्थान तक जाना। ३ मृतक की अत्येष्टि क्रिया के लिये जानेवालो का समूह।

क्रि० प्र०—में जाना।

मुर्दा—सज्ञा पुं० [फा० मुर्दह्] दे० 'मुरदा'। उ०—माधो ई मुर्दन कै गाँव।—कबीर श०, भा० २, पृ० ४२।

मुर्दावली[1]—सज्ञा स्त्री० [फा० मुर्दन (= मरना)] दे० 'मुर्दनी'।

मुर्दावली[2] वि० मृतक के सबध का। मुरदे का।

मुर्दासिंगी—सज्ञा पुं० [फा० मुरदासग] दे० 'मुरदासख'।

मुमुर—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कामदेव। २ सूर्य के रथ के घोड़े। ३ भूसी की आग। तुषाग्नि। ४ गोमूत्र का गध (को०)।

मुर्रा[1]—सज्ञा पु० [हिं० मरोड या मुड़ना] १ मरोडफली नाम की ओषधि। इसकी लता जगलो मे होती है। २ पेट मे ऐंठन होकर पतला मल निकलना और बार बार दस्त होना। मरोड। ३ पेट का दर्द।

मुर्रा[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुड़ना] हिसार और दिल्ली आदि मे होनेवाली एक प्रकार की भैंस।

विशेष—इसके सीग छोटे, जड के पास पतले और ऊपर की ओर मुडे हुए होते है। इस जाति की भैंस और भैंसे दोनो बहुत अच्छे समझे जाते है।

मुर्रा[3]—सज्ञा पु० [अनु०] दे० 'मुरमुरा'।

मुर्रातिसार—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मरोड़'।

मुर्री—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुड़ना या मरोड़ना] १ दो डोरो के सिरो को आपस में जोडने की एक क्रिया जिसमें गाँठ का प्रयोग नही होता, केवल दोनो सिरों को मिलाकर मरोड या बट देते हैं। २ कपडे आदि में लपेटकर डाली हुई ऐंठन या बल। जैसे, धोती की मुर्री।

मुहा०—**मुर्री देना** = (१) कपडा फाडते समय उसके फटे हुए अश को बराबर घुमाते या मोडते जाना जिसमे कपडा बिलकुल सीधा फटे। (बजाज)। (२) धोती को ठहराने के लिये कमर पर कई बल लपेटकर छल्ला सा बनाना।

३ कपडे आदि को मरोडकर बटी हुई बत्ती।

यौ०—**मुर्री का नैचा**।

४ चिकन या कशीदे की कढाई का एक प्रकार जिसमे बटे हुए सूत का व्यवहार होता है और जिसका काम उभारदार होता है। ५ एक प्रकार की जगली लकड़ी।

मुर्री का नैचा—सज्ञा पुं० [हिं० मुर्री + नैचा] एक प्रकार का नैचा जिसमे कपड़े की मुर्री या बत्ती बनाकर कसकर लपेटते जाते हैं।

विशेष—यह देखने में उल्टी चीन ही की तरह जान पडती है, परतु वस्तुत बत्ती होती है। इस बनावट का नैचा उतना दृढ नही होता। जहाँ कपडा सडता है, वही से बत्ती टूटने लगती है और बराबर खुलती ही चली जाती है।

मुर्रीदार—वि० [हिं० मुर्री + फा० दार (प्रत्य०)] जिसमे मुर्री पडी हो। ऐंठनदार।

मुर्वा—सज्ञा पुं० [स०] मरुल या गोरचकरा नाम का जगली पौधा

जिससे प्राचीन काल मे प्रत्यचा की रस्सी बनाई जाती थी। विशेष दे० 'गोरचकरा'।

मुर्वी—वि० [स०] धनुष की प्रत्यचा।

मुर्शेद—सज्ञा पु० [अ० मुर्शिद] दे० 'मुर्शिद'। उ०—मुर्शद बगैर कामिल कर खूब रह सुं शामिल। तब होएगा तूं आमिल नित हसत रह तूं मीरां।—दक्खिनी०, पृ० ११२।

मुर्शिद—सज्ञा पुं० [अ०] १ सुमार्ग बतानेवाला। मार्गदर्शक। गुरु। २ श्रेष्ठ। बडा। ३ उस्ताद। चतुर। चालाक। होशियार। ४ पाजी। नटखट। धूर्त। (व्यग्य)।

मुल(पु)†[1]—सज्ञा पु० [स० मुल] दे० 'मूल'। उ०—लोभे अधिक मूल न मार। ज मुल राखए से बनिजार।—विद्यापति, पृ० २६६।

मुला[2]—अव्य० [देश०] १ मगर। लेकिन। पर। (पश्चिम)। २ तात्पर्य यह कि। मतलब यह कि।

मुलक‡—सज्ञा पु० [अ० मुल्क] दे० 'मुल्क'। उ०—नव नागरि तन मुलक लहि जोबन आमिल जोर। घटि बढि तें बढि घटि रकम करी और की और।—बिहारी (शब्द०)।

मुलकट—सज्ञा स्त्री० [देश०] अँगिया का वह भाग जो स्तनो पर पडता है। अगिया की कटोरी।

मुलकना(पु)—क्रि० अ० [स० पुलकित ? या स० मुकुलित] मद मद हँसना। पुलकित होना। नेत्रों मे हँसी प्रकट करना। मुसकराना। उ०—(क) मुलकत ढोलउ चमकियउ बीजल खिवी क दत।—ढोला०, दू० ५४२। (ख) सकुचि सरकि पिय निकट तें मुलकि कछुक तन तोरि। कर आँचर की ओट करि जमुहानी मुख मोरि।—बिहारी (शब्द०)।

यौ०—पुलकना मुलकना। उ०—कवि देव कछू मुलकै पुलकै उरकै उर प्रेम कलोलनि पै।—देव (शब्द०)।

मुलकित(पु)—वि० [स० पुलकित ? हिं० मुलकना] १ प्रसन्न। पुलकित। प्रफुल्ल। उ०—पर तिय दोष पुरान सुनि हँसि मुरली सुखदानि। कसि करि राखी मिसरहू मुख आई मुसुकानि। मुख आई मुसुकानि मिसरहू कस करि राखी। सर्व दोषहर राम नाम की कीरति भाखी। बातन ही बहराय और की और कथा किय। सुकवि चतुर सब समुझि गय लखि मुलकित पर तिय।—सुकवि (शब्द०)। २ मद मद हँसता हुआ। मुस्कराता हुआ। उ०—ऊचै चितै सराहियतु गिरह कबूतर लेतु। झलकति दृग मुलकत बदनु ततु पुलकित तिहि हेतु।—बिहारी (शब्द०)।

मुलकी—वि० [अ० मुल्क] १. दे० 'मुल्की'। २. देशी। विलायती का उलटा। उ०—पाँति मिधु मुलकी तुरगन के कुलकी बिसाल ऐसी पुलकी सुचाल तैसी दुलकी।—गोपाल (शब्द०)।

मुलजिम—वि० [अ० मुलज़िम] जिसके ऊपर किसी प्रकार का इलजाम लगाया गया हो। जिसपर कोई अभियोग हो। अभियुक्त।

मुलतवी—वि० [अ० मुल्तवी] जो कुछ समय के लिये रोक दिया गया हो। स्थगित। जैसे,—(क) अब आज वहाँ का जाना मुलतवी रखिए। (ख) जलसा दो दिन के लिये मुलतवी हो गया।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—रहना।—होना।

मुलतान—सज्ञा पुं० [स० मूलस्थान] एक प्रसिद्ध नगर जो पश्चिमी पजाब मे है।

मुलतानी[1]—वि० [हिं० मुलतान (नगर)] मुलतान का। मुलतान सबधी।

मुलतानी[2]—सज्ञा स्त्री० १ एक रागिनी जिसमे गाधार और धैवत कोमल, शुद्ध निषाद और तीव्र मध्यम लगता है। इनके अतिरिक्त तीनों स्वर शुद्ध लगते हैं। सगीत शास्त्र मे इसे श्रीराग की रागिनी कहा है और हनुमत् के मत से यह दीपक राग की रागिनी है। इसके गाने का समय २१ से २४ दड तक है। २ एक प्रकार की बहुत कोमल और चिकनी मिट्टी जो मुलतान से आती है।

विशेष—इसका रग बादामी होता है और यह प्राय. सिर मलने मे साबुन की तरह काम में आती है। इससे सोनार लोग सोना भी साफ करते हैं और छीपी लोग इससे अनेक प्रकार के रगो मे अस्तर देते हैं। साधु आदि इससे कपड़ा रँगते हैं।

मुहा०—मुलतानी करना = छीट छापने के पहले कपडे को मुलतानी मिट्टी मे रँगना।

मुलना†—सज्ञा पु० [अ० मौलाना] मौलवी। मुल्ला। उ०—बाम्हन ते गदहा भला आन देव ते कुत्ता। मुलना ते मुरगा भला सहर जगावे सुत्ता।—कबीर (शब्द०)।

मुलमची—सज्ञा पुं० [हिं० मुलम्मा + ची (प्रत्य०)] किसी चीज पर सोने या चाँदी आदि का मुलम्मा करनेवाला। मुलम्मासाज।

मुलमा(पु)—वि० [अ० मुलम्मा] दे० 'मुलम्मा'। उ०—रतन परखु नीरा रे। मुलमा महीं हीरा रे।—दक्खिनी० पृ० ३७।

मुलम्मा[1]—वि० [अ०] १. चमकता हुआ। २ जिसपर सोना या चाँदी चढाई गई हो। सोना या चाँदी चढा हुआ।

मुलम्मा—सज्ञा पुं० १ वह सोना या चाँदा जो पत्तर के रूप मे, पारे या बिजली आदि की सहायता से, अथवा और किसी विशेष प्रक्रिया से किसी धातु पर चढ़ाया जाता है। किसी चीज पर चढाई हुई सोने या चादी की पतली तह। गिलट। कलई। झोल।

विशेष—साधारणत. मुलम्मा गरम और ठढा दो प्रकार का होता है। जो मुलम्मा कुछ विशिष्ट क्रियाओ से आग की सहायता से चढाया जाता है, वह गरम कहलाता है, और जो बिजली की बैटरी से अथवा और किसी प्रकार बिना आग की सहायता से चढाया जाता है, वह ठढा मुलम्मा कहलाता है। ठढे की अपेक्षा गरम मुलम्मा अधिक स्थायी होता है।

यौ०—मुलम्मागर। मुलम्मासाज।

२ किसी पदार्थ, विशेषत धातु आदि को चाँदी या सोने का दिया हुआ रूप।

क्रि० प्र०—करना।—चढ़ना।—चढ़ाना।—होना।

३. वह बाहरी भडकीला रूप जिसके अदर कुछ भी न हो। ऊपरी तडक भडक।

मुलायमसाज—[ ] [० मुलायम + फा० साज] किसी धातु को पीटने या काटने आदि के द्वारा मुलायम करनेवाला। मुलायम करनेवाला। कारीगर।

मुलायमी—[ ] [० मुलायम] दे० 'मुलायम'।

मुलायम—[ ] [० मुलायम (=मृदुल) + हा (प्रत्य०)] १ जिसका [illegible] में रखा जाता है। २ तलवार। खांडा। खड्ग। उ०—[illegible] मुलायम हैं उड़ाते गरीब फर्क मुलायम के।—कुकुरमुत्ता (शब्द०)।

मुलायमी—[ ] [० मुलायम] कोमलता। मृदुता। उ० आठ गाठ [illegible] सात सटाके में मिल [illegible] मुलायमी।—कुकुर (शब्द०)।

मुलाहजा—[ ] [० मुलाहजात] १ ध्यान से मिलना। एक [illegible] मिलना। २ देखभाल। निगरानी। ३ [illegible] ४ [illegible] ५ आदर। मान। लिहाज।

मुलाहजादार—[ ] वि० [० मुलाहजात + फा० दार (प्रत्य०)] वह जिसने मुलाहजा या [illegible] पाया हो। परिचित।

मुलाहजा—[ ] दे० 'मुलाहजा'। [illegible] संबंधी।

मुलाजिम—[ ] वि० [० मुलाजिम] १ पास रहनेवाला। परिचित। उपस्थित रहनेवाला। २ नौकर। चाकर। सेवक। दास।

मुलाजिमत—[ ] [० मुलाजिमत] सेवा। नौकरी। [illegible] उ०—मैंने उनसे पूर्व ही राजपुर छोड़कर रायगढ़ में मुलाजिमत कर ली थी।—किन्नर प्रांत० ग्र०, ६५।

मुलायम—[ ] दे० 'मुलायम'।

मुलायम—वि० [०] १ 'नरम' का उलटा। जो कड़ा न हो। २ [illegible] ३ सुकुमार। सुकुमार। ४ [illegible] ५ [illegible] ६ [illegible] ७ [illegible] ८ [illegible] ९ [illegible] १० [illegible] ११ [illegible] १२ [illegible] १३ [illegible] १४ [illegible] १५ [illegible] १६ [illegible] १७ [illegible] १८ [illegible] १९ [illegible] २० [illegible] २१ [illegible] २२ [illegible] २३ [illegible] २४ [illegible] २५ [illegible] २६ [illegible] २७ [illegible] २८ [illegible] २९ [illegible] ३० [illegible] ३१ [illegible] ३२ [illegible] ३३ [illegible] ३४ [illegible] ३५ [illegible] ३६ [illegible] ३७ [illegible] ३८ [illegible] ३९ [illegible] ४० [illegible] ४१ [illegible] ४२ [illegible] ४३ [illegible] ४४ [illegible] ४५ [illegible] ४६ [illegible] ४७ [illegible] ४८ [illegible] ४९ [illegible] ५० [illegible] ५१ [illegible] ५२ [illegible] ५३ [illegible] ५४ [illegible] ५५ [illegible] ५६ [illegible] ५७ [illegible] ५८ [illegible] ५९ [illegible] ६० [illegible] ६१ [illegible] ६२ [illegible] ६३ [illegible] ६४ [illegible] ६५ [illegible] ६६ [illegible] ६७ [illegible] ६८ [illegible] ६९ [illegible] ७० [illegible] ७१ [illegible] ७२ [illegible] ७३ [illegible] ७४ [illegible] ७५ [illegible] ७६ [illegible] ७७ [illegible] ७८ [illegible] ७९ [illegible] ८० [illegible] ८१ [illegible] ८२ [illegible] ८३ [illegible] ८४ [illegible] ८५ [illegible] ८६ [illegible] ८७ [illegible] ८८ [illegible] ८९ [illegible] ९० [illegible] ९१ [illegible] ९२ [illegible] ९३ [illegible] ९४ [illegible] ९५ [illegible] ९६ [illegible] ९७ [illegible] ९८ [illegible] ९९ [illegible] १०० [illegible]

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—होना।

मुलुक—[ ] पु० [० मुल्क] दे० 'मुल्क'। उ०—जिव तारन के हेतु मुलुक फिरते बहुतेरा।—कबीर०, भा० १, पृ० ३।

मुलेठा—[ ] पु० [सं० (मधुयष्टि) मूलयष्टी, प्रा० मूलयट्ठी] घुंघची या गुंजा नाम की लता की जड़ जो औषध के काम में आती है। गठी। मुलेठी।

विशेष—यह स्वाद में बहुत प्रसिद्ध और अच्छी औषध मानी जाती है। वैद्यक में यह मधुर, शीतल, बलकारक, नेत्रों के लिये हितकारी, वीर्यजनक तथा पित्त, वात, सूजन, विष, वमन, तृषा, ग्लानि और क्षय रोग का नाशक माना है। इसका सत भी तैयार किया जाता है जो काले रंग का होता है और बाजारों में 'कलुमुस' के नाम से मिलता है। यह साधारण जड़ की अपेक्षा अधिक गुणकारी समझा जाता है।

पर्या०—यष्टिमधु। क्लीतका। मधुक। यष्टिका। मधुरतमा। मधुम। मधुवल्ली। मधुरी। मधुररसा। अतिरसा। मधुरनमा। सापापहा। सौम्या।

मुल्क—[ ] पु० [अ०] १ देश। २ सूबा। प्रांत। प्रदेश। उ०—मुल्क यह तुझको शहरयार मुबारक होए।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५४२। ३. संसार। जगत्।

यौ०—मुल्कगीरी। मुल्कदारी = शासन। अधिकार। मुल्कसानी = राज्यशासन। राज्यप्रबंध।

मुल्कगीरी—[ ] स्त्री० [०] देश पर अधिकार प्राप्त करना। मुल्क जीतना।

मुल्की—वि० [अ० मुल्क + ई (प्रत्य०)] १ देश संबंधी। देशी। २. असैनिक। जो सेना संबंधी न हो। ३ शासन या व्यवस्था संबंधी।

मुल्तजी—[ ] पु० [अ०] निवेदन करनेवाला। प्रार्थी।

मुल्तवी—वि० [अ०] जो रोक दिया गया हो। जिसका समय आगे बढ़ा दिया गया हो। स्थगित। दे० 'मुलतवी'।

मुल्लहा—[ ] पु० [०] वह पक्षी जो शिकार जाल में इसलिये छोड़ दिया जाता है कि उसे देखकर और पक्षी आकर जाल में फँसें। मुट्ठा। मुल्ला।

मुल्लहा—वि० [०] बहुत अधिक सीधा सादा। बेवकूफ। मूर्ख।

मुल्लना—क्रि० स० [सं० मूल्यन] मोल करना। उ०—व्यवहार मुल्लहि वणिक जेम आणि व्यवहरा।—कीर्ति०, पृ० २८।

मुल्ला—[ ] पु० [अ०] मुसलमानों का आचार्य या पुरोहित। मौलवी। उ०—मा' मिस्कर अधुन, काजी मुल्ला काहू। जिनो पात ना मिलावै, आ पावै साहू।—कबीर ग्रं०, पृ० ७७। वि० दे० 'मौलवी'।

मुवक्किल—[ ] पु० [अ०] १. वह जिसे कोई काम सौंपा गया हो। [illegible] २ वह जो किसी [illegible] पर नियुक्त हो।

मुवक्किल—[ ] पु० [०] वह जो अपने लिये काम के लिये कोई [illegible] नियुक्त करे। मोवक्किल। वह जो

किसी को मुकदमा आदि लड़ने के लिये अपना वकील नियुक्त करता हो। वकील करने या रखनेवाला।

मुवना⑤—क्रि० अ० [सं० मृत, प्रा० मुअ+हिं० ना (प्रत्य०)] मरना। मृत होना। उ०—(क) गइ तजि लहरैं पुरइन पाता। मुवउँ धूप सिर अहा न छाता।—जायसी (शब्द०)। (ख) जैसे पतँग आगि धँसि लीन्ही। एक मुवँ दूसर जिउ दीन्ही। —जायसी (शब्द०)। (ग) नारि मुई, घर संपति नासी। —तुलसी (शब्द०)।

मुवहिद—संज्ञा पु० [अ० मुवह्हिद मुवहिद] वह जो ईश्वर को एक माने। वह जो एकेश्वरवाद को मानता हो। एकेश्वरवादी। उ०—उनके कवित्त और सवैया और बनावटें पूरा यकीन दिलानेवाले उनके मुवहिद होने के है।—सुदर० ग्र० (जी०), भा० १, पृ० ५३।

मुवा†—वि० [हिं० मुअना] मृत। मरा हुआ।

मुवाना⑤‡—क्रि० स० [हिं० मुवना का स० रूप] हत्या करना प्राण लेना। मार डालना। उ०—इक सखी मिलि हँसति पूछति खैंचि कर की ओर। तजि मुवाइ सुभरत नाही निरखि उनकी ओर।—सूर (शब्द०)।

मुवाफिक—वि० [अ० मुआफ़िक़] दे० 'माफिक'।

मुशज्जर[१]—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का छपा हुआ कपडा। बूटेदार कपडा।

मुशज्जर[२]—वि० बूटेदार। बेलबूटेवाला। उ०—क्या बकचे ताश मुशज्जर के क्या तख्ते साल दुसालो के। सब ठाठ पडा रह जाएगा जब लाद चलेगा बजारा।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० ३१०।

मुशटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] श्वेत ककुनी। श्वेत कंगु [को०]।

मुशफिक—वि० [अ० मुशफिक] १. कृपालु। दयालु। २ मित्र। दोस्त। ३ तरस खानेवाला। दयावान्। रहम दिल।

मुशरब—संज्ञा पुं० [अ०] वह स्थान जहाँ पानी पीया जाय। झरना। २. सप्रदाय। मजहब। ३. ढग। तौर तरीका [को०]।

मुशरिक—संज्ञा पुं० [अ० मुशरिक] ईश्वर का छोडकर दूसरे की भक्ति करनेवाला। उ०—गैर हक के सिजदा किसको कर न को। काफिर मुशरिक जो हो कर मर न को।—दक्खिनी०, पृ० १५३।

मुशल—संज्ञा पुं० [सं०] धान आदि कूटने का डडा। मूसल।

मुशली[१]—संज्ञा पुं० [सं० मुशलिन्] मूसल धारण करनेवाले, श्रीबलदेव।

मुशली[२]—संज्ञा स्त्री० [सं०] गृहगोधा। छिपकिली [को०]।

मुशायरा—संज्ञा पु० [अ० मुशाअरह्] १. बहुत से कवियो, शायरो का एक जगह एकत्र होकर परस्पर अपनी कविता सुनाना। कविगोष्ठी। २ उपस्थित जनसमूह के सामने कवियो द्वारा अपनी कविता सुनाना। कविसमेलन।

मुशावरत—संज्ञा स्त्री० [अ०] विचार विनिमय। मत्रणा। परामर्श। मशविरा [को०]।

मुशाहदा—संज्ञा पुं० [अ० मुशाहदह्] निरीक्षण। देखना। अवलोकन [को०]।

मुशाहरा—संज्ञा पुं० [अ० मुशाहरह्] दरमाहा। मासिक वेतन [को०]।

मुश्क[१]—संज्ञा पु० [फा०] १. कस्तूरी। मृगमद। मृगनाभि। †२. गध। बू।

मुश्क[२]—संज्ञा स्त्री० [देश०] कधे और कोहनी के बीच का भाग। भुजा। बाँह।

मुहा०—**मुश्कें कसना या बाँधना** = (अपराधी आदि की) दोनो भुजाओ को पीठ की ओर करके बाँध देना। (इससे आदमी बेबस हो जाता है।)

मुश्कआहू—संज्ञा पु० [फा०] कस्तूरीमृग [को०]।

मुश्कदाना—संज्ञा पु० [फा०] औषधि के काम आनेवाला एक प्रकार की लता का बीज।

विशेष—यह इलायची के दाने के समान कुछ चिपटापन लिए होता है और इसके टूटने पर कस्तूरी की सी सुगध निकलती है। सस्कृत मे इसे 'लताकस्तूरी' कहते है। वैद्यक मे इसे स्वादिष्ट, वीर्यजनक, शीतल, कटु, नेत्रो के लिये हितकारी, कफ, तृषा, मुखरोग और दुर्गंध आदि का नाश करनेवाला माना है।

मुश्कनाफा—संज्ञा पुं० [फा० मुश्कनाफ़ह्] कस्तूरी का नाफा जिसके अदर कस्तूरी रहती है।

मुश्कनाभ—संज्ञा पुं० [फा० मुश्क+स० नाभ] वह मृग जिसकी नाभि मे कस्तूरी होती है। कस्तूरीमृग। विशेष दे० 'कस्तूरीमृग'।

मुश्कबार—वि० [फा०] सुगध वर्षक। बहुत खुशबूदार [को०]।

मुश्क बिलाई—संज्ञा स्त्री० [फा० मुश्क+हिं० बिलाई (= बिल्ली)] एक प्रकार का जगली बिलाव जिसके अडकोशो का पसीना बहुत सुगधित होता है। गध बिलाव।

विशेष—अरबी मे इसे जुबाद और सस्कृत में गधमार्जार कहते है। इसके कान गोल और छोटे होते है और रग भूरा होता है। दुम काली होती है, पर उसपर सफेद छल्ले पडे रहते है। लबाई प्रायः ४० इच होती है। यह जतु राजपूताने और पजाब के सिवा बाकी सारे हिंदुस्तान मे पाया जाता है। यह बिलो मे रहता है, शिकारी होता है और पाला भी जा सकता है। यह चूहे, गिलहरी आदि खाकर रहता है। इसकी कई जातियाँ होती है। जैसे, भोडर, लकाटो इत्यादि।

मुश्कबेद—सज्ञा पुं० [फा०] एक प्रकार का बेत जो बहुत सुगधित होता है। विशेष दे० 'बदमुश्क'।

मुश्कमेहदी—संज्ञा स्त्री० [फा० मुश्क+मेंहदी] एक प्रकार का छोटा पौधा जो बागो मे शोभा के लिये लगाया जाता है।

मुश्किल[१]—वि० [अ०] १. कठिन। दुष्कर। दुस्साध्य। २ जटिल। पेचीदा (को०)। ३ बारीक। सूक्ष्म (को०)।

मुश्किल[२]—संज्ञा स्त्री० १. कठिनता। दिक्कत। कठिनाई। २ मुसीबत। विपत्ति। सकट।

को जब उहाँ नाश भयो मुष्टिका युद्ध दोऊ प्रचारी ।—सूर (शब्द०) । २ मुट्ठी ।

मुष्टिदेश—सज्ञा पुं० [स०] धनुष का मध्य भाग जो मुट्ठी मे पकडा जाता है [को०] ।

मुष्टिद्यूत—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार द्यूत जिसमे मुट्ठी के भीतर की वस्तु का नाम वा उसकी सम विषम सख्या पूछी जाती है ।

मुष्टिपात—सज्ञा पु० [स०] मुक्केबाजी । घूँसेबाजी ।

मुष्टिबध—सज्ञा पुं० [स० मुष्टिबन्ध] मुट्ठी बाँधना या मुट्ठी मे करना [को०] ।

मुष्टिमेय—वि० [स०] १ मुट्ठी के बराबर । मुट्ठी भर । २ थोडा ।

मुष्टियुद्ध—सज्ञा पु० [स०] वह लडाई जिसमे केवल मुक्को से प्रहार किया जाय । घूँसेबाजी ।

मुष्टियोग—सज्ञा पु० [स०] १ हठयोग की कुछ क्रियाएँ जो शरीर की रक्षा करने, बल बढाने और रोग दूर करनेवाली मानी जाती है । २ किसी बात का कोई छोटा और सहज उपाय ।

मुष्टीमुष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] परस्पर मुक्का मुक्की । घूँसेबाजी [को०] ।

मुष्टक—सज्ञा पु० [स०] मरसो ।

मुसडा†—वि० [हिं० मुस्टड या मुस्टडा] घिगरा । ठलुआ । जो बिना काम किए हुए बैठे बैठे खाय । उ०—यह मुटमरदी है कि अधा माँगे, औ आँखोवाले मुसडे बैठे खाएँ ।—रगभूमि, भा० २, पृ० ५६६ ।

मुसबी—सज्ञा पुं० [पुर्त० मोजांबिक] मुसबी या मुसम्मी नामक एक फल । उ०—ये सब मुसबियाँ और सतरे केवल तुम्हारे ही लिये मैं लाई हूँ ।—जिप्सी, पृ० ४४२ ।

विशेष—पुर्तगाल के मोजाबिक नामक स्थान से आने के कारण इस फल को, जो एक प्रकार का रसदार मीठा नीबू है, यहाँ उसी के वजन पर मुसबी या मुसम्मी कहा जाने लगा ।

मुसक(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] भुजा । बाँह । मुश्क । उ०—बेदी जराव लिलाट दिए गहि डोरी दोऊ पटिया पहिराई । ब्रह्म भनै रिपु जानि ग्रहयो रवि की मुसकें जनु राहु चढाई ।—अकबरी०, पृ० ३४६ ।

मुसक[2]—सज्ञा पु० [फा० मुश्क] दे० 'मुश्क' ।

मुसकना(पु)—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकाना' । उ०—(क) मुसकत मुसकत स्याम सुहाए ।—नद० ग्र०, पृ० ३०८ । (ख) सुत के करम निरखि नँदरानी । मुसकी जनम सुफलता मानी ।—नद० ग्र०, पृ० २४६ ।

मुसकनि(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुस्कराना] मुस्कराहट । उ०—(क) सकन सुगध अग भरि भोरी पिय निरतत मुसकनि मुखमोरी परिरभन रसरोरी ।—हरिदास (शब्द०) । (ख) अटके नैन माधुरी मुसकनि अमृत बचन स्रवनन को भावत ।—सूर (शब्द०) ।

मुसकनिया‡—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकान' । उ०—मन मोहन की तुतरी बोलन मुनि मन हरत सुहँस मुसकनियाँ ।—सूर (शब्द०) ।

मुसकराना—क्रि० प० [स० स्मय+कृ] ऐसी आकृति बनाना जिससे जान पडे कि हँसना चाहते हैं । ऐसी कम हँसी जिसमे दाँत न निकले, न शब्द हो । बहुत ही मद रूप से हँसना । होठो मे हँसना । मृदु हास । मद हास ।

मुसकराहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुसकराना + आहट (प्रत्य०)] मुसकराने की क्रिया या भाव । मधुर या बहुत थोडी हँसी । मद हास ।

मुसका—सज्ञा पुं० [देश०] रस्सी की बनी हुई एक प्रकार की छोटी जाली जो पशुओ, विशेषत बैलो के मुँह पर इसलिये बाँध दी जाती है, जिसमे वे खलिहानो या खेतो मे काम करते समय कुछ खा न सकें । जाला ।

मुसकान—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' ।

मुसकाना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकराना' ।

मुसकानि—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' । उ०—कवि मतिराम मुख सुबरन रूप रहि, रूपखानि मुसकानि सोभा सरसाइ कै ।—मति० ग्र०, पृ० २६१ ।

मुसकिराना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकराना' ।

मुसकिराहट—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' ।

मुसकुराना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकराना' । उ०—आँखो पर एक जी लुभानेवाली झलक नाचने लगी, पहले सुडौल गोरा गोरा मुखडा देख पडा, फिर घुँघरारे बार, फिर बडी बडी आँखें, फिर मीठी मुसकिराहट, फिर ऊँचा चौडा माथा ।—ठेठ०, पृ० २६ ।

मुसकुराहट—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' ।

मुसक्यान—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' ।

मुसक्याना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकराना' ।

मुसक्यानि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' । उ०—ता दिन तै मन ही मन मैं मतिराम पियै मुसक्यानि सुधा सी ।—मति० ग्र०, पृ० ३४२ ।

मुसखोरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मूस (=चूहा) + खोरी (=खाना)] खेत में चूहो की अधिकता होना । मुसहरी ।

मुसजर—सज्ञा पुं० [अ० मुशज्जर] एक प्रकार का छपा कपडा । उ०—बादला दार्याई नौरग साई जरकस काई झिलमिल है । ताफता कलदर बाफतावदर मुसजर सुदर गिलमिल है ।—सूदन (शब्द०) ।

मुसटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मूस (स० मूषिका=चूहा) + टी (प्रत्य०)] चुहिया ।

मुसदी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] मिठाई बनाने का साँचा ।

मुसद्दस—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह क्षेत्र जिसमे छह भुज हो । छह् पहलूवाला । २ एक प्रकार का पद्यबध । उ०—उर्दू मे 'हाली' का मुसद्दस बहुत प्रसिद्ध है ।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० २८ ।

विशेष—मुसद्दस छह् मिसरो या तीन शेरो का होता है । इसमे पहले के चार मिसरो के तुक एक समान होते हैं और शेष अतिम दो मिसरो के तुक अलग होते हैं ।

मुसद्दिका—वि० [अ० मुसद्दिका] परताल किया हुआ । तसदीक किया हुआ । जाँचा हुआ ।

मुसना[1]—क्रि० अ० [सं० मूषण (=चुराना)] लूटा जाना। अपहृत होना। मूसा जाना। चुराया जाना। (धन आदि)।

मुहा०—**घर मुसना**=घर मे चोरी होना।

मुसना[2]—क्रि० स० चोरी करना। मूसना। उ०—मुसए गेलिहे धन जागल परिजन लगहि कला ओक चोरा।—विद्यापति पृ० ६८।

मुसनाⓊ†[3]—सज्ञा पुं० [हिं० मुस+ना (प्रत्य०)] मूसा। मूषक। उ०—कार्तिक गनपति दुइ चेगना। एक चढे मोर पर एक मुसना।—विद्यापति, पृ० ५७७।

मुसना†—वि० [स० मूषण] चोरी करने या मूसनेवाला।

मुसन्ना—सज्ञा पुं० [अ०] १ किसी असल कागज की दूसरी नकल जो मिलान आदि के लिये रखी जाती है। २ रसीद आदि का आधा और दूसरा भाग जो रसीद देनेवाले के पास रह जाता है।

मुसन्निफ—सज्ञा पुं० [अ० मुसन्निफ़] [स्त्री० मुसन्निफा] पुस्तक बनानेवाला। ग्रथकर्ता या रचयिता।

मुसफ्फी—वि० [अ० मुसफ्फी] शोधन करनेवाला। शोधक [को०]।

मुसब्बर—सज्ञा पुं० [अ०] कुछ विशिष्ट क्रियाओ से सुखाया और जमाया हुआ घीकुवार का दूध या रस जिसका व्यवहार औषधि के रूप में होता है। एलुआ।

विशेष—इसका उपयोग अधिकतर रेचन के लिये या चोट आदि लगने पर मालिश और सेंक आदि करने मे होता है। यह प्राय· जजीबार, नेटाल तथा भूमध्यसागर के आसपास के प्रदेशो से आता है। वैद्यक में इसे चरपरा, शीतल, दस्तावर, पारे को शोधनेवाला तथा शूल, कफ, वात, कृमि और गुल्म को दूर करनेवाला माना है।

मुसमर—सज्ञा पुं० [हिं० मुस(=चूहा)+मारना] एक प्रकार की चिडिया जो खेत मे चूहो को पकडकर खाती है।

मुसमरवा†—सज्ञा पुं० [हिं० मूस+मारना] १ मुसमर चिडिया। २ एक नीच जाति जो चूहे खाती है। मुसहर।

मुसमुदⓊ[1]—वि० [देश०] ध्वस्त। नष्ट। बरबाद। उ०—पुरद्वार रुक्कि ठाढौ बली सबै दुग्ग मुसमुद किय।—सूदन (शब्द०)।

मुसमुद[2]—सज्ञा पुं० नाश। ध्वस। बरबादी।

मुसमुंधⓊ†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'मुसमुद'। उ—दिस धुधरी चक धुधरी मुसमुधरी सु वसुंधरी।—सूदन (शब्द०)।

मुसम्मन—वि० [अ०] १ अठपहल। अष्टभुज। २ मोटाताजा। चर्बीदार। स्थूल [को०]।

यौ०—**मुसम्मन बुर्ज**=अठकोन बुर्ज।

मुसम्मर—वि० [अ०] कील या काँटे से जडा हुआ। कीलित [को०]।

मुसम्मा—वि० [अ०] [स्त्री० मुसम्मात] जिसका नाम रखा गया हो। नामक। नामी। नामधारी।

मुसम्मात[1]—वि० [अ० मुसम्मा का स्त्री० रूप] मुसम्मा शब्द का स्त्रीलिंग रूप। नाम्नी। नामधारिणी।

मुसम्मात[2]—सज्ञा स्त्री० स्त्री। औरत।

मुसरा†—सज्ञा पुं० [हिं० मूसल] पेड की वह जड जिसमे एक ही मोटा पिंड धरती के अदर दूर तक चला जाय और इधर उधर शाखाएँ न हो। जैसे, मूली, गेवल आदि की जड। 'झगरा' का उलटा।

मुसरिया†[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] कान की चूडियाँ बनाने का साँचा।

मुसरिया[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुस] चूहे का बच्चा। मुसटी।

मुसरिया[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुसर+इया (प्रत्य०)] दे० 'मुसरा'।

मुसल—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'मूसल'। Ⓤ२ वह जो मूसल की तरह जड हो। मूर्ख। जड। अज्ञ।

मुसलधार—क्रि० वि० [सं० मुसल+धार] दे० 'मूसलधार'। उ०—भले नाथ नाइ माथ चले पापप्रदनाथ बरषै मुसलधार बार बार घोरि घै।—तुलसी (शब्द०)।

मुसलमान—सज्ञा पुं० [फा०] [स्त्री० मुसलमानी] वह जो मुहम्मद साहब के चलाए हुए सप्रदाय मे हो। मुहम्मद साहब का पूर्णत अनुयायी और इस्लाम धर्म का माननेवाला। मुहम्मदी। उ०—हिंदू में क्या और है मुसलमान में और। साहब सबका एक है व्याप रहा सब ठौर।—रत्नानिधि (शब्द०)।

मुसलमानी[1]—वि० [स०] मुसलमान सबधी। मुसलमान का। जैसे, मुसलमानी मजहब।

मुसलमानी[2]—सज्ञा स्त्री० मुसलमानो की एक रस्म जिसमे छोटे बालक की इद्री पर का चमडा काट डाला जाता है। बिना यह रस्म हुए वह पक्का मुसलमान नही समझा जाता है। सुन्नत।

मुसलाधार—क्रि० वि० [हिं० मुसलधार] दे० 'मुसलधार'।

मुसलामुसली—सज्ञा स्त्री० [सं०] परस्पर मूसल का प्रहार। मूसलो की लडाई [को०]।

मुसलायुद्ध—सज्ञा पुं० [सं०] जिनका आयुध मूसल है—बलराम [को०]।

मुसलिम—सज्ञा पुं० [अ०] मुसलमान। मुहम्मदी।

यौ०—**मुसलिम लीग**=सप्रदायवादी मुसलमानो की एक सस्था। **मुसलिम लीगी**=वह जो मुसलिम लीग का अनुयायी हो।

मुसली[1]—सज्ञा पुं० [सं० मुसलिन्] दे० १ 'मुसली'। २ शिव का एक नाम (को०)।

मुसली[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० मुषली, मुसली] १ हल्दी की जाति का एक पौधा।

विशेष—इसकी जडें औषध के काम मे आती हैं और बहुत पुष्टिकारक मानी जाती हैं। यह पौधा सीड को जमीन मे उगता है। बिलासपुर जिले मे, विशेषत. अमरकटक पहाड पर, यह बहुत होता है।

मुसलीका—सज्ञा स्त्री० [स०] गृहगोधा। छिपकिली [को०]।

मुसलीय—वि० [स०] दे० 'मुसल्य'।

मुसल्य—वि० [सं०] मूसल के प्रहार से मारने के योग्य। मूसल द्वारा वध्य [को०]।

मुसल्लम[1]—वि० [फा०] जिसके खड न किए गए हो। साबुत। पूरा। अखड। जैसे,—यह गाँव मुसल्लम उन्हीं का है। २ माना हुआ। निर्विवाद (को०)।

मुसल्लम[२]—संज्ञा पु० [अ० मुसल्लिम] दे० 'मुसलमान'। उ०—हिंदू एकादशि चौविस रोजा मुसल्लम तीस बनाएँ।—कबीर (शब्द०)।

मुसल्लस—संज्ञा पु० [अ०] वह जिनमे तीन कोने वा त्रिकोण हो। २ उर्दू का एक छंद जिसमे तीन मिसरे समान तुक या वजन के होते हैं। तीन पदो का छंद। त्रिपदी। जैसे,—या तो अफसर मेरा शाहाना बनाया होता। या मेरा ताज गदायाना बनाया होता। वर्ना ऐसा जो बनाया न बनाया होता।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० २७।

मुसल्लह—वि० [अ०] हथियारबद। सशस्त्र। शस्त्रसज्जित। उ०—हमारे पास भी राइफलो से मुसल्लह गारदें, फौज, तोपखाने और हवाई जहाज हैं।—फूलो०, पृ० ५०।

मुसल्ला[१]—संज्ञा पुं० [अ०] [स्त्री० अल्पा० मुसल्ली] १ नमाज पढने की दरी या चटाई। २ ईदगाह। नमाज पढने का स्थान (को०)। ३ एक प्रकार का बरतन जो बडे दिए के आकार का होता है। यह बीच मे उभरा हुआ होता है। इसमे मुहर्रम मे चढौवा चढाया जाता है।

मुसल्ला[२]—संज्ञा पु० दे० 'मुसलमान'। उदा०—जिस दरगाह मुसल्ला बैठा डारै चादर काजी।—चरण० बानी० पृ० १५८।

मुसवाना—क्रि० स० [हिं० मूसना का प्रेर० रूप] १. लुटवाना। २ चोरी कराना।

मुसव्वर—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'मुसव्विर'। उ०—किसी हिंदुस्तानी मुसव्वर की बनाई प्रतिकृति है।—ककाल, पृ० १२४।

मुसव्विर—संज्ञा पुं० [अ०] १ चित्रकार। तसवीर खीचनेवाला। २ बेलबूटे बनानेवाला।

मुसव्विरी—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ चित्रकारी। २ नक्काशी। बेलबूटे का काम।

मुसहर—संज्ञा पु० [हिं० मूस (= चूहा) + हर (प्रत्य०)] एक प्रकार की जगली जाति।

विशेष—इस जाति का व्यवसाय जगली जडी बूटी आदि बेचना है। कहते हैं, इस जाति के लोग प्राय चूहे तक मारकर खाते हैं, इसी से मुसहर कहलाते हैं। आजकल यह जाति गाँवो और नगरो के आस पास बस गई है और दोने, पत्तल बनाने तथा पालकी आदि उठाने का काम करती है।

मुसहरिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुसहर + इन (प्रत्य०)] मुसहर जाति की स्त्री।

मुसहिल[१]—वि० [अ०] (वह दवा) जिससे दस्त आवे। दस्तावर। रेचक।

विशेष—ऐसी दवा प्राय जुलाब से एक दिन पहले खाई जाती है।

मुसहिल[२]—संज्ञा पु० जुलाब। रेचन।

मुसाफिर—संज्ञा पुं० [अ० मुसाफिर] यात्री। राहगीर। बटोही। पथिक।

मुसाफिरखाना—संज्ञा पुं० [अ० मुसाफिर + फा० खाना] १ यात्रियो के, विशेषत रेल के यात्रियो के ठहरने के लिये बना हुआ स्थान। २. धर्मशाला। सराय।

मुसाफिरत—संज्ञा स्त्री० [अ० मुसाफ़िरत] १ मुसाफिर होने की दशा। २ मुसाफिरी। प्रवास।

मुसाफिरी[१]—संज्ञा स्त्री० [अ० मुसफ़िरी] १ मुसाफिर होने की दशा। २ यात्रा। प्रवास।

मुसाफिरी[२]—वि० मुसाफिर का। मुसाफिर जैसा। उ०—कब पहना मुसाफिरी बाना? हमने न अभी तक यह जाना।—अपलक, पृ० ५६।

मुसालⓊ†—संज्ञा पुं० [स० मातृष्वसा + आलय ?] १ मौसियाना। मौसी का आलय। २ माँ का आलय। ननिहाल। उ०—बरष अट्ठ प्रथिराज गयउ दिल्ली मुसाल यह। राज करे अनगेस सेव मरुधरा करै सह।—पृ० रा०, ७।२५।

मुसाहब—संज्ञा पुं० [अ० मुसाहब] वह जो किसी धनवान या राजा आदि के समीप उसका मन बहलाने अथवा इस प्रकार के और कामो के लिये रहता है। पार्श्ववर्ती। सहवासी। उ०—अकबर शाह के मुसाहब, फारसी और सस्कृत भाषा के महाकवि थे।—अकबरी०, पृ० ४६।

मुसाहबत—संज्ञा स्त्री० [अ०] मुसाहब का पद या काम।

मुसाहबी—संज्ञा स्त्री० [अ० मुसाहब + ई (प्रत्य०)] मुसाहब का पद या काम।

मुसाहिब—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'मुसाहब'।

मुसिकानाⓊ†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकाना'। उ०—इहि सुनि नागरि नवल नवेली मुसिकी नैन दुराइ।—नंद० ग्र०, पृ० ३८६।

मुसीका†—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'मुसका'।

मुसीबत—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ तकलीफ। कष्ट। २. विपत्ति। सकट।

क्रि० प्र०—उठाना।—झेलना।—भोगना।—सहना।

मुहा०—मुसीबत का मारा = विपद्ग्रस्त। अभागा। मुसीबत के दिन = दुर्दिन। कष्ट का समय।

मुसुक†—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'मुश्क'[१]। उ०—नरकी बाँधै मुसुक बाँधते गउ और बछरा।—पलटू०, भा० १, पृ० ३७।

मुसुकाना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'मुसकराना'। उ०—पान खात मुसुकात मृदु को यह केशवदास।—केशव (शब्द०)।

मुसुकानिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकान'। उ०—पियत रहत पिय नैन यह, तेरी मृदु मुसुकानि।—मति० ग्र०, पृ० ४०४।

मुसुकाहटⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट'।

मुसौवर—संज्ञा पुं० [अ० मुसव्वर] मुसव्विर। चित्रकार। उ०—

मुसौवर खीच ले तसवीर गर तुझमे रसाई हो ।—श्यामा०, पृ० ७३ ।

मुस्क(५)†—सज्ञा पु० [अ० मुश्क] कस्तूरी । दे० 'मुश्क' । उ०—है न जटा, ए वार विराजत नील न ग्रीव में मुस्क लगाए । सीस न चद कला ए 'गुविद' सु पुस्पप्रभा विलसे सुखदाए । —पोद्दार अभि०ग्र०, पृ० ४३५ ।

मुस्किल†—वि० [अ० मुश्किल] दे० 'मुश्किल' । उ०—पढना गुनना चातुरी, यह तो वात सहल । काम दहन मन वसि करन, गगन चढल मुस्कल ।—सतवाणी०, पृ० ४६ ।

मुस्की[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' ।

मुस्की[2]—वि० [फा० मुश्की] दे० 'मुश्की' ।

मुस्क्यान(५)†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मुसकराहट' ।

मुस्टडा—वि० [सं० पुष्ट] १ मोटा ताजा । हृष्टपुष्ट । पुष्ट भुजदड-वाला । २ वदमाश । गुडा । लुच्चा । शोहदा ।

मुस्त—सज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० मुस्ता] नागरमोथा । माथा नाम की घास ।

मुस्तक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० मुस्तका] नागरमोथा । मोथा ।

यौ०—मुस्तगधा । मुस्तकगधा = नागरमोथा । उ०—मुस्तक-गधा खुदी मृत्तिका है इधर, वने आर्द्र पदचिह्न, गए शूकर जिधर । —साकेत, पृ० १३७ ।

मुस्तकिल—वि० [अ० मुस्तकिल] १ अटल । स्थिर । २ पक्का । मजवूत । दृढ़ । ३ स्थायी रूप से किसी पद वा काम पर नियुक्त (को०) ।

यौ०—मुस्तकिल मिजाज = स्थिरचित्त । दृढनिश्चयी । मुस्तकिल हकदार = सपत्ति, विशेषतया भूमपत्ति का स्थायी अधिकारी ।

मुस्तकीम—वि० [अ० मुस्तकीम] सरल । ऋजु । ठीक । सीधा । उ०—यकीन जप मैं वई वदा हूँ कदीम । करनहार हूँ काम फिर, मुस्तकीम ।—दक्खिनी०, पृ० ६१ ।

मुस्तगीस—सज्ञा पुं० [अ० मुस्तगीस] [स्त्री० मुस्तगीसा] १ वह जो किसी प्रकार का इस्तगासा या अभियोग उपस्थित करे । फरियादी । २ मुद्दई । दावेदार ।

मुस्ततील—सज्ञा पु० [अ०] आयत समकोण चतुर्भुज (को०) ।

मुस्तदई—वि० [अ०] आवेदक । प्रार्थी (को०) ।

मुस्तनद—वि० [अ०] जो सनद के तौर पर माना जाय । विश्वास करने के योग्य । प्रामाणिक ।

मुस्तफा—वि० [अ० मुस्तफा] १ पवित्र । पुनीत । निर्मल । जिसमे मनुष्यों का कोई दुर्गुण न हो । २ चुना हुआ । श्रेष्ठ (को०) ।

मुस्तफीद—वि० [अ० मुस्तफीद] फायदा उठाने या चाहनेवाला ।

मुस्तशना—वि० [अ० मुस्तसना] १ अलग किया हुआ । छाँटा हुआ । भिन्न । २ जो अपवाद स्वरूप हो । ३ उससे मुक्त किया हुआ, जिसका पालन औरो के लिये आवश्यक हो । वरी किया हुआ ।

मुस्तहक—वि० [अ० मुस्तहक] १ हकदार । अधिकारी । २ योग्य । पात्र ।

मुस्तहकिम—वि० [अ० मुस्तहकीन] योग्य । ठीक । वाजिव । उ०—कम्फहम आदमी की राय मुस्तहकिम नहीं होती ।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३१ ।

मुस्ता—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की घास । मोथा ।

मुस्ताद—सज्ञा पुं० [सं०] जगली सूअर (जो मोथे की जड खाता है) ।

मुस्ताभ—सज्ञा पुं० [सं०] नागरमोथा (को०) ।

मुस्तु—सज्ञा पुं० [सं०] मुस्का । घूँसा । मुट्ठी (को०) ।

मुस्तैद—वि० [अ० मुस्तअद, मुस्तइद] १ जो किसी कार्य के लिये तत्पर हो । सनद्ध । २ चुस्त । चालाक । तेज ।

मुस्तैदी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुस्तअद + ई (प्रत्य०) मुस्तइदी] १ सन्नद्धता । तत्परता । २ फुरती । उत्साह ।

मुस्तौजिर—सज्ञा पुं० [अ०] ठेके पर काम करनेवाला । ठेकेदार (को०) ।

मुस्तौफी—सज्ञा पुं० [अ० मुस्तौफी] वह पदाधिकारी जो अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के हिसाब की जाँच पडताल करे । आय-व्यय-परीक्षक । उ०—वाकिल वाकी स्याहा मुजलिम सब अधर्म की वाकी । चित्रगुप्त होते मुस्तौफी शरण गहूँ मैं काकी । —सूर (शब्द०) ।

मुस्त्र—सज्ञा पुं० [स०] १ मूसल । २ अश्रु । आँसू (को०) ।

मुहगा†—वि० [सं० महार्घ, प्रा० महग्घ] दे० 'महँगा' । उ०—घरि बइठा ही आभरण, मोल मुहगा लेसि ।—ढोला०, दू० २२५ ।

मुह—सज्ञा पुं० [सं० मुख] दे० 'मुँह' । उ०—(क) पहिल नेवाला खाई जाय मुह भीतर जवही । खण चूप भै रहइ गारी गाइ दे तवही ।—कीर्ति०, पृ० ४२ । (ख) मुह मे खाँट पेट मे विष ऐसे इस पुरुवशी के फद मे फँसकर अव मैं निर्लज्ज कहलाई सो ठीक है ।—शकुतला, पृ० ६५ ।

मुहकम—वि० [अ०] दृढ । पक्का । उ०—सूर पाप को गढ दृढ कीन्हो मुहकम लाइ किवारे ।—सूर (शब्द०) ।

मुहकमा—सज्ञा पुं० [अ०] सरिश्ता । विभाग । सीगा ।

मुहज्जब—वि० [अ० मुहज्जब] सस्कृत । शिष्ट । नागरिक । शिक्षित । उ०—हिदुस्तानी जवानो मे सबसे ज्यादा शाइस्ता और मुहज्जब जवान ग्वालियरी है । —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ८७ ।

मुहतमिम—सज्ञा पुं० [अ०] वदोवस्त करनेवाला । इतजाम करने-वाला । निगरानी करनेवाला । प्रवधक । व्यवस्थापक ।

मुहतरका—सज्ञा पुं० [?] वह कर जो व्यापार, वाणिज्य आदि पर लगाया जाय ।

मुहतरम—वि० [अ० मुहतरम] मान्य । प्रतिष्ठित । श्रेष्ठ (को०) ।

मुहताज—वि० [अ० मुहताज] १ जिसे किसी ऐसे पदार्थ की बहुत अधिक आवश्यकता हो जो उसके पास बिलकुल न हो । जैसे, दाने दाने को मुहताज । उ०—कौडी कौडी को करूँ, मैं सबको मुहताज ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४७३ । २ दरिद्र । गरीब । कगाल । निर्धन ।

यौ०—मुहताजखाना = अनाथालय । अन्नसत्र । गरीबो को भोजन आदि देने की जगह ।

३ निर्भर । आश्रित । ४ चाहनेवाला । आकाक्षी । जैसे,—हम तुम्हारे रुपए के मुहताज नही ।

मुहताजी—सज्ञा स्त्री० [अ० मुहताज + ई (प्रत्य०)] १ मुहताज होने की क्रिया या भाव । दरिद्रता । गरीबी । २ परमुखापेक्षी होने का भाव । परवशता ।

मुहद्दिस—सज्ञा पुं० [अ० मुहद्दिस] हदीस (पैगबर का कथन) का ज्ञाता या जाननेवाला [को०] ।

मुहब्बनी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का फल जो नारगी की तरह का होता है ।

मुहब्बत—सज्ञा स्त्री० [अ०] प्रीति । प्रेम । प्यार । चाह ।

मुहा०—मुहब्बत उछलना = प्रेम का आवेश होना । २ दोस्ती । मित्रता । ३ इश्क । लगन । लौ ।

क्रि० प्र०—करना ।—रखना ।

यौ०—मुहब्बतनामा = (१) प्रेमपत्र । प्रेमी या प्रेमिका का पत्र । (२) मित्र या प्रियजन का पत्र ।

मुहम—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'मुहिम' । उ०—जाय नवोढा सासरे, आँसू नाँख उसास । मावडिया जावै मुहम, इम विन हुवे उदास ।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० १६ ।

मुहम्मद—सज्ञा पु० [अ०] अरब के एक प्रसिद्ध धर्माचार्य जिन्होने इस्लाम या मुसलमानी धर्म का प्रवर्तन किया था ।

विशेष—इनका जन्म मक्के मे सन् ५७० ई० के लगभग और मृत्यु मदीने मे सन् ६३२ ई० में हुई थी । इनके पिता का नाम अब्दुल्ला और माता का नाम अमीना था । इन्होंने अपने जीवन के आरभिक काल मे ही यहूदियो और ईसाइयो की बहुत सी धार्मिक बातो का ज्ञान प्राप्त कर लिया था । उसी समय से ये स्वतत्र रूप से अपना एक धर्म चलाने की चिंता मे थे और उसी उद्देश्य से लोगो को कुछ उपदेश भी देने लगे थे । प्राय ४० वर्ष की अवस्था में इन्होने यह प्रसिद्ध किया था कि ईश्वर ने मुझे इस ससार मे अपना पैगबर (दूत) बनाकर धर्मप्रचार करने के लिये भेजा है । इसके उपरात इन्होंने कुरान की रचना की, और उसके सबध मे यह प्रसिद्ध किया कि इसकी सब बातें खुदा अपने फरिश्ते जिब्राईल के द्वारा समय समय पर मुझसे कहलाता रहा है । धीरे धीरे कुछ लोग इनके अनुयायी हो गए । पर बहुत से लोग इनके विरोधी भी थे, जिनसे समय समय पर इन्हे युद्ध करना पडता था । यह भी प्रसिद्ध है कि ये एक बार सदेह स्वर्ग गए थे और वहाँ ईश्वर से मिले थे । अरबवालो ने कई बार इनके प्राण लेने की चेष्टा की थी, पर ये किसी न किसी प्रकार बराबर बचते ही गए । ये मूर्तिपूजा के कट्टर विरोधी और एकेश्वरवाद के प्रचारक थे । अपने आपको ये पैगंबर या ईश्वरीय दूत बतलाते थे । इन्होंने कई विवाह भी किए थे । ये जैसे उदार और कृपालु थे वैसे ही कट्टर और निर्दय भी थे ।

मुहम्मदी—सज्ञा पु० [अ०] मुहम्मद साहब का अनुयायी । मुसलमान । उ०—इस नवीन विरुद्ध धर्म के अनुयायी होकर कुछ दिनो मे उसी दल के परगणित हो कट्टर मुहम्मदी हो गए ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २४० ।

मुहय्या—वि० [अ०] दे० 'मुहैया' ।

मुहर'—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोह] [फा० मोहर] दे० 'मोहर' । उ०—तुम कहँ दीन्ह जक्त को भारा । तुम्हरी मुहर चलै ससारा ।—कबीर सा०, पृ० १०११ ।

यौ०—मुहरकन = मुहर खोदनेवाला । मुहरबरदार = मुहर रखनेवाला अधिकारी ।

मुहा०—मुहर करना । मुहर लगाना = प्रमाणित कर देना ।

मुहर(५)[२]—सज्ञा पुं० [स० मुखर, प्रा० मुहर] वाचाल । मुखर । बकवादी । उ०—चोहाना तौंवर अभंग मुहर सब्ब सामत ।—पृ० रा०, ४।१६ ।

मुहर(५)†[३]—सज्ञा पुं० [स० मयूर, हिं० मोर] मोर । उ०—कजा सूं मुहर यक ऊपर आय कर । वहिश्त के कँगूरे ऊपर जाय कर ।—दक्खिनी०, पृ० ३२८ ।

मुहर मुहर(५)—अव्य० [सं० मुहुर्मुहु] बारबार । वार वार । उ०—निकट निजल घट तर्ज मुहर मुहर पति दरसी ।—पृ० रा०, ६१।३७० ।

मुहरा'—सज्ञा पु० हिं० मुँह + रा (प्रत्य०)] १ सामने का भाग । आगा । सिरा । सामना ।

मुहा०—मुहरा लेना = मुकाबिला करना । सामने होकर लडना । २ निशाना । ३ मुँह की आकृति ।

यौ०—चेहरा मुहरा ।

४ शतरज की कोई गोटी । उ०—घोडा दै फरजी बदलावा । जेहि मुहरा रुख चहै सो पावा ।—जायसी (शब्द०) । ५ पत्ती घोटने का शीशा । ६ [स्त्री० मुहरी] घोडे अथवा सवारी के पशुओ का एक साज जो उसके मुँह पर पहनाया जाता है । उ०—(क) अनुपम सुछवि मुहरो लगाम ललाम दुमची जीव की ।—रघुराज (शब्द०) । (ख) ऊँमर साल्ह उतारियउ मन खोटइ मनुहारि । पगसूँ ही पग कूँटियउ, मुहरी झाली नारि । —ढोला०, दू० ६२६ । ७ शतरज की गोटियाँ ।

मुहरी'—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोहरी] १ दे० 'मोरी' । २ दे० 'मोहरी' ।

मुहर्रम—सज्ञा पुं० [अ०] अरबी वर्ष का पहला महीना । इसी महीने में इमाम हुसेन शहीद हुए थे । मुसलमानो में यह महीना शोक का माना जाता है ।

मुहा०—मुहर्रमी सूरत = रोनी सूरत । मनहूस सूरत । मुहर्रम की पैदाइश होना = मनहूस होना । सदा दुखी और चिंतित रहना ।

मुहर्रमी—वि० [अ० मुहर्रम + ई (प्रत्य०)] १. मुहर्रम सबधी । मुहर्रम का । २. शोकव्यजक । ३ मनहूस । उ०—जिस किसी की प्रकृति मे शोक या विषाद ओतप्रोत हो जायगा · तो वह अनेक व्यक्तियो या वस्तुओ से खिन्नता प्राप्त किया करेगा

और रोना, मनहूस या मुहर्रमी कहलाएगा ।—रस०, पृ० १८३ ।

यौ०—मुहर्रमी सूरत = रोनी सूरत । मनहूस सूरत ।

मुहर्रिक—वि० [अ०] १ प्रेरक । चालक । २ प्रस्तावक । ३. उत्तेजक । उत्तेजना देनेवाला [को०] ।

मुहर्रिर—सज्ञा पुं० [अ०] लेखक । मुंशी । लिपिक क्लर्क । उ०—पांच मुहर्रिर साथ करि दीने तिनकी बडी विपरीत । जिम्मे उनके, मांगे मोते यह तो बडी अनीत ।—सूर (शब्द०) ।

मुहर्रिरी—सज्ञा स्त्री० [अ०] मुहर्रिर का काम । लिखने का काम ।

मुहलत—सज्ञा स्त्री० [अ० मोहलत] 'मोहलत' ।

मुहलयⓤ—सज्ञा पुं० [दश०] मुहाल । भ्रमर । उ०—कुवलय गज मुहलय मुदित विदित बली दरबार ।—पृ० रा०, २।४६२ ।

मुहलीⓤ—सज्ञा स्त्री० [स० मुसल का स्त्री०] दे० 'मूसल' । उ०—कबीर चावल कारने तुख को को मुहली लाइ ।—कबीर ग्र०, पृ० २५२ ।

मुहलैठी—सज्ञा स्त्री० [सं० मधुयष्टि] दे० 'मुलेठी' ।

मुहल्ला—सज्ञा पुं० [अ० मुहल्लह्] दे० 'महल्ला' ।

मुहसिन—वि० [अ०] १ एहसान करनेवाला । अनुग्रह करनेवाला । २ सहायक । मददगार ।

यौ०—मुहसिन कुश = एहसान फरामोश । कृतघ्न । मुहसिन-कुशी = कृतघ्नता ।

मुहसिल[1]—वि० [अ० मुहासिल] तहसील वसूल करनेवाला । उगाहनेवाला ।

मुहसिल[2]—सज्ञा पुं० प्यादा । फेरीदार । उ०—मैं न दियो, मन उन लियो, मुहसिल मन पठाय ।—रसनिधि (शब्द०) ।

मुहाफिज—वि० [अ० मुहाफिज] हिफाजत करनेवाला । सरक्षक । रखवाला ।

मुहाफिजखाना—सज्ञा पुं० [अ० मुहाफिज + फा० खानह्] कचहरी मे वह स्थान जहाँ सब प्रकार की मिसलें आदि रहती हैं ।

मुहाफिज दफ्तर—सज्ञा पुं० [अ० मुहाफिज + दफ्तर] कचहरी का वह अधिकारी जिसके निरीक्षण मे मुहाफिजखाना रहता है । (अ० रेकर्ड कीपर) ।

मुहाका†—वि० [स० मोहक ? या दश०] मोहित करनेवाला । ठग । लुटेरा । उ०—अठसठ हाट इसे गढ माही । विचि पच मुहाके लूट लै जाहीं ।—प्राण०, पृ० ३० ।

मुहाचहीⓤ—सज्ञा पुं० [हिं० मुंह + चाहना] मुखदर्शन । मुख का देखना । दर्शन । उ०—जान प्यारी सुधि हूँ अपुनपौ बिसरि जाय । माधुरी निधान तेरी नैसिक मुहाचही ।—घनानद, पृ० ३७४ ।

मुहामुहीं†—क्रि० वि० [हिं० मुंह] आमने सामने । परस्पर एक दूसरे से । उ०—तब विधवा के गर्भ की वार्ता जहाँ जहाँ लोग मुहांमुही करने लगे ।—भक्तमाल (श्री०), पृ० ४७५ ।

मुहार†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुंह + आर (प्रत्य०)] १ ऊँट की नकेल । मुहरी । २ मकान का दरवाजा ।

मुहारबा—सज्ञा पुं० [अ० मुहारबह्] युद्ध । परस्पर सग्राम । लडाई [को०] ।

मुहालⓤ—सज्ञा स्त्री० [दश०] भ्रमर । मधुमक्खी । दे० 'मुहलय' । उ०—महु तजि चलत मुहाल अन्य तरु माप लगन कहुँ । बहुल विहद विसाल चलत बसि पवन गगन महुँ । पृ० रा०, ७।२३ ।

मुहाल[1]—वि० [अ०] १ असभव । नामुमकिन । २ कठिन । दुष्कर । दुःसाध्य । उ०—है मुहाल उनका दाम में आना । दिल है उन मन बुतों का जर की तरफ ।—कबिता कौ०, भा० ४, पृ० २२ ।

मुहाल[2]—सज्ञा पुं० १ दे० 'महाल' । २ दे० 'महल्ला' ।

मुहाला—सज्ञा पुं० [हिं० मुंह + वाला (प्रत्य०)] पीतल का वह कड या चूडी जो हाथी के दात मे शोभा के लिये चढाई जाती है । बगर । बगड । उ०—कारन बदन मदत बिराजहिं हाटक बैंवे मुहाले । मनहु द्वैज शशि श्याम मेघ मधि उभय नोक छवि माले ।—रघुराज (शब्द०) ।

मुहावरत—सज्ञा स्त्री० [अ०] परस्पर वार्ता । आपस मे बातचीत करना [को०] ।

मुहावरा—सज्ञा पुं० [अ० मुहावरह्] १ लक्षणा या व्यजना द्वारा सिद्ध वाक्य या प्रयोग जो किसी एक ही बोली या लिखी जानेवाली भाषा मे प्रचलित हो और जिसका अर्थ प्रत्यक्ष (अभिधेय) अर्थ से विलक्षण हो । रूढ लाक्षणिक प्रयोग । किसी एक भाषा मे दिखाई पडनेवाली असाधारण शब्दयोजना अथवा प्रयोग । जैसे,—'लाठी खाना' मुहावरा है, क्योंकि इसमे 'खाना' शब्द अपने साधारण अर्थ मे नहीं आया है, लाक्षणिक अर्थ मे आया है । लाठी खाने की चीज नहीं है, पर बोलचाल मे 'लाठी खाना' का अर्थ 'लाठी का प्रहार सहना' लिया जाता है । इसी प्रकार 'गुल खिलाना' 'घर करना', 'चमडा खोचना', 'चिकनी चुपडी बातें' आदि मुहावरे के अतर्गत हैं । कुछ लोग इसे 'रोजमर्रा' या 'बोलचाल' भी कहते हैं । २ अभ्यास । आदत । जैसे,—आजकल मेरा लिखने का मुहावरा छूट गया है ।

क्रि० प्र०—छूटना ।—डालना ।—पडना ।

मुहासबा—सज्ञा पुं० [अ० मुहासबह्] दे० 'मुहासिबा' उ०—दिल को करहु फराख फकीरा रहु मुहासबे पाक ।—पलटू०, भा० ३, पृ० १० ।

मुहासरा—सज्ञा पुं० [अ० मुहासरह्] दे० 'मुहासिरा' [को०] ।

मुहासिब—सज्ञा पुं० [अ०] १ हिसाब जाननेवाला । गणितज्ञ । २ पडताल करनेवाला । आँकनेवाला । हिसाब लेनेवाला । उ०—सूर आप गुजरान मुहासिब लै जवाब पहुँचावै ।—सूर (शब्द०) ।

मुहासिबा—सज्ञा पुं० [अ०] १ हिसाब । लेखा । उ०—सूरदास को यह मुहासिबा दस्तक कीजै माफ —सूर (शब्द०) । २ पूछताछ ।

मुहासिरा—सज्ञा पुं० [अ०] १ युद्ध आदि के समय किले या शत्रुसेना को चारो ओर घेरने का काम। घेरा। २ घेरा। हदबदी।

मुहासिल—सज्ञा पुं० [अ०] १ आय। आमदनी। २ लाभ। मुनाफा। नफा। ३ बिक्री आदि से होनेवाली आय।

मुहि(पु)—सर्व० [हिं० मुझ] दे० 'मोहि'। उ०—तिनमे इक सिसुपाल, ताहि मुहि देत रुकम सठ।—नद० ग्र०, पृ० २०५।

मुहिब्ब—सज्ञा पुं० [अ०] प्रेम रखनेवाला। दोस्ती रखनेवाला। दोस्त। मित्र। मोहब्बत रखनेवाला।

मुहिम—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कोई कठिन या बडा काम। भारी, मारके का या जान जोखो का काम। २ लडाई। युद्ध। समर। जग। ३ फौज की चढाई। आक्रमण। उ० आए तेरे दृगन पै जे मुहीम अखत्यार। कितने मनसूबा गए इन सौं जुरके हार।—रसनिधि (शब्द०)।

मुहिर[1]—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव।

मुहिर[2]—वि० मूर्ख। जडबुद्धि।

मुहिर(पु)[3]—सज्ञा पुं० [स० मुदिर, प्रा० मुहर] मेघ। बादल। उ०—मुहिर बलाहक तडित पति, कामुक घूमसपूत।—नद० ग्र०, पृ० ८८।

मुहिम—सज्ञा स्त्री० [अ० मुहिम, मुहिम्म] 'मुहिम'। उ०—कबीर तोडा मान गढ, मारे पाँच गनीम। सीस नवाया धनी को, साजी बडी मुहीम।—कबीर सा० स०, पृ० २७।

मुहु.—अव्य० [स० मुहु।] बार बार। फिर फिर।
यौ०—मुहुर्मुहु।

मुहु†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'मुँह'।

मुहुक—सज्ञा पुं० [स०] एक पल। एक क्षण [को०]।

मुहुपुची—सज्ञा स्त्री० [देश०] काले रग का एक प्रकार का छोटा कीडा जो मूँगफली की फसल को नष्ट कर देता है। खुरल।

विशेष—ये कीडे रात को अधिक उडते हैं। ये पत्तियो पर अडे देते हैं जिससे पत्तियाँ सूख जाती हैं। ये कीडे धूप और साफ दिनो मे बहुत हानि पहुँचाते हैं। इनसे खेत की फसल काली हो जाती है। पानी बरसने पर ये कीडे नष्ट हो जाते हैं।

मुहुर्भुक्—सज्ञा पुं० [स० मुहुर्भुज्] घोडा। अश्व [को०]।

मुहूरत(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० मुहूर्त] १ दे० 'मुहूर्त'। उ०—ब्रह्म मुहूरति कुअँर कान्ह निज घर आए तब। गोपनि अपनी गोपी अपने ढिग पाई सब।—नद० ग्र०, पृ० ३६। २ सिनेमा की फिल्मो के आरभ का मुहूर्त।

मुहूर्त—सज्ञा पुं० [स० मुहूर्त्त] १ काल का एक नाम। दिन रात का तीसवाँ भाग। २ निर्दिष्ट क्षण या काल। समय। जैसे, शुभ मुहूर्त। ३ १२ क्षण का समय (को०)। ४. दो घटी का काल ५ ज्यौतिषी (को०)। ६ फलित ज्योतिष के अनुसार गणना करके निकाला हुआ कोई समय जिसपर कोई शुभ काम (यात्रा, विवाह) आदि किया जाय।

क्रि० प्र०—निकलना।—निकालना।—देखना।—दिखलाना।

मुहूर्तक—सज्ञा पु० [स०] १ क्षण। काल। समय। २ ४८ मिनट का काल [को०]।

मुहैया—वि० [अ०] १. तैयार। तत्पर। प्रस्तुत। २ उपस्थित। मौजूद। ३ उपलब्ध [को०]।

मुह्यमान—वि० [सं०] मूर्छित। जो मोहित हो रहा या हुआ हो। मूर्छायुक्त। मोहयुक्त [को०]।

मूँ†[1]—सज्ञा पु० [स० मुख, प्रा० मुँह] दे० 'मुँह'। उ०—घो शारूँ के मूँ ते सुने यो बैन। नसीहत पर उसकी गजब मे हो ऐन।—दक्खिनी०, पृ० १०।

मूँ(पु)†[2]—सर्व० [हिं० मुझ का सबध कारक का रूप] मेरा। मेरी। उ०—करहा देस सुहामणउ, जे मूँ सासरिवाडि। आँब मरीखउ आँब गिणि, जालि करीराँ झाडि।—ढोला०, दू० ४३२।

मूँग—सज्ञा स्त्री०, पु० [स० मुद्ग] एक अन्न जिसकी दाल बनती है।

विशेष—मूँग भादो मे प्राय साँवाँ आदि और अन्नो के साथ बोई जाती है और अगहन मे कटती है। इसके पौधे की टहनियाँ लता के रूप मे इधर उधर फैली होती है। एक एक सीके मे सेम की तरह तीन तीन पत्तियाँ होती ह। फूल नीले या बैगनी होते हैं। फलियाँ ढाई तीन अगुल की पतली पतली होती है और गुच्छा मे लगती हैं। फलियो के भीतर ५–६ लबे गोल दाने होते है, जिनके मुँह पर की बिंदी उर्द की तरह स्पष्ट नही होती। मूँग के लिये बलुई मिट्टी और थोडी वर्षा चाहिए। मूँग कई प्रकार की होती है—हरी, काली, पीली। हरी या पीली मूँग अच्छी समझी जाती है और 'सोना मूँग' कहलाती है। वैद्यक मे मूग रूखी, लघु, धारक, कफघ्न, पित्तनाशक, कुछ वायुवर्धक, नेत्रो के लिये हितकर और ज्वरनाशक कही गई है। वनमूँग के भी प्राय यही गुण है। मूँग का दाल बहुत हलकी और पथ्य समझा जाती है, इसी से रोगियो को प्राय दी जाती है। इससे बडी, पापड, लड्डू आदि भी बनते है।

पर्या०—सूपश्रेष्ठ। वर्णार्ह। रसोत्तम। भुक्तिप्रद। हयानन्द। सुफल। वाजिभाजन।

मुहा०—छाती पर मूग दलना = दे० 'छाती' का मुहा०। मूँग की दाल खानेवाला = पुरुषार्थहीन। निबल। डरपोक।

मूँगफली—सज्ञा स्त्री० [हिं० मूँग + फली या स० भूमि + हिं० फली] १ एक प्रकार का क्षुप जिसका खेत फलो के लिये प्राय सारे भारत मे की जाती है।

विशेष—यह क्षुप तीन चार फुट तक ऊँचा होकर पृथ्वी पर चारो ओर फैल जाता है। इसके डठल रोएँदार होते है और सीको पर दो दो जोडे पत्ते होते हैं जो आकार मे चकवँड के पत्तो के समान अडाकार, पर कुछ लबाई लिए होते हैं। सूर्यास्त होने पर इसके पत्तो के जोडे आपस मे मिल जाते हैं और सूर्योदय होने पर फिर अलग हो जाते हैं। इसमे अरहर के फूलो के से चमकीले पीले रग के २–३ फूल एक साथ और एक जगह लगते हैं। इसकी जड में मिट्टी के अदर फल लगते हैं जिनके ऊपर कडा और खुरदुरा छिलका होता है तथा अदर गोल, कुछ लबोतरा और पतले लाल छिलकेवाला फल होता

एक सीधा काड पतली छड के रूप मे ऊपर निकलता है जिसके सिरे पर मजरी या घूए के रूप मे फूल लगते है। सरकडे से इसमे यह भेद होता है कि इसमे गाँठें नहीं होती और छाल बडी चमकीली तथा चिकनी होती है। सींक से यह छाल उतारकर बहुत सुदर सुदर डलियाँ बुनी जाती है। मूँज प्राय ऊँचे ढालुएँ स्थानो पर बगीचे की बाडो या ऊँची मेडो पर लगाई जाती है। मूँज बहुत पवित्र मानी जाती है। ब्राह्मणो के उपनयन सस्कार के समय बटु को मुजमेखला (मूँज की करधनी) पहनाने का विधान है।

पर्या०—मौजीतृण। ब्राह्मण्य। तेजनाह्वय। वानीरक। मुजनक। शीरी। दर्भाह्वय। दूरमूल। दृढमूल। बटुमज। रजन। शत्रुभग।

मूँजीलाछन(पु)†—वि० [स० मौञ्जीलाञ्छन] मूँज की मेखला से युक्त। उ०—मूँजीलाछन कृष्नाजिन महित मुनि यूँ राजै।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० १४५।

मूँझा(पु)†—वि० [स० मुग्ध] लीन। सराबोर। तर। उ०—गूझा रस मूँझा दधि न्यारी।—नद० ग्र०, पृ० ३०।

मूँठी(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुट्ठी] दे० 'मुट्ठी' 'मुष्टि'। उ०—नाहि त काह छार एक मूँठी।—जायसी ग्र०, पृ० २३२।

मूँड†—सज्ञा पु० [स० मुण्ड] सिर। कपाल। उ०—(क) तुलसी की बाजी राखी राम ही के नाम, नत भेंट पितरन को न मूँड हू मे बारु है।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—मूँड चढ़ना=ढिठाई करना। सिर चढना। मूँड़ चढ़ाना=ढीठ करना। निडर कर देना। सिर चढाना। मूँड मारना=बहुत हैरान होना। बहुत कोशिश करना। उ०—मूँड मारि हिय हारि कै हित हहरि अब चरन सरन तकि आयो।—तुलसी (शब्द०)। मूँड मुडाना=(१) सन्यासी होना। (२) बाना बदलना। अन्य रूप स्वीकारना। नारि मुई गृह सपति नासी मूँड मुडाइ होहिं सन्यासी।—मानस, ७।१००। विशेष दे० 'सिर'।

मूँडकटा—सज्ञा पुं० [हिं० मूड+काटना] दूसरे का सिर काटनेवाला। दूसरे की हानि करनेवाला। धोखा देकर दूसरे को नुकसान पहुचानेवाला।

मूँड़न—सज्ञा पुं० [स० मुण्डन] मुडन सस्कार जिसमे बालक के बाल पहले पहल मुँडाए जाते है। चूडाकरण सस्कार।

यौ०—मूँडन छेदन=कर्णवेध और चूडाकरण।

मूँडना—क्रि० स० [स० मुण्डन] १ सिर के बाल बनाना। हजामत करना। २ धोखा देकर माल उडाना। ठगना। जैसे,—उसने १०) तुमसे मूँड लिए। ३ भेडो के शरीर पर से ऊन कतरना। ४ चेला बनाना। दीक्षित करना। जैसे, चेला मूँडना। उ०—जुरे सिद्ध साधक ठगिया से बडो जाल फैलायो। मूँड्यो जिन्हें मिटायो तिनको जग सो नाम धरायो।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४४६।

मूँड़ा—सज्ञा पुं० [स० मुण्ड] १ सिर। २ मूँड के आकार की वस्तु।

मूँडी—सज्ञा स्त्री० [स० मुण्डिका] १ सिर। मस्तक।

मुहा०—मूँडी काटे=स्त्रियो की बोलचाल मे पुरुषो के लिये स्त्रियो की एक गाली। मुँडी मरोड़ना=(१) गला दबाकर मार डालना। (२) धोखा देकर हानि पहुँचाना।

२ किसी वस्तु का शिरोभाग (जो मूँड के आकार का हो)।

मूँड़ीबध—सज्ञा पुं० [हिं० मूँडी+बंध] कुश्ती का एक पेंच जिसमे एक पहलवान दूसरे की पीठ पर चढकर उसकी बगल के नीचे से अपने हाथ ले जाकर उसकी गर्दन दबाता है।

मूँदना—क्रि० स० [सं० मुद्रण] १ ऊपर से कोई वस्तु डाल या फैलाकर किसी वस्तु को छिपाना। आच्छादित करना। बद करना। ढाँकना। जैसे, आँख मूँदना। उ०—मूँदिय आँखि कतहुँ कछु नाही।—तुलसी (शब्द०)। २ छेद, द्वार, मुँह आदि पर कोई वस्तु फैला या रखकर उसे बद करना। खुला न रहने देना। जैसे, नाक कान मूँदना, छेद मूँदना, खिडकी मूँदना, घडे का मुँह मूँदना। ३ रोकना। अवरोध करना। घेरना। छिपा रखना। उ०—तब सख्याजी कहे, जो इनको इक ठोरे क्यो मूँदि राखे है।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १२६।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।—रखना।

मूँदर(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० मुद्रा, मुद्रिका] मुँदरी। अँगूठी।

मूँधा†—वि० [स० मुग्ध] दे० 'मुग्ध'।

मूँधना(पु)—क्रि० स० [हिं०] १ मूँदना। २ मुग्ध करना। उ०—आए अलि ऊधो प्रेम पथ को करन मूँधो रूधो निज खास वास तजो री धरनि को।—दीन० ग्र० पृ० ४७।

मूँधा†—वि० [देश० या स० मूर्धा ?] उलटा। औंधा। सिर के बल। उ०—बनियाँ मूँधो ह्वै रह्यो ढूँगे फेरी हाथ। सुदर ऐसो भ्रम भयो मेरे तो नहि माथ।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७७३।

मूँन†(पु)—वि० [स० मौन, पु०हिं० मवन] दे० 'मौन'। उ०—अगन अनग तन मे छिपाइ, रहै मूँन मनह तन ज्यौ दुपाई।—पृ० रा०, १५।३५।

मूँसना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मूसना'। उ०—जो लहि चोर सेंध नहि देई। राजा केर न मूँसै पेई।—जायसी ग्र०, पृ० २६४।

मू[1]—सज्ञा पुं० [फा०] १ बाल। सिर के बाल। केश। २ रोम [को०]।

मू[2]†—सज्ञा पुं० [स० मुख, प्रा० मुह] मुख। चेहरा। उ०—व मोटा तन व थुँदला थुँदला मू व कुच्ची आँख, व मोटे ओठ मुछदर की आदम आदम है।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७८६।

मूआ—सज्ञा पुं० [सं० मृत, पा० मुअ, हिं० मरना] मृत। मरा हुआ।

विशेष—इसका प्रयोग स्त्रियाँ प्राय गाली के रूप मे करती है।

मूक[1]—वि० [स०] १ जिसके मुँह से अक्षर वर्ण न निकल सकते हो। गूँगा। अवाक्। उ०—मूक होइ वाचालु पगु चढै गिरिवर गहन।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—सुश्रुत ने लिखा है कि गर्भवती को जिस वस्तु के खाने की इच्छा हो, उसके न मिलने से वायु दूषित होता है और गर्भस्थ शिशु कुबडा, गूँगा इत्यादि होता है।

२ दीन। विवश। लाचार।

उ०—दिन बिताएँ चाव मूठी भर चना। पर किसी की भी न मूठी मे रहे।—चुभते०, पृ० १६।

मूड—सज्ञा पुं० [सं० मुण्ड] दे० 'मूँड'। उ०—आपन करे हाम मूड मुडयलुँ कामुक प्रेम बढाइ।—विद्यापति, पृ० ५८४।

मुहा०—मूड हिलाना = भूत या आवेश आने पर सर हिलाने की क्रिया। अभुआना। हबुआना। उ०—जतर टोना मूँड हिलावन ताकूँ साँच न मानो।—चरण० बानी पृ० १११।

मूड़ना—क्रि० स० [स० मुण्डन] दे० 'मूँडना'।

मूढ़[1]—वि० [स० मूढ] १ अज्ञान। मूर्ख। जडबुद्धि। बेवकूफ। अहमक। २ ठक। स्तब्ध। निश्चेष्ट। ३ जिसे आगा पीछा न सूझता हो। ठगमारा।

मूढ़[2]—सज्ञा पु० [स०] योग मे चित्त की पाँच वृत्तियो या अवस्थाओ मे से एक, जिसमे चित्त तमोगुण के कारण तद्रायुक्त या स्तब्ध रहता है। कहा गया है कि यह अवस्था योग के लिये अनुकूल या उपयुक्त नही होती। विशेष दे० 'चित्तभूमि'।

मूढगर्भ—सज्ञा पुं० [स० मूढगर्भ] गर्भ का बिगडना जिससे गर्भस्राव आदि होता है। बिगडा हुआ गर्भ।

विशेष—सुश्रुत मे लिखा है कि रास्ता चलने, सवारी पर चढने, गिरने पडने, चोट लगने, उलटा लेटने, मल मूत्र का वेग रोकने, रूखा, कडुवा या तीखा भोजन करने, वमन विरेचन, हिलने-डोलने आदि से गर्भाशय ढीला हो जाता है और उसकी स्थिति बिगड जाती है। इससे पेट, पार्श्व, वस्ति आदि मे पीडा होती है तथा और भी अनेक उपद्रव होते हैं। मूढगर्भ चार प्रकार का होता है—कील, प्रतिखुर, बीजक और परिघ। यदि गर्भ कील की तरह आकर योनि मुख बद कर दे, तो उसे 'कील' कहते हैं। यदि एक हाथ, एक पैर और माथा बाहर निकले और बाकी देह रुकी रहे, तो उसे 'प्रतिखुर' कहते हैं। यदि एक हाथ और माथा निकले, तो 'बीजक कहलाता है, और यदि भ्रूण डडे की तरह आकर अडे, तो वह गर्भ 'परिघ' कहलाता है। इसमे प्राय शल्यचिकित्सा की जाती है।

मूढग्राह—सज्ञा पुं० [स० मूढग्राह] खब्त। गलत धारणा [को०]।

मूढग्राही—वि० [स० मूढग्राहिन्] गलत अर्थ समझकर उसी पर दृढ रहनेवाला। दुराग्रही [को०]।

मूढचेता—वि० [स० मूढचेतस्] जिसकी बुद्धि या मति मूढ हो। अज्ञ [को०]।

मूढता—सज्ञा स्त्री० [स० मूढता] १ मूर्खता। अज्ञता। बेवकूफी। उ०—ऐसी मूढता या मन की। परिहरि रामभक्ति सुरसरिता आस करत ओस कन की।—तुलसी (शब्द०)। दे० 'मूढत्व'।

मूढत्व—सज्ञा पुं० [स० मूढत्व] १ उलझन। घबराहट। असमजस। २ अज्ञानता। मूढता। बेवकूफी। ३ मूढवात। शरीरस्थ वायु। ४ बतौरी। गिल्टी [को०]।

मूढप्रभु—सज्ञा पुं० [सं० मूढप्रभु] महामूढ। मूर्खराज [को०]।

मूढवात—सज्ञा पुं० [सं० मूढवात] किसी कोश मे रुकी या बँधी हुई वायु।

मूढवाताहत—वि० [सं० मूढवाताहत] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार तूफान मे पडा हुआ (जहाज या नाव)।

मूढसत्व—वि० [स० मूढसत्व] उन्मत्त [को०]।

मूढा‡—सज्ञा पुं० [सं० मूर्द्धा, प्रा० मूड्ढा] एक प्रकार का ऊँचा आसन। मोढा। उ०—मूढा गादी सामतन को दीने।—पृ० रा०, ५७।१७०।

मूढात्मा—वि० [स० मूढात्मन्] निर्बोध। मूर्ख। अहमक।

मूढी‡—सज्ञा स्त्री० [देश०] लाई। चावल की फरवी। उ०—मलेटरी-वाले जमीन पर कबल बिछाकर बैठे हैं। मूढी फाँक रहे हैं।—मैला०, पृ० २।

मूत[1]—वि० [स०] निबद्ध। बाँधा हुआ। सयत।

मूत[2]—सज्ञा पु० [सं० मूत्र] १ वह जल जो शरीर के विषैले पदार्थों को लेकर प्राणियो के उपस्थ मार्ग से निकलता है। पेशाब। विशेष—दे० 'मूत्र'।

मुहा०—मूत निकल पडना = डर के मारे बुरी दशा हो जाना। जैसे,—उसे देखोगे तो मूत निकल पडेगा। मूत से निकलकर गू में पडना = और भी बुरी दशा मे जा पडना।

२ पुत्र। सतान। (तिरस्कार)।

मूतना क्रि० अ० [हिं० मूत + ना (प्रत्य०)] शरीर के गदे जल को उपस्थ मार्ग से निकालना। पेशाब करना। उ०—तिन की आजु समाधि पर, मूतत स्वान सियार।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ३४०।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

मुहा०—मूत मारना = डर से मूत देना। मूत देना = डर से घबरा जाना।

मूतरी—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का जगली कौवा। महताब। महालत।

मूतिव—सज्ञा पुं० [?] आर्यों से इतर एक जाति विशेष जिसका प्राचीन ग्रथो मे उल्लेख है। उ०—पुड्र, मूतिव, पुलिद, और शाबर भी अनार्य थे।—हिंदु० सभ्यता, पृ० ७६।

मूत्र—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर के विषैले पदार्थ को लेकर प्राणियो के उपस्थ मार्ग से निकलनेवाला जल। पेशाब। मूत।

विशेष—मूत्र के द्वारा शरीर के अनावश्यक और हानिकारक क्षार, अम्ल या और विषैली वस्तुएँ निकलती रहती हैं, इससे मूत्र का वेग रोकना बहुत हानिकारक होता है। कई प्रकार के प्रमेहो मे मूत्र के मार्ग से विषैली वस्तुओ के अतिरिक्त शर्करा तथा शरीर की कुछ धातुएँ भी गल गलकर गिरने लगती हैं। अत. मूत्रपरीक्षा चिकित्साशास्त्र का एक प्रधान अग पहले भी था और अब भी है। भारतवर्ष मे गोमूत्र पवित्र माना गया है और पचगव्य के अतिरिक्त धातुओ और ओषधिओ के शोधने मे भी उसका व्यवहार होता है। वैद्यक मे गोमूत्र, महिषमूत्र, छागमूत्र, मेषमूत्र, अश्वमूत्र आदि सबके गुणों का विवेचन किया गया है और विविध रोगो मे उनका प्रयोग भी कहा गया है। स्वमूत्र

द्वारा चिकित्सा का भी अनेक रोगों में विधान है। मूत्रदोष से अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र आदि अनेक रोग हो जाते हैं।

मूत्रकृच्छ्र—संज्ञा पु० [सं०] एक रोग जिसमें पेशाब बहुत कष्ट से या रुक रुककर थोड़ा थोड़ा होता है।

विशेष—आयुर्वेद के अनुसार यह रोग अधिक व्यायाम करने, तीव्र औषध सेवन करने, बहुत तेज घोड़े पर चढ़ने, बहुत रूखा अन्न खाने, अधिक मद्य सेवन करने तथा अजीर्ण रहने से होता है। मूत्रकृच्छ्र आठ प्रकार का कहा गया है—वातज, पित्तज, कफज, सान्निपातिक, शल्यज पुरीषज, शुक्रज और अश्मरीज। 'वातज' में शिश्न और वस्ति में बहुत पीड़ा होती है और मूत्र थोड़ा थोड़ा आता है। 'पित्तज' में पीला या लाल पेशाब पीड़ा और जलन के साथ उतरता है। 'कफज' में वस्ति और शिश्न में सूजन होती है और पेशाब कुछ झाग लिए होता है। 'सान्निपातिक' में वायु के सब उपद्रव दिखाई देते हैं और यह बहुत कष्टसाध्य होता है। 'शल्यज' मूत्र की नली में काँटे आदि के द्वारा घाव हो जाने से होता है और इसमें वातज के से लक्षण देखे जाते हैं। 'पुरीषज' में मलरोध होता है और वात की पीड़ा के साथ पेशाब भी रुक रुककर आता है। 'शुक्रज' शुक्रदोष से होता है और इसके पेशाब में वीर्य मिला आता है और पीड़ा भी बहुत होती है। 'अश्मरीज' अश्मरी या पथरी होने से होता है और इसमें मूत्र बहुत कष्ट से उतरता है। सुश्रुत के मत से शर्कराजन्य मूत्रकृच्छ्र भी कई प्रकार का होता है। शर्करा भी एक प्रकार की अश्मरी ही है।

मूत्रकोश—संज्ञा पुं० [सं०] अंडकोश।

मूत्रक्षय—संज्ञा पु० [सं०] मूत्राघात रोग का एक भेद। उ०—वस्ति में रहे जो पित्त और वायु वे मूत्र को क्षय करें, और पीड़ा तथा दाह होता है उनको मूत्रक्षय कहते हैं।—माधव०, पृ० १७६।

मूत्रग्रंथि—संज्ञा पुं० [सं० मूत्रग्रन्थि] मूत्राघात का एक भेद। उ०—उसमें पथरी के समान पीड़ा हो इस रोग को मूत्रग्रंथि कहते हैं।—माधव०, पृ० १७६।

मूत्रग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] घोड़ों का मूत्रसंग रोग जिसमें झाग लिए थोड़ा पेशाब आता है।

मूत्रजठर—संज्ञा पु० [सं०] मूत्राघात से उत्पन्न एक दोष। उ०—अधोवस्ति का रोध करनेवाले इस रोग को मूत्रजठर कहते हैं।—माधव०, पृ० १७५।

मूत्रदशक—संज्ञा पु० [सं०] हाथी, भेड़ा, ऊँट, गाय, बकरा, घोड़ा, भैंसा, गदहा, मनुष्य और स्त्री इन दस के मूत्रों का समूह।

मूत्रदोष—संज्ञा पुं० [सं०] पेशाब का रोग। प्रमेह [को०]।

मूत्रनिरोध—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मूत्ररोध'।

मूत्रपतन—संज्ञा पु० [सं०] १ मूत्र गिरना। २ गवमार्जार। गवबिलाव।

मूत्रपथ—संज्ञा पुं० [सं०] मूत्रनली [को०]।

मूत्रपरीक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूत्र की जाँच। परीक्षण द्वारा मूत्र के दोषों को जानना।

मूत्रपुट—संज्ञा पु० [सं०] नाभि से नीचे का हिस्सा। आमाशय [को०]।

मूत्रप्रसेक—संज्ञा पुं० [सं०] मूत्रनली।

मूत्रफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] ककड़ी।

मूत्रबोध—संज्ञा पु० [सं०] एकबारगी पेशाब रुक जाने का रोग।

मूत्रला[1]—वि० [सं०] [वि० पुं० मूत्रल] पेशाब करानेवाली (ओषधि)।

मूत्रला[2]—संज्ञा स्त्री० ककड़ी।

मूत्रवर्ति—संज्ञा पु० [सं०] अंडकोश।

मूत्रवर्धक—वि० [सं०] दे० 'मूत्रल'।

मूत्रविज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] मूत्रपरीक्षा पर आयुर्वेद का एक ग्रंथ।

विशेष—आयुर्वेद का यह ग्रंथ जानुकर्ण ऋषि का बनाया हुआ कहा जाता है। इसमें मूत्रपरीक्षा करने की अनेक प्रणालियों का सविस्तर वर्णन है। चरक सुश्रुत आदि में इस विषय का विशेष विवेचन नहीं है, इससे नहीं कहा जा सकता कि यह ग्रंथ कहाँ तक प्राचीन है।

मूत्रवृद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] अधिक मूत्र उत्पन्न होना [को०]।

मूत्रशुक्र—संज्ञा पु० [सं०] मूत्र के साथ शुक्र निकलना [को०]।

मूत्रशूल—संज्ञा पु० [सं०] मूत्रमार्ग में होनेवाला दर्द [को०]।

मूत्रसंग—संज्ञा पु० [सं० मूत्रसङ्ग] एक प्रकार का मूत्ररोग जिसमें पेशाब थोड़ा थोड़ा और रक्त के साथ होता है। पेशाब निकलते समय इसमें दर्द भी होता है [को०]।

मूत्रसाद—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मूत्ररोग जिसमें कि चूर्ण के समान या कई रंगों का पेशाब हो। उ०—जब वह मूत्र शंख का चूर्ण ऐसा वर्ण होय अथवा सर्व वर्ण का होय, इस रोग को मूत्रसाद कहते हैं।—माधव०, पृ० १७७।

मूत्राघात—संज्ञा पुं० [सं०] पेशाब बंद होने का रोग। मूत्र का रुक जाना।

विशेष—वैद्यक में यह रोग बारह प्रकार का कहा गया है—(१) वातकुंडली, जिसमें वायु कुपित होकर वस्तिदेश में कुंडली के आकार में टिक जाती है, जिससे पेशाब बंद हो जाता है। (२) वातष्ठीला, जिसमें वायु मूत्र द्वारा या वस्ति देश में गाँठ या गोले के आकार में होकर पेशाब रोकती है। ३) वातवस्ति, जिसमें मूत्र के वेग के साथ ही वस्ति की वायु वस्ति का मुख रोक देती है। (४) मूत्रातीत, जिसमें बार बार पेशाब लगता और थोड़ा थोड़ा होता है। (५) मूत्रजठर, जिसमें मूत्र का प्रवाह रुकने से अधोवायु कुपित होकर नाभि के नीचे पीड़ा उत्पन्न करती है। (६) मूत्रोत्संग, जिसमें उतरा हुआ पेशाब वायु की अधिकता से मूत्र नली या वस्ति में एक बार रुक जाता है और फिर बड़े वेग के साथ कभी कभी रक्त लिए हुए निकलता है। (७) मूत्रक्षय, जिसमें खुश्की के कारण वायु पित्त के योग से दाह होता है और मूत्र सूख जाता है। (८) मूत्रग्रंथि, जिसमें वस्तिमुख के भीतर पथरी की तरह गाँठ सी हो जाती है और पेशाब करने में बहुत कष्ट होता है। (९) मूत्रशुक्र, जिसमें मूत्र के साथ अथवा आगे पीछे शुक्र भी निकलता है। (१०) उष्णवात, जिसमें व्यायाम या अधिक परिश्रम करने, और गरमी

या धूप सहने से पित्त कुपित होकर वस्तिदेश मे वायु से आवृत हो जाता है। इसमे दाह होता है और मूत्र हलदी की तरह पीला और कभी कभी रक्त मिला आता है। इसे 'कडक' कहते हैं। (११) पित्तज मूत्रौकसाद, जिसमे पेशाब कुछ जलन के साथ गाढा गाढा होकर निकलता है और सूखने पर गोरोचन के चूर्ण की तरह हो जाता है, और (१२) कफज मूत्रौकसाद, जिसमे सफेद और लुआबदार पेशाब कष्ट से निकलता है।

मूत्रातीत—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का मूत्ररोग। उ०—मूतते समय धीरे धीरे मूत्र उतरे इस रोग को मूत्रातीत कहते है। —माधव०, पृ० १७५।

मूत्रातीसार—सज्ञा पुं० [स०] मधुमेह। प्रमेह [को०]।

मूत्राशय—सज्ञा पुं० [स०] नाभि के नीचे का वह स्थान जिसमे मूत्र सचित रहता है। मसाना। फुकना।

मूत्रासाद—सज्ञा पुं० [स०] मूत्रौकसाद नामक मूत्राघात रोग।

मूत्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] सल्लकी वृक्ष। सलई का पेड।

मूत्रोत्सग—सज्ञा पुं० [स० मूत्रोत्सर्ग] दे० 'मूत्रसग'। उ०—विगुण वायु से उत्पन्न हुई इस व्याधि का मूत्रोत्सग कहते है।—माधव०, पृ० १७६।

मूत्रित—वि० [स०] १. मूत्रसपर्क के कारण अशुचि या गदा। २ मूत्र के रूप मे निकला हुआ [को०]।

मूदरी—सज्ञा स्त्री० [स० मुद्गिका] दे० 'मुदरी'। उ०—यह तोपै कसी बनी अरी मूदरी हाथ। उन कोमल अगुरीन ताज पठी जरा मे जाय।—शकुतला, पृ० ११६।

मूना[1]—सज्ञा पुं० [देश०] १ पीतल वा लोहे की अँकुसी जो टेकुए के सिर पर जडा रहती है और जिसमे रस्सी या डोरा फसा रहता है। २ एक झाडी जिसके फल बेर के समान सुदर होते हैं।

मूना†[2]—क्रि० अ० [स० मृत, प्रा० मुअ+हि० ना (प्रत्य०)] मरना। दे० 'मुअना'।

मूनिस—सज्ञा पुं० [अ०] मित्र। सहायक। मददगार। उ०—मुझको मारा ये मेरे हाल तगयुर न कि है। कुछ गुमां और ही बदकर से दिले मूनिस के।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ८५।

मूनीⓊ—सज्ञा पुं० [स० मौनी] चुप। मौन। उ०—खरो मे जू खूनी। रहे क्यो न मूनी।—ह० रासो, पृ० १३६।

मूबाफ—सज्ञा पुं० [फा मूबाफ] चोटी गूथने बाधने का डोरा या फीता। उ०—झूठे पट्टे की है मूबाफ पटी चोटी मे। देखत ही जिसे आँखो मे तरा आती है।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७९०।

मूरⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मूल] १ मूल। जड। २ जडी। ३ मूलधन। असल। उ०—(क) दरस मूर देतो नही जौ लौं मीत चुकाय। बिरह ब्याज वाको अरे नितहू बाढत जाय।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) कोई चले लाभ सो कोई मूर गँवाय।—जायसी (शब्द०)। (ग) चल्यो बनिक जिमि मूर गँवाई।—तुलसी (शब्द०)। ४. मूल नामक नक्षत्र। उ०—काहे चद घटत है काहे सूरज पूर। काहे होई अमावस काहे लागे मूर।—जायसी (शब्द०)। ४ अफ्रीका मे रहनेवाली एक जाति।

मूरखⓊ‡—वि० [स० मूर्ख] दे० 'मूर्ख'। उ०—इतनी जउ जानत मन मूरख मानत या ही धाम।—पूर०, १।७६।

मूरखताईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० मूर्खता, हिं० मूरख+ई (प्रत्य०)] मूर्खता। अज्ञता। नासमझी। नादानी। उ०—(क) यौं पछितात कछू पदमाकर कासो कहौं निज मूरखताई।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) त्यौं वे सब बेदना खेद पीडा दुखदाई। जिन बखसीसति सदा घमडहि मूरखताई।—श्रीधर पाठक (शब्द०)।

मूरचा—सज्ञा पु० [हिं० मोरचा] दे० 'मोरचा'।

मूरछनाⓊ[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० मूर्च्छना] दे० 'मूर्च्छना'। उ०—(क) पचम नाद निखादहि मे सुर मूरछना गन ग्राम सुभावनि।—देव (शब्द०)। (ख) मूरछना उघटै उत बे इत मो हिय मूरछना सरसाना।—घनानद (शब्द०)।

मूरछना[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'मूर्छा'।

मूरछना[3]—क्रि० अ० मूर्छित होना। बेहोश होना।

मूरछाⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मूर्च्छा] दे० 'मूर्छा'। उ०—दिन दिन तनु तनुता गहा लहौ मूरछा तापु। पिक द्विज ये बोलत न जनु बिरहिनि देत सरापु।—घनानद (शब्द०)।

मूरतⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मूर्ति] दे० 'मूर्ति'। उ०—निसि दिन ब्यावत वा मूरत का आनदघन सो मीत।—घनानद, पृ० ५८३।

मूरतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मूर्ति] दे० 'मूर्ति'। उ०—बार बार मृदु मूरति जोही। लागहि ताति बयारि न मोही।—मानस, २।६७।

मूरतिवतⓊ—वि० [स० मूर्ति+वत् (प्रत्य०)] मूर्तिमान्। देहधारी। सशरीर। उ०—रावन मारे दारुन दुख तह कवा। मूरतिवत तपस्या जैसी।—तुलसी (शब्द०)।

मूरधⓊ—सज्ञा पु० [स० मूर्द्धा] दे० 'मूर्द्धा'। उ०—(क) कीन्हे बाहु ऊरध को मूरध के खाल केश, लेश ना दया का ताको कोहे को भारो है।—रघुराज (शब्द०)। (ख) मूरध ऊरधपुड्र दिए अघ झुड छीनकर।—गोपाल (शब्द०)।

मूरधाⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मूर्द्धा] दे० 'मूर्द्धा'।

मूरा†—सज्ञा पु० [सं० मूलिका] मूली।

मूरिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मूल] १ मूल। जड। २ जडी। बूटी। वनस्पति। जैसे, जीवनमूरि। उ०—सूरदास प्रभु बिन क्यौं जीवो जात सजीवन मूरि।—सूर (शब्द०)।

मूरिस—वि० [अ०] १ पूर्वज। वारिस करनेवाला। २ वशप्रवर्तक। ३ पैदा करनेवाला। उत्पन्न करनेवाला।

मूरी†—सज्ञा स्त्री० [स० मूल, हिं० मूर+ई (प्रत्य०)] दे० 'मूली'।

मूरुख, मूरुषⓊ—वि० [स० मूर्ख, हिं० मूरख] दे० 'मूर्ख'। उ०—(क) ता सन आइ कीन छल मूरुख अवगुन गेह।—मानस, ३।१। (ख) दीठिवत कह नोयरे, अध मूरुखहि दूरि।—जायसी

ग्र०, पृ० ३। (ग) आपुहि मूरुख आपुहि ज्ञानी, सब महँ रह्यो समोई।—जग० श०, भा० २, पृ० ६५।

मूर्ख[1]—वि० [सं०] बेवकूफ। अज्ञ। मूढ। नादान। नासमझ। लठ। अपढ। जाहिल।

यौ०—मूर्खपठित = पठित मूर्ख। पढा लिखा मूर्ख। मूर्खभ्रातृक = जिसका भाई मूर्ख हो। मूर्खमंडल = मूर्खों की टोली या दल मूर्खशत = सैकडो मूर्ख।

मूर्ख[2]—सज्ञा पुं० १ उर्द। २ वनमूँग। ३ वह जो अपढ और जाहिल हो।

मूर्खता—सज्ञा स्त्री० [सं०] अज्ञता। मूढता। नासमझी। बेवकूफी। अज्ञानता।

मूर्खत्व—सज्ञा पुं० [स०] नादानी। नासमझी। बेवकूफी। अज्ञता।

मूर्खाधिराज—सज्ञा पुं० [सं०] महामूर्ख। मूर्खों का राजा।

मूर्खिनीⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० मूर्ख] मूढा स्त्री। बेसमझ औरत। उ०—लै ओदन तिय को दियरायो। कह्यो मूर्खिनी कहँ ते आयो।—रघुराज (शब्द०)।

मूर्खिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्खता। जडता। बेवकूफी।

मूर्च्छन—सज्ञा पुं० [स०] १ सज्ञा लोप होना या करना। बेहोश करना। २ मूर्च्छित करने का मत्र या प्रयोग। उ०—आजु हौं राज काज करि आऊँ। बेगि सँहारी सकल घोष शिशु जो मुख आयसु पाऊँ। तौ मोहन मूर्च्छन वशीकरन पढि अमित देह बढाऊँ —सूर (शब्द०)। ३ पारे का तीसरा सस्कार जिसमे त्र्युषण त्रिफलादि मे सात दिन तक भावना दी जाती है। ४ कामदेव का एक बाण।

मूर्च्छना—सज्ञा स्त्री० [स०] सगीत मे एक ग्राम से दूसरे ग्राम तक जाने मे सातो स्वरो का आरोह अवरोह। उ०—(क) सुर नाद ग्राम नृत्यति सताल। मुख वर्ग विविध आलाप काल। बहु कला जाति मूर्च्छना मानि। बढ भाग गमक गुन चलत जानि। —केशव (शब्द०)। (ख) सुर मूर्च्छना ग्राम लै ताला। गावत कृष्णचरित सब ग्वाला।—रघुराज (शब्द०)।

विशेष—ग्राम के सातवें भाग का नाम मूर्च्छना है। भरत के मत से गाते समय गले को कँपाने से ही मूर्च्छना होती है; और किसी किसी का मत है कि स्वर के सूक्ष्म विराम को ही मूर्च्छना कहते हैं। तीन ग्राम होने के कारण २१ मूर्च्छनाएँ होती है जिनका ब्योरा इस प्रकार है—

षड्ज ग्राम की	मध्यम ग्राम की	गाधार ग्राम की
ललिता	पचमा	रौद्री
मध्यमा	मत्सरी	ब्राह्मी
चित्रा	मृदुमध्या	वैष्णवी
रोहिणी	शुद्धा	खेदरी
मतगजा	अता	सुरा
सौवीरी	कलावती	नादावती
षड्मध्या	तीव्रा	विशाला

अन्य मत से मूर्च्छनाओ के नाम इस प्रकार हैं—

उत्तरमुद्रा	सौवीरी	नदा
रजनी	हरिणाश्वा	विशाला
उत्तरायणी	कपोलनता	सोमपी
शुद्धषडजा	शुद्धमध्या	विचित्रा
मत्सरीकृतांता	मार्गी	रोहिणी
अश्वक्रांता	पौरवी	सुखा
अभिरुता	मंदाकिनी	अलापी

मूर्च्छा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राणी की वह अवस्था जिसमे उसे किसी बात का ज्ञान नही रहता, वह निश्चेष्ट पडा रहता है। सज्ञा का लोप। अचेत होना। बेहोशी। उ०—गइ मूर्च्छा तब भूपति जागे। बोलि सुमत कहन अस लागे।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—आना।—खाकर गिरना।—होना।

विशेष—आयुर्वेद मे मूर्च्छा रोग के ये कारण कहे गए हैं—विरुद्ध वस्तु खा जाना, मलमूत्र का वेग रोकना, अस्त्रशस्त्र से गिर आदि मर्मस्थानो मे चोट लगना अथवा सत्व गुण का स्वभावत कम होना। इन्ही सब कारणो से वातादि दोष मनोधिष्ठान मे प्रविष्ट होकर अथवा जिन नाडियो द्वारा इद्रिय और मन का व्यापार चलता है उनमे अधिष्ठित होकर, तमोगुण की वृद्धि करके मूर्च्छा उत्पन्न करते हैं।

मूर्च्छा आने के पहले शैथिल्य होता है, जँभाई आती है और कभी कभी सिर या हृदय मे पीडा भी जान पडती है। मूर्च्छा रोग सात प्रकार का कहा गया है—वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज, रक्तज, मद्यज और विषज। 'वातज' मूर्च्छा मे रोगी को पहले आकाश नीला या काला दिखाई पडने लगता है और वह बेहोश हो जाता है, पर थोडी ही देर मे होश आ जाता है। इसमे कप और अग मे पीडा भी होती है और शरीर भी बहुत दुबल और काला हो जाता है। 'पित्तज' मूर्च्छा मे बेहोशी के पहले आकाश लाल, पीला या हरा दिखाई पडता है और मूर्च्छा छूटने समय आँखें लाल हो जाती हैं, शरीर मे गरमी मालूम होती है, प्यास लगती है और शरीर पीला पड जाता है। 'श्लेष्मज' मूर्च्छा मे रोगी स्वच्छ आकाश को भी बादलो से ढका और अधेरा देखते देखते बेहोश हो जाता है और बहुत देर मे होश मे आता है। मूर्च्छा टूटते समय शरीर ढीला और भारी मालूम होता है और पेशाब तथा वमन की इच्छा होता है। 'सान्निपातज' मे उपर्युक्त तीनो लक्षण मिले जुले प्रकट होते हैं और मिरगी के रोगी की तरह रोगी जमीन पर अकस्मात् गिर पडता है और बहुत देर में होश मे आता है। मिरगी और मूर्च्छा मे भेद केवल इतना होता है कि इसमे मुह से फेन नही आता और दाँत नही बँठते। 'रक्तज' मूर्च्छा मे अग ठक और दृष्टि स्थिर सी हो जाती है और साँस साफ चलती नही दिखाई देती। 'मद्यज' मूर्च्छा मे रोगी हाथ पैर मारता और अनाप शनाप बकता हुआ भूमि पर गिर पडता है। 'विषज' मूर्च्छा मे कप, प्यास और झपकी मालूम होती है तथा जैसा विष हो, उसके अनुसार और भी लक्षण देखे जाते हैं।

मूर्च्छापगम—सज्ञा पुं० [स०] बेहोशी दूर होना [को०]।

मूर्च्छाल—वि० [स०] मूर्च्छित । मूर्च्छायुक्त । संज्ञाहीन [को०] ।

मूर्च्छित, मूर्छित—वि० [स०] १ जिसे मूर्च्छा आई हो । बेसुध । बेहोश । अचेत । उ०—(क) सुनत गदाधर भट्ट तहाँ ही । मूर्छित गिरत भए महि माही ।—रघुराज (शब्द०) । (ख) यह सुन कस मूर्च्छित हो गिरा । —लल्लूलाल (शब्द०) । २ मारा हुआ (पारे आदि धातुओं के लिये) । ३ दे० 'उच्छ्रय' (को०) । ४ मूढ (को०) । ५ वृद्ध । ६ व्याप्त ।

मूर्च्छित[२]—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की स्वरलहरी या वायु [को०] ।

मूर्ण—वि० [स०] बद्ध । बँधा या कसा हुआ [को०] ।

मूर्त्त—वि० [स०] १. जिसका कुछ रूप या आकार हो । साकार ।

विशेष—नैयायिकों के मत से पृथ्वी, जल, तेज, वायु और मन मूर्त्त पदार्थ हैं इनके गुण रूप, रस, गंध, स्पर्श, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, स्नेह और वेग हैं ।

२ कठिन । ठोस । ३ मूर्च्छित ।

मूर्त्तता—संज्ञा स्त्री० [स०] मूर्त्त होने का भाव ।

मूर्त्तत्व—संज्ञा पुं० [स०] मूर्त्त होने की क्रिया या भाव । मूर्त्तता ।

मूर्त्त प्रत्यक्षीकरण—संज्ञा पुं० [स०] अमूर्त को मूर्त रूप देना । अगोचर पदार्थ को गोचर रूप देना । रूपरहित भावनाओं और विचारों को वस्तुरूप में व्यक्त करना । ठोस रूप देना । उ०—तीव्र अंतरदृष्टिवाले कवि अपने सूक्ष्म विचारों का बड़ा ही रमणीय मूर्त्त प्रत्यक्षीकरण करते हैं ।—चिंतामणि, भा० २, पृ० ६६ ।

मूर्त्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. कठिनता । ठोसपन । २ शरीर । देह । ३ आकृति । शकल । स्वरूप । सूरत । जैसे,—उस मनुष्य की भयंकर मूर्त्ति देखकर वह डर गया । ४. किसी के रूप या आकृति के सदृश गढ़ी हुई वस्तु । प्रतिमा । विग्रह । जैसे, कृष्ण की मूर्त्ति, देवी की मूर्त्ति ।

मुहा०—मूर्ति के समान = ठीक । स्तब्ध । निश्चल ।

५ रंग या रेखा द्वारा बनी हुई आकृति । चित्र । तस्वीर । ६ ब्रह्म सावर्णि के एक पुत्र का नाम । ७ व्यक्ति । मनुष्य (विशेषत साधुसमाज में प्रयुक्त) । उ०—आजकल दो मूर्त्ति निवास करते हैं ।—किन्नर०, पृ० १८ ।

मूर्त्तिकला—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्ति गढ़ने या निर्माण करने की कला । मूर्तिविद्या ।

मूर्त्तिकार—संज्ञा पुं० [स०] १ मूर्ति बनानेवाला । २ तसवीर बनानेवाला । मुसव्वर ।

मूर्त्तित—वि० [स०] मूर्त । साकार । उ०—मन से प्राणों में, प्राणों से जीवन में कर मूर्त्तित । शोभा आकृति में जन भू का स्वर्ग करो नव निर्मित ।—अतिमा, पृ० ७ ।

मूर्तिधर—वि० [सं०] मूर्ति को धारण करनेवाला । विग्रहवान । उ०—आकाश में शब्द के अनुरणन स्पंद से ही अमूर्त्त मूर्तिधर होता है ।—संपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० ११४ ।

मूर्तिप—संज्ञा पुं० [स०] पुजारी ।

मूर्तिपूजक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो मूर्त्ति या प्रतिमा की पूजा करता हो । मूर्त्ति पूजनेवाला ।

मूर्तिपूजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्त्ति में ईश्वर या देवता की भावना करके उसकी पूजा करना ।

मूर्तिभंजक—वि० [स० मूर्तिभञ्जक] मूर्तियों को तोड़नेवाला [को०] ।

मूर्तिमान्[१]—वि० [सं० मूर्तिमत्] [वि० स्त्री० मूर्तिमती] १ जो रूप धारण किए हो । शरीरधारी । २ साक्षात् । गोचर । प्रत्यक्ष । ३ ठोस (को०) ।

मूर्तिमान्[२]—संज्ञा पुं० शरीर । जिस्म । देह [को०] ।

मूर्तिविद्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रतिमा गढ़ने की कला । २ चित्रकारी ।

मूर्द्ध[१]—संज्ञा पुं० [सं० मूर्द्धन्] मस्तक । सिर ।

मूर्द्धक—संज्ञा पुं० [स०] क्षत्रिय ।

मूर्द्धकपारीⓈ—संज्ञा स्त्री० [स० मूर्द्धकर्परी] दे० 'मूर्द्धकर्णी' ।

मूर्द्धकर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] छाता या और कोई वस्तु (जैसे टोकरा) जो धूप, पानी आदि से बचने के लिये सिर पर रखा जाय ।

मूर्द्धकर्परी—संज्ञा स्त्री० [स०] छतरी । छाता [को०] ।

मूर्द्धखोल—संज्ञा पुं० [सं० मूर्द्ध + हिं० खोल] दे० 'मूर्द्धकर्णी' ।

मूर्द्धज[१]—वि० [स०] सिर से उत्पन्न होनेवाला ।

मूर्द्धज[२]—संज्ञा पुं० केश । बाल ।

मूर्द्धज्योति—संज्ञा स्त्री० [स० मूर्द्धज्योतिस्] ब्रह्मरंध्र । (योग) ।

मूर्द्धन्य—वि० [स०] १ मूर्द्धा से संबंध रखनेवाला । मूर्द्धा संबंधी । २ जिसका उच्चारण मूर्द्धा से हो । ३ सिर या मस्तक में स्थित । ४ सर्वोच्च । सर्वश्रेष्ठ ।

मूर्द्धन्य वर्ण—संज्ञा पुं० [स०] वे वर्ण जिनका उच्चारण मूर्द्धा से होता है ।

विशेष—मूर्द्धन्य वर्ण ये हैं,—ऋ, ॠ, ट, ठ, ड, ढ ण, र और ष ।

मूर्द्धन्वान्—संज्ञा पुं० [स०] १ एक गंधर्व का नाम । २ वामदेव ऋषि जो ऋग्वेद के दशम मंडल के अष्टम सूक्त के द्रष्टा थे ।

मूर्द्धपिंड—संज्ञा पुं० [सं० मूर्द्धपिण्ड] गजकुंभ । हाथी का मस्तक ।

मूर्द्धपुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] शिरीष पुष्प ।

मूर्द्धफेन—संज्ञा पुं० [स०] भात का फेन ।

मूर्द्धवेष्ठन—संज्ञा पुं० [स०] शिरोवेष्टन । पगड़ी । साफा [को०] ।

मूर्द्धा—संज्ञा पुं० [सं० मूर्द्धन्] १ मस्तक । सिर । २ मुँह के भीतर तालु के और कंठ के बीच का उठा हुआ भाग जहाँ से मूर्द्धन्य वर्ण का उच्चारण होता है ।

मूर्द्धाभिषिक्त—वि० [सं०] १. जिसके सिर पर अभिषेक किया गया हो । २. सबसे श्रेष्ठ । सर्वमान्य (को०) ।

मूर्द्धाभिषिक्त—संज्ञा पुं० १. क्षत्रिय । २. राजा । ३ एक मिश्र जाति जिसकी उत्पत्ति ब्राह्मण से विवाही क्षत्रिय स्त्री के गर्भ से कही गई है । इस जाति की वृत्ति हाथी, घोड़े और रथ की शिक्षा तथा शस्त्रधारण है ।

मूर्द्धाभिषेक—सज्ञा पु० [सं०] सिर पर अभिषेक या जलसिंचन होना। (जैसा कि राजाओं के गद्दी पर बैठने के समय होता है।)

मूर्ध, मूर्धा—सज्ञा पुं० [स० मूर्धन्] दे० 'मूर्द्ध', 'मूर्द्धा'। (संस्कृत व्याकरण के अनुसार 'मूर्द्ध' और 'मूर्ध' दोनो रूप होते हैं।)

मूर्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] मरोडफली नाम की लता जो हिमालय के उत्तराखड को छोड भारतवर्ष मे और सब जगह होती है।

विशेष—इसमे सात आठ डठल निकलकर इधर उधर लता की तरह फैलते हैं। फूल छोटे छोटे, हरापन लिए सफेद रग के होते हैं। इसके रेशे बहुत मजबूत होते हैं जिससे प्राचीन काल मे उन्हे बटकर धनुष की डोरी बनाते थे। उपनयन मे क्षत्रिय लोग मूर्वा की मेखला धारण करते थे। एक मन पत्तियो से आधा सेर के लगभग सूखा रेशा निकलता है, जिससे कही कहीं जाल बुने जाते हैं। त्रिचिनापल्ली मे मूर्वा के रेशो से बहुत अच्छा कागज बनता है। ये रेशे रेशम की तरह चमकीले और सफेद होते हैं। मूर्वा को जड औषध के काम मे भी आती है। वैद्य लोग इसे यक्ष्मा और खासी मे देते हैं। आयुर्वेद मे यह अति तिक्त, कसैली, उष्ण तथा हृद्रोग, कफ, वात, प्रमेह, कुष्ठ और विषमज्वर को दूर करनेवाला मानी जाती है।

पर्या०—देवी। मधुरसा। मोरटा। तेजनी। स्रवा। मधुलिका। धनुश्रेणी। गोकर्णी। पीलुपर्णी। स्रुवा। मूर्वी। मधुश्रेणी। सुसगिका। पृथक्पर्णी। दिव्यलता। गोपवल्ली। ज्वलिनी।

मूर्विका, मूर्वी—सज्ञा स्त्री० [स०] मूर्वा।

मूल[1]—सज्ञा पु० [स०] पेडो का वह भाग जो पृथ्वी के नीचे रहता है। जड। उ०—एहि आसा अटक्या रहै अलि गुलाब के मूल।—बिहारी (शब्द०)। २. खाने योग्य माटी मीठी जड। कद। उ०—सबत सहस मूल फल खाए। साक खाइ सत वर्ष गवाए।—तुलसी (शब्द०)।

यो०—कदमूल।

३ आदि। आरभ। शुरू। उ०—(क) उमा सभु सीतारमन जो मा पर अनुकूल। तौ बरना सो होइ फुर अत मध्य अरु मूल।—विश्राम (शब्द०)। (ख) मेतु मूल सिव सोभिजै केसव परम प्रकाश।—केशव (शब्द०)। आदि कारण। उत्पत्ति का हेतु। उ०—करम को मूल तन, तन मूल जीव जग जीवन को मूल अति आनद ही बरिवो।—पद्माकर (शब्द०)। ५ असल जमा या धन जो किसी व्यवहार या व्यवसाय मे लगाया जाय। असल। पूँजी। उ०—और बनिज मे नाही लाहा, होत मूल मे हानि।—सूर (शब्द०)। ६ किसी वस्तु के आरभ का भाग। शुरू का हिस्सा। जैसे, भुजमूल। ७ नीवँ। बुनियाद। ८ ग्रथकार का निज का वाक्य या लेख जिसपर टीका आदि की जाय। जैसे,—इस सग्रह मे रामायण मूल और टीका दोनो हैं। ९ सत्ताइस नक्षत्रों मे से उन्नीसवाँ नक्षत्र।

विशेष—इस नक्षत्र के अधिपति निर्ऋति हैं। इसमे नौ तारे हैं जिनकी आकृति मिलकर सिंह की पूँछ के समान होती है। यह अधोमुख नक्षत्र है। फलित के अनुसार इस नक्षत्र मे जन्म लेनेवाला वृद्धावस्था मे दरिद्र, शरीर मे पीडित, कलानुरागी, मातृपितृहता और आत्मीय लोगो का उपकार करनेवाला होता है।

१० निकुज। ११ पास। समीप। १२ मूलक। जिमीकद। १३ पिप्पलीमूल। १४ पुष्करमूल। १५ किसी वस्तु के नीचे का भाग या तल। पादप्रदेश। जैसे, पर्वतमूल गिरिमूल। १६ दुर्ग। गढ। १७ किसी देवता का आदिमत्र या बीज।

मूल[2]—वि० [सं०] मुख्य। प्रधान। खास। उ०—ल्याउ मूल बोलि हमारो नाई सैन्य हजूरी। पर चर दोर बोलि ल्याए द्रुत सैन्य भयकर भूरी।—रघुराज (शब्द०)।

मूल[3]—सज्ञा पुं० [सं० मूल्य, प्रा० मुल्ल] दे० 'मूल्य'। उ०—पाज क मए मानो क टका, चदन क मूल इक विका।—कीर्ति० पृ० ६८।

मूलक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मूली। उ०—(क) काँचे घट जिमि डारउँ फोरी। सकउँ मेरु मूलक इव तोरी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जिनके दसन करालक फूटे। उर लागत मूलक इव टूटे।—तुलसी (शब्द०)। २ चौतीस प्रकार के स्थावर विषो मे से एक प्रकार का विष। ३ मूल स्वरूप।

मूलक[2]—वि० १ उत्पन्न करनेवाला। जनक। जैसे, अनर्थमूलक, भ्रातिमूलक। २ मूल नक्षत्र मे उत्पन्न।

मूलकपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] शोभाजन। सहिजन का पेड।

मूलकपोतिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मूली [को०]।

मूलकर्म—सज्ञा पु० [सं० मूलकर्मन्] १ आसन, उच्चाटन, स्तभन, वशीकरण, आदि का वह प्रयोग जो ओषधियो के मूल (जडी) द्वारा किया जाता है। मूठ। टोना। टोटका।

विशेष—मनु ने इसे उपपातकों मे गिना है।

२ प्रधान कर्म।

विशेष पूजा आदि मे कुछ कर्म प्रधान होते हैं और कुछ अग।

मूलकार—सज्ञा पुं० [स०] मूल ग्रंथकर्ता [को०]।

मूलकारण—सज्ञा पु० [सं०] आदिकारण। प्रधान हेतु। उ०—समस्त शब्दो का मूलकारण ध्वनिमय ओकार है।—गीतिका (भू०), पृ० १।

मूलकारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मूल ग्रथ के पद्य। २ मूलधन की एक विशेष प्रकार की वृद्धि। ३ चडी। ४ भट्ठी।

मूलकृच्छ्र—सज्ञा पुं० [सं०] मिताक्षरा आदि स्मृतियो मे वर्णित ग्यारह प्रकार के पर्णकृच्छ्र व्रतो मे से एक व्रत जिसमे मूली आदि विशेष जडो के क्वाथ या रस को पीकर एक मास व्यतीत करना पडता था।

मूलकेशर—सज्ञा पुं० [सं०] नीबू।

मूलखानक—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन वर्णसकर जाति जो पेडो की जड खोदकर जीविका निर्वाह करती थी।

मूलग्रथ—सज्ञा पुं० [स०] असल ग्रथ जिसका भाषातर, टीका आदि की गई हो।

मूलच्छेद—संज्ञा पुं० [सं०] १ जड़ से काटना। २ पूर्ण नाश।

मूलच्छेदन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मूलच्छेद'।

मूलज—संज्ञा पुं० [सं०] अदरक।

मूलतः—क्रि० वि० [सं० मूल+तस्] १ जड़ से। २ आदि में। प्रथमतः (वै०)।

मूलतत्व—संज्ञा पुं० [सं० मूलतत्त्व] १ आदि तत्व। प्रधान सिद्धांत। २ मूल पदार्थ। ३ दे० 'मूल'।

मूलत्रिकोण—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य आदि ग्रहों की कुछ विशेष राशियों में स्थिति। यह जब मूलों राशि में होता है, तब सर्वोत्तम फल देने माने जाते हैं।

विशेष—जिस राशि में मूलत्रिकोण स्थित राशि, वह उस ग्रह का स्वक्षेत्र या स्वगृह कहलाती है। सूर्य का सिंह, चंद्रमा का वृष, मंगल का मेष और शनि का तुला मूलत्रिकोण है। फलित ज्योतिष।

मूलदेव—संज्ञा पुं० [सं०] १ कामशास्त्र के एक प्रवर्तक का नाम जिन्होंने।

मूलद्रव्य—संज्ञा पुं० [सं०] मूल तत्व। २ आदिम द्रव्य जिनसे और द्रव्यों या सृष्टि की उत्पत्ति हुई है।

मूलद्वार—संज्ञा पुं० [सं०] प्रधान द्वार। सिंहद्वार। बड़ा दरवाजा।

मूलद्वारावती—संज्ञा स्त्री० [सं०] द्वारावती नगरी का प्राचीन नाम जो श्रीकृष्ण की द्वारका से कुछ दूर था। महाभारत में आया पड़ता है।

मूलधन—संज्ञा पुं० [सं०] वह आरंभिक धन जो किसी व्यवसाय में लगाया जाय। पूँजी।

मूलधातु—संज्ञा स्त्री० [सं०] मज्जा।

मूलनिकृंतन—संज्ञा पुं० [सं० मूलनिकृन्तन] जड़ से काटना। उन्मूलन करना [वै०]।

मूलपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूलपर्णी नाम की ओषधि।

मूलपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] किसी वंश का संस्थापक। वह प्रथम पुरुष जिससे वंश चला हो।

मूलपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] पुरुषमूल।

मूलभीती—संज्ञा स्त्री० [सं०] नींव की पक्की दीवार।

मूलप्रकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ संसार की सृष्टि का वह कारण जो स्वयं किसी से उत्पन्न न हुआ हो, पर जिससे सब पदार्थ उत्पन्न हुए हों। प्रधान। २ सांख्य में त्रिगुण—सत्व, रज और तम—की साम्यावस्था। प्रकृति। विशेष दे० 'प्रकृति'।

मूलप्रतीहार—संज्ञा पुं० [सं०] प्रधान द्वारपाल। प्रधान द्वारपाल। [illegible]

मूलफल—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलबंध—संज्ञा पुं० [सं० मूलबन्ध] [illegible]

मूलबल—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलभू—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलमंत्र—संज्ञा पुं० [सं० मूलमन्त्र] [illegible]

मूलरक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] [illegible]

मूलवंश—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलवर्तन—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलवर्ती—वि० [सं० मूलवर्तिन्] [illegible]

मूलविद्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] [illegible]

मूलविनाश—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलशंख—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलशाखा—संज्ञा स्त्री० [सं० मूल+शाखा] [illegible]

मूलशोधन—संज्ञा पुं० [सं०] [illegible]

मूलसंक्रांति—संज्ञा स्त्री० [सं०] [illegible]

मूलसंहिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] [illegible]

ईश्वर। ५ मुलतान नगर जहाँ भास्कर तीर्थ था। ६ कौटिल्य के अनुसार राजधानी। शासन का मुख्य केंद्र।

मूलस्थानी—सज्ञा स्त्री० [सं०] गौरी।

मूलस्थायी सज्ञा पुं० [स० मूलस्थायिन्] शिव।

मूलस्रोत—सज्ञा पु० [स० मूलस्रोतस्] झरना, नदी आदि की मुख्य धारा या उद्गम स्थान [को०]।

मूलहर[1]—वि० [स०] समूल उन्मूलन करनेवाला। जड से उखाड देने वाला [को०]।

मूलहर[2]—सज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य के अनुसार वह राजा जो फजूल खर्च करता हो। वह जिसने अपना संपूर्ण धन नष्ट कर दिया हो।

मूला[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सतावर। २ मूल नक्षत्र। ३ पृथ्वी। (डिं०)।

मूला[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] मौला नाम की बेल जो वृक्षो पर चढकर उन्हें बहुत हानि पहुचाती है। विशेष दे० 'मौला'।

मूलाधार—सज्ञा पुं० [स०] योग मे माने हुए मानव शरीर के भीतर के छह् चक्रो मे से एक चक्र जिसका स्थान गुदा शिश्न के मध्य मे है। इसका रग लाल और देवता गणेश माने गए हैं। इसके दलो की सख्या ४ और अक्षर व, श, ष, तथा स हैं।

मूलाभ—सज्ञा पुं० [सं०] मूली [को०]।

मूलामना—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रोग जिसमे वायु के कुपित होने पर हाथ और पैरो मे कपन होता है। उ०—जो वायु पैर, जघा, उरु और हाथ के मूल मे कपन करे उसको मूलामना रोग कहते हैं।—माधव०, पृ० १४६।

मूलायतन—सज्ञा पुं० [सं०] मूल आयतन। मूल स्थान या गृह।

मूलावाधक—सज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य के अनुसार राष्ट्रशक्ति के केंद्र को घेरनेवाला।

मूलिक[1]—वि० [सं०] १ मूल सबधी। मूल का। २ मुख्य। प्रधान।

मूलिक[2]—सज्ञा पु० कदमूल खाकर रहनेवाला सन्यासी।

मूलिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] ओषधियो की जड। जडी। उ०—वैदिक विधान अनेक लौकिक आचरत सुनि जानि कै। बलिदान पूजा मूलिका मनि साधि राखी आनि कै।—तुलसी (शब्द०)। (ख) आयो सदन सहित सोवत ही जौ लौ पलक परै न। जिसे कुवेर निसि मिलै मूलिका कीन्ही विनय सुबैन।—तुलसी (शब्द०)।

मूलिन[1]—वि० [स०] मूल से उत्पन्न।

मूलिन[2]—सज्ञा पुं० वृक्ष [को०]।

मूलिनीवर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार ये सोलह प्रकार के मूल (जड)—नागदती, श्वेतवचा, श्यामा, त्रिवृत्, वृद्धदारका, सप्तला, श्वेतापराजिता, मूषकपर्णी, गोडुवा, ज्योतिष्मती, विल्वी, क्षणपुष्पी, विषाणिका, अश्वगंधा, द्रवती और क्षीरिणी।

मूली[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मूलक] १ एक पौधा जो अपनी लबी मुलायम जड के लिये बोया जाता है। यह जड खाने मे मीठी, चर्परी और तीक्ष्ण होती है।

विशेष—मूली साल में दो बार बोई जाती है, इससे प्राय सब मिलती है। मूली की जड नीचे की ओर पतली और ऊपर ओर मोटी होती जाती है। इसकी कई जातियाँ होती ह। म रगात मूली एक बालिश्त लबी और दो ढाई अगुल मोटी होती पर बडी मूली हाथ हाथ भर लबी और चार पाँच अगुल मोटी होती है। नेपाल देश मे उत्पन्न होने के कारण इसे ने या नेवार भी कहते ह। यह खाने मे मीठी होती है और कडुवापन या चरपराहट नही होती। मूली का रग सं होता है, पर लाल रग की मूली भी अब हिंदुस्तान मे जाने लगी है, जिसे विलायती मूली कहते ह। इसकी ज सरसों के से नन्हे नन्हे पत्ते ऊपर की ओर निकलते ह। छोटे और काले होते है। इन बीजो मे से एक प्रकार का तु युक्त तेल निकलता है, जिसमे गधक का बहुत कुछ अश र है। मूली अधिकतर कच्ची या शाक के रूप मे पकाकर जाती है। बीज दवा के काम मे आते ह। मूली साधारण उत्तेजक, मूत्रकारक और अश्मरीनाशक होती है। मूत्र आदि रोगो मे इसका सेवन हितकर है।

भावप्रकाश के अनुसार छोटी मूली कटुरस, उष्णवीर्य, रुचिका लघु, पाचक, त्रिदोषनाशक, स्वरप्रसादक तथा ज्वर, श्व नासारोग, कठरोग और चक्षुरोग को दूर करनेवाली है। मूली या नेवाड रूखी, उष्णवीर्य, गुरु और त्रिदोषनाशक है

पर्या०—(छोटी मूली) शालाक। कटुक। मिश्र। वाले मरुपभव। चाणक्यमूलक। मूलकपोतिका।

मुहा०—(किसी को) मूली गाजर समझना = अति तुच्छ समझ नाचीज गिनना।

२ एक प्रकार का बाँस। ३ जडी बूटी। मूलिका।

मूली[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ ज्येष्ठी। २ मत्स्यपुराण के अनु एक नदी का नाम। ३ छोटी छिपकिली (को०)।

मूली[3]—सज्ञा पुं० [स० मूलिन्] वृक्ष। पेड [को०]।

मूलुक[1]—सज्ञा पु० [अ० मुल्क] दे० 'मुल्क'। उ०—प्रावता तु पाण मुलुक, पथ भरे पथर चूरीआ।—कीर्ति०, पृ० ४६

मूलेर—सज्ञा पुं० [स०] १ राजा। नरेश। २ भारतीय लोम जटामासी [को०]।

मूलोदय—सज्ञा पुं० [सं०] ब्याज का मूलधन के बराबर हो जा

मूल्य[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी वस्तु के बदले मे मिलनेव धन। दाम। कीमत आदि। जैसे,—एक सेर चाय का दस रुपए। उ० वास्तव मे अर्थ प्राय सर्वदा द्रव्य के मे ही व्यक्त किया जाता है। और तब उसे मूल्य कहते – अर्थ० (वं०), पृ० १८। २ वेतन। भृति (को०)। मूल। मूलधन (को०)। ४ लाभ। प्राप्ति। अर्जन। उपयोगिता (को०)।

यौ०—मूल्यरहित = (१) बिना मूल्य का। जिसका कुछ न हो। निकम्मा (२) व्यर्थ। बेकार। मूल्यवृद्धि = बाजा वस्तुओ का दाम बढ जाना। मूल्यहीन = दे० 'मूल्यरहित'।

मूल्य[1]—वि० १ प्रतिष्ठा के योग्य। कदर के लायक। २. रोपने या लगाने योग्य (पौधा)। ३ मूल से होनेवाला। जो मूल से हो (को०)। ४ जड से उखाडने योग्य। (खेत की फसल, जैसे, उर्द, मूँग आदि)।

मूल्यक—संज्ञा पुं० [सं०] मूल्य। धन। दाम। कीमत (को०)।

मूल्यवान्—वि० [सं० मूल्यवत्] जिसका दाम बहुत अधिक हो। बड़े दाम का। कीमती।

मूल्यांकन—संज्ञा पुं० [सं० मूल्याङ्कन] १ किसी वस्तु का मूल्य निर्धारित या निश्चित करना। २ किसी विशिष्ट क्षेत्र मे किसी व्यक्ति अथवा कृति की उपयोगिता एव महत्व का आकलन करना। उ०—रहीम हिंदी जगत् के ख्यातिप्राप्त कवि हैं, किंतु अभी तक उनकी काव्यगत विचारधारा का मूल्यांकन नहीं हो पाया था। —अकबरी०, पृ० ८।

मूवमेंट—संज्ञा पुं० [अं०] वह प्रयत्न या आंदोलन जो किसी उद्देश्य की सिद्धि या अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिये एक या अधिक व्यक्ति करते हैं। आंदोलन। जैसे,—स्वदेशी मूवमेंट, नान-कोऑपरेशन मूवमेंट।

मूश—संज्ञा पुं० [फा० तुल० सं० मूष (=चूहा)] मूषक। चूहा (को०)।

यौ०—मूशदान = दे० 'चूहादान'।

मूशली—संज्ञा स्त्री० [सं०] तालमूली।

मूष—संज्ञा पुं० [सं०] १ चूहा। २ गोली खिडकी। गवाक्ष (को०)। ३. सोना आदि गलाने की कुल्हिया (को०)।

मूषक—संज्ञा पुं० [सं०] १ चूहा। उ०—खल बिनु स्वारथ पर अपकारी। अहि मूषक इव सुनु उरगारी।—तुलसी (शब्द०)। २ तस्कर। चोर (को०)।

मूषकपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूसाकानी नाम की लता। आखुपर्णी।

मूषकवाहन—संज्ञा पुं० [सं०] गणेश।

मूषकसारी—संज्ञा स्त्री० [सं०] श्रुतश्रेणी नाम की लता।

मूषण—संज्ञा पुं० [सं०] चुराना। मूसना (को०)।

मूषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सोना आदि गलाने की घरिया। तेजसावतिनी। २ देवताड वृक्ष। ३ गोरखमुंडी का पौधा। ४ चुहिया। मूषिका (को०)। ५ गवाक्ष। झरोखा।

मूषाकर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूसाकानी लता।

मूषातुत्थ—संज्ञा पुं० [सं०] नीला थोथा। तूतिया।

मूषिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ चूहा। मूसा। २ शिरीष वृक्ष। शिरीष वृक्ष (को०)। ३ मूसनेवाला। तस्कर। चोर (को०)। ४ महाभारत के अनुसार दक्षिण के एक जनपद का प्राचीन नाम।

मूषिकपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] अंजन के समान पत्तोंवाला एक प्रकार का तृण।

पर्या०—न्यग्रोधी। विषा। उपचित्रा। उपर्ची। मूषा। मूषपर्णी। आखुपर्णी।

मूषिकस्थ—संज्ञा पुं० [सं०] मूषिकपर्णी।

मूषिकविषाण—संज्ञा पुं० [सं०] चूहे की सींग जैसी फलीवाली एक प्रसिद्ध लता (को०)।

मूषिकसाधन—संज्ञा पुं० [सं०] वह साधन जिससे किसी सिद्ध हो जाने से, कहा जाता है कि, मनुष्य चूहे की बोली समझकर उससे शुभ अशुभ फल कह सकता है।

मूषिकस्थल—संज्ञा पुं० [सं०] १ बल्मीक। बांबी (को०)।

मूषिकाद—संज्ञा पुं० [सं० मूषिकाद] गणेश।

मूषिकाशन—संज्ञा पुं० [सं० मूषिकाशन] गणेश।

मूषिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ छोटा चूहा। चुहिया। २ मूसाकानी लता। ३ तेजसावतिनी। मूषा (को०)। ४ गवाक्ष। खिडकी (को०)।

मूषिकाद—संज्ञा पुं० [सं०] बिलाव। बिडाल (को०)।

मूषिकार—संज्ञा पुं० [सं०] बड़ा चूहा। चूहा (को०)।

मूषिकारि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मूषकाद'।

मूषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सोना आदि गलाने की घरिया। २. बड़ा चूहा।

मूषीक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० मूषीका] बड़ा चूहा (को०)।

मूषीकरण—संज्ञा पुं० [सं०] घरिया मे धातु आदि गलाने की क्रिया।

मूष्यायण—संज्ञा पुं० [सं०] गुप्त व्यभिचार से उत्पन्न पुत्र। वह जिसके बाप का पता न हो। दोगला।

मूस—संज्ञा पुं० [सं० मूष] चूहा। उ०—मूस मारि कै बैठ्यो बारि।—हम्मीर०, पृ० १०।

मूसदानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मूस+फा० दानी (सं० भाजन ?)] चूहा पकड़ने का पिंजड़ा। चूहादान।

मूसना—क्रि० स० [सं० मूषण] चुराकर उड़ा ले जाना। उ०—(क) मूसब पाँच चार कहि देबा। रहब तिहि मे तिनि दिन सेवा।—रघुनाथदास (शब्द०)। (ख) नैनन नीर मूसि गयो चूनो, उठि रोमि कै ताप मन धूनो।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ८११। (ग) सूरदास विरहिन रस लीनहि। चोरी पारद पूरि लई री। तेरे हेत प्रेम पढ़ी चलि सो सबही पिंड मूसी।—सूर (शब्द०)। (घ) दिया मंदिर तिनि कै उजरा। दिया बाति घर मूसहि चोरा।—जायसी (शब्द०)।

मुहा०—लै मूसना—ले जाना। लेना।

मूसर—संज्ञा पुं० [हिं० मूसल] दे० 'मूसल'। उ०—पुनि सार पुनि मूसर धरी। कठिन कुमति बहुरा मारत भरी।—सूरसी (शब्द०)। २ मार। मारा। आघात।

मूसलचंद—संज्ञा पुं० [हिं० मूसल+चंद] १ ऊधम। मौज। मस्ती। २ मोटा पुष्ट पुरुष। मुस्टंड।

मूसल—संज्ञा पुं० [सं० मुसल] १ लकड़ी का एक मोटा और लंबा डंडा जिससे धान कूटते हैं और जिसके दोनों ओर प्रायः लोहे के बद्धे लगे रहते हैं। मुसल। २ हल का एक भाग जो लंबाई में लगा रहता है। ३ एक प्रकार का बाण। ४ एक प्रकार का बाजा। ५ एक प्रकार का कीड़ा। ६ एक प्रकार का साँप। ७ एक प्रकार का पक्षी। ८ एक प्रकार का मोती। ९ एक प्रकार का रोग। १० एक प्रकार का पेड़। ११ एक प्रकार का घास। १२ एक प्रकार का पौधा। १३ एक प्रकार का पेड़। १४ एक प्रकार का पेड़। १५ एक प्रकार का पेड़। १६ एक प्रकार का पेड़। १७ एक प्रकार का पेड़। १८ एक प्रकार का पेड़। १९ एक प्रकार का पेड़। २० एक प्रकार का पेड़।

रहती है। २ एक अस्त्र जिसे बलराम धारण करते थे। ३. राम वा कृष्ण के पद का एक चिह्न।

मुहा०—मूसल से या मूसलों ढोल बजाना = अत्यत आनद मनाना। अत्यधिक प्रसन्नता दिखाना।

मूसलधार—क्रि० वि० [हिं० मूसल + धार] इतनी मोटी धार से, जितना मोटा मूसल होता है। बहुत अधिक वेग से। धारासार। जैसे, मूसलधार पानी बरसना। उ०—उसने आते ही व्रजमंडल को घेर लिया और गरज गरज बडी बडी बूंदो लगा मूसलधार जल बरसाने।—लल्लू (शब्द०)।

मूसलमानⓊ—सज्ञा पुं० [अ० मुसलमान] दे० 'मुसलमान'। उ०—सेवा मानन भेदियन हिंदू मूसलमान।—पृ० रा०, ६१।४६६।

मूसला—सज्ञा पुं० [हिं० मूसल] वह जड जो मोटी और सीधी कुछ दूर तक जमीन मे चली गई हो, जिसमे इधर उधर सूत या शाखाएँ न फूटी हो। झखरा का उलटा।

विशेष—जड दो प्रकार की होती है—एक झखरा दूसरी मूसला।

मूसली—सज्ञा पुं० [स० मूशली] १ हल्दी की जाति का एक पौधा।

विशेष—इसकी जड औषध के काम मे आती है और पुष्टई मानी जाती है। यह पौधा सीड की जमीन मे उगता है और नदियो के कछारो मे भी पाया जाता है। बिलासपुर जिले मे अमरकटक पहाड पर नर्मदा के किनारे यह बहुत मिलता है।

२. खल, इमामदस्ता आदि में किसी वस्तु को कूटने की छोटी मुंगरी या डडा।

मूसा[1]—सज्ञा पुं० [स० मूषक] चूहा।

मूसा[2]—स्त्री० पुं० [इबरानी] यहूदी लोगो के एक पैगबर जिनको खुदा का नूर दिखाई पडा था। किताब या पैगबरी मतो का आदि प्रवर्तक इन्ही को समझना चाहिए। उ०—यूसुफ नबी को अमर न बारा। जेहि घर माँ मूसै अवतारा।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० २६२।

मुहा०—मूसा आग लेने गए थे पैगबरी मिल गई = करने क्या गए और क्या हो गया। मामूली चीज की कामना से जाने पर किसी को बहुत बडी वस्तु का मिल जाना। उ०—यजदानी इन्कार तो कर रहे थे, पर छाती फूल जाती थी। मूसा आग लेने गए थे, पैगबरी मिल गई।—मान०, भा० १, पृ० १८७।

मूसाई—सज्ञा पुं० [इब० मूसा + ई (प्रत्य०)] मूसा द्वारा प्रवर्तित मत के अनुयायी। यहूदी। उ०—यद्यपि मूसाइयो और उनके अनुगामी ईसाइयो की धर्मपुस्तक में आदम खुदा की प्रतिमूर्ति बताया गया पर नर में नारायण की दिव्य कला का दर्शन भारतीय भक्तिमार्ग में ही दिखाई पड़ा।—रस०, पृ० ५५।

मूसाकानी—सज्ञा स्त्री० [सं० मूषाकर्णी] औषध में प्रयुक्त होनेवाली एक प्रकार की लता जो प्राय. सारे भारत की गीली भूमि मे चौमासे में पाई जाती है। चूहाकानी। आखुकर्णी।

विशेष—इस लता की पत्तियाँ आकार में गोल और प्राय आधा से डेढ इच तक की होती हैं, जो देखने में चूहे के कान के समान, बीच मे कमानदार और रोएँदार होती हैं। इसकी शाखाएँ बहुत घनी होती है और इसकी गाँठो मे से जड निकलकर जमीन में जम जाती है। इसमे बैंगनी या गुलाबी रग के छोटे छोटे फूल और चने के समान गोल फल लगते हैं जो पहले हरे अथवा बैंगनी रग के और पकने पर भूरे रग के हो जाते हैं। ये फल चीरने पर दो दलो मे विभक्त हो जाते है और प्रत्येक दल मे से एक बीज निकलता है। इसके प्राय सभी अग औषधि के रूप मे काम मे आते हैं। विशेषत: चूहे के विष को दूर करने के लिये इसे लगाया और इसका काढा पीया जाता है। वैद्यक मे यह चरपरी, कडवी, कसैली, शीतल, हलकी, दस्तावर, रसायन तथा कफ, पित्त, कृमि, शूल, ज्वर, ग्रथि, सूजाक, प्रमेह, पाडु, भगदर और कोढ आदि रोगो को दूर करनेवाली मानी जाती है। मूत्ररोग, उदररोग, हृदय-रोग आदि मे भी इसका व्यवहार होता है और यह रक्तशोधक भी होती है। यह बडी और छोटी दो प्रकार की होती है। इसके अतिरिक्त इसके और भी कई भेद होते हैं, जिनमे से एक भेद के पत्ते गोभी के पत्तो की तरह लबे और किनारे पर कटावदार होते हैं। एक और भेद चूहे जाति का होता है, जो एक से चार फुट तक ऊँचा होता है। इसका डठल पीला होता है, जिसमे से बहुत सी शाखाएँ निकलती हैं। इन सबका व्यवहार पथरी के समान होता है। इसे 'चूहाकाना' भी कहते हैं।

पर्या०—आखुकर्णी। द्रवती। मूषिकपर्णी। मूषिकाहृदा। उदरकर्णी।

मूसीकार—सज्ञा पुं० [अ० मूसीकार] सगीत का अच्छा जानकार। सगीतज्ञ [को०]।

मूसीकी—सज्ञा स्त्री० [अ० मूसीकी] सगीतकला। गानविद्या [को०]।

मूह[1]—सज्ञा पुं० [स० मुख] दे० 'मुँह'। उ०—देखतेहि काफिर मूह फिरावे।—कबीर सा०, पृ० १५१०।

मृकंडु—सज्ञा पुं० [स० मृकण्डु] एक मुनि, जिनके पुत्र मार्कंडेय ऋषि थे।

मृगकⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृगाङ्क ?] हिरण्यकशिपु दानव। उ०—मृगंकस्य ऊर, नप तोरि तूर।—पृ० रा०, २।१०।

मृगमालⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृगमाला] मृगसमूह। उ०—कहूँ बीन वादित्र बाजत ऐसी। सुने राग मोह मृगगाल बैसी।—ह० रासो०, पृ० ३७।

मृग—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० मृगी] १ पशुमात्र, विशेषत वन्य पशु। जगली जानवर। २ हिरन।

विशेष—मृग नौ प्रकार के कहे गए हैं—मसूरु, रोहित, न्यकु, सबर, वभ्रु, रुरु, शश, एण और हरिण। विशेष दे० 'हिरन'।

३ हाथियो की एक जाति जिसकी आँखें कुछ बडी होती है और गडस्थल पर सफेद चिह्न होता है। उ०—च्यारि प्रकार पिप्पि बन बारन। भद्र मद मृग जाति सधारन।—पृ० रा०, २७।४। ४ मार्गशीर्ष। अगहन का महीना। ५ मृगशिरा नक्षत्र। ६ एक यज्ञ का नाम। ७. मकर राशि। ८ अन्वेषण।

खोज। ९ कस्तूरी का नाफा। १०. ज्योतिष मे शुक्र की नौ वीथियो मे से आठवी वीथी जो अनुराधा, ज्येष्ठा और मूल मे पडती है। ११. पुरुष के चार भेदो मे से एक।

विशेष - मृग जाति का पुरुष मधुरभाषी, बडी आँखोवाला, भीरु, चपल, सुदर और तेज चलनेवाला होता है। यह चित्रिणी स्त्री के लिये उपयुक्त कहा गया है।

१२ वैष्णवो के तिलक का एक भेद। १३ चद्रमा का लाछन। चद्रमा मे मृग का चिह्न (को०)।

मृगकानन—सज्ञा पुं० [स०] १ उद्यान। उपवन। २ आखेटोपयोगी पशुओ से भरा हुआ वन (को०)।

मृगकेतन—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा (को०)।

मृगगामिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक औषध। वायविडग (को०)।

मृगघर्मज—सज्ञा पु० [स०] १ कस्तूरी का नाफा। २ जवादि नामक गधद्रव्य।

मृगचर्म—सज्ञा पु० [स०] मृगछाला। हिरन का चमडा।

विशेष—यह पवित्र माना जाता है। इसका व्यवहार उपनयन सस्कार मे होता है और इसे साधु सन्यासी बिछाते है।

मृगचर्या—सज्ञा पुं० [सं०] मृग की तरह का रहन सहन जो एक प्रकार की तपस्या या आत्मनिग्रह है (को०)।

मृगचारी—वि० [स० मृगचारिन्] मृगचर्या करनेवाला। हिरण की तरह जीवन बितानेवाला (को०)।

मृगचेटक—सज्ञा पु० [स०] गधविलाव। मुश्क विलाव। खट्टास।

मृगछाला—सज्ञा स्त्री० [स० मृग + हिं० छाला] मृगचर्म।

मृगछौना—सज्ञा स्त्री० [सं० मृग + हिं० छौना] [स्त्री० मृगछौनी] मृगशावक। उ०—प्यारा अक दुरि रही ऐसे, जैसे केहरि क्रदन सुनि मृगछौनी।—नद० ग्र०, पृ० ३७३।

मृगजरस—सज्ञा पुं० [स०] एक रसौषध जिसका व्यवहार रक्तपित्त मे होता है।

विशेष—शोधा हुआ पारा और मृत्तिका लवण (लोनी) बासे के रस मे एक दिन तक घोटने से यह तैयार होता है।

मृगजल—सज्ञा स० [सं०] मृगतृष्णा। मृगतृष्णा की लहरें। उ०—(क) सुधा समुद्र समीप विहाई। मृगजल निरखि मरहु कत धाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तृषा जाइ बरु मृगजल पाना। बरु जामहि सस सीस विषाना।—तुलसी (शब्द०)।

यौ०—**मृगजल स्नान** = मृगजल मे नहाना। असभव बात।

मृगजा—सज्ञा पुं० [स०] कस्तूरी।

मृगजालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] हिरनो को फँसाने का जाल।

मृगजीवन—सज्ञा पुं० [स०] शिकारी। अहेरी (को०)।

मृगजृभ—सज्ञा स्त्री० [स० मृगजृम्भ] खोए या चोरी गए हुए धन की खोज।

मृगटक—सज्ञा पुं० [सं० मृगटङ्क] चद्रमा।

मृगण—सज्ञा स्त्री० [स०] १. अपहृत धन की खोज। २ खोज। अन्वेषण।

मृगतृषा—सज्ञा स्त्री० [सं० मृगतृषा] दे० 'मृगतृष्णा'।

मृगतृष्णा सज्ञा स्त्री० [स०] जल वा जल की लहरो की वह मिथ्या प्रतीति जो कभी कभी ऊसर मैदानो मे भी कडी धूप पडने के समय होती है। मृगमरीचिका।

विशेष—गरमी के दिनो मे जब वायु की तहो का घनत्व उष्णता के कारण असमान होता है, तब पृथ्वी के निकट की वायु अधिक उष्ण होकर ऊपर को उठना चाहती है, परतु ऊपर की तहे उसे उठने नही देती, इससे उस वायु की लहरें पृथ्वी के समानातर बहने लगती है। यही लहरें दूर से देखने मे जल की धारा सी दिखाई देती हैं। मृग इससे प्राय. धोखा खाते हैं, इससे इसे मृगतृष्णा, मृगजल आदि कहते हैं।

मृगतृष्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मृगतृष्णा'। उ०—चारो ओर से काट काटकर अपने को अलग करती हुई, और एकाकी बनकर जिधर भागती हुई चली आई हूँ, वहाँ देखती हूँ रेत, रेत, रेत, केवल मृगतृष्णिका।—सुखदा, पृ० १३।

मृगतृष्णाⓤ—सज्ञा स्त्री० [स० मृगतृष्णा] दे० 'मृगतृष्णा'। उ०—मृगतृष्णा सम जग जिय जानी। तुलसी ताहि सत पहिचानी।—तुलसी ग्र०।

मृगदशक—सज्ञा पुं० [सं०] कुत्ता।

मृगदर्प—सज्ञा पुं० [स०] कस्तूरी (को०)।

मृगदाव—सज्ञा पुं० [सं० मृगदाव (=मृगो का वन)] १ वह वन जिसमे बहुत मृग हो। २. काशी के पास 'सारनाथ' नामक स्थान का प्राचीन नाम। (कहा जाता है कि वहाँ वन मे मृग स्वच्छद विचरण किया करते थे)।

मृगद्यु—सज्ञा पुं० [सं०] शिकारी।

मृगाद्विप्—सज्ञा पुं० [स०] शेर। सिह (को०)।

मृगदृशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हिरन जैसी आँखोवाली स्त्री।

मृगदृष्टि—सज्ञा पुं० [स०] शेर। बाघ (को०)।

मृगधर—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा।

मृगधूम—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

मृगधूर्त—सज्ञा पुं० [स०] शृगाल।

मृगधूर्तक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मृगधूर्त' (को०)।

मृगनयना—सज्ञा स्त्री० [स०] हिरन की आँखोवाली स्त्री।

मृगनयनि, मृगनयनी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'मृगनयना'। उ०—चद्रवदनि की सी अलकावलि, लहराती थी लोल शैवलिनि। कोमल चचल धरणी श्यामल, किसी मृगनयनि की थी दृगकनि।—मधुज्वाल, पृ० १७।

मृगनाथ—सज्ञा पु० [स०] सिह।

विशेष—'मृग' शब्द के आगे पति, नाथ, राज आदि शब्द लगने से सिहवाचक शब्द बनता है।

मृगनाभि—सज्ञा पु० [सं०] कस्तूरी।

मृगनाभिजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] कस्तूरी।

काया कठिन कमान है, खाँचै विरला कोइ। मारै पचौ मृगला दादू सुरा सोइ।—दादू०, पृ० ३८०।

मृगलेखा—सज्ञा स्त्री० [सं०] चद्रमा का धब्बा।

मृगलोचन—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा [को०]।

मृगलोचना—वि० स्त्री० [स०] हरिण के समान नेत्रवाली (स्त्री)।

मृगलोचनी—वि० स्त्री० दे० 'मृगलोचना'।

मृगलोमिक—वि० [स०] ऊन का। ऊर्णनिर्मित। ऊनी।

मृगव—सज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध शास्त्रो के अनुसार एक बहुत बडी सख्या का नाम।

मृगवधू—सज्ञा स्त्री० [स०] मृगी। हरिणी [को०]।

मृगवल्लभ—सज्ञा पु० [स०] कुदुरु तृण।

मृगवारिⓊ—सज्ञा पुं० [स०] मृगतृष्णा का जल। उ०—सूते सपने ही सहै सस्रत सताप रे। बूडो मृगवारि खायो जेवरि के साँप रे।—तुलसी (शब्द०)।

मृगवाहन—सज्ञा पु० [स०] १ वायु। पवन। २ स्वाति नाम का नक्षत्र [को०]।

मृगवीथिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मृगवीथी'।

मृगवीथी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ ज्योतिष के अनुसार शुक्र की नौ वीथियो मे से एक जिसमे शुक्र ग्रह अनुराधा, ज्येष्ठा और मूल पर आता है। २ चद्रमा की वह स्थिति जब वह श्रवण, शतभिषा और पूर्व भाद्रपदा से युक्त होता है (को०)।

मृगव्य—सज्ञा पुं० [स०] १ आखेट। मृगया। २ (धनुर्विद्या) लक्ष्य। निशाना [को०]।

मृगव्याध—सज्ञा पुं० [स०] १ शिकारी। अहेरी। २ एक नक्षत्र। ३ शिव [को०]।

मृगशाव, मृगशावक—सज्ञा पुं० [स०] मृगछौना। हिरन का कोमल बच्चा।

यौ०—मृगशावकनैनी = मृगछौने की तरह चचल नेत्रोवाली।

मृगशिरा—सज्ञा पु० [स० मृगशिरस्] सत्ताइस नक्षत्रो मे से पाँचवाँ नक्षत्र।

विशेष—इसके अधिपति चद्रमा है और यह आडा या तिर्यङ्मुख नक्षत्र है। यह तीन तारो से मिलकर बना हुआ और बिल्ली के पैर के आकार का है। आकाश मे यह नक्षत्र कन्या लग्न के बाईस पल बीतने पर उदित होता है। मृगशिरा नक्षत्र के पूर्वार्ध मे (अर्थात् ३० दड के बीच) वृष राशि और अपरार्ध मे मिथुन राशि होती है। इस नक्षत्र मे उत्पन्न मनुष्य मृगचक्षु, अति बलवान्, सुदर कपोलवाला, कामुक, साहसी, स्थिरप्रकृति, मित्र पुत्र से युक्त और थोडा धनवान् होता है।

मृगशीर्ष—सज्ञा पुं० [सं०] मृगशिरा नक्षत्र। २ अगहन का महीना। मार्गशीर्ष (को०)।

मृगश्रेष्ठ—सज्ञा पु० [स०] बाघ [को०]।

मृगसत्र—सज्ञा पुं० [सं०] उन्नीस दिन का एक सत्र।

मृगहा—सज्ञा पुं० [मृगहन्] शिकारी [को०]।

मृगाक—सज्ञा पुं० [स० मृगाङ्क] १ चद्रमा। उ०—दुजराजा शशधर उदधितनय ससाक मृगाक।—नद० ग्र०, पृ० ११६। २ एक रस जो सुवर्ण और रत्नादि मे बनता है और क्षय रोग में विशेष उपकारी होता है। विशेष दे० 'मृगाकरस'। उ०—(क) राम की रजाइ ते रसाइनी समीर सूनु उतरि पयोधि पार सोधि के ससाक सो। जातुधान बुट पुट पाक लक जातरूप रतन जतन जारि किया है मृगाक सा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) विधौ विराट के मुरारि राजरोग जानि जू। निमित्त तासु बैद ज्यौं जरयौ मृगाक ठानि जू।—रघुनाथदास (शब्द०)।

मृगाकरस—सज्ञा पुं० [स० मृगाङ्करस] एक प्रकार का रसौषध।

विशेष—पारा एक भाग, सोना एक भाग, मोती दो भाग, गधक दो भाग और सोहागा एक भाग, इन सब चीजो को काँजी मे पीसकर नमक के भाँडे मे रखकर चार पहर पकाते हैं। इस रस को चार रत्ती की मात्रा में सेवन करने से राजयक्ष्मा रोग नष्ट हो जाता है। राजमृगाक और महामृगाक रस भी होते है, जिनमें द्रव्यो की सख्या अधिक होती है।

मृगागना—सज्ञा स्त्री० [सं० मृगाङ्गना] मृगी। हरिणी।

मृगाडजा—सज्ञा स्त्री० [स० मृगाण्डजा] कस्तूरी। मुश्क [को०]।

मृगातक—सज्ञा पुं० [सं० मृगान्तक] चीता [को०]।

मृगा†[1]—सज्ञा पुं० [स० मृग] हिरन। मृग।

मृगा[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] सहदेई का पौधा।

मृगाक्षी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हरिण के से नेत्रोवाली स्त्री।

मृगाजिन—सज्ञा पुं० [स०] मृगछाला। मृगचर्म [को०]।

मृगाजीव—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. वारुणी लता। २ कस्तूरी। ३ व्याध। शिकारी (को०)।

मृगाद, मृगादन—सज्ञा पु० [स०] सिह, चीता, बाघ इत्यादि वनजतु जो मृगो को खाते हैं।

मृगादनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ इद्रवारुणी। इद्रायन। २. सहदेई। ३ ककडी।

मृगाधिप, मृगाधिराज—सज्ञा पुं० [स०] सिह। शेर।

मृगारति—सज्ञा पुं० [सं०] १. कुत्ता। २ सिह (को०)। ३ सिह राशि (को०)।

मृगारि—सज्ञा पुं० [सं०] १ सिह। २ कुत्ता। ३ बाघ। चीता। ४ एक वृक्ष। लाल सहिजन। ५. सिह राशि [को०]।

मृगाविध—सज्ञा पुं० [स०] व्याध। शिकारी [को०]।

मृगाश—सज्ञा पुं० [स०] सिह। उ०—(क) मूषकादि ग्रह मे रहे बहिर मृगाश शकुतु। गो अश्वादिक जीव बहु जीवहिं सब लघु जतु।—शकर दि० वि० (शब्द०)।

मृगाशन—सज्ञा पुं० [स०] सिह। मृगाधिप। उ०—दवति द्रौपदी देखि दुशासन। जिमि वन मे लखि मृगी मृगाशन।—रघुराज (शब्द०)।

मृगिंद्रⓊ—सज्ञा पु० [सं० मृगेन्द्र] १ दे० 'मृगेंद्र'। २ सिह के समान शूर वीर। उ०—गज्जै न लज्ज कोपै मृगिंद्र। उत्तकिष्ट सूर सिर सहिन निंद्र।—पृ० रा०, ६।४६।

मृगित—वि० [स०] १ अन्वेषित। जिसका पीछा किया गया हो। २ याचित।

मृगिनीⓊ†—सञ्ज्ञा स्त्री० [स० मृग] हरिणी। उ०—(क) ज्यौं मृगिनी वृक झुंड के वासा। त्यो ये अधमुतन के वासा।—लल्लूलाल (शब्द०)। (ख) मृग मृगिनी द्रुम वन सारस खग काहू नही बताया री।—सूर (शब्द०)। (ग) बाँसुरी को शब्द सुनिकै वधिक की मृगिनी भई।—सूर (शब्द०)।

मृगी—सञ्ज्ञा स्त्री० [स०] १ मृग नामक वन्य पशु की मादा। हरिणी। हिरनी। उ०—मनहु मृगी मृग देखि दियासे।—तुलसी (शब्द०)। २ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे एक रगण (ऽ।ऽ) होता है। जैसे,—री प्रिया। मान तू। मान ना। ठान तू। इस 'प्रिय वृत्त' भी कहते हैं। ३ कश्यप ऋषि की क्रोधवशा नाम्नी पत्नी से उत्पन्न दस कन्याओ मे से एक, जिससे मृगो की उत्पत्ति हुई है और जो पुलह ऋषि की पत्नी थी। ४ पीले रग की एक प्रकार की कौडी जिसका पेट सफेद होता है। ५ अपस्मार नामक रोग। मृगी रोग। ६ कस्तूरी।

मृगीदृश्, मृगलोचन—सञ्ज्ञा स्त्री० [स०] मृगी या हिरनी के समान नेत्रोवाली स्त्री [को०]।

मृगीपति—सञ्ज्ञा पुं० [स०] श्रीकृष्ण।

मृगीवतⓊ—वि० [स० मृगी + हिं० वत] अपस्मार का रोगी। मृगी राग से ग्रस्त। उ०—घनसारहिं दिखि मुरझति ऐसे। मृगीवत जल दरसै जैसे।—नद० ग्र०, पृ० १४४।

मृगेंद्र—सञ्ज्ञा पुं० [सं० मृगेन्द्र] १ सिंह। २ बाघ। चीता (को०)। ३ सिंह राशि (को०)।

मृगेंद्रचटक—सञ्ज्ञा पु० [स० मृगेन्द्रचटक] बाज पक्षी।

मृगेंद्राशी—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं० मृगेन्द्राशी] अडूसा। वासक।

मृगेंद्रासन—सञ्ज्ञा पु० [स० मृगेन्द्रासन] पत्थर। प्रस्तर [को०]।

मृगेंद्रास्य—सञ्ज्ञा पु० [सं०] शिव।

मृगेक्षण—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं०] १ दे० 'मृगीदृश्'। २ श्वेत इद्रायन। श्वेत इद्रवारुणी [को०]।

मृगेक्षिणी—वि० स्त्री० [स० मृग + ईक्षण] हिरन के से नेत्रोवाली। उ०—मृगेक्षिणी। इनमे खग अज्ञान।—गुजन, पृ० ४०।

मृगेल—सञ्ज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो सयुक्तप्रात, बगाल पजाब तथा दक्षिण की नदियो मे पाई जाती है।

विशेष—इसकी आँखें सुनहरी होती हैं। यह डेढ हाथ के लगभग लबी होती है और तौल मे नौ या दस सेर होती है।

मृगेश—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] सिंह।

मृगेष्ट—सञ्ज्ञा पु० [स०] एक प्रकार की चमेली। मोगरा [को०]।

मृगैर्वारु—सञ्ज्ञा पुं० [स०] श्वेतेंद्रवारुणी। सफेद इद्रायन।

मृगोत्तम—सञ्ज्ञा पुं० [स०] मृगशिरा नक्षत्र।

मृग्य—वि० [स०] १ जिसका अन्वेषण या पीछा किया जाय। २ जो निश्चित न हो [को०]।

मृच्छकटिक—सञ्ज्ञा पु० [स०] १ संस्कृत का एक बहुप्रसिद्ध नाटक जिसके रचयिता शूद्रक कहे जाते हैं। २ मिट्टी का रथ।

मृज—सञ्ज्ञा पुं० [स०] मुरज नाम का बाजा।

मृजा—सञ्ज्ञा पुं० [स०] मार्जन।

मृजित—वि० [सं०] मार्जित। जिसका मार्जन किया गया हो [को०]।

मृज्य—वि० [सं०] मार्जन के योग्य। मार्जनीय।

मृजादⓊ†—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं० मर्यादा] इज्जत। मान। उ०—सबही मृजाद देखी सुनी जदपि बडाई हू महित।—ब्रज० ग्र०, पृ० ७१।

मृडकण—सञ्ज्ञा पुं० [स० मृडङ्कण] बालक। शिशु [को०]।

मृड़—सञ्ज्ञा पुं० [स० मृड] [स्त्री० मृडानी] शिव। महादेव। उ०—मदन मथन मृड अतरजामी। त्राता होहु जगत के स्वामी।—नद०, ग्र०, पृ० १५४।

मृडन—सञ्ज्ञा पु० [स०] अनुकूलता। अनुग्रह। अनुकपा [को०]।

मृड़ा—सञ्ज्ञा स्त्री० [स० मृडा] दुर्गा। पार्वती। उ०—मृडा चडिका मृडी अबिका भवा भवानी सोय।—नददास (शब्द०)।

मृड़ानी—सञ्ज्ञा स्त्री० [स० मृडानी] दुर्गा। भवानी। पार्वती। उ०—अदेवी नृदेवीन को होहु रानी। करैं सेव बानी मघोनी मृडानी।—केशव (शब्द०)।

मृडी—सञ्ज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा [को०]।

मृडीक—सञ्ज्ञा पुं० [स०] १ हिरन। २ शिव का एक नाम। ३ मछली (को०)।

मृणाल—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं०] १ कमल का डठल जिसमे फूल लगा रहता है। कमलनाल। उ०—(क) तौ शिव धनुष मृणाल कि नाई। तोरहिं राम गणेश गोसाँई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) आई जु चलि गोपाल घरै ब्रजबाल विशाल मृणाल सो बाही।—पद्माकर (शब्द०)। २ कमल की जड़। मुरार। भसीड। ३ उशीर। खस।

यौ०—मृणालकठ। मृणालभग = कमलनाल के ततु या रेशे का टुकडा। मृणालसूत्र = कमलनाल का ततु।

मृणालकठ—सञ्ज्ञा पुं० [स० मृणाल + कण्ठ] एक प्रकार का जलपक्षी।

मृणालिका—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] कमल की डठी। कमलनाल। उ०—भौंरिन ज्यौं भवत रहत वन वीथिकान हसिनि ज्यौं मृदुल मृणालिका चहति है।—केशव (शब्द०)।

मृणालिनी—सञ्ज्ञा स्त्री० [स०] १ कमलिनी। २ वह स्थान जहाँ कमल हो। ३ कमल का समूह।

मृणाली—सञ्ज्ञा स्त्री० [स०] कमल का डठल। कमलनाल। उ०—(क) धरे एक वेणी मिली मैल सारी। मृणाली मनो पक सो काढि डारी।—केशव (शब्द०)। (ख) मैलते सहित मानो कचन की लता लोनी, पक लपटानी ज्यो मृणाली दरसाई है।—रघुराज (शब्द०)।

मृणाली[2]—सज्ञा पु० [स० मृणालिन्] कमलपुष्प। कमल [को०]।

मृण्मय—वि० [स०] मृत्तिकानिर्मित। दे० 'मृन्मय' [को०]।

मृण्मूर्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] मिट्टी की बनी हुई मूर्ति [को०]।

मृत्—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मृद्' [को०]।

मृतड—सज्ञा पु० [स० मृतण्ड] सूर्य। मृताड [को०]।

मृतपुरⓅ—सज्ञा पु० [स० मृतम् (=मृत्यु)+पुर (=लोक)] मर्त्य लोक। मानवलोक। उ०—चलै थान कैलास परी अच्छरी मृतपुर।—पृ० रा०, २५।१६३।

मृत[1]—वि० [सं०] १ मरा हुआ। मुर्दा। २ मृत तुल्य। मृत सा (को०)। ३ मूर्छित। शोधित। जैसे, पारा (को०)। ४. माँगा हुआ। याचित।

मृत[2]—सज्ञा पुं० १ मृत्यु। मरण। २ माँगने से मिला हुआ अन्न वा भिक्षा आदि [को०]।

मृतकवल—सज्ञा पु० [स० मृतकम्बल] वह कपडा जिससे मुर्दे को ढँकते है। कफन।

मृतक—सज्ञा पुं० [स०] १ मरा हुआ प्राणी। मुर्दा। २. मरण का अशौच। ३ मरण। मृत्यु। मौत (को०)।

मृतककर्म—सज्ञा पुं० [स०] मृतक पुरुष की शुद्ध गति के लिये किया जानेवाला कृत्य। प्रेतकर्म। जैसे, दाह, षोडशी, दशगात्र इत्यादि। उ०—तब सुग्रीवहिं आयसु दीन्हा। मृतककर्म विधिवत् सब कीन्हा।—तुलसी (शब्द०)।

मृतकधूम—सज्ञा पुं० [सं०] राख। भस्म। उ०—जम्यो गाढ भर भर रुधिर ऊपर धूरि उडाय। जिमि अंगार रासीन्ह पर मृतक-धूम रह छाय।—तुलसी (शब्द०)।

मृतकल्प—वि० [स०] मृतप्राय। मरणासन्न [को०]।

मृतकातक—सज्ञा पुं० [स० मृतकान्तक] शृगाल। गीदड़।

मृतगर्भा—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका गर्भस्थ शिशु (भ्रूण) मर गया हो।

मृतगृह—सज्ञा पुं० [स०] श्मसान। कब्र [को०]।

मृतचेल—सज्ञा पुं० [स०] मुर्दे के ऊपर का कपडा। कफन। मृत-कबल। [को०]।

मृतजीव—सज्ञा पुं० [स०] १ मरा हुआ प्राणी। २ तिलक वृक्ष।

मृतजीवन—सज्ञा पु० [सं०] मरे हुए को जिलाना।

मृतजीवनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह विद्या जिससे मुर्दे को जिलाया जाता है। उ०—क्यों न जिवावै असुरगुरु तम असुरै परभात। सध्यावृत मृत्यजीवनी विद्या कही न जात।—गुमान (शब्द०)। २ दुधिया घास। दुग्धिका।

मृतदार—सज्ञा पुं० [सं०] वह व्यक्ति जिसकी स्त्री मर गई हो। रडुआ।

मृतधर्मा—वि० [स० मृतधर्मन्] नष्ट हो जानेवाला। नश्वर।

मृतनदन—सज्ञा पु० [सं० मृतनन्दन] वास्तुविद्या में एक प्रकार का बडा कक्ष या कमरा जिसमें ५८ खभे हो [को०]।

मृतनिर्यातक—सज्ञा पुं० [स०] मुर्दों को श्मसान पहुँचाने का पेशा करनेवाला। मडाफेका (बँगला)।

मृतप—सज्ञा पुं० [सं०] एक निम्न जाति [को०]।

विशेष—इस जाति के लोग मुर्दों की रखवाली करते है, श्मसान तक उन्हे पहुँचाते है और मरे हुए प्राणियो के कपडे इकट्ठा करते हैं।

मृतप्रजा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्त्री जिसके बच्चे मर गए हो।

मृतभर्तृका—सज्ञा स्त्री० [स०] विधवा। राँड [को०]।

मृतमडलⓅ—सज्ञा पुं० [सं० मृत+मण्डल] मृत्युलोक। उ०—मृतमडल कोउ थिर नही आवा सो चलि जाय।—जग० श०, पृ० १३०।

मृतमंडाⓅ—सज्ञा पुं० [स० मृतण्ड=(सूर्य)] मार्तड। सूर्य। उ०—भुई उडि अतरिक्ख मृतमडा। खड खड धरती वरम्हडा।—जायसी ग्र०, पृ० ५।

मृतमत्त—सज्ञा पु० [स०] शृगाल। गीदड [को०]।

मृतमातृक—वि० [स०] जिसकी माता मर चुकी हो [को०]।

मृतवत्सा—वि० स्त्री० [स०] (स्त्री०) जिसकी सतति मर मर जाती हो। जैसे मृतवत्सा स्त्री, मृतवत्सा गौ।

मृतसंजीवनरस—सज्ञा पुं० [स० मृतसञ्जीवन रस] एक रसौषध जिसका व्यवहार ज्वर में होता है।

मृतसंजीवनी—सज्ञा स्त्री० [सं० मृतकसञ्जीवनी] १. एक बूटी जिसके विषय मे यह प्रसिद्ध है कि इसके खिलाने से मुर्दा भी जी उठता है। उ०—मृतसजीवनि औषधी अरु करनी सधान। अरु विशल्य करनी सुखद ल्यावहु द्रुत हनुमान।—रघुराज (शब्द०)। २ मृत को जीवित करने की विद्या। ३ ज्वर का एक औषध जो सुरा के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है।

मृतसंजीवनी सुरा—सज्ञा स्त्री० [सं० मृतसञ्जीवनी सुरा] एक वाजीकरण औषध।

मृतसस्कार—सज्ञा पु० [स०] मृत व्यक्ति का दाह सस्कार। अत्येष्टि [को०]।

मृतसूत—सज्ञा पुं० [सं०] रससिंदूर।

मृतसूतक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० मृतसूतिका] १ वह जिसे मृत सतान उत्पन्न हुई हो। २ भस्म किया हुआ पारा।

मृतस्नात—वि० [सं०] १ जिसने किसी सजाति या बधु के मरने पर उसके उद्देश्य से स्नान किया हो। २ वह मुरदा जिसे दाह के पूर्व स्नान कराया गया हो।

मृतस्नान—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी भाई बंधु के मरने पर किया जानेवाला स्नान। २ मृतक का स्नान।

मृतहार—सज्ञा पुं० [सं०] मुर्दा ढोने या ले जानेवाला। मृतनिर्यातक मृतहारी [को०]।

मृतहारी—सज्ञा पुं० [स० मृतहारिन् दे० 'मृतहार' [को०]।

मृताग—सज्ञा पुं० [सं० मृताङ्ग] मृत शरीर। शव। लाश [को०]।

मृताड—सज्ञा पुं० [सं० मृताण्ड] सूर्य [को०]।

मृतांडा—स्त्री० [स० मृताण्डा] वह स्त्री जिसका बच्चा मर गया हो या मर जाता हो [को०]।

मृतान(पु)—सज्ञा पु० [सं० मृत ?] मुर्दा। भूत प्रेत। कब्र। उ०—काहू बुतान को पूजत है पशु, काहू मृतान को पूजन धायौ।—घट०, पृ० ३३६।

मृतामद—सज्ञा पुं० [सं०] तुत्थ। तूतिया।

मृतालक—सज्ञा पुं० [स०] १ अरहर। २. गोपीचदन।

मृताशन—वि० [स०] ९० से १०० वर्ष की अवस्था का [को०]।

मृताशौच—सज्ञा पु० [स०] वह अशौच (अपवित्रता) जो किसी आत्मीय, सबधी, गुरु, पडोसी आदि के मरने पर लगता है और जिसमे शुद्ध होने तक ब्रह्मचर्य के साथ देवकर्म तथा गृहकर्म से अलग रहना पडता है।

मृति—सज्ञा स्त्री० [स०] मरण। मृत्यु।

यौ०—मृतिरेखा = मृत्युसूचक रेखा।

मृतिका(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० मृत्तिका] मिट्टी। खाक। उ०—कचन को मृतिका करि मानत। कामिनि काष्ठशिला पहिचानत।—तुलसी (शब्द०)।

मृतु—सज्ञा स्त्री० [सं० मृत्यु] मृत्यु। मौत। उ०—जब आवै मृतु अब, जीव कहँ जाई पराई।—घरम० श०, पृ० ७८।

मृत्कर—सज्ञा पु० [स०] कुलाल। कुम्हार [को०]।

मृत्कला—सज्ञा स्त्री० [स०] मिट्टी की कला। उ०—आसव पान सबधी एक दृश्य मृत्कला मे आया है।—सपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० ३०४।

मृत्कास्य—सज्ञा पुं० [सं०] मिट्टी का पात्र या बरतन [को०]।

मृत्करा—सज्ञा स्त्री० [सं०] भूकीट। घुर्घुरिया [को०]।

मृत्ताल, मृत्तालक—सज्ञा पुं० [सं०] द० 'आढकी' [को०]।

मृत्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मिट्टी। खाक। उ०—जथा हट ततु घट मृत्तिका सर्प लग दारु करि कनक कटकागदादी।—तुलसी (शब्द०)। २ अरहर।

मृत्तिकालवण—सज्ञा पुं० [सं०] मिट्टी का लोना या नोना। (पुराने घरो की मिट्टी की दीवारो पर सीड होने से एक प्रकार का नमक लग जाता है।)

मृत्तिकावती—सज्ञा स्त्री० [स०] नर्मदा के किनारे की एक प्राचीन नगरी। (महाभारत)।

मृत्पच—सज्ञा पुं० [सं०] कुम्हार। कुलाल।

मृत्पट्टक—सज्ञा पुं० [सं०] मिट्टी का पटरा। उ०—मृत्पट्टको मे अनेक ऐसे दृश्य हैं जिनका निश्चित रूप से पहचानना कठिन है।—सपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० ३०३।

मृत्पात्र—सज्ञा पुं० [स०] मिट्टी का बरतन।

मृत्पिड—सज्ञा पुं० [सं० मृत्पिण्ड] मिट्टी का लोदा या ढेला।

यौ०—मृत्पिडबुद्धि = मूर्ख।

मृत्य(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं०] मृत्यु] दे० 'मृत्यु'। उ०—क्यौ न जाइ जीवत घरह, कहा करौगे मृत्य।—पृ० रा०, २५।७५६।

यौ०—मृत्यलोक = मृत्युलोक। उ०—मृत्यलोक कब भोग तजि स्वर्ग लोक मन लाय।—प० रासो, पृ० ८१।

मृत्यु जय—सज्ञा पु० [सं० मृत्युञ्जय] १ वह जिसने मृत्यु को जीत लिया हो। २ शिव का एक रूप। ३ शिव का एक मत्र जिसके विधिपूर्वक जपने से अकालमृत्यु टल जाती है।

मृत्युंजयरस—सज्ञा पुं० [सं० मृत्युञ्जयरस] ज्वर के लिये उपयोगी एक रसौषध।

विशेष—पारा एक माशा, गधक दो माशे, सोहागा चार माशे, विष आठ माशे, धतूरे का बीज सोलह माशे तथा सोठ, मिर्च और पीपल दस दस माशे सात सात रत्ती, इन सबको धतूरे की जड के रस में पीसकर माशे माशे भर की गोलियाँ बना लें, और जैसा ज्वर हो, उसके अनुसार अनुपान के साथ सेवन करे।

मृत्यु—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ शरीर से जीवात्मा का वियोग। प्राण छूटना। मरण। मौत। २ यमराज। ३ ग्यारह रुद्रो मे से एक। ४ विष्णु। ५ ब्रह्मा। ६ माया। ७ कलि। ८ फलित ज्योतिष के अनुसार जन्मकुडली का आठवाँ स्थान। ९ कामदेव। १० एक सामसत्र। ११ बौद्ध देवता पद्मपाणि के एक अनुचर। १२ ससार (को०)।

मृत्युकर'—वि० [स०] मरणकारक।

मृत्युकर[२]—सज्ञा पुं० किसी की मृत्यु होने पर उसकी सपत्ति के ऊपर लगनेवाला कर [को०]।

मृत्युकाल—सज्ञा पुं० [स०] मौत का क्षण [को०]।

मृत्युतूर्य—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का बाजा जो दाहक्रिया या अत्येष्टि क्रिया के समय बजाया जाता है [को०]।

मृत्युदूत—सज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु की खबर लानेवाला [को०]।

मृत्युनाशक—सज्ञा पुं० [सं०] पारा।

मृत्युपा—सज्ञा पुं० [स०] शिव।

मृत्युपाश—सज्ञा पुं० [स०] मृत्यु या यम का फदा [को०]।

मृत्युपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ ईख। गन्ना। २ केला। ३ बाँस (को०)।

मृत्युप्राय—वि० [स०] जो मरना ही चाहता हो। जो मरने ही वाला हो। आसन्न मृत्यु। उ०—एक ओर पथ के कृष्णकाय, ककाल-शेष नर मृत्युप्राय।—अपरा, पृ० १४९।

मृत्युफल—सज्ञा पुं० [स०] १ केला। २ महाकाल नाम की लता।

मृत्युफला, मृत्युफली—सज्ञा स्त्री० [सं०] केला [को०]।

मृत्युबधु—सज्ञा पुं० [सं० मृत्युबन्धु] यम।

मृत्युबाज—सज्ञा पुं० [सं०] बाँस।

मृत्युभीत—वि० [सं०] मौत से डरनेवाला [को०]।

मृत्युभृत्य—सज्ञा पुं० [स०] रोग [को०]।

मृत्युयोग—सज्ञा पुं० [स०] ग्रह नक्षत्रो का मृत्युकारक योग [को०]।

मृत्युराज—सं० पु० [स०] मृत्यु के देवता—यम [को०]।

मृत्युरूपी—सज्ञा पुं० [स० मृत्युरूपिन्] १ यमदूत। २ वर्णमाला का 'श' अक्षर।

मृत्युलोक—सज्ञा पु० [स०] १ यमलोक। २ मर्त्यलोक।

मृत्युवचन—सज्ञा पुं० [स० मृत्युवञ्चन] १ शिव का एक नाम। २ काला कौआ [को०]।

मृत्युवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] राज्य की रक्षा मे युद्ध मे मरणोपरात मिलनेवाली सहायता। उ०—चदेल लेख मे 'मृत्युवृत्ति' नामक शब्द मिलता है, जिसका तात्पर्य यह था कि मुसलमानो से युद्ध करने मे मरे व्यक्ति के परिवार को राजा की ओर से, उसकी बहादुरी के स्मरण मे मासिक धन (वृत्ति) मिलता था। —पूर्व० म० भ०, पृ० १०५।

मृत्युसूति—सज्ञा स्त्री० [स०] केकडे की मादा (जो अडे देते ही मर जाती है)।

मृत्स—वि० [सं०] चिपचिपा।

मृत्सा सज्ञा स्त्री० [स्त्री०] दे० 'मृत्स्ना'।

मृत्स्न—सज्ञा पु० [सं०] धूल [को०]।

मृत्स्ना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भूमि। मिट्टी। २ अच्छी भूमि या मिट्टी। ३ एक प्रकार की सुवासित मिट्टी। ४ स्फटिक मिट्टी की पट्टी। ५ छेनी। टाँकी [को०]।

मृथा⑤†—क्रि० वि० १ दे० 'वृथा'। २ दे० 'मृषा'।

मृद्—सज्ञा स्त्री० [स०] मृत्तिका। मिट्टी।

विशेष—इस शब्द का अधिकतर व्यवहार समस्त पद बनाने मे होता है।

मृदकुर—सज्ञा पुं० [सं० मृदङ्कुर] हारीत पक्षी [को०]।

मृदग—सज्ञा पु० [सं० मृदङ्ग] १ एक प्रकार का बाजा जो ढोलक से कुछ लवा होता है। तबले की तरह इसके दोनो मुँहडे चमडे से मढे जाते हैं। इसका ढाँचा पक्की मिट्टी का होता है, इससे यह मृदग कहलाता है। उ०—(क) बाजहिं ताल मृदग अनूपा। सोइ रव मधुर सुनहु सुरभूपा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) काहू बीन गहा कर काहू नाद मृदग। सब दिन अनंद बधावा रहस कूद इक सग।—जायसी (शब्द०)।

यौ०—मृदगकेतु = धर्मराज युधिष्ठिर। मृदंगफल। मृदगफलिनी। मृदगवादक = मृदग बजानेवाला।

२ बाँस। ३ निनाद। ध्वनि (को०)।

मृदंगफल—सज्ञा पु० [सं० मृदङ्गफल] कटहल। पनस।

मृदगफलिनी—सज्ञा स्त्री० [स० मृदगफलिनी] तरोई। तोरई।

मृदगी[1]—वि० [स० मृदङ्ग+ई (प्रत्य०)] मृदग बजानेवाला या बजाने का पेशा करनेवाला। उ०—कहाँ हैं रबाबी मृदगी सितारी। कहाँ हैं गवैए कहाँ नृत्यकारी।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७०२।

मृदगी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० मृदङ्गी] तरोई। तोरई।

मृदव—सज्ञा पुं० [सं०] नाटक की भाषा मे गुण के साथ दोष के वैपम्य का प्रदर्शन (नाट्यशास्त्र)।

मृदा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मृत्तिका। मिट्टी।

मृदाकर—सज्ञा पु० [सं०] व्रज।

मृदित—वि० [सं०] मर्दित को०]।

मृदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. अच्छी मिट्टी। २. गोपीचंदन।

मृदु[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० मृद्वी] १ जो छूने मे कडा न हो। कोमल। मुलायम। नरम। २ जो सुनने मे कर्कश या अप्रिय न हो। जैसे, मृदु वचन। ३ सुकुमार। नाजुक। ४ जो तीव्र या वेगयुक्त न हो। धीमा। मद। जैसे, मृदु स्वर, मृदु गति।

मृदु[2]—सज्ञा स्त्री० १. घृतकुमारी। घीकुआँर। २ सफेद जातिपुष्प। जूही नामक फूल का पौधा।

मृदुकंटक—सज्ञा पुं० [स० मृदुकण्टक] कटसरैया।

मृदुका⑤—सज्ञा स्त्री० [स० मृद्वीका] दाख। अगूर। उ०—स्वादी मृदुका मधुरसा काल मेखला होइ। अनेकार्थ०, पृ० ३७।

मृदुकृष्णायस—सज्ञा पुं० [सं०] सीसा धातु [को०]।

मृदुकोष्ठ—वि० [सं०] जिसे हलके जुलाब या विरेचन से दस्त आ जाय [को०]।

मृदुखुर—सज्ञा पु० [सं०] घोडो के खुर का एक रोग।

मृदुगण—सज्ञा पुं० [स०] नक्षत्रो का एक गण जिसमे चित्रा, अनुराधा मृगशिरा और रेवती, ये चार नक्षत्र हैं।

मृदुगमन—वि० [स०] [वि० स्त्री० मृदुगमना] मदगामी। धीमी चालवाला।

मृदुगमना—सज्ञा स्त्री० [सं०] हसी। हसिनी [को०]।

मृदुचर्मी—सज्ञा पुं० [सं० मृदुचर्मिन्] भोजपत्र।

मृदुच्छद—सज्ञा पुं० [स०] १ भोजपत्र का पेड। २ पीलू वृक्ष। ३ लाल लजालू।

मृदुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कोमलता। मुलायमियत। २. धीमापन। मदता।

मृदुतीक्ष्ण—सज्ञा पुं० [सं०] कृत्तिका और विशाखा नक्षत्र।

मृदुताल—सज्ञा पुं० [सं०] श्रीताल का वृक्ष [को०]।

मृदुत्वक्—सज्ञा पुं० [सं० मृदुत्वच्] भोजपत्र।

मृदुदर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] सफेद कुश।

मृदुन्नक—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ण। सोना [को०]।

मृदुपवक—सज्ञा पुं० [स०] बेंत। नरकुल [को०]।

मृदुपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] शिरीष वृक्ष। सिरिस।

मृदुफल—सज्ञा पुं० [सं०] १ मधु नारिकेल। नारियल। २ विकंकत का वृक्ष।

मृदुभाषी—वि० [सं० मृदुभाषिन्] [वि० स्त्री० मृदुभाषिणी] मधुर या मीठा बोलनेवाला।

मृदुरोमक—सज्ञा पुं० [सं०] खरगोश । शशक [को०] ।

मृदुरोमा—सज्ञा पुं० [स० मृदुरोमन्] खरगोश [को०] ।

मृदुल[1]—[सं०] १ कोमल । मुलायम । नरम । उ०—सुमन सेज ते लगि रहे सुदरि तेरे गात । सुरभित हू मिडि कै भए मृदुल नाल जलजात ।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०) । २ कोमलहृदय । दयामय । कृपालु । उ०—मृदुल चित अजित कृत गरलपान । —तुलसी (शब्द०) । ३ नाजुक । सुकुमार । उ०—मृदुल मनोहर सुदर गाता । सहत दुसह बन आतप बाता ।—तुलसी (शब्द०) ।

मृदुल[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ जल । पानी । २ अंजीर ।

मृदुलाई—सज्ञा स्त्री० [सं० मृदुल + हिं० आ ई (प्रत्य०)] मार्दव । मृदुता । कोमलता ।

मृदुसूर्य—वि० पुं० [सं०] जिस दिन सूर्य तीक्ष्णता से न चमकता हो [को०] ।

मृदुस्पर्श—वि० [स०] जो छूने मे मुलायम हो ।

मृदुहृदय—वि० [स०] कोमलहृदय । दयावान ।

मृदूत्पल—सज्ञा पुं० [स०] नीलोत्पल । नील पद्म [को०] ।

मृद्वी[1]—वि० स्त्री० [सं०] १ मृदु । कोमल । २ कोमलागी ।

मृद्वी[2]—सज्ञा स्त्री० कपिल द्राक्षा । सफेद अगूर ।

मृद्वीका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कपिल द्राक्षा । सफेद अगूर । २ अगूर की शराब । द्राक्षासव ।

मृद्वीकासव—सज्ञा पुं० [सं०] द्राक्षासव । अगूर की शराब ।

मृध—सज्ञा पुं० [सं०] युद्ध । लड़ाई । उ०—आयोधन, रन, आजि, मृध, आहव, सग, समीक ।—नद० ग्रं०, पृ० ९७ ।

मृनाल—सज्ञा पुं० [सं० मृणाल] दे० 'मृणाल' ।

मृन्मय—वि० [सं०] मिट्टी का बना हुआ ।

मृन्मरु—सज्ञा पुं० [सं०] पाषाण । प्रस्तर [को०] ।

मृन्मात्र—वि० [सं०] केवल मिट्टी का । उ०—मर्त्य हम, केवल क्षर मृन्मात्र ।—मधुज्वाल, पृ० ३४ ।

मृन्मान—सज्ञा पुं० [सं०] कूआँ । कूप ।

मृषा[1]—अव्य० [सं०] झूठमूठ । व्यर्थ । उ०—मूढ मृषा का करसि बडाई ।—मानस, ५।५६।

मृषा[2]—वि० असत्य । झूठ ।

मृषाज्ञान—सज्ञा पु० [स०] झूठ वा असत्य ज्ञान । अज्ञान [को०] ।

मृषात्व—सज्ञा पुं० [स०] मिथ्यात्व । असत्यता । झूठपन ।

मृषाध्यायी—सज्ञा पुं० [सं० मृषाध्यायिन्] एक प्रकार का सारस [को०] ।

मृषाभाषी—वि० [सं० मृषाभाषिन्] झूठ बोलनेवाला । असत्यवक्ता ।

मृषार्थक—वि० [सं०] असभव । झूठा । जैसे, मृषार्थक वचन [को०] ।

मृषालक—सज्ञा पु० [सं०] आम का पेड़ ।

विशेष—आम्र के वृक्ष में थोड़े ही दिन मजरियों का अलकार रहता है, इसी से इसका यह नाम रखा गया है ।

मृषावाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ झूठ बोलना । २ झूठी बात । असत्य वचन ।

मृषावादी—वि० [स० मृषावादिन्] [वि० स्त्री० मृषावादिनी] असत्यवादी । झूठा । मिथ्याभाषी ।

मृष्ट[1]—वि० [सं०] शोधित ।

मृष्ट[2]—सज्ञा पुं० मिर्च ।

मृष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] परिशुद्धि । शोधन ।

मेठ—सज्ञा पुं० [सं० मेण्ठ] हस्तिपक । हाथी रखनेवाला [को०] ।

मेंड—सज्ञा पुं० [स० मेण्ड] दे० 'मेठ' ।

मेढ, मेढक—सज्ञा पुं० [स० मेण्ढ, मेण्ढक] मेढा । मेष [को०] ।

मेंढ—सज्ञा पु० [स० मेण्ढ] दे० 'मेढ़' [को०] ।

मेंधिका—सज्ञा स्त्री० [स० मेन्धिका] दे० 'मेहँदी' ।

मेंधी—सज्ञा स्त्री० [सं० मेन्धी] दे० 'मेहँदी' ।

मेंबर—सज्ञा पुं० [अ० मेम्बर] किसी सभा, समाज या गोष्ठी मे सम्मिलित व्यक्ति । सभासद । सदस्य । जैसे, काउसिल का मेंबर ।

मेंबरी—सज्ञा स्त्री० [अ० मेम्बर + हिं० ई (प्रत्य०)] मेंबर का पद । सदस्यता ।

मैं[1]—अव्य० [सं० मध्ये, प्रा० मज्झे, मज्झि, पु० हिं० महँ, माह] अधिकरण कारक का चिह्न जो किसी शब्द के आगे लगकर उसके भीतर, उसके बीच या उसके चारो ओर होना सूचित करता है । आधार या अवस्थान सूचक शब्द । जैसे,—वह घर मे बठा है । घडे में पानी है । वह चार दिन मे आवेगा । पैर मे मोजा या जूता पहनना ।

मैं[2]—सज्ञा पुं० [अनु०] बकरी के बोलने का शब्द ।

मैं[3]—सर्व० [स० स्मिन्, प्रा० म्मि, अप० महँ] दे० 'मैं' । उ०—(क) तौ मे ढोटा नद को, (जौ) पाँइन परि परि देंइ ।—नद० ग्र०, पृ० १९५ । (ख) अपनी मति अनुसार श्री गीता पदार्थ बोधिनी वचनिका भाषा मे ने करी है ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ५२० ।

मैंगनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मींगा ?] ऐसे पशुओ की विष्ठा जो छोटी छोटी गोलियो के आकार मे होती है । लेंडी । जैसे, बकरी की मेंगनी, ऊँट की मेंगनी ।

मैंड—सज्ञा स्त्री० [हिं० डाँड का अनु० या सं० मण्डल] १ ऊँची उठी हुई तग जमीन जो दूर तक लकीर के रूप मे चली गई हो । २ दो खेतो के बीच का कुछ ऊँचा उठी हुई सँकरी जमीन जिसपर लोग आते जाते हैं । डाँड । पगडडी ।

यौ०—डाँडमेंड = कूल । किनारा । वार पार । उ०—पवनहुँ ते मन चाँड, मन ते आसु उतावला । कतहूँ मेंड न डाँड, मुहमद बहु विस्तार सो ।—जायसी (शब्द०) ।

मैंडकी—सज्ञा स्त्री० [स० मेण्डकी] दे० 'मेढ़की' । उ०—महातम जानै नहीं मेंड़की गगा बीच । पलटू सबद लगै नहीं कतनौ रहै नगीच ।—पलटू०, भा० १, पृ० १०० ।

मैंडरा[1]—सज्ञा पुं० [सं० मण्डल] १ घेरकर बनाया हुआ कोई गोल चक्कर । २. एँड़ुआ । गेंडुरी ।

मँडराना[1]†—क्रि० अ० [सं० मण्डल] दे० 'मँडराना'। उ०—राजपखि तेहि पर मेडराही। सहस कोस तिन्ह कै परछाही।—जायसी (शब्द०)।

मँडराना[2]—क्रि० स० घेरकर गोल चक्कर बनाना। मेडरा बनाना।

मँड़ी† सज्ञा स्त्री० [देश०] ऊँची जगह। महल। प्रासाद। उ०—ऊँची मँडी कौन काज की व्रज बसिबो भलो छाज को। छीत०, पृ० ८०।

मँढक—सज्ञा पुं० [स० मण्डूक] [स्त्री० मँढकी] दे० 'मेढक'।

मँह—सज्ञा पु० [सं० मेघ, प्रा० मेह] वर्षा। झडी।

मँहदो—सज्ञा स्त्री० [स० मेन्धिका] दे० 'मेहँदी'।

मेउ†—सज्ञा पुं० [स० मेघ, प्रा० मेह] मेघ। बादल। उ०—नँनद भवज दोऊ भेंटिऐ रे जैसे सावन कौ ए मेउ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६३३।

मेक[1]—सज्ञा पुं० [स०] अज। छाग। बकरी।

मेक[2]†—सज्ञा पु० [स० एक, देश०] दे० 'एक'। उ०—मेक सपत समत्त मैं, पैंतीसै जसराज। गौ हरिधाम जिहान तज, हिंदुमथान जिहाज। रा० रू०, पृ० १७।

मेक़दार†—सज्ञा पुं० [अ० मिक़दार] परिमाण। मात्रा। अदाज।

मेकल—सज्ञा पुं० [स०] विंध्य पर्वत का एक भाग जो रीवा राज्य के अतर्गत है और जिसमे अमरकटक है। इसी पर्वत से नर्मदा नदी निकली है।

विशेष—यह मेखला के आकार का है, इसी से इसे मेखल भी कहते हैं।

मेकलकन्यका—सज्ञा स्त्री० [सं०] नर्मदा नदी।

मेकलसुता सज्ञा स्त्री० [सं०] नर्मदा नदी। उ०—मेकल सुता गोदावरि धन्या।—मानस, ।

मेकलाद्रि—सज्ञा पुं० [स०] मेकल पर्वत।

यौ०—मेकलाद्रिजा = नर्मदा नदी।

मेक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञपात्र।

विशेष—यह चम्मच या करछी के आकार का और चार अगुल चौडा तथा आगे की ओर निकला हुआ होता है।

मेख[1]—सज्ञा पुं० [स० मेष] दे० 'मेष'।

मेख[2]—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० मेख] जमीन में गाडने के लिये एक ओर नुकीली गढा हुई लकडी। खूँटा। खूँटी। उ०—उन्हे यो हतज्ञान सा देख, ठाकती सी छाती पर मेख।—साकेत०, पृ० ४८। २ कील। काँटा।

क्रि० प्र०—उखाडना।—गाडना।—ठोकना।—मारना।

मुहा०—मेख ठोंकना = (१) हाथ पैर मे कील ठोककर कही स्थिर कर देना। बहुत कठोर दड देना। (इस प्रकार का दड पहले प्रचलित था)। (२) हराना। दबाना। जेर करना। तोप के मुँह में मेख ठोंकना = तोप का मुँह बद करके उसे निकम्मा कर देना। मेख मारना = (१) कील ठोककर चलना या हिलना बंद कर देना। (२) कोई ऐसी बात बोल देना जिससे किसी का होता हुआ काम न हो। भाँजी मारना। (३) चलते हुए काम मे रुकावट डालना।

२ कील। काँटा। ३ लकडी की फट्टी जो किसी छेद मे बैठाई हुई वस्तु को ढीली होने से रोकने के लिये इधर उधर पेसी जाय। पच्चड। ४ घोडे का लँगडापन जो नाल जडते समय किसी कील के ऊपर ठीक जाने से होता है।

मेखडा—सज्ञा स्त्री० [सं० मेखला] बाँस की वह फट्टी जिसे डले या भावे के मुँह पर गोल घेरा बनाकर बाँध देते हैं।

मेखल[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० मेखला] १ करधनी। किंकिणी। उ०—कटि मेखल वर हारग्रीव दद्द रुचिर बाहु भूषन पहिराए। —तुलसी (शब्द०)। २ वह वस्तु जो किसी दूसरी वस्तु के मध्य भाग मे उसे चारो ओर से घेरे हो। वि० दे० 'मेखला'।

मेखल[2]—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मेकल' [को०]।

मेखला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह वस्तु जो किसी दूसरी वस्तु के मध्य भाग मे उसे चारो ओर से घेरे हुए पडी हो। २ सिकडी या माला के आकार का एक गहना जो कमर को घेरकर पहना जाता है। करधनी। तागडी। किंकिणी।

पर्या०—सप्तकी। काची। रशना। रसना। कक्षा। कलाप।

३ कमर मे लपेटकर पहनने का सूत या डोरी। करधनी। जैसे, मुजमेखला। ४ कोई मडलाकार वस्तु। गोल घेरा। मडल। मँडरा। ५ पेटी या कमरबद जिसमे तलवार बाँधी जाती है। ६ तलवार की मूठ (को०)। ७ डडे मूसल आदि के छोर पर या औजारो के मूठ पर लगा हुआ लोहे आदि का घेरदार वद। सामी। साम। ७ पर्वत का मध्यभाग। ९ नर्मदा नदी। १० पृश्निपर्णी। ११ होमकुड के ऊपर चारो ओर बना हुआ मिट्टी का घेरा। १२. यज्ञवेष्टन सूत्र। १३ कपडे का टुकडा जो साधु लोग गले मे डाले रहते है। कफनी। अलफा। १४ घोडे का तग। जीन कसने का तस्मा (को०)।

मेखलापद—सज्ञा पुं० [सं०] श्रोणि। नितब। चूतड [को०]।

मेखलाल—सज्ञा पु० [स०] शिव [को०]।

मेखलित—सज्ञा स्त्री० [स०] मेखलायुक्त। चारो ओर से मेखला की तरह घेरनेवाला। उ०—साथ ही इन सबके केंद्रीय मेरु को मेखलित करनेवाला इलावृत्त भी एक स्वतत्र वर्ष बन गया है।—सपूर्णा० अभि ग्र० पृ० १७०।

मेखली[1]—सज्ञा स्त्री० [स० मेखला या मेखलित] १ एक प्रकार का पहनावा जिसगले मे डालने से पेट और पीठ ढँकी रहती है और दोनो हाथ खुले रहते हैं। यह देखने मे तिकोना होता है और ऊपर चौडा तथा नुकीला होता है। इसे देवमूर्तियो को रामलीला, रासलीला आदि मे पहनाते हैं। २ करधनी। कटिबध। उ०—कवहुँक अपर खिरनही भावत कवहुँ मेखली उदर समानी।—सूर (शब्द०)।

मेखली[2]—सज्ञा पुं० [सं० मेखलिन्] १. शिव। २. बटु। ब्रह्मचारी।

मेखली[3]—वि० मेखला धारण करनेवाला [को०]।

मेखवा—संज्ञा पुं० [फा० मेख + हिं० वा (प्रत्य०)] मेख। खूँटा।

विशेष—सवारी लेकर चलते वक्त जब रास्ते में आगे खूँटा मिलता तब है, उससे बचने के लिये अगला कहार यह शब्द बोलता है।

मेखी—वि० [फ़ा० मेखी] जिसमे मेख से छेद किया गया हो।

यौ०—मेखी रुपया=वह रुपया जिसमे छेद करके चाँदी निकाल ली गई हो और सीसा भर दिया गया हो।

मेग—संज्ञा पुं० [फा० मेग। तुल० सं० मेघ] मेघ। बादल। घटा। उ०—होर शोर भी भाँत भाँत का था। बहु भाँत जो मेग साँत का था।—दक्खिनी०, पृ० १६६।

मेगजीन—संज्ञा पुं० [अ० मेगज़ीन] १ वह स्थान जहाँ सेना के लिये बारूद रखी जाती है। बारूदखाना। २ सामयिक पत्र, विशेषत मासिकपत्र जिसमें लेख छपते हैं।

मेगनी—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'मेंगनी'।

मेगरा—संज्ञा पुं० [फ़ा० मेग + राज० रा (प्रत्य०)] घटा। मेघ। बादल। उ०—खुशी का मेगरा वाँ बरसता।—दक्खिनी०, पृ० २७३।

मेघ—संज्ञा पुं० [सं०] १ आकाश में घनीभूत जलवाष्प जिससे वर्षा होती है। बादल। उ०—कबहुँ प्रबल चल मारुत जहँ तहँ मेघ उड़ाहि।—तुलसी (शब्द०)। २ संगीत मे छह् रागो में से एक।

विशेष—हनुमत् के मत से यह राग ब्रह्मा के मस्तक से उत्पन्न है और किसी के मत से आकाश से इसकी उत्पत्ति है। यह ओडव जाति का राग है, और इसमें ध नि सा रे ग, ये पाँच स्वर लगते हैं। हनुमत् के मत से इसका सरगम इस प्रकार है—ध नि सा रे ग म प ध। वर्षाकाल में रात के पिछले पहर इसे गाना चाहिए। इसकी स्त्रियाँ या रागिनियाँ हनुमत् के मत से मल्लारी, सोरठी, सारंगी वा हसिका और मधुमाधवी हैं। अन्य मत से ये रागिनियाँ हैं—मल्लारी, देशी, सोरठ, नाटिका, तरुणी और कादंबिनी। इसके पुत्र—मल्लार, गौर, कर्णाट, जलधर, मालाहक, तैलंग, कमल, कुसुम, मेघनाट, सामंत, लूम, भूपति, नाट और बंगाल हैं।

३ मुस्तक। मोथा। ४ तडुलीय शाक। ५ राक्षस। ६ आधिक्य। बहुलता।

मेघकफ—संज्ञा पुं० [सं०] ओला। करका। वर्षोपल।

मेघकर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्कंदानुचर मातृभेद।

मेघकाल—संज्ञा पुं० [सं०] वर्षा ऋतु।

मेघगर्जन—संज्ञा पुं० [सं०] बादल की गरज।

विशेष—मेघगर्जन के समय वेदाध्ययन निषिद्ध है। उपनयन के दिन यदि बादल गरजे, तो उपनयन टाल देना चाहिए।

मेघचिंतक—संज्ञा पुं० [सं० मेघचिन्तक] चातक [को०]।

मेघज—संज्ञा पुं० [सं०] १. बड़ा मोती। २ मेघजन्य वस्तु [को०]।

मेघजाल—संज्ञा पुं० [सं०] १. मेघसमूह। घनघटा। २. अभ्रक। अबरक [को०]।

मेघजीवक, मेघजीवन—संज्ञा पुं० [सं०] चातक।

मेघज्योति—संज्ञा स्त्री० [स० मेघज्योतिस्] वज्राग्नि। बिजली।

मेघडंबर—संज्ञा पुं० [सं० मेघडम्बर] १ मेघगर्जन। २ बड़ा चँदोवा। बड़ा शामियाना। दल बादल। ३ एक प्रकार का छत्र। उ०—छत्र मेघडंबर सिरधारी। सोइ जनु जलद घटा अतिकारी।—मानस, ६।१३।

मेघडंबर रस—संज्ञा पुं० [स० मेघडम्बर रस] एक रसौषध जो श्वास और हिचकी के रोग मे दी जाती है।

विशेष—बराबर बराबर पारे और गंधक की कजली चौलाई के रस मे पाँच दिन खरल करके मजबूत घरिया मे रखकर 'बालुका यंत्र' से एक दिन भर की आँच देने से यह बनता है। इसकी मात्रा ६ रत्ती है।

मेघदीप—संज्ञा पुं० [स०] बिजली [को०]।

मेघदुंदुभि—संज्ञा पुं० [सं० मेघदुन्दुभि] १ मेघगर्जन। २. एक राक्षस का नाम।

मेघदूत—संज्ञा पुं० [सं०] महाकवि कालिदासप्रणीत एक खंडकाव्य।

विशेष—इसमे कर्तव्यच्युति के कारण स्वामी के शाप से प्रिया-वियुक्त एक विरही यक्ष ने मेघ को दूत बनाकर अपनी प्रिया के पास संदेश भेजा है।

मेघद्वार—संज्ञा पुं० [स०] आकाश। अंतरिक्ष।

मेघधनु—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्रधनुष।

मेघनाट—संज्ञा पुं० [सं०] एक राग जो मेघ राग का पुत्र माना जाता है।

मेघनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

मेघनाद—संज्ञा पुं० [स०] १. मेघ का गर्जन। बिजली की कड़क। २ वरुण। ३ रावण का पुत्र इंद्रजित् जो लक्ष्मण के हाथ से मारा गया था। ४ पलाश का पेड़। ५ हरिवंश के अनुसार एक दानव। ६ मयूर। मोर। ७ बिडाल। बिल्ली।

यौ०—मेघनादजित्=लक्ष्मण जिन्होंने मेघनाद को मारा था। **मेघनादवध**=माइकेल मधुसूदन दत्त द्वारा रचित बँगला भाषा का प्रसिद्ध महाकाव्य। **मेघनादानुलासक, मेघनादानुनासी**=मयूर। मोर।

मेघनादमूल—संज्ञा स्त्री० [सं०] चौलाई की जड़।

मेघनाद रस—संज्ञा पुं० [स०] एक रसौषध जो ज्वर मे दी जाती है।

विशेष—एक एक तोला रूपा, काँसा और ताँबा तितराज की जड़ के काढ़े मे डालकर छह बार गजपुट पाक करने से यह बनता है। इसकी मात्रा पान के साथ दो रत्ती है।

मेघनामा—संज्ञा पुं० [सं० मेघनामन्] एक प्रकार की घास। मुस्तक [को०]।

मेघनिर्घोष—संज्ञा पुं० [सं०] बादलो का गरजना।

मेघनीलक—संज्ञा पुं० [सं०] तालीश वृक्ष।

मेघपटल—संज्ञा पुं० [स०] बादल की घटा।

मेघपति—संज्ञा पुं० [सं०] बादलो का राजा या स्वामी, इंद्र।

मेघपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ इंद्र का घोडा। २. श्रीकृष्ण के रथ के चार घोडो मे से एक। उ०—शैव्य, वलाहक, मेघपुष्प सुग्रीव बाजीरथ।—गोपाल (शब्द०)। ३ वर्षा का जल। ४ वकरे का सीग। ५ मोथा मुस्तक।

मेघपुष्पा—पज्ञा स्त्री० [सं०] १. जल। २ वेंत। ३ ओला।

मेघप्रसर, मेघप्रसव—सज्ञा पु० [सं०] जल [को०]।

मेघपृष्ठि सज्ञा पुं० [सं०] क्रौंच द्वीप के एक खड का नाम।

मेघफल—सज्ञा पुं० [सं०] १ मेघ के वर्ण द्वारा वर्ष के शुभाशुभ फल का निर्णय। २ विककत वृक्ष।

मेघभूति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वज्र। बिजली।

मेघमंडल—सज्ञा पुं० [सं० मेघमण्डल] १ मेघसमूह। २ आकाश।

मेघमल्लार—सज्ञा पुं० [सं०] सपूर्ण जाति का एक राग जो मेघ राग और उसकी पत्नी मल्लारी के योग से बनता है। इसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

मेघमाल[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] बादलों की घटा। उ०—माली मेघमाल बनपाल विकराल भटु नीके सब काल सींचै सुधासार नीर के।—तुलसी (शब्द०)।

मेघमाल[2]—सज्ञा पुं० १ रभा (रमा ?) के गर्भ से उत्पन्न कल्कि के पुत्र का नाम। (कल्किपुराण)। २ प्लक्ष द्वीप का एक पर्वत। ३ एक राक्षस का नाम।

मेघमाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ बादलो की घटा। कादविनी। २ स्कद की अनुचरी एक मातृका का नाम।

मेघमाली—सज्ञा पुं० [सं० मेघमालिन्] १ स्कद का एक अनुचर। २ एक असुर।

मेघमूर्ति[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] बिजली।

मेघमूर्ति[2]—वि० बादलो से घिरा या ढका हुआ।

मेघमदुर—वि० [सं०] मेघ के कारण चिकना। बादलों मे स्निग्ध।

मेघमोदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] जामुन का फल या वृक्ष [को०]।

मेघयोनि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ धूँआँ। २ कुहरा।

मेघरव—सज्ञा पुं० [सं०] मेघगर्जन।

मेघराज—सज्ञा पुं० [सं०] पुष्करावर्तक आदि मेघो के नायक इंद्र।

मेघराव—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का जलपक्षी [को०]।

मेघरेखा, मेघलेखा—सज्ञा स्त्री० [सं०] बादलो की कतार। मेघ पाक्ति [को०]।

मेघवर्ण[1]—वि० [सं०] श्याम वर्ण का। बादल के समान रगवाला।

मेघवर्णा—सज्ञा स्त्री० [सं०] नील का पौधा।

मेघवर्त, मेघवर्तक—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रलय काल के मेघो मे से एक का नाम। उ०—सुनि मेघवर्तक साजि सैन लै आए। जलवर्त वारिवर्त पवनवर्त वज्रवर्त आगिवर्तक जलद संग लाए। —सुर। (शब्द०)। २ सवर्त।

मेघवर्त्म—सज्ञा पुं० [सं० मेघवर्त्मन्] बादलो का पथ। मेघपथ। आकाश।

मेघवह्नि—सज्ञा पुं० [सं०] मेघज्योति। वज्र की अग्नि। विद्युत् [को०]।

मेघवाईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेघ+वाई (प्रत्य०)] बादल की घटा। उ०—चली सैन्य कछु वरनि न जाई। मनहुँ उठी पूरव मेघवाई।—रघुराज (शब्द०)।

मेघवान्—सज्ञा पुं० [स०] पश्चिम दिशा का एक पर्वत। (वृहत्सहिता)।

मेघवाहन—सज्ञा पुं० [स०] १ इद्र। २ शिव (को०)। ३ एक बौद्ध राजा का नाम।

मेघविस्फूर्जित—सज्ञा पुं० [सं०] १ मेघ गरजन। मेघ का गडगडाना। २ एक छद। दे० 'मेघविस्फूर्जिता' [को०]।

मेघविस्फूर्जिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे यगण, मगण, नगण, सगण, टगण, रगण, और एक गुरु होता है।

मेघवेश्म—सज्ञा पुं० [सं० मेघवेश्मन्] आकाश [को०]।

मेघव्रती—सज्ञा पुं० [सं० मेघव्रतिन्] चातक।

मेघश्याम—वि० [स०] बादलो का सा काला (राम और श्रीकृष्ण)।

मेघसघात—सज्ञा पु० [सं० मेघसङ्घात] बादलो का जमावडा।

मेघसार—सज्ञा पुं० [स०] चीन कर्पूर। चीनिया कपूर [को०]।

मेघसुहृद्—सज्ञा पुं० [स०] मयूर। मोर [को०]।

मेघस्तनित—सज्ञा स्त्री० [सं०] बिजली।

यौ० - मेघस्तनितोद्भव = विककत वृक्ष।

मेघस्वन[1]—सज्ञा पु० [सं०] बादलो का शब्द। मेघो का गर्जन।

मेघस्वन[2]—वि० बादल की तरह गरजनेवाला।

मेघस्वनाकुर—सज्ञा पुं० [स० मेघस्वनाङ्कुर] वैदूर्य मणि। बिल्लौर।

विशेष—ऐसा प्रवाद है कि बादल के गरजने पर वैदूर्य मणि की उत्पत्ति होती है।

मेघस्वर—सज्ञा पुं० [सं०] एक बुद्ध का नाम।

मेघात—सज्ञा पुं० [स० मेघान्त] वर्षा का अत। शरद्काल [को०]।

मेघा†—सज्ञा पुं० [सं० मेघ (= बादल के आने पर जो दिखाई दे)] मेढक। मडूक।

मेघागम—सज्ञा पुं० [स०] १ वर्षाकाल। २. धारा कदब।

मेघाच्छन्न—वि० [स०] बादलो से ढका हुआ।

मेघाच्छादित—वि० [स०] बादलो से ढका हुआ। बादलों से छाया हुआ।

मेघाटोप—सज्ञा पुं० [स० मेघ+आटोप] घटाटोप।

मेघाडवर—सज्ञा पुं० [सं० मेघ+आडम्बर] १ मेघगर्जन। बादल की गरज। २ बादल का फैलाव। बादलो का घटाटोप। उ०—ना मैं मेघाडंबर भीजौं। शीत काल जल में नहिं छीजौं —सुदर ग्रं०, भा० १, पृ० ३०५।

मेघाडमरⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मेघ+डम्बर] एक प्रकार का छत्र।

मेघडंबर। उ०—मेघाडंमर सिर छत्र ठयो। देश मालगिर चालियो राई।—वी० रासो, पृ० १३।

मेघानद—संज्ञा पुं० [सं० मेघानन्द] १ मोर। मयूर। २ बगाका। बगला।

मेघारि—संज्ञा पुं० [सं० मेघ + अरि] मेघ का शत्रु, वायु [को०]।

मेघावरिⓊ†—संज्ञा स्त्री० [सं० मेघावलि] बादलो की घटा। मघपक्ति। उ०—केश मेघावरि सिर ता पाई। चमकहि दमन बीजु कै नाई।—जायसी (शब्द०)।

मेघास्थि—संज्ञा पुं० [सं०] ओला।

मेघोदय—संज्ञा पुं० [सं०] बादल घिरना। घटा का उठना।

यौ०—मेघोदयकाल = वर्षा ऋतु। बरसात।

मेघौना†—संज्ञा पुं० [सं० मेघवर्ण] मेघवर्ण या रगवाला कपड़ा। दे० 'मेघौना'।

मेच†¹—संज्ञा स्त्री० [सं० मञ्च] १ पयक। पलग। २ बेंत की बुनी हुई खाट।

मेच†²—संज्ञा स्त्री० [फा० मेज़] दे० 'मेज'।

मेच³—संज्ञा पुं० [देश०] आसाम की एक पहाडी जाति।

मेचक¹—संज्ञा पुं० [सं०] १ अधकार। अँधेरा। २ नीलाजन। सुरमा। ३. मोर की चद्रिका। ४ धूआँ। धूम। ५ मेघ। ६ शोभाजन। सहिंजन। ७ पीतशाल। पियासाल। ८. काला नमक। ९ बिच्छू की एक छोटी जाति।

मेचक²—वि० श्यामल। काला। स्याह। उ०—चीकने मेचक रुचिर, सुकु चत मुचेत केस। —घनानद, पृ० २९९।

यौ०—मेचकगल = मोर। मयूर। मेचकापगा = यमुना नदी।

मेचकता—संज्ञा स्त्री० [सं०] कालापन। श्यामलता।

मेचकताईⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० मेचकता + ई (प्रत्य०)] दे० 'मचकता'। उ०—कह प्रभु ससि महु मेचकताई। कहहु काह निज निज मति भाई।—मानस, ६।१२।

मेचकित—वि० [सं०] गहरे नीले रगवाला [को०]।

मेचटिक—संज्ञा पुं० [सं०] खराब तेल की महक या गध [को०]।

मेछ—संज्ञा पुं० [सं० म्लेच्छ, प्रा० मिच्छ, मेच्छ] अनार्य। म्लेच्छ। विदेशी। उ०—(क) जल थलति थलति करि जल प्रमान। उनरयो मेछ जनु मध्य भान।—पृ० रा०, १९।८४। (ख) कै भजौ मेछान दल, कै रजौं पुरसान।—पृ० रा०, १२।११९।

मेज¹—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की पहाडी घास जो हिमालय पर ५००० फुट की ऊँचाई तक पाई जाती है और जिसे घोड़े और चौपाए बड़े चाव से खाते हैं।

मेज²—संज्ञा स्त्री० [पुर्त० > फा० मेज़] लबी चौडी और ऊँची चौकी जो बैठे हुए आदमी के सामने उसपर रखकर खाना खाने, या लिखने पढने और कोई काम करने के लिये रखी जाती है। २ दावत का सामान। भोजन की सामग्री।

मेजपोश—संज्ञा पुं० [फा० मेज़पोश] चौकी या मेज पर बिछानेवाला कपडा।

मेजबान—संज्ञा पुं० [फा० मेजबान] भोजन कराने या आतिथ्य करनेवाला। मेहमानदार। 'मेहमान' का उलटा। उ०—१७ मई को रामपुर और अपने मेजबान से विदाई ले ली।—किन्नर०, पृ० २८।

मेजबानी—संज्ञा स्त्री० [फा० मेजबानी] १. मेजबान का भाव या धर्म। २ वे खाद्य पदार्थ जो बरात आने पर पहले पहल कन्या पक्ष से बरातियों के लिये भेजे जाते हैं। ३. भोज। दावत (को०)।

मेजर—संज्ञा पुं० [अ०] फौज का एक अफसर। कप्तान से ऊँचा और लेफ्टिनेंट कर्नल से नीचे का अफसर।

मेजर जनरल—संज्ञा पुं० [अ०] फौज का एक अफसर जिसका दर्जा लेफ्टिनेंट जनरल के बाद ही है।

मेजा†—संज्ञा पुं० [अ० मेज़ूक, हिं० मेजक, पू० हिं० मेजुक] मेढक। मडूक। उ०—केपट हँसे सो सुनत गवेजा। समुद न जानु कुर्यो कर मेजा।—जायसी (शब्द०)।

मेजारिटी—संज्ञा स्त्री० [अ०] बहुसख्या। आधे से अधिक पक्ष। अधिकाश। जैसे, मजारिटी रिपोर्ट।

मेजुक—संज्ञा पुं० [सं०] मेजा। मेढक।

मेट¹—संज्ञा पुं० [सं०] सफेदी किया हुआ मकान जिसमे कई खड या मरातिब हों [को०]।

मेट²—संज्ञा पुं० [अ०] १. मजदूरों का अफसर या सरदार। टडल। जमादार। २. जहाज का एक कर्मचारी जिसका काम जहाज के अफसर की सहायता करना है। ३. सगी। साथी। जैसे, कलाम मेट।

मेटकⓊ†—संज्ञा पुं० [देशी √मिट, मेट, हिं० मेटना + सं० क (प्रत्य०)] नाशक। मिटानेवाला। उ०—देव जू का न हिय हुलसा तुलसा वन मे कुलसीउ को मेटक।—देव (शब्द०)।

मेटनहार, मेटनहाराⓊ†—संज्ञा पुं० [हिं० मेटना + हार (प्रत्य०)] मिटानेवाला। दूर करनेवाला। हटानेवाला। उ०—बाँधे कर लिखा को मेटनहारा।—तुलसी (शब्द०)।

मेटना†—क्रि० स० [सं० मृष्ट (= साफ किया हुआ), प्रा० मिट्ट + हिं० ना (प्रत्य०) अथवा देशी √मिट्ट, मेट + हिं० ना (प्रत्य०)] १ घिसकर साफ करना। मिटाना। २ दूर करना। न रहने देना। ३ नष्ट करना। उ०—तिण वेला तारण तरण गिरधारी गोपाल। मिलियो उर भ्रम मेटवा, हिंदू धर्म रखवाल।—रा० रू०, पृ० ७०। दे० 'मिटाना'।

मेटर्निटी हास्पिटल—संज्ञा पुं० [अं०] प्रसवशाला। प्रसूति अस्पताल। उ०—मैंने प्रस्ताव रखा कि उस कार पर बिठाकर किसी अच्छे मेटर्निटी हास्पिटल मे पहुचा दूँ।—जिप्सी, पृ० ४९०।

मेटा¹—वि० [सं० मृष्ट, हिं० मिटाना] मेटक। मिटानेवाला। उ०—घनमद अध नद को बेटा। सो भयो हमरे मख को मेटा।—नद० ग्र०, पृ० ३०७।

मेटा†¹—संज्ञा पुं० [हिं०, सं० मृद्भाण्ड] भाँडा। मिट्टी का बना भाँडा या बर्तन।

मेटिया†—संज्ञा स्त्री० [सं० मृत्कांस्य, हिं० मटका] घड़े से छोटा मिट्टी का बर्तन जिसमे दूध, दही आदि रखते हैं। मटकी।

मेटी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मेटिया'।

मेटीरियलिस्ट—संज्ञा पुं० [अं०] भौतिकवादी।

मेटुकिया(पु)†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मटकी'। उ०—भस मेटुकिया सिर के ऊपर सो मेटुकी पटकी।—कबीर श० भा०, ३, पृ० ७।

मेटुकी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मटकी'।

मेटुला—संज्ञा स्त्री० [सं०] आमलकी। आमला।

मेटुवा†—वि० [हिं० मेटना] किए हुए उपकार को न माननेवाला। कृतघ्न।

मेठ¹—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथीवान। फीलवान। २ मेष। मेढा (की०)।

मेठ†²—संज्ञा पुं० [अं० मेट] दे० 'मेट'।

मेड़—संज्ञा पुं० [सं० मण्डल या मिति (=इयत्ता, सीमा) या मृद्बन्ध या मृद्गण्ड] १. मिट्टी डालकर बनाया हुआ खेत या जमीन का घेरा। २ दो खेतो के बीच मे हद या सीमा के रूप मे बना हुआ रास्ता। उ०—धन सपत्ति सबस गेह नसौ नहिं प्रग का मड सो एड टर्ल।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २३८।

क्रि० प्र०—डालना।—बाँधना।

यौ०—मेडबदी।

३ ऊँची लहर या तरग। (लश०)।

क्रि० प्र०—पड़ना।

मेडक—संज्ञा पुं० [सं० मण्डूक] दे० 'मेढक'।

मेडबदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मेड+फ़ा० बद, या हिं० बँधना] १ मिट्टी डालकर बनाया हुआ घेरा। २ इस प्रकार घेरा बनाने का क्रिया। हदबदी।

मेडर†—संज्ञा पुं० [सं० मण्डल] चक्कर। मंडल। घेरा। उ०—एक कहा रजनीपति आही। मेडर अवाह न ऊका ताही।—इद्रा०, पृ० १२७।

मेडरा संज्ञा पुं० [सं० मण्डल, हिं० मढना] [स्त्री० अल्पा० मेडरी] १ किसी गोल वस्तु का उभरा हुआ किनारा। २ किसी वस्तु का मडलाकार ढाँचा। जैसे, छलनी या खंजरी का मेडरा।

मेड़राना†—क्रि० अ० [सं० मण्डल] दे० 'मँडराना'।

मेडरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मेड़रा] १ किसी गोल या मडलाकार वस्तु का उभरा हुआ किनारा। २ मडलाकार वस्तु का ढाँचा। ३ चक्की के चारो ओर का वह स्थान जहाँ आटा पिसकर गिरता है।

मेडल—संज्ञा पुं० [अं०] चाँदी सोने आदि की वह विशेष प्रकार की मुद्रा जो कोई अच्छा या बडा काम करने अथवा विशेष निपुणता दिखाने पर किसी को दी जाय और जिसपर देनेवाले का नाम खुदा हो, तथा जिस बात के लिये वह दी गई हो उसका भी उल्लेख हो। तमगा। पदक। उ०—जितना जो बड़ा मेरा मित्र हो उसको उतना बड़ा मेडल और खिताब दो।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४७४।

मेडिकल—वि० [अं०] पाश्चात्य औषध और चिकित्सा से सबध रखनेवाला। डाक्टरी सबधी। जैसे, मेडिकल कालेज, मेडिकल डिपार्टमेंट।

मेडिया—संज्ञा स्त्री० [सं० मण्डप, हिं० मढ़ी] मढी। मडप। छोटा घर। उ०—कहा चुनावै मेडिया, चूना माटी लाय। मीच चुनैगी पापिनी, दौरि कै लैगी खाय।—कबीर (शब्द०)।

मेडिसिन—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ दवा। औषध। जैसे,—डाक्टर ने बहुत तेज मेडिसिन दे दी है। २ चिकित्सा विज्ञान।

मेडी†—संज्ञा स्त्री० [सं० मण्डप या मढ़ी] प्रासाद वा मकान की ऊपरी मजिल। अट्टालिका। दे० 'मेडी'। उ०—ऊन मियउ उत्तर दिसइं मेडी ऊपर मेह। ते विरहिणि किम जीवसे, जेहिं दूर सनेह।—ढोला०, दू० ४२।

मेढक—संज्ञा पुं० [सं० म ढक] एक जल स्थल-चारी जतु जो तीन चार अगुल से लेकर एक बालिश्त तक लबा होता है। यह पानी में तैरता है और जमीन पर कूद कूदकर चलता है। इसके चार पैर होते हैं जिनमे जालीदार पजे होते हैं। यह फेफड़ो से साँस लेता है, मछलियो की तरह गलफड़ो से नही।

पर्या०—मंडूक। दर्दुर।

विशेष—विकासक्रम में यह जलचारी और स्थलचारी जतुओ के बीच का माना जाता है। मछलियो से ही क्रमश विकास परपरानुसार जल-स्थल-चारी जंतुओ की उत्पत्ति हुई है, जिनमें सबसे अधिक ध्यान देने योग्य मेढक है। रीढवाले जतुओ मे जो उन्नत कोटि के हैं, वे फेफड़ो से साँस लेते हैं। पर जिनका ढाँचा सादा है और जिन्हे जल ही मे रहना पड़ता है, वे गलफड़ो से साँस लेते है। मछली के ढाँचे से उन्नति करके मेढक का ढाँचा बना है, इसका आभास मेढक की वृद्धि को देखने से मिलता है। अडे के फूटने पर मेढक का टिभकीट मछली के रूप में आता है, जल ही मे रहता है, गलफड़ो से साँस लेता है और घासपात खाता है। उसे लबी पूँछ होती है, पैर नही होते। कही कही उसे 'छुछमछली' भी कहते हैं। धीरे धीरे कायाकल्प करता हुआ वह उभयचारी जतु का रूप प्राप्त करता है और जालीदार पजो से युक्त पैरवाला, फेफड़े से साँस लेनेवाला और कीड़े पतिंग खानेवाला मेढक हो जाता है।

मेटकी—संज्ञा स्त्री० [सं० मण्डूकी] मडूकी। मेढक की मादा।

मुहा०—मेढकी को जुकाम होना=छोटे आदमी का बडो की बराबरी करने का हौसला होना।

मेढा—संज्ञा पुं० [सं० मेषु मेषक, मेषक] [स्त्री० मेढ़] सींगवाला एक चौपाया जो लगभग डेढ़ हाथ ऊँचा और घने रोयो से ढका होता है। मेष।

विशेष—इनका रोयाँ बहुत मुलायम होता है और ऊन कहलाता है। इनका माथा और सींग बहुत मजबूत होते हैं। ये लडने में बड़े वेग से लपटते हैं, इससे बहुत से लोग इन्हें लड़ाने के

लिये पालते हैं। मादा भेंड जितनी ही सीधी होती है, उतने ही मेढे क्रोधी होते हैं। मेढे की एक जाति ऐसी होती है जिसकी पूंछ मे चरबी का इतना अधिक सचय होता है कि वह चक्की के पाट की तरह फैलकर चौडी हो जाती है। ऐसा मेढा 'दुवा' कहलाता है। विशेष दे० 'भेड'।

मेढासिंगी सज्ञा स्त्री० [सं० मेढ्रशृङ्गी] औषध के रूप मे प्रयुक्त एक झाडीदार लता।

विशेष—यह लता मध्यप्रदेश और दक्षिण के जगलो मे तथा बंबई के आसपास बहुत होती है। इसकी जड औषध के काम आती है और सर्प का विष दूर करने के लिये प्रसिद्ध है। इसकी पत्तियाँ चबाने से जीभ देर तक सुन्न रहती है। वैद्यक मे यह तिक्त, वातवर्धक, श्वास और कासवर्धक, पाक में रुक्ष, कटु तथा व्रण, श्लेष्मा और आँख के दर्द को दूर करनेवाली मानी जाती है। इसके फल दीपन तथा कास, कृमि, व्रण, विष और कुष्ठ को दूर करनेवाले कहे जाते हैं।

मेढिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मढी] दे० 'मढी'।

मेढी†—सज्ञा स्त्री० [स० वेणी] १ तीन लडियो मे गूथी हुई चोटी। उ०—लटकन चारु, भृकुटिया टेढी, मेढी सुभग सुदेश सुभाए। —तुलसी। (शब्द०)। २ घोडो के माथे पर की एक भौंरी।

मेढ्—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिश्न। लिंग। २ मेढा।

यौ०—**मेढ्रज** = शिव का एक नाम। **मेढ्रशृंगी** = दे० 'मेढासिंगी'।

मेथि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. दे० 'जुआठा'। २ दे० 'मेधि' [को०]।

मेथि[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'मेथी' [को०]।

मेथिका, मेथिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मेथी।

मेथी—सज्ञा स्त्री० [सं०] मसाले और औषध में काम आनेवाला। एक बहुप्रसिद्ध छोटा पौधा और उसका फल।

विशेष—भारतवर्ष मे इसका पौधा प्राय सर्वत्र पाया जाता है। इसकी पत्तियाँ कुछ गोल होती हैं और साग की तरह खाई जाती हैं। इसकी फलियो के दाने मसाले और औषध के काम मे आते हैं और देखने में कुछ चौखूँटे होते हैं। इसकी फसल जाडे मे तैयार होती है। वैद्यक में इसका गुण कटु, उष्ण, अरुचिनाशक, दीप्तिकारक, वातघ्न तथा रक्तपित्त प्रकोपन माना गया है।

पर्या० दीपनी। बहुमूत्रिका। गधबीजा। ज्योति। गधकला। वल्लरी। चद्रिका। मथा। मिश्रपुष्पा। कैरवी। बहुपर्णी। पीतबीजा।

मेथौरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेथी + बरी] मेथी का साग मिलाकर बनाई हुई उर्द की पीठी की बरी।

मेद—सज्ञा पुं० [स० मेदस्, मेद] १ शरीर के अदर की वसा नामक धातु। चरबी।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार मेद मास मे उत्पन्न धातु है जिससे अस्थि बनती है। भावप्रकाश आदि वैद्यक ग्रथो में लिखा है कि जब शरीर के अदर की स्वाभाविक अग्नि से मास का परिपाक होता है, तब मेद बनता है। इसके इकट्ठा होने का स्थान उदर कहा गया है।

२ मोटाई या चरबी बढने का रोग। ३. कस्तूरी। उ०—(क) रचि रचि साजे चदन चौरा। पोते अगर मेद औ गोरा। —जायसी (शब्द०)। (ख) कहि केशव मेद जवादि मा मांजि इते पर आँजि में अजन दै।—केशव (शब्द०)। ४ नीलम की एक छाया।—रत्नपरीक्षा (शब्द०)। ५ एक अत्यज जाति जिसकी उत्पत्ति मनुस्मृति में वैदेहिक पुरुष और निषाद स्त्री से कही गई है।

मेदज—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का गुग्गुल [को०]।

मेदनी—सज्ञा स्त्री० [सं० मेदिनी ?] यात्रियो का वह दल या गोल जो झडा लेकर किसी तीर्थस्थान या देवस्थान को जाता है।

मेदपाट—सज्ञा पुं० [सं०] मेवाड। उ०—शत्रुराजाओ के आयुष्यरूपी पवन का पान करने के लिये चलती हुई कृष्णसर्प जैसी तलवार के अभियान के कारण मेदपाट (मेवाड) के राजा जयतल (जैत्रसिंह) ने हमारे साथ मेल न किया।—राज० इति०, पृ० ४६०।

मेदपुच्छ—सज्ञा पुं० [स०] दुवा मेढा।

मेदसारा—सज्ञा स्त्री० [सं०] अष्टवर्ग की एक ओषधि। विशेष दे० 'मेदा'।

मेदस्वी—वि० [स० मेदस्विन्] १ स्थूल। मोटा। अधिक चरबीवाला। २ ताकतवर [को०]।

मेदा—सज्ञा स्त्री० [स०] ज्वर और राजयक्ष्मा मे अत्यत उपकारी अष्टवर्ग मे एक प्रसिद्ध ओषधि।

विशेष—कहते हैं, इसकी जड अदरक की तरह पर बहुत सफेद होती है और नाखून गडाने से उसमें से मेद के समान दूध निकलता है। वैद्यक मे यह मधुर, शीतल तथा पित्त, दाह, खाँसी, ज्वर और राजयक्ष्मा को दूर करनेवाली कही गई है। यह मोरग की ओर पाई जाती है।

मेदा—सज्ञा पुं० [अ०] पाकाशय। पेट। कोठा। जैसे, मेदे की शिकायत।

मुहा०—**मेदा कडा होना** = आँतो की क्रिया इस प्रकार की होना कि जल्दी दस्त न हो।

मेदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पृथ्वी। धरती।

विशेष—पुराणो मे मधुकैटभ के भेद से पृथ्वी की उत्पत्ति कही गई है, इसी से पृथिवी का यह नाम पडा है।

२ मेदा। ३ स्थान। जगह (को०)। ४ एक सस्कृत कोश का नाम (को०)।

यौ०—**मेदिनीज** = मगलग्रह। **मेदिनीद्रव** = धूलि। **मेदिनीधर** = शैल। पर्वत। **मेदिनीपति** = राजा।

मेदुर—वि० [सं०] १ चिकना। स्निग्ध। २ मोटा। स्थूल (को०)। ३ भरा हुआ। आच्छन्न (को०)।

मेदोज—सज्ञा पुं० [स०] हड्डी। अस्थि।

मेदोधरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] शरीर की तीसरी कला या झिल्ली जिसमे मेद या चरबी रहती है।

मेदोर्बुद—संज्ञा पुं० [सं०] १ मेदयुक्त गाँठ या गिल्टी जिसमे पीडा हो। २ ओठ का एक रोग।

मेदोवृद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चरबी का बढना। मोटाई। २ अंडवृद्धि।

मेध्य—वि० [सं०] १ मोटा। २ निविड। गाढा। ठोस (को०)।

मेध्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ यज्ञ। २ हवि। यज्ञ में बलि दिया जानेवाला पशु। ४ मास का शोरवा या रसा (को०)। ५ रस। सार। निर्यास (को०)।

मेधज—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

मेधा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अंत करण की वह शक्ति जिसने जानी, देखी, सुनी या पढी हुई बातें मन में बराबर बनी रहती हैं, भूलती नही। बात को स्मरण रखने की मानसिक शक्ति। धारणावाली बुद्धि। २ दक्ष प्रजापति की एक कन्या। ३. षोडश मातृकाओं में से एक, जिसका पूजन नांदीमुख श्राद्ध में होता है। ४ छप्पय छंद का एक भेद। ५ शक्ति। ताकत। बल (को०)। ६ सरस्वती का एक रूप (को०)।

यौ०—मेधाकर = बुद्धि बढानेवाला। मेधाजित्। मेधारुद्र।

मेधाजित्—संज्ञा पुं० [सं०] कात्यायन मुनि।

मेधातिथि—संज्ञा पुं० [सं०] एक नाम जो बहुत से लोगो का है। १ काण्ववश में उत्पन्न एक ऋषि जो ऋग्वेद के प्रथम मंडल के १२-३३ सूक्तो के द्रष्टा थे। २. कण्व मुनि के पिता। (महाभारत)। ३ भट्ट वीरस्वामी के पुत्र जो मनुसंहिता के प्रसिद्ध भाष्यकार हैं। ४. प्रियव्रत के पुत्र और शाकद्वीप के अधिपति। (भागवत)। ५ कर्दम प्रजापति के पुत्र।

मेधारुद्र—संज्ञा पुं० [सं०] कालिदास (को०)।

मेधावती—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाज्योतिष्मती लता।

मेधावान्—वि० [मेधावत्] [वि० स्त्री० मेधावती] जिसकी स्मरण-शक्ति तीव्र हो। धारणाशक्तिवाला।

मेधाविनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] ब्रह्मा की पत्नी का नाम (को०)।

मेधावी[1]—वि० [सं० मेधाविन्] [वि० स्त्री० मेधाविनी] १ मेधाशक्तिवाला। जिसकी धारणाशक्ति तीव्र हो। २. बुद्धिमान्। चतुर। ३ पंडित। विद्वान्।

मेधावी[2]—संज्ञा पुं० १ शुक पक्षी। सूआ। तोता। २ मद्य। शराब। ३ कश्यप के एक पुत्र। ४ च्यवन के एक पुत्र। उ०—च्यवन पुत्र मेधावी नामा। करै तपस्या विपिन अकामा।—विश्राम (शब्द०)।

मेधि—संज्ञा पुं० [सं०] उस स्थान पर गडा हुआ खंभा जहाँ गेंत से लाकर फसल फैलाई जाती है। दौनवाले बैल इसी खंभे में बंधे हुए चारों ओर घूमकर पैरों से उठनों के दाने झाडते हैं।

मेधिर—वि० [सं०] तीव्र बुद्धिवाला। मेधावी। बुद्धिमान्।

मेधिष्ठ—वि० [सं०] अत्यंत मेधावी (को०)।

मेध्य[1]—वि० [सं०] १ बुद्धि बढानेवाला। मेधाजनक। २ पवित्र। शुचि। ३ यज्ञ संबंधी। यज्ञ के योग्य।

मेध्य[2]—संज्ञा पुं० १ सोंर। कन्या। २ जौ। ३ बकरा।

मेध्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] केतकी, शंखपुष्पी, ब्राह्मी, महूकी आदि बुद्धिवर्धक बूटियाँ। २ गोरोचन। ३. एक रक्तवाहिनी नसा (को०)।

मेनका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्वर्ग की एक अप्सरा।

विशेष यह अप्सरा इंद्र की आज्ञा से विश्वामित्र का तप भंग करने के लिये गई थी और विश्वामित्र के संयोग से इसे शकुंतला नाम की कन्या उत्पन्न हुई थी।

२ उमा या पार्वती की माता जो हिमवान् की पत्नी थी।

मेनकात्मजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ शकुंतला। २ पार्वती। दुर्गा।

मेनकाहित—संज्ञा पुं० [सं०] रामक नामक नाटक का एक भेद।

मेना[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पितरों की मानसी कन्या मेनका। २ हिमवान् की स्त्री। मेनका। ३. स्त्री। ४ वृषणश्व की मानसी कन्या (ऋग्वेद)। ५ वाक्।

मेना[2]—क्रि० स० [हिं० मोयन] पकवान आदि मे मोयन देना। मोयन डालना। उ०—चुरुई पोइ पोर घिउ मेई। पाछे छानि खाइ रस भेई।—जायसी (शब्द०)।

मेनाद—संज्ञा पुं० [सं०] १ बिल्ली। २ बकरी। ३ मोर।

मेनाधव—संज्ञा पुं० [हिं०] हिमालय।

मेमत—वि० [सं० मदमत्त, हिं० मँमत] मदमत्त। मतवाला। उ०—मेमति दंति घन वज्जि मार।—पृ० रा०, ६१।६०३।

मेम—संज्ञा स्त्री० [अं० मैडम का संक्षिप्त रूप] १ योरोप या अमेरिका आदि की विवाहिता स्त्री। २ ताश का एक पत्ता जिसे बीबी या रानी कहते हैं। यह पत्ता बादशाह से छोटा और गुलाम से बडा माना जाता है।

मेमना—संज्ञा पुं० [अनु० में में] १ भेड का बच्चा। २ घोडे की एक जाति। उ०—कोइ काबुल कँबोज कोइ कच्छी। कोइ मेमना मुसी लच्छी।—विश्राम (शब्द०)।

मेमो—संज्ञा पुं० [अं०] मेमोरेंडम का संक्षिप्त रूप।

मेमार—संज्ञा पुं० [अ०] भवन निर्माण करनेवाला शिल्पी। इमारत बनानेवाला। थवई। राजगीर।

मेमोरियल—संज्ञा पुं० [अ०] १ वह प्रार्थनापत्र जो किसी बडे अधिकारी के पास विचारार्थ भेजा जाय। आवेदनपत्र। उ०—जिस नगर मे श्रीमान् लेफ्टिनेंट गवर्नर बहादुर जायँ वहीं उनको नागरी के प्रचारार्थ मेमोरियल दिए जायँ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ५७। २ स्मारकचिह्न। यादगार।

मेमोरेंडम—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह पत्र जिसमे कोई बात स्मरण दिलाने के लिये लिखी गई हो। ज्ञापनपत्र। स्मरणपत्रक। २. स्मरण। अभिज्ञता।

मेमोरेंडम आफ ऐशोसिएशन—सज्ञा पुं० [अ०] किसी ज्वाइट स्टाक कपनी या समिलित पूँजी से खुलनेवाली कपनी की उद्देश्यपत्रिका जिसमे उस कपनी का नाम और उद्देश्य आदि लिखे होते हैं और अत में हिस्सेदारो के हस्ताक्षर होते हैं। सरकार मे इसकी रजिस्ट्री हो जाने पर कपनी का कानूनी अस्तित्व हो जाता है। उद्देश्यपत्रिका।

मेय—वि० [सं०] १ जिसकी नाप जोख हो सके। जिसका परिमाण या विस्तार ठीक बताया जा सके। २ जो नापा जोखा जानवाला हो।

मेयना†—क्रि० स० [स० मेदन हिं० मेयन(=मोयन)] पकवान आदि मे मोयन डालना। मोयन देना।

मेयर—सज्ञा पुं० [अ०] म्युनिसिपल कारपोरेशन का प्रधान। जैसे, कलकत्ता कारपोरेशन के मेयर।

विशेष—इगलैंड में म्युनिसिपैलटियो के प्रधान मेयर कहलाते है। ये अपने नगरो की म्युनिसिपैलटियो के प्रधान होने के सिवा वहाँ के प्रधान मैजिस्ट्रेट भी होते हैं। लडन तथा और कई नगरो की म्युनिसिपैलटियो के प्रधान लार्ड मेयर कहलाते हैं। हिंदुस्तान में कारपोरेशन के प्रधान मेयर कहलाते हैं। इनका केवल म्युनिसिपल प्रबध से ही सबध है। ईस्ट इडिया कपनी के समय सन् १७२६ ई० में भारत मे, कलकत्ता, बंबई और मद्रास में, विचारकार्य के लिये मेयर कोर्ट स्थापित किए गए थे। यह ऐतिहासिक तथ्य है परतु स्वतत्रता प्राप्ति के बाद भारतवर्ष के अन्य बड़े नगरो मे भी कारपोरेशन या महापालिकाएँ बनाई गई हैं। उन सबके प्रधान को मेयर या अध्यक्ष कहते हैं। इनका निर्वाचन कार्पोरेशन के सभासदो द्वारा किया जाता है।

मेयान‡—सज्ञा पुं० [फ़ा० मियान] दे० म्यान'। उ०—कहाँ ग्यान का पयान, कहाँ मेयान का मुसकला।—रामानद०, पृ० ३२।

मेये—सज्ञा स्त्री० [स० वँग०] कन्या। बेटी। पुत्री। उ०—पजाबी मेये तो बेश सुदरी।—भस्मावृत, पृ० ७२।

मेर(पु)†[1]—सज्ञा पुं० [सं० मेल] दे० 'मेल'। उ०—(क) एहि सो कृष्ण बलराज जस कीन्ह चहै छर बाँध। मन बिचार हम आवही मेरहि दीज न काँध।—जायसी। (शब्द०)। (ख) गएउ हेराइ जो ओहि भा मेरा।—जायसी ग्र०, पृ० ६२। (ग) अपने अपने मेरनि मानो उनि होरी हरख लगाई।—सुर (शब्द०)।

मेर(पु)[2]—सज्ञा पुं० [सं० मेरु] दे० 'मेरु'। उ०—सुदर हय हींसे जहाँ गय गाजै चहुँ फेर। काइर भागै सटक दे सुर अडिग ज्यो मेर।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७३६।

यौ०—**मेरडड**=दे० 'मेरुदड'। उ०—थिर मन मेरडड चढ़ तारी।—घट०, पृ० ३१।

मेर†[3]—सज्ञा पुं० [देश०] पर्वतीय जातिविशेष। एक लडाकू पर्वतवासी जाति। उ०—जहँ पव्वय घाटो हुतो मीना मेर मवास।—पृ० रा०, ७।७६।

मेरक—सज्ञा पु० [स०] एक असुर जिसे विष्णु ने मारा था।

मेरठी—सज्ञा पुं० [हिं० मेरठ नगर से] गन्ने की एक जाति जो मेरठ की ओर होती है।

मेरवन—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेरवना] मिलाने की क्रिया या भाव। मिलान।

मेरवना—क्रि० स० [स० मेलन] १ दो या कई वस्तुओ को एक में करना। मिश्रित करना। मिलाना। उ०—ते मेरए घरि घूरि सुजोधन जे चलते वह छत्र की छाहो।—तुलसी (शब्द०)। २ दो या कई व्यक्तियो को एक साथ करना। सयोग करना। मिलाप करना उ०—(क) चतुरवेद हौं पडित हीरामन मोहि नाऊँ। पद्मावत सौ मेरवौ सेव करौं तेहि ठाउँ।—जायसी (शब्द०)। (ख) है मोहि आस मिलैंगे जौ मेरव करतार। जायसी (शब्द)। (ग) औ बिनवौं पंडितन मन भजा। टूट सँवारहु, मेरवहु सजा।—जायसी ग्र०, पृ० ६।

मेखनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेखना] दे० 'मेखन'। उ०—सुदर श्यामल अग वसन पीत सुरग कटि निपग परिकर मेरवनि।—तुलसी (शब्द०)।

मेरा[1]—सर्व० [हिं० मैं+रा (प्रा० केरिओ, हिं० केरा)] [स्त्री० मेरी] 'मैं' के सबधकारक का रूप। मुझसे सबध रखनेवाला। मदीय। मम। जैसे,—यह घोडा मेरा है। उ०—मेरहुँ जेट्ठ गरिट्ठ अछ मति विअक्खन भाए।—कीर्ति०, पृ० २०।

मेरा(पु)†[2]—सज्ञा पुं० [सं० मेला] दे० 'मेला'। उ०—यह ससार सुवन जस मेरा। अत न आपन को केहि केरा।—जायसी (शब्द०)।

मेराउ†—सज्ञा पुं० [हिं० मेर (=मेल)] दे० 'मेराव'। उ०—धनि ओहि जीव दीन्ह विधि भाऊ। दहुँ का सउँ लेइ करइ मेराऊ।—जायसी (शब्द०)।

मेराज—सज्ञा स्त्री० [अ० मेराज] सीढी। ऊपर चढने का साधन। उ०—रूह करै मेराज कुफर का खोलि कुलावा। तीसो रोजा रहै अदर मे सात टिकावा।—पलटू०, पृ० ४३।

मेराना(पु)—क्रि० स० [हिं०] दे० 'मिलाना'। उ०—(क) सो बसीठ सरजा लेइ आवा। बादसाह कहँ आनि मेरावा।—जायसी (शब्द०)। (ख) कपूर लाइचो मेरया वामे पूजा यही हमारा। जग० बानी, पृ० १।

मेराव—सज्ञा पुं० [हिं० मेर (=मेल)] मेल। मिलाप। समागम। उ०—पदुमावति पुनि पूजइ आवा। होइहि ओहि मिसु दिस्ट मेरावा।—जायसी (शब्द०)।

मेरी[1]—सर्व० [हिं०] 'मेरा' का स्त्री० रूप।

मेरी[2]—सज्ञा स्त्री० अहकार। उ०—मेरी मिटी मुक्ता भया पाया ब्रह्म विस्वास। मेरे दूजा कोउ नही एक तुम्हारी आस।—कबीर (शब्द०)।

मेरु—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक पुराणोक्त पर्वत जो सोने का कहा गया है। विशेष दे० 'सुमेरु'।

पर्या०—हेमाद्रि। रत्नसानु। सुरालय।

२ जपमाला के बीच का बडा दाना जो और सब दानो के ऊपर होता है। इसी से जप का आरभ और इसी पर उसकी समाप्ति होती है। सुमेरु। (जप करते समय 'मेरु' का उल्लघन नही करना चाहिए।) उ०—कबिरा माला काठ की बहुत जतन

मेघाली—[ ] पुं० [हि० मेघाल+ई (प्रत्य०)] मेघा का पालनेवाला।

मेघाहार—वि० [फा० मेघ्+आहार] फलाहार। फलभुक्।

मेघाच्छन्न—[ ] पुं० [ष० मेघस्य+छन्न] फल का मेघ करने वाला।

मेघासाणि—[ ] पुं० [० मेघासा] १ शिला। सट। २ रक्षा का उपाय। ३ घर। उ०—कबीर हरि की भगति का मन मे बहुत हुलास। मनसा नाजि न पाइए लोग जानै पास। —कबीर (शब्द०)।

मेघासी—[ ] पुं० [हि० मेघासा] १ घर मे पालतू पशु। घर का मालिक। उ०—घर त्रासा मूँ ए जिसके मूँड़े नाहि। जो मुए जिया सो मेरा जिन नाही कछु नाहि।—कबीर (शब्द०)। २. शिव मे कल्पित। सराद्ध। श्रौर प्रकार। उ०—कबीरा गर्व न कीजिए ऊँचा देखि अवास। काल्हि परयो भुइँ लेटना ऊपर जामै घास।—कबीर (शब्द०)।

मेघि—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

विशेष—इस तीर्थ पर सूर्य प्रजापति के रहने से इसका नाम मेघि पड़ा था। ९ एक प्राचीन देश का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघिक—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघिका—[ ] स्त्री० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघिनी—[ ] स्त्री० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोदक—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोदर—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोदरी—[ ] स्त्री० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोपाख्यान—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोपाख्यान—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोपाख्यान—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोपाख्यान—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेघोपाख्यान—[ ] पुं० [सं०] १ मेघ। २ वायु। पानी। ३ यज्ञ। ४ अग्नि। ५ जल। ६ सोमलता। ७ एक ऋषि का नाम जो प्रजापति के पुत्र थे। ८ एक प्राचीन तीर्थ का नाम जो महाभारत के अनुसार भारत के पूर्व में था।

मेलत तेल फुलेल ।—सूर (शब्द०)। ३ धारण कराना। पहनाना। उ०—सिय जयमाल राम उर मेली ।—तुलसी (शब्द०)। ४ रमाना। लगाना। उ०—छाँडा नगर मेलि कै धूरी ।—जायसी ग्र०, पृ० ५६। ५ भेजना। उ०—नृप मेले आया नगर, दोड बधाईदार। कही विगत विध विध करे आनंद भरे अपार ।—रघु० रू०, पृ० ६२।

मेलना[2]—क्रि० अ० इकट्ठा होना। एकत्र होना। जुटना। उ०—बलसागर लछमन सहित कपिसागर रनधीर। जससागर रघुनाथ जू मेले सागर तीर ।—(शब्द०)।

मेलमल्लार—सज्ञा पु० [स०] एक रागिनी जिनकी स्वरलिपि इस प्रकार है—स स स रे म प ध स स ध प म ग रे स।

मेलाधु—सज्ञा पुं० [स० मेलान्धु] दवात।

मेला[1]—सज्ञा पु० [स० मेलक] १ बहुत से लोगो का जमावडा। भीड भाड। २ देवदर्शन, उत्सव, खेल, तमाशे आदि के लिये बहुत से लोगो का जमावडा। जैसे, माघमेला, हरिहरक्षेत्र का मेला।

यौ०—मेला ठेला। मेला तमाशा।

मुहा०—मेला भरना = किसी खेल तमाशे या उत्सव मे काफी भीड-भाड एकट्ठी होना। मेला लगना = जमाव होना। भीड लगना।

मेला[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ बहुत से लोगो का जमावडा। २ मिलन। समागम। मिलाप। ३ स्याही। रोशनाई। ४ अंजन। ५ महानीली।

मेलाठेला—सज्ञा पुं० [हिं० मेला + ठेला (= धक्का)] भीड भाड और धक्का। जमावडा। जैसे,—मेले ठेले मे स्त्रियो का जाना ठीक नही।

मेलानदा—सज्ञा स्त्री० [स० मेलानन्दा] दवात।

मेलानⓤ—सज्ञा पु० [अ०] मजिल। पडाव। टिकान। डेरा। उ०—सागरतीर मेलान पुनि करिहैं रघुकुल नाह। —केशव (शब्द०)।

मेलाना[1]—क्रि० स० [हिं० मेल] १ मेलना का प्रेरणार्थ रूप। रेहन या गिरवी रखी हुई वस्तु को रुपया देकर छुडाना।

मेलायप सज्ञा पुं० [सं०] १ मिलाने, इकट्ठा करनेवाला। २ ग्रहों का सयोग। ३ भीड। जमाव।

मेलापन—सज्ञा पुं० [सं०] मिलना। सयोग। समागम।

मेली[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मेल] वह जिससे मेल जोल हो। वह जिससे घनिष्ट परिचय हो। मुलाकाती। सगी। साथी।

मेली[2]—वि० हेल मेल रखनेवाला। जल्दी हिल मिल जानेवाला। जिसकी प्रवृत्ति लोगों को मित्र बनाने की हो। यारबाश। जैसे,—वह बडा मेली आदमी है।

मेल्टिंग केट्ल—सज्ञा पुं० [अ०] सरेस गलाने की देगची।

विशेष—यह एक ढकनेदार दोहरा बर्तन होता है। नीचे के बर्तन में पानी भरकर उसके अदर दूसरा बर्तन रखकर उसमे सरेस भर देते हैं और ढककर आँच पर चढा देते हैं। पानी की भाप से सरेस गल जाता है। गल जाने पर उसे रोलर मोल्ड मे ढाल देते हैं जिससे वह जम जाता है और स्याही देने का वेलन तैयार होकर निकल आता है। (छापाखाना)।

मेल्हना[1]—क्रि० स० [प्रा० मेल्ल, गुज० मेलवु = (छोडना, रखना] १ छोडना। रखना। डालना। उ०—पग पलका की सुधि नही मारु सबद क्या होइ। कर मुख माहैं मेल्हनाँ, दादू लखै न कोइ।—दादू० बानी, पृ० ३६०। २ गहा रहना। पडा रहना। उ०—मेल्ही रही सूम की थाती। सुंदर दी आगै को थाती।—सुंदर० ग्र०, भा० १, पृ० ३५८।

मेल्हना[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की नाव जिसका सिरा खडा रहता है।

मेल्हना[1][3]—क्रि० अ० १ क्लेश या पीडा से बार बार इस करवट से उस करवट होना। छटपटाना। बेचैन होना। २ कोई काम करने मे आनाकानी करके समय बिताना।

मेव—सज्ञा पुं० [देश०] राजपूताने की ओर बसनेवाली एक लुटेरी जाति। मेवाती। उ०—छवि वन मे दौरन लगे जब तें तब दृग मेव। तब ते कढे सनेहिया मन छन लै कै छेव।—रसनिधि (शब्द०)।

विशेष—मेव पहले हिंदू थे और मेवात मे बसते थे। पर मुसलमानी बादशाहत के जमाने मे ये मुसलमान हो गए। अब ये लोग लूट-पाट प्राय छोडते जा रहे हैं।

मेवक[1]—सज्ञा पुं० [फ़ा० मेवह्] मेवा। उ०—भूखो नैन रूप को चाहत मिलनि सकल रस मेवक।—भीखा श०, पृ० ८६।

मेवडी—सज्ञा स्त्री० [देश०] निर्गुडी। सँभालू।

मेवा—सज्ञा पु० [फ़ा० मेवह्] १ खाने का फल। २ किसमिस, बादाम, अखरोट आदि सुखाए हुए बढिया फल। उ०—विविध मधु मेवा भोग रचाय।—घनानद, पृ० ५६१।

मेवा[2]—सज्ञा पुं० [देश०] सूरत के गन्ने की एक जाति जिसे 'खजुरिया' भी कहते हैं।

मेवाटी—सज्ञा स्त्री० [फा० मेवा + वाटी] एक पकवान जिसके अदर मेवे भरे रहते हैं। उ०—फूटि जाय फन फनीराज को समोसा सम फटि जाय कच्छप की पीठ हू मेवाटी सी।—गोपाल (शब्द०)।

मेवाड—सज्ञा पु० [देश०] १ राजपूताने का एक प्रात जिसकी प्राचीन राजधानी चित्तौर थी और आजकल उदयपुर है। २ एक राग जो मालकोस राग का पुत्र माना जाता है।

मेवाड़ी[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मेवाड़ + ई (प्रत्य०)] मेवाड प्रदेश का निवासी।

मेवाड़ी[2]—वि० मेवाड मे होनेवाला। मेवाड से सबध रखनेवाला। मेवाड का।

मेवात—सज्ञा पु० [सं०] राजपूताने और सिंध के बीच के प्रदेश का पुराना नाम। यहाँ मेव नाम की जाति का निवास था, जो हिंदू थे। उ०—मेवात धनी आए महेस। मोहिल्ल दुनापुर दिए पेस।—पृ० रा०, १। ४२२।

मेवाती—सज्ञा पुं० [हिं० मेवात+ई (प्रत्य०)] मेवात का रहनेवाला ।

मेवादार—वि० [फा० मेवहदार] फलदार । फलयुक्त ।

मेवाफरोश—सज्ञा पु० [फा० मेवह+फरोश] फल या मेवे बेचनेवाला ।

मेवासाⓊ—सज्ञा पु० [हिं० मवासा] १ किला । गढ । २ रक्षा का स्थान । ३ घर । उ०—कबीर हरि की गति का मन मे बहुत हुलास । मेवासा भाँजै नही होन चहै निज दास । —कबीर (शब्द०) ।

मेवासी—सज्ञा पुं० [हिं० मेवासा] १ घर मे रहनेवाला । घर का मालिक । उ०—मन मेवासी मूडिए केशहि मूड़े काहि । जो कुछ किया सो मन किया केशों किया कछु नाहिं ।—कबीर (शब्द०) । २ किले मे रहनेवाला । सरक्षित और प्रबल । उ०—कबिरा मन मेवासी भया बस करि सकै न कोय । सनकादिक रिपि मारखे तिनके गया बिगोय ।—कबीर (शब्द०) ।

मेष—सज्ञा पु० [स०] १. भेड । २ बारह राशियो मे से एक जिसके अतर्गत अश्विनी, भरणी और कृत्तिका नक्षत्र का प्रथम पाद पड़ता है ।

विशेष—इस राशि पर सूर्य वैशाख मे रहते हैं । राशियो की गणना मे इसका नाम सबसे पहले पडता है । इसकी आकृति मेष के समान मानी गई है । यह राशि सूर्य का उच्च स्थान है । इसमे जबतक सूर्य रहते हैं, तबतक बहुत प्रबल रहते हैं । उच्चाश काल वैशाख मे प्रथम दस दिन तक रहता है । इसके उपरात सूर्य उच्चाशच्युत होने लगते है ।

३ एक लग्न जो सूर्य के मेष राशि मे रहने पर माना जाता है । जैसे,—यदि किसी का जन्म सूर्य के मेष राशि मे रहने पर होगा, तो कहा जाएगा कि उसका जन्म मेष लग्न मे हुआ ।

मुहा०—मेष करना Ⓤ = मीन मेष करना । आगा पीछा करना । सकल्प विकल्प करना । उ०—कियो अक्रूर भोजन दुहून सग लै, नर नारी व्रज लोग सबै देखै । मनो आए सग, देखि ऐसे रग, मनहि मन परस्पर करत मेषै ।—सूर (शब्द०) ।

४ एक ओषधि । ५ जीवशाक । सुसना ।

मेषकवल—सज्ञा पुं० [स० मेषकम्बल] मेष के रोएँ का कवल । ऊनी कंबल [को०] ।

मेषकुसुम—सज्ञा पुं० [स०] चकवँड नाम का पौधा । चक्रमर्द [को०] ।

मेषग—वि० [स०] मेष राशि मे गया हुआ । उ०—माधव मेषग भानु मैं हे मधुसत्रु मुरारि । प्रात स्नान फल दीजिए नाथ पाप निरुवारि । —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६० ।

मेषपाल—सज्ञा पुं० [सं०] गडरिया ।

मेषपालक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मेषपालक' [को०] ।

मेषपुष्पा—सज्ञा स्त्री० [स०] मेढ़ासिंगी ।

मेषमास—सज्ञा पुं० [स०] वैशाख मास [को०] ।

मेषरⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० मेखला] दे० 'मेखला' । उ०—रवत कट्टि मेषर, चकोर साव से सुर ।—पृ० रा०, ६१।७७० ।

मेषलोचन—सज्ञा पु० [सं०] चक्रमर्द । चकवँड ।

मेषवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] मेढासिंगी ।

मेषावषाणिका—सज्ञा स्त्री० [स०] मेढ़ासिंगी ।

मेषवृषण—सज्ञा पु० [स०] इंद्र का एक नाम । उ०—मेषवृषण अस नाम शक्र को ह्वैहै सब समारा । अवृषण मेष देव पितरन को दैहै तोहि अपारा ।—रघुराज (शब्द०) ।

मेषशृग—सज्ञा पुं० [सं० मेषशृङ्ग] सिंगिया नामक स्थावर विष ।

मेषशृगी—सज्ञा स्त्री० [सं० मेषशृङ्गी] मेढासिंगी ।

मेषसंक्राति—सज्ञा स्त्री० [सं० मेषसङ्क्रान्ति] मेष राशि पर सूर्य के आने का योग वा काल ।

विशेष—इसी दिन से सौर मास के वैशाख का आरभ होता है । इस दिन हिंदू लोग सत्तू दान करते हैं, इससे इस 'सतुआ सक्राति' भी कहते हैं ।

मेषाड—सज्ञा पु० [सं० मेषाण्ड] इद्र ।

मेषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ गुजराती इलायची । २ चमडे का एक भेद जो लाल भेड की खाल से बनता है ।

मेषालु—सज्ञा पुं० [स०] बबरी । बनतुलसी । बबुई ।

मेषिका, मेषी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भेड । स्त्री मेष । २ तिनिश वृक्ष । ३ जटामासी ।

मेषूरण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'मेसूरण' [को०] ।

मेस—सज्ञा पुं० [अं०] १ वह स्थान जहाँ मूल्य लेकर विद्यार्थियो के लिये भोजन का प्रबध किया जाय । छात्रावास से सबद्ध भोजनालय जहाँ विद्यार्थी मूल्य देकर भोजन करते हैं । २ फौजी अफसरो, सैनिको आदि का सयुक्त भोजनालय ।

मेसूरण—सज्ञा पु० [सं०] फलित ज्योतिष मे दशम लग्न जो कर्मस्थान कहा जाता है ।

मेस्मराइजर—सज्ञा पुं० [अ० मेज्मराइजर] वह जो किसी को अपनी इच्छाशक्ति से अचेत कर देता है । मेस्मरेज्म करनेवाला । समोहित करनेवाला । समोहक ।

मेस्मरिज्म—सज्ञा पुं० [अ० मेज्मरेज्म] (मेज्मर नामक जर्मन डाक्टर का निकाला हुआ) वह सिद्धात जिसमे कि मनुष्य किसी गुप्त शक्ति या केवल इच्छाशक्ति से दूसरे की इच्छाशक्ति को प्रभावान्वित या वशीभूत कर सकता है । वह विद्या या शक्ति जिससे कोई मनुष्य अचेत कर वश मे किया और अपने इच्छानुसार परिचालित किया जा सके, अर्थात् उससे जो कुछ कहलाया जाय, वह कहे या जो कुछ पूछा जाय, उसका उत्तर दे । समोहिनी विद्या । समोहन ।

विशेष—जिसपर मेस्मरिज्म किया जाता है, वह अचेत सा हो जाता है, और उस अवस्था मे उससे जो कुछ कहलाना होता है, वह कहता है या जो कुछ पूछा जाता है, उसका उत्तर देता है ।

मेहँदी—सज्ञा स्त्री० [सं० मेन्धी, मेन्धिका] पत्ती झाडनेवाली एक झाडी जो बलोचिस्तान के जगलो मे आपसे आप होती है और सारे हिंदुस्तान मे लगाई जाती है ।

विशेष—इसमे मंजरी के रूप में सफेद फूल लगते हैं जिनमे भीनी भीनी सुगध होती है। फल गोल मिर्च की तरह के होते हैं और गुच्छो मे लगते हैं। इसकी पत्ती को पीसकर चढाने से लाल रग आता है, इसी से स्त्रियाँ इसे हाथ पैर मे लगाती हैं। बगीचे आदि के किनारे पर भी लोग शोभा के लिये एक पक्ति मे इसकी टट्टी लगाते हैं।

पर्या०—नखरज। कोकदता। रागगर्भा। मेंधिका। नखरजनी।

मुहा०—क्या पैर में मेहँदी लगी है ?=क्या पैर काम मे नही ला सकते जो उठकर नही आते ? **मेहँदी रचना**=मेहंदी का अच्छा रग आना। जैसे,—उसके पैर में मेहंदी खूब रचती है। **मेहँदी बाँधना**=मेहंदी की पत्तियाँ पीसकर लगाना। **मेहँदी रचना**=मेहंदी लगाना। **मेहँदी लगाना**=मेहंदी की पत्तियाँ पीसकर हथेली या तलुए मे लगाना।

मेह[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रस्राव। मूत्र। २ प्रमेह रोग। ३ मेप। मेढा। ४ अज। छाग। बकरा (को०)।

मेह[2]—सज्ञा पुं० [मेघ, प्रा० मेह] १ मेघ। बादल। २ वर्षा। झडी। मेह। उ०—छाई पियराई और विथा हियराई जानै, जके थके बैन नैन निदरत मेह को। —घनानद, पृ० ७७।

क्रि० प्र०—आना।—पड़ना।—बरसना।

मेह[3]—वि० [फा० मिह, मेह] बड़ा। बुजुर्ग। सरदार [को०]।

मेहघनी—सज्ञा स्त्री० [स०] हरिद्रा। हल्दी [को०]।

मेहतर—सज्ञा पुं० [फ़ा० मेहतर, तुल० स० महत्तर] १ बुजुर्ग। सबसे बडा। जैसे, सरदार, शाहजादा, मालिक, हाकिम, अमीर आदि। २ [स्त्री० मेहतरानी] नीच मुसलमान जाति जो झाड़ू देने, गदगी उठाने आदि का काम करती है। मुसलमान भगी। हलालखोर।

मेहन—सज्ञा पु० [सं०] १ शिश्न। लिंग। २ मूत्र। मूत। ३ मूतना (को०)। ४. मुष्क वृक्ष। मोरवा (को०)।

मेहनत—सज्ञा स्त्री० [अ०] मिहनत। श्रम। प्रयास। कष्ट। तकलीफ।

यौ०—**मेहनत मजदूरी**, मेहनत मजूरी=शारीरिक श्रम का काम।

मुहा०—**मेहनत ठिकाने लगना**=श्रम का सफल होना। परिश्रम सफल होना।

क्रि० प्र०—करना।—पड़ना।—लेना।—होना।

मेहनतकश—वि० [अ०] मेहनत करनेवाला। परिश्रमी। उ०—है इतनी सी चाह हमारी पूरी कर मेरे ईश्वर। एकाकी हूँ मेहनतकश हूँ, और किराए का है घर।—मिट्टी०, पृ० ८७।

मेहनताना—सज्ञा पुं० [अ० **मेहनत**+फा० आना] किसी काम की मजदूरी। परिश्रम का मूल्य। जैसे, वकील का मेहनताना।

मेहनती—वि० [अ० मेहनत+ई (प्रत्य०)] मेहनत करनेवाला। परिश्रमी।

मेहना—सज्ञा स्त्री० [सं०] महिला। स्त्री।

मेहमान—सज्ञा पुं० [फ़ा० मेहमाँ, मेहमान] अतिथि। पाहुना।

यौ०—**मेहमानखाना**=अतिथिशाला। **मेहमानदार**=आतिथ्य करनेवाला। मेजवान। **मेहमाननवाज**=(१) मेहमानो की खातिर करनेवाला। (२) खिलाने पिलाने का शौकीन। **मेहमाननवाजी**=अतिथिसत्कार।

मेहमानदारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] आतिथ्य। अतिथिसत्कार। पहुनाई।

मेहमानी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० मेहमान+ई (प्रत्य०)] १ आतिथ्य। सत्कार। पहुनाई। उ०—मेहमानी करि हरहु श्रम कहा मुदित रिपिराज।—मानस, २।

मुहा०—**मेहमानी करना**=खूब गत बनाना। मारना पीटना। दड देना। (व्यग्य)। उ०—नद महरि की कानि करति हौ नतरु करति मेहमानी।—सूर (शब्द०)।

‡२ मेहमान बनकर रहने का भाव। जैसे,—वह मेहमानी करने गए हैं।

मेहर[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० मेहना या देश०] पत्नी। बीवी। स्त्री।

मेहर[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० मेह्र] मेहरबानी। कृपा। अनुग्रह। दया। उ०—नेक नजर मेहर मीरा बदा मैं तेरा। दादू दरबार तेरे, खूब साहिब येरा।—दादू० बानी, पृ० ६०४।

मेहरबाँ—वि० [फा० मेह्रबाँ] दे० 'मेहरबान'। उ०—गिराया है जमी होकर छुटाया आसमाँ होकर। निकाला दुश्मने जाँ, औ बुलाया मेहरबाँ होकर।—बेला, पृ० ६२।

मेहरबान—वि० [फ़ा० मेह्र+बान] कृपालु। दयालु। अनुग्रह करनेवाला।

विशेष—बडो के सबोधन के लिये अथवा किसी के प्रति आदर दिखलाने के लिये भी इस शब्द का प्रयोग होता है।

मेहरबानगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दे० 'मेहरबानी'।

मेहरबानी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दया। कृपा। अनुग्रह।

क्रि० प्र०—करना।—दिखलाना।—होना।

मेहरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मेहरी] १ स्त्रियो की सी चेष्टावाला। स्त्री प्रकृतिवाला। जनखा। २ स्त्रियो मे रहनेवाला। ३ जुलाहो की चरखी का घेरा।

मेहरा[2]—सज्ञा पुं० [मेहरचद (मूलपुरुष)] खत्रियो की एक जाति।

मेहरा[3]—सज्ञा पुं० [सं० मेघ, प्रा० मेह+हिं० रा (प्रत्य०)] दे० 'मेह'। उ०—उघरे उघरि अब बरसन लाग्यौ अचरज को यह मेहरा।—घनानंद, पृ० ३३९।

मेहराब—सज्ञा स्त्री० [अ०] द्वार के ऊपर अर्धमडलाकार बनाया हुआ भाग। दरवाज के ऊपर का गोल किया हुआ हिस्सा।

विशेष—मेहराब बनाने की रीति प्राचीन हिंदू शिल्प मे प्रचलित न थी। विदेशियो, विशेषत मुसलमानो के द्वारा ही, इस देश मे इसका प्रचार हुआ है।

मेहराबदार—वि० [अ० मेहराब+फ़ा० दार] ऊपर की ओर गोल कटा हुआ (दरवाजा)।

मेहरारू—सज्ञा स्त्री० [स० मेहना अथवा महिला+रू] औरत। स्त्री। महिला।

मेहरिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० मेहर+इया (प्रत्य०)] दे० 'मेहरी'।

मेहरी—संज्ञा स्त्री० [सं० मेदना] १ स्त्री। औरत। २ पत्नी। जोरू। उ०—मेहरिन्ह मेंदुर मेला, चंदन खेवरा देह।—जायसी (शब्द०)।

मेहल—संज्ञा पुं० [देश०] मझोले आकार का एक प्रकार का वृक्ष।

विशेष—यह वृक्ष हिमालय मे काश्मीर से भूटान तक ८००० फुट की ऊँचाई तक पाया जाता है। इसकी पत्तियाँ पाँच छह अंगुल लंबी होती हैं और पुरानी होने पर काली हो जाती हैं। जाड़े मे इसके फल पकते हैं जो खाए जाते हैं। इसकी लकड़ी की छड़ियाँ और हुक्के की निगालियाँ बनती हैं और पत्तियाँ पशुओं के लिये चारे के काम मे आती हैं।

मेहाउर(पु), मेहावरि(पु)†—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'महावर'।

मेहीं†—वि० [हिं० महीन, मिहीन>मेही] महीन। बारीक।

यौ०—मेही मेहीं = महीन महीन। अत्यंत बारीक। उ०—मेही मेही बुकवा पिसावो तो पिय के लगावो हो।—धरम०, पृ० ४८।

मेहु(पु)—संज्ञा पुं० [सं० मेघ] दे० 'मेह'।

मेंद—संज्ञा पुं० [सं० मेन्द] एक दानव का नाम जिसे कृष्ण ने मारा था (को०)।

यौ०—मेंदहा = श्रीकृष्ण का एक नाम।

मैं[1]—सर्व० [सं० मया] सर्वनाम उत्तम पुरुष मे कर्ता का रूप। स्वयं। खुद।

मैं[2]—अव्य० [सं० मध्य] दे० 'मँ'।

मैं(पु)†[1]—अव्य० [सं० मध्ये, पु० हिं० महिं] अधिकरण कारक का चिह्न। दे० 'में'। उ०—विहरत वृंदा विपिन मैं गोपिन संग गोपाल। बिकस हृदै सदा बसौ इहि छवि सों नंदलाल।—सं० सप्तक, पृ० ३४३।

मैंड़†—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'मेंड़'। उ०—नंददास प्रभुनिधि न रुकति री वा बारू की मैंड।—नंद० ग्रं०, पृ० ३८६।

मैंडक†—संज्ञा पुं० [सं० मण्डूक] दे० 'मेंढक'। उ०—तुम्हारी मैंडक की सी टर टर उसके कान तक न पहुँचे इसी में तुम्हारे लिये अच्छा है।—श्रीनिवास ग्रं०, पृ० १०८।

मैंड़ा(पु)—सर्व० [पंजा०] दे० 'मेरा'। उ०—नंद महर दा कुँवर कन्हैया मैंडा जीवन जानी है।—घनानंद, पृ० १७७।

मैंतल—संज्ञा पुं० [हिं० मैनफल] मैनफल। मदनफल।

मैंहल(पु)†—संज्ञा पुं० [अ० महल] उ०—भगति करण करो आरंभ, मैंहल उठै जब थिरि होइ थंभा।—रामानंद०, पृ० ५३।

मै(पु)[1]—अव्य० [सं० मध्य] दे० 'मध्य'। उ०—श्रम रोकर सोवरि देह लसै मनो राशि महातम तारक मैं।—तुलसी (शब्द०)।

मै—संज्ञा स्त्री० [फा०] मदिरा। शराब। उ०—फर्ज को पीते थे मै लेकिन समझते थे कि हाँ। रंग लाएगी हमारी फाकामस्ती एक दिन।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० ४७७।

यौ०—मैकदा = दे० 'मैखाना'। मैकश। मैकशी = दे० 'मैपरस्ती'। मैखाना। मैपरस्त = शराबखोर। शराबी। मैपरस्ती = शराबखोरी। मदिरापान की लत।

मैं[1]—अव्य० [अ०] साथ। सहित। जैसे, मैंबरोमाजरा, मैंसर्न आदि।

मैकश—संज्ञा पुं० [फा०] शराब पीनेवाला। मद्यप।

मैखाना—संज्ञा पुं० [फ़ा० मैखानह्] शराब पीने का स्थान। मधुशाला। उ०—पै हमने तो सीधा साधा उन सारों का मैखाना।—भारतेंदु ग्रं०, भा० १, पृ० ५६३।

मैका।—संज्ञा पुं० [सं० मातृक] दे० 'मायका'। उ०—(क) नेवते गइलि ननदिया मैके मातु। दुखहिनि नारि सवतिया आनि आनु।—रहीम (शब्द०)। (ख) तें मैके ते हम आए। तुम दिए जननी जनक पठाए।—रघुराज (शब्द०)।

मैगनेट—संज्ञा पुं० [अं०] चुंबक पत्थर।

मैगनाकार्टा—संज्ञा पुं० [अं०] वह राजकीय आज्ञापत्र जिसमे राजा की ओर से प्रजाजनों को कोई स्वत्व या अधिकार देने की बात हो। शाही फरमान। (अंगरेजों ने वैयक्तिक और राजनीतिक स्वाधीनता का यह अधिकारपत्र बादशाह जान से सन् १२१५ ई० मे प्राप्त किया था।)

मैगल[1]—संज्ञा पुं० [सं० मदकल] मत्त हाथी। मस्त हाथी। उ०—(क) माधव जू मन सब ही बिधि पोच। अति उनमत्त निरंकुश मैगल चितारहित असोच।—सूर (शब्द०)। (ख) ऐंठति अटति पैठ मध्य मत्त मैगल सी, खाय करि हूँ बल सी लचति लचाक लक।—भुवनेश (शब्द०)। (ग) भक्ति द्वार है साँकरा राई दसवें भाय। मन तो मैगल ह्वै रह्यो कैसे होय समाय।—कबीर (शब्द०)।

मै गल[1]—वि० मत्त। मस्त। (हाथी के लिये)।

मैच[1]—संज्ञा पुं० [अं० मैच] १ किसी प्रकार के गेंद के खेल की अथवा इसी प्रकार के और किसी खेल की बाजी। २ उपयुक्त जोड़ा।

मैच[2]—संज्ञा स्त्री० दियासलाई। माचिस।

यौ०—मैचबाक्स = दियासलाई की डिबिया।

मैजल(पु)†—संज्ञा स्त्री० [अ० मंजिल] १ उतनी दूरी जितना कोई पुरुष एक दिन भर चलकर तै करे। मंजिल। २ सफर। यात्रा। उ०—ग्रीष्म ऋतु पुनि मैजल भारी। पद झलकत झलका जनु वारी।—विश्राम (शब्द०)।

मैजिक - संज्ञा पुं० [अं०] वह अद्भुत खेल या कृत्य जो दर्शकों की दृष्टि और बुद्धि को धोखा देकर किया जाय। जादू का खेल।

मैजिक लालटेन - संज्ञा स्त्री० [अं० मैजिक लैंटर्न] एक प्रकार की लालटेन जिसके आगे शीशे पर बने हुए चित्र इस प्रकार रंगे जाते हैं कि उनकी परछाईं सामने के कपड़े पर पड़ती है, और ये चित्र दर्शकों को उस परदे पर दिखाई देते हैं।

मैटर—संज्ञा पुं० [अ०] १ कागज पर लिखा हुआ कोई विषय जो 'कंपोज' करने के लिये दिया जाय। यह लिखी हुई कापी जो 'कंपोज' करने के लिये दी जाय। जैसे,—पहले कर्मचारी इस कागज का मैटर ठीक कर लें (कंपोजीटर)। २ कंपोज किए हुए टाइप या अक्षर जो छपने के लिये तैयार हों।

जैसे,—प्रेस पर फर्मा कसते हुए एक पेज का मैटर टूट गया। (कंपोजीटर)।

मैटिनी—सज्ञा स्त्री० [अं०] अपराह्नकालीन नाट्याभिनय उ०—एक रोज भाल साहब की साली के साथ मैटिनी (दोपहर) में सिनेमा भी हो आई।—भस्मावृत०, पृ० ३६।

मैडम—सज्ञा स्त्री० [अं०] विवाहिता तथा वृद्धा स्त्री के नाम के आगे लगाया जानेवाला आदरसूचक शब्द। श्रीमती। महाशया। जैसे, मैडम ब्लैवैस्की।

मैड़ीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० मठिका या मण्डपिका, प्रा० मढी] मडई। मड़ैया। छोटा मकान। मढी। उ०—मैंडी महल बावडी छाजा। छाडि गए सब भूपति राजा।—कबीर ग्र०, पृ० १२०।

मैत्र[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ अनुराधा नक्षत्र। २ सूर्यलोक। ३ मलद्वार। गुदा। ४ ब्राह्मण। ५ सूर्योदय के समय के उपरात उससे तीसरा मुहूर्त। ६ प्राचीन काल की एक वर्णसकर जाति ७ मित्र का भाव। मित्रता। दोस्ती। ८ वेद की एक शाखा। ९ बगाली ब्राह्मणों का एक अल्ल (को०)।

मैत्र[2]—वि० मित्र सबधी। मित्र का।

मैत्रक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मित्रता। दोस्ती। २ बौद्ध मदिर का पुजारी (को०)।

मैत्रभ—सज्ञा पुं० [स०] अनुराधा नक्षत्र।

मैत्रायक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का प्रेत।

मैत्रायक्ष्योतिक—सज्ञा पुं० [सं०] मनु के अनुसार एक योनि जिसमे अपने कर्तव्य से भ्रष्ट होनेवाला वैश्य जाता है।

मैत्रायण—सज्ञा पुं० [स०] १ गृह्यसूत्र के प्रणेता एक प्राचीन ऋषि। २ मैत्र नामक वैदिक शाखा।

मैत्रायणि—सज्ञा पुं० [सं०] एक उपनिषद् का नाम।

मैत्रावरुण, मैत्रावरुणि—सज्ञा पुं० [सं०] १ सोलह ऋत्विजो मे से पाँचवाँ ऋत्विज। २ मित्र और वरुण के पुत्र, अगस्त्य।

विशेष—कहते हैं, उर्वशी को देखकर मित्र और वरुण दोनो देवताओ का वीर्य एक जगह स्खलित हो गया था। उसी वीर्य से अगस्त्य और वशिष्ठ इन दो ऋषियो का जन्म हुआ था।

मैत्रि—सज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक आचार्य जिनके नाम पर मैत्र्युपनिषद् की रचना हुई है।

मैत्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] दो व्यक्तियो के बीच का मित्र भाव। मित्रता। दोस्ती।

मैत्रीबल—सज्ञा पुं० [स०] बुद्ध का एक नाम।

विशेष—मैत्री मुदिता आदि योग के चार साधन कर्म हैं, जो बुद्ध को प्राप्त हो गए थे, इसीलिये उनका यह नाम पडा।

मैत्रेय—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक बुद्ध का नाम जो अभी होनेवाले हैं। २ भागवत के अनुसार एक ऋषि का नाम जो पराशर के शिष्य थे और जिनसे विष्णुपुराण कहा गया था। ३ सूर्य। ४ प्राचीन काल की एक वर्णसकर जाति जो वैदेह पिता और अयोगव माता से उत्पन्न कही गई है। इसका काम दिन रात को घडियो को पुकारकर बताना था।

मैत्रेयिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मित्र के साथ युद्ध। मित्रों या दोस्तो के बीच की लडाई (को०)।

मैत्रेयी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ याज्ञवल्क्य की स्त्री का नाम जो ब्रह्मवादिनी और बडी पडिता थी। २ अहल्या का नाम।

मैत्र्य—सज्ञा पु० [स०] मित्रता। दोस्ती।

मैथिल[1]—वि० [स०] १ मिथिला देश का। २ मिथिला सबधी।

मैथिल[2]—सज्ञा पुं० १ मिथिला देश का निवासी। २ राजा जनक का एक नाम।

मैथिललिपि—सज्ञा स्त्री० [सं०] मिथिला देश या प्रात की लिपि।

विशेष—मिथिला (तिरहुत) देश के ब्राह्मणो की लिपि, जिसमे सस्कृत ग्रथ लिखे जाते है, 'मैथिल' कहलाती है। यह लिपि वस्तुत बँगला का किंचित् परिवर्तित रूप ही है और इसका बगला के साथ वैसा ही सबध है जैसा कि कैथी का नागरी से है।—भा० प्रा० लि०, पृ० १३१।

मैथिली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. मिथिला देश के राजा की कन्या, जानकी। सीता। २ मिथिला की भाषा।

मैथुन—सज्ञा पुं० [स०] १. स्त्री के साथ पुरुष का समागम। सभोग। रतिक्रीडा। २ विवाह सस्कार (को०)। ३ अग्न्याधान (को०)।

यौ०—**मैथुनगमन** = सभोग। रतिक्रीडा। **मैथुनज्वर** = कामज्वर। **मैथुनवैराग्य** = रति या सभोग से विरत हो जाना। इद्रियनिग्रह।

मैथुनिक—वि० [सं०] १ मैथुन से सबध रखनेवाला। २ स्त्री और पुरुष अथवा दोनो के आपसी व्यवहार या सपर्क से सबध रखनेवाला (को०)।

मैथुनिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैवाहिक सबध (को०)।

मैथुनीभाव—सज्ञा पु० [स०] सभोग। रतिक्रिया।

मैथुन्य—सज्ञा पुं० [सं०] गाधर्व विवाह।

मैदा—सज्ञा पुं० [फा० मैदह्] बहुत महीन आटा। उ०—नेह मौन छवि मधुरता मैदा रूप मिलाय। बेंचत हलवाई मदन हलुआ सरस बनाय।—रसनिधि (शब्द०)।

मुहा०—**मैदे की लोई** = अत्यत कोमल। मुलायम। (उदर)।

मैदान—सज्ञा पुं० [फा०] १ धरती का वह लबा चौडा विभाग जो समतल हो और जिसमे पहाडी या घाटी आदि न हो। दूर तक फैली हुई सपाट भूमि। उ०—जब कढ़ी कोशल नगर तें मैदान माहिं बरात। तब भयो देवन भोर मानहु सिंधु द्वितिय देखात।—रघुराज (शब्द०)।

मुहा०—**मैदान छोड़ना या करना** = (१) किसी काम के लिये बीच मे कुछ जगह खाली छोडना। (२) मैदान जाना = शौचादि के लिये जाना। (विशेषत बस्ती के बाहर)।

२ वह बडी चौडी भूमि जिसमे कोई खेल खेला जाय अथवा इसी

प्रकार का और कोई प्रतियोगिता या प्रतिद्वंद्विता का काम हो। उ०—(क) चहुँ दिसि आव अलोपत भानू। अब यह गोय यही मैदानू।—जायसी (शब्द०)। (ख) श्री मनमोहन खेलत चौगान। द्वारावती कोट कचन मे रच्यौ रुचिर मैदान।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—मैदान में आना = मुकाबले पर आना। प्रतियोगिता या प्रतिद्वंद्विता के लिये सामने आना। उ०—अग्ग आउ मैदान ज्वान मरदुन मुष जोरहि।—पृ० रा०, ६४।१४०। मैदान में उतरना = कुश्ती के लिये अखाडे मे आना। कार्यक्षेत्र मे आना। मैदान साफ होना = मार्ग में कोई बाधा आदि न होना। मैदान मारना = प्रतियोगिता में जीतना। खेल, बाजी आदि मे जीतना।

३ वह स्थान जहाँ लडाई हो। युद्धक्षेत्र। रणक्षेत्र।

मुहा०—मैदान करना = लडना। युद्ध करना। उ०—जेहि पर चढि करि मैं मैदाना। जीतहुँ सकल वीर बलवाना।—विश्राम (शब्द०)। मैदान छोडना = लडाई के स्थान से हट जाना। मैदान बदना = लडने या बलपरीक्षा के लिये दिन, स्थान नियत करना। मैदान मारना = विजय प्राप्त करना। मैदान हाथ रखना = लडाई मे विजयी होना। जीतना। मैदान होना = युद्ध होना।

४ किसी पदार्थ का विस्तार। ५ रत्न आदि का विस्तार। जवाहिर की लबाई चौडाई। (जौहरी)।

मैदानबाजी—सज्ञा स्त्री० [फा० मैदान + बाज़ी] लडाई। युद्ध। उ०—हम दोनो की जिंदगी के आखिरी साल मैदानबाजी मे गुजरे और आज उसका यह अजाम हुआ।—काया०, पृ० ३३४।

मैदानी—वि० [फा०] १ मैदान से सबधित। मैदान का। उ०—ज्यो मैदानी रूख अकेला डोलिए रे।—कबीर श०, पृ० १२६। २ समतल।

मैदानेजग—सज्ञा पुं० [फा० मैदान + ए + जग] लडाई का मैदान। युद्धक्षेत्र। रणभूमि। उ०—जानिब औरत को मैदानेजग छोड।—कुकुर०, पृ० ४।

मैदा लकड़ी—सज्ञा स्त्री० [सं० मेदा + हिं० लकड़ी] एक प्रकार की जडी जो औषध के काम मे आती है।

विशेष—यह सफेद रग की और बहुत मुलायम होती है। वैद्यक मे इसे मधुर, शीतल, भारी, धातुवर्धक, और पित्त, दाह, ज्वर तथा खाँसी आदि को दूर करनेवाली माना है।

मैन[1]—सज्ञा पुं० [स० मदन, प्रा० मयण, मइण] १ कामदेव। मदन। उ०—(क) जा सँग जागे हौ निसा जासे लागे नैन। जा पग गहि मति मैन भै मैन बिवस सो मैं न।—रामसहाय (शब्द०)। (ख) मैन फिरगी की मनौ छूटन लागी तोप।—ब्रजनिधि ग्र०, पृ० १६। २ मोम। उ०—(क) मैन के दशन कुलिस के मोदक कहत सुनत बौराई।—तुलसी (शब्द०) (ख) मैन वलित नव वसन सुदेश। भिदत नहीं जल ज्यौ उपदेश।—केशव (शब्द०)। (ग) श्याम रँग रँगे रँगीले नैन। धोए छुटत नही यह कैसेहु मिलैं पिघिल ह्वै मैन।—सूर (शब्द०)। ३ राल मे मिलाया हुआ मोम जिससे पीतल या ताँबे की मूर्ति बनानेवाले पहले उसका नमूना बनाते हैं और तब उस नमूने पर से उसका साँचा तैयार करते हैं।

मैन[2]—सज्ञा पुं० [अं०] मनुष्य। पुरुष। जैसे, पुलिस मैन। मशीन मैन।

मैन आफ वार—सज्ञा पुं० [अं०] लडाऊ जहाज। युद्धपोत। लडाकू जहाज।

मैनका—सज्ञा स्त्री० [सं० मेनका] दे० 'मेनका'। उ०—मैन कामिनी के मैनका हू के न रूप रीझे, मैं न काहू के सिखाएँ आनो मन मान री।—मति० ग्र०, पृ० २९३।

मैनकामिनी—संज्ञा स्त्री० [स० मदन, प्रा० मयणी हिं० मैन + कामिनी] कामदेव की स्त्री। रति। उ०—मैन कामिनी के मैनकाहू के न रूप रीझे, मैं न काहू के सिखाए आनो मन मान री।—मतिराम (शब्द०)।

मैनडेट—सज्ञा पुं० [अं०] आदेश। हुक्म। जैसे,—काग्रेस से ऐसा करने का मैनडेट मिला है।

मैनडेटरी—वि० [अं०] जिसमें आदेश हो। आदेशात्मक। जैसे—काग्रेस का वह प्रस्ताव मैनडेटरी है।

मैनफर†—सज्ञा पुं० [स० मदनफल] दे० 'मैनफल'।

मैनफल—सज्ञा पुं० [सं० मदनफल, प्रा० मयणफल] मझोले आकार का एक प्रकार का झाडदार और कँटीला वृक्ष।

विशेष—इस वृक्ष की छाल खाकी रँग की, लकड़ी सफेद अथवा हलके रग की, पत्ते एक से दो इंच तक लबे और अडाकार तथा देखने मे चिडचिडे के पत्तो के समान, फूल पीलापन लिए सफेद रग के पाँच पखडियोवाले और दो या तीन एक साथ होते हैं। इसमे अखरोट की तरह के एक प्रकार के फल लगते है जो पकने पर कुछ पीलापन लिए सफेद रग के होते हैं। इसकी छाल और फल का व्यवहार औषधि के रूप मे होता है।

२ इस वृक्ष का फल जिसमे दो दल होते हैं और जिसके बीज बिहीदाने के समान चिपटे होते हैं।

विशेष—इस फल का गूदा पीलापन लिए लाल रग का और स्वाद कड़ुवा होता है। इस फल को प्राय मछुवे लोग पीसकर पानी में डाल देते है, जिससे सब मछलियाँ एकत्र होकर एक ही जगह पर आ जाती है और तब वे उन्हे सहज मे पकड लेते है। यदि ये फल वर्षा ऋतु मे अन्न की राशि मे रख दिए जाँय, तो उसमे कीडे नही लगते। वमन कराने के लिये मैनफल बहुत अच्छा समझा जाता है। वैद्यक मे इसे मधुर, कड़ुवा, हलका, गरम, वमनकारक, रूखा, भेदक, चरपरा, तथा विद्रधि, जुकाम, घाव, कफ, आनाह, सूजन, त्वचारोग, विषविकार, बवासीर और ज्वर का नाशक माना है।

मैनमयⓊ—वि० [सं० मदन, हिं० मैन+मय] कामातुर। कामेच्छा से युक्त। उ०—नैन सुख दैन, मन मैनमय लेखियो।—केशव (शब्द०)।

मैनर†—संज्ञा पुं० [हिं० मैनफर] दे० 'मैनफल'।

मैनशिल—संज्ञा पुं० [स० मन शिला] दे० 'मैनसिल'।

मैनसिल—संज्ञा पुं० [स० मन शिला] एक प्रकार की धातु जो मिट्टी की तरह पीली होती है और जो नेपाल के पहाडो में बहुतायत से होती है।

विशेष—वैद्यक मे इसे शोधकर अनेक प्रकार के रोगो पर काम मे लाते हैं और इसे गुरु, वर्णकर, सारक, उष्णवीर्य, कटु, तिक्त, स्निग्ध और विष, श्वास, कुष्ठ, ज्वर, पाडु, कफ तथा रक्तदोष-नाशक मानते हैं।

पर्या०—मनोज्ञा। नागजिह्वा। नैपाली। शिला। कल्याणिका। रोगशिला। गोजा। दिव्यौषधी। कुनटी। मनोगुप्ता।

मैनस्क्रिप्ट—संज्ञा पुं० [अं०] वह पुस्तक या कागज जो हाथ या कलम से लिखा हुआ हो, छपा हुआ न हो। हस्तलिखित प्रति। पाडुलिपि। मूल हस्तलेख। हस्तलेख।

मैना[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० मदना, प्रा० मयणा] काले रग का एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी चोच पीली या नारगी रग की होती है और जो सिखाने से मनुष्य की सी बोली बोलने लगती है। यह इसी बोली के लिये प्रसिद्ध है। मदनशलाका। सारिका। सारी।

मैना[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० मेनका] पार्वती जी की माता, मेनका।

मैना[3]—संज्ञा पुं० [देश०] १ एक जाति जो राजपूताने मे पाई जाती है और 'मीना' कहलाती है। उ०—(क) कुच उतग गिरिवर गह्यो मैना मैन मवास।—बिहारी (शब्द०)। (ख) सुकवि गुलाब कहै अधिक उपाधिकारी मैना मारि मारि करे अखिल अभूत काज।—गुलाब (शब्द०)।

मैनाक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार एक पर्वत का नाम जो हिमालय का पुत्र माना जाता है। कहते हैं, इद्र से डरकर यह पर्वत समुद्र मे जा छिपा था, इस कारण यह अब तक सपक्ष है। लका जाते समय समुद्र की आज्ञा से इसने हनुमान जी को आश्रय देना चाहा था। उ०—सिंधु वचन सुनि कान तुरत उठ्यो मैनाक तब।—तुलसी (शब्द०)।

पर्या०—हिरण्यनाभ। सुनाभ। हिमवत् सुत।

२ हिमालय की एक ऊँची चोटी का नाम। ३ एक दानव।

मैनाकस्वसा—संज्ञा स्त्री० [सं० मैनाकस्वसृ] पार्वती [को०]।

मैनाल—संज्ञा पुं० [स०] मछुवा [को०]।

मैनावली—संज्ञा स्त्री० [स०] एक वर्णवृत्त जिसका प्रत्येक चरण चार तगण का होता है।

मैनिक—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'मैनाल [को०]।

मैनिफेस्टो—संज्ञा पुं० [अं०] किसी व्यक्ति, सस्था या सरकार का किसी सार्वजनिक विषय, नीति अथवा कार्य पर अभिमत वक्तव्य या घोषणा। वक्तव्य। जैसे,—देश के कितने ही प्रमुख नेताओ ने एक मैनिफेस्टो निकाला है, जिसमे सरकार की वर्तमान दमन नीति की निंदा की गई है, और लोगो से कहा गया है कि वे इसके विरुद्ध जोरो का आदोलन करें।

मैनेजर—संज्ञा पुं० [अं०] प्रबधक। व्यवस्थापक। उ०—मैनेजर और बडे साहब को सलूट देते हैं।—फूलो०, पृ० २४।

मैमतⓊ†—वि० [स० मदमत्त] १ मदोन्मत्त। मतवाला। उ०—कुभ लसत दोउ गज मैमत।—(शब्द०)। २ अहकारी। अभिमानी। उ०—(क) वारि बैस गई प्रीति न जानी। तरुन भई मैमंत भुलानी।—जायसी (शब्द०)। (ख) अरी खबरि मैमत वचन बोलत जो अनेरो।—सूर (शब्द०)।

मैमत[1]—वि० [स० मदमत्त] दे० 'मैमंत'।

मैमतⓊ[2]—संज्ञा स्त्री० [स० ममत्व] ममता।

मैया—संज्ञा स्त्री० [सं० मातृका, प्रा० मातृआ, माइआ] माता। माँ। उ०—कहन लागे मोहन मैया मैया।—सूर (शब्द०)।

मैयार†[1]—संज्ञा पुं० [हिं० मटियार] एक प्रकार की मटियार जमीन जो बहुत खराब होती है।

मैयार[2]—संज्ञा पुं० [अ०] पाठ्यक्रम। कोर्स।

मैर†[1]—संज्ञा पुं० [देश०] सोनारो की एक जाति।

मैर[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० मृदर, प्रा० मिअर (=क्षणिक)] साँप के विष की लहर। उ०—तोहि बजे विष जाइ चढि आइ जात मन मैर। बसी तेरे बैर को घर घर सुनियत घैर।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) खेलि कै फागु भली विधि सो तन सो दृग देखिए मैर मढी सो।—(शब्द०)।

मैरा—संज्ञा पुं० [स० मयर, प्रा० मयड] खेतो में वह छाया हुआ मचान जिसपर बैठकर किसान लोग अपने खेतो की रक्षा करते हैं।

मैरीन[1]—संज्ञा पुं० [अं०] १ वह सैनिक जो लडाऊ जहाज पर काम करता हो। २ किसी देश या राष्ट्र की समस्त नौसेना। नौ-सेना। जलसेना। जैसे, रायल मैरीन। ३ किसी देश के समस्त जहाज।

मैरीन[2]—वि० समुद्र सबधी। जल सबधी। नौसेना सबधी। जैसे, मैरीन कोर्ट।

मैरेय—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मदिरा। शराब। २ गुड और धो के फूल की बनी हुई एक प्रकार की प्राचीन काल की मदिरा। ३ एक मे मिला हुआ आसव और मद्य जिसमे ऊपर से शहद भी मिला दिया गया हो।

मैलद—संज्ञा पु० [स० मैलिन्द, प्रा० मलिद] भ्रमर। भौंरा।

मैला†[1]—वि० [सं० मलिन, प्रा० मइल] मलिन। मैला। विशेष दे० 'मैला'।

मैल[1]—संज्ञा पुं० १ गर्द, धूल, किट्ट आदि जिसके पडने या जमने से किसी वस्तु की शोभा या चमक दमक नष्ट हो जाती है। मलिन करनेवाली वस्तु। मल। गदगी। जैसे,—(क) घडी के पुरजो

मे बहुत मैल जम गई है। (ख) आँख या कान आदि मे मैल न जमने देनी चाहिए।

यौ०—मैलखोरा।

मुहा०—हाथ की मैल = तुच्छ वस्तु, जिसे जब चाहे तब प्राप्त कर लें। जैसे,—रुपया पैसा हाथ की मैल है।

२. दोष। विकार। जैसे—मन मैल मिटे, तन तेज बढे, करे भग अग को मोटा। (गीत)।

मुहा०—मन मे मैल रखना = मन में किसी प्रकार का दुर्भाव या वैमनस्य आदि रखना।

मैल[1]—सज्ञा पुं० [देश०] फीलवानो का एक सकेत जिसका व्यवहार हाथी को चलाने मे होता है।

मैलखोरा[1]—वि० [हिं० मैल + फा० खोर (= खानेवाला)] (रग आदि) जिसपर जमी हुई मैल जल्दी दिखाई न दे। मैल को छिपा लेनेवाला (रग)। जैसे—काला या खाकी रग मैलखोरा होता है।

मैलखोरा[2]—सज्ञा पुं० १ वह वस्त्र जो शरीर की मैल से शेष कपडो की रक्षा करने के लिये अदर पहना जाय। जैसे गजी, कमीज आदि। २ काठी या जीन के नीचे रखा जानेवाला नमदा। ३ साबुन।

मैला[1]—वि० [स० मलिन, प्रा० मइल] १ जिसपर मैल जमी हो। जिसपर गर्द, धूल या कीट आदि हो। जिसकी चमक दमक मारी गई हो। मलिन। अस्वच्छ। साफ का उलटा।

यौ०—मैला कुचैला।

२ विकारयुक्त। सदोष। दूषित। ३ गदा। दुर्गधयुक्त।

मैला[2]—सज्ञा पुं० [सं० मल] गलीज। गू। विष्ठा। २ कूडाकर्कट। ३. दे० मैल'।

मैलाकुचैला—वि० [हिं० मैला + स० कुचैल (= गंदा वस्त्र)] १ जो बहुत मैले कपडे पहने हुए हो। २ बहुत मैला। गदा।

मैलापन—सज्ञा पुं० [हिं० मैला + पन (प्रत्य०)] मैला होने का भाव। मलिनता। गदापन।

मैलेयक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का हीन वा साधारण रत्न [को०]।

मैवार[1]—वि० [देश० मै + वार] मद वा अहकार से युक्त। घमंडी। उ०—देवा आहव आगमे, माहव का मैवार।—रा० रू०, पृ० १३७।

मैवास—सज्ञा पु० [हिं० मवासा] दे० 'मवासा'। उ०—गए पर्वत वक मैवास भार।—ह० रासो, पृ० ६८।

मैशिनरी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १. किसी यत्र या कल के पुर्जे। २. यत्र। कल। मशीन।

मैहमाँ—सज्ञा स्त्री० [स० महिमन्] दे० 'महिमा'। उ०—साह कसौटी के नाह मर जान तहीं की मैहमाँ ओ मन मे रहे जावै।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३५६।

मैहर[1]—सज्ञा पुं० हिं० मही (= मट्ठा)] वह तलछट जो घी वा मक्खन को गरम करने पर नीचे बैठ जाती है। घी वा मक्खन तपाने से निकला हुआ मट्ठा।

मैहर[2]—सज्ञा पुं० [सं० मातृगृह] दे० 'नैहर'।

मैहर[3]—सज्ञा स्त्री० विवाह के अवसर पर किया जानेवाला मातृका-पूजन आदि कृत्य।

मैहर[4]—सज्ञा पुं० मध्यप्रदेश मे रीवाँ राज्यातर्गत एक प्रसिद्ध स्थान।

विशेष—यहाँ भगवती दुर्गा की एक अतिप्राचीन और प्रसिद्ध मूर्ति है। लोग दूर दूर से उसका दर्शन करने आते है। चदेलो की यह कुलदेवी भी कही गई हैं। राजा परमाल के प्रमुख सामंत वीर आल्हा और ऊदल इनके उपासक थे। आज भी यह कहा जाता है कि अमर आल्हा भगवती का रात्रि को पूजन करता है।

मैहल, मैहैल—सज्ञा पु० [अ० महल] महल। आवास। उ०—(क) रिपी मन्न मैहल्ल भोजन कज्जी।—पृ० रा०, २।२४३। (ख) रग मैहैल सकेत सुगल करि, टहलन करो गहेनी।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३८६।

मों[1]—अव्य० [सं० स्मिन्] दे० 'मे'। उ०—तनपोषक नारि नरा सिगरे। परनिंदक ते जग मो बगरे।—तुलसी (शब्द०)।

मों[2]—सर्व० [सं० मय्यम्] खडी बोली के 'मुझ' के समान ब्रज और अवधी मे 'मैं' का वह रूप जो उसे कर्ताकारक के अतिरिक्त और किसी कारक का चिह्न लगने के पहले प्राप्त होता है। जैसे, मयु मोको, मोपै, इत्यादि। उ०—(क) साहिब की आग्या है मोऊँ।—रामानंद०, पृ० २६। (ख) काँपी भौंह पुहुप पर दखे। जनु मसि गहन तैस मोहि लेखे।—जायसी ग्र०, पृ० १४३।

मोंगरा—सज्ञा पुं० [स० मुद्गर] [स्त्री० मोगरी] काठ का बना हुआ एक प्रकार का हथौडा जिससे मेख इत्यादि ठोकी जाती है।

मोंगरा[2]—सज्ञा पुं० १ दे० 'मोगरा'। २ दे० 'मुंगरा'।

मोंगला—सज्ञा पुं० [देश०] मध्यम श्रेणी का और साधारणत बाजार मे मिलनेवाला केसर। वि० दे० 'केसर'।

मोंछ—सज्ञा पुं० [हिं० मोछ] दे० 'मूंछ'। उ०—देखिए इसको मोंछ का रेख आ रहा है।—मैला० पृ० १३०।

मोंछ—सज्ञा स्त्री० [सं० श्मश्रु] दे० 'मूछ'। उ०—इसके सहारे स्वदेश तक श्रीमान् मोंछो पर ताव देते चले जा सकते हैं।—बालमुकुद गुप्त (शब्द०)।

मोंडीकाटा—वि० [हिं० मूड़ी + काटना] स्त्रियो द्वारा पुरुषों के लिये प्रयुक्त एक गाली। उ०—मुए तलपट की सब गुनकर भलाई, मोंडीकाटे को मैं लिखन चलाई।—दक्खिनी, पृ० २५१।

मोंढा—सज्ञा पुं० [सं० मूर्द्धा, मूर्द्धक (= आधार)] १ बाँस, सरकडे या बेंत का बना हुआ एक प्रकार का ऊँचा गोलाकार आसन जो प्राय तरपाई न मिलना जुलता होता है। २ बाहु के जोड के पास का बना हुआ घेरा। कंधा।

यौ०—सीना मोंढा = छाती और कधा।

मो—सर्व [सं० मम] १ मेरा। उ०—मो सपति यदुपति सदा विपति विदारनहार।—बिहारी (शब्द०)। २ अवधी और

ब्रजभाषा मे 'मैं' का वह रूप जो उसे कर्ताकारक के अतिरिक्त और किसी कारक का चिह्न लगने के पहले प्राप्त होता है। जैसे, मोकों, मोमो, इत्यादि।

मोअज्जिज—वि० [अ० मुअज्जिज़] प्रतिष्ठित। इज्जतदार। उ०—मोअज्जिज हुए खाक खाकी हुए।—कबीर म०, पृ० १३०।

मोई[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोना] घी मे सना हुआ आटा जो छींट की छपाई के लिये काला रग बनाने मे कसीस और घी के फूलो के काढ़े मे डाला जाता है।

मोई[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की जडी जो मारवाड देश मे होती है। कही कही इसे 'ग्वालिया' भी कहते हैं।

मोक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] केंचुल [को०]।

मोक[2]†—सज्ञा पु० [सं० मोक्ष, प्रा० मोक्ख] मुक्ति। छूटना। उ०—ताकहँ कहा मोक हम जाना। जो शरीर के रूप भुलाना।—इद्रा०, पृ० १५६।

मोकदमा‡—सज्ञा पु० [अ० मुकदमह्] दे० 'मुकदमा'।

मोकना†—क्रि० स० [सं० मुक्त, हिं० मुकना] १ छोडना। परित्याग करना। उ०—कपित स्वास त्रास अति मोकति ज्यो मृग केहरि कोर।—सूर (शब्द०)। २. क्षिप्त करना। फेंकना। उ०—ठाढ्यो तहाँ एक बालै विलोक्यो। रोक्यो नही जोर नाराच मोक्यो।—केशव (शब्द०)।

मोकल—वि० [सं० मुक्त, हिं० मुकना] छूटा हुआ। जो बँधा न हो। आजाद। स्वच्छंद। उ०—(क) जोवन जरब महा रूप के गरब गति मदन के मद मदमोकल मतग की।—मतिराम (शब्द०)। (ख) गोकुल मे मोकल फिरै गली गली गज प्रेम। ऊधो ह्याँ ते जाउ लै तुम अपनो सब नेम।—रसनिधि (शब्द०)।

मोकलनाⓊ†—क्रि० स० [स० मुक्त, हिं० मुकना] छोडना। भेजना। उ०—चिहुँ दिसि मौता मोकल्या, पड पड रा आविया राई। बी० रासो, पृ० १०।

मोकला[1]†—वि० [स० मुक्त, हिं० मोकल] १ अधिक चौडा। कुशादा। २ खुला हुआ। छुटा हुआ। स्वच्छद। उ०—कबिरा सोई सूरमा जिन पाँचो राखे चूर। जिनके पाँचो मोकले तिनसूँ साहेब दूर।—कबीर (शब्द०)।

मोकला[2]†—सज्ञा पु० अधिकता। बहुतायत। ज्यादती। जैसे,—वहाँ तो पशुओं के लिये चारे पानी का बडा मोकला है।

मोका[1]—सज्ञा पु० [देश०] मदरास, मध्य भारत और कुमायूँ के जगलो में होनेवाला एक प्रकार का वृक्ष। गेठा।

विशेष—इस वृक्ष के पत्ते प्रतिवर्ष झड जाते हैं। इसकी लकडी कडी और सफेदी लिए भूरे रग की होती है और आरायशी सामान बनाने के काम आती है। खरादने पर इसकी लकडी बहुत चिकनी निकलती है और इसके ऊपर रग और रोगन अधिक खिलता है। इसकी लकडी न तो फटती है, न टेढी होती है। यह वृक्ष वर्षा ऋतु मे बीजों से उगता है। इसे गेठा भी कहते हैं।

मोका[2]†—सज्ञा पु० १ दे० 'मोखा'। २. दे० 'मौका'।

मोकाम†—सज्ञा पुं० [फा० मुकाम] दे० 'मुकाम'। उ०—दरगह मे पीर मोकाम सदा, एक सग रहो छोडो दिल दाई।—कबीर० रे०, पृ० ४१।

मोक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी प्रकार के बधन से छूट जाना। मोचन। छुटकारा। २ शास्त्रो और पुराणो के अनुसार जीव का जन्म और मरण के बधन से छूट जाना। आवागमन से रहित हो जाना। मुक्ति। नजात।

विशेष—हमारे यहाँ दर्शनों मे कहा गया है कि जीव अज्ञान के कारण ही बार बार जन्म लेता और मरता है। इस जन्ममरण के बधन से छूट जाने का ही नाम मोक्ष है। जब मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर लेता है, तब फिर उसे इस ससार मे आकर जन्म लेने की आवश्यकता नही होती। शास्त्रकारो ने जीवन के चार उद्देश्य बतलाए हैं—धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष। इनमे से मोक्ष परम अभीष्ट अथवा परम पुरुषार्थ कहा गया है। मोक्ष की प्राप्ति का उपाय आत्मतत्व या ब्रह्मतत्व का साक्षात् करना बतलाया गया है। न्यायदर्शन के अनुसार दुःख का आत्यंतिक नाश ही मुक्ति या मोक्ष है। साख्य के मत से तीनों प्रकार के तापों का समूल नाश ही मुक्ति या मोक्ष है। वेदात मे पूर्ण आत्मज्ञान द्वारा मायासबध से रहित होकर अपने शुद्ध ब्रह्मस्वरूप का बोध प्राप्त करना मोक्ष है। तात्पर्य यह है कि सब प्रकार के सुख दुःख और मोह आदि का छूट जाना ही मोक्ष है। मोक्ष की कल्पना स्वर्ग नरक आदि की कल्पना से पीछे की और उसकी अपेक्षा विशेष सस्कृत तथा परिमार्जित है। स्वर्ग की कल्पना मे यह आवश्यक है कि मनुष्य अपने किए हुए पुण्य वा शुभ कर्म का फल भोगने के उपरांत फिर इस ससार मे आकर जन्म ले, इसमे उसे फिर अनेक प्रकार के कष्ट भोगने पड़ेंगे। पर मोक्ष की कल्पना में यह बात नही है। मोक्ष मिल जाने पर जीव सदा के लिये सब प्रकार के बधनों और कष्टो आदि से छूट जाता है।

३ मृत्यु। मौत। ४. पतन। गिरना। ५. पाँडर का वृक्ष। ६. छोडना। फेकना। जैसे, बाणमोक्ष (को०)। ७ ढीला या बधनमुक्त करना। जैसे, वेणीमोक्ष, नीवीमोक्ष (को०)। ८ नीचे गिराना या बहाना। जैसे, बाष्पमोक्ष, अश्रुमोक्ष (को०)।

मोक्षक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मोखा नामक वृक्ष। २. मोक्ष करने या देनेवाला। वह जो मोक्ष करता हो।

मोक्षण—सज्ञा पुं० [स०] [वि० मोक्षणीय मोक्षित, मोक्ष्य] १. मोक्ष देने की क्रिया। २. छोडना। मुक्त करना। ३. क्षेपण (को०)। ४. गिराना (को०)।

मोक्षद—वि० सज्ञा पुं० [सं०] मोक्ष देनेवाला। मोक्षदाता।

मोक्षदा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ अगहन सुदी एकादशी तिथि।

मोक्षदा[2]—वि० स्त्री० मोक्ष देनेवाली।

मोक्षदात्री—वि० स्त्री० [सं०] मोक्ष देनेवाली।

मोक्षदायिनी—वि० स्त्री० [स०] दे० 'मोक्षदात्री' [को०]।

मोक्षदेव—संज्ञा पु० [सं०] चीनी यात्री ह्वेनसांग का भारतीय नाम [को०]।

मोक्षद्वार—संज्ञा पुं० [स०] १ सूर्य। २ काशी तीर्थ।

मोक्षधर्म—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत शांतिपर्व का एक अंश [को०]।

मोक्षपति—संज्ञा पुं० [स०] ताल के मुख्य साठ भेदों में से एक। इसमें १६ गुरु, ३२ लघु, और ६४ द्रुत मात्राएँ होती हैं।

मोक्षपुरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] काशी पुरी का एक नाम [को०]।

मोक्षविद्या—संज्ञा स्त्री० [स०] वेदांत शास्त्र।

मोक्षशास्त्र—संज्ञा पु० [स०] आध्यात्मविद्या।

मोक्षशिला—संज्ञा स्त्री० [सं०] जैन मतानुसार वह लोक जहाँ जैन धर्मावलंबी साधु पुरुष मोक्ष का सुख भोगते हैं। स्वर्ग। उ०—ज्यों घटनाश भए घट व्योम समान भयो पुनि है नभ माँही। त्यों मुनि मुक्ति जहाँ वपु छाडत सुंदर मोक्षशिला कहुँ काहीं।—सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ६३२।

मोक्षसाधन—संज्ञा पु० [सं०] जिससे मोक्ष प्राप्त हो। मोक्ष का उपाय वा साधन [को०]।

मोक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मोक्षदा'।

मोक्षी—संज्ञा स्त्री० [स० मोक्षिन्] १ मोक्ष पाने का इच्छुक। २. मुक्त [को०]।

मोक्ष्य—वि० [सं०] जो मोक्ष के योग्य हो। मोक्ष का अधिकारी।

मोख(पु)[1]—संज्ञा पु० [स० मोक्ष, प्रा० मोक्ख] १ दे० 'मोक्ष'। मुक्ति। उ०—(क) मोहू दीजै मोख ज्यौं अनेक अधमन दियो। —बिहारी (शब्द०)। २ छुटकारा। बंधनमुक्ति। उ०—रानी धर्म सार पुनि साजा। बंदि मोख जेहि पावहि राजा।—जायसी (शब्द०)।

मोखा[1]—संज्ञा पु० [स० मुख] दीवार आदि में बना हुआ छेद जिसके द्वारा धूआँ निकलता है और प्रकाश तथा वायु आती है। छोटी खिड़की। झरोखा। उ०—(क) मोखा और झरोखा लखि लखि दृग दोउ बरसत।—व्यास (शब्द०)। (ख) जाली झरोखों मोखों से धूप की सुगंध आय रही है।—लल्लूलाल (शब्द०)।

मोखा[2]—संज्ञा पु० [स० मुष्क] एक वृक्ष। दे० 'मुष्क'।

मोगरा—संज्ञा पु० [स० मुद्गर] १ एक प्रकार का बहुत बढ़िया और बड़ा बेला का पुष्प। उ०—मंजुल मौलसिरी मागरा मधु-मालती कै गजरा गुहि राखै।—(शब्द०)। २ दे० 'मागरा'।

मोगल—संज्ञा पुं० [तु० मुगल, फ़ा० मुग़ल] दे० 'मुगल'।

मोगली[1]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक जंगली वृक्ष जो गुजरात में अधिकता से पाया जाता है और जिसकी छाल चमड़ा सिझाने के काम में आती है।

मोगली[2]—वि० [फ़ा० मुग़ल] मुगल संबंधी। मुगलों का। उ०—काबुल गए पिया मोर गाए बालैं मोगली बानो। आव आव कहतैं मार गइलैं, खटिया तर है पानी।

मोगी—संज्ञा स्त्री० [देश०] राजपूताने की एक जाति का नाम। उ०—सरदारों को चाहिए कि वे चारों, डकैतों, बोरियों, बावरियों, मोगियों और बागियों को आश्रय न दें।—राज० इति०, पृ० १०६५।

मोघ[1]—वि० [सं०] निष्फल। व्यर्थ। चूकनेवाला। उ०—पै यह वैष्णव धनु की सायक। कबहुँ न मोघ होन के लायक।—रघुराज (शब्द०)।

मोघ[2]—संज्ञा पुं० घेरा। बाड़। बाटा [को०]।

मोघकर्मा—वि० [स० मोघकर्मन्] निरर्थक काम में लगा हुआ [को०]।

मोघपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [स०] बंध्या स्त्री [को०]।

मोघा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ पाटल का फूल। २ बिजौरा [को०]।

मोघिया—संज्ञा स्त्री० [देश०] वह मोटी, मजबूत और अधिक चौड़ी नरिया जो खपरैली छाजन में बँडेरे पर मँगरा बाँधने में काम आती है।

मोघोली—संज्ञा पुं० [स०] प्राचीर। परकोटा।

माघ्य—संज्ञा पु० [स०] विफलता। अकृतकार्यता। नाकामयाबी।

मोच[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ सेमल का पेड़। २ केला। २ पाडर का पेड़। ४ शोभाजन वृक्ष (को०)।

मोच[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] शरीर के किसी अंग के जोड़ की नस का अपने स्थान से इधर उधर खिसक जाना। चोट या आघात आदि के कारण जोड़ पर की नस का अपने स्थान से हट जाना (इसमें वह स्थान सूज जाता है और उसमें बहुत पीड़ा होती है) जैसे,—उनके पाँव में मोच आ गई है।

मोचक—संज्ञा पु० [स०] १. छुड़ानेवाला। २ सेमल का पेड़। ३ केला। ४ मुक्ति। मोक्ष (को०)। ५ विषय वासना से मुक्त संन्यासी। ६ एक प्रकार का उपानह (को०)।

मोचन—संज्ञा पु० [सं०] १. बंधन आदि से छुड़ाना। छुटकारा देना। मुक्त करना। २ रिहा करना। बंधन आदि खोलना। छुड़ाना। ३ दूर करना। हटाना। जैसे, संकटमोचन, पाप-मोचन, पिशाचमोचन। ४ रहित करना। ले लेना। जैसे, वस्त्रमोचन।

मोचना[1]—क्रि० स० [सं० मोचन] १ छोड़ना। २. गिराना। बहाना। उ०—(क) सोच मति करै मति माँच आनू बिनायक, कहै रघुनाथ मातपथ भूप रंका का।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) सरसीरुह लोचन माचत नीर चितै रघुनायक सीय पै लै। —तुलसी (शब्द०)। ३ छुड़ाना। मुक्त करना। उ०—अब तिनक बंधन माचहिंगे।—सूर (शब्द०)।

मोचना[2]—संज्ञा पुं० [सं० मोचन] [स्त्री० मोचनी] १. नाहारा का वह औजार जिससे वे लोहे के छोटे छोटे टुकड़े उखाड़ते हैं। २ हजामों का वह औजार जिससे वे बाल उखाड़ते हैं।

मोचनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कँटकारी। भटकटैया [को०]।

मोचयिता—वि० [सं० मोचयितृ] मोचन करनेवाला। छुटकारा दिलानेवाला [को०]।

मोचरस—संज्ञा पुं० [सं०] सेमल वृक्ष का गोंद । सेमर का गोंद ।

मोचा संज्ञा स्त्री० [सं०] १ केला । २ सेमल वृक्ष (को०) । ३. नीली वा नील का पौधा (को०) । ४. सहिजन । मोभाजन (को०) ।

मोचाट—संज्ञा पुं० [सं०] १ केला । २ केले की पेरी के बीच का कोमल भाग । केले का गाभ । ३ चंदन (को०) । ४ कृष्ण जीरक । काला जीरा (को०) ।

मोचिक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो उपानह बनाता हो । मोची (को०) ।

मोचिनि—संज्ञा स्त्री० [सं०] मोची की स्त्री । उ०—मोचिनि बदन सँकोचिनि हीरा मांगन हो ।—तुलसी ग्रं०, पृ० ४ ।

मोचिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पाई का पौधा ।

मोची[1]—संज्ञा पुं० [सं० मुञ्चक या फा० मोजा' (=जूता)+ई (प्रत्य०) (=चमड़ा) छुड़ाना] चमड़े का काम बनानेवाला । वह जो जूते आदि बनाने का व्यवसाय करता हो ।

मोची[2]—वि० [सं० मोचिन्] [वि० स्त्री० मोचिनी] १. छुड़ानेवाला । २ दूर करनेवाला ।

मोची[3]—संज्ञा स्त्री० [सं०] हिलमोचिका शाक (को०) ।

मोच्छⓅ—संज्ञा पुं० [सं० मोक्ष] दे० 'मोक्ष' ।

मोछ[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मूछ' ।

मोछⓅ[2]—संज्ञा पुं० [सं० मोक्ष] दे० 'मोक्ष' । उ०—नाहिं पट भरि सोवही जानहिं अठात न मोछ ।—भीखा० ग्रं०, पृ० ६४ ।

मोजⓅ—संज्ञा स्त्री० [अ० मौज] दे० 'मौज' । उ०—रोगग्रस्त होने से अत समय मुख से प्रगगवश वा जैसे मोज आई, कह डाली ।—सुदर० ग्रं० (जी०), भा० १, पृ० १२५ ।

मोजड़ी†—संज्ञा स्त्री० [अप०, देशी] उपानह । जूती । पादत्राणिका । उ०—(क) खूटइ जीन न मोजडी कटया नही केकाण । माजनियां सालइ नही नालइ आही ठांण ।—ढोला०, दू० ३७५ । (ख) छुट तिहि बेर मतग पेल देखन कौं धायौ, एक मोजरी मद्धि पनग फन आनि लुकायौ ।—पृ० रा०, १।५०६ ।

मोजरा†—संज्ञा पुं० [अ० मुजरा] दे० 'मुजरा' । उ०—लेत मोजरा सबहि को जहँ लौं जीव जहान ।—धरनी० बानी, पृ० ५६ ।

मोजा—संज्ञा पुं० [फा० मोज़ह्] १ पैरों मे पहनने का एक प्रकार का बुना हुआ कपडा जिसमे पैर के तलवे से लेकर पिंडली या घुटने तक ढक जाते हैं । पायताबा । जुर्राब । २. पैर मे पिंडली के नीचे का वह भाग जो गिट्टे के आस पास और उसके कुछ ऊपर होता है । ३ कुश्ती का एक पेंच । इसमे जब खिलाड़ी अपने विपक्षी की पीठ पर होता है, तब एक हाथ उसके पेट के नीचे से ले जाकर उसकी बगल मे जमाता है और दूसरे हाथ से उसका मोजा या पिंडली के नीचे का भाग पकडकर उसे उलट देता है ।

मोजा[2]—संज्ञा पुं० [देशी०] उपानह । जूता । उ०—फिरि राय आय हेवर चढ्यो पहरत मोजे पग डस्यौ । भवितव्य बात आघात गति इतनी कहि राजन हस्यौ ।—पृ० रा०, १।५०६ ।

मोट[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० मोट (=गट्ठर)] दे० मोटरी । गठरी । मोटरी । उ०—(क) जाय मोट सिर बाकि आनि तुम कत धौं रोप उतारी ।—सूर (शब्द०) । (ख) नट न मोल जानिय मनि टूटी सुरतन की गाट । सुख करिए चारी करनि चारी पल सराट ।—बिहारी (शब्द०) । (ग) नाम ओट लेत ही निपट होत खोटे खरे, खोट बिनु मोट पाय भयो न निहाल को ।—तुलसी (शब्द०) ।

मोट[2]—संज्ञा पुं० चमड़े का बना थैला जिसके द्वारा सिंचाई के लिये कुएँ से पानी निकाला जाता है । चरसा । पुर । उ०—गगति छोडि पूजै अगियारा । उबट मोट नरक की धारा ।—कबीर (शब्द०) ।

मोटⓅ[1]—वि० [सं० मोटा] १ जो बारीक न हो । मोटा । २ कम मान का । साधारण । उ०—पुनि पहिरन पट मोट पुराना । पिय हिय भावै सो सुख माना ।—तुलसी (शब्द०) । वि० दे० 'मोटा' ।

यौ०—मोट भर=गठरी भर । बहुत ज्यादा । उ०—लाखै कहा गँवार मोट भर बोझ सिताबी ।—पलटू०, पृ० १४ ।

मोटक—संज्ञा पुं० [सं०] त्रिभुजक्षेत्र मे समकोण बनानेवाला दूसरा तिर्यक् भुजाक्ष जिसके मूल और अग्रभाग एक ओर रहते हैं । यह त्रिभुज न निम्न होता है और त्रिभुजक्षेत्र मे ही प्रयुक्त है ।

मोटकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी का नाम ।

मोटन—संज्ञा पुं० [सं०] १ वायु । हवा । २ मलना, रगड़ना या पीसना ।

मोटनक—संज्ञा पुं० [सं०] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे एक तगण दो जगण और अंत में एक एक लघु गुरु वर्ण मिलाकर ११ अक्षर होते हैं । जैसे, —श्याम दरस मन मगन भए । दिगपाल गयदन दीन लखे । बाप्यो दल दूनर नाग बयो । माह सुर औरन कौन गने ।—केशव (शब्द०) ।

मोटर—संज्ञा पुं० [अं०] १ एक विशेष प्रकार का कल या यत्र जिसमे किसी दूसरे यत्र आदि का संचालन किया जाता है । चलानेवाला यंत्र । २. एक प्रकार की प्रसिद्ध छोटी गाड़ी जो इस प्रकार के यत्र की सहायता से चलती है । मोटरकार ।

विशेष—इस गाड़ी मे तेल आदि की सहायता से चलनेवाला एक इंजिन लगा रहता है जिसका संबंध उसके पहियों से होता है । जब यह इंजिन चलाया जाता है तब उसकी सहायता से गाड़ी चलने लगती है । यह गाड़ी प्राय सवारी और बोझ ढोने अथवा खींचने के काम में आती है ।

यौ०—मोटर कार=छोटी मोटर गाड़ी । मोटर । हवागाड़ी । उ० एक मोटर कार द्वार पर आकर रुकी ।—गबन, पृ० ११ । मोटर गाड़ी=मोटरकार । मोटर ड्राइवर=मोटर गाड़ी चलानेवाला । मोटर बोट=मोटर इंजन से चलनेवाली नाव । मोटर साइकिल=मोटर यंत्र से चलनेवाली साइकिल ।

मोटरी—संज्ञा स्त्री० [सं० मोट (बाँधना), तेलुगु मूटा (=गठरी)] गठरी । उ०—(क) आश्रम बरन कलि बिबस, बिकल भए,

निज निज मरजाद मोटरी सी डार दी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) अमृत केरी मोटरी सिर से धरी उतारि।—कबीर (शब्द०)।

मोटा[1]—वि० [सं० मुष्ट (= मोटा ताजा आदमी) या हिं० मोट] [वि० स्त्री० मोटी] १ जिसके शरीर मे आवश्यकता से अधिक मास हो। जिसका शरीर चरबी आदि के कारण बहुत फूल गया हो। दुबला का उलटा। स्थूल शरीरवाला। जैसे, मोटा आदमी, मोटा बदन। ⓢ† २. श्रेष्ठ। वरिष्ठ। उ०—अगज अनुज सहोदर जोरी, गौर श्याम गूथै सिर चोटा। नददास बलि बलि इहि मूरति लीला ललित सबहि विधि मोटा।—नद० ग्रं०, पृ० ३४१।

यो०—**मोटा ताजा या मोटा झोटा** = (१) स्थूल शरीरवाला। (२) जिसकी एक ओर की सतह दूसरी ओर की सतह से अधिक दूरी पर हो। पतला का उलटा। दबीज। दलदार। गाढा। जैसे, मोटा कागज, मोटा कपडा, मोटा तख्ता। ३ जिसका घेरा या मान आदि साधारण से अधिक हो। जैसे, मोटा डडा, मोटा छड, मोटी कलम।

मुहा०—**मोटा असामी** = जिसके पास अधिक धन हो। अमीर। **मोटा भाग** = सौभाग्य। खुशकिस्मती। उ०—सहज संतोषहि पाइए दादू मोटे भाग।—दादू (शब्द०)। (ख) सूरदास प्रभु मुदित जसोदा भाग बडे करमन की मोटी।—सूर (शब्द०)।

४ जो खूब चूर्ण न हुआ हो। जिसके कण खूब महीन न हो गए हो। दरदरा। जैसे,—यह आटा मोटा है। ५. बढिया या सूक्ष्म का उलटा। निम्न कोटि का। घटिया। खराब। जैसे, मोटा अनाज, मोटा कपडा, मोटी अकल। उ०—भूमि सयन पट मोट पुराना।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तुम जानति राधा है छोटी। चतुराई अँग अग भरी है, पूरण ज्ञान न बुद्धि की मोटी —सूर (शब्द०)।

मुहा० **मोटा झोटा** = घटिया। खराब। **मोटी बात** = साधारण बात। मामूला बात। **मोटे हिसाब से** = अदाज से। अटकल से। बिल्कुल ठीक ठीक नही। **मोटे तौर पर** = बहुत सूक्ष्म विचार के अनुसार नही। स्थूल रूप से।

६ जो देखने मे भला न जान पडे। भद्दा। बेडौल। उ०—हरि कर राजत माखन रोटी। मनु वारिज ससि बैर जानि कै गह्यो सुधा ससुधौटी। मेली सजि मुख अंबुज भीतर उपजी उपमा मोटी। मनु वराह भूधर सह पुहुमी धरी दसन की कोटी। —सूर०, १०।१६४।

मुहा०—**मोटी चुनाई** = बिना गढे हुए बेडौल पत्थरो की जोडाई। **मोटी भूल** = भद्दी या भारी भूल।

७ साधारण से अधिक। भारी या कठिन। जैसे, मोटी मार, मोटी हानि, मोटा खर्च। उ०—(क) बदौ खल मल रूप जे काम भक्त अघ खानि। पर दुख सोई सुख जिन्हें पर सुख मोटी हानि।—विश्राम (शब्द०)। (ख) दुर्बल को न सताइए जाकी मोटी हाय। बिना जीव की स्वाँस से लोह भसम ह्वै जाय। —कबीर (शब्द०)। (ग) नारि नर आरत पुकारत सुनै न कोऊ, काहू देवननि मिलि मोटी मूठ मार दी।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—**मोटा दिखाई देना** = आँख की ज्योति मे कमी होना। कम दिखाई देना। केवल मोटी चीजें दिखाई देना।

८ घमडी। अहकारी। अभिमानी। उ०—मोटो दसकध मो न दूसरो विभीषण सो बूझि परी रावरे की प्रेम पराधीनता। —तुलसी (शब्द०)।

मोटा[1]—सज्ञा पु० मरवाँ जमीन। मार।

मोटा†[3]—सज्ञा पुं० [हिं० मोट] बोझ गठ्ठर।

मोटा[4]—सज्ञा स्त्री० [स०] बला। बरियारा नाम का क्षुप। विशेष दे० 'बरियारा' [को०]।

मोटाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोटा + ई (प्रत्य०)] १ मोटे होने का भाव। स्थूलता। पीवरता। २ शरारत। पाजीपन। बदमाशी। उ०—डगर डगर मे चलहु कन्हाई समुझि न लागै बहुत मोटाई। —रघुनाथदास (शब्द०)।

मुहा०—**मोटाई उतरना** = शेखी किरकिरी होना। दुरुस्त होना। पाजीपन छूटना। **मोटाई चढ़ना** = पाजी, बदमाश या घमडी होना। **मोटाई झाड़ना** = (१) शरारत दूर होना। बदमाशी छूटना। (२) घमड न रह जाना। ऐंठ निकल जाना।

मोटाना[1]—क्रि० अ० [हिं० मोटा + आना (प्रत्य०)] १. मोटा होना। स्थूलकाय हो जाना। २ अहकारी हो जाना। अभिमानी होना। ३ धनवान् हो जाना।

मोटाना[2]—क्रि० स० दूसरे को मोटा करना। दूसरे को मोटे होने मे सहायता देना।

मोटापन—सज्ञा पुं० [हिं० मोटा + पन (प्रत्य०)] मोटाई। स्थूलता।

मोटापा—सज्ञा पुं० [हिं० मोटा + पा (प्रत्य०)] मोटे होने का भाव मोटापन। मोटाई।

मोटिया[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मोटा + इया (प्रत्य०)] मोटा और खुरखुरा देशी कपडा। गाढा। गजी। खद्दड। सल्लम। जैसे,—वे मोटिया पहिनना ही अधिक पसद करते हैं।

मोटिया[2]—सज्ञा पुं० [हिं० मोट (= बोझ) + इया (प्रत्य०)] बोझ ढोनेवाला कुली। मजदूर। उ०—मोटियो को भाडे के कपडे पहनाकर तिलगा बनाते हैं।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

मोट्टायित—सज्ञा पुं० [सं०] साहित्य मे एक हाव जिसमे नायिका अपने आतरिक प्रेम को कटु भाषण आदि द्वारा छिपाने की चेष्टा करने पर भी छिपा नही सकती।

विशेष—केशवदास ने लिखा है कि स्तभ, रोमाच आदि सात्विक भावो को बुद्धिबल से रोकने को 'मोट्टायित' हाव कहते है।

मोठ—सज्ञा स्त्री० [स० मकुष्ठ, प्रा० मउट्ठ] मूँग की तरह का एक प्रकार का मोटा अन्न, जो बनमूँग भी कहा जाता है। मोट। मुगानी। मोथी। बनमूँग।

विशेष—यह प्राय सारे भारत मे होता है। इसकी बोआई ग्रीष्म

ऋतु के अंत या वर्षा के आरंभ में और कटाई खरीफ की फसल के साथ जाड़े के आरंभ में होती है। यह बहुत ही साधारण कोटि की भूमि में भी बहुत अच्छी तरह होता है। और प्रायः बाजरे के साथ बोया जाता है। अधिक वर्षा से यह खराब हो जाता है। इसकी फलियों में जो दाने निकलते हैं, उनकी दाल बनती है। यह दाल साधारण दालों की भाँति खाई जाती है, और मंदाग्नि अथवा ज्वर में पथ्य की भाँति भी दी जाती है। वैद्यक में इसे गरम, कसैली, मधुर, शीतल, मलरोधक, पथ्य, रुचिकारी, हलकी, वादी, कृमिजनक, तथा रक्तपित्त, कफ, वात, गुदकील, वायुगोले, ज्वर, दाह और क्षयरोग की नाशक माना है। इसकी जड़ मादक और विषैली होती है।

मोठस—वि० [सं० √मृष>मृष्ट (=जाने देना)] मौन। चुप। उ०—मोठस कै रघुनाथ रहौ बिनु मोठस कीन्हें ते जीवे को भै है।—रघुनाथ (शब्द०)।

मोड़[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुड़ना] १ सामने आदि घूम जाने का स्थान। एक ओर फिर जाने का स्थान। वह स्थान जहाँ से किसी ओर को मुड़ा जाय। उ०—आज बड़े लाट अमुक मोड़ पर वेष बदले एक गरीब काले आदमी से बातें कर रहे थे।—बालमुकुंद गुप्त (शब्द०)। २ घुमाव या मुड़ने की क्रिया। ३. घुमाव या मुड़ने का भाव। ४ कुछ दूर तक गई हुई वस्तु में वह स्थान जहाँ से वह कोना या घुमाव डालती हुई दूसरी ओर फिरी हो।

मोड[2]—संज्ञा पुं० [सं० मुकुट, प्रा० मउड, हिं० मोड] मौर। उ०—पाई ककण सिर बधीयो मोड। प्रथम पयाडउ दूरग चितोड। रासो, पृ० १२।

मोड़तोड़—संज्ञा पुं० [हिं० मोड़+अनु० तोड़] मार्ग में पड़नेवाला घुमाव फिराव। चक्कर।

मोड़ना—क्रि० स० [हिं० मुड़ना का प्रेर० रूप०] १ फेरना। लौटाना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

मुहा०—मुख मोड़ना, मुहँ मोड़ना = (१) किसी काम के करने में आनाकानी करना। आगा पीछा करना। रुकना। (२) विमुख होना। पराङ्मुख होना। उ०—खान पान असनान भोग तजि मुख नहिं मोडत।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २३३।

२ किसी फैली हुई सतह का कुछ अंश समेटकर एक तह के ऊपर दूसरी तह करना। जैसे,—(क) चादर का कोना मोड दो। (ख) कागज किनारे पर मोड दो। ३ किसी छड़ की सी सीधी वस्तु का कुछ अंश दूसरी ओर फेरना। ४ दिशा परिवर्तन करना। दिशा बदलना। ५ धार भुथरी करना। कुंठित करना। जैसे, धार मोड़ना।

मोड़ना तोड़ना—क्रि० स० [हिं० मोड़ना+तोड़ना] नष्ट भ्रष्ट करना। काम लायक न रहने देना। नष्ट करना। मरोड़ना। उ०—अब तो मोड़ तोड़ तुम डारा, राम राम कहो झूठ पसारा।—घट०, पृ० २२७।

मोड़ा—संज्ञा पुं० [सं० मुण्ड, मि० प० मुडा (=लड़का)] [स्त्री० मोड़ी] लड़का। बालक।

मोड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मुड़ना या सं०] १ मराठी या गुजराती लिखने की लिपि। २ दक्षिण भारत की एक लिपि जिसमें प्रायः मराठी भाषा लिखी जाती है।

विशेष—इस लिपि की उत्पत्ति के विषय में कुछ लोगों का कहना है कि हेमाद्रि पंडित ने इसको लंका से लाकर महाराष्ट्र देश में प्रचलित किया। किंतु शिवाजी के पहले इसके प्रचार का कोई पता नहीं चलता। शिवाजी द्वारा राजकीय लिपि के रूप में स्वीकृत नागरी लिपि को शीघ्रता के साथ लिखने योग्य बनाने के विचार से शिवाजी के 'चिटनिस' (मंत्री, सेक्रेटरी) बालाजी अवाजी ने इसके अक्षरों को मोड़ (या मरोड़) कर एक नई लिपि तैयार की। जिसे 'मोड़ी' कहते हैं (इं० भा० आ० लि०, पृ० १३१—१३०)।

मोड़ो[1]—क्रि० वि० [सं०। सं० मन्दम् ?] देर में। विलंब से। उ०—ढोला, मोटा आविसइ, मत थाजाएण देस।—ढोला०, दू० ४४३।

मोढा—संज्ञा पुं० [हिं०] १. दे० 'मोढ़ा'। मुँडेरा। परछत्ता। बारजा। उ०—इधर भी माडे पर बैठनेवाली और गलियों में मारी मारी फिरनेवाली, इस दुर्दीन में लज्जा से मुँह छिपती है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३७७।

मोण—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूपा। छाज। २. कुंभीर। मगर। ३ मछली। ४ बाँस या सींक का बना हुआ टकरनदार टोकरा। झाबा। पिटारा। मोना।

मोत[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० मृत्यु] दे० 'मौत'। उ०—तेगा नीत माथा में सजोरी सी बताई। जैसो श्याम पाजी फतैपुर कै मोत पाई।—शिवर०, पृ० ७१।

मोतदिल—वि० [अ० मातदिल] १ जो न बहुत गरम और न बहुत सर्द हो। शीत और उष्णता आदि के विचार से मध्यम अवस्था का।

विशेष इस शब्द का व्यवहार प्रायः औषधि या जलवायु आदि के लिये होता है।

२ मध्यम। दरमियानी (को०)। ३ जिसमें कोई बात आवश्यकता से कम वा अधिक न हो। संतुलित (को०)।

मोतबर—वि० [अ०] १ विश्वास करने योग्य। जिसपर विश्वास किया जा सके। २. जिसपर विश्वास किया जाता हो। विश्वासपात्र।

मोतबिर—वि० [अ० मोतबर] दे० 'मोतबर'। उ०—उन वक्त उनका कोई मोतबिर आदमी उसके खयाल बमूजिब अपनी जाग गर्ज बिना उनकी राय से मिलती हुई बात कहे तो उस बात का सुननेवाले के दिल में पूरा असर होता है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३१।

मोतबरी—संज्ञा स्त्री० [अ० मोतबर+ई (प्रत्य०)] विश्वासपात्रता। विश्वसनीयता।

मोतमद—वि० [अ० मोतमद] भरोसे का। विश्वासपात्र।

मोताद—संज्ञा पुं० [अ० मोताद] पूरी मात्रा। पूरी खुराक (को०)।

मोति—संज्ञा पुं० [सं० मौक्तिक] दे० 'मोती'। उ०—नैन हरहि

मोति और मूँगा ।—जायसी ग्र०, (गुप्त), पृ० २०४ ।

मोतियदाम—सज्ञा पुं० [स० मौक्तिकदाम, प्रा० मोतियदाम] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे चार जगण होते हैं । जैसे,—भजौ रघुनाथ धरे धनु हाथ । विराजत कठ सु मोतियदाम ।

मोतिया[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मोती + इया (प्रत्य०)] १ एक प्रकार का बेला जिसकी कली मोती के समान गोल होती है । २. एक प्रकार का सलमा जिसके दाने गोल होते है और जो जरदोजो के काम मे किनारे किनारे टाँका जाता है । ३. रूसा नाम की घास, जब तक वह थोडी अवस्था की और नीलापन लिए रहती है । ४. एक चिडिया जिसका रग मोती का सा होता है ।

मोतिया[2]—वि० १ हलका गुलाबी, वा पीले और गुलाबी रग के मेल का (रग) । २ छोटे गोल दानो का वा छोटी गोल कडियो का । जैसे, मोतिया सिकडी । ३ मोती सबधी । मोती का ।

मोतियाबिद—सज्ञा पुं० [हिं० मोतिया + स० बिन्दु] आँख का एक रोग जिसमे उसके एक पर्दे मे गोल झिल्ली सी पड जाती है, जिसके कारण आँख से दिखाई नही पडता ।

मोती[1]—सज्ञा पुं० [सं० मौक्तिक, प्रा० मोत्तिअ] १ एक प्रसिद्ध बहुमूल्य रत्न जो छिछले समुद्रो में अथवा रेतीले तटो के पास सीपी मे से निकलता है ।

विशेष—समुद्र मे अनेक प्रकार के ऐसे छोटे छोटे जीव होते हैं, जो अपने ऊपर एक प्रकार का आवरण बनाकर रहते हैं । इस आवरण को प्राय सीप और उन जीवो को सीपी कहते हैं । कभी कभी ऐसा होता है कि बालू का कण या कोई बहुत छोटा जीव सीप मे प्रवेश कर जाता है, जिसके कारण सीपी के शरीर मे एक प्रकार का प्रदाह उत्पन्न होने लगता है । उस प्रदाह को शात करने के लिये सीपी अनेक प्रयत्न करती है पर जब उसे सफलता नही होती, तब वह अपने शरीर मे से एक प्रकार का सफेद, चिकना और लसीला पदार्थ निकालकर बालू के उस कण अथवा जीव को चारो ओर से ढकने लगती है, जो अत मे मोती का रूप धारण कर लेता है । तात्पर्य यह कि मोती की सृष्टि किसी स्वाभाविक प्रक्रिया के अनुसार नही होती, बल्कि अस्वाभाविक रूप मे होती है, और इसीलिये बहुत दिनो तक लोग यह समझते थे कि मोती की उत्पत्ति सीपी मे किसी प्रकार का रोग होने से होती है । हमारे यहाँ प्राचीन काल मे यह माना जाता था कि स्वाती की वर्षा के समय सीपी मुँह खोलकर समुद्र के ऊपर आ जाया करती है, और जब स्वाती की बूँद उसमे पडती है, तब मोती उत्पन्न होता है ।

साधारण मोती सुडौल और गोल होता है, पर कुछ मोती लबोतरे, टेढे मेढे या बेडौल होते हैं । मोती का रग मटमैला, धूमिल, काला या कुछ हरापन अथवा नीलापन लिए हुए होता है, पर साफ करने पर वह खूब सफेद हो जाता है और उसमे एक विशेष प्रकार की 'आब' या चमक आ जाती है । मोती जितना बडा या सुडौल होता है उसका मूल्य भी उतना ही अधिक होता है । यो तो मोती ससार के अनेक भागो मे पाए जाते हैं, पर लका, फारस की खाडी तथा आस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट के मोती बहुत अच्छे समझे जाते हैं । इसके अतिरिक्त पनामा के पीले मोती तथा कैलिफोर्निया की खाडी के काले और भूरे मोती भी बहुत अच्छे होते हैं । मोती प्राय तौल के हिसाब से बिकते हैं, पर अन्यान्य रत्नो की भाँति मोती की दर भी उसके भार की वृद्धि के अनुसार बहुत बढती जाती है । उदाहरणार्थ यदि एक चौ के मोती का दाम ५०) होगा, तो उसी प्रकार के दो चौ के मोती का दाम २००) और पाँच चौ के मोती दाम १२५०) या इससे भी अधिक हो जाएगा ।

भारतवर्ष मे मोती का व्यवहार बहुत प्राचीन काल से चला आता है । धनवान् लोग इसकी प्राय मालाएँ बनवाते हैं, और इन्हे अगूँठियो तथा दूसरे आभूषणो मे जडवाते हैं । इसका व्यवहार वैद्यक मे औषध रूप मे भी होता है; और प्राय: वैद्य लोग इसका भस्म तैयार करते है । वैद्यक में मोती को शीतवीर्य शुक्रवर्धक, आँखो के लिये हितकारी और शरीर को पुष्ट करनेवाला माना है । हमारे यहाँ प्राचीन ग्रथो मे यह भी कहा गया है कि सीपी और शख आदि के अतिरिक्त हाथी, साँप, मछली, मेढक, सूअर, बाँस और बादल तक मे मोती होते हैं, और इनको प्राप्त करनेवाला बहुत सौभाग्यशाली कहा गया है । इन सब मोतियो के अलग अलग गुण भी बतलाए गए हैं, पर ऐसे मोती कभी किसी के देखने मे नही आते ।

मुहा०—मोती गरजना = मोती मे बाल पड जाना । मोती चटकना या कडक जाना । **मोती ढलकाना** = रोना (व्यग्य) । **मोती पिरोना** = (१) बहुत ही सुदर और प्रिय भाषण करना । (२) बहुत ही सुदर और स्पष्ट अक्षर लिखना । (३) रोना (व्यग्य) । (४) कोई बारीक काम करना । **मोती बींधना** = (१) मोती को पिरोए जाने के योग्य बनाने के लिये उसके बीच मे छेद करना । (२) कुमारी का कौमार्य भग करना । योनि का क्षत करना । (बाजारू) । **मोती रोलना** = बिना परिश्रम अथवा थोडे परिश्रम से बहुत अधिक धन कमाना या प्राप्त करना । **मोतियों के मोल पडना** = बहुत मँहगा पडना । उ०—किंतु यह फल बकरियो और खच्चरो पर लादकर रेल तक पहुँचाने मे मोती के मोल पडेंगे, उन्हे कौन खरीदेगा ।—किन्नर०, पृ० ११ । **मोतियों से माँग भरना** = माँग मे मोती पिरोना । **मोतियों से मुँह भरना** = प्रसन्न होकर किसी को बहुत अधिक धन सपत्ति देना ।

पर्या०—मौक्तिक । शौक्तिक । मुक्ता । मुक्ताफल ।

२ कसेरो का एक औजार जिससे वे नक्काशी करते समय मोती की सी आकृति बनाते हैं ।

मोती[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० मौक्तिकी] बाती जिसमे बडे बडे मोती पडे रहते हैं । उ०—छोटी छोटी मोती कान छोटे कठुला त्यो कठ छोटे से विजायठ कटक दुति मोटे हैं ।—रघुराज (शब्द०) ।

मोतीचूर—सज्ञा पुं० [हिं० मोती + चूर] १. मोती की तरह छोटी बुँदियो का लड्डू ।

यौ०—मोतीचूर आँख = गोल छोटी उभरी हुई चमकदार आँख। (जैसी कबूतर की होती है)।

२ एक प्रकार का धान जिसकी फसल अगहन मे तैयार होती है। ३ कुश्ती का एक पेंच जिसमे प्रतिद्वंद्वी के बाएँ पैर को अपने दाहिने पैर मे फँसाकर और हाथ से उसका गला लपेटकर उसे चित्त कर देते हैं।

मोतीज्वर—संज्ञा पुं० [हिं० मोती + सं० ज्वर] चेचक निकलने के पहले आनेवाला ज्वर।

मोतीझरा†, मोतीझिरा—संज्ञा पुं० [हिं० मोती + झिरा (=ज्वर)] छोटी शीतला का रोग। मोतिया माता निकलने का रोग। मथर ज्वर। मोतीमाती।

मोतीफल—संज्ञा पुं० [सं० मुक्ताफल] दे० 'मुक्ताफल'। उ०—कोऊ मोतीफल कोऊ वास रस पय पान, कोऊ पौन पीवत भरत पेट भार कौ।—सुदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ४२६।

मोतीबेल—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोतिया + बेल] बेले का वह भेद जिसे मोतिया कहते हैं। मोतिया बेला। उ०—मोतीबेल कैसे फूल मोतिन के भूषन सुचीर गुलचाँदनी सी चपक की डारी सी।—देव (शब्द०)।

मोतीभात—संज्ञा पुं० [हिं० मोती + भात] एक विशेष प्रकार का भात। उ०—परस्यो ओदन विविध प्रकारा। मोतीभात सुनाम उचारा। केसरि भात नाम ससिभातू। कनकभात पुनि विमल विभातू।—रघुराज (शब्द०)।

मोतीलाडू—संज्ञा पुं० [हिं० मोती + लड्डू] मोतीचूर का लड्डू। उ०—दूनी बहुत पकावन साधे। मोतीलाडू खेरौरा बाँधे।—जायसी (शब्द०)।

मोतीसिरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० मोती + सं० श्री] मोतियो की कठी। मोतियो की माला। उ०—तोरि मोतीसिरी गुप्त करि धर्‌यो कहुँ एहि मिस सकुचि रही मुख न बोलै।—सूर (शब्द०)।

मोतीहारि†—संज्ञा पुं० [सं० मुक्ताफल, प्रा० मुत्ताहल > मोताहल] दे० 'मुक्ताफल'। उ०—सउ सहमे एकोतरे सिरि मोतीहरि सुध्ध। नदी निवासउ उत्तरइ आणू एक अविध। ढोला०, दू० ३३०।

मोत्याहल†—संज्ञा पुं० [सं० मुक्ताफल] मुक्ति रूपी फल। मुक्ति। उ०—अवधू अहूँठ परवत मझार, वेलडी माह्यौ विस्तार। वेली फूल, वेला फल वेली अछे मोत्याहल।—गोरख०, पृ० ११८।

मोथरा†—वि० [हिं० भुथरा] जिसकी धार तेज न हो। कुठित। गोठिल। कुद। उ०—भयो अबहुँ नहिं मोथरो मोर उदड कुठार। उपज्यो अमरप दून अब करौं सकुल सहार।—रघुराज (शब्द०)।

मोथा—संज्ञा पुं० [सं० मुस्तक, प्रा० मुत्थअ] १ नागरमोथा नामक घास। मुस्ता। उ०—शूकर वृद ढहर मे जाई। खोद निडर मोथा जर खाई।—शकुतला, पृ० ३३। २ उपर्युक्त नागरमोथा घास की जड जो ओषधि की भाँति प्रयुक्त होती है। उ०—मोथा नीम चिरायत बासा। पीतपापरा पित हरै नासा।—इद्रा०, पृ० १५१।

विशेष—यह तृण जलाशयो मे होता है। इसकी पत्तियाँ मुख की पत्तियो की तरह लबी लबी और गहरे हरे रग की होती हैं। इसकी जड़ें बहुत मोटी होती हैं, जिन्हें भूनकर खाते हैं।

मोद—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० मोदी] १. आनद। हर्ष। प्रसन्नता। खुशी। २ पाँच भगण, एक मगण, एक नगण, और एक गुरु वर्ण का एक वर्णवृत्त। जैसे,—भे नर मे सिगर गुण अर्जुन जाहिर भूपालौ। जानाने। ज्योंहि स्वयवर मे मछरी दइ वेध सभा गा द्रौपदी आने। ३ सुगध। महक। खुशबू।

मोदक'—संज्ञा पुं० [सं०] १ लड्डू। (मिठाई)। २ औषध आदि का बना हुआ लड्डू। जैसे,—मदनानंद मोदक। ३ गुड। ४ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे चार भगण होते हैं। जैसे,—(क) भा लहु पार कु भी निधि रावन। तो गहु राम पदै नित पावन। आय धरै प्रभु लै चरनोदक। भूख लगे न भागै मन मोदक। —छदप्रभाकर (शब्द०)। (ख) काहू कहूँ शर आसर मारिय। आरत शब्द अकाश पुकारिय। रावण के यह कान परयो जब। छोडि स्वयवर जात भयो तब। —केशव (शब्द०)। ५ एक वर्णसकर जाति जिसकी उत्पत्ति क्षत्रिय पिता और शूद्रा माता से मानी जाती है।

मोदक'—[वि० स्त्री० मोदका, मोदकी] मोद या आनद देनेवाला। आनददायक।

मोदककार—संज्ञा पुं० [सं०] हलवाई।

मोदकर'—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन मुनि का नाम।

मोदकर'—वि० आनददायक। मोदजनक।

मोदकवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] मोदक जिन्हे प्रिय है, गणेश [को०]।

मोदकिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] मिठाई [को०]।

मोदकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की गदा। उ०—शिखरी ह्यौ मोदकी गदा युग दीपति भरी सदाई। —रघुराज (शब्द०)। (ख) श्री लव वीर उदड पुनि गदा मोदकी मारि। वीर विभीषण असुर कहँ दिया भूमि पै डारि। —रघुराज (शब्द०)। २. मूर्वा।

मोदन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० मोदनीय, मोदित] १ मुदित करना। प्रसन्न करना। २ सुगधि फैलाना। महकाना। ३ मोम (को०)। ४ आनद। मोद। हर्ष (को०)।

मोदनाⓊ**'**—क्रि० अ० [सं० मोदन] १. प्रसन्न होगा। खुश होना। आनंदित होना। २. सुगधि फैलना। महकना। उ०—फूल फलि तरु फूल बढ़ावत। मोदत महा मोद उपजावत।—केशव (शब्द०)।

मोदना—क्रि० स० प्रसन्न करना। खुश करना। उ०—तुलसी सरिस अजान मान रिस पूरो हियरा। तऊ गोद लेइ पोंछि चूमि मुख मोदत जियरा।—सुधाकर (शब्द०)।

मोदमोदिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] जामुन। जबूफल [को०]।

मोदयंतिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **मोदयन्तिका**] एक प्रकार की चमेली की लता और उसका फूल [को०]।

मोदयती—सज्ञा स्त्री० [स० **मोदयन्ती**] दे० 'मोदयतिका' [को०]।

मोदवती—सज्ञा स्त्री० [स० **मोदवती**] वनमल्लिका। जगली चमेली।

मोदा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ अजमोदा। वन अजवाइन। २. नेमल का वृक्ष।

मोदाक—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक वृक्ष का नाम।

मोदाकर वि० [स० **मोद** + **आकर**] हर्षजनक। आनदपूर्ण। आनद मोद की खान। उ०—मोदाकर गोदावरी विपिन सुखद सब काल।—तुलसी ग्र०, भा०, २ पृ० ७६।

मोदाकी—सज्ञा पुं० [स० **मोदाकिन्**] महाभारत के अनुसार एक पर्वत का नाम।

मोदाख्य—सज्ञा पुं० [सं०] आम का पेड।

मोदाढया—सज्ञा स्त्री० [सं०] अजमोदा। वन अजवाइन।

मोदाद्रि—सज्ञा पुं० [स०] मुँगेर के पास के एक पर्वत का पौराणिक नाम।

मोदित[1]—सज्ञा पुं० [स०] आनद। हर्ष। प्रसन्नता [को०]।

मोदित[2]—वि० हर्षित। आनदित। प्रसन्न। उ०—गध मद मोदित पुर, नदन आनद गमन।—बेला, पृ० ७२।

मोदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ अजमोदा। २. जूही। ३. कस्तूरी। ४ मदिरा। ५ चमेली।

मोदी[1]—सज्ञा पुं० [सं० **मोदक** (= लड्डू बनानेवाला) अथवा अ० **मद्अ** (= जिंस, रसद)] १. आटा, दाल, चावल आदि बेचनेवाला बनिया। भोजन सामग्री देनेवाला बनिया। परचूनिया। उ०—(क) माया मेरे राम की मोदी सब ससार। जाकी चौठी ऊतरी सोई खरचनहार।—कबीर (शब्द०)। (ख) मदन के मोद भरी जोबन प्रमोद भरी मोदी की बहू की दुति देखे दिन दूनी सी। चूनरी सुरग अग ईगुर के रग देव बठी परचूनी की दुकान पर चूनी सी।—देव (शब्द०)। (ग) है अन्नपूरणा मोदी। दे सबै अहारै सोदी।—विश्राम (शब्द०)। २. वह जिसका काम नौकरो को भरती करना हो।

मोदी[2]—वि० [सं० **मोदिन्**][वि० स्त्री० **मोदिनी**] मोद करनेवाला। आनदी [को०]।

मोदीखाना—सज्ञा पुं० [हिं० **मोदी** + फा० **खानह्**] अन्नादि रखने का घर। भडार। गोदाम।

मोधक—सज्ञा पुं० [स० **मोदक** (= एक वर्णसकर जाति)] मछली पकडनेवाला। धीवर। मछुआ। उ०—एक मीन के भक्त कियो तब हरि रखवारी कीन्ही। सोई मत्स्य पकरि मोधुक ने जाय असुर को दीन्ही।—सूर (शब्द०)।

मोधू†—वि० [सं० **मुग्ध**, प्रा० **मुद्ध मुद्ध**] बेवकूफ। मूर्ख। भोदू। उ०—विदूषक-मित्र यो मोधू बनकर बैठने से क्या होगा? कुछ उपाय करना चाहिए।—बालमुकुंद गुप्त (शब्द०)।

मोन[1]—सज्ञा पुं० [सं० **मोण**] दे० 'मोना'[2]। उ०—मानहुं रतन मोन दुइ मूँदे।—जायसी (शब्द०)।

मोन[2]—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'मौन'। उ०—चित्र दिपात सु चित्रनी मोन बिलग्गिय बाह।—पृ० रा०, ५७।८३।

मोनशेनयर—सज्ञा पुं० [फ्रें०] फ्रास मे प्रिंस, पादरी तथा प्रतिष्ठित लोगो के नाम के आगे लगनेवाला समानसूचक शब्द। श्रीमान्।

मोनस—सज्ञा पुं० [स०] एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम।

मोनाⓊ†[1]—क्रि० स० [हिं० **मोयन**] भिगोना। तर करना। उ०—(क) कह्यौ राम तँह भरत सों काके बालक दोइ। मोर चरित गावत मधुर सुर सयुत रस मोइ।—विश्राम (शब्द)। (ख) नेह मोइ रस रेसमहिं गाँठ दई हित जोर। चाहत हैं गुरुजन तिन्हैं अनख नखन सो छोर।—रसनिधि (शब्द०)। (ग) तुलसी मुदित मातु सुत गति लखि विथकी है ग्वालि मैन मन मोए।—तुलसी (शब्द०)।

मोना[2]—सज्ञा पुं० [स० **मोण**] बाँस, मूँज आदि का ढक्कनदार डला। झावा। पिटारा।

मोनाल—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का महोख पक्षी जो शिमले के आस पास बहुत पाया जाता है। इसे 'नील मोर' भी कहते है।

मोनिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मोना** + **इया** (प्रत्य०)] बाँस या मूँज की बनी हुई पिटारी। छोटा मोना।

मोनीⓊ—वि० [स० **मौनी**] दे० 'मौनी'। उ०—मोनी मन का मारै मानु।—प्राण०, पृ० ६३।

मोनोग्राम—सज्ञा पुं० [अं०] दो या तीन अक्षरो के सयोग से बना हुआ किसी नाम का सक्षिप्त रूप।

मोनोटाइप मशीन—सज्ञा स्त्री० [अं०] कपोज करनेवाली एक प्रकार की मशीन जिसमे एक एक अक्षर ढलता और कपोज होता चलता है।

मोनोप्लेन—सज्ञा पुं० [अं०] एरोप्लेन या वायुयान का एक भेद। एक पखवाला वायुयान।

मोपला—सज्ञा पुं० [देश०] मुसलमानो की एक जाति जो मदरास मे पाई जाती है।

मोम—सज्ञा पुं० [फ्रा० **मोम**] १ वह चिकना और नरम पदार्थ जिससे शहद की मक्खियाँ अपना छत्ता बनाती है। मधुमक्खी के छत्तो का उपकरण।

विशेष—मोम प्राय पीले रग का होता है और इसमे से शहद की सी गध आती है। साफ करने पर इसका रग सफेद हो जाता है। यह बहुत थोडी गरमी से गल या पिघल जाता है, और कोमल होने के कारण थोडे से दबाव द्वारा भी, गीली मिट्टी या आटे आदि की भाँति, अनेक रूपो मे परिवर्तित किया जा सकता है। इसकी बत्तियाँ बनाई जाती हैं, जो बहुत ही हलकी और ठढी रोशनी देती है। औषधि के रूप मे इसका व्यवहार होता है और यह मरहम आदि मे डाला जाता है। खिलौने और ठप्पे आदि बनाने मे भी इसका व्यवहार होता है।

यौ०—**मोम की नाक** = (१) जिसकी समति बहुत जल्दी बदल जाती हो। अस्थिरमति। (२) वह जो जरा सी बात मे

मिजाज बदले। मोम की मरियम=बहुत ही कोमल और सुकुमार स्त्री।

मुहा०—मोम करना या मोम बनाना=द्रवीभूत कर लेना। दयार्द्र कर लेना। मोम होना=दयार्द्र हो जाना। पिघल जाना। कठोरता छोड देना।

२ रूप, रग और गुण आदि मे इसी से मिलता जुलता वह पदार्थ जो मधुमक्खी की जाति के तथा कुछ और प्रकार के कीडे पराग आदि से एकत्र करते हैं अथवा जो वृक्षो पर लाख आदि के रूप मे पाया जाता है। ३ मिट्टी के तेल मे से, एक विशेष रासायनिक क्रिया के द्वारा, निकाला हुआ इसी प्रकार का एक पदार्थ। जमा हुआ मिट्टी का तेल।

विशेष—अतिम दोनो प्रकार के मोमो का व्यवहार भी प्राय पहले प्रकार के मोम के समान ही होता है।

मोमजामा—सज्ञा पुं० [फा० मोम+जामह्] वह कपडा जिसपर मोम का रोगन चढाया गया हो। तिरपाल।

विशेष—ऐसे कपडे पर पडा हुआ पानी आर पार नही होता।

मोमदिल—वि० [फा० मोम+दिल] दूसरो के दु ख से शीघ्र द्रवित होनेवाला। बहुत कोमल हृदयवाला।

मोमना†—वि० [हिं० मोम+ना (प्रत्य०)] मोम का सा। बहुत ही कोमल।

मोमबत्ती—सज्ञा स्त्री० [फा० मोम+हिं० बत्ती] मोम वा ऐसे ही किसी और जलानेवाले पदार्थ की बनी हुई बत्ती।

विशेष—इस प्रकार की बत्ती के बीच मे एक मोटा डोरा होता है और उसपर मोम चढा रहता है। जब वह डोरा जलाया जाता है, तब चारो ओर से मोम गल गलकर जलने लगता है। जिससे प्रकाश होता है। प्राचीन काल मे फारस आदि देशो में उत्सवो आदि पर इसका बहुत अधिक व्यवहार होता था।

मोमभरⓊ—वि० [देश०] वजनदार। भारवाला। प्रतिष्ठावाला। उ०—छिप्पत कवहुँ न मोमभर तिन। रकति न छिपै वित परषन पिन।—पृ० रा०, ६१।८६।

मोमिन—सज्ञा पुं० [अ०] [स्त्री० मोमिना] १ धर्मनिष्ठ मुसलमान। उ०—मोमिनो नेक य आसार मुबारक होए।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५४२। २ जुलाहों की एक जाति। ३ एक उर्दू कवि का नाम।

मोमिया—सज्ञा स्त्री० [अ० ममी, फा० मोमिया ?] मसाला लगाकर सुरक्षित रखी हुई लाश। सडने से बचाने के लिये सुगधित मसाला के लेप द्वारा सुरक्षित पुरातन शव।

मोमियाई—सज्ञा स्त्री० [फा० मोमियायी] १ कृत्रिम शिलाजतु। पत्थर से बननेवाला शिलाजतु। नकली शिलाजीत। उ०—वहाँ एक किस्म का पत्थर होता है। उसको पानी में उबालकर मोमियाई बनाते है।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

मुहा०—मोमियाई निकालना=(१) किसी से कठिन परिश्रम लेना। किसी को खूब मारना पीटना।

विशेष—कुछ लोगो का विश्वास है कि मोमियाई मनुष्य के शरीर को आँच से तपाकर निकाली हुई चिकनाई से तैयार की जाती है, इसी से ये मुहावरे बने हैं।

२ काले रग की एक चिकनी दवा जो मोम की तरह मुलायम होती है। यह दवा घाव भरने के लिये प्रसिद्ध है।

मोमी—वि० [फा०] १ मोम का बना हुआ। जैसे, मोमी मोती, मोमी पुतला। २ मोम का सा।

मोमी मोती—सज्ञा पुं० [फा० मोमी+स० मौक्तिक] मोम मे बना मोती। एक प्रकार का नकली मोती। उ०—चमकीले और बडे बडे मोमी मोतियो से सजे बाल खूब ही मजा दे रहे थे।—शराबी, पृ० २६।

मोयन—सज्ञा पुं० [हिं० मैन (=मोम)] माँडे हुए आटे में घी या चिकना देना जिसमे उससे बनी वस्तु खसखसी और मुलायम हो।

यौ०—मोयनदार=जैसे, मोयनदार कचौरी।

मोयना‡—सज्ञा सं० [हिं० मुअना] दे० 'मरना'। उ०—जिए लग तो जोरू बच्चे प्यार करते। मोये पर तो मुर्दा क कर जी में डरते।—दक्खिनी०, पृ० २५३।

मोयुम—सज्ञा पुं० [देश०] एक लता जो आसाम, सिक्किम और भूटान मे बहुतायत से उत्पन्न होती है।

विशेष—इस लता से अत्यत चमकीला रग तैयार किया जाता है, जिससे कपडे रँगे जाते है।

मोरंग—सज्ञा पुं० [देश०] नेपाल देश का पूर्वी भाग जो कौशिकी नदी के पूर्व पडता है।

विशेष—सस्कृत ग्र थो मे इसी भाग को 'किरात देश' कहा गया है। इस देश मे जगल और पहाडियाँ बहुत हैं। इस देश का कुछ भाग जिला पुरनिया (बगाल) मे भी पडता है।

मोर'—सज्ञा पुं० [सं० मयूर, प्रा० मोर] [स्त्री० मोरनी] १ एक अत्यत सुदर बडा पक्षी। मयूर। बर्ही। उ०—भादव मास बरिस घनघोर। सभ दिस कुहकए दादुल मोर।—विद्यापति, पृ० १३१।

विशेष—यह पक्षी प्राय चार फुट लबा होता है और इसकी लबी गर्दन और छाती का रग बहुत ही गहरा और चमकीला नीला होता है। नर के सिर पर बहुत ही सुदर कलगी या चोटी होती है। पख छोटे तथा पूँछ लबी और अत्यत सुदर होती है। नर जिस समय प्रसन्न होता है, उस समय अपनी पूँछ के पर खडे करके मडलाकार फैला देता है, जिससे वह बहुत ही सुदर जान पडता है। पूँछ के परो पर बहुत सुदर गोल दाग या चित्तियाँ होती हैं, जिनका रग नीला होता है और जिनपर सुदर सुनहरा मडल होता है। इन्हे चद्रिका' कहते हैं। मोर सब पक्षियो से सुंदर पक्षी है। अनेक चटकीले रगो का जैसा सुदर मेल इसमे होता है, वैसा और किसी पक्षी में नही होता। प्राचीन यूनानी और रोमन इसे बहुत पवित्र मानते थे। राजपूताने मे अब तक कोई इसकी हत्या नहीं करता। इसका स्वभाव है कि बादलो की गरज सुनते ही यह कूकता है। सस्कृत मे इसका एक नाम भुजगभुक् है। कहते हैं,

यह साँप को खा जाता है। मादा का रग फीका होता है और वह देखने में वैसी सुदर नही होती।

पर्या०—नीलकठ। केकी। बरही। शिखी शिखडी। कलापी। शिवपृतवाहन। भुजगभुक्। अहिभक्षी।

२ नीलम की आभा, जो मोर के पर के समान होती है। उ—मोर, विष्णु, नभ, कमल, अलि, कोकिल, कलरव, मेह। फूल सिरस, अरसी, अवनि ग्यारह छाया एह।—रत्नपरीक्षा। (शब्द०)।

मोर[2]†—सर्व० स० मम] [स्त्री० मोरी] दे० 'मेरा'। उ०—(क) मोर हृदय सत कुलिस समाना।—मानस, २।१६६। (ख) खुले सुभाग्य मोरय, लह्यौ दरस्स तोरय।—ह० रासो, पृ० १३।

मोर[3]—सज्ञा स्त्री० [डि०] सेना की अगली पक्ति।

मोरक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का लोहा। २ गाय का व्याने के सात दिन बाद का दूध [को०]।

मोरचग—सज्ञा पुं० [हिं० मुँहचग] दे० 'मुरचग'।

मोरचदा—सज्ञा पु० [मयूरचन्द्रक] दे० 'मोरचद्रिका'। उ०—गावत गोपाल लाल नीके राग नट हैं। मोरचंदा चारु सिर मजु गुजापुज धरे, बनि बनधातु तन ओढे पीत पट हैं।—तुलसी (शब्द०)।

मोरचद्रिका—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोर+चन्द्रिका] मोर पख के छोर की वह बूटी जो चद्राकार होती है। उ०—मोरचद्रिका श्याम सिर चढि कत करत गुमान।—बिहारी (शब्द०)।

मोरचा—सज्ञा पुं० [फा० मोरचह] १. लोहे की ऊपरी सतह पर चढ आनेवाली लाल या पीली रग की बुकनी की सी तह। जग।

विशेष—लोहे पर जमनेवाली यह तह वायु और नमी के योग से रासायनिक विकार होने से उत्पन्न होती है। यह लाल बुकनी वास्तव मे विकारप्राप्त लोहा ही है।

२. दर्पण पर जमी हुई मैल। उ०—(क) जब लग हिय दरपन रहै कपट मोरचा छाइ। तब लग सुदर मीत मुख कैसे दगन दिखाइ। रसनिधि (शब्द०)। (ख) पहिर न भूषन कनक के कहि आवत एहि हेत। दरपन के से मोरचा देह दिखाई देत।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—प्राचीन काल मे दर्पण लोहे को माँजते माँजते चमकदार बनाए जाते थे, इसी से दर्पण के साथ 'मोरचा' शब्द का प्रयोग चला आ रहा। 'दर्पण' के लिये फारसी का 'आईना' शब्द वास्तव मे 'आहना' का अपभ्र श है, जिसका अर्थ 'लोहे का' होता है।

क्रि० प्र०—जमना।—लगना।

मुहा०—**मोरचा खाना** = मोरचा लगाने से खराब होना।

मोरचा[3]—सज्ञा पुं० [फा० मोरचाल] १ वह गड्ढा जो गढ के चारो ओर रक्षा के लिये खोद दिया जाता है। २. वह सेना जो गढ़ के अदर रहकर शत्रु से लडती है। ३. वह स्थान जहाँ से सेना, गढ या नगर आदि की रक्षा की जाती है। वह स्थान जहाँ खडे होकर शत्रुसेना से लडाई की जाती है।

मुहा०—**मोरचाबदी करना** गढ के चारो ओर गड्ढा खोदकर या टीले बनाकर यथास्थान सेना नियुक्त करना। **मोरचा जीतना** = शत्रु के मोरचे पर अधिकार कर लेना। **मोरचा बाँधना** = दे० 'मोरचाबदी करना'। उ०—बढि बढि बाँधे मोरचे, लाग देखि नियराइ।—हम्मीर०, पृ० २७। **मोरचा मारना** = दे० 'मोरचा जीतना'। **मोरचा लेना**=युद्ध करना।

मोरछड—सज्ञा पुं० दे० [हिं० मोर+छड] दे० 'मोरछल'।

मोरछल—सज्ञा पु० [हिं० मोर+छड] मोर की पूँछ के परो को इकट्ठा बाँधकर बनाया हुआ लबा चँवर जो प्राय देवताओ और राजाओ आदि के मस्तक के पास डुलाया जाता है। उ०—(क) अगल बगल बहु मनुज मोरछल चँवर डोलावत।—गोपाल (शब्द०)। (ख) चारु चोर चहुँ ओर चलावै मोरछलान डोलाई।—रघुराज (शब्द०)।

मोरछला[1]—सज्ञा पु० [हिं० मौलिश्री] 'मौलसिरी'। उ०—छड, खिरैटी, आँवले कुट और मोरछली की छाल, इनको जल के साथ महीन पीसकर लेप करो तो बाल बढेंगे।—प्रतापसिंह (शब्द०)।

मोरछली[2]—सज्ञा पुं० [हिं० मोरछल+ई (प्रत्य०)] मोरछल हिलानेवाला।

मोरछाँह—सज्ञा पुं० [हिं० मोरछल] दे० 'मोरछल'। उ०—का बरनउँ अस ऊच तुषारा। दुइ बेरें पहुँचै असवारा। बाँधे मोरछाँह सिर मारहि। भाजहि पूछ चँवर जनु ढारहि।—जायसी (शब्द०)।

मोरजुटना—सज्ञा पुं० [हिं० मोर+जुटना] एक प्रकार का आभूषण।

विशेष—यह आभूषण सोने का बनता और रत्नजटित होता है। इसके बीच का भाग गोल बेदे के समान होता है और दोनो ओर मोर बने रहते हैं। यह बेंदे के स्थान पर माथे पर पहना जाता है।

मोरट—सज्ञा पुं० [सं०] १. ऊख की जड। २. अकोल वा अकोट का फूल। ३. प्रसव से सातवी रात के बाद का दूध। ४. एक प्रकार की लता जिसे कर्णपुष्प भी कहते है।

विशेष—वैद्यक मे इसे मधुर कषाय, वृष्य, बलवर्धक और पित्त, दाह तथा ज्वर के लिये नाशक माना है।

मोरटक—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'मोरटक'। २ सफेद खैर।

मोरटा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दूर्वा। दूब। २ मूर्वा (को०)।

मोठ—सज्ञा पुं० [सं०] खट्टा मट्ठा [को०]।

मोरत†—सज्ञा पु० [हिं० मुहूरत] दे० 'मुहूर्त्त'। उ०—षोडस प्रकारू के दान वेदोक्त करवाए। पचाग सुध सोध मोरत बतलाए।—रघु० रू०, पृ० २३६।

मोरध्वज—सज्ञा पु० [सं० मयूरध्वज] एक पौराणिक राजा का नाम जो बहुत प्रसिद्ध भक्त था।

विशेष—इसकी परीक्षा के लिये श्रीकृष्ण और अर्जुन इसके यहाँ गए

थे। श्रीकृष्ण की बात मानकर यह राजा अपना जीवित शरीर आरे से चिरवाने के लिये तैयार हुआ था।

मोरदार—वि० [हिं० मोड + दार (प्रत्य०)] १ मोथरा। २ घुमावदार। उ०—उरज बुरज दै मवासी छन रासी मनो, पीय मन चचल बनी के नींके मोरदार।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ५७३।

मोरनⓊ'—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोडना] मोडने की क्रिया या भाव। मोडना।

मोरन'—सज्ञा स्त्री० [स० मोरट] बिलोया हुआ दही जिसमे मिठाई और कुछ सुगंधित वस्तुएँ (इलायची, लौंग इत्यादि) डाली गई हो। शिखरन। उ०—पुनि सँधान आने बहु साँधी। दूध दही को मोरन बाँधी।—जायसी (शब्द०)।

मोरनाⓊ'—क्रि० स० [हिं० मोडना] दे० 'मोडना'। उ०—(क) फिर फिर सुदर ग्रीवा मोरत। देखत रथ पाछे जो घोरत। लक्ष्मणसिंह (शब्द०)। (ख) चारि चारि चित चितवति मुँह मोरि मोरि काहे तें हँसति हिय हरष बढ़ायो है।—केशव (शब्द०)। (ग) कर आचर की ओट करि जमुहानी मुख मोरि।—बिहारी। (शब्द०)। (घ) नासा मोरि नचाय दृग करी काका की सौंहैं।—बिहारी (शब्द०)।

मोरना'—क्रि० स० [हिं० मोरन] दही को मथकर मक्खन निकालना। (बुदेलखड)। उ०—डोठडोर नै मोर दिय छिरक रूपरस तोय। मथि मा घट प्रीतम लियो मन नवनीत बिलोय।—रसनिधि (शब्द०)।

मोरनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोर का स्त्री० रूप] १ मोर पक्षी की मादा। उ०—चितै चकोरनी चकोर मोर मोरनी समेत, हस हसिनी समेत सारिका सबै पढैं।—केशव (शब्द०)। २ मोर के आकार का अथवा और किसी प्रकार का एक छोटा टिकडा जो नथ मे पिरोया जाता है और प्राय होठो के ऊपर लटकता रहता है।

मोरपख—सज्ञा पुं० [हिं० मोर + पख (= पर)] मोर का पर जो देखने मे बहुत सुदर होता है, और जिसका व्यवहार अनेक अवसरो पर प्राय शोभा या शृगार के लिये अथवा कभी कभी औषध के रूप में होता है। उ०—मोरपख सिर सोहत नीके। गुच्छा बीच बिच कुसुम कली के।—मानस, १।२३३।

मोरपखी'—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोरपख + ई (प्रत्य०)] १ वह नाव जिसका एक सिरा मोर के पर की तरह बना और रँगा हुआ हो। २ मलखभ की एक कसरत जो बहुत फुरती से की जाती है और जिसमे पैरो को पीछे की ओर से ऊपर उठाकर मोर के पख की सी आकृति बनाई जाती है।

मोरपंखी'—सज्ञा पुं० एक प्रकार का बहुत सुदर, गहरा और चमकीला नीला रग जो मोर के पर से मिलता जुलता होता है।

मोरपंखी'—वि० मोर के पख के रग का। गहरा चमकीला नीला।

मोरपखाⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं० मोरपख] १ मोर का पर। मोरपख। २. मोरपख की कलगी जो प्रायः श्रीकृष्ण जी मुकुट या चीर मे खोसा करते थे। उ०—(क) बाँसुरि कुडल मोरपखा मधुरी मुसकानि भरी मुख है ये।—बेनी (शब्द०)। (ख) पीत पटी लकुटी पदमाकर मोरपखा लै कहूँ गति नाखा। पद्माकर (शब्द०)। (ग) क्यो करि धौं मुरली मनि कुडल मोरपखा बनमाल बिसारैं। ते धनि जे ब्रजराज लखे गृहकाज करैं अरु लाज सँभारैं।—मतिराम (शब्द०)।

मोरपच्छⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मयूरपक्ष] मोर का पख।

यौ०—**मोरपच्छधर** = मोर का पख धारण करनेवाले, कृष्ण। उ०—मोरपच्छधर पच्छ धरि, ब्रजनिधि मैं अनुरागि।—ब्रज० ग्र०, पृ० १०।

मोरपाँव—सज्ञा पु० [हिं० मोर + पाँव] जगी जहाजो के बावर्चीखाने की मेज पर खडा जडा हुआ लोहे का छड जिसमे माम के बडे बडे टुकडे लटकाए रहते हैं। (लश०)।

मोरमुकुट—सज्ञा पु० [हिं० मोर + मुकुट] मोर के पखो का बना हुआ मुकुट जो प्राय श्रीकृष्ण जी पहना करते थे। उ०—मोर मुकुट की चद्रिकन यौं राजत नँदनद। मनु ससिसेखर की अकस किय सेखर सत चंद।—बिहारी (शब्द०)।

मोरवाⓊ‡'—सज्ञा पु० [सं० मयूर, हिं० मोर + वा (प्रत्य०)] १ दे० 'मोर'। उ०—कूक मोरवान को करेजा टूक टूक करैं, लागति है हूक सुनि धुनि धुरवान को।—दीनदयाल (शब्द०)। २ मुष्क का वृत्त। मोखा।

मोरवा—सज्ञा पुं० [देश०] वह रस्सी जो नाव की किलवारो मे बाँधी जाती है और जिससे पतवार का काम लेते हैं।

मोरशिखा—सज्ञा स्त्री० [सं० मयूर + शिखा] एक जडी जिसकी पत्तियाँ ठीक मोर की कलगी के आकार की होती है।

विशेष—यह जडी बहुधा पुरानी दीवारो पर उगती है। इसकी सूखी पत्तियो पर पानी छिडक देने से वे पत्तियाँ फिर तुरत हरी हो जाती हैं। वद्यक मे इसे पित्त, कफ, अतिसार और बालग्रह दोषनिवारिणी माना गया है।

मोरा'—सज्ञा पुं० [देश०] अकीक नामक रत्न का एक भेद जो प्राय दक्षिण भारत मे होता है और जिसे 'बावाँघाडी' भी कहते हैं।

मोराⓊ†'—वि० [सं० मम] [वि० स्त्री० मोरी] दे० 'मेरा'। उ०—हमे हास हेरला थोरा रे। सफल भेल सखि कौतुक मोरा रे।—विद्यापति, पृ० १८२।

यौ०—**मोरे लेखे** = मेरे हिसाब से। मेरे विचार से। मेरे अनुमान से। उ०—एकहि मँदिर बसि पिया न पुछए हसि, मोरे लेखे समुदक पार।—विद्यापति, पृ० ११८।

मोराद†—सज्ञा स्त्री० [अ० मुराद] दे० 'मुराद'। उ०—वह नूर नबी तहकीक करैं, तब आदि मोराद का पाइए जो।—कबीर० रे०, पृ० ४०।

मोरानाⓊ†—क्रि० स० [हिं० मोडना का प्रे० रूप] १ चारो ओर घुमाना। फिराना। उ०—प्रारति करि पुनि नरियल तबहीं मोराइए। पुरुष को भोग लगाइ सखा मिलि खाइए।—कबीर

(शब्द०)। २ रस पेरने के समय ऊख की अँगारी को कोल्हू मे दबाना।

मोरिका—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटा दरवाजा। गुप्त या बगल का दरवाजा [को०]।

मोरिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मोरना**] कोल्हू में कातर की दूसरी शाखा जो बाँस की होती है।

मोरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मोहरी**] १. किसी वस्तु के निकलने का तग द्वार। २. नाली जिसमे से पानी, विशेषत गदा और मैला पानी बहता हो। पनाली। उ०—ऐसी गाढी पीजिए ज्यौं मोरी की कीच। घर के जाने मर गए आप नशे के बीच। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ८३।

मुहा०—**मोरी छुटना** = दस्त आना। पेट चलना। **मोरी पर जाना** = पेशाब करने जाना। (स्त्रियाँ)। ३ दे० 'मोहरी'।

मोरीⓊ†[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० मयूरी, हिं० **मोर** + ई (प्रत्य०)] मोर पक्षी की मादा। मयूरी। उ०—मोरी सी घन गरज सुनि तू ठाढी अकुलात।—सीताराम (शब्द०)।

मोरी[3]—सज्ञा स्त्री० [देश०] क्षत्रियो की एक जाति जो 'चौहान' जाति के अतर्गत है। उ०—जादौ रु बघेला मल्हवाम। मोरी बडगूजर आइ पास।—पृ० रा०, १।४२४।

मोर्चा—सज्ञा पुं० [फ़ा० **मोरचा**] दे० 'मोरचा'।

मोल—सज्ञा पुं० [सं० मूल्य, प्रा० मुल्ल] १ वह धन जो किसी वस्तु के बदले मे बेचनेवाले को दिया जाय। कीमत। दाम। मूल्य।

क्रि० प्र०—**करना**।—**चुकाना**।—**ठहरना**।—**देना**।—**लेना**।

यौ०—**अनमोल**।

२ दुकानदार की ओर से वस्तु का मूल्य कुछ बढ़ाकर कहा जाना। जैसे,—मोल मत करो, ठीक ठीक दाम कहो।

यौ०—**मोलचाल** = (१) अधिक मूल्य। (२) किसी चीज का दाम घटा बढाकर तै करना।

मुहा०—**मोल करना** = (१) किसी पदार्थ का उचित से अधिक मूल्य कहना। (२) मूल्य घटा बढाकर तै करना।

मोलना†—सज्ञा पुं० [अ० **मौलाना**] मौलवी। मुल्ला। उ०—(क) वेद किताब पढै वे खुतबा वे मोलना वे पाँडे।—कबीर (शब्द०)। (ख) पडित वेद पुराण पढ़ै औ मोलना पढ़ै कोराना। —कबीर (शब्द०)।

मोलवी†—सज्ञा पुं० [अ० **मौलवी**] वह विद्वान् मुसलमान जो अपने धर्मशास्त्र का अच्छा ज्ञाता हो। मौलवी। उ०—रहे मोलवी साहेब जहँ के अतिसय सज्जन।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० २०।

मोलसिरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'मौलसिरी'। उ०—तहँ मोलसिरी सोहैं गँभीर।—ह० रासो, पृ० ६२।

मोलाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० **मोल** + **आई** (प्रत्य०)] १ मोल पूछने या तै करने की क्रिया। मूल्य कहना वा ठीक करना।

मोलाना†—क्रि० स० [हिं० **मोल**] मोलभाव करना। कीमत तै करना। उ०—नददास पिय प्यारी की छवि पर त्रिभुवन की शोभा वारौ विनु मोले।—नद० ग्र०, पृ० ३६६।

मोलिया‡—वि० [देश०] मुडने या लचकनेवाला। नाजुक। कोमल। निर्बल। मुलायम। उ० मावडिया अंग मोलिया, नाजुक अग निराट।—बाँकी० ग्र० भा० २, पृ० १३।

मोल्ड—सज्ञा पुं० [अ०] साँचा।

मोवना[1]—क्रि० स० [हिं० **मोयन**] दे० 'मोना'।

मोवनाⓊ†[2]—क्रि० स० [हिं० **मोहना, मोरना**] दे० 'मोरना'। उ०—भृकुटी चाप चचल मुख मोवहि। —हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० १९५।

मोशिये—सज्ञा पुं० [फ्रें० तुल० **मोनशेयर**] [स्त्रिय रूप **मोन्स**, एम०, तुल० बँग० **मोशाय**] [हिं० सँक्षिप्त रूप **मो०**] फ्रास मे नाम के आगे लगाया जानेवाला आदरसूचक शब्द। महाशय। साहब। जैसे, मोशिये क्रायद।

मोष[1]—सज्ञा पुं० [सं० **मोक्ष**] दे० 'मोक्ष'।

मोष[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ चोरी। २ लूटना। लूट। ३ वध। हत्या। ४ दड देना।

मोषक—सज्ञा पु० [सं०] चोर।

मोषण—सज्ञा पुं० [सं०] १ लूटना। २ चोरी करना। ३ छोडना। ४ वध करना। ५ वह जो चोरी करता या डाका डालता हो।

मोषनाⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **मोषण** वा **मोक्षण**] समाप्त करना। लूटना। खत्म करना। सोख लेना। सुखाना। उ०—काल अगिनि तीन भवन प्रवानी। उलटत पवना मोषत पानी। —गोरख०, पृ० २४६।

मोषयिता—सज्ञा पुं० [सं० **मोषयितृ**] चोरी करनेवाला। लूट करनेवाला [को०]।

मोषा—सज्ञा पुं० [सं०] चोरी। लूट। डकैती [को०]।

मोसनाⓊ†[1]—क्रि० स० [सं० **मोषण**] मारना। नष्ट करना। उ०—मुरगी कौं मोसता है बकरी को रोसता है।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ४०४।

मोसना†[2]—क्रि० अ० मसूसना। उ०—सखि अस अद्भुत रूप निहारैं। मोसति मन कोसति करतारैं।—नद० ग्र०, पृ० १२४।

मोसर‡—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'अवसर'। उ०—अबके मोसर ज्ञान बिचारो, राम राम मुख गानी।—सतवाणी०, भाग २, पृ० ६८।

मोसील†—सज्ञा पुं० [अ० मुहासिल, मुहस्सिल] वसूल करनेवाला। दे० 'मुहसिल'। उ०—पाँच मोसील मिलि लगे घर घर महँ मारि औ पीटि के रोज माँगैं। —पलटू०, भा० २, पृ० ३६।

मोह—सज्ञा पुं० [सं०] १ कुछ का कुछ समझ लेनेवाली बुद्धि। अज्ञान। भ्रम। भ्रांति। उ०—तुलसिदास प्रभु मोह जनित भ्रम भेदबुद्धि कब बिसरावहिगे।—तुलसी (शब्द०)। २ शरीर और सासारिक पदार्थों को अपना या सत्य समझने की बुद्धि जो दु खदायिनी मानी जाती है। ३ प्रेम। मुहब्बत। प्यार। उ०—(क) सचिहु उनके मोह न माया। उदासीन धन धाम न जाया।—तुलसी (शब्द०)। (ख) काशीराम कहै रघुवंशन की रीति यहै ज सो कीजै मोह तासा लोह कैसे गहिऐ। —काशीराम (शब्द०)। (ग) मोहू सो तजि मोह हग

चले लागि उहि गैल। —बिहारी (शब्द०)। (घ) रह्यौ मोह मिलनो रह्यौ यौं कहि गहे मरोर। —बिहारी (शब्द०)। ४ साहित्य मे ३३ सचारी भावो में से एक भाव। भय, दुख घबराहट, अत्यत चिंता आदि से उत्पन्न चित्त की विकलता। ५ दुख। कष्ट। ६ मूर्छा। बेहोशी। गश। उ०—गिरयौ हस भू मे भयो मोह भारी।—रघुराज (शब्द०)।

मोहक—वि० [सं०] १ मोह उत्पन्न करनेवाला। जिसके कारण मोह हो। २ मन को आकृष्ट करनेवाला। लुभानेवाला।

मोहकम—वि० [अ० मुहकम] बडा। भारी। उ०—मोहकम मार पडी गुरजन की तब कहु ज्वाब न आया।—मलूक०, पृ० २५।

मोहकलिल—सज्ञा पुं० [सं०] १ मोह का दृढ पाश। माया का जाल। २ मादक पेय। मदिरा (को०)।

मोहकार—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+कैंडा या कार (प्रत्य०)] पीतल या ताँबे के घडे का गला समेत मुहँडा। (ठठेरा)।

मोहठा—सज्ञा पुं० [स०] दश अक्षरो का वह वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे तीन रगण और एक गुरु होता है। इसे 'बाला' भी कहते हैं। जैसे,—रोरि रगा दियो कौन बाला। मैं न जानौं कहै नदलाला। श्याम की मात बोली रिसाई। गोपि कोई करी है ढिठाई।—छद०, पृ० १५६।

मोहडा¹—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+डा (प्रत्य०)] १ किसी पात्र का मुँह या खुला भाग। २ किसी पदार्थ का अगला या ऊपरी भाग।

मुहा०—**मोहडा लगाना** = अन्न से भरे हुए बोरे दुकान पर रखकर उसका मुँह खोल देना। (अन्न के व्यापारी)। **मोहडा मारना** = किसी काम को सबसे पहले कर डालना।

३ मुँह। मुख।

मोहडा²—सज्ञा पुं० दे० 'मोहरा'।

मोहताज—वि० [अ० मुहताज] १ धनहीन। निर्धन। गरीब। २ जिसे किसी बात की अपेक्षा हो। जैसे,—वह आपकी मदद के मोहताज नही हैं।

मोहताजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोहताज+ई (प्रत्य०)] मोहताज होने की क्रिया या भाव। गरीबी।

मोहन¹—सज्ञा पु० [सं०] १ मोह लेनेवाला व्यक्ति। जिसे देखकर जी लुभा जाय। उ०— लखि मोहन जो मन रहै तो मन राखौ मान।—बिहारी (शब्द०)। २ श्रीकृष्ण। उ०—मोहन तेरे नाम को कढ़ो वा दिना छोर। ब्रजवासिन को मोह कै चलो मधुपुरी ओर।—रसनिधि (शब्द०)। ३ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे एक सगण और एक जगण होता है। जैसे,—जन राजवत। जग योगवत। तिनको उदोत। केहि भाँति होत।—केशव (शब्द०)। ४ एक प्रकार का तात्रिक प्रयोग जिससे किसी को बेहोश या मूछित करते हैं। उ०—मारन मोहन बसकरन उच्चाटन अस्थभ। आकर्षन सब भाँति के पढै सदा करि दभ। —(शब्द०)। ५ प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र जिससे शत्रु मूर्छित किया जाता था। उ०—धर विद्याधर अस्त्र नाम नदन जो ऐसो। मोहन, स्वापन, समन, सौम्य, कर्षन पुनि तैसो।—पद्माकर (शब्द)। ६, कोल्हू की कोठी अर्थात् वह स्थान जहाँ दबने के लिये ऊख के गडि डाले जाते हैं। इसे 'कुडी' और 'घगरा' भी कहते हैं। ७ कामदेव के पाँच बाणो में एक बाण का नाम। ८ धतूरे का पौधा। ९ शिव का एक नाम (को०)। १० विष्णु की नौ शक्तियो मे एक शक्ति (को०)। ११ सभाग। रति। मैथुन (को०)। १२ बारह मात्राओं का एक ताल जिसमे सात आघात और पाँच खाली रहते हैं। इसका

+ १ ० २ ०

मृदग का बोल यह है—धा धा ता गे तेरे कता

३ ० ४ ५ ० ६ ० +

कता गदि घेने नाग् देत् तेरे केरे। धा।

मोहन²—वि० [स०] [वि० स्त्री० मोहिनी] मोह उत्पन्न करनेवाला। उ०—सब भाँति मनोहर मोहन रूप अनूप है भूप के बालक द्वै। तुलसी (शब्द०)।

मोहनक—सज्ञा पुं० [सं०] चैत्र मास (को०)।

मोहनभोग—सज्ञा पुं० [हिं० मोहन+भोग] १ एक प्रकार का हलुआ। २ एक प्रकार का केला (फल)। ३ एक प्रकार का आम।

मोहनमाल, मोहनमाला—सज्ञा स्त्री० [स०] सोने की गुरियो या दानो की बनी हुई माला। उ०—(क) मोहनलाल के मोहन को यह पैन्हति मोहनमाल अकेली।—देव (शब्द०)। (ख) मोहनमाल विसाल हिए पर सोहत नील सुपीत पिछोरी। —दीनदयाल गिरि (शब्द०)।

मोहना¹—क्रि० अ० [स० मोहन] १. किसी पर आशिक या अनुरक्त होना। मोहित होना। रीझना। उ०—(क) सुदर वपु अति श्यामल सोहै। देखत सुर नर को मन मोहै।—केशव (शब्द०)। (ख) देखत रूप सकल सुर मोहै।—तुलसी (शब्द०)। (ग) चारयो दल दूलह चारु बने। मोहे सुर औरन कौन गने। —केशव (शब्द०)। २. मूछित होना। बेहोश हो जाना। उ०—अष्टम सर्ग महा समर कुश लव भरतहि माय। जुग बधुन कर मोहियो भरत नास तिन हाथ।—शिरमौर (शब्द०)।

मोहना²—क्रि० स० [सं० मोहन] १. अपने ऊपर अनुरक्त करना। मुग्ध करना। मोहित करना। लुभा लेना। उ०—(क) पडित अति सिगरी पुरी मनहु गिरा गति गूढ। सिंह नियुत जनु चडिका मोहति मूढ अमूढ।—केशव (शब्द०)। (ख) बैठे जराय जरे पलका पर रामसिया सबको मन मोहैं।—केशव (शब्द०)। (ग) अहो भले लतिका तरु सोहैं। कलिन कोपलन सो मन मोहैं।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)। २ भ्रम मे डाल देना। सदेह पैदा कर देना। धोखा देना। उ०—(क) तुम आदि मध्य अवसान एक। जग मोहत हो वपु धरि अनेक। —केशव (शब्द०)। (ख) अति प्रचड रघुपति कै माया। जेहि न मोह अस को जग जाया।—तुलसी (शब्द०)।

मोहना³—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. तृण। २ एक प्रकार की चमेली।

मोहनि㋡—वि० [स० मोहनी] दे० 'मोहिनी'। उ०—(क) मोहनि मूरति श्याम की यौं घट रही समाय।—बिहारी (शब्द०)। (ख) जब हरि रगनि भरे मोहनि मूरति साँवरे।—नद० ग्र०, पृ० ३६५।

मोहनास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र। कहते हैं, इसके प्रभाव से शत्रु मूर्छित हो जाता था।

मोहनिद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] मोह की निद्रा। अज्ञान मे पडा रहना [को०]।

मोहनिशा—सज्ञा स्त्री० [स०] मोह की निशा। दे० 'मोहरात्रि'।

मोहनी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वैशाख सुदी एकादशी। २ एक लबा सूत सा कीडा जो हल्दी के खेतो मे पाया जाता है। इसे पाकर तात्रिक लोग वशीकरण यत्र बनाते हैं। ३ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे सगण, भगण, तगण, यगण और सगण होते हैं। दे० 'मोहिनी'-६। ४. भगवान् का वह स्त्री-रूप जो उन्होने समुद्रमथन के उपरात अमृत बाँटते समय धारण किया था। ५ एक प्रकार की मिठाई। ६. वशीकरण का मत्र। लुभाने का प्रभाव। उ०—(क) जिन निज रूप मोहनी डारी। कीन्हे स्वबस सकल नर नारी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) निरखि लखन राम जाने रितु पति काम मोहे मानो मदन मोहनी मूँड नाई है।—(शब्द०)।

मुहा०—**मोहनी डालना वा लाना**=ऐसा प्रभाव डालना कि कोई एकदम मोहित हो जाय। माया के वश करना। जादू करना। उ०—नागरि मन गई अरुझाइ। अति विरह तनु भई व्याकुल घर न नेकु सुहाइ। श्याम सुदर मदनमोहन मोहनी सी लाइ।—सूर (शब्द०)। **मोहनी लगना**=जादू लगने के कारण मोहित होना। मोहित होना। लुभाना। उ०—आजु गई हौं नदभवन में कहा कहौं ग्रह चैनु री। बोलि लई नव बधू जानि कै खेलत जहाँ कँधाई री। मुख देखत मोहनी सी लागत रूप न बरन्यो जाई री।—सूर (शब्द०)।

७ माया। ८ पोई का साग।

मोहनी[2]—वि० स्त्री० [सं०] मोहित करनेवाली। चित्त को लुभानेवाली। अत्यत सुदरी।

मोहनीय—वि० [स०] मोहित करने के योग्य। मोह लेने के योग्य।

मोहपास—सज्ञा पुं० [सं० मोहपाश] मोह का जाल। माया का बधन।

मोहफिल—सज्ञा स्त्री० [अ० महफिल] दे० 'महफिल'।

मोहब्बत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुहब्बत] दे० 'मुहब्बत'। उ०—हमको अपना आप दे, इश्क मोहब्बत दर्द। सेज सुहाग सुख प्रेम रस मिलि खेलै ला पर्द।—दादू (शब्द०)।

मोहभग—सज्ञा पुं० [स० मोहभग] भ्रातिनिवारण। अज्ञान का नाश होना।

मोहमत्र—सज्ञा पुं० [सं०] मोह मे डालनेवाला मत्र।

मोहर—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ किसी ऐसी वस्तु पर लिखा हुआ नाम, पता या चिह्न आदि जिसे कागज वा कपडे पर छाप सकें। अक्षर, चिह्न आदि दबाकर अकित करने का ठप्पा। उ०—इस मोहर की अँगूठी से आपको विश्वास हो जाएगा। (अँगूठी देता है)।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—छापना।—देना।—लगाना।

२ उपर्युक्त वस्तु की छाप जो कागज वा कपडे आदि पर ली गई हो। स्याही लगे हुए ठप्पे को दबाने से बने हुए चिह्न या अक्षर। उ०—मोहर मे अपना नाम वा चिह्न होता है जिसमे पत्र पर लगी हुई मोहर देखते ही उस पत्र के पढने के प्रथम परिज्ञान हो जाता है कि यह पत्र अमुक का है।—मुरारदान (शब्द०)। ३ स्वर्णमुद्रा। अशरफी। उ०—(क) करि प्रणाम मोहर बहु दीन्हो। दिओ असीस यतीश न लीन्हो।—रघुराज (शब्द०)। (ख) जो कुजाति नहिं मानै बाता। गगरा खोदि दिखायौ ताता। गाडे बीच अजिर के माही। मोहर भरे नृप मानत नाही।—रघुनाथदास (शब्द०)।

मोहरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+रा (प्रत्य०)] [स्त्री० मोहरी] १ किसी बर्तन का मुँह या खुला भाग। २. किसी पदार्थ का ऊपरी या अगला भाग। ३ एक प्रकार की जाली जो बैल, गाय, भैस इत्यादि का मुँह कसकर गिराँव के साथ बाँधने के लिये होती है। यह मुँह पर बाँधकर कस दी जाती है, जिससे पशु खाने पीने की चीजो पर मुँह नही चला सकता। ४, सेना की अगली पक्ति जो आक्रमण करने और शत्रु को हटाने के लिये तैयार हो। ५. फौज की चढाई का रुख। सेना की गति। उ०—मही के महीपन को मोरयौ कैसे मोहरा।—रघुराज (शब्द०)।

मुहा०—**मोहरा लेना**=(१) सेना का मुकाबला करना। (२) भिड जाना। प्रतिद्वद्विता करना।

६ कोई छेद वा द्वार जिससे कोई वस्तु बाहर निकले। ७. चोनी आदि की तनी या बद। उ०—कचुकी सूही कसे मोहरा अति फैलि चली तिगुनी परभासी। मानिक के भुजबद चुरी माठी कंचन ककन ओप प्रकासी।—गुमान (शब्द०)।

मोहरा[2]—सज्ञा पुं० [फ़ा० मोहर] १ शतरज की कोई गोटी। २ मिट्टी का साँचा जिसमे कडा, पछुआ इत्यादि ढालते हैं। ३ रेशमी वस्त्र घोटने का घोटना जो प्राय बिल्लौर का बनता है। ४ सिगिया विष। ५ सोने, चाँदी पर नक्काशी करनेवालो का वह औजार जिससे रगडकर नक्काशी को चमकाते हैं। दुग्राली। ६ जहरमोहरा। उ०—बडे भाग से सतगुरु मिलिगे घोरि पियाए जस मोहरा। कहै कबीर सुनो भाइ साधो गया साध नहिं बहुरा।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ४८।

मोहरात्रि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह प्रलय जो ब्रह्मा के पचास वर्ष बीतने पर होता है। दैनदिन प्रलय। २ जन्माष्टमी की रात्रि। भाद्रपद कृष्णा अष्टमी।

मोहराना—सज्ञा पुं० [फा० मुहर+आना (प्रत्य०)] वह धन जो

किसी कर्मचारी को मोहर करने के लिये दिया जाय। मोहर करने की उजरत।

मोहरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मोहरा+ई (प्रत्य०)] १ बरतन आदि का छोटा या खुला भाग। २ पाजामे का वह भाग जिसमे टाँगें रहती हैं। ३ दे० 'मोरी'।

मोहर्रिर—सज्ञा पुं० [अ० मुहर्रिर] वह जो किसी के कागज आदि लिखने का काम करता हो। लेखक। मुंशी।

मोहलत—सज्ञा स्त्री० [अ० मुहलत] १ फुरसत। अवकाश। छुट्टी।

क्रि० प्र०—देना।—माँगना।—मिलना।—लेना।

२. किसी काम को पूरा करने के लिये मिला हुआ या निश्चित समय। अवधि। जैसे,—चार दिन की मोहलत और दी जाती है। इस बीच मे रुपया इकट्ठा करके दे दो।

मोहल्ला—सज्ञा पुं० [अ० महल्लह्] दे० 'महल्ला'।

मोहवतⓊ†—सज्ञा स्त्री० [अ० मुहब्बत] दे० 'मोहब्बत' या 'मोह'। उ०—हसा आन बैठा तीरे। निश दिन चुगैं मोहवत हीरे।—रामानद०, पृ० १०।

मोहशास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] मोह उत्पन्न करनेवाला शास्त्र या ग्रथ [को०]।

मोहार†[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मुँह+आर (प्रत्य०)] १ द्वार। दरवाजा। उ०—ठाढ़ि मोहारे धन सुसुकै, मन पछताइल हो।—धरम०, पृ० ६४। २ मुँहडा। अगला भाग। उ०—रूप को कूप बखानत हैं कवि कोऊ तलाब सुधा ही के संग को। कोऊ तुफंग मोहार कहै दहला कलपद्रुम भाषत अग को।—शभु (शब्द०)।

मोहार[2]—सज्ञा पु० [सं० मधुकर, प्रा० महुअर] १. मधुमक्खी की एक जाति जो सबसे बड़ी होती है। सारग। २ मधु का छत्ता। ३. भौंरा। भ्रमर।

मोहारनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मुँह+स० पारायण (प्रत्य०)] पाठशाला के बालको का एक साथ खडे होकर पहाड़े पढना।

मोहाल—सज्ञा पुं० [अ० महाल] पूरा गाँव वा उसका एक भाग अथवा कई गाँवो का एक समूह जिसका बदोबस्त किसी नबरदार के साथ एक बार किया गया हो। व्यवहार में 'मोहाल' पूरा माना जाता है और इसी विचार से उसकी पट्टी वा हिस्सा बनाया जाता है।

मोहाल[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मोहार] १ मधुमक्खी की एक जाति। मोहार। २ मधुमक्खी का छत्ता।

मोहाल[2]—वि० [अ० मुहाल] मुश्किल। कठिन। दे० 'मुहाल'। उ०—इतनी मान्यताओ के बाद आदमी का जीना मोहाल हो जाता है।—काले०, पृ० ७०।

मोहावरितⓊ—वि० [सं० मोहावृत] मोह से आच्छादित। उ०—जैसी मोहावरित व्रज मे तामसी रात आई। वैसे ही वे लसित उसमे कौमुदी के समा थी।—प्रिय०, पृ० २६८।

मोहासिब—सज्ञा पुं० [अ० मुहासिबह्] हिसाब किताब। पूछ ताछ। उ०—मोहासिब करि अम्धिर मनुवाँ मूल मंत्र अवराधी।—धरनी० श०, पृ० ४।

मोंहिंⓊ **मोंहिं**Ⓤ—सर्व० [हिं० मोहिं] दे० 'मोहिं'।

मोहिं—सर्व० पुं० [स० मह्यम्, प्रा० मय्ह, मज्झ] व्रजभाषा और अवधी के उत्तम पुरुष 'मैं' का वह रूप जो पहले सब कारको में आता था। पर पीछे कर्म और सप्रदान मे भी आने लगा। मुझको। मुझे। उ०—(क) मरूँ पर माँगौं नहीं अपने तन के काज। परमारथ के कारनै मोहि न आवै लाज।—सूर (शब्द०)। (ख) नैना कह्यो न मानै मेरो। हारि मानि कै रही मौन ह्वै निकट सुनत नहिं टेरो। ऐसे भए मनो नहिं मेरे जबहि श्याम मुख हेरो। मैं पछताति जबहिं सुधि आवति ज्यों दीन्हो मोहिं डेरो।—सूर (शब्द०)।

मोहिन—वि० [सं०] मोह या भ्रम मे पडा हुआ। मुग्ध। २ मोहा हुआ। आसक्त।

मोहिनी[1]—वि० स्त्री० [स०] मोहनेवाली।

मोहिनी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ त्रिपुरमाली नामक फूल। वटपत्रा। वेला। २. विष्णु के एक अवतार का नाम।

विशेष—भागवत के अनुसार विष्णु ने यह अवतार उस समय लिया था, जब देवताओ और दैत्यो ने मिलकर रत्नो को निकालने के लिये समुद्र मथा था और अमृत के निकलने पर दोनों उसके लिये परस्पर झगड रहे थे। उस समय भगवान् ने मोहिनी अवतार धारण किया था और उन्हे देखते ही असुर मोहित होकर बोले थे कि अच्छा आओ, हम दोनो दलो के लोग बैठ जाँय और मोहिनी अपने हाथ से हम लोगो को अमृत बाँट दे। दोनो दलो के लोग पक्ति बाँधकर बैठ गए और मोहिनी रूप विष्णु ने अमृत बाँटने के बहाने से देवताओं को अमृत और असुरो को सुरा पिला दी।

३ माया। जादू। टोना। उ०—देवी ने ऐसी मोहिनी डाली थी कि यशोदा को लडकी के होने की भी सुध नहीं थी।—लल्लू (शब्द०)। ४. वैशाख शुक्ल एकादशी का नाम। ५ एक अप्सरा का नाम (को०)। ६ एक अर्धसम वृत्त का नाम जिसके पहले और तीसरे चरणो में बारह और दूसरे तथा चौथे चरणो में सात मात्राएँ होती हैं, और प्रत्येक चरण के अत में एक सगण अवश्य होता है। उ०—शभु भक्तजनत्राता भवदुख हरैं। मनवाछित फलदाता मुनि हिय धरैं।—छंद०, पृ० ७६। ७ पद्रह अक्षरो के वर्णिक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण में सगण, भगण, तगण, यगण, और सगण होते हैं। उ०—शुभ तो ये सखि री आदिहुं जो चित्त धरी। नर औ नारि पढ़ैं भारत के एक घरी!—छद०, पृ० २०८।

मोही[1]—वि० [सं० मोहिन्] [वि० स्त्री० मोहिनी] मोहित करनेवाला।

मोही[2]—वि० [हिं० मोह+ई (प्रत्य०)] १ मोह करनेवाला। प्रेम करनेवाला। २ लोभी। लालची। ३. भ्रम या अविद्या मे पडा हुआ। अज्ञानी।

मोहेला—सज्ञा पुं० [अ० महफिल] एक प्रकार का चलता गाना।

मोहेली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो हिमालय और सिंध की नदियो में मिलती है।

मोहोपमा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक अलंकार का नाम जो केशवदास के अनुसार उपमा का एक भेद है, पर और आचार्य जिसे 'भ्रांति' अलकार कहते हैं। विशेष दे० 'भ्रांति'।

मौंगीⓊ†—वि० स्त्री० [सं० मौन] मौन। चुप। उ०—सुनि खग कहत अंब मौंगी रहि समुझि प्रेमपथ न्यारो।—तुलसी (शब्द०)।

मोहौर†—सज्ञा पुं० [हिं० मोहर] स्वर्णमुद्रा। अशरफी। मोहर। उ०—मो एक एक मोहौर और एक एक पाग दै उनको विदा करे। —दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १०६।

मौंज—वि० [सं० मौञ्ज] [वि० स्त्री० मौञ्जी] मूँज का बना हुआ।

मौंजकायन—सज्ञा पुं० [स० मौञ्जकायन] मुजक ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष।

मौंजवान—वि० [सं० मौञ्जवत्] १ मुंजवान् नामक पर्वत में उत्पन्न। २ मुजवान नामक पर्वत सबधी।

मौंजिबधन—सज्ञा पुं० [सं० मौञ्जिबन्धन] यज्ञोपवीत सस्कार। व्रतबध। जनेऊ।

मौंजी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० मौञ्जी] मूँज की बनी हुई मेखला।

यौ०—मौंजिबधन।

मौंजी[2]—वि० [सं० मौञ्जिन्] १ जो मूँज की मेखला धारण किए हुए हो। जो मूँज की मेखला पहने हो। २ दे० 'मौंजीय'।

मौंजीपत्रा—सज्ञा स्त्री० [सं० मौञ्जीपत्रा] वल्यजा।

मौंजीय—वि० [सं० मौञ्जीय] मूंज का बना हुआ।

मौंड़ाⓊ†[1]—सज्ञा पुं० [स० माणवक] [स्त्री० मौंडी] लडका। उ०—(क) मैया बहुत बुरो बलदाऊ। कहन लगे बन बडो तमासो सब मौंडा मिलि आऊ।—सूर (शब्द०)। (ख) बाट ही गोरस बेच री आज तू मायके मूंड चढै मति मौंडी। —रसखानि। (शब्द०)।

मौंड़ा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० मुह+डा] दे० 'मोहडा'।

मौआसा†—सज्ञा पुं० [स० मवास] दे० 'मवास'। उ०—रैयत एक पाँच ठकुराई, दस दिसि है मौआसा। रजो तमो गुन खरे सिपाही करहिं भवन मे वासा।—पलटू०, भा० ३, पृ० ६८।

मौका—सज्ञा पुं० [अ० मौका] १ वह स्थान जहाँ कोई घटना घटित हो। घटनास्थल। वारदात की जगह। उ०—बार्नस साहब ने मौके पर जाकर, अच्छी तरह तहकीकात की। —द्विवेदी (शब्द०)। २ देश। स्थान। जगह। जैसे,—मकान का मौका अच्छा नही है। ३ अवसर। समय। उ०—तब से बबई जाने का हमे मौका ही न आया।—द्विवेदी (शब्द०)।

मुहा०—**मौका देना**=अवकाश देना। समय देना। **मौका देखना या ताकना**=दाँव मे रहना। उपयुक्त अवसर की ताक में रहना। **मौका पाना**=(१) अवकाश पाना। फुरसत पाना। (२) उपयुक्त समय या अवसर पाना। **मौका पाना, मौका मिलना, या मौका हाथ लगना**=(१) अवकाश मिलना। समय या अवसर मिलना। (२) घात मिलना। दाँव पाना। **मौके पर**=उपयुक्त अवसर पर। आवश्यकता के समय। **मौके से**=ठीक समय पर। उचित अवसर पर।

मौकुल, मौकुलि—सज्ञा पुं० [स०] कौआ।

मौकूफ—वि० [अ० मौकूफ़] १. रोका हुआ। बद किया हुआ। स्थगित किया हुआ। उ०—(क) सरकार ने अब इस मती होने की बुरी रस्म को मौकूफ कर दिया है।—शिवप्रसाद (शब्द०)। (ख) एक भुनगा पास न पावेगा मौकूफ हुआ जब अन्न औ जल —नजीर (शब्द०)। २ काम करने से रोका गया। नौकरी से अलग किया गया। बरखास्त। उ०—सन् १९१० ई० मे बादशाह ने मुसलमान मुगलो को, जो नौकर हो गए थे, यक-कलम मौकूफ कर दिया।—शिवप्रसाद (शब्द०)। ३ रद्द किया गया। ४ अधिष्ठित। मुनहसर। अवलबित। आश्रित। निर्भर। उ०—(क) दु ख और सुख तबीअत पर मौकूफ है।—शिवप्रसाद (शब्द०)। (ख) भा सस्ता हो या महँगा नही मौकूफ गल्ले पर। य सब खिरमन उसी के हैं खुदा है जिसके पल्ले पर।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० २५।

क्रि० प्र०—रहना।—होना।

मौकूफी—सज्ञा [अ० मौकूफ़+ई] १. मौकूफ होने की क्रिया या भाव। २. प्रतिबध। रुकावट। ३. काम से अलग किया जाना। बरखास्तगी।

मौक्तिक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] मोती।

मौक्तिक[2]—वि० मुक्ति के लिये प्रयत्नशील।

मौक्तिकतडुल—सज्ञा पुं० [स० मौक्तिकतण्डुल] सफेद मक्का। बडी ज्वार।

मौक्तिकदाम—सज्ञा पुं० [स०] बारह अक्षरो का एक वर्णिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे दूसरा, पाँचवाँ, आठवाँ, और ग्यारहवाँ वर्ण गुरु और शेष लघु होते हैं, अर्थात् जिसके प्रत्येक चरण मे चार जगण होते हैं। उ०—दुख्यो हिय केतिक देखत भूप। करयो तब तापर रोष अनूप। वियोगिनि के उर भेदत रोजु। करै तुमको निज बाण मनोजु।—गुमान (शब्द०)। २ मोतियो की लडी।

मौक्तिकप्रसवा—सज्ञा स्त्री० [स०] मुक्ताशुक्ति। सीपी जिसमे से मोती निकलती है [को०]।

मौक्तिकमाला—सज्ञा स्त्री० [स०] ग्यारह अक्षरो की एक वर्णिक वृत्ति का नाम जिसके प्रत्येक चरण का पहला, चौथा, पाँचवाँ, दसवाँ और ग्यारहवाँ अक्षर गुरु और शेष लघु होते हैं तथा पाँचवें और छठे वर्ण पर यति होती है। इसे 'अनुकूला' भी कहते है। उ०—भीति न गंगा जग तुव दाया। सेवत तोही मन बच काया। नासहु वेगी मम भवशूला। हो तुम माता जग अनुकूला।—छद०, पृ० १६३।

मौक्तिकावली—सज्ञा स्त्री० [सं०] मोती की माला।

मौक्य—सज्ञा पुं० [सं०] मूकता। मौनता।

मौक्त—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का साम गान ।

मौख[१]—सज्ञा पुं० [स०] मुख से होनेवाला पाप । जैसे, अभक्ष्य-भोजन और अपशब्दों का उच्चारण आदि ।

मौख[२]—वि० १ मुखसबधी । २ अलिखित । वाचिक । उक्त [को०] ।

मौख[३]—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का मसाला । उ०—मौख मुनक्का मृत मुलतानी । मेथी मालव गनी सानी ।—सूदन (शब्द०) ।

मौखर—सज्ञा पुं० [स०] बहुत अधिक या बढ बढकर बातें करना । मुखरता । मुँहजोरी ।

मौखरी—सज्ञा पुं० [सं०] भारत के एक प्राचीन राजवश का नाम जिसका शासन काल ईसवी पाँचवी शताब्दी के अत से लगभग आठवी शताब्दी तक था ।

विशेष—इस वश का राज्य पूर्व मे मगध तक, दक्षिण में मध्य प्रात और आध्र तक, उत्तर मे नेपाल तक तथा पश्चिम मे थानेश्वर और मालवे तक था । इसकी राजधानी कन्नौज थी, परतु बीच मे उसपर बैस वशी राजा हर्ष ने अधिकार कर लिया था । इस वश के लोग अपने आप को भद्रराज अश्वपति के वशज मानते थे । इस वश के बहुत प्राचीन होने के कई प्रमाण मिले हैं, पर इनका पुराना इतिहास अभी तक नही मिला है । हरिवर्मा, ईश्वरवर्मा, शर्ववर्मा, ग्रहवर्मा, यशोवर्मा, आदि इस वश के प्रसिद्ध राजा थे ।

मौखर्य—सज्ञा पुं० [स०] बहुत अधिक या बढ बढकर बोलना । मुखरता । वाचालता । प्रगल्भता ।

मौखिक—वि० [सं०] १ मुख सबधी । मुख का । २ जबानी । जैसे,—आप कुछ देते तो हैं नही, केवल मौखिक बातें करते हैं ।

मौख्य—सज्ञा पु० [स०] मुख्यता । श्रेष्ठता । महत्ता । प्राधान्य [को०] ।

मौगा†—वि० [सं० **मुग्ध**] [वि० स्त्री० **मौगी**] १ मूर्ख । दुर्बुद्धि । २ जनखा । हिजडा । मेहरा ।

मौगी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० मौगा, मि० व गव मागी (= स्त्री)] स्त्री । औरत ।

मौग्ध्य—सज्ञा पुं० [स०] मुग्धता [को०] ।

मौघ्य—सज्ञा पुं० [स०] मोघता । व्यर्थता । निरर्थकता [को०] ।

मौच—सज्ञा पुं० [स० तुल० फ्रा० मौज़ (= केला)] केले का फल ।

मौज—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ लहर । तरग । हिलोर ।

क्रि० प्र०—आना ।—उठना ।

मुहा०—**मौज मारना** = लहराना । बहना । जैसे,—दरिया मौजें मार रहा है । **मौज खाना** = लहर मारना । हिलोरा लेना । (लश०) । **लबी मौज** = दूर तक का बहाव । (लश०) ।

२ मन की उमग । उछग । जोश । उ०—(क) साहब के दरबार में कमी काहु की नाहिं । बंदा मौज न पावही चूक चाकरी माँहि ।—कबीर । (शब्द०) । (ख) कहा कमी जाके राम धनी । मनसा नाथ मनोरथ पूरण सुख निधान जाकी मौज घनी ।—सूर (शब्द०) ।

मुहा०—**किसी को मौज आना** या **किसी का मौज में आना** = उमग में भरना । अचानक किसी काम के लिये उत्तेजना होना । धुन होना । **मौज उठना** = मन मे उमग उठना । **किसी की मौज पाना** = मरजी जानना । इच्छा से अवगत होना ।

३ धुन । ४ सुख । आनद । मजा । उ०—(क) कबिरा हरि की भक्ति कर तजु विषया रस चौज । बार बार नहिं पाइए मानुष जनम की मौज ।—कबीर (शब्द०) । (ख) सोचु परयो मन राधिका कछु कहत न आवै । कछु हर्ष कछु दुख कर मन मौज बढ़ावै ।—सूर (शब्द०) ।

क्रि० प्र०—करना ।—उड़ाना ।—मारना ।—मिलना ।—लेना ।

५ प्रभूति । विभव । विभूति । उ०—रहति न रन जयमाहि मुख लखि लाखन की फौज । जाचि निराखर हू चलै लै लाखन की मौज । —बिहारी (शब्द०) ।

मौजा—सज्ञा पुं० [अ० मौज़ा] १. गाँव । ग्राम । २ स्थान । जगह (को०) ।

मौजावारी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रथा जिसके अनुसार फसल की स्थिति देखकर मालगुजारी निश्चित की जाती थी । उ०—मराठा काल मे मौजावारी प्रथा का प्रादुर्भाव हुआ ।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० ६ ।

मौजिब†—सज्ञा पु० [अ० मूजिब] कारण । रहस्य । सबब । उ०—मौजिब कोई न जान कर्मी जिसका आज तक ।- कबीर म०, पृ० १६५ ।

मौजी—वि० [हिं० मौज + ई (प्रत्य०)] १ मनमाना काम करने वाला । जो जी में आवे, वही करनेवाला । २ सदा प्रसन्न रहनेवाला । आनदी । ३ मन मे कभी कुछ और कभी कुछ विचार करनेवाला ।

मौजूँ—वि० [अ० मौजूँ] १ जो किसी स्थान पर ठीक बैठता या मालूम होता है । उपयुक्त । उचित । मुनासिब । २ तुला हुआ । सतुलित । ३ छद के नियम गण, मात्रा आदि से शुद्ध (पद्य) ।

मौजूद—वि० [अ०] १ उपस्थित । हाजिर । विद्यमान । रहता हुआ । उ०—जहाँ हम लोग गए थे, वहाँ शातिपुर का हमारा नायब गुमाश्ता मौजूद था ।—सरस्वती (शब्द०) । २ प्रस्तुत । तैयार । कटिबद्ध । जैसे,—आपका काम करने को मैं मौजूद हूँ ।

विशेष—इसका प्रयोग विशेष्य के आदि मे इस रूप में नही होता, और यदि होता भी है, तो होना क्रिया का रूप लुप्त रहता है । जैसे,—वहाँ पर मौजूद सिपाही ने उसे बहुत रोका ।

मुहा०—**मौजूद रहना** = (१) उपस्थित रहना । पास रहना । सामने रहना । (२) ठहरे रहना । जैसे,—मौजूद रहो, अभी उत्तर मिलेगा ।

मौजूदगी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सामने रहने का भाव । उपस्थिति । विद्यमानता ।

मौजूदा—वि० [अ० मौजूदह्] वर्तमान काल का। जो इस समय मौजूद हो। प्रस्तुत। उ०—चूँकि उर्दू की एक बेनजीर तारीख (आबे हयात) मुल्क मे मौजूद है, लेहाजा किताब का जियादह हिस्सा सस्कृत, हिंदी और मौजूदा हिंदी के जिक्रे खैर से मामूर होगा।—जमाना (शब्द०)।

मौजूदात—सज्ञा स्त्री० [अ० मौजूदा का बहु व०] ससार की सभी चीजें। सृष्टि। चराचर जगत्।

मौठⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मकुष्ठ, प्रा० मठट्ठ] दे० 'मोठ'। उ—बहु गोधूम चनक तदुल अति। राहर ज्वार मसूर लेहु रति। मूँग मौठ बटुरा बहु ल्यावहु। राजभाष अरु माष मँगावहु।—प० रासो, पृ० १७।

मौढाⓊ—सज्ञा पुं० [सं० माणवक] दे० 'मौडा'।

मौत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १. मरने का भाव। मरण। मृत्यु। विशेष दे० 'मृत्यु'। उ०—अरे कस! जिसे तू पहुँचाने चला है, तिसका आठवाँ लडका तेरा काल उपजेगा। उसके हाथ तेरी मौत है।—लल्लू (शब्द०)। २. वह देवता जो मनुष्यो या प्राणियो के प्राण निकालता है। मृत्यु। उ०—विरह तेज तन मे तपै अग सबै अकुलाय। घट सूना जिव पीव मे, मौति ढूँढ फिर जाय।—कबीर (शब्द०)।

मुहा०—**मौत आना**=मरने को होना। **मौत का पसीना आना**=आसन्नमरण होना। मरने के लक्षण दिखाई देना। **मौत का सिर पर खेलना**=(१) मरने को होना। मरने पर होना। (२) दुर्दिन आने को होना। आपत्ति काल समीप होना। (३) प्राण जाने का भय होना। जान जोखो होना। **मौत का तमाचा**=मृत्यु का स्मरण दिलानेवाला कार्य या घटना। **अपनी मौत मरना**=स्वाभाविक ढग से मरना। प्राकृतिक नियम के अनुसार मरना। **मौत बुलाना**=ऐसा काम करना जिससे मौत निश्चित हो।

३ मरने का समय। काल। मौत की घडी। मृत्युकाल।

मुहा०—**मौत माँगना**=कष्ट, कठिनाइयो से ऊबकर मौत मनाना। **मौत के दिन पूरे होना**=किसी प्रकार आयु बिताना। कठिनता से कालक्षेप करना। ऐसे दु ख मे दिन बिताना जिसमे बहुत दिन जीना असभव हो

४ अत्यत कष्ट। आपत्ति। जैसे,—वहाँ जाना तो हमारे लिये मौत है।

मौताज†—सज्ञा पुं० [अ० मुहताज] दे० 'मुहताज'। उ०—जभी दाने दाने को मौताज हो।—गोदान, पृ० १८३।

मौताद—सज्ञा स्त्री० [अ०] मात्रा। उ०—चग जो होता वैद की दिए दवा मौताद। क्यो नहिं सिर के दरद मे सिर देता फिरहाद।—रसनिधि (शब्द०)।

मौतीⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० मौक्तिक] दे० 'मोती'। उ०—नासिका को मौती देखि उडगन सकुचाइ।—नद० ग्र०, पृ० ३७०।

मौदक—वि० [स०] १ मिठाई सबधी। २. (भाव) मिठाई के क्रय विक्रय का? [को०]।

मौदकिक—सज्ञा पुं० [सं०] हलवाई [को०]।

मौद्गल—सज्ञा पुं० [स०] मुद्गल ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष। मौद्गल्य।

मौद्गलि—सज्ञा पुं० [स०] काक। कौआ [को०]।

मौद्गल्य—सज्ञा पु० [स०] १ मुद्गल ऋषि के पुत्र का नाम। ये एक गोत्रकार ऋषि थे। २ मुद्गल ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष।

मौद्गल्यायन—सज्ञा पुं० [स०] गौतम बुद्ध के एक प्रधान शिष्य का नाम।

मौद्गीन—सज्ञा पुं० [सं०] वह खेत जिसमे मूँग उत्पन्न होता हो।

मौन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. न बोलने की क्रिया या भाव। चुप रहना। चुप्पी। उ०—सपति अरु विपति को मिलि चलै प्रभु तहाँ जहाँ नहिं होइ सुमिरन तिहारो। करत दडवत मैं तुमहिं करुणाकरन कृपा करि ओर मेरे निहारो। सुनत यह वचन हरि करयो अब मौन करि कृपा तोहिं पर बीर धारी। सपति अरु विपति को भय न होइहै तिसै सुनै जो यह कथा चित्त धारी।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—रहना।

मुहा०—**मौन गहना या ग्रहण करना**=चुप रहना। चुप्पी साधना। न बोलना। उ०—(क) देखत ही जेहि मौन गही अरु मौन तजे कटु बोल उचारे।—केशव (शब्द०)। (ख) मौन गहौं मन मारि रहो निज पीतम की कहो कौन कहानी।—व्यग्यार्थ (शब्द०)। **मौन खोलना**=चुप रहने के उपरात बोलना। उ०—खिनक मौन बाँध खिन खोला। गहेसि जीभ मुख जाइ न बोला।—जायसी (शब्द०)। **मौन तजना**=चुप्पी छोडना। बोलने लगना। उ०—देखत ही जेहि मौन गही अरु मौन तजे कटु बोल उचारे।—केशव (शब्द०)। **मौन धरना या धारण करना**=न बोलना। चुप होना। मौन होना। उ०—जँह बैठी वृषभानु नदिनी तँह आए धरि मौन। पडे पायँ हरि चरण परसि कर छिन अपराध सलौन।—सूर (शब्द०)। **मौन बाँधना**=चुप्पी साधना। चुप हो जाना। उ०—जो बोले सो मानिक मूँगा। नाहिं तो मौन बाँधु होइ गूँगा।—जायसी (शब्द०)। **मौन लेना या साधना**=मौन धारण करना। चुप होना। न बोलना। उ०—जिय में न क्रोध करु जाहि अब केहू ठौर नगर जरावे जिन साध्यो हम मौन हैं।—हनुमन्नाटक (शब्द०)। **मौन सँभारना**=मौन साधना। चुप होना।

२. मुनियो का व्रत। मुनिव्रत। ३ फागुन महीने का पहला पक्ष। ४. उदासीनता। खिन्नता। अप्रफुल्लता (को०)।

मौन[2]—वि० [सं० मौनी] जो न बोले। चुप। मौनी। उ०—(क) हमहुँ कहब अब ठकुर सुहाती। नहिं त मौन रहब दिन राती।—तुलसी (शब्द०)। (ख) इतनी सुनत नैन भरि आए प्रेम नद के लालहि। सूरदास प्रभु रहे मौन ह्वै घोष बात जनि चालहि।—सूर (शब्द०)।

मौनⓤ‡[2]—सज्ञा पुं० [सं० मौण] १. बरतन। पात्र। उ०—काढो कोरे कोपर हो अरु काढो घी को मौन। जाति पाँति पहिराय कै सब समदि छतीसो पौन।—सूर (शब्द०)। २ डब्बा। उ०—मानहुँ रतन मौन दुइ मूँदे।—जायसी (शब्द०)। ३ मूँज आदि का बना टोकरा या पिटारा।

मौनता—सज्ञा स्त्री० [स०] मौन होने या रहने का भाव। चुप होना। चुप्पी।

मौनभग—सज्ञा पुं० [स० मौनभङ्ग] मौन तोडना। चुप्पी त्याग कर बोलना।

मौनमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] चुप्पी। मौन भाव [को०]।

मौनव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] मौन धारण करने का व्रत। चुप रहने का व्रत।

मौना—सज्ञा पुं० [स० मौण] [स्त्री० अल्पा० मौनी] १. घी या तेल आदि रखने का एक विशेष प्रकार का बरतन। २. काँस और मूँजे से बुनकर बनाया हुआ टोकरा जिसमें अन्न आदि रखा जाता है। ३ सीक या काँस और मूँज का तग मुँह का ढक्कनदार टोकरा। पिटारी। ४. मधुमक्खी। उ०—जाड़े से हड्डी बजती, सरकार हुआ बूढा तन। मौना के छत्ते करते फूटे कानो में भन भन।—अतिमा, पृ० १६।

मौनी[1]—वि० [स० मौनिन्] चुप रहनेवाला। न बोलनेवाला। मौन धारण करनेवाला।

मौनी[2]—सज्ञा पुं० मुनि। वनवासी। तपस्वी।

मौनी[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० मौना] कटोरे के आकार की टोकरी जो प्राय काँस और मूँज से बुनकर बनाई जाती है।

मौनी अमावस्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] माघ की अमावस्या।

मौनेय—सज्ञा पुं० [स०] गधर्वों और अप्सराओ आदि का एक मातृक गोत्र।

विशेष—इन जातियो मे माता का गोत्र प्रधान होता है, क्योंकि इनके पिता अनिश्चित होते है।

मौर[1]—सज्ञा पुं० [सं० मुकुट, पा० मउड] [स्त्री० अल्पा० मौरी] १. एक प्रकार का शिरोभूषण जो ताडपत्र या खुखडी आदि का बनाया जाता है। विवाह मे वर इसे अपने सिर पर पहनता है। उ०—(क) अवधू बोत तुरावल राता। नाचै बाजन बाज बराता। मौर के माथे दूलह दीन्हो, अकथा जोरि कहाता। मडये के चारन समधो दीन्हो पुत्र विआहल माता।—कबीर (शब्द०)। (ख) सोहत मौर मनोहर माथे। मगलमय मुकुतामनि गाथे।—तुलसी (शब्द०)। (ग) रामचद्र सीता सहित शोभत हैं तेहि ठौर। सुवरणमय मणिमय खचित शुभ सुदर सिर मौर।—केशव (शब्द०)।

मुहा०—मौर बाँधना = विवाह के समय सिर पर मौर पहनना। उ०—पाँवरि तजहु देहु पग, पैरन बाँक तुखार। बाँध मौर भो छत्र सिर बेगि होहु असवार।—जायसी (शब्द०)।

२. शिरोमणि। प्रधान। सरदार। उ०—(क) जो तुम राजा आप कहावत वृदावन की ठौर। लूट लूट दधि खात सबन को सब चोरन के मौर।—सूर (शब्द०)। (ख) साधू मेरे सब बडे अपनी अपनी ठौर। शब्द विवेकी पारखी वह माथे का मौर।—कबीर (शब्द०)।

मौर[2]—सज्ञा पुं० [सं० मुकुल, प्रा० मउल] छोटे छोटे फूलो या कलियो से गुथी हुई लबी लवी लटोवाला घोद। मंजरी। बौर। जैसे,—आम का मौर। पयार का मौर। अशोक का मौर। उ०—(क) नद महर घर के पिछवाडे राधा आइ बतानी हो। मनों अब दल मौर देखि कै कुहकि कोकिला बानी हो।—सूर (शब्द०)। (ख) चलत सुन्यो परदेश को हियरो रह्यो न ठौर। लै मालिन मीतहि दियो नव रसाल को मौर।—मतिराम (शब्द०)।

मुहा०—मौर बंधना = मौर निकलना। मजरी लगना।

मौर[3]—सज्ञा पु० [स० मौलि (= सिर)] गरदन का पिछला भाग जो सिर के नीचे पडता है। गरदन। उ०—(क) भौंह उँचै आँचरु उलटि मौर मोरि मुँह मोरि।—बिहारी (शब्द०)। (ख) मोर उँचै घूटेन नै नारि सरोवर न्हाइ।—बिहारी (शब्द०)।

मौरजिक—सज्ञा पुं० [स०] मुरज निर्माण करनेवाला शिल्पी। मुरज वाद्य बनानेवाला।

मौरना—क्रि० स० [हिं० मौर + ना (प्रत्य०)] वृक्षो पर मजरी लगना। आम आदि के पेड़ो पर बौर लगना। उ०—(क) काटे आँव न मौरिया फाटे खुरे न कान। गोरख पद परसे बिना कहो कौन की सान।—कबीर (शब्द०)। (ख) शिशिर होत पतझार, आँब कटाहर एक से। राह बसत निहार, जग जाने मौरत प्रगट।—हनुमन्नाटक (शब्द०)। (ग) बिलोके तहाँ आँब के साखि मौरे। चहूँघा भ्रमैं हुकरैं भौंर बौरे। लगे पौन के झोक डारैं झुकावैं। बिचारे वियोगीन को ज्यो डरावैं।—गुमान (शब्द०)।

मौरसिरीⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० मौलि + श्री] दे० 'मौलसिरी'। उ०—(क) जुही नसत तासो कहूँ प्रीति निवारी जाय। मौरसिरी दिन दिन चढ़ै सदा सुहागि लताहि।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) मौरसिरी ही को पैन्हि कै हार भई सब के सिर मौर सिरी तू।—देव (शब्द०)।

मौरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० मौर + ई (प्रत्य०)] १ छोटा मौर जो विवाह में बधू के सिर बाँधा जाता है। उ०—मौर लसै उत मौरी इतै उपमा इकहू नहिं जातु लही है। केसरी बागो बनो दोउ के इत चद्रिका चारु उतै कुलही है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ७७७।

मौरूसी—वि० [अ०] बाप दादा के समय से चला आया हुआ। पैतृक। जैसे,—यह बीमारी तो उनके खानदान मे मौरूसी है।

यौ०—**मौरूसी काश्तकार** = वह काश्तकार जिसकी काश्त पर उसके उत्तराधिकारी को भी वही हक प्राप्त हो। **मौरूसी जायदाद** = पैतृक परंपरा से प्राप्त जमीन। जैसे,—यह मौरूसी जायदाद है, इसमें सब का हक है।

मौर्ख्य—संज्ञा पु० [सं०] मूर्खता । बेवकूफी ।

मौर्य—संज्ञा पुं० [सं०] क्षत्रियों के एक वंश का नाम ।

विशेष—सम्राट् चंद्रगुप्त और अशोक इसी वंश में उत्पन्न हुए थे। पुराणों मे मौर्यों को वर्णसंकर लिखा है और मौर्य वंश का मूलपुरुष 'चंद्रगुप्त' माना गया है। पुराणो के अनुसार चंद्रगुप्त का जन्म मुरा नामक शूद्रा से हुआ था और वह चाणक्य की सहायता से नंदो का नाश कर पाटलिपुत्र का सम्राट् हुआ था। (विशेष दे० चंद्रगुप्त।) पर बौद्ध ग्रंथो में 'चंद्रगुप्त' को 'मोरिय' वंश का लिखा है और उसे शुद्ध क्षत्रिय माना है। मौर्य वंश के शुद्ध क्षत्रिय होने की पुष्टि दिव्यावदान मे अशोक के मुँह से कहलाए हुए 'देव अहं क्षत्रिय कथं पलाडुं परिभक्षयामि' से भी होता है, जिसमे अशोक कहता है—'देव, मैं क्षत्रिय हूँ, मैं प्याज कैसे खाऊँ।' 'मुरा' शब्द मे 'ण्य' प्रत्यय लगाने से मौर्य' शब्द बहुत खींच खाँच से बनता है, पर पालि भाषा मे 'मोरिया' शब्द आया है, जिसकी सिद्धि पालि व्याकरण के अनुसार 'मोर' शब्द से, जो 'मयूर' का पालि रूप है, की गई है। यह समझकर जैनियो ने चंद्रगुप्त की माता का नंद के मयूर-पालको के सरदार की कन्या लिखा है। बुद्धघोष के विनयपिटक की आत्मकथा का टीका और महावंश का टीका में चंद्रगुप्त को मोरिय नगर के राजा का रानी का पुत्र लिखा है। यह मोरिय नगर हिंदूकुश और चित्राल के मध्य उज्जानक (सं० उद्यान) देश मे था।

महापरिनिर्वाण सूत्र में लिखा है कि जिस समय महात्मा गौतम बुद्ध का कुशीनगर मे निर्वाण हुआ था और मल्लराज ने उनकी अंत्येष्टि के अनंतर उनके भस्म और अस्थि को कुशीनगर में चैत्य बनाकर प्रतिष्ठित करना चाहा था, उस समय कपिलवस्तु, राजगृह आदि के राजाओ ने महात्मा बुद्धदेव के धातु को बाँटकर अपने अपने भाग को अपने अपने देश में चैत्य बनाकर रखने के उद्देश्य से कुशीनगर पर चढ़ाई की थी, जिससे महान् उपद्रव की संभावना देख महात्मा द्रोण ने महात्मा बुद्धदेव के धातु को विभक्त कर प्रत्येक को कुछ कुछ भाग देकर झगड़ा शांत किया था। उन राजाओ मे, जिन्हें महात्मा बुद्धदेव की चिता के भस्म का भाग दिया गया था, पिप्पलीकानन के मोरिया राजा का भी उल्लेख महापरिनिर्वाण सूत्र मे है। इससे विदित होता है कि महात्मा बुद्धदेव के परिनिर्वाण काल में पिप्पलीकानन में मोरिय क्षत्रियों का निवास था। इससे मोरिय राजवंश की सत्ता का पता चंद्रगुप्त से बहुत पहले तक चलता है। ये मोरिय लोग शाक्य, लिच्छवि, मल्ल आदि वंश के क्षत्रियो के संबंधी थे। जान पड़ता है, ये लोग काबुल के प्रदेशो के रहनेवाले क्षत्रिय थे; और जब पारसी आर्यों ने भारतीय आर्यों पर आक्रमण करना प्रारंभ किया, तब ये लोग भागकर नेपाल की तराई मे चले आए और वहाँ के लोगों को अपने अधिकार में करके इन्होने छोटे छोटे अनेक राज्य स्थापित किए। इनके आचार आदि पर पारसी आर्यों और मध्य एशिया की अन्य जातियों का प्रभाव पड़ा था, इसलिये मनु जी ने उन्हे व्रात्य क्षत्रिय लिखा है।—

झल्लोमल्लश्च राजन्याद् व्रात्यान्निच्छिविरेवच।
नटश्चकरणश्चैव खसोद्रविड एव च।

संभव है, बौद्ध हो जाने के कारण ही संस्कारच्युत होने पर इन जातियो को व्रात्यज लिखा गया हो, और इसीलिये पुराणो मे चंद्रगुप्त मौर्य के वंश के लिये भी 'वृषल' या वर्णसंकर लिखा गया हो। महावंश के टीकाकार और दिव्यावदान के टीकाकारो का कथन है कि चंद्रगुप्त मोरिय नगर के राजा का पुत्र था। जब मोरिय के राजा का ध्वंस हुआ, तब उसकी गर्भवती रानी अपने भाई के साथ बड़ी कठिनता से भागकर पुष्पपुर चली आई और वहीं चंद्रगुप्त का जन्म हुआ। यह चंद्रगुप्त गौएँ चराया करता था। इसे होनहार देख चाणक्य-जी अपने आश्रम पर लाए और उपनयन कर अपने साथ तक्षशिला ले गए। जब सिकंदर ने पंजाब पर आक्रमण किया, तब तक्षशिला के ध्वंस होने पर चंद्रगुप्त आचार्य चाणक्य के साथ सिकंदर के शिविर मे था। वील साहब का कथन है कि मोरिय नगर उज्जानक प्रदेश मे था, जो हिंदूकुश और चित्राल के मध्य मे था।

इन सब बातों को देखते हुए जान पड़ता है, जिस प्रकार निस्विश से लिच्छवि, शक से शाक्य आदि राजवंशो के नाम पड़े, उसी प्रकार मोरिय नगर के प्रथम अधिवासी होने के कारण मौर्य राजवंश का भी नाम रखा गया, और आचार व्यवहार की विभिन्नता से पुराणो मे उसे 'वृषल' आदि लिखा गया। पारस की सीमा पर रहने के कारण उनके आचार व्यवहार और रहन सहन पर पारसियो का प्रभाव पड़ा था, और चंद्रगुप्त तथा अशोक के समय के गृहो और राजप्रासादो का भी निर्माण पारस के भवनो के ढंग पर ही किया गया था। चंद्रगुप्त के अनंतर अशोक मौर्य वंश का सबसे प्रसिद्ध सम्राट् हुआ। मौर्य साम्राज्य का ध्वंस शुंगो ने किया। पर विक्रम की आठवीं शताब्दी तक इधर उधर मौर्यों के छोटे छोटे राज्यो का पता लगता है। ऐसा प्रसिद्ध है, और जैन ग्रंथो मे भी लिखा है कि चित्तौड़ का गढ़ मौर्य या मोरी राजा चित्रांग ने बनवाया था।

मौर्वी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ धनुष की प्रत्यंचा। कमान की डोरी। ज्या। २ मूर्वा घास की बनी मेखला जिसे क्षत्रियो को धारण करने का विधान है [को०]।

मौल[1]—वि० [सं०] १ मूल से संबंध रखनेवाला। २ मौरूसी। पैतृक। ३ परंपरागत। परंपराप्राप्त (को०)।

मौल[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन काल के एक प्रकार के मंत्री। २ बड़ा जमींदार। तालुकेदार। भूस्वामी।

विशेष मनु ने लिखा है कि ग्राम के सीमा संबंधी विवाद को सामंत और यदि सामंत न हो तो मौल निपटावे।

मौलबल—संज्ञा पुं० [सं०] बड़े जमींदारो की अथवा उनके द्वारा एकत्र की हुई सेना।

मौलवी—संज्ञा पुं० [अ०] १. अरबी भाषा का पंडित। २. मुसल-

मान धर्म का आचार्य, जो अरबी, फारसी आदि भाषाओं का ज्ञाता हो। ३ धर्मनिष्ठ मुसलमान।

मौलवीगिरी—संज्ञा स्त्री० [अ० मौलवी + गिरी] मौलवी का काम। अध्यापन [को०]।

मौलसिरी—संज्ञा स्त्री० [सं० मौलि + श्री] एक प्रकार का बड़ा सदाबहार पेड़। उ०—पहिरत ही गोरे गरे यो दौरी दुति लाल। मनौ परसि पुलकित भई मौलसिरी की माल।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष इसकी लकड़ी अदर से लाल और चिकनी होती है जिससे मेज, कुर्सी आदि बनाई जाती है। यह दरवाजे और संगहे बनाने के भी काम आती है। इसके फूल मुकुट के आकार के, तारे की भाँति छोटे छोटे होते हैं और उनसे इत्र बनाया जाता है। इसके फल पकने पर खाने योग्य होते है और बीजो से तेल निकलता है। इसकी छाल ओषधियो मे काम आती है। इसका पेड़ बीजो से उत्पन्न होता है और सब देशो मे लगाया जा सकता है। पश्चिमी घाट और कनारा में यह जगलो मे स्वच्छद रूप से उगता है। यह पेड़ बहुत दिनो मे बढ़ता है। यह बरसात मे फूलता और शरद् ऋतु मे फलता है। इसके फूल सफेद, कटावदार और छोटे छोटे बहुत ही कोमल और मीठी सुगधवाले होते हैं।

पर्या—बकुल। केसर। सीधगध। मुकुल। मधुपुष्प। सुरभि। शारदिक। करक। चिरपुष्प।

मौला[1]—संज्ञा पुं० [देश०] उत्तरी भारत मे होनेवाली एक प्रकार की बेल जिसकी पत्तियाँ एक बालिश्त तक लबी होती है। जाड़े के दिनो मे इसमे आध इच लबे फूल लगते हैं। इसके तने से एक प्रकार का लाल रग का गोद निकलता है। यह बेल जिस वृक्ष पर चढ़ती है, उसे बहुत हानि पहुँचाती है। मूला। मल्हा बेल।

मौला[2]—संज्ञा पुं० [अ०] १ स्वामी। मालिक। २ ईश्वर। परमेश्वर। ३ दासता से मुक्त दास [को०]।

मौलाना—संज्ञा पुं० [अ० मौलाना] १ अरबी भाषा का बहुत बड़ा विद्वान्। २ बड़ा मौलवी। २ विद्वान्।

मौलि[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी पदार्थ का सबसे ऊँचा भाग। चोटी। सिरा। चूडा। २ मस्तक। सिर। ३ किरीट। ४ जूडा। जटाजूट। ५ अशोक का पेड़। ६ मुख्य वा प्रधान व्यक्ति। सरदार।

मौलि[1]—संज्ञा स्त्री० पृथिवी। भूमि। जमीन।

यौ०—मौलिपृष्ट = मुकुट। मौलिबध = मुकुट। राजमुकुट। किरीट। मौलिमणि = मुकुट में जडा हुआ रत्न। श्रेष्ठ मणि। शिरोमणि। मौलिमुकुट = मुकुट। मौलिरत्न = दे० 'मौलिमणि'।

मौलिक—वि० [सं०] १ मूल सबधी। २ मुख्य। प्रधान। ३ जो किसी की छाया, या अनुवाद न हो। ४ छोटा। निम्न (को०)।

मौलिकता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मौलिक होने का भाव [को०]।

मौलिमनि—वि० [सं० मौलिमणि] शिरोमणि। प्रधान। उ०—मो सम कुटिल मौलिमनि नहिं जग, तुम सम हरि न हरन कुटिलाई।—सतवाणी०, भा० २, पृ० ८३।

मौली[1]—वि० [सं० मौलिन्] जिसके सिर पर मौलि या मुकुट हो। मुकुटधारी।

मौली[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'मौलि'।

मौलूद—संज्ञा पुं० [अ०] १ नवजात शिशु। जन्म प्राप्त शिशु। २ मुहम्मद साहब के जन्म का उत्सव। उ०—काशी मे व्यास गद्दी सी लगाकर मौलूद की कथा की भाँति।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३६५।

यौ०—मौलूदख्वाँ = मौलूद की कथा कहनेवाला। मौलूद शरीफ = ( ) मुहम्मद साहब की जन्मकथा। (२) वह मजलिस जिसमे मुहम्मद साहब की जन्मकथा कही जाय।

मौलेयक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रत्न या हीरा (कौटि०)।

मौल्य—संज्ञा सं० [सं०] मूल्य।

मौषल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के एक पर्व का नाम।

मौषल[1]—वि० [सं०] १ मुषल सबधी। २ मूसल के आकार का।

मौषिकपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] शतपथ ब्राह्मण के अनुसार एक आचार्य का नाम।

मौष्टा—संज्ञा स्त्री० [सं०] घूँसे की मार। घूँसाघूँसी। मुक्कामुक्की।

मौष्टिक—संज्ञा पुं० [सं०] १. चोरी। ठगी। २ चोर। ठग। बटमार। धूर्त।

मौसम—संज्ञा पुं० [अ० मौसिम] दे० 'मौसिम'।

मौसर—वि० [अ० मुयस्सर (= प्राप्त)] १ जो सुगमता से मिल सके। सुप्राप्य।

मुहा०—मौसर आना = मिल सकना। उ०—समय की चूक हूक मालति प्रवीनन को मौसर न आवै बनै औसर जवाब का।—बलवीर (शब्द०)।

२ उपलब्ध। प्राप्त। उ०—(क) औसर के मौसर भए मत दे करतें खोइ। जोबन औसर भावतो बार बार नहिं होइ।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) बार बार नहिं होत है औसर मौसर बार। सो सिर देवै को अरे जो फिर हूजै त्यार।—रसनिधि (शब्द०)।

क्रि० प्र०—आना।—होना।

मौसल—वि० [सं०] मूसल सबधी। मूसल का।

मौसली—संज्ञा स्त्री० [हिं० मौलसिरी] दे० 'मौलसिरी'।

मौसा—संज्ञा पुं० [हिं० मौसी का पुं०] [स्त्री० मौसी] माता की बहन का पति। मौसिया या मौसी का पति।

मौसिम—संज्ञा पुं० [अ०] [वि० मौसिमी] १ उपयुक्त समय। अनुकूल काल। २ ऋतु।

मौसिमी—वि० [अ०] १. समयोपयोगी। काल के अनुकूल। २ ऋतु सबधी। ऋतु का। जैसे, मौसिमी फल, मौसिमी मिठाई।

मौसिमी बुखार—संज्ञा पुं० [अ० मौसिमी + फा० बुखार] चैत या भादो कुआर में होनेवाला ज्वर।

मौसिया[1]—सज्ञा पुं० [हिं० मौसा + इया] दे० 'मौसा'।

मौसिया[2]—वि० सबध में मौसी या मौसा के स्थान का। मौसी के द्वारा सबध रखनेवाला। जैसे, मौसिया सास, मौसिया ससुर। दे० 'मौसेरा'। जैसे, चोर चोर मौसिया भाई। (कहावत)।

मौसियाउत—वि० [हिं० मौसी + आउत (प्रत्य०)] मौसेरा।

मौसियायत†—वि० [हिं० मौसी] दे० 'मौसियाउत'।

मौसी—सज्ञा स्त्री० [सं० मातृष्वसा, प्रा० माउस्सिमा] [वि० मौसेरा, मौसियाउत] माता की बहिन। मासी। उ०—मातु मौसी बहिन हूँ तें सासु तें अधिकाइ। करहि तापस तीय तनया सीय हित चित लाइ।—तुलसी (शब्द०)।

मौसूफ—वि० [अ० मौसूफ] [स्त्री० मौसूफा] १ जिसकी प्रशसा की जाय। प्रशसित। २ पूर्वोक्त। जिसका जिक्र चल रहा हो। ३. जिस शब्द के साथ कोई विशेषण हो। विशेष्य [को०]।

मौसूम—वि० [अ०] [वि० मौसूमह्] नाम रखा हुआ। हुआ। नामवारी।

मौसूल—वि० [अ०] [वि० स्त्री० मौसूलह्] प्राप्त। लब्ध। हासिल।

मौसेरा—वि० [हिं० मौसी + एरा (प्रत्य०)] मौसी के द्वारा सबद्ध। मौसी के संबध का। जैसे, मौसेरा भाई, मौसेरी बहन, मौसेरा ससुर, मौसेरी सास, इत्यादि। उ०—जब देवसरूप बैठ गए, उनके मौसेरे ससुर नदकुमार अपनी ठौर से उठे और देखकर कहने लगे।—अधखिला फूल (शब्द०)।

मौहर†—सज्ञा पुं० [सं० मधुकर, प्रा० महुअर] दे० 'महुअर'। उ०—जलतरग मुरली किंकिन मौहर उपग मडल स्वर तितिन। —कबीर मा०, पृ० २४६।

मौहरू†—सज्ञा पुं० [स० मुकुट] मुकुट। मौर। उ०—रघवर की निकरौसी कीनी मौहरु राँम पै बँधवाँमि।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६३६।

मौहूर्त्त—सज्ञा पु० [स०] मुहूर्त बतलानेवाला। ज्योतिषी।

मौहूर्तिक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मूहूर्त बतलानेवाला। ज्योतिषी। २ दक्ष की मुहूर्ता नामक कन्या से उत्पन्न एक देवगण।

मौहूर्तिक[2]—वि० मुहूर्त से उत्पन्न। मुहूर्तोद्भव।

म्नात—वि० [सं०] जिसे दो बार किया गया हो। १ दुहराया हुआ। २ पढा हुआ। सीखा हुआ [को०]।

म्यतⓊ†—सज्ञा पुं० [स० मित्र] दे० 'मीत'। उ०—कान सहाणों यौं खडा, जागि पियारे म्यत। राम सनेही बाहिरा तू क्यू सोवै नच्यत।—कबीर ग्र०, पृ० ७२।

म्याऊँ—सज्ञा स्त्री० [अनु०] दे० 'म्याँव'।

मुहा०—म्याऊँ म्याऊँ करना = 'म्यावँ म्यावँ करना'। उ०—बिल्ली अपना, हिस्सा या तो म्याउँ म्याउँ करके माँगती है या चोरी से ले जाती है।—रस०, पृ० ११२।

म्याँव—सज्ञा स्त्री० [अनु०] बिल्ली की बोली।

मुहा०—म्याँवँ म्याँवँ करना = भयभीत होकर पीमी आवाज मे बोलना। डर के मारे बोल बद हो जाना।

म्यान—सज्ञा पुं० [फा० मियान] १ कोष जिसमे तलवार, कटार आदि के फल रखे जाते है। तलवार, कटार आदि का फल रखने का स्थान। उ०—चाखा चाहै प्रेम रस राखा चाहै मान। दोय खग इक म्यान मे देखा सुना न कान।—कबीर (शब्द०)। (ख) जब माल इकट्ठा करते थे, अब तन का अपने ढेर करो। गढ टूटा लश्कर भाग चुका अब म्यान मे तुम शमसेर करो।—नजीर (शब्द०)। २ अन्नमय कोश। शरीर। उ०—(क) कबिरा सूता क्या करै, उठि न भजै भगवान। जम धरि जब ले जायँगे पडा रहैगा म्यान।—कबीर (शब्द०)। (ख) चचल मनुवाँ चेत रे सोवै कहा अजान। जम घर जब ले जायगा पडा रहेगा म्यान।—कबीर (शब्द०)।

म्यानाⓊ—क्रि० स० [हिं० म्यान] म्यान मे डालना। म्यान मे रखना। उ०—(क) अस कहि अपनी काढि कृपानी। म्यान्यौ ताहि बिशेषि बखानी।—रघुराज (शब्द०)। (ख) तब्बु तेजु सहि सक्यो न राना। खड्ग तुरत म्यान महँ म्याना।—रघुराज (शब्द०)।

म्याना[2]—सज्ञा पुं० [फा० मियानह्] दे० 'मियाना'।

म्याना[3]—वि० मध्य का। बीच का। मझोला।

म्यानी—सज्ञा स्त्री० [फा० मियानी] पाजामे की काट मे एक टुकडे का नाम जो दोनो पल्लो को जोडते समय रानो के बीच मे जोडा जाता है।

म्युजियम—सज्ञा पु० [अ० म्युज़ियम] वह स्थान जहाँ देश तथा विदेश के अनेक प्रकार के अद्भुत और विलक्षण पदार्थ सगृहीत हो। अद्भुत पदार्थो का सग्रहालय। अजायबघर।

म्युनिसिपल—वि० [अ०] नगरपालिका या म्युनिसिपैल्टी सबधी। उ०—१५० रुपये सालाना आय पर म्युनिसिपल टक्स देनेवाले व्यक्ति।—भारतीय०, पृ० २०।

म्युनिसिपैलिटी—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'म्युनिसिपैल्टी' उ०—म्युनिसिपैलिटी के कार्य निर्वाह का बोझ एक आदमी के सिर नही है उसमें बहुत से मेबर होते है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० २२०।

म्युनिसिपैल्टी—सज्ञा स्त्री० [अ०] किसी नगर के नागरिको की वह प्रतिनिधि सभा जिसे उस नगर के स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा अन्यान्य आतरिक प्रबधो का स्वतत्र रूप से नियमानुसार अधिकार हो।

विशेष—प्राय सभी बडे नगरों मे वहाँ की सफाई, रोशनी, सडको और मकानो आदि की व्यवस्था तथा इसी प्रकार के और अनेक कार्यो के लिये म्युनिसिपैलिटी का सगठन होता है। इसके सदस्यो का चुनाव प्राय प्रति तीसरे वर्ष कुछ विशिष्ट योग्यतावाले नागरिको के द्वारा हुआ करता है।

म्यों—सज्ञा स्त्री० [अनु०] बिल्ली की बोली।

मुहा०—**म्यों म्यों करना** = दे० 'म्यांव म्यांव करना'। उ०—मेरी देह छूटत जम पठए जितक हुते घर मो। लै लै सब हथियार आपुने सान धराए त्यो। तिनके दारुन दरस देखि कै पतित करत म्यो म्यो।—सूर (शब्द०)। दे० 'म्यांव'।

म्योंड़ी—सज्ञा स्त्री० [स० निर्गुण्डी] एक सदाबहार झाड का नाम। सिदुवार। निर्गुंडी।

विशेष—इस झाड मे केसरिया रग के छोटे छोटे फूलो की मजरियाँ लगती हैं। इसकी डालियो मे आमने सामने पत्तियाँ होती हैं, जिनके बीच से दूसरी शाखाएँ निकलती है। इसकी पत्तियो के बीच एक सीक होती है जिसके सिरे पर एक और दोनो ओर दो दो पत्तियाँ होती है, जो कुल मिलकर पाँच पाँच होती हैं। यह झाड बनो मे होता है और बागो के किनारे बाढ पर भी लगाया जाता है। वैद्यक मे म्योडी उष्ण और रुक्ष मानी गई है और इसका स्वाद कटु तथा तिक्त लिखा गया है। यह खाँसी, कफ, सुजन और अफरा को दूर करती है। इसका प्रयोग वात रोग मे भी होता है और इसकी पत्तियो की भाप बवासीर की पीडा को दूर करती है।

पर्या०—नीलिका। नील निर्गुडी। सिंहक। सिंदवार। निर्गुंडी।

म्रक्ष, म्रक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] १ अपने दोषो को छिपाना। मक्कारी। २ तेल लगाना। ३ मसलना। मीजना।

म्रगमदⓊ—सज्ञा पु० [सं० मृगमद] कस्तूरी। मृगमद। उ०—कालिंदी न्हावहि न नयन अलै न अगमद। कुचा अग्र परसै न नील दल कवल तोरि सद।—पृ० रा०, २।३४६।

म्रगⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृग] [स्त्री० म्रगी] मृग। हिरन। उ०—म्रगी जान म्रहै घरै बध्य धाई।—पृ० रा०, ६१।२२३३।

म्रगतिह्यⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० मृगतृष्णा, प्रा० म्रगतिण्हा] दे० 'मृगतृषा', 'मृगतृष्णा'। उ०—नव वधू सजत भूषन सँवारि, ससि बढी किरन अति तेज तार। म्रगतिह्य भई उर मुक्ति-माल, भुल्लै चकोर ससि नैन चाल।—पृ० रा०, २।३४६।

म्रगमास—सज्ञा पुं० [स० मृगमास] दे० 'मार्गशीर्ष'। उ०—नव उच्छव नर नार नवल शृ गार वसन्ने। गीता मैं म्रगमास कह्यौ मम रूप किमन्ने।—रा० रू०, पृ० ३७७।

म्रगⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृग, प्रा० म्रग] [स्त्री० म्रगी] दे० 'मृग'। उ०—तिने देपि असमान म्रगी ठठुक्की। मनो मेनिका नृत्य तें ताल चुक्की।—पृ० रा०, १।४३०।

म्रजादⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मर्याद] दे० 'मर्यादा'। उ०—पुष्टि म्रजाद, भजन सुख सीमा निजजन पोषन भरन भर्जा। —नद० ग्र० पृ० ३२५।

म्रदिमा—सज्ञा पु० [सं० म्रदिमन्] १ मृदुता। कोमलता। २ नम्रता। आजिजी।

म्रदिष्ट—वि० [सं०] अति मृदु। अत्यत कोमल।

म्रदुⓊ—वि० [सं० मृदु] दे० 'मृदु'। उ०—सुदर भाल विसाल, अलक सम माल अनोपम। हित प्रकाश म्रदु हास, अरुण वारिज मुख ओपम।—रा० रू०, पृ० २।

म्रदनाⓊ—क्रि० स० [सं० मर्दन] दे० 'मर्दना'। उ०—परे पंच वीर, म्रद्रे नप्प भीर।—पृ० रा०, ६१।१६८३।

म्रनालⓊ—सज्ञा पुं० [स० मृणाल] दे० 'मृणाल'। उ०—मनों कच हंसी म्रनाल ति पग्गी।—पृ० रा०, ५५।१४८।

म्रातन—सज्ञा पुं० [सं०] केवटी मुस्तक। केवटी मोथा।

म्रितक—सज्ञा पुं० [सं० मृतक] दे० 'मृतक'। उ० म्रितक होय काल को उसे, उलट बानी पर्व को पाइ।—रामानद०, पृ० ३४।

म्रियाⓊ—क्रि० वि० [स० मृषा] दे० 'मृषा'। उ०—यह म्रिया मत नहि होय। सब धर्मजात वियोग।—सत० दरिया, पृ० १०।

म्रिनालⓊ—सज्ञा पुं० [सं० मृणाल] दे० 'मृणाल'। उ०—डटि अत दतन तीर। म्रिनाल मनु कढि नीर।—पृ० रा०, ६१। १७१३।

म्रियमाण—वि० [सं०] मरता हुआ। मरा हुआ सा। मृतप्राय। अवसन्न। उ०—म्रिय उठे पुरुष पद्म म्रियमाण, विश्व का हो सदैव कल्याण।—नागरिका, पृ० ७६।

म्लात—वि० [सं०] मुरझाया हुआ। म्लान [को०]।

म्लान[1]—वि० [सं०] मलिन। कुम्हलाया हुआ। २ दुर्बल। कमजोर। ३ मैला। मलिन।

म्लान—सज्ञा स्त्री० दे० 'म्लानि'।

यौ०—**म्लानमना** = उदास। खिन्न। **म्लानव्रीड** = निर्लज्ज। बेशर्म। लज्जाहीन।

म्लानता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ म्लान होने का भाव। मलिनता। २ ग्लानि।

म्लानि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मलिनता। कातिक्षय। २ छाया। मलिनता। उ०—या कि विधु में ज्यो मही की म्लानि, दूर भी विचित हुई गृह ग्लानि।—साकेत, पृ० १६६। २ ग्लानि। शोक।

म्लायी—वि० [स० म्लायिन्] १ म्लान। म्लानियुक्त। २ दुखी।

म्लिष्ट—वि० [सं०] १ जो साफ न हो। अस्पष्ट। जैसे, म्लिष्ट वाणी। २ अव्यक्त वाणी बोलनेवाला। जो स्पष्ट न बोलता हो।

म्लेच्छ—सज्ञा पुं० [सं०] १ मनुष्यो की वे जातिया जिनमे वर्णाश्रम धर्म न हो। इस शब्द का अर्थ है—अस्पष्टभाषी अथवा ऐसी भाषा बोलनेवाला जिनमे वर्णों का व्यक्त उच्चारण न होता हो।

विशेष—प्राचीन ग्रथों मे म्लेच्छ शब्द का प्रयोग उन जातियो के लिये होता था, जिनकी भाषा के उच्चारण की शैली आर्यों की शैली से विलक्षण होती थी। ये जातियाँ प्राय ऐसी थी जिनका आर्यों के साथ सपर्क था, इसीलिये म्लेच्छ देश भी भारत के अतर्गत माना गया है और म्लेच्छो को वर्णाश्रमधर्म से रहित यज्ञ करनेवाला लिखा है। महाभारत के आदिपर्व मे म्लेच्छो की उत्पत्ति, विश्वामित्र से छीनकर ले जाते समय वशिष्ठ की धेनु नदिनी के अग प्रत्यग से लिखी गई है और पह्लव, द्रविड, शक, यवन, शबर, पौंड्र

किरात, यवन, सिंहल, बर्बर, खस आदि म्लेच्छ माने गए हैं। पुराणो मे म्लेच्छो की उत्पत्ति में मतभेद है। विष्णुपुराण मे लिखा है कि सगर ने हैहयवशियो को पराजित कर उन्हे धर्मच्युत कर दिया था और वही लोग शक, यवन, कांबोज, पारद, और पल्लव नामक म्लेच्छ जाति के हो गए। मत्स्यपुराण मे राजा वेणु के शरीरमथन से म्लेच्छ जाति की उत्पत्ति लिखी गई है। वृहत्सहिता मे हिमालय और विंध्यगिरि तथा विनशन और प्रयाग के मध्य के पवित्र देश के अतिरिक्त अयन्त्र को म्लेच्छ देश लिखा है। वृहत्पाराशर मे चातुर्वर्ण और अनराल वर्णो के अतिरिक्त वर्णाचारहीन को म्लेच्छ लिखा है, और प्रायश्चित्ततत्त्व मे गोमासभक्षी, विरुद्धभाषी और सर्वाचारविहीन ही म्लेच्छ कहे गए हैं।

२. ताम्र। तांबा धातु (को०)। ३ अनार्य भाषा वा कथन (को०)। ४ हिंगु। हींग।

म्लेच्छ[2]—वि० १ नीच। २ जो सदा पाप कर्म करता हो। पापरत।

यौ०—**म्लेच्छकद**। **म्लेच्छजाति** = अनार्य या असस्कृत जाति। **म्लेच्छदेश** = चातुर्वर्ण्य व्यवस्था से रहित अनार्य देश। **म्लेच्छभाषा** = विदेशी भाषा। अनार्य भाषा। **म्लेच्छभोजन**। **म्लेच्छमडल** = म्लेच्छ देश। **म्लेच्छमुख**। **म्लेच्छवाक्** = म्लेच्छभाषा।

म्लेच्छकद—सज्ञा पुं० [स० म्लेच्छकन्द] लहसुन।

म्लेच्छभोजन—सज्ञा पुं० [स०] १ यावक। जौ। २ गेहूँ।

म्लेच्छमुख—सज्ञा पु० [स०] ताँबा।

म्लेच्छाक्रात—सज्ञा पुं० [स० म्लेच्छ + आक्रान्त] म्लेच्छो द्वारा आक्रात। म्लेच्छो द्वारा विजित। उ०—म्लेच्छाक्रात देश छोड़कर राजधानी मे चला आया था।—स्कंद०, पृ० १८।

म्लेच्छाश—सज्ञा पुं० [सं०] गेहूँ। म्लेच्छभोजन [को०]।

म्लेच्छित—सज्ञा पु० [स०] १ म्लेच्छ भाषा। अनार्य भाषा। २ अपभाषा। व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध भाषा [को०]।

म्हाँ†—सर्व० [सं० अस्मत्, अहम् प्रा० अम्हे, राज० म्हे, म्हा] मुझ। दे० 'म्हा'। उ०—(क) राँणी राजानूँ कहइ, ओ म्हा नातरउ कीध।—ढोला०, दू० ६। (ख) म्हाँ सी थाँके घडीं टहलनी भँवर कमलफुल वास लुभावै।—घनानद, पृ० ३३४।

म्हाⓊ†—सर्व० [हिं०] दे० 'मुझ'। उ०—दास तुलसी सभय वदति मयनदिनी मदमति कत सुनु मत म्हा को।—तुलसी (शब्द०)।

म्हाराⓊ†—सर्व० [हिं०] दे० 'हमारा'।

य

य—हिंदी वर्णमाला का २६वाँ अक्षर। इसका उच्चारणस्थान तालु है। यह स्पर्श वर्ण और ऊष्म वर्ण के बीच का वर्ण है, इसलिये इसे अत स्थ वर्ण कहते हैं। इसके उच्चारण मे कुछ आभ्यतर प्रयत्न के अतिरिक्त सवार, नाद और घोष नामक बाह्य प्रयत्न भी होते हैं। यह अल्पप्राण है।

यत, यता—सज्ञा पु० [स० यन्तृ] १. सारथी। (डिं०)। २ महावत। हाथीवान (को०)। ३ निर्देशक। नियत्रणकर्ता। शासक (को०)।

यति—सज्ञा स्त्री० [स० यन्ति] दमन।

यत्र—सज्ञा पुं० [सं० यन्त्र] १ तांत्रिको के अनुसार कुछ विशिष्ट प्रकार से बने हुए आकार या कोष्ठक आदि, जिनमे कुछ अक या अक्षर आदि लिखे रहते हैं और जिनके अनेक प्रकार के फल माने जाते हैं। तांत्रिक लोग इनमे देवताओ का अधिष्ठान मानते हैं। लोग इन्हे हाथ या गले मे पहनते भी हैं। जतर।

यौ०—**यत्रचेष्टित** = बाजीगरी। यत्रमत्र। **यत्रमत्र** = जादू, टोना या टोटका आदि।

२. विशेष प्रकार से बना हुआ उपकरण, जो किसी विशेष कार्य के लिये प्रस्तुत किया जाय। औजार। जैसे,—(क) वैद्यक मे तेल और आसव आदि तैयार करने के अनेक प्रकार के यत्र होते हैं। (ख) प्राचीन काल मे भी अनेक ऐसे यत्र बनते थे, जिनसे दूर से ही शत्रुओ पर प्रहार किया जाता था। ३ किसी खास काम के लिये बनाई हुई कल या औजार। जैसे,—आजकल ससार मे सैकड़ो प्रकार के यत्र प्रचलित हैं, जिनकी सहायता से सैकडो हजारो आदमियो का काम एक या दो आदमी कर लेते हैं। ४. बदूक। ५ बाजा। वाद्य। ६ बाजो के द्वारा होनेवाला सगीत। वाद्यसगीत। ७ वीणा। बीन। ८ ताला। एक प्रकार का बरतन। १०. नियत्रण।

यौ०—**यत्रकरडिका**। **यंत्रकर्मकृत्** = कलाकार। कारीगर। **यत्रकोविद** = मिस्त्री। मशीन के काम मे दक्ष। **यत्रगोल**। **यत्रतक्षा** = यत्र बनानेवाला। **यत्रतोरण** = तोरण जो यत्र वा मशीन से घूमता हो। **यत्रदृढ** = अर्गला वा ताला से बद। **यत्रपुत्रक**। **यत्रप्रवाह** = कृत्रिम झरना या सोता। **यत्रमार्ग**। **यत्रमुक्त** = एक शस्त्र। **यत्रविधि**। **यत्रशर** = यत्रचालित बाण।

यत्रक—सज्ञा पुं० [सं० यन्त्रक] १ सुश्रुत के अनुसार कपडे का वह बंधन जो घाव आदि पर बाँधा जाता है। पट्टी। २ वह शिल्पकार जो यत्र आदि की सहायता से चार्जे तैयार करता हो। ३ वह जो वशीकरण करता हो। वश मे कर लेनेवाला।

यंत्रकरडिका—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रकरण्डिका] बाजीगरो की पेटी जिसके द्वारा वे अनेक प्रकार के खेल करते हैं।

यत्रगोल—सज्ञा पु० [सं० यन्त्रगोल] १. एक प्रकार की मटर। २ तोप का गोला [को०]।

यत्रगृह—सज्ञा पुं० [स० यन्त्रगृह] १ वह स्थान जहाँ यत्र की सहायता से किसी प्रकार का कर्म होता हो अथवा कोई चीज तैयार की जाती हो। २ वेधशाला। ३. वह स्थान जिसमे प्राचीन काल मे अपराधियो आदि को रखकर अनेक प्रकार की यत्रणा दी जाती थी।

यत्रण—सज्ञा पुं० [स० यन्त्रण] १ रक्षा करना। २ बाँधना। ३. नियम मे रखना। नियम के अनुसार चलाना। नियत्रण।

यत्रणा—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रणा] १ क्लेश। यातना। तकलीफ। २ दर्द। वदना। पीडा।

यत्रणी—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रणी] पत्नी की छोटी बहन। छोटी साली [को०]।

यत्रधारागृह—सज्ञा पु० [स० यन्त्रधारागृह] फुहारे से युक्त घर। स्नानगृह [को०]।

यत्रनाल—सज्ञा पुं० [स० यन्त्रनाल] वह नल जिसके द्वारा कुएँ आदि से जल निकाला जाता है।

यत्रपुत्रक—सज्ञा पु० [स० यन्त्रपुत्रक] [स्त्री० यन्त्रपुत्रिका] यत्र से चलने या हिलने डोलनेवाला पुतला। यत्रचालित खिलौना।

यत्रपेषणी—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रपेषणी] चक्की।

यत्रमत्र—सज्ञा पुं० [स० यन्त्रमन्त्र] जादू। टोना। टोटका।

यत्रमातृका—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रमातृका] चौंसठ कलाओ मे से एक कला, जिसमे अनेक प्रकार के यत्र या कलें आदि बनाना और उससे काम लेना सम्मिलित है।

यत्रमार्ग—सज्ञा पु० [स० यन्त्रमार्ग] नहर। जलप्रणाली [को०]।

यत्रराज—सज्ञा पु० [स० यन्त्रराज] ज्योतिष मे एक यत्र जिससे ग्रहो और तारो की गति जानी जाती है।

यत्रविद्या—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रविद्या] कलो के चलाने और बनाने की विद्या।

यत्रविधि—सज्ञा पु० [स० यन्त्रविधि] शल्य-क्रिया-प्रयुक्त अस्त्रो के निर्माण का विज्ञान। शल्य अस्त्रो का विज्ञान [को०]।

यत्रशाला—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रशाला] १ वेधशाला। २ वह स्थान जहाँ अनेक प्रकार के यत्रादि हो।

यत्रसद्म—सज्ञा पु० [स० यन्त्रसद्म] तेल की मिल [को०]।

यत्रसूत्र—सज्ञा पु० [स० यन्त्रसूत्र] वह सूत्र जिसकी सहायता से कठपुतली नचाई जाती है।

यत्रपीड़—सज्ञा पु० [स० यन्त्रापीड] एक प्रकार का सन्निपात ज्वर जिसके कारण शरीर मे बहुत अधिक पीडा होती है और रोगी का लहू पीले रग का हो जाता है।

यत्रालय—सज्ञा पु० [स० यन्त्रालय] १ वह स्थान जहाँ कल या यत्रादि हो। २ छापाखाना। प्रेस।

यत्राश—सज्ञा पु० [स० यन्त्राश] एक राग जो हनुमत के मत से हिंडोल राग का पुत्र है।

यत्रिका[1]—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रिका] स्त्री की छोटी बहन। छोटी साली।

यत्रिका[2]—सज्ञा स्त्री० छोटा ताला।

यत्रिणी—सज्ञा स्त्री० [स० यन्त्रिणी] दे० 'यत्रिका', 'यत्रिणी'।

यत्रित—वि० [स० यन्त्रित [१ जो यत्र आदि की सहायता से बाँधा या बद कर दिया हो। रोका या बंद किया हुआ। २ ताला लगा हुआ। ताले में बद।

यत्री—सज्ञा पुं० [स० यन्त्रिन्] १ यत्र मत्र करनेवाला। तात्रिक। २ बाजा बजानेवाला। उ०—सूरदास स्वामी के चलिब ज्यो यत्री बिनु यत्र सकात।—सूर (शब्द०)। ३ नियत्रण करने या बाँधनेवाला।

यत्रोपल—सज्ञा पुं० [स० यन्त्रोपल] चक्की। चक्की का पत्थर [को०]।

यद(पु)—सज्ञा पुं० [सं० इन्द्र] स्वामी। (डिं०)।

य—सज्ञा पु० [स०] १ यश। २ योग। ३ यान। सवारी। ४ सयम। ५ छद शास्त्र में यगण का सक्षिप्त रूप। दे० 'यगण'। ६ यव। जौ। ७ यम। ८ त्याग। ९ प्रकाश।

यक—वि० [फा०] दे० 'एक'।

विशेष—इस शब्द से बननेवाले यौगिक शब्दो के लिये देखिए 'एक' शब्द से बने यौगिक शब्द।

यकअगी[1]—वि० [हिं० एक+अगी] १. एक अगवाला। २ एक (पत्नी या पति) के साथ रहनेवाला (या वाली)। उ०—बहुरगी जित तितहिं सुख यकअगी कर अत। जिमि गणिका निधरक रहति दहति सती बिनु कत।—विश्राम (शब्द०)। ३ एक ही के आश्रित। एक ही पर रहनेवाला। एकनिष्ठ। ४ दे० 'एकागी'।

यकअगी[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'एकागी'।

यककलम—क्रि० वि० [फा० यककलम] १ एक ही बार कलम चलाकर। एक ही बार लिखकर। २ एक बारगी। एकाएक। जैसे,—वह यहाँ से यककलम बरखास्त कर दिया गया।

यकजा—वि० [फ़ा०] सम्मिलित। जुमला। इकट्ठा [को०]।

यकतरफा—वि० [फा०] एकपक्षीय। एक ओर का। दे० 'एकतरफा'।

यकता—वि० [फा०] जो अपनी विद्या या विषय मे एक ही हो। जिसके मुकाबले का और कोई न हो। अद्वितीय।

यकताई—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] एकता या अद्वितीय होने का भाव। अद्वितीयता।

यकतार(पु)[1]—वि० [हिं० एक+तार] एक सा। यक सा। समरस।

यकतार[1]—वि० [फ़ा०] किंचित्। ईषत् [को०]।

यकपरा—सज्ञा पुं० [फा० एक+पर+आ (प्रत्य०)] एक प्रकार का कबूतर जिसका सारा शरीर सफेद होता है, केवल डैना पर दो एक काली चित्तियाँ होती ह।

यकफर्दी, यकफसली—वि० [फा०] जिसमें एक फसल हो। एकफर्दा [को०]।

यकबग्गा—वि० [फा०] जो एक ही लगाम को मानता हो। एक तरफ ही चलनेवाला। एकबगा।

यकबयक—क्रि० वि० [फ़ा०] एकबारगी। यकायक। एक दम से।

यकबारगी—क्रि० वि० [फा०] यकबयक। अचानक। एकाएक। सहसा। दे० 'एकबारगी'।

यकरोजा—वि० [फा० यकरोज़ह] एकदिवसीय। एक दिन का [को०]।

यकलाई—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. दे० 'इकलाई'। २ नकाब। ३ चोगा [को०]।

यकलोही—वि० [फा० यक+हिं० लोहा+ई] एक ही लोहे की बनी हुई। बिना जोड की (कटारी आदि)।

यकसाँ—वि० [फा०] एक समान। एक सा। बराबर।

यकसू वि० [फा०] १ एक ओर। एक तरफ। २ निश्चित। बेफिक्र। ३ एकाग्रचित्त। ४ फारिग [को०]।

यकायक—क्रि० वि० [फा०] एकाएक। अचानक। एकबारगी। सहसा।

यकार—सज्ञा पु० [स०] य का वर्ण। य अक्षर।

यकीन—सज्ञा पु० [अ० यकीन] प्रतीति। विश्वास। एतबार।

यकीनन्—क्रि० वि० [अ० यकीनन्] अवश्य। निसदेह। बेशक। जरूर।

यकीनी—वि० [फा० यकीनी] विश्वसनीय। असदिग्ध [को०]।

यकृत्—सज्ञा पु० [सं०] १. पेट मे दाहिनी ओर की एक थैली जिसमें पाचनरस रहता है और जिसकी क्रिया से भोजन पचता है, अर्थात् उसमे वह विकार उत्पन्न होता है, जिससे शरीर की धातुएँ बनती है। जिगर। कालखड। २ वह रोग जिसमे यह अग दूषित होकर बढ जाता है। वर्म जिगर। ३ पक्वाशय।

यकोला—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का मझोला पेड जिसके पत्ते प्रतिवर्ष शिशिर ऋतु मे झड जाते है।

विशेष—इसकी लकडी अदर से सफेद और बडी मजबूत होती है तथा सदूक, खरायशी सामान आदि बनाने के काम आती है। इसे मसूरी भी कहते है।

यक्ष—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की देवयोनि। एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधियो के रक्षक माने जाते है। उ०—यक्ष प्रबल बाढे भुवमडल तिन मान्यो निज भ्रात। जिनके काज असे हरि प्रगटे ध्रुव जगत विख्यात। —सूर (शब्द०)।

विशेष—पुराणानुसार यक्ष लोग प्रचेता की सतान माने जाते है। कहते है, इनकी आकृति विकराल होती है, पेट फूला हुआ और कधे बहुत भारी होते है तथा हाथ पैर घोर काले रग के होते है।

२. कुबेर। यक्षराज।

यक्षकर्दम—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का अगलेप जो कपूर, अगरु, कस्तूरी और ककोल मिलाकर बनाया जाता है। कहते है, यक्षो को यह अगलेप बहुत प्रिय है। उ०—आजु आदित्य जल पवन पावन प्रबल चद आनदमय ताप जग को हरो। गान किन्नर करहु, नृत्य गधर्वकुल, यज्ञ विधि लक्ष उर यक्षकर्दम धरो।—केशव (शब्द०)।

यक्षग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक प्रकार का कल्पित ग्रह।

विशेष—कहते है, जब इस ग्रह का आक्रमण होता है, तब आदमी पागल हो जाता है।

यक्षण—सज्ञा पुं० [स०] १ पूजन करना। यजन। २ भक्षण करना। खाना।

यक्षतरु—सज्ञा पु० [स०] वट वृक्ष। बड का पेड। यक्षावास।

विशेष—कहते है, वट का वृक्ष यक्षो को बहुत प्रिय होता है और उसी पर वे रहा करते है।

यक्षता—सज्ञा स्त्री० [स०] यक्ष का भाव या धर्म। यक्षपन।

यक्षत्व—सज्ञा पुं० [स०] यक्ष का भाव या धर्म।

यक्षधूप—सज्ञा पुं० [स०] १ साधारण धूप जो प्राय देवताओ आदि के आगे जलाया जाता है। २ सरल वृक्ष का निर्यास। ताडपीन का तेल।

यक्षनायक—सज्ञा पुं० [स०] १ यक्षो के स्वामी, कुबेर। २ जैनो के अनुसार वर्तमान अवसर्पिणी के अर्हत् के चौथे अनुचर का नाम।

यक्षप—सज्ञा पु० [स०] यक्षपति। कुबेर।

यक्षपति—सज्ञा पुं० [स०] यक्षो के स्वामी, कुबेर। उ०—मृत्यु कुबेर यक्षपति कहियत जहँ शकर को धाम।—सूर (शब्द०)।

यक्षपुर—सज्ञा पु० [स०] अलकापुरी। उ०—प्रजापती कहँ पूजहि जोई। तिन कर बास यक्षपुर होई।—विश्राम (शब्द०)।

यक्षरस—सज्ञा पु० [स०] फूलो मे तैयार की हुई शराब। मध्वासव।

यक्षराज—सज्ञा पुं० [स०] यक्षो का राजा, कुबेर।

यक्षरात्रि—सज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिक मास की पूर्णिमा जो यक्षो की रात मानी जाती है।

यक्षलोक—सज्ञा पुं० [स०] वह लोक जिसमे यक्षो का निवास माना जाता है।

यक्षवित्त—सज्ञा पु० [स०] वह जो बहुत धनवान् हो, पर अपने धन मे से कुछ भी व्यय न करता हो।

यक्षस्थल—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार एक तीर्थ का नाम।

यक्षागी—सज्ञा स्त्री० [सं० यक्षाङ्गी] एक प्राचीन नदी का नाम।

यक्षाधिप, यक्षाधिपति—सज्ञा पु० [स०] यक्षो के स्वामी, कुबेर।

यक्षामलक—सज्ञा पुं० [सं०] पिंड खजूर।

यक्षावास—सज्ञा पुं० [स०] १ वट का वृक्ष जिसपर यक्षो का निवास माना जाता है। २ गूलर का वृक्ष।

यक्षिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ यक्ष की पत्नी। २ कुबेर की पत्नी। ३ दुर्गा की एक अनुचरी का नाम।

यक्षी[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १. यक्षराज कुबेर की स्त्री। २ यक्ष की स्त्री। यक्षिणी।

यक्षी[2]—सज्ञा पुं० [सं० यक्ष+ई (प्रत्य०)] वह जो यक्ष की उपासना करता हो, अथवा उग्र साधता हो। उ०—प्रजापती कहँ पूजहि जोई। तिन कर बास यक्षपुर होई। भूता भूतहि यक्षी यक्षन। प्रेती प्रेतन रक्षो रक्षन।—गिरधर (शब्द०)।

यक्षु—सज्ञा पु० [सं०] १. वह जो यज्ञ करता हो। २ एक प्राचीन जनपद का वैदिक नाम, जो वक्षु भी कहलाता था और इसी नाम की नदी के आस पास था। आक्सस नदी के आस पास का प्रदेश। वदखशाँ। ३ इस जनपद का निवासी।

यक्षेंद्र—सज्ञा पुं० [सं० यक्षेन्द्र] यक्षो के स्वामी, कुवेर।

यक्षेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] यक्षो के स्वामी, कुवेर।

यक्ष्म—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यक्ष्मा'।

यक्ष्मग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] क्षय या यक्ष्मा नामक रोग।

यक्ष्मघ्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दाख। अगूर।

यक्ष्मा—सज्ञा पुं० [स० यक्ष्मन्] क्षयी नामक रोग। तपेदिक। विशेष दे० 'क्षयी'।

यक्ष्मी—सज्ञा पु० [सं० यक्ष्मिन्] वह जिसे यक्ष्मा रोग हुआ हो यक्ष्मा रोग का रोगी। तपेदिक का बीमार।

यखनी—सज्ञा स्त्री० [फा० यख्नी] १ तरकारी आदि का रसा। शोरवा। झोल। २ उबले हुए मास का रसा। ३ वह मास जो केवल लहसुन, प्याज, धनिया और नमक डालकर उबाल लिया जाय।

यगण—सज्ञा पु० [सं०] छद शास्त्र मे आठ गणो मे से एक। यह एक लघु और दो गुरु मात्राओ का होता है (ISS)। इसका सक्षिप्त रूप 'य' है। जैसे, कमाना, चलाना।

विशेष—इसका देवता जल माना गया है और यह सुखदायक कहा गया है।

यगाना—वि० [फा० यगानह्] १ जो वेगाना न हो। एक वश का। अपना। आत्मीय। नातेदार। उ०—वेगान हैं सारे यगान पार कहाँ है।—कबीर म०, पृ० ३२३। २ अकेला। फर्द। ३ अनुपम। अद्वितीय। एकता।

यगाना[१]—सज्ञा पु० १ भाई वद। २ परम मित्र।

यगूर—सज्ञा पुं० [दश०] एक प्रकार का बहुत ऊँचा वृक्ष जिसकी लकडी का रग अदर से काला निकलता है।

विशेष—यह सिलहट की पूर्वी और दक्षिण पूर्वी पहाडियो मे बहुत होता है। इसकी लकडी से कई तरह की सजावट की और बहुमूल्य वस्तुएँ बनाई जाती हैं। इसे आग मे जलाने से बहुत उत्तम गध निकलती है। इसे सेसी भी कहते है।

यग्यⓊ—सज्ञा पुं० [स० यज्ञ] दे० 'यज्ञ'।

यच्छⓊ†—सज्ञा पु० [स० यक्ष] दे० 'यक्ष'।

यच्छिनीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० यक्षिणी] दे० 'यक्षिणी'।

यजत—सज्ञा पुं० [स० यजन्त] यज्ञ करनेवाला। यज्ञकर्ता।

यज—सज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञ। याग। २ अग्नि [को०]।

यजत[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ ऋत्विक्। २. शिव (को०)। ३ चंद्रमा (को०)। ४ एक वैदिक ऋषि का नाम जो ऋग्वेद के एक मत्र के द्रष्टा थे।

यजत[२]—वि० १. पवित्र। २. पूज्य। पूजनीय [को०]।

यजति—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'यज्ञ'।

यजत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्निहोत्री। २ वह जो यज्ञ करता हो।

यजन—सज्ञा पुं० [सं०] १. वेदविधि के अनुसार होता और ऋत्विक् आदि के द्वारा काम्य और नैमित्तिक कर्मों का विधि पूर्वक अनुष्ठान करना। यज्ञ करना (यह ब्राह्मणा के षट्कर्मो में एक माना गया है)। २ वह स्थान जहाँ यज्ञ होता हो।

यजनकर्ता—सज्ञा पुं० [स० यजनकर्तृ] यज्ञ या हवन करनेवाला।

यजमान—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो यज्ञ करता हो। दक्षिणा आदि देकर ब्राह्मणा से यज्ञ, पूजन आदि धार्मिक कृत्य करानेवाला व्रती। यष्टा। २ वह जो ब्राह्मणो को दान देता हो। ३ महादेव की आठ प्रकार की मूर्तियो मे से एक प्रकार की मूर्ति। ४. परिवार का प्रधान व्यक्ति वा जाति का मुखिया (को०)।

यजमानक—सज्ञा पुं० [स०] दे० यजमान'।

यजमानता—सज्ञा स्त्री० [सं०] यजमान का भाव या धर्म।

यजमानलोक—सज्ञा पुं० [स०] वह लोक जिसमे यज्ञ करके मरनेवालो का निवास माना जाता है।

यजमानी—सज्ञा स्त्री० [स० यजमान + ई (प्रत्य०)] १. यजमान का भाव या धर्म। २ यजमान के प्रति पुराहित की वृत्ति। ३. वह स्थान जहाँ किसी विशेष पुरोहित के यजमान रहते हो।

यजाक—वि० [स०] १ उदार। दानी। २. पूजा करनेवाला। अर्चक। पूजक [को०]।

यजि—सज्ञा पुं० [सं०] १ यज्ञकर्ता। यज्ञ करनेवाला। २ यज्ञ। ३ यज्ञ करने की क्रिया वा भाव [को०]।

यजी—सज्ञा पुं० [सं० यजिन्] १ वह जो यज्ञ करता हो। यज्ञ करनेवाला। २ अर्चन पूजन करनेवाला।

यजु—सज्ञा पु० [सं० यजुस्] दे० 'यजुर्वेद'।

यजुराⓊ—सज्ञा पुं० [स० यजुस्] दे० 'यजुर्वेद'। उ०—रिग, यजुर, साम, अथर्वनिक वेद ध्वनि स्तोत्र पौराण, इतिहास मिलि उच्चरत।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ६०५।

यजुर्विद्—सज्ञा पुं० [स०] वह जो यजुर्वेद का ज्ञाता हो। यजुर्वेद जाननेवाला।

यजुर्वेद—सज्ञा पुं० [सं०] भारतीय आर्यों के चार प्रसिद्ध वेदो में से एक वेद।

विशेष—इसमे विशेषत यज्ञकर्म का विस्तृत विवरण है और इसी लिये यह वेदत्रयी में भित्तिस्वरूप माना जाता है। यज्ञो में अध्वर्यु जिन गद्य मत्रो का पाठ करता था, वे 'यजु' कहलाते थे। इस वेद मे उन्ही मत्रो का सग्रह है, इसलिये इसे यजुर्वेद कहते हैं। इसके दो मुख्य भेद हैं—कृष्ण यजुर्वेद और शुक्ल यजुर्वेद या वाजसनेयी। कृष्ण यजुर्वेद मे यज्ञो का जितना पूर्ण और विस्तृत वर्णन है, उतना और सहिताओ में नही है। इन दोनो की भी बहुत सी शाखाएँ हैं, जिनमे थोडा बहुत पाठभेद है। अब तक यजुर्वेद की जो सहिताएँ मिली हैं, उनके नाम इस

प्रकार हैं—काठक, कपिस्थल-कठ, मैत्रायणी और तैत्तिरीय। ये चारो कृष्ण यजुर्वेद की हैं। शुक्ल या वाजसनेयी की काण्व और माध्यदिनी दो शाखाएँ है। पतजलि के मत से यजुर्वेद की १०१ शाखाएँ हैं, पर चरणव्यूह मे केवल ८६ शाखाएँ दी हैं, और वायुपुराण मे २३ शाखाएँ गिनाई गई हैं। इसके सहिता भाग में ब्राह्मण और ब्राह्मण भाग मे संहिता भी मिलती है। इस वेद मे अनेक ऐसे विधिमत्र भी हैं, जिनका अर्थ बहुत थोडा या कुछ भी नही ज्ञात होता। कुछ प्रार्थनाएँ भी ऐसी हैं, जो बिलकुल अर्थरहित जान पडती हैं। इसके कुछ मत्र ऐसे है, जिनसे सूचित होता है कि उस समय लोगों मे ब्रह्मज्ञान की बहुत कम चर्चा थी। इसमे देवताओ के नामो के साथ बहुत से विशेषण भी मिलते हैं, जिससे जान पडता है कि भक्ति की ओर भी लोगो की कुछ कुछ प्रवृत्ति हो चली थी। पुराणानुसार इस वेद के अधिपति शुक्र और वक्ता वैशपायन माने जाते हैं। विशेष दे० 'वेद'।

यजुर्वेदी—सज्ञा पुं० [सं० यजुर्वेदिन्] १ वह जो यजुर्वेद का ज्ञाता हो। २. वह ब्राह्मण जो यजुर्वेद के अनुसार सब कृत्य करता हो।

यजुर्वेदीय—सज्ञा पुं० [सं० यजुर्वेदिन्] दे० 'यजुर्वेदी'।

यजुश्रुति—सज्ञा पुं० [स०] यजुर्वेद।

यजुष्पति—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

यजुष्पात्र—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञपात्र।

यजुष्य—वि० [सं०] यज्ञ सबधी। यज्ञ का।

यजूदर, यजूबर—सज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण।

यज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन भारतीय आर्यों का एक प्रसिद्ध वैदिक कृत्य जिसमे प्राय हवन और पूजन हुआ करता था। मख। याग।

विशेष—प्राचीन भारतीय आर्यों मे यह प्रथा थी कि जब उनके यहाँ जन्म, विवाह या इसी प्रकार का और कोई समारभ होता था, अथवा जब वे किसी मृतक की अत्येष्टि क्रिया या पितरो का श्राद्ध आदि करते थे, तब ऋग्वेद के कुछ सूक्तो और अथर्ववेद के मत्रो के द्वारा अनेक प्रकार की प्रार्थनाएँ करते थे और आशीर्वाद आदि देते थे। इसी प्रकार पशुओ का पालन करनेवाले अपने पशुओ की वृद्धि के लिये तथा किसान लोग अपनी उपज बढाने के लिये अनेक प्रकार के समारभ करके स्तुति आदि करते थे। इन अवसरो पर अनेक प्रकार के हवन आदि भी होते थे, जिन्हे उन दिनो 'गृह्यकर्म' कहते थे। इन्ही ने आगे चलकर विकसित होकर यज्ञो का रूप प्राप्त किया। पहले इन यज्ञो मे घर का मालिक या यज्ञकर्ता, यजमान होने के अतिरिक्त यज्ञपुरोहित भी हुआ करता था, और प्राय अपनी सहायता के लिये एक आचार्य, जो 'ब्राह्मण' कहलाता था, रख लिया करता था। इन यज्ञो की आहुति पर के यज्ञकुड मे ही होती थी। इसके अतिरिक्त कुछ धनवान् या राजा ऐसे भी होते थे, जो बडे बडे यज्ञ किया करते थे। जैसे,—युद्ध के देवता इद्र को प्रसन्न करने के लिये सोमयाग किया जाता था। धीरे धीरे इन यज्ञो के लिये अनेक प्रकार के नियम आदि बनने लगे, और पीछे से उन्ही नियमो के अनुसार भिन्न भिन्न यज्ञो के लिये भिन्न भिन्न प्रकार की यज्ञभूमियाँ और उनमे पवित्र अग्नि स्थापित करने के लिये अनेक प्रकार के यज्ञकुड बनने लगे। ऐसे यज्ञो मे प्राय चार मुख्य ऋत्विज् हुआ करते थे, जिनकी अधीनता मे और भी अनेक ऋत्विज् काम करते थे। आगे चलकर जब यज्ञ करनेवाले यजमान का काम केवल दक्षिणा बाँटना ही रह गया, तब यज्ञ सबधी अनेक कृत्य करने के लिये और लोगो की नियुक्ति होने लगी। मुख्य चार ऋत्विजो में पहला 'होता' कहलाता था और वह देवताओं की प्रार्थना करके उन्हे यज्ञ मे आने के लिये आह्वान करता था। दूसरा ऋत्विज् 'उद्गाता' यज्ञकुड मे सोम की आहुति देने के समय सामगान करता था। तीसरा ऋत्विज् 'अध्वर्यु' या यज्ञ करनेवाला होता था, और वह स्वय अपने मुँह मे गद्य मत्र पढता तथा अपने हाथ से यज्ञ के सब कृत्य करता था। चौथे ऋत्विज् 'ब्रह्मा' अथवा महापुरोहित को सब प्रकार के विघ्नो से यज्ञ की रक्षा करनी पडती थी, और इसके लिये उसे यज्ञकुड की दक्षिण दिशा मे स्थान दिया जाता था, क्योकि वही यम की दिशा मानी जाती थी और उसी ओर से असुर लोग आया करते थे। इसे इस बात का भी ध्यान रखना पडता था कि कोई किसी मत्र का अशुद्ध उच्चारण न करे। इसी लिये 'ब्रह्मा' का तीनो वेदो का ज्ञाता होना भी आवश्यक था। जब यज्ञो का प्रचार बहुत बढ गया, तब उनके सबध मे अनेक स्वतत्र शास्त्र भी बन गए, और वे शास्त्र 'ब्राह्मण' तथा 'श्रौत सूत्र' कहलाए। इसी कारण लोग यज्ञो को 'श्रौतकर्म' भी कहने लगे। इसी के अनुसार यज्ञ अपने मूल गृह्यकर्म से अलग हो गए, जो केवल स्मरण के आधार पर होते थे। फिर इन गृह्यकर्मों के प्रतिपादक ग्रथो को 'स्मृति' कहने लगे। प्राय सभी वेदो का अधिकाश इन्ही यज्ञसबधी बातो से भरा पडा है। (दे० 'वेद')। पहले तो सभी लोग यज्ञ किया करते थे, पर जब धीरे धीरे यज्ञो का प्रचार घटने लगा, तब अध्वर्यु और होता ही यज्ञ के सब काम करने लगे। पीछे भिन्न भिन्न ऋषियो के नाम पर भिन्न भिन्न नामवाले यज्ञ प्रचलित हुए, जिससे ब्राह्मणो का महत्व भी बढने लगा। इन यज्ञो मे अनेक प्रकार के पशुओं की बलि भी होती थी, जिससे कुछ लोग असतुष्ट होने लगे, और भागवत आदि नए सप्रदाय स्थापित हुए, जिनके कारण यज्ञो का प्रचार धीरे धीरे बद हो गया। यज्ञ अनेक प्रकार के होते थे। जैसे,—सोमयाग, अश्वमेध यज्ञ, राजसूय (राजसूय) यज्ञ, ऋतुयाज, अग्निष्टोम, अतिरात्र, महाव्रत, दशरात्र, दर्शपूर्णमास, पशुयेष्टि, पुत्रकामेष्टि, चातुर्मास्य सौत्रामणि, दक्षयज्ञ, पुरुषमेध, आदि, आदि।

आर्यों की ईरानी शाखा मे भी यज्ञ प्रचलित रहे और 'यश्न' कहलाते थे। इस 'यश्न' से ही फारसी का 'जश्न' शब्द बना

है। यह यज्ञ वास्तव मे एक प्रकार के पुण्योत्सव थे। अब भी विवाह, यज्ञोपवीत आदि उत्सवो को कही कही यज्ञ कहते हैं।

पर्या०—सव। अध्वर। सप्ततंतु। ऋतु। इष्टि। वितान। मन्यु। आप्त्व। सवन। हव। अभिषव। होम। हवन। मह।

२ विष्णु। ३ अग्नि का एक नाम (को०)।

यज्ञक—सज्ञा पुं० [सं०] १ यज्ञ। २ वह जो यज्ञ करता हो।

यज्ञकर्ता—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ करनेवाला। याजक। यजमान।

यज्ञकर्म—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ का काम।

यज्ञकर्मा—वि० [स० यज्ञकर्मन्] यज्ञ का काम करनेवाला (को०)।

यज्ञकल्प—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

यज्ञकाम—वि० [सं०] यज्ञ करने की कामनावाला (को०)।

यज्ञकारी—सज्ञा पु० [सं० यज्ञकारिन्] वह जो यज्ञ करता हो। यज्ञ करनेवाला।

यज्ञकाल—सज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञादि के लिये शास्त्रो द्वारा निर्दिष्ट समय। २ पौर्णमासी।

यज्ञकीलक—सज्ञा पुं० [सं०] काठ का वह खूँटा जिसमे यज्ञ के लिये बलि दिया जानेवाला पशु बाँधा जाता था। यूपकाष्ठ।

यज्ञकुड—सज्ञा पुं० [स० यज्ञकुण्ड] हवन करने की वेदी या कुड।

यज्ञकृत्[1]—वि० [स०] यज्ञ करनेवाला।

यज्ञकृत्[2]—सज्ञा पुं० १ विष्णु। २ यज्ञ करनेवाला पुरोहित (को०)।

यज्ञकेतु—सज्ञा पुं० [स०] वह जो यज्ञ की क्रियाओ का ज्ञाता हो। २ एक राक्षस का नाम।

यज्ञकोप—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो यज्ञ से द्वेष करता हो। २ रावण के दल का एक राक्षस जिसका उल्लेख वाल्मीकीय रामायण मे है।

यज्ञक्रतु—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

यज्ञक्रिया—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ यज्ञ का काम। २ कर्मकाड।

यज्ञगम्य—वि० [सं०] (विष्णु) जिनकी प्राप्ति यज्ञ से सभव हो।

यज्ञगिरि—सज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम।

यज्ञगुह्य—सज्ञा पुं० [स०] कृष्ण का एक नाम (को०)।

यज्ञघ्न—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो यज्ञ विध्वस करता हो। २ राक्षस।

यज्ञज्ञ—सज्ञा पुं० [स०] वह जो यज्ञो के विधान आदि जानता हो।

यज्ञतत्र—सज्ञा पुं० [सं० यज्ञतन्त्र] यज्ञ का विस्तार (को०)।

यज्ञतुरग—सज्ञा पुं० [स० यज्ञतुरङ्ग] यज्ञ का घोडा (को०)।

यज्ञत्राता—सज्ञा पुं० [सं० यज्ञत्रातृ] १ वह जो यज्ञ की रक्षा करता हो। २ विष्णु।

यज्ञदक्षिणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] यज्ञ के लिये ब्राह्मणो को दिया जानेवाला धन। यज्ञशुल्क (को०)।

यज्ञदत्तक—सज्ञा पुं० [सं०] वह पुत्र जो यज्ञ के प्रसाद स्वरूप प्राप्त हुआ हो।

यज्ञद्रव्य—सज्ञा पुं० [वि०] यज्ञ की सामग्री।

यज्ञद्रुह—सज्ञा पु० [सं० यज्ञद्रुह्] राक्षस।

यज्ञधर—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

यज्ञधूम—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ का धुआँ।

यज्ञनेमि—सज्ञा पुं० [स०] श्रीकृष्ण का एक नाम।

यज्ञपति—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ वह जो यज्ञ करता हो, यजमान।

यज्ञपत्नी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ यज्ञ की स्त्री, दक्षिणा। २ पुराणानुसार यज्ञ करनेवाले माथुर ब्राह्मणो की वे स्त्रियाँ जो अपने पतियो के मना करने पर भी श्रीकृष्ण के लिये भोजन लेकर वन मे गई थीं।

यज्ञपर्वत—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम जो नर्मदा के उत्तरपश्चिम मे है।

यज्ञपशु—सज्ञा पु० [सं०] १ वह पशु जिसका यज्ञ मे बलिदान किया जाय। २ घोडा। ३. बकरा।

यज्ञपात्र—सज्ञा पु० [स०] यज्ञ मे काम आनेवाले काठ के बने हुए बरतन।

यज्ञपार्श्व—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन ऋषि का नाम जिनका उल्लेख पराशर स्मृति मे है।

यज्ञपाल—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ का सरक्षक। यज्ञ की रक्षा करनेवाला।

यज्ञपुरुष—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु। उ०—यज्ञपुरुष प्रसन्न जब भए। निकसि कुड से दरशन दए।—सूर (शब्द०)।

यज्ञफलद—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ का फल देनेवाले, विष्णु।

यज्ञबाहु—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि का एक नाम। २ पुराणानुसार शाल्मलि द्वीप के एक राजा का नाम।

यज्ञभाड—सज्ञा पुं० [स० यज्ञभाण्ड] दे० 'यज्ञपात्र'।

यज्ञभाजन—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञपात्र।

यज्ञभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ यज्ञ होता हो। यज्ञक्षेत्र।

यज्ञभूषण—सज्ञा पुं० [सं०] कुश।

यज्ञभृत्—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

यज्ञभोक्ता—सज्ञा पु० [सं० यज्ञभोक्तृ] विष्णु।

यज्ञमडप—सज्ञा पुं० [सं० यज्ञमण्डप] यज्ञ करने के लिये बनाया हुआ मडप।

यज्ञमडल—सज्ञा पुं० [सं० यज्ञमण्डल] वह स्थान जो यज्ञ करने के लिये घेरा गया हो।

यज्ञमदिर—सज्ञा पु० [स० यज्ञमन्दिर] यज्ञशाला।

यज्ञमय—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

यज्ञमहोत्सव—सज्ञा पुं० [स०] महायज्ञ। बडा यज्ञ।

यज्ञमुख—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ का आरंभ।

यज्ञयूप—सज्ञा पुं० [सं०] वह खभा जिसमे यज्ञ का बलिपशु बाँधा जाता था। यूपकाष्ठ।

यज्ञयोग—सज्ञा पुं० [स०] उदुवर वृक्ष। गूलर का पेड।

यज्ञयोग्य—सज्ञा पुं० [स०] गूलर का पेड।

यज्ञरस—सज्ञा पुं० [सं०] सोम।

यज्ञराज—सज्ञा पुं० [सं० यज्ञराज] चद्रमा।

यज्ञरुचि—सज्ञा पुं० [सं०] एक दानव का नाम।

यज्ञरेतस्—सज्ञा पु० [स०] सोम। यज्ञरस।

यज्ञलिंग—सज्ञा पुं० [स० यज्ञलिङ्ग] श्रीकृष्ण का नाम।

यज्ञवराह—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

विशेष—कहते हैं, विष्णु ने वराह का रूप धारण करने के उपरात जब अपना शरीर छोडा, तब भिन्न भिन्न अगो से यज्ञ की सामग्री बन गई। इसी से उनका यह नाम पडा।

यज्ञवर्द्धन—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ का विस्तार करनेवाला।

यज्ञवल्क—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन ऋषि जो प्रसिद्ध याज्ञवल्क्य ऋषि के पिता थे।

यज्ञवल्ली—सज्ञा स्त्री० [सं०] सोमलता।

यज्ञवाट—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ के निमित्त घेरा हुआ तथा सुरक्षित स्थान [को०]।

यज्ञवाराह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यज्ञवराह'।

यज्ञवाह—सज्ञा पुं० [सं०] १ यज्ञ करनेवाला। २ कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम।

यज्ञवाहन—सज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञ करनेवाला। २ ब्राह्मण। ३ विष्णु। ४ शिव।

यज्ञवाही—सज्ञा पु० [स० यज्ञवाहिन्] यज्ञ का सब काम करनेवाला।

यज्ञविभ्रश—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ मे त्रुटि वा असफलता [को०]।

यज्ञविभ्रष्ट—वि० [सं०] यज्ञ मे असफल होनेवाला [को०]।

यज्ञवीर्य—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

यज्ञवृक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ वड का पेड। २ विकंकत।

यज्ञवेदी—सज्ञा स्त्री० [स०] यज्ञार्थ निर्मित वेदिका।

यज्ञव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिसने यज्ञ रूपी व्रत लिया हो अथवा जो यज्ञ करता हो। यज्ञ करनेवाला।

यज्ञशत्रु—सज्ञा पुं० [स०] १ राक्षस। २ खर राक्षस का एक सेनापति जिसे रामचद्र ने मारा था।

यज्ञशरण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यज्ञमडप'।

यज्ञशाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] यज्ञ करने का स्थान। यज्ञमडप।

यज्ञशास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह शास्त्र जिसमे यज्ञो और उनके कृत्यो आदि का विवेचन हो। मीमासा। यज्ञशेष।

यज्ञशिष्ट—सज्ञा पु० [स०] यज्ञ का बचा हुआ अश। यज्ञ का अवशेष [को०]।

यज्ञशील—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो यज्ञ करता हो। २ ब्राह्मण।

यज्ञशूकर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यज्ञवराह'।

यज्ञशेष—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'यज्ञशिष्ट'।

यज्ञश्रेष्ठा—सज्ञा स्त्री० [सं०] सोमलता।

यज्ञसंभार—सज्ञा पुं० [सं० यज्ञसम्भार] यज्ञ की सामग्री। यज्ञ मे काम आनेवाली सामग्री [को०]।

यज्ञसंस्तर—सज्ञा पु० [सं०] वह स्थान जहाँ यज्ञमडप बनाया जाय। यज्ञभूमि। यज्ञस्थान।

यज्ञसदन—सज्ञा पु० [स०] यज्ञ करने का स्थान या मडप। यज्ञशाला।

यज्ञसाधन—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो यज्ञ की रक्षा करता हो। २ विष्णु।

यज्ञसार—सज्ञा पु० [स०] गूलर का वृक्ष।

यज्ञसिद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] यज्ञ की परिसमाप्ति [को०]।

यज्ञसूत्र—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञोपवीत। जनेऊ।

यज्ञसेन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विष्णु। २ एक दानव का नाम। ३ द्रुपद नरेश का नाम।

यज्ञस्तभ—सज्ञा पुं० [स० यज्ञस्तम्भ] वह खभा जिसमे यज्ञ का पशु बाँधा जाता है। यूप।

यज्ञस्थल—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञमडप।

यज्ञस्थाणु—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यज्ञस्तभ'।

यज्ञस्थान—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञशाला।

यज्ञहृदय—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

यज्ञहोता—सज्ञा पुं० [स० यज्ञहोतृ] १ यज्ञ में देवताओ का आवाहन करनेवाला। २ भागवत के अनुसार उत्तम मनु के एक पुत्र का नाम।

यज्ञांग—सज्ञा पुं० [स० यज्ञाङ्ग] १ विष्णु। २ गूलर का पेड। ३ खैर का पेड। ४ कृष्णसार नामक मृग (को०)।

यज्ञांगा—सज्ञा स्त्री० [स० यज्ञाङ्गा] सोमलता।

यज्ञागार—सज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान या मडप जहाँ यज्ञ होता हो। यज्ञशाला।

यज्ञात्मा—सज्ञा पुं० [स० यज्ञात्मन्] विष्णु।

यज्ञाधिपति—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ के स्वामी, विष्णु। यज्ञपुरुष।

यज्ञारि—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिव। २ राक्षस।

यज्ञाशन—सज्ञा पुं० [सं०] देवता।

यांज्ञक—सज्ञा पुं० [स०] १ वह पुत्र जो यज्ञ के प्रसाद स्वरूप मिला हो। २ पलाश का पेड।

यज्ञिय[1]—वि० [स०] १ यज्ञ सबधी। यज्ञोपयुक्त। २ पवित्र।

यज्ञिय[2]—सज्ञा पु० १ ईश्वर। देवता। २ गूलर का वृक्ष। ३ यज्ञ की सामग्री। ४ तीसरा युग। द्वापर [को०]।

यज्ञीय[1]—वि० [स०] यज्ञ सबधी। यज्ञ का।

यज्ञीय[2]—सज्ञा पुं० गूलर का पेड।

यज्ञेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

यज्ञेष्ट—सज्ञा पु० [स०] रोहिस नाम की घास।

यज्ञोपवीत—सज्ञा पुं० [सं०] १ जनेऊ। यज्ञसूत्र। २ हिंदुओं मे ब्राह्मणों, क्षत्रियो और वैश्यो का एक सस्कार। व्रतबध। उपनयन। जनेऊ।

विशेष—यह सस्कार प्राचीन काल मे उस समय होता था, जब बालक को विद्या पढाने के लिये गुरु के पास ले जाते थे। इस सस्कार के उपरात बालक का स्नातक होने तक ब्रह्मचर्यपूर्वक रहना पडता था और भिक्षावृत्ति से अपना तथा अपने गुरु का निर्वाह करना पडता था। अन्यान्य सस्कारो की भाँति यह सस्कार भी आजकल नाममात्र के लिये रह गया है। इसमे कुछ विशिष्ट धार्मिक कृत्य करके बालक के गले मे जनेऊ पहना दिया जाता है। ब्राह्मण बालक के लिये आठवें वर्ष, क्षत्रिय बालक के लिये ग्यारहवें वर्ष और वैश्य बालक के लिये बारहवें वर्ष यह सस्कार करने का विधान है।

यज्य[1]—वि० [स०] यजन करने योग्य।

यज्य[1]—सज्ञा पुं० [स०] [सज्ञा स्त्री० यज्या] १ स्तुति। आराधन। अर्चन। २ यज्ञ (को०)।

यज्यु—सज्ञा पु० [स०] १ यजुर्वेदी ब्राह्मण। २ यजमान। श्रद्धालु भक्त।

यज्वा—सज्ञा पुं० [स० यज्वन्] यज्ञ करनेवाला।

यौ०—यज्वापति = (१) विष्णु। (२) चद्रमा।

यडर—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

यत—क्रि० वि० [सं० यतस्] इसलिये कि। चूँकि। क्योकि (को०)।

यत—वि० [सं०] १ नियत्रित। नियमित। पाबंद। २ दमन किया हुआ। शासित। ३ प्रतिबद्ध। रोका हुआ।

यतन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० यतनीय] उद्योग वा उपाय करना। यत्न करना। कोशिश करना।

यतनीय—वि० [सं०] यत्न करने के योग्य। कोशिश करने लायक।

यतमान—सज्ञा पुं० [सं०] १ यत्न करता हुआ। कोशिश मे लगा हुआ। २ अनुचित विषयो का त्याग और उचित विषयो मे मद प्रवृत्ति के निमित्त यत्न करनेवाला।

यतव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो बहुत सयम से रहता हो।

यतात्मा—वि० [सं० यतात्मन्] आत्मनिग्रही। सयमी (को०)।

यताहार—सज्ञा पुं० [स०] [वि० यताहारी] सयत आहार। अल्पाहार।

यताहारी—वि० [स० यताहारिन्] नियत एव सयत आहार करनेवाला। अल्पाहारी।

यति—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जिसने इद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली हो और जो ससार से विरक्त होकर मोक्ष प्राप्त करने का उद्योग करता हो। सन्यासी। त्यागी। योगी। २. भागवत के अनुसार ब्रह्मा के एक पुत्र का नाम। ३ महाभारत के अनुसार नहुष के एक पुत्र का नाम। ४. ब्रह्मचारी। ५ विष्णु (को०)। ६ विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम (को०)। छप्पय के ६६वें भेद का नाम जिसमे ५ गुरु और १४२ लघु मात्राएँ अथवा किसी किसी के मत से ५ गुरु और १३६ लघु मात्राएँ होती हैं।

यति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ छदो के चरणो मे वह स्थान जहाँ पढते समय, उनकी लय ठीक रखने के लिये, थोडा सा विराम होता है। विरति। विश्राम। राविम। २ दे० 'यती'।

यतिचाद्रायण—सज्ञा पुं० [स० यतिचान्द्रायण] एक प्रकार का चाद्रायण व्रत जिनका विधान यतियो के लिये है।

यतित—वि० [सं०] जिसके लिये चेष्टा की गई हो। चेष्टित (को०)।

यतित्व—सज्ञा पु० [सं०] यति का धर्म, भाव या कर्म।

यतिधर्म—सज्ञा पुं० [स०] सन्यास।

यतिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सन्यासिनी। २ विधवा।

यतिपात्र—सज्ञा पुं० [सं०] भिक्षापात्र। खप्पर।

यतिभग—सज्ञा पुं० [सं० यतिभङ्ग] काव्य का वह दोष जिसमें यति अपने उचित स्थान पर न पडकर कुछ आगे या पीछे पडती है और जिसके कारण पढने मे छद की लय बिगड जाती है।

यतिभ्रष्ट—सज्ञा पु० [सं०] वह छद जिसमे यति अपने उपयुक्त स्थान पर न पडकर कुछ आगे या पीछे पडी हो। यतिभग दोष से युक्त छद।

यतिमैथुन—सज्ञा पु० [स०] १ साधु सन्यासी का सा गुप्त मैथुन। २ स्वजनरति (को०)।

यतिसातपन—सज्ञा पुं० [स० यतिसान्तपन] एक व्रत जिसमे तीन दिन केवल पचगव्य और कुशजल पीकर रहना पडता है।

विशेष—शखस्मृति के मत से तो यह व्रत तीन दिन का है, परतु जाबाल के मत मे सात दिन का है। गोमूत्र, गोबर, दूध, दही, घृत, कुश का जल इनमे से एक एक का प्रति दिन एक बार पीकर रात दिन उपवास करना पडता है। इसी का नाम सातपनकृच्छ्र या यतिसातपन है।

यती[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रोक। रुकावट। २ छदो मे विराम का स्थान। यति। ३. मनोराग। मनोविकार। ४ विधवा स्त्री। ५ शालक राग का एक भेद। ६ मृदग का एक प्रबध। ७ सधि।

यती[2]—सज्ञा पुं० [सं० यतिन्] [स्त्री० यतिनी] १ यति। सन्यासी २ जितेंद्रिय। ३ जैनमतानुसार श्वेतावर जैन साधु।

यतीम—सज्ञा पु० [अ०] १ मातृ-पितृ विहीन। जिसके माता पिता न हो। अनाथ। २ कोई अनुपम और अद्वितीय रत्न। ३ वह बडा मोती, जिसके विषय मे प्रसिद्ध है कि यह सीप में एक ही निकलता है।

यतीमखाना—सज्ञा पुं० [अ० यतीम + फा० खानह्] वह स्थान जहाँ माता-पिता-हीन बालक रखे जाते है। अनाथालय।

यतुका, यतूका—सज्ञा स्त्री० [सं०] चकवँड का पौधा। चक्रमर्द।

यतेंद्रिय—वि० [स० यतेन्द्रिय] इद्रियनिग्रही। सयतात्मा। इद्रियो का नियमन करनेवाला। सयमी (को०)।

यत्—सर्व [सं०] जो।

यत्किंचित्—क्रि० वि० [सं० यत्किञ्चित्] थोड़ा सा। स्वल्प। जरा सा। बहुत कम। कुछ।

यत्त—वि० [सं०] यतित। चेष्टित। यत्न मे लगा हुआ। सतर्क (को०)।

यत्न—संज्ञा पुं० [स०] १ नैयायिको के अनुसार रूप आदि २४ गुणो के अंतर्गत एक गुण जो तीन प्रकार का होता है—प्रवृत्ति, निवृत्ति और जीवनयोनि। २ उद्योग। प्रयत्न। कोशिश। ३ उपाय। तदबीर। उ०—पाछे पृथु को रूप हरि लीन्हो नाना रस वहि काढै। तापर रचना रची विधाता बहु विधि यत्तन बाढै।—सूर (शब्द०)। ४ रक्षा का आयोजन। हिफाजत। जैसे,—इस वस्तु को बडे यत्न से रखना। ५ रोगशांति का उपाय। चिकित्सा। उपचार।

यत्नवान्—वि० [स० यत्नवत्] [वि० स्त्री० यत्नवती] यत्न मे लगा हुआ। यत्न करनेवाला।

यत्र'—क्रि० वि० [सं०] जिस जगह। जहाँ।

यत्र'—संज्ञा पुं० [सं० सत्र] सामान्य यज्ञ।

यत्रतत्र—क्रि० वि० [सं०] १ जहाँ तहाँ। इधर उधर। कुछ यहाँ, कुछ वहाँ। २ जगह जगह। कई स्थानो मे।

यत्रु—संज्ञा स्त्री० [स०] छाती के ऊपर और गले के नीचे की मडलाकार हड्डी। हसली।

यथांश—वि० [स०] आनुपातिक। उचित अनुपात मे (को०)।

यथा—अव्य० [स०] जिस प्रकार। जैसे। ज्यो।

यौ०—यथाकथित = जैसा कहा जा चुका हो। यथोक्त। यथाकर्तव्य = जैसा करना उचित हो। कर्तव्य के अनुसार। यथाकर्म = कार्यो के अनुसार। भाग्यानुसार। यथाकल्प = नियम या विधि के अनुसार। यथाकाम = मनोनुकूल। इच्छानुसार। यथाकार = मनमाने ढग का। जैसा तैसा। यथाकाल = ठीक या उचित समय पर। यथाकृत। यथाक्रम। यथागुण = गुण के अनुसार। गुण के अनुरूप। यथाज्ञान = अपने ज्ञान या समझ के अनुसार। यथातथ। यथातृप्ति = तृप्ति के अनुकूल। जी भरकर। यथादर्शन = जैसा देखा गया। यथादिक् यथादिश = समस्त दिशाओं मे। यथापण्य। यथापूर्व। यथाप्रार्थित = प्रार्थना के अनुकूल।

यथाकामी—संज्ञा पुं० [सं० यथाकामिन्] अपनी इच्छा के अनुसार काम करनेवाला। स्वेच्छाचारी।

यथाकामावध—संज्ञा पुं० [सं०] किसी व्यक्ति को यह घोषित करके छोड देना कि इसे जो चाहे, मार डाले।

विशेष—चद्रगुप्त के समय मे जो राजकर्मचारी चार बार चोरी या गाँठ कतरने के अपराध मे पकडे जाते थे, उनको यह दड दिया जाता था।

यथाकारी—संज्ञा पुं० [स० यथाकारिन्] मनमाना काम करनेवाला। स्वेच्छाचारी।

यथाकाल—संज्ञा पुं० [सं०] उचित समय। ठीक समय।

यथाकृत—वि० [सं०] जैसा तै हुआ हो (कार्य)। नियम या [illegible] के अनुसार किया गया (को०)।

यथाक्रम—क्रि० वि० [स०] तरतीबवार। क्रमश। क्रम से।

यथाख्यात—वि० [स०] जैसा पहले कहा गया हो (को०)।

यथाख्यात चरित—संज्ञा पुं० [स०] सब कषायो (काम, क्रोधादि पापो) का जिन साधुओ ने क्षय किया हो, उनका चरित्र। (जैन)।

यथागत—वि० [सं०] मूर्ख। मूढ (को०)।

यथाचार—वि० [स०] १ चलन या रिवाज के अनुसार। २ आचरण के अनुसार (को०)।

यथाजात—संज्ञा पुं० [स०] मूर्ख। बेवकूफ। नीच।

यथाज्येष्ठ—क्रि० वि० [स०] पद या वरीयता के क्रमानुसार।

यथातथ, यथातथ्य—वि० [स०] जैसे का तैसा। ज्यो का त्यो। हूबहू। जैसा हो, वैसा ही। सचमुच। सत्यत.।

यथाधिकार—वि० [स०] आधिकारिक रूप से। अधिकार के अनुरूप। (को०)।

यथाधीत—वि० [स०] अध्ययन के अनुसार। पाठ के अनुसार (को०)।

यथानियम—अव्य० [स०] नियमानुसार। कायदे के मुताबिक। बाकायदा।

यथानिर्दिष्ट—वि० [स०] पूर्वकथित। पूर्वविवृत। पूर्वनिर्धारित (नियमादि)।

यथानुभूत—वि० [सं०] १ अनुभव के अनुसार। २ पूर्व अनुभव द्वारा (को०)।

यथानुरूप—वि० [स०] एक दम मिलता हुआ (को०)।

यथान्याय—अव्य० [सं०] न्याय के अनुसार। जो कुछ न्याय हो, वैसा। यथोचित।

यथापण्य—अव्य० [स०] बाजार की दर के अनुसार (को०)।

यथापूर्व—अव्य [सं०] १ जैसा पहले था, वैसा ही। पहले की नाईं। पूर्ववत्। २. ज्यो का त्यो।

यथाप्रदिष्ट—अव्य० [स०] उचित। उपयुक्त (को०)।

यथाप्रयोग—अव्य० [सं०] प्रथा या व्यवहार के अनुसार (को०)।

यथाप्राण—अव्य० [सं०] शक्ति के अनुसार (को०)।

यथाबल—अव्य० [सं०] १ सामर्थ्य के अनुसार। २ जैसा की शक्ति या सख्या के अनुसार (को०)।

यथाबुद्धि—अव्य० [सं०] दे० 'यथामति'।

यथाभाग—अव्य० [सं०] १ भाग के अनुसार जितना चाहिए, उतना। हिस्से के मुताबिक। २ यथाविधि।

यथाभिप्रेत—वि० [सं०] जैसा चाहा या इच्छा किया गया हो। इच्छानुकूल (को०)।

यथाभिमत, यथाभिरुचि, यथाभिलषित—वि० [सं०] दे० 'यथाभिप्रेत' (को०)।

यथामति—अव्य० [सं०] बुद्धि के अनुसार। समझ के मुताबिक।

—अव्य० [स०] जैसा चाहिए, वैसा। उपयुक्त। यथोचित।

[illegible]मित।

[illegible]वि० [सं०] धारणा के अनुसार।

यथारथⓤ—अव्य० [सं० यथार्थ] दे० 'यथार्थ'।

यथारुचि—अव्य० [सं०] १ रुचि के अनुसार। पसद के मुताबिक। इच्छानुसार। मरजी के मुनाबिक।

यथार्थ—अव्य० [सं०] १ ठीक। वाजिब। जैसे,—आपका कहना यथार्थ है। २ जैसा ठीक होना चाहिए, वैसा। ज्यो का त्यो। जैसे का तैसा।

यथार्थत—क्रि० वि० [सं०] १. सचमुच। सत्यत। २ उचित रूप से। सही अर्थ में [को०]।

यथार्थता—सज्ञा स्त्री० [स०] यथार्थ का भाव। सचाई। सत्यता। सच्चापन।

यथार्ह—वि० [स०] १ योग्यता या पात्रता के अनुसार। २. उचित। न्याय्य। ३ मनपसद [को०]।

यथालब्ध'—वि० [स०] जितना प्राप्त हो, उसी के अनुसार। जो कुछ मिले, उसी के मुताबिक।

यथालब्ध—सज्ञा स्त्री० जैनियों के अनुसार, जो कुछ मिल जाय उसी से सतुष्ट रहने की वृत्ति।

यथालाभ—वि० [स०] जो कुछ मिले, उसी के अनुसार। जो प्राप्त हो, उसी पर निर्भर। उ०—यथालाभ सतोष सदा परगुन नहिं दोष कहौंगो।—तुलसी (शब्द०)।

यथावकाश—वि० [सं०] १ अवसर के अनुकूल। २ स्थान के अनुकूल। ३ उचित स्थान पर [को०]।

यथावत्—अव्य० [सं०] १ ज्यो का त्यो। जैसा था, वैसा ही। जैसे का तैसा। २ जैसा चाहिए, वैसा। पूर्ण रीति से। अच्छी तरह। जैसे, यथावत् सत्कार करना।

यथावस्थित—अव्य० [सं०] १ जैसा था, वैसा ही। २ सत्य। ठीक। ३ स्थिर। अचल।

यथाविधि—अव्य० [स०] विधि के अनुसार। विधिपूर्वक। विधिवत्।

यथाविहित—अव्य० [स०] जैसा विधान हो, वैसा ही। विधि के अनुसार।

यथाशक्ति—अव्य० [सं०] सामर्थ्य के अनुसार। जितना हो सके। भरसक।

यथाशक्य—अव्य० [सं०] जहाँ तक हो सके। जहाँ तक सभव हो। जहाँ तक मुमकिन हो। सामर्थ्य भर। भरसक।

यथाशास्त्र—अव्य० [सं०] शास्त्र के अनुसार। शास्त्र के अनुकूल। जैसा शास्त्रो मे वर्णित है वैसा।

यथाश्रम—वि० [स०] १ आश्रम जीवन के अनुसार। २ परिश्रम के अनुसार।

यथासभव—अव्य० [सं० यथासम्भव] जहाँ तक हो सके। जितना हो सके। जितना मुमकिन हो।

यथासमय—अव्य० [स०] १. ठीक समय पर। ठीक वक्त पर। नियत समय पर। २ समय के अनुसार। जैसा समय हो, वैसा।

यथासाध्य—अव्य० [स०] जहाँ तक हो सके। जितना किया जा सके। यथाशक्ति।

यथास्थान—अव्य० [सं०] ठीक जगह पर। अपने स्थान पर। उचित स्थान पर।

यथेच्छ—अव्य० [स०] जितना या जैसा जी मे आवे, उतना या वैसा। इच्छा के अनुसार। मनमाना।

यथेच्छाचार—सज्ञा पुं० [स०] जो जी मे आवे वही करना, और उचित अनुचित का ध्यान न करना। स्वेच्छाचार। मनमाना काम करना।

यथेच्छाचारी—सज्ञा पुं० [स० यथेच्छाचारिन्] १ मनमाना आचार करनेवाला। यथेच्छाचार करनेवाला। जो कुछ जी मे आवे वही करनेवाला। मनमौजी।

यथेच्छित—क्रि० [स०] इच्छानुसार। मनमाना। मनचाहा।

यथेप्सित—वि० [सं०] दे० 'यथेच्छित' [को०]।

यथेष्ट—वि० [सं०] जितना इष्ट हो। जितना चाहिए, उतना। काफी। पूरा। जैसे—(क) वे वहाँ से यथेष्ट धन ले आए। (ख) इस विषय मे यथेष्ट कहा जा चुका है।

यथेष्टाचरण—सज्ञा पुं० [स०] मनमाना काम करना। इच्छानुसार व्यवहार करना। स्वेच्छाचार।

यथेष्टाचार—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यथेष्टाचरण'।

यथेष्टाचारी—सज्ञा पुं० [स० यथेष्टाचारिन्] अपने मन के अनुसार व्यवहार करनेवाला। मनमाना काम करनेवाला।

यथोक्त—अव्य० [स०] जैसा कहा गया हो। कहे हुए अनुसार।

यथोक्तकारी—वि० [सं० यथोक्तकारिन्] १ शास्त्र मे जो कुछ कहा गया हो वही करनेवाला। २ आज्ञाकारी।

यथोद्गमन—सज्ञा पुं० [स०] अवरोही। अनुपात मे उतार का क्रम [को०]।

यथोचित—वि० [स०] जैसा चाहिए वैसा। मुनासिब। ठीक। जैसे—उसे यथोचित दड मिलना चाहिए।

यथोत्साह—अव्य [सं०] दे० 'यथाशक्ति'।

यथोद्देश—अव्य [स०] निर्दिष्ट ढग से [को०]।

यथोपदिष्ट—वि० [सं०] जैसा निर्दिष्ट किया गया हो, वैसा [को०]।

यथोपपत्ति—वि० [सं०] जैसा उचित हो, वैसा [को०]।

यथोपपन्न—वि० [सं०] समय पर जैसा कुछ घटित हो गया हो। स्वाभाविक [को०]।

यथोपमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] यथा शब्द द्वारा अभिव्यक्त उपमा। (छद शास्त्र)।

यथोपयोग—वि० [स०] उपयोग के अनुसार। आवश्यकतानुसार।

यदपिⓤ—अव्य० [सं० यदि+अपि] दे० 'यद्यपि'। उ०—जागृत था सौंदर्य यदपि वह साती थी सुकुमारी। रूप चद्रिका मे उज्वल थी आज निशा की नारी।—कामायनी, पृ० १२५।

यदा—अव्य० [सं०] जिस समय। १ जिस वक्त। जब। २ जहाँ।

यदाकदा—अव्य० [सं०] जब तब। कभी कभी।

यदि—अव्य० [स०] अगर । जो ।

विशेष—इस अव्यय का उपयोग वाक्य के आरभ मे सशय अथवा किसी बात की अपेक्षा सूचित करने के लिये होता है । जैसे,—(क) यदि वे न आए तो ? (ख) यदि आप कहे तो मैं दे दूँ ।

यदिच यदिचेत्—अव्य० [सं०] यद्यपि । अगरचे ।

यदीय—वि० [सं०] जिसका [को०] ।

यदु—सज्ञा पुं० [स०] १. ययाति राजा का बडा पुत्र जो देवयानी के गर्भ से उत्पन्न हुआ था ।

विशेष—(क) महाभारत मे लिखा है कि ययाति के शाप के कारण इनका राज्य नष्ट हो गया था, पर पीछे से इद्र की कृपा से इन्हें फिर राज्य मिला था । शाप का कारण यह था कि ययाति ने वृद्ध होने पर इनसे कहा था कि तुम मेरा पाप और वृद्धावस्था ले लो, जिससे मैं फिर युवक हो जाऊँ । पर इसे इन्होने स्वीकृत नही किया था । श्रीकृष्णचद्र इन्ही के वश मे हुए थे ।

(ख) इस शब्द के साथ पति या राजा आदि का वाचक शब्द लगाने से श्रीकृष्ण का अर्थ होता है । जैसे,—यदुपति, यदुराज ।

२ पुराणानुसार हर्यश्व राजा के पुत्र का नाम ।

यदुकुल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'यदुवश' ।

यदुध्र—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार एक ऋषि का नाम ।

यदुनदन—सज्ञा पुं० [स० यदुनन्दन] यदुकुल को आनद देनेवाले, श्रीकृष्णचद्र । १ कृष्ण चैतन्य के एक साथी भक्त ।

यदुनाथ—सज्ञा पुं० [स०] यदुवश के स्वामी, श्रीकृष्ण ।

यदुपति—सज्ञा पुं० [स०] श्रीकृष्ण ।

यदुभूप—सज्ञा पु० [स०] श्रीकृष्ण ।

यदुराईⓊ—सज्ञा पुं० [स० यदु + हि० राई (=राजा)] श्रीकृष्ण ।

यदुराज, यदुराट्—सज्ञा पु० [स०] यदुकुल के राजा श्रीकृष्ण ।

यदुवश—सज्ञा पुं० [सं०] राजा यदु का कुल । यदु का खानदान ।

यदुवशमणि—सज्ञा पु० [स०] श्रीकृष्णचद्र ।

यदुवशी—सज्ञा पु० [स० यदुवशिन्] यदुकुल मे उत्पन्न । यदुकुल के लोग । यादव ।

यदुवर—सज्ञा पुं० [स०] श्रीकृष्ण ।

यदुवीर—सज्ञा पु० [स०] श्रीकृष्ण ।

यदूत्तम—सज्ञा पु० [स०] श्रीकृष्ण ।

यदृच्छया—क्रि० वि० [स०] १ अकस्मात् । अचानक । २ इत्तफाक से । दैवसयोग से । ३ मनमाने तौर पर । मन की मौज के अनुसार । विना किसी नियम या कारण के ।

यदृच्छयाभिज्ञ—सज्ञा [स०] कृतसाक्षी के पाँच भेदो मे एक । वह साक्षी जो घटना के समय आपसे आप या अकस्मात् आ गया हो ।

यदृच्छा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. केवल इच्छा के अनुसार व्यवहार । स्वेच्छाचरण । मनमानापन । २ आकस्मिक । सयोग । इत्तफाक ।

यद्यपि—अव्य० [स०] अगरचे । हरचद । बावजूद कि । उ०—यद्यपि ईंधन जरि गए अरिगण केशवदास । तदपि प्रतापानलन को पल पल बढत प्रकास —केशव (शब्द०) ।

यद्वातद्वा—अव्य० [स०] कभी कभी ।

यभन—सज्ञा पुं० [स०] मैथुन । रति । सभोग [को०] ।

यम—सज्ञा पु० [स०] १ एक साथ उत्पन्न बच्चो का जोडा । यमज । २ भारतीय आर्यों के एक प्रसिद्ध देवता जो दक्षिण दिशा के दिक्पाल कहे जाते हैं और आजकल मृत्यु के देवता माने जाते हैं ।

विशेष—वैदिक काल मे यम और यमी दोनो देवता, ऋषि और मत्रकर्ता माने जाते थे और 'यम' को लोग 'मृत्यु' से भिन्न मानते थे । पर पीछे से यम ही प्राणियो को मारनेवाले अथवा इस शरीर मे से प्राण निकालनेवाले माने जाने लगे । वैदिक काल मे यज्ञ मे यम की भी पूजा होती थी और उन्हे हवि दिया जाता था । उन दिनो वे मृत पितरो के अधिपति तथा मरनेवाले लोगो को आश्रय देनेवाले माने जाते थे । तब से अब तक इनका एक अलग लोक माना जाता है, जो 'यमलोक' कहलाता है । हिंदुओ का विश्वास है कि मनुष्य मरने पर सब से पहले यमलोक मे जाता है और वहाँ यमराज के सामने उपस्थित किया जाता है । वही उसके शुभ और अशुभ कृत्यो का विचार करके उसे स्वर्ग या नरक मे भेजते हैं । ये धर्मपूर्वक विचार करते हैं, इसलिये धर्मराज भी कहलाते हैं । यह भी माना जाता है कि मृत्यु के समय यम के दूत ही आत्मा को लेने के लिये आते हैं । स्मृतियो मे चौदह यमो के नाम आए हैं, जो इस प्रकार हैं—यम, धर्मराज, मृत्यु, अतक, वैवस्वत, काल, सर्वभूतक्षय, उदुवर, दध्न, नील, परमेष्ठी, वृकोदर, चित्र और चित्रगुप्त । तर्पण मे इनमे से प्रत्येक के नाम तीन तीन अजलि जल दिया जाता है । मार्कंडेयपुराण मे लिखा है कि जब विश्वकर्मा की कन्या सज्ञा ने अपने पति सूर्य को देखकर भय से आँखें बद कर ली, तब सूर्य ने क्रुद्ध होकर उसे शाप दिया कि जाओ, तुम्हे जो पुत्र होगा, वह लोगो का सयमन करनेवाला (उनके प्राण लेनेवाला) होगा । जब इसपर सज्ञा ने उनकी ओर चचल दृष्टि से देखा, तब फिर उन्होने कहा कि तुम्हें जो कन्या होगी, वह इसी प्रकार चचलतापूर्वक नदी के रूप मे बहा करेगी । पुत्र तो यही यम हुए और कन्या यमी हुई, जो बाद मे यमुना के नाम से प्रसिद्ध हुई । कहा जाता है कि यमी और यम दोनो यमज थे । यम का वाहन भैसा माना जाता है ।

पर्या०— **पितृपति । कृतात । शमन । काल । दडधर । श्राद्धदेव । धर्म । जीवितेश । महिषध्वज । महिषवाहन । शीर्णपाद । हरि । कर्मकर ।**

२. मन, इद्रिय आदि को वश या रोक मे रखना । निग्रह । ४ चित्त को धर्म मे स्थिर रखनेवाले कर्मो का साधन ।

विशेष—मनु के अनुसार शरीरसाधन के साथ साथ इनका पालन नित्य कर्तव्य है । मनु ने अहिंसा, सत्यवचन, ब्रह्मचर्य, अकल्कता और अस्तेय ये पाँच यम कहे हैं । पर पारस्कर गृह्यसूत्र मे तथा और भी दो एक ग्रथो मे इनकी सख्या दस कही गई है और नाम इस प्रकार दिए गए हैं—ब्रह्मचर्य, दया, क्षाति, ध्यान,

सत्य, अकल्कता, अहिंसा, अस्तेय, माधुर्य और यम। 'यम' योग के आठ अगो मे से पहला अग है। विशेष दे० 'योग'।

५ कौआ। ६ शनि। ७ विष्णु। ८ वायु। ९ यमज। जोडे। १० दो की सख्या। ११ वायु। (जैन)।

यमक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का शब्दालकार या अनुप्रास जिसमे एक ही शब्द कई बार आता है, पर हर बार उसके अर्थ भिन्न भिन्न होते है। उ०—कनक कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाइ। यहाँ एक कनक का अर्थ सोना और दूसरे का धतूरा है। २ एक वृत्त का नाम, जिसके प्रत्येक चरण मे एक नगण और दो लघु मात्राएँ होती हैं। ३ सेना का एक प्रकार का व्यूह या जमाव। ४ वे दो बालक जो एक साथ ही उत्पन्न हुए हो। यमज। जोडे। ५ नियम।

यमकात, यमकातर—सज्ञा पुं० [सं० यम+हिं० कातर] १ यम का छुरा या खाडा। २ एक प्रकार का तलवार। उ०—(क) जनु यमकात करहिं सब भवाँ। जिउ लेइ जनहु स्वर्ग अपसवाँ।—जायसी (शब्द०)। (ख) होय हनुमत यमकातर धाऊ। आज स्वामि मकर सिर नाऊ।—जायसी (शब्द०)।

यमकालिंदी—सज्ञा स्त्री० [स० यमकालिन्दी] सूर्य की पत्नी सज्ञा जो यम और कालिंदी की माता थी (को०)।

यमकीट—सज्ञा पुं० [स०] केचुवा।

यमघट—सज्ञा पुं० [स० यमघण्ट] १ एक दुष्ट योग जो रविवार के दिन मघा या पूर्वाफाल्गुनी, सोमवार के दिन पुष्य या श्लेषा, मगलवार को ज्येष्ठा, अनुराधा, भरणी या अश्विनी, बुधवार को हस्त या आर्द्रा, बृहस्पति को पूर्वाषाढ, रेवती या उत्तराभाद्रपद, शुक्र को स्वाति या रोहिणी, और शनिवार को शतभिषा या श्रवण नक्षत्र होने पर होता है। इस योग मे शुभ कार्य वर्जित है। २ दीपावली का दूसरा दिन। कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा।

यमचक्र—सज्ञा पुं० [सं०] यमराज का शस्त्र।

यमज—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक गर्भ से एक ही समय मे और एक साथ उत्पन्न होनेवाली दो सतानें। एक साथ जन्म लेनेवाले दो बच्चो का जोडा। जोंआ। २ ऐसा घोडा जिसका एक ओर का अग हीन और दुर्बल हो और दूसरी ओर का वही अग ठीक हो। यह दोष माना जाता है। ३ अश्विनीकुमार।

यमजयी—वि० [स०] यम पर विजय पानेवाला (को०)।

यमजात—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यमज'।

यमजातना—सज्ञा स्त्री० [स० यमयातना] दे० 'यमयातना'।

यमजित्—सज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु को जीतनेवाले, मृत्युजय।

यमतर्पण—सज्ञा पुं० [सं०] यम की प्रसन्नता के लिये किया जानेवाला यज्ञ (को०)।

यमत्व—सज्ञा पुं० [स०] यम का भाव या धर्म।

यमदंड—सज्ञा पुं० [स० यमदण्ड] यमराज का डडा। कालदंड।

यमदंष्ट्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक के अनुसार आश्विन, कार्तिक और अगहन के लगभग का कुछ विशिष्ट काल, जिसमे रोग और मृत्यु आदि का विशेष भय रहता है और जिसमे अल्प भोजन तथा विशेष सयम आदि का विधान है। कुछ लोगो के मत से यह समय कार्तिक के अतिम आठ दिन और अगहन के आरभिक आठ दिनो का है, और कुछ लोगो के मत से आश्विन के अतिम आठ दिन और पूरा कार्तिक मास इसके अतर्गत है।

यमदग्नि—सज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि जो परशुराम के पिता थे। विशेष दे० 'जमदग्नि'।

यमदुतिया—सज्ञा स्त्री० [स० यमद्वितीया] दे० 'यमद्वितीया'।

यमदूत, यमदूतक—सज्ञा पुं० [स०] १ यम के दूत। २ कौआ।

यमदूतिका—सज्ञा स्त्री० [स०] डाकिनी।

यमदेवता—सज्ञा स्त्री० [स०] भरणी नक्षत्र, जिसके देवता यम माने जाते है।

यमद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] सेमर का पेड। शाल्मलि वृक्ष।

विशेष—इसका यह नाम इसलिये है कि इसमे फूल तो बडे सुदर देर पडते है, परतु उनमे कोई खाने लायक फल नहीं उत्पन्न होता।

यमद्वार—सज्ञा पुं० [स०] १ यम का दरवाजा। मृत्यु। मौत। २ मृत्यु का नक्षत्र (को०)।

यमद्वितीया—सज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिक शुक्ला द्वितीया। भाईदूज।

विशेष—कहते है, इस दिन यमराज ने अपनी बहन यमुना के यहाँ भोजन किया था। इसीलिये इस दिन बहन के यहाँ भोजन करना और उसे कुछ देना मगलकारक और आयुवर्धक माना जाता है।

यमधार—सज्ञा पुं० [स०] ऐसी तलवार या कटारी आदि जिसके दोनो ओर धार हो। जमदाढ।

यमन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतिबध या नियत्रण करना। नियम से बाधना। २ बधन। बाधना। ३ विराम देना। ठहराना। ४ रोकना। बद करना। ५ यमराज।

यमन[2]—सज्ञा पुं० [फा०] दे० 'यवन'।

यमनकल्यान—सज्ञा पुं० [प० यमन+स० कल्याण] दे० 'एमन'।

यमनक्षत्र—सज्ञा पुं० [स०] भरणी नक्षत्र, जिसके देवता यम माने जाते हैं।

यमनाहⓊ—सज्ञा पुं० [स० यमनाथ, पा० जमनाह] यमो के स्वामी धर्मराज। उ०—कह नारद हम कीजै काहा। जेहि ते मानि जाइ यमनाहा।—विश्राम (शब्द०)।

यमनिका—सज्ञा स्त्री० [स० यवनिका] दे० 'यवनिका'।

यमनी[1]—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक प्रकार का बहुमूल्य पत्थर (लाल या याकूत) जिसकी गणना रत्नो मे होती है। यह पत्थर अरब के यमन प्रदेश से आता है।

यमनी[2]—वि० १ यमन का निवासी। २ यमन सबधी। ३ यमन का (को०)।

यमपुर—सज्ञा पुं० [स०] यम के रहने का स्थान, जिसके विषय मे यह माना जाता है कि मरने पर यम के दूत प्रेतात्मा को पहले यहाँ ले जाते है और तब उसे धर्मपुर मे पहुँचाते हैं। यमलोक।

मुहा०—यमपुर पहुँचाना = मार डालना। प्राण ले लेना।

यमपुरी—सज्ञा स्त्री० [स०] यमलोक। यमपुर।

यमपुरुष—सज्ञा पुं० [सं०] १ यमराज। २. यम के दूत।

यमप्रस्थ—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन नगर जो कुरुक्षेत्र के दक्षिण मे था।

विशेष—कहते हैं, यहाँ के निवासी यम के उपासक थे। शकराचार्य ने वहाँ जाकर वहाँ के निवासियो को शैव बनाया था।

यमप्रिय—सज्ञा पु० [सं०] वट वृक्ष। बड का पेड।

यमभगिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] यमुना नदी।

यमयन—सज्ञा पु० [सं०] शिव।

यमया—सज्ञा स्त्री० [स०] ज्योतिषशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का नक्षत्रयोग।

यमयातना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ यम के दूतो द्वारा दी हुई पीडा। २ नरक की पीडा। ३ मृत्यु के समय की पीडा।

यमरथ—सज्ञा पुं० [स०] भैसा।

यमराज—सज्ञा पु० [स०] यमो के राजा धर्मराज, जो मरने के पीछे प्राणी के कर्मों का विचार करके उसे दड या उत्तम फल देते हैं। धर्मराज।

यमराज्य, यमराष्ट्र—सज्ञा पुं० [स०] यमलोक।

यमल—सज्ञा पु० [सं०] १ युग्म। जोडा। २ दो लडके जो एक साथ ही पैदा हुए हो। यमज।

यमलच्छद—सज्ञा पुं० [सं०] कचनार।

यमलपत्रक—सज्ञा सं० [स०] १. कनेर। २ अश्मतक वृक्ष।

यमलसू—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह गौ जिसके दो बच्चे एक साथ उत्पन्न हुए हो।

यमला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक प्रकार का हिक्का या हिचकी का रोग, जिसमे थोडी थोडी देर पर दो दो हिचकियाँ एक साथ आती हैं और सिर तथा गरदन काँपने लगती है। २ एक प्राचीन नदी का नाम। ३ तात्रिको की एक देवी।

यमलार्जुन—सज्ञा पु० [सं०] गोकुल के दो अर्जुन वृक्ष जो पुराणानुसार कुबेर के पुत्र नलकूबर और मणिग्रीव थे।

विशेष—ये दोनो एक बार मद्य पीकर मत्त हो रहे थे और नगे होकर नदी मे स्त्रियो के साथ क्रीडा कर रहे थे। इसी पर नारद ऋषि ने इन्हे शाप दिया, जिससे ये पेड हो गए थे। श्रीकृष्ण ने उस समय इनका उद्धार किया था, जब वे यशोदा द्वारा ऊखल मे बाँधे गए थे।

यमली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक मे मिली हुई दो चीजें। जोडी। २ स्त्रियो का घाघरा और चोली।

यमलोक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह लोक जहाँ मरने के उपरात मनुष्य जाते है। यमपुरी।

मुहा०—यमलोक भेजना या पहुँचाना = मार डालना। प्राण लेना।

२ नरक।

यमवाहन—सज्ञा [पुं०] सं० भैसा।

यमव्रत—सज्ञा पु० [स०] राजा का धर्म जिसके अनुसार उसे यमराज की भाँति निष्पक्ष होकर सबको दड देना चाहिए। राजा का दडनियम।

यमसदन—सज्ञा पु० [स०] यमपुर।

यमसू[1]—सज्ञा पु० [सं०] सूर्य।

यमसू[2]—वि० स्त्री० जिसके एक ही गर्भ से एक साथ दो सतानें हो।

यमसूर्य—सज्ञा पु० [स०] ऐसा घर जिसके पश्चिम उत्तर दिशा मे गाला हो।

यमस्तोम—सज्ञा पुं० [स०] एक दिन मे होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

यमहता—सज्ञा पुं० [सं० यमहन्तृ] काल का नाश करनेवाला।

यमातक—सज्ञा पु० [स० यमान्तक] शिव।

यमातिरात्र—सज्ञा पुं० [स०] ४९ दिनो मे होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

यमादित्य—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य का एक रूप।

यमानिका—सज्ञा स्त्री० [स०] अजवायन।

यमानी—सज्ञा स्त्री० [सं०] अजवायन।

यमानुजा—सज्ञा स्त्री० [स०] यमराज की छोटी बहन, यमुना।

यमारि—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

यमालय—सज्ञा पु० [सं०] यम का घर, यमपुर।

यमिक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का साम।

यमी[1]—सज्ञा पुं० [स०] यम की बहन, जो पीछे यमुना नदी होकर बही। यमुना नदी।

यमी[2]—सज्ञा पु० [सं० यमिन्] सयम करनेवाला मनुष्य। सयमी।

यमुड—सज्ञा पुं० [सं० यमुण्ड] एक प्राचीन ऋषि का नाम।

यमुना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दुर्गा। २ यम की बहन यमी, जो सूर्य के वीर्य से सज्ञा के गर्भ से उत्पन्न हुई थी और जो सज्ञा को सूर्य द्वारा मिले हुए शाप के कारण पीछे से नदी हो गई थी। ३ उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध बडी नदी जो हिमालय के यमुनोत्तरी नामक स्थान से निकलकर प्रयाग मे गगा मे मिलती है यह ८६० मील लबी है और दिल्ली, आगरा, मथुरा आदि नगर इसके किनारे बसे हुए हैं। हिंदू इसे बहुत पवित्र नदी और यम की बहन यमी का स्वरूप मानते हैं।

यमुनाभिद्—सज्ञा पुं० [सं०] कृष्ण के भाई बलराम जिन्होंने अपने हल से यमुना के दो भाग किए थे।

यमुनोत्तरी—सज्ञा पुं० [स०] हिमालय मे गढवाल के पास का एक पर्वत जिससे यमुना नदी निकली है।

यमेरुका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक घडियाल या बडी झाँझ जो प्राचीन काल मे एक घडी पूरी होने पर बजाई जाती थी।

यमेश—सज्ञा पु० [स०] भरणी नक्षत्र।

यमेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] शिव ।

ययाति—सज्ञा पुं० [स०] राजा नहुष के पुत्र जो चद्रवश के पाँचवें राजा थे और जिनका विवाह शुक्राचार्य की कन्या देवयानी के साथ हुआ था ।

विशेष—इनको देवयानी के गर्भ से यदु और तुर्वसु नाम के दो तथा शर्मिष्ठा के गर्भ से द्रुह्यु, अनु और पुरु नाम के तीन पुत्र हुए थे । विशेष दे० 'देवयानी' । इनमे से यदु से यादव वश और पुरु से पौरव वश का आरभ हुआ । शर्मिष्ठा इन्हें विवाह के दहेज मे मिली थी । शुक्राचार्य ने इन्हे यह कह दिया था कि शर्मिष्ठा के साथ सभोग न करना । पर जब शर्मिष्ठा ने ऋतुमती होने पर इनसे ऋतुरक्षा की प्रार्थना की, तब इन्होंने उसके साथ सभोग किया और उसे सतान हुई । इसपर शुक्राचार्य ने इन्हे शाप दिया कि तुम्हे शीघ्र बुढापा आ जायगा । जब इन्होने शुक्राचार्य को सभोग का कारण बतलाया, तब उन्होंने कहा कि यदि कोई तुम्हारा बुढापा ले लेगा, तो तुम फिर ज्यो के त्यो हो जाओगे । इन्होने एक एक करके अपने चारो पुत्रो से कहा कि तुम हमारा बुढापा लेकर अपना यौवन हमे दे दो, पर किसी ने स्वीकार नही किया । अत मे पुरु ने इनका बुढापा आप ले लिया और अपनी जवानी इन्हे दे दी । पुनः यौवन प्राप्त करके इन्होने एक सहस्र वर्ष तक विषयसुख भोगा । अत मे पुरु को अपना राज्य देकर आप वन मे जाकर तपस्या करने लगे और अत मे स्वर्ग चले गए । स्वर्ग पहुँचने पर भी एक बार यह इद्र के शाप से वहाँ से च्युत हुए थे, क्योकि इन्होने इद्र से कहा था कि जैसी तपस्या मैंने की है, वैसी और किसी ने नही की । जब ये स्वर्ग से च्युत हो रहे थे, तब मार्ग मे इन्हे अष्टक ऋषियो ने रोककर फिर से स्वर्ग भेजा था । इसका उल्लेख ऋग्वेद मे भी आया है ।

ययातिपतन—सज्ञा पुं० [स०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ का नाम ।

ययावर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यायावर' ।

ययि—सज्ञा पुं० [सं०] १ अश्वमेध यज्ञ के उपयुक्त अश्व । २ मेघ । बादल । दे० 'ययी' [को०] ।

ययी—सज्ञा पुं० [सं० यायिन्] १ शिव । २ घोडा । ३ मार्ग । पथ । रास्ता । दे० 'ययि' ।

ययु—सज्ञा पुं० [स०] १ अश्वमेध यज्ञ का घोडा । २ घोडा ।

यरकान—सज्ञा पुं० [अ० यरकान] एक रोग जिसमे शरीर, विशेषत आँखें पीली हो जाती हैं । कमल रोग । पीलिया [को०] ।

यलⓤ**ा**—सज्ञा स्त्री० [स० इला] पृथिवी । धरती [को०] ।

यलधीश, यलनाथ—सज्ञा पुं० [स० इला + अधीश] राजा (डिं०) ।

यला—सज्ञा स्त्री० [सं० इला] पृथ्वी । (डिं०) ।

यलाइद—सज्ञा पुं० [सं० इला + इन्द्र] राजा । (डिं०) ।

यलापत—सज्ञा पुं० [सं० इला + पति] राजा । (डिं०) ।

यव—सज्ञा पुं० [सं०] १ जौ नामक अन्न । विशेष दे० 'जौ' । २ एक जौ या १२ सरसो की तौल का एक मान । ३. लंबाई की एक नाप जो एक इच की एक तिहाई होती है । ४ सामुद्रिक के अनुसार जौ के आकार की एक प्रकार की रेखा जो उँगली में होती है और जो बहुत शुभ मानी जाती है । कहते है, यदि यह रेखा अँगूठे मे हो, तो उसका फल और भी शुभ होता है । इस रेखा का रामचद्र के दाहिने पैर के अगूठे में होना माना जाता है । ५ वेग । तेजी । ६ वह वस्तु जो दोनो ओर उन्नततोदर हो ।

यवकटक—सज्ञा पुं० [स० यवकण्टक] खेतपापडा ।

यवक्—सज्ञा पुं० [स०] जौ ।

यवकलश—सज्ञा पुं० [स०] इद्रजौ ।

यवक्य—वि० [स०] यव बोने के उपयुक्त (खेत) । जिसमे जौ बोया हो [को०] ।

यवक्रीत—सज्ञा पुं० [स०] एक ऋषि का नाम जो भरद्वाज के पुत्र थे ।

यवक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] महाभारत के अनुसार एक नदी का नाम ।

यवक्षार—सज्ञा पु० [स०] जौ के पौधो को जलाकर निकाला हुआ क्षार । विशेष दे० 'जवाखार' ।

यवचतुर्थी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैशाख शुक्ला चतुर्थी ।

यवज—सज्ञा पुं० [सं०] १ यवक्षार । २ गेहूँ का पौधा । ३ अजवायन ।

यवतिक्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] शखिनी नाम की लता ।

यवदोष—सज्ञा पुं० [सं०] जौ के आकार की एक रेखा, जो रत्नो मे पड जाती है और जिससे वह रत्न कुछ दूषित हो जाता है ।

यवद्वीप—सज्ञा पुं० [सं०] वर्तमान जावा द्वीप का प्राचीन नाम ।

यवन—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० यवनी] १ वेग । तेजी । २ तेज घोडा । ३ यूनान देश का निवासी । यूनानी ।

विशेष—यूनान देश में 'आयोनिया' नामक प्रात या द्वीप है, जिसका लगाव पहले पूर्वीय देशो से बहुत अधिक था । उसी के आधार पर भारतवासी उस देश के निवासियो को, और तदुपरात भारत मे यूनानियो के आने पर उन्हे भी 'यवन' कहते थे । पीछे से इस शब्द का अर्थ और भी विस्तृत हो गया और रोमन, पारसी आदि प्राय सभी विदेशियो, विशेषत पश्चिम से आनेवाले विदेशियो को लोग 'यवन' ही कहने लगे, और इस शब्द का प्रयोग प्राय 'म्लेच्छ' के अर्थ मे होने लगा । परतु महाभारत काल मे यवन और म्लेच्छ ये दोनो भिन्न भिन्न जातिया मानी जाती थी । पुराणो के अनुसार अन्यान्य म्लेच्छ जातियो (पारद, पह्लव आदि) के समान यवनो की उत्पत्ति भी वसिष्ठ और विश्वामित्र के झगडे के समय वसिष्ठ की गाय के शरीर से हुई थी । गाय के 'योनि' देश से यवन उत्पन्न हुए थे ।

४ मुसलमान । उ०—भूषण यो अवनी यवनी कहँ कोऊ कहै सरजा सो हहारे । तू सबको प्रतिपालनहार विचारे भतार न मारु हमारे ।—भूषण (शब्द०) । ५, कालयवन नामक म्लेच्छ राजा जो कृष्ण से कई बार लडा था ।

यवनद्विष्ट—सज्ञा पुं० [स०] गुग्गुल । गुगुल [को०] ।

यवनप्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] मिर्च ।

यवनाचार्य—संज्ञा पुं० [सं०] यवन जाति का एक ज्योतिषाचार्य, जिसका उल्लेख वराहमिहिर आदि ने किया है। विद्वानों का अनुमान है कि यह संभवत 'टालेमी' था।

यवनानी[1]—वि० [सं०] यवन देश संबंधी। यूनान का। यूनानी।

यवनानी[2]—संज्ञा स्त्री० १ यूनान की भाषा। २ यूनान की लिपि।

विशेष—कात्यायन ने यवनानी लिपि का उल्लेख किया है।

यवनारि—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण, जिनकी कालयवन से कई लड़ाइयाँ हुई थीं।

यवनाल—संज्ञा पुं० [सं०] १ जुआर का पौधा। २ इस पौधे से उत्पन्न अन्न के दाने। जुआर। ३ जौ के डंठल जो सूखने पर चौपायों को खिलाए जाते हैं।

यवनालज—संज्ञा पुं० [सं०] यवक्षार। जवाखार।

यवनाश्व—संज्ञा पुं० [सं०] मिथिला देश के एक प्राचीन राजा का नाम जो बहुलाश्व का पिता था।

यवनिका—संज्ञा पुं० [सं०] १ कनात। २ नाटक का परदा।

विशेष—प्राचीन काल में नाटक के परदे संभवत यवन देश से आए हुए कपड़े से बनते थे, इसीलिये इनको यवनिका कहते थे। आधुनिक अनेक पंडितों के शोधानुसार शुद्ध संस्कृत शब्द 'जवनिका' है। 'राजशेखर' की 'कर्पूरमंजरी' में प्रयुक्त 'जवनिकांतर' के संस्कृतीकरण की भ्रांति से 'यवनिका' शब्द बना और चल पड़ा। इसका यवन शब्द से संबंध नहीं मानते।

यवनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] यवन की या यवन जाति की स्त्री।

यवनेष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] १ सीसा। २ मिर्च। ३. लहसुन। ४ नीम। ५ प्याज। ६ शलजम। ७ गाजर।

यवनेष्टा—संज्ञा स्त्री० [सं०] जंगली खजूर।

यवफल—संज्ञा पुं० [सं०] १ इंद्रजौ। २ कुटज। ३ प्याज। ४ जटामासी। ५ बाँस। ६ प्लक्ष वृक्ष। पाकड़ का पेड़।

यवबिंदु—संज्ञा पुं० [सं० यवबिंदु] वह हीरा जिसमें बिंदु सहित यवरेखा हो। कहते हैं ऐसा हीरा पहनने से देश छूट जाता है।

यवमंड—संज्ञा पुं० [सं० यवमण्ड] जौ का मांड जो नए ज्वर के रोगी को पथ्य के रूप में दिया जाता है। वैद्यक के अनुसार यह लघु, ग्राहक और शूल तथा त्रिदोष का नाश करनेवाला है।

यवमंथ—संज्ञा पुं० [सं० यवमन्थ] जौ का सत्तू।

यवमती—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वर्णवृत्त जिसके विषम चरणों में रगण, जगण, जगण होते और सम चरणों में जगण, रगण और एक गुरु होता है। जैसे,—त्यागि दे सबै जु है, असत्य काम। सुधार जन्म आपनो, न भूल राम।

यवमद्य—संज्ञा पुं० [सं०] जौ का बनाया हुआ मद्य। जौ की शराब।

यवमध्य—संज्ञा पुं० [सं०] १, एक प्रकार का चांद्रायण व्रत। २ आठ दिनों में समाप्त होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ। ३ एक प्रकार का नगाड़ा (को०)। ४ एक नाप (को०)।

यवलक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पक्षी जिसका मांस, सुश्रुत के अनुसार, मधुर, लघु, शीतल और कफनाशक होता है।

यवलवण—संज्ञा पुं० [सं०] जवाखार।

यववर्णाभ—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का जहरीला कीड़ा।

यवशाक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साग जो वैद्यक के अनुसार मधुर, रूखा, शीतवीर्य और मलभेदक माना जाता है।

यवशूक—संज्ञा पुं० [सं०] जवाखार।

यवश्राद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का श्राद्ध जो वैशाख के शुक्ल पक्ष में कुछ विशिष्ट दिनों और योगों में और विषुव संक्रांति अथवा तृतीया के दिन होता है और जिसमें केवल जौ के आटे का व्यवहार होता है।

यवस—संज्ञा पुं० [सं०] घास।

यवसुर—संज्ञा पुं० [सं०] जौ की शराब।

यवागू—संज्ञा पुं० [सं०] जौ या चावल का वह मांड जो पकाकर कुछ खट्टा कर दिया गया हो, अर्थात् जिसमें कुछ खमीर आ गया हो। मांड की काँजी।

विशेष—इसका व्यवहार वैद्यक में पथ्य के लिये होता है, और यह ग्राहक, बलकारक तथा वातनाशक माना जाता है।

यवाग्र—संज्ञा पुं० [सं०] जौ का भूसा।

यवाग्रज—संज्ञा पुं० [सं०] १ यवक्षार। २ अजवायन।

यवान—वि० [सं०] वेगवान्। तेज। क्षिप्र।

यवानिका, यवानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] अजवायन।

यवान्न—संज्ञा पुं० [सं०] यव, जो पकाया गया हो (को०)।

यवाम्ल—संज्ञा पुं० [सं०] जौ की काँजी जो वैद्यक में वात और श्लेष्मानाशक, रक्तबर्धक, भेदक तथा रक्तदोषनाशक मानी जाती है।

यवाश—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कीड़ा जो जौ की फसल को हानि पहुँचाता है।

यवास, यवासक, यवासा—संज्ञा पुं० [सं०] जवासा नामक काँटेदार क्षुप। वि० दे० 'जवासा'।

यवाह्व—संज्ञा पुं० [सं०] यवक्षार। यवनालज (को०)।

यविष्ठ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ छोटा भाई। २ अग्नि। ३ ऋग्वेद के एक मंत्र के द्रष्टा ऋषि का नाम जिन्हें अग्नेय वसु भी कहते हैं।

यविष्ठ—वि० [सं०] सब से छोटा। कनिष्ठ।

यवीनर—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार अजमीढ के एक पुत्र का नाम। २ भागवत के अनुसार अजमीढ के एक पुत्र का नाम।

यवीयान्[1]—वि० [सं० यवीयस्] [वि० स्त्री० यवीयसी] १. सब से छोटा। लघुतम। कनिष्ठतम। २ हीन। निम्न।

यवीयान्[2]—संज्ञा पुं० १ छोटा भाई। सबसे छोटा भाई। २ शूद्र (को०)।

यवोद्भव—संज्ञा पुं० [सं०] यवक्षार। जवाखार।

यव्य—संज्ञा पुं० [सं०] १. माम । महीना । २ यव का खेत । यवक्य क्षेत्र [को०] ।

यव्यावती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वैदिक काल की एक नदी । २ वैदिक काल की एक नगरी ।

यश पटह—संज्ञा पुं० [सं०] कीर्ति का घौंसा । यश की दुदुभी [को०] ।

यश शेष—संज्ञा पु० [सं०] १ मृत्यु । मौत । २ वह जिसका यश ही बचा हो, मृत व्यक्ति [को०] ।

यश—संज्ञा पु० [सं० यशस्] १ अच्छा काम करने से होनेवाला नाम । नेकनामी । कीर्ति । सुख्याति । उ०—(क) यश अपयश देखत नहीं देखत श्यामल गात ।—बिहारी (शब्द०) । (ख) रक्षहु मुनि जन यश लीजै ।—केशव (शब्द०) । (ग) हा पुत्र लक्ष्मण छुड़ावहु वेगि मोही । मार्तंडवंश यश की सब लाज तोही ।—केशव (शब्द०) ।

क्रि० प्र०—पाना ।—मिलना ।

मुहा०—यश कमाना या लूटना = यश वा कीर्ति प्राप्त करना । नाम हासिल करना ।

२ बड़ाई । प्रशंसा । महिमा ।

मुहा०—यश गाना = (१) प्रशंसा करना । (२) कृतज्ञ होना । एहसान मानना । यश मानना = कृतज्ञ होना । निहोरा मानना । एहसान मानना ।

यशद—संज्ञा पु० [सं०] एक धातु । जस्ता । दस्ता [को०] ।

यशद, यशम—संज्ञा पु० [अ०] एक प्रकार का पत्थर जो हरा सा होता है ।

विशेष—यह चीन और लंका में बहुत होता है । इस पत्थर की 'नार्दली' बनती है, जिसे लोग छाती पर पहनते हैं । कलेजे, मेदे और दिमाग की बीमारियों को दूर करने का इस पत्थर में विलक्षण प्रभाव माना जाता है । यह भी कहा जाता है कि जिसके पास यह पत्थर होता है, उसपर बिजली का कुछ प्रभाव नहीं होता । इसे 'सगे यशब' भी कहते हैं ।

यशस्कर—वि० [सं०] कीर्ति बढ़ानेवाला ।

यशस्काम—वि० [सं०] १ यश का इच्छुक । २ महत्वाकांक्षी [को०] ।

यशस्य—वि० [सं०] १. यशकारी । यशस्कर । कीर्तिकारी । २ प्रसिद्ध । श्रेष्ठ [को०] ।

यशस्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] जीवंती नामक पौधा [को०] ।

यशस्वान्—वि० [सं० यशस्वत्] [वि० स्त्री० यशस्वती] यशस्वी । कीर्तिमान ।

यशस्विनी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वनकपास । २ महा ज्योतिष्मती । ३ गंगा नदी ।

यशस्विनी[2]—वि० स्त्री० जिसे यश प्राप्त हो । कीर्तिमती ।

यशस्वी—वि० [सं० यशस्विन्] [वि० स्त्री० यशस्विनी] जिसका खूब यश हो । कीर्तिमान ।

यशी—वि० [सं० यश + ई (प्रत्य०)] यशस्वी । कीर्तिमान् । उ०—ये जो पाँचो पुत्र तुम्हारे हैं, सो महाबली यशी होंगे ।—लल्लू० (शब्द०) ।

यशीलⓤ‡—वि० [सं० यश + ईल (प्रत्य०)] कीर्तिमान् । यशस्वी । उ०—अवर चित्र विचित्र विराजत आमो सुशील यशील सभा मे ।—रघुराज (शब्द०) ।

यशुमति संज्ञा स्त्री० [सं० यशोवती] दे० 'यशोदा' ।

यशोद—संज्ञा पुं० [सं०] १ पारा । पारद । २ वह जो कीर्तिप्रद हो (को०) ।

यशोदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ नंद की स्त्री जिन्होंने श्रीकृष्ण को पाला था । विशेष दे० 'नंद' । २ दिलीप की माता का नाम । ३. एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक जगण और दो गुरु वर्ण होते हैं । जैसे, जपौ गुपाला । सुभोर काला । कहै यशोदा । लहै प्रमोदा ।

यशोधर—संज्ञा पुं० [सं०] १ रुक्मिणी के गर्भ से उत्पन्न कृष्ण के एक पुत्र का नाम । २ उत्सर्पिणी के एक अर्हत् का नाम । (जैन) । ३ कर्म अथवा सावन मास का पाँचवाँ दिन ।

यशोधरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ गौतम बुद्ध की पत्नी और राहुल की माता का नाम । २ कर्म अथवा सावन मास की चौथी रात ।

यशोधरेय—संज्ञा पुं० [सं०] यशोधरा का पुत्र, राहुल ।

यशोभृत्—वि० [सं०] यशी । प्रसिद्ध । ख्यात [को०] ।

यशोमति, यशोमती—संज्ञा स्त्री० [सं० यशोवती] दे० 'यशोदा' ।

यशोमत्य—संज्ञा पु० [सं०] मार्कंडेयपुराण के अनुसार एक जाति का नाम ।

यशोमाधव—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

यशोहर—वि० [सं०] कीर्ति का अपहरण करनेवाला [को०] ।

यष्टव्य—वि० [सं०] यज्ञ करने योग्य [को०] ।

यष्टा—वि० पु० [सं० यष्टृ] यज्ञकर्ता । यजन करनेवाला [को०] ।

यष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ लाठी । छड़ी । बल्ली । २ पताका का डंडा । ध्वज । ३ टहनी । शाखा । डाल । ४. मेंठी मधु । मुलेठी । ५. तांत । ६ गले में पहनने का एक प्रकार का मोतियों का हार । ७ लता । बेल । ८ बाहु । बाहँ । ९. ऊख । इक्षु (को०) ।

यष्टिक—संज्ञा पुं० [सं०] १. तीतर पक्षी । २ डंडा । ३ मजीठ ।

यष्टिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ हाथ में रखने की छड़ी । लकड़ी । लाठी । २ जेठी मधु । मुलेठी । ३. बावली । बापी । ४ गले में पहनने का हार । यष्टी ।

यष्टिकाभरण—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार जल को ठंडा करने का उपाय ।

यष्टिग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] यष्टिधारी । दंड धारण करनेवाला [को०] ।

यष्टिप्राण—वि० [सं०] जिसका यष्टि ही आधार हो । क्षीण शरीर । अतीव दुर्बल [को०] ।

यष्टिमधु—संज्ञा पुं० [सं०] जेठी मधु। मुलेठी।

यष्टियंत्र—संज्ञा पुं० [सं० यष्टियन्त्र] वह धूपघडी जिसमे एक छडी सीधी खडी गाड दी जाती है और उसकी छाया से समय का ज्ञान प्राप्त किया जाता है।

यष्टी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ गले मे पहनने का एक प्रकार का हार। मोतियो की ऐसी माला जिसमे बीच बीच मे मणि भी हो। २ मुलेठी।

यस्क—संज्ञा पुं० [सं०] एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम।

यह—सर्व० [सं० य (पुं०) या एप] निकट की वस्तु का निर्देश करनेवाला एक सर्वनाम, जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता को छोडकर और सब मनुष्यों, जीवो तथा पदार्थों आदि के लिये होता है। जैसे,—(क) यह कई दिनो से बीमार है। (ख) यह तो अभी चला जायगा।

विशेष—(क) जब इसमे विभक्ति लगती है, तब 'यह' का रूप खडी बोली मे 'इस' (बहुव० इन) और ब्रजभाषा मे 'या' हो जाता है। जैसे, इसको, (इनको) याको। (ख) पुरुषवाचक और निजवाचक सर्वनामो को छोडकर शेष सर्वनामो की भाँति इसका प्रयोग प्राय विशेषण के समान होता है। जब 'यह' अकेला रहता है, तब तो सर्वनाम होता है, और जब इसके साथ कोई संज्ञा आती है, तब यह विशेषण हो जाता है। जैसे,—'यह बाहर जायगा' मे यह सर्वनाम है, और 'यह लडका पाजी है' मे 'यह' विशेषण है।

यहाँ - क्रि० वि० [सं० इह] इस स्थान मे। इस जगह पर।

यहि—सर्व०, वि० [हिं० यह] १ 'यह' का वह रूप जो पुरानी हिंदी मे उसे कोई विभक्ति लगने के पहले प्राप्त होता है। जैसे, यहि को, यहि तें। २ 'ए' का विभक्तियुक्त रूप, जिसका व्यवहार पीछे कर्म और सप्रदान मे ही प्राय होने लगा। इसको।

यही—अव्य० [हिं० यह+ही (प्रत्य०)] निश्चित रूप से यह। यह ही। उ०—यही गोप यह ग्वाल इहै सुख, यह लीला कहुँ तजत न साथ।—सूर (शब्द०)।

यहूद—संज्ञा पुं० [इब्रानी] वह देश जहाँ हजरत ईसा पैदा हुए थे और जहाँ के निवासी यहूदी कहलाते है। यह देश एशिया की पश्चिमी सीमा पर है।

यहूदी—संज्ञा पुं० [हिं० यहूद] [स्त्री० यहूदिन] १ यहूद देश का निवासी। २ आर्य जाति से भिन्न शामी जाति के अतर्गत एक जाति।

यहूयहू—संज्ञा पुं० [देश०] कबूतर की एक जाति।

याचा—संज्ञा स्त्री० [सं० याञ्चा] दे० 'याचा'।

यांत्रिक—वि० [सं० यान्त्रिक] [वि० स्त्री० यान्त्रिकी] १ यत्र सबधी। मशीन वा औजार संबंधी। २ यत्र द्वारा निर्मित। यत्र द्वारा उत्पादित। ३ कृत्रिम। बनावटी। नकली।

यांत्रिकी—संज्ञा स्त्री० [सं० यान्त्रिकी] यंत्र विद्या। इजीनियरी।

याँ†—क्रि० वि० [हिं०] 'यहाँ'। उ०—(क) याँ नम्र भाव ही से जाना मेरे मन भाया है।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)। (ख) फडकता है क्यो हाथ दहना। याँ तपोवन मे क्या होगा लहना।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)।

याँचना(पु)[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० याञ्चा] दे० 'याचना'।

याँचना[2]—क्रि० स० दे० 'याचना'।

याँचा—संज्ञा स्त्री० [स० याञ्चा] माँगने की क्रिया। प्रार्थनापूर्वक माँगना।

या[1]—अव्य० [फा०] विकल्पसूचक शब्द। अथवा। वा। उ०—आप रहा है सीस नवाय। या प्रवाह ने दिया झुकाय।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)।

या[2]—सर्व० वि० [हिं०] 'यह' का वह रूप जो उसे ब्रज भाषा मे कारक चिह्न लगने के पहले प्राप्त होता है। उ०—(क) या चौदहे प्रकास मे ह्वैहै लका दाह।—केशव (शब्द०)। (ख) चलो लाल या बाग में लखौ अपूरब केलि।—मतिराम (शब्द०)।

या[3]—संज्ञा स्त्री० [स०] १ योनि। २ गति। चाल। ३ रथ। गाडी। ४ अवरोध। रोक। वारण। ५ ध्यान। ६ प्राप्ति। लाभ।

याक[1]—संज्ञा पु० [तिब्बती ग्याक, स० गावक] हिमालय पर होनेवाला जगली बैल जिसकी पूँछ का चँवर बनता है।

याका[2]—वि० [हिं० एक, फा० यक] दे० 'एक'। उ०—(क) कोऊ याकी बात न समुझै चाहै बीसन दाँय कहन।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)। (ख) डाढी नाक याक मा मिलिगै, बिनु दाँतन मुँह अस पोपलान।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)।

याकूत—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का लाल रग का बहुमूल्य पत्थर। लाल।

याग—संज्ञा पु० [स०] यज्ञ। उ०—योग याग व्रत दान जो कीजै।—केशव (शब्द०)।

यागसंतान—संज्ञा पु० [सं० यागसन्तान] इंद्र के पुत्र जयत का एक नाम।

याचक—संज्ञा पुं० [स०] १ जो माँगता हो। माँगनेवाला। उ०—(क) चातक ज्यों कातिक के मेघ तें निराश होत, याचक ह्यो तजत आस कृपण के दान की।—हृदयराम (शब्द०)। (ख) जनि याँचै ब्रजपति उदार अति याचक फिरि न कहावै।—केशव (शब्द०)। २ भिखमगा।

यौ०—याचकवृत्ति।

याचकता—संज्ञा स्त्री० [स०] भीख माँगने का काम [को०]।

याचन—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'याचना' [को०]।

याचनक—संज्ञा पुं० [स०] १ भिक्षुक। २ निवेदक। वह जो विवाह के लिये कन्या की याचना करे [को०]।

याचना[1]—क्रि० स० [सं० याचन] प्राप्त करने के लिये विनती करना। प्रार्थना करना। माँगना।

याचना[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] माँगने की क्रिया।

याचिका—संज्ञा स्त्री० [स० √याच्] किसी निर्वाचन या निर्णय के विरुद्ध न्यायालय से की हुई प्रार्थना। (अं० पिटीशन)।

याचित—वि० [स०] माँगा हुआ। प्रार्थित (को०)।

याचितक—संज्ञा पुं० [स०] किसी से कुछ दिन के लिये माँगी हुई वस्तु। माँगनी की चीज।

विशेष—चाणक्य ने लिखा है कि माँगे हुए पदार्थ को जो न लौटावे, उसपर १२ पण जुर्माना किया जाय।

याचितृ—संज्ञा पुं० [स० याचितृ] १ भिक्षुक। २ आवेदक। निवेदक। ३ पाणिग्रहार्थी। विवाहार्थी (को०)।

याचिष्णु—वि० [स०] १ भीख माँगने का इच्छुक। २ भीख माँगने का अभ्यस्त (को०)।

याचिष्णुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भीख माँगने की इच्छा। २ भीख माँगने की प्रवृत्ति (को०)।

याच्ञा—संज्ञा स्त्री० [सं०] याचना। माँगना।

याच्ञेय—वि० [सं०] याचना करने के योग्य। माँगने के योग्य।

याच्ञ्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रार्थनीयता (को०)।

याज्—संज्ञा पुं० [स०] यज्ञ करानेवाला। याजक।

याज—संज्ञा पुं० [सं०] १ अन्न। अनाज। २ पका हुआ चावल (को०)। ३ यज्ञ करानेवाला (को०)। ४ एक प्राचीन ऋषि का नाम।

याजक—संज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञ करानेवाला। २ राजा का हाथी। ३ मस्त हाथी।

याजन—संज्ञा पुं० [स०] यज्ञ की क्रिया।

याजयिता—संज्ञा पुं० [स० याजयितृ] यज्ञकर्ता का स्थानापन्न पुरोहित (को०)।

याजि—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ करनेवाला।

याजी—संज्ञा पुं० [सं० याजिन्] यज्ञ करनेवाला।

याजुष[1]—वि० [स०] [स्त्री० याजुषी] यजुर्वेद संबंधी।

याजुष[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ यजुर्वेदानुयायी। २ तीतर नाम का पक्षी (को०)।

याजुषानुष्टुप्—संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक छंद जिसमें सब मिलाकर आठ वर्ण होते हैं।

याजुषीबर्हिणक्—संज्ञा पुं० [स०] एक वैदिक छंद जिसमें सात वर्ण होते हैं।

याजुषीगायत्री—संज्ञा स्त्री० [स०] एक वैदिक छंद जिसमें छह वर्ण होते हैं।

याजुषीजगती—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वैदिक छंद जिसमें बारह वर्ण होते हैं।

याजुषीजिष्टुप्—संज्ञा पुं० [स०] एक वैदिक छंद जिसमें ग्यारह वर्ण होते हैं।

याजुषीपंक्ति—संज्ञा पुं० [स० याजुषी पङ्क्ति] एक वैदिक छंद जिसमें दस वर्ण होते हैं।

याजुषीबृहती—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वैदिक छंद जिसमें नौ वर्ण होते हैं।

याज्ञ—वि० [स०] यज्ञ संबंधी। यज्ञ का।

याज्ञतूर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नाम।

याज्ञदत्ति—संज्ञा पुं० [सं०] कुबेर।

याज्ञवल्क्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रसिद्ध ऋषि जो वैशंपायन के शिष्य थे।

विशेष—कहते हैं, एक बार वैशंपायन ने किसी कारण से अप्रसन्न होकर इनसे कहा कि तुम मेरे शिष्य रहने के योग्य नहीं हो, अतः जो कुछ तुमने मुझसे पढ़ा है, उसे सब लौटा दो। इस पर याज्ञवल्क्य ने अपनी सारी पढ़ी हुई विद्या उगल दी, जिसे वैशंपायन के दूसरे शिष्यों ने तीतर बनकर चुग लिया। इसलिये उनकी शाखाओं का नाम तैत्तिरीय हुआ। याज्ञवल्क्य ने अपने गुरु का स्थान छोड़कर सूर्य की उपासना की और सूर्य के वर से वे शुक्ल यजुर्वेद या वाजसनेयी संहिता के आचार्य हुए। इनका दूसरा नाम वाजसनेय भी था।

२ एक ऋषि जो राजा जनक के दरबार में रहते थे और जो योगीश्वर याज्ञवल्क्य के नाम से प्रसिद्ध हैं। मैत्रेयी और गार्गी इन्हीं की पत्नियाँ थीं। ३ योगीश्वर याज्ञवल्क्य के बनाए एक स्मृतिकार। मनुस्मृति के उपरांत इन्हीं की स्मृति का महत्व है, और उसका दायभाग आज तक प्रमाण माना जाता है।

याज्ञसेन—संज्ञा पुं० [सं०] शिखंडी का एक नाम जो द्रौपदी का भाई था (को०)।

याज्ञसेनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] द्रौपदी का एक नाम।

याज्ञिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ यज्ञ करने या करानेवाला। २ गुजराती आदि ब्राह्मणों की एक जाति। ३ कुशा (को०)। ४ पीपल, खैर, पलाश आदि अनेक वृक्षों का नाम (को०)। ५ यजमान (को०)।

याज्ञिय—वि० [स०] १ यज्ञ संबंधी। २ यज्ञ के योग्य।

याज्य—वि० [सं०] १ यज्ञ कराने योग्य। २ जो यज्ञ में दिया या चढ़ाया जानेवाला हो। ३. (दक्षिणा) जो यज्ञ कराने से प्राप्त हो।

याज्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ गंगा नदी। २ यज्ञसंबंधी सूक्त अथवा मंत्र (को०)।

यातन—संज्ञा पुं० [सं०] १ परिशोध। बदला। २ पारितोषिक। इनाम।

यातना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बहुत अधिक कष्ट। तकलीफ। पीड़ा। उ०—कोरि कोरि यातनानि फोरि फोरि मारिए।—केशव (शब्द०)। २ दंड की वह पीड़ा जो यमलोक में भोगनी पड़ती है।

यातव्य—वि० [सं०] १ (ऐसा शत्रु) जो पास होने के कारण चढ़ाई के योग्य हो। २ जिसपर चढ़ाई की जानेवाली हो।

याता[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० यातृ] पति के भाई की स्त्री। जेठानी वा देवरानी। उ०—सास ननंद यातान को आई नीठि सुहाय।

अब आली घर गवन की सुधि आए सुधि जाय।—मतिराम (शब्द०)।

यातो[2]—संज्ञा पुं० १ जानेवाला। २ रथ चलानेवाला। सारथी। ३ मार डालनेवाला। हत्या करनेवाला।

यातायात—संज्ञा पुं० [स०] गमनागमन। आना जाना। आमदरफ्त।

यातिक—संज्ञा पुं० [स०] यात्रिक। यात्रा करनेवाला (को०)।

यातु—संज्ञा पुं० [स०] १ आनेवाला। २ रास्ता चलनेवाला। पथिक। ३ राक्षस। ४ काल। ५ वायु। हवा। ६ यातना। कष्ट। ७ हिंसा। ८ अस्त्र।

यातुधन—संज्ञा पु० [स०] गुग्गुल।

यातुधान—संज्ञा पु० [स०] राक्षस। उ०—पक्षिराज यक्षराज प्रेतराज यातुधान। देवता अदेवता नृदेवता जिते जहान।—केशव (शब्द०)।

यातुनारी—स० स्त्री० [सं०] भूतनी। पिशाची। राक्षसी (को०)।

यात्रिक—संज्ञा पुं० [स०] बौद्धों का एक संप्रदाय।

यात्रा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया। सफर। २ प्रयाण। प्रस्थान। ३ दर्शनार्थ देवस्थानों को जाना। तीर्थाटन। ४ उत्सव। ५ निर्वाह। व्यवहार। ६ बंग देश में प्रचलित एक प्रकार का अभिनय, जिसमें नाचना और गाना भी रहता है। यह प्रायः रासलीला के ढंग का होता है। ७ यात्रा करनेवालों का दल वा समूह (को०)। ८ मार्ग। राह (को०)। ९ समय बिताना। कालक्षेप करना (को०)। १० युद्ध यात्रा। चढाई (कौटि०)।

यात्रावाल—संज्ञा पुं० [सं० यात्रा + हिं० वाल (प्रत्य०)] वह ब्राह्मण या पंडा जो तीर्थाटन करनेवालों को देवदर्शन कराता हो।

यात्रिक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ यात्रा का प्रयोजन। कहीं जाने का अभिप्राय या उद्देश्य। २ वह जो जीवन धारण करने के लिये उपयुक्त हो। ३ यात्री। पथिक। ४ तीर्थों की यात्रा करनेवाला। तीर्थयात्री (को०)। ५ उत्सव। मेला (को०)। ६ यात्रा की सामग्री। सफर का सामान।

यात्रिक[2]—वि० १ यात्रा संबंधी। यात्रा का। २ जो बहुत दिनों से चला आता हो। रीति के अनुसार। प्रथानुकूल।

यात्री—संज्ञा पुं० [स० यात्रिन्] १ एक स्थान से दूसरे स्थान को जानेवाला। यात्रा करनेवाला। मुसाफिर। २ देवदर्शन या तीर्थाटन के लिये जानेवाला।

याथातथ्य—संज्ञा पु० [सं०] यथातथ्य होने का भाव। यथार्थता। ठीकपन।

याथार्थ्य—संज्ञा पुं० [स०] यथार्थ होने का भाव। यथार्थता।

याद पति—संज्ञा पुं० [सं० यादस् (=जल) + पति] १. समुद्र। २. वरुण।

याद[1]—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १. स्मरण शक्ति। स्मृति। जैसे,—आपकी याद की मैं प्रशंसा करता हूँ। २ स्मरण करने की क्रिया। जैसे—मैं अभी आपको याद ही कर रहा था।

क्रि० प्र०—करना।—दिलाना।—पड़ना।—रखना।—रहना।—होना।

याद[2]—संज्ञा पुं० [स० यादस्] १ मछली, मगर आदि जलजंतु। २ पानी (को०)। ३ नदी (को०)। ४ शुक्र। वीर्य (को०)। ५ मनोरथ (को०)।

यादगार—संज्ञा स्त्री० [फा०] २ वह पदार्थ जो किसी की स्मृति के रूप में हो। स्मृतिचिह्न। स्मारक। २ संतति। संतान। पुत्र। बेटा (को०)।

यादगारी—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ वह पदार्थ जो किसी की स्मृति में हो। स्मृतिचिह्न। २. दे० 'यादगार'।

याददाश्त—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ स्मरण शक्ति। स्मृति। जैसे,—आपकी याददाश्त बहुत अच्छी है। २ किसी घटना के स्मरणार्थ लिखा हुआ लेख। स्मरण रखने के लिये लिखी हुई कोई बात।

यादसांपति संज्ञा पुं० [सं० यादस्पति] वरुण। यादपति।

यादसांनाथ—संज्ञा पु० [स० यादस्नाथ] दे० 'यादसांपति'।

यादव[1]—संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० यादवी] १. यदु के वंशज। यदुवंशी, यदुवंशी क्षत्रिय। ३ अहीर जाति का व्यक्ति। ४. श्रीकृष्ण।

यादव[2]—वि० यदुसंबंधी।

यादवकोश—संज्ञा पुं० [सं०] संस्कृत के एक कोश का नाम जिसे वैजयंती कोश भी कहते हैं।

यादवगिरि—संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम।

यादवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ यदुकुल की स्त्री। २ दुर्गा। ३ कुती का एक नाम (को०)।

यादु—संज्ञा पुं० [सं०] १ जल। पानी। २ कोई तरल पदार्थ।

यादृच्छ—वि० [सं०] [वि० स्त्री० यादृच्छी] दे० 'यादृश' (को०)।

यादृच्छिक—वि० [स०] [वि० स्त्री० यादृच्छिकी] १ अपने इच्छानुकूल करनेवाला। स्वेच्छाचारी। २ अप्रत्याशित। आकस्मिक। ३ स्वतंत्र।

यादृच्छिक आधि—संज्ञा स्त्री० [स०] गिरवी रखी हुई वह चीज जो बिना ऋण चुकाए न लौटाई जा सके।

यादृश—वि० [स०] [वि० स्त्री० यादृशी] जिस प्रकार का। जैसा।

यादोनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यादपति' (को०)।

याद्व—वि० [सं०] १ यदुवंशी। २ यदु संबंधी।

यान—संज्ञा पुं० [सं०] १. गाड़ी, रथ आदि सवारी। वाहन। २. विमान। आकाशयान। ३. शत्रु पर चढाई करना, जो राजाओं के छह गुणों में से एक कहा गया है। ४ गति। गमन। ५. पथ। मार्ग। रास्ता (को०)।

यौ०—**यानकर**=यान बनानेवाली। बढ़ई। **यानपात्र**=पोत। जहाज। **यानपात्रिक, यानपात्रिका**=छोटा यान। छोटा पोत। छोटी नौका। **यानभंग**=प्रवहण या पोत का टूट जाना।

पोतभंग। यानमुख=पोत का अगला भाग। गेलही। यानयात्रा=समुद्र यात्रा (बौद्ध)।

यानक—संज्ञा पुं० [सं०] यान। वाहन। सवारी (को०)।

यानी, याने—अव्य० [अ०] तात्पर्य यह कि। मतलब यह कि। अर्थात्।

यापन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० यापित, याप्य] १ चलाना। वर्तन। २ व्यतीत करना। बिताना। जैसे, कालयापन। ३ निग्रहण। निबटाना। ४ परित्याग। छोड़ना। हटाना। ५ मिटाना।

यापना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चलाना। हाँकना। २ कालक्षेप। दिन काटना। ३ वह धन जो किसी को जीविकानिर्वाह के लिये दिया जाय। ४ व्यवहार। बर्ताव।

यापनीय—वि० [सं०] यापन करने के योग्य। याप्य।

यापित—वि० [सं०] १ बिताया या व्यतीत किया हुआ। जैसे,—समय, काल। २ हटाया वा दूर किया हुआ (को०)।

याप्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] घंटा।

याप्य¹—वि० [सं०] १. निंदनीय। निंदित। २ यापन करने के योग्य। यापनीय। क्षेपणीय। ३ छिपाने के योग्य। गोपनीय। आवरणीय। ४ रक्षा करने के योग्य। रक्षणीय।

याप्य²—संज्ञा पुं० वैद्यक के अनुसार वह रोग जो साध्य न हो, पर चिकित्सा से प्राणघातक न होने पावे। ऐसा रोग जो अच्छा तो न हो, पर संयम द्वारा जिसका रोगी बहुत दिनों तक चला चले।

याफ्ता—वि० [फा० याफ्तह्] पाया हुआ। जिसे मिला हो। (समासांत में प्रयुक्त) जैसे, खिताबयाफ्ता, सजायाफ्ता।

याबू—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह घोड़ा जो डील डौल में बहुत बड़ा न हो। टट्टू।

याभ—संज्ञा पुं० [सं०] मैथुन।

याम¹—संज्ञा पुं० [सं०] १ तीन घंटे का समय। पहर। २ एक प्रकार के देवगण। इनका जन्म मार्कंडेय पुराण के अनुसार स्वायंभुव मनु के समय यज्ञ और दक्षिणा से हुआ था। ये संख्या में बारह हैं। ३ काल। समय। ४ नियंत्रण। संयम। रोक (को०)। ५ जाने का साधन, गाड़ी आदि (को०)। ६. गमन। जाना। ७ पथ। मार्ग (को०)। ८ प्रगति (को०)।

याम²—वि० [वि० स्त्री० यामी] यम संबंधी।

याम³—संज्ञा स्त्री० [सं० यामि] रात। उ०—दोऊ राजत श्यामा श्याम। ब्रज युवती मंडली विराजत देखति सुरगन वाम। धन्य धन्य वृंदावन को सुख सुरपुर कौने काम। धनि वृषभानु सुता धनि मोहन धनि गोपिन को काम। इनकी को दासी सरि ह्वै है धन्य शरद की याम। कैसेहु सूर जनम ब्रज पावै यह सुख नहिं तिहुँ धाम।—सूर (शब्द०)।

यामक—संज्ञा पुं० [सं०] पुनर्वसु नक्षत्र।

यामकिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कुलवधू। कुल स्त्री। २. लड़के की स्त्री। पुत्रवधू। ३. बहिन। भगिनी।

यामघोष—संज्ञा पुं० [सं०] १ मुर्गा। २. वह घंटा या घड़ियाल जिसे समय सूचित करने के लिये बजाते हैं (को०)।

यामघोषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह घंटा जो बीच बीच में समय की सूचना देने के लिये बजता हो। घड़ियाल।

यामनादी—संज्ञा पुं० [सं० यामनादिन्] मुर्गा। कुक्कुट (को०)।

यामनाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] समय बतलानेवाली घड़ी।

यामनेमि—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

यामपाल—संज्ञा पुं० [सं०] समय निरीक्षण करनेवाला।

यामभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पटमंडप या तंबू (को०)।

यामल—संज्ञा पुं० [सं०] १ दो लड़के जो एक साथ उत्पन्न हुए हों। यमज संतान। जोड़ा। २ एक प्रकार का तंत्र ग्रंथ।

विशेष—इन तंत्र ग्रंथों में सृष्टि, ज्योतिष, आख्यान, नित्यकृत्य, क्रमपूजन, वर्णभेद, जातिभेद और युगधर्म का वर्णन होता है। ये ग्रंथ संख्या में आठ हैं—आदि यामल, ब्रह्म यामल, विष्णु यामल, रुद्र यामल, गणेश यामल और आदित्य यामल।

यामवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] रात। निशा।

यामाता—संज्ञा पुं० [सं० यामातृ] दे० 'जामाता'।

यामायन—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो यम के गोत्र में उत्पन्न हुआ हो।

यामार्द्ध—संज्ञा पुं० [सं०] पहर का आधा भाग।

यामि—संज्ञा स्त्री० [सं०] कुलवधू। कुलस्त्री। २. बहिन। भगिनी। ३ यामिनी। रात। ४ अग्निपुराण के अनुसार धर्म की एक पत्नी का नाम। इनसे नागवीथी नामक कन्या उत्पन्न हुई थी। ५. पुत्री। कन्या। ६ पुत्रवधू। ७ दक्षिण दिशा। ८ यमयातना (को०)। ९ भरणी नामक नक्षत्र (को०)।

यामिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पहरेदार। पहरूआ। चौकीदार। २ समय निरीक्षक। घड़ियाली (को०)।

यामिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रात। रात्रि। २ हरिद्रा। हलदी (को०)।

यामित्र—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'जामित्र'।

यामित्रवेध—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'जामित्रवेध'।

यामिन, यामिनि—संज्ञा स्त्री० [सं० यामिनी] दे० 'यामिनी'।

यामिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रात। २ हलदी। ३ कश्यप की एक स्त्री का नाम।

यौ०—यामिनीनाथ, यामिनीपति=चंद्रमा।

यामिनीचर—संज्ञा पुं० [सं०] १ राक्षस। निशाचर। २ गुग्गुल। ३. उल्लू पक्षी।

यामीर—संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा।

यामीरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] रात।

यामुंदायनि—संज्ञा पुं० [सं० यामुन्दायनि] यामुद ऋषि के गोत्र में उत्पन्न अपत्य।

यामुन¹—वि० [सं०] [वि० स्त्री० यामुनी] यमुना नदी संबंधी। जैसे, यामुन जल।

यामुन[1]—संज्ञा पुं० १ यमुना के किनारे बसनेवाले मनुष्य। २ एक पर्वत का नाम। ३. महाभारत के अनुसार एक तीर्थ का नाम ४ सुरमा। अंजन। ५ बृहत्संहिता के अनुसार एक जनपद का नाम। यह जनपद कृत्तिका, रोहिणी और मृगशीर्ष के अधिकार में माना जाता है। ६ एक वैष्णव आचार्य का नाम। यामुनाचार्य। यामुन मुनि।

विशेष—ये दक्षिण के रंगक्षेत्र के रहनेवाले थे और रामानुजाचार्य के पूर्व हुए थे। ये संस्कृत के अच्छे विद्वान् थे। इनके रचे हुए आगम प्रामाण्य सिद्धित्रय, भगवद्गीता की टीका, भगवद्-गीता संग्रह और आत्ममंदिर स्तोत्र आदि ग्रंथ अबतक मिलते हैं। कुछ लोग इन्हें रामानुजाचार्य का गुरु बतलाते हैं।

यामुनेष्टक—संज्ञा पुं० [सं०] सीमा।

यामेय—संज्ञा पुं० [सं०] १ बहन का लड़का। भानजा। २ धर्म की पत्नी यामी के पुत्र का नाम।

याम्य[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ चंदन। २ शिव। ३ विष्णु। ४. अगस्त्य मुनि। ५ यमदूत। ६ भरणी नक्षत्र (को०)।

याम्य[2]—वि० १ यम संबंधी। यम का। २ दक्षिण का। दक्षिणीय।

याम्यदिग्भवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] तमालपत्री।

याम्यद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] सेमल का पेड़। शाल्मलिवृक्ष।

याम्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दक्षिण दिशा। २ भरणी नक्षत्र।

याम्यायन—संज्ञा पुं० [सं०] दक्षिणायन।

याम्योत्तर दिगंश—संज्ञा पुं० [सं०] लवांश। दिगंश। (भूगोल, खगोल)

याम्योत्तर रेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह काल्पित रेखा जो किसी स्थान से आरंभ होकर सुमेरु और कुमेरु से होती हुई भूगोल के चारों ओर मानी गई हो।

विशेष—पहले भारतीय ज्योतिषी यह रेखा उज्जयिनी या लंका से गई हुई मानते थे। पर अब लोग योरप और अमेरिका आदि के भिन्न भिन्न नगरों से गई हुई मानते हैं। आजकल बहुधा इस रेखा का केंद्र इंगलैंड का ग्रीनिच नगर माना जाता है।

यायावर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ अश्वमेध का घोड़ा। २ अत्रिकार मुनि। ३ मुनियों के एक गण का नाम। अत्रिकार जी इसी गण में थे। ४ एक स्थान पर न रहनेवाला साधु। सदा इधर उधर घूमता रहनेवाला संन्यासी। ५. नाचा। यायना। ६ वह ब्राह्मण जिसके यहाँ गार्हपत्य अग्नि बराबर रहती हो। नित्याग्नि ब्राह्मण।

यायावर[2]—वि० सदा इधर उधर घूमनेवाला। सदा यहाँ वहाँ यात्रा करनेवाला। घुमंतू। जिसका कोई नियत स्थान न हो (को०)।

यायी—वि० [सं० यायिन्] [स्त्री० यायिनी] जानेवाला। जो जा रहा हो। गमनशील।

यार—संज्ञा पुं० [फ़ा०] १ मित्र। दोस्त। उ०—(क) बाँका परदा सोनि के सनमुख लै दीदार। बाम मनेहीं लाइयाँ आदि अंत का यार।—कबीर (शब्द०)। (ख) राधो रूखी बयो हू मुचलि अधिक राति पधारि। हरतु ताप नव द्यौस को उर लगि यार बयारि।—बिहारी (शब्द०)। २. किसी स्त्री से अनुचित संबंध रखनेवाला पुरुष। उपपति। जार। ३ सहायक। साथी। हिमायती (को०)।

यारकंद—संज्ञा पुं० [तु० यार कंद (नगर)] एक प्रकार का बेलबूटा जो कालीन में बनाया जाता है।

यारबाश—वि० [फ़ा०] चार दोस्तों में रहकर आनंदपूर्वक समय बितानेवाला। रसिक।

याराना—संज्ञा पुं० [फ़ा० यारानह्] १ यार होने का भाव। मित्रता। मैत्री। २ स्त्री और पुरुष का अनुचित संबंध या प्रेम भाव।

क्रि० प्र०—करना।—गाँठना।—रखना।—होना।

याराना—वि० मित्र का सा। मित्रता का। जैसे, याराना बर्ताव।

यारी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ मैत्री। मित्रता। उ०—यारि छैरि के आय पै जरति न मोरे मंग। रूप रोसनी पै अरी नेही नैन पतंग।—रसनिधि (शब्द०)। २ स्त्री और पुरुष का अनुचित प्रेम या संबंध।

क्रि० प्र०—गाँठना।—जोड़ना।

यार्कायन—संज्ञा पुं० [सं०] अर्क ऋषि के गोत्र में उत्पन्न पुरुष या अपत्य।

याल—संज्ञा स्त्री० [तु०] घोड़े की गर्दन के ऊपर के लंबे बाल। अयाल। बाग।

याव[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. जौ का सत्तू। २ लाख। ३. महावर।

याव[2]—वि० १ यव से बनाया हुआ। जौ का। २ यव संबंधी। यव का।

यावक—संज्ञा पुं० [सं०] १ जौ। २ यव या जौ का सत्तू। ३ वह वस्तु जो जौ से बनाई गई हो। ४. कुल्माष। घोरा धान। ५ साठी धान। ६ उड़द। माष। ७ लाख। ८. महावर।

यावत्[1]—वि० [सं०] १ जितना।

विशेष—यह तावत् के साथ और उसके पहले आता है।

२ सब। कुल।

यावत्[2]—क्रि वि० १. जब तक। २. जहाँ तक।

यावन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] लोबान।

यावन[2]—वि० [वि० स्त्री० यावनी] यवन संबंधी। यवन का। जैसे, यावनी भाषा। यावनी लेख।

यावनक—संज्ञा पुं० [सं०] लाल सहिंजन। रक्त शोभांजन।

यावनतरुक—संज्ञा पुं० [सं०] हिंगुवृक्ष।

यावनाल—संज्ञा पुं० [सं०] ज्वार। मक्का।

यावनाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] मक्के से बनाई हुई चीनी। ज्वार की शक्कर।

यावनी[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] करकशालि नाम की ईख। रसाल।

यावनी[2]—वि० स्त्री० यवन सबधी। जैसे, यावनी भाषा।

यावर—वि० [फा०] सहायक। मददगार।

यावरी—सज्ञा स्त्री० [फा०] यावर का भाव या धर्म। मित्रता। मैत्री।

यावशूक—सज्ञा पु० [सं०] यवक्षार। जवाखार।

यावस—सज्ञा पुं० [स०] १ घास, डठल आदि का पूला। जूरा। जौरा। २ भूसा। न्यार [को०]।

यावसिक—सज्ञा पुं० [स०] घसियारा। घास काटनेवाला [को०]।

यावा[1]—सज्ञा पुं० [स० यावन्] १. अश्वारोही। घुडसवार। २ उपप्लवी। आक्रामक [को०]।

यावा[2]—सज्ञा स्त्री० [तु० यावह्] १ अनर्गल। बेहूदा। २ अप्राप्य [को०]।

यावास—सज्ञा पुं० [स०] यवास से बनाया हुआ मद्य। जवासे की शराब।

याविक—सज्ञा पुं० [सं०] मक्का नामक अन्न।

याविहोत्र—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ विशेष [को०]।

यावी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ शखिनी। २ यवतिक्ता नाम की लता।

याष्टीक—सज्ञा पुं० [सं०] लाठी बाँधनेवाला योद्धा। लठबध। लठैत।

यास—सज्ञा पु० [सं०] लाल घमासा।

यासमन, यासमीन, यासमून—सज्ञा स्त्री० [अ०] चमेली। नवमल्लिका।

यासा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कोयल। २ मैना।

यासु—सर्व० [सं० यस्य] दे० 'जासु'।

यास्क—सज्ञा पुं० [सं०] १ यस्क ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष। २ वैदिक 'निरुक्त' नाम से प्रसिद्ध वेद सबंधी निर्वचनपरक ग्रथ के रचयिता एक प्रसिद्ध ऋषि का नाम। निघटु के टीकाकार।

यास्कायनि—सज्ञा पुं० [सं०] यास्क के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष।

याहु(पु)[1]—सर्व० [हिं० या+हि] इसको। इसे। उ०—जो यह मेरो वैरी कहियत ताको नाम पढायो। देहु गिराय याहि पर्वत तें हरण गतजीव करायो।—सूर (शब्द०)।

यियक्षमाण, यियक्षु—वि० [स०] यज्ञ करने का अभिलाषी [को०]।

यियक्षु वि० [सं०] भोग का इच्छुक। भोगी [को०]।

यियासा—सज्ञा स्त्री० [सं०] जाने की इच्छा [को०]।

यीशु—सज्ञा पु० [लै० ईसुस, हिं० जेशुआ, जाशुआ, अं० जेसस, तुल० सं० ईश] ईसामसीह।

युजान—सज्ञा पुं० [सं० युञ्जान] १ सारथी। २ विप्र। ३ दो प्रकार के योगियो मे से वह योगी जो अभ्यास कर रहा हो, पर मुक्त न हुआ हो। कहते हैं कि ऐसा योगी समाधि लगाकर सब बातें जान लेता है।

युजानक—सज्ञा पुं० [सं० युञ्जानक] युजान नामक योगी। दे० 'युजान'।

युक्त[1]—वि० [सं०] १ एक साथ किया हुआ। जुड़ा हुआ। किसी के साथ मिला हुआ। २ मिश्रित। सम्मिलित। ३ नियुक्त। मुकर्रर। ४ आसक्त। ५ सहित। सयुक्त। साथ। ६ सपन्न। पूर्ण। ७ उचित। ठीक। वाजिब। सगत। मुनासिब।

यौ०—युक्तकर्म = किसी कार्य के लिये नियुक्त। युक्तचेता = योगाभ्यासी। योगयुक्त। युक्तचेष्ट = उचित व्यवहार करनेवाला। शिष्ट। युक्तदड = न्यायपूर्ण या उचित दड देनेवाला। युक्तमना = दत्तचित। सावधान मन से। युक्तरथ। युक्तरसा। युक्तरूप।

युक्त[2]—सज्ञा पुं० १ वह योगी जिसने योग का अभ्यास कर लिया हो।

विशेष—ऐसे योगी को, जो ज्ञानविज्ञान से परितृप्त, कूटस्थ, जितेंद्रिय हो और जो मिट्टी और सोने को तुल्य जानता हो, युक्त कहा गया है।

२ रैवत मनु के पुत्र का नाम। ३ चार हाथ का एक मान।

युक्तक—सज्ञा पुं० [सं०] जोडा। युग्म [को०]।

युक्तमना वि० [सं० युक्तमनस्] सावधान। दत्तचित्त।

युक्तरथ—सज्ञा पुं० [सं०] एक औषधयोग जिसका प्रयोग वस्तिकरण मे होता है। भावप्रकाश मे रेंड की जड के क्वाथ, मधु, तेल, सेंधा नमक, वच और पिप्पली के योग को युक्तरथ कहा है।

युक्तरसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ गधरास्ना। गधनाकुली। नाकुली कद। २ रास्ना। रासन।

युक्तरूप—वि० [सं०] उचित। उपयुक्त। योग्य [को०]।

युक्तवादी—वि० [सं० युक्तवादिन्] उचितवक्ता। ठीक बात कहनेवाला।

युक्तश्रेयसी—सज्ञा स्त्री० [सं०] गध रास्ना। नाकुली कद।

युक्ता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एलापर्णी। २ एक वृत्त का नाम जिसमे दो नगण और एक मगण होता है।

युक्ताक्षर—सज्ञा पुं० [सं०] सयुक्ताक्षर। सयुक्त वर्ण।

युक्तायस्—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल के एक अस्त्र का नाम जो लोहे का होता था।

युक्तार्थ—वि० [सं०] ज्ञानी।

युक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ उपाय। ढग। तरकीब। २ कौशल। चातुरी। ३ चाल। रीति। प्रथा। ४ न्याय। नीति। ५ अनुमान। अदाजा। ६ उपपत्ति। हेतु। कारण। ७ तर्क। ऊहा। ८ उचित विचार। ठीक तर्क। जैसे, युक्तियुक्त बात। ९ योग। मिलन। १० एक अलकार का नाम जिसमे अपने मर्म को छिपाने के लिये दूसरे को किसी क्रिया या युक्ति द्वारा वचित करने का वर्णन होता है। जैसे,—लिखत रही पिय चित्र तहँ आवत लखि सखि आन। चतुर तिया तेहि कर लिखे फूलन के धनुबान। ११ लेशोक्ति के अनुसार उक्ति का एक भेद जिसे स्वभावोक्ति भी कहते हैं।

युक्तिकर—वि० [सं०] जो तर्क के अनुसार ठीक हो। उचित विचारपूर्ण। युक्तिसगत। युक्तियुक्त।

युक्तित—क्रि० वि० [स०] १ चतुराई के साथ। दक्षता के साथ। २. उचित रूप से।

युक्तिपूर्ण—वि० [स०] दे० 'युक्तिकर'।

युक्तिमान्—वि० [स० युक्तिमत्] १. कुशल। प्रबुद्ध। २. तर्कित। विचारित। प्रमाणित। ३ मिलित [को०]।

युक्तियुक्त—वि० [स०] उपयुक्त तर्क के अनुकूल। युक्तिसगत। ठीक। वाजिब। जैसे,—आपकी सभी बातें बहुत ही युक्तियुक्त होती हैं।

युक्तिसगत—वि० [स० युक्तिसङ्गत] दे० 'युक्तियुक्त'।

युगधर—सज्ञा पु० [स० युगन्धर] १ कूबर। हरस। २ गाडी का बम। ३ एक पर्वत का नाम। ४ हरिवश के अनुसार तूणि के पुत्र और सात्यकि के पौत्र का नाम। ५ अस्त्र के प्रयोग का एक मत्र। योगधर (को०)। ६ वह जो युग या जुआ को धारण करे (को०)।

युग[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ एकत्र दो वस्तुएँ। जोडा। युग्म। २. जुआ। जुआठा। ३ ऋद्धि और वृद्धि नामक दो ओषधियाँ। ४ पुरुष। पुश्त। पीढी। ५ पाँसे के खेल की वे गोल गोल गोटियाँ, जो बिसात पर चली जाती हैं। ६ पाँसे के खेल की वे दो गोटियाँ जो किसी प्रकार एक घर में साथ आ बैठती है। ७ पाँच वर्ष का वह काल जिसमे बृहस्पति एक राशि में स्थित रहता है। ८ समय। काल। जैसे, पूर्व युग। ९ पुराणानुसार काल का एक दीर्घ परिमाण। ये सख्या मे चार माने गए हैं, जिनके नाम सत्ययुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग है। दे० 'सत्ययुग' आदि। १०. चार की संख्या का वाचक शब्द (कही कही यह १२ का भी अर्थ देता है)। ११ चार हस्त की एक माप (को०)।

मुहा०—युग युग = बहुत दिनो तक। अनंत काल तक। जैसे, युग युग जीओ।

यौ०—युगकीलक। युगक्षय = युग का अत या समाप्ति। युगचर्म। युगचेतना = युग मे होनेवाला जागरण या युगविशेष की प्रवृत्ति। युगधर्म = समय के अनुसार चाल या व्यवहार। युगपत्र। युगपत्रिका। युगपुरुष। युगमानव। युगप्रतीक, आदि।

युग[2]—वि० जो गिनती मे दो हो।

युगकीलक—सज्ञा पु० [सं०] वह लकडी या खूँटा जो बम और जुए के मिले छेदो मे डाला जाता है। सैल। सैला।

युगचर्म—सज्ञा पुं० [सं०] जुआ या जुआठ मे लगनेवाला चमडा [को०]।

युगति—सज्ञा स्त्री० [सं० युक्ति] 'युक्ति'।

युगनद्ध—वि० [सं०] १ नर और नारी दोनो के रूपो से समन्वित। स्त्रीपुरुषमय। २ स्त्री पुरुष के सहवास की मुद्राओवाला (चित्र या मूर्ति जो वज्रयानी बौद्धो मे प्रचलित था)। स्त्री पुरुष के आलिगनबद्ध जोडेवाला। उ०—शक्तियो सहित देवताओ के युगनद्ध' स्वरूप की भावना चली और उनकी नग्न मूर्तियाँ सहवास की अनेक अश्लील मुद्राओ मे बनने लगी, जो कहीं कही अब भी मिलती हैं।—इतिहास, पृ० ११।

युगप—सज्ञा पुं० [सं०] गवर्व।

युगपत्—अव्य० [स०] एक ही समय मे। एक ही क्षण मे। साथ साथ। जैसे,—मन की दो क्रियाएँ युगपत् नही हो सकती।

युगपत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ कोविदार। कचनार। २ वह वृक्ष जिसमे दो दो पत्तियाँ आमने सामने निकलती हो। युग्मपर्ण। युग्मपत्र। ३ पहाडी आबनूस।

युगपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] शीशम का पेड।

युगपुरुष—सज्ञा पु० [सं० युग + पुरुष] समाज या राष्ट्र को जीर्ण करनेवाली मान्यताओ को समाप्त या सस्कृत करके नवीन मान्यताओ को स्थापित करनेवाला महापुरुष। नए युग का निर्माण करनेवाला पुरुष।

युगप्रतीक—सज्ञा पुं० [स० युग + प्रतीक] युग का प्रतिनिधि। युगपुरुष।

युगबाहु—वि० [सं०] जिसके हाथ बहुत लबे हों। दीर्घबाहु।

युग्म—सज्ञा पुं० [स० युग्म] दे० 'युग्म'।

युगल—सज्ञा पुं० [सं०] वे जो एक साथ दो हो। युग्म। जोडा। जैसे, युगल छवि।

युगलक—सज्ञा पुं० [स०] १ वह कुलक (पद्य) जिसमे दो श्लोको या पद्यो का एक साथ मिलकर अन्वय हो। २. युग्म। जोडा (को०)।

युगलाख्य—सज्ञा पुं० [सं०] बबूल का पेड।

युगात—सज्ञा पुं० [स० युगान्त] १ प्रलय। २ युग का अतिम समय।

युगातक—सज्ञा पुं० [सं० युगान्तक] १ प्रलयकाल। २. प्रलय।

युगातर—सज्ञा पुं० [स० युगान्तर] १ दूसरा युग। २. दूसरा समय और जमाना।

मुहा०—युगातर उपस्थित करना = समय पलट देना। किसी पुरानी प्रथा को हटाकर उसके स्थान पर नई प्रथा (या उसका समय) लाना।

युगाशक[1]—सज्ञा पुं० [स०] वत्सर। वर्ष।

युगाशक[2]—वि० युग का विभाजक।

युगाक्षिगधा—सज्ञा स्त्री० [स० युगाक्षिगन्धा] विधारा।

युगादि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ सृष्टि का प्रारभ। २. चार युगो मे प्रथम, सत्य युग।

युगादि[2]—वि० युग के आरभ का। पुराना।

युगादि[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'युगाद्या'।

युगादिकृत्—सज्ञा पु० [सं०] शिव।

युगाद्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह तिथि जिससे युग का आरभ हुआ हो।

विशेष—सवत्सर मे ऐसी तिथियाँ चार हैं, जिनमें से प्रत्येक से एक युग का आरभ माना जाता है। ये श्रेष्ठ और शुभ मानी जाती हैं, और इस प्रकार हैं—(१) वैशाख शुक्ल तृतीया, सत्ययुग के आरभ की तिथि, (२) कार्तिक शुक्ल नवमी, त्रेतायुग के आरभ की तिथि, (३) भाद्रकृष्ण त्रयोदशी द्वापर के आरभ की तिथि, और (४) पूस की अमावस्या, कलियुग के आरभ की तिथि।

युगाध्यक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रजापति का नाम। २ शिव [को०]।

युगावतार—वि० [सं०] युग का सर्वश्रेष्ठ महापुरुष। अवतारी महापुरुष।

युगेश—सज्ञा पु० [स०] वृहस्पति के साठ वर्ष के राशिचक्र मे गति के अनुसार पाँच पाँच वर्ष के युगो के अधिपति।

विशेष—यह चक्र उस समय से प्रारभ होता है, जब वृहस्पति माघ मास में धनिष्ठा नक्षत्र के प्रथमाश मे उदय होता है। वृहस्पति के साठ वर्ष के काल में पांच पांच वर्ष के बारह युग होते हैं, जिनके अधिपति विष्णु, सुरेज्य, वलभित्, अग्नि, त्वष्टा, उत्तर प्रोष्ठपद, पितृगण, विश्व, सोम शक्रानिल, अश्वि और भग है। प्रत्येक युग के पाँच वर्षो के युग क्रमश सवत्सर, परिवत्सर, इदावत्सर, अनुवत्सर और इद्वत्सर कहलाते हैं।

युगोरस्य—सज्ञा पुं० [सं०] सेना के सनिवेश का एक भेद।

युग्म—सज्ञा पुं० [सं०] १ जोडा। युग। २ अन्योन्याश्रित दो वस्तुएं या बातें। द्वद्व। ३ मिथुन राशि। ४ फुलक का एक भेद जिसे युगलक भी कहते हैं। दे० 'युगलक'।

युग्मकटका—सज्ञा स्त्री० [सं० युग्मकण्टका] बेर।

युग्मक—सज्ञा पुं० [सं०] १ युगलक। २. युग्म। जोड़ा।

युग्मज—सज्ञा पुं० [स०] एक साथ उत्पन्न दो बच्चे। यमल। यमज।

युग्मधर्मा—वि० [स० युग्मधर्मन्] १. जो स्वभावत. मिलता हो। मिलनशील। २. मिथुनधर्मा।

युग्मपत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ कचनार का पेड़। २. भोजपत्र का पेड़। ३ सतिवन। छतिवन। छितवन। छाछी। ४. वह पेड़ जिसकी शाखा में दो दो पत्ते एक साथ होते हों। युग्मपर्ण।

युग्मपर्ण—सज्ञा पुं० [स०] १ लाल कचनार। २. सतिवन। छतिवन। ३. दे० 'युग्मपत्र'।

युग्मपर्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वृश्चिकाली।

युग्मफला—सज्ञा स्त्री० [सं०] वृश्चिकाली।

युग्मफलिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुधिया। दुद्धी। गुदनी।

युग्मविपुला—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वृत्ति का नाम [को०]।

युग्मशुक्र—सज्ञा पुं० [सं०] आँख की पुतली पर पड़े हुए सफेद धब्बे [को०]।

युग्माजन—सज्ञा पुं० [सं० युग्माञ्जन] स्रोताजन और सौवीराजन इन दोनो का समूह।

युग्य[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह गाडी जिसमे दो घोडे या बैल जोते जाते हो। जोडी। २. वे दो पशु जो एक साथ गाडी मे जोते जाते हों। जोडी।

युग्य[2]—वि० १. जो जोता जाने योग्य हो। २. जो जोता जानेवाला हो। ३ खीचा हुआ। वहन किया हुआ (रथ आदि)। जैसे, अश्वयुग्य रथ = घोड़े द्वारा खींचा हुआ रथ (को०)।

युग्यवाह—सज्ञा पुं० [स०] १ जोडी हाँकनेवाला। २ गाडीवान। सारथी।

युज्य[1]—वि० [सं०] १ मिला हुआ। सयुक्त। २ मिलाने योग्य। ३ उचित। उपयुक्त। ठीक (को०)।

युज्य[2]—सज्ञा पुं० १ सयोग। मिलाप। २ एक प्रकार का साम। ३ बंधुबाधव। सगोत्र। बिरादर (को०)।

युत[1]—वि० [सं०] १ युक्त। सहित। २ जो अलग न हो। मिला हुआ। मिलित। ३ अलग किया हुआ (को०)।

युत[2]—सज्ञा पुं० चार हाथ की एक नाप।

युतक—सज्ञा पुं० [स०] १ सशय। सन्देह। २ युग। जोडा। ३ अचल। दामन। ४. प्राचीन काल का एक प्रकार का वस्त्र जो पहनने के काम में आता था। ५ सूप के दोनो ओर के किनारे जो ऊपर उठे हुए होते ह और पीछे के उठे हुए भाग से जोड़कर बाँधे रहते हैं। ६ मैत्रीकरण। ७ सशय।

युतवेध—सज्ञा पुं० [सं०] एक योग का नाम।

विशेष—यह योग उस समय होता है, जब चद्रमा पापग्रह से सातवें स्थान मे होता है या पापग्रह के साथ होता है। ऐसे योग के समय विवाहादि शुभ कर्मों का फलित ज्योतिष मे निषेध है।

युति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ योग। मिलन। मिलाप। २ रस्सी, जिससे घोडे या बैल गाडी मे बाँधे जाते हैं। ३ जोती। नाधा, जिससे जुआठा और हरिस को एक मे बाँधते हैं।

युद्ध—सज्ञा पुं० [सं०] लडाई। सग्राम। रण।

विशेष—प्राचीन काल मे युद्ध के लिये रथ, हाथी, घोडे और पदाति ये चार सेना के प्रधान अग थे और इसी कारण सेना को चतुरगिणी कहते थे। इन चारो के सख्याभेद के कारण पत्ति, गुल्म, गण आदि अनेक भेद और उनके सनिवेशभेद से शूची, श्येन, मकरादि अनेक व्यूह थे। सैनिको को शिक्षा सकेतध्वनियो से दी जाती थी, जिसे सुनकर सैनिकगण समीलन, प्रसरण प्रभ्रमण, आकुचन, यान, प्रयाण, अपयान आदि अनेक चेष्टाएँ करते थे। सग्राम के दो भेद थे—एक द्वद्व और दूसरा निर्द्वद्व। जिस संग्राम मे कृत्रिम या अकृत्रिम दुर्ग में रहकर शत्रु से युद्ध करते थे, उसे 'द्वद्व युद्ध' कहते थे। पर जब दुर्ग से बाहर होकर आमने सामने खुले मैदान मे लडते थे, तब उसे 'निर्द्वद्व युद्ध' कहते थे। निर्द्वद्व युद्ध में समदेश मे रथयुद्ध, विषमदेश मे हस्तियुद्ध, मरुभूमि मे अश्वयुद्ध, पर्वतादि मे पत्तियुद्ध और जल मे नौकायुद्ध किया जाता था। युद्ध के सामान्य नियम ये थे—(१) युद्ध उस अवस्था मे किया जाता था, जब युद्ध से जीत की आशा और न युद्ध करने मे नाश ध्रुव हो। (२) राजा और युद्धशास्त्र के मर्मज्ञ पडितो को युद्धक्षेत्र मे नही जाने देते थे। उनसे यथासमय युद्धनीति का केवल परामर्श और मत्र लिया जाता था। (३) रथहीन, अश्वहीन, गजहीन और शस्त्रहीन पर प्रहार नही होता था। (४) बाल, वृद्ध, नपुंसक और अव्याहत पर तथा शाति की पताका उठानेवाले के ऊपर शस्त्रास्त्र नही चलाया जाता था। (५) भयभीत, शरणप्राप्त, युद्ध से विमुख और विगत पर भी आघात नहीं किया जाता था। (६) संग्राम मे मारनेवाले को ब्रह्महत्यादि दोष नही लगते थे। (७) लडाई से भागनेवाला बडा पातकी

माना जाता था। ऐसे पातकी की शुद्धि तब तक नहीं होती थी, जबतक कि वह फिर युद्ध मे जाकर शूरता न दिखलावे।

क्रि० प्र०—छिडना।—छेड़ना।—ठनना।—मचना।—मचाना।

मुहा०—युद्ध मांडना = लड़ाई ठानना। उ०—कुँअर तन श्याम मानो काम है दूसरो, सपन मे देखि ऊखा लुभाई। मित्ररेखा सकल जगत के नृपन की, छिनिक मे मुरति तक लिखि देखाई। निरखि यदुवश का रहस मन मे भयो, देखि अनिरुद्ध युद्ध मांड्यो। सूर प्रभु ठटी ज्यो भयो चाहै सो त्यो फाँसि करि कुँअर अनिरुद्ध बांध्यो।—सूर (शब्द०)।

यौ०—युद्धकारी = लडाकू। युद्धकाल = लडाई का समय। युद्धक्षेत्र = लडाई का मैदान। युद्धगाधर्व = युद्ध का गीत। मारू राग। युद्धतत्र = सैन्यविज्ञान। युद्धध्वनि = लडाई का शोरगुल। युद्धपोत = लडाई के काम आनेवाला जहाज। युद्धभू, युद्धभूमि = लडाई का मैदान। युद्धमार्ग = लडाई की चाल। युद्धविद्या = युद्धशास्त्र। युद्ध का विज्ञान। युद्धशास्त्र = वह शास्त्र जिसमे युद्ध के सिद्धात है।

युद्धक—सज्ञा पु० [स०] १ युद्ध करनेवाला। योद्धा। २ युद्ध। ३. युद्ध के काम आनेवाला विमान आदि।

युद्धप्राप्त—सज्ञा पुं० [स०] वह पुरुष जो सग्राम मे पकडा गया हो।

विशेष—यह दास के बारह भेदो में से एक है और ध्वजाहृत भी कहलाता है।

युद्धमय—वि० [सं०] १ युद्धसबधी। २ रणप्रिय। युद्धप्रिय।

युद्धमत्री—सज्ञा पुं० [सं० युद्धमत्रिन्] युद्धविभाग या युद्धकार्य का सचालक मत्री [को०]।

युद्धमुष्टि—सज्ञा पुं० [सं०] उग्रसेन के एक पुत्र का नाम।

युद्धरग—सज्ञा पु० [स० युद्धरङ्ग] १. कार्तिकेय। स्कद। २ युद्धस्थल। रणभूमि। लडाई का मैदान।

युद्धवीर—सज्ञा पुं० [स०] १ योद्धा। २ वीर रस वह आलबन जिसमे युद्ध की वीरता हो। ३ वीर रस का एक भेद।

युद्धशाली—वि० [सं० युद्धशालिन्] ओजस्वी। वीर [को०]।

युद्धसार—सज्ञा पुं० [स०] घोडा।

युद्धाचार्य—सज्ञा पु० [सं०] वह जो दूसरो को युद्धविद्या की शिक्षा देता हो। युद्ध सिखलानेवाला।

युद्धाजि—सज्ञा पुं० [स०] अगिरा के गोत्र मे उत्पन्न एक ऋषि का नाम।

युद्धावसान—सज्ञा पुं० [स०] लडाईबदी। युद्धविराम [को०]।

युद्धावहारिक—सज्ञा पुं० [स०] युद्ध मे छीना या लूटा हुआ माल [को०]।

युद्धोन्मत्त¹—वि० [स०] १ युद्ध मे लीन। लडाका। २. जो युद्ध के लिये उतावला हो रहा हो।

युद्धोन्मत्त²—सज्ञा पुं० रामायण के अनुसार एक राक्षस का नाम। इसका दूसरा नाम महोदर था। वह रावण का भाई था और इसे नील नामक वानर ने मारा था।

युद्धोपकरण—सज्ञा पुं० [सं०] लडाई मे काम आनेवाली सामग्री।

युध्—सज्ञा स्त्री० [स०] युद्ध। लडाई।

युधाश्रौष्टि—सज्ञा पु० [स०] एक ऋषि का नाम।

युधाजि—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'युद्धाजि'।

युधाजित्—सज्ञा पुं० [सं०] १ केकयराज के पुत्र का नाम। यह भरत का मामा था। २. कृष्ण के एक पुत्र का नाम। ३. क्रोष्टु नामक राजा के पुत्र का नाम।

युधान—सज्ञा पुं० [स०] १ क्षत्रिय। २ रिपु। शत्रु। दुश्मन।

युधामन्यु—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम जो महाभारत युद्ध मे पाडवो की ओर से लडा था।

युधासार—सज्ञा पुं० [स०] नद राजा का एक नाम।

युधिक—वि० [स०] योद्धा।

युधिष्ठिर—सज्ञा पुं० [स०] पाँच पाडवो मे सबसे बडे का नाम जो कुती से उत्पन्न धर्म के पुत्र थे और पाडु के क्षेत्रज पुत्र थे।

विशेष—ये सत्यवादी और धर्मपरायण थे; पर इन्हे जुए की लत थी, जिसके कारण यह अपना राज्य, भाइयो और स्वय अपने आपको जूए मे हार गए थे। महाभारत के सग्राम के अनतर ये हस्तिनापुर के राजसिंहासन पर बैठे थे। महाभारत के अनुसार अपनी धर्मपरायणता के कारण ये हिमालय होकर सदेह स्वर्ग गए थे। ये आजन्म सत्य का पालन करते रहे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मे कृष्ण ने इनसे यह असत्य बात कहलानी चाही कि 'अश्वत्थामा मारा गया'। इस कथन से द्रोण की मृत्यु निश्चित थी। इन्होने बहुत आगा पीछा किया, पर अत मे इन्हे इतना कहना पडा—'अश्वत्थामा मारा गया, न जाने हाथी या मनुष्य'। यह पिछला वाक्य इन्होंने कुछ धीरे से कहा था। इनके जीवन भर मे सत्य के अपलाप का केवल यही एक उदाहरण मिलता है।

युध्म—सज्ञा पुं० [सं०] १ सगाम। युद्ध। २ धनुष। ३ बाण। ४ अस्त्र शस्त्र। ५ योद्धा। ६ शरभ।

युध्य—वि० [स०] जिसके साथ युद्ध किया जा सके।

युनिवर्सिटी—सज्ञा स्त्री० [अं०] दे० 'यूनिवर्सिटी'।

युपित—वि० [सं०] १ हटाया हुआ। अपवारित। निवारित। २ दु.खित। सताया हुआ। ३ नष्ट किया हुआ। उच्छेदित [को०]।

युयु—सज्ञा पुं० [स०] घोडा।

युयुक्खुर—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का छोटा बाघ।

युयुक्षमान—वि० [स०] मिलन या सयोग चाहनेवाला। २ ईश्वर मे लीन होने की कामना रखनेवाला।

युयुत्सा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ युद्ध करने की इच्छा। लडने की इच्छा। २. शत्रुता। विरोध।

युयुत्सु¹—वि० [सं०] लडने की इच्छा रखनेवाला। जो लडना चाहता हो।

युयुत्सु²—सज्ञा पुं० धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

युयुधान—सज्ञा पु० [स०] १ इद्र। २ क्षत्रिय। ३ योद्धा। ४ सात्यकी का एक नाम, जो कुरुक्षेत्र के युद्ध मे पाडवो की ओर से लडे थे।

युरेशियन—सज्ञा [अ० युरोप+एशिया] वह जिसके माता पिता मे से कोई एक युरोप का और दूसरा एशिया का, विशेषत भारतवर्ष का निवासी हो।

युरोप—सज्ञा पुं० [अं०] पूर्वी गोलार्ध के तीन महाद्वीपो मे से सब से छोटा महाद्वीप।

विशेष—यह महाद्वीप एशिया के पश्चिम मे काकेशस और यूराल पर्वतो के उस पार से आरभ होता है। इसके उत्तर मे आर्कटिक समुद्र, पश्चिम मे एटलाटिक महासागर, दक्षिण मे भूमध्य सागर और कृष्ण सागर तथा पूर्व मे काकेशस और यूराल पर्वत पडता है। यह महाप्रदेश प्राय २४००मील चौडा और ३४०० मील लबा है। एक प्रकार से यह एशिया का अश और बहुत बडा प्रायद्वीप ही है। फ्रास, जर्मनी, रूस, आस्ट्रिया, पुर्तगाल, स्पेन, इटली, यूनान आदि इसके प्रसिद्ध देश हैं।

युरोपियन[1]—वि० [अं०] युरोप का। युरोप सबधी। जैसे, युरोपियन सभ्यता, युरोपियन साहित्य।

युरोपियन[2]—सज्ञा पुं० युरोप महाद्वीप के किसी देश का निवासी।

युवक—सज्ञा पुं० [सं०] सोलह वर्ष से लेकर पचीस या तीस या पैंतीस वर्ष तक की अवस्थावाला मनुष्य। जवान। युवा।

युवगंड—सज्ञा पुं० [सं० युवगण्ड] मुहासा।

युवति, युवती[1]—वि० स्त्री० [सं०] प्राप्त यौवना। जवान (स्त्री)।

युवति, युवती[2]—सज्ञा स्त्री० १ जवान स्त्री। २ प्रियगु। ३ सोनजुही। ४ हलदी। ५ कन्या राशि (को०)।

युवतीष्टा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्णयूथिका। सोनजुही।

युवनाश्व—सज्ञा पु० [स०] १ एक सूर्यवशी राजा का नाम जो प्रसेनजित् का पुत्र था। प्रसिद्ध माधाता इसी का पुत्र था। २ रामायण के अनुसार बुधुमार के पुत्र का नाम।

युवन्य—वि० [सं०] जवान।

युवराई(यू)[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० युवराज] युवराज का पद।

युवराई[2]—सज्ञा पु० दे० 'युवराज'।

युवराज—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० युवराज्ञी] १ राजा का वह राजकुमार जो उसके राज्य का उत्तराधिकारी हो। राजा का वह सबसे बडा लडका जिसे आगे चलकर राज्य मिलनेवाला हो। २ एक भावी बुद्ध का नाम (को०)।

युवराजत्व—सज्ञा पुं० [स०] युवराज का भाव या धर्म। यौवराज्य।

युवराजी—सज्ञा स्त्री० [स० युवराज+ई (प्रत्य०)] युवराज का पद। यौवराज्य। उ०—जिनहि देखि दशरथ नृप राजी। देन विचारत है युवराजी।—पद्माकर (शब्द०)।

युवा—वि० [स० युवन्] [वि० स्त्री० युवती] जिसकी अवस्था सोलह से लेकर पैंतिस वर्ष के अदर हो। जवान। यौवनावस्था प्राप्त।

युवान, युवानक—वि० [स०] जवान। युवक। तरुण (को०)।

युवानपिडिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुहासा।

यूँ†—अव्य० [स० एवमेव] दे० 'यो'।

यू—सज्ञा स्त्री० [स०] पकी हुई दाल का पानी। जूस।

यूक—सज्ञा पुं० [स०] जूँ नामक कीडे जो बाल या कपडो में पड जाते हैं। ढील। चीलर।

यूका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार का परिमाण जो एक यव का आठवाँ भाग और एक लिक्षा का अठगुना होता है। २ जूँ नाम का कीडा जो सिर के बालो मे होता है। विशेष दे० 'जूँ'। ३ खटमल। ४ अजवायन। ५ गूलर।

यूगधर—सज्ञा पुं० [सं०] पजाब के एक प्राचीन नगर का नाम जिसका वर्णन महाभारत मे आया है। आजकल इसे 'धुरंधर' कहते हैं।

यूत—सज्ञा पुं० [स० यूति] मिश्रण। मिलावट। मेल। उ०—विचि विचि प्रीति रहसि रस रीति की राग रागिनी के यूत बाढे।—स्वा० हरिदास (शब्द०)।

यूति—सज्ञा स्त्री० [सं०] मिलाने की क्रिया। मिश्रण। मेल।

यूथ—सज्ञा पुं० [स०] १ एक ही जाति या वर्ग के अनेक जीवो का समूह। झुड। गरोह। जैसे, गजयूथ। २ दल। सेना। फौज।

यूथक—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'यूथ' [को०]।

यूथग—सज्ञा पुं० [सं०] चाक्षुष मन्वतर के एक प्रकार के देवता।

यूथचारी—वि० [स० यूथचारिन्] झुड मे चलनेवाला। जैसे बदर, मृग आदि।

यूथनाथ—सज्ञा पुं० [सं०] १ यूथ का स्वामी। सरदार। २. सेनापति। सेनाध्यक्ष। दलपति।

यूथप सज्ञा पुं० [सं०] १ सरदार। २ सेनापति। ३. जंगली हाथियो का सरदार।

यूथपति - सज्ञा पुं० [सं०] सेनानायक। सेनापति।

यूथपाल—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'यूथपति'।

यूथिका—सज्ञा स्त्री० [स०] जूही नाम का फूल और उसका पौधा। उ०—सित अरु पीत यूथिका वेनी गूँथी विविध बनाय। रच्यो भाल निज तिलक मनोहर अंजन नयन सुहाय।—सूर (शब्द०)।

यूथी—सज्ञा स्त्री० [सं०] जूही का पौधा या फूल। यूथिका।

यूनक—सज्ञा पु० [?] गरी की खली।

यूनाइटेड—वि० [अ०] मिला हुआ। सयुक्त। जैसे, यूनाइटेड स्टेट्स (अमेरिका), यूनाइटेड प्राविसेज (सयुक्तदेश आगरा व अवध)।

यूनाइटेड किंगडम—सज्ञा पुं० [अं०] इगलैंड, स्काटलैंड और आयरलैंड के सयुक्त राज्य।

यूनाइटेड स्टेट्स—सज्ञा पुं० [अं०] अनेक छोटे छोटे राज्यो का एक बडा सयुक्त राज्य। जैसे,—यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका।

यूनान—सज्ञा पुं० [ग्रीक आयोनिया] एशिया के सब से अधिक पास पडनेवाला यूरोप का एक प्रदेश।

विशेष—प्राचीन काल मे यह प्रदेश अपनी सभ्यता, शिल्पकला,

साहित्य, दर्शन इत्यादि के लिये जगत् में प्रसिद्ध था। आयोनिया द्वीप इसी देश के अतर्गत था, जिसके निवासियो का आना जाना एशिया के शाम, फारस आदि देशो मे बहुत था, इसी से सारे देश को ही यूनान कहने लगे थे। भारतीयो का यवन शब्द यूनान देशवासियो का ही सूचक है। सिकदर इसी देश का बादशाह था।

यूनानी[1]—वि० [फा० **यूनान+ई** (प्रत्य०)] यूनान देश सबधी। यूनान का।

यूनानी[2]—सज्ञा स्त्री० १. यूनान देश की भाषा। २ यूनान देश का निवासी। ३ यूनान देश की चिकित्साप्रणाली। हकीमी।

विशेष—फारस के प्राचीन बादशाह अपने यहाँ यूनान के चिकित्सक रखते थे, जिससे वहाँ की चिकित्साप्रणाली का प्रचार एशिया के पश्चिमी भाग मे हुआ। इस प्रणाली मे क्रमश देशी चिकित्सा भी मिलती गई। आजकल जिसे यूनानी चिकित्सा कहते हैं, वह मिली जुली है। खलीफा लोगो के समय मे भारतवर्ष से भी अनेक वैद्य बगदाद गए थे, जिसमे बहुत स भारतीय प्रयोग भी वहाँ की चिकित्सा मे शामिल हुए।

यूनियन—सज्ञा पुं० [अ०] सघ। सभा। समाज। मडल। जैसे,—लेबर यूनियन। ट्रेड्स यूनियन।

यूनियन जैक—सज्ञा पु० [अ०] दे० 'यूनियन फ्लैग'।

यूनियन फ्लैग—सज्ञा पुं० [अं०] ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के सयुक्त राज्यो की राष्ट्रीय पताका।

यूनिवर्सिटी—सज्ञा स्त्री० [अं०] वह सस्था जो लोगो को सब प्रकार की उच्च कोटि की शिक्षाएँ देती, उनकी परीक्षाएँ लेती और उन्हे उपाधियाँ आदि प्रदान करती है। विश्वविद्यालय।

विशेष—ऐसी सस्था या तो राजकीय हुआ करती है अथवा राज्य की आज्ञा से स्थापित होती है, और उसकी परीक्षाओ तथा उपाधियो आदि का सब जगह समान रूप से मान होता है।

यूनीफार्म—सज्ञा पुं० [अं०] एक ही प्रकार की पोशाक या पहनावा जो किसी विशेष विभाग के कर्मचारियो या नौकरो के लिये नियत हो। वरदी। जैसे,—पुलिस के पचास जवान जो यूनीफार्म मे नही थे, वहाँ सवेरे से आ डटे थे।

यूप—सज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञ मे वह खभा जिसमे बलि का पशु बाँधा जाता है। २ वह स्तभ जो किसी विजय अथवा कीर्ति आदि की स्मृति मे बनाया गया हो।

यूपक—सज्ञा पुं० [स०] १. दे० 'यूप'। २ काष्ठविशेष, बाँस अथवा खदिर जिससे यूप बनता था।

यूपकटक—सज्ञा पुं० [स०] लोहे या लकडी का कडा या छल्ला जो यूप के सिरे पर अथवा नीचे होता था।

यूपकर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] यूप का वह भाग जो घृत से अभिषिक्त किया जाता था।

यूपकेतु—सज्ञा पुं० [सं०] राजा भूरिश्रवा का एक नाम।

यूपकेशि—सज्ञा पु० [स० **यूपकेशिन्**] एक राक्षस का नाम [को०]।

यूपद्रु, यूपद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] खैर का वृक्ष।

यूपद्वीप—सज्ञा पुं० [सं०] यूप पर लपेटने का वस्त्र [को०]।

पर्या०—**यूपवेष्टन। यूपहस्ति।**

यूपध्वज—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ।

यूपलक्ष्य—सज्ञा पुं० [सं०] पक्षी।

यूपाग—सज्ञा पुं० [सं० **यूपाङ्ग**] यूप का कोई अश वा अग।

यूपा†—सज्ञा पु० [स० **द्यूत**] जूआ। द्यूतकर्म। उ०—यहै मनोरथ जीतब यूपा। कहूँ कहेउ यह भेद न भूपा।—सबलसिंह (शब्द०)।

यूपाक्ष—सज्ञा पु० [सं०] रावण की सेना का एक मुख्य नायक जिसको हनुमान् ने प्रमदावन उजाडने के समय मारा था।

यूपाहुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह कृत्य जो यज्ञ मे यूप गाडने के समय किया जाता है।

यूपोच्चार्य—सज्ञा पु० [सं०] वे मत्र जो यज्ञादि मे यूप की प्रतिष्ठा के समय कहे जायँ [को०]।

यूष्य—सज्ञा पुं० [सं०] पलास।

यूरप—सज्ञा पु० [अ० **यूरोप**] दे० 'यूरोप'।

यूराल—सज्ञा पुं० [?] १ एक बहुत बड़ा पहाड जो एशिया और युरोप के बीच मे है। २. इस पर्वत से निकलनेवाली एक नदी का नाम।

यूरेनस—सज्ञा पुं० [अ०] १. एक ग्रीक देवता। २. एक ग्रह जिसका हर्शेल ने पता लगाया था [को०]।

यूरेनियम—सज्ञा पु० [अ०] किरण धातु। राल आदि मे प्राप्त होनेवाला एक धवल धातुतत्व [को०]।

यूरोप—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'युरोप'।

यूरोपियन—सज्ञा पु० [अं०] दे० 'युरोपियन'।

यूरोपीय—वि० [अ० **यूरोप+ईय** (प्रत्य०)] युरोप सबंधी। युरोप का।

यूष—सज्ञा पुं० [सं०] १. शहतूत का वृक्ष। २. जूस। दाल आदि का पानी। झोल [को०]।

यूहⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० **यूथ**] १. समूह। झुड। २ सैन्य। सेना।

ये[1]—सर्व० [हिं०] दे० 'यह'।

ये[2]—सर्व० [हिं० यह] 'यह' का बहुवचन। यह सब।

येईⓊ†—सर्व० [हिं० यह+ई (प्रत्य०)] यही।

येऊⓊ†—सर्व० [हिं० ये+ऊ (प्रत्य०)] यह भी।

येतोⓊ†—वि० [हिं०] दे० 'एतो'।

येन[1]—क्रि० वि० [स० यत] जिसके द्वारा या जिससे।

यौ०—**येन केन प्रकारेण** = जिस किसी प्रकार; जैसे तैसे।

येन[2]—सज्ञा पुं० [जापानी] जापान का सिक्का। जापान का प्रचलित सिक्का।

येमन—सज्ञा पुं० [सं०] खाना। भक्षण [को०]।

येह†—सर्व० [हिं०] दे० 'यह'।

येहूⓊ†—अव्य० [हिं० यह+हू] यह भी।

यों—अव्य० [स० **एवमेव**, प्रा० **एमेअ**, अप० **एमि**] इस तरह पर।

इस प्रकार से। इस भाँति। ऐसे। जैसे,—वह यो नही मानेगा।

योंही—अव्य० [हिं० यों+ही (प्रत्य०)] १ इसी प्रकार से। ऐसे ही। इसी तरह से। २ विना काम। व्यर्थ ही। जैसे,—आप तो योही किताबें उलटा करते है। ३ विना विशेष प्रयोजन या उद्देश्य के। केवल मन की प्रवृत्ति से। जैसे,—मैं उधर योही चला गया, उससे मिलने नही गया था।

यो†—सर्व० [हिं०] दे० 'यह'।

योक्तव्य—वि० [स०] १. सयोजित करने के योग्य। जोडने के योग्य। २ नियुक्त करने योग्य [को०]।

योक्ता सज्ञा पुं० [सं० योक्तृ] १ जोडनेवाला। सयोजित करनेवाला। बाँधनेवाला। २ गाडीवान। सारथी। कोचवान। ३ उत्तेजित करनेवाला। उभाडनेवाला [को०]।

योक्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ डोरी। रस्सी। लगाम। २ पशु को गाडी मे बाँधने या जोतने का रस्सा। ३ हल के जुए मे लगी डोरी जिससे बैल जोडा जाता है। ४ मथानी की डोरी। नेती [को०]।

योगंधर—सज्ञा पुं० [सं० योगन्धर] १. प्राचीन काल का एक मत्र जो अस्त्र शस्त्र आदि के शोधन के लिये पढ़ा जाता था। २ पीतल।

योग—सज्ञा पुं० [सं०] १ दो अथवा अधिक पदार्थों का एक मे मिलना। सयोग। मिलान। मेल। २ उपाय। तरकीब। ३. ध्यान। ४. सगति। ५ प्रेम। ६ छल। धोखा। दगावाजी। जैसे, योगविक्रय। ७ प्रयोग। ८ औषध। दवा। ९ धन। दौलत। १० नैयायिक। ११ लाभ। फायदा। १२ वह जो किसी के साथ विश्वासघात करे। दगावाज। १३ कोई शुभ काल। अच्छा समय या अवसर। १४ चर। दूत। १५ छकडा। बैलगाडी। १६ नाम। १७ कौशल। चतुराई। होशियारी। १८ नाव आदि सवारी। १९ परिणाम। नतीजा। २० नियम। कायदा। २१ उपयुक्तता। २२. साम, दाम, दड और भेद ये चारो उपाय। २३ वह उपाय जिसके द्वारा किसी को अपने वश मे किया जाय। वशीकरण। २४ सूत्र। २५ सबध। २६ सद्भाव। २७ धन और संपत्ति प्राप्त करना तथा बढ़ाना। २८ मेल मिलाप। २९ तप और ध्यान। वैराग्य। ३० गणित मे दो या अधिक राशियो का जोड। ३१ एक प्रकार का छद जिसके प्रत्येक चरण में १२,८ के विश्राम से २० मात्राएँ और अत में यगण होता। ३२ ठिकाना। सुभीता। जुगाड। तारघात। उ०—नहिं लग्यो भोजन योग नहीं कहुँ मिल्यो निवसन ठौर।—रघुराज (शब्द०)। ३३ फलित ज्योतिष मे कुछ विशिष्ट काल या अवसर जो सूर्य और चद्रमा के कुछ विशिष्ट स्थानो में आने के कारण होते हैं और जिनकी सख्या २७ है। इनके नाम इस प्रकार हैं—विष्कभ, प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, अतिगड, सुकर्मा, धृति, शूल, गड, वृद्धि, ध्रुव, व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि, व्यतीपात, वरीयान्, परिघ, शिव, सिद्ध, साध्य, शुभ, शुक्र, ब्रह्म, इद्र, और वैधृति। इनमे से कुछ योग ऐसे हैं, जो शुभ कार्यों के लिये वर्जित हैं और कुछ ऐसे है जिनमे शुभ कार्य करने का विधान है। ३४. फलित ज्योतिष के अनुसार कुछ विशिष्ट तिथियो, वारो और नक्षत्रों आदि का एक साथ या किसी निश्चित नियम के अनुसार पडना। जैसे, अमृत योग, सिद्धि योग। ३५ वह उपाय जिसके द्वारा जीवात्मा जाकर परमात्मा मे मिल जाता है। मुक्ति या मोक्ष का उपाय। ३६. दर्शनकार पतजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियो को चचल होने से रोकना। मन को इधर उधर भटकने न देना, केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना। ३७ शत्रु के लिये की जानेवाली यत्र, मंत्र, पूजा, छल, कपट आदि की युक्ति। ३८ छह दर्शनो में से एक जिसमें चित्त को एकाग्र करके ईश्वर मे लीन करने का विधान है।

विशेष—योग दर्शनकार पतजलि ने आत्मा और जगत् के सबध मे साख्य दर्शन के सिद्धातो का ही प्रतिपादन और समर्थन किया है। उन्होंने भी वही पचीस तत्व माने हैं, जो साख्यकार ने माने हैं। इनमे विशेषता यही है कि इन्होने कपिल की अपेक्षा एक और छब्बीसवाँ तत्व 'पुरुषविशेष' या ईश्वर भी माना है, जिससे साख्य के अनीश्वरवाद से ये बच गए हैं। पतजलि का योगदर्शन समाधि, साधन विभूति और कैवल्य इन चार पादों या भागो मे विभक्त है। **समाधिपाद** मे यह बतलाया गया है कि योग के उद्देश्य और लक्षण क्या हैं और उसका साधन किस प्रकार होता है। **साधनपाद** मे क्लेश, कर्मविपाक और कर्मफल आदि का विवेचन है। **विभूतिपाद** में यह बतलाया गया है कि योग के अग क्या हैं, उसका परिणाम क्या होता है और उसके द्वारा अणिमा, महिमा आदि सिद्धियो की किस प्रकार प्राप्ति होती है। **कैवल्यपाद** मे कैवल्य या मोक्ष का विवेचन किया गया है। सक्षेप मे योग दर्शन का मत यह है कि मनुष्य को अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच प्रकार के क्लेश होते हैं, और उसे कर्म के फलो के अनुसार जन्म लेकर आयु व्यतीत करनी पडती है तथा भोग भोगना पडता है। पतजलि ने इन सबसे बचने और मोक्ष प्राप्त करने का उपाय योग बतलाया है, और कहा है कि क्रमश योग के अगों का साधन करते हुए मनुष्य सिद्ध हो जाता है और अत मे मोक्ष प्राप्त कर लेता है। ईश्वर के सबंध मे पतजलि का मत है कि वह नित्यमुक्त, एक, अद्वितीय और तीनो कालो से अतीत है और देवताओ तथा ऋषियो आदि को उसी से ज्ञान प्राप्त होता है। योगवाले ससार को दु.खमय और हेय मानते हैं। पुरुष या जीवात्मा के मोक्ष के लिये वे योग को ही एकमात्र उपाय मानते हैं। पतजलि ने चित्त की क्षिप्त, मूढ, विक्षिप्त, निरुद्ध और एकाग्र ये पाँच प्रकार की वृत्तियाँ मानी हैं, जिनका नाम उन्होंने चित्तभूमि रखा है, और कहा है कि आरभ की तीन चित्तभूमियो में योग नही हो सकता, केवल अतिम दो में हो सकता है। इन दो भूमियो में सप्रज्ञात और असप्रज्ञात ये दो प्रकार के योग हो सकते हैं। जिस अवस्था मे ध्येय का रूप

प्रत्यक्ष रहता हो, उसे संप्रज्ञात कहते हैं। यह योग पाँच प्रकार के क्लेशो का नाश करनेवाला है। असप्रज्ञात उस अवस्था को कहते हैं, जिसमे किसी प्रकार की वृत्ति का उदय नही होता, अर्थात् ज्ञाता और ज्ञेय का भेद नहीं रह जाता, सस्कारमात्र बच रहता है। यही योग की चरम भूमि मानी जाती है और इसकी सिद्धि हो जाने पर मोक्ष प्राप्त होता है। योगसाधन का उपाय यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरात किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अत मे सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियो को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं, वे इस प्रकार हैं—अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयो से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमे अनेक प्रकार की विलक्षण शक्तियाँ आ जाती हैं जिन्हे विभूति या सिद्धि कहते हैं। विशेष दे० 'सिद्धि'। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठो योग के अग कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठो अगो का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमे से प्रत्येक के अतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशो से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी होता है।

ऊपर कहा जा चुका है कि सृष्टितत्व आदि के संबध में योग का भी प्राय. वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को ज्ञान-योग और योग को कर्मयोग भी कहते हैं। पतजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उसपर वाचस्पति का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रथ माना जाता है। सूत्रो पर भोजराज की भी एक वृत्ति है। पीछे से योगशास्त्र मे तत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, जिसके अनुसार शरीर के अदर अनेक प्रकार के चक्र आदि कल्पित किए गए। क्रियाओ का भी अधिक विस्तार हुआ और हठयोग की एक अलग शाखा निकली, जिसमे नेती, धोती, वस्ती आदि षट्कर्म तथा नाडीशोधन आदि का वर्णन किया गया। शिवसहिता, हठयोगप्रदीपिका, घेरडसहिता आदि हठयोग के ग्रथ हैं। हठयोग के बड़े भारी आचार्य मत्स्येंद्रनाथ (मछदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं।

योगकक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'योगपट्ट' [को०]।

योगकन्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] यशोदा के गर्भ से उत्पन्न कन्या, वसुदेव जिसे ले जाकर देवकी के पास रख आए थे और जिसे कस ने मार डाला था। योगमाया।

योगकुडलिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० योगकुण्डलिनी] एक उपनिषद् का नाम। (यह प्राचीन उपनिषदो मे नहीं है।)

योगक्षेम—सज्ञा पुं० [सं०] १ जो वस्तु अपने पास न हो, उसे प्राप्त करना, और जो मिल चुकी हो, उसकी रक्षा करना। नया पदार्थ प्राप्त करना और मिले हुए पदार्थ की रक्षा करना।

विशेष—भिन्न भिन्न आचार्यों ने इस शब्द से भिन्न भिन्न अभिप्राय लिए हैं। किसी के मत से योग से अभिप्राय शरीर का है और क्षेम मे उसकी रक्षा का, और किसी के मत से योग का अर्थ है धन आदि प्राप्त करना और क्षेम से उसकी रक्षा करना।

२ जीवननिर्वाह। गुजारा। ३ कुशल मगल। खैरियत। उ०—जब तक कोई अपनी पृथक् सत्ता की भावना को ऊपर किए इस क्षेत्र के नाना रूपो और व्यापारो को अपने योगक्षेम, हानि-लाभ, सुखदु ख आदि को सबद्ध करके देखता रहता है तब तक उसका हृदय एक प्रकार से बद्ध रहता है।—रस०, पृ० ५। ४ दूसरे के धन या जायदाद की रक्षा। ५ लाभ। मुनाफा। ६ ऐसी वस्तु जिसका उत्तराधिकारियो मे विभाग न हो। ७. राष्ट्र की सुव्यवस्था। मुल्क का अच्छा इतजाम।

योगगति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मूल दशा। आरभिक स्थिति। २. सयोग की अवस्था। पारस्परिक सयोग [को०]।

योगगामी—वि० [स० योगगामिन्] योगबल से (वायु या आकाश मे) गमन करनेवाला [को०]।

योगचक्षु—सज्ञा पुं० [सं० योगचक्षुस्] ब्राह्मण।

योगचर—सज्ञा पुं० [स०] हनुमान्।

योगचूर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] जादू की बुकनी। वह बुकनी जिसमे जादू का प्रभाव हो [को०]।

योगज—सज्ञा पुं० [स०] १ योगसाधन की वह अवस्था जिसमें योगी मे अलौकिक वस्तुओ को प्रत्यक्ष कर दिखलाने की शक्ति आ जाती है।

विशेष—युक्त और युजान दोनो इसी के भेद हैं। यह नैयायिको के अलौकिक सनिकर्ष के तीन विभागो में से एक है। शेष दो विभाग सामान्य लक्षण और ज्ञान लक्षण हैं।

२ अगर लकडी। अगरु।

योगजफल—सज्ञा पुं० [सं०] वह अक या फल जो दो अको को जोडने से प्राप्त हो। जोड। योग। (गणित)।

योगतत्व—सज्ञा पुं० [स०] एक उपनिषद् का नाम, जो प्राचीन दस उपनिषदो मे नही है।

योगतल्प—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'योगनिद्रा'।

योगतारा—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी नक्षत्र मे का प्रधान तारा। २ एक दूसरे से मिले हुए तारे।

योगत्व—सज्ञा पुं० [सं०] योग का भाव।

योगदर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] महर्षि पतजलि कृत योगसूत्र। विशेष दे० 'योग'।

योगदान—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी काम में साथ देना। हाथ बँटाना। २ कपट मे किया हुआ दान। ३. योग की दीक्षा।

योगधर्मी—सज्ञा पुं० [सं० योगधर्मिन्] योगी।

योगधारणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] योगसाधन में निष्ठता [को०]।

योगधारा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ब्रह्मपुत्र की एक सहायक नदी का नाम।

योगनद—संज्ञा पु० [सं०] मगध के राजा नौ नदों में से एक नद का नाम। विशेष दे० 'नद'।

योगनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] १ शिव। २ दत्तात्रेय (को०)।

योगनाविक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली।

योगनाविका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'योगनाविक'।

योगनिद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जागने और सोने के बीच की स्थिति (को०)। २ युग के अंत में होनेवाली विष्णु की निद्रा जो, दुर्गा मानी जाती है। ३ प्रलय और उत्पत्ति के बीच ब्रह्मा की चिरनिद्रा। ४ रणभूमि में वीरों की मृत्यु। ५ योग की समाधि। ६ दुर्गा का एक नाम (को०)।

योगनिद्रालु—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु, जो प्रलय के समय योगनिद्रा लेते हैं।

योगनिलय—संज्ञा पुं० [सं०] १ महादेव। २ विष्णु।

योगपट्ट—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक पहनावा जो पीठ पर से जाकर कमर में बाँधा जाता था और जिससे घुटनों तक का अंग ढका रहता था। साधुओं का अंचला।

विशेष—शास्त्रों का विधान है कि जिसके बड़े भाई और पिता जीवित हों उसे ऐसा वस्त्र नहीं पहनना चाहिए।

योगपति—संज्ञा पुं० [सं०] १ विष्णु। २ शिव।

योगपत्नि—संज्ञा स्त्री० [सं०] योगमाता। पीवरी।

योगपथ—संज्ञा पुं० [सं०] योग में प्रवृत्ति करानेवाला मार्ग [को०]।

योगपट्ट—संज्ञा पुं० [सं०] पूजन आदि के समय पहनने का चार अंगुल चौड़ा एक प्रकार का उत्तरीय वस्त्र।

विशेष—यह बाघ के चमड़े, हिरन के चमड़े अथवा सूत का बना हुआ होता था और यज्ञसूत्र की भाँति पहना जाता था।

योगपाद—संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के अनुसार वह कृत्य जिससे अभिमत की प्राप्ति हो।

योगपारग—संज्ञा पुं० [सं० योगपारङ्ग] १. शिव। २ पूर्ण योगी।

योगपीठ—संज्ञा पु० [सं०] देवताओं का योगासन।

योगपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य अर्थशास्त्रानुसार वह साधा हुआ व्यक्ति जिससे मतलब सिद्ध किया जा सके। मतलब निकालने के लिये साधा हुआ आदमी।

योगफल—संज्ञा पुं० [सं०] दो या अधिक संख्याओं को जोड़ने से प्राप्त संख्या।

योगबल—संज्ञा पुं० [सं०] वह शक्ति जो योग की साधना से प्राप्त हो। तपोबल।

योगभ्रष्ट—वि० [सं०] जिसकी योग की साधना चित्तविक्षेप आदि के कारण पूरी न हुई हो। जो योगमार्ग से च्युत हो गया हो।

योगमय—संज्ञा पु० [सं०] विष्णु।

योगमाता—संज्ञा स्त्री० [सं० योगमातृ] १. दुर्गा। २ पीवरी।

योगमाया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भगवती, जो विष्णु की माया है। २ वह कन्या जो यशोदा के गर्भ से उत्पन्न हुई थी और जिसे कंस ने मार डाला था। कहते हैं, यह स्वयं भगवती थी। विशेष दे० 'कृष्ण'। उ०—देखी परी योगमाया वसुदेव गोद करि लीन्ही हो।—सूर (शब्द०)।

योगमूर्तिधर—संज्ञा पुं० [सं०] १ शिव। २ एक प्रकार के पितृ।

योगयात्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ योग के लिये की जानेवाली यात्रा। वह यात्रा जिसमें परमात्मा से मिलन हो [को०]। २ फलित ज्योतिष के अनुसार वह योग जो यात्रा के लिये उपयुक्त हो।

योगयुक्त—वि० [सं०] योग में स्थित। योगस्थ।

योगयुक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं० **योग**+युक्ति] १ योग में अनुराग। समाधिस्थ होना (को०)। २ योग करने की विधि। उ०—कबीर साहब ने सब योगयुक्ति सिखलाया।—कबीर मं०, पृ० ७५।

योगयोगी—संज्ञा पुं० [सं० **योगयोगिन्**] वह योगी जो योगासन पर बैठा हो।

योगरंग—संज्ञा पुं० [सं० **योगरङ्ग**] नारंगी।

योगरथ—संज्ञा पुं० [सं०] वह साधन जिससे योग की प्राप्ति हो।

योगराजगुग्गुल—संज्ञा पुं० [सं०] कई द्रव्यों के योग से बनी हुई एक प्रसिद्ध औषध जिसमें गुग्गुल (गूगल) प्रधान है। यह औषध गठिया, वात रोग और लकवे के लिये अत्यंत उपकारी है।

योगरूढि—संज्ञा स्त्री० [सं० **योगरूढि**] दो शब्दों के योग से बना हुआ वह शब्द जो अपना सामान्य अर्थ छोड़कर कोई विशेष अर्थ बतावे। जैसे, त्रिशूलपाणि, चंद्रभाल, पंचशर इत्यादि।

योगरोचना—संज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्रजाल करनेवालों का एक प्रकार का लेप।

विशेष—कहते हैं, शरीर में यह लेप लगा लेने से आदमी अदृश्य हो जाता है।

योगवाणी—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय के एक तीर्थ का नाम।

योगवान्—संज्ञा पुं० [सं० **योगवत्**] [स्त्री० **योगवती**] योगी। योगसंपन्न। योगयुक्त।

योगवाशिष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] वेदांतशास्त्र का एक प्रसिद्ध ग्रंथ जो वशिष्ठ जी का बनाया कहा जाता है।

विशेष—इसमें वशिष्ठ जी ने रामचंद्र को वेदांत का उपदेश किया है। इसमें वैराग्य, मुमुक्षु व्यवहार, उत्पत्ति, स्थिति, उपशम और निर्वाण ये छह प्रकरण हैं। इसे लोग वाल्मीकि रामायण का उत्तरखंड मानते हैं और वशिष्ठ रामायण भी कहते हैं।

योगवाह—संज्ञा पुं० [सं०] व्याकरण में अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय।

योगवाही'—संज्ञा पुं० [सं० **योगवाहिन्**] भिन्न गुणों की दो या कई औषधियों को एक में मिलाने योग्य करनेवाली औषधि या द्रव्य। योग का माध्यम।

योगवाही[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पारा। २ मधु। शहद (को०)। ३ सज्जीखार।

योगविक्रिय—सज्ञा पुं० [स०] धोखे या बेईमानी के साथ बिक्री। घालमेल का सौदा।

योगविद्—सज्ञा पुं० [सं०] १ योगशास्त्र का ज्ञाता। २ महादेव। ३ ओषधियो को मिलाकर औषध बनानेवाला। ४ बाजीगर।

योगविभाग—सज्ञा पु० [सं०] व्याकरण मे एक दूसरे से सयुक्त शब्दो का पृथक्करण (विशेषत सूत्रो के शब्दो का)।

योगवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] चित्त की वह शुभ वृत्ति जो योग के द्वारा प्राप्त होती है।

योगशक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] योग के द्वारा प्राप्त होनेवाली शक्ति। तपोबल।

योगशब्द—सज्ञा पुं० [स०] वह यौगिक शब्द जो योगरूढ़ि न हो, बल्कि धातु के अर्थ (सामान्य अर्थ) का बोधक हो।

योगशरीरी—सज्ञा पु० [सं० **योगशरीरिन्**] योगी।

योगशास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] पतजलि ऋषि का बनाया हुआ योग-साधन पर एक बडा ग्रथ जिसमे चित्तवृत्ति को रोकने के उपाय बतलाए गए हैं। यह छह दर्शनो मे से एक दर्शन है। दे० 'योग'।

योगशास्त्री—सज्ञा पुं० [सं० **योगशास्त्रिन्**] योगशास्त्र का ज्ञाता।

योगशिखा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद् का नाम जिसे योगशिखा भी कहते हैं।

योगसत्य—सज्ञा पुं० [स०] किसी का वह नाम जो उसे किसी प्रकार के योग के कारण प्राप्त हो। जैसे,—दड के योग से प्राप्त होनेवाला नाम 'दंडी'।

योगसमाधि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ आत्मा का सूक्ष्म तत्व (ब्रह्मतत्व) मे विलयन। २ योग का चरमफल। विशेष दे० 'समाधि'।

योगसार—सज्ञा पुं० [स०] वह उपाय या साधन जिससे मनुष्य सदा के लिये रोग से मुक्त हो जाय।

योगसाधन—सज्ञा पु० [सं०] यौगिक क्रियाओ की साधना। सूक्ष्म का ध्यान।

विशेष—वैद्यक मे ऋतुचर्या के अतर्गत ऐसे उपायो का वर्णन है। भिन्न भिन्न ऋतुओ मे भिन्न भिन्न निषिद्ध पदार्थों का त्याग और सयम आदि इसके अतर्गत हैं।

योगसिद्ध—सज्ञा पु० [सं०] वह जिसने योग की सिद्धि प्राप्त कर ली हो। योगी।

योगसिद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं०] योग मे सफलता।

योगसूत्र—सज्ञा पुं० [सं०] महर्षि पतजलि के बनाए हुए योग सबधी सूत्रो का सग्रह। विशेष दे० 'योग'।

योगसेवा—सज्ञा पुं० [स०] शून्य की उपासना। सूक्ष्म का ध्यान। योग की साधना [को०]।

योगस्थ—क्रि० [सं०] योग मे स्थित। योगयुक्त।

योगाग—सज्ञा पुं० [सं० **योगाङ्ग**] पतजलि के अनुसार योग के आठ अग जो इस प्रकार हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इन्ही के पूर्ण साधन से मनुष्य योगी होता है।

योगाजन—सज्ञा पुं० [स० **योगाञ्जन**] १ आँखो का एक प्रकार का अजन या प्रलेप जिसके लगाने से आँखो का रोग दूर होता है। २ वह अजन जिसे लगाने से पृथ्वी के अदर की छिपी हुई वस्तुएँ भी दिखाई पड़ें। सिद्धाजन।

योगात—सज्ञा पु० [स० **योगान्त**] मगल ग्रह की कक्षा के सातवें भाग का एक अश। (ज्योतिष)।

योगातराय—सज्ञा पुं० [स० **योगान्तराय**] योग मे विघ्न डालनेवाली आलस्य आदि दस बातें।

योगाता—सज्ञा स्त्री० [स० **योगान्ता**] मूल, पूर्वाषाढा और उत्तराषाढा नक्षत्रो से होती हुई बुध की गति जो आठ दिन तक रहती है।

योगावर—सज्ञा पुं० [सं० **योगाम्बर**] बौद्धो के एक देवता का नाम।

योगा—सज्ञा स्त्री० [सं०] सीता की एक सखी का नाम।

योगाकर्षण—सज्ञा पुं० [स०] वह आकर्षण शक्ति जिसके कारण परमाणु मिले रहते हैं और अलग नही होते।

योगागम—सज्ञा पुं० [स०] योगशास्त्र।

योगाचार—सज्ञा पुं० [स०] १ योग का आचरण। २ बौद्धो का एक संप्रदाय।

विशेष—इस सप्रदाय का मत है कि पदार्थ (बाह्य) जो दिखाई पडते है, वे शून्य हैं। वे केवल अंदर ज्ञान मे भासते हैं, बाहर कुछ नही हैं। जैसे, 'घट' का ज्ञान भीतर आत्मा मे है, तभी बाहर भासता है, और लोग कहते हैं कि यह घट है। यदि यह ज्ञान अदर न हो, तो बाहर किसी वस्तु का बोध न हो। अत. सब पदार्थ अदर ज्ञान मे भासते हैं और बाह्य शून्य है। इनका यह भी मत है कि जो कुछ है, वह सब दुःख स्वरूप है, क्योकि प्राप्ति मे सतोष नही होता, इच्छा बनी रहती है।

योगात्मा—सज्ञा पुं० [स० **योगात्मन्**] योगी।

योगानुशासन—सज्ञा पुं० [सं०] योगशास्त्र।

योगापत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह सस्कार जो प्रचलित प्रथाओ अथवा आचारव्यवहार आदि के कारण उत्पन्न हो।

योगाभ्यास—सज्ञा पुं० [स०] योगशास्त्र के अनुसार योग के आठ अगो का अनुष्ठान। योग का साधन। उ०—बदरिकाश्रम रहे पुनि जाई। योग अभ्यास (योगाभ्यास) समाधि लगाई।—सूर (शब्द०)।

योगाभ्यासी—सज्ञा पु० [स० **योगाभ्यासिन्**] योग की साधना करनेवाला, योगी।

योगारग—सज्ञा पुं० [सं० **योगारङ्ग**] नारगी।

योगाराधन—सज्ञा पु० [स०] योग का अभ्यास करना। योगसाधन।

योगारूढ—सज्ञा पुं० [स० **योगारूढ**] वह योगी जिसने इद्रिय सुख

आदि की ओर से अपना चित्त हटा लिया हो। वह जिसने चित्तवृत्तियो का निरोध कर लिया हो। योगी।

योगासन—सज्ञा पुं० [सं०] योगसाधन के आसन, अर्थात् बैठने के ढग।

योगित—वि० [स०] १ जो इद्रजाल या मत्र आदि की सहायता से अपने अधीन कर लिया गया हो अथवा पागल बना दिया गया हो। २ जिसपर इद्रजाल या मत्र आदि का प्रयोग किया गया हो।

योगिता—सज्ञा पुं० [सं०] योगी का भाव या धर्म।

योगित्व—सज्ञा पुं० [स०] योगी का भाव या धर्म।

योगिदड—सज्ञा पुं० [स० योगिदण्ड] बेंत।

योगिनिद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] थोडी सी नीद। झपकी।

योगिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रणपिशाचिनी। २ एक लोक का नाम। ३ आषाढ कृष्णा एकादशी। ४. योगयुक्ता नारी। योगाभ्यासिनी। तपस्विनी। ५ आवर्ण देवता। ये असख्य हैं जिनमे से चौसठ मुख्य हैं। ६ आठ विशिष्ट देवियाँ जिनके नाम इस प्रकार हैं।—(१) शैलपुत्री, (२) चद्रघटा, (३) स्कदमाता, (४) कालरात्रि, (५) चडिका (६) कूष्माडी (७) कात्यायनी और (८) महागौरी। ७ ज्योतिष शास्त्रानुसार ये आठ देवियाँ—ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, नारायणी, वाराही, इद्राणी, चामुडा, और महालक्ष्मी। ८. तिथिविशेष मे दिग्विशेषावस्थित योगिनी। ९ तत्काल योगिनी। १०. काली की एक सहचरी का नाम। ११ देवी। योगमाया।

योगिनीचक्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ तात्रिको का वह चक्र जिसमें वे योगिनियो का साधन करते हैं। २ ज्योतिषी का वह चक्र जिससे वह इस बात का पता लगाता है कि योगिनी किस दिशा मे हैं।

योगिया—सज्ञा पु० [सं० योगी + हिं० इया (प्रत्य०)] १ सपूर्ण जाति का एक राग जिसमे गाधार के अतिरिक्त सब कोमल स्वर लगते हैं।

विशेष—इसके गाने का समय प्रातःकाल १ दड से ५ दड तक है। यह करुण रस का राग है। कुछ लोग इसे भैरव राग की रागिनी भी मानते हैं।

२ अस्त्रज्ञानी। दे० 'योगी'।

योगिराज—सज्ञा पुं० [स०] योगियो मे श्रेष्ठ। बहुत बडा योगी।

योगीद्र—सज्ञा पुं० [स० योगीन्द्र] बहुत बडा योगी।

योगी—सज्ञा पुं० [सं० योगिन्] १ वह जो भले बुरे और सुख दु ख आदि सबको समान समझता हो। वह जिसमे न तो किसी के प्रति अनुराग हो और न विराग। आत्मज्ञानी। २ वह व्यक्ति जिसने योग सिद्ध कर लिया हो। वह जिसने योगाभ्यास करके सिद्धि प्राप्त कर ली हो।

विशेष—योगदर्शन मे अवस्था के भेद से योगी चार प्रकार के कहे गए हैं—(१) प्रथमकल्पित, जिन्होंने अभी योगाभ्यास का केवल आरभ किया हो और जिनका ज्ञान अभी तक दृढ न हुआ हो, (२) मधुभूमिक, जो भूतो और इद्रियो पर विजय प्राप्त करना चाहते हो, (३) प्रज्ञाज्योति, जिन्होंने इद्रियो को भलीभाँति अपने वश में कर लिया हो और (४) अतिक्रातभावनीय जिन्होने सब सिद्धियाँ प्राप्त कर ली हो और जिनका केवल चित्तलय बाकी रह गया हो।

३. महादेव। शिव। ४ विष्णु (को०)। ५ याज्ञवल्क्य ऋषि (को०)। ६ अर्जुन (को०)। ७ एक मिश्र जाति (को०)।

योगीकुड—सज्ञा पुं० [स० योगिकुण्ड] हिमालय के एक तीर्थ का नाम।

योगीनाथ—सज्ञा पु० [स० योगिनाथ] महादेव। शकर।

योगीश—सज्ञा पुं० [सं०] १ योगियो के स्वामी। २ बहुत बड़ा योगी। ३. याज्ञवल्क्य का एक नाम, जिन्हे योगी याज्ञवल्क्य भी कहते हैं।

योगीश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] १ योगियों में श्रेष्ठ। २ याज्ञवल्क्य मुनि का एक नाम। ३ महादेव।

योगीश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा।

योगेंद्र—सज्ञा पुं० [सं० योगेन्द्र] १ बहुत बडा योगी। २ वैद्यक में एक प्रकार का रस।

विशेष—यह रससिंदूर से बनाया जाता है और इसमें सोना, काती लोहा, अभ्रक, मोती और वग आदि पडते हैं। यह प्रमेह, मूर्छा, यक्ष्मा, पक्षाघात, उन्माद और भगदर आदि के लिये बहुत उपयोगी माना जाता है।

योगेश—सज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत बडा योगी। २ योगी याज्ञवल्क्य का एक नाम।

योगेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] १ श्रीकृष्ण। परमेश्वर। २ शिव। ३. देवहोत्र के एक पुत्र का नाम। ४ याज्ञवल्क्य ऋषि (को०)। ५ बहुत बडा योगी। योगीश्वर। सिद्ध।

विशेष—पुराणो मे नौ बहुत बडे योगी अथवा योगेश्वर माने गए है, जिनके नाम इस प्रकार हैं—(१) कवि (शुक्राचार्य), (२) हरि (नारायण ऋषि), (३) अतरिक्ष, (४) प्रबुद्ध, (५) पिप्पलायन, (६) आविर्होत्र, (७) द्रुमिल (दुरमिल), (८) चमस और (९) करभाजन।

५ एक तीर्थ का नाम।

योगेश्वरत्व—सज्ञा पु० [सं०] योगेश्वर का भाव या धर्म।

योगेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दुर्गा। २ शाक्तो की एक देवी का नाम जो दुर्गा का एक विशेष रूप है। ३ कर्कोटकी। ककोडा।

योगेष्ट—सज्ञा पुं० [स०] १. सीसा (धातु)। २ टिन (को०)।

योगोपनिषद्—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक उपनिषद् का नाम। २ कौटिल्य के अनुसार छल, कपट तथा गुप्त रीति से शत्रु को मारने की युक्ति।

योग्य'—वि० [स०] १ किसी काम मे लगाए जाने के उपयुक्त। ठीक (पात्र)। काबिल। लायक। अधिकारी। जैसे,—वह इस काम के योग्य नही है। २ शील, गुण, शक्ति, विद्या आदि से युक्त। श्रेष्ठ। अच्छा। जैसे,—वे बडे योग्य आदमी हैं। ३. युक्ति भिडानेवाला। उपाय लगानेवाला। उपायी। ४ उचित।

मुनासिब। ठीक। जैसे,—यह बात उनके योग्य ही है। ५ जोतने लायक। ६ जोडने लायक। ७ दर्शनीय। सुदर। ८. आदरणीय। माननीय।

योग्य[2]—सज्ञा पु० १. पुष्य नक्षत्र। २. ऋद्धि नामक ओषधि। ३ रथ। शकट। गाडी। ४ चदन।

योग्यता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. क्षमता। लायकी। २ बडाई। ३. बुद्धिमानी। लियाकत। विद्वत्ता। ४ सामर्थ्य। ५. अनुकूलता। मुनासिबत। मुताबिकत। ६ औकात। ७ गुण। ८. इज्जत। ९. उपयुक्तता। १०. स्वाभाविक चुनाव। ११ तात्पर्यबोध के लिये वाक्य के तीन गुणो मे से एक। शब्दो के अर्थसबध की सगति या सभवनीयता। जैसे,—'वह पानी मे जल गया' इस वाक्य मे यद्यपि अर्थसबध है, पर वह अर्थ सभव नही, इससे यह वाक्य योग्यता के अभाव से ठीक वाक्य न हुआ।

योग्यत्व—सज्ञा पुं० [स०] १ योग्य होने का भाव। योग्यता। २. लायक या काबिल होने का भाव। प्रवीणता।

योग्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कोई काम करने का अभ्यास। मश्क। २. सुश्रुत के अनुसार शस्त्रक्रिया या चीरफाड करने का अभ्यास। ३. जवान स्त्री। युवती।

योजक[1]—वि० [सं०] मिलानेवाला। जोडनेवाला।

योजक[2]—सज्ञा पुं० पृथ्वी का वह पतला भाग जो दो बडे विभागो को मिलाता हो। भूडमरूमध्य।

योजन—सज्ञा पु० [सं०] १ परमात्मा। २ योग। ३ एक मे मिलाने की क्रिया या भाव। सयोग। मिलान। मेल। योग। ४. दूरी की एक नाप जो किसी के मत से दो कोस की, किसी के मत से चार कोस की और किसी के मत से आठ कोस की होती है। (यहा एक कोस से अभिप्राय ४,००० हाथ से है। जैनियो के अनुसार एक योजन १०,००० कोस का होता है।

योजनगधा—सज्ञा स्त्री० [सं० योजनगन्धा] १ कस्तूरी। २ सीता। ३ व्यास की माता और शातनु की भार्या सत्यवती का नाम। विशेष दे० 'व्यास'।

योजनगधिका—सज्ञा स्त्री० [स० योजनगन्धिका] दे० 'योजनगधा'।

योजनपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] मजीठ।

योजनवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] मजीठ।

योजना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ किसी काम मे लगाने की क्रिया या भाव। नियुक्त करने की क्रिया। नियुक्ति। २ प्रयोग। व्यवहार। इस्तमाल। ३. जोड। मिलान। मेल। मिलाप। ४ बनावट। रचना। ५ घटना। ६ स्थिति। स्थिरता। ७ व्यवस्था। आयोजन। जैसे,—उन्होने इसकी सब योजना कर दी है। ८ किसी बडे काम को करने का विचार या आयोजन। भावी कार्यों के सबध मे व्यवस्थित विचार। स्कीम। जैसे,—म्युनिसिपैलटी की नगरसुधार की योजना सरकार ने स्वीकृत कर ली।

योजनीय—वि० [सं०] १ जो मिलाने अथवा योजना करने के योग्य हो। २. जिसे मिलाना या जोडना हो।

योजन्य—वि० [सं०] योजन संबधी। योजन का।

योजित—वि० [स०] १ जिसकी योजना की गई हो। २ जोडा हुआ। ३ नियम से बद्ध किया हुआ। नियमित। ४ रचा हुआ। बनाया हुआ। रचित। घटित।

योज्य[1]—वि० [स०] १ जोडने के लायक। मिलाने के योग्य। २. व्यवहार करने के योग्य।

योज्य[2]—सज्ञा पु० वे सख्याएँ जो जोडी जाती हैं। जोडी जानेवाली सख्याएँ। (गणित)।

योत्र—सज्ञा पुं० [स०] वह बधन जो जुए को बैल की गरदन मे जोडता है। जोत।

योद्धव्य—वि० [सं०] जिससे युद्ध करना हो या जिसके साथ युद्ध किया जा सके।

योद्धा—सज्ञा पुं० [स० योद्धृ] वह जो युद्ध करता हो। भट। लडाका। सिपाही।

योध—सज्ञा पुं० [स०] योद्धा। सिपाही। वीर।

योधक—सज्ञा पुं० [स०] योद्धा। सिपाही।

योधन—सज्ञा पुं० [स०] १ युद्ध की सामग्री। लडाई का सामान जैसे, अस्त्र शस्त्र आदि। २ युद्ध। रण। लडाई।

योधा—सज्ञा पुं० [स० योद्धृ] दे० 'योद्धा'।

योधिवन—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन जगल का नाम।

योधी—सज्ञा पु० [सं० योधिन्] योद्धा। वीर।

योधेय—सज्ञा पुं० [स०] योद्धा। सिपाही।

योध्य—वि० [स०] जिसके साथ युद्ध किया जा सके। युद्ध करने के योग्य।

योनल—सज्ञा पुं० [सं०] यवनाल। ज्वार। मक्का या जोन्हरी।

योनि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ आकर। खानि। २. वह जिससे कोई वस्तु उत्पन्न हो। उत्पादक कारण। ३ उत्पत्ति स्थान। जहा से कोई वस्तु पैदा हो। उद्गम। ४ जल। पानी। ५ कुशद्वीप की एक नदी का नाम। ६ स्त्रियो की जननेंद्रिय। भग। ७ प्राणियो के विभाग, जातियाँ या वर्ग।

विशेष—पुराणानुसार इनकी सख्या चौरासी लाख है। कुछ लोगो के मत से अडज, स्वेदज, उद्भिज, और जरायुज सब इक्कीस लाख है, और कही कही इनकी सख्या इस प्रकार लिखी है—

जलजतु	नौ लाख
स्थावर	बीस लाख
कृमि	ग्यारह लाख
पक्षी	दस लाख
पशु	तीस लाख
मनुष्य	चार लाख
कुल	चौरासी लाख

यह भी कहा गया है कि जीव को अपने कर्मों का फल भोगने के लिये इन सब योनियो मे भ्रमण करना पडता है। मनुष्य योनि इन सबमे श्रेष्ठ और दुर्लभ मानी गई है।

८ देह। शरीर। ९ गर्भ। १०. जन्म। उत्पत्ति। ११. गर्भाशय। १२. मूल कारण।

योनिकंद—संज्ञा पु० [सं० **योनिकन्द**] योनि का एक रोग जिसमे उसके अदर एक प्रकार की गाँठ हो जाती है और उसमे से रक्त या पीव निकलता है।

योनिज[1]—वि० [स०] जिसकी उत्पत्ति योनि से हुई हो। योनि से उत्पन्न।

योनिज[2]—संज्ञा पु० वह जीव जिसकी उत्पत्ति योनि से हुई हो।

विशेष—ऐसे जीव दो प्रकार के होते हैं—जरायुज और अडज। जो जीव गर्भ मे पूरा शरीर धारण करके योनि के बाहर निकलते हैं, वे जरायुज कहलाते है, और जो अडे से उत्पन्न होते हैं, वे अडज कहलाते हैं।

योनिदेवता—संज्ञा पुं० [स०] पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र।

योनिदोष—संज्ञा पु० [सं०] उपदश रोग। गरमी। आतशक।

योनिफूल—संज्ञा पुं० [स० **योनि**+हिं० फूल] योनि के अदर की वह गाँठ जिसके ऊपर एक छेद होता है। इसी छेद मे से होकर वीर्य गर्भाशय मे प्रवेश करता है।

योनिभ्रंश—संज्ञा पु० [सं०] योनि का एक रोग जिसमे गर्भाशय अपने स्थान से हट जाता है।

योनिमुक्त—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो बार बार जन्म लेने से मुक्त हो गया हो। वह जिसने मोक्ष प्राप्त कर लिया हो।

योनिमुद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] तांत्रिको की एक मुद्रा जिसमे वे पूजन के समय उँगलियो से प्राय योनि का सा आकार बनाते हैं।

योनियंत्र—संज्ञा पुं० [सं० **योनियन्त्र**] कामाक्षा, गया आदि कुछ विशिष्ट तीर्थ स्थानो मे बना हुआ एक प्रकार का बहुत ही सकीर्ण मार्ग, जिसके विषय मे यह प्रसिद्ध है कि जो इस मार्ग से होकर निकल जाता है, उसका मोक्ष हो जाता है।

योनिरंजन—संज्ञा पुं० [स० योनिरञ्जन] ऋतुस्राव। रजोधर्म [को०]।

योनिवेश—संज्ञा पु० [स०] महाभारत के अनुसार एक देश का प्राचीन नाम जिसमे क्षत्रियों का निवास था।

योनिशूल—संज्ञा पुं० [सं०] योनि का एक रोग जिसमे बहुत पीडा होती है।

योनिशूलघ्नी—संज्ञा स्त्री० [स०] शतपुष्पा।

योनिसंकर—संज्ञा पु० [स० **योनिसङ्कर**] वह जिसके पिता और माता दोनो भिन्न जातियो के हो। वर्णसंकर।

योनिसंकोचन—संज्ञा पु० [स० **योनिसङ्कोचन**] १. योनि को फैलाने और सिकोडने की क्रिया। २ योनि के मुख को सिकोडने या तग करने की औषध।

विशेष—यह क्रिया अथवा इसका उपाय प्राय सभोगसुख के लिये किया जाता है।

योनिसंभव—संज्ञा पु० [स० **योनिसम्भव**] वह जो योनि से उत्पन्न हुआ हो। योनिज।

योनिसंवरण—संज्ञा पुं० [स०] गर्भवती स्त्रियो का एक प्रकार का रोग, जिसमे योनि का मार्ग सिकुड जाता है, गर्भाशय का द्वार रुक जाता है और गर्भ का मुँह बद हो जाने से साँस रुककर बच्चा मर जाता है। इस रोग मे गर्भिणी के भी मर जाने की आशका रहती है।

योनी—संज्ञा स्त्री० [स०] योनि।

योन्यर्श—संज्ञा पुं० [सं० **योन्यर्शस्**] योनि का एक रोग जिसमे उसके अदर गाँठ सी हो जाती है। योनिकद।

योम—संज्ञा पुं० [अ० **यौम**] १ दिन। रोज। २ तिथि। तारीख।

योरोप—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'युरोप'।

योरोपियन—संज्ञा पुं० [अं०] दे० 'युरोपियन'।

योषणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह स्त्री जो सती और पतिव्रता न हो। दुश्चरित्रा स्त्री। २ युवा लडकी। नवयुवती।

योषा—संज्ञा स्त्री० [स०] नारी। स्त्री। औरत।

योषित्—संज्ञा स्त्री० [सं०] नारी। स्त्री।

योषितप्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] हलदी।

योषिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्री। नारी। औरत [को०]।

योषिद्ग्राह—संज्ञा पु० [स०] मृत व्यक्ति की स्त्री को रखनेवाला वा, ग्रहण करनेवाला व्यक्ति [को०]।

यौं†—अव्य० [स० एवमेव] दे० 'यो'। उ०—पहिरत ही गोरे गरे यौं दौरी दुति लाल। मनौ परसि पुनकित भई मौलसिरी की माल।—बिहारी (शब्द०)।

यौ†—सर्व० [हिं० यह] यह। उ०—ऐसी एक आप कहि राजा सो यौ बात कही, लैके जावौ बाग स्वामी नेकु देखौ प्रीति को।—प्रियादास (शब्द०)।

यौक्ताश्व—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का साम।

यौक्तिक[1]—वि० [सं०] जो युक्ति के अनुसार ठीक हो। युक्तियुक्त। वाजिब। उचित। ठीक।

यौक्तिक[2]—संज्ञा पुं० विनोद या क्रीडा का साथी। नर्म सखा।

यौगंधर—संज्ञा पुं० [स० **यौगन्धर**] अस्त्रो के निष्फल करने का एक प्रकार का अस्त्र।

यौगंधरायण—संज्ञा पुं० [सं०] १. वह जो युगधर के गोत्र मे उत्पन्न हुआ हो। २ राजा उदयन के एक मंत्री का नाम।

यौग—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो योगदर्शन के मत के अनुसार चलता हो।

यौगक—वि० [सं०] योग सबधी। योग का।

यौगिक—संज्ञा पुं० [स०] १ मिला हुआ। २ प्रकृति और प्रत्यय के योग से बना हुआ शब्द। व्युत्पन्न शब्द। ३ दो शब्दो से मिलकर बना हुआ शब्द। ४ अट्ठाइस मात्राओ के छदो की सज्ञा।

यौजनिक—वि० [सं०] जो एक योजन तक जाता हो। एक योजन तक जानेवाला।

यौतक—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'यौतुक'।

यौतुक—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह धन आदि जो विवाह के समय वर और कन्या को मिलता हो। दाइजा। जहेज। दहेज।

विशेष—ऐसे धन पर सदा वधू का ही अधिकार रहता है, घर के और लोगो का उसपर कोई अधिकार नही होता। यह स्त्रीधन माना जाता है।

२ अन्नप्राशन आदि सस्कारो के समय जिसका सस्कार होता है उसको मिलनेवाला धन।

यौथिक—वि० [स०] १ यूथ सबधी। समूह का। २ जो यूथ मे रहता हो। झुड बाँधकर रहनेवाला।

यौथिक[१]—सज्ञा पुं० साथी। मित्र [को०]।

यौध—सज्ञा पु० [स०] योद्धा। सिपाही।

यौधेय—सज्ञा पु० [सं०] १ योद्धा। २ एक प्राचीन देश का नाम। ३ प्राचीन काल की एक योद्धा जाति।

विशेष—यह जाति उत्तरपश्चिम भारत मे रहती थी और इसका उल्लेख पाणिनि ने किया है। बौद्ध काल मे इस जाति का बहुत जोर और आदर था। इस जाति के राजाओ के अनेक सिक्के भी पाए गए हैं। पुराणानुसार यह जाति युधिष्ठिर के वशजो से उत्पन्न हुई थी।

४ युधिष्ठिर का पुत्र जो राजा शैव्य का दौहित्र था।

यौन[१]—वि० [स०] १ योनि सबधी। योनि का। २ वैवाहिक। जैसे, यौन सबध।

यौ०—**यौनवृत्ति** = काम या कामुकता की वृत्ति।

यौन[२]—सज्ञा पु० १ योनि (को०)। २ विवाह सबध (को०)। ३ उत्तरापथ की एक प्राचीन जाति का नाम जिसका उल्लेख महाभारत मे है। कदाचित् ये लोग यवन जाति के थे।

यौनानुबध—सज्ञा पु० [स० यौनानुबन्ध] खून का सबध [को०]।

यौवत—सज्ञा पु० [स०] १ स्त्रियो का समूह। २. लास्य नृत्य का दूसरा भेद। वह नृत्य जिसमे बहुत सी नटियाँ मिलकर नाचती हो।

यौवतेय—सज्ञा पुं० [स०] युवती का लडका। युवती का पुत्र [को०]।

यौवन—सज्ञा पु० [स०] १ अवस्था का वह मध्य भाग जो बाल्यावस्था के उपरात आरभ होता है और जिसकी समाप्ति पर वृद्धावस्था आती है।

विशेष—इस अवस्था के अच्छी तरह आ चुकने पर प्राय. शारीरिक बाढ रुक जाती है और शरीर बलवान तथा हृष्ट हो जाता है। साधारणत यह अवस्था १६ वर्ष से लेकर ६० वर्ष तक मानी जाती है।

२ युवा होने का भाव। तारुण्य। जवानी। ३ दे० 'जोबन'। ४ युवतियो का दल।

यौवनकटक—सज्ञा पुं० [सं० यौवनकण्टक] मुँहासा, जो युवावस्था मे होता है।

यौवनक—स० पु० [सं०] यौवनि। जवानी।

यौवनपिडका—सज्ञा पुं० [स० यौवनपिडका] मुँहासा।

यौवनलक्षण—सज्ञा पु० [स०] १ लावण्य। नमक। २ स्त्रियो की छाती। स्तन। कुच।

यौवनस्थ—वि० [स०] १ युवा। तरुण। जवान। २. विवाह के योग्य। ३ स्वस्थ। तेजस्वी।

यौवनारूढा—वि० [स० यौवनाधिरूढा] युवती। जवान (स्त्री)।

यौवनाश्व—सज्ञा पुं० [स०] माधाता राजा का एक नाम। विशेष दे० 'माधाता'।

यौवनिक—वि० [सं०] यौवन सबधी। यौवन का।

यौवनोद्भव—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव।

यौवनोद्भेद—सज्ञा पुं० [सं०] कामोन्माद। जवानी की उमंग [को०]।

यौवराजिक—वि० [सं०] युवराज सबधी। युवराज का।

यौवराज्य—सज्ञा पु० [सं०] १ युवराज होने का भाव। २ युवराज का पद।

यौवराज्याभिषेक—सज्ञा पुं० [सं०] वह अभिषेक और उसके सबंध का कृत्य तथा उत्सव आदि जो किसी के युवराज बनाए जाने के समय हो। युवराज के अभिषेक का कृत्य।

यौषिण्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ नारीत्व। २. नारी की भावभगिमा या मुखमुद्रा [को०]।

र

र—हिंदी वर्णमाला का सत्ताईसवाँ व्यजन वर्ण जिसका उच्चारण जीभ के अगले भाग को मूर्धा के साथ कुछ स्पर्श कराने से होता है। यह स्पर्श वर्ण और ऊष्म वर्ण के मध्य का वर्ण है। इसका उच्चारण स्वर और व्यंजन का मध्यवर्ती है, इसलिये इसे अतस्थ वर्ण कहते हैं। इसके उच्चारण मे सवार, नाद और घोष नामक प्रयत्न होते हैं।

रंक[१]—वि० [स० रङ्क] [वि० स्त्री० रंकिणी] १ धनहीन। गरीब। दरिद्र। कगाल। उ०—(क) बहिरो सुनै मूक पुनि बोलै रंक चलै सिर छत्र धराई।—सूर (शब्द०)। (ख) ऊँचे नीचे बीच के धनिक रंक राजा राय हठनि बजाय करि डीठि पीठि दई है।—तुलसी (शब्द०)। २. कृपण। कंजूस। ३. सुस्त। काहिल। आलसी।

रंक[२] सज्ञा पुं० १. कृपण व्यक्ति। २. सुस्त वा काहिल आदमी। ३. निर्धन व्यक्ति।

रंकता—सज्ञा स्त्री० [सं० रङ्क+हिं० ता (प्रत्य०)] निर्धनता। गरीबी। कंगाली। उ०—रंकता देख जिसकी रंकता लजाती राजसी ठाठ से उसकी अरथी जाती।—सुत०, पृ० ८७।

रंकिनी(पु)—वि० स्त्री० [स० रङ्किणी] निर्धनवती। दरिद्रा। जिसके पास कुछ न हो। उ०—होकर भी बहु चित्र अंकिनी आप रंकिनी आशा है।—साकेत, पृ० ३६६।

रंकु—सज्ञा पुं० [स० रङ्कु] एक प्रकार का हिरन जिसकी पीठ पर सफेद चित्तियाँ होती हैं।

रंग—सज्ञा पुं० [सं० रङ्ग, फ़ा० रंग] १ राँगा नामक धातु। २ नृत्य गीत आदि। नाचना गाना।

यौ०—नाच रंग। जैसे,—वहाँ आजकल खूब नाच रंग हो रहा है।

३ वह स्थान जहाँ नृत्य या अभिनय होता हो। नाचने गाने, नाटक करने आदि के लिये बनाया हुआ स्थान।

यौ०—रंगमंच। रंगभूमि। रंगद्वार। रंगदेवता। रंगस्थल आदि।

४ युद्धस्थल। रणक्षेत्र। लडाई का मैदान। ५ खदिरसार। ६. किसी दृश्य पदार्थ का वह गुण जो उसके आकार से भिन्न होता है और जिसका अनुभव केवल आँखो से ही होता है। वर्ण।

विशेष—जब किसी पदार्थ पर पहले पहल हमारी दृष्टि जाती है, तब प्राय हमे दो ही बातो का ज्ञान होता है। एक तो उसके आकार का और दूसरा उसके रंग का। वैज्ञानिको ने सिद्ध किया है कि रंग वास्तव मे प्रकाश की किरणो में ही होता है, और वस्तुओ के भिन्न भिन्न रासायनिक गुणो के कारण ही हमारी आँखो को उनका अनुभव वस्तुओ मे होता है। जब किसी वस्तु पर प्रकाश पडता है, तब उस प्रकाश के तीन भाग होते हैं। पहला भाग तो परावर्तित हो जाता है, दूसरा वर्तित हो जाता है, और तीसरा उस वस्तु के द्वारा सोख लिया जाता है। परतु सब वस्तुओ मे ये गुण समान रूप मे नही होते, किसी मे कम और किसी मे अधिक होते हैं। कुछ पदार्थ ऐसे होते हैं, जिनमे से प्रकाश परावर्तित होता ही नहीं, या तो वर्तित होता है या सोख लिया जाता है, जैसे, शुद्ध जल। ऐसे पदार्थ प्राय विना रंग के दिखाई देते हैं। जिन पदार्थो पर पडनेवाला सारा प्रकाश परावर्तित हो जाता है, वे श्वेत दिखाई पडते हैं। और जो पदार्थ अपने ऊपर पडनेवाला समस्त प्रकाश सोख लेते हैं, वे काले होते या दिखाई देते हैं।

प्रकाश का विश्लेषण करने से उसमे अनेक रंगो की किरणें मिलती हैं, जिनमे ये सात रंग मुख्य हैं—बैंगनी, नील, श्याम या आसमानी, हरा, पीला, नारंगी और लाल। जब ये सातो रंग मिलकर एक हो जाते हैं, तब हम उसे सफेद कहते हैं, और जब इन सातो में से एक भी रंग नही रहता, तब हम उसे काला कहते हैं। अब यदि किसी ऐसे पदार्थ पर श्वेत प्रकाश पडे, जिसमे लाल किरणो को छोडकर और सब रंगो की किरणो को सोख लेने की शक्ति हो, तो स्वभावत. प्रकाश का केवल लाल ही अश उसपर बच रहेगा, और उस दशा मे हम उस पदार्थ को लाल रंग का कहेंगे। अर्थात् प्रत्येक वस्तु हमे उसी रंग की देख पडती है, जिस रंग को वह न तो सोख सकती है और न वर्तित करती है, बल्कि जिसे वह परावर्तित करती है। कुछ रंग ऐसे भी होते हैं, जिनके मिलने से सफेद रंग बनता है। ऐसे रंग एक दूसरे के परिपूरक कहलाते हैं। जैसे—यदि हरितपीत रंग के प्रकाश के साथ ही लाल रंग का प्रकाश भी पहुँचने लगे, तो उस दशा में हमे सफेद रंग दिखाई पडेगा। इसलिये लाल और हरितपीत दोनो एक दूसरे के परिपूरक रंग हैं। प्राय दो रंगो के मिलने से एक नया तीसरा रंग भी पैदा हो जाता है, जैसे—लाल और पीले के मिलने से नारंगी रंग बनता है। परतु ये सब बातें केवल प्रकाश की किरणो के सबध में हैं, बाजार मे मिलनेवाली बुकनियो के सबध मे नही हैं। दो प्रकार की बुकनियों को एक साथ मिलाने से जो परिणाम होगा, वह दो रंगों की प्रकाश किरणो को मिलाने के परिणाम से कभी कभी बिलकुल भिन्न होगा। इनका कारण यह है कि जब हम दो प्रकार की बुकनियों को एक म मिलाते हैं, उस समय हम वास्तव मे एक रंग मे दूसरा रंग जोडते नहीं हैं, बल्कि एक रंग मे से दूसरा रंग घटाते हैं। जिस रंग की किरण को एक बुकनी परावर्तित करती है, उसे दूसरी बुकनी सोख लेती है। इसी लिये बुकनियो के सबध म जो नियम हैं, वे प्रकाश की किरणो के सबध के नियम से भिन्न हैं।

७. कुछ विशिष्ट रासायनिक क्रियाओ से बनाया हुआ वह पदार्थ जिसका व्यवहार किसी चीज को रँगने या रंगीन बनाने के लिये होता है। वह चीज जिसके द्वारा कोई चीज रँगी जाय या जिससे किसी चीज पर रंग चढ़ाया जाय।

विशेष—बाजारो मे प्राय. अनेक प्रकार के कार्यों के लिये अनेक रूपो मे बने बनाए रंग मिलते हैं, जिनका व्यवहार चीजो को रँगने या चित्रित करने के लिये होता है। जैसे, कपडे रँगने का रंग, लकडी पर चढ़ाने का रंग, तसवीर बनाने का रंग आदि।

क्रि० प्र०—करना।—चढ़ना।—चढ़ाना।—पोतना।—होना।

यौ०—रंगबिरंग, रंगबिरंगा = जिसमें अनेक प्रकार के रंग हो। तरह तरह के रंगोवाला। उ०—रंगबिरंग एक पक्षी बना। छोटा चोच और काटे घना। (पहेली)।

मुहा०—रंग आना या चढ़ना = रंग अच्छी तरह लग जाना या प्रकट होना। रंग उड़ना या उतरना = धूप या जल आदि के ससर्ग से रंग का बिगड जाना या फीका पड जाना। रंग खेलना = होली के दिन म पानी मे रंग घोलकर एक दूसरे पर डालना। रंग डालना या फेंकना = (होली मे) पानी मे रंग घालकर किसी पर डालना। रंग निखरना = रंग का शोख या चटकीला होना।

या०—रंगदार।

८. शरीर का ऊपरी वर्ण। बदन और चेहरे की रंगत। वर्ण।

मुहा०—(चेहरे का) रंग उड़ना या उतरना = भय या लज्जा से चेहरे की रौनक का जाता रहना। चेहरा पीला पडना। कातिहीन होना। रंग निकलना = दे० 'रंग निखरना'। रंग निखरना = चेहरे के रंग का साफ होना। चेहरा साफ और चमकदार होना। चेहरे पर रौनक आना। रंग फक होना = दे० 'रंग उडना'। रंग बदलना = (१) लाल पीला होना। खफा

होना। क्रुद्ध होना। नाराज होना। जैसे,—आप तो नाहक हम पर रग बदल रहे हैं। (२) रूप परिवर्तित करना।

९ यौवन। जवानी। युवावस्था।

क्रि० प्र०—आना।—चढना।—होना।

मुहा०—रग चूना = युवावस्था का पूर्ण विकास होना। यौवन उमडना। रंग टपकना = दे० 'रग चूना'।

१० शोभा। सौदर्य। रौनक। छवि।

क्रि० प्र०—आना।—उतरना।—चढ़ना।—दिखाना।—होना।

मुहा०—रग पकडना = रौनक या बहार पर आना। रग पर आना = दे० 'रग पकडना'। रग फीका पडना या होना = रौनक कम हो जाना। शोभा का घट जाना। रग बरसना = अत्यत शोभा होना। खूब रौनक होना। उ०—सखी, सचमुच आज तो इस कदब के नीचे रग बरस रहा है।—हरिश्चद्र (शब्द०)। रग है = शाबाश। वाह वा क्या बात है।

११. प्रभाव। असर।

मुहा० रंग चढ़ना = प्रभाव पडना। असर पडना। जैसे,—इस लडके पर भी अब नया रग चढ रहा है। रंग जमना = प्रभाव पडना। असर पडना।

१२ दूसरे के हृदय पर पडनेवाली शक्ति, गुण या महत्व का प्रभाव। धाक। रोब।

मुहा०—रंग जमना = धाक जमना। अनुकूल स्थिति उत्पन्न होना। उ०—दोनो ने समझा कि रग जैसा चाहिए, वैसा जम गया।—अयोध्या० (शब्द०)। रग उखडना = धाक न रहना। स्थिति प्रतिकूल होना। दूसरो पर महत्व आदि का प्रभाव न रह जाना। जैसे,—पहले यहाँ उसे बहुत आमदनी थी, पर अब रग उखड गया। रग जमाना = प्रभाव डालना। धाक बाँधना। रग फीका रहना = पूरा पूरा प्रभाव न पडना। रग बँधना = रोब जमना। धाक बँधना। रग बाँधना = (१) अपना महत्व दूसरे के हृदय मे स्थापित करना। रोब गाँठना। धाक जमाना। उ०—भाई मुझे तो एक दिन के लिये भी कही तख्त मिल जाय, तो रग बाँध दूँ।—राधाकृष्णदास (शब्द०)। (२) झूठा आडंबर रचना। ढोग रचना। रग बिगड़ना = रोब जाता रहना। प्रभाव नष्ट या कम हो जाना। रग बिगाडना = (१) प्रभाव नष्ट करना। महत्व घटाना। (२) शेखी किरकिरी करना। रंग लाना = अपना प्रभाव या गुण दिखलाना।

१३ क्रीडा। कौतुक। खेल। आनद। उत्सव। उ०—(क) दिन मे सब लोग राग, रंग, नृत्य, दान, भोजन, पान इत्यादि में नियुक्त थे। (ख) बर जग रंग करिबे चह्यो मनहिं सुढग उमंग में।—गोपाल (शब्द०)।

यौ०—रंगरलियाँ = आमोद प्रमोद। मौज। चैन।

क्रि० प्र०—करना।—मनाना।

मुहा०—रग रलना = आमोद प्रमोद करना। क्रीडा या भोग विलास करना। उ०—भाव ही कह्यो मन भाव दृढ़ राखिवो दे सुख तुमहिं सग रग रलिहैं।—सूर (शब्द०)। रग में भग पड़ना = आमोद प्रमोद के बीच कोई दु ख की बात आ पडना। हँसी और आनद मे विघ्न पडना।

१४. युद्ध। लडाई। समर।

मुहा०—रग मचाना = रण मे खूब युद्ध करना। उ०—चढि देहि समर उत्तर परन उत्तर द्वार मचाय रग।—गोपाल (शब्द०)।

१५ मन की उमग वा तरग। मन का वेग या स्वच्छंद प्रवृत्ति। मौज। उ०—(क) रत्नजटित किंकिणि पग नूपुर अपने रंग बजावहु।—सूर (शब्द०)। (ख) अपने अपने रग मे सब रँगे हैं, जिसने जो सिद्धात कर लिया है, वही उसके जी में गड रहा है।—हरिश्चद्र (शब्द०)। (ग) चढे रग सफजग के हिंदू तुरुक अमान। उमडि उमडि दुहुँ दिसि लगे कोरन लोहो खान।—लाल (शब्द०)।

मुहा०—(किसी के) रंग में ढलना = किसी के कहने या विचार के अनुसार कार्य करने लगना। किसी के प्रभाव मे आना। उ०—तुरत मन सुख मानि लीन्हो नारि तेहि रंग ढरी।—सूर (शब्द०)।

१६. आनंद। मजा। उ०—(क) बहुत भूरिया लागे सग। दाम न खरचैं लूटैं रग।—देवस्वामी (शब्द०)। (ख) खान पान सनमान राग रग मनहिं न भावै।—गिरिधर (शब्द०)। (ग) मोको व्याकुल छाँडिकै आपुन करै जु रग।—सूर (शब्द०)।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का और इसके मुहावरो का प्रयोग प्राय. नशे के सबध मे भी होता है।

मुहा०—रग आना = मजा मिलना। आनद मिलना। रग उखडना = बने हुए आनद का अचानक घटना या नष्ट हो जाना। रंग जमना = आनद का पूर्णता पर आना। खूब मजा होना। रग मचाना = धूम मचाना। उ०—असवारी मे रग मचावै। मन के सग तुरग नचावै।—लाल (शब्द०)। रग में भग करना = पूर्ण आनद के समय उसमे विघ्न उपस्थित करना। बना बनाया मजा बिगडना। रग रचाना = उत्सव करना। जलसा करना। रग रहना = आनद रहना। प्रसन्नता रहना। मजा रहना।

१७ दशा। हालत। उ०—कबहुं नहिं यहि भाँति देख्यो, आज को सो रग।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—रग लाना = दशा उपस्थित करना। हालत करना। जैसे—तुम्हारी ही शरारत यह सब रग लाई है।

१८ अद्भुत व्यापार। काड। दृश्य। जैसे,—यह सब रंग उन्ही की कृपा का फल है।

१९. प्रसन्नता। कृपा। दया। मेहरबानी। उ०—हम चाकर कलि-

राज के वृथा करत हौ दोष। ताकी मरजी को तकै करत रग औ रोष।—गुमान (शब्द०)। २० प्रेम। अनुराग। उ०—(क) जब हम रँगी श्याम के रगा। तब लिखि पठवा ज्ञान प्रसगा।—रघुनाथदास (शब्द०)। (ख) देखु जरनि जड नारि की जरत प्रेम के रग। चिता न चित फीको भयो रची जु पिय के रग।—सूर (शब्द०)। (ग) ऐसे भए तो कहा तुलसी जो पै जानकीनाथ के रग न राते।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—रंग देना = किसी को अपने प्रेमपाश मे फँसाने के लिये उसके प्रति प्रेम प्रकट करना। (बाजारू)। रग (में) भींजना = अनुराग मे सराबोर होना। उ०—गोरिन के रँग भींजिगो साँवरो साँवरे के रँग भीजी सु गोरी।—पद्माकर (शब्द०)।

२१ ढग। ढव। चाल। तर्ज। उ०—(क) राजभवनाभ्यतर तो यह उपकरण था और बाहर नभमडल का और ही रग दिखलाई देता था।—अयोध्यासिंह (शब्द०)। (ख) जो तुम राजी हो इस रंग। तो खेलो फाग हमारे संग।—लल्लूलाल (शब्द०)। (ग) त्यौं पदमाकर यौं मग में रग देखत हो कब की रुख राखे।—पद्माकर (शब्द०)।

यौ०—कुरग = बुरा ढव या ढग। बुरा लक्षण। उ०—सुनु जानकी कुरगनैनी होय न कुरग यह बडोई कुरग है।—हृदयराम (शब्द०)। रंग ढग = (१) दशा। हालत। (२) चाल ढाल। तौर तरीका। उ०—हमारा प्रधान शाक न विक्रम के रग ढग का है न हारूँ या अकबर के। उसका रग ही निराला है।—बालमुकुद (शब्द०)। (३) व्यवहार। बरताव। जैसे—आजकल उसके रग ढग अच्छे नही दिखाई देते। ४ ऐसी बात जिससे किसी दूसरी बात का अनुमान हो। लक्षण। जैसे,—आसमान के रग ढग से तो मालूम होता है कि आज पानी बरसेगा।

मुहा०Ⓤ—रग काछना = चाल चलना। ढग अख्तियार करना। उ०—सूर श्याम जितने रंग काछत युवती जन मन के गोऊ हैं।—सूर (शब्द०)। (किसी को अपने) रग में रँगना = किसी को अपने ही विचारो का बना लेना। अपना सा कर लेना।

२२. भाँति। प्रकार। तरह। उ०—दूरि भजत प्रभु पीठि दै गुन विस्तारन काल। प्रगटत निरगुन निकट रहि चग रग भूपाल।—बिहारी (शब्द०)। २३ चौपड की गोटियो के, खेल के काम के लिये किए हुए, दो कृत्रिम विभागो मे से एक।

विशेष—चौपड की कुल गोटियाँ १६ होती हैं, जो चार रगो में विभक्त होती हैं। इनमे से विशिष्ट दो रग की आठ गोटियाँ 'रग' और शेष दो रगो की आठ गोटियाँ 'बदरग' कहलाती हैं।

मुहा०—रंग जमना = चौपड मे रग की गोटी का किसी अच्छे और उपयुक्त घर मे जा बैठना, जिसके कारण खेलाडी की जीत अधिक निश्चित हो जाती है। रंग मारना = बाजी जीतना। विजय पाना। उ०—(क) यह होंठ जो कि पोपले यारो है हमारे। इन होठों ने बोसो के बडे रग हैं मारे।—नजीर (शब्द०)। (ख) इश्कबाजी के लिये हमने बिछाई चौसर। पासा गिरते ही गोया रग हमारा मारा।—(शब्द०)।

रगाई†—सज्ञा पुं० [हिं० रग + ई (प्रत्य०)] धोबियो के अतर्गत एक जाति जो केवल छपे हुए कपडे धोने का काम करती है।

रगकार—सज्ञा पुं० [स० रङ्गकार] रग आदि का काम करने वाला। रगसाज। रँगरज [को०]।

रगकाष्ठ—सज्ञा पुं० [स० रङ्गकाष्ठ] पतग नाम की लकडी। बक्कम।

रगचार—सज्ञा पुं० [स० रङ्गचार] टकण। सोहागा [को०]।

रगक्षेत्र—सज्ञा पुं० [सं० रङ्गक्षेत्र] १ अभिनय करने का स्थान। रगस्थल। नाट्यभूमि। २ किसी उत्सव आदि के लिये सजाया हुआ स्थान।

रगगृह—सज्ञा पुं० [स० रङ्गगृह] १ रगभूमि। नाट्यस्थल। २ क्रीडागृह। ३ केलिमदिर।

रगचर—सज्ञा पु० [सं० रङ्गचर] १ नाटक मे अभिनय करनेवाला। नट। २ अासयुद्ध करनेवाला योद्धा। तलवारबाज [को०]।

रगज—सज्ञा पुं० [सं० रङ्गज] सिंदूर।

रगजननी—सज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गजननी] लाक्षा। लाख।

रगजीवक—सज्ञा पुं० [सं० रङ्गजीवक] १ चित्रकार। मुसव्वर। २ वह जो अभिनय करता हो। नट।

रगजीविक—सज्ञा पुं० [स० रङ्गजीविक] दे० 'रगकार' [को०]।

रगड़ाⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं० रग + डा (प्रत्य०)] दे० 'रग'। उ०—तेरे प्रेम की माती रे, रगडै राती रे।—दादू०, पृ० ५०४।

रगण—सज्ञा पु० [स० रङ्गण] नर्तन। नाचना। नाच करना [को०]।

रगत—सज्ञा स्त्री० [हिं० रग + त (प्रत्य०)] १ रग का भाव। जैसे,—इसकी रगत कुछ काली पड गई है। २ मजा। आनंद। जैसे,—जब आप वहाँ पहुचेंगे, तभी रगत आवेगी।

क्रि० प्र०—खिलाना।—खुलना।—जमना।

मुहा०—रगत आना = मजा होना। आनद होना।

३ हालत। दशा। अवस्था। जैसे, आजकल उनकी रगत अच्छी नही है।

रगतरा—सज्ञा पुं० [हिं०] एक प्रकार की बडी और मीठी नारगी सगतरा।

रगद—सज्ञा पुं० [सं० रङ्गद] १ सोहागा। २ खदिरसार।

रगदलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गदलिका] नागवल्ली लता। नागबेल।

रगदा—सज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गदा] फिटकिरी।

रंगदायक—पञ्चा पुं० [सं० रङ्गदायक] ककुष्ठ नाम की पहाडी मिट्टी।

रगदृढ़ा—सञ्चा स्त्री० [सं० रङ्गदृढा] फिटकरी, जिससे रग पक्का होता है।

रगदेवता—सञ्चा पुं० [स० रङ्गदेवता] वह कल्पित देवता जो रगभूमि के अधिष्ठाता माने जाते हैं।

रगद्वार—सञ्चा पुं० [सं० रङ्गद्वार] १ रगमच का प्रवेशद्वार। २ नाटक की भूमिका या प्रस्तावना [को०]।

रगन—सञ्चा पुं० [देश०] एक प्रकार का मझोला वृक्ष।

विशेष—इसके हीर की लकडी कडी, चिकनी और मजबूत होती है और इमारत के काम आती है। बगाल, मध्यप्रदेश और मद्रास में यह पेड बहुतायत से होता है। इसे 'कोटा गधल' भी कहते हैं।

रगना[1]—क्रि० स० [हिं० रग+ना (प्रत्य०)] १ किसी वस्तु पर रग चढाना। रग में डुबाकर अथवा रग चढ़ाकर किसी चीज को रगीन करना। जैसे, कपडा रगना। किवाडे रगना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

२ किसी को अपने प्रेम मे फँसाना। ३. अपने कार्यसाधन के अनुकूल करने के लिये बातचीत का प्रभाव डालना। अपने अनुकूल करना। अपना सा बनाना।

रगना[2]—क्रि० अ० किसी के प्रेम मे लिप्त होना। किसी पर आसक्त होना। उ०—जनम तासु को सुफल जो रगे राम के रंग। —रघुनाथदास (शब्द०)।

सयो० क्रि०—जाना।

रगानवास—सञ्चा पुं० [हिं०] दे० 'रगमहल'। उ०—राखी रगनिवास मैं, तैं जगमाल जुझाँण।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ७२।

रगपत्री—सञ्चा स्त्री० [स० रङ्गपत्री] नीली वृक्ष।

रगपीठ—सञ्चा पुं० [स० रङ्गपीठ] नृत्यशाला। नाचघर [को०]।

रगपुरी—सञ्चा स्त्री० [हिं० रंगपुर (=बगाल का एक नगर)] एक प्रकार की छोटी नाव जिसके दोनो ओर की गलही एक सी होती है।

रगपुष्पी—सञ्चा स्त्री० [स० रङ्गपुष्पी] नीली वृक्ष।

रगप्रवेश—सञ्चा पुं० [स० रङ्गप्रवेश] अभिनय करने के लिये किसी पात्र का रंगभूमि मे आना।

रगबदल—सञ्चा पुं० [हिं० रँग+बदलना] हल्दी। (साधु)।

रगबिरग—वि० [हिं० रंग+बिरग (अनु०)] १ कई रगो का। २ भाँति भाँति के। तरह तरह के। अनेक प्रकार के। जैसे,—(क) उनके पास रंग बिरग कपडे हैं। (ख) माँ टेनी और बाप कुलग। उनके बच्चे रग बिरग।

रगबिरगा—वि० [हिं० रंग बिरंग] १ अनेक रगो का। कई रगो का। चित्रित। २. तरह तरह का। अनेक प्रकार का।

रगबीज—सञ्चा पुं० [स० रङ्गबीज] रजत। चाँदी [को०]।

रंगभरिया[1]—सञ्चा पुं० [हिं० रग+भरना] १ छत, किवाडे, दीवार इत्यादि पर रगो से चित्रकारी करनेवाला। २ रग करनेवाला। रगसाज।

रंगभवन—सञ्चा पुं० [सं० रङ्गभवन] आमोद प्रमोद या भोगविलास करने का स्थान। रगमहल।

रगभीनी—वि० [स० रङ्ग+हिं० भीनना] प्रेममयी। रस मे सराबोर। प्रेमासक्त। उ०—साँवरे प्रीतम सग राजत रगभीनी भामिनी।—नद० ग्र०, पृ० ३६४।

रंगभूति—सञ्चा स्त्री० [सं० रङ्गभूति] आश्विन की पूर्णिमा। कोजागर पूर्णिमा।

विशेष—कहते हैं, जो लोग इस रात को जागते रहते हैं, उन्हें लक्ष्मी आकर धन देती हैं।

रगभूमि—सञ्चा स्त्री० [सं० रङ्गभूमि] १ वह स्थान जहाँ कोई जलसा हो। उत्सव मनाने का स्थान। उ०—(क) रगभूमि आए दोउ भाई। अस सुधि सब पुरबासिन पाई। —तुलसी (शब्द) (ख) एहैं रगभूमि चलि जबही। मल्ल युद्ध करि मारब तबही। —रघुनाथदास (शब्द०)। २. खेल, कूद वा तमाशे आदि का स्थान। क्रीडास्थल। उ०—रगभूमि रमणीक मधुपुरी बारि चढाइ कहो दह कीजो।—सूर (शब्द०)। ३ नाटक खेलने का स्थान। नाट्यशाला। रगस्थल। ४ वह स्थान जहाँ कुश्ती होती हो। अखाडा। ५. रणभूमि। रणक्षेत्र।

रगमगल—सञ्चा पुं० [स० रङ्गमङ्गल] रगमच की पूजा या अनुष्ठान [को०]।

रगमडप—सञ्चा पुं० [सं० रङ्गमण्डप] रगभूमि। रंगस्थल।

रगमदिर—सञ्चा पुं० [स० रङ्ग+मन्दिर] दे० 'रगमहल'। उ०—उस निस्पद रगमदिर के व्योम मे क्षीण गध निरवलब। —लहर, पृ० ८२।

रगमध्य—सञ्चा पुं० [सं० रङ्गमध्य] रगमच। रगस्थल।

रगमल्ली—सञ्चा स्त्री० [स० रङ्गमल्ली] वीणा। वीन।

रगमहल—सञ्चा पुं० [हिं० रग+अ० महल] भोगविलास करने का स्थान। आमोद प्रमोद करने का भवन। उ०—बैठी रगमहल मे राजति। प्यारी फेरि अभूषण साजति।—सूर (शब्द०)।

रगमाता—सञ्चा स्त्री० [सं० रङ्गमातृ] १ कुटनी कुट्टनी। २ लाख। लाक्षा।

रगमातृका—सञ्चा स्त्री० [सं० रङ्गमातृका] लाक्षा। लाख।

रगमार—सञ्चा पु० [हिं० रग+मारना] ताश का एक खेल।

विशेष—ताश का यह खेल दो, तीन अथवा चार आदमियो मे खेला जाता है। इसमे एक एक करके सब खेलनेवालो को

बराबर बराबर पत्ते बाँट दिए जाते हैं और तब खेल होता है। इसमें जिस रंग का जो पत्ता चला जाता है, उसी रंग के उससे बड़े पत्ते से वह जीता जाता है। यह ताश का सबसे सीधा खेल है।

रंगरली—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+रलना] दे० 'रँगरली'।

रंगरस—संज्ञा पु० [हिं० रंग+रस] आमोद प्रमोद। आनंद मंगल।

रंगरसिया—संज्ञा पु० [हिं० रंग+रसिया] भोगविलास करनेवाला व्यक्ति। विलासी पुरुष।

रंगराज—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गराज] संगीत दामोदर के अनुसार ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक भेद।

रंगरेली†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रँगरली'।

रंगलता—संज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गलता] आवर्तकी लता। मरोड़फली।

रंगलासिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० रंगलासिनी] शेफालिका।

रंगवल्लिका—संज्ञा स्त्री० [रङ्गवल्लिका] रंगवल्ली। नागवल्ली।

रंगविद्या—संज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गविद्या] नृत्य और अभिनय आदि रंगमंच संबंधी कला वा हुनर [को०]।

रंगविद्याधर—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गविद्याधर] १. ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक भेद। इसमें दो खाली और दो प्लुत मात्राएँ होती हैं। २ वह जो अभिनय करता हो। रंगविद्या में कुशल। नट। ३ वह जो नाचने में कुशल हो।

रंगबीज—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गबीज] चाँदी।

रंगशाला—संज्ञा स्त्री० [सं० रंगशाला] नाटक खेलने का स्थान। नाट्यशाला। रंगस्थल।

रंगसंगर—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गसङ्गर] रंगमंच पर होनेवाली प्रतिद्वंद्विता। अभिनय, नृत्य आदि की प्रतिस्पर्धा [को०]।

रंगसाज—संज्ञा पुं० [फा० रंगसाज़ (सं० रङ्ग+फ़ा० साज)] १. मेज, कुरसी, किवाड़, दीवार इत्यादि पर रंग चढ़ानेवाला। वह जो चीजों पर रंग चढ़ाता हो। २ उपकरणों से रंग तैयार करनेवाला। रंग बनानेवाला।

रंगसाजी—संज्ञा स्त्री० [फा० रंगसाज़ी] रंगसाज का काम। रँगने का काम।

रंगागण—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गाङ्गण] रंगस्थल। नाट्यशाला।

रंगागा—संज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गाङ्गा] फिटकिरी।

रंगाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+आई (प्रत्य०)] दे० 'रँगाई'।

रंगाचंगा—वि० [हिं० रंगा+प्रा० चंगा] बना ठना। सजा बजा। उ०—केचित् दीसै रंगा चंगा। पाट पटंबर ओढहिं अंगा।—सुंदर० ग्रं०, भा० १, पृ० ९३।

रंगाजीव—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गाजीविन्] वह जिसकी जीविका रँगाई से चलती हो। रंगसाज या रँगरेज।

रंगाना—क्रि० स० [हिं० रँगना का प्रेर० रूप] दे० 'रँगाना'।

रंगाभरण—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गाभरण] ताल के साठ भेदों में से एक भेद।

रंगारंग—वि० [फ़ा०] चित्र विचित्र। रंग बिरंगा। तरह तरह का। उ०—यह रंगारंग विभाग भाँति भाँति के वाद्यों से भरा हुआ है।—सुंदर० ग्रं० (भू०), भा० १, पृ० ७७।

रंगार—संज्ञा पुं० [देश०] १ वैश्यों की एक जाति का नाम। २ राजपूतों की एक जाति। इस जाति के लोग मेवाड़ और मालवे में रहते हैं। ३ मध्य तथा दक्षिण भारत में रहनेवाली एक जाति। इस जाति के लोग अपने आपको ब्राह्मण के अंतर्गत बतलाते और खेतीबारी करते हैं।

रंगारि—संज्ञा पु० [सं० रङ्गारि] करवीर। कनेर।

रंगालय—संज्ञा पु० [सं० रङ्गालय] वह स्थान जहाँ पर नाटक, कुश्ती या इसी प्रकार का और कोई खेल तमाशा हो। रंगभूमि।

रंगावट—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+आवट (प्रत्य०)] रँगाई।

रंगावतरण—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गावतरण] रंगमंच पर आना। २ नट की उक्ति या वचन [को०]।

रंगावतारक—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गावतारक] १ देंगरेज। २ अभिनय करनेवाला। नट।

रंगावतारी—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गावतारिन्] अभिनय करनेवाला। नट।

रंगिणी—संज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गिणी] दे० 'रंगी'।

रंगी'—संज्ञा स्त्री० [सं० रङ्गिणी] १ शतमूली। २ कंवर्तिका नाम की लता। विशेष दे० 'कंवर्तिका'।

रंगी'—वि० [सं० रङ्गिन्] [वि० स्त्री० रङ्गिणी] १ आनंदी। मौजी। विनोदशील। २ रंगवाला। रंगयुक्त। जैसे, बहुरंगी (को०)। ३ रँगनेवाला (को०)। ४ अभिनेता। रंगमंच पर अभिनय करनेवाला (को०)।

रंगीन—वि० [फा०] १ जिसपर कोई रंग चढ़ा हो। रँगा हुआ। रंगदार। २ विलासप्रिय। आमोदप्रिय। जैसे, रंगीन तबीयत, रंगीन आदमी। ३ जिसमें कुछ अनोखापन हो। चमत्कारपूर्ण। मजेदार। जैसे, रंगीन इबारत, रंगीन बातचीत।

रंगीनी—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ रंगीन होने का भाव। २ सजावट। बनाव सिंगार। ३ बाँकापन। ४ रसिकता। रँगीलापन।

रंगीरेटा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जंगली वृक्ष जो दारजिलिंग में अधिकता से होता है।

विशेष—इसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है और इमारत बनाने के काम में आती है। इससे मेज, कुरसी आदि भी बनाई जाती है।

रंगोपजीवी—संज्ञा पुं० [सं० रङ्गोपजीविन्] वह जो रंगशाला में अभिनय करके अपनी जीविका का निर्वाह करता हो। नट।

रंच—वि० [सं० न्यञ्च, प्रा० णच] थोड़ा। अल्प। तनिक। उ०—(क) बचन मेरो कियो मजनी यह रंच न प्यारे दया

मन कीन्ही ।—सुंदर (शब्द०)। (ख) प्रदुमन लरे सप्तदस दो दिन रच हार नहिं माने ।—सूर (शब्द०)। (ग) रच न माधु चुवै सुख की बिन राधिकै आधिक लाच न डाटे। —केशव (शब्द०)।

रचक—वि० [सं० न्यञ्च, प्रा० णच] थोडा। अल्प। रच। उ०—(क) सग लिए विधु बैनी बधू रति हूँ जेहि रचक रूप दियो है ।—तुलसी (शब्द०)। (ख) हिय अचक रीति रची जब रचक लाइ लई उर नाह तही ।—केशव (शब्द०)।

रंज'—सज्ञा पु० [फा०] [वि० रंजीदा] १ दुख। खेद। २ शोक। ३ पीडा। कष्ट। दर्द (को०)।

क्रि० प्र०—उठाना।—करना।—झेलना।—देना।—पहुँचना। —पहुँचाना।—सहना।

रंज'—वि० रजीदा। नाराज। दुखी।

रंजक'—सज्ञा पुं० [स० रञ्जक] १ रंगसाज। २. रंगरेज। ३. हिंगुल। ईंगुर। ४ सुश्रुत के अनुसार पेट की एक अग्नि।

विशेष—यह पित्त के अतर्गत मानी जाती है। कहते हैं कि यह यकृत और प्लीहा के बीच मे रहती है, और भोजन से जो रस उत्पन्न होता है उसे रजित करती है। ५ भिलावाँ। ६ मेहदी। ७ लाल चदन (को०)।

रंजक'—वि० १ रँगनेवाला। जो रँगे। २. आनदकारक। प्रसन्न करनेवाला। जैसे, मनोरजक।

रंजक'—सज्ञा स्त्री० [हिं० रंचक (=अल्प), फा० ?] १ वह थोडी सी बारूद जो बत्ती लगाने के वास्ते बदूक की प्याली पर रखी जाती है। उ०—कैयक हजार एक बार बैरी मारि डारे रजक दगनि मानो अगिनि रिसाने की ।—भूषण (शब्द०)।

क्रि० प्र०—देना।—भरना।

मुहा०—रजक उडाना=(१) बदूक या तोप की प्याली मे बत्ती लगाने के लिये बारूद रखकर जलाना। (२) पादना। (बाजारू)। रजक चाट जाना=तोप या बदूक की प्याली मे रखी हुई बारूद का यो ही जलकर रह जाना और उससे गोला या गोली न छूटना। रजक पिलाना=तोप या बदूक की प्याली मे रजक रखना।

२ गाँजे, तमाखू या सुलफे का दम। (बाजारू)।

मुहा०—रंजक देना=गाँजे आदि का दम लगाना।

३. वह बात जो किसी को भडकाने या उत्तेजित करने के लिये कही जाय। ४ कोई तीखा या चटपटा चूर्ण।

रजकदानी—सज्ञा पु० [हिं० रजक+फा० दानी] रजक रखनेवाला। बदूक की नली मे बारूद जलानेवाला। उ०—रंजकदानी, सिगरा, तूलि, पलीत दानी ।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १३।

रजन'—सज्ञा पुं० [सं० रञ्जन] १. रंगने की क्रिया। २. चित्त को प्रसन्न करने की क्रिया। ३ पित्त। सफरा। ४. रक्त चदन। लाल चदन। ५. छप्पय छद के पचासवें भेद का नाम। ६. वे पदार्थ जिनसे रंग बनते हैं। जैसे, हल्दी, नील, लाल चदन, कुसुम, मजीठ इत्यादि। ७ मूँज। ८ सोना। ९ जायफल। १० कमीला वृक्ष।

रंजन'—वि० [वि० स्त्री० रजनी] १ रँगनेवाला। २ आनद देनवाला। रजक [को०]।

रजनक—सज्ञा पुं० [सं० रञ्जनक] कटहल।

रजनकेशी—सज्ञा स्त्री० [सं० रञ्जनकेशी] नीली वृक्ष।

रंजना—क्रि० स० [सं० रञ्जन] १. प्रसन्न करना। आनदित करना। २ भजना। स्मरण करना। उ०—आदि निरजन नाम ताहि रजै सब कोऊ।—सूर (शब्द०)। ३. रँगना। उ०—यो सब के तन आनन मे झलकी अरुणोदय की अरुनाई। अतर ते जनु रजन को रजपूतन की रज ऊपर आई।—केशव (शब्द०)।

रजनी—सज्ञा स्त्री० [स० रञ्जनी] १. सगीत मे ऋषभ स्वर की तीन श्रुतियो मे से दूसरी श्रुति। २. नीली वृक्ष। ३ मजीठी। ४. हलदी। ५. पर्पटी। ६. नागवल्ली। ७ जतुका या पहाड़ी नाम की लता।

रंजनीपुष्प—सज्ञा पुं० [स० रञ्जनीपुष्प] एक प्रकार का करज या कजा। पूतिकरज।

रजनीय—वि० [सं० रञ्जनीय] १. जो रँगने के योग्य हो। २ जो चित्त प्रसन्न कर सके। आनद दे सकनेवाला।

रजा†—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जिसे उलवी भी कहते हैं।

रजित—वि० [स० रञ्जित] १ जिसपर रग चढा हो या लगा हो। रँगा हुआ। उ०—रजित अजन कज विलोचन। आजत भाल तिलक गोरोचन।—तुलसी (शब्द०)। २. आनदित। प्रसन्न। ३ प्रेम मे पडा हुआ। अनुरक्त।

रजिश—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ रज होने का भाव। २. मनमुटाव। अनबन। ३ वैमनस्य। शत्रुता।

रजी—सज्ञा स्त्री० [स० रजस् ?] १ रज। धूल। गर्द। २ दे० 'रजक'। उ०—रजी शास्तर ज्ञान की, अंग रही लपटाय। सतगुर एकहि शब्द से दीन्ही तुरत उडाय।—दरिया० बानी, पृ० १।

रजीदगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. रजीदा होने का भाव। २ अनबन। रजिश।

रजीदा—वि० [फा० रजीदह्] १ जिसे रज हो। दुःखित। २. नाराज। अप्रसन्न। असतुष्ट।

रजूर—वि० [फ़ा०] रोगी। कष्टवाला। दुखी। गमगीन। उ०—हाजिर बदिये बादल रजूर के आग।—कबीर म०, पृ० ४६६।

रजूरी—सज्ञा पुं० [फ़ा०] १ राग। आमय। व्याधि। २. कष्ट। पीडा। दुख [को०]।

रड'—वि० [स० रण्ड] १. धूर्त। चालाक। २ विकल। बेचैन। ३ विच्छिन्नांग (को०)।

रंड'—सज्ञा पुं० १ बिना पुत्र पैदा किए मर जानेवाला व्यक्ति। २. वह वृक्ष जिसमे फल फूल न लगते हो। ३ धूर्त व्यक्ति (को०)।

रंडक—सज्ञा पुं० [सं० रण्डक] वह पेड जिसमे फल न आते हो।

रंडा[1]—वि० [सं० रण्डा] रांड। विधवा। बेवा।

रंडा[2]—सज्ञा स्त्री० १ विधवा महिला। २ एक छद या वृत्ति। ३ रडी। वेश्या। ४ मूषिकपर्णी [को०]।

रंडापा—सज्ञा पुं० [हिं० रांड+आपा (प्रत्य०)] विधवा की दशा। वैधव्य। बेवापन।

रंडाश्रमी—सज्ञा पुं० [सं० रण्डाश्रमिन्] वह जो ४८ वर्ष की अवस्था के उपरांत रंडुआ हुआ हो। जिसकी स्त्री ४८ वर्ष की उम्र के बाद मृत हो।

रंडी—सज्ञा स्त्री० [स० रण्डा] धन लेकर नाचने, गाने और सभोग करनेवाली स्त्री। वेश्या। कसबी।

यौ०—रंडीबाज। रंडीबाजी। रंडीमुंडी।

मुहा०—रंडी रखना=किसी रंडी को सभोग आदि के लिये अपने पास रखना।

रंडीबाज—सज्ञा पुं० [हिं० रंडी+फा० बाज़] वह जो रंडियो से सभोग करता हो। वेश्यागामी।

रंडीबाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रंडी+बाज़ी] रंडी के साथ गमन करना। वेश्यागमन।

रंतव्य—वि० [स० रन्तव्य] १ जिसके साथ रति की जा सके। रमण के योग्य। २ क्रीडा योग्य। आनद योग्य।

रंतव्य[2]—सज्ञा पुं० आनद। क्रीडा। विलास [को०]।

रंता[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रन्ता] गौ। गाय [को०]।

रंता(पु)†[2]—वि० [सं० रन्तृ] १ रमण करनेवाला। २ अनुरक्त। लगा हुआ। उ०—मुनि मानस रता जगत नियता आदि न अत न जाहि।—केशव (शब्द०)।

रंति—सज्ञा स्त्री० [सं० रन्ति] १ केलि। क्रीडा। २ विराम।

रंतिदेव—सज्ञा पुं० [सं० रन्तिदेव] १ पुराणानुसार एक बडे दानी राजा जिन्होने बहुत अधिक यज्ञ किए थे।

विशेष—एक बार सब कुछ दे डालने पर इन्हे ४८ दिनो तक पीने को जल भी न मिला। उनचासवें दिन ये कुछ खाने पीने का आयोजन कर रहे थे कि क्रम से एक ब्राह्मण, एक शूद्र और कुत्ते के लिये हुए एक अतिथि आ पहुंचे। सब सामान उन्ही के आतिथ्य मे समाप्त हो गया, केवल जल बच रहा। उसे पीने के लिये ज्यो ही इन्होंने हाथ उठाया कि एक प्यासा चाडाल आ गया और पीने के लिये जल माँगने लगा। राजा ने वह जल भी दे दिया। अत में भगवान् ने प्रसन्न होकर इन्हें मोक्ष दिया।

२ विष्णु। ३ कुत्ता।

रंतिनदी—सज्ञा स्त्री० [सं० रन्तिनदी] चबल नदी।

रंतु—सज्ञा स्त्री० [सं० रन्तु] १. सडक। २. नदी।

रंद—सज्ञा पु० [सं० रन्ध्र] १ बडी इमारतो की दीवारो के वे छेद जो रोशनी और हवा आने के लिये रखे जाते हैं। रौशनदान। २. किले की दीवारो का वह मोखा जिसमे से बाहर की ओर बंदूक वा तोप चलाई जाती है। मार। उ०—क्या रेनी खदक रंद बडा क्या कोट कँगूरा अनमोला। क्या बुर्ज रहकला तोप किला क्या शीशा दारू और गोला।—नजीर (शब्द०)।

रंदना—क्रि० स० [हिं० रन्दा+ना (प्रत्य०)] रदे से छीलकर लकडी की सतह चिकनी करना। रदा फेरना या चलाना।

रंदा—सज्ञा पुं० [सं० रदन (=काटना, चीरना)] बढई का एक औजार जिससे वह लकडी की सतह छीलकर बराबर और चिकनी करता है।

विशेष—इस औजार मे एक चौपहल लबी और चिकनी सतहवाली लकडी के बीच मे एक छोटा लबा छेद होता है, जिसमें एक तेज धारवाला फल जडा रहता है। इसे हाथ मे लेकर किसी लकडी पर बार बार रगडने या चलाने से उसके ऊपर से उभरी हुई सतह उतरने लगती है और थोडी देर में लकडी की सतह चिकनी हो जाती है।

रंध्र(पु)—सज्ञा पु० [सं० रन्ध्र] दे० 'रध्र'। उ०—दसवें द्वार रंध करु बदा। जहाँ काम नित करै अनदा।—सत० दरिया, पृ० ३६।

रंधक—सज्ञा पुं० [स० रन्धक] १ रसोई बनानेवाला। रसोइया। २. नष्ट करनेवाला। नाशक।

रंधन—सज्ञा पुं० [सं० रन्धन] १. रसोई बनाने की क्रिया। पाक करना। राँधना। २ नष्ट करना।

रंधि—सज्ञा स्त्री० [सं० रन्धि] दे० 'रधन' [को०]।

रंधित—वि० [सं० रन्धित] १. पकाया हुआ। राँधा हुआ। २. नष्ट।

रंध्र—सज्ञा पुं० [सं० रन्ध्र] १. छेद। सूराख।

यौ०—अक्षर ध्र। रध्रवभ्रु=मूषक। चूहा। रध्रवश=पोला बास। २ योनि। भग। ३. नौ की सख्या (को०)। ३ दोष। छिद्र।

यौ०—रध्रगुप्ति=दोष या छिद्र छिपाना। कमजोरी छिपाना। रध्रप्रहारी=किसी की कमजोरी पर प्रहार करनेवाला।

रंध्रागत—सज्ञा पुं० [सं० रन्ध्रागत] घोडों के गले में होनेवाला एक प्रकार का रोग।

रंबा—सज्ञा पुं० [हिं० रम्भा] १. दे० 'रभा'। २ जुलाहो का लोहे का एक औजार जो लगभग एक गज लबा होता है।

विशेष—यह जमीन मे गाड दिया जाता है और इसमे ताने की रस्सी बाँधी जाती है।

रंभ—सज्ञा पुं० [सं० रम्भ] १. बाँस। २ एक प्रकार का बाण। ३. पुराणानुसार महिषासुर के पिता का नाम।

विशेष—इसने महादेव से वर पाकर महिषासुर को पुत्र रूप में प्राप्त किया था। यह भी कहा जाता है कि यही दूसरे जन्म मे रक्तबीज हुआ था।

४. भारी शब्द। कलकल। हलचल। उ०—माथे रभ समुद जस होई।—जायसी (शब्द०)। ५ धूर। धूलि (को०)। ६ छडी। दड। डडा (को०)। ७ सहारा। आसरा (को०)। ८ एक बानर का नाम (को०)। ९ कदली। केला।

रंभन—सज्ञा पुं० [सं० रम्भण] आलिंगन। परिरंभण।

रंभा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० रम्भा] १. केला। २. गौरी। ३. गौ का

रंभाना या चिल्लाना। ४ उत्तर दिशा। ५ वेश्या। ६ पुराणानुसार स्वर्ग की एक प्रसिद्ध अप्सरा। ७ चावल की एक किस्म (को०)।

रंभा[2]—संज्ञा पुं० [सं० रंभा] लोहे का वह मोटा भारी डंडा जिसकी सहायता से पेशराज आदि दीवारों में छेद करते या इसी प्रकार के और काम करते हैं।

रंभा तृतीया—संज्ञा स्त्री० [सं० रम्भा तृतीया] ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया।

विशेष—पुराणानुसार इस तिथि को व्रत करने का विधान है।

रंभापति—संज्ञा पुं० [सं० रम्भापति] इंद्र।

रंभाफल—संज्ञा पुं० [सं० रम्भाफल] केला।

रंभित—वि० [सं० रम्भित] १ शब्द किया हुआ। बोलाया हुआ। २ बजाया हुआ।

रंभिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० रम्भिनी] एक रागिनी जो भैरव राग की पुत्रवधू मानी जाती है।

रंभी—संज्ञा पुं० [सं० रम्भिन्] १ वह जो हाथ में बेंत या दंड लिए हो। २ बुड्ढा आदमी। वृद्ध। ३ द्वारपाल। दरबान।

रंभोरु, रंभोरू—वि० [सं० रम्भोरु, रम्भोरू] १ (स्त्री) जिसकी केले के खंभे के समान सुडौल, चिकनी और उतार चढ़ाववाली जाँघें हों। २. सुंदर। खूबसूरत।

रंह—संज्ञा पुं० [सं० रंहस्] १. वेग। गति। तेजी। २ उग्रता। चंडता। तीक्ष्णता (को०)। ३ उत्कट लालसा (को०)। ४ शिव का एक नाम (को०)। ५ विष्णु का एक नाम (को०)।

रंहण—संज्ञा पुं० [सं०] तेजी से जाना। तीव्र गति वा गमन (को०)।

रंहति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ गति। वेग। चाल। २. रथ का वेग (को०)।

रंहि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जलप्रवाह। सोता। २ प्रवाह। धारा। ३ पीछा करने की क्रिया। पीछा करना। दौड़ाना। ४ शीघ्रता। तेजी (को०)।

रँग—संज्ञा पुं० [सं० रङ्ग, रग, फा० रंग] दे० 'रंग'। उ०—त्यौं पदमाकर यों मृग मे रँग देखत हौ कबकी रुख राखे। —पद्माकर (शब्द०)।

रँगधर—संज्ञा पुं० [हिं०] रंगसाज। चितेरा। चित्रकार। उ०—पुहमीपति दुइ रतन बटोरा। सामुद्रिक औ रँगधर जोरा।—चित्रा०, पृ० १८५।

रँगना—क्रि० स०, क्रि० अ० [हिं० रंग+ना] दे० 'रंगना'। उ०—(क) लाज गडी मुख खोलै न बोलै कियो रघुनाथ उपाय दुनी को। कोटि रँगै नहि एक लगै जिमि सूम के आगे सयान गुनी को।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) सतन के उपदेश तें रँग्यो कछुक हरि रंग।—रघुराज (शब्द०)।

रँगमगना—क्रि० अ० [सं० रङ्ग+मग्न] रँगना। पगना। रंजित होना। रागयुक्त होना। उ०—सोहत श्याम जलद मृदु घोरत धातु रँगमगे सृंगनि।—रस०, पृ० १३६।

रँगरली—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+रलना] आमोद प्रमोद। आनंद। क्रीड़ा। चैन। मौज। उ०—कुढँग कोप तजि रँगीरली करति जुवति जग जोई। पावस बात न गूढ यह बूढनि हूँ रँग होई।—बिहारी (शब्द०)।

मुहा०—रँगरलियाँ मचाना या करना=आनंद मंगल और आमोद प्रमोद करना। उ०—(क) तुम्हारे यही दिन हँसने बोलने और रँगरलियाँ करने के हैं।—अयोध्या (शब्द०)। (ख) तमाम शहर में हर सू मची है रँगरलियाँ। गुलाल अबीर से गुलजार है सभी गलियाँ।—नजीर (शब्द०)।

रँगरस—संज्ञा पुं० [सं० रंग+रस] दे० 'रंगरस'। उ०—सुघराई के गरब भरी जानति सब रंगरस।—व्यास (शब्द०)।

रँगरसिया†—संज्ञा पुं० [हिं० रंगरस+इया (प्रत्य०)] विलासी व्यक्ति। रंगरसिया।

रँगराता—वि० [सं० रङ्ग+रक्त] [वि० स्त्री० रँगराती] १ भोग विलास में लगा हुआ। ऐश आराम में मस्त। २ प्रेमयुक्त। अनुरागपूर्ण। उ०—रँगराती रातैं हियँ प्रियतम लिखी बनाइ। पाती काती बिरह की छाती रही लगाइ।—बिहारी (शब्द०)।

रँगरूट—संज्ञा पुं० [अं० रिक्रूट] १. सेना या पुलिस आदि में नया भर्ती होनेवाला सिपाही। २. किसी काम में पहले पहल हाथ डालनेवाला आदमी। वह आदमी जो कोई काम सीखने लगा हो। जिसने कोई नया काम करना शुरू किया हो। वह जिसे कार्य का अनुभव न हो। जैसे,—वह अभी व्याख्यान देना क्या जाने, बिलकुल रँगरूट है।

रँगरेज—संज्ञा पुं० [फा०] [स्त्री० रँगरेजिन] कपड़े रँगनेवाला। वह जो कपड़े रँगने का काम करता हो।

रँगरेली†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रंगरली'। उ०—भैसन देहु करन रँगरेली। सोग पखारि कुंड बिच केली।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)।

रँगरैनी‡—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+रैनी (=जुगनू)] एक प्रकार की लाल रंग की चुनरी।

रँगवा—संज्ञा पुं० [देश०] चौपायों का एक रोग।

रँगवाई—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रँगाई'।

रँगवाना—क्रि० स० [हिं० रँगना का प्रे० रूप] रँगने का काम दूसरे से करना। दूसरे को रँगने में प्रवृत्त करना।

रँगवाल—संज्ञा पुं० [फा० रंग+हिं० वाल (प्रत्य०)] दे० 'रँगरेज'। उ०—सीसगर दरजी तवोली रँगवाल ग्वाल। बाढई सगतरास तेली धोबी धुनिआ।—अर्ध०, पृ० ४।

रँगाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+आई (प्रत्य०)] १. रँगने का काम। रँगने की क्रिया। २. रँगने का भाव। जैसे,—इसकी रँगाई बहुत अच्छी हुई है। ३. रँगने की मजदूरी।

रँगाना—क्रि० स० [हिं० रँगना का प्रे० रूप] रँगने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को रँगने में प्रवृत्त करना।

रँगावट—संज्ञा स्त्री० [हिं० रंग+आवट (प्रत्य०)] रँगने का भाव। रँगाई।

रँगा सियार—सज्ञा पु० [हिं०] ढोगी व्यक्ति। छद्मवेश में रहनेवाला आदमी।

विशेष—इस शब्द के पीछे एक कहानी है। घूमते घामते कोई सियार रात को बस्ती मे आ निकला। वहाँ वह धोखे से नील की नाँद मे गिर पडा। सर्वांग उसका नीला हो गया। सियार बहुत चालाक था। उसने अपने बदले हुए रग का फायदा उठाया। जगल मे जाकर उसने अपने को देवताओ द्वारा नियुक्त सब जानवरो का राजा घोषित कर दिया। कुछ दिनो बाद भेद खुलने पर उसकी बडी दुर्गति हुई।

रँगिया†—सज्ञा पु० [हिं० रँग+इया (प्रत्य०)] १ कपडे रँगनेवाला। रँगरेज। २ रगसाज।

रँगीलीⓊ—वि० स्त्री० [हिं० रँगीली] दे० 'रँगीला'। उ०—डारत अतर लगाइ अरगजा रँगिली समधिन देखि।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३८०।

रँगीला—वि० [हिं० रग+ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० रँगीली] १ आनदी। मौजी। रसिया। रसिक। उ०—श्याम रँग रँगे रँगीले नैन।—सूर (शब्द०)। २ सुदर। खूबसूरत। जैसे,—रँगीला जवान। उ०—कहै पदमाकर एते पै यो रँगीलो रूप देखे बिन देखे कहो कैसे धीर धारिए।—पद्माकर (शब्द०)। ३. प्रेमी। अनुरागी।

रँगीली टोड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रँगीली+टोडी (एक रागिनी)] सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं। यह टोडी रागिनी का एक भेद है।

रँगैया†—सज्ञा पुं० [हिं० रग+ऐया (प्रत्य०)] रँगनेवाला।

रँडपुराⓊ†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'रँडापा'। उ०—कबहुँ न चढै रँडपुरा जानै सब कोई। अजर अमर अविनासिया ताको नास न होई।—मलूक०, पृ० ३।

रँड़रोना—सज्ञा पुं० [हिं०] राँड का रोना। (पति न होने से जिसका कोई प्रभाव नही होता।) राँड की तरह रोना। अरण्यरोदन। उ०—बगैर उसके बस्ल के सब रँडरोना है यह हँसी नही।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५७०।

रँडापा—सज्ञा पु० [हिं० राँड+आपा (प्रत्य०)] रडापा। वैधव्य। वेवापन।

मुहा०—रँडापा खेना या बिताना=किसी प्रकार वैधव्य जीवन व्यतीत करना।

रँड़ुआ, रँड़ुआ—सज्ञा पु० [हिं० राँड़+उआ (प्रत्य०)] वह पुरुष जिसकी स्त्री मर गई हो।

रँडोरा‡—सज्ञा पुं० [हिं० राँड+ओरा (प्रत्य०)] [स्त्री० रँडोरी] वह पुरुष जिसकी स्त्री मर गई हो। रँडुवा।

रँभाना¹—क्रि० अ० [स० रम्भण] गाय का बोलना। गाय का शब्द करना। उ०—बाजत वेणु विषाण सबै अपने रँग गावत। मुरली धुनि गौ रमि चलत पग धूरि उडावत।—सूर (शब्द०)।

रँभाना²—क्रि० स० गौ से रँभण कराना। गौ को शब्द करने मे प्रवृत्त करना।

रँहचटा—सज्ञा पुं० [सं० रहस् अथवा हिं० रहन+चाट] मनोरथ सिद्धि की लालसा। लालच। चस्का। उ०—(क) ज्यौं ज्यौं आवत निकट निसि त्यौं त्यौं खरी उताल। झमकि झमकि टहलै करै लगी रँहचटे बाल।—बिहारी (शब्द०)। (ख) रूप दैवो सौंप्यो ससुर बहू धुरहयी जानि। रूप रँहचटे लगि लग्या माँगन सब जग आनि।—बिहारी (शब्द०)।

र¹—सज्ञा पु० [सं०] १ पावक। अग्नि। २ कामाग्नि। ३. सितार का एक बोल। ४ जलना। झुलसना। ५ आच। ताप। गरमी। ६ सोना। स्वर्ण (को०)। ७. वर्ण (को०)। ८ चालीस की सख्या (को०)। ९ छदशास्त्र मे एक गण। रगण जो मध्यलघु होता है (को०)।

र²—वि० तीक्ष्ण। प्रखर।

रअय्यत—सज्ञा स्त्री० [अ० रअ्य्यत] १. प्रजा। रिआया। २ काश्तकार। ३ सेवक। मुलाजिम। नौकर (को०)।

रइअत—सज्ञा स्त्री० [अ० रअ्य्यत] दे० 'रअय्यत'।

रइकौⓊ†—क्रि० वि० [हिं० रची+कौ (प्रत्य०) या रचक] जरा भी। तनिक भी। कुछ भी। उ०—ऐसी अनहोन लाज मानति कह्यो न देव होन कहूँ पाप रइकौ सी होन पाउरी।—देव (शब्द०)।

रइनिⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० रजनी, प्रा० रयणी] रात। रात्रि निशि। उ०—(क) रइनि रेनु होइ रविहि गमा। मानुस पखि लेहि फिरि बासा।—जायसी (शब्द०)। (ख) जहाँ जात रइनियाँ तहँवाँ जाहु। जोरि नयन निरलजवा कत मुसुकाहु।—रहिमन (शब्द०)।

रइवारीⓊ—सज्ञा पु० [देश० या गुज० रबारी (=एक घुमक्कड़ जाति)] एक जाति जो ढोरो को चराने और रखने का काम करता है। उ०—रइवारी ढोलउ कहइ, करहउ आछउ एक।—ढोला०, दू० ३०६।

रइयतⓊ—सज्ञा स्त्री० [अ० रअ्यत] दे० 'रअय्यत'। उ०—आयो भरथ अवध अभग, मडे पावडा उतमग। रइयत कोध अत उछरग, इम आवास जाय उमग।—रघु० रू०, पृ० १२२।

रई¹—सज्ञा स्त्री० [सं० रय (=हिलाना)] दही मथने की लकडी। मथनी। खैलर। उ०—बासुकी नेति अरु मदराचल रई कमठ मैं आपनी पीठ वार्‌यो।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—फेरना।

रई²—सज्ञा स्त्री० [हिं० रवा] १ गेहूँ का मोटा आटा। दरदरा आटा। २ सूजी। ३ चूर्ण मात्र। उ०—चूरो करिहै रई।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

रई³—वि० स्त्री० [हिं० रयना, रचना>स० रञ्जन] १ डूबी हुई। पगी हुई। (क) उरहन दैन चली जसुमति को मनमोहन के रूप रई।—सूर (शब्द०)। (ख) माधो राधा के रँग राचे राधा माधो रग रई।—सूर (शब्द०)। २. अनुरक्त। उ०—(क)

कहत परस्पर आपुस मे सब कहाँ रही हम काहि रई।—सूर (शब्द०)। (ख) स्वाँग सूधो साधु को, कुचालि कलि तें अधिक, परलोक फीको, मति लोक रग रई।—तुलसी (शब्द०)। ३ युक्त। सहित। सयुक्त। उ०—(क) बीस बिसे बलवत हुते जो हुती हग केशव रूप रई जू।—केशव (शब्द०)। (ख) करिए युत भूषण रूप रई। मिथिलेश सुता इक स्पर्श मई।—केशव (शब्द०)। ४. मिली हुई।

रईस—सज्ञा पु० [अ०] [वि० रईसाना] १ वह जिसके पास रियासत या इलाका हो। तअल्लुकेदार। भूस्वामी। सरदार। २ प्रतिष्ठित और धनवान पुरुष। बडा आदमी। अमीर। धनी। जैसे,—उसकी दावत मे शहर के बडे बडे रईस आए थे।

यौ०—रईसुल वहर=नौसेनापति। रईसजादा। रईसजादी।

रईसी—सज्ञा स्त्री० [अ० रईस+ई] अमीरी। धनाढ्यता। ऐश्वर्यसपन्नता।

रउताई—सज्ञा पु० [हि० रावत+आई (प्रत्य०)] मालिक होने का भाव। प्रभुत्व। स्वामित्व। उ०—धनि सो खेल खेल सह पेमा। रउताई अउ कूसल खेमा।—जायसी (शब्द०)।

रउरे—सर्व० [हि० राव, रावल] मध्यम पुरुष के लिये आदरसूचक शब्द। आप। जनाब। उ०—विप्र सहित परिवार गोसाई। करहिं छोह सब रउरिहि नाई।—तुलसी (शब्द०)।

रऐयत—सज्ञा स्त्री० [अ०] प्रजा। रिआया।

रकछ—सज्ञा पु० [हि० रिकवँच] पत्तो की पकौडी। पतौड। उ०—पान कतरि छोके रकछ डारि मिर्च औ आदि। एक खड जो खावै पावै सहस सवादि।—जायसी (शब्द०)।

रकत—सज्ञा पु० [स० रक्त] लहू। खून। रुधिर।

रक्त—वि० लाल। सुर्ख।

रकतकद—सज्ञा पु० [स० रक्तकन्द] १ मूँगा। प्रवाल। विद्रुम (डि०)। २ राजपलाडु। रक्तालु। रतालु।

रकताक्ष—सज्ञा पु० [स० रक्ताक्ष] १ विद्रुम। प्रवाल। मूँगा। (डि०)। २ कुकुम। केसर। ३ रक्तचदन। लाल चदन।

रकती—वि० [हि० रकत+ई (प्रत्य०)] सुर्खी लाल। जो खून की तरह लाल हो। उ०—उसे पूरी आशा हो गई, उनकी बडी बडी रकती आँखें देखकर कि, अब उसकी गरदन बिना नप न बचेगी।—शराबी, पृ० ६१।

रकती—सज्ञा स्त्री० आँखो मे जमा हुआ खून या उसकी लाली।

रकबा—सज्ञा पु० [अ० रकबह्] वह गुणनफल जो किसी क्षेत्र की लबाई और चौडाई को गुणा करने से प्राप्त हो। क्षेत्रफल।

रकबाहा—सज्ञा पु० [देश०] घोडा का एक भेद। उ०—कर रकबाहे सिलाकी कुही काबिल के, पुरानानो खजरीट खजन खलक के।—सूदन (शब्द०)।

रकमजनी—सज्ञा स्त्री० [स० रक्षम] एक प्रकार का पौधा।

रकम—सज्ञा स्त्री० [अ० रकम] १ लिखने की क्रिया या भाव। २ छाप। मोहर। ३ रुपया या बीघा बिस्वा आदि लिखने के फारसी के विशिष्ट अक जो साधारण सख्यासूचक अको से भिन्न होते हैं। ४ नियत सख्या का धन। सपत्ति। दौलत। ५ गहना। जेवर। ६ धनवान। मालदार। ७ चलता पुरजा। चालाक। धूर्त। ८ नवयौवना और सुदरी स्त्री। (बाजारू)। ९ लगान की दर। १० प्रकार। तरह। भाँति। ११ एक प्रकार का कसीदा किया कपडा जो घारीदार होता है।

यौ०—रकम पताई=माल मत्ता। जमा पूँजी। रकम सायर, रकम सिवाय=लगान के अतिरिक्त मिलनेवाली आमदनी।

रकमी—सज्ञा पु० [अ० रकमा] वह किसान जिसके साथ कोई खास रिआयत की जाय।

रकमी—वि० १ लिखा हुआ। लिखित। २ रेखाकित चिह्नित। निशान किया हुआ [को०]।

रकाक—सज्ञा पु० [अ० रकाक] पटपर नरम भूमि। चौरस और मुलायम मिट्टीवाली जमीन।

रकान—सज्ञा स्त्री० [हि०] १ ढग तरीका। २. वल्गा। लगाम।

रकाब—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. घोडो की काठी का पावदान जिसपर पैर रखकर सवार होते है और बैठने मे जिससे सहारा लेते है। घोडो की जीन का पावदान। (यह लोहे का एक घेरा होता है, जो जीन मे दोनो ओर रस्सी या तस्मे से लटका रहता है।)

मुहा०—रकाब पर पैर रखना, रकाब मे पाँव रहना=जाने के लिये उद्यत होना। चलने के लिये बिलकुल तैयार होना। जैसे,—(क) आप तो पहले से ही रकाब पर पैर रखे हुए है। (ख) आप जब आते है, तब रकाब पर पैर रखे आते है।

२ रकाबी। तश्तरी।

रकाबत—सज्ञा स्त्री० [अ० रक़ाबत] एक नायिका के दो प्रेमियो की परस्पर प्रतिद्वद्विता। एक नायक को चाहनेवाली दो नायिकाओ का परस्पर डाह [को०]।

रकाबदार—सज्ञा पु० [फा०] १. मुरब्बा, मिठाई आदि बनानेवाला। हलवाई। २ रकाबियो मे खाना चुनने और लगानेवाला। खानसामाँ। ३. बादशाहो के साथ खाना लेकर चलनेवाला सेवक। खाना बरदार। ४ रकाब पकडकर घोडे पर सवार करानेवाला। नौकर। साईस।

रकाबा—सज्ञा पु० [फा०] बडी थाली। परात। तश्तरी।

रकाबी—सज्ञा स्त्री० [फा०] एक प्रकार की चिकनी छोटी थाली, जिसकी दीवार बहुत कम ऊँची अथवा बाहर की ओर मुडी हुई होती है। तश्तरी।

रकार—सज्ञा पु० [स०] रवर्ण का बोधक अक्षर। र।

रकीक—वि० [अ० रक़ीक़] १ पानी की तरह पतला। तरल। द्रव। २. कोमल। मुलायम। नरम।

रकीक—वि० [अ०] अधम। तुच्छ। कमीना [को०]।

रकीब—सज्ञा पु० [अ० रक़ीब] [सज्ञा स्त्री० रक़ीबा] वह प्रतियोगी

जो किसी प्रेमिका के सबध मे प्रतियोग करता हो। प्रेमिका का दूसरा प्रेमी। सपत्न।

रकेबी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० रकाबी, रिकाबी] दे० 'रकाबी'।

रक्कास—सज्ञा पुं० [अ० रक्कास] [स्त्री० रक्कासा] ताडव नृत्य (पुरुष नृत्य) करनेवाला। नर्तक। नाचनेवाला व्यक्ति (को०)।

रक्खना—क्रि० स० [स० रक्षण, प्रा० रक्खण, हिं० रखना] दे० 'रखना'।

रक्त[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह प्रसिद्ध तरल पदार्थ जो प्राय लाल रग का होता और शरीर की नसो आदि मे से होकर बहा करता है। लहू। रुधिर। खून।

विशेष—साधारणत रक्त से ही हमारे शरीर का पोषण और रक्षण होता है। यह हृदय द्वारा परिचालित होता और सदा सारे शरीर मे चक्कर लगाया करता है। शरीर के अगो मे पोषक द्रव्य रक्त के द्वारा ही पहुँचता है, और जब रक्त कही से चलता है, तब उस स्थान के दूषित या परित्यक्त अश को भी अपने साथ ले लेता है। इस प्रकार इसमे जो दूषित अश या विष आ जाता है, वह फुफ्फुस की क्रिया से नष्ट हो जाता है, और फुफ्फुस में आने के उपरात रक्त फिर शुद्ध हो जाता है। हृदय से जो साफ रक्त चलता है, वह लाल होता है। पर फिर जब शरीर के अगो से वही रक्त फुफ्फुस की ओर चलता है, तब वह काला हो जाता है। रक्त जल से कुछ भारी होता है, स्वाद मे कुछ नमकीन होता है और पारदर्शी नही होता। साधारणत इसका तापमान १००° फहरन हाइट होता है, पर रोगो मे यह बात घट या बढ़ जाता है। इसमें दो भाग होते हैं—एक तो तरल जिसे 'रक्तवारि' कह सकते हैं, और दूसरे रक्तकण जो उक्त 'रक्तवारि' में तैरते रहते हैं। ये कण दो प्रकार के होते है—श्वेत और लाल। ये कण वास्तव मे सजीव अणुपिंड हैं। शरीर से बाहर निकलने पर अथवा मृत्यु के उपरात शरीर के अदर रहकर भी रक्त बिलकुल जम जाता है। प्राय सारे शरीर का $\frac{1}{5}$ वाँ भाग रक्त होता है। पशुओ का रक्त प्राय चीनी आदि साफ करने और खाद तैयार करने के काम में आता है। हमारे यहाँ के वैद्यक शास्त्र के अनुसार यह शरीर की सात मुख्य धातुओ में से एक है और यह स्निग्ध, गुरु, चलनशील और मधुर रस कहा गया है।

पर्या०—रुधिर। लोहित। असृ। क्षतज। शोणित। रोहित। रगक। कीलाल। अगज। स्वज। शोण। लोह। चर्मज।

मुहा०—के लिये दे० 'खून' के मुहावरे।

२ कुकुम। केसर। ३ ताँबा। ४ पुराना और पका हुआ आँवला। ५ कमल। ६ सिंदूर। ७ हिंगुल। शिंगरफ। ईंगुर। ८ पतग की लकडी। ९ लाल चदन। कुचदन। १० लाल रग। ११ कुसुभ। १२ नदीतट पर होनेवाला एक प्रकार का बेत। हिज्जल। १३ बधूक। गुलदुपहरिया। १४ एक प्रकार की मछली। १५ एक प्रकार का जहरीला मेढक। १६ एक प्रकार का बिच्छू। १७ शिव का एक नाम (को०)। १८ मगल ग्रह (को०)।

रक्त[2]—वि० [सं०] १ चाह या प्रेम मे लीन। अनुरक्त। २ रँगा हुआ। ३. लाल। सुर्ख। ४ विहारमग्न। ऐयाश। विलासी। ५. साफ किया हुआ। शोधित। शुद्ध।

रक्त आमातिसार—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमे लहू के दस्त आते हैं।

रक्तकगु—सज्ञा पुं० [सं० रक्तकङ्गु] साल का वृक्ष जिससे राल निकलती है।

रक्तकटा—सज्ञा स्त्री० [स० रक्तकण्टा] बिकत वृक्ष।

रक्तकठ[1]—सज्ञा पुं० [सं० रक्तकण्ठ] १ कोयल। २ भाँटा। भटा। बैंगन। उ०—रक्तकठ तांबूल निवारे। पदाभ्यग वसवाहन द्वारे।—विश्राम (शब्द०)।

रक्तकठ[2]—वि० १ जिसका कठ लाल रग का हो। २ जिसकी आवाज मीठी हो (को०)।

रक्तकठी—वि०, सज्ञा पुं० [सं० रक्तकण्ठिन्] दे० 'रक्तकठ' (को०)।

रक्तकद—सज्ञा पुं० [स० रक्तकन्द] १ विद्रुम। मूँगा। २ प्याज। ३ रतालू।

रक्तकदल—सज्ञा पुं० [सं० रक्तकन्दला] मूँगा। विद्रुम।

रक्तकमल—सज्ञा पुं० [सं० रक्तकम्बल] नीलोफर। कुँई।

रक्तक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ गुलदुपहरिया का पौधा या फूल। बधूक। २ लाल सहिंजन का वृक्ष। ३ लाल अडी का वृक्ष। लाल रेंड। ४ लाल कपडा। ५ खून। रुधिर। रक्त (को०)। ६ लाल रग का घोडा। ७ केसर। कुकुम।

रक्तक[2]—वि० १ लाल रग का। २ प्रेम करनेवाला। अनुरागी। ३ विनोदी। मसखरा।

रक्तकदब—सज्ञा पुं० [स० रक्तकदम्ब] एक प्रकार का कदब का वृक्ष जिसके फूल बहुत लाल रंग के होते हैं।

रक्तकदली—सज्ञा स्त्री० [सं०] चपा केला।

रक्तकमल—सज्ञा पुं० [सं०] लाल रग का कमल।

विशेष—वैद्यक मे यह कटु, तिक्त, मधुर, शीतल, रक्तदोषनाशक, बलकारक और पित्त, कफ तथा वात को शमन करनेवाला माना गया है।

रक्तकरवीर—सज्ञा पुं० [स०] लाल रग का कनेर।

विशेष वैद्यक मे यह कडुआ, तीक्ष्ण विशोधन और व्रण, कडु, कुष्ठ तथा विष का नाशक माना गया है।

रक्तकाचन—सज्ञा पुं० [सं० रक्तकाञ्चन] कचनार का वृक्ष। कचनाल।

पर्या०—विदल। चमरिक। काचनाल। ताम्रपुष्प। कुदार।

रक्तकाता—सज्ञा स्त्री० [सं० रक्तकान्ता] लाल रग की पुनर्नवा। लाल गदहपूरना।

रक्तका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पानी आँवला।

[illegible]—[illegible] पु० [सं०] [illegible] [illegible] [illegible

रक्तदला—सज्ञा स्त्री० [सं०] नलिका नाम का गंधद्रव्य ।

रक्तदिग्ध—वि० [सं० रक्त + दिग्ध] रक्तसिक्त । खून से भीगा हुआ । रक्तमय । उ०—रक्तदिग्ध धरणी मे रूप की विजय मे ।—लहर, पृ० ८४ ।

रक्तदूषण—वि० [सं०] जिससे रक्त दूषित हो । खून को खराब करनेवाला ।

रक्तदृग[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रक्तदृक्] १ कोयल । कोकिल । २ एक प्रकार का कपोत ।

रक्तदृग[2]—वि० लाल आँखोवाला । जिसकी आँखें लाल हों ।

रक्तद्रुम—सज्ञा पुं० [सं०] लाल बीजासन वृक्ष ।

रक्तधरा—सज्ञा स्त्री० [स०] वैद्यक के अनुसार मास के भीतर की दूसरी कला या झिल्ली जो रक्त को धारण किए रहती है ।

रक्तधातु—सज्ञा पुं० [सं०] १ गेरू । २ ताँबा ।

रक्तनयन—सज्ञा पुं० [सं०] १ कबूतर । २ चकोर ।

रक्तनाड़ी—सज्ञा स्त्री० [सं० रक्तनाडी] दाँतो की जड मे होनेवाला एक प्रकार का रोग ।

रक्तनाल—सज्ञा पुं० [सं०] जीवशाक । सुसना ।

रक्तनासिक—सज्ञा पुं० [सं०] उल्लू ।

रक्तनिर्यास—सज्ञा पुं० [सं०] लाल रग का बीजासन वृक्ष ।

रक्तनील—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का बहुत जहरीला बिच्छू ।

रक्तनेत्र[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ सारस पक्षी । २ कबूतर । ३. चकोर ।

रक्तनेत्र[2]—वि० जिसकी आँखें लाल हो ।

रक्तप[1]—सज्ञा पुं० [सं०] राक्षस ।

रक्तप[2]—वि० रक्त पीनेवाला ।

रक्तपत्त—सज्ञा पुं० [सं०] गरुड़ ।

रक्तपट—सज्ञा पुं० [स०] लाल रग के कपड़े पहननेवाला, श्रमण ।

रक्तपत्र—सज्ञा पुं० [सं०] पिंडालू ।

रक्तपात्रा—सज्ञा पु० [सं०] १ लाल गदहपूरना । २ नाकुली ।

रक्तपदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] लजालू । लज्जावती ।

रक्तपद्म—सज्ञा पुं० [स०] लाल कमल । रक्तोत्पल [को०] ।

रक्तपर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] लाल गदहपूरना ।

रक्तपल्लव—सज्ञा पुं० [सं०] अशोक का वृक्ष ।

रक्तपा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ जोक । २ डाकिनी ।

रक्तपाकी—सज्ञा स्त्री० [स्त्री०] वृहती नाम की लता ।

रक्तपाणि—वि० [सं० रक्त + पाणि] खूनी या खून मे सने हुए हाथवाला । जिसके हाथ रक्त बहाने या हिंसा करने के अभ्यस्त हो । उ०—वहाँ विद्याव्यसनियो की नही रक्तपाणि राक्षसो का बोलबाला है ।—किन्नर०, पृ० ६० ।

रक्तपात—सज्ञा पुं० [सं०] १. लहू का गिरना या बहना । रक्तस्राव । २ ऐसा लडाई झगडा जिसमें लोग जख्मी हों । खून खराबी । ३ ऐसा प्रहार जिससे किसी का रक्त बहे ।

रक्तपाता—सज्ञा पुं० [स०] जोक ।

रक्तपाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ बरगद । २ तोता । ३ युद्ध का रथ । लडाई का रथ (को०) । ४ हाथी (को०) ।

रक्तपायी[1]—वि० [सं० रक्तपायिन्] [वि० स्त्री० रक्तपायिनी] रक्तपान करनेवाला । खून पीनेवाला ।

रक्तपायी[2]—सज्ञा पुं० मत्कुण । खटमल ।

रक्तपारद—सज्ञा पुं० [स०] हिंगुल । शिंगरफ । ईंगुर ।

रक्तपाषाण—सज्ञा पुं० [स०] १ लाल पत्थर । २ गेरू ।

रक्तपिंड—सज्ञा पुं० [सं० रक्तपिण्ड] १ जवा का फूल । २ लाल रग की पुडिया (को०) । ३ नाक से खून बहना । नकसीर (को०) ।

रक्तपिंडक—सज्ञा पुं० [स० रक्तपिण्डक] १ रतालू । २ जवा का फूल । अडहुल ।

रक्तपिंडालु—सज्ञा पुं० [सं० रक्तपिण्डालु] रतालू ।

रक्तपित्त—सज्ञा पुं० [सं०] १. एक प्रकार का रोग जिसमें मुँह, नाक, गुदा, योनि आदि इंद्रियो से रक्त गिरता है ।

विशेष—यह रोग धूप मे अधिक रहने, बहुत व्यायाम करने, तीक्ष्ण पदार्थ खाने और बहुत अधिक मैथुन करने के कारण होता है । यह रोग स्त्रियों के रजोधर्म ठीक न होने के कारण भी हो जाता है । यह रोग पित्त के कुपित होने से होता है ।

२ नाक से लहू बहना । नकसीर ।

रक्तपित्तहा—सज्ञा स्त्री० [स०] रतघ्नी नाम की दूब ।

रक्तपित्ती—सज्ञा पुं० [स० रक्तपित्तिन्] वह जिसे रक्तपित्त रोग हो ।

रक्तपुच्छक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रेंगनेवाला कीडा ।

रक्तपुनर्नवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लाल रग की पुनर्नवा या गदहपूर्ना । वैद्यक में इसे तिक्त, सारक और रक्तप्रदर, पाडु तथा पित्त आदि का नाशक माना है ।

पर्या०—क्रूरा । मडलपत्रिका । रक्तकाता । वर्षकेतु । लोहिता । रक्तपत्रिका । वैशाखी । पुष्पिका । विषघ्नी । सारिणी । वर्षाभव । भौम । पुनर्भव । नव । नव्य ।

रक्तपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ करवीर । कनेर । २ अनार का पेड । २. बधूक का पेड । गुलदुपहरिया । ४ पुन्नाग । ५ अडहुल । जवा का फूल (को०) ।

रक्तपुष्पक—सज्ञा पुं० [सं०] १ पलास का पेड । २ सेमल का पेड । शाल्मलि ।

रक्तपुष्पा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. शाल्मली वृक्ष । सेमल । २ पुनर्नवा । ३ सिंदूरी । ४ चपा केला । ५ नागदौन ।

रक्तपुष्पिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लाल पुनर्नवा । २ लजालू । लाजवंती ।

रक्तपुष्पी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ जवा । अडहुल । २ नागदौन । ३ घौ । ४. आवर्तकी नाम की लता । ५ पाँडर ।

रक्तपूतिका—सज्ञा स्त्री० [स०] लाल रग की पूतिका। लाल पोई।

विशेष—वैद्यक मे यह स्निग्ध और मूत्रवर्धक मानी गई है। बच्चो के कई रोगो मे और सुजाक मे इसका साग गुणकारी माना गया है। शास्त्र मे इसका साग खाने का निषेध है।

रक्तपूय—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

रक्तपूरक—सज्ञा पु० [स०] इमली।

रक्तपूर्ण—वि० [सं० रक्त + पूर्ण] रक्त से भरा हुआ। रक्ताक्त।

रक्तप्रतिश्याय—सज्ञा पुं० [स० रक्तप्रतिश्याय] प्रतिश्याय या जुकाम का एक भेद। बिगड़ा हुआ जुकाम।

विशेष—इसमे नाक से खून जाता है, आँखें लाल हो जाती हैं, छाती मे पीडा होती है और मुँह तथा साँस से बहुत दुर्गंध आती है।

रक्तप्रदर—सज्ञा पुं० [सं०] प्रदर रोग का वह भेद जिसमे स्त्रियो की योनि से रक्त बहता है। विशेष दे० 'प्रदर'।

रक्तप्रमेह—सज्ञा पु० [स०] पुरुषो का एक रोग जिसमे दुर्गंधियुक्त गरम, खारा और खून के रग का पेशाब होता है।

रक्तप्रवृत्ति—सज्ञा पुं० [स०] वह रोग जो पित्त के प्रकोप से उत्पन्न हो।

रक्तप्रसव—सज्ञा पुं० [स०] १ लाल कनेर। २ मुचकुद वृक्ष।

रक्तफल—सज्ञा पु० [स०] १ शाल्मलि। सेमल। २. वट का वृक्ष। वड का पेड।

रक्तफला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कुँदरू। तुण्डी। बिंबी। २. स्वर्णवल्ली।

रक्तफूल—सज्ञा पुं० [हिं० रक्त + हिं० फूल] १. जवा पुष्प। अडहुल का फूल। २ पलास का वृक्ष।

रक्तफेनज—सज्ञा पु० [स०] फुप्फुस। फेफडा।

रक्तभव—सज्ञा पु० [सं०] मास। गोश्त।

रक्तभाव—वि० [सं०] १ लाल रग का। २ अनुरक्त भाववाला। प्रणयी। प्रेम करनेवाला [को०]।

रक्तमजर—सज्ञा पुं० [सं० रक्तमञ्जर] १ बेंत की लता। २ नीम का पेड।

रक्तमजरी—सज्ञा स्त्री० [सं० रक्तमञ्जरी] लाल कनेर।

रक्तमडल—सज्ञा पुं० [स० रक्तमण्डल] १ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का साँप। २ लाल कमल। ३ एक प्रकार का जहरीला पशु।

रक्तमडलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० रक्तमण्डलिका] लाल लज्जावती या लजालू।

रक्तमत्त—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो रक्त पीकर तृप्त हो। जैसे, खटमल, जोक आदि। २ राक्षस। रक्तस (को०)।

रक्तमत्स्य—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की लाल रग की मछली।

विशेष—यह बहुत बडी नही होती। वैद्यक मे इसका मांस शीतल, रुचिकारक, पुष्टिकारक, अग्निदीपक और त्रिदोष का नाशक माना गया है।

रक्तमस्तक—सज्ञा पुं० [स०] लाल रग के सिरवाला सारस पक्षी।

रक्तमातृका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वैद्यक के अनुसार वह रस नामक धातु जिसकी उत्पत्ति पेट मे पचे हुए भोजन से होती है और जिससे रक्त बनता है। २ तत्र के अनुसार एक प्रकार का रोग।

रक्तमुख—सज्ञा पु० [सं०] १ रोहू। मछली। २ यष्टिक धान्य।

रक्तमूर्द्धा—सज्ञा पुं० [स० रक्तमूर्द्धन्] सारस।

रक्तमूलक—सज्ञा पुं० [सं०] देवसर्षप नाम की सरसो का पेड।

रक्तमूला—सज्ञा स्त्री० [स०] लजालू।

रक्तमेह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रक्तप्रमेह'।

रक्तमोक्ष, रक्तमोक्षण—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक के अनुसार, शरीर का खून खराब हो जाने पर उसे बाहर निकालने की क्रिया। फस्द।

रक्तमोचन—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर का खून निकलना। शीर। फस्द।

रक्तयष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] मजीठ।

रक्तरगा—सज्ञा स्त्री० [स० रक्तरङ्गा] मेहँदी।

रक्तरज—सज्ञा पुं० [सं० रक्तरजस्] सिंदूर।

रक्तरस—सज्ञा पुं० [स०] विजैसार। रक्तासन।

रक्तरसा—सज्ञा स्त्री० [स०] रास्ना।

रक्तराजि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का कीडा जिसे सर्षपिका भी कहते हैं। २. आँख का एक रोग (को०)।

रक्तरेणु—सज्ञा पुं० [सं०] सिंदूर। २ पुन्नाग। ३ क्रुद्ध व्यक्ति। (को०)। ४ पलाश की कली (को०)।

रक्तरैवतक—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का खजूर का पेड।

रक्तरोग—सज्ञा पुं० [स०] वह रोग जो रक्त के दूषित होने से होता है। जैसे, कुष्ठ आदि।

रक्तला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ काकतुडी। कौवाठोंठी। २ गुजा करजनी। घुँघची। रत्ती।

रक्तलोचन—सज्ञा पु० [सं०] कबूतर।

रक्तवटी—सज्ञा स्त्री० [स०] मसूरिका या चेचक का रोग। शीतला।

रक्तवरटी—सज्ञा स्त्री० [स०] शीतला रोग। चेचक।

रक्तवर्ग—सज्ञा पुं० [स०] १ अनार, ढाक, लाख, हलदी, दारुहलदी, कुसुम के फूल, मजीठ और दुपहरिया के फूल, इन सबका समूह (ये सब रँगने के काम मे आते हैं)।

रक्तवर्ण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वीरबहूटी नामक कीडा। २ लहसुनिया नग। गोमेद। ३ मूँगा। ४. कपिल्लक। कमीला। ५. लाल रंग (को०)। ६ सोना। स्वर्ण (को०)।

रक्तवर्ण[2]—वि० लाल रगवाला [को०]।

रक्तवर्त्तक—सज्ञा पु० [सं०] लाल बटेर।

रक्तवर्त्मा—सज्ञा पुं० [सं० रक्तवर्त्मन्] मुरगा।

रक्तवर्द्धन'—वि० [स०] रक्त बढानेवाला। रक्तवर्धक।

रक्तवर्द्धन'—सज्ञा पु० [सं०] बैंगन।

रक्तवर्षाभू सज्ञा स्त्री० [स०] लाल पुनर्नवा।

रक्तवल्ली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मजीठ। २ दडोत्पल नाम का पौधा। ३ नलिका। पगारी। ४ एक प्रकार की लता जिसे पित्ती कहते हैं।

रक्तवसन—सज्ञा पुं० [सं०] १ सन्यासी। २. वह ब्राह्मण जो सन्यास-आश्रमी हो गया हो (को०)।

रक्तवात—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वात रोग जिसे वातरक्त भी कहते हैं। विशेष दे० 'वातरक्त'।

रक्तवालुक—सज्ञा पुं० [स०] [सज्ञा स्त्री० रक्तवालुका] सिंदूर।

रक्तवासा—सज्ञा पुं० [स० रक्तवस्] दे० 'रक्तवसन' (को०)।

रक्तविंदु—सज्ञा पुं० [सं० रक्तविन्दु] १ रुधिर की बूँद। २ रक्त अपामार्ग। लाल चिचडा। ३ रत्नो मे दिखाई पडनेवाला लाल दाग या धब्बा जो एक दोष माना जाता है। जैसे, यदि हीरे मे यह दोष हो, तो कहते हैं कि उसे पहननेवाले की स्त्री मर जाती है।

रक्तविकार—सज्ञा पुं० [स०] खून की खराबी। रक्तदोष।

रक्तविद्रधि—सज्ञा पु० [सं०] रक्त के प्रकोप से होनेवाली एक प्रकार की विद्रधि या फोडा जिसमे किसी अग मे सूजन होती है, और काले रग की फुसियाँ हो जाती हैं।

रक्तविस्फोटक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमे शरीर मे गुजा के समान लाल लाल फफोले पड जाते हैं।

रक्तवीज—सज्ञा पुं० [स०] १ लाल बीजोवाला दाडिम। अनार। बीदाना। २ रीठा। ३ एक राक्षस का नाम जो शुभ और निशुभ का सेनापति था।

विशेष—देवी भागवत मे लिखा है कि युद्ध के समय इसके शरीर से रक्त की जितनी बूँदें गिरती थी, उतने ही नए राक्षस उत्पन्न हो जाते थे। इसलिये चडिका ने इसका रक्त पीकर इसे मार डाला था। यह भी कहा गया है कि महिषासुर का पिता रंग दानव ही मरकर फिर रक्तबीज के रूप मे उत्पन्न हुआ था।

रक्तवीजका—सज्ञा स्त्री० [सं०] तरदी नाम का एक कँटीला पेड।

रक्तवीजा—सज्ञा पुं० [स०] सिंदूरपुष्पी। सिंदूरिया।

रक्तवृंतक—सज्ञा पु० [रक्तवृन्तक] पुनर्नवा। गदहपूरना।

रक्तवृंता—सज्ञा स्त्री० [सं० रक्तवृन्ता] शेफालिका। निर्गुंडी।

रक्तवृष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] आकाश से रक्त या लाल रग के पानी की वृष्टि होना।

विशेष—यह अशुभसूचक है। कहते हैं, ऐसी वृष्टि होने से देश मे युद्ध, महामारी आदि अनेक अनिष्ट होते हैं।

रक्तव्रण—सज्ञा पुं० [सं०] वह फोडा जिसमे से मवाद न निकलकर केवल रक्त ही बहता हो।

रक्तशमन—सज्ञा पु० [सं०] कमीला।

रक्तशालि—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का लाल रग का चावल या शालि जिसे दाऊदखानी कहते है।

रक्तशालुक—सज्ञा पुं० [सं०] लाल कमल की जड। मसोट।

रक्तशाल्मलि—सज्ञा पुं० [स०] लाल फूलवाला सेमल।

रक्तशासन—सज्ञा पुं० [स०] सिंदूर।

रक्तशिग्रु—सज्ञा पु० [स०] लाल सहिजन।

रक्तशीर्षक—सज्ञा पुं० [स०] १ गधा विरोजा। २ सारस।

रक्तशृंग—सज्ञा पुं० [सं० रक्तशृङ्ग] हिमालय की एक चोटी का नाम।

रक्तशृंगिक—सज्ञा पु० [स० रक्तशृङ्गिक] विष। जहर।

रक्तशेखर—सज्ञा पुं० [स०] पुन्नाग।

रक्तश्वेत—सज्ञा पु० [स०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का बहुत जहरीला बिच्छू।

रक्तष्ठीवि, रक्तष्ठीवी—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का बहुत ही घातक सन्निपात।

विशेष—यह रोग असाध्य माना जाता है। इस सन्निपात मे रोगी के मुँह से लहू जाता है, साँस और पेट फूलता है, जीभ मे चकत्ते पड जाते हैं और उनमे से लहू निकलता है।

रक्तसकोच—सज्ञा पुं० [स० रक्तसङ्कोच] कुमुम का फूल।

रक्तसज्ञक—सज्ञा पुं० [स०] कुकुम। केसर।

रक्तसदशिका—सज्ञा स्त्री० [स० रक्तसन्दशिका] जलौका। जोक (को०)।

रक्तसदशिका—सज्ञा स्त्री० [स० रक्तसन्दशिका] जोक।

रक्तसध्यक—सज्ञा पु० [स० रक्तसन्धयक] लाल कमल (को०)।

रक्तसबध—सज्ञा पु० [सं० रक्तसम्बन्ध] कुल का सबध। रक्तजनित ऐक्य सबध।

रक्तसवरण—सज्ञा पुं० [सं०] नुरमा।

रक्तसर्षप—सज्ञा पुं० [स०] लाल सरसो।

रक्तसार—सज्ञा पुं० [स०] १ लाल चदन। २ पतग। ३ अमलवेत। ४ खैर। ५ वाराही कद। ६ रक्तबीजासन।

रक्तस्तभन—सज्ञा पु० [स० रक्तस्तम्भन] बहते हुए रक्त को रोकने की क्रिया।

रक्तस्राव—सज्ञा पु० [सं०] १ शरीर के किसी अग से रक्त का बहना या निकलना। खून जाना या गिरना। २ घोडो का एक रोग जिसमे उनकी आँखो मे से रक्त या लाल रग का पानी बहता है।

रक्तहसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की रागिनी (सगीत)।

रक्तहर—सज्ञा पुं० [सं०] भिलावाँ।

रक्ताक—सज्ञा पुं० [सं० रक्ताङ्क] मूँगा।

रक्तांग'—वि० [सं० रक्ताङ्ग] लाल अगवाला। जिसके शरीर का वर्ण लाल हो। लाल रग का।

रक्तांग[1]—संज्ञा पुं० [सं० रक्ताङ्ग] १ मंगल ग्रह। २ कमीला। ३ मूँगा। ४ खटमल। ५ केसर। ६ लाल चंदन।

रक्तांगी—संज्ञा स्त्री० [सं० रक्ताङ्गी] १ मजीठ। २ जीवंती। ३ कुटकी।

रक्ताढ्य—संज्ञा पुं० [सं० रक्ताढ्य] घोड़ों के अंडकोष में होनेवाला एक प्रकार का रोग।

रक्तांबर—संज्ञा सं० [सं० रक्ताम्बर] १ संन्यासी, जो गेरुआ वस्त्र पहनता है। २ लाल रंग का कपड़ा, विशेषतः रेशमी कपड़ा।

रक्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ संगीत में पंचम स्वर की चार श्रुतियों में से दूसरी श्रुति का नाम। २ गुंजा। घुँघची। ३ लाख। ४ मजीठा। ५. ऊँटकटारा। ६. एक प्रकार की सेम। ७ लक्ष्मणा नामक कंद। ८. वच। ९ एक प्रकार की मकड़ी। १०. कान के पास की एक शिरा या नस का नाम। ११ जैनों के अनुसार ऐरावत खंड की एक नदी का नाम। १२, अग्नि की सात जिह्वाओं में से एक का नाम (को०)। १३ वह स्त्री जो किसी पर अनुरक्त हो। अनुरक्ता स्त्री।

रक्ताकार—संज्ञा पुं० [सं०] मूँगा।

रक्ताक्त[1]—संज्ञा पुं० [सं०] लाल चंदन।

रक्ताक्त[2]—वि० १ रक्त लगा हुआ। २. लाल रंग में रंगा हुआ।

रक्ताक्ष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. चकोर। २. सारस। ३. कबूतर। ४. भैंसा। ५. साठ संवत्सरों में से अट्ठावनवें संवत्सर का नाम।

रक्ताक्ष[2]—वि० १ लाल आँखोंवाला। २. डरावना। भयानक (को०)।

रक्तातिसार—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का अतिसार जिसमें लहू के दस्त आते हैं।

विशेष—इसमें रोगी को प्यास, दाह और मूर्च्छा होती है और गुदा पकी हुई जान पड़ती है।

रक्ताधरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसरी।

रक्ताधार—संज्ञा पुं० [सं०] चमड़ा। त्वक्।

रक्ताधिमंथ—संज्ञा पुं० [सं० रक्ताधिमन्थ] एक प्रकार का अधिमंथ रोग जो रक्तविकार से होता है।

रक्तापह—संज्ञा पुं० [सं०] बोल नामक गंधद्रव्य।

रक्ताभ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] वीरबहूटी।

रक्ताभ[2]—वि० [सं०] लाल आभावाला। लाल रंग का। लालिमा-युक्त। उ०—हो गया साध्य नभ का रक्ताभ दिगंत फलक। —अपरा, पृ० ६५।

रक्ताभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] लाल जवा।

रक्ताभिष्यंद—संज्ञा पुं० [सं० रक्ताभिष्यन्द] भावप्रकाश के अनुसार आँखों का एक रोग।

विशेष—इस रोग में आँखें बहुत अधिक लाल हो जाती हैं, उनमें से लाल रंग का पानी निकलता है और आँखों के आगे लाल रेखाएँ दिखाई देती हैं।

रक्ताभ्र—संज्ञा पुं० [सं०] लाल अभ्रक।

रक्ताम्लान—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पौधा जिसमें लाल रंग के फूल लगते हैं।

विशेष—वैद्यक में इसे कटु, उष्ण और वात, ज्वर, शूल, दाह तथा श्वास आदि का नाशक माना है।

रक्तारि—संज्ञा पुं० [सं०] महाराष्ट्री नाम का शूल।

रक्तार्बुद—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का रोग जिसमें शरीर में पकने और बहनेवाली गाँठें निकल आती हैं। इसमें शरीर का रंग पीला पड़ जाता है। २ शुक्रदोष के कारण उत्पन्न होनेवाला एक रोग जिसमें लिंग पर काले काले और उनके पास लाल फुंसियाँ निकल आती हैं।

रक्तार्म—संज्ञा पुं० [सं० रक्तार्मन्] एक प्रकार का रोग जिसमें आँख की काली पर मांस इकट्ठा होकर लाल कमल के रंग का कोमल मंडल बन जाता है।

रक्तार्श—संज्ञा पुं० [सं० रक्तार्शस्] बवासीर रोग का वह भेद जिसमें उनके मस्सों में से खून भी निकलता है। खूनी बवासीर। विशेष दे० 'बवासीर'।

रक्तालता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मजीठ।

रक्तालु—संज्ञा पुं० [सं०] रतालू नामक कंद।

रक्तावरोधक—वि० [सं०] बहते हुए खून को रोकनेवाला।

रक्तावसेचन—संज्ञा पुं० [सं०] शरीर का खून निकलवाना। फस्द।

रक्ताशय—संज्ञा पुं० [सं०] शरीर की सात आशयों में से कोई, जिनमें रक्त का रहना माना जाता है। वह कोष जिसमें रक्त रहता है। जैसे, फेफड़ा, हृदय, यकृत् आदि।

रक्ताशोक—संज्ञा पुं० [सं०] लाल अशोक का वृक्ष।

रक्ताश्वारि—संज्ञा पुं० [सं०] लाल कनेर।

रक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. अनुराग। प्रेम। २ एक परिमाण जो आठ सरसों के बराबर होता है।

रक्तिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. घुघची। रत्ती। २ आठ सरसों के बराबर एक परिमाण। रत्ती।

रक्तिम—वि० [सं०] ललाई लिए। सुर्खी मायल।

रक्तिमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ललाई। लाली। सुर्खी।

रक्तेक्षु—संज्ञा पुं० [सं०] लाल रंग का ऊख।

रक्तोत्पल—संज्ञा पुं० [सं०] १. लाल कमल। २ लालकुई। कुमुद।

रक्तोदर—संज्ञा पुं० [सं०] १. लाल मछली। २ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का बहुत जहरीला बिच्छू।

रक्तोपदंश—संज्ञा पुं० [सं०] खून के विकार से उत्पन्न गरमी या आतशक का रोग।

रक्तोपल—संज्ञा पुं० [सं०] १. गेरू नामक लाल मिट्टी। २ लाल नामक रत्न।

रक्त[1]—संज्ञा पुं० [सं० रक्त] १. रुधिर। रुधिराभा। उ०—तोड़ फूल रक्त रह नहीं।—पल्लव (ग्रंथ०)। २. रक्त। लोहित। रुधिरानी। ३. लाल। लोहू। ४. घी में पके हुए आटे और

नाम जिसमे ११ गुरु और १३० लघु मात्राएँ अथवा ११ गुरु और १२६ लघु मात्राएं होती हैं।

रक्ष[२]—सज्ञा पु० [सं० **रक्षस्**] राक्षस। उ०—रक्ष यक्ष दानव देवन सो, अभय होहिं सब जागा। —रघुराज (शब्द०)।

रक्षक—सज्ञा पुं० [स०] १ रक्षा करनेवाला। बचानेवाला। हिफाजत करनेवाला। २. पहरेदार। ३. पालन करनेवाला।

यौ०—**रक्षक दल**=रक्षा करनेवालो का दल। सिपाहियो का जत्था। **रक्षक पोत**=जल की यात्रा मे सकट से रक्षा करनेवाला जहाज।

रक्षण—सज्ञा पुं० [स०] १ रक्षा करना। हिफाजत करना। रखवाली। २. पालने की क्रिया। पालन पोषण। ३ रक्षक। रखवाला। ४. विष्णु का एक नाम (को०)।

रक्षणकर्ता—सज्ञा पु० [स० **रक्षणकर्तृ**] रक्षा करनेवाला। रक्षक।

रक्षणारक—सज्ञा पु० [स०] मूत्रकृच्छ्र रोग।

रक्षणि, रक्षणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] नायमाणा लता।

रक्षणीय—वि० [स०] जिसकी रक्षा करना उचित हो। रक्षा करने योग्य।

रक्षनⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **रक्षण**] दे० 'रक्षण'।

रक्षनाⓊ—क्रि० स० [सं० **रक्षण**] रक्षा करना। हिफाजत रखना। संभालना। बचाना।

रक्षपाल—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो रक्षा करता हो। रक्षक।

रक्षमाण—वि० [सं० **रक्ष्यमाण**] दे० 'रक्ष्यमाण'।

रक्षस—सज्ञा पुं० [सं० **रक्षस्**] असुर। दैत्य। निशाचर।

रक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ आपत्ति, कष्ट या नाश आदि से बचाना। अनिष्ट से बचाने की क्रिया। रक्षण। बचाव।

यौ०—**रक्षाबधन। रक्षासमिति।**

२ वह यत्र या सूत्र आदि जो प्राय बालको को भूत प्रेत, रोग या नजर आदि से बचाने के लिये बाँधा जाता है। ३ गोद। ४ भस्म। राख। ५ लाक्षा। लाख (को०)।

रक्षाइदⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० **रक्ष**+आइद (प्रत्य०)] राक्षसपन।

रक्षागृह—सज्ञा पुं० [स०] १ वह स्थान जहाँ प्रसूता प्रसव करे। सूतिकागृह। जच्चाखाना। २ युद्ध के समय लमबारी से राह चलतो को बचने के लिये निर्मित भूगर्भस्थ आश्रयस्थान। ३. विश्रामस्थान या कक्ष (को०)।

रक्षातिक्रम—सज्ञा पुं० [सं०] नियम भग करना। कायदा कानून तोडना। (को०)।

रक्षादल—सज्ञा पुं० [सं०] नागरिको का वह सघटन, जो पुलिस के सहायक रूप मे रक्षा का कार्य करता है। होमगार्ड।

रक्षाधिकृत—सज्ञा पु० [स०] प्राचीन काल का किसी नगर का वह अधिकारी जिसका काम उस नगर की रक्षा तथा शासन करना होता था।

रक्षापति—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का वह कर्मचारी जिसका काम नगरनिवासियो की रक्षा करना होता था।

रक्षापत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ भोजपत्र। २. सफेद सरसो।

रक्षापाल—सज्ञा पुं० [स०] प्रहरी। सतरी (को०)।

रक्षापुरुष—सज्ञा पुं० [सं०] पहरेदार। सतरी।

रक्षापेक्षक—सज्ञा पु० [स०] १. पहरेदार। सतरी। २ अत पुर में पहरा देनेवाला सतरी। ३ अभिनय करनेवाला। नट।

रक्षाप्रदीप—सज्ञा पु० [सं०] तत्र के अनुसार वह दीपक जो भूत प्रेत आदि की बाधा से रक्षा करने के लिये जलाया जाता है।

रक्षाबधन—सज्ञा पुं० [सं० **रक्षा**+**बन्धन**] हिंदुओं का एक त्योहार जो श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को होता है। सलोनो।

विशेष—इस दिन बहनें अपने भाइयो के और ब्राह्मण अपने यजमानो के दाहिने हाथ की कलाई पर अनेक प्रकार के गडे, जिन्हें राखी कहते हैं, बाँधते हैं।

रक्षाभूषण—सज्ञा पु० [सं०] वह भूषण या जतर जिसमे किसी प्रकार का कवच आदि हो और जो भूतप्रेत या रोग आदि की बाधा से रक्षित रहने के लिये पहना जाय।

रक्षामगल—सज्ञा पुं० [सं० **रक्षामङ्गल**] वह अनुष्ठान या धार्मिक क्रिया आदि जो भूतप्रेत आदि की बाधा से रक्षित रहने के लिये की जाय।

रक्षामणि—सज्ञा पुं० [सं०] वह मणि या रत्न आदि जो किसी ग्रह के प्रकोप से रक्षित रहने के लिये पहना जाय।

रक्षारत्न—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'रक्षामणि'।

रक्षि, रक्षिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ बचानेवाला। रक्षक। २ पहरेदार। सतरी।

रक्षिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रक्षा। हिफाजत। २ वह स्त्री जो रक्षा के लिये नियुक्त हो। अभिभाविका।

रक्षित—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **रक्षिता**] १ जिसकी रक्षा की गई हो। रक्षा किया हुआ। हिफाजत किया हुआ। जैसे,—मैं आपकी पुस्तक बहुत ही रक्षित रखूँगा। २, प्रतिपालन। पाला पोसा। ३. रखा हुआ।

रक्षिता[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रक्षा। हिफाजत। २. एक अप्सरा का नाम।

रक्षिता[२]—सज्ञा पु० [स० **रक्षितृ**] १. रक्षा करनेवाला। २ प्रहरी। पहरुआ।

रक्षिता[३]—सज्ञा स्त्री० [सं० **रक्षित**] बिना विवाह किए पत्नी की तरह रखी हुई स्त्री। रखेली। सुरैतिन।

रक्षी[१]—सज्ञा पुं० [स० **रक्षस्**+ई (प्रत्य०)] राक्षसो के उपासक। राक्षस पूजनेवाले। उ०—भूती भूतन यक्षी यक्षन। प्रेती प्रेतन रक्षी रक्षन।—गिरधर (शब्द०)।

रक्षी[२]—सज्ञा पु० [सं० **रक्षिन्**] १ रक्षा करनेवाला। रक्षक। २ पहरेदार। चौकीदार।

रक्षोघ्न—सज्ञा पु० [स०] १ हीग। २ भिलावें का पेड। ३ सफेद सरसो। ४ रखकर खट्टा किया हुआ चावल का पानी या माँड़।

रक्षोघ्नी—सज्ञा स्त्री० [स०] वचा। बच।

रक्ष्य—वि० [सं०] रक्षा करने के योग्य। रक्षणीय।

रक्ष्यमाण—वि० [सं०] १ जिसकी रक्षा की जा सके। २. जिसकी रक्षा की जा रही हो।

रक्स—संज्ञा पुं० [अ० रक्स] १ उद्धत नृत्य। मर्द का नाच। ताण्डव। २ लास्य। स्त्री का नाच। ३ नृत्य। नर्तन [को०]।

रक्सॉ—वि० [फ़ा० रक्सॉं] नृत्यरत। नाचता हुआ [को०]।

रक्से ताऊस—संज्ञा पुं० [फा० रक्से ताऊस] १ एक प्रकार का नाच, जिसमे पेशवाज के दो कोने दोनो हाथो से पकडकर कमर तक उठा लिए जाते हैं, जिससे नाचनेवाले की आकृति मोर की सी बन जाती है। २ एक प्रकार का नाच जिसमे घुटनो के बल होकर इतनी तेजी से घूमते हैं कि काछनी वा पेशवाज का घेरा फैलकर चक्कर खाने लगता है।

रख[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना] १ चरी की भूमि। चरौना। चरागाह। २ रक्षित जगल। दे० 'रखा'।

रख(पु)[2]—संज्ञा पुं० [स० रक्ष, प्रा० रक्ख] रक्षा। बचाव। जैसे, रखपाल = रक्षपाल।

रखटी—संज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार की ईख जिसके रस से गुड बनाया जाता है। लखडा।

रखडा—संज्ञा पु० [देश०] दे० 'रखटी'।

रखडी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रख (=राखी)+डी (प्रत्य०)] राखी। रक्षाबधन। उ०—भाई कहते थे, रखडी (राखी) के बाद जाना।—अभिशप्त, पृ० ९६।

रखत(पु)—संज्ञा पुं० [फा० रख्त] असबाब। सामान। उपकरण।

यौ०—रखत बखत = रख्तबख्त। रखत बलत।

रखना—क्रि० स० [स० रक्षण, प्रा० रक्खण] १ किसी वस्तु पर या किसी वस्तु के अदर दूसरी वस्तु स्थित करना। ठहराना। टिकाना। धरना। जैसे, टेबुल पर किताब रखना; थाली में मिठाई रखना; हाथ पर रुपए रखना; बरतन मे अनाज रखना; दाँव पर रुपया रखना; गाडी पर असबाब रखना।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

२ रक्षा करना। हिफाजत करना। बचाना। जैसे,—तुम आप तो अपनी चीज रखते नहीं, दूसरो को चोर बनाते हो। उ०—जाको राखे साइयाँ, मारि सकै नहिं कोय। बाल न बाँका करि सकै, जो जग बैरी होय।—कबीर (शब्द०)।

यौ०—रख रखाव = किसी वस्तु की देखरेख और रक्षा। हिफाजत करने की क्रिया।

३ निर्वाह या पालन करना। बिगडने न देना। वृथा या नष्ट न होने देना। जैसे,—किसी की इज्जत रखना, किसी की बात रखना।

संयो० क्रि०—लेना।

४ एकत्र करना। सग्रह करना। जोडना। सचित करना। जैसे, कमा कमाकर रुपए रखना, ढूँढ ढूँढकर तसवीरें रखना।

सयो० क्रि०—चलना।—जाना।—देना।—लेना।

५. सुपुर्द करना। सौंपना। ६ रेहन करना। बंधक मे देना। जैसे,—घर के जेवर रखकर उन्हे कर्ज दिया था। ७ अपने अधिकार मे लेना। अपने हाथ मे करना। जैसे,—अभी यह रुपया हम रखते है। जब तुम्हे जरूरत हो, तब ले लेना।

संयो० क्रि०—लेना।

मुहा०—रख लेना = किसी की चीज उसे वापस न देना। दबा लेना। जैसे,—आपने मेरे लिये जो चीजें उनके पास भेजी थी, वे सब उन्होंने रख ली।

८ पालन पोषण, मनोविनोद या व्यवहार आदि के लिये अपने अधिकार मे करना। अपनी अधीनता मे लेना। जैसे,—गौ रखना, घोडा रखना, रडी रखना, पहलवान रखना। ९ नियुक्त करना। तैनात करना। मुकर्रर करना। जैसे,—आपके काम के लिये मैंने अपने चार आदमी वहाँ रख दिए है। १० सकुशल जाने न देना। पकड या रोक लेना। जैसे,—दो डाकुओ को तो गाँववालो ने रखा। ११. आघात करना। चोट पहुँचाना। जडना। जैसे,—मुक्का रखना, थप्पड रखना। १२ स्थगित करना। मुलतवी करना। दूसरे समय के लिये टालना। जैसे,—यह बातचीत कल पर रखो। १३ उपस्थित न करना। सामने न लाना। जैसे,—यह सब झगडा अलग रखो। १४. व्यवहार करना। धारण करना। जैसे,—आप सदा बढिया छडी रखते हैं। १५ किसी पर आरोप करना। जिम्मे लगाना। मढना। जैसे,—तुम सदा सब कसूर मुझपर ही रखते हो।

मुहा०—हाथ रखना=ऐसी बात कहना जिससे कोई दबे, चिढे या एहसान माने। (किसी पर) रखकर कहना = किसी को सुनाने या चिढाने के उद्देश्य से किसी दूसरे पर आरोपित करके कोई बात कहना। लक्ष्य बनाकर कहना।

१६ ऋणी होना। कर्जदार होना। जैसे,—(क) हम क्या उनका कुछ रखते है, जो उनसे दबें। (ख) वे कभी किसी का एक पैसा नही रखते। १७ मन मे अनुभव या धारण करना। जैसे, आशा रखना, विश्वास रखना। १८ निवास कराना। डेरा कराना। ठहराना। जैसे—हमने उन लोगो को धर्मशाला मे रख दिया है। १९ स्त्री (या पुरुष) से सबध करना। उपपत्नी (या उपपति) बनाना। जैसे,—उसने एक औरत रख ली है। २० सभोग करना। प्रसग करना। (बाजारू)। २१ गर्भ धारण कराना। जैसे, पेट रखना। २२ पक्षियो आदि का अडे देना। जैसे,—आपकी मुर्गी साल मे कितने अडे रखती है? २३ अपने पास पडा रहने देना। बचाना। जैसे,—खा पीकर महीने भर क्या रखते हो?

सयो० क्रि०—छोडना।

मुहा०—रखकर कहना = किसी बात का कुछ अश बचाकर या छिपाकर शेष अश कहना।

विशेष—प्रयुक्त क्रिया के रूप मे इस शब्द का व्यवहार जिस क्रिया के आगे होता है, उससे सूचित होता है कि वह क्रिया किसी दूसरी क्रिया के पहले पूरी हो गई है या हो जानी चाहिए। जैसे,—'मैंने उनसे पहले ही कह रखा था कि तुम्हारे आने पर रुपया दे देना।' मुहावरे के रूप मे भी यह क्रिया दूसरी क्रियाओ के साथ लगती है।

रखनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + ई (प्रत्य०)] वह स्त्री जिससे विवाह सबध न हुआ हो और जो यों ही घर मे रख ली गई हो। रखी हुई स्त्री। उपपत्नी रखेली। सुरैतिन।

क्रि० प्र०—रखना।

रखपाल—संज्ञा पुं० [सं० रक्षपाल] दे० 'रक्षपाल'। उ०—पहिरी माला मंत्र की पाई कुल श्रीमाल। थाप्यो गोत विहोलिया वीहोला रखपाल।—अर्घ०, पृ० २।

रखया—वि० स्त्री० [सं० रक्षा] रक्षा करनेवाली।

रखया—संज्ञा स्त्री० [सं० रिक्ता] रिक्ता तिथि। दे० 'रिक्ता'। उ०—तीज अष्टमी तेरिस जया। चौथ चतुर्दशि नौमी रखया। जायसी (शब्द०)।

रखला—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रहकला'।

रखवाई—संज्ञा स्त्री० [सं० रक्षना या रखाना] १ रखने की रखवाली। चौकीदारी। २ रखवाली की मजदूरी। चौकीदारी की मजदूरी। ३ चौकीदार का टिकस। ४ रखवाली करने की क्रिया या भाव। ५ रखने की क्रिया या ढग। ६ रखने की मजदूरी।

रखवाना—क्रि० स० [हिं० रखना का प्रेर० रूप] १. रखने की क्रिया दूसरे से कराना। दूसरे को रखने मे प्रवृत्त करना। २ दे० 'रखाना'।

रखवार—संज्ञा पुं० [हिं० रखना + वार (प्रत्य०)] १. रक्षा करनेवाला। रखवार। २ चौकीदार। पहरेदार।

रखवारा—संज्ञा पुं० [हिं० रखवार] दे० 'रखवार'। उ०—खेत कएल रखवारे लुटल ठाकुर मेवा मोर।—विद्यापति, पृ० ६१४।

रखवारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + वारी (प्रत्य०)] दे० 'रखवाली'।

रखवाल—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रखवाला'। उ०—तुम ही हुए रखवाल तो उसका कौन न होगा ?—अर्चना, पृ० ४६।

रखवाला—संज्ञा पुं० [हिं० रखना + वाला (प्रत्य०)] १ रक्षा करनेवाला। रक्षक। २. चौकीदार। पहरेदार।

रखवाली—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + वाली (प्रत्य०)] १ रक्षा करने की क्रिया। हिफाजत। २ रक्षा करने का भाव।

रखशी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का गद्य जिसे नैपाली आदि पहाडी पीते हैं।

रखा—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना] १ पशुओं के चरने के लिये बचाई हुई भूमि। चरी। चरौंहा। २ सर्वसाधारण के उपयोग के लिये वर्जित जगल या चरागाह जहाँ से लकडी, घास आदि काटने की मनाही हो।

रखा—वि० [सं० रक्षक, प्रा० रक्खअ] रक्षा या हिफाजत करनेवाला। चौकीदार। पहरेदार। जैसे, वनरखा = वन का रक्षक।

रखाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + आई (प्रत्य०)] १ रक्षा करने की क्रिया। हिफाजत। रखवाली। २ रक्षा करने का भाव। ३. वह धन जो रक्षा करने के बदले मे दिया जाय।

रखान—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना] चराई की भूमि। चरी।

रखाना—क्रि० स० [हिं० रखना का प्रेर० रूप] रखने की क्रिया दूसरे से कराना। दूसरों को रखने में प्रवृत्त करना। रखवाना।

रखाना—क्रि० अ० रखवाली करना। रक्षा करना। नष्ट होने से बचाना।

रखाना—संज्ञा पुं० [फा० रखनह्] छिद्र। छेद। सूराख। उ०—(क) असमान के बीच रखाना है इक, उस हुनेर मे बैठी। पद्मा०, भा० ३, पृ० ६२। (ख) सबदै सबद मिलावै जानी सुनिया गगन रखाना।—पद्मा०, भा० ३, पृ० ८६।

रखार—संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का पाटा जिसका व्यवहार बढई प्राय मे चुना हुआ पेंच बराबर करने के लिये होता है।

रखिया—संज्ञा पुं० [हिं० रखना + इया (प्रत्य०)] १ रक्षक। २ रखवाला। उ०—रीझै रिझवारि रहुबरनी उरझि सुरझि रखिया की सी डोर दोनों रग रसियन में।—देव (शब्द०)।

रखिया—संज्ञा पुं० [हिं० राखी (= रक्षा)] गाय के समीप का वह पेड जो पूजनार्थ रक्षित रहता है।

रखियाना—संज्ञा पुं० [हिं० राखी + इयाना (प्रत्य०)] १ रात मे बरतना आदि का माँजना। २ पकाए हुए अंडे (कच्चे) को कपडे में लपेटकर रात के अदर इस अभिप्राय से रखना कि उसका पानी सूख जाय और कसाव निकल जाय (तिब्बी)।

रखीश—संज्ञा पुं० [सं० ऋषि, पुं० हिं० रिखि] ऋषि। मुनि। (डिं०)।

रखीराज—संज्ञा पुं० [सं० ऋषिराज] नारद ऋषि। (डिं०)।

रखीसर—संज्ञा पुं० [सं० ऋषीश्वर] श्रेष्ठ ऋषि, नारद आदि।

रखेडिया—संज्ञा पुं० [हिं० राख + एडिया (प्रत्य०)] वह जो शरीर मे केवल राख पोतकर साधु बना फिरे। ढोगी साधु।

रखेल—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + एल (प्रत्य०)] दे० 'रखेली'।

रखेली—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + एली (प्रत्य०)] जिना विवाह किए ही घर मे रखी हुई स्त्री। रखनी। सुरैतिन। उपपत्नी।

रखेया—संज्ञा पुं० [हिं० रखना + एया (प्रत्य०)] १ रखनेवाला। २ रक्षा करनेवाला।

रखेल—संज्ञा स्त्री० [हिं० रखना + एल (प्रत्य०)] दे० 'रखेल', 'रखेली'।

रखौंडी—संज्ञा स्त्री० [हिं० राखी (= रक्षा) + औंडी (स्वा० प्रत्य०)] रक्षासूत्र। राखी। विशेष दे० 'राखी'।

रखौत, रखौना—संज्ञा पुं० [हिं० रखना] पशुओं के चरने के लिये छोडी हुई जमीन। चरा।

रखौनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० राखी] दे० 'राखी'।

रख्त—संज्ञा पुं० [फा० रख्त] १ असबाब। सामान। २ पोशाक। वस्त्र। लिबास। उ०—कोइ ताज खरीदे हँस हँसकर कोई रख्त सजा बनवाता।—राम० धर्म०, पृ० ६१।

यौ०—रख्त वख्त = साज सामान।

रख्श—संज्ञा पुं० [फा० रख्श] १ घोडा। अश्व। २ प्रभा। चमक। कांति। किरण (को०)।

रख्शाँ—वि० [फा० रख्शां] प्रदीप्त। चमकता हुआ (को०)।

रगंड—सज्ञा पुं० [डिं०] हाथी का कपोल।

रग—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ शरीर मे की नस या नाडी। उ०—जीए रूह रूहन मे, जीए रूह रगन्न। जीए जो रउ सूरमाँ, ठढउ चद्र वमन्न।—दादू (शब्द०)।

मुहा०—रग उतरना=(१) क्रोध उतरना। (२) हठ दूर होना। (३) भ्रांत उतरना। रग खडी होना=शरीर की किसी रग का फूल जाना। रग चढ़ना=(१) क्रोध आना। गुस्सा आना। (२) हठ के वश होना। रग दबना=दबाव मानना। किसी के प्रभाव या अधिकार मे होना। जैसे, - तुम्हारी रग उन्ही से दबती है। रग पहिचानना या पाना=रहस्य जानना। असल बात जान लेना। रग फड़कना=किसी आनेवाली आपत्ति की पहले से ही आशका होना। माथा ठनकना। रग रग फड़कना=शरीर मे बहुत अधिक उत्साह या आवेश के लक्षण प्रकट होना। रग रग मे=सारे शरीर मे। जैसे,—पाजीपन तो तुम्हारी रग रग मे भरा है।

यौ०—रग पट्ठा। रग रेशा।

२ पत्तो मे दिखाई पडनेवाली नसें।

रगड़—सज्ञा स्त्री० [हिं० रगडना] १ रगडने की क्रिया या भाव। घर्षण। २ वह हलका चिह्न जो साधारण घर्षण से उत्पन्न हो जाय।

क्रि० प्र०—खाना।—लगना।

३ (कहारो की परिभाषा मे) धक्का। ४ हुज्जत। झगडा। तकरार। ५ भारी श्रम। गहरी मेहनत।

मुहा०—रगड डालना=अधिक मेहनत लेना। भारी श्रम कराना। रगड पड़ना=अधिक परिश्रम उठाना या पडना। जैसे,—उसे बहुत रगड पडी, इससे थक गया।

रगडना—क्रि० स० [स० घर्षण या अनु०] १ किसी पदार्थ को दूसरे पदार्थ पर रखकर दबाते हुए बार बार इधर उधर चलाना। घर्षण करना। घिसना। जैसे,—चदन रगडना।

विशेष—यह क्रिया प्राय किसी पदार्थ का कुछ अश घिसने, उसे पीसने अथवा उसका तल बराबर करने के लिये होती है।

२ पीसना। जैसे, मसाला रगडना, भाँग रगडना। ३ अभ्यास आदि के लिये बार बार कोई काम करना। ४ किसी काम को जल्दी जल्दी और बहुत परिश्रमपूर्वक करना। जैसे—इस काम को तो हम चार दिन मे रगड डालेंगे। ५. तग करना। दिक करना। परेशान करना। ६ स्त्री के साथ सभोग करना। (बाजारू)।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

रगडना[२]—क्रि० अ० बहुत मेहनत करना। अत्यत श्रम करना। जैसे,—अभी यही पडे रगड रहे हैं।

रगड़वाना—क्रि० स० [हिं० रगड़ना का प्रे० रूप] रगडने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को रगड़ने मे प्रवृत्त करना।

रगडा—सज्ञा पुं० [हिं० रगड़ना] १. रगडने की क्रिया या भाव। घर्षण। रगड। २ निरतर अथवा अत्यत परिश्रम। बहुत अधिक उद्योग। ३ वह झगडा जो बराबर होता रहे और जिसका जल्दी अत न हो। जैसे यह झगडा नही, रगडा है।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।

यौ० रगडा झगडा=लडाई झगडा। बखेडा।

रगडान—सज्ञा स्त्री० [हिं० रगड़ना+आन (प्रत्य०)] रगडने की क्रिया या भाव। रगडा।

मुहा०—रगड़ान देना=रगडना। घिसना।

रगड़ी†—वि० [हिं० रगडा+ई (प्रत्य०)] रगडा करनेवाला। लडाई झगडा करनेवाला। झगडालू। जैसे,—मोरी एक न माने, कान्हा बडो रगडी। (गीत)।

रगण—सज्ञा पुं० [स०] छद शास्त्र मे एक गण या तीन वर्णों का समूह जिसका पहला वर्ण गुरु, दूसरा लघु और तीसरा फिर गुरु होता है (ऽ।ऽ)। यह साधारणत 'र' से सूचित किया जाता है। इसके देवता अग्नि माने गए हैं। जैसे, कामना। मामला। राम को।

रगत—सज्ञा पुं० [स० रक्त]। रुधिर। लहू। (डिं०)।

रगत्र†—सज्ञा पुं० [सं० रक्त] दे० 'रक्त'। उ०—मालुले विदल कदल ससत्र। रँग सेल खगे न मिटै रगत्र।—रा० रू०, पृ० ७३।

रगद—स० पु० [सं० रक्त] रक्त। रुधिर।

रगदना—क्रि० स० [हिं० रगेदना] दे० 'रगेदना'।

रगदल—वि० [डिं०] कुबडा।

रगपट्ठा—सज्ञा पुं० [फा० रग+पट्ठा] १ शरीर के भीतरी भिन्न भिन्न अग।

मुहा० रग पट्ठे से परिचित या वाकिफ होना=स्वभाव और व्यवहार आदि से परिचित होना। अच्छी तरह जानना। खूब पहचानना।

२ किसी विषय की भीतरी और सूक्ष्म बातें।

रगबत—सज्ञा स्त्री० [अ० रगबत] १ चाह। इच्छा। २ प्रवृत्ति। रुचि।

मुहा०—रगबत आना=चाह होना। मन चलना। रगबत दिलाना=प्रवृत्त होने के लिये प्रेरित करना। बढ़ावा देना। रगबत की आँखों से देखना=पसद करना।

रगमगना—क्रि० अ० [हिं०] १ भिनना। घुलना। २ अनुरजित होना। उ०—तीर्थ सबै देखे सुने, कोऊ नहिं या तूल। ब्रजअवनी रगमगि रही, कृष्न चरन अनुकूल।—ब्रज० ग्रं०, पृ० १४२।

रगर—सज्ञा स्त्री० [हिं० रगड] १ दे० 'रगड'। २ हठ। जिद। अड। टेक। उ०—जनम कोटि लगि रगर हमारी। बरौं सभु न तु रहउँ कुमारी।—मानस, १।८१।

रगरा†—संज्ञा पुं० [हिं० रगड़ा] दे० 'रगड़ा'।

रगरेशा—संज्ञा पुं० [फा० रग+रेशा] १ पत्तियों की नसें। २ शरीर के अंदर का प्रत्येक अंग।

मुहा०—रग रेशे में = सारे शरीर में। अंग अंग में। रग रेशे से परिचित या वाकिफ होना = स्वभाव और व्यवहार आदि से परिचित होना। अच्छी तरह जानना। खूब पहचानना।

३ किसी विषय की भीतरी और सूक्ष्म बातें।

रगवाना(पु)—क्रि० स० [हिं० रगना का प्रेर० रूप] चुप कराना। शांत कराना। उ०—कुँवर कहूँ रोदन अति करही नहीं रगा रगवावै।—रघुराज (शब्द०)।

रगा†—संज्ञा पु० [देश०] मोर।

रगाना'†—क्रि० अ० [देश०] चुप होना। शांत होना।

रगाना'—क्रि० स० चुप कराना। शांत करना।

रगी'—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ एक प्रकार का मोटा अन्न जो मैसूर में होता है। २ दे० 'रगी'।

रगी'—संज्ञा पुं० [हिं० रग+ई (प्रत्य०)] दे० 'रगीला'।

रगीला—संज्ञा पु० [हिं० रग (=जिद)+ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० रगीली] १ हठी। जिद्दी। दुराग्रही। २ पाजी। दुष्ट।

रगेद—संज्ञा स्त्री० [हिं० रगेदना] १ दौड़ाने या भगाने की क्रिया। २ पक्षियों आदि की संभोग की प्रवृत्ति या अवसर। जोड़ा खाने का मौका।

रगेदना—वि० [सं० खेट, हिं० खेदना] भगाना। खदेड़ना। निकालना। दौड़ाना।

सयो० क्रि०—देना।

रग्गा'—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का मोटा अन्न जो दक्षिण के पहाड़ों में होता है। रगी।

रग्गा'†—संज्ञा स्त्री० अधिक वर्षा के उपरांत होनेवाली धूप, जो खेती के लिये लाभदायक होती है।

रग्गी—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'रग्गा'।

रघु'—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूर्यवंशी राजा दिलीप के पुत्र का नाम जो उनकी पत्नी सुदक्षिणा के गर्भ से उत्पन्न हुए थे।

विशेष—ये अयोध्या के बहुत प्रतापी राजा और श्री रामचंद्र के परदादा थे। जब ये छोटे थे, तभी इनके पिता ने अश्वमेध यज्ञ किया था और यज्ञ के घोड़े की रक्षा का भार इन्हें सौंपा था। जब उस घोड़े को इंद्र ने पकड़ा, तब इन्होंने इंद्र को युद्ध में पराजित करके वह घोड़ा छुड़ाया था। सिंहासन पर बैठने के उपरांत इन्होंने विश्वजित् नामक यज्ञ किया था और उसमें समग्र कोष दान कर दिया था। महाराज अज इन्हीं के पुत्र थे। प्रसिद्ध रघुवंश के मूल पुरुष यही थे।

२ रघु के वंश में उत्पन्न कोई व्यक्ति।

रघु'—वि० १ शीघ्रगति। द्रुतगति। शीघ्रगामी। २ चपल। ३ चंचल। लोल। ४ उत्सुक। आतुर। व्यग्र। अधीर [को०]।

रघुकुल—संज्ञा पुं० [सं०] राजा रघु का वंश।

विशेष—इस शब्द में चंद्र, मणि, नाथ, पति, वर, वीर, आदि और उनके वाचक शब्द लगने से श्रीरामचंद्र का बोध होता है। जैसे,—रघुकुलचंद्र, रघुकुलमणि, रघुनाथ, रघुपति, रघुवर रघुवीर इत्यादि।

रघुनंद—संज्ञा पुं० [सं० रघुनन्द] श्रीरामचंद्र।

रघुनंदन—संज्ञा पुं० [सं० रघुनन्दन] श्रीरामचंद्र।

रघुनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीरामचंद्र।

रघुनायक—संज्ञा पुं० [सं०] रघुकुलस्वामी, श्रीरामचंद्र।

रघुपति—संज्ञा पुं० [सं०] रघुवंश के स्वामी, श्रीरामचंद्र।

रघुराई(पु)—संज्ञा पुं० [सं० रघुराज, प्रा० रघुराइ] श्रीरामचंद्र।

रघुराज—संज्ञा पुं० [सं०] रघुकुल के राजा, श्रीरामचंद्र।

रघुराय(पु)—संज्ञा पुं० [सं० रघुराज] रघुवंश के राजा, श्रीरामचंद्र।

रघुरायी(पु)—संज्ञा पुं० [हिं० रघुराय] दे० 'रघुराय'।

रघुवंश—संज्ञा पुं० [सं०] १ महाराज रघु का वंश या खानदान जिसमें रामचंद्र जी उत्पन्न हुए थे। उ०—रघुवंश प्रभाकर नंदन कहँ मारा। रघुवंश कीरत बढ़ाना।—तुलसी (शब्द०)। २ महाकवि कालिदास का रचा हुआ एक प्रसिद्ध महाकाव्य जिसमें महाराज दिलीप के समय से लेकर अग्निवर्ण तक का विवरण दिया हुआ है।

यौ०—रघुवंश वनज वन-भानु = रघुवंश रूपी कमल वन के सूर्य, श्री रामचंद्र। उ०—जय रघुवंश-बनज-बन भानू।—मानस १।

रघुवंशकुमार—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीरामचंद्र।

रघुवंशी—संज्ञा पुं० [सं० रघुवंशिन्] १ वह जो रघु के वंश में उत्पन्न हुआ हो। २ क्षत्रियों के अंतर्गत एक जाति।

विशेष—इस जाति के लोग महाराज रघु और रामचंद्र के वंश में उत्पन्न माने जाते हैं।

रघुवर—संज्ञा पुं० [सं०] रघुकुलश्रेष्ठ, श्रीरामचंद्र।

रघुवीर—संज्ञा पुं० [सं०] रघुकुल में वीर, रामचंद्र जी।

रघूत्तम—संज्ञा पुं० [सं०] रघुकुल में श्रेष्ठ वा उत्तम, श्रीरामचंद्र।

रघूद्वह—संज्ञा पुं० [सं०] रघुवंशियों में श्रेष्ठ, श्रीरामचंद्र।

रच्चती—संज्ञा पु० [हिं०] संताप। पश्चात्ताप।

रचक'—संज्ञा पुं० [सं०] रचना करनेवाला। रचयिता। उ०—पालक महारक रचक भक्षक रक्ष अपार। सब ही सबको होत है को जानै कै पार।—केशव (शब्द०)।

रचक'—वि० [सं० व्यञ्चक] दे० 'रचक'।

रचना'—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रचने या बनाने की क्रिया या भाव। बनावट। निर्माण। उ०—(क) गढ़रचना बरुनी अलक चितवन भौंह कमान। —बिहारी (शब्द०)। (ख) चलो, रण-भूमि की रचना देख आवें।—लल्लूलाल (शब्द०)। २ बनाने का ढंग या कौशल। ३ बनाई हुई वस्तु। रची हुई चीज। सृजित पदार्थ। निर्मित वस्तु। उ० (क) अद्भुत रचना विधि रची यामें नहीं विवाद। बिना जीभ के लेत हैं रूप सलोनो स्वाद।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) तब श्रीकृष्ण चंद्र जी ने सबका मोहित कर जो वैकुंठ की रचना रची थी, सो उठा ली।—लल्लूलाल (शब्द०)। ४ फूलों से माला या गुच्छे आदि बनाना। ५ बाल गूँथना। केश विन्यास। ६ स्थापित करना।

७ उद्यम। कार्य। ८. वह गद्य या पद्य जिसमें कोई विशेष चमत्कार हो। उ०—बचननि की रचनानि सो जो साधै निज काज।—पद्माकर (शब्द०)। ९. पुराणानुसार विश्वकर्मा की स्त्री का नाम।

रचना[२]—क्रि० स० [स० रचन] १ हाथो से बनाकर तैयार करना। बनाना। सिरजना। निर्माण करना। उ०—(क) तपबल रचइ प्रपंच बिधाता। तप बल बिष्नु सकल जग त्राता।—तुलसी (शब्द०)। (ख) इहाँ हिमालय रचेउ बिताना। अति बिचित्र नहिं जाइ बखाना।—तुलसी (शब्द०)। २ विधान करना। निश्चित करना। उ०—अस बिचारि सोचइ मति माता। सो न टरै जो रचइ बिधाता।—तुलसी (शब्द०)। ३. ग्रंथ आदि लिखना। उ०—गुनी और रिझवार ये दोउ प्रसिद्ध ह्वै जात। एक ग्रंथ के रचन सो दोगुन जस सरसात।—(शब्द०)। ४. उत्पन्न करना। पैदा करना। ५. अनुष्ठान करना। ठानना। उ०—(क) रति बिपरीत रचा दंपति गुपुत अति मेरे जान मनि भय मनमथ तजे तें।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) तब एक-बिंशति बार मैं बिन छत्र की पृथ्वी रची।—केशव (शब्द०)। (ग) मान पान खवावत ही कोह कारन कोप पिया पर नारि रच्यौ।—केशव (शब्द०)। ६ आडंबर खड़ा करना। युक्ति या तदबीर लगाना। आयोजन करना। जैसे, आडंबर रचना, उपाय रचना, जाल रचना। उ०—(क) रचि प्रपंच भूपहि अपनाई। राम तिलक हित लगन धराई।—तुलसी (शब्द०)। ७. काल्पनिक सृष्टि करना। कल्पना करना। उ०—कबहुँ धनु राच पसरु चरावै। कबहुँ भूरा बनि नीति सिखावै।—रघुनाथ (शब्द०)। ८. शृंगार करना। सँवारना। सजाना। कारीगरी करना। उ०—भूषण बसन आदि सब रचि रचि माता लाड लडावै।—सूर (शब्द०)। ९. तरतीब या क्रम से रखना। उ०—चहूँघा वेदी के बिधिवत रचा है अग्निन ये। बिछो दर्भा नेरे अरु प्रजुल साह समिद लै।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)।

मुहा०—Ⓟरचि पचि=परिश्रमपूर्वक। दक्षतापूर्ण ढंग से। उ०—(क) रचिपचि कोटिक कुटलपन कीन्हेसि कपट प्रबोध।—तुलसी (शब्द०)। (ख) राच पचि कीया ऐ सिंगार, पाटी तौ पारी चाखे माम का।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ९३२। रचि राचⓅ=बहुत हाशियारी और कारीगरी के साथ (कोई काम करना)। बहुत कौशलपूर्वक।

रचना[३]—क्रि० स० [सं० रञ्जन] रँगना। रंजित करना। उ०—(क) मार्ग को झरोखे तक लाख के रंग मे रच दिया।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)। (ख) राचन रारी रची मेहदी नृप सभु कहं मुकता सम पोत है।—शंभु (शब्द०)।

रचना[४]—क्रि० अ० [स० रञ्जन] १ अनुरक्त होना। उ०—(क) पर नारि से रचे हैं पिय।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) जो अपने पिय रूप रची कवि राम तिन्हैं रवि की छवि थोरी।—हृदयराम (शब्द०)। (ग) मोहि तोहि मेहँदी कहूँ कैसे बनै बनाइ। जिन चरनन सो मैं रचा तहाँ रची तू जाइ।—रसनिधि (शब्द०)। (घ) चिंता न चित फाकौ भयो रचो जू पिय के रंग।—सूर (शब्द०)। २. रंग चढना। रँगा जाना। रंजित होना। जैसे,—(क) तुम्हारे मुह मे पान खूब रचता है। (ख) उसके हाथ मे मेहदी खूब रचती है। उ०—(क) गान सरस अलि करत परस मद मोद रंग रचि।—गुमान (शब्द०)। (ख) जावक रचित अँगुरियन मृदुल सुढारी हो।—तुलसी (शब्द०)।

रचनात्मक—वि० [स० रचना+आत्मक] वह कार्य जो निर्माण मे सहायक हो। जैसे—रचनात्मक साहित्य, रचनात्मक शिक्षा आदि।

रचयिता—संज्ञा पुं० [स० रचयितृ] रचनेवाला। बनानेवाला। जैसे,—आपही इस ग्रंथ के रचयिता हैं।

रचवाना—क्रि० स० [हिं० रचना का प्रेर० रूप] १ रचना के काम मे दूसरे को प्रवृत्त कराना। रचना कराना। तैयार कराना। बनवाना। २ मेहँदी या महावर लगवाना।

रचाना[१]Ⓟ—क्रि० स० [स० रचन] १ आयोजन करना। अनुष्ठान करना या कराना। बनाना जैसे,—ब्याह रचाना। उ०—इत पांडव मिलि यज्ञ रचायो।—लल्लूलाल (शब्द०)। २ दे० 'रचवाना'।

रचाना[२]—क्रि० अ० [स० रञ्जन] मेहँदी, महावर आदि से हाथ पैर रँगाना।

रचित—वि० [स०] १ बनाया हुआ। रचा हुआ। २ सुघटित (को०)। ३ विभूषित। सज्जित (को०)। ४. ग्रथित (को०)।

रची—वि० [हिं० रच] थोडा। अल्प।

रच्छⓅ—संज्ञा पुं० [स० रक्ष] दे० 'रक्ष'।

रच्छकⓅ—संज्ञा पुं० [स० रक्षक] दे० 'रक्षक'।

रच्छनⓅ—संज्ञा पुं० [स० रक्षण] दे० 'रक्षण'।

रच्छदारⓅ—वि० [स० रक्षपाल] रक्षा और पालन करनेवाला। रक्षक। पालक। उ०—गिरि के धरमहार, गँवर के रच्छ पार गरुर न लाइए।—गंग० ग्र०, पृ० ६।

रच्छसⓅ—संज्ञा पुं० [स० राक्षस] दे० 'राक्षस'।

रच्छाⓅ—संज्ञा स्त्री० [स० रक्षा] दे० 'रक्षा'।

रच्छाकरⓅ—वि० [सं० रक्षा+हिं० करना] रक्षा करनेवाला। रक्षक। उ०—सुरजन सुत नृप भोज भूमि सुर जन रच्छाकर।—मति० ग्र०, पृ० ४१४।

रच्छित—वि० [स० रक्षित] दे० 'रक्षित'।

रछपालⓅ—वि० [स० रक्षपाल] रक्षा और पालन करनेवाला। रक्षपाल। उ०—अबिनासा दुलहा कब मिलहौ, भक्तन के रछपाल।—कबीर श०, पृ० ९१।

रछसⓅ—संज्ञा पुं० [स० रक्षस=राक्षस] दे० 'राक्षस'। उ०—जबरदूत मेले समुझावो रछस अजू समजे तो रावण।—रघु० रू०, पृ० १७८।

रजपुत्तⓅ—संज्ञा पुं० [हिं० राजपूत] दे० 'राजपूत'। उ०—रजपुत्त पचास झुझ्झे अमोर। वजै जीत कै नद्द नीसान घोर।—पृ० रा०, २०,६६।

रज—संज्ञा पुं० [स० रजस्] १. वह रक्त जो स्त्रियो और स्तनपायी जाति के मादा प्राणियो के योनिमार्ग से प्रतिमास निकलता

है और प्राय तीन या चार दिनो तक बराबर निकलता रहता है। आर्तव। कुसुम। ऋतु।

विशेष—रज युवावस्था का सूचक होता है और गरम देशो मे स्त्रियो के बारहवें या तरहवें वर्ष तथा ठढे देशो मे सोलहवें या अठारहवें वर्ष निकलने लगता है और प्राय पचास या पचपन वर्ष की अवस्था तक निकलता रहता है। जब स्त्री गर्भ धारण कर लेती है, तब यह रज निकलना बद हो जाता है, और प्रसव के उपरांत फिर निकलने लगता है। हमारे यहा शास्त्रो मे कहा है कि जबतक स्त्री रजस्वला न होने लग, तबतक उसे कोई धार्मिक कृत्य करने का अधिकार नही होता, और जिन दिनो स्त्री को रजस्राव होता हो, उन दिनो वह अपवित्र या अशुचि समझी जाती है। रजस्राव हो चुकने पर जब स्त्री स्नान करती है, तब वह गर्भधारण के लिये विशेष उपयुक्त हो जाती है।

२ साख्य के अनुसार प्रकृति के तीन गुणो मे से दूसरा गुण।

विशेष—यह चचल, प्रवृत्त करनेवाला, दु खजनक और काम, क्रोध, लोभ आदि को उत्पन्न करनेवाला माना गया है। सत्व तथा तम दोनो गुणो को यही सचालित करता है और इसी के द्वारा मनुष्य मे सब प्रकार की उत्तेजना या प्रेरणा उत्पन्न होती है। विशेष दे० 'गुण'।

३ आकाश। ४ पाप। ५ जल। पानी। उ०—रज राजस, आकाश रज, रज युवती मे होय। रज धूली, रज पाप, कहि रज जल निर्मल धोय।—नददास (शब्द०)। ६ प्राचीन समय का एक प्रकार का बाजा, जिसपर चमडा मढा जाता था। ७ जोता हुआ खेत। ८ बादल। ९ भाप। १० फूलो का पराग। उ०—हेमकमल रज मिलि पियराए।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)। ११ आठ परमाणुओ का एक मान या तौल। १२ भुवन। लोक। १३ पुराणानुसार एक ऋषि का नाम जो वशिष्ठ के पुत्र माने जाते हैं। १४ खेत पापडा। १५ स्कद की एक सेना का नाम।

रज[2]—सज्ञा स्त्री० १ धूल। गर्द। उ०—(क) गमन चढै रज पवन प्रसगा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) अति शुभ वीथी रज परिहरे।—केशव (शब्द०)। (ग) रज राजस न छुवाइए नेह चीकने चित्त।—बिहारी (शब्द०)। २ रात। ३ ज्योति। प्रकाश।

रज[3]—सज्ञा पुं० [सं० रजत] चाँदी। उ०—(क) पुनि ताम्र के हैं कोटि घर श्रुति कोटि रज के स्वच्छ ह। तहँ पाँच कोटि परवान के गृह दारु के नव लच्छ हैं।—विश्राम (शब्द०)। (ख) भाजन मणि हाटक रज केरे। अति विचित्र बहु भाति घनेरे।—विश्राम (शब्द०)।

रज[4]—सज्ञा पुं० [सं० रजक] रजक। धोबी। उ०—(क) शिवनिंदक मतिमद प्रजा रज निज नय नगर बसाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पारग मे एक रज सहारयो सबहि बसन हरि लीन्हे।—सूर (शब्द०)।

रज[5]—सज्ञा पुं० [फा० रज़्ज] अगूर [को०]।

रज[6]—वि० [फा० रज़्ज] रँगनेवाला [को०]।

रज(पु)[7]—सज्ञा स्त्री० [सं० रजस्] शूरता। वीरता। रजपूना। उ०—राजे भाणे राज छोडि राजपूत, रोनी छोडि राउत रनाई छोडि राना जू।—गोरा ग्र०, पृ० ६३।

रजई(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [हि० राजा+ई (प्रत्य०)] राजत्व। राजापन। उ०—राजा है रजई दिगवावत। ग्वाल बाल दुदुभी बजावत।—नद० ग्र०, पृ० २८५।

रजक[1]—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० रजकी] १ कपडा धोनेवाला। धोबी। २ मुर्गा। शुक (को०)।

रजक(पु)[2]—सज्ञा पुं० [आरब्रिक] १ अन्न। भोजन। २ रोजी। जीविका। उ०—देखतहा दुख दूर ह्वै पाय रजक सुख पूर।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ११।

रजकण—सज्ञा पुं० [सं० रज+कण] धूलिकण।

रजकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रजक की स्त्री। धोबिन। २ रजोधर्म के समय तीसरे दिन स्त्री की सज्ञा [को०]।

रजगार—सज्ञा पुं० [अ०] फकरा। कूट। तोड। दे० कूट'।

रजगुण—सज्ञा पुं० [सं० रजोगुण] प्रकृति का वह गुण जिससे काम वा भोग विलास की इच्छा पैदा होती है। रजोगुण। विशेष दे० 'रज'। उ०—बरनत बिमल श्रीपति रचित उपमा नहि कहि जात है। रनहित लपेटत तम गुनहि तनु मनु रजगुन सरसात है।—गोपाल (शब्द०)।

रजतत—सज्ञा स्त्री० [सं० राजतत्त्व] शूरता। वीरता। उ०—शिव सरजा सा जग जुरि चढावत रजवत। राव अमर गो अमरपुर समर रही रजतत।—भूषण (शब्द०)।

रजत—सज्ञा स्त्री० [स०] १. चाँदी। रूपा। उ०—रजत सीप महँ भास जिमि जथा भानु कर बारि।—तुलसी (शब्द०)। २ सोना। ३ हाथी दात। ४ हार। ५ रक्त। लहू। ६ पुराणानुसार शाकद्वीप के अस्ताचल पर्वत का नाम।

रजत[2]—वि० १ सफेद। शुभ्र। २ लाल। सुर्ख। ३. चाँदी के रग का। चाँदी का बना हुआ (को०)।

यौ०—रजतकुभ=चाँदी का घडा। रजतपात्र, रजतभाजन=चाँदी का बरतन।

रजतकूट—सज्ञा पुं० [सं०] मलय पर्वत की एक चोटी का नाम।

रजतजयती—सज्ञा स्त्री० [सं० रजत+जयन्ती] किसी संस्था के जीवनकाल के २५वें वर्ष मनाया जानेवाला उत्सव।

रजतद्युति[1]—सज्ञा पुं० [सं०] हनुमान।

रजतद्युति[2]—वि० रजत के समान दीप्त वा चमकीला।

रजतनाभ—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक यक्ष का नाम।

रजतनाभि—सज्ञा पुं० [स०] कुबेर के एक वशधर का नाम।

रजतपट—सज्ञा पुं० [सं० रजत+पट] वह सफेद पर्दा जिसपर चलचित्र प्रदर्शित किए जाते हैं।

रजतप्रस्थ—सज्ञा पुं० [सं०] कैलास पर्वत।

रजतवाह—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन ऋषि का नाम।

रजताई(पु)—सज्ञा स्त्री० [हि० रजत+आई (प्रत्य०)] सफेदी।

श्वेतता। उ०—तेज सो ताके ललाई भरे रज में मिली आसु सबै रजताई।—गिरधर (शब्द०)।

रजताकर—सज्ञा पुं० [स०] चाँदी की खान [को०]।

रजताचल—सज्ञा पु० [स०] १ चाँदी का बनाया हुआ वह कृत्रिम पर्वत जिसका दान करना पुराणानुसार बहुत पुण्य का कार्य समझा जाता है। यह नवाँ महादान है। २ कैलास पर्वत।

रजतादि—सज्ञा पु० [स०] कैलास पर्वत।

रजतोपम—सज्ञा पु० [सं०] रूपामाखी।

रजधानी—सज्ञा स्त्री० [स० राजधानी] दे० राजधानी'। उ०—राजा रामु अवध रजधानी। गावत गुन सुर मुनि वर बानी।—मानस, १।२५। २ राज्य। उ०—रामचद्र दसरथ सुत ताकी जनकसुता पटरानी। कह तात के, पचवटी वन छाँडि चले रजधानी।—सूर०, १०।१६६।

रजन[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० रेजिन] एक प्रकार का गोद। राल। विशेष दे० 'राल'।

रजन[2]—सज्ञा पुं० [स०] १. किरण। २. रँगने की क्रिया। ३ कुसुभ। महारजन [को०]।

रजनाⓊ[1]—क्रि० अ० [स० रञ्जन] रँगा जाना। रग मे डुबाया जाना। उ०—(क) प्रेम भरी पुर भूप सुता गुण रूप रजी रजपूतिनि राजै।—देव (शब्द०)। (ख) मानत नही लोक मरजादा हरि के रग मजी। सूर श्याम को मिलि चूनो ह्वै हौं रग रजी।—सूर (शब्द०)।

रजनाⓊ[2]—क्रि० स० रँग मे डुबाना। रँगना।

रजनाⓊ[3]—सज्ञा स्त्री० [स० रञ्जन] सगीत की एक मूर्च्छना जिसका स्वरग्राम इस प्रकार है—नि, स, रे, ग, म, प ध। नि, स, रे, ग, म, प, ध, नि। स, रे, ग, म, प, ध, नि।

रजनि—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'रजनी' [को०]।

रजनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. रात। रात्रि। निशा। उ०—(क) मगल ही जु करी रजनी विधि याही ते मगली नाम धर्‌यो है।—केशव (शब्द०)। (ख) है रजनी रज मे रुचि केती, कहा रुचि रोचक रक रसाल मे।—द्विजदेव (शब्द०)। ३ जतुका लता। पहाडी। ४. नीली। नील। ५. दारुहलदी। ६. पुराणानुसार शाल्मली द्वीप की एक नदी का नाम। ७. लाख। लाह। ८. दुर्गा का एक नाम (को०)।

रजनीकर—सज्ञा पु० [सं०] १. चद्रमा। उ०—सतत दुखद रूखो रजनीकर। स्वारथ रत तव अवहुँ एक रस मोको कबहुँ न भयो तापहर।—तुलसी (शब्द०)। २. कर्पूर। कपूर (को०)।

रजनीचर[1]—सज्ञा पु० [स०] १. राक्षस। २ चद्रमा। ३. चोर (को०)। ४. रात का पहरेदार (को०)।

रजनीचर[2]—वि० जो रात के समय चलता या घूमता फिरता हो।

रजनीजल—सज्ञा पुं० [सं०] १. ओस। २. पाला [को०]।

रजनीनाथ—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा [को०]।

रजनीपति—सज्ञा पु० [स०] चद्रमा।

रजनीमुख—सज्ञा पुं० [सं०] संध्या। सायंकाल। शाम का वक्त। उ०—(क) बहुरि भोग धरि रजनीमुख मे। मैनारती करै भरि सुख मे।—गिरधर (शब्द०)। (ख) प्रविश्यौ पवन तनय रजनी मुख लक निशक अकेला।—रघुराज (शब्द०)। (ग) दिन उठि जात धेनु वन चारन गोप सखन के सग। वासर गत रजनीमुख आवत करत नैन गति पग।—सूर (शब्द०)। (घ) रजनीमुख आवत गुन गावत नारद तुबुर माउँ।—सूर (शब्द०)।

रजनीरमण—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा [को०]।

रजनीश—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा। रजनीपति। उ०—कुटिल हरि-नख हिए हरि के हरष निरखति नारि। ईश जनु रजनीश राख्यौ भालहूँ ते उतारि।—सूर (शब्द०)।

रजनीस—सज्ञा पु० [सं० रजनीश] चद्रमा। उ०—तुलसी महीस देखे दिन रजनीस जैसे सूने परे सून से मनो मिटाए आक के।—तुलसी (शब्द०)।

रजनीहसा—पज्ञा स्त्री० [सं०] शेफाली। हरसिगार [को०]।

रजपूतⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० राजपुत्र] [स्त्री० रजपूतिन] १ दे० 'राजपूत'। उ०—धूत कहौ अवधूत कहौ रजपूत कहौ जोलहा कहौ कोऊ।—तुलसी (शब्द०)। २ वीर पुरुष। योद्धा। उ०—अतर ते जनु रजन को रजपूतन को रज ऊपर आई।—केशव (शब्द०)।

रजपूती†—सज्ञा स्त्री० [हिं० राजपूत+ई (प्रत्य०)] १ क्षत्रिय होने का भाव। क्षत्रियत्व। उ०—राखी रजपूती राजधानी राखी राजन की, धरा मैं धरम राख्यो राख्यो गुन गुनी मैं।—भूषण ग्र० पृ० ६७। २ वीरता। शूरता। बहादुरी।

रजबलⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० राजा अथवा राज्य+बल] राज्य का बल। सुख सपत्ति। राज्यत्व। उ०—जब हम हिरदे प्रीत विचारी। रजबल छाँडी के भए भिखारी।—दक्खिनी०, पृ० २३।

रजबला—सज्ञा पुं० [स० राज+बली] राजा। (डिं०)।

रजबहा—सज्ञा पुं० [स० राज, राजा (=बडा)+हिं० बहना] किसी बडी नदी या नहर से निकाला हुआ बडा नाला जिससे और भी छोटे छोटे अनेक नाले निकलते है।

रजबाह—सज्ञा पुं० [जलवाह] मघ। बादल। (डिं०)।

रजवती—वि० [सं० रजोवती] वह स्त्री जिसका रजस्राव हो रहा हो। रजस्वला।

रजवटⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० राज+वट (प्रत्य०)] १. क्षत्रियत्व। २ वीरता। शूरता। (डिं०)।

रजवती—वि० [स० रजोवती] दे० 'रजवती'।

रजवाड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० राज्य+वाडा] १. राज्य। देशी रियासत। जैसे,—वे कई रजवाडो मे माल बेचने जाते है। २ राजा। जैसे,—आजकल यहाँ कई रजवाडे आए हुए हैं।

रजवारⓊ‡—सज्ञा पुं० [स० राजद्वार] १ राजा का दरबार। २. राजद्वार। उ०—पुनि बाँधे रजवार तुरगा। का

वरनउँ जसे उनके रगा ।—जायसी (शब्द०) ।

रजस्—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'रज' ।

रजसानु—सज्ञा पुं० [स०] १ मेघ । बादल । २ चित्त । मन । हृदय [को०] ।

रजस्वल—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो रज वा रजोगुण मे भरा हो । २ महिष । भैसा [को०] ।

रजस्वला—वि० [स०] १ जिसका रज प्रवाहित होता हो । रजवती । ऋतुमती । उ०—रजस्वला तिय गर्भयुत होई । तासो रमण करै जो कोई ।—रघुनाथ (शब्द०) । २ विवाह के योग्य (लडकी) ।

रजा—सज्ञा स्त्री० [अ० रज़ा] १ मरजी । इच्छा । उ०—(क) नेह पथ मे भाव ते धरिए पाइ सँभार । साँवित होइ मन आपने मीत रजा अख्त्यार ।—रसनिधि (शब्द०) । (ख) राजी हैं हम उसी में जिसमे तेरी रजा है ।—नजीर (शब्द०) । २ रुखसत । छुट्टी । ३ अनुमति । आज्ञा । हुक्म । उ०—और कीजै वही आपकी जो रजा ।—सूदन (शब्द०) । ४ स्वीकृति ।

क्रि० प्र०—देना ।—पाना ।—मिलना ।—लेना ।

रजाइⓅ—सज्ञा स्त्री० [अ० रज़ा] १ आज्ञा । हुक्म । उ०—(क) पूतना पिसाचि जातुधानी जातुधान वाम रामदूत की रजाइ माथे मानि लेत हैं ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) राजा की रजाइ पाइ सचिव सहेली धाइ सतानद ल्याये सिय सिविका चढ़ाइ कै ।—तुलसी (शब्द०) । २ दे० 'रजा' ।

रजाइसⓅ†—सज्ञा स्त्री० [अ० रज़ा + हिं० आइस (प्रत्य०)] आज्ञा । हुक्म ।

रजाई[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रजक (= कपडा ? या देश०)] एक प्रकार का जाडे का ओढना जिसका कपडा दोहरा होता है और जिसमे रूई भरी होती है । लिहाफ ।

रजाई[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० राजा + आई (प्रत्य०)] राजा होने का भाव । राजापन ।

रजाई[3]—सज्ञा स्त्री० [अ० रज़ा] आज्ञा । हुक्म । उ०—चले सीस धरि राम रजाई ।—तुलसी (शब्द०) ।

रजाकार—सज्ञा पुं० [अ० रज़ा + कार] १ स्वयसेवक । २ स्वतत्रतापूर्व भारत मे स्थापित एक राष्ट्रविरोधी मुस्लिम राजनीतिक दल ।

रजाना क्रि० स० [स० राज्य] १ राज्यसुख का भोग करना । उ०—रूठ रही मन सो कह्यौ भूपति आनंद आज न याहि रुठाऊँ । माँगु कह्यौ बनवास दे रामहि हौ अपने सुत राज रजाऊँ ।—हृदयराम (शब्द०) । २ बहुत अधिक सुख देना । बहुत अच्छी तरह से रखना । जैसे,—वे अपने सभी सबधियो को राज रजा रहे हैं ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग 'राज' या 'राज्य' शब्द के साथ ही होता है, अलग नही ।

रजामद—वि० [फ़ा० रज़ामद] जो किसी बात पर राजी हो गया हो । सहमत । जैसे,—अगर आप इस बात मे रजामद हो, तो यही सही ।

रजामदी—सज्ञा स्त्री० [फा० रजामदी] राजी या सहमत होने का भाव । सहमति । स्वीकृति । जैसे,—जो काम होगा, वह आपकी रजामदी से होगा ।

रजायⓅ†—सज्ञा स्त्री० [अ० रज़ा] १ आज्ञा । हुक्म । उ०—(क) चोरन उर करि शुद्ध अति जाहु सु दियो रजाय ।—रघुराज (शब्द०) । (ख) कोपि दसकध तब प्रलय पयोद बोल्यो, रावन रजाय धाय आए यूथ जोरि कै ।—तुलसी (शब्द०) । २ मरजी । इच्छा ।

रजायसⓅ†—सज्ञा पुं० [हिं० राजा अथवा अ० रजा + आयसु] आज्ञा । हुक्म । उ०—भयो रजायस मारहु सूआ । सूर न आउ चाँद जहँ ऊआ ।—जायसी (शब्द०) ।

रजायसुⓅ†—सज्ञा पुं० [हिं० राजा वा अ० रज़ा + हिं० आयस] दे० 'रजायस' । उ०—अब तो सूर शरण ताकि आया, सोइ रजायसु दीजै । जेहि तें रहैं शत्रु प्रण मेरो वहै मतो कछु कीजै ।—सूर (शब्द०) । (ग) जबै जमराज रजायसु ते तहिं लै चलिहै भट बाँधि गटैया ।—तुलसी (शब्द०) ।

रजिया[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ अनाज नापने की एक माप जो प्राय डेढ सेर का होता है । २ काठ का वह बरतन जो इस मान का होता है ।

रजिया[2]—सज्ञा स्त्री० [अ० रज़ीअह्] १ दूध शरीक बहन । दूध बहन । २ रजिया बेगम, जो गुलामवश के दूसरे बादशाह अल्तमश की लडकी थी ।

रजियाउरⓅ—सज्ञा पु० [हिं० राजपुर वा राजा + गृह] राजधानी । उ०—बार मोर रजियाउर रता । सो लै चला सुवा परवता । जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १३३ ।

रजिष्ट्रार—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'रजिस्ट्रार' ।

रजिस्टर—सज्ञा [अ०] अँगरेजी ढग की बही या किताब आदि जिसमे किसी मद का आय व्यय अथवा किसी विषय का विस्तृत विवरण, सिलसिलेवार या खानेवार, लिखा जाता हो ।

रजिस्टरी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ किसी लिखित प्रतिज्ञापत्र को कानून के अनुसार सरकारी रजिस्टरो मे दर्ज कराने का काम ।

विशेष—प्राय सभी देशो मे यह नियम है कि बैनामा, दस्तावेज तथा इसी प्रकार के और सब कागज पत्र लिखे जाने के उपरात सरकारी रजिस्टरो मे दर्ज करा लिए जाते हैं । इससे लाभ यह होता है कि उस कागज मे लिखी हुई सब बातें बिलकुल पक्की हो जाती हैं, और यदि कोई पक्ष उन बातो के विपरीत काइ काम करता है, तो वह न्यायालय से दड का भागी होता है । यदि मूल कागज किसी प्रकार खो जाय, तो उसके बदले मे आवश्यकता पडने पर रजिस्टरी-वाली नकल से भी काम चल जाता है ।

२ चिट्ठी, पारसल आदि डाक से भेजने के समय डाकखाने के रजिस्टर मे उसे दर्ज कराने का काम, जिसके लिये कुछ अलग फीस या दाम देना पडता है ।

विशेष—इस प्रकार की रजिस्टरी से यह लाभ होता है कि

रजिस्टरी कराई हुई चीज खोने नही पाती, और यदि खो जाय, तो डाकखाना उसके लिये जिम्मेदार होता है। यदि पानेवाला किसी समय उस चिट्ठी या पारसल आदि के पाने से इन्कार करे, तो उसके विरुद्ध डाकखाने से रजिस्टरी का प्रमाण भी दिया जा सकता है।

३ ऊपर कही विधि से भेजा हुआ पत्र आदि।

यौ०—रजिस्टरी शुदा = रजिस्टर्ड। पजीकृत। पजीबद्ध।

रजिस्टर्ड—वि० [अं०] जिसकी लिखा पढी पक्की हो। रजिस्टर मे लिखा हुआ। जिसकी रजिस्ट्री कराई गई हो।

रजिस्ट्रार—सज्ञा पु० [अ०] १ वह अफसर जिसका काम लोगो के लिखित प्रतिज्ञापत्रो या दस्तावेजो की कानून के मुताबिक रजिस्ट्री करना अर्थात् उन्हे सरकारी रजिस्टर मे दर्ज करना हो। २ वह उच्च कर्मचारी या अफसर जो किसी विश्वविद्यालय मे मत्री का काम करता हो। जैसे—हिंदू विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार।

रजिस्ट्रेशन—सज्ञा पुं० [अं०] रजिस्टर मे दर्ज होना।

रजीडट—सज्ञा पु० [अ० रेज़िडेंट] दे० 'रेजिडेंट'।

रजील—वि० [अ० रज़ील] १. छोटी जाति का। नीच। जैसे, रजील कौम। २. पाजी। कमीना। शोहदा।

रजुⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० रज्जु] दे० 'रज्जु'। उ०—(क) सोभा रजु मदरु सिंगारू।—मानस, १।२४७। (ख) जसुमति रिस करि करि रजु करपै।—सूर०, १०।३४२।

रजोकुलⓤ—सज्ञा पुं० [सं० राजकुल] राजवश। राजघराना। उ०—राजति राज रजोकुल मे अति भाग सुहागिनी राजदुलारी।—(शब्द०)।

रजोगुण—सज्ञा पु० [सं०] प्रकृति का वह स्वभाव जिससे जीवधारियो मे भोग विलास तथा दिखावे की रुचि उत्पन्न होती है। रजगुण। राजस।

विशेष—यह साख्य के अनुसार प्रकृति के तीन गुणो मे से एक है जो चचल और भोग विलास आदि मे प्रवृत्त करानेवाला कहा गया है। विशेष दे० 'गुण'।

रजोगोत्र—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार वशिष्ठ के एक पुत्र का नाम।

रजोदर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियो का मासिक धर्म। ऋतुस्राव। रजस्वला होना।

रजोधर्म—सज्ञा पुं० [स०] स्त्रियो का मासिक धर्म।

रजोबल—सज्ञा पुं० [सं०] अधकार। अँधेरा [को०]।

रजोभक—सज्ञा पुं० [सं०] बुरी बात से रोकनेवाला। निषिद्ध कर्म करने पर सावधान करनेवाला (स्मृति)।

रजोमूर्ति—सज्ञा पुं० [स०] ब्रह्मा [को०]।

रजोरस—सज्ञा पुं० [सं०] अधकार। अँधेरा।

रजोहर—सज्ञा पुं० [सं०] रजक। धोबी [को०]।

रज्जाकⓤ—सज्ञा पुं० [अ० रज्ज़ाक़] रिज्क या रोजी देनेवाला। ईश्वर। उ०—यह सब आलम तेरा तूँ रज्जाक सभो केरा।—दक्खिनी०, पृ० ५२।

रज्जु—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. रस्सी। जेवरी। २. घोडे की लगाम की डोरी। बागडोर। ३ स्त्रियो के सिर की चोटी। वेणी। ४ जैनियो के अनुसार समस्त विश्व की ऊँचाई का $\frac{1}{14}$ वाँ भाग। राजू।

रज्जुकठ—सज्ञा पुं० [स० रज्जुकण्ठ] एक प्राचीन आचार्य का नाम।

रज्जुदालक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का जलचर पक्षी जिसका मास खाने का शास्त्रकारो ने निषेध किया है।

रज्जुबाल—सज्ञा पुं० [सं०] मनु के अनुसार एक प्रकार का पक्षी। रज्जुदालक।

रज्म—सज्ञा पु० [अ० रज़्म] सग्राम। रण। जग। युद्ध [को०]।

रझना†—सज्ञा पु० [सं० रन्धन या रञ्जन] रँगरेजो का वह पात्र जिसमे वे रँगे हुए कपडे मे का रग निचोडते हैं।

रटंत—सज्ञा स्त्री० [हिं० रटना + अत (प्रत्य०)] रटने की क्रिया का भाव। रटाई।

रटती—सज्ञा स्त्री० [स० रटन्ती] माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी जो एक पुण्य तिथि समझी जाती है।

विशेष—इस दिन सूर्योदय के समय स्नान एव तर्पण करने का बहुत माहात्म्य कहा गया है। बृहन्नीलतत्र और कालिकापुराण आदि के अनुसार इस दिन तात्रिक लोग भगवती तारा और मुडमालिनी कालिका का पूजन करते हैं।

रट—सज्ञा स्त्री० [हिं० रटना] किसी शब्द का बार बार उच्चारण करने की क्रिया। जैसे,—तुमने तो 'लाओ', 'लाओ' की रट लगा दी है। उ०—(क) राम राम रटु विकल भुआलू।—तुलसी (शब्द०)। (ख) केशव वे तुहि तोहि रटैं रट तोहिं इतै उनही की लगी है।—केशव (शब्द०)। (ग) जैसी रट तोहि लागी माधव की राधे ऐसी, राधे राधे राधे रट माधवै लगी रहै।—पद्माकर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—मचाना। लगना।—लगाना।

रटन[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रटना] रटने की क्रिया या भाव। रट।

रटनⓤ[2]—सज्ञा पुं० [सं०] कहना। बोलना।

रटनिⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रटना] रटने की क्रिया। रट। रटन। उ०—चातकु रटनि घटै घटि जाई।—मानस, २।२०४। (ख) तव कटु रटनि करौ नहिं काना।—मानस, ६।२४।

रटना—क्रि० स० [अनु०] १. किसी शब्द को बार बार कहना। उ०—(क) जानि यह केशोदास अनुदिन राम राम रटत रहत न डरत पुनरुक्ति सो।—केशव (शब्द०)। (ख) असगुन होहिं नगर पैसारा। रटहिं कुभाँति कुखेत करारा।—तुलसी (शब्द०)। २ जबानी याद करने के लिये बार बार उच्चारण करना। जैसे,—इन शब्दो का अर्थ रट डालो।

सयो० क्रि०—डालना।—लेना।

३. बार बार शब्द करना। बजना। उ०—कटि तट रटति चारु किंकिनि रव अनुपम बरनि न जाई।—तुलसी (शब्द०)।

रठ†—वि० [?] रूखा। शुष्क। उ०—मेरी कही मान लीजे आजु मान माँगे दीजे चित हित कीजै तत तीजै रोस रठु है।—रघुनाथ (शब्द०)।

रठकठⓊ—वि० [देश० रठ (=शुष्क)+हिं० काठ] उकठे काठ की तरह। जड। शुष्क। उ०—सो सठ रठकठ मति का हीना। साधु संगति नहिं चीन्हे विहीना।—सत० दरिया, पृ० ३८।

रड्डनाⓊ†—क्रि० अ० [सं० रटन, हिं० रटना] चिल्लाना। चीखना। उ०—दोउ ओर उमग्गै समर सु रड्डै बढि बढि तडै नख खडै।—ह० रासो, पृ० १३४।

रढ़नाⓊ—क्रि० स० [हिं० रट] १ दे० 'रटना'। उ०—जब पाहन भे बनवाहन से उतरे बनरा जै राम रढै।—तुलसी (शब्द०)। २ बहकाना। फुसलाना। उ—पुनि पीवत ही कच टकटोरत झूठहिं जननि रढै। सूर निरखि मुख हँसति जसोदा सो सुख उर न कढै।—सूर०, १०।१७४।

रढिया†—संज्ञा स्त्री० [देश० या राढ़ (देश) ?] एक प्रकार की देशी कपास जो साधारण कोटि की होती है।

रण—संज्ञा पुं० [सं०] १ लडाई। युद्ध। जंग।

यौ०—रणकर्म=युद्ध। लडाई। संग्राम। रणकामी=युद्धेप्सु। युद्ध का इच्छुक। रणकारी=युद्ध करनेवाला। रणक्षिति, रणक्षोणी=दे० 'रणक्षेत्र'। रणक्षेत्र। रणधीर। रणभूमि। रणस्थल।

२ रमण। ३ शब्द। ४ गति। ५ दुवा नामक भेडा जिसकी दुम मोटी और भारी होती है।

रणक्षेत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह भूमि जहाँ युद्ध हो। लडाई का मैदान।

रणखेतⓊ—संज्ञा पुं० [सं० रणक्षेत्र] दे० 'रणक्षेत्र'।

रणगोचर—वि० [सं०] युद्धमलग्न। संग्राम मे लगा हुआ [को०]।

रणछोड़—संज्ञा पुं० [स० रण+हिं० छोडना] श्री कृष्ण का एक नाम।

विशेष—जरासंध की चढाई के समय श्रीकृष्ण रणभूमि त्याग कर द्वारका की ओर चले गए थे, इसी से उनका यह नाम पडा है।

रणतूर्य—संज्ञा पुं० [सं०] लडाई का बाजा। मारू बाजा [को०]।

रणत्कार—संज्ञा पुं० [स०] १ झनझनाहट। २ गूँज [को०]।

रणदुदुभी—संज्ञा पुं० [सं० रण+दुन्दुभि] दे० 'रणतूर्य'।

रणन—क्रि० अ० [स०] शब्द करना। बजना।

रणपंडित—संज्ञा पुं० [सं० रणपण्डित] १ योद्धा। वीर। २ युद्ध मे कुशल व्यक्ति [को०]।

रणप्रिय—संज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ बाजपक्षी। ३ खस।

रणभू, रणभूमि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ युद्ध हो। लडाई का मैदान।

रणमंडा—संज्ञा स्त्री० [सं० रण+मण्डन] पृथ्वी। (डिं०)।

रणमद—संज्ञा पुं० [सं०] युद्ध का नशा। रणोन्माद।

रणमत्त—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथी। २ वह जो युद्ध मे मत्त हो।

रणमार्ग कोविद—वि० [सं०] युद्ध की कला मे प्रवीण [को०]।

रणमुख—संज्ञा पुं० [सं०] १ लडाई का अगला मोरचा। २ सेना का अग्रभाग [को०]।

रणमुष्टि—संज्ञा पुं० [सं०] कुचिला।

रणरंक—संज्ञा पुं० [सं० रणरङ्क] हाथी के ऊपरी दोनो दाँतों के बीच का भाग।

रणरंग—संज्ञा पुं० [स० रणरङ्ग] १ लडाई का उत्साह। उ०—कुंभकर्ण दुर्मद रणरंगा।—तुलसी (शब्द०)। २ युद्ध। लडाई। ३ युद्धक्षेत्र।

रणरंताⓊ—वि० [स० रण+रत] युद्ध मे अनुरक्त। युद्ध मे लगा हुआ। उ०—मुनिगण प्रतिपालक रिपुकुल घालक बालक ते रणरंता।—केशव (शब्द०)।

रणरण—संज्ञा पुं० [स०] १. व्यग्रता। घबराहट। व्याकुलता। २ खेद। पछतावा। रज। ३ मच्छड। मशक (को०)।

रणरणक—संज्ञा पुं० [स०] १. कामदेव का एक नाम। २ प्रबल कामना। उत्कंठा। ३ व्यग्रता। घबराहट। ४ प्रेम। प्रीति (को०)।

रणरसिक—वि० [स०] युद्धप्रेमी [को०]।

रणलक्ष्मी—संज्ञा स्त्री० [स०] युद्ध की देवी जो विजय करानेवाली मानी जाती है। विजयलक्ष्मी।

रणवाद्य—संज्ञा पुं० [स०] लडाई का बाजा। रणतूर्य।

रणवासⓊ†—संज्ञा स्त्री० [हिं० रनिवास] दे० 'रनिवास'। उ०—निठुर वचन मुख तैं जु कहि। तनि रणवास रिसाय।—ह० रासो, पृ० १२०।

रणवृत्ति—संज्ञा पुं० [सं०] सैनिक। योद्धा।

रणशिक्षा—संज्ञा पुं० [स०] युद्ध करने की शिक्षा [को०]।

रणशूर—संज्ञा पुं० [सं०] युद्धवीर। योद्धा [को०]।

रणशौंड—वि० [स० रणशौण्ड] युद्धकुशल। संग्राम करने मे दक्ष [को०]।

रणसंकुल—संज्ञा पुं० [सं० रणसङ्कुल] घमासान लडाई। घनघोर संग्राम। भयकर युद्ध [को०]।

रणसज्जा—संज्ञा स्त्री० [स० रण+हिं० सज्जा] युद्ध की तैयारी [को०]।

रणसहाय—संज्ञा पुं० [सं०] लडाई मे मददगार, मित्र [को०]।

रणसिंघा—संज्ञा पुं० [स० रण+हिं० सिंघा] तुरही। नरसिंघा।

रणसिंहा—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रणसिंघा'। उ०—रणसिंहों का जो शब्द होता था, सो अति ही सुहावना लगता था।—लल्लूलाल (शब्द०)।

रणस्तंभ—संज्ञा पुं० [सं० रणस्तम्भ] वह स्तंभ जो किसी रण मे विजय प्राप्त करने के स्मारक मे बनवाया जाता है। विजय का स्मारक।

रणस्थल—सज्ञा पु० [स०] लडाई का मैदान । रणभूमि ।

रणस्वामी—सज्ञा पुं० [सं० रणस्वामिन्] १. शिव । महादेव । २ युद्ध का प्रधान सचालक या सेनापति ।

रणहस—सज्ञा पुं० [स०] एक वर्ण वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे सगण, जगण, भगण और रगण होते हैं । इसको 'मनहस', 'मानहस' और 'मानसहस' भी कहते हैं ।

रणाग—सज्ञा पु० [स० रणाङ्ग] हथियार । शस्त्रास्त्र [को०] ।

रणागण—सज्ञा पुं० [स० रणाङ्गण] लडाई का मैदान । युद्धक्षेत्र ।

रणांतकृत—सज्ञा पुं० [सं० रणान्तकृत्] विष्णु [को०] ।

रणाग्र—सज्ञा पुं० [स०] सेनामुख । लडाई का अग्रिम मोरचा ।

रणाजिर—सज्ञा पुं० [स०] युद्धक्षेत्र । लडाई का मैदान ।

रणिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रैन] रात्रि । रात । (डिं०) ।

रणित—सज्ञा पु० [स०] झनझनाहट । रणत्कार [को०] ।

रणेचर—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु ।

रणेश—सज्ञा पुं० [स०] १ शिव । २ विष्णु ।

रणेस्वच्छ—सज्ञा पुं० [स०] कुक्कट । मुर्गा [को०] ।

रणोत्कट[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम । २ एक दैत्य का नाम ।

रणोत्कट[2]—वि० जो रण मे सम्मिलित होने या रण ठानने के लिये उन्मत्त हो रहा हो ।

रणोत्साह—सज्ञा पुं० [सं०] युद्ध सबधी उत्साह । युद्धोत्साह [को०] ।

रत[1]—सज्ञा पुं० [पुं०] १ मैथुन । प्रसग । उ०—प्रिया का है बिबाधर मृदुल ज्यो पल्लव नयो । लियो धीरें धीरें रहसि रस मैंने रत समै ।—लक्ष्मण (शब्द०) । २ योनि । ३ लिंग । ४ प्रेम । प्रीति ।

रत[2]—वि० १ प्रेम मे पडा हुआ । अनुरक्त । आसक्त । २ (कार्य आदि मे) लगा हुआ । लिप्त । लीन । तत्पर ।

रतⓊ[3]—सज्ञा पुं० [सं० रक्त, प्रा० रत्त] रक्त । खून । लहू । (डिं०) ।

रतⓊ[4]—सज्ञा स्त्री० [सं० ऋतु] दे० 'ऋतु' । उ०—आवी सब रत आमली त्रिया करइ सिणगार ।—ढोला०, दू० ३०३ ।

रतकील—सज्ञा पुं० [स०] १ कुत्ता । २ पुरुष की जननेंद्रिय । लिंग [को०] ।

रतकूजित—सज्ञा पुं० [स०] सभोग के समय की जानेवाली अस्फुट ध्वनि । कामुकतापूर्ण कुथन । सभोग या प्रसगकालीन सीत्कार । [को०] ।

रतगिरा—सज्ञा स्त्री० [हिं० रत्ती] गुजा । घुंघची ।

रतगुरु—सज्ञा पुं० [सं०] पति । खसम । शौहर ।

रतगृह—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'रतिगृह' [को०] ।

रतजगा—सज्ञा पुं० [हिं० रात+जागना] १ किसी उत्सव या विहार आदि के लिये सारी रात जागकर बिता देना । २ वह आनदोत्सव जो रात भर होता रहे । ३ एक त्योहार जो पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार आदि मे भाद्रपद कृष्ण द्वितीया की रात को होता है । इसमे प्राय स्त्रियाँ रात भर कजली आदि गाया करती हैं ।

रतज्वर—सज्ञा पुं० [स०] कौआ । काक [को०] ।

रततालि[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] कुटनी ।

रततालि[2]—सज्ञा पुं० [स० रततालिन्] विषयी । कामाचारी । लपट [को०] ।

रतन—सज्ञा पुं० [स० रत्न] दे० 'रत्न' ।

रतनजोत—सज्ञा स्त्री० [स० रत्न+ज्योति] १ एक प्रकार की मणि । २ एक प्रकार का बहुत छोटा क्षुप जो कश्मीर और कुमाऊँ मे अधिकता से होता है ।

विशेष—इसके डठल प्राय डेढ बालिश्त तक लबे होते हैं, जिनमे काहू के पत्तो के से, प्राय चार अगुल तक लबे और कुछ अनीदार पत्ते और छोटे छोटे फूलो तथा फलो के गुच्छे लगते है । इसकी जड लाल रग की होती है, जिससे लाल रग निकाला जाता है और तेल आदि रँगे जाते हैं । वैद्यक मे यह गरम, रुक्ष, पित्तज, त्रिदोषनाशक तथा जीर्णज्वर, प्लीहा, शोथ आदि को दूर करनेवाली कही गई है । इसके कई भेद होते हैं, जिनमे से एक के डठल और पत्ते अपेक्षाकृत बडे होते हैं, और एक छत्ते के आकार की होती है जिसकी पत्तियाँ बहुत छोटी होती हैं । वैद्यक के अनुसार इन सबके गुण भी भिन्न भिन्न होते है, और इनका व्यवहार औषध रूप मे होता है ।

३ वृहद्दंती । बडी दती । वि० दे० 'दती' ।

रतनपटोराⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० रतन+पटोरा] रत्न जडे हुए वस्त्र । जडाऊ वस्त्र । उ०—रतन पटोरा डारि पाँवडा सन्मुख जाऊँ हो ।—घरम०, पृ० ५४ ।

रतनपुरुष—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार की छोटी झाडी जो दिल्ली, आगरा, बुदेलखड और बगाल मे पाई जाती है । इसकी जड और पत्तियाँ औषधि के रूप मे काम मे आती हैं ।

रतनाकरⓊ—सज्ञा पुं० [सं० रत्नाकर] १ दे० 'रत्नाकर' । २ दे० 'रतनजोत' ।

रतनागरⓊ—सज्ञा पुं० [स० रत्नाकर] समुद्र । उ०—जनमि जगत जसु प्रगटिहु मातु पिताकर । तीयरतन तुम उपजिहु भव रतनागर ।—तुलसी (शब्द०) ।

रतनगरभ—सज्ञा स्त्री० [सं० रत्नगर्भा] पृथ्वी । भूमि । (डिं०) ।

रतनार—वि० [हिं०] दे० 'रतनारा' ।

रतनारा—वि० [स० रक्त, प्रा० रत्त, रत+नाल (=पोला मुरमा) अथवा स० रत्न (=मानिक)+हिं० आर (प्रत्य०)] कुछ लाल । सुर्खी लिए हुए । उ०—दुलरी कठ नयन रतनारे मो मन चित हरौरी ।—सूर (शब्द०) ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग अधिकतर आँखो के लिये ही होता है ।

रतनाराच—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रतनारीच' [को०] ।

रतनारी[1]—सज्ञा पुं० [हिं० रतनार+ई (प्रत्य०)] १ एक प्रकार का धान । उ०—कपूर काट कजरी रतनारी । मधुकर ढेला जीरा सारी ।—जायसी (शब्द०) ।

रतनारी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० रक्त (=रत+नार)] लाली । लालिमा । सुर्खी ।

रतनारी[3]—वि० दे० 'रतनारा' ।

रतनारीच—सज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव । मदन । २ कुत्ता । श्वान । ३ आवारा । लपट । बदचलन । ४. रतकूजित । सभोगानदजन्य सीत्कार (को०) ।

रतनालिया(पु)†—वि० [हिं० रतनारा+इया (प्रत्य०)] दे० 'रतनारा' । उ०—आँखडिया रतनालिया चेला करैं प्रताल । मैं तोहि बूझौं माछली तूं क्यों बधी जाल ।—कबीर (शब्द०) ।

रतनावली—सज्ञा स्त्री० [सं० रत्नावली] दे० 'रत्नावली' ।

रतनिधि—सज्ञा पुं० [सं०] खजन पक्षी । ममोला ।

रतबध—सज्ञा पुं० [स० रतबन्ध] दे० 'रतिबध' ।

रतमानस—वि० [स०] खुशदिल । प्रसन्नचित्त [को०] ।

रतमुहाँ(पु)†[1]—वि० [हिं० रत (=लाल)+मुँह] [वि० स्त्री० रतमुही] लाल मुँहवाला । उ०—रायमुनी तुम्ह औ रतमुही । अलिमुख लाग भई फुल जुही ।—जायसी (शब्द०) ।

रतमुहाँ[2]—सज्ञा पु० बदर ।

रतवाँस†—सज्ञा पुं० [हिं० रात+वाँस (प्रत्य०)] हाथियो और घोडों का वह चारा जो उन्हें रात के समय दिया जाता है ।

रतवा—सज्ञा पुं० [देश०] खर नाम की घास जो घोडो के लिये बहुत अच्छी समझी जाती है ।

रतवाई†—सज्ञा स्त्री० [देश०] पहले दिन कोल्हू चलने पर उसका रस लोगो मे बाँटने की प्रथा ।

रतवाह(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० रात+वाह ?] रात की लडाई । रात्रि को होनेवाला युद्ध ।

रतव्रण—सज्ञा पुं० [सं०] कुत्ता ।

रतशायी—सज्ञा पुं० [सं० रतशायिन्] कुत्ता ।

रतहिडक—सज्ञा पु० [स० रतहिण्डक] १ वह जो स्त्रियो को चुराता हो । २ लंपट । आवारा । बदचलन ।

रताजली—सज्ञा स्त्री० [सं० रताञ्जली] रक्तचदन । लाल चदन ।

रतादुक—सज्ञा पु० [सं० रतान्दुक] कुत्ता ।

रता†—सज्ञा स्त्री० [देश०] झुकडी, जो अनेक वस्तुओ पर प्राय बरसात के दिनो मे या सीड की जगह मे लग जाती है ।

रताना(पु)†[1]—क्रि० अ० [स० रत+हिं० आना (प्रत्य०)] रत होना । उ०—कीधौ श्याम हटकि हैं राख्यौ कीधौं आपु रतान्यौ ।—सूर (शब्द०) ।

रताना(पु)†[2]—क्रि० स० किसी को अपनी ओर रत करना ।

रतामर्द[2]—सज्ञा पुं० [स०] कुत्ता [को०] ।

रतायनी—सज्ञा स्त्री० [स०] वेश्या । रडी ।

रतार्थी—वि० [सं० रतार्थिन्] [वि० स्त्री० रतार्थिनी] संभोग चाहनेवाला । कामुक [को०] ।

रतालू—सज्ञा पु० [सं० रक्तालु] १ पिंडालू नामक कद जिसका व्यवहार तरकारी बनाने मे होता है । २ वाराहीकद । गेंठी ।

रति[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कामदेव की पत्नी जो दक्ष प्रजापति की कन्या मानी जाती है । विशेष दे० 'कामदेव' । उ०—राधा हरि केरी प्रीति सब तें अधिक जानि रति रतिनाथ हूँ देखो रति थोरी सी ।—केशव (शब्द०) ।

विशेष—कहते हैं, दक्ष ने अपने शरीर के पसीने से इसे उत्पन्न करके कामदेव को अर्पित किया था । यह ससार की सबसे अधिक रूपवती, सौंदर्य की साक्षात् मूर्ति मानी जाती है । इसे देखकर सभी देवताओ के मन मे अनुराग उत्पन्न हुआ था, इसलिये इनका नाम रति पडा था । जिस समय शिव जी ने कामदेव को अपने तीसरे नेत्र से भस्म कर दिया था, उस समय इसने बहुत अधिक विलाप करके शिव जी से यह वरदान प्राप्त किया था कि अब से कामदेव बिना शरीर के या अनग होकर सदा बना रहेगा । यह भी माना जाता है कि यह सदा कामदेव के साथ रहती है ।

२ कामक्रीडा । सभोग । मैथुन । उ०—(क) रति जय लिखिबे की लेखनी सुरेख किधौं मीनरथ सारथी के नोदन नवीने हैं ।—केशव (शब्द०) । (ख) लाज गरब आरस उमग भरे नैन मुसकात । रति रमी रति देत कहि औरे प्रभा प्रभात ।—बिहारी (शब्द०) । ३. प्रीति । प्रम । अनुराग । मुहब्बत ।

क्रि० प्र०—करना ।—जोडना ।—लगाना ।—होना ।

४ शोभा । छवि । उ०—चोटी मे लपेटी एक मणि ही सुकाढि दीन्ही दीजो राम हाथ जो बढैया तेरी रति को ।—हृदयराम (शब्द०) । ५ सौभाग्य । खुशकिस्मती । ६ साहित्य मे शृगार रस का स्थायी भाव । नायक नायिका की परस्पर प्रीति या प्रेम । ७ वह कर्म जिसका उदय होने से किसी रमणीक वस्तु से मन प्रसन्न होता है । (जैन) । ८ गुप्त भेद । रहस्य । ९ चद्रमा की छठी कला (को०) ।

रति(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रत्ती' ।

रति[2]—क्रि० वि० दे० 'रती' । उ०—कत सकुचत निघरक फिरौ रतियौ खोरि तुम्हैं न । कहा करौ जो जाहिं ये लगैं लगौंहैं नैन ।—बिहारी (शब्द०) ।

रति(पु)[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रात] रात । रात्रि । रैन । उ०—सही रँगीले रति जगे जगी पगी सुख चैन । अलसौंहैं सौंहैं किए कहैं हँसौंहैं नैन ।—बिहारी (शब्द०) ।

विशेष—केवल समस्त पदो मे ही इस शब्द का इस रूप मे व्यवहार होता है । जैसे, रतिवाह ।

रतिकत(पु)—सज्ञा पुं० [सं० रतिकान्त] दे० 'रतिकात' । उ०—नव

रसाल के पौन लगि डोलत डारन मौर। जनु वसत रतिकत पर झुकि झुकि ढारत चौर।—स० सप्तक, पृ० ३६५।

रतिक(पु)†—क्रि० वि० [हिं० रत्ती+क (प्रत्य०)] रत्ती भर। बहुत थोडा। जरा सा। उ०—नेरे चलि आय छलि मेरे मुख पकज को परसै निसक नहिं सक करै रतिको।—दीनदयाल (शब्द०)।

रतिकर[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. कामी। २ एक प्रकार की समाधि।

रतिकर[2]—वि० १ जिससे आनद की वृद्धि हो। २ जिससे प्रेम की वृद्धि हो।

रतिकर्म—सज्ञा पुं० [सं० रतिकर्मन्] सभोग। मैथुन [को०]।

रतिकलह—सज्ञा पु० [स०] १ मैथुन। सभोग। विलास। २ रति-कालीन मान मनौवन।

रतिकात—सज्ञा पुं० [स० रतिकान्त] कामदेव।

रतिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] ऋषभ स्वर की तीन श्रुतियो मे से अतिम श्रुति। (सगीत)।

रतिकुहर—सज्ञा पुं० [स०] योनि। भग।

रतिकेलि—सज्ञा स्त्री० [स०] भोगविलास। सभोग। रतिक्रीडा।

रतिक्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] मैथुन। सभोग।

रतिक्रीड़ा—सज्ञा स्त्री० [सं० रतिक्रीडा] दे० 'रतिकेलि'।

रतिखेद—सज्ञा पुं० [स०] सभोगजनित अवसाद या क्लाति [को०]।

रतिगर†—क्रि० वि० [हिं० रात+गर ?] प्रात काल। बडे तडके। सवेरे।

रतिगृह—सज्ञा पु० [सं०] १ योनि। भग। २ वेश्यालय। चकला-खाना (को०)। ३ रतिभवन। केलिगृह (को०)।

रतिज्ञ—सज्ञा पुं० [स०] १. वह जो रतिक्रिया मे चतुर हो। २ वह जो किसी स्त्री के मन मे अपने प्रति प्रेम उत्पन्न करने मे निपुण हो।

रतितस्कर—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो स्त्रियो को अपने साथ व्यभिचार करने मे प्रवृत्त करता हो।

रतिताल—सज्ञा पु० [सं०] सगीत मे ताल के साठ मुख्य भेदो मे से एक भेद।

रतिदान—सज्ञा पु० [स०] सभोग। मैथुन। उ०—रघुनाथ ऐसो भेस धरे प्रानप्यारो आयो प्रात कछु बसि राति दीन्हे रतिदान का।—रघुनाथ (शब्द०)।

रतिदेव—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २. एक चद्रवशीय राजा का नाम जो साकृति के पुत्र थे। ३ कुत्ता। श्वान।

रतिधन—सज्ञा पुं० [स०] वह अस्त्र जिससे दूसरे अस्त्रो का नाश होता हो।

रतिनाग—सज्ञा पुं० [स०] कामशास्त्र के अनुसार सोलह प्रकार के रतिवधो मे से एक प्रकार का रतिवध।

रतिनाथ—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव।

रतिनायक—सज्ञा पु० [स०] कामदेव। उ०—(क) न डगै न भगै जिय जानि सिलीमुख पच धरे रतिनायक है।—तुलसी (शब्द०)।

(ख) काहे दुरावति है सजनी रतिनायक सायक एही कहे हैं।—मन्नालाल (शब्द०)।

रतिनाह(पु)—सज्ञा पुं० [स० रतिनाथ] कामदेव।

रतिपति—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव।

रतिपद—सज्ञा पुं० [स०] एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे दो नगण और एक सगण (।।।, ।।।, ।।ऽ) होता है। जैसे,—न निसि घर तजि घरी। कबहुँ जग कुल नारी। धरति पद पर धरा। सुमतियुत सतिवरा।

रतिपाश—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रतिपाशक'।

रतिपाशक—सज्ञा पुं० [स०] कामशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का रतिवध जिसे रतिनाग भी कहते हैं।

रतिप्रिय[1]—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव।

रतिप्रिय[2]—वि० जिसे मैथुन बहुत प्रिय हो।

रतिप्रिया[1]—वि० [सं०] (स्त्री) जिसे मैथुन बहुत प्रिय हो।

रतिप्रिया[2]—सज्ञा स्त्री० १ तात्रिको के अनुसार शक्ति की एक मूर्ति का नाम। २ दाक्षायिणी का एक नाम।

रतिप्रीता—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह नायिका जिसका रति मे प्रेम हो। मैथुन से प्रसन्न होनेवाली स्त्री। कामिनी।

रतिफल—वि० [सं०] जिससे रति मे आनद मिले। जिससे रति की जा सके। कामोत्तेजक। (ओषधि आदि)।

रतिबध—सज्ञा पु० [स० रतिबन्ध] मैथुन या सभोग करने का ढग या प्रकार, जिसे आसन भी कहते है।

रतिबाह(पु)—सज्ञा पुं० [सं० रात्रि+वाह] रात की लडाई रात्रियुद्ध। उ०—बर बीरह रघुबस राम रतिबाह उचारिय।—पृ० रा०, ६६।४८३।

रतिबधु—सज्ञा पु० [स० रतिबन्धु] १ प्रेमी। २ पति [को०]।

रतिभवन—सज्ञा पु० [सं०] १ योनि। भग। २ वह स्थान जहाँ प्रेमी और प्रेमिका मिलकर रतिक्रीडा करते हो। ३. वेश्यागार (को०)।

रतिभाव—सज्ञा पुं० [सं०] १ नायक नायिका का परस्पर प्रेम। दाम्पत्य भाव। (यह शृगार रस का स्थायी भाव है)। २ प्रीति। प्रेम। मुहब्बत। स्नेह।

रतिभौन(पु)—सज्ञा पुं० [स० रतिभवन] १ रतिक्रीडा करने का स्थान। उ०—सपनेहू न लख्या निस मे रतिभौन ते गौन कहूँ निज पी को।—पद्माकर (शब्द०)। २ दे० 'रतिभवन'।

रतिमदिर—सज्ञा पुं० [स० रतिमन्दिर] १ योनि। भग। २ मैथुन गृह। वेश्यालय (को०)। ३ दे० 'रतिभवन'। उ०—रतिमदिर क मान पु जान मैं प्रतिबबाने आपन हेरो करै।—मन्नालाल (शब्द०)।

रतिमदा—सज्ञा स्त्री० [स०] अप्सरा।

रतिमत्र—सज्ञा पुं० [स०] कामशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का रतिबध या आसन।

रतियाना(पु)†—क्रि० अ० [हिं० रति (=प्रीति)+याना (प्रत्य०)] प्रीति करना। रत होना। प्रेम करना। अनुरक्त होना।

उ०—राम नाम अनुराग ही जो रतियातो। स्वारथ परमारथ पथी तोहि सब पतियातो।—तुलसी (शब्द०)।

रतिरमण—सज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव। २ मैथुन। उ०—करै और ना रतिरमण इक धन ही के हेत। गणिका ताहि बखानिए हिं जे कवि सुमति निकेत।—पद्माकर (शब्द०)।

रतिरस—सज्ञा पु० [सं०] सभोगजन्य आनद। मैथुन का आनद विषय आद। [को०]।

रतिराई—सज्ञा पुं० [स० रतिराज, प्रा० रति+राइ] कामदेव।

रतिराज—सज्ञा पु० [सं०] कामदेव।

रतिलपट—वि० [स० रतिलम्पट] कामुक। कामी [को०]।

रतिलक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] मैथुन। प्रसग [को०]।

रतिलील—सज्ञा पु० [स०] सगीत मे ताल के साठ मुख्य भेदो मे से एक।

रतिलोल—सज्ञा पु० [स०] एक राक्षस का नाम।

रतिवत—वि० [स० रति+हिं० वत (प्रत्य०)] सुदर। खूबसूरत। उ०—कोदडग्राही सुभट को, को कुमार रतिवत। को कहिए शशि ते दुखी कोमल मन को सत।—केशव (शब्द०)।

रतिवर—सज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव। २. वह भेंट जो किसी स्त्री को उससे रति करने के अभिप्राय से दी जाय।

रतिवर्द्धन—सज्ञा पु० [स०] १ वह जिससे कामशक्ति बढती हो। २ वैद्यक मे एक प्रकार का मोदक जो गोखरू, असगध, शतमूली, तालमूली और जेठी मधु आदि के योग से बनता है और पुष्टिकारक माना जाता है।

रतिवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रेम। प्रीति। मुहब्बत।

रतिवाह—सज्ञा पु० [स० रात्रि, हिं० रात+वाह] रात्रियुद्ध। रात की लडाई। रात्रिसग्राम। उ०—म्हे गामी गुज्जर गल्हियाँ हमाई हसाइयाँ। रतिवाह देहु सुरतान दल रखि राजन लगि पाइया।—पृ० रा०, ६६।४८७।

रतिवाही—सज्ञा पु० [स० रतिवाहिन्] एक प्रकार का राग जिसका गान समय रात को १६ दंड से २० दड तक है। यह सपूर्ण जाति का राग है और इसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

रतिशक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] कामशक्ति। सभोग की क्षमता [को०]।

रतिशास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] वह शास्त्र जिसमे रति की क्रियाओ का विवेचन हो। कोकशास्त्र। कामशास्त्र।

रतिशूर—सज्ञा पुं० [स०] सभोगक्षम व्यक्ति। सभोग मे अत्यधिक समर्थ व्यक्ति [को०]।

रतिस योग—सज्ञा पुं० [स०] सभोग। प्रसग [को०]।

रतिस हित—वि० [सं०] प्रणययुक्त। प्रीति युक्त। प्रणय की अधिकता से युक्त [को०]।

रतिसत्वरा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्फूर्का। असवरग।

रतिसमर—सज्ञा पुं० [सं०] सभोग। मैथुन।

रतिसवस्व—सज्ञा पुं० [स०] रतिजन्य उत्कृष्टतम आनद।

रतिसाधन—सज्ञा पुं० [स०] पुरुष की मूत्रेंद्रिय। लिंग। शिश्न।

रतिसु दर—सज्ञा पुं० [सं० रतिसुन्दर] कामशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का रतिबध।

रती[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रति] १ कामदेव की पत्नी। रति। उ०—बात की बानी माँह भाव सो भवानी माँह केशोदास रति मे रती की ज्योति जानवी।—केशव (शब्द०)। २ सौंदर्य। शोभा। उ०—कहै पदमाकर पताका प्रेम पूरण की प्रगट पतिव्रत की सौगुनी रती भई।—पद्माकर (शब्द०)। ३ मैथुन। सभोग। उ०—दर्भ धरे तनया कर साथ विदम पती। अर्पन तू करिहै जबही तब होय रती।—गोपाल। ४ दे० 'रति'। ५ तेज। काति। उ०—वेद लोक सब साखी काहू की रती न राखी रावन को वदि लागे अमर मरन।—तुलसी (शब्द०)।

रती[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रत्ती] १ घुँघची। गुजा। २ ढाई जौ या आठ चावल का मान। वि० दे० 'रत्ती'।

रती[1]—वि० थोडा। कम। अल्प।

रती[2]—क्रि० वि० जरा सा। रत्ती भर। किंचित्। उ०—नाम प्रताप हम पर छाजै। हमहिं भार रती नहिं लागै।—कबीर (शब्द०)।

रतीक—क्रि० वि० [हिं० रतिक] जरा सा भी। रत्ती भर भी। तिल भर भी।

रतीश—सज्ञा पुं० [स०] रति के देवता। कामदेव [को०]।

रतुआ—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की घास जो बरसात के दिनो या ढलो जगहो मे अधिकता से होती है।

रतू[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ द्युलोक की नदी। दिव्य नदी। २ सत्य कथन। तथ्यपूर्ण उक्ति [को०]।

रतू[2]—वि० [स०] सत्यवक्ता। ऋतवक्ता [को०]।

रतून—सज्ञा पु० [देश०] पेडो की ईख या गन्ना, जो एक बार काट लेने पर फिर उसी जड से निकलता है।

रतोपल—सज्ञा पुं० [स० रक्तोत्पल] लाल कमल। उ०—कहि ककण नेक भए दृग शीतल सपत देख रतोपल को।—हृदयराम (शब्द०)।

रतोपल[2]—सज्ञा पुं० [सं० रक्तोपल] १. लाल सुरमा। २. लाल खडिया। ३ गेरू। गैरिक।

रतौंधी—सज्ञा स्त्री० [स० रात्र्यन्धता ? वा हिं० रात+औंधी (= अधता)] एक प्रकार का रोग जिसमे रोगी को सध्या होने के उपरात, अर्थात् रात के समय, बिलकुल दिखाई नही देता। उ०—पौरिए रतौंधो आवै सखी सबै सोय रही जागत न कोऊ परदेस मेरो वर है।—प्रतापनारायण (शब्द०)।

रतौहाँ—वि० [हिं० रत+औंहाँ (प्रत्य०)] रक्तिम। लालिमायुक्त। रागयुक्त। जैसे, रतौंहे नैन।

रत्त—सज्ञा पुं० [सं० रक्त, प्रा० रत्त] दे० 'रक्त'।

रत्तक—सज्ञा पुं० [स० रक्तक, प्रा० रत्त] ग्वालियर मे होनेवाला एक प्रकार का पत्थर जो कुछ लाल रग का होता है।

रत्ती[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रक्तिका, प्रा० रत्तिआ] १ एक प्रकार का बहुत छोटा मान, जिसका व्यवहार सोने या ओषिपयो आदि के तौलने मे होता है। यह आठ चावल या ढाई जौ के बराबर होता है और प्राय घुंघची के दाने से तौला जाता है। यह एक माशे का आठवाँ भाग होता है। २ वह वाट जो तौल मे इतने मान का हो। ३ घुघची का दाना। गुजा।

रत्ती(पु)[1]—वि० बहुत थोडा। किंचित्।

मुहा०—रत्तीभर=बहुत थोडा सा। जरा सा।

रत्ती(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रति] शोभा। छवि। उ०—बत्ती बटि कमी पाग कत्ती सिर टेढी लसै बढी मुख रत्ती जैसे पत्ती जदुपति के।—गोपाल (शब्द०)।

रत्थी—सज्ञा स्त्री० [स० रथ] लकडी या बाँस का वह ढाँचा या सदूक आदि जिसमे शव को रखकर अतिम सस्कार के लिये ले जाते हैं। टिकठी। विमान। अरथी।

रत्न—सज्ञा पुं० [स०] १. कुछ विशिष्ट छोटे, चमकीले, बहुमूल्य पदार्थ, विशेपत खनिज पदार्थ या पत्थर, जिनका व्यवहार आभूपणो आदि मे जडने के लिये होता है। मणि। जवाहिर। नगीना। जैसे,—हीरा, लाल, पन्ना, मानिक, मोती आदि।

विशेप—हमारे यहाँ हीरा, पन्ना, पुखराज, मानिक, नीलम, गोमेद, लहसुनियाँ, मोती, और मूँगा ये नौरत्न माने गए हैं। कहीं इनकी सख्या पांच और कहीं चौदह भी कही गई है। जैसे, पचरत्न, नवरत्न, समुद्रमथनोद्भूत चतुर्दश रत्न। इसके अतिरिक्त पुराणो आदि मे भी अनेक रत्न गिनाए गए है, जिनमे स कुछ वास्तविक और कुछ कल्पित हैं। जैसे,—गधशस्य, सूर्यकात, चद्रकात, स्फटिक, ज्योतिरस, राजपट्ट, शख, सीसा, भुजग, उत्पल आदि। रत्न धारण करना हमारे यहाँ बहुत पुण्यजनक कहा गया है। ग्रहो आदि का उत्पात होने पर रत्न पहनने और दान करने का विधान है। वैद्यक मे इन रत्नो से भी भस्म बनाई जाती है, और अलग अलग रत्नो की भस्म का अलग अलग गुण माना जाता है।

२. माणिक्य। मानिक। लाल।

विशेप—कविता मे कभी कभी रत्न शब्द से मानिक का ही ग्रहण होता है।

३ वह जो अपने वर्ग या जाति मे सबसे उत्तम हो। सर्वश्रेष्ठ। जैसे, नररत्न, ग्रथरत्न आदि। ४ जैनो के अनुसार सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चरित्र। ५. पानी। जल (को०)। ६. अयस्कात चुबक (को०)।

रत्नकदल—सज्ञा पु० [सं० रत्नकन्दल] प्रवाल। मूँगा।

रत्नकर—सज्ञा पुं० [स०] कुबेर का एक नाम।

रत्नकर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] प्राचीन काल का कान मे पहनने का एक प्रकार का जडाऊ गहना।

रत्नकार—सज्ञा पुं० [सं० रत्न] जौहरी। रत्नो का पारखी।

रत्नकीर्ति—सज्ञा पुं० [सं०] एक बुद्ध का नाम।

रत्नकुभ—सज्ञा पुं० [सं० रत्नकुम्भ] रत्नो से निर्मित घडा (को०)।

रत्नकूट—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक पर्वत का नाम। २ एक बोधिसत्व का नाम।

रत्नकेतु—सज्ञा पुं० [स०] १ एक बुद्ध का नाम। २ एक बोधिसत्व का नाम।

रत्नखचित—वि० [स०] जो रत्ननिर्मित हो। रत्नजटित। जिसमे रत्न जडे हो (को०)।

रत्नगर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] १ कुबेर का एक नाम। २ समुद्र। ३ एक बुद्ध का नाम।

रत्नगर्भा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पृथ्वी। भूमि। वसुधरा।

रत्नगिरि—सज्ञा पुं० [सं०] १. बिहार के एक पहाड का प्राचीन नाम, जिस पर मगध देश की पुरानी राजधानी राजगृह बसी हुई थी। २ वैद्यक मे एक प्रकार का रस जो अभ्रक, सोने, तांबे, गधक और लोहे आदि से तैयार किया जाता है और जो ज्वर के लिये बहुत उपकारी माना गया है।

रत्नगृह—सज्ञा पुं० [स०] बौद्ध स्तूप की वह बीच की कोठरी जिसमे धातु आदि रक्षित रहती थी।

रत्नचद्र—सज्ञा पु० [सं० रत्नचद्र] १. एक देवता जो रत्नो के अधिष्ठाता माने जाते हैं। २ एक बोधिसत्व का नाम।

रत्नचूड—सज्ञा पु० [स० रत्नचूड] एक बोधिसत्व।

रत्नच्छाया—सज्ञा स्त्री० [सं०] रत्नो की चमक दमक (को०)।

रत्नतल्प—सज्ञा पुं० [स०] रत्नखचित शय्या। वह पलग जिसमे रत्न जडे हो (को०)।

रत्नत्रय—सज्ञा सं० [स०] १ जैनो के अनुसार सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र, इन तीनो का समूह जो मनुष्य को उत्कृष्ट बनाने का साधन समझा जाता है। २ बौद्धो के अनुसार बुद्ध, धर्म तथा सघ, (को०)।

रत्नदर्पण—सज्ञा पुं० [सं०] जडाऊ आईना (को०)।

रत्नदामा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रत्नो की माला। २ गर्गसहिता के अनुसार सीता की माता और राजा जनक की स्त्री का नाम।

रत्नदीप—सज्ञा पुं० [स०] १. एक कल्पित रत्न का नाम। कहते हैं, पाताल मे इसी के प्रकाश से उजाला रहता है। २ रत्न का दीपक।

रत्नद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] मूँगा।

रत्नद्वीप—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार एक द्वीप का नाम। २ रत्नो का द्वीप। प्रवाल द्वीप।

रत्नधर—सज्ञा पु० [स०] धनवान्। अमीर।

रत्नधार—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम ।

रत्नधारा—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार एक नदी का नाम ।

रत्नधेनु—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार रत्नो की बनाई हुई वह गाय जो दान की जाती है ।

विशेष—इस दान की गणना महादानो मे की जाती है और इस प्रकार का दान करनेवाला गोलोक का अधिकारी समझा जाता है ।

रत्नध्वज—सज्ञा पुं० [स०] एक बोधिसत्व का नाम ।

रत्ननख—सज्ञा पु० [सं०] वह कृपाण या छुरी या कटार जिसकी मूठ मे रत्न जडे हो [को०] ।

रत्ननाभ—सज्ञा पु० [स०] विष्णु ।

रत्ननायक—सज्ञा पुं० [सं०] १ खजन पक्षी । ममोला । २ समुद्र । ३ मेरु पर्वत । ४ विष्णु ।

रत्ननिधि—सज्ञा पुं० [स०] माणिक्य । लाल [को०] ।

रत्नपचक—सज्ञा स्त्री० [स० रत्नपञ्चक] पाँच प्रकार के रत्नो का समुच्चय जिसमे सोना, चाँदी, मोती, राजावर्त और मूँगा आते हैं ।

रत्नपरीक्षक—सज्ञा पु० [सं०] वह जो रत्नो को परखना जानता हो । जौहरी ।

रत्नपर्वत—सज्ञा पुं० [स०] सुमेरु पर्वत का एक नाम ।

रत्नपाणि—सज्ञा पुं० [सं०] एक बोधिसत्व का नाम ।

रत्नपारखीⓖ—सज्ञा पु० [हिं० रत्न + पारखी] रत्नो को पहचाननेवाला । जौहरी ।

रत्नपारायण—सज्ञा पुं० [सं०] रत्नो से परिपूरित स्थान । रत्नो की खान [को०] ।

रत्नपीठ—सज्ञा पुं० [सं०] तात्रिको के अनुसार एक तीर्थ का नाम ।

रत्नप्रदीप—सज्ञा पुं० [स०] ऐसा रत्न जो दीपक के समान प्रकाशमान हो ।

रत्नप्रभ—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का देवता ।

रत्नप्रभा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पृथ्वी । २. जैनो के अनुसार एक नरक का नाम ।

रत्नबाहु—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

रत्नमाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ राजा बलि की कन्या ।

विशेष—वामन भगवान् का देखकर इसके मन मे यह कामना हुई थी कि ऐसे बालक को मैं दूध पिलाऊँ । इसीलिये यह कृष्णावतार मे पूतना हुई थी ।

२ मणियो की माला या हार ।

रत्नमाली—सज्ञा पुं० [स० रत्नमालिन्] पुराणानुसार एक प्रकार के देवता ।

रत्नमुकट—सज्ञा पुं० [स०] एक बोधिसत्व का नाम ।

रत्नमुख्य—सज्ञा पुं० [सं०] वज्र । हीरा [को०] ।

रत्नराज—सज्ञा पुं० [स०] माणिक्य [को०] ।

रत्नराशि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हीरा जवाहरातो का ढेर । २ सागर । समुद्र [को०] ।

रत्नवती—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पृथ्वी । भूमि । २ राजा वीरकेतु की कन्या का नाम ।

रत्नवर—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ण । सोना [को०] ।

रत्नवर्पुक—सज्ञा पुं० [स०] पुष्पक विमान [को०] ।

रत्नशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रत्नो के रखने का स्थान । २ जडाऊ महल, जिसकी दीवारो मे रत्न जडे हो ।

रत्नषष्ठी—सज्ञा स्त्री० [स०] ग्रीष्म ऋतु की एक छ० जिस दिन व्रत रहते हैं [को०] ।

रत्नसभव—सज्ञा पुं० [स० रत्नसम्भव] १ एक ध्यानी बुद्ध का नाम । २ एक बोधिसत्व का नाम ।

रत्नसागर—सज्ञा पु० [स०] समुद्र का वह भाग जहाँ से प्राय रत्न निकलते हो ।

रत्नसानु—सज्ञा पु० [सं०] सुमेरु पर्वत का एक नाम ।

रत्नसू, रत्नसूति—सज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी ।

रत्ना—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी का नाम ।

रत्नाक—सज्ञा पु० [स० रत्नाङ्क] विष्णु [को०] ।

रत्नाग—सज्ञा पु० [सं०] रत्नकदल । प्रवाल [को०] ।

रत्नाकर—सज्ञा पुं० [स०] १ समुद्र । २ मणियो के निकलने का स्थान । खान । ३ रत्नो का समूह । उ०—रत्नाकर के हैं दोऊ केशव प्रकाशकर अवर विलास कुवलय हित मानिए । —केशव (शब्द०) । ४ वाल्मीकि मुनि का पहले का नाम । ५ भगवान् बुद्ध का एक नाम । ६. एक बोधिसत्व का नाम ।

रत्नागिरि—सज्ञा पुं० [सं० रत्नगिरि] दे० 'रत्नगिरि' ।

रत्नाचल—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार रत्नो का वह ढेर जो पहाड के रूप में लगाकर दान किया जाता है और जिसका दान करने से दाता स्वर्ग का अधिकारी समझा जाता है ।

रत्नाद्रि—सज्ञा पु० [स०] एक पर्वत का नाम ।

रत्नाधिपति—सज्ञा पुं० [स०] कुवेर ।

रत्नाभूषण—सज्ञा पुं० [स०] वह आभूषण या गहना जिसमे रत्न जड हो । जडाऊ गहना ।

रत्नावली—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मणियो की श्रेणी या माला । २ एक रागिनी जो शास्त्रो मे दीपक राग की पुत्रवधू कही गई है । ३ एक अर्थालकार जिसमे प्रस्तुत अर्थ निकलने के अतिरिक्त ठीक क्रम से कुछ और वस्तुसमूह के नाम भी निकलते हैं । जैसे,—आदित सोम कही कबहूँ, कबहूँ कहौ मगल औ बुध होते । ४. एक प्रकार का हार । मोतियो का हार । ५ श्रीहर्ष रचित एक नाटिका ।

रत्नोत्तमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तात्रिको का एक देवी का नाम ।

रत्नोत्का—सज्ञा स्त्री० [स०] तात्रिको के अनुसार एक देवी का नाम ।

रत्यग—सज्ञा पुं० [सं० रत्यङ्ग] योनि । भग (को०) ।

रथकर—सज्ञा पु० [स० रथङ्कर] १ एक कल्प का नाम । २. एक प्रकार का साम । ३ एक प्रकार की अग्नि ।

रथ—सज्ञा पुं० [स०] १ प्राचीन काल की एक प्रकार की सवारी जिसमे चार या दो पहिए हुआ करते थे और जिसका व्यवहार युद्ध, यात्रा, विहार आदि के लिये हुआ करता था । शताग । स्यदन । गाडी । वहल । २ शरीर, जो आत्मा की सवारी माना जाता है । ३. चरण । पैर । ४ तिनिस का पेड । ५. विहार करने का स्थान । क्रीडास्थल । ६. शतरज का वह मोहरा जिसे आजकल ऊँट कहते हैं । उ०—राजा बील देइ शह माँगा । शह देइ चाह भरे रथ खाँगा ।—जायसी (शब्द०) ।

विशेष—जब चतुरग का पुराना खेल भारत से फारस और अरब गया, तब वहाँ रथ के स्थान पर ऊँट हो गया ।

७ वेत । वेतस् (को०) । ८ आनद (को०) । ९ हिस्सा । भाग । अग (को०) । १० वीर । रथी (को०) ।

रथकट्या, रथकड्या—सज्ञा स्त्री० [स०] रथो का जमादार (को०) ।

रथकल्पक—सज्ञा पु० [स०] १ प्राचीन काल का वह अधिकारी जिसकी अधीनता मे राजाओ के रथ आदि रहते थे । २ प्राचीन काल के धनवानो का वह प्रधान अधिकारी जो उनके घर आदि सजाता है और उनके पहनने के वस्त्र आदि रखता है ।

रथकार, रथकारक—सज्ञा पुं० [सं०] रथ बनानेवाला । खाती । बढई । २ एक जाति जिसकी उत्पत्ति माहिष्य (क्षत्री से वैश्या से उत्पन्न) पिता और करिणी (वैश्य से शूद्रा मे उत्पन्न) माता से मानी गई है । इसमे जनऊ आदि सस्कार होते हैं ।

रथकुटुव——सज्ञा पुं० [स० रथकुटुम्ब] दे० 'रथकुटुबिक' ।

रथकुटुबिक—सज्ञा पुं० [स० रथकुटुम्बिक] वह जो रथ चलाता हो । रथवान । सारथी ।

रथकुटुबी—सज्ञा पुं० [स० रथकुटुम्बिन्] दे० 'रथकुटुबिक' ।

रथक्रात—सज्ञा पुं० [सं० रथक्रान्त] सगीत मे एक प्रकार का ताल ।

रथक्राता—सज्ञा स्त्री० [सं० रथक्रान्ता] एक प्राचीन जनपद का नाम ।

रथगर्भक—सज्ञा पुं० [स०] रथ के आकार की वह सवारी जिसे मनुष्य कधे पर उठाकर ले चलते हो । जैसे, पालकी, नालकी आदि ।

रथगुप्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] रथ के किनारे लगा हुआ लकडी या लोहे का वह ढाँचा जो शस्त्र आदि से रक्षा के लिये होता था ।

रथचरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ चक्रवाक । चकवा । २ रथ का चक्का (को०) । ३ विष्णु का चक्र । सुदर्शन चक्र (को०) । ४ लाल कलहस (को०) । ६ रथ द्वारा यात्रा करना ।

रथचर्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] रथ से यात्रा करना । रथ से यात्रा करने का अभ्यास करना (को०) ।

रथचर्यासंचार—सज्ञा पु० [सं० रथचर्यासञ्चार] रथो के चलने की पक्की सडक ।

विशेष—यह खजूर की लकडी या पत्थर की बनाई जाती थी । चद्रगुप्त के समय मे इसका विशेष रूप से प्रचार था ।

रथचित्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन नदी का नाम ।

रथउवर—सज्ञा पुं० [स०] कौआ । काक (को०) ।

रथद्रु—सज्ञा पुं० [सं०] १. तिनिश का पेड । २ बेंत ।

रथनीड़—सज्ञा पु० [स० रथनीड] रथ के भीतर बैठने की जगह (को०) ।

रथपति—सज्ञा पुं० [सं०] रथ का नायक । रथी ।

रथपर्याय—सज्ञा पुं० [सं०] १. तिनिश का पेड । २. वेंत ।

रथपाद—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'रथचरण' ।

रथपुंगव—सज्ञा पु० [सं० रथपुङ्गव] उत्कृष्ट योद्धा (को०) ।

रथप्सा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन नदी का नाम ।

रथबध—सज्ञा पु० [स० रथबन्ध] १ रथ के उपकरण । घोडे का साज सामान । २ वीरो का सघटन (को०) ।

रथमहोत्सव—सज्ञा पुं० [स०] रथयात्रा नामक उत्सव । विशेष दे० 'रथयात्रा' ।

रथमुख—सज्ञा पुं० [स०] रथ का अग्रभाग वा अगला हिस्सा (को०) ।

रथयात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] हिदुओ का एक पर्व या उत्सव जो आषाढ शुक्ल द्वितीया को होता है ।

विशेष—इसमे लोग प्राय जगन्नाथ, बलराम और सुभद्राजी की मूर्तियाँ रथ पर चढाकर निकालते हैं । यह उत्सव बहुत प्राचीन काल से होता है, और पुरी मे बहुत धूमधाम से होता है । बौद्ध और जैन लोगो मे भी रथयात्रा का उत्सव होता है, जिसमे जिन या बुद्ध की सवारी निकाली जाती है ।

रथयुद्ध—सज्ञा पुं० [सं०] रथ पर सवार होकर किया जानेवाला सग्राम ।

रथयोजक—सज्ञा पुं० [स०] रथ जोतने या सज्जित करनेवाला व्यक्ति । सारथि (को०) ।

रथवर्त्म—सज्ञा पुं० [सं० रथवर्त्मन्] राजपथ । मुख्य सडक । राजमार्ग (को०) ।

रथवान्—सज्ञा पुं० [सं०] रथ हाँकनेवाला । सारथी ।

रथवाह—सज्ञा पुं० [सं० रथवाह] १. रथ चलानेवाला । सारथी । २. घोडा । उ०—राज तुरगम बरनौ काहा । आने छोरि इद्र रथवाहा ।—जायसी (शब्द०) ।

रथवाहन—सज्ञा पुं० [स०] रथ मे का वह चौकोर ऊपरी ढाँचा जो पहियो के ऊपर जडा होता है ।

रथवीथि—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'रथवर्त्म' ।

रथशाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ रथ रखे जाते हो । गाडीखाना । अस्तवल

रथशास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] रथ हाँकने की कला (को०) ।

रथशिक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'रथशास्त्र' ।

रथसप्तमी—सज्ञा स्त्री० [स०] माघ शुक्ला सप्तमी ।

विशेष—कहते हैं, सूर्य इसी दिन रथ पर सवार होते हैं, इसी लिये इसका यह नाम पडा है ।

रथसूत—सज्ञा पुं० [स०] रथ हाँकनेवाला । सारथी ।

रथांग—सज्ञा पु० [स० रथाङ्ग] १ रथ का पहिया । उ०—पारथ की कानि गनि भीषम भहारथ की, मानि जव विरथ रथाग धरि धाए हैं । —रत्नाकर, भाग १, पृ० । २. चक्र नामक अस्त्र । ३ चक्रवाक पक्षी । चकवा । उ०—पिक रथाग सुक सारिका सारस हस चकोर ।—मानस, २।८३ ।

रथागधर—सज्ञा पुं० [स० रथाङ्गधर] १ श्रीकृष्ण । २ विष्णु ।

रथागपाणि—सज्ञा पुं० [सं० रथाङ्गपाणि] विष्णु ।

रथागवर्ती—सज्ञा पुं० [सं० रथाङ्गवर्तिन्] चक्रवर्ती सम्राट् ।

रथागी—सज्ञा स्त्री० [सं० रथाङ्गी] ऋद्धि नामक ओषधि ।

रथाक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ रथ का पहिया या धुरा । २. प्राचीन काल का एक परिमाण जो एक सौ चार अंगुल का होता था । ३. कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम ।

रथाग्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो बहुत बडा योद्धा हो ।

रथाभ्र—सज्ञा पुं० [स०] बेंत ।

रथावर्त्त—सज्ञा पुं० [स०] एक तीर्थ का नाम ।

रथिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो रथ पर सवार हो । रथी । २. तिनिश का पेड ।

रथी[1]—सज्ञा पु० [स० रथिन्] १ वह जो रथ पर चढकर चलता हो । २ रथ पर चढकर लडनेवाला । रथवाला योद्धा ।

यौ०—महारथी । अतिरथी ।

३ एक हजार योद्धाओ से अकेला युद्ध करनेवाला योद्धा । उ०—पूरण प्रवृति सात धीर हैं विख्यात रथी महारथी अतिरथी रणसाजि के ।—रघुराज (शब्द०) । ४ क्षत्रिय जाति का मनुष्य (को०) । ५ सारथी (को०) ।

रथी[2]—वि० रथ पर सवार । रथ पर चढा हुआ । उ०—रावन रथी विरथ रघुवीरा । देखि बिभीषन भयउ अधीरा ।—तुलसी (शब्द०) ।

रथी[3]—सज्ञा स्त्री० [स० रथ] वह ढाँचा जिसपर मुरदो को रखकर अत्येष्टि क्रिया के लिये ले जाते हैं । अरथी । टिकठी । ताबूत ।

रथोत्सव—सज्ञा पुं० [सं०] रथयात्रा नामक उत्सव ।

रथोद्धता—सज्ञा स्त्री० [स०] ग्यारह अक्षरो का एक वर्णवृत्त जिसका पहला, तीसरा, सातवाँ, नवाँ और ग्यारहवाँ वर्ण गुरु और बाकी वर्ण लघु होते हैं । अर्थात् इसके प्रत्येक चरण मे र, न, र, ल, ग (ऽ।ऽ, ।।।, ऽ।ऽ, ।ऽ) होता है । उ०—रानि । री लगत राम को पता । हाय ना कहहिं नाहिं आरता । धन्य जो लहत भाग शुद्धता । धूरि हू अति शुची रथोद्धता ।—छंद-प्रभाकर (शब्द०) ।

रथोरग—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन जाति का नाम जिसका उल्लेख महाभारत मे है ।

रथोष्मा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी का नाम ।

रथ्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह घोडा जो रथ मे जोता जाता हो । २ वह जो रथ चलाता हो । ३ चक्र । चाका । पहिया ।

रथ्या—सज्ञा स्त्री० [स्त्री०] १ रथो का समूह । २ रथ का मार्ग या लकीर । ३ रास्ता । सडक । ४ चौक । आँगन । ५ नाली । नावदान । उ०—कहाँ देवसरि कतुप विनासी । कह रथ्या जल अति मल रासी ।—द्विज (शब्द०) । ६ सडको का एक भेद जिसकी चौडाई २० या २१ हाथ होती थी ।

रद[1]—सज्ञा पुं० [स०] दन । दाँत । उ०—अधर अरुन रद सुदर नासा । —मानस, १।१४७ ।

रद[2]—वि० [अ०] १ नष्ट । खराब । रद्दी । २ तुच्छ या निरर्थक । ३ फोका । मात । उ०—मोहत धोती सेत मे कनक वसन तन बाल । मारद बारद बीजुरी भा रद कीजत लाल ।—बिहारी (शब्द०) ।

रदच्छद—सज्ञा पुं० [सं०] ओठ । ओष्ठ ।

रदछदⓊ[1]—सज्ञा पुं० [रदच्छद] ओठ । ओष्ठ । उ०—लोचन लोल कपोल ललित अति नासिक को मुक्ता रदछद पर ।—सूर (शब्द०) ।

रदछदⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० रदक्षत] रति आदि के समय दाँतो के लगने का चिह्न । उ०—पट की ढिग कत ढाँपियत सोभित सुभग सुवेख । हद रदछद छवि देखियत सद रदछद की रेख ।—बिहारी (शब्द०) ।

रददान—सज्ञा पुं० [सं० रद + दान] (रति के समय) दाँतो से ऐसा दबाव कि चिह्न पड जाय ।

विशेष—यह सात प्रकार की बाह्य रतियो मे से एक है । उ०—आलिगन चुबन परस मर्दन नख रददान । अधरपान सो जानिए बहिरति सात सुजान । -केशव (शब्द०) ।

रदन—सज्ञा पुं० [सं०] दशन । दाँत । दत ।

रदनच्छद—सज्ञा पुं० [स०] ओष्ठ । अधर । होठ ।

रदनी—वि० [स० रदनिन्] दाँतवाला । उ०—चिबुक मध्य मेचक रुचि राजत बिंदु कुद रदनी ।—तुलसी (शब्द०) ।

रदनी[2]—सज्ञा पुं० हाथी ।

रदपट—सज्ञा पु० [स०] ओष्ठ । ओठ । अधर । उ०—माखे लखन कुटिल भईं भौंहैं । रदपट फरकत नयन रिसौंहैं ।—तुलसी (शब्द०) ।

रदबदल—क्रि० वि० [फ़ा० रद + बदल] परिवर्तन । उलट पलट । हेर फेर । अदल बदल ।

रदी—सज्ञा पु० [सं० रदिन्] हाथी । गज ।

रदीफ—सज्ञा स्त्री० [अ० रदीफ़] १ वह व्यक्ति जो घोडे पर सवार के पीछे बैठता है । २ वह शब्द जो गजलो आदि मे प्रत्येक काफिए या अत्यानुप्रास के बाद बार बार आता है । जैसे,—'मुझको गले लगा के यह उनका सवाल था । क्यो जी इसी के वास्ते इतना मलाल था । इसमे सवाल तो काफिया है, और गजल भर मे इसी का अनुप्रास मिलाया जायगा, पर 'था'

रदीफ है और यह प्रत्येक युग्म पद अथवा शेर के अंत मे रहेगा। ३ पीछे की ओर रहनेवाली सेना।

रदीफवार—क्रि० वि० [अ० रदीफ+फ़ा० वार] वर्णमाला के क्रम से। अक्षरक्रम से।

रद्द'—वि० [अ०] १ जो काट या छाँट दिया गया हो। २. जो तोड या बदल दिया गया हो।

यौ०—रद्दबदल = परिवर्तन। फेरफार।

३ जो खराब या निकम्मा हो गया हो।

रद्द'—सज्ञा स्त्री० कै। वमन।

रद्दा'—सज्ञा पु० [देश०] १. दीवार की पूरी लबाई मे एक बार रखी हुई एक ईंट की जोडाई। ईंटो की बेडे बल की एक पक्ति जो दीवार पर चुनी जाती है। २. मिट्टी की दीवार उठाने मे उतना अश, जितना चारो ओर एक बार मे उठाया जाता है और जो कुछ समय तक सूखने के लिये छोड दिया जाता है। इसकी ऊँचाई प्राय एक हाथ हुआ करती है।

क्रि० प्र०—उठाना।- रखना।—होना।

३ थाली मे मिठाइयो का चुनाव, जो स्तरो के रूप मे नीचे ऊपर होता है। ४ नीचे ऊपर रखी हुई वस्तुओ की एक तह या खड।

क्रि० प्र०—चुनना।

५ कुश्ती मे अपने प्रतिपक्षी को नीचे लाकर उसकी गरदन पर कुहनी और कलाई के बीच की हड्डी से रगडते हुए आघात करना। (पहलवान)।

क्रि० प्र०—जमाना। देना। लगाना।

६ चमडे की मोहरी जो भालुओ के मुँह पर बाँधी जाती है। (कलदर)।

रद्दी'—वि० [फा० रद] जो बिलकुल खराब हो गया हो। काम मे न आने योग्य। निकम्मा। निष्प्रयोजन। बेकार।

रद्दी'—सज्ञा स्त्री० वे कागज आदि जो काम के न होने के कारण फेंक दिए गए हो। जैसे,—यह किताब मैं रद्दी के ढेर मे से निकाल लाया हूँ।

रद्दीखाना—सज्ञा [हि० रद्दी+फ़ा० खानह्] वह स्थान जहाँ खराब और निकम्मी चीजें रखी वा फेंकी जायँ।

रधार†—सज्ञा स्त्री० [देश०] ओढ़ने का दोहरा वस्त्र। दोहर।

रधेरा जाल—सज्ञा पुं० [स० रन्ध्र (=छेद)+हि० एरा (प्रत्य०) +जाल] मछली फँसाने के लिये छोटे छेदो का जाल।

रनⓊ**'**—सज्ञा पुं० [स० रण] युद्ध। लडाई। सग्राम। उ०—रन चढि करिअ कपट चतुराई।—मानस, ३।१३।

रनⓊ**'**—सज्ञा पु० [सं० अरण्य, प्रा० रन्न] जगल। वन। उ०—वहनि बान अस ओपहँ बेधे रन बन ढाँख।—जायसी (शब्द०)।

रन'—सज्ञा पुं० [अ०] १ झील। ताल। २ समुद्र का छोटा खड। जैसे, कच्छ का रन। ३ क्रिकेट के बल्लेबाज का एक विकेट से दूसरे विकेट तक की दौड़। दौड़ान।

रनकनाⓊ†—क्रि० अ० [देश०, या स० रणन (=शब्द करना)] घुँघरू आदि का मद मद शब्द होना।

रनछोर—सज्ञा पुं० [हि० रन+छोडना] दे० 'रणछोड'।

रनजीताⓊ—वि० [स० रणजित्] रण जीतनेवाला। विजय प्राप्त करनेवाला। उ०—नवो अग के साधने उपजै प्रेम अनूप। रनजीता यो जानिए सब वर्मन का भूप।—चरण० बानी।

रनधीरⓊ—वि० [स० रणधीर] रणक्षेत्र मे धैर्य धारण करनेवाला। धीर योद्धा। उ०—महावीर रनधीर तिहि, जानत सकल जहान।—हम्मीर०, पृ० १।

रननाⓊ—क्रि० अ० [सं० रणन (=शब्द करना)] बजना। शब्द करना। शब्द होना। झनकार होना। उ०—नयन दहावत रनत समद तन लखत अपर जम।—गोपाल (शब्द०)।

रनबकाⓊ—वि० [सं० रण+हि० बाँका] शूरवीर। बहादुर।

रनबरिया†—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की भेड जो नेपाल के जगलो मे पाई जाती है।

रनबाँकुरा—सज्ञा पुं० [स० रण+हि० बकट, बक, बाँका] शूर वीर। योद्धा। उ०—(क) जीति को सक सगाम, दसरथ के रन-बाँकुरे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) रनबाँकुरा बालिसुत बका। —मानस, ६।१८।

रनलपिका—सज्ञा स्त्री० [हि०] गाय। गौ।

रनवादीⓊ—सज्ञा पुं० [स० रण+वादी] शूर। लडाका। योद्धा। उ०—मात न जानसि बालक आदी। हौं बादला सिंह रनवादी।—जायसी (शब्द०)।

रनवास—सज्ञा पुं० [हि० रानी+वास] १. रानियो के रहने का महल। अत पुर। २. जनानखाना।

रनवासन—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की फली।

रनसेरⓊ—स० पु० [हि० रन+सीर] युद्धभूमि। लडाई का मैदान।—उ०—खैंचि समसेर तब पैठु रनभर मे।—पलटू० पृ० १४।

रनितⓊ—वि० [स० रणित] बजता हुआ। झनकार करता हुआ। उ०—रनित भृग घटावली झरित दान मधु नीर। मद मंद आवत चल्यो कुजर कुज समीर।—बिहारी र०, दो० ३८८।

रनिवास—सज्ञा पु० [हि०] दे० 'रनवास'। उ०—तब रनिवास विथकि लखि रहेऊ। तब धरि धीर सुमित्रा कहेऊ।—मानस, २।२८३।

रनीⓊ—सज्ञा पुं० [सं० रण+ई (प्रत्य०)] वीर। योद्धा। रण करने-वाला। उ०—कलुप कलक कलेस कोस भयो जो पदु पाय रावन रनी। सोइ पदु पाय विभीपन भो भवभूषन दलि दूषन अनी।—तुलसी (शब्द०)।

रनेत—सज्ञा पुं० [स० रण+हि० एत (प्रत्य०)] भाला। (डिं०)।

रपट'—सज्ञा स्त्री० [अ० रप्त] अन्यान। आदत। टेव।

क्रि प्र०—करना।—डालना।—पडना।—होना।

रपट[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रपटना] १ रपटने की क्रिया या भाव। फिसलाहट। २ दौड। ३ उतार, जिसपर से उतरते समय पैर न जम सकता हो। ढाल।

रपट[2]—संज्ञा स्त्री० [अ० रिपोर्ट] सूचना। इत्तला। उ०—आप केवल इतनी ही कृपा करें कि मेरे घडी जाने की रपट कोतवाली मे लिखाते जायँ।—परीक्षागुरु (शब्द०)।

रपटन†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] फिसलन। चिकनाहट।

रपटना(क्रि)†[1]—क्रि० अ० [स० रफन (=सरकना), मि० फ्रा० रफ्तन्] १ नीचे या आगे की ओर फिसलना। जम न सकने के कारण किसी ओर सरकना। जैसे,—गीली मिट्टी मे पैर रपटना। उ०—(क) वाहां जारी निकसे कुंज ते रीझि रीझि कहैं बात। कुंडल झलमलात झलकत विवि गात, चकाचौंध गी लागति मेरे इन नैननि आली रपटत पग नहिं ठहरात। राधा-मोहन बने घन चपला ज्यो चमकि मेरी पूतरीन मे समात। सूरदास प्रभु के वै वचन सुनहु मधुर मधु अब मोहिं भूली पांच औ सात।—सूर (शब्द०)। (ख) दै पिचकी भजी भौजी तहां पर पीछे गुपाल गुलाल उलीचैं। एक ही सग वहां रपटे सजि ये भए ऊपर वे भईं नीचे।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) हौं अलि आजु गई तरके वां महेस जू कालिंदी नीर के कारन। ज्यो पग एक बढायो वहीं रपट्यो पग दूसरो लागी पुकारन।—महेश (शब्द०)। २ शीघ्रता से और बिना ठहरे हुए चलना। बहुत जल्दी जल्दी चलना। झपटना। उ०—(क) प्रबल पावक बढ़यो जहां काढ़यो तहां डाढ़यो रपटि लपट भरे भवन—भंडारहीं। तुलसी (शब्द०)। (ख) रपटत मृगन सरन मारे। हरित बसन सुदर तनु धारे।—रघुराज (शब्द०)। (ग) अनेक अग वाहहीं कितेक मार छाँहहीं। किते परे करारहीं हंकार सौं रपट्टहीं।—सूदन (शब्द०)।

रपटना[2]—क्रि० स० १ किसी काम को शीघ्रता से करना। कोई काम चटपट पूरा करना। जैसे,—थोड़ा सा काम और रह गया है, दो दिन में रपट डालेंगे।

सयो क्रि०—डालना।—देना।

२. मैथुन करना। प्रसग करना। (बाजारू)।

रपटाना—क्रि० स० [हिं० रपटना] १ फिसलाना। सरकाना। २. चटपट पूरा करना। ३ रपटने का काम दूसरे से कराना।

रपटीला—वि० [हिं० रपट+ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० रपटीली] फिसलनवाली। पैर न टिक सकनेवाली। उ०—ऊँची गैल राह रपटीली, पांव नही ठहराय।—सतवाणी०, भा० २, पृ० ११।

रपट्टा†—संज्ञा पुं० [हिं० रपटना] १ फिसलने की क्रिया। फिसलाव।

मुहा०—रपट्टा मारना=फिसलना।

२ दौड धूप। झपट्टा।

मुहा०—रपट्टा लगाना या मारना=दौडना। झपटना। लपकना।

३ झपट्टा। चपेट। उ०—अरे जो मैं एक सग प्रान छोड कै न भाजतो, तो उनके रपट्टा मे कब की आय जाती।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

रपाती—संज्ञा स्त्री० [सं० √रफ् (=वध करना या चोट पहुँचाना)] तलवार। (डिं०)।

रपुर—संज्ञा पुं० [स० हरिपुर] स्वर्ग। (डिं०)।

रपोट—संज्ञा स्त्री० [अ० रिपोर्ट] दे० 'रपट'। उ०—उन्होंने कहा, कहीं रपोट की तो खाल खींच ली जायगी।—वाले०, पृ० ४०।

रफ—वि० [अ०] १ जो साफ और ठीक न हुआ हो, बल्कि किया जाने को हो। नमूने के तौर पर बना हुआ। २ जो चिकना न हो। खुरदुरा।

रफतन(क्रि)—संज्ञा स्त्री० [फा० रफ्तन्] गति। मुक्ति। उ०—कह गुलाल हरिनाम रफत तब पाइया।—गुलाल०, पृ० ६०।

रफते रफते—क्रि० वि० [फा० रफ्तह्] दे० 'रफ्ता रफ्ता'।

रफल[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० राफल] बिलायती दूध की एक प्रकार की बतख।

विशेष—यह दो तरह की होती है। एक तो टोपीदार जिसमें बारूद उसके मुँह की ओर से भरी जाती है, और टोपी चटाकर घोडे से दागी जाती है। दूसरी ब्रिजलोडिंग कहलाती है और इसमे बीच में से बारूद भरा जाता है।

रफल[2]—संज्ञा पुं० [अ० रैपर] जाड़े मे ओढ़ने की मोटी चादर जो प्राय ऊनी होती है। गरम चादर।

रफा—वि० [अ० रफअ] १ दूर किया हुआ। मिटाया हुआ। समाप्त या पूरा किया हुआ। उ०—पर इस जरूरत को रफा करने के लिये कभी कभी ऐसे पुरुष भी अपनी कमर कस बैठते हैं, जो इस काम के सर्वथा अयोग्य हैं।—द्विवेदी (शब्द०)। २ निवृत्त। शात। निवारित। दबाया हुआ। जैसे,—झगडा रफा करना। उ०—एक घोरिउ है नफा हम सफा कीन विचार। रफा सगहि होय सब महिपाल को रन प्यार।—गोपाल (शब्द०)।

यौ०—रफा दफा।

रफा दफा—वि० [अ० रफअ] १ मिटाया हुआ। दूर किया हुआ। २ शात। निवृत्त। जैसे,—मामला रफा दफा करना, झगडा रफा दफा करना।

रफीअ—वि० [अ० रफीअ] उत्तुंग। ऊँचा। बुलद। उच्च [को०]।

रफीक—संज्ञा पुं० [अ० रफीक] [स्त्री० रफीका] मित्र। सखा। सहचर [को०]।

रफीदा—संज्ञा पुं० [फा० रफ़ीदह्] १ वह गद्दी जिसके ऊपर जीन कसा जाता है। २ वह गद्दी जिसे लगाकर नानबाई तदूर में रोटी चिपकाते हैं। काबुक। ३ कथरी या गद्दीनुमा सिले पुराने वस्त्र। ४ गोल पगडी।

विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द का प्रयोग विशेषत अवज्ञा या अनादर प्रकट करने के लिये ही होता है।

रफू—संज्ञा पुं० [अ० रफ़ू] फटे हुए कपड़े के छेद में तागे भरकर उसे बराबर करना।

क्रि० प्र०—करना।—बनाना।—होना।

मुहा०—रफू करना = कही हुई दो अपरुद्ध या विपरीत बातों में सामंजस्य स्थापित करना। बात बनाना।

रफूगर—संज्ञा पुं० [फा० रफ़ूगर] रफू करने का व्यवसाय करनेवाला। रफू बनानेवाला।

रफूगरी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० रफ़ूगरी] रफू करने का काम। रफूगरों का काम।

रफूचक्कर—वि० [अ० रफ़ू + हिं० चक्कर] चंपत। गायब।

मुहा०—रफूचक्कर बनना या होना = भाग जाना। चलता बनना। गायब हो जाना। जैसे,—वह देखते देखते रफूचक्कर हो गया।

रफ्त—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० रफ्तह् का समासगत रूप] प्रस्थान। जाना। गमन। रवानगी [को०]।

रफ्तनी—संज्ञा स्त्री० [फा० रफ्तनी] १ जाने की क्रिया या भाव। २ माल का बाहर भेजा जाना। माल की निकासी।

रफ्तार—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० रफ्तार] चलने का ढंग या भाव। चाल। गति।

रफ्ता रफ्ता—क्रि० वि० [फा० रफ़्तह् रफ्तह्] धीरे धीरे। क्रम क्रम से। उ०—अबल मुझे बड़गुजरे ताखत करना जानि। रफ्ते रगते और भी रहे मुखालिफ मान।—सूदन (शब्द०)।

रब—संज्ञा पुं० [अ०] ईश्वर। परमेश्वर। उ०—(क) पीरा पैगंबर दिगबरा देखाई देत, सिद्ध की सिधाई गई रही बात रब की।—भूषण (शब्द०)। (ख) अरुन अन्यारे जे भरे अति ही मदन मजेज। देखे तुव दृग वार बे रब सुकराना भेज।—रसनिधि (शब्द०)।

रबकनाⓊ—क्रि० अ० [फ़ा० रौ ?] उत्साहित होना। उमंग में होना। जोश में आना। उ०—(क) रबकि कै रचक बदन पसारयो। पकरि कै चचु फारि ही डारयो।—नंद० ग्रं०, पृ० २५०। (ख) रबयकि चलो भभकत भई, सबतन आगि दिपाइ।—ब्रज० ग्रं० पृ० ४७।

रबड़[1]—संज्ञा पुं० [अ० रबर] १ एक प्रसिद्ध लचीला पदार्थ जिसका व्यवहार गेंद, फीता, पट्टी, बेलन आदि बहुत से पदार्थ बनाने में होता है।

विशेष—यह एक प्रकार के वृक्ष के ऐसे दूध से बनता है जो पेड़ से निकलने पर जम जाता है। यह चिमड़ा और लचीला होता है। इसमें रासायनिक अंश कार्बन और हाइड्रोजन के होते हैं। यह २४८ को आंच पाकर पिघल जाता है और ६००° की आंच में भाप के रूप में उड़ने लगता है। आग पाने से यह भक से जलने लगता है। इसकी लौ चमकीली होती है और इसमें से धूआं अधिक निकलता है। जब इसमें गंधक का फूल (बारीक चूर्ण) या उड़ाई हुई गंधक मिलाकर इसे धीमी आंच में पिघलाकर २५०° से लेकर ३००° की भाप में सिद्ध करते हैं, तब इससे अनेक प्रकार की चीजें जैसे,—खिलौने, बटन, कंघी आदि बनाई जाती हैं, जो देखने में सींग या हड्डी की जान पड़ती है। इसपर सब प्रकार के रंग भी चढ़ाए जाते हैं। रबड़ अफ्रीका, अमेरिका और एशिया के प्रदेशों में भिन्न भिन्न विशेष पेड़ों के दूध से बनाया जाता है और वहाँ इससे अनेक प्रकार के उपयोगी पदार्थ बनाए जाते हैं। अब इसे रासायनिक ढंग से कृत्रिम भी बनाया जाता है।

२ एक वृक्ष का नाम जो वट वर्ग के अंतर्गत है।

विशेष—यह भारतवर्ष में आसाम, लखीमपुर आदि हिमालय के आस पास के प्रदेशों तथा बरमा आदि में होता है। इसकी पत्तियाँ चौड़ी और बड़ी बड़ी होती हैं तथा इसका पेड़ ऊँचा और दीर्घकाय होता है। इसकी लकड़ी मजबूत और भूरे रंग की होती है। इसी के दूध से उपर्युक्त लचीला पदार्थ बनता है।

रबड़[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रगड़ा] १ व्यर्थ का श्रम। फजूल हैरानी। २ गहरा श्रम। रगड़।

क्रि० प्र०—खाना।—पड़ना।

३ तै करने के लिये अधिक दूरी। घुमाव। चक्कर। फेर। जैसे,—उधर से जाने में बड़ी रबड़ पड़ेगी।

रबड़ना[1]—क्रि० स० [हिं० रपटना या सं० वर्त्तन, प्रा० वट्टन] १ घुमाना। चलाना। २ किसी तरल पदार्थ में कोई वस्तु (करछी आदि) डालकर चारों ओर फेरना। फेंटना।

रबड़ना[2]—क्रि० अ० घूमना। फिरना।

रबड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रबड़ना] औंटाकर गाढ़ा और लच्छेदार किया हुआ दूध जिसमें चीनी भी मिलाई जाती है। बसौंधी।

रबदा—संज्ञा पुं० [हिं० रबड़ना] १ वह श्रम जो कहीं बार बार गमनागमन या पदसंचालन से होता है। २ कीचड़। कर्दम।

मुहा०—रबदा पड़ना = खूब पानी बरसना। वृष्टि होना। उ०—जेहि चलते रबदे पड़ा धरती हाइ बिहार। सो सावज धामें जरैं पाडत करौ विचार।—कबीर (शब्द०)।

रबर—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'रबड़'।

रबरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रबड़ी] दे० 'रबड़ी'।

रबाना—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा डफ जिसमें मंजीरे भी लगे होते हैं और जिसे प्रायः कहार आदि बजाते हैं।

रबानी—वि० [हिं० रबाना + ई] रबाना नामक डफ बजानेवाला। उ०—कहाँ हैं रबानी मृदंगी सितारी। कहाँ हैं गवैये कहाँ नृत्यकारी।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ७०२।

रबाब—संज्ञा पुं० [अ०] सारंगी की तरह का एक प्रकार का तंतुवाद्य जिसमें बजाने के लिये तार लगे होते हैं। उ०—(क) सब रंग तात रबाब तन। बिरह बजावै नित्त। और न कोइ सुनि सकै कै साईं कै चित्त।—कबीर (शब्द०)। (ख) बाजत बीन रबाब अलरी अमृत कुंडली यंत्र। सुरमंडल जंत्र तरंग मिलि करत मोहनी मंत्र।—सूर (शब्द०)। (ग) अरे बजावत कौन ढिग छिन रबाब के तार। जुरो जात है आइ कै बिरहिन को दरबार।—रसनिधि (शब्द०)।

रवाविया—संज्ञा पु० [हिं० रबाब+इया (प्रत्य०)] वह जो रबाब बजाता हो। रबाब बजानेवाला।

रवाबीⓊ—संज्ञा स्त्री० [अ० रबाब] दे० 'रबाब'। उ०—फील रबाबी बलदु पखावज कौआ ताल बजावै।—कबीर ग्र०, पृ० ३०७।

रबी—संज्ञा स्त्री० [अ० रबीअ] १ वसंत ऋतु। २ वह फसल जो वसंत ऋतु में काटी जाती है। जैसे,—गेहूँ, चना, मटर आदि। उ०—जहाँ जायँ कदम शरीफ। न रहे रबी, न रहे खरीफ। (कहावत)।

रबील—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पक्षी जो पंद्रह सोलह अंगुल लंबा होता है।

विशेष—इसके डैने भूरे, सिर और छाती सफेद, चोंच काली और पैर खाकी रंग के होते हैं। यह हिमालय के किनारे गढ़वाल से आसाम तक पाया जाता है। यह झाड़ियों में घोंसला बनाता और अप्रैल से जून तक दो से पाँच तक अंडे देता है।

रब्त—संज्ञा पु० [अ०] १ अभ्यास। मश्क। मुहावरा। रपट।

क्रि० प्र०—पड़ना।—होना।

२ संबंध। मेल।

यौ०—रब्त जब्त=मेल जोल। घनिष्ठता। जैसे,—उनसे कुछ रब्त जब्त पैदा करो, तो तुम्हारा काम हो जायगा।

रब्ध—वि० [सं०] [वि० स्त्री० रब्धा] आरब्ध। आरंभ किया हुआ। शुरू किया हुआ।

रब्ब—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'रब'।

रब्बा†—संज्ञा पुं० [फा० अरावा] १ वह गाड़ी जिसपर तोप लादी जाती है। तोपखाने की गाड़ी। २ वह गाड़ी या रथ जिसे बैल खींचते हैं।

रब्बाब—संज्ञा पुं० [अ० रबाब] दे० 'रबाब'।

रभⓊ—संज्ञा पु० [सं० रभस्] दे० 'रभस'। उ०—सहमा, सत्वर रभ, तुरा, तुरभ वेग के साज।—नंद० ग्र०, पृ० १०७।

रभस[1]—संज्ञा पु० [सं०] १ वेग। २ हर्ष। ३ प्रोत्साहन। ४ उत्सुकता। औत्सुक्य। ५ पूर्वापर या कारण कार्य का विचार। ६ संभ्रम। ७ पछतावा। रज। ८ वाल्मीकि रामायण के अनुसार अस्त्रों का एक संहार, अर्थात् शत्रु के चलाए हुए अस्त्र निष्फल करने की विधि जो विश्वामित्र ने रामचंद्र को सिखलाई थी। ९ रामायण के अनुसार एक राक्षस का नाम। १० विष। जहर (को०)। ११. कोप। क्रोध (को०)।

रभस[2]—वि० १. वेगवाला। २ प्रबल। तीव्र। मजबूत। दृढ़। ३ प्रसन्न। आनंदपूर्ण [को०]।

रभू—संज्ञा पुं० [सं०] दूत। चर [को०]।

रभेणक—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक राक्षस का नाम।

विशेष—कहते हैं, यह राक्षस साँप के रूप में रहता था।

रम[1]—संज्ञा पु० [सं०] १ कामदेव। २ लाल अशोक। ३. प्रेमी। ४ पति। ५ आनंद। हर्ष (को०)।

रम[2]—वि० १ प्रिय। २ सुंदर। ३ आनंददायक। हर्षोत्पादक। ४ जिससे मन प्रसन्न हो।

रम[3]—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार की विलायती शराब जो जौ से बनाई जाती है।

रमक[1]—संज्ञा पु० [सं०] १ प्रेमपात्र। प्रिय। कांत। प्रेमी। २ उपपति। जार।

रमक[2]—वि० विनोदशील। आनंदवाला [को०]।

रमक[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रमना] १ झूले की पेंग। २ तरंग। झकोरा। उ०—खेलत फाग भरी अनुराग सुहाग सनी सुख की रमकैं। —(शब्द०)।

रमक[4]—संज्ञा स्त्री० [अ० रमक] १ थोड़ी सी साँस जो मरते समय निकलने को शेष रह गई हो। अंतिम श्वास। २ हलका प्रभाव। ३ स्वल्प भाग। बहुत थोड़ा अंश। ४ नशे का थोड़ा असर जैसे,—जरा सी रमक मालूम हो रही है।

रमक—वि० जरा सा। बहुत थोड़ा।

रमकजरा—संज्ञा पुं० [हिं० राम+काजल] एक प्रकार का धान।

विशेष—यह भादों में पकता है। पकने पर काले रंग का होता है और मोटा धान माना जाता है। नैपाल की तराई में यह अधिकता से होता है। बगरी या बक्की से इसके चावल कुछ लंबे होते हैं और कूटने पर सफेद रंग के निकलते हैं।

रमकना—क्रि० अ० [हिं० रमना] १ हिंडोले पर झूलना। हिंडोले पर पेंग मारना। उ०—कबहुँक निकट देखि वर्षा ऋतु झूलत सुरँग हिंडोरे। रमकत झमकत जनकसुता सग हाव भाव चित चोरे।—सूर (शब्द०)। २ झूमते हुए चलना। इतराते हुए चलना।

रमक्कनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० रमकना] झूमते हुए या मस्ती से चलना। उत्साह वा जोश में भरकर आगे बढ़ना। उ०—लय खग्ग रमक्किय प्रेत दिस।—पृ० रा०, १।५३०।

रमचकरा†—संज्ञा पुं० [हिं० राम+चक्र] बेसन की मोटी रोटी।

रमचा†—संज्ञा पु० [हिं० चमचा] छोटी करछी। चमचा।

रमजान—संज्ञा पुं० [अ० रमज़ान] एक अरबी महीने का नाम। इस महीने में मुसलमान रोजा रहते हैं।

रमजानी—वि० [अ० रमज़ान+हिं० ई (प्रत्य०)] रमजान मास का। रमजान के महीने से संबद्ध [को०]।

रमझोल†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रमझोला'।

रमझोला—संज्ञा पुं० [हिं०] पैर में पहनने के घुँघरू। नूपुर।

रमठ—संज्ञा पुं० [सं०] १ हींग। २ एक प्राचीन देश का नाम। ३. इस देश का निवासी।

रमठध्वनि—सज्ञा स्त्री० [स०] हीग । हिंगु [को०] ।

रमण'—सज्ञा पुं० [सं०] आनदोत्पादक क्रिया । विलास । क्रीडा । केलि । २. मैथुन । ३ गमन । घूमना । विचरना । ४. पति । ५ कामदेव । ६ जघन । ७. गधा । ८ अडकोश । ९ सूर्य का अरुण नामक सारथी । १० एक वन का नाम । ११ एक वर्णिक छद का नाम । इसके प्रत्येक चरण मे तीन अक्षर होते हैं, जिनमे दो लघु और एक गुरु होता है । जैसे,—दुख वयो । टरि हैं । हरि जू । हरि हैं । १२ परवल की जड (को०) ।

रमण'—वि० [स्त्री० रमणी] १ मनोहर । सुदर । २ जिसके मिलने से आनद उत्पन्न हो । प्रिय । ३, रमनेवाला ।

रमणक—सज्ञा पुं० [स०] जबूद्वीप के अतर्गत एक वर्ष या खड का नाम । इसे रम्यक भी कहते हैं । विशेष दे० 'रम्यक' । २. वीतहोत्र के पुत्र का नाम ।

रमणगमना—सज्ञा स्त्री० [स०] साहित्य मे एक प्रकार की नायिका जो यह समझकर दु खी होती है कि सकेत स्थान पर नायक आया होगा, और मैं वहाँ उपस्थित न थी । जैसे,—छरी सपल्लव लालकर लखि तमाल की हाल । कुभिलानी उर साल धरि फूल माल ज्यो बाल ।—बिहारी (शब्द०) ।

रमणा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक शक्ति का नाम जो रामनीर्थ मे है । २ पत्नी (को०) । ३ सुदरी स्त्री (को०) ।

रमणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ नारी । स्त्री । २ सुदर स्त्री । ३ बाला या सुगधवाला नामक गधद्रव्य । ४ पत्नी (को०) ।

रमणीक—वि० [स० रमणीय] सुदर । मनोहर । उ०—अति रमणीक कदब छाँह रुचि परम सुहाई । राजत मोहन मध्य अवलि बालक की पाई ।—सूर (शब्द०) ।

रमणीय—वि० [स०] सुदर । रुचिर । मनोहर । रम्य ।

रमणीयता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सुदरता । २. साहित्यदर्पण के अनुसार वह माधुर्य जो सब अवस्थाओं में बना रहे या क्षण क्षण मे नवीन रूप धारण किया करे ।

रमण्या—सज्ञा स्त्री० [स०] नारी । स्त्री । औरत [को०] ।

रमता—वि० [हिं० रमना (=घूमना फिरना)] एक जगह जमकर न रहनेवाला । घूमता फिरता । जैसे,—रमता जोगी बहता पानी इनका कहीं ठिकाना नाहिं ।

रमति—सज्ञा पुं० [स०] १. नायक । २ स्वर्ग । ३. कौवा । ४ काल । ५. कामदेव ।

रमद—सज्ञा पुं० [अ०] आँख की एक बीमारी । आँखो का लाल हो जाना और उससे पानी गिरने का रोग [को०] ।

रमदी†—सज्ञा पुं० [हिं० राम+स० आशु] एक प्रकार का जडहन धान जो अगहन के महीने मे पकता है । इसका चावल सालो तक रह सकता है ।

रमन—सज्ञा पुं० वि० [स० रमण] दे० 'रमण'

रमनक—सज्ञा पुं० [स० रमणक] दे० 'रमणक' ।

रमनता—सज्ञा स्त्री० [स० रमण+ता (प्रत्य०)] दे० 'रमणीयता' । उ०—दुति लावन्य रूप मधुराई । काति रमनता सुदरताई ।—नद० ग्र०, पृ० १२४ ।

रमनसोरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की मछली जिसे कँवलसोरा भी कहते हैं ।

रमना'—क्रि० अ० [स० रमण] १ भोग विलास या सुखप्राप्ति के लिये कहीं रहना या ठहरना । मन लगने के कारण कहीं रहना । उ०—(क) रमि रैन सबै अनतै बितई सो कियो इत आवन भोर ही को ।—केशव (शब्द०) । २ भोग विलास या रति-क्रीडा करना । उ०—(क) अधिवरणा अरु अग घटि अत्यज जनि की नारि । तजि विधवा अरु पूजिता रमियहु रसिक विचारि ।—केशव (शब्द०) । (ख) राति कहूँ रमि आयो घरै उर मानै नहीं अपराध किए को ।—पद्माकर (शब्द०) । ३ आनद करना । चैन करना । मजा उडाना । उ०—चहु भाग बाग तडाग । अब देखिए बड भाग । फल फूल सो सयुक्त । अलि यो रमैं जनु मुक्त ।—केशव (शब्द०) । ४ चारो ओर भरपूर होकर रहना । व्याप्त होना । भानना । उ०—(क) आध्यात्मिक होइ आत्मा रमत या सा यह बलराम पुनि ।—गोपाल (शब्द०) । (ख) पाइ पूरण रूप को रमि भूम केशवदास ।—केशव (शब्द०) । (ग) मैं सिरजा मैं मारहूँ मैं जारौं मैं खाउँ । जलथल मैं ही रमि रह्यौं मोर निरजन नाउँ ।—कबीर (शब्द०) । ५ अनुरक्त होना । लग जाना । उ०—महादेव अवगुन भवन विष्णु सकल गुणधाम । जेहि कर मन रम जाहि सन तेहि तेही सन काम ।—तुलसी (शब्द०) । ६ किसी के आस पास फिरना । घूमना । उ०—(क) काई पर भँवर जल माँहीं । फिरत रमहि कोइ देइ न बाहीं ।—जायसी (शब्द) । (ख) लसत केतकि के कुल फूल सो । रमत भौंर भर रसमूल सो ।—गुमान (शब्द०) । ७ चलता होना । चल देना । गायब हो जाना । उ०—काल उठी काली जली खपरा फूटम फूट । जोगी था सो रम गया, आसन रही भभूत ।—कबीर (शब्द०) ।

सयो० क्रि०—देना ।—जाना ।

८ आनदपूर्वक इधर उधर फिरना । विहार करना । मनमाना घूमना । विचरना । उ०—(क) ज पद पद्म रमत वृदावन आह सिर धरि अगनित रिपु मार ।—सूर (शब्द०) । (ख) गोपन सँग निसि सरद की रमत रसिक रस रासि । लहाहट अति गतिन की सबन लखे सब पास ।—बिहारी (शब्द०) ।

रमना'—सज्ञा पुं० [स० आराम या रमण] १. वह हरा भरा स्थान जहाँ पशु चरने के लिये छोड दिए जाते हैं । चरागाह । उ०—इत जमना रमना उत बीच जहानाबाद । ताम बसन का करौ करौ न बाद विवाद ।—रसनिधि (शब्द०) । २. वह सुरक्षित स्थान या घेरा, जहाँ पशु शिकार के लिये या पालने के लिये छोड दिए जाते हैं और जहाँ वे स्वच्छदतापूर्वक रहते हैं । ३ घेरा । हाता । ४ बाग । ५ कोई सुदर और रमणीक स्थान ।

रमना'—सज्ञा स्त्री० [स० रमणी] दे० 'रमणी' । उ०—नव रमनी सब राज ।—पृ० रा०, ६१।२५५२ ।

रमनीकⓊ—वि० [सं० रमणीय, हिं० रमणीक] दे० 'रमणीक'। उ०—रमनीक ठाम वाचिछ राज, तह बसहि देवदेवह विराज। —पृ० रा०, १।१८१।

रमनीयⓊ—वि० [स० रमणीय] दे० 'रमणीय'। उ०—महा कमनीय रमनीय रमनीय हू रमावै नर मन ह्वै कै रूप रज रेई कै।—देव (शब्द०)।

रमरमी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम राम] दे० 'राम राम'। उ०—भाई मेरे, सगु भैयन कूँ रमरमी, भैया कू सात सलाँम।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६७३।

रमल—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का फलित ज्योतिष जिसमे पासे फेंककर उसके बिंदुओं के अनुसार शुभाशुभ फल का अनुमान किया जाता है।

विशेष—यह शास्त्र पहले अरबी भाषा मे था और मुसलमानो के साथ साथ भारतवर्ष मे आया था। सस्कृत मे भी पडितो ने रमल विषयक अनेक ग्रथ रचे हैं।

रमसरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पौधा जो ईख के खेत में अपने आप उत्पन्न होता है। इसे रउता भी कहते हैं।

रमा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लक्ष्मी। २ पत्नी। स्त्री (को०)। ३ सौभाग्य (को०)। ४ सपत्ति। धन दौलत (को०)। ५ श्री। शोभा (को०)। ६. कार्तिक कृष्ण एकादशी (को०)।

विशेष—इस शब्द मे कात, पति, रमण आदि अथवा इनके वाची शब्द लगाने से विष्णु का अर्थ होता है। जैसे,—रमाकात, रमापति, रमारमण।

रमाकात—सज्ञा पुं० [स० रमाकान्त] विष्णु।

रमाधव—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

रमानरेशⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० रमा + नरेश (=पति)] विष्णु। उ०—जय जय करत सकल सुर नर मुनि जल मे कियो प्रवेश। जाय पताल बाट गहि लीन्ही धरणी रमानरेश।—सूर (शब्द०)।

रमाना—क्रि० स० [हिं० रमना का सक० रूप] १ अनुरजित करना। अनुरक्त बनाना। मोहित करना। लुभाना। उ०—(क) अति पतिहि रमावै चित्त प्रभावै सौतिन प्रेम बढावै।—केशव (शब्द०)। (ख) गोरस मथत नाद इक उपजत किंकिन धुनि मुनि श्रवण रमावति। सूर श्याम अँचरा धरि ठाढ़े काम कसौटी करि देखरावति।—सूर (शब्द०)। २ अपने मनोनुकूल बनाना। उ०—जैसे माया मन रमै तैसे राम रमाय। तारा मडल छाडि कै जहँ केशव तहँ जाय।—कबीर (शब्द०)। ३ ठहराना। रोक रखना। ४ सयुक्त करना। लगाना। जोडना।

मुहा०—रास रमाना = रास जोडना। रास रचाना। उ०—जाकी महिमा कहत न आवै। सो गोपिन सँग रास रमावै।—सूर (शब्द०)। **विभूति वा भभूत रमाना** = शरीर मे भभूत लगाना। भभूत पोतना। उ०—प्रसुप्त को सेनी गल मे लगत सुहाई। तन धूर जमी साइ अग भभूत रमाई।—हरिश्चंद्र (शब्द०)। **मन रमाना** = दुखी या चिंतित मन को किसी प्रकार प्रसन्न करना। मन बहलाना।

रमानिवास—सज्ञा पुं० [हिं० रमा + निवास] लक्ष्मीपति, विष्णु। उ०—सो राम रमानिवास संतत दास बस त्रिभुवन धनी। मम उर बसउ सो समन ससृति जासु कीरति पावनी।—तुलसी (शब्द०)।

रमारमण—सज्ञा पु० [सं०] रमापति। लक्ष्मीपति। विष्णु।

रमारमनⓊ—सज्ञा पु० [सं० रमारमण] दे० 'रमारमण'। उ०—रमारमन पद बदि बहोरी।—मानस, २।२७२।

रमाली—सज्ञा सज्ञा पुं० [फा० रूमाली] एक प्रकार का बारीक और स्वादिष्ट चावल जो करनाल में होता है।

रमावीज—सज्ञा पुं० [सं०] एक तात्रिक मत्र जिसे लक्ष्मीबीज भी कहते हैं। श्री।

रमावेष—सज्ञा पु० [सं०] श्रीवास चदन जिससे ताडपीन नामक तेल निकलता है।

रमास—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रवाँस'।

रमितⓊ—वि० [हिं० रमना] लुभाया हुआ। मुग्ध। उ०—आवैं सुरतिय करि शृगारा। रमित रहैं नृप करैं विहारा।—सबल (शब्द०)।

रमी—सज्ञा स्त्री० [मलाय०] एक प्रकार की घास जो सुमात्रा आदि द्वीपो मे होती है।

विशेष—यह रीहा के समान कागज और रस्सी आदि बनाने के काम मे आती है। सुमात्रा वाले इसे 'कलुई' कहते हैं। पहले इसे कुछ लोग भ्रमवश रीहा ही समझते थे।

रमूज—सज्ञा स्त्री० [अ० रम्ज़ का बहुव० रमूज़] १ कटाक्ष। २ सैन। इशारा। ३ पहेली। गूढार्थ वाक्य। ४ श्लेष। ५ गुप्त बात। रहस्य। उ०—यो कहि मौन भए अज नदन कैकय राज रमूज सी पाई।—हनुमान (शब्द०)।

रमेश—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

रमेश्वर—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

रमैती—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ किसानों की एक रीति जिसमें एक कृषक आवश्यकता पडने पर दूसरे कृषक के खेत मे काम करता है और उसके बदले मे वह भी उसके खेत मे काम कर देता है।

विशेष—इसमें मजदूरी बच जाती है और काम के बदले मे दूसरों के खेतो में काम कर देना होता है। इसे पूर्व मे 'पैंठ' और अवध के उत्तरीय भागो मे 'हूँड' कहते हैं।

२ वह नफरी या काम का दिन जो इस प्रकार कार्य करने में लगे।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—लगाना।

रमैनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रामायण] कबीरदास के बीजक का एक भाग जिसमे दोहे और चौपाइयाँ हैं।

रमैयाⓊ†—सज्ञा पु० [हिं० राम + ऐया (प्र०)] १. राम।

उ०—वहाँ सब सकट दुर्घट सोच तहाँ मेरो साहेब राखै रमैया ।—तुलसी (शब्द०)। २ ईश्वर। उ०—रमैया की दुलहिन लूटी बजार।

रम्माल—सज्ञा पुं० [अ०] रमल फेंकनेवाला। पासा फेंककर फलित कहनेवाला।

रम्य[1]—वि० [स०] [स्त्री० रम्या] १ मनोहर। सुदर। २. मनोरम। रमणीय। उ०—परम रम्य उत्तम यह धरनी। —मानस, ६।२ ।

रम्य[2]—सज्ञा पुं० १ चपा का पेड। २ बक का पेड। अगस्त। ३ परवल की जड। ४ वीर्य। ५ अग्निध्र के एक पुत्र का नाम। ६ वायु के सात भेदो मे एक जो घटे मे चार से सात कोस तक चलती है।

रम्यक—सज्ञा पुं० [सं०] १ जबू द्वीप के नौ खडो या वर्षों मे से एक। यह मेरु के दक्षिण और श्वेत पर्वत के उत्तर वायव्य कोण मे माना गया है।

विशेष—कहते हैं, यहाँ वट की जाति का एक वृक्ष होता है, जिसे खाकर यहाँ के लोग कई दिन तक रह सकते हैं। इसे रोहित भी कहते हैं।

२. महानिब। बकायन। ३. परवल की जड (को०)।

रम्यकत्तीर—सज्ञा पुं० [सं०] महानिब। बकायन।

रम्यग्राम—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक गाँव का नाम।

रम्यपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] सेमल का पेड़।

रम्यफल—सज्ञा पुं० [सं०] कुचिला।

रम्यश्री—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

रम्यसानु—सज्ञा पुं० [सं०] पहाड के शिखर पर की समतल भूमि। प्रस्थ।

रम्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. रात। २ गगा नदी। ३. स्थल पद्मिनी। ४ महेंद्रवारुणी। इद्रायन। ५. लक्ष्मणा कद। ६ मेरु की कन्या का नाम जो रम्य से ब्याही थी। ७ धैवत स्वर की तीन श्रुतियो मे से अतिम श्रुति का नाम। ८ एक रागिनी का नाम।

रम्याक्षि—सज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि का नाम।

रम्यामली—सज्ञा स्त्री० [स०] मुई आँवला।

रम्र सज्ञा पुं० [सं०] १ पिशग वर्ण। कपिल वर्ण। २ सौंदर्य। शोभा [को०]।

रम्हाना—क्रि० अ० [सं० रम्भण] गाय का बोलना। रँभाना। उ०—(क) तौ लगि गाय रम्हाय उठी कवि देव बछूनि मथ्यो दधि को घट।—देव (शब्द०) (ख) धौरिहूँ कोरिये आइ गई सु रम्हाइ के धाइ के लागी चुखावन।—देव (शब्द०)।

रयⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० रज] रज। धूल। गर्द। उ०—ठाकुर विराजैं जहाँ खेलैं सुत औरन के डारैं ईंट खोवा रयो प्रभु पर खीजियो।—प्रियादास (शब्द०)।

रय[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १. वेग। तेजी। उ०—यहु जानत है के सब गुण रथ के यासो रहत चुपाइ।—गुमान (शब्द०)। २. प्रवाह। नदी की धारा। ३ ऐल के छह पुत्रो मे से चौथे पुत्र का नाम। ४ उत्साह (को०)।

रयणपत—सज्ञा पुं० [स० रजनीपति] चद्रमा। (डिं०)।

रयनⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० रजनी] दे० 'रयनि'।

रयनाⓊ†[1]—क्रि० अ० [स० रञ्जन] १. रग से भिगोना। तरावोर करना। उ०—भरहिं अबीर अरगजा छिरकहिं सकल लोक एक रग रये।—तुलसी (शब्द०)। २ किसी के प्रेम मे मग्न होना। अनुरक्त होना। ३. सयुक्त होना। मिलना। उ०—(क) करिए युत भूषण रूप रयी। मिथिलेश सुता इक स्वर्णमयी।—केशव (शब्द०)। (ख) ओठ रचि रेख सनिशेष शुभ श्री रये।—केशव (शब्द०)।

रयनाⓊ[2]—क्रि० अ० [सं० रव] उच्चारित करना। रव करना। बोलना। उ०—आकाश विमान अमान छये। हा हा सब ही यह शब्द रये।—केशव (शब्द०)।

रयनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० रजनी, प्रा० रयणी] रात्रि। निशा। रात।

रयासत—सज्ञा स्त्री० [अ० रियासत] दे० 'रियासत'।

रयि—सज्ञा पुं० [सं०] १ जल। पानी। २ वैभव। सपत्ति। ३ भोजन। भोजन के पदार्थ [को०]।

रयिष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] १ कुबेर का एक नाम। २ अग्नि। ३ एक प्रकार का साम। ४ ब्राह्मण (को०)।

रय्यत, रय्यतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [अ० रअ्यत] प्रजा। रिआया। रैयत। उ०—सुनि शत्रु मित्र की नृप चरित्र की रय्यति रावत बात। —केशव (शब्द०)।

ररकार—सज्ञा पुं० [सं० रकार] रकार की ध्वनि। उ०—रग रग बोलै राम जी रोम रोम ररकार।—कबीर (शब्द०)।

ररⓊ†[1]—सज्ञा स्त्री० [हि० ररना] रटना। रट। उ०—(क) घन सारस होइ रर मुई आप सु मेटहिं पख।—जायसी (शब्द०)। (ख) झरिया सार तिहिं पर अपार मुख मारु मारु रर।—नूदन (शब्द०)।

रर†[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह दीवार जो एक पर एक यो ही बडे बडे पत्थर रखकर उठाई गई हो और जिसके पत्थर चूने, गारे आदि से न जोडे गए हो। (बु देल०)।

ररक†—सज्ञा स्त्री० [अनु०] ररकने का भाव। कसक। साल। टीस।

ररकना†—क्रि० अ० [अनु०] कसकना। किरकिराना। सालना। पीडा देना। टीसना। उ०—सपने कि सौति करचौ सोवत कि जागत ही जानी न परति रोम रोम ररकत है।—देव (शब्द०)।

ररनाⓊ[1]—क्रि० अ० [हिं० रलना वा स० ललन] दे० 'रलना'। उ०—जीवन अधार प्यारे आँखिन मे आय छाय हाय हाय अग अग सग रग ररे हौ।—घनानद, पृ० १३७।

ररना†[2]—क्रि० अ० [स० रटन, प्रा० रडन] लगातार एक ही बात कहना। बार बार कहना। रटना। उ०—(क) पिय पिय

चातक जो ररी मरै सेवात पियास ।—जायसी (शब्द०) । (ख) हरि हरि हौं हा हा ररौं हरे हरे हरि रारि ।—केशव (शब्द०) । (ग) बदन उघारत ही मदन सुयोधन ही द्रौपदी ज्यो नाउँ मुख तेरोई ररति है ।—केशव (शब्द०) ।

ररट—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० रराटी] ललाट [को०] ।

ररिहाⓅ†—सज्ञा पुं० [हिं० ररना + हा (प्रत्य०)] १ ररनेवाला । २ रटुवा या रुरुआ नामक पक्षी जो उल्लू की जाति का है । ३ बार बार गिडगिडाकर माँगनेवाला । माँगने की धुन लगानेवाला । भारी मगन । उ०—द्वारे हीं भोर ही को आजु । रटत ररिहा आरि और न कौरही तें काजु ।—तुलसी (शब्द०) ।

ररी[1]—वि० [हिं० रार (=झगडा)] रार करनेवाला । झगडालू ।

ररी[2]—वि० [हिं० ररना] १ बहुत गिडगिडाकर माँगनेवाला । भारी मगन । २ अधम । नीच । उ०—काम पडने पर अपने एक भाई को कह डालें कि तुम नीच हो, जाति मे हेठे हो, ररी हो, षटकुल मे नहीं हो ।—बालकृष्ण भट्ट (शब्द०) ।

रलक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन देश का नाम ।

रलनाⓅ—क्रि० अ० [सं० ललन (=लुब्ध होना)] एक मे मिलना । सम्मिलित होना । उ०—(क) माल लसै धवली गर मैं कर दीन दयाल रली मुरली है ।—दीनदयाल (शब्द०) । (ख) चली पीठ दै दृष्टि फिरावति अंग आनंद रली ।—सूर (शब्द०) । (ग) कुज ते कुज रली रस पुज मैं गुंजति डोलति भौरी भई हैं ।—सुदर (शब्द०) ।

यौ०—रलना मिलना=घुलना मिलना । मिलना जुलना । एक हो जाना ।

रलानाⓅ—क्रि० स० [हिं० रलना का सक० रूप] एक मे मिलाना । समिलित करना ।

रली[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० ललन (=केलि, क्रीडा)] १ विहार । क्रीडा । उ०—खरी पातरी कान की कौन बहाऊँ बानि । आक कली न रली करै अली अली जिय जानि ।—बिहारी (शब्द०) । २ आनद । प्रसन्नता । उ०—विविधि कियो व्याह विधि वसुदेव मन उपजी रली ।—सूर (शब्द०) ।

यौ०—रगरली । रगरलियाँ ।

रली[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] चेना नामक अन्न ।

रल्लⓅ†—सज्ञा पुं० [हिं० रेला] रेला । हल्ला । उ०—(क) दल दक्खिनी करि रल्ल । मिलि गए लै भुज भल्ल ।—सूदन (शब्द०) । (ख) धरि धरि आयुध हथ्थ गथ्थ के गथ्थ उछल्लिय । दै दै दिग्घनिसान करत आपुस मैं रल्लिय ।—सूदन (शब्द०) ।

रल्लक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का मृग । २ ऊनी कवल । ऊर्णावस्त्र (को०) । ३ बरौनी । पक्ष्म (को०) ।

रव[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ गुजार । ध्वनि । नाद । उ०—(क) कूजत कल रव हस गन गुंजत मजुल भृग ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) कलहस पिक सुक सरक रव करि गान नाचहिं अपसरा ।—तुलसी (शब्द०) । २ आवाज । शब्द । ३ शोर । गुल ।

रवⓅ†[2]—सज्ञा पुं० [सं० रवि] सूर्य । उ०—पावते मरम तौ न आवते जनक धाम जानहौं रूप देख बरहै रव के ।—हृदयराम (शब्द०) ।

रव[3]—सज्ञा पुं० [देश०] जहाज की चाल या गति । रूम । (लश०) ।

रवक[1]—सज्ञा पु० [देश०] रेंड नामक वृक्ष ।

रवक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वे मोती जो एक वरण (परिमाण) में ३० चढते हो । २ तीस मोतियों का लच्छा जो तौल मे बत्तीस रत्ती का हो ।

रवकना—क्रि० अ० [हिं० रमना (= चलना)] १ जल्दी से आगे बढना । दौडना । लपकना । उ०—(क) सेमर खजूर जाय पूर रही शूर मग ताही के तुरग तहाँ देख रवकत हैं ।—हृदयराम (शब्द०) । (ख) नैन मीन सरवर आनन मैं चचल करत विहार । मानो कर्णफूल चारा को रवकत बारबार ।—सूर (शब्द०) । (ग) लीने बमन देखि ऊँचे द्रुम रवकि चढनि बलबीर की ।—सूर (शब्द०) । (घ) परम सनेह बढावत मातनि रवकि रवकि हरि बैठत गोद ।—सूर (शब्द०) । २ उमगना । उछलना । उ०—यह अति प्रबल स्याम अति कोमल रवकि रवकि उर परते ।—सूर (शब्द०) ।

रवण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ काँसा नामक धातु । २ रव । शब्द । ३ कोयल । ४ ऊँट । ५ विदूषक या भाँड ।

रवण[2]—वि० १. शब्द करता हुआ । २ गरम । तप्त । ३ अस्थिर । चचल ।

रवण—वि० [सज्ञा पुं० (सं० रमण)] दे० 'रमन' ।

रवणरेती—सज्ञा स्त्री० [हिं० रमण + रेती] गोकुल के समीप यमुना किनारे की रेतीली भूमि, जहाँ श्रीकृष्ण ग्वालों के साथ खेला करते थे ।

रवताईⓅ—सज्ञा स्त्री० [हि रावत + आई (प्रत्य०)] १ राजा या रावत होने का भाव । २ प्रभुत्व । स्वामित्व । उ०—धन सा खेल खेल सह पेमा । रवताई औ कूसल खेमा ।—जायसी (शब्द०) ।

रवथ—सज्ञा पुं० [सं०] कोयल ।

रवनⓅ[1]—सज्ञा पु० [स० रमण] पति । स्वामी । उ०—पिय निठुर बचन कहे कारन कवन । जानत हौ सबके मन की गति मृदु चित परम कृपाल रवन ।—तुलसी (शब्द०) ।

रवन[2]—वि० रमण करनेवाला । क्रीडा करनेवाला । उ०—(क) राग रवन भाजन भवन शोभन श्रवण पवित्र ।—केशव (शब्द०) । (ख) मन मन मनहुँ मिलिद, रहत पास तव चरन के । करहु कृपा गोविद, राधारवन कृपायतन ।—गोपाल (शब्द०) ।

रवना[1]—क्रि० अ० [स० रमण] क्रीडा करना । रमण करना । उ०—जैसी रवै जयश्री करवालहि । ज्यो अलिनी जलजात रसालहि ।—केशव (शब्द०) ।

रवना[2]—क्रि० अ० [हिं० रव (=शब्द०)] शब्द करना । बोलना ।

रवना‡[3]—सज्ञा पु० [सं० रावण] दे० रावण । उ०—बहुतहि अमगढ कीन्हेस जोबना । अंत भई लकापति रवना ।—जायसी (शब्द०) ।

रवनि, रवनी(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० रमणी] १ स्त्री। भार्या। पत्नी। उ०—(क) राज रवनि गावत हरि को यश। रुदन करत सुत को समुझावति राखति श्रवणनि प्याइ सुधारस। —सूर (शब्द०)। (ख) गर्भस्रवहि अदनी रवनि सुनि कुठार गति घोर। परसु अछत देखउँ जियत बैरी भूप किशोर। —तुलसी (शब्द०)। २ रमणी। सुदरी।

रवन्ना[1]—सज्ञा पुं० [फा० रवाना] १ वह नौकर जो स्त्रियो के काम काज करने वा सीदा सुलफ लाने को ड्योढी पर रहता है। (मुसल०)। २ वह कागज जिसपर रवाना किए हुए माल का ब्योरा होता है। ३ चुगी आदि की वह रसीद या इसी प्रकार का कोई प्रमाणपत्र जो किसी जानेवाली चीज के साथ रहता है। राहदारी का परवाना।

रवन्ना[2]—वि० [फा० रवानह्] दे० 'रवाना'।

रवाँ—वि० [फा०] बहता हुआ। प्रवाहित। २ जारी। चलता हुआ। ३ मश्क किया हुआ। घोटा हुआ। अभ्यस्त। ४ पैना। तेज। चोखा। (शस्त्र आदि)। ५ दे० रवाना'।

रवाँस—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का बोडा या लोबिया जिसकी तरकारी बनती है।

रवा[1]—सज्ञा पु० [स० रज, प्रा० रय्य (=धूल)] १ किसी चीज का बहुत छोटा टुकडा। कण। दाना। रेजा। जैसे,—चाँदी का रवा, मिस्री का रवा।

मुहा०—रवा भर=बहुत थोडा। जरा सा।

२ सूजी। ३ बारूद का दाना। ४ घुघरुओ मे शब्द करने के लिये डालने के छर्रे।

रवा[2]—वि० [फा०] १ उचित। ठीक। वाजिब। २ प्रचलित। चलनसार।

रवाज—सज्ञा स्त्री० [फा०] वह बात या कार्य जो किसी वश, समाज या नगर आदि मे बहुत दिनो से बराबर होता चला आया हो। परिपाटी। चाल। प्रथा। रस्म। चलन। रीति।

क्रि० प्र०—चलना।—पाना।—होना।

मुहा० —रवाज देना=प्रचलित करना। जारी करना। रवाज पकड़ना=धीरे धीरे प्रचार पा जाना। प्रचलित होना। जारी होना।

रवादक—सज्ञा पु० [स०] वह मनुष्य जिसने गिरवी रखे हुए धन को हजम कर लिया हो।

रवादार[1]—वि० [फा० रवा+दार (प्रत्य०)] १. सबब रखनेवाला। लगाव रखनवाला। २ शुभचिंतक। हितैषी।

रवादार[2]—वि० [हिं० रवा+फा० दार] जिसमे कण या दाने हों। दानेदार। रवेवाला।

रवानगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] रवाना होने की क्रिया या भाव। प्रस्थान। चाला।

रवाना—वि० [फा० रवानह्] १ जिसने कहीं से प्रस्थान किया हो। जो कहीं से चल पडा हो। जो विदा या रुखसत हुआ हो। प्रस्थित। २ भेजा हुआ।

रवानी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ रवाँ होने का भाव। बहाव। प्रवाह। २. तीक्ष्णता। धार। तेजी (को०)। ३ विदाई। रुखसती (क०)।

रवाब—सज्ञा पुं० [अ० रबाब] दे० 'रबाब'।

रवाबिया[1]—सज्ञा पु० [देश०] लाल बलुआ पत्थर।

रवाबिया[2]—सज्ञा पु० [अ० रबाबिया] दे० 'रबाबिया'।

रवायत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कहानी। किस्सा। २ कहावत।

रवारवी—सज्ञा स्त्री० [फा० रवा+अनु० रवी] १ जल्दी। शीघ्रता। २ भागाभाग। दौडादौड।

रवासन—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जिसके बीज और पत्ते ओषधि के रूप मे काम मे आते है।

रवि—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्य। २ मदार का पेड। आक। ३ अग्नि। उ०—बोले रवि नृप हवि यह लीजै। यथायोग्य निज रानिन दीजै।—विश्राम (शब्द०)। ४ नायक सरदार। ५ लाल अशोक का वृक्ष। ६. पुराणानुसार एक आदित्य का नाम। ७ एक पर्वत का नाम। ८. महाभारत के अनुसार धृतराष्ट्र के पुत्र का नाम। ९ बारह की सख्या (को०)।

रविकर—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य की किरण।

रविकातमणि—सज्ञा पु० [स० रविकान्तमणि] सूर्यकात नामक मणि। विशेष दे० 'सूर्यकात'।

रविकुल—सज्ञा पुं० [स०] सूर्यवश।

विशेष—इस शब्द के अत मे रवि, मणि आदि शब्द लगने से उसका अर्थ 'रामचद्र' होता है। जैसे,—रविकुल रवि, रविकुल मणि।

रविग्रह, रविग्रहण—सज्ञा पुं० [स०] सूर्यग्रहण [को०]।

रविप्रावा—सज्ञा पुं० [सं० रविप्रावन्] सूर्यकात मणि [को०]।

रविचचल—सज्ञा पुं० [सं० रविचञ्चल] लोलार्क नामक तीर्थस्थल जो काशी मे है। उ०—रविचचल अरु ब्रह्मद्रव बीच सुवास विचारि तुलसीदास आसन करे अवनिसुता उर धारि।—सुधाकर (शब्द०)।

रविचक्र—सज्ञा पु० [स०] १ सूर्य का मडल। २ सूर्य के रथ का पहिया। ३ फलित ज्योतिष मे एक प्रकार का चक्र जो मनुष्य के शरीर के आकार का होता है और जिसमे यथास्थान नक्षत्र आदि रखकर बालक के जीवन की शुभ और अशुभ बातें जानी जाती हैं।

रविज—सज्ञा पुं० [सं०] शनैश्चर, जिनकी उत्पत्ति रवि या सूर्य से मानी जाती है। दे० 'रवितनय'।

रविजकेतु—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के केतु या पुच्छल तारे जिनकी उत्पत्ति सूर्य से मानी गई है।

विशेष—कहते हैं, इनका आकार प्राय हार के समान और वर्ण सोने के समान होता है और ये पूर्व या पश्चिम दिशा मे दिखाई देते हैं।

रविजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] यमुना। कालिंदी।

रविजात—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य की किरण।

रविजेंद्र—सज्ञा पुं० [स० रविजेन्द्र] जैनो के एक आचार्य का नाम।

रवितनय—सज्ञा पुं० [स०] १ यमराज। २ सावर्णि मनु। ३ वैवस्वत मनु। ४ शनैश्चर। ५ सुग्रीव। ६ कर्ण। ७ अश्विनीकुमार। ८ वाली का एक नाम (को०)।

रवितनया—सज्ञा स्त्री० [सं०] सूर्य की कन्या, यमुना। उ०—(क) गए श्याम रवितनया के तट अग लसति चदन की खोरी।—सूर (शब्द०)। (ख) जमुना जल विहरत नंदनदन सग मिली सुकुमारि। सूर धन्य धरनी वृदावन रवितनया सुखकारि।—सूर (शब्द०)।

रवितनुजा—सज्ञा स्त्री० [स०] यमुना।

रवितीर्थ—सज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

रविदिन—सज्ञा पुं० [स०] रविवार। एतवार।

रविध्वज—सज्ञा पुं० [सं०] दिन। दिवस [को०]।

रविनद, विनंदन—सज्ञा पुं० [स० रविनन्द, रविनन्दन] १ कर्ण। उ०—गुरुहि नाइ सिर भेंटि पुनि अति हित द्रोण कुमार। मग महँ मिलि रविनदनहि जात भए आगार।—सबल (शब्द०)। २ सुग्रीव। उ०—रविनदन जब मिले राम को अरु भेंटे हनुमान। अपनी बात कही उन हरि सों बालि बडो बलवान।—सूर (शब्द०)। ३. सावर्णि मनु। ४ वैवस्वत मनु। ५ शनि। ६ यम। उ०—काहे को सोच करे रसखानि कहा करिहै रविनद विचारो। ७. अश्विनीकुमार।

रविनदिनि, रविनदिनी—सज्ञा स्त्री० [रविनन्दिनी] यमुना। उ०—विधि निषेधमय कलिमल हरनी। कर्मकथा रविनदिनि धरनी।—तुलसी (शब्द०)।

रविनाथ—सज्ञा पुं० [स०] १ पद्म। कमल। २ दुपहरिया का फूल। बधुजीव। बंधूक (को०)।

रविनेत्र—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु [को०]।

रविपुत्र—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रविनदन'।

रविपूत—सज्ञा पुं० [स० रवि+हिं० पूत] दे० 'रविनदन'।

रविप्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] १. लाल कमल। २ ताँबा। ३ लाल कनेर। ४ मदार। आक। ५ लकुच या लकुट नामक फल या उसका वृक्ष।

रविप्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार देवी की एक मूर्ति।

रविबिंब—सज्ञा पुं० [सं० रविबिम्ब] १ सूर्य का मडल। २ माणिक्य। मानिक।

रविमडल—सज्ञा पुं० [स० रविमण्डल] वह लाल मंडल या गोला जो सूर्य के चारो ओर दिखाई देता है। रविबिंब। उ०—(क) जयति बात सजात जयति रविमडल ग्रासक।—विश्राम (शब्द०)। (ख) रविमडल जनु जाल काटि विधि धरे नखत गन।—गिरधर (शब्द०)।

रविमणि सज्ञा पुं० [सं०] सूर्यकात मणि।

रविरत्न—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्यकात नामक मणि।

रविरत्नक—[सं०] माणिक्य। मानिक।

रविलोचन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विष्णु। २ शिव (को०)।

रविलोह—सज्ञा पुं० [स०] ताँबा।

रविवश सज्ञा पुं० [स०] सूर्यकुल।

रविवशी—सज्ञा पु० [स० रविवशिन्] सूर्यकुल मे उत्पन्न। सूर्यवशी।

रविवाण—सज्ञा पुं० [सं०] वह वाण जिसके चलाने से सूर्य का सा प्रकाश उत्पन्न हो। उ०—खग शायक पिप्पील प्रमाणा। अधकार औरहु रविवाणा।—सबल (शब्द०)।

रविवार—सज्ञा पुं० [स०] सप्ताह के सात दिनो या वारो मे से एक जो सूर्य का वार माना जाता है और जो शनिवार के बाद तथा सोमवार के पहले पडता है। आदित्यवार। एतवार। उ०—फागुन वदि चौदस शुभ दिन औ रविवार सुहायो।—सूर (शब्द०)।

रविवासर—सज्ञा पुं० [स०] रविवार। एतवार।

रविश—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. गति। चाल। २ तौर। तरीका। ढग। ३ क्यारियो के बीच मे चलने के लिये बना हुआ छोटा मार्ग।

क्रि० प्र०—फटना।—काटना।

रविसक्राति—सज्ञा स्त्री० [सं० रविसङ्क्रान्ति] सूर्य का एक राशि में से दूसरी राशि मे जाना। सूर्यसक्रमण। विशेष दे० 'सक्राति'।

रविसज्ञक—सज्ञा पुं० [सं०] ताँबा।

रविसारथि—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य के सारथि। अरुण। २ अरुणोदय। उप काल (को०)।

रविसुदर—सज्ञा पुं० [सं० रविसुन्दर] वैद्यक मे एक प्रकार का रस जो भगदर के लिये बहुत उपकारी माना जाता है।

रविसुअन—सज्ञा पुं० [स० रविसूनु] १ सूर्य के पुत्र, अश्विनीकुमार। उ०—किधौं रविसुअन मदन ऋतुपति किधौं हरिहर वेष बनाए।—तुलसी (शब्द०)। २ दे० 'रविनदन'।

रविसुत—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रविनदन'।

रविसूनु—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रविनदन'।

रवीपु—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव।

रवैया—सज्ञा पुं० [फा० रविश या रवाँ+ऐया (प्रत्य०)] १ चलन। चाल चलन। २ तौर तरीका। ढग।

यौ०—रग रवैया=रग ढग। तौर तरीका।

रशना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ जीभ। २ रस्सी। ३ करधनी। तागडी। ४ लगाम। वल्गा (को०)।

रशनाकलाप—सज्ञा पुं० [सं०] धागे आदि की बनी हुई एक प्रकार की करधनी जो प्राचीन काल में स्त्रियाँ कमर में पहनती थीं।

रशनागुण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रशनाकलाप'।

रशनोपमा—सज्ञा स्त्री० [स०] रसनोपमा नामक अलकार। विशेष दे० 'रसनोपमा'।

रश्क—सज्ञा पुं० [फा०] १ किसी दूसरे को अच्छी दशा मे देखकर होनेवाली जलन या कुढन। ईर्ष्या। डाह। २ लज्जा। शरम। (क्व०)।

रश्मि—सज्ञा पुं० [सं०] १ किरण। २ पलक के रोएँ। बरौनी। ३ घोडे की लगाम। बाग। ४ रज्जु। रस्सी (को०)। ५. चाबुक। अंकुश (को०)। ६ नापने की रस्सी (को०)।

रश्मिकलाप—सज्ञा पुं० [स०] मोतियो का वह हार जिसमे ६४ या ५४ लड़ियाँ हो।

रश्मिकेतु—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक राक्षस का नाम। २ वह केतु या पुच्छल तारा जो कृत्तिका नक्षत्र मे स्थित होकर उदित हो। कहते हैं, इसकी चोटी मे धूआँ रहता है और इसका फल सातवें केतु के समान होता है।

रश्मिक्रीड़—सज्ञा पुं० [स० रश्मिक्रीड] रामायण के अनुसार एक राक्षस का नाम।

रश्मिग्राह—सज्ञा पुं० [स०] सारथी [को०]।

रश्मिपति—सज्ञा पुं० [सं०] एक नृप। आदित्यपत्र [को०]।

रश्मिप्रभास—सज्ञा पु० [स०] एक बुद्ध का नाम।

रश्मिमाली—सज्ञा पुं० [स० रश्मिमालिन्] सूर्य [को०]।

रश्मिमुच—सज्ञा पु० [स० रश्मिमुच्] सूर्य [को०]।

रस—सज्ञा पु० [स०] १. वह अनुभव जो मुँह मे डाले हुए पदार्थो का रसना या जीभ के द्वारा होता है। खाने की चीज का स्वाद। रसनेंद्रिय का सवेदन या ज्ञान।

विशेष—हमारे यहाँ वैद्यक मे मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त और कषाय ये छह रस माने गए हैं और इनकी उत्पत्ति भूमि, आकाश, वायु और अग्नि आदि के सयोग से जल मे मानी गई है। जैसे—पृथ्वी और जल के गुण की अधिकता से मधुर रस, पृथ्वी और अग्नि के गुण की अधिकता से अम्ल रस, जल और अग्नि के गुण की अधिकता से तिक्त रस और पृथ्वी तथा वायु की अधिकता से कषाय रस उत्पन्न होता है। इन छहो रसो के मिश्रण से और छत्तीस प्रकार के रस उत्पन्न होते हैं। जैसे,—मधुराम्ल, मधुरतिक्त, अम्ललवण, अम्लकटु, लवणकटु, लवणतिक्त, कटुतिक्त, तिक्तकषाय आदि। भिन्न भिन्न रसो के भिन्न भिन्न गुण कहे गए हैं। जैसे,—मधुर रस के सेवन से रक्त, मास, मेद, अस्थि और शुक्र आदि की वृद्धि होती है, अम्ल रस जारक और पाचक माना गया है; लवण रस पाचक और सशोधक माना गया है, कटु रस पाचक, रेचक, अग्निदीपक और सशोषक माना गया है; तिक्त रस रुचिकर और दीप्तिवर्धक माना गया है; और कषाय रस सग्राहक और मल, मूत्र तथा श्लेष्मा आदि को रोकनेवाला माना गया है। न्याय दर्शन के अनुसार रस नित्य और अनित्य दो प्रकार का होता है। परमाणु रूप रस नित्य और रसना द्वारा गृहीत होनेवाला रस अनित्य कहा गया है।

२ छह की सख्या। ३ वैद्यक के अनुसार शरीर के अदर की सात धातुओ मे से पहली धातु।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार मनुष्य जो पदार्थ खाता है, उससे पहले द्रव स्वरूप एक सूक्ष्म सार बनता है, जो रस कहलाता है। इसका स्थान हृदय कहा गया है, जहाँ से यह धमनियो द्वारा सारे शरीर में फैलता है। यही रस तेज के साथ मिलकर पहले रक्त का रूप धारण करता है और तब उससे मास, मेद, अस्थि, शुक्र आदि शेष धातुएँ बनती हैं। यदि यह रस किसी प्रकार अम्ल या कटु हो जाता है, तो शरीर मे अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करता है। इसके दूषित होने से अरुचि, ज्वर, शरीर का भारीपन, कृशता, शिथिलता, दृष्टिहीनता आदि अनेक विकार उत्पन्न होते हैं।

पर्या०—**रसिका। स्वेदमाता। चर्माम्बु। चर्मसार। रक्तसार।**

४ किसी पदार्थ का सार। तत्व। ५ साहित्य में वह आनदात्मक चित्तवृत्ति या अनुभव जो विभाव, अनुभाव और सचारी से युक्त किसी स्थायी भाव के व्यजित होने से उत्पन्न होता है। मन में उत्पन्न होनेवाला वह भाव या आनद जो काव्य पढने अथवा अभिनय देखने से उत्पन्न होता है।

विशेष—हमारे यहाँ आचार्यों में इस विषय मे बहुत मतभेद है कि रस किसमे तथा कैसे अभिव्यक्त होता है। कुछ लोगों का मत है कि स्थायी भावो की वास्तविक अभिव्यक्ति मुख्य रूप से उन लोगो मे होती है, जिनके कार्यों का अभिनय किया जाता है (जैसे,—राम, कृष्ण, हरिश्चद्र आदि), और गौण रूप से अभिनय करनेवाले नटो मे होती है। अतः इन्ही में ये लोग रस की स्थिति मानते हैं। ऐसे आचार्यों का मत है कि अभिनय देखनेवालो या काव्य पढनेवालो के साथ रस का कोई संबध नही है। इसके विपरीत अधिक लोगो का यह मत है कि अभिनय देखनेवालो तथा काव्य पढ़नेवालो मे ही रस की अभिव्यक्ति होती है। ऐसे लोगो का कथन है कि मनुष्य के अंतःकरण मे भाव पहले से ही विद्यमान रहते है, और काव्य पढने अथवा नाटक देखने के समय वही भाव उद्दीप्त होकर रस का रूप धारण कर लेते हैं। और यही मत ठीक माना जाता है। तात्पर्य यह कि पाठको या दर्शको को काव्यो अथवा अभिनयो से जो अनिर्वचनीय और लोकोत्तर आनद प्राप्त होता है, साहित्य शास्त्र के अनुसार वही रस कहलाता है।

हमारे यहाँ रति, हास, शोक, उत्साह, भय, जुगुप्सा, आश्चर्य और निर्वेद इन नौ स्थायी भावो के अनुसार नौ रस माने गए है, जिनके नाम इस प्रकार हैं—शृ गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत और शात। दृश्य काव्य के आचार्य शात को रस नही मानते। वे कहते हैं कि यह तो मन की स्वाभाविक भावशून्य अवस्था है। निर्वेद मन का कोई विकार नही है। अत. वे रसो की सख्या आठ ही मानते हैं। और

कुछ लोग इन नौ रसो के सिवा एक और दसवाँ रस 'वात्सल्य' भी मानते हैं।

६ नौ की सख्या। ७ सुख का अनुभव। आनद। मजा। उ०—(क) यह जानिए वर दीन। पितु ब्रह्म के रसलीन।—केशव (शब्द०)। (ख) जेहि किए जीव निकाम बस रस हीन दिन दिन अति नई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) ओठ खडिए की अरयो मुख सुवास रस मत्त। स्याम रूप नंदलाल अलि नहिं अलि अलि उन्मत्त।—मतिराम (शब्द०)।

मुहा०—**रस भीजना या भीनना**=(१) किसी पदार्थ का ऐसा समय आना जब उसके द्वारा आनद उत्पन्न हो। मजे का वक्त आना। (२) तरुणाई प्रकट होना। यौवन का आरभ या सचार होना। उ०—ह्याँ इनके रस भीजत त्यो इत ह्वाँ उनके मसि भीजत आवै।—पद्माकर (शब्द०)।

८ प्रेम। प्रीति। मुहब्बत।

यो०—**रस रग**=(१) प्रेम के द्वारा उत्पन्न होनेवाला आनद। मुहब्बत का मजा। (२) प्रेमक्रीडा। केलि। **रस रीति**=प्रेम के व्यवहार। मुहब्बत का बरताव। उ०—(क) प्रीति को बधिक रसरीति को अधिक नीति निपुन विवेक है निदेस देसकाल को।—तुलसी (शब्द०)। (ख) इष्ट मिलै और मन मिलै मिलै सकल रस रीति।—कबीर (शब्द०)। **रस की रीति**=रसरीति। उ०—और को जानै रस की रीति। कहाँ हौं दीन कहाँ त्रिभुवनपति मिले पुरातन प्रीति। चतुरानन तन निमिष न चितवत इती राज की नीति।—सूर (शब्द०)।

९ कामक्रीडा। केलि। विहार। उ०—दलित कपोल रद दलित अधर रुचि रसना रसनि रस रस मे रिसाति है।—केशव (शब्द०)। १० उमग। जोश। वेग। उ०—(क) अजान-बाहु परकाज रत स्वामिभक्त रस रग नय।—गुमान (शब्द०) (ख) जय कारन प्रन किए करत रस रत ललकारन। श्याम अनुज बल धाम बने सँग सुभट हजारन।—गोपाल (शब्द०)। ११ गुण। सिफत। उ०—(क) सम रस समर सकोच बस विवस न ठिकु ठहराय। फिरि फिरि उझकति फिरि दुरति दुरि दुरि उझकति जाय।—बिहारी (शब्द०)। (ख) तिहुँ देवन की द्युति सी दरसै गति सोपै त्रिदोषन के रस की।—केशव (शब्द०)। १२ किसी विषय का आनद। उ०—जो जो जेहि जेहि रस मगन, तहँ सो मुदित मन मानि।—तुलसी (शब्द०)। १३ कोई तरल या द्रव पदार्थ। १४ जल। पानी। १५ वनस्पतियो या फलो आदि मे का वह जलीय अंश जो उन्हे कूटने, दबाने या निचोडने आदि से निकलता है। जैसे,—ऊख का रस, आम का रस, तुलसी का रस, अदरक का रस। १६ शोरबा। जूस। रसा। १७ वह पानी जिसमे मीठा या चीनी घुली हुई हो। शरबत। १८ वृक्ष का निर्यास। जैसे,—गोद, दूध, मद आदि। १९ लासा। लुआब। २० घोडो और हाथियो का एक रोग जिसमे उनके पैरो मे से जहरीला पानी बहता है। २१ वीर्य। २२ राग। २३ विष। जहर। २४ पारा। २७ हिंगुल। शिंगरफ। २८ वैद्यक मे धातुओ को फूँककर तैयार किया हुआ भस्म, जिसका व्यवहार औषध के रूप में होता है। जैसे,—रससिंदूर। २९ पहले खिंचाव का शोरा जो बहुत तेज और अच्छा होता है। ३० आनदस्वरूप ब्रह्म। (उपनिषद्)। ३१ केशव के अनुसार रगण और सगण। उ०—मगन नगन को मित्र गनि भगन भगन को दास। उदासीन जत जानिए रस रिपु केशव दास।—केशव (शब्द०)। ३२ बोल नामक गधद्रव्य। ३३ एक प्रकार की भेड जो गिलगित्त (गिलगिट) मे उत्तर और पामीर मे पाई जाती है। ३४ भाँति। तरह। प्रकार। रूप। उ०—एक ही रस दुनी न हरष सोक सांसति नहति।—तुलसी (शब्द०)। ३५ मन की तरग। मौज। इच्छा। उ०—तिनका बयारि के बस। ज्यों भावै त्यौ उडाइ लै जाइ अपन रस।—स्वामी हरिदास (शब्द०)। ३६ सोना (को०)। ३७ दूध। जैसे—गोरस (को०)।

रसक—सज्ञा पु० [स०] १ फटकिरी। २ खपरिया। सगे बसरी। ३ मास का रसा। शोरवा (को०)।

रसककार वेल्लक—सज्ञा पु० [सं०] पतला खपरिया। सगे बसरी।

रसक दर्दुर—सज्ञा पु० [स०] दलदार मोटा खपरिया या सगे बसरी।

रसकपूर—सज्ञा पु० [स० **रसकर्पूर**] सफेद रग की एक प्रकार की प्रसिद्ध उपधातु जिसका व्यवहार औषध मे होता है।

विशेष—यह प्राय ईंगुर के समान होता है, इसीलिये इसे कुछ लोग सफेद शिंगरफ भी कहते है। एक और प्रकार का रसकपूर होता है, जो वास्तव में पारे की सफेद भस्म होती है। इसका व्यवहार प्राय यूनानी चिकित्सा मे होता है और यह खुजली, उपदश आदि मे उपयोगी माना जाता है।

रसकर्म—सज्ञा पुं० [स० रसकर्मन्] पारे की सहायता से रस आदि तैयार करने की क्रिया। (वैद्यक)।

रसका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का क्षुद्र कुष्ठ रोग।

रसकुल्या—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार कुशद्वीप की एक नदी का नाम।

रसकेलि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ विहार। क्रीडा। २ हँसी। ठट्ठा। दिल्लगी। मजाक।

रसकेसर—सज्ञा पुं० [स०] कपूर।

रसकेसरी—सज्ञा पुं० [सं० रसकेशरिन्] एक प्रकार की रसौषध जो पारे, गधक और लौंग आदि के मेल से तैयार की जाती है, और अरुचि, अग्निमाद्य, आमवात, विसूचिका, आदि रोगो मे उपयोगी मानी जाती है (वैद्यक)।

रसकोरा—पुज्ञा पुं० [हिं० रस+कोर] रसगुल्ला नाम की मिठाई। उ०—हरिवल्लभ अरु रमा विलासे। रसकोरे बोरे रस खासे।—रघुराज (शब्द०)।

रसखर्पर—सज्ञा पुं० [सं०] खपरिया। सगबसरी।

रसखान[1]—वि० [हिं०] रसयुक्त। रसवाला। प्रेमी। उ०—क्या बखानूँ क्या नहीं आए सजन रसखान ? रे कवि लिख विरह के गान।—क्वासि, पृ० ५।

रसखान[2]—संज्ञा पुं० [हिं० रस+खान] एक भक्त कवि जो गोस्वामी विट्ठलनाथ जी के शिष्य और उनके २५२ मुख्य शिष्यों में थे। इनका समय संवत् १६४० से १६८५ मान्य है।

रसखोर—संज्ञा स्त्री० [हिं० रस+खीर] चीनी के शर्बत अथवा ऊख के रस में पकाए हुए चावल। मीठा भात।

रसगंध—संज्ञा पु० [सं० रसगन्ध] दे० 'रसगंधक'।

रसगंधक—संज्ञा पुं० [सं० रसगन्धक] १ गंधक। २ बोल नामक गंध द्रव्य। ३. रसौत। रसांजन। ४ हिंगुल। शिंगरफ। ईंगुर।

रसगत ज्वर—संज्ञा पु० [सं०] वैद्यक के अनुसार शरीर की रसधातु में समाया हुआ ज्वर।

विशेष—कहते हैं कि ज्वर अधिक दिनों का हो जाने से शरीर के रस तक में पहुंच जाता है और उससे ग्लानि, वमन और अरुचि आदि होती है।

रसगर्भ—संज्ञा पु० [सं०] १. रसौत। रसांजन। २. शिंगरफ। हिंगुल। ईंगुर।

रसगुनी†—संज्ञा स्त्री० [सं० रस+गुणी] काव्य या संगीत शास्त्र का ज्ञाता। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्यामा कों मेरु सरस भयौ और रसगुनी परे फीके—हरिदास (शब्द०)।

रसगुल्ला—संज्ञा पुं० [हिं० रस+गोला] एक प्रकार की छेने की मिठाई जो गुलाब जामुन के समान गोल होती है और शीरे में पगी हुई होती है।

रसग्रह—संज्ञा पु० [सं०] जीभ।

रसघन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] आनंदघन, श्रीकृष्ण चंद्र।

रसघन[2]—वि० जो बहुत अधिक स्वादिष्ट हो।

रसघ्न—संज्ञा पु० [सं०] सुहागा।

रसछन्ना†—संज्ञा पुं० [हिं० रस+छन्ना (=छानने की चीज)] [स्त्री० अल्पा० रसछन्नी] ऊख का रस छानने की चलनी।

रसज—संज्ञा पु० [सं०] १ गुड। २ रसौत। रसांजन। ३ शराब की तलछट। मुरदीज।

रसजात—संज्ञा पु० [सं०] रसौत। रसांजन।

रसज्ञ—वि० [सं०] [वि० स्त्री० रसज्ञा] १ वह जो रस का ज्ञाता हो। रस जाननेवाला। २ काव्यमर्मज्ञ। साहित्य के मर्म का जानकार। ३ रसायनी। ४. निपुण। कुशल। जानकार।

रसज्ञता—संज्ञा स्त्री० [सं०] रसज्ञ होने का भाव।

रसज्ञा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. गंगा। २. जीभ।

रसज्ञा[2]—वि० स्त्री० [सं०] दे० 'रसज्ञ'।

रसज्येष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] १. मधुर या मीठा रस। २ शृंगार रस जो साहित्य में नौ रसों में प्रधान है।

रसडली—संज्ञा स्त्री० [हिं० रस+डली] एक प्रकार का गन्ना जिसका रंग पीलापन लिए हरा होता है और जो प्रायः बीजापुर और उसके आस पास बहुत होता है। रसवली।

रसडी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० रसरी] दे० 'रसरी'। उ०—प्रेम रसडी बाँधी गले। खैंच चले उधर चले।—दक्खिनी०, पृ० १००।

रसणाⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० रसना] दे० 'रसना'। उ०—दान मदा वितसारु देवै, नित रसणा लेवै हरिनाम।—रघु० रू०, पृ० २४।

रसतन्मात्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पाँच तन्मात्राओं या सूक्ष्मभूतों में से चौथे तत्व जल की तन्मात्रा। (सांख्य)। विशेष दे० 'तन्मात्र'।

रसता—संज्ञा स्त्री० [सं०] रस का भाव या धर्म। रसत्व।

रसतालेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में एक प्रकार का रस।

विशेष—इसका व्यवहार कुष्ठ रोग में होता है। यह शंख, करंज, हलदी, भिलावा, धाकुआर, गंधहूरना, गंधक, पारे और बिडंग आदि के योग से बनाया जाता है।

रसतेज—संज्ञा पु० [सं० रसतेजस्] रक्त। लहू। खून।

रसत्याग—संज्ञा पु० [सं०] दूध, दही, घी, तेल, मीठा पकवान आदि स्वादिष्ट पदार्थों का त्याग करना, जो एक प्रकार का नियम या आचार माना जाता है। (जैन)।

रसत्व—संज्ञा पुं० [सं०] रस का भाव या धर्म। रसता।

रसद[1]—वि० [सं०] १ आनंददायक। सुखद। उ०—(क) रसद बिहारी बंदे वल्लभा राधिका निसदिन रंग रंगी।—स्वा० हरिदास (शब्द०)। (ख) रसद श्री हरिदास बिहारी अंग अंग मिलत अतन उदात करत सुरांत आरभटी।—हरिदास (शब्द०) २. स्वादिष्ट। मजेदार। जायकेदार।

रसद[1]—संज्ञा पु० चिकित्सा करनेवाला। इलाज करनेवाला व्यक्ति।

रसद[2]—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ वह जो बँटने पर हिस्से के अनुसार मिले। बाट। बखरा।

मुहा०—हिस्सा रसद=बँटने पर अपने अपने हिस्से के अनुसार लाभ।

२ कच्चा अनाज जो पकाया न गया हो। भोजन बनाने के लिये अन्न आदि। गल्ला। ३ सेना का वह खाद्य पदार्थ जो उसके साथ रहता है।

रसदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद निर्गुंडी। संभालू। निसुआर।

रसदार—वि० [हिं० रस+दार (प्रत्य०)] १ जिसमें किसी प्रकार का रस हो। रसवाला। जैसे,—रसदार आम, रसदार नीबू। २ स्वादिष्ठ। मजेदार। ३ मालदार। गोलेदार। रसवाला।

रसदालिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पोंडा। गन्ना।

रसद्रावी—संज्ञा पुं० [सं० रसद्रावित्] मीठा जंबीरी। नीबू।

रसधातु—संज्ञा पुं० [सं०] १ पारा। २ शरीर की सात धातुओं में से रस नामक धातु। विशेष दे० 'रस'।

रसधेनु—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार गुड आदि की बनाई हुई वह गौ जो दान की जाती है ।

रसन[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ स्वाद लेना । चखना । २ ध्वनि । ३ जीभ । जबान । ४ कफ का एक नाम ।

रसन[2]—वि० पसीना लानेवाला (औषध आदि) ।

रसन[3]—सज्ञा पु० [स० रशना या अ० लासन] रस्सा । (लश०) ।

रसना[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. जिह्वा । जीभ । जबान ।

यौ०—**रसनामल** = जीभ की मैल । **रसनामूल** = जीभ का मूल भाग । **रसनारद** = दे० 'रसनारव' । **रसनालिह** = श्वान । कुत्ता ।

मुहा०—**रसना खोलना** = बोलना आरंभ करना । उ०—हीरामन रसना रस खोला । दै असीस करि अस्तुति बोला ।—जायसी (शब्द०) । **रसना तालू (तारू) से लगाना** = बोलना बद करना । चुप होना । उ०—रसना तारू सो नहिं लावत पीवै पीव पुकारत ।—सूर (शब्द०) ।

२ न्याय के अनुसार रस या स्वाद, जिसका अनुभव रसना या जीभ से किया जाता है । ३ रास्ना या नागदौनी नाम की ओषधि । ४. गवभद्रा नाम की लता । ५ करधनी । मेखला । ६ रस्सी । रज्जु । ७ लगाम । ८ चद्रहार ।

रसना[2]—क्रि० अ० [हिं० रस + ना (प्रत्य०)] १ धीरे धीरे बहना या टपकना । जैसे,—छत मे से पानी रसना । २. गीला होकर या पानी से भरकर धीरे धीरे जल या और कोई द्रव पदार्थ छोडना या टपकाना । जैसे,—चद्रकात मणि चद्रमा को देखकर रसने लगती है ।

मुहा०—**रस रस या रसे रसे** = धीरे धीरे । आहिस्ते आहिस्ते । शनै. शनै । उ०—(क) रस रस सूख सरित सर पानी । ममता ज्ञान करहिं जिमि ज्ञानी ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) चचलता अपनी तजिकै रस ही रस सो रस सुदर पीजियो ।—परताप (शब्द०) ।

३ रस मे मग्न होना । रस से पूर्ण होना । प्रफुल्लित होना । उ०—सूर प्रभु नागरी हँसति मन मन रसति बसत मन श्याम बडे भागे ।—सूर (शब्द०) । ४ तन्मय होना । परिपूर्ण होना । उ०—(क) चपकली दल हूँ ते भली पद अँगुलि बाल की रूप रसे हैं ।—केशव (शब्द०) । (ख) बाँक विभूषण प्रेम ते जहाँ होहिं विपरीत । दर्शन रस तन मन रसत गनि विभ्रम के गीत ।—केशव (शब्द०) । ५ रसपान करना । रस लेना । उ०—शिवपूजन हित कनक के कुसुम रसत अलिजाल । मयन नृपति जग जीत की बजी मनौ करनाल ।—गुमान (शब्द०) । ६. प्रेम मे अनुरक्त होना । मुहब्बत में पडना । उ०—(क) किन सँग रसलू किन सँग बसलू किन सँग रचलू धमार ।—कबीर (शब्द०) । (ख) तव गोपी रस रसीं राम किरपा द्विजराजो ।—सुधाकर (शब्द०) ।

रसनाथ—सज्ञा पुं० [स०] पारा ।

रसनापद—सज्ञा पुं० [सं०] नितंब । चूतड ।

रसनाभ—सज्ञा पुं० [स०] रसाजन । रसौत ।

रसनायक—सज्ञा पुं० [स०] १ शिव का एक नाम । २ पारद । पारा ।

रसनारव—सज्ञा पुं० [स०] पक्षी, जिन्हे बोलने के लिये केवल जीभ ही होती है, दाँत नही होते ।

रसनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० रसन] स्वाद । चाट । उ०—जवनि रसनि लागी तुमही कौं तौनिउ रसनि मिटावहु ।—जग० बानी, पृ० २३ ।

रसनिर्यास—सज्ञा पुं० [स०] शाल का वृक्ष ।

रसनीय—वि० [स०] १. स्वाद लेने योग्य । चखने लायक । २ स्वादिष्ठ । मजेदार ।

रसनेंद्रिय—सज्ञा स्त्री० [सं० रसनेन्द्रिय] रसना, जिससे स्वाद या रस लिया जाता है । जीभ ।

रसनेत्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मैनसिल ।

रसनेष्ट—सज्ञा पु० [स०] ऊख । गन्ना ।

रसनोपमा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की उपमा जिसमे उपमाओ की एक शृखला बँधी होती है और पहले कहा हुआ उपमेय आगे चलकर उपमान होता जाता है । यह 'उपमा' और 'एकावली' को मिलाकर बनाया गया है । इसे गमनोपमा भी कहते हैं । जैसे,—बस सम बखत, बखत सम ऊँचो मन, मन सम कर, कर सम करी दान के ।

रसपति—सज्ञा पुं० [स०] १ चद्रमा । उ०—राजपति रामापति रमापति राधापति रसपति रासपति रसापति रामपति ।—केशव (शब्द०) । २ पृथ्वीपति । राजा । ३ पारा । ४ रसराज । शृगार रस । ५ धरती । पृथ्वी ।

रस परित्याग—सज्ञा पुं० [सं०] जैनो के अनुसार दूध, दही, चीनी नमक या इसी प्रकार का और कोई पदार्थ बिल्कुल छोड देना और कभी ग्रहण न करना ।

रसपर्पटी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जो पारे को शोधकर बनाया जाता है और जिसका व्यवहार सग्रहणी, बवासीर, ज्वर, गुल्म, जलोदर आदि मे होता है ।

रसपाकज—सज्ञा पुं० [सं०] १ गुड । २. चीनी ।

रसपाचक—सज्ञा पु० [स०] भोजन बनानेवाला । रसोइया ।

रसपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक में एक प्रकार की दवा जो गधक, पारे और नमक से बनाई जाती ।

रसपूर्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मालकँगनी । २. शतावर ।

रसप्रबध—सज्ञा पुं० [सं० रसप्रबन्ध] १ नाटक । २ वह कविता या काव्य जिसमे एक ही विषय बहुत से परस्पर सबद्ध पद्यों में कहा गया हो । प्रबध काव्य ।

रसफल—सज्ञा पु० [सं०] १ नारियल का वृक्ष । २ आँवला ।

रसबधकर—सज्ञा पुं० [सं० रसबन्धकर] सोम लता ।

रसबंधन—सज्ञा पुं० [स० रसबन्धन] शरीर के अतर्गत नाडी के एक अश का नाम। (वैद्यक)।

रसबत्ती—सज्ञा स्त्री० [सं० रस+हिं० बत्ती] एक प्रकार का पलीता जिसका व्यवहार पुराने ढग की तोपें और बदूकें चलाने मे होता था।

रसबरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रसभरी'।

रसबेदⓊ—सज्ञा पुं० [स० रस+वेद] कामशास्त्र। उ०—मदनाकुस रसवेद मत, पट अंगुल परिमान। इह परकीरति जो पुरुष, सोई ससा वखान।—चित्रा०, पृ० २१३।

रसभरी—सज्ञा स्त्री० [अं० रैस्पबेरी] एक प्रकार का स्वादिष्ठ फल।

विशेष—पकने पर इसका रग पीलापन लिए लाल हो जाता है। यह जाडे के अत मे प्राय बाजारो मे मिलता है।

रसभव—सज्ञा पुं० [स०] रक्त। खून। लहू।

रसभस्म—सज्ञा पुं० [स०] भस्म किया हुआ पारा। पारे का भस्म।

रसभीना—वि० [हिं० रस+भीनना] [वि० स्त्री० रसभीनी] १ आनद मे मग्न। २ आर्द्र। तर। गीला। उ०—शोभा सर लीन कुवलय रसभीन नलिन नवीन किधौ नैन बहु रग हैं।—केशव (शब्द०)। ३. मादकता से पूर्ण। मस्ती देनेवाला। मस्त करनेवाला। रस से सराबोर करनेवाला।

रसभेद—सज्ञा पुं० [स०] १ वैद्यक मे एक प्रकार की औषध जो पारे से तैयार की जाती है। २ साहित्य शास्त्र मे रसो का भेदोपभेद। उ०—भावभेद रसभेद अपारा। कवित दोष गुन विविध प्रकारा।—मानस, १।९।

रसभेदी—सज्ञा पुं० [स० रसभेदिन्] वह पका हुआ फल जो रस आदि की अधिकता से फट जाय और जिसमे से रस बहने लगे।

रसमंडूर—सज्ञा पुं० [सं० रसमण्डूर] वैद्यक मे एक प्रकार की रसौषध जो हड के योग से गधक और मडूर से बनाई जाती है और जिसका व्यवहार शूल रोग में होता है।

रसम—सज्ञा स्त्री० [अ० रस्म] दे० 'रस्म'।

यौ०—रसमरिवाज।

रसमर्दन—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक में पारे को भस्म करने या मारने की क्रिया।

रसमल—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर से निकलनेवाला किसी प्रकार का मल। जैसे—विष्ठा, मूत्र, पसीना, थूक आदि।

रसमसाⓊ—वि० [हिं० रस+मस (अनु०)] [वि० स्त्री० रसमसी] १. रग से मस्त। आनदमग्न। अनुरक्त। उ०—खेलत अति रसमसे लाल रँग भीने हो। अतिरस केलि विशाल लाल रँगभीने हो।—सूर (शब्द०)। २. तर। गीला। उ०—दलदल जो हो रही है हरेक जा पै रसमसी। सर मर मिटा है मर्द तो औरत कहीं फँसी।—नजीर (शब्द०)। ३. पसीने से भरा। आर्त।

रसमसानाⓊ—क्रि० अ० [हिं० रसमस] रग वा आनद मे मग्न होना। रस बरसना।

रसमाणिक्य—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार की औषध जो हरताल से बनाई जाती है और जो कुष्ठ आदि रोगो मे उपकारी मानी जाती है।

रसमाताⓊ[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रसमातृका] जीभ। रसना। जबान। (डिं०)।

रसमाता[2]—वि० [स० रसमत्त] आनद वा मद के कारण मत्त।

रसमातृका—सज्ञा स्त्री० [स०] जीभ। जबान।

रसमारण—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे वह क्रिया जिससे पारा मारा या शुद्ध किया जाता है।

रसमाला—सज्ञा स्त्री० [स०] शिलारस नामक सुगधित द्रव्य।

रसमि—सज्ञा स्त्री० [स० रश्मि] १ किरण। उ०—तो जू मान तजहुगी भामिनि रवि की रसमि काम फल फीको। कीजे कहा समय बिनु सुदरि भोजन पीछे अंचवन घी को।—सूर (शब्द०)। २. आभा। प्रकाश। चमक। उ०—वमन सपेद स्वच्छ पेन्हे आभूषण सब हीरन को मोतिन को रसमि अछेन को।—रघुनाथ (शब्द०)।

रसमुडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रस+मुडी ?] एक प्रकार की बँगला मिठाई।

रसमैत्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दो ऐसे रसो का मिलना जिनके मिलने से स्वाद मे वृद्धि हो। दो रसो का उपयुक्त मेल। जैसे,—कडुआ और तीता, तीता और नमकीन, नमकीन और खट्टा आदि। २ साहित्य मे रसो का उपयुक्त मेल।

रसयोग—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का औषध।

रसरस—क्रि० वि० [हिं० रसना] धीरे धीरे। शनै शनै। उ०—रस रस सुख सरित सर पानी। ममता त्याग करहिं जिमि ज्ञानी।—मानस, ४।१६।

रसरा†—सज्ञा पुं० [हिं०] [स्त्री०, अल्पा० रसरी] दे० 'रस्सा'।

रसराज—सज्ञा पुं० [सं०] १ पारद। पारा। उ०—रावन सो रसराज सुभट रस रहित लक खल दलतो।—तुलसी (शब्द०)। २ रसो का राजा, शृगार रस। उ०—जनु विधुमुख छवि अमिय को रच्यक रस्यो रसराज।—तुलसी (शब्द०)। ३. वैद्यक मे एक प्रकार की औषधि जो तांबे के भस्म, गधक और पारे को मिलाकर बनाई जाती है और जिसका व्यवहार तिल्ली और बरबट आदि मे होता है। ४ रसाजन। रसौत।

रसरायⓊ—सज्ञा पुं० [सं० रसराज] शृंगार रस। दे० 'रसराज'।

रसरी†—सज्ञा स्त्री० [सं० रसना, प्रा० रसणा] रस्सी। डोरी।

रसल—वि० [सं० रस+ल (प्रत्य०)] जिसमे रस हो। रसवाला उ०—विमल रसल रसखानि मिलि भई सकल रसखानि। सोई नव रसखानि को चित चातक रसखानि।—रसखान। (शब्द०)।

रसलह—सज्ञा पुं० [सं०] पारा।

रसवत[1]—सज्ञा पुं० [सं० रसवत्] रसिया। प्रेमी। रसज्ञ। उ०—(क) रसवत कावत्तन को रस क्यों रसरान के ऊपर हैं

झलकै ।—नन्दलाल (शब्द०)। (ख) सुजा के दिवान भगवत रसवत भए वृंदावनवासिनि की सेवा ऐसी करी है। —नाभादास (शब्द०)।

रसवत[२]—वि० जिसमे रस हो। रसभरा। रसीला।

रसवती—सज्ञा स्त्री० [स० **रसवती**] रसौत। रसाजन। उ०—रूमी रतनजोति रसवती। रारे रंगमाटी रुदवती —सूदन (शब्द०)।

रसवट—सज्ञा पु० [हिं० **रसना** (=पानी आना)] वह मसाला जो नाव के छेदो मे इसलिये भरा जाता है कि उनमे से पानी अदर न आवे। रसवर।

रसवत्[१]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **रसवती**] १ जिसमें रस हो। रसवाला। २ स्वादिष्ट (को०)। ३ क्लिन्न (को०)। ४ आकर्षक। मोहक। (को०)। ५ प्रेमभाव पूर्ण। प्रेमपूर्ण (को०)। ६ रसिक। परिहासक (को०)।

रसवत्[२]—सज्ञा पुं० वह काव्यालकार जिसमे एक रस किसी दूसरे रस अथवा भाव का अग होकर आवे। जैसे,—युद्ध मे पडे हुए वीर पति के लिये इस विलाप मे—'हाँ, यह वही हाथ है जो प्रेम से आलिगन करता था।' यहाँ शृगार केवल करुण रस का अग है।

रसवत—सज्ञा स्त्री० [हिं०] १ दे० 'रसौत'। २ दे० 'दारुहल्दी'।

रसवती—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं। २ रसोईघर। ३ अशन। आहार (को०)।

रसवती[२]—वि० रसीली। रसपूर्ण। रसभरी।

रसवत्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रसयुक्त होने का भाव या धर्म। रसीलापन। २ मिठास। माधुर्य। ३ सुदरता। खूबसूरती।

रसवर†—सज्ञा पु० [हिं० **रसना** (=चूना, टपकना)] दे० 'रसवट'।

रसवर्णक—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार अनार का फूल, ढाक का फूल, कुसुम का फूल, लाख, हलदी, मजीठ आदि कुछ विशिष्ट द्रव्य जिनसे रग निकलता है।

रसवली—सज्ञा स्त्री० [सं० **रस**+**वल्ली**] एक प्रकार का गन्ना, जिसे रसडली भी कहते हैं। दे० 'रसडली'।

रसवाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० **रस**+**वाई** (प्रत्य०)] पहले पहल ऊख पेरने के समय होनेवाली कुछ विशिष्ट रीतियाँ या व्यवहार।

रसवाद—सज्ञा पुं० [स०] १ रस की बात। प्रेम या आनद की बातचीत। रसिकता की बातचीत। उ०—(क) करति हौ परिहास हमसो तजौ यह रसवाद।—सूर (शब्द०)। (ख) केशव औरनि सार सरासरि सो रसवाद सबै हमसो।—केशव (शब्द०)। २ मनोरजन के लिये कहासुनी। छेडछाड। झगडा। उ०—तुमही मिलि रसवाद बढ़ायो। उरहन दै दै मूँड पिरायो।—सूर (शब्द०)। ३ बकवाद। उ०—सोवन दीजै न दीजै हमैं दुख योंही कहा रसवाद बढायो।—मतिराम (शब्द०)।

रसवान्—सज्ञा पुं० [स०] वह पदार्थ जिसमे ऐसा गुण या शक्ति हो कि जब उस पदार्थ के कण रसना से सयुक्त हों, उस समय किसी प्रतिबधक हेतु के न रहने से विशेष प्रकार का अनुभव हो।

रसवास—सज्ञा पुं० [स०] ढगण के पहले भेद (।ऽ) की सज्ञा।

रसवाहिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैद्यक के अनुसार खाए हुए भोजन से बने सार पदार्थ को फैलानेवाली नाडी।

रसविक्रयी—सज्ञा पुं० [सं० **रसविक्रयिन्**] वह जो मदिरा बेचता हो। शराब बेचनेवाला।

रसविरोध—सज्ञा पुं० [सं०] १. सुश्रुत के अनुसार कुछ रसो का ठीक मेल न होना। जैसे,—तीते और मीठे मे, नमकीन और मीठे मे, कडुए और मीठे मे रसविरोध है। २ साहित्य मे एक ही पद्य मे दो प्रतिकूल रसो की स्थिति। जैसे,—शृगार और रौद्र की, हास्य और भयानक की, शृगार और बीभत्स की।

रसवेधक—सज्ञा पुं० [सं०] सोना।

रसशार्दूल—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक मे एक प्रकार का रस।

विशेष—यह अभ्रक, ताँबे, लोहे, मैनसिल, पारे, गधक, सोहागे, जवाखार, हड, और बहेडे आदि के योग से बनता है और उपदश आदि रोगो के लिये उपकारी माना जाता है।

रसशास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] १ रसायन शास्त्र। २ साहित्य मे शृगार, वीर आदि नव रसो पर विवेचनात्मक ग्रथ।

रसशेखर—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का रस जो पारे और अफीम के योग से बनता है और जो उपदश आदि रोगो के लिये उपकारी माना जाता है।

रसशोधन—सज्ञा स० [सं०] १ पारे को शुद्ध करने की क्रिया। २ सुहागा।

रसस भव—सज्ञा पुं० [स० **रससम्भव**] रक्त। लहू। खून।

रससरक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] पारे को शुद्ध करना, मूर्छित करना, बाँधना और भस्म करना ये चारो क्रियाएँ।

रससस्कार—सज्ञा पुं० [सं०] पारे के मूर्च्छन, बधन, मारण आदि अठारह प्रकार के सस्कार। (वैद्यक)।

रससागर—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार सात समुद्रो मे से एक।

विशेष—कहते हैं कि यह प्लक्ष द्वीप मे है और ऊख के रस से भरा है।

रससाम्य—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक मे रोगी की चिकित्सा करने के पहले यह देखना कि शरीर मे कौन सा रस अधिक और कौन सा कम है।

रससार—सज्ञा पुं० [सं०] १ मधु। शहद। २ जहर। (डिं०)।

रससिंदूर—सज्ञा पुं० [सं० **रससिन्दूर**] वैद्यक मे एक प्रकार का रस जो पारे और गधक के योग से बनता है। इसे 'हरगौरी रस' भी कहते हैं।

रससिद्ध - वि० [स०] १. रसाभिव्यक्ति करने मे कुशल या निष्णात। २ रस सिद्ध करने मे कुशल [को०]।

रससिंदूर—सज्ञा पु० [स०] शिंगरफ। हिंगुल। ईंगुर।

रससाव—सज्ञा पु० [सं०] अम्लवेत। अमलवेद।

रसागक - सज्ञा पु० [स० रसाङ्गक] धूप। सरल का वृक्ष। श्रीवेष्ठ।

रसाजन—सज्ञा पुं० [स० रसाञ्जन] रसौत। रसवत।

रसाँ—वि० [फा०] पहुँचानेवाला। देनेवाला। जैसे, रोजीरसाँ, चिट्ठी-रसाँ [को०]।

रसा[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पृथ्वी। जमीन। २ रासना। ३ पाठा। पाढा। ४ शल्लकी। सलई। ५ कँगनी नाम का मोटा अन्न। ६. दाख। द्राक्षा। अंगूर। ७ मेदा। ८ शिलारस। लोहवान। ९ आम। १० काकोली। ११. नदी। १२ रसातल। १३ जीभ। रसना। जबान।

रसा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० रस] तरकारी आदि का झोल। शोरवा।

यौ०—**रसेदार** = जिसमे रसा या शोरबा हो। शोरबेदार।

रसा[3]—वि० [फा०] पहुँचनेवाला। जिसकी किसी जगह पहुँच हो [को०]।

रसाइन—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रसायन'।

रसाइनीⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० रसायन + ई (प्रत्य०)] १ रसायन विद्या का जाननेवाला। २ रसायन बनानेवाला। कीमियागर।

रसाई—सज्ञा स्त्री० [फा०] पहुँचने की क्रिया या भाव। पहुँच। जैसे,—आपकी रसाई बहुत दूर दूर तक है।

रसाखन—सज्ञा पुं० [स०] मुरगा।

रसाग्रज—सज्ञा पुं० [स०] रसांजन। रसौत।

रसाग्र्य—सज्ञा पुं० [स०] १. पारा। २ रसाजन। रसौत।

रसाज्ञान—सज्ञा पु० [स०] भोजन करने पर भी उसके रस का अनुभव न करना। जैसे,—खट्टा या मीठा पदार्थ खाकर भी उसकी खटास या मिठास का अनुभव न करना। (वैद्यक)।

रसाढ्य[1]—सज्ञा पुं० [सं०] अमडा। आम्रातक।

रसाढ्य[2]—वि० रसपूर्ण। रसार्द्र।

रसाढ्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] रास्ना।

रसातल—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे के सात लोको मे से छठा लोक।

विशेष—सज्ञा पुं० [स०] कहते हैं, इसकी भूमि पथरीली है और इसमे दैत्य, दानव तथा पणि या पाणि नाम के असुर, इद्र के डर से, निवास करते हैं। विशेष दे० 'पाताल'।

मुहा०—**रसातल में पहुँचाना** = मटियामेट कर देना। मिट्टी मे मिला देना। बरबाद कर देना।

रसात्मक - वि० [सं०] १ सरस। रसयुक्त। २ सुदर। खूबसूरत। ३ सुस्वादु। जायकेदार। ४. तरल। पानीदार। जलवाला। ५ अमृततुल्य। अमृतमय [को०]।

रसात्मकता—सज्ञा स्त्री० [स० रसात्मक + ता (प्रत्य०)] रसमयता। रसपूर्णता। रसयुक्त होने का भाव। उ०—यदि किसी उक्ति मे रसात्मकता और चमत्कार दोनो हो तो प्रधानता का विचार करके मुक्ति या काव्य का निर्णय हो सकता है।—रस०, पृ० ३७।

रसादार—वि० [हिं० रसा + फा० दार (प्रत्य०)] जिसमे झोल या शोरवा हो। शोरबेदार। (प्राय तरकारी आदि के सबध मे बोलते हैं।)

रसाधार—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य।

रसाधिक—सज्ञा पु० [सं०] सुहागा।

रसाधिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] किशमिश।

रसाध्यक्ष—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक राजकर्मचारी जो मादक द्रव्यो की जाँच पडताल और उनकी बिक्री आदि की व्यवस्था करता था।

रसानाⓊ[1]—क्रि० अ० [स० रस] आनदयुक्त होना। आनद प्राप्त करना। रसयुक्त वा अनुकूल होना। उ०—भूखे अघाने रिसाने रसाने हितू अहितूनि सो स्वच्छ मने हैं।—भिखारी० ग्र०, भा० २, पृ० ३५।

रसानाⓊ[2]—क्रि० स० आनद देना। आनदित करना।

रसाना†[3]—क्रि० अ० [हिं० रसना] स्रवित होना। चूना।

रसाना†[4]—क्रि० स० दूर करना। टपकाना। बहाना। उ०—रिस रसाइ सरसाइ रस बतिया कहत बनाइ।—भिखारी ग्र०, भा० १, पृ० २६।

रसापति—सज्ञा पुं० [स०] पृथ्वीपति। राजा।

रसापायी—सज्ञा पु० [स० रसापायिन्] १ वह जो जीभ से पानी पीता हो। २ कुत्ता। श्वान।

रसापुष्प—सज्ञा पुं० [स०] भ्रमर। अलि [को०]।

रसाभास—सज्ञा पु० [सं०] १ साहित्य मे किसी रस को ऐसे स्थान म अवतारणा करना जो उचित या उपयुक्त न हो। किसी रस का अनुचित विषय मे अथवा अनुपयुक्त स्थान पर वर्णन। जैसे,—गुरु पर किए हुए क्रोध या गुरुपत्नी से किए हुए प्रेम को लेकर यदि रौद्र या शृगार रस का वर्णन हो, तो वह विभाव, अनुभाव आदि सामग्रियो से पूर्ण होने पर भी अनौचित्य के कारण रसाभास ही होगा। २ एक प्रकार का अलकार जिसमे उक्त ढग का वर्णन होता है।

रसामगन—सज्ञा पुं० [सं०] बोल नामक गधद्रव्य।

रसामृत—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का रस।

विशेष—यह पारे गधक, शिलाजीत, चदन, गुडुच, धनिया, इद्रजौ, मुलेठी आदि के प्रयोग से बनाया जाता है और रक्तपित्त तथा ज्वर आदि मे उपकारी माना जाता है।

रसाम्ल—सज्ञा पुं० [स०] १ अम्लवेतस्। अमलवेद। २ चुक या चुक्र नाम की खटाई। ३ विषाबिल। वृक्षाम्ल।

रसाम्लक—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार की घास।

रसाम्ला—सज्ञा स्त्री० [स०] पलाशी नाम की लता ।

रसायक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की घास ।

रसायन—सज्ञा पु० [सं०] १ तक्र । मठा । २ कटि । कमर । ३ विष । जहर । ४ वैद्यक के अनुसार वह औषध जो जरा और व्याधि का नाश करनेवाली हो । वह दवा जिसके खाने से आदमी बुड्ढा या बीमार न हो ।

विशेष—ऐसी औषधो से शरीर का बल, आँखो की ज्योति और वीर्य आदि बढ़ता है । इनके खाने का विधान युवावस्था के आरभ और अत मे है । कुछ प्रसिद्ध रसायनो के नाम इस प्रकार हैं—विडग रसायन, ब्राह्मी रसायन, हरीतकी रसायन, नागबला रसायन, आमलक रसायन आदि । प्रत्येक रसायन मे कोई एक मुख्य औषधि होती है, और उसके साथ दूसरी अनेक ओषधिया मिली हुई होती हैं ।

५. गरुड । ६ वायविडग । ७. विडग पदार्थो के तत्वो का ज्ञान । विशेष दे० 'रसायन शास्त्र' । ८. वह कल्पित योग जिसके द्वारा तांबे से सोना बनना माना जाता है । ९. धातु विद्या, जिसमे धातुओ को भस्म करने या एक धातु को दूसरी धातु मे बदल देने आदि की क्रिया का वर्णन रहता है ।

रसायनज्ञ—सज्ञा पुं० [स०] रसायन क्रिया का जाननेवाला । वह जो रसायन विद्या जानता हो ।

रसायनफला—सज्ञा स्त्री० [स०] हर्रे । हड । हरीतकी ।

रसायनवर—सज्ञा पुं० [सं०] लहसुन ।

रसायनवरा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कगनी । २. काकजघा ।

रसायनविज्ञान—सज्ञा पुं० [सं० रसायन + विज्ञान] दे० 'रसायन' ।

रसायन शास्त्र—सज्ञा पु० [सं०] वह शास्त्र जिसमें इस बात का विवेचन हो कि पदार्थों मे कौन कौन से तत्व होते हैं और उन तत्वो के परमाणुओ मे परिवर्तन होने पर पदार्थों मे किस प्रकार का परिवर्तन होता है ।

विशेष—इस शास्त्र का मुख्य सिद्धात यह है कि ससार के सब पदार्थ कुछ मूल द्रव्यो के परमाणुओ से बने हैं । वैज्ञानिको ने ९४ मूल द्रव्य या मूलभूत माने हैं, जिनमे से धातुएं (जैसे,—सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, सीसा, राँगा, पारा आदि) है, कुछ दूसरे खनिज (जैसे —गधक, सखिया, सुरमा आदि) हैं और कुछ वायव्य द्रव्य (जैसे,—आक्सिजन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन आदि) हैं । इस शास्त्र के अनुसार यही ९४ मूल द्रव्य सब पदार्थो के मूल उपादान हैं, जिनके परमाणुओ के योग से ससार के सब पदार्थ बने हैं । प्रत्येक मूल द्रव्य मे एक ही प्रकार के परमाणु होते हैं, और जब किसी एक प्रकार के परमाणुओ के साथ किसी दूसरे प्रकार के परमाणु मिल जाते हैं, तब उनसे एक नया और तीसरा ही द्रव्य तैयार हो जाता है । जो शास्त्र हमे यह बतलाता है कि कौन चीज किन तत्वो से बनी है और उन तत्वो मे परिवर्तन होने का क्या परिणाम होता है, वही रसायन शास्त्र कहलाता है ।

रसायनश्रेष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] पारा ।

रसायनिक—वि० [स० रासायनिक] दे० 'रासायनिक' ।

रसायनी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह औषध जो बुढापे को रोकती या दूर करती हो । २ गुडुच । ३. मकोय । काकमाची । ४ महाकरज । ५ अमृत सजीवनी । गोरखदुद्धी । ६ मास-रोहिणी । ७ मजीठ । ८. कनफोडा नाम की लता । ९ कौंछ । १० सफेद निसोथ । ११ शखपुष्पी । शखाहुली । १२ कद गिलोय । १३ नाडी ।

रसायनी[2]—सज्ञा पुं० [स० रसायन] रसाइनी । रसायन शास्त्र का जाननेवाला । उ०—राम की रजाय तें रसायनी समीर-सूनु, उतरि पयोधिपार सोधि सरवाक सो ।—तुलसी ग्र०, पृ० १४९ ।

रसारⓊ—सज्ञा पुं०, वि० [स० रसाल] दे० 'रसाल' ।

रसाल[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ आम । २ ऊख । गन्ना । ३ कटहल । ४ कुदुर तृण । ५ गोधूम । गेहूँ । ६ अम्लवेत । ७ शिलारस । लोबान । ८ बोल नामक गधद्रव्य । ९ एक प्रकार का मूसा (को०) ।

रसाल[2]—वि० [वि० स्त्री० रसाला] १. मधुर । मीठा । २ रसीला । ३ सुदर । मनोहर । ४ स्वादिष्ठ । ५. मार्जित । शुद्ध । ६ रसिया । रसिक । उ०—तासो मुदिता कहत हैं, कवि मतिराम रसाल ।—मतिराम (शब्द०) ।

रसाल[3]—सज्ञा पुं० [अ० इरसाल] कर । राजस्व । खिराज । उ०—श्रीनगर नैपाल जुमिला के छितिपाल भेजत रसाल चौंर गढ कुही बाज की ।—भूषण (शब्द०) । दे० 'रिसाल' ।

रसालय—सज्ञा पुं० [स०] १ आम का पेड । २ वह स्थान जहाँ आमोद प्रमोद किया जाय । ३ वह स्थान जहाँ अनेक प्रकार के रस आदि बनते हो । रसशाला ।

रसालशर्करा—सज्ञा स्त्री० [स०] गन्ने या ऊख के रस से बनाई हुई चीनी ।

रसालस—सज्ञा पुं० [हिं० रसाल] कौतुक । उ०—समुझहि सुमति रसाल रसालस रमा रमन के । हरि प्रेरित वह आप आप नाचत बन बन के ।—तुलसी सुधाकर (शब्द०) ।

रसालसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पौंढा । गन्ना । २ गेहूँ । ३. कुदुर नाम की घास । ४ शिरा । वमनी (को०) ।

रसाला[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दही का बना हुआ शरबत । सिखरन । श्रीखड । २ दही मिला हुआ सत्तू । ३ प्राचीन काल की एक प्रकार की चटनी, जो दही, घी, मिर्च, शहद आदि को मिलाकर बनाई जाती थी । ४ दूब । ५ विदारीकंद । ६ दाख । ७ पौढा । ८ जीभ ।

रसाला[2]—सज्ञा पुं० [अ० रिसालह्] दे० 'रिसाला' ।

रसाला[3]—वि० [स० रसाल] रसपूर्ण । मधुर । उ०—लगे कहन हरि कथा रसाला ।—मानस, १।६० ।

रसालाम्र—सज्ञा पुं० [सं०] बढिया कलमी आम ।

रसालिका[1]—वि० स्त्री० [सं० रसालक] १ मधुर । मृदु । २ सरस । उ०—उर लसी सुतुलसी मालिका । हुलसी सुमति रसालिका । —गिरधर (शब्द०) ।

रसालिका[2]—सज्ञा स्त्री० १ छोटा आम। अँबिया। २ सफेदा। सातला।

रसालिया[1]—वि० [हिं० रसाल+इया] १ रसिक। रसमर्मी। रसभरा। २ दे० 'चूतिया' (लाक्ष०)।

रसालिहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पिठवन।

रसाली[1]—सज्ञा पु० [सं० रसालिन्] १ पौंढा। गन्ना। २ चना।

रसाली[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] पौंढा। गन्ना।

रसालेचु—सज्ञा पुं० [स०] पौंढा। गन्ना।

रसावर, रसावल—सज्ञा स० [हिं० रसियावर] दे० 'रसौर'। उ०—जीवन मुरति बटोरि प्रभु नाम रसावर। निरगत करु द्विजराज जीवनहि एहि तनु डावर।—तुलसी सुधाकर (शब्द०)।

रसाव—सज्ञा स० [हिं० रसना] १. खेत को जोतकर और पाटे से बराबर करके कई दिनो तक यो ही छोड देना। २ रसने की क्रिया या भाव।

रसावला—सज्ञा पु० [हिं०] एक मात्रिक छद जिसमे दो रगण होता है और दस मात्राएँ (ऽ।ऽऽ।ऽ) होती हैं। जैसे—(क) रोस राज भरी। चित्र कोटे सुरी। हथ्थ बथ्थ जुरी। जुट्टि सोहै पुरी।—पृ० रा०, २४।७७। (ख) रार काहे करो। धीर राध धरो। देवि मोहा तजो। कंज देहा सजो।—छद०, पृ० १३४।

विशेष—इसे जोहा, बिजोहा, बिज्जोहा, बिमाहा आदि भी कहते हैं।

रसावा—सज्ञा पुं० [हिं० रस+आवा (प्रत्य०)] ऊख का कच्चा रस रखने का मिट्टी का बर्तन।

रसावेष्ट—सज्ञा पु० [स०] गधाबिरोजा।

रसाश—सज्ञा पुं० [स०] मद्य पीने की क्रिया। शराब पीना।

रसाशी—सज्ञा पुं० [स० रसाशिन्] वह जो मद्य पीता हो। शराबी।

रसाश्वासा—सज्ञा स्त्री० [स०] पलाशी नाम की लता।

रसाष्टक—सज्ञा पुं० [स०] पारा, ईंगुर, कांतिसार लोहा, सोनामक्खी, रूपामक्खी, वैक्रांत मणि और शख इन आठ महारसो का समूह।

रसास्वादी[1]—वि० [सं० रसास्वादिन्] [वि० स्त्री० रसास्वादिनी] १ रस चखनेवाला। स्वाद लेनेवाला। २ आनद या मजा लेनेवाला।

रसास्वादी[2]—सज्ञा पुं० भौंरा। भ्रमर।

रसाह्व—सज्ञा पुं० [स०] गधाबिरोजा।

रसाह्वा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. सतावर। २ रास्ना।

रसिआउर[1]—सज्ञा पुं० [हिं० रस+चाउर (=चावल)] १ ऊख के रस या गुड के शर्बत मे पका हुआ चावल। २ एक प्रकार का गीत जो विवाह की एक रीति मे गाया जाता है। जब नई वधू ब्याह कर आती है, तब वह ऊख के रस या गुड के शर्बत मे चावल पकाकर अपने पति तथा ससुराल के लोगो को परोसकर खिलाती है। उस समय स्त्रियाँ जो गीत गाती हैं, उसे भी 'रसिआउर' कहते हैं। उ०—गावहिं रसिआउर सब नारी। बर्जै मृदग बोर। तमहारी।—रघुराज (शब्द०)।

रसिआवर, रसिआवल—सज्ञा पुं० [हिं० रसिआउर] दे० 'रसिआउर'।

रसिक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० रसिका, हिं० स्त्री० रसिकिनी] १ वह जो रस या स्वाद लेना हो। रस लेनेवाला। २ वह जिसे रस सबधी बातो मे विशेष आनद आता हो। काव्यमर्मज्ञ। सहृदय। ३ क्रीडा आदि का प्रेमी। आनदी। रसिया। उ०—सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि तुमरी लीला को कहै गाइ।—सूर०, १०।२६८। ४ वह जो किसी विषय का अच्छा ज्ञाता हो। मर्मज्ञ। ५ प्रेमी। भक्त। भावुक। सहृदय। ६. सारस पक्षी। ७ घोडा। ८ हाथी। ९ एक प्रकार का छद।

रसिक[2]—वि० १ रस लेनेवाला। सहृदय। २ आनदी। ३ प्रेमी। ४ मर्मज्ञ [को०]।

रसिकईⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० रसिक+हिं० ई (प्रत्य०)] दे० 'रसिकता'। उ० - रसिक रसिकई जानि परी। नैननि तै अब न्यारै हूजै तबही तैं अति रिसनि भरी।—सूर०, १०।२५४१।

रसिकता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रसिक होने का भाव या धर्म। २ परिहास। हँसी। ठट्ठा।

रसिकत्व—सज्ञा पुं० [सं०] रसिक होने का भाव या धर्म। रसिकई। रसिकता [को०]।

रसिकविहारी—सज्ञा पु० [सं०] श्रीकृष्ण का एक नाम।

रसिकसिरोमनिⓊ—सज्ञा पुं० [स० रसिक+शिरोमणि] रसिको मे सिरमौर, श्रीकृष्ण।

रसिका[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दही का शरबत। सिखरन। २ ईख का रस। ३ जीभ। जबान। ४ शरीर मे की धातु। रस। ५ मैना पक्षी। ६ करबनी। तागडी (को०)।

रसिका[2]—वि० स्त्री० [स०] दे० 'रसिक[2]'।

रसिकाईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रसिकता'।

रसिकानाⓊ—क्रि० अ० [सं० रसिक+आना (प्रत्य०)] आनद वा मस्ती से भरा होना। रसिया होना। रसीला होना। उ०—होरी मे का बरजोरी करोगे क्यो इतने इतराए। रूप गरब फागुन मदमाते ताहू पै अति रसिकाए।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३७८।

रसिकिनीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० रसिक+हिं० इनी] रसिक का स्त्री-लिंग। रसिका। दे० 'रसिक—३'। उ०—सूरदास रास रसिक बिनु रास रसिकिनी बिरह बिकल करि भई है मगन।—सूर (शब्द०)।

रसिकेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण का एक नाम।

रसित[1]—वि० [स०] १ ध्वनि करता हुआ। बोलता हुआ। बजता हुआ। २ बहता हुआ। रसता हुआ। थोडा थोडा टपकता हुआ। ३ रसयुक्त। ४ जिसके ऊपर मुलम्मा चढा हो।

रसित[2]—सज्ञा पुं० १. ध्वनि। शब्द। उ०—जनि नव नील पयोद

रसित सुनि रुचिर मोर जोरी जनु नाचति ।—तुलसी (शब्द०) । २ अंगूर की शराब । द्राक्षासव ।

रसिया—संज्ञा पुं० [सं० रसिक, या रस + इया (हिं० प्रत्य०)] १ रस लेनेवाला । रसिक । २ एक प्रकार का गाना जो फागुन के महीने में ब्रज और बुंदेलखंड आदि में गाया जाता है ।

रसियाव—संज्ञा पुं० [हिं० रस + इयाव (प्रत्य०)] रसिआउर । गन्ने के रस में पका हुआ चावल । खीर ।

रसि रसि—क्रि० वि० [हिं० रस रस] दे० 'रस रस' । उ०—रसि रसि सचे ब्रह्म कियारी ।—पलटू०, पृ० ७ ।

रसी[1]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो बिहार और संयुक्त प्रांत में बनती है ।

रसी[2]—संज्ञा [हिं० रस + ई (प्रत्य०)] दे० 'रसिक' ।

रसी[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रस्सा] दे० 'रस्सी' । उ०—गिरा गंग पास भागीरथी शोभा देत जाकी धार तारै अंबु का न तारा है ।—भारतेंदु ग्रं०, भा० १, पृ० २८१ ।

रसी[4]—वि० [सं० रसिन्] [वि० स्त्री० रसिनी] १ रसयुक्त । रसदार । २. रागान्वित । अनुरक्त । सहृदय । ३ रसज्ञ । भावुक । रुचिकर (को०) ।

रसीद—संज्ञा स्त्री० [फा० । अ० रिसीट] १ किसी चीज के पहुँचने या प्राप्त होने की क्रिया । प्राप्ति । पहुँच । जैसे,—पारसल भेजा है, उसकी रसीद की इत्तला दीजिएगा ।

मुहा०—रसीद करना = (१) लगाना (थप्पड़, घुसा आदि) । जड़ना । मारना । जैसे,—थप्पड़ रसीद करूँगा, सीधा हो जाएगा । २. प्रविष्ट करना । घुसेड़ना । (बाजारू) ।

२ वह जिसपर ब्योरेवार यह लिखा हो कि अमुक वस्तु या द्रव्य अमुक व्यक्ति से अमुक कार्य के लिये अमुक समय पर आया । किसी चीज के पहुचने या मिलने के प्रमाण रूप में लिखा हुआ पत्र । प्राप्ति का प्रमाणपत्र ।

विशेष—प्रायः जब किसी का कोई चीज या धन ऋण के रूप में, ऋण चुकाने के लिये अथवा और किसी मामले के संबंध में दिया जाता है, तब पानेवाला एक प्रमाणपत्र लिखकर देनेवाले को देता है, जिसमें यदि पानेवाला कभी उस चीज या धन की प्राप्ति से इनकार करे, तो उसके विरुद्ध प्रमाण के रूप में वही रसीद उपस्थित की जाय ।

मुहा०—रसीद काटना = किसी को रसीद लिखकर देना ।

क्रि० प्र०—देना ।—पाना ।—लिखना ।—लिखाना, आदि ।

३ पता । खबर । (क्व०) । जैसे,—तुम तो किसी बात की रसीद ही नहीं देते ।

रसीदा—वि० [फा० रसीदह्] पहुँचा हुआ ।

रसील—वि० [हिं० रसीला] दे० 'रसीला' । उ०—मन रसील के सुधा स्वरूपा । आमय पीन हीन रस भूपा ।—रघुराज (शब्द०) ।

रसीला—वि० [हिं० रस + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० रसीली] १ रस से भरा हुआ । रसयुक्त । २ रसज्ञ । मर्मज्ञ । ३ रस लेनेवाला । आनंद उठानेवाला । ४ गाने बिलाने का प्रेमी । गवैया । ५ गाना । छबीला । सुंदर ।

रसीलापन—संज्ञा पुं० [हिं० रसीला + पन (प्रत्य०)] रसीला होने का भाव या धर्म ।

रसुन—संज्ञा पुं० [सं० रसोन] लहसुन । लसुन ।

रसूख—संज्ञा पुं० [अ० रसूख] १ प्रवेश । पहुँच । रसाई । २ दखल । हुकूमत । ३ प्रभाव वगैरह । रसूखात । उ०—माल मवेशी, जोरू सबकी मार हमारे अपने जीवन की का उतम मूल यही ।—ग्राम्या, पृ० १०२ ।

रसूम—संज्ञा पुं० [अ०] १ रस्म का बहुवचन । २ नियम । कानून । ३ वह धन जो किसी से किसी प्रचलित प्रथा के अनुसार दिया जाता है । देय । लाग । ४ वह धन जो राहदारी खोई जाने पर रास्ते में सरहदी जिलों के अधिकारियों को दिया जाता है ।

यौ०—रसूम अदालत ।

५ वह धन जो जमींदार को किसी अवसर की भेंट में नजराने या भेंट आदि के रूप में दिया जाता है ।

रसूमअदालत—संज्ञा पुं० [अ०] वह धन जो अदालत में कोई मुकदमा आदि दायर करने के समय कानून के अनुसार सरकारी व्यय के रूप में दिया जाता है । कोर्ट फीस । स्टांप ।

विशेष—भिन्न भिन्न कामों या मुकदमों की मालियत के लिये धन या तो कानून के द्वारा निर्धारित होती है, और मुकदमा दायर करनेवाले को उतने धन का सरकारी कागज या स्टांप खरीदना पड़ता है तथा उसी कागज पर अपना दावा दायर करना होता है । बैनामा या रेहनपत्र आदि लिखने के लिये भी इसी प्रकार रसूम अदालत लगता है ।

रसूल—संज्ञा पुं० [अ०] वह जो अपने आपको ईश्वर का दूत कहता हो और सर्वसाधारण में माना जाता हो । पैगंबर । जैसे,—मुहम्मद साहब खुदा के रसूल थे ।

रसूली[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० रसूल + ई (प्रत्य०)] १. एक प्रकार का गेहूँ । २ एक प्रकार का जौ । ३ एक प्रकार की काली मिट्टी ।

रसूली[2]—वि० रसूल संबंधी । रसूल का ।

रसेंद्र—संज्ञा पुं० [सं० रसेन्द्र] १ पारद । पारा । २ राजमाष । लोबिया । ३ एक प्रकार की रसौषध जो जीरा, धनिया, पीपल, सोहद, त्रिकुट और रससिंदूर के योग से बनती है । ४ चिंतामणि । स्पर्शमणि । पारस पत्थर जिसके स्पर्श से लोहा सोने में परिवर्तित हो जाता है ।

यौ०—रसेंद्रवेधज, रसेंद्रसंजात = दे० 'रसेंद्रवेधक' ।

रसेंद्रवेधक—संज्ञा पुं० [सं० रसेन्द्रवेधक] सोना ।

रसेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] १ पारा । २ एक दर्शन का नाम जो छह दर्शनों में नहीं है ।

विशेष—इस दर्शन में पारे को शिव का वीर्य और गंधक को पार्वती का रज माना है । इनके १८ संस्कार लिखे हैं और इनके

उपयोग से व्याधिनाश, जीवनदान और खेचरत्वादि माना है। इनके दर्शन और स्पर्श मे महापुण्य बतलाया है और कहा गया है कि शरीर का आरोग्य होना परमावश्यक है, क्योंकि शरीर के बिना पुरुषार्थ नही हो सकता, और पुरुषार्थ के बिना मोक्ष की प्राप्ति असभव है।

३ एक रसौषध जो पारे, गधक, हरताल और सोने आदि के योग से तैयार होती है।

रसेस[1]—सज्ञा पु० [स० रसेश] १. रसिक शिरोमणि, श्रीकृष्ण। २ नमक। लवण। उ०—रुचिर रूप जल मा रसेस है मिलि न फिरन की बात चलाई।—तुलसी (शब्द०)।

रसेस[2]—सज्ञा पुं० [स० रसेश्वर, रसेश] पारा।

रसोइया—सज्ञा पुं० [हिं० रसोई + इया (प्रत्य०)] रसोई बनानेवाला। भोजन बनानेवाला। रसोईदार। सूपकार।

रसोई, रसोइ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रस + ओई (प्रत्य०)] १ पका हुआ खाद्य पदार्थ। बना हुआ भोजन।

यौ०—**कच्ची रसोई** = दाल, भात, रोटी आदि भोजन जो घी या दूध मे नही पकते और जो हिंदू लोग चौके के बाहर या किसी दूसरे के हाथ की बनी हुई नही खाते। सखरी। **पक्की रसोई** = पूरी, पकवान, खीर आदि घी या दूध मे पकी चीजें जो चौके के बाहर और अन्य द्विजा के हाथ की भी खाई जा सकती हैं। निखरी।

मुहा०—**रसोई चढ़ना** = भोजन पकना। खाना बनना। **रसोई तपना** = भोजन पकाना। खाना बनाना। उ०—(क) जो पुरुषा-पथ ते कहूँ सपति मिलति रहीम। पेट लागि बैराट घर तपत रसोई भीम।—रहीम (शब्द०)। उ०—कह गिरधर कविराय आपकी तपै रसोई।—गिरिधर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना। जीमना।—पकाना।—बनाना, आदि।

२ वह स्थान जहाँ भोजन बनता हो। चौका। पाकशाला। उ०—जसुमति चली रसोई भीतर तबहिं ग्वाल इक छीकी।—सूर (शब्द०)।

रसोईखाना—सज्ञा पुं० [हिं० रसोई + फा० खानह्] 'रसोईघर'।

रसोईघर—सज्ञा पु० [हिं० रसोई + घर] वह स्थान जहाँ भोजन पकाया जाता हो। खाना बनाने की जगह। पाकशाला। चौका।

रसोईदार—सज्ञा पुं० [हिं० रसोई + फा० दार (प्रत्य०)] [स्त्री० रसोईदारिन] वह जो रसोई बनाने के काम पर नियुक्त हो। भोजन बनानेवाला। रसोइया।

रसोईदारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रसोईदार + ई (प्रत्य०)] १ रसोई करने का काम। भोजन बनाने का काम। २ रसोईदार का पद।

रसोईबरदार—सज्ञा पुं० [हिं० रसोई + फा० बरदार] भोजन ले जानेवाला। भोजनवाहक।

रसोत[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रसवत्ता] रसमयता। रस उक्तता।

रसोत[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रसौत'।

रसोत्तम—सज्ञा पु० [स०] १ दूध। २ दुग्ध। २ पारा। पारद। ३ मुद्ग। मूग [को०]।

रसोदर—सज्ञा पुं० [स०] हिंगुल। शिंगरफ।

रसोद्भव—सज्ञा पु० [स०] १. शिंगरफ। ईंगुर। एक औषध। २. रसौत। ३. मुक्ता। मोती (को०)।

रसोद्भूत—सज्ञा पुं० [स०] रसौत।

रसोन—सज्ञा पुं० [स०] लहसुन।

रसोपल—सज्ञा पुं० [स०] मोती।

रसोया—सज्ञा स्त्री० [हिं० रसोई] रसोई। भोजन। उ०—भा आयसु भ्रम राज घर बेगहि करा रसोय।—जायसी (शब्द०)।

रसौत—सज्ञा स्त्री० [हिं० रसौत] दे० 'रसौत'।

रसौत—सज्ञा स्त्री० [स० रसोद्भूत] एक प्रकार का प्रसिद्ध औषध।

विशेष—यह दारुहल्दी का जड और लकडी का पानी मे औटाकर, और उसमे से निकले हुए रस का गाढा करके तैयार की जाती है। इसके लिये पहले दारुहल्दी का काढ़ा तैयार करते है तब उसमे उसके बराबर घी या बकरी का दूध डालकर दोनो को पकाकर बहुत गाढा अवलेह तैयार करते हैं। यही अवलेह जमकर बाजारो मे रसौत के नाम से बिकता है। रसौत कालापन लिए भूरे रग की होती है और पानी मे सहज मे घुल जाती है। इसका स्वाद कडुवा होता है और इसमे से एक विलक्षण गध निकलता है, जो अफीम की गध से कुछ मिलती जुलती होती है। इसका व्यवहार प्राय आखो पर लगाने और घावो का विकार दूर करने मे होता है। वैद्यक मे यह चरपरी, गरम, रसायन, कडवी, शीतल, तीक्ष्ण, शुक्रजनक, नेत्रो के लिये अत्यत हितकारी तथा कफ, विष, रक्तपित्त वमन, हिचकी, श्वास और मुखराग को दूर करनेवाली मानी गई।

पर्या०—**रसगर्भ। तार्क्ष्यशैल। रसोद्भूत। रसाग्रज। कृतक। बालभैषज्य। रसराज। अग्निसार। रसनाभि।**

रसौता—सज्ञा पुं० [स० रसौती] दे० 'रसौती'।

रसौती—सज्ञा स्त्री० [देश०] धान की वह बोआई जिसमे खेत जोतकर वर्षा होने से पहले ही बीज डाल दिया जाता है।

रसौर—सज्ञा पु० [हिं० रस + और < आवर (प्रत्य०)] रसिआउर। ऊख के रस मे पके हुए चावल।

रसौल—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की बहुत कटीली लता। एला।

विशेष—यह खीरी और बहराइच के जगलो मे बहुत अधिकता से होती है और दक्षिण भारत, बगाल, तथा बरमा मे भी पाई जाती है। यह गरमी के दिनो मे फूलती और जाडे मे फलती है इसकी पत्तियाँ और फलियाँ औषधि रूप मे भी काम आती है और उनसे चमडा भी सिझाया जाता है। इसकी पत्तियाँ खट्टी होती है, इसलिये उनकी चटनी भी बनाई जाती है।

रसौली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का रोग जिसमे आँख के ऊपर भवों के पास बडी गिलटी निकल आती है।

रसौहाँⓊ†—वि० [रस + औंहाँ (प्रत्य०)] रसीला। रसयुक्त। रसपूर्ण। उ०—भौंहे कोर सूधी चितवनि कै कपोल नैक सौंहे करि लोचन रसौहे नदलाल सौं।—भारतेन्दु ग्र०, पृ० ३५२।

रस्तगार—वि० [फ़ा०] बधनमुक्त। रिहा। उ०—आगो अगर जमी पे यहाँ भी वही बहार। दुख सुख मे बद सारे नही कोई रस्तगार।—कबीर म०, पृ० २२३।

रस्तगारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] मुक्ति। छुटकारा। रिहाई। उ०—रस्तगारी की राह न पाया था।—कबीर म०, पृ० ३७४।

रस्ता—सज्ञा पु० [फा० रास्तह्] दे० 'रास्ता'।

रस्तोगी—सज्ञा पुं० [देश०] वैश्यो की एक जाति।

रस्न—सज्ञा पुं० [स०] १ अश्व। २ द्रव्य। वस्तु। पदार्थ [को०]।

रस्ना—सज्ञा स्त्री० [अ०, या सं० रसना,] जिह्वा। जीभ [को०]।

रस्म—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ मेलजोल। बरताव।

यौ०—राह रस्म = मेलजोल। व्यवहार। घनिष्ठता।

२ रिवाज। परिपाटी। चाल। प्रथा। ३ सस्कार (को०)।

रस्मिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० रश्मि] दे० 'रश्मि'।

रस्मी—वि० [अ० रस्म + ई] रस्म रिवाज सबधी। रीति वा चलन के अनुसार।

रस्य[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. रक्त। खून। लहू। २ शरीर में का मास। ३ एक प्रकार का नमकीन खाद्य (को०)।

रस्य[2]—वि० रसपूर्ण। सुस्वादु। मधुर।

रस्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रास्ना। २ पाठा। पाढी।

रस्सा—सज्ञा पु० [सं० रश्मि प्रा० रस्सी, हि० रस्सी से पुं० रूप रस्सा] [स्त्री०, अल्पा० रस्सी] १ बहुत मोटी रस्सी जो कई मोटे तागो को एक मे बटकर बनाई जाती है।

विशेष—आजकल प्राय जहाजो आदि के लिये तथा और बडे बडे कामों के लिये लोहे के तारो के भी रस्से बनने लगे हैं।

२. जमीन की एक नाप जो ७५ हाथ लबी और ७५ हाथ चौडी होती है। इसी को बीघा कहते हैं। ३. घोडो के पैर की एक बीमारी।

रस्सी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रस्सा] १ रुई सन या इसी प्रकार के और रेशो के सूतो या डोरा का एक मे बटकर बनाया हुआ लबा खड जिसका व्यवहार चीजो को बाँधने, कूएँ से पानी खीचने आदि मे होता है। डोरी। गुण। रज्जु। २ एक प्रकार की सब्जी।

रस्सीवाट—सज्ञा पुं० [हिं० रस्सी + बटना] रस्सी बटनेवाला। डोरी बनानेवाला।

रहँकला—सज्ञा पुं० [हिं० रथ + कल] १. एक प्रकार की हलकी गाडी। २. तोप लादने की गाडी। उ०—बान रहँकला तोप जँजालैं। सहसनि सुतरनाल हथनालैं।—लाल (शब्द०)। ३. रहँकले पर लदी हुई छोटी तोप। तिमि घरनाल और करनालैं सुतुरनाल जजालैं। गुरगुराव रहँकले भले तहँ लागे विपुल बयालैं।—रघुराज (शब्द०)।

रहँचटाⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० रस + चाट वा रँहचटा] प्रीति की चाह। मनोरथसिद्धि की अभिलाषा। चसका। लिप्सा। दे० 'रँहचटा'। उ०—बनक मढे कोठे चढे छैल छबीले स्याम। खरी चौहटे में अरी चढी रहँचटे बाम।—रामसहाय (शब्द०)।

रहँट—सज्ञा पुं० [सं० अरघट्ट, प्रा० अरहट्ट] कूएँ से पानी निकालने का एक प्रकार का यत्र। उ०—विरह विषम विष वेलि बढो उर तेइ सुख सकल सुभाय दहे री। सोइ सीचिवे लगि मनसिज के रहँट नैन नित रहत नहे री।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—इसमे कूएँ के ऊपर एक ढाँचा रहता है। जिसमे बीचो बीच पहिए के आकार का एक गोल चरखा लगा होता है, जो कुएँ के ठीक बीच मे रहता है। इस चरखे पर घडो आदि की एक बहुत लबी माला, जिसे 'माल' कहते है, टँगी रहती है। यह माला नीचे कूएँ के पानी तक लटकती रहती है और इसमे बहुत सी हाडियाँ या बाल्टियाँ बँधी रहती हैं। जब बैलो के चलकर देने से चरखा घूमता है, तब जल से भरी हुई हाँडियाँ या बाल्टियाँ ऊपर आकर उलटती हैं, जिससे उनका पानी एक नाली के द्वारा खेतो मे चला जाता है, और खाली हाँडियाँ या बाल्टिया नीचे कूएँ के पानी मे चली जाती और फिर भरकर ऊपर आती हैं। इस प्रकार थोडे परिश्रम से अधिक पानी निकलता है। पश्चिम मे इसकी बहुत चाल है।

रहँटा—सज्ञा पुं० [हिं० रहँठ] सूत कातने का चर्खा। उ०—कहै कबीर सूत भल काता। रहँटा न होय, मुक्ति को दाता।—कबीर (शब्द०)।

रहँटी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहँटा] १ कपास ओटने की चरखी। २ २ रुपया उधार देने का एक ढग, जिसमे प्रति मास कुछ रुपया वसूल किया जाता है। इसे सयुक्त प्रात (उत्तर प्रदेश) मे हुडी कहते हैं।

रहँट्ट—सज्ञा पुं० [स० अरघट्ट, प्रा० अरहट्ट] दे० 'रहँट'। उ०—लागी घरी रहट्ट की सीचहि अमृत वेलि।—(शब्द०)।

रह[1]—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० राह] मार्ग। रास्ता। राह। राह का लघु रूप। जैसे,—रहजनी, रहनुमा आदि।

रहⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० रथ, प्रा० रह] दे० 'रथ'।

रहकलाⓊ—सज्ञा पु० [हिं० रहँकला] दे० 'रहँकला'। उ०—गुरज सपीलन तोप धरि और रहकला बान। सहर कोट के रच्छ कहु, लघु सुत कीन्ह पयान।—प० रासो, पृ० १३७।

रहचटा—सज्ञा पुं० [हिं० रहचटा] दे० 'रँहचटा'।

रहचहⓊ—सज्ञा स्त्री० [अनु०] चिडियो का बोलना। चहचहाहट। उ०—सारी सुआ सो रहचह करही। कुरहि परेवा औ करवरही।—जायसी (शब्द०)।

रहजन—सज्ञा पुं० [फ़ा० रहज़न] डाकू। बटमार [को०]।

रहजनी—सज्ञा स्त्री० [फा० रहज़नी] डाकू का कार्य। डकैती। बटमारी [को०]।

रहठा—सज्ञा पुं० [हिं० रहर + काठ] अरहर के पौधे के सूखे डठल। कडिया।

रहठानिⓊ—संज्ञा पु० [देश० या हिं० रह (=रहन, रहना)+स० स्थान, प्रा० ठाण] रहने का स्थान। उ०—होनि सो मढ्यौ पै अनहोनि जाके बीच भरी, जामे चलि जाइबे बनाई रहठानि है।—घनानंद, पृ० १२७।

रहन—संज्ञा स्त्री० [हिं० रहना] १ रहने की क्रिया या भाव।

यौ०—**रहन गहन**=दे० 'रहन सहन'। उ०—रहन गहन उनहूँ नहि पाई। अरथ सुनै सब जग अरुझाई।—कबीर म०, पृ० ४७०। **रहन सहन**=चाल ढाल। तौर तरीका।

२ रहने का ढग। व्यवहार। आचार। उ०—जाकी रहनि कहनि अनमिल, सखि, कहत समुझि अति थोरे।—सूर (शब्द०)।

रहन सहन—संज्ञा स्त्री० [हिं० रहना+सहना] जीवन निर्वाह का ढग। गुजर बसर का तरीका। तौर। चाल ढाल।

रहना—क्रि० अ० [सं० राज (=विराजना, सुशोभित होना), पुं० हिं० राजना] १. स्थित होना। अवस्थान करना। ठहरना। जैसे,—अगर कोई यहाँ रहे, तो मैं वहाँ से हो आऊँ। २ स्थान न छोडना। प्रस्थान न करना। न जाना। रुकना। थमना।

मुहा०—**रह चलना या जाना**=प्रस्थान करने का विचार छोड देना। रुक जाना। ठहर जाना। उ०—रहि चलिए सुदर रघुनायक। जो सुत तात बचन पालन रत जननिउ तात मानिबे लायक।—तुलसी (शब्द०)।

३ बिना किसी परिवर्तन या गति के एक ही स्थिति मे अवस्थान करना। उ०—नीके है छीके छुए ऐसे ही रह नारि।—बिहारी (शब्द०)।

मुहा०—**रहने देना**=(१) जिस अवस्था मे हो, उसी मे छोड देना। हस्तक्षेप न करना। (२) जाने देना। कुछ ध्यान न देना। **रहा जाना**=शांति या स्थिरतापूर्वक अवस्थान करने मे समर्थ होना। सतुष्ट होना। उ०—(क) वृषभ उदर व्रत रहा न जाई।—रघुराज (शब्द०)। (ख) अब तो चपला से न रहा गया, वह केतकी का झोटा पकडने को दौडी।—देवकीनदन (शब्द०)। (ग) पिता को आते देख राजकुमार से न रहा गया। वे तुरत आगे बढे और निकट पहुँचकर सादर प्रणाम किया।—देवकीनदन (शब्द०)।

विशेष—इस अर्थ मे अधिकतर प्रयोग 'नहीं' के साथ होता है।

४ निवास करना। बसना। जैसे,—आप कई पीढियो से कलकत्ते मे रहते है। ५ कुछ दिनो के लिये ठहरना या टिकना। अस्थायी रूप से निवास करना। उ०—एहि नैहर रहना दिन चारी।—जायसी (शब्द०)। ६ किसी काम मे ठहरना। कोई काम करना बद करना। थमना। उ०—रहो रहो, मेरे लिये क्यो परिश्रम करती हो।—लक्ष्मण (शब्द०)। ७ चलना बद करना। रुकना। उ०—हाँ, डर ही से तो सिमट समट चलता है रह रहकर।—प्रतापनारायण (शब्द०)। ८ विद्यमान होना। उपस्थित होना। जैसे,—हमारे रहते कोई ऐसा नही कर सकता।

मुहा०—**किसी के रहते**=किसी की विद्यमानता मे। मौजूदगी मे।

९ चुपचाप समय बिताना। कुछ न करना। उ०—(क) स्याही बारन तें गई मन तें भई न दूर। समुझि चतुर चित बात यह रहत बिसूर बिसूर।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) धरम बिचारि समुझि कुल रहई। सो निकिष्ट नित स्रुति यस कहई।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—**रह जाना**=(१) कुछ कार्रवाई न करना। जैसे,—तुम्हारे ख्याल मे हम रह गए, नही तो एक चपत देते। (२) सफल न होना। लाभ न उठा सकना। जैसे,—सब पा गए, तुम रह गए।

१० नौकरी करना। काम काज करना। उ०—उसने जवाब दिया—मैं मालिन हूँ, यह नहीं कह सकती कि किसके यहाँ रहती हूँ और ये फूल के गहने किसके वास्ते लिए जाती हूँ।—देवकीनदन (शब्द०)। ११ स्थित होना। स्थापित होना। जैसे,—दूसरे ही महीने उसे पेट रहा। १२ समागम करना। मैथुन करना। १३ जीवित रहना। जीना। उ०—रहने कौन अधार दुसह दुर्ग पिय बिरह भो। कर न राखेउ त्यार ध्यान जखीरा नैन जो।—रसनिधि (शब्द०)। १४. रखेली के रूप मे रहना। किसी की रखेली होकर दिन बिताना। १५. बचना। छूट जाना। अवशिष्ट होना। उ०—(क) कीन्हेसि जियन सदा सब चहा। कीन्हेसि मीचु न कोई रहा।—जायसी (शब्द०)। (ख) और जो बात भगमानी से कहने को रह गई थी, उनको भी उसी भाँति धीरे धीरे उसने उससे कहा।—अयोध्या (शब्द०)।

यौ०—**रहा सहा**=बचा बचाया। अवशिष्ट। थोडा जो बाकी था। जैसे,—तुम्हारे चले जाने से उनका रहा सहा उत्साह भी जाता रहा।

मुहा०—(अग आदि का) **रह जाना**=थक जाना। शिथिल हो जाना। जैसे,—(क) लिखते लिखते हाथ रह गया। (ख) चलते चलते पैर रह गए। **रह जाना**=(१) पीछे छूट जाना। जैसे,—मेरी छडी वहीं रह गई है। (२) अवशिष्ट होना। सच या व्यवहार मे बचना। जैसे—मेरे पास यही पुस्तक रह गई है।

विशेष—अवस्थानसूचक इस क्रिया का प्रयोग बहुत व्यापक है। प्रधान क्रिया के अतिरिक्त यह और क्रियाओं के साथ सयुक्त होकर भी आती है। जैसे,—आ रहा है, जा रहे है।

रहना—संज्ञा पु० शेर, बाघ आदि के रहने का स्थान। वन का वह विभाग जहाँ शेर, चीते आदि के रहने की माँद हो। इसे 'रमना' भी कहते है।

रहनिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० रहना] १ आचरण। चाल ढाल। रहन। उ०—सोइ विवेक सोइ रहनि प्रभु हमहि कृपा करि देहु।—तुलसी (शब्द०)। २. प्रेम। प्रीति। लगन। उ०—जौ पै रहनि राम सों नाहीं। तौ नर खर कूकर सूकर सम जाय जियत जग माहीं।—तुलसी (शब्द०)।

रहनीⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहनि] दे० 'रहनि'।

यौ०—रहनी गहनी = दे० 'रहन के साथ यौ० में'। उ०—रहनी गहना विधि सहित जाके आठो आंग।—अष्टाग०, पृ० ५७।

रहनुमा—सज्ञा पु० [फ़ा०] १ पथप्रदर्शक। मार्गदर्शक। २ नेता। अगुवा।

रहनुमाई—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] राह दिखाने का काम। पथप्रदर्शन।

रहपट†—सज्ञा पुं० [?] झापड। थप्पड। उ०—ग्राम पच्छ नव कचन मई। रहपट एक जु ताकौ दई।—नद० ग्र०, पृ० २८३।

रहबर—सज्ञा पुं० [फ़ा०] मार्ग दिखानेवाला व्यक्ति। पथप्रदर्शक। उ०—रहबर मिलै तौ पहुँचै जाई। जिन्हि देखा सो देहि देखाई।—पल० दरिया, पृ० ३१।

रहबरी—सज्ञा स्त्री० [फा०] पथप्रदशक का कार्य। मार्गदर्शन।

रहम[1]—सज्ञा पुं० [अ०] १ करुणा। दया। २ अनुकपा। अनुग्रह।

यौ०—रहम दिल = दयालु। कृपालु।

रहम—सज्ञा पुं० [अ० रह्म] गर्भाशय।

रहमत—सज्ञा स्त्री० [अ०] कृपा। दया। मेहरबानी।

रहमान[1]—क्रि० [अ०] बडा दयालु।

रहमान[2]—सज्ञा पुं० परमात्मा का एक नाम। (मुसल०)।

रहर, रहरि, रहरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० अरहर] दे० 'अरहर'।

रहरू†—सज्ञा स्त्री० [प०हिं० रिढना (= घसिटना)] छोटी देहाती गाडी, जिसमें किसान लोग पाँस या खाद ढाते हैं।

रहरूढभाव—सज्ञा पुं० [सं० रहरूढभाव] १ ससार के झगडो को छोडकर एकात स्थान मे निवास करना। २ वह जो इस प्रकार ससार को छोडकर एकात मे निवास करना हो।

रहरेठा†—सज्ञा पु० [हिं० अरहर] अरहर के सूखे डठल। कडिया। रहठा।

रहल—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक विशेष प्रकार की छोटी चौकी जिसपर पढने के समय पुस्तक रखी जाती है। उ०—रघुनाथ भावते को पानदान भरि धर्‌यो, धरी पोथी आय ल्याय कोक को रहल मैं।—रघुनाथ (शब्द०)।

विशेष—इसमे दो छोटी छोटी पटरियाँ बीच मे दूसरी को काटती हुई लगी रहती हैं और इच्छानुसार खोली या बद की जा सकती हैं। खुलने पर इनका आकार × हो जाता है।

रहलूⓤ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहरू] दे० 'रहरू'।

रहवाल[1]—सज्ञा स्त्री० [फा० रहवार] घोडे की एक चाल।

रहवाल[2]—वि० [हिं० रहना + वाल (प्रत्य०)] रहनेवाला। निवास करनेवाला।

रहस्—सज्ञा पुं० [सं०] १ गुप्त भेद। छिपी बात। २ आनदमय लीला। क्रीडा। खेल। ३ आनद। सुख। ४ योग, तत्र या और किसी सप्रदाय की गुप्त बात। गूढ तत्व। मर्म। ५ एकातता। एकात स्थान। ६ सत्य (को०)। ७ शीघ्रता। द्रुतता (को०)।

रहस[1]—सज्ञा पुं० [स० रहस् (= क्रीडा)] आनद। आमोद प्रमोद। उ०—(क) मिले रहस भा चातुर्य दूना। कित रोइस जो मिलै बिछूना।—जायसी (शब्द०)। (ख) जुवति जूथ रनिवास रहस बस यहि विधि। देखि देखि सियराम सकल मगल निधि।—तुलसी (शब्द०)।

रहस[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ समुद्र। २ स्वर्ग।

रहसना—क्रि० अ० [हिं० रहस + ना (प्रत्य०)] आनदित होना। प्रसन्न होना। उ०—(क) एहि अवसर मगलु परम सुनि रहसेउ रनिवास।—तुलसी (शब्द०)। (ख) एहि बिधि रहसत दपति हेतु हिए नहि थोरे।—सूर (शब्द०)। (ग) रहसत आय पपीहा मिला।—जायसी (शब्द०)।

रहसबधाव—सज्ञा पुं० [हिं० रहस + बधाई] विवाह की एक रीति जिसमे नवविवाहिता वधू को वर अपने साथ जनवासे में लाता है। वहाँ सब गुरुजन उस समय वधू का मुख देखते हैं और उसे वस्त्र, भूषणादि उपहार देते हैं।

रहसाना—क्रि० अ० [हिं० रहस + ना (प्रत्य०)] आनदित होना। रहसना। उ०—भोग करत विहँसै रहसाई।—जायसी (शब्द०)।

रहसिⓤ—सज्ञा स्त्री० [स० रहस्] गुप्त स्थान। एकात स्थान। उ०—सुनि बल मोहन बैठ रहसि मे कीन्हो कछू विचार।—सूर (शब्द०)।

रहसू—सज्ञा स्त्री० [स०] व्यभिचारिणी। पुश्चली। बदचलन औरत।

रहस्य[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह बात जो सबको बतलाई न जा सकती हो। गुप्त भेद। गोप्य विषय। २ भीतर की छिपी हुई बात। मर्म या भेद की बात। ३ वह जिसका तत्व सहज में या सब की समझ मे न आ सके। उ०—यह रहस्य काहू नहिं जाना। दिनमनि चले करत गुन गाना।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—खुलना।

४ एकात मे घटित वृत्त, घटना या वार्ता। ५ हँसी ठट्ठा। मजाक। ६ एक उपनिषद् (को०)।

रहस्य[2]—वि० १ सबको न बताने योग्य। गोपनीय। २ जो एकात मे हुआ हो। जो छिपाकर हुआ हो।

रहस्यत्रय—सज्ञा पु० [सं०] रामानुज सप्रदाय की तीन कोटियाँ जिन्हें ईश्वर, चित् और अचित् कहते हैं।

रहस्यवाद—सज्ञा पुं० [स०] अव्यक्त के प्रति आत्मनिवेदन का वाद या सिद्धान्त।

रहस्यवादी—वि० [रहस्यवादिन्] १ रहस्यवाद को माननेवाला। २ रहस्यवाद से सबधित या युक्त।

रहस्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ महाभारत के अनुसार एक प्राचीन नदी का नाम। २ रास्ता। ३ पाठा। पाढी।

रहाइश—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहना] १ दे० 'रहाई'। २ गुजाइश। समाई।

रहाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहना] १. रहने की क्रिया या भाव। २ कल। चैन। आराम। उ०—सीस ते पूँछि लौं गात गर्‌यो पै डसे बिन ताहि परै न रहाई।—(शब्द०)।

रहाऊ†—सज्ञा स्त्री० [देश०] गीत का पहला पद। टेक। स्थायी।
विशेष—यह शब्द अधिकतर पजाब मे बोला जाता है।

रहाट—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो किसी प्रकार की सलाह देता हो। २ मत्री। अमात्य। ३. प्रेतात्मा।

रहाना(पु)—क्रि० अ० [हिं० रहना] १ होना। उ०—(क, भोजन मोर कपोत रहायो। ताको तैं क्यो गोद छिपायो।—विश्राम (शब्द०)। (ख) मदिर तिनकर जहाँ रहावा। तेहि द्रुम तरे बधिक जब आवा।—विश्राम (शब्द०)। २ रहना। उ०—नीम करुवापन ना तजै जल मे सदा रहाय।—कबीर (शब्द०)।

रहावन†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहना + आवन (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ गाँव भर के सब पशु एकत्र होकर खडे हो। रहुनिया। उ०—कान्ह कुँवर सब सखन सग मिलि ठाढे जुरे रहावन। देखी तौ लौं कुँवरि लाडिली अरु सखियन की आवन।—हसराज (शब्द०)।

रहासहा—वि० [हिं० रहना + अनु० सहा] [वि० स्त्री० रहीसही] बचा-खुचा। बचा बचाया। जो थोडा सा बच रहा हो। उ०—(क) हिंदुओ का दिल रहासहा और भी टूट गया।—शिवप्रसाद (शब्द०)। (ख) उसी प्रतापी ब्रिटिश राज्य के अधीन रहकर भारत रहीसही हैसियत भी खो दे।—बालमुकुद गुप्त (शब्द०)।

रहित—वि० [सं०] बिना। बगैर। हीन। जैसे,—(क) आपकी बातें प्राय अर्थरहित हुआ करती हैं। (ख) वे इन सब दोषो से रहित हैं। (ग) पुरुषार्थ रहित होकर जीवन नही बिताना चाहिए।

रहिला—सज्ञा पुं० [देश०] चना। उ०—रहिमन रहिला की भली जो परसै मन लाय। परसत मन मैला करै ऊ मैदा बहि जाय।—रहिमन (शब्द०)।

रहीम[1]—वि० [अ०] रहम करनेवाला। कृपालु। दयालु।

रहीम[2]—सज्ञा पुं० [अ०] १ अब्दुल रहीम खाँ खानखानाँ का उपनाम जो वे अपनी कविता मे रखते थे। २ ईश्वर का एक नाम। (मुसलमान)।

रहुनिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहना + इया (प्रत्य०)] दे० 'रहावन'।

रहुवा†—सज्ञा पुं० [हिं० रहना] किसी दूसरे के यहाँ केवल रोटियो पर रहनेवाला मनुष्य। टुकडहा। रोटीतोड। उ०—कह गिरधर कविराय कहत साहेब स रहुवा। तुम नीचे फल बेलि वृक्ष हम ऊँचे महुवा।—गिरधर (शब्द०)।

रहूगण—सज्ञा पुं० [सं०] १ अगिरस् गोत्र के अतर्गत एक शाखा या गण। गौतम ऋषि इसी वश के थे। २. इस वश का मनुष्य।

राकव—सज्ञा पुं० [सं० राङ्कव] १. मृगो के रोएँ से बना हुआ कपडा आदि। २. पशम। नरम ऊन।

राडीर—सज्ञा पुं० [स० राण्डीर] राँड की औलाद। एक गाली [को०]।

राँक—वि० [स० रङ्क] दे० 'रक'। उ०—राँकनि नाकप रीझि करै तुलसी जग जो जुरै जाँचक जोरो।—तुलसी (शब्द०)।

राँकण†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रक] एक प्रकार की भूमि जिसमे बहुत कम अन्न पैदा होता है। ऐसी भूमि बहुधा कँकरीली और ऊँची नीची हुआ करती है।

राँग[1]—सज्ञा पुं० [सं० रङ्ग हिं० राँगा] दे० 'राँगा'।

राँग[2]†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रंग] किसी फूल पत्ती आदि को पीसकर निकाला हुआ रस। स्वरस। जैसे—पेम का राँग। तुलसी का राँग।

राँगड़ी—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का चावल जो पजाब मे पैदा होता है।

राँगा—सज्ञा पुं० [सं० रङ्ग] एक प्रसिद्ध धातु। त्रपु।
विशेष—यह बहुत नरम और रग में सफेद होती है। यह पीटकर पत्तर के रूप मे की जा सकती है। यह प्राय कई दूसरे पदार्थों के साथ पहाडो की दरारो तथा नदियो के किनारे पाई जाती है। यह भारत मे केवल बरमा में मिलती है, और मलाया प्रायद्वीप तथा आस्ट्रेलिया आदि मे बहुत मिलती है। यह बहुत साधारण आँच पाकर भी गल जाती है, इसीलिये इसका व्यवहार प्राय फूल और भरत आदि मिश्रित धातुएँ बनाने मे होता है। ताँबे के बरतनो पर इसी धातु से कलई की जाती है जिससे इसे कलई भी कहते हैं। वैद्यक मे इसे कटु, तिक्त, शीतल, कषाय, लवण रस और मेह, कृमि, पाडु तथा दाह आदि का नाशक, कातिवर्धक और रसायन माना है। इसे शोधकर और भस्म बनाकर अनेक प्रकार के रोगों मे देते हैं।
पर्या०—रग। वग। त्रपु। नाग। त्रपुष। मधुर। हिम। पूतिगध। कुरूप्य। स्वर्णज। कुरुपत्री। तमर। नागजीवन। चक्र। स्ववेत।

राँच(पु)†—अव्य० [हिं० रच] दे० 'रच'। उ०—झूठ बोल थिर रहै न राँचा। पडित सोई वेद मत साँचा।—जायसी (शब्द०)।

राँचना(पु)†[1]—क्रि० अ० [स० रञ्जन] १ अनुरक्त होना। प्रेम करना। चाहना। उ०—(क) मन काँचे नाँच वृथा साँचे राँचे राम।—बिहारी (शब्द०)। (ख) मन जाहि राँचो मिलहि सो वर सहज सुदर साँवरो।—तुलसी (शब्द०)। २. रग पकडना।

राँचना(पु)[2]—क्रि० स० [स० रञ्जन] रग चढाना। रँगना। उ०—जो मजीठ औटै बहु आँचा। सो रँग जनम न डोलै राँचा।—जायसी (शब्द०)।

राँजना†¹—क्रि० अ० [सं० रञ्जन] (आँख मे) काजल लगाना ।

राँजना²—क्रि० स० रजित करना । रँगना ।

राँजना³—क्रि० स० [हिं० राँगा] फूटे हुए बरतन को राँगे से जोडना । राँगे से टाँका लगाना ।

राँटा†¹—सज्ञा पुं० [देश०] टिटिहरी चिडिया । टिटिभ । उ०—झिल्ली ते रसीली जीली राँटे हू की रट लीली, स्यार तें सवाई भूत-भावनी ते आगरी ।—केशव (शब्द०) ।

राँटा²—सज्ञा पु० [हिं० रहँटा] दे० 'रहँटा' ।

राँटा³—सज्ञा स्त्री० [देश०] चोरो की साकेतिक भाषा ।

राँड़ - वि० स्त्री० [सं० रण्डा] १ जिसका पति मर गया हो और पुनर्विवाह न हुआ हो । विधवा । बेवा । २ रडी । वेश्या । कसवी । (क०) ।

क्रि० प्र०—करना ।—रखना ।

राँढ—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का चावल जो बगाल मे अधिकता से होता है ।

राँढ़ना†—क्रि० स० [स० रुदन] विलाप करना । रोना । उ०—कोई औगुन मन बसा चित तें धरा उतार । दादू पति बिन सुदरी राँढइ घर घर बार ।—दादू (शब्द०) ।

राँध—सज्ञा पुं० [सं० परान्त (=दूसरी ओर)] १ निकट । पास । समीप । उ०—(क) अनु रानी हौं रहतेउ राँधा । कैसे रहउँ बचा कर बाँधा ।—जायसी (शब्द०) । (ख) एहि डर राँध न बैठो मकु साँवरि होइ जाउँ ।—जायसी (शब्द०) । २ पडोस । पार्श्व । बगल ।

यौ०—राँधपडोस, राँधपड़ोसी ।

राँधना—क्रि० स० [स० रन्धन] (भोजन आदि) पकाना । पाक करना । जैसे,—दाल राँधना, चावल राँधना । उ०—विविध मृगन कर आमिष राँधा ।—तुलसी (शब्द०) ।

राँधपड़ोस†—सज्ञा पुं० [हिं० राँध (=पास)+पडोस] आसपास । पडोस । पार्श्व का स्थान । प्रतिवेश ।

राँपी—सज्ञा स्त्री० [देश०] पतली खुरपी के आकार का मोचियो का एक औजार जिससे वे चमडा तराशते, काटते और साफ करते हैं । रापी ।

राँभना—क्रि० अ० [सं० रम्भण] (गाय का) बोलना या चिल्लाना । बँबाना । उ०—(क) तब पृथ्वी दुख पाय धवराय गाय रूप बनाय राँभती राँभती देवलोक मे गई ।—लल्लू (शब्द०) । (ख) तमचुर खगरोर सुनहु बोलत बनराई । राँभति गा खरिकन मे बछरा हित धाई ।—सूर (शब्द०) ।

राआ⑤†—सज्ञा पु० [सं० राजा, प्रा० राआ] दे० 'राजा' ।

राइ—सज्ञा पुं० [सं० राजा, प्रा० राया] छोटा राजा । राय । सरदार । उ०—(क) पउरिहि पउरि सिंह गढि काढे । डरपहिं राइ देखि तिन्ह ठाढे ।—जायसी (शब्द०) ।

राइता—सज्ञा पुं० [हिं० रायता] दे० 'रायता' ।

राइफल—सज्ञा स्त्री० [अ०] घोडेदार बदूक । बडी बदूक ।

राइरगा†—सज्ञा पुं० [?] दे० 'रामदाना' ।

राई¹—सज्ञा स्त्री० [स० राजिका, प्रा० राईआ] १ एक प्रकार की बहुत छोटी सरसो । २ बहुत थोडी मात्रा या परिमाण ।

मुहा०—राई भर = बहुत थोडा । राई रत्ती करके = छोटी से छोटी रकम या तौल के हिसाब से । राई नोन उतारना = नजर को हुए बच्चे पर उतारा करके राई और नमक को आग मे जलना, जिससे नजर के प्रभाव का दूर होना माना जाता है । राई से पर्वत करना = थोडी बात को बहुत बढा देना । उ०—अविगति गति जानी न परै । राई ते पर्वत करि डारै राई मेरु करै ।—सूर (शब्द०) । राई राई करना = टुकडे टुकडे कर डालना । राई राई होना = टुकडे टुकडे होना । उ०—अर्जुन ने ऐसे पवन बाण मारे कि बादल राई राई हो यो उड गए, जैसे रूई के पहल पवन के झोके से ।—लल्लू (शब्द०) । तेरी ओरा मे राई नोन = ईश्वर करे, तेरी बुरी दाठ मुझे न लगे । राई से पर्वत करना = छोटी बात को बहुत बढा देना । राई लोन उतारना=दे० 'राई नोन उतारना' । उ०—(क) हिरण्याक्ष अरु हिरनकशिपु भट आदिक जेइ सहारयो । ताहि प्रेत बाधा वारन हित राई लोन उतारयो ।—रघुराज (शब्द०) । (ख) कबहू अंग भूषण बनबाति राई लोन उतारि ।—सूर (शब्द०) । (ग) यशुमति माय धाय उर लीन्हो राई लोन उतारो ।—सूर (शब्द०) ।

राई⑤†²—सज्ञा स्त्री० [हिं० राई] राजा होने का भाव । राजापन । राजसी ।

राई⑤†³—सज्ञा पुं० [स० राजा] १ राजा । २ वह जो सबसे श्रेष्ठ हो । उ०—सुनु मुनि राई, जग सुखदाई । कहि अब सोई, जेहि यश होई ।—केशव (शब्द०) ।

राउड—वि० [अ०] गोल । वर्तुल । चक्राकार ।

राउड—सज्ञा पुं० १ वर्तुलाकार वस्तु । वृत्त । वलय । घेरा । २ चक्र । चक्कर । दौर । फेरा । बारी [को०] ।

राउड टेबुल कान्फरेंस—सज्ञा स्त्री० [अ०] वह सभा या सम्मेलन जिसमे एक गोल मेज के चारो ओर राजपक्ष तथा देश के भिन्न भिन्न मतो और दलो के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर किसी महत्व के विषय पर विचार करें । गोलमेज कान्फरेंस ।

राउ⑤—सज्ञा पुं० [स० राजा, प्रा० राय, राव] राजा । नरेश । उ०—राउ तृपित नहिं मो पहिचाना । देखि सुवेष महामुनि जाना ।—तुलसी (शब्द०) ।

राउत†—सज्ञा पुं० [सं० राज+पुत्र प्रा० राअउत] १ राजवश का कोई व्यक्ति । २ क्षत्रिय । ३ वीर पुरुष । बहादुर । उ०—राउत राउत होत फिरे कै जूझे ।—तुलसी (शब्द०) ।

राउर⑤†¹ सज्ञा पुं० [सं० राज+पुर प्रा० राय राअ+उर] राजाओ के महल का शत पुर । रनवास । जनानखाना ।

उ०—(क) जब राउर मे रघुनाथ गए। बहुधा अवलोकत शोभ भए।—केशव (शब्द०)। (ख) भयो कुलाहल अवध अति सुनि नृप राउर सोर।—तुलसी (शब्द०)। (ग) गे सुमत तब राउर माही।—तुलसी (शब्द०)।

राउर[1]—वि० [हिं०] श्रीमान का। आपका। उ०—(क) जो राउर आयसु मे पाउँ।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सब कर हित रुख राउर राखे।—तुलसी (शब्द०)।

राउल Ⓤ†—सज्ञा पु० [स० राजकुल] १ राजकुल मे उत्पन्न पुरुष। २ राजा।

राकस Ⓤ†—सज्ञा पुं० [स० राक्षस] [स्त्री० राकसिन, राकसिनि] राक्षस। उ०—राकस बस हमे हतने सब। काज कहा तिनसो हमसे अब।—केशव (शब्द०)। (ख) राजै कहा रे राकस जानि बूझि बौरासि।—जायसी (शब्द०)।

राकसगद्दा—सज्ञा पुं० [हिं० राकस+गद्दा] कदम नाम की बेल और उसकी जड जो पजाब, सिध, गुजरात और लका मे पाई जाती है।

विशेष—इसकी जड औषधि के काम मे आती है। इसके खाने से दस्त और कै होती है। गर्मी के रोगी को इसका रस पिलाया जाता है और गठिया के रोगी की गाँठ पर इसका लेप चढाया जाता है।

राकसताल—सज्ञा पु० [हिं० राकस+ताल] तिब्बत मे कैलास के उत्तर ओर की एक झील का नाम, जिसे रावणह्रद और मानतलाई भी कहते हैं।

राकसपत्ता—सज्ञा पु० [हिं० राकस (=राक्षस)+हिं० पत्ता] जगली कुँवार जिसे काँटल और बबूर भी कहते हैं।

राकसिन, राकसिनि Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० राकस+इन, इनि (प्रत्य०)] राक्षसी। निशाचरी। उ०—खायो हुतो तुलसी कुरोग राँड राकसिनि, केसरीकिसोर राखे बीर बरियाई है।—तुलसी (शब्द०)।

राका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पूर्णिमा की रात। २ पूर्णमासी। ३ खुजली का रोग। २ वह स्त्री जिसको पहले पहल रजोदर्शन हुआ हो। ५ चद्रमा। (डिं०)। ६ खर और सूर्पणखा की माता का नाम। ७ एक नदी (को०)।

राकाचंद्र—सज्ञा पुं० [स० राकाचन्द्र] दे० 'राकापति' [को०]।

राकापति—सज्ञा पु० [स०] चद्रमा। उ०—राकापति षोडस उअहि तारा गन समुदाइ।—मानस, ७।७८।

राकारमण—सज्ञा पु० [स०] दे० 'राकापति' [को०]।

राकेश—सज्ञा पु० [स०] चद्रमा।

राक्षस—सज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० राक्षसी] १ निशाचर। दैत्य। असुर। २ कुबेर के धनकोश के रक्षक। ३ कोई दुष्ट प्राणी। ४ साठ सवत्सरो मे से उनचासवा सवत्। ५ वैद्यक मे एक रस जो पारे और गधक के योग से बनता है।

विशेष—यह रस पेट की बादी दूर करता और भूख बढ़ाता है।

६. एक प्रकार का विवाह जिसमे कन्या के लिये युद्ध करना पडता है।

यौ०—राक्षस विवाह=विवाह का एक प्रकार जिसमे युद्ध मे कन्या का हरण करके विवाह करते है। जैसे,—कृष्ण रुक्मिणी और पृथ्वीराज सयोगिता का विवाह।

७ ज्योतिष मे एक योग का नाम (को०)। ८ तीसवाँ मुहूर्त (को०)। ९ राजा नद का एक अमात्य ब्राह्मण जो कूटनीति का बहुत बडा ज्ञाता था।

राक्षसघ्न—सज्ञा पु० [स०] श्रीरामचद्र का नाम।

राक्षसपति—सज्ञा पु० [सं० राक्षस+पति] रावण। उ०—निगरे नरनायक, असुर विनायक राक्षसपति हिय हारि गए।—केशव (शब्द०)।

राक्षसेंद्र—सज्ञा पु० [स० राक्षसेन्द्र] रावण (को०]।

राक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] लाक्षा। (अव्युत्पन्न प्रयोग)।

राख—सज्ञा स्त्री० [स० रक्षा ? या स० क्षार>खार (वर्णव्यत्यय से)>राख] किसी बिलकुल जले हुए पदार्थ का अवशेष। भस्म। खाक। जैसे, कोयले की राख।

राखडी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का आभूषण [को०]।

राखना Ⓤ†—क्रि० स० [स० रक्षण] १ रक्षा करना। बचाना। उ०—जाको राखै साइयाँ मारि न सकिहै कोइ।—कबीर (शब्द०)। २ मानना। पालन करना। पालना। उ०—जो हठ राखै धरम की तेहि राखै करतार।—(शब्द०)। ३ पेड या फसल को जानवरो या चिडियो के खाने या लोगो के लेने से बचाना। रखवाली करना। उ०—सेत खरी राखे खरे खरे उरोजन बाल।—बिहारी (शब्द०)। ४ छिपाना। कपट करना। उ०—कछु तेहि ते पुनि मैं नहि राखा। समुझइ खग खग ही की भाखा।—तुलसी (शब्द०)। ५ रोक रखना। जाने न देना। ठहराना। उ०—जागबलिक मुनि परम बिबेकी। भरद्वाज राखे पद टेकी।—तुलसी (शब्द०)। ६ आरोप करना। बताना। उ०—तहाँ बेद अस कारन राखा। भजन प्रभाव भाँति बहु भाखा।—तुलसी (शब्द०)। ७ दे० 'रखना'।

राखी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० रक्षा] वह मगलसूत्र जो कुछ विशिष्ट अवसरो पर, विशेषत श्रावणी पूर्णिमा के दिन ब्राह्मण या और लोग अपने यजमानो अथवा आत्मीयो के दाहिने हाथ की कलाई पर बाँधते है। रक्षाबधन का डोरा। रक्षा।

राखी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० राख+ई (प्रत्य०)] दे० 'राख'।

राग—सज्ञा पुं० [सं०] १. इच्छा। इष्ट वस्तु या सुख आदि को प्राप्त करने की इच्छा। प्रिय या आनद वस्तु को प्राप्त करने की अभिलाषा। प्रिय या सुखद वस्तु की ओर आत्मपक्ष या प्रवृत्ति। सासारिक सुखो का चाह।

विशेष—पतजलि ने इन पाच प्रकार के क्लेशो मे से एक प्रकार का क्लेश माना है। उनके मत से जो व्यक्ति सुख भोगता है, उसकी प्रवृत्ति और अधिक सुख प्राप्त करने की ओर होती है,

और इसी प्रवृत्ति का नाम उन्होने राग रखा है। इसका मूल अविद्या और परिणाम क्लेश है।

२ क्लेश। कष्ट। पीडा। तकलीफ। ३. मत्सर। ईर्ष्या। द्वेष। ४ अनुराग। प्रेम। प्रीति। उ०—सो जन जगत जहाज है, जाके राग न द्वेष।- तुलसी (शब्द०)। ५ चदन, कपूर, कस्तूरी आदि से बना हुआ अग में लगाने का सुगधित लेप। अगराग। उ०—कौन करै होरी कोई गोरी समुझावै कहा, नागरी को राग लाग्यो विष सो विराग सो। कहर सी केसर कपूर लाग्यो काल सम गाज सो गुलाब लाग्यो अरगजा आग सा। —पद्माकर (शब्द०)। ६ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे १३ अक्षर (र, ज, र, ज और ग) होते है। ७. रग, विशेषत लाल रग। जैसे,—लाख आदि का। ८ मन प्रसन्न करने की क्रिया। रजन। ९ राजा। १० सूर्य। ११ चद्रमा। १२ पैर म लगाने का अलता। १३ सगीत मे षड्ज आदि स्वरो, उनके वर्णो और अगो से युक्त वह ध्वनि जो किसी विशिष्ट ताल मे बैठाई हुई हो और जो मनोरजन के लिये गाई जाती हो। किसी खास धुन मे बैठाए हुए स्वर जिनके उच्चारण से गान होता हो।

विशेष—सगीत शास्त्र के भारतीय आचार्यो ने छह राग माने है, परतु इन रागो के नामो के सबध मे बहुत मतभेद है। भरत और हनुमत के मत से ये छह राग इस प्रकार है—भैरव, कौशिक (मालकोस), हिंडोल, दीपक, श्री और मेघ। सोमेश्वर और ब्रह्मा के मत से इन छह रागो के नाम इस प्रकार है—श्री, वसत, पचम, भैरव, मेघ और नटनारायण। नारद-सहिता का मत है कि मालव, मल्लार, श्री, वसत, हिंडोल और कर्णाट ये छह राग हैं। परतु आजकल पाय ब्रह्मा और सोमेश्वर का मत ही अधिक प्रचलित है। स्वरभेद स राग तीन प्रकार के कहे गए हैं—(१) सपूर्ण, जिसमे सातो स्वर लगते हो, (२) षाडव, जिसमे केवल छह स्वर लगते हो और कोई एक स्वर वर्जित हो, और (३) ओडव, जिसमे केवल पाँच स्वर लगते हो और दो स्वर वर्जित हो। मतग के मत से रागो के ये तीन भेद हैं—(१) शुद्ध, जो शास्त्रीय नियम तथा विधान के अनुसार हो और जिसमे किसी दूसरे राग की छाया न हो, (२) सालक या छायालग, जिसमे किसी दूसरे राग की छाया भी दिखाई देती हो, अथवा जो दो रागो के योग स बना हो, और (३) सकीर्ण, जो कई रागो के योग से बना हो। सकीर्ण को 'सकर राग' भी कहते है। ऊपर जिन छह रागो के नाम बतलाए गए हैं, उनमे से प्रत्येक राग का एक निश्चित सरगम या स्वरक्रम है, उसका एक विशिष्ट स्वरूप माना गया है, उसके लिये एक विशिष्ट ऋतु, समय और पहर आदि निश्चित हैं, उसके लिये कुछ रस नियत हैं, तथा अनेक ऐसी बातें भी कही गई हैं, जिनमे से अधिकाश केवल कल्पित ही हैं। जैसे, माना गया है कि अमुक राग का अमुक द्वीप या वर्ष पर अधिकार है, उसका अधिपति अमुक ग्रह है, आदि। इसके अतिरिक्त भरत और हनुमत के मत से प्रत्येक राग की पाँच पाँच रागिनियाँ और सोमेश्वर आदि के मत मे छह छह रागिनियाँ हैं। इस अतिम मत के अनुसार प्रत्येक राग के आठ आठ पुत्र तथा आठ आठ पुत्रवधुएँ भी हैं (विशेष दे० 'रागिनी'—४)। यदि वास्तविक दृष्टि से देखा जाय तो राग और रागिनी मे कोई अतर नही है। जो कुछ अतर है, वह केवल कल्पित है। हाँ, रागो मे रागिनियो की अपेक्षा कुछ विशेषता और प्रधानता अवश्य होती है और रागनियाँ उनकी छाया से युक्त जान पड़ती है। अत हम रागनियो का रागो के अवातर भेद कह सकते हैं। इसके सिवा और भी बहुत से राग हैं, जो कई रागो की छाया पर अथवा मेल स बनते हैं और 'सकर राग' कहलाते है। शुद्ध रागो की उत्पत्ति के सबध मे लोगो का विश्वास है कि जिस प्रकार श्रीकृष्ण की वशी के सात छेदो में से सात स्वर निकले हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण जी की १६०८ गोपिकाओ के गाने मे १६०८ प्रकार के राग उत्पन्न हुए थे, और उन्ही मे से बचते बचते अत मे केवल छह राग और उनकी ३० या ३६ रागिनिया रह गईं। कुछ लोगो का यह भी मत है कि महादेव जी के पाच मुखो से पाच राग (श्री, वसत, भैरव, पचम और मेघ) निकले हैं और पार्वती के मुख से छठा नटनारायण राग निकला है।

मुहा०—अपना राग अलापना = अपनी ही बात कहना। अपना ही विचार प्रकट करना, दूसरे की बातो पर ध्यान न देना।

रागखाडव—सज्ञा पुं० [स० रागखाण्डव] दे० 'रागषाडव'।

रागखाडव—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का खाद्यपदार्थ। दे० 'रागषाडव'।

रागचूर्ण—सज्ञा पु० [स०] १ कामदेव। २ खैर का पेड। ३ लाख। लाह (को०)। ४ अबीर। गुलाल (को०)।

रागच्छन्न—सज्ञा पु० [स०] १ कामदेव। २ रामचद्र।

रागजा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्फटिक। सित मणि (को०)।

रागदालि—सज्ञा स्त्री० [स०] मसूर (को०)।

रागद्रव्य—सज्ञा पुं० [सं०] रँगने का सामान। रग (को०)।

रागद्दश्—सज्ञा पुं० [सं०] माणिक्य। लाल (को०)।

रागना(पु)[1]—क्रि० अ० [स० राग+हिं० ना (प्रत्य०)] १ अनुराग करना। अनुरक्त होना। २ रँग जाना। राजत होना। ३ निमग्न हो जाना। उ०—सोमक स्याम करन रस रागि। —गोपाल (शब्द०)।

रागना[2]—क्रि० स० [स० राग] गाना। अलापना। उ०—(क) या अनुराग की फाग लखो जहँ रागती राग किशोर किशोरी।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) पैंधी लखित सतलरी पुही प्रेम रँग ताग। मनौ चिपची काम की रागति पचम राग।—गुमान (शब्द०)। (ग) गहि कर बीन प्रवीन तिय राग्यो राग मलार।—बिहारी (शब्द०)।

रागपट्ट—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का बहुमूल्य पत्थर (को०)।

रागपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] बधुजीव नामक पुष्प या उसका पौधा। गुलदुपहरिया।

रागपुष्पी—सज्ञा स्त्री० [सं०] जवा।

रागप्रसव—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'रागपुष्प' (को०)।

रागभजन—संज्ञा पु० [सं०] एक विद्याधर का नाम ।

रागयुज्—संज्ञा पुं० [सं०] मानिक । माणिक्य [को०] ।

रागरज्जु—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव ।

रागलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] कामदेव की स्त्री, रति ।

रागलेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] लाल रेखा । रंग की लकीर ।

रागविवाद—संज्ञा पु० [सं०] गाली गलौज ।

रागषाडव—संज्ञा पुं० [सं० रागषाडव] १. प्राचीन काल का एक प्रकार का खाद्य पदार्थ जो अनार घी और दाख से बनता था । २ आम का मुरब्बा ।

रागसारा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मैनसिल ।

रागागा—संज्ञा स्त्री० [सं० रागाङ्गी] मजीठ ।

रागा—संज्ञा स्त्री० [सं०] महुआ या मकरा नाम का कदन्न [को०] ।

रागात्मक—वि० [सं०] प्रेम उत्पन्न करने या बढ़ानेवाला [को०] ।

रागान्वित—वि० [सं०] १ रागयुक्त । जिसे राग या प्रेम हो । २ जिसे क्रोध हो ।

रागारु—संज्ञा [सं०] जो किसी का कुछ देने की आशा बंधाकर भी न दे ।

रागार्शान—संज्ञा पु० [सं०] बुद्धदेव ।

रागिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. विदग्धा स्त्री । २ मैना की बड़ी कन्या का नाम । ३ जयश्री नाम की लक्ष्मी । ४. संगीत में किसी राग की पत्नी या स्त्री । दे० 'राग' ।

विशेष—हनुमत और भरत के मत से प्रत्येक राग की पांच पांच रागिनियाँ और सोमेश्वर आदि के मत से छह छह रागिनियाँ हैं । परंतु साधारणतः लोक में छह रागों की छत्तीस रागिनियाँ ही मानी जाती हैं । इस अंतिम मत के अनुसार प्रत्येक राग की रागिनियाँ इस प्रकार हैं ।

श्रीराग की भार्याएँ या रागिनियाँ—मालश्री, त्रिवणी, गौरी, केदारी, मधुमाधवी और पहाड़ी । वसंत राग की रागिनियाँ—देशी, देवगिरि, बंगाटी, टौरिका, ललिता और हिंडाल । पंचम राग की रागिनियाँ—विभास, भूपाली, कर्णाटी, पठहंसिका, मालवी, और पटमंजरी । भैरव राग की रागिनियाँ—भैरवी, बंगाली, सैंधवी, रामकेली, गुर्जरी और गुणकली । मेघ राग की रागिनियाँ—मल्लारी, भैरटी, मालवी, कौशिकी, गांधारी और हरशृंगार । नटनारायण राग की रागिनियाँ—कामोदी, कल्याणी, आभीरी, नाटिका, सारंगा और हम्मीरी । अन्य मत से रागों की रागिनियाँ इस प्रकार हैं । भैरव—मध्यमादि (मधुमाधवी), भरवी, बंगाली, वरारी और सैंधवी । मालकोस—टोडी, रेवावती, गौरी, गुणकरी और रामकली । हिंडोल—विलावली, रामकली, देसाख, पटमंजरी और ललित । दीपक—केदारी, करणाटी, देशी टोडी, कामोदी और नट । श्री—वसंत, मालवी, मालश्री, धनावरी और धनाश्री । मेघ—गौडमल्लारी, देसकार, भूपाली, गुर्जरी और श्रीरंग । कुछ लोगों के मत से रागिनियों के उक्त नामों में मतभेद भी है । इन छत्तीस रागिनियों के अतिरिक्त और भी सैकड़ों रागिनियाँ हैं, जो प्रायः कई रागों और रागिनियों के मेल से बनती हैं और जिन्हें संकीर्ण रागिनी कहते हैं ।

रागी'—संज्ञा पुं० [सं० रागिन्] [स्त्री० रागिणी] १ अनुरागी । प्रेमी । २ मंजीरा या मकरा नामक कदन्न । ३. छह मात्रा-वाले छंदों का नाम । ४ अगाक वृक्ष ।

रागी'—वि० १. रंगा हुआ । २ लाल । सुर्ख । उ०—सुआरुन जहाँ बाल बक्र रागी ।—हेमंत (शब्द०) । ३ विषय वासना में फँसा हुआ । विषयासक्त । विरागी का उलटा । उ०—पयपावन बन भूमि अति नीक, सुखासन पीठि । रागिहि सीठि विसेष मधु, विषय विरागहि माठि ।—तुलसी (शब्द०) । ४ रँगने करनेवाला । रंगनेवाला ।

रागी(पु)²—संज्ञा स्त्री० [सं० राज्ञी] राजा की पत्नी । रानी । उ०—सौ लग मग विभीषण के घर राज रहो गढ़ तें पट रागी ।—राम (शब्द०) ।

राघव—संज्ञा पुं० [सं०] १ रघु के वंश में उत्पन्न व्यक्ति । २ श्री रामचंद्र । ३. दशरथ । ४ अज । ५ समुद्र में रहनेवाली एक प्रकार की बहुत बड़ी मछली ।

राचना(पु)'—क्रि० स० [हिं० रचना] रचना । बनाना । उ०—(क) वे चूनैं जग राचिया माईं नूर निनार । तब आखिर के वखत में किसका कर्म विचार ।—कबीर (शब्द०) । (ख) कोटि इंद्र छिन ही में राचैं छिन में करैं विनास । सूर रच्यो उनही को सुरपति मैं भूला तेहि आस ।—सूर (शब्द०) । (ग) धनि धनि सूरदास के स्वामी अद्भुत राच्या रास । —सूर (शब्द०) । (घ) विमद विहंगन की वाणी राग राचती सी नाचती तरंग एन आनंद बधाई सी ।—पद्माकर (शब्द०) ।

राचना(पु)²—क्रि० अ० रचा जाना । बनना ।

राचना(पु)³—क्रि० अ० [सं० रञ्जन] १. रँगा जाना । रंग पकड़ना । रंजित होना । उ०—प्रेम मानि कछु सुधि न रही अंग रहे श्याम रंग राची ।—सूर (शब्द०) । (ख) ता रस राच्यो मान बस, कह्यो कुटल मति सूर । जाय निबोरी क्यों लगै, दाख लागि खजूर ।—बिहारी (शब्द०) । (ग) राचा भूमि हरित हरित तृण जालन सो बिच जाल त्यों फुहारन सो छहरा । दत्त स्वामी—(शब्द०) । २. अनुरक्त होना । प्रेम करना । उ०—(क) पर नारी के राचने त्यों नरक जाय । मन ताको छाड़ै नहीं कोटिन करै उपाय ।—कबीर (शब्द०) । (ख) बिरचि मन बहुरि राच्यो आइ । इहा तुरु सुत जतनहि जोर तऊ जोग नहिं जाइ ।—सूर (शब्द०) । (ग) बरनैं बदन आपनो कत राचत मति भूल । जिन मधु मधुकर के हिए गढ़े न गुलहर फूल ।—बिहारी (शब्द०) । ३. लीन होना । मग्न होना । डूबना । उ०—(क) जग जाचिये कोउ न जाचिये जो जीवन जाचिय जानकी जानहि रे । जल पीजै सुत बिनसहु पूछै न राम सहज । —कबीर (शब्द०) । (ख) सबु सुख धर्म न आनई याके रूप

सकल जग राच्यो। बिनु देखे बिनु ही सुने ठगत न कोऊ बाच्यो।—सूर (शब्द०)। ४ प्रसन्न होना। उ०—(क) जय जय तिहुँ पुर जयमाल राम उर बरषैं सुमन सुर रूरे रूप राचही।—तुलसी (शब्द०)। (ख) प्रमान मान नाचही। अमान मान राचही। समान मान पावही। बिमान मान धावही।—केशव (शब्द०)। ५ शोभा देना। भला जान पड़ना। उ०—आँच न चंद्रकला बिच राचत साँच न चारिन के चरसा में।—मतिराम (शब्द०)। ६ प्रभावान्वित होना। सोच में या चिंता में पड़ना। उ०—शांत उष्ण सुख दुख नहिं मानै हानि भए कछु सोच न राचै। जाइ समाइ सूर वा निधि में बहुरि न उलटि जगत में नाचै।—सूर (शब्द०)।

राछ—संज्ञा पु० [सं० रक्ष] १. कारीगरों का औजार। उ०—क्या गुरु कोई घर का राछ है कि भला मिलो चाहे बुरा, परंतु प्राणी को अवश्य बना ही छोड़ना चाहिए।—श्रद्धाराम (शब्द०)। २ लकड़ी के अंदर का पक्का अंश। हीर। ३. जुलाहों के करघे में एक औजार जिससे ताने का तागा ऊपर नीचे उठता और गिरता है। कघी।

विशेष—यह दो नरसलों का होता है जिसके बीच में ऊपर नीचे तागे बँधे होते हैं और जिनके बीच से ताने के तागे एक एक करके निकाले जाते हैं।

४ बरात। जलूस।

क्रि० प्र०—निकालना।—फिराना।

मुहा०—**राछ घुमाना** = विवाह में वर को पालकी पर चढ़ाकर किसी जलाशय या कूएँ की परिक्रमा कराना।

५ चक्की के बीच का खूँटा जिसके चारों ओर ऊपर का पाट फिरता है। ६ लोहार का बड़ा हथौड़ा।

राछछ†—संज्ञा पु० [सं० राक्षस, हिं० राछस] दे० 'राक्षस'।

राछबँधिया—संज्ञा पु० [हिं० राछ+बाँधना] वह जुलाहा या आदमी जो राछ बाँधने का काम करता हो।

राछस(यू)†—संज्ञा पु० [सं० राक्षस] दे० 'राक्षस'।

राज[1]—संज्ञा पुं० [सं० राज्य] १ देश का अधिकार या प्रबंध। प्रजापालन की व्यवस्था। हुकूमत। राज्य। शासन। उ०—(क) सुख सोवैं जो राज याके सब। दुख पैहैं सो सकल प्रजा अब।—सूर (शब्द०)। (ख) खान बलि अली अकबर अद्भुत राज, रावरो है अचल सुयश भीजियतु है।—गुमान (शब्द०)।

मुहा०—**राज करना** = हुकूमत करना। प्रजापालन की व्यवस्था करना। उ०—मोहि चलो बन सग लिएँ। पुन तुम्हे हम देखि जिएँ। अवधपुरी मह गाज परै। कै अब राज भरत्थ करैं।—केशव (शब्द०)। **राज काज** = राज्य का प्रबंध। राज्य का काम। उ०—(क) राज काज कुपथ कुसाज भोग रोग को है बेद बुधि विद्या बाय बिबस बलकही।—तुलसी (शब्द०)। (ख) राज काज कछु मन नहिं धरैं। चक्र सुदर्शन रक्षा करैं।—सूर (शब्द०)। **राज देना** = किसी को किसी देश के शासन का भार देना। किसी को कहीं का शासक बनाना। राज सिंहासन पर बैठाना। राज्य का अधिकार देना। उ०—दीन्हे मारि असुर हरि ने तब देवन दीन्हो राज। एकन को फणुआ इंद्रासन इक पताल को साज।—सूर (शब्द०)। **राज पर बैठना** = राज सिंहासन पर बैठना। राज्याधिकार पाना। उ०—जब से बैठे राज, राजा दशरथ भूमि में। सुख सोयो सुरराज, ता दिन ते सुरलोक में।—केशव (शब्द०)। **राज भूँजना** = राज्य का भोग करना। शासन करना। बहुत सुख भोगना। उ०—राजु कि भूँजब भरत पुर नृप कि जिईहि बिनु राम।—मानस, २।४६। **राज रजना** = (१) राज्य करना। (२) राजाओं का सा सुख भोगना। बहुत सुख से रहना। **राज रजाना** = बहुत सुख देना।

यौ० = **राजपाट** = (१) राजसिंहासन। (२) शासन। उ०—सिर पर बरि न चलोगे काऊ अनेक जतन करि माया जोरी। राजपाट सिंहासन बैठे नील पदम हैं सो कहँ थोरी।—(शब्द०)।

२ उतना भूमिभाग जितना एक राजा द्वारा शासित होता है। एक राजा द्वारा शासित देश। जनपद। राज्य। उ०—ऋषि राज तज्यो धन धान्य तज्यो सब। नारि तज्यो सुत सोच तज्यो तब।—केशव (शब्द०)। ३ पूरा अधिकार। खूब चलती। जैसे,—आजकल बाजार भर में आपका राज है। ४ अधिकार काल। समय। जैसे,—पिताजी के राज में सारा सुख भोग लिया। ५ देश। जनपद। उ०—एक राज मह प्रगट जहँ हैं प्रभु केशवदास। तहाँ बसत है रैनि दिन मूरतिवत विनाश।—केशव (शब्द०)।

राज[2]—संज्ञा पुं० [सं० राज् वा राज] १. राजा। २ कोई श्रेष्ठ वस्तु। किसी वर्ग की सर्वश्रेष्ठ वस्तु। ३ वह कारीगर जो ईंटों से दीवार आदि चुनता और मकान बनाता है। थवई। राजगीर।

राज[1]—वि० श्रेष्ठ। सर्वोच्च। जैसे, मणिराज, ग्रहराज आदि।

राज[2]—संज्ञा पुं० [फ़ा० राज़] रहस्य। भेद। गुप्त बात।

राजक[1]—वि० [सं०] दीप्तिकारक। चमकनेवाला।

राजक[2]—संज्ञा पु० १ राजा। २. काला अगर।

राजकथा—संज्ञा स्त्री० [सं०] इतिहास। तवारीख।

राजकदंब—संज्ञा पुं० [सं० राजकदम्ब] एक प्रकार का कदंब जिसके फल बड़े और स्वादिष्ट होते हैं।

राजकन्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ राजा की पुत्री। २. केवड़े का फूल।

राजकर—संज्ञा पु० [सं०] वह कर जो प्रजा से राजा लेता है। राजा को मिलनेवाला महसूल। खिराज।

राजकरण—संज्ञा पुं० [सं०] १. न्यायालय। अदालत। २ राजनीति। जैसे,—राजकरण की बहुत सी महत्वपूर्ण बातें परदे के अंदर हुआ करती हैं, और जब तक वे कार्य में परिणत नहीं होतीं, तब तक वे बड़े यत्न से दबा रखी जाती हैं।—श्रीकृष्ण संदेश (शब्द०)।

राजकर्कटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की ककड़ी।

राजकर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी की सूँड़।

राजकर्ता—संज्ञा पुं० [सं० राजकर्तृ] जो पुरुष दूसरे को राजसिंहासन पर बैठाता है। किसी को राजगद्दी पर यथेच्छ बैठाने और उतारने की शक्ति रखनेवाला पुरुष।

राजकला—संज्ञा स्त्री० [सं०] चद्रमा की सोलह कलाओं में से एक कला का नाम।

राजकलि—संज्ञा पुं० [सं०] दुष्ट राजा। क्रूर शासक [को०]।

राजकल्प—वि० [सं०] दे० 'राजदेशीय'।

राजकक्षेरु—संज्ञा पुं० [सं०] भद्रमोथा। नागरमोथा।

राजकीय—वि० [सं०] राजा या राज्य से संबंध रखनेवाला। राज्य संबंधी। जैसे,—राजकीय घोषणा।

राजकुँअरⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० राजकुमार] [स्त्री० राजकुँअरि, राजकुँआरी] राजकुमार। उ०—लख्यो सुनंदा यह सन्यासी। राजकुँअर कियो भेष उदासी।—सूर (शब्द०)।

राजकुमार—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० राजकुमारी] राजा का पुत्र।

राजकुल—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजाओं का खानदान। राजवंश। उ०—मृगराज राजकुल कलम कहँ बालक वृद्ध न जानिए।—केशव (शब्द०)। २ राजसभा। राजदरबार। ३ न्यायसभा। न्यायालय (को०)। ४ राजमहल। प्रासाद। सौध। राजसदन (को०)। ५ राजा का सेवक। शाही नौकर (को०)। ६ स्वामी। मालिक (को०)।

राजकुलक—देश० पुं० [सं०] परवल की लता।

राजकुष्माड—संज्ञा पुं० [सं० राजकुष्माण्ड] बैंगन।

राजकोल—संज्ञा पुं० [सं०] बड़ा बेर।

राजकोलाहल—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक।

राजकोपातक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० राजकोपातकी] एक प्रकार का नेनुआ जो बहुत बड़ा होता है। घीया। तरोई।

राजकोशक—संज्ञा पुं० [सं०] राजा को गाली देने या कोसनेवाला। राजा की अनुचित शब्दों में आलोचना करनेवाला।

विशेष—कौटिल्य ने इसके लिये जीभ उखाड़ने का दंड लिखा है।

राजक्षवक—संज्ञा पुं० [सं०] राई।

राजखर्जुरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पिंड खजूर।

राजगद्दी—संज्ञा [हिं० राज+गद्दी] १ राजसिंहासन। राजा के बैठने का आसन। २ राज्याभिषेक। राज्यारोहण। ३ राज्याधिकार। उ०—राजा ययाति पमान हो बोला कि तेरे कुल में राजगद्दी न रहेगी।—लल्लू (शब्द०)।

राजगवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गाय की जाति का एक पशु।

राजगिरि—संज्ञा पुं० [सं०] १ मगध देश के एक पर्वत का नाम। २ बघूआ। ३ दे० 'राजगृह'।

राजगी—संज्ञा स्त्री० [हिं० राजा+गी (प्रत्य०)] राजा का पद।

राजगीर—संज्ञा पुं० [सं० राज+गृह] मकान बनानेवाला कारीगर। राज। पवई।

राजगीरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० राजगीर+ई (प्रत्य०)] राजगीर का कार्य या पद।

राजगृह—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजभवन। राजा का महल। २. एक प्राचीन स्थान का नाम जो बिहार में पटने के पास है।

विशेष—इसे प्राचीन काल में गिरिव्रज कहते थे। महाभारत के अनुसार यहाँ मगध के राजा जरासंध का अखाड़ा था, जिसे भीम के पुत्र सहदेव ने भाग और गदा से मारकर पत्थरों से ढँक के बराबर कर दिया था। महाभारत के समय में यह नगर बड़ा समृद्ध था। महाभारत में इन पाँच पर्वतों का नाम वैभार, विपुल, पांडव, ऋषभ, ऋषिगिरि और चैत्यक लिखा है। वायुपुराण में इन्हीं पाँचों का नाम वैभार, गिरिव्रज, रत्नकूट, रत्नोच्चय और विपुल लिखा है। गोणिक ने विपुलगिरि के उत्तर, जो महाभारत के समय चैत्यक कहते थे, सरस्वती नामक एक छोटी सी नदी के पूर्व में नवीन राजगृह बनाया था। इसी को अब राजगिर कहते हैं। यह वाणिज ग्रामवासी तीर्थंकर महावीर स्वामी के मामा और उनका प्रधान भक्त था। महात्मा बुद्ध के समय में यही बिंबसार की राजधानी थी। इन पर्वतों पर अपने अपने समय में महावीर और गौतम बुद्ध ने विश्राम और उपदेश किया था। बौद्धों का प्रथम संघ यहीं पर संघटित हुआ था, और यहीं पर महाकाश्यप ने त्रिपिटक का प्रथम संग्रह किया था। यहाँ बौद्धों और जैनियों के अनेक मंदिर, स्तूप और मठादि हैं। प्राचीन नगर के भग्नावशेष इसमें अब तक देखे जाते हैं। यहाँ अनेक प्राचीन शिलालेख भी मिले हैं। यह स्थान बौद्ध, जैनों और हिंदुओं का प्रधान तीर्थस्थान है।

राजगोपालाचारी—संज्ञा पुं० [सं०] प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल (सन् १९४८-५०)।

राजग्रीव—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली।

राजघ्न—वि० [सं०] राजा को मारनेवाला। राजा की हत्या करनेवाला।

राजज—वि० क्षत्रिय। तेज।

राजचंपक—संज्ञा पुं० [सं० राजचम्पक] पुन्नाग का वृक्ष। सुल्ताना चंपा।

राजचिह्न—संज्ञा पुं० [सं०] छत्र, चँवर, आदि राजा के चिह्न। २ राजमुद्रा। राजचिह्नादि।

राजचिह्नक—संज्ञा पुं० [सं०] सिरस। शिरीष।

राजचूडामणि—संज्ञा पुं० [सं० राजचूडामणि] ताल के साठ भेदों में से एक। (संगीत)।

राजजंबू—संज्ञा पुं० [सं० राजजम्बू] १ बड़ा जामुन। फरेंदा। २ पिंड खजूर।

राजजंभा—संज्ञा पुं० [सं० राजजम्भ] जंभिका रोग। दे० 'जंभ' (२)।

राजजामुन—संज्ञा पुं० [सं० राज+हिं० जामुन] जामुन की जाति का एक बड़ा पेड़ जो बंगाल, आसाम और मालाबार के जंगलों में बहुत होता है। फिरंगजाम। हुदी।

विशेष—इसकी छाल पीलापन लिए भूरे रंग की और खुरदुरी होती है। यह गरमी में फूलता और बरसात में फलता है। इसकी पत्तियों का व्यवहार औषध में होता है और फल खाए जाते हैं। इसकी लकड़ी इमारत के सामान और खेती के औजार बनाने के काम में आती है।

राजजीरक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का जीरा।

राजत[1]—वि० [सं०] रजत का बना हुआ। चाँदी का।

राजत[2]—संज्ञा पुं० रजत। चाँदी।

राजतरंगिणी—संज्ञा स्त्री० [सं० राजतरङ्गिणी] कल्हण कृत काश्मीर का एक प्रसिद्ध इतिहास ग्रंथ जो संस्कृत में है और जिसमें पीछे कई पंडितों ने वृत्तांत बढ़ाए। इसकी रचना शक १०७० तक होती जाती है।

राजतरु—संज्ञा पुं० [सं०] कर्णिकार का वृक्ष। कनियारी। २. आरग्वध। अमलतास।

राजतरुणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का गुलाब जिसका फूल सेवती से बड़ा होता है। बड़ा सेवती।

विशेष—इसकी लता टट्टियों पर चढ़ाई जाती है। फूल की गंध मंद और मीठी होती है। वैद्यक में इसे कफकारक, हृद्य और चाक्षुष्य माना है और इसका स्वाद कसैला लिखा गया है।

पर्या०—महासह्या। वर्णपुष्प। अम्लान। अम्लातक। सुवर्ण पुष्प।

राजता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ राजा होने का भाव। २ राजा का पद।

राजताल—संज्ञा पुं० [सं०] सुपारी का पेड़।

राजतिमिश—संज्ञा पुं० [सं०] तरबूज।

राजतिलक—संज्ञा पुं० [हिं० राज+तिलक] १. राजसिंहासन पर किसी नए राजा के बैठने की रीति। राज्याभिषेक। उ०—नृपति युधिष्ठिर राजतिलक दै मारि दुष्ट की भीर। द्रोण कर्ण अरु शल्य मुक्त करि मेटी जग की पीर।—सूर (शब्द०)। २ नए राजा के गद्दी पर बैठने का उत्सव।

राजतेमिष—संज्ञा पुं० [सं०] राजतिमिश। तरबूज।

राजत्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजा का भाव वा कर्म। २ राजा का पद।

राजदंड—संज्ञा पुं० [सं० राजदण्ड] १ राजशासन। २ वह दंड जिसका विधान राजा के शासन के अनुसार हो। वह दंड जो राजा की आज्ञा के अनुसार दिया जाय।

राजदंत—संज्ञा पुं० [सं० राजदन्त] दाँतों की पंक्ति के बीच का वह दाँत जो और दाँतों से बड़ा और चौड़ा होता है। चौका।

विशेष—ऐसे दाँत ऊपर और नीचे की पंक्तियों के बीच में होते हैं। कोई कोई ऊपर की पंक्ति में सामने के दो बड़े दाँतों को भी राजदंत मानते हैं, पर अन्य लोग दोनों पंक्तियों में बीच के दो दो दाँतों को राजदंत कहते हैं।

राजदूत—संज्ञा पुं० [सं०] वह पुरुष जो एक राज्य की ओर से किसी अन्य राज्य में संधि या विग्रह संबंधी अथवा अन्य राजनीतिक कार्य संपादन करने के लिये या किसी प्रकार का संदेसा पहुँचाने भेजा जाता है।

विशेष—शासन की सुविधा के लिये, पारस्परिक संबंध, व्यापार-वाणिज्य आदि की उन्नति के लिये प्रत्येक राज्य को दूसरे राज्यों में राजदूत नियत करना चाहिए। प्राचीन काल में आवश्यकता पड़ने पर ही राजदूत एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजे जाते थे, पर वर्तमान दशा में यह प्रथा है कि भिन्न राज्यों में राजाओं के राजदूत परस्पर एक दूसरे के यहाँ रहा करते हैं और उन्हीं के द्वारा सारा कार्य संपादित होता है। दो राज्यों के बीच युद्ध छिड़ने पर दोनों एक दूसरे के यहाँ से अपने अपने राजदूत बुला लेते हैं।

राजदूती—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की स्त्री जिसकी पत्नियाँ, काट आदि स्थूल और कुरूप होती हैं।

राजन्पद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] जोंक। पाती।

राजदेशीय—वि० [सं०] राजा से संबंध रखनेवाला। राजा के तुल्य। राजकीय।

राजद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] आरग्वध। अमलतास।

राजद्रोह—संज्ञा पुं० [सं०] राजा या राज्य के प्रति किया हुआ द्रोह। वह कृत्य जिससे राजा या राज्य के नाश या अनिष्ट की संभावना हो। बगावत। जैसे,—प्रजा या सेना को राजा या राज्य से लड़ने के लिये उकसाना।

राजद्रोही—वि० [सं० राजद्रोहिन्] राजद्रोह करनेवाला। बागी।

राजद्वार—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजा का द्वार। राजा की ड्योढ़ी। २ विचारालय। न्यायालय।

राजद्वारिक—संज्ञा पुं० [सं०] राजा का द्वारपाल। प्रतिहार (को०)।

राजधरम(पु)—संज्ञा पुं० [सं० राजधर्म] राजा का कर्तव्य या धर्म। राजधर्म। उ०—राजधरम सरबसु एतनोई। जिमि मन माह मनोरथ गोई।—मानस, २।३१५।

राजधतूरक—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का धतूरा जिसके फूल कई आवरण के होते हैं। २ बनैला धतूरा।

राजधर्म—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजा का कर्तव्य या धर्म। जैसे,—प्रजा का पालन, शत्रु से देश की रक्षा, लूटपाट या उपद्रव आदि का निवारण। २ महाभारत के शांतिपर्व के एक अंश का नाम जिसमें राजा के कर्तव्यों का वर्णन है।

राजधर्मा—संज्ञा पुं० [सं० राजधर्मन्] महाभारत के अनुसार काश्यप के एक पुत्र का नाम जो सारमेयों का राजा था।

राजधानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह प्रधान नगर जहाँ किसी देश का राजा या शासक रहता हो। किसी प्रदेश का वह नगर जहाँ उस देश के शासन का केंद्र हो। जैसे—भारत की राजधानी दिल्ली, रूस की राजधानी मास्को, इंगलैंड की राजधानी लंदन।

पर्या०—राजधान। राजधानक। राजधानिका, आदि।

राजधान्य—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का धान जिसे श्यामा धान भी कहते हैं। साँवा धान।

राजधुर, राजधुरा—सज्ञा स्त्री० [स०] राज्य का भार। शासन की जिम्मेदारी [को०]।

राजधुस्तूरक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का धतूरा जिसके फूल बडे और कई आवरण के होते है।

पर्या०—राजधूर्त। महाशठ। निस्त्रैण पुष्पक। भ्रात। राजस्वर्ण।

२ कनक धतूरा। पीला धतूरा जो सोने की तरह दिपता है।

राजनय—सज्ञा पु० [सं०] राजनीति।

राजनाⓊ—क्रि० अ० [स० राजन (=शोभित होना)] १. विराजना। उपस्थित होना। रहना। उ०—(क) कीन्हो केलि बहुत बल मोहन भुव को भार उतारेउ। प्रगट ब्रह्म राजत द्वारावति बेद पुरान उचारेउ।—सूर (शब्द०)। (ख) मदिर महँ सब राजहिं रानी। सोभा शील तेज की खानी।—तुलसी (शब्द०)। (ग) पुरुजित अरु पुरुमित्र महीप। राज्यो रन रथ जोरि समीप।—गोपाल (शब्द०)। २ शोभित होना। सोहना। उ०—(क) आय जगदीश्वर ह्वै जग मे विराजमान, हौं हू तो कवीश्वर ह्वै राजतं रहत हौं।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) बहु राजत है गजराज बडे। नभ आडत बिद्ध मना उमडे। —गुमान (शब्द०)। (ग) बा दिन भाजे मुखन की, तुम नासी मुसुकाइ। ते राजे यह सुनि उठी, सुमना सी बिकसाइ।—भू० स० (शब्द०)।

राजनामा—सज्ञा पुं० [सं० राजनामन्] पटोल। परवल।

राजनीति—सज्ञा स्त्री० [स०] वह नीति जिसका अवलबन कर राजा अपने राज्य की रक्षा और शासन दृढ करता है।

विशेष—इसके प्रधान दो भेद हैं—एक तत्र और दूसरा आवाय। वह नीति जिसके द्वारा अपने राज्य मे सुप्रबध और शाति स्थापित की जाय, तत्र नीति कहलाती है, और जिसके द्वारा परराष्ट्रो से सबध दृढ़ किया जाय, वह आवाय कहलाती है। स्वराज्य मे प्रजा का समाचार और उनकी गति का पता देने के लिये राजा को चर से काम लेना पडता है, और परराष्ट्रो मे स्वराष्ट्र के स्वत्व, वाणिज्य व्यापारादि की रक्षा तथा उनकी गतियो का पता देने के लिये दूत रहते हैं। इन दूतों और चरो से राजा स्वराष्ट्र और पर-राष्ट्र की गति, चेष्टा आदि का पता लगाकर अपनी शक्ति और स्वत्व की समुचित रक्षा करता है। प्राचीन ग्रथो मे आवाय के छह मुख्य भेद किए गए हैं, जिनको षड्गुण भी कहते हैं। उनके नाम ये हैं—सधि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीकरण और सश्रय। ये षड्नीति के नाम से भी प्रसिद्ध हैं। राजनीति के चार और अग कहे गए हैं—साम, दान, दड और भेद।

राजनीतिक—वि० [स०] राजनीति सबधी। जैसे,—राजनीतिक आदालन, राजनीतिक सभा।

राजनील—सज्ञा पुं० [सं०] मरकत मणि। पन्ना।

राजन्य—सज्ञा पु० [स०] १ क्षत्रिय। २. अग्नि। ३. खिरनी का पेड। ४ राजा।

राजन्यबंधु—सज्ञा पु० [राजन्यबन्धु] क्षत्रिय।

राजन्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] राजकुल की महिला [को०]।

राजपखीⓊ—सज्ञा पुं० [सं० राज+हिं० पखी] राजहस। उ०—पाँचवें नग सो तहाँ लागना। राजपखि पेखा गरजना।—जायसी (शब्द०)।

राजपथⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'राजपथ'। उ०—सुनु ऊधो! निर्गुन कटक तें राजपथ क्यो रूँधो?—सूर (शब्द०)।

राजपटोल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पटोल या परवल।

विशेष—इसके फल बडे होते हैं। फागुन चैत के महीनो मे इसकी डालियाँ काटकर खेतो में दो दो हाथ की दूरी पर पक्तियो मे नाली खोदकर लगाई जाती हैं और उनमें पानी दिया जाता है। यह वैसाख जेठ से फूलने लगता है और इसकी फसल वर्षा ऋतु के मध्य तक रहती है। फल देखने मे लबे, बडे और खाने मे कुछ कम स्वादिष्ट होते हैं। इसे प्रति वर्ष खेतो मे लगाने की आवश्यकता होती है। बिहार प्रात मे इसकी खेती अधिक होती है। इसे पूरबी या पटने का (पटनहिया) परवल भी कहते हैं।

राजपट्ट—सज्ञा पुं० [स०] १. चुबक पत्थर। २ एक साधारण रत्न (को०)।

राजपट्टिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] चातक पक्षी।

राजपति—सज्ञा पुं० [सं०] राजाओ का राजा। सम्राट्।

राजपत्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ राजा की स्त्री। रानी। २ पीतल नाम की एक प्रसिद्ध धातु।

राजपथ—सज्ञा पुं० [स०] वह चौडा मार्ग जिसपर हाथी, घोडे, रथ आदि सुगमता से चल सकते हो। राजमार्ग। बडी सडक़।

राजपद्धति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. राजपथ। २ राजनीति।

राजपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रसारिणी नाम की लता।

राजपलाडु—सज्ञा पुं० [स० राजपलाण्डु] लाल प्याज। विशेष दे० 'प्याज'।

राजपाल—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह जिससे राजा या राज्य की रक्षा हो। जैसे,—सेना आदि। २ दे० 'राज्यपाल'। गवर्नर।

राजपिंड—सज्ञा पुं० [स० राजपिण्ड] राज्य द्वारा प्राप्त होनेवाला गुजारा [को०]।

राजपीलु—सज्ञा पुं० [स०] महापीलु नाम का वृक्ष।

राजपुत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ राजा का पुत्र। राजकुमार। २ एक वर्णसकर जाति का नाम। पुराणो मे इस जाति की उत्पत्ति क्षत्रिय पिता और कर्णी माता से लिखी है। ३ बडे ग्राम का एक भेद। ४ बुध ग्रह। ५ राजपूत क्षत्रिय (को०)। ६ राज्य की ओर से मिला हुआ एक पद या उपाधि। सरदार। नायक।

विशेष—गुप्तो के समय मे यह पद घुड़सवारो के नायक को दिया जाता था। हिंदी का 'रावत' या 'राउत' शब्द इसी से बना है।

राजपुत्रक—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० राजपुत्रिका] १ राजकुमार। २ दे० 'राजपुत्र'।

राजपुत्रा—संज्ञा स्त्री० [स०] वह (स्त्री) जिसका पुत्र राजा हो। राजा की माता। राजमाता।

राजपुत्रिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. राजकन्या। २ सफेद जुही। ३ शरारि नामक पक्षी। ४ पीतल।

राजपुत्री—संज्ञा स्त्री० [स०] १ कडवा कद्दू। कटुतुंबी। २ रेणुका। ३ जाती। जूही का फूल। ४ छछूंदर। ५ मालती। ६ राजकन्या। ७ एक धातु। पीतल (को०)।

राजपुर—संज्ञा पुं० [सं०] राजधानी (को०)।

राजपुरुष—संज्ञा पुं० [स०] राज्य का कोई अफसर या कार्यकर्ता। राजकर्मचारी।

राजपुष्प—संज्ञा पुं० [स०] १ नागकेसर का पेड। २. कनकचंपा।

राजपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वनमल्लिका। २ जाती पुष्प। ३. करुणी का फूल जो कोकण मे होता है।

राजपूग—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का पूग वा सुपारी का वृक्ष (को०)।

राजपूजित—संज्ञा पु० [सं०] १ वे श्रेष्ठ ब्राह्मण जिनका सत्कार राज्य की ओर से होता हो और जो जीविका आदि के लिये प्रजावर्ग के आश्रित न हो। २ वह जो राजा द्वारा समादृत हो (को०)।

राजपूज्य—संज्ञा पुं० [सं०] सोना।

राजपूत—संज्ञा पुं० [सं० राजपुत्र] १ दे० 'राजपुत्र'। २ राजपूताने मे रहनेवाले क्षत्रियो के कुछ विशिष्ट वंश जो सब मिलाकर एक बड़ी जाति के रूप में माने जाते हैं।

विशेष—'राजपूत' शब्द वास्तव में 'राजपुत्र' शब्द का अपभ्रंश है और इस देश मे मुसलमानो के आने के पश्चात् प्रचलित हुआ है। प्राचीन काल मे राजकुमार अथवा राजवंश के लोग 'राजपुत्र' कहलाते थे, इसीलिये क्षत्रिय वर्ग के सब लोगो को मुसलमान लोग राजपूत कहने लगे थे। अब यह शब्द राजपूताने मे रहनेवाले क्षत्रियो की एक जाति का ही सूचक हो गया है। पहले कुछ पाश्चात्य विद्वान् कहा करते थे कि 'राजपूत' लोग शक आदि विदेशी जातियों की संतान हैं और वे क्षत्रिय तथा आर्य नही हैं। परंतु अब यह बात प्रमाणित हो गई है कि राजपूत लोग क्षत्रिय तथा आर्य हैं। यह ठीक है कि कुछ जंगली जातियो के समान हूण आदि कुछ विदेशी जातियाँ भी राजपूतो मे मिल गई हैं। रही शको की बात, सो वे भी आर्य ही थे, यद्यपि भारत के बाहर बसते थे। उनका मेल ईरानी आर्यों के साथ अधिक था। चौहान, सोलंकी, प्रतिहार, परमार, सिसोदिया आदि राजपूतो के प्रसिद्ध कुल हैं। ये लोग प्राचीन काल से बहुत ही वीर, योद्धा, देशभक्त तथा स्वामिभक्त होते आए हैं।

राजपूताना—संज्ञा पुं० [हिं० राजपूत] राजस्थान नामक प्रदेश जो भारत के पश्चिम मे और पंजाब के दक्षिणी भाग मे है। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर आदि राज्य इसी के अंतर्गत हैं।

राजप्रकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजपुरुष। राजा का अमात्य।

राजप्रमुख—संज्ञा पु० [सं० राज+प्रमुख] राज्यसंघ का प्रधान।

राजप्रासाद—संज्ञा पुं० [सं०] राजा का महल। राजमहल।

राजप्रिय—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजपलांडु। २ करुणी का फूल जो कोकण मे उत्पन्न होता है।

राजप्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दे० 'राजप्रिय'। २ एक प्रकार का धान जो लाल रंग का होता है और जिसका चावल सफेद तथा स्वादिष्ट होता है। तिलवासिनी।

राजप्रेष्य—संज्ञा पुं० [सं०] राजा या राज्य का नौकर। राजकर्मचारी।

राजफंद—संज्ञा पुं० [सं० राज+फंदा] शासन का भार। राज्य का मुख। राज्य का बंधन। राज्यभार। उ०—देखो कलि मद मैं भरथरी औ गोपीचंद छाँडि राजफंद बनि जोगी बन जात मे।—दीन० ग्रं०, पृ० १७२।

राजफणिज्झक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की नारंगी।

राजफल—संज्ञा पुं० [सं०] १ पटोल। परवल। २ बड़ा आम। ३ खिरनी।

राजफला—संज्ञा स्त्री० [स०] राजजंबू। जामुन।

राजफल्गु—संज्ञा पुं० [सं०] काकोदुंबर। कठूमर। कठगूलर।

राजबंदी—संज्ञा पुं० [हिं०] राजनीतिक बंदी। वह बंदी जो राजद्रोह आदि के अपराध मे पकड़ा गया हो।

राजबदर—संज्ञा पुं० [स०] १ पैंवदी या पेउदी बेर। २ रक्तामलक। लाल आँवला। ३ लवण। नमक।

राजबरनⓊ—वि० [हिं० राज+वर्ण] राजा के समान तेजस्वी। राजा की कांतिवाला। उ०—राजबरन औ लंबी दहा।—कबीर मा०, पृ० १६०६।

राजबला—संज्ञा स्त्री० [स०] प्रसारिणी लता।

राजबाड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० राजवाटिका] १ राजा की वाटिका वा उद्यान। २ राजभवन। राजमहल।

राजबाहा—संज्ञा पुं० [हिं० राज+बहना] प्रधान या बड़ी नहर जिससे अनेक छोटी छोटी नहरें खेतो के लिये निकाली जाती हैं।

राजबीजी—संज्ञा पु० [स० राजबीजिन्] दे० राजबीजी'।

राजभंडार—संज्ञा पुं० [स० राजभण्डार] राज्य या राजा का खजाना। राजकोश।

राजभक्त—वि० [सं०] जिसमे राजा या राज्य के प्रति भक्ति हो। राजा का भक्त।

राजभक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजा या राज्य के प्रति भक्ति या प्रेम।

राजभट्टिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का जलपक्षी। गोभटीर। पकरीट। हायुत्री।

राजभद्रक—सज्ञा पु० [स०] १ फरहद का पेड़। पारिभद्रक। २ नीम। निंब। ३ कुडा। कुष्ठ। ४ कुदरू। ५ सफेद आक।

राजभवन सज्ञा पु० [सं०] १ राजप्रासाद। राजा का महल। २ राजधानी मे राज्य का वह भवन जहाँ राज्यपाल या उप-राज्यपाल रहते हैं।

राजभाषा—सज्ञा स्त्री० [सं० राज+भाषा] वह भाषा जो सरकारी काम काज तथा न्यायालया के लिये स्वीकृत हो। राष्ट्रभाषा।

राजभूय—सज्ञा पुं० [स०] राजत्व। राज्य।

राजभृत—सज्ञा पु० [स०] राजा का सैनिक वा वेतनभोगी भृत्य।

राजभृत्य—सज्ञा पुं० [स०] १ राजसेवक या राजमत्री। २ सरकारी अथवा जनता का प्रशासक [को०]।

राजभोग - सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का महीन धान जो अगहन मे होता है। उ०—राजभोग औ रानी काजर। भाति भाँत के सीझे चावर।—जायसी (शब्द०)। २ राजा का भोजन। राजकीय भोजन (को०)। ३ एक प्रकार का आम।

राजभोग्य—सज्ञा पु० [स०] १ जावत्री। २ पयार। चिरौंजी। ३ एक प्रकार का धान। राजभोग।

राजमडल सज्ञा पुं० [स० राजमण्डल] ऐसे राजाओ का राज्य जो किसी राज्य के आस पास हो। किसी राज्य के आस पास या चारो ओर के राज्य।

विशेष—नीतिशास्त्र मे बारह प्रकार के राजमडल माने गए हैं—अरि, मित्र, उदासीन, विजिगीषु, पार्ष्णिग्राह, आक्रद, विजि-गीषु का पुर सर और पश्चाद्वर्ती, पार्ष्णिग्रहसार, आक्रदसार, अरिसम, मित्रसम और मध्यम।

राजमडूक—सज्ञा पुं० [स० राजमण्डूक] एक प्रकार का मेढक जो बहुत बडा होता है।

पर्या—महामडूक। पीताभ। वर्षाघोष। महोरव।

राजमत्रधर—सज्ञा पुं० [सं० राजमन्त्रधर] दे० 'राजमत्री' [को०]।

राजमत्री—सज्ञा पुं० [स० राजन्+त्रिन्] राजा का मत्री। अमात्य। सचिव [को०]।

राजमँदिरⓅ—सज्ञा पु० [स० राजमन्दिर] राजमहल। प्रासाद। उ०—तेहि पर ससि जो कचपचिन्ह भरा। राजमँदिर सोनै नग जरा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २ ६।

राजमराल—सज्ञा पुं० [सं०] राजहस।

राजमहल—सज्ञा पुं० [हिं० राजा+महल] १ राजा का महल। राजप्रासाद। २ एक पर्वत का नाम जो बंगाल मे सथाल परगने के पास है।

विशेष—यह पर्वतमाला समुद्र से दो हजार फुट ऊँची है। यहाँ मुगल साम्राज्य काल के बने अनेक प्रासाद, मसजिदें, भवन आदि विद्यमान हैं।

राजमहिषी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पटरानी। प्रधान रानी [को०]।

राजमाता—सज्ञा स्त्री० [स० राजमातृ] वह स्त्री जिसका पुत्र राजा हो। राजा की माता। उ०—मझली माँ ने क्या समझा था कि मैं राजमाता हूँगी।—पचवटी, पृ० ७।

राजमात्र—वि० [स०] जो नाम मात्र का राजा हो।

राजमान—वि० [स०] दीप्त। चमकता हुआ। शोभित [को०]।

राजमार्ग—सज्ञा पु० [स०] राजपथ। चौडी सडक।

राजमाष—सज्ञा पुं० [सं०] बडा उरद जो नीले या काले रग का होता है।

विशेष वैद्यक मे इसे रुचिकर, रुक्ष, लघु, वातकारक और बल तथा शुक्र बढानेवाला लिखा है। विशेष दे० 'उरद'।

पर्या०—नीलमाष। नृपमाष।

राजमाष्य—सज्ञा पु० [स०] वह खेत जिसमे माष बोया जाता हो। मसार।

राजमुद्ग—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का मूँग। यह सुनहले रग का होता है और खाने मे अधिक स्वादिष्ट होता है।

राजमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. राजा की मुहर। सरकारी मुहर। २ राजा के नाम से अकित वह अँगूठी जिसे राजा धारण करता हो।

राजमुनि—सज्ञा पु० [स०] राजर्षि।

राजमृगाक—सज्ञा पु० [स० राजमृगाङ्क] एक मिश्र रस का नाम जो यक्ष्मा रोग मे दिया जाता है।

विशेष—इसके बनाने की विधि यह है—सोने को उतनी ही चाँदी, और उससे दूने मैनशिल, गधक, हरताल तथा तिगुने रससिंदूर के साथ मिलाकर एक कौडी मे भर देते हैं। फिर बकरी के दूध मे सुहागा पीसकर उससे कौडी का मुँह बद कर देते हैं। फिर उसे मिट्टी के बरतन मे भरकर गजपुट से फूँक देते हैं। ठडा होने पर उसे निकालकर पीस डालते हैं। कुछ लोग चाँदी की जगह राँगा और रससिंदूर की जगह चौगुना पारा डालकर भी यह रस बनाते हैं। यह रस चार रत्ती की मात्रा मे खाया जाता है। इसका अनुपान घी, मधु या पीपल और मिर्च है।

राजयक्ष्मा—सज्ञा पु० [स० राजयक्ष्मन्] क्षयी। यक्ष्मा। क्षय रोग। तपेदिक। विशेष दे० 'क्षय'।

राजयक्ष्मा—वि० [स० राजयक्ष्मन्] जिसे राजयक्ष्मा रोग हुआ हो। क्षय रोग से पीडित।

राजयान—सज्ञा पु० [स०] १ पालकी। २ वह सवारी जो राजा के लिये हो। ३ राजा की सवारी का निकलना। राजा का जलूस।

राजयोग—सज्ञा पु० [सं०] १ वह प्राचीन योग जिसका उपदेश पतजलि ने योगशास्त्र मे किया है।

विशेष—इसमे यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि नामक अष्टांग का यथाक्रम अभ्यास किया जाता है। इस अष्टाग योग भी कहते हैं। विशेष दे० 'योग'।

२ फलित ज्योतिष के अनुसार ग्रहों का ऐसा योग जिसके जन्मकुंडली में पड़ने से मनुष्य राजा या राजा के तुल्य होता है।

विशेष—यवनाचार्य के मत से पापग्रहों का जन्मसमय स्वस्थानभागी होकर सूच्च होना राजयोग है। पर जीवशर्मा का मत है कि मंगल, शनि, सूर्य और बृहस्पति में से किसी तीन ग्रहों का अपने स्थान में सूच्च पड़ना राजयोग है।

राजयोग्य[1] संज्ञा पुं० [सं०] १ चंदन।

राजयोग्य[2]—वि० राजा के योग्य वा उपयुक्त।

राजरंग—संज्ञा पुं० [सं० राजरङ्ग] चाँदी। रजत।

राजरथ—संज्ञा पुं० [सं०] राजा का रथ।

राजराज—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजाओं का राजा। अधिराज। २ कुबेर। ३ चंद्रमा।

राजराजेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० राजराजेश्वरी] १ राजाओं का राजा। अधिराज। २ एक रसौषध का नाम जिसका प्रयोग दाद, कुष्ठ आदि रोगों में होता है।

विशेष—पारे, गंधक और हरताल के साथ ताँबे को मिलाकर भँगरैया के रस में एक दिन खरल करके उसमें त्रिफला, गुडुच, बकुची सम भाग मिलाकर दो दो रत्ती की गोलियाँ बनाई जाती हैं और दो तोले मधु या घी के साथ खाई जाती हैं।

राजराजेश्वरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दस महाविद्याओं में से एक का नाम। भुवनेश्वरी। २. राजराजेश्वर की पत्नी। महाराज्ञी।

राजरीति—संज्ञा पुं० [सं०] काँसा। कंसकुट।

राजरोग—संज्ञा पुं० [हिं० राज+रोग] १ वह रोग जो असाध्य हो। जैसे,—यक्ष्मा, श्वास इत्यादि। २ राजयक्ष्मा। क्षय रोग।

राजर्षि—संज्ञा पुं० [सं०] वह ऋषि जो राजवंश या क्षत्रिय कुल का हो। क्षत्रिय ऋषि। जैसे,—राजर्षि विश्वामित्र।

विशेष—ऋषि सात प्रकार के कहे गए हैं—देवर्षि, ब्रह्मर्षि, महर्षि, परमर्षि, राजर्षि, काण्डर्षि और श्रुतर्षि। इनमें से अंतिम दो वेद के द्रष्टा हैं।

राजल—संज्ञा पुं० [हिं० राजा+ल (प्रत्य०)] एक प्रकार का धान जो अगहन में पककर काटने योग्य होता है।

राजलक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] सामुद्रिक के अनुसार वे चिह्न या लक्षण जिनके होने से मनुष्य राजा होता है।

राजलक्ष्म—संज्ञा पुं० [सं० राजलक्ष्मन्] १ राजाओं के चिह्न। राजचिह्न। २ युधिष्ठिर। ३ वह मनुष्य जिसमें सामुद्रिक के अनुसार राजाओं के लक्षण हों। राजलक्षण से युक्त पुरुष।

राजलक्ष्मी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ राजश्री। राजवैभव। २ राजा की शक्ति वा शोभा।

राजवंत—वि० [सं० राज+वंत (प्रत्य०)] राजकर्म से संयुक्त। उ०—जन राजवंत, जग योगवंत। तिनको उदोत, केहि भाँति होत।—केशव (शब्द०)।

राजवंश—संज्ञा पुं० [सं०] राजा का कुल। राजकुल।

राजवंश्य—वि० [सं०] राजा के वंश में उत्पन्न। जो राजकुल में उत्पन्न हुआ हो।

राजवर्चस—संज्ञा पुं० [सं० राजवर्चस्] १ राजशक्ति। २ राजपद।

राजवर्त—संज्ञा पुं० [सं०] अनेक रंग का कपड़ा। वह वस्त्र जिसमें कई रंग हों।

राजवर्तक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का प्रसिद्ध बहुमूल्य पत्थर।

राजवर्त्म—संज्ञा पुं० [सं० राजवर्त्मन्] बड़ी और चौड़ी सड़क। राजमार्ग। राजपथ।

राजवला—संज्ञा स्त्री० [सं०] गवपसारिणी। गवपसार। प्रसारिणी।

राजवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] १. खिरनी। २ बड़ा आम। ३. बड़ा बेर। पेउंदी बेर। ४ पियार। चिरौंजी (को०)। ५ एक मिश्र रसौषध जो शूल, गुल्म, ग्रहणी, अतीसार आदि में दी जाती है।

राजवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] करेले का पेड़।

राजवसति—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजा का महल। राजभवन।

राजवार(पु)—संज्ञा पुं० [सं० राज+द्वार] राजद्वार। उ—मागत राजवार चलि आई। भीतर चेरिन्ह बात जनाई।—जायसी (शब्द०)।

राजवारुणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का मद्य।

विशेष—अर्कप्रकाश के अनुसार यह सोंठ, पीपल, पिपलामूलक, अजवायन और काली मिर्च का उनकी तौल से तिगुने अन्नवर्ग और चौगुने मधुजातीय और इक्षुजातीय रसों में मिलाकर सींचा जाता है।

राजवाह—संज्ञा पुं० [सं०] घोड़ा।

राजवाह्य—संज्ञा पुं० [सं०] राजा की सवारी का हाथी। हस्ती।

राजवि—संज्ञा पुं० [सं०] नीलकंठ।

राजविजय—संज्ञा पुं० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग।

राजविद्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजनीति।

पर्या०—राजनय, नृपनय, राजशास्त्र, आदि।

राजविद्रोह—संज्ञा पुं० [सं०] बगावत। राजविप्लव। विशेष दे० 'राजद्रोह'।

राजविद्रोही—संज्ञा पुं० [सं० राजविद्रोहिन्] वह जो राजा या राज्य के प्रति विद्रोह करे। बागी।

राजविनोद—संज्ञा पुं० [सं०] एक ताल का नाम। (संगीत)।

राजवी(पु)—संज्ञा पुं० [सं० राजवीजी] दे० 'राजवीजी'। उ०—नत राजा आदर दियउ, जउ राजवियाँ लोग।—ढोला०, पृ० ३।

राजवीजी—वि० [सं०] राजवंशी।

राजवीथी—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजमार्ग। राजपथ। चौड़ी सड़क।

राजवृक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ आरग्वध का वृक्ष। उरगा का पेड़। अमलतास। २ पयार का पेड़। ३. लंका का भद्रचूड नामक वृक्ष। ४. श्योनाक वृक्ष। सोनापाढ़ा।

राजवैद्य—सज्ञा पुं० [स०] १ राजा का चिकित्सक। राज्य का प्रधान चिकित्सक। २ वह वैद्य जो चिकित्सा मे कुशल हो।

राजशक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'राजसत्ता'।

राजशण—सज्ञा पु० [स०] पटसन।

राजशफर—सज्ञा पुं० [स०] हिलसा मछली।

राजशब्दोपजीवी—सज्ञा पु० [स० राजशब्दोपजीविन्] वह जो राजा के अधिकार और कर्तव्यो से रहित होते हुए भी राजा कहा जाता हो।

राजशब्दोपजीवीगण—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का गण या प्रजातत्र।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि लिच्छिवि, वज्जिक, मद्रक, कुरुपाचाल आदि गण राजशब्दोपजीवी है।

राजशाक—सज्ञा पु० [स०] वास्तुक शाक। बथुआ।

राजशार्कनिका—सज्ञा स्त्री० [स०] राजशाक। वास्तूक। बथुआ।

राजशालि—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का जडहन धान जिसे राजभोग्य या रायभाग भी कहते ह। इसका चावल बहुत महीन और सुगधित होता है।

राजशिबी—सज्ञा स्त्री० [स० राजशिम्बी] एक प्रकार की सेम।

विशेष—यह चौडी और गूदेदार होती है तथा खाने मे स्वादिष्ट होती है। इसे घीया सेम भी कहते हैं। इसकी दो जातियाँ होती है—एक काली और दूसरी सफेद। इसमे और सामान्य सेम मे यह भेद है कि यह उससे अधिक चौडी होती है और लवाई मे बहुत नही बढती।

राजशुक—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का तोता जो लाल रग का होता है। इसे नूरी कहते हैं।

पर्या०—प्राज्ञ। शतपत्र। नृपप्रिय।

राजशुकज—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का धान।

राजशृग—सज्ञा पु० [स० राजशृग] राजकीय छत्र। राजछत्र। २ मद्गुर मत्स्य। माँगुर मछली [को०]।

राजश्री—सज्ञा स्त्री० [स०] १ राजलक्ष्मी। राजवैभव। राजा का ऐश्वर्य। राजा की शोभा।

राजससद्—सज्ञा पुं० [स०] १ राजसभा। २ वह धर्माधिकरण जिसमें राजा स्वय उपस्थित हो। स्वय राजा का दरबार।

राजस[1]—वि० [स०] [स्त्री० राजसी] रजोगुण से उत्पन्न। रजोगुणोद्भव। रजोगुणी। जैसे,—राजस यज्ञ, राजस दान, राजस बुद्धि आदि। विशेष दे० 'गुण'।

राजस—सज्ञा पुं० १. आवेश। क्रोध। उ०—जो चाहै चटक न घटै मैलो होइ न मित्त। रज राजसु न छुवाइयै नेक चीकनौ चित्त।—बिहारी र०, दो० ३९६। २ मद। घमड। गर्व।

राजसत्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. राजशक्ति। २ वह सत्ता जो किसी देश या जाति के भरण पोषण, वर्धन और रक्षण के लिये स्थापित की जाती है।

राजसफर—सज्ञा पुं० [सं०] हिलसा मछली।

राजसभा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ राजा की सभा। दरबार। २ वह सभा जिसमें अनेक राजा बैठे हो। राजाओ की सभा ३ राज्यसभा। राज्यपरिषद्। (अं० कौंसिल आफ् स्टेट्स)।

राजसमाज—सज्ञा पु० [सं०] १. राजाओ का दरबार या समाज। राजमडली। २ राजा लोग। उ०—राजसमाज कुसाज कोटि कटु कलपत कलुप कुचाल नई है।—तुलसी (शब्द०)।

राजसर्प—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का बडा साँप।

पर्या०—भुजगभोजी।

राजसर्षप—सज्ञा पुं० [पुं०] राई।

राजसाक्षी—सज्ञा पु० [स० राजसाक्षिन्] वह अपराधी जो इकबालो गवाह बन गया हो। (अ० एप्रूवर)।

राजसायुज्य—सज्ञा पु० [स०] राजत्व।

राजसारस—सज्ञा पु० [सं०] मयूर। मोर।

राजसिह—सज्ञा पुं० [स०] वह नरेश जो राजाओ मे श्रेष्ठ हो। श्रेष्ठ राजा [को०]।

राजसिहासन—सज्ञा पुं० [सं०] राजा के बैठने का सिहासन। राजगद्दी।

राजसिक—वि० [सं०] रजोगुण से उत्पन्न। राजस।

राजसिरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० राजश्री] राजश्री। राजलक्ष्मी। उ०—केशव ये मिथिलाधिप हैं जग मे जिन कीरति बेलि बई है। दान कृपान विधानन सो सिगरी वसुधा जिन हाथ लई है। अंग छ सातक आठक सो भव तीनहुं लोक मे सिद्ध भई है। वेद त्रयी अरु राजसिरी परिपूरणता शुभ योग भई है।—केशव (शब्द०)। (ख) लाल मणीन रची मुडवारी। राजसिरी जावक अनुहारी। फैलि रही किरणें अति तासू। केशरि फूलि रही सविलासू।—गुमान (शब्द०)।

राजसी[1]—वि० [हिं० राजा] राजा के योग्य, बहुमूल्य या भडकीला। राजाओ की सी शानवाला। जैसे,—उनका ठाट बाट सदा राजसी रहता है।

राजसी[2]—वि० स्त्री० [सं०] जिसमे रजोगुण की प्रधानता हो। रजोगुणमयी। जैसे, राजसी प्रकृति।

राजसी[3]—सज्ञा स्त्री० दुर्गा।

राजसूय—सज्ञा पुं० [स०] १ एक यज्ञ का नाम।

विशेष—इस यज्ञ के करने का अधिकार केवल ऐसे राजा को होता है, जिसने वाजपेय यज्ञ न किया हो। यह यज्ञ करने से राजा सम्राट् पद का अधिकारी होता है। यह यज्ञ बहुत दिनो तक होता है और इसे अनेक यज्ञो और कृत्यो की समष्टि कहना ठीक है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार इष्टि, पशु, सोम और दार्वी होम इसके प्रधान अग हैं। इसका प्रारभ पवित्र नामक सोमयाग से होता है और सौत्रामणी से इसकी समाप्ति होती है। इसके बीच मे दस सस्प, अभिषेचनीय, मरुत्वती, दिग्विजय, बृहस्पतिसवन, बृहविर्धान, द्यूत क्रीडा आदि अनेक कृत्य होते हैं। इसमे

ऋत्विज् लोग एक ऊँचे मंच पर व्याघ्रचर्म बिछाकर और उसपर सिंहासन रखकर राजा को अभिषेक कराकर बैठाते हैं और चारो ओर से उसे घेरकर प्रशस्ति सुनाते हैं। फिर राजा उन्हें दक्षिणा देकर दिग्विजय के लिये प्रस्थान करता है, और उसके लौटने पर फिर उसे मंच पर बैठाकर प्रशस्तिगान होता है। तदनंतर सभा में द्यूतक्रीडा होती है, और अंत को सोमयाग के बाद कृत्य समाप्त होता है। प्राचीन काल में केवल बड़े बड़े राजा ही यह यज्ञ करते थे।

२ एक प्रकार का कमल (को०)। ३. एक पहाड़ (को०)।

राजसूयिक—वि० [सं०] राजसूय यज्ञ संबंधी।

राजसूयी—संज्ञा पुं० [सं० राजसूयिन्] राजसूय यज्ञ करनेवाला। पुरोहित।

राजसूवेष्टिक—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजसूय यज्ञ।

राजस्कंध—संज्ञा पुं० [सं० राजस्कन्ध] घोड़ा।

राजस्तव—संज्ञा पुं० [सं० राजस्तम्ब, राजस्तम्बायन, राजस्तम्बि] एक ऋषि का नाम।

राजस्थलक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन स्थान का नाम।

राजस्थली—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन जनपद का नाम।

राजस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] राजपूताना। विशेष दे० 'राजपूताना'।

राजस्थानिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक उच्च राजकीय पद। २. उस पद पर प्रतिष्ठित व्यक्ति। वाइसराय। हाकिम।

विशेष—गुप्तों के समय में इस शब्द का विशेष प्रचार था। यह पद बहुत ही उच्च होता था। इसका स्थान राजा के बाद और प्रधान अमात्य के ऊपर था। प्रायः इस पद पर युवराज या राजवंश के लोग ही नियुक्त होते थे।

राजस्थानीय—संज्ञा पुं० [सं० राजस्थानिक] दे० 'राजस्थानिक'।

राजस्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ भूमि आदि का वह कर जो राजा को दिया जाय। राजधन। २ किसी राजा या राज्य को वार्षिक आय जो मालगुजारी, आबकारी, इनकम टैक्स, कस्टम्स ड्यूटी आदि करों से होती हो। आमदेमुल्क। मालगुजारी।

यौ०—राजस्वमंत्री = भूमि आदि के करों से संबंध रखनेवाले विभाग का मंत्री।

राजस्वर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] राजधुस्तूरक। राजधतूरा।

राजस्वामी—संज्ञा पुं० [सं० राजस्वामिन्] विष्णु।

राजहंस—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० राजहंसी] १ एक प्रकार का हंस जिसे सोना पक्षी भी कहते हैं।

विशेष—यह प्रायः झुंड बाँधकर उड़ता है और झीलों के किनारे रहता है। इसके अनेक भेद हैं। इसके रंग श्वेत तथा पैर और चोंच लाल रंग की होती है। यह अगहन पूस में उत्तरीय भारत में उत्तर के ठंढे प्रदेशों से आता है।

२ एक संकर राग का नाम जो मालव, श्रीराग और मनोहर राग के मेल से बनता है।

राजहर्म्य—संज्ञा पुं० [सं०] राजप्रासाद।

राजहस्ती—संज्ञा पुं० [सं० राजहस्तिन्] १ राजा की सवारी का हाथी। २ सुंदर और श्रेष्ठ हाथी (को०)।

राजहार—संज्ञा पुं० [सं०] वह पुरुष जो राजा में सोमरस लाता है।

राजहासक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'राजहास' (को०)।

राजहास्तिक—संज्ञा पुं० [सं० राजहास्तिक] एक प्रकार की मछली जिसे कतला कहते हैं।

राजागण—संज्ञा पुं० [सं० राजाङ्गण] १ राजकीय न्यायालय। २. राजप्रासाद का प्रांगण (को०)।

राजा—संज्ञा पुं० [सं० राजन्] [स्त्री० रानी, वि० रानी] १. किसी देश, जाति या जत्थे का प्रधान शासक जो उस देश, जाति या जत्थे को नियम में चलाता, उनमें शांति रखता तथा उसकी और उसके स्वत्वों की, दूसरों के आक्रमण से, रक्षा करता है। बादशाह। अधिराज। प्रभु।

विशेष—महाभारत से पता चलता है कि पहले मनुष्यों में न तो कोई शासक था और न दंडनीति। सब लोग धर्मपूर्वक मिल जुलकर रहते थे और आपस में एक दूसरे की रक्षा करते थे। इस प्रकार उन्हें न तो किसी शासन की आवश्यकता होती थी और न शासक की। पर यह सुव्यवस्था बहुत दिनों तक न रह सकी। लोगों के चित्त में विकार उत्पन्न हो गया, जिससे वे कर्तव्यज्ञान में शिथिल हो गए। उनमें सहानुभूति न रही और लोभ, मोह आदि कुवासनाओं ने उन्हें घेर लिया। सब लोग विषय वासना में ग्रस्त हो गए और वैदिक कर्मकांड का लोप हो गया। इससे स्वर्ग में देवता घबराए और दौड़े हुए ब्रह्मा जी के पास पहुँचे। ब्रह्मा जी ने उन्हें आश्वासन दिया और मनुष्यों की शासनव्यवस्था के लिये एक लाख अध्यायों का एक बृहद् ग्रंथ बनाया। देवता लोग उस ग्रंथ को लेकर विष्णु के पास पहुँचे और उनसे प्रार्थना की कि आप किसी ऐसे पुरुष को भेजिए, जो मनुष्यों को इस शास्त्रानुसार चलावे। विष्णु भगवान् ने उस शास्त्र के अनुसार शासन करने के लिये राजा की सृष्टि की। किसी किसी पुराण के अनुसार वैवस्वत मनु और किसी के अनुसार कर्दम-जी के पुत्र अंग मनुष्यों के पहले राजा हुए। पूर्व काल में मनुष्यों की इतनी अधिकता न थी और न उनकी इतनी घनी बस्तियाँ थीं। एक कुल में उत्पन्न लोगों की संख्या बढ़ते बढ़ते बहुत से जत्थे बन गए थे, जो अपने कुल के सबसे श्रेष्ठ या वृद्ध के शासन में रहते थे। वह शासक प्रजापति कहलाता था और शेष लोग प्रजा अर्थात् पुत्र। वेदों में भरत, जमदग्नि, कुशिक आदि जातियों के नाम आए हैं, जिनके पृथक् पृथक् प्रजापति थे। इनमें से अनेक जातियाँ पंजाब आदि प्रांतों में बस गईं और कृषि कर्म करने लगीं। पहले तो उनमें पृथक् पृथक् प्रजापति थे, पर धीरे धीरे जनसंख्या बढ़ती गई और अनेक देश उनसे भर गए। ऐसे आर्यों को शालीन कहा है। फिर उनमें प्रजापतियों से काम न चला और भिन्न भिन्न देशों में शांति स्थापित करने और दूसरे देशों के आक्रमण से अपनी रक्षा करने के लिये प्रजापति से अधिक शक्तिमान्

एक शासक की नियुक्ति को आवश्यकता पडी। पहले पहल यह प्रथा भरत जाति में चली थी, इसीलिये राजसूय यज्ञ मे 'भो भारता अय व सर्वेपा राजा'। कहकर राजा को राजसिंहासन पर बैठाया जाता था। पहले यह राजा प्रजाओ के द्वारा प्रतिष्ठित होता था, और प्रजा का अहित करने पर लोग उसे पदच्युत भी कर देते थे। वेणु आदि राजाओ का पदच्युत होना इसका उदाहरण है। जब उन शालीनो मे वर्णव्यवस्था स्थापित हो गई, तब राजा का पद पैतृक हो गया और उसकी शक्ति सर्वोपरि मानी गई। मनु ने राजा को अग्नि, वायु, सूर्य, चद्र, यम, कुवेर, वरुण और महेद्र या इद्र की मात्रा या अश से उत्पन्न लिखा है और उसे चार वर्णों का शासक कहा है। ज्यो ज्यो प्रजाओ की शक्ति धीमी पडने लगी, त्यो त्यो राजा का अधिकार सर्वोपरि होता गया और अत मे वह देश या राज्य का एकाधिपति स्वामी हो गया। दूसरे वर्ग के आर्यो मे, जो इधर उधर जत्थे या गण बाँधकर चलते फिरते रहते थे और जिन्हे व्रात्य या यायावर कहते थे, प्रजापति की प्रथा बनी रही और यही प्रजापति गणनाथ बन गया। ऐसे आर्यो मे न तो वर्ण की ही व्यवस्था थी और न उनमे राजा का एकाधिपत्य ही हुआ। उनमे प्रजापति राजा तो कहलाने लगा, पर वह सारा काम गण की समति से करता था। ऐसे व्रात्य आर्य कोशल, मिथिला, और विहार आदि प्रातो से आकर बसे थे और उपनिषद् या ब्रह्मविद्या के अभ्यासी थे। मिथिला के राजा जनक इन्ही यायावर आर्यो मे थे और वहाँ के व्याध भी ब्रह्मज्ञान के उपदेष्टा थे। इनसे लिच्छवि लोगो मे गण की प्रथा महात्मा बुद्धदेव के काल तक प्रचलित थी, इसका पता त्रिपिटक से चलता है।

पर्या०—नृपति। पार्थिव। भूप। महीक्षित्। भूभृत। पार्थ। नाभि। नाराज। महींद्र। नरेंद्र। दडधर। स्कध। भूभुज्। प्रभु। अर्थपति।

विशेष—बहुत से शब्दो के साथ समस्त होकर यह शब्द आकार की बडाई या श्रेष्ठता सूचित करता है। जैसे,- राजदत, राजमाष, राजशुक, राजशालि, इत्यादि।

२ अधिपति। स्वामी। मालिक। ३ एक उपाधि जिसे अँगरेजी सरकार बडे रईसो, जमीदारो या अपने कृपापात्रो को प्रदान करती थी। जैसे,—राजा राममोहन राय, राजा शिवप्रसाद। ४ धनवान् वा समृद्धिशाली पुरुष। ५ प्रेमपात्र। प्रिय व्यक्ति। (बाजारू)।

राजाग्नि—सज्ञा स्त्री० [सं०] राजा का कोप।

राजाज्ञा—सज्ञा स्त्री० [स०] राजा की आज्ञा।

राजातन—सज्ञा पु० [स०] चिरौंजी का पेड। पयार।

राजात्यवर्त्तक—सज्ञा पुं० [सं०] लाजवर्द पत्थर। राजावर्त।

राजादन—सज्ञा पुं० [सं०] १. क्षीरिका। खिरनी। २ पयार। चिरौजी। ३ टेसू।

राजादनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] क्षीरिणी। खिरनी।

राजाद्रि—सज्ञा पुं० [स०] १ एक पर्वत का नाम। २ एक प्रकार का अदरक। बडा अदरक। ववादा।

राजाधिकारी—सज्ञा पुं० [स० राजाधिकारिन्] १ वह जो न्यायालय मे बैठकर न्याय करता हो। विचारपति। २ सरकारी अधिकारी।

राजाधिकृत—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'राजाधिकारी' (को०)।

राजाधिदेय—सज्ञा पु० [स०] सविधानानुसार राजा या शासक को व्यक्तिगत खर्च के लिये सरकारी खजाने से दी जानेवाली निश्चित रकम। (अँ० 'प्रिवी पर्स')।

राजाधिदेव—सज्ञा पुं० [सं०] सूर जाति का एक क्षत्रिय वीर।

राजाधिदेवी—सज्ञा स्त्री० [स०] शूरसेन की एक कन्या का नाम।

राजाधिराज—सज्ञा पुं० [सं०] राजाओ का राजा। शाहशाह। बडा बादशाह।

राजाधिष्ठान—सज्ञा पुं० [स०] १ राजधानी। २ वह नगर जहाँ राजा का प्रासाद हो।

राजाध्वा—सज्ञा पुं० [स० राजाध्वन्] राजपथ। राजमार्ग। चौडी सडक।

राजानक—सज्ञा पुं० [सं०] १ छोटा राजा। सामत राजा। २ एक समानित उपाधि जो प्राय उच्च कोटि के अध्येताओ और कवियो को दी जाती थी। जैसे, राजानक रुय्यक (को०)।

राजान्न—सज्ञा पुं० [सं०] १ राजा का अन्न। २ एक प्रकार का शालि धान जो आध्र देश मे उत्पन्न होता है।

पर्या०—राजार्ह। नृपान्न। दीर्घशूकक। राजधान्य। राजेष्ट। दीर्घकूरक।

राजाभियोग—सज्ञा पु० [स०] राजा का अपनी प्रजा पर दबाव डालकर उसकी इच्छा न रहने पर भी उसे कोई काम करने के लिये बाध्य करना। राजा का प्रजा से जबरदस्ती कोई काम कराना।

राजाभिषेक—सज्ञा पु० [स०] दे० 'राज्याभिषेक' (को०)।

राजाम्र—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का आम जो सामान्य आमो से बडा होता है और जिसमे गूदा अधिक और गुठली छोटी होती है।

विशेष—इसके पेडो से कलम उतारी जाती है, जो छोटी होने पर भी अच्छे और बडे फल देती है। इसके फल पकने पर मीठे होते हैं और सामान्य आमो की अपेक्षा उनमें रेशा कम होता हैं। बबई, लँगडा, मालदह, सफेदा आदि इसी जाति के आम हैं। वैद्यक मे इसे पित्तवर्धक और पकने पर बलवीर्यप्रद माना है।

पर्या०—राजफल। स्मराम्र। कोकिलोत्सव। कालेष्टा। नृपवल्लभ।

राजाम्ल—सज्ञा पुं० [स०] अम्लवेतस्। अमलवेद।

राजार्क—सज्ञा पुं० [स०] श्वेत मदार। सफेद फूल का आक।

राजार्ह[1]—सज्ञा पु० [सं०] १. अगर। अगर। २ कपूर। कर्पूर।

३ जवू वृक्ष। जामुन का पेड। ४ एक प्रकार का चावल। दे० 'राजान्न' (को०)।

राजार्ह[२]—वि० राजा के योग्य।

राजार्हण—सज्ञा पुं० [सं०] १ सम्भ्रमसूचक उपहार। भारी उपहार। २ राजा का दान।

राजालावु, राजालावू—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का लौआ या कद्दू जो आकार मे बडा और खाने मे मीठा होता है।

राजालुक—सज्ञा पु० [स०] मूली।

राजावर्त्त—सज्ञा पुं० [स०] लाजवर्द नामक रत्न।

वशेष—यह उपरत्न माना गया है। वैद्यक मे इसे मधुर, स्निग्ध और पित्तनाशक कहा है।

राजाश्रय—सज्ञा पुं० [सं०] राजा का आश्रय।

राजाश्रित—वि० [स०] राजाश्रय मे रहनेवाला। जैसे, राजाश्रित कवि।

राजासदी—सज्ञा स्त्री० [सं० राजासन्दी] काठ की चौकी या पीढ़ा जिसपर यज्ञो मे सोम रखा जाता था।

राजासन—सज्ञा पुं० [सं०] राजाओ के बैठने का आसन। सिंहासन। तख्त।

राजाहि—सज्ञा पुं० [स०] दोमुँहा साँप।

राजिदऊ—सज्ञा पु० [स० राजेन्द्र] दे० 'राजेंद्र'। उ०—भीमराज राजिद राइ राइन उच्चारन। अति अचभ वलरूप द्रुगपति सेव सधारन।—पृ० रा०, १२।८।

राजि[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पक्ति। अवली। कतार। २ रेखा। लकीर। ३ राई। ४ अलिजिह्वा। शुडिका (को०)। ५ क्षेत्र। भूमि। स्थान। विषय (को०)।

राजि[२]—सज्ञा पुं० ऐल के पौत्र और आयु के एक पुत्र का नाम।

राजिकऊ—वि० [अ० राजिक] अन्नदाता। पालन पोषण करनेवाला। उ०—दादू राजिक रिजक लिए खडा, देवै हाथो हाथ।—दादू०, पृ० ३४०।

राजिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ केदार। क्यारी। २ राई। ३ राजि। पक्ति। ४ रेखा। लकीर। ५ लाल सरसो। ६ मडुआ। ७ कृष्णोदुबर। कठगूलर। कठूमर। ८ एक पारमाण। ९ एक प्रकार का क्षुद्र रोग जिसमे सरसो के बराबर छोटी छोटी फुसियाँ निकलती है। यह रोग अधिक धूप लगने और गर्मी के कारण हो जाता है।

राजिकाचित्र—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप जिसके ऊपर सरसो की तरह छोटी छोटी बुँदकियाँ होती हैं।

राजित—वि० [सं०] १ जो शोभा दे रहा हो। फबता हुआ। शोभित। २ विराजा हुआ। मौजूद। उपस्थित।

राजिफला—सज्ञा स्त्री० [सं०] चीना ककडी।

राजिमान्—सज्ञा पुं० [सं० राजिमत्] एक प्रकार का साँप।

राजिल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप जिसके ऊपर सीधी रेखाएँ होती हैं। (सभवत डुडुभ, डेडहा)।

राजिलफला—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का खरबूजा या ककड़ी।

राजिवऊ—सज्ञा पुं० [सं० राजीव] कमल। उ०—राजिवनयन धरे धनु सायक। भगत विपति भजन सुखदायक।—तुलसी (शब्द०)।

राजी[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पक्ति। श्रेणी। २ राई। ३ लाल सरसो। दे० 'राजि'।

राजी[२]—वि० [अ० राजी] १ कोई नहीं हुई बात मानने को तैयार। अनुकूल। सम्मत। उ०—अरा इतराजी मत करै, मुझ नित राजी राख। जब रस ज्यो चाहै लियो नुरँग हिये अभिलाख।—रसनिधि (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—होना।

२ नीरोग। चगा। ३ खुश। प्रसन्न। उ०—ताजी ताजी गतिन ये तज तें मोरे नैन। साहन मन राजी करै बाजी तेरे नैन।—रसनिधि (शब्द०)।

क्रि० प्र०—रखना।

४ सुखी। सुखयुक्त।

यौ०—राजी खुशी=सही सलामती। कुशल आनद।

राजी[३]—सज्ञा स्त्री० राजामदी। अनुकूलता। उ०—हम सब प्रजा चलहिं नृप राजी। यथा सूत प्रेरित रथ वाजी।—गोपाल (शब्द०)।

राजीनामा—सज्ञा पुं० [फ़ा० राज़ीनामह्] १ वह लेख जिसके द्वारा अभियोगी और अभियुक्त, या वादी और प्रतिवादी परस्पर एकमत या अनुकूल होकर अभियोग या वाद को न्यायालय से उठा लें अथवा एक मत हो जायँ और तदनुसार ही न्यायालय को व्यवस्था देने के लिये उससे प्रार्थना करें। २ स्वीकारपत्र।

राजीफल—सज्ञा पुं० [सं०] परवल। पटोल।

राजीव[१]—सज्ञा पुं० [स०] १. रैया मछली। २ एक प्रकार का मृग जिसकी पीठ पर धारियाँ होती है। ३ हाथी। ४ सारस पक्षी की एक जाति। ५. नीलपद्म। नीलकमल। ६ कमल। जैसे,—राजीव लोचन।

राजीव[२]—वि० जिसपर धारियाँ हो। धारीदार।

राजीवगण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे अठारह मात्राएँ होती हैं और नौ नौ मात्राओं पर विराम पडता है (नौ नौ राजीवगण कल धारए।—छद०, पृ० ४७)। इसमे तुकात मे गुरु लघु का कोई विशेष नियम नहीं है। इसे माली भी कहते हैं।

राजीविनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक प्रकार का कमल। कमलिनी। २ राजीविनी का समूह (को०)।

राजुक—सज्ञा पुं० [सं०] मौर्य काल का एक राजकर्मचारी, जो एक प्रात का प्रबध करता था।

राजुदल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वृक्ष।

राजूऊ[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० रज्जु] दे० 'रज्जु'।

राजूऊ[२]—सज्ञा पुं० [हि० राजा] प्रेमपात्र या प्रिय व्यक्ति।

राजेंद्र[१]—सज्ञा पु० [सं० राजेन्द्र] १ राजाओं का राजा। बादशाह। २ राजगिरि नामक पर्वत। राजाद्रि।

राजेंद्र[1]—सज्ञा पुं० [सं० राजेन्द्र+प्रसाद] स्वतत्र गणतत्र भारतवर्ष के प्रथम राष्ट्रपति। (ई० १९५०–१९६२)।

राजेय—सज्ञा पुं० [स०] पटोल। परवल।

राजेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० राजेश्वरी] राजाओ का राजा। राजेंद्र। महाराज।

राजेष्ट—सज्ञा पुं० [स०] १ राजान्न नामक धान। २. राजभोग्य। ३ लाल प्याज।

राजेष्टा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ केला। २ पिंडखजूर।

राजेसुर[1]—सज्ञा पुं० [सं० राजेश्वर] दे० 'राजेश्वर'। उ०—इद्रराज राजेसुर महा। सौहैं रिसि किछु जाइ न कहा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३०४।

राजोपकरण—सज्ञा पुं० [सं०] राजाओ के लक्षण या उनके साथ रहनेवाला सामान। राजचिह्न। जैसे,—झडा, निशान, नौबत आदि।

राजोपजीवी—संज्ञा पुं० [स० राजोपजीविन्] १ राजकर्मचारी। राज्य का नौकर। २ वह पुरुष जिसकी जीविका राजा की सेवा करने से चलती हो।

राजोपसेवी—सज्ञा पुं० [स० राजोपसेविन्] राजा का सेवक।

राज्ञी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रानी। राजमहिषी। २ मत्स्यपुराण के अनुसार सूर्य की पत्नी का नाम। सज्ञा। ३ काँसा। ४ नील का वृक्ष। नीली।

राज्य—सज्ञा पुं० [न०] १. राजा का काम। शासन।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—पाना।—होना।

विशेष—शास्त्रो मे राजा, अमात्य, दुर्ग, राष्ट्र, कोष, दड या बल और सुहृत् ये सातो राज्य की प्रकृतियाँ मानी गई हैं।

२ वह देश जिसमें एक राजा का अधिकार और शासन हो। बादशाहत। जैसे,—नैपाल का राज्य। काबुल का राज्य।

विशेष—कही कही एक लाख गाँवो के समूह को भी राज्य कहा है।

पर्या०—मडल। जनपद। देश। विषय। राष्ट्र।

राज्यकर्ता—सज्ञा पुं० [सं० राज्यकर्तृ] १. शासक। राज्याधिकारी। २ नृपति। राजा (को०)।

राज्यक्ता—सज्ञा स्त्री० [सं०] रायता।

राज्यच्युत—वि० [स०] जो राजसिंहासन से उतार या हटा दिया गया हो। राज्यभ्रष्ट।

राज्यच्युति—सज्ञा स्त्री० [स०] राजा का राजसिंहासन से उतार दिया जाना।

राज्यतत्र—सज्ञा पुं० [स० राज्यतन्त्र] राज्य की शासनप्रणाली।

राज्यद्रव्य—सज्ञा पुं० [सं०] वह उपकरण जिसकी आवश्यकता राज्याभिषेक मे पडती है। राजतिलक की सामग्री।

राज्यधर—सज्ञा पुं० [सं०] राज्यपालन। शासन।

राज्यधुरा—सज्ञा स्त्री० [स०] राज्यशासन।

राज्यपरिषद्—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रदेशो वा राज्यो से चुने हुए प्रतिनिधियो की वह उच्च परिषद् जो निम्न सदन (लोकसभा) के निर्णयो पर पुन विचार करती है।

राज्यपाल—सज्ञा पुं० [सं० राज्य+पाल] राज्य का शासक। गवर्नर।

राज्यप्रद—वि० [सं०] राज्य देनेवाला। जिससे राज्य मिलता हो।

राज्यभंग—सज्ञा पुं० [सं० राज्यभङ्ग] राज्य का नाश। राज्य का ध्वस।

राज्यभाषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'राजभाषा', 'राष्ट्रभाषा'।

राज्यलक्ष्मी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. राजश्री। २ विजयगौरव। विजयकीर्ति।

राज्यलोभ—सज्ञा पुं० [सं०] बहुत बडा लोभ। उच्च आशा। उच्चाकाक्षा।

राज्यव्यवस्था—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह नियम या व्यवस्था जिसके अनुसार प्रजा के शासन का विधान किया जाता हो। राज्यनियम। नीति। कानून।

राज्यस्थायी—सज्ञा पुं० [स० राज्यस्थायिन्] राजा। शासक।

राज्याग—सज्ञा पुं० [सं० राज्याङ्ग] राज्य के साधक अग जिन्हे प्रकृति भी कहते हैं। शास्त्रो मे प्रधान प्रकृतियाँ सात मानी गई हैं। यथा—राजा, अमात्य, राष्ट्र, दुर्ग, कोष, बल और सुहृद्।

राज्याभिषिक्त—वि० [सं०] जिसका राज्याभिषेक हुआ हो।

राज्याभिषेक—सज्ञा पुं० [सं०] १. राजसिंहासन पर बैठने के समय या राजसूय यज्ञ मे राजा का अभिषेक, जो वेद के मत्रो द्वारा पवित्र तीर्थों के जल और ओषधियो से कराया जाता है। २ किसी नए राजा का राजसिंहासन पर बैठना या बैठाया जाना। राजगद्दी पर बैठने की रीति। राज्यारोहण।

राज्यारोहण—सज्ञा पुं० [स० राज्य+आरोहण] दे० 'राज्याभिषेक'। उ०—फिर राज्यारोहण करो, राम, हृदयासन मे हो जन मगल।—युगपथ, पृ० १३०।

राज्योपकरण—सज्ञा पुं० [सं०] राजचिह्न।

राट्, राट—सज्ञा पु० [सं० राट् राज्] १ राजा। बादशाह। २. श्रेष्ठ व्यक्ति। सरदार। ३ किसी बात मे सबसे बडा पुरुष। जैसे धूर्तराट्।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्राय यौगिक शब्दो के अत मे होता है।

राट—सज्ञा पुं० [सं० राट्] दे० 'राट्'। उ०—सोहे भटराट विराट प्रभु परन विमुख रन मुख करत।—गोपाल (शब्द०)।

राटपाट—वि० [सं० रट>राट+हिं० (अनु०) पाट] बरबाद। नष्ट भ्रष्ट। उ०—पड झाट थाट छल राट पाट दिल्लीय जले दल वले दाट।—रा० रू०, पृ० ७४।

राटि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] लडाई। युद्ध (को०)।

राटि[१]—सज्ञा स्त्री० एक प्रकार का पक्षी। आडी। रेवनी चिरई।

राटुल—सज्ञा पुं० [अ० रतल (=एक तौल)] वह बडा तराजू जो लट्ठा गाडकर लटकाया जाता है और जिसमे लोहा, लकडी इत्यादि मनो की तौल से तौला जाती है।

राठⓊ—सज्ञा पु० [स० राष्ट्र] १ राज्य। २ राजा।

राठवर—सज्ञा पु० [हिं० राठौर] दे० 'राठौर'।

राठौर—सज्ञा पुं० [सं० राष्ट्रकूट] १ दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध राजवश। २ राजपूतो की एक उपजाति।

राड—वि० [स० राटि, प्रा० राडि] १ दुष्ट। जड। उ०—(क) लखि गयद लै चलत भजि स्वान सुखानो हाड। गज गुन, मोल, अहार, बल महिमा जान को राड।—तुलसी ग्र०, पृ० १३८। २ नीच। निकम्मा। उ० (क) कागा करँक ढँढोरिया मूठिक रहिया हाड। जिस पिंजर विरहा वसै मांस कहा रे राड।—कबीर (शब्द०)। (ग) विष्ठा का चौका दिया हाँडी सीझै हाड, छूति बचावै चाम की तिन्हू का गुरु राड।—कबीर (शब्द०)। (घ) रावन राड के हाड गढैंगे।—तुलसी (शब्द०)। २ कायर। भगोडा।

यौ०—राड रोर।

राड़ा—सज्ञा पुं० [देश०] सरसो। सर्षप।

राढ[१]—वि० [हिं० राड] दे० 'राड'। उ०—तुलसी तेरी भलाई अजहू बूझै। राढ़उ राउत होत फिरि कै जूझै।—तुलसी ग्र०, पृ० ५४६।

यौ०—राढ़ रोर। उ०—ऐसेउ साहब की सेवा सो होत चोर रे। आपनी ना बूझि ना कहे को राढ़ रोर रे।—तुलसी ग्र०, पृ० ४९६।

राढ़[२]‡—सज्ञा स्त्री० [सं० राटि (=लडाई)] रार। झगडा। उ०—उन्हीं के किए सब धंधा गदा हुआ। वह देतीं तो यह राढ़ क्यो बढ़ती।—दुर्गाप्रसाद मिश्र (शब्द०)।

राढ़ा[१]—सज्ञा पुं० [स० राढि] वग देश के उत्तर भाग का पुराना नाम।

राढा[२]—सज्ञा स्त्री० एक प्रकार की कपास।

राढा[३]—सज्ञा स्त्री० [सं० राढा] १ काति। दीप्ति। २ शोभा। छवि।

राढ़ा[४]—वि० [स० राटि] १ झगडालू। जिद्दी। २ नासमझ। मूर्ख।

राढि—सज्ञा पु० [स० राढि] वग देश के उत्तरी भाग का नाम। उ०—खेलत जीत्यो जिन राढि देश।—कर्पूरमजरी (शब्द०)।

राढ़ी—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ एक प्रकार की मोटी घास। २ एक प्रकार का आम।

राण—सज्ञा पुं० [सं०] १ पत्ता। दल। २ मोरपख। मोर की पूँछ [को०]।

राणा—सज्ञा पुं० [सं० राट् या राजान, प्रा०राआणो, हिं० राणा या राजी='राणी' का पुल्लिगीकृत रूप] [स्त्री० राणा] राजा।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग राजपूताने की उदयपुर आदि कुछ विशेष रियासतो के राजाओ के लिये होता है। नेपाल के सरदार भी राणा कहलाते हैं।

राणिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] लगाम। वल्गा [को०]।

रातग—सज्ञा पुं० [डिं०] गीध। गिद्ध।

रातती—सज्ञा स्त्री० [स० रातन्ती] पौष शुक्ल चतुर्दशी को होनेवाला एक त्यौहार [को०]।

रात[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० रात्रि] समय का वह भाग जिसमें सूर्य का प्रकाश हम तक नही पहुँचता। सध्या से प्रात काल तक का समय। दिन का उलटा।

पर्या०—रजनी। निशा। शर्वरी। निशि। विभावरी।

मुहा०—रात दिन=सर्वदा। सदा। हमेशा।

यौ०—रातराजा=उल्लू। रातरानी=एक पौधा और उसका फूल जो रात मे फूलता है। रजनीगधा।

रात[२]—वि० [स०] प्रदत्त। दिया हुआ [को०]।

रातⓊ[३]—वि० [सं० रक्त] लाल। रक्त वर्ण का। उ०—कँवल चरन अति रात विसेखे। रहहिं पाट पर पुहुमि न देखे।—जायसी ग्र० (गुप्त०), पृ० १९९।

रातड़ी, रातरी‡—सज्ञा स्त्री० [सं० रात्रि] रात। उ०—राम सनेही कारने रोय रोय रातडियाँ।—कबीर (शब्द०)।

रातनाⓊ—क्रि० अ० [स० रक्त, प्रा० रत्त+हिं० ना (प्रत्य०)] १ लाल रग से रँग जाना। लाल हो जाना। २ रँग जाना। रगीन होना। उ०—रँग राते बहु चीर अमोला।—जायसी (शब्द०)। ३ अनुरक्त होना। आशिक होना। उ०—(क) जाहि जो भजै सो ताहि राते। कोउ कछु कहै सब निरस बाते।—सूर (शब्द०)। (ख) रँग राती राते हिये प्रीतम लिखी बनाय। पाती काती बिरह की छाती रही लगाय।—बिहारी (शब्द०)। (ग) जिन कर मन इन सन नहिं राता। तिन जग वचित किए विधाता। तुलसी (शब्द०)।

राताⓊ—[सं० रक्त, प्रा० रत्त] [वि० स्त्री० राती] १ लाल। सुर्ख। उ०—(क) वन बाटनि पिक बटपरा तकि विरहिन मन मैन।—कुहौ कुहौ कहि कहि उठै करि करि राते नैन।—बिहारी (शब्द०)। (ख) भृकुटी कुटिल नैन रिस राते।—तुलसी (शब्द०)। २ रँगा हुआ।

रातिⓊ[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रात] दे० 'रात'। उ०—रातिहिं घाट घाट की तरनी। आई अगनित जाहिं न बरनी।—मानस, २।२२०।

राति[२]—वि० [स०] १ उदार। २ सनद्ध। तैयार [को०]।

राति[३]—सज्ञा पुं० १ मित्र। अराति का विलोम। २ उपहार। उपायन। ३ धन। सपत्ति [को०]।

रातिचरⓊ—सज्ञा पु० [हिं० राति+सं० चर] निशिचर। राक्षस। उ०—मारे रन रातिचर रावन सकुल दल अनुकूल देव मुनि फूल बरषतु हैं।—तुलसी ग्र०, पृ० १९७।

रातिब—सज्ञा पुं० [अ०] १ पशुओ का दैनिक भोजन। २. हाथियो आदि का खाना।

क्रि० प्र०—खाना ।—देना ।—पाना ।—मिलना ।

रातुल[1]—सज्ञा पुं० [अ० रतल] दे० 'राटुल' ।

रातुल[2]—वि० [स० रक्तालु, प्रा० रत्तालु] सुर्ख रग का । लाल । उ०—उर मोतिन की माला री पहिरे रातुल चीर, वारे कन्हैया ।—सूर (शब्द०) ।

रातैल—सज्ञा पु० [हि० राता+ऐल (प्रत्य०)] लाल रग का एक छोटा कीडा जो जुआर को हानि पहुँचाता है ।

रात्र सज्ञा पुं० [स०] १ ज्ञान । ज्ञानोपदेश । २ रात । रात्रि (को०) ।

रात्रक[1]—वि० [स०] १ रात्रि सबधी । २ रात भर का (को०) ।

रात्रक[2]—सज्ञा पु० १ वह व्यक्ति जो किसी वेश्या के घर मे एक वर्ष बिताए । २ पाँच रात्रि का समय । पचरात्र (को०) ।

रात्रिचर—सज्ञा पुं० [स० रात्रिञ्चर] [स्त्री० रात्रिचरी] १ दे० 'रात्रिचर' ।

रात्रिदिव, रात्रिंदिवा—क्रि० वि० [सं० रात्रिन्दिव, रात्रिन्दिवा] रात दिन । अनवरत । लगातार (को०) ।

रात्रिमन्य—वि० [स० रात्रिम्मन्य] (दिन) जो बादलो के घिरने वा अधकार से रात सा प्रतीत हो (को०) ।

रात्रि—सज्ञा स्त्री० [स०] १. उतना समय जितने समय तक सूर्य का प्रकाश न देख पडे । सध्या से लेकर प्रात.काल तक का समय । सूर्यास्त से सूर्योदय तक का समय । रात । निशा ।

यौ०—रात्रिदिव, रात्रिंदिवा = (१) रातदिन । सदा ।

२. हलदी । ३ पुराणानुसार क्रौंच द्वीप की एक नदी का नाम ।

रात्रिक[1]—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का बिच्छू ।

रात्रिक[2]—वि० रात का । रात्रि का । जैसे, पचरात्रिक उत्सव (समासात मे) ।

रात्रिकर—सज्ञा पु० [स०] १. चद्रमा । २. कपूर ।

रात्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] रात । रजनी (को०) ।

रात्रिचर[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ राक्षस । निशचर । २. चोर । तस्कर । लुटेरा (को०) । ३ प्रहरी । रात्रि को पहरा देनेवाला । रक्षक (को०) । ४ उल्लू । उलूक (को०) ।

रात्रिचर[2]—वि० रात के समय विचरनेवाला ।

रात्रिचारी—सज्ञा पु० वि० [स० रात्रिचारिन्] दे० 'रात्रिचर' ।

रात्रिज—सज्ञा पुं० [सं०] नक्षत्र, तारे आदि ।

रात्रिजल—सज्ञा पु० [स०] ओस (को०) ।

रात्रिजागर—सज्ञा पुं० [स०] १. कुत्ता । २ रात्रि मे जागरण या पहरा देना (को०) ।

रात्रिजागरद्—सज्ञा पु० [स०] मच्छड (को०) ।

रात्रितिथि—सज्ञा स्त्री० [स०] शुक्ल पक्ष की रात ।

रात्रिदोष—सज्ञा पु० [स०] रात्रि मे होनेवाला अपराध । जैसे,—चोरी (कौटि०) ।

रात्रिद्विप—सज्ञा पुं० [सं० रात्रिद्विष्] सूर्य ।

रात्रिनाथ—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा (को०) ।

रात्रिनाशन—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य ।

रात्रिपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ कमल । २ रात मे खिलनेवाला पुष्प । कुमुद । कुई (को०) ।

रात्रिबल—सज्ञा पुं० [स०] राक्षस ।

रात्रिभुक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] जैनो के अनुसार छठी प्रतिमा जो रात्रि के समय किसी प्रकार का भोजन आदि नही ग्रहण करती ।

रात्रिभुजग—सज्ञा पुं० [स० रात्रिभुजङ्ग] चद्रमा (को०) ।

रात्रिमट—सज्ञा पुं० [स०] १. राक्षस । २ रात को लूटने या चोरी करनेवाला चोर ।

रात्रिमणि—सज्ञा पुं० [सं०] १ चद्रमा । २ कपूर (को०)

रात्रियोग—सज्ञा पुं० [सं०] सायकाल । सध्या ।

रात्रिराग—सज्ञा पुं० [स०] अधकार । अँधेरा ।

रात्रिवास—सज्ञा पुं० [सं० रात्रिवासस्] १ अधकार । अँधेरा । २. रात के समय पहनने का वस्त्र ।

रात्रिविगम्—सज्ञा पु० [स०] प्रभात । तडका ।

रात्रिविश्लेषगामी—सज्ञा पु० [स० रात्रिविश्लेषगामिन्] चक्रवाक । चकवा पक्षी ।

रात्रिवेद—सज्ञा पुं० [स०] कुक्कुट । मुरगा ।

रात्रिवेदी—सज्ञा पुं० [सं० रात्रिवेदिन्] दे० 'रात्रिवेद' (को०) ।

रात्रिसाम—सज्ञा पुं० [रात्रिसामन्] एक प्रकार का साम ।

रात्रिसूक्त—सज्ञा पु० [सं०] १. ऋग्वेद के एक सूक्त का नाम । २. दुर्गा सप्तशती का एक सूक्त ।

रात्रिहास—सज्ञा पु० [सं०] कुमुद । कुई ।

रात्रिहिंडक—सज्ञा पु० [स० रात्रिहिण्डक] १ राजाओ के अत पुर का पहरेदार । २ रात्रि मे घूम घूमकर पहरा देनेवाला (को०) ।

रात्री—सज्ञा स्त्री० [स०] १. रात । २. हलदी ।

रात्र्यध—सज्ञा पु० [स० रात्र्यन्ध] १ जिसे रात को न दिखाई देता हो । जिसे रतौधी का रोग हो । २ वे पक्षी और पशु जिन्हें रात को न दिखाई पडता हो । जैसे,—कौआ, बदर ।

रात्र्यट—सज्ञा पुं० [सं०] १ चोर । २ निशाचर (को०) ।

राथकार्य—सज्ञा पुं० [स०] वह जो रथकार ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न हो ।

राद—सज्ञा पु० [अ०] बिजली की कडक (को०) ।

राद्ध—वि० [सं०] १ पका हुआ । राँधा हुआ । २ सिद्ध । ठीक किया हुआ । ३. पूरा किया हुआ ।

राद्धात—सज्ञा पु० [सं० राद्धान्त] सिद्धात । उसूल ।

राद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] सिद्ध होने का भाव । सफलता । सिद्धि ।

राध[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वैशाख मास । २. धन । सपत्ति । ३ अनुग्रह (को०) । ४ अभ्युदय (को०) ।

राध[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] पीव । मवाद ।

राधन—सज्ञा पुं० [स०] १. साधने की क्रिया । साधना । २.

मिलना। प्राप्ति। ३ संतोष। तुष्टि। ४ वह वस्तु जिससे कोई कार्य किया जाय। साधन।

राधना(पु)'—क्रि० स० [स० आराधना] १ आराधना करना। पूजा करना। उ०—साधो कहा करि साधन ते जौ पै राधो नहीं पति पारवती को।—तुलसी (शब्द०)। २ सिद्ध करना। पूरा करना। ३ काम निकालना। साधना।

राधना'—संज्ञा स्त्री० [स०] गिरा। वाणी [को०]।

राधनी—संज्ञा स्त्री० [स०] पूजा। उपासना। आराधना [को०]।

राधरक—संज्ञा पुं० [स० राधरङ्क] १ हल। २ हलकी वर्षा। ३ ओला। बनौरी [को०]।

राधा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ वैशाख की पूर्णिमा। २ प्रीति। अनुराग। प्रेम। ३ धृतराष्ट्र के सारथी अधिरथ की पत्नी का नाम।

विशेष—इसने कर्ण को पुत्रवत् पाला था। इसी कारण से कर्ण का एक नाम 'राधेय' भी था।

४ वृषभानु गोप की कन्या और श्रीकृष्ण की प्रेयसी।

विशेष—श्रीमद्भागवत मे राधा का कोई उल्लेख नही है। पर ब्रह्मवैवर्त, देवीभागवत, आदि मे राधा का वर्णन मिलता है। इन पुराणो मे राधा के जन्म और जीवन के संबंध मे भिन्न भिन्न कथाएँ दी गई हैं। कही लिखा है कि ये श्रीकृष्ण के बाएँ अंग से उत्पन्न हुई थी और कही गोलोकधाम के रासमंडल मे इनका जन्म लिखा है। यह भी कहा जाता है कि ये जन्म लेते ही पूर्ण वयस्का हो गई थी। श्रीकृष्ण के साथ इनका विवाह नही हुआ था यद्यपि गर्गसंहिता आदि कुछ ईश्वर के ग्रंथो में विवाह की कथा भी रख दी गई है। सब जगह श्रीकृष्ण के साथ इनकी मूर्ति और नाम रहता है। इनके नाम के साथ ईश या स्वामीवाचक शब्द लगने से श्रीकृष्ण का बोध होता है।

५ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे रगण, तगण, मगण यगण और एक गुरु सब मिलकर १३ अक्षर होते हैं। जैसे,—कृष्ण राधा कृष्ण कृष्ण राधा राधा गा। ६ विशाखा नक्षत्र। ७. बिजली। ८ आँवला। ९ विष्णुक्रांता लता।

राधाकांत—संज्ञा पुं० [सं० राधाकान्त] श्रीकृष्ण।

राधाकुंड—संज्ञा पुं० [सं० राधाकुण्ड] गोवर्धन के निकट का एक प्रख्यात सरोवर।

राधातंत्र—संज्ञा पुं० [स० राधातन्त्र] एक तंत्र का नाम जिसमे मंत्रो आदि के अतिरिक्त राधा की उत्पत्ति का भी रहस्यपूर्ण वर्णन है।

राधापति—संज्ञा पुं० [स०] श्रीकृष्ण [को०]।

राधाभेदी—संज्ञा पुं० [सं० राधाभेदिन्] अर्जुन का एक नाम [को०]।

राधारमण—संज्ञा पुं० [सं०] राधा से रमण करनेवाले, श्रीकृष्ण।

राधारमन(पु)—संज्ञा पुं० [सं० राधारमण] श्रीकृष्ण। उ०—लीला राधारमन की, सुंदर जस अभिराम।—मतिराम (शब्द०)।

राधावल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण।

राधावल्लभी—संज्ञा पुं० [स०] वैष्णवो का एक प्रसिद्ध संप्रदाय।

विशेष दे० 'वैष्णव'।

राधावेधी—संज्ञा पुं० [स० राधावेधिन्] अर्जुन [को०]।

राधासुत संज्ञा पुं० [सं०] कर्ण का एक नाम [को०]।

राधास्वामी—संज्ञा पुं० [हिं०] एक मतप्रवर्तक आचार्य और उनका संप्रदाय।

राधाष्टमी—संज्ञा स्त्री० [स०] भादो सुदी अष्टमी।

राधिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वृषभानु गोप की कन्या राधा।

विशेष दे० 'राधा—४'। उ०—प्रभु माया फेरी प्रबल सब लागे ग्रिह दंद। पल न सुहाई राधिका बिन वृंदावनचंद।—पृ० रा०, २।५५८। २ एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण मे १३ और ९ के विश्राम से २२ मात्राएं होती हैं। जैसे,—सब सुधि बुधि गइ क्यों भूल, गई मति मारी। माया को चेरो भयो, भूलि असुरारी। कटि जैहैं भव के फंद, पाप नसि जाई। रे सदा भजौ श्री कृष्ण, राधिका माई।—छंद०, पृ० ५१।

विशेष—लावनी इसी छंद मे होती है। यह छंद प्रस्तार की रीति से नया रचा गया है।

राधी—संज्ञा स्त्री० [स०] वैशाख मास की पूर्णिमा [को०]।

राधेय—संज्ञा पुं० [स०] (धृतराष्ट्र के सारथी अधिरथ की पत्नी राधा द्वारा पालित) कर्ण।

राध्य—वि० [सं०] आराधना करने के योग्य। आराध्य।

रान—संज्ञा स्त्री० [फा०] जंघा। जाँघ। उ०—खाइ सेर बोसक की रानैं। धकाधकी हाथिन सो ठानैं।—लाल (शब्द०)।

रानतुरई—संज्ञा स्त्री० [हिं० रानी+तुरई] कड़ुई तरोई।

राना'—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'राणा'।

राना(पु)'—क्रि० अ० [हिं० राचना] अनुरक्त होना। उ०—कौन कली जो भौंर न राई। डार न टूट पुहुप गरुआई।—जायसी (शब्द०)।

राना—वि० [फा० रानाः] १ सुंदर। हसीन। २ अच्छे डीलडौल का [को०]।

रानाई—संज्ञा स्त्री० [फा० रानाई] सुंदरता। सौंदर्य [को०]।

रानापति—संज्ञा पुं० [हिं० राणा+पति] सूर्य।

विशेष—चित्तौर के राना सूर्यवंश के माने जाते हैं।

रानी—संज्ञा स्त्री० [स० राज्ञी, प्रा० राणी] १ राजा की स्त्री। राजा की पत्नी। २ स्वामिनी। मालकिन। जैसे,—मधुमक्खियों की रानी। ३ स्त्रियो के लिये आदरसूचक शब्द।

रानीकाजर—संज्ञा पुं० [हिं० रानी+काजल] एक प्रकार का धान। उ०—राजभोग औ रानीकाजर। भाँति भाँति के सीझे चावर।—जायसी (शब्द०)।

रापड़'—संज्ञा पुं० [?] बजर। ऊसर।

रापती—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटी नदी जो नैपाल के पहाड़ों से निकलकर गोरखपुर के निकट सरयू मे गिरती है।

रापरगाल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नृत्य। उ०—शूल वव्वैक पादेन सहैवानुपतेद्यदि। द्वितीयोऽपि तदा रापरगाल तद्विदो विदु।—केशव (शब्द०)।

रापी—सज्ञा स्त्री० [हिं० राँपी] चमारो का राँपी नाम का औजार जिससे वे चण्डा साफ करते और काटते हैं। उ०—अस कहि रापी ताहि की तामे दियो छुवाइ। तुरतै कचन की भई तेहि गुण दियो दिखाइ।—रघुराज (शब्द०)।

राव[1]—सज्ञा स्त्री० [पुं० द्रावक (=मोम)] आँच पर औटाकर खूब गाढा किया हुआ गन्ने का रस जो गुड से पतला और शीरे से गाढा होता है। इसी को साफ करके खाँड बनाई जाती है।

राव[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] नाव मे वह बडी लकडी जो उसकी पेंदी मे लबाई के बल एक सिरे से दूसरे सिरे तक होती है। पहले यही लकडी लगाकर तब उसपर से अहार चढाते हैं।

रावडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० राव+डी (प्रत्य०)] औटाकर गाढा किया हुआ दूध। बसौधी। रबडी। †२ राजपूताने की ओर का एक विशिष्ट खाद्य।

रावना—क्रि० स० [सं०] खेत मे खाद देने की एक विशेष प्रणाली।

विशेष—इसमे पहले खेत मे खाद, सूखी पत्तियाँ और टहनियाँ आदि रखकर जला देते हैं, फिर उनकी राख समेत जमीन को एक बार जोत देते हैं। वही राख खेत मे खाद का काम देती है।

राम[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्यवशी महाराज दशरथ के पुत्र जो दस अवतारो मे से एक माने जाते हैं। विशेष दे० 'रामचद्र'। २ परशुराम जो विष्णु के अशावतार माने जाते हैं। विशेष दे० 'परशुराम'। ३ कृष्ण के बडे भाई बलराम या बलदेव। विशेष दे० 'बलराम'।

मुहा०—राम शरण होना=(१) साधु होना। विरक्त होना। (२) मर जाना। परलोकवासी होना। उ०—राम राम कहि राम सिय राम शरण भए राउ।—तुलसी (शब्द०)। राम जाने=(१) मुझे नही मालूम। ईश्वर जाने। (२) यदि मैं झूठ कहता होऊँ तो उसके साक्षी भगवान हैं (एक शपथ)। राम राम करना=(१) अभिवादन करना। प्रणाम करना। (२) भगवान् का नाम जपना। राम नाम सत्य है=एक वाक्य जिसका प्रयोग कुछ हिंदू जातियो मे मृतक को श्मशान ले जाने के समय होता है और जिससे ससार की असारता और मिथ्यात्व तथा ईश्वर की सत्यता का बोध होता है। राम राम करके=बडी कठिनता से। किसी प्रकार। उ०—राम राम करके वाममती से पीछा छूटा है, फिर यह विपत कहाँ से आई।—अयोध्या (शब्द०)। राम राम होना=भेंट होना। मुलाकात होना। उ०—कैसे ह्वै है दई मेरे आनद की जई राम, भई राम राम आज नई राम राम सो।—रामकवि (शब्द०)। राम राम हो जाना=मर जाना। गत हो जाना। उ०—तौ लौ रहे प्राण दशरथ जू के नीके, पाछे राम नाम लेत राजा राम राम ह्वै गयो।—रामकवि (शब्द०)।

४ तीन की सख्या। ५ ईश्वर। भगवान्। ६ एक मात्रिक छद जिसमे ९ और ८ के विराम से प्रत्येक चरण मे १७ मात्राएँ होती हैं और अत मे यगण होता है। जैसे,—सुनिए हमारी, विनय मुरारी। दीजै हमारी, विपत्ति टारी। ७ वरुण। ८. घोडा। ९ अशोक वृक्ष। १० रति। ११ वधुआ। एक साग। १२ तेजपत्ता। १३ प्रेम करनेवाला। प्रेमी (को०)। १४. अरुण का एक नाम (को०)। १५ रात्रि का अधकार। १६ कुष्ठ। १७ तमालपत्र (को०)।

राम[2]—वि० १ मनोज्ञ। सुदर। २ आनददायक। ३ सुफेद। श्वेत। ४ काला। असित [को०]।

रामअजीर—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम+फा० अजीर] पाकर वृक्ष। पकरिया।

रामक[1]—वि० [सं०] आनदयुक्त। आनददायक।

रामक[2]—सज्ञा पु० मंदिर का एक आकार प्रकार [को०]।

रामकजरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो अगहन मे तैयार होता है।

रामकपास—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम+कपास] देवकपास। नरमा। विशेष दे० 'नरमा'।

रामकरी, रामकली—सज्ञा स्त्री० [स०] एक रागिनी।

विशेष—यह भैरव राग की स्त्री मानी जाती है। इसके गाने का समय प्रात काल १ दड से ५ दड तक है। यह सपूर्ण जाति की रागिनी है और इसमे ऋषभ तथा निषाद कोमल लगते हैं।

रामकाड—सज्ञा पुं० [सं० रामकाण्ड] एक प्रकार का बेंत [को०]।

रामकाँटा—सज्ञा पुं० [हिं० राम+काँटा] एक प्रकार का बबूल।

रामकिरी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'रामकली'।

रामकृत्—सज्ञा पुं० [स०] एक राग का नाम [को०]।

रामकेला—सज्ञा पु० [हिं० राम+केला] १ एक प्रकार का बढ़िया केला।

विशेष—इसके पेड का तना, फूल आदि गहरे लाल रग के होते हैं। इसका फल पतला और प्राय. एक बालिश्त लबा होता है। यह बबई प्रात की ओर अधिकता से होता है और बगाल के केलो से आकार प्रकार मे बिलकुल भिन्न होता है।

२. एक प्रकार का बढिया आम जो बगाल और मिथिला मे होता है।

रामकी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक राग। दे० 'रामकरी' [को०]।

रामक्षेत्र—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार दक्षिण देश का प्राचीन तीर्थ।

रामखड—सज्ञा पु० [स० रामखण्ड] पुराणानुसार एक प्राचीन तीर्थ।

रामगगा—सज्ञा स्त्री० [सं० रामगङ्गा] एक छोटी नदी जो पीलीभीत के निकट से निकलकर कन्नौज के आगे गंगा मे मिलती है।

रामगिरि—सज्ञा पुं० [सं०] नागपुर जिले की एक पहाडी जिसका वर्णन कालिदास ने अपने मेघदूत मे किया है। आजकल इसे रामटेक कहते हैं।

विशेष—कुछ लोग चित्रकूट को रामगिरि मानते हैं। पर मेघदूत मे जो स्थिति दी हुई है, उससे वह नागपुर ही के पास होना चाहिए।

रामगिरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रामकली'।

रामगीती—सज्ञा पुं० [स०] एक मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण में ३६ मात्राएँ होती हैं। जैसे,—यहि भाँति बरणे सुभट गण कहँ जीत लव रणधीर।

रामचगी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] एक तरह की तोप। उ०—चलै रामचगी धरा मे धमकै। सुने तें अवाजै बली वैरि सकै।—पद्माकर ग्र०, पृ० १०।

रामचद्र—सज्ञा पु० [सं० रामचन्द्र] अयोध्या के राजा इक्ष्वाकुवशी महाराजा दशरथ के बडे पुत्र जो ईश्वर वा विष्णु भगवान् के मुख्य अवतारो मे माने जाते हैं और जिनकी कथा रामायण मे वर्णित है।

विशेष—इनका जन्म कौशल्या के गर्भ से हुआ था और इन्होने वशिष्ठ मुनि से शिक्षा पाई थी। जब ये बालक थे, तभी विश्वामित्र मुनि इन्हे अपने यज्ञ की रक्षा के लिये अपने साथ वन मे ले गए थे, जहाँ इन्होने अनेक राक्षसो का वध किया था। जब यज्ञ समाप्त हो गया, तब ये अपने छोटे भाई लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ राजा जनक के यहाँ सीता के स्वयवर मे गए। वहाँ इन्होने शिवजी का धनुष तोडकर सीता का पाणिग्रहण किया। जब ये लौटकर अयोध्या आए, तब राजा दशरथ इनका अभिषेक करके इन्हे राजगद्दी देना चाहते थे, पर रानी कैकेयी के कहने से उन्होने इन्हे चौदह वर्षों तक वन में रहने के लिये भेज दिया। जब ये वन जाने लगे, तब इनकी स्त्री सीता और इनके छोटे भाई लक्ष्मण भी इनके साथ हो लिए। इनके वन जाने पर पीछे इनके दुखी पिता दशरथ की मृत्यु हो गई। कैकेयी अपने पुत्र भरत को सिंहासन पर बैठाना चाहती थी, पर भरत ने स्पष्ट कह दिया कि यह राज्य मेरे बडे भाई रामचद्र का है, और मैं इसे ग्रहण नही कर सकता। पीछे भरत रामचद्र को समझा बुझाकर लाने के लिये वन में भी गए, पर रामचद्र ने कह दिया कि मैं पिता की आज्ञा से चौदह वर्षों के लिये वन मे आया हूँ। और जब तक यह अवधि पूरी न हो जायगी, तब तक मैं लौटकर अयोध्या नही चल सकता। इसपर भरत इनके खडाऊँ ले जाकर और उसे सिंहासन पर स्थापित करके, इनकी ओर से, इनकी अनुपस्थिति मे शासन करने लगे। वनवास काल मे रामचद्र अनेक वनो और पर्वतो पर और ऋषियो आदि के आश्रमो पर घूमा करते थे। दडकारण्य मे एक बार लका का राजा रावण आकर छल से सीता को हर ले गया। इसपर इन्होने बहुत से वानरो आदि को साथ लेकर लका पर चढाई की और युद्ध मे रावण तथा उसके साथी राक्षसो को मारकर और उसका राज्य उसके छोटे भाई विभीषण को देकर अपनी स्त्री सीता को अपने साथ ले आए। वनवास की अवधि पूरी हो गई थी, इसलिये ये सीधे अयोध्या चले आए और वहाँ आकर सुख से राज्य करने लगे। इनका शासन प्रजा के लिये इतना अधिक सुखद था कि अब तक लोग इनके राज्य को आदर्श समझते हैं, और अच्छे राज्य की उपमा 'रामराज्य' से देते हैं।

रामचक्का†—सज्ञा पुं० [सं० राम+चक्र] १ बरा नामक पकवान जो उडद की पीठी का बनता है। २ बडा और मोटा रोटी जो किसान लोग खाते हैं। लिट्टी। बाटी।

रामचना—सज्ञा पुं० [हिं० राम+चना] खट्टुआ बेल। अत्यम्लपर्णी।

रामचिड़िया—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम+चिडिया] एक प्रकार का जलपक्षी जो मछलियाँ पकडकर खाता है। मछरगा।

रामजननी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रामचद्र की माता, कौशल्या। २. बलराम की माता, रोहिणी। ३ परशुराम की माता, रेणुका।

रामजना—सज्ञा पु० [हिं० राम+जना (=उत्पन्न)] १ एक सकर जाति जिसकी कन्याएँ वेश्यावृत्ति करती हैं।

विशेष—कई बातो में यह जाति गधर्व जाति से मिलती जुलती होती है, पर साधारणत उससे नीची समझी जाती है। इस जाति के लोग प्राय राजपूताने, उत्तर प्रदेश तथा बिहार में पाए जाते हैं।

२ वह जिसके माता पिता का पता न हो। वर्णसकर।

रामजनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम+जना (=उत्पन्न)] १ रामजना जाति की स्त्री। २ वेश्या। रडी। ३ वह स्त्री जिसके पिता का पता न हो। उ०—रामजनी सन्यासिनी पटु पटवा की बाल। केशव नायक नायिका सखी करहिं सब काल।—केशव (शब्द०)।

रामजमानी—सज्ञा पुं० [स० राम+यवानी (अजवायन)] एक प्रकार का बहुत बारीक चावल।

रामजयती—सज्ञा स्त्री० [सं० रामजयन्ती] देवी की एक मूर्ति का नाम।

रामजामुन—सज्ञा पु० [सं० राम+जामुन] मझोले आकार का एक प्रकार का जामुन का वृक्ष, जो प्राय सारे उत्तरी और पूर्वी भारत तथा बरमा और लका मे होता है।

विशेष—इसके फल बहुत बडे बड और स्वादिष्ट होते हैं। इसकी लकडी यद्यपि साधारण जामुन की लकडी के समान उत्तम नही होती, तो भी इमारत तथा खेती के औजार बनाने के काम मे आती है। यह छोटी नदियो के किनारे अधिकतर होता है।

रामजौ—सज्ञा पुं० [स० राम+हिं० जौ] एक प्रकार की जई जिसके दाने साधारण जौ से कुछ बडे होते हैं।

रामझोल—सज्ञा स्त्री० [स० राम+हिं० झूलना] पाजेब। पायल।

रामटेक—सज्ञा पुं० [हिं० राम+टेक (=टेकडी, पहाडी)] नागपुर जिले की एक पहाडी जहाँ रामचद्र का एक मदिर है। यह एक तीर्थस्थान माना जाता है। विशेष दे० 'रामगिरि'।

रामटोडी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक सकर रागिनी जिसमे गाधार कोमल और शेष सब स्वर शुद्ध लगते हैं ।

रामठ—सज्ञा पुं० [स०] १ बृहत्सहिता के अनुसार एक देश जो पश्चिम मे है । २ इस देश का निवासी । ३ हीग । ४ अखरोट का वृक्ष । ५ मैनफल । ६ चिचडा ।

रामठी—सज्ञा स्त्री० [स०] हीग ।

रामणⓊ—सज्ञा पुं० [स० रावण] दे० 'रावण' । उ०—रामण नह मोनौ दियो, लहि सोना री लक ।—वी० रासो, पृ० ५४ ।

रामणीयक[1]—सज्ञा पु० [स०] रमणीयत्व । मनोहरता ।

रामणीयक[2]—वि० रमणीय । मनोहर ।

रामतⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रामति] दे० 'रामति' । उदा०—फिर रामत की आज्ञा लीन्ही । —चरण० बानी, पृ० २०१ ।

रामतरुणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सेवती । २ सीता जी ।

रामतरोई—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम + तरोई या तुरई] भिडी नामक फली जिसकी तरकारी बनती है ।

रामता—सज्ञा स्त्री० [स०] राम का गुण । रामपन । रामत्व । उ०—आजु राम रामता निहारौं । नेकु शकु मन महँ नहिं धारौं ।—रघुराज (शब्द०) ।

रामतापनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद् का नाम जो प्राचीन उपनिषदो मे नही है, बल्कि एक साप्रदायिक पुस्तक है ।

रामतारक—सज्ञा पु० [स०] राम जी का मत्र जो रामोपासक लोग जपते हैं ।

विशेष—कहते हैं, काशी मे जो लोग मरते हैं, उन्हें शिव जी इसी मत्र का उपदेश करते हैं, जिसके प्रभाव से उनकी मुक्ति हो जाती है । यह मत्र इस प्रकार है 'रा रामाय नम' ।

रामतिⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रमन (= घूमना फिरना)] भिक्षा के लिये इधर उधर घूमना । भिक्षुको की फेरी ।

रामतिल—सज्ञा पु० [सं० राम + तिल] एक प्रकार का तिल ।

रामतीर्थ—सज्ञा पुं० [स०] १ रामगिरि नामक स्थान । रामटेक । २ बगाल के एक प्रसिद्ध संत ।

रामतुलसी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रामा तुलसी' ।

रामतेजपात—सज्ञा पु० [हिं० राम + तेजपात] तेजपात की जाति का एक प्रकार का वृक्ष जो पूर्वी बगाल, बरमा, और अडमन टापू मे अधिकता से होता है ।

विशेष—इसके पत्तो का व्यवहार तेजपत्ते के समान होता है और लकडी संदूक तथा तख्ते आदि बनाने के काम मे आती है ।

रामत्व—सज्ञा पुं० [स०] राम का भाव । रामता । रामपन ।

रामदल—सज्ञा पुं० [सं०] १ रामचंद्र जी की बदरोवाली सेना, जिसके नीचे लिखे १८ मुख्य यूथप थे—(१) लक्ष्मण, (२) सुग्रीव, (३) नील, (४) नल, (५) सुखेन, (६) जामवत, (७) हनुमान, (८) अगद, (९) केशरी, (१०) गवय, (११) गवाक्ष, (१२) गज, (१३) विभीषण, (१४) द्विविद, (१५) तार, (१६) कुमुद, (१७) शरभ और (१८) दधिमुख ।

२ कोई बडी और प्रबल सेना जिसका मुकाबला करना कठिन हो ।

रामदाना—सज्ञा पुं० [स० राम + हिं० दाना] १ मरसे या चौराई की जाति का एक पौधा जिसमे सफेद रग के एक प्रकार के बहुत छोटे छोटे दाने लगते हैं ।

विशेष—ये दाने कई प्रकार से खाए जाते हैं और इनकी गिनती 'फलाहार' मे होती है । पहाडो मे यह बैसाख जेठ मे बोया और कुआर मे तैयार हो जाता है, पर उत्तरी, पश्चिमी तथा मध्य भारत मे यह जाडे के दिनो मे भी होता है । कही कही बागो मे भी शोभा के लिये इसके पौधे लगाए जाते हैं ।

२ एक प्रकार का धान ।

रामदास—सज्ञा पु० [सं०] १ हनुमान । २. एक प्रकार का धान । ३ दक्षिण भारत के एक प्रसिद्ध महात्मा जो छत्रपति महाराज शिवाजी के गुरु थे और जिन्हे लोग स्वामी रामदास या समर्थ रामदास भी कहते है ।

विशेष—स्वामी रामदास का जन्म शक सं० १५३० की रामनवमी के दिन गोदावरी के तट पर जवू नामक स्थान मे एक ब्राह्मण के घर हुआ था । पहले इनका नाम नारायण था । ये बाल्यावस्था मे ही बहुत रामभक्त थे । कहते हैं कि जब ये ८ वर्ष के थे, तब एक बार रामचद्र जी ने इन्हे दर्शन देकर कहा था कि तुम म्लेच्छो का नाश करके धर्म को दुर्दशा से बचाओ और उसे पुन स्थापित करो । तभी से इनके मन मे वैराग्य उत्पन्न हुआ जिसे दूर करने के लिये माता पिता ने इनका विवाह करना चाहा । पर ये विवाहमडप से उठकर भाग गए और नासिक के पास की एक गुफा मे जाकर तपस्या करने लगे । फिर बहुत दिनो तक इधर उधर तीर्थयात्रा करते रहे । उस समय तक दक्षिण भारत मे इनकी साधुता की बहुत प्रसिद्धि हो चुकी थी जिसको सुनकर शिवाजी इनके दर्शन के लिये आए और तब से इनके परम भक्त हो गए । महाराज शिवाजी प्राय सब कामो मे इनसे परामर्श और आज्ञा ले लिया करते थे । कहते हैं, इन्होने अपने जीवन मे अनेक विलक्षण चमत्कार दिखाए थे । इनकी मृत्यु शक स० १६०३ के माघ मास मे हुई थी । इनके उपदेशो और भजनो का दक्षिण भारत के अचलो मे अब तक बहुत अधिक प्रचार है ।

रामदूत—सज्ञा पुं० [स०] हनुमान जी ।

रामदूती—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक प्रकार की तुलसी ।

पर्या०—पर्वपुष्पी । विशल्या । सूक्ष्मपर्णी । भवान्याह्वा ।

२. नागदती । नागदौन । ३ नागपुष्पी ।

रामदेव—सज्ञा पुं० [सं०] १ रामचद्र । २ एक सप्रदाय जो राजपूताने मे प्रचलित है और जिसके अधिकाश अनुयायी चमार आदि अस्पृश्य जातियो के लोग हैं ।

रामधनुप—सज्ञा पुं० [सं०] इद्रधनुष ।

रामधाम—सज्ञा पुं० [स०] साकेत लोक जहाँ भगवान् नित्य राम रूप मे विराजमान माने जाते है ।

रामननुआ—सज्ञा पुं० [हिं० राम+ननुआ] १ घीया। २ कद्दू। लौकी। लौवा।

रामनवमी—सज्ञा स्त्री० [सं०] चैत्र सुदी नवमी जिस दिन रामचद्र जी का जन्म हुआ था। इस दिन हिंदू रामजन्म का उत्सव मनाते और व्रत रखते है।

रामनाⓤ—क्रि० अ० [सं० रमण] घूमना। फिरना। विचरना। उ०—(क) एक समय बहुँ रामत माही। पर्‌यो अकेल रहेउ कोउ नाही।—रघुराज (शब्द०)। (ख) एक समय रामन हितै कीन्ह्यौ कहूँ पयान।—रघुराज (शब्द०)।

रामनामी—सज्ञा पुं० [हिं० राम+नाम+ई (प्रत्य०)] १ वह चादर, दुपट्टा या धोती आदि जिसपर 'राम राम' छपा रहता है और जिसका व्यवहार राम के भक्त लोग इसलिये करते हैं जिसमें राम का नाम हरदम आँखो के सामने रहे।

विशेष—इसी प्रकार कुछ कपडो पर कृष्ण या शिव का नाम भी छपा रहता है।

२ गले मे पहनने का एक प्रकार का हार जो प्राय सोने का होता है।

विशेष—इसमे छोटे छोटे कई टिकडे या पान आदि होते हैं, जो आपस मे एक दूसरे के साथ जजीर के कई छोटे छोटे टुकडो या लडो से जडे होते हैं। इसके बीच मे प्राय एक पान होता है, जिसमे 'राम' शब्द, किसी देवता की मूर्ति अथवा चरणचिह्न अकित होता और जो पहनने पर छाती पर लटकता रहता है। इसी के कारण इसे रामनामी कहते हैं।

रामनौमी—सज्ञा स्त्री० [सं० रामनवमी] दे० 'रामनवमी'।

रामपात—सज्ञा पुं० [हिं० राम+पत्र] नील की जाति की एक प्रकार की झाडी जो आसाम देश मे होती है और जिसकी पत्तियो तथा छाल से वहाँ के लोग रग बनाते हैं।

रामपुर—सज्ञा पुं० [स०] १ स्वर्ग। बैकुठ। २ अयोध्या।

रामफटाका—सज्ञा पुं० [हिं० राम+फटाका ?] तीन खडी लकीरो-वाला तिलक जिसे रामानदीय साधु लगाते हैं। इसे ऊर्ध्वपुड्र भी कहते हैं।

रामफल—सज्ञा पुं० [हिं० राम+फल] शरीफा। सीताफल।

रामबँटाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम+बाँटना] वह विभाग जिसमे आधा एक व्यक्ति और आधा दूसरे व्यक्ति को मिले। आधे आध की बँटाई।

विशेष—यह न्याययुक्त होती है, इसी से इसे रामबँटाई कहते है।

रामबबूल—सज्ञा पुं० [सं० राम+बबूल] एक प्रकार का बबूल या कीकर जो गुजरात, झग और झेलम मे अधिकता से होता है।

विशेष—इसकी डालियाँ सरो की डालियो की तरह तने से सटी रहती हैं। इसकी लकडी कम मजबूत होती है। इसे काबुली कीकर भी कहते हैं।

रामबाँस—सज्ञा पुं० [हिं० राम+बाँस] १. एक प्रकार का मोटा बाँस जो प्राय नालकी के डडे बनाने के काम मे आता है। २ केतकी या केवडे की जाति का एक पौधा जिसके पत्ते नोले और खाँडे की तरह दो ढाई हाथ लबे होते हैं।

विशेष—यह सारे भारत मे या तो आपसे आप होता है या कही कही बोया भी जाता है। इसकी पत्तियाँ कूटकर एक प्रकार का रेशा निकाला जाता है, जो रस्से और रस्सियाँ आदि बनाने के काम मे आता है। इन पत्तियो मे एक प्रकार का तेजाबी रस होता है जिसके हाथ मे लगने से छाले पड जाते हैं, इसलिये पत्तियाँ कूटने के समय कही कही हाथो में एक प्रकार के दस्ताने पहन लेते हैं। इसकी जड और पत्तियों का ओषधि के रूप मे भी व्यवहार होता है। रेल की सडको के किनारे यह अक्सर लगाया जाता है।

रामबान—सज्ञा पुं० [हिं० राम+स० बाण] १ एक प्रकार का नरसल। रामशर। विशेष दे० 'रामशर'। ३ दे० 'रामबाण'।

रामबिलास—सज्ञा पुं० [स० राम+विलास] एक प्रकार का धान।

रामबोला—सज्ञा पुं० [हिं० राम+बोला] वह जो राम राम बोलता हो। गोस्वामी तुलसीदास का एक नाम। उ०—राम को गुलाम नाम रामबोला राख्यो राम, काम यहै नाम द्वै हौ कबहुँ कहत हौ।—तुलसी ग्र०, पृ० ४९९।

रामभक्त—वि० [सं०] रामचद्र का उपासक।

रामभक्त—सज्ञा पुं० हनुमान्।

रामभद्र—सज्ञा पुं० [सं०] रामचद्र।

रामभोग—सज्ञा पुं० [स० राम+भोग] १ एक प्रकार का चावल। २. एक प्रकार का आम।

राममत्र—सज्ञा पुं० [स० राममन्त्र] 'रामतारक'

रामरक्षा—सज्ञा पु० [स०] राम जी का एक स्तोत्र जिसके कर्ता विश्वामित्र जी माने जाते हैं।

विशेष—कहते है कि इस स्तोत्र के मत्रो मे अभिमत्रित किया हुआ व्यक्ति विशेष रूप से सुरक्षित रहता है।

रामरज—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका वैष्णव लोग तिलक लगाते हैं। यह मध्य प्रदेश में नदियो (जैसे, चित्रकूट की मदाकिनी) के किनारे बहुत मिलती है।

रामरतन सज्ञा पुं० [हिं० राम+रत्न] चद्रमा। (डिं०)।

रामरस—सज्ञा पु० [हिं० राम+रस] १ नमक। २ पीसी या बनी हुई भग। (मदरास)।

रामरसडाली—सज्ञा स्त्री० [हिं० राम+रस+डाली] एक प्रकार की ऊख जो कनारा में पैदा होती है।

रामराज—सज्ञा पुं० [सं० रामराज्य] दे० 'रामराज्य'।

रामराज्य—सज्ञा पुं० [स०] १ रामचद्र जी का शासन जो प्रजा के लिये अत्यत सुखदायक था। २ वह शासन जिसमे रामचद्र के शासनकाल का सा सुख हो। अत्यत सुखदायक शासन। ३ मैसूर देश।

राम राम'—संज्ञा पुं० [हिं० राम] प्रणाम । नमस्कार । जैसे,—उनसे हमारा राम राम कह देना ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग हिंदुओं में परस्पर अभिवादन के लिये होता है ।

२ राम राम—संज्ञा स्त्री० भेंट । मुलाकात । साक्षात् । जैसे,—तुमसे तो हमारी उनकी राम राम होगी ।

रामल—वि० [सं०] रमल संबंधी । रमल का ।

रामलवण—संज्ञा पुं० [सं०] सोंचर नमक ।

रामलीला—संज्ञा पुं० [सं०] १ राम जी के जीवनचरित के किसी दृश्य का नाटय । राम के चरित्र का अभिनय । २ एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३४ मात्राएँ होती हैं और अंत में 'जगण' का होना आवश्यक होता है । उ०—प्रथम अमर अवतंस जय जय चरित श्री रघुनाथ । करत तुलसिदास अवलंब सुनि सुनि साथ । कथय मति उत्तम नेम जाको सिला मम पर नाहिं । सिला । सुनि पाप सुंदर करत नेक निहारि ।—केशव (शब्द०) ।

रामवल्लभी—संज्ञा पुं० [सं०] वैष्णवों का एक संप्रदाय जिसके अनुयायी बंगाल के कुछ जिलों में पाए जाते हैं ।

रामवाण'—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जो पारे, गंधक, सोनिया आदि के योग से बनता है और जो अजीर्ण के लिये बहुत उपयोगी माना जाता है ।

रामवाण'—वि० जो सुरत उपयोगी सिद्ध हो । सुरत प्रसंग दिखाने वाला (आसन) ।

रामवीणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की वीणा ।

रामशर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बरसाती जो घास के पत्तों से छाया जाता है और जिसके भीतर न तो गरमी पहुँचती है और न सरदी ही । पक्के घरों में होता है कि इसमें कुछ भी रस नहीं होता । उ०—तुलसी यह दो घड़ी के समय की सुख होय । सौंक उसारी रामसर रस काहे नहिं होय ।—तुलसी (शब्द०) ।

रामशिला—संज्ञा स्त्री० [सं०] गया की एक पहाड़ी जिसे लोग तीर्थ मानते हैं ।

रामशैव—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साधु जिसे आप ही शैव और राम का उपासक भी कहते हैं ।

रामसनेही—संज्ञा पुं० [सं० रामस्नेहिन्] एक संप्रदाय के अनुयायी जो राम का नाम बराबर लेते हैं । रामनामी ।

रामसर—संज्ञा पुं० [सं०] १ सुंदर । २ [स्त्री० रामसरी] उ०—रामसरी सुंदर सुखदाई । सुंदर सुंदर सुंदर भाई ।—सं० सप्तशती, २११६३ ।

रामसलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० राम + सलाई] [वि० रामसलाई] एक प्रकार का पौधा जो बरसात में आपसे आप उगता है । इसकी पत्तियाँ

गोल होती हैं और उनपर सफेद रोएँ होते हैं । इसके फूल सफेद होते हैं और 'सेंक रसी' पुराने फोड़ों पर लगाए जाते हैं ।

रामसनेही—वि० राम से संबंध रखनेवाला । रामभक्त ।

रामसर—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक प्रकार का नरक ।

रामसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रामसर] [वि० रामसरी] रमणी । सौंदर्यवती ।

रामसुंदर—संज्ञा पुं० [हिं० राम + सुंदर] एक प्रकार की पतंग । उ०—[ ] [illegible] रामसुंदर और [illegible] इन सबों में [illegible] [illegible] [illegible]

ये एक स्मार्त अध्यापक से पढने लगे। एक दिन रामानुज की शिष्यपरपरा के राघवानद से इनकी भेंट हुई, जिन्होने इन्हे देखकर कहा कि तुम्हारी आयु बहुत थोडी है और तुम अभी तक हरि की शरण मे नही आए हो। इसपर ये राघवानद से मत्र लेकर उनके शिष्य हो गए और उनसे योग सीखने लगे। उसी समय इनका नाम रामानद रखा गया। इनके समय मे प्राय सारे भारत मे मुसलमानो के अनेक प्रकार के अत्याचार हुए थे, जिन्हे देखकर इन्होने जाति पाँति का बधन कुछ ढीला करना चाहा, और सबको राम नाम के महामत्र का उपदेश देकर अपने 'रामावत' सप्रदाय में समिलित करना आरभ किया। रामानुज के श्रीवैष्णव सप्रदाय की सकुचित सीमा तोडकर इन्होने उसे अधिक विस्तृत तथा उदार बनाया था। इनका शरीरात स० १४६७ मे हुआ था। इनके मुख्य शिष्यो मे पीपा, कबीर, सेना, धना, रैदास आदि हैं।

रामानंदी—वि० [हिं० रामानद+ई (प्रत्य०)] १ रामानद सबधी। २ रामानद के सप्रदाय का अनुयायी।

रामानुज—सज्ञा पुं० [स०] १ रामचद्र के छोटे भाई लक्ष्मण। उ०—(क) रामानुज लघु देख खचाई।—मानस, ६।३५। (ख) रामानुज आगे करि आए जहँ रघुनाथ।—मानस, ५।२०। वैष्णव मत के एक प्रसिद्ध आचार्य और श्रीवैष्णव सप्रदाय के प्रवर्तक।

विशेष—कहते हैं, रामानुज का जन्म स० १०७३ मे हुआ था। बाल्यावस्था में ये काँचीपुर (काजीवरम्) मे रहते थे। पहले ये वैष्णव यामुन मुनि के अनुयायी हुए और फिर उनकी गद्दी भी इन्हीं को मिली और ये श्रीरगम् मे रहने लगे। पर वहाँ के राजा शकराचार्य के अद्वैत मत के अनुयायी थे। अत उनसे अनबन हो जाने के कारण ये मैसूर चले गए। वहाँ के जैन राजा विष्णुवर्धन को इन्होंने वैष्णव बना लिया था। उसी राज्य में स० ११९४ मे १२१ वर्ष की अवस्था में इनका देहात हुआ था। इन्होंने वेदातसार, वेदातदीप तथा वेदार्थसग्रह ये तीन ग्रथ बनाए थे और ब्रह्मसूत्र तथा भगवद्गीता पर भाष्य किए थे। इनके दार्शनिक सिद्धातो के आधार उपनिषद् हैं। वेदात मे इनका सिद्धात विशिष्टाद्वैत के नाम से प्रसिद्ध है।

रामाप्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] दार चीनी।

रामायण—सज्ञा पुं० [सं०] वह ग्रथ जिसमे रामचरित वर्णित हो। रामचद्र के चरित्र मे सबध रखनेवाला ग्रथ।

विशेष—सस्कृत में रामायण नाम के बहुत से ग्रथ हैं, जिनमे से वाल्मीकि कृत रामायण सबसे प्राचीन और अधिक प्रसिद्ध है। यह आदिकाव्य है और इसके रचयिता वाल्मीकि आदिकवि हैं। वाल्मीकि ऋषि रामचद्र के समकालीन थे, अत उनका ग्रथ रामायण सबसे अधिक प्रामाणिक माना जाता है। इसमे सात काड है जिनमे से प्रत्येक काड अनेक सर्गों मे विभक्त है। साधारणत भारत मे तीन प्रकार के वाल्मीकीय रामायण पाए जाते है—औदीच्य, दाक्षिणात्य और गौडीय। इन तीनो रामायणो के सर्गो की सख्या और पाठ आदि में बहुत कुछ अतर है। इतने प्राचीन काव्य की भिन्न भिन्न प्रतियो मे इतना अधिक अतर होना स्वाभाविक भी है। बहुत कुछ इसी रामायण के आधार पर और स्थान स्थान पर अन्यान्य रामायणो की सहायता लेकर गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'रामचरितमानस' नामक जो प्रसिद्ध भाषाकाव्य लिखा है उसका बोध भी इस 'रामायण' शब्द से होता है। वाल्मीकि कृत रामायण के अतिरिक्त अध्यात्म रामायण आदि जो कई रामायण हैं, वे साप्रदायिक हैं।

रामायणी¹—वि० [सं० रामायणीय] रामायण सबधी। रामायण का।

रामायणी²—सज्ञा पुं० [स० रामायण+ई (प्रत्य०)] १ वह जो रामायण का विशेष रूप से जानकार और पडित हो। २ वह जो रामायण की कथा कहता हो। ३ वह जो रामलीला मे रामायण गाता या पाठ करता हो।

रामायन—सज्ञा पुं० [सं० रामायण] दे० 'रामायण'।

रामायुध—सज्ञा पुं० [स०] धनुष।

रामावत—सज्ञा पुं० [स०] वैष्णव आचार्य रामानद का चलाया हुआ एक प्रसिद्ध सप्रदाय।

विशेष—इस सप्रदाय के अनुसार मनुष्य ईश्वर की भक्ति करके सासारिक सकटो तथा आवागमन से बच सकता है। यह भक्ति राम की उपासना से प्राप्त हो सकती है और इस उपासना के अधिकारी मनुष्य मात्र हैं। जाति पाँति का भेद इसमे किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित नही कर सकता।

रामिल—सज्ञा पुं० [सं०] १ रमण। २ कामदेव। ३ स्वामी। पति। ४ वह जिससे प्रेम किया जाय। प्रेमपात्र।

रामी—सज्ञा स्त्री० [स० रामा] कास नामक घास।

रामेश्वर—सज्ञा पु० [स०] दक्षिण भारत मे समुद्र के तट पर स्थापित एक प्रसिद्ध शिवलिंग।

विशेष—इसके विषय मे यह प्रसिद्ध है कि इसे रामचद्र जी ने लका का पुल बाँधने के समय स्थापित किया था। यह भारत के चार मुख्य और सबसे बडे तीर्थों मे से एक तीर्थ है।

रामेषु—सज्ञा पु० [सं०] १ रामशर। २ एक प्रकार की ईख।

रामाद्—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन ऋषि का नाम।

रामोपनिषद्—सज्ञा स्त्री० [सं०] अथर्ववेद के अतर्गत एक उपनिषद् का नाम।

राम्या—सज्ञा स्त्री० [स०] रात्रि। रात।

राय¹—सज्ञा पुं० [स० राजन्, राज, प्रा० राय (सस्कृत मे भी प्रयुक्त)] १ राजा। २ छोटा राजा या सरदार। सामत। उ०—सब राजा रायन के वारी। वरन वरन पहिरे सब सारी।—जायसी (शब्द०)। ३ सम्मान की एक उपाधि।

यौ०—रायबहादुर। राय साहब।

विशेष—किसी किसी शब्द के पहले लगकर यह श्रेष्ठता या बडाई भी सूचित करता है, जैसे,—रायकरौंदा, रायमुनिया।

४ भाट। बदीजन। ५ गधर्वो की उपाधि। ६. दे० 'रायबेल'।

उ०—पीपल रूना फूल बिन फन बिन रूनी राय। एकाएकी मानुषा टप्पा दीया आय।—कबीर (शब्द०)।

राय[2]—संज्ञा स्त्री० [फा०] सम्मति। अनुमति। मत। सलाह।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।—ठहराना।

मुहा०—राय कायम करना = किसी विषय में मत निश्चित करना। सम्मति स्थिर करना। निर्णय करना।

रायकरौंदा—संज्ञा पुं० [हिं० राय (= बड़ा) + करौंदा] बड़ा करौंदा जिसके फल छोटे बेर के बराबर, सफेद और गुलाबी रंग मिले बहुत सुंदर होते हैं।

रायकवाल—संज्ञा पुं० [देश०] वैश्यों की एक जाति।

रायज वि० [अ०] जिसका रवाज हो। जो व्यवहार में आ रहा हो। प्रचलित। चलनसार।

रायजादा—संज्ञा पुं० [सं० राज, प्रा० राय + फा० जादह्] १ राय का पुत्र। २ एक जाति।

रायजादीⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० राज, प्रा० राय, राय + फा० जादी] राजकुमारी। राजपुत्री। उ०—रायजादी घर अगणाइ छुटे पटे छछाल।—ढोला०, दू० ५४०।

रायण—संज्ञा पुं० [सं०] १ पीड़ा। दर्द। २ आवाज करना। ध्वनि होना [को०]।

रायता—संज्ञा पुं० [सं० राजिकाक्त] दही या मठे में उबाला हुआ साग, कुम्हड़ा, लौंग या बुँदिया आदि जिसमें नमक, मिर्च, जीरा, राई आदि मसाले पड़े रहते हैं। उ०—पानीरा रायता पकौरी। डमकौरी मुँगछी सुठि बौरी।—सूर (शब्द०)।

राय बहादुर—संज्ञा पुं० [हिं० राय + फा० = बहादुर] एक प्रकार की उपाधि जो पहले भारत की अँगरेजी सरकार की ओर से रईसों, जमींदारों तथा सरकारी कर्मचारियों आदि को दी जाती थी।

रायबेल—संज्ञा स्त्री० [हिं० राय + बेल] एक प्रकार की लता जिसमें बहुत ही सुंदर और सुगंधित दोहरे फूल लगते हैं।

रायबेलि[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रायबेल'। उ०—रायबेलि महकति सखी अति सुगंध रस केलि। क्यों न रमत तू श्याम सों कंठ भुजा दोउ मेलि।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ७८६।

रायभाटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी की धारा। नदी का प्रवाह [को०]।

रायभोग—संज्ञा पुं० [सं० राजभोग] १ एक प्रकार का धान। राजभोग। उ०—रायभोग औ काजर रानी। झिनवा रूद औ दाउदखानी।—जायसी (शब्द०)।

रायमुनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० राय + मुनिया] लाल नामक पक्षी की मादा। सदिया। रायमुनिया। उ०—जनु रायमुनी तमाल पर बैठी बिपुल सुख आपने।—मानस, ६।१०२।

रायरंगाल—संज्ञा पुं० [सं० रायरङ्गाल] एक प्रकार का नृत्य जिसे केशव ने रायरंगाल लिखा है। दे० 'रायरंगाल'।

रायरायान—संज्ञा पुं० [हिं० राय + राय + फा० आन (प्रत्य०)] १ राजाओं के राजा। राजाधिराज। २. मुगलों के समय की एक उपाधि जो प्रायः रईसों, जमींदारों और राजकर्मचारियों आदि को दी जाती थी।

रायरासिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० राजराशि] राजा का कोष। शाही खजाना। उ०—भई मुदित सब ग्राम बधूटी। रंकन्ह रायरासि जनु लूटी।—तुलसी (शब्द०)।

रायल—वि० [अ०] १ राजकीय। शाही। २ छापने की कलों तथा कागज की एक नाप जो २० इंच चौड़ी और २६ इंच लंबी होती है।

रायसा—संज्ञा पुं० [सं० रहस्य या राजसूय ?] १. वह काव्य जिसमें किसी राजा का जीवनचरित्र वर्णित हो। रासो। जैसे—पृथ्वीराज रायसा। २ युद्ध। लड़ाई। संग्राम। उ०—भयो रायसो दुहुनि को, जेहि बिधि सो निरधारि। हम्मीर०, पृ० २।

राय साहब—संज्ञा पुं० [हिं० राय + फा० साहब] एक प्रकार की पदवी जो पहले भारत की अँगरेजी सरकार की ओर से रईसों और राजकर्मचारियों आदि को दी जाती थी।

रार[1]—संज्ञा पुं० [सं० रारि, प्रा० रड्डि (= लड़ाई)] झगड़ा। टंटा। हुज्जत। तकरार। उ०—खंजन जुग मीना करत लराई की बुझावत रार।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—ठानना।—मचाना।

रार[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० राल] दे० 'राल'।

रारⓊ[3]—संज्ञा स्त्री० [सं० रराट (= भ्रू)] नेत्र। आँख। उ०—(क) यों मुख झूठी आखनै पूगो साह दवार। अरज हुवता अमपतो कीचो रत्ती रार।—रा० रू०, पृ० १०२। (ख) नवहत्थो मत्थो बडो रोस भटक्कै रार।—बाँकी० ग्रं०, भा० १, पृ० ११।

रारिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० रार] लड़ाई। झगड़ा। रार। उ०—राम रावनहि परसपर होति रारि रन घोर।—तुलसी ग्रं०, पृ० ८६।

राल[1]—संज्ञा स्त्री० [?] १ एक प्रकार का बहुत बड़ा सदाबहार पेड़ जो दक्षिण भारत के जंगलों में होता है।

विशेष—इसकी लकड़ी किसी काम की नहीं होती, पर इसका निर्यास बहुत काम का होता है, जो 'राल' के नाम से बाजारों में मिलता है। यह निर्यास दो प्रकार का होता है—सफेद और काला। जब वृक्ष प्रायः दो वर्ष का होता है, तब उसके तने में जगह जगह काट देते हैं, जहाँ से चैत से अगहन तक निर्यास निकला करता है। यह निर्यास प्रायः दस वर्ष तक निकलता रहता है। इसका व्यवहार प्रायः वार्निश आदि के काम में होता है, और कुछ औषधों में भी इसका प्रयोग होता है।

२ इस वृक्ष का निर्यास। धूना। धूप।

यौ०—रालकार्य=राल, वृक्ष।

राल[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का कंबल।

राल[2]—सज्ञा स्त्री० [स० लाला] १ वह पतला लसदार थूक जो प्राय बच्चो और कभी कभी बुड्ढो के मुँह से आपसे आप बहा करता है। दाँतो की पीडा आदि मे कोई कोई दवा लगाने पर भी यह मुँह से निकलकर गिरने लगती है। लार।

मुहा० राल गिरना, चूना या टपकना = किसी पदार्थ को देखकर उसे पाने की बहुत इच्छा होना। मुँह मे पानी भर आना। जैसे,—जहाँ कोई अच्छी चीज दिखाई दी कि तुम्हारे मुँह से राल टपकी।

२ चौपायो का एक रोग जिसमे उन्हे खाँसी आती है और उनके मुँह से पतला लसदार पानी गिरता है।

रालनाⓊ†[1]—क्रि० स० [हिं० रलना] १ डालना। फेंकना। उ०—(क) माँड पीवइ कण रालजे लाल विहूणी वाजै है घट।—वी० रासो, पृ० ७६। (ख) वरगा राल वरमाल सूरा वरै, त्रिपत पखाल दिल खुले ताला।—रघु० रू०, पृ० २०। २ ढालना। बहाना। उ०—रोय सुत किम नीर रालै, दलै, भावी कौण, टालै, हुवो होवण हार।—रघु० रू०, पृ० ११६।

रालनाⓊ† —क्रि० अ० [सं० लल (=चाहना), प्रा० लल्ल ?] पसद करना। चाहना। इच्छा करना। उ०—कत कहै मुनि सर्व सोहागिनि तेरा बोल न रालौं। अब कै क्योही छूटन पाऊँ बहुरि न तोहि सँभालौ।—सुंदर० ग्र०, भा०२, पृ० ८२७।

राली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का बाजरा जिसके दाने बहुत छोटे होते हैं।

विशेष—यह प्राय सयुक्त प्रात और बुंदेलखड मे होता है। यह फागुन चैत मे बोया जाता है और बैसाख मे तैयार होता है।

राव[1]—सज्ञा पुं० [स० राजा, प्रा० राय] १ राजा। २ सरदार। दरबारी। ३ भाट। बदीजन। ४ कच्छ और राजपूताने के कुछ राजाओ की एक पदवी। ५ श्रीमंत। अमीर। धनाढ्य।

राव[2]—सज्ञा पु० [सं०] १ ध्वनि। शब्द। गुजार। २ चिल्लाहट। रभण (को०)।

राव[3]—सज्ञा पुं० [देश०] छोटे आकार का एक पेड जिसकी लकडी कुछ ललाई लिए, चिकनी और मजबूत होती है।

विशेष—यह हिमालय की तराई मे हजारे और शिमले से भूटान तथा शिकम तक होता है। इसकी लकडी की प्राय छडियाँ बनाई जाती हैं।

रावचाव—सज्ञा पुं० [हिं० राव (=राजा)+चाव] १ नृत्य गीत आदि का उत्सव। राग रग। २ प्यार। लाड। दुलार।

रावट†[1]—सज्ञा पुं० [हिं० रावल] महल। राजभवन।

रावटⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० राजवर्तक] दे० 'लाजवर्द'। उ०—रावन लका मैं डही ओई हम डाहन आइ। कनै पहार होत है रावट को राखै गहि पाइ।—पदमावत, पृ० १९६।

रावटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रावट] १ कपडे का बना हुआ एक प्रकार का छोटा घर या डेरा जिसके बीच में एक बँडेर होती है और जिसके दोनो ओर दो ढालुएँ परदे होते हैं। यह बडे खेमो के साथ प्राय नौकरो आदि के ठहरने के लिये रखी जाती है। छोलदारी। २ किसी चीज का बना हुआ छोटा घर। उ०—जिहि निदाघ दुपहर रहै भई माह की राति। तिहि उसार की रावटी खरी आवटी जाति।—बिहारी (शब्द०)। ३ बारहदरी। ४ दे० 'लाजवर्द'।

रावण[1]—वि० [सं०] जो दूसरो को रुलाता हो। रुलानेवाला।

रावण[2]—सज्ञा पुं० १ लका का प्रसिद्ध राजा जो राक्षसो का नायक था और जिसे युद्ध मे भगवान् रामचद्र ने मारा था।

विशेष—एक बार लका मे राक्षसो के साथ विष्णु का घोर युद्ध हुआ था जिसमे राक्षस लोग परास्त होकर पाताल चले गए थे। उन्ही राक्षसो मे सुमाली नामक एक राक्षस था, जिसकी कैकसी नाम की कन्या बहुत सुदरी थी। सुमाली ने सोचा कि इसी कन्या के गर्भ से पुत्र उत्पन्न करा के विष्णु से बदला लेना चाहिए, इसी लिये उसने अपनी कन्या को पुलस्त्य के लडके विश्रवा के पास सतान उत्पन्न कराने को भेजा। विश्रवा के वीर्य से कैकसी के गर्भ मे पहला पुत्र यही रावण हुआ जिसके दश सिर थे। इसका रूप बहुत ही विकराल और स्वभाव बहुत ही क्रूर था। इसके उपरात कैकसी के गर्भ मे कुभकर्ण और विभीषण नाम के दो और पुत्र तथा शूर्पणखा नाम की एक कन्या हुई। एक दिन अपने वैमात्रेय कुबेर को देखकर रावण ने प्रतिज्ञा की कि मैं भी इसी के समान सपन्न और तेजवान् बनूँगा। तदनुसार वह अपने भाइयो को साथ लेकर घोर तपस्या करने लगा। दस हजार वर्ष तक तपस्या करने के उपरात भी मनोरथ सिद्ध होता न देखकर इसने अपने दसो सिर काटकर अग्नि मे डाल दिया। तब ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर इसे वर दिया कि दैत्य, दानव, यक्ष आदि मे से कोई तुम्हे मार न सकेगा। तब सुमाली ने रावण से कहा कि अब तुम लका पर अधिकार करो। उस समय लका पर कुबेर का अधिकार था। रावण का बहुत जोर देखकर विश्रवा की आज्ञा से कुबेर तो लका छोडकर कैलाश चले गए और रावण ने लका पर अधिकार कर लिया तथा मय दानव की कन्या मदोदरी से विवाह कर लिया। इसी मदोदरी के गर्भ से मेघनाद का जन्म हुआ। ब्रह्मा के वर के प्रभाव से रावण ने तीनो लोक जीत लिए और इद्र, कुबेर, यम आदि को परास्त कर दिया। अब इसका अत्याचार बहुत बढ गया। यह सबको बहुत सताने लगा और लोगो की कन्याओ तथा पत्नियो का हरण करने लगा। एक बार सहस्रार्जुन ने इसे युद्ध मे परास्त करके कैद कर लिया था, पर पुलस्त्य के कहने पर छोड दिया। बाली से भी यह एक बार बुरी तरह परास्त हुआ था। जिस समय भगवान् रामचद्र अपने साथ लक्ष्मण और सीता को लेकर दडकारण्य मे वनवास का समय बिता रहे थे, उस समय यह सीता को एकात मे पाकर छल से उठा लाया था। तब रामचद्र ने समुद्र पर सेतु बाँधकर लका पर चढ़ाई की और इसके साथ घोर युद्ध करके अत मे इसे मार डाला और इसके अत्याचार से पृथ्वी की रक्षा की।

पर्या०—पौलस्त्य । दशकधर । दशानन । राक्षसेंद्र ।
२ चिल्लाना । आक्रदन (को०) । ३ एक मुहूर्त का नाम (को०) ।

रावणगंगा—सज्ञा स्त्री० [स० रावणगङ्गा] पुराणानुसार सिंहल द्वीप की एक नदी का नाम ।

रावणारि—सज्ञा पुं० [सं०] रावण को मारनेवाले, रामचद्र ।

रावणि—सज्ञा पुं० [स०] १ रावण का पुत्र । २ मेघनाद ।

रावत—सज्ञा पुं० [स० राजपुत्र, प्रा० राय+उत्त] १ छोटा राजा । २ शूर । वीर । बहादुर । सेनापति । बडा योद्धा । ४. सामत । सरदार । उ०—हो रावत मडली कोरि मच्छर मन मडहु । सो तुरग तन पिस्यौ सग बाहिर गहि कढहु । —पृ० रा०, ६४।३६ ।

रावन[1]—सज्ञा पु० [स० रावण] दे० 'रावण' ।

रावन[2]—वि० [स० रमण] रमण करनेवाला । उ०—हौं रामा तू रावन राऊ ।—जायसी ग्र०, पृ० १३६ ।

रावनगढ़Ⓤ—सज्ञा पुं० [हिं० रावण+गढ़] लका ।

रावनाⓊ—क्रि० स० [स० रावण (रुलाना)] दूसरे को रोने में प्रवृत्त करना । रुलाना । उ०—इहाँ भँवर मुख बात हिलावसि । उहाँ सुरुज कहँ हँसि हँसि रावसि ।—जायसी (शब्द०) ।

रावबहादुर—सज्ञा पुं० [हिं० राज+फ़ा० बहादुर] एक प्रकार की उपाधि जो पहले भारत की अँगरेजी सरकार प्राय दक्षिण भारत के रईसो आदि को देती थी ।

रावरⓊ[1]—सज्ञा पु० [स० राजपुर+प्रा० राय+उर] रनिवास । राजमहल । अत पुर । उ०—(क) रावर मे नृप बोलि लिए गुनि । ठाढ किए परदा तट लै मुनि ।—केशव (शब्द०) । (ख) रावण जैहै गूढ थल, रावर लुटै विशाल । मदोदरी कढोरिबो, अरु रावण को काल ।—केशव (शब्द०) ।

रावर[2]—वि० [हिं० राउ+कर (विभक्ति)] [वि० स्त्री० राउरी, रावरी] आपका । भवदीय । उ०—टूट्यो सो न जुरैगो मरासन महेस जू को रावरी पिनाक में सरीकता कहा रही ।—तुलसी (शब्द०) ।

रावरखा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बहुत बडा और ऊँचा पेड । बुरुल ।

विशेष—यह वृक्ष हिमालय मे १३,००० फुट की ऊँचाई तक होता है । इसकी छाल बहुत सफेद और चमकीली होती है । इसकी लकडियो से पहाडी मकानो की छतें और छाल से झोपडियाँ छाई जाती हैं । इसकी पत्तियाँ प्राय चारे के काम मे आती हैं ।

रावरा—सर्व० [हिं०] दे० रावर' ।

रावराजा—सज्ञा पुं० [हिं०] सँमानसूचक एक उपाधि ।

रावल[1]—सज्ञा पुं० [स० राजपुर, हिं० राउर] अत पुर । राजमहल । रनिवास । उ०—भए बिनु भोर बधू शोर करि रोइ उठी भोइ गई रावल मे सुनी साधु भाषिए ।—प्रियादास (शब्द०) ।

रावल[2]—सज्ञा पुं० [पा० राजुल] [स्त्री० रावलि, रावली] १ राजा । उ०—चेतन रावल पावन खडा सहजहि मूलै बाँधै । ध्यान धनुष धरि ज्ञानवान बन योग सार सर साधै ।—कबीर (शब्द०) । २ राजपूताने के कुछ राजाओ की उपाधि । ३ प्रधान । सरदार । ४ एक प्रकार का आदरसूचक सबोधन । उ०—(क) रावल जो ड्योढी के भीतर न जाना ।—हरिश्चद्र (शब्द०) । (ख) 'रावलि कहाँ है' ? किन कहत हौ कातें ? 'अरी रोष तरज' 'रोष कै कियो मैं का अचाहे की ?—पद्माकर (शब्द०) । ५ श्रीवदरीनारायण के प्रधान पडे की उपाधि । ६ मथुरा के पास के एक गाँव का नाम । कहते हैं, यही राधिका का जन्म हुआ था ।

रावसाहब—सज्ञा पुं० [हिं० राव+फ़ा० साहब] एक प्रकार की उपाधि जो पहले भारत की अँगरेजी सरकार की ओर से दक्षिण भारत के रईसो आदि को दी जाती थी ।

रावी—सज्ञा स्त्री० [सं० एरावती] पजाब की पाँच नदियो मे स एक नदी जो हिमालय से निकलकर प्राय: दो सौ कोस बहती हुई मुलतान स बीस कोस ऊपर चनाब मे मिलता है ।

राशन—सज्ञा पुं० [अ०] १. रोजमर्रा की निश्चित खुराक । २. नियत्रित तथा निश्चित मात्रा मे वस्तुओ का वितरण । जैसे, चीनी का राशन, तेल का राशन ।

राशनिंग—सज्ञा पुं० [अ०] खाद्य पदार्थों या अन्य वस्तुओ की समान अनुपात म वितरण का व्यवस्था ।

राशि—सज्ञा स्त्री० [स०] एक ही तरह की बहुत सी चीजो का समूह । ढेर । पुज । जैसे,—अन्न की राशि ।

क्रि० प्र०—लगना ।—लगाना ।

मुहा०—राशि बैठना = गोद बैठना । दत्तक पुत्र होना ।

३ क्रातिवृत्त मे पडनेवाले विशिष्ट तारासमूह जिनकी सख्या बारह है और जिनके नाम इस प्रकार हैं—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुभ और मीन ।

विशेष—आकाश मे पृथ्वी जिस मार्ग से होकर सूर्य की परिक्रमा करती है, वह क्रातिवृत्त कहलाता है । परतु पृथ्वी पर से देखने पर साधारणत. यही जान पडता है कि सूर्य ही उस क्रातिवृत्त पर होकर चलता और पृथ्वी की परिक्रमा करता है । इस क्रातिवृत्त पर दोनो ओर प्राय ८० अश तक अनेक तारासमूह फैले हुए हैं । इनमे से प्रत्येक तारासमूह मे से होकर गुजरने मे सूर्य को प्राय एक मास लगता है, इसी विचार मे समस्त क्रातिवृत्त बराबर बराबर बारह भागो मे बाँट दिया गया है जिन्हे राशि कहते हैं । प्रत्येक तारासमूह की आकृति के अनुसार ही उनका नाम भी रख लिया गया है और उसमे के तारे भी गिन लिए गए ह । जैसे,—मेष कहलानेवाली राशि का आकार भी मेष या भेड़े के समान है और उसमे ६६ तारे हैं । इसी प्रकार १४१ तारो के एक समूह का आकार वृष या बैल के समान है, और इसी लिये उसे वृष कहते हैं । फलित ज्योतिष मे भिन्न भिन्न राशियो के भिन्न भिन्न स्वरूप, वर्ण, स्वभाव, गुण, कार्य, अधिपति, देवता आदि दिए गए

हैं और उनमें से प्रत्येक में जन्म लेने का अलग अलग फल कहा गया है। विद्वानो का अनुमान है कि राशिविभाग भारतीय आर्यों के प्राचीन ज्योतिष मे नही था, केवल नक्षत्रविभाग था। राशिविभाग बाबुलवालो से लिया गया है। वैदिक साहित्य मे राशियो के नाम नही है, केवल नक्षत्रो के नाम है। विशेष दे० 'नक्षत्र'।

मुहा०—राशि आना = अनुकूल होना। मुआफिक होना। राशि मिलना = (१) दो व्यक्तियो का एक ही राशि मे जन्म होना। (२) मेल मिलना। पटरी बैठना।

राशिचक्र—सज्ञा पुं० [सं०] मेष, वृष, मिथुन आदि राशियो का चक्र या मडल। ग्रहो के चलने का मार्ग या वृत्त। भचक्र। विशेष दे० 'राशि'।

राशिनाम—सज्ञा पु० [सं० राशिनामन्] फलित ज्योतिष के अनुसार किसी व्यक्ति का वह नाम जो उसके जन्म समय की राशि के अनुसार होता है।

विशेष—यह नाम व्यक्ति के उस नाम से भिन्न होता है, जिससे वह लोक मे प्रसिद्ध होता है। लोग प्राय अपना राशिनाम नही लेते। इस नाम का व्यवहार धर्मकार्यो और ज्योतिष सबधी गणनाओ मे ही होता है।

राशिप—सज्ञा पुं० [सं०] किसी राशि का स्वामी या अधिपति देवता।

राशिभाग—सज्ञा पुं० [सं०] किसी राशि का भाग या अश। भगनाश। (ज्योतिष)।

राशिभोग—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी ग्रह का किसी राशि में कुछ समय तक रहना। २ उतना समय जितना किसी ग्रह को किसी राशि मे रहने मे लगता है। विशेष दे० 'राशि'।

राशिवर्धन—वि० [स०] १ सख्यापूरक। २ (लाक्ष०) मात्र सख्या बढानेवाला। व्यर्थ का। बेकार [को०]।

राशी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० राशि] दे० 'राशि'।

राशी[2]—वि० [अ०] रिश्वत खानेवाला। घूसखोर।

राष्ट—सज्ञा [?] फारसी सगीत मे १२ मुकामो मे से एक।

राष्ट्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ राज्य। २ देश। मुल्क। ३ प्रजा। ४ पुराणानुसार पुरुरवा के वशज काशी के पुत्र का नाम। ५ वह बाबा जो सपूर्ण देश मे उपस्थित हो। ईति। ६ वह लोकसमुदाय जो एक ही देश मे बसता हो या जो एक ही राज्य या शासन मे रहता हुआ एकताबद्ध हो। एक या समभाषा भाषी जनसमूह। नेशन। जैसे, भारतीय राष्ट्र।

राष्ट्रक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. राज्य। २ देश।

राष्ट्रक[2]—वि० राष्ट्र सबधी। राष्ट्र का।

राष्ट्रकर्षण—सज्ञा पुं० [सं०] राजा या शासक का प्रजा पर अत्याचार करना।

राष्ट्रकूट—सज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध क्षत्रिय राजवश जो आजकल राठौर नाम से प्रसिद्ध है। विशेष दे० 'राठौर'।

राष्ट्रगोप[1]—सज्ञा पु० [स०] १ राजा। २ राजा का प्रतिनिधि कोई बडा शासक।

राष्ट्रगोप[2]—वि० राज्य की रक्षा करनेवाला।

राष्ट्रतत्र—सज्ञा पुं० [स० राष्ट्रतन्त्र] राज्य का शासन करने की प्रणाली।

राष्ट्रपति—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी राष्ट्र का स्वामी। २ आधुनिक प्रजातत्र शासनप्रणाली में वह सर्वप्रधान शासक जो बहुमत से, राजा के समान शासन का सब काम करने के लिये, चुना जाता है। ३ किसी मडल का शासक। हाकिम।

विशेष—गुप्तो के समय मे एक प्रदेश। जैसे,—कुरु पाचाल के शासक राष्ट्रपति कहलाते थे।

राष्ट्रपाल—सज्ञा पुं० [स०] १ राजा। २ कुरु के आठ भाइयो मे एक भाई का नाम।

राष्ट्रभाषा—सज्ञा स्त्री० [राष्ट्र+भाषा] १ वह भाषा जिसमे राष्ट्र के काम किए जायँ। राष्ट्र के कामधाम या सरकारी कामकाज के लिये स्वीकृत भाषा। २ वह भाषा जिसे राष्ट्र के समग्र नागरिक अन्य भाषा भाषी होते हुए भी जानते समझते हो और उसका व्यवहार करते हो। राष्ट्र द्वारा मान्यताप्राप्त भाषा।

राष्ट्रभृत्—सज्ञा पु० [स०] १ राजा। २ शासक। ३ राजा भरत के एक पुत्र का नाम। ४ प्रजा। रिआया।

राष्ट्रभृत्य—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो राज्य की रक्षा या शासन करता हो। २ प्रजा।

राष्ट्रभेद—सज्ञा पुं० [स०] १ प्राचीन राजनीति के अनुसार वह उपाय जिसके द्वारा किसी शत्रु राजा के राज्य मे उपद्रव या विद्रोह खडा किया जाता है। २. किसी राष्ट्र के शासनाधिकारियो मे फूटमत या एकमत न होना। ३ राज्य का विभाजन।

राष्ट्रवर्धन—सज्ञा पुं० [सं०] राजा दशरथ और रामचद्र के एक मत्री का नाम।

राष्ट्रवादी—सज्ञा पुं० [स० राष्ट्रवादिन्] वह व्यक्ति, सस्था, दल आदि जो राष्ट्र की एकता, सपन्नता आदि हितो को सर्वोपरि माने और उसी को प्रमुखता दे। सपूर्ण राष्ट्र के हित को सर्वोपरि माननेवाला। (अ० नेशनलिस्ट)।

राष्ट्रवासी—सज्ञा पु० [स० राष्ट्रवासिन्] [स्त्री० राष्ट्रवासिनी] १ राष्ट्र मे रहनेवाला। २ परदेसी। विदेशी।

राष्ट्रविप्लव—सज्ञा पुं० [स०] राज्य मे होनेवाला विप्लव। विद्रोह। बलवा।

राष्ट्रान्तपालक—सज्ञा पुं० [स० राष्ट्रान्तपालक] राज्य का सीमा की रखवाली करनेवाला।

राष्ट्रिक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. राजा। २ प्रजा।

राष्ट्रिक[2]—वि० राष्ट्र सबंधी। राष्ट्र का।

राष्ट्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] कंटकारि। भटकटैया।

राष्ट्रिय—सज्ञा पुं० [स०] १ राष्ट्र का स्वामी, राजा। २ प्राचीन सस्कृत नाटको की भाषा मे राजा का साला।

राष्ट्री[1]—सज्ञा पुं० [स० राष्ट्रीन्] १. राज्य का अधिकारी, राजा। २ प्रधान शासक।

राष्ट्री[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] रानी। राजपत्नी।

राष्ट्रीय[1]—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन नाटको की भाषा मे राजा का साला।

राष्ट्रीय[2]—वि० राष्ट्र सबधी। राष्ट्र का। विशेषत अपने राष्ट्र या देश से सबध रखनेवाला। जैसे,—(क) यह ग्र थ राष्ट्रीय भावो से पूर्ण है। (ख) आपको अपना राष्ट्रीय वेश धारण करना चाहिए।

राष्ट्रीयकरण—सज्ञा पु० [सं० राष्ट्रीय+करण] १ भूमि, सपत्ति, व्यवसाय, रेलवे आदि को राष्ट्रीय व्यवस्था के अतर्गत कर लेना। २ राष्ट्रीय बनाना।

राष्ट्रीयता—सज्ञा स्त्री० [स० राष्ट्रीय+ता] १ अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम। देशभक्ति। २ किसी राष्ट्र का नागरिक होने का भाव।

रास[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. कोलाहल। शोरगुल। हल्ला। २. गोपो की प्राचीन काल की एक क्रीडा जिसमे वे सब घेरा बाँधकर नाचते थे।

विशेष—कहते हैं, इस क्रीडा का आरभ भगवान् श्रीकृष्ण ने एक बार कार्तिकी पूर्णिमा को आधी रात के समय किया था। तब से गोप लोग यह क्रीडा करने लगे थे। पीछे से इस क्रीडा के साथ कई प्रकार के पूजन आदि मिल गए और यह मोक्षप्रद मानी जाने लगी। इस अर्थ मे यह शब्द प्राय स्त्रीलिंग बोला जाता है।

यौ०—रासमडल।

३ एक प्रकार का नाटक जिसमे श्रीकृष्ण की इस क्रीडा तथा दूसरी क्रीडाओ या लीलाओ का अभिनय होता है।

यौ०—रासधारी।

४ एक प्रकार का चलता गाना। ५ शृखला। जजीर। ६ विलास। ७ लास्य नामक नृत्य। ८. नाचनेवालो का समाज।

रास[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ घोडे की लगाम। बागडोर।

मुहा०—रास कडी करना=घोडे की लगाम अपनी ओर खींचे रहना। रास में लाना=अधिकार मे लाना। वशीभूत करना। २. सिर (को०)। ३ पशुओ के लिये सख्यावाचक शब्द।

रास[3]—सज्ञा स्त्री० [स० राशि] १. ढेर। समूह। २ ज्योतिष की राशि। विशेष दे० 'राशि'। ३ एक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे ८+८+६ के विराम मे २२ मात्राएँ और अत में सगण होता है। प्रस्तार की रीति से यह छद नया रचा गया है। जैसे,—ईस भजो जगदीश भजो यह बान धरो। सीख हमारी अति हितकारी कान धरो।—छद०, पृ० ५१। ४ जोड। ५ चौपायो का झुड। ६ एक प्रकार का धान जो अगहन मे तैयार होता है। इसका चावल मँकडो वर्षों तक रखा जा सकता है। ७. गोद। दत्तक।

मुहा०—रास बैठाना या लेना=गोद बैठाना। दत्तक लेना।

८. सूद। व्याज।

रास[4]—वि० [फा० रास्त (=दाहिना)] अनुकूल। ठीक। मुआफिक। उ० काँचे बारह परा जो पाँसा। पाके पैन परी तनु रासा। —जायसी (शब्द०)।

रासक—सज्ञा पुं० [सं०] नाटक का एक भेद।

विशेष—यह केवल एक अक का होता है और इसमे केवल पाँच नट या अभिनय करनेवाले होते है। यह हास्यरस का होता है, और इसमे सूत्रधार नही होता। इसमे नायिका चतुर तथा नायक मूर्ख होता है।

रासचक्र—सज्ञा पु० [स० राशिचक्र] दे० 'राशिचक्र'।

रासताल—सज्ञा पुं० [स०] १३ मात्राओ का एक ताल जिसमे ८ आघात और ५ खाली होते है। इसके मृदग के बोल यह है—

+	०	१	२	०	३	४	५	०	६
कता	कता	केट	ताग्	धा	केटे	खन्	गदि	घेने	नागे

०	७	०	+
देत	तेरे	केटे	कडान्।

रासधारी—सज्ञा पु० [सं० रासधारिन्] वह व्यक्ति या समाज जो श्रीकृष्ण की रासक्रीडा अथवा अन्य लीलाओ का अभिनय करता ह।

विशेष—ये लोग एक प्रकार के व्यवसायी होते है जो घूम घूमकर इस प्रकार के अभिनय करते हैं। इनके नाटक मे गीत, वाद्य, नृत्य और अभिनय आदि सभी होते हैं।

रासन[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० रासनी] १ स्वादिष्ट। जायकेदार। २ रसना सबधी। जीभ सबधी (को०)।

रासन[2]—सज्ञा पुं० १ स्वाद लेना। चखना। २. ध्वनि करना। शब्द करना।

रासनशीन—वि० [सं० राशि+फा० नशीन] गोद बैठाया हुआ। दत्तक। मुतबन्ना।

रासना—सज्ञा पु० [सं०] रास्ना नाम की लता जिसका व्यवहार ओषधि के रूप मे होता है। विशेष दे० 'रास्ना'।

रासनृत्य—सज्ञा पु० [स०] गति के अनुसार नृत्य का एक भेद।

रासपूर्णिमा—सज्ञा स्त्री० [स०] मागशीर्ष की पूर्णिमा जिस दिन श्रीकृष्ण ने रासक्रीडा आरभ की थी।

रासभ—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० रासभी] १ गर्दभ। गधा। गदहा। खर। उ०—(क) विपति मोर को प्रभुहि सुनावा। पुरोडास चह रासभ खावा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) गैवर भेटि चढावत रासभ प्रभुता मेट करत हिनती।—सुर (शब्द०)। २ अश्वतर। खच्चर। ३ एक दैत्य जिसे व्रज क ताल वन मे बलदेव जी ने मारा था। यह गर्दभ के रूप मे ही रहा करता था।

रासभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ रासक्रीडा होती हो। रास करने का स्थान।

रासमडल—सज्ञा पु० [स० रासमण्डल] १. श्रीकृष्ण के रासक्रीडा करने का स्थान। २. रासक्रीडा करनेवालो का समूह या मंडली।

रास करनेवालो का वृत्ताकार समूह। उ०—रासमडल बने श्याम श्यामा। नारि दुहुँ पास गिरिवर बने दुहुनि विच सहस शशि बीस द्वादश उपमा।—सूर (शब्द०)। ३ रासधारियो का अभिनय। ४ रासधारियो का समाज।

रासमडली—सज्ञा स्त्री० [सं० रासमण्डली] रासधारियो का समाज या टोली।

रासयात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पुराणानुसार एक प्रकार का उत्सव जो शरत्पूर्णिमा को होता है। २ शाक्तो का एक उत्सव जो शक्ति के उद्देश्य से चैत्र की पूर्णिमा को होता है।

रासलीला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह क्रीडा या नृत्य जो श्रीकृष्ण ने गोपियो को साथ लेकर शरत्पूर्णिमा को आधी रात के समय किया था। २ रासधारियो का कृष्णलीला सबधी अभिनय।

रासविलास—सज्ञा पुं० [स०] रासक्रीडा।

रासविहारी—सज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्णचद्र।

रासायन—वि० [सं०] रसायन सबधी। रसायन का।

रासायनिक—वि० [सं०] १ रसायन शास्त्र सबधी। २ रसायन शास्त्र का ज्ञाता।

रासायनिकशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्थान जहाँ रसायन शास्त्र संबधी परीक्षाएँ या प्रयोग होते हो।

रासि—सज्ञा स्त्री० [सं० राशि] दे० 'राशि'।

रासी[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ तीसरी बार खीची हुई शराब जो सबसे निकृष्ट समझी जाती है। २ सज्जी।

रासी[2]—वि० नकली या खराब। जैसे,—रासी तार।

रासी[3]—सज्ञा स्त्री० [सं० राशि] दे० 'राशि'।

रासुⓤ†—वि० [फ़ा० रास्त] १ सीधा। सरल। २ ठीक। उ०—भूले तैं कर तार के रागु न आवै रासु। यहै समुझि कै राख तूँ मन करतारैं पासु।—रसनिधि (शब्द०)।

रासेरस—सज्ञा पुं० [सं०] १ गोष्ठी। रासक्रीडा। ३ शृगार। ४ उत्सव। ५ हँसी मजाक। ठट्ठा। चुहल।

रासेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] राधा।

रासो—सज्ञा पुं० [स० रासक या रासक रहस्य या राजयश, हिं० रायसा] किसी राजा का पद्यमय जीवनचरित्र, विशेषत वह जीवन चरित्र जिसमे उसके युद्धो और वीरता आदि का वर्णन हो। जैसे—पृथ्वीराज रासो, खुमान रासो, हम्मीर रासो।

रास्त—वि० [फा०] १ सीधा। सरल। नेक। २ सही। दुरुस्त। ठीक। ३ उचित। वाजिब। ४ अनुकूल। मुताबिक।

रास्तगो—वि० [फा०] सच बोलनेवाला। सत्यवक्ता।

रास्तबाज—वि० [फा० रास्तबाज] सच्चा। निष्कपट। ईमानदार।

रास्तबाजी—सज्ञा स्त्री० [फा० रास्तबाजी] सचाई। सत्यता। ईमानदारी।

रास्ता—सज्ञा पुं० [फा० रास्तह्] १ मार्ग। राह। मग। पथ।

मुहा०—रास्ता काटना = किसी के चलने के समय उसके सामने से होकर निकल जाना। जैसे—बिल्ली रास्ता काट गई। रास्ता देखना = प्रतीक्षा करना। आसरा देखना। रास्ता पकडना = (१) मार्ग का अवलबन करना। राह से चलना। (२) चल देना। चले जाना। रास्ता बद करना = (१) चलता करना। टालना। हटाना। (२) सिखाना। तरकीब बताना। जैसे—वह तुम्हारे जसो को रास्ता बतलाता है। रास्ते पर लाना = सुमार्ग पर चलाना। ठीक करना। दुरुस्त करना।

२ प्रथा। रीति। चाल। जैसे—अब तो आपने यह रास्ता चला ही दिया है। ३ उपाय। तरकीब। जैसे—इस विपत्ति से निकलने का भी कोई रास्ता निकालो।

रास्ना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गधनाहुली नामक कद। घोडरासन।

विशेष—यह आसाम, लका, जावा आदि मे अधिकता से होती है। वैद्यक मे यह गुरु, तिक्त, उष्ण और विष, वात, खाँसी, शोथ, कफ, कफ आदि की नाशक और पाचक मानी गई है। वैद्यक मे इससे रास्ना गुग्गुल, रास्नादशमूल, रास्नादिक्वाथ, रास्नादिलौह, रास्नापचक, रास्नासप्तक आदि अनेक औषध बनते हैं।

२ एलापर्णी नाम की ओषधि। ३ रुद्र की प्रधान पत्नी का नाम। ४ रस्सी। रज्जु (को०)। ५ करधनी। मेखला (को०)।

रास्निका—सज्ञा स्त्री० [सं०] रास्ना।

रास्य—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक पात्र जिसमे यज्ञ के समय घी रखकर दान किया जाता था।

रास्य—सज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण।

राह[1]—सज्ञा पुं० [स० राहु] दे० 'राहु'। उ०—आव चाँद पुनि राह गिरासा। वह बिन राह सदा परकासा।—जायसी (शब्द०)।

राह[2]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ मार्ग। पथ। रास्ता।

मुहा०—राह देखना या ताकना = प्रतीक्षा करना। आसरा देखना। डाका पडना। लूट पडना। बाट पडना। उ०—कह पदमाकर त्यो रोगन की राह परी दुखन मे गाह आते गाज का।—पद्माकर (शब्द०)। (२) रास्ते से आना। रास्ते पर जाना। राह लगना = (१) रास्ते मे जाना। (२) अपना काम देखना। अपने काम से काम रखना। (अन्य मुहा० के लिये दे० 'रास्ता' के मुहा०)।

२ प्रथा। रीति। चाल। ३ नियम। कायदा। ४ कोल्हू की नाली।

यौ०—राहखर्च। राहगीर। रहजन। राहदार = चौकीदार। राहनुमा = रहनुमा। रहनुमाई। राहनुमाई। राहबर = रहबर। राहबरी = रहबरी। राहरस्म = राहरीति आदि।

राह[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोहू] दे० 'रोहू'। उ०—पाहन ऊपर हेरै नाही। हना राह अजुन परछाही।—जायसी (शब्द०)।

राह[4]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ हर्ष। खुशी। २ मदिरा। शराब (को०)।

राहखर्च—सज्ञा पुं० [फा० राह + खर्च] कही जाने आने के समय रास्ते में होनेवाला खर्च। मार्गव्यय।

राहगीर—सज्ञा पुं० [फा०] मार्ग चलनेवाला। मुसाफिर। पथिक।

राहचबैनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० राह + चबैनी] वैशाख मे अक्षय तृतीया के दिन किया जानेवाला दान जिसमे भूजे चने, बेसन के लड्डू आदि रहते हैं। पितरो के तृप्त्यर्थ भी इसका विधान है। सरग चबैनी।

राहचलता—सज्ञा पुं० [फ़ा० राह + हिं० चलता] १ रास्ता चलनेवाला। पथिक। राहगीर। बटोही। २ कोई साधारण या तीसरा मनुष्य जिसका प्रस्तुत विषय से कोई सबध न हो। अजनबी। गैर। जैसे,—यो राहचलते को कोई ऐसा काम सुपुर्द करता है।

राहचौरगी†—सज्ञा पुं० [फ़ा० राह + हिं० चौरगी] चौमुहानी। चौरस्ता। उ०—सो किमि छानो जाय राहचौरगी सोहै। —सुधाकर द्विवेदी (शब्द०)।

राहजन—सज्ञा पुं० [फा० राहजन] डाकू। लुटेरा।

राहजनी—सज्ञा स्त्री० [फा० राहज़नी] डकैती। लूट।

राहड़ा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की सगीतरचना [को०]।

राहड़ी[2]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का घटिया कबल।

राहत—सज्ञा स्त्री० [अ०] आराम। सुख। चैन।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

राहदारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. राह पर चलने का महसूल। सडक का कर।

यौ०—परवाना राहदारी = वह आज्ञापत्र जिसके अनुसार किसी मार्ग से होकर आने या माल ले जाने का अधिकार प्राप्त हो। २ चुगी। महसूल।

राहना[1]†—क्रि० स० [हिं० राह ? (= राह बनाना) या देश०] १ चक्की के पाटो को खुरदुरा करके पीसने योग्य बनाना। जाँता कूटना। २ रेती आदि को खुरदुरा करके रेतने के योग्य बनाना।

राहना[2]†—क्रि० अ० [हिं० रहना] दे० 'रहना'। उ०—हम सो तोसो वैर कहा, अलि, श्याम अजान ज्यो राहत।—सूर० (शब्द०)।

राहर†—सज्ञा पुं० [हिं० अरहर] अरहर नामक अन्न जिसकी दाल होती है। उ०—बहु गोधूम चनक तहुन अति। राहर ज्वार मसूर लेहु रति।—प० रासो, पृ० १७।

राहरीति—सज्ञा स्त्री० [हिं० राह + सं० रीति] १ राह रस्म। लेन देन। व्यवहार। २ जान पहचान। परिचय।

राहा—सज्ञा पुं० [हिं० राह] मिट्टी का वह चबूतरा जिसपर चक्की के नीचे का पाट जमाया रहता है।

राहित्य—सज्ञा पुं० [सं०] विहीनता। अभाव। (किसी वस्तु का) न होना। उ०—यदपि निश्चित रहो तुम नित्य यहाँ राहित्य नहीं, साहित्य।—साकेत, पृ० ४०।

राहिन—सज्ञा पुं० [अ०] रेहन रखनेवाला। बधक रखनेवाला।

राहिम—वि० [अ०] जो रहम करे। कृपा करनेवाला [को०]।

राहिम्म—वि० [अ० राहिम] दे० 'राहिम'। उ०—अबदुल्ल रोम राहिम्म मीर।—पृ० रा०, ६१।५४४।

राही—सज्ञा पुं० [फा०] राहगीर। मुसाफिर। पथिक। यात्री।

मुहा०—राही करना = चलता करना। धता बताना। हटाना। राही होना = चल देना। हट जाना।

राहु[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पुराणानुसार नौ ग्रहो मे से एक जो विप्रचित्ति के वीर्य से सिंहिका के गर्भ से उत्पन्न हुआ था। उ०—(क) राहु शशि सूर्य के बीच मे बैठि कै मोहनी सो अमृत माँगि लीनो।—सूर (शब्द०)। (ख) उघरहिं अत न होइ निबाहू। कालनेमि जिमि रावन राहू।—तुलसी (शब्द०) (ग) हरिहर जस राकेस राहु से। पर अकाज भट सहस बाहु से।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—यह बहुत बलवान था। कहते हैं, समुद्रमथन के समय देवताओं के साथ बैठकर इसने चोरी से अमृत पी लिया था। सूर्य और चद्र ने इसे यह चोरी करते हुए देख लिया था और विष्णु से यह कह दिया था। विष्णु ने सुदर्शन चक्र से इसकी गरदन काट दी। पर यह अमृत पी चुका था इससे इसका मस्तक अमर हो गया था। उसी मस्तक से यह सूर्य और चद्र को ग्रसने लगा था। और तब से अब तक समय समय पर बराबर ग्रसता आता है जिससे दोनो का ग्रहण लगता है। यही मस्तक राहु और कबध केतु कहलाता है।

२ ग्रहण (को०)। ३ उपसर्जन। परित्याग (को०)। ४. उपसर्जक। ५ दक्षिणपश्चिम कोण का।

राहु[2]—सज्ञा पुं० [सं० राघव] रोहू मछली। उ०—(क) राहु बेधि भूपति करो नहिं समर्थ जग कोय।—सबल (शब्द०)। (ख) राह बेधि अर्जुन होइ जीत दुरपदी ब्याह।—जायसी (शब्द०)।

राहुग्रसन—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य या चद्रमा को राहु का ग्रसना। ग्रहण। उपराग।

राहुग्राह—सज्ञा पुं० [सं०] ग्रहण। उपराग।

राहुच्छत्र—सज्ञा पुं० [सं०] अदरक। आदी।

राहुदर्शन—सज्ञा पुं० [स०] ग्रहण। उपराग।

राहुपाडा—सज्ञा स्त्री० [स०] ग्रहण। उपराग।

राहुभेदी—सज्ञा पुं० [सं० राहुभेदिन्] विष्णु।

राहुमाता—सज्ञा स्त्री० [सं०] राहु की माता, सिंहिका।

राहुरत्न—सज्ञा पुं० [स०] गोमेद मणि जो राहु के दोष का शमन करनेवाली मानी जाती है।

राहुल—सज्ञा पु० [सं०] गौतम बुद्ध के पुत्र का नाम।

राहुशत्रु—सज्ञा पुं० [स०] चंद्रमा।

राहुसूतक—सज्ञा पुं० [स०] ग्रहण। उपराग।

राहुस्पर्श—सज्ञा पुं० [सं०] ग्रहण। उपराग।

राहूच्छिष्ट, राहूत्सृष्ट—सज्ञा पुं० [सं०] लहसुन।

राहेल—सज्ञा पुं० [यहू०] यहूदियों की एक उपजाति।

रिंखण—सज्ञा पुं० [सं० रिङ्खण] १ फिसलना। लडखडाना। २ विचलित होना। डिगना। ३ दे० 'रिंगण' (को०)।

रिंग—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ अँगूठी। छल्ला। २ किसी प्रकार की गोल बडी चूडी। ३ घेरा। मडल।

यौ०—रिंग मास्टर = सरकस का वह खिलाडी जो घिरी हुई भूमि मे विभिन्न जानवरो के कर्तव दिखलाता है।

रिंगण—सज्ञा पुं० [सं० रिङ्गण] १ रेंगना। २ फिसलना। सरकना। ३ विचलित होना। डिगना।

रिंगन(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० रिङ्गण] घुटनों के बल चलना। रेंगना। उ०—पुनि हरि आय यशोदा के गृह रिंगन लीला करिहैं।—सूर (शब्द०)।

रिंगनी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की ज्वार जो मध्य प्रदेश मे होती है।

रिंगल—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पहाडी बाँस जो दारजिलिंग मे होता है।

रिंगाना(पु)†—क्रि० स० [स० रिंगण] रेंगने की क्रिया कराना। रेंगना। उ०—सुनतहि बचन माथ तब नाई। तब भीतर कहँ दीन्ह रिंगाई।—कबीर सा०, पृ० २५६। २ धीरे धीरे चलाना। ३ घुमाना। फिराना। दौड़ाना। चलाना। (बच्चो के लिये)। उ०—मैं पठवति अपने लरिका को आवइ मन बहराइ। सूर श्याम मेरो अति बालक मारत ताहि रिंगाइ।—सूर (शब्द०)।

सयो० क्रि०—देना।

रिंगिन—सज्ञा स्त्री० [अ० रिगिंग] वह रस्सी जिससे जहाज के मस्तूल आदि बाँधे जाते हैं। (लश०)।

रिंछ(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० रीछ] दे० 'रीछ'। उ०—आपेटनि पुनि लपि जीव घात। गज सिंघ रिंछ कुपि कोल घात।—पृ० रा०, ६।८।

रिंद'—सज्ञा पुं० [फा०] १ वह व्यक्ति जो धर्म के विषय मे बहुत स्वच्छद और उदार विचार रखता हो। धार्मिक बधनो को न माननेवाला पुरुष। उ०—रिंदो मे अगर जावै तो मुश्किल है फिर आना।—नजीर (शब्द०)। २ मनमौजी आदमी। स्वच्छद पुरुष। ३ मद्यप। शराबी (को०)।

रिंद'—वि० १ मतवाला। मस्त। बेफिक्र। उ०—(क) जिद सरिस रन रिंद चलत हल चल फनिंद ध्रुव।—गिरधर (शब्द०)। (ख) विध्याचल पर बसहिं पुलिंदे। तह के नृप ते झगरहिं रिंदे।—गिरधर (शब्द०)। २ रसिया। रँगीला (को०)।

रिंदगी—वि० [फा० रिंद + गी (प्रत्य०)] बुराई। पाप। मैलापन। उ०—सुदर मन कै रिंदगी होइ जात सैतान।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७१६।

रिंदा†—वि० [फा० रिंद] निरकुश। उद्दड।

रिंअना†—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का कीकर। रीआँ।

रिआयत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ वह अनुग्रहपूर्ण व्यवहार जो साधारण नियमो का ध्यान छोडकर किया जाय। कोमल और दयापूर्ण व्यवहार। नरमी। जैसे—गरीबो के साथ रिआयत होनी चाहिए। २ न्यूनता। कमी। छूट। जैसे,—दाम मे कुछ रिआयत कीजिए। (ख) अब बीमारी मे कुछ रिआयत है। ३ खयाल। ध्यान। विचार। जैसे,—इस दवा मे बुखार की भी रिआयत रखी है।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—होना।

रिआयती—वि० [अ० रिआयत + ई (प्रत्य०)] रिआयत किया हुआ। जिसम रिआयत की गई हो।

रिआया—सज्ञा स्त्री० [अ०] प्रजा।

रिकवेंछ—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक भोज्य पदार्थ जो उर्द की पीठी और अरुई के पत्तो से बनता है।

विशेष—अरुई की पत्तियो को बारीक काटकर उर्द की पीठी के साथ मिला देते हैं और फिर उसी के गुलगुले को घी या तेल मे छान लेते हैं।

रिकशा—सज्ञा स्त्री० [अ० रिक्शा] एक प्रकार की छोटी गाडी जिसे आदमी खीचते हैं और जिसमे एक या दो आदमी बैठते हैं।

विशेष—आजकल साइकिल रिकशा और मोटर साइकिल रिकशो का भी व्यवहार होने लगा है।

रिकसा†—सज्ञा स्त्री० [स० रिक्षा] लीख।

रिकाब—सज्ञा स्त्री० [अ० रकाब] दे० 'रकाब'।

रिकाबी—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'रकाबी'।

रिक्त'—वि० [सं०] १ खाली। शून्य। जैसे,—रिक्त घट, रिक्त स्थान। २ निर्धन। गरीब।

रिक्त'—सज्ञा पुं० वन। जगल।

रिक्तकुभ—सज्ञा पुं० [सं० रिक्तकुम्भ] ऐसी भाषा जो समझ मे न आवे। गडबड बोली।

रिक्तता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रिक्त या खाली होने का भाव। २ किसी पद, नौकरी या ध्यान का खाली होना (वैकेंसी) (को०)।

रिक्तहस्त—वि० [सं० रिक्त + हस्त] १ खाली हाथ। अर्थशून्य। जिसके हाथ मे कुछ न हो। उ०—बोला मैं हूँ रिक्तहस्त, इस समय विवेचन मे समस्त।—प्रनामिका, पृ० १३१।

रिक्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] चतुर्थी, नवमी और चतुर्दशी की तिथियाँ।

रिक्तार्क—सज्ञा पुं० [स०] वह रिक्ता तिथि जो रविवार को पडे। रविवार को होनेवाली चतुर्थी, नवमी या चतुदशी।

रिक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह पद या स्थान जिसपर अभी किसी की नियुक्ति न हुई हो (को०)।

रिक्थ—सज्ञा पुं० [सं०] १ उत्तराधिकार या वरासत में मिला हुआ धन या सपत्ति। २ कारबार मे लगी हुई वह पूँजी जो सपत्ति, सामान आदि के रूप में हो (को०)।

यौ०—रिक्थग्राह, रिक्थभागी, रिक्थहर = (१) उत्तराधिकारी। दायाद। (२) पुत्र।

रिक्थहारी—संज्ञा पुं० [सं० रिक्थहारिन्] [स्त्री० रिक्थहारिणी] १ वह जिसे उत्तराधिकार में धन संपत्ति मिले। २. मामा। ३. न्यग्रोध बीज या उदुंबर का बीज (को०)।

रिक्थी—संज्ञा पुं० [सं० रिक्थिन्] [स्त्री० रिक्थिनी] १ वह जिसे उत्तराधिकार में धन या संपत्ति मिले। दायाद। उत्तराधिकारी। २ वह जो मृत्युलेख लिखता हो। मृत्युलेख लिखनेवाला व्यक्ति (को०)। ३. धनी व्यक्ति। धनवान् (को०)।

रिक्ष—संज्ञा पुं० [सं० ऋक्ष] दे० 'ऋक्ष'।

रिक्षपति—संज्ञा पुं० [सं० ऋक्षपति] दे० 'ऋक्षपति'।

रिक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ लीक्षा। लीख। जूँ का अंडा। २ त्रिसरेणु। त्रसरेणु।

रिक्वा—संज्ञा पुं० [सं० रिक्वन्] तस्कर। चोर (को०)।

रिसभ—संज्ञा पुं० [सं० ऋषभ] दे० 'ऋषभ'।

रिखि—संज्ञा पुं० [सं० ऋषि] ऋषि। मुनि।

रिग—संज्ञा पुं० [सं० ऋक्] दे० 'ऋक्'।

रिचा—संज्ञा स्त्री० [सं० ऋचा] दे० 'ऋचा'।

रिचीक—संज्ञा पुं० [सं० ऋचीक] दे० 'ऋचीक'।

रिचिचक—संज्ञा पुं० [सं० ऋचीक] दे० 'ऋचीक'। उ०—ब्रह्मा के सुत भृगु भए, भार्गव भृगु के गेह। ऋषि रिचिचक ताक भए, तेज पुंज तप देह। —ह० रासो, पृ० ७।

रिच्छ†—संज्ञा पुं० [सं० ऋक्ष] भालू।

रिच्छक—संज्ञा पुं० [सं० रक्षक] रक्षा करनेवाला। रक्षक। उ०—नमो परम परमेश सकल कूँ चूण चुगाए। चौरासी मे रिच्छक सकल कूँ चूण चुगाए।—राम धर्म०, पृ० २२३।

रिच्छ - संज्ञा पुं० [सं० ऋक्ष] भालू। रीछ। उ० - दूत कपि रिच्छ्छ उत रच्छ्छगन ही की चमू, डका देत बका गढ़ लका ते कढै लगी।—पद्माकर ग्र०, पृ० २०३।

रिजु—वि० [सं० ऋजु] दे० 'ऋजु'। उ०—मल्वउँ केरा रिज नअन तरुणी हेरहि चक।—कीर्ति०, पृ० ३२।

रिजक—संज्ञा पुं० [अ० रिज्क] रोजी। जीविका। जीवनवृत्ति।

क्रि० प्र०—देना। पाना।—मिलना।

मुहा०—रिजक मारना = किसी की जीविका मे बाधा डालना। रोजी मे खलल डालना।

रिजर्व—वि० [अ० रिजर्व] किसी विशेष कार्य के लिये निश्चित या रक्षित किया हुआ। जैसे,—रिजर्व कुरसी, रिजर्व गाड़ी, रिजर्व सेना।

रिजर्विस्ट—संज्ञा पुं० [अ०] वे सैनिक जो आपत्काल के लिये रक्षित रखे जाते हैं। रक्षित सैनिक।

विशेष—रिजर्विस्ट सैनिक कम से कम तीन वर्ष तक लड़ाई पर रह चुकने पर छुट्टी पा जाते हैं। जिस पलटन मे ये भर्ती होते हैं, रिजर्विस्टों या रक्षित सैनिकों मे नाम रहने पर भी ये उस पलटन के ही बने रहते हैं। केवल दो दो वर्ष पर इन्हें दो दो महीने के लिये सैनिक शिक्षा प्राप्त करने के वास्ते अपनी पलटन मे जाना पड़ता है। २५ वर्ष की सैनिक सेवा के बाद इन्हें पेंशन मिल जाती है।

रिजल्ट—संज्ञा पुं० [अ०] परीक्षाफल। इम्तहान का नतीजा। जैसे,—इस बार एम० ए० का रिजल्ट बहुत अच्छा हुआ है।

क्रि० प्र०—निकलना।—होना।

मुहा०—रिजल्ट आउट होना = परीक्षाफल का प्रकाशित होना। इम्तहान का नतीजा निकलना।

रिजाली—संज्ञा स्त्री० [फा० रज़ील (= नीच)] रजोलपन। निर्लज्जता। बेहयाई। उ०—काउ ग्वाला को प्रीत सम्हाली, स्याम रजाली। सुकवि रिजाली दई बताली भइ नभ लाली।—श्याम (शब्द०)।

रिझकवार†—संज्ञा पुं० [हिं० रीझना + वार (प्रत्य०)] किसी के गुण पर प्रसन्न होनेवाला। रीझनेवाला। उ०—रिझकवार इग देखि कै मनमोहन की ओर। भाहन मारत रीझ जनु डारत हैं न निहार।—रसनिधि (शब्द०)।

रिझवना—क्रि० स० [हिं० रिझाना] प्रसन्न करना। रिझाना। उ०—सो कमला तज चचलता करि कोटि कला रिझवै सुर मोरहि।—तुलसी ग्र०, पृ० २०४।

रिझवार†—संज्ञा पुं० [हिं० रीझना + वार (प्रत्य०)] [स्त्री० रिझवारि] १ किसी बात पर प्रसन्न होनेवाला। २ रूप पर मोहित होनेवाला। उ०—(क) कपटी जब लौ कपट नहिं साँच बिगुरदा धार। तब लौ कैसे मिलैगो प्रभु साँचा रिझवार।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) मोहि भरोसो रीझिहौ उझकि झाँकि इक बार। रूप रिझावनहार वह ये नैना रिझवार।—बिहारी (शब्द०)। (ग) नदनदन के रूप पर रीझ रही रिझवारि।—मति० ग्र०, पृ० ३३२। ३ अनुराग करनेवाला। प्रेमी। ४. गुण पर प्रसन्न होनेवाला। कदरदान। गुणग्राहक।

रिझवैया—संज्ञा पुं० [हिं० रीझना + वया (प्रत्य०)] दे० 'रिझवार'।

रिझाना—क्रि० स० [सं० रञ्जन] १ किसी को अपने ऊपर प्रसन्न कर लेना। किसी को अपने ऊपर खुश करना। उ०—सूरदास प्रभु विविध भाँति करि मन रिझयो हरि पी को।—सूर (शब्द०)। २ अपना प्रेमी बनाना। अनुरक्त करना। मोहित करना। लुभाना।

रिझायल—वि० [हिं० रीझना + आयल (प्रत्य०)] किसी के ऊपर प्रसन्न होनेवाला। रीझनेवाला। उ०—रति नाथ भई उर नाथ पिया रति रग तरग रिझायल की।—नाथ (शब्द०)।

रिझाव—संज्ञा पुं० [हिं० रीझना + आव (प्रत्य०)] किसी के ऊपर प्रसन्न होने या रीझने का भाव।

रिझावना†—क्रि० स० [हिं० रिझाना] दे० 'रिझाना'। उ०—

ललिता ललित बजाय रिझावति मधुर बीन कर लीन्हे।—सूर (शब्द०)।

रिझौना—वि० [हिं० रीझ+औना (प्रत्य०)] जिसपर रीझा जाय। अपने पर रिझानेवाला। उ०—रूप रिझौने मुसकि चलति जब काम अहेरी के टटावक टोने।—नद० ग्र०, पृ० ३४५।

रिटर्निंग अफसर—सज्ञा पुं० [अ०] वह अफसर जो निर्वाचन के समय वोटो या मतो को गिनता है और कौन अधिक वोट मिलने से नियमानुसार निर्वाचित हुआ, इसकी घोषणा करता है।

रिटायर—वि० [अ० रिटायर्ड] जिसने काम से अवसर ग्रहण कर लिया हो। जिसने पेन्शन ली हो। अवसरप्राप्त।

रिटि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ ज्योति फूटना। लपट निकलना। २ काला नमक। ३ एक वाद्ययत्र। ४ शिव के एक पार्षद का नाम [को०]।

रिणवास†—सज्ञा पु० [हिं०] रनिवास। अत पुर।

रित—सज्ञा स्त्री० [सं० ऋतु] दे० 'ऋतु'।

रितना—क्रि० अ० [हिं० रीता+ना (प्रत्य०)] खाली होना। उ०—दीजै दादि देखि ना तो बलि मही मोद मगल रितई है।—तुलसी ग्र०, पृ० ५२८।

रितवती—सज्ञा स्त्री० [सं० ऋतुमती] दे० 'रितुवती'।

रितवना—क्रि० स० [हिं० रीता+ना (प्रत्य०)] खाली करना। रिक्त करना। उ०—(क) मजु मनोरथ कलस भरहिं अरु रितवहिं।—तुलसी (शब्द०)। (ख) चलिवे को घरै न करै मन नेकु घरै फिर फेर भरै रितवै।—देव (शब्द०)।

रितान—क्रि० स० [सं० रिक्त+करण] खाली करना। रिक्त करना। उ०—अपने को सोच विचार से तो रिताया ही है।—सुनीता, पृ० २२८।

रितु—सज्ञा स्त्री० [सं० ऋतु] दे० 'ऋतु'।

रितुराज—सज्ञा पुं० [सं० ऋतुराज] वसत। उ०—सोह मदन मुनि वेष जनु रति रितुराज समेत।—मानस, २।१३३।

रितुवता—सज्ञा स्त्री० [स० ऋतुमती] रजस्वला स्त्री।

रिद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं० ऋद्धि] दे० 'ऋद्धि'।

रिद्धि सिद्धि—सज्ञा स्त्री० [स० ऋद्धि सिद्धि] दे० 'ऋद्धि सिद्धि'।

रिधम—सज्ञा पुं० [सं०] १ कामदेव। २ वसत।

रिधि—सज्ञा स्त्री० [सं० ऋद्धि] दे० 'ऋद्धि'।
यौ०—रिधसिधि=ऋद्धि सिद्धि।

रिन—सज्ञा पुं० [स० ऋण] दे० 'ऋण'।

रिनिवधी†—सज्ञा पु० [सं० ऋण+बन्ध] कर्जदार। ऋणी।

रिनिआँ†—वि० [सं० ऋणिन्] जिसने ऋण लिया हो। ऋणी। कर्जदार। उ०—दैबे को न कछू रिनिआँ हौं धनिक तू पत्र लिखाउ।—तुलसी (शब्द०)।

रिनियाँ—वि० [सं० ऋणिन्] दे० 'रिनिआँ'।

रिनी†—वि० [स० ऋणिन्] जिसने ऋण लिया हो। ऋणी। कर्जदार।

रिप—सज्ञा पुं० [सं०] १ पृथ्वी। २ शत्रु। ३ हिंसा।

रिपटना†—क्रि० अ० [?] रपटना। फिसलना। विछलाना।

रिपु—सज्ञा पु० [स०] १ शत्रु। दुश्मन। वैरी। २ जन्मकुडली में लग्न से छठा स्थान। ३ पुराणानुसार ध्रुव के पोते और शिलष्टि के पुत्र का नाम। ४ विरुद्ध ग्रह (ज्योतिष)।

रिपुघाती—सज्ञा पुं० [सं० रिपुघातिन्] दे० रिपुघ्न'।

रिपुघ्न—वि० [सं०] शत्रुओं का नाश करनेवाला।

रिपुता—सज्ञा स्त्री० [स०] वैर। शत्रुता। दुश्मनी। उ०—जो रिपुता करि हमको मार्‌यो। ताको हमहि सपदि सहार्‌यो। रघुराज (शब्द०)।

रिपुदवन—सज्ञा पुं० [सं० रिपु+दमन] शत्रुघ्न। उ०—पवन सुवन रिपुदवन भरत लाल लखन दीन को।—तुलसी ग्र०, पृ० ५७५।

रिपुसूदन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रिपुदवन'। उ०—रिपुसूदन पदकमल नमामी।—मानस।

रिपुहन—सज्ञा पुं० [सं० रिपुघ्न] शत्रुघ्न। उ० सुनि रिपुहन लखि नख सिख खोटी।—मानस, २।१६३।

रिपोर्ट—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ किसी घटना का वह सविस्तार वर्णन जो किसी को सूचना देने के लिये किया जाय। २ किसी सस्था आदि के कार्यों का विस्तृत विवरण। ३ किसी वस्तु या व्यक्ति के सबध की जानने योग्य बातों का ब्योरा।

रिपोर्टर—सज्ञा पुं० [अ०] १ किसी समाचारपत्र के सपादकीय विभाग का वह कार्यकर्ता जिसका काम सब प्रकार के स्थानीय समाचारों और घटनाओं का सग्रह कर उन्हें लिखकर सपादक को देना और अपने पत्र के लिये सार्वजनिक सभा, समिति, उत्सव, मेले आदि का विवरण लिखकर लाना, स्थानातर में होनेवाली सभा, समेलन, उत्सव, मेले आदि के अवसर पर जाकर वहाँ का ब्यौरा लिखकर भेजना और प्रसिद्ध प्रसिद्ध व्यक्तियों से मिलकर महत्व के सार्वजनिक प्रश्नों पर उनका मत जानना होता है। २ वह जो किसी सभा या समिति का विवरण और व्याख्यान लिखता हो। जैसे, काग्रेस रिपोर्टर। ३ वह जो सरकार की ओर से अदालत या किसी सभा समिति या कौंसिल की कारवाई और व्याख्यान लिखता हो। जैसे,—कौंसिल रिपोर्टर, सी० आई० डी० रिपोर्टर।

रिप्र'—सज्ञा पुं० [स०] १ पातक। २ धूल। गदगी [को०]।

रिप्र'—वि० बुरा। निम्न। नीच [को०]।

रिप्रवाह—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिसमे पाप या पातक का नाश होता हो।

रिफार्म—सज्ञा पुं० [अ० रिफार्म] दोषो या त्रुटियो का दूर किया जाना। किसी सस्था या विभाग मे परिवर्तन किया जाना। सुधार। सस्कार। परिवर्तन।

रिफार्मर—सज्ञा पुं० [अ० रिफार्मर] वह जो धार्मिक, सामाजिक या राजनीतिक सुधार या उन्नति के लिये प्रयत्न या आदोलन करता हो। सुधारक। सस्कारक।

रिफार्मेटरी—सज्ञा पुं० [अ० रिफार्मेटरी] वह सस्था या स्थान जहाँ अपराधी कैदी बालक रखे जाते हैं और उन्हें औद्योगिक शिक्षा दी जाती है जिसमे वे लोग वहाँ से बाहर निकलकर जीविकानिर्वाह कर सकें और भलेमानस बनकर रहें। चरित्रसशोधनालय।

रिफार्मेटरी स्कूल—संज्ञा पुं० [अं० रिफार्मेटरी स्कूल] दे० 'रिफार्मेटरी'।

रिबन—संज्ञा पुं० [अं०] १ सिल्क, साटन या सूती कपड़े आदि की पतली लंबी पट्टी जिससे कोई वस्तु बाँधने का काम लेते हैं। फीता। २ टाइप राइटर में लगाया जानेवाला स्याही का फीता। ३ स्त्रियों, कन्याओं की चोटी में लगाया जानेवाला रेशम, सूत आदि का कुछ चौड़ा फीता। उ०—पाउडर, रिबन आदि शृंगार प्रसाधन की प्रायः सभी आवश्यक वस्तुएँ खरीद-कर मैं होटल को लौट चला।—जल्मी, पृ० ७१।

रिभु—संज्ञा पुं० [सं० ऋभु] दे० 'ऋभु'।

रि+वा—संज्ञा पुं० [सं० रिम्बन्] चोर। तस्कर (को०)।

रिम'—संज्ञा पुं० [सं० अरिम् या ऋपु] शत्रु। (डिं०)।

रिम—संज्ञा स्त्री० [अं० रीम] दे० 'रीम'।

रिमझिम'—संज्ञा स्त्री० [अनु०] छोटी छोटी बूँदों का लगातार गिरना। हलकी फुहार पड़ना।

रिमझिम'—क्रि० वि० वर्षा की छोटी छोटी बूँदों में। उ०—बादल घिरे हुए हैं, बिजली चमक रही है, रिमझिम झड़ी लगी हुई है।—बालमुकुंद (शब्द०)।

रिमहर—संज्ञा पुं० [सं० अरिम्+हर] शत्रु। (डिं०)।

रिमाइंडर—संज्ञा पुं० [अं०] अनुस्मारक। याददाश्त।

रिमार्क—संज्ञा पुं० [अं०] मत। राय।

रिमिझा—संज्ञा [हिं०] काली मिर्च की लता। (अनेकार्थ)।

रिम्मना—क्रि० अ० [हिं० रमना] रमण करना। रमना। उ०—नारि सो धिकु जोह पुरुष न रिम्मे, पुरुष सो धिकु जीवन अप-कारी। वचन सो धिकु जो बोलि पलट्टिय दानि सो धिक जो करकस भारी।—प्रकबरी०, पृ० ३२२।

रिया—संज्ञा स्त्री० [अं०] दिखावा। मक्कारी (को०)।

यौ०—रियाकार = मक्कार। रियाकारी = फरेब। मक्कारी।

रियाज—संज्ञा पुं० [अं० रियाज, रोज़ह् का बहुव०] १ बाग। उपवन। उद्यान। २ मिहनत। श्रम। ३ अभ्यास। ४ दे० 'रियाजत'।

मुहा०—रियाज मारना = (१) कसरत करना। (२) परिश्रम करना।

रियाजत—संज्ञा स्त्री० [अं० रियाजत] १ कसरत। व्यायाम। २ इबादत। जपतप। ३ दे० 'रियाज' (को०)।

रियाजी'—वि० [अं० रियाज़ी] १ मेहनती। २ कसरती।

रियाजी'—संज्ञा स्त्री० [अं० रियाज़ी] गणित विद्या (को०)।

रियायत—संज्ञा स्त्री० [अं० रिआयत] दे० 'रिआयत'।

रियासत—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ राज्य। मुलकदारी। २. रईस होने का भाव। अमीरी। वैभव। ऐश्वर्य। स्वामित्व। सरदारी।

रियासती—वि० [अं० रियासत+हिं० ई (प्रत्य०)] रियासत से संबंधित।

रियाह—संज्ञा स्त्री० [अ०] १. वायु। २ अपान वायु (को०)।

रिरंसा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ संभोग की इच्छा। २ आनंद लेने की इच्छा (को०)।

रिरक—संज्ञा स्त्री० [हिं० रार] हठ। जिद। उ०—रन में रिसान्यो अनरस कै सिसान्यो देर पीछे पछितान्यो सो बरोबत रिर परयो।—देव (शब्द०)।

रिरकना—क्रि० अ० [सं० √ऋक्] १ सरकना। खिसकना। उ०—ज्यौं लखि सुंदरि सुंदरि सज तें त्यौं रिरकी थिरकी बहरानी। बात के लागे नहीं ठहरात हैं ज्यों जलजात के पात पै पानी।—पद्माकर ग्रं०, पृ० १६६। २ गिड़गिड़ाना। रिरियाना।

रिरना—क्रि० अ० [अनु०] बहुत दीनता प्रकट करना। गिड़-गिड़ाना।

रिरियाना—क्रि० अ० [हिं० रिरना] दे० 'रिरना'।

रिरिहा—संज्ञा पुं० [हिं० रिरना (=गिड़गिड़ाना)] वह जो गिड़गिड़ाकर और रट लगाकर कुछ माँगता हो। उ०—द्वार हौं भार ही को आज। रटत रिरिहा आरि और न कौर ही ते काज।—तुलसी (शब्द०)।

रिरी'—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीतल। (धातु)।

रिरी'—वि० [हिं० रिर+ई (प्रत्य०)] जिद्दी। हठी।

रिलना—क्रि० अ० [हिं० रलना। तुल० प० रलना (=मिलना)] प्रवेश करना। पैठना। घुसना। उ०—नीरंग भरि भामिनी दिखावत सो रंग हिय रिलि।—सुकवि (शब्द०)। २ हिल मिलकर एक हो जाना। मिल जाना। उ०—बमर मानिक नसि न परत यो रंग रह्यो रिलि।—सुकवि (शब्द०)।

रिलीफ—संज्ञा पुं० [अं० रिलीफ] वह सहायता जो आर्त पीड़ित या दीन दुखी जनों को दी जाय। सहायता। साहाय्य। मदद। जैसे,—मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी। रिलीफ वर्क।

रिवाज—संज्ञा पुं० [अं०] प्रथा। रस्म। रीति। चलन।

क्रि० प्र०—उठना।—चलना।—निकलना।—पड़ना।—होना।

रिवाल्वर—संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का तमंचा जिसमें एक साथ कई गोलियाँ भरने का चक्र होता है जो घूमता है और गोलियाँ लगातार एक के बाद दूसरी छोड़ी जा सकती हैं।

रिव्यू—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ किसी नवीन प्रकाशित पुस्तक की परीक्षा कर उसके गुण दोषों को प्रकट करना। आलोचना। समालोचना। जैसे,—आपने अपने पत्र में अभी मेरी पुस्तक की रिव्यू नहीं की।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ वह लेख या निबंध जिसमें इस प्रकार किसी पुस्तक की आलोचना की गई हो। समालोचना। जैसे,—'सरस्वती' 'समाज' की जो रिव्यू निकली है वह सर्वांशपूर्ण नहीं कही जा सकती। ३ वे सामयिक पत्र-पत्रिकाएँ जिनमें राजनीति सामाजिक, धार्मिक, वैज्ञानिक आदि विषयों पर आलोचना लेखों का संग्रह रहने के साथ ही नवीन प्रकाशित पु-

की भी आलोचना रहती हो। जैसे—मार्डन रिव्यू, सैटरडे रिव्यू। ४ किसी निर्णय या फैसले का पुनर्विचार। नजरसानी। जैसे,—नीचे की अदालत का फैसला रिव्यू के लिये हाईकोर्ट भेजा गया है।

रिश—पद्मा पुं० [स०] शत्रु। अरि [को०]।

रिशा—पद्मा स्त्री० [अ०] उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र [को०]।

रिश्ता—पद्मा पुं० [फा० रिश्तह्] १ नाता। संबंध। २ डोरा। तागा (को०)। ३ नहारू वा नारू रोग (को०)।

रिश्तेदार—पद्मा पु० [फा० रिश्तह्दार] संबंधी। नातेदार। स्वजन।

रिश्तेदारी—संज्ञा स्त्री० [फा० रिश्तह्दारी] रिश्ता होने का भाव। संबंध। नाता।

रिश्तेमंद—संज्ञा पु० [फा० रिश्तह्मंद] संबंधी। नातेदार।

रिश्य—संज्ञा पुं० [स०] मृग।

रिश्वत—संज्ञा स्त्री० [अ०] वह धन जो किसी को उसके कर्तव्य से विमुख करके अपना लाभ करने के लिये अनुचित रूप से दिया जाय। घूस। लाँच। उत्कोच। जैसे,—उसने दो सौ रुपए रिश्वत देकर उस मुकदमे से अपनी जान बचाई।

क्रि० प्र०—खाना।—देना। जैसे,—रुपया दो रुपया रिश्वत देकर अपना काम निकाल लो।—पाना।—मिलना।—लेना।

रिश्वतखोर—पद्मा पु० [अ० रिश्वत + फा० खोर] वह जो रिश्वत लेता हो। घूस खानेवाला।

रिश्वतखोरी—संज्ञा स्त्री० [अ० रिश्वत + फा० खोरी] रिश्वत खाने का काम। घूस लेने का काम।

रिषभ—संज्ञा पुं० [स० ऋषभ] दे० 'ऋषभ'।

रिषि—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'ऋषि'।

रिषीक[1]—पद्मा पु० [सं०] शिव।

रिषीक[2]—वि० हानि पहुँचानेवाला।

रिष्ट[1]—पद्मा पुं० [स०] १ कल्याण। मंगल। सौभाग्य। २ अभाग्य। अमंगल। दुर्भाग्य। ३ अभाव। न होना। ४ नाश। ५ पाप। ६ खड्ग। ७ रीठा का वृक्ष (को०)।

रिष्ट[2]—वि० नष्ट। बरबाद।

रिष्ट[3]—वि० [स० हृष्ट] १ प्रसन्न। २ मोटा ताजा।

यौ०—रिष्टपुष्ट = हृष्टपुष्ट। उ०—रिष्ट पुष्ट कोउ अति तन खीना।—मानस, १।९३।

रिष्टक—संज्ञा पु० [स०] रक्तशिग्रु। रीठा [को०]।

रिष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ खड्ग। २ अमंगल।

रिष्य—संज्ञा पुं० [सं०] रिश्य। मृग [को०]।

रिष्यमूक—संज्ञा पुं० [स० ऋष्यमूक] दक्षिण का एक पर्वत जहाँ राम जी से सुग्रीव की मित्रता हुई थी। उ०—आगे चले बहुरि रघुराया। रिष्यमूक पर्वत नियराया।—मानस, ४।१।

रिष्व—वि० [सं०] घातक। वधक। हंता [को०]।

रिस—संज्ञा स्त्री० [स० रुष] क्रोध। गुस्सा। कोप। नाराजगी। उ०—(क) सुनि सुदान राजै रिस मानी।—जायसी (शब्द०)। (ख) महाप्रभु कृपाकरन रघुनंदन रिस न गहैं पल आधु।—सूर (शब्द०)। (ग) जात पुकारत आरत बानी। देखि दुशासन अति रिस मानी।—सबल (शब्द०)।

मुहा०—रिस मानना = क्रोध को रोकना। उ०—(क) धर्मज वदन निहारि, बिरल सदन रिस मारि उर। दीन गदा महि डारि, भीम बिकल पारथ अतिहि।—सबल (शब्द०)। (ख) रामं राम पुकार हनुमान अगद बह्यो। तब रावण रिस मारि रामचंद्र मन मे धरे।—हनुमान (शब्द०)।

रिसना[1]—क्रि० स० [हिं० रसना] बहुत ही छोटे छोटे छिद्रों द्वारा छन छनकर बाहर निकल जाना। रसना। उ०—वहा की मिट्टी ऐसी दरदरी थी कि जो दीया बनाते तो जलाने के समय सारी चरबी पिघलकर उसके भीतर से रिस जाती।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

रिसवाना[1]—क्रि० स० [हिं० रिसाना] दे० 'रिसाना'। उ०—ताही समय नंद घर आए। मुनि जसुमति को बहु रिसवाए।—विश्राम (शब्द०)।

रिसहा—वि० [हिं० रिस + हा (प्रत्य०)] १ बात बात पर क्रोध करनेवाला। गुस्सेवर। क्रोधी। उ०—सूधे न काहू बतायो कछू मन याही ते मेरो भयो रिसहा है।—मन्नालाल (शब्द०)।

रिसहाया[1]—वि० [हिं० रिसाया] [वि० स्त्री० रिसहाई] क्रुद्ध। कुपित। नाराज। उ०—(क) लखि लीनी तब चतुर नागरी ये मो पर सब हैं रिसहाई।—सूर (शब्द०)। (ख) जननी अतिहि भई रिसहाई। बार बार कह कुँवरि राधिका री मोतीसरि कहाँ गमाई।—सूर (शब्द०)।

रिसान—संज्ञा पुं० [?] ताने के सूतों को फैलाकर उनको साफ करने का काम। (जुलाहे)।

रिसाना[1]—क्रि० अ० [हिं० रिस + आना (प्रत्य०)] क्रुद्ध होना। खफा होना। गुस्सा होना। उ०—(क) और की ओर तकै जब प्यो तब त्यौरी चढ़ाइ चढाइ रिसाति है। (ख) सखी मदन लाई जहँ रानी। मातु ताहि लखे बहुत रिसानी।—विश्राम (शब्द०)।

क्यो क्रि०—जाना।—उठना।

रिसाना[2]—क्रि० स० किसी पर क्रुद्ध होना। बिगडना। उ०—इनकी बात न जानति मैया मोका बारबार रिसाति।—सूर (शब्द०)।

रिसानि, रिसानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रिस + आनि (प्रत्य०)] क्रोध। गुस्सा। नाराजगी। उ०—घोर धार भृगुनाथ रिसानी।—मानस, १।४१।

रिसाला[1]—संज्ञा पुं० [अ० इरसाल] राज्यकर जो मुफस्सल से राजधानी को भेजा जाता है। उ०—मानो हय हाथी उमराव करि साथी अवरंग डरि सिवा जी पै भेजत रिसाल है।—भूषण (शब्द०)।

रिसालदार—संज्ञा पुं० [फा०] घुड़सवार सेना का अफसर। २.

रिसाल या राजकर ले जानेवालो का प्रधान सचालक। चढनदार।

रिसाला—सज्ञा पुं० [फा० रिसालह्] १ घोडसवारो की सेना। अश्वारोही सेना। २ किसी विषय पर छोटी पुस्तक (को०)। ३ नियत समय पर मासिक, पाक्षिक, त्रैमासिक आदि रूपो में प्रकाशित होनेवाला पत्र (को०)।

रिसिⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रिस] दे० 'रिस'।

रिसिआना, रिसियाना[1]†—क्रि० अ० [हिं० रिस+आना (प्रत्य०)] क्रुद्ध होना। कुपित होना। उ०—(क) कबहूँ रिसियाई कहैं हठि कै पुनि लेत साई जेहि लागि अरै।—तुलसी (शब्द०)। (ख) शाप दीन सुनि अति रिसियाने। कीन्हे कपट अकाज अजाने।—विश्राम (शब्द०)।

रिसिआना, रिसियाना[2]—क्रि० स० किसी पर क्रुद्ध होना। बिगडना।

रिसिकⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० रिष्टीक] तलवार। उ०—रिसिक कुसेह कृपान असि विशसनपा करवाल।—नददास (शब्द०)।

रिसौहाँ—वि० [हिं० रिस+औहाँ (प्रत्य०)] १ क्रुद्ध सा। कुछ कोप-युक्त। थोडा नाराज। उ०—(क) सी करति ओठनि बसी करति आँखिन रिसौंही सी हँसी करति, भौंहनि हँसी करति।—देव (शब्द०)। (ख) करी रिसौंही जाहिगी सहज हँसौंही भौंह।—बिहारी (शब्द०)। २. क्रोध से भरा। कोपसूचक। उ०—माखे लखन कुटिल भई भौंहैं। रदपुट फरकत नयन रिसौंहैं।—तुलसी (शब्द०)।

रिस्क—सज्ञा स्त्री० [अ०] झोका। जवाबदेही। भार। बोझ। जैसे—रेलवे रिस्क। जैसे,—यदि तुम गाँठ न उठाओगे तो वे तुम्हारी रिस्क पर बेच दी जायँगी।

क्रि० प्र०—उठाना।—लेना।

रिस्टवाच—सज्ञा स्त्री० [अ०] कलाई पर बाँधने की घडी।

रिहन—सज्ञा पुं० [अ० रहन] दे० 'रेहन'।

रिहननामा—सज्ञा पुं० [फा०] वह लेख जिसमे किसी पदार्थ के रेहन रखे जाने और उसके सबध की शर्तों का उल्लेख हो।

रिहर्सल—सज्ञा पु० [अ०] १ नाटक के अभिनय का अभ्यास। २ वह अभ्यास जो किसी कार्य को ठीक समय पर करने के पहले किया जाय।

रिहल—सज्ञा स्त्री० [अ०] काठ की बनी हुई कैचीनुमा चौकी जिसपर रखकर लोग पुस्तक पढते हैं और जिसका आकार इस प्रकार का × होता है।

रिहा—वि० [फा०] १ (बधन आदि से) मुक्त। छूटा हुआ। २ (किसी बाधा या सकट से) छुटा हुआ।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

रिहाई—सज्ञा स्त्री० [फा०] छुटकारा। मुक्ति। छुट्टी।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

रींधना—क्रि० स० [सं० रन्धन] तैयार करने के लिये खाद्य पदार्थ को तलना, उबालना या पकाना। राँधना। उ०—(क) जगन्नाथ दरसन कहँ आए। भोजन रीधा भात पकाए।—जायसी (शब्द०)। (ख) रसोई के घर मे ब्रह्मानद की भतीजी रोहिणी रीध रही थी।—अयोध्या (शब्द०)।

री[1]—अव्य० [स० रे] सखियो के लिये सबोधन। अरी। एरी। उ०—नेकु सुमुखि चित लाइ चितै री। नख सिख सुदरता अवलोकन कह्यौ न परत सुख होत जितै री। सावर रूप सुधा भरिबे कहँ नयन कमल कल कलम रितै री।—तुलसी (शब्द०)।

री[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गति। २. वध। हत्या। ३ शब्द। रव। ४ क्षरण। चूना।

रीगन—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का धान जो भादो या कुआर में तैयार होता है।

रीगना—क्रि० अ० [देश०] चिढना।

रीछ—सज्ञा पु० [स० ऋक्ष] [स्त्री० रीछनी] भालू।

यौ०—रीछपति = जामवत। उ०—कहइ रीछपति सुनु हनुमाना।—मानस,—४।३०। रीछराज।

रीछिराजⓊ—सज्ञा पुं० [सं० ऋक्षराज] जामवत। उ०—रीछराज कपिराज नील नल बोलि बालि नदन लए।—तुलसी ग्र०, पृ० ३८६।

रीजेंट—सज्ञा पुं० [अ०] वह जो किसी राजा की नाबालिगी, अनुपस्थिति या अयोग्यता की अवस्था मे राज्य का प्रबध या शासन करता हो। राज्यप्रतिनिधि। अस्थायी शासक। वली। जैसे,—स्वर्गीय महाराज सरदारसिह जी की नाबालिगी मे ईडर के महाराज सर प्रतापसिह कई वर्ष तक जोधपुर के रीजेंट रहे।

रीजेंसी—सज्ञा स्त्री० [अं०] रीजेंट का शासन या अधिकार। जैसे,—जोधपुर मे कई वर्ष तक रीजेंसी रही।

रीज्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ घृणा। नफरत। २ भला बुरा कहना। लानत मलामत। कुत्सा। निंदा। भर्त्सना।

रीझ—सज्ञा स्त्री० [स० रञ्जन] १ किसी के ऊपर रीझने की क्रिया या भाव। किसी की किसी बात पर प्रसन्नता। २ किसी के रूप, गुण आदि पर मोहित होना। मुग्ध होने का भाव।

रीझना—क्रि० अ० [स० रजन] १ किसी की किसी बात पर प्रसन्न होना। उ०—केतिकौ कोऊ जकै रघुनाथ मैं साँवरे के रँग रीझि रजौगी। देह तजौगी सदेह तजौगी पै देह तजौगी न नेह तजौगी।—रघुनाथ (शब्द०)। २ मोहित होना। मुग्ध होना। उ०—(क) रीझहि राज कुँवरि छबि देखी। इनहिं बरै हरि जानि विशेषी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कहत नटत रीझत खिझत हिलत मिलत लजियात। भरे भौन मे करत हैं नैनन ही सो बात।—बिहारी (शब्द०)।

सयो० क्रि०—जाना। उ०—रूप निकाई मीत की ह्याँ तक लो अधिकात। जा तन हेरौ निमिष कै रीझहु रीझी जात।—रसनिधि (शब्द०)।

रीझिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रीझना] प्रसन्नता आनद। उ०—तेरी खोझिबे की रुख रीझि मनमोहन को याते वहै साज सजि सजि नित आवते।—भिखारी० ग्र०, पृ० १३५।

रीठ(पु)[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० रिष्ट] १. तलवार। २ युद्ध। (डिं०)।

रीठ[2]—वि० अशुभ। खराब।

रीठा[1]—संज्ञा पुं० [सं० रिष्ट, प्रा० रिट्ठ या सं० रीठा (= करंज भेद)] १ एक बड़ा जंगली वृक्ष जो प्रायः बंगाल, मध्य प्रदेश, राजपूताने तथा दक्षिण भारत में पाया जाता है। यह देखने में बहुत सुंदर होता है। २ इस वृक्ष का फल जो बेर के बराबर होता है।

विशेष—इसको लोग सुखाकर रखते हैं। इसे पानी में भिगोकर मलने से फेन निकलता है जिससे कपड़े धोए जाते हैं। काश्मीर में शाल आदि प्रायः इसी से साफ किए जाते हैं। यह रेशम तथा जवाहिरात धोने के काम में भी आता है। इसे फेनिल भी कहते हैं।

रीठा[2]—संज्ञा पुं० [हिं० भट्ठा] वह भट्ठा जिसमें चूना बनाने के लिये ककर फूँके जाते हैं। (बुंदेलखंड)।

रीठाकरंज—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रीठा[1]'।

रीठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रीठा] दे० 'रीठा'।

रीडर[1]—संज्ञा पुं० [अं०] १ वह जो पढ़े। पढ़नेवाला। पाठक। २ कालेज या विश्वविद्यालय का अध्यापक जो लेक्चरर (अध्यापक) से ऊँचा होता है। व्याख्याता। ३ वह जो लेख या पुस्तकों के प्रूफ पढ़ता या संशोधन करता है। संशोधक।

रीडर[2]—संज्ञा स्त्री० पाठ्य पुस्तक। जैसे,—पहली रीडर। बेसिक रीडर। किंग रीडर।

रीडिंग रूम—संज्ञा पुं० [अं०] अध्ययनकक्ष। दे० 'वाचनालय'।

रीढक—संज्ञा पुं० [सं०] देखो 'रीढ़' [को०]।

रीढ़—संज्ञा स्त्री० [सं० रीढक] पीठ के बीचोबीच की वह खड़ी हड्डी जो गर्दन से कमर तक जाती है और जिसमें पसलियाँ मिली हुई रहती हैं। मेरुदंड।

विशेष—यह वास्तव में एक ही हड्डी नहीं होती, बल्कि बहुत सी हड्डियों की गुरियों की एक शृंखला होती है। इसे शरीर का आधार समझना चाहिए। इसका सीधा लगाव मस्तिष्क से होता है और बहुत से संवेदनसूत्र इसमें से दोनों ओर निकलकर फैले रहते हैं।

रीढ़ा—संज्ञा स्त्री० [सं०] अनादर। अवज्ञा। उपेक्षा [को०]।

रीण—वि० [सं०] १ तिरोभूत। तिरोहित। अंतर्धान। २ स्पंदित। प्रस्रवित। क्षरित [को०]।

रीत—संज्ञा स्त्री० [हिं० रीति] दे० 'रीति'। उ०—पखान सो सीग्व सोहाग की रीतहि।—देव (शब्द०)।

रीतना(पु)[1]—क्रि० अ० [सं० रिक्त, प्रा० रित्त+हिं० ना (प्रत्य०)] खाली होना। रिक्त होना। उ०—हमहूँ समुझि परी नीके करि यह आशा तनु रीत्यो।—सूर (शब्द०)।

रीतना[2]—क्रि० स० खाली करना। रिक्त करना।

रीता—वि० [सं० रिक्त, प्रा० रित्त] [वि० स्त्री० रीती] जिसके अंदर कुछ न हो। खाली। रिक्त। शून्य। उ०—(क) साँची कहि जाउ कब ऐहौ भोर रीते पर।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) हम हम करि धन धाम सँवारे अंत चले उठि रीते।—तुलसी (शब्द०)। (ग) जाने पर परि सोग भरि देति मान को टारि। —रसनिधि (शब्द०)।

रीति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कोई काम करने का ढंग। प्रकार। तरह। ढब। उ०—जानि मुनी सिसुता परी जग सकरी की रीति।—बिहारी (शब्द०)। २ क्रम। नियम। परिपाटी। उ०—(क) सतभाव सनेह सुधार ना तन मन दै तन प्रीति। तुलसी सनेहिन मुग्ध यहै प्रेम पथ की रीति।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्राण जाहिं बरु बचन न जाई।—तुलसी (शब्द०)। ३ व्यवहार। नियम। ४ साहित्य में किसी विषय का वर्णन करने में विशिष्ट पदरचना अथवा वर्णों की वह योजना जिससे ओज, प्रसाद या माधुर्य आता है। ५ पानक। ६ लोहे का मल। मुरचा। ७ जमे हुए सोने की मैल। ८ सीमा। ९ गति। १० स्वभाव। ११ स्तुति। प्रशंसा।

यौ०—रीतिकाल = हिंदी साहित्य के इतिहास का वह काल जब रीति ग्रंथों की रचना विशेष रूप से होती थी। रीतिग्रंथ, रीतिशास्त्र = वे लक्षणग्रंथ जिनमें नायिकाभेद, नवरसिक, अलंकार आदि का लक्षण एवं सोदाहरण विवेचन किया गया हो।

रीतिक—संज्ञा पुं० [सं०] पीतल का भस्म। पुष्पांजन [को०]।

रीतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जस्ते का भस्म। २ पीतल। पुष्पांजन।

रीम[1]—संज्ञा स्त्री० [अं०] कागज की वह गड्डी जिसमें बीस दस्ते (अर्थात् ४०० शीट) होते हैं।

रीम[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] मवाद। पीब।

रीर—संज्ञा स्त्री० [हिं० रीढ़] दे० 'रीढ़'।

रीर[2]—संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

रीरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीतल।

रीशमाल—संज्ञा स्त्री० [फा०] वह व्यक्ति जो अपनी स्त्री के व्यभिचार की कमाई खाता हो [को०]।

रीषमूक—संज्ञा पुं० [सं० ऋष्यमूक] दे० 'ऋष्यमूक'।

रीस[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] १ दे० 'रीसि'। उ०—बृद्ध जो सीस डुलावै सीस धुनहिं तेहि रीस।—जायसी (शब्द०)।

रीस[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० ईर्ष्या] १ डाह। उ०—बरनौं गौउ कवु कै रीसी।—जायसी (शब्द०)। २ स्पर्धा। बराबरी। उ०—(क) नेमल जिमि सुगंध तू करत मालती रीस।—दीनदयाल (शब्द०)। (ख) कहाँ हिमालय शिव प्रभु ईस। हमका उनसों कैसी रीस।—सूर (शब्द०)।

रीसना(पु)—क्रि० अ० हिं० रिस+ना (प्रत्य०)] क्रुद्ध होना। खफा होना। उ०—मुख फिराइ मन अपने रीसा। चलत न तिरिया कर मुख दीसा।—जायसी (शब्द०)।

रीसा—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की झाड़ी जिसकी छाल के रेशों

ने रस्सियाँ बनती हैं। यह झाड़ी हिमालय और खासिया पहाड़ी पर होती है। इसे बनकठकीरा या बनरीहा भी कहते हैं।

रीहा—संज्ञा स्त्री० [हिं०] एक झाड़ी। दे० 'रीमा'।

रुंज—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का बाजा। उ०—(क) रुंज मुरज डफ झाँझ झालरी यंत्र पखावज तार।—सूर (शब्द०)। (ख) रुंज मुरज डफ ताल बाँसुरी झालर को झंकार।—सूर (शब्द०)।

रुंड—संज्ञा पु० [सं० रुण्ड] १. बिना सिर का धड़। कबंध। २. बिना हाथ पैर का शरीर। वह शरीर जिसके हाथ पैर कटे हों। उ०—(क) जीव पाउँ नहिं पाछे धरही। रुंडमुंड गय मेदिनि करही।—तुलसी (शब्द०)। (ख) रुंडनि के झुंड झूमि झूमि झुकरिसे नाचैं समर सुमार सूर भारे रघुबीर के।—तुलसी (शब्द०)।

रुंडिका—संज्ञा स्त्री० [सं० रुण्डिका] १ युद्धभूमि। समरक्षेत्र। २ विभूति। ३ दरवाजे की चौखट (को०)।

रुंधती—संज्ञा स्त्री० [सं० अरुन्धती] वशिष्ठ मुनि की स्त्री। उ०—रतनालिका सी रुंधती सी रोहिणी सी रुचि रति सी रमा सी लसी अंगन में आइकै।—रघुराज (शब्द०)।

रुंधना—क्रि० अ० [सं० रुध, हिं०] 'रूँधना'। उ०—सिर तुहै रुंध्यो गयद कढ्यो कट्टारी।—पृ० रा०, ६१।२२६७।

रुँदवाना—क्रि० स० [हिं० रौंदना का प्रेर०] पैरों से कुचलवाना। रौंदवाना। उ०—अब नहिं राखौं उठाइ बैरी नहिं नान्हो। मारौं गज तें रुँदाइ मनहि यह अनुमान्हो।—सूर (शब्द०)।

रुँधना—क्रि० अ० [सं० रुद्ध+ना (प्रत्य०)] १ मार्ग न मिलने के कारण अटकना। रुकना। २ उलझना। फँस जाना। उ०—रुँधे रति संग्राम नीके। एक ते एक रणवीर जोधा प्रबल मुरत नहिं नेक अति सबल जी के।—सूर (शब्द०)। ३ किसी काम में लगना। ४ रोक या रक्षा के लिये काँटेदार झाड़ी आदि से घिरना या छाना। घेरा जाना। जैसे—रास्ता रुँधना, खेत रुँधना।

रुं(उं)[1]—अव्य० [हिं० अरु का संक्षिप्त रूप] और। उ०—(क) हम हारी कै कै हहा पायन पर्‌यो प्यौरु। लेहु कहा अजहूँ किए तेह तरेरे त्यौरु।—बिहारी (शब्द०)। (ख) सवत् भुज श्रुत निधि मही मधुमास रुमित पच्छ। शनिवासर शुभ पचमी लिन्हो ग्रंथ प्रतच्छ।—मन्नालाल (शब्द०)।

रुं[2]—संज्ञा पु० [सं०] १ शब्द। २ वध। ३ गति। ४ काटना। अलग करना (को०)। ५ भय। खतरा (को०)।

रुआँली—संज्ञा स्त्री० [रुई+आलि] रुई की बनी हुई एक प्रकार की पोली बत्ती या पूनी जो स्त्रियाँ चरखे पर सूत कातने के लिये एक सिरकी पर लपेट कर बनाती हैं। पूनी। पौनी।

रुआँ(उं)[1]—संज्ञा पु० [सं० रोम] शरीर पर के छोटे छोटे बाल। रोम। रोआँ।

रुआँ[2]—संज्ञा पु० [सं०] आधक का चतुर्थांश। एक पण या पैसा।

रुआ घास—संज्ञा स्त्री० [हिं० रूसा] १. एक प्रकार की बहुत सुगंधित घास जो तेल आदि बासने के काम आती है। इस घास में बासा हुआ तेल।

रुआनाउं[1]—क्रि० स० [हिं० रुलाना] दे० 'रुलाना'।

रुआब[1]—संज्ञा पु० [अ० रोअब] १. धाक। दबदबा। रोब। २. भय। डर। खौफ। आतंक।

क्रि० प्र०—छाँटना।—छाना।—जमना।—बैठाना।—मानना।

रुआली[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रुई+आलि] दे० 'रुआँली'।

रुई—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का छोटा पेड़।

विशेष—यह पेड़ हिमालय की तराई में काश्मीर से पूर्व दिशा में होता है। इसकी छाल और पत्तियाँ रँगाई के काम में आती हैं।

रुई—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रूई'।

रुईदस्त—संज्ञा पु० [फा० रू ?+दस्त (=हाथ)] कुश्ती में छाती या बगल के पास से हाथ अड़ाकर निकालना।

रुईदार—वि० [हिं० रुईदार] दे० 'रूईदार'।

रुक—वि० [सं०] उदार। बहुत देनेवाला (को०)।

रुकना—क्रि० अ० [हिं० रोक] १. मार्ग आदि न मिलने के कारण ठहर जाना। आगे न बढ़ सकना। अवरुद्ध होना। अटकना। जैसे,—(क) यहाँ पानी रुकता है। (ख) रास्ता न मिलने की वजह से सब लोग रुके हैं। २. अपनी इच्छा से ठहर जाना। आगे न बढ़ना। जैसे,—(क) हम रास्ते में एक जगह रुकना चाहते हैं। (ख) यह गाड़ी हर स्टेशन पर रुकती है।

सयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

३. किसी कार्य में आगे न बढ़ना। किसी काम में सोच विचार या आगा पीछा करना। जैसे,—मैं कुछ निश्चय नहीं कर सकता, इसी में रुका हूँ, नहीं तो कब का दावा कर चुका होता। ४ किसी कार्य का बीच में ही बंद हो जाना। काम आगे न होना। जैसे,—(क) रुपए के बिना सब काम रुका है। (ख) इस साल विवाह की सब तैयारी हो चुकी थी, पर लड़की मर जाने से विवाह रुक गया। ५ किसी चलते क्रम का बंद होना। सिलसिला आगे न चलना। जैसे—बात रुकना।

सयो० क्रि०—जाना।

६ पौरुषहीन न होने देना। स्खलित न होना (बाजारू)।

रुकमंगद—संज्ञा पु० [सं० रुक्माङ्गद] दे० 'रुक्मांगद'।

रुकमजनी—संज्ञा स्त्री० [सं० रुक्माङ्गदनी] १. एक प्रकार का पौधा जो बागों में उजाड़ के लिये लगाया जाता है। २ इस पौधे का फूल।

रुकमिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० रुक्मिणी] श्रीकृष्ण चंद्र की पटरानी। विशेष दे० 'रुक्मिणी'।

रुकरा[1]—वि० [सं०] एक प्रकार की हरे रंग की रत्न।

रुकवाना—क्रि० स० [हिं० रुकना का प्रेर०] दूसरे को रोकने में प्रवृत्त करना । रोकना । रोकने का काम दूसरे से कराना ।

रुकाव–सज्ञा पुं० [हिं० रुकना] १ रुकने का भाव । रुकावट । अटकाव । अवरोध । रोक । २ मलावरोध । कब्ज । ३ स्तभन ।

रुकुमⓊ—सज्ञा पुं० [स० रुक्म] दे० 'रुक्म' ।

रुकुमीⓊ—सज्ञा पुं० [सं० रुक्मी] दे० 'रुक्मी' ।

रुक्[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० रुच्] १ शोभा । द्युति । कांति । २ आकाक्षा । इच्छा । ३ तेज । ४. आनद । ५ शुक सारिका की बोली या कूजन [को०] ।

रुक्[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० रुज्] रोग । व्याधि [को०] ।

यौ०—रुक्प्रतिक्रिया = रोग का प्रतिकार । चिकित्सा ।

रुक्का—सज्ञा पुं० [अ० रुक्अ] १ छोटा पत्र या चिट्ठी । पुरजा । परचा । २ वह लेख जो हुडी या कर्ज लेनेवाल रुपया लेते समय लिखकर महाजन को देते हैं ।

रुक्खⓊ†—सज्ञा पुं० [स० वृक्ष, प्रा० रुक्ख] रूख । पेड । वृक्ष ।

रुक्म[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ स्वर्ण । सोना । उ०—चल्यो रुक्मनी वधु रुक्म रथ चढि भट रुक्मी ।—गोपाल (शब्द०) । २ स्वर्ण-भूषण । स्वर्णाभरण (को०) । ३ धस्तूर । धतूरा । ४ लोहा । ५ नागकेसर । ६ रुक्मिणी के एक भाई का नाम । उ०—कुदनपुर को भीषम राई । विष्णु भक्ति को तन मन चाई । रुक्म आदि ताके सुत पांच । रुक्मिणि पुत्री हरि रंग रांच ।—सूर (शब्द०) ।

रुक्म[2]—वि० १ चमकीला । २ सुनहरा [को०] ।

यौ०—रुक्मकेशी = सुनहले वालोवाला । स्वर्णकेश । जिसके केश स्वर्णाभ हो ।

रुक्मकारक—सज्ञा पुं० [स०] सुनार ।

रुक्मकेश—सज्ञा पुं० [स०] विदर्भ के राजा भीष्मक के छोटे पुत्र का नाम ।

रुक्मपात्र—सज्ञा पु० [स०] [स्त्री० रुक्मपात्री = स्वर्णथाली] सोने का वर्तन [को०] ।

रुक्मपाश—सज्ञा पुं० [स०] सूत का बना हुआ वह फदा या लड जिसकी सहायता से गहने आदि पहने जाते हो ।

रुक्मपुर—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक नगर का नाम जहाँ गरुड निवास करते हैं ।

रुक्मपृष्ठक—वि० [स०] जिसपर सोने का पानी चढ़ाया गया हो ।

रुक्ममाली—सज्ञा पुं० [स० रुक्ममालिन्] पुराणानुसार भीष्मक के एक पुत्र का नाम ।

रुक्ममाहु—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार भीष्मक के एक पुत्र का नाम ।

रुक्मरथ—सज्ञा पुं० [सं०] १ शल्य के एक पुत्र का नाम । २ भीष्मक के एक पुत्र का नाम । ३ द्रोणाचार्य ।

रुक्मवती—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वृत्त का नाम, जिसके प्रत्येक चरण मे 'भ म म ग' (ऽ ।।, ऽऽऽ, ।ऽ, ऽ) होते हैं । इसके और नाम 'रूपवती' तथा 'चपकमाला' भी हैं ।

रुक्मवाहन—सज्ञा पु० [स०] द्रोणाचार्य ।

रुक्मसेन–सज्ञा पुं० [स०] रुक्मिणी का छोटा भाई । उ०—तब छोटा बालक नृप केरा । रुक्मसेन बोला यहि बेरा ।—विश्राम (शब्द०) ।

रुक्मागद—सज्ञा पुं० [सं० रुक्माङ्गद] एक राजा का नाम । उ०—रुक्मागद महिपाल, भयो एक भगवान प्रिय । ताकी कथा रसाल, मैं वर्णी सक्षेप ते ।—रघुराज (शब्द०) ।

रुक्माभ—वि० [सं०] सोने की तरह चमकीला । सुनहरा [को०] ।

रुक्मि—सज्ञा पुं० [सं०] जैना के अनुसार पांचवें वर्ष का नाम जो रम्यक और हैरण्यवत् वर्ष के मध्य मे स्थित है ।

रुक्मिण—सज्ञा स्त्री० [स० रुक्मिणी] दे० 'रुक्मिणी' ।

रुक्मिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] श्रीकृष्ण की पटरानियो मे से बडी और पहली जो विदर्भ देश के राजा भीष्मक की कन्या थी । उ०—(क) यह सुनि हरि रुक्मिणि सो कह्यो । ज्यों तुम मोको चित पर चह्यो । सूर (शब्द०) । (ख) लखि रुक्मिणी कह्यो मुनि नारद यह कमला अवतार ।—सूर (शब्द०) ।

विशेष—हरिवश मे लिखा है कि रुक्मिणी के सौंदर्य की प्रशसा सुनकर श्रीकृष्ण उसपर आसक्त हो गए थे । उधर श्रीकृष्ण के रूपगुण की प्रशसा सुनकर रुक्मिणी भी उनपर अनुरक्त हो गई थी । पर श्रीकृष्ण ने कस की हत्या की थी, इसलिये रुक्मी उनसे बहुत द्वेष रखता था । जरासध ने भीष्मक से कहा था कि तुम अपनी कन्या रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कर दो । भीष्मक भी इस प्रस्ताव से सहमत हो गए । जब विवाह का समय आया, तब श्रीकृष्ण और बलराम भी वहाँ पहुँच गए । विवाह से एक दिन पहले रुक्मिणी रथ पर चढ़कर इद्राणी की पूजा करने गई थी । जब वह पूजन करके मदिर से बाहर निकली, तब श्रीकृष्ण उसे अपने रथ पर बैठाकर ले चले । समाचार पाकर शिशुपाल आदि अनेक राजा वहाँ आ पहुँचे और श्रीकृष्ण के साथ उन लोगो का युद्ध होने लगा । श्रीकृष्ण उन सबको परास्त करके रुक्मिणी को वहाँ से हर ले गए । पीछे से रुक्मी ने श्री कृष्ण पर आक्रमण किया और नर्मदा के तट पर श्रीकृष्ण से उसका भीषण युद्ध हुआ । उस युद्ध मे रुक्मी को मूर्छित और परास्त करके श्रीकृष्ण द्वारका पहुँचे । वही रुक्मिणी के गर्भ से श्रीकृष्ण को दस पुत्र और एक कन्या हुई थी । पुराणो मे रुक्मिणी को लक्ष्मी का अवतार कहा है ।

रुक्मिदप, रुक्मिदारण—सज्ञा पुं० [स०] बलदेव ।

रुक्मिदार—सज्ञा पु० [रुक्मिदारिन्] बलदेव ।

रुक्मिभिद्—सज्ञा पुं० [सं०] बलराम । बलदेव ।

रुक्मी—सज्ञा पुं० [सं० रुक्मिन्] विदर्भ देश के राजा भीष्मक का बडा पुत्र और रुक्मिणी का भाई ।

विशेष—जिस समय श्रीकृष्ण इसकी बहन रुक्मिणी को हर ले चले थे, उस समय इसके साथ उनका घोर युद्ध हुआ था ।

रुक्मी ने प्रतिज्ञा की थी कि जब तक मैं श्रीकृष्ण को मार न डालूँगा, तब तक घर न लौटूँगा। पर युद्ध मे यह श्री कृष्ण से परास्त हो गया था, अत लौटकर कुडिननगर नही गया और विदर्भ मे ही भोजकर नामक एक दूसरा नगर बसाकर रहने लगा था। उ०—चल्यो रुक्मिनी बधु रुक्म रथ चढि भट रुक्मी।—गिरधर (शब्द०)।

रुक्मी[2]—वि० १ सोने के आभूषण मे युक्त। २. जिसपर सोने का पानी चढा हुआ हो (को०)।

रुक्ष[1]—वि० [सं० रुक्ष, रूक्ष] १ जिसमे चिकनाहट न हो। जो स्निग्ध न हो। रूखा। २ जिसका तल चिकना न हो। ऊबड खाबड। खुदबुदा। ३ बिना रस का। नीरस। ४ सूखा। शुष्क।

रुक्ष[2]—सज्ञा पुं० [सं० वृक्ष] १ वृक्ष। पेड। २. नरकट नाम की घास।

रुक्षता सज्ञा स्त्री० [स० रूक्षता] रुखाई। रूखापन।

रुख[1]—सज्ञा पुं० [फा० रुख] १ कपोल। गाल। २ मुख। मुह। चेहरा। ३ चेहरे का भाव। आकृति। चेष्टा। उ०—(क) रुख रूखे भाँहे सतर नहिं साँहे ठहरात। मान हितू हारे बात तें धूमजात लौं जात।—स० सप्तक पृ० २६७। (ख) पुनि मुनिवर शकर रु(ख)प चीन्हो। चरण गुहा ते बाहर कीन्हो।—स्वामी रामकृष्ण (शब्द०)। (ग) सकर रुख अवलोकि भवानी। प्रभु मोहिं तजेउ हृदय अकुलानी।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—रुख मिलाना = मुँह सामने करना।

४ मन की इच्छा जो मुख की आकृति से प्रकट हो। चेष्टा से प्रकट इच्छा या मरजी। उ०—राम रुख निरखि हरषा हिये हनुमान मानो खेलवार खोली सीस ताज बाज की।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—रुख देना = प्रवृत होना। ध्यान देना। रुख फेरना या बदलना = (१) ध्यान किसी दूसरी ओर कर लेना। प्रवृत्त न होना। (२) अवकृपा करना। नाराज होना।

५ कृपादृष्टि। मेहरबानी का नजर। ६ सामने या आगे का भाग। जैसे,—(क) वह मकान दक्खन रुख का है। (ख) कुरसी का रुख इधर कर दो। ७ शतरज का एक मोहरा जो ठीक सामने, पीछे, दाहिने या बाएँ चलता है, तिरछा नही चलता। इसे रथ, किश्ती और हाथी भी कहते है।

रुख[2]—क्रि० वि० १ तरफ। ओर। पार्श्व। उ०—मनहुँ मघा जल उमगि उदधि रुख चले नदी नद नार।—तुलसी (शब्द०)। २. सामने। उ०—निज निज रुख रामहिं सब देखा। काउ न जान कछु मरम विशेषा।—तुलसी (शब्द०)।

रुख[3]—सज्ञा पुं० [सं० रुक्ष] १ दे० 'रूख'। २. एक प्रकार की घास जिसे वरक तृण कहते हैं।

रुख[4]—वि० [हिं० रूखा] दे० 'रूखा'।

रुखचढ़वा†—सज्ञा पुं० हिं० रूख + चढ़ना] १. बदर। २ पेड पर रहनेवाला, भूत।

रुखड़ा—वि० [हिं० रूखा + डा (प्रत्य०)] [वि०स्त्री० रुखड़ी] दे० खुरदुरा। 'रूखा'। उ०—रेशम स रुखड़ा चीज न कोई सरती है।—दिल्ली, पृ० १६।

रुखदार—सज्ञा पुं० [फा० रुख + दार (प्रत्य०)] (बाजार का भाव) जो घट रहा हो।

रुखसत[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० रुखसत] १ आज्ञा। परवानगी। (क्व०)। २. रवानगी। कूच। विदाई। प्रस्थान। ३. काम से छुट्टी। अवकाश। जैसे,—बडी मुश्किल से चार दिन की रुखसत मिली है। ४ मुहलत। अवकाश। फुर्सत (को०)।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।—होना।

रुखसत[2]—वि० जो कही से चल पडा हो। जिसने प्रस्थान किया हो।

रुखसताना—सज्ञा पुं० [फा० रुखसतानह्] वह इनाम जो किसी को रुखसत होने के समय राजा या रईस आदि के यहाँ से सत्कारार्थ दिया जाया है। विदा होने के समय दिया जानेवाला धन। बिदाई।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

रुखसती[1]—वि० [अ० रुखसत + ई (प्रत्य०)] जिसे छुट्टी मिली हो।

रुखसती[2]—सज्ञा स्त्री० [अ० रुखसती] १ विदाई, विशेषत दुलहिन की विदाई। विदाई के समय दिया जानेवाला धन। बिदाई।

रुखसदी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रुखसती] दे० 'रुखसती'। उ०—मुखिया को काफा चिरौरी करना पडी थी तब कही काता के समुराल वाले रुखसदी के लिये राजी हुए थे।—नई०, पृ० १३६।

रुखसार—सज्ञा पुं० [फ़ा० रुखसार] कपोल। गाल।

रुखाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रूखा + आई (प्रत्य०)] १ रूखे होने की क्रिया या भाव। रूखापन। रुखावट। २ शुष्कता। खुश्की। ३ व्यवहार की कठोरता। शील का त्याग। बेमुरौवती।

क्रि० प्र०—करना।—दिखलाना।

रुखान†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रुखानी] दे० 'रुखानी'। उ०—सुजन सुतरु बन ऊख सम खल टकिका रुखान।—तुलसी ग्र०, पृ० १३१।

रुखानल—सज्ञा पुं० [स० रोपानल] क्रोधाग्नि। (डिं०)।

रुखाना†—क्रि० अ० [हिं० रूखा + आना (प्रत्य०)] १ रूखा होना। चिकना न रह जाना। २ नीरस होना। सूखना। ३. किसी से रुक्ष या रुष्ट होना।

रुखानी—सज्ञा स्त्री० [स० रोक (= छेद) + खनित्र (= खोदने की चीज)] १ बढइयो का लोहे का एक औजार जो प्राय एक बालिश्त लबा होता है।

विशेष—इसका अगला सिरा धारदार होता है, और पीछे की ओर लकडी का दस्ता होता है जिसपर हथौडी या बसूले आदि से चोट लगाकर लकडी छीली या काटी जाती है, अथवा उसमे बडा छेद किया जाता है।

२. सगतराशो की वह टाँकी जिसका व्यवहार प्राय. मोटे कामो मे होता है। ३ लोहे का प्राय एक बालिश्त लबा एक औजार जिसमे काठ का दस्ता लगा होता है और जिसकी सहायता से तेली अपनी घानी चलाते हैं।

रुखावट—संज्ञा स्त्री० [हिं० रूखा + आवट (प्रत्य०)] दे० 'रुखाई'।

रुखाहट—संज्ञा स्त्री० [हिं० रूखा + आहट (प्रत्य०)] रूखापन। रुखाई।

रुखिता—संज्ञा स्त्री० [सं० रुषिता] वह नायिका जो रोष या क्रोध कर रही हो। मानवती नायिका। उ०—कलहंतरिता काहू विप्रलब्धा कोइ रुखिता।—विश्राम (शब्द०)।

रुखिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० रूखा + इया (प्रत्य०)] पेठा में छाई हुई भूमि।

रुखुरी†[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रुखा] भूना हुआ चना आदि। चबैना।

रुखुरी[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रुख] बहुत छोटा पौधा।

रुखौहाँ—वि० [हिं० रूखा + औंहा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० रुखौंही] रुखाई लिए हुए। रूखा सा। उ०—रुख रूखे मिस रोष मुख कहति रुखौंह बैन। रूखे कैसें होत ये नेह चीकने बैन। —बिहारी (शब्द०)।

रुगटना†(५)—क्रि० अ० [हिं० रोना] बेइमानी करना। हार के कारण खीझकर मुकर जाना। उ०—गोरी हूँ मिलाय क देत रुगटि करि दाव। गहि ठोढी प्यारो कहै झूठे झूठ भाव। —ब्रज० ग्र०, पृ० ६६।

रुगदैया(५)†—संज्ञा स्त्री० [रोना + देया (= देया दैया कर रोते हुए बेईमानी) ?] बेईमानी। अन्याय। रोगदैया। रोगदई।

रुगना†—संज्ञा पुं० [हिं० रोग] पशुओं का टपका नामक रोग।

रुगिया†—वि० [हिं० रोगी] दे० 'रोगी'।

रुगौना‡—संज्ञा पुं० [देश०] घनुआ। घाल।

रुग्—संज्ञा पुं० [सं० रुज] दे० रुज'।

यौ०—रुग्दाह (सन्निपात ज्वर)। रुग्भय = रोग का डर। रुग्भेषज = रोग की चिकित्सा।

रुग्ण—वि० [सं०] १ घायल। चोट खाया हुआ। २ दे० 'रुग्न' [को०]।

रुग्दाहसन्निपात ज्वर—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का ज्वर।

विशेष—यह ज्वर बीस दिनों तक रहता है। इसमें रोगी व्याकुल होता और बकता है, उसके शरीर में जलन होती है, पेट में दर्द होता है, और उसे विशेष प्यास लगती है। यह बहुत कष्टसाध्य माना जाता है।

रुग्न—वि० [सं० रुग्ण] १ जिसे कोई रोग हुआ हो। रोगग्रस्त। रोगी। बीमार। २ (रोगादि से) झुका हुआ। नमित। टेढ़ा। ३ टूटा हुआ। ४ बिगड़ा हुआ। ५ दे० 'रुग्ण'।

रुग्नता—संज्ञा स्त्री० [सं० वरुग्णता] रोगी होने का भाव। बीमारी।

रुग्मी—संज्ञा पुं० [सं०] जैन हरिवंश के अनुसार जंबू द्वीप के एक पर्वत का नाम।

रुच(५)†—संज्ञा स्त्री० [हिं० रुचि] दे० 'रुचि'।

यौ०—रुचदान।

रुचक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. वास्तुविद्या के अनुसार ऐसा घर जिसके चारों ओर के अलिंद (चबूतरा या परिक्रमा) में से पूर्व और पश्चिम का सर्वथा नष्ट हो गया हो और दक्षिण का समूचा ज्यों का त्यों हो। इसका उत्तर का द्वार अशुभ और शेष द्वार शुभ माने गए हैं। २ वह सभा जो गोल न हो, बल्कि चौकोर हो। ३ सज्जीखार। ४ सोने का गहना या साज। ५ माला। ६ काला नमक। ७ मांगल्य द्रव्य। ८ रचना। ९ जायफल। १० नमक। ११ बीजपूरक। बिजौरा नींबू। १२ प्राचीन काल का माप का निष्क नामक सिक्का। १३ रात। १४ कबूतर। १५ पुराणानुसार सुमेरु पर्वत के पास के एक पर्वत का नाम। १६ जैन हरिवंश के अनुसार हरिवर्ष के एक पर्वत का नाम। १७. दक्षिण दिशा।

रुचक[2]—वि० स्वादिष्ट। जायकेदार। २ रुचनेवाला। रुचिकर (को०)।

रुचदान—वि० [सं० रुचि + दान] भला लगने वाला। जो अच्छा लग सके। रुचनेवाला।

रुचना—क्रि० अ० [सं० रुच + हिं० ना (प्रत्य०] रुचि के अनुकूल होना। अच्छा जान पड़ना। भला लगना। प्रिय लगना। पसंद आना।

मुहा०—रुच रुच = बहुत रुचि से। अच्छी तरह मन लगाकर। उ०—सबरी के बेर सुदामा के तंदुल रुचि रुचि भोग लगाए।—भजन (शब्द०)।

रुचा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दीप्ति। प्रकाश। २ शोभा। ३, इच्छा स्वाहिश। ४ मैना, तुलतुल, तोता आदि पक्षियों का बोलना।

रुचि[1]—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रजापति जो रौच्य मनु के पिता थे।

रुचि[2]—संज्ञा स्त्री० १. प्रवृत्ति। तबीयत। जैसे,—जिस काम में आपकी रुचि हो, वही कीजिए। २ अनुराग। प्रेम। चाह। ३ किरण। ४ छवि। शोभा। सुंदरता। उ० -त्यों पद्माकर आनन में रुचि कानन भौंहैं कमान लगी हैं।—पद्माकर (शब्द०)। ५ खाने की इच्छा। भूख। ६ स्वाद। जायका। उ०—तव तव कहि नवरी के फनन की रुचि माधुरी न पाई। —तुलसी (शब्द०)। ७ गोरोचन। ८ कामशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का आलिंगन जिसमें नायिका नायक के सामने उसके घुटने पर बैठकर उसे गले से लगाती है। ९ एक अप्सरा का नाम। उ०—देखी न जाति विसेखी बधू किधौं हेम बरेखी रमा रुचि रभौ। -मन्नालाल (शब्द०)।

रुचि[3]—वि० शोभा के अनुकूल। फबता हुआ। योग्य। मुनासिब। उ०—झीपी सादी कचुकी कुच रुचि दीसी आज। जनु विधि सीसी सेत में केसरि पांसी राज।—स० सप्तक, पृ० २३५।

रुचिकर[1]—वि० [सं०] रुचि उत्पन्न करनेवाला। अच्छा लगनेवाला। दिलपसंद। जैसे,—इसके सेवन से तुम्हें भोजन रुचिकर लगेगा।

रुचि[2]—संज्ञा पुं० केशव के एक पुत्र का नाम।

रुचिकारक—वि० [सं०] १. रुचि उत्पन्न करनेवाला। रुचिकारक। २. अच्छे स्वादवाला। बढ़िया स्वादवाला। स्वादिष्ट। ३. अच्छा लगनेवाला। मनोहर।

रुचिकारी—वि० [स० रुचिकारिन्] १ रुचि उत्पन्न करनेवाला। रुचिकारक। २ अच्छे स्वादवाला। स्वादिष्ट। ३ अच्छा लगनेवाला। मनोहर।

रुचित[1]—संज्ञा पु० [स०] १ मीठी वस्तु। २ इच्छा। अभिलाषा।

रुचित[2]—वि० जिसे जी चाहता हो। अभिलषित।

रुचिता—संज्ञा स्त्री० [स०] १ रुचि का भाव। रोचकता। २ अनुराग। ३ सुंदरता। खूबसूरती। ४ अतिजगती वृत्त का एक भेद।

रुचिधाम[1]—संज्ञा पुं० [स० रुचिधामन्] सूर्य।

रुचिधाम[2]—वि० १ प्रकाशपूर्ण। द्युतिमान्। २ खूबसूरत। सुंदर।

रुचिप्रभ—संज्ञा पु० [स०] महाभारत के अनुसार एक दैत्य का नाम।

रुचिफल[1]—संज्ञा पु० [स०] नासपाती।

रुचिभर्ता—संज्ञा पु० [सं० रुचिभर्तृ] १ रवि सूर्य। २ स्वामी। मालिक। भर्ता।

रुचिभर्ता—वि० जिसके द्वारा आनंद की वृद्धि होती हो। सुखकर।

रुचिमती—संज्ञा स्त्री० [स०] उग्रसेन की रानी और देवकी की माता जो श्रीकृष्णचंद्र की नानी थीं।

रुचिमान—वि० [स० रुचिमत्] कांतिमान। दीप्तियुक्त। प्रकाशपूर्ण। उ०—रजत तार सी शुचि रुचिमान।—पल्लव, पृ० ८६।

रुचिर[1]—वि० [सं०] १. सुंदर। अच्छा। भला। २ मीठा। ३. चमकीला (को०)। ४ भूख बढ़ानेवाला (को०)। ५ प्रसन्न (को०)।

रुचिर[2]—संज्ञा पुं० १ मूलक। मूली। कुंकुम। केसर। ३ लौंग। ४ मेनजित् के एक पुत्र का नाम।

रुचिरकेतु—संज्ञा पु० [स०] एक बोधिसत्व का नाम।

रुचिरवृत्ति—संज्ञा पुं० [स०] अस्त्र का एक प्रकार का संहार। उ०—रुचिरवृत्ति मतपितृ सौमनस घनघानहु घृत माली।—रघुराज (शब्द०)।

रुचिरशीगर्भ—संज्ञा पुं० [स०] एक बोधिसत्व का नाम।

रुचिरागद—संज्ञा पुं० [सं० रुचिराङ्गद] विष्णु [को०]।

रुचिराजन—संज्ञा पुं० [सं० रुचिराञ्जन] शोभांजन। सहिंजन।

रुचिरा—संज्ञा स्त्री० [स०] १. एक प्रकार का छंद जिसके पहले और तीसरे पदों में १६ तथा दूसरे और चौथे पदों में १४ मात्राएँ तथा अंत में दो गुरु होते हैं। २ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में ज, भ, स, ज, ग (।ऽ।, ऽ।।, ।।ऽ, ।ऽ। ऽ) होते हैं। ३ एक प्राचीन नदी का नाम जिसका उल्लेख रामायण में है। ४ केसर। ५ लौंग। ६. मूलिका। मूला।

रुचिराई(पु०)†—संज्ञा स्त्री० [सं० रुचिर+हिं० आई (प्रत्य०)] सुंदरता। मनोहरता। खूबसूरती। उ०— [illegible] चिबुका सुंदर वर्णी कहौं दसनन को रुचिराई [illegible]।

रुचिरचि—संज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का सामं।

रुचिवर्द्धक—वि० [स०] १ रुचि उत्पन्न करनेवाला। २ भूख बढ़ानेवाला।

रुचिष्य[1]—संज्ञा पु० [सं०] १ खाने का मीठा पदार्थ। २ श्वेत नमक (को०)।

रुचिष्य[2]—वि० १ जिसपर रुचि हो। जिसे प्राप्त करने को जी चाहे। अभिप्रेत। २ मधुर। मीठा (को०)। ३ पौष्टिक (को०)। क्षुधावर्धक (को०)।

रुची—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'रुचि'।

रुच्छ(पु०)[1]—वि० [स० रुक्ष] १. रूखा। उ—अच्छहि निरच्छ कपि रुच्छ छुवै उचारी इमि तोरण तिच्छ तुच्छन को कछुवै न गत हौं।—पद्माकर (शब्द०) २ व्यवहार में कठोर। ३ नाराज। क्रुद्ध।

रुच्छ[2]—संज्ञा पुं० [स० रुक्ष] दे० 'रूख'।

रुच्य[1]—वि० [स०] १. रुचिकर। २. सुंदर। खूबसूरत। ३. कांतिमत्। चमकीला (को०)।

रुच्य[2]—संज्ञा पु० [सं०] सेंधा नमक। २. शालि धान्य। जड़हन। ३. पति। स्वामी। ४. तुष्टिकारक वस्तु (औषधि)। ५. कतक का वृक्ष।

रुच्यकंद—संज्ञा पुं० [स० रुच्यकन्द] सूरन। ओल।

रुज—संज्ञा पु० [सं०] १ भंग। भांग। २. वेदना। कष्ट। ३. क्षत। घाव। ४ प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसपर चमड़ा मढ़ा होता था। ५. रोग। व्याधि (को०)।

रुजगार†—संज्ञा पुं० [हिं० रोजगार] दे० 'रोजगार'।

रुजग्रस्त—वि० [स० रुज् (=रोग)+ग्रस्त] जिसे कोई रोग हो। रोगग्रस्त। बीमार।

रुजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. रोग। बीमारी। २ भंग। भांग। ३ पीड़ा। ४ क्लांति। थकावट। थकान (को०)। ५ भेंड़ी। ६ कुष्ठ। कोढ़।

रुजाकर—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जिससे कोई रोग उत्पन्न हो। बीमारी पैदा करनेवाला। २ रोग। बीमारी। ३. कमरख नामक फल।

रुजापह—वि० [सं०] रोग को दूर करनेवाला। व्याधिनाशक [को०]।

रुजार्त—वि० [सं०] व्याधि से पीड़ित। रोग से आर्त वा दुखी [को०]।

रुजाली—संज्ञा स्त्री० [स०] रोगों या कष्टों का समूह। उ०—हिम करि केहार करमाली। दहन दोष दुख दहन रुजाली।—तुलसी (शब्द०)।

रुजासह—संज्ञा पुं० [सं०] धन्वन वृक्ष। धामिन का पेड़ [को०]।

रुजी—वि० [स० रुज् (=रोग)+हिं० ई (प्रत्य०)] जिसे कोई रोग हो। अस्वस्थ। बीमार। उ०—बहुत रोज आए भए अहै रुजी यह देश। याते अब निज पुरी को कीन्हे गमन नरेश।—रघुराज (शब्द०)।

रुजू—वि० [अ० रुजूअ् (=प्रवृत्त)] १. जिसकी तबीयत किसी

ओर झुकी या लगी हो। प्रवृत्त। उ०—(क) प्रेम नगर की रीत कछु बैनन कहत बन न। रुजू रहत चित चोर सो नहिन के मन नैन।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) अमरैया फूलत फिर काइल सब जताइ। अमल भयो ऋतुराज को रुजू होइ सब आइ।—स० सप्तक, पृ० २३०। २ जो ध्यान दिए हो।

रुझना(पु)†—क्रि० अ० [स० रुद्ध, प्रा० रुज्झ] घाव आदि का भरना या पूजना। उ०—मर्मवेधा वात का नासूर किसी तरह नहीं रुझता।—श्रीनवासदास (शब्द०)।

रुझना(पु)†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'अरुझना' या 'उलझना'।

रुझनी—संज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार की छोटी चिड़िया जिसकी पीठ काली, छाती सफेद और चोंच लंबी होती है।

रुझान—संज्ञा स्त्री० [अ० रुजहान] आकर्षण। झुकाव। २ पक्षपात। एकतरफा होने का भाव।

रुट्, रुड्—संज्ञा स्त्री० [स० रुट्] रोष (को०)।

रुठ—संज्ञा पु० [स० रुट, प्रा० रुट्ठ] क्रोध। अमर्ष। गुस्सा। उ०—कामानुज आमर्ष रुठ क्राध मन्यु क्रुध होय। क्षोभ भरा तिय को निरखि खिडकी सहचरि सोय।—नंददास (शब्द०)।

रुठना†—क्रि० अ० [हिं० रुठना] दे० 'रूठना'।

रुठाना—क्रि० स० [हिं० रुठना का प्रेर० रूप] किसी को रुठने में प्रवृत्त करना। नाराज करना। उ०—मनु न मनावन को करै देत रुठाइ रुठाइ। कौतुक लाग्यो प्यो प्रिया खिझहू रिझवति आय।—बिहारी (शब्द०)।

रुड़ना(पु)—क्रि० अ० [स० रणन] बजना। ध्वनित होना। उ०—रिणतूर नफेरय भेर रडं। गहरं स्वर ताम दमांम गुडं।—रा० रू०, पृ० ३३।

रुढ़ाना—क्रि० अ० [हिं० रूढ़+आना (प्रत्य०)] १ फल, तरकारी आदि का कड़ा पड़ जाना। २ जवान होना।

रुणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सरस्वती नदी की एक शाखा जिसका उल्लेख महाभारत में है।

रुणित—वि० [स०] शब्द करता हुआ। झनकारता हुआ। बजता हुआ। उ०—चरण रुणित नूपुर ध्वनि माना सर विहरत हैं बाल मराल।—सूर (शब्द०)।

रुत¹—संज्ञा स्त्री० [स० ऋतु] दे० 'ऋतु'।

रुत²—संज्ञा पुं० [स०] १ पक्षियों का शब्द। कलरव। उ०—(क) सुनि धार अधीरन के रुत को। चकि कै दृग फेरि किए उतको।—गुमान (शब्द०)। (ख) पल्लव अधर मधु मधुपनि पीवत ही सूचित शुचर पिक रुत सुख लागरी।—केशव (शब्द०)। २ शब्द। ध्वनि।

रुतबा—संज्ञा पुं० [अ० रुतबह] १ दरजा। मर्तबा। ओहदा। पद। २ इज्जत। प्रतिष्ठा। बड़ाई। ३ बुजुर्गी। श्रेष्ठता (को०)।

क्रि० प्र०—घटाना।—पाना।—बढ़ाना।—मिलना।

रुति(पु)—संज्ञा स्त्री० [स० ऋतु] दे० 'ऋतु'। उ०—अँगना बुहारत मीक जो टूटी, रति सासन की।—पोद्दार अभि० ग्र० पृ० ६४३।

रुदंतिका—संज्ञा स्त्री० [सं० रुदन्तिका] दे० 'रुदंती'।

रुदंती—संज्ञा स्त्री० [स० रुदन्ती] एक प्रकार का छोटा क्षुप जिसे सजीवनी या महासजीवनी कहते हैं। विशेष दे० 'सजीवनी'।

रुदती¹—वि० स्त्री० रोनेवाली। रोती हुई। विलाप करती हुई। उ०—उस रुदती किसी को देखने रुग्ण के लेप में, और पाकर ताप उसके प्रिय विरह विह्वल से।—साकेत, पृ० २५०।

रुद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ क्रंदन ध्वनि। २ रुदना। पीटा। ३ बीमारी। ४ ध्वनि। शब्द। आवाज (को०)।

रुद(पु)—संज्ञा पुं० [सं० रुद्र] दे० 'रुद्र'। उ०—तेतिक अहै काय रुद अपू। तेतिक करहु तात निरवेरू।—इंद्रा०, पृ० ३४।

रुदथ—संज्ञा पु० [सं०] १ फुफ्फुस। २ आँत। ३ मृगी (वै०)।

रुदन—संज्ञा पुं० [सं० रुदन, रोदन] रोने की क्रिया। क्रंदन। रोना। विलाप करना। उ०—(क) हरि बिन को पुरवै मेरा स्वारथ। मुखहि धुनत शीश कर मारत रुदन करत नृप पारथ।—सूर (शब्द०)। (ख) चकित भयो सुरपति सुनि रुदति पुर दिसि धाई।—सूर (शब्द०)। (ग) आवा निकट हमहि प्रभु भाजत रुदन कराहि। जाउँ समीप गहे पद फिरि चितइ पराहि।—तुलसी (शब्द०)।

रुदराज(पु)—संज्ञा पु० [सं० रुद्रराज] दे० 'रुद्रराज'।

रुदित¹—वि० [स०] जो रो रहा हो। रोता हुआ। उ०—(क) रुदित दच्छ को नारि निरत मुंह्व मुंह के बल।—रामचंद्र गुन (शब्द०)। (ख) हित मुदित गाहि रुदित मुख छाव कहत कवि मनु भाग की।—तुलसी (शब्द०)।

रुदित²—संज्ञा पु० रोदन क्रिया। रोना। क्रंदन (वै०)।

रुदुवा†—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का धान जो अगहन के महीने में तैयार होता है और जिसका चावल साल भर तक रह सकता है।

रुद्ध—वि० [स०] १ जो किसी से घेरकर रोका गया हो। घेरा हुआ। रोका हुआ। २ बाधित। आवृत। उ०—(क) तिमि साह यमुना को धारा। गंग प्रवाह रुद्ध परिवारा।—स्वामी रामकृष्ण (शब्द०)। (ख) रुद्ध सर्प ने क्षुद्र हिय मागध विद्ध करि।—गिरधर (शब्द०)। ३ जिसमें कोई चीज अड़ या फँस गई हो। मुँदा हुआ। बंद। ४ जिसकी गति रोक ली गई हो।

यौ०—रुद्धकंठ = जिसका गला रुँध गया हो। जो प्रेम आदि मनोवेगों के कारण बोलने में असमर्थ हो। रुद्धमूत्र। रुद्धवक्त्र = ढके हुए मुखवाला। जिसने मुँह तोप रखा हो।

रुद्धक—संज्ञा पुं० [सं०] नमक।

रुद्धमूत्र—संज्ञा पु० [सं०] मूत्रकृच्छ्र नामक रोग।

रुद्र¹—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का गणदेवता।

विशेष—इनकी उत्पत्ति सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा की भौंहों से हुई थी। ये क्रोध रूप माने जाते हैं और भूत, प्रेत, पिशाच

आदि इन्ही के उत्पन्न कहे जाते हैं। ये कुल मिलाकर ग्यारह हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं—अज, एकपाद, अहिब्रध्न, पिनाकी, अपराजित, त्र्यबक, महेश्वर, वृषाकपि, शभु, हरण और ईश्वर। गरुड पुराण मे इनके नाम इस प्रकार हैं—अजैक पाद अहिब्रध्न, त्वष्टा, विश्वरूपहर, बहुरूप, त्र्यबक, उपराजित, वृषाकपि, शभु, कपर्दी और रैवत। कूर्म पुराण में लिखा है कि जब आरभ मे बहुत कुछ तपस्या करने पर भी ब्रह्मा सृष्टि न उत्पन्न कर सके, तब उन्हे बहुत क्रोध हुआ और उनकी आँखो से आँसू निकलने लगे। उन्ही आँसुओ स भूतो और प्रेतो आदि की सृष्टि हुई, और तब उनके मुख से ग्यारह रुद्र उत्पन्न हुए। ये उत्पन्न होते ही जार जोर से रोने लगे थे, इसलिये इनका नाम रुद्र पडा था। इसी प्रकार और भी अनेक पुराणो मे इसी प्रकार की कथाएँ हैं। वैदिक साहित्य मे अग्नि को ही रुद्र कहा गया है और यह माना गया है कि यज्ञ का अनुष्ठान करने के लिये रुद्र ही यज्ञ मे प्रवेश करते हैं। वहाँ रुद्र को अग्निरूपी वृष्टि करनेवाला, गरजनेवाला देवता कहा गया है, जिससे वज्र का भी अभिप्राय निकलता है। इसके अतिरिक्त कही कही 'रुद्र' शब्द से इद्र, मित्र, वरुण, पूषण और सोम आदि अनेक देवताओं का भी बोध होता है। एक जगह रुद्र को मरुद्गण का पिता और दूसरी जगह अबिका का भाई भी कहा गया है। इनके तीन नेत्र बतलाए गए हैं और ये सब लोको का नियत्रण करनेवाले तथा सर्पो का ध्वस करनेवाले कहे गए हैं।

२ ग्यारह की सख्या। उ०—नेहि मधि कुश करि बिटप सुहावा। रुद्र सहस योजन कर गावा।—विश्राम (शब्द०)। ३ शिव का एक रूप। उ०—(क) रुद्रहि देखि मदन भय माना। दुराधर्ष दुर्गम भगवाना।—तुलसी (शब्द०)। (ख) केशव वरणहुँ युद्ध मे योगिनि गण युत रुद्र।—केशव (शब्द०)। (ग) रुद्र के चित्त समुद्र बसै नित ब्रह्महुँ पै बरणी जो न जाई। केशव (शब्द०)। (घ) दशरथ सुत द्वेषी रुद्र ब्रह्मा न भासै। निशिचर बपुरा भू वर्यो नस्यो मूल नासै।—केशव (शब्द०)।

विशेष—कहा गया है कि इसी रूप मे इन्होने कामदेव को भस्म किया था, उमा और गगा आदि के साथ विवाह किया था, आदि।

४ विश्वकर्मा के एक पुत्र का नाम। ५ प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा। ६ मदार का पेड। आक। ७ रौद्र रस। उ०—प्रथम शृगार सुहास्य रस करुणा रुद्र सुवीर। भय बीभत्स बखानिए अद्भुत शात सुधीर।—केशव (शब्द०)।

रुद्र[2]—वि० भयकर। डरावना। भयावना। भयानक। उ०—हम बूडत हैं विपदा समुद्र। इन राखि लियो सगम रुद्र।—केशव (शब्द०)। २ क्रदन करनेवाला।

रुद्रक[1]—सज्ञा पुं० [सं० रुद्राक्ष] रुद्राक्ष। उ०—मेखल ब्रह्म कपालनि की यह नूपुर रुद्रक माल रचे जू।—केशव (शब्द०)।

रुद्रकमल—सज्ञा पुं० [स० रुद्र+कमल] रुद्राक्ष।

रुद्रकलस—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कलश जिसका उपयोग ग्रहों आदि की शांति के समय होता है।

रुद्रकवल—सज्ञा पुं० [स० रुद्र+कमल] रुद्राक्ष। उ०—पहुँची रुद्रकँवल कै गटा। ससि माथे औ सुरसरि जटा।—जायसी (शब्द०)।

रुद्रकाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] शक्ति या दुर्गा की एक मूर्ति का नाम।

रुद्रकुड—सज्ञा पुं० [स० रुद्रकुण्ड] व्रज के एक तीर्थ का नाम।

रुद्रकोटि—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

रुद्रगण—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार शिव के पारिषद् जिनकी १,००,००,००० और किसी किसी के मत से ३६,००,००,००० है।

विशेष—कहते हैं, ये सब जटा धारण किए रहते हैं, इनके मस्तक पर अर्ध चद्र रहता है, ये बहुत बलवान होते हैं, और योगियो के योगसाधन मे पडनेवाले विघ्न दूर करते हैं।

रुद्रगर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि। आग।

रुद्रज—सज्ञा पुं० [स०] पारा।

रुद्रजटा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ इमरौल। ईमरमूल। २ सौंफ। ३ तीन चार हाथ ऊँचा एक प्रकार का क्षुप जिसके पत्ते मयूरशिखा के पत्तो के समान होते हैं।

विशेष—इसके पत्त पहले तो बडे होते हैं, पर ज्यो ज्यो क्षुप बढता हैं, त्यो त्यो वे छोटे होते जाते है। इसमे लाल रग के बहुत सुदर फल लगते हैं, जिनका आकार प्राय जटा के समान हुआ करता है। इसके बीज मरसा के बीजो के समान काले और चमकीले होते हैं। वैद्यक मे रुद्रजटा कटु और श्वास, कास, हृदयरोग तथा भूत प्रेत की बाधा दूर करनेवाली मानी गई है।

पर्या०—रौद्री। जटा। रुद्रा। सोम्या। सुगधा। घना। ईश्वरी। रुद्रलता। सुपना। सुगधपत्रा। सुरभि। शिवाह्वा। पत्रवल्ली। जटावल्ली। रुद्राणी। नेत्रपुष्करा। महाजठा। जटरुद्रा।

रुद्रट—सज्ञा पुं० [स०] साहित्य के एक प्रसिद्ध आचार्य जिनका बनाया हुआ 'काव्यालकार' ग्रथ बहुत प्रसिद्ध है। ये रुद्रभट्ट और शतानद भी कहलाते थे। इनके पिता का नाम भट्ट वामुक था।

रुद्रतनय—सज्ञा पुं० [सं०] जैन हरिवश के अनुसार तीसरे श्रीकृष्ण का एक नाम।

रुद्रता—सज्ञा स्त्री० [सं० रुद्र+ता (प्रत्य०)] दे० 'रुद्रत्व'।

रुद्रताल—सज्ञा पुं० [स०] मृदग का एक ताल जो सोलह मात्राओ का होता है। इसमे ११ आघात और ५ खाली होते हैं।

\+ ० १ २

इसका बोल इस प्रकार है—धा धिन धा दित धेत्ता देत्ता

० १ २ ३ ० १ ० १

खुनखुन धा धा केटे ताग् देत्ता कडान् धाम्या ता देत ताग

२ ३ ४ ० +

देत ताक कडआन् तेरे केटे ताग् खून धा।

रुद्रतेज—सज्ञा पुं० [सं० रुद्रतेजस्] स्वामि कार्त्तिक। कार्त्तिकेय। उ०—अग्नि के फेंके हुए रुद्रतेज को गगाजी ने, लोकपालो के बडे प्रतापो से भरे हुए गर्भ को रानी ने राजा के कुल की प्रतिष्ठा के निमित्त धारण किया।—लक्ष्मण (शब्द०)।

रुद्रत्व—संज्ञा पुं० [सं०] रुद्र का भाव या धर्म। रुद्रता।

रुद्रपति—संज्ञा पुं० [सं०] शिव। महादेव। उ०—रुद्रपति छुद्रपति लोकपति वोकपति धरनिपति गगनपति अगम बानी।—सूर (शब्द०)।

रुद्रपत्नी संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दुर्गा का एक नाम। २ अतसी। अलसी।

रुद्रपीठ—संज्ञा पुं० [सं०] तांत्रिकों के अनुसार एक पीठ या तीर्थ का नाम।

रुद्रपुरु—संज्ञा पुं० [सं०] बारहवें मनु रुद्रसावर्णि का एक नाम।

रुद्रप्रमोक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार वह स्थान जहाँ से शिव जी ने त्रिपुरासुर पर बाण चलाया था।

रुद्रप्रयाग—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय के एक तीर्थ का नाम जो गढ़वाल जिले में है।

रुद्रप्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पार्वती। २ हूर।

रुद्रभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक नद का नाम।

रुद्रभ—संज्ञा पुं० [सं०] श्मशान। मरघट।

रुद्रभूमि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ ज्योतिष में एक प्रकार की भूमि। २ श्मशान। मरघट।

रुद्रभैरवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा की एक मूर्ति का नाम।

रुद्रयज्ञ—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ जो रुद्र के उद्देश्य से किया जाता है।

रुद्रयामल—संज्ञा पुं० [सं०] तांत्रिकों का एक प्रसिद्ध ग्रंथ जिसमें भैरव और भैरवी का संवाद है।

रुद्ररोदन—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ण। सोना।

रुद्ररोमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम।

रुद्रलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] रुद्रजटा नाम का क्षुप।

रुद्रलोक—संज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान या लोक जिसमें शिव और रुद्रों का निवास माना जाता है।

रुद्रवंती—संज्ञा स्त्री० [सं० रुद्रवन्ती] एक प्रसिद्ध वनौषधि जिसकी गणना दिव्योषधि वर्ग में होती है।

विशेष—यह प्रायः सारे भारत में और विशेषतः उष्ण प्रदेशों की बलुई जमीन में जनाशयों के पास और समुद्र तट पर अधिकता से होती है। इसके क्षुप प्रायः हाथ भर ऊँचे होते हैं और देखने में चने के पौधों के से जान पड़ते हैं। इसके पत्ते भी चने के समान ही होते हैं, शरद ऋतु में जिनमें से पानी की बूँदें टपका करती हैं। काले, पीले, लाल और सफेद फूलों के भेद से यह चार प्रकार की होती है। वैद्यक के अनुसार यह चरपरी, कड़वी, गरम, रसायन, अग्निजनक, वीर्यवर्धक और श्वास, कृमि, रक्तपित्त, कफ तथा प्रमेह को दूर करनेवाली होती है।

पर्या०—स्रवतोया। संजीवनी। अमृतस्रवा। सोमवल्लिका। महाभासा। चणकपत्री। सुधास्रवा। मधुस्रवा।

रुद्रवट—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन तीर्थ का नाम जिसका उल्लेख महाभारत में है।

रुद्रवत्—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रुद्रवान्'।

रुद्रवदन'—संज्ञा पुं० [सं०] महादेव के पाँच मुख।

रुद्रवदन'—वि० पाँच मुखवाला।

रुद्रवान्'—वि० [सं० रुद्रवत्] रुद्रगणों से युक्त।

रुद्रवन्—संज्ञा पुं० १ सोम। २ अग्नि। ३ रुद्र।

रुद्रविंशति—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रभव आदि साठ संवत्सरों या वर्षों में से अंतिम बीस वर्षों का समूह, जिसे 'रुद्रबीसी' भी कहते हैं।

रुद्रवीणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्राचीन काल की एक प्रकार की वीणा।

रुद्रसर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

रुद्रसावर्णि—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार बारहवें मनु का नाम।

रुद्रसुंदरी—संज्ञा स्त्री० [सं० रुद्रसुन्दरी] देवी की एक मूर्ति का नाम।

रुद्रसू—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसने ग्यारह पुत्र उत्पन्न किए हों।

रुद्रस्वर्ग—संज्ञा पुं० [सं० रुद्र+स्वर्ग] दे० 'रुद्रलोक'।

रुद्रहिमालय—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय पर्वत का एक चोटी का नाम।

विशेष—यह चोटी चीन की ओर पूर्वी सीमा पर है और सदा बरफ से ढकी रहती है।

रुद्रहृदय—संज्ञा पुं० [सं०] एक उपनिषद् का नाम जो प्राचीन दस उपनिषदों में नहीं है।

रुद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. रुद्रजटा नामक क्षुप। २. नदिका नाम का गंधद्रव्य। विदुषी स्त्री। ३ अदितिमंत्री। मुक्तकेशी।

रुद्राक्रीड—संज्ञा पुं० [सं० रुद्राक्रीड] श्मशान। मरघट।

रुद्राक्ष संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रसिद्ध बड़ा वृक्ष जो नेपाल, बंगाल, आसाम और दक्षिण भारत में अधिकता से होता है।

विशेष—इसके पत्ते सात आठ अंगुल लंबे दो तीन अंगुल चौड़े और किनारे पर कटावदार होते हैं। नए निकलते हुए पत्तों पर एक प्रकार की सुनहरी रोई होती है, जो पीछे झड़ जाती है। जाड़े के दिनों में यह फूलता और वसंत ऋतु में फलता है। इसके फल के अंदर पाँच खाने होते हैं और प्रत्येक खाने में एक एक छोटा कड़ा बीज रहता है।

२ इस वृक्ष का बीज जो गोल और प्रायः छोटी मिर्च से लेकर आँवले तक के बराबर होता है। रुद्राक्ष।

विशेष—इस बीज पर छोटे छोटे दाने उभरे होते हैं। प्रायः शैव लोग इनमें छेद करके गलाएँ बनाते और गले या हाथ में पहनते हैं। इसकी माला पहनने और उससे जप करने का बहुत अधिक माहात्म्य माना जाता है। कहते हैं, इन बीजों को काली मिर्च के साथ पीसकर पीने से शीतला का भय नहीं रहता। वैद्यक में इसे शीतल, बलकारी, ओजप्रद, कृमिनाशक और खाँसी तथा प्रसूति आदि में हितकारी माना है।

पर्या०—शिवाक्ष । भूतनाशन । शिवप्रिय । पुष्पचामर ।

रुद्राख[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० रुद्राक्ष] दे० 'रुद्राक्ष' । उ०—मेखल सिंगी चक्र घँगारी । जोगोटा रुद्राख अधारी ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १२६ ।

रुद्राणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रुद्र की पत्नी, पार्वती । शिवा । भवानी । २ रुद्रजटा नाम की लता जिसकी पत्तियों आदि का व्यवहार औषधि के रूप में होता है । ३ एक प्रकार की रागिनी जो कुछ लोगों के मत से मेघ राग की पुत्रवधू है, पर कुछ लोग इसे जैती, ललित, पंचम और लीलावती के मेल से बनी हुई संकर रागिनी भी मानते हैं ।

रुद्रारि—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव ।

रुद्रावर्त—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक प्राचीन तीर्थ का नाम ।

रुद्रावास—संज्ञा पुं० [सं०] काशी क्षेत्र, जिसमें रुद्र या शिव का निवास माना जाता है ।

रुद्रिय[1]—वि० [सं०] १ रुद्र संबंधी । रुद्र का । २ आनंददायक । प्रसन्नता उत्पन्न करनेवाला । ३ भयानक । खौफनाक ।

रुद्रिय—संज्ञा पुं० आनंद । प्रसन्नता । मोद (को०) ।

रुद्री[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की वीणा जिसे रुद्रवीणा भी कहते हैं ।

रुद्री[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० रुद्र + ई (प्रत्य०)] १ वेद के रुद्रानुवाक् या अघमर्षण सूक्त की ग्यारह आवृत्तियाँ । २ यजुर्वेद के रुद्र तथा विष्णुपरक कतिपय मंत्रों का आठ अध्यायों में किया गया संकलन । रुद्राष्टाध्यायी ।

रुद्रैकादशिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] रुद्रानुवाकों (रुद्री) की या अघमर्षण सूक्त की ग्यारह आवृत्तियाँ । रुद्री ।

रुद्रोपनिषद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद् का नाम ।

रुद्रोप्रस्थ—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम ।

रुधि—संज्ञा पुं० [सं० रुधिर] दे० 'रुधिर' । उ०—गहि सग सूर लीनी हबकि जै जै सुर आकास कहि । रुंध धार छुट्टि समुद्द चली मनो मेर सरसत्ति वहि ।—पृ० रा०, १।६५३ ।

रुधिर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ शरीर में का रक्त । शोणित । लहू । खून । (मुहा० के लिये दे० 'खून' के मुहा०) । २ रक्तवर्ण । लाल रंग (को०) । ३ कुंकुम । केसर । ४ मंगल ग्रह । ५ एक प्रकार का रत्न । विशेष दे० 'रुधिराख्य' ।

रुधिर[2]—वि० लाल । लाल रंग का । रक्तवर्ण का (को०) ।

रुधिरगुल्म—संज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियों का एक प्रकार का रोग ।

विशेष—इससे पेट में शूल और दाह होता है और एक गोला सा घूमता है । इसमें पित्तगुल्म के सब चिह्न मिलते हैं और कभी कभी इससे गर्भ रहने का भी धोखा होता है । कहते हैं, गर्भपात होने पर अनुचित आहार विहार करने के कारण ऋतुकाल में वायु कुपित होती है, जिससे [illegible] होकर गोला सा बन जाता है ।

रुधिरपायी—संज्ञा पुं० [सं० रुधिरपायिन्] [वि० स्त्री० रुधिरपायिनी] १ वह जो रक्त पीता हो । लहू पीनेवाला । २ राक्षस ।

रुधिरपित्त—संज्ञा पुं० [सं०] रक्तपित्त । नकसीर ।

रुधिरप्लीहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्लीहा रोग का एक भेद ।

विशेष—वैद्यक के अनुसार इसमें इंद्रियाँ शिथिल हो जाती हैं, शरीर का रंग बदल जाता है, अंग भारी और पेट लाल हो जाता है और भ्रम, दाह तथा मोह होता है ।

रुधिरवृद्धिदाह—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का रोग जिसमें रक्त की अधिकता से सारे शरीर में धुआँ सा निकलता है और शरीर तथा आँखों का रंग तांबे का सा हो जाता है और मुंह से लहू की गंध आती है ।

रुधिरांध—संज्ञा पुं० [सं० रुधिरान्ध] पुराणानुसार एक नरक का नाम ।

रुधिराक्त—वि० [सं०] १ लहू में तर या भीगा हुआ । खून से भरा हुआ । २ लहू का सा लाल ।

रुधिराख्य—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रत्न या मणि ।

विशेष—इसकी गणना कुछ लोग उपरत्नों में और कुछ लोग स्वल्प मणियों में करते हैं । इसका रंग बीच में बिलकुल सफेद और अगल बगल इंद्रनील या नीलम के समान होता है । कहते हैं, यही रत्न पककर हीरा हो जाता है । यह भी माना जाता है कि जो इसे धारण करता है, उसे बहुत सुख और ऐश्वर्य प्राप्त होता है ।

रुधिरानन—संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में मंगल ग्रह की एक वक्र गति ।

विशेष—जब मंगल किसी नक्षत्र पर अस्त होकर उसमें पंद्रहवें या सोलहवें नक्षत्र पर वक्री होता है, तब वह रुधिरानन कहलाता है ।

रुधिरामय—संज्ञा पुं० [सं०] १ रक्तपित्त नामक एक रोग । २. बवासीर (को०) ।

रुधिराशन—संज्ञा पुं० [सं०] १ खर राक्षस का एक सेनापति जिसे श्रीरामचंद्र जी ने मारा था । २ राक्षस ।

रुधिराशन[2]—वि० रक्त ही जिसका आहार हो । रक्तपान करके जीनेवाला ।

रुधिराशी—वि० [सं० रुधिराशिन्] रक्त पान करनेवाला । लहू पीनेवाला ।

रुधिरासी—वि० [सं० रुधिराशिन्—रुधिराशी] लहू पीनेवाला । रुधिराशी । उ०—राच्छस मगाहे नहस अठासी । भूरि भयंकर भट रुधिरासी ।—रघुराज (शब्द०) ।

रुधिरोद्गारी[1]—संज्ञा पुं० [सं० रुधिरोद्गारिन्] बृहस्पति के साठ संवत्सरों में से सत्तावनवाँ संवत्सर ।

रुधिरोद्गारी[2]—वि० रक्त का वमन करनेवाला । खून की कै करनेवाला (को०) ।

—संज्ञा पुं० [सं० रुधिर] दे० 'रुधिर' । उ०—पीवा दूध रुधर हूँ आवा । मुई गाय तब दोष लगावा ।—कबीर ग्र०, पृ० २४५ ।

रुनकझुनक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] दे० 'रुनुकझुनुक'। उ०—त्रिकुटी मध्य इक बाजा बाजै रुनकझुनक झनकार करै।—कबीर० श०, भा० १, पृ० ५५।

रुनकना—क्रि० अ० [अनु०] बजना। शब्दित होना। उ०—तुलाकोट मंजीर पुनि नूपुर रुनका पाय।—अनेकार्थ०, पृ० ५०।

रुनकाना—क्रि० स० [अनु०] बजाना। ध्वनि करना। रणित करना। उ०—सेज परी नूपुर रुनकावै। कर के कल कंकन कुनकावै।—नंद० ग्र०, पृ० १५६।

रुनझुन—संज्ञा स्त्री० [अनु०] नूपुर, मंजीर, किंकिणी आदि का शब्द। कलरव। झनकार। उ०—(क) कटि किंकिणि रुनझुन सुन तन की हंस करत किलकारी।—सूर (शब्द०)। (ख) रुचिर नूपुर किंकिनी मनु हरति रुनझुन करनि।—तुलसी (शब्द०)। (ग) औरन के गान उन्हे कान न सुहात सुनै तेरे नूपुरन की रुनझुन है।—देव (शब्द०)।

रुनाई—संज्ञा स्त्री० [सं० अरुण + हिं० आई (प्रत्य०)] अरुणिमा। लालिमा। ललाई।

रुनित—वि० [सं० रुणित] शब्द करता हुआ। बजता हुआ। झंकार करता हुआ। उ०—(क) चरण रुनित नूपुर कटि किंकिणी कल कूजै।—सूर (शब्द०)। (ख) रुनित भृंग घंटावली झरत दान मद नीर। मंद मंद आवतु चल्यो कुंजर कुंज समीर।—बिहारी (शब्द०)।

रुनित झुनित—वि० [अनु०] रुनझुन करता हुआ। बजता हुआ। उ०—नूपुर रुनित झुनित कंकन कर हार छुरी मिलि बाजै।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४४६।

रुनी—संज्ञा पुं० [देश०] घोड़े की एक जाति। उ०—कारुनी मदनी स्याह कर्नेता रुनी। नुकरा और दुवाज बोरता है छवि दूनी।—सूदन (शब्द०)।

रुनुक झुनुक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] नूपुर आदि का रुनझुन शब्द। झनझनाहट। झनकार। उ०—रुनुक झुनुक नूपुर बाजत पग यह अति है मनहरनी।—सूर० (शब्द०)।

रुनुझुनु—संज्ञा पुं० [अनु०] नूपुर या किंकिणी आदि का शब्द। झनकार। उ०—रुनुझुनु रुनुझुनु नूपुर झुनकें कनकन के प्रभु पायन मे।—देवस्वामी (शब्द०)।

रुनुल—संज्ञा पुं० [देश०] सिकम और हिमालय मे होनेवाला एक प्रकार का बेत जो झाड के रूप मे होता है।

रुन्नी—संज्ञा स्त्री० [देश०] अमरूद। (नेपाल तराई) विशेष दे० 'अमरूद'।

रुपइया—संज्ञा पुं० [हिं० रुपया] दे० 'रुपया'। उ०—कोइ आवे तो दौलत माँगे भेंट रुपइया लीजै जी।—कबीर श०, भा० १, पृ० १०३।

रुपना—क्रि० अ० [हिं० रोपना का अकर्मक] १ रोपा जाना। जमीन मे गाडा या लगाया जाना। जमना। जैसे,—धान रुपना। २ टूटना। अडना। उ०—(क) जो रन मे रुपि रुद्र रिझायो। दागी को सिर काटि चढ़ायो।—लाल (शब्द०)। (ख) परयो जोर विपरीत रति रुपी सुरत रनधीर। करति कोलाहल किंकिनी गहगही गौन मंजीर।—बिहारी (शब्द०)।

रुपया—संज्ञा पुं० [सं० रूप्यक] १ भारत में प्रचलित चाँदी का सबसे बड़ा सिक्का जो सोलह आने (चौसठ पैसे) का होता था। यह तौल मे दस माशे का होता है। स्वतंत्र भारत में अब इसमें चाँदी का बहुत कम अंश रखा गया है और इसका मूल्य १०० नए पैसे के बराबर होता है।

मुहा०—रुपया उठाना = रुपया खर्च करना। रुपया ठीकरा करना = रुपए का अपव्यय करना।

२ धन। संपत्ति।

मुहा०—रुपया उड़ाना = बहुत धन खरचना। रुपया खा जाना = (१) रुपया खरच न चुकाना। रुपया हजम कर जाना। (२) गबन करना। रुपया पचाना = धन संचय करना। रुपया पानी में फेंकना = व्यर्थ खर्च करना। फिजूल खरचना।

यौ०—रुपया पैसा = धन संपत्ति। रुपयावाला = मालदार। अमीर। धनी।

रुपवंत—वि० [सं० रूपवत् का बहु व०] रूपवान्। रूपमंत। उ०—(क) पुनि रूपवंत पतिव्रता कहा। जासम जगत मातु मुख चहा।—जायसी (शब्द०)। (ख) इहाँ रूप अइ कन्या जेहि पुरुष नहि जाइ। पति सुदेस रूपवंता जहाँ जनम अस होइ।—जायसी (शब्द०)।

रुपहरा—वि० [हिं० रुपहला] दे० 'रुपहला'। उ०—सामने शुक्र की छवि झलमल, पैरती परी सी जल मे कल, रुपहरे कचों मे हो ओझल।—गुंजन, पृ० ६५।

रुपहला—वि० [हिं० रुपा (= चाँदी) + हला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० रुपहली] चाँदी के रंग का। चाँदी का सा। जैसे,—रुपहला गोटा, रुपहला काम।

रुपहला रंग—संज्ञा पुं० [हिं० रुपहला + रंग] भड़भाँड के काँसे से बचने का मसाला। (कसेरा)।

रुपा—संज्ञा पुं० [हिं० रुपया] १ दे० 'रुपया'। २ दे० 'रूपा'।

रुपिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] नाक। नासा।

रुपैया—संज्ञा पुं० [हिं० रुपया] दे० 'रुपया'।

रुपोला—वि० [हिं० रुपहला] दे० 'रुपहला'।

रुप्पा—संज्ञा पुं० [हिं० रुपया] दे० 'रुपया'। उ०—माया साथ न चालई जर रुप्पा धन माल।—प्राण०, पृ० २५५।

रुबाई—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ उर्दू या फारसी की एक प्रकार की कविता जिसमे चार मिसरे होते है। २ एक प्रकार का रंगीन या चलता गाना।

रुबाई एमन—संज्ञा पुं० [हिं० रुबाई + एमन] एक शानक राग जिसके साथ दीपाली या ठेका बजाया जाता है।

रुमच—संज्ञा पुं० [सं० रोमाञ्च] दे० 'रोमांच'।

रुमझुमाना—क्रि० अ० [अनु०] बल खाना। ऐंचना। झुकना। झूमना। उ०—जहर, जो सेसुओ की पर्त मे सौ पेंच खाता हो।

कहर उस वक्त कोई रुमझुमाकर और ढाता हो।—ठेठा०, पृ० २३।

रुमण—सज्ञा पुं० [सं०] रामायण के अनुसार एक वानर जो सौ करोड वानरों का यूथपति था।

रुमन्वान्—सज्ञा पु० [स० रुमन्वत्] १ महाभारत के अनुसार एक प्राचीन ऋषि का नाम। २ पुराणानुसार एक पर्वत का नाम।

रुमांचितⓊ—वि० [स० रोमाञ्चित] दे० 'रोमाचित'।

रुमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वाल्मीकि के अनुसार सुग्रीव की पत्नी का नाम। २ नमक की खान या झील (को०)।

रुमाल—सज्ञा पुं० [फा० रूमाल] दे० 'रूमाल'।

रुमाली—सज्ञा स्त्री० [फा० रूमाल] १ एक प्रकार का लँगोट जिसमे कपडे के एक छोटे तिकोने टुकडे के दोनो ओर दो लबे वद और तीसरे कोने पर, जो नीचे की ओर होता है, एक लबी पतली पट्टी टँकी होती है।

विशेष—इसके दोनो वद कमर से लपेटकर बाँध लिए जाते है और नीचे की पट्टी से आगे की ओर इद्रिय ढककर उसे फिर पीछे की ओर उलटकर खोस लेते हैं। प्राय कुश्तीबाज लोग कसरत करने या कुश्ती लडने के समय इसे पहनते हैं।

२ छोटा रूमाल। गमछा। ३ मुगदर हिलाने का एक हाथ या प्रकार।

विशेष—इसका हाथ सिर के ऊपर से मुगदर को ताने हुए और फिर पीठ के ऊपर के आधे ही भाग तक होता है। इसमे अधिक बल की आवश्यकता होती है।

रुमावलीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० रोमावली] दे० 'रोमावली'।

रुम्र[1]—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य का सारथी, अरुण (को०)।

रुम्र[2]—वि० पिंग वर्ण का। भूरे रग का। २ चमकीला। ३ सुदर (को०)।

रुरनाⓊ—क्रि० अ० [स० लुलन] १ लुढकना। पडना। गिरना। उ०—मधि बाजार चलि रुंधिर नदि रुरत तुड धन मुंड।—पृ० रा० ५।८६। २ हिलना डुलना। कपित होना। उ०—सहज हसौं ही छवि फवति रँगीले मुख दसननि जोति जाल मोती माल सो रुरै।—रसखान० पृ० ८६।

रुराईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रूरा + ई (प्रत्य०)] सुदरता। लुनाई। उ०—मैं सब लिखि सोभा जो बनाई। सजल जलद तन वसन कनक रुचि उर बहु दाम रुराई।—सूर (शब्द०)।

रुरु—सज्ञा पुं० [स०] १ काला हिरन। कस्तूरी मृग। २ एक दैत्य का नाम जिसे दुर्गा ने मारा था। ३ पुराणानुसार एक प्रकार का बहुत ही क्रूर जतु जिसे भारभृग भी कहते हैं।

विशेष—ऐसा प्रसिद्ध है, इस लोक मे जो लोग हिंसा करते हैं, उन्हे हिंसित प्राणी, रुरु होकर, रौरव नरक मे काटते है। ४ एक प्रसिद्ध ऋषि जो प्रमति के पुत्र और च्यवन के पौत्र थे।

विशेष—कहते हैं, जब इनकी स्त्री प्रमद्वरा का देहात हो गया, तब इन्होने उसे अपनी आधी आयु देकर जिलाया था।

५. विश्वेदेवा के अतर्गत देवताओ का एक गण। ६. सावर्णि मनु के सप्तर्षियो मे से एक का नाम। ७ एक भैरव का नाम। ८ एक फलदार वृक्ष का नाम। ८ श्वान। कुत्ता (को०)।

रुरुआ—सज्ञा पुं० [हिं० ररना, ररुआ] बडी जाति का उल्लू जिसकी बोली बडी भयावनी होती है। उ०—ररुआ चहुँ दिसि ररत, डरत सुनिकै नर नारी।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

विशेष प्रवाद है, यह कभी कभी किसी का नाम सुनकर रटने लगता है और वह आदमी मर जाता है। इसका बोलना लोग बहुत अशुभ मानते हैं।

रुरुचु—वि० [स०] चिकना का उलटा। रूखा। रुक्ष। उ०—काल जिघृक्षु रुरुक्षु कृपा का स्वपानन स्वच्छ स्वपक्ष प्रियाही।—रघुराज (शब्द०)।

रुरुत्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] रोध करने की अभिलाषा। रोकने की चेष्टा। ३ रोक। रुकावट (को०)।

रुरुभैरव—सज्ञा पुं० [स०] तात्रिको के अनुसार एक प्रकार के भैरव जिनका पूजन दुर्गा के पूजन के समय किया जाता है।

रुरुमुंड—सज्ञा पुं० [सं० रुरुमुण्ड] एक पर्वत का नाम।

रुलना—क्रि० अ० [सं० लुलन (=इधर उधर डोलना)] इधर उधर मारा मारा फिरना। आवारा फिरना। उ०—सुदर रोझै राम जी जाकै पतिव्रत होइ। रुलत फिरै ठिक बाहरो ठौर न पावै कोइ।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ६९१। २. खराब होना। दबा रह जाना। हिल डुलकर जहाँ का तहाँ रह जाना।

रुलाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोना + आई (प्रत्य०)] १ रोने की क्रिया या भाव। २ रोने की प्रवृत्ति।

क्रि० प्र०—आना। छूटना।

रुलाना[1]—क्रि० स० [हिं० रोना का प्रेर० रूप] दूसरे को रोने मे प्रवृत्त करना। उ०—उस कहने ने सबको रुला दिया।—सुधाकर (शब्द०)।

रुलाना[2]—क्रि० स० [हिं० रुलाना का सक० रूप] १ इधर उधर फिराना। २ नष्ट करना। मिट्टी खराब करना।

रुल्ल, रुल्ला‡—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह भूमि जिसकी उपजाऊ शक्ति कम हो गई हो और जिसे परती छोडने की आवश्यकता हो।

रुल्ली—सज्ञा स्त्री० [देश०] रोहिणी की तरह की एक प्रकार की वनस्पति जो उससे कुछ छोटी होती है।

रुवश—सज्ञा पु० [सं०] श्वान। कुत्ता (को०)।

रुवाँ‡—सज्ञा पु० [हिं० रोवाँ] सेमल के फूल के अदर से निकला हुआ घूआ। भूआ। उ०—का सेमर के साख बढाए फूल अनूपम बानी। केतिक चात्रिक लागि रहे है चाखत रुवा उडानी।—कबीर (शब्द०)।

रुवाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रुलाई] दे० 'रुलाई'।

रुवाब—सज्ञा पुं० [अ० रुअब] द० 'रोब'।

रुवु, रुवुक, रुवूक—सज्ञा पु० [सं०] एरड वृक्ष। रेंड का पेड (को०)।

ऋशगु—सज्ञा पु० [सं० ऋशङ्ग] एक प्राचीन ऋषि का नाम जो नृपशु भी कहे जाते थे।

ऋशद्गु—सज्ञा पु० [स०] दे० 'ऋशगु'।

ऋशना—सज्ञा स्त्री० [सं०] भागवत के अनुसार रुद्र की एक पत्नी का नाम।

ऋष—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'रुषा' [को०]।

ऋष[1]—सज्ञा पुं० [स०] क्रोध। गुस्सा। उ०—दत्य होहु ऋषि मन्य बखाना।—गिरधर (शब्द०)।

ऋषक—सज्ञा पु० [हिं० रुख] दे० 'रुख'।

ऋषा—सज्ञा स्त्री० [स०] क्रोध। कोप। गुस्सा।

ऋषान्वित वि० [स०] क्रुद्ध। क्रोधयुक्त।

ऋषित—वि० [स०] १ क्रुद्ध। नाराज। २ रजीदा। दुखी।

ऋषेसर—सज्ञा पु० [स० ऋषीश्वर] ऋषिश्रेष्ठ। ऋषीश्वर। उ०—पालकाव्य लघु वेस रहत एक तहाँ रुषेसर।—पृ० रा०, २६।६।

ऋष्कर—सज्ञा पु० [स०] १ भिलावाँ। २ कस्तूरी बूटी। नेपरी।

ऋष्ट—वि० [स०] जिसे रोष हुआ हो। क्रुद्ध। अप्रसन्न। नाराज। कुपित। रुषित।

ऋष्टता—सज्ञा स्त्री० [स०] रुष्ट होने का भाव। नाराजगी। अप्रसन्नता।

ऋष्ठ पुष्ट†—वि० [स० हृष्टपुष्ट] दे० 'हृष्टपुष्ट'।

ऋष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] कोप। क्रोध। गुस्सा।

ऋसना[1]—क्रि० अ० [हिं० रुसना] दे० 'रुसना'।

ऋसना—क्रि० स० रुठाना। रुष्ट करना। नाराज करना। उ०—नददास प्रभु ऐसी काहे का रुसए बलि जाके मुख देखे ते मिटत दुख ददा।—नद० ग०, पृ० ३६६।

ऋसना[3]†—वि० [वि० स्त्री० रुसनी] रुसनेवाला। रुष्ट होनेवाला। जैसे,—रुसना स्वभाव।

ऋसनाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोशनाई] १ चमक। प्रकाश। आभा। उ०—कचन सभ नगन परा सब जोबन सग लिए रुसनाई।—अकबरी०, पृ० ३३१। २ कीर्ति। यश। उ०—जे जन ऐसी करी कमाई। तिनकी फैली जग रुसनाई।—कबीर सा० स०, पृ० ६०।

ऋसवा वि० [फ़ा०] जिसकी बहुत बदनामी हो। निंदित। जलील। लाछित।

ऋसवाई—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] रुसवा होने का भाव। अपमान और दुर्गति। कुत्सा और निंदा। जिल्लत।

ऋसा[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रोहिष] दे० 'रुसा'।

ऋसा[2]—सज्ञा पुं० [स० रुषक] दे० 'अडूसा'।

ऋसित—वि० [स० रुषित] रुष्ट। अप्रसन्न। नाराज। उ०—गरुडासन पै करत रुसित हासन भरि गासन। ज्वलित हुतासन सरिस भरत परकासन आसन।—गोपाल (शब्द०)।

ऋसख—सज्ञा पुं० [अ० रुसूख़] १ प्रवेश। पहुँच। पैठ। रसाई। दक्षता। जानकारी। महारत। ३ प्रेम। २ व्यवहार। मेल-जोल [को०]।

ऋसम—सज्ञा पु० [अ० रुसूम] दे० 'रुसूम'।

ऋसट—वि० [स० रुष्ट] दे० 'रुष्ट'।

ऋसतगी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] उगज। उगाव [को०]।

ऋसतनी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ शाक। तरकारी। भाजी। २ भूमि, बीज आदि जो उगजने या उगने के काबिल हो [को०]।

ऋसतम—सज्ञा पुं० [अ०] १ फारस का एक प्रसिद्ध प्राचीन पहलवान।

विशेष इसकी गणना ससार के बहुत बड़े बड़े पहलवानो मे होती है। सोहराब और रुस्तम की लड़ाई की कहानी मशहूर है। फिरदौसी ने रुस्तम का उल्लेख अपने शाहनामा मे किया है। इनका समय ईसा से लगभग नौ सौ वर्ष पहले माना जाता है।

मुहा०—रुस्तम का साला = बहुत बड़ा वीर। बहुत बहादुर। (व्यग्य)।

२ वह जो बहुत बड़ा वीर हो।

मुहा० छिपा रुस्तम = वह जो देखने मे सीधा सादा पर वास्तव मे किसी काम मे बहुत वीर हो।

ऋह, रुह—वि० [स०] जात। उत्पन्न।

विशेष—यह शब्द प्राय यौगिक शब्दो मे अत मे आता है। जैसे—महीरुह, पकरुह।

ऋहरु—सज्ञा पुं० [स०] छेद। सूराख।

ऋहठि—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोहट (= रोना)] रूठने की क्रिया या भाव। उ०—रुहठि करै तासो को खेलै रहे पौढि जहँ तहँ सब सयाँ।—सूर (शब्द०)।

ऋहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दूब। २ ककही। अतिबला। ३ मासरोहिणी नाम की लता। ४ लजालू। लज्जावती।

ऋहिर—सज्ञा पुं० [सं० रुधिर, प्रा० रुहिर] लहू। रक्त। खून। उ०—रुहिर चुअइ जो जा कह बाता। भोजन बिन भोजन सुख राता।—जायसी (शब्द०)।

ऋहीर—सज्ञा पुं० [प्रा० रुहिर] दे० 'रुहिर'। उ०—चलै धर पूर रुहीर प्रवाह।—पृ० रा०, ६१।१४७९।

ऋह लखड—सज्ञा पु० [हिं० रुहेल + स० खण्ड] अवध के उत्तर-पश्चिम पड़नेवाला प्रदेश जहाँ रुहेले पठान बसे थे।

ऋहल्ला—सज्ञा पुं० [हिं० रुहेलखड] पठानो की एक जाति जो प्राय रुहेलखड मे बसी हुई है।

ऋँख—सज्ञा पु० [हिं० रुख] दे० 'रुख'।

ऋँखड़[1]—सज्ञा पुं० [हिं० रुखा] एक प्रकार के भिक्षुक जो दरियाई नारियल का खप्पर लेकर 'अलख' कहकर भीख माँगते हैं और कमर मे एक बड़ा सा घुँघरू बाँधे रहते हैं।

विशेष—इनका एक और भेद होता है जो गूदड कहलाता है। ये कही अड़कर भिक्षा नही माँगते, केवल तीन बार 'अलख' कहकर ही आगे बढ़ जाते हैं।

रूँखड़[1]—संज्ञा पुं० [हिं० रूख + ड (प्रत्य०)] दे० 'रूख'।

रूँगटा—संज्ञा पुं० [हिं० रोंगटा] दे० 'रोंगटा'।

रूँगटाली†—संज्ञा स्त्री० [हिं० रूँगटा + वाली (= आली)] भेंड। गाडर।

रूँगा†—संज्ञा पुं० [सं० रुक (= उदारता)] घेलुआ। घाल। रूगा।

रूँदना—क्रि० स० [हिं० रौंदना] दे० 'रौंदना'। उ०—माटी कहै कुम्हार को तूँ क्या रूँदै मोहि। इक दिन ऐसा होइगा मैं रूँदूँगी तोहि।—कबिता कौ०, भा० १, पृ० ३२।

रूँथना—क्रि० स० [हिं० रौंदना] दे० 'रौंदना'। उ०—जैसे कमल बन को रूथकर मतवाला हाथी आता हो तैसे रणधीर सिंह इस समय रणभूमि से इस तरफ चले आते है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० १२८।

रूँध—वि० [सं० रुद्ध] रुका हुआ। अवरुद्ध। उ०—बाढत तो उर भर भर तरुनई विकास। बोझनि सौतनि के हिए आधतु रूँध उसास।—बिहारी (शब्द०)।

रूँधना—क्रि० स० [स० रुन्धन] १ किसी स्थान या वस्तु को बाहरवालो के आक्रमण से बचाने के लिये उसके चारो ओर कँटीले झाड आदि लगाना। कँटीले झाड आदि से घेरना। बाढ़ लगाना। उ०—जर तुम्हार चह सवति उखारी। रूँधहु करि उपाउ बर बारी।—तुलसी (शब्द०)। २ किसी पदार्थ को चारो ओर से इस प्रकार घेरना कि वह बाहर न जा सके। रोकना। छेकना। जैसे,—गाय रूँधना। ३ गमनागमन का मार्ग बद करना। जसे,—राह रूँधना, द्वार रूँधना आदि। उ०—बबुर बहेरे को बनाइ बाँग लाइयत रूँधिबे को सोऊ सुरतरु काटियतु है।—तुलसी (शब्द०)।

रूँहो(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं० रोआँ का स्त्री० रोई] रोम। लोम। रोआँ। उ०—वै ब्रह्मा विष्णु महेश प्रलै मैं जिसदी पुसै न रूँही।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० २७६।

रू—संज्ञा पुं० [फा०] १. मुँह। चेहरा। २. द्वार। सबब। ३ आशा। उम्मेद। ४ ऊपरी भाग। सिरा। ५. आगा। सामना।

यौ०—रूपुश्त = बाहर भीतर। आगे पीछे। दोनो ओर। रू रियायत = (१) पक्षपात। (२) मुरौवत। शील सकोच।

मुहा०—रू से = अनुसार। जैसे,—ईमान को रू से तुम्हीं बतलाओ कि क्या बात है।

रूई—संज्ञा स्त्री० [सं० रोम, प्रा० रोंव, हिं० रोवा, रोई] १ कपास के डोरे या कोश के अदर का घुआ। उ०—हार हार कहत पाप पुनि जाई। पवन लागि ज्या रुई उडाई।—सूर (शब्द०)।

विशेष—यह डोडा पककर चिटकने पर ऊन के लच्छे की तरह बाहर निकलता है। इसके रेशे कोमल और घुँघराले होते है, जो बीज के ऊपर चारो ओर लगे होते हैं, और जिनके अंदर बीज लिपटे रहते है। मोटी और बारीक के भेद से रुई अनेक प्रकार की होती है। कितनी रुइयाँ तो रेशम की भाँति कोमल और चिकनी होती हैं। डेढ या डोडे से फूटकर बाहर निकलने पर रूई इकट्ठी की जाती है। इसके बाद सुख जाने पर लोग इसे ओटनी मे ओटकर बीजो से अलग कर लेते हैं। ओटी हुई रुई धुनी जाती है जिससे उसमें जो बचे खुचे बीज रहते हैं, अलग हो जाते हैं और उसके रेशे फूटकर खुल जाते हैं। इस रूई से पेंडरी या पूनी बनाई जाती है, जिससे सूत काता जाता है। धुनी हुई रुई गद्दे आदि मे भरा जाती है, और उससे सूत कातकर कपडे बुनते हैं। इसका प्रयोग रासायनिक रीति से बारूद बनाने मे भी होता है। रुई को शोरे के तेजाब मे गलाते हैं, जिससे यह अत्यत विस्फोटक हो जाता है। इसे 'गन काटन' कहते हैं और उत्तम बारूद मे इसका प्रयोग होता है। इस 'गन काटन' को ईथर या ईथर मिले हुए अलकोहल मे मिलाने से एक प्रकार का लेस बनता है। इस लेस को 'कलाडीन' कहते हैं। यह घाव पर तुरत लगाए जाने पर झिल्ली की तरह सूखकर उसे जोड देता है। कलोडीन मे थोडी सी मात्रा ब्रोमाइड और आयोडाइड को मिलाकर शीशे पर लगाकर फोटो के लिये गीला 'प्लेट' बनाया जाता है। हिंदुस्तान मे रूई के कपडे का प्रचार वैदिक काल से चला आता है। ब्राह्मण और गृह्य सूत्रो मे तो इसके यज्ञोपवीत और वस्त्र का विधान वर्णभेद से स्पष्ट देखा जाता है, पर युरोप मे इसके कपडे का प्रचार कुछ ही शताब्दियो से हुआ है। सूत के लिये उत्तम रूई वही समझी जाती है, जिसके रेशे लबे और दृढ होने पर भी पतले और चमकीले होते ह।

क्रि० प्र०—तूमना।—धुनना।—धुनकना।

पर्या०—तूल। पिचु।

मुहा०—रूई का गाला = रूई के गाले की तरह कोमल या सफेद। रूई की तरह तूम डालना = (१) अच्छी तरह नोचना। (२) बहुत मारना पीटना। (३) गालियाँ देना, बखानना। (४) अच्छी तरह छानबीन करना। रूई की तरह धुनना = खूब मारना। अच्छी तरह पीटना। रूई सा = रुई की भाँति नरम। कोमल। जैसे,—रूई से हाथ पाँव। अपनी रूई सूत में उलझना या लिपटना = अपने काम काज मे फसना।

२ इसी प्रकार का कोई रोआँ। विशेषत. बीजो के ऊपर का रोआँ।

रूईदार—वि० [हिं० रूई + फा० दार (प्रत्य०)] जिसमे रूई भरी गई हो। जैसे,—रूईदार अगा, रूईदार बडा।

रूक[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० रूक्षा] तलवार। (डिं०)।

रूक[2]—संज्ञा पुं० [सं० रुक (= उदार)] झूगा। घलुआ। घाल।

रूक[3]—संज्ञा पु० [स० वृक्ष, प्रा० रुक्ख हिं० रूख] एक प्रकार का पेड जिसका पत्तियाँ औषध के रूप मे काम आती है और पचपानडी के साथ मिलकर बिकती है।

रूक्ष[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० रूक्षा] जो चिकना या कोमल न हो। रूखा। स्निग्ध का उलटा। द० 'रूक्ष'।

यौ०—रूक्षगध, रूक्षगधक = (१) गुग्गुल। (२) गुग्गुल का वृक्ष।

रूक्षपत्र = शाखोट या शाखोटक वृक्ष। रूक्षभाव = रूखापन। रूखा। रूक्षवर्ण = गहरे रंग का। जैसे बादल। रूक्षवालुक = छोटी मधुमक्खियों का मधु। रूक्षस्वर = (१) जिसकी आवाज रूखी हो। (२) गदहा। रासभ।

रूक्ष[2]—संज्ञा पुं० १ वृक्ष। पेड़। २ बरबट नाम का एक तृण। ३ पारुष्य। कठोरपन। ४ सज्जी किस्म का लोहा। ५ काली मिर्च (को०)।

रूक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] आयुर्वेद के अनुसार शरीर की चर्बी कम करना (को०)।

रूक्षता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'रूक्षता' (को०)।

रूक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दंतीवृक्ष। २ मधु शर्करा (को०)।

रूख[1]—संज्ञा पुं० [सं० रूक्ष या वृक्ष, प्रा० रुक्ख] पेड़। वृक्ष। उ०—(क) ऊपर ताल चहू दिस अमृत फल सब रूख। दरसि रूप सरवर नहिं गा पियास गा भूख।—जायसी (शब्द०)। (ख) रूख कलपतरु सागर सारा। तहँ पठए घन राजकुमारा।—तुलसी (शब्द०)। (ग) बन डोगर ढूँढत फिरी घर मारग तजि गाउँ। बूझौ द्रुम प्रति रूख ए, कोउ कहै न पिय को नाउँ।—सूर (शब्द०)।

रूख[2]—वि० [सं० रूक्ष, हिं० रूखा] दे० 'रूखा'।

रूखड़ा‡—संज्ञा पुं० [हिं० रूख + डा] पेड़। वृक्ष। उ०—कबिरा माया रूखडा दो फल की दातार। खावत खरचत मुकि गए सचत नरक दुवार।—कबीर (शब्द०)।

रूखना—क्रि० अ० [सं० रुष्] रूसना। रूठना।

रूखरा[1]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'रूखड़ा'।

रूखरा[2]—वि० [हिं०] दे० 'रूखा'।

रूखा[1]—वि० [सं० रुक्ष, रूक्ष, प्रा० रुक्ख] १ जो चिकना न हो। जिसमें चिकनाहट का अभाव हो। चिकना का उलटा। अस्निग्ध। जैसे,—रूखा बाल, रूखा शरीर। २. जिसमें घी, तेल आदि चिकने पदार्थ न पड़े हों। जैसे—रूखी रोटी, रूखी दाल। ३ जो चटपटा न हो। जो खाने में रुचिकर और स्वादिष्ट न हो। सीठा। उ०—(क) कंस सहस्र सिनहिं खिन भूखा। कँस खाब कुरकुटा रूखा।—जायसी (शब्द०)। (ख) साच झूठ करि माया जोरी आपुन रूखो खातो। सूरदास कछु थिर नहिं रहिहैं जो आयो सो जातो।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—रूखा सूखा = जिसमें चिकना और चरपरा पदार्थ न हो। बिना घी और चटपटे पदार्थों के। जैसे,—रूखा सूखा जो मिला, वही खाकर पड़ रहा।

४ जिसमें रस न हो। सूखा। शुष्क। नीरस। ५ जिसका तल सम न हो। खुरदरा। जैसे,—यह कागज कुछ रूखा दिखाई पड़ता है।

यौ०—रूखा माल = नक्काशी किया हुआ बरतन (कसेरा)।

६ जिसमें प्रेम न हो। स्नेहरहित। नीरस। फीका। उदासीन। उ०—(क) रूखे सूखे जे रहत नेह वास नहिं लेत। उनतें वे अनिषाँ भली नेह परसि जिय देत।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) सतर भौंह रूखे बचन करि कठिन पन साठि। तहाँ फूल ह्वै जाति हरि हेरि हमीरी दीठि।—बिहारी (शब्द०)। (ग) वे ही नैन हमारे जाते प्रान पीवत को बरु नीर लागत जनहु भरे नाहर फे।—मतिराम (शब्द०)। ७ कठोर। कठोर। उ०—(क) मुख रूखो बानी कहूँ तिय न पाती भूल। धीर धर्मता जानिए जैसे मीठी ऊख।—केशव (शब्द०)। (ख) उत्तर न देइ दुहाई रानी। मूरति मान बिषाद बखानी।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—रूखा पड़ना या होना = (१) बेमुरौवती करना। शील संकोच का त्याग करना। (२) रूढ़ होना। नागवार होना। खेद प्रकट करना। ऐसा करना। उ०—पूँछे तबहि सखी पति मग मग रोयी सनेह। मालमोहन छवि पर कहीं कर रूखानी देह।—बिहारी (शब्द०)। (ख) नाहक रूठ गए क्या मूँछें। यह मुनिबै होंगे वे रूखे।—सूर (शब्द०)।

८ उदासीन। विरक्त। उ०—(क) साहिब राम राज के भूखे। सरम धुरत बिषय रस रूखे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सजल नयन कछु मुख करि रूखा। चितइ मातु लागी अति भूखा।—तुलसी (शब्द०)। (ग) नहिं तरु गाँठ न छाँह बसत पंछी नहिं रस बिसाइ। यह लखाए भावतो क्यों रूखो ह्वै जाइ।—बिहारी (शब्द०)।

रूखा[2]—संज्ञा पुं० एक प्रकार की घास।

रूखापन—संज्ञा पुं० [हिं० रूखा + पन (प्रत्य०)] १. रूखा होने का भाव। रुखाई। २ सूखापन। नीरसता। ३ कठोरता (व्यवहार की)। ४ उदासीनता। ५ स्नेहहीनता।

रूगा‡—संज्ञा पुं० [सं० रुक (= उदारता)] किसी चौपे का वह थोड़ा भाग जो परोसनेवाले या बेचनेवाला अंत में अधिक दे दिया करता है। घात। धतुरा। ठूँगा।

रूचना—क्रि० स० [हिं० रचना] दे० 'रचना'। उ०—चले निषाद जोहारि जोहारी। सूर सकल रन रुचइ रारी।—तुलसी (शब्द०)।

रूज—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार की बुकनी जिसे सोना, चाँदी आदि धातुओं की चीजों पर जिला किया जाता है।

विशेष—यह तूतिए या हीराकसीस से बनाया जाता है। पहले तूतिए या कसीस को आग पर तपाते हैं, और जब वह जल जाता है, तब उसे बारीक पीस डालते हैं। कभी कभी तूतिए को पानी में गलाकर और निथार तथा सोखकर फूँकने से भी रूज बनता है। यह जौहरियों के काम आता है। रूज में खड़िया भी मिलाई जाती है। खड़िया और पारा मिलाकर रूज से बरतन पर जिला या कलई की जाती है।

२ एक पाउडर या चूर्ण जिससे कपोलों पर लालिमा लाई जाती है। शृंगार का एक प्रसाधन।

रूझना—क्रि० अ० [सं० √ रुध्] दे० 'अरूझना' या 'उलझना'। उ०—निज अवगुन गुन राम रावरे, लखि सुनि मति मन रूझै।—तुलसी (शब्द०)।

रूठ(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० रुष्टि, प्रा० रट्ठि] १ रूठने की क्रिया या भाव। २ क्रोध। कोप।

रूठडा(पु) वि० [हिं० रूठ+डा (प्रत्य०)] रुष्ट। नाराज। अप्रसन्न। उ०—कबीर हरि का भावता, दूरै थैं दीसत। तन षीणाँ मन उनमनाँ जग रूठडाँ फिरत।—कबीर ग्र०, पृ० ५१।

रूठन—सज्ञा स्त्री० [हिं० रूठना] रूठने की क्रिया या भाव। नाराजगी।

रूठना—क्रि० अ० [सं० रुष्ट, प्रा० रुट्ठ+हिं० ना (प्रत्य०)] किसी से अप्रसन्न होकर कुछ समय के लिये सबध छोडना। नाराज होना। रिसना। उ०—(क) कबीर ते नर अध हैं गुरु को कहते और। हरि के रूठे ठौर है गुरु रूठे नहिं ठौर।—कबीर (शब्द०)। (ख) उनहि दृष्टि माया मो रूठी। पलट न फेरि जान कै झूठी।—जायसी (शब्द०)। (ग) जेहि कृत कपट कनक मृग झूठा। अजहुँ सो दैव मोहि पर रूठा।—तुलसी (शब्द०)। (घ) रूठिबे को तूठिबे को मृदु मुसुकाइ कै बिलोकिबे को भेद कछू कह्यो न परतु है।—केशव (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना।—पडना।—बैठना।

रूठनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रूठन'। उ०—भजनि, मिलनि, रूठनि, तूठनि, किलकनि अवलोकनि, बोलनि बरनि न जाई।—तुलसी (शब्द०)।

रूड—सज्ञा पुं० [अ०] लबाई या विस्तार नापने का एक मान जो ५ गज का होता है।

रूड़, रूड़ो—वि० [हिं० रूरा, (डिं०)] [वि० स्त्री० रूडी] श्रेष्ठ। उत्तम। उ०—भाइरे तेन्हौ रूडौ थाए। जे गुरु मुख मारगि जाए।—दादू (शब्द०)।

रूढ़—वि० [सं० रूढ] [वि० स्त्री० रूढ़ा] १ चढा हुआ। आरूढ़। २ उत्पन्न। जात। ३ प्रसिद्ध। ख्यात। प्रचलित। जैसे—इसका रूढ़ अर्थ यही है। ४ गवाँर। उजड्ड। उ०—और गूढ कहा कहौं मूढ हौं जू जान जाहु प्रौढ रूढ केशवदास नीके करि जाने हो।—केशव (शब्द०)। ५ कठोर। कठिन। उ०—चाकी चली गोपाल की सब जग पीसा झारि। रूढा शब्द कबीर का डारा चाक उखारि।—कबीर (शब्द०)। ६ अकेला। अविभाज्य। जैसे,—रूढ़ सख्या। ७ फल, तरकारी आदि का कडा हो जाना।

रूढ[2]—सज्ञा पुं० अर्थानुसार शब्द का वह भेद जो दो शब्दो या शब्द और प्रत्यय के योग से बना हो तथा जिसके खंड सार्थ न हों। यह यौगिक का उलटा है। रूढि। जैसे,—कुब्जा, घोडा इत्यादि।

रूढता—सज्ञा स्त्री० [स० रूढ़ता या रूढ+ता (प्रत्य०)] कठोरता। उ० सोचने लगा, ऐसी स्थिति मे क्या किया जाय? इन्कार करने से रूढता सिद्ध होगी, यह भी जानता था। इसके पहले यथेष्ट अशिष्टता हो चुकी थी।—सन्यासी, पृ० ११।

रूढयौवना—सज्ञा स्त्री० [सं० रूढयौवना] दे० 'आरूढ़यौवना'।

रूढ़ा—सज्ञा स्त्री० [स० रूढा] एक प्रकार की लक्षणा। वह लक्षणा जो प्रचलित चली आती हो और जिसका व्यवहार प्रसिद्ध से भिन्न अभिप्रायव्यजना के लिये न हो। प्रयोजनवती लक्षणा का उलटा।

रूढ़ि सज्ञा स्त्री० [सं० रूढि] १. चढाई। चढाव। २ वृद्धि। बढ़ती। ३ उभार। उठान। ४ उत्पत्ति। जन्म। प्रादुर्भाव। ५ ख्याति। प्रसिद्धि। ६ प्रथा। चाल। रीति। ७ विचार। निश्चय। उ०—प्रौढ रूढि कै सो मूढ गूढ गेह मे गयो। सूक्त मत्र सोधि सोधि होम को जही भयो।—केशव (शब्द०)। ८ रूढ शब्द की शक्ति जिससे वह यौगिक न होने पर भी अपने अर्थ का बोध कराता है।

रूढिवादी—वि० [स० रूढि+वादिन्] पुराने रीति रिवाज या परंपरा आदि को ज्यो का त्यो स्वीकार करनेवाला।

रूत्त(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० ऋतु] दे० 'ऋतु'। उ०—बिना नीर जहँ कमल है बिन बरषा बरमाल। बिना मास बिन रूत्त है मात पिता बिन बाल।—राम० धर्म०, पृ० ६१।

रूदना(पु)—क्रि० स० [हिं० रौंदना] रौद देना या तहस नहस करना। ध्वस्त करना। उ०—सुदन समथ्थ अरि रूदन कौं पथ्थ सम कीरति अकथ्थ रत्नाकर लौ भू जाकी।—सुजान० पृ० २४।

रूदाद—सज्ञा स्त्री० [फा० रूएदाद] १ समाचार। वृत्तात। हाल। २ दशा। अवस्था। हालत। ३ विवरण। कैफियत। ४. व्यवस्था। ४ अदालत की काररवाई। कार्यक्रम। ६ मुकदमे का रग ढग। जैसे,—इस मुकदमे की रूदाद अच्छी नही जान पडती।

रूप[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी पदार्थ का वह गुण जिसका बोध द्रष्टा को चक्षुरिंद्रिय द्वारा होता है। पदार्थ के वर्णों और आकृति का योग जिसका ज्ञान आँखो को होता है। शकल। सूरत। आकार।

विशेष—पदार्थों मे एक शक्ति रहती है, जिससे उनका तेज इस प्रकार विकृत होता है कि जब वह आँखो पर लगता है, तब द्रष्टा को उस पदार्थ की आकृति, वर्णादि का ज्ञान होता है। इस शक्ति को भी रूप ही कहते हैं। दर्शन शास्त्रो मे रूप को चक्षुरिंद्रिय का विषय माना है। वैशेषिक दर्शन मे यह गुण माना गया है। साख्य ने इसे पचतन्मात्राओ मे एक तन्मात्रा माना है। बौद्ध दर्शन मे इसे पाँच स्कधो मे पहला स्कध कहा है। महाभारत मे सोलह प्रकार के गुण (ह्रस्व, दीर्घ, स्थूल, चतुरस्र, वृत्त, शुक्ल, कृष्ण, नीलारुण, रक्त, पीत, कठिन, चिक्कण, श्लक्ष्ण, पिच्छल, मृदु और दारुण) रूप के भेद या प्रकार माने गए है। वेदात दर्शन ने इसको एक प्रकार की उपाधि माना है और अविद्याजनित लिखा है।

यौ०—रूपरेखा = आकार। शकल।

२ स्वभाव। प्रकृति। ३ सौंदर्य। सुदरता। उ०—मुनि मन हरष रूप अति मोरे। मोहि तजि आनहि बरहि न भोरे।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—रूप हरना=लज्जित करना। उ०—दीपसम दीपति उदीपति अनूप निज रूप कै सरूप रति रुहि हरति है।—व्यग्यार्थ (शब्द०)।

यौ०—रूपरेख, रूपरेखा=(१) चिह्न। उ०—कहा करौं नीके करि हरि को रूपरेख नहिं पावति।—सूर (शब्द०)। (२) पता। निशान।

४ शरीर। देह। उ०—(क) मसक समान रूप कपि धरी। लका चले सुमिरि नरहरी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जस जस सुरसा वदन बढावा। तासु दून कपि रूप देखावा।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—धारण करना।—बनाना।—होना।

मुहा०—रूप लेना=रूप धारण करना। देह धरना। उ०—पाछे पृथु को रूप हरि लीनो नाना रस दुहि काढे। तापर रचना रची विधाता बहु बिधि यत्नन बाढे।—सूर (शब्द०)।

५ वेष। भेष। उ०—डीठ बचाय के जाइए कत छए निज रावरो रूप बने हैं।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) विप्र रूप धरि कपि तहँ गयउ। माथ नाइ पूछत अस भयऊ।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—धरना।—बनाना।

मुहा०—रूप भरना=(१) भेस बनाना। वेष धारण करना। जैसे,—वह बहुरुपिया अच्छा रूप भरता है। (२) स्वाँग रचना। मजाक या तमाशा खडा करना।

६ दशा। अवस्था। देश काल का भेद। ७ शब्द या वर्ण का स्वरूप या उसका वह रूपातर जो उसमे विभक्ति, प्रत्यय इत्यादि विकारो के लगने से बन जाता है।

क्रि० प्र०—लेना।—बनाना।

८ समान। तुल्य। सदृश। अनुरूप। उ०—बोलहु सुआ पियारे नाहाँ। मोरे रूप कोऊ जग माहाँ।—जायसी (शब्द०)। ९ भेद। विकार। १० चिह्न। लक्षण। आकार। जैसे,—(क) युरोप की लडाई भयकर रूप धारण करती जाती थी। (ख) उसकी बीमारी का रूप अच्छा नही है। उ०—उपमा ही के रूप से मिथ्यौ बरणि को रूप। ताही सो सब कहत हैं केशव रूपक रूप।—केशव (शब्द०)। ११ रूपक। १२ चाँदी। रुपा। उ०—(क) कहाँ सो खोयो बिरवा लोना। जेहि ते होय रूप औ सोना।—जायसी (शब्द०)। (ख) सोन रूप मल भयो पसारा। धवल सिरी पोतहिं घरबारा।—जायसी (शब्द०)। १३ श्वेत वर्ण (को०)। १४ सिक्का। जैसे-रुपया (को०)। १५ गणित मे एक की सख्या (को०)। १६ मृग। हिरन (को०)। १७ पशु। जानवर (को०)। १८ पशुओ का झुड। पशुसमूह (को०)।

रूप[२]—वि० १ रूपवाला। रूपवान। खूबसूरत। उ०—समय समय सुदर सबै रूप कुरूप न कोइ। मन की रुचि जेती जिते तितै तिती रुचि होइ।—बिहारी (शब्द०)। २ समान। तद्रूप। अनुरूप। उ०—पारस रूपी जीव है लोह रूप ससार। पारस ते पारस भया परख भया टकसार।—कबीर (शब्द०)।

रूपक—सज्ञा पुं० [स०] १ मूर्ति। प्रतिकृति। उ०—बाहुलता रति कठ विराजत केशव रूप को रूपक जो है।—केशव (शब्द०)। २ वह काव्य जो पात्रो द्वारा खेला जाता है या जिसका अभिनय किया जाता है। दृश्यकाव्य।

विशेष—इसके प्रधान दस भेद है, जिन्हे नाटक, प्रकरण, भाण, व्यायोग, समवकार, डिम, ईहामृग, अक, वीथी और प्रहसन कहते हैं। इसके अतिरिक्त नाटिका, त्रोटक, गोष्ठी, सट्टक, नाटयरासक, प्रस्थान, उल्लाप्यक, काव्य, प्रेखण, रासक, सलापक, श्रीगदित, शिल्पक, विलासिका, दुर्मल्लिका, प्रकरणी, हल्लीश और भाण को उपरूपक कहते है। विशेष दे० 'नाटक'।

३ एक अर्थालकार जिसमे उपमेय मे उपमान के सादृश्य का आरोप करके उसका वर्णन उपमान के रूप मे या अभेदरूप किया जाता है।

विशेष—रूपक दो प्रकार का होता है—तद्रूप और अभेद। जिसमे उपमेय का वर्णन उपमान रूप मे होता है उसे तद्रूप रूपक, और जिसमे दोनो की अभेदता का वर्णन होता है, उसे अभेद रूपक कहते है। रूपक मे आकृति, स्वभाव और शील का अभेद और तद्रूपता दिखाई जाती है। तद्रूप का उ०—रच्यो विधाता दुहुन लै निगरी शोभा साज। तू सुदरि शचि दूसरी यह दूजो मुरराज। अभेद का उ०—नारि कुमुदनी अवध सर रघुवर विरह दिनेश। अस्त भए विकसित भई निरखि राम राकेश।

४ एक परिमाण का नाम। तीन गुजा की तौल। ५ चाँदी। ६ रुपया। ७ सगीत मे सात मात्राओ का एक दोताला ताल।

विशेष—इसमे दो आघात और एक खाली होता है। इसमे खाली ताल पर ही सम होता है। जब यह दून मे बजाया जाता है, तब इसे तेवरा कहते हैं। इसका पृदग का बोल इस प्रकार है—धा दिना तेटेकिट गदिघेने धा। और तबले का बोल इस प्रकार है- धिन् धा, धिन् धा, तिन् तिन् ता। धा।

यौ०—रूपक ताल=दे० 'रूपक—७।' रूपकनृत्य=एक प्रकार का नृत्य या नाच रूपकरूपक=रूपक अलकार का एक भेद। रूपक शब्द=तात्त्विक वा अनद्यतन कथा।

रूपकरण—सज्ञा पुं० [सं० रूप+करण] एक प्रकार का घोडा। उ०—किरमिज नुकरा जरदे भले। रूपकरण झोलसर चले।—जायसी (शब्द०)।

रूपकर्ता—सज्ञा पुं० [स०] १ विश्वकर्मा। २ मूर्तिकार। शिल्पी (को०)।

रूपकातिशयोक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की अतिशयोक्ति जिसमे केवल उपमान का उल्लेख करके उपमेयो का अर्थ समझाया जाता है। उ०—कनक लता पर चद्रमा धरे धनुष द्वै बाण।

रूपकार—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'रूपकर्ता'।

रूपकृत्—संज्ञा पुं० [स०] १ देवताओं के स्थपति। त्वष्टा। विश्वकर्मा। २ मूर्तिकार। शिल्पी (को०)।

रूपक्रांता—संज्ञा स्त्री० [सं० रूपक्रान्ता] सत्रह अक्षरों की एक वर्ण वृत्ति का नाम जिसके प्रत्येक चरण में जगण, रगण, जगण, रगण, जगण और अंत में एक गुरु और एक लघु मात्रा होती है। उ०—अशेष पुण्य पाप के कलाप आपने बहाइ। विदेह राज ज्यो सदेह भक्त राम के कहाइ। लहै सुभुक्ति लोक लोक अंत मुक्ति होहि ताहि। कहै सुनै पढै गुनै जो रामचंद्र चंद्रिकाहि।—केशव (शब्द०)।

रूपगर्विताⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० रूपगर्विता] दे० 'रूपगर्विता'। उ०—जाके अपने रूप को, अतिही होय गुमान। रूपगर्विता कहत हैं, तासों परम सुजान।—मति० ग्रं०, पृ० २६३।

रूपगर्विता—संज्ञा स्त्री० [सं०] गर्विता नायिका का एक भेद। वह नायिका जिसे अपने रूप या सुंदरता का अभिमान हो। उ०—य अंग दीपित पुंज भरे तिनकी उपमा छनजोन्ह सो दीजत। आरसी की छवि त्यो द्विजदेव सुगोल कपोल समान कहीजत। चतुर स्याम कहाय कहो, उर अंतर लाज कछूक तौ लीजत। रागमयी अधराधर की सगता कसे कै प्रवाल सो कीजत।—द्विजदेव (शब्द०)।

रूपग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] चक्षु। नेत्र [को०]।

रूपग्राही—संज्ञा पुं० [सं० रूपग्राहिन्] आँख। नेत्र।

रूपघनाक्षरी—संज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का दंडक छंद।

विशेष—इसके प्रत्येक चरण में बत्तीस वर्ण होते हैं। इसके अंत में लघु तथा आठ आठ वर्णों पर विश्राम होना आवश्यक है।

रूपघात—संज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य के अनुसार सूरत बिगाड़ना। कुरूप करने का अपराध।

रूपचतुर्दशी—संज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी।

विशेष—यह दीपमालिका के एक दिन पहले होती है। इसे नरक चतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन लोग शरीर में उबटन आदि लगाते हैं।

रूपजीविनी—संज्ञा स्त्री० [स०] वेश्या। रंडी।

रूपजीवी—संज्ञा पुं० [सं० रूपजीविन्] नट। बहुरूपिया।

रूपण—संज्ञा पुं० [सं०] १ आरोपण। आरोप करना। २ प्रमाण। ३ परीक्षा।

रूपता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रूप का भाव या धर्म। २ सौंदर्य। खूबसूरती।

रूपदर्शक—संज्ञा पुं० [स०] १ प्राचीन काल का सिक्कों का निरीक्षण करनेवाला राज कर्मचारी। २ सराफ। (को०)।

रूपधर[1]—वि० [सं०] सुंदर। खूबसूरत।

रूपधर[2]—संज्ञा पुं० किसी का रूप धारण करनेवाला। अभिनेता [को०]।

रूपधारा—वि०, संज्ञा पुं० [सं० रूपधारिन्] दे० 'रूपधर' [को०]।

रूपनाशक रूपनाशन—संज्ञा पुं० [स०] उल्लू।

रूपपति—संज्ञा पुं० [स०] त्वष्टा। विश्वकर्मा।

रूपपरिकल्पना—संज्ञा स्त्री० [स०] किसी रूप का अनुकरण करना। वेश बदलना। कोई अन्य रूप धारण करना [को०]।

रूपमंजरी—संज्ञा स्त्री० [स० रूपमञ्जरी] १ एक प्रकार का फूल। उ०—सोनजरद बहु फुली सेवती। रूपमंजरी और मालती।—जायसी (शब्द०)। २. एक प्रकार का धान। उ०—राजहंस और हंसी भोगी। रूपमंजरी औ गुनगौरी।—जायसी (शब्द०)।

रूपमनीⓊ—वि० [हिं० रूपमान] रूपवती। उ०—तेहि गोहन सिंहल पद्मिनी। इक सो एक चाहि रूपमनी।—जायसी (शब्द०)।

रूपमय—वि० [हिं० रूप+मय] [वि० स्त्री० रूपमयी] अति सुंदर। बहुत खूबसूरत। उ०—(क) नील निचोल छाल भइ फनि मनि भूषन रोम रोम पट उदित रूपमय।—पूर (शब्द०)। (ख) मो मन मोहन को सबही मिलिकै मुसकानि दिखाय दई। वह मोहनी मूरति रूपमयी सबही चितई तब हौं चितई। उनतो अपन अपने घर की रसखानि भली विधि राह लई। कछु माहिं को पाप पर्‌यो पल में पग पावत पौरे पहार भई।—रसखानि (शब्द०)।

रूपमानⓊ—वि० [स० रूपवान्] [स्त्री० रूपमनी] सुंदर। मनोहर।

रूपमाला—संज्ञा स्त्री० [हिं० रूप+माला] एक मात्रिक छंद का नाम जिसके प्रत्येक चरण में १४ और १० के विश्राम से २४ मात्राएँ और एक गुरु एक लघु होता है। इसको मदन भी कहते हैं। उ०—रावर मुख के विलोकत ही भए दुख दूरि। सुप्रलाप नहो रहे उर मध्य आनंद पूरि। देह पावन हो गयो पदपद्म को पय पाइ। पूजतै भयो वश पूजित आशु हो मनुराइ।—केशव (शब्द०)।

रूपमाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक छंद का नाम जिसके प्रत्येक चरण में तीन मगण या नौ दीर्घ वर्ण होते हैं। उ०—अंग वंगा कालिंगा काशा। गंगा सिंधू संगामा वासी।—(शब्द०)।

रूपया—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'रुपया'।

रूपरूपक—संज्ञा पुं० [स० रूप+रूपक] रूपक अलंकार का एक भेद। केशव के अनुसार रूपकालंकार के 'सावयव रूपक' भेद का एक नाम।

रूपवंत—वि० [सं० रूपवत् या रूपवान् का बहु व०] [वि० स्त्री० रूपवती] जिसमें सौंदर्य हो। खूबसूरत। रूपवान। सुंदर। उ०—(क) तापसी को वेष किए राम रूपवंत किधौं मुक्ति फल दोऊ टूटे पुण्य फल डारि ते।—हनुमन्नाटक (शब्द०)। (ख) साइ सुआ विचित्र अति बानी बदत विचित्र। रूपवंत गुण आगरे राम नाम सो चित्र।—गिरधर (शब्द०)।

रूपवती'—संज्ञा स्त्री० [स०] १. केशव के अनुसार एक छंद का नाम। इसे छंदप्रभाकर में गौरी लिखा है। उ०—कीजै न विडंबन सतत सीते। भावी न मिटै सुकहू जग गीते। तू पति देवनि की

गुरु बेटी। तेरी जग मृत्यु कहावति चेटी।—केशव (शब्द०)। २ चपकमाला वृत्ति का एक नाम। रुक्मवती।

रूपवती[२]—वि० स्त्री० सुदरी। खूबसूरत। (स्त्री)।

रूपवान्—वि० [सं० रूपवत्] [वि० स्त्री० रूपवती]। सुदर। रूपवाला। खूबसूरत।

रूपवान—वि० [स० रूपवत्] दे० 'रूपवान्'।

रूपशाली—वि० [स० रूपशालिन्] [वि० स्त्री० रूपशालिनी] रूपवान्। सुदर। खूबसूरत।

रूपश्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] सपूर्ण जाति की एक सकर रागिनी जिसमे ऋषभ कोमल और शेष सब स्वर शुद्ध लगते हैं।

रूपसपद्, रूपसपत्ति—सज्ञा स्त्री० [स० रूपसम्पद्, रूपसम्पत्ति] सौंदर्य। उत्तम रूप। सुदरता।

रूपसी[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० रूपस्विनी] रूपवती स्त्री। सुदरी स्त्री। उ०—उषा उन्हें एक रूपसी की भाँति दिखाई पडती है जो अवर पनघट पर तारो के घट को डुबो रही है —हिं० का० प्र०, पृ० १५६।

रूपसी[२]—वि० स्त्री० सौंदर्ययुक्त। रूप से भरी हुई। रूपवाली। उ०—बोलति क्यो न सुधा सी धारा। डोलति क्यो न रूपसी डारा। —नद० ग्र०, पृ० १४८।

रूपसेन—सज्ञा दे० [सं०] एक विद्याधर का नाम।

रूपस्वी—वि० [स० रूपस्विन्] रूपवान्। सुंदर।

रूपहरा—वि० [हिं० रुपहला] दे० 'रुपहला'।

रूपाकक—सज्ञा पुं० [सं० रूपाङ्कक] वह व्यक्ति जो किसी निर्माणाधीन वस्तु की रूपरेखा, बनावट आदि का रूप, आकार निश्चित करता हो। डिजाइनर।

रूपातर—सज्ञा पुं० [सं० रूप+अन्तर] १ परिवर्तन। नए रूप मे स्थापन। उ०—विश्व सभ्यता का होना था नख शिख नव रूपातर।—ग्राम्या, पृ० ५२। २ अनुवाद। एक भाषा से दूसरी भाषा में किया गया परिवर्तित रूप।

यौ०—रूपातरकर्ता, रूपातरकार=अनुवादक।

रूपातरण—सज्ञा पुं० [रूपान्तरण] दे० रूपातर।

रूपातरित—वि० [स० रूपान्तरित] १ परिवर्तित। अन्य रूप युक्त। २ अनूदित। अनुवाद किया हुआ।

रूपा—सज्ञा पुं० [सं० रूप्य] १ चाँदी। उ०—(क) हरिमन मथिवे को मानो मनमथ्थ लिखे रूपे के रुचिर अक पट्टिका कनक की।—केशव (शब्द०)। (ख) यह सुन नद जी ने कचन के शृग, रूपे के खुर, ताँबे की पीठ समेत दो लाख गऊ पाटवर उढ़ाय सकल्प की।—लल्लू (शब्द०)। २ घटिया चाँदी, जिसमे कुछ मिलावट हो। ३ वह बैल जो बिलकुल सफेद रग का हो। इस रंग के बैल मजबूत और सहिष्णु माने जाते हैं। ४ स्वच्छ सफेद रग का घोडा। नुकरा।

रूपाजीवना, रूपाजीवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] वेश्या। रडी।

रूपातीत—वि० [स० रूप+अतीत] रूप से परे। जिसका कोई रूप स्थिर न किया जा सके। कल्पना मे परे। उ०—त्रितिय ध्यान रूपस्थ पुनि चतुर्थ रूपातीत।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० ५३।

रूपात्मक—वि० [स० रूप+आत्मक] आकारवाला। रूपमय। शकल सूरत का। उ०—हमे अपने मन का और अपनी सत्ता का बोध रूपात्मक ही होता है।—रस०, पृ० ३०।

रूपाधिबोध—सज्ञा पु० [सं०] दृश्य वस्तु का वह ज्ञान जो इद्रियो द्वारा होता है।

रूपाध्यक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रूप्याध्यक्ष'।

रूपायन—सज्ञा पुं० [स० रूप+अयन] बनाना। आकृति देना। रूप देना। उ०—साहित्य मे इसी रूपायन का महत्व है।—इति०, पृ० २०।

रूपायित—वि० [स० रूप] रूपयुक्त। रूप और आकार से युक्त। आकृतिवाला। उ०—मानव मात्र के अचेतन मानसिक जीवन को रूपायित करनेवाला प्राणी स्वीकार किया है।—हिंदी०, आ०, पृ० ५।

रूपावचर—सज्ञा पुं० [सं०] १ बौद्ध मत के अनुसार एक प्रकार के देवता। २ चित्त का एक भेद जिससे रूपलोक का ज्ञान प्राप्त होता है। चित्त की इस वृत्ति के कुशल, विपाक् क्रियादि भेद से अनेक प्रकार माने जाते है। ३ योग मे ध्यान की एक भूमि का नाम, जिसके प्रथमा आदि चार भेद हैं।

रूपाश्रय—सज्ञा पुं० [सं०] सुदर पुरुष। खूबसूरत आदमी।

रूपास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव।

रूपिक—सज्ञा पुं० [सं०] सिक्का। रुपया [को०]।

रूपिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद फूल का आक का पेड। श्वेत मदार। श्वेतार्क।

रूपित—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का उपन्यास, जिसमे ज्ञान, वैराग्यादि पात्र बनाए जाते हैं।

रूपी—वि० [सं० रूपिन्] [वि० स्त्री० रूपिणी] १ रूप। विशिष्ट रूपवाला। रूपधारी। उ०—पढ़ पढ फिर जन्म लेने हैं, सो भी विद्या रूपी सागर की थाह नही पाते।—लल्लू (शब्द०)। २ तुल्य। सदृश। जैसे—कमल रूपी चरण। उ०—पारस रूपी जीव हैं लोह रूप ससार। पारस ते पारस भया परख भया टकसार।—कबीर (शब्द०)। ३ सुदर। खूबसूरत।

रूपेंद्रिय—सज्ञा स्त्री० [सं० रूपेन्द्रिय] चक्षु। आँख।

रूपेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० रूपेश्वरी] एक शिवलिंग का नाम।

रूपेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक देवी का नाम।

रूपोपजीविनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वेश्या। रडी।

रूपोपजीवी—सज्ञा पुं० [सं० रूपोपजीवन्] [स्त्री० रूपोपजीविनी] बहुरूपिया।

रूपोश—वि० [फा०] [सज्ञा रूपोशी] १ छिपा हुआ। गुप्त। २ जो दड आदि से बचने के लिये भाग गया हो। फरार।

रूपोशी—सज्ञा स्त्री० [फा०] मुँह छिपाने की क्रिया। गुप्ति। छिपना।

रूप्य[१]—वि० [स०] १ सुदर। खूबसूरत। २ उपमेय।

रूप्य[2]—सज्ञा पु० १ रुपा। चाँदी। २ सोने या चाँदी का मुहर लगा सिक्का। जैसे—रुपया, गिन्नी आदि (को०)। ३ अजन। सुरमा (को०)। ४ परिष्कृत स्वर्ण। तपाया हुआ सोना (को०)।

यौ०—रूप्यद=चाँदी देनेवाला। रूप्यधौत=रजत। चाँदी। रूप्यशतमान=साढे तीन पल की एक तौल।

रूप्यक—सज्ञा पुं० [स० रूप्य] रुपया।

रूप्यकूला—सज्ञा स्त्री० [स०] जैनो के अनुसार हैरण्यवत वर्ष की एक नदी का नाम।

रूप्याचल—सज्ञा पु० [सं०] कैलाश पर्वत (को०)।

रूप्याध्यक्ष—सज्ञा पुं० [स०] टकसाल का प्रधान अधिकारी। नैष्टिक।

रूबकार—सज्ञा पुं० [फा०] १. सामने उपस्थित करने का भाव। पेशी। २ वह तजवीज या फैसला जो किसी काररवाई मे हाकिम अदालत के सामने लिखा जाय। अदालत का हुक्म। ३ कुछ विशिष्ट अवस्थाओ मे किसी को अदालत आदि मे उपस्थित होने के लिये लिखा हुआ आज्ञापत्र। ४ आज्ञापत्र। हुकुमनामा।

रूबकारी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ मुकदमे की पेशी। २ मुकदमे की काररवाई।

रूबरू—क्रि० वि० [फ़ा०] समुख। सामने। समक्ष। उ०—(क) हमारे रूबरू आने की जहरत नही।—राधाकृष्ण (शब्द०)। (ख) महाराज की आज्ञा पावो तो रूबरू ले आवो।—लल्लू (शब्द०)।

क्रि० प्र०—आना।—करना।—जाना।—लाना।—होना।

रूबल—सज्ञा पुं० [रूसी] रूस का चाँदी का सिक्का जो प्राय. दो शिलिंग डेढ पेनी के बराबर मूल्य का होता है। एक शिलिंग=प्राय बारह आने=७५ पैसे (नए)। एक पेनी=प्राय तीन पैसे=पाँच नए पैसे।

रूबुक—सज्ञा पुं० [सं०] एरड वृक्ष। रेंड का पेड।

रूम[1]—सज्ञा पुं० [फा०] टर्की या तुर्की देश का एक नाम। उ०—चारि दिसा महि दड रचो है रूम साम बिच दिल्ली। ता ऊपर कुछ अजब तमाशा मारे है यम किल्ली।—कबीर (शब्द०)।

विशेष—ईसा के जन्म से पहले पाँचवी शताब्दी मे रोमक जातियो की शक्ति बढने लगी थी और यूनान का पतन होने पर वह एक प्रभावशाली जाति हो गई थी। इस जाति की राजधानी रोम नगर थी। यह जाति इतनी शक्तिशाली हो गई थी कि स्पेन से लेकर अरब, मिस्र आदि तक के देशो पर इसका अधिकार हो गया था। तीसरी शताब्दी के अत मे यह वृहत् साम्राज्य शासको मे विभक्त होने लगा और सन् ३३० मे कैसर कानिस्तताइन ने कुस्तुतुनिया नगर मे अपनी राजधानी बनाई। ३९५ मे रोम राज्य, पूर्वीय और पश्चिमीय राज्य, जिसकी राजधानी रोम थी, धीरे धीरे निर्बल होता गया और उसे गाथ, फ्रेंच आदि जातियो ने ध्वस कर दिया, और पूर्वीय राज्य ही सन् ४७६ से रोम राज्य कहलाने लगा। यूरोप के दक्षिणपूर्व का भाग, एशिया का पश्चिमी भाग तथा उत्तरी अफ्रीका और अनेक टापू इस साम्राज्य के अतर्भूत थे। तब से तुर्की को, जिसका प्रधान नगर कुस्तुतुनिया है, रूम कहने लगे, और अब तक उसे रूम ही कहते है।

रूम[2]—सज्ञा पु० [स० रोम] दे० 'रोम'। उ०—रूम रूम मे ठाकुर रम रहए कोइ बरले जन चिना।—रामानद०, पृ० १६।

रूमना(५)—क्रि० स० [हिं० झूमना का अनु०] झूमना। झूलना। उ०—कहि आपनो तू भेद न तु चित्त उपजत खेद। कहि वेग वानर पाप। न तु तोहि देहौं शाप। तब वृक्ष शाखा रूमि। कपि उतरि आयो भूमि।—केशव (शब्द०)।

रूमपाट(५)—सज्ञा पुं० [सं० रोमपाट] ऊनी वस्त्र। दे० 'रोमपाट'। उ०—रूमपाट पाटवर अवर जरी वफ्त का बाना। तेरे काज गजी गज चारिक भरा रहै तोसाखाना।—सतवाणी०, भा० २, पृ० ७।

रूमानी—वि० [अ० रोमास] प्रणयकथा युक्त। शारीरिक प्रेमव्यापार से युक्त। मन जिससे सरस हो उठे।

रूमावली(५)†—सज्ञा स्त्री० [सं० रोमावली] दे० 'रोमावली'। उ०—त्रै सै साठ करी हडवारी। अनील असख करी रूमारी।—प्राण०, पृ० २०।

रूमाल—सज्ञा पुं० [फा०] १ कपडे का वह चौकोर टुकडा जो हाथ, मुँह पोछने के काम मे आता है। उ०—पोछि रूमालन सो श्रम सीकर भौर की भौर निवारत ही रहे।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

मुहा०—रूमाल पर रूमाल भिगोना=बहुत रोना। आँसुओं की धारा बहाना।

२ चौकोना शाल या चिकन का टुकडा जिसके चारो ओर बेल और तीच मे काम बना रहता है और जो तिकोना दोहर कर ओढने के काम मे लाया जाता है। मुसलमानी समय मे इसे कमर मे भी बाँधते थे। ३ पायजामे की काट मे वह चौकोर कपडा जो दोनो मोहरियो को सधि मे लगाया जाता है। मियानी। ४ ठगो का रूमाल जिसके एक कोन मे चाँदी का एक टुकडा बँधा रहता है।

विशेष—ठग आदि इसे आदमियो के गले में लपेटकर चाँदी के टुकडे को उसके गले पर घाँटी के पास अँगूठे से इस प्रकार दबाते थे कि वह मर जाता था।

क्रि० प्र०—लगाना।

रूमाली—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रुमाली'।

रूमी—वि० [फा०] १ रूम देश सबधी। रूम का। २ रूम देश मे उत्पन्न होनेवाला। जैसे,—रूमी मस्तगी। ३ रूम देश मे रहनेवाला। रूम देश का निवासी। उ०—हबशी रूमी और फिरगी। बड बड गुनी और तेहि सगी।—जायसी (शब्द०)।

रूर—वि० [सं०] १. जो गरम हो गया हो। उत्तप्त। २ जला हुआ। दग्ध।

रूरना(५)—क्रि० अ० [स० रोरवण (=चिल्लाना)] चिल्लाना।

जोर से शब्द करना। उ०—(क) एक मुई रुर सुई सो दर्जी। रहा न जाय आयु अब पूजी।—जायसी (शब्द०)। (ख) हमरे श्याम बचन कहत हैं दूरि। मधुबन बसत आस हुती सजनी अब मरिहौं जु बिसूरि। कौन कहौं कौन सुनि आई केहि बिध रथ की धूरि। सगहि सबै चलो माधव के ना तो मरिहा रुरे। दक्षिण दिशि यह नगर द्वारिका सिंधु रह्यौ जल पूरि। सूरदास प्रभु बिनु क्यो जीवौं जात सजीवन मूरि।—सूर (शब्द०)।

रूरा—वि० [सं० रुढ (=प्रशस्त)] [वि० स्त्री० रूरी] १ प्रशस्त। श्रेष्ठ। उत्तम। अच्छा। उ० (क) जिन्हके श्रवण समुद्र समाना। कथा तुम्हार सुभग सरि नाना। भरहिं निरतर होहिं न पूरे। तिन्ह के हिय तुम कहँ गृह रूरे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) लटकति ललित ललाट लटूरी। दमकति दूब दतुरिया रूरी।—सूर०, १०।११७। २ बहुत बडा। उ०—चित्र की सी पुतिका कै रूरे बगरूरे माँहि शबर छडाय लई कामिनी कै काम की।—केशव (शब्द०)। ३ सुदर। मनोहर। उ०—मेघ मदाकिनी, चारु सौदामिनी, रूप रूरे लसैं देह धारी मनो।—केशव (शब्द०)।

रूल—सज्ञा पुं० [अ०] १ नियम। कायदा। २ लकीर खीचने का डडा। रूलर। ३ लकीर जो लिखावट सीधी रखने के लिये कागज पर खीची जाती है।

क्रि० प्र०—खींचना।

यौ०—रूलदार = (कागज) जिसपर लकीरें खिची हुई हो।

रूलना—क्रि० स० [देश०] दबाना। हूलना।

रूलर—सज्ञा पुं० [अ०] १ लकीर खीचने का डंडा। शलाका। २ लकीर खीचने की पटरी। पैमाना। ३ शासक।

रूप¹—सज्ञा पुं० [हिं० रूख] दे० 'रूख'।

रूप²—वि० [स०] १ निर्दय। कठोर। २ अम्ल। खट्टा [को०]।

रूपक¹—सज्ञा पुं० [सं०] रूसा। अडूसा। वासक।

रूपक²—वि० १ सजानेवाला। २ लीपनेवाला [को०]।

रूपण—सज्ञा पुं० [सं०] १ भूषित करना। अलकरण। २ अनुलेपन। ३ आच्छादन।

रूपा—वि० [हिं० रूखा] दे० 'रूखा'।

रूपित—वि० [सं०] १ टूटा हुआ। खडित। भग्न। २ सचित। भूषित (को०)। ३ लिप्त (को०)। ४ मलिन। दूषित (को०)। ५ सुगधित। सुवासित (को०)। ६. जडा हुआ। जटित (को०)।

रूस¹—सज्ञा पुं० [फा०] एक देश का नाम जो यूरोप और एशिया दोनो महाद्वीपो के उत्तरी भाग मे फैला हुआ है।

विशेष—इसके उत्तर मे उत्तरीय हिमसागर, पूर्व मे प्रशात महासागर, दक्षिण मे चीन, तुर्किस्तान, फारस, कश्यप सागर, काकेशस या काफ पहाड, काला सागर और रुमानिया, तथा पश्चिम मे हगरी, जर्मनी, बालटिक की खाडी, स्वीडन और नारवे हैं। इस देश मे बडी बडी नदियाँ और बडे बडे मैदान तथा जगल हैं। आबादी इस देश मे घनी नही है। यह देश ८६,६०,२८२ वर्ग मील है। इसकी राजधानी पहले लेनिनग्राड थी और अब (मास्को) है।

रूस²—सज्ञा स्त्री० [फा० रविश] चाल। (लश०)।

रूसना—क्रि० अ० [हिं० रोष] १ रोष करना। नाराज होना। रूठना। उ० (क) खोला आगे आनि मजूरा। मिल निकसो बहु दिन कर रूसा।—जायसी (शब्द०)। २ मान करना। रूठना। उ०—(क) बारहि बार को रुसिबो बारो बहाउ जु बुद्धि वियोग बसाई।—केशव (शब्द०)। (ख) जगत जुगफा ह्वै जियत तज्यो तजे निज भान। रूसि रहे तुम पूस मे यह धौं कौन समान।—पद्माकर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—जाना।—बैठना।—रहना।

रूसा—वि० [सं० रुष् (=रोष)] [वि० स्त्री० रूसी] रुठा हुआ। रुष्ट। उ०—श्याम अचानक आए री। पाछे ते लोचन दोउ मूँदे मो को हृदय लगाए री। लहनो ताको जाके आवै मैं बड-भागिनि पाए री। यह उपकार तुम्हारो सजनी रूसे कान्ह मिलाए री।—सूर (शब्द०)।

रूसा²—सज्ञा पुं० [स० रूपक] अडूसा। अरूसा। विशेष दे० 'अडूसा'।

रूसा³—सज्ञा पुं० [सं० रोहिष] एक सुगधित घास का नाम। भूतृण। रोहिष।

विशेष—यह घास नेपाल, शिमला, अलमोडा, काश्मीर, पजाब, राजमहल, मध्यप्रदेश के पहाडी प्रदेशो, बंबई और मद्रास के पर्वतो मे होती है। इस घास से गुलाब की सी सुगध आती है और इसका तेल निकाला जाता है। इसकी प्रधान दो जातियाँ होती हैं। एक का फूल सफेद और दूसरी का फूल नीले रग का होता है। जब यह घास नरम रहती है, तब इसकी पत्तियो का रग नीलापन लिए होता है, पर पकने पर उनका रग लाल हो जाता है। जब इसकी पत्तिया नरम होती हैं, तब इसे 'मोतिया' कहते हैं, और जब पककर लाल हो जाती है, तब उन्हे 'सौंफिया' कहते हैं। सावन भादो मे यह फूलने लगती है और कार्तिक अगहन तक फूलती है। इसी समय इसकी पत्तिया तेल निकालने के योग्य हो जाती हैं। जब घास फूलने लगती है, तब काट ली जाती है और इसकी छोटी छोटी पूलियाँ बाध ली जाती हैं। तेल निकालते समय देग मे पानी भरकर ढाई तीन सौ पूलिया उसमे छोड दी जाती हैं। फिर देग पर सरपोश लगा देते हैं, जिसमे दो नलिया, जो तीन चार अगुल मोटी और चार हाथ लबी होती हैं, लगी रहती हैं। यह देग आग पर रख दिया जाता है और नलियो का सिरा तावे के दो घडो के मुँह से लगा दिया जाता है, जो पानी में डूबे रहते हैं। इस प्रकार घास का आसव खीचा जाता है। जब आसव निकल आता है, तब उसे एक चौड़े मुँह के बरतन मे उडेल लेते हैं। इस बरतन मे रूसे का अर्क थोडी देर तक रहता है और तेल छोटे चम्मच से धीरे धीरे ऊपर से काछ लिया जाता है। यह तेल गुलाब के अतर मे मिलाया जाता है और इसमे ताडीन

या मिट्टी का तेल मिलाकर सुगधित द्रव्य तैयार किया जाता है। मध्यप्रदेश के जगलो से रूसा का तेल बहुत अधिक मात्रा में बाहर जाता है। यूरोप और अमेरिका मे इस तेल का बहुत व्यवहार तथा व्यापार होता है।

पर्या०—रोहिष। रणवेना। भूतृण। कत्तृण। गधतृण।

रूसियाह[1]—वि० [फा०] जिसका मुँह काला हो। कदाचारी। पापात्मा। बदचलन। गुनहगार। पापी। बदनाम। उ०—काश दस पाँच साल पहले तुम मुझे मिल जाते तो तैमूर तवारीख मे इतना रूसियाह न होता।—मान०, भा० १, पृ० १९४।

रूसियाह[2]—सज्ञा पु० [फा०] १ सूर्य। २ आसमान [को०]।

रूसियाही—सज्ञा स्त्री० [फा०] बदचलनी। पाप। गुनाह [को०]।

रूसी[1]—वि० [हिं० रूस] १ रूस देश का रहनेवाला। रूस देश का निवासी। २ रूस देश मे उत्पन्न। ३ रूस देश का।

रूसी[2]—सज्ञा स्त्री० रूस देश की भाषा।

रूसी[3]—सज्ञा स्त्री० [देश०] सिर के चमडे पर जमा हुआ भूसी के समान छिलका जो सिर न मलने से जम जाता है।

क्रि० प्र०—जमना।—निकलना।

रूस्त—सज्ञा पुं० [स०] कपडे का किनारा। दामन। अचल [को०]।

रूह—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ आत्मा। जीवात्मा। उ०—चाम चश्म के नजर न आवै देखु रूह के नैना। चून चिगून वजूद नमाजु तैं सुभा नमूना ऐना।—कबीर (शब्द०)। २ सत्त। सार। जैसे,—रूह गुलाब, रूह केवडा, रूह पानडी (यह इत्र का एक भेद होता है)।

यौ०—रूह अफजा = प्राणवर्धक।

मुहा०—रूह कब्ज हो जाना, रूह फना होना = भय से स्तब्ध हो जाना।

रूहड़—सज्ञा स्त्री० [हिं० रूई] पुरानी रूई जो पहले किसी ओढने या बिछाने आदि के कपडो में भरी रही हो।

रूहना(पु)[1]—क्रि० अ० [स० रोहण] चढना। उमडना। छा जाना। उ०—चहुं दिसि दिष्टि परी गज जूहा। श्यामल घटा मेघ जस रूहा।—जायसी (शब्द०)।

रूहना[2]—क्रि० स० [हिं० रूँधना] आवेष्टित करना। घेरना। उ०—इमि वसु षोडश वत्तिस जूहा। मधि मोहन शशि के सम रूहा।—गोपाल (शब्द०)।

रूहानियत—सज्ञा स्त्री० [फा०] अध्यात्मवाद। आत्मवाद।

रूहानी—वि० [अ०] आध्यात्मिक। आत्मिक।

रूही—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष। अर्कमूल। चौरी। ईसर मूल।

विशेष—रूही का वृक्ष हिमालय पर्वत के नीचे रावी नदी के पूर्व मे तथा मध्यभारत और मद्रास प्रात मे पाया जाता है। इसे चौरी और मामरी भी कहते हैं। इसकी छाल देशी ओषधियो मे काम आती है और जड साँप काटने की ओषधि मानी जाती है। इसकी लकड़ी तौल मे प्रति घनफुट २७ सेर तक होती है। यह बहुत मजबूत और चिकनी होती है। रग देने और वार्निश करने से इसपर बहुत अच्छी चमक आती है। इसमे मेज, कुरसी, आलमारी और तसवीर के चौखटे बनाए जाते हैं। यह वृक्ष बीज से बरसात मे उगता है। इसको सस्कृत मे 'अहिगधा' कहते हैं। इसकी पत्तियाँ उत्तेजक और कटु होती हैं। इसकी छाल पेट की पीडा और अंतरिया ज्वर मे दी जाती है। इसकी मात्रा ३ माशे से ६ माशे तक है। यह मधु के साथ कुष्ठ रोग मे और काली मिर्च के साथ पीसकर विशूचिका तथा अतिसार मे दी जाती है। इसे वैद्य लोग ईसरमूल, अकमूल और रूहीमूल कहते हैं।

रूहीमूल—सज्ञा पु० [हिं० रूही + मूल] रूही नामक वृक्ष की छाल और जड। ईसरमूल। अर्कमूल। अतिगधा। विशेष द० 'रूही'।

रेंट—सज्ञा पुं० [अं० रेन्ट] घर, मकान या जमीन का किराया।

रेंकना—क्रि० अ० [अनु० या स० रिङ्खण] १ गदहे का बोलना। उ०—तिसका शब्द सुनकर धेनुक खर रेंकता आया।—लल्लू (शब्द०)। २ बुरे ढग से गाना। उ०—पर हमारे राम भी जब रेंकते है, तो तीसो रागिनी हुडदगा नाचने लगती हैं।—प्रतापनारायण (शब्द०)।

रेंगटा—सज्ञा पु० [अनु० रेंकना] गदहे का बच्चा।

रेंगना—क्रि० अ० [सं० रिङ्खण] १ कीडो और सरीसृपो का गमन। च्यूँटी आदि कीडो का चलना। उ०—रकत के आँसु परैं भुइँ टूटी। रोंग चली जनु बीर बहूटी।—जायसी (शब्द०) २ धीरे धीरे चलना। उ०—(क) कोउ पहुँचे कोउ रेंगत मग मे कोउ घर मे ते निकसे नाहि।—सूर (शब्द०)। (ख) गऊ सिध रेंगहि एक बाटा।—जायसी (शब्द०)।

रेंगनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेंगना] भटकटैया।

रेंट—सज्ञा पु० [देश०] श्लेष्मा मिश्रित मल जो नाक से (विशेषत. जुकाम होने पर) निकलता है। नाक का मल।

क्रि० प्र०—निकलना।—बहना।

रेंटा—सज्ञा पुं० [देश०] लिसोडे का फल।

रेंड़—सज्ञा पु० [सं० एरण्ड] १ एक पौधा। एरड। रेंडा। उ०—नाम जाको कामतरु देत फल चारि ताहि तुलसी बिहाइ कै बबूर रेंड गोडिए।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—यह ६-७ हाथ ऊँचा होता है और इसकी पेडी और टहनी पोली तथा मुलायम होती है। इसके चारो ओर बडी बडी शाखाएँ नही निकलती, सिरे पर छोटी छोटी टहनियाँ होती हैं, जिनमे पत्तो की पोली डाँडियाँ लगी रहती हैं। इन डाडियो के छोर पर बालिश्त डेढ बालिश्त के बडे बडे गोल कटावदार पत्ते लगे रहते है। कटाव बहुत लबे होते हैं और पत्तो तथा टहनियो के रग मे कुछ नीली झाई सी रहती है। फूल सफेद होते हैं और फल गाल गोल तथा कँटीले होते हैं। फलो के अदर कई बडे बडे बीज होते हैं जिनमे से बहुत तेल निकलता है। यह तेल जलाने और औषध के काम मे आता है। यह दस्तावर होता है। यद्यपि इसके बीज बहुत काम के होते

हैं, तथापि खाने योग्य फल या छाया न होने के कारण लोग इसे निकृष्ट पेडो मे गिनते हैं।

२ एक प्रकार की ईख जिसे रेंडा भी कहते हैं।

रेंडखरबूजा—सज्ञा पुं० [हिं० रेंड+खरबूजा] पपीता।

रेंड़ना†—क्रि० अ० [हिं० रेंड] १ फसल के पौधे का बढ़ना। २ पौधे (विशेषत धान, गेहूँ, जौ आदि का) गर्भित होना। पौध का उस अवस्था को प्राप्त होना जिसके कुछ समय बाद उसमे से बालें निकलती हैं।

रेंडमेवा—सज्ञा पुं० [हिं० रेंड+मेवा] अडकाकुनी। रेंडखरबूजा। पपीता।

रेंड़ा[1]—सज्ञा पु० [हिं० रेंड] १ एक प्रकार का धान जिसकी फसल कुआर कार्तिक मे तैयार हो जाती है। २. धान, गेहूँ, जौ आदि का गर्भ।

क्रि० प्र०—लेना। आना।

रेंडा[2]—सज्ञा स्त्री० एक प्रकार की ईख।

रेंड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेंड] अरडी या रेंड के बीज जिनसे तेल निकलता है और जो रेचक होने के कारण दवा के काम मे आते हैं।

रेंदी—सज्ञा स्त्री० [देश०] खरबूजे का छोटा फल। ककडी या खरबूजे की बतिया।

रेंन—सज्ञा स्त्री० [हिं० रैन] दे० 'रैन'। उ०—किते दिन गए रेंन सुख सोएं।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० २३८।

रें रें—अ० [अनु०] अनमने लडकों के रोने का शब्द।

मुहा०—रें रें करना = बच्चो का धीरे धीरे और कभी कभी देर तक रोना। जैसे,—यह लडका जब देखो, तब रें रें करता रहता है।

रेंवझा‡—सज्ञा पुं० [देश०] बबूल से मिलता जुलता एक पेड।

रे[1]—अव्य० [सं०] १ सबोधन शब्द। उ०—क्यो मन मूढ़ छबीली के अगनि जाय पर्‌यो रे समा जिमि भीर मे।—मन्नालाल (शब्द०)।

विशेष—इस सबोधन से आदर का भाव सूचित होता है और इसका प्रयोग उसी के प्रति होता है, जिसके प्रति 'तू' सर्वनाम का व्यवहार होता है।

२ तुच्छता वा अपमानसूचक सबोधन।

रे[2]—सज्ञा पुं० [सं० ऋषभ का आदि र] सगीत मे ऋषभ स्वर। जैसे—स, रे, ग, म, प, ध, नी।

रेउँछना‡—क्रि० अ० [देश०] किसी वस्तु या व्यक्ति के आस पास चक्कर मारना।

रेउँछा—सज्ञा पुं० [हिं० रेवँछा] दे० 'रेवँछा'।

रेउड़ा—सज्ञा पु० [हिं० रेवडा] दे० 'रेवडा'।

रेउड़ी‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेवडी] दे० 'रेवडी'।

रेउरा†—सज्ञा पुं० [हिं० रेवरा] दे० 'रेवरा'।

रेउरी‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेवडी] दे० 'रेवडी'।

रेक—सज्ञा पु० [स०] १. दस्त लाना। विरेचन। २. अधम। नीच। ३ सदेह। शक। शंका। ४ मेढक। मडूक (को०)। ५ एक प्रकार की मछली (को०)।

रेकण—सज्ञा पुं० [सं० रेकणस्] स्वर्ण। सोना (को०)।

रेकान—सज्ञा पुं० [अ०] वह जमीन जो नदी के पानी को पहुँच के बाहर हो।

रेकार्ड—सज्ञा पुं० [अ०] १ किसी सरकारी या सार्वजनिक सस्था के कागजपत्र। २ अदालत की मिसिल। ३ कुछ विशिष्ट मसालो से बना तवे के आकार का गोल टुकडा जिसमे वैज्ञानिक क्रिया से किसी का गाना बजाना या कही हुई बातें भरी रहती हैं। फोनोग्राफ के सदूक के बीच मे निकली हुई कील पर इसे लगाकर कुजी देने पर यह घूमने लगता है और इसमे से शब्द निकलने लगते हैं। चूडा। विशेष दे० 'फोनोग्राफ'।

रेक्टर—सज्ञा पुं० [स०] किसी सस्था का विशेषकर शिक्षा सस्था का प्रधान। जैसे,—यूनिवर्सिटी का रेक्टर।

रेख—सज्ञा स्त्री० [सं० रेखा] १ रेखा। लकीर। उ०—दुहुँ नैनन बीच मे काजर रेख विराजत रूप अनूप जग्यो।—(को०)।

मुहा०—रेख खींचना या खीचना, खचाना = (१) लकीर बनाना। रेखा आकित करना। (२) फलाफल का विचार करने के लिये चक्र आदि बनाना। (३) कहने मे जोर देना। दृढता प्रकट करना। निश्चय उत्पन्न करना। प्रतिज्ञा करना। कोई बात जोर देकर निश्चित रूप से कहना। उ०—(क) पूछा गुनिन्ह, रेख तिन खींची। भरत भुवाल होहिं, यह साँची।—तुलसी (शब्द०)। (ख) रेख खँचाइ कहौं बल भाखी। भामिनि भइउ दूध के माखी।—तुलसी (शब्द०)। रेख काढ़ना = दे० 'रेख खीचना'—१। उ०—तृन तोरघो गुन जात जिते गुन काढति रेख मही।—सूर (शब्द०)।

२ चिह्न। निशान। उ०—बिना रूप, बिनु रेख के जगत नचावै सोइ।—(शब्द०)।

यौ०—रूप रेख = आकार। स्वरूप। मूरत। उ०—ना ओहि ठावँ न ओहि बिनु ठाऊ। रूपरेख बिन निरमल नाऊँ।—जायसी (शब्द०)।

३ गिनती। गणना। शुमार। हिसाब। उ०—तिन महँ प्रथम रेख जग मोरी।—मानस, १। ४ नई नई निकलती हुई मूछें। मूछो का आभास। उ०—देखैं छैल छबीले रेख उठान। —देव (शब्द०)।

क्रि० प्र०—निकलना।

मुहा०—रेख आना, भींजना या भींनना = निकलती हुई मूछो का दिखाई पडना।

५ हीरे के पाँच दोषो मे से एक जिसमे हीरे मे महीन महीन लकीरें सी पडी दिखाई पडती हैं।

रेखता—सज्ञा पुं० [फ़ा० रेख्तह्] एक प्रकार का गाना या गजल जिसका प्रचार अरबी फारसी मिली हिंदी मे पहले पहल मुसलमानो द्वारा हुआ था। इसी से उर्दू को बहुत दिनो तक लोग

रेखता ही कहते थे। उ०—दिल किस तरह न खींचे अशआर
लखनऊ के। बेहतर किया है मैंने इस ऐब को हनर से।—कविता
कौ०, भा० ४, पृ० १५८। (ख) रेखते के तुम्हीं उस्ताद नहीं हो गालिब। कहते हैं अगले जमाने में कोई मीर भी था।—
कविता कौ०, भा० ४, पृ० १२२।

रेख्ती—संज्ञा स्त्री० [फा० रेख्ती] स्त्रियों की बोली में की हुई कविता। उ०—नाक पर हाथ रख रखकर रेख्ती पढ़नेवाले।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८७।

विशेष—रेख्ती तय्यारतयार खाँ रंगी की ईजाद है। यह जनाना बोली है। रंगी के बाद इंशा ने इसमें कुछ कलम चलाई और जान साहब ने तो दीवान ही बना डाला।

रेखना—क्रि० स० [सं० रेखन या लेखन] १ रेखा खींचना। रेख बनाना। लकीर खींचना। अंकित करना। चिह्न करना। उ०—(क) शोभित स्वकीय गण गुण गनती न तहाँ तेरे नाम ही की एक रेखा रेखियत है।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) सत्य कहौं कहा झूँठ मैं पायत देखो वेई जिन रेखी कथा।—केशव (शब्द०)। (ग) उरज करज रेख रेखी बहु भाँति है।—केशव (शब्द०)। २ खरोंचना। खरोंच डालना। छेदना। उ०—देखति जनु रेखत तनु प्रान नयन कोरही।—केशव (शब्द०)।

रेखाङ्कन—संज्ञा पुं० [सं० रेखा+अङ्कन] १. चित्र बनाना। उरेहना। २. रेखाओं द्वारा आकृति बनाना। ३ (साहित्य में) शब्दचित्र।

रेखांकित—वि० [सं० रेखा+अङ्कित] चिह्नित।

विशेष—लेख आदि में किसी शब्द या वाक्य के नीचे विशेष रूप से पाठक का ध्यान आकृष्ट करने के लिये रेखा खींच देते हैं। ऐसे शब्द या वाक्य 'रेखांकित' कहे जाते हैं।

रेखांश—संज्ञा पुं० [सं०] द्राघिमांश। याम्योत्तर वृत्त की एक एक डिग्री या अंश।

रेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सूत के आकार का लंबा गया हुआ चिह्न। दंडाकार चिह्न। डंडी। लकीर। उ०—रेखा रुचिर कंबु कल ग्रीवा।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—खींचना।

२. किसी वस्तु का सूचक चिह्न। इंच आदि।

यौ०—कर्मरेखा=भाग्य की लिपि जो प्राणियों के मस्तक पर पहले ही अंकित मानी जाती है। भाग्य का लेख। उ०—कर्म प्रेम भरि कर देखा। अविचल दृढ़ भगति कै रेखा।—तुलसी (शब्द०)। ३. गणना। शुमार। गिनती। उ०—साधु समाज न जाकर लेखा। राम भगत महँ जासु न रेखा।—तुलसी (शब्द०)। ४ आकृति। आकार। सूरत।

यौ०—रूपरेखा।

५ ऐसी सलवटें आदि जो पड़ी हुई लकीरें जिनके सामुद्रिक में मनुष्य के शुभाशुभ का विचार किया जाता है। जैसे,—हाथ की रेखा, कपाल की रेखा, उम्र की रेखा आदि। क्रि० प्र० 'खींचना'।

६ आँख के कोने में दिखाई पड़नेवाले लंबोतरे डोरे जो सुंदर समझे जाते हैं।

विशेष—रत्नपरीक्षा में रेखा चार प्रकार की कही गई है—सूत्र रेखा, अपसव्य रेखा, छत्र रेखा और अर्द्धचंद्र रेखा। इनमें से सूत्र रेखा तो साधारण होती है और अच्छी मानी गई है।

७ पंक्ति। कतार। जैसे, त्रिरेखा (ँ)। ८ पंक्ति (ें)। ९ रेखा अंश। डिग्री आदि अंश।

रेखागणित—संज्ञा पुं० [सं०] गणित का वह विभाग जिसमें रेखाओं द्वारा कुछ निश्चित सिद्धांत निर्धारित किए जाते हैं। वह गणित जिसमें स्थिर करनेवाला गणित।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग पहले पहल परिव्राजक हरनाथ ने किया। उन्होंने 'इउक्लिड' के फ्रेंच अनुवाद का अनुवाद जयसिंह की आज्ञा से संस्कृत में अनुवाद किया। पर वैदिक ऋषियों ने भी इस विषय का पर्याप्त विचार किया था। इनके प्रणीत 'शुल्व सूत्र' हैं, जिनमें यज्ञ की वेदियों बनाने के लिये नाना आकारों का विचार किया गया है। पीछे भास्कराचार्य की लीलावती बनी जो क्षेत्रमिति पर ही है। कुछ लोगों का कहना है कि प्राचीन आर्य क्षेत्रमिति (सुल्वसूत्र) तो जानते थे, पर रेखागणित नहीं जानते थे। पर यह कथन ठीक नहीं, क्योंकि मिस्र और यूनान में भी भूमि के माप के लिये ही रेखागणित का पहले पहल व्यवहार हुआ था।

रेखाचित्र—संज्ञा पुं० [सं० रेखा+चित्र] १ वह चित्र या आकृति जिसमें मात्र रेखाओं का प्रयोग किया गया हो। २ (साहित्य में) शब्द चित्र। थोड़े शब्दों में प्रस्तुत वस्तु या वर्ण्य विषय संबंधी समग्र विशेषताएँ सुस्पष्ट हों।

रेखाभूमि—संज्ञा स्त्री० [सं०] मेरु और लंका के मध्य से जाती हुई कल्पित रेखा की पीठ में पड़नेवाले देश। (ज्योतिष)।

विशेष—प्राचीन ज्योतिषी गणित करने के लिये मेरु और लंका के मध्य से जो रेखा कल्पित करते थे, उसकी पीठ में पड़नेवाले देशों को रेखाभूमि या रेखांशभूमि कहा जाता था।

रेखामात्र—क्रि० वि० [सं०] जरा सा भी। किंचित् मात्र भी (निषेध)।

रेखित—वि० [सं० रेखा] १ जिसमें रेखा हो। रेखा युक्त। रेखांकित (किया हुआ)। २ जिसपर रेखा या लकीर पड़ी हो। ३ जिसमें दरार पड़ी हो। फटा हुआ। उ०—रेखित मुकुर सभीत जिमि जीवत कहत पुकार।—रसरत्नाकर, पृ० १८९।

रेग—संज्ञा स्त्री० [फा०] जोंक।

यौ०—रेगिस्तानी। रेगदार=जिसमें रेग की तरह के छोटे छोटे कंकड़ हों। रेग की तरह छोटे छोटे कंकड़ जमा होकर पुरजे आदि घिस डालते हैं, इसलिये रेगदार करते हैं।

रेगिस्तान—संज्ञा पुं० [फा०] [वि० रेगिस्तानी]।

रेगिस्तानी—वि० [फा० रेगिस्तान] [ ]। उ०—मुझे तो सीमित के दर्शन [illegible] (रेगिस्तानी) का [illegible] —[illegible], पृ० १३५।

रेगुलेशन—सज्ञा पुं० [अं०] १ वे नियम या कायदे जो राजपुरुष अपने अधीन देश के सुशासन के लिये बनाते हैं। विधि। विधान। कानून। जैसे, –बगाल के तीसरे रेगुलेशन के अनुसार कितने ही युवक निर्वासित किए गए। २ वे नियम या कायदे जो किसी विभाग या सस्था के सचालन और नियत्रण के लिये बनाए जाते हैं। नियम। कायदे।

रेग्यूलेटर—सज्ञा पुं० [अ०] किसी मशीन या कल का वह हिस्सा या पुर्जा जो उसकी गति का नियत्रण करता है। यत्रनियामक।

रेघनाⓊ[1]—क्रि० अ० [स० रिङ्खण, हिं० रेंगना] धीरे धीरे चलना या गमन करना। उ०—प्रेम पहार स्वर्ग ते ऊँचा। बिनु रेघे कोउ तहँ न पहुँचा।—चित्रा०, पृ० ४०।

रेघनाⓊ[2]—क्रि० अ० [हिं० रेंकना] १ देर तक एक ही बात को फेटते रहना। २ एक ही सुर मे रोना। मिमियाना। (बच्चो का)। ३ चिल्लाना। पुकारना।

रेचक[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० रेचिका] १ जिसके खाने से दस्त आवे। कोष्ठशुद्धि करनेवाला। दस्तावर।

रेचक[2]—सज्ञा पुं० १ पिचकारी। २ जवाखार। ३ जमालगोटा। ४ प्राणायाम की तीसरी क्रिया, जिसमे खीचे हुए साँस को विधिपूर्वक बाहर निकालना होता है। उ०—(क) पूरक कुभक रेचक करई। उलटि ध्यान त्रिकुटी को धरई।—विश्राम (शब्द०)। (ख) सब आसन रेचक अरु पूरक कुभक सीखे पाइ। बिन गुरु निकट सँदेसन कैसे यह अवगाह्यो जाइ।—सूर (शब्द०)।

रेचन—सज्ञा पुं० [सं०] १ दस्त लाना। कोष्ठशुद्धि करना। पेट से मल निकालना। २ वह औषध जो मल निकालकर कोठा साफ करे। जुल्लाब।

विशेष—सुश्रुत ने छह प्रकार के रेचन द्रव्य कहे हैं—फल, मूल, छाल, तेल, रस और पेडो के दूध।

रेचनक—सज्ञा पुं० [सं०] कपिल्लक। कमीला।

रेचनाⓊ[1]—क्रि० स० [सं० रेचन] वायु या मल को बाहर निकालना। उ०—प्रथमै सूरज भेदिनी पूरै पिंगल बात। रेच बावें रोकि कछु हरै वायु रुज गात।—विश्राम (शब्द०)।

रेचना[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] वा पल्ल वृक्ष। कमीला।

रेचनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कमीला। दतो। ३ कालाजली। ४ वटपत्री।

रेचित[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ घोडो की एक चाल। २ नाचने मे हाथ हिलाने का एक ढग।

रेचित[2]—वि० साफ किया हुआ। जिससे मल आदि बाहर किया गया हो [को०]।

रेच्य—सज्ञा पुं० [सं०] प्राणायाम मे बाहर छोडी हुई वायु। २ भेदक। जुल्लाब।

रेजⓊ[1]—सज्ञा पुं० [हिं० रिस, रेस अथवा सं० √रेज (=चमकना; हिलना, काँपना)] लाग डाट। प्रतिस्पर्धा। उ०—महल महमही महक मग मनहर मैन मजेज। सोति सुहागहि रेज करि साजी सुदर सेज।—स० सप्तक, पृ० ३८६।

मुहा०—रेज करना=(१) नखरा करना। इतराना। (२) अकडना। (३) घोडे का एक ही स्थान पर उछलना, कूदना।

रेज[2]—सज्ञा पुं० [सं० रेजस्] अग्नि।

रेजगारी—सज्ञा स्त्री० [फा०]रुपए का फुटकर अश। रेजगी। खरीज। छुट्टा [को०]।

रेजगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दे० 'रेजगारी'।

रेजस—सज्ञा पुं० [फा० रेजिस] घोडो का जुकाम।

रेजसल्लामा—सज्ञा पुं० [फा० रेजिस] दे० 'रेजस'।

रेजा—सज्ञा पुं० [फा० रेजह्] १. किसी वस्तु का बहुत छोटा टुकडा। सूक्ष्म खड। उ०—(क) रेजा रेजा करि तीपे नैनन की कोरन सो काकरेजा वारी सो करेजा काढ़ि लै गई।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) परिघ, परशु नेजे मेघनाद के जे भेजे, तिन्हैं कै कै रेजे रोजे महावीर भायो है।—रघुराज (शब्द०)। २ मजदूर लडका जो बडे राजगीरो के साथ काम करता है। ३ अँगिया। मीनाबद। (बुंदेलखडी)। ४ सुनारो का एक औजार जिसमे गला हुआ सोना या चाँदी डालकर पाँसे के आकार का बना लेते हैं। यह लोहे की बनी नाली के आकार का होता है। इसे 'परघनी' भी कहते हैं। ५ नग। थान। अदद। ६ महीन कपडा। महीन काम किया हुआ रेशमी वस्त्र आदि। उ०—ज्यो कोरी रेजा बुनै, नियरा आवै छोर।—कबीर सा०, पृ० ७७।

रेजिस—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० रेज़िश] जुकाम।

रेजीडेंट—सज्ञा पु० [अ० रेज़िडेंट] वह अगरेजी राजकर्मचारी जो किसी देशी राज्य मे प्रतिनिधि के रूप मे रहता है।

रेजीमेंट—सज्ञा स्त्री० [अ०] सेना का एक भाग। रिजमिंट।

रेजू—सज्ञा पुं० [फा०] एक प्रकार का रेशा जो ब्रश (कपडा, आदि साफ करने की कूँची) बनाने के लिये कलकत्ते मे विलायत मे आता है।

रेज्योल्यूशन—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह निर्मित या कायदा प्रस्ताव जो किसी व्यवस्थापिका सभा या अन्य किसी सभा सस्था के अधिवेशन मे विचार और स्वीकृति के लिये उपस्थित किया जाय। प्रस्ताव। तजवीज। जैसे, वे परिषद के आगामी अधिवेशन मे राजनीतिक कैदियो को छोड देने के सबध में एक रेज्योल्यूशन उपस्थित करनेवाले हैं। २ किसी व्यवस्थापिका सभा या अन्य किसी सभा सस्था का किसी विषय पर निश्चय जो एकमत या बहुमत से हुआ है। निर्णय। मतव्य। जैसे,—इस सबध मे कांग्रेस और मुसलिम लीग के रेज्योल्यूशनो मे विरोध नही है। (ख) पुलिस की शासन रिपोर्ट पर जो सरकारी रेज्योल्यूशन निकला है उसमे पुलिस की प्रशसा की गई है और कहा गया है कि गत वर्ष जो राजनीतिक अपराध नही हुए उसका कारण पुलिस की तत्परता और सावधानता है।

रेट—सज्ञा पुं० [अ०] १ भाव। निख। २ चाल। गति।

रेट पेयर्स—सज्ञा पुं० [अ०] वह जो किसी म्युनिसीपैलिटी को टैक्स या कर देता हो। करदाता। जैसे,—रेट पेयर्स ऐसोसिएशन।

रेडियम—सज्ञा पुं० [अं०] एक मूलद्रव्य धातु जिसका पता वैज्ञानिको को हाल मे ही लगा है।

विशेष—यह धातु अत्यत विलक्षण और अतीव बहुमूल्य है। इसे शक्ति का सचित रूप ही समझना चाहिए। यह उज्वल प्रकाशमय होती है। इसके मिलने से परमाणु सबधी सिद्धात मे बहुत परिवर्तन हुआ है। पहले वैज्ञानिक परमाणु को अयौगिक मूलद्रव्य मानते थे। पर अब यह पता लगा है कि परमाणु भी अत्यत सूक्ष्म विद्युत्कणो की समष्टि हैं। यह 'कैन्सर' जैसे दु साध्य रोग तथा धातु रोग की चिकित्सा के काम मे भी आती है।

रेडियो—सज्ञा पुं० [अ०] ध्वनियो को सुनने और भेजने का बेतार का एक यत्र।

रेणु—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. धूल। २ बालू। ३ पृथ्वी। (डिं०)। ४ सभालू के बीज। ५ विडग। ६ अत्यत लघु परिमाण। कणिका। ७ फूल की धूल। पराग (को०)।

रेणुक—सज्ञा पुं० [सं०] शस्त्रचालन में प्रयुक्त एक मत्र [को०]।

रेणुका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बालू। रेत। २ रज। धूल। ३ पृथ्वी। (डिं०)। ४ सभालू के बीज। ५ सह्याद्रि पर्वत का एक तीर्थ। ६ परशुराम की माता का नाम।

विशेष—रेणुका विदर्भराज की कन्या और जमदग्नि की पत्नी थी। एक बार ये गगास्नान करने गईं। वहा राजा चित्ररथ को स्त्रियो के साथ जलक्रीडा करते हुए देख रेणुका के मन मे कुछ विकार पैदा हुआ। पर वह तुरत घर लौट आईं। जमदग्नि को उनके मनोविकार का पता लग गया, इससे वे बहुत क्रुद्ध हुए और अपने पुत्रो से उनका वध करने को कहा। और कोई पुत्र तो मातृहत्या करने को राजी न हुआ, परशुराम ने पिता की आज्ञा से माता का वध किया। जमदग्नि ने परशुराम पर अत्यत प्रसन्न होकर वर माँगने को कहा। परशुराम ने पहला वर यही माँगा कि माता फिर से जीवित हो जायँ।

रेणुकासुत - सज्ञा पुं० [स०] रेणुका के तनय, परशुराम [को०]।

रेणुरूपित—सज्ञा पुं० [सं०] गदहा।

रेणुवास—सज्ञा पुं० [सं०] भ्रमर। भौंरा।

रेणुसार, रेणुसारक—सज्ञा पु० [सं०] कपूर।

रेत-कुल्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक नरक का नाम।

रेत मार्ग—सज्ञा पुं० [स०] रेतोमार्ग। वह प्रणाली जिससे होकर वीर्य बाहर निकलता हो।

रेत-सेक—सज्ञा पुं० [स०] मैथुन। सभोग [को०]।

रेत[१]—सज्ञा पुं० [स० रेतस्] १ वीर्य। शुक्र। २ पारा। पारद। ३ जल। ४ प्रवाह। बहाव। धारा (को०)। ५ पाप (को०)।

रेत[२]—सज्ञा स्त्री० [सं० रेतजा] १ बालू। २. बलुआ मैदान। मरुभूमि। उ०—जैं जैं जानकीस जैं जैं लपन कपीस कहि कूदैं कपि कौतुकी नचत रेत रेत हैं।—तुलसी (शब्द०)।

रेत[३]—सज्ञा पु० [हिं० रेतना] लोहार का वह औजार जिससे वह लोहे को रेतता है। रेती।

रेतकुंड—सज्ञा पुं० [सं० रेतकुण्ड] १. रेत कुल्या नाम का नरक। २ कुमाऊँ मे हिमालय पहाड पर एक तीर्थस्थान।

रेतज—सज्ञा पु० [स०] सतान। औलाद [को०]।

रेतजा—सज्ञा स्त्री० [स०] बालू [को०]।

रेतन—सज्ञा पु० [स०] शुक्र। वीर्य।

रेतना—क्रि० स० [हिं० रेत] १ रेती के द्वारा किसी वस्तु को रगडकर उसमे से छोटे छोटे कण गिराना जिससे वह चिकनी या आकार मे कम हो जाय।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।

२ किसी वस्तु को काटने के लिये औजार को धार रगडना। जैसे,—आरी से रेतना। ३ औजार से रगडकर काटना। धीरे धीरे काटना। जैसे,—गला रेतना। उ०—(क) भूला सो भूला बहुरि कै चेतु। शब्द छुरी सशय को रेतु।—कबीर (शब्द०)। (ख) लियो छुडाइ चले कर मीजत पीसत दाँत गए रिस रेते।—तुलसी (शब्द०)। (ग) जाको नाम रेत सो रेतत रेतन के बन को।—देवस्वामी (शब्द०)।

रेतल—सज्ञा पुं० [देश०] एक पक्षी जिसका रग भूरा और लबाई छह इच होती है।

विशेष—यह युक्तप्रात (वर्तमान उत्तरप्रदेश) और नेपाल में नदियो के किनारे रहता है। यह किसी झाडी या पत्थर के नीचे घास से प्याले के आकार का घोसला बनाता है और भूरे रग के २, ३ अडे देता है।

रेतला—वि० [हिं० रेतीला] दे० 'रेतीला'।

रेतवा[१]—सज्ञा पुं० [हिं० रेतना] १. वह वस्तु जिससे कोई चीज रेती जाय। २ रेतनेवाला व्यक्ति। वह जो किसी वस्तु को रेतता हो।

रेतस्—सज्ञा पुं० [स०] १ वीर्य। शुक्र। २ पारा। ३ जल। ४ दे० 'रेतस्'।

रेता—सज्ञा पुं० [हिं० रेत] १ बालू। २ मिट्टी। धूल। ३ बालू का मैदान।

रेतिया[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेत + इया (प्रत्य०)] दे० 'रेता', 'रेती'।

रेतिया[२]—सज्ञा पुं० [हिं० रेतना] रेतनेवाला। रेतवा।

रेती—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेतना] रेतने का औजार।

विशेष—यह लोहे का एक मोटा फल होता है जिसपर खुरदरे दाने से उभरे रहते हैं और जिसे किसी वस्तु पर रगडने से उसके महीन कण छूटकर गिरते हैं। इससे सतह चिकनी और बराबर करते हैं।

रेती[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेत + ई (प्रत्य०)] १ नदी या समुद्र के किनारे पडी हुई बलुई जमीन। बालू का मैदान जो नदी या समुद्र के किनारे हो। बलुआ किनारा। उ०—खेलत रही सहेली सेंती। पाट जाइ लागा तेहि रेती।—जायसी (शब्द०)। २. नदी की धारा के बीचोबीच टापू की तरह की बलुई जमीन जो पानी घटने पर निकल आती है। नदी का द्वीप। जैसे—गगा

जी मे इस साल रेती पड जाने से दो धाराएँ हो गई हैं।

क्रि० प्र०—पडना।

रेतीला—वि० [हिं० रेत+ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० रेतीली] बालूवाला। बालुकामय। बलुआ। जैसे,—रेतीला किनारा या मैदान।

रेत्य—सज्ञा पुं० [स०] पीतन।

रेत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ रेतस्। शुक्र। २ पीयूष। अमृत। ३ सुगधित बूकनी। पटवास। ४ पारद। पारा (को०)।

रेना†—क्रि० स० [देश०] किसी वस्तु मे डालकर या टिकाकर लटकाना।

रेनी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रञ्जनी] वह वस्तु जिससे रग निकलता हो।

रेनी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेना (=लटकाना)] वह अलगनी जिसपर रँगरेज लोग कपडा रँगकर सूखने को डालते हैं।

रेनुⓊ—सज्ञा पु० [स० रेणु] दे० 'रेणु'।

रेनुकाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० रेणुका] दे० 'रेणुका'।

रेप—वि० [स०] १ निदित। २ क्रूर। ३ कृपण।

रेप[2]—सज्ञा पुं० [सं० रेपस्] कलक। धब्बा। दोष। खराबी। उ०—मेरी यही अर्ज है हुजूर कि मेरी पेंशन पर रेप न आए।—काया०, पृ० १६६।

मुहा०—रेप लगाना=कलक लगाना।

२ अपराध। पाप (को०)।

रेफ[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ रकार का वह रूप जो अन्य अक्षर के पहले जाने पर उसके मस्तक पर रहता है। जैसे, सर्प, दर्प, हर्ष, आदि मे। २ रकार र अक्षर। ३ राग। ४ शब्द।

रेफ[2]—सज्ञा पुं० [स० रेफस्] कलक। दोष। ऐब। रेप।

मुहा०—रेफ लगाना=दे० 'रेप लगाना'।

रेफ[3]—वि० [स०] कुत्सित। अधम।

रेफरी—सज्ञा पुं० [अ०] वह जिससे कोई झगडा निपटाने को कहा जाय। पच। जैसे,—इस बार फुटबाल मैच मे कप्तान स्वीडन रेफरी थे।

रेभ—सज्ञा पुं० [स०] १ एक वैदिक ऋषि जिन्हें असुरो ने एक कुएं मे डाल दिया था। दस रातें और नौ दिन बीतने पर अश्विनीकुमारो ने इन्हे निकाला था। (ऋग्वेद)। २ कश्यपवशीय एक दूसर ऋषि।

रेफ्यूज—सज्ञा पु० [अ० रेफ़्यूज] वह सस्था जिसमे अनाथो और निराश्रयो को अस्थायी रूप से आश्रय मिलता है। जैसे,—इडियन रेफ्यूज।

रेफ्यूजी—सज्ञा पुं० [अ०] जिसका सब कुछ छीन लिया गया हो। घर द्वार, सपति आदि लूटकर जिन्हे भगा दिया गया हो। अनाथ व्यक्ति। निराश्रित वा शरणार्थी।

रेरिहान—सज्ञा पुं० [स०] १ शिव। २ असुर। ३ चोर।

रेरुआ, रेरुवा—सज्ञा पुं० [अनु०] बडा उल्लू पक्षी। रुरुआ। घुरघू।

रेल—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ सडक की वह लोहे की पटरी जिसपर रेलगाडी के पहिए चलते हैं। २ भाप के जोर से चलनेवाली गाडी। रेलगाडी।

विशेष—भाप के इजन से चलनेवाली गाडी का आविष्कार पहले पहल सन् १८०२ ई० मे इगलैंड मे हुआ। तब से इसका प्रचार बहुत बढता गया, यहाँ तक कि अब पृथ्वी पर बहुत कम ऐसे सभ्य देश हैं जिनमे रेलगाडी न हो।

यौ० रेल इजिन=रेलगाडी चलाने का यत्र या मशीन। रेलगाडी=दे० 'रेल'। रेलमत्री=रेल महकमा का सर्वोच्च मत्री। रेलवे।

रेल[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेलना] १ बहाव। धारा। उ०—भूषण भनत जाके एक एक शिखर ते केते धौ नदी नद की रेल उतरति है।—भूषण (शब्द०)। २ आधिक्य। भरमार। उ०—सघन कुज मे अमित केलि लखि तनु सुगध की रेल।—सूर (शब्द०)।

यौ०—रेल ठेल। रेल पेल।

रेल ठेल—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रेलपेल'। उ०—कहै पदमाकर हमेगा दिव्य वीथिन मो बानन की रेलठेल ठेलन ठिलति है।—पदमाकर (शब्द०)।

रेलना[1]—क्रि० स० [देश०] १ आगे की ओर झोकना। ढकेलना। धक्का देना। उ०—(क) एक द्विज छुधित घुस्यो तँह पेली। दियो सिपाही ता कहँ रेली।—रघुराज (शब्द०)।

क्रि० प्र०—देना।

२ अधिक भोजन करना। ठूस ठूसकर खाना। उ०—फूले बर बसत बन बन से कहुँ मालती नवेली। तापै मदमाते से मधुकर गूँजत मधुरम रेली।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

रेलना[2]—क्रि० अ० ठसाठस भरा होना। अधिक होना। उ०—फूली माधवी मालती रेलि। फूले ही मधुप करत है केलि।—सूर (शब्द०)।

रेल पेल—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेलना+पेलना] १ भीड जिसमे लोग एक दूसरे को धक्का देते हैं। २ भरमार। अधिकता। ज्यादती।

रेलवे—सज्ञा स्त्री० [अं० रेल (=लोहे की पटरी)+वे (रास्ता)] १ रेलगाडी की सडक। २ रेल का महकमा। जैसे,—वह रेलवे मे काम करता है।

रेला—सज्ञा पुं० [देश०] १ तबले पर महीन और सुदर बोलो को बजाने की रीति। २ जल का प्रवाह। बहाव। तोड। ३ समूह मे चढाई। धावा। दौड। ४ धक्कमधक्का। ५ अधिकता। बहुतायत। ६ पक्ति। समूह।

रेलिंग—सज्ञा स्त्री० [अ०] बरामदे आदि पर रोक के लिये लगाया जानेवाला एक प्रकार का घेरा जो लोहा, काठ मिट्टी वा ईंट पत्थरो से बनाया जाता है।

रेवँछा—सज्ञा पु० [देश०] एक द्विदल अन्न जिसकी दाल खाई जाती है।

विशेष—इसकी फलियाँ गोल, पतली और लगभग एक बालिश्त लबी होती हैं। इसके दाने लबोतरे, गोल, उर्द से कुछ बडे और रग मे बादामी होते हैं। इसकी लोग दाल खाते हैं।

रेवत—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य के पुत्र जो गुह्यको के अधिपति है और जिनकी उत्पत्ति सूर्य की बडवा रूपधारिणी सज्ञा नाम की पत्नी से हुई थी।

रेवद—सज्ञा पुं० [फा०] एक पहाडी पेड जो हिमालय पर ग्यारह बारह हजार फुट की ऊँचाई पर होता है।

विशेष—काश्मीर, नैपाल, भूटान और सिक्किम के पहाडो मे यह जगली पेड पाया जाता है। इसकी उत्तम जाति तिब्बत के दक्षिणपूर्व भागो और चीन के उत्तरपश्चिम भागो मे होती है और रेवद चीनी कहलाती है। हिंदुस्तानी रेवद वैसी अच्छी नहीं होती। उसमें महक भी वैसी नहीं होती जैसी कि चीनी की होती है। बाजारों मे इसकी सूखी जड और लकडी रेवद चीनी के नाम से बिकती है और औषधि के काम मे आती है। इसमे क्राइसोफानिक एसिड होता है, जिससे इसका रग पीला होता है। क्राइसोफानिक एसिड दाद की बहुत अच्छी दवा है। रेवद चीनी रेचक होती है और पेट के दर्द को दूर करती है। यह पौष्टिक भी मानी जाती है।

रेवट—सज्ञा पुं० [सं०] १. शूकर। सुअर। २. वेणु। बाँस। ३ विषवैद्य। ४ दक्षिणावर्त शख। ५ बवडर। वायु का आवर्त (को०)।

रेवड़—सज्ञा पुं० [देश०] भेड बकरी का झुड। लेहडा। गल्ला।

रेवड़ा—सज्ञा पुं० [देश०] पगी हुई चीनी या गुड के लबे लबे टुकडे जिनपर सफेद तिल चिपकाया रहता है।

रेवड़ी—सज्ञा स्त्री० [देश०] पगी हुई चीनी या गुड की छोटी टिकिया जिसपर सफेद तिल चिपकाया रहता है।

रेवत[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ जबीरी नीबू। २. आरग्वध वृक्ष। अमलतास। ३ एक राजा जिसकी कन्या रेवती बलराम जी को ब्याही थी।

विशेष—देवी भागवत के अनुसार यह आनर्त्त का पुत्र और शर्याति का पौत्र था। ब्रह्मा के कहने से इसने अपनी कन्या रेवती बलराम को ब्याही थी।

रेवत(ऊ)[2]—सज्ञा पुं० [हिं० रय+वत (प्रत्य०)] दे० 'रैवता'। उ०—आया अवधेसर सुणे सहोदर, भडा परसपर अक भरे। रेवत गज राजा सुभट समाजा, कर रथ माजा त्यार करे।—रघु० रू०, पृ० २३४।

रेवतक—सज्ञा पु० [स०] १ पारावत। परेवा। २ एक प्रकार का खजूर। पारेवत वृक्ष (को०)।

रेवती—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सत्ताईसवाँ नक्षत्र जो ३२ तारो से मिलकर बना है और जिसका आकार मृदग का सा कहा गया है। इस नक्षत्र के अतगत मीन राशि पडती है। २ एक मातृका का नाम। ३ गाय। ४ दुर्गा। ५ एक बालग्रह जो बच्चो को कष्ट देता है। ६. रेवत मनु की माता। ७ बलराम की पत्नी जो राजा रेवत की कन्या थी।

रेवतीभव—सज्ञा पुं० [सं०] शनि।

रेवतीरमण—सज्ञा पुं० [सं०] १. बलराम। २ विष्णु।

रेवना†—क्रि० स० [हिं० रेना] दे० 'रेना'।

रेवरा[1]†—सज्ञा पु० [हिं० रेवडा] दे० 'रेवडा'।

रेवरा[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की ईख।

रेवरेड—सज्ञा पुं० [अं०] पादरियो को सम्मानसूचक उपाधि। जैसे,—रेवरेंड कोलमैन।

रेवा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ नर्मदा नदी। २. काम की पत्नी रति। ३ नील का पौधा। ४ दुर्गा। ५ एक प्रकार का साम। ६ एक प्रकार की मछली जो नदियो मे पाई जाती है। ७ दीपक राग की एक रागिनी। ८ भारत का वह देशखड जहाँ नर्मदा नदी बहती है। रीवा राज्य। बघेलखड।

रेवाउतन—सज्ञा पु० [स० रेवा+उत्पन्न] हाथी। (डिं०)।

विशेष पुराने समय मे नर्मदा के किनारे हाथी बहुत पाए जाते थे।

रेवेन्यू—सज्ञा पुं० [अं०] किसी राजा या राज्य की वार्षिक आय जो मालगुजारी, आबकारी इनकमटैक्स, कस्टम ड्यूटी आदि करो से होती है। आमदे मुल्क। मालगुजारी।

रेवेन्यू बोर्ड—सज्ञा पुं० [अं०] कई बडे बडे अफसरो का वह बोर्ड या समिति जिसके अधीन किसी प्रदेश के राजस्व का प्रबध और नियत्रण हो।

रेवोल्यूशन—सज्ञा पुं० [अं०] समाज मे ऐसा उलट फेर या परिवर्तन जिससे पुराने सस्कार, आचार, विचार, राजनीति, रूढियो आदि का अस्तित्व न रहे। आमूल परिवर्तन। फेरफार। उलटफेर। क्राति। विप्लव। २ देश या राज्य की शासनप्रणाली या सरकार मे आकस्मिक और भीषण परिवर्तन। प्रचलित शासनप्रणाली या सरकार को उलट देना। राज्यक्राति। राज्यविप्लव।

रेवोल्यूशनरी—वि० [अ०] १ राज्य क्रातिकारी। विप्लवपथी। जैसे,—रेवोल्यूशनरी लीग। २. रेवोल्यूशन सबधी। जैसे,—रेवोल्यूशनरी साहित्य।

रेशम—सज्ञा पुं० [फा०] १ एक प्रकार का महीन चमकीला और दृढ ततु या रेशा जिससे कपडे बुने जाते हैं। यह ततु कोश मे रहनेवाले एक प्रकार के कीडे तैयार करते है।

विशेष रेशम के कीडे पिल्लू कहलाते हैं और बहुत तरह के होते है, जैसे,—विलायती, मदरासी या कनारी, चीनी, अराकानी, आसामी, इत्यादि। चीनी, बूलू और बडे पिल्लू का रेशम सबसे अच्छा होता है। ये कीडे तितली की जाति के है। इनके कई कायाकल्प होते हैं। अडा फूटने पर ये बडे पिल्लू के आकार मे होते है और रेंगते है। इस अवस्था मे ये पत्तियाँ बहुत खाते हैं। शहतूत की पत्ती इनका सबसे अच्छा भाजन है। ये पिल्लू बढकर एक प्रकार का कोश बनाकर उसके भीतर हो जाते हैं। उस समय इन्हे कोया कहते हैं। काश के भीतर ही यह कीडा वह ततु निकालता है, जिसे रेशम कहते हैं। कोश के भीतर रहने की अवधि जब पूरी हो जाती है, तब कीडा रेशम को काटता हुआ निकलकर उड जाता है। इससे कीड़े

पालनेवाले निकलने के पहले ही कोयो को गरम पानी मे डालकर कीडो को मार डालते हैं और तब ऊपर का रेशम निकालते हैं।

पर्या०—कौशेय। पाट कोशा।

२ रेशम का सूत रेशा वा बुना हुआ वस्त्र।

यौ०—रेशम की या रेशमी गाँठ=वह ग्रथि, उलझन वा समस्या जो जल्दी सुलझ न सके। कोई कठिन काम। रेशमी लच्छा=एक मिठाई।

रेशमी—वि० [फा०] १ रेशम का बना हुआ। २ रेशम के समान। रेशम सा।

रेशा—सज्ञा पु० [फा० रेशह्] १ ततु या महीन सूत जो पौधो की छालो आदि से निकलता है या कुछ फलो के भीतर पाया जाता है।

यौ०—रेशेदार।

रेष[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ क्षति। हानि। २ हिंसा।

रेषⓊ[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेख] दे० 'रेख'।

रेषण—सज्ञा पुं० [सं०] १ घोडो का हिनहिनाना। २ बाघ का गरजना, या गुर्राना।

रेषा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ घोड़े की हिनहिनाहट। २ बाघ की गुर्राहट या दहाड।

रेस—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ बाजी बदकर दौडना। दौड मे प्रतियोगिता करना। २ घुडदौड।

यौ०—रेसकोर्स। रेस ग्राउड।

रेसकोर्स—सज्ञा पुं० [अ०] दौड या घुडदौड का रास्ता या मैदान।

रेसग्राउड—सज्ञा पुं० [अ०] दौड या घुडदौड का मैदान।

रेसम—सज्ञा पुं० [हिं० रेशम] दे० 'रेशम'। उ०—मुखमडल पै फल कुतल को, कहि रेसम के सम दूसत हैं।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० २१०।

रेसमान—सज्ञा पुं० [फा० रीसमान (=रस्सी)] सुतरी। डोरी। रस्सी। (लशकरी)।

रेसमीⓊ—वि० [फा० रेशमी] दे० 'रेशमी'। उ०—रेसमी रेसना रीति भल्ली। सिरी सीस सिंदूर सोभा सु मिल्ली।—पृ० रा०, ६१।१३७५।

रेस्टोरेंट—सज्ञा पुं० [फरा० रेस्तोरॉ] दे० 'रेस्तराँ'।

रेस्तराँ—सज्ञा पुं० [फरा० रेस्तोराँ] जलपानगृह। भोजनालय।

रेह[१]—सज्ञा स्त्री० [स० रेचक (=एक प्रकार की मिट्टी या भूमि)] खार मिली हुई वह मिट्टी जो ऊसर मैदानो मे पाई जाती है। उ०—(क) जावत खेह रेह दुनियाई। मेघ बूँद औ गगन तराई।—जायसी (शब्द०)। (ख) जँह जँह भूमि जरी भइ रेहू। बिरह के वाह भई जनु खेहू।—जायसी (शब्द०)।

रेहⓊ[२]—सज्ञा स्त्री० [स० रेख, प्रा० रेह] दे० 'रेखा'। उ०—नव जलधर तर चमकए रे जनि बीजुरि रेह।—विद्यापति, पृ० ५।

रेहकला†—सज्ञा स्त्री० [हिं० रहँकला] दे० 'रहँकला'। उ०—क्या बुर्ज रेहकला तोप किला क्या शीशा दारू और गोला।—राम० धर्म०, पृ० ६१।

रेहन—सज्ञा पुं० [अ० रह्न] रुपया देनेवाले के पास कुछ माल जायदाद इस शर्त पर रहना कि जब वह रुपया पा जाय, तब माल या जायदाद वापस कर दे। बधक। गिरवी।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—होना।

यौ०—रेहनदार। रेहननामा।

रेहनदार—सज्ञा पुं० [फा०] वह जिसने कोई जायदाद रेहन रखी हो।

रेहननामा—सज्ञा पु० [फा०] वह कागज जिसपर रेहन की शर्तें लिखी हों।

रेहल—सज्ञा स्त्री० [अ० रिह्ल] पुस्तक रखने की पेंचदार तख्ती। विशेष दे० 'रिहल'।

रेहाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० रेखा, प्रा० रेहा] दे० 'रेखा'। उ०—सिरिहि मिलिल देहा, न कुचे चान रेहा। घामे न पिअल सुगधा।—विद्यापति, पृ० ६४।

रेहुआ—वि० [हिं० रेह] जिसमे रेह बहुत हो।

रेहू—सज्ञा पुं० [हिं० रोहू] दे० 'रोहू'।

रैंगनाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० रेंगना] दे० 'रेंगना'। उ०—जानु पानि डोलनि जगमगे। मनिमय आँगन रैंगन लगे।—नद० ग्र०, पृ० २४५।

रैंगलर—सज्ञा पुं० [अ०] इगलैंड मे प्रचलित सर्वोच्च गणित परीक्षा मे उत्तीर्ण व्यक्ति।

रैंनीⓊ—वि० [स० रमणी या रञ्जित (=रँगी हुई=पगी हुई)] १ दे० 'रमणी'। आप्लुत। सराबोर। रँगी या पगी हुई। उ०—अति प्रगल्भ बैनी रस रैनी। सो प्रौढा प्रीतम सुख दैनी।—नद० ग्र०, पृ० १४७।

रै—सज्ञा पुं० [सं०] १ धन दौलत। सपत्ति। २ सोना। स्वर्ण। ३ आवाज। शब्द। ध्वनि [को०]।

रैअतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रैयत] दे० 'रैयत'।

रैक—सज्ञा पुं० [अ०] लकडी या लोहे का खुना हुआ ढाँचा जिसमे पुस्तकें आदि रखने के लिये दर या खाने बने रहते हैं।

विशेष—यह आलमारी के ढग का होता है, पर भेद इतना ही होता है कि आलमारी के चारो ओर तख्ते जडे होते हैं और यह कम से कम आगे से खुला रहता है।

रैकेट—सज्ञा पुं० [अ०] टेनिस के खेल मे गेंद मारने का डडा जिसका अग्र भाग प्राय. वर्तुलाकार और तांत से बुना हुआ होता है।

रैट†—क्रि० वि० [अ० 'राइट' का ग्राम्य रूप] ठीक। दुरुस्त। तैयार। उ०—पात दिनो मे ही सब काम रैट हो जायगा।—मैला०, पृ० १३।

रैतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रैअति] दे० 'रैयत'। उ०—और काहू रैति के स्वरूप होइ सोभनीक ताहू कौं ती देषि करि निकट बुलाइए।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ४६७।

रैतिक—वि० [सं०] पीतल सबंधी। पीतल का।

रैतुवा—सज्ञा पुं० [हिं० रायता] दे० 'रायता'। उ०—रुचिर स्वाद बहु रैतुवा घृत के विविध विधान।—रघुराज (शब्द०)।

रैत्य¹—सज्ञा पु० [सं०] पीतल का बना बर्तन ।

रैत्य²—वि० दे० 'रैतिक' [को०] ।

रैदास—सज्ञा पुं० [हिं० रवि दास] १ प्रसिद्ध भक्त जो जाति का चमार था यह रामानद का शिष्य और कबीर, पीपा आदि का समकालीन था । २ चमार ।

रैदासी—सज्ञा पु० [हिं० रैदास + ई (प्रत्य०)] १ एक प्रकार मोटा जडहन धान । २ रैदास भक्त के सप्रदाय का ।

रन, रैनि—सज्ञा स्त्री० [सं० रजनी] रात्रि । उ०—ओही छाँह रैनि होइ आवै ।—जायसी (शब्द०) ।

यौ०—रैनपति = चद्रमा । रैनमसि = अधकार । रैनिचर ।

रैनिचर—सज्ञा पुं० [हिं० रैन + चर] निशाचर । राक्षस । उ०—हेम मृग होहि नाह रैनिचर जानिया ।—केशव (शब्द०) ।

रैनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेना] चाँदी या सोने की वह गुल्ली जो तार खींचने के लिये बनाई जाती है ।

रैमय—पद्म पुं० [स०] सोना । सुवर्ण [को०] ।

रैमुनिया¹—सज्ञा स्त्री० [स० राजमुद्ग (= मोठ)] १ एक प्रकार की अरहर ।

विशेष—यह काले छिलके की और अपेक्षाकृत छोटी होती है । यह जल्द पकती है और खाने मे स्वादिष्ट होती है ।

रैमुनिया²—सज्ञा स्त्री० [हिं० रायमुनी] १. लाल पक्षी की मादा । रायमुनी ।

रैयत—सज्ञा स्त्री० [अ०] प्रजा । रिआया ।

रैया—सज्ञा पु० [सं० राजा] नरेश । राजा । जैसे, जदुरैया ।

रैयाराव—सज्ञा पुं० [हिं० राजा + राव] १ छोटा राजा । २. एक पदवी जो प्राचीन समय मे राजा लोग अपने सरदारो को देते थे । उ०—रैयाराव चपति को चढ़ो छत्रसाल सिंह, भूषन भनत गजराज जोम जमके ।—भूषण ग्र०, पृ० १०५ ।

रैवता सज्ञा पुं० [स० रय् (= गमन करना) + हिं० वत (प्रत्य०)] घोडा (डिं०) ।

रैवत—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक साम मत्र । २ गुजरात का एक पर्वत जिसपर से अर्जुन ने सुभद्रा का हरण किया था । ३ शंकर । शिव । ४ एक दैत्य जो बालग्रहो मे से है । ५ अनर्त देश का एक राजा । वर्तमान कल्प के पाँचवें मनु जो रेवती के गर्भ से उत्पन्न कहे गए है । ७ मेघ । बादल ।

रैवत²—वि० १. धनी । सपत्तिशाली । २ परिपूर्ण । पर्याप्त । प्रचुर । ३ श्रेष्ठ । भव्य । सुदर [को०] ।

रैवतक¹—सज्ञा पुं० [सं०] १ गुजरात का एक पर्वत ।

विशेष—यह आधुनिक जूनागढ के पास है और गिरनार कहलाता है । इसी पर्वत पर अर्जुन ने सुभद्रा का हरण किया था ।

रैवतक²—वि० सामयिक । समयानुसार सगत [को०] ।

रैवत्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का साम । २. धन । सपत्ति ।

रैसा—सज्ञा पुं० [सं० रेप् (= हिंसा) तुल० हिं० रायसा, रासा] झगड़ा । कलह । युद्ध ।

रैहर—सज्ञा पु० [सं० रेप (= हिंसा)] झगडा । लडाई ।

रैहाँ—सज्ञा पु० [अ०] १ एक प्रकार की वनस्पति ।

यौ०—गुलेरैहाँ । तुखमरैहाँ ।

२ सतति । औलाद (को०) । ३ बनीका । गुजारा (को०) । ४. कृपा । मेहरबानी । दया (को०) ।

रोंग—सज्ञा पुं० [स० रोमक, प्रा० रोअक] शरीर पर का बाल । लोम ।

रोंगटा—सज्ञा पुं० [स० रोमक, प्रा० रोअक, + हिं० रोगा + टा (प्रत्य०)] मनुष्य के सिर को छोडकर और सारे शरीर के बाल ।

मुहा०—रोंगटे खडा होना = किसी भयानक या क्रूर काड को देखकर शरीर मे क्षोभ उत्पन्न होना । जी दहलना । रोमाच होना ।

रोंगटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोन + टी (प्रत्य०)] खेल मे बुरा मानना या बेईमानी करना । उ०—रोगटि करत तुम खेलत ही मे परी कहा यह बानि ।—सूर (शब्द०) ।

रोंघट—सज्ञा स्त्री० [?] धूल । मिट्टी । रज कण ।

रोंठा—सज्ञा पुं० [देश०] कच्चे आम की सुखाई हुई फाँक । आमकली । अमहर ।

रौंत—सज्ञा स्त्री० [हिं० रावत + ई] ठकुराई । रावपन । रौताई ।

रोंव—सज्ञा पुं० [स० रोम] शरीर के बाल । रोआँ । लोम । उ०—(क) जानि पछारि जो भा बनवासी । रोव रोव परे फद नगवासी ।—जायसी (शब्द०) । (ख) रोव रोव मानुस तन ठाढ़े । सूतहि सुत वेध अस गाढे ।—जायसी (शब्द०) ।

रोंसा—सज्ञा पु० [देश०] लोबिया की फली । बोडे की फली ।

रोआँ—सज्ञा पुं० [हिं० रोयाँ] दे० 'रोयाँ' ।

रोआई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रुआई] दे० 'रुआई' ।

रोआब—सज्ञा पुं० [अ० रोअब] रोबदाब । प्रभाव । आतक ।

रोइँसा—सज्ञा पुं० [देश०] रूसा घास जिसकी जड से सुगधित तेल निकलता है । विशेष दे० 'रूसा' ।

रोइयाँ—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोआँ] रोम । लोम ।

रोइया—सज्ञा पुं० [देश०] जमीन मे गडा हुआ काठ का कुदा जिसपर रखकर गन्ने के टुकडे काटते हैं ।

रोउँ—सज्ञा पुं० [हिं० रोंव] दे० 'रोंव' ।

रोक¹—सज्ञा स्त्री० [स० रोधक] १ ऐसी स्थिति जिससे चल या बढ न सकें । गति मे बाधा । अटकाव । छेक । अवरोध । जैसे,—इसी बगीचे से होकर गाएँ जाती हैं, उनकी रोक के लिये दीवार उठानी चाहिए । २. मनाही । निषेध । मुमानियत ।

यौ०—रोक टोक ।

३ किसी कार्य मे प्रतिबंध । काम मे बाधा । ४ वह वस्तु जिससे आगे बढना या चलना रुक जाय । रोकनेवाली कोई वस्तु । जैसे,—ऐसी कोई रोक खडी करो जिससे वे इधर न आने पावें । ५. दहेज । तिलक । उ०—एक ठौर ब्याह ठीक भी हुआ है, वो

वह पाँच सौ रोक माँगते है। इसी से कुछ अटक है।—ठेठ०, पृ० ८।

रोक[1]—सज्ञा पुं० [सं० रोक(=नकद)] १ नकद रुपया। रोकड। उ०—धावन तहा पठावहु देहि जास दस रोक।—जायसी (शब्द०)। २ नगद व्यवहार या सौदा। ३ दीप्ति। ४ छिद्र। ५ नाका। ६ कप। कपकपी (को०)।

रोकझोंक—सज्ञा स्त्री० [हिं०] द० 'राकझोंक'।

रोकटोक—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोकना+टोकना] १ बाधा। प्रतिबध। २ मनाही। निषेध। जैसे,—इधर से चले जाओ, कोई रोक टोक करनेवाला नहीं है।

रोकड—सज्ञा स्त्री० [स० रोक (=नकद)] १ नगद रुपया पैसा आदि, विशेषत. वह रकम जिसमे से आय व्यय होता है। नगद रुपया। २ जमा। धन। पूँजी।

मुहा०—रोकड मिलाना=आय व्यय का जोड लगाकर यह देखना कि रकम बढती या घटती तो नहीं है।

यौ०—रोकड बही। रोकड बक्सा।

रोकडबही—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोकड+बही] वह बही या किताब जिसमे नकद रुपए का लेन देन लिखा रहता है।

रोकडबिक्री—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोकड+बिक्री] नकद दाम पर की हुई बिक्री।

रोकडिया—सज्ञा पुं० [हिं० रोकड+इया (प्रत्य०)] रोकड रखने-वाला। नकद रुपया रखनेवाला। खजाची। मुनीम।

रोकथाम—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोकना+थामना] द० 'राकटोक'।

रोकना—क्रि० स० [हिं० रोक+ना (प्रत्य०)] १ गति का अवरोध करना। चलते हुए को थामना। चलने या बढने न देना। जैसे,—गाडी रोकना, पानी की धार रोकना।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

२ जाने न देना। कही जाने से मना करना। ३ किसी क्रिया या व्यापार को स्थगित करना। किसी चली आती हुई बात को बद करना। जारी न रखना। ४ मार्ग मे इस प्रकार पडना कि कोई वस्तु दूसरी ओर न जा सके। छेकना। जैसे,—रास्ता रोकना, प्रकाश रोकना। ५. अडचन डालना। बाधा डालना। ६ बाज रखना। वर्जन करना। मना करना। ७ ऊपर लेना। ओढना। जैसे,—तलवार को लाठी पर रोकना। ८. वश मे रखना। प्रतिबध मे रखना। काबू मे रखना। सयत रखना। जैसे,—मन को रोकना, इच्छा को रोकना। ९ बढती हुई सेना या दल का सामना करना।

रोक्य—सज्ञा पुं० [स०] रक्त। लहू। खून (को०)।

रोखⓊ†—सज्ञा पुं० [स० रोष] द० 'रोष'।

रोग—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० रोगी, रुग्न] १ वह अवस्था जिससे शरीर अच्छी तरह न चले और जिसके बढने पर जीवन मे सदेह हो। शरीर भंग करनेवाली दशा। बीमारी। व्याधि। मर्ज।

पर्या०—गद। आमय। रुज। उपताप। अपाटव। अम। माय। आतव।

रोगकारक—वि० [सं०] बीमारी पैदा करनेवाला। व्याधिजनक।

रोगकाष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] अगर की लकडी।

रोगग्रस्त—वि० [स०] रोग से पीडित। बीमारी से पटा हुआ।

रोगघ्न[1]—वि० [सं०] रोग को नष्ट करनेवाला (को०)।

रोगघ्न[2]—सज्ञा पुं० १ दवाई। २ आयुर्वेद (को०)।

रोगघ्न—सज्ञा पुं० [सं०] चिकित्सक। वैद्य। हकीम (को०)।

रोगदई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोग] १ अन्याय। बेईमानी।

रोगदया—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोगदई] द० 'रागदई'। उ०—गेलन सात परापर उरुत तीनत कला रोगदया।—तुलसी (शब्द०)।

रोगन—सज्ञा पुं० [फा० रोगन] १ तेल। चिकनाई। २ पतला लेप जिसे किसी वस्तु पर पोतने से चमक, चिकनाई और रग आवे। पालिश। वारनिश। ३ लाख आदि से बना हुआ मसाला जिसे मिट्टी के बर्तनों आदि पर चढाते हैं। ४ चमडे को मुलायम करने के लिये कुसुम या बरें के तेल से बनाया हुआ मसाला।

यौ०—रोगनजोश=एक तरह का साबुन। रोगनदाग=छीकने का चमत्कार। रोगनदार। रोगनफरोश=तेलविक्रेता। तेली।

रोगनदार—वि० [फा०] जिसपर रोगन किया गया हो। पालिशदार। चमकीला।

रोगनाशक—वि० [स०] बीमारी को दूर करनेवाला।

रोगनिदान—सज्ञा पुं० [स०] रोग के लक्षण और उत्पत्ति के कारण आदि की पहचान। तशखीस।

रोगनी—वि० [फा०] रोगन किया हुआ। रोगन लगाया हुआ। रोगनदार। जैसे,—रोगनी बर्तन।

रोगपरीसह—सज्ञा पुं० [स०] उग्र रोग होने पर कुछ ध्यान न करके उसका सहन। (जैन)।

रोगप्रेष्ठ—सज्ञा पुं० [स०] बुखार। ज्वर (को०)।

रोगभू—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर। देह (को०)।

रोगमुरारि—सज्ञा पुं० [सं०] ज्वर की एक रसौषध।

विशेष—पारा, गधक, सिंघ, लोहा, सिंगरफ और ताँबा सम भाग और शीशा अर्ध भाग लेकर पीस डालें और दो दो रत्ती की गोलियाँ बना लें।

रोगराज—सज्ञा पुं० [सं०] १ ज्वर। २ क्षय रोग। तपेदिक।

रोगशातक—सज्ञा पुं० [सं० रोगशातक] वैद्य। हकीम (को०)।

रोगशिला—सज्ञा स्त्री० [स०] मन शिला। मैनसिल।

रोगशिल्पी—सज्ञा पुं० [सं०] सोनालू का पेड।

रोगह—सज्ञा पुं० [सं०] दवा। औषध (को०)।

रोगहर—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो रोगो का हरण करे। २. दवा। औषध (को०)।

रोगहा[1]—संज्ञा पुं० [सं० रोगहन्] वैद्य । चिकित्सक । हकीम [को०] ।

रोगहा[2]—वि० [हिं० रोग + हा (प्रत्य०)] रोगयुक्त । रुग्ण । रोगी ।

रोगहारी—संज्ञा पुं० [सं० रोगहारिन्] १ वह जो रोग का हरण करे । व्याधि दूर करनेवाला । २ वैद्य । चिकित्सक [को०] ।

रोगाक्रांत—वि० [स० रोगाक्रान्त] रोग से घिरा हुआ । व्याधि से पीड़ित ।

रोगातुर—वि० [स०] रोग से घबराया हुआ । व्याधि से पीड़ित ।

रोगार्त्त—वि० [सं०] रोग से दुखी ।

रोगाह्वय—संज्ञा पुं० [सं०] कुष्ठौषध । कुट ।

रोगिणी—वि० स्त्री० [सं०] दे० 'रोगी' ।

रोगित[1]—वि० [स०] पीड़ित । रोगयुक्त ।

रोगित[2]—संज्ञा पुं० कुत्ते का पागलपन ।

रोगितरु—संज्ञा पुं० [स०] अशोक वृक्ष ।

रोगिया—संज्ञा पुं० [हिं० रोग + इया (प्रत्य०)] रोगी । बीमार । उ०—रोगिया की सो चार्‌यो बैदहि जहाँ उपास ।—जायसी (शब्द०) ।

रोगिवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] औषध । दवा । चिकित्सा [को०] ।

रोगी—वि० [सं० रोगिन्] [वि० स्त्री० रोगिणी, रोगिनी] जो स्वस्थ न हो । जिसकी तंदुरुस्ती ठीक न हो । रोगयुक्त । व्याधिग्रस्त । बीमार । मांदा ।

रोचⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० रुचि] दे० 'रुचि' । उ०—ना काहू से दुष्टता, ना काहू से रोच ।—पलटू०, पृ० १५ ।

रोचक[1]—वि [सं०] १ रुचिकारक । रुचनेवाला । अच्छा लगनेवाला । प्रिय । २ जिसमे मन लगे । मनोरंजक । दिलचस्प । जैसे,—रोचक वृत्तांत ।

रोचक[2]—संज्ञा पुं० १ क्षुधा । भूख । २ कदली । केला । ३ राज पलांडु । ४ एक प्रकार की ग्रंथिपर्णी जिसे नेपाल मे 'भडेउर' कहते हैं । ५ काँच की कुप्पी या शीशी बनानेवाला ।

रोचकता—संज्ञा स्त्री० [स०] रोचक होने का भाव । मनोहरता । मनोरंजकता । दिलचस्पी ।

रोचकद्वय—संज्ञा पुं० [स०] विट लवण और सैंधव लवण । (वैद्यक) ।

रोचन[1]—वि० [स०] १ अच्छा लगनेवाला । रुचनेवाला । रोचक । २ दीप्तिमान् । शोभा देनेवाला । ३ प्रिय लगनेवाला । ४ लाल । उ०—वारि भरित भए वारिद रोचन ।—केशव (शब्द०) ।

रोचन[2]—संज्ञा पुं० १ कूट शाल्मलि । काला सेमर । २ कापिल्ल । कमीला । ३ श्वेत शिग्रु । सफेद सहिंजन । ४ पलांडु । प्याज । ५ आरग्वध । अमलतास । ६ करंज । करंजुवा । कंजा । ७ अकोट । ढेरा । ८ दाडिम । अनार । ९ हरिवंश पुराण के अनुसार रागों के अधिष्ठाता एक प्रकार के देवता । १० स्वारोचिष् मन्वंतर के रुद्र । ११ मार्कंडेय पुराण मे वर्णित एक पर्वत का नाम । १२ कामदेव के पाँच बाणों मे से एक । १३. रोली । रोचना । १४. गोरोचन ।

रोचनक—संज्ञा पुं० [सं०] जंबीरी नीबू । २ वंशलोचन ।

रोचनफल—संज्ञा पुं० [स०] बिजौरा नीबू ।

रोचना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रक्त कमल । २ गोरोचन ३ श्रेष्ठ स्त्री । ४ वसुदेव की स्त्री । ५ दीप्त आकाश । ६ काला सेमर । ७ वंशलोचन । ८ हरिद्रा ।

रोचनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ शामलकी । आँवला । २ गोरोचन । ३ मन शिला । मैनसिल । ४ श्वेत त्रिवृता । सफेद निसोथ । ५ कमीला । ६. दंती । ७ तारका । तारा ।

रोचमान[1]—वि० [स०] चमकता हुआ । शोभित होता हुआ ।

रोचमान[2]—संज्ञा पुं० १ घोड़े की गर्दन पर की एक भँवरी । २ स्कंद के एक अनुचर का नाम ।

रोचि—संज्ञा स्त्री० [सं० रोचिस्] १ प्रभा । दीप्ति । २ प्रकट होती हुई शोभा । उ०—साहस के उर मध्य धर्‌यो कर, जागति, रोम की रोचि जनाई ।—केशव (शब्द०) । ३ किरण । रश्मि ।

रोचित—वि० [स० रोचन] शोभित । उ०—तन रोचित रोचन लहै, रचन कचन गातु ।—केशव (शब्द०) ।

रोचिष्णु—वि० [सं०] १ चमकदार । २ आभूषणों आदि से जगमगाता हुआ । ३ रुचि उत्पन्न करनेवाला । बुभुक्षा (भूख) बढ़ानेवाला ।

रोचिस्—संज्ञा पुं० [सं०] दीप्ति । प्रभा । चमक ।

रोची—संज्ञा स्त्री० [स०] हिलमोचिका ।

रोजⓊ**[1]**—संज्ञा पुं० [सं० रोदन] १ रोना धोना । रुदन । २. रोना पीटना । विलाप । स्यापा । उ०—(क) रोज सरोजनि के परै हँसो ससी की होय । - बिहारी (शब्द०) । (ख) जहाँ गरब तहँ पीरा, जहाँ हँसी तहँ रोज ।—जायसी । (शब्द०) ।

रोज[2]—संज्ञा पुं० [फा० रोज] दिन । दिवस । जैसे,—उसे गए चार रोज हो गए ।

रोज[3]—अव्य० प्रतिदिन । नित्य । जैसे,—वह हमारे यहाँ रोज आता है ।

रोजगार—संज्ञा पुं० [फा० रोज़गार] १ जीविका या धनसंचय करने के लिये हाथ मे लिया हुआ काम जिसमे कोई बराबर लगा रहे । व्यवसाय । धंधा । उद्योग । उद्यम । पेशा । कारबार ।

मुहा०—रोजगार चमकना = व्यवसाय मे खूब लाभ होना । रोजगार छूटना = जीविका न रहना । रोजगार चलना = कारबार मे लाभ होना । व्यवसाय जारी रहना । रोजगार लगना = जीविका का प्रबंध होना । गुजर के लिये काम मिलना । रोजगार लगना = जीविका का प्रबंध करना । कोई काम देना । निर्वाह के लिये कोई मार्ग बताना । रोजगार से होना = निर्वाह के लिये किसी काम मे लगना ।

२ क्रय विक्रय आदि का आयोजन । व्यापार । तिजारत । जैसे,—वहाँ गल्ले का रोजगार खूब है ।

रोजगारी—संज्ञा पुं० [फा० रोज़गारी] रोजगार करनेवाला । व्यापारी । सौदागर । वणिक् ।

रोजनामचा—सज्ञा पुं० [फ़ा० रोजनामचह्] १ वह किताब या बही जिसमें रोज का किया हुआ काम लिखा जाता है। दिनचर्या की पुस्तक। २ प्रति दिन का जमा खर्च लिखने की बही। कच्चा चिट्ठा। खाता। ३ दैनिक विवरण लिखने की पुस्तिका। डायरी। दैनदिनी। जैसे,—सौर रोजनामचा।

रोजमर्रा—अव्य० [फ़ा०] प्रतिदिन। हर रोज। नित्य।

रोजमर्रा—सज्ञा पुं० नित्य के व्यवहार में आनेवाली भाषा। बोलचाल। चलती बोली।

रोजा—सज्ञा पुं० [फा० रोज़ह्] १ व्रत। उपवास। २ वह व्रत जो मुसलमान रमजान के महीने से ३० दिन तक रहते हैं और जिसका अत होने पर ईद होती है।

क्रि० प्र०—रखना।

मुहा०—**रोजा टूटना** = व्रत खडित होना। व्रत का निर्वाह न हो पाना। **रोजा तोड़ना** = व्रत खडित करना। व्रत पूरा न करना। **रोजा खोलना** = दिन भर भूखे रहकर शाम को पहले पहल कुछ खाना।

रोजाना—क्रि० वि० [फा० रोज़ानह्] प्रति दिन। हर रोज। नित्य।

रोजी[१]—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० रोज़ी] १ रोज का खाना। नित्य का भोजन।

क्रि० प्र०—देना।—मिलना।

यौ०—रोजी रोजगार।

मुहा०—**रोजी चलना** = भोजन वस्त्र मिलता जाना। **रोजी चलाना** = भोजन वस्त्र आदि का ठिकाना करना।

२ वह जिसके सहारे किसी को भोजन वस्त्र प्राप्त हो। काम धधा जिससे गुजर हो। जीवननिर्वाह का अवलब। जीविका। रोजगार। जैसे,—किसी की रोजी लेना अच्छी बात नहीं। ३ एक प्रकार का पुराना कर या महसुल जिसके अनुसार व्यापारियों के चौपायों को एक एक दिन राज्य का काम करना पडता था।

रोजी[२]—सज्ञा स्त्री० [देश०] गुजरात में होनेवाली एक प्रकार की कपास जिसके फूल पीले होते हैं।

रोजीदार—सज्ञा पु० [फा० रोजीदार] वह जिसको रोजाना खर्च के लिये कुछ मिलता हो।

रोजीना[१]—वि० [फ़ा० रोज़ीनह्] रोज का। नित्य का।

रोजीना[२]—सज्ञा पुं० १ प्रतिदिन की मजदूरी। वेतन या वृत्ति आदि। जैसे,—उसको २) रोजीना मिलता है। २ पेंशन। गुजारा (को०)। ३ रोज मिलनेवाली खुराक।

रोजीविगाड़—सज्ञा पुं० [फा० रोज़ी + हिं० विगाडना] लगी हुई रोजी को बिगाडनेवाला। जमकर कोई काम धधा न करनेवाला। निखट्टू। निकम्मा।

रोजुⓊ—सज्ञा पुं० [सं० रुद्यते, प्रा० रुज्जइ, रोजई] रोना। रोदन। रुदन। उ०—बरजा पितै हँसी और रोजू। —जायसी ग्र०, पृ० १०६।

रोझ—सज्ञा स्त्री० [देश० अथवा स० ऋश्य, प्रा०, रोज्झ, रोह] नील गाय। गवय। उ०—

रोट—सज्ञा पुं० [हिं० रोटी] १. गेहूँ के आटे की बहुत मोटी रोटी। लिट।

विशेष—ऐसी रोटी गरीब लोग खाते हैं या हाथियों को रातिब में दी जाती है।

२ मीठी मोटी रोटी या पूआ जो हनुमान आदि देवताओं को चढाया जाता है।

रोटका—सज्ञा पुं० [देश०] बाजरा।

रोटाⓊ—वि० [हिं० रोटी] पिसी हुई। पिसा हुआ। चूर किया हुआ। उ०—औ जौं छुटहिं बज्र कर गोटा। बिसरहि भुगुति होइ सब रोटा।—जायसी (शब्द०)।

रोटिका[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी रोटी। फुलकी।

रोटिहा[१]—सज्ञा पुं० [हिं० रोटी + हा (प्रत्य०)] रोटियों पर रहने वाला नौकर। केवल भोजन पर रहनेवाला चाकर। उ०—कहिहौं बलि रोटिहा रावरो बिनु मोलहि बिकाउँगो।—(शब्द०)।

रोटिहान[१]—सज्ञा पुं० [स० रोटिक + स्थान, हिं० रोटी + हान] चूल्हे के पास का वह मिट्टी का छोटा चबूतरा जिसपर रोटियाँ पकाकर रखी जाती हैं।

रोटी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गुंधे हुए आटे की आँच पर सेंकी हुई लोई या टिकिया जो नित्य के खाने के काम में आती है। चपाती। फुलका।

क्रि० प्र०—पकाना।—बनाना।—सेंकना।

मुहा०—**रोटी पोना** = (१) रोटी पकाना। (२) चकले पर बेलकर गुंधे हुए आटे की पतली टिकिया बनाना।

२. भोजन। रसोई। खाना। जैसे,—तुम्हारे यहाँ कब रोटी तैयार होती है।

यौ०—रोटी दाल।

मुहा०—**रोटी कपड़ा** = भोजन वस्त्र। खाना कपडा। जीवननिर्वाह की सामग्री। जैसे,—उस औरत ने रोटी कपडे का दावा किया है। **रोटी कमाना** = जीविका उपार्जन करना। **रोटी को रोना** = भूखो मरना। अन्नकष्ट भोगना। **किसी बात का रोटी खाना** = किसी बात से जीविका कमाना। जैसे,—वह इसी की तो रोटी खाता है। **रोटियों का मारा** = भूखा। अन्न बिना दुखी। **किसी के यहाँ रोटियाँ तोडना** = किसी के घर पडा रहकर पेट पालना। बैठे बैठे किसी का दिया खाना। **किसी को रोटियाँ लगना** = किसी को खाना पूरा मिलने से मोटाई सूझना। भरपेट भोजन पाने से मोटाई सूझना। भरपेट भोजन पाने से इतराना। **दाल रोटी से खुश** = जिसे खाने पीने का अच्छा सुबीता हो। **रोटी दाल चलना** = जीवन निर्वाह होना। **रोटी का पेट** = रोटी का वह पार्श्व या तल जो पहले गरम तावे पर डाला जाता है। **रोटी की पीठ** = रोटी का वह पार्श्व जो उलटने पर सेंका जाता है।

रोटीफल—संज्ञा पु० [हिं० रोटी + फल] १ एक फल जो खाने में बहुत अच्छा होता है। २ इस फल का पेड़।

विशेष—इसका पेड़ मझोले आकार का होता है और दक्षिण में मद्रास की ओर होता है। इसके पत्ते बड़े बड़े होते हैं।

रोठा—संज्ञा पुं० [देश०] बाजरे की एक जाति।

रोड़¹—वि० [सं०] तुष्ट। प्रीत। कृतार्थ। तोषित [को०]।

रोड़²—संज्ञा पुं० पेषण। चूर्णीकरण [को०]।

रोड़³—संज्ञा स्त्री० [अं०] सड़क। रास्ता। राजपथ। जैसे,—हैरिसन रोड़।

रोडवे, रोडवेज—संज्ञा पुं० [अं०] १ मोटर गाड़ियों के आवागमन की सरकारी व्यवस्था वा तंत्र। २ शासन की ओर से यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जानेवाली मोटर बस गाड़ी।

रोड़ा¹—संज्ञा पुं० [सं० लोष्ट, प्रा० लोट्ठ] १ ईंट या पत्थर का बड़ा ढेला। बड़ा ककड़। जैसे,—कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा। भानमती ने कुनबा जोड़ा। २ (लाक्ष०) बाधा। विघ्न। रोक। ३. एक प्रकार का पंजाबी धान जो बिना सींचे उत्पन्न होता है।

मुहा०—**रोड़ा अटकाना या डालना** = विघ्न या बाधा डालना।

रोड़ा²—संज्ञा पुं० [सं० अरट्ट ?] पंजाब की अरोड़ा नामक जाति।

रोद—संज्ञा पुं० [सं० रौद्र (= भयंकर)] १ मुसलमान। (डिं०)। २. धूप। घाम।

रोदन—संज्ञा पुं० [सं०] १ विलाप करना। क्रंदन करना। रोना। उ०—माता ताको रोदन देखि। दुख पायो मन माहिं विसेखि।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—ठानना।—होना।

२ अश्रु। आँसू (को०)।

रोदनिका, रोदनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] जवासा। घमासा [को०]।

रोदसी—संज्ञा स्त्री० [सं०]१ द्यावाभूमि। २ स्वर्ग। ३ भूमि। उ०—पूरित है भूरि धूरि रोदसिहि आस पास दिसि दिसि बरषा ज्यों बल निबलति है।—केशव (शब्द०)।

रोदा—संज्ञा पुं० [सं० रोध (= किनारा)] १ कमान की डोरी। धनुष की पतंचिका। चिल्ला। उ०—मानो अरविंद पै चंद्र को चढाय दीनी मानो कमनैत बिनु रोदा की कमानै द्वै।—पद्माकर (शब्द०)। २. सितार के परदे बाँधने की बारीक तांत।

रोदित—वि० [हिं० रोदन या सं० रुदित] [वि० स्त्री० रोदिता] रोती हुई। उ०—कब सोई यह दृष्टि रोदिता।—साकेत, पृ० ३४८।

रोध—संज्ञा पु० [सं०] १ रोक। रुकावट। २ किनारा। तट। ३ बारी। बाड़ा। घेरा। ४ पर्वत का निम्न भाग या अवसर्पिणी भूमि। गिरिनितंब (को०)। ५ स्त्री की कटि। श्रोणि (को०)।

रोधक—संज्ञा पु० [सं०] रोकनेवाला।

रोधकृत्—संज्ञा पुं० [सं०] बृहत्संहिता के अनुसार साठ संवत्सरों में से पैंतालीसवाँ संवत्सर।

रोधन—संज्ञा पु० [सं०] १. रोक। रुकावट। अवरोध। २ दमन। उ०—अति क्रोधन रन सोधन सदा अखिल रोधन पन किए—गोपाल (शब्द०)। ३ बुध ग्रह [को०]।

रोधना—क्रि० स० [सं० रोधन] रोकना। बाधा डालना।

रोधवक्रा, रोधवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ तटिनी। स्रोतस्विनी। नदी। २ तेज धारवाली नदी।

रोधवप्र—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'रोधवती' [को०]।

रोध्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ अपराध। दोष। पाप। पातक। २ लोध्र। लोध का वृक्ष।

रोध्र पुष्प—संज्ञा पु० [सं०] १ मधूक वृक्ष। महुआ का पेड़। २. एक जाति का साँप [को०]।

रोध्रपुष्पक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का अगहनी धान जिसे पुष्पशूक भी कहते हैं [को०]।

रोध्र पुष्पिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] धातकी नाम का वृक्ष [को०]।

रोना¹—क्रि० अ० [सं० रोदन, प्रा० रोअन] १ पीड़ा। दुःख या शोक से व्याकुल होकर मुँह से विशेष प्रकार का स्वर निकालना और नेत्रों से जल छोड़ना। चिल्लाना और आँसू बहाना। रुदन करना।

संयो० क्रि०—उठना।—देना।—पड़ना।—लेना।

मुहा०—**रोना कलपना या रोना धोना** = विलाप करना। **रोना पीटना** = छाती या सिर पर हाथ मारकर विलाप करना। बहुत विलाप करना। **रो बैठना** = (किसी व्यक्ति या वस्तु के लिये) शोक कर चुकना। निराश होकर रह जाना। **रो रोकर** = (१) ज्यों त्यों करके। कठिनता से। दुःख और कष्ट के साथ। प्रसन्नतापूर्वक नहीं। जैसे,—उसने रो रोकर काम किया है। (२) बहुत धीरे धीरे। बहुत रुक रुककर। जैसे,—जब रुपया देना ही है, तब रो रोकर क्यों देते हो। **रो धोकर घर भरना** = बहुत विलाप करना। **किसी वस्तु को रोना** = किसी वस्तु के लिये पछताना या शोक करना। किसी वस्तु का दुःख मानना। जैसे,—किस्मत को रोना। नाम को रोना। रुपए को रोना। **रोना गाना** = विनती करना। दुःखपूर्वक निवेदन करना। गिड़गिड़ाना। जैसे,—उसने रो गाकर जुर्माना माफ करा लिया।

२ बुरा मानना। रंज मानना। चिढ़ना। जैसे, = तुम तो हँसी में रोने लगते हो। ३ दुःख करना। पछताना। जैसे,—रुपया डूब गया, अब रो रहे हैं। ४ शिकायत करना। दुःख बयान करना। दुखड़ा रोना।

रोना²—संज्ञा पुं० दुःख। रंज। खेद। शोक। जैसे—इसी का तो रोना है।

मुहा०—**रोना आना** = दुःख होना। तरस खाना। जैसे,—तुम्हारी अक्ल पर रोना आता है। **रोना पड़ना या रोना पीटना पड़ना** = विलाप होना। शोक छाना। जैसे,—घर घर रोना पीटना पड़ गया।

रोना[1]—वि० [वि०स्त्री० रोनी] १ थोडी सी बात पर भी दु ख माननेवाला । रोनेवाला । जैसे,—वह रोना आदमी है, उससे मत बोलो । २ बात बात मे बुरा माननेवाला । चिडचिडा । ३ रोनेवाले का सा । मुहर्रमी । रोवाँसा । जैसे,—रोनी सूरत ।

रोनीधोनी[1]—वि० स्त्री० [हिं० रोना धोना] रोने धोनेवाली । शोक या दु ख की चेष्टा बनाए रखनेवाली । मुहर्रमी ।

रोनीधोनी[2]—सज्ञा स्त्री० रोने धोने की वृत्ति । शोक या दु ख की चेष्टा । मनहूसी । जैसे, —रोनीधोनी पीछे जा, हँसनी खेलनी आगे आ । (स्त्रियाँ) ।

विशेष—स्त्रियाँ बच्चो को नहलाते समय उनका अग पोछती हुई उक्त वाक्य कहा करती हैं ।

रोप[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ ठहराव । रुकावट । २ मोहन । बुद्धि फेरना । ३ छेद । सूराख । ४ रोपना । पौधे आदि लगाने की क्रिया । रोपण (को०) । ५ बाण । तीर ।

यौ०—रोपशिखी = बाणाग्नि । बाण से उत्पन्न अग्नि ।

रोप[2]†—सज्ञा पुं० [देश०] हल की एक लकडी जो हरिस के छोर पर जुवे के पार लगी रहती है ।

रोपक—वि० [स०] १ स्थापित करनेवाला । उठानेवाला । २ स्थित करनेवाला । ३ जमानेवाला । लगानेवाला । ४ सोने चाँदी की एक तौल या मान जो सुवर्ण का ७०वाँ भाग होता है ।

रोपण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० रोपित, रोप्य] १ ऊपर रखना या स्थापित करना । २ लगाना । जमाना । बैठाना (बीज या पौधा) । ३ स्थापित करना । खडा करना । उठाना (दीवार आदि) । ४ मोहित करना । मोहन । ५ विचारो में गडबडी डालना । बुद्धि फेरना । ६ घाव का सूखना या उसपर पपडी बँधना । ७ घाव पर किसी प्रकार का लेप लगाना । ८ तीर । बाण (को०) ।

रोपना[1]—क्रि० स० [सं० रोपण] १ जमाना । लगाना । बैठाना । २ पौधे को एक स्थान से उखाडकर दूसरे स्थान पर जमाना । पौधा जमीन मे गाडना । ३ अडाना । ठहराना । स्थापित करना । दृढता के साथ रखना । उ०—बीच सभा अंगद पद रोप्यो, टरयो न, निसिचर हारे । —सूर (शब्द०) । ४ बीज रखना । बोना । जैसे,—बीज रोपना । ५ कोई वस्तु लेने के लिये हथेली या कोई बरतन सामने करना ।

मुहा०—हाथ रोपना = माँगने के लिये हाथ फैलाना ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

रोपना[2]—क्रि० स० [हिं० रोक] दे० 'रोकना' । उ०—राजहिं तहाँ गएउ लेइ कालू । होइ साम्हुहँ रोपा देवपालू ।—जायसी (शब्द०) ।

रोपनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोपना] रोपने का काम । धान आदि के पौधे को गाडने का काम । रोपाई । जैसे,—आजकल रोपनी हो रही है ।

रोपित—वि० [सं०] १ लगाया हुआ । जमाया हुआ । २ स्थापित । रखा हुआ । ३. मोहित । भ्रात । ४. उठाया हुआ । खडा किया हुआ । ५ लक्ष्य या निशाने पर साधा हुआ । जैसे, बाण (को०) ।

रोब—सज्ञा पुं० [अ० रुअब] [वि० रोबीला] बडप्पन की धाक । आतक । प्रभाव । दबदबा । तेज । प्रताप ।

यौ०—रोबदार । रोबदाब ।

मुहा०—रोब जमाना = बडप्पन की धाक पैदा करना । आतक उत्पन्न करना । रोब मिट्टी मे मिलना = बडप्पन की धाक न रह जाना । प्रभाव नष्ट होना । रोब दिखलाना = बडप्पन का प्रभाव डालना । आतक उत्पन्न करनेवाली चेष्टा प्रकट करना । रोब में आना = (१) आतक के कारण कोई ऐसी बात कर डालना जो योंन की जाती हो । दबदबे मे पड जाना । बडप्पन की चेष्टा देख प्रभावित होना । (२) भय मानना ।

रोबदाब—सज्ञा पुं० [अ०] आतक । दबदबा । प्रभाव ।

रोबदार—वि० [अ०] जिसकी चेष्टा से तेज और प्रताप प्रकट हो । रोब दाबवाला । भडकीला । प्रभावशाली । तेजस्वी ।

रोमथ—सज्ञा पुं० [स० रोमन्थ] १ सीगवाले चौपायो का निगले हुए चारे को फिर मे मुँह मे लाकर धीरे धीरे चबाना । जुगाली । पागुर । २ लगातार दोहराना । अनवरत आवृत्ति (को०) ।

रोमथन—सज्ञा पुं० [स० रोमन्थन] दे० 'रोमथ' । उ०—स्वर्णांचला अहा खेतो में उतरी संध्या श्याम परी । रोमथन करती गाएँ आ रहीं रौंदती घास हरी ।—रेणुका, पृ० ।

रोम[1]—सज्ञा पुं० [सं० रोमन्] १. देह के बाल । रोयाँ । लोम ।

यौ०—रोमराजी । रोमावली । रोमलता ।

मुहा०—रोम रोम में = शरीर भर में । रोम रोम में रमना = भीतर बाहर सर्वत्र व्याप्त होना । उ०—कबीर प्याला प्रेम का अतर लिया लगाय । रोम रोम मे रमि रहा, और अमल क्या खाय ।—कबीर सा० सं०, पृ० ५० । रोम रोम से = तन मन से । पूर्ण हृदय से । जैसे,—रोम रोम से आशीर्वाद देना ।

२ ऊन । ऊर्ण । उ०—दासी दास बासि बास रोम पाट को कियो । दायजो बिदेह राज भाँति भाँति को कियो ।—केशव (शब्द०) । ३ चिडियो का पर । पख (को०) ।

४ मछलियो का वल्क या शल्क (को०) । ५ एक जनपद का नाम । दे० 'रोमक' ।

रोम[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ छेद । छिद्र । सूराख । २ जल । पानी ।

यौ०—रोमनिलय = चमडा जिसके छेद मे रोएँ निकलते हैं ।

रोमकद—सज्ञा पुं० [सं० रोमकन्द] वह कद जिसमें रोएँ हो । पिंडालू [को०] ।

रोमक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ साँभर झील का नमक । साकभरी लवण । पाशु लवण । २ एक प्रकार का चुबक (को०) ।

रोमक[2]—सज्ञा पुं० १ रोम नगर का वासी । रोम देश का मनुष्य । रोमन । २ रोम नगर या देश । ३ ज्योतिष सिद्धात का एक भेद ।

रोमकर्णक—सज्ञा पुं० [स०] ख़रगोश । खरहा ।

रोमकूप—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर के वे छिद्र जिनमे से रोएँ निकले हुए होते हैं । लोमछिद्र ।

रोमकेशर—सज्ञा पु० [स०] चँवर । चामर ।

रोमगत—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रोमकूप' [को०] ।

रोमगुच्छ—सज्ञा पुं० [सं०] चँवर । चामर ।

रोमद्वार—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'रोमकूप' ।

रोमन—सज्ञा पु० [अ०] रोम देश का निवासी ।

रोमन कैथलिक—सज्ञा पु० [अ०] ईसाइयो का प्राचीन सप्रदाय ।

विशेष—इस सप्रदाय मे ईसा की माता मरियम की, तथा अनेक सत महात्माओ की उपासना चलती है और गिरजो मे मूर्तियाँ भी रखी जाती हैं ।

रोमपाट—सज्ञा पु० [स०] ऊनी कपडा । दुशाला आदि । उ०—चामर चरम बसन बहु भाँती । रामपाट पट अगनेत जाती ।—तुलसी (शब्द०) ।

रोमपाद—सज्ञा पुं० [स०] अग देश के एक प्राचीन राजा जिनका उल्लेख वाल्मीकीय रामायण के बालकाड, सर्ग ९ मे है ।

विशेष—यह राजा बडा अन्यायी और अत्याचारी था । इसके पापो से एक बार भयकर अनावृष्टि हुई । राजा ने शास्त्रज्ञ ब्राह्मणो को बुलाकर उपाय पूछा । सबने ऋष्यशृग मुनि को बुलाकर उनके साथ राजकन्या शाता का विवाह कर देने को राय दी । वेश्याओ के प्रयत्न से ऋष्यशृग मुनि लाए गए और खूब वृष्टि हुई । तब राजा ने अपनी कन्या शाता उन्हे ब्याह दी ।

रोमपुलक—सज्ञा पु० [सं०] रोमाच । रोओ का खडा होना [को०] ।

रोमवद्ध[1]—सज्ञा पुं० [स०] वह वस्त्र जो रोयो से बँधा या बुना हो ।

रोमवद्ध[2]—वि० जो रोयो से बँधा या बुना हो ।

रोमभूमि—सज्ञा पु० [स०] चमडा । त्वक् । रामनिभय ।

रोमरध्र—सज्ञा पुं० [सं० रोमरन्ध्र] दे० 'रोमकूप' [को०] ।

रोमराजि, रोमराजी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रोमावलि । रोयो की वह पक्ति जो पेट के बीचो बीच नाभि से ऊपर की ओर जाती है ।

रोमराजीवत्—सज्ञा स्त्री० [स० रोमराजी] दे० 'रोमराजी' । उ०—उर बीच रोमराजीव रेष । गुरु राह मेर मधि चल्यो भेष ।—पृ० रा०, २।२७४ ।

रोमलता—सज्ञा स्त्री० [स०] रोमावलि । रोमराजी । उ०—कटि अति सूक्ष्म उदर द्युति चलदल दल उपमान । रोमलता तन घूम अति चारु चिरीन समान ।—केशव (शब्द०) ।

रोमविकार—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'रोमहर्ष' [को०] ।

रोमविक्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'रोमहर्ष' [को०] ।

रोमशी—सज्ञा स्त्री० [स०] काष्ठमार्जार । वृक्षशायिका । चमरपुच्छ [को०] ।

रोमश[1]—वि० [सं०] १ रोएँदार । २. ऊनी । ३ क्रिया के सदोष उच्चारण से युक्त ।

रोमश[2]—सज्ञा पु० [स०] १ भेंड । मेष । २ शूकर । सूअर । ३ बिडालु । कुभी । ४ योनि । भग [को०] ।

रोमशा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दग्वा नाम का वृक्ष । २ बृहस्पति की कन्या लोमशा ।

रोमशातन—सज्ञा पुं० [स०] १. रोओ का उखाडना । २. जैनियो का एक तप । केशलुचन [को०] ।

रोमसूची—सज्ञा स्त्री० [सं०] बालो को व्यवस्थित रखने के लिये लगाया जानेवाला काँटा ।

रोमहर्ष—सज्ञा पुं० [स०] रोगटे खडे होना । रोमाच । पुलक ।

रोमहर्षण[1]—सज्ञा पु० [स०] १ रोयो का खडा होना जो आनद के सहसा अनुभव से अथवा भय से होता है । २ वेदव्यास का शिष्य, सूत पौराणिक ।

रोमहर्षण[2]—वि० जिससे रोगटे खडे हो । भयकर । भीषण । जैसे,—रोमहर्षण घटना ।

रोमाकुर—सज्ञा पु० [स० रोमाङ्कुर] दे० 'रोमाच' ।

रोमाच—सज्ञा पुं० [सं० रोमाञ्च] १ आनद से रोया का उभर आना । पुलक । २ भय से रोगटे खडे होना ।

रोमाचक—वि० [सं० रोमाञ्च+क (प्रत्य०)] रोमाचकारी । भयानक । रोमाच पैदा करनेवाला । उ०—सदियो के अत्याचारो की सूची यह रोमाचक ।—गम्या, पृ० १४ ।

रोमाचिका—सज्ञा स्त्री० [स० रोमाञ्चिका] रुदती नाम की लता [को०] ।

रोमाचित—वि० [स० रोमाञ्चित] १ पुलकित । हृष्टरोमा । २ भय से जिसके रोगटे खडे हो गए हो ।

रोमाटिक—वि० [अ० रोमैंटिक] जिसमे रोमास हो । उ०—तुलसी निषेध के कवि नही हैं, वह सहज अपावन नारि के सौंदर्य-वर्णन मे हर रोमाटिक कवि को परास्त करने के लिये तत्पर हैं ।—प्र० सा०, पृ० ३३ ।

रोमांतिका मसूरिका—सज्ञा स्त्री० [सं० रोमान्तिका मसूरिका] चेचक की तरह का एक रोग जिसमे रोमकूप के समान महीन महीन दाने शरीर भर मे निकलते हैं और कई दिनो तक रहते हैं । खाँसी, ज्वर और अरुचि भी रहती है । इस रोग को छोटी माता भी कहते हैं ।

रोमास—सज्ञा पु० [अ०] १ प्रणयकथा । प्रेमकहानी । २ साहसिक कथा । ३ वह कथा या घटना जिसमे अद्भुत साहस, प्रेम-प्रसगो आदि का रोमाचक वर्णन हो । ४ प्रणयव्यापार ।

रोमाग्र—सज्ञा पुं० [सं०] रोएँ की नोक ।

रोमानी—वि० [अ० रोमास] दे० 'रूमानी' ।

रोमाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] रोया की पक्ति । रोमावली । रोमराजी ।

रोमालु—सज्ञा पु० [सं०] बिडालु [को०] ।

यौ०—रोमालु विटपी = कुभी वृक्ष ।

रोमावलि, रोमावली—सज्ञा स्त्री० [स०] रोया की पक्ति जो पेट

के बीचोबीच नाभि से ऊपर की ओर गई होती है। रोमाली। रोमराजी। उ०—नाभि ह्रद रोमावली अलि चारु सहज सुभाव। - सूर (शब्द०)।

रोमिल—वि० [स० रोम + इल (प्रत्य०)] रोएँदार। रोमवाला। उ०—वहाँ गिलहरी दौडा करती तरु डालो पर, चचल लहरी सी मृदु रोमिल पूँछ उठाकर।—ग्राम्या, पृ० ७५।

रोमोद्गम—सज्ञा पु० [स०] रोयों का हर्ष या भय से खडा होना।

रोमोद्भेद—सज्ञा पु० [सं०] रोमहर्ष।

रोयाँ—सज्ञा पुं० [सं० रोमन्] बाल जो सब दूध पिलानेवाले प्राणियों के शरीर पर थोडे या बहुत उगते है। लोम। रोम।

क्रि० प्र०—उखडना।—निकलना।—जमना।

मुहा०—एक रोयाँ न उखडना = कुछ भी हानि न होना। रोयाँ खडा होना = हर्ष या भय से रोमकूपो का उभरना। रोयाँ दुखित होना = अत्यत मानसिक वेदना होना। रोयाँ पसीजना = हृदय मे दया उत्पन्न होना। करुणा होना। तरस होना। तरस आना। उ०—ईगुर भा पहार जौ भीजा। पै तुम्हार नहि रोयँ पसीजा जायसी।—(शब्द०)।

रोर¹—सज्ञा स्त्री० [सं० रवण] १ बहुत से लोगो के मुँह से निकलकर उठी हुई समिलित ध्वनि। कलकल। हल्ला। कोलाहल। रौला। शोरगुल। चिल्लाहट। उ०—(क) परी भोर ही रोर लक गढ़, दई हाँक हनुमान।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जिनके जात बहुत दुख पायो, रोर परी एहि खेरे।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—उठना।—करना।—पडना।—मचना।

२ बहुत से लोगो के राने चिल्लाने का शब्द। उ०—घरी एक सुठि भएउ अँदोरा। पुनि पाछे बीता होइ रोरा।—जायसी (शब्द०)। ३ धूम। धमासान। उपद्रव। हलचल। आदालन।

रोर²—वि० १ प्रचड। तेज। दुर्दमनीय। उ०—(क) देव बदीछोर, रन रोर केसरीकिसोर, जुग जुग तेरे वर विरद विराजे है।—तुलसी (शब्द०)। (ख) ते रन रोर कपीस किसोर बडे बरजोर परे फँग पाए।—तुलसी (शब्द०)। २. उपद्रवी। उद्धत। दुष्ट। अत्याचारी। उ०—(क) आपनी न बूझै, न कहे को राउ रोर रे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तालाने को बाँधबो, बध रोर को, नाथ के साथ चिता खरिए जू।—केशव (शब्द०)।

रोरा¹—सज्ञा पु० [हिं० रोड़ा] चूर गाँजा।

रारा¹—सज्ञा पु० [हिं० रोर] दे० 'रोर'।

रोरी¹—सज्ञा स्त्री० [सं० रोचनी] हलदी चूने से बनी हुई लाल रग की बुकनी जिसका तिलक लगाते है। रोली। उ०—मुख मडित रोरी रँग सेंदुर माँग छुही।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—लगाना।

रोरो—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोर] चहल पहल। धूम। उ०—सकल सुढग अग भरी भोरी। पिय निर्तत मुमकनि मुख मोरी, परिरभन रस रोरी।—हरिदास (शब्द०)।

रोरो²—वि० [हिं० रुरा] सुदर। रुचिर। उ०—स्याम तनु राजत पीत पिछोरी। उर बनमाल काछनी काछे, कटि किंकिनि छवि रोरी।—सूर (शब्द०)।

रोरी²—सज्ञा पुं० [हिं० रोली] लहसुनिया नग। एक प्रकार का रत्न।

रोरुदा—सज्ञा स्त्री० [स०] अत्यत रुदन और विलाप।

रोलब¹—सज्ञा पुं० [स० रोलम्ब] १ भ्रमर। भौंरा। भँवर। २ सूखी जमीन।

रोलब²—वि० विश्वास न करनेवाला। अविश्वासी।

रोल⑤¹—सज्ञा स्त्री० [स० रवण, हिं० रोर] १ रोर। हल्ला। कोलाहल। २ शब्द। ध्वनि। उ०—आजु भोर तमचुर की रोल। गोकुल मे आनद होत है, मगल धुनि महराने ढोल।—सूर (शब्द०)।

रोल²—सज्ञा पुं० पानी का तोड। रेला। बहाव।

रोल³—सज्ञा स० [देश०] रुखानी की तरह का एक औजार जिससे बर्तन की नक्काशी की जमीन साफ की जाती है।

रोल⁴—सज्ञा पुं० [सं०] हरा अदरक।

रोल⁵—सज्ञा पुं० [अ०] १ नामो की तालिका या फेहरिस्त। २ नाटक या चलचित्र मे अभिनेता की भूमिका। उ०—पतजी ने एक नए मसीहा का रोल भी अख्तियार किया।—प्र० सा०, पृ० ४६। २ जीवन में किए जानेवाले विशिष्टताव्यजक कार्य। जैसे,—पुत्र के चरित्रनिर्माण मे माता का रोल महत्वपूर्ण होता है।

रोलनवर—सज्ञा पुं० [अ०] नामो की तालिका या सूची का क्रम। क्रमसख्या।

रोलर—सज्ञा पुं० [अ०] १ ढुलकनेवाली वस्तु। बेलन। बेलना। २ छापेखाने मे स्याही देने का बेलन।

विशेष—यह सरेस और गुड मिलाकर बनता है। इसी पर स्याही लगाकर टाइपो पर फेरा जाती है।

रोलर फ्रेम—सज्ञा पुं० [अ०] बेलन की कमानी।

विशेष - इसमे रोलर लगाकर स्याही तथा टाइपो पर फेरते है। यह लोहे का एक हलका सा घेरा होता है जिसमे एक पेंचदार छड लगी होती है। ऊपर काठ की दो मुठिया होती है जिन्हे पकडकर सिल पर स्याही पीसते हैं और हरफो पर फेरते हैं।

रोलर मोल्ड—सज्ञा पु० [अ०] सरेस का बेलन ढालने का साँचा।

विशेष—यह दो प्रकार का होता है—(१) चोगा, जिसमे से बेलन ठेलकर निकाला जाता है। बेलन ढालते समय इसमे पीसी खडिया तथा रेडी का तेल लगा दिया जाता है जिसमे मोल्ड मे सरेस न पकड ले। (२) दोफाँका, जिसके पल्ले अलग अलग होते है। इन्हे खोल देने से रोलर सहज मे निकल आता है।

रोला¹—सज्ञा पुं० [स० रावण] १ रोर। शोरगुल। कोलाहल। हल्ला। २ घमासान युद्ध।

रोला²—सज्ञा पु० [हिं०] एक छद जिसके प्रत्येक चरण में ११ + १३ के विश्राम से २४ मात्राएँ होती है। किसी किसी का मत है, इसके अत मे दो गुरु अवश्य आने चाहिए, पर यह सर्वसमत नही है।

रोला[1]†—संज्ञा पु० [देश०] जूठे बरतन माँजने का काम । चौका बरतन करने का काम ।

रोली—संज्ञा स्त्री० [सं० रोचनी] १. चूने हलदी से बनी हुई लाल बुकनी जिसका तिलक लगाते हैं । श्री ।

विशेष—लोहे की कडाही मे चूने का पानी भरकर उसमे हल्दी खटाई और सोना गलाने का सुहागा डालकर आग पर पकाते हैं । पीछे सुखाकर छान लेते हैं ।

२ एक नग । लहसुनिया ।

रोवँ—संज्ञा पुं० [हिं० रोम] रोम । रोवाँ । लोम । उ०—तेहि समुद महँ राजा परा । चहै जरै पै रोवँ न जरा ।—जायसी ग्र०, पृ० २२४ ।

रोवनहार, रोवनहारा—संज्ञा पु० [हिं० रोवना + हार = हारा (प्रत्य०)] १ रोनेवाला । २ किसी के मर जाने पर उसका शोक करनेवाला कुटुंबी । उ०—राम बिमुख अस हाल तुम्हारा रहा न कुल कोउ रोवनहारा ।—तुलसी (शब्द०) ।

रोवना[2]—क्रि० अ० [प्रा० रोवण] दे० 'सोना' ।

रोवना—वि० [वि० स्त्री० रोवनी] १ बहुत जल्दी रोनेवाला । बहुत जल्दी बुरा माननेवाला । २. हँसी या खेल मे भी बुरा मान जानेवाला । चिढनेवाला । उ०—तहौं न पायो सुयस आजु रोवना सब बोलै ।—विश्राम (शब्द०) ।

रोवनिहारा—वि० [हिं०] दे० 'रोवनहारा' । उ०—राम बिमुख अस हाल तुम्हारा । रहा न कोउ कुल रोवनिहारा ।—मानस, ६।१०३ ।

रोवनी धोवनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० रोवना धोना] रोनी धोनी । रोने धोने की वृत्ति । दुःख या शोक की चेष्टा । मनहूसी । दे० 'रोनी धोनी' । उ०—सुख नीद कहाँति आली आइहौं । रोवनि धावनि, अनखानि, अनरसनि डीठि मूठि निठुर नसाइहौं । हँसनि खेलनि, किलकनि आनँदनि भूपति भवन बसाइहौं ।—तुलसी (शब्द०) ।

रोवाँ†—संज्ञा पुं० [हिं० रोयाँ] दे० 'रोयाँ' ।

रोवासा—वि० [हिं० रोवना] [वि० स्त्री० रोवासी] जो रोने पर तैयार हो । जो रो देना चाहता हो ।

रोशन—वि० [फा०] १ जलता हुआ । प्रदीप्त । प्रकाशित । जैसे,—चिराग रोशन करना । २. प्रकाशमान । चमकदार । ३. प्रसिद्ध । मशहूर । जैसे, नाम रोशन होना ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

४ प्रकट । जाहिर । जैसे,—जो बात है, वह आप पर रोशन है ।

मुहा०—किसी पर रोशन होना = किसी पर जाहिर होना । प्रकट होना । मालूम होना ।

रोशन चौकी—संज्ञा स्त्री० [फा०] फूँक कर बजाने का एक बाजा । शहनाई का बाजा । नफीरी ।

विशेष—इसे प्रायः पाच आदमी मिलकर बजाते है । एक केवल स्वर भरता है, दो उसके द्वारा राग रागिनी का गान करते है, एक नगाड़ा या दुक्कड़ बजाता है और एक झाँझ के द्वारा ताल देता है । यह बाजा प्रायः देवस्थानों या राजा बादशाहों के द्वार पर पहर पहर पर बजाया जाता है । इसी से चौकी कहलाता है ।

रोशन जमीर—वि० [फा० रोशन + जमीर] उज्वल मनवाला । जिसका हृदय स्वच्छ हो । साफदिल । उ०—तब मलूक रोशन जमीर होय पाँव पसारे सोवै ।—मलूक०, पृ० ४ ।

रोशनदान—संज्ञा पु० [फा०] प्रकाश आने का छिद्र । गवाक्ष । मोखा ।

रोशनाई—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ अक्षर लिखने की स्याही । कालो । मसि । स्याही । २ प्रकाश । रोशनी । उजाला । उ०—घाट घाट बाट बाट हाट हाट दीप ठाठ जागी रोशनाई जगती के ग्राम ग्राम में ।—रघुराज (शब्द०) ।

रोशनी—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ उजाला । प्रकाश । २. दीपक । चिराग । जैसे,—रोशनी लाओ तो जरा । ३ दीपमाला का प्रकाश । दीपकों की पाँक्ति का उजाला । जैसे,—इस खुशी मे शहर भर रोशनी हुई । ४ ज्ञान का प्रकाश । शिक्षा का प्रकाश । जैसे—नई रोशनी के युवक ।

रोष—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० रुष्ट] १ क्रोध । कोप । गुस्सा । २. चिढ । कुढन । ३ वैर । विरोध । द्वेष । उ०—भूलि गयो सब सो रस रोष मिटै भव क्लेश मम रैनि बितो ।—केशव (शब्द०) । ४ लड़ाई की उमग । जोश । उ०—बिगत जलद नभ नील खड्ग यह रोष बढावत ।—हरिश्चद्र (शब्द०) ।

रोषण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पारा । २ कर्पूर । ३ ऊसर जमीन ।

रोषण[2]—वि० [वि० स्त्री० रोषणी] क्रोध करनेवाला । क्रुद्ध ।

रोषणता—संज्ञा स्त्री० [सं०] क्रोध । कोप । रोषयुक्त होना [को०] ।

रोषान्वित—वि० [सं०] क्रुद्ध ।

रोषित—वि० [सं०] क्रुद्ध । नाराज । रुष्ट ।

रोषी—वि० [सं० रोषिन्] रोषयुक्त । क्रोधी । गुस्सावर । उ०—तापस नृपहि बहुत परितोषी । चला महाकपटी अति रोषी ।—तुलसी (शब्द०) ।

रोस[1]—संज्ञा पुं० [सं० रोष] दे० 'रोष' ।

रोस[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० रोस] दे० 'रोस' ।

रोसना—क्रि० स० [हिं० रोस + ना (प्रत्य०)] क्रुद्ध होना । उ०—मुरगी को मारता है, बकरी का रमता है ।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ४०४ ।

रोसनाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० रोशनाई] दे० 'रोशनाई' ।

रोसनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० रोशनी] दे० 'रोशनी' ।

रोसा—संज्ञा पु० [सं० रोहिश] घास नामक सुगधित घास ।

रोसार[1]—वि० [सं० रोषालु] प्रायः सदा क्रोधी । रोषयुक्त ।

रोसारो—वि० [हिं० रोसार + ई (प्रत्य०)] रोष करनेवाला । उ०—धूहड़ तज तणत धमधारो । रायपाल प्रतपै राजारो ।—रा० रू०, पृ० १३ ।

हुआ पक्का रग जो चीजो पर चमक आदि लाने के लिये चढाया जाता है ।

रौगनी—वि० [अ० रौगनी] १ तेल का । २ रोगन फेरा हुआ । जिसपर लाख आदि का पक्का रग चढाया गया हो । जैसे,—रौगनी बरतन ।

रौचनिक[1]—वि० [सं०] १ गोरोचन या रोली सबधी । २ गोरोचन या रोली स रँगा हुआ । ३ गोरोचन के रँग का ।

रौचनिक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] दाँतो पर जमी हुई मैल ।

रौच्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ बिल्वदड धारण करनेवाला सन्यासी । २ एक मनु । तेरहवें मनु का नाम (को०) । ३ बेल के पेड का पचाग अर्थात् जड, डाली, पत्ती, फूल, फल (को०) ।

रौजन—सज्ञा पुं० [फ़ा० रौज़न] १ छिद्र । बिल । सूराख । २ दरार । दरज । ३ गवाक्ष । मोखा । रोशनदान ।

रौजा—सज्ञा पुं० [अ० रौजह्] १ बाग । बगीचा । २ बडे पीर, बादशाह या सरदार आदि की कब्र के ऊपर बनी हुई इमारत । बडे लोगो की कब्र । समाधि । जैसे,—ताज बीबी का रौजा ।

रौत†—सज्ञा पुं० [हिं० रावत] ससुर । श्वसुर ।

रौताइन—सज्ञा स्त्री० [हिं० राव, रावत] १ राव या रावत की स्त्री । ऊँचे पद की स्त्री । ठकुराइन । २. स्त्रियो के लिये आदर-सूचक सबोधन । ३ † कहार की स्त्री । कहारिन ।

रौताई—सज्ञा स्त्री० [हिं० रावत + आई (प्रत्य०)] १ राव या रावत होने का भाव । २ राव या रावत का पद । ठकुराई । सरदारी । उ०—(क) दानि कहाउब औ कृपनाई । होइ कि खेम कुसल रौताई ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) मीठो अरु कठवति भरो, रौताई औ पेम ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) रौताई औ कूसल पेमा ।—जायसी (शब्द०) ।

रौदा†—सज्ञा पुं० [हिं० रोदा] दे० 'रोदा' ।

रौद्र[1]—वि० [स०] १ रुद्र सबधी । २ अत्यत उग्र और प्रचड । भयकर । डरावना । ३ क्रोधपूर्ण या क्रोधसूचक । गजगनाक ।

रौद्र[2]—सज्ञा पु० १ क्रोध । गुस्सा । रोष । २ काव्य के नौ रसो मे से एक जिसमे क्रोधसूचक शब्दो और चेष्टाओ का वर्णन होता है । ३ धूप । घाम । ४ यमराज । ५ ग्यारह मात्राओ के छदो की सज्ञा जो सब मिलाकर १४४ हो सकते हैं । ६ साठ सवत्सरो मे स ५४वाँ सवत्सर । ७ एक प्रकार का अस्त्र । ८ एक केतु जिसकी चोटी नोकीला और ताम्रवर्ण कही गई है ।

रौद्रकेतु—सज्ञा पु० [स०] वृहत्सहिता के अनुसार आकाश के पूर्व दक्षिण मार्ग मे शूल के अग्रभाग के समान कपिश (कपासी), रूक्ष (रूखा), ताम्रवर्ण किरणो से युक्त और आकाश के तीन भाग तक मे गमन करनेवाला एक केतु ।

रौद्रता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ डरावनापन । भयकरता । भीषणता । २ प्रचडता । प्रखरता । उग्रता ।

रौद्रदर्शन—वि० [सं०] देखने मे डरावना । भयकर रूप का । भीषण आकृति और चेष्टावाला ।

रौद्रार्क—सज्ञा पु० [सं०] १३ मात्राओ के छदो की सज्ञा जो सब मिलाकर ४६,३६८ प्रकार के हो सकते हैं ।

रौद्री—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रुद्र की पत्नी, पार्वती । देवी । २ गाधार स्वर की दो श्रुतियो म से पहली श्रुति ।

रोन—पद्य पुं० [सं० रमण] दे० 'रमण' ।

रौनक—सज्ञा स्त्री० [अ० रौनक] १ वर्ण और आकृति । रूप । २ चमक दमक । तेज । दीप्ति । कांति । जैसे—चेहरे पर रौनक होना । ३ प्रफुल्लता । विकास । जैसे—सुनते ही चेहरे की रौनक उड गई । ४ शोभा । छटा । चहल पहल । सुहावनापन । जैसे—व्यापार गिर जाने से शहर की रौनक जाती रही ।

यौ०—रौनक अफरोज = रौनक बढानेवाला । शोभावृद्धि करनेवाला । उ०—दरबार मे रौनक अफरोज हुए ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १७ । रौनकदार । रौनके महफिल = समाज या महफिल की शोभा बढानेवाला ।

रौनकदार—वि० [अ० रौनक + फा० दार (प्रत्य०)] रौनकवाला । शोभायुक्त (को०) ।

रौना[1]—सज्ञा पुं० [स० रमण] द्विरागमन । गौना । मुकलावा ।

रौना[2]—सज्ञा पुं० [हिं० रोना] दे० 'रोना' । उ०—रौना औषि बस करन को करे हेत इन जाइ । अब उलटे रौना परयो गरै हगन के आइ ।—रसनिधि (शब्द०) ।

रौनी—सज्ञा स्त्री० [स० रमणी, प्रा० रवनी] दे० 'रमणी' ।

रौप्य—सज्ञा पुं० [सं०] चाँदी । रूपा ।

रौप्य[2]—वि० चाँदी का बना हुआ । चाँदी का । रूपे का ।

रौप्यता—सज्ञा स्त्री० [सं० रौप्य + ता] रुपहलापन । सफेदी । उ०—रात की इस चाँदनी को रौप्यता कुछ खो गई है ।—अपलक, पृ० ८६ ।

रौमक—सज्ञा पुं० [स०] साँभर नमक ।

रौमलवण—सज्ञा पु० [स०] साँभर नमक ।

रौर—सज्ञा स्त्री० [हिं० रोर] दे० 'रार' । उ० बालक धुनि सुनि परी जु रौर । उठे पहरुआ ठौरहि ठौर ।—नद० ग्र०, पृ० २३१ ।

रौरव[1]—वि० [स०] १ भयकर । डरावना । घोर । २ बेईमान, धूर्त । कपटी । ३ बात पर दृढ न रहनेवाला । चचल । ४ रुरु मृग सबधी ।

रौरव[2]—सज्ञा पुं० एक भीषण नरक का नाम जो २१ नरको मे से पाँचवाँ कहा गया है ।

रौरा†[1]—सज्ञा पु० [हिं० रौला] दे० 'रौला' ।

रौरा†[2]—सर्व० [हिं० रावरा] [स्त्री० रौरी] आपका ।

रौराना†—क्रि० स० [हिं० रोर, रौरा] प्रलाप करना । व्यर्थ बोलना या हल्ला करना । बहकना । उ०—अब यह और सृष्टि विरहिन की बकत बाइ रौरानी ।—सूर (शब्द०) ।

रौरे†—सर्व० [हिं० राव, रावल, रावर] आप (आदर या सबोधन) उ०—भलउ बहुत दुख रौरेहि लागा ।—तुलसी (शब्द०) ।

रौल[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'रौलि'।

रौला—सज्ञा पुं० [सं० रवण] १ हल्ला। गुल। शोर। हुल्लड। धूम। २ ऊधम। हलचल।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—मचाना।—होना।

रौलि[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] धौल। चपत। झापड। तमाचा। उ०—बाँका गढ बाँका मता बाँकी गढ की पौलि। काछि कबीरा नीकसा जम सिर घाली रौलि।—कबीर (शब्द०)।

रौलेबाजी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रौला] चिल्लपो। हुल्लडबाजी। ऊधम।

रौशन—वि० [फा० रोशन] दे० 'रोशन'।

रौशनदान—सज्ञा पु० [फ़ा० रोशनदान] दे० 'रोशनदान'।

रौशनी—सज्ञा स्त्री० [फा० रोशनी] दे० 'रोशनी'।

रौस—सज्ञा स्त्री० [फा० रविश] १ गति। चाल। २ रग ढग। तौर तरीका। चाल ढाल। ३ बाग की पटरी। बाग की क्यारियो के बीच का मार्ग। उ०—रौस हौज बहु कटी कियारी। चौक चारु चहुँ कित चित हारी।—रघुराज (शब्द०)।

रौसली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिकनी उपजाऊ मिट्टी। डाकर।

रौसा—सज्ञा पु० [हिं० रौंसा] दे० 'रौसा'।

रौहाल—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ घोडे की एक चाल। २ घोडे की एक जाति। उ०—यदपि तेज रौहाल बर लगी न पलकौ बार। तउ खँडौं घर कौ भयौ पैंडौ कोस हजार। बिहारी (शब्द०)।

रौहिण[1]—वि० [स०] [वि०स्त्री० रौहिणी] रोहिणी नक्षत्र मे उत्पन्न [को०]।

रौहिण[2]—सज्ञा पुं० [स०] १. चदन वृक्ष। २ श्रीकृष्ण, जो रोहिणी नक्षत्र में जनमे थे। ३ गूलर का वृक्ष (को०)। ४ अग्नि का नाम (को०)।

रौहिणिक - सज्ञा पुं० [स०] रत्न। मणि आदि।

रौहिणेय—सज्ञा पु० [स०] १ रोहिणी के पुत्र, बलराम। २ बुध ग्रह। ३. पन्ना। मरकत। ४ गाय का बछडा। ५ शनि ग्रह का नाम (को०)।

र्‌यासद[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रियासत] दे० 'रियासत'। उ०—दुर्जन दुरासद वर सभासद विश्व र्‌यासद शाह हैं।—रघुराज (शब्द०)।

र्‌योरी, र्‌यौरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० रेवडी] दे० 'रेवडी'।

र्‌वाब[1]—सज्ञा पुं० [फा० रुआब] रुआब। रोब।

ल

ल व्यंजन वर्ण का अट्ठाईसवाँ वर्ण जिसका उच्चारण स्थान दत है। इसके उच्चारण में सवार, नाद और घोष प्रयत्न होते हैं। यह अल्पप्राण है।

लक[1]—सज्ञा स्त्री० [स० लङ्क] कमर। कटि। उ०—अति ही सुकुवारि उरोजनि भार भटै मधुरी डग लक लफै।—घनानद, पृ० २०६।

लक[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्कन] लका नामक द्वीप। उ०—कुसगुन लक अवध अति सोकू। हरष विषाद विवस सुरलोकू।—मानस, २।८१।

विशेष—इस रूप मे इसका प्रयोग प्राय. यौगिक शब्दो मे होता है। जैसे,—लकनाथ, लकपति।

लकटकटा—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्कटङ्कटा] १ सुकेश राक्षस की माता और विद्युत्केश की कन्या का नाम। २ संध्या की कन्या का नाम।

लकनाथ—सज्ञा पु० [हिं० लक+स० नाथ] १ रावण। २ विभीषण। उ०—तव लकनाथ रिसाय कै। भो चलत लव पहँ धाय कै।—लवकुशचरित्र (शब्द०)।

लकनायक—सज्ञा पुं० [हिं० लक स० नायक] दे० 'लकनाथ'। उ० जाति वानर लकनायक दूत अगद नाम है।—केशव (शब्द०)।

लकलाट—सज्ञा पुं० [अ० लोगक्लाथ] एक प्रकार का मोटा बटिया कपडा जो प्राय धुला हुआ होता है। उ०—नीचे लकलाट का चूडीदार पैजामा और ऊपर कत्थई रग की बनिआइन पहने थे।—जिप्सी (अनुक्रमणिका), पृ० १।

लका—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्का] १ भारत के दक्षिण का एक टापू जहाँ रावण का राज्य था। लोगो का विश्वास है कि रावण के समय यह टापू सोने का था। २ शिवी धान्य। द्विदल अन्न। ३ असबरग। स्पृक्का। ४ काला चना। ५ शाखा। डाली। ६ असती नारी। वेश्या। पुश्चली (को०)।

लंकादाही—सज्ञा पुं० [स० लङ्कादहिन्] हनुमान।

लकाधिप—सज्ञा पुं० [स० लङ्काधिप] दे० 'लकाधिपति' [को०]।

लकाधिपति—सज्ञा पुं० [स० लङ्काधिपति] १ रावण। २. विभीषण।

लकानाथ—सज्ञा पुं० [सं० लङ्कानाथ] दे० 'लकापति'।

लकापति—सज्ञा पु० [सं० लङ्कापति] १ रावण। २. विभीषण। उ०—भेटयौ हरि भरि अक भरत ज्यौं लकापति मनु भायो।—तुलसी (शब्द०)।

लंकापिका—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्कापिका] दे० 'लकायिका' [को०]।

लकायिका—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्कायिका] असबरग। स्पृक्का।

लंकारि—सज्ञा पुं० [स० लङ्कारि] रामचद्र।

लकारिका सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्कारिका] दे० 'लकायिका' [को०]।

लकाल(पु)[1]—सज्ञा पु० [स० लङ्क+हिं० आल ?] १ सिह। शेर। २ वीर। योद्धा। उ०—जूटा भाटी जग मैं, कमधा छल लकाल।—रा० रू०, पृ० २८४।

लंकिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्किनी] रामायण के अनुसार एक राक्षसी जिसे हनुमान जी ने लका में प्रवेश करते समय घूसे मे मार डाला था। उ०—नाम लकिनी एक निसिचरी। सो कह चले सो मोहि निदरी।—मानस, ६।७।

लकीस†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लक] कटि। कमर। लक। उ०—अलप केन कुच सून धूलदती उच्चारन। धून उदर लकीस थूल किसल गध वारन।—पृ० रा०, २५।१२६।

लकूर Ⓤ†—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गूली] लगूर।

लंकेश—सज्ञा पुं० [स० लङ्केश] १ रावण। २ विभीषण।

लकेश्वर—सज्ञा पुं० [सं० लङ्केश्वर] १ रावण। २ विभीषण।

लकेस Ⓤ—सज्ञा पुं० [स० लङ्केश] विभीषण। उ०—सुनु लकेस सकल गुन तोरे। ताते तुम्ह अतिसय प्रिय मोरे।—मानस, ६।४६।

लकेसर†—सज्ञा पुं० [सं० नागकेसर ? या देश०] एक प्रकार के फूल का पौधा। उ०—उसमे लकेसर, तारा, मधुरी और गेंदा के पौधे लगाए।—नई०, पृ० ८०।

लकेसुर Ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० लकेश्वर] रावण। उ०—मन नहचै लकेसुर मारण।—रघु० रू०, पृ० १७८।

लकोई—सज्ञा स्त्री० [सं० लङ्कोटिका] दे० 'लकोदक'।

लङ्कोटिका—सज्ञा स्त्री० [स० लङ्कोटिका] दे० 'लकोदक' [को०]।

लकोदक—सज्ञा पु० [स० लङ्कोदक] असबरग। स्पृक्का।

लंखनी—सज्ञा स्त्री० [स० लङ्खनी] लगाम का वह भाग जो घोडे के मुँह मे रहता है [को०]।

लंग[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाँग] दे० 'लाँग'। उ०—लोगन की लग ज्यों लुगाइन की लाग री।—देव (शब्द०)।

लग[2]—सज्ञा पुं० [फ़ा०] १ लँगडापन।

क्रि० प्र०—करना।—खाना।

२. वह जो पगु हो। लँगडा व्यक्ति वा प्राणी (को०)। लिंग। शिश्न (को०)।

लग[3]—सज्ञा पुं० [स० लङ्ग] १ स्त्री का यार। उपपति। २. मेल। मिलन (को०)। ३ खजता। पगुता। लँगडाप्न (को०)।

लगक—सज्ञा पु० [स० लङ्गक] स्त्री का यार। उपपति।

लगड[1]—वि० [सं० लङ्ग + हिं० ड (प्रत्य०)] दे० 'लँगडा'।

लगड़[2]—सज्ञा पुं० [फा० लंगर] दे० 'लगर'।

लगन—सज्ञा पुं० [सं० लङ्घन] लाँघना। लाँघकर पार करना [को०]।

लगनी—सज्ञा स्त्री० [स० लङ्गनी] वह डोरी या डडा जिसपर कपडे टाँगे जाते हैं। अलगनी [को०]।

लगर[1]—सज्ञा पु० [फा०। मि० अ० एन्कर] १ बडी बडी नावो या जहाजो को रोक रखने के लिये लोहे का बना हुआ एक प्रकार का बहुत बडा काँटा।

विशेष—इस काँटे या लगर के बीच मे एक मोटा लबा छड होता है, और एक सिरे पर दो, तीन या चार टेढ़ी झुकी हुई नुकीली शाखाएँ और दूसरे सिरे पर एक मजबूत कडा लगा हुआ होता है। इसका व्यवहार बडी बडी नावो या जहाजों को जल मे किसी एक ही स्थान पर ठहराए रखने के लिये होता है। इसके ऊपर कडे मे मोटा रस्सा या जजीर आदि बाँधकर इसे नीचे पानी मे छोड देते हैं। जब यह तल मे पहुँच जाता है, तब इसकी टेढे अकुडे जमीन के ककड पत्थरो मे अड जाते हैं, जिसके कारण नाव या जहाज उसी स्थान पर रुक जाता है, और जबतक यह फिर खीचकर ऊपर नही उठा लिया जाता, तबतक नाव या जहाज आगे नही बढ सकता।

क्रि० प्र०—उठाना।—करना।—छोड़ना।—डालना।—फेंकना।—होना।

यौ०—लगरगाह।

२. लकडी का वह कुदा जो किसी हरहाई गाय के गले में रस्सी द्वारा बाध दिया जाता है। इसके बाँधने से गाय इधर उधर भाग नही सकती। ठेंगुर। ३ रस्सी या तार आदि से बँधी और लटकती हुई कोई भारी चीज ,जिसका व्यवहार कई प्रकार की कलो मे और विशेषत. बडी घडियो आदि मे होता है।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—हिलाना।

विशेष—इस प्रकार का लगर प्राय निरतर एक ओर से दूसरी ओर आता जाता रहता है। कुछ कलो मे इसका व्यवहार ऐसे पुरजो का भार ठीक रखने मे होता है, जो एक ओर बहुत भारी होते हैं और प्राय इधर उधर हटते बढ़ते रहते हैं, बडी घडियो मे जो लगर होता है, वह चाभी दी हुई कमानी के जोर से एक सीधी रेखा मे इधर से उधर चलता रहता है और घडी की गति ठीक रखता है।

४ जहाजो मे का मोटा बडा रस्सा। ५ लोहे की मोटी और भारी जंजीर। उ०—हाथी ते उतरि हाड़ा जूझो लोह लगर दै एती लाज का में जेती लाज छत्रसाल मे।—भूषण (शब्द०)।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।

६ चाँदी का बना हुआ तोडा जो पैर मे पहना जाता है। इसकी बनावट जजीर की सी होती है। ७ किसी पदार्थ के नीचे का वह अश जो मोटा और भारी हो। ८ कमर के नीचे का भाग। ९ अडकोश। (बाजारू)। १० पहलवानो का लँगोट।

मुहा०—लगर बाँधना = (१) पहलवानी करना। (२) ब्रह्मचर्य धारण करना। लगर लँगोट कसना या बाँधना = लडने को तैयार होना। लँगर लँगोट (किसी को) देना या आगे रखना = पहलवानी सीखने के लिये किसी पहलवान का शिष्य बनना।

११ वह (स्थान या व्यक्ति आदि) जिसके द्वारा किसी को किसी प्रकार का आश्रय या सहारा मिलता हो। (क०)। १२ कपडे मे के वे टाँके जो दूर दूर पर इसलिये डाले जाते हैं जिसमें मोडा हुआ कपडा अथवा एक साथ सीए जानेवाले दो कपडे अपने स्थान से हट न जायँ।

विशेष—इस प्रकार के टाँके पक्की सिलाई करने से पहले डाले जाते हैं, और इसीलिये इसे कच्ची सिलाई भी कहते हैं।

क्रि० प्र०—करना।—डालना।—तोड़ना।—भरना।

१३ वह उभड़ी हुई रेखा जो अंडकोश के बीच के भाग से आरंभ होकर गुदा तक जाती है। सीवन। सीवन। १४ वह पका हुआ भोजन जो प्रायः नित्य किसी निश्चित समय पर दीनों और दरिद्रों आदि को बाँटा जाता है।

क्रि० प्र०—देना।—बाँटना।—लगाना।

यौ०—लंगरखाना।

१५ वह स्थान जहाँ दीनों और दरिद्रों आदि को बाँटने के लिये भोजन पकाया जाता हो। १६ वह स्थान जहाँ बहुत से लोगों का भोजन एक साथ पकता हो।

लंगर[3]—वि० १ जिसमें अधिक बोझ हो। भारी। वजनी। २ शरीर। नटखट। दीठ। उ०—(क) लरिका लवे के मिसन लंगर मो ढिग आय। गयो अचानक आँगुरी छाती छैल छुवाय।—बिहारी (शब्द०)। (ख) सूर श्याम दिन दिन लंगर भयो दूरि करौ लंगरैया।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—लंगर करना = शरारत या ढिठाई करना। उ०—बोलि लियो बलरामहिं यशुमति। आवहु लाल सुनहु हरि के गुण कालिहि ते लंगर्‌यो करत अति।—सूर (शब्द०)।

लगर[4]—वि० [हिं० लँगड़ा] दे० 'लँगड़ा'।

लंगरखाना—संज्ञा पुं० [फा० लंगरखानह्] वह स्थान जहाँ से दरिद्रों को बना बनाया भोजन बाँटा जाता हो।

लंगरगाह—संज्ञा पुं० [फा०] किनारे पर का वह स्थान जहाँ लंगर डालकर जहाज ठहराए जाते हैं।

लगल—संज्ञा पुं० [सं० लङ्गल] हल [को०]।

लगा†—वि० [सं० नग्न] १ नंगा। वस्त्ररहित। नग्न। उ०—पय पीवहिं फल करहिं अहारा। लगा फिरे तन रहे उघारा।—सत० दरिया, पृ० ५६। २ युद्ध के लिये सदा सन्नद्ध। जिसका स्वभाव लड़ाई करने का हो।

लगिमा—संज्ञा पुं० [सं० लङ्गिमन्] १ सौंदर्य। शोभा। सुंदरता। २ मेल। संगम। समागम [को०]।

लगुरा—संज्ञा स्त्री० [सं० लङ्गुरा] एक प्रकार का अन्न। प्रियंगु [को०]।

लगूर—संज्ञा पुं० [सं० लाङ्गूली] १. बंदर। २ पूँछ। दुम। (बंदर की)। ३. एक विशेष प्रकार का बंदर।

विशेष—लंगूर साधारण बंदर से बड़ा होता है और इसकी पूँछ बहुत अधिक लंबी होती है। इसके सारे शरीर पर सफेद रंग के रोएँ होते हैं और मुँह, हाथ की हथेलियाँ तथा पैर के तलवे और उँगलियाँ आदि काली होती हैं।

लगूरफल—संज्ञा पुं० [हिं० लगूर + सं० फल] नारियल। उ०—वानरमुख लगूरफल नारिकेलि शुभ काम। ये तरुनी के नाम्यिर ता कहँ करत प्रनाम।—नंददास (शब्द०)।

लगूरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लगूर + ई (प्रत्य०)] १ घोड़े की एक चाल जिसमें वह उछल उछलकर चलता है। २ वह इनाम जो चोरों को उस समय दिया जाता है, जब वे चोरी गए हुए मवेशियों का पता लगा देते हैं।

लगूल—संज्ञा पुं० [सं० लाङ्गूल] लांगूल। पूँछ। दुम।

लगेतगे†—क्रि० वि० [फा० लगतग] लगातार। निरंतर। बराबर। उ०—लगे तगे पाच छ महीने कट जायँगे।—गोदान, पृ० १०७।

लंघक—वि० [सं० लङ्घक] १ लाँघनेवाला। अतिक्रमण करनेवाला। २ नियम का भंग करनेवाला। कायदा तोड़नेवाला।

लंघन—संज्ञा पुं० [सं० लङ्घन] १. उपवास। अनाहार। फाका। कुछ न खाना। उ० (क) जिन नैनन को है सही मोहन रूप अहार। तिनको वैद बतावही लंघन को उपचार।—रत्नानिधि (शब्द०) (ख) धाम धाम माँगै भीख लंघा सुनाई है।—रघुराज (शब्द०)। २ लाँघने की क्रिया। डाँकना। ३ अतिक्रमण। ४ घोड़े की एक चाल जिसमें वह बहुत तेज चलता है। ५ वह उपाय जिससे किसी काम में लाघव या सुभीता हो। ६ संभोग। मैथुन (को०)।

लंघनक—संज्ञा पुं० [सं० लङ्घनक] १ वह जिसके द्वारा लाँघा जाय। सेतु। पुल।

लंघना(पु)[1]—क्रि० स० [सं० उल्लङ्घन या लङ्घन=लाँघने की क्रिया] किसी वस्तु के ऊपर से होकर इस ओर से उस ओर जाना। लाघना। लाँघना। डाँकना।

लंघना[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० लङ्घना] १, अवमानना। उपेक्षा। लापरवाही।(पु) २ लंघन। उपवास। फाका।

लंघना(पु)[3]—वि० जो लंघन या उपवास किए हुए हो। बुभुक्षित। भूखा। उ०—पतिबरता पति का भजै, और न आन सुहाय। सिंघ बचा जो लंघना, तौ भी घास न खाय।—कबीर सा० स०, पृ० ३०।

लंघनीय—वि० [सं० लङ्घनीय] लाँघने के योग्य। २ उल्लंघन करने के योग्य।

लंघ्य—वि० [सं० लङ्घ्य] दे० 'लंघनीय' [को०]।

लंघित—वि० [सं० लङ्घित] १ डाँका हुआ। लाँघा हुआ। २ उल्लंघन। ३ तिरस्कृत। अपमानित। ४ आक्रमित [को०]।

लंच—संज्ञा पुं० [अं०] दोपहर का नाश्ता। अल्पाहार [को०]।

लंचा—संज्ञा स्त्री० [सं० लञ्जा] घूस। उत्कोच। रिश्वत [को०]।

लंछण[1]—संज्ञा पुं० [सं० लाञ्छन] कलंक। दाग। दे० 'लांछन'। उ०—बारह पुवर, सूरउ बहुउ, मालवणी सुत जोइ।—ढोला०, दू० ५०२।

लंछन(पु)[2]—संज्ञा पुं० [सं० लाञ्छन, प्रा० लंछन] चिह्न। निशानी। लांछन। उ०—तरभात पत तरुल्ल दुति नभु लंछन जसु धारहिय।—पृ० रा०, ७।१०३।

लंज—संज्ञा पुं० [सं० लञ्ज] १ तीर। बाण। २ कलंक। ३ पूँछ। दुम। ४ नाटना। ५ नाश। नाश।

लंज[2]—संज्ञा स्त्री० लक्ष्मी।

लंजा—संज्ञा स्त्री० [सं० लञ्जा] १. धारा। प्रवाह। २ पुश्चली। कुलटा। ३. वेश्या। ४ निद्रा [को०]।

लाजका—संज्ञा स्त्री० [सं० लाञ्जिका] धरती। रेखा।

लठ—वि० [हिं० लट्ठ] मूर्ख । उजड्ड ।

लड[1]—संज्ञा पु० [सं० लण्ड] पुरीष । विष्ठा । गू ।

लड[2]—संज्ञा पुं० [सं० लङ्ग, तुल० फा० लग = शिश्न] पुरुष की मूत्रेंद्रिय ।

लतरानी—संज्ञा स्त्री० [अ०] व्यर्थ की बडी बडी बातें । शेखी ।

क्रि० प्र०—करना ।—हाँकना ।

लदराज—संज्ञा पुं० [अ० लांग क्लाथ] वस्त्र जो आकार मे लंबा चौडा और मोटा हो । एक प्रकार की मोटी चादर ।

लप—संज्ञा पुं० [अ० लम्प] दीपक । चिराग ।

लपक—संज्ञा पुं० [पु० लम्पक] जैनियों का एक संप्रदाय ।

लपट[1]—वि० [सं० लम्पट] व्यभिचारी । विषयी । कामी । कामुक । स्वेच्छाचारी । स्वैरी । उ०—लोभी लपट लोलुप चारा । जो ताकहिं पर धन पर दारा ।—तुलसी (शब्द०) ।

लपट[2]—संज्ञा सं० स्त्री का उपपति । यार ।

लपटता—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्पटता] १ लपट होने का भाव । दुराचार । कुकर्म । २ लोभ । लालच (को०) ।

लपाक—संज्ञा पुं० [सं० लम्पाक] १ लपट । दुराचारी । २ पुराणानुसार एक देश का नाम जिसे मुरुड भी कहते थे । यह देश भारत के उत्तरपश्चिम मे था ।

लपारह—संज्ञा पु० [सं० लम्पापटह] पटह वाद्य । नगाडा (को०) ।

लफ—संज्ञा पुं० [सं० लम्फ] उछाल । कूद । फलांग (को०) ।

लफन—संज्ञा पुं० [सं० लम्फन] उछलकूद (को०) ।

लब[1]—संज्ञा पुं० [सं० लम्ब] १ वह रेखा जो किसी दूसरी रेखा पर इस भाँति गिरे कि उसके साथ समकोण बनावे ।

क्रि० प्र०—गिराना ।—डालना ।

२ एक राक्षस जिसे श्रीकृष्ण ने मारा था । इसी को प्रलंबासुर भी कहते हैं । ३ शुद्ध राग का एक भेद । ४ वह जो नाचता हो । नाचनेवाला । ५ अंग । ६. पति । ७ एक दैत्य का नाम । ८ एक मुनि का नाम । ९ ज्योतिष मे एक प्रकार की रेखा जो विषुव रेखा के समानांतर होती है । १० ज्योतिष मे ग्रहो की एक प्रकार की गति । ११ उत्कोच । भेंट । रिश्वत (को०) ।

लब[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'विलंब' ।

लब[3]—वि० [सं०] १ लंबा । उ०—(क) युक अवलंब लंब भुज चारी ।—रघुनाथ (शब्द०) । (ख) अस कहि लंब फरस विघ्नवायो ।—रघुराज (शब्द०) । २ बढ़ा (को०) । ३ लटकता हुआ । अवलंबित । संलग्न । लगा हुआ (को०) । ५ विस्तृत । फैलावदार । प्रशस्त (को०) ।

लबक—संज्ञा पु० [स० लम्बक] १ किसी पुस्तक का एक अध्याय । २ लंबरेखा (को०) । ३ एक प्रकार का विशिष्ट उपकरण या पात्र (को०) । ४ मुख का एक रोग । ५ ज्योतिष मे एक प्रकार के योग जो संख्या मे पंद्रह होते हैं ।

लंबकर्ण[1]—संज्ञा सं० [सं० लम्बकर्ण] १ बकरा । २ हाथी । ३ अकोट वृक्ष । ४ राक्षस । ५ बाज पक्षी । ६ गदहा । खर । ७ खरगोश ।

लंबकर्ण[2]—वि० जिसके कान लंबे हों ।

लंबकेश[1]—संज्ञा पुं० [सं० लम्बकेश] कुश का आसन । कुश का विष्टर जो विवाह मे वर के बैठने के लिये दिया जाता है ।

लंबकेश[2]—वि० लंबे बालोंवाला (को०) ।

लंबग्रीव—संज्ञा पुं० [सं० लम्बग्रीव] ऊँट ।

लंबजठर—वि० [सं० लम्बजठर] तुंदिल । तोंदवाला ।

लंबतडग—वि० [स० लम्ब + हिं० ताड + अग] ताड के समान लंबा । बहुत लंबा ।

लंबदंता—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बदन्ता] सिंहल देश की पिप्पली ।

लंबन—संज्ञा पुं० [स० लम्बन] १ गले का वह हार जो नाभि तक लटकता हो । २ झूलने की क्रिया । ३ अवलंब । आश्रय । सहारा । ४ कफ । ५ शिव का नाम (को०) ।

लंबपयोधरा—संज्ञा स्त्री० [स० लम्बपयोधरा] १ कार्तिकेय की एक मातृका का नाम । २ लंबस्तनी स्त्री ।

लंबबीजा—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बबीजा] दे० 'लंबदंता' (को०) ।

लंबमान—वि० [सं० लम्बमान] लटकता हुआ । दूर तक गया हुआ । फैला हुआ । लंबायमान (को०) ।

लंबर[1]—संज्ञा पुं० [अं० नम्बर] दे० 'नंबर' ।

लंबर[2]—संज्ञा पुं० [स० लम्बर] एक प्रकार का ढोल या पटह (को०) ।

लंबरदार—संज्ञा पु० [अ० नंबर + फा० दार (प्रत्य०)] दे० 'नंबरदार' ।

लंबरा—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बरा] कौटिल्य अर्थशास्त्र मे निर्दिष्ट एक प्रकार का कंबल । ऊर्णायु (को०) ।

लंबस्तनी—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बस्तनी] लंबे स्तनोंवाली नारी (को०) ।

लंबा[1]—वि० [स० लम्ब] [वि० लंबा] १ जिसके दोनो छोर एक दूसरे से बहुत अधिक दूरी पर हों । जिसका विस्तार, आयतन की अपेक्षा, बहुत अधिक हो । जो किसी एक ही दिशा मे बहुत दूर तक चला गया हो । 'चौडा' का उलटा । जैसे,—लंबा बाल, लंबा बाँस, लंबा सफर ।

मुहा०—लंबा करना = (१) (आदमी को) रवाना करना । चलता करना । (२) जमीन पर पटक या लेटा देना । चित करना । उ०—खर नास्यो इन समर अनल खर नासै जैसे । कियो भूमि पर लंब नासि परलंबहि तैसे ।—गि० दास (शब्द०) । लंबा बनना या होना = चल देना । रवाना होना । प्रस्थान करना । धता होना । (व्यंग्य और परिहास मे) । उ०—थानेदार साहब तहकीकत करके लंबे हुए ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ३७२ ।

यौ०—लंबा चौडा = जिसका आयतन और विस्तार दोनो बहुत अधिक हो । जैसे,—लंबा चौडा मैदान ।

२. जिसकी ऊँचाई अधिक हो । ऊपर की ओर दूर तक उठा हुआ ।

जैसे, लंबा आदमी। ३ (समय) जिसका विस्तार अधिक हो। जैसे,—(क) गरमी मे दिन बहुत लंबा होता है। (ख) तुम तो सदा लंबी मुद्दत का वादा करते हो। ४ विशाल। दीर्घ। बड़ा। जैसे,—इतना लंबा खर्च करना ठीक नहीं।

लंबा[2] संज्ञा स्त्री० [पुं० लम्बा] १ दुर्गा। २ लक्ष्मी। ३ उपहार। घूस। रिश्वत। ४ रिक्त तुंबी। कटु तुंबी। तितलौकी [को०]।

लंबाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंबा] लंबा होने का भाव। लंबापन। जैसे,—(क) इस जमीन की लंबाई पचास गज है। (ख) यह कपड़ा लंबाई मे कुछ कम है।

यौ०—लंबाई चौड़ाई = लंबान और चौड़ान।

लंबान—संज्ञा पुं० [हिं० लंबा] लंबाई।

लंबाना—क्रि० स० [हिं० लंबा] लंबा करना। फैलाना। बढ़ाना।

लंबायमान वि० [सं० लम्बायमान] १ जो लंबा हो। दे० 'लंबमान'। २ लेटा हुआ।

लंबिक—संज्ञा पुं० [सं० लम्बिक] कोकिल [को०]।

लंबिका—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बिका] गले के अंदर की घंटी। उ०—नासिका तालका त्रिकुटी ध्यानी। लंबिका उनटि पीवै गगन पानी।—प्राण०, पृ० ७३।

लंबित—वि० [सं० लम्बित] १ लंबा। २. लटकता हुआ (को०)। ३. अवलंबित। आधारित (को०)। ४ डूबा हुआ। धँसा हुआ (को०)। ५ कार्यच्युत। पदच्युत (को०)। ६ शब्दित। ध्वनित (को०)।

लंबी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बी] १ व्रीहि से निर्मित एक खाद्य पदार्थ। २. पुष्पित शाखा। फूल से भरी डाली [को०]।

लंबी[3]—वि० [सं० लंबिन्] अवलंबित। लटकनेवाला [को०]।

लंबी[1]—वि० स्त्री० [हिं० लंबा] लंबा का स्त्री लिंग रूप।

मुहा०—लंबी तानना—लेटकर सो जाना। उ०—इस समय मेरे अतिरिक्त सब लंबी ताने सोते होंगे।—हरिऔध (शब्द०)। लंबी साँस लेना = अत्यंत दुःख या खेद से साँस लेना। ठंढी साँस लेना।

लंबिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बिनी] स्कंद की एक मातृका का नाम [को०]।

लंबुक—संज्ञा पुं० [सं० लम्बुक] १. एक नाग का नाम। २ ज्योतिष मे एक प्रकार के योग जिनकी संख्या पंद्रह है। लंबक।

लंबुपा—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्बुपा] सतलड़ा हार [को०]।

लंबू—वि० [हिं० लंबा] लंबा। (आदमी के लिये, व्यंग)।

लंबोतरा—वि० [हिं० लंबा + ओतरा (प्रत्य०)] जो आकार मे कुछ लंबा हो। लंबापन लिए हुए। जैसे—आम के फल लंबोतरे होते हैं।

लंबोदर—संज्ञा पुं० [सं० लम्बोदर] १ गणेश। २ वह जो बहुत अधिक खाता हो। पेटू।

यौ०—लंबोदरजननी = गणेश की माता, पार्वती।

लंबोष्ठ—संज्ञा पुं० [सं० लम्बोष्ठ, लम्बौष्ठ] १. वह जिसके होठ लंबे हों। लंबे ओठवाला। २ ऊँट। २ एक प्रकार का क्षेत्रपाल देवता।

लंभ—संज्ञा पुं० [सं० लम्भ] प्राप्ति। पाना। लाभ। मिलना। अधिगम [को०]।

लंभक—वि० [सं० लम्भक] प्राप्त करनेवाला। पानेवाला [को०]।

लंभन—संज्ञा पुं० [सं० लम्भन] १ ध्वान। २ खाना। कलेऊ। ३ प्राप्ति। आधिगम (को०)।

लंभनीय—वि० [सं० लम्भनीय] प्राप्त करने योग्य। प्राप्य [को०]।

लंभा—संज्ञा स्त्री० [सं० लम्भा] प्राचीर, आवेष्टन अवरोध, आदि का एक प्रकार। वाटशृंखला [को०]।

लंभुक—वि० [सं० लम्भुक] निरंतर आधिगम या प्राप्त करनेवाला। जिसे बराबर प्राप्ति या लाभ होता रहे [को०]।

लँगटा[1]—वि० [सं० नग्न, हिं० नंगा + टा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लँगटी] १ निर्वस्त्र। नंगा। नग्न। २ शरारती। नटखट।

लँगटी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] १ लँगोटी। २ पैर से चिपकी के पैरों मे मारना जिससे वह गिर पड़े। अड़ाना।

लँगड़ा[1]—वि० [फा० लंग + हिं० ड़ा (प्रत्य०)] १ व्यक्ति या पशु आदि जिसका एक पैर बेकाम या टूटा हुआ हो। २ जिसका एक पाया टूटा हो। जैसे—कुर्सी, खाट आदि।

लँगड़ा[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बहुत बढ़िया कलमी आम जो प्रायः बनारस मे होता है।

लँगड़ाना—क्रि० अ० [हिं० लंगड़ा] चलने मे दोनों या चारों पैरों का ठीक ठीक और बराबर न बँठना, बल्कि किसी एक पैर का कुछ रुक या दबकर पड़ना। लंग करते हुए चलना। लंगड़े होकर चलना।

लँगड़ी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंगड़ा] एक प्रकार का छंद। उ०—साजै आलै अवज म, तेहि प्रकाश चहु ओर। सब तिथि निशि मे अतिथि सी राकी कर्या अजोर।—गुमान (शब्द०)।

लँगड़ी[2]—वि० [हिं०] बली। बलवान्। जोरावर।

लँगड़ी[3]—वि० स्त्री० [फा० लंग] लँगड़ा का स्त्री रूप।

लँगड़ा[4]—संज्ञा स्त्री० लंगटी। अड़ानी।

लँगरⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंगर] ढीठ। नटखट। शरारती।

लँगरईⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंगर] ढिठाई। शरारत। नटखटपन। उ०—बाँधो आनु कौन तोहि छोरै। बहुत लँगरई कीन्ही मोसा भुज गहि रजु ऊखल सा जोरै।—सूर (शब्द०)।

लँगराईⓊ[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंगर + आई (प्रत्य०)] ढिठाई। शरारत। उ०—अजहूँ छाड़ोगे लँगराई दाउ कर जोरि जननि पै आए।—सूर (शब्द०)।

लँगराना।—क्रि० अ० [हिं० लंगड़] दे० 'लँगड़ाना'।

लँगरीⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंगर] दे० 'लँगराई'।

लँगरैयाⓊ[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लंगर] ढीठपन। शरारत। धृष्टता। उ०—सूर स्याम दिन दिन लँगर भया दूरि करो लँगरैया।—सूर (शब्द०)।

लँगोचा—सज्ञा पु० [देश०] जानवर की आँत जो मसालेदार कीमे से भरकर और तलकर खाई जाती है। कुलमा। गुलमा।

लँगोट, लँगोटा—सज्ञा पु० [स० लिङ्ग+ओट] [स्त्री० लँगोटी] कमर पर बाँधने का एक प्रकार का बना हुआ वस्त्र जिससे केवल उपस्थ ढका जाता है।

विशेष—यह प्राय लबी पट्टी के आकार का अथवा तिकोना होता है, जिसमे दोनो ओर कमर पर लपटने के लिये बद लगे रहते हैं। प्राय पहलवान लोग कुश्ती लडने या कसरत करने के समय इसे पहना करते हैं। रुमाली।

यौ०—लगोट का कच्चा या ढीला = विषयी। कामी। लँगोट-बद = ब्रह्मचारी। स्त्रीत्यागी।

मुहा०—लगोट कसना या बाँधना = लडने को तैयार होना। लँगोट रखना = (१) 'लगर लँगोट रखना'। (२) पहलवानी छोड देना।

लँगोटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लँगोट+ई (प्रत्य०)] कोपीन। कछनी। भगई। उ०—रोटी गहे हाथ मे, सुचोटी गुहे माथ मे, लँगोटी कछे नाथ साथ बालक बिलासी है।—(शब्द०)।

मुहा०—लँगोटिया यार = बचपन का मित्र। उस समय का मित्र, जब कि दोनो लँगोटी बाँधकर फिरते हों। लँगोटी पर फाग खेलना = थोडा हो साधन होने पर भी बिलासी होना। कम सामर्थ्य होने पर भी बहुत अधिक व्यय करना। लँगोटी बँधवाना = बहुत दरिद्र कर देना। इतना धनहीन कर देना कि पास मे लँगोटी के सिवा और कुछ न रह जाय। लँगोटी बिकवाना = इतना दरिद्र कर देना कि पहनने के वस्त्र तक न रह जाँय।

लँडूरा[1]—वि० [देश० या सं० लाङ्गूल] बिना पूँछ का। जिसकी सब पूछ कट गई हो (पक्षी)। २ आवारा। नगा। लुच्चा।

ल—सज्ञा पुं० [सं०] १ इद्र। २ पृथ्वी। ३ छद शास्त्र मे लघु मात्रा के लिये प्रयुक्त सांकेतिक रूप (को०)। ४ पाणिनि व्याकरण मे क्रिया के काल एव अवस्था के लिये प्रयुक्त विशेष सज्ञा। ४ पचास की सख्या (को०)।

लउⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौ] लाग। लगन। लौ।

लउआ†—सज्ञा पुं० [स० लाबुक] दे० 'घिया'।

लउकी†—सज्ञा स्त्री० [सं० लाबुक] दे० 'घिया'।

लउटीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० लगुड] लकुटी। लकुडी। उ०—बाटे खेल तरुन वह सोवा। लउटो बूढ़ लेइ पुनि रोवा।—जायसी (शब्द०)।

लक[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ ललाट। २ जंगली धान की बाल (को०)।

लक[2]—सज्ञा पुं० [अ०] किस्मत। भाग्य।

लकच—सज्ञा पु० [स०] एक फल। दे० 'लकुच' (को०)।

लकड़तोड—वि० [हिं० लकड़ी+तोड़] लकडी की तरह कडा। बहुत कडा (व्यग्य)। उ०—इनका लकडतोड जूता पहनकर पेशकार साहब बडे साहब के इजलास पर गए।—फिसाना,० भा० ३, पृ० ४६।

लकड़दादा—सज्ञा पुं० [हिं०] दादाओ का भी दादा। अति प्राचीन पुरखा। (व्यग्य)। उ०—एक शाप। दाँत पीसकर, हाथ उठाकर, शिखा खोलते हुए चाणक्य का लकडदादा बन जाऊँगा।—स्कद०, पृ० १०६।

लकडबग्घा—सज्ञा पुं० [हिं० लकडी+बाघ] एक मासाहारी जगली जतु जो भेडिए से कुछ बडा होता है। यह कुत्तों का मास बहुत पसद करता है। लगडा।

लकड़हारा—सज्ञा पु० [हिं० लकड़ी+हार] जगल से लकडी तोडकर बेचनेवाला।

लकडा—सज्ञा पुं० [हिं० लकड़ी] १ लकडी का मोटा कुदा। लक्कड। २ बाजरे, अरहर आदि का सूखा डठल।

लकड़ाना†—क्रि० अ० [हिं० लकड़ा+ना (प्रत्य०)] १ किसी वस्तु का सूखकर लकडी की तरह कडा हो जाना। २ दुबला होना। शरीर सूखकर लकडी की तरह हो जाना।

लकडिया†—क्रि० अ० [हिं० लकडी] दे० 'लकडा'।

लकड़ी—सज्ञा स्त्री० [सं० लगुड] १ पेड का कोई स्थूल अग (डाल, तना आदि) जो कटकर उससे अलग हो गया हो। काष्ठ। काठ।

विशेष—इसका व्यवहार प्राय मेज, कुरसी, किवाडे आदि सामान बनाने मे होता है।

२ ईधन। जलावन।

मुहा०—लकड़ी देना = मुरदे को जलाना।

३ गतका। ४ छडी। लाठी।

मुहा०—लकड़ी सा = बहुत दुबला पतला। लकड़ी चलना = लाठी से मार पीट होना। लकड़ी होना = (१) सूखकर काँटा होना। बहुत दुबला पतला होना। (२) सूखकर बहुत कडा हो जाना। जैसे,—राटा सूखकर लकड़ी हो गई।

लक दक—वि० [अ० लअ दअ] १ (मैदान) जिसमे वृक्ष या वनस्पति आदि कुछ भी न हो। बजर या चटियल (मैदान)। २ साफ। चिकना। स्वच्छ।

लकब—सज्ञा पुं० [अ० लकब] उपाधि। खिताब। पदवी।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

लकरैयाⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लकडी, लकरा+इया (प्रत्य०)] दे० 'लकडा'। उ०—उठत लकरैया टाक लामर आखन में आया।—ब्रज० ग्र०, पृ० १०८।

लकरी†—सज्ञा स्त्री० [स० लकुट] दे० 'लकडा'।

लकलक[1]—सज्ञा पु० [अ० लक्लक] १ लबा गरदन का एक पक्षी। ढेंक। २ जाम। जिह्वा (को०)।

लकलक[2]—वि० १ बहुत दुबला पतला। २ लबे पैरोवाला। जिसकी टाँगें लबी हो।

लकलका—सज्ञा पुं० [अ० लक्लकह्] लकलक पक्षी की तीखी आवाज। रटन। उ०—बमुआफिक़त हदीस यानि लकलका उसे

बोलते हैं के हमेशा जबान हरकत में अच्छे।—दक्खिनी०, पृ० ३६५।

लकवा—संज्ञा पुं० [अ० लक्वह्] एक वातरोग जिसमे प्राय चेहरा टेढा हो जाता है।

विशेष—यह रोग चेहरे के अतिरिक्त और अगो मे भी होता है, और जिस अग मे होता है, उसे बिलकुल बेकाम कर देता है। इसमे शरीर के ज्ञानततुओं मे एक प्रकार का विकार आ जाता है, जिससे कोई कोई अग हिलने डोलने या अपना ठीक ठीक काम करने के योग्य नही रह जाता। इसे फालिज भी कहते हैं। पक्षाघात।

क्रि० प्र०—गिरना।

मुहा०—लकवा मारना या मार जाना = शरीर के किसी अग मे लकवे का रोग हो जाना।

लकसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लकड़ी + अंकुसी] फल आदि तोडने की लग्गी जिसके ऊपरी सिरे पर लोहे का चद्राकार फल या एक तिरछी छोटी लकडी बँधी रहती है।

विशेष—इसी लग्गी को हाथ मे लेकर ऊपरी सिरे मे बँधी हुई छोटी लकडी या फल की सहायता से ऊँचे वृक्षो के फल आदि तोडते हैं।

लका[1]—संज्ञा पुं० [फ़ा० लक्का] दे० 'लक्का'।

लका[2]—संज्ञा पुं० [अ० लका] सहवास। मैथुन (को०)।

लका[3]—संज्ञा पुं० [अ० लका, लिका] चेहरा। मुख। उ०—ये हदिया ले जा बादशाह वास्ते, वो रोशन लका मेहरोमा वास्ते।—दक्खिनी०, पृ० २१५।

लकाटी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की बिल्ली जिसके नर जाति के अडकोशो मे से एक प्रकार का मुश्क निकलता है।

लकालक—वि० [अ० लकलक] साफ। स्वच्छ।

लकीर—संज्ञा स्त्री० [सं० रेखा, हिं० लीक] १ कलम आदि के द्वारा अथवा और किसी प्रकार बनी हुई वह सीधी आकृति जो बहुत दूर तक एक ही सीध मे चली गई हो। रेखा। खत।

मुहा०—लकीर का फकीर = वह जो बिना समझे बूझे किसी प्राचीन प्रथा पर चला चलता हो। आँखें बद करके पुराने ढग पर चलनेवाला। लकीर पीटना = बिना समझे बूझे पुरानी प्रथा पर चले चलना। लकीर पर चलना = दे० 'लकीर पीटना'।

क्रि० प्र०—करना।—खीचना।—बनाना।

२ वह चिह्न जो दूर तक रेखा के समान बना हो। ३ धारी। ४ पक्ति। सतर। ५ क्रम (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—खीचना।—बनाना।

लकुच[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ बडहर का वृक्ष और फल।

लकुच[2]—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लकुट'।

लकुट[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लकुट (= लगुड)] लाठी। छडी। उ०—छोटी सी लकुट हाथ, छोटे छोटे बनवा साथ, छोटे से कान्ह देखति गोपी आई घरन की।—नद० ग्र०, पृ० ३३८।

लकुट[2]—संज्ञा पुं० [सं० लकुच] १. मध्यम आकार का एक प्रकार का वृक्ष जो प्राय सारे भारत मे और विशेषत बगाल मे अधिकता से पाया जाता है।

विशेष—इसकी डालियाँ टेढी मेढी और छाल पतली और साकी रग की होती है। इसकी टहनियो के सिरे पर गुच्छो मे पत्ते लगते हैं जो अनीदार और बंगूरदार होते हैं। साथ मे सफेद रग के छोटे छोटे फूलो के भी गुच्छे लगते हैं।

२ इस वृक्ष का फल जो प्राय गुलाब जामुन के समान होता और बसत ऋतु मे पकता है। यह फल मीठा होता है और खाया जाता है। लुकाठ। लसोट।

लकुटिया—संज्ञा स्त्री० [सं० लगुड + हिं० इया] दे० 'लकुटी'।

लकुटी—संज्ञा स्त्री० [स० लगुट] लाठी। छडी। उ०—या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं।—रसखान०, पृ० १३।

लकुलीश—संज्ञा पुं० [स०] एक शैव सप्रदाय और उसके प्रवर्तक आचार्य का नाम।

विशेष—लकुलीश वा नकुलीश सप्रदाय के पवर्तक लकुलीश माने जाते हैं। लिंगपुराण (२४।१३१) मे उनके मुख्य चार शिष्यो के नाम कुशिक, गर्ग, मित्र और कौरुष्य मिलते हैं। प्राचीनकाल मे इसके अनुयायी बहुत थे, जिनमे मुख्य साधु (कनफटे, नाथ) होते थे। इस सप्रदाय का विशेष वृत्तान्त शिलालेखो तथा विष्णुपुराण, लिंगपुराण आदि मे मिलता है। इसके अनुयायी लकुलीश को शिव का अवतार मानते और उनका उत्पत्ति-स्थान कायावरोहण (कायारोहण, कारवान्, बडौदा राज्य मे) बतलाते थे। (विस्तृत विवरण के लिये देखें उदयपुर राज्य का इतिहास, पृ० ४१५)।

लकोटा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पहाडी बकरा जिसके बालो से शाल, दुशाले आदि बनाए जाते हैं।

लक्कड—संज्ञा पुं० [हिं० लकडी] काठ का बडा कुदा।

लक्का—संज्ञा पुं० [अ० लक्का] एक प्रकार का कबूतर जो चूज छाती उभाडकर चलता है और जिसकी पूछ पख नी होती है।

लक्का कबूतर—संज्ञा पुं० [हिं० लक्का + कबूतर] १ नाच की एक गत जिसमे नाचनेवाला कमर के बल इतना झुकता है कि सिर प्राय भूमि के निकट तक पहुच जाता है। यह झुकाव बगल की ओर होता है। २ दे० 'लक्का'।

लक्ख—वि० [स० लक्ष, प्रा० लक्ख] दे० 'लक्ष'।

लक्खन[1]—संज्ञा पुं० [स० लक्षण, प्रा० लक्खण, लक्खन] दे० 'लक्षण'। उ०—कुँवर बतीसो लक्खन राता। दसए लखन कहै एक बाता।—जायसी ग्र०, पृ० २५१।

लक्खन[2] (ख)—संज्ञा पुं० [स० लक्ष्मण] लक्ष्मण जी। उ०—जब को गए लक्खन हैं लरिका परिखो पिय मोर परीक हौं ठाढ़ी।—तुलसी ग्र०, पृ० ।

लक्खना (ख)—वि० [स० लक्षणवत्] लक्षणवाला। लक्षण से युक्त। उ०—सुघर बतीसो लक्खन बहुत बरा जग भान।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३०६।

लक्खी[1] – वि० [हिं० लाख] लाख के रग का । लाखी ।

लक्खी[2]—सज्ञा पुं० घोडे की एक जाति ।

लक्खी[3]—सज्ञा पुं० [हिं० लाख (सख्या)] वह जिसके पास लाखो रुपए हो । लखपती ।

लक्खी[4]—सज्ञा स्त्री० [स० लक्ष्मी, प्रा०, बँग० लक्खी] लक्ष्मी । उ०—बगाली के लक्खी कहने को लक्ष्मी न मानें तो कभी ठीक न होगा । —प्रेमघन, भा० २, पृ० ७ ।

लक्त—वि० [स०] लाल । सुर्ख ।

लक्तक—सज्ञा पुं० [सं०] १ अलता, जो स्त्रियाँ पैरो मे लगाती हैं । अलक्तक । २ बहुत फटा हुआ पुराना कपडा । चीथडा । लत्ता ।

लक्तकर्मा—सज्ञा पुं० [सं० लक्तकर्मन्] लाल लोध ।

लक्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] छिपकली [को०] ।

लक्ष[1]—वि० [सं०] एक लाख । सौ हजार ।

लक्ष[2]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह अक जिससे एक लाख की सख्या का ज्ञान हो । जैसे,—१,००,००० । २ पैर । ३ चिह्न । निशान । ४ दे० 'लक्ष्य' । ५ अस्त्र का एक प्रकार का सहार । उ०—लक्ष अलक्ष युगल दृढनाभ सुनाभ दशाक्ष शतानन ।—रघुराज (शब्द०) । ६ ब्याज । दिखावा । बहाना (को०) । ७ मुक्ता । मोती (को०) ।

लक्षक[1]—वि० [सं०] १ (वह) जो लक्ष करा दे । जता देनेवाला । २ (वह शब्द) जो सबध या प्रयोजन से अपना अर्थ सूचित करे ।

लक्षक[2]—सज्ञा पुं० एक लाख की सख्या [को०] ।

लक्षण—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी पदार्थ का वह विशेषता जिसके द्वारा वह पहचाना जाय । वे गुण आदि जो किसी पदार्थ में विशिष्ट रूप से हो और जिनके द्वारा सहज मे उसका ज्ञान हो सके । चिह्न । निशान । आसार । जैसे,—आकाश के लक्षण से जान पडता है कि आज पानी बरसेगा । २ नाम । ३ परिभाषा । ४ शरीर में दिखाई पडनेवाले वे चिह्न आदि जो किसी रोग के सूचक हो । जैसे,—इस रोगी मे क्षय के सभी लक्षण दिखाई देते हैं । ५ दर्शन । ६ सारस पक्षी । ७ सामुद्रिक के अनुसार शरीर के अगो मे होनेवाले कुछ विशेष चिह्न । जो शुभ या अशुभ माने जाते हैं । जैसे,—चक्रवर्ती और बुद्ध के लक्षण एक से होते हैं । ८ शरीर में होनेवाला एक विशेष प्रकार का काला दाग जो बालक के गर्भ मे रहने के समय सूर्य या चद्रग्रहण लगने के कारण पड जाता है । लच्छन । ९ चाल-ढाल । तौर तरीका । रग ढग । जैसे,—आजकल तुम्हारे लक्षण अच्छे नही जान पडते । १० दे० 'लक्ष्मण' । ११ पुरुषेंद्रिय । शिश्न [को०] । १२ योनि । भग (को०) । १३ अध्याय । परिच्छेद । स्कध (को०) । १४ व्याज । छल छद्म (को०) । १५ लक्ष्य । उद्देश्य (को०) । १६ बँधी हुई सीमा । हद (को०) । १७ प्रस्तुत प्रसग । उपस्थित विषय (को०) । १८ कारण (को०) । १९ नतीजा । परिणाम । असर (को०) ।

लक्षणक—सज्ञा पुं० [स०] चिह्न । निशान । लच्छन [को०] ।

लक्षणकर्म—सज्ञा पुं० [सं० लक्षणकर्मन्] परिभाषा [को०] ।

लक्षण ग्रंथ—सज्ञा पुं० [सं० लक्षण+ग्रथ] काव्य या साहित्य के लक्षणो का विवेचन करनेवाला ग्रथ । साहित्यिक समीक्षा की पुस्तक । समालोचना शास्त्र । उ०—पहली बात तो ध्यान देने की यह है कि लक्षण ग्रथों के बनने के बहुत पहले से कविता होती आ रही थी । – चिंतामणि, भा० २, पृ० ९२ ।

लक्षणज्ञ—वि० [स०] लक्षणो को जाननेवाला । शुभ अशुभ चिह्नो का ज्ञाता [को०] ।

लक्षणभ्रष्ट—वि० [स०] जो शुभ लक्षणो से हीन या रहित हो । अभागा । भाग्यहीन [को०] ।

लक्षण लक्षणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की लक्षणा जिसे जहल्लक्षणा भी कहते हैं ।

लक्षणा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लक्षण शब्द की वह शक्ति जिससे उसका अर्थ लक्षित हो जाता है । शब्द की वह शक्ति जिससे उसका अभिप्राय सूचित होता है ।

विशेष—कभी कभी ऐसा होता है कि शब्द के साधारण अर्थ से उसका वास्तविक अभिप्राय नही प्रकट होता । वास्तविक अभिप्राय उसके साधारण अर्थ से कुछ भिन्न होता है । शब्द की जिस शक्ति से उसका वह साधारण से भिन्न और दूसरा वास्तविक अर्थ प्रकट होता है, उसे लक्षणा कहते है । साहित्य मे यह शक्ति दो प्रकार की मानी गई है—निरूढ और प्रयोजनवती (विशेष दे० ये दोनो शब्द) ।

२. मादा हस । हसी । ३ मादा सारस । सारसी । ४ छोटी भटकटैया । ५ एक अप्सरा का नाम जिसका उल्लेख महाभारत मे है । ६ दुर्योधन की पुत्री का नाम जिसका विवाह कृष्ण के पुत्र साब से हुआ था । लक्ष्मणा ।

लक्षणान्वित—वि० [सं०] शुभ चिह्नोवाला [को०] ।

लक्षणी—वि० [सं० लक्षणिन्] १ जिसमे कोई लक्षण या चिह्न हो । २ लक्षण जाननेवाला ।

लक्षण्य[1]—वि० [सं०] १ चिह्न या निशान का काम देनेवाला । २ शुभचिह्नो से युक्त ।

लक्षण्य[2]—सज्ञा पुं० दैवज्ञ । भविष्यवक्ता [को०] ।

लक्षना पु०—क्रि० स० [स० लक्ष+हिं० ना (प्रत्य०)] लखना । देखना । उ०—पच्छ हू सचि सख्या सधी हैं मनोत लच्छिए स्वच्छ प्रत्यक्ष ही देखिए ।—केशव (शब्द०) ।

लक्षन पु०—सज्ञा पुं० [स० लक्षण] दे० 'लक्ष्मण'-१ । उ०—बाण की वायु उडाय के लक्षन लच्छि करो अरिहा समरत्थहि ।—केशव (शब्द०) ।

लक्षना पु०—सज्ञा स्त्री० [स० लक्षणा] शब्दो की एक शक्ति । विशेष दे० 'लक्षणा' ।

लक्षश—क्रि० वि० [सं० लक्षशस्] लाखो की सख्या मे । २ अत्यधिक । अगणनीय । बहुत अधिक [को०] ।

लक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक लाख की सख्या ।

लक्ष्मि[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी] दे० 'लक्ष्मी' । उ० - सुनहि सुमुखि तो को त्यागतो लक्ष्मि दासी —केशव (शब्द०) ।

लक्ष्मि[2]—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्य] दे० 'लक्ष्य' । उ०— बाण की वायु

उडाय कै लक्षन लक्षि करौ अरिहा समरत्थहि ।—केशव (शब्द० ।

लक्षित[1]—वि० [स०] १ बतलाया हुआ । निर्दिष्ट । २ देखा हुआ । ३ अनुमान से समझा या जाना हुआ । ४ जिसपर कोई लक्षण या चिह्न बना हो ।

लक्षित[2]—सज्ञा पु० वह अर्थ जो शब्द की लक्षणा शक्ति के द्वारा ज्ञात होता है ।

लक्षित लक्षणा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की लक्षणा ।

लक्षितव्य—वि० [स०] १ परिभाषा या व्याख्या करने योग्य । २ चिह्नित करने योग्य [को०] ।

लक्षिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह परकीया नायिका जिसका गुप्त प्रेम उसकी सखियो को मालूम हो जाय । वह स्त्री जिसका पर-पुरुष-प्रेम दूसरों को ज्ञात हो ।

लक्षितार्थ—सज्ञा पुं० [सं०] अर्थ जो शब्द की अभिधा शक्ति द्वारा प्राप्त न हो । लक्षणा शक्ति द्वारा प्राप्त अर्थ [को०] ।

लक्ष्मी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे आठ रगण होते हैं । इसे गगोदक, गगाधर और खजन भी कहते हैं । उ०—कोटि बाधा कटैं पाप सारे घटैं शभु शभू रटैं नाथ जो मान कै ।—जगन्नाथप्रसाद (शब्द०) ।

लक्ष्मी[2]—वि० [स० लक्ष्मिन्] [वि० स्त्री० लक्ष्मिणी] शुभ लक्षणोवाला । शुभ चिह्नो से युक्त ।

लक्ष्म—सज्ञा पु० [सं० लक्ष्मन्] १ चिह्न । निशान । २. घब्बा । दाग । लाछन । ३ प्रधान । मुख्य । ४ परिभाषा । ५. मुक्ता । मोती [को०] ।

लक्ष्मण[1]—सज्ञा पु० [स०] १ रघुवशी राजा दशरथ के चार पुत्रो मे से दूसरे पुत्र, जो सुमित्रा के गर्भ से उत्पन्न हुए थे ।

विशेष जब मिथिला मे रामचद्र जी ने धनुष तोडा था, तब परशुराम के बिगडने पर इन्होने उनसे वादविवाद किया था । उसी अवसर पर उर्मिला के साथ इनका विवाह हुआ था । यद्यपि इनका स्वभाव बहुत ही उग्र और तीव्र था, तथापि ये अपने बडे भाई रामचद्र के बहुत बडे भक्त थे, और सदा उनके अनुगामी रहते थे । जब रामचद्र जी वन को जाने लगे थे, तब ये भी अयोध्या का सारा सुख छोडकर केवल भक्ति और प्रेम-वश उनके साथ हो लिए थे । वन मे ये सदा सब प्रकार से उनकी सेवा किया करते थे । रावण की बहन शूर्पनखा की नाक इन्ही ने काटी थी । जिस समय मारीच सोने के मृग का रूप धरकर आया था और रामचद्र उसे मारने निकले थे, उस समय सीता की रक्षा के लिये यही कुटी मे थे । पर पीछे से सीता के बहुत आग्रह करने पर ये रामचद्र का पता लगाने के लिये जगल मे गए । राम-रावण-युद्ध के समय ये बहुत वीरता-पूर्वक लडे थे और मेघनाद का वध इन्होने किया था । उस युद्ध मे ये एक बार शक्ति बाण लगने के कारण मूर्छित हो गए थे, जिसपर रामचद्र जी ने बहुत अधिक विलाप किया था । पर हनुमान द्वारा ओषधि लाए जाने पर उसके सेवन से शीघ्र ही इनकी मूर्छा दूर हो गई थी और ये फिर उठकर लडने लगे थे । जिस समय सीता जी अपने सतीत्व का प्रमाण देने के लिये अग्निप्रवेश करने को प्रस्तुत हुई थी, उस समय रामचद्र की आज्ञा से इन्ही ने सीता के लिये चिता तैयार की थी । रामचद्र के वनवास के कारण ये अपने पिता राजा दशरथ और भाई भरत से बहुत अपसन्न हो गए थे, पर पीछे से भरत की ओर से इनका मन साफ हो गया था और इन्होने समझ लिया था कि इसमे भरत का कोई दोष नही है । ये बहुत ही तेजस्वी, वीर और शुद्ध चरित्र के थे । उर्मिला से इन्हे अगद और चद्रकेतु नाम के दो पुत्र थे । पुराणानुसार ये शेषनाग के अवतार माने जाते है ।

२ दुर्योधन के पुत्र का नाम । ३ चिह्न । लक्षण । ४ नाग । ५. आख्या । नाम (को०) । ६ सारस ।

लक्ष्मण[2]—वि० १. चिह्न वा लक्षणो से युक्त । २ जो श्री से युक्त हो । भाग्यशाली । जिसमे शोभा और कांति हो ।

लक्ष्मणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. मद्र देश के राजा बृहत्सेन की कन्या जो श्रीकृष्ण जी को ब्याही थी और उनकी आठ पटरानियो मे से एक थी । २ दुर्योधन की बेटी का नाम । यह कृष्ण के पुत्र साब की स्त्री थी । ३. एक जडी ।

विशेष—यह पुत्रदा मानी जाती है । यह जडी पर्वतो पर मिलती है । इसके पत्ते चौडे होते हैं और उनपर लाल चदन की सी बूँदें होती है । इसका बंद सफेद होता है और वही ओषधि के काम मे आता है ।

पर्या०—पुत्रकदा । पुत्रका । नागपत्री । जननी । नागिनी । नागाह्वा । मज्जिका । तुलिनी ।

४ श्वेत कटकारी । सफेद भटकटैया (को०) । ५ सारस की मादा वा हसी ।

लक्ष्मा—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मन्] १ दे० 'लक्ष्म' । २. हस या सारस पक्षी । ३ लक्ष्मण [को०] ।

लक्ष्मी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हिंदुओं की एक प्रसिद्ध देवी जो विष्णु की पत्नी और धन की अधिष्ठात्री मानी जाती हैं ।

विशेष – भिन्न भिन्न पुराणो मे इनके सबंध मे अनेक कथाएँ मिलती हैं । इनकी उत्पत्ति के सबध मे प्रसिद्ध है कि देवताओं और दानवो के समुद्रमथने मे जो चौदह रत्न निकले थे, उन्ही मे से एक यह भी थीं । इनका वर्ण श्वेत या पक्व या कचन के समान, कमर बहुत पतली, नितब बहुत विशाल और चार भुजाएँ मानी जाती हैं । यह भी कहा गया है कि ये अत्यत सुंदरी हैं । और सदा युवती रहती हैं । ये महालक्ष्मी भी कही जाती हैं और इनकी पूजा अनेक अवसरो पर, विशेषत धनतेरस और दीवाली की रात को होती है । मूर्तियो मे ये या तो अकेली बैठी हुई और या क्षीरसागर मे सोते हुए विष्णु भगवान् के चरण दबाती हुई दिखलाई जाती हैं ।

पर्या०—पद्मालया। पद्मा। कमला। श्री। हरिप्रिया। इंदिरा। लोकमाता। माँ। क्षीराब्धितनया। रमा। जलधिजा। भार्गवी। हरिवल्लभा।

२ धन संपत्ति। दौलत।

यौ०—लक्ष्मीवान्। लक्ष्मीपति = धनवान।

३ शोभा। सौंदर्य। छवि। उ०—जय अरि जय हित चरबौ वदन लक्ष्मी वर ढगी।—गिरिधर (शब्द०)। ४ दुर्गा का एक नाम। ५ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे दो रगण, एक गुरु और एक लघु अक्षर होता है। जैसे,—जाहि पावैं नही सत। खेल सो लक्ष्मी कत। ६ आर्या छद के २६ भेदो मे से पहला भेद जिसके प्रत्येक चरण मे २७ गुरु और ३ लघु वर्ण होते हैं। ७ सीता जी का एक नाम। ८ ऋद्धि नाम की ओषधि। ९ वृद्धि नाम की ओषधि। १० वीर स्त्री। ११ घर की मालकिन। गृहस्वामिनी। १२ हल्दी। १३ शमी वृक्ष। १४ मोती। १५ मोक्ष की प्राप्ति। १६ वह वृक्ष जो फलता हो अथवा जिसमे फल लगे हो। १७ पद्म। कमल। १८ सफेद तुलसी। १९ मेढ़ासिंगी। २० अभ्युदय। सौभाग्य (को०)। २१ प्रभुशक्ति। राज्यशक्ति (को०)। २२ चद्रमा की ग्यारहवी कला (को०)। २३ कन्या। पुत्री।

लक्ष्मीक सज्ञा पुं० [सं०] १ धनवान्। अमीर। २ भाग्यवान्।

लक्ष्मीकात—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मीकान्त] १ नारायण। विष्णु। २ राजा। नरेश (को०)।

लक्ष्मीगृह—सज्ञा पुं० [सं०] लाल कमल।

लक्ष्मीजनार्दन—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार के शालग्राम जो बहुत काले रग के होते हैं और जिनपर एक ओर चार चक्र रहते हैं।

लक्ष्मी टोडी—सज्ञा स्त्री० [स० लक्ष्मी + हिं० टोडी] एक प्रकार की सकर रागिनी जिसमे सब कोमल स्वर लगते है।

लक्ष्मीताल—सज्ञा पुं० [सं०] १ सगीत मे १८ मात्राओ का एक ताल जिसमे १५ आघात और ३ खाली होते हैं। इसके मृदग

\+ १ २ ० ३ ४ ५ ०

के बोल इस प्रकार हैं—धा केटे धा धा केटे ताग धा केटे

६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५ ०

तागे नेना आन खून ग्रेदे न तावेम गे तेटे गदि धेन। धा। २ श्रीताल नामक वृक्ष।

लक्ष्मीधर—सज्ञा पुं० [सं०] स्रग्धरा छद का दूसरा नाम। २ विष्णु।

लक्ष्मीनाथ—सज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु। २ धनी। ३ राजा।

लक्ष्मीनारायण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के शालग्राम जो बहुत काले रग के होते हैं और जिनपर एक ओर चार चक्र बने होते हैं। लक्ष्मीजनार्दन।

लक्ष्मीनिकेतन—सज्ञा पुं० [सं०] आमलक चूर्ण मे किया हुआ स्नान (को०)।

लक्ष्मीनिधि—सज्ञा पु० [स०] १ राजा जनक के पुत्र का नाम। २ धनी व्यक्ति।

लक्ष्मीनृसिंह—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार के शालग्राम जिनपर दो चक्र और एक वनमाला बनी होती है। ऐसे शालग्राम गृहस्थो के लिये बहुत शुभ माने जाते हैं।

लक्ष्मीपति—सज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु। नारायण। २ कृष्ण। ३ राजा। ४ नींबू का वृक्ष। ५ सुपारी का वृक्ष।

लक्ष्मीपुत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ कामदेव। २ घोडा। ३ सीता के पुत्र लव और कुश।

लक्ष्मीपुत्र—वि० धनवान्। अमीर।

लक्ष्मीपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] १ माणिक। लाल। २ पद्म। कमल। ३ नींबू का फूल।

लक्ष्मीपूजा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह पर्व जिसमे लक्ष्मी का पूजन करते हैं। दीपावली।

लक्ष्मीफल—सज्ञा पु० [सं०] बेल। श्रीफल।

लक्ष्मीरमण—सज्ञा पुं० [स०] नारायण।

लक्ष्मीवत्[1]—सज्ञा पु० [स०] १ विष्णु। २ कटहल का वृक्ष। ३ अश्वत्थ का वृक्ष।

लक्ष्मीवत्[2]—वि० धनवान्। अमीर।

लक्ष्मीवल्लभ—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

लक्ष्मीवसति—सज्ञा स्त्री० [स०] लाल कमल जो लक्ष्मी का निवास माना जाता है। लक्ष्मीगृह (को०)।

लक्ष्मीवार—सज्ञा पुं० [स०] गुरुवार।

लक्ष्मीवेष्ट—सज्ञा पुं० [स०] ताडपीन।

लक्ष्मीश[1]—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु। २ आम का वृक्ष।

लक्ष्मीश[2]—वि० धनवान्। अमीर।

लक्ष्मीसमाह्वया—सज्ञा स्त्री० [सं०] सीता जी का एक नाम (को०)।

लक्ष्मीसहज, लक्ष्मीसहोदर—सज्ञा पुं० [सं०] १ चद्रमा। २ कपूर (को०) ३ इद्र का घोड़ा। उच्चैश्रवा (को०)। ४ शख (को०)।

लक्ष्य[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह वस्तु जिसपर किसी प्रकार का निशाना लगाया जाय। निशाना। २ वह जिसपर किसी प्रकार का आक्षेप किया जाय। ३ अभिलषित पदार्थ। उद्देश्य। ४ अस्त्रो का एक प्रकार का सहार। ५ वह जिसका अनुमान किया जाय। अनुमेय। ६ वह अर्थ जो किसी शब्द की लक्षणा शक्ति के द्वारा निकलता हो। ७ व्याज। व्यपदेश। बहाना (को०)। ८ एक लाख की सख्या (को०)।

लक्ष्य[2]—वि० १ देखने योग्य। दर्शनीय। २ जिसका लक्षण या परिभाषा की जाय (को०)।

लक्ष्यक्रम—वि० [स०] जिसका क्रम लक्षित हो। जैसे, लक्ष्यक्रम ध्वनि।

लक्ष्यग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] लक्ष्य साधना। निशाना लेना (को०)।

लक्ष्यज्ञ—वि० [स०] लक्ष्य का जानकार। लक्ष्य को जाननेवाला।

लक्ष्यज्ञत्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह ज्ञान जो निशाने को ठीक ठीक उपस्थित हो। २. वह ज्ञान जो उद्देश्य के द्वारा उत्पन्न हो।

लक्ष्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] लक्ष्य का भाव या धर्म।

लक्ष्यत्व—संज्ञा पुं० [सं०] लक्ष्य का भाव या धर्म। लक्ष्यता।

लक्ष्यभेद—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का निशाना जिसमें चलते या उड़ते हुए लक्ष्य को भेदते हैं। जैसे,—मछली की आँख फोड़ना या उड़ते हुए पक्षी पर निशाना लगाना। लक्ष्यवेध।

लक्ष्यवीथी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह उपाय या कर्म जिससे जीवन का उद्देश्य सिद्ध होता है। २ ब्रह्मलोक का मार्ग, जिसे देवयान पथ भी कहते हैं।

लक्ष्यवेध, लक्ष्यवेधन—संज्ञा पुं० [सं०] लक्ष्य का वेधन करना। लक्ष्यभेद (को०)।

लक्ष्यवेधी—संज्ञा पुं० [सं० लक्ष्यवेधिन्] वह जो लक्ष्यभेद करता है। उड़ते या तेजी से चलते हुए पदार्थ पर ठीक निशाना लगानेवाला व्यक्ति।

लक्ष्यार्थ—संज्ञा पुं० [सं०] वह अर्थ जो लक्षणा से निकले। शब्द की लक्षणा शक्ति द्वारा व्यक्त अर्थ।

लखघर—संज्ञा पुं० [सं० लाक्षागृह] लाख का वह घर जो पांडवों को जलाने के लिये दुर्योधन ने बनवाया था। लाक्षागृह। उ०—जैसे जारत लखघर माहुग कीन्हों मीउ। जरत मानत ता मारू कै पुरुषारथ जीउ।—जायसी (शब्द०)।

लखन[1]—संज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण] श्रीरामचंद्र जी के छोटे भाई लक्ष्मण का नाम। उ०—लखन लखा एक दुख बड़ मेरे।—तुलसी (शब्द०)।

लखन[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लखना] लखने का भाव या क्रिया।

लखनऊ—वि० [हिं० लखनऊ + ई (प्रत्य०)] १ लखनऊ का। २ ठाट बाट और शान शौकत से रहनेवाला (व्यक्ति)। उ०—मैं अपने एक लखनवी दोस्त के साथ मोटर पर जा रहा था।—रंग०, पृ० १५४।

लखना[1]—क्रि० स० [सं० लक्ष] १ जानना देखकर जान लेना। समझ या जान लेना। ताड़ना। उ०—(क) तुम लखेउ भा आरज पासू। बड़ सील अरु नीति गँभीरू।—तुलसी (शब्द०)। (ख) मन में सोचत बहुत प्रकारा। लखौं न सुरसरि पार।—सूर (शब्द०)। २. देखना। उ०—(क) सबका चरन सरोज लखि।—सूर (शब्द०)। (ख) सखा सहित रघुनाथ धनुष सायक लखे।—विश्राम (शब्द०)।

लखपती—संज्ञा पुं० [सं० लक्ष+पति] वह जिसके पास लाख रुपए हों। बहुत धनी।

लखपेड़ा—वि० [हिं० लाख+पेड़] (भाग) जो लाख रुपए का हो।

लखमी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी, प्रा० लक्खी, लच्छी] दे० 'लक्ष्मी'।

लखनौती—संज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मणावती] दे० 'लखनौती'।

लखवा—संज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण+वा (प्रत्य०)] दे० 'लकवा'।

लखहर—वि० [सं०] लाख रुपए का। लाख रुपए की कीमत का।

लखराव, लखरौव—संज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण, प्रा० लक्खण+राव (प्रत्य०)] लक्ष्मण के वंशज। लक्ष्मण के नाम पर नाम रखनेवाले।

लखलख—वि० [हिं० लखना] दे० 'लखा'।

लखलखा—संज्ञा पुं० [हिं० लखना+आ (प्रत्य०)] वह तुर्की घोड़ा जो पहचान के लिये प्रसिद्ध हो। वह घोड़ा जो अपने प्रसिद्ध रंग के कारण पहचाना जाता हो। और घोड़ों से अलग पहचाना जाता हो। वह घोड़ा जो अपने रंग के कारण पहचाना जाता हो।

लखलखाव—संज्ञा पुं० [हिं० लखलखाना+आव] लखलखाने की क्रिया या भाव। लखलखाहट।

लखलुद—वि० [हिं० लाख+लुटना] जो लाखों का लूटा हुआ हो। बहुत अधिक लुटा हुआ।

लखाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लखना] १ लखने का भाव। २. लखने की क्रिया। ३. लखाने का भाव।

लखाउ—संज्ञा पुं० [हिं० लखना] १ लक्षण। पहचान। चिह्न। उ०—(क) पहरत भूषन भूषित। भाउ। मैं तुम्हार सेवक कर लाउ।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तब भरत सोच भयउ मन माहीं। लखाउ कोउ दीख नाहीं।—तुलसी (शब्द०)। २ पहचान। परिचय। उ०—तिन सौंह पाय पुनि पूछी। जेहि लखाउ सो कहिय न छूछी।—जायसी (शब्द०)।

लखाघर—संज्ञा पुं० [सं० लक्षागृह, प्रा० लक्खाघर] लाख का घर। लाक्षागृह। उ०—जैसे लखाघर साहुग कीन्हा।—जायसी (शब्द०)।

लखाना[1]—क्रि० स० [हिं० लखना] दिखाना। उ०—जिन मेरे हित पठए प्राना। तिन लखाए फल आजु भला।—लल्लू (शब्द०)।

लखाना[2]—क्रि० स० [हिं० लाख] लाख रुपए देकर किसी को अपने अधीन करना।

लखाव—संज्ञा पुं० [हिं० लखना] १ लखने की क्रिया या भाव। २ लक्षण। चिह्न। पहचान।

लखिमी—संज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी] दे० 'लक्ष्मी'।

लखुआ[1]†—सज्ञा पु० [स० लाक्षा (=लाख)+हिं० उआ (प्रत्य०)] १ लाखा या लाही नामक रोग जो गेहूँ के पौधो मे लगता है। २ लाल मुँहवाला बदर।

लखुआ[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लखना+उआ (प्रत्य०) दे० लखिया'।

लखुवा—सज्ञा पुं० (स० लाक्षा+हिं उवा (प्रत्य०)] दे० 'लखुआ'।

लखेदना(पु)†—क्रि० स० (सं० लक्ष्य=प्रा० लक्ख, हिं० लख+ऐदना<सं० भेदन अथवा हिं० खेदना या रगेदना] खदडना। भगाना। खेदना। स्थानच्युत करना वा हटा देना।

लखेरा—सज्ञा पु० [हिं० लाख+एरा (प्रत्य०) १, वह जो लाख की चूडी आदि बनाता हो। २ हिंदुओ मे एक जाति जो लाख की चूडियाँ आदि बनाती है।

लखोट, लखोट—सज्ञा पुं० [हिं० लकुट] दे० 'लकुट' (फल)।

लखोट†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाख+ओट (प्रत्य०)] लाख की चूडी आदि जो स्त्रियाँ हाथो मे पहनती हैं। उ०—हाथन लखौट पाइ चूरा पचमणी गरे, गोरी की जुगुल जानु कोरी मनो केरा की। —देव (शब्द०)।

लखौटा[1]—सज्ञा पु० [हिं० लाख+औटा (प्रत्य०)] १ चदन, केसर आदि से बना हुआ अगराग वा अबर राग। उ०—दरशन तो मुख को भयो सुमुखो मोंहि रसाल। बिना लखौटा हू लगे अधर ओठ अति लाल।—लक्ष्मण (शब्द०)। २ एक प्रकार का छोटा डिब्बा जो प्राय पीतल का बनता है और जिसमे स्त्रियाँ प्राय सिंदूर आदि सौभाग्य के द्रव्य रखती हैं। इसके ढकने मे प्राय शीशा भी लगा होता है।

लखौटा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लेख+औटा (प्रत्य०)] लिखावट।

लखौटा(पु)†[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाख+औटा (प्रत्य०)] लाख की चूडी। लखौट।

लखौटा[4]—वि० [हिं० लखना (=देखना)+औटा (प्रत्य०)] परिचायक। लखानेवाला। सूचित करनेवाला। उ०—जसे समुद्र मे नाव पर सबके आगे मार्ग दिखलानेवाला माँझी रहता है, वैसे ही तेरे हाथ मे यह लखौटा है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २०१।

लखौरी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० लाक्षा, हिं० लाखा+औरी (प्रत्य०) (तु० आवृत्ति)] १ एक प्रकार की भ्रमरी का घर जो वह मिट्टी से घरो के कोनो मे बनाती है। भृगी का घर। २ भारत की एक प्रकार की छोटा पतली ईंट जो प्राय पुराने मकानो मे पाई जाती है और जिसका व्यवहार अब कम होता जा रहा है। नातेरही ईंट। ककैया ईंट। लखौरिया ईंट।

लखौरी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० लक्ष, हिं० लाख (सख्या)] किसी देवता को उसके प्रिय वृक्ष की एक लाख पत्तियाँ या फल आदि चढाना। जैसे,—शिव जी को बेलपत्र की या लक्ष्मीनारायण को तुलसी की लखौरी चढ़ाना।

क्रि० प्र०—चढाना।—जलाना या बालना=लाख बत्तियो की आरती करना।

लख्त—सज्ञा पु० [फा० लख्त] टुकडा। खड। अश। उ०—कि चश्मे खूँ चकाँ मे लख्ते दिल पैहम निकलते हैं।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ८४८।

यौ०—लख्ते जिगर=हृदय का टुकडा। पुत्र वा अत्यत प्रिय व्यक्ति।

लगत—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना+अत (प्रत्य०)] १ लगन होने की क्रिया या भाव। उ०—आलम मे जब बहार की आकर खिलत है। दिल की नई लगन को मजे की लगत है।—नजीर (शब्द०)। २ लगन या स्त्रीप्रसग करने की क्रिया या भाव।

लग[1]—क्रि० वि० [हिं० ला] १ तक। पर्यत। ताई। उ०—एक मुहूरत लग कर जोरा। नयन मूँदि श्रीपति हि निहोरी।—रघुराज (शब्द०)। २ निकट। समीप। नजदीक। पास। उ०—यहि भाति दिगीश चले सग मे। इस सार सुन्या अति ही लग मे।—गुमान (शब्द०)।

लग[2]—सज्ञा स्त्री० [स० लिग्] लगन। लाग। प्रेम। उ०—झाँकति है का झरोखा लगी लग लागिवे की इहाँ खेल नही फिर। —पद्माकर (शब्द०)।

लग[3]—अव्य० १ वास्ते। लिये। उ०—भृगुपति जीति परसु तुम पायो। ता लग हौं लकेश पठायो।—हृदयराम (शब्द०)। २ साथ। सग। उ—लगलगा बातनि अलग लग लगी आवै लोगनि की लग ज्यो लुगाइन की लाग री।—देव (शब्द०)।

लगड—वि० [स०] खूबसूरत। सुदर [को०]।

लगढग—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'लगभग'।

लगण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रोग जिसमे पलक पर एक छोटी, चिकनी, कडी गाँठ हो जाती है। इस गाँठ मे न तो पीडा होती है और न यह पकती है।

लगदी—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह बिछौना जिसे बच्चेवाली स्त्रियाँ बच्चो के नीचे इसलिये बिछाकर उन्हे अपने पास सुलाती हैं कि जिसमे उनके मलमूत्र से और बिछौने खराब न होने पावें। कथरी। पोतडा।

लगन[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना] १ किसी ओर ध्यान लगने की क्रिया। प्रवृत्ति का किसी एक ओर लगना। लौ। जैसे,—आज कल तो आपको बस कलकत्ते जाने की लगन लगी है।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

२ प्रेम। स्नेह। मुहब्बत। प्यार।

क्रि० प्र० लगना।—लगाना।

३ लगने की क्रिया या भाव। लगाव। सबध।

लगन[2]—सज्ञा पु० [सं० लग्न] १ विवाह के लिये स्थिर किया हुआ कोई शुभ मुहूर्त। व्याह का मुहूर्त या साइत। २ वे दिन जिनमे विवाह आदि होते हो। सहालग। ३ दे० 'लग्न'।

मुहा०—लगन धरना=विवाह की तिथि निश्चित करना।

लगन[3]—सज्ञा पुं० [फा०] १ ताँबे, पीतल आदि की थाली जिसमे रखकर गोमवत्ती जलाई जाती है। २ कोई बडी थाली जिसमे आटा गूँधते या मिठाई आदि रखते हैं। ३ मुसलमानो की एक रीति जिसमे विवाह से पहले थालियो मे मिठाइयाँ आदि भरकर वर के लिये भेजी जाती हैं।

लगन(पु)† —संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का मृग। दे० 'लगना'।

लगनपत्री— संज्ञा स्त्री० [सं० लग्नपत्रिका] विवाहसमय के निर्णय की चिट्ठी जो कन्या का पिता वर के पिता को भेजता है।

लगनवट(पु)†[१]—संज्ञा स्त्री० [हि० लगन + वट (प्रत्य०)] १ लगन। प्रेम। मुहब्बत। उ०—पाही खेता लगनवट ऋन कुन्याज मग खेत। वैर बडे सो आपन किए पाच दुख हेत।—तुलसी (शब्द०)।

लगनवट[२]†—संज्ञा पुं० दे० 'लगनहट'।

लगनहट†—संज्ञा पुं० [हि० लगन + हट (प्रत्य०)] लग्न का समय। वह समय जब विवाह शादियाँ होती हैं। लगनवट।

लगना[१]—क्रि० अ० [स० लग्न] १ दो पदार्थों का तल आपस मे मिलना। एक चीज की सतह पर दूसरी चीज की सतह का होना। सटना। जैसे,—टेबुल पर कपडा लगना, तसवीर पर शीशा लगना, दीवार पर इश्तहार लगना। उ०- मिट्टी मे सनी हुई बदहवास एक पत्थर से लगी हुई थी।—देवकीनदन (शब्द०)। २ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ मे सलग्न होना। मिलना। जुडना। जैसे,—तसवीर मे चौखटा लगना, अलमारी मे शीशा लगना, किसी के गले लगना। उ०—लागति ह जाय कठ नाग दिगपालन के मेरे जान सोई धृत कीरति तिहारी है।—केशव (शब्द०)। ३ किसी पदार्थ के तल पर पडना। जैसे,—पैर मे कीचड लगना, कपडे मे मिट्टी लगना, कागज मे दाग लगना। ४ एक चीज का दूसरी चीज पर सीना, जडा, टाँका या चिपकाया जाना। जैसे,—चादर मे बेल लगना, धोती मे फीता लगना, कोट मे बटन लगना। उ०—(क) जटित जराय की जजीर बीच नीलमणि लागि रहे लोगनि के नैन मानो मनहर।—केशव (शब्द०)। (ख) सिर पर फौलादी टोपी जिसमे एक हुमा के पर की लाबी कलगी लगी हुई थी।—देवकीनदन (शब्द०)। ५ सम्मिलित होना। शामिल होना। मिलना। जैसे,—पुस्तक मे परिशिष्ट लगना, रजिस्टर मे पन्ने लगना। ६ उत्पन्न होना। जमना। उगना। जैसे,—(क) यह गुलाब इस जमीन मे न लगेगा। (ख) इस पेड मे खूब आम लग है। ७ छोर या प्रांत आदि पर पहुचकर टिकना या रुकना। ठिकाने पर पहुँचना। जैसे,—किनारे पर नाव लगना, दरवाजे पर गाडी या बरात लगना। ८ क्रम से रखा या सजाया जाना। सिलसिले से रखा जाना। जैसे,—अलमारी मे किताबें लगना, दूकान पर माल लगना, बरात लगना, हाट लगना, नुमाइश लगना। ९ व्यय होना। खर्च होना। जैसे,—(क) ब्याह मे दस हजार रुपए लगे। (ख) उसे दौडने दो, तुम्हारा क्या लगता है। १० जान पडना। मालूम होना। अनुभव होना। जैसे,—डर लगना, मोह लगना, पेशाब लगना, अच्छा लगना, बुरा लगना, जाडा लगना, गरमी लगना। उ०—चक्रवाता के विरह मे मोरो की आवाज तीर सी लगती है।—देवकीनदन (शब्द०)। ११. स्थापित होना। कायम होना। जैसे,—मकान मे कल लगना, छत के नीचे खभा लगना। १२ सबध या रिश्ते मे कुछ होना। जैसे,—वह हमारा भाई लगता है। उ०—दशरथ आपके कौन लगते है और आप दशरथ के कौन लगते हो।—वाल्मीकीय रामायण (शब्द०)। १३ आघात पडना। चोट पहुँचना।—जैसे,—लाठी लगना, थप्पड लगना, तलवार लगना। उ०—धौल का लगना था कि वह पत्थर का आदमी उठ बैठा।—देवकीनदन (शब्द०)। १४ टक्कर खाना। टकराना। जैसे,—जरा सा ढकेलते ही उसका सिर दीवार से जा लगा। १५. किसी चीज के ऊपर लेप किया जाना। पोता जाना। मला जाना। जैसे,—लकडी पर वार्निश लगना, फोडे पर दवा लगना, पान पर कत्था लगना, सिर मे तेल लगना। १६ किसी पदार्थ का किसी प्रकार की जलन या चुनचुनाहट आदि उत्पन्न करना। जैसे,—(क) यह सूरन बहुत लगता है। (ख) यह दवा पहले तो कुछ लगेगी, पर फिर ठढक डाल देगी। १७ खाद्य पदार्थ का (पकने के समय जल आदि के अभाव या आँच की अधिकता के कारण) बरतन के तल मे जम जाना। जैसे,—खचडी मे पानी छोडो, नही तो लग जायगी। १८ किसी प्रकार की प्रवृत्ति आदि का आरभ होना। जैसे,—चाट लगना, चसका लगना। १९. आरभ होना। शुरू होना। जैसे,—(क) अब तो ग्रहण लग गया है। (ख) कल से चैत लगेगा। (ग) उनकी नौकरी लग गई है। २० उपयोग मे आना। काम में आना। जैसे,—(क) जितना मसाला आया था, वह सब एक ही मकान मे लग गया। (ख) तुम्हारी चारो साडियाँ लग गई। २१ काम के लिये आवश्यक होना। जरूरी होना। जैसे,—(क) इस महीने मे हमे चार गाडी भूसा लगेगा। (ख) अब तो उन्हे भी चश्मा लगता है। (ग) रजिस्टरी मे दो आने का टिकट लगता है। (घ) तुम्हे जो जो चीजें लगें, सब मुझसे माँग लेना। २२. जारी होना। चलना। जैसे,—(क) आजकल दोनो मे खूब लडाई लगी है। (ख) अब तो तुम्हारा ही काम लगा है, दो चार दिन मे पूरा हो जायगा। (ग) दो चार दिन मे काम लगेगा। २३ एक चीज का दूसरी चीज के साथ रगड खाना। जैसे,—चलने मे घोडे के पैर लगना, गाडी का पहिया लगना। २४ सडना। गलना। जैसे,—(क) यह आम लग गया है। (ख) इस बैल का कधा लग गया है। २५ किसी ऐसे कार्य का आरभ होना जिसमे बहुत से लोगो के एकत्र होने की आवश्यकता हो। जैसे,—महफिल लगना, मेला लगना। २६. प्रभाव पडना। असर होना। जैसे,—(क) परदेस मे हमे पानी बहुत जल्दी लगता है। (ख) कडाही मे आँच लग रही है। (ग) तुम्हें डाक्टरी दवा नही लगती। (घ) तुम्हे उसी का शाप लगा है। (च) सुरती बहुत तेज थी, लग गई है।

मुहा०—लगती बात कहना = ऐसी पते की बात कहना कि सुननेवाला मन मसोसकर रह जाय। मर्मभेदी बात कहना। चुटकी लेना।

२७ दातव्य नियत होना। देना। निश्चित होना। जैसे,—टैक्स लगना, ब्याज लगना, किराया लगना। २८. आरोप होना। जैसे,—दफा लगना, हत्या लगना, पाप लगना। २९. प्रज्वलित होना। जलना। जैसे,—

आग लगना, दीया लगना। उ०—औचक ही कर माँझ साँझ ही अगिनि लगी बडो अनुरागी रहि गई सोऊ डारिए।—प्रियादास (शब्द०)। ३० काम मे आने योग्य होना। ठीक बैठना। उपयुक्त होना। जैसे,—यह ताली इस ताले मे लग जाती है। ३१ हिसाब होना। गणित होना। जैसे,—पुरजा लगना, जोड लगना। ३२ पीछे पीछे चलना। साथ होना। शामिल होना। जैस,—(क) बाजार म पहुँचते ही दलाल लगते है। (ख) तुम्हार साथ भी सदा एक न एक आदमी लगा रहता है। उ०—लगे वाके पाछे काछे काछ की न सुधि कछू गई घर आछे रहे द्वार तनु छीजिए।—प्रियादास (शब्द०)।

मुहा०—लग चलना = किसी के साथ या पीछे हो लेना। जैसे—जहाँ तुमने कोई मालदार असामी देखा, वहा तुम उसके पीछे लग चले।

३३ सबद्ध होना। चिमटना। जैसे,—रोग लगना। ३४ किसी कार्य मे प्रवृत्त या तत्पर होना। जैसे,—(क) तुम्हे इन सब झगडो से क्या मतलब, तुम अपने काम मे लगो। (ख) वह सबेरे से लिखने मे लगा है। ३५ स्पर्श करना। छूना। उ०—कृपा करी निज धाम पठायो अपना रूप दिखाय। वाके आश्रम जोऊ बसत ह माया लगत न ताय।—सूर (शब्द०)। ३६ गौ, भैस, बकरी आदि दूध देनेवाले पशुओ का दूहा जाना। जैसे,—यह भैस दिन मे तीन बार लगती है। ३७ गडना। चुभना। धसना। उ०—इट कांटे मा पाय लगि लीन्ही मरति जिवाय। प्रीति जनावति भीति सो मीत जु काढ्या आय।—बिहारी (शब्द०)। ३८ बदले मे जाना। मुजरा होना। जसे,—उनके दोना मकान कर्ज मे लग गए। ३९ समीप पहुचना। पास जाना। छूना। जैसे,—पैरो लगना। उ०—(क) उठहि तुरग लेहि नहि बागा। जाना उलट गगन कहँ लागा।—जायसी (शब्द०)। (ख) बतचोरन चितचार मैं ब्यौरो इतनो आइ। इन्ह पाय कै मारिए, उनके लागयै पाय।—(शब्द०)। ४० छेडखानी करना। छेडछाड करना। जैस,—ऐसे आदमियो से मत लगा करो। उ०—औरन सो कोर रहे अचगरा मोसो लगत कन्हाई।—सूर (शब्द०)। ४१ बद होना। मुंदना। जैसे, किवाड लगना। उ०—अर्जुन के मादर पगु धारा। देखे लगे कपाट दुआरा।—सबल (शब्द०)। ४२. जुए का बाजी पर रखा जाना। दाँव पर रखा जाना। बदना। जैसे,—(क) पाँच रुपए इस दाँव पर लगे ह। (ख) अच्छा, इसी बात पर शर्त लगी। ४३ अकित होना। चिह्नित होना। जसे,—तिलक लगना, निशान लगना, मोहर लगना, ठप्पा लगना। ४४. धारदार चीज को धार का तेज किया जाना। जैस,—उस्तरा लगना, कैंची लगना। ४५ घात मे रहना। ताक मे रहना। जैसे,—(क) उस रास्ते मे सध्या के बाद डाकू लगते हैं। (ख) इस जगल मे शेर लगते हैं। ४६. किसी स्थान पर एकत्र होना। जैसे,—(क) इस घाट पर मछलियाँ लगती ह। (ख) बाग मे मच्छड़ लगते हैं। ४७ दाम आँका जाना। जैसे,—बाजार मे घडी का दाम २०) लगा है। ४८ किसी चीज का, विशेषत खाने की चीज का, अन्यस्त होना। परचना। सधना। जैसे,—लडका रोटी पर लग गया है। ४९ अपने नियत स्थान या कार्य आदि पर पहुँचना। जैसे,—पारसल लगना, रजिस्टरी लगना। ५० फैलना। बिछना। जैसे,—बिछौना लगना, जाल लगना। ५१ सभोग करना। मैथुन करना। स्त्रीप्रसग करना। (बाजारू)। ५२ होना। जैसे,—(क) अभी हमे यहाँ दर लगेगी। (ख) यहाँ से हट जाओ, नहीं तो तुम्हारा ही नाम लगेगा। (ग) यह गाव यहा से चार कोस लगता है। (घ) अबकी अमावस को ग्रहण लगेगा। (च) यहाँ तो किताबो का ढेर लगा है। ५३ जहाज का छिछले पानी मे अथवा किनारे की जमीन पर चढ जाना। (लश०)। ५४ एक जहाज का दूसरे जहाज के सामने या बराबर आना। (लश०)। ५५ पाल का खीचकर चढाया जाना (लश०)।

विशेष—(क) भिन्न भिन्न शब्दो के साथ यह क्रिया लगकर भिन्न भिन्न अर्थ देती है। जैसे,—नींद लगना, दाँत लगना, बात लगना, समाधि लगना, नैवेद्य लगना, आदि। इस प्रकार के बहुत से अर्थो मे से अधिकाश को गणना मुहावरो मे होनी चाहिए। (ख) इस क्रिया के अलग अलग अर्थो मे जाना, पडना आदि अलग अलग सयोजक क्रियाएँ लगती हैं।

लगना[२] सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जगली मृग। उ०—हरिन रोझ लगना बन बसे। चीतर गोइन झाख औ ससे।—जायसी (शब्द०)।

लगनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० लग्न, हिं० लगन] दे० 'लगन'। उ०—नैन लगे तिहि लागि सो छुटे न छूटै प्रान। काम न आवत एकहू तेरे मो कि सयान।—बिहारी (शब्द०)।

लगनियाँ—सज्ञा पुं० [सं० लग्न, हिं० लगन+इया (प्रत्य०)] १. एक प्रकार का गीत। लग्न या विवाह के अवसर पर गाया जानेवाला गीत। उ०—दास कबीर यह गवल लगनियाँ हो। कबीर० श०, भा० ४, पृ० १९। २ विवाह का लग्न लेकर जानेवाला व्यक्ति।

लगनी—सज्ञा स्त्री० [फा० लगन (=थाली)] १ छोटी थाली। रिकाबी। २ पानदान मे की वह तश्तरी जिसमे पान रखे जाते हैं। ३ परात।

लगनीय—वि० [स०] लगने योग्य। जो सलग्न या सयोजित हो सके [को०]।

लगभग—क्रि० वि० [हिं० लग (=पास)+अनु० भग] प्राय करीब करीब। जैसे,—(क) वहाँ लगभग सौ आदमी उपस्थित थे। (ख) इस काम मे लगभग एक महीना लगेगा।

लगमात—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना+स० मात्रा] स्वरो के वे चिह्न जो उच्चारण के लिये व्यजनो मे जोडे जाते हैं। स्वरो के चिह्न। जैसे,—ए का े, ओ का ो। उ०—ना लगमात न

न माथे त्रिदी अरुण पीत नहिं काला। ऐंडा बेंडा टेढा नाही ना वह आत जंजाला।—चरण० बानी, पृ० ३८४।

लगर(पु)†—सज्ञा पुं० [देश०] चील की तरह का एक शिकारी पक्षी। लग्घड। उ०—(क) नैन लगर घूँघुट खुलहि पवन खोल जब लेत। नेही मन किरवान कन कपट सतूना देत।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) जुर्रा बाज बाँमे कुही बहरी लगर लोने टोने जरकटी त्यो सचान सानबारे हैं।—(शब्द०)।

लगलग—वि० [अ० लक्लक] बहुत दुबला पतला। अति सुकुमार। उ०—अँखियाँ अधर चूमि, हाहा छाँडो कहै भूमि, छतियाँ सो लगी लगलगी सी हलकि कै।—दव (शब्द०)

लगव(पु)†—वि० [अ० लगो] १ झूठ। मिथ्या। असत्य। २. व्यर्थ। बेकार। निष्प्रयोजन।

लगवाना—क्रि० स० [हिं० लगाना का प्रेर० रूप] लगाने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को लगाने मे प्रवृत्त करना। उ०—प्रथम खबरि लगवाइ कै कूवर दीन्ह सुधारि।—विश्राम (शब्द०)।

लगवावना(पु)‡—क्रि० स० [हिं० लगाना] दे० 'लगवाना'। उ०—तहाँ एक दिन नद कन्हाई। गए खरिक लगवावन गाई।—विश्राम (शब्द०)।

लगवार†—सज्ञा पुं० [हिं० लगना (=प्रसग करना)+वार (प्रत्य०)] स्त्री का उपपति। यार। आशना। उ०—साँझ सकार दिया लै बारे। खसम छोडि सुमिरै लगवारै।—कबीर (शब्द०)।

लगवियत—सज्ञा स्त्री० [अ० लग्वियत] १ बदमाशी। बेहूदगी। लुच्चई। २. व्यर्थता। निरर्थकता (को०)।

लगहर†'—सज्ञा पुं० [हिं० लाग+हर (प्रत्य०)] वह काँटा या तराजू जिसमे पासँग हो।

लगहर†'—वि० [हिं० लगना+हर (प्रत्य०)] वि० लगनेवाली। दूध आदि देनेवाली। २ सडा गला हुआ फल या सब्जी।

लगाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगाना] १. सबध। लगाव। सगाई। २ चुगली। आरोप।

यौ०—लगाई बझाई=(१) झूठी सच्ची लगाना। इधर की बात उधर करना। (२) किसी से लगने या अवैध सबध करनेवाली स्त्री।

लगाऊ‡—वि० [हिं० लगाना+ऊ (प्रत्य०)] इधर की बात उधर करनेवाला। चुगलखोर।

लगातार—क्रि० वि० [हिं० लगाना+तार (=सिलसिला)] एक के बाद एक। सिलसिलेवार। बराबर। निरतर। सतत। जैसे,—(क) आज चार दिन से लगातार पानी बरस रहा है। (ख) वह लगातार दो घटे तक व्याख्यान देता रहा।

लगान—सज्ञा पुं० [हिं० लगना या लगाना] १. लगने या लगाने की क्रिया या भाव। २ किसी मकान के ऊपरी भाग मे मिला हुआ कोई ऐसा स्थान जहाँ से कोई वहाँ आ जा सकता हो। ताग। जैसे,—इस मकान मे दोनो तरफ से लगान है। ३ वह स्थान जहाँ पर मजदूर आदि सुस्ताने के लिये अपने सिर का बोझ उतारकर रखते हैं। ४. वह स्थान जहाँ पर नावें आकर ठहरा करती हैं। ५ वह स्थान जहाँ जगल मे रात को पशु आते हैं। शिकारी लोगो के छिपकर बैठने का वह स्थान जहाँ से शिकार किया जाता है। ६ भूमि पर लगनेवाला वह कर जो खेतिहरो की ओर से जमीदार या सरकार को मिलता है। राजस्व। भूकर। जमाबदी। पोत।

यौ०—लगान मुकर्ररी=स्थायी भूकर। लगान वाकई=वास्तविक भूकर।

लगाना—क्रि० स० [हिं० लगना का सक० रूप] १ एक पदार्थ के तल के साथ दूसरे पदार्थ का तल मिलाना। सतह पर सतह रखना। सटाना। जैसे,—दीवार पर कागज लगाना, दफ्ती पर तसवीर लगाना, कपडे मे अस्तर लगाना, लिफाफे पर टिकट लगाना। २ दो पदार्थों को परस्पर सलग्न करना। मिलाना। जोडना। जैसे,—दराज मे मुठिया लगाना, चाकू मे दस्ता लगाना। ३ किसी पदार्थ के तल पर कोई चीज डालना, फेंकना, रगडना, चिपकाना या गिराना। जैसे,—चेहरे पर गुलाल लगाना, सिर मे तेल लगाना। उ०—दीन्ह लगाय चून निज पानी। तेहि फल भई अवध की रानी।—विश्राम (शब्द०)। ४ एक चीज पर दूसरी चीज सीना, टाँकना, चिपकाना या जोडना। जैसे,—टोपी मे कलगी लगाना, कोट मे बटन लगाना। ५ सम्मिलित करना। शामिल करना। साथ मे मिलाना। जैसे,—किताब मे जिल्द लगाना, मिसिल मे चिट्ठी लगाना, शब्द मे प्रत्यय लगाना। ६ वृक्ष आदि आरोपित करना। जमाना। उगाना। जैसे,—बाग मे पेड लगाना। ७. एक ओर या किसी उपयुक्त स्थान पर पहुँचाना। जैसे,—बदरगाह मे जहाज लगाना। ८ क्रम मे रखना या सजाना। कायदे या सिलसिले मे रखना। सजाना। चुनाना। जैसे,—दस्तरखान लगाना, कमरे में तसवीरें लगाना, गुच्छा लगाना, बाजार लगाना। ९ खर्च करना। व्यय करना। जैसे,—उन्होने हजारो रुपए लगाए, तब जाकर मकान मिला। उ०—बन निज रघुपति हेतु लगावै। राम भक्ति हिय मे उपजावै।—रघुराज (शब्द०)। १ अनुभव कराना। मालूम कराना। जैसे,—यह दवा तुम्हे बहुत भूख लगावेगी। ११ स्थापित करना। कायम करना। जैसे,—उन्होने अपने यहा बिजली का इजन लगा रखा है। १२ आघात करना। चोट पहुँचाना। जैसे, थप्पड लगाना, मुक्का लगाना। १३ लेप करना। पोतना। मलना। जैसे,—जूते पर स्याही लगाना। १४ किसी मे कोई नई प्रवृत्ति आदि उत्पन्न करना। जैसे,—आपने ही तो उन्हे सिगरेट का चसका लगाया है। १५. उपयोग मे लाना। काम मे लाना। जैसे,—झगडा लगाना, नौकरी लगाना। १६ सडाना। गलाना। जैसे,—(क) तुमने लापरवाही से सब पान लगा दिए। (ख) सारी जीन कमर बनते तुमने घोडे की पीठ लगा दी। १७ ऐसा कार्य करना जिसमे बहुत से लोग एकत्र या सम्मिलित हो। जैसे,—तुम तो जहाँ जाते हो, मेला लगा देते हो। १८ दातव्य निश्चित करना। यह तै करना कि इतना शुल्क दिया जाय। जैसे,—कर लगाना। १९ आरोपित करना। अभियोग लगाना। जैसे,—जुर्म लगाना।

मुहा०—किसी को लगाकर कुछ कहना या गाली देना = बीच में किसी का सबध स्थापित करके किसी प्रकार का आरोप करना। २० प्रज्वलित करना। जलाना। जैसे,—कडाही के नीचे आँच लगा दो। उ०—मेरा प्रभु करौ नेक रहौं पाँव धरौ जाइ कहो तुम वठा कही आग सी लगाई है।—प्रियादास (शब्द०)। २१ ठीक स्थान पर बैठाना। जडना। जैसे,—घडी में सूई लगाना, चौखटे मे शीशा लगाना। २२ गणित करना। हिसाब करना। जैसे,—ब्याज लगाना, जोड लगाना। २३ किसी के पीछे या साथ नियुक्त करना। शामिल करना। जैसे,—तुम भी उनके पीछे अपना दूत लगा दो। २४ किसी प्रकार साथ मे सबद्ध करना। जैसे,—तुमने यह अच्छी बला मेरे पीछे लगा दी। २५ किसी के मन मे दूसरे के प्रति दुर्भाव उत्पन्न करना। कान भरना। चुगली खाना। जैसे,—(क) किसी ने उन्हें मेरी तरफ से कुछ लगा दिया है। (ख) तुम तो यों ही इधर की उधर लगाया करते हो।

यौ०—लगाना बुझाना = लडाई झगडा कराना। दो आदमियो मे वैमनस्य उत्पन्न करना।

२६ अपने साथ या पीछे ले चलना। जैसे,—वह बहुतो को अपने साथ लगाए फिरता है। २७ किसी कार्य मे प्रवृत्त या तत्पर करना। नियुक्त करना। जैसे,—(क) लडके को किसी रोजगार मे लगा दो। (ख) जो काम किया करो, वह मन लगाकर किया करो। उ०—जिनको चारिहु द्वारन प्रथम लगायो राम।—रघुराज (शब्द०)। २८ गौ, भैंस, बकरी आदि दूध देनेवाले पशुओ को दूहना। जैसे,—वह गौ लगाने गया है। २९ गाडना। धँसाना। ठोकना। जडना। जैसे,—दीवार मे कील लगाना। ३० समीप पहुँचाना। पास ले जाना। सटाना। जैसे—वह दरवाजे के पास कान लगाकर सुनने लगा। ३१ स्पर्श कराना। छुआना। जैसे,—उसने तुरत गिलास उठाकर मुँह मे लगाया। ३२ बद करना। जैसे,—दरवाजा लगाना, कुरते की घुडी लगाना, ताला लगाना। ३३ जूए की बाजी पर रखना। दाँव पर रखना। जैसे,—(क) उसने अपके पास के सब रुपए दाँव पर लगा दिए। (ख) मैं तुमसे बाजी नही लगाता। उ०—देश कोश नृप सकल लगाई। जीति लेइ सब रहि नहिं जाई।—सबल (शब्द०)। ३४ किसी विषय मे अपने आपको बहुत दक्ष या श्रेष्ठ समझना। किसी बात का अभिमान करना। जैसे,—वह गाने मे अपने आपको बहुत लगाता है। ३५ अग पर पहनना, ओढना या रखना। धारण करना। जैसे,—चश्मा लगाना, छाता लगाना। ३६ बदले में लेना। मुजरा करना। जैसे,—यह अँगूठी तो हमने अपने लहने मे लगा ली। ३७ अकित करना। चिह्नित करना। जैसे,—तिलक लगाना, निशान लगाना, मोहर लगाना। ३८ धारदार चीज की धार तेज करना। सान पर चढाना। जैसे,—खुरपा लगाना, कैंची लगाना। ३९ खरीदने के समय चीज का मूल्य कहना। दाम आँकना। जैसे,—मैंने उनके मकान का दाम ५,०००) लगा दिया है। ४० किसी चीज का, विशेषत. खाने की चीज का अभ्यस्त करना। परचाना, साधना। जैसे,—लडके को दाल रोटी पर लगा लो, दूध कहाँ तक दिया करोगे। ४१ नियत स्थान या कार्य पर पहुँचाना। जैसे, पारसल लगाना, मनीआर्डर लगाना। ४२ फैलाना। बिछाना। जैसे,—बिछौना लगाना, जाल लगाना। ४३ सभोग करना। मैथुन करना। प्रसग करना। (बाजारू)। ४४ करना। जैसे,—(क) आपने वहाँ बहुत दिन लगा दिए। (ख) यहाँ कपडो का ढेर मत लगाना। उ०—अब जनि देर लगावहु स्वामी। देखि प्रीति बोले ऋषि ज्ञानी।—विश्राम (शब्द०)। ४५ जहाज को छिछला या किनारे की जमीन पर चढाना। (लश०)। ४६ एक जहाज को दूसरे जहाज के सामने या बराबर ले जाना। (लश०)। ४७ पाल खींचकर चढ़ाना। (लश०)।

विशेष—(क) भिन्न भिन्न शब्दो के साथ इस क्रिया के भिन्न भिन्न अर्थ होते हैं। जैसे,—दाँत लगाना, समाधि लगाना, कान लगाना, दम लगाना आदि। इस प्रकार के बहुत से अर्थों में से अधिकाश की गणना मुहावरो में होनी चाहिए। (ख) इस क्रिया के अलग अलग अर्थो मे छोडना, डालना, देना, रखना आदि अलग अलग संयोजक क्रियाएँ लगती हैं।

लगाम—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ लोहे का वह काटेदार ढाँचा जो घोडे के मुँह के अदर रखा जाता है और जिसके दोनो ओर रस्सा या चमडे का तस्मा आदि बँधा रहता है। दताली। कविका।

क्रि० प्र०—उतारना।—चढाना।—लगाना।

मुहा०—लगाम चढाना या देना = (१) किसी को कोई कार्य करने से, विशेषत बोलने से रोकना। (२) लँगोट कसना। (बाजारू)।

२. इस ढाँचे के दोनो ओर बँधा हुआ रस्सा या चमडे का तस्मा जो सवार या हाँकनेवाले के हाथ मे रहता है। सवार या हाँकनेवाला इसी रस्से या तस्मे की सहायता से घोडे का चलाता, रोकता, इधर उधर मोडता और अपने वश मे रखता है। रास। बाग।

मुहा०—लगाम लिए फिरना = किसी को पकडने, बाँधने या वश मे करने के लिये उसका पीछा करना। बराबर ढूढते फिरना।

लगामीⓊ—सज्ञा स्त्री० [फा० लगाम] लगाम। रास। उ०—हाथि लगामी ताजिणी, पारकइ सेवइ राजदुवार —बी० रासो, पृ० ६९।

लगायⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगाव] प्रेम सबध। लगन।

लगायत—प्रव्य० [अ० लगायत] १ लेकर। शुरू कर। २ अत तक।

लगारⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना + आर (प्रत्य०)] १ नियमित रूप से कोई काम करने या कोई चीज देने की क्रिया या भाव। बधी। बनज। २ लगने की क्रिया या भाव। लगाव। सबध। उ०—बार बार फन घात कैं विष ज्वाला की झार। सहसौ फन फन फूँकरै नैक न तनहि लगार।—सूर (शब्द०)। ३ तार। क्रम। सिलसिला। उ०—सात दिवस नहिं मिटी लगार। बरष्यो सलिल अखडित धार।—सूर० (शब्द०)। ४ लगन। प्रीति। लगावट। मुहब्बत। उ०—चकोर भरोसे चद के ताता

गिलै अँगार। कहै कबीर छोटै नहीं ऐसी वस्तु लगार।—(शब्द०)। ५ वह जो किसी की ओर से भेद लेने के लिये भेजा गया हो। वह जो किसी के मन की बात जानने के लिये किसी की ओर से गया हो। उ०—और सखी एक श्याम पठाई। हरि को विरह देखि भइ व्याकुल मान मनावन आई। बैठी आइ चतुरई काछे वह कछु नहीं लगार। देखति हौ कछु और दसा तुम बूझति बारबार।—सूर० (शब्द०)। ६. वह जिससे घनिष्ठता का व्यवहार हो। मेली। सबधी। ७ रास्ते के बीच का वह स्थान जहाँ से जुआरी लोग जूआ खेलने के स्थान तक पहुँचाए जाते हैं। टिकान।

विशेष—प्राय जूआ किसी गुप्त स्थान पर होता है, जिसके कहीं पास ही सकेत का एक और स्थान नियत होता है। जब कोई जुआरी वहाँ पहुँचता है, तब या तो उसे जुए के स्थान का पता बतला दिया जाता है और या उसे वहाँ पहुँचाने के लिये कोई आदमी उसके साथ कर दिया जाता है। इसी सकेत स्थान को, जहाँ से जुआरी जूआ खेलने के स्थान पर भेजे जाते हैं, जुआरी लोग 'लगार' कहते हैं।

८ वह जो पास या निकट हो। समीप की वस्तु। लगी या सटी हुई चीज। उ०—दरिया सब जग आँधरा, सूझै नहीं लगार।—दरिया० बानी, पृ० ३७।

लगालगी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना (लग का द्वित्वीकृत रूप)] १ लाग। लगन। प्रेम। स्नेह। प्रीति। उ०—(क) क्यों बसिए क्यो निबहिए नीति नेहपुर नाहिं। लगालगी लोचन करैं नाहक मन बँध जाहिं।—बिहारी (शब्द०)। (ख) लगालगी लोपी गली लगे लागलै लाल। गैल गोप गोपी लगे पालागो गोपाल।—केशव (शब्द०)। २ सबध। मेलजोल। ३ उलझाव। फँसाव। उलझन (को०)।

लगाव—सज्ञा पुं० [लगना+आव (प्रत्य०)] लगे होने का भाव। सबध। वास्ता। जैसे,—(क) इन दोनो मकानो मे कोई लगाव नहीं है। (ख) मैं ऐसे लोगो से कोई लगाव नहीं रखता।

लगावट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना+आवट (प्रत्य०)] १ सबध। वास्ता। लगाव। २. प्रेम। प्रीति। लगन। मुहब्बत। जैसे,—लगावट की बातें।

लगावन—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगाव] लगाव। सबध। वास्ता। उ०—हम हैं अफसर तुम हौ बावन। हमरी तुमरी कहाँ लगावन।—रामकृष्ण (शब्द०)। २ वह जिसके सहारे कुछ कुछ खाया जाय। जैसे,—दाल, शाक, चटनी, आचार, नमक, मिर्च आदि। ३ जलाने की लकडी, उपला आदि ईंधन।

लगावना—क्रि० स० [हिं० लगाव+ना (प्रत्य०)] दे० 'लगाना'। उ०—केती लाए फौज और क्या आवनी। सो सब लेउ बुलाइ न देर लगावनी।—सूदन (शब्द०)।

लगि—अव्य० [हिं०] दे० 'लग'।

लगि—सज्ञा स्त्री० [हिं० लग्गी] दे० 'लग्गी'। उ०—(क) लहलहाति तन तरुनई लखि लगि लौं लपि जाइ। लगै लाँक लोचन भरौ लोयन लेति लगाइ।—बिहारी (शब्द०)। (ख) नाम लगि व्याय लाभा ललित वचन कहि व्याय ज्यौं विषय विहँनि वर्फावौ।—तुलसी (शब्द०)।

लगित—वि० [स०] १ सलग्न। सयुक्त। सबधित। २ प्राप्त। आलब्ध। उपलब्ध। ३ प्रविष्ट। घुसा हुआ (को०)।

लगी—सज्ञा स्त्री० [स० लगुड] दे० 'लग्गी'। उ०—एहि विपचारइ सब बुधि ठगी। अउ भा काल हाथ लेइ लगी।—जायसी (शब्द०)।

लगी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना] १ प्रेम। मुहब्बत। आशनाई। उ०—हुजूर यह लगी बुरी होती है।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ३३२। २ ख्वाहिश। इच्छा। ३ भूख।

मुहा०—लगी बुझना = मन की भूख मिटना। इच्छा पूरी होना। लगी लिपटी कहना = पक्षपातपूर्ण बात कहना। लल्लो चप्पो कहना। उ०—जो लगाए कहे लगी लिपटी। वे कभी बन सके नहीं सच्चे।—चुभते०, पृ० १७।

लगु—अव्य० [हिं०] दे० 'लग'।

लगुड—सज्ञा पु० [स० लगुड] १. डडा। डडा। लाठी। २ प्राय. दो हाथ लबा लोहे का एक विशेष प्रकार का डडा जिसका व्यवहार प्राचीन काल मे पैदल सैनिक अस्त्रों के समान करते थे। ३ लाल कनेर।

यौ०—लगुडवशिका = छोटी जाति का और पतला एक प्रकार का बाँस। लगुडहस्त = छड़ीदार बरदार।

लगुडी—वि० [स० लगुडिन्] हाथ मे लगुड लिए हुए। लगुडहस्त। दडधारी।

लगुर—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लगुड' [को०]।

लगुल—सज्ञा पुं० [स० लाङ्गूल ?] शिश्न। (डिं०)।

लगुल—सज्ञा पु० [स०] दे० 'लगुड' [को०]।

लगुवा—वि० [हिं० लगना+उवा (प्रत्य०)] १. पीछे लगनेवाला। पीछे पीछे चलनेवाला। पिछलग्गू। २. प्रेम करनेवाला। प्रेमी। लगनवाला। उ०—पतवार माहन हाँरी को। लटुवा भयो फिरत दिन रजनी लगुवा गोरी भोरी को।—घनानद, पृ० ५१६।

लगूर—सज्ञा स्त्री० [स० लाङ्गूल] पूँछ। दुम। उ०—जरा लगूर सु राता उहाँ। निकसि जो भाग भएउ कपिमुहाँ।—जायसी (शब्द०)।

लगूल—सज्ञा स्त्री० [स० लाङ्गूल] पूँछ। दुम। उ०—हनुमान हाँक सुनि वरषि फूल। सुर बार बार बरनहिं लगूल।—तुलसी (शब्द०)।

लगे—अव्य० [हिं०] दे० 'लग'।

लगे लगे—सज्ञा पुं० [हिं० लगाना] बदर।

[illegible] के आने पर स्त्रियाँ और बच्चे 'लगे लगे' [illegible] हैं, और बदर का नाम लेना लोग ठीक नहीं [illegible] प्राय 'बदर' के अर्थ मे इस [illegible]

लगो—वि० [अ० लगो] निरर्थक। अर्थहीन। बेकार। असगत। बेतुका [को०]।

लगौंहाँ—वि० [हिं० लगना+औंहाँ (प्रत्य०)] जिसे लगन लगाने की कामना हो। लगने का आकाक्षी। रिझवार। उ०—(क) लगौंहीं चितवनि औरहि होति। दुरति न लाख दुराओ कोऊ प्रेम झलक की जोति।—हरिश्चद्र (शब्द०)। (ख) कत सकुचत निधरक फिरौ रतियौ खोरि तुम्हैं न। कहा करौ जो जाहिं ये लगें लगौंहैं नैन।—बिहारी (शब्द०)।

लग्गत†—सज्ञा स्त्री० दे० 'लागत'।

लग्गा[1]—सज्ञा पुं० [सं० लगुड] १ लबा बाँस। २. वृक्षो से फल आदि तोडने का वह लंबा बाँस जिसके आगे एक अकुसी लगी रहती है। लकसी। ३ वह लबा बाँस जिसके सहारे से छिछले पानी में नाव चलाते हैं। लग्गी। ४ घास या कीचड आदि हटाने का एक प्रकार का फरसा जिसमें दस्ते की जगह एक लबा बाँस लगा रहता है।

लग्गा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लगना] १ कार्य आरभ करना। काम मे हाथ लगाना। २ मुख्य खिलाडियो की रजामंदी पर अन्य दर्शको द्वारा जूए का दाँव लगाना जिनकी हार जीत मुख्य खिलाड़ी की हार जीत पर निर्भर करती है।

क्रि० प्र०—लगाना।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग केवल 'लगना' और 'लगाना' क्रियाओं के साथ ही होता है।

लग्गी—सज्ञा स्त्री० [सं० लगुड] लंबा बाँस। दे० 'लग्गा'।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

लग्गू†—वि० [हिं० लगना (=सभोग करना)] १ सभोग करनेवाला। २ उपपति। जार। यार। (बाजारू)।

यौ०—लग्गूबभगू=जो लगा बझा हो। पिछलग्गू।

लग्घड़—सज्ञा पुं० [देश०] १ (बडा) बाज। सचान। २ एक प्रकार का चीता जो सामान्य चीते से बडा होता है।

विशेष—इसे शिकार करना सिखाया जाता है। यह प्राय छह फुट लबा होता है। इसकी आँखो पर एक जजीर से पट्टियाँ बँधी रहती हैं। इसी को 'लकडबग्घा' भी कहते हैं।

लग्घा—सज्ञा पुं० [हिं० लग्गा] दे० 'लग्गा'।

लग्घी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लग्गी] दे० 'लग्गी'।

लग्न[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ ज्योतिष मे दिन का उतना अश, जितने मे किसी एक राशि का उदय रहता है।

विशेष—पृथ्वी दिन रात मे एक बार अपनी धुरी पर घूमती है, और इस बीच में वह एक बार मेष आदि बारह राशियो को पार करती है। जितने समय तक वह एक राशि मे रहती है, उतने समय तक उस राशि का लग्न कहलाता है। किसी राशि मे उसे कुछ कम समय लगता है और किसी मे अधिक। जैसे,—मीन राशि मे प्राय पौने चार दड, कन्या में प्राय साढ़े पाँच दड, और वृश्चिक में प्राय पौने छह दड। लग्न का विचार प्राय बालक की जन्मपत्री बनाने, किसी प्रकार का मुहूर्त निकालने अथवा प्रश्न का उत्तर देने में होता है।

२ ज्योतिष के अनुसार कोई शुभ कार्य करने का मुहूर्त। ३ विवाह का समय। उ०—एकहि लग्न सबहि कर पकरेउ, एक मुहूर्त दियाहे।—सूर (शब्द०)। ४ विवाह। शादी। ५ विवाह के दिन। सहालग। ६ वह जो राजाओं की स्तुति करता हो। बंदीजन। सूत। ७ मत्त द्विप। मस्त हाथी (को०)। ८ बारह की सख्या क्योंकि लग्न बारह होते हैं। ९ शिव। शुभ। भद्र (को०)।

लग्न[2]—वि० १ लगा हुआ। मिला हुआ। २ लज्जित। शर्मिंदा। ३ आसक्त।

लग्न[3]—सज्ञा पुं० [फा० लगन] दे० 'लगन'।

लग्न[4]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लगना] दे० 'लगन'।

लग्नककण—सज्ञा पुं० [सं० लग्नकङ्कण] वह ककण या मगलसूत्र जो विवाह के पूर्व वर और कन्या के हाथ मे बाँधा जाता है।

लग्नक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो जमानत करे। प्रतिभू। जामिन। २ एक राग जो हनुमत् के मत से मेघ राग का पुत्र माना जाता है।

लग्नकाल—सज्ञा पुं० [सं०] शुभ समय। शुभ घडी। कोई शुभ कार्य, विवाह, यज्ञ आदि करने के लिये निर्धारित शुभ समय।

लग्नकुडली—सज्ञा स्त्री० [सं० लग्नकुण्डली] फलित ज्योतिष में वह चक्र या कुडली जिससे यह पता चलता है कि किसी के जन्म के समय कौन कौन से ग्रह किस किस राशि में थे। जन्मकुडली।

लग्नग्रह—वि० [सं०] किसी बात पर दृढतापूर्वक अडनेवाला। आग्रही [को०]।

लग्नदड—सज्ञा पुं० [सं० लग्नदण्ड] गाने या बजाने के समय स्वर के मुख्य अश या श्रुतियो को आपस मे एक दूसरे से अलग न होने देना और सुंदरता से उनका सयोग करना। लाग डाँट। (सगीत)।

लग्नदिन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विवाह के लिये निश्चित दिन। २ किसी शुभ कार्य के करने के लिये चुना गया दिन।

लग्नदिवस—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लग्नदिन' [को०]।

लग्नपत्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह पत्रिका जिसमें विवाह और उससे सबध रखनेवाले दूसरे कृत्यो का लग्न स्थिर करके ब्योरेवार लिखा जाता है।

लग्नपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लग्नपत्र'।

लग्नमुहूर्त, लग्नवासर—सज्ञा पुं० [सं०] लग्नदिन। लग्नकाल। शुभ समय [को०]।

लग्नवेला—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लग्नकाल' [को०]।

लग्नसमय—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लग्नकाल' [को०]।

लग्नाचार्य—सज्ञा पु० [स०] ज्योतिषी। ज्योतिर्विद्।

लग्नायु—सज्ञा स्त्री० [स०] फलित ज्योतिष मे वह आयु जो लग्न के अनुसार स्थिर की जाती है।

लग्नाह—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'लग्नादिवस' [को०]।

लग्निका—सज्ञा स्त्री० [स० लग्निका का असाधु रूप] १ नगी औरत। वेहया स्त्री (को०)। २ कन्या जो अरजस्का हो। कम अवस्थावाली लडकी।

लग्नेश—सज्ञा पु० [स०] फलित ज्योतिष मे वह ग्रह जो लग्न का स्वामी हो।

लग्नोदय—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी लग्न के उदय होने का समय। २ लग्न के उदय होने का कार्य।

लग्वगो—वि० [अ० लग्व + फा० गो] १ मिथ्यावादी। २ वाचाल। वातूनी [को०]।

लग्वगोई—सज्ञा स्त्री० [अ० लग्व + फा० गोई] १ झूठ बोलना। मिथ्याकथन। उ०—थोडी जिदगी के वास्ते कौन लग्वगोई करके दोजख मे जाने का काम करे।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ६७। २. बकवास। वाचालता।

लघट्, लघटि—सज्ञा पु० [स०] वायु [को०]।

लघडबग्गा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का चीता। लग्घड।

लघमीपुष्प—सज्ञा पुं० [स० लक्ष्मीपुष्प] पद्मराग मणि। लाल। माणिक्य। मानिक (डिं०)।

लघाट—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'वायु' [को०]।

लघिना—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का धारदार अस्त्र जिसमे दस्ता लगा होता था और जिससे भैंसे आदि काटे जाते थे।

लघिमा—सज्ञा स्त्री० [स० लघिमन्] १ आठ सिद्धियो मे से चौथी सिद्धि (कहते हैं, इसे प्राप्त कर लेने पर मनुष्य बहुत छोटा या हलका बन सकता है)। २. लघु या ह्रस्व होने का भाव। लघुत्व।

लघु'—वि० [स०] १ शीघ्र। जल्दी। २. जो बडा न हो। कनिष्ठ। छोटा। जैसे,—लघु स्वर, लघु मात्रा। ३ सुदर। बढिया। आनददायक। इष्ट। अभिप्रेत। ४ जिसमे किसी प्रकार का सार या तत्व न हो। निःसार। महत्वहीन। अनावश्यक। ५ स्वल्प। थोडा। कम। ६ हलका। सरल। आसान। ७ नीच। क्षुद्र। नगण्य। ८ दुर्बल। दुबला। ९ अमिश्रित। शुद्ध। निर्मल (को०)। १० फुर्तीला (को०)।

लघु—सज्ञा पु० १. काला अगर। २ उशीर। खस। ३ हस्त, अश्विनी और पुष्य ये तीनो नक्षत्र जो ज्योतिष मे छोटे माने गए हैं और जिनका गण 'लघुगण' कहा गया है। ४. समय का एक परिमाण जो पद्रह क्षणो का होता है। ५ तीन प्रकार के प्राणायामो मे से वह प्राणायाम जो बारह मात्राओं का होता है (शेष दो प्राणायाम मध्यम और उत्तम कहलाते हैं)। ६ व्याकरण में वह स्वर जो एक ही मात्रा का होता है। जैसे,—अ, इ, उ, ओ, ए आदि। ७ वह जिसमे एक ही मात्रा हो। एकमात्रिक। इसका चिह्न (।) है।

विशेष—इस अर्थ में इसका प्रयोग संगीत मे ताल के सबध में और छद शास्त्र मे वर्ण के सबध मे होता है।

८ वशी का छोटा होना, जो उसके छह् दोषों मे से एक माना जाता है। ९ चाँदी। १० पृक्का। असवरग। ११ वह जिसका रोग छूट गया हो (रोग छूटने पर शरीर कुछ हलका जान पडता है)।

लघुकंकोल—सज्ञा पुं० [सं० लघुकङ्कोल] एक प्रकार का ककोल जो साधारण ककोल से छोटा होता है।

लघुकटकी—सज्ञा स्त्री० [स० लघुकण्टकी] लजालू।

लघुक—वि० [सं०] १. लघु। हल्का। २. महत्वहीन। तुच्छ [को०]।

लघुकटाई—सज्ञा स्त्री० [सं० लघुकण्टकारी] दे० 'कटकारी'।

लघुकण—सज्ञा पुं० [स०] सफेद जीरा।

लघुकर्कधु—सज्ञा पुं० [सं० लघुकर्कन्धु] भुंई बेर।

लघुकर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] मूर्वा।

लघुकाम—सज्ञा पुं० [सं०] बकरी।

लघुकाय'—सज्ञा पुं० [सं०] छाग। अज। बकरा [को०]।

लघुकाय'—वि० हलके शरीरवाला [को०]।

लघुकाश्मर्य—सज्ञा स० [स०] कटहल का वृक्ष।

लघुकिन्नरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसमे बजाने के लिये तार लगे होते थे।

लघुकोष्ठ—वि० [सं०] १ जिसका पेट हलका हो। २ खाली पेटवाला [को०]।

लघुकौमुदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वरदराज कृत सिद्धातकौमुदी के सक्षिप्त रूप का नाम।

लघुक्रम'—सज्ञा पुं० [सं०] जल्दी जल्दी चलने की क्रिया। तेज चाल।

लघुक्रम'—वि० [सं०] द्रुतगामी। तेज कदम बढानेवाला [को०]।

लघुखट्विका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मचिया। छोटी खाट। खटोला [को०]

लघुग—सज्ञा पु० [स०] वायु। पवन [को०]।

लघुगण—सज्ञा पुं० [स०] ज्यौतिष में अश्विनी, पुष्य और हस्त इन तीनों नक्षत्रो का समूह।

लघुगति—वि० [स०] तेज चलनेवाला [को०]।

लघुगंग—सज्ञा पुं० [स०] १ खैरा नाम की मछली। २. टेंगरा या त्रिकटक नाम की मछली।

लघुगोधूम—सज्ञा पु० [सं०] एक छोटी किस्म का गेहूँ [को०]।

लघुचचरी—सज्ञा स्त्री० [स० लघुचञ्चरी] सगीत मे एक ताल [को०]।

लघुचदन—सज्ञा पु० [स० लघुचन्दन] अगर नामक सुगधित लकडी।

लघुचित्त—सज्ञा पु० [सं०] वह जिसका मन बहुत दुर्बल या चचल हो।

लघुचित्तता—सज्ञा स्त्री० [स०] मन के बहुत ही दुर्बल या चचल होने का भाव।

लघुचिर्भिटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद इंद्रायण। श्वेत इंद्रवारुणी [को०]।

लघुचेता—संज्ञा पुं० [सं० लघुचेतस्] वह जिसके विचार बहुत ही तुच्छ और बुद्धि हो नीच।

लघुच्छदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] महा शतावरी। बड़ी शतावर।

लघुजगल—संज्ञा पुं० [सं० लघुजङ्गल] दे० 'लघुजागल' [को०]।

लघुजल—संज्ञा पुं० [सं०] लवा नामक पक्षी।

लघुजागल—संज्ञा पुं० [सं० लघुजाङ्गल] लवा नामक पक्षी।

लघुतम—वि० [सं०] सबसे छोटा।

यौ०—लघुतम समापवर्त्य = दे० 'लघुत्तमापवर्त्य'।

लघुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ लघु होने का भाव। छोटापन। लाघव। २ हलकापन। तुच्छता।

लघुताल—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में एक ताल [को०]।

लघुतिक्त—संज्ञा पुं० [सं०] मुरदा संग।

लघुतुपक—संज्ञा स्त्री० [सं० लघु+हिं० तुपक] तमंचा। पिस्तौल।

लघुत्तम—संज्ञा पुं० [सं० लघुतम] गणित की एक क्रिया। लघुत्तमापवर्त्य।

लघुत्तमापवर्त्य—संज्ञा पुं० [सं०] वह सबसे छोटी संख्या जो दो या अधिक संख्याओं में से प्रत्येक को पूरा पूरा भाग दे सके।

लघुत्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ लघु होने का भाव। लघुता। २ हलकापन। छोटापन। तुच्छता।

लघुदंती—संज्ञा स्त्री० [सं० लघुदन्ती] छोटी दंती। विशेष दे० 'दंती'।

लघुदुदुभी—संज्ञा स्त्री० [सं० लघुदुन्दुभी] एक प्रकार की छोटी दुंदुभी। दुग्गी।

लघुद्राक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] किशमिश।

लघुद्रावी—वि० [सं०] सरलता से द्रवण होने या गलनेवाला [को०]।

लघुनामकर्म—संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के अनुसार वह कर्म जिससे जीव का शरीर न तो बहुत भारी होता है और न बहुत हलका होता है, बल्कि साधारण सम विभक्त होता है।

लघुनामा—संज्ञा पुं० [सं० लघुनामन्] अगर नामक सुगंधित लकड़ी।

लघुनालिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] तुपक। छोटी बंदूक [को०]।

लघुपंचक—संज्ञा पुं० [सं० लघुपञ्चक] शालिपर्णी, पिठवन, कटाई (छोटी), कटेहरी (बड़ी) और गोखरू इन पाँचों की जड़ों का समूह जो वैद्यक के अनुसार पाचक, बलकारक, ग्राहक और ज्वर, श्वास तथा अश्मरी आदि को दूर करनेवाला माना जाता है।

लघुपंचमूल—संज्ञा पुं० [सं० लघुपञ्चमूल] दे० 'लघुपंचक'।

लघुपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] कमीला।

लघुपत्रिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] रोचना नामक वृक्ष [को०]।

लघुपत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] अश्वत्थ वृक्ष।

लघुपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. मूर्वा। मरोड़फली। २ शतमूली। सतावर।

लघुपाक—संज्ञा पुं० [सं०] वह खाद्य पदार्थ जो शरीर में पच जाय।

लघुपाकी—संज्ञा पुं० [सं० लघुपाकिन्] नेवा नामक वृक्ष।

लघुपाती—संज्ञा पुं० [सं० लघुपातिन्] शोणा।

लघुपिप्पल—संज्ञा पुं० [सं०] शुद्ध पिप्पलीफल [को०]।

लघुपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] छोटा बेटा।

लघुपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [सं०] जीवा तिवड़ा। जंगली तिवड़ा।

लघुप्रयत्न—संज्ञा पुं० [सं०] खाँसी।

लघुफल—संज्ञा पुं० [सं०] शूकर।

लघुबदर—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० लघुबदरी] छोटा बेर। झरबेरी [को०]।

लघुभाषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] अल्पभाषा। मृदुभाषा। चुटकुलेबाजी [को०]।

लघुभव—वि० [सं०] नीच वंश या निम्न कोटि में जन्म लेनेवाला।

लघुभुक्—वि० [सं० लघुभुज्] अल्पभोजी। अल्पाहारी [को०]।

लघुभोजन—संज्ञा पुं० [सं०] हलका भोजन। अल्पाहार।

लघुमंथ—संज्ञा पुं० [सं० लघुमन्थ] छोटी मथानी।

लघुमति—वि० [सं०] छोटा समझनेवाला। कमसमझ। मूर्ख।

लघुमांस—संज्ञा पुं० [सं०] तीतर नामक पक्षी।

लघुमासी—संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी जटामासी।

लघुमान—संज्ञा पुं० [सं०] नायिका का वह मान या अल्प रोष जो नायक को किसी दूसरी स्त्री से बातचीत करते देखकर उत्पन्न होता है।

लघुमूल—संज्ञा पुं० [सं०] गणित में समीकरण की न्यूनतर संख्या या पद [को०]।

लघुमूलक—संज्ञा पुं० [सं०] मूली [को०]।

लघुमेरु—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में एक ताल [को०]।

लघुलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ करेले की बेल। २ अनंतमूल।

लघुलय—संज्ञा पुं० [सं०] १ उशीर। खस। २ पीला बाला या लामज (लामजक) नाम की घास।

लघुलोणिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] लोनी का साग।

लघुवासा—वि० [सं० लघुवासस्] हलका अथवा विशुद्ध वस्त्र धारण करनेवाला [को०]।

लघुविक्रम—वि० [सं०] द्रुतगामी। जल्दी चलनेवाला [को०]।

लघुवृत्ति—वि० [सं०] १ दुर्विनीत। बदतमीज। २ हलका। छिछला। ३ अव्यवस्थित। बेढंगेपन से उपन्न [को०]।

लघुवेधी—वि० [सं० लघुवेधिन्] ठीक, शीघ्र और लक्ष्य भेद करनेवाला। चतुर निशानेबाज [को०]।

लघुशंका—संज्ञा स्त्री० [सं० लघुशङ्का] मूत्रोत्सर्ग। पेशाब करना।

लघुशंख—संज्ञा पुं० [सं० लघुशङ्ख] घोंघा।

लघुशिखर—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में एक प्रकार का ताल। इसे 'लघुशेखर' भी कहते हैं।

लघुशीत—संज्ञा पुं० [सं०] सिसोड़ा।

लघुसत्व—वि० [स०] दुर्बल या चंचल चित्तवाला ।

लघुसदाफला—संज्ञा स्त्री० [स०] छोटी गूलर । कठूमर [को०] ।

लघुसमुत्थ—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार वह राजा या राज्य जो लड़ाई के लिये जल्दी तैयार किया जा सके ।

विशेष—गुरु समुत्थ और लघु समुत्थ इन दो प्रकार के मित्रों में कौटिल्य ने दूसरे को ही अच्छा कहा है, क्योंकि उसकी शक्ति बहुत नहीं होती, पर वह समय पर खड़ा तो हो सकता है । पर प्राचीन आचार्य गुरु समुत्थ को ही अच्छा मानते थे, क्योंकि यद्यपि वह जल्दी उठ नहीं सकता, पर जब उठता है, तब कार्य पूरा करके ही छोड़ता है ।

लघुसमुत्थान—वि० [स०] १ शीघ्र उठनेवाला । २ तेज चलनेवाला [को०] ।

लघुसार—वि० [स०] निस्सार । उपेक्षणीय [को०] ।

लघुहस्त—संज्ञा पुं० [स०] वह जो बहुत जल्दी जल्दी बाण चला सकता हो । शीघ्रवेधी ।

लघुहमदुग्धा—संज्ञा स्त्री० [स०] कठगूलर [को०] ।

लघूक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] संक्षेप में अभिव्यंजना का ढंग [को०] ।

लघूत्थान—वि० [स०] दे० 'लघुसमुत्थान' [को०] ।

लघ्वाशी—वि० [सं० लघ्वाशिन्] अल्पाहारी । थोड़ा खानेवाला [को०] ।

लघ्वाहार—वि० [सं०] दे० 'लघ्वाशी' [को०] ।

लघ्वी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बेर नामक फल । २. अंसवरंग । स्पृक्का । ३ छोटा स्यंदन । एक प्रकार का रथ [को०] । ४ दुबली पतली कोमलांगिनी । तन्वंगी स्त्री [को०] ।

लचं—संज्ञा पुं० [हिं० लचना] लचकने की क्रिया । लचक ।

लचक¹—संज्ञा स्त्री० [हिं० लचकना] १ लचकने की क्रिया या भाव । लचन । झुकाव ।

क्रि० प्र०—खाना —जाना ।

२ वह गुण जिसके रहने से कोई वस्तु दबती या झुकती हो ।

यौ०—लचकदार = द० 'लचकेदार' ।

लचक²—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की नाव जो ६०-७० हाथ लंबी होती है ।

विशेष—यह मकसूदाबाद की तरफ बनती है और इसे बहुत से लोग मिलकर खेते हैं ।

लचकना—क्रि० अ० [हिं० लच (अनु०)] १. किसी लंबे पदार्थ का बोझ पड़ने या दबने आदि के कारण बीच से झुकना । लचना । जैसे,—यह छड़ी बहुत कमजोर है जरा सा बोझ पड़ने से ही लचक जाती है ।

संयो० क्रि०—जाना ।

२. स्त्रियों की कमर का कोमलता या नसरें आदि के कारण झुकना । जैसे,—जब चलती है, तब उसकी कमर लचकती है । ३. स्त्रियों का कोमलता या नसरें आदि के कारण चलने के समय रह रहकर झुकना । जैसे,—वह जब चलती है, तब लचकती चलती है ।

लचकनि—संज्ञा स्त्री० [हिं० लचकना] १. लचीलापन । २. लचक । झुकाव ।

लचका—संज्ञा पुं० [हिं० लचकना] एक प्रकार का गोटा ।

लचकाना—क्रि० स० [हिं० लचकना] किसी पदार्थ को लचने में प्रवृत्त करना । झुकाना । लचाना ।

लचकीला—वि० [हिं० लचक + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लचकीली] १ जो सहज में लच या दब जाय । लचकने योग्य । २ लचकदार ।

लचकौंहाँ—वि० [हिं० लचकना] दे० 'लचकीला' ।

लचन—संज्ञा स्त्री० [हिं० लचक] दे० 'लचक' ।

लचना—क्रि० अ० [हिं० लच + ना (प्रत्य०)] दे० 'लचकना' ।

लचनि—संज्ञा स्त्री० [हिं० लच] दे० 'लचक' ।

लचर—वि० [?] १ लचने या झुकनेवाला । कमजोर । तथ्यहीन । २ जो किसी स्तर पर टिक न सके । लचनेवाला । जैसे—लचर दलील, लचर तर्क ।

लचलचा—वि० [हिं० लचना] जो लचक जाय । लचीला । लचकनेवाला ।

लचलचापन—संज्ञा पुं० [हिं० लचना] लचीला होने का भाव । लचीलापन ।

लचाकेदार—वि० [हिं० लचक + फा० दार (प्रत्य०)] मजेदार । बढ़िया । (बाजारू) ।

लचाना—क्रि० स० [हिं० लचना का सक० रूप] लचकाना । झुकाना ।

लचार—वि० [फा० लाचार] दे० 'लाचार' ।

लचारी¹—संज्ञा स्त्री० [फा० लाचारी] दे० 'लाचारी' ।

लचारी²—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ वह कर जो कोई व्यक्ति अपने से बड़े को देता है । भेंट । नजर । उ०—विमल मुक्तमाल लसत उच्च कुचन पर मदन महादेव मना दई ह लचारा ।—सूर (शब्द०) । २. एक प्रकार का गीत । लचारा ।

लचारी³—संज्ञा स्त्री० [हिं० अचार] एक प्रकार का आम का अचार जो खाली नमक से बनता है और जिसमें तेल नहीं पड़ता । अचारी ।

लचुई—संज्ञा स्त्री० [देश०] मैदे की बनी हुई पतली और मुलायम पूरी । लुच्ची । लुचुई ।

लच्छ—संज्ञा पुं० [स० लक्ष्य] १. व्याज । बहाना । मिस । २. वह वस्तु या स्थान जिसपर शस्त्र चलाना हो । निशाना । ताक । उ०—जीभ कमान वचन सर नाना । मनहु महिष मृदु लच्छ समाना ।—मानस, २।४१ ।

लच्छ²—संज्ञा पुं० [सं० लक्ष] सौ हजार की संख्या । लाख ।

लच्छ³—संज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी, प्रा० लच्छी, लच्छा] दे० 'लक्ष्मी' । उ०—(क) वह लच्छ घरहि घर बाढ़ गाढ़ । गृह तरुवर्ता लच्छ किंत हाइ ।—जायसी (ग्रं०) । (ख) नरकलच्छ नासा सुभग भजारम लच्छ जाइ ।—तुलसी ग्रं०, पृ० २२५ ।

लच्छण[1]—सज्ञा पुं० [स० लक्षण] स्वभाव । (डिं०) ।

लच्छण[2]†—सज्ञा पुं० दे० 'लक्षण' ।

लच्छन[1]—सज्ञा पुं० [सं० लक्षण] दे० 'लक्षण' । उ०—(क) नहिं दारद कोउ दुखी न दीना । नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) बिनु छल विश्वनाथ पद नेहू । राम भक्त कर लच्छन एहू ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) कछु देखि कै लच्छन छोटो बडो सम बात चलै कहि आवतु है ।—रघुनाथ (शब्द०) ।

लच्छन[2]—सज्ञा पुं० [स० लक्ष्मण] दे० 'लक्ष्मण' ।

लच्छना[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० लक्षणा] दे० 'लक्षणा' ।

लच्छना[2]—क्रि० स० [सं० लक्ष्य, हिं० लच्छ+ना (प्रत्य०)] भली-भाँति देखना । उ०—तिनके लच्छन लच्छ अब, आछे कहे बखानि ।—मतिराम (शब्द०) ।

लच्छमण[1]—वि० [स० लक्ष्मीवान्] धनवान् । अमीर । (डिं०) ।

लच्छमण[2]—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण] दे० 'लक्ष्मण' ।

लच्छमी—सज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी] दे० 'लक्ष्मी' ।

लच्छा—सज्ञा पुं० [अनु०] १ कुछ विशेष प्रकार से लगाए हुए बहुत से तारो या डोरों आदि का समूह । गुच्छे या झुप्पे आदि के रूप मे लगाए हुए तार । जैसे,—रेशम का लच्छा, सूत का लच्छा ।

यौ०—लच्छे की साडी=बनारसी काम की वह साडी जिसके किनारे आदि के तार ताने के साथ ही बने गए हो ।

२ किसी चीज के सूत की तरह लबे और पतले कटे हुए टुकडे । जैसे,—प्याज का लच्छा, आदी का लच्छा । ३ इस आकार की किसी तरह बनाई हुई कोई चीज । जैसे,—रबडी का लच्छा । ४ मैदे की एक प्रकार की मिठाई जो प्राय पतले लबे सूत की तरह और देखने मे उलझी हुई डोर के समान होती है । ५ एक प्रकार का गहना जो तारो की जजीरो का बना होता है । यह हाथो मे पहनने का भी होता है और पैरो में पहनने का भी । ६ एक प्रकार का घटिया केसर जो नीबल या निकृष्ट श्रेणी के केसर मे थोडा सा बढ़िया केसर मिलाकर बनाया जाता है ।

लच्छा साख—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मकर रागिनी ।

लच्छि[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी, प्रा० लच्छमी] लक्ष्मी । उ०—(क) एहि बिधि उपजइ लच्छि जब सुदरता सुख मूल ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) बसइ नगर जेहि लच्छि करि कपट नारि वर वेष ।—तुलसी (शब्द०) । (ग) माया ब्रह्म जीव जगदीसा । लच्छि अलाच्छ रक अवनीसा ।—तुलसी (शब्द०) ।

लच्छि[2]—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष] लाख की सख्या ।

लच्छित—वि० [स० लक्षित] १ आलोचित । देखा हुआ । २ निशान किया हुआ । अकित । चिह्नित । ३ लक्षणयुक्त । लक्षणवाला । उ०—शुभ लच्छन लच्छित हय सोई । तुरंग साल देखिय जो होई ।—मधुसूदन (शब्द०) ।

लच्छिन†—सज्ञा पुं० [सं० लक्षण, हिं० लच्छन] दे० 'लक्षण' । उ०—एक वृद्ध, इक मठ, एक दच्छिन । इक अनुकूल सुनहि अब लच्छिन ।—नद० ग्र०, पृ० १५६ ।

लच्छिनाथ—सज्ञा पुं० [स० लक्ष्मीनाथ] लक्ष्मीपति, विष्णु । (डिं०) ।

लच्छिनिवास—सज्ञा पुं० [स० लक्ष्मीनिवास] विष्णु । नारायण । उ०—दुलहिनि लेहुगे लच्छिनिवासा । नृप समाज सब भयउ निरासा ।—तुलसी (शब्द०) ।

लच्छी[1]—वि० [देश०] एक प्रकार का घोडा । उ०—कोइ कबुली अँबोज कोइ कच्छी । बोत मेमना मुजी लच्छी ।—विश्राम (शब्द०) ।

लच्छी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० लक्ष्मी, हिं० लच्छमी, लच्छि, लच्छी] दे० 'लक्ष्मी' ।

लच्छी[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लच्छा] सूत, रेशम, ऊन, कलाबत्तू इत्यादि की लपेटी हुई गुच्छी । अट्टी ।

लच्छेदार—वि० [हिं० लच्छा+फ़ा० दार (प्रत्य०) १ (खाद्य पदार्थ) जिसमे लच्छे पडे हो । लच्छोवाला । २ (बातचीत या इबारत) जिसका सिलसिला जल्दी न टूटे और जिसके सुनने मे मन लगता हो । मजेदार या श्रुतिमधुर (बात) । उ०—वैसी लच्छेदार इबारत कोई लिखी नही सकता ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४०६ ।

लछ—सज्ञा पुं० [स० लक्ष्य] दे० 'लक्ष्य' । उ०—कोउ कहैं ये परम धर्म इस्त्रीजित पूरे । लछ लाघव मघान घरे आयुध के सूरे ।—नद० ग्र०, पृ० १८१ ।

लछन[1]—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण] राम के छोटे भाई, लक्ष्मण । उ०—दसरथ सो ऋषि आनि कह्यो । असुरन सो यज्ञ होन न पावत राम लछन तब सग दयो ।—सूर (शब्द०) ।

लछन[2]—सज्ञा पुं० [सं० लक्षण] दे० 'लक्षण' ।

लछना[1]—क्रि० अ० [स०√लक्ष्, प्रा० लख लच्छ] दे० 'लखना' ।

लछमन[1]—सज्ञा पुं० [स० लक्ष्मण] दे० 'लक्ष्मण' ।

लछमन[2]—सज्ञा स्त्री० [स० लक्ष्मणा] दे० 'लक्ष्मणा'-४ ।

लछमन झूला—सज्ञा पुं० [हिं० लछमन+झूला] १ बदरीनारायण के मार्ग मे एक स्थान ।

विशेष—यहाँ पहले पुरानी चाल का रस्सो का एक लटकौवाँ पुल था, जिसे झूला कहते थे ।

२ रस्सो या तारो आदि से बना हुआ वह पुल जो बीच मे झूले की तरह नीचे लटकता हो । ३ एक प्रकार की लता या बेल ।

लछमना—सज्ञा स्त्री० [स० लछमना] दे० 'लक्ष्मणा' । उ०—बहुरि लछमना सुमिरन कीन्हो । ताहि स्वयंवर मे हरि लीन्हो ।—सूर (शब्द०) ।

लछमी—सज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी] दे० 'लक्ष्मी' ।।

लछारा†—वि० [अनु० लच्छा+रा (प्रत्य०)] लच्छा । शृंखला । गुच्छा । उ०—कैसे छबिदार काकपच्छ मे सँवारे कहिए जैसे यह राजत सुगध के लछारे हैं ।—पजनेस०, पृ० ४१ ।

लछिमी—सज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी] दे० 'लक्ष्मी' ।

लज—सज्ञा स्त्री० [सं० लज्जा] शर्म । हया । लाज । उ०—सुघर

गौति बस पिय गुनन दुनहिनि दुगुन हुलास। लखी सखीं तन दीठि करि सगरब सलज स हास।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—'लज्जा' शब्द का 'लज' रूप समस्त पदों में ही पाया जाता है। जैसे,—लजवती नारी।

लजना—क्रि० अ० [सं० √लज्ज्] लजाना। शरमाना। लज्जित होना।

लजनी(पु)†—संज्ञा स्त्री० [हिं० लजाना] १ लजालू का पौधा। २ शरमानेवाली स्त्री। लजानेवाली या शरमीली स्त्री। उ०—मन तजि मान मेरी बारी मैं निहारी नकु, पीतम बुलावै मग लीजिए अवास को। लजनी दनी है अजौं रजनी रही न आधी, सजनी प्रकास गयो रजनी प्रकास को।—नट०, पृ० ८६।

लजवाना—क्रि० स० [हिं० लजाना] दूसरे को लज्जित करना।

लजाधुर†'—वि० [स० लज्जाधर] जो बहुत लज्जा करे। लजावान्। शर्मीला।

लजाधुर'—संज्ञा पुं० लजालू नाम का पौधा। (लजावती)।

लजाना'—क्रि० अ० [सं० √लज्जा] अपने किसी बुरे या भद्दे व्यवहार का ध्यान करके वृत्तियों के संकोच का अनुभव होना। शर्म में पड़ना। उ०—कप किसोरी दरस ते खरे लजाने लाल।—बिहारी (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना।

लजाना'—क्रि० स० लज्जित करना। लजवाना।

लजारू†—संज्ञा पुं० [सं० लज्जालू] लजाधुर। लजालू पौधा। उ०—जनक बचन छुए बिरवा लजारु के से, बीर रहे सकल सकुचि सिर नाइ कै।—तुलसी (शब्द०)।

लजालू—संज्ञा पुं० [स० लज्जालु] हाथ डेढ़ हाथ ऊँचा एक काँटेदार छोटा पौधा जिसकी पत्तियाँ छूने से सुकुड़कर बंद हो जाती हैं, और फिर थोड़ी देर में धीरे धीरे फैलती हैं।

विशेष—इसके उठल का रंग लाल होता है और महीन महीन पत्तियाँ शमी या बबूल की पत्तियों के समान एक सींके के दोनों ओर पंक्ति में होती हैं। हाथ लगते ही दोनों ओर की पत्तियाँ संकुचित होकर परस्पर मिल जाती हैं, इसी से इस पौधे का नाम लजालू पड़ा। इसके फूल गुलाबी रंग की गोल गोल घुंडियों की तरह के होते हैं, जिनके झड़ जाने पर छोटे छोटे चिपटे बीज पड़ते हैं। भारत के गरम भागों में यह सर्वत्र होता है, जैसे, बंगाल के दक्षिण भाग में कहीं कहीं बहुत दूर तक रास्ते के दोनों ओर यह लगा मिलता है।

वैद्यक में यह कटु, शीतल, कषाय तथा रक्तपित्त, अतिसार, दाह, श्रम, श्वास, व्रण, कुष्ठ कफ तथा योनिरोग को दूर करनेवाला माना जाता है। कहीं कहीं पथरी को पीसा शांत करने के लिये तथा भगंदर अच्छा करने के लिये इसकी जड़ और उठल का काढ़ा और पत्तियों का चूर्ण सेवन करते हैं। रासायनिक परीक्षा से पता चला है कि इस पौधे में सौ में दस भाग कषाय धातु (टैनीन) होती है। इसके उठल के चूर्ण का हीरा कसीस के साथ मिलाने से बड़ी अच्छी रसाही बनती है।

पर्या०—लज्जावती लता। व्रीडाकरा। रक्तपादी। शमीपत्रा। स्पृक्का। खदिरपत्रिका। संकोचनी। नमनी। नमस्कारी। पराजिणी। नमस्का। अंजरी। गजवालिका। लज्जा। लज्जिनी। स्पर्शलज्जा। अस्पराजनी। रक्तमूला। ताम्रमूला। स्वगुप्ता। महाभीता। नमिनी। नटोपाय।

लजावना—क्रि० स० [स० लज्जापन] द० 'लजावना' या 'लजाना'।

विशेष—समस्त पद में किसी शब्द के आगे आने पर इसका अर्थ होता है 'लज्जित करनेवाला'। जैसे,—कोटि मनोज लजावन।

लजावनहार—संज्ञा पुं० [हिं० लजाना या लजावन + हार (प्रत्य०)] लज्जित करनेवाला। शर्मिंदा करनेवाला। उ०—कोटि मनोज लजावनहारे।—तुलसी (शब्द०)।

लजावना(पु)†—क्रि० स० [हिं० लजवाना] द० 'लजवाना'।

लजियाना†(पु)'—क्रि० अ० [हिं० लजाना] द० 'लजाना'।

लजियाना'—क्रि० स० द० 'लजवाना'।

लजीज—वि० [अ० लज़ीज़] १ जायकेदार। स्वादिष्ट। सुस्वादु। (खाद्य पदार्थ)। २ प्यारा। प्रिय।

लजीला—वि० [हिं० लाज + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लजीली] जिसमें लज्जा हो। लज्जायुक्त। लज्जाशील। जैसे,—लजीला मनुष्य, लजीली आँखें।

लजुरी†—संज्ञा स्त्री० [स० रज्जु, मागध० लज्जु] कुएँ से पानी भरने की डोरी। रस्सी।

लजोर(पु)†—वि० [हिं० लाज + आवर (प्रत्य०)] लज्जाशील। जो बहुत जल्दी लज्जित हो। उ०—विदित न सनमुख हूँ सकै आँखिया बड़ी लजोर।—रसनिधि (शब्द०)।

लजोहा†—वि० [स० लज्जावह] [वि० स्त्री० लजोही] जिसमें लज्जा हो, या जिससे लज्जा सूचित होती हो। लजीला। शर्मीला। उ०—कुंज भवन राधा मनमोहन। रति विलास करि मगन भए अति निरखत नैन लजोहन।—सूर (शब्द०)।

लजोना(पु)†—वि० [सं० लज्जावत्] १ लज्जावान्। शर्मीला। उ०—लोइन लोने लखित लजोने चलि चलि हँसत हौं काननि कौने।—नंद० ग्र०, पृ० १२६। २ आगे पीछे में पड़ा हुआ। हिचकिचाहटवाला।

लजौहाँ—वि० [स० लज्जावह] [वि० स्त्री० लजौही] जिसमें लज्जा हो या जिससे लज्जा सूचित होती हो। लज्जाशील। लजीला। शर्मीला। जैसे,—लजौही स्त्री, लजौही आँखें। उ०—मेरे ललचौंह मुख फेरि के लजौंह, ललचौंह चाह चलनि चितै मैं सो चली गई।—गति० ग्र०, पृ० ३२६।

लज्ज(पु)—संज्ञा स्त्री० [स० लज्जा, तुल० प० लाजो] लज्जा जिनका भूषण है, प्रिया। प्रियतमा। उ०—(क) नह चलौं पृथिराज रिन लज्ज लजहिय पट्ट।—पृ० रा०, २५।८३०। (ख) लज्ज परव्वत लै रही बैन लवै नृप पाय।—पृ० रा०, २५।७३१।

लज्जका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वनपलांडु।

लज्जत—सज्ञा स्त्री० [अ० लज्जत] स्वाद। जायका। मजा। (खाने पीने की वस्तुओं के लिये)।

लज्जतदार—वि० [अ० लज्जत+फ़ा० दार] स्वादिष्ट। मजेदार। जायकेदार।

लज्जरी—सज्ञा स्त्री० [स०] लजालू लता। लज्जावती।

लज्जा—सज्ञा स्त्री० [सं०] [वि० लज्जित] १ अत करण की वह अवस्था जिसमे स्वभावत अथवा अपने किसी भद्दे या बुरे आचरण की भावना के कारण दूसरो के सामने वृत्तियाँ सकुचित हो जाती हैं, चेष्टा मद पड जाती है, मुँह से, शब्द नही निकलता सिर नीचा हो जाता है और सामने ताका नही जाता। लाज। शर्म। हया।

पर्या०—ह्री। त्रपा। व्रीडा। मदास्य।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—(किसी बात की) लज्जा करना = किसी बात की बडाई की रक्षा का ध्यान करना। मर्यादा का विचार करना। इज्जत का ख्याल करना। जैसे,—अपने कुल की लज्जा करो।

२ मान मर्यादा। पत। इज्जत। जैसे,—भगवान् लज्जा रखे।

क्रि० प्र०—रखना।

३ लज्जालु लता। लजाधुर का पौधा (को०)।

लज्जाकर—वि० [सं०] [वि० स्त्री० लज्जाकरा, लज्जाकरी] दे० 'लज्जाप्रद' [को०]।

लज्जाकुल—सज्ञा पुं० [सं० लज्जा+आकुल] लज्जा से व्याकुल। लज्जाभिभूत। शर्म मे गडा। उ०—खुलने स्तवको की लज्जाकुल, नत वदना मधुमाधवी अतुल।—अपरा, पृ० १४८।

लज्जाकृति—सज्ञा स्त्री० [स०] कृत्रिम मान मर्यादा या लज्जा। दिखावटी लज्जा [को०]।

लज्जान्वित—वि० [सं०] हयादार। सकोची स्वभाव का। शर्मदार [को०]।

लज्जापयिता—वि० [स०] दे० 'लज्जाप्रद' [को०]।

लज्जाप्रद—वि० [सं०] जिसमे लज्जा उत्पन्न हो। लज्जाजनक।

लज्जाप्राया सज्ञा स्त्री०] स०] केशव के अनुसार मुग्धा नायिका के चार भेदों में से एक।

लज्जारहित—वि० [सं०] निर्लज्ज। लज्जाशून्य [को०]।

लज्जारुण—वि० [स० लज्जा+अरुण] लज्जा से अभिभूत। शर्म के मारे सुर्ख। उ०—प्रणय सुरा हो, हृदय भरा हो, लज्जारुण मुख हो प्रतिबिंबित। पी अधरामृत हो मृत जीवित, प्रीति सुरा भर, प्रीति सुरा नित।—मधुज्वाल, पृ० ३।

लज्जालु—सज्ञा पु० [सं०] लजालू का पौधा। लाजवती।

लज्जावत[1]—वि० [सं० लज्जावत्] शर्मीला। लज्जायुक्त। लजीला।

लज्जावत[2]—सज्ञा पुं० लजालू का पौधा। लाजवती।

लज्जावती[1]—वि० स्त्री० [सं०] लज्जाशील। शर्मीला। उ०—सुसयत सकुसुम केशपाश सुशीला लज्जावती।—वर्ण०, पृ० ६।

लज्जावती[2]—सज्ञा स्त्री० लजालू का पौधा।

लज्जावह—वि० [सं०] दे० 'लज्जाप्रद' [को०]।

लज्जावान्—वि० [सं० लज्जावत्] [वि० स्त्री० लज्जावती] लज्जाशील। जिसमें लज्जा हो। शर्मदार। हयादार।

लज्जाशील—वि० [सं०] जिसमे लज्जा हो। जो बात बात मे शरमाता हो। लजीला।

लज्जाशून्य—वि० [स०] जिसे लज्जा न हो। जिसे कोई अनुचित या भद्दी बात करते कुछ सकोच या हिचक न हो। बेहया।

लज्जास्पद—वि० [स०] लज्जाजनक। उ०—काँग्रेस की ऐसी लज्जास्पद दुर्दशा होगी।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३२५।

लज्जाहीन—वि० [सं०] लज्जाशून्य। बेहया।

लज्जित—वि० [सं०] लज्जा के वशीभूत। शर्म मे पडा हुआ। शर्माया हुआ।

लज्जिनी, लज्जिरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] लजारू। लजालू [को०]।

लज्जी(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० लज्जा] प्रिया। लज्जाशील प्रियतमा। उ०—(क) फिरि बुल्ली लज्जी सुनहि हो मडन तन वीर।—पृ० रा०, २५।७३२। (ख)तू लज्जी मो मथ्थ है दान खग्ग अरु रूप।—पृ० रा०, २५।७३४। (ग) सुन रे वैं लज्जी चवै हूँ मंडन नर लोइ।—पृ० रा०, २५।७३५।

लज्या—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लज्जा'। उ०—भृग संग्या करि कहत सकल कुल लज्या लोपी।—नद० ग्र०, पृ० १८६।

लटग—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो बरमा मे होता है।

लट[1]—सज्ञा स्त्री० [स० लट्वा (= घुँघराले केश)] १ सिर के बालो का समूह जो नीचे तक लटके। बालों का गिरा हुआ गुच्छा। केशपाश। अलक। केशलता।

मुहा०—लट छिटकाना = सिर के बालो को खोलकर इधर उधर बिखराना।

२ एक मे उलझे हुए बालो का गुच्छा। परस्पर चिमटे हुए बाल।

मुहा०—लट पडना = बालो का परस्पर उलझ या चिपट जाना।

३ एक प्रकार का बेंत जो आसाम की ओर बहुत होता है। ४ एक प्रकार के सूत के से महीन कीडे जो मनुष्य की आँतो मे पड जाते हैं और मल के साथ निकलते है। चनूना।

लट[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लपट] लपट। लौ। अग्निशिखा। ज्वाला। उ०—(क) झपटि झपटत लपट, पटकि फून फूटत, फल चटकि लट लटलि द्रुम नवायो।—सूर (शब्द०)। (ख) चट पट बोलहिं बाँस बहु सिखि लट लागि अकास।—गोपाल (शब्द०)।

लट[3]—सज्ञा पुं० [स०] १ मूर्ख। बुद्धिहीन। २. दोष। गलती। ऐब। ३ डाकू। बटमार [को०]।

लटक[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लटकना] १ लटकने की क्रिया या भाव। नीचे की ओर गिरता सा रहने का भाव। २ झुकाव। लचक। ३ अगो की मनोहर गति या चेष्टा। लुभावनी चाल। अगभगी। उ०—प्राणनाथ सो प्राणपियारी प्राण लटक सो लीन्ह। —सूर (शब्द०)।

यौ०—लटक चाल।

४ ढालू जमीन । ढाल । (पालकी के कहार) ।

लटक[३]—सज्ञा पुं० [स०] धोखेबाज । ठग । धूर्त । पाजी । दुष्ट । खल [को०] ।

लटकन[१]—सज्ञा पु० [हिं० लटकना] [स्त्री० लटकनी] १ लटकने की क्रिया या भाव । नीचे की ओर गिरता सा रहने का भाव । २ किसी वस्तु मे लगी हुई दूसरी वस्तु जो नीचे लटकती या झूलती हो । लटकनेवाली चीज । ३ मनोहर अगभगी । लुभावनी चाल । लटक उ०—बझे जाइ खग ज्यो प्रिय छवि लटकनी लम ।—सूर (शब्द०) । ४ नाक मे पहनने का एक गहना जो लटकता या झूलता रहता है । (यह या तो नाक के दोनो छेदो के बीच मे पहना जाता है, अथवा नथ मे लगा रहता है) । ५ कलगी या सिरपेंच मे लगे हुए रत्नो का गुच्छा जो नीचे की ओर झुका हुआ हिलता रहता है । उ० लटकन सीस, कठ मनि भ्राजत मन्मथ कोटि वारनै गए री ।—सूर (शब्द०) । ६. मलखभ की एक कसरत जिसमे दोनो पैरो के अँगूठो में बेंत फँसाकर पिंडली को लपेटते हैं और पिंडली के ही बल पर अँगूठो से बेंत को ऊपर खीचते हुए जघो के बल पर का सारा धड नीचे को लटका देते हैं ।

लटकन[२]—सज्ञा पुं० [हिं० लटकना ?] एक पेड जिसमे लाल रग के फूल लगते हैं और जिसके बीजो को पानी मे पीसने पर गेरुआ रग निकलता है । इस रग से कपडे रँगते है ।

लटकना—क्रि० अ० [सं० लडन (=झूलना)] १. किसी ऊँचे स्थान से लग या टिककर नीचे की ओर अधर मे कुछ दूर तक फैला रहना । ऊपर से लेकर नीचे तक इस प्रकार गया रहना कि ऊपर का छोर किसी आधार पर टिका हो और नीचे का निराधार हो । झूलना । जैसे,—छत से फानूस लटकना, पेड से लता लटकना, कूएँ मे डोरी लटकना ।

सयो० क्रि०—आना ।—जाना ।

विशेष—'टँगना' और 'लटकना' इन दोनो के मूल भाव मे अतर है । 'टँगना' शब्द मे किसी ऊँचे आधार पर टिकने या अडने का भाव प्रधान है और 'लटकना' शब्द मे ऊपर से नीचे तक फैले रहने या अधर मे हिलने डोलने का । जैसे,—(क) तसवीर बहुत नीचे तक लटक आई है । (ख) कूएँ मे डोरी लटक रही है । ऐसे स्थलो पर 'टगना' शब्द का प्रयोग नही हो सकता ।

२ ऊँचे आधार पर टिकी हुई वस्तु का कुछ दूर नीचे तक आकर इधर से उधर हिलना डोलना । झूलना । ३ किसी ऊँचे आधार पर इस प्रकार टकना कि टिके या अडे हुए छोर के अतिरिक्त और सब भाग नीचे की ओर अधर मे हो । टँगना । जैसे,—वह एक पेड की डाल मे लटक गया ।

सयो० क्रि०—जाना ।

४ किसी खडी वस्तु का किसी ओर को झुकना । नम्र होना । जैसे,—सभा पूरब की ओर कुछ लटका दिखाई देता है । ५ लचकना । बल खाना । उ०—लटकत चलत नदकुमार ।—सूर (शब्द०) ।

मुहा०—लटकती चाल = बल खाती हुई मनोहर चाल । उ०—भृकुटी मटकनि पीत पट चटक लटकनी चाल । चल चख चित-वनि चोर चित लियो बिहारी लाल ।—बिहारी (शब्द०) ।

६ कोई काम पूरा न होने या किसी बात का निर्णय न होने के कारण दुविधा मे पडा रहना । झूलना । जैसे,—अभी तक लटक रहे हैं, कुछ फैसला नही हो रहा है । ७ किसी काम का बिना पूरा हुए पडा रहना । देर होना ।

लटकनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० लटकना] लटकने की क्रिया या भाव । उ०—वैसियै हँसनि चहनि पुनि बोलनि । वैसियै लटकनि, मटकनि, डोलनि ।—नद०, ग्र० पृ० २६५ ।

लटकवाना—क्रि० स० [हिं० लटकाना का प्रेर० रूप] लटकाने का काम दूसरे से कराना ।

लटकहर†—सज्ञा पु० [देश०] तेली ।

लटका—सज्ञा पुं० [हिं० लटक] १ गति । चाल । ढब । २ बनावटी चेष्टा । हाव भाव । ३ बातचीत करने मे स्वर का एक विशेष प्रकार से चढाव उतार । बातचीत का बनावटी ढग । जैसे,—लटके के साथ बात करना । ४ कोई शब्द या वाक्य जिसके बार बार प्रयोग का किसी को अभ्यास पड गया हो । सखुन-तकिया । ५ मत्र तत्र की छोटी युक्ति । टोटका । ६ किसी रोग या बाधा की शाति की छोटी युक्ति । सक्षिप्त उपचार । छोटा नुसखा । जैसे,—यह फकीरी लटका है, इससे जरूर फायदा होगा । ७ एक प्रकार का चलता गाना । ८ लिंग । (बाजारू) ।

लटकाना—क्रि० स० [हिं० लटकना] १ किसी ऊँचे स्थान से एक छोर लगा या टिकाकर शेष भाग नीचे तक इस प्रकार ले जाना कि ऊपर का छोर किसी आधार पर टिका हो और नीचे का निराधार हो । जैसे,—छत मे फानूस लटकाना, कूएँ मे डोरी लटकाना ।

सयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

विशेष—'टाँगना' और 'लटकाना' इन दोनो शब्दो के मूल भाव मे अतर है । 'टाँगना' शब्द मे किसी ऊँचे आधार पर टिकाने या अडाने का भाव प्रधान है और 'लटकाना' शब्द मे ऊपर से नीचे तक फैलाने या हिलाने डुलाने का । जैसे,—(क) घोती और नीचे तक लटका दो । (ख) कूएँ मे डोरी लटका दो ।

२ किसी ऊँचे आधार पर इस प्रकार टिकाना कि टिके या अडे हुए छोर के अतिरिक्त और सब भाग अधर मे हो । एक छोर या अश ऊपर टिकाना जिससे कोई वस्तु जमीन पर न गिरे । टाँगना । जैसे,—अँगरखा खूँटी मे लटका दो । ३ किसी खडी वस्तु को किसी ओर झुकाना, लचकाना या नम्र करना । ४ किसी का कोई काम पूरा न करके उसे दुविधा मे डालना । आसरे मे रखना । इतजार कराना । जैसे,—उन्हे क्यो लटकाए हो, जो कुछ देना हो, दे दो । ५ किसी काम को पूरा न करके डाल रखना । देर करना ।

लटकीला—वि० [हिं० लटक + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लटकीली]

झूमता हुआ। बल खाता हुआ। लचकदार। जैसे,—लटकीली चाल।

लटकू—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़ जिसको छाल का उबालने से रंग निकलता है।

लटकौआ, लटकौवा—वि० [हिं० लटकना] लटकनेवाला। जो लटकता हो।

यौ०—लटकौवा मालखंभ = वह मालखंभ जिसकी लकड़ी खड़ा न रहकर ऊपर से लटकाई रहती है।

लटजारा—संज्ञा पुं० [सं० लट् (=लट ?)+हिं० जीरा] १ अपामार्ग। चिचड़ा। २ एक प्रकार का जड़हन धान जो अगहन में तैयार होता है और जिसका चावल बहुत दिनों तक रहता है।

लटना'—क्रि० अ० [सं० लड (=हिलना डोलना)] १ थककर गिर जाना। लड़खड़ाना। उ०—मर्कट विकट भट जुटत कटत, न लटत तन जर्जर भए।—तुलसी (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना। उ०—लटे तन जात किते छत जात। —सूदन (शब्द०)।

२ श्रम, रोग आदि से शिथिल होना। अशक्त होना। दुबला और कमजोर होना। जैसे,—आजकल वे बीमारी से बहुत लट गए हैं। उ०—(क) श्री रघुबीर, निवारिए पीर रहौं दरबार परो लटि लूलो।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तेरे मुँह फेरे मोने कायर कपूत कूर लटे लटपटेनि को कौन परिगहैगो।—तुलसी (शब्द०)। (ग) कटी कटीली काति पै, लटी लटी अति जाय।—रामसहाय (शब्द०)। ३ ढीला पड़ना। मंद पड़ना। शक्ति और उत्साह से रहित होना। उ०—देखि भीरु लटै लगे, मन मन घटै लगे, पाछे पग हटै लगे, क्रम क्रम नटै लगे।—गोपाल (शब्द०)। ४ श्रम से निकम्मा हो जाना। अधिक काम करने के योग्य न रह जाना। शिथिल होना। थक जाना। उ०—रटत रटत रसना लटी तृषा सूखिगे अंग।—तुलसी (शब्द०)। ५ व्याकुल होना। उ०—फटे फन फनि कै औ लटे दिगदंती दीह, घटे बल कूरम विकलता का पाई है।—रघुनाथ (शब्द०)।

लटना'—क्रि० अ० [सं० लल, लड (=ललचाना)] १ ललचाना। लेने के लिये लपकना। चाह करना। लुभाना। उ०—परिहरि सुरमनि सुनाम गुंजा लखि लटत।—तुलसी (शब्द०)। २ लिप्त होना। अनुरक्त होना। प्रेमपूर्वक तत्पर होना। लीन होना। उ०—(क) उलटे तहाँ पग धारिए जामो मन मान्यो। छपद कंज तज बेलि सो लटि लटि प्रेम न जान्यो।—सूर (शब्द०)। (ख) किन विमोह लटा फटो गगन मगन सियत। —तुलसी (शब्द०)।

लटपट—वि० [हिं० लट+(अनुकरणात्मकअभिन्नव्यंजन द्वित्व पट] दे० 'लटपटा'।

लटपटा'—वि० [हिं० लटपटाना] [वि० स्त्री० लटपटी] १ गिरता पड़ता। लड़खड़ाता हुआ। निर्बलता या मद आदि के कारण इधर उधर झुकता हुआ। जैसे,—लटपटी चाल। उ०—घूरि घोत तनु नैननि पंजन, चलत लटपटी खात।—सूर (शब्द०)। २ जो ठीक बैठा न होने के कारण ढीला होकर नीचे की ओर गिरा जाता हो। ढीलाढाला। जो चुस्त और दुरुस्त न हो। अव्यवस्थित। बिना सँवारा हुआ। उ० (क) लटपटी पाग उनीदे नैना उठ चले उमगात।—सूर (शब्द०)। (ख) ह्वै कपि लटपटी पाग पर जावत का छबि पाई।—सूर (शब्द०)। ३ (वस्त्र आदि) जो स्पष्ट या ठीक क्रम में न बिनी हो। टूटा फूटा। उ०—ज्यों ज्यों बैन लटपटे गति सुमाना। व्यास (शब्द०)। ४ जो ठीक क्रम में न हो। अव्यवस्थित। अटपट। ५ थकान लिए हुए। ऊँघता हुआ। अलसाया। ऐंठन। उ०—तेरे मुँह फेरे मोने कायर कपूत कूर लटे लटपटेनि को कौन परिगहैगो।—तुलसी (शब्द०)।

लटपटा—वि० १ जो बड़ी ही तरल पतला हो। जो न पानी की तरह पतला हो और न बहुत अधिक गाढ़ा। लुटपुटा। जैसे,—लटपटी तरकारी। २ भीजा हुआ। सिजा हुआ। सनसना हुआ। जो इधर उधर चुपड़ा हुआ हो, साफ या बराबर न हो। जो ठीक खिला या बिखरा पड़ा हो। (कपड़ा इत्यादि)। उ०—लिखा लटाटन लखाट लटाटा मारी चोट चटाटा अटपटी चाल अटपटो।—सूर (शब्द०)।

लटपटान—स० वि० [हिं० लटपटाना] १ लटपटाने की क्रिया या भाव। लड़खड़ाहट। २ मनोहर गति या चाल। लटक। लचक।

लटपटाना'—क्रि० अ० [सं० लड (=हिलना डोलना)+पत् (=गिरना)] १. पैरों इत्यादि के न जमकर निर्बलता या मद आदि के कारण इधर उधर झुक झुक पड़ना। गिरना पड़ना। लड़खड़ाना। उ०—करत विचार चल्यो सम्मुख व्रज। लटपटात पग धरनि धरत गज।—सूर (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना।

२ स्थिर न रहना। जमा न रहना। डिगना। विचलित होना। ३ ठीक तरह से न चलना। च्युत होना। चूक जाना। जैसे,—पैर लटपटाना, जीभ लटपटाना।

लटपटाना'—क्रि० अ० [सं० लभ, लड (=लुभाना)] १. लुभाना। मोहित होना। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्यामा कुंज-बिहारी लटपटाइ रहे गान नर्व सुख चैन।—हरिदास (शब्द०)। २ लीन होना। लिप्त होना। अनुरक्त होना।

लटपटानि—संज्ञा स्त्री० [हिं० लटपटाना] १ दे० 'लटपटान'। २ मनोहर गति या चाल। लचक। लटक। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्यामा कुंज बिहारी के सब रंग लटपटानि के भेद न्यारे न्यारे जैसे पानी में पानी नरीच।—हरिदास (शब्द०)।

लटपर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] दालचीनी। बड़ी दारचीनी [को०]।

लटभ—वि० [सं०] सुंदर [को०]।

लटह—वि० [सं०, प्रा०] सुंदर। खूबसूरत [को०]।

लटा—वि० [सं० लट्ट] [वि० स्त्री० लटी] १ लोलुप। लंपट। २ लुच्चा। नीच। ३ तुच्छ। हीन। ४ गिरा हुआ। पतित। ५ बुरा। खराब। उ०—जग में करो जो न तृण मान। नीकी करी, लटी उर आनै।—लाल (शब्द०)।

लटापटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लटपटाना] १ लटपटाने की क्रिया या भाव। २ लडाई झगडा। भिडत। उ०—लटापटी होवन लगी मोहि जुदा करि देहु।—गिरधर (शब्द०)।

लटापोटⓤ†—वि० [हिं० लोटपोट] लोटपोट। मोहित। मुग्ध। उ०—अटकि मुबारक मति गई लूटि मुखन की मोट। लटापोट ह्वै लपटि गो लटकत लट की ओट।—मुबारक (शब्द०)।

लटिया सज्ञा स्त्री० [हिं० लट] सूत आदि का लच्छा। लच्छी। आँटी।

मुहा०—लटिया करना = सूत को लपेटकर आँटी या लच्छे के रूप मे करना।

लटियासन—सज्ञा पुं० [हिं० लट + सन] पटसन।

लटी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लटा (= बुरा)] १ बुरी बात। २ झूठी बात। गप।

मुहा०—लटी मारना = गप हाँकना। सीटना। झूठी बात कहना।

३. साधुनी। भक्तिन। ४ वेश्या। रडी।

लटी[2]—वि० [सं० लट्ट] दे० 'लटा'।

लटुआ—सज्ञा पुं० [सं० लुठन या लुण्ठन] दे० 'लट्टू'। उ०—लटुआ लौ प्रभु कर गहै निगुनी गुन लपटाय। वहै गुनी कर तें छुटै निगुनीयै ह्वै जाय।—बिहारी (शब्द०)।

लटुक—सज्ञा पु० [स० लकुच] लकुट नाम का पेड और उसका फल। विशेष दे० 'लकुट' या 'लुकाट'।

लटुरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट + उरी (प्रत्य०)] दे० 'लटूरी'। उ०—लटकन ललित लटुरियाँ मसि बिदु गोरोचन।—सूर (शब्द०)।

लटू—सज्ञा पुं० [सं० लुठन] दे० 'लट्टू'। उ०—(क) चार चकई तौ घुनघुना लट्टू कचन को खेलि घरे लाल बाल सखन बुलाय रे।—दीनदयाल (शब्द०)। (ख) रन भरन लटू को करम रथ, होत छट्टको सत्रु उर।—गोपाल (शब्द०)।

मुहा०—(किसी पर) लटू होना = (१) मोहित होना। आसक्त होना। लुभाना। आशिक होना। उ०—(क) हम तौ रीझि लटू भईं लालन महाप्रेम तिय जाति।—सूर (शब्द०)। (ख) रही लटू ह्वै लाल ही लखि वह बाल अनूप।—बिहारी (शब्द०)। (ग) ब्याह ही तें भए कान्ह लटू तब ह्वै है कहा जब होयगो गौना ?—पद्माकर (शब्द०)। (२) चाह मे हैरान होना। प्राप्ति के लिये उत्कठित होना। उ०—जा सुख की लालसा लटू सिव सनकादि उदासी।—तुलसी (शब्द०)।

लटूरा†—सज्ञा पुं० [हिं० लट्टू] कुप्पा।

लटूरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट] सिर के बालो का लटकता हुआ गुच्छा। केश। अलक। उ०—लटकन लसत ललाट लटूरी। दमकति द्वै द्वै दँतुरियाँ रूरी।—तुलसी (शब्द०)।

लटेरा†—सज्ञा पुं० [हिं० लटजीरा या दश०] एक प्रकार का धान जिसका स्वाद बहुत अच्छा होता है।

लटोरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० लट(= चिपचिपाहट)] एक प्रकार का छोटा पेड़। श्लेष्मातक। सपिस्ता। लिटोरा। लिसोड़ा।

विशेष—इसकी पत्तियाँ गोल गोल और फल बेर के से होते हैं। यह वसत मे पत्तियाँ झाडता है और भारतवर्ष मे प्राय. सर्वत्र होता है। फलो मे बहुत सा लसदार गूदा होता है। इसका फल औषध के काम मे आता है और सूखी खाँसी को ढीली करने के लिये दिया जाता है। फारसी मे इसे 'सपिस्ताँ' कहते है, और हकीम लोग मिस्री मिलाकर इसका 'लऊक सपिस्ताँ' नामक अवलेह बनाते हैं और खाँसी मे चाटने के लिये देते हैं। सस्कृत मे भी इसे 'श्लेष्मातक' कहते है।

लटोरा[2]—सज्ञा पुं० [देश०] दस इच के करीब लबा एक भारतीय पक्षी।

विशेष—इसकी गरदन और मुँह काला, डैने नीलापन लिए हुए भूरे और दुम काली होती है। इसकी लबाई दस इच होती है। यह भारत मे स्थायी रूप से रहता है और प्राय मैदानो मे ही पाया जाता है। यह तीन से छह तक अडे देता है। इसके कई भेद होते है। जैसे,—मटिया, कजला, खरखला।

लट्ट—सज्ञा पु० [सं०] दुष्ट आदमी। दुर्जन।

लट्ट पट्ट‡—वि० [अनु०] दे० 'लपट'। उ०—प्रेम रग लट्ट पट्ट आवै जाय झट्ट पट्ट देवबृ द देखे परैं मानो नट्ट बट्ट हैं।—रघुराज (शब्द०)।

लट्टू—सज्ञा पुं० [स० लुठन (= लुढकना)] गोल बट्टे के आकार का एक खिलौना जिसे लपेटे हुए सूत के द्वारा जमीन पर फेंककर लडके नचाते हैं।

विशेष—इसके बीच मे लोहे की एक कील जडी होती है, जिसे 'गूँज' कहते हैं। इसमे डोरी लपेटकर विशेष ढग से जोर से फेंकते है, जिससे यह बहुत देर तक चक्कर खाता हुआ घूमता रहता है।

क्रि० प्र०—नचाना।—फिराना।

मुहा० – (किसी पर) लट्टू होना = दे० 'लट्ट' शब्द का मुहावरा।

यौ०—लट्टूदार = (१) लट्टू के आकार के समान। लट्टू जैसा। (२) लट्टू से युक्त। उ०—कलीदार, लट्टूदार या··· ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २०७।

लट्टूदार पगड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट्टूदार + पगडी] एक प्रकार की पगडी जिसके ऊपर एक गोला सा बना होता है और आगे छज्जा सा भी निकला होता है। इसे छज्जेदार पगडी भी कहते हैं।

लट्ठ—सज्ञा पु० [सं० यष्ठि, प्रा० लट्ठि] बडी लाठी। मोटा लबा डडा।

क्रि० प्र०—चलाना।—मारना।

यौ०—लट्ठगँवार। लट्ठबद। लट्ठबाज। लट्ठबाजी। लट्ठमार।

मुहा०—किसी व्यक्ति या वस्तु के पीछे लट्ठ लिए फिरना = किसी का बराबर विरोध करना। किसी वस्तु के प्रतिकूल आचरण करना। जैसे,—तुम तो अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरते हो।

लट्ठ गँवार—वि० [हिं० लट्ठ + गँवार] महामूर्ख। उजड्ड। उ०—आज विनय न जितनी बातें की, उतनी शायद और कभी न की थी, और भी नायकराम जैसे लट्ठगवार से।—रगभूमि, भा० २, पृ० ६५४।

लट्ठबद—सज्ञा पु० [हिं० लट्ठ+बाँधना] लाठी रखनेवाला। लाठी बाँधनेवाला। लाठी से लैस। लठैत। उ०—लट्ठबद चौकसी करते चपरासियो और माली ।—भस्मावृत०, पृ० ५४।

लट्ठबाज—वि० [हिं० लट्ठ+फा० बाज़] १ लाठी लडनेवाला। लठैत। २ बडी लाठी बाँधनेवाला।

लट्ठबाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट्ठबाज+ई (प्रत्य०)] लाठी की लडाई या मार पीट।

लट्ठमार—वि० [हिं० लट्ठ+मारना] १ लट्ठ मारनेवाला। २ (बात या वचन) अप्रिय या कठोर। कर्कश। कटवा। जैसे,—उसकी बात लट्ठमार होती है।

लट्ठर।—वि० [हिं० लट्ठ] १ कठोर। कडा। कर्कश। २ गफ। मोटा। (कपडा आदि)।

लट्ठा—सज्ञा पुं० [हिं० लट्ठ लाठी लट्ठी का पुवत् रूप] १ लकडी का बहुत लबा टुकडा। बल्ला। शहतीर। २ घर की छाजन या पाटन मे लगा हुआ लकडी का बल्ला। धरन। कडी। ३ लकडी का खभा। जैसे,—तालाब का लट्ठा, मस्जिद का लट्ठा। ४ खेत या जमीन नापने का बास या बल्ला जो ५½ गज का होता है और नाप के रूप मे चलता है। ५ एक प्रकार का गाढा मोटा कपडा। गफ मारकीन।

लट्ठावदी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट्ठा+फा० बदी] जमीन की साधारण नाप जो लट्ठे से की जाय।

लट्व—सज्ञा पुं० [स०] १ घोडा। २ एक प्रकार का राग। ३ एक जाति का नाम (को०)। नाचनेवाला बालक। नृत्य करता हुआ बालक (को०)।

लट्वा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार का करज। २ एक प्रकार का बाजा। ३ गोरा पक्षी। ४ कुसुभ। ५ चित्र बनाने की कूची। कलम। तूलिका। ६ व्यभिचारिणी स्त्री। ७ बालो की लट। अलक। ८ खेल। क्रीडा (को०)।

लट्वाका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का पक्षी (को०)।

लठ—सज्ञा पुं० [प्रा० लट्ठ] दे० 'लट्ठ'।

लठा†—सज्ञा पुं० [हिं० लाठी] दे० 'लट्ठ'। उ०—भारी लठा कोऊ लिए कोउ लकुट निज कर मैं धरे।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ११४।

लठियल†—वि० [हिं० लाठी+इयल (प्रत्य०] लाठी बाधने या चलानेवाला। लठैत।

लठिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाठी+इया (प्रत्य०)] लाठी। लकडी। डडा।

लठैत—सज्ञा पु० [हिं० लठ+ऐत (प्रत्य०)] लाठी चलानेवाला। लाठी की लडाई लडनेवाला। लट्ठबाज।

लड़गा†—सज्ञा पु० [हिं० लडना+अगा (प्रत्य०)] लडाका। योद्धा। लडैत। सैनिक। उ०—सनाहे अमल्ली, हिले फौज हल्ली। लडगे अलेखै, दिली ख्याल देखै।—रा० रू०, पृ० ३१।

लड़त—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडना] १ लड़ाई। भिडत। २ सामना। मुकाबला।

लड़तिया—सज्ञा पुं० [हिं० लडत+इया (प्रत्य०)] लडनेवाला। गुस्तीबाज। उ०—वहाँ नित्य ही पचास लडतिये आ जुटते हैं।—गोदान, पृ० १७७।

लड़—सज्ञा स्त्री० [स० यष्टि, प्रा० लट्ठि, हिं० लट्ठी] १ सीध में गुथी हुई या एक दूसरी से लगी हुई एक ही प्रकार की वस्तुओं की पक्ति। माला। जैसे मोतियो की लड। २ कपडे का एक तार (जैसे, कई एक सूत मिलाकर बटे जाय)। पाट। पान। ३ पक्ति। पाँत। कतार। सिलसिला। श्रेणी।

मुहा०—(किसी के साथ) लड मिलाना=मेल करना। मित्रता करना। (किसी की) लड मे रहना=दल या पक्ष मे रहना। अनुयायियो मे रहना।

४ पक्ति मे लगे हुए फूलो या मजरियो का छडी के आकार का गुच्छा।

लड़इता।—वि० दे० 'लडैता'।

लड़कई।—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडका+ई (प्रत्य०)] १ लडकपन। बचपन। बाल्यावस्था। २. अज्ञता। नादानी। २ चपलता। चचलता। चिलबिलापन।

लड़कखेल—सज्ञा पुं० [हिं० लडका+खेल] १ बालको का खेल। २ सहज काम। साधारण बात।

लड़कखेलवा।—सज्ञा पुं० [हिं० लडका+खेल] १ बालको का खेलवाड। २ सहज काम।

लड़कना†—क्रि० अ० [हिं० लडकना] लडकना। उमग मे भरना। आनदित होना। उ०—जुगल कुँवर को लडकि लडावै। परम प्रेमरस पारस पावै। घनानद, पृ० २९१।

लड़कपन—सज्ञा पुं० [हिं० लडका+पन] १ वह अवस्था जिसमे मनुष्य बालक हो। बाल्यावस्था। जैसे,—लडकपन मे मैं वहाँ प्राय जाया करता था। लडको का सा चिलबिलापन। चपलता। चचलता। जैसे, हर दम लडकपन मत किया करो।

क्रि० प्र०—करना।

लड़कबुद्धि—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडका+बुद्धि] बालको की सी समझ। अपरिपक्व बुद्धि। कच्चापन। नासमझी।

लड़का—सज्ञा पुं० [सं० लट (=लडको का सा आचरण करना) स० लालन्=(जिसका लाड किया जाय) अथवा लाड (=दुलार)] [स्त्री० लडकी] १ थोडी अवस्था का मनुष्य। वह जिसकी उम्र कम हो। बालक। २ पुत्र। बेटा।

यौ०—लडकाबाला।

मुहा०—लडको का खेल=(१) बिना महत्व की बात। (२) सहज बात या काम। ऐसा काम जिसका करना बहुत सहज हो। जैसे,—यह काम करना लडको का खेल नही है। राह बाट का लडका=ऐसा लडका जिसे किसी ने रास्ते मे पडा पाया हो, और जिसके माता पिता का पता न हो। लडकी लडका=सतान। औलाद।

लड़काई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लड़का+ई (प्रत्य०)] दे० 'लडकई'।

लड़का बाला—सज्ञा पुं० [हिं० लड़का+स० बालक, प्रा० बालअ]

१ संतति। संतान। औलाद। बाल बच्चा। जैसे,—उन्हें कोई लडका बाला नही है। २ पुत्र, कलत्र आदि। परिवार। कुटुंब। कुनबा। जैसे,— (क) परदेस मे लडके वालो की खबर न मिलने से जी घबराता है। (ख) वह अपने लडके वालो की खबर नही लेता।

लड़किनी†=सज्ञा स्त्री० [हिं० लडकी+इनि (स्त्री० प्रत्य०)] लरकिनी। दे० 'लडकी'।

लडकी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडका] १ छोटी अवस्था की स्त्री। बालिका। २ कन्या। पुत्री। बेटी।

लडकीवाला—सज्ञा पुं० [हिं० लडकी+वाला (प्रत्य०)] विवाह सबध मे कन्या का पिता या रक्षक। जैसे,—लडकीवाले को सदा दबकर रहना पडता है।

लड़कैया—सज्ञा पुं० [हिं० लडका+ऐया (प्रत्य०)] दे० 'लडकपन'। उ०—करो जतन सखि साई मिलन की। गुडिया गुडवा सूप सुपलिया, तज दे बुध लडकैया खेलन की।—कबीर श०, भा० १, पृ० ३३।

लड़कोरी—वि० [हिं० लडका+ओरी (प्रत्य०)] दे० लडकौरी'। उ०—बेचारी अधमरी लडकोरी औरत को मारकर तुमने कोई बडी जवाँमर्दी का काम नही किया है।—गोदान, पृ० २७३।

लड़कौरी—वि० स्त्री० [हिं० लडका+औरी (प्रत्य०)] (स्त्री) जिसकी गोद में लडका हो। जिसके पास पालने पोसने के योग्य अपना बच्चा हो। जैसे,—लडकौरी स्त्री को तो बच्चे से ही छुट्टी नही मिलती।

लडखड़ाना—क्रि० अ० [स० लड (=डोलना)+खडा (या अनुरणनात्मक)] १ न जमने या न ठहरने के कारण इधर उधर हिल डोल जाना। पूर्ण रूप से स्थित न रहने के कारण खडा न रह सकना, इधर उधर झुक पडना। झोका खाना। डगमगाना। डिगना। जैसे,—पैर लडखडाना, आदमी का लडखडाकर गिरना।

सयो० क्रि०—जाना।

२ डगमगाकर गिरना। झोका खाकर नीचे आ जाना। ३ ठीक तौर से न चलना। अपनी क्रिया मे ठीक न रहना। विचलित होना। च्युत होना। चूकना। जैसे,—कोई चीज उठाने मे उसका हाथ लडखडाता है।

मुहा०—जीभ लडखडाना=(१) ठीक ठीक या पूरे शब्द और वाक्य मुँह से न निकलना। मुँह से स्पष्ट शब्द न निकलना। टूटे फूटे शब्द या वाक्य निकलना। (२) मुँह से रुक रुककर शब्द निकलना।

लड़खड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडखडाना] लडखडाने की क्रिया या भाव। डगमगाहट।

लड़ना—क्रि० अ० [सं० रण] १ आघात करनेवाले शत्रु पर आघात करने का व्यापार करना। आघात प्रतिघात करना। एक दूसरे पर वार करना। एक दूसरे को चोट पहुचाना। युद्ध करना। भिड़ना।

सयो० क्रि०—जाना।—पडना।

यौ०- लडना भिडना।

२ एक दूसरे को गिराने का प्रयत्न करना। कुश्ती करना। मल्लयुद्ध करना। जैसे,—पहलवानो का अखाड मे लडना। ३ एक दूसरे को कठोर शब्द कहना। वाग्युद्ध करना। झगडा करना। कलह करना। हुज्जत करना। तकरार करना। जैसे,—इसी बात पर दोनो घटो से लड रहे हैं। ४ वादविवाद करना। बहस करना। ५ दो वस्तुओ का वेग के साथ एक दूसरे से जा लगना। टक्कर खाना। टकराना। भिडना। जैसे,—रेलगाडियो का लडना, नावो का लडना। ६ विरोधी या प्रतिपक्षी के हानि पहुँचानेवाले प्रयत्न को निष्फल करने और उसे विफल करने का उद्योग करना। व्यवहार आदि मे सफलता के लिये एक दूसरे के विरुद्ध प्रयत्न करना। जैसे,—मुकदमा लडना। ७ पूर्ण रूप से घटित होना। एक बात का दूसरी बात के अनुकूल पडना। लक्ष्य के अनुकूल होना। मेल मिल जाना। उपयुक्त उतरना। सटीक बैठना। जैसे,—बात ही तो है, लड गई।

मुहा०—हिसाब लडना=(१) लेखा ठीक उतरना। (२) किसी बात का सुभीता होना।

८ अनुकूल पडना। ठीक होना। मुवाफिक उतरना। जैसे,—युक्ति लडना, किस्मत लडना। †९ बिच्छू, भिड आदि का डक मारना। जैसे,—भिड लड गई। (पश्चिम)। १० किसी स्थान पर पडना। किसी वस्तु से सयुक्त होना। लक्ष्य पर पहुँचना। भिडना। जैसे,—आँख लडना। निशाना लडना।

लड़बडा†—[अनु०] १. (व्यजन) जो न बहुत गाढा और न बहुत पतला हो। लटपटा। २ जिसमे पौरुष का अभाव हो। नपुसक।

लडबडाना—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'लडखडाना'।

लड़बावरा—वि० [स० लड (=लड़को का सा) अथवा लाड (=प्यार दुलार)+बावरा] [वि० स्त्री० लडबावरी] १. जो लडकपन लिए हो। जो चतुर और गभीर न हो। भोला भाला और उजड्ड। अल्हड। मूर्ख। नासमझ। अहमक। उ०—(क) सखियाँ लडबावरी रावरी हैं तिनकी मति मे अति दौरति हौं।—बेनीप्रवीन (शब्द०)। (ख) नूर कहै न सुनै, लडबावरी चदहि दोष कछू न भलाई।—नूर (शब्द०)। २. गँवार। अनाडी। उ०—एरी लडबावरी! अहीरि ऐसी बूझी तोहि नाहि सो सनेह कीजै, नाह सो न कीजिए।—केशव (शब्द०)। ३ मूर्खता से भरा हुआ। जिससे मूखता प्रकट हो। उ०—रावरी जो लडबावरी बात है सो सुनि राखियो, मैं न सहूँगी।—रघुनाथ (शब्द०)।

लड़बावला†—वि० [हिं० लड+बावला] मूर्ख। बेवकूफ। दे० 'लडबावरा'।

लड़बौरा—वि० [हिं० लाड+बौरा<बावरा] [वि० स्त्री० लड़बौरी] दे० 'लडबावरा'। उ०—सुन री राधा आते लडबौरी जमुन गई तब सग कौन ही।—सूर (शब्द०)।

लड़ह—वि० [सं०, प्रा० लट, लटह] सुदर। खूबसूरत (को०)।

लड़ाइता[1]—वि० [हिं० लाड (=प्यार)] दे० 'लड़ैता'। उ०—नंदहु यशोदा के लड़ाइते कुँवर हिय हरे प्यार गोपिन के खोरिन बगे रहैं।—देव (शब्द०)।

लड़ाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लड़ना+आई (प्रत्य०)] १ आघात करनेवाले शत्रु पर आघात करने की क्रिया। आघात प्रतिघात। एक दूसरे पर वार। एक दूसरे को चोट पहुचाने की क्रिया या भाव। भिड़त। युद्ध।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—लड़ाई भिड़ाई।

२ सेनाओं का परस्पर आघात प्रतिघात। संग्राम। जंग। युद्ध। जैसे,—दोनों राज्यों के बीच लड़ाई हो रही है।

क्रि० प्र०—करना।—छिड़ना।—ठनना।—मचना।—होना।

मुहा०—लड़ाई का मैदान=रणक्षेत्र। लड़ाई पर जाना=योद्धा या सैनिक के रूप में रणक्षेत्र में जाना।

३ एक दूसरे को पटकने का प्रयत्न। मल्लयुद्ध। कुश्ती। ४ परस्पर कठोर शब्दों का व्यवहार। वाग्युद्ध। झगड़ा। बखेड़ा। तकरार। हुज्जत। कहा सुनी।

यौ०—लड़ाई झगड़ा।

५ वादविवाद। बहस। ६ दो वस्तुओं का वेग के साथ एक दूसरी से जा लगना। टक्कर। ७ विरोधी या प्रतिपक्षी के व्यवहार से अपनी रक्षा करने और उसे विफल करने का परस्पर प्रयत्न। व्यवहार या मामले में सफलता के लिये एक दूसरे के विरुद्ध प्रयत्न या चाल। जैसे,—जमीन के लिये अदालत में लड़ाई। ८ अनबन। विरोध। वैर। बिगाड़। दुश्मनी। जैसे,—उन दोनों में आजकल लड़ाई है।

लड़ाका—वि० [हिं० लड़ना+आका (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लड़ाका] १ लड़नेवाला। योद्धा। सिपाही। २ बात बात में लड़ जानेवाला। बहुत झगड़ा करनेवाला। झगड़ालू। फसादी।

लड़ाकू—वि० [हिं० लड़ना+आकू] १ युद्ध में व्यवहृत होनेवाला। लड़ाई में काम आनेवाला। जैसे,—लड़ाकू जहाज। २. दे० 'लड़ाका'।

लड़ाना[1]—क्रि० स० [हिं० लड़ना का प्रेर० रूप] १ लड़ने का काम दूसरे से कराना। लड़ने में प्रवृत्त करना। जैसे,—उन दोनों को तुम्हीं लड़ा रहे हो। २ झगड़े में प्रवृत्त करना। कलह के लिये उद्यत करना। ३ एक वस्तु का दूसरी से वेग या झटके के साथ मिला देना। टक्कर खिलाना। भिड़ाना। ४ लक्ष्य पर पहुचाना। किसी स्थान पर फेंकना या डालना। जैसे,—निशाना लड़ाना, आँख लड़ाना। ५ परस्पर उलझाना। जैसे,—पतंग लड़ाना, डोरा लड़ाना। ६. सफलता के लिये व्यवहार में लाना। सिद्धि के लिये संचालित करना। जैसे, युक्ति लड़ाना, बुद्धि लड़ाना।

लड़ाना[2]—क्रि० स० [हिं० लाड (=प्यार)] लाड प्यार करना। दुलार करना। प्रेम से पुचकारना। उ०—नव नव लाड़ लड़ाई माई गाढ़ी गाढ़ी यहा प्रेम जागरा।—सूरदास (शब्द०)।

लड़ायता—वि० [हिं० लाड़ (=प्यार)] दे० 'लड़ैता'।

लड़िका—संज्ञा पुं० [हिं० लाड़+इका] दे० 'लड़ू'। उ०—बहुरि कहनि आँति लड़िका। खीरा। चारकाह तासु कछु सिख दीन्ह।—नंद० ग्र०, पृ० २२६।

लड़ित—वि० [सं०] इतराया हुआ। इधर उधर घूमनेवाला (को०)।

लड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० यष्टि, प्रा० लट्ठि] १ सीध में गुथी हुई या एक दूसरी में लगी हुई एक प्रकार की वस्तुओं की पंक्ति। माला। जैसे,—मोतियों की लड़ी। २ रस्सी या सूत का तार (जो, कई एक तार मिलाकर बटे या बुने जायँ)। ३ पंक्ति। कतार। सिलसिला। श्रेणी। जैसे,—यहाँ से वहाँ तक डाकों की एक लड़ी बैठी है। ४ पंक्ति में लगे हुए कुएँ या मजदूरों का छोटा सा आकार का गुंबद।

लड़ीला—वि० [हिं० लाड़+ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लड़ीली] दुलारा। प्यारा।

लड़ुआ, लड़ुवा—संज्ञा पुं० [सं० लड्डुक, लड्डुक] मोदक। लड्डू। उ०—लाडि भूलि मन लड़ुवन गई।—नंद० ग्र०, पृ० १२८।

लड़ैता[1]—वि० [हिं० लाड़ (=प्यार)+ऐता (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लड़ैती] १ जिसका बहुत लाड़ प्यार हो। जिसपर बहुत प्रेम दिखाया जाय। लाड़ला। दुलारा। जैसे,—बहुत लड़के बिगड़ जाते हैं। २ जो लाड़ प्यार के कारण बहुत इतराया हो। जिसका स्वभाव किसी के बहुत प्रेम दिखाने के कारण बिगड़ गया हो। धृष्ट। शोख। ३ प्यारा। प्रिय। उ०—जितहीं जित रण करैं लड़ैती तितहीं आपुन जावैं।—सूर (शब्द०)।

लड़ैता[2]—वि० [हिं० लड़ना] लड़नेवाला। लड़ाका। वीर। उ०—कहा लड़ैत हम कम पै लाल बेहाल।—बिहारी (शब्द०)।

लड़ुह—संज्ञा पुं० [सं० लटक, लड्ड] धूर्त। धोखेबाज। बदमाश। दुष्ट (को०)।

लड्डू—संज्ञा पुं० [सं० लड्डुक] गोल बँधी हुई मिठाई। मोदक।

विशेष—लड्डू कई प्रकार के और कई चीजों के बनते हैं। जैसे,—बेसन के लड्डू, खोए के लड्डू, बेसन की बुँदिया के लड्डू जो बेसवर के लड्डू और मोतीचूर कहलाते हैं।

मुहा०—(मन के) लड्डू खाना या फोड़ना=व्यर्थ किसी बड़े लाभ की कल्पना करना जिसका होना बहुत कठिन हो। लड्डू खिलाना=उत्सव मनाना। दावत करना। लड्डू मिलना=कोई अच्छा लाभ होना। जैसे,—वहाँ जाने से क्या लड्डू मिल गया? लड्डू बटना=लाभ या प्राप्ति होना। जैसे,—वहाँ क्या लड्डू बटता है? ठग के लड्डू खाना=पागल होना। नासमझी करना। होश हवास में न रहना।

विशेष—पहले ठग लोग मुसाफिरों को धोखे से मादक वस्तु या विष मिला लड्डू खिला देते थे, और जब वे बेहोश हो जाते थे, तब उनका माल लूट लेते थे।

लड्याना†—क्रि० स० [हिं० लाड (=प्यार)] लाड प्यार करना। दुलार करना। उ०—को मृगछौना मो क्यो पग तेरे तजे जाहि पूत लो लाड लड्यावति है।—लक्ष्मण (शब्द०)। (ख) कहते हैं कि भर्त्ता की लड्याई हुई उस चडी ने उसके प्रतिज्ञा किए हुए दो वरदान उगले।—लक्ष्मण (शब्द०)।

लढ़त—सज्ञा पु० [स० लुण्ठन (=लुटकना)] कुश्ती का एक पेच जो मुरगो या खरगोशो की लडाई का अनुकरण है।

लढ़ा†—सज्ञा पुं० [हिं० लुढ़ना] बैलगाडी।

लढ़िया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लुढना, लुढकना या हिं० लढा+इया (प्रत्य०)] बैलगाडी।

लत[1]—सज्ञा स्त्री० [स० रति (=अनुरक्ति, लीनता)] किसी बुरी बात का अभ्यास और प्रवृत्ति। बुरी आदत। दुर्व्यसन। बुरी टेव। उ०—यह एक घृणा उत्पादक लत है।—कबीर म०, पृ० १६७।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

लत[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] लात। पाँव। पाद। यौगिक शब्दो मे व्यवहृत। जैसे,—लतखोर, लतडी आदि।

लतखोर—वि० [हिं० लात+फा० खोर] दे० 'लतखोरा'।

लतखोरा[1]—वि० [हिं० लात+फा० खोर (=खानेवाला)] [वि० स्त्री० लतखोरिन] [सज्ञा लतखोरी] १ सदा लात खानेवाला। सदा ऐसा काम करनेवाला जिसके कारण मार खानी पडे या भला बुरा सुनना पडे। २ नीच। कमीना।

लतखोरा[2]—सज्ञा पुं० १ दास। किंकर। गुलाम। २ देहली। दहलीज चौखट। ३ दरवाजे पर पडा हुआ पैर पोछने का कपडा। पायदाज। गुलमगर्दा।

लतड़ो[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] केसारी नाम का अन्न।

लतडी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लात (=पैर+डी (प्रत्य०)] एक प्रकार की जूती जिसमे केवल तला ही होता है।

लतपत†—वि० [अनु०] दे० 'लथपथ'। उ०—एक भैसा कीचड से लतपत आया और उस फर्श के ऊपर बैठ गया।—कबीर म०, पृ० १५६।

लतमर्दन—सज्ञा स्त्री० [हिं० लत (=लात)+सं० मर्दन] १ लातो से दबाने की क्रिया। पैरो से रौंदने की क्रिया। २ लातो की मार। पदाघात।

लतर—सज्ञा स्त्री० [स० लता] बेल। वल्ली।

लतरा—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का मोटा अन्न जिसे 'बरबरा' और 'रेंवछ' भी कहते हैं। इसकी फलियो की तरकारी भी बनाई जाती है।

लतरिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लतरी+इया (प्रत्य०)] दे० 'लतडी'। उ० भाग ससुर को लातन मारत खसम को मारत लतरिया।—कबीर श०, भा० २ पृ० ५६।

लतरी[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास या पौधा जो खेतो मे मटर के साथ बोया जाता है और जिसमे चिपटी चिपटी फलियाँ लगती हैं।

विशेष—इसके दानो से दाल निकलती है जिसे गरीब लोग खाते हैं। यह बहुत मोटा अन्न माना जाता है। इसे 'मोट' और 'खेसारी' भी कहते हैं। पशुचारा के रूप मे काम आता है।

लतरी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लात] एक प्रकार की हलकी जूती जो केवल तले के रूप मे होती है और अँगूठे को फँसाकर पहनी जाती है। चप्पल।

लतहा†—वि० [हिं० लात+हा (प्रत्य०)][वि० स्त्री० लतही] लात मारनेवाला (बैल या घोडा)। जैसे,—लतही घोडी।

लतागी—सज्ञा स्त्री० [स०] कर्कट शृगी। काकडासीगी।

लता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह पौधा जो सूत या डोरी के रूप मे जमीन पर फैले अथवा किसी खडी वस्तु के साथ लिपटकर ऊपर की ओर चढे। वल्ली। बेल। बौर।

विशेष—जिस लता मे बहुत सी शाखाएँ इधर उधर निकलती हो और पत्तियो का झाँपस होता है, उसे सस्कृत मे 'प्रतानिनी' कहते हैं।

२ कोमल काड या शाखा। जैसे,—पद्मलता।

विशेष—सौदर्य, कोमलता और सुकुमारता का सूचक होने के कारण 'बाहु' या 'भुज' शब्द के साथ कभी कभी 'लता' शब्द लगा दिया जाता है। जैसे,—बाहुलता, भुजलता। सुदरी स्त्री के लिये भी 'कचनलता', 'कनकलता', 'कामलता', 'हेमलता' आदि शब्दो का प्रयोग होता है। जैसे,—(क) गहि शशिवृत्त नरिद सिढी लघत ढहि थोरी। कामलता कल्हरी प्रेम मारुत झकझोरी।—पृ० रा०, २५।३८१। (ख) मानो किलता कचन लहरि मत्ता वीर गजराज गहि।—पृ० रा०, २५।३७४।

३ प्रियगु। ४ स्पृक्का। ५ अशनपर्णी। ६ ज्योतिष्मती लता। ७ माधवी लता। ८ दूर्वा। दूब। ९ कैवर्तिका। १० सारिवा। ११ जातिपुष्प का पौधा। १२ सुदरी स्त्री। कृशोदरी। १३ मोतिया की लरी (को०)। १४ कशाघात या चाबुक। कोडा (को०)।

लताकरज—सज्ञा पुं० [सं० लताकरञ्ज] एक प्रकार का करज या कजा। कटकरेज।

पर्या०—दुष्पर्श। वीरावह। वज्रमोजक। धनदात्री। कटफल। कुबेराक्षी।

विशेष वैद्यक मे यह कटु, उष्ण और वातकफ-नाशक कहा गया है। इसका बीज दीपन, पथ्य तथा गुल्म और विष को दूर करनेवाला माना जाता है।

लताकर—सज्ञा पु० [स०] नाचने मे हाथ हिलाने का एक प्रकार।

लताकस्तूरिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक पौधा जो दक्षिण मे होता है।

विशेष—वैद्यक मे इसे तिक्तस्वादु, वृष्य, शीतल, लघु, नेत्रो को हितकारी तथा श्लेष्मा, तृष्णा और मुखरोग को दूर करनेवाली माना है। इसे लताकस्तूरी भी कहते हैं।

लताकुंज—संज्ञा पुं० [सं० लताकुञ्ज] लताओं से छाया हुआ स्थान। उ०—लताकुंज में मधुप पुंज के 'गुन गुन गुन' गुंजन में।—अनामिका, पृ० २६।

लतागण—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में सूत या डोरी के रूप में फैलने-वाले पौधों का वर्ग।

विशेष इस वर्ग के अंतर्गत ये पौधे हैं—पान, गूर्च, सोमवल्ली, विष्णुक्रांता, स्वर्णवल्ली हडसहारी, ब्रह्मदंडी, आकाशबेल, वटपत्री, हिंगुपत्री, वंशपत्री, वृहत्सला, अर्कपुष्पी, सर्पाक्षी, गूमा, मूसाकानी, पोई, मोरशिखा, ववचल्ली, कंकलता (नागकेसर), जाती और माधवी।

लतागुल्म संज्ञा पुं० [सं०] लताओं का झुरमुट। उ०—पेड, पौदे, लतागुल्म आदि भी इसी प्रकार कुछ भावों या तथ्यों की व्यंजना करते हैं।—रस०, पृ० १६।

लतागृह—संज्ञा संज्ञा [सं०] लताओं से मंडप की तरह छाया हुआ स्थान। लताकुंज।

लताजिह्व—संज्ञा पुं० [सं०] सर्प। साँप।

लताड—संज्ञा स्त्री० [हिं० लथाड] दे० 'लथाड'।

मुहा०—लताड बताना = भर्त्सना करना। झिड़कियाँ सुनाना। उ०—प्रलकार प्रेमियों को लताड बताकर शुक्ल जी ने उन्हें सावधान कर दिया है कि हैसियत से बाहर न बोला करें।—आचार्य०, पृ० १३५।

लताड़ना—क्रि० स० [हिं० लात] १ पैरों से कुचलना। रौंदना। २ लातों से मारना। ३ हैरान करना। श्रम में शिथिल करना। थकाना। ४ फटकारना। झिड़की सुनाना। ५ लेटे हुए आदमी के शरीर पर खड़े होकर धीरे धीरे इधर उधर चलना, जिससे उसके बदन की थकावट दूर होती है। (पश्चिम)।

लतातरु—संज्ञा पुं० [सं०] १ नारंगी का पेड। २ ताड का पेड। ३ शाल या साखू का पेड।

लतात्राल—संज्ञा पुं० [सं०] हिंताल वृक्ष।

लताद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लतातरु'।

लतानन—संज्ञा पुं० [सं०] नाचने में हाथ हिलाने का एक ढंग।

लतापता—संज्ञा पुं० [सं० लतापत्र] १ लता और पत्ते। पेड पत्ते। पेडों और पौधों का समूह। २ पौधों की हरियाली। ३ जडी बूटी। जैसे,—गाँव के लोग लतापता से दवा कर लेते हैं।

लतापनस—संज्ञा पुं० [सं०] तरबूज। कलींदा।

लतापर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

लतापर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ तालमूला। २ मयूरिका। मेउंडी।

लतापाश—संज्ञा पुं० [सं०] लता का झाँपस या समूह। लताओं का जाल।

लतापतान—संज्ञा पुं० [सं०] लता के रेशे या तंतु [को०]।

लताफत—संज्ञा स्त्री० [अ० लताफत] १. कोमलता। २ मृदुलता। नजाकत। २ शोभा। लालित्य। सुदरता। उ०—नन्ही एक महबूब महताब ने, लताफत से निकल निछक आब से।—दक्खिनी०, पृ० ७०। ३ बारीका। सूक्ष्मता (को०)। ४ स्वच्छता। शुद्धता (को०)। ५ नवीनता (को०)। ६ भाव की गभीरता (को०)।

लताफल—संज्ञा पुं० [सं०] पटोल। परवल।

लताभद्रा—संज्ञा पुं० [सं०] भद्रा या भद्रावली नाम की एक लता [को०]।

लताभवन—संज्ञा पुं० [सं०] लताओं का कुंज। लतागृह। उ०—लताभवन तें प्रगट भए तेहि अवसर दोउ भाइ। निकसे जनु जुग विमल बिधु जलद पटल बिलगाइ।—तुलसी (शब्द०)।

लतामंडप—संज्ञा पुं० [सं० लतामण्डप] छाई हुई लताओं से बना हुआ मंडप या घर।

लतामंडल—संज्ञा पुं० [सं० लतामण्डल] छाई हुई लताओं का घेरा या कुंज।

लतामणि—संज्ञा पुं० [सं०] प्रवाल। मूँगा।

लतामरुत्—संज्ञा पुं० [सं०] पृथा।

लतामृग—संज्ञा पुं० [सं०] शाखामृग। बानर। बदर [को०]।

लतायष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] मजिष्ठा। मजीठ।

लतायाचक—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रवाल। मूँगा। २ कनखा। अंकुर [को०]।

लतारद—संज्ञा पुं० [सं०] हस्ती। हाथी [को०]।

लतारसन—संज्ञा पुं० [सं०] लताजिह्व। सर्प [को०]।

लतार्क—संज्ञा पुं० [सं०] प्याज का पौधा। हरा प्याज।

लतालक—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी।

लतावलय—संज्ञा पुं० [सं०] लताकुंज। लतागृह [को०]।

लतावृक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ शल्लकी। सलई का पेड। २ नारियल का वृक्ष (को०)।

लतावेष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] १ कामशास्त्र में सोलह प्रकार के रति-बंधों में से तीसरा। २ एक पर्वत जो द्वारकापुरी से दक्षिण की ओर पडता है। (हरिवंश)।

लतावेष्टन—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का आलिंगन। बैठे हुए प्रिय का लेटी हुई प्रिया द्वारा आलिंगन।

लतावेष्टित—वि० [सं०] लताओं से घिरा हुआ या आच्छादित [को०]।

लतावेष्टितक—संज्ञा सं० [सं०] दे० 'लतावेष्टन' [को०]।

लता शकुतरु—संज्ञा पुं० [सं० लताशङ्कुतरु] लताशाख वृक्ष [को०]।

लताशाख—संज्ञा पुं० [सं० लताशाखा] शाल या साखू का पेड।

लतासाधन—संज्ञा पुं० [सं०] तंत्र या वाममार्ग की एक साधना जिसका प्रधान अधिकरण लता या स्त्री है।

विशेष—इसमें महारात्रि (शिवरात्रि) के दिन एक रजस्वला स्त्री को लेकर उसके योनिदेश पर इष्टदेव का पूजन और जप करते हैं।

लतिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी लता। बँवर। वेल। विशेष दे० 'लता'।

लतियर, लतियल—वि० [हिं० लात+इयल (प्रत्य०)] जो सदा लात खाता रहता हो। लतखोर।

लतियाना†—क्रि० स० [हिं० लात+आना (प्रत्य०)] १ पैरो से दबाना या रौंदना। २ खूब लातें मारना। प्रहार करना। दड देना। जैसे,—इसे खूब लतियाओ, तब मानेगा।

लतिहर, लतिहल—वि० [हिं० लात+इहर (प्रत्य०)] दे० 'लतियर'।

लतीफ—वि० [अ० लतीफ] १. मजेदार। सुस्वादु। जायकेदार। २ अच्छा। बढिया। मनोहर।

यौ०—लतीफ मिजाज=खुशदिल।

लतीफा—सज्ञा पु० [अ० लतीफा] १ हास्य रस पूर्ण छोटी कहानी। चुटकुला। २ चुहल की बात। हँसी की बात। ३ चमत्कार-पूर्ण बात। अनूठी बात।

यौ०—लतीफा गो=लतीफा कहनेवाला। लतीफा बाज=विनोदी। चुहलभरी बातें कहनेवाला।

मुहा०—लतीफा छोडना या कसना=चुहल या विनोद की बातें कहना।

लत्त—सज्ञा स्त्री० [देशी लत्ता, लत्तिया] १. लात। २ बुरी आदत। लत।

लत्ता—सज्ञा पुं० [सं० लत्तक] १ फटा पुराना कपडा। चीथड़ा। २ कपडे का टुकडा। वस्त्रखड। ३ कपडा। वस्त्र। उ०—तन पर लत्ता नाहिं खसम ओढाती सोई।—पलटू०, भा० २, पृ० ७६।

यौ०—कपडा लत्ता=पहनने का वस्त्र।

मुहा०—लत्ते लेना=आडे हाथ लेना। व्यग्य द्वारा उपहास करना। बनाना। लत्ते उडाना=धज्जियाँ उडाना। बखिया उधेडना। पोल खोलना। उ०—भली भाँति निर्णय किया और उसके भली प्रकार लत्ते उडाए हैं। कबीर म०, पृ० ३७१।

लत्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] गोवा। गोह।

लत्ती[१]—सज्ञा स्त्री० [देशी लत्तिया, हिं० लात] १ प्रहार के लिये उठाया या चलाया हुआ घोडे, गदहे आदि का पैर। पशुओ का पादप्रहार। लात। २ लात मारने की क्रिया। उ०—कोऊ लरत लत्ती चलावत कोउ काई मारतो।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ११३।

क्रि० प्र०—चलाना।—फटकारना।—मारना।

यौ०—दुलत्ती=घोडे, गधे आदि जानवरो का अपने पिछले दोनो पैरो से किसी पर प्रहार करना।

लत्ती[२]—सज्ञा पु० [हिं० लत्ता] १, कपडे की लबी धज्जी। २ बाँस मे बँधी हुई कपडे की धज्जी जिसे ऊँचा करके कबूतर उडाते हैं। २ पतग की दुम अर्थात् नीचे बधी हुई कपडे की लबी धज्जी। पुछिल्ला। ३. किसी ओर झुकती या कन्नी खाती हुई पतग को ठीक रखने के लिये उसके विपरीत ओर की कमानी मे बाँधने का लत्ता या धज्जी।

क्रि० प्र०—बाँधना।—लगाना।

लथपथ—वि० [अनु०] १ जो भीगकर भारी हो गया हो। भीगा हुआ। तराबोर। जैसे,—(क) वह पानी मे लथपथ हो गया। (ख) काम करते करते पसीने से लथपथ हो गए। २ (कीचड़ आदि मे) सना हुआ। जो कीचड आदि के लगने से भारी हो गया हो। जैसे,—वह कीचड़ मे फिसलकर फिर लथपथ दौड़ा।

लथाड—सज्ञा स्त्री० [अनु० लथपथ] १ जमीन पर पटककर इधर उधर लोटाने या घसीटने की क्रिया। चपेट। जैसे,—ऐसी लथाड दी कि होश ठिकाने हो गए। २ हार। पराजय। ३ डाँटडपट। झिड़की। फटकार। ४ नुकसान। हानि।

क्रि० प्र०—देना।

मुहा०—लथाड़ खाना=झिड़का जाना। डाँटा जाना। घुड़की सुनना। लथाड़ पडना=डाँटा जाना। झिड़की सुनाई जाना। जैसे,—आज उसपर खूब लथाड़ पड़ी।

लथाड़ना—क्रि० स० [अनु० लथाड] १ दे० 'लथेड़ना'। २. दे० 'लताड़ना'।

लथेड़ना, लथेरनाⓊ†—क्रि० स० [अनु० लथपथ] १ कीचड़ आदि से लपेटना। कीचड आदि पोतकर भारी करना। जैसे—दुपट्टे को क्यो कीचड़ मे लथेड़ रहे हो। २ मिट्टी, कीचड़ आदि लिपटाकर गदा करना। जैसे,—कल ही कुरता पहना, आज ही मिट्टी में लथेड़ डाला। ३ जमीन पर पटककर इधर उधर लोटाना या घसीटना। उ०—हरि तेहि गहि महि माहि लथेरा।—गोपाल (शब्द०)।

सयो० क्रि०—डालना।

४ कुश्ती या लडाई मे पछाडना। पटकना। हराना। ५ श्रम से शिथिल करना। हैरान करना। थकाना। ६ बातो या गालियो की बौछाड से व्याकुल करना। भर्त्सना करना। झिडकिया सुनाना। भला बुरा कहना। डाँटना। डपटना।

लदन—सज्ञा स्त्री० [हिं० लदना] लदाव।

लदना†[१]—वि० [हिं०] लदी वस्तु को ढोनेवाला। बोझा ढोनेवाला। लद्दू।

लदना[२]—क्रि० अ० [अनुकरणात्मक देश०] भाराक्रात होना। भारयुक्त होना। बोझ ऊपर लेना। बोझ से भरना। ऊपर पड़ी हुई वस्तुओ के ढेर से भरना। जैसे,—(क) मेज किताबो से लदी हुई है। (ख) गाडी असबाब से लदी हुई आ रही है।

सयो० क्रि०—जाना।

२ किसी वस्तु का किसी वस्तु के समूह से ऊपर ऊपर भर जाना। आच्छादित होना। पूर्ण होना। जैसे,—(क) यह पेड फलो या फूलो से लदा है। (ख) वह स्त्री गहनो से लदी है। ३ सामान ढोनेवाली सवारी (जैसे, गाड़ी, घोड़ा, बैल, ऊट) का वस्तुओ

से पूर्ण होना। बोझ से भर जाना या भरा जाना। जैसे,—गाडी लद रही है। ४ किसी भारी या वजनी चीज का दूसरी चीज के ऊपर होना या रखा जाना। किसी वस्तु के ऊपर बोझ के रूप मे पडना या रखा जाना। जैसे,—(क) तुम उसकी पीठ पर लद जाओ। (ख) मेज पर किताबें लदी हुई हैं। ५ सामान ढोनेवाली सवारी पर वस्तुओं का रखा जाना। बोझ का डाला या रखा जाना। जैसे,—गाडी पर उनका असबाब लद रहा है। ६ जेलखाने जाना। कैद होना। जैसे,—वह सात बरस के लिये लद गया। ७ परलोक सिधारना। मर जाना। जैसे,—आज वे भी लद गए। ८ समाप्त होना। खत्म होना।

लदनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लदना] १ व्यापार। कारबार। २ लदन। लदाव। जैसे लदनी लादना। उ०—करै पाप पुन्न की लदनी जग ख्याल हा जग ख्याल हा।—भीखा० श०, पृ० ८३।

लदलद—क्रि० वि० [अनु०] किसी गीली और गाढी या जमी हुई वस्तु के गिरने के शब्द का अनुकरण। जैसे,—भीगी मिट्टी ऊपर से लद लद गिर रही है।

लदवाना—क्रि० स० [हिं० लादना का प्रे० रूप] लादने का काम दूसरे से कराना। उ०—पाँच सहस इक सौ रथ आए। सहस निसान तोप लदवाए।—सबल (शब्द०)।

लदाउ, लदाऊⓊ†—वि० [हिं० लदना (=भरना)] लदाव। भराव। उ०—रेणुका की रासन में कीच कुस कासन मे निकट निवासन में आसन लदाऊ के।—पद्माकर (शब्द०)।

लदान—सज्ञा स्त्री० [हिं०] लादने की क्रिया। लदाव। लदन।

लदाना—क्रि० स० [हिं० लादना का प्रेर० रूप] लादने का काम दूसरे से कराना। दे० 'लदवाना'।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

लदाफँदा—वि० [हिं० लदना+फँदना] भारपूर्ण। बोझ से भरा या लदा हुआ।

लदाव—सज्ञा पुं० [हिं० लादना] १ लादने की क्रिया या भाव। २ भार। बोझ। ३ छत आदि का पटाव। ४ ईंटो की जोडाई जो बिना धरन या कडी के अधर मे ठहरी हो। कच्चे की जोडाई। जैसे,- लदाव की छत। ५ वह छत या महराब जिसमे ईंटो की जोडाई बिना धरन या कडी के सहारे अधर मे ठहरी हो।

लदुवा—वि० [हिं० लादना उवा (प्रत्य०)] बोझ ढोनेवाला। पीठ पर बोझ लेकर चलनेवाला। जैसे,—लदुवा घोडा, लदुआ बैल।

लदूपक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पक्षी कौ०।

लदू—वि० [हिं० लादना] बोझ ढोनेवाला। लदुवा। जैसे,—लदू घोडा।

लद्धड—वि० [हिं० लदना (=भारी होना)] जिसमे तेजी और फुरती न हो। सुस्त। काहिल। आलसी। जैसे,—लद्धड आदमी, लद्धड घोडा।

लद्धडपन—सज्ञा पु० [हिं० लद्धड+पन (प्रत्य०)] काहिली। सुस्ती ढिलाई।

लद्धनाⓊ—क्रि० स० [सं० लब्ध, प्रा० लद्ध (=प्राप्त)] प्राप्त करना। हासिल करना। मिलना। पाना। भेंटना। उ०—चीठर जमिया चून का बैरी बिरहा खद्ध। बीछुरिया सो साजना वेद न काहू लद्ध।—कबीर (शब्द०)।

लनटक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का पौधा या घास जिसका साग बनाकर खाया जाता है।

लना—सज्ञा पुं० [देश०] १ एक पेड जिससे पजाब मे सब्जी निकाली जाती है। इसका एक भेद 'गोरानला' है। २ शोरा।

लनी—सज्ञा स्त्री० [देश०] पान की बारी मे की क्यारी।

लनी—सज्ञा स्त्री० [देश०] पजाब मे होनेवाला एक पेड जिसमे सब्जी निकाली जाती है। छोटी जाति का 'लना' नाम का पेड।

लप[1]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास, जिसे 'मुरारी' भी कहते हैं।

लप[2]—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ बेंत या लचीली छडी को पकडकर हिलाने से उत्पन्न शब्द या व्यापार। २ छुरी, तलवार आदि की चमक की गति।

मुहा०—लप लप करना=(१) बेत या लचीली छडी आदि का पकडकर जोर से हिलाए जाने से शब्द करना। (२) झलकना। चमाचम करना। लप से=लो या लपट की तरह तेजी मे। झट से।

लप—सज्ञा पुं० [देश०] १ दोनों हथेलियो को मिलाकर बनाया हुआ सपुट जिसमें कोई वस्तु भरी जा सके। अंजली। जैसे,—लप भर आटा। २ अंजली भर वस्तु। जसे,—लप भर निकालकर देना।

लपक—सज्ञा स्त्री० [अनु० लप] १ ज्वाला। लपट। लौ। अग्नि शिखा। २ चमक। कांति। लपलपाहट। जैसे,—बिजली की लपक से आँखें चौंधिया गईं। ३ लौ या लपट की तरह निकलने या चलने की तेजी। वेग। ४ चलने का वेग। झपट। फुरती।

लपकना—क्रि० अ० [हिं० लपक] १ चटपट या तेजी से चल पडना। तुरत दौड पडना। जैसे,—उसने लपककर भागते हुए चोर को पकड लिया। २ वेग से गमन करना। तेजी से जाना या चलना। जैसे,—वह उसी ओर लपका चला जा रहा है।

मुहा०—लपक कर=(१) तुरत तेजी से जाकर। (२) तुरत। झट से। जैसे,—लपककर तुम्ही चले जाओ, लेते आओ। उ०—ताही समय उठे घन घोर दामिनी सी धाय उर लागी जाय स्याम घन सो लपकि कै।—केशव (शब्द०)।

३ आक्रमण के लिये दौड पडना। झपटना। जैसे,—शेर उसकी ओर लपका। ४ कोई वस्तु लेने के लिये झट से हाथ बढाना। जैसे,—तुम सभी चीजे लेने के लिये लपकते हो।

लपकी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लपकना] एक प्रकार की सीधी सिलाई।

लपचा—सज्ञा पुं० [देश०] सिकिम के पहाडो की एक जंगली जाति।

लपझप—वि० [अनु० लप+हिं० झपट] १ चंचल। चपल। स्थिर न रहनेवाला। २ चुपचाप न बैठनेवाला। अधीर। जैसे,—बाप चुपचुप, पूत लपझप। ३ तेज। फुरतीला।

मुहा०—लपझप चाल=बेढगी चाल। चपलता की चाल।

लपझप[२]—सज्ञा स्त्री० १ चचलता। चपलता। २ तेजी। तीव्रता। ३ सुकुमारता। कोमलता ४ एक प्रेम व्यजक चेष्टा।

लपट[१]—सज्ञा स्त्री० [स० लोक हिं० लौ+पट (=विस्तार)] १. आग के दहकने से उठा हुआ जलती वायु का स्तूप। अग्नि-शिखा। ज्वाला। आग की लौ। उ०—इद्रजाल कदर्प को कहै कहा मतिराम। आगि लपट वर्षा करै ताप धरै घनस्याम।—मतिराम (शब्द०)। २ तपी हुई वायु। हवा म फली हुइ गरमी। आँच।

क्रि० प्र०—आना।—लगना।

३, किसी प्रकार की गध से भरा हुआ वायु का झोका। जैसे,—क्या अच्छी गुलाब की लपट आ रही है। ४ गध। महक। झझक। बू। उ०—सूरदास प्रभु को बानक देखे गोपा टारे न टरत निपट आवै सोधे की लपट।—सूर (शब्द०)।

लपट†[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लिपटना] दे० 'लिपट'।

लपटना†—क्रि० अ० [स० लिप्त+हिं० ना (प्रत्य०)] १. अगो से घेरना। लिपटना। चिमटना। आलिगन करना। २ किसी सूत की सी वस्तु का दूसरी वस्तु के चारो ओर कई फेरो मे घेरना। ३ लग जाना। सलग्न होना। सटना। ४ उलझना। फँसना। लिप्त होना। उ०—आइ गयो काल मोहजाल मे लपटि रह्यो महा विकराल यमदूत ही दिखाइए।—प्रियादास (शब्द०)। ५. परिवेष्टित होना। घिर जाना। ६ लगा रहना। रत रहना।

लपटा—सज्ञा पुं० [हिं० लपटा सा लपसी] १. गाढी गीली वस्तु। २ लपसी। लेई। ३ कढी।† ४ एक प्रकार की घास। लपटौआँ।

लपटाना[१]†—क्रि० स० [हिं० लपटना] १ अगो से घेरना। लिपटाना। चिमटाना। २. आलिगन करना। गले लगाना। ३ किसी सूत की सी वस्तु को कई फेरे करके टिकाना या बाँधना। लपेटना। उ०—दरसन आयो राना रूप चतुर्भुज जू के रहे प्रभु पौढ़ि हार सीस लपटायो है।—प्रियादास (शब्द०)। ४ परिवेष्टित करना। घेरना।

लपटाना[२]†(यु)—क्रि० अ० १ सलग्न होना। सटना। उ०—यह नहिं भली तुम्हारी बानी। मैं गृहकाज रहौं लपटानी।—सूर (शब्द०)। २ उलझना। फँसना।

लपटौआँ[१]—सज्ञा पुं० [हिं० लपटना] एक प्रकार का जगली तृण जिसकी बाल कपडे में लिपट या फँस जाती है और कठिनता से छूटती है।

लपटौआँ[२]—वि० १ लिपटनेवाला। चिमटनेवाला। २ सटा या लिपटा हुआ।

लपटौना†—देश० पु०, वि० [हिं० लपटना] दे० 'लपटौआँ'।

लपन—सज्ञा पुं० [स०] १ मुख। मुँह। २ भाषण। कथन। ३. बोलने वा कहने का भाव (को०)।

लपना(यु)†[१]—क्रि० अ० [सं० लपन] कहना। बोलना।

लपना[२]†—क्रि० अ० [अनु० लप लप] १ बेंत या लचीली छडी का एक छोर पकडकर जोर से हिलाए जाने से इधर उधर झुकना। झोक के साथ इधर उधर लचना। २ झुकना। लचना। ३ लपकना। ४ ललचना। उ०—साधन बिनु सिद्धि सकल बिकल लोग लपत।—तुलसी (शब्द०)। ५ हैरान होना। परेशान होना।

मुहा०—लपना झपना=हैरान होना। उ०—साठि बरस जो लपई झपई। छन एक गुपुत जाय जो जपई।—जायसी (शब्द०)।

लपलपाना[१]—क्रि० अ० [अनु० लप लप] १. बेंत या लचीली छडी, टहनी आदि का एक छोर पकडकर जोर से हिलाए जाने से इधर उधर झुकना। झोक के साथ इधर उधर लचना या लपना। जैसे,—बेंत का लपलपाना। २ किसी लबी कोमल वस्तु का इधर उधर हिलना डोलना या किसी वस्तु के अदर से बार बार निकलना। जैसे,—साँप की जीभ लपलपाती है।

मुहा०—जीभ लपलपाना=चखने की इच्छा या लोभ करना। जैसे,—मिठाई खाने के लिये उसकी जीभ लपलपाया करती है। ३ छुरी, तलवार आदि का चमकना। झलकना।

लपलपाना[२]—क्रि० स० १ बेंत या लचीली छडी, टहनी आदि का एक छोर पकडकर जोर से इधर उधर झुकाना या झोका देना। झोक के साथ इधर उधर लचाना। फटकारना। लपाना। जैसे,—मारने के लिये बेंत लपलपाना। २ किसी लबी नरम चीज को इधर उधर हिलाना डुलाना या किसी वस्तु के अदर से बार बार निकालना। जैसे,—साँप जीभ लपलपाता है। ३ छुरी, तलवार आदि को निकालकर चमकाना। चमचमाना।

लपलपाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लपलपाना+आहट (प्रत्य०)] १ लपलपाने की क्रिया या भाव। लचीली छडी या टहनी आदि का झोक के साथ इधर उधर लचकना। एक छोर पकडकर जोर से हिलाए जाते हुए बेंत आदि का झोका। २ चमक। झलक। जैसे,—तलवारो का लपलपाहट।

लपसी—सज्ञा स्त्री० [स० लप्सिका] १ भुने हुए आटे मे चीनी का शरबत डालकर पकाई हुई बहुत गाढ़ा लेई जो खाई जाती है। थोडे घी का हलुवा। २ गीली गाढी वस्तु। जैसे,—आज की तरकारी तो लपसी हो गई। ३ पानी मे औटाया हुआ आटा जिसमे नमक मिला होता है और जो जेल मे कैदियो को दिया जाता है। लपटा।

लपहा—सज्ञा पुं० [देश०] पान का एक रोग। पान की गेरुई।

लपाना—क्रि० स० [अनु० लपलप] १ लचीली छडी आदि को झोक के साथ इधर उधर चलाना। फटकारना। २. नरम लबी चीज को डुलाना। ३. आग बढ़ाना।

लपित[1]—वि० [सं०] कहा हुआ। बोला हुआ। कथित।

लपित[2]—संज्ञा पुं० कथन। बोल। आवाज (को०)।

लपिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] शार्ङ्गिका नामक पक्षी की एक जाति।

लपेट—संज्ञा स्त्री० [हिं० लपेटना तुल० स लिप्त (लेप किया हुआ)] १ लपटने की क्रिया या भाव। २ किसी सूत, डोरी या कपड़े की सी वस्तु को दूसरी वस्तु की परिधि से लपेटने या बाँधने की स्थिति। बंधन का चक्कर। घुमाव। फेरा। जैसे—कई लपेट बाँधोगे, तब मजबूत होगा। ३ बँधी हुई गठरी मे कपड़े की तह की मोड़। उ०—खोलिकै लपेट मध्य सपुट निहारि कौडा, समुझि विचारे हारै, मत मे न आयो है।—प्रियादास (शब्द०)। ४ ऐंठन। बल। मरोड़। ५ किसी लंबी वस्तु की मोटाई के चारो ओर का विस्तार। घेरा। परिधि। जैसे,—(क) इस खंभे की लपेट ३ फुट है। (ख) इस पेड़ के तने की लपेट ५ फुट है। ६ उलझन। फँसाव। जाल या चक्कर। जैसे,—तुम उसकी बातों की लपेट मे पड़ गए। उ०—आए इश्क लपेट मे लागो चमम चपेट।—रसनिधि (शब्द०)। ७ कुश्ती का एक पेच।

विशेष—जब दोनो लड़नेवाले एक दूसरे की बगल से सिर निकालते हैं और कमर को दोनो हाथो से पकड़कर भीतर अड़ानी टाँग से लपेटते हैं, तब उसे लपेट कहते है।

८ पकड़। बंधन। उ०—बानर भालु लपेटनि मारत तब हूँहै पछितायो।—(शब्द०)।

लपेटन[1]—संज्ञा स्त्री०[हिं० लपेटना] लपेटने की क्रिया या भाव। लपेट। २ फेरा। बल। ३ ऐंठन। मरोड़। ४ उलझन। फँसाव।

लपेटन[2]—संज्ञा पुं० १ लपेटनेवाली वस्तु। वह जो चारो ओर सटकर घेर ले। २ वह वस्तु जिसे किसी वस्तु के चारो ओर घुमा घुमाकर बाँधें। ३ वह कपड़ा जिसे किसी वस्तु के चारो ओर घुमाकर बाँधें। बाँधने का कपड़ा। वेष्टन। वेठन। ४ पैरो मे उलझनेवाली वस्तु। जैसे,—रस्सी का टुकड़ा। (पालकी मे कहारो का प्रयोग)। उ०—काँट कुराय लपेटन लोटन ठाँवहिं ठाँव बझाऊ रे।—तुलसी (शब्द०)। ५ वह लकड़ी जिसपर जुलाहे बुनकर तैयार कपड़ा लपेटते हैं। तूर। वेलन।

लपेटना - क्रि० स० [स० लिप्त, हिं० लिपटना] १ किसी सूत, डोरी या कपड़े की सी वस्तु को दूसरी वस्तु के चारो ओर घुमाकर बाँधना। घुमाव या फेरे के साथ चारो ओर फँसाना। चक्कर देकर चारो ओर ले जाना। जैसे,—(क) इस लकड़ी मे तार लपेट दो। (ख) छड़ो मे कपड़ा लपेटा हुआ है।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

२ सूत, डोरी या कपड़े की सी वस्तु चारो ओर ले जाकर घेरना। परिवेष्ठित करना। जैसे,- इस डंडे को कपड़े से लपेट दो। ३ डोरी, सूत या कपड़े की सी फैली हुई वस्तु को तह पर तह मोड़ते या घुमाते हुए सकुचित करना। फैली हुई वस्तु को लच्छे या गट्ठर के रूप मे करना। समेटना। जैसे,—(क) कपड़े का थान लपेटकर रख दो। (ख) तागा लपेटकर रख दो। ४. मोड़े हुए कपड़े आदि के अंदर करके बंद करना। कपड़े आदि के अंदर बाँधना। जैसे,—पुस्तक लपेटकर रख दो। ५ हाथ पैर आदि अंगो को चारो ओर सटाकर घेरे मे करना। पकड़ मे कर लेना। जैसे,—(क) उसे देखते ही उसने हाथो मे लपेट लिया। (ख) अजगर ने शेर को चारो ओर से लपेट लिया। ६ ऐसी स्थिति मे करना कि कुछ करने न पावे। गति विधि बंद करना। चारो ओर से चाल रोकना। जैसे,—तुमने तो उसे चारो ओर से ऐसा लपेटा है कि वह कुछ कर ही नहीं सकता। ७ पकड़ मे लाना। काबू मे करना। रमना। उ०—जिमि करि निकर दलै मृगराजू। लेइ लपेटहि लवा जिमि बाजू।—तुलसी (शब्द०)। ८. उलझन मे डालना। झंझट मे फँसाना। ९ गीली गाढ़ी वस्तु पोतना। लेपन करना। जैसे,—वह बदन मे कीचड़ लपेटे आ पहुँचा।

विशेष—यद्यपि 'लिपटाना' और 'लपेटना' दोनो सकर्मक क्रियाएँ 'लपटना' ही से बनी हैं, पर दोनो के प्रयोगों मे अंतर है। 'लिपटाना' मे संलग्न करने या सटाने का भाव प्रधान है। इसी से 'छाती से लिपटाना', 'बदन मे रुई लिपटाना' आदि बोलते है। 'लपेटना' मे घुमाकर या मोड़कर घेरने का भाव प्रधान है। इसी से 'डोरा लपेटना', 'कपड़ा लपेटना' आदि बोलते हैं।

लपेटनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लपटना] जुलाहो की लपेटन नाम की लकड़ी। लपेटना। तूर।

लपेटवाँ—वि० [हिं० लपेटना] १ जो लपेटा हो। जिसे लपेट सकें। २ जो लपेटकर बना हो। ३ जिसमे सोने चाँदी के तार लपेटे गए हों। ४ जिसका अर्थ छिपा हो। गूढ़। व्यंग्य। जैसे—लपेटवाँ गालो। ५ जो सीधे ढंग से न कहा या किया गया हो। घुमाव फिराव का। चक्करदार। जैसे,—लपेटवाँ बात।

लपेटा[1]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'लपेट'।

लपेटा[2]‡—संज्ञा पुं० [हिं०] लप्पड़। झापड़।

लपेस—संज्ञा पुं० [स०] पारस्कर गृह्यसूत्र मे कथित बालरोगो के अधिष्ठाता एक देवता।

लपेरा†—संज्ञा पुं० [देश०] लिसोड़ा। लसेरा।

लपोटा†, लप्पड़†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'थप्पड़'।

लप्पा—संज्ञा पुं० [देश०] १ छत मे लगी हुई वह लकड़ी जिसमे रेशमी कपड़े बुननेवाले जुलाहो के करघे की रस्सियाँ बँधी रहती हैं। २. एक प्रकार का गोटा।

लप्सिका—संज्ञा स्त्री० [स०] लपसी।

लप्सुद—संज्ञा पुं० [सं०] (बकरे की) दाढ़ी (को०)।

लप्सुदी—वि० [सं०] दाढ़ीवाला (बकरा) (को०)।

लफंगा—वि० [फ़ा० लफंग] १ लंपट। व्यभिचारी। दुश्चरित्र। २ शोहदा। आवारा। कुमार्गी।

लफ†—संज्ञा स्त्री० [?] दे० 'लय'।

लफ्टैंट—संज्ञा पुं० [अं० लेफ्टिनेंट] सेना का एक छोटा अफसर।

लफ्टंट गवर्नर—संज्ञा पु० [अं० लेफ्टिनैंट गवर्नर] किसी प्रांत का शासक। छोटे सूबे का हाकिम।

लफनाⓊ†—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'लपना'। उ०——त्रिलक चिकनई चटक म्यो लफति मटक लौ आय। नारि सलोनी साँवरी नागन लौं डसि जाय।—बिहारी (शब्द०)।

लफलफानाⓊ†—क्रि० अ० [अनु०] लपलपाना।

लफलफाहिⓊ†—संज्ञा पुं० [अनु०] दे० 'लपलपाना' या लपलपाहट' उ०—तामर तीर द्रुम डारि गहि झूलैं फूले देखत सफ लफलफा न गति मति बौरी है।—प्रियादास (शब्द०)।

लफानाⓊ† क्रि० स० [अनु०] दे० 'लपाना'।

लफ्ज—संज्ञा पु० [अ० लफ्ज] १ शब्द। २ बात। बोल।

लफ्जी—वि० [अ० लफ्जी] शब्द संबंधी। शब्द का। शाब्दिक [को०]।

यौ०—लफ्जी माने = शब्दार्थ। शब्द का अर्थ।

लफ्तरा—वि० [अ० लफ्तरह्] नीच। अधम। कमीना [को०]।

लफ्फा—संज्ञा स्त्री० [अ० लफ्फा] लपेटन या तह करने की क्रिया।

मुहा०—लफ्फा मारना = बिना दाँत से अच्छी तरह कूँचे हुए खाद्य पदार्थ जल्दी जल्दी निगलना।

लफ्फाज—वि० [अ० लफ्फाज] बातूनी। बहुत बात करनेवाला। वाचाल [को०]।

लफ्फाजी—संज्ञा स्त्री० [अ० लफ्फाजी] वाचालता। बातूनीपन। मुखरता [को०]।

लब—संज्ञा पु० [फा०] १ ओष्ठ। ओठ। होठ। २ तट। कूल। किनारा (को०)।

यौ०—लबगीर = तंबाकू पीने की नली या पाइप। लबचरा। लबजदा = (१) दे० 'लबबंद'। (२) बातें करने या बोलने वाला। लबबंद = (१) चुप। खामोश। (२) बहुत मीठी वस्तु। लबे सड़क = पथ के किनारे। लबरेज।

लबगुरानया—संज्ञा स्त्री० [देश०] गहरे बैंगनी रंग के रतालू की लता जो भारतवर्ष में कई जगह बोई जाती है। इसकी जड़ खाई जाती है।

लबचरा—संज्ञा पु० [फ़ा०] दोस्तों के बीच में रखा मेवा, दाना, चना आदि जिसे बातें करते हुए लोग खाते रहते हैं [को०]।

लबझनाⓊ†—क्रि० अ० [देश०] उलझना। फँसना। उ०—लबझी अंग तरंग बहु, सरिता रंग अनूप। नव पंकज अंकुर जहाँ, धरत प्रवाल स्वरूप।—गुमान (शब्द०)

लबड़ धोंधों—संज्ञा स्त्री० [हिं० अनुकरणात्मक] १ निरर्थक या झूठ मूठ का हल्ला। व्यर्थ का गुल गपाड़ा।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—मचाना।

२ क्रम और व्यवस्था का अभाव। गड़बड़ी। अंधेर। बदइंतजामी। कुव्यवस्था। ३ अन्याय। अनीति।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

४. बातों का भुलावा। असल बात को टालने के लिये बकवाद और कहासुनी। बेईमानी की चाल। जैसे,—यहाँ तुम्हारी यह लबड़धोंधो न चलेगी।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—लबड़धोंधो चलना = बेईमानी की चाल सफल होना।

लबड़नाⓊ†—क्रि० अ० [सं० लप = बकना] १ झूठ बोलना। लबारी करना। २ गप हाँकना।

लबड़ा†—वि० [सं० लपन] दे० 'लबरा'।

लबदा संज्ञा पुं० [सं० लगुड] मोटा बेडौल डंडा।

लबदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लबदा] छोटी छड़ी। पतली छड़ी। हलकी लाठी।

लबनी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ मिट्टी की लंबी हाँडी या मटकी जो ताड़ के पेड़ों में बाँध दी जाती है और जिसमें ताड़ी इकट्ठी होती है। २ काठ की लंबी डाँडी लगा हुआ कटोरा जिससे कड़ाह में से शीरा निकालते हैं। डोई। डोवा।

लबरा†—वि० [सं० लपन (= बोलना)] [वि० स्त्री० लबरी] १ झूठ बोलनेवाला। उ०—मथवा मुड़ाय जोगी कपड़ा रँगोले गाता बाँ के होइ गैले लबरा।—क० वचनावली, पृ० २४३। २ गप हाँकनेवाला। गप्पी। उ०—आप सभा महँ सत्य जू साहत लाबरी और लबरान को लबरा।—रघुराज (शब्द०)। ३ † बायाँ। बाईं ओर का। वाम।

लबरी[1]—वि० स्त्री० [हिं० लबरा] झूठ बोलनेवाली। गप्पी। झूठी।

लबरी[2]—संज्ञा स्त्री० दे० 'लबड़ी'।

लबरेज—वि० [फा० लबरेज] ऊपर तक भरा हुआ। किनारे तक भरा हुआ। मुहाँमुँह। लबालब [को०]।

लबलबी—संज्ञा स्त्री० [फा० लब] बंदूक के घोड़े की कमानी।

लबलहका†—वि० [हिं० लपना + लहकना] [वि० स्त्री० लबलहकी] १ किसी वस्तु को देखते ही उसकी ओर लपकनेवाला। अधीर और लालची। २ बिना प्रयोजन सब वस्तुओं को हाथ लगानेवाला। चंचल। चपल।

लबाचा—संज्ञा पुं० [फा० लबाचह्] कुर्ते आदि के ऊपर पहनने का एक विशेष पहनावा। लबादा। विशेष दे० 'अबा' [को०]।

लबाद—संज्ञा पु० [फा०] बरसाती कोट [को०]।

लबादा—संज्ञा पुं० [फा० लबादह्] १ झूलदार चोगा। दगला। २ वह लंबा ढीला पहनावा जो अँगरखे आदि के ऊपर से पहन लिया जाता है और जिसका सामना प्रायः खुला होता है। अबा। चोगा।

लबान—संज्ञा पुं० [फा०] १ वक्ष। सीना। छाती। २ लोबान [को०]।

लबाब[1]—वि० [अ० लुआब] चेप। लस। लुआब।

लबाब[2]—संज्ञा पु० [अ० लुआब] १ सारांश। खुलासा। सार तत्व। २ गूदा। मग्ज। तत्व [को०]।

लबार†—वि०[स० लपन (= बकना + आर (प्रत्य०)] १ झूठा। मिथ्यावादी। २. गप्पी। प्रपंची। उ०—(क) आजु गए औरहि काहू के रिस पावति कहि बड़े लबार।—सूर (शब्द०)। (ख) तौलौ

लोल लोलुप ललात लालची लबार बार बार लालच धरनि धन धाम को।—तुलसी (शब्द०)। (ग) बालि न कबहुँ गाल अस मारा। मिलि तपसिन्ह तैं भएसि लबारा।—तुलसी (शब्द०)।

लवारी²—संज्ञा स्त्री० [हिं० लबार] झूठ बोलने का काम।

लवारी³—वि० १ झूठा। २ चुगुलखोर। उ०—यह पापी अति चोर लवारी। ताहि दीन हम साँसति भारी।—विश्राम (शब्द०)।

लबालब—क्रि० वि० [फा०] मुँह या किनारे तक। छलकता हुआ। जैसे,—(क) यह तालाब भरा है। (ख) प्याला लबालब भरा है।

लबी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिपड़ा] ईख का रस जो पकाकर खूब गाढ़ा और दानेदार कर दिया गया हो। राब।

लबूब—संज्ञा पु० [अ० लुबूब] काम-शक्ति-वर्धक एक पाक [को०]।

यौ०—लबूब कबीर, लबूब सगीर = लबूब नाम का पाक।

लबेचू—संज्ञा पुं० [देश०] जैन वैश्यों की एक जाति। लमेचू।

लबेद—संज्ञा पुं० [सं० वेद का अनु०] १ वेद के विरुद्ध रीति, रूढ़ि वचन या प्रसंग। २ लोकाचार और दंतकथा। (बोलचाल)। जैसे,—वेद में यह सब कुछ नहीं है, तुम्हारे लबेद में हो, तो हो।

लबेदा—संज्ञा पुं० [सं० लगुड] [स्त्री० अल्पा० लबेदी] मोटा बड़ा डंडा।

लबेदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लबेदा] १ छोटा डंडा। लाठी। २ डंडे का बल। जबरदस्ती।

लबेरा—संज्ञा पु० [देश०] लसोड़े का पेड़ या फल। लपेरा।

लब्ध—वि० [सं०] १ मिला हुआ। पाया हुआ। प्राप्त। २ उपार्जित। कमाया हुआ। ३ भाग करने से आया हुआ फल। (गणित)।

लब्ध²—संज्ञा पुं० स्मृति के अनुसार दस प्रकार के दासों में से एक।

लब्धक—वि० [सं०] १ प्राप्त। उपलब्ध। मिला हुआ (को०)। २ पाने वाला। लब्ध करनेवाला।

लब्धकाम—वि० [सं०] जिसकी कामना सिद्ध हो गई हो। जिसका मनोरथ सफल हो गया हो। जिसका मतलब हासिल हो गया हो।

लब्धकीर्ति—वि० [सं० लब्धकीर्त्ति] १ जिसने कीर्ति पाई हो। जिसने यश प्राप्त किया हो। २ विख्यात। प्रसिद्ध। नामवर।

लब्धचेता—वि० [सं० लब्धचेतस्] जिसकी चेतना लौट आई हो। जिसकी बेहोशी दूर हो गई हो [को०]।

लब्धजन्मा—वि० [सं० लब्धजन्मन्] जन्मा हुआ। उत्पादित [को०]।

लब्धतीर्थ—वि० [सं०] जिसने कोई अवसर प्राप्त किया हो लब्धावसर [को०]।

लब्धदास—संज्ञा पुं० [सं०] वह दास जो दूसरे से मिला हो।

लब्धनाम—वि० [सं० लब्धनामन्] जिसने नाम पाया हो। नामवर। प्रसिद्ध।

लब्धनाश—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राप्त वस्तु का नष्ट हो जाना। २ उपार्जन का विनाश [को०]।

लब्धप्रणाश—संज्ञा पुं० [सं०] पंचतंत्र का एक तंत्र जिसमें प्राप्त का नाश दिखाया गया है।

लब्धप्रतिष्ठ—वि० [सं०] जिसने प्रतिष्ठा पाई हो। प्रतिष्ठित। समानित।

लब्धप्रत्यय—वि० [सं०] जिसने विश्वास प्राप्त किया हो। विश्वास-भाजन। विश्वसनीय [को०]।

लब्धप्रशमन—संज्ञा पुं० [सं०] मनुस्मृति के अनुसार मिले हुए धन आदि का सत्पात्र को दान। (मनु०)।

लब्धप्रसर—वि० [सं०] स्वच्छंद। अबाधित [को०]।

लब्धप्रसाद—वि० [सं०] प्रियपात्र। स्नेहभाजन [को०]।

लब्धलक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ जिसका बाण ठीक निशाने पर जा लगे। २ जिसे अभिप्रेत वस्तु मिल गई हो।

लब्धलक्षण—वि० [सं०] दे० 'लब्धावसर' [को०]।

लब्धलक्ष्य—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लब्धलक्षण'।

लब्धवर—वि० [सं०] जिसने वर प्राप्त किया हो।

लब्धवर्ण—वि० [सं०] विद्वान्। पंडित।

लब्धविद्य—वि० [सं०] विद्वान्। शिक्षित। प्राज्ञ [को०]।

लब्धव्य—वि० [सं०] प्राप्य। पाने के योग्य [को०]।

लब्धशब्द—वि० [सं०] विख्यात। प्रसिद्ध [को०]।

लब्धश्रुत—वि० [सं०] विद्वान्। निष्णात। बहुश्रुत [को०]।

लब्धसंज्ञ—वि० [सं०] दे० 'लब्धचेता'।

लब्धसिद्धि—वि० [सं०] जिसने पूर्णता प्राप्त की हो। दे० 'लब्ध काम' [को०]।

लब्धांक—संज्ञा पुं० [सं० लब्धाङ्क] गणित करने पर जो अंक प्राप्त हो। जवाब।

लब्धांतर—वि० [सं० लब्धान्तर] दे० 'लब्धावकाश'।

लब्धा¹—वि० [सं० लब्धृ] लब्ध करनेवाला। प्राप्त करनेवाला [को०]।

लब्धा²—संज्ञा स्त्री० [सं०] विप्रलब्धा नायिका।

लब्धातिशय—वि० [सं०] जिस असाधारण शक्ति प्राप्त हुई हो।

लब्धानुज्ञ—संज्ञा पुं० [सं०] १ जिसने आज्ञा पा ली हो। २ जो उपनयन में गृहीत ब्रह्मचारी के कर्तव्यों से मुक्त हो [को०]।

लब्धावकाश—वि० [सं०] जिसने कोई अवसर प्राप्त किया हो। जिसे (कार्य का) क्षेत्र या, अवसर मिला हो [को०]।

लब्धावसर—वि० [सं०] दे० 'लब्धावकाश'।

लब्धास्पद—वि० [सं०] कोई सहारा या पद प्राप्त करने योग्य।

लब्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राप्ति। लाभ। २ हिसाब का जवाब। गणित का लब्धांक। भागफल।

लब्धोदय—वि० [सं०] १ जन्मा या उगा हुआ। २ समृद्ध। उन्नतिप्राप्त [को०]।

लभधर†—संज्ञा पुं० [देश०] कुदाल के मुँह पर का टेढ़ा भाग।

लभन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० लभ्य, लब्ध] १ प्राप्त करना। हासिल करना। पाना। २. गर्भ धारण करना। गर्भवती होना (को०)।

लभनी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'लवनी'।

लभस—संज्ञा पुं० [सं०] १ घोड़ा बाँधने की रस्सी। पिछाड़ी। २ धन। ३ याचक। माँगनेवाला।

लभ्य—वि० [सं०] १ पाने योग्य। जो मिल सके। २. न्याययुक्त। उचित। मुनासिब।

लम—प्रत्य० [हिं० लंबा] लंबा का संक्षिप्त रूप जो प्रायः यौगिक शब्दों के आरंभ में लगाया जाता है। जैसे,—लमतड़ंग।

लमई†—संज्ञा स्त्री० [देश०] मधुमक्खी का एक भेद। जिसे 'बठयाल' भी कहते हैं।

लमक—संज्ञा पुं० [सं०] १ जार। उपपति। २ लंपट। विलासी।

लमकना†—क्रि० अ० [हिं० लपकना] १. लपकना। २ उत्कंठित होना। उ०—सजि ब्रजबाल नंदलाल सों मिलैं के लिये, लगनि लगालगी मे लमकि लमकि उठैं।—पद्माकर (शब्द०)। ‡३ धीमे (वायु) चलना। शनैः शनैः चलना।

लमगला—संज्ञा पुं० [देश०] इकतारा। ठिठवा।

लमगिरदा—संज्ञा पुं० [हिं० लंबा + फा० गिर्द] लोहे की दानेदार मोटी रेती जिसके दाने कटहल के छिलके के दानों के सदृश होते हैं। यह रेती नारियल के छिलके (खोपड़ी) को रेतने के काम मे आती है।

लमगोड़ा†—वि० [हिं० लंबा + गोड] जिसकी टाँगें लंबी हों।

लमघिचा वि० [हिं० लंबा + घींच या घैंचा (= गर्दन)] लंबी गर्दनवाला।

लमचा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की बरसाती घास जो काली चिकनी मिट्टी की जमीन मे बहुत पाई जाती है।

लमछड—संज्ञा पुं० [हिं० लंबा + छड] १ सींग। बरछी। भाला। २ बंदूकवालों की लंगी। ३ पुरानी चाल की लंबी बंदूक।

लमछड़²—वि० पतला और लंबा।

लमछुआ—वि० [हिं० लंबा + छूना] दे० 'लंबोतरा'।

लमजक—संज्ञा पुं० [सं० लामज्जक] कुश की तरह की एक घास जिसमे सुंदर महक होती है। इसे 'ज्वराकुश' भी कहते हैं और ज्वर मे औषध के रूप मे देते हैं। लामज।

लमज्जुक—संज्ञा पुं० [सं० लामज्जक] दे० 'लमजक'।

लमटंगा¹—वि० [हिं० लंबा + टाँग] [वि० स्त्री० लमटंगी] जिसकी टाँगें लंबी हों।

लमटंगा²—संज्ञा पुं० सारस पक्षी।

लमडींग†—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जंगली जानवर।

लमतड़ंग—वि० [हिं० लंबा + ताड़ + अंग [वि० स्त्री० लमतड़ंगी] बहुत लंबा या ऊँचा। जैसे,—लमतड़ंग आदमी।

लमधी†—संज्ञा पुं० [देश०] समधी का बाप। उ०—समधी के घर समधी आया आयो बहू को भाई —कबीर (शब्द०)।

लमहा—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'लम्हा'।

लमाना(पु)†¹—क्रि० स० [हिं० लंबा + ना (प्रत्य०)] १ लंबा करना। २ दूर तक आगे बढ़ाना। उ०—कैधों दसकंधर की मीचु मँडराति व्योम कैधों महाकाल कोपि रसना लमाई है।—रघुराज (शब्द०)।

लमाना²—क्रि० अ० दूर निकल जाना। चलने मे बहुत दूर बढ़ जाना।

लय¹—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ मे मिलना या घुसना। प्रवेश। २ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ मे इस प्रकार मिलना कि वह तद्रूप हो जाय उसका सत्ता पृथक् न रह जाय। विलीन होना। लीनता। मग्नता। ३ चित्त की वृत्तियों का सब ओर से हटकर एक ओर प्रवृत्त होना। ध्यान मे डूबना। एकाग्रता। ४ लगन। गूढ़ अनुराग। प्रेम। उ०—मन ते सकल वासना भागी। केवल राम चरण लय लागी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—लगना।

५ कार्य का अपने कारण मे समाविष्ट होना या फिर कारण के रूप मे परिणत हो जाना। ६ सृष्टि के नाना रूपों का लोप होकर अव्यक्त प्रकृति मात्र रह जाना। प्रकृति का विरूप परिणाम। जगत् का नाश। प्रलय। उ०—जो सृजत पालत लय कारिनि। निज इच्छा लीला वपु धारिनि।—तुलसी (शब्द०)। ७. विनाश। लोप। उ०—गो बहेउ हरि बैकुंठ सिधारे। शमदम उनहीं सँग पधारे। तप तत्तोष दया अरु गयो। ज्ञान यमादि सबै लय भयो।—सूर०, १।२६०। ८ मिल जाना। श्लेष। ९ संगीत मे नृत्य, गीत और वाद्य की समता। नाच, गान और बाजे का मेल।

विशेष—यह समता नाचनेवाले के हाथ, पैर, गले और मुँह से प्रकट होती है। संगीत दामोदर मे हृदय, कंठ और कपोल लय के स्थान माने गए हैं। कुछ आचार्यों ने लय के त्रिपदी, यतिका और कलिका इत्यादि अनेक भेद माने हैं।

१० स्थिरता। विश्राम। ११ मूर्छा। बेहोशी। १२ ईश्वर। ब्रह्म। परमेश्वर (को०)। १३. आत्मिगन (को०)। १४ वाण का नीचे की ओर तीव्र गमन (को०)। वह समय जो किसी स्वर को निकालने मे लगता है।

विशेष यह तीन प्रकार का माना गया है। द्रुत, मध्य और विलंबित।

१६ एक प्रकार का पाटा जिससे खेत जोतकर उसकी मिट्टी को सम या बराबर करते हैं। इसका उल्लेख शुक्ल यजुर्वेद की वाजसनेय संहिता मे है।

लय²—संज्ञा स्त्री० १ गाने का स्वर। गान मे स्वर निकालने का ढंग। जैसे,—वह बड़ी सुंदर लय से गाता है। २. गीत गाने का ढंग या तर्ज। धुन।

मुहा० – लय देखना = ठीक लय मे गाना।
३ सगीत मे सम।

लयन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विश्राम। लय। शाति। २ आश्रय। विश्रामस्थान। ३ आश्रयग्रहण। आड लेना। पनाह लेना।

लयनालक—सज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध वा जैन सप्रदाय का मदिर [को०]।

लयपुत्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] नटी। अभिनेत्री [को०]।

लयारभ—सज्ञा पुं० [सं० लयारम्भ] अभिनेता। नर्तक [को०]।

लयार्क—सज्ञा पुं० [सं०] प्रलयकालीन सूर्य [को०]।

लयालभ—सज्ञा पुं० [सं० लयालम्भ] नट। अभिनेता [को०]।

लरⓊ†—सज्ञा स्त्री० [पा० लट्ठि] दे० 'लड'। उ०—नद के लाल होउ मन मोर। हौं बैठि पोवत मोतियन लर काँकर डारि चले सखि भोर।—सूर (शब्द०)।

लरकईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'लडकाई' या 'लरिकाई' उ०—जदपि हते जोबन नवल मधुर लरकई चारु। पै उत चतुराई अधिक प्रगटत रस व्यवहार।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

लरकनाⓊ†—क्रि० अ० [सं० लडन (=झूलना)] १ लटकना। उ०—चोटी गुही मोती अमल, तिन जानु लौ लर लरकती। मनु शरद वारिद की घटा जल बिंदु अवली ढरकती।—रघुराज (शब्द०)। २ झुकना। ३ खिसककर नीचे आना।

सयो० क्रि०—जाना।—पडना।

लरकाⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० लडका] दे० 'लडका'।

लरकानाⓊ†—क्रि० स० [हिं० लरकना] १ लटकाना। २ झुकाना। ३ नीचे खिसकाना।

लरकिनीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडकी] दे० 'लडकी'। उ०—वधू लरकिनी पर घर आई। रा खेहु नयन पलक की नाईं।—तुलसी (शब्द०)।

लरखरनाⓊ†—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'लरखराना' वा 'लडखडाना'। उ०—दिग्गयद लरखरत परत दसकठ मुखत भर।—तुलसी (शब्द०)।

लरखरनिⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लरखराना] १ लडखडाने की क्रिया या भाव। डगमगाहट। २ चलने या खडे होने मे पैर न जमने का भाव। उ०—(क) हरिजू को बाल छवि कहो बरनि। सकल सुख की सीव कोटि मनोज सोभा हरनि।
पुण्य फल अनुभवत सुनहि त्रिलोक के नंद घरनि।
सूर प्रभु की बसी उर किलकनि ललित लरखरनि।—सूर (शब्द०)।

लरखराना—क्रि० अ० [हिं०] १ झुका खाना। डगमगाना। डिगना। उ०—(क) धनि जसुमति बड भागिनी लिए स्याम खेलावै। लरखरात गिरि परत है चलि घुटुरुवनि धावै।—सूर (शब्द०)। (ख) रघुनाथ दौरत मे दामिनी सी लसति है, गिरति है, फेरि उठि दौरत है लरखराति।—रघुनाथ (शब्द०)। (ग) बेचते लरखराते पैरो से। प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४३। २ डगमगाकर गिरना। उ०—गजउ सो गरजेउ घोर। धुनि सुनि भूमि भूधर लरखरे।—तुलसी (शब्द०)। ३ दे० 'लडखडाना'—३।

लरजना—क्रि० अ० [फा० लरजा (=कप)] १ काँपना। हिलना। उ०—(क) पात बिनु कीन्हे ऐसी भाति गन बेलिन के, परत न चीन्हे जे ये लरजत लुज हैं।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) चचला चमाकै चहुँ ओरन ते चाह भरी, चरज गई ती फेर चरजन लागी री। कहै पद्माकर लवगन की लोनी लता, लरज गई ती फेर लरजन लागी री।—पद्माकर (शब्द०)।

सयो० क्रि०—उठना।—जाना।

२ भयभीत होना। दहल जाना। डरना। उ०—(क) शरण राखि ले हो नदलाला। घटा आई गरजि, युवनि गई मन लरजि, बीजु चमकति तरजि, डरत गाता।—सूर (शब्द०)। (ख) लाजन हौं लरजो गहिरी बरजो गहिरी कहिरी किहि दाइन।—देव (शब्द०)।

क्रि० प्र०—उठना।—जाना।—पडना।

लरजाँ—वि० [फा० लरजाँ] काँपनेवाला [को०]।

लरजा—सज्ञा पुं० [फा० लरजह्] १ कप। कपकँपी। थरथराहट। २ भूकप। भूचाल। ३ एक प्रकार का ज्वर जिसमे रोगी का शरीर ज्वर आते ही काँपने लगता है। जूडी।

लरजिश—सज्ञा स्त्री० [फा० लरजिश] काँपने या थरथराने का भाव। कपकँपी [को०]।

लरझरⓊ‡—वि० [हिं० लड+झडना] बरसता हुआ। बहुत अधिक परिमाण मे प्राप्त। प्रचुर। उ०—लोचन लेति लगाइ ललक कै लाल सलोना। लरझर ललित लुनाई ऐसी भई न होनी।—व्यास (शब्द०)।

लरना क्रि० अ० [हिं० लडना] दे० 'लडना'। उ०—भाजि गई लारकाई मनो लरि कै करि कै दुहुँ दुदुभ ओघे।—पद्माकर (शब्द०)।

लरनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडना] १ युद्ध लडाई। उ०—मरे जय इहै भाव पर्‌यो। मन क ढग सुनो री सजनी जैसे, मोहि निदर्‌यो। आपुनि गयो सग सग लीन्हे प्रथमहि इहै बर्‌यो। मा सो बर प्राप्त करि हर सो ऐसी लरनि लर्‌यो। जो त्या नन रहे लपटाने तिनहूँ भेद भर्‌यो। सुनहु सूर अ नाइ इनहुँ का अब ला रह्यो डर्‌यो।—सूर (शब्द०)।

२ युद्ध करने का ढग। लडने का ढब। उ०—नामी लूम लसत लपेटि पटकत भट, देखा देखो लखन लरनि हनुमान की।—तुलसी (शब्द०)।

लराईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडना] दे० लडाई'। उ०—(क) जहँ तह पर अनेक लराई। जाति सकल मूप बरिआई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) खजन नैन बीच नासा पुट राजत यह अनुहार। खजन युग मानो लरत लराई कीर बुझावत रार।—सूर (शब्द०)।

लराकⓊ—वि० [हिं० लडना, लरना+आका (प्रत्य०)] दे० 'लडाका'। उ०—लर लराक लाख महँ एका तीर अचूक चलावै।—सत० दरिया, पृ० ११५।

लराका—वि० [हिं०] 'लडाका'।

लरिक[1]—सज्ञा पुं० [हिं० लरिका] बचपन। उ०—लटकि लटकि खेलत लरिकाई। लरिक समै जनु भूपन पाई।—नद० ग्र०, पृ० १२०।

लरिक[2]—सज्ञा पुं० [स० लाल, हिं० लरिका] दे० 'लडका'। उ०—अवर लरिक की सका पाइ। तासौं ठाढो कितौ लिलाइ।—नद० ग्र०, पृ० २४७।

लरिकई—सज्ञा स्त्री० [हिं० लरिका] १. लडकपन। बाल्यावस्था। उ०—निरखि नवोढा नारि तस छुटत लरिकई लेस। भो प्यारो प्रीतम तियन मानहुं चलत विदेस।—बिहारी (शब्द०)। २ लडकपन की चाल। लडको का व्यवहार।

क्रि० प्र०—करना।

३ चपलता। चचलता। उ०—लाल अलौकिक लरिकई लखि लखि सखी सिहाति। आज काल्हि मे देखियत उर उकसौही भाँति।—बिहारी (शब्द०)।

लरिक सलोरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लरिका + लोल (=चचल)] लडको का खेल। खेलवाड।

लरिका—सज्ञा पुं० [स्त्री० लरिकिनी] दे० 'लडका'। उ०—(क) देखि कुठार बान धनुधारी। भई लरिकहि रिस बीरु बिचारी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) खेलन को मैं जाउं नही। और लरिकनी घर घर खेलति मोटी को पै कहत तु ही।—सूर (शब्द०)।

लरिकाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडका + आई (प्रत्य०)] १ लडकपन। बालपन। बाल्यावस्था। उ०—(क) लरिकाई को नेह कहौ सखि कैसे छूटै।—सूर (शब्द०)। (ख) तात कहहुं कछु करहुं ढिठाई। अनुचित छमउ जानि लरिकाई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) भाजि गई लरिकाई मनौ लरिकै कार कै दुहुं दुदुभि औध।—पद्माकर (शब्द०)। २ लडको का व्यवहार या आचरण। ३ चपलता।

लरिकिनि—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडका] दे० 'लडकी'। उ०—तब वह लरिकिनि वाके घर मे जैन धर्म अनाचार भ्रष्ट देखि कै मन मे बोहोत दुख करन लागी।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ३८।

लरिया—सज्ञा पुं० [देश०] उपवस्त्र। दुपटा। दुपट्टा।

लरिकी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडकी] दे० 'लडकी'। उ०—या लरिकी कौ तुमही कहूं आछौ घर, वर देखिकै यहाँ तै दूरि देस मे कहूं याकौ विवाह करि आओ।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० २५३।

लरी—सज्ञा स्त्री० [प्रा० लट्ठि] दे० 'लडी'। उ०—(क) चपक बरन चरन करि कमलनि दाडिम दशन लरी। गति मराल अरु बिंब अधर छवि अहि अनूप कबरी। अति करुना रघुनाथ गुसाई युग भर जात घरी।—सूरदास प्रभु प्रिया प्रेमबस निज महिमा बिसरी।—सूर (शब्द०)। (ख) कबिरा मोतिन की लरी हीरन को परगास। चाँद सुरज की गम नही तहँ दरसन पावै दास।—कबीर (शब्द०)।

लर्जे—सज्ञा पुं० [हिं० लरजना] सितार के एक तार का नाम। यह छह् तारो मे पाँचवाँ और पीतल का होता है।

ललतिका—सज्ञा स्त्री० [सं० ललन्तिका] १ नाभि तक लटकती हुई माला या हार। २ गोह।

लल[1]—वि० [स०] १ विनोदी। क्रीडाप्रिय। २ कपित। हिलता हुआ। लपलपाता हुआ। जैसे, ललजिह्व। ३ इच्छुक। आकाक्षी [को०]।

लल—सज्ञा पुं० [सं० ललम्] १ शाखा। फुनगी। अकुर। २. वाटिका। उद्यान [को०]।

ललक—सज्ञा स्त्री० [सं० ललन (=लालसा करना)] प्रबल अभिलाषा। गहरी चाह। उ०—महारानी कौशल्यादिक तुम लिखती बारहि बारा। दुलहिन दूलह देखब केहि दिन लागी ललक अपारा।—रघुराज (शब्द०)।

ललकना—क्रि० अ० [हिं० ललक + ना (प्रत्य०)] १ किसी वस्तु को पाने की गहरी इच्छा करना। लालसा करना। ललचना। उ०—(क) ललकत स्याम, मन ललचात।—सूर (शब्द०)। (ख) ललकत लखि ज्यो कगाल पातरी सुनाज की।—तुलसी (शब्द०)। २. अभिलाषा से पूर्ण होना। चाह की उमग से भरना। उ०—ललकि ललकि बोलत बचन, ललकि ललकि लपटाति।—(शब्द०)।

ललकार—सज्ञा स्त्री० [हिं० लडना या 'लेले' अनु० + कार] १ युद्ध के लिये उच्च स्वर से आह्वान। लडने के लिये तैयार होकर शत्रु या विपक्षी से पुकारकर कहना कि यदि हिम्मत हो, तो आकर लड। प्रचारण। हाँक। जैसे,—ललकार सुनकर वह सामने आया। २ किसी को किसी पर आक्रमण करने के लिये पुकारकर उत्साहित करना। लडने का बढ़ावा।

ललकारना—क्रि० स० [हिं० ललकार + ना (प्रत्य०)] १ युद्ध के लिये उच्च स्वर से आह्वान करना। लडने के लिये तैयार होकर विपक्षी से पुकारकर कहना कि हिम्मत हो, तो आ लड। प्रचारण। हाँक लगना। जैसे,—युद्ध के लिये सुग्रीव ने बालि को ललकारा। २ किसी पर आक्रमण करने के लिये किसी को पुकारकर उत्साहित करना। लडने के लिये उकसाना या बढावा देना। जैसे,—तुम्हारे ललकारने से ही उसकी हिम्मत बढ़ी।

ललचना—क्रि० अ० [हिं० लालच + ना (प्रत्य०)] १ लालच करना। पाने की प्रबल इच्छा करना। प्राप्त करने की अभिलाषा से अधीर होना। २ मोहित होना। आसक्त होना। लुब्ध होना। उ०—मनि मंदिर सुदर सब साजू। जाहि लखत ललचन सुरराजू।—रघुराज (शब्द०)। ३. किसी बात की प्रबल इच्छा

करना। अभिलाष से अधीर होना। लालसा करना। उ०—तौ मुख चद निरीछन को ललचै चख चारु चकोर लला के।—दीनदयाल (शब्द०)।

मुहा०—जी ललचना = मन मे पाने की प्रबल इच्छा उत्पन्न होना।

ललचाना[1]—क्रि० स० [हि० ललचना] १ किसी के मन मे लालच उत्पन्न करना। प्राप्ति की अभिलाषा से अधीर करना। लालसा उत्पन्न करना। २ मोहित करना। लुभाना। उ०—चूनरि चारु चुई सी परै चटकीली हरी अँगिया ललचावै।—पद्माकर (शब्द०)। ३ कोई अच्छी या लुभानेवाली वस्तु सामने रखकर किसी के मन मे लालच उत्पन्न करना। कोई वस्तु दिखा दिखाकर उसके पाने के लिये अधीर करना। जसे,—उसे दूर से दिखाकर ललचाना, देना कभी मत।

मुहा०—जी या मन ललचाना = मन मोहित करना। मुग्ध करना। लुभाना। उ०—गली में आय, तान मोहिनी सुनाय, मेरो मन ललचाय भरयो कानन मे रस है।—(शब्द०)।

ललचानाⓊ[1]—क्रि० अ० दे० 'ललचना'। उ०—(क) भौहन चढाय छिनु रहै लखि ललचाय, मुरि मुसुकाय छिन सखी सो लपटि जाय।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) साँझ समै दीप को बिलोकि ललचाय सोऊ लैबे को चहत दोऊ कर को उठावै रो।—दीनदयाल (शब्द०)।

ललचौहाँ—वि० [हि० लालच+औहाँ (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० ललचौही] लालच से भरा। ललचाया हुआ। जिससे प्रबल लालसा प्रकट हो। उ०—(क) खरी खरी मुसुकाति है, लखि ललचौहे लाल।—बिहारी (शब्द)। (ख) चितई ललचौहैं चखनि डटि घूघट पट माहिं।—बिहारी (शब्द०)।

ललछौहाँ—वि० [हि० लाली+छूना] लाली लिए हुए। कुछ कुछ लाल। उ०—आ, समदृष्टि प्रकृति! विपरागा आगन मे स्वर्गिक स्मिति भर, फूल उठे ये आडू, ललछौहे मुकुलो मे सुदर।—अतिमा, पृ० १५।

ललजिह्व[1]—वि० [स०] १ जीभ लपलपाता हुआ। २ भयकर। खूँखार।

ललजिह्व[2]—सज्ञा पुं० १ कुत्ता। २ ऊँट।

ललडिंव—सज्ञा पु० [स० ललडिम्ब] भौरा। लकडी या धातु का बना हुआ एक प्रकार का खिलौना [को०]।

विशेष—यह लट्टू के आकार का होता है। बच्चे इसके बीच की कील मे रस्सी लपेटकर इस प्रकार फेंकते हैं जिससे वह देर तक नाचता रहता है।

ललत्—वि० [सं०] १ खेलता हुआ। क्रीडारत। २ हिलता डुलता या काँपता हुआ। ३ लपलपाता हुआ। जैसे जीभ [को०]।

यौ०—ललज्जिह्व = ललजिह्व। ललड्डिंव = ललडिंव।

ललताईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हि० लाल] दे० 'लालिमा'। उ०—मुख पर छवि बाढी अधिकाई। गइ पियराइ भई ललताई।—इद्रा०, पृ० १६३।

ललदंबु—सज्ञा पुं० [सं० ललदम्बु] नीबू का वृक्ष [को०]।

ललदेया—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का धान जिसकी फसल अगहन मे तैयार होती है।

ललन—सज्ञा पुं० [स०] १ प्यारा बालक। दुलारा लडका। २ लडका। बालक। कुमार। ३ नायक के लिये प्यार का शब्द। प्रिय नायक या पति। उ०—(क) ललन चलन की चित धरी, कल न पलन की ओट—बिहारी (शब्द०)। (ख) मानह मुख दिखरावनी दुलिहिनि करि अनुराग। सासु ससदन, मन ललनहु, सौतिन दियो सुहाग।—बिहारी (शब्द०)। ४ केलि। क्रीडा। ५ जीभ को लपलपाना। जीभ लपलप करना या हिलाना डुलाना (को०)। ६ साल। सागू का पेड। ७ पियार या चिरौंजी का पेड। प्रियाल।

ललना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्त्री। कामिनी। २ जिह्वा। जीभ। ३ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे भगण, भगण और दो नगण होते हैं। उ०—डारत ही सोए सुघरे पलना। चारिउ भैया री सुघरी ललना।—छद प्रभाकर (शब्द०)। ४ विलासिनी या कामुक औरत। स्वैरिणी (को०)।

यौ०—ललनाप्रिय = (१) औरतों को प्रिय। जो स्त्रियों को प्रिय हो। (२) स्वादु। स्वादिष्ट। ललनावृत्त = औरतों से घिरा हुआ। महिलाओं से आवृत।

ललनाप्रिय[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ हीवेर नामक गधद्रव्य। २ कदब। कदब का वृक्ष।

ललनिका—सज्ञा स्त्री० [स०] ललना। स्त्री। साधारण स्त्री।

ललनी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० नलिनी] बाण का नरकट।

ललनीⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० ललन] ललन का स्त्री० रूप। दे० 'ललन'। उ०—झरि झारि झरोखा झाँकि रहा ललनी ललना मुख जोहत है।—पलटू दरिया, पृ० ६३।

ललरी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० लता] १ कान का नीचे का लटकता हुआ भाग। २ गले के भीतर लटकता मासपिंड। घाँटी। कोवा। लगर।

ललल्ल—सज्ञा पु० [स०] तुतलाहट। हकलाकर बोलना [को०]।

ललही छठ—सज्ञा स्त्री० [?] हलषष्ठी। भाद्रपद कृष्ण षष्ठी जिस दिन स्त्रिया देवी का व्रत और पूजन करती है और हल के कर्षण से उत्पन्न अन्न नही खाती।

ललो—सज्ञा पुं० [सं० ललना। हि० 'लाल' का रूप] [स्त्री० ललो] १ प्यारा या दुलारा लडका। २ लडका। कुमार। ३ लडके या कुमार के लिये प्यार का शब्द। ४ नायक या पति के लिये प्यार का शब्द। प्रिय नायक या पति। उ०—नैन नचाइ कह्यौ मुसुकाइ लला फिर आइयो खेलन होरी।—पद्माकर (शब्द०)।

ललाई—सज्ञा स्त्री० [हि० लाल+आई (प्रत्य०)] लालिमा। सुर्खी। लाली। उ०—(क) रंगीले नैन मे औरा ललाई दौरे आई है।—प्रताप (शब्द०)। (ख) लाल ललाई ललितई कलित नई दरसाय।—रामसहाय (शब्द०)।

ललाक - सज्ञा पुं० [स०] शिश्न। लिंगेंद्रिय।

ललाटतप[1]—वि० [स० ललाटन्तप] १ शिर को जलाने या तपाने-वाला (सूर्य)। २ अति पीडादायक [को०]।

ललाटतप[2]—सज्ञा पु० सूर्य [को०]।

ललाट—सज्ञा पुं० [स०] १ भाल। मस्तक। माथा। उ०—नीको लसत ललाट पर टीको जटित जराय। छबिहि बढावत रवि मना ससि मडल मे आय।—बिहारी (शद०)।

मुहा०—ललाट मे लिखा होना=भाग्य मे होना। किस्मत मे होना।

२ भाग्य का लेख। किस्मत का लिखा। जैसे,—जो ललाट मे होगा, वही होगा।

ललाटक—सज्ञा पु० [स०] १ भाल। २ दे० 'ललाट'। ३ सुदर मस्तक [को०]।

ललाटतट—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'ललाटपटल'।

ललाटपटल—सज्ञा पु० [स०] मस्तक का तल। माथे की सतह। उ०—भृकुटि मनाज चाप छबि हारी। तिलक ललाटपटल दुतिकारी।—तुलसी (शब्द०)।

ललाटपट्ट—सज्ञा पु० [स०] दे० 'ललाटपटल' [को०]।

ललाटफलक—सज्ञा पुं० [स०] ललाटपटल।

ललाटरेखा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कपाल का लेख। मस्तक पर ब्रह्मा का किया हुआ चिह्न जिसके अनुसार ससार मे प्राणी का सुख या दु ख माना माना जाता है। भाग्यलेख। २ ललाट पर की रेखा। मस्तक पर की लकीर (को०)। ३ मस्तक पर लगाया हुआ रगीन तिलक (को०)।

ललटलेखा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'ललाटरेखा' [को०]।

ललाटाक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] शिव जिनके तृतीय नेत्र का ललाट पर होना पुराणो मे वर्णित है।

ललाटाक्षी—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा।

ललाटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ माथे पर बाँधने का एक गहना। २ माथे पर का टीका। तिलक।

ललाटुल—वि० [स०] ऊँचे या सुदर मस्तकवाला [को०]।

ललाट्य—वि० [स०] ललाट सबधी। ललाट के योग्य [को०]।

ललाना(पु)†—क्रि० अ० [स० ललन (=लालच करना)] किसी वस्तु को पाने की इच्छा से अधीर होना। लोभ करना। ललचना। लालायित होना। जैसे,—तुम सब कुछ खाते हो, फिर भी ललाते रहते हो। उ०—(क) नीच निरादर भाजत कादर कूकर टूकन हेतु ललाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कुस गात ललात जो रोटिन को घरघात घर खुरपा खरिया।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—'किसी वस्तु को ललाना' ऐसे प्रयोगो मे 'को' कर्म का चिह्न नही है, 'के लिये' के अर्थ मे सप्रदान का चिह्न है।

ललाम[1]—वि० [स०] १ रमणीय। सुदर। बढिया। उ०—ठाढो रूप ललाम लै सन्मुख मेरे भेट।—शकुंतला, पृ० ६१। २. लाल रग का। सुर्ख। उ०—प्याम पै ललाम औ ललामन पै स्याम ऐसी सोभा सुभ सुभित है नाना रग गुल की।—गोपाल (शब्द०)। ३. श्रेष्ठ। बडा। प्रधान। ४ मस्तक पर लक्षण से युक्त। चिह्नवाला (को०)।

ललाम[2]—सज्ञा पुं० १ भूषण। अलकार। गहना। २ रत्न। उ०—रामनाम ललित ललाम कियो लाखन को, बेडा कूर कायर कपूत कोडो आध को।—तुलसी (शब्द०)।

यौ०—चद्रमाललाम=शिव, जिनका भूषण चद्रमा है। उ०—चपरि चढायो चाप चद्रमाललाम को—तुलसी (शब्द०)।

३ चिह्न। निशान। ४ दड और पताका। ध्वज। ५ सीग। शृग। ६ घोड़ा। ७ घोडे या गाय के माथे पर का चिह्न। अर्थात् दूसरे रग का चिह्न। ८ घोडे का गहना। ९. प्रभाव। १० घोडे या सिंह की गर्दन पर का बाल। अयाल। ११ कतार। पक्ति। श्रेणी (को०)। १२ पुच्छ। दुम (को०)। १३ तिलक। ललाट पर का तिलक (को०)।

ललाम[3]—सज्ञा पु० [स० ललामन्] १. आभूषण। साज सज्जा। २ अपने वर्ग मे उत्कृष्टतम वस्तु। ३ साप्रदायिक चिह्न वा तिलक। ५ दे० 'ललाम'—४ और १२।

ललामक—सज्ञा पुं० [सं०] माथे मे लपेटने की माला।

ललामी[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] कान मे पहनने का एक गहना।

ललामी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० ललाम+ई (प्रत्य०)] १. सुदरता। २ लालिमा। लाली। सुर्खी।

ललार†—सज्ञा पुं० [सं० ललाट] ललाट। लिलार। उ०—इसके ललार की खाल सिकुड गई थी, दाँत और ओठ दोनो बदरग पड गए थे।—श्यामा०, पृ० १४५।

ललित[1]—वि० [स०] १ सुदर। मनोहर। २ ईप्सित। मनचाहा। प्यारा। ३ हिलता डोलता हुआ। चलता हुआ। ४ निर्दोष। सरल (को०)। ५ क्रीडाशील। विनोदी (को०)। ६ रसिक। रसिया (को०)।

ललित[2]—सज्ञा पुं० १ शृगार रस मे एक कायिक हाव या अगचेष्टा।

विशेष—इसमे सुकुमारता (नजाकत) के साथ भौं, आँख, हाथ, पर आदि अग हिलाए जाते हैं। कहीं भूषण आदि से सजाने को ललित हाव कहा है।

२ एक विषम वर्णवृत्त जिसके पहले चरण मे सगण, जगण, सगण, लघु, दूसरे चरण मे नगण, सगण, जगण, गुरु, तीसरे मे नगण, नगण, सगण, सगण, और चौथे मे सगण, जगण, सगण, जगण होता है। जैसे—सब त्यागिए असत काम। शरण गहिए सदा हरी। भव जनित सकल दु ख टरी। भजिए अहोनिश हरी, हरी, हरी। ३. कुछ आचार्यों के मत से एक अलकार जिसमे वर्ण्य वस्तु (बात) के स्थान पर उसका प्रतिबिंब वर्णन किया जाता है। जैसे,—कहना तो यह था कि 'राम को गद्दी मिलनी चाहिए थी, पर बनवास मिला।' पर गोस्वामी तुलसीदास जी इसे इस प्रकार कहते हैं—(क) लिखत

सुधाकर लिखि गा राहू। इसी प्रकार 'जिसे ब्रह्मा अच्छा बनाना चाहते थे, उसे बुरा बना दिया' इसके स्थान पर यह कहना—(ख) विरचत हस काक किय जेही। ४ पाडव जाति का एक राग जो भैरव राग का पुत्र माना जाता है और जिसमे निषाद स्वर नही लगता, तथा धैवत और गाधार के अतिरिक्त और सब स्वर कोमल लगते हैं। इसके गाने का समय रात्रि के तीस दड बीत जाने पर अर्थात् प्रात काल है। ५ नृत्य मे हाथो की एक विशेष मुद्रा (को)। ६ क्रीडा। विनोद (को)। ७ सौंदर्य। लावण्य। सुंदरता (का०)।

ललितईⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० ललित+ई (प्रत्य०)] सौंदर्य। दे० 'ललिताई'। उ०—लाल ललाई ललितई कलित नई दरसाय। दरसो सारस रस भरे दृग आदरस मँगाय। —रामसहाय (शब्द०)।

ललितक—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल के एक तीर्थ का नाम।

ललित कला—सज्ञा स्त्री० [स० ललित+कला] वे कलाएं या विद्याएं जिनके व्यक्त करने मे किसी प्रकार के सौंदर्य की अपेक्षा हो। जैसे, सगीत, चित्रकला, वास्तुकला, मूर्तिकला इत्यादि। विशेष दे० 'कला'।

ललितकाता—सज्ञा स्त्री० [स० ललितकान्ता] दुर्गा।

ललितपद[1]—वि० [सं०] जिसमे सुदर पद या शब्द हो।

ललितपद[2]—सज्ञा पुं० एक मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे १६ और १२ के हिसाब से २८ मात्राएं होती हैं। इसे सार, नरेंद्र और दोवे भी कहते हैं। जैसे,—प्रात समय उठि जनक नदिनी त्रिभुवननाथ जगावैं।

ललितपुराण—सज्ञा पु० [स०] बौद्धो का 'ललितविस्तर' नामक ग्रथ जिसमे बुद्ध का चरित्र वर्णित है।

ललितप्रहार—सज्ञा पुं० [स०] हलका या मृदु आघात। प्यार से मारना [को०]।

ललितप्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] सगीत मे एक ताल [को०]।

ललितललित—वि० [सं०] अति सुदर। सुदरतम।

ललित लुलित—वि० [सं०] कंपित, हतोत्साह या दुर्बल होने पर भी सुदर [को०]।

ललितलोचन—वि० [सं०] सुदर आँखोवाला। प्रिय नेत्रोवाला [को०]।

ललितवनिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सुदरी स्त्री। रूपवती स्त्री [को०]।

ललितविस्तर—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'ललितपुराण'।

ललितव्यूह—सज्ञा पुं० [स०] १ बौद्ध शास्त्र के अनुसार एक समाधि। २ एक बोधिसत्व का नाम।

ललिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में तगण, भगण, जगण और रगण होते हैं। जैसे—तै भाजि री अलि छिपी फिरै कहाँ। तूही बता थल हरी नही जहाँ। २ पद्मपुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण आदि के अनुसार राधिका की प्रधान आठ सखियो में से एक। ३ एक रागिनी जो सगीतदामोदर और हनुमत के मत से मेघ राग की और सोमेश्वर के मत से बसत राग की पत्नी है। इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—स ग म ध नि म अथवा स रे ग म प ध नि स (प्रथम), ध नि स ग म ध (द्वितीय) ४ कस्तूरी। ५. पुराणोक्त एक नदी।

विशेष—कालिका पुराण मे लिखा है कि जब निमि राजा के शाप से वशिष्ठ देहहीन हो गए, तब उन्होंने कामरूप देश मे संध्याचल पर्वत पर घोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर विष्णु ने उन्हे वर दिया। वर के प्रभाव से वशिष्ठ ने एक अमृतकुड बनाया। उसी अमृतकुड के पूर्व ललिता नाम की एक मनोहर नदी है, जिसे शिव जी ले आए थे। वैशाख शुक्ल ३ को इसमे नहाने का बडा फल है।

६ महिला। कामिनी। सुदरी स्त्री (को०)। ७ दुर्गा का एक नाम (को०)।

यौ०—ललितापचमी। ललितापष्ठी। ललितासप्तमी।

ललिताईⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० ललित+आई (प्रत्य०)] सुंदरता। सौंदर्य। उ०—(क) दक्षभाग अनुराग सहित इदिरा अधिक ललिताई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सुकवि लली के यो ललिताई लहलहात तन।—सुकवि (शब्द०)।

ललितापंचमी—सज्ञा स्त्री० [स० ललितापञ्चमी] आश्विन महीने की शुक्ला पचमी जिसमे ललिता देवी (पार्वती) की पूजा होती है।

ललिताभिनय—वि० [सं०] उत्तम या उत्कृष्ट अभिनय करनेवाला [को०]।

ललितार्थ—वि० [सं०] ललित अर्थ से युक्त या सुदर (काव्य)। (रचना) जो शृगार रसात्मक हो [को०]।

ललितापष्ठी—सज्ञा स्त्री० [सं०] भाद्र कृष्ण पष्ठी। भादो बदी छठ, जिस तिथि को स्त्रियाँ पुत्र की कामना से या पुत्र के हितार्थ ललितादेवी (पार्वती) का पूजन करती हैं और व्रत रहती हैं। पूजन कुश और पलाश की टहनी पर सिंदूर आदि चढाकर होता है।

ललितासप्तमी—सज्ञा स्त्री० [सं०] भादो सुदी सप्तमी। भाद्र शुक्ल सप्तमी।

ललितोपमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक अर्थालंकार जिसमें उपमेय और उपमान की समता जताने के लिये सम, समान, तुल्य, लौ, इव आदि के वाचक पद न रखकर ऐसे पद लाए जाते हैं, जिनसे बराबरी, मुकाबला, मित्रता, निरादर, ईर्ष्या इत्यादि भाव प्रकट होते हैं। जैसे,—साहि तनै सरजा सिवा की सभा जामधि है मेरुवारी सुर की सभा को निदरति है। ऐसो ऊँचो दुरग महाबली को जामे नखतावली सो बहस दीपावली करति है।—भूषण (शब्द०)।

ललिया[1]—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+इया (प्रत्य०)] लाल रग का बैल।

लली—सज्ञा स्त्री० [हिं० लला] १ लडकी के लिये प्यार का शब्द। २. दुलारी लडकी। लाडली लडकी। जैसे,—वृषभानु लली,

जनक लली। ३ नायिका के लिये प्यार का शब्द। प्रेयसी। प्रेमिका।

ललीतिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन तीर्थ। (महाभारत)।

ललौहाँ—वि० [हिं० लाल + औहाँ (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० ललौंही] सुर्खी मायल। ललाई लिए हुए। उ०—लाल लिलार लला को लखे गए लोचन ह्वै ललना के ललौ हैं।—(शब्द०)।

लल्लर—वि० [सं०] हकला हकलाकर बोलनेवाला [को०]।

लल्ला सज्ञा पु० [हिं० लाल, लला] [स्त्री० लल्ला] १ लड़के या बेटे के लिये प्यार का शब्द। (पश्चिम)। २. दुलारा लड़का।

लल्लो—सज्ञा स्त्री० [सं० ललना] जीभ। जिह्वा। जबान।

लल्लो चप्पो—सज्ञा स्त्री० [सं० लल (=जीभ इधर उधर डोलना) + अनु० चप] चिकनी चुपड़ी बात जो केवल किसी को प्रसन्न करने के लिये कही जाय। ठकुरसुहाती।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लल्लो पत्तो†—सज्ञा स्त्री० [सं० लल + पत] दे० 'लल्लो चप्पो'। उ०—(क) तुमको हमारे ऊपर कुछ शक है, तो इसमे लल्लो पत्तो काहे का है ?—बालकृष्ण भट्ट (शब्द०)। (ख) लल्ला पत्तो और जाहिरदारी इसे आती हो न थी।—बालकृष्ण भट्ट (शब्द०)।

लल्लू लाल—सज्ञा पु० [हिं०] हिंदी गद्य के आरभिक लेखको मे प्रमुख लेखक। इनका समय सन् १८२० से १८८५ तक है। हिंदी गद्य मे प्रेमसागर, बैताल पचीसी, माधवविलास, सिंहासन बतीसी आदि इनकी रचनाएं है।

लल्हरा†—सज्ञा पु० [देश०] एक पौधा या घास जिसका साग खाया जाता है।

लवंक—सज्ञा पु० [सं० लवङ्क] एक प्रकार का वृक्ष [को०]।

लवग—सज्ञा पु० [स० लवङ्ग] १ मलक्का द्वीप, जजिबार तथा दक्षिण भारत मे होनेवाला एक पेड जिसकी सूखी कलियाँ मसाले और दवा के काम मे आती हैं। विशेष—दे० 'लौंग'। २. उक्त वृक्ष की सूखी कली।

लवगक—सज्ञा पु० [सं० लवङ्गक] लौंग [को०]।

लवगकलिका—सज्ञा स्त्री० [स० लवङ्गकलिका] लौंग का फूल। लौंग [को०]।

लवगपुष्प—सज्ञा पु० [स० लवङ्गपुष्प] देवकुसुम। लौंग।

लवगलता—सज्ञा स्त्री० [स० लवङ्गलता] १ लौंग का पेड या उसकी शाखा।

विशेष—यद्यपि 'लौंग' के बडे बडे पेड होते हैं जो बीस बरस तक खडे रहते हैं, तथापि भारतीय कविसप्रदाय मे 'चूत लता' आदि के समान 'लवगलता' शब्द का भी व्यवहार होता है। ऐसे स्थलो मे लता का अर्थ शाखा या टहनी ही लेना चाहिए।

२. राधिका की एक सखी का नाम। ३ प्राय समोसे के आकार की एक बँगला मिठाई जिसमे ऊपर से एक लौंग खोसा हुआ होता है और जिसके अदर कुछ मेवे और मसाले आदि भरे होते हैं।

लवंगादि चूर्ण—सज्ञा पुं० [स० लवङ्गादि चूर्ण] वैद्यक मे एक प्रसिद्ध चूर्ण जो सग्रहणी, अतिसार आदि मे दिया जाता है।

विशेष—लौंग, मोथा, मोचरस, जीरा, धाय के फूल, लोध, इद्रजौ, सुगधवाला, जवाखार, सेंधा नमक और रसाजन बराबर लेकर पीस डाला जाता है। इसकी मात्रा दस रत्ती से बीस रत्ती तक है।

लवगादि वटी—सज्ञा स्त्री० [सं० लवङ्गादि वटी] वैद्यक मे लवग के योग के निर्मित एक गोली।

लव—सज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत थोडी मात्रा। बहुत छोटी मिकदार। अत्यत अल्प परिमाण।

मुहा०—लवभर = थोडा सा। नाम मात्र को। जैसे,—उसे लव भर भी डर नही है।

२ काल का एक मान। दो काष्ठा अर्थात् छत्तीस निमेष का अल्प समय। (कुछ लोग एक निमेष के आठवें भाग को लव मानते हैं)। उ०—लव निमेष परिमान जुग वर्ष कल्पसत चड।—तुलसी (शब्द०)। ३ लवा नाम की चिडिया। ४ जातीफल। ५. लवग। ६ लामज्जक। ज्वराकुश नाम का तृण। ७. काटना। छेदना। कटाई। ८ विनाश। ९. ऊन, बाल या पर जो पशु पक्षियो के शरीर से कतर कर निकाले जाते हैं। १० सुरागाय की पूँछ के बाल, जो चँवर बनाने के लिये कतरे जाते हैं। ११. श्रीरामचद्र के दो यमज पुत्रो मे से एक।

विशेष—जब लोकापवाद के कारण राम ने सीता जी को गर्भावस्था मे वन मे भेजवा दिया था, तब वहीं वाल्मीकि के आश्रम मे लव और कुश इन दो जोड़ुएं पुत्रो की उत्पत्ति हुई थी। वाल्मीकि ऋषि ने इन्हे रामायण का गान सिखा दिया था। जब इन्होने रामचद्र की सभा मे जाकर वह गान सुनाया, तब राम ने उन्हे पहचाना।

लवक—सज्ञा पुं० [स०] १. लौनी या लवाई करनेवाला। फसल काटनेवाला किसान। २ एक द्रव्यविशेष [को०]।

लवकना†—क्रि० अ० [स० अवलोकन] लौकना। दिखाई पडना। झलकना।

लवढ़ना†—क्रि० स० [हिं० लिपटना] लिपटना। उ०—ज्यौं मैं खाले किवार त्यौं ही आनि लवढि गौ गरै।—घनानद, पृ० २९९।

लवण¹—सज्ञा पुं० [सं०] १ नमक। लोन। विशेष—दे० 'नमक'। २ काटना। काटने की क्रिया। लवना (को०)। ३ खड्ग-युद्ध का एक प्रकार (को०)। ४ वस्तु जिससे लवाई की जाय। काटने की वस्तु हँसिया आदि (को०)। ५ एक असुर जो मधु दानव का पुत्र था और जिसे शत्रुघ्न ने मारा था। विशेष दे० 'लवणासुर'। ६ एक नरक का नाम (को०)। ७. पुराणोक्त

सात समुद्रों में से एक। खारे पानी का समुद्र। विशेष दे० 'लवणसमुद्र'।

लवण[१]—वि० [सं०] १ नमकीन। खारा। २ जिसमें काटा जाय। काटनेवाला (को०)। ३ लावण्ययुक्त। सलोना। सुंदर।

लवणकिंशुका—संज्ञा स्त्री० [सं० लवणकिंशुका] महाज्योतिष्मती लता (को०)।

लवणकृत—संज्ञा पुं० [सं०] नमक का व्यापारी (को०)।

लवणक्षार—संज्ञा पुं० [सं०] १ ऊख के रस से बनाया हुआ एक प्रकार का द्रव्य। २ एक प्रकार का नमक (को०)।

लवणजल—संज्ञा पुं० [सं०] समुद्र (को०)।

यौ०—लवणजलोद्भव = शंख। शुक्ति।

लवणतृण—संज्ञा पुं० [सं०] १ अमलोनी घास जिसका साग खाते हैं। लोनी। लोनिया। २ कुलफा नामक साग।

लवणत्रय—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में तीन प्रकार के नमकों का समूह, सैंधव, बिट् और रुचक (सोंचल)।

लवणधेनु—संज्ञा स्त्री० [सं०] गाय के रूप में कल्पित नमक का ढेर जिसके दान का वराहपुराण में बड़ा माहात्म्य लिखा है।

विशेष—गोबर से लिपे स्थान में कुश के आसन पर सोलह पल नमक का एक ढोका रखे और उसे गाय के रूप में कल्पित करे। चार प्रस्थ और नमक पास में रखकर उसे उस गाय का बछड़ा माने। फिर चार गन्ने रखकर चार पैर, सोना रखकर सींग, चाँदी रखकर खुर, गुड़ या स्वर्ण रखकर मुँह, फल रखकर दाँत, चीनी रखकर जीभ, गंधद्रव्य रखकर नाक, रत्न रखकर नेत्र, पत्र रखकर कान, मक्खन रखकर स्तन, तागा रखकर पूँछ, ताँबे का पत्तर रखकर पीठ, कुश रखकर रोएँ और कांसा रखकर दाढ़ी कल्पित करे। फिर यथा विधि पूजन करके सब चीजें दान कर दे।

लवणपाटलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] नमक की पाटली या पत्ती (को०)।

लवणप्रगाढ—वि० [सं०] जिसमें अत्यधिक नमक हो। जिसमें बहुत तेज नमक मिला हो।

लवणभास्कर—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक का एक प्रसिद्ध चूर्ण जिसमें तीनों नमक और अन्य कई ओषधियाँ पड़ती हैं और जो पेट की अपच आदि बीमारियों में दिया जाता है।

लवणभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नमक। क्षार नमक (को०)।

लवणभेद—संज्ञा पुं० [सं०] खारी नमक।

लवणमेह—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार प्रमेह रोग का एक भेद जिसमें पेशाब के साथ लवण के समान स्राव होता है।

लवणयंत्र—संज्ञा पुं० [सं० लवणयन्त्र] दो मुँहेंडार बरतनों के मुँह जोड़कर बनाया हुआ एक यंत्र जिसमें कुछ ओषधियों का पाक होता है। इनमें से एक बरतन में नमक भर दिया जाता है।

लवणवर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार कुश द्वीप के अंतर्गत एक वर्ष या खंड।

लवणव्यापत्—संज्ञा स्त्री० [सं०] घोड़ों की एक प्रकार की गहरी पीड़ा जो अधिक नमक खाने से होती है।

लवणशाक—संज्ञा पुं० [सं०] लवण द्वारा संस्कृत वस्तु। सालन। अचार (को०)।

लवणसमुद्र—संज्ञा पुं० [सं०] खारे पानी का समुद्र।

विशेष—यह पुराणोक्त सात समुद्रों में से एक है। पुराणों में तो सातों समुद्रों की उत्पत्ति सागर के पुत्रों के खोदने से या प्रियव्रत राजा के रथ के चलने से बताई गई है, पर ब्रह्मवैवर्त में लिखा है कि श्रीकृष्ण की एक पत्नी विरजा के गर्भ से सात पुत्र हुए, जो सात समुद्र हुए। इनमें से एक पुत्र के रोने के कारण थोड़ी देर के लिये कृष्ण का वियोग हो गया। इसपर विरजा ने उसे शाप दिया कि 'तू लवण समुद्र होगा और तेरा जल कोई न पीएगा'। यह कथा बहुत पीछे की कल्पित जान पड़ती है।

लवणांतक—संज्ञा पुं० [सं० लवणान्तक] १ लवणासुर को मारनेवाले शत्रुघ्न। २ नीबू।

लवणांबुराशि—संज्ञा पुं० [सं० लवणाम्बुराशि] समुद्र (को०)।

लवणाभ—संज्ञा पुं० [सं० लवणाभस्] समुद्र। सागर (को०)।

लवणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दीप्ति। आभा। २ महाज्योतिष्मती लता। ३ चुक। ४ चँगेरी। ५ अमलोनी शाक। ६ एक नदी का नाम। लूनी।

लवणाकर—संज्ञा पुं० [सं०] १ नमक की खान। २ समुद्र। ३ (लाक्ष०) सुंदरता का खान। उ०—उसकी (स्थायी भाव) अवस्था लवणाकर के समान होती है।—रस क०, पृ० ११।

लवणाचल—संज्ञा पुं० [सं०] पहाड़ के रूप में कल्पित नमक का ढेर जिसके दान का मत्स्यपुराण में बड़ा माहात्म्य लिखा है।

लवणाब्धि—संज्ञा पुं० [सं०] नमक का समुद्र (को०)।

लवणापण—संज्ञा पुं० [सं०] नमक का हाट या बाजार (को०)।

लवणालय—संज्ञा पुं० [सं०] १ समुद्र। लवणाकर। २ लवणासुर की बसाई हुई मधुपुरी जो पीछे मथुरा के नाम से प्रसिद्ध हुई।

लवणासुर—संज्ञा पुं० [सं०] मधु नामक असुर का पुत्र जो मथुरा में रहता था और जिसे रामचंद्र की आज्ञा से शत्रुघ्न ने मारा था।

विशेष—रामायण में इसकी कथा इस प्रकार है। सत्ययुग में दैत्य कुल में कोला के गर्भ से 'मधु' नामक एक पुत्र उत्पन्न हुआ। उसने घोर तप द्वारा शिव को प्रसन्न करके उनसे एक शूल प्राप्त किया। फिर दूसरी बार तप करके उसने शिव से यह वर माँगा कि वह शूल कुल में सदा बना रहे। शिव ने ऐसा वर न देकर यह वर दिया कि शूल तुम्हारे ज्येष्ठ पुत्र को मिलेगा। विश्वावसु की कन्या अनला के गर्भ से कुंभीनसी नाम की एक कन्या थी। मधु ने उसके साथ विवाह किया, और उसी के गर्भ से लवणासुर उत्पन्न हुआ। शूल पाकर वह अवध्य हो गया और अनेक प्रकार के अत्याचार करने लगा। जब रामचंद्र जी राजा हुए, तब ऋषियों ने

जाकर उनकी दुहाई दी। राम की आज्ञा से शत्रुघ्न उसे मारने गए, और जिस समय उसके हाथ मे शूल नही था, उस समय उसे मारा।

लवणित—वि० [स०] लवणयुक्त। नमकीन। नमक मिलाया हुआ [को०]।

लवणिमा—सज्ञा स्त्री० [स० लवणिमन्] १ लवणयुक्त होना। नमकीनी। २ सलोनापन। सौंदर्य। लावण्य [को०]।

लवणोत्कट—वि० [स०] दे० 'लवणप्रगाढ' [को०]।

लवणोत्तम—सज्ञा पुं० [स०] १ सेंधा नमक, जो सब नमकों से अच्छा माना जाता है। २ यवक्षार। जवाखार (को०)।

लवणोत्था—सज्ञा स्त्री० [स०] ज्योतिष्मती लता।

लवणोद—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लवणोदक' [को०]।

लवणोदक—सज्ञा पु० [स०] १ नमक मिला हुआ पानी। २ क्षार समुद्र। ३ समुद्र। सागर (को०)।

लवणोदधि—सज्ञा पुं० [स०] लवणसमुद्र। लवणोदक।

लवन[१]—सज्ञा पु० [स०] [वि० लवनीय, लव्य] १ काटना। छेदना। २ खेत की कटाई। लुनाई। ३ खेत काटने की मजदूरी मे दिया हुआ अन्न। लौनी। ४ खेत की कटाई वा लुनाई करने का औजार हँसिया [को०]।

लवनⓊ[२]— सज्ञा पु० [स० लवण] नमक। उ०—इम नीर महि गरि जाय लवन एकमेकहि जानिए।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० ५५।

लवना[१]—क्रि० स० [स० लवन, हिं० लुनना] पके हुए अन्न के पौधो को खेतो मे काटकर एकत्र करना। लुनना। उ०— तुलसी यह तन खेत है, मन बच करम किसान। पाप पुन्य दुइ बीज हैं बावै सो लवै निदान।— तुलसी (शब्द०)।

लवनाⓊ[२]†—क्रि० अ० [हिं० लप या लो] दीप्त होना। चमकना। उ०—चटक चोप चपला हिय लवै। सबही दिस रस प्यासनि तवै।—घनानद, पृ० १८७।

लवना[३]—वि० [स० लवण] दे० 'लोना'।

लवनाईⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० लावण्य] लावण्य। सुदरता।

लवनि†—सज्ञा स्त्री० [स० लवन] १ खेत मे अनाज की पकी फसल की कटाई। लुनाई। २ वह अन्न जो मजदूरी मे दिया जाता है। उ०—तुलसिदास जोरी देखत सुख सोभा अतुल न जात कही री। रूप रासि बिरची बिरचि मनो सिला लवनि रति काम लही री।—तुलसी (शब्द०)।

लवनी[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] शरीफे का पेड या फल।

लवनी†[२]—सज्ञा स्त्री० [स० लवन] १. दे० 'लावनी'। २ औजार जिससे खेत की लुनाई की जाती है। हँसिया।

लवना†[३]—सज्ञा स्त्री० [स० नवनीत] नवनीत। मक्खन।

लवनीय—वि० [स०] लुनाई करने योग्य। काटने योग्य [को०]।

लवर†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लपट] अग्नि की लपट। ज्वाला। उ०—नारी गारी देत रावनहिं जरत लवर की झाग।—देवस्वामी (शब्द०)।

लवलासीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० लव (=प्रेम) + लासी (=लसी, लगाव)] प्रेम की लगावट।

लवली—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हरफारेवरी नाम का पेड और उसका फल जो खाया जाता है। २. एक विषम वर्णवृत्त जिसके प्रथम चरण मे १६, दूसरे चरण मे १२, तीसरे चरण मे ८ और चौथे चरण मे २० वर्ण होते हैं। जैसे,—दनुज कुल अरि जग हित वरम धर्ता। साँचा अहहि प्रभु जगत भर्ता। रामा अमुर सुहर्ता। सरवस तज मन भज नित प्रभु भवदुखहर्ता।

लवलीन—वि० [हिं० लय + लीन] तन्मय। तल्लीन। मग्न। उ०—(क) अधर मधुर मुसुकान मनोहर कोटि मदन मन हीन। सूरदास जहँ दृष्टि परत ह होत तही लवलीन।—सूर (शब्द०)। (ख) जय जय धुन सुनि करत अमर गन नर नारा लवलीन।—सूर (शब्द०)। (ग) अरु जे विषयन के आधीना। तिनके उद्यम मे लवलीना।—विश्राम (शब्द०)।

लवलेश—सज्ञा पु० [स०] १ अत्यत अल्प मात्रा। बहुत थोड़ी मिकदार। २ जरा सा लगाव। अल्प ससर्ग। जैसे, इस दूध मे पानी का लवलेश नही है।

लवलेसⓊ—सज्ञा पुं० [स० लवलेश] दे० 'लवलेश'। उ०—(क) जाके बल लवलेस ते जितेहु चराचर झारि।—मानस, ६।२१। (ख) जाकी कृपा लवलेस ते मतिमद तुलसीदास हू।—मानस, ७।१३०।

लवहर†—सज्ञा पुं० [देश०] एक साथ उत्पन्न दो बालक। यमज। जोडवाँ।

लवा[१]†—सज्ञा पु० [स० लाजा] अनाज का दाना जो भूनने से फूल गया हो। भुने हुए धान या ज्वार की खील। लावा। उ०—मिलि मालवा आदिक फूल के व्याज विनोद लवा बरसायो करैं।—द्विजदेव (शब्द०)।

लवा[२]—सज्ञा पु० [स० लव] तीतर की जाति का एक पक्षी जो तीतर से बहुत छोटा होता है। उ०—बाज झपट जनु लवा लुकाने।— तुलसी (शब्द०)।

विशेष—यह तीतर की तरह जमीन पर अधिक रहता है। पंजे बहुत लबे होते है। नर और मादा मे देखने मे कोई भेद नही होता। मादा भूरे रग के अडे देती है। जाड के दिनो मे इस चिडिया के झुड के झुड झाडियो और जमीन पर दिखाई पडते है। यह दाने और कीड खाता है।

लवाई—वि० स्त्री० [देश०] हाल की ब्याई हुई गाय। वह गाय जिसका बच्चा अभी बहुत ही छोटा हो। उ०—(क) पुनि पुनि मिलत सखन बिलगाई। बालबच्छ जनु धेनु लवाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कौसल्यादि मातु सब धाई। निरखि बच्छ जनु धेनु लवाई।—तुलसी (शब्द०)।

लवाई[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लवना + आई (प्रत्य०) १. खेत की फसल की कटाई। लुनाई। २. फसल कटाई की मजदूरी।

लवाक—सज्ञा पुं० [सं०] १ हँसिया। २ कटाई का काम। ३ काटनेवाला [को०]।

लवाजमा—सज्ञा पुं० [अ० लवाज़िम, लवाजिमा] १ किसी के साथ रहनेवाला दल बल और साज सामान। साथ मे रहनेवाली भीडभाड या असबाब। जैसे,—इतना लवाजमा साथ लेकर क्यो परदेश चलते हो? २ आवश्यक सामग्री। सामान जो किसी बात के लिये जरूरी हो। जैसे,—सब लवाजमा इकट्ठा कर लो, तब तस्वीर मे हाथ लगाओ।

लवाजमात—सज्ञा पुं० [अ० लवाज़मात] लवाजिम का बहुवचन। सामग्री। उपकरण।

लवाणक—सज्ञा पुं० [सं०] हँसिया [को०]।

लवारा†—सज्ञा पुं० [हिं० लवाई] गौ का बच्चा। बछडा।

लवासीⓊ†—वि० [सं० लप, या लव (=बकना)+आसी (प्रत्य०)] १ बकवादी। गप्पी। झूठा। २ लपट। उ०—काहे दियो सूर सुख मे दुख कपटी कान्ह लवासी।—सूर (शब्द०)।

लवि[1]—वि० [सं०] तेज धारवाला। काटने में तेज।

लवि[2]—सज्ञा स्त्री० लवित्र। हसिया [को०]।

लवित्र—सज्ञा पुं० [सं०] काटने का औजार। दाव। हँसिया [को०]।

लवेटिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] अन्न। अनाज [को०]।

लवोपल—सज्ञा पुं० [सं०] ओला। बर्फ का टुकडा।

लश—सज्ञा पुं० [सं०] गोद [को०]।

लशकर—सज्ञा पुं० [फा०] १ सेना। फौज। योद्धाओ का दल। २. मनुष्यो का भारी समूह। भीडभाड। दल। जैसे,—इतना बडा लशकर क्यो साथ लेकर चलते हो? ३ फौज के टिकने का स्थान। सेना का पडाव। ४ जहाज में काम करनेवालो का दल। जहाजी आदमी।

यौ०—लशकर आरा=(१) सेना सज्जित करनेवाला। (२) सेना के साथ सामना करनेवाला। लशकर आराई—(१) युद्धार्थ सेना का व्यूहन। (२) सेना लेकर मुकाबला करना। लशकरकशी=चढाई। धावा। आक्रमण। लशकरगाह=शिविर। छावनी।

लशकरी—वि० [फा० लशकर] १ फौज का। सेना सबधी। सेना से सबध रखनेवाला। २ जहाज पर काम करनेवाला। खलासी। जहाजी। ३ जहाज से सबध रखनेवाला।

लशकरी—सज्ञा पुं० १ सैनिक। सिपाही। २ जहाजी आदमी। ३ जहाजियो या खलासियो की भाषा।

यौ०—लशकरी कोश=जहाजियो की बोलचाल की भाषा का एक कोशग्रथ।

लशकारना—क्रि० स० [अ० लश्कर] शिकारी कुत्तो को शिकार पकड़ने के लिये पुकारकर बढ़ावा देना। ललकारना। (शिकारी)।

लशुन, लशून—सज्ञा पुं० [स०] लहसुन।

लषण—सज्ञा पुं० [सं०] अभिलाषा। इच्छा। आकाक्षा [को०]।

लषनⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण] दे० 'लखन'।

लषन[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लखना] लखने की क्रिया या भाव।

लषना क्रि० स० [सं० लक्ष] दे० 'लखना'।

लषित—वि० [सं०] वाछित। अभिलषित [को०]।

लष्पⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष] लाख की सख्या।

लष्प[2]—पज्ञा पुं० [सं०] नट। नाचनेवाला। नर्तक। अभिनेता [को०]।

लष्पन—सज्ञा पुं० [सं० लक्ष्मण] दे० 'लखन'।

लस[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ चिपकने या चिपकाने का गुण। श्लेषण। चिपचिपाहट। २ वह जिसके लगाव से एक वस्तु दूसरी वस्तु से चिपक जाय। लाग। ३ चित्त लगने की बात। आकर्षण। जैसे,—वहाँ कुछ लस है, तभी वह नित्य जाता है।

लस[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ रक्त चदन। २ ऊँट का ज्वर [को०]।

लास[3]—वि० [सं०] १ चमकता हुआ। शोभित। २ इधर उधर हिलता हुआ। कम्पित [को०]।

लसक—सज्ञा पुं० [सं०] १ नाचनेवाला। नर्तक। २ एक वृक्ष का नाम (को०)।

लसकर सज्ञा पुं० [फ़ा० लशकर] दे० 'लशकर'। उ० बिन लसकर बिन फौज मुलुक मे फिरो दुहाई।—पलटू०, भा० १, पृ० ६।

लसदशु—वि० [स०] दीप्त या चमकीली किरणोवाला, जैसे, सूर्य [को०]।

लसदार—वि० [हिं० लस+फा० दार (प्रत्य०)] जिसमे लस हो। जिसमे चिपकने या चिपकाने का गुण हो। गोद की तरह का। लसीला।

लसना[1] क्रि० स० [सं० लसन] एक वस्तु को दूसरी वस्तु के साथ इस प्रकार सटाना कि वह अलग न हो। चिपकाना। जैसे,—इस कागज को किताब पर लस दो।

सयो० क्रि०—देना।

लसनाⓊ[2]—क्रि० अ० १ शोभित होना। छजना। फबना। २. विराजना। विद्यमान होना। उ०—(क) लसत चारु कपोल दुहुँ बिच सजल लोचन चारु।—सूर (शब्द०) (ख) तहँ राजत दसरथ लसें देव देव अनूप।—केशव (शब्द०)।

लसनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० लसना] १ स्थिति। विद्यमानता। २ शोभित होने की क्रिया या भाव। शोभा। छटा। उ०—कहत ही बातें श्री गोपाललाल जू सो बाल सुने खरिका मे खरी माधुरी लसनि सो।—रघुनाथ (शब्द०)।

लसम—वि० [देश०] जो खरा और चोखा न हो। दागी। दूषित। खोटा। जैसे,—लसम सोना। उ०—और भूप परपि कै ताइके मुलाखि लेत लसम को खसम तुही पै दशरत्थ के।—तुलसी (शब्द०)।

लसरका—सज्ञा पुं० [सं० लगना या लस्तगा] सबध। लगाव। ताल्लुक। (लखनऊ)।

लसलसा—वि० [हिं० लस] [वि० स्त्री० लसलसी] लसदार। चिपचिपा। जो गोंद की तरह चिपकनेवाला हो।

लसलसाना—क्रि० अ० [अनु०] गोंद या लसदार चीज की तरह चिपकना। चिपचिपाना।

लसलसाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लसलसा] लसदार होने का भाव। चिपक। चिपचिपाहट।

लसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हल्दी। २ केशर (को०)।

लसिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] लाला। थूक।

लसित—वि० [स०] १ लसता हुआ। शोभित। २ व्यक्त। स्थित। प्रकट। ३ जो क्रीडा कर रहा हो। क्रीडाशील [को०]।

लसी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लस] १ लस। चिपचिपाहट। २ दिल लगने की वस्तु। आकर्षण। जैसे,—वह कुछ लसी पाकर वहाँ जाता है। ३ लाभ का योग। फायदे का डौल। जैसे,—बिना लसी के आप क्यों कहीं जाने लगे। ४ सबध। लगाव। मेलजोल। जैसे,—ऐसे आदमी से लसी लगाना ठीक नहीं।

क्रि० प्र०—लगाना।

५ दूध और पानी मिला शरबत।

लसीका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. माँस और चमड़े के बीच मे रहनेवाला रस या पानी। २ लाला। ३ पीव (को०)। ४. मांसपेशी (को०)। ५ ऊख का रस। इक्षुरस (को०)।

लसीला—वि० [हिं० लस + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लसीली] १ लसदार। जिसमे लस हो। जिसके लगाने से कोई वस्तु दूसरी वस्तु से चिपक जाय। चिपचिपा। २ सुदर। शोभायुक्त। उ०—लाड लड़ीली रस बरसीली लसीली हँसीली सनेहसगमगी। —घनानद, पृ० ४४७।

लसुन—सज्ञा पु० [सं० लशुन] दे० 'लहसुन'।

लसुनिया—सज्ञा पुं० [हिं० लहसुन] दे० 'लहसुनिया'।

लसूप—वि० [स०] चमकदार। दीप्त। चमकीला [को०]।

लसोड़ा—सज्ञा पु० [हिं० लस (=चिपचिपाहट)] एक प्रकार का छोटा पेड। सपिस्ताँ। श्लेष्मातक। लसोढ़ा।

विशेष—इसकी पत्तियाँ गोल गोल और फल बेर के से होते हैं। यह बसत मे पत्तियाँ झाड़ता है, और हिंदुस्तान में प्राय सर्वत्र पाया जाता है। फल मे बहुत ही लसदार गूदा होता है। यह फल औषध के काम मे आता है और सूखी खाँसी को ढीली करने के लिये दिया जाता है। फारसी मे इसे सपिस्ताँ कहते हैं। हकीम लोग मिस्री मिलाकर इसका अवलेह (चटनी) बनाते हैं, जो खाँसी मे चाटने के लिये दिया जाता है। सस्कृत में भी इसे श्लेष्मातक कहते है। इसका अचार भी बनता है।

लसोढा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'लसोड़ा'।

लसोटा—सज्ञा पु० [हिं० लासा + ओटा (प्रत्य०)] बाँस का चोगा जिसमे बहेलिए चिड़िया फँसाने का लासा रखते हैं।

लस्टम पस्टम†—क्रि० वि० [देश०] १ धीरे धीरे। २ किसी न किसी तरह से। अच्छी तरह या पूरे सामान के साथ नहीं। जैसे,—लस्टम पस्टम काम चला जाता है।

लस्त[1]—वि० [सं०] १ क्रीडित। २ शोभायुक्त। सजावट से भरा। ३ प्रवीण। कुशल। दक्ष। चतुर (को०)। ४ आलिंगित। आलिंगनबद्ध (को०)।

लस्त[2]—वि० [हिं० लटना] १. थका हुआ। शिथिल। श्रम या थकावट से ढीला। जैसे,—चलते चलते शरीर लस्त हो गया है। २ जिसमे कुछ करने की शक्ति या साहस न रह गया हो। अशक्त। उ०—वारी सुकुमारी जर्जर लस्त को व्याह दी जावे। प्रेमघन०, भा० २, पृ० १८७।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लस्तक—सज्ञा पुं० [सं०] धनुष का मध्य भाग। मूठ।

लस्तकी—सज्ञा पुं० [सं० लस्तकिन्] धनुष [को०]।

लस्तगा†—सज्ञा पुं० [?] १ परस्पर सबध या लगाव। २ शृखला। २ सिलसिला। ३ शुरुआत। प्रारभ।

लस्सान—वि० [अ०] बातूनी। वाचाल। बातूनी [को०]।

लस्सानी—सज्ञा स्त्री० [अ०] वाचालता। बातूनीपन। उ०—बात फरोशी हाय हाय। वह लस्सानी हाय हाय।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६७८।

लस्सी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लस] १ लस। चिपचिपाहट। वि० दे० 'लसा'। २ छाँछ। मठा। तक्र। (पच्छिम)। ३ दही को चीनी के साथ मथकर बर्फ मिला या हुआ शर्बत।

यौ०—कच्ची लस्सी = अधिक पानी मिला हुआ दूध।

लहँगा—सज्ञा पुं० [हिं० लक (=कमर) + अगा] कमर के नीचे का सारा अग ढाँकने के लिये स्त्रियो का एक घेरदार पहनावा। उ०—छुद्र घटिका कटि लहँगा रँग तन तनसुख की सारी।—सूर (शब्द०)।

विशेष—यह सूत की डोरी या नाले (इजारबद) मे कमर मे कसकर पहना जाता है और इसमे बहुत सी चुनटें पड़ी रहती है। इसमे नाली के आकार का घेरेदार नाला पड़ा रहता है, जिसे नेफा कहते हैं। लहँगे मे केवल कटि के नीचे का भाग ढँकता है, इससे इसके साथ ओढ़नी भी ओढ़ी जाती है।

लहक—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहकना] १ लहकने की क्रिया या भाव। २ आग की लपट। ३ चमक। द्युति। ४ शोभा। छवि। ५. उमग। उत्साह। जोश। उ०—देशभक्ति की लहक उनके अग प्रत्यग मे व्याप्त है।—सुनीता, पृ० ११।

लहकना—क्रि० अ० [स० लता (=हिलना डोलना) या अनु०] १ हवा मे इधर उधर डोलना। झोंके खाना। लहराना। उ०—(क) सकपकाहि विष भरे पमारे। लहर भरे, लहकहि अति कारे।—जायसी (शब्द०)। (ख) बैठयो मसि ऊपर सँभारि न सकति भार वेली मानो लहकै नवेली सोनजुही की।—रघुनाथ (शब्द०)। (ग) नव मालती चहूँ दिसि महकत। जमुन लहर तट लह लह लहकत।—गोपाल (शब्द०)। (घ) लाल लाल की लर लटकाए लहकति छन छन।—(शब्द०)।

सयो० क्रि०—उठना।

२ हवा का बहना। हवा का झोके देना। उ०—कत बिनु बासर बसत लागे अतक से तीर ऐसे त्रिविध समीर लागे लहकन। —देव (शब्द०)। ३ आग का इधर उधर लपट छोडना। लपट का निकलना। दहकना। जैसे,—आग लहकना। ४ चाह या उत्कठा से आगे बढना। लपकना। ५ चाह से भरना। उत्कठित होना। ललकना। उ०—अँखियाँ अधर चूमि हा हा छाँडो कहै भूमि छतियाँ सो लगी लग लगी सी लहकि कै। —(शब्द०)। ६ किसी वस्तु का ठीक से न जमने के कारण हिलना या हचकना।

लहका†—सज्ञा पुं० [हिं० लहक] पतला गोटा। लचका।

लहकाना—क्रि० स० [हिं० लहकना] १ हवा में इधर उधर हिलाना डुलाना। झोंका खिलाना। २ आगे बढ़ाना। ३ चाह या उत्कठा से आगे बढाना। लपकाना। जैसे —तुमने लहका दिया, इसी से वह पीछे लगा। ४ उत्साह दिलाकर आगे बढना। आगे बढने के लिये उत्साहित करना। किसी ओर अग्रसर होने के लिये बढ़ावा देना। ५ किसी के विरुद्ध कुछ करने के लिये भडकाना। ताव दिलाना। बरगलाना। ६ दीप्त करना। प्रज्वलित करना। जैसे, आग लहकाना।

सयो० क्रि०—देना।

लहकारना—क्रि० स० [हिं० ललकारना] १ किसी के विरुद्ध कुछ करने के लिये बहकाना। ताव दिलाना। २ उत्साहित करके आगे बढाना। ३ कुत्ते को उत्साहित या क्रुद्ध करके किसी के पीछे लगाना।

लहकौर—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहना + कौर] दे० 'लहकौरि'।

लहकौरि—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहना + कौर (=ग्रास)] विवाह की एक रीति जिसमे दूल्हा और दुलहिन कोहबर मे एक दूसरे के मुँह में कौर (ग्रास) डालते हैं। उ०—(क) लहकौरि गौरि सिखाव रामहि सीय सन सारद कहैं।—तुलसी (शब्द०)। (ख) गोदा रगनाथ मुख माँही। मेलति है लहकौरि तहाँ ही।—रघुराज (शब्द०)।

लहजा[1]—सज्ञा पुं० [अ० लहजह्] गाने या बोलने का ढग। स्वर। लय। जैसे,—वह बडे अच्छे लहजे से गाता है।

लहजा[2]—सज्ञा पुं० [अ० लहज़ा] पल। अल्पकाल। क्षण।

मुहा०—लहजा भर=क्षण भर। थोडी देर।

लहटना†—क्रि० अ० [देश०] परचना।

लहटाना†—क्रि० स० [देश०] परचाना।

लहद—सज्ञा स्त्री० [अ०] कब्र। उ०—हो ढेर अकेला जगल मे तू खाक लहद की फाँकेगा —राम० धर्म०, पृ० ६१।

लहदि(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लादी] दे० 'लादी'। उ०—धोबी घर के गदहा ह्वै हौ ओदी लहदि लदैहौ।—कबीर श०, पृ० २२।

लहदा†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लादना या प्रा० लद्द] दे० 'लादी'।

लहन—सज्ञा पुं० [देश०] कजा नाम की कँटीली झाडी। विशेष दे० 'कजा'।

लहन‡[2]—सज्ञा पुं० [स० लभन] दे० 'लहना'।

लहनदार—सज्ञा पुं० [हिं० लहना + फा० दार] वह मनुष्य जिसका कुछ लहना किसी पर बाकी हो। ऋण देनेवाला महाजन। उ०—जिसने ऋण चुका देने को कभी क्रोधी और क्रूर लहनदार की लाल लाल आँखें नहीं देखी है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८५।

लहना[1]—क्रि० स० [स० लभन, प्रा० लहन] प्राप्त करना। लाभ करना। पाना। उ०—याचत ही निसि दिवस मरयो, पै नहि सुख कबहूँ लह्यो।—सूर (शब्द०)।

लहना[2]—क्रि० स० [सं० लवन] १. काटना। छेदना। २ खेत की फसल काटना। ३ छीलना। तराश करना। कतरना।

लहना[3]—सज्ञा पुं० [स० लभन, प्रा० लहन] १ किसी को दिया हुआ धन जो वसूल करना हो। उधर दिया हुआ रुपया पैसा। जैसे,—हमारा सब लहना साफ कर दो। उ०—लहना देना विधि सो लिखैं। बैठे हाट सराफी सिखैं।—अर्ध०, पृ० ६।

यौ०—लहना देना=प्राप्य एव देय धन द्रव्य आदि। लहना पटवना=उधार चुकाने की क्रिया।

मुहा०—लहना चुकाना, पटाना या साफ करना=किसी से लिया हुआ कर्ज अदा करना। लिया हुआ ऋण दे देना।

२ वह धन जो किसी काम के बदले में किसी से मिलनेवाला हो। रुपया पैसा जो किसी कारण किसी से मिलनेवाला हो। ३ भाग्य। किस्मत। जैसे,—जिसके लहने का होगा, उसे मिलेगा।

लहना बही—सज्ञा पुं० [हिं० लहना + बही] वह बही जिसमें ऋण लेनेवालों के नाम और रकमें लिखी जाती हैं, और जिसके अनुसार वसूली होती है।

लहनी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहना] १ प्राप्ति। २ फलभोग। उ०—लहनी करम के पाछे। दियो आपनो लैहे सोई मिलै नहीं पाछे।—सूर (शब्द०)।

लहनी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहना (=काटना, छीलना)] वह औजार जिससे ठठेरे बरतन छीलते हैं।

लहबर—सज्ञा पुं० [हिं० लहर बहर ?] १ एक प्रकार का बहुत लबा और ढीला ढाला पहनावा। चोगा। लबादा। २ एक प्रकार का तोता जिसकी गरदन बहुत लबी होती है। ३ झडा। निशान। पताका।

लहम—सज्ञा पुं० [अ०] गोश्त। मास [को०]।

लहमा—सज्ञा पुं० [अ० लहमह्] निमेष। पल। क्षण। अत्यत अल्प काल। उ०—इक लहमा पकडि के खूब मला।—पलटू०, भा० २, पृ० ६।

लहमी—वि० [अ०] लहम अर्थात् मास का विक्रेता। मास बेचने वाला [को०]।

लहर—सज्ञा स्त्री० [सं० लहरी] १ हवा के झोंके से एक दूसरे के पीछे ऊँची उठती हुई जल की राशि। बडा हिलोरा। मौज। उ०—लोल लहर उठि एक एक पै चलि इमि आवत। —हरिश्चद्र (शब्द०)।

क्रि० प्र०—आना।—उठना।

मुहा०—लहर लेना = समुद्र के किनारे लहर मे स्नान करना।

२. उमग। वेग। जोश। उठान। जैसे,—आनद की लहर। उ०—फूली धेनु, फूले धाम, फूली गोपी अग अग फिर तरु।र आनंद लहर के।—सूर (शब्द०)। ३ मन की मौज। मन मे आपसे आप उठी हुई प्रेरणा। मन मे वेग के साथ उत्पन्न भावना। जैसे,—उनके मन की लहर है, आज इधर ही निकल आए। ४. शरीर के अदर के किसी उपद्रव (जैसे, बेहोशी, पीडा आदि) का वेग जो कुछ अतर पर रह रहकर उत्पन्न हो। झोका। जैसे,—साँप के काटने पर लहर आती है। उ०—(क) सुनि के राजा गा मुरझाई। जानौ लहरि सुरुज कै आई।—जायसी (शब्द०)। (ख) सूर सुरति तनु की कछु आई उतरत लहरि के।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—लहर देना या मारना = रह रहकर किसी प्रकार की पीडा उठना। साँप काटने की लहर = साँप काटे आदमी की वह अवस्था जिसमे बेहोशी के बीच बीच में वह जाग उठता है। उ०—लाग्रो गुनी गोविद को बाढी है अति लहरि।—सूर (शब्द०)।

५ आनद की उमग। हर्ष या प्रसन्नता का वेग। मजा। मौज। जैसे,—वहाँ चलो, बडी लहर आवेगी।

यौ०—लहर बहर = सब प्रकार का आनद और सुख।

मुहा०—लहर आना = आनद आना। लहर लेना या मारना = आनद भोगना। मौज करना।

६ आवाज की गूँज। स्वर का कप जो वायु मे उत्पन्न होता है। ७ वक्र गति। इधर उधर मुडती हुई टेढ़ी चाल। जैसे,—वह लहरें मारता चलता है।

मुहा०—लहर मारना या देना = सीधा न जाकर इधर उधर मुडना।

८ बराबर इधर उधर मुडती या टेढी होती हुई जानेवाली रेखा। चलते सर्प की सी कुटिल रेखा। ९ किसीदे की धारी। १० हवा का झोका। ११ किसी प्रकार की गध से भरी हुई हवा का झोका। महक। लपट। उ०—खुलि रही खूब खुसबोयन की लहरि तैसे सीतल समीर डालै तनिकऊ न डोली मैं।—निहाल (शब्द०)।

लहरदार—वि० [हिं० लहर + फा० दार (प्रत्य०)] १ जो सीधा न जाकर टेढ़ा मेढा गया हो। जो बल खाता गया हो। कुटिल या वक्रगति से गया हुआ। जैसे,—यह लकीर सीधी नही है, लहरदार है। २ दे० 'लहरियादार'।

लहरना—क्रि० अ० [हिं० लहर + ना (प्रत्य०)] १. दे० 'लहराना'। उ०—बरसाती तरिवर लहरत तहँ लता रही लूमि लूमि।—देवस्वामी (शब्द०)। २ दे० 'लहटना'।

लहरपटोर—सज्ञा पुं० [हिं० लहर + पट] [स्त्री० लहर पटोरी] पुराने चाल का एक प्रकार का रेशमी धारीदार कपड़ा। उ०—पुनि बहु चीर आनि सब छोरी। सारी कचुकि लहर-पटोरी।—जायसी (शब्द०)।

लहरा'—सज्ञा पुं० [हिं० लहर] १ लहर। तरग। २ मौज। आनद। मजा। ३ बाजो की वह गत जो आरभ में नाचने या गाने के पहले समाँ बाँधने और आनद बढाने के लिये बजाई जाती है। (इसमे कुछ गाना नही होता, केवल ताल और स्वरो की लय मात्र होती है।) ४ कुछ देर तक बादलो का बरसना। कुछ समय तक जोरो की वर्षा होना। झर। झडी। झाका।

लहरा'—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास।

लहराना'—क्रि० अ० [हिं० लहर + आना (प्रत्य०)] १ हवा के झोके से इधर उधर हिलना डोलना। प्रकपित होना। लहरें खाना। जैसे,—खेत लहराना, या खेतो मे धान लहराना, लता लहराना बाल लहराना, पताका लहराना। उ०—(क) आतप परयो प्रभात ताहि सो खिल्यो कमलमुख। अलक भौंर लहराय जूथ मिलि करत विविध सुख।—व्यास (शब्द०)। (ख) मनु प्रगट मनोरथ की लता ललकि ललकि लहराति है।—गोपाल (शब्द०)। २. हवा का चलना या पानी का हवा के झोके मे उठना और गिरना। बहना या हिलोर मारना। ३ सीधे न चलकर साँप की तरह इधर उधर मुडते या झोका खाते हुए चलना। जैसे,—यह लकीर लहराती हुई गई है। ४ मन का उमग मे होना। उल्लास में होना। जैसे,—यह सुनकर उनका मन लहरा उठा। ५ किसी वस्तु के लिये उत्कठित होना। प्राप्त करने की इच्छा से अधीर होना। लपकना। जैसे,—उसके लिये वह लहरा उठा। ६ आग की लपट का निकलकर इधर उधर हिलना। दहकना। भडकना। उ०—श्रीपति सुकवि यो वियोगी कहरन लागे, मदन को आगि लहरान लागी तन मे।—श्रीपति (शब्द०)। ७ शोभित होना। लसना। विराजना। शोभा-पूर्वक रहना। उ०—(क) कहै पद्माकर अरीन की अवाई पर साहब सवाई की ललाई लहराति है।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) त्यागि भय भाव चहूँ घूमत अनद भरे विपिन विहारी पर मुखसाज लहरत।—(शब्द०)।

लहराना'—क्रि० स० १ हवा के झोके मे इधर उधर हिलाना या हिलने डोलने के लिये छोड देना। जैसे,—सिर के बाल लहराना। २ सीधे न चलाकर साँप की तरह इधर उधर मोडते हुए चलाना। वक्र गति मे ले जाना। ३ बार बार इधर से उधर हिलाना डुलाना। उ०—सूरदास प्रभु सोइ कन्हैया लहरावति मल्हरावति है।—सूर (शब्द०)।

लहरि(यु)†—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लहर'।

लहरिया'—सज्ञा पुं० [हिं० लहर] १. ऐसी समानातर रेखाओ का समूह जो सीधी न जाकर क्रम से इधर उधर मुडती हुई गई हो। लहरदार चिह्न। टेढी मेढी गई हुई लकीरो की श्रेणी। जैसे,—(क) इसका लहरिया किनारा है। (ख) इसमे लहरिया काम बना हुआ है। २ एक प्रकार का कपडा जिसमे रग बिरगी टेढी मेढी लकीरें बनी होती हैं। ३ वह साडी या धोती जिसकी रँगाई टेढी मेढी लकीरो के रूप मे हो। उ०—(क) लहरत लहर लहरिया लहर बहार। मोतिन जडी पिनरिया बिथुर बार।—रहीम (शब्द०)। (ख) फहर फहर होत प्रीतम को

पीतपट, लहर लहर होत प्यारी को लहरिया।—देव (शब्द०)। ४ जरी के कपडो के किनारे बनी हुई वेल। ५ गोटे, लेस आदि की लहरदार टँकाई।

लहरिया[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहर+इया] 'लहर' शब्द का पूरबी निर्देशात्मक रूप। उ०—मे गैलिउँ सोई पिया मोर जागे, आइ गई सुपमन लहरिया हो रामा।—कबीर (शब्द०)।

लहरियादार—वि० [हिं० लहरिया+दार (प्रत्य०)] १ जिसमे लहरिया बना हो। वेलबूटेदार। २ जिसमे बहुत सी टेढी मेढ़ी रेखाएँ हो। लहरदार।

लहरी[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] लहर। तरग। हिलोर। मोज। उ०—ऊगे, वसुधा मे सुधालहरी लला की बरनी, मैन कलावारी कहि प्यारी कब बोलिहै।—दीनदयाल (शब्द०)।

लहरी†[2]—वि० [हिं० लहर+ई (प्रत्य०)] मन की तरग के अनुसार चलनेवाला। आनदी। मनमौजी। खुशमिजाज। उ०—लहरी जवान हैं। कभी तो रात को तीन तीन बजे तक जागते हैं कभी दिन को दो दो पहर तक सोया करते हैं—फिसाना०, भा० ३, पृ० ३२।

लहरीला—वि० [हिं० लहर+ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लहरीली] दे० 'लहरदार'। उ०—मरी लहरीली नीली अलकावली समान।—लहर, पृ० ६६।

लहल—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का राग जो दीपक राग का पुत्र कहा जाता है।

लहलह—वि० [हिं० लहलहाना का अनु०] १ लहलहाता हुआ। हरा भरा। सरस। उ०—लाल नील सित पीत कमल कुल सब ऋतु मे लहलहाई।—देवस्वामी (शब्द०)। २ हर्ष से फूला हुआ। खुशी से खिला हुआ। प्रफुल्लित।

लहलहा—वि० [हिं० लहलहाना] [वि० स्त्री० लहलही] १ लहलहाता हुआ। फूल पत्तो से भरा और सरस। हरा भरा। २ आनद से पूर्ण। खुशी से भरा हुआ। प्रफुल्ल। ३ हृष्ट पुष्ट। जैसे,—देह लहलही होना।

लहलहाना—क्रि० अ० [हिं० लहरना (पत्तियो का)] १ लहरानेवाली हरी पत्तियो से भरना। हरा भरा होना। फूल पत्तो से सरस और सजीव दिखाई देना। जैसे,—चारो ओर लहलहाते खेत चले गए है।

सयो० क्रि०—उठना।—जाना।

२ प्रफुल्ल होना। आनंद मे पूर्ण होना। खुशी से भरना। जैसे,—इतना सुनते ही वे लहलहा उठे। ३ टेढ़ी मेढी रेखाओ के रूप मे होना। रह रहकर दीप्त या व्यक्त होना। उ०—तहाँ कहति है व्रजभामिनी। लहलहाति जनु नव दामिनी।—नद० ग्र०, पृ० ३२१। ४ सूखे पेड या पौधे में फिर से पत्तियाँ निकलना। पनपना। जैसे,—चार ही दिन पानी पाने से यह पौधा लहलहा उठा। ५ दुर्बल शरीर का फिर से हृष्ट और सजीव होना। शरीर पनपना।

सयो० क्रि०—उठना।

लहलही—वि० स्त्री० [हिं० लहलहाना] दे० 'लहलहा'।

लहली†—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह दलदल जो किसी जलाशय के सूख जाने पर रह जाती है।

लहसुआ†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'लहसोडा'।

लहसुन—सज्ञा पुं० [सं० लशुन] १ एक कॉद से उत्पन्न चारो ओर गिरी हुई लबी लबी पतली पत्तियो का एक पौधा, जिसकी जड़ गोल गाँठ के रूप मे होती है। उ०—तुलसी अपना आचरण भला न लागत कासु। तेहि न बखाति जो खात नित लहसुन हू की बासु।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—इसकी जड या कद प्याज के ही समान तीक्ष्ण और उग्र गधवाली होती है, इसमे इसे बहुत से आचारवान् हिंदू विशेषत वैष्णव नहीं खाते। प्याज की गाँठ और लहसुन की गाँठ की बनावट मे बहुत अतर होता है। प्याज की गाठ कोमल कोमल छिलको की तहों मे मढ़ी हुई होती है, पर लहसुन की गाँठ चारो ओर एक पक्ति मे गुछी हुई फाँको म बनी होती है जिन्हे जवा कहते है। वैद्यक मे यह मासवर्धक, शुक्रवर्धक, स्निग्ध, उष्णवीर्य, पाचक, मारक, वटु, मधुर, तीक्ष्ण, टूटी जगह को ठीक करनेवाला, कफवातनाशक, कठगामक, गुरु, रक्तपित्तवर्धक, बलकारक, वर्णप्रसादक, मेधाजनक, नेत्रो को हितकारी, रसायन तथा हृद्रोग, जीर्णज्वर, कुष्ठिगुल्म, गुल्म, अरुचि, कास, शोथ, अर्श, आमदोष, कुष्ठ, अग्निमाद्य, कृमि, वायु, श्वास तथा कफनाशक माना जाता है। भावप्रकाश मे लिखा है कि लहसुन खानेवाला के लिये खट्टी चीजें, मद्य और मांस हितजनक है, तथा कसरत, धूप, क्रोध, अधिक जल, दूध और गुड अहितकर है। वैद्यक मे इसके बहुत गुण कहे गए हैं। यह तरकारी के मसाले मे पडता है। 'भावप्रकाश' मे लहसुन के सबध मे यह आख्यान लिखा है—जिस समय गरुड इद्र के यहाँ से अमृत हरकर लिए जा रहे थे, उस समय उसकी एक बूँद जमीन पर गिर पडी। उसी से लहसुन का उत्पत्ति हुई। मनु आदि स्मृतियो में इसके खाने का निषेध पाया जाता है।

पर्या०—महौषध। अरिष्ट। महाकद। म्लेच्छकद। रसोनक। भूतघ्न। उग्रगध।

२ मानिक का एक दोष जिसे सस्कृत मे 'अशोभक' कहते हैं।

लहसुनिया—सज्ञा पु० [हिं० लहसुन] धूमिल रग का एक रत्न या बहुमूल्य पत्थर। रुद्राक्षक।

विशेष—यह नवरत्नो मे है तथा लाल, पीले और हरे रंग का भी होता है। जिसपर तीन अर्ध रेखाएँ हो, वह उत्तम समझा जाता है और 'ढाई सूत का' कहलाता है।

लहसुनी हींग—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहसुन+हींग] एक प्रकार की कृत्रिम हींग जो लहसुन के योग से बनाई जाती है।

लहसुवा†—सज्ञा पुं० [देश०] १ लसोडा। दे० 'लहसुआ'। २ एक प्रकार का साग।

लहाⓅ—सज्ञा पुं० [स० लाक्षा] दे० 'लाह'।

लहाछेह—सज्ञा पु० [लघ्वाक्षेप ?] १ नृत्य की क्रियाओं म से चौथी

क्रिया। नाच की एक गति। २ नाचने मे तेजी और झपट। उ०—गोपिन संग निस सरद की रमत रसिक रसराज। लहा-छेह अति गतिन की सवन लखे सब पास।—बिहारी (शब्द०)। ३ तीव्र वर्षा। जोरदार वर्षा। ४ झपट। कूद। घूम-धड़क्का।

लहालह(पु)†—वि० [हिं० लहलह] दे० 'लहलहा'। उ०—(क) मालति औ मुचकंद है केदलि के परकास। पुरइन जामे लहालहि शोभा अधिक प्रकास।—कबीर (शब्द०)। (ख) नभ पुर मगल गान निसान गहागहे। देखि मनोरथ सुरतरु ललित लहालहे।—तुलसी (शब्द०)।

लहालोट—वि० [हिं० लाभ, लाह+लोटना] १ हँसी से लोटता हुआ। हँसी मे मग्न। २ खुशी से भरा हुआ। आनद के मारे उछलता हुआ। उल्लासमग्न। जैसे,—यह कविता सुनते ही वह लहालोट हो गया। ३ प्रेममग्न। लुभाया हुआ। लुब्ध। मोहित। लट्टू। जैसे,—वह उसका रूप देखते ही लहालोट हो गया।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लहास†—सज्ञा स्त्री० [तु० लाश] मुर्दा। मृत शरीर।

लहासन—सज्ञा स्त्री० [दश०] वह काली भेंड जिसकी कनपटी से माथे तक का भाग लाल होता है। (गडेरिए)।

लहासी—सज्ञा स्त्री० [सं० लभस, प्रा० लहस (=रस्सी)] १ वह मोटी रस्सी जिससे नाव या जहाज बाँधे जाते हैं। २ रस्सी। डोरी। ३ रास्ते में निकली हुई जड़। (पालकी के कहार)।

लहि†—अव्य० [हिं० लहना (=प्राप्त होना, पहुँचना।] पर्यंत। तक। ताईं। उ०—आवहु करहु कदरमस साजू। चढहिं बजाइ जहाँ लहि राजू।—जायसी (शब्द०)।

लहिला†—सज्ञा पुं० [दश०] दे० 'रहिला'।

लहु(पु)†१—अव्य [हिं० लग] दे० 'लौं'।

लहु२—वि० [स० लघु, प्रा० लहु] छोटा। अल्प। थोड़ा। उ०—बड कलेसु कारज अलप बडी आस लहु लाहु। उदासीन सीतारमनु समय सरिस निरवाहु।—तुलसी (शब्द०)।

लहुअ‡—वि० [स० लघुक, प्रा० लहुअ] अत्यल्प। छोटा। हलका।

लहुरा†—वि० [स० लघु, प्रा० लहु+रा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लहुरी] छोटा। कनिष्ठ। जैसे,—लहुरा भाई।

लहुरी†—वि० स्त्री० [हिं० लहुरा] छोटी। कनिष्ठा।

लहू—सज्ञा पु० [स० लोह, हिं० लोहू] रक्त। लोहू। रुधिर। खून।

मुहा०—लहूलुहान होना=खून से भर जाना। अत्यत लहू बहना। विशेष रक्तस्राव होना। (अन्य मुहा० के लिये दे० 'खून' और 'रक्त' शब्द के मुहा०)।

लहेर—सज्ञा पुं० [हिं० लहना (=पाना)] ब्राह्मण। (सुनार)।

लहेरा१—सज्ञा पुं० [हिं० लाह (=लाख)+एरा (प्रत्य०)] १. एक जाति जो रेशम रँगने का काम करती है। २ लाह का पक्का रंग चढानेवाला। ३ पक्का रेशम रँगनेवाला। रँगरेज। उ०—तारकसौ अत्तार घनेरे। जोलहा पुनि कलवार लहेरे।—गोपाल (शब्द०)।

लहेरा२—सज्ञा पुं० [दश०] छोटे डील का एक सदाबहार पेड जो पजाब, दक्खिन, गुजरात और राजपूताने मे बहुत होता है।

विशेष—इसके हीर की लकडी बहुत चिमनी, साफ और मजबूत होती है और कुरसी, मेज, आलमारी इत्यादि सजावट के सामान बनाने के काम मे आती है।

लहेसना†—क्रि० स० [दश०] १ साँचे के पल्लो को गाभे पर बैठाना। (बरतन बनानेवाले)। २ किसी लेप आदि को चढाना। पोतना। पलस्तर करना।

लह्व—सज्ञा पुं० [अ०] १ स्वर। आवाज २ गाने का मधुर स्वर। धुन [को०]।

लह्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की चिडिया।

लागल—सज्ञा पुं० [स० लाङ्गल] १ खेत जोतने का हल। २. हल के आकार वा काष्ठ (को०)। ३ एक प्रकार की मजबूत लकडी जो मकानो के बनाने मे काम आती है (को०)। ४ फल तोडने का एक प्रकार का लग्गा जिसके सिरे पर एक जाली बँधी रहती है (को०)। ५. चद्रमा का अर्धान्नित शृग। ६ शिश्न। लिंग। ७ एक प्रकार का फूल। ८ एक प्रकार का चावल (को०)। ९ ताड का पेड।

लागलक—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलक] सुश्रुत के अनुसार हल के आकार का वह घाव जो भगदर रोग मे गुदा मे शस्त्र चिकित्सा करके किया जाता है।

लागलकी—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गलकी] कलियारी नाम का जहरीला पौधा।

लागलग्रह—सज्ञा पु० [सं० लाङ्गलग्रह] खेतिहर। किसान।

लागलचक्र—सज्ञा पु० [स० लाङ्गलचक्र] फलित ज्योतिष मे एक प्रकार का चक्र जिसकी सहायता से खेती के सबध मे शुभाशुभ फल जाने जाते हैं। इसका आकार इस प्रकार का होता है—



लागलदड—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलदण्ड] हरिस। हल का लट्ठा [को०]।

लागलध्वज—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलध्वज] बलराम।

लागलपद्धति—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गलपद्धति] कूँड़। हल जोतने से बनी रेखाएँ [को०]।

लांगलफाल—सज्ञा पु० [सं० लाङ्गलफाल] हल का फाल। हल के अग्रभाग मे लगी लोहे की नोक [को०]।

लांगलमार्ग—सज्ञा पु० [सं० लाङ्गलमार्ग] दे० 'लागलपद्धति' [को०]।

लागला—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गला] नारियल का पेड [को०]।

लागलाख्य—सज्ञा पुं० [स० लाङ्गलाख्य] कलियारी नाम का जहरीला पौधा।

लागलि—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलि] १. कलियारी नाम का जहरीला

पौधा। २ मजीठ। ३ जलपीपल। ४ पिठवन। ५ कौंछ। केवाँच। ६ गजपीपल। ७ चव्य। चाव। ८ महाराष्ट्री या मराठी नाम की लता। ९ ऋषभक नाम की अष्टवर्गीय ओषधि।

लागलिक—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलिक] एक प्रकार का स्थावर विष।

लागलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गलिका] दे० 'लागलि'।

लागलिकी—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गलिकी] कलियारी।

लांगलिनी—सज्ञा स्त्री० [स० लाङ्गलिनी] कलियारी। कलिहारी।

लागली[1]—सज्ञा पुं० [स० लाङ्गलिन्] १ श्री बलराम जी। नारियल। २ सर्प। साँप।

लागली[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गली] १ पुराणानुसार एक नदी का नाम। २ कलियारी। ३ मजीठ। ४ पिठवन। ५ कौंछ। केवाँच। ६ जलपीपल। ७ गजपीपल। ८ चव्य। चाव। ९ महाराष्ट्री नाम की लता। १० ऋषभक नाम की अष्टवर्गीय ओषधि।

लागलीश—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलीश] एक शिवलिंग का नाम।

लागलीशाक—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गलीशाक] जलपीपल।

लागलीषा—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गलीषा] हल का लट्ठा। हरिस।

लागुल—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गुल] १ पूछ। दुम। २ शिश्न। लिंग।

लागुली—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गुलिन्] १. बंदर। २ ऋषभ नामक ओषधि। ३. पिठवन। ४ कौंछ। केवाँच।

लागुलीका—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गुलीका] पृश्निपर्णी। पिठवन।

लागूल—सज्ञा पुं० [सं० लाङ्गूल] १ दुम। पूँछ। २ शिश्न। लिंग। ३ धान्यकोष्ठ। धान्यागार (को०)।

यौ०—लागूलचालन, लागूलविक्षेप = (१) दुम हिलाना। (२) पूँछ फटकारना।

लागूला—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गूला] १ केवाँच। कौंछ। २ पिठवन। पृश्निपर्णी।

लागूली[1]—सज्ञा पुं० [लाङ्गूलिन्] बंदर। वानर।

लागूली[2]—सज्ञा स्त्री० [स० लाङ्गूली] १ ऋषभक नाम की अष्टवर्गीय ओषधि। २. पिठवन। पृश्निपर्णी। लागुलिका। लागूलका। ३ केवाच। कौंछ।

लांचुल—सज्ञा पुं० [स० लाञ्चुल] धान्य। धान।

लाछन—सज्ञा पुं० [सं० लाञ्छन] १ चिह्न। निशान। २ दाग। ३ चद्रमा का धब्बा (को०)। ४ आख्या। नाम (को०)। ५ भूमिसीमाकन। अकन (को०)। ६ दोष। कलक। जैसे,—तुम तो यो ही सबको लाछन लगाया करते हो।

क्रि० प्र०—लगाना।

लाछना—सज्ञा स्त्री० [सं० लाञ्छना] दे० 'लांछन'।

लाछनितⓊ—वि० [सं० लाञ्छन] जिसे लाछन लगा हो। कलंकित। दोषयुक्त। लाछित।

लाछित—वि० [सं० लाञ्छित] १. चिह्नित। अंकित। २. अभिहित। नामक। ३ अलकृत। सज्जित। ५ कलकित। जिसे लाछन लगा हो [को०]।

लाठनी—सज्ञा स्त्री० [सं० लाण्ठनी] पुश्चली। कुलटा। असती [को०]।

लातकज—सज्ञा पुं० [स० लान्तकज] जैनियों के एक प्रकार के देवताओं का गण।

लातव—सज्ञा पुं० [सं० लान्तव] जैनों के अनुसार सातवें स्वर्ग का नाम।

लापट्य—सज्ञा पुं० [सं० लाम्पट्य] १ लपट होने का भाव। लपटता। २ व्यभिचार।

लाँक[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० लक (=डठल या बाल)] १ जौ, गेहूँ, चने, अरहर इत्यादि के पके और कटे हुए पौधों का समूह जो झाड़ने के वास्ते एकत्र हो। ताजी कटी हुई फसल। २ भूसा।

लाँक[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लक] १ कमर। कटि। उ०—लगे लाँक लोयन भरी लोयन लेति लगाय।—बिहारी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—डालना।—लगाना।

२ परिमाण। मिकदार।

लाँग—सज्ञा स्त्री० [सं० लाङ्गूल (=पूँछ)] धोती का वह भाग जो दोनों जाँघों के नीचे से निकालकर पीछे की ओर कमर से खोस लिया जाता है। काछ। जैसे,—धोती का लाँग।

क्रि० प्र०—कसना।—बाँधना।—मारना।—लगाना।

लाँगड़ो—सज्ञा पुं० [स० लाङ्गूल] हनुमान जी। (डिं०)।

लाँग प्राइमर—सज्ञा पुं० [अं०] छापेखाने मे एक प्रकार का टाइप जिसका आकार आदि इस प्रकार का होता है - लाँग प्राइमर।

लाँघना—क्रि० स० [सं० लङ्घन] १ किसी चीज के इस पार से उस पार जाना। डाँकना। नाँघना। जैसे,—लडके को लाँघकर मत जाया करो। २ किसी वस्तु को उछलकर पार करना। जैसे,—यह नाला तो तुम यों ही लाँघ सकते हो।

सयो० क्रि०—जाना।

लाँघनी उड़ो—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाँघना + उड़ी (=कुदान)] मालखभ की एक कसरत जो साधारण उड़ी के ही समान होती है। इसमे विशेषता यह है कि इसमें बीच का कुछ स्थान कूद या लाँघकर पार किया जाता है।

लाँच—सज्ञा स्त्री० [देश०] रिशवत। घूस। उत्कोच।

लाँजी—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान।

लाँघि†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाँघना] बाधा। उल्लघन।

लाँड़†—सज्ञा पुं० [लिङ्ग, हिं० लह] दे० 'लड'।

लाँबा†—वि० [सं० लम्बक] दे० 'लबा'। उ०—(क) चारहि हैं खुर वाके गरो अति लाँबो सो मूँड उठावत है।—सीताराम (शब्द०)। (ख) सत योजन लाँबो अरु ऊँचो।—गिरधर (शब्द०)। (ग) लाँबी डग भरी ठौर ठौर गिर परी राम, देखो जेहि घरी देख रही मुख रूप को।—हृदयराम (शब्द०)। (घ) लहलही लाँबी लटैं लपटी सुलक पर।—पद्माकर (शब्द०)।

ला[1]—सज्ञा पुं० [अं० लॉ] १ वे राजनियम या कानून जो देश या राज्य मे शाति या सुव्यवस्था स्थापित करने के लिये बनाए जायँ। २ ऐसे राजनियमो या कानूनो का सग्रह। व्यवहारशास्त्र। धर्मशास्त्र। कानून। जैसे,—हिंदू लॉ। महमडन लॉ।

ला[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ ग्रहण या प्राप्ति की क्रिया। २ देना। प्रदान [को०]।

ला[3]—अव्य० [अ०] न। विना। नही। जैसे,—लाइलाज, लाइल्म, लापरवा आदि।

लाइⒼ†—सज्ञा पु० [सं० अलात (=लुक), प्रा० अलाय] अग्नि। उ०—(क) तब रुक हनूमत लाइ दई।—केशव (शब्द०)। (ख) ज्यो ज्यों बरसत घोर घन घनघमड गरुवाइ। त्यो त्यो परति प्रचड अति नई लगन की लाइ।—पद्माकर (शब्द०)।

लाइक वि० [अ० लाइक] दे० 'लायक'।

लाइची—सज्ञा स्त्री० [स० एला + फा० ची ('च' प्रत्य०)] दे० 'इलायची'।

लाइट—सज्ञा स्त्री० [अ०] प्रकाश। दीप्ति। रोशनी। उजाला।

लाइट हाउस—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का स्तभ या मीनार जिसके सिरे पर एक बहुत तेज रोशनी रहती है जिसमें जहाज चट्टान आदि से न टकराय, या और किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। प्रकाशस्तभ।

लाइन—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कतार। अवली। २ पक्ति। सतर। ३ रेखा। लकीर। ४ रेल की सडक। ५ घरो की वह पक्ति जिनमें सिपाही रहते हैं। बारिक। लैन। ६ व्यवसाय क्षेत्र। पेशा। जैसे,—(क) डाक्टरी लाइन अच्छी है, उसमे दो पैसे मिलते हैं। (ख) अनेक नवयुवक पत्रकार का काम करना चाहते हैं। राष्ट्रीय विद्यापीठो, गुरुकुलों के कितने ही स्नातक इस लाइन मे आना चाहते हैं।

लाइन क्लियर—सज्ञा पु० [अ०] रेलवे मे सकेत या पत्र जो किसी रेलगाडी के ड्राइवर को यह सूचित करने के लिये दिया जाता है कि तुम्हारे जाने के लिये रास्ता साफ है। (बिना यह सकेत या पत्र पाए वह गाडी आगे नहीं बढ़ा सकता।)

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—मिलना।

लाइफ—सज्ञा पुं० [अ० लाइफ] जीवन। जिदगी।

यौ०—लाइफ इन्श्योरेंस = जीवन बीमा। विशेष दे० 'बीमा'। लाइफ बॉय। लाइफबेल्ट = एक प्रकार की पेटी जो डूबने से बचाने के काम आती। लाइफबोट।

लाइफ बॉय—सज्ञा पुं० [अ० लाइफबॉय] एक प्रकार का यत्र जो ऐसे ढग से बना होता है कि पानी मे डूबता नहीं, तैरता रहता है और डूबते हुए व्यक्ति के प्राण बचाने के काम में आता है। तरेंदा।

विशेष—यह कई प्रकार का होता है और प्राय. जहाजो पर रखा रहता है। यदि दैवात् कोई मनुष्य पानी मे गिर पडे तो यह उसकी सहायता के लिये फेंक दिया जाता है। इसे पकड लेने से मनुष्य डूबता नही।

लाइफ बोट—सज्ञा स्त्री० [अ० लाइफ बोट] एक प्रकार की नाव जो समुद्र मे लोगो के प्राण बचाने के काम मे लाई जाती है। जीवनरक्षक नौका।

विशेष—ये नावें विशेष प्रकार की बनी हुई होती हैं और जहाजो पर लटकती रहती हैं। जब तूफान या अन्य किसी दुर्घटना से जहाज के डूबने की आशका होती है, तब ये नावें पानी मे छोडी जाती हैं। लोग इनपर चढ़कर प्राण बचाते हैं।

लाइब्रेरी—सज्ञा स्त्री० [अं०] १ वह स्थान जहाँ पढने के लिये बहुत सी पुस्तकें रखी हो। पुस्तकालय। २ वह कमरा या भवन जहाँ पुस्तको का सग्रह हो। पुस्तकालय।

लाइलाज—वि० [अ०] १ जिसकी चिकित्सा न हो सके। जिसका उपचार न हो। असाध्य। २ जिसका कोई उपाय न हो। दुष्कर [को०]।

लाइल्म—वि० [अ०] १. इल्म रहित। अशिक्षित। विद्याविहीन। २ नावाकिफ। अपरिचित। अनजान [को०]।

लाइसेंस—सज्ञा पु० [अ०] दे० 'लैसस'।

लाई†[1]—सज्ञा स्त्री० [स० लावा, हिं० लावा] उबाले हुए धान को सुखाकर गरम बालू मे भूनने से बनी हुई खीलें। धान का लावा।

लाई[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाना (=लगाना)] छिपी शिकायत। चुगली। निंदा।

क्रि० प्र०—लगाना।

यौ०—लाई लुतरी = (१) चुगली। शिकायत। (२) वह जो इधर उधर दूसरो का चुगली खाती फिरती हो। एक से दूसरे की निंदा करनेवाली। चुगुलखोर (स्त्री)।

लाई[3]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ एक प्रकार का रेशमी कपडा। २ एक प्रकार की ऊनी चादर। ३ शराब की तलछट।

लाऊ—सज्ञा पुं० [हिं० अलावू] लौकी। कद्दू। घिया। विशेष दे० 'घिया'।

लाक—सज्ञा पुं० [अ० लॉक] ताला।

लाक अप—सज्ञा पुं० [अ० लॉक अप] हवालात। जैसे,—अभियुक्त लाक अप मे रखा गया है।

लाकड़ी सज्ञा स्त्री० [हिं० लकडी] दे० 'लकडी'।

लाकर—सज्ञा पुं० [अ० लॉकर] सुरक्षा की दृष्टि से बको में ग्राहको की मूल्यवान् वस्तुओ के रखने का स्थान।

लाकरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लकडी] दे० 'लकडी'।

लाकिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] तात्रिको के अनुसार एक योगिनी का नाम।

लाकुच—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लकुच'।

लाकुटिक[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० लाकुटिकी] लाठी या दड धारण करनेवाला [को०]।

लाकुटिक[२]—सज्ञा पुं० [स०] अनुचर । सेवक । पहरेदार [को०] ।

लाकेट—सज्ञा पु० [अ०] वह लटकन जो घडी की या और किसी प्रकार की पहनने की जजीर मे शोभा के लिये लगाया जाता है और नीचे की ओर लटकता रहता है ।

लाक्षकी—सज्ञा स्त्री० [स०] सीता का एक नाम ।

लाक्षण[१]—वि० [स०] १ लक्षण सबधी । लक्षण का । २ लक्षणो का जानकार ।

लाक्षणिक[१]—वि० [सं०] १ जिससे लक्षण प्रकट हो । २ लक्षण सबधी । ३ शब्द की लक्षणा शक्ति द्वारा गम्य वा प्राप्त (को०) । ४ जो मुख्य न हो । अप्रधान । गौण (को०) । ५ पारिभाषिक (को०) ।

लाक्षणिक[२]—सज्ञा पुं० १ वह छद जिसके प्रत्येक चरण मे ३२ मात्राएँ हो । २ वह जो लक्षणो का ज्ञाता हो । लक्षण जाननेवाला । ३ वह अर्थ जो शब्द की अभिधा शक्ति द्वारा व्यक्त न हो अपितु शक्ति द्वारा व्यक्त हो (को०) । ४ पारिभाषिक शब्द लक्षणा (को०) ।

लाक्षण्य—वि० [स०] १ लक्षणो का जानकार । लक्षण बतानेवाला । २. लक्षण सबधी (को०] ।

लाक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लाख । लाह ।

लाक्षागृह—सज्ञा पुं० [स०] लाख का वह घर जिसे दुर्योधन ने वारणावत मे पाडवो को जला देने की इच्छा से बनवाया था ।

विशेष—दुर्योधन की इस दुर्भावना की सूचना पाकर आग लगने से पहले ही पांडव लोग इस घर से निकल गए थे ।

लाक्षातरु—सज्ञा पुं० [सं०] पलास का वृक्ष ।

लाक्षातैल—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक मे एक प्रकार का तेल जो साधारण तेल, हल्दी और मजीठ आदि डालकर पकाने से बनता है । यह दाह और ज्वर का नाशक माना जाता है ।

लाक्षादि तैल—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक मे एक प्रकार का तेल ।

विशेष—साधारण तेल मे लाख, दूध या दही, लाल चदन, असगध, हलदी, दारु हलदी, मुलेठी, कुटकी, रेणुका आदि ओषधियाँ पकाने से लाक्षादि तैल बनता है । यह जीर्णज्वर और राजयक्ष्मा आदि रोगो को दूर करनेवाला और बलवर्धक माना जाता है ।

लाक्षाप्रसद—सज्ञा पुं० [सं०] पठानी लोध ।

लाक्षाप्रसादन—सज्ञा पुं० [सं०] लाल लोध ।

लाक्षाभवन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लाक्षागृह' [को०] ।

लाक्षारक्त—वि० [स०] लाक्षा मे रजित । लाक्षा से रँगा हुआ [को०] ।

लाक्षारस—सज्ञा पुं० [सं०] महावर, जो पानी मे लाख औटाकर बनाते हैं ।

लाक्षावृक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ ढाक । पलास । २ कोशाम्र । कोसम ।

लाक्षिक—वि० [सं०] १ लाक्षा सबधी । लाख का । २ लाख का बना हुआ । लाखी ।

लाख[१]—वि० [स० लक्ष, प्रा० लक्ख] १ सौ हजार । उ०—लाखन हू की भीर से आँखि वही चलि जाहिं । (शब्द०) । २ (लक्षणा से) बहुत अधिक । गिनती मे बहुत ज्यादा ।

मुहा०—लाख टके की बात = अत्यत उपयोगी बात ।

लाख[२]—सज्ञा पु० सौ हजार की सख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है ।—१,००,००० ।

लाख[३]—क्रि० वि० बहुत । अधिक । जैसे,—तुम लाख कहो, मैं एक न मानूँगा ।

मुहा०—लाख से लोख होना = अत्यधिक से अत्यल्प हो जाना । सब कुछ से कुछ न रह जाना । उ०—बहुतक भुवन सोह अँतरीखा । रहे जो लख भए ते लीखा ।—जायसी (शब्द०) । लाख का घर राख होना = लाख रुपए का घर या खानदान नाश होना ।

लाख[४]—सज्ञा स्त्री० [सं० लाक्षा] १ एक प्रकार का प्रसिद्ध लाल पदार्थ जो पलास, पीपल, कुसुम, बेर, अरहर आदि अनेक प्रकार के वृक्षो की टहनियो पर कई प्रकार के कीडो से बनता है । लाह ।

विशेष एक प्रकार के बहुत छोटे कीडे होते है, जिनकी कई जातियाँ होती हैं । ये कीडे या तो कुछ वृक्षो पर आपसे आप हो जाते हैं या इसी लाल पदार्थ के लिये पाले जाते है । वृक्षो पर ये कीडे अपने शरीर से एक प्रकार का लसदार पदार्थ निकालकर उससे घर बनाते हैं और उसी मे बहुत अधिक अडे देते हैं । कीडे पालनेवाले वैसाख और अगहन मे वृक्षो की शाखाओ पर से खुरचकर यह लाल द्रव्य निकाल लेते हैं और तब इसे कई तरह से साफ करके काम मे लाते हैं । इससे कई प्रकार के रग, तेल, वारनिश और चूडियाँ, कुमकुमे आदि द्रव्य बनते हैं । चपडा भी इसी से तैयार होता है । लाख केवल भारत मे ही होती है, और कही नही होती । यही से यह सारे ससार मे जाती है । यहाँ इसका व्यवहार बहुत प्राचीन काल से, सभवत वैदिक काल से, होता आया है । पहले यहाँ इससे कपडे और चमडे आदि रँगते थे और पैर मे लगाने के लिये अलता या महावर बनाते थे । वैद्यक मे इसे कटु, स्निग्ध, कषाय, हलकी, शीतल, बलकारक और कफ, रक्तपित्त, हिचकी, खाँसी, ज्वर, विसर्प, कुष्ठ, रुधिरविकार आदि को दूर करनेवाली माना है ।

पर्या०—कीटजा । रक्तमातृका । अलक्तक । जतुका ।

२ लाल रग के वे बहुत छोटे छोटे कीडे जिनसे उक्त द्रव्य निकलता है । इनकी कई जातियाँ होती हैं ।

लाखना[१]—क्रि० अ० [हिं० लाख + ना (प्रत्य०)] लाख लगाकर बरतन या और किसी चीज मे का छेद बंद करना । उ०—शील तो सिधारयो तब सग न सिधारी जब तऊ भलो आजहू लौं फूटो घट लाखनो ।—हृदयराम (शब्द०) ।

लाखना(पु)[२]—क्रि० स० [सं० लक्षण] लख लेना । जान लेना । समझ लेना । उ०—सुनि कै महादेव कै भाखा । सिद्ध पुरुष राजैं मन लाखा ।—जायसी (शब्द०) ।

लाखपती—सज्ञा पुं० [स० लक्षपति] दे० 'लखपती' ।

लाखा[1]—संज्ञा पु० [हिं० लाख] १ लाख का बना हुआ एक प्रकार का रंग जिसे स्त्रियाँ सुंदरता के लिये होठों पर लगाती हैं।

क्रि० प्र०—जमाना।—लगाना।

२ गेहूँ के पौधों में लगनेवाला एक रोग जिससे पौधे की नाल लाल रंग की होकर सड़ जाती है। गेरुआ। कुकुहा।

विशेष—यह एक प्रकार के बहुत ही सूक्ष्म लाल रंग के कीड़ों का समूह होता है। इसे गेरुआ या कुकुहा भी कहते हैं।

लाखा[2]—संज्ञा पु० [हिं० लाख (=लक्ष)] एक प्रसिद्ध भक्त जो मारवाड़ देश का निवासी था।

लाखागृह—संज्ञा पुं० [सं० लाक्षागृह] दे० 'लाक्षागृह'।

लाखिराज—वि० [अ० लाखिराज] (भूमि) जिसका लगान न देना पड़ता हो। जिमपर कर न हो। जैसे,—लाखिराज जमीन।

लाखिराजी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लाखिराज+ई (प्रत्य०)] वह भूमि जिसपर कोई लगान न हो।

लाखी[1]—वि० [हिं० लाख+ई (प्रत्य०)] लाख के रंग का। मटमैला लाल।

लाखी[2]—संज्ञा पुं० मटमैला लाल रंग। लाख का सा रंग।

लाखी[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लाख] लाख के रंग का घोड़ा।

लाग—संज्ञा स्त्री० [हिं० लगना] १ संपर्क। सबब। लगाव। ताल्लुक। जैसे,—(क) इन दोनों में कहीं से कोई लाग तो नहीं मालूम होती। (ख) यह डंडा अबर में बेलाग खड़ा है। २ प्रेम। प्रीति। मुहब्बत। ३ लगावट। लगन। मन की तत्परता। उ०—बरणत मान प्रवास पुनि निरखि नेह की लाग।—पद्माकर (शब्द०)। ४ युक्ति। तरकीब। उपाय। ५ वह स्वाँग आदि जिसमें कोई विशेष कौशल हो और जो जल्दी समझ में न आवे। जैसे,—किसी के पेट या गर्दन के आर पार (वास्तव में नहीं, बल्कि केवल कौशल से) तलवार या कटार गई हुई दिखलाना। ६ प्रतिस्पर्धा। प्रतियोगिता। चढ़ा ऊपरी।

यौ०—लाग डाँट।

७ वैर। शत्रुता। दुश्मनी। झगड़ा।

क्रि० प्र०—मानना।—रखना।

८ जादू। मंत्र। टोना। ९ वह लेप जिससे चेचक का अथवा इसी प्रकार का और टीका लगाया जाता है। १०. वह नियत धन जो विवाह आदि शुभ अवसरों पर ब्राह्मणों, भाटों, नाइयों आदि को अलग अलग रस्मों के संबंध में दिया जाता है। ११ धातु को फूँककर तैयार किया हुआ रस। भस्म। १२. दैनिक भोजन सामग्री। रसद। (बुंदेल०)। १३ भूमि-कर। लगान। उ०—अपनो लाग होइ लेखा करि जो कछु राज अंश को दाम।—सूर (शब्द०)। १४ एक प्रकार का नृत्य। उ०—अरु लाग घाउ रायरगाल।—केशव (शब्द०)।

लाग[2]—क्रि० वि० [हिं० लौं] पर्यंत। तक। उ०—मासेक लाग चलत तेहि बाटा। उतरे जाइ समुद के घाटा।—जायसी (शब्द०)।

लागडाँट[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लाग(=वैर)+डाँट] १ शत्रुता। दुश्मनी। बैर। २ प्रतिस्पर्धा। प्रतियोगिता। चढ़ाऊपरी।

लागडाँट[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० लग्नदण्ड] नृत्य की एक क्रिया।

लागत—संज्ञा स्त्री० [हिं० लगना] वह खर्च जो किसी चीज की तैयारी या बनाने में लगे। कोई पदार्थ प्रस्तुत करने में होनेवाला व्यय। जैसे,—(क) इस मकान पर १०,०००) लागत आई है। (ख) तुम्हारा यह लिहाफ कितनी लागत का है? (ग) तुमसे हम लागत भर लेंगे, मुनाफा नहीं लेंगे।

क्रि० प्र०—आना।—बैठना।—लगाना।

लागना(५)[1]—क्रि० अ० [हिं० लगना] दे० 'लगना'।

लागना(५)[2]—संज्ञा पुं० [हिं० लगना] १. वह जो किसी की टोह में लगा रहता हो। २. शिकार करनेवाला। अहेरी। उ०—पाँचवँ नग सो तहँ लागना। राजपखि पेखा गरजना। जायसी (शब्द०)।

लागर—वि० [फा० लागर] दुर्बल। क्षीण [को०]।

लागरी—संज्ञा स्त्री० [फा० लागरी] दुर्बलता। क्षीणता। कमजोरी [को०]।

लागि(५)†[1]—अव्य० [हिं० लगना] १. कारण। हेतु। २ निमित्त। लिये। खातिर। वास्ते। उ०—(क) जे देव देवी सेइ अति हित लागि चित सनमानि कै। ते यंत्र मंत्र सिखाय राखत सबनि सो पहिचानि कै।—तुलसी (शब्द०)। (ख) तुमहिं लागि धरिहौं नर देहा।—तुलसी (शब्द०)। ३ से। द्वारा। उ०—आहि जो मारै बिरह कै आगि उठै तेहि लागि। हंस जो रहा सरीर महँ पाँख जरा गा भागि।—जायसी (शब्द०)।

लागि(५)[2]—क्रि० वि० [हिं० लग या लौं] तक। पर्यंत। उ०—घन अमराउ लाग चहुँ पासा। उठा भूमि हुत लागि अकासा।—जायसी (शब्द०)।

लागुडिक—वि० [सं०] १ लट्ठबंद। लाठी बाँधे हुए। २ पहरेदार [को०]।

लागू†[1]—वि० [हिं० लगना] १ जो लग सकता हो या लगने योग्य हो। प्रयुक्त होने योग्य। चरितार्थ होनेवाला। जैसे,—वही नियम यहाँ भी लागू है।

लागू[2]—संज्ञा पुं० [सं० लग्नक] प्रेमी। उ०—साँवलिया मेरे मन को लागू नित इत आवै।—घनानंद, पृ० ४८२।

लागे†—अव्य० [हिं० लगना] वास्ते। लिये। उ०—पुत्र शरीर परा तव आगे। रोवत मृषा जीव के लागे।—जायसी (शब्द०)।

लाघरक—संज्ञा पु० [सं०] हलीमक नामक रोग।

लाघरकोलस—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पांडु रोग। दे० 'लाघरक' [को०]।

लाघव—संज्ञा पुं० [सं०] १. लघु होने का भाव। लघुता। हलकापन या छोटापन। २ थोडा होने का भाव। कमी। अल्पता। ३ हाथ की सफाई। फुर्ती। तेजी। जैसे, हस्तलाघव। ४ नपुसकता। ५ आरोग्यता। नीरोगता। तदुरुस्ती। ६ विवेक का अभाव। विवेकहीनता (को०)। ७ महत्वहीनता। कुछ महत्व का न होना (को०)। ८ चपलता। चचलता। जैसे, बुद्धिलाघव (को०)।

लाघव—अव्य० [स०] फुरती से। जल्दी से। सहज मे। उ०—अति लाघव उठाय धनु लीन्हा।—तुलसी (शब्द०)।

लाघवकारी—वि० [सं० लाघवकारिन्] क्षुद्र। अपमानजनक। अशोभन।

लाघविक—वि० [सं०] लघु। छोटा [को०]।

लाघवीⓤ[1]—संज्ञा पुं० [सं० लाघव+ई (प्रत्य०)] फुर्ती। शीघ्रता।

लाघवी[2]—संज्ञा पुं० [सं० लाघविन्] जादूगर [को०]।

लाचार[1]—वि० [फ़ा०] १ जिसका कुछ वश न चलता हो। विवश। मजबूर। २ असहाय। अशक्त। दीन दुखी।

लाचार[2]—क्रि० वि० विवश होकर। मजबूर होकर।

लाचारी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] लाचार होने का भाव। मजबूरी। विवशता।

लाची—संज्ञा स्त्री० [हिं० इलायची] दे० 'इलायची'। उ०—करत प्रनामासीस पान लाची त्यों वितरित।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ३३।

लाचीदाना—संज्ञा पुं० [हिं० इलायची+दाना] खाली चीनी की एक प्रकार की मिठाई जो छोटे छोटे गोल दानो के आकार की होती है। कभी कभी इसके अदर सौंफ या इलायची का दाना भी भरा होता है। इलायची दाना।

लाछनⓤ—संज्ञा पुं० [स० लाञ्छन] दे० 'लाछन'।

लाछीⓤ†—संज्ञा स्त्री० [सं० लक्ष्मी, प्रा० लच्छि, लछ्छी, बँग० लक्खी (लाखी ?)] लक्ष्मी।

लाज[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लज्जा] लज्जा। शर्म। हया।

क्रि० प्र०—आना।—करना।

मुहा०—लाज रखना=प्रतिष्ठा बचाना। आबरू खराब न होने देना। लाज से गठरी होना या गड जाना=अत्यत शर्मिदा होना। लज्जा के कारण नीचे सिर किए रहना।

लाज[2]—संज्ञा पुं० [स०] १ खस। उशीर। २ पानी मे भींगा हुआ चावल। ३ धान का लावा। खील।

लाजक—संज्ञा पुं० [सं०] धान का भूना हुआ लावा। लाई।

लाजनाⓤ†—क्रि० अ० [हिं० लाज+ना (प्रत्य०)] लज्जित होना। शरमाना। उ०—(क) ये अरुन अधर लखि लखि बिबाफल लाजै।—प्रताप (शब्द०)। (ख) जेहि तुरग पर राम विराजे। गति विलोकि खगनायक लाजे।—तुलसी (शब्द०)।

लाजपेया—संज्ञा स्त्री० [स०] वह माँड जो खोई या लावा उबालने से निकले। इसका व्यवहार रोगियो को पथ्य देने मे होता है।

लाजभक्त—संज्ञा पुं० [सं०] खोई या लावा का पकाया हुआ भात, जो रोगियो को पथ्य मे दिया जाता है।

लाजमड—संज्ञा पुं० [स० लाजमण्ड] लावा का माँड। दे० 'लाजपेया' [को०]।

लाजवतⓤ—वि० [हिं० लाज+वत (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लाजवती] जिसे लज्जा हो। शर्मदार। हयादार। उ०—लाजवत तव सहज सुभाऊ। निज गुन निज मुख कहसि न काऊ।—मानस, ६।२९।

लाजवती—संज्ञा स्त्री० [सं० लज्जावती, हिं० लजालू] लजालू नाम का पौधा। छुईमुई।

लाजवर्त—संज्ञा पुं० [फ़ा० लाजवर्द] दे० 'लाजवर्द'। उ०—जनु लाजवर्त शिला जटित चुन्नीन राजी सोहती।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ११७।

लाजवर्द—संज्ञा पुं० [फा०] १. एक प्रकार का प्रसिद्ध कीमती पत्थर जिसे सस्कृत में 'राजवर्तक' कहते हैं। रावटी।

विशेष—यह जगाली रग का होता है और इसके ऊपर सुनहले छींटे होते है। यह वातज रोगों के लिये बलकारी और उन्माद आदि रोगों में उपकारी माना जाता है। आँखो में सुरमा लगाने के लिये इसकी मलाई भी बनती है जो बहुत अधिक गुणकारी मानी जाती है।

२ विलायती नील जो गंधक के मेल से बनता और बहुत बढिया होता है।

लाजवर्दी—वि० [फा०] लाजवर्द के रंग का। हलका नीला।

लाजवाब—वि० [फा०] १ जिसके जोड का और कोई न हो। अनुपम। बेजोड़। २ जो कुछ जवाब न दे सके। निरुत्तर। चुप। खामोश।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लाजशक्तु—संज्ञा पुं० [सं०] खोई या लावा का सत्तू।

लाजहोम—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का होम जिसमें खोई या धान का लावा आहुति मे दिया जाता था।

लाजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चावल। २ भूनकर फुलाया हुआ धान। खील। लावा। उ०—अच्छत अकुर रोचन लाजा। मजुल मजरि तुलसि विराजा।—तुलसी (शब्द०)।

यौ०—लाजाहुति=विवाह मे एक प्रकार का होम जो धान के लावे से होता है। लाजाहोम=लाजहोम।

लाजिक—संज्ञा पुं० [अ०] १ तर्क। २ तर्कशास्त्र।

लाजिम—वि० [अ० लाज़िम] १ जो अवश्य कर्त्तव्य हो। २ उचित। मुनासिब। वाजिब। ३ सबद्ध। लगा हुआ। सटा हुआ (को०)।

लाजिमा—वि० [अ० लाज़िमह्] १. आवश्यक वस्तु। जरूरी सामान। २ अनिवार्य। लाजिमी [को०]।

लाजिमी—वि० [अ० लाज़िम+ई (प्रत्य०)] जो अवश्य कर्तव्य हो। जरूरी। आवश्यक।

लाट[1]—संज्ञा पुं० [अ० लार्ड] १ किसी प्रात या देश का सबसे बडा शासक। गवर्नर।

लाट[३]—सज्ञा पुं० [अं० लॉट] बहुत सी चीजो का वह विभाग या समूह जो एक ही साथ रखा, बेचा या नीलाम किया जाय।

यौ०—लाटबदी।

लाट[४]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट्ठा ?] लकडी, पत्थर या किसी धातु का बना हुआ मोटा और ऊँचा खभा। जैसे,—अशोक की लाट, कुतुब साहब की लाट, तालाब के बीच मे की लाट, कौल्हू के बीच की लाट, आदि।

लाट[५]—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्राचीन देश जहाँ अब भडौच, अहमदाबाद आदि नगर हैं। गुजरात का एक भाग। २ इस देश के निवासी। ३ एक अनुप्रास जिसमे शब्द और अर्थ एक ही होते हैं, पर अन्वय में हेरफेर होने से वाक्यार्थ में भेद हो जाता है। ('शाब्दस्तु लाटानुप्रासो भेदे तात्पर्य मात्रत.।'—मम्मट, काव्यप्रकाश)। ४ वह लबा बाँध जो किसी मैदान के पानी के बहाव को रोकने के लिये बनाया जाता है। ५ फटा पुराना कपडा या गहना (को०)। ६ कपडा। वस्त्र (को०)। ७ बालको जैसी भाषा (को०)। ८ शिक्षित व्यक्ति (को०)।

लाटक—वि० [स०] [वि० स्त्री० लाटिका] लाट देश सबंधी।

लाटपत्र—सज्ञा पुं० [स०] दारचीनी।

लाटपर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] दारचीनी।

लाटरी—सज्ञा स्त्री० [अ० लॉटरी] एक प्रकार की योजना जिसका आयोजन विशेषकर किसी सार्वजनिक कार्य के लिये धन एकत्र करने के निमित्त किया जाता है और जिसमे लोगों को किस्मत आजमाने का मौका मिलता है।

विशेष—इसमे एक निश्चित रकम के टिकट बेचे जाते हैं और यह घोषणा की जाती है कि एकत्र धन मे से इतना धन उन लोगो को बाँटा जायगा जिनके नबर या नाम की चिटें पहले निकलेगी। टिकट लेनेवाला के नाम या नबर की चिटें किसी सदूक आदि मे डाल दी जाती हैं और कुछ निर्वाचित विशिष्ट व्यक्तियो की उपस्थिति मे वे चिटें निकाली जाती हैं। जिनके नाम की चिट सबसे पहले निकलती है, उसे पहला पुरस्कार अर्थात् सबसे बडी रकम दी जाती है। इस प्रकार पहले निकलनेवालो मे निश्चित धन यथाक्रम बाँट दिया जाता है। इसके लिये सरकार से अनुमति लेनी पडती है।

लाटा†—सज्ञा पुं० [देश०] १ भूने हुए महुओ और तिलो को कूटकर बनाए हुए लड्डू। २ भुना हुआ महुआ।

लाटानुप्रास—सज्ञा पुं० [सं०] वह शब्दालकार जिसमे शब्दो की पुनरुक्ति तो होती है, परतु अन्वय मे हेरफेर करने से तात्पर्य भिन्न हो जाता है। जैसे,—पीय निकट जाके नहीं, धाम चाँदनो ताहि। पीय निकट जाके, नही घाम चादनो ताहि। दे० 'लाट[५]—३'।

लाटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ साहित्य मे चार प्रकार की रचनाओ में से एक प्रकार की रचना या रीति जिसमे वैदर्भी और पाचाली दोनो ही रीतियो का कुछ कुछ अनुसरण किया जाता है। इसमे छोटे छोटे पद और छोटे छोटे समास हुआ करते हैं। २ एक प्राकृत बोली (को०)।

लाटी†[१]—सज्ञा स्त्री० [अनु० लट लट (=गाढ़ा या चिपचिपा होना)] १. वह अवस्था जिसमे मुँह का थूक और होठ सूख जाते हैं। उ०—सूखहिं अधर लागि मुँह लाटी। जिउ न जाइ उर अवधि कपाटी।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—लगना।

लाटी[२]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लाटिका रीति। २. एक प्राकृत बोली (को०)।

लाटीय—वि० [सं०] दे० 'लाटक' [को०]।

लाठ†[१]—सज्ञा पुं० [अ० लाट] दे० 'लाट'।

लाठ†[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लट्ठा] दे० 'लाट'।

लाठी—सज्ञा स्त्री० [स० यष्ठी, प्रा० लट्ठी] वह लबी और गोल बडी लकडी जिसका व्यवहार चलने मे सहारे के लिये अथवा मारपीट आदि के लिये होता है। डडा। लकडी।

क्रि प्र०—बाँधना।—मारना।—रखना।—लगाना।

मुहा०- लाठी चलना=लाठियो की मारपीट होना। लाठी चलाना=लाठी से मारना। लाठी से मारपीट करना। लाठी बाँधना=लाठी लिए रहना। दड धारण करना।

लाठी चाज—सज्ञा पुं० [हिं० लाठी+अं० चार्ज] भीड को हटाने के लिले पुलिस द्वारा लाठी चलाना।

लाड़—सज्ञा पुं० [स० लालन] बच्चो का लालन। प्यार। दुलार।

क्रि० प्र०—करना।—लडाना।

यौ०—लाडचाव।

लाड़लड़ा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का साँप जो प्राय वृक्षो पर रहा करता है।

लाड़लड़ैता—वि० [हिं० लाड+लडाना+ऐता (प्रत्य०)] जिसका बहुत अधिक लाड हो। प्यारा। दुलारा। उ०—तुम रानी वसुदेव गेहनी हौं गँवारि ब्रजवासी। पठै देहु मेरो लाडलडैतो वारौं ऐसी हाँसी।—सूर (शब्द०)।

लाड़ला—वि० [हिं० लाड=ला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० लाडली] जिसका लाड किया जाय। प्यारा। दुलारा।

लाड़ा†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाड] [स्त्री० लाडी, लाडो] वर। दूल्हा।

लाड़िक—सज्ञा पुं० [स०] १ भृत्य। दास। नौकर। २ लडका [को०]।

लाड़ू†—सज्ञा पुं० [हिं० लड्डू] १. लड्डू। मोदक। २ दक्षिणी नारगी।

लाढ़िया—सज्ञा पुं० [देश०] वह दलाल जो दूकानदार से मिला रहता है और ग्राहकों को धोखा देकर उसका माल बिकवाता है।

लाढ़ियापन—सज्ञा पुं० [हिं० लाढ़िया=पन (प्रत्य०)] १ लाढ़िया का काम। २ धूर्तता। चालाकी। धोखेबाजी।

लात[१]—स्त्री० स्त्री० [देश० लत्ता, लत्तिका ?] १ पैर। पाँव। पद। उ०—तेहि अगद कहँ लात उठाई। गहि पद पटक्यो भूमि

भँगाई।—तुलसी (शब्द०)। २ पैर से किया हुआ आघात या वार। पदाघात। पादप्रहार।

मुहा०—लात खाना = (१) पैरों की ठोकर या मार सहना (२) मार खाना। लात चलाना = लात से मारना। लात से आघात करना। लात जाना = गौ भैंस आदि का दूध देते समय दूहनेवाले को लात मारकर दूर हट जाना। बिसुकना। लात मारना = तुच्छ समझकर छोड़ देना। त्याग देना। जैसे,—(क) हम ऐसी दौलत को लात मारते हैं। (ख) तुमने जान बूझकर रोजी को लात मारी है। लात मारकर खड़ा होना = बहुत अधिक रुग्णावस्था से, विशेषत स्त्रियों का प्रसव के उपरांत, नीरोग होकर चलने फिरने के योग्य होना।

लात[2]—वि० [स०] गृहीत। प्राप्त [को०]।

लातर[1]†—संज्ञा स्त्री० [हिं० लतरी] पुराना जूता।

लातर[2]†—वि० [देश०] लालची। (बच्चों के लिये प्रयुक्त)।

लातरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लात + री] लतरी। पुराना जूता।

लाति—संज्ञा स्त्री० [स०] लेना। प्राप्त करना [को०]।

लातीनी—संज्ञा स्त्री० [अ०] रुमियों की प्राचीन भाषा। लैटिन भाषा [को०]।

लाथ†—संज्ञा पुं० [देश०] व्याज। बहाना।

लाद—संज्ञा स्त्री० [हिं० लादना] १ किसी को बैल या गाड़ी पर रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाने का कार्य। लादने की क्रिया।

यौ०—लाद फाँद = लादने की क्रिया।

२ मिट्टी का वह ढोका जो पानी निकालने की ढेंकी के दूसरी ओर लगा रहता है। ३ पेट। उदर (जिसमें अँतड़ी आदि भरी रहती है)।

मुहा०—लाद निकलना = पेट फूलकर आगे निकलना। तोंद निकलना।

४ आँत। अतड़ी। जैसे,—उसने पेट में ऐसी छुरी मारी कि लाद निकल पड़ी।

लादना—क्रि० स० [सं० लब्ध, प्रा० लद्ध (= प्राप्त) + हिं० ना (प्रत्य०)] १ किसी चीज पर बहुत सी वस्तुएँ रखना। एक पर एक चीजें रखना। जैसे,—गाड़ी पर असबाब लादना। २ गाड़ी या पशु को भार से युक्त करना। ढोने या ले जाने के लिये वस्तुओं को भरना। जैसे,—बैल लादना, गाड़ी लादना।

यौ०—लादना फाँदना = लादना और रखना।

३ किसी के ऊपर किसी बात का भार रखना। जैसे,—तुम सब काम मुझ पर ही लादते चले जाते हो।

संयो० क्रि०—देना।

४ कुश्ती लड़ते समय विपक्षी को अपनी पीठ या कमर पर उठा लेना। (पहल०)।

संयो० क्रि०—लेना।

लादावा—वि० [अ०] जिसका कोई दावा न रह गया हो। जो अधिकार से रहित हो गया हो। जैसे,—उसने अपने लड़के को ला दावा कर दिया है। (कानून)।

मुहा०—ला दावा लिखना = यह लिखना कि अमुक वस्तु पर अब हमारा कोई दावा या अधिकार नहीं रह गया। दस्तबरदारी लिखना।

लादिया—संज्ञा पुं० [हिं० लादना + इया (प्रत्य०)] वह जो किसी चीज पर बोझ लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाता हो।

लादी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लादना] १ कपड़ों की वह गठरी जो धोबी गदहे पर लादता है। २ वह गठरी जो किसी पशु पर लादी जाती है।

लाधना†—क्रि० स० [स० लब्ध, प्रा० लद्ध + हिं० ना (प्रत्य०)] प्राप्त करना। हासिल करना। पाना। उ०—(क) इन सम काहु न शिव अवराधे। काहु न इन समान फल लाधे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) छिन छिन परसत अंग मिलावत प्रेम प्रगट ह्वै लाधा।—सूर (शब्द०)।

लानग—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का अंगूर।

विशेष—यह कुमाऊँ और देहरादून में अधिकता से होता है। इससे अर्क निकाला जाता है और एक प्रकार की शराब बनाई जाती है।

लान[1]—संज्ञा पुं० [अ० लॉन] हरी घास का बड़ा मैदान जिसपर गेंद आदि खेलते हैं। उ०—कहीं चमन, तो कहीं लान।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १७६।

लान[2]—संज्ञा स्त्री० [अ०] धिक्कार। फटकार [को०]।

लान टेनिस—संज्ञा पुं० [अ०] गेंद का एक खेल जो छोटे से मैदान में खेला जाता है।

लानत—संज्ञा स्त्री० [अ० लअनत, लानत] धिक्कार। फटकार। भर्त्सना। उ०—हजार लानत उस दिल पर जिसमें कि इश्के दिलदार न हो।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ५६६।

यौ०—लानत मलामत = धिक्कार और फटकार। जैसे—मामूली बात पर इतनी लानत मलामत, ठीक नहीं।

मुहा०—लानत बरसना = लज्जित होना। तिरस्कृत होना। लानत की बौछार = अत्यधिक तिरस्कार। लानत भेजना = ठुकरा देना। धिक्कारना।

लानती—संज्ञा पुं० [हिं० लानत + ई (प्रत्य०)] वह जो सदा लानत मलामत सुनने का अभ्यस्त हो। सदा फिटकार सुननेवाला। वह जो तिरस्कार करने लायक हो।

लाना[1]—क्रि० स० [हिं० लेना + आना, ले आना] १ कोई चीज उठाकर या अपने साथ लेकर आना। कोई चीज उस जगह पर ले जाना, जहाँ उसे ग्रहण करनेवाला हो, अथवा जहाँ ले जानेवाला रहता हो। ले आना। जैसे,—(क) जरा वह किताब तो लाना। (ख) आप जब जाते हैं, तब कुछ न कुछ लाते हैं। (ग) उनकी स्त्री मैके से बहुत सा धन लाई है।

संयो० क्रि०—देना।

२ प्रत्यक्ष करना। उपस्थित करना। सामने रखना। जैसे,—(क) अब आप यह नया रंग लाए हैं। (ख) वह जब आता है, तब नया रूप लाता है। (ग) अब वह उनपर मुकदमा लावेगा। ३ उत्पन्न करना। पैदा करना। देना या सामने रखना। जैसे,—इस साल ये पेड़ बहुत फल लाए हैं।

लाना[1]—क्रि० स० [हिं० लाय (=आग)+ना (प्रत्य०)] आग लगाना। जलाना। उ०—(क) कत बीसलोचन बिलोकिए कुमत फल, ख्याल लंक लाई कपि रांड की सी झोपडी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) गोपद पयोधि करि होलिका ज्यों लाय लंक, निपट निसंक पर पुर गलबंक भो।—तुलसी (शब्द०)।

लाना[2]—क्रि० स० [हिं० लगाना] लगाना। उ०—(क) राम कुचरचा करहिं सब सीतहिं लाइ कलंक।—तुलसी (शब्द०)। (ख) लै परजंक निमंक नवेली को लाय गरे से लगे गहि घूमन।—शंभु (शब्द०)।

मुहा०—लाना लगाना या लाने लगाना=ऋण के बदले में कोई पदार्थ दे देना या ले लेना।

लाने—अव्य० [हिं० लाना (=लगाना)] वास्ते। लिये। (बुंदेल०)। उ०—तू अलबेली अकेली डरै किन, क्यों डरौं मेरी सहाय के लाने। है सखि सज मनोभव सो भट कान लौं बान सरासन ताने।—पद्माकर (शब्द०)।

लाप—संज्ञा पु० [सं०] १. संलाप। बोलना। बात करना। २ कलरव। चहचहाना। उ०—लाप के प्रलाप उनमाद के संताप व्याधि, पापिन की आप नेकु वेगि सुधि लीजियो।—घनानंद, पृ० ५९२।

लापता—वि० [अ० ला (=बिना)+हिं० पता] १. जिसका पता न लगे। जो कहीं मिल न रहा हो। खोया हुआ। २ गुप्त। गायब।

क्रि० प्र०—करना।—रहना।—होना।

लापनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] गपशप। बातचीत। वार्तालाप [को०]।

लापरवा—वि० [अ० ला+फा० परवाह] [संज्ञा स्त्री० लापरवाई] १ जिसे किसी बात की परवा न हो। बेफिक्र। २ जो सावधानी से न रहता हो। असावधान।

लापरवाह—वि० [फा०] दे० 'लापरवा'।

लापरवाही—संज्ञा स्त्री० [अ० ला+फा० परवाह] १. लापरवा होने का भाव। बेफिक्री। २ असावधानी। प्रमाद।

क्रि० प्र०—करना।—दिखलाना।—होना।

लापसी—संज्ञा स्त्री० [सं० लप्सिका] दे० 'लपसी'। उ०—लुचुई ललित लापसी सोहै। स्वादु सुवास सहज मन मोहै।—सूर (शब्द०)।

लापिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की पहेली या बुझौवल [को०]।

लापी—वि० [सं० लापिन्] १. आलापी। बोलनेवाला। २. पछतानेवाला [को०]।

लापु[1]—संज्ञा पु० [सं० आलाप] दे० 'लाप'। उ०—चिंत धरि पितु बानी सूरज मानी कर जोरै करि लापु।—सुजान०, पृ० २६।

लापु[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक वनौषधि। रुद्रवंती। रदंती। २ एक औजार [को०]।

लाप्य—वि० [सं०] कथनीय। कहने योग्य। बोलने योग्य [को०]।

लाव, लावक—संज्ञा पुं० [सं०] लवा नामक पक्षी जिसका प्रायः शिकार करते हैं [को०]।

लावर—वि० [सं० लपन (=बकना)] दे० 'लबार'। उ०—कालिंह के लावर बीस बिसे परौं बीस बिसे अंत ते न टरा जू।—केशव (शब्द०)।

लावु—संज्ञा पु० [सं०] लौकी। कद्दू [को०]।

लावुकायन—संज्ञा पुं० [सं०] जैमिनि द्वारा उल्लिखित एक प्राचीन दार्शनिक विद्वान् [को०]।

लावुकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की वीणा [को०]।

लावू—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लावु'।

लाभ—संज्ञा पु० [सं०] १. मिलना। प्राप्ति। लब्धि। २ फायदा। मुनाफा। नफा। ३ उपकार। भलाई। ४ सुख। प्रसन्नता (को०)। ५ विजय। परिग्रहण। वश। पकड़ (को०)। ६ प्रत्यक्ष ज्ञान। अनुभूति (को०)। ७ गड़ा हुआ धन। निखात निधि (को०)। ८ धन संपत्ति (को०)।

यौ०—लाभकारी। लाभदायक।

लाभक—संज्ञा पु० [सं०] १ प्राप्ति। लब्धि। २. मुनाफा। फायदा। नफा [को०]।

लाभकर, लाभकारक—वि० [सं०] जिससे लाभ होता हो। फलदायक। लाभदायक। फायदेमंद।

लाभकारी—वि० [सं० लाभकारिन्] [वि०स्त्री० लाभकारिणी] फायदा करनेवाला। गुण करनेवाला। फायदेमंद।

लाभक्षायिक—संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के अनुसार वह अनंत लाभ जो समस्त कर्मों का क्षय या नाश हो जाने पर आत्मा की शुद्धता के कारण प्राप्त होता है।

लाभदायक—वि० [सं०] जिससे लाभ हो। गुणकारी। फायदेमंद।

लाभमद—संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के अनुसार वह मद जिससे मनुष्य अपने आपको लाभवाला और दूसरे को हीनपुण्य समझे।

लाभलिप्सा—संज्ञा स्त्री० [सं०] लाभ की प्रबल तृष्णा [को०]।

लाभलिप्सु—वि० [सं०] १. लालची। लोभी। २ लाभेच्छु। लाभ का इच्छुक [को०]।

लाभस्थान—संज्ञा पु० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार जन्मकुंडली में लग्न से ग्यारहवाँ स्थान, जिसे देखकर यह निश्चय किया जाता है कि धन, संपत्ति, संतान, आयु और विद्या आदि कैसी रहेगी।

लाभांतराय—संज्ञा पुं० [सं० लाभान्तराय] वह अंतराय कर्म जिसके उदय होने से मनुष्य के लाभ में विघ्न पड़ता है।

लाभालाभ—संज्ञा पुं० [सं० लाभ+अलाभ] फायदा और नुकसान। हानि और लाभ।

लाभ्य—वि० [सं०] लाभ के योग्य। प्राप्ति के योग्य [को०]।

लाम—संज्ञा पुं० [फा० लार्म] १ सेना। फौज।

मुहा०—लाम पर जाना = लड़ाई पर जाना। मोर्चे पर जाना। लाम बाँधना = चढ़ाई के लिये सेना तैयार करना।

२ बहुत से लोगों का समूह।

मुहा०—लाम बाँधना = (१) बहुत से लोगों को एकत्र करना। (२) बहुत सा सामान जमा करना।

लाम†[२]—क्रि० वि० [सं० लम्ब] फासले पर। दूर।

लाम[१]—संज्ञा पुं० [अ०] अरबी का एक अक्षर।

लामकाफ—संज्ञा पुं० [अ० लाम काफ] गाली गलौज। अपशब्द। उ०—लामकाफ वे कहैं इमान को नाहीं डरते।—पलटू०, पृ० १८।

लामज—संज्ञा पुं० [सं० लामज्जक] एक प्रकार का तृण।

विशेष—यह तृण उत्तर प्रदेश, पंजाब और सिंध में प्रायः बारहो महीने पाया जाता है। यह खस की तरह का और कुछ पीले रंग का होता है, इसलिये इसे 'पीलावाला' भी कहते हैं। इसकी जड़ के पास का भाग मोटा होता है और उसपर रोएँ होते हैं। इसका डंठल सीधा होता है, जिसपर चिकने, पतले और लंबे पत्ते होते हैं। वैद्यक में इसे उत्तेजक, आमवात में पसीना लानेवाला, रुधिर को साफ करनेवाला, अजीर्ण, खाँसी आदि दूर करनेवाला और विसूचिका तथा ज्वर में लाभकारी माना जाता है।

लामज्जक—संज्ञा पुं० [सं०] १ लामज नामक तृण। वि० दे० 'लामज'। २ खस। उशीर।

लामन‡—संज्ञा पुं० [सं० लम्बन] १ लटकना। झूलना। २ लहँगा। ३ स्त्रियों की साड़ी का निचला भाग।

लामय—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जो प्रायः ऊसर भूमि में पाई जाती है।

लामा[१]—संज्ञा पुं० [ति०] तिब्बत या मंगोलिया के बौद्धों का धर्माचार्य, जो अनेक अंशों में उनका राजनीतिक शासक भी होता है। ऐसा धर्माचार्य सदा साधु और विरक्त हुआ करता है और मठों में रहता है।

लामा[२]—संज्ञा पुं० [पेरू देश की भाषा] घास खाने और पागुर करनेवाला एक जंतु जो ऊँट की तरह का होता है।

विशेष—आकार में यह जंतु ऊँट से कुछ छोटा होता है और इसकी पीठ पर कूबड़ नहीं होता। यह दक्षिणी अमेरिका में पाया जाता है। यह बहुत चपल, बलवान् और शीघ्रगामी होता है। इसे जब तक हरी घास मिलती है तब तक पानी की कोई आवश्यकता नहीं होती। इसकी सब उँगलियाँ अलग अलग होती हैं और प्रत्येक उँगली में एक छोटा मजबूत खुर होता है। इसके रोएँ बहुत मुलायम होते हैं और इसकी खाल का चरमा बहुत अच्छा होता है, इसीलिये कुत्तों की सहायता से इसका शिकार किया जाता है। जब कोई इसे छेड़ता है तब यह उसपर थूक देता है, जिसका कुछ विषैला प्रभाव होता है। जंगली दशा में इसे 'गुआना' और पालतू दशा में 'लामा' कहते हैं।

लामा[३]—वि० [सं० लम्ब] [वि० स्त्री० लामी] दे० 'लंबा'। उ०—(क) ऊधो हरि काहे के अंतर्यामी। अजहुँ न आए मिटे दुहि औगुन अवधि बतावत लामी।—सूर (शब्द०)। (ख) लामी लूम लपेटि पटकन भट देगो देतो लखन लरनि हनुमान की।—तुलसी (शब्द०)।

लामी—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का फल जो प्रायः बालिश्त डेढ़ बालिश्त लंबा होता है और दिल्ली तथा राजपूताने की ओर पाया जाता है। इसकी तरकारी बनाई जाती है।

लामें‡—क्रि० वि० [हिं० लाम (= दूर)]। अंतर पर। फासले पर। उ०—बूटी के तार में मिलत कि तोहे मैं गैनी। लामें लामें जे बहुत सान बुझावत बाटऽ।—नेग अली (शब्द०)।

यौ०—लामे लामे = दूर दूर से। फासले से।

लाय[१]—संज्ञा स्त्री० [सं० ज्वलन, प्रा० अलाय] १ लपट। ज्वाला। २ आग। अग्नि। उ०—कबीर चित चंचल किया चहुँ दिसि लागी लाय। हरि सुमिरन हाथें घड़ा तीजे बेगि बुझाय।—कबीर (शब्द०)।

लायक[१]—वि० [अ० लायक] १ उचित। ठीक। वाजिब। २ उपयुक्त। मुनासिब। जैसे,—लड़के के लायक टोपी चाहिए। उ०—देखि सिवहि सुरतिय मुसुकाहीं। वर लायक दुलहिनि जग नाहीं।—तुलसी (शब्द०)। ३ सुयोग्य। गुणवान्। सब बातों में अच्छा। जैसे,—(क) उनके घर के सभी लड़के बहुत लायक हैं। (ख) अब तुम सयाने हुए, कुछ लायक बनो। उ०—सो हम तो सिर बैठन लायक श्रेष्ठ सदा।—गिरधर (शब्द०)। ४ समर्थ। सामर्थ्यवान्। उ०—(क) सब दिन सब लायक भयो गायक रघुनायक गुनगाम को।—तुलसी (शब्द०)। (ख) बहुनायक हौ सब लायक हौ सब प्यारिन के रस को लहिए।—रघुनाथ (शब्द०)।

लायकⓊ[१]—संज्ञा पुं० [सं० लाजा] धान का भूना हुआ लावा। लाजक। उ०—बरषा फल फूलन लायक को। जनु है तरुनी रति नायक की।—केशव (शब्द०)।

लायकी—संज्ञा स्त्री० [अ० लायक+ई (प्रत्य०)] १ लायक होने का भाव या धर्म। २ सुयोग्यता। काबिलियत। जैसे,—यह आपकी लायकी है, जो आप ऐसा कहते हैं।

लायची—संज्ञा स्त्री० [सं० एला] दे० 'इलायची'।

लायन†[१]—संज्ञा पुं० [हिं० लगना (= बदले में देना)] वह वस्तु जो नगद रुपए लेकर उसके बदले में किसी के पास रखी या उसे दी जाय। बेची या रेहन रखी हुई चीज।

लायन†[२]—संज्ञा पुं० [देश०] विवाह में कन्या पक्ष की ओर से वर को मिलनेवाला सामान।

लायल—वि० [अ०] राजभक्त।

लायलटी—संज्ञा स्त्री० [अ०] राजभक्ति।

लार[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लाला] १. वह पतला लसदार थूक जो कोई बहुत कड़ुई खट्टी आदि चीज खाने या मुँह मे कोई दवा आदि लगाने पर तार के रूप मे निकलता है।

मुहा०—मुँह में लार आना = दे० 'मुँह से लार टपकना'। मुँह से लार टपकना = किसी चीज को देखकर उसके पाने की परम लालसा होना। मुँह मे पानी भर आना।

२ कतार। पंक्ति। ३ लासा। लुआब। उ०—सो मुख चूमनि महरि यशोदा दूध लार लपटानी हो।—सूर (शब्द०)।

लार[2]—क्रि० वि० [? मि० मरा० लैर (=पीछे)] साथ। पीछे। उ०—(क) सत्ती जरि कोइला भई मूए मरे की लार। जउँ वह जरती राम सों साँचे सँग भरतार।—दादू (शब्द०)। (ख) अधे अधा मिल चले दादू बाँधि कतार। कूप पडे हम देखतां अधे अधा लार।—दादू (शब्द०)। (ग) जो निर्गुण सुमिरन करै दिन में सौ सौ बार। नगर नायका सत करै जरै कौन की लार।—कबीर (शब्द०)।

मुहा०—लार लगाना = फँसाना। बझाना। उ०—(क) पट दरसन पाखड न्यावने भरमि परयो समार। वेद पुरान सबै मिलि गावैं कर्म लगायो लार।—कबीर (शब्द०)। (ख) जन्म जन्म के दूत तिरोवन कोनहिं लार लगाए।—सूर (शब्द०)।

लारी—संज्ञा स्त्री० [अ० लॉरी] यात्रियों के आवागमन के काम आनेवाली बडी मोटरगाडी। बस [को०]।

लारू[1]†—संज्ञा पुं० [हिं० लाडू] लड्डू।

लार्ड—संज्ञा पुं० [अं०] १. परमेश्वर। ईश्वर। २ मालिक। स्वामी। ३ भूम्यधिकारी। जमींदार। ४. इंग्लैंड के बड़े बड़े जमीदारों और रईसों आदि को मिलनेवाली कतिपय बडी उपाधियो का सूचक शब्द, जो उनके नाम के पहले लगाया जाता है। जैसे,—लार्ड कर्जन, लार्ड रीडिंग।

लार्ड सभा—संज्ञा स्त्री० [अ० हाउस आव लार्ड्स] ब्रिटिश पार्लमेंट की वह शाखा या सभा जिसमे बडे बडे तालुकेदारो और अमीरों के प्रतिनिधि होते है। इनकी सख्या लगभग ७०० है। इसे हाउस आव लार्ड्स् कहते हैं।

लाल[1]—संज्ञा पुं० [स० लालक] १. छोटा और प्रिय बालक। प्यारा बच्चा। २ बेटा। पुत्र। लडका। उ०—(क) जसुमति माय लाल अपने को शुभ दिन डोल झुलायो। फगुवा दियो सकल गोपिन को भयो सबन मन भायो।—सूर (शब्द०)। (ख) केहिके अब मैं शरणै जावो। बोलौ लाल बहुत दुख पावो।—विश्राम (शब्द०)। ३. प्रिय व्यक्ति। प्यारा आदमी। उ०—(क) गाजु यासो बोलि चालि हँसि खेलि लेहु लाल काल्हि ऐसी ग्वारि लाऊँ काम की कुमारी सी।—केशव (शब्द०)। (ख) बरनत कवि जोहै मुग्वा के भेदन मे ललिता ललित सो प्रघट लाल लखि लेहु।—रघुनाथ (शब्द०)। ४ प्रणयी। प्रेमी। उ०—(क) देत जताए प्रगट जो जावक लागो भाल। नव नागरि के नेह सो भले बने हो लाल।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) मेरई उर गडि गए तेरेई दृग लाल। जनि पतियाउ लखौ इन्हे दरपन लैकै लाल।—रसनिधि (शब्द०)।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्राय कविता और बोलचाल मे किसी प्रिय व्यक्ति के लिये सबोधन के रूप मे होता है।

४ श्रीकृष्ण चद्र का एक नाम। उ०—नुमन कुज विहरत सदा दै गलबाँहा माल। बदौं चरन सरोज नित जुगुल लाडिली लाल।—मन्नालाल (शब्द०)।

लाल[2]—संज्ञा पुं० [सं० लालन] दुलार। लाड। प्यार। उ०—जो बन सायर मुझको रमिया लाल कराय। अब कबीर पाँजी परे पथी आवहिं जाय।—कबीर (शब्द०)।

लाल[3]—संज्ञा पुं० [स० लाला] पतला थूक जो प्राय बच्चो और वृद्धो के मुँह से बहा करता है। लाला। लार।

लाल[4]†—संज्ञा स्त्री० [सं० लालसा] लालसा। इच्छा। अभिलाषा। चाह। उ०—(क) सुभ्र कलाई अति बनी सुभ्रजघ गज चाल। सोरह शृगार बरन के करहिं देवता लाल।—जायसी (शब्द०) (ख) सुर नर गधर्व लाल कराही। उलटे चलहिं स्वर्ग कहँ जाही।—जायसी (शब्द)।

लाल[5]—संज्ञा पुं० [फा०] मानिक या माणिक्य नाम का रत्न। विशेष दे० 'मानिक'। उ०—(क) कचन के खभ मयारि मरवा-डाँडी खचि हीरा बिच लाल प्रवाल।—सूर (शब्द०)। (ख) यह ललित लाल कैधौं ललत दिग्भामिनि के भाल को।—केशव (शब्द०)। (ग) कुदन सी यह बाल कौं हीरा नाल लगाइ। रतन जटित की दुति तबै लीला दृग सरसाइ।—रसनिधि (शब्द०)। (घ) नख नग जाल लाल अगुलि प्रवाल माल नूपुर मराल ये अनूप रव नाँउडे।—देव (शब्द०)।

मुहा०—लाल उगलना = बहुत अच्छी और प्यारी बातें कहना। मीठी और सुदर बातें कहना।

लाल[6]—वि० १ मानिक, बीरबहुटी या लहू आदि के रग का। रक्त वर्ण। सुर्ख। उ०—(क) लोचन लाल विसाल चारु मंदार माल गर।—गोपालचद्र (शब्द०)। (ख) फूल फूले ह क्या ही रगीले। कोई ऊजरो कोई लाल पीले।—सं० शासु० (शब्द०)। (ग) कौन दियो यह भाल में लाल गुलाब को फूल कहो कहँ पायो।—रामाश्वमेध (शब्द०)।

यौ०—लाल अगारा या लाल भभूका = जो जलने आदि के कारण अगारो की तरह लाल रग का हो गया हो। ताप के कारण बहुत अधिक लाल। लाल बिब = बहुत अधिक लाल।

२ जिसका चेहरा क्रोध के मारे तमतमा गया हो। जिसके चेहरे से गुस्सा मालूम होता हो। बहुत अधिक क्रुद्ध। जैसे,—बातो बातो मे लाल क्या होते हो?

मुहा०—लाल आँखें निकालना या दिखाना = क्रोध से आँखें लाल करना। गुस्से से देखना। लाल पडना या होना = क्रुद्ध होना। नाराज होना। उ०—दशरथ लाल भे कराल बधु लाल परि, भाषत भयोई नहु रावणै न गनहीं।—पद्माकर (शब्द०)। लाल पीले होना = गुस्सा होना। क्रोध करना। उ०—हे हे। एक बारगी इतने लाल पीले हो गए।—हरिश्चद्र (शब्द०)। लाल हो जाना = क्रोध से भर जाना। गुस्से मे होना। लाल होना = क्रुद्ध होना। नाराज होना।

३. (चौसर के खेल मे गोटी) जो चारो ओर से घूमकर बिलकुल बीच के खाने मे पहुँच गई हो, और जिसके लिये कोई चाल बाकी न रह गई हो। ४ (चौसर के खेल मे खिलाड़ी) जिसकी सब गोटियाँ बीच के घर मे पहुच गई हो और जिसे कोई चाल चलना बाकी न रह गया हो। (ऐसा खिलाड़ी जीता हुआ समझा जाता है।) ५ जो खेल मे औरो से पहले जीत गया हो (खेलाड़ी)।

मुहा०—लाल होना = (१) बहुत अधिक सपत्ति पाकर सपन्न होना। निहाल होना। जैसे, उस मकान मे गड़ा हुआ खजाना पाकर वह लाल हो गया। (२) चौसर आदि के खेल म जीत जाना।

लाल[७]—सज्ञा पुं० १ एक प्रसिद्ध छोटी चिड़िया। लालमुनी। रायमुनी। उ०—(क) तूती लाल कर करे सारग अगर तीतर तुरमनी बटेर गहियत हैं।—रघुनाथ (शब्द०)। (ग) लालन को पिंजरा कर लाल लिए प्रति कुजन कुजन जैं रहे।—जसवत (शब्द०)।

विशेष—इसका शरीर कुछ भूरापन लिए लाल रग का होता है और जिसपर छोटी छोटी सफेद बुंदकियाँ पड़ी रहती हैं। यह बहुत कोमल और चचल होता है और इसकी बोली बहुत प्यारी होती है। लोग इसे प्राय पालते हैं। इसकी मादा को 'मुनियाँ' कहते हैं।

२ चौपायो के मुँह का एक रोग।

लाल अबारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाल+अबारी] एक प्रकार का पदुआ जिसके बीज दवा मे काम आते हैं। २ पटसन की जाति का एक प्रकार का पौधा जिसे पटवा भी कहते हैं। विशेष दे० 'पटवा'।

लाल अगिन—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+अगिन] पाय एक बालिश्त लबा भूरे रंग का एक प्रकार का अगिन पक्षी।

विशेष—इस पक्षी का गला नीचे की ओर सफेद होता है। यह मध्य भारत तथा उड़ीसा मे अधिकता से पाया जाता है, और घास फूस से प्याले के आकार का घोसला बनाकर उसमे चार तक अडे देता है।

लाल आलू—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+आलू] १. रतालू। २ अरुई।

लाल इलायची—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाल+इलायची] बड़ी इलायची। विशेष दे० 'इलायची'।

लालक[१]—सज्ञा पुं० [सं०] विदूषक (को०)।

लालक[२]—वि० [सं०] लाड प्यार करनेवाला (को०)।

लाल कच्चू—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+कच्चू] गजकर्ण आलू। बड़ा।

लाल कलमी—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+कलमी] चाँदनी या गुल-चाँदनी नाम का पौधा या उसका फूल।

लालकीन—सज्ञा पुं० [चीनी० नानकिङ्] एक प्रकार का वस्त्र। विशेष दे० 'नानकीन'।

लाल घास—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाल+घास] गोमूत्र नामक तृण।

लाल चदन—सज्ञा पुं० [हिं० लाल=चदन] एक प्रकार का चदन। रक्त चदन। देवी चदन।

विशेष—लाल चंदन का पेड़ कद में छोटा होता है और यह पूरब प्रांत तथा मद्रास के कुछ भागों में पाया जाता है। इसके कुंदे की लकड़ी सफेद और ठोस होती है। इसे घिसने से बहुत ही लाल रंग और अच्छी सुगंध निकलती है। यह भी चंदन की तरह पानी पर चढ़ाया जाता है। विशेष दे० 'चंदन'।

लालच—सज्ञा पुं० [सं० लालसा] [वि० लालची] कोई वस्तु, विशेषत धन आदि प्राप्त करने की इतनी अधिक और ऐसी वासना जो तुरंत नहीं और पैसी ना। कोई बात पाने की बहुत बुरी तरह इच्छा करना। लोभ। लालसा। जैसे,—इस काम मे बहुत ज्यादा लालच करना ठीक नहीं है।

क्रि० प्र०—आना।—करना।—खाना।—पड़ना।—बढ़ना।—मरना।—होना।

मुहा०—लालच देना = किसी के मन मे लालच उत्पन्न करना। जैसे,—उसने लड़के को मिठाई का लालच देकर उसके घर भेजने के लिए।

लाल चकवी—सज्ञा पुं० [सं० चक्रिक] मैना। (डिं०)।

लालचहा—वि० [हिं० लालच+हा (प्रत्य०)] जिसे बहुत अधिक लालच हो। लालची। लोभी। उ०—धुधुरु की मोर सुने मछली पिय हाथ जो जो अति लालचहा।—मझनलाल (शब्द०)।

लालचीन—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+चीन] सुरा। सोमा। (डिं०)।

लालची—वि० [हिं० लालच+ई (प्रत्य०)] जिसे बहुत अधिक लालच हो। लोभी।

लाल चीता—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+चीता] लाल फूल का चित्रक या चीता। विशेष दे० 'चीता'।

लाल चीनी—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+चीनी] एक प्रकार का कछुआ, जिसका सारा शरीर सफेद और सिर पर लाल धब्बियाँ होती हैं।

लालटेन—सज्ञा स्त्री० [अ० लैंटर्न] किसी प्रकार का वह बाजा आदि जिसमे तेल का गजाला और जलाने के लिये बत्ती लगी रहती है, और जिसके चारो ओर, तेज हवा और पानी आदि से बचाने के लिये शीशा या इसी प्रकार का और कोई पारदर्शी पदार्थ लगा रहता है। कदील।

विशेष—इसका व्यवहार प्रकाश के लिये ऐसे स्थानों पर होता है, जहाँ या तो प्रकाश को प्राय एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की आवश्यकता होती है और या ऐसी जगह स्थायी रूप से रखने के लिये होता है, जहाँ चारो ओर से हवा आया करती हो।

लालड़ी—सज्ञा पुं० [हिं० लाल (=रत्न)+ड़ी (प्रत्य०)] लाल रंग का एक प्रकार का नगीना जो पाव नथा और बालियो आदि मे मोती के दोनो ओर लगाया जाता है।

लाल दाना—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+दाना] लाल रंग का पोस्ते का दाना। लाल खसखस। (पूरब)।

लालन¹ [सं० पु० [सं०] १ अत्यंत स्नेह करना। जैसे, बच्चे का बहुत लालन करना। दुलार। प्यार।

यौ०—लालन पालन।

२. एक प्रकार का चूना जो सिंदूर, पारे आदि (वै०)।

लालन²—[सं० पु० [हिं० लाल] १ दिठौना। ढिठौना। उ०—कुल लगा दीन्हे लालन को लाला जैसि दुलाई।—जायसी (शब्द०)। २ दुलारा। बालक। उ०—लालन के लालन बालन के बालन लालन जोग हौं।—देव (शब्द०)। ३० लाल।

लालन³—क्रि० स० लाड करना। प्यार करना। उ०—लालन जोग सपूत बपु मोरे। भेंट आइ सब करब निहोरे।—तुलसी (शब्द०)।

लालन⁴—वि० [सं०] प्यार करनेवाला। दुलार करनेवाला [वै०]।

लालना¹—संज्ञा स्त्री० [सं०] चिरौंजी। पियाल।

लालना²@—क्रि० स० [सं० लालन] दुलार करना। लाड करना। प्यार करना। उ०—(क) जानि कुटुंबी सूमि सब लालन लागी माय। उर लीने फल पालने मीठे सुरस अघाय।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कल्पवेलि जिमि बहुबिधि लाली। सींचि सनेह सलिल प्रतिपाली।—तुलसी (शब्द०)।

लालनीय—वि० [सं०] लालन करने योग्य। दुलार या प्यार करने योग्य।

लालपरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लाल+परी] गदहपूरना। सदिरा।

लालपानी—संज्ञा पु० [हिं० लाल+पानी] शराब। मद्य।

लाल पिलवा—संज्ञा पु० [हिं० लाल+पिलवा] चमड़े रंगने का एक प्रकार का लाल रंग जिससे कुछ साबुन भी बनाते हैं।

लालपेठा—संज्ञा पु० [हिं० लाल+पेठा] कुम्हड़ा।

लाल फुलझरफल—संज्ञा पु० [हिं० लाल+फुलझरफल] [illegible]

लालबेग—संज्ञा पु० [हिं० [illegible]] [illegible]

लालबेगी—संज्ञा पु० [हिं० [illegible]] [illegible]

लालबेर—संज्ञा [illegible]

विशेष—[illegible]

लालभाजी—संज्ञा पु० [illegible]

लालमणि—संज्ञा पु० [illegible]

लालमिर्च—संज्ञा [illegible]

लालमी—संज्ञा [illegible]

लालमुनी—संज्ञा [illegible]

लालमुनी—संज्ञा [illegible]

लालमुरगा—संज्ञा पु० [illegible]

लालमूली—संज्ञा [illegible]

लालरी—संज्ञा [illegible]

लालवाहू—संज्ञा [illegible]

लालशक्कर—संज्ञा [illegible]

लालसा¹—[illegible]

लालसा²—[illegible]

लालसिर—[illegible]

लालसी—[illegible]

लालसुरी—[illegible]

लालहरी—[illegible]

लालहरी—[illegible]

लालहरी—[illegible]

लालहरी—[illegible]

लालहरी—[illegible]

लालहरी—[illegible]

लालसागर—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+सागर] भारतीय महासागर का वह अश जो अरब और अफ्रिका के मध्य मे पडता है, और जो बाब एल मदब मे स्वेज तक फैला हुआ है। लाल समुद्र। रेड सी (अ)।

विशेष—यह सागर प्राय १४०० मील लया है और इसकी अधिक से अधिक चौडाई २३० मील है। इसके किनारो पर बहुत से छोटे छोटे टापू और प्रवालद्वीप हैं, जिनके कारण जहाजो को इसमे से होकर आने जाने मे बहुत कठिनता होती है। पहले यह भूमध्यसागर से अलग था, पर स्वेज की नहर खुद जाने से यह उससे मिल गया है। इसके पानी में कुछ ललाई झलकती है, इसी से इसे लाल सागर कहते हैं।

लालसिखा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'लालशिखी'।

लालशिखी†—सज्ञा पुं० [हिं० लाल+शिखा] अरुणचूड। मुर्गा। उ०—प्रात उठी रतिमान भट्ट धुनि लालसिखी की हिये खटकी है।—मन्नालाल (शब्द०)।

लालसिरा—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाल+सिरा (=सिर)] एक प्रकार की बत्तख जिसका सिर लाल होता है।

लालसी(पु)—वि० [स० लालसा+ई (प्रत्य०)] अभिलाषा करनेवाला। इच्छा करनेवाला। उत्सुक। उ० –सो हरि के पद के हम लालसी माया कि है न जहाँ प्रभुताई।—रघुराज (शब्द०)।

लालसीक—सज्ञा पु० [स०] १ गिलगिला। पिच्छिल। २ रसयुक्त वस्तु। सूप। शोरवा (को०)।

लाला[1]—सज्ञा पुं० [स० लालक] १ एक प्रकार का सबोधन जिसका व्यवहार किसी का नाम लेते समय उसके प्रति आदर दिखलाने के लिये किया जाता है। महाशय। साहब। जैसे,—लाला गुरदयाल आज यहाँ आनेवाले हैं।

विशेष—इस शब्द का व्यवहार प्राय पश्चिम मे खत्रियो, और बनियो आदि के लिये अधिकता से होता है।

मुहा०—लाला भइया करना=किसी को आदरपूर्वक सबोधन करना। इज्जत के साथ बातचीत करना।

२ कायस्थ जाति या कायस्थो का सूचक एक शब्द।

यौ०—लाला भाई=कायस्थ।

३ छोटे प्रिय बच्चे के लिये सबोधन। प्रिय व्यक्ति, विशेषत बालक। उ०—आनँद की निधि मुख लाला को, ताहि निरखि निसिवासर सो तो छवि क्योहूँ न जाति बखानी।—सूर (शब्द०)।

लाला[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] मुँह से निकलनेवाली लार। थूक।

लाला[3]—सज्ञा पुं० [फा०] पोस्ते का लाल रग का फूल जिसमे प्राय काली खसखस पैदा होती है। गुले लाला। उ०—कोऊ कहै गुल लाला गुलाल को कोऊ कहै रँग रोरी के आब को।—द्विज (शब्द०)।

लाला[4]—वि० [हिं० लाल] लाल रग का। विशेष दे० 'लाल'। उ०—(क) पारथ भयो विलोचन लाला। लखि अनर्थक धर्म भुवाना।—सबल (शब्द०)। (ख) केकी के काकी कका कोक कीक का कोक। लोल लालि लोलै लली लाला लीला लोल।—केशव (शब्द०)।

लाला[5]—सज्ञा पु० [स० लाला या लालायित] १ दे० 'लाले'। २ सकट। आफत।

लालाक्लिन्न—वि० [स०] लार से भीगा हुआ [को०]।

लालाटिक[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० लालाटिकी] ललाट सबधी। २ भाग्याधीन। ३ निम्न। नीच। निकम्मा। बेकार। ४ सावधान। दत्तचित्त [को०]।

लालाटिक[2]—सज्ञा पु० १ स्वामी के कार्य मे दत्तचित्त सेवक। २ बेकार या बेपरवाह व्यक्ति। ३ एक प्रकार का आलिंगन [को०]।

लालाटी—सज्ञा स्त्री० [स०] ललाट [को०]।

लालाध—सज्ञा पुं० [स०] गण। मूर्छा [को०]।

लालापान—सज्ञा पुं० [स०](बच्चो द्वारा) अपना अँगूठा चूसना [को०]।

लालाप्रमेह—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का प्रमेह जिसमें मुँह की लार की तरह तार बँधकर पेशाब होता है।

लालाभक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

विशेष—कहते हैं, जो लोग बिना देवताओ आदि को भोग लगाए अथवा बिना अतिथियो को भोजन कराए आप भोजन कर लेते हैं, वे इसी नरक मे जाते हैं।

लालामेह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लालाप्रमेह'

लालायित—वि० [सं०] १ जिसके मुँह मे बहुत अधिक लालच के कारण पानी भर आया हो। ललचाया हुआ। २ जिसका बहुत अधिक लालन किया गया हो। दुलारा।

लालालु—वि० [सं०] दे० 'लालायित'।

लालाविष—सज्ञा पुं० [सं०] वह जतु जिसके मुँह की लार मे विष हो। जैसे,—मकडी आदि।

लालासव—सज्ञा स्त्री० [स० लालास्रव] मकडी। (डिं०)।

लालास्रव—सज्ञा पुं० [सं०] १ मुँह से लार बहना। २ मकडी।

लालास्राव—सज्ञा पुं० [सं०] १ मुँह से थूक या लार गिरना। २ मकडी का जाला।

लालिक—सज्ञा पुं० [सं०] भैसा। महिष।

लालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] विनोदपूर्ण उत्तर [को०]।

लालित[1]—वि० [स०] १ जिसका लालन किया गया हो। दुलारा हुआ। लडाया हुआ। प्रिय। प्यारा। २ जो पाला पोसा गया हो। उ०—पुष्पमे ही विद्रोह कर चले मेरे ये लालित इद्रियगण।—प्रपलक, पृ० ७७।

लालित[2]—सज्ञा पुं० १ प्रसन्नता। आनद। २ प्रेम। प्रियता। दुलार [को०]।

लालितक—सज्ञा पुं० [स०] प्रिय या दुलारा व्यक्ति [को०]।

लालित्य—सज्ञा पुं० [स०] १ ललित होने का भाव। सौंदर्य। सुदरता। सरसता। मनोहरता। जैसे,—आपकी भाषा मे बहुत अधिक लालित्य होता है। २ शृगारिक चेष्टा। हाव भाव। विभ्रम (को०)।

लालिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] पुंश्चली या कामुक स्त्री। दुश्चरित्रा औरत।

लालिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लाली। ललाई। अरुणता। सुर्खी।

ल ली[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाल+ई (प्रत्य०)] १ लाल होने का भाव। अरुणता। लालपन। सुर्खी। २ इज्जत। पत। आबरू। जैसे,—(क) आज आपकी ही कृपा से उनकी लाली रह गई। (ख) मेरी लाली तुम्हारे हाथ है।

विशेष—कभी कभी खाली 'लाली' और कभी कभी 'मुँह की लाली' भी बोलते हैं।

३ पीसी हुई ईंटें जो चूने में मिलाई जाती हैं। सुरखी।

लाली[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] आसाम की एक नदी का नाम।

लाली[3]—सज्ञा स्त्री० [स० लालिन्] वह व्यक्ति जो स्त्रियो को बहकाकर कुमार्ग की ओर प्रवृत्त करता हो।

लाली[4]—वि० दुलार करनेवाला। प्यार करनेवाला [को०]।

लाली[5]—सज्ञा स्त्री० [स०] भूत प्रेत आदि से आविष्ट होना [को०]।

लालीस—सज्ञा पुं० [स०] अग्नि। आग।

लालुका—सज्ञा स्त्री० [सं०] गले मे पहनने का एक प्रकार का हार।

लाले—सज्ञा पु० [स० लाला या लालायित] लालसा। अभिलाषा। इच्छा। अरमान। जैसे,—हमे तो आपके देखने के ही लाले है।

मुहा०—किसी चीज के लाले पडना = किसी चीज के देखने या पाने के लिये बहुत तरसना। किसी चीज के अप्राप्य या पहुँच के बाहर होने के कारण बहुत अधिक लालायित होना।

२ आफत। विपत। सकट।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग सदा बहुवचन मे होता है।

लालो(पु)—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'लाले'।

लालोलाल—वि० [हिं० लाल+लाल] आनदमग्न। मस्त। सुर्खरू। उ०—रामसिंह गाडी ले जाते थे, माल अधिक बिकता था। आजकल लालोलाल है।—काले०, पृ० २१।

लाल्य—वि० [स०] लालन करने योग्य। दुलार करने लायक।

लाल्हा†—सज्ञा पु० [हिं० लाल साग (=मरसा)] मरसा नामक साग। उ०—चौलाई लाल्हा अरु पोई। मध्य मेलि निवुआनि निचोई।—सूर (शब्द०)।

लाव[1]—सज्ञा पु० [स०] १ लवा नामक पक्षी। विशेष दे० 'लवा'। २ लौंग। ३ काटना या खडित करना।

लाव[2]—वि० १ काटनेवाला। खंडित करनेवाला। २ अवचयन करनेवाला। चयनकर्ता। एकत्र करनेवाला। ३. नष्ट भ्रष्ट या विध्वस्त करनेवाला [को०]।

लाव†(पु)[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाय (=आग)] १ अग्नि। आग। आँच। २ लौ। लगन।

लाव[4]—सज्ञा स्त्री० [देश० या सं० रज्जु] १ वह मोटा रस्सा जिससे चरसा खीचते या इसी प्रकार का और कोई काम करते हैं। रस्सा। लास।

मुहा०—लाव चलाना = चरसे के द्वारा कूएँ से पानी खीचकर खेत सीचना।

२ रस्सी। डोरी। रज्जु। उ०—फिरि फिरि चितउत ही रहतु टुटी लाज की लाव। अग अग छवि झौर मे भयौ भौर की नाव।—बिहारी (शब्द०)। ३ उतनी भूमि जितनी एक दिन मे एक चरसे से सीची जा सके।

लाव—सज्ञा पुं० [हिं० लगाना] वह ऋण जो किसी की चीज अपने पास बधक रखकर उसे दिया जाय।

मुहा०—लाव उठाना = (१) चीज बधक रखकर रुपया उधार देना। (२) किसानो को उनके कष्ट के समय ऋणस्वरूप धन देना। तकावी बाँटना।

लावक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ लवा पक्षी। उ०—तीतर लावक पदचर जूथा। बरनि न जाइ मनोज बरूथा।—तुलसी (शब्द०) २ काटने या खड करनेवाला व्यक्ति (को०)। ३ वह जो अवचयन करे। काटकर इकट्ठा करनेवाला। कटैया (को०)।

लावक[2]—सज्ञा पु० [देश०] १ चावल की जाडे की फसल। २ चरसा। ३ मोट खीचने मे बैलो के एक बार जाने और आने का काल।

लावज[1]—सज्ञा पुं० [स०] बहुत प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसपर चमड़ा मढा हुआ होता था।

लावज[2]—सज्ञा पु० [स०] १ सुँघनी। नस्य। २ लवणसमुद्र।

लावण—वि० [स०] १ जिसका सस्कार लवण द्वारा हुआ हो। २ लवण का। नमकीन। उ०—लावण लाँडु अरी पकवाँन। सेना सहित राज जीमीयो।—बी० रासो, पृ० १११।

लावणसैंधव—वि० [सं० लावण सैन्धव] समुद्रतट पर स्थित [को०]।

लावणा—सज्ञा पुं० [देश०] वैश्यो की एक जाति।

लावणिक[1]—वि० [सं०] १ जिसका लवण द्वारा सस्कार हुआ हो। २. लवण सबधी। नमक का। ३ लावण्ययुक्त। मनोहर। सुदर (को०)।

लावणिक[2]—सज्ञा पुं० १ वह जो नमक बेचता हो। २ नमक का सौदागर। २ वह पात्र जिसमे नमक रखा जाता है। नमकदान।

लावण्य—सज्ञा पु० [सं०] १ लवण का भाव या धर्म। नमकपन। २ अत्यत सुदरता। नमक। लोनाई। उ०—जटा मुकुट सुरसरित सिर लोचन नलिन विशाल। नीलकठ लावण्य निधि साह बालविधु भाल।—तुलसी (शब्द०)। ३ शील की उत्तमता। स्वभाव का अच्छापन।

यौ०—लावण्यकलित = रूपसपन्न। सौंदर्ययुक्त। लावण्यकांति = सौंदर्य की दीप्ति वा प्रभा। लावण्यनिधि = सौंदर्य वा शोभा के समुद्र वा खजाना। लावण्यमय = सौंदर्ययुक्त। प्रिय। सुदर। लावण्यलक्ष्मी, लावण्यश्री = अत्यत शोभा। अतिशय सौंदर्य।

लावण्यवान्—वि० [स० लावण्यवत्] सौंदर्ययुक्त। प्रिय। सुदर [को०]।

लावण्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] ब्राह्मी नाम की बूटी।

लावण्यार्जित[1]—सज्ञा पुं० [स०] स्त्रीधन। वह धन जो विवाहिता स्त्री को सास, ससुर आदि से प्राप्त हो [को०]।

लावण्यार्जित[२]—वि० सुंदरता के कारण प्राप्त। लोनाई के माध्यम से अर्जित।

लावदार[१]—वि० [हिं० लाव (=आग)+फ़ा० दार (प्रत्य०)] (तोप) जो छोड़ी जाने या रजक देने के लिये तैयार हो। उ०—लावदार रक्खो किए सबै अरावौ एहु। ज्यौ हरीफ आवै नजरि तबै धड़ाधड़ देहु।—सूदन (शब्द०)।

लावदार[२]—संज्ञा पुं० तोप में बत्ती लगानेवाला। तोप छोड़नेवाला। तोपची। उ०—किते जंगालदार आवदार लावदार हौं। किते निसानवान सान के मरे तयार हौं।—सूदन (शब्द०)।

लावन[१]†—संज्ञा पुं० [हिं० लाव (=अग्नि) जलाने के काम आनेवाले पदार्थ। ईंधन। जैसे लकड़ी, कोयला आदि।

लावनताⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० लावण्य+ता (प्रत्य०)] बहुत अधिक सौंदर्य। सुंदरता। खूबसूरती। नमक। उ०—तुलसी तेहि अवसर लावनता दसचारि नव तीनि एकीस सबै।—तुलसी (शब्द०)।

लावना[१]—Ⓤ†—क्रि० स० [हिं० लाना]। उ०—(क) विप्र कह्यौ घन लावनो करन सुता को ब्याह। यहि थल चोर चुराय लिए भयो भोर दुख दाह।—रघुराज (शब्द०)। (ख) जाहि अवध पापी हम चीन्हा। तेहि तब ढिग लावन मन कीन्हा। विश्राम (शब्द०)। (ग) कीन्हेसि मधु लावइ लेइ माखी। कीन्हेसि भँवर पखि अरु पाँखी।—जायसी (शब्द०)।

लावना—क्रि० स० [हिं० लगाना] १ लगाना। स्पर्श कराना। उ०—(क) लावत मैन सुगंध लखौ सब सौरभ की तन देत दसीहै।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) तुलसिदास कह रूप देखावहु। मेरे शीश पानि निज लावहु।—रघुराज (शब्द०)। (ग) मेरे अंग सहत सुगंध सो सही है सदा लावन न देत और ऐसे हैं सुधर्मी।—रघुनाथ (शब्द०)। (घ) सो मोहि लेइ मँगावई लावइ भूख पिआस। जउँ न होत अस बहरी केहि काहू कर आस।—जायसी (शब्द०)। २ जलाना। आग लगाना। उ०—बहुरि इंद्रजित ब्रह्मअस्त्र कृत हनुमत बधन गाया। सुभागमन रावण समुझावन लावन लंक गनायो।—रघुराज (शब्द०)।

लावनिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० लावण्य] सौंदर्य। लावण्य। सुंदरता। नमक। उ०—(क) काटि काम लावनि बिहारी जा देखत सब दुख नसत।—स्वामी हरिदास (शब्द०)। (ख) सुंदर मुख की बलि बलि जाऊँ। लावनि निधि गुणनिधि सोभानिधि निरखि निरखि जीवत सब गाऊँ।—सूर (शब्द०)।

लावनि[२]—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'लावनी'।

लावनिताⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० लवनि (=लावण्य)+ता (प्रत्य०)] दे० 'लावनता'।

लावनी—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ गाने का एक प्रकार का छंद। २ इस छंद का एक प्रकार जो प्रायः चंग बजाकर गाया जाता है। इसे ख्याल भी कहते हैं। ३ इस प्रकार का कोई गीत।

लावनीबाज—संज्ञा पुं० [हिं० लावनी+फ़ा० बाज़] लावनी गाने या रचनेवाला। लावनी का प्रेमी।

लावन्यⓊ—संज्ञा पुं० [सं० लावण्य] दे० 'लावण्य'। उ०—कृस्न नाम लावन्य भर्यो है। मंजुरिम सार सकेलि धर्यो है।—घनानंद, पृ० २५१।

लाववाली[१]—संज्ञा पुं० [अ० लाउबाली] १ वह जिसे किसी प्रकार की चिंता आदि न हो। लापरवाह। बेफिक्र। २ वह जिसके विचार, धार्मिक दृष्टि से, बहुत ही स्वतंत्र और उच्छृंखल हों। ३ वह जो सदा निकम्मा घूमा करता हो। आवारा।

लाववाली[२]—संज्ञा स्त्री० लाववाली होने का भाव। लाववालीपन।

लावर—वि० [सं० लपन (=बकना)] दे० 'लबर'। उ०—मकुआ भरगो अरु हिलसी हरामजादे लावर दगैल म्यार आँखिन दिखाए तैं।—ठाकुर०, पृ० २७।

लावल्द—वि० [फ़ा०] जिसके बाल बच्चा न हो। निःसंतान।

लावल्दी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] लावल्द या निःसंतान होने का भाव या अवस्था।

लावा[१]—संज्ञा पुं० [सं० लावक] लवा नामक पक्षी। विशेष दे० 'लवा'। उ०—गयउ सहमि नहिं कछु कहि आवा। जनु सचान बन झपटेउ लावा।—तुलसी (शब्द०)।

लावा[२]—संज्ञा पुं० [सं० लाजा] भूना हुआ धान, ज्वार, बाजरा या रामदाना आदि जो भूनने के कारण फूलकर फूट जाता है और जिसके अंदर से सफेद गूदा बाहर निकल आता है। यह बहुत हलका और पथ्य समझा जाता है और प्रायः रोगियों को दिया जाता है। खील। लाई। फुल्ला।

क्रि० प्र०—फूटना।—भूनना।

यौ०—लावा परछन।

लावा[३]—संज्ञा पुं० [अ०] राख, पत्थर और धातु आदि मिला हुआ वह द्रव पदार्थ जो प्रायः ज्वालामुखी पर्वतों के मुख से विस्फोट होने पर निकलता है।

लावाज्ञक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का धान।

लावाणक—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल के एक देश का नाम जो मगध के पास था।

लावा परछन—संज्ञा पुं० [हिं० लावा+परछना] विवाह के समय की एक रीति।

विशेष—इसमें वर के आगे कन्या खड़ी की जाती है और उसके हाथ में एक डलिया दी जाती है। कन्या का भाई उसी डलिया में धान का लावा डालता है। हवन और सप्तपदी इसके बाद होती है।

लावारा†—वि० [हिं०] आवारा।

लावारिस—संज्ञा पुं० [अ०] १ वह मनुष्य जिसका कोई उत्तराधिकारी या वारिस न हो। २ वह संपत्ति जिसका कोई अधिकारी या स्वामी न हो। (क्व०)।

लावारिसी—वि० [अ० लावारिस] (संपत्ति) जिसका कोई अधिकारी न हो।

लाविक—संज्ञा पुं० [सं०] भैंसा। महिष (को०)।

लाविका—संज्ञा स्त्री० [सं० लावा] १ लवा नामक पक्षी। २. भैंस।

लाबु[1]—सज्ञा पुं० [स०] लौग्रा । वदूदू । घिग्रा ।

लाव्य—वि० [स०] लवाई के लायक । काटने योग्य [को०] ।

लाश—सज्ञा स्त्री० [फा०] किसी प्राणी का मृतक देह । लोथ । मुरदा । शव ।

मुहा०—लाश उठना = मुर्दा उठना । मौत होना । लाश पर लाश गिरना = लोथ पर लोथ गिरना । लडाई मे शवो का ढेर लग जाना ।

लाशा[1]—वि० [फा० लाशह्] दुर्बल । क्षीण । कृशकाय [को०] ।

लाशा[2]—सज्ञा पु० मुरदा । लोथ । शव [को०] ।

लाप(पु)[1]—सज्ञा पुं० [स० लक्ष] लाख की सख्या वा अक । दे० 'लाख' ।

लाप(पु)[2]—सज्ञा पुं० [सं० लाक्षा] लाख नामक लाल द्रव्य । लाह । उ०—लाप भवन बैठार दुष्ट ने भोजन मे विष दीन्हो । सूर (शब्द०) । विशेष दे० 'लाख[2]' ।

यौ०—लापभवन = लखाघर । लाक्षागृह ।

लापना(पु) †—क्रि० स० [हिं०] दे० 'लखना' ।

लापुक—सज्ञा पुं० [सं०] लोभी । लालची ।

लास[1]—सज्ञा पुं० [स० लास्य] १ एक प्रकार का नाच । दे० 'लास्य' । ललित नृत्य । २ मटक । उ०—लास भरी भौंहन विलास भरे भाल मृदु हास भरे अधर सुधारस घुरे परैं ।—देव (शब्द०) ।

लास[2]—सज्ञा पु० [स०] १ झूम । रसा । शोरवा । २ उछलकूद । स्वच्छद क्रीडा (को०) । ३ लास्य । एक नृत्य, विशेषत स्त्रियो का (को०) ।

लास[3]—सज्ञा पु० [?] उस छड के दोनो कोने जिसे पाल बाँधने के लिये मस्तूल मे लटकाते हैं । (लश०) ।

मुहा०—लास करना = चलती हुई नाव को रोकने के लिये डाँडो को बहते हुए पानी मे बेडे बल मे ठहराना । (लश०) ।

लासक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ मयूर । मोर । २ नाचनेवाला । नचनिया । नर्तक । ३ मटका । घडा । ४ शिव का एक नाम । (को०) । ५ आलिगन करना (को०) । ६. इमारत की सबसे ऊँची मजिल पर बना हुआ कक्ष (को०) । ७ एक अस्त्र का नाम (को०) ।

लासक[2]—वि० १. चमकानेवाला । दीप्तिकारक । २ इधर उधर करता हुआ । क्रीडारत (को० ।

लासकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] नटी । नाचनेवाली स्त्री । नर्तकी ।

लासन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ नाचना । क्रीडा करना । २ इधर उधर सचालन करना [को०] ।

लासन[2]—सज्ञा पुं० [स० लँशिग] जहाज बाँधने का मोटा रस्सा । लहासी ।

क्रि० प्र०—खोलना ।—बाँधना ।—लगाना ।

मुहा०—लासन देना = मस्तूल के चारो ओर रस्सी लपेटना । कौडी लेना । (लश०) ।

लासा—सज्ञा पुं० [हिं० लस] १. कोई लसदार या चिपचिपी चीज । चेप । लुआब । उ०—(क) नाम लगि व्याध ज्यौं विषय विहगनि बझावौ ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) चितवनि ललित नकुट लासा लटकनि पिय कार्पे अलक तरंग ।—सूर (शब्द०) । २ एक विशेष प्रकार का चिपचिपा पदार्थ जो बहेलिए लोग चिडियो को फँसाने के लिये बरगद और गूलर के दूध मे तीसी का तेल पकाकर बनाते हैं ।

विशेष—इस लासे को प्राय वे लोग वृक्षो की डालियो पर लगा देते है, और जब पक्षी उनपर आकर बैठते हैं, तब उनके परो मे यह लग जाता है, जिससे वे उड नही सकते । उस समय बहेलिए उन्हे पकड लेते है ।

मुहा०—लासा लगाना = किसी को फँसाने के लिये किसी प्रकार का लालच या धोखा देना । फदे मे फँसाना । लासा होना = हरदम साथ लगे रहना । पीछा न छोडना ।

लासानी—वि० [अ०] जिसका कोई सानी या जोड न हो । अनुपम । अद्वितीय । बेजोड ।

लास्य(पु)—सज्ञा पुं० [सं० लास्य] दे० 'लास्य' । उ०—ताडव लासि और अग को गनैं जे जे रुचि उपजत जा के ।—स्वा० हरिदास (शब्द०) ।

लास्यिक—वि० [सं०] नर्तक । नाचनेवाला [को०] ।

लास्यिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. नर्तकी । २ पुश्चली । दुश्चरित्रा । वेश्या । ३ एक नाट्यभेद । एक उपरूपक [को०] ।

लासी[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] जूँ की तरह का एक प्रकार का काला कीड़ा जो गेहूँ के पेडो से लगकर उन्हे निकम्मा कर देता है ।

लासी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'लसी' या 'लस्सी' ।

लासु(पु)—सज्ञा पुं० [स० लास्य] दे० 'लास्य' ।

लास्फोटनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] छेदन का औजार । गिलमिट । बरमा [को०] ।

लास्य—सज्ञा पु० [सं०] १ नृत्य । नाच । २ नाच या नृत्य के दो भेदो मे से एक । वह नृत्य जो भाव और ताल आदि के सहित हो, कोमल अगो के द्वारा हो और जिसके द्वारा शृगार आदि कोमल रसो का उद्दीपन होता हो ।

विशेष—साधारणत स्त्रियो का नृत्य ही लास्य कहलाता है । कहते हैं, शिव और पर्वती ने पहले पहल मिलकर नृत्य किया था । शिव का नृत्य ताडव कहलाया और पार्वती का 'लास्य' । यह लास्य दो प्रकार का कहा गया है—छुरित और यौवत । साहित्यदर्पण में इसके दस अग बतलाए गए हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं—गेयपद, स्थितपाठ, आसीन, पुष्पगडिका, प्रच्छेदक, त्रिगूढ, सैंधवाख्य, द्विगूढक, उत्तमोत्तमक और युक्तप्रयुक्त ।

३ नट । अभिनेता । नर्तक (को०) ।

लास्यक—सज्ञा पु० [सं०] नृत्य । नाच [को०] ।

लास्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] नाचनेवाली । नर्तकी [को०] ।

लाह(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [स० लाक्षा] लाख । चपडा । लाही । उ०—जाकी बाँकी वीरता सुनत सहमत धीर जाकी आँच अजहु लसत लंक लाह सी ।—तुलसी (शब्द०) ।

लाह[1]—संज्ञा पुं० [सं० लाभ, हिं० लाख] लाभ। फायदा। नफा। उ०—(क) दावा धरि पाहरू को आवागौन मिसि ताके भानु ससि अभिमति लाहा मे फिरत हैं।—चरण (शब्द०)। (ख) सारहि सब्द विचारिए सोइ सब्द सुख देय। अनसमझा सब्देक है कछू न लाहा लेय।—कबीर (शब्द०)। (ग) लहि जीवनमूरि को लाह अली वै भले जुग चारि लौं जीवो करैं।—द्विजदेव (शब्द०)। (घ) मैं तुमसो कहि राखत हौं यह मान किए कछु ह्वै है न लाहे।—रघुनाथ (शब्द०)।

लाह[1]—संज्ञा स्त्री० [? या सं० लाभ] चमक। आभा। कांति। दीप्ति। उ०—सीसफूल वेनी वेंदी वेसरि और बीरनि मैं हीरनि की लाह मे हंसनि छवि छहरी।—देव (शब्द०)।

लाहन†—संज्ञा पुं० [देश०] १ वह महुआ जो मद्य खींचने के उपरांत देग मे बच रहता है। यह प्राय पशुओं को खिलाया जाता है। २ जूनी और महुए को मिलाकर उठाया हुआ खमीर। ३ किसी प्रकार के पदार्थ का खमीर। ४ वे पेय ओषधियाँ जो गौओं को बच्चा होने पर दी जाती हैं। ५ अनाज ढोने की मजदूरी।

लाहल—संज्ञा पुं० [अ० लाहौल] दे० 'लाहौल'। उ०—लाहल पारख शब्द के जो परखे सो पाक। तामे जो हल्ला करै सोई होइ हलाक।—कबीर (शब्द०)।

लाहिक—वि० [अ० लाहिक] युक्त होनेवाला। मिलनेवाला [को०]।

लाहीक—संज्ञा पुं० [अ० लाहिकह्] किसी शब्द के अंत मे लगनेवाला अक्षर या शब्द। प्रत्यय [को०]।

लाही†[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लाक्षा, हिं० लाख, लाह] १ लाल रंग का वह छोटा कीडा जो वृक्षो पर लाख उत्पन्न करता है। विशेष दे० 'लाख'। २ इससे मिलता जुलता एक प्रकार का कीडा जो प्राय माघ फागुन मे पुरवा हवा चलने पर उत्पन्न होता है और फसल को बहुत हानि पहुँचाता है।

लाही[2]—वि० लाह के रंग का। मटमैलापन लिए लाल। उ०—तनसुख सारी, लाही अँगिया, अतलस अँतरौटा, छवि, चारि चारि चूरी पहुँचीनि पहुँची पमकि वनी नकफूल जेव मुख वीरा चोका कौंवें सभ्रम भूली।—स्वा० हरिदास (शब्द०)।

लाही[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लावा] धान, बाजरे आदि के भूने हुए दाने। लावा। लाजा। खील।

यौ०—लाही का सत्तू = धान की खीलों को पीसकर बनाया हुआ सत्तू जो बहुत हलका होता है और प्रायः रोगियो को पथ्य के रूप मे दिया जाता है।

लाही[4]—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ सरसो। २ काली सरसो। ३ तीसरी बार का साफ किया हुआ शोरा।

लाहु(पु)—संज्ञा पुं० [सं० लाभ] नफा। फायदा। प्राप्ति। लाभ। उ०—(क) हानि कुसग सुसगति लाहू। लोकहु, बेद विदित सब काहू।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सूक्तनि वचन लाहु मानो अधनि लहे हैं विलोचन तारे।—तुलसी (शब्द०)।

लाहूत—संज्ञा पुं० [अ०] १ ससार। दुनिया। जगत्। मर्त्य लोक। २. समाधि। ब्रह्मलीनता की अवस्था [को०]।

लाहौर—संज्ञा पुं० [देश०] भारत के पश्चिम पजाब का एक प्रख्यात एव प्राचीन नगर जो अब पाकिस्तान मे है।

लाहौरी नमक—संज्ञा पुं० [हिं० लाहौरी + नमक] सैंधव लवण। सेंधा नमक। विशेष दे० 'नमक'।

लाहौल—संज्ञा पुं० [अ०] एक अरबी वाक्य का पहला शब्द जिसका व्यवहार प्राय भूत, प्रेत आदि को भगाने या घृणा प्रकट करने के लिये किया जाता है। पूरा वाक्य यह है—'लाहौल वला कूव्वत इल्ला बिल्लाह।' इसका अर्थ है—ईश्वर के सिवा और किसी मे कोई सामर्थ्य नहीं।

मुहा०—लाहौल पढ़ना = (१) उक्त वाक्य का उच्चारण करना। (२) बहुत अधिक घृणा प्रकट करना।

लाह्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] उल्लू पक्षी।

लिंग—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्ग] १ वह जिससे किसी वस्तु की पहचान हो। चिह्न। लक्षण। निशान। २ न्याय शास्त्र मे वह जिससे किसी का अनुमान हो। साधकहेतु। जैसे,—पर्वत मे आग है, वहाँ धूम होने के कारण—यहाँ धूम अग्नि का लिंग है, अर्थात् धूम से अग्नि के होने का अनुमान होता है।

विशेष—लिंग चार प्रकार के होते हैं—(क) सबद्ध, जैसे,—धूम अग्नि के साथ सबद्ध है। (ख) न्यस्त, जैसे,—सींग गाय के साथ है। (ग) सहवर्ती, जैसे,—भाषा मनुष्य के साथ है। और (घ) विपरीत, जैसे भला बुरे के साथ है।

३ साख्य के अनुसार मूल प्रकृति।

विशेष—विकृति फिर प्रकृति मे लय को प्राप्त होती है, इसी से प्रकृति को लिंग कहते हैं।

४ पुरुष का चिह्नविशेष जिसके कारण स्त्री से उसका भेद जाना जाता है। पुरुष की गुप्त इंद्रिय। शिश्न।

पर्या०—उपस्थ। मदनाकुश। मोहन। कदर्पमुषल। शेफस्। मेढ़। ध्वज। साधन।

५ शिव की एक विशेष प्रकार की मूर्ति। ६ एक पुराण का नाम।

विशेष—लिंग पुराण मे लिखा है कि शिव के दो रूप हैं। निष्क्रिय और निर्गुण शिव अलिंग हैं और जगत्कारण रूप शिव लिंग हैं। अलिंग शिव मे ही लिंग शिव की उत्पत्ति हुई है। शिव को लिंगी भी कहते हैं, और वह इसलिये कि लिंग या प्रकृति शिव की ही है। इस प्रकार लिंग जगत्कारण रूप शिव का प्रतीक है। पद्मपुराण मे शिव के इस रूप के सबध मे यह कथा है—एक बार मंदराचल पर ऋषियो ने बडा भारी यज्ञ किया। वहाँ उन्होने यह चर्चा छेडी कि ऋषियों का पूज्य देवता किसे बनाना चाहिए। अत मे यह निश्चय हुआ कि शिव, विष्णु और ब्रह्मा तीनो के पास चलकर इसका निर्णय करना चाहिए। सब ऋषि पहले शिव के पास गए। पर उस समय वे पार्वती के साथ क्रीडा कर रहे थे, इससे नदी ने द्वार पर उन्हे रोक दिया। ऋषियो का प्रतीक्षा करते बहुत काल बीत गया। इस-पर भृगु ऋषि ने क्रोध करके शाप दिया—'हे शिव! तुमने

कामक्रीड़ा के वशीभूत होकर हमारा अपमान किया, इससे तुम्हारी मूर्त्ति योनि लिंग रूप होगी और तुम्हारा नैवेद्य कोई ग्रहण न करेगा'। पर इस कथा के संबंध में यह ध्यान रखना चाहिए कि पद्मपुराण वैष्णवों का पुराण है।

किसी समय जगत्कारण के रूप में देवता या ईश्वर की उपासना के लिये लिंग का ग्रहण प्राचीन मिस्र, अरब, यहूद, यूनान और रोम आदि देशों में भी था। प्राचीन यूनानी लिंग को 'फेलस' कहते थे। यहूदियों में 'बाल' देवता की प्रतिष्ठा लिंग रूप में ही थी। बाबुल के खंडहरों में मंदिरों के अंदर बहुत से 'लिंग' निकलते हैं, जो भारतीयों के शिवलिंग से बिल्कुल मिलते हैं। पर प्राचीन आर्यों में इस प्रकार की उपासना का पता नहीं लगता। वैदिक समय में कुछ अनार्य जातियों में 'लिंगपूजा' प्रचलित थी, इसका कुछ आभास वेद के एक मंत्र में मिलता है। उसमें 'शिश्नदेवा' के प्रति उपेक्षा का भाव प्रकट किया गया है। पर कब से वह शिव की प्रतिमा के रूप में गृहीत हुआ, इसका ठीक पता नहीं। इसके अतिरिक्त 'मोहनजोदड़ो' और 'हरप्पा' की खोदाई से प्राप्त अवशेषों में लिंग या उससे मिलते जुलते आकार की उपास्य मूर्तियाँ मिली हैं।

६ व्याकरण में वह भेद जिससे पुरुष और स्त्री का पता लगता है। जैसे—पुल्लिंग, स्त्रीलिंग। ७ मीमांसा में छह् लक्षण जिनके अनुसार लिंग का निर्णय होता है। यथा—उपक्रम, उपसंहार अभ्यास, अपूर्वता, अर्थवाद और उपपत्ति। ८ अठारह पुराणों में से एक। विशेष दे० 'लिंगपुराण'। ९ जाति। यह दो प्रकार की होती है—पुरुष तथा स्त्री (को०)। १० वेदांत दर्शन के अनुसार सूक्ष्म शरीर। विशेष दे० 'लिंगदेह' (को०)। ११ धब्बा। निशान। दाग (को०)। १२ संज्ञा का मूल रूप। प्रातिपदिक (को०)। १३ कार्य। विपाक। परिणाम। फल (को०)। १४ उपाधि (को०)। १५ एक प्रकार का संकेत या संबंध (संयोग, वियोग, साहचर्य आदि) जो किसी शब्द के किसी विशिष्ट अर्थ का द्योतन करने में सहायक होता है। अर्थद्योतक शक्ति (को०)। १६ प्रमाण। सबूत (को०)। १७ छद्म चिह्न, निशान या वेष (को०)। १८ रोग का निदान (को०)। १९ ईश्वर का प्रतीक चिह्न। देवमूर्ति (को०)।

लिंगक—संज्ञा सं० [सं० लिङ्गक] कपित्थ वृक्ष। कैथ।

लिंगजोती।—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गज्योति] एक विशेष प्रकार से गढ़ा हुआ शिवलिंग। ज्योतिर्लिंग।

लिंगदेह—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गदेह] वह सूक्ष्म शरीर जो इस स्थूल शरीर के नष्ट होने पर भी संस्कार के कारण कर्मों का फल भोगने के लिये जीवात्मा के साथ लगा रहता है। (अध्यात्म)।

विशेष—इसमें ज्ञानेंद्रियों और कर्मेंद्रियों की सब वृत्तियाँ रहती हैं, केवल उनका स्थूल रूप नहीं रहते। इस देह में सत्रह तत्व माने गए हैं—१० इंद्रियाँ, मन, ५ तन्मात्र और बुद्धि। उ०—लिंग-देह गुरु को निज गेह। दस इंद्रिय दासी सो नेह।—सुर (शब्द०)।

लिंगधर—वि० [सं० लिङ्गधर] जो केवल चिह्न धारण किए हो। ढोंगी (को०)।

लिंगधारी—वि० [सं० लिङ्गधारिन्] चिह्न धारण करनेवाला।

लिंगन—संज्ञा पुं० [सं०] आलिंगन। छाती से लगाना (को०)।

लिंगनाश—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गनाश] १ अँधेरा, जिसमें वस्तु की पहचान न हो सके। तिमिर। अंधकार। २ आँख का एक रोग जिसमें आँखों के सामने कभी अँधेरा, कभी लाल पीला आदि दिखाई पड़ता है। नीलिका नामक रोग।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार आँख के चौथे पटल में विकार होने से यह रोग होता है। वात, पित्त और कफ के भेद से यह रोग तीन प्रकार का कहा गया है।

३. शिश्न का नाश (को०)। ४ उस चिह्न का न रहना जिससे कोई वस्तु जानी जाय। परिचायक निशान, लक्षण आदि का नाश (को०)।

लिंगपरिवर्तन—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गपरिवर्तन] दे० 'लिंगविपर्यय'।

लिंगपीठ—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गपीठ] वह आधार जिसपर शिवलिंग स्थापित होता है। जलहरी। अरघा (को०)।

लिंगपुराण—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गपुराण] अठारह पुराणों में से एक जिसमें शिव का माहात्म्य और लिंग की पूजा की महिमा वर्णित है।

विशेष—इसकी श्लोकसंख्या ११,००० है। ब्रह्मा इसके मुख्य वक्ता हैं। इसमें शिव ही ब्रह्मा और विष्णु दोनों के अधिष्ठान कहे गए हैं। शिव जी ने अपने मुख से २८ अवतारों का वर्णन किया है। यह एक साम्प्रदायिक पुराण है। जिस प्रकार विष्णु ने अपने उपासक अंबरीष राजा की रक्षा की थी, उसी ढंग पर इसमें शिव द्वारा परम शैव दधीचि की रक्षा की कथा लिखी गई है। पहले पद्मकल्प की सृष्टि की उत्पत्ति की कथा देकर फिर वैवस्वत मन्वंतर के राजाओं की वंशावली श्रीकृष्ण के समय तक कही गई है। योग और अध्यात्म की दृष्टि से लिंगपूजा का गूढ़ार्थ भी बताया गया है।

लिंगप्रतिष्ठा—संज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गप्रतिष्ठा] शिवलिंग की स्थापना (को०)।

लिंगवर्धन[1]—वि० [सं० लिङ्गवर्धन] पुरुषेंद्रिय को उत्तेजित करनेवाला (को०)।

लिंगवर्धन[2]—संज्ञा पुं० कपित्थ। कैथ (को०)।

लिंगवर्धिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गवर्धिनी] अपामार्ग। चिचड़ा।

लिंगवर्धी—वि० [सं० लिङ्गवर्धिन्] दे० 'लिंगवर्धन' (को०)।

लिंगवरितरोग—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गवरित्त रोग] निर्गार्श नामक रोग।

लिंगवान[1]—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गवत्] १ चिह्नवाला। लक्षणवाला। २ जिसमें शब्द के कई लिंग हों। ३ शिवलिंग धारण करनेवाला। जैसे, जंगम आदि।

लिंगवान[2]—संज्ञा पुं० शैवों का लिंगायत नामक संप्रदाय।

लिंगविपर्यय—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गविपर्यय] १ व्याकरण में लिंग का परिवर्तन। २ मानव का पुरुष से स्त्री या स्त्री से पुरुष हो जाना।

लिंगवेदी—संज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गवेदी] शिवलिंग का आधार। जल-हरी। अरघा (को०)।

लिंगवृत्ति—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गवृत्ति] वह जो केवल बाहरी चिह्न या वेश बनाकर अपनी जीविका पैदा करता हो। आडंबरी। टकोलेबाज।

लिंगशरीर—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गशरीर] दे० 'लिंगदेह'।

लिंगशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गशास्त्र] व्याकरण में लिंगविवेचन का प्रकरण। लिंगानुशासन [को०]।

लिंगशोफ—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गशोफ] शिश्नेंद्रिय का शोथ या सूजन [को०]।

लिंगस्थ—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गस्थ] ब्रह्मचारी। (मनुस्मृति)।

लिंगांकित—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गाङ्कित] एक शैव संप्रदाय। वि० 'लिंगायत'।

लिंगाख्य—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गाख्य] सांख्य मतानुसार सृष्टि का एक उपभेद [को०]।

लिंगाग्र—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गाग्र] शिश्नेंद्रिय का अगला भाग। मणि [को०]।

लिंगानुशासन—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गानुशासन] लिंगविवेचन शास्त्र। लिंगशास्त्र (व्याकरण)।

लिंगायत—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गायत] एक शैव संप्रदाय जिसका प्रचार दक्षिण में बहुत है।

विशेष—इस संप्रदाय के लोग शिव के अनन्य उपासक हैं और सोने या चाँदी के संपुट में शिवलिंग रखकर बाहु या गले में पहने रहते हैं। ये लोग 'जंगम' भी कहलाते हैं। इनके आचार और संस्कार भी औरों से विलक्षण होते हैं।

लिंगार्चन—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गार्चन] शिवलिंग का पूजन।

लिंगार्श—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गार्शस्] जननेंद्रिय का एक रोग।

लिंगालिका—संज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गालिका] एक प्रकार का छोटा चूहा [को०]।

लिंगिक—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गिक] नँगड़ापन [को०]।

लिंगिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गिनी] १ एक लता जिसे पंचपुरिया कहते हैं और जो वैद्यक में कटु उष्ण दुर्गंधनाशक तथा रसायन कही गई है। २ धर्मध्वजी या आडंबर करनेवाली स्त्री।

लिंगी[1]—वि० [सं० लिङ्गिन्] १ चिह्नवाला। निशानवाला। २ किसी चिह्न को धारण करने का अधिकारी (को०)। ३ जिसका मन और काम समान हो। विचार और कार्य में एक सा (को०)। ४ चिह्नित। अंकित (को०)। ५ सूक्ष्म शरीरी वा लिंगदेही (को०)। ६ बाहरी रूपरंग या वेश बनाकर काम निकालनेवाला। आडंबरी। धर्मध्वजी।

लिंगी[2]—संज्ञा पुं० १ वर्णिलिंगी। ब्रह्मचारी। २. शिवलिंग का पूजक। ३ दंभी या छली व्यक्ति। ४ हाथी। ५ कारण। मूल। ६ परमात्मा। ७ एक शैव संप्रदाय [को०]।

लिंगेंद्रिय—संज्ञा पुं० [सं० लिङ्गेन्द्रिय] पुरुषों की मूत्रेंद्रिय।

लिंट—संज्ञा पुं० [अं०] तूलेए में रँगा हुआ मुलायम कपड़ा या फलालीन जो घाव में मरहम लगाकर इसलिये भर दी जाती है, जिसमें मुँह एकबारगी बंद न हो जाय और मवाद न रुके।

लिंटर, लिंटल—संज्ञा पुं० [अं० लिंटेल] लोहे की छड़ों का जाल बाँधकर, उनके बीच इकहरी ईंटों की जोड़ाई तथा सीमेंट की ढलाई से बनी छत आदि जिसमें नीचे बरन आदि की आवश्यकता नहीं पड़ती [को०]।

लिंदु—वि० [सं० लिन्दु] पिच्छिल। फिसलनवाली। जिसपर फिसलन हो [को०]।

लिंप—संज्ञा पुं० [सं० लिम्प] १ शिव का एक गण। २ लीपना। लेप करना [को०]।

लिंपट—वि० संज्ञा पुं० [सं० लिम्पट] कामी। कामुक [को०]।

लिंपाक—संज्ञा पुं० [सं० लिम्पाक] १ एक प्रकार का नीबू। २. खरा। गदहा।

लिंपि—संज्ञा स्त्री० [सं० लिम्पि] दे० 'लिपि' [को०]।

लिंफ—संज्ञा पुं० [अं०] शीतला का वेग जो टीका लगाने के काम में आता है।

लिए—हिंदी का एक कारक चिह्न जो संप्रदान में आता है, और जिस शब्द के आगे लगता है, उसके अर्थ या निमित्त किसी क्रिया का होना सूचित करता है। जैसे,—मैं तुम्हारे लिए आम लाया हूँ। यह चिह्न शब्द के संबंध कारक रूप 'का' के साथ लगता है। जैसे,—उसके लिए। बहुत से लोग इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत 'कृते' से बताते हैं, पर 'लग्न' और 'लग' शब्द से इसका अधिक लगाव जान पड़ता है। पुरानी बजभाषा विशेषतः अवधी में 'लागि' और 'लाग' रूप बराबर मिलते हैं यह प्रायः 'लिये' भी लिखा जाता है।

लिकिन—संज्ञा पुं० [देश०] मटियाले रंग की एक बड़ी चिड़िया जिसकी टाँगें हाथ हाथ भर की और गरदन एक बालिश्त की होती है।

लिकुच—संज्ञा पुं० [सं०] बड़हर का पेड़। लकुच। चुक्र।

लिक्खाड़—संज्ञा पुं० [हिं० लिखना + आड़ (प्रत्य०)] बहुत लिखनेवाला। भारी लेखक। (व्यंग्य या विनोद)।

लिक्विडेटर—संज्ञा पुं० [अं०] वह अफसर जो किसी कंपनी या फर्म का कारबार उठाने, उसकी ओर से मामला मुकदमा लड़ने या दूसरे आवश्यक कार्य करने के लिये नियुक्त किया जाता है।

लिक्विडेशन—संज्ञा पुं० [अं०] सम्मिलित पूँजी से चलनेवाली कंपनी या फर्म का कारबार बंद कर उसकी संपत्ति से लेनदारों का देना निपटाना और बची हुई रकम को हिस्सेदारों में बाँट देना। जैसे,—वह कंपनी लिक्विडेशन में चली गई।

क्रि० प्र०—जाना।

लिक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ यूकांड। जूँ का अंडा। लीख। २ एक परिमाण जो कई प्रकार का कहा गया है, जैसे,—कहीं चार अणुओं की लिक्षा कही गई है, कहीं आठ बालाग्र की। (८ परमाणु = रज। ८ रज = बालाग्र)। ६ लिक्षा का एक मर्षप (सरसों या राई) माना गया है।

लिक्षिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] लीख। जूँ [को०]।

लिखत(पु)†—सज्ञा पु० [स० लेख] भाग्य का लिखा। विधाता का लिखा। विधाता का लेख। भाग्य की बात। उ०—तजी है पीतम ने प्रीति मेरी, सखी ये लीला लिखत की है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ८४८।

लिखइ—सज्ञा पुं० [सं०] लेखक [को०]।

लिखत—संज्ञा स्त्री० [स० लिखित] १ लिखी हुई बात। लेख। लिपिबद्ध विषय।

यौ०—लिखन पढत।

मुहा०—लिखत पढत होना = लिखा पढ़ी होना। लेख के रूप मे पक्का होना।

२ लिखित पत्र। ३ दस्तावेज।

लिखधार(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० लिखना + धार (प्रत्य०)] लिखनेवाला। मुहर्रिर या मुशी। उ०—साँचो सो लिखधार कहावै। काया ग्राम मसाहत करिकै जमा बाँधि ठहरावै।—सुर (शब्द०)

लिखन—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लिपि या लेख। लिखावट। २ लिखित पत्र। दस्तावेज (को०)। ३ चित्राकन। चित्रकारी (को०)। ४ कर्म की रेखा। भाग्य मे निश्चित बात।

लिखना—क्रि० स० [स० लिखन] १. किसी नुकाली वस्तु से रेखा के रूप मे चिह्न करना। अकित करना। २ स्याही मे डूबी हुई कलम से अक्षरो की आकृति बनाना। अक्षर अकित करना। लिपिबद्ध करना।

यौ०—लिखना पढ़ना। लिखापढ़ी। लिखालिखी = दे० 'लिखापढी'। उ०—लिखालिखी की है नहीं, देखा देखि की बात।—कबीर सा०, पृ०८५।

मुहा०—किसी के नाम लिखना = यह लिखना कि अमुक वस्तु किसी के जिम्मे है। जैसे,—१००) तुम्हारे नाम लिखे हैं। लिखना पढना = विद्योपार्जन करना। विद्या का अभ्यास करना। जैसे,—वह लडका कुछ लिखता पढता नही। लिखा पढ़ा = शिक्षित।

३. रंग से आकृति अकित करना। चित्रित करना। चित्र बनाना। तसवीर खीचना। जैसे,—चित्र लिखना। उ०—देखी चित्र लिखी सी ठाढी।—सुर (शब्द०)। ४ पुस्तक, लेख या काव्य आदि की रचना करना। जैसे,—यह पुस्तक किसकी लिखी है?

सयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

लिखनी†—सज्ञा स्त्री० [स० लेखनी] १ कलम। २ भाग्यलिपि। प्रारब्ध। होनी। ३ लिखन की क्रिया या भाव [को०]।

लिखवाई—सज्ञा स्त्री० [हि० लिखना] दे० लिखाई'।

लिखवाना—क्रि० स० [हि० लिखाना] दे० 'लिखाना'।

लिखवार, लिखहार(पु)—सज्ञा पु० [हि० लिखना] दे० 'लिखधार'।

लिखाई—सज्ञा स्त्री० [हि० लिखना] १ लेख। लिपि। २. लिखने का कार्य। ३ लिखने का ढग। लिखावट।

यौ०—लिखाई पढाई = विद्याभ्यास।

४ लिखने की मजदूरी।

लिखाना—क्रि० स० [सं० लिखन] अकित कराना। लिपिबद्ध कराना। दूसरे के द्वारा लिखने का काम कराना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

मुहा०—लिखाना पढाना = (१) शिक्षा देना। तालीम देना। (२) लेखबद्ध कराना।

लिखापढ़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना + पढना] १ पत्रव्यवहार। चिट्ठियो का आना जाना। परस्पर लेखो द्वारा व्यवहार होना। जैसे,—(क) लिखापढी करके उनसे यह बात तै कर लो। (ख) इसके बारे मे बहुत दिनो तक लिखापढी होती रही। २ किसी विषय को कागज पर लिखकर निश्चित या पक्का करना। जैसे,—पहले लिखापढी करके तब रुपए दीजिए।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लिखार†—सज्ञा पु० [हि० लिखना] १ दे० 'लिक्खाड'। २ दे० 'लिखवार'।

लिखारी†—सज्ञा स्त्री० [हि० लिखना] दे० 'लिखना'।

लिखावट—सज्ञा स्त्री० [हि० लिखना + आवट (प्रत्य०)] १ लिखे हुए अक्षर आदि। लेख। लिपि। जैसे,—तुम्हारी लिखावट तो किसी से पढी ही नही जाती। २ लिखने का ढंग। लेख-प्रणाली।

लिखास—सज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना + आस (प्रत्य०)] लिखने की उतावली। उ०—तब एक सज्जन ने मेरी लिखास और युग की धारणा की दूरी को इन शब्दो मे मुझे लिखा था—आदमी बडे भले हो।—हिम० (दो शब्द), पृ० ५।

लिखित'—वि० [स०] लिखा हुआ। लिपिबद्ध किया हुआ। अकित।

लिखित'—सज्ञा पुं० १ लिखी हुई बात। लेख।

विशेष—व्यवहार (मामले, मुकदमे) मे 'लिखित' चार प्रकार के प्रमाणो मे से एक है। साक्षियो मे भी एक लिखित' साक्षी होते है। अर्थी जिसे लाकर लिखा दे, वह लिखित साक्षी होगा। (मिताक्षरा)।

२ रचना, लेख या पुस्तक आदि। ३ लिखी हुई सनद। प्रमाण-पत्र। ४ एक स्मृतिकार ऋषि। ४ चित्र। तसवीर (को०)।

लिखितक—सज्ञा पु० [स० लिखित] एक प्रकार के प्राचीन चौखूँटे अक्षर जो खुतन (मध्य एशिया) मे पाए गए शिलालेखो मे मिलते हैं।

लिखितव्य—वि० [सं०] आलेखन के योग्य। लिखने योग्य [को०]।

लिखता—सज्ञा पुं० [सं० लिखितृ] चित्रकार। चितेरा [को०]।

लिखेरा सज्ञा पुं० [हिं० लिखना] लिखनेवाला। लेखक।

लिख्य—सज्ञा पु० [स०] दे० 'लिख्या' [को०]।

लिख्या - सज्ञा स्त्री० [स०] १ जूँ का अडा। लीख। १ एक परिमाण। विशेष दे० 'लिक्षा'।

लिंगवृत्ति—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्गवृत्ति] वह जो केवल बाहरी चिह्न या वेश बनाकर अपनी जीविका पैदा करता हो। आडबरी। ढकोसलेबाज।

लिंगशरीर—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्गशरीर] दे० 'लिंगदेह'।

लिंगशास्त्र—सज्ञा पुं० [स० लिङ्गशास्त्र] व्याकरण मे लिंगविवेचन का प्रकरण। लिंगानुशासन [को०]।

लिंगशोफ—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्गशोफ] शिश्नेंद्रिय का शोथ या सूजन [को०]।

लिंगस्थ—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्गस्थ] ब्रह्मचारी। (मनुस्मृति)।

लिंगांकित—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्गाङ्कित] एक शैव सप्रदाय। वि० 'लिंगायत'।

लिंगाख्य—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्गाख्य] सांख्य मतानुसार सृष्टि का एक उपभेद [को०]।

लिंगाग्र—सज्ञा दे० [सं० लिङ्गाग्य] शिश्नेंद्रिय का अगला भाग। मणि [को०]।

लिंगानुशासन—सज्ञा पुं० [स० लिङ्गानुशासन] लिंगविवेचन शास्त्र। लिंगशास्त्र (व्याकरण)।

लिंगायत—सज्ञा पुं० [स० लिङ्गायत] एक शैव सप्रदाय जिसका प्रचार दक्षिण में बहुत है।

विशेष—इस सप्रदाय के लोग शिव के अनन्य उपासक हैं और सोने या चाँदी के सपुट मे शिवलिंग रखकर बाहु या गले मे पहने रहते हैं। ये लोग 'जगम' भी कहलाते हैं। इनके आचार और संस्कार भी औरो से विलक्षण होते हैं।

लिंगार्चन—सज्ञा पु० [सं० लिङ्गार्चन] शिवलिंग का पूजन।

लिंगार्श—सज्ञा पुं० [स० लिङ्गार्शस्] जननेंद्रिय का एक रोग।

लिंगालिका—सज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गालिका] एक प्रकार का छोटा चूहा [को०]।

लिंगिक—सज्ञा पु० [सं० लिङ्गिक] लँगडापन [को०]।

लिंगिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० लिङ्गिनी] १ एक लता जिसे पँच गुरिया कहते हैं और जो वैद्यक मे कटु उष्ण दुर्गंधनाशक तथा रसायन कही गई है। २ धर्मध्वजी या आडबर करनेवाली स्त्री।

लिंगी[1]—वि० [स० लिङ्गिन्] १ चिह्नवाला। निशानवाला। २ किसी चिह्न को धारण करने का अधिकारी (को०)। ३ जिसका मन और काम समान हो। विचार और कार्य मे एक सा (को०)। ४ चिह्नित। अंकित (को०)। ५ सूक्ष्म शरीरी वा लिंगदेही (को०)। ६ बाहरी रूपरंग या वेश बनाकर काम निकालनेवाला। आडबरी। धर्मध्वजी।

लिंगी[2]—सज्ञा पुं० १ वर्गिलिंगी। ब्रह्मचारी। २ शिवलिंग का पूजक। ३ दंभी या छली व्यक्ति। ४ हाथी। ५ कारण। मूल। ६ परमात्मा। ७ एक शैव सप्रदाय [को०]।

लिंगेंद्रिय—सज्ञा पु० [सं० लिङ्गेन्द्रिय] पुरुषो की मूत्रेंद्रिय।

लिट—सज्ञा पुं० [अ०] तूतिए मे रँगा हुआ मुलायम कपडा या फलालीन जो घाव मे मरहम लगाकर इसलिये भर दी जाती है, जिसमे मुँह एकबारगी बद न हो जाय और मवाद न रुके।

लिटर, लिटल—सज्ञा पुं० [अ० लिटेल] लोहे की छडो का जाल बाँधकर, उनके बीच इकहरी ईंटो की जोडाई तथा सीमेंट की ढलाई से बनी छत आदि जिसमे नीचे धरन आदि की आवश्यकता नही पडती [को०]।

लिदु—वि० [स० लिन्दु] पिच्छिल। फिसलनवाली। जिसपर फिसलन हो [को०]।

लिप—सज्ञा पुं० [स० लिम्प] १ शिव का एक गण। २ लीपना। लेप करना [को०]।

लिपट—वि० सज्ञा पुं० [सं० लिम्पट] कामी। कामुक [को०]।

लिपाक—सज्ञा पुं० [स० लिम्पाक] १. एक प्रकार का नीबू। २ खर। गदहा।

लिपि—सज्ञा स्त्री० [सं० लिम्पि] दे० 'लिपि' [को०]।

लिफ—सज्ञा पुं० [अ०] शीतला का चेप जो टीका लगाने के काम मे आता है।

लिए—हिंदी का एक कारक चिह्न जो सप्रदान मे आता है, और जिस शब्द के आगे लगता है, उसके अर्थ या निमित्त किसी क्रिया का होना सूचित करता है। जैसे,—मैं तुम्हारे लिए आम लाया हूँ। यह चिह्न शब्द के सबध कारक रूप 'का' के साथ लगता है। जैसे,—उसके लिए। बहुत से लोग इसकी व्युत्पत्ति सस्कृत 'कृते' से बताते हैं, पर 'लग्न और 'लग' शब्द से इसका अधिक लगाव जान पडता है। पुरानी व्रजभाषा विशेषत अवधी में 'लगि' और 'लागे' रूप बराबर मिलते हैं यह प्राय 'लिये' भी लिखा जाता है।

लिकिन—सज्ञा पुं० [देश०] मटियाले रंग की एक बडी चिडिया जिसकी टाँगें हाथ हाथ भर की और गरदन एक बालिश्त की होती है।

लिकुच—सज्ञा पुं० [सं०] बडहर का पेड। लकुच। चुक्र।

लिक्खाड—सज्ञा पुं० [हिं० लिखना { हिं० लिक्ख + आड (प्रत्य०) }] बहुत लिखनेवाला। भारी लेखक। (व्यग्य या विनोद)।

लिक्विडेटर—सज्ञा पुं० [अ०] वह अफसर जो किसी कपनी या फर्म का कारबार उठाने, उसका ओर से मामला मुकदमा लडने या दूसरे आवश्यक कार्य करने के लिये नियुक्त किया जाता है।

लिक्विडेशन—सज्ञा पुं० [अ०] सम्मिलित पूँजी से चलनेवाली कपनी या फर्म का कारबार बद कर उसकी सपत्ति से लेहनदारो का देना निपटाना और बचा हुई रकम को हिस्सेदारो मे बाँट देना। जैसे,—वह कपनी लिक्विडेशन मे चली गई।

क्रि० प्र०—जाना।

लिक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ यूकाडं। जूँ का अडा। लीख। २ एक परिमाण जो कई प्रकार का कहा गया है, जैसे,—कही चार अणुओ की लिक्षा कही गई है, कही आठ बालाग्र की। (८ परमाणु = रज। ८ रज = बालाग्र)। ६ लिक्षा का एक सर्षप (सरसो या राई) माना गया है।

लिक्षिका—सज्ञा स्त्री० [स०] लीख। जूँ [को०]।

लिखत⑤†—संज्ञा पु० [स० लेख] भाग्य का लिखा। विधाता का लिखा। विधाता का लेख। भाग्य की बात। उ०—तजी है पीतम ने प्रीति मेरी, सखी ये लीला लिखत की है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ८५८।

लिखइ—संज्ञा पुं० [स०] लेखक [को०]।

लिखत—संज्ञा स्त्री० [स० लिखित] १ लिखी हुई बात। लेख। लिपिबद्ध विषय।

यौ०—लिखत पढत।

मुहा०—लिखत पढत होना = लिखा पढ़ी होना। लेख के रूप में पक्का होना।

२ लिखित पत्र। ३ दस्तावेज।

लिखधार⑤—संज्ञा पुं० [हिं० लिखना + धार (प्रत्य०)] लिखने-वाला। मुहर्रिर या मुंशी। उ०—साँचो सो लिखधार कहावै। काया ग्राम मसाहत करिकै जमा बाँधि ठहरावै।—सूर (शब्द०)

लिखन—संज्ञा स्त्री० [स०] १ लिपि या लेख। लिखावट। २ लिखित पत्र। दस्तावेज (को०)। ३ चित्राकन। चित्रकारी (को०)। ४ कर्म की रेखा। भाग्य में निश्चित बात।

लिखना—क्रि० स० [स० लिखन] १. किसी नुकीली वस्तु से रेखा के रूप में चिह्न करना। अंकित करना। २ स्याही में डूबी हुई कलम से अक्षरों की आकृति बनाना। अक्षर अंकित करना। लिपिबद्ध करना।

यौ०—लिखना पढ़ना। लिखापढ़ी। लिखालिखी = दे० 'लिखापढी'। उ०—लिखालिखी की है नहीं, देखा देखि की बात।—कबीर सा०, पृ०८५।

मुहा०—किसी के नाम लिखना = यह लिखना कि अमुक वस्तु किसी के जिम्मे है। जैसे,—१००) तुम्हारे नाम लिखे हैं। लिखना पढना = विद्योपार्जन करना। विद्या का अभ्यास करना। जैसे,—वह लड़का कुछ लिखता पढता नहीं। लिखा पढा = शिक्षित।

३. रंग से आकृति अंकित करना। चित्रित करना। चित्र बनाना। तसवीर खींचना। जैसे,—चित्र लिखना। उ०—देखी चित्र लिखी सी ठाढी।—सूर (शब्द०)। ४ पुस्तक, लेख या काव्य आदि की रचना करना। जैसे,—यह पुस्तक किसकी लिखी है?

सयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

लिखनी†—संज्ञा स्त्री० [स० लेखनी] १ कलम। २ भाग्यलिपि। प्रारब्ध। होनी। ३ लिखने की क्रिया या भाव [को०]।

लिखवाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना] दे० 'लिखाई'।

लिखवाना—क्रि० स० [हिं० लिखाना] दे० 'लिखाना'।

लिखवार, लिखवार⑤—संज्ञा पुं० [हिं० लिखना] दे० 'लिखधार'।

लिखाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना] १ लेख। लिपि। २. लिखने का कार्य। ३ लिखने का ढंग। लिखावट।

यौ०—लिखाई पढाई = विद्याभ्यास।

४ लिखने की मजदूरी।

लिखाना—क्रि० स० [सं० लिखन] अंकित कराना। लिपिबद्ध कराना। दूसरे के द्वारा लिखने का काम कराना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

मुहा०—लिखाना पढाना = (१) शिक्षा देना। तालीम देना। (२) लेखबद्ध कराना।

लिखापढी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना + पढना] १. पत्रव्यवहार। चिट्ठियों का आना जाना। परस्पर लेखों द्वारा व्यवहार होना। जैसे,—(क) लिखापढी करके उनसे यह बात तै कर लो। (ख) इसके बारे में बहुत दिनों तक लिखापढी होती रही। २ किसी विषय को कागज पर लिखकर निश्चित या पक्का करना। जैसे,—पहले लिखापढी करके तब रुपए दीजिए।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लिखार†—संज्ञा पुं० [हिं० लिखना] १ दे० 'लिखवाई'। २ दे० 'लिखधार'।

लिखारी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना] दे० 'लिखना'।

लिखावट—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना + आवट (प्रत्य०)] १ लिखे हुए अक्षर आदि। लेख। लिपि। जैसे,—तुम्हारी लिखावट तो किसी से पढ़ी ही नहीं जाती। २ लिखने का ढंग। लेख-प्रणाली।

लिखास—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिखना + आस (प्रत्य०)] लिखने की उतावली। उ०—तब एक सज्जन ने मेरी निस्सार और युग की धारणा की दूरी को इन शब्दों में समझे लिखा था—आदमी बड़े भले हो।—हिम० (दो शब्द), पृ० ५।

लिखित'—वि० [स०] लिखा हुआ। लिपिबद्ध किया हुआ। अंकित।

लिखित'—संज्ञा पु० १ लिखी हुई बात। लेख।

विशेष—व्यवहार (मामले, मुकदमे) में 'लिखित' चार प्रकार के प्रमाणों में से एक है। साक्षियों में भी एक लिखित साक्षी होते हैं। अर्थी जिसे लाकर लिखा दे, वह लिखित साक्षी होगा। (मिताक्षरा)।

२ रचना, लेख या पुस्तक आदि। ३ लिखी हुई सनद। प्रमाण-पत्र। ४ एक स्मृतिकार ऋषि। ४ चित्र। तसवीर (को०)।

लिखितक—संज्ञा पु० [सं० लिखित] एक प्रकार के प्राचीन चौड़े अक्षर जो खुतन (मध्य एशिया) में पाए गए शिलालेखों में मिलते हैं।

लिखितव्य—वि० [सं०] आलेखन के योग्य। लिखने योग्य [को०]।

लिखता—संज्ञा पुं० [सं० लिखितृ] चित्रकार। लिखेरा [को०]।

लिखेरा—संज्ञा पुं० [हिं० लिखना] लिखनेवाला। लेखक।

लिख्य—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लिक्षा' [को०]।

लिख्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जूँ का अंडा। लीख। २. एक परिमाण। विशेष दे० 'लिक्षा'।

लिगदी—संज्ञा स्त्री० [देश०] कमजोर छोटी घोड़ी।

लिगु—संज्ञा पुं० [सं०] १ मन। २ सूर्य। ३ मृग। ४ भूप्रदेश।

लिचेन—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जो पानी में होती है।

लिच्छवि, लिच्छिवि—संज्ञा पुं० [सं०] एक इतिहासप्रसिद्ध राजवंश जिसका राज्य किसी समय में नेपाल, मगध और कोशल में था।

विशेष—प्राचीन संस्कृत साहित्य में क्षत्रियों की इस शाखा का नाम 'निच्छवि' या 'निच्छिवि' मिलता है। पाली रूप 'लिच्छवि' है। मनुस्मृति के अनुसार लिच्छवि लोग व्रात्य क्षत्रिय थे। उसमें इनकी गणना झल्ल, मल्ल, नट, करण खश और द्रविड के साथ की गई है। ये 'लिच्छवि' लोग वैदिक धर्म के विरोधी थे। इनकी कई शाखाएँ दूर दूर तक फैली थीं। वैशालीवाला शाखा में जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी हुए और कोशल की शाक्य शाखा में गौतम बुद्ध प्रादुर्भूत हुए। किसी समय मिथिला से लेकर मगध और कोशल तक इस वंश का राज्य था। जिस प्रकार हिंदुओं के संस्कृत ग्रंथों में यह वंश हीन कहा गया है, उसी प्रकार बौद्धों और जैनों के पालि और प्राकृत ग्रंथों में यह वंश उच्च कहा गया है। गौतम बुद्ध के समसामयिक मगध के राजा बिंबसार ने वैशाली के लिच्छवि लोगों के यहाँ संबंध किया था। पीछे गुप्त सम्राट् ने भी लिच्छवि कन्या से विवाह किया था।

लिट्—वि० [सं०] लेहन करनेवाला। जैसे, मधुलिट् (समासांत में प्रयुक्त)।

लिटरेचर—संज्ञा पुं० [अं०] साहित्य। वाङ्मय। जैसे,—इंग्लिश लिटरेचर।

लिटरेरी—वि० [अं०] साहित्य संबंधी। साहित्यिक। जैसे,—लिटरेरी कानफरेंस।

लिटाना—क्रि० स० [हिं० लेटना] लेटने की क्रिया कराना। दूसरे को लेटने में प्रवृत्त कराना।

लिटोरा†—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'लिसोड़ा'।

लिट्टा—संज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० अल्पा० लिट्टी] मोटी रोटी जो बिना तवे के आग ही पर सेंकी जाय। अंगाकड़ा। बाटी।

लिठोर संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का नमकीन पकवान।

लिडार[1]†—संज्ञा पुं० [देश०] शृगाल। गीदड़।

लिडार[2]—वि० [देश०] डरपोक। कायर। बुजदिल। उ०—त्रिशुद्ध होइ शुद्ध को विरुद्ध बात ना कहौ। न बाचिहौ घर घुसे लिड़ार हान ना चहौ।—केशव (शब्द०)।

लिड़ौरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] अनाज के वे दाने जो पीटने के पीछे बाल में लगे रह जाते हैं। भुंडारी। दाबरी। पकूरी। चित्ती।

विशेष—यह शब्द रबी की फसल के लिये बोला जाता है।

लिप—संज्ञा पुं० [सं०] लेपन। लेप करना [को०]।

लिपटना—क्रि० अ० [सं० लिप्त] १ एक वस्तु का दूसरी को घेरकर उससे खूब सट जाना। किसी वस्तु से दृढ़तापूर्वक जा लगना। वेष्ठित करके संलग्न होना। चिमटना। जैसे,—साँप का पैर से लिपटना, बच्चे का माँ से लिपटना, लता का पेड़ से लिपटना।

संयो० क्रि०—जाना।

२ इस प्रकार लग जाना कि जल्दी न छूटे। चिपकना। ३ गले लगना। आलिंगन करना। जैसे,—वह उससे लिपटकर रोने लगा। ४ किसी काम में जी जान से लग जाना। तत्पर होकर प्रवृत्त होना। जैसे,—जिस काम में लिपटता है, उसे पूरा करके छोड़ता है। ५. दखल देना। हस्तक्षेप करना।

लिपटाना—क्रि० स० [हिं० लिपटना का स० रूप] १. एक वस्तु को दूसरी वस्तु से खूब सटाना। संलग्न करना। चिमटाना। २ किसी को हाथों में घेरकर अपने शरीर से खूब सटाना। आलिंगन करना। गले लगाना। उ०—कान्ह के काम्रा आँखी नाइ रही लपटाइ उमगलता गी।—पद्माकर (शब्द०)। ३. परचाना।

लिपड़ा[1]—संज्ञा पुं० [देश०] लुगदा। लपटा। (कबाड़ी)।

विशेष—कबाड़ी शीशा खरीदकर जब उसमें पारा से कलई माँजने का काम करते हैं, तब 'लिपड़', 'लिपड़ा' कहते हैं।

लिपड़ा[2]—वि० [हिं० लेप] लेई की तरह गीला और चिपचिपा।

लिपड़ी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिपना] लेई की तरह गीला और चिपचिपा पदार्थ। जैसे,—हलुआ पानी अधिक होने से लिपड़ी हो गया।

लिपड़ी[2]—संज्ञा स्त्री० [अं० चिरी] दे० 'लिचड़ी'।

लिपना—क्रि० अ० [सं० लिप्] १ किसी रंग या गीली वस्तु की पतली तह से ढक जाना। पोता जाना। जैसे,—सारा घर गोबर से लिप गया।

यौ०—लिपा पुता = स्वच्छ। साफ। झक।

२ रंग या गीली वस्तु का फैल जाना। जैसे,—हाथ पड़ने से कागज पर स्याही लिप गई।

संयो० क्रि०—जाना।

यौ०—लिपा पुता = जिसपर धब्बे आदि हों। बदरंग।

लिपवाना—क्रि० स० [हिं० लीपना] लीपने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को लीपने में प्रवृत्त करना।

लिपस्टिक—संज्ञा स्त्री० [अं०] ओठ रँगने की लाली। मोम इत्यादि में रंग मिलाकर बनी हुई एक वस्तु जिसे स्त्रियाँ ओठों पर रगड़कर उन्हें लाल करती हैं। उ०—उसमें से एक गुलाबी रंग की साड़ी में सुसज्जित, पौडर की चमक और लिपस्टिक की रंगीनी में सुशोभित रमणी तथा चार परदों से उतरकर भीतर प्रवेश किया।—संन्यासी, पृ० १३२।

लिपाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लिपना] १ किसी रंग या घुली हुई गीली वस्तु की तह फलाने की क्रिया या भाव। २ दीवार या जमीन पर घुली हुई मिट्टी या गोबर की तह फैलाना। लेवा। पोताई। ३ लीपने की मजदूरी।

लिपाना—क्रि० स० [हिं० लीपना] १ रंग या किसी गीली वस्तु की तह चढ़वाना। पुताना। २ दीवार या जमीन पर सफाई के लिये घुली हुई मिट्टी या गोबर की तह चढ़वाना। मिट्टी, गोबर आदि का लेप कराना। उ०—जागी महरि पुत्र मुख

देख्यो आनंद तूर बजायो हो। कचन कलस होय द्विज पूजा चदन भवन लिपायो हो।—(शब्द०)।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

लिपि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ अक्षर या वर्ण के अकित चिह्न। लिखावट। २ अक्षर लिखने की प्रणाली। वर्ण अकित करने की पद्धति। जैसे,—ब्राह्मी लिपि, खरोष्ठी लिपि, अरबी लिपि। ३ लिखे हुए अक्षर या बात। लेख। जैसे—भाग्यलिपि। उ०—जिनके भाल लिखी लिपि मेरी सुख की नही निसानी। —तुलसी (शब्द०)। ४. लेप। लेपन (को०)। ५. चित्रकारी। रेखाकन (को०)। ६ बाह्य आकृति। गढन (को०)।

लिपिक—सज्ञा पुं० [सं०] लेखक। कर्णिक। क्लार्क (को०)।

लिपिकर—सज्ञा पुं० [सं०] १ लेखक। लिखनेवाला। २. रँगाई पुताई का काम करनेवाला (को०)। ३ उत्कीर्ण। करनेवाला। नक्काश (को०)।

लिपिकर्म—सज्ञा पुं० [स० लिपिकर्मन्] अकन। लिखाई। चित्रकारी (को०)।

लिपिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] लिपि। लिखावट। दे० 'लिपि'।

लिपिकार—सज्ञा पुं० [सं०] लिखनेवाला। लेखक। दे० 'लिपिकर'।

लिपिज्ञ—वि० [सं०] जो लिख सकता हो। लिपि का जानकार (को०)।

लिपिज्ञान—सज्ञा पुं० [स०] लिखने की कला (को०)।

लिपिन्यास—सज्ञा पुं० [सं०] लेखनकला अथवा लिखने की क्रिया (को०)।

लिपिफलक—सज्ञा पुं० [सं०] पत्थर, तख्ती, धातुपत्र आदि जिनपर अक्षर खोदे जायँ।

लिपिबद्ध—वि० [सं०] लिखा हुआ। लिखित।

लिपिशाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह शाला जहाँ लिखना सिखाया जाता हो। लेखन विद्यालय।

लिपिशास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] विभिन्न लिपियो के लिखने की विद्या।

लिपिसनाह—सज्ञा पु० [सं० लिपिसन्नाह] मणिबध या कलाई पर पहनने का एक पट्टा (को०)।

लिपिसज्जा—सज्ञा स्त्री० [स०] लिखने का उपकरण। लिखने का सामान (को०)।

लिप्त—वि० [स०] १ जिसपर किसी गीली वस्तु (जैसे,—घुली मिट्टी, चंदन आदि) की तह चढा हो। जिसपर लेप किया गया हो। लिपा हुआ। पुता हुआ। चर्चित। २ जो लीपा गया हो। जिसकी पतली तह चढी हो। ३. गाढ़ा लगा हुआ। खूब सलग्न। ४ खूब तत्पर। लीन। अनुरक्त। फँसा हुआ। जैसे,—विषय भोग मे लिप्त। ५ जहरीला किया हुआ। विपाक्त किया हुआ। जैसे,—बाण का फल (को०)। ६ खाया हुआ। भक्षित (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लिप्तक—सज्ञा पुं० [स०] विष में बुझाया हुआ तीर। जहरीला तीर (को०)।

लिप्तवासित—वि० [सं०] सिक्त और सुवासित (को०)।

लिप्तहस्त—वि० [स०] किसी वस्तु मे लिपटे या रँगे हुए हाथोवाला (को०)।

लिप्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] ज्योतिष के अनुसार काल का एक मान जो एक मिनट के बराबर होता है।

लिप्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] लेप। लेपन (को०)।

लिप्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लिप्ता' (को०)।

लिप्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्राप्ति की कामना। लालच। लोभ। २. चाह। इच्छा। आकाक्षा।

लिप्सित—वि० [सं०] इच्छित। अभिलषित। आकाक्षित (को०)।

लिप्सितव्य—वि० [स०] प्राप्त करने के योग्य। अभिलषणीय। जो प्राप्त करने योग्य हो (को०)।

लिप्सु—सज्ञा पुं० [सं०] लाभ की इच्छा रखनेवाला। लोलुप। लोभी। लालची। जैसे,—यशोलिप्सु।

लिफाफ—सज्ञा पुं० [अ० लिफाफ] शव का आच्छादन। कफन (को०)।

लिफाफा—सज्ञा पुं० [अ० लिफाफ़ह्] १. कागज की बनी हुई चौकोर खोली या थैली जिसके अदर चिट्ठी या कागजपत्र रखकर भेजे जाते है। जैसे,—लिफाफे मे बद करके चिट्ठी डाल देना।

मुहा०—लिफाफा खुल जाना = भेद खुल जाना। छिपी हुई बात का प्रकट हो जाना।

२ ऊपरी आच्छादन। सजावट की पोशाक। दिखावटी कपडे लत्ते। जैसे,—आज तो खूब लिफाफा बदलकर निकले हो।

मुहा०—लिफाफा बदलना = भडकदार कपडे पहनना।

३ ऊपरी आडबर। झूठी तडक भडक। मुलम्मा। कलई।

मुहा०—लिफाफा खुल जाना = असली रूप प्रकट हो जाना। लिफाफा बनाना = (१) ठाठ बाट बनाना। (२) आडबर करना। ढकोसला रचना।

४ खाल। थैला (को०)। ५ शवाच्छादन वस्त्र। कफन (को०)। ६ जल्दी नष्ट हो जानेवाली वस्तु। दिखाऊ चीज। काजू भोजू चीज।

लिफाफिया—वि० [अ० लिफ़ाफा + इया (प्रत्य०)] तडक भडक वाला। दिखाऊ। कमजोर। निस्तत्व।

लिबड़ना[1]—क्रि० अ० [देश०] सन जाना। लथपथ होना। लिभडना।

लिबड़ना[2]—क्रि० स० दे० 'लिभडना'।

लिबड़ी—सज्ञा स्त्री० [अ० लिवरी, तुल० हिं० लुगडी] कपडा लत्ता।

यौ०—लिबडी बरताना या बारदाना = निर्वाह का सामान। असबाब। जैसे,—अपना लिबडी बरताना उठाओ, और चल दो।

लिबरल[1]—वि० [अ०] उदार नीतिवाला।

लिबरल[2]—सज्ञा पुं० १ इगलैंड का एक राजनीतिक दल जिसकी नीति अधीनस्थ देशो की व्यवस्था के सबंध मे तथा अन्य राज्यो के

साथ व्यवहार करने मे उदार कही जाती है। २ (स्वतंत्रता-प्राप्ति के पूर्व का) भारत का एक राजनीतिक दल जो बहुत ही सौम्य उपायो से अपने देश को स्वतंत्र कराना चाहता था।

लिबास—संज्ञा पुं० [अ०] पहनने का कपड़ा। आच्छादन। पहनावा। पोशाक। उ०—तुमने यह कुसुम विहग लिबास, क्या अपने सुख से स्वयं बुना ?—युगांत, पृ० ५०।

लिबिकर—संज्ञा पुं० [सं० लिबिङ्कर] प्रतिलिपि करनेवाला। लेखक (को०)।

लिबि—संज्ञा स्त्री० [सं०] लिपि। लिखावट।

लिभड़ना'—क्रि० अ० [हिं० लिबड़ना] दे० 'लिबड़ना'। उ०—अपनी छाती पर कत्था चूने से लिभड़ी हुई उँगलियों का छापा लिए हुए पावे पान के शौकीनों को फिर भी घूर रहे थे।—नई०, पृ० ६६।

लिभड़ना'—क्रि० स० लथपथ करना। इधर उधर लेप देना। सान देना।

लिमुवा—संज्ञा पुं० [हिं० नीबू, निबुआ] नीबू। उ०—गोई के अँगना म एक पेड़ लिमुवा, ओ मारे दाई पछा करत हँय बसेर।—शुक्ल० अभि० ग्र० (साहित्य), पृ० १४३।

लियाकत—संज्ञा स्त्री० [अ० लियाकत] १ योग्यता। पात्रता। काबिलियत। २ गुण। हुनर। ३ सामर्थ्य। समाई। हौसला। ४ शील। शिष्टता। भद्रता।

लियानत—संज्ञा स्त्री० [अ० लियामत, या लअनत, ला'नत] दे० 'लानत'। उ०—बड़ा काम फरमा जो मुजकूँ सजे, है इस काम ते भोत लियानत मुजे।—दक्खिनी०, पृ० २८६।

लिलाट—संज्ञा पुं० [सं० ललाट] दे० 'ललाट'। उ०—जीउ काढि भुंइ धरौं ,लिलाटू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २८५।

लिलाना—क्रि० अ० [हिं०] अनुरोध करना। रिरिया कर बात करना। खीस निकालना। उ०—लाभ कवन पैहो इत आइ। तहँ विधि वस्तु लिलाइ लिलाइ।—नंद० ग्र०, पृ० २७३।

लिलाम—संज्ञा पुं० [पुर्त० लीलाम] दे० 'नीलाम'। उ०—किसी भाई का लिलाम पर चढ़ा हुआ बैल लेने मे जो पाप है, वही इस समय तुम्हारी गाय लेने में है।—गोदान, पृ० १०।

लिलार—संज्ञा पुं० [सं० ललाट] १ भाल। माथा। मस्तक। उ०—लेखनि लिलार की परेखनि मुरति है।—घनानंद, पृ० २३। २ कूएँ का वह सिरा जहाँ मोट का पानी उलटते हैं।

लिलारी—संज्ञा पुं० [हिं० नील, लील + कार] नीलगर। रँगरेज।

लिलाही—संज्ञा पुं० [देश०] हाथ का बटा हुआ देशी सूत।

लिलोही—वि० [सं० लल (= चाह करना)] लालची। अति लोभी। उ०—बूझिबे की जक लागी है कान्हहि केशव कैं रुचि रूप लिलोही।—केशव (शब्द०)।

लिव—संज्ञा स्त्री० [हिं०] लगन। लौ।

लिवर—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'लीवर' (को०)।

लिवाना'—क्रि० स० [हिं० लेना का प्रेर० रूप] १ लेने का काम दूसरे से कराना। ग्रहण कराना। थमाना। पहुँचाना। उ०—सूरदास भीम परनिंदा जानि त्रिभाऊ पैज करी।—सूर (शब्द०)।

लिवाना'—क्रि० स० [हिं० जाना का प्रेर० रूप] जाने का काम दूसरे से कराना। जैसे,—कहार से मजदूर ले लिवा जाना।

विशेष—इस क्रि० का प्रयोग सदा अन्य क्रिया 'जाना' के साथ होता है।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—लिवा जाना = साथ ले जाना।

लिवाल—संज्ञा पुं० [हिं० लेना + वाला] खरीदनेवाला। बिक्री का।

लिवि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लिपि' (को०)।

लिवैया'—संज्ञा पुं० [हिं० लेना] लेनेवाला।

लिवैया'—संज्ञा पुं० [हिं० जाना] जानेवाला।

लिष्ट—वि० [सं०] जघन्यप्राप्त। मलिन (को०)।

लिष्व—संज्ञा पुं० [सं०] नर्तक। नचनेवाला।

लिसान—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ जिह्वा। रसना। जीभ। २ भाषा। बोली। जबान (को०)।

लिसोड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० लस (= चिपचिपाहट)] बहुत ऊँचे का एक पेड़।

विशेष—इसके पत्ते कुछ गोलाई लिए होते हैं। इसके फल छोटे बेर के बराबर होते हैं और गुच्छों मे लगते हैं। पकने पर इसमे लसदार गूदा हो जाता है, जो गोंद की तरह चिपकता है। यह गूदा हकीम लोग दवा मे देते हैं। पत्ते बीड़ी (तंबाकू की) के जलाने इत्यादि के काम मे आते हैं। छाल के रस्से बटे जाते हैं। अंदर की लकड़ी मजबूत होती है और किसी तथा खेती के सामान बनाने के काम की होती है। इसके फूलों की तरकारी और कच्चे फल के अचार भी बनाते हैं। इसे 'लसोरा' और 'बिहोरा' भी कहते हैं।

पर्या०—श्लेष्मातक। भूरिबुंदार।

लिस्ट—संज्ञा स्त्री० [अ०] फेहरिस्त। तालिका। फर्द।

लिह'—संज्ञा पुं० [सं०] चाटना।

लिह'—वि० चाटनेवाला। जैसे,—मधुलिह।

लिह'—वि० [सं० लेह्य] वह व्यंजन जिसका स्वाद जीभ के द्वारा हो। उ०—चारि प्रकार विविध भुक्तजन। भक्ष्य, भोज्य, चुस्य, लिह, मारजन।—नंद० ग्र०, पृ० ३०२।

लिहा—संज्ञा स्त्री० [अ०] बकरी। छाल। बकला।

लिहाज—संज्ञा स्त्री० [अ० लिहाज़] १ व्यवहार या बरताव से किसी बात का ध्यान। कोई काम करते हुए उसके संबंध मे किसी बात का ध्यान। जैसे,—(क) उसकी तंदुरुस्ती के लिहाज से मैंने उसे हलका काम दिया। (ख) दया मे मैंने खासी का लिहाज भी रखा है।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।

२. कृपापूर्वक किसी बात का ध्यान। मेहरबानी का खयाल। कृपा-

दृष्टि ३ किसी को कोई बात अप्रिय या दुखदायी न हो, इस बात का खयाल। मुरव्वत। मुलाहजा। शील सकोच। जैसे,—काम बिगडने पर वह कुछ भी लिहाज न करेगा। ४ पक्षपात। तरफदारी। ५ बडो के सामने ढिठाई आदि न प्रकट हो, इस बात का ध्यान। समान या मर्यादा का ध्यान। अदब का खयाल। जैसे,—बडो का लिहाज रखा करो। ६ लज्जा। शर्म। हया।

क्रि० प्र०—आना।—करना।—रखना।

मुहा० लिहाज उठना या टूटना = लिहाज न रहना। मर्यादा, समान आदि का ध्यान न रहना। उ०—अब लिहाज टूट गया। शर्म मजिलो दूर है।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १४८।

लिहाजा—अव्य० [अ० लिहाजा] अत। अतएव। इसलिये।

लिहाड़ा—वि० [देश०] १ नीच। बदहयात। गिरा। २ खराब। निकम्मा।

लिहाड़ी†'—सज्ञा स्त्री० [देश०] उपहास। विडबना। निंदा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—लिहाडी लेना = (१) उपहास करना। ठट्ठा करना। बनाना। (२) निंदा करना।

लिहाड़ीⓊ'—वि० [हिं० लेना ?] लेनेवाला। उच्चारण करनेवाला। उ०—चाके कुल मे भक्त मम नाम लिहाडी होय। एक एक शत आपनी पीढ़ी तारत सोय।—(शब्द०)।

लिहाफ—सज्ञा पुं० [अ० लिहाफ] १ रात को सोते समय ओढने का रुईदार कपडा। भारी रजाई। †२ मोटा चदरा। ३ झूल (हाथी या घोडे की)।

लिहितⓊ—वि० [स० लिह] चाटता हुआ। उ०—उन्नत कध कटि खीन विशद भुज अग अग प्रति सुखदाई। सुभग कपोल नासिका, नैन छवि अलक लिहित घृत पाई।—सूर (शब्द०)।

लीक'—सज्ञा स्त्री० [स० लिख्] १ लंबा चला गया चिह्न। लकीर। रेखा।

क्रि० प्र०—खीचना।

मुहा०—लीक करके = दे० 'लीक खीचकर'। उ०—आगम निगम पुरान कहत करि लीक।—तुलसी (शब्द०)। लीक खीचना = (१) किसी बात का अटल और दृढ होना। इस प्रकार स्थिर किया जाना कि न टले। (२) मर्यादा बंधना। व्यवहार का प्रतिबध या नियम स्थापित होना। हद या कायदा मुकर्रर होना। (३) साख बंधना। प्रतिष्ठा स्थिर होना। उ०—हरि चरनारविंद तजि लागत अनत कहूँ तिनकी माति काँची। सूरदास भगवत भजत जे तिनकी लोक चहूँ दिसि खाँची।—सूर (शब्द०)। लीक खीचकर = इस बात की दृढ प्रतिज्ञा करके कि ऐसा ही होगा। निश्चयपूर्वक। जोर देकर। उ०—सूर श्याम तेरे बस राधा, कहति लीक मैं खाँची।—सूर (शब्द०)।

२. गहरी पडी हुई लकीर। ३. गाडी के पहिए से पड़ी हुई लकीर। उ०—लीक लीक गाडी चलै लीकै चलै कपूत।—(शब्द०)। ४ चलने चलते बना हुआ रास्ते का निशान। ढुर्री। जैसे,—यही लीक पकडे सीधे चले जाओ।

मुहा०—लीक पकडना = ढुर्रो पर चलना। पगडडी पर होना। लीक पीटना = पुराने निकले हुए रास्ते पर चलना। चली आती हुई प्रथा का ही अनुसरण करना। बँधी हुई रीति या प्रणाली पर ही चलना। लीक लीक चलना = दे० 'लीक पीटना'।

५ महत्व या प्रतिष्ठा। मर्यादा। नाम। यश। उ०—दपति धरम आचरन नीका। अजहु गाव श्रुति जिन्हकै लीका।—तुलसी (शब्द०)। ६ बँधी हुई मर्यादा। लोकव्यवहार की बँधा हुई सीमा या व्यवस्था। लोकनियम। उ०—नँदनदन के नेह मेह जिन लोक लीक लापा।—सूर (शब्द०)। ७ बँधा हुई विधि। रीति। प्रथा। चाल। दस्तूर। ८ हद। प्रतिबध। ९ कलक की रेखा। धब्बा। बदनामी। लाछन। उ०—तिहि देखत मेरो पट काढत लोक लगा तुम काज।—सूर (शब्द०)। १० गिनती के लिये लगाया हुआ चिह्न। गिनती। गणना। उ०—बारिदनाद जठ सुत तासू। भट महँ प्रथम लीक जग जासू।—तुलसी (शब्द०)।

लीक'—सज्ञा स्त्री० [देश०] मटियाले रग की एक चिडिया जो बत्तख से कुछ छोटी होती है। २ दे० 'लोख'।

लीक्का—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लिक्षा' [को०]।

लीख—सज्ञा स्त्री० [स० लिक्षा] १ जूँ का अडा। २ लिक्षा नामक परिमाण।

लीग—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ सघ। सभा। समाज। जैसे,—मुसलिम लीग। लीग आफ नेशन्स। २ एक नाप वा दूरी जो जल पर साढे तीन और स्थल पर तीन मील की होती है (को०)।

लीगल रिमेंबरेंसर—सज्ञा पुं० [अ०] वह अफसर जो सरकार के कानूनी कागजपत्र रखता है और कानूनी सलाह देता है।

विशेष—अंग्रेजी शासन मे कलकत्ता, बबई और युक्त प्रदेश (उत्तर प्रदेश) मे लीगल रिमेंबरेंसर होते रहे हैं जो प्राय सिविलियन होते थे। इनका दर्जा ऐडवोकेट जनरल के बाद है। इनका काम सरकारी मामले मुकदमो के कागजपत्र रखना और तैयार करना है और सरकार को कानूनी सलाह देना है।

लीचड़—वि० [देश०] १ सुस्त। काहिल। निकम्मा। २ जल्दी न छोडनेवाला। चिमटनेवाला। ३ जिसका लेन देन ठीक न हो।

लीचरⓊ—वि० [देश०] चिमटनेवाला। जल्दी न छोडनेवाला। दे० 'लीचड'। उ०—बाहुक सुबाहु नीच लीचर मरीच मिलि मुँह पीर केतुजा कुरोग जातुधान ह।—तुलसी (शब्द०)।

लीची—सज्ञा स्त्री० [चीनी लीचू, लूचू] एक सदाबहार पेड और उसका फल जो खाने मे बहुत मीठा होता है।

विशेष—इसकी पत्तिया छोटी छोटी होती हैं, फल गुच्छो मे लगते और देखने में बहुत सुदर होते हैं। छिलके के ऊपर कटावदार

दाने से उभरे होते हैं। गूदा सफेद खोली की तरह बीज से चिपका रहता है, पर बहुत जल्दी छूटकर अलग हो जाता है। यह पेड चीन से आया है और बंगाल तथा बिहार में अधिक होता है।

लीज संज्ञा पुं० [अ० लीज़] दे० 'लीस'।

लीझी[1] संज्ञा स्त्री० [देश०] १ देह मे मले हुए उबटन के साथ छूटी हुई मैल की बत्ती। २ वह गूदा या रेशा जिसका रस चूस या निचोड लिया गया हो। मीठी।

लीझी[2]—वि० १ नीरस। निस्सार। २ निकम्मा। उ०—श्री रघुराज कहे कह रीझी भई तनु लीझी अजौं दशा एती।—रघुराज (शब्द०)।

लीडर—संज्ञा पुं० [अ०] अगुआ। मुखिया। नेता। २ अग्रलेख। किसी समाचारपत्र मे संपादक का लिखा हुआ प्रधान या मुख्य लेख। संपादकीय अग्रलेख। जैसे,—संपादक महोदय ने इस विषय पर जोरदार लीडर लिखा है। ३ किसी कथन की असमाप्ति आदि का बोधक एक टाइप जिसमे तीन बिंदियां रहती है। (मुद्रण)।

लीडर आफ दी हाउस—संज्ञा पुं० [अ०] पार्लमेंट या व्यवस्थापिका सभा का मुखिया जो प्रधान मंत्री या मंत्रिमंडल का बडा सदस्य, विशेषकर स्वराष्ट्र सदस्य, होता है और जिसका काम विरोधी पक्ष का उत्तर देना और सरकारी कामों का समर्थन करना होता है। प्रांतीय शासन मे यही मुख्य मंत्री होता है।

लीडिंग आर्टिकल—संज्ञा पुं० [अ०] किसी समाचारपत्र मे संपादक का लिखा हुआ प्रधान या मुख्य लेख। संपादकीय अग्रलेख। जैसे,—इस पत्र के लीडिंग आर्टिकल बहुत गवेषणापूर्ण होते है।

लीढ—वि० [सं०] चाटा हुआ। आस्वादित (को०)।

लीथो—संज्ञा पुं० [अ० लीथो (= पत्थर)] पत्थर का छापा, जिसपर हाथ से लिखकर अक्षर या चित्र छापे जाते है।

लीथोग्राफ—संज्ञा पुं० [अ० लीथोग्राफ] दे० 'लीथो'।

लीथोग्राफर—संज्ञा पुं० [अ० लीथोग्राफ] वह जो लीथोग्राफी का काम करता हो। लीथो का काम करनेवाला।

लीथोग्राफी—संज्ञा स्त्री० [अ० लीथोग्राफ़ी] लीथो को छपाई मे एक विशेष प्रकार के पत्थर पर हाथ से अक्षर लिखने और खींचने की कला।

लीद—संज्ञा स्त्री० [देश०। तुल० सं० लेण्ड (लेंड)] घोडे, गधे, ऊंट और हाथी आदि पशुओं का मल। घोडे आदि का पुरीष।

मुहा० —लीद करना = घोडे आदि का मलत्याग करना।

लीन—वि० [सं०] १ लय को प्राप्त। जो किसी वस्तु मे समा गया हो। २ तन्मय। मग्न। डूबा हुआ। ३ बिलकुल लगा हुआ। तत्पर। जैसे,—कार्य मे लीन होना। ४ ख्याल में डूबा हुआ। ध्यानमग्न। अनुरक्त। उ०—प्रीति ही चतुर सुजान जानमनि वा छवि पै भइ मैं लीना।—सूर (शब्द०)। ५ किसी के सहारे टिका हुआ (को०)। ६ लुप्त। छिपा हुआ (को०)। ७ अपने रूप का त्याग करके मिला हुआ। घुला हुआ। जैसे, जल मे नमक (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लीनता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ तन्मयता। तत्परता। २ ऐसा संकुचित होकर रहना जिसमे किसी को दुःख न पहुँचे। (जैन)।

लीनो टाइप मशीन—संज्ञा स्त्री० [अ०] एक प्रकार की कल या यंत्र जिसमे अक्षरों की कंपोज होने के समय लाइन की लाइन ढलकर निकलती है।

विशेष—राजकीय छिंदवाड़ा मे बड़े बड़े अंगरेजी अखबार इसी मशीन से कंपोज होते है।

लीपना—क्रि० स० [सं० √लिप् > लेपन] १ घुले हुए रंग, मिट्टी, गोबर या और किसी गीली वस्तु को पतली तह चढाना। पोतना। २ सफाई के लिये जमीन या दीवार पर घुली हुई मिट्टी या गोबर फेरना। पोतना।

यौ०—लीपना पोतना = सफाई करना।

मुहा०—लीप पोतकर बराबर करना = किसी काम को बिगाडना। चोट करना। चौका लगाना। सत्यानाश करना।

लीफ्लेट—संज्ञा पुं० [अ० लीफ्लेट] पुस्तिका। पर्चा।

लीबर, लीबर—संज्ञा पुं० [देश० लिबडना, लिबटना] कीचड। गंदगी। पंक।

लीम—संज्ञा पुं० [देश०] १ एक प्रकार का चीड का पेड जिसमे से तारपीन या अलकतरा निकलता है। २ एक प्रकार की चिडिया।

लीमू—संज्ञा पुं० [फा०] नीबू (को०)।

लीर[1]—संज्ञा स्त्री० [देश०] कपडे की धज्जी। चीर (को०)।

यौ०—लीर कपीर = कपडे की चीर या धज्जी।

लील[1]—†—संज्ञा पुं० [सं० नील] नील।

लील[2]—वि० नीला। नीलवर्ण का। नीले रंग का। उ०—नीलाबुज तनु लील वसन मणि चितवत जात धूम के भार।—सूर (शब्द०)।

लीलकंठ[1]—संज्ञा पुं० [सं० नीलकण्ठ] दे० 'नीलकंठ'।

लीलक[1]—संज्ञा पुं० [हिं० लाल] वह हरा चमडा जो जूतों की नोक पर लगाया जाता है।

लीलक[2]—वि० नीला।

लीलगऊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० नील + गऊ] नील गाय।

लीलगर—संज्ञा पुं० [हिं० नील + गर] रंगसाज। नीलगर। रंगरेज।

लीलना—क्रि० सं० [सं० गिलन या लीन] गले के नीचे पेट मे उतारना। मुंह में लेकर पेट मे डालना। निगलना। खा जाना। उ०—(क) बालधी विसाल विकराल ज्वालमाल मानो लंक लीलिबे को काल रसना पसारी है।—तुलसी (शब्द०)। (ख) बाच गए सुरसा मिली और सिंहिका नारि। लील लिया हनुमंत तेहि, चढे उदर कहँ फारि।—केशव (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना।—लेना।

लीलया—क्रि० वि० [सं०] १ खेल में। २ सहज मे ही। बिना प्रयास।

लीलयैव—क्रि० वि० [सं० लीलया + एव] खेल मे ही। सहज मे ही।

उ०—राचमद्र कटि सो पट बाँध्यो। लीलयैव हर को धनु साध्यो।—केशव (शब्द०)।

लीलहि—क्रि० वि० [हिं० लीला] खेल खेल मे। बिना प्रयास के। सहज मे। उ०—(क) अति उतग गिरि पादप लीलहिं लेहिं उठाइ।—मानस, ६।१। (ख) अति उतग गरु सैलगन लीलहिं लेहिं उठाइ।—तुलसी (शब्द०)।

लीलाग—वि० [सं० लीलाङ्ग] सुंदर अंगोवाला [को०]।

लीलांचित—वि० [स० लीलाञ्चित] रम्य। सुंदर [को०]।

लीलाबुज—सज्ञा पुं० [स० लीलाम्बुज] दे० 'लीलाकमल' [को०]।

लीला[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह व्यापार जो चित्त की उमग से केवल मनोरजन के लिये किया जाय। केलि। क्रीडा। खेल। जैसे,—बाललीला। २ शृगार की उमंगभरी चेष्टा। प्रेम का खेलवाड। प्रेमविनोद। ३ नायिकाओ का एक हाव जिसमे वे प्रिय के वेश, गति, वाणी आदि का अनुकरण करती हैं। ४ सौंदर्य। सुदरता। (को०)। ५ रहस्यपूर्ण व्यापार। विचित्र काम। जैसे,—यह ईश्वर की लीला है जो ऐसे स्थान मे ऐसा सुदर पेड होता है। ६ मनुष्यो के मनोरजन के लिये किए हुए ईश्वरावतारो का अभिनय। चरित्र। जैसे,—रामलीला, कृष्ण लीला। ७ बारह मात्राओ का एक छद जिसके अत मे एक जगण होता है। ८ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे भगण, नगण और एक गुरु होता है। ९ चौबीस मात्राओ का एक छद जिसमें ७+७+७+३ के विराम से २४ मात्राएँ और अत मे सगण होता है।

लीला[2]—सज्ञा पुं० [स० नील] १ स्याह रग का घोडा। उ०—लीले, सुरग, कुमैत श्याम तेहि परदे मद मन रग।—(शब्द०)। २ गोदना।

लीला[3]—वि० नीला। उ०—कटि लहँगा लीलो बन्यो धौं को जो देखि न मोहे।—सूर (शब्द०)।

लीलाकमल—सज्ञा पु० [स०] कमल का फूल जिसे क्रीडा के लिये हाथ मे लिए हो।

लीलाकलह—सज्ञा पुं० [स०] प्रणयकलह। प्यार की लडाई [को०]।

लीलागृह—सज्ञा पुं० [स०] क्रीडागृह। आमोदभवन। प्रमोदभवन [को०]।

लीलाचतुर—वि० [स०] क्रीडाकुशल। सुदर [को०]।

लीलातनु—सज्ञा पुं० [स०] खेलवाड के लिये धारण किया हुआ रूप [को०]।

लीलातामरस—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'लीलाकमल' [को०]।

लीलादग्ध—वि० [सं०] बिना प्रयास के जला हुआ। सहज ही जला हुआ [को०]।

लीलानटन—सज्ञा पुं० [स०] आनद मात्र के लिये किया जानेवाला नृत्य [को०]।

लीलानृत्य—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लीलानटन' [को०]।

लीलापुरुषोत्तम—सज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण।

विशेष—राम और कृष्ण इन दो प्रधान अवतारो मे राम मर्यादा-पुरुषोत्तम कहलाते हैं और कृष्ण लीलापुरुषोत्तम।

लीलाब्ज—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लीलाकमल' [को०]।

लीलाभरण—सज्ञा पुं० [स०] केवल लीला वा शौक के लिये पहना हुआ गहना [को०]।

लीलामनुष्य—सज्ञा पुं० [स०] छद्ममानव। नकली आदमी [को०]।

लीलामय—वि० [स०] क्रीडा के भाव से भरा हुआ। क्रीडायुक्त।

लीलामात्र—सज्ञा पुं० [सं०] खेल कूद। केवल खेलवाड (को०)।

लीलायित—सज्ञा पुं० [स०] १ क्रीडाविनोद। आमोद प्रमोद। २ कार्य जो सहजसाध्य हो [को०]।

लीलारति—सज्ञा स्त्री० [स०] आमोद प्रमोद। मनबहलाव [को०]।

लीलारविद—सज्ञा पुं० [स० लीलारविन्द] दे० 'लीलाकमल' [को०]।

लीलावज्र—सज्ञा पु० [स०] इद्र के वज्र के समान एक शस्त्र [को०]।

लीलावती[1]—वि० स्त्री० [स०] क्रीडा करनेवाली। विलासवती।

लीलावती[2]—सज्ञा स्त्री० १ प्रसिद्ध ज्योतिर्विद भास्कराचार्य की पत्नी का नाम जिसने लीलावती नाम की गणित की एक पुस्तक बनाई थी। पीछे भास्कराचार्य ने भी इस नाम की एक गणित का पुस्तक बनाई। २ सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं। यह रागिनी ललित, जयतश्री और देशकार से मिलकर बनी कही गई है। कोई कोई इसे दीपक राग की पुत्रवधू कहते हैं। ३ एक छद जिसके प्रत्येक चरण मे १०,८ और १४ के विराम से ३२ मात्राएँ होती हैं और अत मे एक जगण होता है। ४ दुर्गा का एक नाम (को०)। ५ सुंदरी स्त्री। सौदर्यशील महिला (को०)। ६ कामुकी या विलासप्रिय औरत (को०)। ७ मय दानव की पत्नी का नाम (को०)।

लीलावान्—वि० [सं० लीलावत्] १ क्रीडापूर्ण। २ सुदर। रमणीय [को०]।

लीलावापी—सज्ञा स्त्री० [स०] जलविहार के लिये निर्मित बावली [को०]।

लीलावेश्म—सज्ञा पुं० [स०] लीलागृह। आमोदगृह [को०]।

लीलाशुक—सज्ञा पुं० [सं०] पालतू तोता [को०]।

लीलासाध्य—वि० [सं०] सहज ही होनेवाला। बिना प्रयास किया जानेवाला [को०]।

लीलास्थल—सज्ञा पुं० [सं०] क्रीडा करने का स्थान।

लीली—वि० स्त्री० [सं० नील] नीले रग की। नीली। उ०—बदन शिरताटक गंड पर रतन जटित मणि लीली।—सूर (शब्द०)।

लीलोद्यान—सज्ञा पुं० [सं०] १ नदवन। नदनवन। २. क्रीडा वा खेलकूद का उपवन। आमोद प्रमोद करने का बाग [को०]।

लीव—सज्ञा स्त्री० [अ०] छुट्टी। अवकाश। जैसे,—प्रिविलेज लीव। फरलो लीव।

लीवर—सज्ञा पुं० [अ० लिवर] १ यकृत। जिगर। विशेष दे० 'यकृत'। २. किसी भारी वस्तु को सरलता से उठाने का यत्र

(को०)। ३ किसी मशीन, ताले या घड़ी आदि मे लगा वह पुरजा जो किसी दूसरे पुरजे को उठाता गिराता है (को०)।

लीस—संज्ञा पुं० [अ० लीज] जमीन या दूसरी किसी स्थावर संपत्ति के भोगमात्र का अधिकारपत्र जो किसी को जीवनपर्यंत या निश्चित काल के लिये दिया जाय। पट्टा। जैसे,—(क) १९०३ मे निजाम ने सदा के लिये अँगरेजी सरकार को बरार का लीस लिख दिया। (ख) यह अपना मकान लीस पर देने-वाला है।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।—लिखना।

लुग—संज्ञा पुं० [सं० लुङ्ग] मातुलुंग वृक्ष।

लुगा—संज्ञा पुं० [देश०] १ पंजाब मे धान रोपने की एक रीति। माच। २ दे० 'लुँगाडा'।

लुगाडा—संज्ञा पुं० [देश०] शोहदा। लुँगाडा।

लुगी[1]—संज्ञा स्त्री० [बरमी। मि०हिं० लँगोट या लाँग] १ धोती के स्थान पर कमर मे लपेटने का छोटा टुकड़ा। तहमत।

विशेष—इस देश मे मुसलमान, मदरासी और बरमी लोग इस प्रकार कमर मे कपड़ा लपेटते हैं, जिसमे पीछे लाग नहीं बाँधी जाती।

क्रि० प्र०—बाँधना।—मारना।

२ कपड़े का टुकड़ा जो प्राय खारुए का होता है और जो हजामत बनाते समय नाई इसलिये पैर पर आगे डाल देता है जिसमे बाल उसी पर गिरें। ३ लाल रंग का एक मोटा कपड़ा। खारुवा।

लुगी[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक बड़ी चिड़िया।

विशेष—यह हिमालय के जंगलो मे कुमाऊ से लेकर नेपाल और भूटान तक, तालो के किनारे पाई जाती है। इसकी लंबाई सवा या डेढ़ हाथ के लगभग और आकृति मोर की सी होती है। इसका अगला भाग काला और लाल होता है। सफेद चित्तियाँ भी होती हैं। चोंच भूरे रंग की होती है। जाड़े के दिनो मे यह मैदान मे उतर आती है और कीड़े मकोड़े खाकर रहती है। कुत्तो की सहायता से लोग इसका शिकार करते हैं।

लुगुप—संज्ञा पुं० [सं० लुङ्गुप] नीबू। छोलंग (को०)।

लुच, लुचन—संज्ञा पुं० [सं० लुञ्च, लुञ्चन] १ चुटकी से पकड़कर झटके के साथ उखाड़ना। नोचना। उत्पाटन। जैसे,—केश-लुचन। २ जैन यतियो की एक क्रिया जिसमे उनके सिर के बाल नोचे जाते हैं। ३ काटना। तराशना। अलग करना। दूर करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लुचना—संज्ञा स्त्री० [सं० लुञ्चना] संक्षिप्त भाषण (को०)।

लुचित—वि० [सं० लुञ्चित] उखाड़ा हुआ। नोचा हुआ। उत्पाटित।

लुचितकेश—संज्ञा पुं० [सं० लुञ्चित केश] जैन यति, जो अपने सिर के बाल नोचे रहते हैं।

लुचित मूर्धज—वि० [सं० लुञ्चित मूर्धज] दे० 'लुचित केश' (को०)।

लुज—वि० [सं० लुञ्चन (= काटना, उखाड़ना)] १ बिना हाथ पैर का। जिसके हाथ पैर बेकाम हो गए हों। लँगड़ा लूला। उ —ए ऊधो, कहियो माधव सों मदन मारि कीन्हो हम लुंजै। —सूर (शब्द०)। २ बिना पत्ते का पेड़। ठूँठ। उ०—पात बिनु कीन्हे ऐसी भाँति गन बेनन के परत न चीन्ह जैसे नरजत लुंज हैं।—पद्माकर (शब्द०)।

लुटक—संज्ञा पुं० [सं० लुण्टक] एक शाक (को०)।

लुटा—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्टा] १ चोरी। लूट। २ लाटना। लुठन। (को०)।

लुटाक[1]—वि० [सं० लुण्टाक] [वि० स्त्री० लुटाकी] लुटानेवाला। लूटनेवाला। डाका मारनेवाला।

लुटाक[2]—संज्ञा पुं० १ चोर। तस्कर। २ खार। लोमड़ी (को०)।

लुटि—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्ट] दे० 'लुठ' (को०)।

लुटित—वि० [सं० लुण्ठित] दे० 'लुठित' (को०)।

लुठक—संज्ञा पुं० [सं० लुण्ठक] चोर। लुटेरा।

लुठन—संज्ञा पुं० [सं० लुण्ठन] [वि० लुण्ठित] १ लुटना। २ लूटना। लुटाना।

लुठनाⓤ—क्रि० स० [सं० लुण्ठन] लूटना।

लुंठा—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्ठा] दे० 'लुटा' (को०)।

लुठाक—संज्ञा पुं० [सं० लुण्ठाक] दे० 'लुटाक' (को०)।

लुठि—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्ठि] चोरी। लूटपाट (को०)।

लुठी—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्ठी] १ घोड़े का लोटना। २ दे० 'लुठि'। ३ लुढ़कना। लुढ़कने की क्रिया या भाव (को०)।

लुड[1]—संज्ञा पुं० [सं० लुण्ड] चोर।

लुड[2]—संज्ञा पुं० [सं० रुण्ड] बिना सिर का धड़। रुंड। रुड। उ०—लुड मुंड बिनु चल्यो प्रचंडा। तब प्रभु काटि किए बरिबंडा।—विश्राम (शब्द०)।

लुडमुड—वि० [सं० रुण्ड+मुण्ड] १ जिसका सिर, हाथ, पैर आदि कटे हो, केवल धड़ का लोथड़ा रह गया हो। २ बिना हाथ पैर का। लँगड़ा लूला। ३ बिना पत्ते का ठूँठ। (पेड़)। ४ योंही गठरी की तरह लपेटा हुआ।

लुडा[1]—वि० [सं० रुण्ड] [वि० स्त्री० अल्पा० लुडी] १ जिसकी पूँछ और पर झड़ गए हो या उखाड़ लिए गए हो। (पक्षी)। २ जिसकी पूँछ पर बाल न हो। (बैल)।

लुडा[2]—संज्ञा पुं० [सं० लुण्डिका] साफ किए हुए लपेटे सूत की पिंडी। कुकड़ी।

लुडिका—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्डिका] १ न्यायसारिणी। सदाचार। सद्व्यवहार। २ पिंडी। कुकड़ी (को०)।

लुडी[1]—वि० स्त्री० [हिं० लुडा] जिसकी पूँछ या पर झड़ गए हो।

लुडी[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्डिका] लपेटे हुए सूत की पिंडी या गोली।

लुडी[3]—संज्ञा स्त्री० [सं० लुण्डी] न्यायसारिणी। विवेकपूर्ण व्यवहार। सद्व्यवहार (को०)।

लुबिका—संज्ञा स्त्री० [सं० लुम्बिका] एक प्रकार का बाजा।

लहर लेत लहँगा की लुगी लाल रगी रँगहेरा की।—देव (शब्द०)। ३ फटा पुराना कपडा। लत्ता।

लुगरा†[२]—सज्ञा पुं० [देश०] पीठ पीछे बुराई करनेवाला। चुगलखोर।

लुगरी[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लुगरा] फटी पुरानी धोती।

लुगरी†[२]—सज्ञा स्त्री० [देश०] पीठ पीछे की हुई निंदा। चुगली।

लुगाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोग] स्त्री। औरत। उ०—(क) लगलगा वातनि अलग लग लगी आवैं लोगन की लग ज्यो लुगाइन की लागरी।—देव (शब्द०)। (ख) औघ तजी मग वास के रूप ज्यो पथ के साथ ज्यो लोग लुगाई।—तुलसी (शब्द०)। २ पत्नी। जोरू।

लुगात—सज्ञा पुं० [अ० लुगअत] १ लुगत का बहुवचन। २ शब्द-सग्रह। शब्दकोश। जैसे, नूर उल् लुगात।

लुगी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लूगा] १ छोटा कपडा। २ फटी पुरानी धोती। २ लहँगे का सजाफ या चौडा किनारा। उ०—पीरे अँचरान स्वेत लुगरा लहरि लेत लुगी लहँगा की रँगी रगी रगहेरा की।—देव (शब्द०)।

लुगुरा†—सज्ञा पुं० [हिं० लूगा] दे० 'लुगरा'।

लुग्गा‡—सज्ञा पुं० [हिं० लूगा] दे० 'लूगा'। उ०—चूर चूर देख्यो जब सुग्गा। शकुनि नैन पोछत लै लुग्गा।—गोपाल (शब्द०)।

लुघड़ना—क्रि० अ० [स० लुण्ठन] दे० 'लुढ़कना'।

लुचकना—क्रि० स० [सं० लुञ्चन (=नोचना खसोटना)] दूसरे के हाथ से झटका देकर ले लेना। झटके से छीनना। जैसे,—वह मेरे हाथ से मिठाई लुचककर ले गया।

सयो० क्रि०—लेना।

लुचरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लुचुई + री (प्रत्य०)] दे० 'लुचुई'।

लुचवाना—क्रि० स० [सं० लुञ्चन] नोचवाना। उखडवाना। चोथवाना।

लुचुई†—सज्ञा स्त्री० [सं० रुचि, मा० लुचि] मैदे की पतली और मुलायम पुरी। लूची। उ०—लुचुई पूरि सुहारी पूरी। इक तो तातो मो सुठ कँवरी।—जायसी (शब्द०)।

लुच्चा—वि० [हिं० लुचकना] [वि० स्त्री० लुच्ची] १ दूसरे के हाथ से वस्तु लुचककर भागनेवाला। चाईं। २ दुराचारी। कुमार्गी। कुचाला। ३ खोटा। कमीना। लफगा। शोहदा। बदमाश।

लुच्ची[१]—वि० स्त्री० [हिं० लुच्चा] खोटी या बदमाश (औरत)।

लुच्ची[२]—सज्ञा स्त्री० [स० रुचि, मा० लुचि] दे० 'लुचुई'।

लुज्जा—सज्ञा पु० [देश०] समुद्र मे वह स्थल जो बहुत गहरा हो। (लश०)।

लुटंत Ⓤ‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० लूट] लूट।

लुटकना—क्रि० अ० [सं० लडन (=झूलना)] दे० 'लटकना'। उ०—गजगाह निहारि निगाह पुरै मुकुता लर पायन लौं लुटकैं।—गोपाल (शब्द०)।

लुटना[१]—क्रि० अ० [सं० √लुट् (=लुटना)] १ दूसरे के द्वारा लूटा जाना। डाकुओ के हाथ धन खोना। जैसे,—रास्ते में बहुत से मुसाफिर लुट गए।

मुहा०—घर लुटना=घर का माल चोरी जाना या अपहृत होना। २ तबाह होना। बरबाद होना। सर्वस्व खोना। ३ बलि जाना। न्यौछावर होना। मुग्ध होना।

सयो० क्रि०—जाना।

लुटना Ⓤ[२]—क्रि० अ० [सं० लुण्ठन] दे० 'लुठना'।

लुटरना—क्रि० अ० [हिं० लोटना] दे० 'लुढ़कना'। २ लोटना।

लुटरा—वि० [हिं० लटूरा] [वि० स्त्री० लुटुरी] घूँघरदार। कुचित।

लुटाना—क्रि० स० [हिं० लूटना का प्रेर० रूप] १ दूसरे को लूटने देना। डाकुओ आदि को छीन लेने देना। जैसे,—तुम रात को टल गए और हमारा माल लुटा दिया। ३ मुफ्त मे देना। बिना पूरा मूल्य लिए दे देना। जैसे,—तुम्हारा माल है, चाहे योही लुटा दो। ३ बरबाद करना। व्यर्थ फेंकना या व्यय करना। ४ मुट्ठी भर भर चारो ओर इसलिये फेंकना जिसमें जो चाहे, सो ले। बहुतायत से बाँटना। स्वच्छद वितरण करना। सबको बिना रोक टोक देना। अबाधुध दान करना। जैसे —बरात मे उसने खूब रुपए लुटाए।

सयो क्रि०—देना।

लुटावना Ⓤ†—क्रि० स० [हिं० लूटना का प्रेर० रूप] दे० 'लुटाना'।

लुटिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोटा + इया (प्रत्य०)] जल भरने या रखने का धातु का छोटा बरतन। छोटा लोटा।

लुटेरवा†—सज्ञा पुं० [हिं० लुटेरा] एक प्रकार की पक्षी।

लुटेरा—सज्ञा पुं० [हिं० लूटना + एरा (प्रत्य०)] जबरदस्ती छीन लेनेवाला। डर दिखाकर या मार पीटकर दूसरे का माल ले लेनेवाला। लूटनेवाला। डाकू। दस्यु।

लुटटुर[१]—सज्ञा स्त्री०[देश०] वह भेड जिसके कान छोटे हो। (गडेरिए)।

लुट्टुर†[२]—वि० [हिं० लटूरा] घूँघरवाला (केश)।

लुठन—सज्ञा पुं० [सं०] किसी वस्तु के लुढकने, ढरकने और लोटने की क्रिया या भाव [को०]।

लुठना Ⓤ—क्रि० अ० [स० लुठन] १ भूमि पर पडना। सारा शरीर पृथ्वी से लगाए हुए पडना। लोटना। उ०—राम सखा ऋषि बरबस भेंटा। जनु महि लुठत सनेह समेटा।—तुलसी (शब्द०)। २ पृथ्वी पर नीचे ऊपर फिरते हुए बढना या गमन करना। लुढकना।

लुठाना Ⓤ—क्रि स० [हिं० लुटना] १ भूमि पर या नीचे डालना। लोटाना। उ०—माथो चरणारविंद ऊपर लुठाय रघुराय सु उठाय किया छाती सो लगावनो।—हृदयराम (शब्द०)। २ लुढकाना।

लुठित[१]—वि० [सं०] लुढका हुआ। जमीन पर लेटा या ढरका हुआ जैसे,—भूलुठित [को०]।

लुठित[२]—सज्ञा पुं० जमीन पर लोटना। भूमि पर लोटना। जैसे, घोडे आदि का [को०]।

लुप्त¹—संज्ञा पुं० [सं०] चोरी का माल । चौर्य का धन ।

लुप्तोपमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह उपमा अलंकार जिसमे उसका कोई अंग (जैसे,—उपमेय, धर्म, वाचक शब्द) लुप्त हो, अर्थात् न कहा गया हो ।

लुब्धⓊ—वि० [सं० लुब्ध] लोलुप । दे० 'लुब्ध' । उ०—काम लुबध बोली सब का मनि ।—पृ० रा०, १।४१०।

लुबरी—संज्ञा स्त्री० [अं० लुब (=लासा)] किसी तरल पदार्थ के नीचे की बैठी हुई मैल । तरौंछ । गाद ।

लुबुधⓊ†—वि० [सं० लुब्ध] दे० 'लुब्ध' । उ०—व्याध विशिख विलोक नहिं कत गान लुबुध कुरंग ।—तुलसी (शब्द०) ।

लुबुध²—संज्ञा पुं० लुब्धक । अहेरी । बहेलिया ।

लुबुधना†—क्रि० अ० [हिं० लुबुध+ना (प्रत्य०)] लुब्ध होना । मोहित होना । लुभाना । उ०—बेन नाद सुनि लुबुधे मृग ज्यों तथा भइ दसा हमारी ।—सूर (शब्द०) । (ख) भँवर न उटहिं जो लुबुधे बासा ।—जायसी (शब्द०) ।

सयो० क्रि०—जाना ।

लुबुधाⓊ—वि० [सं० लुब्ध, या लुब्धक] १ लोभी । लालची । २ चाहनेवाला । इच्छुक । प्रेमी । उ०—घालि नैन ओहि राखिय, पल नहिं कीजय ओट । पेम क लुबुधा पाव ओ हि, काह गो वड का छोट ।—जायसी (शब्द०) ।

लुब्ध¹—वि० [सं०] १ लोभयुक्त । प्रबल आकांक्षायुक्त । अत्यंत राग-युक्त । लुभाया हुआ । ललचाया हुआ । २ तन मन की सुध भूला हुआ । मोहित । उ०—जाके पदकमल लुब्ध मुनि मधुकर निकर परम सुगति हू लोभ नाहिन ।—तुलसी (शब्द०) ।

लुब्ध²—संज्ञा पुं० १ व्याध । बहेलिया । लुब्धक । २ कामुक (को०) ।

लुब्धक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पशु पक्षियो को लालच दिखाकर पकड़ लेनेवाला । व्याध । बहेलिया । शिकारी । उ०—सूरदास प्रभु मो मेरी गति जनु लुब्धक कर मीन तरयो ।—सूर (शब्द०) । २ उत्तरी गोलार्ध का एक बहुत तेजवान तारा । (आधुनिक) । ३ लालची आदमी । लोभी व्यक्ति (को०) । ४ वह व्यक्ति जो अत्यंत रागी या कामुक हो (को०) । ५ पिछला भाग । पीछे का हिस्सा (को०) ।

लुब्धनाⓊ—क्रि० अ० [सं० लुब्ध] दे० 'लुबुधना' ।

लुब्धापति—संज्ञा स्त्री० [सं०] केशव के अनुसार प्रौढ़ा नायिका का चतुर्थ भेद । वह प्रौढा नायिका जो पति और कुल के सब लोगों की लज्जा करे । यथा,—सो लुब्धापति जानिए केशव प्रगट प्रमान । कानि करै कुलपति सबै प्रभुता प्रभुहि समान । —केशव (शब्द०) ।

लुब्ध—संज्ञा पुं० [अं०] १ बुद्धि । अक्ल । २ तत्व या सार भाग । ३ विशुद्ध । खालिस । ४ मग्ज । मींगी । गिरी (को०) ।

लुब्धलुबाब—संज्ञा पुं० [अं० लुब्बे लुबाब] १ गूदा । सार । २ किसी बात का तत्व । साराश ।

लुभाना¹—क्रि० अ० [हिं० लोभ+आना (प्रत्य०)] १. लुब्ध होना । अत्यंत रागयुक्त होना । मोहित होना । आकर्षित होना । रीझना । उ०—कूबरी के कौन गुन पै रहे कान्ह लुभाइ ।—सूर (शब्द०) । २ लालसा करना । लालच मे पडना । ३ तन मन की सुध भूलना । मोह में पडना ।

सयो० क्रि०—जाना ।

लुभाना²—क्रि० स० १ लुब्ध करना । अत्यंत रागयुक्त करना । अपने ऊपर गहरा प्रेम उत्पन्न कराना । मोहित करना । रिझाना । २ प्राप्त करने की गहरी चाह उत्पन्न करना । ललचाना । जैसे,—उसकी कारीगरी ने हमे लुभा लिया । २ सुध बुध भुलाना । भ्रांत करना । मोह मे डालना । उ०—सूर हरि की प्रबल माया देति मोहिं लुभाय ।—सूर (शब्द०) ।

सयो० क्रि०—लेना ।

लुभित—वि० [हिं० लुभाना] १. क्षुब्ध । २ मुग्ध । मोहित । ३ लुब्ध । ललचाया हुआ [को०] ।

लुर¹—वि० [फ़ा०] उजड्ड । घामड । मूर्ख । बुद्धिहीन [को०] ।

लुर²—संज्ञा स्त्री० [देश०] गुर । शऊर । समझ ।

लुरकना†—क्रि० अ० [सं० लुलन (=झूलना)] अधर में टँगकर हिलना डोलना । नीचे की ओर झुकना । लटकना । झूलना ।

लुरका—संज्ञा पुं० [हिं० लुरकना (=लटकना)] झुमका ।

लुरकी¹—संज्ञा स्त्री० [हिं० लुरकना (=लटकना)] कान मे पहनने की बाली । मुरकी । उ०—देव जगामग जातिन का लर मोतिन की लुरकीन सो नाधो ।—देव (शब्द०) ।

लुरकी²—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोदा] दे० 'लुदकी' ।

लुरनाⓊ†—क्रि० अ० [स० लुलन (= झूलना)] १ ऊपर से नीचे तक चली आई हुई वस्तु का इधर उधर हिलना डोलना । लटकना । झूलना । लहराना । उ०—(क) छतियाँ पर लोल लुरैं अलकैं सिर फूल अरुझि सो यो दुति है ।—(शब्द०) । (ख) झाकैं पलकैं बिथुरी अलकैं अरु हार लुरैं मुकुता गल मे ।—सुदर (शब्द०) । २ ढल पडना । झुक पडना । टूट पड़ना । ३ कहीं से एकबारगी आ जाना । उ०—ब्रह्म की बिभूति, करतूत विश्वकर्मा की, साहिबी सकल पुरहूत की लुरैं परी ।—(शब्द०) ।

सयो० क्रि०—पड़ना ।

४ आकर्षित होना । लुभा जाना । लट्टू होना । प्रवृत्त होना । उ०—सग ही सग बसौ उनके, अँग अँगन देव तिहारे लुरी है ।—देव (शब्द०) ।

सयो० क्रि०—पड़ना ।

लुरियाना¹†—क्रि० अ० [हिं० लुरना] १ प्रेमपूर्वक स्पर्श करना या अंग रखना । प्यार करना । २ एकाएक आ पड़ना । दे० 'लुरना'—३ ।

लुरियाना²†—क्रि० स० [हिं०] लुंडी करना । लपेटना ।

लुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लेरुवा (=बछड़ा ?)] वह गाय जिसे

बच्चा दिए थोड़े ही दिन हुए हों। उ—लाडिली लीली कलोरी लुरी कहँ लाल लुके कहाँ आग लगाइकै।—केशव (शब्द०)।

लुलन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० लुलित] लटकते हुए इधर उधर हिलना डोलना। आदोलित होना। झूलना।

लुलनाⓊ—क्रि० अ० [सं० लुलन] लटकते हुए हिलना डोलना। झूलना, लहराना। दोलित होना।

लुलाय—संज्ञा पुं० [सं०] महिष। भैंसा [को०]।

यौ०—लुलायपद = महिषपद। लुलायकाता = भैंस।

लुलाय—संज्ञा [सं०] दे० 'लुलाप' [को०]।

यौ०—लुलायपद = महिषपद। लुलायकाता। लुलायकेतु।

लुलायकाता—संज्ञा स्त्री० [सं० लुलायकान्ता] भैंस।

लुलायकेतु संज्ञा पुं० [सं०] शिव का एक गण [को०]।

लुलित—वि० [सं०] १ लटकता या झूलता हुआ। आदोलित। २ छितराया हुआ। अस्तव्यस्त (को०)। ३ लटका हुआ। बिखरा हुआ। जैसे, केश। ४ कुचला, दबा या चोट खाया हुआ (को०)। ५ थकामाँदा। क्लांत (को०)। ७ सुंदर। शानदार (को०)।

यौ०—लुलितकुंडल = हिलते हुए कुंडलोंवाला। लुलितपल्लव = हिलते हुए पत्तोंवाला। लुलितभूषण = अस्तव्यस्त आभरण-वाला।

लुवार†—वि० [हिं० लू] गरमी के दिनों की तपी हुई गरम हवा। तप्त वायु। लू।

क्रि० प्र०—चलना।

लुशई—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चाय जो आसाम और कछार में होती है।

लुशभ—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लुषभ' [को०]।

लुप—संज्ञा पुं० [सं०] निषाद और चाणकी से उत्पन्न संतति [को०]।

लुपभ—संज्ञा पुं० [सं०] मत्त वारण। मस्त हाथी [को०]।

लुब्ध—संज्ञा पुं० [सं०] धनुष का छोर या सिरा [को०]।

लुहँगी†—संज्ञा स्त्री० [सं० लोहाङ्ग] लोहा जड़ी हुई लाठी। ऐसी लाठी जिसके मोटे सिरे पर लोहा जड़ा रहता है। लोहबंदा।

लुहनाⓊ—क्रि० अ० [सं० लुभन] लुभाना। ललचना। मोहित होना। उ०—अरि कै वह आजु अकेली गई खरिकै हरि के गुन रूप लुही।—देव (शब्द०)।

लुहनी†—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का अगहनी धान जिसका चावल बहुत दिन रह सकता है।

लुहार—संज्ञा पुं० [सं० लौहकार, प्रा० लोहार] [स्त्री० लुहारिन, लुहारी] १ लोहे का काम करनेवाला। लोहे की चीजें बनाने-वाला। २. वह जाति जो लोहे की चीजें बनाती है।

लुहारिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० लुहार + इन (प्रत्य०)] लुहार जाति की स्त्री।

लुहारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लुहार] १ लुहार जाति की स्त्री। २ लोहे की वस्तु बनाने का काम। जैसे,—वह लुहारी सीख रहा है।

लुहुर†—संज्ञा स्त्री० [सं० लघु, हिं० लहुरा] छोटे कानोंवाली भेंड। (गडेरिए)।

लूँगⓊ†—संज्ञा पुं० [स० लवण, प्रा० लूण] नमक। लवण।

लूँबरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोमड़ी] दे० 'लोमड़ी'।

लू—संज्ञा स्त्री० [सं० लुक (=जलना), हिं० लौ (=लपट)] गरमी के दिनों की तपी हुई हवा। गरम हवा का लपट या झोंका। तप्त वायु।

क्रि० प्र०—चलना।—बहना।

मुहा०—लू मारना या लगना = शरीर में तपी हवा लगने से ज्वर आदि उत्पन्न होना।

लूक¹—संज्ञा पुं० [स० लुक] एक प्रकार का जलता हुआ पिंड जो आकाश से गिरता हुआ कभी कभी दिखाई पड़ता है। टूटा हुआ तारा। विशेष दे० 'उल्का'। उ०—(क) दिन ही लूक परन विधि लागे।—मानस, ६।३१। (ख) लूक न असनि केतु नहि राहू।—मानस, ६।३१।

लूक²—संज्ञा स्त्री० [स० लुक (=जलना)] १ अग्नि की ज्वाला। आग की लपट। २ पतली लकड़ी जिसका छोर दहकता हुआ हो। जलती हुई लकड़ी। लुत्ती। उ०—दोउ लियो ठीक विचारि, इक लूक लीन्हो बारि।—रघुराज (शब्द०)।

मुहा०—लूक लगाना = जलती लकड़ी या लत्ती छुलाना। आग लगाना। उ०—मारि मुलूक मे लूक लगायो।—लाल (शब्द०)। ३ गरमी के दिनों की तपी हवा। तप्त वायु का झोंका जो शरीर में लपट की तरह लगे। लू। उ०—ए ब्रजचंद। चलौ किन वा ब्रज, लुकैं बसंत की ऊकन लागी।—पद्माकर (शब्द०)। ४ टूटा हुआ तारा। उल्का। लूक। उ०—सुमिरि राम तरक तोयनिधि लंक लूक सो आया।—तुलसी (शब्द०)।

लूकटⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० लूक] जलता हुई लकड़ी। लूक। लुकाठी।

लूकनाⓊ¹—क्रि० स० [हिं० लूक + ना] आग लगाना। जलाना। उ—हिय अंदर रावरो मंदिर है तेहि या बिरहानल लूकिए ना।—(शब्द०)।

लूकनाⓊ†²—क्रि० अ० [सं० √लुक्] दे० 'लुकना'। उ०—लूकि केते रहे, धूकि केते गए चूकि केते दए, सूक केते चहे।—सूदन (शब्द०)।

लूका¹—संज्ञा पुं० [स० लुक (=जलना)] [स्त्री० अल्पा० लूकी] १. अग्नि की ज्वाला। आग की लौ या लपट। उ०—नखत अका-सहि चढ़े दिपाई। तत तत लूका परहिं दिखाई।—जायसी (शब्द०)। २ चिनगी। चिनगारी। स्फुलिंग। ३ पतली लकड़ी जिसका छोर दहकता हो। लकड़ी जिसके एक सिरे में आग हो। लुत्ता।

मुहा०—लूका लगाना = आग छुलाना। आग लगाना। जलाना। मुँह में लूका लगाना = मुँह जलाना। तिरस्कार करना। (स्त्रियों की गाली)।

लूका²—संज्ञा पुं० [देश०] मछली फँसाने का एक प्रकार का जाल।

लूका³—संज्ञा पुं० [अ० लूकस] बाइबिल का लूकस नामक संत।

लूकी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लूका] १ आग की चिनगारी। स्फुलिंग। उ०—हिया फाट वह जब ही कूकी। परैं आँसु सब होइ होइ लूकी।—जायसी (शब्द०)। २ पतली लकडी या तिनके का टुकडा जिसका सिरा जलता हो। लूका।

मुहा०—लूकी लगाना = आग लगाना। जलाना।

लूत—वि० [सं०] रूक्ष। रूखा [को०]।

लूखा(पु)—वि० [सं० लुक्ष या (लूक्ष = रूक्ष, रूखा)] बिना चिकनाहट का। रूखा। उ०—मना मनोरथ छाँडि दे तेरा किया न होय। पानी मे घी नीकसै लूखा खाइ न कोय।—कबीर (शब्द०)।

लूगडा†—सज्ञा पु० [हिं० लूगा] १ वस्त्र। कपडा। २ ओढनी। चादर।

लूगा†—सज्ञा पु० [देश०] १ वस्त्र। कपड़ा। उ०—रोटी लूगा नीके राखैं आगहु की वेद भाषै भलो ह्वैहै तेरो ताते आनँद लहत हौं।—तुलसी (शब्द०)। २ धोती।

लूघर(पु)†—सज्ञा पुं० [हिं० लूका] जलती हुई लकडी। लुकारी।

लूचा—सज्ञा पुं० [देश०] कब्र खोदनेवाला। गोरकन। (ठग)।

लूट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लूटना] १ बलात् अपहरण। किसी के माल का जबरदस्ती छीना जाना। किसी की धन सपत्ति या वस्तु का बलपूर्वक लिया जाना। डकैती। जैसे,—(क) दगे मे बाजार की लूट हुई। (ख) सिपाहियो को लूट का माल खूब मिला।

क्रि० प्र०—करना।—पडना।—मचना।—होना।

यौ०—लूट खसोट = (१) छीना झपटी। लूटमार। (२) शोषण। लूटखूँद, लूटमार, लूटपाट = लोगो को मारने पाटने और उनका धन छीनने का व्यापार। डकैती और दगा।

२ लूटने से मिला हुआ माल। अपहृत धन। जैसे,—लूट मे सब सिपाहियो का हिस्सा लगा।

लूटक—सज्ञा पुं० [हिं० लूट + क (प्रत्य०)] १ जबरदस्ती छीननेवाला। लूटनेवाला। २ डाकू। लुटेरा। ३ कांति हरनेवाला। शोभा मे बढ जानेवाला। उ०—असनि सरासन लसत, सुचि सर कर, तून कटि मुनिपट लूटक बसन के।—तुलसी (शब्द०)।

लूटखूँद—सज्ञा स्त्री० [हिं० लूटना + खूँदना] लोगो को मारने और उनका धन छीनने का व्यापार। डाका और दगा। लूटमार।

लूटना—क्रि० स० [स० लुट् (= लूटना)] १ बलात् अपहरण करना। जबरदस्ती छीनना। भय दिखाकर, मार पीटकर या छीन झपटकर ले लेना। जैसे,—रास्ते मे डाकुओ ने सारा माल लूट लिया। उ०—(क) केशव फूलि नचै भ्रकुटी, कटि लूटि नितब लई बहु काली।—केशव (शब्द०)। (ख) जानी न ऐसी चढा चढी मे केहि धौ कटि बीच ही लूटि लई सी।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) चोर चख चोरिन चलाक चित चोरी भयो, लूटि गई लाज, कुल कानि को कटा भयो।—पद्माकर (शब्द०)।

सयो० क्रि०—लेना।

यौ०—लूटना पाटना। लूटना मारना।

मुहा०—लूट खाना = दूसरे का धन किसी न किसी प्रकार ले लेना। २ बरबाद करना। तबाह करना। ३. धोखे से या अन्यायपूर्वक किसी का धन हरण करना। अनुचित रीति से किसी का माल लेना। जैसे,—कचहरी मे जाओ, तो अमले लूटते हैं।

मुहा० (किसी को) लूट खाना = किसी का धन अनुचित रीति से ले लना। किसी का माल मारना।

४ बहुत अधिक मूल्य लना। वाजिब से बहुत ज्यादा कीमत लेना। ठगना। जैसे,—वह दूकानदार गाहकों को खूब लूटता है। ५ मोहित करना। मुग्ध करना। वशीभूत करना। मन हाथ में करना। उ० छूटी घुँघरारी लट, लूटी हैं बघूटी वट, टूटी चट लाज तें न जूटी परी कहूँ।—दीनदयाल (शब्द०)। ५ भोग करना। भोगना। जैसे,—सुख लूटना, आनद लूटना।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग सुख या आनद का भोग करने के अर्थ मे भी सुख, आनद, मौज आदि कुछ शब्दो के साथ होता है। जैसे,—आनद लूटना, सुख लूटना।

लूटि(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लूटना] दे० 'लूट'। उ०—गए कछुकि बँद टूटि लूटि हिरदय सो पाई। करति मनहि मन सेव निकट रय दयो देखाई।—सूर (शब्द०)।

लून[1]—सज्ञा पुं० [इबरानी] यहूदियो के एक पुराने पैगबर का नाम।

लूत[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० लूता] मकडी। ऊर्णनाभ। उ०—लगे लूत के जाल ए, लखो लगत रहि भौन।—मतिराम (शब्द०)।

लूत[3]—वि० [फा०] नग्न। नगा [को०]।

लूत[4]—वि० [स०] छिन्न। खडित। टूटा हुआ। विभक्त।

लूता[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मकडी। ऊर्णनाभ। २. फफोले की तरह की फुसी जो, कहते हैं, मकडा के मूतने से निकलती है। वृक्का। ममन्नण।

विशेष—वैद्यक के ग्रथो मे 'लूता' रोग कई प्रकार का कहा गया है और कई प्रकार की विषैली मकडियो की चर्चा है। जैसे,—त्रिमडला, श्वेता, कपिला, रक्तलूता इत्यादि। विष के सबध मे कहा गया है कि मकडी के थूक, नख, मूत्र, रज, शुक्र और पुरीष के द्वारा विष का सचार होता है। लूता रोग यदि अच्छा न हो, तो आदमी मर जाता है।

३ पिपीलिका। चयूँटी।

लूता[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लूका] [स्त्री० अल्पा० लूती] लकडी जिसका एक सिरा जलता हो। लूका। लुआठा। उ०—सोवत मनसिज आनि जगायो पठै सँदेस स्याम के दूते। विरह समुद्र सुखाय कौन विधि किरचक योग अग्नि के लूते।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—लूता लगाना = आग लगाना।

लूततंतु—सज्ञा पुं० [सं० लूततन्तु] मकडी का जाला [को०]।

लूतात—सज्ञा पुं० [स०] चीटा [को०]।

लूतापट्ट—सज्ञा पुं० [सं०] मकडी का अडा [को०]।

लेइ†—अव्य० [सं० लग्न, हिं० लगि] तक । पर्यंत ।

लेई—संज्ञा स्त्री० [सं० लेहिन्, लेही या लेह्य] १ पानी मे घुले हुए किसी चूर्ण को गाढ़ा करके बनाया हुआ लसीला पदार्थ जिसे उँगली से उठाकर चाट सकें । अवलेह । २ आँटे को भूनकर उसमे शरबत मिलाकर गाढा किया हुआ पदार्थ जो खाया जाता है । लपसी ।

यौ०—लेई पूँजी = सारी जमा । सर्वस्व ।

३. घुला हुआ आटा जो आग पर पकाकर गाढा और लसदार किया गया हो और जो कागज आदि चिपकाने के काम में आवे । ४ सुरखी मिला हुआ बरी का चूना जो गाढा घोला जाता है और ईंटो की जोडाई मे काम आता है ।

लेक्चर—संज्ञा पुं० [अ०] व्याख्यान । वक्तृता ।

क्रि० प्र०—देना ।

मुहा०—लेक्चर झाडना = घुमाव फिराव से व्याख्यान देना । (व्यंग्य) ।

लेक्चरबाजी—संज्ञा स्त्री० [अ० लेक्चर + फा० बाजी] । १ खूब लेक्चर देने की क्रिया । २ बकवास । बकबक ।

लेक्चरर—संज्ञा पुं० [अ०] १ वह जो लेक्चर देता हो । व्याख्याता । २ उपप्राध्यापक [को०] ।

लेख[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ लिखे हुए अक्षर । लिपि । २ लिखी हुई बात । ३ लिखावट । लिखाई । ४ लेखा । हिसाब किताब । उ०—गुन औगुन विधि पूछब होइहि लेख अउ जोख ।—जायसी (शब्द०) । ५ पंक्ति । लकीर । रेखा । ६ पत्र । चीठी (को०) । ७ देव । देवता । उ०—चढे विमानन लेख अलेखन वर्षहि मुदित प्रसून ।—रघुराज (शब्द०) ।

लेख्य[2]—वि० १ लेखने । लिखने योग्य । २ लेखा करने योग्य । हिसाब के लायक ।

लेख[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लीक] लकीर । पक्की बात । उ०—विश्व-भर श्रीपति त्रिभुवनपति वेद विदित यह लेख ।—तुलसी (शब्द०) ।

लेखक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० लेखिका] १ जो किसी बात को अक्षरो मे उतारे । लिखनेवाला । लिपिकार । लिपिक । २ चित्र लिखनेवाला । चित्रकार (को०) । ३ किसी विषय पर लिखकर अपने विचार प्रकट करनेवाला । लेख लिखनेवाला । ग्रंथकार । जैसे—इस पुस्तक का लेखक कौन है ? ३ एक व्रत का नाम । उ०-लेखक कहता बात विचारी । वाम्हन सुन अपराध हमारी ।—सबल० (शब्द०) ।

यौ०—लेखकदोष, लेखकप्रमाद = लेखक की लिखने मे त्रुटि । लिखनेवाले की भूल या प्रमाद ।

लेखन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० लेखनीय, लेख्य] १ लिखने का कार्य । अक्षरविन्यास । अक्षर बनाना । २ लिखने की कला या विद्या । ३ चित्र बनाना । उ०—जल बिनु तरग, भीति बिनु लेखन बिनु चेतहि चतुराई ।—सूर (शब्द०) । ४ हिसाब करना । लेखा लगाना । कूतना । ५. छर्दन । उलटी करना । वमन करना । कै करना । ६ औषध द्वारा रसादि सप्त धातुओ या वात आदि दोषो का शोषण करके पतला करना । ७ इस काम के लिये उपयुक्त औषध । ८ शल्य क्रिया मे काटना, चीरना या खरोचना (को०) । ९ इस काम मे प्रयुक्त होनेवाला औजार आदि (को०) । १० एक प्रकार का सरकंडा या नरसल जिसकी कलम बनाते हैं (को०) । ११ भोज-पत्र का वृक्ष (को०) । १२ भोजपत्र या ताडपत्र, जिसपर प्राचीन काल मे लिखा जाता था । १३ स्वामी । १४ उद्दीपन । उत्तेजन (को०) ।

लेखन[2]—वि० [सं०] १ खुरचनेवाला । २ दीप्त करनेवाला । उत्तेजक [को०] ।

लेखनवस्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] रसादि सप्त धातु या वातादि त्रिदोष और वमन इत्यादि को पतला कर देनेवाली पिचकारी ।

लेखनसाधन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लेखनाधन' [को०] ।

लेखनहार—वि० [हिं० लेखन + हार] लिखने का काम करने-वाला । जो लिखता हो । लेखक ।

लेखना—क्रि० स० [सं० लेखन] १ अक्षर या चित्र बनाना । लिखना । उ०—कुदन लीक कसौटी मे जैसी सी देखी सुनारि सुनारि सलोनी ।—देव (शब्द०) । २. हिसाब, संख्या या परिमाण आदि निश्चित करना । गिनती करना ।

यौ०—लेखना जोखना = (१) नाप, तौल या गिनती करके संख्या या परिमाण आदि निश्चित करना । ठीक ठीक अदाज करना । हिसाब करना । (२) जाँच करना । परीक्षा करना । उ०—लेखे जाके चोले चित तुलसी स्वारथ हित, नीके देखे देवता देवैया घने गथ के ।—तुलसी (शब्द०) ।

३ मन ही मन ठहराना । समझना । सोचना । विचारना । मानना । उ०—(क) हौं आहि आपन दरपन लेखौं । करौं सिंगार भोर मुख देखौं ।—जायसी (शब्द०) । (ख) जे जे तब सूर सुभट कीट सम न लेखौं ।—सूर (शब्द०) । (ग) सिय सौमित्रि राम छवि देखहि । साधन सकल सफल करि लेखहि । —तुलसी (शब्द०) ।

लेखनिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पत्रवाहक । २ वह जो लिखना पढना न जानता हो । वह जो अपने बदले किसी को प्रतिनिधि बनाकर अधिकारपत्र लिखावे । ३ लिखक । लिखनेवाला । नकल उतारनेवाला [को०] ।

लेखनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कलम । लेखनी । २ तूलिका । चित्र लिखने की कलम [को०] ।

लेखनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह वस्तु जिससे लिखें या अक्षर बनावें । वर्णतूलिका । कलम । लिखनी । फौंटेन पेन । २ चमचा । कलछी (को०) ।

मुहा०—लेखनी उठाना = लिखना आरंभ करना ।

लेखनीय—वि० [सं०] १ लिखने, खींचने या चित्र बनाने के योग्य । २ जिससे घटाया या पतला किया जा सके (को०) ।

लेखपट्ट—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लेखपत्र' [को०]।

लेखपत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ लिखित पत्र। लिखा हुआ कागज। २. दस्तावेज।

लेखपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लेखपत्र' [को०]।

लेखपद्धति—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लेखप्रणाली' [को०]।

लेखपाल—सज्ञा पु० [हिं० लेख + पाल] जमीन की नापजोख का लेखा रखनेवाला सरकारी कर्मचारी। पटवारी।

लेखप्रणाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] लिखने की शैली। लिखने का ढंग।

लेखर्षभ—सज्ञा पुं० [स०] देवताओ मे श्रेष्ठ, इद्र।

लेखशाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] लिखना सिखानेवाला विद्यालय [को०]।

लेखशालिक—सज्ञा पुं० [सं०] लेखशाला का विद्यार्थी [को०]।

लेखशैली—सज्ञा स्त्री० [सं०] लेखप्रणाली।

लेखसाधन—सज्ञा पुं० [सं०] लिखने का साधन कलम, स्याही, कागज, पटरी आदि [को०]।

लेखहार, लेखहारक—सज्ञा पुं० [स०] चिट्ठी ले जानेवाला। पत्रवाहक।

लेखहारी—सज्ञा पुं० [स० लेखहारिन्] दे० 'लेखहार' [को०]।

लेखा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० लिखना] १ गणना। गिनती। हिसाब किताब। जैसे,—(क) आमदनी और खर्च का लेखा लगा लो। (ख) इसका लेखा लगाओ कि वह आठ कोस रोज चलकर वहाँ कितने दिनो मे पहुँचेगा। २ ठीक ठीक अदाज। कूत।

क्रि० प्र०—लगाना।

३ रुपए पैसे या और किसी वस्तु की गिनती आदि का ठीक ठीक लिखा हुआ व्योरा। आय व्यय आदि का विवरण। जैसे,—तुम अपना लेखा पेश करो, रुपया चुका दिया जाय।

यौ०—लेखा बही। लेखा पत्तर।

मुहा०—लेखा जाँचना = यह देखना कि हिसाब ठीक है या नही। लेखा डेवढ करना = (१) हिसाब चुकता करना। (२) हिसाब बराबर करना। (३) चौपट करना। नाश करना। लेखा पूरा या साफ करना = हिसाब साफ करना। पिछला देना चुकाना। लेखा डालना = हिसाब किताब खोलना। लेनदेन के व्यवहार को बही में लिखना।

४ अनुमान। विचार। समझ।

मुहा०—किसी के लेखे = (१) किसी की समझ में। किसी के विचार के अनुसार। जैसे,—हमारे लेखे तो सब बराबर हैं। (२) किसी के लिये या वास्ते।

लेखा[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. लिपि। लिखावट। २ रेखा। लकीर। जैसे,—चद्रलेखा। ३ कतार। पक्ति (को०)। ४ निशान। चिह्न (को०)। ५ किनारा। छोर। सिरा (को०)। ६ चद्राश। चद्रमा की कला। चद्रशृग (को०)। ७ किरीट (को०)। ८ शरीर पर चदन आदि से रेखानिर्माण (को०)।

लेखाक्षर—सज्ञा पुं० [सं०] लिखावट [को०]।

लेखाधिकारी—सज्ञा पुं० [स०] १ पत्र आदि लिखने लिखाने का अधिकारी। २ मत्री। सचिव [को०]।

लेखानुजीवी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० लेखानुजीविन्] अनुचर। देवता [को०]।

लेखानुजीवी[2]—वि० लेखन द्वारा जीविका चलानेवाला।

लेखाबही—सज्ञा स्त्री० [हिं० लेखा + बही] वह बही जिसमे रोकड के लेन देन का व्योरा रहता है।

लेखावलय—सज्ञा पुं० [सं०] लकीरो का घेरा। चारो ओर से गोलाकार घेरी हुई रेखा [को०]।

लेखाविधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लिखने की प्रक्रिया। २. रेखाकन। चित्रलेखन की प्रक्रिया [को०]।

लेखासधि—सज्ञा स्त्री० [स० लेखासन्धि] नासिकामूल का ऊपरी भाग जहाँ दोनो ओर की भौंहे मिलती हैं। भ्रूसधि [को०]।

लेखिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लिखनेवाली। २ ग्रंथ या पुस्तक बनानेवाली। ३ छोटी या हलकी लकीर या रेखा (को०)।

लेखित—वि० [स०] १ लिखाया हुआ। लिखवाया हुआ। २ लिखित। लिखा हुआ (को०)।

लेखिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कलम। लेखनी। २ करछी। चमचा [को०]।

लेखी—वि० [स० लेखिन्] १ स्पर्श करनेवाला। छूनेवाला या छूता हुआ। २ लेखन करनेवाला [को०]।

लेखीलक—सज्ञा पुं० [सं०] पत्रवाहक। चिट्ठीरसा [को०]।

लेखे†—अव्य० [हिं० लेखा] १. विचार से। अनुमान से। २ लिये।

लेख्य[1]—वि० [सं०] १ लिखने योग्य। २ जो लिखा जाने को हो।

लेख्य[2]—सज्ञा पुं० १ लिखी बात। लेख। २ दस्तावेज।

विशेष—धर्मशास्त्र में 'लेख्य' मनुष्यप्रमाण के दो भेदो मे से एक है। इसके भी दो भेद हैं—शासन और जानपद। (चीरक)।

लेख्यक—वि० [सं०] लिखा हुआ। लिखित [को०]।

लेख्यकृत—वि० [स०] लिखित। लेखबद्ध [को०]।

लेख्यगत—वि० [सं०] चित्रित। चित्र द्वारा वर्णित [को०]।

लेख्यचूर्णिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] चित्र बनाने की कूँची या लिखने की कलम, पेंसिल आदि [को०]।

लेख्यपत्र—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लेख्य पत्रक'।

लेख्यपत्रक—सज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'लेखपत्र'। २. ताडपत्र [को०]।

लेख्यप्रसग—सज्ञा पु० [सं० लेख्यप्रसङ्ग] दस्तावेज [को०]।

लेख्यस्थान—सज्ञा पुं० [स०] लिखने का स्थान [को०]।

लेख्यारूढ़—वि० [स०] जिसके सबध मे लिखा पढी हो गई हो। दस्तावेजी। जैसे,—लेख्यारूढ़ आधि।

लेज†—सज्ञा स्त्री० [स० रज्जु, मागधी प्रा० लेज्जु] रस्सी। डोरी।

लेजम—संज्ञा स्त्री० [फा० लेज़म] १ एक प्रकार की नरम और लचकदार कमान जिससे धनुष चलाने का अभ्यास किया जाता है। २ वह कमान जिसमे लोहे की जजीर लगी रहती है और जिससे पहलवान लोग कसरत करते हैं।

विशेष—इसे हाथ मे लेकर कई तरह के पैंतरों और बैठको के साथ कसरत करते हैं।

प्राइमरी स्कूलो मे भी क्रीडा मे इसको भाँजना सिखाया जाता है।

क्रि० प्र०—भाँजना।—हिलाना।

लेजरग—संज्ञा पुं० [लेज + हिं० रग] मरकत या पन्ने की एक रगत जो उसका गुण मानी जाती है।

लेजिम—संज्ञा पुं० [फ़ा० लेज़म] दे० 'लेजम'।

लेजिस्लेटिव एसेंब्ली—संज्ञा स्त्री० [अं०] दे० 'व्यवस्थापिका परिषद्'।

लेजिस्लेटिव काउंसिल—संज्ञा स्त्री० [अं०] प्रधान शासक या गवर्नर की वह सभा जो देश के लिये कानून बनाती है।

लेजिस्लेटिव कौंसिल—संज्ञा स्त्री० [अं० लेजिस्लेटिव काउंसिल] दे० 'व्यवस्थापिका सभा'।

लेजुर[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० रज्जु,, मागधी प्रा० लेज्जु] १ रस्सी। डोरी। २ कूएँ से पानी खीचने की रस्सी। उ०—लेजुरे भइउँ, नाथ, बिनु तोही।—जायसी (शब्द०)।

लेजुरा[1]—संज्ञा पुं० [मा० प्रा० लेज्जु] दे० 'लेजुर'।

लेजुरा[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का अगहनी धान जिसका चावल बहुत दिनो तक रहता है।

लेजुरी[1]—संज्ञा स्त्री० [मा० प्रा० लेज्जु] दे० 'लेजुर'।

लेट[1]—संज्ञा स्त्री० [देश०] सुरखी, ककड और चूना पीटकर बनाई हुई कडी चिकनी सतह। गच।

लेट[2]—वि० [अं०] जो निश्चित या ठीक समय के उपरांत आवे, रहे या हो। जिसे देर हुई हो। जैसे,—यह गाडी प्राय लेट रहती है।

यौ०—लेट फी।

लेट[1]—संज्ञा पुं० [सं०] मनु द्वारा उल्लिखित एक जाति का नाम। (मनु०)।

लेटना—क्रि० अ० [स० लुण्ठन, हिं० लोटना] १ हाथ पैर और सारा शरीर जमीन या और किसी सतह पर टिकाकर पड रहना। पीठ जमीन या बिस्तरे आदि से लगाकर बदन की सारी लबाई उसपर ठहराना। खडा या बैठा न रहना। पौढना। जैसे,—जाकर चारपाई पर लेट रहो।

संयो० क्रि०—जाना।—रहना।

२ किसी चीज का बगल की ओर झुककर जमीन पर गिर जाना।

मुहा०—खेती लेट जाना = (१) फसल का अधिक पानी या हवा के कारण सीधा खडा न रहना, झुककर जमीन पर पड जाना। (२) नत होना। विनीत हो जाना। प्रभुत्व मान लेना। गुड लेट जाना = ताव बिगडने के कारण गुड का गीला और चिपचिपा हो जाना।

३ गर जाना।

लेटपेट—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चाय।

लेट फी—संज्ञा स्त्री० [अं०] वह फीस जो निश्चित समय के बाद डाकखाने मे कोई चीज दाखिल करने पर देनी पडती है।

विशेष—डाकखाने मे प्राय सभी कामो के लिये समय निश्चित रहता है। उस निश्चित समय के उपरान्त यदि कोई व्यक्ति कोई चीज रजिस्टरी कराना या चिट्ठी रवाना करना चाहे, तो उसे कुछ फीस देनी पडती है जो लेट फी कहलाती है।

२ स्कूल, कालेज आदि मे फीस जमा होने की निश्चित तिथि के बाद उक्त फीस के साथ देय कुछ अतिरिक्त द्रव्य।

लेटर—संज्ञा पुं० [अं०] १ वर्ण। अक्षर। २ पत्र। चिट्ठी [को०]।

लेटर बाक्स—संज्ञा पुं० [अं० लेटर + बाक्स] डाकखाने का वह सदूक जिसमे कहीं भेजने के लिये लोग चिट्ठियाँ डालते हैं। चिट्ठी डालने का सदूक।

लेटर्स पेटेंट—संज्ञा पुं० [अं०] वह राजकीय आज्ञापत्र जिसमे किसी को कोई पद या स्वत्व आदि देने या कोई सस्था स्थापित करने की बात लिखी रहती है। राजकीय आज्ञापत्र। शाही फरमान। जैसे,—१८६१ मे पार्लमेंट ने कानून बनाकर महारानी को अधिकार दे दिया था कि अपने लेटर्स पेटेंट से कलकत्ता, बबई, मद्रास और आगरा प्रदेशो मे हाईकोर्ट स्थापित करें।

लेटा—संज्ञा पुं० [देश०] गल्ले का बाजार। मडी।

लेटाना—क्रि० स० [हिं० लेटना का प्रेर० रूप] दूसरे को लेटने मे प्रवृत्त करना।

संयो० क्रि०—देना।

लेड—संज्ञा पुं० [अं०] १ सीसा नामक धातु। २ प्राय दो अगुल चौडी सीसे की ढली हुई पत्तर की तरह पतली पटरी जो छापेखाने मे अक्षरो की पक्तियो के बीच मे अक्षरों को ऊपर नीचे होने से रोकने के लिये दी जाती है।

लेडमोल्ड—संज्ञा पुं० [अं०] छापेखाने मे अक्षरो की पक्तियो के बीच मे रखने के लिये सीसे की पटरियाँ ढालने का साँचा। लेड ढालने का साँचा।

लेडी—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ भले घर की स्त्री। महिला। २ लार्ड या सरदार की पत्नी। ३ अगरेजी फैशन मे ढली हुई औरत।

लेत—संज्ञा सं० [सं०] अश्रु। आँसू [को०]।

लेथो—संज्ञा पुं० [अं० लीथो] दे० 'लीथो'।

लेद[1]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गीत जो फागुन में गाया जाता है।

लेद[2]—संज्ञा पुं० [अं० लेथ] खरादने की मशीन। खराद मशीन।

लेदवा[1]—संज्ञा पुं० [देश०] खेत मे होनेवाली एक प्रकार की ककडी। फूट।

लेदार—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की चिडिया।

लेदी—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ जलाशयो के किनारे रहनेवाली एक प्रकार की छोटी चिडिया। उ०—बोलहि सुआ ढेक बक लेदी। रही अबोल मीन जलभेदी।—जायसी (शब्द०)। २. घास का

पूला जिसे हल के नीचे के भाग में इसलिये बाँध देते हैं जिसमे थोड़ी कूँड बने। ३ चारा। घास। पुआल आदि।

लेन'—संज्ञा पुं० [हिं० लेना] १ लेने की क्रिया या भाव।

यौ०—लेन देन।

२ वह रकम जो किसी के यहाँ बाकी हो या मिलनेवाली हो। लहना। पावना।

लेन'—संज्ञा स्त्री० [अ०] गली। कूचा। जैसे,—प्यारीचरण सरकार लेन, कलकत्ता।

लेनदार—संज्ञा पुं० [हिं० लेन + फा० दार (प्रत्य०)] जिसका कुछ बाकी हो। जिसका ऋण चुकाना हो। महाजन। लहनेदार।

लेनदेन—संज्ञा पुं० [हिं० लेना + देना] १ लेने और देने का व्यवहार। आदान प्रदान। २ रुपया ऋण देने और ऋण लेने का व्यवहार जो किसी के साथ किया जाय। जैसे, हमारा उसका लेनदेन नहीं है। ३. रुपए लेने देने का व्यवसाय। महाजनी। जैसे,—उसके यहाँ रुपए का लेनदेन होता है।

मुहा०—लेनदेन न होना = व्यवहार न होना। सरोकार न होना। संबंध या प्रयोजन न होना। उ०—हमे कछु लेन न देन है ऐ बीर तुम्हारे।—सूर (शब्द०)।

लेनहार(ऊ)—वि० [हिं० लेना + हार (प्रत्य०)] लेनेवाला। लेनदार। लहनेदार।

लेना—क्रि० स० [सं० लभन, हिं० लहना] १ दूसरे के हाथ से अपने हाथ मे करना। ग्रहण करना। प्राप्त करना। लाभ करना। जैसे,—उसने रुपया दिया, तो मैंने ले लिया।

संयो० क्रि०—लेना।

२ ग्रहण करना। थामना। पकड़ना। जैसे,—छड़ी अपने हाथ मे ले लो और किताब मुझे दे दो।

मुहा०—ऊपर लेना = सिर या कंधे पर रखना।

३ मोल लेना। क्रय करना। खरीदना। जैसे,—बाजार मे तुम्हे क्या क्या लेना है ?

मुहा०—ले देना = दूसरे को मोल लेकर देना। खरीद देना।

४ अपने अधिकार मे करना। कब्जे मे लाना। जीतना। जैसे,—उसने सिंध के किनारे का देश ले लिया। ५ उधार लेना। कर्ज लेना। ऋण ग्रहण करना। जैसे,—१०००) महाजन से लिए, तब काम चला। ६. कार्य सिद्ध करना या समाप्त करना। काम पूरा करना। जैसे,—आधे से अधिक काम हो गया है, अब ले लिया। ७. जीतना। जैसे,—बाजी लेना। ८. भागते हुए को पकड़ना। धरना। जैसे—लेना, जाने न पावे। ९ गोद मे थामना। जैसे,—जरा बच्चे को ले लो। १० (किसी आते हुए आदमी से आगे जाकर) मिलना। अगवानी करना। अभ्यर्थना करना। जैसे—शहर के सब रईस स्टेशन पर उन्हे लेने गए हैं। उ०—भरत आइ आगे भै लीन्हे।—तुलसी (शब्द०)। ११. प्राप्त होना। पहुचना। जैसे,—घर लेना मुश्किल हो गया है। १२. किसी कार्य का भार ग्रहण करना। किसी काम को पूरा करने का वादा करना। जिम्मे लेना। जैसे,—जब इस काम को लिया है, तब पूरा करके ही छोड़ूँगा।

मुहा०—ऊपर लेना = जिम्मे लेना। भार ग्रहण करना। जैसे—इस काम को मैं अपने ऊपर लेता हूँ।

१३ सेवन करना। पीना। जैसे—कभी कभी वे थोड़ी सी भाँग ले लेते हैं। १४ धारण करना। स्वीकार करना। अंगीकार करना। जैसे,—योग लेना, सन्यास लेना, बाना लेना। १५ काटकर अलग करना। काटना। जैसे,—(क) नाखून लेना, बाल लेना (ख) धीरे से ऊपर का हिस्सा ले लो, अंदर छुरी न लगने पावे। १६ किसी को उपहास द्वारा लज्जित करना। हँसी ठट्ठा करके या व्यंग्य बोलकर शर्मिंदा करना। जैसे,—आज उनको खूब लिया।

मुहा०—आड़े हाथों लेना = गूढ व्यंग्य द्वारा लज्जित करना। छिपा हुआ आक्षेप करके लज्जित करना।

१७ पुरुष या स्त्री के साथ संभोग करना। १८ संचय करना। एकत्र करना। जैसे,—मैं गुरु के लिये फूल लेने गया था।

मुहा०—ले आना = लेकर आना। लाना। ले उड़ना = (१) लेकर भाग जाना। (२) किसी बात को लेकर उसपर बहुत कुछ कह चलना। किसी बात का संकेत पाते ही वितंडावाद खड़ा करना। जैसे—तुमने तो जहाँ कोई बात सुनी, बस ले उड़े। लेने के देने पड़ना = (१) लेने के स्थान पर उलटे देना पड़ना। भले के लिये कुछ करते हुए बुरा होना। (किसी मामले मे) लाभ के बदले हानि होना। (२) बहुत कठिन समय आना। जान पर आ बनना। जैसे,—देखते देखते बच्चे के लेने के देने पड़ गए। ले चलना = (१) लेकर चलना। थामकर या ऊपर उठाकर चलना। (२) चलते समय किसी का साथ करना। साथ साथ गमन करना या पहुँचाना। जैसे—मेले मे उन्हे भी ले चलो। ले जाना = लेकर जाना। पास मे रखकर प्रस्थान करना। जैसे—(क) यह किताब ले जाओ, अब काम नहीं है। (ख) यह पत्र उनके पास ले जाओ। ले डालना = (१) खराब करना। चौपट करना। नष्ट करना। (२) पराजित करना। हराना। (३) किसी काम को निबटा देना। पूरा करना। समाप्त करना। ले डूबना = अपने साथ दूसरे का भी खराब करना। ले दे करना = (१) हुज्जत करना। तकरार करना। (२) बहुत प्रयत्न करना। बड़ी कोशिश करना। जैसे—बड़ा ले दे की, तब जाकर काम पूरा हुआ। ले देकर = (१) लेना देना सब जोड़कर। खर्च या देना आदि घटा कर। जैसे—सब ले देकर १००) बचते हैं। (२) सब मिलाकर। जोड़ जोड़कर। जैसे—ले देकर इतने ही रुपए तो होते हैं। (३) बड़ी मुश्किल से। कठिनता से। लेना देना = (१) लेन और देन का व्यवहार। (२) रुपया उधार देना और लेन देन का व्यवसाय। सरोकार होना = मतलब या प्रयोजन होना। सरोकार होना। जैसे,—मुझे किसी से कुछ लेना देना है जो परवा करूँ। लेना एक न देना दो = कुछ मतलब नहीं। कुछ प्रयोजन नहीं। कुछ सरोकार

नही । उ०—माँगि के खैबो, मसीत को सोइबो लैबे को एक न दैबे को दोऊ । तुलसी (शब्द०) । ले निकलना = लेकर चल देना । ले पडना (१) अपने साथ जमीन पर गिरा देना । (२) सभोग करने लगना । ले पालना = गोद लेना । दत्तक लेना । ले बैठना = (१) बोझ लिए डूब जाना । (नाव आदि का) । (२) अपने साथ नष्ट या खराब करना । ३ किसी व्यवसाय का नष्ट होकर लगे हुए धन को नष्ट करना । जैसे—यह कारखाना सारा पूँजी ले बैठेगा । ले भागना = लेकर भाग जाना । ले मरना = अपने साथ नष्ट या बरबाद करना । ले रखना = लेकर रख छोडना । कान मे लेना = सुनना । उ०— करैं घरी दस ता मैं कोऊ जो खबरि देत लेत नहिं कान और मरवावही ।—प्रियादास (शब्द०) । ले = इस शब्द का प्रयोग किसी को सबोधन करके इन अर्थों का बोध कराने के लिये किया जाता है—(१) अच्छा, जो तू चाहता है, वही होता है । जैसे – ले, मैं चला जाता हूँ, जो चाहे सो कर । (२) अच्छा, जो तू किसी तरह नही मानता है तो मैं यहाँ तक करता हूँ । जैसे,—ले, तेरे हाथ जोड़ू हूँ, क्यो न गावेगी ?—हरिश्चद्र (शब्द०) । ३ किसी के प्रतिकूल कोई बात हो जाने पर उसे चिढाने या लज्जित करने के लिये प्रयुक्त । देख । कैसा फल मिला । जैस,—(क) ले । और बढ़ बढकर बातें कर । (ख) ले । कैसी मिठाई मिली ।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग सयो० क्रिया के रूप मे सकर्मक और अकर्मक दोनो क्रियाओ के धातुरूप के आगे कही तो (क) केवल पूर्ति सूचित करने के लिये होता है, जैसे—इस बीच में उसने अपना काम कर लिया । और (ख) कही स्वय वक्ता द्वारा किसी क्रिया का किया जाना सूचित करने के लिये । जैसे,—तुम रहने दो, मैं अपना काम आप कर लूँगा ।

लेनिहारⓤ—वि० [हिं० लेना + हार] लेनेवाला । लेनदार । लहनेदार । उ०—जनु लेनिहार न लेहिं जिउ हरहिं तरासहिं ताहि । एतने बोल आय मुख करैं करैं तराहि तराहि ।—जायसी (शब्द०) ।

लेप—सज्ञा पुं० [सं०] १ गीली या पानी आदि के साथ मिली हुई वस्तु जिसकी तह किसी वस्तु के ऊपर फैलाकर चढाई जाय । पोतन, छापने या चुपडने की चीज । लेई के समान गाढी गीली वस्तु । मरहम । जैस,—जहाँ चोट लगी है, वहाँ यह लेप चढ़ा देना ।

क्रि० प्र०—चढ़ाना ।—रखना ।—लगाना ।

२ गाढी गीली वस्तु की तह जो किसी वस्तु के ऊपर फैलाई जाय । ३ उबटन । बटना । ४. लगाव । सबध । ५ घब्बा । दाग (को०) । ६ किसी वस्तु मे मिट्टी लगाना । मृत्तिकालेपन (को०) । ७ नैतिक पतन या दोष । पाप । ८ खाद्यपदार्थ । १० श्राद्ध के समय पिंडदान के अनतर हाथो मे लगा हुआ पिंड का अन्न जिसे वेदी पर बिछे हुए कुशमूल मे लगाते है । यह अन्न चौथी, पाँचवी और छठी पीढ़ी के लेखभागी पितर प्राप्त करते हैं ।

लेपक—सज्ञा पुं० [स०] १ लेप करनेवाला । पोतने या लगानेवाला । २ एक जाति या वर्ग । राजगीर (को०) । ३ साँचे बनानेवाला । ढलाई करनेवाला (को०) ।

लेपकर—सज्ञा पुं० [सं०] लेप करनेवाला । दे० 'लेपक' [को०] ।

लेपकामिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] साँचे के द्वारा ढाली हुई नारीमूर्ति । दे० 'लेप्यनारी –२' [को०] ।

लेपची – सज्ञा पुं० [स्त्री०] नैपालियो की एक जाति ।

लेपचू—सज्ञा पुं० [अ० ?] एक किस्म की उत्तम कोटि की चाय ।

लेपन –सज्ञा पुं० [सं०] [वि० लेपित, लेप्य, लिप्त] १ गाढी गीली वस्तु की तह चढाना । लेई सी गीली चीज पोतना या छोपना । २ तुरुष्क नामक एक गधद्रव्य (को०) । ३ लेपनीय वस्तु, उबटन, अगराग, आदि (को०) । ४ मास (को०) ।

लेपना –क्रि० स० [सं० लेपन] गाढी गीली वस्तु की तह चढाना । कीचड या लेई सी गाढी चीज फैलाकर पोतना । छोपना ।

लेपभागी—सज्ञा पुं० [सं० लेपभागिन्] पिता की और चौथी, पाँचवी और छठी पीढी के पूर्वज [को०] ।

लेपभुज—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लेपभागी' [को०] ।

लेपालक—सज्ञा पु० [हिं० लेना + पालना] गोद लिया हुआ पुत्र । दत्तक पुत्र । पालट ।

लेपी[1]—वि० [सं० लेपिन्] लेप करनेवाला ।

लेपी[2]—सज्ञा पुं० १ लेखक । लिपिकार । २ राजगीर । थवई (को०) ।

लेप्य—वि० [सं०] १ लेपन करने योग्य । लेपनीय । ढालने लायक । साँचे के द्वारा ढालने के योग्य (को०) ।

यौ०—लेप्यकार = लेप्यकृत् = दे० 'लेपक', 'लेपकर' । लेप्यनारी । लेप्यमयी । लेप्यस्त्री = दे० 'लेप्यनारी' ।

लेप्यनारी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. वह स्त्री जिसपर चदन आदि का लेप लगा हो । पत्थर या मिट्टी की बनी स्त्री की मूर्ति ।

लेप्यमयी—सज्ञा स्त्री० [स०] मिट्टी, पत्थर या काठ की बनी पुतली [को०] ।

लेफ्टिनेंट—सज्ञा पुं० [अ० लेफ्टिनेन्ट] १ वह सहायक कर्मचारी जिसे यह अधिकार हो कि अपने से उच्च कमचारी के आज्ञानुसार या उसकी आज्ञा के अभाव मे यथाभिमत काई काम कर सके । जैसे,—लेफ्टिनेंट कर्नल, लेफ्टिनेंट गवर्नर, लेफ्टिनेंट जनरल इत्यादि । २ सेना का वह अध्यक्ष जो कप्तान के मातहत होता है और कप्तान की अनुपस्थिति मे सेना पर पूर्ण अधिकार रखता है ।

लेफ्टिनेंट कर्नल—सज्ञा पुं० [अ०] सेना का एक अफसर जिसका दर्जा कर्नल के बाद ही है ।

लेफ्टिनेंट जनरल—सज्ञा पुं० [अ०] सेना का एक अफसर जिसका दर्जा जेनरल के बाद ही है । सहायक सैन्याध्यक्ष ।

लेबर—सज्ञा पुं० [अ०] १ श्रम । मेहनत (विशेषत शारीरिक) । २ श्रमिक वर्ग [को०] ।

यौ०—लेबरपार्टी = वह सगठन या दल जो श्रमिको का प्रति-

निर्धित्व करता हो। लेबर मेंबर = शासन मे श्रमिक वर्ग का प्रतिनिधि सदस्य। लेबर यूनियन = मजदूरो का सघ।

लेबरना†—क्रि० स० [हिं० लपेटना, लिबडना या लेभरना] ताने मे माँड़ी लगाना। (जुलाहा)।

लेबरर—सज्ञा पुं० [अ०] वह जो शारीरिक परिश्रम द्वारा जीविका निर्वाह करता हो। मेहनत मजदूरी करके गुजर करनेवाला। श्रमजीवी। मजदूर।

लेबुल—सज्ञा पु० [अ०] पते या विवरण आदि की सूचक वह चिट जो पुस्तको, औषध आदि की पुडियो, बोतलो या गठरियो आदि पर लगाई जाती है। नामविधि।

लेबोरेटरी—सज्ञा स्त्री० [अ०] वह शाला या मदिर जिसमे वैज्ञानिक परीक्षाएँ की जाती हो, किसी प्रक्रिया की जाँच की जाती हो, अथवा रासायनिक पदार्थ, औषधियाँ इत्यादि बनाई या तैयार की जाती हो। प्रयोगशाला।

लेमन—सज्ञा पु० [अ०। तुल० अ० लीमूँ] नीबू [को०]।

यौ०—लेमनचूस। लेमनजूस।

लेमनचूस—सज्ञा पुं० [अ० लेमन + हिं० चूसना] नीबू आदि के योग से बनी चीनी की गोलियाँ [को०]।

लेमनेड—सज्ञा पु० [अ०] नीबू का शरबत जो पहले नीबू के रस को शरबत मे मिलाकर बनाते थे, पर जो अब नीबू के सत्त को शरबत में मिलाकर बनाते हैं और बोतल मे हवा के जोर से बद करके रखते हैं। विलायती मीठा पानी। (यह प्राय. पाचक होता है।)

लेमर—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का जतु।

विशेष—यह पेडो पर रहता है और फल, फूल, अकुर, पत्तियाँ, अड और कीडे मकोडे, जो पेडो पर रहते है, खाता है। पहले मेडागास्कर टापू मे इसका पता लगा था। यह बदरो स मिलता जुलता होता है। इसकी अनेक जातियो का पता चला है, जो अफ्रीका और पूर्वीय टापुओ मे फिलिपाइन और सिलीबीज तक मिलती हैं। इनके सिवा इसकी एक और जाति है, जो बिना पूँछ के होती है और मलाया, बोर्नियो, सुमात्रा आदि मे मिलती है। इसकी पूँछ लबी होती है। इसकी कुछ जातियो क जतुओ को दिन मे दिखाई नही देता।

लेमू—सज्ञा पुं० [फा०] नीबू [को०]।

लेमूनी—वि० [फा०] नीबू का। नीबू से युक्त। जिसमे नीबू का योग हो [को०]।

लेय—सज्ञा पुं० [सं०] सिंह राशि [को०]।

लेर—सज्ञा स्त्री० [हिं० लहर] द० 'लहर'। (लश०)।

लेरुआ†—सज्ञा पु० [हिं० लडुआ] दे० 'लड्डू'।

लेरुआ[५]२—सज्ञा पु० [देश०] १ गाय का छोटा बच्चा। बछडा। २. बच्चा। शिशु। उ०—ललन लोने लरुआ बलि भैया। सुख सोइए नीद बेरिया भइ चारु चरित चारयो भैया। —तुलसी ग्र०, पृ० २७७।

लेरुआरी†—सज्ञा पुं० [हिं० लट + आरी (प्रत्य०)] वह भेंड जिसके गले मे लट लटका रहती है। (गडरिया)।

लेरुवा—सज्ञा पुं० [स० लह] १ बछडा। उ०—(क) जो न बर्मा, लोल नैन, लरुवा मरहिं सब खरक खरेई आजु सूनै सुनियतु है।—केशव (शब्द०)। (ख) लाडिली लाली कलोरी लुरी कहँ लाल लके कहाँ आग लगाइ कै। आजु तो केशव कैसहु लरुवै लागत देत न कसहूँ आइ कै।—केशव (शब्द०)। २ शिशु। बच्चा। बालक।

लेला[१]—सज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० लेली] १ भेंड या बकरी का बच्चा। २ वह जो साथ लगा रहता हो। पिछलग्गू'।

लेला[२]—सज्ञा स्त्री० [सं०] कप। कपन [को०]।

लेलापमाना—सज्ञा स्त्री० [स०] अग्नि की सात जिह्वाओ मे एक का नाम [को०]।

लेलितक—सज्ञा पुं० [सं०] गधक [को०]।

लेलिह—सज्ञा पुं० [सं०] १ जूँ। लीख। २ साँप।

लेलिहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तत्र मे अंगुलियो की एक प्रकार की मुद्रा [को०]।

लेलीतक—सज्ञा पु० [स०] लेलितक। गधक [को०]।

लेलिहान[१]—सज्ञा पु० [स०] १ सर्प। साँप। २ शिव [को०]।

लेलिहान[२]—वि० [स०] बार बार जीभ से स्वाद लेनेवाला। चाटनेवाला।

लेव—सज्ञा पुं० [स० लेप्य] १ अच्छी तरह घुली हुई मिट्टी या पिसी हुई औषधियाँ जो किसी स्थान पर लगाई जायँ। लेप। २ मिट्टी आदि का लेप जो हडी या और बर्तनो की पेंदी पर, उन्हे आग पर चढ़ाने से पहले, जलाने से बचाने के लिये, किया जाता है। ३ दीवार पर लगाने का गिलावा। कहगल।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढाना।—देना।

मुहा०—लेव चढ़ना = मोटा होना। मोटाई आना। (व्यग्य)।

४. दे० 'लेवा'।

लेवक—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जिसका लकडी इमारत के काम मे आती है।

लेवड़ा†—सज्ञा पुं० [हिं० लेव + डा (प्रत्य०)] १ लेव। लेप। २ पलस्तर। किसी लेप आदि का वह चप्पड जो फूलकर गिरने लगता है। जैसे, लेवडा उखडना।

लेवरना†—क्रि० स० [हिं० लेव, या लेवडा] लेवा लगाना। कहगिल करना। लेव लगाना।

लेवा[१]—सज्ञा पुं० [सं० लेप्य] १ गिलावा। २ मिट्टी का गिलावा। कहगिल। ३ नाव की पेंदी का वह तख्ता जो सिरे से पतवार तक लगाया जाता है। ४. लेप। ५ पानी का इतना बरसना कि जोतने पर खेत की मिट्टी और पानी मिलकर गिलावा बन जाय।

क्रि० प्र०—लगना।

६. गाय, भैस आदि का धन।

†७ कथरी ।

लेवा[2]—वि० [हिं० लेना] लेनेवाला । जैसे,—नामलेवा । जानलेवा ।

विशेष—इस अर्थ मे इसका व्यवहार केवल यौगिक शब्दो के अत मे होता है ।

यौ०—लेवा देई = लेनदेन । आदान प्रदान । उ०—अपनो काज सँवार सूर सुनि हमहि बनावत कूर । लेवा देई बराबर मे है कौन रक को भूप ।—सूर (शब्द०) ।

लेवार[1]—सज्ञा पुं० [स०] अग्रहार ।

लेवार[2]‡—सज्ञा पु० [हिं० लेव] लेव । गिलावा ।

लेवारना‡—क्रि० स० १ दे० 'लेवरना' । २ दे० 'लेवरना' ।

लेवाल—सज्ञा पुं० [हिं० लेना + वाल (प्रत्य०)] लेने या खरीदनेवाला ।

लेवी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ एक प्रकार का दरबार जो विलायत मे राजा लोग और हिंदुस्तान में वायसराय करते थे । २ उद्देश्य-विशेष से खडी की हुई पल्टन । जैसे,—मकरान लेवी कोर । विशेष दे० 'मिलिशा' ।

लेश[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ अणु । २ छुटाई । सूक्ष्मता । ३ चिह्न । निशान । उ०—राम सच्चिदानद दिनेसा । नहिं तहँ मोहनिसा लवलेसा ।—तुलसी (शब्द०) । ४ ससर्ग । लगाव । सबध । उ०—जो कोइ कोप भरे मुख बैना । सनमुख हतें गिरा सर पैना । तुलसी तऊ लेस रिस नाहीं । सो सीतल कहिए जग माही ।—तुलसी (शब्द०) । ५ एक अलकार, जिसमे किसी वस्तु के वर्णन के केवल एक ही भाग या अश मे रोचकता आती है । ६ एक प्रकार का गाना । ७ समय का एक मान जो दो 'कला' (कुछ के मत से १२ कला) के बराबर होता है (को०) ।

लेश[2]—वि० अल्प थोडा ।

लेशिक—सज्ञा पु० [स०] घास काटनेवाला । घसियारा [को०] ।

लेशी—वि० [स० लेशिन्] सूक्ष्म अश से युक्त । लवलेशवाला [को०] ।

लेशोक्त—वि० [स०] इगित मात्र । सकेतित । इशारे मे या दबी जबान से सुझाया हुआ । सक्षेप मे कहा गया [को०] ।

लेश्य—सज्ञा पुं० [सं०] प्रकाश [को०] ।

लेश्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जैनियो के अनुसार जीव की वह अवस्था जिसके कारण कर्म जीव को बाँधता है । यह छह प्रकार की मानी गई है—कृष्ण, नील, कपोत, पीत, पद्म और शुक्ल ।

विशेष—इसे जैन लोग जीव का पर्याय भी मानते हैं ।

२ प्रकाश (को०) ।

लेव(पु)[1]—सज्ञा पु० [सं० लेश] दे० 'लेश' ।

लेप(पु)[2]—सज्ञा पुं० [स० लेख] दे० 'लेख' ।

लेपना(पु)[1]—क्रि० स० [हिं० लखना] दे० 'लखना' । उ०—दुख सुख अरु अपमान बडाई । सब सम लेपहिं बिपति बिहाई । —तुलसी (शब्द०) ।

लेपना(पु)[2]—क्रि० स० [सं० लेखन] दे० 'लिखना' । उ०—सीय स्वयवरु माई दोऊ भाई आए देपन । सुनत चली प्रमदा प्रमुदित मन, प्रेम पुलकि तन मनहुँ मदन मजुल मेपन । निरपि मनोहरताई सुपुमाई कहैं एक एक सो भूरि भाग हम धन्य आलो ए दिन एपन । तुलसी सहज सनेह सुरग सब, सो समाज चित चित्रसार लागी लेपन ।—तुलसी (शब्द०) ।

लेपनी(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० लेखनी] दे० 'लेखनी' ।

लेपे(पु)—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'लेखे' ।

लेष्ट—सज्ञा पुं० [सं०] मिट्टी का ढोका [को०] ।

यौ०—लेष्टभेदन = मिट्टी के ढोके तोडने का औजार ।

लेसा[1]—वि० [स० लेश] दे० लेश' उ०—(क) लरिका और पढत शाला मे, तिनहिं करत उपदेश । हरि को भजन करा सबही मिलि और जगत सब लेस ।—सूर (शब्द०) । (ख) राज देन कहि दान बन, माहिं न सो दुख लेस । तुम्ह बिन भरतहि भूपतिहि प्रजहि प्रचड कलेस ।—तुलसी (शब्द०) ।

लेस[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कलाबत्तू या किनारे पर टाँकने की इसी प्रकार की और कोई पटरी । गोटा । २. बेल ।

यौ०—लेसदार = (१) बेलदार । जिसपर बेल लगी हो । (२) गोटेदार । जिसपर गोट टँकी हो ।

लेस[3]—सज्ञा पु० [हिं० लासा] १ मिट्टी का गिलावा जो दीवार पर लगाने के लिये बनाया जाता है । २. किसी वस्तु को पानी मे घोलकर गाढा किया हुआ । गिलावा । चेप । लस ।

यौ०—लेसदार = लसीला । चिपचिपा ।

लेसक—सज्ञा पुं० [स०] गजारोही । हाथी का सवार [को०] ।

लेसना[1]—क्रि० स० [सं० लेश्या (= प्रकाश)] जलाना । उ०—एहि बिधि लेसइ दीप तेजरासि विज्ञानमय । जातहि जासु समीप जरहिं मदादिक सलभ सब ।—तुलसी (शब्द०) ।

क्रि० प्र०—देना ।

लेसना[2]—क्रि० स० [हिं० लेस या लस] १. किसी चीज पर लेस लगाना । पोतना । २ घर की दीवार पर मिट्टी का गिलावा पोतना । कहगिल करना । ३. चिपकाना । सटाना । ४ इधर की बात उधर लगाना । चुगली खाना । ५. दो आदमियो मे विवाद उत्पन्न करने के लिये उन्हे उत्तेजित करना ।

लेसिक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लेसक' [को०] ।

लेसो†—सज्ञा पु० [दश०] छह ढोली पान का एक गट्ठा ।

लेह[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'अवलेह' । २ लेहन करनेवाला (को०) । ३ खाना । आहार । भोजन (को०) । ४ ग्रहण का एक भेद जिसमे पृथ्वी की छाया (या राहु) सूर्य या चद्रबिंब को जीभ के समान चाटता हुआ जान पडता है ।

लेह[2]—सज्ञा पुं० [दश०] लोध नामक वृक्ष । विशेष दे० 'लोध' ।

लेहन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० लेहक, लेह्य] चाटना । उ०—जहँ जहँ भीर परत भक्तन को तहँ तहँ होत सहाय । अस्तुति कार मन हरष बढ़ायो लेहन जाभ कराय ।—सूर (शब्द०) ।

लेहना[1]†—सज्ञा पुं० [सं० लेह (= आहार)] पशुओ का चारा।

लेहना[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लहना] १ खेत मे कटे हुए शस्य या फसिल की वह डाँठ जो काटनेवाले मजदूरो को काटने की मदूजरी मे दी जाती है। २ कटी हुई फसिल का वह बाल सहित डठल जो नाई, धोबी आदि को दिया जाता है। ३ डठल या बयाल आदि की वह मात्रा जो उठानेवाले के दोनो हाथो के बीच मे आ सके। ४ दे० 'लहना'।

लेहसुआ—सज्ञा पुं० [हिं० लेस] एक प्रकार की घास। कनकौवा।

विशेष—इसकी पत्तियाँ चार अगुल लबी, तीन अगुल चौडी, ऊपर को नुकीली और धारीदार होती है। यह घास बरसात मे उत्पन्न होती है और बहुत कोमल तथा लसीली होती है। इसका साग भी बनाया जाता है और इसे पशु भी खाते हैं। इसके फूल नीले रग के और छोटे छोटे होते हैं। इसकी पत्तियाँ बेसन मे लपेटकर तेल आदि मे तलने से रोटी की भाँति फूल जाती है।

लेहसुर—सज्ञा पुं० [देश०] कुम्हारो का एक औजार जिससे वे मिट्टी को मिलाते हैं। पाँसू।

लेहाजा—क्रि० वि० [अ० लिहाजा] इसलिये। इस वास्ते। इस कारण।

लेहाड़ा†—वि० [देश०] दे० 'लिहाडा'।

लेहाडापन—सज्ञा पुं० [देश०] दे० लिहाडापन'।

लेहाड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लिहाडी] अप्रतिष्ठा। अपमान। (दलाल)।

क्रि० प्र०—करना।—लेना।—होना।

लेहाफ—सज्ञा पु० [अ० लिहाफ] दे० 'लिहाफ'।

लेहिन—सज्ञा पु० [स०] सुहागा [को०]।

लेही[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] कान के अग्रभाग मे या ऊपर होनेवाला एक रोग [को०]।

लेही[2]—वि० [स० लेहिन्] आस्वादन करनेवाला। चाटनेवाला [को०]।

लेह्य[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह पदार्थ जो चाटने के लिये हो। वह जो चाटा जाय। यह भोजन के छह प्रकारो मे से एक है। चटनी। उ०—विविध भाँति के रुचिर अचारा। लेह्य चोष्य वर पेय प्रकारा।—रघुराज (शब्द०)। २ अवलेह।

लेह्य[2]—वि० चाटने के योग्य। जो चाटा जाय।

लै ग[1]—वि० [स० लैङ्ग] व्याकरण में लिंग से सबधित [को०]।

लै ग[2]—सज्ञा पु० अठारह पुराणो मे एक पुराण।

लै गधूम—सज्ञा पु० [स० लैङ्गधूम] अज्ञ पुरोहित। मूर्ख पुरोहित [को०]।

लै गिक—सज्ञा पुं० [स० लैङ्गिक] १ वैशेषिक दर्शन के अनुसार अनुमान प्रमाण। वह ज्ञान जो लिंग द्वारा प्राप्त हो।

विशेष—इसका स्पष्ट लक्षण सूत्र मे न कहकर इसे उदाहरण द्वारा इस प्रकार लक्षित किया गया है कि यह इसका कार्य है, यह इसका कारण है, यह इसका सयोगी है, यह इसका विरोधी है, यह इसका समवायी है, आदि, इस प्रकार का ज्ञान लैंगिक ज्ञान कहलाता है। इसी को न्याय मे अनुमान कहते हैं।

२ मूर्तिकार। शिल्पी। भास्कर। कारीगर (को०)।

लैंगिक[2]—वि० [वि० स्त्री० लैंगिकी] १ चिह्नो या लक्षणो पर आधारित। अनुमित (को०)। २. लिंग सबधी। जननेंद्रिय सबधी। ३ मूर्तिकार (को०)।

लैंगी—सज्ञा स्त्री० [स० लैङ्गी] लिंगिनी नाम की बूटी [को०]।

लैंगोद्भव—सज्ञा पुं० [स० लैङ्गोद्भव] लिंग की उत्पत्ति की कथा या आख्यान [को०]।

लैंडो—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक प्रकार की घोड़ागाडी।

विशेष—इस घोडागाडी मे ऊपर की ओर टप होता है। यह टप बीच मे से इस प्रकार खुलता है कि पिछला अश पीछे की ओर और अगला आगे की ओर सिकुडकर दब और नीचे बैठ जाता है। इससे आमने सामने दोनो ओर बैठने की चौकियाँ होती हैं।

लैंप—सज्ञा पुं० [अ०] दीपक। चिराग।

लैंसर—सज्ञा पुं० [अ०] रिसाले के सवारो के तीन भेदो मे से एक जो भाला लिए रहते हैं और जिनके घोडे भारी होते हैं।

लै(प्र)—अव्य [हिं० लगना] तक। पर्यंत।

लैकुची—सज्ञा पुं० [सं०] विशेष प्रकार के रेशो, ततुओ या सूत्रो से निर्मित एक परिधान [को०]।

लैटिन—सज्ञा स्त्री० एक भाषा जो पूर्व काल मे इटली देश मे बोली जाती थी।

विशेष—किसी समय मे सारे यूरोप मे यह विद्वानो और पादरियो की भाषा थी। इस भाषा का साहित्य बहुत उन्नत था, और इसीलिये अब भी कुछ लोग इसका अध्ययन करते हैं।

लैतोलाल—सज्ञा पुं० [अ०] हीला हवाला। टाल मटूल [को०]।

लैन—सज्ञा स्त्री० [अ० लाइन] १ सीधी लकीर जिसमे लबाई मात्र हो। २ सीमा की लकीर। ३ कतार। पक्ति। ४ पैदल सिपाहियो की सेना।

यौ०—लैनडोरी = पेशखेमा।

५ सिपाहियो के रहने की जगह। बारक।

लैया†—सज्ञा पुं० [हिं० लपना ?] वह धान जो अगहन मे कटता है। जडहन। शाली। लवक।

लैरू—सज्ञा पुं० [सं० लेह] दे० 'लेरुवा'। उ०—उद्विग्ना और विपुल विकला क्यो न सो धेनु होगी। प्यारा लैरू अलग जिसकी आँख से हो गया है।—प्रिय०, पृ० १३१।

लैल—सज्ञा स्त्री० [फा०] रात्रि। निशा। यामिनी।

लैला—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ 'कैस' की प्रेमिका, जिसके प्रेम मे वह पागल हो गया था। अत सब उसे 'मजनूँ', 'मज्नूँन' (पागल) कहने लगे थे। 'लैलामजनूँ' की प्रेमकथा की नायिका।

यौ०—लैला मजनूँ = (१) लैला और मजनूँ का प्रेमाख्यान। इस नाम की प्रेमकथा। (२) प्रेमी प्रेमिका।

२. प्रिया। प्रेयसी। ३. सुंदरी। श्यामा (को०)।

लैली—संज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'लैला'।

लैवेंडर—संज्ञा पुं० [अ०] एक सुगंधित तरल पदार्थ जो एक पौधे के फूलों से निकाला जाता है और जो इत्र की भाँति कपड़ों में, या ठंढक पहुँचाने के लिये सिर में लगाया जाता है।

लैसन्स—संज्ञा पुं० [अ० लाइसेंस] वह प्रमाणपत्र जिसके द्वारा किसी मनुष्य को विशेष अधिकार प्रदान किया जाता है। सनद। अधिकारपत्र। जैसे,—अफीम बेचने का लैसंस, एक्का या गाड़ी हाँकने का लैसंस, बंदूक रखने का लैसंस।

लैस[1]—वि० [अ० लैस] बद्धी और झालरों से सजा हुआ। कटिबद्ध। तैयार।

क्रि० प्र०—होना।

लैस[2]—संज्ञा पुं० कपड़े पर चढ़ाने का फीता।

लैस(पु)[3]—संज्ञा पुं० एक प्रकार का बाण जिसकी नोक लंबी और बड़ी होती है। उ०—फिरहूँ लैस कत्ती धरत्ती धुमाई। किहूँ सैल की सेल हत्थो चलाई।—सूदन (शब्द०)।

लैस[4]—संज्ञा पुं० [हिं० लेस] १ एक प्रकार का सिरका। २ कमानी।

लैस[5]—संज्ञा पुं० [अ०] शेर। सिंह।

लों—अव्य० [हिं० लग] दे० 'लौं'।

लोंटी—संज्ञा स्त्री० [सं० लेला] कान का लोलक।

लोंदा—संज्ञा पुं० [सं० लुण्ठन] किसी गीले पदार्थ का वह अंश जो ऐंठने की तरह बँधा हो। जैसे—घी का लोंदा, दही का लोंदा, मिट्टी का लोंदा।

लो—अव्य० [हिं० लेना] एक अव्यय जिसका प्रयोग श्रोता को संबोधन करके उसका ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने एवं साश्चर्य व्यक्त करने में किया जाता है। जैसे,—(क) लो। सामने बैठे देख तुम्हें कैसी पत्र लिखाने की सूझी। (ख) लो। चलो मैं जाता हूँ। (ग) लो। देखने जाओ, यह क्या कर रहा है। (घ) लो। क्या से क्या हो गया।

लोअर—वि० [अ०] नीचे का। निम्न कोटि।

लोअर कोर्ट—संज्ञा पुं० [अ०] नीचे की अदालत। निम्न विचारालय। मातहत अदालत।

लोइ(पु)[1]—संज्ञा पुं० [सं० लोक, प्रा० लोअ या लोयो] लोग। उ०—(क) देखि बिनु करतूति कहिबो जानिहै लघु लोइ। कहाँ जो मुख की समर नरि कालि कारिख धोइ।—तुलसी (शब्द०)

लोइ[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० रोचि, प्रा० लोई] १ प्रभा। सौंदर्य। दीप्ति। उ०—(क) इनमें होइ दरसात है हर मूरत की लोइ। या तें लोइन कहत हैं इनमों मिलि सब कोइ।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) कैंस ऐसे रूप की नर तें उतपति होइ। भूतल से निकसति कहीं बिज्जु छटा का लोइ।—लदमण (शब्द०)। २ लव। शिखा। उ०—इंधन के टारे बिना बढ़ति न पावक लोइ। फन न उठावत नागहू जो छेड्यो नहिं होइ।—लदमण (शब्द०)।

लोइन(पु)[1]—संज्ञा पुं० [सं० लावण्य] लावण्य। नमक। सौंदर्य। नमकीनी। उ०—लीने हू साहस सहम, कीने जतन हजार। लोइन लोइन सिंधु तन, पैरि न पावत पार।—लल्लूलाल (शब्द०)।

लोइन[2]—संज्ञा पुं० [सं० लोचन, प्रा० लोयण, लोइण] दे० 'लोयन'। उ०—इनमें ह्वै दरसात है हर मूरत की लोइ। या तें लोइन कहत हैं इन सौं मिल सब कोइ।—स० सप्तक, पृ० १९३।

लोई[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लोटी=प्रा० लोवी] गुँधे हुए आटे का उतना अंश जो एक रोटी मात्र के लिये निकालकर गोली के आकार का बनाया जाता है और जिसे बेलकर रोटी बनाते हैं। उ०—भाजी भावती है महा मोदक मही की शोभा पूरी रची है कर लोनाई विधि लोई में।—रघुनाथ (शब्द०)।

लोई[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० लोमीय (=लोई)] एक प्रकार का कंबल जो पतले ऊन से बुना जाता है और कंबल से कुछ अधिक लंबा और चौड़ा होता है। इसकी बुनावट प्रायः दुसुत्ती की सी होती है। उ०—सीतलपाटी टाट, लोई कम्बल ऊन के। बची न एकौ हाट, खेस निवारहि आदिहै।—सूदन (शब्द०)।

लोई[3]—संज्ञा पुं० [सं० लोक] लोग। दे० 'लोइ'। उ०—(क) नागर नवल कुँवार वर सुंदर मारग जात लेत मन गोई।—सूर (शब्द)। (ख) सूरश्याम मनहरण मनोहर गोकुल बसि मोहे सब लोई।—सूर (शब्द०)। (ग) बल बसदेव कुशल सब लोई। अर्जुन यह सुन दीने रोई।—सूर (शब्द०)।

लोकजन(पु)—संज्ञा पुं० [सं० लोपाञ्जन या हिं० लुकना+अंजन] वह कल्पित अंजन जिसे आँख में लगाने से मनुष्य का अदृश्य होना माना जाता है। लोपांजन। उ०—जो कहिए विधना ही रची सिख तें घर क्यों पग को सँग लीन्हो। जो कहिए कि विरंचि रची है तौ देखी न जाति कितौ दृग दीन्हो। कीन्हे विचार न आवै मनै नृप सभु भनै तब मो मति चीन्हो। जो चितचोर को चित्त चुरावत राधे के लंक लोकजन कीन्हो।—शंभु (शब्द०)।

लोकदा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० लोकना ?] [स्त्री० लोकदी] विवाह में कन्या के डोले के साथ दासी को भेजना। उ०—छेरी बाघहि ब्याह होत है मंगल गावे गाई। बन के रोझ धौ दायज दीन्हो गोह लोकदे जाई।—कबीर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—जाना।—भेजना।

लोकदी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोकना ?] वह दासी जो कन्या के पहले पहल ससुराल जाते समय उसके साथ भेजी जाती है।

लोकल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ स्थानविशेष जिसका बोध प्राणी को हो।

विशेष—उपनिषदों में दो लोक माने गए हैं—इहलोक और परलोक। निरुक्त में तीन लोकों का उल्लेख मिलता है—पृथ्वी, अंतरिक्ष और द्युलोक। इनका दूसरा नाम 'भूः', 'भुवः' और 'स्वः' है। ये महाव्याहृति कहलाते हैं। इन तीन महाव्याहृतियों की भाँति चार और 'महः', 'जनः', 'तपः' और 'सत्यम्' शब्द हैं, जो तीनों महाव्याहृतियों के साथ मिलकर सप्तव्याहृति कहलाते हैं। इन सातों महाव्याहृतियों के नाम से पौराणिक काल में सात लोकों की

कल्पना हुई, जिनके नाम इस प्रकार हैं—भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपलोक और सत्यलोक। फिर पीछे इनके साथ सात पाताल—जिनके नाम अतल, वितल, नितल, गभस्तिमान्, तल, सुतल और पाताल हैं—और सब मिलाकर चौदह लोक किए गए। पुराणों मे पातालो के नाम मे मतभेद है। पद्मपुराण मे इनके नाम अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल, और पाताल बतलाए गए हैं। अग्निपुराण मे अतल, सुतल, वितल, गभस्तिमान्, महातल, रसातल और पाताल, तथा विष्णुपुराण मे अतल, वितल, नितल, गभस्तिमान्, महातल, सुतल और पाताल इनके नाम लिखे गए हैं। इस प्रकार चौदह लोक या भुवन माने गए हैं। सुश्रुत मे लोक दो प्रकार का माना गया है—स्थावर और जगम।

२ ससार। जगत्। ३ स्थान। निवासस्थान। जैसे,—ब्रह्म लोक, विष्णु लोक इत्यादि। ४ प्रदेश। विषय। दिशा। जैसे,—लोकपाल, लोकपति इत्यादि। ५ लोग। जन। उ०—मानव या लगि है जग जीजतु। जाते हरि सो प्रेम पुरातन बहुरि नयो करि कीजतु। कहँ रवि राहु भयो रिपुमति रचि विधि सजोग बनायो। उहि उपकारि आजु यह औसर हरि दर्शन सचु पायो। कहाँ बसहि यदुनाथ सिंधु तट कहँ हम गोकुल वासी। वह वियोग यह मिलनि कहाँ अब काल चाल औरासी। सूरदास मुनि चरण चरचि करि सुर लोकनि रुचि मानी। तब अरु अब यह दुसह प्रमानी निमिषो पीरि न जानी। सूर (शब्द०)। ६ समाज। मानव जाति। उ०—(क) सब से परम मनोहर गोपी। नंद नदन के नेह मेह जिन लोक लीक लोपी।—सूर (शब्द०)। (ख) सो जानव सतमग प्रभाऊ। लोकहु वेद न आन उपाऊ।—तुलसी (शब्द०)। ७ प्राणी। उ०—उगेहु अरुन अवलोकहु ताता। पकज लोक कोक सुखदाता।—तुलसी (शब्द०)। ८ यश। कीर्ति। उ०—लोक मे लोक बडो अपलोक सुकेशव दास जो होउ सो होऊ।—केशव (शब्द०)। ९ दृश्य या देखने योग्य वस्तु (को०)। १० प्रकाश (को०)। ११ ७ या १४ की सख्या। १२ अपना या निज का स्वरूप (को०)। १३. फज (को०)। १४ भोग्य वस्तु (को०)। १५ चक्षुरिंद्रिय। देखने की इंद्रिय। नेत्र (को०)।

लोक[३]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी जो बत्तख से बडा और खाकी रग का होता है।

लोककटक—सज्ञा पुं० [स० लोककण्टक] वह जो समाज का कटक, विरोधी या हानिकर हो। लोगो को कष्ट या हानि पहुँचानेवाला। दुष्ट प्राणी।

लोककथा—सज्ञा स्त्री० [सं०] परपरा से जनसामान्य मे प्रचलित कथाएँ (को०)।

लोककर्ता—सज्ञा पुं० [सं० लोककर्तृ] १ विश्व का निर्माता। ब्रह्मा। २ विष्णु। ३ शिव (को०)।

लोककल्प[१]—वि० [स०] १ विश्व के अनुरूप। ससार से मिलता जुलता। २ विश्व के द्वारा मानित (को०)।

लोककल्प[२]—सज्ञा पुं० [स०] विश्व की अवधि। विश्व की आयु (को०)।

लोककात—वि० [स० लोककान्त] सर्वजनप्रिय। सबका प्रिय जिसे सब चाहते हो (को०)।

लोककात[१]—सज्ञा स्त्री० [स० लोककान्ता] औषध के काम आनेवाला ऋद्धि नामक एक पौधा (को०)।

लोककार—सज्ञा पु० [सं०] शिव (को०)।

लोककारण कारण—सज्ञा पुं० [स०] शिव का एक नाम (को०)।

लोकचिति—वि० [स० लोकचित्] स्वर्ग लोक का निवासी।

लोकगति—सज्ञा स्त्री० [स०] मनुष्यो के क्रियाकलाप (को०)।

लोकगाथा—सज्ञा स्त्री० [स०] परंपरा से जनसमाज मे चले आते हुए गीत। लोकगीत जो जनभाषा (बोलचाल की भाषा) मे निबद्ध हो (को०)।

लोकचक्षु—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य।

लोकचारित्र—सज्ञा पुं० [स०] ससार की चलन। लोक का चरित्र वा आचार आदि। लोकाचार (को०)।

लोकजननी—सज्ञा स्त्री० [सं०] लक्ष्मी। लोकमाता।

लोकजित्—सज्ञा पु० [सं०] १ बुद्ध। २ एक सत का नाम (को०)। वह जिसने ससार को जीत लिया हो।

लोकज्येष्ठ—सज्ञा पु० [स०] बुद्ध।

लोकटीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] लोमडी।

लोकतत्र सज्ञा पुं० [सं० लोक+तन्त्र] १. ससार का मार्ग या चलन। २ जनता का, जनता के लिये, जनता के द्वारा चलाया जानेवाला शासन।

लोकतुपार—सज्ञा पु० स०] कपूर।

लोकत्रय—सज्ञा पु० [सं०] तीनो लोको की समष्टि। त्रिलोक (को०)।

लोकदभक—वि० [सं० लोकदम्भक] ससार को या सबको धोखा देनेवाला (को०)।

लोकद्वार—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग का द्वार (को०)।

लोकधर्म—सज्ञा पुं० [स०] १ सासारिक विषय। २ बौद्ध मतानुसार ससार की अवस्था (को०)।

लोकधाता—सज्ञा पु० [स० लोकधातृ] शिव (को०)।

लोकधातु—सज्ञा पुं० [स०] जबुद्वीप का एक नाम (को०)।

लोकधारिणा—सज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी।

लोकधुनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० लोकध्वनि] जनरव। अफवाह। उ०—चरचा चरनि सो चरची जानि मन रघुराइ। दूत मुख सुनि लोकधुनि घर घरनि बूझी जाइ।—तुलसी (शब्द०)।

लोकन—सज्ञा पुं० [स०] अवलोकन। देखना (को०)।

लोकना—क्रि० स० [स० लोपन] १ ऊपर से गिरती हुई किसी वस्तु

को भूमि पर गिरने से पहले ही हाथों से पकड लेना। २ बीच मे से ही उडा लेना। उ०—जाते जेर सब लोक विलोकि त्रिलोचन मो विष लोक लियो है।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—लेना।

लोकनाथ—सज्ञा पुं० [स०] १ ब्रह्मा। २ लोकपाल। ३ बुद्ध।

लोकनी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'लोकदी'।

लोकनीय—वि० [सं०] देखने योग्य। अवलोकनीय [को०]।

लोकनेता—सज्ञा पुं० [सं० लोकनेतृ] शिव [को०]।

लोकप, लोकपति सज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा। २ दिक्पाल। नरेश। लोकपाल। ३ राजा।

लोकपक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] मानव का आदरभाव। सहज समान [को०]।

लोकपथ—सज्ञा पुं० [सं०] सर्वसमत मार्ग। समाज द्वारा मान्य सामान्य चलन [को०]।

लोकपद्धति—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लोकपथ' [को०]।

लोकपरोक्ष—वि० [सं०] ससार से परे वा छिपा हुआ। गुप्त [को०]।

लोकपाल—सज्ञा पुं० [सं०] १ दिक्पाल।

विशेष—पुराणानुसार आठ दिशाओ के अलग अलग लोकपाल हैं। यथा—इद्र पूर्व दिशा का, अग्नि दक्षिणपूर्व का, यम दक्षिण का, सूर्य दक्षिणपश्चिम का, कुबेर उत्तर का और सोम उत्तर-पूर्व का। किसी किसी ग्रथ मे सूर्य और सोम के स्थान पर निर्ऋति और ईशानी या पृथ्वी के नाम मिलते हैं।

२ अवलोकितेश्वर बोधिसत्व का एक नाम। ३ नरेश। राजा। नृपति। उ०—दिगपालन की भुवपालन की लोकपालन की किन मातु गई च्वै।—केशव (शब्द००)।

लोकपितामह— सज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा।

लोकप्रकाशन —सज्ञा पुं० [स०] सूर्य [को०]।

लोकप्रत्यय—सज्ञा पुं० [स०] वह जो ससार मे सर्वत्र मिलता हो।

लोकप्रदीप—सज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध।

लोकप्रवाद—सज्ञा पुं० [स०] जिसे ससार के सभी लोग कहते और समझते हो। साधारण बात।

लोकप्रसिद्ध—वि० [सं०] सब पर प्रकट। लोगो मे ख्यात। सर्व-विदित। उजागर [को०]।

लोकबंधु —सज्ञा पुं० [सं० लोकबन्धु] १ शिव। २ सूर्य।

लोकबांधव सज्ञा पुं० [स० लोकबान्धव] दे० 'लोकबधु' [को०]।

लोकबाह्य—वि० [सं०] १ समाज से बहिष्कृत। जातिच्युत। अजाती। २. ससार से विपरीत मत रखनेवाला। सनकी [को०]।

लोकभर्ता—वि० [सं० लोकभर्तृ] जगत् का पालक। ससार का पालन पोषण करनेवाला [को०]।

लोकभावन—वि० [स०] ससार का कल्याण करनेवाला [को०]।

लोकमर्यादा—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रचलित या समाज द्वारा स्वीकृत रीति रिवाज या प्रथा [को०]।

लोकमाता—सज्ञा स्त्री० [स० लोकमातृ] १. गौरी। पार्वती। २ रमा। लक्ष्मी [को०]।

लोकमार्ग—सज्ञा पुं० [सं०] सर्वस्वीकृत प्रथा [को०]।

लोकयज्ञ सज्ञा पुं० [स०] जनता के समर्थन की इच्छा। लोकैषणा [को०]।

लोकयात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ व्यवहार। २ व्यापार। ३. क्रम। सासारिक अस्तित्व (को०)। ४. जीवनयापन का साधन। योगक्षेम (को०)।

लोकरंजन—सज्ञा पुं० [सं० लोकरञ्जन] लोकप्रियता। सबको प्रसन्न रखना [को०]।

लोकरक्षक—सज्ञा पुं० [स० लोकरक्षक] राजा। शासक [को०]।

लोकरव—सज्ञा पुं० [स०] अफवाह। प्रवाद।

लोकरा†—सज्ञा पुं० [देश०] चौथडा।

लोकरावण—वि० [सं०] जनता या प्रजा का उत्पीडक [को०]।

लोकल—वि० [अ०] १ प्रातिक। प्रादेशिक। २ किसी एक ही स्थान जिले, नगर या प्रदेश आदि से सबध रखनेवाला। स्थानीय। प्रादेशिक।

यौ०—लोकल बोर्ड। लोकल गवर्नमेंट।

लोकल बोर्ड—सज्ञा पुं० [अ०] वह स्थानीय समिति जिसके सभ्यो का चुनाव किसी स्थान के कर देनेवाले करते हो और जिसके अधिकार में उस स्थान की सफाई आदि की व्यवस्था हो।

लोकलीक(ल्)—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोक+लीक] लोकमर्यादा। उ०—सरस असम सर सरसिज लोचनि विलोकि लोकलीक लाज लोपिबे को आगरी।—केशव (शब्द०)।

लोकलेख—सज्ञा पुं० [सं०] १ सार्वजनिक अभिलेख या दस्तावेज। २ सामान्य पत्र [को०]।

लोकलोचन—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य [को०]।

लोकवचन—सज्ञा पुं० [सं०] जनश्रुति। अफवाह [को०]।

लोकवर्तन—सज्ञा पुं० [सं०] विश्व के पोषण का आधार या साधन [को०]।

लोकवाद—सज्ञा पु० [सं०] १ जनश्रुति। अफवाह। २ सर्वसाधारण की चर्चा का विषय। सर्वविदित विवरण [को०]।

लोकवार्ता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'लोकवाद' [को०]।

लोकविद्विष्ट—वि० [सं०] सबका अप्रिय। जिससे सारा ससार घृणा करता हो [को०]।

लोकविधि—सज्ञा पुं० [स०] १ समाजसमत मार्ग। प्रशस्त पथ। २ विश्व का स्रष्टा। ब्रह्मा [को०]।

लोकविनायक—सज्ञा पुं० [स०] लोगो का अधिपति देवतावर्ग [को०]।

लोकविभ्रम—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लोकव्यवहार' [को०]।

लोकविरुद्ध—वि० [सं०] जो लोकाचार के विपरीत हो [को०]।

लोकविश्रुत—वि० [सं०] ससार भर में प्रसिद्ध। जगद्विख्यात।

लोकविसर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रलय । विश्व की समाप्ति । २ विश्व का उद्भव । ससार की उत्पत्ति [को०] ।

लोकवृत्त सज्ञा पु० [स०] लोकव्यापार । लोक मे प्रचलित प्रथा [को०] ।

लोकवृत्तांत—सज्ञा पुं० [स० लोकवृत्तान्त] १ ससार का तौर तरीका । लोकाचार । प्रचलन । २ घटनाक्रम [को०] ।

लोकव्यवहार—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लोकवृत्तात [को०] ।

लोकव्रत—सज्ञा पुं० [स०] ससार का सामान्य व्यापार [को०] ।

लोकश्रुति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जनश्रुति । अफवाह । २ लोकप्रसिद्धि [को०] ।

लोकसकरता—सज्ञा स्त्री० [स० लोकसङ्करता] समाज मे सकरता या मिश्रण । ससार म घालमेल या अस्तव्यस्तता [को०] ।

लोकसग्रह—सज्ञा पुं० [स० लोकसङ्ग्रह] १ ससार के लोगो को प्रसन्न करना । २ ससार का कल्याण या सबको भलाई चाहना ।

लोकसग्रही—वि० [स० लोकसङ्ग्रहिन्] लोककल्याण की कामना करनेवाला ।

लोकसंपन्न - वि० [सं० लोकसम्पन्न] लौकिक ज्ञान से युक्त [को०] ।

लोकसबाध—सज्ञा पु० [सं० लोकसम्बाध] मनुष्यो का आवागमन । भीडभाड [को०] ।

लोकससृति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भाग्य । विधियोग । २ ससार-मार्ग [को०] ।

लोकसाक्षिक—वि० [स०] १ ससार को साक्षी माननेवाला । ससार के समक्ष । अगोपनीय । २. साक्षी द्वारा प्रमाणित [को०] ।

लोकसाक्षी—सज्ञा पुं० [स० लोकसाक्षिन्] १ ब्राह्मण । २. अग्नि [को०] ।

लोकसाधक—वि० [स०] लोको का बनानेवाला [को०] ।

लोकसाधारण वि० [स०] सर्वसामान्य (विषय) [को०] ।

लोकसारग—सज्ञा पु० [स० लोकसारङ्ग] विष्णु का एक नाम [को०] ।

लोकसिद्ध—वि० [स०] १ लोकप्रचलित । सामान्य । प्रथानुसारी । २ सामान्यत स्वीकृत [को०] ।

लोकसीमातिवर्ती—वि० [स० लोकसीमातिवर्तिन्] असाधारण । असामान्य । लोकोत्तर [को०] ।

लोकसुदर[1]—वि० [स० लोकसुन्दर] सर्वानुमोदित । लोकप्रशसित ।

लोकसुदर[2]—सज्ञा पुं० बुद्ध का एक नाम [को०] ।

लोकसेवक—सज्ञा पुं० [सं० लोक+सेवक] समाज या लोक की सेवा करनेवाला । जनता का सेवक ।

लोकस्थल—सज्ञा पुं० [स०] सामान्य घटना [को०] ।

लोकस्थिति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ ब्रह्माड का नियमन या अवस्थिति । २ लोकसमत विधिविधान [को०] ।

लोकहाँदी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोक+हल्दी] एक प्रकार की हल्दी ।

लोकहार—वि० [सं० लोक+हरण] लोक को हरण करनेवाला । ससार को नष्ट करनेवाला । उ०—वियोग सीय को न, काल लोकहार जानिए ।—केशव (शब्द०) ।

लोकहास्य—वि० [सं०] जगहँसाई का पात्र [को०] ।

लोकहित[1]—सज्ञा पुं० [स०] सबकी भलाई । सार्वजनिक कुशल [को०] ।

लोकहित[2]—वि० [स०] सर्वजनहितकारी । सर्वोपकारक [को०] ।

लोकातर—सज्ञा पुं० [स० लोकान्तर] वह लोक जहाँ मरने पर जीव जाता है । अन्य लोक ।

यौ०—लोकातरगमन = अन्य लोक मे गमन । स्वर्गवास ।

लोकातरिक—वि० [स० लोकान्तरिक] जो लोको के मध्य स्थित हो ।

लोकातरित—वि० [स० लोकातरित] १ जो इस लोक से दूसरे लोक मे चला गया हो । २ मरा हुआ । मृत । स्वर्गीय ।

लोकाकाश—सज्ञा पु० [स०] विश्व जिसमे सब प्रकार के जीव और तत्व रहते हैं । (जैन) ।

लोकाक्ष—सज्ञा पुं० [स०] आकाशदिक् । दिशा । शून्य [को०] ।

लोकाचार—सज्ञा पुं० [स०] ससार में बरता जानेवाला व्यवहार । लोकव्यवहार ।

लोकाट—सज्ञा पु० [चीनी लु+क्यू] एक पौधा जिसका फल खाया जाता है । लकुच । लुकाट ।

विशेष—इस पौधे की पत्तियाँ लबी और नुकीली, तेंदू की पत्तियो के आकार की, पर उससे कुछ बडी होती है । इसका पेड बीस पचीस हाथ से अधिक ऊँचा नही होता । इसके पेड मे फागुन चैत के महीने मे मजरियाँ लगती हैं और बडे बेर के बराबर फल लगते हैं, जो पकने पर पीले होते हैं और खाने मे प्राय मीठे, गुदार और स्वादिष्ट होते हैं । सहारनपुर मे लोकाट बहुत अच्छा और मीठा उत्पन्न होता है । यह फल चीन और जापान देश का है और वही से भारतवर्ष मे आया है ।

लोकातिग—वि० [स०] असाधारण । लोकोत्तर [को०] ।

लोकातिशय—वि० [स०] लोकोत्कृष्ट । असामान्य [को०] ।

लोकात्मा—सज्ञा पुं० [स० लोकात्मन्] विश्व का आत्मा [को०] ।

लोकादि—सज्ञा पुं० [स०] १ विश्व का आरभ । २ विश्व का स्रष्टा । विधाता [को०] ।

लोकाधिक—वि० [सं०] दे० 'लोकातिग' [को०] ।

लोकाधिप—सज्ञा पु० [सं०] १ लोकपाल । २ बुद्ध । ३ राजा (को०) ।

लोकाना[1]—क्रि० स० [हिं० लोकना का प्रे० रूप] अधर मे फेंकना । उछालना ।

लोकानुग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] लोक या जगत् का कल्याण । लोकसपन्नता [को०] ।

लोकानुभावी—वि० [स० लोकानुभाविन्] १ विश्व को पराभूत करनेवाला । विश्वव्यापी । जैसे, प्रकाश [को०] ।

लोकानुराग—सज्ञा पु० [स०] मानवप्रेम । विश्वप्रेम । उदारता । दानशीलता [को०] ।

लोकानुवृत्त—सज्ञा पुं० [स०] लोकसेवा की भावना । लोकसेवाभाव [को०] ।

लोकापवाद—सज्ञा पुं० [स०] बदनामी । अपयश [को०] ।

लोकाभिलषित—वि० [सं०] सर्वप्रिय [को०]।

लोकाभ्युदय—संज्ञा पुं० [स०] लोक का अभ्युदय। सबका कल्याण। सबका उदय [को०]।

लोकायत—संज्ञा पुं० [स०] १. वह मनुष्य जो इस लोक के अतिरिक्त दूसरे लोक का न मानता हो। २ चार्वाक दर्शन, जिसमे परलोक या परलोकवाद का खंडन है। ३ किसी किसी के मत से दुर्मिल नामक छंद का एक नाम।

लोकायतिक—संज्ञा पुं० [सं०] नास्तिक। भौतिकवादी [को०]।

लोकायन—संज्ञा पुं० [सं०] नारायण का एक नाम [को०]।

लोकालोक—संज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम। चक्रवाल।

विशेष—कहते हैं, यह सातो समुद्रो और द्वीपो को चारो ओर से आवेष्टित किए हुए है, जिसके बाहर सूर्य या चंद्र का प्रकाश नहीं पहुँचता। बौद्ध ग्रंथो मे इसे चक्रवाल कहा है।

लोकित—वि० [स०] अवलोकित। देखा हुआ [को०]।

लोकी—वि० [सं० लोकिन्] १ लोक मे रहनेवाला। २ लोक का अधिपति।

लोकेश—संज्ञा पुं० [सं०] १ विश्व का स्वामी। ईश्वर। २. राजा। ३ ब्राह्मण। ४ पारा [को०]।

लोकेश्वर—संज्ञा पुं० [स०] १ बुद्ध। २ भुवन और जनो का प्रभु। ३ दे० 'लोकपाल' [को०]।

लोकेश्वरात्मजा—संज्ञा स्त्री० [स०] बुद्ध की एक शक्ति का नाम [को०]।

लोकैषणा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ सासारिक अभ्युदय की कामना। २ स्वर्ग के सुख की कामना।

लोकोक्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] १ कहावत। मसल। २ काव्य मे वह अलकार जिसमे किसी लोकोक्ति का प्रयोग करके कुछ रोचकता या चमत्कार लाया जाय।

लोकोत्तर—वि० [सं०] जो इस लोक मे होनेवाले पदार्थों आदि से श्रेष्ठ हो। बहुत ही अद्भुत और विलक्षण। अलौकिक। जैसे,—(क) वहाँ एक योगी ने कई लोकोत्तर चमत्कार दिखलाए थे। (ख) यह कौन सी लोकोत्तर वस्तु है जिसके लिये तुम इतना अभिमान करते हो।

लोकोपकार—संज्ञा पुं० [सं०] ससार के उपकार का काम।

लोकोपकारक—वि० [स०] लोक का उपकार करनेवाला।

लोखंडी—संज्ञा स्त्री० [स० लोमश] दे० 'लोमडी'।

लोखर—संज्ञा पुं० [हिं० लोहा+खर] १ नाई के औजार। जैसे,—छुरा, कची, नहरनी आदि। २ लोहारो या बढइया आदि के लोहे के औजार। ३ इन औजारो को रखने का बक्स या पेटी।

लोखरिया, लोखरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोखडी] दे० 'लोखडी'।

लोग—संज्ञा पुं० [स० लोक] [स्त्री० लुगाई, लोगाई] जन। मनुष्य। आदमी। उ०—(क) देख रतन हीरामन खोवा। राजा जिव लोगन हठ खोवा।—जायसी (शब्द०)। (ख) अमृत वस्तु जानै नही, मगन भए कित लोग। कहहि कबीर कामो नही जीवहि मरन न जोग।—कबीर (शब्द०)। (ग) जिन वीथिन बिहरहिं सब भाई। थकित होहिं सब लोग लुगाई।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—हिंदी मे इस शब्द का प्रयोग सदा बहु वचन मे और मनुष्यो के समूह के लिये ही होता है। जैसे,—लोग चले आ रहे है।

यौ०—लोगबाग = जनसमाज। सर्वसाधारण जन।

लोगचिरकी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का फूल।

लोगाई†—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोग+आई (प्रत्य०)] स्त्री। औरत। उ०—(क) वृद वृद मिल चली लोगाई। सहज सिंगार किए उठि धाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पुनि ज्वर दी दीनी पुर लाई। जरन लगे पुर लोग लुगाई।—सूर (शब्द०)।

विशेष—इस शब्द का शुद्ध रूप प्राय 'लुगाई' ही माना जाता है।

लोच[1]—संज्ञा पुं० [हिं० लचक] १ लचलचाहट। लचक। २ कोमलता। उ०—चलौ चले छुटि जायगो हठ रावरे सँकोच। खरे चढाए देत अब, आए लोचन लोच।—बिहारी (शब्द०)। ३ अच्छा ढग।

लोच[2]—संज्ञा पुं० [सं० रुचि] अभिलाषा। उ०—मोको पर्‌यो सोच यज्ञ पूरण को लोच, हिये लिए वाको नाम जिनि गाम तजि जाइए।—प्रियादास (शब्द०)।

लोच[3]—संज्ञा पुं० [स० लुञ्चन] जैन साधुओं का अपने सिर के बालों को उखाडना। लुचन।

लोच[4]—संज्ञा पुं० [सं०] आँसू [को०]।

यौ०—लोचमर्कट = दे० 'लोचमस्तक'।

लोचक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मूर्खजन। २ आँख की पुतली। ३ काजल। ४ कान का एक गहना। ५ काला या नीला कपडा। ६ प्रत्यचा। धनुष की डोरी। ७ माथे पर पहनने का एक गहना। बेंदी। ८ मास का लोथडा। ९ साँप की केंचुल। १०. झुर्री पडी खाल। ११ तनी हुई भौंह। १२ केले का वृक्ष [को०]।

लोचक[2]—वि० १ मूर्ख। अज्ञ। बुद्धिहीन। २ दूध का आहार करनेवाला। पयहारी।

लोचन—संज्ञा पुं० [सं०] १ आँख। नेत्र। नयन।

मुहा०—लोचन भर आना = आँखों में आँसू डबडबा आना। आँखें भर आना। उ०—यह सुनिकै हलधर तहँ धाए। देखि श्याम ऊखल सो बाँधे, तबही दोउ लोचन भरि आए।—सूर (शब्द०)।

२ देखना अवलोकने या देखने की क्रिया (को०)।

लोचनगोचर[1]—संज्ञा पुं० [स०] दृष्टि में आनेवाला दायरा। दृष्टिपथ।

लोचनगोचर[2]—वि० आँखो द्वारा देखने योग्य। उ०—मम लोचनगोचर

सोइ आवा। बहुरि कि अस प्रभु बनिहि बनावा।—मानस, पृ० १०।

लोचनपथ—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोचनगोचर' [को०]।

लोचनपरुष—वि० [स०] कठोर या शुष्क दृष्टिवाला। क्रोधपूर्ण नेत्रोवाला [को०]।

लोचनमगⓤ—सज्ञा पुं० [सं० लोचन + स० मार्ग, प्रा० मग्ग] नेत्रमार्ग। उ०—लोचनमग रामहि उर आनी, दीन्हे पलक कपाट सयानी।—मानस, १।२३२।

लोचनमार्ग—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'लोचनपथ' [को०]।

लोचनमालक—सज्ञा पुं० [स०] आधी रात के पहले का सपना। पूर्व निशा का स्वप्न [को०]।

लोचनहिता—सज्ञा पुं० [सं०] तुत्थाजन। नीला थोथा। शिखिग्रीव [को०]।

लोचनाचल—सज्ञा पुं० [स० लोचनाञ्चल] अपाग। कटाक्ष। आँखो की कोर को०]।

लोचना[1]—क्रि० स० [हिं० लोचन] १ प्रकाशित करना। २ रुचि उत्पन्न करना। उ०—निसि वासर लोचन रहत अपनो मन अभिराम। या तें पायो रसिक निधि इन नै लोचन नाम।—रसनिधि (शब्द०)। ३. अभिलाषा करना। उ०—स्वर्ग मे देवगण भी लोचते हैं और इस बात के लिये तरसते हैं कि भारत की कर्मभूमि मे किसी तरह एक बार हमारा जन्म होता।—हिंदी प्रदीप (शब्द०)।

लोचना[2]—क्रि० अ० शोभित होना। उ०—लोचै परी सियरी पर्यंक पै बीती घरीन खरी खरी सोचै।—पद्माकर (शब्द०)।

लोचना[3]—क्रि० अ० १ अभिलाषा करना। कामना करना। उ०—(क) कहति है सकोचति है सखी को बोलाइबे को लोचति है भट्ट बैठी सोचति है मन तें।—रघुनाथ (शब्द०)। (ख) कुँअरि सयानि विलोकि मातु पितु सो कहि। गिरिजा जोग जुरहि बर अनुदिन लोचहि।—तुलसी (शब्द०)। २ ललचना। तरसना। उ०—अब तिनके बधन मोचहिंगे। दास बिना पुनि हम लोचहिंगे।—सूर (शब्द०)।

लोचना[4]—सज्ञा पुं० [स० लुञ्चन] नाई। हज्जाम (क्व०)।

लोचना[5]—सज्ञा स्त्री० [सं०] बुद्ध की एक शक्ति का नाम। लोकेश्वरात्मजा [को०]।

लोचना[6]—सज्ञा पुं० [स० रोचन(=रोली, हरिद्रा)] १ कन्या के सतान होने पर कन्या के पितृगृह से भेजा जानेवाला मागलिक उपहार। २ बहू के सतानवती होने पर उसके पिता तथा अन्य सगे सबधियो के यहाँ भेजा जानेवाला शुभ सदेश।

लोचनापात—सज्ञा पुं० [सं०] दृष्टिनिक्षेप [को०]।

लोचनामय—सज्ञा पुं० [सं०] नेत्ररोग [को०]।

लोचनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक औषध। महाश्रावणिका [को०]।

लोचमस्तक—सज्ञा पुं० [स०] मयूरशिखा। रुद्रजटा नाम का क्षुप [को०]।

लोचारक—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

लोचिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दही, घी तथा गरम जल से गुँधे हुए आँटे की घी मे छानी गई महीन पूरी [को०]।

लोचून—सज्ञा पुं० [स० लोहचूर्ण]। १ लोहे का चूरा। २ लोहे की कीट का चूर्ण।

लोजग—सज्ञा स्त्री० [स्था० लोहा + जग ?] एक प्रकार की नाव जिसके दोनो ओर के सिरे लबे होते है।

लोट[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोटना] लोटने का भाववाचक रूप। लोटने की क्रिया या भाव। लुढकना।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—लोट मारना = (१) लेटना। सोना। (२) किसी के प्रेम मे बेसुध होना। लोट होना या हो जाना = (१) आसक्त होना। रीझना। (२) व्याकुल होना।

लोट[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लोटना] १ उतार। घाट। उ०—चारो तरफ पुख्ता लोट बने।—लल्लू (शब्द०)। २ ⓤत्रिवली। उ०—(क) नार नवाए तकि हुरी करी काँकरी चाट। चौंकि कँपी झझकी चकी चैंपी हँपी गहि लोट।—शृगार० (शब्द०)। (ख) बढति निकस कुच कार रुचि कढत गौर भुज मूल। मन लुटिगो लोटन चढत चूँटति ऊँचे फूल।—बिहारी (शब्द०)।

लोट[3]†—सज्ञा पुं० [अ० नोट] कागज की मुद्रा। नोट।

लोटन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] लुढ़कना। लुठन [को०]।

लोटन[2]—सज्ञा पुं० [हिं० लोटना] १. एक प्रकार का हल जिसकी जोताई बहुत गहरी नही होती। २ एक प्रकार का कबूतर जो चोच पकडकर भूमि मे लुढका देने से लोटने लगता है, और जबतक उठाया न जाय, लोटता रहता है। ३ राह मे की पडी हुई छोटी बकडिया जो वायु चलने से इधर उधर लुढकती रहती है। उ०—काँट कुराय लपेटन लोटन ठावहि ठाव बहाऊ रे। जस जस चलिय दूरि तस तस निज वासना भेंट लगाऊ रे।—तुलसी (शब्द०)।

लोटनसब्जी—सज्ञा स्त्री० [देश० लोटन + सब्जी] एक प्रकार की सब्जी जो सफेद और गुलाबी रग की होती है। यह प्राय. मुरब्बे आदि के गलाने मे काम आती है।

लोटना[1]—क्रि० अ० [स० लुण्ठन] १ भूमि पर या किसी ऐसे ही आधार के सहारे, उसे स्पर्श करते हुए, कभी नीचे होते हुए किसी का एक स्थान से दूसरे स्थान को और जाना या गमन करना। सीधे और उलटे लेटते हुए किसी ओर को जाना। उ०—(क) परी कथा भुइ लोट कहु रे जीव जतु भोव। को उठाय बैठारै बाज नयारे जीव।—जायसी (शब्द०)। (ख) काम नारि अति लोटत फिरै। कत कत काहु छाति भुज भरै।—लल्लू (शब्द०)। २ लुढ़कना। उ०—जानहु लाटाँह चढ़े भुअगा। बेधी बार मलय गिर अगा।—जायसी (शब्द०) ३. कष्ट से करवट बदलना। तडपना।

क्रि० प्र०—जाना।

मुहा०—लोट जाना = (१) बेसुध होना। बेहोश हो जाना।

(२) मर जाना। जैसे,—एक ही बार मे पाच कबूतर लोट गए।

४ विश्राम करना। लेटना।

मुहा०—लोट पोट करना = लेटना। विश्राम करना।

५ मुग्ध होना। चकित होना। उ०—मुनि गए नारद लोटि तामे देखि प्रभु बोलत भये।—रघुनाथ (शब्द०)।

लोटना[२]—स्त्री० स्त्री० [स०] दाक्षिण्य। सौजन्य। शिष्टता। शालीनता [को०]।

लोटपटा†—सज्ञा पुं० [हिं० लोटना + पाटा] १ विवाह के समय पीढा या स्थान बदलने की रीति। इसमे वर के स्थान पर वधू और वधू के स्थान पर वर बैठाया जाता है। फेरपटा या पटाफेर।

विशेष—फेरपटा की रस्म हो जाने के बाद द्विरागमन या गौने की रस्म आवश्यक नही मानी जाती और कन्या बेरोक टोक ससुराल आने जाने लगती है।

२ बाजी का उलट फेर। दाँव का इधर से उधर हो जाना। उलटफेर। उ०—कीजै कहा विधि को विधि को दियो दाँवन लोटपटा करिबे को।—पद्माकर (शब्द०)।

लोटपोट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोटना + पोटना (= फैल जाना)] १ लेटने या शयन करने की क्रिया। २ हँसी आदि के कारण लुढकना। ३ मुग्ध होना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

लोटा[१]—सज्ञा पुं० [हिं० लोटना] [स्त्री० अल्पा० लुटिया] धातु का एक पात्र जो प्राय. गोल होता है और पानी रखने के काम मे आता है। यह कलसे से छोटा होता है। कभी कभी इसमें टोटी भी लगाई जाती है, और ऐसे लोटे को टोटीदार लोटा कहते हैं।

मुहा०—लोटा या लुटिया डुबोना = (१) कलक लगाना। (२) सब काम चौपट करना। सर्वनाश करना।

लोटा[२]—सज्ञा स्त्री० [स०] अमलोनी का शाक। [को०]।

लोटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] अमलोनी का शाक [को०]।

लोटिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोटा + इया (प्रत्य०)] छोटा गोल जल-पात्र जो लोटे के आकार का हो। छोटा लोटा।

लोटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोटा + ई (प्रत्य०)] १ छोटा लोटा। २ वह बर्तन जिससे तमोली पान सीचते हैं।

लोट—सज्ञा पुं० [सं०] जमीन पर लोटना या लुढकना [को०]।

यौ०—लोटभू = स्थान जहाँ घोडे लोटते हैं।

लोठन—सज्ञा पुं० [सं०] शिर हिलाना [को०]।

लोठारी नगर—सज्ञा पुं० [हिं० लोठारी + नगर] एक प्रकार का लगर जो जहाजी या बडे लंगर से छोटा और केज लगर से बडा होता है। (लश०)।

लोडन—सज्ञा पुं० [स०] विलोडन। हिलाना डुलाना। क्षुभित करना। मथन [को०]।

लोड़ना(पु)†—क्रि० स० [प० लोड (= आवश्यकता)] आवश्यकता होना। दरकार होना। उ०—(क) तिमो घडी नव्वाब मे कर जोरि बखाना। जेहा जिमनूँ लोडिया तेहा फुरमाना। ('फलपाना' शुद्ध पाठ)।—सूदन (शब्द०)। (ख) अमी हाल एहा हुआ राख्यो निजु साया। जेहा जिसनूँ लोडिए तेहा फल पावा।—सूदन (शब्द०)।

लोढ़कना†—क्रि० अ० [सं० लुठन] दे० 'लुढकना'।

लोढना[१]—क्रि० स० [स० लुण्ठन] १ चुनना। तोडना। जैसे,—फूल लोढना। उ०—कुसुम लोढन हम जाइब हो रामा।—गीत (शब्द०)। २ ओटना। जैसे,—कपास लोढना।

लोढना†[२]—क्रि० अ० [सं० लुण्ठन] जमीन पर लोटना या घसिटना [को०]।

लोढ़ा—सज्ञा पुं० [सं० लोष्ठ] [स्त्री० अल्पा० लोढिया] १ पत्थर का वह गोल लबोतरा टुकडा जिससे सिल पर किसी चीज को रखकर पीसते हैं। बट्टा। उ०—फोरहिं सिल लोढा सदन लागे अढुकि पहार। कायर कूर कपूत कलि घर घर सहर डहार।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—लोढा डालना = बराबर करना। उ०—घूमि चहु दिसि भूमि रहे घन बूँदन ते छिति डारत लाढे।—रघुनाथ (शब्द०)। लोढाढाल = चौपट। सत्यानाश। उ०—विष्णु कलोहल रव कहि कोप कियो विकराल। झटकि पटकि भट लटकि कांस कीन्हो लोढाढाल।—(शब्द०)।

२ बुदेलखड के बराबर नामक हल का एक अश।

विशेष—यह हल मोटी लकडी का होता है। इसमे दतुआ या लोहे की कीलें लगी होती हैं, जिनमे पाम लगाया जाता है।

लोढिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोढ़ा + इया (प्रत्य०)] छोटा लोढा। बट्टा। जैसे,— सिल लोढिया ले आओ।

लोण[१]—सज्ञा पुं० [सं०] लोनी साग।

लोण[२]—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'लोन'।

लोणक—सज्ञा पु० [स०] नमक। लवण [को०]।

लोणा, लोणाम्ला—सज्ञा स्त्री० [सं०] लोनी। क्षुद्राम्लिका [को०]।

लोणार—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का क्षारविशेष। नमक [को०]।

लोणिका—सज्ञा पुं० [सं०] अमलोनी साग। लोणाम्ला।

लोणी—सज्ञा स्त्री० [स०] क्षुद्राम्लिका। अमलोनी [को०]।

लोत—सज्ञा पुं० [स०] १ आसू। लोर। २ चिह्न। निशान। ३. लूट का माल वा धन। ४ नमक [को०]।

लोत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ नेत्रजल। आँसू। लोर। २ चोरी का धन। लूट का माल [को०]।

लोथ, लोथि—सज्ञा स्त्री० [स० लोष्ठ या लोठ] किसी प्राणी का मृत शरीर। लाश। शव। उ०—(क) लोथिन्ह तें लहू के प्रवाह चले जहाँ तहाँ, मानहु गिरिन गेरु झरना झरत हैं।—तुलसी (शब्द०)। (ख) गृध शृगाल कूकर आपस मे लड लड लोथे खैंच खैंच लाते।—लल्लू (शब्द०)। (ग) तब कस की लाय का घसीट जमुना तीर आए।—लल्लू (शब्द०)। (घ) भूषन बखानै

भूरि भूतन मैं टाँगे चद्रायतन लोथैं लटकत हैं।—भूषण (शब्द०)।

मुहा०—लोथ गिरना = मारा जाना। लोथ डालना = मार गिराना। प्राणान्त करना। हत्या करना। लोथपोथ होना = थकने से चूर होना। अत्यत शिथिल होना। लथपथ होना।

लोथड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० लोथ + डा] मास का बडा खड जिसमे हड्डी न हो। मासपिड।

लोथरा⑨†—सज्ञा पुं० [हिं० लोथडा] दे० 'लोथडा'।

लोथारी—सज्ञा स्त्री० [स० लुण्ठन] १ कम पानी मे से नाव को खीचते या धीरे धीरे खेते हुए किनारे लगाना। २ लोथारी लगर डालकर पानी की तह का पता लेते हुए मार्ग से किनारे की ओर नाव बढाना। (लश०)।

यौ०—लोथारी लगर।

मुहा०—लोथारी डालना = लोथारी लगर को थोडे पानी मे डालकर तल की थाह लेते हुए नाव को किनारे लगाना। लोथारी तानना = ठीक ओर नाव जाने के योग्य मार्ग से होकर नाव को किनारे ले जाना।

लोथारी लगर—सज्ञा पु० [हिं० लोथारी + लगर] सबसे छोटा लगर।

विशेष—यह उस जगह डाला जाता है, जहा पानी कम होता है और यह जानना अभिप्रत होता है कि यह किनारे जाने का मार्ग है या नही।

लोद—सज्ञा स्त्री० [स० लोध] दे० 'लोध'।

लोदी—सज्ञा पुं० [फा०] पठानो की एक जाति [को०]।

लोध—सज्ञा स्त्री० [स० लोध्र, लोध] १ एक प्रकार का वृक्ष जो भारतवर्ष के जगलो मे उत्पन्न होता है।

विशेष—इस वृक्ष की छाल रँगने, चमडा सिझाने और ओषधियो में काम आती है। छाल को गरम पानी मे भिगो देने से पीला रग निकलता है। कही कही इसकी छाल पानी मे उबालकर भी रग निकाला जाता है। छाल को सज्जी मिट्टी के साथ पानी मे उबालने से लाल रग निकलता है, जिससे छीट छापते हैं। वैद्यक मे इसकी छाल और लकडी दोनो का प्रयोग होता है। इसकी छाल कुछ कसैली होती है और पेचिश आदि पेट के कई रोगो मे दी जाती है। इसका गुण ठढा है और २० ग्रेन तक इसकी मात्रा है। इसके काढे का भी प्रयोग किया जाता है। लोध की लकडी के काढे से कुल्ला करने से मसूढे से रक्त निकलना जाता रहता है और वह दृढ़ हो जाता है। इसकी लकडी जल्दी फट जाती है, पर मजबूत होती है और कई तरह के काम मे लाई जाती है।

२ एक जाति का नाम।

लोधरा—सज्ञा पुं० [स० लोध्र] एक प्रकार का ताँबा जो जापान से आता है।

लोधी—सज्ञा [फा० लोदी] पठानो की एक जाति।

लोध्र'—सज्ञा पुं० [स०] १ लोध नामक वृक्ष।

विशेष—इसके दो भेद होते हैं—श्वेत लोध और रक्त लोध। यह कसैला, ठढा और वात, पित्त नाशक माना जाता है। विशेष दे० 'लोध'।

पर्या०—तिल्वक। गालव। शावर। तिरीट। तिल्वक। मार्जन। भिल्लतरु। काडकीलक। शवर। काडनीलक। हेमपुष्पक। भिल्ली।

२ एक जाति का नाम।

लोध्र°—सज्ञा पु० [स० लोध्र, हिं० लोधरा] जापानी ताँबा। लोधरा।

लोध्रक—सज्ञा पु० [स०] दे० 'लोध्र'।

यौ०—लोध्रकवृक्ष = लोध का पेड।

लोध्रतिलक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का अलकार जो उपमा का एक भेद माना जाता है।

लोध्ररेणु—सज्ञा पुं० [स०] लोध्र के फूल का चूर्ण जिसका अगराग की तरह उपयोग होता था।

लोन⑨†—सज्ञा पुं० [स० लवण या लोण] १ लवण। नमक।

मुहा०—किसी का लोन खाना = अन्न खाना। पाला जाना। दास होना। उ०—पाछे कह्यो लकापति सुनो हनुमान कपि रामचद्र ही को एक तही लोन खायो है।—हनुमन्नाटक (शब्द०)। किसी का लोन निकलना = निमकहरामी का फल मिलना। अकृतज्ञता का फल पाना। उ०—ताते मन पोखियत घोर बरतोर मिसि फूटि फूटि निकसत है लोन राम राय को।—तुलसी (शब्द०)। किसी का लोन न मानना = किसी का उपकार न मानना। कृतघ्न होना। उ०—नैनन को अब नाहिं पत्याऊँ। बहुर्‌यो उनको बोलति हौ तुम हाइ हाइ लीजै नहिं नाऊँ। अब उनको मैं नाहिं बसाऊँ मेरे उनको नाही ठाऊँ। व्याकुल भई डोलत हौं ऐसेहि वे जहँ हैं महाँ नहिं जाऊँ। खाइ खवाइ बडे जन कीन्हे बमे जाइ अब औरहि गाऊँ। अपनो कियो आप पावैगे मैं काहे उनको पछिताऊँ। जैसे लोन हमारो मान्यो कहा कहाँ कहि काहि सुनाऊँ। सूरदास मैं इन बिन रहिहौं कृपा करैं उनको मरमाऊँ।—सूर (शब्द०)। जले पर लोन लगाना या देना = दु ख पर दु ख देना। दुखी को दुखी करना। उ०—अति कटु वचन कहै कैकेई। मानो लोन जले पर देई।—तुलसी (शब्द०)। किसी बात का लोन सा लगना = अरुचिकर होना। अप्रिय होना। उ०—राजै लोन सुनाव लागहु हौं जस लोन। आइ कुँहाइ महिर कहँ सिंह जान औ गोन।—जायसी (शब्द०)। लोन चराना = नमकीन बनाना। जैसे,—आम को लोन चराना।

२ सौंदर्य। लावण्य। उ०—जो उन महँ देखेसि इक दासी। देखि लोन होय लोन बिलासी।—जायसी (शब्द०)। विशेष दे० 'नमक'।

लोनहरामी†—वि० [हिं० लोन + अ० हरामी] कृतघ्न। नमकहराम। उ०—मन भयो ढीठ इनहि के कीन्हे ऐसे लोनहरामी। सूरदास प्रभु इनहि पत्याने आखिर बडे निकामी।—सूर (शब्द०)।

लोना[1]—वि० [हिं० लोन] [भाव० संज्ञा लोनाई] १ नमकीन। सलोना। २ सुंदर। उ०—(क) लालन जोग लखन अति लोने। भे न भाइ अस अहहिं न होने।—तुलसी (शब्द०)। (ख) नाउन अति गुन खानि तौ बेगि बोलाइहो। करि सिंगार अति लोनि तौ बिहँसति आइहो।—तुलसी (शब्द०)।

लोना[2]—संज्ञा पुं० [हिं० लोन] १ एक प्रकार का रोग जो ईंट, पत्थर और मिट्टी की दीवारों में लगता है। नोना।

विशेष—इससे दीवार झड़ने लगती और कमजोर हो जाती है, थोड़े दिनों में उसमें गड्ढे पड़ जाते हैं, और वह कटकर गिर पड़ती है। यह रोग प्रायः नींव के पास के भाग में आरंभ होता है और ऊपर की ओर बढ़ता है।

क्रि० प्र०—लगना।

२ वह धूल या मिट्टी जो लोना लगने पर दीवार से झड़कर गिरती है। यह खेत में डाली जाती है और खाद का काम देती है। ३ नमकीन मिट्टी, जिससे शोरा बनाया जाता है। ४ वह क्षार जो चने की पत्तियों पर इकट्ठा होता है और जिसके कारण उसकी पत्तियाँ चाटने में खट्टी जान पड़ती हैं। ५ एक प्रकार का कीड़ा जो घोंघे की जाति का होता है और प्रायः नाव के पेंदे में चपका हुआ मिलता है। ६ अमलोनी नाम की घास जिसे रसायनी धातु सिद्ध करने के काम में लाते हैं। उ०—(क) कहाँ सो खोएहु बिरवा लोना। जेहि तें होइ रूप औ सोना।—जायसी (शब्द०)। (ख) जहँ लोना बिरवा कै जाती। कहि कै सँदेस आन को पाती।—जायसी (शब्द०)।

लोना[3] क्रि० स० [सं० लवण] फसल काटना। उ—बीज बोई जोई अब लोनिए सोइ समुझि यह बात नहिं चित्त धरई।—सूर (शब्द०)।

लोना[4]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक कल्पित स्त्री जो जाति की चमार और जादू टोने में बहुत प्रवीण कही जाती है। नोना चमाइन। उ०—तू काँवरू परा बस टोना। भूला जोग छरा तोहि लोना—जायसी (शब्द०)।

लोनाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोना + ई (प्रत्य०)] लावण्य। सुंदरता। उ०—हृदय सराहत सीय लोनाई। गुरु समीप गवने दोउ भाई।—तुलसी (शब्द०)।

लोनार[1]—संज्ञा पुं० [हिं० लून (= नमक) + आर (प्रत्य०) या सं० लोन + हिं० आर (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ से नमक आता हो। जैसे,—नमक की खान, झील या क्यारी।

लोनिका—संज्ञा स्त्री० [हिं० लवण, लोन] लोनी नामक साग। विशेष दे० 'लोनी'। उ०—रुचितल जानि लोनिका साँगी। कढ़ी कृपालु दूसरी माँगी।—सूर (शब्द०)।

लोनिया[1]—संज्ञा पुं० [हिं० लवण, लोन + इया (प्रत्य०)] एक जाति जो लोन या नमक बनाने का व्यवसाय करती है। यह जाति शूद्रों के अंतर्गत मानी जाती है। नोनिया। (अब ये लोग अपने को चौहान कहते हैं)।

लोनिया[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोन] लोनी नामक साग।

लोनी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लवण, लोन] १ कुलफे की जाति का एक प्रकार का साग।

विशेष—इसकी पत्तियाँ बहुत छोटी छोटी होती हैं। यह ठंढी जगह पर, जहाँ सील होती है, उत्पन्न होती है। यह स्वाद में खटास लिए होती है। इसमें रंग बिरंग के फूल लगते हैं। इसे लोग गमलों में बोते हैं और बिनायती लोनी कहते हैं। इसके बीज विलायत से आते हैं।

२ वह क्षार जो चने की पत्तियों पर बैठता है। ३. एक प्रकार की मिट्टी जिससे लोनियाँ लोग शोरा और नमक बनाते हैं। ४ दे० 'लोना'।

लोनी[2]—वि० स्त्री० [हिं० लोना] लावण्यमयी। सुंदरी।

लोनी(पु)[3]—संज्ञा पुं० [सं० नवनीत] लौनी। मक्खन। नवनीत।

लोप—संज्ञा पुं० [सं०] [संज्ञा लोपन] [वि० लुप्त, लोपक, लोपी, लोप्य] १ नाश। क्षय। २ विच्छेद। जैसे,—कर्म का लोप होना। ३ अदर्शन। अभाव। ४ व्याकरण के चार प्रधान नियमों में से एक, जिसके अनुसार शब्द के साधन में किसी वर्ण को उड़ा देते हैं। जैसे,—अपिधान में अ का लोप करके पिधान शब्द बनाया जाता है। ५ छिपना। अंतर्धान होना। उ०—बहु बरषि आयुध बारिधर सम दियो पटरथ लोप कै। —गिरिधर (शब्द०)। ६ तोड़ना। भंग (को०)। ७ अतिक्रमण। उल्लंघन (को०)। ८ अवहेलना। उपेक्षा (को०)। ९ व्याकुलता। आकुलता (को०)।

लोपक[1]—वि० [सं०] नाशक। नाशक (को०)।

लोपक[2]—संज्ञा पुं० [सं०] भंग। छेद (को०)।

लोपन—संज्ञा पुं० [सं०] १ लुप्त करना। तिरोहित करना। २ नष्ट करना। भंग करना। विनाशन।

लोपना(पु)[1]—क्रि० स० [सं० लोपन] १ लुप्त करना। मिटाना। उ०—(क) बलि सकोच लोपी सुचालि निज कठिन कुचालि चलाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) नव ते परम मनोहर गोपी। नंद नंदन के नेह मेह जिनि लोक लीक लोपी।—सूर (शब्द०)। (ग) लोपे कोपे इंद्र लौं रोपे प्रलय अकाल। गिरिधारी राखे सबै गो, गोपी, गोपाल।—बिहारी (शब्द०)। २ छिपाना। ३ भंग करना (को०)।

लोपना[2]—क्रि० अ० १ लुप्त होना। मिटना। उ०—राय दसरथ के समर्थ राम राय मनि तेरे हेरे लोपैं निपि बिधिहू गनक की। —तुलसी (शब्द०)। २ छिपना। (क०)।

लोपाजन—संज्ञा पुं० [सं० लोपाञ्जन] वह कल्पित अंजन जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि इसके लगाने से लगानेवाला अदृश्य हो जाता है।

लोपा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार की चिड़िया। २ दे० 'लोपामुद्रा'।

लोपक, लोपापक—संज्ञा पुं० [सं०] गीदड़। सियार।

लोपापिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] शृगाली। मादा सियार [को०]।

लोपामुद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. अगस्त्य ऋषि की स्त्री का नाम। लोपा।

विशेष—पुराणो मे लिखा है कि अगस्त्य ने बहुत दीर्घ काल तक ब्रह्मचर्य धारण किया था और वे विवाह नही करते थे। एक बार उन्होने स्वप्न मे देखा कि हमारे पितर गड्ढे मे उलटे लटके हुए हैं। अगस्त्य ने उन्हे इस प्रकार अधोमुख लटका देखकर उनसे कारण पूछा। पितरो ने कहा कि यदि तुम विवाह करके सतान उत्पन्न करो, तो हम लोगो को इस यातना से छुट्टी मिले। अगस्त्य ने बहुत ढूँढा, पर उनको सर्वलक्षणो से युक्त कोई कन्या विवाह करने योग्य नही मिली। निदान उन्होने सब प्राणियो के उत्तम उत्तम अग लेकर एक कन्या बनाई। उस समय विदर्भ देश का राजा पुत्र के लिये तप कर रहा था। अगस्त्य जी ने लोपामुद्रा उसी विदर्भराज को प्रदान की। जब वह बडी हुई, तब अगस्त्य जी ने विदर्भराज से कन्या की याचना की। विदर्भराज ने लोपामुद्रा अगस्त्य जी को सौंप दी और अगस्त्य जी ने उसका पाणिग्रहण कर उसे अपनी पत्नी बनाया।

पर्या०—लोपा। कोशीतकी। वरप्रदा।

२ एक तारे का नाम जो दक्षिण में अगस्त्य मंडल के पास उदय होता है।

लोपायक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोपाक'।

लोपायिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की चिड़िया।

लोपाश, लोपाशक—सज्ञा पुं० [सं०] गीदड। सियार।

लोपिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की मिठाई [को०]।

लोपी—वि० [स० लोपिन्] १ भंग करनेवाला। नष्ट करनेवाला। २ हानि पहुँचानेवाला। ३ वह जो लुप्त हो सके [को०]।

लोप्ता—वि० [सं० लोप्तृ] भग करनेवाला। तोडनेवाला। नाशक [को०]।

लोप्त्र—सज्ञा पु० [सं०] लूट का माल। चोरी की संपत्ति [को०]।

लोबत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ पुतली। गुडिया। २ खिलौना [को०]।

यौ०—लोबतबाज = कठपुतली का खेल करनेवाला।

लोबा†—सज्ञा स्त्री० [स० लोमाश या हिं० लोमडी] लोमडी। उ०—कीन्हेसि लोबा इदुर चाँटी। कीन्हेसि बहुत रहहिं खनि माटी।—जायसी (शब्द०)।

लोबान—सज्ञा पुं० [अ०] एक वृक्ष का सुगधित गोद।

विशेष—यह वृक्ष अफ्रिका के पूर्वी किनारे पर, सुमालीलैंड मे अरब के दक्षिणी समुद्रतट पर होता है और वहीं से लोबान अनेक रूपो मे भारतवर्ष मे आता है। कुहुर जकर, कुहुर उनस, कुहुर शफ, कुहुर कशफा आदि इसी के भेद हैं। इनमे से कई दवा के काम मे आते हैं। इनमें लोबानकशफा, जिसे धूप भी कहते हैं, भारतवर्ष में लोबान के नाम से बिकता है। यह गोद वृक्ष की छाल के साथ लगा रहता है। अरब से लोबान बबई आता है। वहाँ छाँट छाँटकर उसके भेद किए जाते हैं। जो पीले रंग की बूँदो के रूप के साफ दाने होते हैं, वे कौडिया कहलाते हैं। उनको छाँटकर युरोप भेज देते है तथा मिला जुला और चूरा भारतवर्ष और चीन के लिये रख लेते हैं। एक और प्रकार का लोबान जावा, सुमात्रा आदि स्थानो से आता है, जिसे जावी लोबान कहते हैं। युरोप मे इससे एक प्रकार का क्षार बनाया जाता है जिसे बैजोइक एसिड कहते हैं। लोबान प्राय. जलाने के काम मे लाया जाता है, जिससे सुगधित धूआँ निकलता है। वैद्यक मे कुहुरलोबान का प्रयोग सुजाक मे और जावी लोबान का प्रयोग खाँसी मे होता है। यह अधिकतर मरहम के काम मे लाया जाता है।

लोबानी—वि०[अ०] १ लोबान से युक्त। लोबानवाला। लोबान जैसा।

यौ०—लोबानी ऊद = एक प्रकार का सफेद ऊद या सुगधित लकडी।

लोबिया—सज्ञा पुं० [सं० लोम्य, मि० अ०] एक प्रकार का बोडा।

विशेष—यह सफेद रग का और बहुत बडा होता है। इसके फल एक हाथ तक लंबे और तीन अगुल तक चौडे और बहुत कोमल होते हैं और पकाकर खाए जाते हैं। बीजो से दाल और दालमोट बनाते हैं। इसकी और भी जातियाँ है, पर लोबिया सबसे उत्तम माना जाता है। इसकी पत्तियाँ उर्द के सदृश पर उससे बडी और चिकनी होती हैं। पौधा शोभा और भाजी के लिये बागो मे बोया जाता है और बहुमूल्य होता है। उ०—कचन के धाम कहि काम जहाँ ये उपाधि, राम राज भलो जहा सबै खाय लोबिया।—हनुमन्नाटक (शब्द०)।

लोबिया कजई—सज्ञा पुं० [हिं० लोबिया + कँजई] एक रग जो गहरा हरा होता है।

लोभ—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० लुब्ध, लोभी] १ दूसरे के पदार्थ को लेने की कामना।

—तृष्णा। लिप्सा। स्पृहा पर्या०। काक्षा। शस। गर्द्ध। इच्छा। वाछा। अभिलाषा।

२ जैन दर्शन के अनुसार वह मोहनीय कर्म जिसके कारण मनुष्य किसी पदार्थ को त्याग नही सकता। अर्थात् यह त्याग का बाधक होता है। अधैर्यता। अधीरता (को०)। ४ कृपणता। कजूसी।

लोभन[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० लोभनी] लुभानेवाला। उलझाने या फँसानेवाला [को०]।

लोभन[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रलोभन। लालच। आकर्षण। उलझन। २ सुवर्ण। सोना [को०]।

लोभनाⓊ† —क्रि० अ० [हिं० लोभ] लुब्ध होना। मुग्ध होना। उ०—(क) करनफूल नासिक अति सोभा। ससि मुख आइ सूक जनु लोभा।—जायसी (शब्द०)। (ख) सोहत सुबरन सुरथ फनद मदिर सम ओभा। जिनमे रतन विहग बने जेहि लखि जग लोभा।—जरासधबध (शब्द०)।

लोभना[२]—क्रि० स० [सं० लोभन] लुभाना । मुग्ध करना ।

लोभनीय—वि० [सं०] लुभानेवाला । आकर्षक [को०] ।

लोभविजयी—सज्ञा पुं० [स०] वह राजा जो असल मे लडाई न करना चाहता हो, कुछ धन आदि चाहता हो ।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि ऐसे को कुछ धन देकर मित्र बना लेना चाहिए ।

लोभानाⒼ† —क्रि० स० [हिं० लोभाना का सक०] मोहित करना । मुग्ध करना । उ०—माँगहु वर बहु भाँति लोभाए । परम धीर नहिं चले चलाए ।—तुलसी (शब्द०) ।

लोभाना[२]—क्रि० अ० मोहित होना । मुग्ध होना । उ०—(क) अस विचारि हरि भजत सयाने । मुक्ति निरादरि भगति लोभाने ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) बहुरि भगवान को निरखि सुदर परम कह्यो एहि माहि है सब भलाई । पै न इच्छा इन्हें है कछू वस्तु की, अरुन ए देखि मोहइ लोभाई ।—सूर (शब्द०) ।

लोभारⒼ†—वि० [हिं० लोभ+आर (प्रत्य०)] लुभानेवाला । मुग्ध करनेवाला । उ०—वय किशोर वय तडित बरन तन नख सिख अग लोभारे । है चितु कै हित लै सब छवि वितु विधि निज हाथ सँवारे ।—तुलसी (शब्द०) ।

लोभित—वि० [सं०] लुब्ध । मुग्ध । लुभाया हुआ । उ०—नलिन पराग मेघ माधुरि सो मुकुलित अब कदब । मुनि मन मधुप सदा रस लोभित सेवत अज शिव अब ।—सूर (शब्द०) ।

लोभी—वि० [सं० लोभिन्] [वि० स्त्री० लोभिनी] १ जिसे किसी बात का लोभ हो । उ०—नए नए हरि दरसन लोभी श्रावण शब्द रसाल । प्रथम ही मन गयो तनु तजि तव भई बेहाल ।—(शब्द०) । २ बहुत अधिक लोभ करनेवाला । लालची । ३ लुब्ध । लुभाया हुआ । उ०—ए कैसी है लोभिनी छवि धरति चुराई । और न ऐसी करि सकै मर्यादा जाई ।—सूर (शब्द०) ।

लोभ्य—वि० [स०] आकर्षक । लोभनीय [को०] ।

लोम[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ शरीर भर के छोटे छोटे बाल । रोवाँ । रोम । उ०—शतशत इद्र लोम प्रति लोमनि । शत लोमनि मेरे इक लोमनि ।—सूर (शब्द०) । २ बाल । जैसे,—गोलोम । ३ पूँछ (को०) । ४ ऊर्णा । ऊन (को०) ।

लोम[२]—सज्ञा पुं० [सं० लोमश] लोमडी । उ०—भूषन भनत भारे भालुक भयानक हैं भीतर भवन भेर लीलगऊ लोम हैं ।—भूषण (शब्द०) ।

लोमकरणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. जटामासी । २ मासी नामक घास ।

लोमकर्कटी—सज्ञा स्त्री० [सं०] अजमोदा ।

लोमकर्ण—सज्ञा पुं० [स०] शशक । खरगोश ।

लोमकी—सज्ञा पुं० [सं० लोमकिन्] एक पक्षी [को०] ।

लोमकीट—सज्ञा पुं० [स०] जूँ [को०] ।

लोमकूप—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर में का वह छिद्र जो रोएँ की जड मे होता है । लोमगर्त ।

लोमगर्त—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रोमकूप' [को०] ।

लोमघ्न—सज्ञा पुं० [स०] गंज नामक रोग । इंद्रलुप्तक ।

लोमड़ी—सज्ञा स्त्री० [स० लोमशा] कुत्ते या गीदड की जाति का एक जतु जो ऊँचाई मे कुत्ते से छोटा होता है, पर विस्तार मे लबा ।

विशेष—भारतवर्ष की लोमडी का रंग गीदड सा होता है, पर यह उससे बहुत छोटी होती है । इसकी नाक नुकीली, पूँछ झबरी और आँखें बहुत तेज होती हैं और यह बहुत तेज भागनेवाली होती है । अच्छे अच्छे कुत्ते इसका पीछा नहीं कर सकते । चालाकी के लिये यह बहुत प्रसिद्ध है । ऋतु के अनुसार इसका रोवाँ झडता और रग बदलता है । यह कीडे मकोडो और छोटे छोटे पक्षियो को पकडकर खाती है । अन्य देशो मे इसकी अनेक जातियाँ मिलती है । अमेरिका मे लाल रग की एक लोमडी होती है, और शीतकटिबध प्रदेशो में काले रग की लोमडी होती है, जिसके रोएँ जाडे मे सफेद रग के हो जाते हैं । कही कही बिल्कुल काली लोमडी भी होती है । उन सबके बाल या रोएँ बहुत कोमल होते हैं, और उनका शिकार उनकी खाल के लिये किया जाता है, जिसे समूर या पोस्तीन कहते है । शीतकटिबध प्रदेश की लोमडियाँ बिल बनाकर झुड मे रहती हैं । यूरोप की लोमडियाँ बडी भयानक होती है । वे गाँवो मे घुसकर अगूर आदि फलो का और पालतू पक्षियो का नाश कर देती हैं । भारत की लोमडी चैत बैसाख में बच्चे देती है । बच्चो की सख्या पाँच छह् होती है, और वे डेढ वर्ष मे पूरी बाढ को पहुँचते हैं । इनकी आयु तेरह चौदह वर्ष की कही गई है ।

लोमपाद—सज्ञा पुं० [स०] अग देश के एक राजा का नाम ।

विशेष—यह राजा दशरथ के मित्र थे । एक बार इन्होंने ब्राह्मणो का अपमान किया । उससे क्रोध कर ब्राह्मण उनका देश छोडकर चले गए । ब्राह्मणो के चले जाने से अग देश मे अवर्षण पडा । इसके निवारणार्थ राजा लोमपाद ने ऋष्यशृग को राज्य मे बुलाकर उन्हे अपने मित्र दशरथ की कन्या, जिसका नाम शोता था, प्रदान की, जिससे अनावृष्टि दूर हो गई । इन्हें रोमपाद भी कहते हैं ।

लोमपादपुर—सज्ञा पुं० [सं०] चपा नगरी जिसे अब भागलपुर कहते हैं ।

लोमफल—सज्ञा पुं० [सं०] रोएँदार फल । भव्य नामक फल [को०] ।

लोममणि—सज्ञा पु० [सं०] बाल से बना रक्षाकवच ।

लोमयूक—सज्ञा पुं० [सं०] जूँ । यूका [को०] ।

लोमरध्र—सज्ञा पुं० [सं० लोमरन्ध्र] दे० 'रोमकूप' [को०] ।

लोमर†—वि० [हिं० लोमडी] डरपोक । भग्गू । कायर । (उपेक्षा०) ।

लोमराजि—सज्ञा स्त्री० [सं०] रोमावलि [को०] ।

लोमरी†—सज्ञा स्त्री० [सं० लोमशा] दे० 'लोमडी' ।

लोमरोग—सज्ञा पुं० [स०] गज रोग । गजा होने का रोग । वह रोग जिसमे बाल झड जाते हैं [को०] ।

लोमलताघर—सज्ञा पु० [सं०] पेट । उदर । तोद [को०] ।

लोमवाही—वि० [सं० लोमवाहिन्] १. पंखवाला। २. रोएँदार। ३ तेज धारवाला [को०]।

लोमविष[1]—वि० [सं०] (पशु) जिसके रोएँ मे विष होता है [को०]।

लोमविष[2]—सज्ञा पुं० व्याघ्र। बाघ।

लोमश—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक ऋषि का नाम।

विशेष—पुराणो मे इनको अमर कहा गया है। महाभारत के अनुसार ये युधिष्ठिर के साथ तीर्थयात्रा को गए थे और उन्हें सब तीर्थों का वृत्तात बतलाया था।

२. मेष। मेढा। ३ एक पौधा।

लोमश[2]—वि० १. अधिक और बडे बडे रोएँवाला। झबरा। २ ऊनी। ऊन का (को०)। ३ बालो से भरा या ढका हुआ (को०)। ४ घास से ढका हुआ (को०)।

लोमशकर्ण—सज्ञा पुं० [स०] एक जानवर जो बिल या माँद में रहता है [को०]।

लोमशकाडा—सज्ञा स्त्री० [स० लोमशकाण्डा] कर्कटी। ककडी।

लोमशपर्णिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] माषपर्णी नामक ओषधि।

लोमशपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लोमशपर्णिनी'।

लोमशपुष्पक—सज्ञा पुं० [स०] सिरिस। शिरीष।

लोमशमार्जार—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की बिल्ली जिसके बाल कोमल होते हैं और जिससे मुश्क निकलता है। गंधमार्जार। विशेष दे० 'गधबिलाव'।

पर्या०—पूतिक। मारजातक। सुगधी। मूत्रपातन।

लोमशा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वैदिक काल की एक स्त्री जो कई मत्रो की रचयिता मानी जाती है। २ काकजघा। मासी। ३ वच। ४ अतिबला। ५ कौछ। केवाँच। ६ नीला कसीस। कसीस। ७ लोमडी (को०)। ८ शृगाली। सियारिन (को०)। ९ दुर्गा की एक अनुचरी या शाकिनी (को०)।

लोमशातन—सज्ञा पुं० [स०] हरताल।

लोमशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वृक्ष [को०]।

लोमश्य—सज्ञा पुं० [स०] झबरापन। झबरे या घने लबे बालो का होना [को०]।

लोमस—सज्ञा पु० [सं० लोमश] दे० 'लोमश'।

लोमहर्ष—सज्ञा पुं० [स०] रोमहर्ष। रोमाच [को०]।

लोमहर्षक—वि० [स०] रोगटे खडे करनेवाला। रोमाचकारी [को०]।

लोमहर्षण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. पुराणो के अनुसार व्यास के एक शिष्य का नाम जो उग्रश्रवा के पुत्र थे। इन्ही को सूत कहते हैं। २. रोमाच।

लोमहर्षण[2]—वि० ऐसा भीषण जिससे रोएँ खडे हो जायँ। बहुत अधिक भयानक।

लोमहृत्—सज्ञा पुं० [स०] हरताल। लोमशातन [को०]।

लोमाच—सज्ञा पुं० [स० लोमाञ्च] १. रोमाच। २. कोमल ऊन। मुलायम ऊन (को०)। ३. दुम। पूँछ (को०)।

लोमा—सज्ञा स्त्री० [स०] वचा। वच।

लोमाद—सज्ञा पुं० [स०] जूँ की एक जाति [को०]।

लोमालि—सज्ञा स्त्री० [स०] छाती से नाभि तक उगे घने रोएँ। रोमावली [को०]।

लोमालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] लोमडी [को०]।

लोमाली—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लोमालि'।

लोमावलि, लोमावली—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'लोमालि' [को०]।

लोमाश—सज्ञा पुं० [सं०] १ सियार। गीदड। २ नर लोमडी।

लोमाशिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गीदडी। सियारिन। २ लोमडी (को०)।

लोय†[1]—सज्ञा पुं० [सं० लोक] लोग। उ०—जहाँ प्रगट भूषण भनत हेतु काज ते होय। सो विभावना औरऊ कहत सयाने लोय।—भूषण (शब्द०)।

लोय[2]—सज्ञा पु० [स० लोचन, हिं० लोयन] आँख। नेत्र। नयन।

लोय[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लव या लाव] लौ। लपट। ज्वाला। उ०—दुति निमल रत्न प्रदीप धरे बडी लोय सो आँखन ओरी जरे।—लक्ष्मण (शब्द०)।

लोय[2]—अव्य० [हिं० लौं] तक। पर्यंत।

लोयनⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० लोचन, ब्रा० लोयख] आँख। उ०—जनक सुता तब उर धरि धीरा। नील नलिन लोयन भरि नीरा।—तुलसी (शब्द०)।

लोयनⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० लावण्य] लायण्य। सौंदर्य।

लोर†[1]—वि० [सं० लोल] १ लोल। चचल। उ०—यह वाणी कहत ही लजानी समुझि भई जिय और। सूरश्याम मुख निरखि चली घर आनंद लोचन लोर।—सूर (शब्द०)। २. उत्सुक। इच्छुक।

लोर[2]—सज्ञा पुं० [सं० लोल] १. कान का कुडल। २ लटकन। ३ कान के नीचे का लटका हुआ भाग। लोलक।

लोर[1]—सज्ञा पुं० [देशी या स० लोल (=अश्रु या हिं० लोण)] आँसू। उ०—बाल ढिग बैठारि ताको पोछि लोचन लोर। सूर प्रभु के बिरह व्याकुल सखी लखि मुख ओर।—सूर (शब्द०)।

लोरनाⓊ—क्रि० अ० [सं० लोल] १ चचल होना। २ लपकना। ललकना। उ०—पुनि उठि जागि देखै मुकुर नारि ललचान अक भरि लैन लोरै। सूर प्रभु भावती के सदा रस भरे नैन भरि भरि प्रिया रूप चोरै।—सूर (शब्द०)। ३ लिपटना। उ०—लोरहिं आइ भूमि तरु शाखाफल फूलन क भारा। नाना रग कुरग सग एक चरैं सुढग अपारा।—रघुराज (शब्द०)। ४. झुकना। उ०—देव कर जोरि जोरि वदति सुरात लघु लोगान के लोरि लोरि पायन परति है।—देव (शब्द०)। ५ लोटना। उ०—कलप लता से लता वृदन विलासे, झुके अजब किता से भूमि लोरन के आसे हैं।—रघुराज (शब्द०)।

लोरवा†—सज्ञा पु० [देशी लोर+वा (प्रत्य०)] आसू। लोर। (पूरब)।

लोरा—सज्ञा स्त्री० [स० लोल] १. एक प्रकार का गीत जो स्त्रियाँ बच्चो को सुलाने के लिये गाती हैं। साथ ही वे बच्चे को गाद

मे लेकर हिलाती भी जाती हैं; अथवा खाट पर लेटाकर थपकी देती जाती है। २ तोते की एक जाति।

लोलंब संज्ञा पुं० [सं० लोलम्ब] बड़ा भौंरा [को०]।

लोल[1]—वि० [सं०] १ हिलता डोलता। कंपायमान। चञ्चल। अशांत २ चंचल। उ०—भाल तिलक कंचन किरीट सिर कुंडल लोल कपोलनि झाँई। निरखहिं नारि निकर बिदेह पुर निमिषा की मरजाद मिटाई। तुलसी (शब्द०)। ३ परिवर्तनशील। ४ क्षणिक। क्षणभंगुर। ५ उत्सुक। अति इच्छुक।

लोल[2]—संज्ञा पुं० लिंगेंद्रिय।

लोलक—संज्ञा पुं० [सं०] १. लटकन जो बालियों में पहना जाता है। यह मछली के आकार का या किसी और आकार का होता है। स्त्रियाँ इसे नथ या बालों में पिरोकर पहनती हैं। उ०—करनफूल खुटिला अरु खुभिय। लोलक सोन सीक हूँ चुभिय।—सूदन (शब्द०)। २ कान की लव। लोलकी। ३ करधे में मिट्टी का एक लट्टू जो राछ में इसलिये लगाया जाता है कि उनका ऊपर या नीचे करके राछ उठा या दबा सकें। ४ घंटी या घंटे के बीच में लगा हुआ लटकन जो हिलाने से इधर उधर टकराकर घंटी में लगकर शब्द उत्पन्न करता है।

लोलकर्ण—वि० [सं०] लोगों की बात सुनने का आदती। सबकी बातें सुननेवाला (को०)।

लोलकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोलक] कान का वह भाग जो गालों के किनारे इधर उधर नीचे को लटकता रहता है। इसी में छेद करके कुंडल या बाली आदि पहनते हैं।

लोलघट—संज्ञा पुं० [सं०] पवन जिसका शरीर चंचल है [को०]।

लोलचक्षु—वि० [सं० लोलचक्षुस्] १ कामनायुक्त नेत्रों से देखनेवाला। प्रेम से देखनेवाला। २ जिसके नेत्र चारों ओर नाचते हों। चंचलनेत्र [को०]।

लोलजट—संज्ञा पुं० [सं०] बृहत्संहिता के अनुसार एक राज्य जो ईशान कोण में है।

लोलजिह्व[1]—संज्ञा पुं० [सं०] सर्प जिसकी जीभ लपलपाती रहती है [को०]।

लोलजिह्व[2]—वि० [सं०] लालची। चटोरा [को०]।

लोलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चापल्य। चंचलता। २ लालसा। लालच। लोभ [को०]।

लोलत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोलता' [को०]।

लोलदिदेश—संज्ञा पुं० [सं०] लोलार्क नामक सूर्य। उ०—लोमदिनेस त्रिलोचन लोचन करणघंट घंटा सी। तुलसी (शब्द०)।

लोलनयन—वि० [सं०] दे० 'लोलचक्षु'।

लोलनाⓖ—क्रि० अ० [सं० लोलन] हिलना। डोलना। उ०—गागरि नागरि लिए पनिघट तें चली घरहि आवै। ग्रीवा डोलत लोचन लोलत हरि के चितहि चुरावै।—सूर (शब्द०)।

लोलनेत्र, लाललोचन—वि० [सं०] दे० 'लोलचक्षु' [को०]।

लोलालागूल—संज्ञा पुं० [सं० लोललाङ्गूल] १ चंचल पूँछ। आस्फालन करता हुआ पुच्छ। २. एक स्तोत्र। हनुमान जी की एक स्तुति।

लोला[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जिह्वा। जीभ। २ लक्ष्मी। ३ मनु दैत्य की माता। ४ एक योगिनी का नाम। ५ युक्तिकल्पतरु के अनुसार एक प्रकार की नाव। ६४ हाथ चौड़ी, ८ हाथ गहरी और ६४ हाथ ऊँची नौका। ६ चंचला स्त्री। अत्यंत चंचल औरत (को०)। ७ विद्युत्। तड़ित्। चपला (को०)। ८ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में मगण, नगण, भगण, भगण और अंत में दो गुरु होते हैं। इसमें सात सात पर यति होती है। उ०—मा सोभै मग गो रा काहू नो मुख देखै। सिंहारी कटि जाहे हस्ती चालहिं पेखै। लाला मो मृदुबना पूरै बाल नवीना। बोली मातु फन ना बाणी नीति विहीना।—छंद०, पृ० २००।

लोला[2]—संज्ञा पुं० [देश०] लड़कों का एक खिलौना। यह एक डंडा होता है, जिसके दोनों सिरों पर दो लट्टू होते हैं।

लोलाक्षि, लोलाक्षिका, लोलाक्षी—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसके नेत्र चपल हों। चंचल नेत्रोंवाली स्त्री [को०]।

लोलार्क—संज्ञा पुं० [सं०] १ काशी के एक प्रसिद्ध तीर्थ का नाम। जिसे लोलार्क कुंड कहते हैं। २ सूर्य का एक नाम (को०)।

लोलंबिराज—संज्ञा पुं० [सं० लोलिम्बराज] आयुर्वेद के एक ग्रंथ के लेखक [को०]।

लोलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक शाक। चागेरी। अमलोनी [को०]।

लोलित—वि० [सं०] १ शिथिल। २ डोला। शिथिल। चुंबित। कंपित। हिलाया हुआ [को०]।

लोलिनी—वि० स्त्री० [सं० लोल] चंचल प्रकृतिवाली। उ०—कूँ लोलिनी बेडिनी गीत गावै।—केशव (शब्द०)।

लोलुप—वि० [सं०] १ लोभी। लालची। २ चटोर। चट्टू। ३ किसी बात के लिये परम उत्सुक। ४. विध्वंसक। नाशफोड़ करनेवाला। नाशक (को०)।

लोलुपता—संज्ञा स्त्री० [सं० लोलुप+ता] लालच। तीव्र आकांक्षा। लालसा [को०]।

लोलुपत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोलुपता' [को०]।

लोलुपा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बलवती आकांक्षा। तीव्र इच्छा। गहरी लालसा [को०]।

लोलुभ—वि० [सं०] तीव्र आकांक्षा से युक्त। गहरी लालसावाला। लोलुप [को०]।

लोलुव—वि० [सं०] बहुत अधिक या बारबार कहनेवाला [को०]।

लोलेक्षण—वि० [सं०] चंचल नेत्रवाला। लोलचक्षु [को०]।

लोवा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० लोमशा] १ लोमड़ी। उ०—(क) बाएँ अकाशे धँवरे आए। लोला दरस आइ देखराए।—जायसी (शब्द०)। (ख) लोवा फिरि फिरि दरस देखावा। सुरभी सनमुख शिशुहि पियावा।—तुलसी (शब्द०)।

लोवा[2]—सज्ञा पुं० [सं० लव, हिं० लवा] तीतर की जाति का एक पक्षी। लवा।

विशेष—यह बटेर से छोटा होता है और कश्मीर, मध्य प्रदेश तथा सयुक्त प्रात मे पाया जाता है। नर प्राय मादा से कुछ अधिक बडा होता है। शिकारी इसका शिकार करते हैं। इसे गुरगा भी कहते हैं।

लोशन—सज्ञा पुं० [अ०] अधिक पानी मे घुली हुई ओषधि जो शरीर मे ऊपर से लगाने, किसी पीडित अश को धोने या तर रखने आदि के काम में आती है।

लोष्ट—सज्ञा पुं० [सं०] १ पत्थर। २ ढेला। डला। ३. लोहे का मोरचा (को०)।

यौ०—लोष्टगुटिका = मिट्टी की डली या गोली। लोष्टघात = ढेले से मारना। लोष्टभजन, लोष्टभेदन = जिससे मिट्टी के ढेले तोडे जायँ। पटेला। लोष्टमर्दी = (१) ढेला तोडनेवाला। (२) दे० 'लोष्टघ्न'।

लोष्टक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मिट्टी का ढेला। २ घव्वा। ३. किसी चिह्न या निशान को बतानेवाली वस्तु [को०]।

लोष्टघ्न—सज्ञा पु० [सं०] खेती का वह औजार जिससे खेत के ढेले फोडते हैं। पटेला। पाटा।

लोष्टभजन—सज्ञा पु० [सं० लोष्टभञ्जन] दे० 'लोष्टघ्न' [को०]।

लोष्टु—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोष्ट'।

लोहँडा—सज्ञा पु० [सं० लोहभाण्ड या हिं० लोह+डा (प्रत्य०)] [स्त्री० लोहँडी] १ लोहे का एक प्रकार का पात्र जिसमे खाना पकाया जाता है। कभी कभी इसमे दस्ता भी लगा रहता है। २ तमला। उ०—चुबक लोहँडा औटा खावा। भा हलुवा घिउ केर निचोवा।—जायसी (शब्द०)।

लोह[1]—वि० [सं०] १ लाल रगवाला। ताँमडा। ३. तांबे का बना हुआ। २ लोहे का बना हुआ।

लोह[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १. लोहा नामक प्रसिद्ध धातु। २ रक्त। खून। ३. लाल बकरा। ४ तांबा (को०)। ५ इस्पात (को०)। ६. कोई धातु (को०)। ७ सोना (को०)। ८ शस्त्र। हथियार। उ०—लोह गहे लालच करि जिय को औरों सुभट लजावैं। सुरदास प्रभु जीति शत्रु को कुशल क्षेम घर आवैं।—सूर (शब्द)। ९ मछली पकडने की कँटिया (को०)। १० गगुरु। अगर नामक गधद्रव्य (को०)।

लोहकटक—सज्ञा पुं० [स० लोहकण्टक] मदनफल का वृक्ष। मैनफल का पेड। २ लोहे का काँटा [को०]।

लोहकटक—सज्ञा पुं० [सं०] लोहे की साँकल। सिक्कड [को०]।

लोहकात—सज्ञा पुं० [सं० लोहकान्त] चुबक। अयस्कात।

लोहकार—सज्ञा पुं० [स०] लोहार।

लोहकार्षापण—सज्ञा पुं० [स०] लोहे का सिक्का या बाट।

लोहकिट्ट—सज्ञा पुं० [सं०] लोहे की कीट या मैल जो भट्ठे मे डालकर लोहे को गलाने या ताव देने से निकलती है।

विशेष—वैद्यक मे इसे कृमि, वात, पित्त, शूल, मेह, गुल्म और शोथ का नाशक लिखा है। इसका स्वाद मधुर और कटु तथा प्रकृति उष्ण मानी गई है। इसे मडूर भी कहते हैं।

पर्या०—किट्ट। लोहचूर्ण। अयोमल। लोइज। कृष्णचूर्ण। लोष्ट।

लोहकुभी—सज्ञा स्त्री० [स० लोहकुम्भी] लोहे का वह पात्र जिसमे कोई वस्तु खौलाई जाय। कटाहा [को०]।

लोहगध—सज्ञा पुं० [स० लोहगन्ध] महाभारत के अनुसार एक जाति का नाम।

लोहघातक—सज्ञा पुं० [स०] कर्मकार नामक जाति। इस जाति के लोग लोहे को तपाकर पीटते हैं। लोहार।

लोहचर्मवान्—वि० [सं० लोहचर्मवत्] (व्यक्ति) जो लोहे का कवच पहने हो [को०]।

लोहचारक—सज्ञा पु० [स०] एक नरक [को०]।

लोहचालिका—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बख्तर जिससे सारा शरीर ढका रहता था [को०]।

लोहचून—सज्ञा पुं० [स० लोहचूर्ण] दे० 'लोहचूर्ण'।

लोहचूर्ण—सज्ञा पुं० [स०] १ लोहे का बुरादा या चूरा। लोहे की रेत। २ मोरचा। मैल [को०]।

लोहज—सज्ञा पु० [स०] १ कसकुट। काँसा। २. लोहे का चूरा [को०]।

लोहजाल—सज्ञा पुं० [स०] कवच। जिरहबख्तर [को०]।

लोहजित्—सज्ञा पु० [सं०] हीरा [को०]।

लोहदारक सज्ञा पुं० [स०] एक नरक का नाम। दे० 'लोहचारक' [को०]।

लोहद्रावी—सज्ञा पुं० [स० लोहद्राविन्] १ सोहागा। २ अम्लवेत।

लोहनाल सज्ञा पु० [सं०] नाराच नामक अस्त्र। विशेष दे० 'नाराच'।

लोहनिर्यास—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोहकिट्ट' [को०]।

लोहनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोह+नी (प्रत्य०)] लोहे का तसला जिससे मल्लाह नाव का पानी उलीचते हैं।

लोहपृष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] सारस। बगुला [को०]।

लोहप्रतिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. निहाई जिसपर तपाया हुआ लोहा रखकर पीटते हैं। २. लोहे की बनी मूर्ति [को०]।

लोहबदा†—सज्ञा पुं० [हिं० लोहा+बाँधना] वह डडा या छडी जिसका सिरा लोहे से मढा हो।

लोहबद्ध—वि० [सं०] लोहे से मढे हुए सिरेवाला [को०]।

लोहबान—सज्ञा पु० [अ० लोबान] दे० 'लोबान'।

लोहमणि—सज्ञा पुं० [सं०] सोने का पाँसा [को०]।

लोहमल—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोहकिट्ट' [को०]।

लोहमात्र—सज्ञा पुं० [सं०] भाला। बर्छा [को०]।

लोहमारक[1]—वि० [सं०] लोहशोधक [को०]।

लोहमारक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] एक साग [को०]।

लोहमुक्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] लाल मोती [को०]।

लोहरज—सज्ञा स्त्री० [स० लोहरजस्] मोरचा। जंग [को०]।

लोहराजक—सज्ञा पुं० [स०] चाँदी [को०]।

लोहलगर—सज्ञा पुं० [हिं० लोहा + लगर] १. जहाज का लगर। २ बहुत भारी वस्तु।

लोहल'—वि० [सं०] १ लौहनिर्मित। लोहे का बना हुआ। २. अस्पष्ट बोलनेवाला [को०]।

लोहल'—सज्ञा पुं० शृखला का मुख्य छल्ला [को०]।

लोहलिंग—सज्ञा पुं० [सं० लोहलिङ्ग] खून से भरा फोडा [को०]।

लोहवर—सज्ञा पुं० [सं०] सुवर्ण। सोना [को०]।

लोहवर्म—सज्ञा पुं० [स० लोहवर्मन्] लोहे का कवच [को०]।

लोहशकु—सज्ञा पु० [सं० लोहशङ्कु] १. पुराणानुसार इक्कीस नरकों मे से एक नरक का नाम। २ लोहे का भाला (को०)।

लोहशुद्धिकर—सज्ञा पुं० [स०] सुहागा [को०]।

लोहश्लेपण, लोहश्लेष्मक—सज्ञा पुं० [स०] सुहागा।

लोहसकर—सज्ञा पुं० [सं० लोहसङ्कर] १ धातुओं का मिश्रण। २ वर्तलोह। नीला इस्पात [को०]।

लोहसश्लेपक—सज्ञा पुं० [सं०] सुहागा [को०]।

लोहसार—सज्ञा पुं० [स०] १ फौलाद। २ फौलाद की बनी जजीर। उ०—लोहसार हस्ती पहिराए। मेघ साम जनु गरजत आए।—जायसी (शब्द०)।

लोहहारक—सज्ञा पु० [स०] मनु के अनुसार एक नरक का नाम।

लोहागारक—सज्ञा पुं० [स० लोहाङ्गारक] दे० 'लोहहारक'।

लोहागी, लोहाँगी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लोह + अग + इ] वह छड़ी या डडा जिसके एक किनारे पर लोहा लगा होता है।

लोहा'—सज्ञ पुं० [सं० लोह] १ एक प्रसिद्ध धातु जो ससार के सभी भागो मे अनेक धातुओं के साथ मिली हुई पाई जाती है।

विशेष—इसका रग प्राय काला होता है। वायु या जल के ससर्ग से इसमे मोर्चा लग जाता है। भारतवर्ष मे इस धातु का ज्ञान वैदिक काल से चला आता है। वेदो मे लोहे को साफ करने की विधि पाई जाती है और उसके बने कठिन और तीक्ष्ण हथियारो का उल्लेख मिलता है। लोहे का ज्ञान पहले पहल ससार मे किस, कब, कहाँ और किस प्रकार हुआ, इसका उल्लेख नही मिलता। वैद्यक शास्त्र के अनुसार लोहा पाँच प्रकार का होता है—काचो, पाडु, कात, कालग और वज्रक। इनमे काची, पाडु और कालग क्रमश दाक्षिणात्य का काचापुरी, पडा और कलिंग देश के लोहे के नाम हैं, जो वहाँ की खानो से निकलते थे। जान पडता है, वज्रक उस लोहे को कहते थे, जो आकाश से उल्का के रूप मे गिरता था, क्योकि बहुत दिनो से ससार मे यह बात चली आती है कि बिजली से या उल्कापात मे लोहा गिरता है। कात हर एक स्थान के शुद्ध किए लोहे को कहते हैं। इन्ही पाँच प्रकार के लोहो का प्रयोग वैद्यक मे सर्वश्रेष्ठ मानकर लिखा गया है। यह बलप्रद, शोथ, शूल, अर्श, कुष्ठ, पांडु, प्रमेह मेद और वायु का नाशक, आँखो की ज्योति और आयु को बढ़ानेवाला, गुरु तथा मारक माना जाता है। कुछ लोगो का तो यह भी मत है कि लोहा सब रोगो का नाश कर सकता है, और मृत्यु तक को हटा देता है। वैद्यक मे लोहे के भस्म का प्रयोग होता है। भारतवर्ष का लोहा प्राचीन काल मे ससार भर मे प्रख्यात था। यहाँ के लोगो को ऐसे उपाय मालूम थे जिनसे लोहे पर सैकडो वर्षों तक ऋतु का प्रभाव नही पडता था, और वर्षा तथा वायु के सहन से तथा मिट्टी मे गडे रहने से उसमें मोर्चा नही लगता था। दिल्ली का प्रसिद्ध स्तभ इसका उदाहरण है, जिसे पद्रह सौ वर्ष से अधिक बीत चुके हैं। उसपर अभी तक कही मोर्चे का नाम तक नही है। आज कल लोहे को जिस प्रणाली से साफ करते हैं, वह यह है,—खान से निकले हुए लोहे को पहले आग मे डालकर जला देते हैं, जिससे पानी और गधक आदि के अश उनमे से निकल जाते हैं। फिर उस लोहे को कोयले या पत्थर के चूने के साथ मिलाकर भट्ठी मे डालकर गलाते है। इससे आक्सिजन का अश, जो पहली बार जलाने से नही निकल सकता है, निकल जाता है। इतना साफ करने पर भी लोहे मे प्राय सैकडा दो से पाँच अश तक गधक, कार्बन, सिलिका, फासफारस, अलूमीनम आदि रह जाते हैं। उन्हें अलग करने के लिये उसे फिर भट्ठी तैयार करके लगाते हैं, और तब घन से पीटते हैं। पहले का देगचून और दूसरे का लोहा या कमाया हुआ लोहा कहते हैं। इस कच्चे लोहे मे भी सैकडा पीछे ० १५ से ० ५ तक कार्बन मिला रहता है। उसी कार्बन का निकालना प्रधान काम है। इस्पात मे सैकडे पीछे ० ६ से ० २ तक कार्बन होता है। उत्तम लोहा वही माना जाता है, जिसपर अम्ल या एसिड आदि का कुछ भी प्रभाव न पडे। विशुद्ध लोहे का रग चाँदी की तरह सफेद होता है और जिला करने पर वह चमकने लगता है। यदि लोहे को घिसा जाय, तो उससे एक प्रकार की गध सी निकलती है। पुराणो मे लिखा है कि प्राचीन काल मे जब देवताओ ने कालिख दत्य का वध किया, तब उसी के शरीर से लोहा उत्पन्न हुआ। तीक्ष्ण, मुड और कांत लोहो के पर्याय भी अलग अलग है। तीक्ष्ण के पर्याय शस्त्रायस, शास्त्र्य, पिड, शठ, आयस, निशित, तीव्र, खग, चित्रायस, मुडज इत्यादि। मुड के पर्याय—इपत्सार, शिलात्मज, अश्मज, कृपिलोह इत्यादि। कुछ लोगो का कथन है कि आदि मे 'लोहा' ताँबे को कहते थे। कारण यह है कि 'लोह' शब्द का प्रधान या यौगिक अर्थ है—लाल। पीछे इसका प्रयोग लोहे के लिये करने लगे। पर यह कथन कई कारणो से ठीक नही जान पडता। एक कारण यह है कि वेदो मे लोह और अयस् शब्दो का प्रयोग प्राय सब धातुओं के लिये मिलता है। दूसरे यह कि अब लोहे को आधुनिक विद्वान् लाल रग का कारण मानने लगे हैं। उनकी धारणा है कि रक्त मे लोहे के अश ही के कारण ललाई है, और मिट्टी मे लोहे का अश मिला रहने से ही मिट्टी के बर्तन और ईंटें आदि पकाने पर लाल हो जाती हैं।

मुहा०—लोहे के चने = अत्यंत कठिन और दुःसाध्य काम। लोहे के चने चबाना = अत्यंत कठिन काम करना।

यौ०—लोहे की स्याही = एक प्रकार का रंग जो लोहे से तैयार किया जाता है।

विशेष—यह रंग तैयार करने के लिये पहले गुड़ या शीरे को पानी में घोल लेते हैं और उसमें लोहचून छोड़कर धूप में रख देते हैं। कई दिनों में वह उठने लगता है, और उसके ऊपर झाग काले रंग का हो जाता है, तब जान लेते हैं कि रंग तैयार हो गया है। इसे 'कसेरे की स्याही' और 'कत्थ' भी कहते हैं। यह रँगाई के काम में आता है।

२ अस्त्र। हथियार। उ०—नेही लोहा नूर लखि कटत कटाच्छन माँहि। असनेही हित खेत तजि भागत लोहे जाहिं।—रसनिधि (शब्द०)। ३. लड़ाई। युद्ध।

मुहा०—लोहा गहना = हथियार उठाना। युद्ध करना। उ०—काशीराम कहैं रघुवंशिन की रीति यही जासो कीजै मोह तासो लोह कैसे गहिए।—हनुमन्नाटक (शब्द०)। लोहा बजना = युद्ध होना। उ०—दोनो वीर ललकार के ऐसे टूटे कि हाथियों के यूथ पै सिंह टूटे और लगा लोहा बजने।—लल्लू (शब्द०)। लोहा बरसना = तलवार चलना। घमासान मचना। किसी का लोहा मानना = (१) किसी विषय में किसी का प्रभुत्व स्वीकार करना। किसी विषय में किसी से दबना। (२) पराजित होना। हार जाना। लोहा लेना = लड़ना। युद्ध करना। लड़ाई करना। उ०—सनमुख लोह भरत सन लेऊँ। जियत न सुरसरि उतरन देऊँ।—तुलसी (शब्द०)।

४ लोहे की बनाई हुई कोई चीज या उपकरण। जैसे,—लगाम, कवच आदि। उ०—(क) राजा धरा मान के तन पहिरावा लोह। ऐसो लोह सो पहिरे चेत श्याम की ओह।—जायसी (शब्द०)। (ख) पवन समान समुद पर धावहिं। बूड़ि न पाँव पार होइ आवहिं। थिर न रहहिं रिस लोह चलाही। भाजहिं पूंछ सीस उपराही।—जायसी (शब्द०)। ४ लाल रंग का बैल। ५ धाक। दबदबा। प्रभुत्व (को०)। ६ कपड़े की शिकन दूर करनेवाली धोबी की इस्तिरी।

लोहा[३]—वि० [वि० स्त्री० लोही] १ लाल। २ बहुत अधिक कड़ा। कठोर।

लोहाक्ष्य—संज्ञा पुं० [सं०] अगुरु [को०]।

लोहाग्र—संज्ञा पुं० [सं०] बाण के आगे लगी लोहे की नोक [को०]।

लोहाज—संज्ञा पुं० [सं०] लाल बकरा [को०]।

लोहाना[१]—क्रि० अ० [हिं० लोहा + आना (प्रत्य०)] लोहे के बर्तन में रखी रहने के कारण किसी वस्तु में लोहे के गुण या रंग आदि का उतर आना। किसी पदार्थ में लोहे का रंग या स्वाद आ जाना।

लोहाना[२]—संज्ञा पुं० [देश०] एक जाति का नाम।

लोहाभिसार—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोहाभिहार'।

लोहाभिहार—संज्ञा पुं० [सं०] सेना का एक उत्सव जिसमें युद्धार्थ अस्त्र शस्त्रों की सफाई की जाती है।

लोहाभिष—संज्ञा पुं० [सं०] लाल बकरे का मांस [को०]।

लोहायस—वि० [सं०] दे० 'लौहायस'।

लोहार—संज्ञा पुं० [सं० लौहकार, प्रा० लोह + आर (प्रत्य०)] [स्त्री० लोहारिन या लोहाइन] एक जाति जो लोहे का काम करती है।

विशेष—इस जाति के अनेक भेद हैं। उनमें से कुछ अपने को ब्राह्मण कहते हैं और यज्ञोपवीत धारण करते हैं। उनकी अंतर्जातियों के नाम भी ओझा आदि होते हैं। पर अधिकतर आचारहीन होते हैं और शूद्र माने जाते हैं। प्रत्येक अंतर्जाति का खान पान और विवाह संबंध पृथक् पृथक् होता है, और उनके नाम भी भिन्न होते हैं।

यौ०—लोहार की स्याही = कसीस। हीरा कसीस।

लोहारखाना—संज्ञा पुं० [हिं० लोहार + फा० खानह्] लोहारों के काम करने का स्थान।

लोहारी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० लोहार + ई (प्रत्य०)] लोहारों का काम। लोहार का व्यवसाय या पेशा।

लोहार्गल—संज्ञा पुं० [सं०] १ वराहपुराण में वर्णित एक तीर्थ का नाम। २ लोहे का सिकड़ [को०]।

लोहि—संज्ञा पुं० [सं०] श्वेत वर्ण का टकणक्षार। एक किस्म का सुहागा [को०]।

लोहिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] लोहे का पात्र, तसला आदि [को०]।

लोहित[१]—वि० [सं०] रक्त। लाल। उ०—दिवस का अवसान समीप था, गगन था कुछ लोहित हो चला।—प्रिय०, पृ० १।

लोहित[२]—संज्ञा पुं० [सं०] १. मंगल ग्रह। उ०—प्रति मंदिर कलसनि पर भ्राजहिं मनि गन दुति अपनी। मानहुँ प्रगटि विपुल लोहित पुर पठइ दिए अवनी।—तुलसी (शब्द)। २ लाल रंग (को०)। ३ साँप। ४ एक प्रकार का मृग। ५ ब्रह्मपुत्र नद का एक नाम (को०)। ६ एक प्रकार का धान (को०)। ७. आँख का एक विशेष रोग (को०)। ८ एक रत्न। लाल। ९ ताँबा (को०)। १० खून। रक्त (को०)। ११ केसर (को०)। १२ युद्ध (को०)। १३ लाल चंदन (को०)। १४ एक समुद्र (को०)। १५ रोहू मछली (को०)। १६ अपूर्ण या हीन इंद्रधनु (को०)।

लोहितक[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पद्मराग मणि। लाल मणि। २. मंगल ग्रह। ३. एक प्रकार का धान। ४ फूल नामक धातु। ५. ताँबा। ६ आजकल के रोहतक नगर का प्राचीन नाम।

लोहितक[२]—वि० लाल। रक्त वर्ण का [को०]।

लोहितकलमाष—वि० [सं०] लाल धब्बोंवाला [को०]।

लोहितकृष्ण—वि० [सं०] गहरा लाल [को०]।

लोहितक्षय—संज्ञा पुं० [सं०] रक्ताल्पता रोग [को०]।

लोहितग्रीव—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि का एक नाम [को०]।

लौंगियामिर्च—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौंग+इया(प्रत्य०)+मिर्च] एक प्रकार की बहुत कड़वी मिर्च जिसका पेड़ बहुत बड़ा और फल छोटे छोटे होते हैं। इसे मिरची भी कहते हैं।

लौंड़ा†—सज्ञा पुं० [सं० लिङ्ग वा देश०] पुरुष की मूत्रेंद्रिय।

लौंड़िया—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौंडी+आ (प्रत्य०)]। दे० 'लौंडी'। उ०—तेकर होइबो लौंडिया, जे रहिया बतावै हो।—धरनी०, पृ० १२७।

लौंड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौंडा] दासी। मजदूरनी। उ०—मन मनसा दै लौंडी निकारि डारो, मारो हकार तृष्णा कुबुधि कुबाद की।—कबीर (शब्द०)।

लौंद—सज्ञा पुं० [सं० लब्ध या लब्धि=(प्राप्ति) ?] अधिमास। मलमास।

लौंदरा†—सज्ञा पुं० [हिं० लव (=बालू)] वह पानी जो ग्रीष्म ऋतु में वर्षा आरंभ होने से पहले बरसता है। लवंदरा। लवद। दौंगरा।

लौंदा⑤—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लोदा'।

लौंदी—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह करछी जिससे खँडसार में पाक चलाया जाता है। (बुंदेला)।

लौंन'—सज्ञा पुं० [सं० लवन] १. दे० 'लवन'। २ दे० 'लौंद'।

लौंन'—सज्ञा पुं० [सं० लवण] दे० 'लोन'। उ०—तैसो इह कहिए अब कौन। दाधे पर जस लागत लौंन।—नद० ग्र०, पृ० १७१।

लौ'—सज्ञा स्त्री० [सं० दावा] १ आग की लपट। ज्वाला। उ०—जोरि जो धरी है वेदरद द्वारे तौन होरी, मेरी विरहागि की उलूकनि लौ लाइ आव।—पद्माकर (शब्द०)। २ दीपक की टेम। दीपशिखा।

लौ'—सज्ञा स्त्री० [हिं० लाग] १ लाग। चाह। राग। उ०—लौ इनकी लागी रहै निज मन मोहन रूप। तातैं इन रसनिधि लयौ लोचन नाम अनूप।—रसनिधि (शब्द०)। २ चित्त की वृत्ति।

यौ०—लौलीन=किसी के ध्यान में डूबा हुआ या मस्त। उ०—खसम न चीन्हें बावरी पर पुरुषै लौलीन। कहहिं कबीर पुकारि के परी न बानी चीन्ह।—कबीर (शब्द०)।

३ आशा। कामना। उ०—लौ लगी लोयन में लखिबे की उते गुरु लोगन को भय भारी।—सुदरीसर्वस्व (शब्द०)।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

लौ'—सज्ञा पुं० [सं० लोलक] कान का लटका हुआ भाग। लोलकी।

लौआ—सज्ञा पुं० [सं० लावुक] कद्दू। घीआ।

लौकना—क्रि० अ० [सं० लोकन] दूर से दिखाई देना। उ०—मनि कुडल झलकै अति लोनै। जनु कौंधा लौकहि दुइ कोने।—जायसी (शब्द०)।

लौकांतिक—सज्ञा पुं० [सं० लौकान्तिक] जैनों के अनुसार वे स्वर्गस्थ जीव जो पाँचवें स्वर्ग ब्रह्मलोक में रहते हैं। ऐसे जीवों का जो दूसरा अवतार होता है, वह अंतिम होता है और उसके उपरांत फिर उन्हें अवतार धारण करने की आवश्यकता नहीं रह जाती।

लौका†—सज्ञा पुं० [सं० लावुक] [स्त्री० लौकी] कद्दू। उ०—भइ भूजी लौका परवती। रोता कीन्ह काटि कै रती।—जायसी (शब्द०)।

लौकायतिक—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो चार्वाक मत को मानता हो। नास्तिक। भौतिकवादी (को०)।

लौकिक'—वि० [सं०] १. लोक संबंधी। सांसारिक। २ पार्थिव। भौतिक। ३ व्यावहारिक। ४ सामान्य। साधारण। प्रचलित। सार्वजनिक।

लौकिक'—सज्ञा पुं० १ सात मात्राओं के छंदों का नाम। ऐसे छंद इक्कीस प्रकार के होते हैं। २ सांसारिक व्यवहार। लोक-व्यवहार या चलन (को०)।

लौकिकन्याय—सज्ञा पुं० [सं०] लोक में पाला जानेवाला नियम। साधारण नियम।

लौकिकाग्नि—सज्ञा स्त्री० [सं०] अग्नि जिसका विधिपूर्वक संस्कार न हुआ हो। सामान्य अग्नि।

लौकिकज्ञ—वि० [सं०] लोकव्यवहार को जाननेवाला (को०)।

लौकी†—सज्ञा स्त्री० [सं० लावुक] १ कद्दू। घीआ। २. काठ की वह नली जिसे भबके में लगाकर मद्य चुआते हैं।

लौक्य—वि० [सं०] १ लौकिक। पार्थिव। २ साधारण। सामान्य। प्रचलित (को०)।

लौगाक्षि—सज्ञा पुं० [सं०] धर्मशास्त्र के कर्ता एक प्राचीन आचार्य का नाम।

लौज—सज्ञा पुं० [अ० लौज़] १ बादाम। २ एक प्रकार की मिठाई जो काटकर तिकोनिया बरफी के आकार की बनाई जाती है। इसमें प्राय बादाम पीसकर डालते हैं।

यौ०—लौजात की गोट=वह ऐंठ की गोट जो समोसे के जोड़ों पर बनाई जाती है।

लौजीना—सज्ञा पुं० [अ० लौजीना] १ बादाम का हलवा। २ पिस्ते बादाम से बनी मिठाई (को०)।

लौजोरा⑤†—सज्ञा पुं० [हिं० लौ+जोड़ना] पीतल या काँसे के कारखाने में वह काम करनेवाला जो भट्ठे के पास बैठा हुआ यह देखता रहता है कि धातु गल गई या नहीं। धातु गलानेवाला।

लौट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौटना] लौटने की क्रिया, भाव या ढंग। घुमाव। मुड़ना। उ०—करु उठाय घूघुट करत उझरत पट गुझरौट। सुख मोटैं लूटी ललन लखि ललना की लौट।—बिहारी र०, दो० ४२४।

लौटनहाराⓊ†—वि० [हिं० लौटना + हारा (प्रत्य०)] लौटने, वापस होने या मुड जानेवाला । उ०—साँकरी खोर मे काँकरी की करि चोट चलौ फिरि लौटनहारो ।—पद्माकर (शब्द०) ।

लौटना[1]—क्रि० अ० [हिं० उलटना] १ कही जाकर पुनः वहाँ से फिरना । वापस आना । पलटना । उ०—(क) नख तें सिख लौं लखि मोहन को तन लाडिली लौटन पीठ दई । कवि बेनी छबीले भरी अँकवारि पसारि भुजा करि नेहमई । यह गुज की माल कठोर अहो रहो मो छतियाँ गडि पीर भई । उचकी लची चौंकी चकी मुख फेरि तरेरि बडी अँखियाँ चितई ।—बेनी (शब्द०) । २ इधर से उधर मुँह फेरना । पीछे की ओर मुँह करना । उ०—ताही समय उठो घन घोर शोर दामिनी सी लागी लौटि श्याम घन उर सो लपकि कै ।—केशव (शब्द०) ।

संयो क्रि०—जाना ।—पडना ।

लौटना[2]—क्रि० स० इधर से उधर करना । पलटना । उलटना । जैसे—पुस्तक के पन्ने लौटना । (क०) ।

लौटपटा—सज्ञा पुं० [हिं० लौट + पटा] १ दे० 'लोटपोट' । २. 'लहालोट' ।

लौटपौट—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौट + अनु० पौट] १ दोरुखी छपाई । वह छपाई जिसमें दोनों ओर एक से बेल बूटे दिखाई पडें । वह छपाई जिसमे उलटा सीधा न हो । २ उलटने पलटने की क्रिया । ३. दे० 'लोटपोट' ।

लौटफेर—सज्ञा पुं० [हिं० लौट + फेर] इधर का उधर हो जाना । उलटफेर । हेर फेर । भारी परिवर्तन ।

लौटान—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौटना] लौटने की क्रिया या भाव ।

लौटाना—क्रि० स० [हि० लौटना का सक० रूप] १ फेरना । पलटाना । २ वापस करना । जैसे,—(क) यदि आप वहाँ जायँ, तो उन्हे लौटाकर ला सकते हैं । (ख) अब आप ये सब पुस्तकें उन्हें लौटा दें । ३. किसी को उल्टे मुँह फेरना । वापस करना । ४ ऊपर नीचे करना । जैसे,—कपडा लौटाना । (क०) ।

लौटानी क्रि० वि० [हिं० लौटना] लौटते समय । लौटती बार ।

लौड़ा—सज्ञा पुं० [सं० लोल या हिं० लड] पुरुष की मूत्रेंद्रिय ।

लौद, लौदरा†—सज्ञा पुं० [सं० नव + डाली] [स्त्री० लौदडी, लौदरी] अरहर आदि की नरम डाली जिससे छानी छाने का का काम लेते हैं । (दुआब या अतर्वेद) ।

लौनⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० लवण] नमक । लवण । उ०—(क) कीन्हेहू कोटक जतन अब गहि काढै कौन । भौ मनमोहन रूप मिलि पानी मे को लौन ।—बिहारी (शब्द०) । (ख) प्रीतम पै चाख्यो दृगन रूप सलोने लौन । कहैं इश्क मैदान मे तौ कछु अचरज कौन ।—रसनिधि (शब्द०) ।

लौन†[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० लवन] फसल की कटाई । लौनी ।

लौनहार†—सज्ञा पुं० [हिं० लौना + हार (प्रत्य०)] [स्त्री० लौनहारिन] खेत काटनेवाला । लौनी करनेवाला ।

लौना†[1]—सज्ञा पुं० [सं० लूम या रोम] वह रस्सी जिससे किसी पशु के एक अगले और एक पिछले पैर को एक साथ बाँधते हैं, जिसमें खुला छोड देने पर भी वह दूर तक न जा सके ।

लौना[2]—सज्ञा पु० [स० ज्वलन] ईंधन ।

लौना[3]—सज्ञा पु० [सं० लवन] फसल काटने का काम । कटनी । कटाई । लौनी ।

लौनाⓊ[4]—वि० [सं० लावण्य (= लोन)] [वि० स्त्री० लौनी] लावण्ययुक्त । सुदर । उ०—खेलत है हरि बागे बने जहाँ बैठी प्रिया रति तें अति लौनी ।—केशव (शब्द०) ।

लौनी‡[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौना] १ फसल की कटनी । कटाई । २ वह कटा हुआ डठल जो अँकवार मे आवे । अँकोरा । डाबी । लहना ।

लौनीⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० नवनीत] नैनू । नवनीत । उ०—लौनी कर आनन परसत हैं कछुक खाइ कछु लग्यो कपोलनि । कहि जन सूर कहाँ लौं बरनौं धन्य नद जीवन युग तोलनि ।—सूर (शब्द०) ।

लौमना†—सज्ञा पु० [सं० लूम] दे० 'लौना' ।

लौमनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० लौना या लौनी] १ दे० 'लौना' । २. दे० 'लौनी' ।

लौरी—सज्ञा स्त्री० [सं० लेह, हिं० लेरू] बछिया । उ०—सो सुनि राधिका काँपि गई डरि दौरि के लौरिहिं सी लपटानी ।—सुधानिधि, पृ० ११६ ।

लौल्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ अस्थिरता । चचल वृत्ति । २. उत्सुकता । उत्कट अभिलाषा । लालच [को०] ।

लौस—सज्ञा पुं० [फ़ा०] १ लिप्त होना । २ मिलावट । मिश्रण । ३ धब्बा । दाग [को०] ।

लौह[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ लोहा । २ शस्त्रास्त्र । ३ लाल बकरे का मास (को०) ।

लौह[2]—वि० [सं०] १. लोहे का बना हुआ । २ ताम्रनिर्मित । ३. तामडा । ताँबे के रग का । लाल । ४ धातुनिर्मित [को०] ।

लौह[3]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ तख्ती । २ पुस्तक का सफा । पृष्ठ । पन्ना । पत्र ।

लौहकार—सज्ञा पुं० [सं०] लोहार ।

लौहचारक—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक भीषण नरक का नाम ।

लौहज—सज्ञा पुं० [सं०] १. मंडूर । २ लोहे का मोरचा । जग [को०] ।

लौहबंध—सज्ञा पुं० [स० लौहबन्ध] लोहे की बेड़ी या सिकड [को०] ।

लौहभांड—संज्ञा पुं० [सं० लौहभाण्ड] लोहे का पात्र [को०]।

लौहभू—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लौहारमा' [को०]।

लौहमल—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'लौहज'।

लौहशंकु—संज्ञा पुं० [सं० लौहशङ्कु] लोहे का भाला [को०]।

लौहशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] धातुविद्या। धातुविज्ञान [को०]।

लौहसार—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का लवण जो लोहे से बनाया जाता है। यह रासायनिक परिक्रिया द्वारा बनता है और औषधों में काम आता है।

लौहा—संज्ञा पुं० [सं० लौह] दे० 'लोहा'।

लौहाचार्य—संज्ञा पुं० [सं०] धातुओं के तत्व को जाननेवाला आचार्य। वह जो धातुविद्या का अच्छा ज्ञाता हो। धातुविद्याविद्।

लौहात्मा—संज्ञा पुं० [सं० लौहात्मन्] लोहे का पात्र। कड़ाही। केतली [को०]।

लौहायस—वि० [सं०] लोहे या तांबे का बना हुआ।

लौहासव—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का आसव जो लोहे के योग से बनाया जाता है। (वैद्यक)।

लौहि—संज्ञा पुं० [सं०] हरिवंश के अनुसार अष्टक के एक पुत्र का नाम।

लौहित—संज्ञा पुं० [सं०] महादेव का त्रिशूल।

लौहिता—संज्ञा पुं० [हिं० लोहा] वैश्यों की एक जाति जो लोहे का व्यापार करती है। लोहिया।

लौहितायन—संज्ञा पुं० [सं०] एक गोत्र का नाम।

लौहिताश्व—संज्ञा पुं० [सं०] लोहिताश्व। अग्नि [को०]।

लौहितिक—वि० [सं०] लालिमायुक्त। ललौंहा [को०]।

लौहित्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का धान जिसके चावल लाल रंग के होते हैं। २ ब्रह्मपुत्र नद। ३ एक पर्वत का नाम। ४. एक तीर्थ का नाम। ५ लाल सागर। ६ लालिमा। ललाई लाली (को०)।

लौही—संज्ञा स्त्री० [सं०] लोहपात्र। कड़ाही आदि [को०]।

लौहेष्ट—वि० [सं०] लोहे या अन्य किसी धातु के बने हुए वर्म से युक्त रथ [को०]।

ल्याना[पु]—क्रि० स० [हिं० ले+आना] १ दे० 'लाना'। उ०—(क) ल्याई लाल बिलोकिए जिय की जीवन मूलि। रही भौन के कौन में सोनजुही सी फूलि।—बिहारी (शब्द०)। (ख) काहे न ल्याई फिरि मोहन बिहारी जू को, कैसे वाही ल्यावो, जैसे वाको मन ल्याई है।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) विप्र वचन सुनि मती सुधानिधि चली जानकिहि ल्याई। कुँवर निरखि जयमाल मेलि उर पुंजरि रही लजुचाई।—तुलसी (शब्द०)।

ल्यारी[पु]—संज्ञा पुं० [देश०] भेड़िया। उ०—श्रीकृष्णचंद्र ने मुसकरा के कहा—बहुत अच्छा, तू बन भेड़िया और सब ग्वाल बाल होवें मेढा। सो सुनते ही व्योमासुर तो फूलकर ल्यारी हुआ और ग्वाल बाल सब बने मेढे।—लल्लू (शब्द०)।

ल्यावना[पु]—क्रि० स० [हिं० लाना] दे० 'लाना'। उ०—पितहि भू ल्यावते, जगत यज्ञ पावते।—केशव (शब्द०)।

ल्यौ[पु]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लौ] ध्यान। लौ।

ल्वाब—संज्ञा पुं० [अ० लुआब] दे० 'लुआब'।

ल्वारि[पु]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लुआर] दे० 'लूह'।

ल्वीन—वि० [सं०] गत। गया हुआ [को०]।

ल्हामा[१]—संज्ञा पु० [हिं० लमा] दे० 'लामा'।

ल्हासा[२]—संज्ञा पुं० तिब्बत की राजधानी जिसे लामा भी कहते हैं।

ल्हीक[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० लीक] १ जूँ। २ दे० 'लीख'।